UNIVERSAL
LIBRARY

OU_186625

UNIVERSAL
LIBRARY

OSMANIA UNIVERSITY LIBRARY

Call No R H80.5/K45 - Accession No

Author कल्याण

Title Vol-29 जानेवारी ते जून 1955

This book should be returned on or before the date last marked below.

15 JUL 1958

सन्तवाणी



सन्तवाणी अंक

वर्ष २९

संख्या १

दुर्गति-नाशिनि दुर्गा जय जय, कालविनाशिनि काली जय जय।
उमा रमा ब्रह्माणी जय जय, राधा सीता रुक्मिणि जय जय॥
साम्ब सदाशिव, साम्ब सदाशिव, साम्ब सदाशिव, जय शंकर।
हर हर शंकर दुखहर सुखकर अघ-तम-हर हर हर शंकर॥
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे। हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे॥
जय-जय दुर्गा, जय मा तारा। जय गणेश, जय शुभ-आगारा॥
जयति शिवा-शिव जानकिराम। गौरी-शंकर सीताराम॥
जय रघुनन्दन जय सियाराम। व्रज-गोपी-प्रिय राधेश्याम॥
रघुपति राघव राजा राम। पतितपावन सीताराम॥

संत-वाणी रवि-रश्मि

संत-वाणि-रवि-रश्मि विमलका जब जगमें होता विस्तार।
'समता'-'प्रेम'-'ज्ञान'का तब होता शुभ शीतल सुख प्रचार॥
'सत्य'-'अहिंसा'की आभा उज्ज्वलसे सुख पाता संसार।
'भक्ति'-'त्याग', शुचि 'शान्ति'-ज्योतिसे मिटता अघ तम हाहाकार॥

वार्षिक मूल्य भारतमें ७॥) विदेशमें १०) (१५ शिलिंग)

जय पावक भवे चन्द्र जयति जय। जय-जय-जय-आनंद भूमा जय जय॥
जय जय विश्वरूप हरि जय। जय हर अखिलात्मन् जय जय॥
जय विराट जय जगत्पते। गौरीपते जय रमापते॥

इस अङ्कका मूल्य ७॥) विदेशमें १०) (१५ शिलिंग)

सम्पादक—हनुमानप्रसाद पोद्दार, चिम्मनलाल गोस्वामी, एम्० ए०, शास्त्री
मुद्रक-प्रकाशक—घनश्यामदास जालान, गीताप्रेस, गोरखपुर


कल्याण

श्रीहरिः

कल्याणके प्रेमी पाठकों और ग्राहक महानुभावोंसे नम्र निवेदन

१–इस 'संत-वाणी-अङ्क'में ५८५ संतोंकी वाणियोंका संग्रह किया गया है, रंगीन चित्र गत वर्षकी अपेक्षा अधिक हैं। संतोंके चित्र भी हैं। यह अङ्क अत्यन्त लाभदायक और सद्भावों तथा सद्विचारोंके प्रचारमें सहायक सिद्ध होगा।

२–जिन सज्जनोंके रुपये मनीआर्डरद्वारा आ चुके हैं, उनको अङ्क भेजे जानेके बाद शेष ग्राहकोंके नाम वी० पी० जा सकेगी। अतः जिनको ग्राहक न रहना हो, वे कृपा करके मनाहीका कार्ड तुरंत लिख दें, ताकि वी० पी० भेजकर 'कल्याण'को व्यर्थका नुकसान न उठाना पड़े।

३–मनीआर्डर-कूपनमें और वी० पी० भेजनेके लिये लिखे जानेवाले पत्रमें अपना पता और ग्राहक-संख्या अवश्य लिखें। ग्राहक-संख्या याद न हो तो 'पुराना ग्राहक' लिख दें। नये ग्राहक बनते हों तो 'नया ग्राहक' लिखनेकी कृपा करें।

४–ग्राहक-संख्या या 'पुराना ग्राहक' न लिखनेसे आपका नाम नये ग्राहकोंमें दर्ज हो जायगा। इससे आपकी सेवामें 'संत-वाणी-अङ्क' नयी ग्राहक-संख्यासे पहुँच जायगा और पुरानी ग्राहक-संख्यासे वी० पी० भी चली जायगी। ऐसा भी हो सकता है कि उधरसे आप मनीआर्डरद्वारा रुपये भेजें और उनके यहाँ पहुँचनेसे पहले ही आपके नाम वी० पी० चली जाय। दोनों ही स्थितियोंमें आपसे प्रार्थना है कि आप कृपापूर्वक वी० पी० लौटायें नहीं, प्रयत्न करके किन्हीं सज्जनको 'नया ग्राहक' बनाकर उनका नाम-पता साफ-साफ लिख देनेकी कृपा करें। आपके इस कृपापूर्ण प्रयत्नसे आपका 'कल्याण' नुकसानसे बचेगा और आप 'कल्याण' के प्रचारमें सहायक बनेंगे।

५–'संत-वाणी-अङ्क'में संतोंकी पवित्र, जीवन-निर्माणमें सहायक, जीवनको उच्चस्तरपर पहुँचा देनेवाली निर्मल वाणियोंका अभूतपूर्व संकलन है। इसके प्रचार-प्रसारसे मानवमें आयी हुई दानवता दूर होकर उच्च मानवताकी प्राप्ति हो सकती है। इस दृष्टिसे इसका जितना अधिक प्रचार हो, उतना ही उत्तम है। अतएव प्रत्येक 'कल्याण'के प्रेमी ग्राहक महोदय कृपापूर्वक विशेष प्रयत्न करके 'कल्याण' के दो-दो नये ग्राहक बना दें।

६–'संत-वाणी-अङ्क' सब ग्राहकोंके पास रजिस्टर्ड-पोस्टसे जायगा। हमलोग इस बार जल्दी-से-जल्दी भेजनेकी चेष्टा करेंगे तो भी सब अङ्कोंके जानेमें लगभग एक-डेढ़ महीना तो लग ही सकता है; इसलिये ग्राहक महोदयोंकी सेवामें 'विशेषाङ्क' नंबरवार जायगा। यदि कुछ

क—

५२–मुनि शुकदेव ८१
५३–महर्षि जैमिनि ८३
५४–मुनि सनत्सुजात ८५
५५–महर्षि वैशम्पायन ८६
५६–महात्मा भद्र ८७
५७–महर्षि मुद्गल ८७
५८–महर्षि मैत्रेय ८७
५९–भक्त सुकर्मा ८८
६०–भक्त सुव्रत ८९
६१–भिक्षु विप्र ९०
६२–महर्षि बक ९१
६३–ऋषिगण ९१
६४–आचार्य कृप ९३
६५–महात्मा गोकर्ण ९३
६६–सिद्ध महर्षि ९४
६७–मुनिवर कण्डु ९४
६८–पुराण-वक्ता सूतजी ९५
६९–मनु महाराज १००
७०–महाराज पृथु १०१
७१–राजा अजातशत्रु १०२
७२–भक्तराज ध्रुव १०२
७३–शरणागतवत्सल शिबि १०३
७४–भक्त राजा अम्बरीष १०३
७५–सत्यनिष्ठ राजा हरिश्चन्द्र १०६
७६–परदुःखकातर रन्तिदेव १०६
७७–महाराजा जनक १०६
७८–राजा महीरथ १०७
७९–राजा चित्रकेतु १०७
८०–राजा मुचुकुन्द १०८
८१–पितामह भीष्म १०९
८२–महाराज वसुदेव १११
८३–भक्त अक्रूर ११२
८४–धर्मराज युधिष्ठिर ११२
८५–भक्त अर्जुन ११५
८६–भक्त उद्धव ११६
८७–संत विदुर ११७
८८–भक्त सञ्जय १२१
८९–राजा परीक्षित् १२२
९०–मातलि १२२
९१–भक्तराज प्रह्लाद १२४
९२–दानवीर राजा बलि १२७
९३–भक्त वृत्रासुर १२८
९४–शूद्र भक्त १२८
९५–व्याध संत १२९
९६–महर्षि अम्भृणकी कन्या वाक् देवी ... १३०
९७–कपिल-माता देवहूति १३१
९८–वसिष्ठपत्नी अरुन्धती १३२
९९–सच्ची माता मदालसा १३२
१००–सती सावित्री १३४
१०१–महारानी शैव्या(हरिश्चन्द्र-पत्नी) ... १३५
१०२–अत्रिपत्नी श्रीअनसूया १३५
१०३–दधीचि-पत्नी प्रातिथेयी १३७
१०४–सती सुकला १३७
१०५–सती सुमना १३८
१०६–पाण्डव-जननी कुन्तीजी १४०
१०७–पाण्डव-पत्नी द्रौपदी १४०
१०८–महाराज भर्तृहरि १४२
१०९–आचार्य श्रीधर स्वामी १४३
११०–श्रीमद्विद्यारण्य महामुनि १४४
१११–श्रीजगद्धर भट्ट १४४
११२–श्रीलक्ष्मीधर १४६
११३–भक्त बिल्वमङ्गल (श्रीलीलाशुक) ... १४७
११४–श्रीअप्पय्य दीक्षित १४८
११५–जगद्गुरु श्रीशंकराचार्य १४९
११६–श्रीयामुनाचार्य १५२
११७–जगद्गुरु श्रीरामानुजाचार्य ... १५३
११८–जगद्गुरु श्रीनिम्बार्काचार्य ... १५५
११९–जगद्गुरु श्रीमध्वाचार्य १५७
१२०–जगद्गुरु श्रीवल्लभाचार्य (प्रेषक–पं० श्रीकृष्ण-चन्द्रजी शास्त्री, साहित्यरत्न) ... १५७
१२१–जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य १५९
१२२–महाप्रभु श्रीचैतन्यदेव १६३
१२३–गोस्वामी श्रीनारायण भट्टाचार्य ... १६४
१२४–सार्वभौम श्रीवासुदेव भट्टाचार्य ... १६५
१२५–श्रीरामानन्द राय १६५
१२६–श्रीसनातन गोस्वामी १६५
१२७–श्रीरूप गोस्वामी १६६
१२८–श्रीजीव गोस्वामी १६७
१२९–स्वामी श्रीप्रबोधानन्द सरस्वती ... १६८
१३०–श्रीरघुनाथदास गोस्वामी १६८
१३१–महाकवि कर्णपूर १६९
१३२–आचार्य श्रीमधुसूदन सरस्वती ... १६९

१३३–गोसाईंजी श्रीमद्विट्ठलनाथजी (प्रेषक—पं० श्रीकृष्णचन्द्रजी शास्त्री, साहित्यरत्न) ··· १७०
१३४–आचार्य श्रीविश्वनाथ चक्रवर्ती ··· १७१
१३५–महाप्रभु श्रीहरिरायजी ··· ··· १७१
१३६–गोस्वामी श्रीरघुनाथजी ··· ··· १७१
१३७–श्रीकृष्णमिश्र यति ··· ··· १७२
१३८–पण्डितराज जगन्नाथ ··· ··· १७२
१३९–श्रीविष्णुचित्त (पेरि-आळवार) ··· १७२
१४०–भक्तिमती श्रीआण्डाळ (रङ्गनायकी) ··· १७३
१४१–श्रीकुलशेखर आळवार ··· ··· १७३
१४२–श्रीविप्रनारायण आळवार ··· ··· १७५
१४३–श्रीमुनिवाहन तिरुप्पन्नाळवार ··· १७५
१४४–श्रीपोयगै आळवार, भूतत्ताळवार और पेयाळवार ··· ··· १७५
१४५–श्रीभक्तिसार (तिरुमडिसै आळवार) ··· १७६
१४६–श्रीनीलन् (तिरुमङ्गैयाळवार) ··· १७६
१४७–श्रीमधुर कवि आळवार ··· ··· १७६
१४८–शैव संत माणिक्क वाचक ··· ··· १७६
१४९–संत श्रीनम्माळवार (शठकोपाचार्य) ··· १७७
१५०–शैव संत अप्पार ··· ··· १७७
१५१–शैव संत सम्बन्ध ··· ··· १७७
१५२–शैव संत सुन्दरमूर्ति ··· ··· १७७
१५३–संत बसवेश्वर ··· ··· १७८
१५४–संत वेमना ··· ··· १७८
१५५–संत कवि तिरुवल्लुवर ··· ··· १७९
१५६–भगवान् महावीर (प्रेषक–श्रीअगरचन्दजी नाहटा) १७९
१५७–आचार्य कुंदकुंद (प्रेषक—श्रीअगरचन्दजी नाहटा) ··· ··· १८३
१५८–मुनि रामसिंह ··· ··· १८३
१५९–मुनि देवसेन ··· ··· १८४
१६०–संत आनन्दघनजी (प्रेषक—सेठ तेजराजजी लक्ष्मीचंद जैन) ··· ··· १८४
१६१–मस्तयोगी ज्ञानसागर ··· ··· १८५
१६२–जैन-योगी चिदानन्द ··· ··· १८५
१६३–श्रीजिनदास ··· ··· १८५
१६४–आचार्य श्रीभिक्षुस्वामीजी (भीखणजी) ··· १८५
१६५–भगवान् बुद्ध ··· ··· १८६
१६६–बौद्ध संत सिद्ध श्रीसरहपाद या सरहपा ··· १८७
१६७–सिद्ध श्रीतिल्लोपाद (तिलोपा) ··· १८७
१६८–महात्मा ईसामसीह ··· ··· १८८
१६९–महात्मा जरथुस्त्र ··· ··· १८८
१७०–योगी जालंधरनाथ ··· ··· १८९
१७१–योगी मत्स्येन्द्रनाथ ··· ··· १८९
१७२–योगी गुरु गोरखनाथ ··· ··· १८९
१७३–योगी निवृत्तिनाथ ··· ··· १९०
१७४–संत ज्ञानेश्वर (प्रेषक—श्रीएम० एन० घारकर) १९१
१७५–संत नामदेव ··· ··· १९१
१७६–भक्त साँवता माली ··· ··· १९२
१७७–संत सेना नाई ··· ··· १९३
१७८–भक्त नरहरि सुनार ··· ··· १९३
१७९–जगमित्र नागा ··· ··· १९३
१८०–चोखा मेळा (प्रेषक—श्रीएम० एन० घारकर) १९३
१८१–संत कवि श्रीभानुदास ··· ··· १९३
१८२–संत त्रिलोचन ··· ··· १९३
१८३–संत एकनाथ ··· ··· १९४
१८४–समर्थ गुरु रामदास ··· ··· १९४
(१) चुनी हुई वाणियाँ ··· १९४
(२) श्रीदासबोधसे (प्रेषक—श्रीएम० एन० घारकर) ··· ··· १९६
१८५–संत श्रीतुकाराम (प्रेषक—श्रीचन्द्रदेवजी मिश्र 'चन्द्र') ··· ··· १९७
१८६–संत महीपति ··· ··· १९९
१८७–संत श्रीविनायकानन्द स्वामी (प्रेषक—श्रीकिसन दामोदर नाईक) ··· ··· २००
१८८–महाराष्ट्रिय संत अमृतराय महाराज (प्रेषक—पं० श्रीविष्णु बालकृष्ण जोशी) ··· २००
१८९–संत मानपुरी महाराज (१) (प्रेषक—पं० श्रीविष्णु बालकृष्ण जोशी) ··· २००
(२) (प्रेषक–श्रीकिसन दामोदर नाईक) ··· २०१
१९०–महाराष्ट्रिय संत श्रीटीकारामनाथ (प्रेषक—पं० श्रीविष्णु बालकृष्ण जोशी, कन्नडकर) ··· २०१
१९१–संत कबीरदासजी ··· ··· २०१
१९२–संत कमालजी ··· ··· २१४
१९३–संत धनी धरमदासजी ··· ··· २१४
१९४–संत रैदास ··· ··· २१८
१९५–संत निपटनिरंजनजी ··· ··· २२२
१९६–संत बीरू साहब ··· ··· २२२
१९७–श्रीबाबरी साहिबा ··· ··· २२३

१९८–यारी साहब ··· ··· २२३
१९९–संत बुल्ला (बूला) साहब (प्रेषक—श्रीबलरामजी शास्त्री) ··· ··· २२४
२००–जगजीवन साहब ··· ··· २२५
२०१–गुलाल साहब ··· ··· २२५
२०२–संत दूलनदासजी ··· ··· २२८
२०३–संत गरीबदासजी ··· ··· २३१
२०४–संत दरिया साहब बिहारवाले ··· २३२
२०५–संत भीखा साहब ··· ··· २३३
२०६–बाबा मलूकदासजी ··· ··· २३५
२०७–बाबा धरनीदासजी ··· ··· २३८
२०८–संत केशवदासजी ··· ··· २४२
२०९–स्वामीजी श्रीतरणतारण मण्डलाचार्य (प्रेषक—श्रीअमीरचन्दजी शास्त्री) ··· २४२
२१०–स्वामी श्रीदादूदयालजी ··· ··· २४३
२११–संत सुन्दरदासजी ··· ··· २५०
२१२–संत रज्जबजी ··· ··· २५७
२१३–संत भीखजनजी (प्रेषक—श्रीदेवकीनन्दनजी खेडवाल) ··· ··· २५८
२१४–संत वाजिन्दजी ··· ··· २५८
२१५–संत बखनाजी ··· ··· २६१
२१६–संत गरीबदासजी दादूपन्थी ··· २६२
२१७–साधु निश्चलदासजी ··· ··· २६३
२१८–स्वामी श्रीहरिदासजी (हरिपुरुषजी) ··· २६३
२१९–महात्मा श्रीजगन्नाथजी ··· ··· २६४
२२०–स्वामी श्रीचरणदासजी महाराज (प्रेषक—महन्त श्रीप्रेमदासजी) ··· २६४
२२१–दयाबाई ··· ··· २७०
२२२–सहजोबाई ··· ··· २७३
२२३–भक्तवर श्रीभट्टजी ··· ··· २७४
२२४–भक्तवर श्रीहरिव्यास देवाचार्यजी ··· २७६
२२५–तेजस्वी संत श्रीपरशुरामदेवजी ··· २७७
२२६–श्रीरूपरसिकदेवजी ··· ··· २७९
२२७–स्वामी श्रीहरिदासजी ··· ··· २८०
२२८–श्रीवृन्दावनदेवजी ··· ··· २८०
२२९–आचार्य श्रीहितहरिवंश महाप्रभु ··· २८१
२३०–संत श्रीव्यासदासजी ··· ··· २८१
२३१–श्रीध्रुवदासजी ··· ··· २८२
२३२–श्रीहठीजी ··· ··· २८३
२३३–राधावल्लभीय संत श्रीचतुर्भुजदासजी महाराज ··· ··· २८४
२३४–श्रीहीरासखीजी (वृन्दावन) ··· २८५
२३५–भक्त श्रीसहचरिशरणदेवजी ··· २८५
२३६–श्रीगोविन्दशरणदेवजी ··· ··· २८६
२३७–श्रीविहारिनिदेवजी (बिहारीदासजी) ··· २८६
२३८–सूरदास मदनमोहन (सूरध्वज) ··· २८७
२३९–श्रीललितमोहिनीदेवजी ··· ··· २९०
२४०–श्रीप्रेमसखीजी ··· ··· २९०
२४१–श्रीसरसदेवजी ··· ··· २९०
२४२–श्रीनरहरिदेवजी ··· ··· २९१
२४३–श्रीरसिकदेवजी ··· ··· २९१
२४४–श्रीकिशोरीदासजी ··· ··· २९१
२४५–आमामके संत श्रीशंकरदेव(प्रेषक–श्रीधर्मीश्वरजी) २९२
२४६–आमामके संत श्रीमाधवदेवजी (प्रेषक–श्रीधर्मीश्वरजी)··· ··· २९३
२४७–पुष्टिमार्गीय श्रीमद्गोस्वामी श्रीलालजीदासजी (आठवें लालजी) (प्रेषक–श्रीपन्नालाल गोस्वामी) २९३
२४८–श्रीसूरदासजी ··· ··· २९३
२४९–श्रीपरमानन्ददासजी ··· ··· ३०८
२५०–श्रीकृष्णदासजी ··· ··· ३०९
२५१–श्रीकुम्भनदासजी ··· ··· ३१०
२५२–श्रीनन्ददासजी ··· ··· ३१०
२५३–श्रीचतुर्भुजदासजी ··· ··· ३१२
२५४–श्रीछीतस्वामीजी ··· ··· ३१३
२५५–श्रीगोविन्दस्वामीजी ··· ··· ३१४
२५६–स्वामी श्रीयोगानन्दाचार्य (प्रेषक–श्रीहनुमानशरण सिंहानिया) ··· ··· ३१५
२५७–धन्ना भक्त ··· ··· ३१५
२५८–गोस्वामी श्रीतुलसीदासजी ··· ३१८
२५९–रसिक संत विद्यापति ··· ··· ३३४
२६०–रसिक संतकवि चंडीदास ··· ··· ३३५
२६१–शाक्त संत श्रीरामप्रसाद सेन ··· ३३८
२६२–संत रहीम ··· ··· ३३८
२६३–भक्त श्रीरसखानजी ··· ··· ३४०
२६४–मियाँ नज़ीर अकबराबादी ··· ··· ३४३
२६५–भक्त श्रीगदाधर भट्टजी ··· ··· ३४७
२६६–भक्त श्रीनागरीदासजी [महाराजा सावंतसिंहजी] ३४८
२६७–संत घनानन्द ··· ··· ३५५
२६८–राजा आशकरणजी ··· ··· ३५६
२६९–महाराज व्रजनिधि ··· ··· ३५६
२७०–भक्त श्रीगदाधर मिश्रजी ··· ··· ३५७

२७१–भक्त श्रीभगवतरसिकजी ··· ३५७
२७२–भक्त श्रीअनन्यअलीजी ··· ३५८
२७३–भक्त श्रीवंशीअलीजी ··· ··· ३५९
२७४–भक्त श्रीकिशोरीअलीजी ··· ३५९
२७५–भक्त श्रीबैजू बावरा ··· ··· ३५९
२७६–भक्त श्रीतानसेनजी ··· ··· ३५९
२७७–संत जंभनाथ (जाम्भोजी) ··· ३५९
२७८–भक्त श्रीपीपाजी ··· ··· ३५९
२७९–संत श्रीज्ञानदासजी ··· ··· ३६२
२८०–अवधवासी संत श्रीरामदासजी ··· ३६२
२८१–संत श्रीसाकेतनिवासाचार्यजी (श्रीटीलाजी) ३६२
२८२–संत श्रीरसरङ्गमणिजी (प्रेषक–श्रीअच्चू धर्म-नाथसहायजी) ··· ··· ३६२
२८३–संत श्रीरामप्रियाजी ··· ··· ३६३
२८४–संत श्रीकाष्ठजिह्वा स्वामीजी ··· ३६३
२८५–संत श्रीअजबदासजी ··· ··· ३६४
२८६–स्वामी श्रीरामचरणदासजी ··· ३६४
२८७–आचार्य श्रीगुरुदत्तदासजी (सत्यनामी महंत) ३६४
२८८–रामभक्त संत शाह जलालुद्दीन वसाली ··· ३६५
२८९–शिवभक्ता लल्लेश्वरीजी ··· ··· ३६५
२९०–भक्त नरसी मेहता ··· ··· ३६५
२९१–संत प्रीतमजी ··· ··· ३६८
२९२–प्रेमदिवानी मीराँ ··· ··· ३६८
२९३–संत श्रीसिंगाजी (प्रेषक–श्रीमहेन्द्रकुमारजी जैन) ३७३
२९४–स्वामी हंसराजजी (प्रेषक–श्रीविट्ठलराव देशपाडे) ३७४
२९५–संत श्रीअग्रदासजी (प्रेषक–पं० श्रीबजरंगदासजी वैष्णव 'विशारद') ··· ··· ३७५
२९६–सत श्रीनाभादासजी (नारायणदासजी) ··· ३७५
२९७–संत श्रीप्रियादासजी ··· ··· ३७६
२९८–प्रणामी-पंथ-प्रवर्तक स्वामी प्राणनाथजी महाराज 'महामति' (प्रेषक–पं० श्रीमिश्रीलालजी शास्त्री, 'साहित्यशास्त्री' हिंदीप्रभाकर) ··· ३७६
२९९–स्वामी लालदासजी ··· ·· ३७७
३००–संत मंसूर ··· ··· ३७७
३०१–संत बुल्लेशाह ··· ··· ३७८
३०२–शेख फरीद ··· ··· ३७८
३०३–मौलाना रूमी ··· ··· ३७९
३०४–सूफी संत गुलामअलीशाह (प्रेषक–वैद्य श्रीबद-रुद्दीन राणपुरी) ··· ··· ३७९
३०५–गुरु नानकदेव ··· ··· ३८२
३०६–श्रीगुरु अंगदजी ··· ··· ३८६
३०७–गुरु अमरदासजी ··· ··· ३८७
३०८–गुरु रामदासजी ··· ··· ३८९
३०९–गुरु अर्जुनदेव ··· ··· ३९१
३१०–गुरु तेगबहादुर (क) चुनी हुई वाणी ··· ३९४ (ख) (प्रेषिका–श्री पी० के० जगदीश-कुमारी) ··· ··· ३९७
३११–गुरु गोविन्दसिंह ··· ··· ३९९
३१२–उदासीनाचार्य श्रीश्रीचन्द्रजी—उदासीन-सम्प्रदायके प्रवर्तक (प्रेषक–पं० श्रीसीतारामजी चतुर्वेदी, एम्० ए०, एल्-एल्० बी०) ··· ४०१
३१३–स्वामी श्रीसंतदासजी (प्रेषक–भण्डारी श्रीवंशी-दासजी साधु वैष्णव) ··· ···४०२
३१४–रामस्नेही-सम्प्रदायके स्वामी श्रीरामचरणजी महाराज (प्रेषक–संत रामकिशोरजी) ··· ४०२
३१५–संत श्रीरामजनजी वीतराग (प्रेषक–रामस्नेही-सम्प्रदायका मुख्य गुरुद्वारा, शाहपुरा) ··· ४०३
३१६–संत श्रीदेवादासजी (प्रेषक–श्रीरामस्नेही-सम्प्रदाय-का मुख्य गुरुद्वारा, शाहपुरा) ··· ४०४
३१७–संत श्रीभगवानदासजी (प्रेषक—श्रीरामस्नेही-सम्प्रदायका मुख्य गुरुद्वारा, शाहपुरा) ··· ४०५
३१८–श्रीदरिया (दरियाव) महाराज—रामसनेही धर्माचार्य ··· ··· ४०५
३१९–श्रीकिशनदासजी महाराज ··· ··· ४०८
३२०–श्रीहरकारामजी महाराज ··· ··· ४०९
३२१–स्वामी श्रीजैमलदासजी महाराज (प्रेषक–श्रीभगवद्दासजी शास्त्री, आयुर्वेदाचार्य) ··· ४०९
३२२–स्वामी श्रीहरिरामदासजी महाराज (प्रेषक–महंत श्रीभगवद्दासजी शास्त्री) ··· ... ४०९
३२३–संत श्रीरामदासजी महाराज (प्रेषक–रामस्नेही-सम्प्रदायाचार्य श्रीहरिदासजी शास्त्री, दर्शनायु-र्वेदाचार्य) ··· ··· ४१२
३२४–संत श्रीदयालजी महाराज (खेड़ापा) (प्रेषक–श्रीहरिदासजी शास्त्री, दर्शनायुर्वेदाचार्य) ··· ४१३
३२५–संत श्रीपूरणदासजी महाराज (प्रेषक–श्रीहरि-दासजी शास्त्री, दर्शनायुर्वेदाचार्य) ··· ४१४
३२६–संत श्रीनारायणदासजी महाराज (प्रेषक–साधु श्रीभगवद्दासजी) ··· ··· ४१४
३२७–संत श्रीहरदेवदासजी महाराज (प्रेषक–साधु श्रीभगवद्दासजी) ··· ··· ४१५

३२८–संत श्रीपरसरामजी महाराज (प्रेषक–श्रीरामजी साधु) ४१५
३२९–संत श्रीसेवगरामजी महाराज (प्रेषक–श्रीरामजी साधु) ४१८
३३०–संत श्रीबिरमदासजी महाराज (रामस्नेही-सम्प्रदायके संत) ४२२
३३१–संत श्रीलालनाथजी परमहंस (प्रेषक–श्रीशंकर-लालजी पारीक) ४२२
३३२–संत श्रीजसनाथजी (प्रेषक–श्रीशंकरलालजी पारीक) ४२२
३३३–भक्त ओपाजी आढा-चारण (प्रेषक–चौधरी श्रीशिवसिंह मल्लारामजी) ... ४२२
३३४–भक्त कवियित्री समानबाई चारण (प्रेषक–चौधरी श्रीशिवसिंह मल्लारामजी) ... ४२३
३३५–संत बाबा लाल ४२३
३३६–भक्त श्रीनारायण स्वामीजी ... ४२३
३३७–स्वामी श्रीकुंजनदासजी ४२६
३३८–श्रीपीताम्बरदेवजी ४२६
३३९–श्रीरामानन्दस्वामी ४२६
३४०–संत श्रीस्वामिनारायणजी ४२६
३४१–संत श्रीमुक्तानन्द स्वामी ४२७
३४२–संत श्रीब्रह्मानन्द स्वामी ४२७
३४३–संत श्रीनिष्कुलानन्द स्वामी ... ४२७
३४४–संत श्रीगुणातीतानन्द स्वामी ... ४२७
३४५–संत श्रीशिवनारायणजी ४२८
३४६–संत तुलसी साहब ४२८
३४७–संत श्रीशिवदयालसिंहजी (स्वामीजी महाराज) (प्रेषक–श्रीजानकीप्रसादजी रायजादा विशारद) ४३२
३४८–संत पलटू साहब ४३२
३४९–स्वामी निर्भयानन्दजी ४३६
३५०–श्रीअखा भगत ४३७
३५१–भक्त श्रीललितकिशोरीजी ४३७
३५२–भक्त श्रीललितमाधुरीजी ४३८
३५३–भक्त श्रीगुणमंजरीदासजी ४३८
३५४–भक्त रसिकप्रीतमजी ४३८
३५५–भक्त श्रीहितदामोदर स्वामीजी ... ४३८
३५६–भक्त भगवान हितरामदासजी ... ४३९
३५७–भक्त श्रीकृष्णजनजी ४३९
३५८–महात्मा बनादासजी (प्रेषक–प्रिंसिपल श्रीभगवतीप्रसादसिंहजी एम्० ए०) ... ४३९
३५९–रसिक संत सरसमाधुरी ४४२
३६०–संत लक्ष्मणदासजी (प्रेषक–प्रिंसिपल श्रीभगवतीप्रसादसिंहजी एम्० ए०) ... ४४४
३६१–संत श्रीसगरामदासजी ४४५
३६२–श्रीस्वामी रामकबीरजी (प्रेषक–श्रीअच्चू धर्म-नाथसहायजी बी० ए०, बी० एल्०) ... ४४५
३६३–संत दीनदरवेश (प्रेषक–वैद्य श्रीबदरुद्दीन राणपुरी) ४४५
३६४–संत पीरुद्दीन (प्रेषक–श्रीमाणिकलाल शङ्करलाल राणा) ४४७
३६५–बाबा नबी (प्रेषक–श्रीमाणिकलाल शङ्करलाल राणा) ४४७
३६६–बाबा फाजल (प्रेषक–श्रीमाणिकलाल शङ्करलाल राणा) ४४७
३६७–संत नूरुद्दीन (प्रेषक–श्रीमाणिकलाल शङ्करलाल राणा) ४४८
३६८–संत हुसैन खाँ (प्रेषक–श्रीमाणिकलाल शङ्करलाल राणा) ४४८
३६९–संत दरिया खान (प्रेषक–श्रीमाणिकलाल शङ्करलाल राणा) ४४८
३७०–संत शूलन फकीर (प्रेषक–श्रीमाणिकलाल शङ्करलाल राणा) ४४८
३७१–संत शम्मद शेख (प्रेषक–श्रीमाणिकलाल शङ्करलाल राणा) ४४८
३७२–बाबा मलिक (प्रेषक–श्रीमाणिकलाल शङ्करलाल राणा) ४४८
३७३–बाबा गुलशन (प्रेषक–श्रीमाणिकलाल शङ्कर-लाल राणा) ४४९
३७४–संत दाना साहेब (प्रेषक–श्रीमाणिकलाल शङ्करलाल राणा) ४४९
३७५–संत केशव हरि (प्रेषक–श्रीमाली गोमती-दासजी) ४४९
३७६–संत यकरंगजी ४४९
३७७–संत पूरण साहेब ४५०
३७८–मीर मुराद (प्रेषक–श्रीमाणिकलाल शङ्करलाल राणा) ४५०
३७९–संत भाण साहेब (प्रेषक–साधु दयालदास मङ्गलदास) ४५०
३८०–संत रवि साहेब (१) (प्रेषक–साधु दयालदास मङ्गलदास) (२) (प्रेषक–वैद्य श्रीबदरुद्दीन राणपुरी) ४५१

३८१–संत मौजुद्दीन (प्रेषक–श्रीमाणिकलाल शङ्कर-लाल राणा) ··· ··· ४५१
३८२–संत मोरार साहेब (१) (प्रेषक–साधु दयालदास मङ्गलदास) (२) (वैद्य श्रीबदरुद्दीन राणपुरी) ··· ४५२
३८३–संत कादरशाह (प्रेषक–श्रीमाणिकलाल शङ्कर-लाल राणा) ··· ··· ४५२
३८४–संत गंग साहेब (प्रेषक–साधु दयालदास मङ्गलदास) ··· ··· ४५२
३८५–साईं करीमशा (प्रेषक–श्रीमाणिकलाल शङ्कर-लाल राणा) ··· ··· ४५३
३८६–संत बहादुर शा (प्रेषक–वैद्य श्रीबदरुद्दीन राणपुरी) ··· ··· ४५३
३८७–संत त्रीकम साहेब (प्रेषक–साधु दयालदास मङ्गलदास) ··· ··· ४५३
३८८–संत लाल साहब (प्रेषक–साधु दयालदास मङ्गलदास) ··· ··· ४५३
३८९–संत शाह फकीर ··· ··· ४५३
३९०–गोस्वामी श्रीहरिरायजी महाराज ··· ४५४
३९१–श्रीरामकृष्ण परमहंस ··· ··· ४५७
३९२–स्वामी श्रीविवेकानन्द ··· ··· ४७३
३९३–संत श्रीविजयकृष्ण गोस्वामी ··· ४७९
३९४–स्वामी श्रीशिवरामकिंकर योगत्रयानन्दजी महाराज ··· ··· ४८४
३९५–संत श्रीनन्दकिशोर मुखोपाध्याय ··· ४८४
३९६–स्वामी रामतीर्थ ··· ··· ४८५
३९७–श्रीशिवयोगी सर्पभूषणजी (प्रेषक–के० श्रीहनुमंत-राव हरणे) ··· ··· ५०१
३९८–महात्मा श्रीमस्तरामजी महाराज ··· ५०४
३९९–संत रामदास बौरिया ··· ··· ५०४
४००–श्रीसत्यभोला स्वामीजी ··· ··· ५०४
४०१–स्वामी श्रीसन्तदेवजी ··· ··· ५०४
४०२–भक्त कारे खाँ ··· ··· ५०४
४०३–श्रीखालसजी ··· ··· ५०५
४०४–स्वामी श्रीयुगलानन्यशरणजी (प्रेषक–श्रीअच्चू धर्मनाथसहायजी बी० ए०, बी० एल्०) ··· ५०५
४०५–स्वामी श्रीजानकीवरशरणजी ··· ५०६
४०६–स्वामी श्रीसियालालशरणजी 'प्रेमलता' ··· ५०६
४०७–महात्मा श्रीगोमतीदासजी (प्रेषक–श्रीअच्चू धर्मनाथसहायजी बी० ए०, बी० एल्०) ··· ५०७
४०८–संत पं० श्रीरामवल्लभाशरणजी महाराज (प्रेषक–श्रीहनुमानशरणजी सिंहानिया) ··· ५०७
४०९–संत श्रीहंसकलाजी (प्रेषक–श्रीअच्चू धर्मनाथ-सहायजी बी० ए०, बी० एल्०) ··· ५०८
४१०–संत श्रीरूपकलाजी (प्रेषक–श्रीअच्चू धर्मनाथ-सहायजी बी० ए०, बी० एल्०) ··· ५०८
४११–संत श्रीरामाजी ··· ··· ५०८
४१२–संत श्रीरामसखेजी ··· ··· ५०९
४१३–स्वामी श्रीमोहनीदासजी ··· ··· ५०९
४१४–संत बाबा श्रीरघुपतिदासजी महाराज (प्रेषक–श्रीरामप्रसाददासजी बैरिया) ··· ५०९
४१५–श्रीमञ्जुकेशीजी ··· ··· ५०९
४१६–श्रीश्यामनायकाजी (प्रेषक–श्रीअच्चू धर्मनाथ-सहायजी बी० ए०, बी० एल्०) ··· ५१०
४१७–भक्त भारतेन्दु हरिश्चन्द्रजी ··· ५११
४१८–भक्त सत्यनारायण ··· ··· ५३०
४१९–महंत श्रीराधिकादासजी ··· ५३०
४२०–(वृन्दावनवासी) सुप्रसिद्ध महात्मा श्रीरामकृष्ण-दासजी (प्रेषक—भक्त श्रीरामशरणदासजी पिलखुवा) ··· ··· ५३१
४२१–भक्त श्रीराधिकादासजी [पं० रामप्रसादजी चिड़ावानिवासी] ··· ··· ५३१
४२२–ठा० श्रीअभयरामजी व्रजवासी ··· ५३२
४२३–महात्मा श्रीईश्वरदासजी ··· ५३२
४२४–स्वामी श्रीयोगेश्वरानन्दजी सरस्वती (प्रेषक–श्रीसूरजमलजी ईसरका) ··· ५३२
४२५–स्वामीजी श्रीपरिव्राट्जी [जोधपुर-प्रान्तवासी] (प्रेषक–व्यास श्रीउदेरामजी श्यामलाल) ··· ५३२
४२६–अवधूत श्रीकेशवानन्दजी (प्रेषक–पं० श्री गोपीवल्लभजी उपाध्याय) ··· ··· ५३३
४२७–संत जयनारायणजी महाराज (प्रेषक–पं० श्रीगोपीवल्लभजी उपाध्याय) ··· ५३४
४२८–परमहंस अवधूत श्रीगुमानन्दजी महाराज (प्रेषक–पं० श्रीगोपीवल्लभजी उपाध्याय) ··· ५३५
४२९–अवधूत, महाप्रभु बापजी श्रीनित्यानन्दजी महाराज (प्रेषक–पं० श्रीगोपीवल्लभजी उपाध्याय) ··· ··· ५३६
४३०–संत सुधाकर (प्रेषक–प० श्रीरामनिवासजी शर्मा) ··· ··· ५३७
४३१–योगी गम्भीरनाथजी ··· ··· ५३७
४३२–श्रीकृष्णनन्दजी महाराज [रंकनाथजी] (प्रेषक–श्रीराधेश्यामजी पाराशर) ··· ५३८

४३३–श्रीदीनदासजी महाराज (प्रेषक–श्रीराधेश्यामजी पाराशर) ५३९
४३४–संत श्रीनागा निरंकारीजी ... ५४०
४३५–सिंधी संत श्रीरामानन्द साहब लुकिमान (प्रेषक–श्रीश्यामसुन्दरजी) ... ५४०
४३६–संत अचलरामजी (प्रेषक–वैद्य श्रीबदरुद्दीनजी राणपुरी) ५४०
४३७–पण्डित श्रीपीताम्बरजी (प्रेषक–श्रीधर्मदासजी) ५४१
४३८–सद्गुरु श्रीपतानन्द आत्मानन्द स्वामी महाराज (प्रेषक–श्रीआत्मानन्ददास रामानन्द बगदालवार) ५४१
४३९–महाराज चतुरसिंहजी ... ५४२
४४०–संत टेऊँरामजी ५४२
४४१–स्वामी श्रीस्वयंज्योतिजी उदासीन ... ५४२
४४२–स्वामीजी श्रीभोलेबाबाजी ... ५४३
४४३–स्वामी श्रीनिर्गुणानन्दजी ... ५४९
४४४–स्वामी श्रीदीनदयालगिरिजी ... ५४९
४४५–परमहंस श्रीबुद्धदेवजी (प्रेषक–श्रीबुद्धिप्रकाशजी शर्मा उपाध्याय) ५५२
४४६–परिव्राजकानन्द रामराजाजी (प्रेषक–श्रीगिरिजा-शंकरजी शास्त्री, अवस्थी, एम्० एम्० एस्०) ५५२
४४७–महात्मा श्रीतैलङ्ग स्वामी ५५२
४४८–परमहंस स्वामी श्रीदयालदासजी ... ५५४
४४९–स्वामी श्रीएकरसानन्दजी ५५६
४५०–श्रीरामानुजाचार्य स्वामीजी श्रीदेवनायकाचार्यजी महाराज (प्रेषक–भक्त श्रीरामशरणदासजी) ५५६
४५१–स्वामी श्रीअद्वैतानन्दजी महाराज (प्रेषक–भक्त श्रीरामशरणदासजी) ५५७
४५२–स्वामी श्रीब्रह्मानन्दजी महाराज (प्रेषक–भक्त श्रीरामशरणदासजी) ५५८
४५३–स्वामी श्रीब्रह्मर्षिदासजी महाराज (प्रेषक–भक्त श्रीरामशरणदासजी) ५५९
४५४–स्वामी श्रीआत्मानन्दजी महाराज (प्रेषक–श्रीरामशरणदासजी) ५६२
४५५–काशीके सिद्ध संत श्रीहरिहरबाबाजी महाराज (प्रेषक–भक्त श्रीरामशरणदासजी) ... ५६३
४५६–स्वामी श्रीमन्नानन्दजी (प्रेषक–डा० श्रीबाल-गोविन्दजी अग्रवाल, विशारद) ... ५६३
४५७–श्रीउड़िया स्वामीजी महाराज ... ५६४
४५८–संत श्रीरामानन्दजी एम्० ए० (प्रेषक–श्री-कपूरीलालजी अग्निहोत्री, एम्० ए०) ... ५७१
४५९–स्वामी श्रीनिरंजनानन्दतीर्थजी महाराज (प्रेषक–पं० श्रीब्रह्मानन्दजी मिश्र) ... ५७४
४६०–स्वामी श्रीदयानन्दजी सरस्वती ... ५७४
४६१–संत श्रीराजचन्द्रजी (प्रेषक–वैद्य श्रीबदरुद्दीन राणपुरी) ५७६
४६२–बाबा किनारामजी अघोरी ... ५७६
४६३–श्रीकौलेशर बाबा (प्रेषक–श्रीअच्चू धर्मनाथ-सहायजी बी० ए०, बी० एल्०) ... ५७७
४६४–महात्मा श्रीमंगतरामजी (प्रेषक–संगत समतावाद) ५७७
४६५–साधु श्रीयज्ञनारायणजी पाण्डेय ... ५७७
४६६–संत श्रीपयोहारी बाबा ५७८
४६७–परमहंस स्वामी श्रीराधेश्यामजी सरस्वती (प्रेषक–डा० श्रीबालगोविन्दजी अग्रवाल) ५७८
४६८–श्रीशंकराचार्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर स्वामीजी श्रीब्रह्मानन्दजी सरस्वती महाराज ... ५७८
(१) चुनी हुई वाणियाँ ... ५७८
(२) (प्रेषक–भक्त श्रीरामशरणदासजी) ५८०
(३) (श्रीशारदाप्रसादजी नेवरिया) ५८१
४६९–महर्षि रमण ५८२
४७०–स्वामी श्रीकृष्णानन्दजी महाराज (प्रेषक–श्री-ब्रह्मदत्तजी) ५८२
४७१–भक्त श्रीरामदयाल मजूमदार (प्रेषक–श्रीविमल-कृष्ण 'विद्यारत्न') ५८३
४७२–प्रभु श्रीजगद्बन्धु ५८४
४७३–महात्मा श्रीहरनाथ ठाकुर ... ५८४
४७४–महात्मा श्रीअश्विनीकुमारदत्त ... ५८९
४७५–लोकमान्य श्रीबाळ गंगाधर तिलक ... ५९२
४७६–महामना पं० श्रीमदनमोहनजी मालवीय ... ५९४
४७७–महात्मा गाँधी ६०२
४७८–योगी श्रीअरविन्द ६१०
४७९–विश्वकवि श्रीरवीन्द्रनाथ ठाकुर ... ६१३
४८०–श्रीमगनलाल हरिभाई व्यास ... ६१५
४८१–संत श्रीमोतीलालजी महाराज (प्रेषक–श्रीहरि-किशनजी झवेरी) ६१६
४८२–तपस्वी अबुउस्मान हैरी ६१७
४८३–तपस्वी अबुलहुसेन अली ... ६१७
४८४–तपस्वी शाहशुजा ६१८
४८५–तपस्वी इब्राहिम आदम ६१८
४८६–तपस्वी हैहया ६१८
४८७–तपस्वी फजल अयाज ६१९

४८८–तपस्वी हुसेन बसराई ··· ··· ६१९
४८९–तपस्वी जुन्नुन मिसरी ··· ··· ६२०
४९०–तपस्वी जुन्नेद बगदादी ··· ··· ६२१
४९१–तपस्वी यूसुफ हुसेन रयी ··· ··· ६२१
४९२–तपस्वी बायजिद बस्तामी ··· ६२२
४९३–तपस्विनी रबिया ··· ··· ६२२
४९४–तपस्वी अबूहसन खर्कानी ··· ६२३
४९५–तपस्वी महमद अली हकीम तरमोजी ··· ६२३
४९६–तपस्वी अबूबकर वासती ··· ··· ६२६
४९७–तपस्वी सहल तस्तरी ··· ··· ६२६
४९८–तपस्वी मारुफ गोरखी ··· ··· ६२७
४९९–तपस्वी सरीं सकती ··· ··· ६२७
५००–तपस्वी अबु उस्मान सैयद ··· ६२८
५०१–तपस्वी अबुल कासिम नसराबादी ··· ६२८
५०२–तपस्वी अबू अली दक्काक ··· ६२९
५०३–तपस्वी अबू इसाक इब्राहीम खैयास ··· ६२९
५०४–तपस्वी हारेस महासवी ··· ··· ६२९
५०५–तपस्वी अबू तोराब ··· ··· ६२९
५०६–तपस्वी मंसूर उमर ··· ··· ६३०
५०७–तपस्वी अहमद अन्ताकी ··· ··· ६३०
५०८–तपस्वी अबू सैयद खैराज ··· ६३०
५०९–तपस्वी अहमद खजरुया बलखी ··· ६३१
५१०–तपस्वी अबू हाजम मक्की ··· ··· ६३१
५११–तपस्वी बशद हाफी ··· ··· ६३१
५१२–तपस्वी यूसुफ आसवात ··· ··· ६३१
५१३–तपस्वी अबू याकूब नहरजोरी ··· ६३२
५१४–तपस्वी अबू अब्दुल्ला मुहम्मद फज़्ल ··· ६३२
५१५–तपस्वी अबू बकर ईराक ··· ··· ६३३
५१६–तपस्वी अहमद मशरूक ··· ··· ६३३
५१७–तपस्वी अबू अली जुरजानी ··· ६३३
५१८–तपस्वी अबू बकर केतानी ··· ६३४
५१९–तपस्वी अबू नसर शिराज ··· ६३४
५२०–तपस्वी फतह मोसली ··· ··· ६३४
५२१–तपस्वी मम्शाद दनयरी ··· ··· ६३५
५२२–ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी (प्रेषक–डा० एम्० हफीज सैयद एम्० ए०, पी-एच्० डी०) ··· ··· ६३५
५२३–ख्वाजा फ़रीदुद्दीन गंजशकर (प्रेषक–डा० एम्० हफीज सैयद एम्० ए०, पी-एच्० डी०) ६३५
५२४–ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती (प्रेषक–डा० एम्० हफीज सैयद एम्० ए०, पी-एच्० डी०) ··· ६३५
५२५–संत शेख सादी (प्रेषक–श्रीरामअवतारजी चोरसिया 'अनन्त') ··· ··· ६३६
५२६–मौलाना हजरत अली (प्रेषक–वैद्य श्रीबदरुद्दीन राणपुरी) ··· ··· ६३७
५२७–श्रीअनवर मियाँ (प्रेषक–वैद्य श्रीबदरुद्दीन राणपुरी) ··· ··· ६३८
५२८–श्रीखलील जिब्रान ··· ··· ६३८
५२९–संत पीथागोरस ··· ··· ६४०
५३०–चीनी संत कन्फ्यूसियस ··· ··· ६४०
५३१–चीनी संत मेनसियस ··· ··· ६४२
५३२–दार्शनिक प्लेटो ··· ··· ६४२
५३३–महात्मा सुकरात (प्रेषक–श्रीकृष्णबहादुर सिन्हा, बी० ए०, एल्-एल्० बी०) ··· ६४२
५३४–यूनानके संत एपिक्यूरस (प्रेषक–वैद्य श्री-बदरुद्दीन राणपुरी) ··· ··· ६४३
५३५–रोमके संत मारकस अरलियस ··· ६४३
५३६–संत पाल ··· ··· ६४४
५३७–पैलस्टाइन (गैलिली) के संत फिलिप ··· ६४४
५३८–पैलस्ताइनके संत पीटर बालसम ··· ६४४
५३९–सीरियाके संत इफ्रम ··· ··· ६४४
५४०–सीरियाके संत थैलीलियस ··· ६४५
५४१–संत ग्रेगरी ··· ··· ६४५
५४२–अलेक्जन्द्रियाके संत मैकेरियस ··· ६४५
५४३–संत आगस्तीन ··· ··· ६४६
५४४–देवी सिंक्लेटिका ··· ··· ६४६
५४५–संत बरनर्ड ··· ··· ६४६
५४६–संत फ्रांसिस ··· ··· ६४७
५४७–संत एडमंड ··· ··· ६४७
५४८–साध्वी एलिजाबेथ ··· ··· ६४७
५४९–संत टॉमस अक्विनस ··· ··· ६४८
५५०–संत लेविस ··· ··· ६४८
५५१–साध्वी कैथेरिन ··· ··· ६४८
५५२–संत थोमस ए केम्पिस (प्रेषिका–बहिन श्रीकृष्णा सहगल) ··· ··· ६४९
५५३–दार्शनिक संत पिकस ··· ··· ६५०
५५४–संत एग्नाशियस लायला ··· ६५१
५५५–कुमारी टेरसा ··· ··· ६५१
५५६–संत फिलिप नेरी ··· ··· ६५१
५५७–मेरी मगडालेन ··· ··· ६५२
५५८–जर्मन संत जेकब न्यूमी (प्रेषक–वैद्य श्रीबदरुद्दीन राणपुरी) ··· ··· ६५२

५५९–भाई लारेंस ६५३
५६०–संत दा-मोलेनस पिगल (प्रेषक—वैद्य श्रीबदरुद्दीन राणपुरी) ... ६५६
५६१–संत जॉन जोसफ ६५७
५६२–संत जान हंटर ६५८
५६३–संत बीचर (प्रेषिका—बहिन श्रीकृष्णा सहगल) ६५८
५६४–श्रीराल्फ वाल्डो ट्राइन ६५८
५६५–दार्शनिक इमर्सन ६५९
५६६–श्रीजान रस्किन ६५९
५६७–श्रीस्टॉफोर्ड० ए० ब्रुक्स ... ६५९
५६८–संत चार्ल्स फिलमोर ६५९
५६९–श्रीजेम्स एलन ६६०
५७०–महात्मा टालस्टाय ... ६६२
५७१–श्री एच० पी० ब्लेवास्तकी (प्रेषक—श्रीमदनविहारीजी) ६६४
५७२–डाक्टर एनी बेसेंट ६६४
५७३–संत सियारामजी ६६५
५७४–संत श्रीशाहन्शाहजी ६६७
५७५–भक्तराज श्रीयादवजी महाराज (प्रेषक—श्रीभवानीशङ्करसिंह जोशी) ... ६६९
५७६–महात्मा श्रीनाथूरामजी शर्मा ... ६७०
५७७–भक्त श्रीरसिकमोहन विद्याभूषण ... ६७२
५७८–भक्त कोकिल साईं ६७६
५७९–श्रीजीवाभक्त ६७७
५८०–भक्त श्रीबल्लभरसिकजी ... ६७७
५८१–संत श्रीरामरूप स्वामीजी (प्रेषक—श्रीरामलखनदासजी) ६७७
५८२–संत श्रीखोजीजी महाराज ... ६८०
५८३–श्रीब्रह्मदासजी महाराज (काठिया) ... ६८०
५८४–श्रीबजरंगदासजी महाराज (श्रीखाकीजी) ... ६८०
५८५–संत श्रीहरिहरप्रसादजी महाराज ... ६८०

संत-वाणी-अङ्क दूसरा खण्ड

संस्कृत-वाणियोंकी सूची

१–प्रेमस्वरूपा गोपियोंद्वारा गाया हुआ वेणुगीत (अनुवादक–स्वामीजी श्रीअखण्डानन्दजी सरस्वती) ६८१
२–प्रेमस्वरूपा गोपियोंद्वारा गाया हुआ प्रणय-गीत (अनु०–स्वा० श्रीअ० सरस्वती) ... ६८४
३–प्रेमस्वरूपा गोपियोंद्वारा गाया हुआ गोपिका-गीत (अनु०–स्वा० श्रीअ० सरस्वती) ... ६८६
४–प्रेमस्वरूपा गोपियोंद्वारा गाया हुआ युगल-गीत (अनु०–स्वा० श्रीअ० सरस्वती) ... ६८९
५–शेषशायी भगवान् विष्णुका ध्यान (अनु०–स्वा० श्रीअ० सरस्वती) ... ६९३
६–भगवान् विष्णुका ध्यान (अनु०–स्वा० श्रीअखण्डानन्दजी सरस्वती) ... ६९४
७–भगवान् श्रीरामका ध्यान (अनु०–पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री) ... ६९७
८–भगवान् श्रीकृष्णका ध्यान (अनु०–पं० श्रीरामनारायणजी शास्त्री) ... ६९८
९–भगवान् शिवका मनोहर ध्यान (अनु०–पं० श्रीरामनारायणजी शास्त्री) ... ७०३
१०–जगज्जननी श्रीपार्वतीका ध्यान (अनु०–पं० श्रीरामनारायणजी शास्त्री) ... ७०६
११–भगवान् शिवका ध्यान (अनु०–पं० श्रीरा० शा०) ७०६
१२–सिद्ध नारायणवर्म (अनु०–स्वा० श्रीअ० स०) ७०७
१३–गजेन्द्र-स्तवन (,, ,,) ७११
१४–भगवान् श्रीरामचन्द्रजीका स्तवन (अनु०–पं० श्रीरा० शा०) ... ७१५
१५–श्रीहनुमान्जीद्वारा भगवान् श्रीराम और सीताका स्तवन (अनु०–पं० श्रीरा० शा०) ७१६
१६–पापप्रशमनस्तोत्र (,, ,,) ७१९
१७–क्लेशहर नामामृत (,, ,,) ७२१
१८–श्रीकनकधारास्तोत्रम् (,, ,,) ७२२
१९–दशश्लोकी (,, ,,) ... ७२४
२०–मनीषापञ्चकम् (,, ,,) ... ७२६
२१–अद्वैतपञ्चरत्नम् (,, ,,) ... ७२६
२२–निर्वाणषट्कम् (,, ,,) ... ७२७
२३–ब्रह्मज्ञानावलीमाला (,, ,,) ... ७२८
२४–निर्वाणमञ्जरी (,, ,,) ... ७२९
२५–मायापञ्चकम् (,, ,,) ... ७३१
२६–उपदेशपञ्चकम् (,, ,,) ... ७३१
२७–धन्याष्टकम् (,, ,,) ... ७३३
२८–दशश्लोकी स्तुति (,, ,,) ... ७३४

२९–षट्पदी-स्तोत्रम् (अनु०—पं० श्रीगौरी-शङ्करजी द्विवेदी) ··· ··· ७३५
३०–श्रीकृष्णाष्टकस्तोत्रम् (अनु०—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री) ··· ७३६
३१–भगवन्मानसपूजा (अनु०–पं० श्रीरा० शा०) ७३७
३२–श्रीअच्युताष्टकम् (,, ,,) ७३९
३३–श्रीगोविन्दाष्टकम् (,, ,,) ७४०
३४–शरणागतिगद्यम् (,, ,,) ७४२
३५–श्रीरङ्गगद्यम् (,, ,,) ७४६
३६–श्रीवैकुण्ठगद्यम् (,, ,,) ७४८
३७–श्रीराधाष्टकम् (,, ,,) ७५३
३८–प्रातःस्मरणस्तोत्रम् [प्रेषक—ब्रह्मचारी श्री-नन्दकुमारशरणजी] (अनु०–पं० श्रीरा० शा०) ७५४
३९–श्रीमधुराष्टकम् (,, ,,) ७५५
४०–श्रीयमुनाष्टकम् (,, ,,) ७५६
४१–बालबोधः (,, ,,) ७६०
४२–सिद्धान्तमुक्तावली (,, ,,) ७६०
४३–पुष्टिप्रवाहमर्यादाभेदः (,, ,,) ७६३
४४–सिद्धान्तरहस्यम् (अनु०–पं० श्रीरा० शास्त्री) ··· ७६६
४५–नवरत्नम् (,, ,,) ··· ७६६
४६–अन्तःकरणप्रबोधः (,, ,,) ··· ७६७
४७–विवेक-धैर्याश्रय-निरूपण (,,) ··· ७६८
४८–श्रीकृष्णाश्रयः (,,) ··· ७७०
४९–चतुःश्लोकी (,, ,,) ··· ७७०
५०–भक्तिवर्धिनी (,, ,,) ··· ७७१
५१–जलभेदः (,, ,,) ··· ७७२
५२–पञ्चपद्यानि (,, ,,) ··· ७७३
५३–संन्यासनिर्णयः (,, ,,) ··· ७७४
५४–निरोधलक्षणम् (,, ,,) ··· ७७६
५५–सेवाफलम् (,, ,,) ··· ७७७
५६–श्रीदामोदराष्टकम् ··· ··· ७७८
५७–श्रीजगन्नाथाष्टकम् ··· ··· ७७९
५८–श्रीमुकुन्दमुक्तावली ··· ··· ७८१
५९–श्रीयुगलकिशोराष्टकम् ··· ७८५
६०–उपदेशामृतम् ··· ··· ७८६
६१–स्वयम्भगवत्त्वाष्टकम् ··· ··· ७८८
६२–श्रीजगन्मोहनाष्टकम् ··· ··· ७९०

संतोंके विभिन्न आदर्शसूचक चित्रयुक्त लघु लेखोंकी सूची—

१–महात्माका हृदय (महर्षि वशिष्ठकी क्षमा) ··· २४
२–अन्त मति सो गति ··· २५
३–संतकी क्षमा ··· ४८
४–संतोंका अक्रोध ··· ४९
(१) संत तुकाराम ४९
(२) संत एकनाथ ४९
५–दो ही मार्ग ··· ७२
६–शान्ति कहाँ है ? ··· १०४
७–दो ही गति ··· १०५
८–स्वर्ग और मोक्ष ··· १३६
९–परदुःखकातरता—परम दयालु राजा रन्तिदेव ··· १६०
१०–ये महामनस्वी— ··· १६१
(१) दधीचिका अस्थिदान ··· १६१
(२) शिबिका मांसदान १६१
(३) हरिश्चन्द्रकी सत्यनिष्ठा ··· १६२
११–पुण्यदान (नरकी प्राणियोंके दुःखसे दुखी) ··· २१६
१२–संत शनेश्चरका एकात्मभाव २१७
१३–सबमें भगवद्दर्शन ··· २४०
(१) एकनाथजी गदहेमें ··· २४०
(२) नामदेवजी कुत्तेमें २४०
१४–भय और अभय ··· २४१
(१) भयका प्रभाव (बुद्धका वैराग्य) २४१
(२) अभयका प्रभाव (मीराँका विषपान) २४१
१५–योगक्षेमं वहाम्यहम् (तुलसी और नरसी) ··· २७२
१६–सहसबाहु दसबदन आदि नृप बचे न काल बली तें २८८
१७–अधिकारका अन्त ··· २८९
१८–आर्त पक्षीकी प्रार्थना (श्रीसूरदासजी) ··· ३१६
१९–धूल-पर-धूल (राँका-बाँका) ३१६
२०–मालिकका दान (विश्वकवि श्रीरवीन्द्रनाथ ठाकुरकी एक कविताका भावान्तर) ३१७
२१–महान् त्यागी ··· ३३६
(१) रघु और कौत्स ३३६
(२) निमाईका गृह-त्याग ३३७
२२–भगवन्नामका प्रभाव (अजामिल, गणिका, व्याध वाल्मीकि) ··· ३६०
२३–मन्द करत जो करइ भलाई (जगाई-मधाई-उद्धार, हरिदासजीकी कृपा) ··· ३६१
२४–यह भी न रहेगा ··· ३८०
२५–ऐश्वर्य और दारिद्र्य ··· ३८१
२६–मोहका महल ढहेगा ही ४००
२७–सुखमें विस्मृति और दुःखमें पूजा ··· ४२०
२८–संसारके सम्मानका स्वरूप ४२१
२९–चन्दन-कुल्हाड़ी (गोस्वामी श्रीतुलसीदासजी) ··· ४४०
३०–संत और बिच्छू ··· ४४०
३१–भक्तोंकी क्षमा ··· ४४१
(१) प्रह्लादकी गुरुपुत्रपर ४४१
(२) अम्बरीषकी दुर्वासापर ४४१

३२–शरीर-सौन्दर्यकी वास्तविकता ४७२
३३–'दुःखालयमशाश्वतम्' ··· ५०२
३४–संसार-कूपमें पड़ा प्राणी ··· ५०३
३५–भजनका अधिकार ··· ५५०
३६–भजन बिनु बैल बिराने ह्वै हौ ५५१
३७–भजन बिनु कूकर-सूकर जैसो (श्रीसूरदासजी) ··· ५५१
३८–गृहस्थ-संत ··· ५७२
(१) अत्रि-अनसूया ५७२
(२) महाराज जनक ५७२
(३) तुलाधार वैश्य ५७२
(४) धर्म व्याध ··· ५७२
३९–विरक्त संत ··· ५७३
(१) महर्षि याज्ञवल्क्य ५७३
(२) भगवान् ऋषभदेव ५७३
(३) श्रीशुकदेवजी ··· ५७३
(४) श्रीशङ्कराचार्य ··· ५७३
४०–मृगतृष्णा—संसार-सुखोंका नग्नरूप ··· ५९३
४१–विजयी और पराजित—गर्वका अन्त ··· ६२४
४२–सभी मृत्युके मुखमें ··· ६२५
४३–संतका महत्त्व ईसामसीह, मंसूर ··· ६७८
४४–महाप्रभुका कुष्ठरोगीसे प्यार (श्रीचैतन्य महाप्रभु, महात्मा गान्धी) ··· ६७९
४५–संत-स्वभाव ··· ७०४
४६–मान और धनकी तुच्छता ७०५
(१) विजयका त्याग ७०५
(२) पारसका त्याग ··· ७०५
४७–रोम-रोममें राम ··· ७५८
४८–कीर्तनीयः सदा हरिः ··· ७५९
४९–साथ क्या गया ! ··· ७९२

चित्र-सूची

सुनहरे

१–शृंगार (प्राचीन चित्रके आधारपर) ··· ५२४
२–ताम्बूल-सेवन (प्राचीन चित्रके आधारपर) ५२४
३–भगवान् श्रीरामचन्द्रजी ६५६
४–माता श्रीजानकीजी ६५६

बहुरंगे

१–कल्याण (सुदूर प्राचीन कालसे लेकर अबतकके विशिष्ट संतोंके दर्शन, भीतरी मुखपृष्ठ
२–भक्त-संतोंके लक्ष्य (भगवान् श्यामसुन्दर) १
३–दो ही मार्ग ··· ७२
(क) परमार्थका प्रकाशमय मार्ग
(ख) भवाटवीका अन्धकारमय मार्ग
४–मोक्ष और स्वर्ग ··· १३६
(क) भगवद्भजन और निष्काम कर्मयोगसे पुनरावर्तरहित भगवद्धामकी प्राप्ति
(ख) सकाम यज्ञ दानादिसे स्वर्ग-सुखभोगके बाद पतन
५–भगवान् विष्णु ··· १९२
६-७–योगक्षेमं वहाम्यहम् २७२
(१) तुलसीदासके पहरेदार
(२) नरसीजीका भात
८-९–महान् त्यागी ··· ३३६
(१) कौत्स
(२) निमाई
१०-११–मोहका महल ढहेगा ही ४००
(१) महल
(२) खँडहर
१२-१३–शरीर-सौन्दर्यकी वास्तविकता ··· ४७२
(१) पुरुषका शरीर
(२) स्त्रीका शरीर
१४–मृगतृष्णा संसार-सुखोंका नग्नरूप ··· ५९३
१५–ध्यान-मग्न शिव ··· ७२४
१६–साथ क्या गया—सिकन्दरका अन्तकाल ७९२

दुरंगे चित्र

१–वशिष्ठकी क्षमा ··· २४
२–अन्त मति सो गति २५
३–शान्ति कहाँ है ! ··· १०४
४–दो ही गतियाँ—नरक और भगवद्धाम ··· १०५
५–पुण्य-दान ··· २१६
६–संत ज्ञानेश्वरका एकात्मभाव ··· २१७
७-८–बलका अभिमान चूर्ण २८८
(१) रावण
(२) सहस्रार्जुन
९–अधिकारका अन्त—वनमें पलायन ··· २८९
१०–यह भी न रहेगा ··· ३८०
११-१२–ऐश्वर्य और दारिद्र्य ३८१
(१) आजका राजा
(२) कलका भिखारी
१३–दुःखालयमशाश्वतम् (शिशु, बालक, तरुण, वृद्ध सभी अवस्थाओंमें दुःख) ··· ५०२
१४–संसारकूपमें पड़ा प्राणी ५०३
१५से१७–विजयी और पराजित—गर्वका अन्त ··· ६२४
(१) नेपोलियन
(२) मुसोलिनी
(३) हिटलर
१८–सभी मृत्युके मुखमें ··· ६२५
१९-२०–संतका स्वभाव—काटने-मारनेवाला भी अपना अङ्ग ही है ··· ७०४
(१) जीभ और दाँत (अपने ही)

(२)संतपर मार, मारनेवालेकी सेवा
२१-२२–संतका स्वभाव—मान-धनकी तुच्छता ७०५
(१) मानकी तुच्छता
(२) धनकी तुच्छता

सादे चित्र

१–संतकी क्षमा ··· ४८
२-३–संतोंका अक्रोध ··· ४९
(१) तुकाराम
(२) एकनाथ
४–परदुःख-कातरता—रन्तिदेवका त्याग ··· १६०
५ से ७–महान् मनस्वी ··· १६१
(१) शिवि
(२) दधीचि
(३) हरिश्चन्द्र
८–९–सबमें भगवान्‌के दर्शन २४०
(१) एकनाथका गधेमें शिव-दर्शन
(२) नामदेवका कुत्तेमें नारायण-दर्शन
१०-११–भय और अभय ··· २४१
(१) बुद्धके वैराग्यमें तीन कारण
(२) मीराका विषपान
१२–अबकी राखि लेहु भगवान ··· ३१६
१३–मालिकका दान—कबीरपर भगवान्‌की कृपा ··· ३१७
१४–धूलपर धूल—रॉका-बाँकाका वैराग्य ··· ३१७
१५से१७–भगवन्नामका प्रभाव ३६०
(१) अजामिल
(२) गणिका
(३) वाल्मीकि
१८-१९–मंद करत सो करत भलाई ··· ३६१
(१) जगाई-मधाई-का उद्धार
(२) हरिदासपर अत्याचार
२०–सुखमें विस्मृत, दुःख में पूजा ··· ४२०
२१–सफलतामें सत्कार, असफलतामें दुत्कार ४२१
२२-२३–संतका सहज उपकारी स्वभाव ··· ४४०
(१) चन्दन-कुठार
(२) संत-विच्छू
२४-२५–भक्तकी क्षमा ··· ४४१
(१) प्रह्लादकी क्षमा
(२) अम्बरीषकी क्षमा
२६–भजनका अधिकार ··· ५५०
२७–भजन बिनु बैल बिराने ह्वैहो··· ५५१
२८–भजन बिनु कूकर-सूकर जैसो ··· ५५१
२९से३२–गृहस्थ संत ·· ५७२
(१) अत्रि-अनसूया
(२) महाराज जनक
(३) तुलाधार वैश्य
(४) धर्मव्याध
३३से३६–विरक्त संत ··· ५७३
(१) महर्षि याज्ञवल्क्य
(२) श्रीऋषभदेव
(३) श्रीशुकदेव
(४) श्रीशङ्कराचार्य
३७–संतका महत्त्व(ईसा-को शूली) ··· ६७८
३८–संतकी महिमा (मन्सूरको शूली)··· ६७८
३९–महाप्रभुका कुष्ठरोगीसे प्यार ·· ६७९
४०–गांधीजीद्वारा कुष्ठरोगी-की सेवा ··· ६७९
४१ -रोम-रोममें राम ··· ७५८
४२–हरि सदा कीर्तनीय ··· ७५९
(क) तृणादपि सुनीचेन
(ख) तरोरिव सहिष्णुना
(ग) अमानिना मानदेन
(घ) कीर्तनीयः सदा हरिः
कुल=८४

संतोंके चित्र

१–देवर्षि नारद ··· २६
२–मुनि श्रीसनत्कुमार ··· ३१
३–महर्षि याज्ञवल्क्य ··· ३४
४–ऋषिकुमार नाचिकेता ··· ३६
५–श्रीयमराज ··· ३७
६–महर्षि अङ्गिरा ··· ४१
७–महर्षि वशिष्ठ ··· ४४
८–महर्षि पिप्पलाद ··· ५०
९–महर्षि विश्वामित्र ··· ५१
१०–महर्षि गौतम ··· ५२
११–महर्षि दधीचि ··· ५४
१२–महर्षि दुर्वासा ··· ५७
१३–महर्षि मार्कण्डेय ··· ५९
१४–महर्षि शाण्डिल्य ··· ६०
१५–महर्षि वाल्मीकि ··· ६१
१६–महात्मा जडभरत ··· ६३
१७–महर्षि अगस्त्य ··· ६४
१८–भगवान् ऋषभदेव ··· ६५
१९–महर्षि पतञ्जलि ··· ७१
२०–भगवान् कपिलदेव ··· ७३
२१–महर्षि शौनक ··· ७३
२२–महर्षि वेदव्यास ··· ७५
२३–मुनि शुकदेव ··· ८१
२४–महर्षि जैमिनि ··· ८३
२५–मुनि सनत्सुजात ··· ८५
२६–महर्षि मुद्गल ··· ८७
२७–महात्मा गोकर्ण ··· ९३
२८–पुराणवक्ता सूतजी ··· ९५
२९–मनु महाराज ··· १००
३०–भक्तराज ध्रुव ··· १०२
३१–शरणागतवत्सल शिवि··· १०३
३२–भक्त राजा अम्बरीष ··· १०३
३३–सत्यनिष्ठ राजा हरिश्चन्द्र १०६

३४–परदुःखकातर रन्तिदेव १०६
३५–महाराजा जनक ··· १०६
३६–राजा चित्रकेतु ··· १०७
३७–पितामह भीष्म ··· १०९
३८–भक्त अक्रूर ··· ११२
३९–धर्मराज युधिष्ठिर ··· ११२
४०–भक्त अर्जुन ··· ११५
४१–भक्त उद्धव ··· ११६
४२–भक्त सञ्जय ··· १२१
४३–राजा परीक्षित् ··· १२२
४४–भक्तराज प्रह्लाद ··· १२४
४५–दानवीर राजा बलि ··· १२७
४६–भक्त वृत्रासुर ··· १२८
४७–कपिलमाता देवहूति ··· १३१
४८–सच्ची माता मदालसा ··· १३२
४९–सती सावित्री ··· १३४
५०–अत्रिपत्नी श्रीअनसूया ·· १३५
५१–पाण्डवजननी कुन्तीजी ·· १४०
५२–पाण्डवपत्नी द्रौपदी ··· १४०
५३–श्रीमद्विद्यारण्य महामुनि १४४
५४–जगद्गुरु श्रीशङ्कराचार्य ·· १४९
५५– ,, श्रीरामानुजाचार्य १५३
५६– ,, श्रीनिम्बार्काचार्य १५५
५७– ,, श्रीमध्वाचार्य ·· १५७
५८– ,, श्रीवल्लभाचार्य १५७
५९– ,, श्रीरामानन्दाचार्य १५९
६०–महाप्रभु श्रीचैतन्यदेव ·· १६३
६१–आचार्य श्रीमधुसूदन सरस्वती ··· १६९
६२–गुसाईंजी श्रीमद्विट्ठलनाथजी १७०
६३–श्रीविष्णुचित्त ··· १७२
६४–भक्तिमती श्रीआण्डाळ (रंगनायकी) ··· १७३
६५–श्रीकुळशेखर आळवार ·· १७३
६६–श्रीमुनिवाहन तिरुप्पन्नाळवार १७५
६७–श्रीपोयगै आळवार, भूत-त्ताळवार और पेयाळवार १७५
६८–श्रीनीलन्(तिरुमङ्गैयाळवार) १७६
६९–संत श्रीनम्माळवार ··· १७७
७०–भगवान् महावीर ··· १७९
७१–भगवान् बुद्ध ··· १८६
७२–महात्मा ईसामसीह ··· १८८
७३–महात्मा जरथुस्त्र ··· १८८
७४–योगी मत्स्येन्द्रनाथ ··· १८९
७५–योगी गुरु गोरखनाथ ··· १८९
७६–संत ज्ञानेश्वर ··· १९१
७७–संत नामदेव ··· १९१
७८–संत कवि श्रीभानुदास ··· १९३
७९–संत एकनाथ ··· १९४
८०–समर्थ गुरु रामदास ··· १९४
८१–संत श्रीतुकाराम ··· १९७
८२–संत कबीरदासजी ··· २०१
८३–संत बीरू साहब ··· २२२
८४–संत यारी साहब ··· २२३
८५–संत बुल्ला (बूला) साहब २२४
८६–संत भीखा साहब ··· २३३
८७–स्वामी श्रीदादूदयालजी ··· २४३
८८–संत सुन्दरदासजी ··· २५०
८९–स्वामी श्रीहरिदासजी (हरिपुरुषजी) ··· २६३
९०–स्वामी श्रीचरणदासजी ··· २६४
९१–भक्तवर श्रीहरिव्यासदेवाचार्यजी ··· २७६
९२–तेजस्वी संत श्रीपरशुरामदेवजी ··· २७७
९३–स्वामी श्रीहरिदासजी ··· २८०
९४–आचार्य श्रीहितहरिवंश महाप्रभु ··· २८१
९५–संत श्रीव्यासदासजी ··· २८१
९६–भक्त श्रीसूरदासजी ··· २९३
९७–धन्ना भक्त ··· ३१५
९८–गोस्वामी श्रीतुलसीदासजी ३१८
९९–श्रीरसखानजी ··· ३४०
१००–श्रीनागरीदासजी ··· ३४८
१०१–श्रीतानसेनजी ··· ३५९
१०२–श्रीसाकेतनिवासाचार्यजी (श्रीटीलाजी) ··· ३६२
१०३–प्रेमदिवानी मीराँ ··· ३६८
१०४–श्रीअग्रदासजी ··· ३७५
१०५–श्रीप्रियादासजी ··· ३७६
१०६–गुरु नानकदेव ··· ३८२
१०७–गुरु अर्जुनदेव ··· ३९१
१०८–गुरु गोबिन्दसिंह ··· ३९९
१०९–रामस्नेही सम्प्रदायके स्वामी श्रीरामचरणजी महाराज ·· ४०२
११०–स्वामी श्रीहरिरामदासजी महाराज ··· ४०९
१११–संत श्रीरामदासजी महाराज ४१२
११२–संत श्रीदयालजी महाराज ४१३
११३–संत श्रीपरसरामजी महाराज ४१५
११४–संत श्रीसेवगरामजी महाराज ४१८
११५–भक्त श्रीनारायणस्वामीजी ४२३
११६–संत रबि साहेब ··· ४५१
११७–संत मोरार साहेब ··· ४५२
११८–श्रीरामकृष्ण परमहंस ··· ४५७
११९–स्वामी विवेकानन्द ··· ४७३
१२०–स्वामी श्रीशिवरामकिंकर योगत्रयानन्दजी महाराज ४८४
१२१–श्रीनन्दकिशोर मुखोपाध्याय ४८४
१२२–स्वामी रामतीर्थ ··· ४८५
१२३–अवधूत श्रीकेशवानन्दजी ५३३
१२४–संत जयनारायणजी महाराज ५३४
१२५–अवधूत श्रीनित्यानन्दजी ५३६
१२६–सिंधी संत श्रीरामानन्द साहब लुकिमान ··· ५४०
१२७–संत श्रीराजचन्द्र ··· ५७६
१२८–महात्मा श्रीमंगतरामजी ·· ५७७
१२९–प्रभु श्रीजगद्बन्धु ··· ५८४
१३०–महात्मा श्रीहरनाथ ठाकुर ५८४
१३१–लोकमान्य बाळ गंगाधर तिलक ··· ··· ५९२
१३२–महामना पं० श्रीमदन-मोहनजी मालवीय ··· ५९४
१३३–महात्मा गाँधी ··· ६०२
१३४–श्रीअरविन्द ··· ६१०
१३५–श्रीमगनलाल हरिभाई व्यास ··· ६१५
१३६–संत श्रीमोतीलालजी महाराज ··· ६१६
१३७–तपस्विनी रबिया ··· ६२२
१३८–महात्मा सुकरात ··· ६४२
१३९–संत फ्रांसिस ··· ६४७
१४०–महात्मा टालस्टाय ··· ६६२



भक्त-संतोंके लक्ष्य

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते । पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥



स्मृतापि तरुणातपं करुणया हरन्ती नृणामभङ्गुरतनुत्विषां वलयिता शतैर्विद्युताम् ।
कलिन्दगिरिनन्दिनीतटसुरद्रुमालम्बिनी मदीयमतिचुम्बिनी भवतु कापि कादम्बिनी ॥

(पण्डितराज जगन्नाथ)

वर्ष २९ | गोरखपुर, मौर माघ २०११, जनवरी १९५५ | संख्या १ पूर्ण संख्या ३३८

भक्त-संतोंके लक्ष्य

कालिन्दी तट निकट कल्पतरु एक सुहावै ।
ता नीचे नव तरुन दिव्य कोउ वेनु बजावै ॥
लखि लावन्य अनूप रूप ससि-कोटि लजावै ।
विविध बरन आभरन बसन भूषन छवि पावै ॥
नव नवल नेह-करुना-कलित ललित नयन मनहर लसै ।
यह मोहन मूरति स्याम की संतन भक्तन हिय बसै ॥

—पाण्डेय श्रीरामनारायणदत्त शास्त्री 'राम'

संत-वाणी

(रचयिता —पाण्डेय प० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री 'राम')

वन्दे संत उदार दयानिधि जिसकी मंजुल वाणी,
भवसागर-संतरण तरणि-सी परहित-रत कल्याणी।
मृदु, कोमल, सुस्निग्ध, मधुरतम, निर्मल, नवल, निराली,
काम-क्रोध-मद-लोभ-मोह सब दूर भगानेवाली ॥ १ ॥

जहाँ कर्मकी कालिन्दीमें मिलित भक्तिकी गङ्गा,
सरस्वती है जहाँ ज्ञानकी गूढ़ अगम्य अभङ्गा।
त्रिविध साधनोंकी बहती है सुन्दर जहाँ त्रिवेणी,
धन्य संत-वाणी प्रयाग-सी निःश्रेयस निःश्रेणी ॥ २ ॥

बुझती जहाँ स्वयं जाते ही त्रिविध तापकी ज्वाला,
भरती पुलक मोद तन मनमें भाव-ऊर्मिकी माला।
जहाँ न आकर प्यासा लौटा है कोई भी प्राणी,
सुरधुनि-सी सबको सुख देती वह संतोंकी वाणी ॥ ३ ॥

सद्भावोंके पोषणहित जो मधुर दुग्ध गौका है,
देती सदा मुक्तिके पथपर बढ़नेको मौका है।
भीषणतम भवकी जलनिधिमें और डूबनेवाले,
दौड़ो चढ़ो संतवाणी-नौकापर होश सँभालो ॥ ४ ॥

संत-वचन वह सुधा देव भी जिसके सदा भिखारी,
संत-वचन वह धन जिसका है नर प्रधान अधिकारी।
मर्त्य अमर बन जाता जिससे वह संजीवन रज है,
संत-वचन सब भवरोगोंका रामबाण भेषज है ॥ ५ ॥

वेद, शास्त्र, अनुभूति, तपस्याका जिसमें संचय है,
संतोंका वर वरद वचन वह मङ्गलमय निर्भय है।
क्यों बैठा कर्तव्यमूढ़ नर बन चिन्ताका वाहन,
संत-वचनके सुधा-सिन्धुमें कर सतत अवगाहन ॥ ६ ॥

दूर असत्से कर सत्पथकी ओर लगानेवाला,
और मृत्युसे हटा अमरता तक पहुँचानेवाला।
तमसे परे ज्योतिके जगमें होता जो जगमग है,
सच्चिन्मय उस परमधामका संत-वचन शुचि मग है ॥ ७ ॥

कौन बताये संतोंकी वाणीमें कितना बल है ?
दासी-सुत देवर्षि बन गया जीवन हुआ सफल है।

उसी संतके प्रवचनने वह चमत्कार दिखलाया,
दैत्यवंशमें देवोपम प्रह्लाद प्रकट हो आया ॥ ८ ॥
अगणित बार संत-वाणीने निज प्रभाव प्रकटाया,
मान उसे ही बालक ध्रुवने हरिका ध्रुवपद पाया।
एक लुटेरा था जो मनसे मान संतकी वाणी,
वाल्मीकि बन गया आदिकवि भुवनविदित विज्ञानी ॥ ९ ॥
संत-वचनके अनुशीलनसे होती निर्मल मति है,
श्रीहरिके चरणोंमें जिससे बढ़ती अविचल रति है।
रीझ उसीसे भक्तजनोंके वश होते बनवारी,
दर्शन दे राधा-प्यारी-सँग हरते बाधा सारी ॥ १० ॥

संत-सूक्ति-सुधा

(लेखक पं० श्रीजानकीनाथजी शर्मा)

ऐसे तो संतका किसी भी देश-कालमें अभाव नहीं होता। वे सभी देशोंमें, सभी कालोंमें, सभीके लिये सर्वथा सुलभ हैं

सबहि सुलभ सब दिन सब देसा।

पर न तो संतोंकी कोई दूकान होती है और न वे कोई साइन-बोर्ड ही लगाये फिरते हैं, जिससे उन्हें झट पहचान लिया जाय। साथ ही हतभाग्य प्राणी संतमिलनकी उचित चेष्टा न कर उलटे उपेक्षा कर देते हैं—इसीलिये सत्सङ्गति अत्यन्त दुर्लभ तथा दुर्घट भी कही गयी है—

सत संगति दुर्लभ संसारा। निमिष दंड भरि एकउ बारा॥[1]

कभी-कभी तो ऐसा होता है कि संतके वेषमें असंत और असंत-वेषमें संत मिल जाया करते हैं, जिससे और भी भ्रम तथा वञ्चना हो जाती है। फिर भी इसमें तो किसी प्रकारका संदेह नहीं कि जिसे परम सौभाग्यवशात् कहीं एक बार भी विशुद्ध संत मिल गये, उसपर भगवत्कृपा हो गयी और उसका सारा काम बन गया। सच्ची बात तो यह है कि संत की प्राप्ति भगवत्प्राप्ति-सदृश ही या उससे भी अधिक महत्त्वकी घटना है।—

निगमागम पुरान मत एहा। कहहिं सिद्ध मुनि नहिं संदेहा॥
संत बिसुद्ध मिलहिं परि तेही। चितवहिं राम कृपा करि जेही॥

'मो ते अधिक संत करि लेखा।'
'जानेसि संत अनंत समाना' 'राम ते अधिक राम कर दासा।'

यद्यपि संत सभी देश-कालमें होते हैं, फिर भी भारत इसमें सबसे आगे है। संतोंकी वाणी त्रिकाल कल्याणदायिनी होती है। उसका वर्णन नहीं हो सकता। यदि वे मिल जायँ तब तो पूछना ही क्या? पर उनके अभावमें भी भारतीयोंका यह सौभाग्य है कि वे भगवान् वाल्मीकि, व्यास, नारद, वशिष्ठ, शुकदेव और गोस्वामी तुलसीदास-जैसे संतोंकी परम पवित्र अमृत-मयी वाणीरूपा, भास्वती भगवती अनुकम्पा देवीका प्रसाद पा तत्क्षण शोक-मोहसे मुक्त होकर अपार सुख-शान्ति प्राप्त कर सकते हैं।

सूक्ति-सार-सर्वस्व

सतजन वस्तुतः त्रिभुवनके ऐश्वर्यका लोभ दिखाने या सम्पूर्ण विश्वके भोग उपस्थित होनेपर भी लव-

१. सत्सङ्गो दुर्लभोऽगम्योऽमोघश्च (नारद-भक्तिसूत्र)
जन्मार्जितानि पापानि नाशमायान्ति यस्य वै।
सत्सङ्गतिर्भवेत्तस्य नान्यथा घटते हि सा॥
(ना० भ० सू० ४)

निमिषार्ध तकके लिये प्रभुके चरणारविन्दसे मन नहीं हटाते, इसलिये वे किसीको उपदेश तो दूसरा देंगे ही क्या ? पर दुखी, संसृतिग्रस्त प्राणी अरविन्दनयन प्रभुके चरणारविन्दके किञ्जल्कका अनुपम स्वाद नहीं जानता, अतएव अर्थ-कामके लिये ही, या बहुत हुआ तो दुःख-मुक्ति या संसृति-मोक्षके लिये संतोंके पास जाता है। इसपर संत-जन दयार्द्र होकर अपने मनकी बात भगवद्-ध्यानको ही सभी सुख-सौभाग्यका उपाय बतला देते हैं और कहते हैं कि यदि कोई भोग ही चाहता हो तो बड़े शान्त तथा सौम्य उपायसे केवल थोड़ी-सी भगवान्‌की आराधनासे ही वह सुख-सम्पत्ति प्राप्त कर सकता है जो अन्यथा सर्वथा दुर्लभ है। गोस्वामी श्रीतुलसीदासजी महाराज कहते हैं—

रति-सी रवनी सिंधुमेखला अवनि पति,
औनिप अनेक ठाढे हाथ जोरि हारि कै।
संपदा-समाज देखि लाज सुरराज हूँ के
सुख सब बिधि बिधि दीन्हें हैं सँवारि कै॥
इहाँ ऐसो सुख, सुरलोक सुरनाथ-पद,
जा को फल तुलसी सो कहैगो बिचारि कै।
आक के पतौना चार, फूल कै धतूरे के द्वै,
दीन्हें द्वैहैं बारक पुरारि पर डारि कै॥

यह औढरदानी, आशुतोष, भूतभावन भगवान् शङ्करकी एक बारकी अल्प आराधनाका परिणाम है। पर वे ही संतशिरोमणि परम पूज्य गुरुवर्य गोस्वामी श्रीतुलसीदासजी आनन्दविभोर होकर कहते हैं कि रावणने बहुत वर्षोंतक शङ्करजीकी आराधना की थी। अनेकों बार तो अपने सभी सिरोंतकको आहुतिमें दे डाला था।[1] इसपर वरदायक प्रभुने उसे लंका-जैसी सुवर्णकोट, सुदृढ़ रचनारचित, मणिखचित पुरी प्रदान की थी, पर विभीषणको तो यह सारी वस्तु प्रभु श्रीराम-भद्र राघवेन्द्रके अरुण मृदुल चरण-कमलके खाली हाथोंसे ही दर्शन करने मात्रसे मिल गयी।[2] विभीषणको शरणागत भावसे आया जान, देखते ही प्रभुने 'लंकेश' कहकर सम्बोधन किया और कहा कि 'तुम मुझे प्राणोंके समान प्यारे हो।'[3] विभीषणने कहा—'प्रणतपाल प्रभु! आप तो अन्तर्यामी हैं, क्या कहूँ? पहले कुछ जो हृदयमें वासनाएँ थीं, वे भी श्रीचरणोंके प्रेमसे बह गयीं। अब तो नाथ! अपने चरण-कमलोंकी प्रीति ही मुझे देनेकी दया करें—

सुनत बिभीषन प्रभु कै बानी। नहिं अघात श्रवनामृत जानी॥
पद अंबुज गहि बारहिं बारा। हृदयँ समात न प्रेमु अपारा॥
सुनहु देव सचराचर स्वामी। प्रनतपाल उर अंतरजामी॥
उर कछु प्रथम बासना रही। प्रभु पद प्रीति सरित सो बही॥
अब कृपाल निज भगति पावनी। देहु सदा सिव मन भावनी॥

वास्तवमें यह प्रसंग ऐसा है कि ध्यान आते ही सब सुध-बुध भूलने-सी लगती है। तभी तो स्वयं गोस्वामीजीने भी ऐसे स्थलोंके लिये बड़े जोरदार शब्दोंमें लिख डाला—

बह संबाद जासु उर आवा। रघुपति चरन भगति सोइ पावा॥

अस्तु, इसपर करुणावरुणालय, औदार्य, वात्सल्य, सौशील्य-जैसे सहस्रशः गुणोंके अगाध वारिधि प्रभुने बड़े मनोरम हृदयहारी शब्दोंमें कहा—'सखे! ऐसा ही होगा, यद्यपि आपकी इच्छा बिलकुल नहीं है, तो भी मेरा दर्शन कभी व्यर्थ नहीं जाता।' और समुद्रका जल मँगाकर तुरंत अभिषेक कर दिया। इस तरह—

१—(क) सिर सरोज निज करन्हि उतारी।
पूजे अमित बार त्रिपुरारी॥
(ख) सादर सिव कहँ सीस चढ़ाए।
एक एक के कोटिन्ह पाए॥

१ (क) जो संपति सिव रावनहि दीन्हि दिएँ दस माथ।
सोइ संपदा बिभीषनहि सकुचि दीन्हि रघुनाथ॥
(ख) जो संपति दससीस अरपि करि रावन सिव पहँ लीन्हीं।
सोइ संपदा बिभीषन कहँ अति सकुच सहित हरि दीन्हीं॥

२ (क) दीनता प्रीति संकलित मृदु बचन सुनि,
पुलकि तन प्रेम जल नयन लागे भरन।
बोलि लंकेस कहि अंक भरि भेंटि प्रभु,
तिलक दियो दीन-दुख-दोष-दारिद-दरन॥
(ख) 'कहु लंकेस कुसल परिवारा।'
'सुनु लंकेस सकल गुन तोरे॥'

विभीषणको दुर्लभ भक्तिके साथ कल्पपर्यन्त लंकाका अचल राज्य भी मिल गया ।—

एवमस्तु कहि प्रभु रनधीरा । माँगा तुरत सिंधु कर नीरा ॥
जदपि सखा तव इच्छा नाहीं । मोर दरसु अमोघ जग माहीं ॥
अस कहि राम तिलक तेहि सारा । सुमन बृष्टि नभ भई अपारा ॥

भक्तिरससे परिप्लुत होकर पूज्य गोस्वामीजी कहते हैं कि कुबेरकी पुरी लंका सुमेरुके समान थी । इसकी रचनामें ब्रह्माजीकी सारी बुद्धि लग गयी थी । वीर रावण कई बार अपने सीसको ईशके चरणोंपर चढ़ाकर वहाँका राजा बना था । ऐसा लगता था मानो तीनों लोककी विभूति, सामग्री और सम्पत्तिकी राशिको एकत्रित कर चाँक लगा दी गयी हो । पर यह सारी सम्पत्ति महाराज रामचन्द्रजीके वनमें रहते हुए भी तीन दिनके समुद्र-तटके उपवासके बाद एक ही दिनका दान बन गयी—

तीसरे उपास बन बास सिंधु पास सो,
समाज महाराज जू को एक दिन दान भो ॥

भला, भुवनमोहन भगवान् श्रीराघवेन्द्रको स्वयं जब गहनोंके, आभूषणोंके लिये केवल वल्कल वस्त्रमात्र ही थे, भोजनको फल ही रह गया था, शय्या तृणाच्छादित भूमिमात्र थी और वृक्ष ही मकान बन रहे थे, उस समयमें तो विभीषणको लंकाका राज्य दे डाला, फिर दूसरे समयका क्या कहना । सचमुच उनकी दया और प्रीतिकी रीति देखते ही बनती है—

बलकल भूषन फल असन, तृन सज्या द्रुम प्रीति ।
तिन समयन लंका दई, यह रघुबरकी रीति ॥

विभीषण क्या लेकर प्रभुसे मिला और प्रभुने क्या दे डाला ? प्रभुके स्वभावको न समझने-जाननेवाले मूर्ख जीव हाथ ही मलते रह जायँगे ।—

कहा बिभीषन लै मिल्यो कहा दियो रघुनाथ ।
तुलसी यह जाने बिना मूढ़ मीजिहैं हाथ ॥

सूक्ति-सुधा-संग्रह

यह अनुभूति केवल गोस्वामीजीकी ही नहीं, सभी संतोंकी है, इसमें अन्तर आ नहीं सकता । प्रभुकी कृपामें किसी कारणविशेषवश किञ्चित् देर भले ही हो, पर अन्धेर नहीं हो सकता ।[1] भगवान् व्यास तो कहते हैं कि 'नारायणचरणाश्रित व्यक्ति बिना साधन-चतुष्टयके ही मोक्षतक पा लेता है और दूसरे पुरुषार्थोंकी क्या बात ?—

या वै साधनसम्पत्तिः पुरुषार्थचतुष्टये ।
तां विना सर्वमाप्नोति यदि नारायणाश्रयः ॥

चारों पुरुषार्थोंकी सिद्धिके लिये जिस साधन-सम्पत्तिकी आवश्यकता है, उसके बिना ही मनुष्य सब कुछ पा लेता है, यदि उसने भगवान् नारायणकी शरण ली है ।

इसलिये भैया ! प्राणी अकाम हो या सकाम, निष्काम हो अथवा सर्वकामकामी, उसे एकमात्र तीव्र ध्यानयोग, भक्तियोगसे उन परम प्रभुकी ही आराधना कर कृतकृत्य हो जाना चाहिये—

अकामः सर्वकामो वा मोक्षकाम उदारधीः ।
तीव्रेण भक्तियोगेन यजेत पुरुषं परम् ॥
(श्रीमद्भागवत २ । ३ । १०)

जो कुछ नहीं चाहता, जो सब कुछ चाहता है, अथवा जो केवल मोक्षकी इच्छा रखता है, वह उदार-बुद्धि मानव तीव्र भक्तियोगके द्वारा परमपुरुष श्रीहरिकी आराधना करे ।

अब यहाँ इस प्रकारकी कुछ और संत-वाणियोंकी मधुरताका स्वाद लीजिये । नारदजी श्रीकृष्णसे कहते हैं—

मनीषितं हि प्राप्नोति चिन्तयन् मधुसूदनम् ।
एकान्तभक्तिः सततं नारायणपरायणः ॥
(महा० शान्ति० अ० ३४३)

१—तभी तो—

'नाथ कृपा ही को पंथ चितवत दीन हौं दिन रात ।
होइ धौं केहि काल दीन दयाल जानि न जात ॥

और—

'कबहिं देखाइ हौ हरिचरन'

तथा—

'कबहुँ दरैंगे राम आपनि दरनि'

—की मधुर आशा लगी रही ।

जो अनन्य भक्तिसे युक्त हो भगवान् नारायणकी शरण लेकर सदा उन मधुसूदनका चिन्तन करता रहता है, वह मनोवाञ्छित वस्तुको प्राप्त कर लेता है ।

यद्दुर्लभं यदप्राप्यं मनसो यन्नगोचरम् ।
तदप्यप्रार्थितं ध्यानो ददाति मधुसूदनः ॥
(गरुड० पूर्व० २२२ । १२)

जो दुर्लभ है, जो अप्राप्य है, जो कभी मनकी कल्पनामें नहीं आ सकती, ऐसी वस्तुको भी, यदि भगवान् मधुसूदनका ध्यान किया जाय, तो वे बिना माँगे ही दे देते हैं ।

मार्कण्डेयजी -

हृदि कृत्वा तथा कामानभीष्टं द्विजपुङ्गवाः ।
एकं नाम जपेद्यस्तु स तत्कामानवाप्नुयात् ॥
(विष्णुधर्मो० ३ । ३४१ । ३८)

विप्रवरो ! जो हृदयमे कामनाएँ रखकर अपनेको प्रिय लगनेवाले किसी एक भगवन्नामका जप करता है, वह उन सम्पूर्ण कामनाओंको प्राप्त कर लेता है ।

समर्षिगण ध्रुवसे--

यद् भ्रूनर्तनवर्तिन्यो सिद्धयोऽष्टौ नृपात्मज ।
तमाराध्य हृषीकेशमपवर्गोऽप्यदूरतः ॥
(स्कन्दपु० काशीख० १९ । ११५)

राजकुमार ! आठों सिद्धियाँ जिनके भ्रूभङ्गमात्रके अधीन है, उन भगवान् हृषीकेशकी आराधना करनेपर मोक्ष भी दूर नहीं रह जाता ।

महर्षि वाल्मीकि--

यश्च रामं न पश्येत्तु यं हि रामो न पश्यति ।
निन्दितः स भवेल्लोके स्वात्माप्येनं विगर्हति ॥

जो श्रीरामको नहीं देखता, अथवा जिसे श्रीराम नहीं देखते, वह संसारमें निन्दित होता है । उसे अपनी आत्मा भी धिक्कारती रहती है ।

सम्यगाराधितो विष्णुः किं न यच्छति देहिनाम् ।
ते धन्याः कृतपुण्यास्ते तेषां च सफलो भवः ।
यैर्भक्त्याराधितो विष्णुः हरिः सर्वसुखप्रदः ॥
(विष्णुधर्म)

यदि भगवान् विष्णुकी उत्तम रीतिसे आराधना की जाय तो वे देहधारी जीवोंको क्या नहीं दे देते हैं । जिन्होंने सम्पूर्ण सुखोंके दाता सर्वव्यापी श्रीहरिकी भक्तिभावसे आराधना की है, वे धन्य हैं । वे पुण्यात्मा हैं और उनका जन्म सफल है ।

चिन्त्यमानः समस्तानां क्लेशानां हानिदो हि यः ।
समुत्सृज्याखिलं चिन्त्यं सोऽच्युतः किं न चिन्त्यते ॥

जो ध्यानमे आते ही समस्त क्लेशोंका नाश कर देते है, सम्पूर्ण चिन्तनीय विषयोंको त्यागकर केवल उन्हीं भगवान् अच्युतका चिन्तन क्यों नहीं किया जाता ?

रूपमारोग्यमर्थांश्च भोगांश्चैवानुषङ्गिकान् ।
ददाति ध्यायतो नित्यमपवर्गप्रदो हरिः ॥

मोक्षदाता श्रीहरि सदा ध्यान करनेवाले भक्तको रूप, आरोग्य, मनोवाञ्छित धन आदि तथा आनुषङ्गिक भोग भी देते है (फिर अन्तमें उसे मोक्ष प्रदान करते हैं) ।

अतिपातकयुक्तोऽपि ध्यायेन्निमिषमच्युतम् ।
भूयस्तपस्वी भवति पङ्क्तिपावनपावनः ॥

अत्यन्त पातकोंसे युक्त होनेपर भी यदि मनुष्य पलभरके लिये श्रीअच्युतका चिन्तन कर ले तो वह फिर पंक्तिपावनोंको भी पवित्र करनेवाला तपस्वी हो जाता है ।

शौनकजी कहते हैं--

श्वविड्वराहोष्ट्रखरैः संस्तुतः पुरुषः पशुः ।
न यत्कर्णपथोपेतो जातु नाम गदाग्रजः ॥
(श्रीमद्भा० २ । ३ । १९)

जिसके कानोंमें कभी भी भगवान् श्रीहरिकी लीला-कथा नहीं पड़ी, जिसने भगवान्‌के नाम और गुणोंका कीर्तन कभी नहीं सुना, वह नर-पशु कुत्ते, विष्ठाभोजी सूअर, ऊँट और गदहोंसे भी गया-बीता है ।

बिले बतोरुक्रमविक्रमान् ये
न शृण्वतः कर्णपुटे नरस्य ।
जिह्वासती दार्दुरिकेव सूत
न चोपगायत्युरुगायगाथाः ॥
(श्रीमद्भा० २ । ३ । २०)

सूतजी ! मनुष्यके जो कान भगवान् श्रीहरिके गुण-पराक्रम आदिकी चर्चा कभी नहीं सुनते, वे बिलके समान हैं तथा जो जीभ भगवान्‌की लीला-कथाका गायन नहीं करती, वह मेढककी जीभके समान अधम है ।

भारः परं पट्टकिरीटजुष्ट-
मप्युत्तमाङ्गं न नमेन्मुकुन्दम् ।
शावौ करौ नो कुरुतः सपर्यां
हरेर्लसत्काञ्चनकङ्कणौ वा ॥
(श्रीमद्भा० ४ । २ । २१)

जो मस्तक कभी भगवान् श्रीकृष्णके चरणोंमें नहीं झुकता, वह रेशमी वस्त्रसे सुसज्जित और मुकुटमण्डित होनेपर भी भारी बोझ मात्र ही है तथा जो हाथ भगवान्‌की सेवा-पूजामें नहीं लगते, वे सोनेके कंगनसे विभूषित होनेपर मुर्देके हाथ हैं ।

बर्हायिते ते नयने नराणां
लिङ्गानि विष्णोर्न निरीक्षतो ये ।
पादौ नृणां तौ द्रुमजन्मभाजौ
क्षेत्राणि नानुव्रजतो हरेर्यौ ॥
(श्रीमद्भा० २ । ३ । २२)

जो श्रीविष्णु भगवान्‌के अर्चा-विग्रहोंकी झाँकी नहीं देखते, मनुष्योंके वे नेत्र मोरकी पाँखोंमें बने हुए नेत्र-चिह्नके समान व्यर्थ ही हैं तथा जो श्रीहरिके तीर्थोंकी यात्रा नहीं करते वे पैर भी जड वृक्षोंके ही समान हैं (उनकी गमन-शक्ति व्यर्थ है) ।

कृपन देह पाइअ परो, बिनु साधे सिधि होइ ।
सीतापति सन्मुख समुझि जो कीजै सुभ सोइ ॥
रामहिं डरु, करु राम सों ममता प्रीति प्रतीति ।
तुलसी निरुपधि राम को भएँ हारेहूँ जीति ॥
चहुँ जुग तीनि काल तिहुँ लोका ।
भए नाम जपि जीव बिसोका ॥
बेद पुरान संत मत एहू ।
सकल सुकृत फल राम सनेहू ॥
(सदा) राम जपु राम जपु राम जपु राम जपु
राम जपु मूढ़ मन बार बारम् ।
सकल सौभाग्य सुख खानि जिय जानि सठ
मानि बिस्वास बद बेद सारम् ॥

विनिश्चितं वदामि ते न अन्यथा वचांसि मे ।
हरिं नरा भजन्ति येऽतिदुस्तरं तरन्ति ते ॥
(गो० तुलसीदास)

मैं निश्चित सिद्धान्त बता रहा हूँ, मेरी बातें झूठी नहीं हो सकतीं । जो मनुष्य श्रीहरिका भजन करते हैं, वे अत्यन्त दुस्तर भवसागरसे पार हो जाते हैं ।

पृथ्वीशतस्करहुताशभुजङ्गविप्र-
दुःस्वप्नदुष्टग्रहमृत्युसपत्नजातम् ।
संविद्यते न हि भयं भुवनेशभर्तु-
र्भक्ताश्च ये मधुरिपोर्मनुजेषु तेषु ॥
(विष्णु० धर्म० १२२ । ३५)

मनुष्योंमें जो लोग लोकेश्वरोंके भी स्वामी भगवान् मधुसूदनके भक्त हैं, उन्हें राजा, चोर, अग्नि, सर्प, ब्राह्मण, बुरे स्वप्न, दुष्ट ग्रह, मृत्यु और शत्रु आदिसे कभी भय नहीं होता ।

असलमें तो सुखोंके निधान, उद्गमस्थान प्रभु एवं उनके वरद चरणारविन्द ही हैं ।[1] इसीलिये प्रभु अपने परमप्रिय अकिञ्चन भक्तोंको[2] भोग न देकर अपनेको ही प्राप्त करा देते हैं । फिर भी जो भोग-लुब्ध हैं, वे भी धीरे-धीरे जब प्रभुके पास पहुँच जाते हैं तो जिस तरह पूर्ण निर्मल जल-राशिमय बृहत्सरोवरको प्राप्त पुरुष तुच्छ तलैयोंकी उपेक्षा कर देता है अथवा राजाधिराज-का मित्र तुच्छजनोंसे उपरत हो जाता है, उसी प्रकार वह संसारकी सारी वस्तुओंका परित्याग कर देता है । कहीं भी उसका कुछ राग नहीं रह जाता ।

---

१. सर्वकामवरस्यापि हरेश्चरण आस्पदम् । (श्रीमद्भा० २ । ६ । ६)

२. तेहि ते कहत संत श्रुति टेरे । परम अकिंचन प्रिय हरि केरे ॥

संतोंके सिद्धान्त

(श्रद्धेय श्रीजयदयालजी गोयन्दकाका एक भाषण)

परमात्माकी प्राप्तिके विभिन्न मार्ग

अद्वैत-सिद्धान्त

अद्वैतवादी संतोंका यह सिद्धान्त है कि प्रथम शास्त्रविहित कर्मोंमें फलासक्तिका त्याग करके कर्मयोगका साधन करना चाहिये; उससे दुर्गुण, दुराचाररूप मल-दोषका नाश होकर अन्तःकरणकी शुद्धि होती है; तदनन्तर भगवान्‌के ध्यानका अभ्यास करना चाहिये, उससे विक्षेपका नाश होता है। इसके बाद आत्माके यथार्थ ज्ञानसे आवरणका नाश होकर ब्रह्मकी प्राप्ति हो जाती है। वेदान्त-सिद्धान्तके इन आचार्योंका यह क्रम बतलाना शास्त्रसम्मत एवं युक्तियुक्त है। अतः इस मार्गके अधिकारी साधकोंके लिये आचरण करनेयोग्य है।

निष्काम कर्मयोग

इसी प्रकार केवल निष्काम कर्मयोगके साधनसे भी अन्तःकरणकी शुद्धि होकर अपने-आप ही परमात्माके स्वरूपका यथार्थ ज्ञान हो जाता है और उस परमपदकी प्राप्ति हो जाती है। स्वयं भगवान् गीतामें कहते हैं—

न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते।
तत्स्वयं योगसंसिद्धः कालेनात्मनि विन्दति॥
(४। ३८)

'इस संसारमें ज्ञानके समान पवित्र करनेवाला निःसंदेह कोई भी पदार्थ नहीं है। उस ज्ञानको कितने ही कालसे कर्मयोगके द्वारा शुद्धान्तःकरण हुआ मनुष्य अपने-आप ही आत्मामें पा लेता है।'

तस्मादसक्तः सततं कार्यं कर्म समाचर।
असक्तो ह्याचरन्कर्म परमाप्नोति पूरुषः॥
कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः।
(३। १९, २० का पूर्वार्ध)

'इसलिये तू निरन्तर आसक्तिसे रहित होकर सदा कर्त्तव्यकर्मको भलीभाँति करता रह; क्योंकि आसक्तिसे रहित होकर कर्म करता हुआ मनुष्य परमात्माको प्राप्त हो जाता है। जनकादि ज्ञानीजन भी आसक्तिरहित कर्मद्वारा ही परम सिद्धिको प्राप्त हुए थे।'

यत्सांख्यैः प्राप्यते स्थानं तद्योगैरपि गम्यते।
(५। ५ का पूर्वार्ध)

'ज्ञानयोगियोंद्वारा जो परम धाम प्राप्त किया जाता है, कर्मयोगियोंद्वारा भी वही प्राप्त किया जाता है।'

योगयुक्तो मुनिर्ब्रह्म नचिरेणाधिगच्छति॥
(५। ६ का उत्तरार्ध)

'कर्मयोगी मुनि परब्रह्म परमात्माको शीघ्र ही प्राप्त हो जाता है।'

भक्तिमिश्रित कर्मयोग

इसी प्रकार भक्तिमिश्रित कर्मयोगके द्वारा परमात्माकी प्राप्ति हो जाती है और यह सर्वथा उपयुक्त ही है। जब केवल निष्काम कर्मयोगसे परमात्माकी प्राप्ति हो जाती है, तब भक्तिमिश्रित कर्मयोगसे हो, इसमें तो कहना ही क्या है। इस विषयमें भी स्वयं भगवान् गीतामें कहते हैं—

यत्करोषि यदश्नासि यज्जुहोषि ददासि यत्।
यत्तपस्यसि कौन्तेय तत्कुरुष्व मदर्पणम्॥
शुभाशुभफलैरेवं मोक्ष्यसे कर्मबन्धनैः।
संन्यासयोगयुक्तात्मा विमुक्तो मामुपैष्यसि॥
(९। २७-२८)

'हे अर्जुन! तू जो कर्म करता है, जो खाता है, जो हवन करता है, जो दान देता है और जो तप करता है, वह सब मेरे अर्पण कर। इस प्रकार, जिसमें समस्त कर्म मुझ भगवान्‌के अर्पण होते है, ऐसे संन्यासयोगसे युक्त चित्तवाला तू शुभाशुभ फलरूप कर्मबन्धनसे मुक्त हो जायगा और उनसे मुक्त होकर मुझको ही प्राप्त होगा।'

यतः प्रवृत्तिर्भूतानां येन सर्वमिदं ततम्।
स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दति मानवः॥
(१८। ४६)

'जिस परमेश्वरसे सम्पूर्ण प्राणियोंकी उत्पत्ति हुई है और जिससे यह समस्त जगत् व्याप्त है, उस परमेश्वरकी अपने स्वाभाविक कर्मोंद्वारा पूजा करके मनुष्य परमसिद्धिको प्राप्त हो जाता है।'

सर्वकर्माण्यपि सदा कुर्वाणो मद्व्यपाश्रयः।
मत्प्रसादादवाप्नोति शाश्वतं पदमव्ययम्॥
(१८।५६)

'मेरे परायण हुआ कर्मयोगी तो सम्पूर्ण कर्मोंको सदा करता हुआ भी मेरी कृपासे सनातन अविनाशी परमपदको प्राप्त हो जाता है।'

भगवद्भक्ति

इसके अतिरिक्त, केवल भगवद्भक्तिसे भी अनायास ही स्वतन्त्रतापूर्वक मनुष्योंका कल्याण हो जाता है। वस्तुतः यह सर्वोत्तम साधन है। इस विषयमें भी भगवान् गीतामें जगह-जगह कहते हैं—

योगिनामपि सर्वेषां मद्गतेनान्तरात्मना।
श्रद्धावान्भजते यो मां स मे युक्ततमो मतः॥
(६।४७)

'सम्पूर्ण योगियोंमें भी जो श्रद्धावान् योगी मुझमें लगे हुए अन्तरात्मासे मुझको निरन्तर भजता है, वह योगी मुझे परम श्रेष्ठ मान्य है।'

दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया।
मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते॥
(७।१४)

'यह अलौकिक अर्थात् अति अद्भुत त्रिगुणमयी मेरी माया बड़ी दुस्तर है, परंतु जो पुरुष केवल मुझको ही निरन्तर भजते हैं वे इस मायाको उल्लङ्घन कर जाते हैं अर्थात् संसारसागरसे तर जाते हैं।'

तेषां सततयुक्तानां भजतां प्रीतिपूर्वकम्।
ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयान्ति ते॥
(१०।१०)

'उन निरन्तर मेरे ध्यानमें लगे हुए और प्रेमपूर्वक भजनेवाले भक्तोंको मैं वह तत्त्वज्ञानरूप योग देता हूँ, जिससे वे मुझको ही प्राप्त होते हैं।'

भक्त्या त्वनन्यया शक्य अहमेवंविधोऽर्जुन।
ज्ञातुं द्रष्टुं च तत्त्वेन प्रवेष्टुं च परंतप॥
(११।५४)

'हे परंतप अर्जुन! अनन्य भक्तिके द्वारा इस प्रकार चतुर्भुज रूपवाला मैं प्रत्यक्ष देखनेके लिये, तत्त्वसे जाननेके लिये तथा प्रवेश करनेके लिये अर्थात् एकीभावसे प्राप्त होनेके लिये भी शक्य हूँ।'

मय्यावेश्य मनो ये मां नित्ययुक्ता उपासते।
श्रद्धया परयोपेतास्ते मे युक्ततमा मताः॥
(१२।२)

'मुझमें मनको एकाग्र करके निरन्तर मेरे भजन-ध्यानमें लगे हुए जो भक्तजन अतिशय श्रेष्ठ श्रद्धासे युक्त होकर मुझ सगुणरूप परमेश्वरको भजते हैं, वे मुझको योगियोंमें अति उत्तम योगी मान्य हैं।'

मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु।
मामेवैष्यसि सत्यं ते प्रतिजाने प्रियोऽसि मे॥
(१८।६५)

'हे अर्जुन! तू मुझमें मनवाला हो, मेरा भक्त बन, मेरा पूजन करनेवाला हो और मुझको प्रणाम कर। ऐसा करनेसे तू मुझे ही प्राप्त होगा, यह मैं तुझसे सत्य प्रतिज्ञा करता हूँ, क्योंकि तू मेरा अत्यन्त प्रिय है।'

इसी प्रकार गीतामें और भी बहुत-से श्लोक हैं; किंतु लेखका कलेवर न बढ़ जाय, इसलिये नहीं दिये गये।

भक्तिमार्गके संतोंका ऐसा कथन है कि प्रथम कर्मयोगसे अन्तःकरणकी शुद्धि होती है, फिर आत्मज्ञानसे जीवको आत्माका ज्ञान प्राप्त होता है, तदनन्तर परमात्माकी भक्तिसे परमात्माका ज्ञान होकर परमपदरूप परमात्माकी प्राप्ति होती है। भक्तिमार्गके इन आचार्योंकी पद्धतिके अनुसार इनका यह क्रम बतलाना भी बहुत ही उचित है। इस मार्गके अधिकारी साधकोंको इसीके अनुसार आचरण करना चाहिये।

आत्मज्ञान

इसी प्रकार केवल आत्मज्ञानसे परमब्रह्म परमात्माकी प्राप्ति हो जाती है। उपर्युक्त विवेचनके अनुसार जब निष्काम कर्मके द्वारा ज्ञान होकर परमपदरूप परमात्माकी प्राप्ति हो जाती है, तब आत्मज्ञानसे परमात्माकी प्राप्ति होनेमें तो कहना ही क्या है? स्वयं भगवान्‌ने गीतामें कहा है—

तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया।
उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्त्वदर्शिनः॥

यज्ज्ञात्वा न पुनर्मोहमेवं यास्यसि पाण्डव।
येन भूतान्यशेषेण द्रक्ष्यस्यात्मन्यथो मयि॥
(४। ३४-३५)

'उस तत्त्वज्ञानको तू तत्त्वदर्शी ज्ञानियोंके पास जाकर समझ, उनको भलीभाँति दण्डवत्-प्रणाम करनेसे, उनकी सेवा करनेसे और कपट छोड़कर सरलतापूर्वक प्रश्न करनेसे वे परमात्मतत्त्वको भलीभाँति जाननेवाले ज्ञानी महात्मा तुझे उस तत्त्वज्ञानका उपदेश करेंगे, जिसको जानकर फिर तू इस प्रकार मोहको नहीं प्राप्त होगा तथा हे अर्जुन! जिस ज्ञानके द्वारा तू सम्पूर्ण भूतोंको निःशेषभावसे पहले अपनेमें और पीछे मुझ सच्चिदानन्दघन परमात्मामें देखेगा।'

तद्बुद्धयस्तदात्मानस्तन्निष्ठास्तत्परायणाः।
गच्छन्त्यपुनरावृत्तिं ज्ञाननिर्धूतकल्मषाः॥ (५। १७)

'जिनका मन तद्रूप हो रहा है, जिनकी बुद्धि तद्रूप हो रही है और सच्चिदानन्दघन परमात्मामें ही जिनकी निरन्तर एकीभावसे स्थिति है, ऐसे तत्परायण पुरुष ज्ञानके द्वारा पापरहित होकर अपुनरावृत्तिको अर्थात् परम गतिको प्राप्त होते हैं।'

योऽन्तःसुखोऽन्तरारामस्तथान्तर्ज्योतिरेव यः।
स योगी ब्रह्मनिर्वाणं ब्रह्मभूतोऽधिगच्छति॥ (५। २४)

'जो पुरुष अन्तरात्मामें ही सुखवाला है, आत्मामें ही रमण करनेवाला है तथा जो आत्मामें ही ज्ञानवाला है, वह सच्चिदानन्दघन परब्रह्म परमात्माके साथ एकीभावको प्राप्त ज्ञानयोगी शान्त ब्रह्मको प्राप्त होता है।'

सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि।
ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्र समदर्शनः॥ (६। २९)

'सर्वव्यापी अनन्तचेतनमें एकीभावसे स्थितिरूप योगसे युक्त आत्मावाला तथा सबमें समभावसे देखनेवाला योगी आत्माको सम्पूर्ण भूतोंमें स्थित और सम्पूर्ण भूतोंको आत्मामें कल्पित देखता है।'

आत्मौपम्येन सर्वत्र समं पश्यति योऽर्जुन।
सुखं वा यदि वा दुःखं स योगी परमो मतः॥ (६। ३२)

'हे अर्जुन! जो योगी अपनी भाँति सम्पूर्ण भूतोंमें सम देखता है और सुख अथवा दुःखको भी सबमें सम देखता है, वह योगी परम श्रेष्ठ माना गया है।'

क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोरेवमन्तरं ज्ञानचक्षुषा।
भूतप्रकृतिमोक्षं च ये विदुर्यान्ति ते परम्॥ (१३। ३४)

'इस प्रकार क्षेत्र और क्षेत्रज्ञके भेदको तथा कार्यसहित प्रकृतिसे मुक्त होनेको जो पुरुष ज्ञाननेत्रोंद्वारा तत्त्वसे जानते हैं, वे महात्माजन परब्रह्म परमात्माको प्राप्त होते हैं।'

नान्यं गुणेभ्यः कर्तारं यदा द्रष्टानुपश्यति।
गुणेभ्यश्च परं वेत्ति मद्भावं सोऽधिगच्छति॥ (१४।१९)

'जिस समय द्रष्टा तीनों गुणोंके अतिरिक्त अन्य किसीको कर्ता नहीं देखता और तीनों गुणोंसे अत्यन्त परे सच्चिदानन्दघनस्वरूप मुझ परमात्माको तत्त्वसे जानता है, उस समय वह मेरे स्वरूपको प्राप्त होता है।'

इससे यह सिद्ध हो गया कि केवल ज्ञानयोगके द्वारा ही परमात्माकी प्राप्ति हो जाती है। वह भगवान्‌की भक्ति करे तो उसकी इच्छा है; परंतु वह इसके लिये बाध्य नहीं है।

दुर्गुण, दुराचारोंके रहते मुक्ति नहीं होती

यहाँ एक और भी सिद्धान्तकी बातपर विचार किया जाता है। कुछ सज्जन ऐसा मानते हैं कि काम, क्रोध, लोभ, मोह आदि दुर्गुण और झूठ, कपट, चोरी, व्यभिचार आदि दुराचारोंके रहते हुए भी ज्ञानके द्वारा मुक्ति हो जाती है। परंतु यह बात न तो शास्त्रसम्मत है और न युक्तिसंगत ही। लोगोंको इस भ्रममें कदापि नहीं पड़ना चाहिये। यह सर्वथा सिद्धान्तविरुद्ध बात है। ऐसे दोषयुक्त लोगोंको तो स्वयं भगवान्‌ने गीतामें आसुरी सम्पदावाला बतलाया है (गीता अध्याय १६ श्लोक ४ से १९ तक देखिये)। और इनके लिये आसुरी योनियोंकी प्राप्ति, दुर्गति और घोर नरककी प्राप्तिका निर्देश किया है। भगवान् कहते हैं—

आसुरीं योनिमापन्ना मूढा जन्मनि जन्मनि।
मामप्राप्यैव कौन्तेय ततो यान्त्यधमां गतिम्॥

त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः।
कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत्॥
(गीता १६। २०-२१)

'हे अर्जुन! वे मूढ़ मुझको न प्राप्त होकर जन्म-जन्ममें आसुरी योनिको प्राप्त होते हैं, फिर उससे भी अति नीच गतिको ही प्राप्त होते हैं अर्थात् घोर नरकोंमें पड़ते हैं। काम, क्रोध तथा लोभ—ये तीन प्रकारके नरकके द्वार आत्माका नाश करनेवाले अर्थात् उसको अधोगतिमें ले जानेवाले हैं। अतएव इन तीनोंको त्याग देना चाहिये।'

जो इन दुर्गुणों और विकारोंसे रहित हैं, वे ही भगवान्‌के सच्चे साधक हैं और वे ही उस परमात्माको प्राप्त हो सकते हैं। गीतामे बतलाया है—

एतैर्विमुक्तः कौन्तेय तमोद्वारैस्त्रिभिर्नरः।
आचरत्यात्मनः श्रेयस्ततो याति परां गतिम्॥(१६।२२)

'हे अर्जुन! इन तीनों नरकके द्वारोंसे मुक्त पुरुष अपने कल्याणका आचरण करता है, इससे वह परम-गतिको जाता है अर्थात् मुझको प्राप्त हो जाता है।'

यस्मान्नोद्विजते लोको लोकान्नोद्विजते च यः।
हर्षामर्षभयोद्वेगैर्मुक्तो यः स च मे प्रियः॥(१२।१५)

'जिससे कोई भी जीव उद्वेगको प्राप्त नहीं होता और जो स्वयं भी किसी जीवसे उद्वेगको प्राप्त नहीं होता तथा जो हर्ष, अमर्ष, भय और उद्वेगादिसे रहित है, वह मेरा भक्त मुझको प्रिय है।'

संत तुलसीदासजी भी कहते हैं—

काम क्रोध मद लोभ की जब लगि मन महँ खान।
तुलसी पंडित मूरखा दोनों एक समान॥

इससे यही सिद्धान्त निश्चित होता है कि दुर्गुण और दुराचारके रहते हुए कोई भी पुरुष मुक्त नहीं हो सकता। यही अटल सिद्धान्त है।

ईश्वर, परलोक और पुनर्जन्म सत्य हैं

कुछ लोग यह कहते हैं कि 'न तो ईश्वर है और न परलोक तथा भावी जन्म ही है। पाँच जड भूतोंके इकट्ठे होनेपर उसमें एक चेतनशक्ति आ जाती है और उसमें विकार होनेपर वह फिर नष्ट हो जाती है।' यह कहना भी बिल्कुल असंगत है। हम देखते हैं कि देहमें पाँच भूतोंके विद्यमान रहते हुए भी चेतन जीवात्मा चला जाता है और वह पुनः लौटकर वापस नहीं आ सकता। यदि पाँच भूतोंके मिश्रणसे ही चेतन आत्मा प्रकट होता हो तो ऐसा आजतक किसीने न तो करके दिखाया ही और न कोई दिखला ही सकता है। अतः यह कथन सर्वथा अयुक्त और त्याज्य है। जीव इस शरीरको त्यागकर दूसरे शरीरमें चला जाता है। गीतामें भी देहान्तरकी प्राप्ति होनेकी बात स्वयं भगवान्‌ने कही है—

देहिनोऽस्मिन्यथा देहे कौमारं यौवनं जरा।
तथा देहान्तरप्राप्तिर्धीरस्तत्र न मुह्यति॥(२।१३)

'जैसे जीवात्माकी इस देहमें बालकपन, जवानी और वृद्धावस्था होती है, वैसे ही अन्य शरीरकी प्राप्ति होती है, उस विषयमें धीर पुरुष मोहित नहीं होता।'

वासांसि जीर्णानि यथा विहाय
नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णा-
न्यन्यानि संयाति नवानि देही॥(२।२२)

'जैसे मनुष्य पुराने वस्त्रोंको त्यागकर दूसरे नये वस्त्रोंको ग्रहण करता है, वैसे ही जीवात्मा पुराने शरीरों-को त्यागकर दूसरे नये शरीरोंको प्राप्त होता है।'

अतएव उन लोगोंका उपर्युक्त कथन शास्त्रसे भी असंगत है; क्योंकि मरनेके बाद भी आत्माका अस्तित्व रहता है तथा परलोक और पुनर्जन्म भी है।

इसी प्रकार उनका यह कथन भी भ्रमपूर्ण है कि ईश्वर नहीं है; क्योंकि—आकाश, वायु, तेज, जल, पृथ्वी, सूर्य, चन्द्रमा, नक्षत्र आदि पदार्थोंकी रचना और उनका संचालन एवं जीवोंके मन, बुद्धि, इन्द्रियोंको यथास्थान स्थापित करना ईश्वरके बिना कदापि सम्भव नहीं है। संसारमें जो भौतिक विज्ञान (Science) के द्वारा यन्त्रादिकी रचना देखी जाती है, उन सभीका किसी बुद्धिमान्

चेतनके द्वारा ही निर्माण होता है। फिर यह जो इतना विशाल संसार-चक्ररूप यन्त्रालय है, उसकी रचना चेतनकी सत्ताके बिना जड प्रकृति (Nature) कभी नहीं कर सकती।

इससे यह बात सिद्ध होती है कि इसका जो उत्पादक और संचालक है, वही ईश्वर है।

गीताजीमें भी लिखा है—

ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति।
भ्रामयन् सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया॥
(१८। ६१)

'हे अर्जुन! शरीररूप यन्त्रमें आरूढ हुए सम्पूर्ण प्राणियोंको अन्तर्यामी परमेश्वर अपनी मायासे उनके कर्मोंके अनुसार भ्रमण कराता हुआ सब प्राणियोंके हृदयमें स्थित है।'

शुक्लयजुर्वेदके चालीसवें अध्यायके प्रथम मन्त्रमें बतलाया है—

ईशावास्यमिदꣳ सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद् धनम्॥

'अखिल ब्रह्माण्डमें जो कुछ भी जड-चेतनस्वरूप जगत् है, यह समस्त ईश्वरसे व्याप्त है। उस ईश्वरके सकाशसे (सहायतासे) त्यागपूर्वक इसे भोगते रहो, इसमें आसक्त मत होओ; क्योंकि धन-ऐश्वर्य किसका है अर्थात् किसीका भी नहीं है।'

पूर्व और भावी जन्म न मानकर बिना ही कारण जीवोंकी उत्पत्ति माननेसे ईश्वरमें निर्दयता और विषमताका दोष भी आता है; क्योंकि संसारमें किसी जीवको मनुष्यकी और किसीको पशु आदिकी योनि प्राप्त होती है। कोई जीव सुखी और कोई दुखी देखा जाता है। अतः जीवोंके जन्मका कोई सबल और निश्चित हेतु होना चाहिये। वह हेतु है पूर्वजन्मके गुण और कर्म। भगवान्‌ने भी गीता (४। १३) में कहा है—

चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः।
तस्य कर्तारमपि मां विद्ध्यकर्तारमव्ययम्॥

'ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र—इन चार वर्णोंका समूह, गुण और कर्मोंके विभागपूर्वक मेरेद्वारा रचा गया है। इस प्रकार उस सृष्टि-रचनादि कर्मका कर्ता होनेपर भी मुझ अविनाशी परमेश्वरको तू वास्तवमें अकर्ता ही जान।'

इससे यह सिद्ध होता है कि मरनेके बाद भावी जन्म है।

मुक्त पुरुष लौटकर नहीं आते

कितने ही लोग यह मानते हैं कि 'जीव मुक्त तो होते हैं; किंतु महाप्रलयके बाद पुनः लौटकर वापस आ जाते हैं।' किंतु उनकी यह मान्यता भी यथार्थ नहीं है; क्योंकि श्रुतियोंकी यह स्पष्ट घोषणा है—

न च पुनरावर्तते, न च पुनरावर्तते।
(छान्दोग्य० ८। १५। १)

'(मुक्त हो जानेपर पुरुष) फिर वापस लौटकर नहीं आता, वह पुनः वापस लौटकर आता ही नहीं।'

गीता (८। १६) में भी भगवान् कहते हैं—

आब्रह्मभुवनाल्लोकाः पुनरावर्तिनोऽर्जुन।
मामुपेत्य तु कौन्तेय पुनर्जन्म न विद्यते॥

'हे अर्जुन! ब्रह्मलोकपर्यन्त सब लोक पुनरावर्ती हैं, परंतु हे कुन्तीपुत्र! मुझको प्राप्त होकर पुनर्जन्म नहीं होता; क्योंकि मैं कालातीत हूँ और ये सब ब्रह्मादिके लोक कालके द्वारा सीमित होनेसे अनित्य हैं।'

यदि यह मान लिया जाय कि मुक्त होनेपर भी प्राणी वापस आता है तो फिर स्वर्गप्राप्ति और मुक्तिमें अन्तर ही क्या रहा? इसलिये ऐसा मानना चाहिये कि लोकान्तरोंमें गया हुआ जीव ही लौटकर आता है, जो ब्रह्मको प्राप्त हो जाता है, वह नहीं आता। युक्तिसे भी यही बात सिद्ध है। जब परमात्माका यथार्थ ज्ञान होनेपर जीवकी चिज्जडग्रन्थि खुल जाती है, उसके सारे कर्म और संशयोंका सर्वथा नाश हो जाता है, तथा प्रकृति और प्रकृतिके कार्योंसे सर्वथा सम्बन्ध-विच्छेद हो जाता है। ऐसी स्थितिमें गुण, कर्म और अज्ञानके सम्बन्ध बिना जीव वापस नहीं आ सकता। मुक्त तो यथार्थमें वही है, जिसके पूर्वके गुण और कर्म

तथा संशय और भ्रमका सर्वथा विनाश हो चुका है।

ऐसा होनेपर पूर्वके गुण और कर्मोंसे सम्बन्ध रहे बिना उसका किसी योनिमें जन्म लेना और सुख-दुःख-का उपभोग करना—सर्वथा असंगत और असम्भव है।

यदि कहें कि 'इस प्रकार जीव मुक्त होते रहेंगे तो शनैः-शनैः सभी मुक्त हो जायँगे।' तो यह ठीक ही है। यदि शनैः-शनैः सभी मुक्त हो जायँ तो इसमें क्या हानि है? अच्छे पुरुष तो सबके कल्याणके लिये ईश्वरसे प्रार्थना करते ही रहते हैं।

सभी देश, सभी काल, सभी आश्रमोंमें मनुष्य-मात्रकी मुक्ति हो सकती है

कितने ही लोग ऐसा कहते हैं कि 'इस देशमें, इस कालमें और गृहस्थ-आश्रममें मुक्ति नहीं होती।' यह कथन भी युक्तियुक्त नहीं है; क्योंकि ऐसा मान लेनेपर तो परमात्माकी प्राप्ति असम्भव-सी हो जाती है, फिर मुक्तिके लिये कोई प्रयत्न ही क्यों करेगा? इससे तो फिर प्रायः सभी मुक्तिसे वञ्चित रह जायँगे। अतः इनका कहना भी शास्त्रसंगत और युक्तिसंगत नहीं है। सत्य तो यह है कि मुक्ति ज्ञानसे होती है और ज्ञान होता है साधनके द्वारा अन्तःकरणकी शुद्धि होनेपर, एवं साधन सभी देशमें, सभी कालमें, सभी वर्णाश्रममें हो सकते हैं। ज्ञान और ज्ञानके साधन किसी देश-काल-आश्रमकी कैदमें नहीं हैं।

भारतवर्ष तो आत्मोद्धारके लिये अन्य देशोंकी अपेक्षा विशेष उत्तम माना गया है। श्रीमनुजी कहते हैं—

एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः।
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः॥
(मनुस्मृति २। २०)

'इसी देश (भारतवर्ष) में उत्पन्न हुए ब्राह्मणोंसे अखिल भूमण्डलके मनुष्य अपने-अपने आचारकी शिक्षा ग्रहण करें।'

अतः यह कहना कि इस देशमें मुक्ति नहीं होती, अनुचित है। इसी प्रकार यह कहना भी अनुचित है कि गृहस्थाश्रममें मुक्ति नहीं होती।

क्योंकि मुक्तिमें मनुष्यमात्रका अधिकार है। भगवान्‌ने बतलाया है—

मां हि पार्थ व्यपाश्रित्य येऽपि स्युः पापयोनयः।
स्त्रियो वैश्यास्तथा शूद्रास्तेऽपि यान्ति परां गतिम्॥
(गीता ९। ३२)

'हे अर्जुन! स्त्री, वैश्य, शूद्र तथा पापयोनि—चाण्डालादि जो कोई भी हों, वे भी मेरे शरण होकर परम गतिको ही प्राप्त होते हैं।'

विष्णुपुराणके छठे अंशके दूसरे अध्यायमें एक कथा आती है। एक बार बहुत-से मुनिगण महामुनि श्रीवेदव्यासजीके पास एक प्रश्नका उत्तर जाननेके लिये आये। उस समय श्रीवेदव्यासजी गङ्गाजीमें स्नान कर रहे थे। उन्होंने मुनियोंके मनके अभिप्रायको जान लिया और गङ्गामें डुबकी लगाते हुए ही वे कहने लगे—'कलियुग श्रेष्ठ है, शूद्र श्रेष्ठ हैं, स्त्रियाँ श्रेष्ठ हैं।' फिर उन्होंने गङ्गाके बाहर निकलकर मुनियोंसे पूछा—'आपलोग यहाँ कैसे पधारे हैं?' मुनियोंने कहा—

कलिः साध्विति यत्प्रोक्तं शूद्रः साध्विति योषितः।
यदाह भगवान् साधु धन्याश्चेति पुनः पुनः॥
(६। २। १२)

'भगवन्! आपने जो स्नान करते समय पुनः-पुनः यह कहा था कि कलियुग ही श्रेष्ठ है, शूद्र ही श्रेष्ठ है, स्त्रियाँ ही श्रेष्ठ और धन्य हैं, सो इसका क्या कारण है?'

इसपर श्रीवेदव्यासजी बोले—

यत्कृते दशभिर्वर्षैस्त्रेतायां हायनेन तत्।
द्वापरे तच्च मासेन ह्यहोरात्रेण तत्कलौ॥
तपसो ब्रह्मचर्यस्य जपादेश्च फलं द्विजाः।
प्राप्नोति पुरुषस्तेन कलिः साध्विति भाषितम्॥
ध्यायन्कृते यजन्यज्ञैस्त्रेतायां द्वापरेऽर्चयन्।
यदाप्नोति तदाप्नोति कलौ संकीर्त्य केशवम्॥
(६। २। १५—१७)

'हे ब्राह्मणो! जो परमात्माकी प्राप्तिरूप फल सत्य-युगमें दस वर्ष तपस्या, ब्रह्मचर्य और जप आदि करनेपर

मिलता है उसे मनुष्य त्रेतामें एक वर्षमें, द्वापरमें एक मासमें और कलियुगमें केवल एक दिन-रातमें प्राप्त कर लेता है, इसी कारण मैंने कलियुगको श्रेष्ठ कहा है। जो परमात्माकी प्राप्ति सत्ययुगमें ध्यानसे, त्रेतामें यज्ञसे और द्वापरमें पूजा करनेसे होती है, वही कलियुगमें श्रीभगवान्‌के नाम-कीर्तन करनेसे हो जाती है।'

यहाँ अन्य सब कालोंकी अपेक्षा कलियुगकी विशेषता बतलायी गयी है। इसलिये इस कालमें मुक्ति नहीं होती, यह बात शास्त्रसे असंगत है।

श्रीतुलसीदासजीने भी कहा है—

कलिजुग सम जुग आन नहिं जौं नर कर बिस्वास।
गाइ राम गुन गन बिमल भव तर बिनहिं प्रयास॥

अब शूद्र क्यों श्रेष्ठ हैं, यह बतलाते हैं—

व्रतचर्यापरैर्ग्राह्या वेदाः पूर्वं द्विजातिभिः।
ततः स्वधर्मसम्प्राप्तैर्यष्टव्यं विधिवद् धनैः॥
द्विजशुश्रूषयैवैष पाकयज्ञाधिकारवान्।
निजाञ्जयति वै लोकाञ्छूद्रो धन्यतरस्ततः॥
(६। २। १९-२३)

'द्विजातियोंको पहले ब्रह्मचर्यव्रतका पालन करते हुए वेदाध्ययन करना चाहिये और फिर स्वधर्मके अनुसार उपार्जित धनके द्वारा विधिपूर्वक यज्ञ करना कर्तव्य है (इस प्रकार करनेपर वे अत्यन्त क्लेशसे अपने पुण्यलोकोंको प्राप्त करते हैं।) किंतु जिसे केवल (मन्त्रहीन) पाकयज्ञका ही अधिकार है, वह शूद्र तो द्विजाति—ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्यकी सेवा करनेसे अनायास ही अपने पुण्यलोकोंको प्राप्त कर लेता है, इसलिये वह अन्य जातियोंकी अपेक्षा धन्यतर है।'

अब स्त्रियोंको किसलिये श्रेष्ठ कहा, सो बतलाते हैं—

योषिच्छुश्रूषणाद् भर्तुः कर्मणा मनसा गिरा।
तद्धिता शुभमाप्नोति तत्सालोक्यं यतो द्विजाः॥
नातिक्लेशेन महता तानेव पुरुषो यथा।
तृतीयं व्याहृतं तेन मया साध्विति योषितः॥
(६। २। २८-२९)

'अपने पतिके हितमें रत रहनेवाली स्त्रियाँ तो तन-मन-वचनके द्वारा पतिकी सेवा करनेसे ही पतिके समान शुभ लोकोंको अनायास ही प्राप्त कर लेती हैं जो कि पुरुषोंको अत्यन्त परिश्रमसे मिलते हैं। इसीलिये मैंने तीसरी बार यह कहा था कि स्त्रियाँ श्रेष्ठ हैं।'

इसी प्रकार वैश्यके लिये भी अपने धर्मके पालनसे मुक्तिका प्राप्त होना शास्त्रोंमें बतलाया गया है। पद्मपुराण सृष्टिखण्डके ४७ वें अध्यायमें तुलाधार वैश्यके विषयमें भगवान्‌ने स्वयं कहा है कि "उसने कभी मन, वाणी या क्रियाद्वारा किसीका कुछ बिगाड़ नहीं किया; वह कभी असत्य नहीं बोला और उसने दुष्टता नहीं की। वह सब लोगोंके हितमें तत्पर रहता है, सब प्राणियोंमें समान भाव रखता है तथा मिट्टीके ढेले, पत्थर और सुवर्णको समान समझता है। लोग जौ, नमक, तेल, घी, अनाजकी ढेरियाँ तथा अन्यान्य संगृहीत वस्तुएँ उसकी जबानपर ही लेते-देते हैं। वह प्राणान्त उपस्थित होनेपर भी सत्य छोड़कर कभी झूठ नहीं बोलता। अतः वह 'धर्म-तुलाधार' कहलाता है। उसने सत्य और समतासे तीनों लोकोंको जीत लिया है, इसीलिये उसपर पितर, देवता तथा मुनि भी संतुष्ट रहते हैं। धर्मात्मा तुलाधार उपर्युक्त गुणोंके कारण ही भूत और भविष्यकी सब बातें जानता है*। बुद्धिमान् तुलाधार धर्मात्मा है तथा सत्यमें प्रतिष्ठित है। इसीलिये देशान्तरमें होनेवाली बातें भी उसे ज्ञात हो जाती हैं। तुलाधारके समान प्रतिष्ठित व्यक्ति देव-लोकमें भी नहीं है।"

वह तुलाधार वैश्य उपर्युक्त प्रकारसे अपने धर्मका पालन करता हुआ अन्तमें अपनी पत्नी और परिकरों-सहित विमानमें बैठकर विष्णुधामको चला गया।

इसी प्रकार 'मूक' चाण्डाल भी माता-पिताकी सेवा करके उसके प्रभावसे भगवान्‌के परम धाममें चला

* सत्येन समभावेन जितं तेन जगत्त्रयम्।
तेनातृप्यन्त पितरो देवा मुनिगणैः सह॥
भूतभव्यप्रवृत्तं च तेन जानाति धार्मिकः।
(४७। ९३-९४)

गया । वह माता-पिताकी सेवा किस प्रकारसे किया करता था, इसका पद्मपुराण सृष्टिखण्डके ४७वें अध्यायमें बड़ा सुन्दर वर्णन है । वहाँ बतलाया है कि वह चाण्डाल सब प्रकारसे अपने माता-पिताकी सेवामें लगा रहता था । जाड़ेके दिनोंमें वह अपने माँ-बापको स्नानके लिये गरम जल देता, उनके शरीरमें तेल मलता, तापनेके लिये अँगीठी जलाता, भोजनके पश्चात् पान खिलाता और रूईदार कपड़े पहननेको देता था । प्रतिदिन भोजनके लिये मिष्टान्न परोसता और वसन्त ऋतुमें महुएके पुष्पोंकी सुगन्धित माला पहनाता था । इनके सिवा और भी जो भोग-सामग्रियाँ प्राप्त होतीं, उन्हें देता और भाँति-भाँतिकी आवश्यकताएँ पूर्ण किया करता था । गरमीकी मौसिममें प्रतिदिन माता-पिताको पंखा झलता था । इस प्रकार नित्यप्रति उनकी परिचर्या करके ही वह भोजन करता था । माता-पिताकी थकावट और कष्टका निवारण करना उसका सदाका नियम था ।

इन पुण्यकर्मोंके कारण उस चाण्डालका घर बिना किसी आधार और खंभेके ही आकाशमें स्थित था । उसके अंदर त्रिभुवनके स्वामी भगवान् श्रीहरि मनोहर ब्राह्मणका रूप धारण किये नित्य विराजमान रहते थे । वे सत्य-स्वरूप परमात्मा अपने महान् सत्त्वमय तेजस्वी विग्रहसे उस चाण्डालके घरकी शोभा बढ़ाते थे ।

उसी प्रसङ्गमें एक शुभा नामकी पतिव्रता स्त्रीका आख्यान भी आया है । जब तपस्वी नरोत्तम ब्राह्मण मूक चाण्डालके कथनानुसार पतिव्रताके घर गया और उसके विषयमें पूछने लगा तो अतिथिकी आवाज सुनकर वह पतिव्रता घरके दरवाजेपर आकर खड़ी हो गयी । उस समय ब्राह्मणने कहा—'देवि ! तुमने जैसा देखा और समझा है, उसके अनुसार स्वयं ही सोचकर मेरे लिये प्रिय और हितकी बात बतलाओ ।' शुभा बोली—'ब्रह्मन् ! इस समय मुझे पतिदेवकी सेवा करनी है, अतः अवकाश नहीं है, इसलिये आपका कार्य पीछे करूँगी, इस समय तो आप मेरा आतिथ्य ग्रहण कीजिये ।' नरोत्तमने कहा—'मेरे शरीरमें इस समय भूख, प्यास और थकावट नहीं है, मुझे अभीष्ट बात बतलाओ, नहीं तो मैं तुम्हें शाप दे दूँगा ।' तब उस पतिव्रताने भी कहा—'द्विजश्रेष्ठ ! मैं बगुला नहीं हूँ, आप धर्म-तुलाधारके पास जाइये और उन्हींसे अपने हितकी बात पूछिये ।' यों कहकर वह पतिव्रता अपने घरके भीतर चली गयी । अपने धर्मपालनमें कितनी दृढ़ निष्ठा है ! इस पातिव्रत्यके प्रभावसे ही वह देशान्तरमें घटनेवाली घटनाओंको भी जान लेती थी और इस प्रकार पतिसेवा करती हुई अन्तमें वह अपने पतिके सहित भगवान्‌के परम धाममें चली गयी । ऐसे ही द्रौपदी, अनसूया, सुकला आदि और भी बहुत-सी पतिव्रताएँ ईश्वरकी भक्ति और पातिव्रत्यके प्रभावसे परम पदको प्राप्त हो चुकी हैं ।

इसी प्रकार सत् शूद्रोंमें संजय, लोमहर्षण, उग्रश्रवा आदि सूत भी परम गतिको प्राप्त हुए हैं तथा निम्न जातियोंमें गुह, केवट, शबरी (भीलनी) आदि मुक्त हो गये हैं ।

जब स्त्री, वैश्य और शूद्रोंकी तथा पापयोनि—चाण्डालादि गृहस्थियोंकी मुक्ति हो जाती है तो फिर उत्तम वर्ण और उत्तम आश्रमवालोंकी मुक्ति हो जाय, इसमें क्या आश्चर्य है ?

शास्त्रोंके इन प्रमाणोंसे यह भलीभाँति सिद्ध हो जाता है कि सभी देश, सभी काल और सभी जातिमें मनुष्यका कल्याण हो सकता है, इसमे कोई आपत्ति नहीं है ।

इसलिये प्रत्येक मनुष्यको उचित है कि वह चाहे किसी भी देशमें हो, किसी भी कालमें हो और किसी भी जाति, वर्ण और आश्रममें हो, उसीमे शास्त्रविधिके अनुसार अपने कर्त्तव्यका पालन करता हुआ ज्ञानयोग, कर्मयोग या भक्तियोग—किसी भी अपनी रुचि और अधिकारके अनुकूल साधनके द्वारा परमात्माको प्राप्त करनेका पूरा प्रयत्न करे ।

निराश नहीं होना चाहिये

पहले हमारे मनमें कई विचार हुए थे, किंतु अभीतक विचारके अनुसार कोई काम नहीं हुआ । एक तो ऐसा

विचार हुआ था कि 'संसारमें तीन श्रेणीके मनुष्य तैयार हों—भक्तियोगी, कर्मयोगी और ज्ञानयोगी। ज्ञानके द्वारा जिन्होंने आत्माका उद्धार कर लिया, वे ज्ञानयोगी; भक्तिके द्वारा जो भगवान्‌को प्राप्त करके मुक्त हो गये, वे भक्तियोगी; और निष्काम भावसे कर्म करके जो मुक्त हो गये, वे कर्मयोगी हैं। यह बात प्रत्यक्ष देखनेमें आवे कि 'इस समूहमें सभी ज्ञानयोगी हैं; इस समूहमें सभी भक्तियोगी हैं और इस समूहमें सभी कर्मयोगी हैं।' ऐसा मनका विचार था। परंतु समूहकी तो बात दूर रही, अपने लोगोंमें दो-चार भी ऐसे पुरुष तैयार नहीं हुए। यह खेदकी बात अवश्य है, परंतु अभीतक ऐसे पुरुषोंका निर्माण न होनेपर भी मनमें कभी निराश नहीं होना चाहिये। मनुष्यको सदा आशावादी ही रहना चाहिये।

अब हमलोगोंमें बहुत-से भाई मृत्युके समीप पहुँच रहे हैं और यह उपर्युक्त बात अभीतक विचारमें ही रही, कार्यरूपमें परिणत नहीं हो सकी। मुझे तो यही समझना चाहिये कि यह मेरी कमी है। मुझमें कोई ऐसा प्रभाव नहीं कि जिससे दूसरे पुरुषोंको परमात्माकी प्राप्ति हो जाय यानी मुझमें ऐसी कोई सामर्थ्य नहीं कि मैं दूसरोंको मुक्त कर सकूँ। जितने सुननेवाले भाई हैं, उन लोगोंको यही समझना चाहिये कि हम जो शास्त्रकी बातें सुनते हैं, उनको काममें नहीं लाते; इसीलिये हम परमात्माकी प्राप्तिसे वञ्चित हैं।

श्रुति, स्मृति, इतिहास-पुराणोंकी अर्थात् उपनिषद्, गीता, महाभारत, रामायण, भागवत आदिकी जो बातें हैं, वे अवश्य कल्याण करनेवाली हैं। मैं तो केवल उनका अनुवादमात्र कर देता हूँ। यह बात नहीं कि आपलोगोंके लिये तो इनका पालन करना कर्तव्य है और मेरे लिये नहीं। ऐसा मैं नहीं कहता। गीता तो साक्षात् ईश्वरके वचन हैं और अन्य सब शास्त्र ऋषि-मुनियोंके। उन शास्त्रोंके वचनोंको कोई भी काममें लायें तो उनका कल्याण हो सकता है। आपलोग काममें लायें तो आपलोगोंका कल्याण हो सकता है और यदि मैं काममें लाऊँ तो मेरा। मैं ऐसा नहीं कह सकता कि जो कुछ मैं कहता हूँ, उन सभी बातोंको मैं स्वयं आचरणमें लाकर ही कहता हूँ। किंतु उनको आचरणमें लाना उत्तम समझता हूँ, अतः आचरणमें लानेके लिये हम-लोगोंको प्रयत्न करना चाहिये। फिर भी मैं निराश नहीं हूँ और मुझको निराश होना भी नहीं चाहिये। आप लोगोंको भी निराश नहीं होना चाहिये कि इतने दिनों-तक हमलोग आचरणमें नहीं ला सके तो भविष्यमें शायद ही ला सकें। मनमें थोड़ी भी निराशा हो जाती है तो कार्य सफल नहीं होता। अतः सबको बड़े ही धैर्य, उत्साह और तेजीके साथ भगवान्‌की तथा ऋषियोंकी आज्ञाका कर्तव्य समझकर पालन करते ही रहना चाहिये। एवं दूसरोंसे पालन करानेकी भी प्रेमपूर्वक चेष्टा करनी चाहिये; क्योंकि गीतामें अठारहवें अध्यायके ६८वें, ६९वें श्लोकोंमें भगवान् कहते हैं कि 'मेरे भावोंका जो संसारमें प्रचार करता है अर्थात् जो गीता-शास्त्रका प्रचार करता है, वह मेरी परम भक्ति करके मुझको प्राप्त हो जाता है। इतना ही नहीं, उसके समान मेरा प्यारा काम करनेवाला दुनियामें न कोई हुआ, न कोई है और न कोई भविष्यमें होगा।' इन बातोंपर ध्यान देकर हम भगवान्‌के भावोंका प्रचार करें तो उससे अपना कल्याण तो निश्चित है ही, दूसरोंका भी कल्याण हो सकता है। इसलिये मुझको तो यही आशा रखनी चाहिये कि आप लोगोंकी जो स्थिति और साधन है, वह उत्तरोत्तर विशेष प्रबल हो सकता है और आपलोगोंको भी मनमें खूब उत्साह लाकर अपनी स्थिति और साधन जिस तरहसे तेज हो, ऐसी चेष्टा करनी चाहिये। भगवान्‌की तो कृपा है ही, उनकी तो हर समय ही सहायता रहती है। भगवान्‌की आज्ञाके अनुसार जो कोई चलता है और चलना चाहता है, भगवान् उसकी सब प्रकारसे सहायता करते हैं।

हम देख रहे हैं कि जो मनुष्य सरकारकी आज्ञाका पालन करना चाहता है, सरकार उसकी सहायता करती है, फिर भगवान् सहायता करें, इसमें तो कहना

ही क्या है। केवल हमारा ध्येय—लक्ष्य यह होना चाहिये कि हम भगवान्‌की और महापुरुषोंकी आज्ञाका परम कर्तव्य समझकर पालन करें। शास्त्रोंमें यह बात देखी गयी है कि जो मनुष्य अपने कर्तव्यका पालन करता रहता है, महात्माओंकी और ईश्वरकी कृपासे उसके कार्यकी सिद्धि हो जाती है।

कर्तव्य-पालनसे मुक्ति

जबालाके पुत्र सत्यकामने महात्मा हारिद्रुमत गौतमकी आज्ञाका पालन किया। उसने यह निश्चय कर लिया कि जो बात गुरुजीने कही है, उसका अक्षरशः पालन करना चाहिये। वह अपना कर्तव्य समझकर उसके पालनके लिये तत्पर हो गया और मन लगाकर उसने वह कार्य किया। गौओंकी सेवा करते-करते ही उसे ब्रह्मकी प्राप्ति हो गयी। गुरुने चार सौ दुर्बल गौएँ अलग निकालकर उससे कहा था कि तू इन गौओंके पीछे जा और इनकी सेवा कर। कितने आश्चर्यकी बात है। देखनेमें तो यह कोई ब्रह्मकी प्राप्तिका साधन नहीं है। वह तो आया था गुरुकी सेवामें परमात्माकी प्राप्तिके लिये और गुरुने कह दिया कि तुम गौओंके पीछे जाओ। पर उसको यह दृढ़ विश्वास था कि गुरुकी आज्ञाका पालन करनेसे परमात्माकी प्राप्ति अपने-आप अवश्य होगी। गुरुजी जो कुछ कहते हैं, मेरे कल्याणके लिये ही कहते हैं। उसको यह पूरा निश्चय था। नहीं तो, वह इस प्रकार कैसे करता। उसका परिणाम भी परम कल्याणकारी हुआ। उसे परमात्माकी प्राप्ति हो गयी और आगे चलकर वह भी एक उच्च कोटिका आचार्य बन गया। उसके पास भी विद्यार्थी लोग शिक्षा लेनेके लिये आने लगे। उसको यह विश्वास था कि जैसे मुझको अपने-आप ही गुरुकी कृपासे परमात्माकी प्राप्ति हो गयी, इसी प्रकार मेरे समीप रहनेवालोंको भी हो जानी चाहिये।

उपकोसल नामका उसका एक शिष्य था। उसको गुरुकी तथा अग्नियोंकी सेवा करते-करते बारह वर्ष बीत गये, किंतु आचार्यने अन्य ब्रह्मचारियोंको तो समावर्तन-संस्कार करके विदा कर दिया, केवल उसीको नहीं किया। तब एक दिन सत्यकामसे उनकी धर्मपत्नीने कहा—'स्वामिन्! यह ब्रह्मचारी बड़ी तपस्या कर चुका है। इसने आपकी और अग्नियोंकी भी भलीभाँति सेवा की है। अतः इसे ब्रह्मका उपदेश करना चाहिये।' परंतु सत्यकाम उसे उपदेश दिये बिना ही बाहर वनकी ओर चले गये; क्योंकि उनको यह पूरा विश्वास था कि 'यह श्रद्धालु है और कर्तव्यका पालन कर रहा है, इसलिये इसे अपने-आप ही निश्चय ब्रह्मकी प्राप्ति हो जायगी।' पत्नीके अनुरोध करनेपर भी वे अपने निश्चयपर डटे रहे और ब्रह्मका उपदेश दिये बिना ही चले गये। इससे उपकोसलने अपने-आपको अयोग्य समझा और दुखी होकर यह निश्चय किया कि जबतक मुझे गुरुजी ब्रह्मका उपदेश नहीं देंगे, तबतक मै उपवास रक्खूँगा। तदनन्तर, गुरुपत्नीने उससे भोजनके लिये आग्रह किया, किंतु उसने मानसिक व्याधि बताकर भोजन नहीं किया।

अग्निशालामें तीन कुण्डोंमें तीन अग्नियाँ होती हैं—१ गार्हपत्याग्नि, २ दक्षिणाग्नि, ३ आहवनीयाग्नि। जिसमें नित्य हवन किया जाता है, उसका नाम आहवनीयअग्नि है। पूर्णमासी तथा अमावास्याके दिन जिसमें हवन किया जाता है, वह दक्षिणाग्नि है और जिसमें बलिवैश्वदेव किया जाता है, वह गार्हपत्याग्नि है। गार्हपत्यका मतलब है कि जिससे गृहस्थका काम चले। जब मनुष्यका विवाह होता है, तब विवाहमें हवनकी अग्नि श्वसुरके यहाँसे लायी जाती है और जीवनपर्यन्त उसमें वह बलिवैश्वदेव करता रहता है तथा मरनेके बाद उसी अग्निमें उसकी दाह-क्रिया—अन्त्येष्टि-क्रिया होती है। विवाहसे लेकर मरणपर्यन्त वह अग्नि अटल रहती है, उसे निरन्तर कायम रक्खा जाता है।

वे तीनों अग्नियाँ अग्निशालामे हवनकुण्डसे प्रकट हुईं और आपसमें उनकी इस प्रकार बातें होने लगीं कि यह उपकोसल नामका लड़का गुरुकी, गुरुपत्नीकी और हमलोगोंकी भी बड़ी भारी सेवा करता है। इसलिये इसको हमलोग ब्रह्मका उपदेश करें। फिर

गार्हपत्य, दक्षिणाग्नि और आहवनीय-अग्नियोंने क्रमशः उसे ब्रह्मका उपदेश दिया, जिससे उसे ब्रह्मका ज्ञान हो गया।

ब्रह्मज्ञानकी प्राप्ति होनेके पश्चात् गुरुजी भी वनसे लौटकर आये। गुरुजीने उपकोसलसे कहा—'तेरा मुख ब्रह्मवेत्ताके समान शान्त जान पड़ता है, तुझे किसने ब्रह्मका उपदेश किया है?' उपकोसलने अँगुलियोंसे अग्नियोंकी ओर संकेत करके बतलाया कि 'इन अग्नियोंने मुझको उपदेश दिया है।' सत्यकामने पूछा—'उन्होंने क्या उपदेश दिया?' उपकोसलने, अग्नियोंने ब्रह्मविषयक जो कुछ उपदेश दिया था, वह ज्यों-का-त्यों सुना दिया और कहा कि 'अब कृपया आप बतलाइये।' इसपर सत्यकामने उसे विस्तारके साथ ब्रह्मका उपदेश दिया।

सत्यकामके हृदयमें कितना दृढ़ विश्वास था कि निश्चय ही उसे अपने-आप ही ब्रह्मकी प्राप्ति होगी। यह दृढ़ विश्वास इसीलिये था कि उन्हें स्वयं इसी प्रकार ब्रह्मकी प्राप्ति हुई थी। इससे हमलोगोंको समझना चाहिये कि मनुष्य जब अपने कर्तव्यका पालन करता रहता है, तब एक दिन अवश्य ही उसे ब्रह्मकी प्राप्ति हो जाती है। इसके लिये सत्यकामका वह उदाहरण आदर्श है। सत्यकामके गुरुजी महापुरुष थे; उनकी कृपासे सत्यकामको परमात्माकी प्राप्ति हो गयी और महात्मा सत्यकामकी सेवा करनेपर उनकी कृपासे उपकोसलको परमात्माकी प्राप्ति हो गयी।

जो साधक महापुरुषोंकी आज्ञाके अनुसार अपने कर्तव्यका पालन करता रहता है, उसको उनकी कृपासे निश्चय ही परमात्माकी प्राप्ति हो जाती है। फिर जो भगवान्‌की आज्ञाके अनुसार अनन्यशरण होकर अपने कर्तव्यका पालन करता है, उसका कल्याण होनेमें तो कहना ही क्या है?

भक्त प्रह्लाद निष्काम भावसे अपने कर्तव्यका पालन करते रहे। उन्होंने कभी दर्शन देनेके लिये भी भगवान्‌से प्रार्थना नहीं की। उनपर भारी-से-भारी अत्याचार होते रहे, किंतु उन्होंने कभी अपने कर्तव्य-पालनसे मुँह नहीं मोड़ा। इस प्रकार करते-करते एक दिन वह आया जब कि स्वयं भगवान्‌ने नृसिंहरूपमें प्रकट होकर उन्हें दर्शन दिये और प्रह्लादसे कहा—

क्वेदं वपुः क्व च वयः सुकुमारमेतत्
क्वैताः प्रमत्तकृतदारुणयातनास्ते।
आलोचितं विषयमेतदभूतपूर्वं
क्षन्तव्यमङ्ग यदि मे समये विलम्बः॥

'प्रिय वत्स! कहाँ तो तेरा कोमल शरीर और तेरी सुकुमार अवस्था और कहाँ उस उन्मत्त दैत्यके द्वारा की हुई तुझपर दारुण यातनाएँ! अहो! यह कैसा अभूतपूर्व प्रसङ्ग देखनेमें आया! मुझे आनेमें यदि देर हो गयी हो तो तू मुझे क्षमा कर।'

यह सुनकर प्रह्लादजी लज्जित हो गये और बोले—'महाराज! आप यह क्या कहते हैं!' उसके बाद भगवान् नृसिंह प्रह्लादसे बोले कि 'तेरी इच्छा हो सो वरदान माँग।' इसपर प्रह्लादने कहा—'प्रभो! मैं जन्मसे ही विषयभोगोंमें आसक्त हूँ, अब मुझे इन वरोंके द्वारा आप लुभाइये नहीं। मै उन भोगोंसे भयभीत होकर—उनसे निर्विण्ण होकर उनसे छूटनेकी इच्छासे ही आपकी शरणमें आया हूँ। भगवन्! मुझमें भक्तके लक्षण है या नहीं, यह जाननेके लिये आपने अपने भक्तको वरदान माँगनेकी ओर प्रेरित किया है। ये विषयभोग हृदयकी गाँठको और भी मजबूत करनेवाले तथा बार-बार जन्म-मृत्युके चक्करमें डालनेवाले हैं। जगद्गुरो! परीक्षाके सिवा ऐसा कहनेका और कोई कारण नहीं दीखता; क्योंकि आप परम दयालु हैं। आपसे जो सेवक अपनी कामनाएँ पूर्ण करना चाहता है, वह सेवक नहीं, वह तो लेन-देन करनेवाला बनिया है। जो स्वामीसे अपनी कामनाओंकी पूर्ति चाहता है, वह सेवक नहीं और जो सेवकसे सेवा करानेके लिये ही, उसका स्वामी बननेके लिये उसकी कामनाएँ पूर्ण करता है, वह स्वामी नहीं है। मैं आपका निष्काम सेवक हूँ और आप मेरे निरपेक्ष स्वामी हैं। जैसे राजा और उसके सेवकोंका प्रयोजनवश स्वामी-सेवकका सम्बन्ध रहता है, वैसा तो मेरा और आपका सम्बन्ध है नहीं। मेरे स्वामी! यदि आप मुझे मुँहमाँगा वर देना

ही चाहते हैं तो यह वर दीजिये कि मेरे हृदयमें कभी किसी कामनाका बीज अङ्कुरित ही न हो ।'

यह है निष्कामभाव ! निष्कामका स्तर सबसे ऊँचा है । फिर भी हम भगवान्‌से अपनी आत्माके कल्याणके लिये, परमात्माके दर्शनके लिये, भगवान्‌में प्रेम होनेके लिये स्तुति-प्रार्थना करें, तो वह कामना शुद्ध होनेके कारण निष्काम ही है ।

उच्च निष्कामभावका स्वरूप

अपने परम कल्याणकी, भगवान्‌में प्रेम होनेकी और भगवान्‌के दर्शनोंकी जो कामना है, यह शुभ और शुद्ध कामना है । इसलिये उसमें कोई दोष नहीं है । फिर भी अपने कर्तव्यका पालन करना और कुछ भी नहीं माँगना—यह और भी उच्चकोटिका भाव है । और देनेपर मुक्तिको भी स्वीकार न करना, यह उससे भी बढ़कर बात है । श्रीभगवान् और महात्माओंके पास तो माँगनेकी आवश्यकता ही नहीं पड़ती; क्योंकि जैसे कोई सेवक नौकरी करता है और उसकी सेवाको स्वीकार करनेवाले स्वामी यदि उच्चकोटिके होते है तो वे स्वयं ही उसका ध्यान रखते हैं । वे न भी ध्यान रक्खें तो भी उस सेवककी कोई हानि नहीं होती । यदि उसमे सच्चा निष्कामभाव हो तो परमात्माकी प्राप्ति भी हो सकती है, किंतु ऐसा उच्चकोटिका भाव ईश्वरकी कृपासे ही होता है । इस समय ऐसे स्वामी बहुत ही कम हैं और ऐसे सेवक भी देखनेमें बहुत कम आते हैं । परंतु इससे यह नहीं समझना चाहिये कि संसारमें ऐसे कोई हैं ही नहीं । अवश्य ही संसारमें सच्चे महात्मा बहुत ही कम हैं । करोड़ोंमें कोई एक ही होते हैं । भगवान्‌ने भी गीतामें कहा है—

मनुष्याणां सहस्रेषु कश्चिद्यतति सिद्धये ।
यततामपि सिद्धानां कश्चिन्मां वेत्ति तत्त्वतः ॥ (७ । ३)

'हजारों मनुष्योंमें कोई एक मेरी प्राप्तिके लिये यत्न करता है और उन यत्न करनेवाले योगियोंमें भी कोई एक मेरे परायण होकर मुझको तत्त्वसे अर्थात् यथार्थ-रूपसे जानता है ।'

हमारा यह कहना नहीं है कि संसारमें महात्मा हैं ही नहीं और हम यह भी नहीं कह सकते कि संसारमें कोई श्रद्धालु सच्चा सेवक (पात्र) भी नहीं है । संसारमें ऐसे पात्र भी मिलते हैं और महात्मा भी, किंतु मिलते हैं बहुत कम । उस कमकी श्रेणीमें ही हम-लोगोंको भाग लेना चाहिये अर्थात् उस प्रकारके बनने-की कोशिश करनी चाहिये ।

हमलोगोंको तो यह भाव रखना चाहिये कि केवल हमारे आत्माका ही नहीं, सबका कल्याण हो । अपने आत्माके कल्याणके लिये तो सब जिज्ञासु प्रयत्न करते ही हैं । इसकी अपेक्षा यह भाव बहुत उच्चकोटिका है कि 'सभी हमारे भाई हैं, अतः सभीके साथ हमारा कल्याण होना चाहिये ।' इससे भी उच्चकोटिका भाव यह है कि सबका कल्याण होकर उसके बाद हमारा कल्याण हो । इसमें भी मुक्तिकी कामना है, किंतु कामना होनेपर भी निष्कामके तुल्य है । और अपने कल्याणके विषयमे कुछ भी कामना न करके अपने कर्तव्यका पालन करता रहे तथा अपना केवल यही उद्देश्य रक्खे कि 'सबका उद्धार हो', तो यह और भी विशेष उच्चकोटिका भाव है । लक्ष्य तो अपना सबसे उच्चकोटिका ही होना चाहिये । कार्यमें परिणत न भी हो तो भी सिद्धान्त तो उच्चकोटिका ही रखना उचित है । हमको इस बातका ज्ञान भी हो जाय कि यह उच्च-कोटिकी चीज है तो किसी समय वह कार्यमें भी परिणत हो सकती है । ज्ञान ही न हो तो कार्यमें कैसे आवे ।

भगवान्‌की भक्ति तो बहुत ही उत्तम वस्तु है । जो मनुष्य भगवान्‌की भक्ति नहीं करता है, उससे तो वह श्रेष्ठ है कि जो धन, ऐश्वर्य, पुत्र, स्त्रीकी कामनाके लिये भक्ति करता है । उस सकामी भक्तसे भी वह श्रेष्ठ है जो स्त्री, पुत्र, धनके लिये तो नहीं करता, किंतु घोर आपत्ति आ जानेपर उस संकट-निवारणके लिये आर्तनाद करता है । उस आर्त भक्तसे भी वह श्रेष्ठ है, जो केवल अपनी मुक्तिके लिये, परमात्माके **ज्ञानके लिये, उनमें प्रेम होनेके लिये या उनके दर्शनके**

लिये उनसे प्रार्थना करता है। ऐसा जिज्ञासु उपर्युक्त सबसे श्रेष्ठ है। उससे भी वह श्रेष्ठ है जो अपने आत्माके कल्याणके लिये भी भगवान्‌से प्रार्थना नहीं करता; परंतु अपने कर्तव्यका निष्कामभावसे पालन ही करता रहता है अर्थात् निष्कामभावसे ईश्वरकी अनन्य भक्ति करता ही रहता है। उसको यह विश्वास है कि 'परमात्माकी प्राप्ति निश्चय अपने-आप ही होगी; इसमें कोई शङ्काकी बात नहीं है। भगवान् सर्वज्ञ हैं, वे सब जानते हैं। उनके पास प्रार्थना करनेकी आवश्यकता नहीं रहती, मुझको अपने कर्तव्यका पालन करते ही रहना चाहिये।' ऐसा निष्कामी उपर्युक्त सबसे श्रेष्ठ है। इससे भी श्रेष्ठ वह पुरुष है जो अपना कल्याण हो, इसके लिये प्रयत्न करता रहता है, किंतु यह भाव भी नहीं रखता कि 'मैं नहीं भी माँगूँगा तो भी भगवान् मेरा कल्याण अवश्य करेंगे। भगवान् तो सर्वज्ञ हैं, वे स्वयं सब जानते ही हैं।' पर इस भावमें भी सूक्ष्म कामना है। किंतु जो इस बातकी ओर भी ध्यान न देकर केवल अपने कर्तव्यका ही पालन करता रहता है; बल्कि यह समझता है कि 'निष्कामभावसे कर्तव्यका पालन करना—भगवान्‌की निष्कामभावसे सेवा करना—यह मुक्तिसे भी श्रेष्ठ है। अतः मैं सदा भगवान्‌की निष्कामभावसे ही सेवा करूँ, मेरा उत्तरोत्तर केवल भगवान्‌में ही प्रेम बढ़ता रहे—' उसका यह लक्ष्य और भाव बड़ा ही उच्च कोटिका है; क्योंकि वह समझता है कि प्रेम सबसे बढ़कर वस्तु है। परमात्माकी प्राप्तिसे भी परमात्मामें जो अनन्य और विशुद्ध प्रेम है, यह बहुत ही मूल्यवान् वस्तु है। इसपर भी भगवान् प्रसन्न होकर प्रत्यक्ष दर्शन देते हैं, जैसे प्रह्लादको दर्शन दिये। दर्शन देकर भगवान् आग्रह करें कि मेरे संतोषके लिये जो तेरे जँचे वही माँग ले तो भी हमको प्रह्लादकी भाँति कुछ भी नहीं माँगना चाहिये। यह बहुत उच्च कोटिका निष्कामभाव है। जैसे भगवान्‌की कृपा होनेपर भगवान्‌का दर्शन करनेसे मनुष्यका कल्याण हो जाता है, इसी प्रकार उपर्युक्त निष्कामी भक्तकी कृपासे भी दूसरोंका कल्याण हो जाय तो कोई आश्चर्यकी बात नहीं। ऐसे पुरुषके हृदयमें यदि यह दयाका भाव हो जाय कि 'इन लोगोंका कल्याण होना चाहिये; क्योंकि ये पात्र हैं' तो इस भावसे भी लोगोंका कल्याण हो सकता है।

जब भगवान् यह समझते हैं कि इसके हृदयमें कभी यह बात अपने लिये नहीं आयी और इन लोगोंके लिये यह बात आती है कि इन लोगोंका कल्याण होना चाहिये तो भगवान् बहुत प्रसन्न होते हैं। भगवान् समझते हैं कि यह इसकी माँग तो नहीं है पर इसका भाव तो है न; इसके भावकी भी यदि मैं सिद्धि कर दूँ तो वह मेरे लिये गौरवकी बात है; क्योंकि जिसने अपने लिये कभी किसी पदार्थकी कामना की ही नहीं और न अभी करता है और उसके हृदयमें यह भाव है कि इन सबका कल्याण होना चाहिये तो ऐसी परिस्थितिमें भगवान् उनका कल्याण अवश्य ही करते हैं।

परंतु उस निष्कामी भक्तके हृदयमें यह बात आती है तो वह समझता है कि 'मैं भगवान्‌के तत्त्व, रहस्य और प्रभावको नहीं जानता, नहीं तो, यह बात भी मेरे हृदयमें क्यों आती? क्योंकि भगवान् जो कुछ कर रहे हैं वह ठीक ही कर रहे हैं, वहाँ तो कोई अंधेर है ही नहीं। क्या भगवान् मुझसे कम दयालु हैं? मैं क्या भगवान्‌से अधिक दयालु हूँ? क्या मैं ही संसारके जीवोंका कल्याण चाहता हूँ, भगवान् नहीं चाहते। मेरे लिये ऐसा भाव होना या लक्ष्य रखना कि ये पात्र हैं, इनका कल्याण होना चाहिये, अनुचित है। उनकी पात्रताको क्या भगवान् नहीं देखते हैं? मैं ही पात्रकी पहचान करता हूँ, क्या भगवान्‌में इस बातकी कमी है? मुझको तो यह देखते रहना चाहिये कि भगवान्‌की लीला हो

रही है, मेरे मनमें यह बात भी क्यों आये कि इनका तो कल्याण होना चाहिये और इनका नहीं; क्योंकि संसारके सभी प्राणी मुक्तिके पात्र हैं और मनुष्यमात्र तो हैं ही; फिर अपात्र कौन है ? अपात्र होते तो भगवान् उन्हें मनुष्य क्यों बनाते ? और भगवान्‌की दयाके तो सभी पात्र हैं; क्योंकि सभी भगवान्‌की दया चाहते हैं और भगवान्‌की दयासे सभीका उद्धार हो सकता है ।' अवश्य ही भगवान्‌की दयाके विषयमें यह मान्यता होनी चाहिये कि भगवान्‌की मुझपर अपार दया है तथा उनकी दयाके प्रभावसे समस्त संसारका उद्धार हो सकता है । इस प्रकार सब लोग इस यथार्थ बातको तत्त्वसे समझ लें तो सबका कल्याण होना कोई भी बड़ी बात नहीं है । कल्याण न होनेमें कारण—भगवान्‌की दयाके प्रभावकी कमी नहीं है, उसको समझने-माननेकी और श्रद्धाकी कमी है ।

हमारे घरमें पारस पड़ा हुआ है, किंतु हम पारसको और उसके प्रभावको न जाननेके कारण उसके लाभसे वञ्चित हैं और दो-चार पैसोंके लिये दर-दर भटक रहे हैं तो यह पारसका दोष नहीं है । पारसको और उसके प्रभावको हम जानते नहीं हैं, उसीका यह दण्ड है । पारस तो जड है और भगवान् चेतन हैं, इसलिये भगवान् पारससे बढ़कर हैं । पारससे तो महात्मा भी बढ़कर हैं, फिर भगवान्‌की तो बात ही क्या ? जो भगवान्‌की दयाके प्रभाव और तत्त्व-रहस्यको जानता है, वह तो स्वयं ही कल्याणस्वरूप ही है । ऐसे पुरुषोंके अपने कल्याणकी तो बात ही क्या है, उनकी दयासे दूसरोंका भी कल्याण हो सकता है । इसलिये हमलोगोंको भगवान्‌की दयाके प्रभाव और तत्त्व-रहस्यको समझना चाहिये । फिर हमलोगोंके कल्याणमें कोई संदेह नहीं है । भगवान्‌की कृपाके प्रभावसे हमलोग भी इस प्रकारके उच्च कोटिके भक्त बन सकते हैं ।

कर्तव्यपालनकी आवश्यकता

इसलिये हमको तो चुपचाप अपने कर्तव्यका पालन करते रहना चाहिये । कर्तव्य ही साधन है और साधनको साध्यसे भी बढ़कर समझना चाहिये । यहाँ परमात्मा ही साध्य हैं और निष्काम प्रेमभावसे भगवान्‌को प्रसन्न करनेके लिये भगवान्‌की अनन्य विशुद्ध भक्ति करना ही साधन है । इसलिये हमारी भक्ति अनन्य होनी चाहिये । उसीका नाम अनन्य प्रेम, उसीका नाम अनन्य भक्ति और उसीका नाम अनन्य शरण है । परंतु वह होनी चाहिये विशुद्ध । जिसमें किंचिन्मात्र भी कामना न हो, उसको विशुद्ध कहते हैं । मुक्तिकी कामना भी शुद्ध कामना है और विशुद्ध भावमें तो शुद्ध कामना भी नहीं रहती । अतः हमारा भाव और प्रेम विशुद्ध होना चाहिये । उसके लिये अपने कर्तव्यका पालन करते रहना चाहिये । कर्तव्य ही साधन है; इसलिये साधनको साध्य परमात्माकी प्राप्तिसे भी बढ़कर समझना चाहिये । जब यह भाव रहता है, तब परमात्माकी प्राप्तिकी भी कामना हृदयमें नहीं रहती । ऐसे पुरुषके लिये भगवान् उत्सुक रहते हैं कि मैं इसकी इच्छाकी पूर्ति करूँ, किंतु उसमें इच्छा होती ही नहीं । ऐसे भक्तके प्रेममें भगवान् बिक जाते हैं और उसके प्रति भगवान् अपनेको ऋणी समझते हैं । जो सकामभावसे भगवान्‌की भक्ति करता है, भगवान् तो उसके भी अपने-आपको ऋणी मान लेते हैं; फिर ऐसे निष्कामी प्रेमी महापुरुषके अपने-आपको भगवान् ऋणी मानें, इसमें तो कहना ही क्या है । और वास्तवमें न्याययुक्त विचार करके देखा जाय तो यह बात सिद्ध हो जाती है कि जब एक निष्कामी भक्त साधनको साध्यसे भी बढ़कर समझता है तो भगवान् यह समझते हैं कि इसका भाव बहुत उच्च-कोटिका है, जिसके मूल्यमें मैं बिक जाता हूँ ।

यह समझकर हमलोगोंको भगवान्‌की अनन्य और विशुद्ध भक्तिरूप साधन श्रद्धाप्रेमपूर्वक तत्परताके साथ करना चाहिये ।

संत-वाणीकी लोकोत्तर महत्ता

(लेखक—पं० श्रीरामनिवासजी शर्मा)

यह बात मुक्तकण्ठसे कही जा सकती है कि संत-पुरुषोंके द्वारा होनेवाले लाभोंकी महत्ता और व्यापकताका वर्णन मानव-बुद्धिकी परिधिसे बाहर है; क्योंकि उनकी वाणी-वीणाके एक-एक तार, स्वर, ग्राम, मूर्च्छना और तानमें मानव-मनके मर्मस्थलोंको स्पर्श करनेका विलक्षण गुण होता है।

इन्हीं संत-महात्माओंकी वाणीका ही यह पुण्य-प्रताप है कि इस घोर कलिकालमें जन्म लेनेवाले, कुशिक्षाके वातावरणमें पलनेवाले, प्राचीनता और साम्प्रदायिकताको मुर्दा-वाद कहनेवाले, म्लेच्छ-धर्म-पङ्किल और परप्रत्ययनेय-मति सज्जनोंके मुखसे इस क्षण भी प्रायः भारतीय संतोंके भक्तिरस-सने पद सुननेको मिलते हैं। इन्हीं संतोंकी अमृतस्रोतस्विनी वाणीकी इतिहास-स्तुत्य यह महिमा है कि दुःखशोक-संतप्त दुष्टजन-त्रस्त और पिशाचगण-ध्वस्त हिंदू-जातिको इसीने अबतक जीवित रक्खा है।

सच तो यह है कि संसारमें यदि संत-महात्मा न होते और उनकी वाणीमें मानव-मनको सरस और समुन्नत बनानेका विश्व-दुर्लभ गुण भी न होता तो मानवता, आस्तिकता, स्वर्गीय सरसता और लोक-हित-भावनाको कभीका अर्द्धचन्द्र मिल चुका होता।

अब कदाचित् यह प्रश्न हो कि संत-महात्माओंकी वाणीमें इतनी और ऐसी प्रभावशालिनी शक्ति कहाँसे कैसे आती है? तो इसका सदुत्तर इस प्रकार है—

१. यह एक निश्चित बात है कि प्रत्येक मनुष्यमें प्रायः थोड़ा-बहुत आकर्षण-अपकर्षण होता है। किंतु संत-पुरुषोंमें तो आकर्षणकी मात्रा अत्यधिक होती है। यही कारण है कि उनकी वाणीमें विश्व-हृदयहारिणी शक्तिका समधिक विकास पाया जाता है।

२. संत-पुरुष और संत-महात्माओंके विचार, वचन और क्रियामें एकता होती है। वे जैसा सोचते, वैसा ही कहते और जैसा कहते वैसा ही करते भी हैं। इस तरह उनके विचार, वचन और क्रियाके विभिन्न मार्गोंमें विभाजित न होने अपितु एक ही मार्गमें प्रवर्तित और एक ही उद्देश्य-सूत्रमें समन्वित होनेके कारण उनकी वाणीमें असम्भवको सम्भव करनेकी शक्ति उत्पन्न हो जाती है।

३. संत-वाणीमें ईश्वरीय वाणीकी-सी प्रभाव-शक्ति होती है। कारण यही है कि संत भगवद्भक्त होता है। ऐसी दशामें भगवान्‌को भी तद्भक्त होना पड़ता है। इस प्रकार भक्त और भगवान् दोनों क्रमशः भक्ति और भक्तवात्सल्यसे एक वस्तु हो जाते हैं। इसीका यह सुफल होता है कि संत-वाणीमें वेद-वाणीकी-सी प्रभावोत्पादिका शक्तिका प्राकट्य हो जाता है।

४. भक्तियोगके दृष्टिकोणसे भी स्नेहानुराग, प्रेमानुराग और श्रद्धानुरागकी अपेक्षा संतकी रागात्मिका भक्तिमें आकर्षणकी मात्रा अधिक होती है। इसीका यह सत्परिणाम होता है कि संत-हृदयसे निकली वाणीमें अपना अनोखा आकर्षण-गुण होता है।

५. शब्द-तत्त्वकी यह एक विलक्षण बात है कि प्रत्येक शब्द अपने वाच्यार्थके चरित्र-चारित्र्यसे समधिक शक्तिमान् हो जाता है। 'राम'शब्द अपने वाच्य दाशरथि कौशल्यानन्दनकी पुरुषोत्तमतासे मानव-जगत्‌के जप-जापकी वस्तु बन गया। 'भीष्म' शब्द अपने वाच्य भीष्म-पितामहके अखण्ड ब्रह्मचर्यके प्रतापसे लोकोत्तर शक्तिशाली सिद्ध हो गया और इस युगका 'गान्धी' शब्द अपने वाच्य मोहनचंद कर्मचंद गान्धीके विश्व-वन्द्य व्यक्तित्वसे सबल प्रमाणित हो गया। इसी प्रकार संत-वाणी भी अपने वाच्य संतोचित गुणोत्कर्ष-से अद्भुत शक्तिशालिनी और विश्वमनमोहिनीतक बन गयी।

६. संत-पुरुषकी आत्मा परमात्म-तत्त्वकी आराधनासे

विश्वात्माकी वस्तु हो जाती है, अतएव उसकी वाणी भी मानव-विश्वको अपना वशंवद बनानेमें समधिक सक्षम होती है।

७. हृदयको वशंवद बनानेवाली एकमात्र वस्तु विशुद्ध हृदय ही है। 'हृदय' हृदयसे ही जीता जा सकता है, किसी दूसरी वस्तुसे नहीं। संत-हृदय पूर्णतः निर्दोष, निष्कपट और सरल-सरस होता है, इसीलिये उससे निःसृत वाणी भी क्रूर-कुटिल मानव-हृदय-को भी अपनी ओर आकर्षित करनेकी शक्ति रखती है।

८. संत-वाणी संतके सात्त्विक महत्त्वपूर्ण व्यक्तित्व-की अपनी व्यञ्जनात्मक वस्तु होती है, अतएव वह मानव-मनपर मन्त्रका-सा काम करती है।

९. शब्द आकाशका गुण है। इसमें ब्रह्माण्डोंके सर्जन-विसर्जनकी शक्ति होती है, किंतु यही 'शब्द ब्रह्म'के रूपमें संतका आराध्यदेव और वाणीका विषय बनकर चेतन-विश्वको प्रभावित और आन्दोलित करने एवं वशंवद बनानेमें सर्वाधिक शक्तिशाली हो जाता है।

१०. संत-पुरुष स्वभावतः निष्काम होता है। उसका प्रत्येक लोक-हितकर कार्य कामना-कलुषसे विमुक्त होता है। यही हेतु है कि उसकी सर्वतोभद्र सर्वतोमुखी वाणी प्रत्येक प्रकारके अधिकारीकी मान्य और प्रिय वस्तु बन जाती है।

इस तरह हम देखते हैं कि संत-वाणीकी अपनी सत्ता है, महत्ता है, गुण-गरिमा है और विश्व-हित-कारिणी मानव-मनमोहिनी शक्ति भी है।

हमलोग सभी संत-वाणीकी सुधा-माधुरीका पान करके कृत्यकृत्य हों, यही भगवान्‌से प्रार्थना है।

संत-वाणीका महत्त्व

(लेखक—पं० श्रीसूरजचंदजी सत्यप्रेमी 'डाँगीजी')

जो सर्वदा सर्वत्र सर्वथा शान्त होते हैं, वे ही संत हैं। उनकी वाणी ही भगवान् सर्वेश्वर प्रभुकी सर्वाङ्गीण शक्ति है। जिस हृदयमें अनन्तकोटि ब्रह्माण्डके आधार परमात्मा आधेय बनकर रहते हैं, वह संत-हृदय कितना विशाल होगा? इसका अनुमान लगाना असम्भव है।

राम सिंधु घन सज्जन धीरा।
चंदन तरु हरि संत समीरा॥
मोरे मन प्रभु अस बिस्वासा।
राम ते अधिक राम कर दासा॥

परम संत गोस्वामी श्रीतुलसीदासजीका उक्त प्रमाण संतकी महिमा बतलानेमें अनुपम है। अब उनकी वाणीका महत्त्व भगवान्‌की वाणीसे भी श्रेष्ठ क्यों न हो? भगवान्‌की वाणी दुष्टोंका निग्रह और शिष्टोंपर अनुग्रह करनेवाली होती है, पर संतोंकी वाणी सबपर समान रूपसे अनुग्रह रूप है। भगवान्‌की वाणीमें शासनका भाव है और संतकी वाणीमें प्रेमका स्वभाव। भगवान्‌की वाणीमें सत्ताका गुण है, पर संतकी वाणीमें सत्यका सौन्दर्य। प्रभुकी वाणीमें प्रभाव और संतकी वाणीमें सद्भाव। भगवान् हमें बल दें कि हम संतोंकी वाणीके अनुसार वर्तन कर सकें। रामकी कृपासे संत मिलते हैं और संतोंकी कृपासे परमार्थ-विवेक। संतोंकी वाणी परमात्माकी कृपाका फल है। उसके पालनसे जो सद्वर्तनका आनन्द होता है, वही उस फलका अनुपम रस है।

नामदेव भक्तने भगवत्कृपा प्राप्त की; परंतु संतोंकी वाणी सुने बिना भक्त संत गोरोबा कुम्हारने उसे सब संतोंसे कच्चा साबित किया। यह इतिहास महाराष्ट्रमें प्रसिद्ध है। भगवान्‌की वाणी हमारी रक्षा करती है; पर संतोंकी वाणी हमें रक्षक बनाती है, वह अपनी रक्षा चाहती ही नहीं। भगवान्‌की वाणीसे लोहेका सोना बनता है, पर संतोंकी वाणीसे हम सोना बनानेवाले पारस बन सकते हैं। संतोंकी वाणीका महत्त्व इसीलिये है कि उसमें सब साधनोंका मूल और फल भगवान्‌का नाम निरन्तर बसा रहता है और वह नाम ऐसा है कि—

'राम न सकइ नाम गुन गाई'

आदि वाक्योंवाली मानस बालकाण्डकी नामायनमें जिसकी सर्वोत्कृष्ट महिमा बतायी गयी है।

जय कल्याणी जय सुखदानी जय संतोंकी निर्मल वाणी।
क्रोध लोभ छल मान मर्दिनी शाश्वत सुखदायिनि निर्वाणी॥



वशिष्ठकी क्षमा



अन्त मति सो गति

अन्त मति सो गति

यं यं वापि स्मरन्भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम् ।
तं तमेवैति कौन्तेय सदा तद्भावभावितः ॥

(गीता ८ । ६)

मृत्युके समय मनुष्य सबसे अन्तमें जो विचार करता है, जिसका चिन्तन करता है, उसका अगला जन्म उसी प्रकारका होता है ।

भगवान् ऋषभदेवके पुत्र, सप्तद्वीपवती पृथिवीके एकच्छत्र सम्राट् भरत—वही भरत जिनके नामपर हमारे इस देशका प्राचीनतम नाम अजनाभवर्ष बदल गया और सब इसे 'भारतवर्ष' कहने लगे—वे धर्मात्मा सम्राट् वानप्रस्थका समय आनेपर राज्य, कुटुम्ब, गृहका त्याग करके वनमे चले गये ।

महाराज भरतके वैराग्यमें कोई कमी नही थी । राज्य करते समय उन्हे किसी बातका अभाव भी नही रहा था । शत्रुरहित समस्त भूमण्डलके वे सम्राट् थे । उनको परम पतिव्रता पत्नी मिली थीं और किसी भी राजर्षि-कुलका गौरव बढ़ा सकें, ऐसे पाँच पुत्र थे । महाराज भरतने उद्वेगसे नहीं, विवेकपूर्वक भगवद्भजनके लिये गृहका त्याग किया । पुलहाश्रममें पहुँचकर वे निष्ठापूर्वक भजनमें लग गये ।

संयोगकी बात थी—राजर्षि भरत एक दिन नदीमें स्नान करके संध्या कर रहे थे । उसी समय एक गर्भवती हरिणी वहाँ जल पीने आयी । मृगी पानी पी ही रही थी कि वनमें कहीं पास ही सिंहकी भयंकर गर्जना हुई । भयके मारे मृगी पानी पीना छोड़कर छलाँग मार भागी । मृगीका प्रसव-काल समीप आ चुका था, भयकी अधिकता और पूरे वेगसे उछलनेके कारण उसके पेटका मृगशावक बाहर निकल पड़ा और नदीके प्रवाहमें बहने लगा । हरिनी तो इस आघातसे कही दूर जाकर मर गयी । सद्यःप्रसूत मृगशावक भी मरणा-सन्न था । राजर्षि भरतको दया आ गयी । वे उसे प्रवाहमेंसे उठाकर आश्रम ले आये ।

किसी मरणासन्न प्राणीपर दया करके उसकी रक्षा करना पाप नहीं है—यह तो पुण्य ही है । राजर्षि भरतने पुण्य ही किया था । वे बड़े स्नेहसे उस मृगशावकका लालन-पालन करने लगे । इसमें भी कोई दोष नही था । लेकिन इसीमें, एक दोष, पता नहीं कब चुपचाप प्रविष्ट हो गया । उस मृगशावकसे उन्हें मोह हो गया । उसमें उनकी आसक्ति हो गयी, वे चक्रवर्ती सम्राट् अपने राज्य, स्त्री तथा सगे पुत्रोंके मोहका सर्वथा त्याग करके वनमें आये थे, उन्हें एक हरिणीके बच्चेसे मोह हो गया !

मृग-शावक जब हृष्ट-पुष्ट-समर्थ हो गया, उसके पालनका कर्तव्य पूरा हो चुका था । उसे वनमें स्वतन्त्र कर देना था, लेकिन मृगशावकका मोह—वह मृग भी राजर्षि भरतको उसी प्रकार स्नेह करने लगा था, जैसे परिवारके स्वजन करते हैं ।

मृत्यु तो सबको अपना ग्रास बनाती ही है । राजर्षि भरतका भी अन्तिम समय पास आया । मृग-शावक उनके पास ही उदास बैठा था । उसीकी ओर देखते हुए, उसीकी चिन्ता करते हुए भरतका शरीर छूटा । फल यह हुआ कि दूसरे जन्ममें उन्हे मृग होना पड़ा ।

भगवद्भजन व्यर्थ नहीं जाता । भरतको मृग-शरीरमें भी पूर्वजन्मकी स्मृति बनी रही । वहाँ भी उनमें वैराग्य एवं भक्तिका भाव उदय हुआ । मृग-देह छूटनेपर वे ब्राह्मण-कुमार हुए । पूर्वजन्मकी स्मृतिके कारण वे अब पूर्ण सावधान हो गये थे । कहीं मोह न हो जाय—इस भयसे अपनेको पागलके समान रखते थे । उनका नाम ही 'जड भरत' पड़ गया । वे महान् ज्ञानी हैं, यह तो तब पता लगा, जब राजा रहूगणपर कृपा करके उन्होने उपदेश किया ।

इस पूरी कथामें देखनेकी बात यह है कि राजर्षि भरत-जैसे त्यागी, विरक्त, भगवद्भक्तको भी मृगशावकके मोहसे मृग होना पड़ा । अन्तमे मृगका स्मरण उन्हें मृग-योनिमें ले ही गया । दया करो, प्रेम करो, हित करो; पर कहीं आसक्ति मत करो, किसीमें मोह मत करो, कही ममताके बन्धनमें अपनेको मत बाँधो ।

अन्त समय भगवान्का स्मरण कर लेंगे । 'यह कर लेंगे' अपने वशकी बात नही है । अन्त समय मनुष्य सावधान नही रहता । वह प्रायः इस अवस्थामें नही होता कि कुछ विचारपूर्वक सोचे । जीवनमें जिससे उसकी आसक्ति रही है, उसके मनका सर्वाधिक आकर्षण जहाँ है, अन्त समयमें वही उसे स्मरण होगा ।

जीवनमें ही मन भगवान्में लग जाय । मनके आकर्षणके केन्द्र भगवान् बन जायँ—अन्तमें तभी वे परम प्रभु स्मरण आयेंगे ।



देवर्षि नारदजी

मन, तन, वचनका व्रत

अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्यमकल्कता।
एतानि मानसान्याहुर्व्रतानि हरितुष्टये॥
एकभुक्तं तथा नक्तमुपवासमयाचितम्।
इत्येवं कायिकं पुंसां व्रतमुक्तं नरेश्वर॥
वेदस्याध्ययनं विष्णोः कीर्तनं सत्यभाषणम्।
अपैशुन्यमिदं राजन् वाचिकं व्रतमुच्यते॥
चक्रायुधस्य नामानि सदा सर्वत्र कीर्तयेत्।
नाशौचं कीर्तने तस्य सदाशुद्धिविधायिनः॥
वर्णाश्रमाचारवता पुरुषेण परः पुमान्।
विष्णुराराध्यते पन्थाः सोऽयं तत्तोषकारणम्॥

(पद्म० पाताल० ८४। ४२–४६)

अहिंसा, सत्य, अस्तेय (चोरी न करना), ब्रह्मचर्यपालन तथा निष्कपटभावसे रहना—ये भगवान्‌की प्रसन्नताके लिये मानसिक व्रत कहे गये हैं। नरेश्वर! दिनमें एक बार भोजन करना, रात्रिमें उपवास करना और बिना माँगे जो अपने-आप प्राप्त हो जाय, उसी अन्नका उपयोग करना—यह पुरुषोंके लिये कायिक व्रत बताया गया है। राजन्! वेदोंका स्वाध्याय, श्रीविष्णुके नाम एवं लीलाओंका कीर्तन तथा सत्य-भाषण करना एवं चुगली न करना—यह वाणीसे सम्पन्न होनेवाला व्रत कहा गया है। चक्रधारी भगवान् विष्णुके नामोंका सदा और सर्वत्र कीर्तन करना चाहिये। वे नित्य शुद्धि करनेवाले हैं, अतः उनके कीर्तनमें कभी अपवित्रता आती ही नहीं। वर्ण और आश्रम-सम्बन्धी आचारोंका विधिवत् पालन करनेवाले पुरुषके द्वारा परम पुरुष श्रीविष्णुकी सम्यक् आराधना होती है। यह मार्ग भगवान्‌को संतुष्ट करनेवाला है।

पूजाके आठ पुष्प

अहिंसा प्रथमं पुष्पं द्वितीयं करणग्रहः।
तृतीयकं भूतदया चतुर्थं क्षान्तिरेव च॥
शमस्तु पञ्चमं पुष्पं ध्यानं चैव तु सप्तमम्।
सत्यं चैवाष्टमं पुष्पमेतैस्तुष्यति केशवः॥
एतैरेवाष्टभिः पुष्पैस्तुष्यते चार्चितो हरिः।
पुष्पान्तराणि सन्त्येव बाह्यानि नृपसत्तम॥

(पाताल० ८४। ५६–५८)

अहिंसा पहला, इन्द्रिय-संयम दूसरा, जीवोंपर दया करना तीसरा, क्षमा चौथा, शम पाँचवाँ, दम छठा, ध्यान सातवाँ और सत्य आठवाँ पुष्प है। इन पुष्पोंके द्वारा भगवान् श्रीकृष्ण संतुष्ट होते हैं। नृपश्रेष्ठ! अन्य पुष्प तो पूजाके बाह्य अङ्ग हैं, भगवान् उपर्युक्त आठ पुष्पोंसे ही पूजित होनेपर प्रसन्न होते हैं (क्योंकि वे भक्तिके प्रेमी हैं)।

धर्मके तीस लक्षण

सत्यं दया तपः शौचं तितिक्षेक्षा शमो दमः।
अहिंसा ब्रह्मचर्यं च त्यागः स्वाध्याय आर्जवम्॥
संतोषः समदृक् सेवा ग्राम्येहोपरमः शनैः।
नृणां विपर्ययेहेक्षा मौनमात्मविमर्शनम्॥
अन्नाद्यादेः संविभागो भूतेभ्यश्च यथार्हतः।
तेष्वात्मदेवताबुद्धिः सुतरां नृषु पाण्डव॥
श्रवणं कीर्तनं चास्य स्मरणं महतां गतेः।
सेवेज्यावनतिर्दास्यं सख्यमात्मसमर्पणम्॥
नृणामयं परो धर्मः सर्वेषां समुदाहृतः।
त्रिंशल्लक्षणवान् राजन् सर्वात्मा येन तुष्यति॥

(श्रीमद्भा० ७। ११। ८—१२)

युधिष्ठिर! धर्मके ये तीस लक्षण शास्त्रोंमें कहे गये हैं—सत्य, दया, तपस्या, शौच, तितिक्षा, उचित-अनुचितका विचार, मनका संयम, इन्द्रियोंका संयम, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, त्याग, स्वाध्याय, सरलता, संतोष, समदर्शिता, महात्माओंकी सेवा, धीरे-धीरे सांसारिक भोगोंकी चेष्टासे निवृत्ति, मनुष्यके अभिमानपूर्ण प्रयत्नोंका फल उल्टा ही होता है—ऐसा विचार, मौन, आत्मचिन्तन, प्राणियोंके लिये अन्न आदिका यथायोग्य विभाजन, उनमें और विशेष करके मनुष्योंमें अपने आत्मा तथा इष्टदेवका भाव, संतोंके परम आश्रय भगवान् श्रीकृष्णके नाम-गुण-लीला आदिका श्रवण, कीर्तन, स्मरण, उनकी सेवा, पूजा और नमस्कार, उनके प्रति दास्य, सख्य और आत्मसमर्पण—यह तीस प्रकारका आचरण सभी मनुष्योंका परम धर्म है। इसके पालनसे सर्वात्मा भगवान् प्रसन्न होते हैं।

मनुष्यका हक कितनेपर?

यावद् भ्रियेत जठरं तावत् स्वत्वं हि देहिनाम्।
अधिकं योऽभिमन्येत स स्तेनो दण्डमर्हति॥

मृगोष्ट्रखरमर्कोखुसरीसृप्खगमक्षिकाः ।
आत्मनः पुत्रवत् पश्येत्तैरेषामन्तरं कियत् ॥
(श्रीमद्भा० ७ । १४ । ८-९)

मनुष्योंका हक केवल उतने ही धनपर है, जितनेसे उनका पेट भर जाय । इससे अधिक सम्पत्तिको जो अपनी मानता है, वह चोर है, उसे दण्ड मिलना चाहिये । हरिन, ऊँट, गधा, बंदर, चूहा, सरीसृप् (रेंगकर चलनेवाले प्राणी), पक्षी और मक्खी आदिको अपने पुत्रके समान ही समझे । उनमें और पुत्रोंमें अन्तर ही कितना है ।

हक छोड़नेवाले संत

कृमिविड्भस्मनिष्ठान्तं क्वेदं तुच्छं कलेवरम् ।
क्व तदीयरतिर्भार्या क्वायमात्मा नभश्छदिः ॥
सिद्धैर्यज्ञावशिष्टार्थैः कल्पयेद् वृत्तिमात्मनः ।
शेषे स्वत्वं त्यजन्प्राज्ञः पदवीं महतामियात् ॥
(श्रीमद्भा० ७ । १४ । १३-१४)

यह शरीर अन्तमें कीड़े, विष्ठा या राखकी ढेरी होकर रहेगा । कहाँ तो यह तुच्छ शरीर और इसके लिये जिसमें आसक्ति होती है वह स्त्री, और कहाँ अपनी महिमासे आकाशको भी ढक रखनेवाला अनन्त आत्मा ! गृहस्थको चाहिये कि प्रारब्धसे प्राप्त और पञ्चयज्ञ आदिसे बचे हुए अन्नसे ही अपना जीवन-निर्वाह करे । जो बुद्धिमान् पुरुष इतनेके सिवा शेष सबपरसे अपना हक त्याग देते हैं, उन्हें संतोंका पद प्राप्त होता है ।

काम-क्रोधादिको जीतनेके उपाय

असंकल्पाज्जयेत् कामं क्रोधं कामविवर्जनात् ।
अर्थानर्थेक्षया लोभं भयं तत्त्वावमर्शनात् ॥
आन्वीक्षिक्या शोकमोहौ दम्भं महदुपासया ।
योगान्तरायान् मौनेन हिंसां कायाद्यनीहया ॥
कृपया भूतजं दुःखं दैवं जह्यात् समाधिना ।
आत्मजं योगवीर्येण निद्रां सत्त्वनिषेवया ॥
(श्रीमद्भा० ७ । १५ । २२—२४)

धर्मराज ! संकल्पोंके परित्यागसे कामको, कामनाओंके त्यागसे क्रोधको, संसारी लोग जिसे अर्थ कहते हैं उसे अनर्थ समझकर लोभको और तत्त्वके विचारसे भयको जीत लेना चाहिये । अध्यात्मविद्यासे शोक और मोहपर, संतोंकी उपासनासे दम्भपर, मौनके द्वारा योगके विघ्नोंपर और शरीर-प्राण आदिको निश्चेष्ट करके हिंसापर विजय प्राप्त करनी चाहिये । आधिभौतिक दुःखको दयाके द्वारा, आधिदैविक वेदनाको समाधिके द्वारा और आध्यात्मिक दुःखको योगबलसे एवं निद्राको सात्त्विक भोजन, स्थान, सङ्ग आदिके सेवनसे जीत लेना चाहिये ।

भक्तिकी महिमा

नैष्कर्म्यमप्यच्युतभाववर्जितं
न शोभते ज्ञानमलं निरञ्जनम् ।
कुतः पुनः शश्वदभद्रमीश्वरे
न चार्पितं कर्म यदप्यकारणम् ॥
(श्रीमद्भा० १ । ५ । १२)

वह निर्मल ज्ञान भी, जो मोक्षकी प्राप्तिका साक्षात् साधन है, यदि भगवान्‌की भक्तिसे रहित हो तो उसकी उतनी शोभा नहीं होती । फिर जो साधन और सिद्धि दोनों ही दशाओंमें सदा ही अमङ्गलरूप है, वह काम्य कर्म, और जो भगवान्‌को अर्पण नहीं किया गया है, ऐसा अहैतुक (निष्काम) कर्म भी कैसे सुशोभित हो सकता है ।

भगवान् कहाँ रहते हैं ?

क्व त्वं वससि देवेश मया पृष्टस्तु पार्थिव ॥
विष्णुरेवं तदा प्राह मद्भक्तिपरितोषितः ॥

विष्णुरुवाच

नाहं वसामि वैकुण्ठे योगिनां हृदये न वै ।
मद्भक्ता यत्र गायन्ति तत्र तिष्ठामि नारद ॥
तेषां पूजादिकं गन्धपुष्पाद्यैः क्रियते नरैः ।
तेन प्रीतिं परां यामि न तथा मत्प्रपूजनात् ॥
मत्पुराणकथां श्रुत्वा मद्भक्तानां च गायनम् ।
निन्दन्ति ये नरा मूढास्ते मद्द्वेष्या भवन्ति हि ॥
(पद्म० उ० ९४ । २१—२५)

राजन् ! एक बार मैंने भगवान्‌से पूछा—'देवेश्वर ! आप कहाँ निवास करते हैं ?' तो वे भगवान् विष्णु मेरी भक्तिसे संतुष्ट होकर इस प्रकार बोले—'नारद ! न तो मैं वैकुण्ठमें निवास करता हूँ और न योगियोंके हृदयमें । मेरे भक्त जहाँ मेरा गुण-गान करते हैं, वहीं मैं भी रहता हूँ । यदि मनुष्य गन्ध, पुष्प आदिके द्वारा मेरे भक्तोंका पूजन करते हैं तो उससे मुझे जितनी अधिक प्रसन्नता होती है, उतनी स्वयं मेरी पूजा करनेसे भी नहीं होती । जो मूर्ख मानव मेरी पुराण-कथा और मेरे

भक्तोंका गान सुनकर निन्दा करते हैं, वे मेरे द्वेषके पात्र होते हैं।

कुल, जननी और जन्मभूमिकी महिमा कौन बढ़ाता है ?

समाहितो ब्रह्मपरोऽप्रमादी
शुचिस्तथैकान्तरतिर्जितेन्द्रियः ।
समाप्नुयाद् योगमिमं महामना
विमुक्तिमाप्नोति ततश्च योगतः ॥
कुलं पवित्रं जननी कृतार्था
वसुन्धरा भाग्यवती च तेन ।
विमुक्तिमार्गे सुखसिन्धुमग्नं
लग्नं परे ब्रह्मणि यस्य चेतः ॥
(स्कन्द० मा० कुमा० ५५ । १३९-१४०)

जो एकाग्रचित्त, ब्रह्मचिन्तनपरायण, प्रमादशून्य, पवित्र, एकान्तप्रेमी और जितेन्द्रिय है, वह महामना योगी इस योगमें सिद्धि प्राप्त करता है और उस योगके प्रभावसे मोक्षको प्राप्त हो जाता है। जिसका चित्त मोक्षमार्गमें आकर परब्रह्म परमात्मामें संलग्न हो सुखके अपार सिन्धुमें निमग्न हो गया है, उसका कुल पवित्र हो गया, उसकी माता कृतार्थ हो गयी तथा उसे प्राप्त करके यह सारी पृथ्वी भी सौभाग्यवती हो गयी।

वैष्णव कौन है ?

प्रशान्तचित्ताः सर्वेषां सौम्याः कामजितेन्द्रियाः ॥
कर्मणा मनसा वाचा परद्रोहमनिच्छवः ।
दयार्द्रमनसो नित्यं स्तेयहिंसापराङ्मुखाः ॥
गुणेषु परकार्येषु पक्षपातमुदान्विताः ।
सदाचारावदाताश्च परोत्सवनिजोत्सवाः ॥
पश्यन्तः सर्वभूतस्थं वासुदेवममत्सराः ।
दीनानुकम्पिनो नित्यं भृशं परहितैषिणः ॥
राजोपचारपूजायां लालनाः स्वकुमारवत् ।
कृष्णसर्पादिव भयं बाह्ये परिचरन्ति ये ॥
विषयेष्वविवेकानां या प्रीतिरुपजायते ।
वितन्वते हि तां प्रीतिं शतकोटिगुणां हरौ ॥
नित्यकर्तव्यताबुद्ध्या यजन्तः शङ्करादिकान् ।
विष्णुस्वरूपान् ध्यायन्ति भक्ताः पितृगणेष्वपि ॥
विष्णोरन्यन्न पश्यन्ति विष्णुं नान्यत् पृथग्गतम् ।
पार्थक्यं न च पार्थक्यं समदृष्टिस्वरूपिणः ॥
जगन्नाथ तवास्मीति दासस्त्वं चास्मि नो पृथक् ।
सेव्यसेवकभावो हि भेदो नाथ प्रवर्तते ॥
अन्तर्यामी यदा देवः सर्वेषां हृदि संस्थितः ।
सेव्यो वा सेवको वापि त्वत्तो नान्योऽस्ति कश्चन ॥
इतिभावनया कृतावधानाः
प्रणमन्तः सततं च कीर्तयन्तः ।
हरिमब्जजवन्द्यपादपद्मं
प्रभजन्तस्तृणवज्जगज्जनेषु ॥
उपकृतिकुशला जगत्स्वजस्रं
परकुशलानि निजानि मन्यमानाः ।
अपि परपरिभावने दयार्द्राः
शिवमनसः खलु वैष्णवाः प्रसिद्धाः ॥
दृषदि परधने च लोष्टखण्डे
परवनितासु च कूटशाल्मलीषु ।
सखिरिपुसहजेषु बन्धुवर्गे
सममतयः खलु वैष्णवाः प्रसिद्धाः ॥
गुणगणसुमुखाः परस्य मर्म-
च्छदनपराः परिणामसौख्यदा हि ।
भगवति सततं प्रदत्तचित्ताः
प्रियवचनाः खलु वैष्णवाः प्रसिद्धाः ॥
स्फुटमधुरपदं हि कंसहन्तुः
कलुषमुषं शुभनाम चामनन्तः ।
जय जय परिघोषणां रटन्तः
किमुविभवाः खलु वैष्णवाः प्रसिद्धाः॥
हरिचरणसरोजयुग्मचित्ता
जडिमधियः सुखदुःखसाम्यरूपाः ।
अपचितिचतुरा हरौ निजात्म-
गतवचसः खलु वैष्णवाः प्रसिद्धाः ॥
रथचरणगदाब्जशङ्खमुद्रा
कृततिलकाङ्कितबाहुमूलमध्याः ।
मुररिपुचरणप्रणामधूली-
धृतकवचाः खलु वैष्णवा जयन्ति ॥
मुरजिदपघनापकृष्टगन्धो-
त्तमतुलसीदलमाल्यचन्दनैर्ये ।
वरयितुमिव मुक्तिमात्मभूषा-
कृतिरुचिराः खलु वैष्णवा जयन्ति ॥
विगलितमदमानशुद्धचित्ताः
प्रसभविनश्यदहंकृतिप्रशान्ताः ।
नरहरिमभरात्मबन्धुमिङ्गा
क्षपितदृशुचः खलु वैष्णवा जयन्ति ॥
(स्क० वै० पु० मा० १० । ९६—११३)

जिनका चित्त अत्यन्त शान्त है, जो सबके प्रति कोमल भाव रखते हैं, जिन्होंने स्वेच्छानुसार अपनी इन्द्रियोंपर विजय प्राप्त कर ली है तथा जो मन, वाणी और क्रियाद्वारा कभी दूसरोंसे द्रोह करनेकी इच्छा नहीं रखते, जिनका चित्त दयासे द्रवीभूत हो जाता है, जो चोरी और हिंसासे सदा ही मुख मोड़े रहते हैं, जो सद्गुणोंके पक्षपाती हैं तथा दूसरोंके कार्य-साधनमें प्रसन्नतापूर्वक संलग्न रहते हैं, सदाचारसे जिनका जीवन सदा उज्ज्वल—निष्कलंक बना रहता है, जो दूसरोंके उत्सवको अपना उत्सव मानते हैं, सब प्राणियोंके भीतर भगवान् वासुदेवको विराजमान देखकर कभी किसीसे ईर्ष्या-द्वेष नहीं करते, दीनोंपर दया करना जिनका स्वभाव बन गया है और जो सदा परहित-साधनकी इच्छा रखते हैं, जो भगवान्‌की राजोचित उपचारोंसे पूजा करनेमें दत्तचित्त हो अपने पुत्रकी भाँति भगवान्‌का लाड़ लड़ाते हैं और बाह्य जगत्‌से वैसे ही भय मानकर अलग रहते हैं, जैसे काले सर्पसे। अविवेकी मनुष्योंका विषयोंमें जैसा प्रेम होता है, उससे सौ कोटि-गुनी अधिक प्रीतिका विस्तार वे भगवान् श्रीहरिके प्रति करते हैं; नित्यकर्तव्यबुद्धिसे विष्णुस्वरूप शंकर आदि देवताओंका भक्तिपूर्वक पूजन-ध्यान करते हैं, पितरोंमें भगवान् विष्णुकी ही बुद्धिसे भक्तिभाव रखते हैं, भगवान् विष्णुसे भिन्न दूसरी किसी वस्तुको नहीं देखते तथा भगवान् विष्णुको भी विश्वसे सर्वथा भिन्न एवं पृथक् नहीं देखते। समष्टि और व्यष्टि सब भगवान्‌के ही स्वरूप हैं, भगवान् जगत्‌से भिन्न होकर भी भिन्न नहीं हैं, 'हे भगवान् जगन्नाथ! मैं आपका दास हूँ, आपके स्वरूपमें भी मैं हूँ, आपसे पृथक् कदापि नहीं हूँ। नाथ! यदि भेद है तो इतना ही कि आप हमारे सेव्य हैं और मैं आपका सेवक हूँ। परन्तु जब आप भगवान् विष्णु अन्तर्यामीरूपसे सबके हृदयमें विराजमान हैं, तब सेव्य अथवा सेवक कोई भी आपसे भिन्न नहीं है।' इस भावनासे सदा सावधान रहकर जो ब्रह्माजीके द्वारा वन्दनीय युगल चरणारविन्दोंवाले श्रीहरिको सदा प्रणाम करते, उनके नामोंका कीर्तन करते, उन्हींके भजनमें तत्पर रहते और संसारके लोगोंके समीप अपनेको तृणके समान तुच्छ मानकर विनयपूर्ण बर्ताव करते हैं, जगत्‌में सब लोगोंका निरन्तर उपकार करनेके लिये जो कुशलताका परिचय देते हैं, दूसरोंके कुशल-क्षेम-को अपना ही कुशल-क्षेम मानते हैं, दूसरोंका तिरस्कार देखकर उनके प्रति दयासे द्रवीभूत हो जाते हैं तथा सबके प्रति मनमें कल्याणकी भावना करते हैं, वे ही विष्णुभक्तके नामसे प्रसिद्ध हैं। जो पत्थर, परधन और मिट्टीके ढेलेमें, परायी स्त्री और कूटशाल्मली नामक नरकमें, मित्र, शत्रु, भाई तथा बन्धु-वर्गमें समान बुद्धि रखनेवाले हैं, वे ही निश्चितरूपसे विष्णु-भक्तके नामसे प्रसिद्ध हैं। जो दूसरोंकी गुणराशिसे प्रसन्न होते हैं और पराये मर्मको ढकनेका प्रयत्न करते हैं, परिणाममें सबको सुख देते हैं, भगवान्‌में सदा मन लगाये रहते हैं तथा प्रिय वचन बोलते हैं, वे ही वैष्णवके नामसे प्रसिद्ध हैं। जो भगवान्‌के पापहारी शुभनाम-सम्बन्धी मधुर पदोंका जप करते और जय-जयकी घोषणाके साथ भगवन्नामोंका कीर्तन करते हैं, वे अकिंचन महात्मा वैष्णवके रूपमें प्रसिद्ध हैं। जिनका चित्त श्रीहरिके चरणारविन्दोंमें निरन्तर लगा रहता है, जो प्रेमाधिक्यके कारण जडबुद्धि-सदृश बने रहते हैं, सुख और दुःख दोनों ही जिनके लिये समान हैं, जो भगवान्‌की पूजामें चतुर हैं तथा अपने मन और विनययुक्त वाणीको भगवान्‌की सेवामें समर्पित कर चुके हैं, वे ही वैष्णवके नामसे प्रसिद्ध हैं। मद और अहंकार गल जानेके कारण जिनका अन्तःकरण अत्यन्त शुद्ध हो गया है, अमरोंके विश्वसनीय बन्धु भगवान् नरहरिका यजन करके जो शोकरहित हो गये हैं, ऐसे वैष्णव निश्चय ही उच्चपदको प्राप्त होते हैं।

मुनि श्रीसनकजी

विविध उपदेश

नास्ति गङ्गासमं तीर्थं नास्ति मातृसमो गुरुः।
नास्ति विष्णुसमं दैवं नास्ति तत्त्वं गुरोः परम्॥
नास्ति शान्तिसमो बन्धुर्नास्ति सत्यात्परं तपः।
नास्ति मोक्षात्परो लाभो नास्ति गङ्गासमा नदी॥

(नारद० पूर्व० प्रथम० ६। ५८; ६। ६०)

गङ्गाके समान कोई तीर्थ नहीं है, माताके समान कोई गुरु नहीं है, भगवान् विष्णुके समान कोई देवता नहीं है तथा गुरुसे बढ़कर कोई तत्त्व नहीं है।

शान्तिके समान कोई बन्धु नहीं है, सत्यसे बढ़कर कोई तप नहीं है, मोक्षसे बड़ा कोई लाभ नहीं है और गङ्गाके समान कोई नदी नहीं है।

यौवनं धनसम्पत्तिः प्रभुत्वमविवेकता ।
एकैकमप्यनर्थाय किमु यत्र चतुष्टयम् ॥
(नारद० पूर्व० प्रथम० ७ । १५)

यौवन, धनसम्पत्ति, प्रभुता और अविवेक—इनमेंसे एक-एक भी अनर्थका कारण होता है; फिर जहाँ ये चारों मौजूद हों वहाँके लिये क्या कहना !

नास्त्यकीर्तिसमो मृत्युर्नास्ति क्रोधसमो रिपुः ।
नास्ति निन्दासमं पापं नास्ति मोहसमासवः ॥
नास्त्यसूयासमाकीर्तिर्नास्ति कामसमोऽनलः ।
नास्ति रागसमः पाशो नास्ति सङ्गसमं विषम् ॥
(नारद० पूर्व० प्रथम० ७ । ४१-४२)

अकीर्तिके समान कोई मृत्यु नहीं है । क्रोधके समान कोई शत्रु नहीं है । निन्दाके समान कोई पाप नहीं है और मोहके समान कोई मादक वस्तु नहीं है; असूयाके समान कोई अपकीर्ति नहीं है, कामके समान कोई आग नहीं है, रागके समान कोई बन्धन नहीं है और आसक्तिके समान कोई विष नहीं है ।

दानभोगविनाशाश्च रायः स्युर्गतयस्त्रिधा ।
यो ददाति च नो भुङ्क्ते तद्धनं नाशकारणम् ॥
तरवः किं न जीवन्ति तेऽपि लोके परार्थकाः ।
यत्र मूलफलैर्वृक्षाः परकार्यं प्रकुर्वते ॥
मनुष्या यदि विप्राग्र्य न परार्थास्तदा मृताः ।
(ना० पु० पूर्व० १२ । २४–२६)

दान, भोग और नाश—धनकी ये तीन प्रकारकी गतियाँ हैं । जो न दान करता है, न भोगता है, उसका धन नाशका कारण होता है । क्या वृक्ष जीवन-धारण नहीं करते ? वे भी इस जगत्‌में दूसरोंके हितके लिये ही जीते हैं । जहाँ वृक्ष भी अपनी जड़ों और फलोंके द्वारा दूसरोंका हितकार्य करते हैं, वहाँ यदि मनुष्य परोपकारी न हों तो वे मरे हुएके समान ही हैं ।

ये मानवा हरिकथाश्रवणास्तदोषाः
कृष्णाङ्घ्रिपद्मभजने रतचेतनाश्च ।
ते वै पुनन्ति च जगन्ति शरीरसङ्गात्
सम्भाषणादपि ततो हरिरेव पूज्यः ॥
हरिपूजापरा यत्र महान्तः शुद्धबुद्धयः ।
तत्रैव सकलं भद्रं यथा निम्ने जलं द्विज ॥
(ना० पूर्व० ४० । ५३-५४)

जो मानव भगवान्‌की कथा श्रवण करके अपने समस्त दोष-दुर्गुण दूर कर चुके हैं और जिनका चित्त भगवान् श्रीकृष्णके चरणारविन्दोंकी आराधनामें अनुरक्त है, वे अपने शरीरके सङ्ग अथवा सम्भाषणसे भी संसारको पवित्र करते हैं । अतः सदा श्रीहरिकी ही पूजा करनी चाहिये । ब्रह्मन् ! जैसे नीची भूमिमें इधर-उधरका सारा जल सिमट-सिमटकर एकत्र हो जाता है, उसी प्रकार जहाँ भगवत्पूजापरायण शुद्धचित्त महापुरुष रहते हैं, वहीं सम्पूर्ण कल्याणका वास होता है ।

मुनि श्रीसनन्दन

भगवान्‌का स्वरूप

ऐश्वर्यस्य समग्रस्य धर्मस्य यशसः श्रियः ।
ज्ञानवैराग्ययोश्चैव षण्णां भग इतीरणा ॥
(ना० पूर्व० ४६ । १७)

सम्पूर्ण ऐश्वर्य, सम्पूर्ण धर्म, सम्पूर्ण यश, सम्पूर्ण श्री, सम्पूर्ण ज्ञान तथा सम्पूर्ण वैराग्य—इन छः का नाम 'भग' है ।

उत्पत्तिं प्रलयं चैव भूतानामागतिं गतिम् ।
वेत्ति विद्यामविद्यां च स वाच्यो भगवानिति ॥
(ना० पूर्व० ४६ । २१)

जो सब प्राणियोंकी उत्पत्ति और प्रलयको, आवागमनको तथा विद्या और अविद्याको जानता है, वही भगवान् कहलाने योग्य है ।

मुनि श्रीसनातन

दशमी, एकादशी, द्वादशीके नियम

अथ ते नियमान् वक्ष्मि व्रते ह्यस्मिन् दिनत्रये ।
कांस्यं मांसं मसूरान्नं चणकान् कोद्रवांस्तथा ॥
शाकं मधु परान्नं च पुनर्भोजनमैथुने ।
दशम्यां दश वस्तूनि वर्जयेद् वैष्णवः सदा ॥
द्यूतक्रीडां च निद्रां च ताम्बूलं दन्तधावनम् ।
परापवादं पैशुन्यं स्तेयं हिंसां तथा रतिम् ॥
कोपं ह्यनृतवाक्यं च एकादश्यां विवर्जयेत् ।
कांस्यं मांसं सुरां क्षौद्रं तैलं वितथभाषणम् ॥
व्यायामं च प्रवासं च पुनर्भोजनमैथुने ।
अस्पृश्यस्पर्शमासूरे द्वादश्यां द्वादश त्यजेत् ॥

(नारद० पूर्व० चतुर्थ० १२० । ८६–९०)

अब इस एकादशी-व्रतमें तीन दिनोंके पालन करने योग्य नियम बतलाता हूँ। काँसेका बर्तन, मांस (मांसाहारी भी न खाय), मसूर, चना, कोदो, शाक, मधु, पराया अन्न, दुबारा भोजन और मैथुन—दशमीके दिन इन दस वस्तुओंसे वैष्णव दूर रहे। जुआ खेलना, नींद लेना, पान खाना, दाँतुन करना, दूसरेकी निन्दा करना, चुगली करना, चोरी करना, हिंसा करना, मैथुन करना और मिथ्या बोलना—एकादशीको ये ग्यारह कार्य न करे। काँसा, मांस (मांसाहारी भी), मद्य, मधु, तेल, मिथ्या-भाषण, व्यायाम, परदेश जाना, दुबारा भोजन, मैथुन तथा जो स्पर्श योग्य नहीं है, उसका स्पर्श करना और मसूर खाना—द्वादशीको इन बारह वस्तुओंका त्याग करे।

मुनि श्रीसनत्कुमार

आत्माका स्वरूप



स एवाधस्तात् स उपरिष्टात् स पश्चात् स पुरस्तात् स दक्षिणतः स उत्तरतः स एवेदꣳ सर्वमित्यथातोऽहङ्कारादेश एवाहमेवाधस्तादहमुपरिष्टादहं पश्चादहं पुरस्तादहं दक्षिणतोऽहमुत्तरतोऽहमेवेदꣳ सर्वमिति ॥

(छान्दोग्य० ७ । २५ । १)

वही नीचे है, वही ऊपर है, वही पीछे है, वही आगे है, वही दाहिनी ओर है, वही बायीं ओर है और वही यह सब है। अब उसीमें अहङ्कारादेश किया जाता है—मैं ही नीचे हूँ, मैं ही ऊपर हूँ, मैं ही पीछे हूँ, मैं ही आगे हूँ, मैं ही दाहिनी ओर हूँ, मैं ही बायीं ओर हूँ, और मैं ही यह सब हूँ।

·····न पश्यो मृत्युं पश्यति न रोगं नोत दुःखताꣳ सर्वꣳ ह पश्यः पश्यति सर्वमाप्नोति सर्वश इति ।×××आहारशुद्धौ सत्त्वशुद्धिः सत्त्वशुद्धौ ध्रुवा स्मृतिः स्मृतिलम्भे सर्वग्रन्थीनां विप्रमोक्षः·····

(छान्दोग्य० ७ । २६ । २)

विद्वान् न तो मृत्युको देखता है न रोगको और न दुःखको ही। वह विद्वान् सबको (आत्मरूप ही) देखता है, अतः सबको (आत्माको) प्राप्त हो जाता है ।××× आहारशुद्धि होनेपर अन्तःकरणकी शुद्धि होती है, अन्तःकरणकी शुद्धि होनेपर निश्चल स्मृति होती है तथा स्मृतिके प्राप्त होनेपर सम्पूर्ण ग्रन्थियोंकी निवृत्ति हो जाती है। (अज्ञानका नाश होकर आत्माकी प्राप्ति हो जाती है।)

उपदेश

निवृत्तिः कर्मणः पापात्सततं पुण्यशीलता ।
सद्वृत्तिः समुदाचारः श्रेय एतदनुत्तमम् ॥
मानुष्यमसुखं प्राप्य यः सज्जति स मुह्यति ।
नालं स दुःखमोक्षाय सङ्गो वै दुःखलक्षणः ॥

(ना० पूर्व० ६० । ४४-४५)

पाप-कर्मसे दूर रहना, सदा पुण्यका संचय करते रहना, साधु पुरुषोंके बर्तावको अपनाना और उत्तम सदाचारका पालन करना—यह सर्वोत्तम श्रेयका साधन है। जहाँ सुखका नाम भी नहीं है, ऐसे मानवशरीरको पाकर जो विषयोंमें आसक्त होता है, वह मोहमें डूब जाता है। विषयोंका संयोग दुःखरूप है, वह कभी दुःखसे छुटकारा नहीं दिला सकता।

नित्यं क्रोधात्तपो रक्षेच्छ्रियं रक्षेच्च मत्सरात्।
विद्यां मानावमानाभ्यामात्मानं तु प्रमादतः॥
आनृशंस्यं परो धर्मः क्षमा च परमं बलम्।
आत्मज्ञानं परं ज्ञानं सत्यं हि परमं हितम्॥
(ना० पूर्व० ६० । ४८-४९)

मनुष्यको चाहिये कि तपको क्रोधसे, सम्पत्तिको डाहसे, विद्याको मान-अपमानसे और अपनेको प्रमादसे बचावे। क्रूर स्वभावका परित्याग सबसे बड़ा धर्म है। क्षमा सबसे महान् बल है। आत्मज्ञान सर्वोत्तम ज्ञान है और सत्य ही सबसे बढ़कर हितका साधन है।

संचिन्वन्नेकमेवैनं कामानामवितृप्तकम्।
व्याघ्रः पशुमिवासाद्य मृत्युरादाय गच्छति॥
तथाप्युपायं सम्पश्येद् दुःखस्यास्य विमोक्षणे॥
(ना० पू० ६१ । ४१)

जैसे वनमें नयी-नयी घासकी खोजमें विचरते हुए अतृप्त पशुको उसकी घातमें लगा हुआ व्याघ्र सहसा आकर दबोच लेता है, उसी प्रकार भोगोंमें लगे हुए अतृप्त मनुष्यको मृत्यु उठा ले जाती है। इसलिये इस दुःखसे छुटकारा पानेका उपाय अवश्य सोचना चाहिये।

नामके दस अपराध

गुरोरवज्ञां साधूनां निन्दां भेदं हरे हरौ।
वेदनिन्दां हरेर्नामबलात् पापसमीहनम्॥
अर्थवादं हरेर्नाम्नि पाखण्डं नामसंग्रहे।
अलसे नास्तिके चैव हरिनामोपदेशनम्॥
नामविस्मरणं चापि नाम्न्यनादरमेव च।
संत्यजेद् दूरतो वत्स दोषानेतान् सुदारुणान्॥
(ना० पू० ८२ । २२-२४)

वत्स! गुरुका अपमान, साधु-महात्माओंकी निन्दा, भगवान् शिव और विष्णुमे भेद, वेद-निन्दा, भगवन्नामके बलपर पाप करना, भगवन्नामकी महिमाको अर्थवाद समझना, नाम लेनेमें पाखण्ड फैलाना, आलसी और नास्तिकको भगवन्नामका उपदेश करना, भगवन्नामको भूल जाना तथा नाममे अनादर-बुद्धि करना—ये (दस) भयानक दोष हैं—इनको दूरसे ही त्याग देना चाहिये।

शोकस्थानसहस्राणि भयस्थानशतानि च।
दिवसे दिवसे मूढमाविशन्ति न पण्डितम्॥
(ना० पू० ६१ । २)

शोकके सहस्रों और भयके सैकड़ों स्थान हैं। वे प्रतिदिन मूढ मनुष्यपर ही अपना प्रभाव डालते हैं, विद्वान् पुरुषपर नही।

केनोपनिषद्के आचार्य

यन्मनसा न मनुते येनाहुर्मनो मतम्।
तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते॥
(केन० १ । ५)

जिसको कोई भी मनसे—अन्तःकरणके द्वारा नहीं समझ सकता, जिससे मन मनुष्यका जाना हुआ हो जाता है—यों कहते हैं, उसको ही तू ब्रह्म जान। मन और बुद्धिके द्वारा जाननेमें आनेवाले जिस तत्त्वकी लोग उपासना करते हैं, वह यह ब्रह्म नहीं है।

यच्चक्षुषा न पश्यति येन चक्षूंषि पश्यति।
तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते॥
(केन० १ । ६)

जिसको कोई भी चक्षुके द्वारा नहीं देख सकता, बल्कि जिससे मनुष्य नेत्र और उसकी वृत्तियोंको देखता है, उसको ही तू ब्रह्म जान। चक्षुके द्वारा देखनेमें आनेवाले जिस दृश्यवर्गकी लोग उपासना करते हैं, यह ब्रह्म नहीं है।

नाहं मन्ये सुवेदेति नो न वेदेति वेद च।
यो नस्तद्वेद तद्वेद नो न वेदेति वेद च॥
(केन० २ । २)

मैं ब्रह्मको भलीभाँति जान गया हूँ यों नहीं मानता और न ऐसा ही मानता हूँ कि नही जानता; क्योंकि जानता भी हूँ। किंतु यह जानना विलक्षण है। हम शिष्योंमेंसे जो कोई भी उस ब्रह्मको जानता है, वही मेरे उक्त वचनके अभिप्रायको भी जानता है कि मैं जानता हूँ और नही जानता—ये दोनों ही नहीं हैं।

यस्यामतं तस्य मतं मतं यस्य न वेद सः।
अविज्ञातं विजानतां विज्ञातमविजानताम्॥
(केन० २ । ३)

जिसका यह मानना है कि ब्रह्म जाननेमें नहीं आता, उसका तो वह जाना हुआ है और जिसका यह मानना है कि ब्रह्म मेरा जाना हुआ है, वह नहीं जानता; क्योंकि जाननेका अभिमान रखनेवालोंके लिये वह ब्रह्मतत्त्व जाना हुआ नहीं है और जिनमें ज्ञातापनका अभिमान नहीं है, उनका वह ब्रह्मतत्त्व जाना हुआ है अर्थात् उनके लिये वह अपरोक्ष है।

इह चेदवेदीदथ सत्यमस्ति
न चेदिहावेदीन्महती विनष्टिः।
भूतेषु भूतेषु विचित्य धीराः
प्रेत्यास्माल्लोकादमृता भवन्ति॥
(केन० २। ५)

यदि इस मनुष्यशरीरमें परब्रह्मको जान लिया तो बहुत कुशल है। यदि इस शरीरके रहते-रहते उसे नहीं जान पाया तो महान् विनाश है। यही सोचकर बुद्धिमान् पुरुष प्राणी-प्राणीमें (प्राणिमात्रमें) परब्रह्म पुरुषोत्तमको समझकर इस लोकसे प्रयाण करके अमृत (ब्रह्मरूप) हो जाते हैं।

महर्षि श्वेताश्वतर

परमात्मा

एको देवः सर्वभूतेषु गूढः
सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा।
कर्माध्यक्षः सर्वभूताधिवासः
साक्षी चेता केवलो निर्गुणश्च॥
(श्वेताश्व० अ० ६। ११)

वह एक देव ही सब प्राणियोंमें छिपा हुआ, सर्वव्यापी और समस्त प्राणियोंका अन्तर्यामी परमात्मा है। वही सबके कर्मोंका अधिष्ठाता, सम्पूर्ण भूतोंका निवासस्थान, सबका साक्षी, चेतनस्वरूप एवं सबको चेतना प्रदान करनेवाला, सर्वथा विशुद्ध और गुणातीत भी है।

एको वशी निष्क्रियाणां बहूना-
मेकं बीजं बहुधा यः करोति।
तमात्मस्थं येऽनुपश्यन्ति धीरा-
स्तेषां सुखं शाश्वतं नेतरेषाम्॥
(श्वेताश्व० अ० ६। १२)

जो अकेला ही बहुत-से वास्तवमें अक्रिय जीवोंका शासक है और एक प्रकृतिरूप बीजको अनेक रूपोंमें परिणत कर देता है, उस हृदयस्थित परमेश्वरको जो धीर पुरुष निरन्तर देखते रहते हैं, उन्हींको सदा रहनेवाला परमानन्द प्राप्त होता है, दूसरोंको नहीं।

नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनाना-
मेको बहूनां यो विदधाति कामान्।
तत्कारणं सांख्ययोगाधिगम्यं
ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैः॥
(श्वेताश्व० अ० ६। १३)

जो एक, नित्य, चेतन परमात्मा बहुत-से नित्य चेतन आत्माओंके कर्मफलभोगोंका विधान करता है, उस ज्ञानयोग और कर्मयोगसे प्राप्त करनेयोग्य, सबके कारणरूप परमदेव परमात्माको जानकर मनुष्य समस्त बन्धनोंसे मुक्त हो जाता है।

न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं
नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः।
तमेव भान्तमनुभाति सर्वं
तस्य भासा सर्वमिदं विभाति॥
(श्वेताश्व० अ० ६। १४)

वहाँ न तो सूर्य प्रकाश फैला सकता है न चन्द्रमा और तारागणका समुदाय ही, और न ये बिजलियाँ ही वहाँ प्रकाशित हो सकती हैं। फिर यह लौकिक अग्नि तो कैसे प्रकाशित हो सकता है; क्योंकि उसके प्रकाशित होनेपर ही उसीके प्रकाशसे ऊपर कहे हुए सूर्य आदि सब उसके पीछे प्रकाशित होते हैं। उसके प्रकाशसे यह सम्पूर्ण जगत् प्रकाशित होता है।

महर्षि याज्ञवल्क्य



ब्रह्म और ब्रह्मवेत्ता

स होवाच न वा अरे पत्युः कामाय पतिः प्रियो भवत्यात्मनस्तु कामाय पतिः प्रियो भवति। न वा अरे जायायै कामाय जाया प्रिया भवत्यात्मनस्तु कामाय जाया प्रिया भवति। न वा अरे पुत्राणां कामाय पुत्राः प्रिया भवन्त्यात्मनस्तु कामाय पुत्राः प्रिया भवन्ति। न वा अरे वित्तस्य कामाय वित्तं प्रियं भवत्यात्मनस्तु कामाय वित्तं प्रियं भवति। न वा अरे ब्रह्मणः कामाय ब्रह्म प्रियं भवत्यात्मनस्तु कामाय ब्रह्म प्रियं भवति। न वा अरे क्षत्रस्य कामाय क्षत्रं प्रियं भवत्यात्मनस्तु कामाय क्षत्रं प्रियं भवति। न वा अरे लोकानां कामाय लोकाः प्रिया भवन्त्यात्मनस्तु कामाय लोकाः प्रिया भवन्ति। न वा अरे देवानां कामाय देवाः प्रिया भवन्त्यात्मनस्तु कामाय देवाः प्रिया भवन्ति। न वा अरे भूतानां कामाय भूतानि प्रियाणि भवन्त्यात्मनस्तु कामाय भूतानि प्रियाणि भवन्ति। न वा अरे सर्वस्य कामाय सर्वं प्रियं भवत्यात्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवति। आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यो मैत्रेय्यात्मनो वा अरे दर्शनेन श्रवणेन मत्या विज्ञानेनेदं सर्वं विदितम्॥५॥

(बृहदारण्यकोपनिषद् अध्याय २ ब्राह्मण ४)

श्रीयाज्ञवल्क्यजीने कहा—अरी मैत्रेयि! यह निश्चय है कि पतिके प्रयोजनके लिये पति प्रिय नहीं होता, अपने ही प्रयोजनके लिये पति प्रिय होता है; स्त्रीके प्रयोजनके लिये स्त्री प्रिया नहीं होती, अपने ही प्रयोजनके लिये स्त्री प्रिया होती है; पुत्रोंके प्रयोजनके लिये पुत्र प्रिय नहीं होते, अपने ही प्रयोजनके लिये पुत्र प्रिय होते हैं। धनके प्रयोजनके लिये धन प्रिय नहीं होता, अपने ही प्रयोजनके लिये धन प्रिय होता है; ब्राह्मणके प्रयोजनके लिये ब्राह्मण प्रिय नहीं होता, अपने ही प्रयोजनके लिये ब्राह्मण प्रिय होता है; क्षत्रियके प्रयोजनके लिये क्षत्रिय प्रिय नहीं होता, अपने ही प्रयोजनके लिये क्षत्रिय प्रिय होता है। लोकोंके प्रयोजनके लिये लोक प्रिय नहीं होते, अपने ही प्रयोजनके लिये लोक प्रिय होते हैं; देवताओंके प्रयोजनके लिये देवता प्रिय नहीं होते, अपने ही प्रयोजनके लिये देवता प्रिय होते हैं; प्राणियोंके प्रयोजनके लिये प्राणी प्रिय नहीं होते, अपने ही प्रयोजनके लिये प्राणी प्रिय होते हैं तथा सबके प्रयोजनके लिये सब प्रिय नहीं होते, अपने ही प्रयोजनके लिये सब प्रिय होते हैं। अरी मैत्रेयि! यह आत्मा ही दर्शनीय, श्रवणीय, मननीय और ध्यान किये जानेयोग्य है। हे मैत्रेयि! इस आत्माके ही दर्शन, श्रवण, मनन एवं विज्ञानसे इन सबका ज्ञान हो जाता है।

यो वा एतदक्षरं गार्ग्यविदित्वास्मिँल्लोके जुहोति यजते तपस्तप्यते बहूनि वर्षसहस्राण्यन्तवदेवास्य तद् भवति यो वा एतदक्षरं गार्ग्यविदित्वास्माल्लोकात् प्रैति स कृपणोऽथ य एतदक्षरं गार्गि विदित्वास्माल्लोकात् प्रैति स ब्राह्मणः॥ १०॥

(बृह० अ० ३ ब्रा० ८)

हे गार्गि! जो कोई इस लोकमें इस अक्षरको न जानकर हवन करता, यज्ञ करता और अनेकों सहस्र वर्षपर्यन्त तप करता है, उसका वह सब कर्म अन्तवान् ही होता है। जो कोई भी इस अक्षरको बिना जाने इस लोकसे मरकर जाता है, वह कृपण (दीन) है और हे गार्गि! जो इस अक्षरको जानकर इस लोकसे मरकर जाता है, वह ब्राह्मण है।

तद् वा एतदक्षरं गार्ग्यदृष्टं द्रष्टृश्रुतꣳ श्रोत्रमतं मन्त्रविज्ञातं विज्ञातृ नान्यदतोऽस्ति द्रष्टृ नान्यदतोऽस्ति श्रोतृ नान्यदतोऽस्ति मन्तृ नान्यदतोऽस्ति विज्ञात्रेतस्मिन्नु खल्वक्षरे गार्ग्याकाश ओतश्च प्रोतश्चेति॥ ११॥

(बृह० अ० ३ ब्रा० ८)

हे गार्गि! यह अक्षर स्वयं दृष्टिका विषय नहीं, किंतु द्रष्टा है; श्रवणका विषय नहीं, किंतु श्रोता है; मननका विषय नहीं, किंतु मन्ता है; स्वयं अविज्ञात रहकर दूसरोंका विज्ञाता है। इससे भिन्न कोई द्रष्टा नहीं है, इससे भिन्न कोई श्रोता नहीं है, इससे भिन्न कोई मन्ता नहीं है। इससे भिन्न कोई विज्ञाता नहीं है। हे गार्गि! निश्चय इस अक्षरमें ही आकाश ओत-प्रोत है।

स यो मनुष्याणाꣳराद्धः समृद्धो भवत्यन्येषामधिपतिः सर्वैर्मानुष्यकैर्भोगैः सम्पन्नतमः स मनुष्याणां परम आनन्दोऽथ ये शतं मनुष्याणामानन्दाः स एकः पितॄणां जितलोकानामानन्दोऽथ ये शतं पितॄणां जितलोकानामानन्दाः स एको गन्धर्वलोक आनन्दोऽथ ये शतं गन्धर्वलोक आनन्दाः स एकः कर्मदेवानामानन्दो ये कर्मणा देवत्वमभिसम्पद्यन्तेऽथ ये शतं कर्मदेवानामानन्दाः स एक आजानदेवानामानन्दो यश्च श्रोत्रियोऽवृजिनोऽकामहतोऽथ ये शतमाजानदेवानामानन्दाः

स एकः प्रजापतिलोक आनन्दो यश्च श्रोत्रियोऽवृजिनोऽकामहतोऽथ ये शतं प्रजापतिलोक आनन्दाः स एको ब्रह्मलोक आनन्दो यश्च श्रोत्रियोऽवृजिनोऽकामहतोऽथैष एव परम आनन्द एष ब्रह्मलोकः सम्राडिति ॥ ३३ ॥

(बृह० अ० ४ ब्रा० ३)

वह जो मनुष्योंमें सब अङ्गोंसे पूर्ण, समृद्ध, दूसरोंका अधिपति और मनुष्यसम्बन्धी सम्पूर्ण भोग-सामग्रियोंद्वारा सबसे अधिक सम्पन्न होता है, वह मनुष्योंका परम आनन्द है। अब जो मनुष्योंके सौ आनन्द हैं, वह पितृलोकको जीतनेवाले पितृगणका एक आनन्द है। और जो पितृलोकको जीतनेवाले पितरोंके सौ आनन्द हैं, वह गन्धर्वलोकका एक आनन्द है तथा जो गन्धर्वलोकके सौ आनन्द हैं, वह कर्मदेवोंका, जो कि कर्मके द्वारा देवत्वको प्राप्त होते हैं, एक आनन्द है। जो कर्मदेवोंके सौ आनन्द हैं, वह आजान (जन्म-सिद्ध) देवोंका एक आनन्द है और जो निष्पाप, निष्काम श्रोत्रिय है (उसका भी वह आनन्द है)। जो आजानदेवोंके सौ आनन्द हैं, वह प्रजापतिलोकका एक आनन्द है और जो निष्पाप, निष्काम श्रोत्रिय है, उसका भी वह आनन्द है। जो प्रजापतिलोकके सौ आनन्द हैं, वह ब्रह्मलोकका एक आनन्द है और जो निष्पाप, निष्काम श्रोत्रिय है, उसका भी वह आनन्द है—तथा यही परम आनन्द है। हे सम्राट्! यह ब्रह्मलोक है।

योऽकामो निष्काम आप्तकाम आत्मकामो न तस्य प्राणा उत्क्रामन्ति ब्रह्मैव सन् ब्रह्माप्येति ॥ ६ ॥

(बृह० अ० ४ ब्रा० ४)

जो अकाम, निष्काम, आप्तकाम और आत्मकाम होता है, उसके प्राणोंका उत्क्रमण नहीं होता, वह ब्रह्म ही रहकर ब्रह्मको प्राप्त होता है।

एष नित्यो महिमा ब्राह्मणस्य न वर्धते कर्मणा नो कनीयान्। तस्यैव स्यात् पदवित्तं विदित्वा न लिप्यते कर्मणा पापकेनेति। तस्मादेवंविच्छान्तो दान्त उपरतस्तितिक्षुः समाहितो भूतात्मन्येवात्मानं पश्यति सर्वमात्मानं पश्यति नैनं पाप्मा तरति सर्वं पाप्मानं तरति नैनं पाप्मा तपति सर्वं पाप्मानं तपति विपापो विरजोऽविचिकित्सो ब्राह्मणो भवत्येष ब्रह्मलोकः सम्राडेनं प्रापितोऽसीति ॥ २३ ॥

(बृह० अ० ४ ब्रा० ४)

यह ब्रह्मवेत्ताकी नित्य महिमा है, जो कर्मसे न तो बढ़ती है और न घटती ही है। उस महिमाके ही स्वरूपको जाननेवाला होना चाहिये, उसे जानकर पापकर्मसे लिप्त नहीं होता। अतः इस प्रकार जाननेवाला शान्त, दान्त, उपरत, तितिक्षु और समाहित होकर आत्मामें ही आत्माको देखता है, सभीको आत्मा देखता है। उसे (पुण्य-पापरूप) पापकी प्राप्ति नहीं होती, यह सम्पूर्ण पापोंको पार कर जाता है। इसे पाप ताप नहीं पहुँचाता, यह सारे पापोंको संतप्त करता है। यह पापरहित, निष्काम, निःसंशय ब्राह्मण हो जाता है। हे सम्राट्! यह ब्रह्मलोक है, तुम्हें इसकी प्राप्ति करा दी गयी है।

यत्र हि द्वैतमिव भवति तदितर इतरं पश्यति तदितर इतरं जिघ्रति तदितर इतरꣳरसयते तदितर इतरमभिवदति तदितर इतरꣳशृणोति तदितर इतरं मनुते तदितर इतरꣳस्पृशति तदितर इतरं विजानाति यत्र त्वस्य सर्वमात्मैवाभूत् तत् केन कं पश्येत् तत् केन कं जिघ्रेत् तत् केन कꣳरसयेत् तत् केन कमभिवदेत् तत् केन कꣳशृणुयात् तत् केन कं मन्वीत तत् केन कꣳस्पृशेत् तत् केन कं विजानीयाद् येनेदꣳसर्वं विजानाति तं केन विजानीयात् स एष नेति नेत्यात्मागृह्यो न हि गृह्यतेऽशीर्यो न हि शीर्यतेऽसङ्गो न हि सज्यतेऽसितो न व्यथते न रिष्यति विज्ञातारमरे केन विजानीयादित्युक्तानुशासनासि मैत्रेय्येतावदरे खल्वमृतत्वमिति होक्त्वा याज्ञवल्क्यो विजहार ॥ १५ ॥

(बृह० अ० ४ ब्रा० ५)

जहाँ (अविद्यावस्थामें) द्वैत-सा होता है, वही अन्य अन्यको देखता है, अन्य अन्यको सूँघता है, अन्य अन्यका रसास्वादन करता है, अन्य अन्यका अभिवादन करता है, अन्य अन्यको सुनता है, अन्य अन्यसे बोलता है, अन्य अन्यका स्पर्श करता है और अन्य अन्यको विशेष रूपसे जानता है। किंतु जहाँ इसके लिये सब आत्मा ही हो गया है, वहाँ किसके द्वारा किसे देखे, किसके द्वारा किसे सूँघे, किसके द्वारा किसका रसास्वादन करे, किसके द्वारा किससे बोले, किसके द्वारा किसे सुने, किसके द्वारा किसका मनन करे, किसके द्वारा किसका स्पर्श करे और किसके द्वारा किसे जाने? जिसके द्वारा पुरुष इस सबको जानता है, उसे किस साधनसे जाने? वह यह 'नेति-नेति' इस प्रकार निर्देश किया गया आत्मा अगृह्य है—उसका ग्रहण नहीं किया जाता, अशीर्य है—उसका विनाश नही होता, असङ्ग है—आसक्त नहीं होता, अबद्ध है—वह व्यथित और क्षीण नहीं होता। हे मैत्रेयि! विज्ञाताको किसके द्वारा जाने? इस प्रकार तुझे उपदेश कर दिया गया। अरी मैत्रेयि! निश्चय जान, इतना ही अमृतत्व है। यों कहकर याज्ञवल्क्यजी परिव्राजक (संन्यासी) हो गये।

तैत्तिरीयोपनिषद्के आचार्य

उपदेश

वेदमनूच्याचार्योऽन्तेवासिनमनुशास्ति । सत्यं वद । धर्मं चर । स्वाध्यायान्मा प्रमदः । आचार्याय प्रियं धनमाहृत्य प्रजातन्तुं मा व्यवच्छेत्सीः । सत्यान्न प्रमदितव्यम् । धर्मान्न प्रमदितव्यम् । कुशलान्न प्रमदितव्यम् । भूत्यै न प्रमदितव्यम् । स्वाध्यायप्रवचनाभ्यां न प्रमदितव्यम् । देवपितृकार्याभ्यां न प्रमदितव्यम् । (तैत्तिरीय० १ । ११ । १)

वेदका भलीभाँति अध्ययन कराकर आचार्य अपने आश्रममें रहनेवाले ब्रह्मचारी विद्यार्थीको शिक्षा देते हैं—तुम सत्य बोलो । धर्मका आचरण करो । स्वाध्यायसे कभी न चूको । आचार्यके लिये दक्षिणाके रूपमें वाञ्छित धन लाकर दो, फिर उनकी आज्ञासे गृहस्थ-आश्रममें प्रवेश करके संतान-परम्पराको चालू रक्खो, उसका उच्छेद न करना । तुमको सत्यसे कभी नहीं डिगना चाहिये । धर्मसे नहीं डिगना चाहिये । शुभ कर्मोंसे कभी नहीं चूकना चाहिये । उन्नतिके साधनोंसे कभी नहीं चूकना चाहिये । वेदोंके पढ़ने और पढ़ानेमें कभी भूल नहीं करनी चाहिये । देवकार्यसे और पितृकार्यसे कभी नहीं चूकना चाहिये ।

मातृदेवो भव । पितृदेवो भव । आचार्यदेवो भव । अतिथिदेवो भव । यान्यनवद्यानि कर्माणि । तानि सेवितव्यानि । नो इतराणि । यान्यस्माकꣳ सुचरितानि । तानि त्वयोपास्यानि नो इतराणि । ये के चास्मच्छ्रेयाꣳसो ब्राह्मणाः तेषां त्वयाऽऽसनेन प्रश्वसितव्यम् । श्रद्धया देयम् । अश्रद्धयादेयम् । श्रिया देयम् । ह्रिया देयम् । भिया देयम् । संविदा देयम् । (तैत्तिरीय० १ । ११ । २)

तुम मातामें देवबुद्धि करनेवाले बनो । पिताको देवरूप समझनेवाले होओ । आचार्यको देवरूप समझनेवाले बनो । अतिथिको देवतुल्य समझनेवाले होओ । जो-जो निर्दोष कर्म हैं, उन्हींका तुम्हे सेवन करना चाहिये । दूसरे दोषयुक्त कर्मोंका कभी आचरण नहीं करना चाहिये । हमारे आचरणोंमेंसे भी जो-जो अच्छे आचरण हैं, उनका ही तुमको सेवन करना चाहिये । दूसरेका कभी नहीं । जो कोई भी हमसे श्रेष्ठ गुरुजन एवं ब्राह्मण आयें, उनको तुम्हे आसन-दान आदिके द्वारा सेवा करके विश्राम देना चाहिये । श्रेद्धापूर्वक दान देना चाहिये । बिना श्रद्धाके नहीं देना चाहिये । आर्थिक स्थितिके अनुसार देना चाहिये । लज्जासे देना चाहिये । भयसे भी देना चाहिये और जो कुछ भी दिया जाय, वह सब विवेकपूर्वक देना चाहिये ।

सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म । यो वेद निहितं गुहायां परमे व्योमन् । सोऽश्नुते सर्वान् कामान् सह ब्रह्मणा विपश्चितेति । (तैत्तिरीय० २ । १ । २)

ब्रह्म सत्य, ज्ञानस्वरूप और अनन्त है । जो मनुष्य परम विशुद्ध आकाशमें रहते हुए भी प्राणियोंके हृदयरूप गुफामें छिपे हुए उस ब्रह्मको जानता है, वह उस विज्ञानस्वरूप ब्रह्मके साथ समस्त भोगोंका अनुभव करता है । इस प्रकार यह ऋचा है।

यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह । आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान् न बिभेति कुतश्चनेति । (तैत्तिरीय० २ । ९ । १)

मनके सहित वाणी आदि समस्त इन्द्रियाँ जहाँसे उसे न पाकर लौट आती हैं, उस ब्रह्मके आनन्दको जाननेवाला महापुरुष किसीसे भी भय नहीं करता ।



ऋषिकुमार नचिकेता

न वित्तेन तर्पणीयो मनुष्यो
लप्स्यामहे वित्तमद्राक्ष्म चेत्त्वा ।
जीविष्यामो यावदीशिष्यसि त्वं
वरस्तु मे वरणीयः स एव ॥
(कठ० १ । १ । २७)

मनुष्य धनसे कभी भी तृप्त नहीं किया जा सकता । जब कि हमने आपके दर्शन पा लिये हैं, तब धन तो हम पा ही लेंगे और आप जबतक शासन करते रहेंगे, तबतक तो हम जीते ही रहेंगे । इन सबको भी क्या माँगना है, अतः मेरे माँगने लायक वर तो वह आत्मज्ञान ही है ।

अजीर्यताममृतानामुपेत्य
जीर्यन् मर्त्यः क्वधःस्थः प्रजानन् ।
अभिध्यायन् वर्णरतिप्रमोदा-
नतिदीर्घे जीविते को रमेत ॥
(कठ० १ । १ । २८)

यह मनुष्य जीर्ण होनेवाला है और मरणधर्मा है—इस तत्त्वको भलीभाँति समझनेवाला मनुष्यलोकका निवासी कौन ऐसा मनुष्य है जो कि बुढ़ापेसे रहित, न मरनेवाले आप-सदृश महात्माओंका सङ्ग पाकर भी स्त्रियोंके सौन्दर्य, क्रीडा और आमोद-प्रमोदका बार-बार चिन्तन करता हुआ बहुत काल-तक जीवित रहनेमें प्रेम करेगा ।

श्रीयमराज



आत्मज्ञान

श्रेयश्च प्रेयश्च मनुष्यमेत-
स्तौ सम्परीत्य विविनक्ति धीरः।
श्रेयो हि धीरोऽभि प्रेयसो वृणीते
प्रेयो मन्दो योगक्षेमाद्वृणीते ॥
(कठ० १ । २ । २)

श्रेय और प्रेय—ये दोनों ही मनुष्यके सामने आते हैं। बुद्धिमान् मनुष्य उन दोनोंके स्वरूपपर भलीभाँति विचार करके उनको पृथक्-पृथक् समझ लेता है और वह श्रेष्ठबुद्धि मनुष्य परम कल्याणके साधनको ही भोग-साधनकी अपेक्षा श्रेष्ठ समझकर ग्रहण करता है। परंतु मन्दबुद्धिवाला मनुष्य लौकिक योगक्षेमकी इच्छासे भोगोंके साधनरूप प्रेयको अपनाता है।

स त्वं प्रियान् प्रियरूपाँश्च कामा-
नभिध्यायन्नचिकेतोऽत्यस्राक्षीः ।
नैताँसृङ्कां वित्तमयीमवाप्तो
यस्यां मज्जन्ति बहवो मनुष्याः ॥
(कठ० १ । २ । ३)

हे नचिकेता! उन्हीं मनुष्योंमें तुम ऐसे निःस्पृह हो कि प्रिय लगनेवाले और अत्यन्त सुन्दर रूपवाले इस लोक और परलोकके समस्त भोगोंको भलीभाँति सोच-समझकर तुमने छोड़ दिया। इस सम्पत्तिरूप शृङ्खलाको तुम नहीं प्राप्त हुए—इसके बन्धनमें नहीं फँसे, जिसमें बहुत-से मनुष्य फँस जाते हैं।

अविद्यायामन्तरे वर्तमानाः
स्वयं धीराः पण्डितं मन्यमानाः।
दन्द्रम्यमाणाः परियन्ति मूढा
अन्धेनैव नीयमाना यथान्धाः ॥
(कठ० १ । २ । ५)

अविद्याके भीतर रहते हुए भी अपने आपको बुद्धिमान् और विद्वान् माननेवाले, भोगकी इच्छा करनेवाले वे मूर्खलोग नाना योनियोंमें चारों ओर भटकते हुए ठीक वैसे ही ठोकरें खाते रहते हैं, जैसे अन्धे मनुष्यके द्वारा चलाये जानेवाले अन्धे अपने लक्ष्यतक न पहुँचकर इधर-उधर भटकते और कष्ट भोगते हैं।

न जायते म्रियते वा विपश्चि-
न्नायं कुतश्चिन्न बभूव कश्चित्।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो
न हन्यते हन्यमाने शरीरे ॥
(कठ० १ । २ । १८)

नित्य ज्ञानस्वरूप आत्मा न तो जन्मता है और न मरता ही है। यह न तो स्वयं किसीसे हुआ है न इससे कोई भी हुआ है—अर्थात् यह न तो किसीका कार्य है और न कारण ही है। यह अजन्मा, नित्य, सदा एकरस रहनेवाला और पुरातन है अर्थात् क्षय और वृद्धिसे रहित है। शरीरके नाश किये जानेपर भी इसका नाश नहीं किया जा सकता।

नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो
न मेधया न बहुना श्रुतेन।
यमेवैष वृणुते तेन लभ्य-
स्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूँस्वाम् ॥
(कठ० १ । २ । २३)

यह परब्रह्म परमात्मा न तो प्रवचनसे, न बुद्धिसे और न बहुत सुननेसे ही प्राप्त हो सकता है। जिसको यह स्वीकार कर लेता है, उसके द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है। क्योंकि यह परमात्मा उसके लिये अपने यथार्थ स्वरूपको प्रकट कर देता है।

नाविरतो दुश्चरितान्नाशान्तो नासमाहितः।
नाशान्तमानसो वापि प्रज्ञानेनैनमाप्नुयात् ॥
(कठ० १ । २ । २४)

सूक्ष्म बुद्धिके द्वारा भी इस परमात्माको न तो वह मनुष्य प्राप्त कर सकता है, जो बुरे आचरणोंसे निवृत्त नहीं हुआ है; न वह प्राप्त कर सकता है, जो अशान्त है; न वह कि जिसके मन, इन्द्रियाँ संयत नहीं हैं और न वही प्राप्त करता है, जिसका मन शान्त नहीं है।

आत्मानँ रथिनं विद्धि शरीरँ रथमेव तु।
बुद्धिं तु सारथिं विद्धि मनः प्रग्रहमेव च ॥
(कठ० १ । ३ । ३)

हे नचिकेता! तुम जीवात्माको तो रथका स्वामी—

उसमें बैठकर चलनेवाला समझो और शरीरको ही रथ समझो तथा बुद्धिको सारथि--रथको चलानेवाला समझो और मनको ही लगाम समझो।

इन्द्रियाणि हयानाहुर्विषयाँस्तेषु गोचरान्।
आत्मेन्द्रियमनोयुक्तं भोक्तेत्याहुर्मनीषिणः॥
(कठ० १।३।४)

ज्ञानीजन इस रूपकमें इन्द्रियोंको घोड़े बतलाते हैं और विषयोंको उन घोड़ोंके विचरनेका मार्ग बतलाते हैं तथा शरीर, इन्द्रिय और मन--इन सबके साथ रहनेवाला जीवात्मा ही भोक्ता है--यों कहते हैं।

यस्त्वविज्ञानवान् भवत्ययुक्तेन मनसा सदा।
तस्येन्द्रियाण्यवश्यानि दुष्टाश्वा इव सारथेः॥
(कठ० १।३।५)

जो सदा विवेकहीन बुद्धिवाला और अवशीभूत--चञ्चल-मनसे युक्त रहता है, उसकी इन्द्रियाँ असावधान सारथिके दुष्ट घोड़ोंकी भाँति स्वतन्त्र हो जाती हैं।

यस्तु विज्ञानवान् भवति युक्तेन मनसा सदा।
तस्येन्द्रियाणि वश्यानि सदश्वा इव सारथेः॥
(कठ० १।३।६)

परंतु जो सदा विवेकयुक्त बुद्धिवाला और वशमें किये हुए मनसे सम्पन्न रहता है, उसकी इन्द्रियाँ सावधान सारथिके अच्छे घोड़ोंकी भाँति वशमें रहती हैं।

यस्त्वविज्ञानवान् भवत्यमनस्कः सदाशुचिः।
न स तत्पदमाप्नोति संसारं चाधिगच्छति॥
(कठ० १।३।७)

जो कोई सदा विवेकहीन बुद्धिवाला, असंयतचित्त और अपवित्र रहता है, वह उस परमपदको नहीं पा सकता, अपितु बार-बार जन्म-मृत्युरूप संसार-चक्रमें ही भटकता रहता है।

यस्तु विज्ञानवान् भवति समनस्कः सदा शुचिः।
स तु तत्पदमाप्नोति यस्माद् भूयो न जायते॥
(कठ० १।३।८)

परंतु जो सदा विवेकशील बुद्धिसे युक्त, संयतचित्त और पवित्र रहता है, वह तो उस परमपदको प्राप्त कर लेता है, जहाँसे लौटकर पुनः जन्म नहीं लेता।

विज्ञानसारथिर्यस्तु मनःप्रग्रहवान् नरः।
सोऽध्वनः पारमाप्नोति तद् विष्णोः परमं पदम्॥
(कठ० १।३।९)

जो कोई मनुष्य विवेकशील बुद्धिरूप सारथिसे सम्पन्न और मनरूप लगामको वशमें रखनेवाला है, वह संसारमार्गके पार पहुँचकर परब्रह्म पुरुषोत्तम भगवान्‌के उस सुप्रसिद्ध परमपदको प्राप्त हो जाता है।

एष सर्वेषु भूतेषु गूढोऽत्मा न प्रकाशते।
दृश्यते त्वग्र्यया बुद्ध्या सूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभिः॥
(कठ० १।३।१२)

यह सबका आत्मरूप परमपुरुष समस्त प्राणियोंमें रहता हुआ भी मायाके परदेमें छिपा रहनेके कारण सबके प्रत्यक्ष नहीं होता। केवल सूक्ष्म तत्त्वोंको समझनेवाले पुरुषोंद्वारा ही अति सूक्ष्म तीक्ष्ण बुद्धिसे देखा जाता ह।

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।
क्षुरस्य धारा निशिता दुरत्यया
दुर्गं पथस्तत्कवयो वदन्ति॥
(कठ० १।३।१४)

हे मनुष्यो! उठो, जागो, सावधान हो जाओ और श्रेष्ठ महापुरुषोंको पाकर उनके पास जाकर उनके द्वारा उस परब्रह्म परमेश्वरको जान लो; क्योंकि त्रिकालज्ञ ज्ञानीजन उस तत्त्वज्ञानके मार्गको छूरेकी तीक्ष्ण की हुई दुस्तर धारके सदृश दुर्गम--अत्यन्त कठिन बतलाते हैं।

अग्निर्यथैको भुवनं प्रविष्टो
रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव।
एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा
रूपं रूपं प्रतिरूपो बहिश्च॥
(कठ० २।२।९)

जिस प्रकार समस्त ब्रह्माण्डमें प्रविष्ट एक ही अग्नि नाना रूपोंमें उनके समान रूपवाला ही हो रहा है, वैसे ही समस्त प्राणियोंका अन्तरात्मा परब्रह्म एक होते हुए भी नाना रूपोंमें उन्हींके-जैसे रूपवाला हो रहा है और उनके बाहर भी है।

वायुर्यथैको भुवनं प्रविष्टो
रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव।
एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा
रूपं रूपं प्रतिरूपो बहिश्च॥
(कठ० २।२।१०)

जिस प्रकार समस्त ब्रह्माण्डमें प्रविष्ट एक ही वायु नाना रूपोंमें उनके समान रूपवाला ही हो रहा है, वैसे ही सब

प्राणियोंका अन्तरात्मा परब्रह्म एक होते हुए भी नाना रूपोंमें उन्हींके-जैसे रूपवाला हो रहा है और उनके बाहर भी है।

सूर्यो यथा सर्वलोकस्य चक्षु-
र्न लिप्यते चाक्षुषैर्बाह्यदोषैः।
एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा
न लिप्यते लोकदुःखेन बाह्यः॥
(कठ० २। २। ११)

जिस प्रकार समस्त ब्रह्माण्डका प्रकाशक सूर्य देवता लोगोंकी आँखोंसे होनेवाले बाहरके दोषोंसे लिप्त नहीं होता, उसी प्रकार सब प्राणियोंका अन्तरात्मा एक परब्रह्म परमात्मा लोगोंके दुःखोंसे लिप्त नहीं होता। क्योंकि सबमें रहता हुआ भी वह सबसे अलग है।

एको वशी सर्वभूतान्तरात्मा
एकं रूपं बहुधा यः करोति।
तमात्मस्थं येऽनुपश्यन्ति धीरा-
स्तेषां सुखं शाश्वतं नेतरेषाम्॥
(कठ० २। २। १२)

जो सब प्राणियोंका अन्तर्यामी, अद्वितीय एवं सबको वशमें रखनेवाला परमात्मा अपने एक ही रूपको बहुत प्रकारसे बना लेता है, उस अपने अंदर रहनेवाले परमात्माको जो ज्ञानी पुरुष निरन्तर देखते रहते हैं, उन्हींको सदा अटल रहनेवाला परमानन्दस्वरूप वास्तविक सुख मिलता है। दूसरोंको नहीं।

नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनाना-
मेको बहूनां यो विदधाति कामान्।
तमात्मस्थं येऽनुपश्यन्ति धीरा-
स्तेषां शान्तिः शाश्वती नेतरेषाम्॥
(कठ० २। २। १३)

जो नित्योंका भी नित्य है, चेतनोंका भी चेतन है और अकेला ही इन अनेक जीवोंकी कामनाओंका विधान करता है, उस अपने अंदर रहनेवाले पुरुषोत्तमको जो ज्ञानी निरन्तर देखते रहते हैं, उन्हींको सदा अटल रहनेवाली शान्ति प्राप्त होती है, दूसरोंको नहीं।

यदा सर्वे प्रमुच्यन्ते कामा येऽस्य हृदि श्रिताः।
अथ मर्त्योऽमृतो भवत्यत्र ब्रह्म समश्नुते॥
(कठ० २। ३। १४)

इस साधकके हृदयमें स्थित जो कामनाएँ हैं, वे सब-की-सब जब समूल नष्ट हो जाती हैं, तब मरणधर्मा मनुष्य अमर हो जाता है और वह यहीं ब्रह्मका भलीभाँति अनुभव कर लेता है।

स्वर्गमें कौन जाते हैं?

येऽर्चयन्ति हरिं देवं विष्णुं जिष्णुं सनातनम्।
नारायणमजं देवं विष्णुरूपं चतुर्भुजम्॥
ध्यायन्ति पुरुषं दिव्यमच्युतं ये स्मरन्ति च।
लभन्ते ते हरिस्थानं श्रुतिरेषा सनातनी॥
इदमेव हि माङ्गल्यमिदमेव धनार्जनम्।
जीवितस्य फलं चैतद् यदामोदरकीर्तनम्॥
कीर्तनाद् देवदेवस्य विष्णोरमिततेजसः।
दुरितानि विलीयन्ते तमांसीव दिनोदये॥
गाथां गायन्ति ये नित्यं वैष्णवीं श्रद्धयान्विताः।
स्वाध्यायनिरता नित्यं ते नराः स्वर्गगामिनः॥
वासुदेवजपासक्तानपि पापकृतो जनान्।
नोपसर्पन्ति तान् विप्र यमदूताः सुदारुणाः॥
नान्यत् पश्यामि जन्तूनां विहाय हरिकीर्तनम्।
सर्वपापप्रशमनं प्रायश्चित्तं द्विजोत्तम॥
ये याचिताः प्रहृष्यन्ति प्रियं दत्त्वा वदन्ति च।
त्यक्तदानफला ये तु ते नराः स्वर्गगामिनः॥
वर्जयन्ति दिवास्वापं नराः सर्वसहाश्च ये।
पर्वण्याश्रयभूता ये ते मर्त्याः स्वर्गगामिनः॥
द्विषतामपि ये द्वेषान्न वदन्त्यहितं कदा।
कीर्तयन्ति गुणांश्चैव ते नराः स्वर्गगामिनः॥
ये शान्ताः परदारेषु कर्मणा मनसा गिरा।
रमयन्ति न सत्यस्थास्ते नराः स्वर्गगामिनः॥
यस्मिन् कस्मिन् कुले जाता दयावन्तो यशस्विनः।
सानुक्रोशाः सदाचारास्ते नराः स्वर्गगामिनः॥
व्रतं रक्षन्ति ये कोपाच्छ्रियं रक्षन्ति मत्सरात्।
विद्यां मानापमानाभ्यां ह्यात्मानं तु प्रमादतः॥
मतिं रक्षन्ति ये लोभान्मनो रक्षन्ति कामतः।
धर्मं रक्षन्ति दुःसङ्गात्ते नराः स्वर्गगामिनः॥
(पद्मपु० पाताल० ९२। १०–२३)

जो सब पापोंको हरनेवाले, दिव्यस्वरूप, व्यापक, विजयी, सनातन, अजन्मा, चतुर्भुज, अच्युत, विष्णुरूप, दिव्य पुरुष श्रीनारायणदेवका पूजन, ध्यान और स्मरण करते हैं, वे श्रीहरिके परम धामको प्राप्त होते हैं—यह सनातन श्रुति है।

भगवान् दामोदरके गुणोंका कीर्तन ही मङ्गलमय है, वही धनका उपार्जन है तथा वही इस जीवनका फल है। अमित तेजस्वी देवाधिदेव श्रीविष्णुके कीर्तनसे सब पाप उसी प्रकार नष्ट हो जाते हैं, जैसे दिन निकलनेपर अन्धकार। जो प्रतिदिन श्रद्धा-पूर्वक भगवान् श्रीविष्णुकी यशोगाथाका गान करते और सदा स्वाध्यायमें लगे रहते हैं, वे मनुष्य स्वर्गगामी होते हैं। विप्रवर! भगवान् वासुदेवके नामजपमें लगे हुए मनुष्य पहले-के पापी रहे हों, तो भी भयानक यमदूत उनके पास नहीं फटकने पाते। द्विजश्रेष्ठ! हरिकीर्तनको छोड़कर दूसरा कोई ऐसा साधन मैं नहीं देखता, जो जीवोंके सम्पूर्ण पापोंका नाश करनेवाला प्रायश्चित्त हो।

जो माँगनेपर प्रसन्न होते हैं, देकर प्रिय वचन बोलते हैं तथा जिन्होंने दानके फलका परित्याग कर दिया है, वे मनुष्य स्वर्गमें जाते हैं। जो दिनमें सोना छोड़ देते हैं, सब कुछ सहन करते हैं, पर्वके अवसरपर लोगोंको आश्रय देते हैं, वे मनुष्य स्वर्गमें जाते हैं। जो अपनेसे द्वेष रखनेवालोंके प्रति भी कभी द्वेषवश अहितकारक वचन मुँहसे नहीं निकालते अपितु सबके गुणोंका ही बखान करते हैं, वे मनुष्य स्वर्गमें जाते हैं। जो परायी स्त्रियोंकी ओरसे उदासीन होते हैं और सत्त्वगुणमें स्थित होकर मन, वाणी अथवा क्रियाद्वारा कभी उनमें रमण नहीं करते, वे मनुष्य स्वर्गगामी होते हैं।

जिस किसी कुलमें उत्पन्न होकर भी जो दयालु, यशस्वी, कृपापूर्वक उपकार करनेवाले और सदाचारी होते हैं, वे मनुष्य स्वर्गमें जाते हैं। जो व्रतको क्रोधसे, लक्ष्मीको डाहसे, विद्याको मान और अपमानसे, आत्माको प्रमादसे, बुद्धिको लोभसे, मनको कामसे तथा धर्मको कुसङ्गसे बचाये रखते हैं, वे मनुष्य स्वर्गगामी होते हैं।

दानं दरिद्रस्य विभोः क्षमित्वं
यूनां तपो ज्ञानवतां च मौनम्।
इच्छानिवृत्तिश्च सुखोचितानां
दया च भूतेषु दिवं नयन्ति॥
(पद्मपु० पाताल० ९२। ५८)

दरिद्रका दान, सामर्थ्यशालीकी क्षमा, नौजवानोंकी तपस्या, ज्ञानियोंका मौन, सुख भोगनेके योग्य पुरुषोंकी सुखेच्छा-निवृत्ति तथा सम्पूर्ण प्राणियोंपर दया—ये सद्गुण स्वर्गमें ले जाते हैं।

भगवन्नामका महत्त्व

गोविन्द माधव मुकुन्द हरे मुरारे
शम्भो शिवेश शशिशेखर शूलपाणे।
दामोदराच्युत जनार्दन वासुदेव
त्याज्या भटा य इति सन्ततमामनन्ति॥
गङ्गाधरान्धकरिपो हर नीलकण्ठ
वैकुण्ठ कैटभरिपो कमठाब्जपाणे।
भूतेश खण्डपरशो मृड चण्डिकेश
त्याज्या भटा य इति सन्ततमामनन्ति॥
विष्णो नृसिंह मधुसूदन चक्रपाणे
गौरीपते गिरिश शंकर चन्द्रचूड।
नारायणासुरनिबर्हण शार्ङ्गपाणे
त्याज्या भटा य इति सन्ततमामनन्ति॥
(स्क० पु० का० पू० ८। ९९-१०१)

मेरे सेवको! जो मनुष्य गोविन्द, माधव, मुकुन्द, हरे, मुरारे, शम्भो, शिव, ईश, चन्द्रशेखर, शूलपाणि, दामोदर, अच्युत, जनार्दन और वासुदेव इत्यादि नामोंका सदा उच्चारण करते रहते हैं, उनको दूरसे ही त्याग देना। दूतो! जो लोग सदा गङ्गाधर, अन्धकरिपु, हर, नीलकण्ठ, वैकुण्ठ, कैटभरिपु, कमठ, पद्मपाणि, भूतेश, खण्डपरशु, मृड, चण्डिकेश आदि नामोंका जप करते हैं, वे तुम्हारे लिये सर्वथा त्याज्य हैं। मेरे दूतो! विष्णु, नृसिंह, मधुसूदन, चक्रपाणि, गौरीपति, गिरिश, शङ्कर, चन्द्रचूड, नारायण, असुरविनाशन, शार्ङ्ग-पाणि इत्यादि नामोंका सदा जो लोग कीर्तन करते रहते हैं, उन्हें भी दूरसे ही त्याग देना उचित है।

स्वयम्भूर्नारदः शम्भुः कुमारः कपिलो मनुः।
प्रह्लादो जनको भीष्मो बलिर्वैयासकिर्वयम्॥
द्वादशैते विजानीमो धर्मं भागवतं भटाः।
गुह्यं विशुद्धं दुर्बोधं यं ज्ञात्वामृतमश्नुते॥
(श्रीमद्भा० ६। ३। २०-२१)

भगवान्‌के द्वारा निर्मित भागवतधर्म परम शुद्ध और अत्यन्त गोपनीय है। उसे जानना बहुत ही कठिन है। जो उसे जान लेता है, वह भगवत्स्वरूपको प्राप्त हो जाता है। दूतो! भागवतधर्मका रहस्य हम बारह व्यक्ति ही जानते हैं—ब्रह्माजी, देवर्षि नारद, भगवान् शङ्कर, सनत्कुमार, कपिलदेव, स्वायम्भुव मनु, प्रह्लाद, जनक, भीष्मपितामह, बलि, शुकदेवजी और मैं।

ते देवसिद्धपरिगीतपवित्रगाथा
ये साधवः समदृशो भगवत्प्रपन्नाः ।
तान् नोपसीदत हरेर्गदयाभिगुप्तान्
नैषां वयं न च वयः प्रभवाम दण्डे ॥
(श्रीमद्भा० ६ । ३ । २७)

जो समदर्शी साधु भगवान्‌को ही अपना साध्य और साधन दोनों समझकर उनपर निर्भर हैं, बड़े-बड़े देवता और सिद्ध उनके पवित्र चरित्रोंका प्रेमसे गान करते रहते हैं । मेरे दूतो ! भगवान्‌की गदा उनकी सदा रक्षा करती रहती है । उनके पास तुमलोग कभी भूलकर भी मत फटकना । उन्हें दण्ड देनेकी सामर्थ्य न हममें है और न साक्षात् कालमें ही ।

जिह्वा न वक्ति भगवद्गुणनामधेयं
चेतश्च न स्मरति तच्चरणारविन्दम् ।
कृष्णाय नो नमति यच्छिर एकदापि
तानानयध्वमसतोऽकृतविष्णुकृत्यान् ॥
(श्रीमद्भा० ६ । ३ । २९)

जिनकी जीभ भगवान्‌के गुणों और नामोंका उच्चारण नहीं करती, जिनका चित्त उनके चरणारविन्दोंका चिन्तन नहीं करता और जिनका सिर एक बार भी भगवान् श्रीकृष्णके चरणोंमें नहीं झुकता, उन भगवत्सेवा-विमुख पापियोंको ही मेरे पास लाया करो ।

महर्षि अङ्गिरा



परब्रह्म परमात्मा और उनकी प्राप्तिके साधन

अविद्यायां बहुधा वर्तमाना
वयं कृतार्था इत्यभिमन्यन्ति बालाः ।
यत्कर्मिणो न प्रवेदयन्ति रागात्
तेनातुराः क्षीणलोकाश्च्यवन्ते ॥
(मुण्डक० १ । २ । ९)

वे मूर्ख लोग उपासनारहित सकाम कर्मोंमें बहुत प्रकारसे बर्तते हुए हम कृतार्थ हो गये ऐसा अभिमान कर लेते हैं । क्योंकि वे सकाम कर्म करनेवाले लोग विषयोंकी आसक्तिके कारण कल्याणके मार्गको नहीं जान पाते, इस कारण बारंबार दुःखसे आतुर हो पुण्योपार्जित लोकोंसे हटाये जाकर नीचे गिर जाते हैं ।

तपःश्रद्धे ये ह्युपवसन्त्यरण्ये
शान्ता विद्वांसो भैक्ष्यचर्यां चरन्तः ।
सूर्यद्वारेण ते विरजाः प्रयान्ति
यत्रामृतः स पुरुषो ह्यव्ययात्मा ॥
(मुण्डक० १ । २ । ११)

किंतु जो वनमें रहनेवाले, शान्त स्वभाववाले तथा भिक्षाके लिये विचरनेवाले विद्वान् संयमरूप तप तथा श्रद्धाका सेवन करते हैं, वे रजोगुणरहित सूर्यके मार्गसे वहाँ चले जाते हैं, जहाँपर वह जन्म-मृत्युसे रहित नित्य, अविनाशी परम पुरुष रहता है ।

सत्यमेव जयति नानृतं
सत्येन पन्था विततो देवयानः ।
येनाक्रमन्त्यृषयो ह्याप्तकामा
यत्र तत्सत्यस्य परमं निधानम् ॥
(मुण्डक० ३ । १ । ६)

सत्य ही विजयी होता है, झूठ नहीं; क्योंकि वह देवयान नामक मार्ग सत्यसे परिपूर्ण है, जिससे पूर्णकाम ऋषिलोग वहाँ गमन करते हैं, जहाँ वह सत्यस्वरूप परब्रह्म परमात्माका उत्कृष्ट धाम है ।

न चक्षुषा गृह्यते नापि वाचा
नान्यैर्देवैस्तपसा कर्मणा वा ।
ज्ञानप्रसादेन विशुद्धसत्व-
स्ततस्तु तं पश्यते निष्कलं ध्यायमानः ॥
(मुण्डक० ३ । १ । ८)

वह परमात्मा न तो नेत्रोंसे, न वाणीसे और न दूसरी इन्द्रियोंसे ही ग्रहण करनेमें आता है । तथा तपसे अथवा कर्मोंसे भी वह ग्रहण नहीं किया जा सकता । उस अवयवरहित परमात्माको तो विशुद्ध अन्तःकरणवाला साधक उस विशुद्ध अन्तःकरणसे निरन्तर उसका ध्यान करता हुआ ही ज्ञानकी निर्मलतासे देख पाता है ।

नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो
न मेधया न बहुना श्रुतेन ।
यमेवैष वृणुते तेन लभ्य-
स्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनुं स्वाम् ॥
(मुण्डक० ३ । २ । ३)

यह परब्रह्म परमात्मा न तो प्रवचनसे, न बुद्धिसे और न बहुत सुननेसे ही प्राप्त हो सकता है । यह जिसको स्वीकार

कर लेता है, उसके द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है। क्योंकि यह परमात्मा उसके लिये अपने यथार्थ स्वरूपको प्रकट कर देता है।

नायमात्मा बलहीनेन लभ्यो
न च प्रमादात्तपसो वाप्यलिङ्गात्।
एतैरुपायैर्यतते यस्तु विद्वां-
स्तस्यैष आत्मा विशते ब्रह्मधाम॥
(मुण्डक० ३। २। ४)

यह परमात्मा बलहीन मनुष्यद्वारा नहीं प्राप्त किया जा सकता तथा प्रमादसे अथवा लक्षणरहित तपसे भी नहीं प्राप्त किया जा सकता। किंतु जो बुद्धिमान् साधक इन उपायोंके द्वारा प्रयत्न करता है, उसका यह आत्मा ब्रह्मधाममें प्रविष्ट हो जाता है।

अविद्यायामन्तरे वर्तमानाः
स्वयं धीराः पण्डितं मन्यमानाः।
जङ्घन्यमानाः परियन्ति मूढा
अन्धेनैव नीयमाना यथान्धाः॥
(मुण्डक० १। २। ८)

अविद्याके भीतर स्थित होकर भी अपने-आप बुद्धिमान् बननेवाले तथा अपनेको विद्वान् माननेवाले वे मूर्खलोग बार-बार आघात (कष्ट) सहन करते हुए (ठीक वैसे ही) भटकते रहते हैं जैसे अन्धेके द्वारा चलाये जानेवाले अंधे (अपने लक्ष्यतक न पहुँचकर बीचमें ही इधर-उधर भटकते और कष्ट भोगते रहते हैं।)

धनुर्गृहीत्वौपनिषदं महास्त्रं
शरं ह्युपासानिशितं सन्धयीत।
आयम्य तद्भावगतेन चेतसा
लक्ष्यं तदेवाक्षरं सोम्य विद्धि॥
(मुण्डक० २। २। ३)

उपनिषद्में वर्णित प्रणव-स्वरूप महान् अस्त्र धनुषको लेकर (उसपर) निश्चय ही उपासनाद्वारा तीक्ष्ण किया हुआ बाण चढ़ाये। (फिर) भावपूर्ण चित्तके द्वारा उस बाणको खींचकर हे प्रिय! उस परम अक्षर पुरुषोत्तमको ही लक्ष्य मानकर बेधे।

प्रणवो धनुः शरो ह्यात्मा ब्रह्म तल्लक्ष्यमुच्यते।
अप्रमत्तेन वेद्धव्यं शरवत्तन्मयो भवेत्॥
(मुण्डक० २। २। ४)

(यहाँ) ओंकार ही धनुष है, आत्मा ही बाण है, (और) परब्रह्म परमेश्वर ही उसका लक्ष्य कहा जाता है। (वह) प्रमादरहित मनुष्यद्वारा ही बींधा जाने योग्य है। (अतः) उसे बेधकर बाणकी भाँति (उस लक्ष्यमें) तन्मय हो जाना चाहिये।

भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परावरे॥
(मुण्डक० २। २। ८)

कार्य-कारणस्वरूप उस परात्पर पुरुषोत्तमको तत्त्वसे जान लेनेपर इस (जीवात्मा)के हृदयकी गाँठ खुल जाती है, सम्पूर्ण संशय कट जाते हैं और समस्त शुभाशुभ कर्म नष्ट हो जाते हैं।

न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं
नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः।
तमेव भान्तमनुभाति सर्वं
तस्य भासा सर्वमिदं विभाति॥
(मुण्डक० २। २। १०)

वहाँ न (तो) सूर्य प्रकाशित होता है न चन्द्रमा और तारागण ही (तथा) न ये बिजलियाँ ही (वहाँ) कौंधती हैं; फिर इस अग्निके लिये तो कहना ही क्या है। (क्योंकि) उसके प्रकाशित होनेपर ही (उसीके प्रकाशसे) सब प्रकाशित होते हैं, उसीके प्रकाशसे यह सम्पूर्ण जगत् प्रकाशित होता है।

ब्रह्मैवेदममृतं पुरस्ता-
द्ब्रह्म पश्माद्ब्रह्म दक्षिणतश्चोत्तरेण।
अधश्चोर्ध्वं च प्रसृतं ब्रह्मैवेदं
विश्वमिदं वरिष्ठम्॥
(मुण्डक० २। २। ११)

यह अमृतस्वरूप परब्रह्म ही सामने है। ब्रह्म ही पीछे है, ब्रह्म ही दायीं ओर तथा बायीं ओर, नीचेकी ओर तथा ऊपरकी ओर भी फैला हुआ है। यह जो सम्पूर्ण जगत् है, यह सर्वश्रेष्ठ ब्रह्म ही है।

द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया
समानं वृक्षं परिषस्वजाते।
तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्य-
नश्नन्नन्यो अभिचाकशीति॥
(मुण्डक० ३। १। १)

एक साथ रहनेवाले (तथा) परस्पर सखाभाव रखनेवाले दो पक्षी (जीवात्मा और परमात्मा) एक ही वृक्ष

(शरीर)का आश्रय लेकर रहते हैं, उन दोनोंमेंसे एक तो उस वृक्षके कर्मरूप फलोंका स्वाद ले-लेकर उपभोग करता है (किंतु) दूसरा न खाता हुआ केवल देखता रहता है।

समाने वृक्षे पुरुषो निमग्नो-
ऽनीशया शोचति मुह्यमानः।
जुष्टं यदा पश्यत्यन्यमीश-
मस्य महिमानमिति वीतशोकः॥
(मुण्डक० ३। १। २)

पूर्वोक्त शरीररूपी समान वृक्षपर (रहनेवाला) जीवात्मा (शरीरकी गहरी आसक्तिमें) डूबा हुआ है, असमर्थतारूप दीनताका अनुभव करता हुआ मोहित होकर शोक करता रहता है। जब कभी (भगवान्‌की अहैतुकी दयासे भक्तोंद्वारा नित्य) सेवित (तथा) अपनेसे भिन्न परमेश्वरको (और) उनकी महिमाको यह प्रत्यक्ष कर लेता है, तब सर्वथा शोकसे रहित हो जाता है।

सत्येन लभ्यस्तपसा ह्येष आत्मा
सम्यग्ज्ञानेन ब्रह्मचर्येण नित्यम्।
अन्तःशरीरे ज्योतिर्मयो हि शुभ्रो
यं पश्यन्ति यतयः क्षीणदोषाः॥
(मुण्डक० ३। १। ५)

यह शरीरके भीतर ही (हृदयमें विराजमान) प्रकाश-स्वरूप (और) परम विशुद्ध परमात्मा निस्संदेह सत्य-भाषण, तप (और) ब्रह्मचर्यपूर्वक यथार्थ ज्ञानसे ही सदा प्राप्त होनेवाला है, जिसे सब प्रकारके दोषोंसे रहित हुए यत्नशील साधक ही देख पाते हैं।

बृहच्च तद्दिव्यमचिन्त्यरूपं
सूक्ष्माच्च तत् सूक्ष्मतरं विभाति।
दूरात् सुदूरे तदिहान्तिके च
पश्यत्स्विहैव निहितं गुहायाम्॥
(मुण्डक० ३। १। ७)

वह परब्रह्म महान् दिव्य और अचिन्त्यस्वरूप है तथा वह सूक्ष्मसे भी अत्यन्त सूक्ष्मरूपमें प्रकाशित होता है। वह दूरसे भी अत्यन्त दूर है और इस शरीरमें रहकर अति समीप भी है, यहाँ देखनेवालोंके भीतर ही उनकी हृदयरूपी गुफामें स्थित है।

यथा नद्यः स्यन्दमानाः समुद्रे-
ऽस्तं गच्छन्ति नामरूपे विहाय।
तथा विद्वान्नामरूपाद्विमुक्तः
परात्परं पुरुषमुपैति दिव्यम्॥
(मुण्डक० ३। २। ८)

जिस प्रकार बहती हुई नदियाँ नाम-रूपको छोड़कर समुद्रमें विलीन हो जाती हैं, वैसे ही ज्ञानी महात्मा नाम-रूपसे रहित होकर उत्तम-से-उत्तम दिव्य परमपुरुष परमात्माको प्राप्त हो जाता है।

स यो ह वै तत्परमं ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति नास्याब्रह्म-
वित् कुले भवति। तरति शोकं तरति पाप्मानं गुहाग्रन्थिभ्यो
विमुक्तोऽमृतो भवति॥ (मुण्डक० ३। २। ९)

निश्चय ही जो कोई भी उस परब्रह्म परमात्माको जान लेता है, वह महात्मा ब्रह्म ही हो जाता है। उसके कुलमें ब्रह्मको न जाननेवाला नहीं होता। वह शोकसे पार हो जाता है, पाप-समुदायसे तर जाता है, हृदयकी गाँठोंसे सर्वथा छूटकर अमर हो जाता है।

यस्यान्तः सर्वमेवेदमच्युतस्याव्ययात्मनः।
तमाराधय गोविन्दं स्थानमग्र्यं यदीच्छसि॥
(विष्णुपुराण १। ११। ४५)

यदि तू श्रेष्ठ स्थानका इच्छुक है तो जिन अविनाशी अच्युतमें यह सम्पूर्ण जगत् ओत-प्रोत है, उन गोविन्दकी ही आराधना कर।

महर्षि कश्यप

धनका मोह

अनर्थो ब्राह्मणस्यैष यदर्थनिचयो महान्।
अर्थैश्वर्यविमूढो हि श्रेयसो भ्रश्यते द्विजः॥
अर्थसम्पद्विमोहाय विमोहो नरकाय च।
तस्मादर्थमनर्थाय श्रेयोऽर्थी दूरतस्त्यजेत्॥
यस्य धर्मार्थमर्थेहा तस्यानीहा गरीयसी।
प्रक्षालनाद्धि पङ्कस्य दूरादस्पर्शनं वरम्॥
योऽर्थेन साध्यते धर्मः क्षयिष्णुः स प्रकीर्तितः।
यः परार्थे परित्यागः सोऽक्षयो मुक्तिलक्षणम्॥
(पद्म० सृष्टि० १९। २५०—२५३)

यदि ब्राह्मणके पास धनका महान् संग्रह हो जाय तो यह उसके लिये अनर्थका ही हेतु है; धन-ऐश्वर्यसे मोहित ब्राह्मण कल्याणसे भ्रष्ट हो जाता है। धन-सम्पत्ति मोहमें डालनेवाली होती है। मोह नरकमें गिराता है, इसलिये कल्याण

चाहनेवाले पुरुषको अनर्थके साधनभूत अर्थका दूरसे ही परित्याग कर देना चाहिये। जिसको धर्मके लिये धन-संग्रहकी इच्छा होती है, उसके लिये उस इच्छाका त्याग ही श्रेष्ठ है; क्योंकि कीचड़को लगाकर धोनेकी अपेक्षा उसका दूरसे स्पर्श न करना ही उत्तम है। धनके द्वारा जिस धर्मका साधन किया जाता है, वह क्षयशील माना गया है। दूसरेके लिये जो धनका परित्याग है, वही अक्षय धर्म है, वही मोक्षकी प्राप्ति करानेवाला है।

पापी और पुण्यात्माओंके लोक

आसंयोगात्पापकृतामपापां-
स्तुल्यो दण्डः स्पृशते मिश्रभावात्।
शुष्केनार्द्रं दह्यते मिश्रभावा-
न्नमिश्रः स्यात्पापकृद्भिः कथंचित् ॥२३॥
पुण्यस्य लोको मधुमान्घृतार्चि-
र्हिरण्यज्योतिरमृतस्य नाभिः।
तत्र प्रेत्य मोदते ब्रह्मचारी
न तत्र मृत्युर्न जरा नोत दुःखम् ॥२६॥
पापस्य लोको निरयोऽप्रकाशो
नित्यं दुःखं शोकभूयिष्ठमेव।
तत्रात्मानं शोचति पापकर्मा
बह्वीः समाः प्रतपन्नप्रतिष्ठः ॥२७॥
(महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय ७३)

जैसे सूखी लकड़ियोंके साथ मिली होनेसे गीली लकड़ी भी जल जाती है, उसी तरह पापियोंके सम्पर्कमें रहनेसे धर्मात्माओंको भी उनके समान दण्ड भोगना पड़ता है; इसलिये पापियोंका सङ्ग कभी नहीं करना चाहिये। पुण्यात्माओंको मिलनेवाले सभी लोक मधुर सुखकी खान और अमृतके केन्द्र होते हैं। वहाँ घीके चिराग जलते हैं। उनमें सुवर्णके समान प्रकाश फैला रहता है। वहाँ न मृत्युका प्रवेश है, न वृद्धावस्थाका। उनमें किसीको कोई दुःख भी नहीं होता। ब्रह्मचारीलोग मृत्युके पश्चात् उन्हीं लोकोंमें जाकर आनन्दका अनुभव करते हैं। पापियोंका लोक है नरक, जहाँ सदा अँधेरा छाया रहता है। वहाँ अधिक-से-अधिक शोक और दुःख प्राप्त होते हैं। पापात्मा पुरुष वहाँ बहुत वर्षोंतक कष्ट भोगते हुए अस्थिर एवं अशान्त रहते हैं, उन्हें अपने लिये बहुत शोक होता है।

महर्षि वसिष्ठ



श्रीविष्णुकी आराधना

प्राप्तोप्याराधिते विष्णौ
मनसा यद्यदिच्छसि।
त्रैलोक्यान्तर्गतं स्थानं
किमु वत्सोत्तमोत्तमम् ॥
(श्रीविष्णु० १। ११। ४९)

हे वत्स! विष्णुभगवान्‌की आराधना करनेपर तू अपने मनसे जो कुछ चाहेगा, वही प्राप्त कर लेगा; फिर त्रिलोकीके उत्तमोत्तम स्थानकी तो बात ही क्या है।

मानसतीर्थ

सत्यतीर्थं क्षमातीर्थं तीर्थमिन्द्रियनिग्रहः।
सर्वभूतदयातीर्थं तीर्थानां सत्यवादिता ॥
ज्ञानतीर्थं तपस्तीर्थं कथितं तीर्थसप्तकम्।
सर्वभूतदयातीर्थे विशुद्धिर्मनसो भवेत् ॥
न तोयपूतदेहस्य स्नानमित्यभिधीयते।
स स्नातो यस्य वै पुंसः सुविशुद्धं मनो मतम् ॥
(स्क० पु० वै० ब्र० मा० १०। ४६—४८)

तीर्थोंमें सत्यतीर्थ, क्षमातीर्थ, इन्द्रियनिग्रहतीर्थ, सर्वभूत-दयातीर्थ, सत्यवादितातीर्थ, ज्ञानतीर्थ और तपस्तीर्थ—ये सात मानसतीर्थ कहे गये हैं। सम्पूर्ण प्राणियोंके प्रति दया करनारूप जो तीर्थ है, उसमें मनकी विशेष शुद्धि होती है। केवल जलसे शरीरको पवित्र कर लेना ही स्नान नहीं कहलाता; जिस पुरुषका मन भलीभाँति शुद्ध है, उसीने वास्तवमें तीर्थस्नान किया है।

गङ्गा-नर्मदा-माहात्म्य

गङ्गा च नर्म्मदा तापी यमुना च सरस्वती।
गण्डकी गोमती पूर्णा एता नद्यः सुपावनाः ॥
एतासां नर्म्मदा श्रेष्ठा गङ्गा त्रिपथगामिनी।
दहते किल्बिषं सर्वं दर्शनादेव राघव ॥
दृष्ट्वा जन्मशतं पापं गत्वा जन्मशतत्रयम्।
स्नात्वा जन्मसहस्रं च हन्ति रेवा कलौ युगे ॥
नर्म्मदातीरमाश्रित्य शाकमूलफलैरपि।
एकस्मिन् भोजिते विप्रे कोटिभोजफलं लभेत् ॥
गङ्गा गङ्गेति यो ब्रूयाद् योजनानां शतैरपि।
मुच्यते सर्वपापेभ्यो विष्णुलोकं स गच्छति ॥
(स्क० पु० ब्रा० ध० मा० ३१। ३—७)

गङ्गा, नर्मदा, तापी, यमुना, सरस्वती, गण्डकी, गोमती और पूर्णा—ये सभी नदियाँ परम पावन हैं। इन सबमें नर्मदा और त्रिपथगामिनी गङ्गा श्रेष्ठ हैं। रघुनन्दन! श्रीगङ्गाजी दर्शनमात्रसे ही सब पापोंको जला देती हैं। कलियुगमें नर्मदाका दर्शन करनेसे सौ जन्मोंके, समीप जानेसे तीन सौ जन्मोंके और जलमें स्नान करनेसे एक हजार जन्मोंके पापोंका वह नाश कर देती है। नर्मदाके तटपर जाकर साग और मूल-फलसे भी एक ब्राह्मणको भोजन करानेसे कोटि ब्राह्मणोंको भोजन देनेका फल होता है। जो सौ योजन दूरसे भी 'गङ्गा-गङ्गा'का उच्चारण करता है, वह सब पापोंसे मुक्त होता है और भगवान् विष्णुके लोकमें जाता है।

अकिञ्चनता

तपःसंचय एवेह विशिष्टो धनसंचयात्॥
त्यजतः संचयान् सर्वान् यान्ति नाशमुपद्रवाः।
न हि संचयवान् कश्चित् सुखी भवति मानद॥
यथा यथा न गृह्णाति ब्राह्मणः सम्प्रतिग्रहम्।
तथा तथा हि संतोषाद् ब्रह्मतेजो विवर्धते॥
अकिंचनत्वं राज्यं च तुलया समतोलयन्।
अकिंचनत्वमधिकं राज्यादपि जितात्मनः॥

(पद्म० सृष्टि० १९। २४६–२४९)

इस लोकमें धन-संचयकी अपेक्षा तपस्याका संचय ही श्रेष्ठ है। जो सब प्रकारके लौकिक संग्रहोंका परित्याग कर देता है, उसके सारे उपद्रव शान्त हो जाते हैं। मानद! संग्रह करनेवाला कोई भी मनुष्य सुखी नहीं हो सकता। ब्राह्मण जैसे-जैसे प्रतिग्रहका त्याग करता है, वैसे-ही-वैसे संतोषके कारण उसके ब्रह्म-तेजकी वृद्धि होती है। एक ओर अकिंचनता और दूसरी ओर राज्यको तराजूपर रखकर तोला गया तो राज्यकी अपेक्षा जितात्मा पुरुषकी अकिंचनताका ही पलड़ा भारी रहा।

इन्द्रियसंयम—मनकी समता

अवान्तरनिपातीनि स्वारूढानि मनोरथम्।
पौरुषेणेन्द्रियाण्याशु संयम्य समतां नय॥

(योगवाशिष्ठ)

मनोमय रथपर चढ़कर विषयोंकी ओर दौड़नेवाली इन्द्रियाँ वशमें न होनेके कारण बीचमें ही पतनके गर्त्तमें गिरनेवाली हैं; अतः प्रबल पुरुषार्थद्वारा इन्हें शीघ्र अपने वशमें करके मनको समतामें ले जाइये।

मोक्षके चार द्वारपाल

मोक्षद्वारे द्वारपालाश्चत्वारः परिकीर्तिताः।
शमो विचारः संतोषश्चतुर्थः साधुसङ्गमः॥
एते सेव्याः प्रयत्नेन चत्वारो द्वौ त्रयोऽथवा।
द्वारमुद्घाटयन्त्येते मोक्षराजगृहे तथा॥
एकं वा सर्वयत्नेन प्राणांस्त्यक्त्वा समाश्रयेत्।
एकस्मिन् वशगे यान्ति चत्वारोऽपि वशं यतः॥

(योगवाशिष्ठ)

मोक्षके द्वारपर चार द्वारपाल कहे गये हैं—शम, विचार, संतोष और चौथा सत्सङ्ग। पहले तो इन चारोंका ही प्रयत्नपूर्वक सेवन करना चाहिये। यदि चारोंके सेवनकी शक्ति न हो तो तीनका सेवन करना चाहिये; तीनका सेवन न हो सकनेपर दोका सेवन करना चाहिये। इनका भलीभाँति सेवन होनेपर ये मोक्षरूपी राजगृहमें मुमुक्षुका प्रवेश होनेके लिये द्वार खोलते हैं। यदि दोके सेवनकी भी शक्ति न हो तो सम्पूर्ण प्रयत्नसे प्राणोंकी बाजी लगाकर भी इनमेंसे एकका अवश्य आश्रयण करना चाहिये। यदि एक वशमें हो जाता है तो शेष तीन भी वशमें हो जाते हैं।

[वैदिक वाणी]

(प्रेषक—श्रीश्रीपाद दामोदर सातवलेकर)

१ **सुवीरं स्वपत्यं प्रशस्तं रयिं धिया नः दाः**—उत्तम वीर-भावसे युक्त, उत्तम पुत्र-पौत्रोंसे युक्त, प्रशंसायोग्य धन उत्तम बुद्धिके साथ हमें दो।

२ **यातुमावान् यावा यं रयिं न तरति**—हिंसक डाकू जिस धनको लूट नहीं सकता (ऐसा धन हमें दे दो।)

३ **विश्वा अरातीः तपोभिः अपदह**—सब शत्रुओंको अपने तेजोंसे जला दो (दूर करो।)

४ **अमीवां प्रचातयस्व**—रोगको भलीभाँति नष्ट कर दो।

५ **इह सुमनाः स्याः**—यहाँ उत्तम मनसे युक्त होकर रहो।

६ **प्रशस्तां धियं पनयन्त**—प्रशस्त विशाल बुद्धिकी प्रशंसा सब करते हैं।

७ **विश्वा अदेवी माया अभिसन्तु**—सब प्रकारके राक्षसी कपट-जाल छिन्न-भिन्न हो जायँ।

८ **अररुषः अघायोः धूर्तेः पाहि**—कृपण, पापाभिलाषी तथा हिंसकसे हमारा रक्षण कर।

९ **अमतये नः मा परादाः**—निर्बुद्धिता हमें प्राप्त न हो।

१० **सूरिभ्यः बृहन्तं रयिम् आवह**—ज्ञानियोंको बहुत धन दो।

११ आयुषा अविक्षितासः सुवीराः मदेम—आयुसे क्षीण न होकर तथा उत्तम वीर बनकर सानन्द-प्रसन्न रहेंगे। (ऋग्वेद ७। १)

१२ सुक्रतवः शुचयः धियंधाः—उत्तम कर्म करनेवाले, पवित्र और बुद्धिमान् बनो।

१३ ईडेन्युम् असुरं सुदक्षं सत्यवाचं संमहेम—प्रशंसनीय बलवान्, दक्ष, सत्य बोलनेवालेकी हम स्तुति करते हैं। (ऋग्वेद ७। २)

१४ ऋतावा तपुमूर्द्धा घृतान्नः पावकः—सत्य-पालन करनेवाला, तेजस्वी मुखवाला, घी खानेवाला और पवित्रता करनेवाला मनुष्य बने।

१५ सुचेतसं क्रतुं वतेम—उत्तम शुद्ध बुद्धिसे हम कर्तव्य करें। (ऋग्वेद ७। ३)

१६ तरुणः गृत्सः अस्तु—तरुण ज्ञानी हो।

१७ अनीके संसदि मर्तासः पौरुषेयीं गृभं न्युवोच—सैनिक वीरोंकी सभामें बैठे वीर युद्धमें मरनेके लिये तैयार होकर पौरुषकी ही बातें करते हैं।

१८ प्रचेता अमृतः कविः अकविषु मर्तेषु निधायि—विशेष ज्ञानी, अमरत्व प्राप्त करनेवाला विद्वान् अज्ञानी मनुष्योंमें जाकर बैठे (और उनको ज्ञान दे।) (ऋग्वेद ७। ४)

१९ आर्याय ज्योतिः जनयन्—आर्योंके लिये प्रकाश किया है।

२० दस्यून् ओकसः आजः—चोरोंको घरोंसे भगा दो।

२१ द्युमतीम् इषम् अस्मे आ ईरयस्व—तेजस्वी अन्न हमें दे दो। (ऋग्वेद ७। ५)

२२ दारुं वन्दे—शत्रुके विदारण करनेवाले वीरको मैं प्रणाम करता हूँ।

२३ अद्रेः धासिं भानुं कविं शं राज्यं पुरन्दरस्य महानि व्रतानि गीर्भिः आ विवासे—कीलोंके धारणकर्ता, तेजस्वी, ज्ञानी, सुखदायी, राज्यशासक, शत्रुके नगरोंका भेद करनेवाले, बड़े पुरुषार्थी वीरके शौर्यपूर्ण कार्योंकी मैं प्रशंसा करता हूँ।

२४ अक्रतून् प्रथिनः मृध्रवाचः, पणीन् अश्रद्धान्, अयज्ञान् दस्यून् निविथाय —सत्कर्म न करनेवाले, वृथाभाषी, हिंसावादी, सूद लेनेवाले, श्रद्धाहीन, यज्ञ न करनेवाले डाकुओंको दूर करो।

२५ वस्वः ईशानं अनानतं पूतन्यून् दमयन्तं गृणीषे—धनके स्वामी, शत्रुके आगे न झुकनेवाले सेना-संचालन करनेवाले, शत्रुका दमन करनेवाले वीरकी प्रशंसा करो।

२६ वधस्नैः देद्याः अनमयत्—शस्त्रोंसे गुण्डोंको नम्र करना योग्य है। (ऋग्वेद ७। ६)

२७ मानुषासः विचेतसः—मनुष्य विशेष बुद्धिमान् बने।

२८ मन्द्रः मधुवचा ऋतावा विश्पतिः विशां दुरोणे अधायि—आनन्द बढ़ानेवाला मधुरभाषी ऋजुगामी प्रजा-पालक राजा प्रजाजनोंके घरोंमें जाकर बैठता है। (ऋग्वेद ७। ७)

२९ अर्यः राजा समिन्धे—श्रेष्ठ राजा प्रकाशित होता है।

३० मन्द्रः यह्वः मनुषः सुमहान् अवेदि—सुखदायक महावीर मानवोंमें अत्यन्त श्रेष्ठ समझा जाता है।

३१ विश्वेभिः अनीकैः सुमना भुवः—सब सैनिकोंके साथ प्रसन्नचित्तसे बर्ताव करो।

३२ अमीवचातनं शं भवाति—रोग दूर करना सुख-दायी होता है। (ऋग्वेद ७। ८)

३३ मन्द्रः जारः कवितमः पावकः उषसां उपस्थात् अबोधि—सानन्द—प्रसन्न, वृद्ध, ज्ञानी, शुद्धाचारी उषःकालके समय जागता है।

३४ सुकृत्सु द्रविणम्—अच्छा कर्म करनेवालेको धन दो।

३५ अमूरः सुसंसत् शिवः कविः मित्रः भाति—जो मूर्ख नहीं, वह उत्तम साथी, कल्याणकारी, ज्ञानी, मित्र, तेजस्वी होता है।

३६ गणेन ब्रह्मकृतः मा रिषण्यः—संघशः ज्ञानका प्रचार करनेवालेका नाश नहीं होता।

३७ पुरन्धिं राये यक्षि—बहुत बुद्धिमान्को धन दो।

३८ पुरुनीथा जरस्व—विशेष नीतिमानोंकी स्तुति करो। (ऋग्वेद ७। ९)

३९ शुचिः वृषा हरिः—शुद्ध और बलवान् बननेसे दुःखका हरण होता है।

४० विद्वान् देवयावा वनिष्ठः—विद्वान् देवत्व प्राप्त करने लगा तो वह स्तुतिके योग्य होता है।

४१ मतयः देवयन्तीः—बुद्धियाँ देवत्व प्राप्त करने-वाली हों।

४२ उशिजः विशः मन्द्रं यविष्ठम् ईडते—सुख चाहने-वाली प्रजा सानन्द—प्रसन्न, तरुण वीरकी प्रशंसा करती है। (ऋग्वेद ७। १०)

४३ अध्वरस्य महान् प्रकेतः—हिंसा-कुटिलतारहित कर्मका तू प्रवर्तक बन। (ऋग्वेद ७। ११)

४४ मह्ना विश्वा दुरितानि साह्वान्—अपने सामर्थ्यसे सब दुरवस्थाओंको दूर कर। (ऋग्वेद ७। १२)

४५ विश्वशुचे धियं धे असुरघ्ने मन्म धीतिं भरध्वम्—सब प्रकारसे शुद्ध, बुद्धिमान्, असुरोंके नाशक वीरके लिये प्रशंसाके वचन बोलो।

४६ पशून् गोपाः—पशुओंका संरक्षण करो।

४७ ब्रह्मणे गातुं विन्द—ज्ञान-प्रचारका मार्ग जानो। (ऋग्वेद ७। १३)

४८ शुक्रशोचिषे दाशेम—बलवान् तेजस्वी वीरको दान देंगे। (ऋग्वेद ७। १४)

४९ पञ्चचर्षणीः दमे दमे कविः युवा गृहपतिः निषसाद—पाँचों ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, निषादोंके घर-घरमें ज्ञानी तरुण गृहस्थ बैठा रहता है।

५० स विश्वतः नः रक्षतु, अंहसः पातु—वह सब ओरसे हमारा रक्षण करे और हमें पापसे बचावे।

५१ द्युमन्तं सुवीरं निधीमहि—तेजस्वी श्रेष्ठ वीरको हम अपने सन्निधिमें रखते हैं।

५२ सुवीरः अस्मयुः—उत्तम वीर हमारे पास आवे।

५३ वीरवद् यशः दाति—हमें वीरोंसे प्राप्त होनेवाला यश मिले।

५४ अंहसः रक्ष—पापसे बचाओ। (ऋग्वेद ७। १५)

५५ सूरयः प्रियासः सन्तु—ज्ञानी प्रिय करनेवाले हों।

५६ द्रुहः निदः त्रायस्व—द्रोहियोंसे और निन्दकोंसे हमारा बचाव करो। (ऋग्वेद ७। १६)

५७ स्वध्वरा कृणुहि—उत्तम कर्म कुटिलतारहित होकर करो। (ऋग्वेद ७। १७)

५८ सुमतौ शर्मन् स्याम—उत्तम बुद्धि और सुखसे हम युक्त हों।

५९ सखा सखायम् अतरत्—मित्र मित्रको बचाता है।

६० मृध्रवाचं जेष्म—असत्य भाषण करनेवालेको हम पराभूत करेंगे।

६१ मन्युभ्यः मन्युं मिमाय—क्रोधीसे क्रोधको दूर करो।

६२ सूरिभ्यः सुदिनानि व्युच्छान्—ज्ञानियोंको उत्तम दिन मिलें।

६३ क्षत्रं वृणाशं अजरम्—क्षात्र तेज नष्ट न हो, पर बढ़ता जाय। (ऋग्वेद ७। १८)

६४ एकः भीमः विश्वाः कृष्टीः च्यावयति—एक भयंकर शत्रु सब प्रजाको हिला देता है।

६५ धृषता विश्वाभिः ऊतिभिः प्रावः—धैर्यसे सब संरक्षक शक्तियोंसे अपना संरक्षण करो।

६६ अवृकेभिः वरूथैः त्रायस्व—शूरतारहित संरक्षणके साधनोंसे हमारा रक्षण करो।

६७ प्रियासः सखायः नरः शरणे मदेम—प्रिय मित्ररूपी मनुष्योंको प्राप्त करके अपने घरमें आनन्दसे रहेंगे।

६८ नृणां सखा शूरः शिवः अविता भूः—मनुष्योंके शूर और कल्याणकारी मित्र एवं रक्षक बनो। (ऋग्वेद ७। १९)

६९ नर्यः यत् करिष्यन् अपः चक्रिः—मानवोंका हित करनेवाला वीर जो करना चाहता है, करके छोड़ता है।

७० वस्वी शक्तिः अस्तु—सुखसे निवास करनेवाली शक्ति हो। (ऋग्वेद ७। २०)

७१ क्रत्वा उमन् अभि भूः—पुरुषार्थसे पृथ्वीपर विजय प्राप्त करो। (ऋग्वेद ७। २१)

७२ तेसख्या शिवानि सन्तु—तेरी मित्रता हमारे लिये कल्याणकारी हो। (ऋग्वेद ७। २२)

७३ त्वं धीभिः वाजान् विदयसे—तू बुद्धियोंके साथ बलों-को देता है। (ऋग्वेद ७। २३)

७४ नृभिः आ प्रयाहि—मनुष्योंके साथ प्रगति कर।

७५ वृषणं शुष्मं दधत्—बलवान् और सामर्थ्यवान् (वीर पुत्र) को घरमें रखो।

७६ सुवीराम् इषं पिन्व—उत्तम वीर पुत्र उत्पन्न करने-वाला अन्न प्राप्त करो। (ऋग्वेद ७। २४)

७७ समन्यवः सेनाः समरन्त—उत्साही सैनिक लड़ते हैं।

७८ मनः विष्वद्र्यग् मा विचारीत्—अपना मन चारों ओर भटकने न दो।

७९ देवजूतं सहः इयानाः—देवोंको प्रिय होनेवाली शक्ति प्राप्त करो।

८० तरुत्राः वाजं सनुयाम—हम तारक बल प्राप्त करें। (ऋग्वेद ७। २५)

संतकी क्षमा

अयोध्याके एक वैष्णव संत नौकाद्वारा सरयू पार करनेकी इच्छासे घाटपर आये। वर्षा-ऋतु—सरयूमें बाढ़ आयी थी। घाटपर एक ही नौका थी उस समय और उसमें कुछ ऐसे लोग बैठे थे, जैसे लोगोंकी इस युगमें सर्वत्र बहुलता है। किसीको भी कष्ट देने, किसीका परिहास करनेमें उन्हें आनन्द आता था। साधुओंके तो वेशसे ही उन्हें चिढ़ थी। कोई साधु उनके साथ नौकामें बैठे, यह उनको पसंद नहीं था।

'यहाँ स्थान नहीं है। दूसरी नौकासे आना।' सबका स्वर एक-जैसा बन गया। साधुपर व्यंग भी कसे गये। लेकिन साधुको पार जाना था, नौका दूसरी थी नहीं। संध्या हो चुकी थी और रात्रिमें कोई नौका मिल नहीं सकती थी। उन्होंने नम्रतासे प्रार्थना की। मल्लाहने कहा—'एक ओर बैठ जाइये।'

नौकामें पहलेसे बैठे, अपनेको सुसभ्य माननेवाले लोगोंको झुँझलाहट तो बहुत हुई; किंतु साधुको नौकामें बैठनेसे वे रोक नहीं सके। अब अपना क्रोध उन्होंने साधुपर उतारना प्रारम्भ किया।

साधु पहलेसे नौकाके एक किनारेपर संकोचसे बैठे थे। उनपर व्यंग कसे जा रहे थे, इसकी उन्हें चिन्ता नहीं थी। वे चुपचाप भगवन्नामका जप करते रहे।

नौका तटसे दूर पहुँची। किसीने साधुपर जल उलीचा, किसीने उनकी पीठ या गर्दनमें हाथसे आघात किया। इतनेपर भी जब साधुकी शान्ति भंग न हुई तो उन लोगोंने धक्का देकर साधुको बीच धारामें गिरा देनेका निश्चय किया। वे धक्का देने लगे।

सच्चे संतकी क्षमा अपार होती है; किंतु जो संतोंके सर्वस्व हैं, वे सर्वसमर्थ जगन्नायक अपने जनोंपर होते अत्याचारको चुपचाप सह नहीं पाते। साधुपर होता हुआ अत्याचार सीमा पार कर रहा था। आकाशवाणी सुनायी पड़ी—'महात्मन्! आप आज्ञा दें तो इन दुष्टोंको क्षणभरमें भस्म कर दिया जाय!'

आकाशवाणी सबने स्पष्ट सुनी। अब काटो तो खून नहीं। अभीतक जो शेर बने हुए थे, उनको काठ मार गया। जो जैसे थे, वैसे ही रह गये। भयके मारे दो क्षण उनसे हिलातक नहीं गया।

लेकिन साधुने दोनों हाथ जोड़ लिये थे। वे गद्गद स्वरसे कह रहे थे—'मेरे दयामय स्वामी! ये भी आपके ही अबोध बच्चे हैं। आप ही इनके अपराध क्षमा न करेंगे तो कौन क्षमा करेगा। ये भूले हुए हैं। आप इन्हें क्षमा करें और यदि मुझपर आपका स्नेह है तो मेरी यह प्रार्थना स्वीकार करें कि इन्हें सद्बुद्धि प्राप्त हो। इनके दोष दूर हों। आपके श्रीचरणोंमें इन्हें अनुराग प्राप्त हो।'



संतकी क्षमा



संतोंका अक्रोध

संतोंका अक्रोध

संत तुकाराम

श्रीतुकारामजीके माता-पिता परलोकवासी हो चुके थे। बड़े भाई विरक्त होकर तीर्थयात्रा करने चले गये थे। परिवारका पूरा भार तुकारामजीपर था और तुकारामजी थे कि उन्हें माया-मोह सिर पटककर थक गये, पर स्पर्श कर नहीं पाते थे।

पैतृक सम्पत्ति अस्त-व्यस्त हो गयी। कर्जदारोंने देना बंद कर दिया। घरमें जो कुछ था, साधुओं और दीन-दुखियोंकी सेवामें समाप्त हो चुका। दूकानका काम ठप हो गया। परिवारमें उपवास करनेकी नौबत आ गयी। परिवार भी कितना बड़ा—दो स्त्रियाँ, एक बच्चा, छोटा भाई और बहिनें। सब निर्भर थे तुकारामजी-पर और तुकाराम—वे तो सांसारिक प्राणी थे ही नहीं।

एक बार खेतमें गन्ने तैयार हुए। तुकारामजीने गन्ने काटे और बोझा बाँधकर सिरपर रक्खा। गन्ने बिकें तो घरके लोगोंके मुखमें अन्न जाय। लेकिन मार्गमें बच्चे इनके पीछे लग गये। वे गन्ना माँग रहे थे। जो सर्वत्र अपने गोपालके दर्शन करते हों, कैसे अस्वीकार कर दें। बच्चोंको गन्ने मिले। वे प्रसन्न होकर उन्हें तोड़ते, चूसते चले गये।

तुकारामजी जब घर पहुँचे, उनके पास केवल एक गन्ना था। उनकी पहली स्त्री रखुमाई चिड़चिड़े स्वभावकी थीं। भूखी पत्नीने देखा कि उसके पतिदेव तो केवल एक गन्ना छड़ीकी भाँति लिये चले आ रहे हैं। क्रोध आ गया उसे। उसने तुकारामजीके हाथसे गन्ना छीनकर उनकी पीठपर दे मारा। गन्ना टूट गया। उसके दो टुकड़े हो गये।

तुकारामजीके मुखपर क्रोधके बदले हँसी आ गयी। वे बोले—'हम दोनोंके लिये गन्नेके दो टुकड़े मुझे करने ही पड़ते। तुमने बिना कहे ही यह काम कर दिया। बड़ी साध्वी हो तुम।'

× × ×

संत एकनाथ

दक्षिणके ही दूसरे संत श्रीएकनाथजी महाराज—अक्रोध तो जैसे एकनाथजीका स्वरूप ही था।

ये परम भागवत योगिराज—नित्य गोदावरी-स्नान करने जाया करते थे वे। बात पैठणकी है, जो एकनाथ-जीकी पावन जन्मभूमि है। गोदावरी-स्नानके मार्गमें एक सराय पड़ती थी। उस सरायमें एक पठान रहता था। वह उस मार्गसे आने-जानेवाले हिंदुओंको बहुत तंग किया करता था। एकनाथजी महाराजको भी उसने बहुत तंग किया। एकनाथजी जब स्नान करके लौटते, वह पठान उनके ऊपर कुल्ला कर देता। एकनाथजी फिर स्नान करने नदी लौट जाते और जब स्नान करके आने लगते, वह फिर कुल्ला कर देता उनके ऊपर। कभी-कभी पाँच-पाँच बार यह काण्ड होता।

'यह काफिर गुस्सा क्यों नहीं करता?' पठान एक दिन जिदपर आ गया। वह बार-बार कुल्ला करता गया और एकनाथजी बार-बार गोदावरी-स्नान करने लौटते गये। पूरे एक सौ आठ बार उसने कुल्ले किये और पूरे एक सौ आठ बार एकनाथजीने नदीमें स्नान किया।

"आप मुझे माफ कर दें। मैं 'तोबा' करता हूँ। अब किसीको तंग नहीं करूँगा। आप खुदाके सच्चे बंदे हैं—माफ कर दें मुझे।" अन्तमें पठानको अपने कर्मपर लज्जा आयी। उसके भीतरकी पशुता संतकी क्षमासे पराजित हो गयी। वह एकनाथजीके चरणोंपर गिरकर क्षमा-याचना करने लगा।

'इसमें क्षमा करनेकी क्या बात है। आपकी कृपासे मुझे आज एक सौ आठ बार स्नान करनेका सुअवसर मिला।' श्रीएकनाथजी महाराज बड़े ही प्रसन्न मनसे उस यवनको आश्वासन दे रहे थे।

महर्षि पिप्पलाद



ब्रह्मलोक किसको मिलता है

तेषामेवैष ब्रह्मलोको येषां
तपो ब्रह्मचर्यं येषु सत्यं प्रतिष्ठितम् ।
(प्रश्न० १ । १५)

जिनमें तप और ब्रह्मचर्य है, जिनमें सत्य प्रतिष्ठित है, उन्हींको ब्रह्मलोक मिलता है ।

तेषामसौ विरजो ब्रह्मलोको न येषु जिह्ममनृतं न माया चेति ॥
(प्रश्न० १ । १६)

जिनमें न तो कुटिलता और मिथ्या-भाषण है और न कपट ही है, उन्हींको वह विशुद्ध ब्रह्मलोक मिलता है ।

विज्ञानात्मा सह देवैश्च सर्वैः
प्राणा भूतानि सम्प्रतिष्ठन्ति यत्र ।
तदक्षरं वेदयते यस्तु सोम्य
स सर्वज्ञः सर्वमेवाविवेशेति ॥
(प्रश्न० ४ । ११)

हे प्रिय ! जिसमें समस्त प्राण, पाँचों भूत तथा सब इन्द्रियों और अन्तःकरणके सहित विज्ञानस्वरूप आत्मा आश्रय लेते हैं, उस अविनाशी परमात्माको जो जान लेता है वह सर्वज्ञ है तथा वह सर्वस्वरूप परमात्मामें प्रविष्ट हो जाता है ।

महर्षि अत्रि

इहैवात्तं वसु प्रीत्यै प्रेत्य वै कटुकोदयम् ।
तस्मान्न ग्राह्यमेवैतत् सुखमानन्त्यमिच्छता ॥
(पद्म० सृष्टि० १९ । २४३)

प्राप्त हुआ धन इसी लोकमें आनन्ददायक होता है, मृत्युके बाद तो वह बड़े ही कटु परिणामको उत्पन्न करता है; अतः जो सुख एवं अनन्त पदकी इच्छा रखता हो, उसे तो इसे कदापि नहीं लेना चाहिये ।

परः पराणां पुरुषो यस्य तुष्टो जनार्दनः ।
स प्राप्नोत्यक्षयं स्थानमेतत्सत्यं मयोदितम् ॥
(विष्णुपुराण १ । ११ । ४४)

जो परा प्रकृति आदिसे भी परे हैं, वे परमपुरुष जनार्दन जिससे संतुष्ट होते हैं, उसीको वह अक्षयपद मिलता है—यह मैं सत्य-सत्य कहता हूँ ।

न गुणान् गुणिनो हन्ति स्तौति मन्दगुणानपि ।
नाम्यदोषेषु रमते सानसूया प्रकीर्तिता ॥
परस्मिन् बन्धुवर्गे वा मित्रे द्वेष्ये रिपौ तथा ।
आपन्ने रक्षितव्यं तु दयैषा परिकीर्तिता ॥

आनृशंस्यं क्षमा सत्यमहिंसा दानमार्जवम् ।
प्रीतिः प्रसादो माधुर्यं मार्दवं च यमा दश ॥
शौचमिज्या तपो दानं स्वाध्यायोपस्थनिग्रहः ।
व्रतमौनोपवासं च स्नानं च नियमा दश ॥
(अत्रिस्मृति ३४, ४१, ४८, ४९)

जो गुणियोंके गुणका खण्डन नहीं करता, किसीके थोड़े-से गुणोंकी भी प्रशंसा करता है, दूसरेके दोष देखनेमें मन नहीं लगाता, उसके इस भावको 'अनसूया' कहते हैं ।

परायोंमेंसे हो या अपने भाई-बन्धुओंमेंसे, मित्र हो, द्वेषका पात्र या वैर रखनेवाला हो, जिस-किसीको भी विपत्तिमें देखकर उसकी रक्षा करनी ही 'दया' कहलाती है ।

अक्रूरता (दया), क्षमा, सत्य, अहिंसा, दान, नम्रता, प्रीति, प्रसन्नता, मधुर वाणी और कोमलता—ये दस यम हैं ।

पवित्रता, यज्ञ, तप, दान, स्वाध्याय, जननेन्द्रियका निग्रह, व्रत, मौन, उपवास और स्नान—ये दस नियम हैं ।

महर्षि विश्वामित्र



भोगसे कामनाकी शान्ति नहीं होती

कामं कामयमानस्य
यदि कामः समृध्यति ।
अथैनमपरः कामो
भूयो विध्यति बाणवत् ॥
न जातु कामः कामानामुपभोगेन शाम्यति ।
हविषा कृष्णवर्त्मेव भूय एवाभिवर्धते ॥
कामानभिलषन्मोहान्न नरः सुखमेधते ।

(पद्म० सृ० १९ । २६२–२६४)

किसी कामनाकी पूर्ति चाहनेवाले मनुष्यकी यदि एक कामना पूर्ण होती है तो दूसरी नयी कामना उत्पन्न होकर उसे पुनः बाणके समान बींधने लगती है । भोगोंकी इच्छा उपभोगके द्वारा कभी शान्त नहीं होती, प्रत्युत घी डालनेसे प्रज्वलित होनेवाली अग्निकी भाँति वह अधिकाधिक बढ़ती ही जाती है । भोगोंकी अभिलाषा रखनेवाला पुरुष मोहवश कभी सुख नहीं पाता ।

सत्यकी महिमा

सत्येनार्कः प्रतपति सत्ये तिष्ठति मेदिनी ।
सत्यं चोक्तं परो धर्मः स्वर्गः सत्ये प्रतिष्ठितः ॥
अश्वमेधसहस्रं च सत्यं च तुलया धृतम् ।
अश्वमेधसहस्राद्धि सत्यमेव विशिष्यते ॥

(मार्क० ८ । ४१–४२)

सत्यसे ही सूर्य तप रहा है । सत्यपर ही पृथ्वी टिकी हुई है । सत्य-भाषण सबसे बड़ा धर्म है । सत्यपर ही स्वर्ग प्रतिष्ठित है । एक हजार अश्वमेध और एक सत्यको यदि तराजूपर तोला जाय तो हजार अश्वमेधसे सत्य ही भारी सिद्ध होगा ।

महर्षि भरद्वाज

चिदानन्दमयः साक्षी निर्गुणो निरुपाधिकः ।
नित्योऽपि भजते तां तामवस्थां स यदृच्छया ॥
पवित्राणां पवित्रं यो ह्यगतीनां परा गतिः ।
दैवतं देवतानां च श्रेयसां श्रेय उत्तमम् ॥

(स्क० पु० वै० वे० ३५ । ३७-३८)

भगवान् विष्णु चिदानन्दस्वरूप, सबके साक्षी, निर्गुण, उपाधिशून्य तथा नित्य होते हुए भी स्वेच्छासे भिन्न-भिन्न अवस्थाओंको अङ्गीकार करते हैं । वे पवित्रोंमें परम पवित्र हैं, निराश्रयोंकी परम गति है, देवताओंके भी देवता हैं तथा कल्याणमय वस्तुओंमें भी परम कल्याणस्वरूप हैं ।

तृष्णा

जीर्यन्ति जीर्यतः केशा दन्ता जीर्यन्ति जीर्यतः ।
जीविताशा धनाशा च जीर्यतोऽपि न जीर्यति ॥
चक्षुः श्रोत्राणि जीर्यन्ति तृष्णैका तरुणायते ।
सूच्या सूत्रं यथा वस्त्रे संसूचयति सूचिकः ॥
तद्वत्संसारसूत्रं हि तृष्णासूच्योपनीयते ।
यथा शृङ्गं रुरोः काये वर्धमाने च वर्धते ॥
तथैव तृष्णा वित्तेन वर्धमानेन वर्धते ।
अनन्तपारा दुष्पूरा तृष्णा दोषशतावहा ॥
अधर्मबहुला चैव तस्मात्तां परिवर्जयेत् ॥

(पद्म० सृष्टि० १९ । २५४—२५७)

जब मनुष्यका शरीर जीर्ण होता है, तब उसके बाल पक जाते हैं और दाँत भी टूट जाते हैं; किंतु धन और जीवनकी आशा बूढ़े होनेपर भी जीर्ण नहीं होती—वह सदा नयी ही बनी रहती है । आँख और कान जीर्ण हो जाते हैं; पर एक तृष्णा ऐसी है, जो तरुणी ही होती रहती है । जैसे दरजी सूईसे वस्त्रमें सूतको प्रवेश कराता रहता है, उसी प्रकार तृष्णारूपी सूईसे संसार-रूपी सूत्रका अपने अन्तःकरणमें प्रवेश होता है; जैसे बारहसिंगेके सींग शरीर बढ़नेके साथ बढ़ते हैं, वैसे ही धनकी वृद्धिके साथ-साथ तृष्णा बढ़ती है । तृष्णाका कहीं ओर-छोर नहीं है, उसका पेट भरना कठिन होता है, वह सैकड़ों दोषोंको ढोये फिरती है, उसके द्वारा बहुत-से अधर्म होते हैं । अतः तृष्णा-का परित्याग कर दे ।

महर्षि गौतम



दीर्घकालतक क्या करे ?

चिरेण मित्रं बध्नीयाच्चिरेण च कृतं त्यजेत्।
चिरेण हि कृतं मित्रं चिरं धारणमर्हति ॥
रागे दर्पे च माने च द्रोहे पापे च कर्मणि।
अप्रिये चैव कर्तव्ये चिरकारी प्रशस्यते ॥
बन्धूनां सुहृदां चैव भृत्यानां स्त्रीजनस्य च।
अव्यक्तेष्वपराधेषु चिरकारी प्रशस्यते ॥

(महा० शा० २६६ । ६९–७१)

चिरं वृद्धानुपासीत चिरमन्वास्य पूजयेत्।
चिरं धर्मान्निषेवेत कुर्याच्चान्वेषणं चिरम् ॥
चिरमन्वास्य विदुषश्चिरशिष्टानुपास्य च।
चिरं विनीय चात्मानं चिरं यात्यनवज्ञताम् ॥
ध्रुवतश्च परस्यापि वाक्यं धर्मोपसंहितम्।
चिरं पृष्टोऽपि च ब्रूयाच्चिरं न परितप्यते ॥

(महाभारत, शा० २६६ । ७५–७७)

चिरकालतक परीक्षा करके कोई किसीको मित्र बनाये, और बनाये हुए मित्रका जल्दी त्याग न करे; चिरकालतक सोचकर बनाये हुए मित्रको दीर्घकालतक धारण किये रहना उचित है। राग, दर्प, अभिमान, द्रोह, पापकर्म तथा अप्रिय कर्तव्यमें चिरकारी–विलम्ब करनेवाला प्रशंसाका पात्र है। बन्धु, सुहृद्, भृत्य और स्त्रीवर्गके अव्यक्त अपराधोंमें जल्दी कोई दण्ड न देकर देरतक विचार करनेवाला पुरुष प्रशंसनीय माना गया है। दीर्घकालतक ज्ञानवृद्ध एवं वयोवृद्ध पुरुषोंका संग करे। चिरकालतक उनकी सेवामें रहकर उनका यथावत् सम्मान करे। चिरकालतक धर्मोंका सेवन करे। किसी बातकी खोजका कार्य चिरकालतक करता रहे। विद्वान् पुरुषोंका संग अधिक कालतक करे। शिष्टपुरुषोंका सेवन दीर्घकालतक करे। अपनेको चिरकालतक विनयशील बनाये रखनेवाला पुरुष दीर्घकालतक आदरका पात्र बना रहता है। दूसरा कोई भी यदि धर्मयुक्त वचन कहे तो उसे देरतक सुने और यदि कोई प्रश्न करे तो उसपर देरतक विचार करके ही उसका उत्तर दे। ऐसा करनेसे मनुष्य चिरकालतक संतापका भागी नहीं बनता।

संतोष

सर्वस्त्विन्द्रियलोभेन संकटान्यवगाहते ॥
सर्वत्र सम्पदस्तस्य संतुष्टं यस्य मानसम्।
उपानद्गूढपादस्य ननु चर्मावृतेव भूः ॥
संतोषामृततृप्तानां यत् सुखं शान्तचेतसाम्।
कुतस्तद्धनलुब्धानामितश्चेतश्च धावताम् ॥
असंतोषः परं दुःखं संतोषः परमं सुखम्।
सुखार्थी पुरुषस्तस्मात् संतुष्टः सततं भवेत् ॥

(पद्म० सृष्टि० १९ । २५८–२६१)

इन्द्रियोंके लोभग्रस्त होनेसे सभी मनुष्य सङ्कटमें पड़ जाते हैं। जिसके चित्तमें संतोष है, उसके लिये सर्वत्र धन-सम्पत्ति भरी हुई है; जिसके पैर जूतेमें हैं, उसके लिये सारी पृथ्वी मानो चमड़ेसे ढकी है। संतोषरूपी अमृतसे तृप्त एवं शान्त चित्तवाले पुरुषोंको जो सुख प्राप्त है, वह धनके लोभसे इधर-उधर दौड़नेवाले लोगोंको कहाँसे प्राप्त हो सकता है। असंतोष ही सबसे बढ़कर दुःख है और संतोष ही सबसे बड़ा सुख है; अतः सुख चाहनेवाले पुरुषको सदा संतुष्ट रहना चाहिये।

महर्षि जमदग्नि

प्रतिग्रहसमर्थोऽपि नादत्ते यः प्रतिग्रहम्।
ये लोका दानशीलानां स तानाप्नोति शाश्वतान् ॥
योऽर्थान्प्राप्य नृपाद्विप्रः शोचितव्यो महर्षिभिः।
न स पश्यति मूढात्मा नरके यातनाभयम् ॥
प्रतिग्रहसमर्थोऽपि न प्रसज्येत्प्रतिग्रहे।
प्रतिग्रहेण विप्राणां ब्रह्मतेजश्च हीयते ॥

(पद्मपुराण, सृष्टि० १९ । २६६–२६८)

जो दान लेनेकी शक्ति रखते हुए भी उसे नहीं ग्रहण करता, वह दानी पुरुषोंको मिलनेवाले सनातन लोकोंको प्राप्त होता है। जो ब्राह्मण राजासे धन लेता है, वह महर्षियों-द्वारा शोक करनेके योग्य है; उस मूर्खको नरक-यातनाका भय नहीं दिखायी देता। प्रतिग्रह लेनेमें समर्थ होकर भी उसमें आसक्त नहीं होना चाहिये; क्योंकि प्रतिग्रहसे ब्राह्मणोंका ब्रह्मतेज नष्ट हो जाता है।

नित्योत्सवास्तदा तेषां नित्यश्रीर्नित्यमङ्गलम् ॥
येषां हृदिस्थो भगवान् मङ्गलायतनं हरिः।

(पाण्डवगीता ४५)

जबसे जिनके हृदयमें मङ्गलधाम हरि बसने लगते हैं, तभीसे उनके लिये नित्य उत्सव है, नित्य लक्ष्मी और नित्य मङ्गल है।

महर्षि पुलस्त्य

परं ब्रह्म परं धाम योऽसौ ब्रह्म तथा परम्।
तमाराध्य हरिं याति मुक्तिमप्यतिदुर्लभाम्॥
(विष्णुपु० १। ११। ४६)

जो परब्रह्म, परमधाम और परस्वरूप हैं, उन हरिकी आराधना करनेसे मनुष्य अति दुर्लभ मोक्षपदको भी प्राप्त कर लेता है।

तीर्थसेवनका फल किसको मिलता है ?

यस्य हस्तौ च पादौ च मनश्चैव सुसंयतम्।
विद्या तपश्च कीर्त्तिश्च स तीर्थफलमश्नुते॥
प्रतिग्रहादुपावृत्तः संतुष्टो येन केनचित्।
अहंकारनिवृत्तश्च स तीर्थफलमश्नुते॥
अक्रोधनश्च राजेन्द्र सत्यशीलो दृढव्रतः।
आत्मोपमश्च भूतेषु स तीर्थफलमश्नुते॥
(पद्म० सृष्टि० १९। ८—१०)

जिसके हाथ, पैर और मन संयममें रहते हैं तथा जो विद्वान्, तपस्वी और कीर्तिमान् होता है, वही तीर्थ-सेवनका फल प्राप्त करता है। जो प्रतिग्रहसे दूर रहता है—किसीका दिया हुआ दान नहीं लेता, प्रारब्धवश जो कुछ प्राप्त हो जाय उसीसे संतुष्ट रहता है तथा जिसका अहङ्कार दूर हो गया है, ऐसे मनुष्यको ही तीर्थ-सेवनका पूरा फल मिलता है। राजेन्द्र ! जो स्वभावतः क्रोधहीन, सत्यवादी, दृढ़ता-पूर्वक उत्तम व्रतका पालन करनेवाला तथा सम्पूर्ण प्राणियोंमें आत्मभाव रखनेवाला है, उसे तीर्थ-सेवनका फल प्राप्त होता है।

महर्षि पुलह

ऐन्द्रमिन्द्रः परं स्थानं यमाराध्य जगत्पतिम्।
प्राप यज्ञपतिं विष्णुं तमाराधय सुव्रत॥
(विष्णु० १। ११। ४७)

हे सुव्रत ! जिन जगत्पतिकी आराधनासे इन्द्रने अत्युत्तम इन्द्रपद प्राप्त किया है, तू उन यज्ञपति भगवान् विष्णुकी आराधना कर।

महर्षि मरीचि

अनाराधितगोविन्दैर्नरैः स्थानं नृपात्मज।
न हि सम्प्राप्यते श्रेष्ठं तस्मादाराधयाच्युतम्॥
(विष्णुपुराण १। ११। ४३)

हे राजपुत्र ! बिना गोविन्दकी आराधना किये मनुष्योंको वह श्रेष्ठ स्थान नहीं मिल सकता; अतः तू श्रीअच्युतकी आराधना कर।

भगवान् दत्तात्रेय

मोक्ष-प्राप्तिका उपाय

त्यक्तसङ्गो जितक्रोधो लघ्वाहारो जितेन्द्रियः।
पिधाय बुद्ध्या द्वाराणि मनो ध्याने निवेशयेत्॥
शून्येष्वेवावकाशेषु गुहासु च वनेषु च।
नित्ययुक्तः सदा योगी ध्यानं सम्यगुपक्रमेत्॥
वाग्दण्डः कर्मदण्डश्च मनोदण्डश्च ते त्रयः।
यस्यैते नियता दण्डाः स त्रिदण्डी महायतिः॥
सर्वमात्ममयं यस्य सदसज्जगदीदृशम्।
गुणागुणमयं तस्य कः प्रियः को नृपाप्रियः॥
विशुद्धबुद्धिः समलोष्टकाञ्चनः
समस्तभूतेषु समः समाहितः।
स्थानं परं शाश्वतमव्ययं च
परं हि गत्वा न पुनः प्रजायते॥
वेदाच्छ्रेष्ठाः सर्वयज्ञक्रियाश्च
यज्ञाज्जप्यं ज्ञानमार्गश्च जप्यात्।
ज्ञानाद् ध्यानं सङ्गरागव्यपेतं
तस्मिन् प्राप्ते शाश्वतस्योपलब्धिः॥
समाहितो ब्रह्मपरोऽप्रमादी
शुचिस्तथैकान्तरतिर्यतेन्द्रियः।
समाप्नुयाद् योगमिमं महात्मा
विमुक्तिमाप्नोति ततः स्वयोगतः॥
(मार्कण्डेय० ४१। २०—२६)

आसक्तिका त्याग करके, क्रोधको जीतकर, स्वल्पाहारी और जितेन्द्रिय हो, बुद्धिसे इन्द्रियद्वारोंको रोककर मनको ध्यानमें लगावे। नित्य योगयुक्त रहनेवाला योगी सदा एकान्त स्थानोंमें, गुफाओं और वनोंमें भलीभाँति ध्यान करे।

वाग्दण्ड, कर्मदण्ड और मनोदण्ड—ये तीन दण्ड जिसके अधीन हो, वही 'त्रिदण्डी' महायति है। राजन्! जिसकी दृष्टिमें सत्-असत् तथा गुण-अवगुणरूप यह समस्त जगत् आत्मस्वरूप हो गया है, उस योगीके लिये कौन प्रिय है और कौन अप्रिय। जिसकी बुद्धि शुद्ध है, जो मिट्टीके ढेले और सुवर्णको समान समझता है, सब प्राणियोंके प्रति जिसका समान भाव है, वह एकाग्रचित्त योगी उस सर्वोत्कृष्ट सनातन अविनाशी परमपदको प्राप्त होकर फिर इस संसारमें जन्म नहीं लेता। वेदोंसे सम्पूर्ण यज्ञकर्म श्रेष्ठ हैं, यज्ञोंसे जप, जपसे ज्ञानमार्ग और उससे आसक्ति एवं रागसे रहित ध्यान श्रेष्ठ है। ऐसे ध्यानके प्राप्त हो जानेपर सनातन ब्रह्मकी उपलब्धि होती है। जो एकाग्रचित्त, ब्रह्मपरायण, प्रमादरहित, पवित्र, एकान्तप्रेमी और जितेन्द्रिय होता है, वही महात्मा इस योगको पाता है और फिर अपने उस योगसे ही वह मोक्ष प्राप्त कर लेता है।

महर्षि दधीचि



योऽध्रुवेणात्मना नाथा
न धर्मं न यशः पुमान्।
ईहेत भूतदयया
स शोच्यः स स्थावरैरपि॥
एतावानव्ययो धर्मः
पुण्यश्लोकैरुपासितः।
यो भूतशोकहर्षाभ्या-
मात्मा शोचति हृष्यति॥
अहो दैन्यमहो कष्टं पारक्यैः क्षणभङ्गुरैः।
यन्नोपकुर्यादस्वार्थैर्मर्त्यः स्वज्ञातिविग्रहैः॥
(श्रीमद्भा० ६। १०। ८-१०)

देवशिरोमणियो! जो मनुष्य इस विनाशी शरीरसे दुखी प्राणियोंपर दया करके मुख्यतः धर्म और गौणतः यशका सम्पादन नहीं करता, वह जड पेड़-पौधोंसे भी गया-बीता है। बड़े-बड़े महात्माओंने इस अविनाशी धर्मकी उपासना की है। उसका स्वरूप बस, इतना ही है कि मनुष्य किसी भी प्राणीके दुःखमें दुःखका अनुभव करे और सुखमें सुखका। जगत्के धन, जन और शरीर आदि पदार्थ क्षणभङ्गुर हैं। ये अपने किसी काम नहीं आते, अन्तमें दूसरोंके ही काम आयेंगे। ओह! यह कैसी कृपणता है, कितने दुःखकी बात है कि यह मरणधर्मा मनुष्य इनके द्वारा दूसरोंका उपकार नहीं कर लेता।

महर्षि आरण्यक

भगवान् राम और उनके नामकी महिमा

किं यागैर्विविधैः रम्यैः सर्वसंभारसम्भृतैः।
स्वल्पपुण्यप्रदैर्नूनं क्षयिष्णुपददातृकैः॥
मूढो लोको हरिं त्यक्त्वा करोत्यन्यसमर्चनम्।
रघुवीरं रमानाथं स्थिरैश्वर्यपदप्रदम्॥
यो नरैः स्मृतमात्रोऽसौ हरते पापपर्वतम्।
तं मुक्त्वा क्लिश्यते मूढो योगयागव्रतादिभिः॥
सकामैर्योगिभिर्वापि चिन्त्यते कामवर्जितैः।
अपवर्गप्रदं नृणां स्मृतमात्राखिलाघहम्॥
(पद्मपु० पाताल० ३५। ३०—३४)

सब सामग्रियोंको एकत्रित करके भाँति-भाँतिके सुन्दर यज्ञोंका अनुष्ठान करनेसे क्या लाभ। वे तो अत्यन्त अल्प पुण्य प्रदान करनेवाले हैं तथा उनसे क्षणभंगुर पदकी ही प्राप्ति होती है। स्थिर ऐश्वर्यपदको देनेवाले तो एकमात्र रमानाथ भगवान् श्रीरघुवीर ही हैं। जो लोग उन भगवान्को छोड़कर दूसरेकी पूजा करते हैं, वे मूर्ख हैं। जो मनुष्योंके स्मरण करनेमात्रसे पहाड़-जैसे पापोंका भी नाश कर डालते हैं, उन भगवान्को छोड़कर मूढ़ मनुष्य योग, याग और व्रत आदिके करनेमें क्लेश उठाते हैं! सकाम पुरुषों अथवा निष्काम योगियोंद्वारा भी उनका चिन्तन किया जाता है। वे मनुष्योंको मोक्ष प्रदान करनेवाले हैं, एवं स्मरण करनेमात्रसे सारे पापोंको दूर कर देते हैं।

स्वनामस्मरणान्मूढः सर्वशास्त्रविवर्जितः।
सर्वपापाब्धिमुत्तीर्य स गच्छेत् परमं पदम्॥
सर्ववेदेतिहासानां सारार्थोऽयमिति स्फुटम्।
यद्रामनामस्मरणं क्रियते पापतारकम्॥
तावद् गर्जन्ति पापानि ब्रह्महत्यासमानि च।
न यावत् प्रोच्यते नाम रामचन्द्र तव स्फुटम्॥
स्वनामगर्जनं श्रुत्वा महापातककुञ्जराः।
पलायन्ते महाराज कुत्रचित् स्थानलिप्सया॥
(पद्मपु० पाताल० ३७। ५०—५३)

श्रीरघुनाथजी! शास्त्रोंके ज्ञानसे रहित मूढ मनुष्य भी यदि

आपके नामका स्मरण करता है तो वह सम्पूर्ण पापोंके महासागरको पार करके परमपदको प्राप्त होता है। सभी वेदों और इतिहासोंका यह स्पष्ट सिद्धान्त है कि राम-नामका जो स्मरण किया जाता है, वह पापोंसे उद्धार करनेवाला है। ब्रह्महत्या-जैसे पाप भी तभीतक गर्जना करते हैं, जबतक आपके नामोंका स्पष्टरूपसे उच्चारण नहीं किया जाता। महाराज! आपके नामोंकी गर्जना सुनकर महापातकरूपी गजराज कहीं छिपनेके लिये स्थान ढूँढ़ते हुए भाग खड़े होते हैं।

तावत्पापभियः पुंसां कातराणां सुपापिनाम्।
यावन्न वदते वाचा रामनाम मनोहरम्॥
(पद्मपु० पातालः ३७। ५६)

महान् पाप करनेके कारण कातर हृदयवाले पुरुषोंको तभीतक पापका भय बना रहता है, जबतक वे अपनी जिह्वासे परम मनोहर राम-नामका उच्चारण नहीं करते।

महर्षि लोमश

रामान्नास्ति परो देवो रामान्नास्ति परं व्रतम्।
न हि रामात् परो योगो न हि रामात्परो मखः॥
तं स्मृत्वा चैव जप्त्वा च पूजयित्वा नरः पदम्।
प्राप्नोति परमामृद्धिमैहिकामुष्मिकीं तथा॥
संस्मृतो मनसा ध्यातः सर्वकामफलप्रदः।
ददाति परमां भक्तिं संसाराम्भोधितारिणीम्॥
श्वपाकोऽपि हि संस्मृत्य रामं याति परां गतिम्।
ये वेदशास्त्रनिरतास्त्वादृशास्तत्र किं पुनः॥
सर्वेषां वेदशास्त्राणां रहस्यं ते प्रकाशितम्।
समाचर तथा त्वं वै यथा स्यात्ते मनीषितम्॥
एको देवो रामचन्द्रो व्रतमेकं तदर्चनम्।
मन्त्रोऽप्येकश्च तन्नाम शास्त्रं तद्ध्येव तत्स्तुतिः॥
तस्मात्सर्वात्मना रामचन्द्रं भज मनोहरम्।
यथा गोष्पदवत्तुच्छो भवेत्संसारसागरः॥
(पद्मपु० पातालः ३५। ४६--५२)

श्रीरामसे बड़ा कोई देवता नहीं, श्रीरामसे बढ़कर कोई व्रत नहीं, श्रीरामसे बड़ा कोई योग नहीं तथा श्रीरामसे बढ़कर कोई यज्ञ नहीं है। श्रीरामका स्मरण, जप और पूजन करके मनुष्य परमपद तथा इस लोक और परलोककी उत्तम समृद्धिको प्राप्त करता है। श्रीरघुनाथजी सम्पूर्ण कामनाओं और फलोंके दाता हैं। मनके द्वारा स्मरण और ध्यान करनेपर वे अपनी उत्तम भक्ति प्रदान करते हैं, जो संसारसमुद्रसे तारनेवाली है। चाण्डाल भी श्रीरामका स्मरण करके परमगतिको प्राप्त कर लेता है। फिर तुम्हारे-जैसे वेद-शास्त्र-परायण पुरुषोंके लिये तो कहना ही क्या है। यह सम्पूर्ण वेद और शास्त्रोंका रहस्य है, जिसे मैंने तुमपर प्रकट कर दिया। अब जैसा तुम्हारा विचार हो, वैसा ही करो। एक ही देवता हैं—श्रीराम; एक ही व्रत है—उनका पूजन; एक ही मन्त्र है—उनका नाम तथा एक ही शास्त्र है—उनकी स्तुति। अतः तुम सब प्रकारसे परम मनोहर श्रीरामचन्द्रजीका भजन करो, जिससे तुम्हारे लिये यह महान् संसारसागर गायके खुरके समान तुच्छ हो जाय।

महर्षि आपस्तम्ब

दीनोंके प्रति सद्भाव

दुःखितानीह भूतानि यो न भूतैः पृथग्विधैः।
केवलात्मसुखेच्छातोऽवेन्नृशंसतरोऽस्ति कः॥
अहो स्वस्थेष्वकारुण्यं स्वार्थे चैव बलिर्वृथा।
ज्ञानिनामपि चेद्यस्तु केवलात्महिते रतः॥
ज्ञानिनो हि यथा स्वार्थमाश्रित्य ध्यानमाश्रिताः।
दुःखार्तानीह भूतानि प्रयान्ति शरणं कुतः॥
योऽभिवाञ्छति भोक्तुं वै सुखान्येकान्ततो जनः।
पापात् परतरं तं हि प्रवदन्ति मुमुक्षवः॥
को नु मे स्यादुपायो हि येनाहं दुःखितात्मनाम्।
अन्तः प्रविश्य भूतानां भवेयं सर्वदुःखभुक्॥
यन्ममास्ति शुभं किंचित्तद्धीनानुपगच्छतु।
यत् कृतं दुष्कृतं तैश्च तदशेषमुपैतु माम्॥
दृष्ट्वा तान् कृपणान् व्यङ्गाननङ्गान् रोगिणस्तथा।
दया न जायते यस्य स रक्ष इति मे मतिः॥
प्राणसंशयमापन्नान् प्राणिनो भयविह्वलान्।
यो न रक्षति शक्तोऽपि स-तत्पापं समश्नुते॥
आहूतानां भयार्तानां सुखं यदुपजायते।
तस्य स्वर्गापवर्गौ च कलां नार्हन्ति षोडशीम्॥

तस्माच्चैतानहं दीनांस्त्यक्त्वा मीनान् सुदुःखितान्।
प्राप्तुं मुक्तिं न वाञ्छामि किं पुनस्त्रिदशालयम्॥
(स्क० रे० खं० १३ । ३३–४४)

नाना प्रकारके जीवोंद्वारा दुःखमें डाले हुए प्राणियोंकी ओर जो अपने सुखकी इच्छासे ध्यान नहीं देता, उससे बढ़कर अत्यन्त क्रूर-हृदय इस संसारमें दूसरा कौन है। अहो, स्वस्थ प्राणियोंके प्रति निर्दयतापूर्ण अत्याचार तथा स्वार्थके लिये उनका व्यर्थ बलिदान कैसे आश्चर्यकी बात है! ज्ञानियोंमें भी जो केवल अपने ही हितमें तत्पर है, वह श्रेष्ठ नहीं है; क्योंकि यदि ज्ञानी पुरुष भी अपने स्वार्थका आश्रय लेकर ध्यानमें स्थित होते हैं तो इस जगत्के दुःखातुर प्राणी किसकी शरणमें जायँगे। जो मनुष्य स्वयं निरन्तर ही सुख भोगना चाहता है, उसे मुमुक्षु पुरुष पापीसे भी महापापी बताते हैं। मेरे लिये वह कौन-सा उपाय है, जिससे मैं दुःखित चित्तवाले सम्पूर्ण जीवोंके भीतर प्रवेश करके अकेला ही सबके दुःखोंको भोगता रहूँ। मेरे पास जो कुछ भी पुण्य है, वह सभी दीन-दुखियोंके पास चला जाय और उन्होंने जो कुछ पाप किया हो, वह सब मेरे पास आ जाय। (दूसरी ओर) इन दरिद्र, विकलाङ्ग, अंगहीन तथा रोगी प्राणियोंको देखकर जिसके हृदयमें दया नहीं उत्पन्न होती, वह मेरे विचारसे मनुष्य नहीं, राक्षस है। जो समर्थ होकर भी प्राण-सङ्कटमें पड़े हुए भय-विह्वल प्राणियोंकी रक्षा नहीं करता, वह उनके पापको भोगता है। भयातुर प्राणियोंको अपनी शरणमें बुलाकर उनकी रक्षा करनेसे जो सुख मिलता है, स्वर्ग और मोक्षके सुख उसकी सोलहवीं कलाके बराबर भी नहीं हैं। अतः मैं इन दीन-दुखी मछलियोंको दुःखसे मुक्त करनेका कार्य छोड़कर मुक्तिको भी वरण करना नहीं चाहता, फिर स्वर्गलोककी तो बात ही क्या है।

नरकं यदि पश्यामि वत्स्यामि स्वर्ग एव वा॥
यन्मया सुकृतं किंचिन्मनोवाक्कायकर्मभिः।
कृतं तेनापि दुःखार्तास्सर्वे यान्तु शुभां गतिम्॥
(स्क० रे० खं० १३ । ७७–७८)

मैं नरकको देखूँ या स्वर्गमें निवास करूँ, किंतु मेरेद्वारा मन, वाणी, शरीर और क्रियासे जो कुछ पुण्यकर्म बना हो, उससे ये सभी दुःखार्त प्राणी शुभगतिको प्राप्त हों।

गो-महिमा

गावः प्रदक्षिणीकार्या वन्दनीया हि नित्यशः।
मङ्गलायतनं दिव्याः सृष्टास्त्वेताः स्वयम्भुवा॥
अप्यागाराणि विप्राणां देवतायतनानि च।
यद्गोमयेन शुद्ध्यन्ति किं ब्रूमो ह्यधिकं ततः॥
गोमूत्रं गोमयं क्षीरं दधि सर्पिस्तथैव च।
गवां पञ्च पवित्राणि पुनन्ति सकलं जगत्॥
गावो मे चाग्रतो नित्यं गावः पृष्ठत एव च।
गावो मे हृदये चैव गवां मध्ये वसाम्यहम्॥
(स्क० पु० आव० रे० १३ । ६२–६५)

गौओंकी परिक्रमा करनी चाहिये। वे सदा सबके लिये वन्दनीय हैं। गौएँ मङ्गलका स्थान हैं, दिव्य हैं। स्वयं ब्रह्माजीने इन्हें (दिव्य गुणोंसे विभूषित) बनाया है। जिनके गोबरसे ब्राह्मणोंके घर और देवताओंके मन्दिर भी शुद्ध होते हैं, उन गौओंसे बढ़कर पवित्र अन्य किसको बतावें। गौओंके मूत्र, गोबर, दूध, दही और घी—ये पाँच वस्तुएँ पवित्र हैं और सम्पूर्ण जगत्को पवित्र करती हैं। गायें मेरे आगे रहें, गायें मेरे पीछे रहें, गायें मेरे हृदयमें रहें और मैं गौओंके मध्यमें निवास करूँ।

एवं यः पठते नित्यं त्रिसंध्यं नियतः शुचिः।
मुच्यते सर्वपापेभ्यः स्वर्गलोकं स गच्छति॥
अग्रग्रासे परो भावः कर्तव्यो भक्तितोऽन्वहम्।
अकृत्वा स्वयमाहारं कुर्वन्नाप्नोति दुर्गतिम्॥
तेनाग्नयो हुताः सम्यक् पितरश्चापि तर्पिताः।
देवाश्च पूजितास्तेन यो ददाति गवाह्निकम्॥

गोग्रास-समर्पण मन्त्र

सौरभेयी जगत्पूज्या नित्यं विष्णुपदे स्थिता।
सर्वदेवमयी ग्रासं मया दत्तं प्रतीच्छताम्॥
(स्क० पु० रे० खं० ६६–६९)

जो प्रतिदिन तीनों संध्याओंके समय नियमपरायण एवं पवित्र होकर 'गावो मे चाग्रतो नित्यम्' इत्यादि श्लोकका पाठ करता है, वह सब पापोंसे मुक्त होता और स्वर्गलोकमें जाता है। प्रतिदिन स्वयं भोजन न करके पहले भक्तिभावसे गौओंको गो-ग्रास देनेमें श्रद्धा रखनी चाहिये। जो ऐसा करता है, उसकी कभी दुर्गति नहीं होती। जो प्रतिदिन गो-ग्रास अर्पण करता है, उसने अग्निहोत्र कर लिया, पितरोंको तृप्त कर दिया और देवताओंकी पूजा भी सम्पन्न कर ली।

गो-ग्रास देते समय प्रतिदिन इस मन्त्रार्थका चिन्तन करे—'सुरभिकी पुत्री गोजाति सम्पूर्ण जगत्के लिये पूज्य है, वह सदा विष्णुपदमें स्थित है और सर्वदेवमयी है। मेरे दिये हुए इस ग्रासको गौमाता देखें और ग्रहण करें।

महर्षि दुर्वासा

संत-महिमा



अहो अनन्तदासानां महत्त्वं दृष्टमद्य मे।
कृतागसोऽपि यद् राजन् मङ्गलानि समीहते॥
दुष्करः को नु साधूनां दुस्त्यजो वा महात्मनाम्।
यैः संगृहीतो भगवान् सात्वतामृषभो हरिः॥
यन्नामश्रुतिमात्रेण पुमान् भवति निर्मलः।
तस्य तीर्थपदः किं वा दासानामवशिष्यते॥
(श्रीमद्भा० ९। ५। १४–१६)

दुर्वासाजीने अम्बरीषसे कहा—'धन्य है! आज मैंने भगवान्‌के प्रेमी भक्तोंका महत्त्व देखा। राजन्! मैंने आपका अपराध किया, फिर भी आप मेरे लिये मङ्गल-कामना ही कर रहे हैं। जिन्होंने भक्तोंके परमाराध्य भगवान् श्रीहरिको दृढ़ प्रेमभावसे पकड़ लिया है, उन साधुपुरुषोंके लिये कौन-सा कार्य कठिन है। जिनका हृदय उदार है, वे महात्मा भला, किस वस्तुका परित्याग नहीं कर सकते? जिनके मङ्गलमय नामोंके श्रवणमात्रसे जीव निर्मल हो जाता है—उन्हीं तीर्थपाद भगवान्‌के चरणकमलोंके जो दास हैं, उनके लिये कौन-सा कर्तव्य शेष रह जाता है।

महर्षि ऋतम्भर

गौके सताने और सेवा करनेका फल

तृषिता गौर्गृहे बद्धा गेहे कन्या रजस्वला।
देवताश्च सनिर्माल्या हन्ति पुण्यं पुराकृतम्॥
यो वै गां प्रतिषिध्येत चरन्तीं स्वं तृणं नरः।
तस्य पूर्वे च पितरः कम्पन्ते पतनोन्मुखाः॥
यो वै ताडयते यष्ट्या धेनुं मर्त्यो विमूढधीः।
धर्मराजस्य नगरे स याति करवर्जितः॥
यो वै दंशान् वारयति तस्य पूर्वे कृतार्थकाः।
नृत्यन्त्यत्युत्सवादस्मांस्तारयिष्यति भाग्यवान्॥
(पद्म० पाताल० ३०। २७–३०)

यदि घरमें प्यासी हुई गाय बँधी रहे, कन्या रजस्वला होकर भी अविवाहित रहे तथा देवताके विग्रहपर पहले दिनका चढ़ाया हुआ निर्माल्य पड़ा रहे तो ये सभी दोष पहलेके किये हुए पुण्यको नष्ट कर डालते हैं। जो मनुष्य घास चरती हुई गौको रोकता है, उसके पूर्वज पितर पतनोन्मुख होकर काँप उठते हैं। जो मूढबुद्धि मानव गौको लाठीसे मारता है, उसे हाथोंसे हीन होकर यमराजके नगरमें जाना पड़ता है। जो गौके शरीरसे डाँस और मच्छरोंको हटाता है, उसके पूर्वज कृतार्थ होकर अधिक प्रसन्नताके कारण नाच उठते हैं और कहते हैं 'हमारा यह वंशज बड़ा भाग्यवान् है, अपनी गो-सेवाके द्वारा यह हमें तार देगा।'

महर्षि और्व

पृथ्वी किसके प्रभावसे टिकी है?

दोषहेतूनशेषांश्च वश्यात्मा यो निरस्यति।
तस्य धर्मार्थकामानां हानिर्नाल्पापि जायते॥
सदाचाररतः प्राज्ञो विद्याविनयशिक्षितः।
पापेऽप्यपापः परुषे ह्यभिधत्ते प्रियाणि यः।
मैत्रीद्रवान्तःकरणस्तस्य मुक्तिः करे स्थिता॥
ये कामक्रोधलोभानां वीतरागा न गोचरे।
सदाचारस्थितास्तेषामनुभावैर्धृता मही॥
(विष्णु० ३। १२। ४०–४२)

जो मनको वशमें रखनेवाला पुरुष दोषके समस्त हेतुओंको त्याग देता है, उसके धर्म, अर्थ और कामकी थोड़ी-सी भी हानि नहीं होती। जो विद्या-विनय-सम्पन्न, सदाचारी प्राज्ञ पुरुष पापीके प्रति पापमय व्यवहार नहीं करता, कटु वचन बोलनेवालेके प्रति भी प्रिय भाषण करता है तथा जिसका अन्तःकरण मैत्रीसे द्रवीभूत रहता है, मुक्ति उसकी मुट्ठीमें रहती है। जो वीतराग महापुरुष कभी काम, क्रोध और लोभादिके वशीभूत नहीं होते तथा सर्वदा सदाचारमें स्थित रहते हैं, उनके प्रभावसे ही पृथ्वी टिकी हुई है।

प्राणिनामुपकाराय यथैवेह परत्र च।
कर्मणा मनसा वाचा तदेव मतिमान् भजेत्॥
(विष्णु० ३। १२। ४५)

जो कार्य इहलोक और परलोकमें प्राणियोंके हितका साधक हो, मतिमान् पुरुष मन, वचन और कर्मसे उसीका आचरण करे।

महर्षि गालव

शालग्राम-पूजन

असच्छूद्रगतं दास निषेधं विद्धि मानद।
स्त्रीणामपि च साध्वीनां नैवाभावः प्रकीर्तितः॥
मा संशयो भूत्ते चात्र नाप्नुषे संशयात्फलम्।
शालग्रामार्चनपराः शुद्धदेहा विवेकिनः॥
न ते यमपुरं यान्ति चातुर्मास्येव पूजकाः।
शालग्रामार्पितं माल्यं शिरसा धारयन्ति ये॥
तेषां पापसहस्राणि विलयं यान्ति तत्क्षणात्।
शालग्रामशिलाग्रे तु ये प्रयच्छन्ति दीपकम्॥
तेषां सौरपुरे वासः कदाचिन्नैव जायते।
शालग्रामगतं विष्णुं सुमनोभिर्मनोहरैः॥
येऽर्चयन्ति महाशूद्र सुप्ते देवे हरौ तथा।
पञ्चामृतेन स्नपनं ये कुर्वन्ति सदा नराः॥
शालग्रामशिलायां च न ते संसारिणो नराः।
मुक्तेर्निदानममलं शालग्रामगतं हरिम्॥
हृदि न्यस्य सदा भक्त्या यो ध्यायति स मुक्तिभाक्।
तुलसीदलजां मालां शालग्रामोपरि न्यसेत्॥
चातुर्मास्ये विशेषेण सर्वकामानवाप्नुयात्।
न तावत् पुष्पजा माला शालग्रामस्य वल्लभा॥
सर्वदा तुलसी देवी विष्णोर्नित्यं शुभा प्रिया।
तुलसी वल्लभा नित्यं चातुर्मास्ये विशेषतः॥
शालग्रामो महाविष्णुस्तुलसी श्रीर्न संशयः।
अतो वासितपानीयैः स्नाप्य चन्दनचर्चितैः॥
मञ्जरीभिर्युतं देवं शालग्रामशिलाहरिम्।
तुलसीसम्भवाभिश्च कृत्वा कामानवाप्नुयात्॥
पत्रे तु प्रथमे ब्रह्मा द्वितीये भगवान्शिवः।
मञ्जर्यां भगवान् विष्णुस्तदेकत्रस्थया तदा॥
मञ्जरीदलसंयुक्ता ग्राह्या बुधजनैः सदा।
तां निवेद्य हरौ भक्त्या जन्मादिक्षयकारणम्॥
शालग्रामे धूपराशिं निवेद्य हरितत्परः।
चातुर्मास्ये विशेषेण मनुष्यो नैव नारकी॥
शालग्रामं नरो दृष्ट्वा पूजितं कुसुमैः शुभैः।
सर्वपापविशुद्धात्मा याति तन्मयतां हरौ॥
(स्क० पु० चा० मा० ११। ४८-६३)

दूसरोंको मान देनेवाले दास! शूद्रोंमे केवल असत् शूद्रके लिये शालग्रामशिलाका निषेध है। स्त्रियोंमें भी पतिव्रता स्त्रियोंके लिये उसका निषेध नहीं किया गया है। इस विषयमे तुम्हे संदेह नहीं होना चाहिये। संशयसे तुम्हे कोई फल नहीं मिलेगा। जो चातुर्मास्यमें शालग्रामकी पूजामे तत्पर रहकर अपने तन मनको शुद्ध कर चुके हैं, वे विवेकी पुरुष कभी यमलोकमे नहीं जाते। जो शालग्राम-शिलाके ऊपर चढ़ायी हुई माला अपने मस्तकपर धारण करते हैं, उनके सहस्रो पाप तत्काल नष्ट हो जाते हैं। जो शालग्राम-शिलाके आगे दीपदान करते हैं, उनका कभी यमपुरमे निवास नहीं होता। जो शालग्राममे स्थित भगवान् विष्णुकी मनोहर पुष्पोंद्वारा पूजा करते हैं तथा जो भगवान् विष्णुके शयनकाल -चातुर्मास्यमें शालग्राम-शिलाको पञ्चामृतसे स्नान कराते हैं, वे मनुष्य संसार-बन्धनमें कभी नहीं पड़ते। मुक्तिके आदि-कारण निर्मल शालग्रामगत श्रीहरिको अपने हृदयमें स्थापित करके जो प्रतिदिन भक्तिपूर्वक उनका चिन्तन करता है, वह मोक्षका भागी होता है। जो सब समयमें, विशेषतः चातुर्मास्यकालमें, भगवान् शालग्रामके ऊपर तुलसीदलकी माला चढ़ाता है, वह सम्पूर्ण कामनाओंको प्राप्त कर लेता है। तुलसीदेवी भगवान् विष्णुको सदा प्रिय हैं। शालग्राम महाविष्णुके स्वरूप हैं और तुलसीदेवी निःसंदेह साक्षात् लक्ष्मी हैं। इसलिये चन्दनचर्चित सुगन्धित जलसे तुलसीमञ्जरीसहित शालग्रामशिलारूप श्रीहरिको नहलाकर जो तुलसीकी मञ्जरियोंसे उनका पूजन करता है, वह सम्पूर्ण कामनाओंको पाता है। तुलसीके प्रथम दलमें ब्रह्माजी, द्वितीय दलमें भगवान् शिव तथा मंजरीमें भगवान् विष्णु निवास करते हैं, अतः विद्वान् भक्तोंको सदा इन तीनोंके संनिधानसे युक्त मञ्जरी और दलसहित तुलसीका चयन करना चाहिये। उसे भगवान् श्रीहरिकी सेवामें भक्तिपूर्वक अर्पण करनेसे जन्म, मृत्यु आदि

क्लेशोंका नाश होता है। जो भगवान् श्रीहरिकी आराधनामें संलग्न हो सदा—विशेषतः चातुर्मास्यमें शालग्रामशिलाको धूप-राशि निवेदन करता है, वह मनुष्य कभी नरकमें नहीं पड़ता। उत्तम पुष्पोंसे पूजित भगवान् शालग्रामका दर्शन करके मनुष्य सब पापोंसे शुद्धचित्त होकर श्रीहरिमें तन्मयताको प्राप्त होता है।

शालग्रामस्तु गण्डक्यां नर्मदायां महेश्वरः।
उत्पद्यते स्वयंभूश्च तावेतौ नैव कृत्रिमौ॥
(स्क० पु० चा० मा० २२। २)

गण्डकी नदीमें भगवान् विष्णु शालग्रामरूपमें प्रकट होते हैं और नर्मदा नदीमें भगवान् शिव नर्मदेश्वररूपमें उत्पन्न होते हैं। ये दोनों साक्षात् विष्णु और शिव ही हैं, कृत्रिम नहीं हैं।

तस्माद्धरं लिङ्गरूपं शालग्रामगतं हरिम्।
येऽर्चयन्ति नरा भक्त्या न तेषां दुःखयातनाः॥
चातुर्मास्ये समायाते विशेषात् पूजयेच्च तौ।
अर्चितौ यावभेदेन स्वर्गमोक्षप्रदायकौ॥
देवौ हरिहरौ भक्त्या विप्रवह्निगवां गतौ।
येऽर्चयन्ति महाशूद्र तेषां मोक्षप्रदो हरिः॥
विवेकादिगुणैर्युक्तः स शूद्रो याति सद्गतिम्।
(स्क० पु० चा० मा० २८। २, ३, ४, ६)

शूद्रश्रेष्ठ! जो लिङ्गरूपी शिव और शालग्रामगत श्रीविष्णुका भक्तिपूर्वक पूजन करते हैं, उन्हें दुःखमयी यातना नहीं भोगनी पड़ती। चौमासेमें शिव और विष्णुका विशेष रूपसे पूजन करना चाहिये। दोनोंमें भेदभाव न रखते हुए यदि उनकी पूजा की जाय तो वे स्वर्ग और मोक्ष प्रदान करनेवाले होते हैं। जो भक्तिपूर्वक ब्राह्मण, अग्नि और गौमें स्थित हरि और हरकी पूजा करते हैं, उन्हें भगवान् श्रीहरि मोक्ष प्रदान करते हैं। जो विवेक आदि गुणोंसे युक्त है, वह शूद्र उत्तम गतिको प्राप्त होता है।

महर्षि मार्कण्डेय



उपदेश

दयावान् सर्वभूतेषु
हिते रक्तोऽनसूयकः।
सत्यवादी मृदुर्दान्तः
प्रजानां रक्षणे रतः॥
चर धर्मं त्यजाधर्मं
पितॄन् देवांश्च पूजय।
प्रमादाद् यत्कृतं तेऽभूत् सम्यग्दानेन तज्जय॥
अलं ते मानमाश्रित्य सततं परवान् भव॥
(महा० वन० १९१। २३–२५)

राजन्! तुम सब प्राणियोंपर दया करो। सबका हित-साधन करनेमें लगे रहो। किसीके गुणोंमें दोष न देखो। सदा सत्य-भाषण करो। सबके प्रति विनीत और कोमल बने रहो। इन्द्रियोंको वशमें रक्खो। प्रजाकी रक्षामें सदा तत्पर रहो। धर्मका आचरण और अधर्मका त्याग करो। देवताओं और पितरोंकी पूजा करो। यदि असावधानीके कारण किसीके मनके विपरीत कोई व्यवहार हो जाय तो उसे अच्छी प्रकार दानसे संतुष्ट करके प्रसन्न करो। 'मैं सबका स्वामी हूँ' ऐसे अहंकारको कभी पास न आने दो, तुम अपनेको सदा पराधीन समझते रहो।

सर्वेषामेव दानानामन्नदानं परं विदुः।
सर्वप्रीतिकरं पुण्यं बलपुष्टिविवर्धनम्॥
नान्नदानसमं दानं त्रिषु लोकेषु विश्रुतम्।
अन्नाद्भवन्ति भूतानि म्रियन्ते तदभावतः॥
(स्क० पु० रे० ख० ५२। १०-११)

सब दानोंमें अन्नदानको उत्तम माना गया है। वह सबको प्रसन्न करनेवाला, पुण्यजनक तथा बल और पुष्टिको बढ़ानेवाला है। तीनों लोकोंमें अन्नदानके समान दूसरा कोई दान नहीं है। अन्नसे ही प्राणी उत्पन्न होते और अन्नका अभाव होनेपर मर जाते हैं।

पुण्यतीर्थाभिषेकं च पवित्राणां च कीर्तनम्।
सद्भिः सम्भाषणं चैव प्रशस्तं कीर्त्यते बुधैः॥
(महा० वन० २००। ९४)

पुण्यतीर्थमें स्नान, पवित्र वस्तुओंके नामका उच्चारण तथा सत्पुरुषोंके साथ वार्तालाप करना—यह सब विद्वानोंके द्वारा उत्तम बताया जाता है।

गङ्गा-महिमा

योजनानां सहस्रेषु गङ्गां स्मरति यो नरः।
अपि दुष्कृतकर्मासौ लभते परमां गतिम्॥
कीर्तनान्मुच्यते पापैर्दृष्ट्वा भद्राणि पश्यति।
अवगाह्य च पीत्वा च पुनात्यासप्तमं कुलम्॥
सत्यवादी जितक्रोधो अहिंसां परमां स्थितः।
धर्मानुसारी तत्त्वज्ञो गोब्राह्मणहिते रतः॥
गङ्गायमुनयोर्मध्ये स्नातो मुच्येत किल्बिषात्।
मनसा चिन्तितान् कामान् सम्यक् प्राप्नोति पुष्कलान्॥

(पद्म० स्वर्ग० ४१। १४—१७)

जो मनुष्य सहस्रों योजन दूरसे भी गङ्गाजीका स्मरण करता है, वह पापाचारी होनेपर भी परम गतिको प्राप्त होता है। मनुष्य गङ्गाका नाम लेनेसे पापमुक्त होता है, दर्शन करनेसे कल्याणका दर्शन करता है तथा स्नान करने और जल पीनेसे अपने कुलकी सात पीढ़ियोंको पवित्र कर देता है। जो सत्यवादी, क्रोधजयी, अहिंसा-धर्ममें स्थित, धर्मानुगामी, तत्त्वज्ञ तथा गौ और ब्राह्मणोंके हितमें तत्पर होकर गङ्गा-यमुनाके बीचमें स्नान करता है, वह सारे पापोंसे छूट जाता है तथा मन-चीते समस्त भोगोंको पूर्णरूपसे प्राप्त कर लेता है।

महर्षि शाण्डिल्य

व्रजभूमिमें भगवान्‌की लीला



प्रिय परीक्षित् और वज्रनाभ! मैं तुमलोगोंको व्रजभूमिका रहस्य बतलाता हूँ। तुम दत्तचित्त होकर सुनो। 'व्रज' शब्दका अर्थ है व्याप्ति। इस वृद्धवचनके अनुसार व्यापक होनेके कारण ही इस भूमिका नाम 'व्रज' पड़ा है। सत्त्व, रज, तम—इन तीन गुणोंसे अतीत जो परब्रह्म है, वही व्यापक है। इसलिये उसे 'व्रज' कहते हैं। वह सदानन्दस्वरूप, परम ज्योतिर्मय और अविनाशी है। जीवन्मुक्त पुरुष उसीमें स्थित रहते हैं। इस परब्रह्मस्वरूप व्रजधाममें नन्दनन्दन भगवान् श्रीकृष्णका निवास है। उनका एक-एक अङ्ग सच्चिदानन्दस्वरूप है। वे आत्माराम और आप्तकाम हैं। प्रेमरसमें डूबे हुए रसिकजन ही उनका अनुभव करते हैं। भगवान् श्रीकृष्णकी आत्मा हैं—राधिका; उसमें रमण करनेके कारण ही रहस्य-रसके मर्मज्ञ ज्ञानी पुरुष उन्हें 'आत्माराम' कहते हैं। 'काम' शब्दका अर्थ है कामना—अभिलाषा; व्रजमें भगवान् श्रीकृष्णके वाञ्छित पदार्थ हैं—गौएँ, ग्वालबाल, गोपियाँ और उनके साथ लीला विहार आदि; वे सब-के-सब यहाँ नित्य प्राप्त हैं। इसीसे श्रीकृष्णको 'आप्तकाम' कहा गया है। भगवान् श्रीकृष्णकी यह रहस्य-लीला प्रकृतिसे परे है। वे जिस समय प्रकृतिके साथ खेलने लगते हैं, उस समय दूसरे लोग भी उनकी लीलाका अनुभव करते हैं। प्रकृतिके साथ होनेवाली लीलामें ही रजोगुण, सत्त्वगुण और तमोगुणके द्वारा सृष्टि, स्थिति और प्रलयकी प्रतीति होती है। इस प्रकार यह निश्चय होता है कि भगवान्‌की लीला दो प्रकारकी है—एक वास्तवी और दूसरी व्यावहारिकी। वास्तवी लीला स्वसंवेद्य है—उसे स्वयं भगवान् और उनके रसिक भक्तजन ही जानते हैं। जीवोंके सामने जो लीला होती है, वह व्यावहारिकी लीला है। वास्तवी लीलाके बिना व्यावहारिकी लीला नहीं हो सकती; परंतु व्यावहारिकी लीलाका वास्तविक लीलाके राज्यमें कभी प्रवेश नहीं हो सकता।

(स्कन्दपुराणान्तर्गत श्रीमद्भा० माहात्म्य १। १९—२६)

महर्षि भृगु

साधु, धर्म, समता, शान्ति

ये लोकद्वेषिणो मूर्खाः कुमार्गरतबुद्धयः॥
ते राजन् दुर्जना ज्ञेयाः सर्वधर्मबहिष्कृताः।
धर्माधर्मविवेकेन वेदमार्गानुसारिणः॥
सर्वलोकहितासक्ताः साधवः परिकीर्तिताः।
हरिभक्तिकरं यत्तत्सद्भिश्च परिरक्षितम्॥
आत्मनः प्रीतिजनकं तत् पुण्यं परिकीर्तितम्।
सर्वं जगदिदं विष्णुर्विष्णुः सर्वस्य कारणम्॥
अहं च विष्णुर्यज्ज्ञानं तद्विष्णुस्मरणं विदुः।
सर्वदेवमयो विष्णुर्विधिना पूजयामि तम्॥
इति या भवति श्रद्धा सा तद्भक्तिः प्रकीर्तिता।
सर्वभूतमयो विष्णुः परिपूर्णः सनातनः॥

इत्यभेदेन या बुद्धिः समता सा प्रकीर्तिता।
समता शत्रुमित्रेषु वशित्वं च तथा नृप॥
यदृच्छालाभसंतुष्टिः सा शान्तिः परिकीर्तिता।
(ना० पु० १६। २८-३५)

जिनकी बुद्धि सदा कुमार्गमें लगी रहती है, जो सब लोगोंसे द्वेष रखनेवाले और मूर्ख हैं, उन्हें सम्पूर्ण धर्मोंसे बहिष्कृत दुष्ट पुरुष जानना चाहिये। जो लोग धर्म और अधर्मका विवेक करके वेदोक्त मार्गपर चलते हैं तथा सब लोगोंके हितमें संलग्न रहते हैं, उन्हें 'साधु' कहा गया है। जो भगवान्‌की भक्तिमें सहायक है, साधु पुरुष जिसका पालन करते हैं तथा जो अपने लिये भी आनन्ददायक है, उसे 'धर्म' कहते हैं। यह सम्पूर्ण जगत् भगवान् विष्णुका स्वरूप है, विष्णु सबके कारण हैं और मैं भी विष्णु हूँ—यह जो ज्ञान है, उसीको 'भगवान् विष्णुका स्मरण' समझना चाहिये। भगवान् विष्णु सर्वदेवमय हैं, मैं विधिपूर्वक उनकी पूजा करूँगा, इस प्रकारसे जो श्रद्धा होती है, वह उनकी 'भक्ति' कही गयी है। श्रीविष्णु सर्वभूतस्वरूप हैं, सर्वत्र परिपूर्ण सनातन परमेश्वर हैं, इस प्रकार जो भगवान्‌के प्रति अभेद-बुद्धि होती है, उसीका नाम 'समता' है। राजन्! शत्रु और मित्रोंके प्रति समान भाव हो, सम्पूर्ण इन्द्रियाँ अपने वशमें हों और दैववश जो कुछ मिल जाय, उसीमें संतोष रहे तो इस स्थितिको 'शान्ति' कहते हैं।

संन्यासी

तद्यथा विमुच्याग्निधनकलत्रपरिवर्हणं सङ्गेष्वात्मनः स्नेहपाशानवधूय परिव्रजन्ति समलोष्टाश्मकाञ्चनास्त्रिवर्गप्रवृत्तेष्वसक्तबुद्धयोऽरिमित्रोदासीनानां तुल्यदर्शनाः स्थावरजरायुजाण्डजस्वेदजोद्भिज्जानां भूतानां वाङ्मनःकर्मभिरनभिद्रोहिणोऽनिकेताः पर्वतपुलिनवृक्षमूलदेवतायतनान्यनुचरन्तो वासार्थमुपेयुर्नगरं ग्रामं वा नगरे पञ्चरात्रिकाः ग्रामे चैकरात्रिकाः प्रविश्य च प्राणधारणार्थं द्विजातीनां भवनान्यवकीर्णकर्मणामुपतिष्ठेयुः पात्रपतितायाचितभैक्ष्याः कामक्रोधदर्पलोभमोहकार्पण्यदम्भपरिभवाभिमानहिंसानिवृत्ता इति॥
(महा० शां० १९२। ३)

संन्यासमें प्रवेश करनेवाले पुरुष अग्निहोत्र, धन, स्त्री आदि परिवार तथा घरकी सारी सामग्रीका त्याग करके विषयासक्तिके बन्धनको तोड़कर घरसे निकल जाते हैं। ढेले, पत्थर और सोनेको समान समझते हैं। धर्म, अर्थ और कामके सेवनमें अपनी बुद्धि नहीं फँसाते। शत्रु, मित्र तथा उदासीन—सबके प्रति समान दृष्टि रखते हैं। स्थावर, अण्डज, पिण्डज, स्वेदज और उद्भिज प्राणियोंके प्रति मन, वाणी अथवा कर्मसे भी कभी द्रोह नहीं करते। कुटी या मठ बनाकर नहीं रहते। उन्हें चाहिये कि चारों ओर विचरते रहें और रातमें ठहरनेके लिये पर्वतकी गुफा, नदीका किनारा, वृक्षकी जड़, देवमन्दिर, ग्राम अथवा नगर आदि स्थानोंमें चले जाया करें। नगरमें पाँच रात और गाँवोंमें एक रातसे अधिक न रहें। प्राण-धारण करनेके लिये गाँव या नगरमें प्रवेश करके अपने विशुद्ध धर्मोंका पालन करनेवाले द्विजातियोंके घरोंपर जाकर खड़े हो जायँ। बिना माँगे ही पात्रमें जितनी भिक्षा आ जाय, उतनी ही स्वीकार करें। काम, क्रोध, दर्प, लोभ, मोह, कृपणता, दम्भ, निन्दा, अभिमान तथा हिंसा आदिसे दूर रहे।

महर्षि वाल्मीकि

भगवान् राम कहाँ निवास करते हैं?



त्वमेव सर्वलोकानां निवासस्थानमुत्तमम्।
तवापि सर्वभूतानि निवासस्थानानि हि॥
एवं साधारणं स्थानमुक्तं ते रघुनन्दन।
सीतया सहितस्येति विशेषं पृच्छतस्तव॥
तद् वक्ष्यामि रघुश्रेष्ठ यत्ते नियतमन्दिरम्।
शान्तानां समदृष्टीनामद्वेष्टॄणां च जन्तुषु।
त्वामेव भजतां नित्यं हृदयं तेऽधिमन्दिरम्॥
धर्माधर्मान् परित्यज्य त्वामेव भजतोऽनिशम्।
सीतया सह ते राम तस्य हृत्सुखमन्दिरम्॥
त्वन्मन्त्रजापको यस्तु त्वामेव शरणं गतः।
निर्द्वन्द्वो निःस्पृहस्तस्य हृदयं ते सुमन्दिरम्॥
निरहङ्कारिणः शान्ता ये रागद्वेषवर्जिताः।
समलोष्टाश्मकनकास्तेषां ते हृदयं गृहम्॥
त्वयि दत्तमनोबुद्धिर्यः संतुष्टः सदा भवेत्।
त्वयि सन्यस्तकर्मा यस्तन्मनस्ते शुभं गृहम्॥
यो न द्वेष्टि प्रियं प्राप्य प्रियं प्राप्य न हृष्यति।
सर्वं मायेति निश्चित्य त्वां भजेत्तन्मनो गृहम्॥

षड्भावादिविकारान् यो देहे पश्यति नात्मनि ।
क्षुत्तृट्सुखं भयं दुःखं प्राणबुद्ध्योर्निरीक्षते ॥
संसारधर्मैर्निर्मुक्तस्तस्य ते मानसं गृहम् ॥
पश्यन्ति ये सर्वगुहाशयस्थं
त्वां चिद्घनं सत्यमनन्तमेकम् ।
अलेपकं सर्वगतं वरेण्यं
तेषां हृदब्जे सह सीतया वस ॥
निरन्तराभ्यासदृढीकृतात्मनां
त्वत्पादसेवापरिनिष्ठितानाम् ।
त्वन्नामकीर्त्या हतकल्मषाणां
सीतासमेतस्य गृहं हृदब्जे ॥
राम त्वन्नाममहिमा वर्ण्यते केन वा कथम् ।
यत्प्रभावादहं राम ब्रह्मर्षित्वमवासवान् ॥
(अध्यात्म० अयो० ६ । ५२—६४)

हे राम ! सम्पूर्ण प्राणियोंके आप ही एकमात्र उत्तम निवास-स्थान हैं और सब जीव भी आपके निवास-गृह हैं। हे रघुनन्दन ! इस प्रकार यह मैंने आपका साधारण निवास-स्थान बताया। परंतु आपने विशेषरूपसे सीताके सहित अपने रहनेका स्थान पूछा है; इसलिये हे रघुश्रेष्ठ ! अब मैं आपका जो निश्चित गृह है, वह बताता हूँ। जो शान्त, समदर्शी और सम्पूर्ण जीवोंके प्रति द्वेषहीन हैं तथा अहर्निश आपका ही भजन करते हैं, उनका हृदय आपका प्रधान निवास-स्थान है। जो धर्म और अधर्म दोनोंको छोड़कर निरन्तर आपका ही भजन करता है, हे राम ! उसके हृदय-मन्दिरमें सीताके सहित आप सुखपूर्वक रहते हैं। जो आपके ही मन्त्रका जाप करता है, आपकी ही शरणमें रहता है तथा द्वन्द्वहीन और निःस्पृह है, उसका हृदय आपका सुन्दर मन्दिर है। जो अहङ्कारशून्य, शान्तस्वभाव, राग-द्वेष-रहित और मृत्पिण्ड, पत्थर तथा सुवर्णमें समान दृष्टि रखनेवाले हैं, उनका हृदय आपका घर है। जो तुम्हींमें मन और बुद्धिको लगाकर सदा सन्तुष्ट रहता है और अपने समस्त कर्मोंको तुम्हारे ही अर्पण कर देता है, उसका मन ही आपका शुभ गृह है। जो अप्रियको पाकर द्वेष नहीं करता और प्रियको पाकर हर्षित नहीं होता तथा यह सम्पूर्ण प्रपञ्च मायामात्र है—ऐसा निश्चय कर सदा आपका भजन करता है, उसका मन ही आपका घर है। जो जन्म लेना, सत्ता, बढ़ना, बदलना, क्षीण होना और नष्ट होना—इन छः विकारोंको शरीरमें ही देखता है, आत्मामें नहीं तथा क्षुधा, तृषा, सुख, दुःख और भय आदिको प्राण और बुद्धिके ही विकार मानता है और स्वयं सांसारिक धर्मोंसे मुक्त रहता है, उसका चित्त आपका निज गृह है। जो लोग चिद्घन, सत्यस्वरूप, अनन्त, एक, निर्लेप, सर्वगत और स्तुत्य आप परमेश्वरको समस्त अन्तःकरणोंमें विराजमान देखते हैं, हे राम ! उनके हृदय-कमलमें आप सीताजीके सहित निवास कीजिये। निरन्तर अभ्यास करनेसे जिनका चित्त स्थिर हो गया है, जो सर्वदा आपकी चरणसेवामें लगे रहते हैं तथा आपके नाम-संकीर्तनसे जिनके पाप नष्ट हो गये हैं, उनके हृदय-कमलमें सीताके सहित आपका निवास-गृह है। हे राम ! जिसके प्रभावसे मैंने ब्रह्मर्षि-पद प्राप्त किया है, आपके उस नामकी महिमा कोई किस प्रकार वर्णन कर सकता है।

महर्षि शतानन्द

तुलसी-महिमा

नामोच्चारे कृते तस्याः प्रीणात्यसुरदर्पहा ।
पापानि विलयं यान्ति पुण्यं भवति चाक्षयम् ॥
सा कथं तुलसी लोकैः पूज्यते वन्द्यते न हि ।
दर्शनादेव यस्यास्तु दानं कोटिगवां भवेत् ॥
धन्यास्ते मानवा लोके यद्गृहे विद्यते कलौ ।
शालग्रामशिलार्थं तु तुलसी प्रत्यहं क्षितौ ॥
तुलसीं ये विचिन्वन्ति धन्यास्ते करपल्लवाः ।
केशवार्थं कलौ ये च रोपयन्तीह भूतले ॥
किं करिष्यति संरुष्टो यमोऽपि सह किङ्करैः ।
तुलसीदलेन देवेशः पूजितो यैर्न दुःखहा ॥
... ...
तुलस्यमृतजन्मासि सदा त्वं केशवप्रिया ॥
केशवार्थं चिनोमि त्वां वरदा भव शोभने ।
त्वदङ्गसम्भवैर्नित्यं पूजयामि यथा हरिम् ॥
तथा कुरु पवित्राङ्गि कलौ मलविनाशिनि ।
मन्त्रेणानेन यः कुर्याद्विचित्य तुलसीदलम् ॥
पूजनं वासुदेवस्य लक्षकोटिगुणं भवेत् ।
(पद्म० सृष्टि० ५९ । ५—१४)

तुलसीका नामोच्चारण करनेपर असुरोंका दर्प दलन करनेवाले भगवान् श्रीविष्णु प्रसन्न होते हैं, मनुष्यके पाप नष्ट हो जाते हैं तथा उसे अक्षय पुण्यकी प्राप्ति होती है। जिसके दर्शनमात्रसे करोड़ों गोदानका फल होता है, उस तुलसीका पूजन और वन्दन लोग क्यों न करें। कलियुगके संसारमे वे मनुष्य धन्य हैं, जिनके घरमें शालग्राम-शिलाका पूजन सम्पन्न करनेके लिये प्रतिदिन तुलसीका वृक्ष भूतलपर लहलहाता रहता है। जो कलियुगमे भगवान् श्रीकेशवकी पूजाके लिये पृथ्वीपर तुलसीका वृक्ष लगाते हैं, उनपर यदि यमराज अपने किङ्करोंसहित रुष्ट हो जायँ तो भी वे उनका क्या कर सकते हैं। तुलसी! तुम अमृतसे उत्पन्न हो और केशवको सदा ही प्रिय हो। कल्याणी! मैं भगवान्‌की पूजाके लिये तुम्हारे पत्तोंको चुनता हूँ। तुम मेरे लिये वरदायिनी बनो। तुम्हारे श्रीअङ्गोंसे उत्पन्न होनेवाले पत्रों और मञ्जरियों-द्वारा मैं सदा ही जिस प्रकार श्रीहरिका पूजन कर सकूँ, वैसा उपाय करो। पवित्राङ्गी तुलसी! तुम कलि-मलका नाश करनेवाली हो। इस भावके मन्त्रोंसे जो तुलसीदलोंको चुनकर उनसे भगवान् वासुदेवका पूजन करता है, उसकी पूजाका करोड़ोंगुना फल होता है।

महर्षि अष्टावक्र

मुक्तिमिच्छसि चेत्तात विषयान् विषवत्यजेः।
क्षमार्जवदयाशौचं सत्यं पीयूषवत् पिबेः॥

(अष्टावक्रगीता)

भाई! यदि तुझे मुक्तिकी इच्छा है तो विषयोंको विषके समान त्याग दे तथा क्षमा, सरलता, दया, पवित्रता और सत्यको अमृतके समान ग्रहण कर।

न ज्ञायते कायवृद्ध्या विवृद्धि-
र्यथाष्टीलाः शाल्मलेः सम्प्रवृद्धाः।
ह्रस्वोऽल्पकायः फलितो विवृद्धो
यश्चाफलस्तस्य न वृद्धभावः॥

(महा० वन० १३३। ९)

शरीर बढ़ जानेसे ही किसीका बड़ा होना नहीं जाना जाता, जैसे सेमलके फलकी गाँठ बड़ी होती है; किंतु इससे उसमें कोई विशेषता नहीं आ जाती। छोटे-से शरीरवाला छोटा ही वृक्ष क्यों न हो, यदि उसमें फल लगा हो तो वह बड़ा है। और ऊँचे-से-ऊँचा वृक्ष क्यों न हो, यदि वह फलसे शून्य है तो बड़ा नहीं माना जाता।

न हायनैर्न पलितैर्न वित्तेन न बन्धुभिः।
ऋषयश्चक्रिरे धर्मं योऽनूचानः स नो महान्॥

(महा० वन० १३३। १२)

अधिक वर्षोंकी आयु होनेसे, बाल पक जानेसे, धनसे अथवा बन्धुओंके होनेसे भी कोई बड़ा नहीं माना जाता। हममेंसे जो वेद-शास्त्रोंको जानता और उनकी व्याख्या करता है, वही बड़ा है—यह ऋषियोंने ही धर्म-मर्यादा स्थापित की है।

महात्मा जडभरत

महापुरुष-महिमा



रहूगणैतत्तपसा न याति
न चेज्यया निर्वपणाद् गृहाद्वा।
नच्छन्दसा नैव जलाग्निसूर्यै-
र्विना महत्पादरजोऽभिषेकम्॥
यत्रोत्तमश्लोकगुणानुवादः
प्रस्तूयते ग्राम्यकथाविघातः।
निषेव्यमाणोऽनुदिनं मुमुक्षो-
र्मतिं सतीं यच्छति वासुदेवे॥

(श्रीमद्भा० ५। १२। १२-१३)

रहूगण! महापुरुषोंके चरणोंकी धूलिसे अपनेको नहलाये बिना केवल तप-यज्ञादि वैदिक कर्म, अन्नादिके दान, अतिथि-सेवा, दीनसेवा आदि गृहस्थोचित धर्मानुष्ठान, वेदाध्ययन अथवा जल, अग्नि या सूर्यकी उपासना आदि किसी भी साधनसे यह परमात्मज्ञान प्राप्त नहीं हो सकता। इसका कारण यह है कि महापुरुषोंके समाजमे सदा पवित्रकीर्ति श्रीहरिके गुणोंकी चर्चा होती रहती है, जिससे विषयवार्ता तो पास ही नहीं फटकने पाती। और जब भगवत्कथाका नित्यप्रति सेवन किया जाता है, तब वह मोक्षाकांक्षी पुरुषकी शुद्ध बुद्धिको भगवान् वासुदेवमें लगा देती है।

महर्षि अगस्त्य



मानस-तीर्थ

सत्यं तीर्थं क्षमा तीर्थं
तीर्थमिन्द्रियनिग्रहः ।
सर्वभूतदया तीर्थं
तीर्थमार्जवमेव च ॥
दानं तीर्थं दमस्तीर्थं
संतोषस्तीर्थमुच्यते ।
ब्रह्मचर्यं परं तीर्थं तीर्थं च प्रियवादिता ॥
ज्ञानं तीर्थं धृतिस्तीर्थं तपस्तीर्थमुदाहृतम् ।
तीर्थानामपि तत्तीर्थं विशुद्धिर्मनसः परा ॥
न जलाप्लुतदेहस्य स्नानमित्यभिधीयते ।
स स्नातो यो दमस्नातः शुचिः शुद्धमनोमलः ॥
यो लुब्धः पिशुनः क्रूरो दाम्भिको विषयात्मकः ।
सर्वतीर्थेष्वपि स्नातः पापो मलिन एव सः ॥
न शरीरमलत्यागान्नरो भवति निर्मलः ।
मानसे तु मले त्यक्ते भवत्यन्तः सुनिर्मलः ॥
जायन्ते च म्रियन्ते च जलेष्वेव जलौकसः ।
न च गच्छन्ति ते स्वर्गमविशुद्धमनोमलाः ॥
विषयेष्वतिसंरागो मानसो मल उच्यते ।
तेष्वेव हि विरागोऽस्य नैर्मल्यं समुदाहृतम् ॥
चित्तमन्तर्गतं दुष्टं तीर्थस्नानान्न शुद्ध्यति ।
शतशोऽपि जलैर्धौतं सुराभाण्डमिवाशुचिः ॥
दानमिज्या तपः शौचं तीर्थसेवा श्रुतं तथा ।
सर्वाण्येतानि तीर्थानि यदि भावो न निर्मलः ॥
निगृहीतेन्द्रियग्रामो यत्रैव च वसेन्नरः ।
तत्र तस्य कुरुक्षेत्रं नैमिषं पुष्कराणि च ॥
ध्यानपूते ज्ञानजले रागद्वेषमलापहे ।
यः स्नाति मानसे तीर्थे स याति परमां गतिम् ॥

(स्क० पु० का० पू० ६ । ३०—४१)

सत्य तीर्थ है, क्षमा तीर्थ है, इन्द्रियोंको वशमें रखना भी तीर्थ है, सब प्राणियोंपर दया करना तीर्थ है और सरलता भी तीर्थ है । दान, दम, मनका संयम तथा संतोष—ये भी तीर्थ कहे गये हैं । ब्रह्मचर्यका पालन उत्तम तीर्थ है । प्रिय वचन बोलना भी तीर्थ ही है । ज्ञान तीर्थ है, धैर्य तीर्थ है और तपस्याको भी तीर्थ कहा गया है। तीर्थोंमें भी सबसे बड़ा तीर्थ है अन्तःकरणकी आत्यन्तिक शुद्धि । पानीमें शरीरको डुबो लेना ही स्नान नहीं कहलाता । जिसने दम-तीर्थमें स्नान किया है, मन और इन्द्रियोंको संयममें रक्खा है, उसीने वास्तविक स्नान किया है । जिसने मनकी मैल धो डाली है, वही शुद्ध है। जो लोभी, चुगलखोर, क्रूर, पाखण्डी और विषयासक्त है, वह सब तीर्थोंमें स्नान करके भी पापी और मलिन ही रह जाता है । केवल शरीरके मलका त्याग करनेसे ही मनुष्य निर्मल नहीं होता । मानसिक मलका परित्याग करनेपर ही वह भीतरसे अत्यन्त निर्मल होता है । जलमें निवास करनेवाले जीव जलमें ही जन्म लेते और मरते हैं, किंतु उनका मानसिक मल नहीं धुलता । इसलिये वे स्वर्गको नहीं जाते । विषयोंके प्रति अत्यन्त राग होना मानसिक मल कहलाता है और उन्हीं विषयोंमें विराग होना निर्मलता कही गयी है । यदि अपने भीतरका मन दूषित है तो मनुष्य तीर्थस्नानसे शुद्ध नहीं होता । जैसे मदिरासे भरे हुए घड़ेको ऊपरसे जलद्वारा सैकड़ों बार धोया जाय, तो भी वह पवित्र नहीं होता, उसी प्रकार दूषित अन्तःकरणवाला मनुष्य भी तीर्थस्नानसे शुद्ध नहीं होता । भीतरका भाव शुद्ध न हो तो दान, यज्ञ, तप, शौच, तीर्थसेवन, शास्त्रोंका श्रवण एवं स्वाध्याय—ये सभी अतीर्थ हो जाते है । जिसने अपने इन्द्रियसमुदायको वशमें कर लिया है, वह मनुष्य जहाँ निवास करता है, वहीं उसके लिये कुरुक्षेत्र, नैमिषारण्य और पुष्कर आदि तीर्थ है । ध्यानसे पवित्र तथा ज्ञानरूपी जलसे भरे हुए राग-द्वेषमय मलको दूर करनेवाले मानसतीर्थमें जो पुरुष स्नान करता है, वह उत्तम गतिको प्राप्त होता है ।

यस्य हस्तौ च पादौ च मनश्चैव सुसंयतम् ।
विद्या तपश्च कीर्तिश्च स तीर्थफलमश्नुते ॥
प्रतिग्रहादुपावृत्तः संतुष्टो येन केनचित् ।
अहंकारविमुक्तश्च स तीर्थफलमश्नुते ॥
अदम्भको निरारम्भो लघ्वाहारो जितेन्द्रियः ।
विमुक्तः सर्वसङ्गैर्यः स तीर्थफलमश्नुते ॥
अकोपनोऽमलमतिः सत्यवादी दृढव्रतः ।
आत्मोपमश्च भूतेषु स तीर्थफलमश्नुते ॥
तीर्थान्यनुसरन् धीरः श्रद्दधानः समाहितः ।
कृतपापो विशुद्ध्येत किं पुनः शुद्धकर्मकृत् ॥

तिर्यग्योनिं न वै गच्छेत् कुदेशे नैव जायते ।
न दुःखी स्यात् स्वर्गभाक् च मोक्षोपायं च विन्दति ॥
अश्रद्दधानः पापात्मा नास्तिकोऽच्छिन्नसंशयः ।
हेतुनिष्ठश्च पञ्चैते न तीर्थफलभागिनः ॥
(स्क० पु० का० पू० ६ । ४८– ५४)

जिसके हाथ, पैर, मन, विद्या, तप और कीर्ति—सभी संयममें हैं, वह तीर्थके पूर्ण फलका भागी होता है । जो प्रतिग्रह नहीं लेता और जिस किसी भी वस्तुसे संतुष्ट रहता है तथा जिसमें अहंकारका सर्वथा अभाव है, वह तीर्थफलका भागी होता है । जो दम्भी नहीं है, नये-नये कार्योंका प्रारम्भ नहीं करता, थोड़ा खाता है, इन्द्रियोंको काबूमें रखता है और सब प्रकारकी आसक्तियोंसे दूर रहता है, वह तीर्थफलका भागी होता है । जो क्रोधी नहीं है, जिसकी बुद्धि निर्मल है, जो सत्य बोलनेवाला और दृढ़तापूर्वक व्रतका पालन करनेवाला है, जो सब प्राणियोंके प्रति अपने ही समान बर्ताव करता है, वह तीर्थफलका भागी होता है । जो तीर्थोंका सेवन करनेवाला, धीर, श्रद्धालु और एकाग्रचित्त है, वह पहलेका पापाचारी हो, तो भी शुद्ध हो जाता है । फिर जो पुण्यकर्म करनेवाला है, उसके लिये तो कहना ही क्या है । तीर्थसेवी मनुष्य कभी पशुयोनिमें जन्म नहीं लेता । कुदेशमें उसका जन्म नहीं होता और वह कभी दुःखका भागी नहीं होता । वह स्वर्ग भोगता और मोक्षका उपाय प्राप्त कर लेता है । अश्रद्धालु, पापात्मा, नास्तिक, संशयात्मा और केवल तर्कका सहारा लेनेवाला—ये पाँच प्रकारके मनुष्य तीर्थसेवनका फल नहीं पाते ।

भगवान् ऋषभदेव



उपदेश

नायं देहो देहभाजां नृलोके
कष्टान् कामानर्हते विड्भुजां ये ।
तपो दिव्यं पुत्रका येन सत्त्वं
शुद्ध्येद्यस्माद् ब्रह्मसौख्यं त्वनन्तम् ॥
महत्सेवां द्वारमाहुर्विमुक्ते-
स्तमोद्वारं योषितां सङ्गिसङ्गम् ।
महान्तस्ते समचित्ताः प्रशान्ता
विमन्यवः सुहृदः साधवो ये ॥
(श्रीमद्भा० ५ । ५ । १-२)

पुत्रो! इस मर्त्यलोकमें यह मनुष्य-शरीर दुःखमय विषय-भोग प्राप्त करनेके लिये ही नहीं है । ये भोग तो विष्ठाभोजी सूकर-कूकरादिको भी मिलते ही हैं । इस शरीरसे दिव्य तप ही करना चाहिये, जिससे अन्तःकरण शुद्ध हो; क्योंकि इसीसे अनन्त ब्रह्मानन्दकी प्राप्ति होती है । शास्त्रोंने महापुरुषोंकी सेवाको मुक्तिका और स्त्रीसङ्गी कामियोंके सङ्गको नरकका द्वार बताया है । महापुरुष वे ही हैं जो समानचित्त, परम शान्त, क्रोधहीन, सबके हितचिन्तक और सदाचारसम्पन्न हों ।

गुरुर्न स स्यात् स्वजनो न स स्यात्
पिता न स स्याज्जननी न सा स्यात् ।
दैवं न तत् स्यान्न पतिश्च स स्या-
न्न मोचयेद्यः समुपेतमृत्युम् ॥
(श्रीमद्भा० ५ । ५ । १८)

जो अपने प्रिय सम्बन्धीको भगवद्भक्तिका उपदेश देकर मृत्युकी फाँसीसे नहीं छुड़ा देता, वह गुरु गुरु नहीं है, स्वजन स्वजन नहीं है, पिता पिता नहीं है, माता माता नहीं है, इष्टदेव इष्टदेव नहीं है और पति पति नहीं है ।

योगीश्वर कवि

भागवत-धर्म

ये वै भगवता प्रोक्ता उपाया ह्यात्मलब्धये ।
अञ्जः पुंसामविदुषां विद्धि भागवतान् हि तान् ॥
यानास्थाय नरो राजन् न प्रमाद्येत कर्हिचित् ।
धावन् निमील्य वा नेत्रे न स्खलेन्न पतेदिह ॥

कायेन वाचा मनसेन्द्रियैर्वा
बुद्ध्यात्मना वानुसृतस्वभावात् ।
करोति यद् यत् सकलं परस्मै
नारायणायेति समर्पयेत्तत् ॥
(श्रीमद्भा० ११ । २ । ३४–३६)

वैसे तो भगवान्‌ने अनेक ऋषियों-महर्षियोंके मुखसे धर्मका उपदेश और व्यवस्थापन किया है; परंतु उन्होंने अपने साक्षात्कारके लिये जो सुगम-से-सुगम उपाय स्वयं बतलाये हैं और जिनसे भोले-भाले अज्ञानी मनुष्य भी बड़ी सुगमतासे उसे प्राप्त कर सकते हैं, उन्हीं उपायोंको भगवान्‌को प्राप्त करानेवाले 'भागवत-धर्म'के नामसे कहते हैं। राजन्! उन धर्मों, साधनोंका आश्रय ले लेनेपर मनुष्य कभी किसी भी निमित्तसे प्रमाद नहीं करता, अपने कर्तव्यसे च्युत नहीं होता। यों समझो कि वह एक दिव्य राजपथपर आ जाता है। फिर वह आँखे बंद करके सरपट भागता चला जाय; उसे कहीं भी फिसलनेतकका भय नहीं रहता, गिरनेका तो काम ही क्या है। भागवत धर्मका पालन करनेवालेके लिये यह नियम नहीं है कि वह एक विशेष प्रकारका ही कर्म करे। वह शरीरसे, वाणीसे, मनसे, इन्द्रियोंसे, बुद्धिसे, अहंकारसे, अनेक जन्मों अथवा एक जन्मकी आदतोंसे स्वभाववश जो-जो करे—वह सब परम पुरुष भगवान् नारायणके ही लिये है—इस भावसे उन्हें समर्पण कर दे।

श्रृण्वन् सुभद्राणि रथाङ्गपाणे-
जन्मानि कर्माणि च यानि लोके।
गीतानि नामानि तदर्थकानि
गायन् विलज्जो विचरेदसङ्गः॥
(श्रीमद्भा० ११। २। ३९)

संसारमें भगवान्‌के जन्मकी और लीलाकी बहुत-सी मङ्गलमयी कथाएँ प्रसिद्ध हैं। उनको सुनते रहना चाहिये। उन गुणों और लीलाओंका स्मरण दिलानेवाले भगवान्‌के बहुत-से नाम भी प्रसिद्ध हैं। लाज-संकोच छोड़कर उनका गान करते रहना चाहिये। इस प्रकार किसी भी व्यक्ति, वस्तु और स्थानमें आसक्ति न करके विचरण करते रहना चाहिये।

एवंव्रतः स्वप्रियनामकीर्त्या
जातानुरागो द्रुतचित्त उच्चैः।
हसत्यथो रोदिति रौति गाय-
त्युन्मादवन्नृत्यति लोकबाह्यः॥
(श्रीमद्भा० ११। २। ४०)

जो इस प्रकार विशुद्ध व्रत—नियम ले लेता है, उसके हृदयमें अपने परम प्रियतम प्रभुके नाम-कीर्तनसे अनुरागका, प्रेमका अङ्कुर उग आता है। उसका चित्त द्रवित हो जाता है। अब वह साधारण लोगोंकी स्थितिसे ऊपर उठ जाता है—लोगोंकी मान्यताओं, धारणाओंसे परे हो जाता है। और दम्भसे नहीं, स्वभावसे ही मतवाला-सा होकर कभी खिलखिलाकर हँसने लगता है तो कभी फूट-फूटकर रोने लगता है। कभी ऊँचे स्वरसे भगवान्‌को पुकारने लगता है तो कभी मधुर स्वरसे उनके गुणोंका गान करने लगता है। कभी-कभी जब वह अपने प्रियतमको अपने नेत्रोंके सामने अनुभव करता है, तब उन्हें रिझानेके लिये नृत्य भी करने लगता है।

खं वायुमग्निं सलिलं महीं च
ज्योतींषि सत्त्वानि दिशो द्रुमादीन्।
सरित्समुद्रांश्च हरेः शरीरं
यत् किञ्च भूतं प्रणमेदनन्यः॥
(श्रीमद्भा० ११। २। ४१)

यह आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी, ग्रह-नक्षत्र, प्राणी, दिशाएँ, वृक्ष-वनस्पति, नदी, समुद्र—सब-के-सब भगवान्‌के शरीर हैं। सभी रूपोंमें स्वयं भगवान् प्रकट हैं। ऐसा समझकर वह, जो कोई भी उसके सामने आ जाता है—चाहे वह प्राणी हो या अप्राणी—उसे अनन्यभावसे भगवद्भावसे प्रणाम करता है।

भक्तिः परेशानुभवो विरक्ति-
रन्यत्र चैष त्रिक एककालः।
प्रपद्यमानस्य यथाश्नतः स्यु-
स्तुष्टिः पुष्टिः क्षुदपायोऽनुघासम्॥
(श्रीमद्भा० ११। २। ४२)

जैसे भोजन करनेवालेको प्रत्येक ग्रासके साथ ही तुष्टि (तृप्ति अथवा सुख), पुष्टि (जीवनशक्तिका सञ्चार) और क्षुधा निवृत्ति—ये तीनों एक साथ होते जाते हैं, वैसे ही जो मनुष्य भगवान्‌की शरण लेकर उनका भजन करने लगता है, उसे भजनके प्रत्येक क्षणमें भगवान्‌के प्रति प्रेम, अपने प्रेमास्पद प्रभुके स्वरूपका अनुभव और उनके अतिरिक्त अन्य वस्तुओंमें वैराग्य—इन तीनोंकी एक साथ ही प्राप्ति होती जाती है।

इत्यच्युताङ्घ्रिं भजतोऽनुवृत्त्या
भक्तिर्विरक्तिर्भगवत्प्रबोधः।
भवन्ति वै भागवतस्य राजं-
स्ततः परां शान्तिमुपैति साक्षात्॥
(श्रीमद्भा० ११। २। ४३)

इस प्रकार जो प्रतिक्षण एक-एक वृत्तिके द्वारा भगवान्‌के चरणकमलोका ही भजन करता है, उसे भगवान्‌के प्रति प्रेममयी भक्ति, संसारके प्रति वैराग्य और अपने प्रियतम भगवान्‌के स्वरूपकी स्फूर्ति—ये सब अवश्य ही प्राप्त होते हैं; वह भागवत हो जाता है और जब ये सब प्राप्त हो जाते हैं, तब वह स्वयं परम शान्तिका अनुभव करने लगता है।

योगीश्वर हरि

श्रेष्ठ भक्त कौन ?

सर्वभूतेषु यः पश्येद् भगवद्भावमात्मनः।
भूतानि भगवत्यात्मन्येष भागवतोत्तमः॥

(श्रीमद्भा० ११। २। ४५)

आत्मस्वरूप भगवान् समस्त प्राणियोमे आत्मारूपसे—नियन्तारूपसे स्थित हैं। जो कहीं भी न्यूनाधिकता न देखकर सर्वत्र परिपूर्ण भगवत्सत्ताको ही देखता है और साथ ही समस्त प्राणी और समस्त पदार्थ आत्मस्वरूप भगवान्‌में ही आधेयरूपसे अथवा अध्यस्तरूपसे स्थित हैं, अर्थात् वास्तवमे भगवत्स्वरूप ही हैं—इस प्रकारका जिसका अनुभव है, ऐसी जिसकी सिद्ध दृष्टि है, उसे भगवान्‌का परम प्रेमी उत्तम भागवत समझना चाहिये।

गृहीत्वापीन्द्रियैर्यान् यो न द्वेष्टि न हृष्यति।
विष्णोर्मायामिदं पश्यन् स वै भागवतोत्तमः॥

(श्रीमद्भा० ११। २। ४८)

जो श्रोत्र-नेत्र आदि इन्द्रियोंके द्वारा शब्द, रूप आदि विषयोका ग्रहण तो करता है; परंतु अपनी इच्छाके प्रतिकूल विषयोसे द्वेष नही करता और अनुकूल विषयोंके मिलनेपर हर्षित नही होता—उसकी यह दृष्टि बनी रहती है कि यह सब हमारे भगवान्‌की माया है—वह पुरुष उत्तम भागवत है।

देहेन्द्रियप्राणमनोधियां यो जन्माप्ययक्षुद्भयतर्षकृच्छ्रैः।
संसारधर्मैरविमुह्यमानः स्मृत्या हरेर्भागवतप्रधानः॥

(श्रीमद्भा० ११। २। ४९)

संसारके धर्म हैं—जन्म-मृत्यु, भूख-प्यास, श्रम-कष्ट, भय और तृष्णा। ये क्रमशः शरीर, प्राण, इन्द्रिय, मन और बुद्धिको प्राप्त होते ही रहते हैं। जो पुरुष भगवान्‌की स्मृतिमें इतना तन्मय रहता है कि इनके बार-बार होते जाते रहनेपर भी उनसे मोहित नहीं होता, पराभूत नहीं होता, वह उत्तम भागवत है।

न कामकर्मबीजानां यस्य चेतसि सम्भवः।
वासुदेवैकनिलयः स वै भागवतोत्तमः॥

(श्रीमद्भा० ११। २। ५०)

जिसके मनमे विषय-भोगकी इच्छा, कर्म-प्रवृत्ति और उनके बीज वासनाओका उदय नहीं होता और जो एकमात्र भगवान् वासुदेवमे ही निवास करता है, वह उत्तम भगवद्भक्त है।

न यस्य जन्मकर्मभ्यां न वर्णाश्रमजातिभिः।
सज्जतेऽस्मिन्नहंभावो देहे वै स हरेः प्रियः॥

(श्रीमद्भा० ११। २। ५१)

जिनका इस शरीरमे न तो सत्कुलमें जन्म, तपस्या आदि कर्मसे तथा न वर्ण, आश्रम एवं जातिसे ही अहंभाव होता है, वह निश्चय ही भगवान्‌का प्यारा है।

न यस्य स्वः पर इति वित्तेष्वात्मनि वा भिदा।
सर्वभूतसमः शान्तः स वै भागवतोत्तमः॥

(श्रीमद्भा० ११। २। ५२)

जो धन-सम्पत्ति अथवा शरीर आदिमे 'यह अपना है और यह पराया'—इस प्रकारका भेद-भाव नही रखता, समस्त पदार्थोंमे समस्वरूप परमात्माको देखता रहता है, समभाव रखता है तथा किसी भी घटना अथवा संकल्पसे विक्षिप्त न होकर शान्त रहता है, वह भगवान्‌का उत्तम भक्त है।

त्रिभुवनविभवहेतवेऽप्यकुण्ठ-
स्मृतिरजितात्मसुरादिभिर्विमृग्यात्।
न चलति भगवत्पदारविन्दा-
ल्लवनिमिषार्धमपि यः स वैष्णवाग्र्यः॥

(श्रीमद्भा० ११। २। ५३

बड़े-बड़े देवता और ऋषि-मुनि भी अपने अन्तःकरणको भगवन्मय बनाते हुए जिन्हे ढूँढ़ते रहते हैं—भगवान्‌के ऐसे चरणकमलोंसे आधे क्षण, आधे पलके लिये भी जो नही हटता, निरन्तर उन चरणोंकी सन्निधि और सेवामें ही संलग्न

रहता है—यहाँतक कि कोई स्वयं उसे त्रिभुवनकी राज्यलक्ष्मी दे तो भी वह भगवत्स्मृतिका तार नहीं तोड़ता, उस राज्य-लक्ष्मीकी ओर ध्यान ही नहीं देता; वही पुरुष वास्तवमें भगवद्भक्त वैष्णवोंमें अग्रगण्य है, सबसे श्रेष्ठ है।

भगवत उरुविक्रमाङ्घ्रिशाखा-
नखमणिचन्द्रिकया निरस्ततापे।
हृदि कथमुपसीदतां पुनः स
प्रभवति चन्द्र इवोदितेऽर्कतापः॥
(श्रीमद्भा० ११। २। ५४)

रासलीलाके अवसरपर नृत्य-गतिसे भाँति-भाँतिके पाद-विन्यास करनेवाले निखिल-सौन्दर्य-माधुर्य-निधि भगवान्‌के श्रीचरणोंके अङ्गुलि-नखकी मणि-चन्द्रिकासे जिन शरणागत भक्तजनोंके हृदयका विरहजन्य संताप एक बार दूर हो चुका है, उनके हृदयमें वह फिर कैसे आ सकता है, जैसे चन्द्रोदय होनेपर सूर्यका ताप नहीं लग सकता।

विसृजति हृदयं न यस्य साक्षा-
द्धरिरवशाभिहितोऽप्यघौघनाशः।
प्रणयरशनया धृताङ्घ्रिपद्मः
स भवति भागवतप्रधान उक्तः॥
(श्रीमद्भा० ११। २। ५५)

विवशतासे नामोच्चारण करनेपर भी सम्पूर्ण अघ-राशिको नष्ट कर देनेवाले स्वयं भगवान् श्रीहरि जिसके हृदयको क्षणभरके लिये भी नहीं छोड़ते, क्योंकि उसने प्रेमकी रस्सीसे उनके चरण-कमलोंको बाँध रक्खा है, वास्तवमें ऐसा पुरुष ही भगवान्‌के भक्तोंमें प्रधान है।

योगीश्वर प्रबुद्ध

क्या सीखे ?

सर्वतो मनसोऽसङ्गमादौ सङ्गं च साधुषु।
दयां मैत्रीं प्रश्रयं च भूतेष्वद्धा यथोचितम्॥
(श्रीमद्भा० ११। ३। २३)

पहले शरीर, सन्तान आदिमें मनकी अनासक्ति सीखे। फिर भगवान्‌के भक्तोंमें प्रेम कैसा करना चाहिये—यह सीखे। इसके पश्चात् प्राणियोंके प्रति यथायोग्य दया, मैत्री और विनयकी निष्कपट भावसे शिक्षा ग्रहण करे।

शौचं तपस्तितिक्षां च मौनं स्वाध्यायमार्जवम्।
ब्रह्मचर्यमहिंसां च समत्वं द्वन्द्वसंज्ञयोः॥
(श्रीमद्भा० ११। ३। २४)

मिट्टी, जल आदिसे बाह्य शरीरकी पवित्रता, छल-कपट आदिके त्यागसे भीतरकी पवित्रता, अपने धर्मका अनुष्ठान, सहनशक्ति, मौन, स्वाध्याय, सरलता, ब्रह्मचर्य, अहिंसा तथा शीत-उष्ण, सुख-दुःख आदि द्वन्द्वोंमें हर्ष-विषादसे रहित होना सीखे।

सर्वत्रात्मेश्वरान्वीक्षां कैवल्यमनिकेतताम्।
विविक्तचीरवसनं संतोषं येन केनचित्॥
(श्रीमद्भा० ११। ३। २५)

सर्वत्र अर्थात् समस्त देश, काल और वस्तुओंमें चेतन-रूपसे आत्मा और नियन्तारूपसे ईश्वरको देखना, एकान्त सेवन, यही मेरा घर है—ऐसा भाव न रखना, गृहस्थ हो तो पवित्र वस्त्र पहनना और त्यागी हो तो फटे-पुराने पवित्र चिथड़े—जो कुछ प्रारब्धके अनुसार मिल जाय, उसीमें संतोष करना सीखे।

श्रद्धां भागवते शास्त्रेऽनिन्दामन्यत्र चापि हि।
मनोवाक्कर्मदण्डं च सत्यं शमदमावपि॥
(श्रीमद्भा० ११। ३। २६)

भगवान्‌की प्राप्तिका मार्ग बतलानेवाले शास्त्रोंमें श्रद्धा और दूसरे किसी भी शास्त्रकी निन्दा न करना, प्राणायामके द्वारा मनका, मौनके द्वारा वाणीका और वासनाहीनताके अभ्याससे कर्मोंका संयम करना, सत्य बोलना, इन्द्रियोंको अपने-अपने गोलकोंमें स्थिर रखना और मनको कहीं बाहर न जाने देना सीखे।

श्रवणं कीर्तनं ध्यानं हरेरद्भुतकर्मणः।
जन्मकर्मगुणानां च तदर्थेऽखिलचेष्टितम्॥
(श्रीमद्भा० ११। ३। २७)

भगवान्‌की लीलाएँ अद्भुत हैं। उनके जन्म, कर्म और गुण दिव्य हैं। उन्हींका श्रवण, कीर्तन और ध्यान करना तथा शरीरसे जितनी भी चेष्टाएँ हों, सब भगवान्‌के लिये करना सीखे।

इष्टं दत्तं तपो जप्तं वृत्तं यच्चात्मनः प्रियम् ।
दारान् सुतान् गृहान् प्राणान् यत् परस्मै निवेदनम् ॥

(श्रीमद्भा० ११ । ३ । २८)

यज्ञ, दान, तप अथवा जप, सदाचारका पालन और स्त्री, पुत्र, घर, अपना जीवन, प्राण तथा जो कुछ अपनेको प्रिय लगता हो—सब-का-सब भगवान्‌के चरणोंमें निवेदन करना, उन्हें सौंप देना सीखे ।

एवं कृष्णात्मनाथेषु मनुष्येषु च सौहृदम् ।
परिचर्यां चोभयत्र महत्सु नृषु साधुषु ॥

(श्रीमद्भा० ११ । ३ । २९)

जिन संत पुरुषोंने सच्चिदानन्दस्वरूप भगवान् श्रीकृष्णका अपने आत्मा और स्वामीके रूपमें साक्षात्कार कर लिया हो, उनसे प्रेम और स्थावर-जंगम दोनों प्रकारके प्राणियोंकी सेवा, विशेष करके मनुष्योंकी, मनुष्योंमें भी परोपकारी सज्जनोंकी और उनमें भी भगवत्प्रेमी संतोंकी, करना सीखे ।

परस्परानुकथनं पावनं भगवद्यशः ।
मिथो रतिर्मिथस्तुष्टिर्निवृत्तिर्मिथ आत्मनः ॥

(श्रीमद्भा० ११ । ३ । ३०)

भगवान्‌के परम पावन यशके सम्बन्धमें ही एक दूसरेसे बातचीत करना और इस प्रकारके साधकोंका इकट्ठे होकर आपसमें प्रेम करना, आपसमें संतुष्ट रहना और प्रपञ्चसे निवृत्त होकर आपसमें ही आध्यात्मिक शान्तिका अनुभव करना सीखे ।

स्मरन्तः स्मारयन्तश्च मिथोऽघौघहरं हरिम् ।
भक्त्या संजातया भक्त्या बिभ्रत्युत्पुलकां तनुम् ॥

(श्रीमद्भा० ११ । ३ । ३१)

श्रीकृष्ण राशि-राशि पापोंको एक क्षणमें भस्म कर देते हैं । सब उन्हींका स्मरण करें और एक-दूसरेको स्मरण करावें । इस प्रकार साधन-भक्तिका अनुष्ठान करते-करते प्रेमा-भक्तिका उदय हो जाता है और वे प्रेमोद्रेकसे पुलकित शरीर धारण करते हैं ।

क्वचिद् रुदन्त्यच्युतचिन्तया क्वचि-
द्धसन्ति नन्दन्ति वदन्त्यलौकिकाः ।
नृत्यन्ति गायन्त्यनुशीलयन्त्यजं
भवन्ति तूष्णीं परमेत्य निर्वृताः ॥

(श्रीमद्भा० ११ । ३ । ३२)

उनके हृदयकी बड़ी विलक्षण स्थिति होती है । कभी-कभी वे इस प्रकार चिन्ता करने लगते हैं कि अबतक भगवान् नहीं मिले, क्या करूँ, कहाँ जाऊँ, किससे पूछूँ, कौन मुझे उनकी प्राप्ति करावे ? इस तरह सोचते-सोचते वे रोने लगते हैं तो कभी भगवान्‌की लीलाकी स्फूर्ति हो जानेसे ऐसा देखकर कि परमैश्वर्यशाली भगवान् गोपियोंके डरसे छिपे हुए हैं, खिलखिलाकर हँसने लगते हैं । कभी-कभी उनके प्रेम और दर्शनकी अनुभूतिमें आनन्दमग्न हो जाते हैं तो कभी लोकातीत भावमें स्थित होकर भगवान्‌के साथ बातचीत करने लगते हैं । कभी मानो उन्हें सुना रहे हों, इस प्रकार उनके गुणोंका गान छेड़ देते हैं । और कभी नाच-नाचकर उन्हें रिझाने लगते हैं । कभी-कभी उन्हें अपने पास न पाकर इधर-उधर ढूँढ़ने लगते हैं तो कभी-कभी उनसे एक होकर, उनकी सन्निधिमें स्थित होकर परम शान्तिका अनुभव करते और चुप हो जाते हैं ।

योगीश्वर चमस

किनका अधःपतन होता है

मुखबाहूरुपादेभ्यः पुरुषस्याश्रमैः सह ।
चत्वारो जज्ञिरे वर्णा गुणैर्विप्रादयः पृथक् ॥
य एषां पुरुषं साक्षादात्मप्रभवमीश्वरम् ।
न भजन्त्यवजानन्ति स्थानाद् भ्रष्टाः पतन्त्यधः ॥

(श्रीमद्भा० ११ । ५ । २-३)

विराट् पुरुषके मुखसे सत्त्वप्रधान ब्राह्मण, भुजाओंसे सत्त्व-रज-प्रधान क्षत्रिय, जाँघोंसे रज-तम-प्रधान वैश्य एवं चरणोंसे तमःप्रधान शूद्रकी उत्पत्ति हुई है । उन्हींकी जाँघोंसे गृहस्थाश्रम, हृदयसे ब्रह्मचर्य, वक्षःस्थलसे वानप्रस्थ और मस्तकसे संन्यास—ये चार आश्रम प्रकट हुए हैं । इन चारों वर्णों और आश्रमोंके जन्मदाता स्वयं भगवान् ही हैं । एवं वे ही इनके स्वामी, नियन्ता और आत्मा भी हैं । इसलिये इन वर्ण और आश्रममें रहनेवाला जो मनुष्य भगवान्‌का भजन नहीं करता, बल्कि उल्टा उनका अनादर करता है, वह अपने स्थान, वर्ण, आश्रम और मनुष्य-योनिसे भी च्युत हो जाता है ।

द्विषन्तः परकायेषु स्वात्मानं हरिमीश्वरम् ।
मृतके सानुबन्धेऽस्मिन् बद्धस्नेहाः पतन्त्यधः ॥

(श्रीमद्भा० ११ । ५ । १५)

यह शरीर मृतक-शरीर है । इसके सम्बन्धी भी इसके

साथ ही छूट जाते हैं। जो लोग इस शरीरसे तो प्रेमकी गाँठ बाँध लेते हैं और दूसरे शरीरोंमें रहनेवाले अपने ही आत्मा एवं सर्वशक्तिमान् भगवान्‌से द्वेष करते हैं, उन मूर्खोंका अधःपतन निश्चित है।

ये कैवल्यमसम्प्राप्ता ये चातीताश्च मूढताम्।
त्रैवर्गिका ह्यक्षणिका आत्मानं घातयन्ति ते॥
(श्रीमद्भा० ११। ५। १६)

जिन लोगोंने आत्मज्ञान सम्पादन करके कैवल्य-मोक्ष नहीं प्राप्त किया है और जो पूरे-पूरे मूढ़ भी नहीं हैं, वे अधूरे न इधरके हैं और न उधरके। वे अर्थ, धर्म, काम—इन तीनों पुरुषार्थोंमें फँसे रहते हैं। एक क्षणके लिये भी उन्हें शान्ति नहीं मिलती। वे अपने हाथों अपने पैरोंमें कुल्हाड़ी मार रहे हैं। ऐसे ही लोगोंको आत्मघाती कहते हैं।

एत आत्महनोऽशान्ता अज्ञाने ज्ञानमानिनः।
सीदन्त्यकृतकृत्या वै कालध्वस्तमनोरथाः॥
(श्रीमद्भा० ११। ५। १७)

अज्ञानको ही ज्ञान माननेवाले इन आत्मघातियोंको कभी शान्ति नहीं मिलती, इनके कर्मोंकी परम्परा कभी शान्त नहीं होती। कालभगवान् सदा-सर्वदा इनके मनोरथोंपर पानी फेरते रहते हैं। इनके हृदयकी जलन, विषाद कभी मिटनेका नहीं।

हित्वात्मायासरचिता गृहापत्यसुहृच्छ्रियः।
तमो विशन्त्यनिच्छन्तो वासुदेवपराङ्मुखाः॥
(श्रीमद्भा० ११। ५। १८)

जो लोग अन्तर्यामी भगवान् श्रीकृष्णसे विमुख हैं, वे अत्यन्त परिश्रम करके गृह, पुत्र, मित्र और धन-सम्पत्ति इकट्ठी करते हैं; परंतु उन्हें अन्तमें सब कुछ छोड़ देना पड़ता है और न चाहनेपर भी विवश होकर घोर नरकमें जाना पड़ता है। (भगवान्‌का भजन न करनेवाले विषयी पुरुषोंकी यही गति होती है।)

महर्षि सारस्वत मुनि

भूमि, देश और नगरका भूषण

कामः क्रोधश्च लोभश्च मोहोमद्यमदादयः।
मायामात्सर्यपैशुन्यमविवेकोऽविचारणा॥
अहङ्कारो यदृच्छा च चापल्यं लौल्यता नृप।
अन्यायासोऽप्यनायासः प्रमादो द्रोहसाहसम्॥
आलस्यं दीर्घसूत्रत्वं परदारोपसेवनम्।
अत्याहारो निराहारः शोकश्चौर्यं नृपोत्तम॥
एतान् दोषान् गृहे नित्यं वर्जयन् यदि वर्तते।
स नरो मण्डनं भूमेर्देशस्य नगरस्य च॥
श्रीमान् विद्वान् कुलीनोऽसौ स एव पुरुषोत्तमः।
सर्वतीर्थाभिषेकश्च नित्यं तस्य प्रजायते॥
(स्क० पु० प्र० ख० वस्त्रापथक्षेत्रमाहा० १२। २३—२७)

काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद्यपान एवं मद आदि, माया, मात्सर्य, चुगली, अविवेक, अविचार, अहङ्कार, स्वच्छन्दता, चपलता, लोलुपता, अन्यायसाधन, आयास, प्रमाद, द्रोह, दुस्साहस, आलस्य, दीर्घसूत्रता, परस्त्रीगमन, अत्यधिक आहार, सर्वथा आहारका त्याग, शोक तथा चोरी इत्यादि दोषोंको त्यागकर जो घरमें सदाचारपूर्वक रहता है, वह मनुष्य इस भूमिका, देशका तथा नगरका भूषण है। वह श्रीमान्, विद्वान् तथा कुलीन है और वही सब पुरुषोंसे श्रेष्ठ है। उसीके द्वारा सब तीर्थोंका स्नान नित्य सम्पन्न होता है।

पृथ्वी किनके द्वारा धारण की जाती है?

दरिद्रा व्याधिता मूर्खाः परप्रेष्यकराः सदा।
अदत्तदाना जायन्ते दुःखस्यैष हि भाजनाः॥
धनवन्तमदातारं दरिद्रं चातपस्विनम्।
उभावम्भसि मोक्तव्यौ गले बध्वा महाशिलाम्॥
शतेषु जायते शूरः सहस्रेषु च पण्डितः।
वक्ता शतसहस्रेषु दाता जायेत वा न वा॥
गोभिर्विप्रैश्च वेदैश्च सतीभिः सत्यवादिभिः।
अलुब्धैर्दानशीलैश्च सप्तभिर्धार्यते मही॥
(स्क० मा० कुमा० २। ६८—७१)

जो दान नहीं करते वे दरिद्र, रोगी, मूर्ख तथा सदा दूसरोंके सेवक होकर दुःखके ही भागी होते हैं। जो धनवान् होकर दान नहीं करता और दरिद्र होकर कष्टसहनरूप तपसे दूर भागता है, इन दोनोंको गलेमें बड़ा भारी पत्थर बाँधकर जलमें छोड़ देना चाहिये। सैकड़ों मनुष्योंमें कोई शूरवीर हो सकता है, सहस्रोंमें कोई पण्डित भी मिल सकता है तथा लाखोंमें कोई वक्ता भी निकल सकता है; परंतु इनमें एक भी दाता हो सकता है या नहीं, इसमें संदेह है। गौ, ब्राह्मण, वेद, सती स्त्री, सत्यवादी पुरुष, लोभहीन तथा दानशील मनुष्य—इन सातोंके द्वारा ही यह पृथ्वी धारण की जाती है।

महर्षि पतञ्जलि



यम-नियम और उनका फल

यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहार-धारणाध्यानसमाधयोऽष्टावङ्गानि ।

यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि—ये आठ (योगके) अङ्ग हैं ।

अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहा यमाः ।

अहिंसा, सत्य, अस्तेय (चोरीका अभाव) ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह (संग्रहका अभाव)—ये पाँच यम हैं ।

जातिदेशकालसमयानवच्छिन्नाः सार्वभौमा महाव्रतम् ।

(उक्त यम) जाति, देश, काल और निमित्तकी सीमासे रहित सार्वभौम होनेपर महाव्रत हो जाते है ।

शौचसंतोषतपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमाः ।

शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-शरणागति—(ये पाँच) नियम हैं ।

वितर्कबाधने प्रतिपक्षभावनम् ।

जब वितर्क (यम और नियमोंके विरोधी हिंसादिके भाव) यम-नियमके पालनमें बाधा पहुँचावें, तब उनके प्रतिपक्षी विचारोंका बार-बार चिन्तन करना चाहिये ।

वितर्का हिंसादयः कृतकारितानुमोदिता लोभक्रोधमोह-पूर्वका मृदुमध्याधिमात्रा दुःखज्ञानानन्तफला इति प्रति-पक्षभावनम् ।

(यम और नियमोंके विरोधी) हिंसा आदि वितर्क कहलाते है । (वे तीन प्रकारके होते हैं—) स्वयं किये हुए, दूसरोसे करवाये हुए और अनुमोदित किये हुए । इनके कारण लोभ, क्रोध और मोह हैं । इनमे भी कोई छोटा, कोई मध्यम और कोई बहुत बड़ा होता है । ये दुःख और अज्ञान-रूप अनन्त फल देनेवाले हैं—इस प्रकार (विचार करना ही) प्रतिपक्षकी भावना है ।

अहिंसाप्रतिष्ठायां तत्सन्निधौ वैरत्यागः ।

अहिंसाकी दृढ़ स्थिति हो जानेपर उस योगीके निकट सब प्राणी वैरका त्याग कर देते हैं ।

सत्यप्रतिष्ठायां क्रियाफलाश्रयत्वम् ।

सत्यकी दृढ़ स्थिति हो जानेपर (योगीमें) क्रिया-फलके आश्रयका भाव (आ जाता है) ।

अस्तेयप्रतिष्ठायां सर्वरत्नोपस्थानम् ।

चोरीके अभावकी दृढ़ स्थिति हो जानेपर (उस योगी-के सामने) सब प्रकारके रत्न प्रकट हो जाते हैं ।

ब्रह्मचर्यप्रतिष्ठायां वीर्यलाभः ।

ब्रह्मचर्यकी दृढ़ स्थिति हो जानेपर सामर्थ्यका लाभ होता है ।

अपरिग्रहस्थैर्ये जन्मकथन्तासंबोधः ।

अपरिग्रहकी स्थिति हो जानेपर पूर्वजन्म कैसे हुए थे, इस बातका भलीभाँति ज्ञान हो जाता है ।

शौचात्स्वाङ्गजुगुप्सा परैरसंसर्गः ।

शौचके अभ्यासमे अपने अङ्गोंमे घृणा और दूसरोसे संसर्ग न करनेकी इच्छा उत्पन्न होती है ।

सत्त्वशुद्धिसौमनस्यैकाग्र्येन्द्रियजयात्मदर्शनयोग्यत्वानि च

अन्तःकरणकी शुद्धि, मनमे प्रसन्नता, चित्तकी एकाग्रता, इन्द्रियोका वशमें होना और आत्मसाक्षात्कारकी योग्यता—[ये पाँचो भी होते है ।]

संतोषादनुत्तमसुखलाभः ।

संतोषसे ऐसे सर्वोत्तम सुखका लाभ होता है, जिससे उत्तम दूसरा कोई सुख नहीं है ।

कायेन्द्रियसिद्धिरशुद्धिक्षयात्तपसः ।

तपके प्रभावसे जब अशुद्धिका नाश हो जाता है, तब शरीर और इन्द्रियोंकी सिद्धि हो जाती है ।

स्वाध्यायादिष्टदेवतासंप्रयोगः ।

स्वाध्यायसे इष्टदेवताकी भलीभाँति प्राप्ति (साक्षात्कार) हो जाती है ।

समाधिसिद्धिरीश्वरप्रणिधानात् ।

ईश्वर-प्रणिधानसे समाधिकी सिद्धि हो जाती है ।

(योग० २ । २९–४५)

दो ही मार्ग

श्रुतिने प्रार्थनाका संदेश दिया—'तमसो मा ज्योतिर्गमय ।' 'मृत्योर्मा अमृतं गमय ।'

विज्ञान—भोगवासना—आधुनिक सभ्यता—कोई नाम लीजिये, बात एक ही है । आजके इस अर्थप्रधान युगका, इस भोगप्रधान समयका यह संदेश है—'प्रगति करो !' 'असंतोष चिरजीवी हो !' क्योंकि—'आवश्यकता आविष्कारकी जननी है ।' यह प्रगति असंतोषकी ओर, आवश्यकताकी वृद्धिकी ओर, संघर्षकी ओर है । यह प्रगति तोपसे टैंक, टैंकसे वायुयान और बम तथा उससे परमाणु-बम, हाइड्रोजन-बम, कोबाइल्ट-बम, नाइट्रोजन बमकी ओर—जीवनसे मृत्युकी ओर है । प्रकाशसे अन्धकारकी ओर है यह प्रगति—इसमें विवादके लिये स्थान नहीं है ।

दो मार्ग है—प्रार्थनाका मार्ग और प्रगतिका मार्ग । एक श्रुतिका मार्ग है और दूसरा भोगका मार्ग । एक जाता है अन्धकारसे प्रकाशकी ओर और दूसरा प्रकाशसे अन्धकारकी ओर ।

मनुष्य एक दुराहेपर खड़ा है । मनुष्यजीवन जीवको स्वयं एक दुराहेपर लाकर खड़ा कर देता है । वह किधर जायगा ? उसे देव बनना है या दानव ?

प्रकाशका मार्ग—संयम, सदाचार, त्याग, परोपकार, भगवद्भजनका पवित्र मार्ग है । वहाँ सात्त्विकता है, स्वच्छता है, शुभ्रता है । संतोष और शान्ति उसके पुरस्कार है । अनन्त आनन्द, अखण्ड शान्ति ही उसके गन्तव्य हैं । श्रद्धा और विश्वासका सम्बल लेकर यात्री इस मार्गसे सच्चिदानन्दघन परमात्मतत्त्वको प्राप्त करता है । शास्त्र ही इस मार्गका मार्गदर्शक है । भगवान् व्यासका ही अनुगमन करना है इस मार्गमें । वे ही इस पथके परम गुरु—परम निर्देष्टा हैं ।

आलस्य, प्रमाद, उच्छृङ्खलता—राग, द्वेष, मोह—स्वार्थ, इन्द्रियतृप्ति, परनिन्दा—कुछ जगत्‌में उलूक-प्रकृतिके प्राणी होते है । प्रकाशसे उनकी सहज शत्रुता होती है । प्रकाशके पथमें अन्धकारके धर्मोंको स्थान नहीं हो सकता । अन्धकारके धर्मोंसे जिनका अनुराग है, प्रकाशका पथ उन्हें कैसे प्रिय हो सकता है । प्रकाशके पथमें कहाँ कोई आकर्षण सम्मुख दीखता है । वहाँ तो चलना है—शास्त्रका, संतका अनुगमन करते चलना है ।

अन्धकारका मार्ग—अज्ञान ही अन्धकारका स्वरूप है । ठोकरें, संताप, क्रूर पशुओंके नृशंस आक्रमण—यह सहज क्रिया है वहाँ ।

काम, क्रोध, लोभ, मोह—अन्धकारके धर्म उसमें पनपेंगे, प्रफुल्ल रहेंगे । अज्ञात भविष्य—छिपा भय और मोहक झिल्ली-झंकारें—ऐसे मार्गमें मृत्यु, नरक एवं यातनाएँ तो होंगी ही ।

सम्मुखका कल्पित सुख, कल्पित मोह—कुछ उलूक-प्रकृति प्राणी हैं विश्वमें । अन्धकार ही उन्हें आकर्षित करता है । कलियुग—ऐसे प्राणियोंकी बहुलताका युग ठहरा यह । कामका आवाहन है इस मार्गकी ओर । आँख, नाक, कान, जीभकी तृप्तिके प्रलोभक साधन इधर आकर्षण उत्पन्न करते हैं और इस आकर्षणमें जो फँसा—आगे भय है—अन्धकार है ।

मनुष्य दुराहेपर खड़ा है । किधर जायगा वह—स्वयं उसे सोचना है । प्रकाशका पथ और अन्धकारका मार्ग—मार्ग तो दो ही हैं ।



दो ही मार्ग

भगवान् कपिलदेव

धन-मदान्धोंकी दशा



ऐश्वर्यमदमत्तानां
क्षुधितानां च कामिनाम् ।
अहङ्कारविमूढानां
विवेको नैव जायते ॥
किमत्र चित्रं सुजनं
बाधन्ते यदि दुर्जनाः ।
महीरुहांश्चानुतटे पातयन्ति नदीरयाः ॥
यत्र श्रीर्यौवनं वापि परदारोऽपि तिष्ठति ।
तत्र सर्वान्धता नित्यं मूर्खत्वं चापि जायते ॥
भवेद्यदि खलस्य श्रीः सैव लोकविनाशिनी ।
यथा सखाग्नेः पवनः पन्नगस्य पयो यथा ॥
अहो धनमदान्धस्तु पश्यन्नपि न पश्यति ।
यदि पश्यत्यात्महितं स पश्यति न संशयः ॥

(ना० पु० ८ । १०३, १०५, १०६, १०८, १०९)

जो ऐश्वर्यके मदसे उन्मत्त है, जो भूखसे पीड़ित हैं, जो कामी है तथा जो अहङ्कारसे मूढ हो रहे है, ऐसे मनुष्योंको विवेक नहीं होता । यदि दुष्ट मनुष्य सज्जनोंको सताते हैं तो इसमें क्या आश्चर्य है ? नदीका वेग किनारेपर उगे हुए वृक्षोंको भी गिरा देता है । जहाँ धन है, जवानी है तथा पर-स्त्री भी है, वहाँ सदा सभी अंधे और मूर्ख बने रहते हैं । दुष्टके पास लक्ष्मी हो तो वह लोकका नाश करनेवाली ही होती है । जैसे वायु अग्निकी ज्वालाको बढानेमें सहायक होता है, और जैसे दूध साँपके विषको बढ़ानेमें कारण होता है, वैसे ही दुष्टकी लक्ष्मी उसकी दुष्टताको बढा देती है । अहो ! धनके मदसे अंधा हुआ मनुष्य देखते हुए भी नहीं देखता । यदि वह अपने हितको देखता है, तभी वह वास्तवमें देखता है ।

महर्षि शौनक



तृष्णाका अन्त नहीं है

शोकस्थानसहस्राणि
भयस्थानशतानि च ।
दिवसे दिवसे मूढ-
माविशन्ति न पण्डितम् ॥
तृष्णा हि सर्वपापिष्ठा
नित्योद्वेगकरी स्मृता ।
अधर्मबहुला चैव घोरा पापानुबन्धिनी ॥
या दुस्त्यजा दुर्मतिभिर्या न जीर्यति जीर्यतः ।
योऽसौ प्राणान्तिको रोगस्तां तृष्णां त्यजतः सुखम् ॥
अनाद्यन्ता तु सा तृष्णा अन्तर्देहगता नृणाम् ।
विनाशयति भूतानि अयोनिज इवानलः ॥
अन्तो नास्ति पिपासायाः संतोषः परमं सुखम् ।
तस्मात् संतोषमेवेह परं पश्यन्ति पण्डिताः ॥
अनित्यं यौवनं रूपं जीवितं रत्नसञ्चयः ।
ऐश्वर्यं प्रियसंवासो गृध्येत्तत्र न पण्डितः ॥
इज्याध्ययनदानानि तपः सत्यं क्षमा दमः ।
अलोभ इति मार्गोऽयं धर्मस्याष्टविधः स्मृतः ॥

(महा० वन० २ । १५, ३४–३६, ४५, ४६, ७४)

मूर्ख मनुष्योंके प्रतिदिन सैकड़ो और हजारों भय और शोकके अवसर आया करते हैं, ज्ञानियोंके सामने नहीं ।

यह तृष्णा महापापिनी है, उद्वेग पैदा करनेवाली है, अधर्मसे पूर्ण और भयङ्कर है तथा समस्त पापोंकी जड़ है । दुर्बुद्धिवाले मूर्ख इसका त्याग नहीं कर सकते । बूढ़े होनेपर भी यह बूढ़ी नहीं होती । यह प्राणोंका अन्त कर देनेवाली बीमारी है, इसका त्याग कर देनेपर ही सुख मिलता है । जैसे लोहेके भीतर प्रवेश करके सर्वनाशक अग्नि उसका नाश कर देती है, वैसे ही प्राणियोंके हृदयमें प्रवेश करके यह तृष्णा भी उनका नाश कर देती है और स्वयं नहीं मिटती ।

तृष्णाका कहीं अन्त नहीं है, संतोषमें ही परम सुख है । इसलिये बुद्धिमान् पुरुष संतोषको ही श्रेष्ठ मानते है । यह जवानी, सुन्दरता, जीवन, रत्नोंके ढेर, ऐश्वर्य और प्रिय वस्तुओं तथा प्राणियोंका समागम—सभी अनित्य हैं । इसलिये विद्वानोंको उचित है कि वे इनके संग्रह-परिग्रहका त्याग कर दें ।

यज्ञ, स्वाध्याय, दान, तप, सत्य, क्षमा, दम तथा लोभका अभाव—ये धर्मके आठ मार्ग माने गये है ।

महर्षि पराशर

प्रातर्निशि तथा संध्यामध्याह्नादिषु संस्मरन् ।
नारायणमवाप्नोति सद्यः पापक्षयान्नरः ॥

(विष्णु० २ । ६ । ४१)

प्रातःकाल, सायंकाल, रात्रिमें अथवा मध्याह्नमें किसी भी समय श्रीनारायणका स्मरण करनेसे पुरुषके समस्त पाप तत्काल क्षीण हो जाते है ।

तस्मादहर्निशं विष्णुं संस्मरन् पुरुषो मुने ।
न याति नरकं मर्त्यः संक्षीणाखिलपातकः ॥

(विष्णु० २ । ६ । ४५)

इसलिये मुने ! श्रीविष्णुभगवान्‌का अहर्निश स्मरण करनेसे सम्पूर्ण पाप क्षीण हो जानेके कारण मनुष्य फिर नरकमें नहीं जाता ।

अन्येषां यो न पापानि चिन्तयत्यात्मनो यथा ।
तस्य पापागमस्तात हेत्वभावान्न विद्यते ॥
कर्मणा मनसा वाचा परपीडां करोति यः ।
तद्बीजजन्म फलति प्रभूतं तस्य चाशुभम् ॥
सोऽहं न पापमिच्छामि न करोमि वदामि वा ।
चिन्तयन् सर्वभूतस्थमात्मन्यपि च केशवम् ॥
शारीरं मानसं दुःखं दैवं भूतभवं तथा ।
सर्वत्र शुभचित्तस्य तस्य मे जायते कुतः ॥
एवं सर्वेषु भूतेषु भक्तिरव्यभिचारिणी ।
कर्तव्या पण्डितैर्ज्ञात्वा सर्वभूतमयं हरिम् ॥

(विष्णु० १ । १९ । ५-९)

जो मनुष्य अपने समान दूसरोंका बुरा नहीं सोचता, हे तात ! कोई कारण न रहनेसे उसका भी कभी बुरा नहीं होता । जो मनुष्य मन, वचन या कर्मसे दूसरोंको कष्ट देता है, उसके उस परपीडारूप बीजसे ही उत्पन्न हुआ अत्यन्त अशुभ फल उसको मिलता है। अपने सहित समस्त प्राणियोंमें श्रीकेशवको वर्तमान समझकर मैं न तो किसीका बुरा चाहता हूँ और न कहता या करता हूँ । इस प्रकार सर्वत्र शुभचित्त होनेसे मुझको शारीरिक, मानसिक, दैविक अथवा भौतिक दुःख कैसे प्राप्त हो सकता है । इसी प्रकार भगवान्‌को सर्वभूतमय जानकर विद्वानोंको सभी प्राणियोंमें अनन्य भक्ति करनी चाहिये ।

तस्माद् दुःखात्मकं नास्ति न च किंचित् सुखात्मकम् ।
मनसः परिणामोऽयं सुखदुःखादिलक्षणः ॥

(विष्णु० २ । ६ । ४९)

अतः कोई भी पदार्थ दुःखमय नहीं है और न कोई सुखमय है । ये सुख-दुःख तो मनके ही विकार हैं ।

मूढानामेव भवति क्रोधो ज्ञानवतां कुतः ।
हन्यते तात कः केन यतः स्वकृतभुक् पुमान् ॥
संचितस्यापि महता वत्स क्लेशेन मानवैः ।
यशसस्तपसश्चैव क्रोधो नाशकरः परः ॥
स्वर्गापवर्गव्यासेधकारणं परमर्षयः ।
वर्जयन्ति सदा क्रोधं तात मा तद्वशो भव ॥

(विष्णु० १ । १ । १७-१९)

क्रोध तो मूर्खोंको ही हुआ करता है, विचारवानोंको भला कैसे हो सकता है । भैया ! भला, कौन किसीको मारता है । क्योंकि पुरुष स्वयं ही अपने कियेका फल भोगता है । प्रियवर ! यह क्रोध तो मनुष्यके अत्यन्त कष्टसे संचित यश और तपका भी प्रबल नाशक है । हे तात ! इस लोक और परलोक दोनोंको बिगाड़नेवाले इस क्रोधका महर्षिगण सर्वदा त्याग करते है, इसलिये तू इसके वशीभूत मत हो ।

स्निग्धैश्च क्रियमाणानि कर्माणीह निवर्तयेत् ।
हिंसात्मकानि सर्वाणि नायुरिच्छेत्परायुषा ॥

(महा० शान्ति० २९७ । ९)

अपने स्नेहीजन भी यदि यहाँ हिंसात्मक कर्म कर रहे हों तो उन्हें रोके; कभी दूसरेकी आयुसे अपनी आयुकी इच्छा न करे (दूसरोंके प्राण लेकर अपने जीवनकी रक्षा न चाहे ।)

एकः शत्रुर्न द्वितीयोऽस्ति शत्रु-
रज्ञानतुल्यः पुरुषस्य राजन् ।
येनावृतः कुरुते सम्प्रयुक्तो
घोराणि कर्माणि सुदारुणानि ॥

(महा० शान्ति० २९७ । २८)

राजन् ! जीवका एक ही शत्रु है, उसके समान दूसरा कोई शत्रु नहीं है—वह है अज्ञान । उस अज्ञानसे आवृत और प्रेरित होकर मनुष्य अत्यन्त निर्दयतापूर्ण तथा भयंकर कर्म कर बैठता है ।

यो दुर्लभतरं प्राप्य मानुष्यं द्विषते नरः ।
धर्मावमन्ता कामात्मा भवेत् स खलु वञ्च्यते ॥

(महा० शान्ति० २९७ । ३४)

जो मनुष्य परम दुर्लभ मानव-जन्मको पाकर भी कामपरायण हो दूसरोंसे द्वेष करता और धर्मकी अवहेलना करता रहता है, वह महान् लाभसे वञ्चित रह जाता है ।

महर्षि वेदव्यास

कलियुगकी महिमा



यत्कृते दशभिर्वर्षैस्त्रेतायां हायनेन तत्।
द्वापरे तच्च मासेन ह्यहोरात्रेण तत्कलौ॥
तपसो ब्रह्मचर्यस्य जपादेश्च फलं द्विजाः।
प्राप्नोति पुरुषस्तेन कलिस्साध्विति भाषितम्॥
ध्यायन् कृते यजन् यज्ञैस्त्रेतायां द्वापरेऽर्चयन्।
यदाप्नोति तदाप्नोति कलौ संकीर्त्य केशवम्॥
(विष्णु० ६। २। १५—१७)

द्विजगण! जो फल सत्ययुगमें दस वर्ष तपस्या, ब्रह्मचर्य और जप आदि करनेसे मिलता है, उसे मनुष्य त्रेतामें एक वर्ष, द्वापरमें एक मास और कलियुगमें केवल एक दिन-रातमें प्राप्त कर लेता है; इसी कारण मैंने कलियुगको श्रेष्ठ कहा है। जो फल सत्ययुगमें ध्यान, त्रेतामें यज्ञ और द्वापरमें देवार्चन करनेसे प्राप्त होता है, वही कलियुगमें श्रीकृष्णचन्द्रका नाम-कीर्तन करनेसे मिल जाता है।

सुख-दुःख, जन्म-मृत्यु

सुखस्यानन्तरं दुःखं दुःखस्यानन्तरं सुखम्।
पर्यायेणोपसर्पन्ते नरं नेमिमरा इव॥
(महा० वन० २६१। ४९)

मनुष्यके पास सुखके बाद दुःख और दुःखके बाद सुख क्रमशः आते रहते हैं—ठीक वैसे ही, जैसे रथचक्रकी नेमिके इधर-उधर अरे घूमते रहते हैं।

जातस्य नियतो मृत्युः पतनं च तथोन्नतेः।
विप्रयोगावसानस्तु संयोगः संचयः क्षयः॥
विज्ञाय न बुधाः शोकं न हर्षमुपयान्ति ये।
तेषामेवेतरे चेष्टां शिक्षन्तः सन्ति तादृशाः॥
(ब्रह्मपुराण २१२। ८९-९०)

जो जन्म ले चुका है, उसकी मृत्यु निश्चित है। जो ऊँचे चढ़ चुका है, उसका नीचे गिरना भी अवश्यम्भावी है। संयोगका अवसान वियोगमें ही होता है और संग्रह हो जानेके बाद उसका क्षय होना भी निश्चित बात है। यह समझकर विद्वान् पुरुष हर्ष और शोकके वशीभूत नहीं होते और दूसरे मनुष्य भी उन्हींके आचरणसे शिक्षा लेकर वैसे ही बनते हैं।

पापके स्वीकारसे पाप-नाश

मोहादधर्मं यः कृत्वा पुनः समनुतप्यते।
मनःसमाधिसंयुक्तो न स सेवेत दुष्कृतम्॥
यथा यथा मनस्तस्य दुष्कृतं कर्म गर्हते।
तथा तथा शरीरं तु तेनाधर्मेण मुच्यते॥
यदि विप्राः कथयते विप्राणां धर्मवादिनाम्।
ततोऽधर्मकृतात् क्षिप्रमपराधात् प्रमुच्यते॥
यथा यथा नरः सम्यगधर्ममनुभाषते।
समाहितेन मनसा विमुच्यति तथा तथा॥
(ब्रह्म० २१८। ४—७)

ब्राह्मणो! जो मोहवश अधर्मका आचरण कर लेनेपर उसके लिये पुनः सच्चे हृदयसे पश्चात्ताप करता और मनको एकाग्र रखता है, वह पापका सेवन नहीं करता। ज्यों-ज्यों मनुष्यका मन पाप-कर्मकी निन्दा करता है, त्यों-त्यों उसका शरीर उस अधर्मसे दूर होता जाता है। यदि धर्मवादी ब्राह्मणोंके सामने अपना पाप कह दिया जाय तो वह उस पापजनित अपराधसे शीघ्र मुक्त हो जाता है। मनुष्य जैसे-जैसे अपने अधर्मकी बात बारंबार प्रकट करता है, वैसे-ही-वैसे वह एकाग्रचित्त होकर अधर्मको छोड़ता जाता है।

संन्यासीका आचार

प्राणयात्रानिमित्तं च व्यङ्गारे भुक्तवज्जने।
काले प्रशस्तवर्णानां भिक्षार्थी पर्यटेद् गृहान्॥
अलाभे न विषादी स्याल्लाभे नैव च हर्षयेत्।
प्राणयात्रिकमात्रः स्यान्मात्रासङ्गाद्विनिर्गतः॥
अतिपूजितलाभांस्तु जुगुप्सेच्चैव सर्वतः।
अतिपूजितलाभैस्तु यतिर्मुक्तोऽपि बध्यते॥
कामः क्रोधस्तथा दर्पो लोभमोहादयश्च ये।
तांस्तु दोषान् परित्यज्य परिव्राण् निर्ममो भवेत्॥
(ब्रह्म० २२२। ५०—५३)

जीवन-निर्वाहके लिये वह उच्च वर्णवाले मनुष्योंके घरपर भिक्षाके लिये जाय—वह भी ऐसे समयमें जब कि रसोईकी आग बुझ गयी हो और घरके सब लोग खा-पी चुके हों। भिक्षा न मिलनेपर खेद और मिलनेपर हर्ष न माने। भिक्षा उतनी ही ले, जिससे प्राणयात्रा होती रहे। विषयासक्तिसे वह नितान्त दूर रहे। अधिक आदर-सत्कारकी

प्राप्तिको घृणाकी दृष्टिसे देखे; क्योंकि अधिक आदर-सत्कार मिलनेपर संन्यासी अन्य बन्धनोंसे मुक्त होनेपर भी बँध जाता है। काम, क्रोध, दर्प, लोभ और मोह आदि जितने दोष हैं, उन सबका त्याग करके संन्यासी ममतारहित हो सर्वत्र विचरता रहे।

कलियुगकी प्रधानतामें क्या होता है?

यदा यदा हि पाखण्डवृत्तिरत्रोपलक्ष्यते।
तदा तदा कलेर्वृद्धिरनुमेया विचक्षणैः॥
यदा यदा सतां हानिर्वेदमार्गानुसारिणाम्।
तदा तदा कलेर्वृद्धिरनुमेया विचक्षणैः॥
प्रारम्भाश्चावसीदन्ति यदा धर्मकृतां नृणाम्।
तदानुमेयं प्राधान्यं कलेर्विप्रा विचक्षणैः॥

(अग्निपुराण २२९। ४४—४६)

ब्राह्मणो! जब-जब इस जगत्‌में पाखण्ड-वृत्ति दृष्टिगोचर होने लगे, तब-तब विद्वान् पुरुषोंको कलियुगकी वृद्धिका अनुमान करना चाहिये। जब-जब वैदिक मार्गका अनुसरण करनेवाले साधु पुरुषोंकी हानि हो, तब-तब बुद्धिमान् पुरुषोंको कलियुगकी वृद्धिका अनुमान करना चाहिये। जब धर्मात्मा मनुष्योंके आरम्भ किये हुए कार्य शिथिल हो जायँ, तब उसमें विद्वानोंको कलियुगकी प्रधानताका अनुमान करना चाहिये।

यम-नियम

सत्यं क्षमाऽऽर्जवं ध्यानमानृशंस्यमहिंसनम्॥
दमः प्रसादो माधुर्यं मृदुतेति यमा दश।
शौचं स्नानं तपो दानं मौनेज्याध्ययनं व्रतम्॥
उपोषणोपस्थदण्डौ दशैते नियमाः स्मृताः॥

(स्क० पु० ब्रा० ध० मा० ५। १९—२१)

सत्य, क्षमा, सरलता, ध्यान, क्रूरताका अभाव, हिंसाका सर्वथा त्याग, मन और इन्द्रियोंका संयम, सदा प्रसन्न रहना, मधुर बर्ताव करना और सबके प्रति कोमल भाव रखना—ये दस 'यम' कहे गये हैं। शौच, स्नान, तप, दान, मौन, यज्ञ, स्वाध्याय, व्रत, उपवास और उपस्थ-इन्द्रियका दमन—ये दस 'नियम' बताये गये हैं।

सत्य

सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयान्न ब्रूयात् सत्यमप्रियम्।
प्रियं च नानृतं ब्रूयादेष धर्मो विधीयते॥

(स्क० पु० ब्रा० ध० मा० ६। ८८)

सत्य बोले, प्रिय बोले, अप्रिय सत्य कभी न बोले, प्रिय भी असत्य हो तो न बोले। यह धर्म वेद-शास्त्रोंद्वारा विहित है।

... ...।
सत्यपूतां वदेद् वाणीं मनःपूतं समाचरेत्॥

(पद्मपुराण, स्वर्ग० ५९। १९)

सत्यसे पवित्र हुई वाणी बोले तथा मनसे जो पवित्र जान पड़े, उसीका आचरण करे।

दानका फल

भूप्रदो मण्डलाधीशः सर्वत्र सुखितोऽन्नदः॥
तोयदाता सुरूपः स्यात् पुष्टश्चान्नप्रदो भवेत्।
प्रदीपदो निर्मलाक्षो गोदातार्यर्यमलोकभाक्॥
स्वर्णदाता च दीर्घायुस्तिलदः स्याच्च सुप्रजः।
वेश्मदोऽत्युच्चसौधेशो वस्त्रदश्चन्द्रलोकभाक्॥
हयप्रदो दिव्यदेहो लक्ष्मीवान् वृषभप्रदः।
सुभार्यः शिबिकादाता सुपर्यङ्कप्रदोऽपि च॥
श्रद्धया प्रतिगृह्णाति श्रद्धया यः प्रयच्छति।
स्वर्गिणौ तावुभौ स्यातां पततोऽश्रद्धया स्वधः॥

(स्क० पु० ब्रा० ध० मा० ६। ९५—९९)

भूमिदान करनेवाला मण्डलेश्वर होता है, अन्नदाता सर्वत्र सुखी होता है और जल देनेवाला सुन्दर रूप पाता है। भोजन देनेवाला हृष्ट-पुष्ट होता है। दीप देनेवाला निर्मल नेत्रसे युक्त होता है। गोदान देनेवाला सूर्यलोकका भागी होता है, सुवर्ण देनेवाला दीर्घायु और तिल देनेवाला उत्तम प्रजासे युक्त होता है। घर देनेवाला बहुत ऊँचे महलोंका मालिक होता है। वस्त्र देनेवाला चन्द्रलोकमें जाता है। घोड़ा देनेवाला दिव्य शरीरसे युक्त होता है। बैल देनेवाला लक्ष्मीवान् होता है। पालकी देनेवाला सुन्दर स्त्री पाता है। उत्तम पलंग देनेवालेको भी यही फल मिलता है। जो श्रद्धापूर्वक दान देता और श्रद्धापूर्वक ग्रहण करता है, वे दोनों स्वर्गलोकके अधिकारी होते हैं तथा अश्रद्धासे दोनोंका अधःपतन होता है।

पाप और उसका फल

अनृतात् पारदार्याच्च तथाभक्ष्यस्य भक्षणात्।
अगोत्रधर्माचरणात् क्षिप्रं नश्यति वै कुलम्॥

(पद्म० स्वर्ग० ५५। १८)

असत्य-भाषण, परस्त्रीसङ्ग, अभक्ष्यभक्षण तथा अपने कुलधर्मके विरुद्ध आचरण करनेसे कुलका शीघ्र ही नाश हो जाता है ।

न कुर्याच्छुष्कवैराणि विवादं न च पैशुनम् ।
परक्षेत्रे गां चरन्तीं नाचक्षीत च कर्हिचित् ॥
न संवसेत्सूचकेन न कं वै मर्मणि स्पृशेत् ।
... ... ॥

(पद्म० स्वर्ग० ५५ । ३०-३१)

अकारण वैर न करे, विवादसे दूर रहे, किसीकी चुगली न करे, दूसरेके खेतमे चरती हुई गौका समाचार कदापि न कहे । चुगलखोरके साथ न रहे, किसीको चुभनेवाली बात न कहे ।

निन्दा न करे, मिथ्या कलङ्क न लगावे

न चात्मानं प्रशंसेद्वा परनिन्दां च वर्जयेत् ।
वेदनिन्दां देवनिन्दां प्रयत्नेन विवर्जयेत् ॥

(पद्म० स्वर्ग० ५५ । ३५)

अपनी प्रशंसा न करे तथा दूसरेकी निन्दाका त्याग कर दे । वेदनिन्दा और देवनिन्दाका यत्नपूर्वक त्याग करे ।

निन्दयेद्वा गुरुं देवं वेदं वा सोपबृंहणम् ।
कल्पकोटिशतं साग्रं रौरवे पच्यते नरः ॥
तूष्णीमासीत निन्दायां न ब्रूयात् किंचिदुत्तरम् ।
कर्णौ पिधाय गन्तव्यं न चैनमवलोकयेत् ॥
... ... ।
विवादं सुजनैः सार्धं न कुर्याद्वै कदाचन ॥
न पापं पापिनां ब्रूयादपापं वा द्विजोत्तमाः ।
... ... ॥
नृणां मिथ्याभिशस्तानां पतन्त्यश्रूणि रोदनात् ।
तानि पुत्रान् पशून् घ्नन्ति तेषां मिथ्याभिशंसिनाम् ॥
ब्रह्महत्यासुरापाने स्तेये गुर्वङ्गनागमे ।
दृष्टं वै शोधनं वृद्धैर्नास्ति मिथ्याभिशंसिनि ॥

(पद्म० स्वर्ग० ५५ । ३७—४२)

जो गुरु, देवता, वेद अथवा उसका विस्तार करनेवाले इतिहास-पुराणकी निन्दा करता है, वह मनुष्य सौ करोड़ कल्पसे अधिक कालतक रौरव नरकमे पकाया जाता है । जहाँ इनकी निन्दा होती हो, वहाँ चुप रहे, कुछ भी उत्तर न दे । कान बंद करके वहाँसे चला जाय । निन्दा करनेवालेकी ओर दृष्टिपात न करे । विद्वान् पुरुष दूसरोकी निन्दा न करे । अच्छे पुरुषोंके साथ कभी विवाद न करे, पापियोंके पापकी चर्चा न करे । जिनपर झूठा कलङ्क लगाया जाता है, उन मनुष्योके रोनेसे जो आँसू गिरते हैं, वे मिथ्या कलङ्क लगानेवालोके पुत्रो और पशुओका विनाश कर डालते हैं । ब्रह्महत्या, सुरापान, चोरी और गुरुपत्नीगमन आदि पापोसे शुद्ध होनेका उपाय वृद्ध पुरुषोने देखा है, किंतु मिथ्या कलङ्क लगानेवाले मनुष्यकी शुद्धिका कोई उपाय नहीं देखा गया है ।

माता-पिताकी सेवा

पित्रोरर्चा च पत्युश्च साम्यं सर्वजनेषु च ।
मित्राद्रोहो विष्णुभक्तिरेते पञ्च महामखाः ॥
प्राक् पित्रोरर्चया विप्रा यद्धर्मं साधयेन्नरः ।
न तत्क्रतुशतैरेव तीर्थयात्रादिभिर्भुवि ॥
पिता धर्मः पिता स्वर्गः पिता हि परमं तपः ।
पितरि प्रीतिमापन्ने प्रीयन्ते सर्वदेवताः ॥
पितरो यस्य तृप्यन्ति सेवया च गुणेन च ।
तस्य भागीरथीस्नानमहन्यहनि वर्तते ॥
सर्वतीर्थमयी माता सर्वदेवमयः पिता ।
मातरं पितरं तस्मात् सर्वयत्नेन पूजयेत् ॥
मातरं पितरं चैव यस्तु कुर्यात् प्रदक्षिणम् ।
प्रदक्षिणीकृता तेन सप्तद्वीपा वसुन्धरा ॥
जानुनी च करौ यस्य पित्रोः प्रणमतः शिरः ।
निपतन्ति पृथिव्यां च सोऽक्षयं लभते दिवम् ॥
तयोश्चरणयोर्यावद्रजश्चिह्नं तु मस्तके ।
प्रतीके च विलग्नानि तावत्पूतः सुतस्तयोः ॥
पादारविन्दाच्च जलं यः पित्रोः पिबते सुतः ।
तस्य पापं क्षयं याति जन्मकोटिशतार्जितम् ॥
धन्योऽसौ मानवो लोके × × × ×
... ...
पितरौ लङ्घयेद्यस्तु वचोभिः पुरुषाधमः ।
निरये च वसेत्तावद्यावदाभूतसम्प्लवम् ॥
रोगिणं चापि वृद्धं च पितरं वृत्तिकर्शितम् ।
विकलं नेत्रकर्णाभ्यां त्यक्त्वा गच्छेच्च रौरवम् ॥

(पद्म० सृष्टि० ४७ । ७—१७, १९)

माता-पिताकी पूजा, पतिकी सेवा, सबके प्रति समान भाव, मित्रोसे द्रोह न करना और भगवान् श्रीविष्णुका भजन करना—ये पाँच महायज्ञ हैं । ब्राह्मणो ! पहले माता-पिताकी पूजा करके मनुष्य जिस धर्मका साधन करता है, वह इस पृथ्वीपर सैकड़ों यज्ञों तथा तीर्थयात्रा आदिके द्वारा भी

दुर्लभ है। पिता धर्म है, पिता स्वर्ग है और पिता ही सर्वोत्कृष्ट तपस्या है। पिताके प्रसन्न हो जानेपर सम्पूर्ण देवता प्रसन्न हो जाते हैं। जिसकी सेवा और सद्गुणोंसे पिता-माता संतुष्ट रहते है, उस पुत्रको प्रतिदिन गङ्गास्नानका फल मिलता है। माता सर्वतीर्थमयी है और पिता सम्पूर्ण देवताओंका स्वरूप है; इसलिये सब प्रकारसे यत्नपूर्वक माता-पिताका पूजन करना चाहिये। जो माता-पिताकी प्रदक्षिणा करता है, उसके द्वारा सातों द्वीपोंसे युक्त समूची पृथ्वीकी परिक्रमा हो जाती है। माता-पिताको प्रणाम करते समय जिसके हाथ, घुटने और मस्तक पृथ्वीपर टिकते हैं, वह अक्षय स्वर्गको प्राप्त होता है। जबतक माता-पिताके चरणोंकी रज पुत्रके मस्तक और शरीरमें लगती रहती है, तभीतक वह शुद्ध रहता है। जो पुत्र माता-पिताके चरण-कमलोंका जल पीता है, उसके करोड़ों जन्मोंके पाप नष्ट हो जाते है। वह मनुष्य संसारमें धन्य है। जो नीच पुरुष माता-पिताकी आज्ञाका उल्लङ्घन करता है, वह महाप्रलयपर्यन्त नरकमें निवास करता है। जो रोगी, वृद्ध, जीविकासे रहित, अन्धे और बहरे पिताको त्यागकर चला जाता है, वह रौरव नरकमें पड़ता है।

गोचरभूमि

तथैव गोप्रचारं तु दत्त्वा स्वर्गान्न हीयते।
या गतिर्गोप्रदस्यैव ध्रुवं तस्य भविष्यति॥
गोप्रचारं यथाशक्ति यो वै त्यजति हेतुना।
दिने दिने ब्रह्मभोज्यं पुण्यं तस्य शताधिकम्॥
× × × ×
यश्छिनत्ति द्रुमं पुण्यं गोप्रचारं छिनत्त्यपि॥
तस्यैकविंशत् पुरुषाः पच्यन्ते रौरवेषु च।
गोचारघ्नं ग्रामगोपः ज्ञात्वा तु दण्डयेत्॥

(पद्म० सृष्टि० ५६। ३७, ३९-४१)

जो गोचरभूमि छोड़ता है, वह कभी स्वर्गसे नीचे नहीं गिरता। गोदान करनेवालेकी जो गति होती है, वही उसकी भी होती है। जो मनुष्य यथाशक्ति गोचरभूमि छोड़ता है, उसे प्रतिदिन सौसे भी अधिक ब्राह्मणोंको भोजन करानेका पुण्य होता है। जो पवित्र वृक्ष और गोचरभूमिका उच्छेद करता है, उसकी इक्कीस पीढ़ियाँ रौरव नरकमें पकायी जाती है। गाँवके गोपालकको चाहिये कि गोचरभूमिको नष्ट करनेवाले मनुष्यका पता लगाकर उसे दण्ड दे।

गङ्गाजीकी महिमा

गतिं चिन्तयतां विप्रास्तूर्णं सामान्यजन्मनाम्।
स्त्रीपुंसामीक्षणाद्यस्माद्गङ्गा पापं व्यपोहति॥
गङ्गेति स्मरणादेव क्षयं याति च पातकम्।
कीर्तनादतिपापानि दर्शनाद्गुरुकल्मषम्॥
स्नानात् पानाच्च जाह्नव्यां पितॄणां तर्पणात्तथा।
महापातकवृन्दानि क्षयं यान्ति दिने दिने॥
अग्निना दह्यते तूलं तृणं शुष्कं क्षणाद् यथा।
तथा गङ्गाजलस्पर्शात् पुंसां पापं दहेत् क्षणात्॥

(पद्म० सृष्टि० ६०। ४-७)

अविलम्ब सद्गतिका उपाय सोचनेवाले सभी स्त्री-पुरुषोंके लिये गङ्गाजी ही एक ऐसा तीर्थ हैं, जिसके दर्शन-मात्रसे सारा पाप नष्ट हो जाता है। गङ्गाजीके नामका स्मरण करनेमात्रसे पातक, कीर्तनसे अतिपातक और दर्शनसे भारी-भारी पाप (महापातक) भी नष्ट हो जाते हैं। गङ्गाजीमें स्नान, जलपान और पितरोंका तर्पण करनेसे महापातकोंकी राशिका प्रतिदिन क्षय होता रहता है। जैसे अग्निका संसर्ग होनेसे रूई और सूखे तिनके क्षणभरमें भस्म हो जाते हैं, उसी प्रकार गङ्गाजी अपने जलका स्पर्श होनेपर मनुष्योंके सारे पाप एक ही क्षणमें दग्ध कर देती हैं।

गङ्गा गङ्गेति यो ब्रूयाद् योजनानां शतैरपि।
मुच्यते सर्वपापेभ्यो विष्णुलोकं स गच्छति॥
अन्धाश्च पङ्गवस्ते च वृथाभवसमुद्भवाः।
... ...॥

(पद्म० सृष्टि० ६०। ७८-७९)

जो सैकड़ों योजन दूरसे भी गङ्गा-गङ्गा कहता है, वह सब पापोंसे मुक्त हो श्रीविष्णुलोकको प्राप्त होता है। जो मनुष्य कभी गङ्गाजीमें स्नानके लिये नहीं गये हैं, वे अन्धे और पंगुके समान हैं तथा उनका जन्म निरर्थक है।

कौन मनुष्य क्या है ?

... ...।
पूतिगन्धं ततोऽमेध्यं वर्जनीयं प्रकीर्तितम्॥
पूर्ववद्भक्षणे प्रीतः अद्य पापं करोति च।
स्तेयशीलो निशाचारी बुधैर्ज्ञेयः स वञ्चकः॥

अबुधः सर्वकार्येषु अज्ञातः सर्वकर्मसु ।
समयाचारहीनस्तु पशुरेव स बालिशः ॥
... ... ।
हिंस्रो ज्ञातिजनोद्वेगी रते युद्धे च कातरः ॥
विघसादिप्रियो नित्यं नरः श्वा कीर्तितो बुधैः ।
प्रकृत्या चपलो नित्यं सदा भोजनचञ्चलः ॥
प्लवगः काननप्रीतो नरः शाखामृगो भुवि ।
सूचको भाषया बुद्ध्या स्वजनेऽन्यजनेषु च ॥
उद्वेगजनकत्वाच्च स पुमानुरगः स्मृतः ।
बलवान् क्रान्तशीलश्च सततं वानपत्रपः ॥
पूतिमांसप्रियो भोगी नृसिंहः समुदाहृतः ।
तत्स्वनादेव सीदन्ति भीता अन्ये वृकादयः ॥
द्विरदादिनरा ये च ज्ञायन्तेऽदूरदर्शिनः ।
एवमादिक्रमेणैव विजानीयान्नरेषु च ॥

(पद्म० सृष्टि० ७४ । ९७–१०६)

जो मनुष्य अपवित्र एवं दुर्गन्धयुक्त पदार्थोंके भक्षणमे आनन्द मानता है, बराबर पाप करता है और रातमें घूम-घूमकर चोरी करता रहता है, उसे विद्वान् पुरुषोंको वञ्चक समझना चाहिये । जो सम्पूर्ण कर्तव्य कार्योंसे अनभिज्ञ तथा सब प्रकारके कर्मोंमे अपरिचित है, जिसे समयोचित सदाचार-का ज्ञान नहीं है, वह मूर्ख वास्तवमें पशु ही है । जो हिंसक सजातीय मनुष्योको उद्वेजित करनेवाला, कलह-प्रिय, कायर और उच्छिष्ट भोजनका प्रेमी है, वह मनुष्य कुत्ता कहा गया है । जो स्वभावसे ही चञ्चल, भोजनके लिये सदा लालायित रहनेवाला, कूद-कूदकर चलनेवाला और जंगलमे रहनेका प्रेमी है, उस मनुष्यको इस पृथ्वीपर बंदर समझना चाहिये । जो वाणी और बुद्धिद्वारा अपने कुटुम्बियों तथा दूसरे लोगों-की भी चुगली खाता और सबके लिये उद्वेगजनक होता है, वह पुरुष सर्पके समान माना गया है । जो बलवान्, आक्रमण करनेवाला, नितान्त निर्लज्ज, दुर्गन्धयुक्त मांसका प्रेमी और भोगासक्त होता है, वह मनुष्योंमे सिंह कहा गया है । उसकी आवाज सुनते ही दूसरे भेड़िये आदिकी श्रेणीमे गिने जानेवाले लोग भयभीत और दुखी हो जाते हैं । जिनकी दृष्टि दूरतक नही जाती, ऐसे लोग हाथी माने जाते हैं । इसी क्रमसे मनुष्योंमें अन्य पशुओका विवेक कर लेना चाहिये ।

मनुष्यरूपमें देवता

सुराणां लक्षणं ब्रूमो नररूपव्यवस्थितम् ।
द्विजदेवातिथीनां च गुरुसाधुतपस्विनाम् ॥
पूजातपोरतो नित्यं धर्मशास्त्रेषु नीतिषु ।
क्षमाशीलो जितक्रोधः सत्यवादी जितेन्द्रियः ॥
अलुब्धः प्रियवाक् शान्तो धर्मशास्त्रार्थसम्प्रियः ।
दयालुर्दयितो लोके रूपवान् मधुरस्वरः ॥
वागीशः सर्वकार्येषु गुणी दक्षो महाबलः ।
साक्षरश्चापि विद्वांश्च गीतनृत्यार्थतत्त्ववित् ॥
आत्मविद्यादिकार्येषु सर्वतन्त्रीस्वरेषु च ।
हविष्येषु च सर्वेषु गव्येषु च निरामिषे ॥
सम्प्रीतश्चातिथौ दाने पर्वनीतिषु कर्मसु ।
स्नानदानादिभिः कार्यैर्व्रतैर्यज्ञैः सुरार्चनैः ॥
कालो गच्छति पाठैश्च न क्लीबं वासरं भवेत् ।
अयमेव मनुष्याणां सदाचारो निरन्तरम् ॥

(पद्म० सृष्टि० ७४ । १०७–१११, ११३-११४)

अब हम नररूपमे स्थित देवताओंका लक्षण बतलाते हैं । जो द्विज, देवता, अतिथि, गुरु, साधु और तपस्वियोंके पूजनमें संलग्न रहनेवाला, नित्य तपस्यापरायण, धर्म एवं नीतिमे स्थित, क्षमाशील, क्रोधजयी, सत्यवादी, जितेन्द्रिय, लोभहीन, प्रिय बोलनेवाला, शान्त, धर्मशास्त्रप्रेमी, दयालु, लोकप्रिय, मिष्टभाषी, वाणीपर अधिकार रखनेवाला, सब कार्योंमे दक्ष, गुणवान्, महाबली, साक्षर, विद्वान्, आत्म-विद्या आदिके लिये उपयोगी कार्योंमे संलग्न, घी और गायके दूध-दही आदिमे तथा निरामिष भोजनमे रुचि रखनेवाला, अतिथिको दान देने और पार्वण आदि कर्मोंमे प्रवृत्त रहने-वाला है, जिसका समय स्नान-दान आदि शुभ कर्म, व्रत, यज्ञ, देवपूजन तथा स्वाध्याय आदिमे ही व्यतीत होता है, कोई भी दिन व्यर्थ नही जाने पाता, वही मनुष्य देवता है ।

सबका उद्धारक

यो दान्तो विगुणैर्मुक्तो नीतिशास्त्रार्थतत्त्वगः ।
एतैश्च विविधैः प्रीतः स भवेत्सुरलक्षणः ॥

पुराणागमकर्माणि नाकेष्वत्र च यै द्विजः ।
स्वयमाचरते पुण्यं स धरोद्धरणक्षमः ॥
यः शैवो वैष्णवश्चाण्डः सौरो गाणप एव च ।
तारयित्वा पितॄन् सर्वान् स धरोद्धरणक्षमः ॥
विशेषे वैष्णवं दृष्ट्वा प्रीयते पूजयेच्च तम् ।
विमुक्तः सर्वपापेभ्यः स धरोद्धरणक्षमः ॥
षट्कर्मनिरतो विप्रः सर्वयज्ञरतः सदा ।
धर्माख्यानप्रियो नित्यं स धरोद्धरणक्षमः ॥

(पद्म० सृष्टि० ७४-१३४-१३८)

जो मनुष्य जितेन्द्रिय, दुर्गुणोंसे मुक्त तथा नीतिशास्त्रके तत्त्वको जाननेवाला है और ऐसे ही नाना प्रकारके उत्तम गुणोंसे संतुष्ट दिखायी देता है, वह देवस्वरूप है। स्वर्गका निवासी हो या मनुष्यलोकका—जो पुराण और तन्त्रमें बताये हुए पुण्यकर्मोंका स्वयं आचरण करता है, वही इस पृथ्वीका उद्धार करनेमें समर्थ है। जो शिव, विष्णु, शक्ति, सूर्य और गणेशका उपासक है, वह समस्त पितरोंको तारकर इस पृथ्वीका उद्धार करनेमें समर्थ है। विशेषतः जो वैष्णवको देखकर प्रसन्न होता और उसकी पूजा करता है, वह समस्त पापोंसे मुक्त हो इस भूतलका उद्धार कर सकता है। जो ब्राह्मण यजन-याजन आदि छः कर्मोंमें संलग्न, सब प्रकारके यज्ञोंमें प्रवृत्त रहनेवाला और सदा धार्मिक उपाख्यान सुनानेका प्रेमी है, वह भी इस पृथ्वीका उद्धार करनेमें समर्थ है।

सबका नाशक

विश्वासघातिनो ये च कृतघ्ना व्रतलोपिनः ।
द्विजदेवेषु विद्विष्टाः शातयन्ते धरां नराः ॥
पितरौ ये न पुष्णन्ति स्त्रियो गुरुजनान्शिशून् ।
देवद्विजनृपाणां च वसु ये च हरन्ति वै ॥
अपुनर्भवशास्त्रे च शातयन्ति धरां नराः ।
ये च मद्यरताः पापा द्यूतकर्मरतास्तथा ॥
पाषण्डपतितालापाः शातयन्ति धरां नराः ।
महापातकिनो ये च अतिपातकिनस्तथा ॥
घातका बहुजन्तूनां शातयन्ति धरां नराः ।
सुकर्मरहिता ये च नित्योद्वेगाश्च निर्भयाः ॥
स्मृतिशास्त्रार्थकोद्विग्नाः शातयन्ति धरां नराः ।
निजवृत्तिं परित्यज्य कुर्वन्ति चाधमां च ये ॥
गुरुनिन्दारता द्वेषाच्छातयन्ति धरां नराः ।
दातारं ये रोधयन्ति पातकं प्रेरयन्ति च ॥
दीनानाथान् पीडयन्ति शातयन्ति धरां नराः ।
एते चान्ये च बहवः पापकर्मकृतो नराः ॥
पुरुषान् पातयित्वा तु शातयन्ति धरां नराः ।
... ...

(पद्म० सृष्टि० ७४ । १३९–१४७)

जो लोग विश्वासघाती, कृतघ्न, व्रतका उल्लङ्घन करनेवाले तथा ब्राह्मण और देवताओंके द्वेषी हैं, वे मनुष्य इस पृथ्वीका नाश कर डालते है। जो माता-पिता, स्त्री, गुरुजन और बालकोंका पोषण नहीं करते, देवता, ब्राह्मण और राजाओंका धन हर लेते हैं तथा जो मोक्षशास्त्रमें श्रद्धा नहीं रखते, वे मनुष्य भी इस पृथ्वीका नाश करते हैं। जो पापी मदिरा पीने और जुआ खेलनेमें आसक्त रहते और पाखण्डियों तथा पतितोंसे वार्तालाप करते हैं, जो महापातकी और अतिपातकी हैं, जिनके द्वारा बहुत-से जीव-जन्तु मारे जाते हैं, वे लोग इस भूतलका विनाश करनेवाले हैं। जो सत्कर्मसे रहित, सदा दूसरोंको उद्विग्न करनेवाले और निर्भय हैं, स्मृतियों तथा धर्मशास्त्रोंमें बताये हुए शुभकर्मोंका नाम सुनकर जिनके हृदयमें उद्वेग होता है, जो अपनी उत्तम जीविका छोड़कर नीच वृत्तिका आश्रय लेते हैं तथा द्वेषवश गुरुजनोंकी निन्दामें प्रवृत्त होते हैं, वे मनुष्य इस भूलोकका नाश कर डालते हैं। जो दाताको दानसे रोकते और पापकर्मकी ओर प्रेरित करते हैं तथा जो दीनों और अनाथोंको पीड़ा पहुँचाते हैं, वे लोग इस भूतलका सत्यानाश करते हैं। ये तथा और भी बहुत-से पापी मनुष्य हैं, जो दूसरे लोगोंको पापोंमें ढकेलकर इस पृथ्वीका सर्वनाश करते हैं।



मुनि शुकदेव



श्रीभगवान्‌के नाम-रूप-लीला-धामादिका माहात्म्य

देहापत्यकलत्रादिष्वात्मसैन्येष्वसत्स्वपि ।
तेषां प्रमत्तो निधनं पश्यन्नपि न पश्यति ॥
तस्माद् भारत सर्वात्मा
भगवान् हरिरीश्वरः ।
श्रोतव्यः कीर्तितव्यश्च
स्मर्तव्यश्चेच्छताभयम् ॥

(श्रीमद्भा० २ । १ । ४-५)

संसारमे जिन्हे अपना अत्यन्त घनिष्ठ सम्बन्धी कहा जाता है, वे शरीर, पुत्र, स्त्री आदि कुछ नही है, असत् है; परतु जीव उनके मोहमे ऐसा पागल-सा हो जाता है कि रात-दिन उनको मृत्युका ग्रास होते देखकर भी चेतता नही । इसलिये परीक्षित् ! जो अभय पदको प्राप्त करना चाहता है, उसे तो सर्वात्मा, सर्वशक्तिमान् भगवान् श्रीकृष्णकी ही लीलाओका श्रवण, कीर्तन और स्मरण करना चाहिये ।

न ह्यतोऽन्यः शिवः पन्था विशतः संसृताविह ।
वासुदेवे भगवति भक्तियोगो यतो भवेत् ॥

(श्रीमद्भा० २ । २ । ३३)

ससार-चक्रमे पड़े हुए मनुष्यके लिये, जिस साधनके द्वारा उसे भगवान् श्रीकृष्णकी अनन्य प्रेममयी भक्ति प्राप्त हो जाय, उसके अतिरिक्त और कोई भी कल्याणकारी मार्ग नही है ।

पिबन्ति ये भगवत आत्मनः सतां
कथामृतं श्रवणपुटेषु सम्भृतम् ।
पुनन्ति ते विषयविदूषिताशयं
व्रजन्ति तच्चरणसरोरुहान्तिकम् ॥

(श्रीमद्भा० २ । २ । ३७)

राजन् ! संत पुरुष आत्मस्वरूप भगवान्‌की कथाका मधुर अमृत बाँटते ही रहते हैं; जो अपने कानके दोनोंमें भर-कर उसका पान करते हैं, उनके हृदयसे विषयोंका विषैला प्रभाव जाता रहता है, वह शुद्ध हो जाता है और वे भगवान् श्रीकृष्णके चरणकमलोंकी संनिधि प्राप्त कर लेते है ।

वासुदेवकथाप्रश्नः पुरुषांस्त्रीन् पुनाति हि ।
वक्तारं पृच्छकं श्रोतृंस्तत्पादसलिलं यथा ॥

(श्रीमद्भा० १० । १ । १६)

भगवान् श्रीकृष्णकी कथाके सम्बन्धमे प्रश्न करनेसे ही वक्ता, प्रश्नकर्ता और श्रोता तीनो ही पवित्र हो जाते है—जैसे गङ्गाजीका जल या भगवान् शालग्रामका चरणामृत सभीको पवित्र कर देता है ।

यस्तूत्तमश्लोकगुणानुवादः
संगीयतेऽभीक्ष्णममङ्गलघ्नः ।
तमेव नित्यं शृणुयादभीक्ष्णं
कृष्णेऽमलां भक्तिमभीप्समानः ॥

(श्रीमद्भा० १२ । ३ । १५)

भगवान् श्रीकृष्णका गुणानुवाद समस्त अमङ्गलोंका नाश करनेवाला है, बड़े-बड़े महात्मा उसीका गान करते रहते हैं । जो भगवान् श्रीकृष्णके चरणोंमे अनन्य प्रेममयी भक्तिकी लालसा रखता हो, उसे नित्य-निरन्तर भगवान्‌के दिव्य गुणानुवादका ही श्रवण करते रहना चाहिये ।

यन्नामधेयं म्रियमाण आतुरः
पतन् स्खलन् वा विवशो गृणन् पुमान् ।
विमुक्तकर्मार्गल उत्तमां गतिं
प्राप्नोति यक्ष्यन्ति न तं कलौ जनाः ॥

(श्रीमद्भा० १२ । ३ । ४४)

मनुष्य मरनेके समय आतुरताकी स्थितिमे अथवा गिरते या फिसलते समय विवश होकर भी यदि भगवान्‌के किसी एक नामका उच्चारण कर ले, तो उसके सारे कर्मबन्धन छिन्न-भिन्न हो जाते है और उसे उत्तम-से-उत्तम गति प्राप्त होती है; परंतु हाय रे कलियुग ! कलियुगसे प्रभावित होकर लोग उन भगवान्‌की आराधनासे भी विमुख हो जाते है ।

पुंसां कलिकृतान् दोषान् द्रव्यदेशात्मसम्भवान् ।
सर्वान् हरति चित्तस्थो भगवान् पुरुषोत्तमः ॥

(श्रीमद्भा० १२ । ३ । ४५)

कलियुगके अनेको दोष है । कुल वस्तुएँ दूषित हो जाती हैं, स्थानोंमें भी दोषकी प्रधानता हो जाती है । सब दोषोका मूल स्रोत तो अन्तःकरण है ही; परंतु जब पुरुषोत्तम भगवान्

हृदयमें आ विराजते हैं, तब उनकी संनिधिमात्रसे ही सब-के-सब दोष नष्ट हो जाते हैं।

श्रुतः संकीर्तितो ध्यातः पूजितश्चाद्दतोऽपि वा।
नृणां धुनोति भगवान् हृत्स्थो जन्मायुताशुभम्॥
(श्रीमद्भा० १२। ३। ४६)

भगवान्‌के रूप, गुण, लीला, धाम और नामके श्रवण, सकीर्तन, ध्यान, पूजन और आदरसे वे मनुष्यके हृदयमे आकर विराजमान हो जाते है और एक-दो जन्मके पापोकी तो बात ही क्या, हजारो जन्मोके पापके ढेर-के-ढेर भी क्षण-भरमें भस्म कर देते है।

यथा हेम्नि स्थितो वह्निर्दुर्वर्णं हन्ति धातुजम्।
एवमात्मगतो विष्णुर्योगिनामशुभाशयम्॥
(श्रीमद्भा० १२। ३। ४७)

जैसे सोनेके साथ संयुक्त होकर अग्नि उसके धातुसम्बन्धी मलिनता आदि दोषोको नष्ट कर देती है, वैसे ही साधकोके हृदयमे स्थित होकर भगवान् विष्णु उनके अशुभ संस्कारोंको सदाके लिये मिटा देते है।

विद्यातपःप्राणनिरोधमैत्री-
तीर्थाभिषेकव्रतदान : ।
नात्यन्तशुद्धिं लभतेऽन्तरात्मा
यथा हृदिस्थे भगवत्यनन्ते॥
(श्रीमद्भा० १२। ३। ४८)

परीक्षित्! विद्या, तपस्या, प्राणायाम, समस्त प्राणियोके प्रति मित्र-भाव, तीर्थ-स्नान, व्रत, दान और जप आदि किसी भी साधनसे मनुष्यके अन्तःकरणकी वैसी वास्तविक शुद्धि नहीं होती, जैसी शुद्धि भगवान् पुरुषोत्तमके हृदयमें विराजमान हो जानेपर होती है।

म्रियमाणैरभिध्येयो भगवान् परमेश्वरः।
आत्मभावं नयत्यङ्ग सर्वात्मा सर्वसंश्रयः॥
कलेर्दोषनिधे राजन्नस्ति ह्येको महान् गुणः।
कीर्तनादेव कृष्णस्य मुक्तसङ्गः परं व्रजेत्॥
कृते यद् ध्यायतो विष्णुं त्रेतायां यजतो मखैः।
द्वापरे परिचर्यायां कलौ तद्धरिकीर्तनात्॥
(श्रीमद्भा० १२। ३। ५०-५२)

जो लोग मृत्युके निकट पहुँच रहे हैं, उन्हे सब प्रकारसे परम ऐश्वर्यशाली भगवान्‌का ही ध्यान करना चाहिये। प्यारे परीक्षित्! सबके परम आश्रय और सर्वात्मा भगवान् अपना ध्यान करनेवालेको अपने स्वरूपमे लीन कर लेते हैं, उसे अपना स्वरूप बना लेते हैं। परीक्षित्! यों तो कलियुग दोषोका खजाना है, परतु इसमे एक बहुत बड़ा गुण है। वह गुण यही है कि कलियुगमें केवल भगवान् श्रीकृष्णका संकीर्तन करनेसे ही सारी आसक्तियाँ छूट जाती है और परमात्माकी प्राप्ति हो जाती है। सत्ययुगमे भगवान्‌का ध्यान करनेसे, त्रेतामे बड़े-बड़े यज्ञोके द्वारा उनकी आराधना करनेसे और द्वापरमे विधिपूर्वक उनकी पूजा-सेवासे जो फल मिलता है, वह कलियुगमे केवल भगवन्नामका कीर्तन करनेसे ही प्राप्त हो जाता है।

संसारसिन्धुमतिदुस्तरमुत्तितीर्षो-
र्नान्यः प्लवो भगवतः पुरुषोत्तमस्य।
लीलाकथारसनिषेवणमन्तरेण
पुंसो भवेद् विविधदुःखदवार्दितस्य॥
(श्रीमद्भा० १२। ४। ४०)

जो लोग अत्यन्त दुस्तर ससार-सागरसे पार जाना चाहते है, अथवा जो लोग अनेको प्रकारके दुःख-दावानलसे दग्ध हो रहे हैं, उनके लिये पुरुषोत्तम भगवान्‌की लीला-कथारूप रसके सेवनके अतिरिक्त और कोई साधन, कोई नौका नहीं है। ये केवल लीला-रसायनका सेवन करके ही अपना मनोरथ सिद्ध कर सकते है।

आत्मा

स्नेहाधिष्ठानवर्त्यग्निसंयोगो यावदीयते।
ततो दीपस्य दीपत्वमेवं देहकृतो भवः॥
रजःसत्त्वतमोवृत्त्या जायतेऽथ विनश्यति।
न तत्रात्मा स्वयंज्योतिर्यो व्यक्ताव्यक्तयोः परः॥
आकाश इव चाधारो ध्रुवोऽनन्तोपमस्ततः॥
(श्रीमद्भा० १२। ५। ७-८)

जबतक तेल, तेल रखनेका पात्र, बत्ती और आगका संयोग रहता है, तभीतक दीपकमे दीपकपना है, वैसे ही जबतक आत्माका कर्म, मन, शरीर और इनमें रहनेवाले चैतन्याध्यासके साथ सम्बन्ध रहता है, तभीतक उसे जन्म-मृत्युके चक्र संसारमें भटकना पड़ता है और रजोगुण, सत्त्वगुण तथा तमोगुणकी वृत्तियोसे उसे उत्पन्न, स्थित एवं विनष्ट होना पड़ता है। परंतु जैसे दीपकके बुझ जानेसे तत्त्वरूप तेजका विनाश नहीं होता, वैसे ही संसारका नाश

होनेपर भी स्वयं प्रकाश आत्माका नाश नहीं होता। क्योंकि वह कार्य और कारण, व्यक्त और अव्यक्त—सबसे परे है, वह आकाशके समान सबका आधार है, नित्य और निश्चल है, वह अनन्त है। सचमुच आत्माकी उपमा आत्मा ही है।

वैराग्य

सत्यां क्षितौ किं कशिपोः प्रयासै-
बाँहौ स्वसिद्धे ह्युपबर्हणैः किम्।
सत्यञ्जलौ किं पुरुधान्नपात्र्या
दिग्वल्कलादौ सति किं दुकूलैः॥
चीराणि किं पथि न सन्ति दिशन्ति भिक्षां
नैवाङ्घ्रिपाः परभृतः सरितोऽप्यशुष्यन्।
रुद्धा गुहाः किमजितोऽवति नोपसन्नान्
कस्माद् भजन्ति कवयो धनदुर्मदान्धान्॥
एवं स्वचित्ते स्वत एव सिद्ध
आत्मा प्रियोऽर्थो भगवाननन्तः।
तं निर्वृतो नियतार्थो भजेत
संसारहेतूपरमश्च यत्र॥

(श्रीमद्भा० २। २। ४–६)

जब जमीनपर सोनेसे काम चल सकता है, तब पलंगके लिये प्रयत्नशील होनेसे क्या प्रयोजन। जब भुजाएँ अपनेको भगवान्‌की कृपासे स्वयं ही मिली हुई हैं, तब तकियेकी क्या आवश्यकता। जब अञ्जलिसे काम चल सकता है, तब बहुत-से बर्तन क्यों बटोरे। वृक्षकी छाल पहनकर या वस्त्रहीन रहकर भी यदि जीवन धारण किया जा सकता है तो वस्त्रोंकी क्या आवश्यकता। पहननेको क्या रास्तोंमें चिथड़े नहीं हैं? भूख लगानेपर दूसरोंके लिये ही शरीर धारण करनेवाले वृक्ष क्या फल-फूलकी भिक्षा नहीं देते? जल चाहनेवालोंके लिये नदियाँ क्या बिल्कुल सूख गयी हैं? रहनेके लिये क्या पहाड़ोंकी गुफाएँ बंद कर दी गयी हैं? अरे भाई! सब न सही, क्या भगवान् भी अपने शरणागतोंकी रक्षा नहीं करते? ऐसी स्थितिमें बुद्धिमान् लोग भी धनके नशेमें चूर घमंडी धनियोंकी चापलूसी क्यों करते हैं? इस प्रकार विरक्त हो जानेपर अपने हृदयमें नित्य विराजमान, स्वतःसिद्ध, आत्मस्वरूप, परम प्रियतम, परम सत्य जो अनन्त भगवान् हैं, बड़े प्रेम और आनन्दसे दृढ़ निश्चय करके उन्हींका भजन करे; क्योंकि उनके भजनसे जन्म-मृत्युके चक्करमें डालनेवाले अज्ञानका नाश हो जाता है।

महर्षि जैमिनि

श्रद्धाकी महत्ता



श्रद्धा धर्मसुता देवी
पावनी विश्वभाविनी॥
सावित्री प्रसवित्री च
संसारार्णवतारिणी।
श्रद्धया ध्यायते धर्मो
विद्वद्भिश्चात्मवादिभिः॥
निष्किंचनास्तु मुनयः श्रद्धावन्तो दिवं गताः।

(पद्म० भूमि० ९४। ४४–४६)

श्रद्धा देवी धर्मकी पुत्री हैं, वे विश्वको पवित्र एवं अभ्युदयशील बनानेवाली हैं। इतना ही नहीं, वे सावित्रीके समान पावन, जगत्‌को उत्पन्न करनेवाली तथा संसारसागरसे उद्धार करनेवाली हैं। आत्मवादी विद्वान् श्रद्धासे ही धर्मका चिन्तन करते हैं। जिनके पास किसी भी वस्तुका संग्रह नहीं है, ऐसे अकिंचन मुनि श्रद्धालु होनेके कारण ही दिव्यलोकको प्राप्त हुए।

नरक कौन जाते हैं?

ब्राह्मण्यं पुण्यमुत्सृज्य ये द्विजा लोभमोहिताः।
कुकर्मण्युपजीवन्ति ते वै निरयगामिनः॥
ब्राह्मणेभ्यः प्रतिश्रुत्य न प्रयच्छन्ति ये धनम्।
ब्रह्मस्वानां च हर्तारो नरा निरयगामिनः॥
ये परस्वापहर्तारः परदूषणसोत्सुकाः।
परश्रिया प्रतप्यन्ते ते वै निरयगामिनः॥
प्राणिनां प्राणहिंसायां ये नरा निरताः सदा।
परनिन्दारता ये च ते वै निरयगामिनः॥
कूपारामतडागानां प्रपानां च विदूषकाः।
सरसां चैव भेत्तारो नरा निरयगामिनः॥
विपर्ययं व्रजेद्यस्ताञ्शिशून्भृत्यातिथींस्ततः।
उत्सन्नपितृदेवेज्यास्ते वै निरयगामिनः॥
प्रव्रज्यादूषका राजन् ये चैवाश्रमदूषकाः।
सखीनां दूषकाश्चैव ते वै निरयगामिनः॥

(पद्म० भूमि० ९६। २, ४, ६–१०)

जो द्विज लोभसे मोहित हो पावन ब्राह्मणत्वका परित्याग करके कुकर्मसे जीविका चलाते हैं, वे नरकगामी होते हैं। जो नास्तिक हैं, जिन्होंने धर्मकी मर्यादा भङ्ग की है, जो काम-भोगके लिये उत्कण्ठित, दाम्भिक और कृतघ्न हैं, जो ब्राह्मणोंको धन देनेकी प्रतिज्ञा करके भी नहीं देते, चुगली खाते, अभिमान रखते और झूठ बोलते हैं; जिनकी बातें परस्पर विरुद्ध होती हैं; जो दूसरोंका धन हड़प लेते, दूसरोंपर कलङ्क लगानेके लिये उत्सुक रहते और परायी सम्पत्ति देखकर जलते हैं, वे नरकमें जाते हैं। जो मनुष्य सदा प्राणियोंके प्राण लेनेमें लगे रहते, परायी निन्दामें प्रवृत्त होते, कुएँ, बगीचे, पोखरे और पौंसलेको दूषित करते; सगेवगेको नष्ट-भ्रष्ट करते तथा शिशुओं, भृत्यों और अतिथियोंको भोजन दिये बिना ही स्वयं भोजन कर लेते हैं; जिन्होंने पितृयाग (श्राद्ध) और देवयाग (यज्ञ) का त्याग कर दिया है, जो संन्यास तथा अपने रहनेके आश्रमको कलङ्कित करते हैं और मित्रोंपर लाञ्छन लगाते हैं, वे सब-के-सब नरकगामी होते हैं।

स्वर्ग कौन जाते हैं ?

हन्त ते कथयिष्यामि नरान् वै स्वर्गगामिनः।
भोगिनः सर्वलोकस्य ये प्रोक्तास्तान्निबोध मे॥
सत्येन तपसा ज्ञानध्यानेनाध्ययनेन वा।
ये धर्ममनुवर्तन्ते ते नराः स्वर्गगामिनः॥
ये च होमपरा ध्यानदेवतार्चनतत्पराः।
आददाना महात्मानस्ते नराः स्वर्गगामिनः॥
शुचयः शुचिदेशे वा वासुदेवपरायणाः।
भक्त्या च विष्णुमापन्नास्ते नराः स्वर्गगामिनः॥
मातापित्रोश्च शुश्रूषां ये कुर्वन्ति सदाऽऽदृताः।
वर्जयन्ति दिवा स्वप्नं ते नराः स्वर्गगामिनः॥
सर्वहिंसानिवृत्ताश्च साधुसङ्गाश्च ये नराः।
सर्वस्यापि हिते युक्तास्ते नराः स्वर्गगामिनः॥
शुश्रूषाभिः समायुक्ता गुरूणां मानदा नराः।
प्रतिग्रहनिवृत्ताश्च ते नराः स्वर्गगामिनः॥
भयात्कामात्तथाऽऽक्रोशादरिद्रान्पूर्वकर्मणः।
न कुत्सन्ति च ये नूनं ते नराः स्वर्गगामिनः॥
सहस्रपरिवेष्टारस्तथैव च सहस्रदाः।
दातारश्च सहस्राणां ते नराः स्वर्गगामिनः॥
आत्मस्वरूपभाजश्च यौवनस्थाः क्षमारताः।
ये वै जितेन्द्रिया वीरास्ते नराः स्वर्गगामिनः॥
सुवर्णस्य प्रदातारो गवां भूमेश्च भारत।
अन्नानां वाससां चैव पुरुषाः स्वर्गगामिनः॥
निवेशनानां वन्यानां नराणां च परंतप।
स्वयमुत्पाद्य दातारः पुरुषाः स्वर्गगामिनः॥
द्विषतामपि ये दोषान्न वदन्ति कदाचन।
कीर्तयन्ति गुणांश्चैव ते नराः स्वर्गगामिनः॥
दृष्ट्वा विज्ञान्प्रहृष्यन्ति प्रियं दत्त्वा वदन्ति च।
त्यक्तदानफलेच्छाश्च ते नराः स्वर्गगामिनः॥
ये परेषां श्रियं दृष्ट्वा न तप्यन्ति विमत्सराः।
प्रहृष्टाश्चाभिनन्दन्ति ते नराः स्वर्गगामिनः॥
प्रवृत्तौ च निवृत्तौ च मुनिशास्त्रोक्तमेव च।
आचरन्ति महात्मानस्ते नराः स्वर्गगामिनः॥
ये नराणां वचो वक्तुं न जानन्ति च विप्रियम्।
प्रियवाक्येन विज्ञातास्ते नराः स्वर्गगामिनः॥
वापीकूपतडागानां प्रपानां चैव वेश्मनाम्।
आरामाणां च कर्तारस्ते नराः स्वर्गगामिनः॥
असत्येष्वपि सत्या ये ऋजवोऽनार्जवेष्वपि।
प्रवक्तारश्च दातारस्ते नराः स्वर्गगामिनः॥

(पद्म० भूमि० ९६। २०-३८)

अब मैं स्वर्ग जानेवाले पुरुषोंका वर्णन करूँगा। जो मनुष्य सत्य, तपस्या, ज्ञान, ध्यान तथा स्वाध्यायके द्वारा धर्मका अनुसरण करते हैं, वे स्वर्गगामी होते हैं। जो प्रतिदिन हवन करते तथा भगवान्‌के ध्यान और देवताओंके पूजनमें संलग्न रहते हैं, वे महात्मा स्वर्गलोकके अतिथि होते हैं। जो बाहर-भीतरसे पवित्र रहते, पवित्र स्थानमें निवास करते, भगवान् वासुदेवके भजनमें लगे रहते तथा भक्तिपूर्वक श्रीविष्णुकी शरणमें जाते हैं; जो सदा आदरपूर्वक माता-पिताकी सेवा करते और दिनमें नहीं सोते; जो सब प्रकारकी हिंसासे दूर रहते, साधुओंका सङ्ग करते और सबके हितमें संलग्न रहते हैं, वे मनुष्य स्वर्गगामी होते हैं। जो गुरुजनोंकी सेवामें संलग्न, बड़ोंको आदर देनेवाले, दान न लेनेवाले, भयसे, कामसे तथा क्रोधसे दरिद्रोंके पिछले कर्मोंकी निन्दा न करनेवाले, सहस्रों मनुष्योंको भोजन परोसनेवाले, सहस्रों मुद्राओंका दान करनेवाले तथा सहस्रों मनुष्योंको दान देनेवाले हैं, वे पुरुष स्वर्गलोकको जाते हैं। जो युवावस्थामें भी क्षमाशील और जितेन्द्रिय हैं; जिनमें वीरता भरी है; जो सुवर्ण, गौ, भूमि, अन्न और वस्त्रका दान करते हैं, जो स्वयं जंगली जानवरों तथा मनुष्योंके लिये घर बनाकर दान कर देते हैं; जो अपनेसे द्वेष

रखनेवालोंके भी दोष कभी नहीं कहते, बल्कि उनके गुणोंका ही वर्णन करते हैं; जो विज्ञ पुरुषोंको देखकर प्रसन्न होते, दान देकर प्रिय वचन बोलते तथा दानके फलकी इच्छाका परित्याग कर देते हैं तथा जो दूसरोंकी सम्पत्तिको देखकर ईर्ष्यासे जलते तो हैं ही नहीं, उल्टे हर्षित होकर उनका अभिनन्दन करते हैं, वे मनुष्य स्वर्गगामी होते हैं । जो पुरुष प्रवृत्तिमार्गमें तथा निवृत्तिमार्गमें भी मुनियों और शास्त्रोंके कथनानुसार ही आचरण करते हैं, वे स्वर्गलोकके अतिथि होते हैं । जो मनुष्योंसे कटुवचन बोलना नहीं जानते, जो प्रिय वचन बोलनेके लिये प्रसिद्ध हैं, जिन्होंने बावली, कुआँ, सरोवर, पौंसला, धर्मशाला और बगीचे बनवाये हैं; जो मिथ्यावादियोंके लिये भी सत्यपूर्ण बर्ताव करनेवाले और कुटिल मनुष्योंके लिये भी सरल हैं, वे दयालु तथा सदाचारी मनुष्य स्वर्गलोकमें जाते हैं ।

नरक और मुक्ति किसको मिलती है ?

ततः परेषां प्रतिकूलमाचरन्
प्रयाति घोरं नरकं सुदुःखदम् ।
सदानुकूलस्य नरस्य जीविनः
सुखावहा मुक्तिरदूरसंस्थिता ॥

(पद्म० भूमि० ९६ । ५२)

जो दूसरोंके प्रतिकूल आचरण करता है, उसे अत्यन्त दुःखदायी घोर नरकमें गिरना पड़ता है तथा जो सदा दूसरोंके अनुकूल चलता है, उस मनुष्यके लिये सुखदायिनी मुक्ति दूर नहीं है ।

मुनि सनत्सुजात

बारह दोष, तेरह नृशंसताएँ



क्रोधः कामो लोभमोहौ विधित्सा-
कृपासूये मानशोकौ स्पृहा च ।
ईर्ष्या जुगुप्सा च मनुष्यदोषा
वर्ज्याः सदा द्वादशैते नराणाम् ॥
एकैकः पर्युपास्ते ह मनुष्यान् मनुजर्षभ ।
लिप्समानोऽन्तरं तेषां मृगाणामिव लुब्धकः ॥
विकत्थनः स्पृहयालुर्मनस्वी
बिभ्रत्कोपं चपलोऽरक्षणश्च ।
एतान्पापाः षण्नराः पापधर्मान्
प्रकुर्वते नो त्रसन्तः सुदुर्गे ॥
सम्भोगसंविद् विषमोऽतिमानी
दत्तानुतापी कृपणो बलीयान् ।
वर्गप्रशंसी वनितासु द्वेष्टा
एते परे सप्त नृशंसवर्गाः ॥

(उद्योगपर्व, अध्याय ४३ । १६—१९)

काम, क्रोध, लोभ, मोह, असंतोष, निर्दयता, असूया, अभिमान, शोक, स्पृहा, ईर्ष्या और निन्दा—मनुष्योंमें रहनेवाले ये बारह दोष सदा ही त्याग देने योग्य हैं । नरश्रेष्ठ ! जैसे व्याधा मृगोंको मारनेका अवसर देखता हुआ उनकी टोहमें लगा रहता है, उसी प्रकार इनमेंसे एक-एक दोष मनुष्योंका छिद्र देखकर उनपर आक्रमण करता है । अपनी बहुत बड़ाई करनेवाले, लोलुप, अहंकारी, निरन्तर क्रोधी, चंचल और आश्रितोंकी रक्षा नहीं करनेवाले—ये छः प्रकारके मनुष्य पापी हैं । महान् संकटमें पड़नेपर भी ये निडर होकर इन पाप-कर्मोंका आचरण करते हैं । सम्भोगमें ही मन लगानेवाले, विषमता रखनेवाले, अत्यन्त मानी, दान देकर पश्चात्ताप करनेवाले, अत्यन्त कृपण और कामकी प्रशंसा करनेवाले तथा स्त्रियोंके द्वेषी—ये सात और पहलेके छः—कुल तेरह प्रकारके मनुष्य नृशंस-वर्ग (क्रूर-समुदाय) कहे गये हैं ।



महर्षि वैशम्पायन

विविध उपदेश

मोहजालस्य योनिर्हि मूढैरेव समागमः।
अहन्यहनि धर्मस्य योनिः साधुसमागमः॥

(महा० वन० १। २४)

मूर्खोंका सङ्ग ही मोह-जालकी उत्पत्तिका कारण है तथा प्रतिदिन साधु पुरुषोंका सङ्ग धर्ममे प्रवृत्ति करानेवाला है।

येषां त्रीण्यवदातानि विद्या योनिश्च कर्म च।
तान् सेवेत्तैः समास्या हि शास्त्रेभ्योऽपि गरीयसी॥

(महा० वन० १।२६)

जिनकी विद्या, कुल और कर्म—ये तीनों शुद्ध हों, उन साधु पुरुषोंकी सेवामे रहे। उनके साथका उठना-बैठना शास्त्रोके स्वाध्यायसे भी श्रेष्ठतर है।

वस्त्रमापस्तिलान् भूमिं गन्धो वासयते यथा।
पुष्पाणामधिवासेन तथा संसर्गजा गुणाः॥

(महा० वन० १। २३)

जैसे फूलोंकी गन्ध अपने सम्पर्कमें आनेपर वस्त्र, जल, तिल (तैल) और भूमिको भी सुवासित कर देती है, उसी प्रकार मनुष्यमे संसर्गजनित गुण आ जाते हैं।

मानसं शमयेत्तस्माज्ज्ञानेनाग्निमिवाम्बुना।
प्रशान्ते मानसे ह्यस्य शरीरमुपशाम्यति॥

(महा० वन० २। २५)

अतः जिस प्रकार जलसे अग्निको शान्त किया जाता है, उसी प्रकार ज्ञानके द्वारा मानसिक संतापको शान्त करना चाहिये। जब मानसिक संताप शान्त होता है, तब शारीरिक ताप भी शान्त हो जाता है।

तृष्णा हि सर्वपापिष्ठा नित्योद्वेगकरी स्मृता।
अधर्मबहुला चैव घोरा पापानुबन्धिनी॥
या दुस्त्यजा दुर्मतिभिर्या न जीर्यति जीर्यतः।
योऽसौ प्राणान्तिको रोगस्तां तृष्णां त्यजतः सुखम्॥

(महा० वन० २। ३४–३५)

तृष्णा सबसे बढ़कर पापिष्ठा है, वह सदा उद्वेगमें डालनेवाली मानी गयी है। उसके द्वारा अधिकतर अधर्ममें ही प्रवृत्ति होती है, वह अत्यन्त भयंकर और पापकर्मोंमें ही बाँध रखनेवाली है। खोटी बुद्धिवाले मनुष्योंके लिये जिसका परित्याग अत्यन्त कठिन है, जो मनुष्य-शरीरके बूढ़े होनेपर भी स्वयं बूढ़ी नहीं होती—अपितु नित्य तरुणी ही बनी रहती है; जो मानवके लिये एक प्राणान्तकारी रोगके सदृश है, ऐसी तृष्णाको जो त्याग देता है, उसीको सुख मिलता है।

यथैधः स्वसमुत्थेन वह्निना नाशमृच्छति।
तथाकृतात्मा लोभेन सहजेन विनश्यति॥

(महा० वन० २। ३७)

जैसे लकड़ी अपने ही भीतरसे प्रकट हुई आगके द्वारा जलकर नष्ट हो जाती है, उसी प्रकार जिसका मन वशमे नहीं हुआ, वह पुरुष अपने साथ ही पैदा हुई लोभवृत्ति (तृष्णा) से नाशको प्राप्त होता है।

अन्तो नास्ति पिपासायाः संतोषः परमं सुखम्।
तस्मात्संतोषमेवेह परं पश्यन्ति पण्डिताः॥

(महा० वन० २। ४५)

तृष्णाका कहीं अन्त नहीं है; संतोष ही परम सुख है। अतः विद्वान् पुरुष इस संसारमे संतोषको ही सबसे श्रेष्ठ मानते हैं।

अनित्यं यौवनं रूपं जीवितं रत्नसंचयः।
ऐश्वर्यं प्रियसंवासो गृध्येत्तत्र न पण्डितः॥

(महा० वन० २। ४६)

यह तरुण अवस्था, यह रूप, यह जीवन, रत्नराशिका यह संग्रह, ऐश्वर्य तथा प्रिय-जनोंका सहवास—सब कुछ अनित्य है; अतः विवेकी पुरुषको इसमे आसक्त नहीं होना चाहिये।

धर्मार्थं यस्य वित्तेहा वरं तस्य निरीहता।
प्रक्षालनाद्धि पङ्कस्य श्रेयो न स्पर्शनं नृणाम्॥

(महा० वन० २। ४८)

जो धर्मके लिये धन पाना चाहता है, उस पुरुषके लिये धनकी ओरसे निरीह हो जाना ही उत्तम है; क्योंकि कीचड़को लगाकर धोनेकी अपेक्षा उसका स्पर्श ही न करना मनुष्योंके लिये श्रेयस्कर है।

सत्यवादी लभेतायुरनायासमथार्जवम्।
अक्रोधनोऽनसूयश्च निर्वृतिं लभते पराम्॥

(महा० वन० २५९। २२)

सत्यवादी पुरुष आयु, आयासहीनता और सरलताको पाता है तथा क्रोध और असूयासे रहित मनुष्य परम शान्ति प्राप्त करता है।

महात्मा भद्र

शास्त्रोंका स्थिर सिद्धान्त

आलोक्य सर्वशास्त्राणि विचार्य च पुनः पुनः ।
इदमेकं सुनिष्पन्नं ध्येयो नारायणः सदा ॥
(स्कन्द० पु० प्र० खं० ३१७ । १४)

सब शास्त्रोंको देखकर और बार-बार विचार करके एक-मात्र यही सिद्धान्त स्थिर किया गया है कि सदा भगवान् नारायणका ध्यान करना चाहिये ।

सकृदुच्चरितं येन हरिरित्यक्षरद्वयम् ।
बद्धः परिकरस्तेन मोक्षाय गमनं प्रति ॥
(स्कन्द० पु० प्र० खं० ३१७ । १८)

जिसने 'हरि' इन दो अक्षरोंका एक बार भी उच्चारण कर लिया, उसने मोक्षधामतक पहुँचनेके लिये मानो कमर कस ली है ।

महर्षि मुद्गल



पतनान्ते महादुःखं
परितापः सुदारुणः ।
स्वर्गभाजश्चरन्तीह
तस्मात् स्वर्गं न कामये ॥
यत्र गत्वा न शोचन्ति
न व्यथन्ति चरन्ति वा ।
तदहं स्थानमत्यन्तं मार्गयिष्यामि केवलम् ॥
(महा० वन० २६१ । ४३-४४)

(स्वर्गसे) पतनके बाद स्वर्गवासियोंको महान् दुःख और बड़ा भारी दारुण पश्चात्ताप होता है, इसलिये मुझे स्वर्ग नहीं चाहिये । अब मैं तो उसी स्थानको ढूढ़ूँगा, जहाँ जाने-पर शोक और व्यथासे पिण्ड छूट जाता है ।

महर्षि मैत्रेय

भगवद्गुण-महिमा

एकान्तलाभं वचसो नु पुंसां
सुश्लोकमौलेर्गुणवादमाहुः ।
श्रुतेश्च विद्वद्भिरुपाकृतायां
कथासुधायामुपसम्प्रयोगम् ॥
(श्रीमद्भा० ३ । ६ । ३७)

महापुरुषोंका मत है कि पुण्यश्लोकशिरोमणि श्रीहरिके गुणोंका गान करना ही मनुष्योंकी वाणीका तथा विद्वानोंके मुखसे भगवत्कथामृतका पान करना ही उनके कानोंका सबसे बड़ा लाभ है ।

स वै निवृत्तिधर्मेण वासुदेवानुकम्पया ।
भगवद्भक्तियोगेन तिरोधत्ते शनैरिह ॥
यदेन्द्रियोपरामोऽथ द्रष्टात्मनि परे हरौ ।
विलीयन्ते तदा क्लेशाः संसुप्तस्येव कृत्स्नशः ॥
अशेषसंक्लेशशमं विधत्ते
गुणानुवादश्रवणं मुरारेः ।
कुतः पुनस्तच्चरणारविन्द-
परागसेवारतिरात्मलब्धा ॥
(श्रीमद्भा० ३ । ७ । १२-१४)

निष्कामभावसे धर्मोंका आचरण करनेपर भगवत्कृपासे प्राप्त हुए भक्तियोगके द्वारा यह (देहाभिमानी जीवमें ही देहके मिथ्याधर्मोंकी) प्रतीति धीरे-धीरे निवृत्त हो जाती है । जिस समय समस्त इन्द्रियाँ विषयोंसे हटकर साक्षी परमात्मा श्रीहरिमें निश्चलभावसे स्थित हो जाती हैं, उस समय गाढ़ निद्रामें सोये हुए मनुष्यके समान जीवके राग-द्वेषादि सारे क्लेश सर्वथा नष्ट हो जाते हैं । श्रीकृष्णके गुणोंका वर्णन और श्रवण अशेष दुःखराशिको शान्त कर देता है; फिर यदि हमारे हृदयमें उनके चरण-कमलकी रजके सेवनका प्रेम जाग जाय, तब तो कहना ही क्या है ।

भक्त सुकर्मा

माता-पिताकी सेवा

स्फुटमेकं प्रजानामि पितृमातृप्रपूजनम् ॥
उभयोस्तु स्वहस्तेन मातापित्रोश्च पिप्पल ।
पादप्रक्षालनं पुण्यं स्वयमेव करोम्यहम् ॥
अङ्गसंवाहनं स्नानं भोजनादिकमेव च ।
त्रिकालोपासनं भीतः साधयामि दिने दिने ॥
गुरू मे जीवमानौ तौ यावत् कालं हि पिप्पल ।
तावत् कालं तु मे लाभो ह्यतुलश्च प्रजायते ।
त्रिकालं पूजयाम्येतौ भावशुद्धेन चेतसा ॥
किं मे चान्येन तपसा किं मे कायस्य शोषणैः ।
किं मे सुतीर्थयात्राभिरन्यैः पुण्यैश्च साम्प्रतम् ॥
मखानामेव सर्वेषां यत्फलं प्राप्यते बुधैः ।
पितुः शुश्रूषणे तद्वन्महत्पुण्यं प्रजायते ॥
तत्र गङ्गा गया तीर्थं तत्र पुष्करमेव च ।
यत्र माता पिता तिष्ठेत्पुत्रस्यापि न संशयः ॥
अन्यानि तत्र तीर्थानि पुण्यानि विविधानि च ।
भजन्ते तानि पुत्रस्य पितुः शुश्रूषणादपि ॥
जीवमानौ गुरू एतौ स्वमातापितरौ तथा ।
शुश्रूषते सुतो भक्त्या तस्य पुण्यफलं शृणु ॥
देवास्तस्यापि तुष्यन्ति ऋषयः पुण्यवत्सलाः ।
त्रयो लोकाश्च तुष्यन्ति पितुः शुश्रूषणादिह ॥
मातापित्रोस्तु यः पादौ नित्यं प्रक्षालयेत् सुतः ।
तस्य भागीरथीस्नानमहन्यहनि जायते ॥

(पद्म० भूमि० ६२ । ५८–७४)

मैं तो स्पष्टरूपसे एक ही बात जानता हूँ—वह है पिता और माताकी सेवा-पूजा । पिप्पल ! मैं स्वयं ही अपने हाथसे माता-पिताके चरण धोनेका पुण्यकार्य करता हूँ । उनके शरीरको दबाता तथा उन्हे स्नान और भोजन आदि कराता हूँ । प्रतिदिन तीनों समय माता-पिताकी सेवामे ही लगा रहता हूँ । जबतक मेरे माँ-बाप जीवित हैं, तबतक मुझे यह अतुलनीय लाभ मिल रहा है कि तीनों समय मैं शुद्ध भावसे मन लगाकर इन दोनोकी पूजा करता हूँ । पिप्पल ! मुझे दूसरी तपस्यासे तथा शरीरको सुखानेसे क्या लेना है । तीर्थयात्रा तथा अन्य पुण्यकर्मोंसे क्या प्रयोजन । विद्वान् पुरुष सम्पूर्ण यज्ञोंका अनुष्ठान करके जिस फलको प्राप्त करते हैं, वैसा ही महान् फल पिताकी सेवासे मिलता है । जहाँ माता-पिता रहते हों, वहीं पुत्रके लिये गङ्गा, गया और पुष्कर तीर्थ हैं । इसमे तनिक भी संदेह नही है । माता-पिताकी सेवासे पुत्रके पास अन्यान्य पवित्र तीर्थ भी स्वयं ही पहुँच जाते हैं । जो पुत्र माता-पिताके जीते-जी उनकी सेवा भक्तिपूर्वक करता है, उसके ऊपर देवता तथा पुण्यात्मा महर्षि प्रसन्न होते हैं । पिताकी सेवासे तीनों लोक संतुष्ट हो जाते हैं । जो पुत्र प्रतिदिन माता-पिताके चरण पखारता है, उसे नित्यप्रति गङ्गास्नानका फल मिलता है ।

तयोश्चापि द्विजश्रेष्ठ मातापित्रोश्च स्नातयोः ।
पुत्रस्यापि हि सर्वाङ्गे पतन्त्यम्बुकणा यदा ।
सर्वतीर्थसमं स्नानं पुत्रस्यापि प्रजायते ॥
पतितं क्षुधितं वृद्धमशक्तं सर्वकर्मसु ।
व्याधितं कुष्ठिनं तातं मातरं च तथाविधाम् ॥
उपाचरति यः पुत्रस्तस्य पुण्यं वदाम्यहम् ।
विष्णुस्तस्य प्रसन्नात्मा जायते नात्र संशयः ॥
प्रयाति वैष्णवं लोकं यदप्राप्यं हि योगिभिः ।
पितरौ विकलौ दीनौ वृद्धौ दुःखितमानसौ ॥
महागदेन संतप्तौ परित्यजति पापधीः ।
स पुत्रो नरकं याति दारुणं कृमिसंकुलम् ॥
वृद्धाभ्यां यः समाहूतो गुरुभ्यामिह साम्प्रतम् ।
न प्रयाति सुतो भूत्वा तस्य पापं वदाम्यहम् ॥
विष्ठाशी जायते मूढोऽमेध्यभोजी न संशयः ।
यावज्जन्मसहस्रं तु पुनः श्वानोऽभिजायते ॥
पुत्रगेहे स्थितौ मातापितरौ वृद्धकौ तथा ।
स्वयं ताभ्यां विना भुक्त्वा प्रथमं जायते घृणिः ॥
मूत्रं विष्ठां च भुञ्जीत यावज्जन्मसहस्रकम् ।
कृष्णसर्पो भवेत् पापी यावज्जन्मशतत्रयम् ॥
पितरौ कुरुते पुत्रः कटुकैर्वचनैरपि ।
स च पापी भवेद्व्याघ्रः पश्चाद्दुःखी प्रजायते ॥
मातरं पितरं पुत्रो न नमस्यति पापधीः ।
कुम्भीपाके वसेत्तावद्यावच्चन्द्रदिवाकरौ ॥
नास्ति मातुः परं तीर्थं पुत्राणां च पितुस्तथा ।
नारायणसमावेताविह चैव परत्र च ॥
तस्मादहं महाप्राज्ञ पितृदेवं प्रपूजये ।
मातरं च तथा नित्यं यथायोगं यथाहितम् ॥
पितृमातृप्रसादेन संजातं ज्ञानमुत्तमम् ।
त्रैलोक्यं सकलं विप्र सम्प्राप्तं वश्यतां मम ॥

अर्वाचीनं परं ज्ञानं पितुश्चास्य प्रसादतः।
पराचीनं च विप्रेन्द्र वासुदेवस्वरूपकम्॥
सर्वज्ञानं समुद्भूतं पितृमातृप्रसादतः।
को न पूजयते विद्वान् पितरं मातरं तथा॥
साङ्गोपाङ्गैरधीतैस्तैः श्रुतिशास्त्रसमन्वितैः।
वेदैरपि च किं विप्र पिता येन न पूजितः॥
माता न पूजिता येन तस्य वेदा निरर्थकाः।
यज्ञैश्च तपसा विप्र किं दानैः किं च पूजनैः॥
प्रयाति तस्य वैफल्यं न माता येन पूजिता।
न पिता पूजितो येन जीवमानो गृहे स्थितः॥
एष पुत्रस्य वै धर्मस्तथा तीर्थं नरेश्विह।
एष पुत्रस्य वै मोक्षस्तथा जन्मफलं शुभम्॥
एष पुत्रस्य वै यज्ञो दानमेव न संशयः॥

(पद्म० भूमि० ६३। १—२१)

द्विजश्रेष्ठ! माता-पिताको स्नान कराते समय जब उनके शरीरसे जलके छींटे उछलकर पुत्रके सम्पूर्ण अङ्गोंपर पड़ते हैं, उस समय उसे सम्पूर्ण तीर्थोंमें स्नान करनेका फल होता है। यदि पिता पतित, भूखसे व्याकुल, वृद्ध, सब कार्योंमें असमर्थ, रोगी और कोढ़ी हो गये हों तथा माताकी भी वही अवस्था हो, उस समयमें भी जो पुत्र उनकी सेवा करता है, उसपर निःसन्देह भगवान् श्रीविष्णु प्रसन्न होते हैं। वह योगियोंके लिये भी दुर्लभ भगवान् श्रीविष्णुके धामको प्राप्त होता है। जो किसी अङ्गसे हीन, दीन, वृद्ध, दुखी तथा महान् रोगसे पीड़ित माता-पिताको त्याग देता है, वह पापात्मा पुत्र कीड़ोंसे भरे हुए दारुण नरकमें पड़ता है। जो पुत्र बूढ़े माँ-बापके बुलानेपर भी उनके पास नहीं जाता, वह मूर्ख विष्ठा खानेवाला कीड़ा होता है तथा हजार जन्मोंतक उसे कुत्तेकी योनिमें जन्म लेना पड़ता है। वृद्ध माता-पिता जब घरमें मौजूद हों, उस समय जो पुत्र पहले उन्हें भोजन कराये बिना स्वयं अन्न ग्रहण करता है, वह घृणित कीड़ा होता है और हजार जन्मोंतक मल-मूत्र भोजन करता है। इसके सिवा वह पापी तीन सौ जन्मोंतक काला नाग होता है। जो पुत्र कटुवचनोंद्वारा माता-पिताकी निन्दा करता है, वह पापी वायकी योनिमें जन्म लेता है तथा और भी बहुत दुःख उठाता है। जो पापात्मा पुत्र माता-पिताको प्रणाम नहीं करता, वह हजार युगोंतक कुम्भीपाक नरकमें निवास करता है। पुत्रके लिये माता-पितासे बढ़कर दूसरा कोई तीर्थ नहीं है। माता-पिता इस लोक और परलोकमें भी नारायणके समान हैं। इसलिये महाप्राज्ञ! मैं प्रतिदिन माता-पिताकी पूजा करता और उनके योग-क्षेमकी चिन्तामें लगा रहता हूँ। पिता-माताकी कृपासे मुझे उत्तम ज्ञान प्राप्त हुआ है, इसीसे तीनों लोक मेरे वशमें हो गये हैं। माता-पिताके प्रसादसे ही मुझे प्राचीन तथा वासुदेवस्वरूप अर्वाचीन तत्त्वका उत्तम ज्ञान प्राप्त हुआ है। मेरी सर्वज्ञतामें माता-पिताकी सेवा ही कारण है। भला, कौन ऐसा विद्वान् पुरुष होगा, जो पिता-माताकी पूजा नहीं करेगा। ब्रह्मन्! श्रुति (उपनिषद्) और शास्त्रोंसहित सम्पूर्ण वेदोंके साङ्गोपाङ्ग अध्ययनसे ही क्या लाभ हुआ, यदि उसने माता-पिताका पूजन नहीं किया। उसका वेदाध्ययन व्यर्थ है। उसके यज्ञ, तप, दान और पूजनसे भी कोई लाभ नहीं। जिसने माँ-बापका आदर नहीं किया, उसके सभी शुभ कर्म निष्फल होते हैं। निःसंदेह माता-पिता ही पुत्रके लिये धर्म, तीर्थ, मोक्ष, जन्मके उत्तम फल, यज्ञ और दान आदि सब कुछ हैं।

भक्त सुव्रत

प्रार्थना

संसारसागरमतीव गभीरपारं
दुःखोर्मिभिर्विविधमोहमयैस्तरङ्गैः।
सम्पूर्णमस्ति निजदोषगुणैस्तु प्राप्तं
तस्मात् समुद्धर जनार्दन मां सुदीनम्॥
कर्माम्बुदे महति गर्जति वर्षतीव
विद्युल्लतोल्लसति पातकसञ्चयो मे।
मोहान्धकारपटलैर्मम नष्टदृष्टे-
र्दीनस्य तस्य मधुसूदन देहि हस्तम्॥
संसारकाननवरं बहुदुःखवृक्षैः
संसेव्यमानमपि मोहमयैश्च सिंहैः।
संदीप्तमस्ति करुणाबहुवह्नितेजः
संतप्यमानमनसं परिपाहि कृष्ण॥
संसारवृक्षमतिजीर्णमपीह सूच्चं
मायासुकन्दकरुणाबहुदुःखशाखम्।
जायादिसङ्गछदनं फलितं मुरारे
तं चाधिरूढपतितं भगवन् हि रक्ष॥

दुःखानलैर्विविधमोहमयैः सुधूमैः
शोकैर्वियोगमरणान्तकसंनिभैश्च ।
दग्धोऽस्मि कृष्ण सततं मम देहि मोक्षं
ज्ञानाम्बुनाथ परिषिच्य सदैव मां त्वम् ॥
मोहान्धकारपटले महतीव गर्ते
संसारनाम्नि सततं पतितं हि कृष्ण ।
कृत्वा तरीं मम हि दीनभयातुरस्य
तस्माद् विकृष्य शरणं नय मामितस्त्वम् ॥
त्वामेव ये नियतमानसभावयुक्ता
ध्यायन्त्यनन्यमनसा पदवीं लभन्ते ।
नत्वैव पादयुगलं च महत्सुपुण्यं
ये देवकिन्नरगणाः परिचिन्तयन्ति ॥
नान्यं वदामि न भजामि न चिन्तयामि
त्वत्पादपद्मयुगलं सततं नमामि ।
एवं हि मामुपगतं शरणं च रक्ष
दूरेण यान्तु मम पातकसञ्चयास्ते ।
दासोऽस्मि भृत्यवदहं तव जन्म जन्म
त्वत्पादपद्मयुगलं सततं नमामि ॥

(पद्म० भूमि० २१ । २०–२७)

जनार्दन ! यह संसार-समुद्र अत्यन्त गहरा है, इसका पार पाना कठिन है । यह दुःखमयी लहरों और मोहमयी भाँति-भाँतिकी तरङ्गोंसे भरा है । मै अत्यन्त दीन हूँ और अपने ही दोषों तथा गुणोसे—पाप-पुण्योसे प्रेरित होकर इसमें आ फँसा हूँ; अतः आप मेरा इससे उद्धार कीजिये । कर्मरूपी बादलोंकी भारी घटा घिरी हुई है, जो गरजती और बरसती भी है । मेरे पातकोंकी राशि विद्युल्लताकी भाँति उसमें थिरक रही है । मोहरूपी अन्धकारसमूहसे मेरी दृष्टि—विवेकशक्ति नष्ट हो गयी है, मैं अत्यन्त दीन हो रहा हूँ; मधुसूदन ! मुझे अपने हाथका सहारा दीजिये । यह संसार एक महान् वन है, इसमें बहुत-से दुःख ही वृक्षरूपमें स्थित हैं । मोहरूपी सिंह इसमें निर्भय होकर निवास करते हैं; इसके भीतर शोकरूपी प्रचण्ड दावानल प्रज्वलित हो रहा है, जिसकी आँचसे मेरा चित्त संतप्त हो उठा है । श्रीकृष्ण ! इससे मुझे बचाइये । संसार एक वृक्षके समान है, यह अत्यन्त पुराना होनेके साथ बहुत ऊँचा भी है; माया इसकी जड़ है, शोक तथा नाना प्रकारके दुःख इसकी शाखाएँ हैं, पत्नी आदि परिवारके लोग पत्ते हैं और इसमे अनेक प्रकारके फल लगे हैं । मुरारे ! मैं इस संसार-वृक्षपर चढ़कर गिर रहा हूँ; भगवन् ! इस समय मेरी रक्षा कीजिये—मुझे बचाइये । श्रीकृष्ण ! मैं दुःखरूपी अग्नि, विविध प्रकारके मोहरूपी धुएँ तथा वियोग, मृत्यु और कालके समान शोकोंसे जल रहा हूँ; आप सर्वदा ज्ञानरूपी जलसे सींचकर मुझे सदाके लिये संसार-बन्धनसे छुड़ा दीजिये । श्रीकृष्ण ! मै मोहरूपी अन्धकार-राशिसे भरे हुए संसार नामक महान् गड्ढेमे सदासे गिरा हुआ हूँ, दीन हूँ और भयसे अत्यन्त व्याकुल हूँ, आप मेरे लिये नौका बनाकर मुझे उस गड्ढेसे निकालिये, वहाँसे खींचकर अपनी शरणमें ले लीजिये । जो संयमशील हृदयके भावसे युक्त होकर अनन्य चित्तसे आपका ध्यान करते हैं, वे आपके मार्गको पा लेते हैं । तथा जो देवता और किन्नरगण आपके दोनों परम पवित्र चरणोंको प्रणाम करके उनका चिन्तन करते हैं, वे भी आपकी पदवीको प्राप्त होते हैं । मै न तो दूसरेका नाम लेता हूँ, न दूसरेको भजता हूँ और न दूसरेका चिन्तन ही करता हूँ, नित्य-निरन्तर आपके युगल चरणोंको प्रणाम करता हूँ । इस प्रकार मै आपकी शरणमे आया हूँ । आप मेरी रक्षा करें, मेरे पातकसमूह शीघ्र दूर हो जायँ । मैं नौकरकी भाँति जन्म-जन्म आपका दास बना रहूँ । भगवन् ! आपके युगल चरण-कमलोंको सदा प्रणाम करता हूँ ।

भिक्षु विप्र

धनके पंद्रह दोष

अर्थस्य साधने सिद्धे उत्कर्षे रक्षणे व्यये ।
नाशोपभोग आयासस्त्रासश्चिन्ता भ्रमो नृणाम् ॥
स्तेयं हिंसानृतं दम्भः कामः क्रोधः स्मयो मदः ।
भेदो वैरमविश्वासः संस्पर्धा व्यसनानि च ॥
एते पञ्चदशानर्था ह्यर्थमूला मता नृणाम् ।
तस्मादनर्थमर्थाख्यं श्रेयोऽर्थी दूरतस्त्यजेत् ॥

भिद्यन्ते भ्रातरो दाराः पितरः सुहृदस्तथा ।
एकास्निग्धाः काकिणिना सद्यः सर्वेऽरयः कृताः ॥
अर्थेनाल्पीयसा ह्येते संरब्धा दीप्तमन्यवः ।
त्यजन्त्याशु स्पृधो घ्नन्ति सहसोत्सृज्य सौहृदम् ॥
लब्ध्वा जन्मामरप्रार्थ्यं मानुष्यं तद् द्विजाग्र्यताम् ।
तदनादृत्य ये स्वार्थं घ्नन्ति यान्त्यशुभां गतिम् ॥

स्वर्गापवर्गयोर्द्वारं प्राप्य लोकमिमं पुमान् ।
द्रविणे कोऽनुषज्जेत मर्त्योऽनर्थस्य धामनि ॥

(श्रीमद्भा० ११ । २३ । १७–२३)

धन कमानेमें, कमा लेनेपर उसको बढ़ाने, रखने एवं खर्च करनेमें तथा उसके नाश और उपभोगमे—जहाँ देखो वहीं निरन्तर परिश्रम, भय, चिन्ता और भ्रमका ही सामना करना पड़ता है । चोरी, हिंसा, झूठ बोलना, दम्भ, काम, क्रोध, गर्व, अहङ्कार, भेद-बुद्धि, वैर, अविश्वास, स्पर्द्धा, लम्पटता, जूआ और शराब—ये पंद्रह अनर्थ मनुष्योंमें धनके कारण ही माने गये हैं । इसलिये कल्याणकामी पुरुष-को चाहिये कि स्वार्थ एवं परमार्थके विरोधी अर्थनामधारी अनर्थको दूरसे ही छोड़ दे । भाई-बन्धु, स्त्री-पुत्र, माता-पिता, सगे-सम्बन्धी—जो स्नेह-बन्धनमें बँधकर बिल्कुल एक हुए रहते हैं —सब-के-सब कौड़ीके कारण इतने फट जाते हैं कि तुरंत एक दूसरेके शत्रु बन जाते हैं । ये लोग थोड़े-से धनके लिये भी क्षुब्ध और क्रुद्ध हो जाते हैं । बात-की-बातमे सौहार्द-सम्बन्ध छोड़ देते हैं, लागडाँट रखने लगते हैं और एकाएक प्राण लेने-देनेपर उतारू हो जाते हैं । यहाँतक कि एक-दूसरेका सर्वनाश कर डालते हैं । देवताओंके भी प्रार्थनीय मनुष्य-जन्मको और उसमें भी श्रेष्ठ ब्राह्मण-शरीर प्राप्त करके जो उसका अनादर करते हैं, अपने सच्चे स्वार्थ—परमार्थका नाश करते हैं, वे अशुभ गतिको प्राप्त होते हैं । यह मनुष्य-शरीर मोक्ष और स्वर्गका द्वार है, इसको पाकर भी ऐसा कौन बुद्धिमान् मनुष्य है जो अनर्थोंके धाम धनके चक्करमें फँसा रहे ।

महर्षि बक

अतिथि-सत्कार

अपि शाकं पचानस्य सुखं वै मघवन् गृहे ।
अर्जितं स्वेन वीर्येण नाप्यपाश्रित्य कञ्चन ॥

(महा० वन० १९३ । २९)

हे इन्द्र ! जो दूसरे किसीका आश्रय न लेकर अपने पराक्रमसे पैदा किये हुए शाकको भी घरमे पकाकर खाता है, उसे महान् सुख मिलता है ।

दत्त्वा यस्त्वतिथिभ्यो वै भुङ्क्ते तेनैव नित्यशः ।
यावतो ह्यन्धसः पिण्डानश्नाति सततं द्विजः ॥
तावतां गोसहस्राणां फलं प्राप्नोति दायकः ।
यदेनो यौवनकृतं तत्सर्वं नश्यते ध्रुवम् ॥

(महा० वन० १९३ । ३४-३५)

जो प्रतिदिन अतिथियोंको भोजन देकर स्वयं अन्न ग्रहण करता है, वह उसीसे महान् फलका भागी होता है । अतिथि ब्राह्मण अन्नके जितने ग्रास खाता है, दाता पुरुष उतने ही सहस्र गौओंके दानका फल सदा प्राप्त करता है और युवावस्थामे उसके द्वारा किये हुए सभी पाप निश्चय ही नष्ट हो जाते हैं ।

ऋषिगण

इन्द्रियनिग्रहका महत्त्व

दमो दानं यमो यस्तु प्रोक्तस्तत्त्वार्थदर्शिभिः ॥
ब्राह्मणानां विशेषेण दमो धर्मः सनातनः ।
दमस्तेजो वर्धयति पवित्रो दम उत्तमः ॥
विपाप्मा तेन तेजस्वी पुरुषो दमतो भवेत् ।
ये केचिन्नियमा लोके ये च धर्माः शुभक्रियाः ॥
सर्वेयज्ञफलं वापि दमस्तेभ्यो विशिष्यते ।
न दानस्य क्रियाशुद्धिर्यथावदुपलभ्यते ॥
ततो यज्ञस्ततो दानं दमादेव प्रवर्तते ।
किमरण्ये त्वदान्तस्य दान्तस्यापि किमाश्रमे ॥
यत्र यत्र वसेद्दान्तस्तदरण्यं महाश्रमः ।
शीलवृत्तनियुक्तस्य निगृहीतेन्द्रियस्य च ॥
आर्जवे वर्तमानस्य आश्रमैः किं प्रयोजनम् ॥
वनेऽपि दोषाः प्रभवन्ति रागिणां
गृहेऽपि पञ्चेन्द्रियनिग्रहस्तपः ।
अकुत्सिते कर्मणि यः प्रवर्तते
निवृत्तरागस्य गृहं तपोवनम् ॥
एकान्तशीलस्य दृढव्रतस्य
सर्वेन्द्रियप्रीतिनिवर्तकस्य ।
अध्यात्मयोगे गतमानसस्य
मोक्षो ध्रुवं नित्यमहिंसकस्य ॥

न तत्कुर्याद्धरिः स्पृष्टः सर्पो वाप्यतिरोषितः।
अरिर्वा नित्यसंक्रुद्धो यथाऽऽत्मा दमवर्जितः॥
(पद्म० सृष्टि० १९। ३११-३२३)

दम, दान एवं यम—ये तीनों तत्त्वार्थदर्शी पुरुषोंद्वारा बताये हुए धर्म हैं। इनमें भी विशेषतः दम (इन्द्रियदमन) ब्राह्मणोंका सनातन धर्म है। दम तेजको बढ़ाता है, दम परम पवित्र और उत्तम है। इसलिये दमसे पुरुष पापरहित एवं तेजस्वी होता है। संसारमें जो कुछ नियम, धर्म, शुभ कर्म अथवा सम्पूर्ण यज्ञोंके फल हैं, उन सबकी अपेक्षा दमका महत्त्व अधिक है। दमके बिना दानरूपी क्रियाकी यथावत् शुद्धि नहीं हो सकती। अतः दमसे ही यज्ञ और दमसे ही दानकी प्रवृत्ति होती है। जिसने इन्द्रियोंका दमन नहीं किया, उसके वनमें रहनेसे क्या लाभ। तथा जिसने मन और इन्द्रियोंका भलीभाँति दमन किया है, उसको (घर छोड़कर) किसी आश्रममें रहनेकी क्या आवश्यकता है। जितेन्द्रिय पुरुष जहाँ-जहाँ निवास करता है, उसके लिये वहीं-वहीं स्थान वन एवं महान् आश्रम है। जो उत्तम शील और आचरणमें रत है, जिसने अपनी इन्द्रियोंको काबूमें कर लिया है तथा जो सदा सरल भावसे रहता है, उसको आश्रमोंसे क्या प्रयोजन। विषयासक्त मनुष्योंसे वनमें भी दोष बन जाते हैं तथा घरमें रहकर भी यदि पाँचों इन्द्रियोंका निग्रह कर लिया जाय तो वह तपस्या ही है। जो सदा शुभ कर्ममें ही प्रवृत्त होता है, उस वीतराग पुरुषके लिये घर ही तपोवन है। जो एकान्तमें रहकर दृढ़तापूर्वक नियमोंका पालन करता, इन्द्रियोंकी आसक्तिको दूर हटाता, अध्यात्मतत्त्वके चिन्तनमें मन लगाता और सर्वदा अहिंसा-व्रतका पालन करता है, उसीका मोक्ष निश्चित है। छेड़ा हुआ सिंह, अत्यन्त रोषमें भरा हुआ सर्प तथा सदा कुपित रहनेवाला शत्रु भी वैसा अनिष्ट नहीं कर सकता, जैसा संयमरहित चित्त कर डालता है।

अपमान और निन्दासे लाभ

अकार्पण्यमपारुष्यं संतोषः श्रद्दधानता।
अनसूया गुरोः पूजा दया भूतेष्वपैशुनम्॥
सद्भिरेष दमः प्रोक्त ऋषिभिः शान्तबुद्धिभिः।
दयाधीनौ धर्ममोक्षौ तथा स्वर्गश्च पार्थिव॥
अवमाने न कुप्येत सम्माने न प्रहृष्यति।
समदुःखसुखो धीरः प्रशान्त इति कीर्त्यते॥
सुखं ह्यवमतः शेते सुखं चैव प्रबुध्यति।
श्रेयस्तरमतिस्तिष्ठेदवमन्ता विनश्यति॥
अपमानी तु न ध्यायेत्तस्य पापं कदाचन।
स्वधर्ममपि चावेक्ष्य परधर्मं न दूषयेत्॥
(पद्म० सृष्टि० १९। ३३०-३३४)

उदारता, कोमल स्वभाव, संतोष, श्रद्धालुता, दोष-दृष्टिका अभाव, गुरु-शुश्रूषा, प्राणियोंपर दया और चुगली न करना—इन्हींको शान्त बुद्धिवाले संतों और ऋषियोंने दम कहा है। धर्म, मोक्ष तथा स्वर्ग—ये सभी दमके अधीन हैं। जो अपना अपमान होनेपर क्रोध नहीं करता और सम्मान होनेपर हर्षसे फूल नहीं उठता, जिसकी दृष्टिमें दुःख और सुख समान हैं, उस धीर पुरुषको प्रशान्त कहते हैं। जिसका अपमान होता है, वह साधु पुरुष तो सुखसे सोता है और सुखसे जागता है तथा उसकी बुद्धि कल्याणमयी होती है। परंतु अपमान करनेवाला मनुष्य स्वयं नष्ट हो जाता है। अपमानित पुरुषको चाहिये कि वह कभी अपमान करनेवालेकी बुराई न सोचे। अपने धर्मपर दृष्टि रखते हुए भी दूसरोंके धर्मकी निन्दा न करे।

अमृतस्येव तृप्येत अपमानस्य योगवित्।
विषवच्च जुगुप्सेत सम्मानस्य सदा द्विजः॥
अपमानात्तपोवृद्धिः सम्मानाच्च तपःक्षयः।
अर्चितः पूजितो विप्रो दुग्धा गौरिव गच्छति॥
पुनराप्यायते धेनुः सतृणैः सलिलैर्यथा।
एवं जपैश्च होमैश्च पुनराप्यायते द्विजः॥
आक्रोशकसमो लोके सुहृदन्यो न विद्यते।
यस्तु दुष्कृतमादाय सुकृतं स्वं प्रयच्छति॥
आक्रोशमानान्नाक्रोशेन्मनः स्वं विनिवर्तयेत्।
संनियम्य तदाऽऽत्मानममृतेनाभिषिञ्चति॥
(पद्म० सृष्टि० १९। ३४१-३४५)

योगवेत्ता द्विजको चाहिये कि वह अपमानको अमृतके समान समझकर उससे प्रसन्नताका अनुभव करे और सम्मानको विषके तुल्य मानकर उससे घृणा करे। अपमानसे उसके तपकी वृद्धि होती है और सम्मानसे क्षय। पूजा और सत्कार पानेवाला ब्राह्मण दुही हुई गायकी तरह खाली हो जाता है। जैसे गौ घास और जल पीकर फिर पुष्ट हो जाती है, उसी प्रकार ब्राह्मण जप और होमके द्वारा पुनः ब्रह्मतेजसे सम्पन्न हो जाता है। संसारमें निन्दा करनेवालेके समान दूसरा कोई मित्र नहीं है; क्योंकि वह पाप लेकर अपना

पुण्य दे जाता है। निन्दा करनेवालोंकी स्वयं निन्दा न करे, अपने मनको रोके। जो उस समय अपने चित्तको वशमें कर लेता है, वह मानो अमृतसे स्नान करता है।

धर्मका सर्वस्व

श्रूयतां धर्मसर्वस्वं श्रुत्वा चैवावधार्यताम्॥
आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्।
मातृवत्परदारांश्च परद्रव्याणि लोष्टवत्॥
आत्मवत्सर्वभूतानि यः पश्यति स पश्यति।
(पद्म० सृष्टि० १९। ३५७-३५९)

धर्मका सार सुनो और सुनकर उसे धारण करो—जो बात अपनेको प्रतिकूल जान पड़े, उसे दूसरोंके लिये भी काममें न लाये। जो परायी स्त्रीको माताके समान, पराये धनको मिट्टीके ढेलेके समान और सम्पूर्ण भूतोंको अपने आत्माके समान जानता है, वही ज्ञानी है।

भगवत्प्रेमीके सङ्गकी महिमा

तुलयाम लवेनापि न स्वर्गं नापुनर्भवम्।
भगवत्सङ्गिसङ्गस्य मर्त्यानां किमुताशिषः॥
(श्रीमद्भा० १। १८। १३)

भगवत्प्रेमी भक्तोंके क्षणमात्रके सत्सङ्गसे स्वर्ग एवं मोक्षकी भी तुलना नहीं की जा सकती, फिर मनुष्योंके तुच्छ भोगोंकी तो बात ही क्या है।

शरीरनियमं प्राहुर्ब्राह्मणा मानुषं व्रतम्।
मनोविशुद्धां बुद्धिं च दैवमाहुर्व्रतं द्विजाः॥
(महा० वन० ९३। २१)

ब्राह्मणोंने शारीरिक संयमको मानव-व्रत बताया है और मनके द्वारा शुद्ध की हुई बुद्धिको वे दैवव्रत कहते हैं।

आचार्य कृप

मज्जन्मनः फलमिदं मधुकैटभारे
मत्प्रार्थनीयमदनुग्रह एष एव।
त्वद्भृत्यभृत्यपरिचारकभृत्यभृत्य-
भृत्यस्य भृत्य इति मां स्मर लोकनाथ॥
(पाण्डवगीता श्लो० २४)

हे माधव! हे लोकनाथ! मेरे जन्मका यही फल है, मेरी प्रार्थनासे मुझपर होनेवाली दया भी यही है कि आप मुझे अपने भृत्यके भृत्यके सेवकके सेवकके दासके दासके दासरूपसे याद रक्खें।

महात्मा गोकर्ण

महत्त्वपूर्ण विचार



देहेऽस्थिमांसरुधिरेऽभिमतिं त्यज त्वं
जायासुतादिषु सदा ममतां विमुञ्च।
पश्यानिशं जगदिदं क्षणभङ्गनिष्ठं
वैराग्यरागरसिको भव भक्तिनिष्ठः॥
धर्मं भजस्व सततं त्यज लोकधर्मान्
सेवस्व साधुपुरुषाञ्जहि कामतृष्णाम्।
अन्यस्य दोषगुणचिन्तनमाशु मुक्त्वा
सेवाकथारसमहो नितरां पिब त्वम्॥
(पद्मपुराणोक्त भागवतमाहात्म्य)

यह शरीर हड्डी, मास और रुधिरका पिण्ड है; इसे आप अपना स्वरूप मानना छोड़ दें और स्त्री-पुत्रादिको अपना कभी न मानें। इस संसारको रात-दिन क्षणभंगुर देखें, इसकी किसी भी वस्तुको स्थायी समझकर उसमें राग न करें। बस, एकमात्र वैराग्य-रसके रसिक होकर भगवान्‌की भक्तिमें लगे रहें। भगवद्भजन ही सबसे बड़ा धर्म है, निरन्तर उसीका आश्रय लिये रहें। अन्य सब प्रकारके लौकिक धर्मोंसे मुख मोड़ लें। सदा साधुजनोंकी सेवा करें। भोगोंकी लालसाको पास न फटकने दें तथा जल्दी-से-जल्दी दूसरोंके गुण-दोषोंका विचार करना छोड़कर एकमात्र भगवत्सेवा और भगवान्‌की कथाओंके रसका ही पान करें।

सिद्ध महर्षि

मुक्तके लक्षण

यः स्यादेकायने लीनस्तूष्णीं किञ्चिदचिन्तयन्।
पूर्वं पूर्वं परित्यज्य स तीर्णो भवबन्धनात्॥
सर्वमित्रः सर्वसहः शान्ते रक्तो जितेन्द्रियः।
व्यपेतभयमन्युश्च आत्मवान् मुच्यते नरः॥
आत्मवत् सर्वभूतेषु यश्चरेन्नियतः शुचिः।
अमानी निरभीमानः सर्वतो मुक्त एव सः॥
जीवितं मरणं चोभे सुखदुःखे तथैव च।
लाभालाभे प्रियद्वेष्ये यः समः स च मुच्यते॥
न कस्यचिन् स्पृहयते नावजानाति किञ्चन।
निर्द्वन्द्वो वीतरागात्मा सर्वथा मुक्त एव सः॥
अनमित्रश्च निर्बन्धुरनपत्यश्च यः क्वचित्।
त्यक्तधर्मार्थकामश्च निराकाङ्क्षी च मुच्यते॥
नैव धर्मी न चाधर्मी पूर्वोपचितहापकः।
धातुक्षयप्रशान्तात्मा निर्द्वन्द्वः स विमुच्यते॥
अकर्मवान् विकाङ्क्षश्च पश्येज्जगदशाश्वतम्।
अश्वत्थसदृशं नित्यं जन्ममृत्युजरायुतम्॥
वैराग्यबुद्धिः सततमात्मदोषव्यपेक्षकः।
आत्मबन्धविनिर्मोक्षं स करोत्यचिरादिव॥

(महा० अश्वमेध० १९। १–९)

जो स्थूल-सूक्ष्मादि पूर्व-पूर्व प्रपञ्चका बाध करके किसी भी प्रकारका संकल्प-विकल्प न करते हुए मौनभावसे सम्पूर्ण प्रपञ्चके एकमात्र लयस्थान परब्रह्ममें समाहित है, उसने इस संसारबन्धनको पार कर लिया है। जो सबका सुहृद् है, सब कुछ सह लेता है, मनोनिग्रहमें अनुराग रखता है, जितेन्द्रिय है तथा भय और क्रोधसे रहित है, वह मनस्वी नरश्रेष्ठ संसारसे मुक्त हो जाता है। जो पवित्रात्मा मनको वशमें रखता हुआ समस्त भूतोंके प्रति अपने ही समान बर्ताव करता है तथा जिसमें मान और गर्वका लेश भी नहीं है, वह सब प्रकार मुक्त ही है। जो जीवन और मरणमें, सुख और दुःखमें, लाभ और हानिमें तथा प्रिय और अप्रियमें समभाव रखता है, वह मुक्त हो जाता है। जो किसी वस्तुकी इच्छा नहीं करता, किसीका तिरस्कार नहीं करता तथा सुख-दुःखादि द्वन्द्व और रागसे रहित है, वह सर्वथा मुक्त ही है। जिसका कोई शत्रु या मित्र नहीं है, जो किसीको अपना पुत्रादि भी नहीं समझता, जिसने धर्म, अर्थ और इन्द्रिय-सुखका भी परित्याग कर दिया है, जिसे किसी वस्तुकी आकाङ्क्षा नहीं है, वह मुक्त हो जाता है। जो धर्म-अधर्मसे परे है, जिसने पूर्वके सञ्चितका त्याग कर दिया है, वासनाओंका क्षय हो जानेसे जिसका चित्त शान्त हो गया है तथा जो सब प्रकारके द्वन्द्वोंसे रहित है, वह मुक्त हो जाता है। जो कर्मकलापसे मुक्त है, पूर्णतया निष्काम है, संसारको अश्वत्थ (वृक्ष) के समान अनित्य और सर्वदा जन्म, मृत्यु एवं जरादि दोषोंसे युक्त देखता है, जिसकी बुद्धि वैराग्यनिष्ठ है और जो निरन्तर अपने दोषोंपर दृष्टि रखता है, वह शीघ्र अपने समस्त बन्धनोंको तोड़ डालता है।

मुनिवर कण्डु

प्रार्थना

संसारेऽस्मिञ्जगन्नाथ दुस्तरे लोमहर्षणे।
अनित्ये दुःखबहुले कदलीदलसंनिभे॥
निराश्रये निरालम्बे जलबुद्बुदचञ्चले।
सर्वोपद्रवसंयुक्ते दुस्तरे चातिभैरवे॥
भ्रमामि सुचिरं कालं मायया मोहितस्तव।
न चान्तमभिगच्छामि विषयासक्तमानसः॥
त्वामहं चाद्य देवेश संसारभयपीडितः।
गतोऽस्मि शरणं कृष्ण मामुद्धर भवार्णवात्॥
गन्तुमिच्छामि परमं पदं यत्ते सनातनम्।
प्रसादात्तव देवेश पुनरावृत्तिदुर्लभम्॥

(ब्रह्मपुराण १७८। १७९–१८३)

जगन्नाथ! यह संसार अत्यन्त दुस्तर और रोमाञ्चकारी है। इसमें दुःखोंकी ही अधिकता है। यह अनित्य और केलेके पत्तेकी भाँति सारहीन है। इसमें न कहीं आश्रय है, न अवलम्ब। यह जलके बुलबुलोंकी भाँति चञ्चल है। इसमें सब प्रकारके उपद्रव भरे हुए हैं। यह दुस्तर होनेके साथ ही अत्यन्त भयानक है। मैं आपकी मायासे मोहित होकर चिरकालसे इस संसारमें भटक रहा हूँ, किंतु कहीं भी शान्ति

नहीं पाता। मेरा मन विषयोंमें आसक्त है। देवेश! इस संसारके भयसे पीड़ित होकर आज मैं आपकी शरणमे आया हूँ। श्रीकृष्ण! आप इस भवसागरसे मेरा उद्धार कीजिये। सुरेश्वर! मैं आपकी कृपासे आपके ही सनातन परम पदको प्राप्त करना चाहता हूँ, जहाँ जानेसे फिर इस संसारमें नहीं आना पड़ता।

पुराण-वक्ता सूतजी

शिवभक्तिकी महिमा



सा जिह्वा या शिवं स्तौति तन्मनो ध्यायते शिवम्।
तौ कर्णौ तत्कथालोलौ तौ हस्तौ तस्य पूजकौ॥
ते नेत्रे पश्यतः पूजां तच्छिरः प्रणतं शिवे।
तौ पादौ यौ शिवक्षेत्रं भक्त्या पर्यटतः सदा॥
यस्येन्द्रियाणि सर्वाणि वर्तन्ते शिवकर्मसु।
स निस्तरति संसारं भुक्तिं मुक्तिं च विन्दति॥
शिवभक्तियुतो मर्त्यश्चाण्डालः पुल्कसोऽपि च।
नारी नरो वा षण्डो वा सद्यो मुच्येत संसृतेः॥
(स्कन्द० पु० ब्रा० ब्रह्मो० ४। ७-१०)

वही जिह्वा सफल है, जो भगवान् शिवकी स्तुति करती है। वही मन सार्थक है, जो शिवके ध्यानमें संलग्न होता है। वे ही कान सफल हैं, जो भगवान् शिवकी कथा सुननेके लिये उत्सुक रहते हैं और वे ही दोनों हाथ सार्थक हैं, जो शिवजी-की पूजा करते हैं। वे नेत्र धन्य हैं, जो महादेवजीका दर्शन करते हैं। वह मस्तक धन्य है, जो शिवके सामने झुक जाता है। वे पैर धन्य हैं, जो भक्तिपूर्वक शिवके क्षेत्रमें सदा भ्रमण करते हैं। जिसकी सम्पूर्ण इन्द्रियाँ भगवान् शिवके कार्योंमें लगी रहती हैं, वह संसारसागरके पार हो जाता है और भोग तथा मोक्ष प्राप्त कर लेता है। शिवकी भक्तिसे युक्त मनुष्य चाण्डाल, पुल्कस, नारी, पुरुष अथवा नपुंसक—कोई भी क्यों न हो, तत्काल संसार-बन्धनसे मुक्त हो जाता है।

अतिथि-सत्कार

गृहस्थानां परो धर्मो नान्योऽस्त्यतिथिपूजनात्।
अतिथेर्न च दोषोऽस्ति तस्यातिक्रमणेन च॥
अति थर्यस्य भग्नाशो गृहात्प्रतिनिवर्तते।
स दत्त्वा दुष्कृतं तस्मै पुण्यमादाय गच्छति॥
सत्यं तथा तपोऽधीतं दत्तमिष्टं शतं समाः।
तस्य सर्वमिदं नष्टमतिथि यो न पूजयेत्॥
दूरादतिथयो यस्य गृहमायान्ति निर्वृताः।
स गृहस्थ इति प्रोक्तः शेषाश्च गृहरक्षिणः॥
(स्कन्द० पु० ना० उ० १७६। ४-७)

गृहस्थोंके लिये अतिथि-सत्कारसे बढ़कर दूसरा कोई महान् धर्म नहीं है। अतिथिसे महान् कोई देवता नहीं है, अतिथिके उलङ्घनसे बड़ा भारी पाप होता है। जिसके घरसे अतिथि निराश होकर लौट जाता है, उसे वह अपना पाप देकर और उसका पुण्य लेकर चल देता है। जो अतिथिका आदर नहीं करता, उसके सौ वर्षोंके सत्य, तप, स्वाध्याय, दान और यज्ञ आदि सभी सत्कर्म नष्ट हो जाते हैं। जिसके घरपर दूरसे अतिथि आते हैं और सुखी होते हैं, वही गृहस्थ कहा गया है, शेष सब लोग तो गृहके रक्षकमात्र हैं।

भगवद्भक्ति—भगवन्नाम

कलौ नारायणं देवं यजते यः स धर्मभाक्।
दामोदरं हृषीकेशं पुरुहूतं सनातनम्॥
हृदि कृत्वा परं शान्तं जितमेव जगत्त्रयम्।
कलिकालोरगादंशात् किल्बिषात् कालकूटतः॥
हरिभक्तिसुधां पीत्वा उल्लङ्घ्यो भवति द्विजः।
किं जपैः श्रीहरेर्नाम गृहीतं यदि मानुषैः॥
(पद्मपुराण, स्वर्ग० ६१। ६-८)

जो कलियुगमे भगवान् नारायणका पूजन करता है, वह धर्मके फलका भागी होता है। अनेकों नामोंद्वारा जिन्हें पुकारा जाता है तथा जो इन्द्रियोंके नियन्ता है, उन परम शान्त सनातन भगवान् दामोदरको हृदयमे स्थापित करके मनुष्य तीनों लोकोंपर विजय पा जाता है। जो द्विज हरिभक्ति-रूपी अमृतका पान कर लेता है, वह कलिकालरूपी साँपके डँसनेसे फैले हुए पापरूपी भयंकर विषसे आत्मरक्षा करनेके योग्य हो जाता है। यदि मनुष्योंने श्रीहरिके नामका आश्रय ग्रहण कर लिया तो उन्हें अन्य मन्त्रोंके जपकी क्या आवश्यकता है।

हरिभक्तिश्च लोकेऽत्र दुर्लभा हि मता मम।
हरौ यस्य भवेद् भक्तिः स कृतार्थो न संशयः॥

तत्तदेवाचरेत्कर्म हरिः प्रीणाति येन हि ।
तस्मिंस्तुष्टे जगत्तुष्टं प्रीणिते प्रीणितं जगत् ॥
हरौ भक्तिं विना नृणां वृथा जन्म प्रकीर्तितम् ।
ब्रह्मादयः सुरा यस्य यजन्ते प्रीतिहेतवे ॥
नारायणमनाद्यन्तं न तं सेवेत को जनः ॥
तस्य माता महाभागा पिता तस्य महाकृती ।
जनार्दनपदद्वन्द्वं हृदये येन धार्यते ॥
जनार्दन जगद्वन्द्य शरणागतवत्सल ।
इतीरयन्ति ये मर्त्या न तेषां निरये गतिः ॥
(पद्म० स्वर्ग० ६१ । ४२--४६)

मेरे विचारसे इस संसारमे श्रीहरिकी भक्ति दुर्लभ है। जिसकी भगवान्‌में भक्ति होती है, वह मनुष्य निःसंदेह कृतार्थ हो जाता है । उसी-उसी कर्मका अनुष्ठान करना चाहिये, जिससे भगवान् प्रसन्न हो। भगवान्‌के संतुष्ट और तृप्त होनेपर सम्पूर्ण जगत् संतुष्ट एवं तृप्त हो जाता है। श्रीहरिकी भक्तिके बिना मनुष्योंका जन्म व्यर्थ बताया गया है । जिनकी प्रसन्नताके लिये ब्रह्मा आदि देवता भी यजन करते हैं, उन आदि-अन्तरहित भगवान् नारायणका भजन कौन नहीं करेगा। जो अपने हृदयमें श्रीजनार्दनके युगल चरणोंकी स्थापना कर लेता है, उसकी माता परम सौभाग्यशालिनी और पिता महापुण्यात्मा हैं। 'जगद्वन्द्य जनार्दन ! शरणागतवत्सल !' आदि कहकर जो मनुष्य भगवान्‌को पुकारते हैं, उनको नरकमे नहीं जाना पड़ता ।

विष्णुमें भक्ति किये बिना मनुष्योंका जन्म निष्फल बताया जाता है । कलिकालरूपी भयानक समुद्र पापरूपी ग्राहोंसे भरा हुआ है, विषयासक्ति ही उसमें भँवर है, दुर्बोध ही फेनका काम देता है, महादुष्टरूपी सर्पोंके कारण वह अत्यन्त भीषण प्रतीत होता है, हरिभक्तिकी नौकापर बैठे हुए मनुष्य उसे पार कर जाते है । इसलिये लोगोंको हरिभक्तिकी सिद्धिके लिये प्रयत्न करना चाहिये । लोग बुरी-बुरी बातोंको सुननेमें क्या सुख पाते है, जो अद्भुत लीलाओंवाले श्रीहरिकी लीलाकथामे आसक्त नहीं होते । यदि मनुष्योंका मन विषयमें ही आसक्त हो तो लोकमें नाना प्रकारके विषयोंसे मिश्रित उनकी विचित्र कथाओंका ही श्रवण करना चाहिये । द्विजो ! यदि निर्वाणमें ही मन रमता हो, तो भी भगवत्कथाओंको सुनना उचित है; उन्हें अवहेलनापूर्वक सुननेपर भी श्रीहरि संतुष्ट हो जाते हैं । भक्तवत्सल भगवान् हृषीकेश यद्यपि निष्क्रिय हैं, तथापि उन्होंने श्रवणकी इच्छावाले भक्तोंका हित करनेके लिये नाना प्रकारकी लीलाएँ की हैं । सौ वाजपेय आदि कर्म तथा दस हजार राजसूय यज्ञोंके अनुष्ठानसे भी भगवान् उतनी सुगमतासे नही मिलते, जितनी सुगमतासे वे भक्तिके द्वारा प्राप्त होते हैं । जो हृदयसे सेवन करने योग्य, संतोके द्वारा बारंबार सेवित तथा भवसागरसे पार होनेके लिये सार वस्तु हैं, श्रीहरिके उन चरणोंका आश्रय लो । रे विषयलोलुप पामरो ! अरे निष्ठुर मनुष्यो ! क्यो स्वयं अपने आपको रौरव नरकमें गिरा रहे हो । यदि तुम अनायास ही दुःखोंके पार जाना चाहते हो तो गोविन्दके चारु चरणोंका सेवन किये बिना नही जा सकोगे । भगवान् श्रीकृष्णके युगल चरण मोक्षके हेतु हैं, उनका भजन करो । मनुष्य कहाँसे आया है और कहाँ पुनः उसे जाना है, इस बातका विचार करके बुद्धिमान् पुरुष धर्मका संग्रह करे । (पद्म० स्वर्ग० ६१ । ७२--८४)

जिसने मन, वाणी और क्रियाद्वारा श्रीहरिकी भक्ति की है, उसने बाजी मार ली, उसने विजय प्राप्त कर ली, उसकी निश्चय ही जीत हो गयी—इसमें तनिक भी संदेह नही है । सम्पूर्ण देवेश्वरोंके भी ईश्वर भगवान् श्रीहरिकी ही भलीभाँति आराधना करनी चाहिये । हरिनामरूपी महामन्त्रोंके द्वारा पापरूपी पिशाचोंका समुदाय नष्ट हो जाता है । एक बार भी श्रीहरिकी प्रदक्षिणा करके मनुष्य शुद्ध हो जाते हैं तथा सम्पूर्ण तीर्थोंमे स्नान करनेका जो फल होता है, उसे प्राप्त कर लेते हैं—इसमें तनिक भी संदेह नही है । मनुष्य श्रीहरिकी प्रतिमाका दर्शन करके सब तीर्थोंका फल प्राप्त करता है तथा विष्णुके उत्तम नामका जप करके सम्पूर्ण मन्त्रोंके जपका फल पा लेता है । द्विजवरो ! भगवान् विष्णुके प्रसादस्वरूप तुलसीदलको सूँघकर मनुष्य यमराजके प्रचण्ड एवं विकराल मुखका दर्शन नहीं करता । एक बार भी श्रीकृष्णको प्रणाम करनेवाला मनुष्य पुनः माताके स्तनोंका दूध नहीं पीता—उसका दूसरा जन्म नहीं होता । जिन पुरुषोंका चित्त श्रीहरिके चरणोमे लगा है, उन्हें प्रतिदिन मेरा बारंबार नमस्कार है । पुल्कस, श्वपच (चाण्डाल) तथा और भी जो म्लेच्छ जातिके मनुष्य हैं, वे भी यदि एकमात्र श्रीहरिके चरणोंकी सेवामे लगे हों तो वन्दनीय और परम सौभाग्यशाली हैं । फिर जो पुण्यात्मा ब्राह्मण और राजर्षि भगवान्‌के भक्त हों, उनकी तो बात ही क्या है । भगवान् श्रीहरिकी भक्ति करके ही मनुष्य गर्भवासका दुःख नहीं

देखता । ब्राह्मणो ! भगवान्‌के सामने उच्चस्वरसे उनके नामोंका कीर्तन करते हुए नृत्य करनेवाला मनुष्य गङ्गा आदि नदियोंके जलकी भाँति समस्त संसारको पवित्र कर देता है। उस भक्तके दर्शन और स्पर्शसे, उसके साथ वार्तालाप करनेसे तथा उसके प्रति भक्तिभाव रखनेसे मनुष्य ब्रह्महत्या आदि पापोंसे मुक्त हो जाता है—इसमें तनिक भी संदेह नहीं है। जो श्रीहरिकी प्रदक्षिणा करते हुए करताल आदि बजाकर उच्च स्वर तथा मनोहर वाणीसे उनके नामोंका कीर्तन करता है, उसने ब्रह्महत्या आदि पापोंको मानो ताली बजाकर भगा दिया। जो हरिभक्ति-कथाकी फुटकर आख्यायिका भी श्रवण करता है, उसके दर्शनमात्रसे मनुष्य पवित्र हो जाता है। मुनिवरो ! फिर उसके विषयमें पापोंकी आशङ्का क्या रह सकती है। महर्षियो ! श्रीकृष्णका नाम सब तीर्थोंमें परम तीर्थ है। जिन्होंने श्रीकृष्ण-नामको अपनाया है, वे पृथ्वीको तीर्थ बना देते हैं। इसलिये श्रेष्ठ मुनिजन इससे बढ़कर पावन वस्तु और कुछ नहीं मानते। श्रीविष्णुके प्रसादभूत निर्माल्य-को खाकर और मस्तकपर धारण करके मनुष्य साक्षात् विष्णु ही हो जाता है, वह यमराजसे होनेवाले शोकका नाश करनेवाला होता है; वह पूजन और नमस्कारके योग्य साक्षात् श्रीहरिका ही स्वरूप है—इसमें तनिक भी संदेह नहीं है। जो इन अव्यक्त विष्णु तथा भगवान् महेश्वरको एकभावसे देखते हैं, उनका पुनः इस संसारमें जन्म नहीं होता। अतः महर्षियो ! आप आदि-अन्तसे रहित अविनाशी परमात्मा विष्णु तथा महादेवजीको एकभावसे देखें तथा एक समझकर ही उनका पूजन करें। जो 'हरि' और 'हर' को समान भाव-से नहीं देखते, श्रीशिवको दूसरा देवता समझते हैं, वे घोर नरकमें पड़ते हैं, उन्हें श्रीहरि अपने भक्तोंमें नहीं गिनते। पण्डित हो या मूर्ख, ब्राह्मण हो या चाण्डाल, यदि वह भगवान्‌का प्यारा भक्त है तो स्वयं भगवान् नारायण उसे संकटोंसे छुड़ाते हैं। भगवान् नारायणसे बढ़कर दूसरा कोई ऐसा नहीं है, जो पापपुञ्जरूपी वनको जलानेके लिये दावानलके समान हो। भयंकर पातक करके भी मनुष्य श्रीकृष्णनामके उच्चारणसे मुक्त हो जाता है। उत्तम व्रतका पालन करनेवाले महर्षियो ! जगद्गुरु भगवान् नारायणने स्वयं ही अपने नाममें अपनेसे भी अधिक शक्ति स्थापित कर दी है। नाम-कीर्तनमें परिश्रम तो थोड़ा होता है, किंतु फल भारी-से-भारी प्राप्त होता है—यह देखकर जो लोग इसकी महिमाके विषयमें तर्क उपस्थित करते हैं, वे अनेकों बार नरकमें पड़ते हैं। इसलिये हरिनामकी शरण लेकर भगवान्‌की भक्ति करनी चाहिये। प्रभु अपने पुजारीको तो पीछे रखते हैं, किंतु नाम-जप करनेवालेको छातीसे लगाये रहते हैं। हरिनामरूपी महान् वज्र पापोंके पहाड़को विदीर्ण करनेवाला है। जो भगवान्‌की ओर आगे बढ़ते हों, मनुष्यके वे ही पैर सफल हैं। वे ही हाथ धन्य कहे गये हैं, जो भगवान्‌की पूजामें संलग्न रहते हैं। जो मस्तक भगवान्‌के आगे झुकता हो, वही उत्तम अङ्ग है। जीभ वही श्रेष्ठ है, जो भगवान श्रीहरिकी स्तुति करती है। मन भी वही अच्छा है, जो उनके चरणोंका अनुगमन—चिन्तन करता है तथा रोएँ भी वे ही सार्थक कहलाते हैं, जो भगवान्‌का नाम लेनेपर खड़े हो जाते हैं। इसी प्रकार आँसू वे ही सार्थक हैं, जो भगवान्‌की चर्चाके अवसरपर निकलते हैं। अहो ! संसारके लोग भाग्यदोषसे अत्यन्त वञ्चित हो रहे हैं; क्योंकि वे नामोच्चारणमात्रसे मुक्ति देनेवाले भगवान्‌का भजन नहीं करते। स्त्रियोंके स्पर्श एवं चर्चासे जिन्हें रोमाञ्च हो आता है, श्रीकृष्णका नाम लेनेपर नहीं, वे मलिन तथा कल्याणसे वञ्चित हैं। जो अजितेन्द्रिय पुरुष पुत्रशोकादिसे व्याकुल होकर अत्यन्त विलाप करते हुए रोते हैं, किंतु श्रीकृष्णनामके अक्षरोंका कीर्तन करते हुए नहीं रोते, वे मूर्ख हैं। जो इस लोकमें जीभ पाकर भी श्रीकृष्णनामका जप नहीं करते, वे मोक्षतक पहुँचनेके लिये सीढ़ी पाकर भी अवहेलनावश नीचे गिरते हैं। इसलिये मनुष्यको उचित है कि वह कर्मयोगके द्वारा भगवान् श्रीविष्णुकी यत्नपूर्वक आराधना करे। कर्मयोगसे पूजित होनेपर ही भगवान् विष्णु प्रसन्न होते हैं, अन्यथा नहीं। भगवान् विष्णुका भजन तीर्थोंसे भी अधिक पावन तीर्थ कहा गया है। सम्पूर्ण तीर्थोंमें स्नान करने, उनका जल पीने और उनमें गोता लगानेसे मनुष्य जिस फलको पाता है, वह श्रीकृष्णके सेवनसे प्राप्त हो जाता है। भाग्यवान् मनुष्य ही कर्मयोगके द्वारा श्रीहरिका पूजन करते हैं। अतः मुनियो ! आपलोग परम मङ्गलमय श्रीकृष्णकी आराधना करें। (पद्म० स्वर्ग० ५०। ४—३७)

भक्तिसे ही सबकी सार्थकता

पतितः स्खलितश्चार्तः क्षुत्वा वा विवशो ब्रुवन्।
हरये नम इत्युच्चैर्मुच्यते सर्वपातकात्॥

संकीर्त्यमानो भगवाननन्तः
श्रुतानुभावो व्यसनं हि पुंसाम् ।
प्रविश्य चित्तं विधुनोत्यशेषं
यथा तमोऽर्कोऽभ्रमिवातिवातः ॥
मृषा गिरस्ता ह्यसतीरसत्कथा
न कथ्यते यद् भगवानधोक्षजः ।
तदेव सत्यं तदु हैव मङ्गलं
तदेव पुण्यं भगवद्गुणोदयम् ॥
तदेव रम्यं रुचिरं नवं नवं
तदेव शश्वन्मनसो महोत्सवम् ।
तदेव शोकार्णवशोषणं नृणां
यदुत्तमश्लोकयशोऽनुगीयते ॥
न तद् वचश्चित्रपदं हरेर्यशो
जगत्पवित्रं प्रगृणीत कर्हिचित् ।
तद् ध्वाङ्क्षतीर्थं न तु हंससेवितं
यत्राच्युतस्तत्र हि साधवोऽमलाः ॥
स वाग्विसर्गो जनताघसम्प्लवो
यस्मिन् प्रतिश्लोकमबद्धवत्यपि ।
नामान्यनन्तस्य यशोऽङ्कितानि य-
च्छृण्वन्ति गायन्ति गृणन्ति साधवः ॥
नैष्कर्म्यमप्यच्युतभाववर्जितं
न शोभते ज्ञानमलं निरञ्जनम् ।
कुतः पुनः शश्वदभद्रमीश्वरे
न ह्यर्पितं कर्म यदप्यनुत्तमम् ॥
यशःश्रियामेव परिश्रमः परो
वर्णाश्रमाचारतपःश्रुतादिषु ।
अविस्मृतिः श्रीधरपादपद्मयो-
र्गुणानुवादश्रवणादिभिर्हरेः ॥
अविस्मृतिः कृष्णपदारविन्दयोः
क्षिणोत्यभद्राणि शमं तनोति च ।
सत्त्वस्य शुद्धिं परमात्मभक्तिं
ज्ञानं च विज्ञानविरागयुक्तम् ॥
(श्रीमद्भा० १२ । १२ । ४६—५४)

जो मनुष्य गिरते-पड़ते, फिसलते, दुःख भोगते अथवा छींकते समय विवशतासे भी ऊँचे स्वरसे बोल उठता है—'हरये नमः', वह सब पापोंसे मुक्त हो जाता है । यदि देश, काल एवं वस्तुसे अपरिच्छिन्न भगवान् श्रीकृष्णके नाम, लीला, गुण आदिका संकीर्तन किया जाय अथवा उनके प्रभाव, महिमा आदिका श्रवण किया जाय तो वे स्वयं ही हृदयमें आ विराजते हैं और श्रवण-कीर्तन करनेवाले पुरुषके सारे दुःख मिटा देते हैं—ठीक वैसे ही, जैसे सूर्य अंधकारको और आँधी बादलोंको तितर-बितर कर देती है । जिस वाणीके द्वारा घट-घटवासी अविनाशी भगवान्‌के नाम, लीला, गुण आदिका उच्चारण नहीं होता, वह वाणी भावपूर्ण होनेपर भी निरर्थक है—सारहीन है, सुन्दर होनेपर भी असुन्दर है और उत्तमोत्तम विषयोंका प्रतिपादन करनेवाली होनेपर भी असत् कथा है । जो वाणी और वचन भगवान्‌के गुणोंसे परिपूर्ण रहते हैं, वे ही परम पावन हैं, वे ही मङ्गलमय हैं और वे ही परम सत्य हैं । जिस वचनके द्वारा भगवान्‌के परम पवित्र यशका गान होता है, वही परम रमणीय, रुचिकर एवं प्रतिक्षण नया-नया जान पड़ता है । उसीसे अनन्त कालतक मनको परमानन्दकी अनुभूति होती रहती है । मनुष्योंका सारा शोक, चाहे वह समुद्रके समान लंबा और गहरा क्यों न हो, उस वचनके प्रभावसे सदाके लिये सूख जाता है । जिस वाणीसे—चाहे वह रस, भाव, अलंकार आदिसे युक्त ही क्यों न हो—जगत्‌को पवित्र करनेवाले भगवान् श्रीकृष्णके यशका कभी गान नहीं होता, वह तो कौओंके लिये उच्छिष्ट फेंकनेके स्थानके समान अत्यन्त अपवित्र है । मानसरोवरनिवासी हंसोंके समान ब्रह्मधाममें विहार करनेवाले भगवच्चरणारविन्दाश्रित परमहंस भक्त उसका कभी सेवन नहीं करते । निर्मल हृदयवाले साधुजन तो वहीं निवास करते हैं, जहाँ भगवान् रहते हैं । इसके विपरीत जिसमें सुन्दर रचना भी नहीं है और जो व्याकरण आदिकी दृष्टिसे दूषित शब्दोंसे युक्त भी है, परंतु जिसके प्रत्येक श्लोकमें भगवान्‌के सुयशसूचक नाम जड़े हुए हैं, वह वाणी लोगोंके सारे पापोंका नाश कर देती है; क्योंकि सत्पुरुष ऐसी ही वाणीका श्रवण, गान और कीर्तन किया करते हैं । वह निर्मल ज्ञान भी, जो मोक्षकी प्राप्तिका साक्षात् साधन है, यदि भगवान्‌की भक्तिसे रहित हो तो उसकी उतनी शोभा नहीं होती । फिर जो कर्म भगवान्‌को अर्पण नहीं किया गया है—वह चाहे कितना ही ऊँचा क्यों न हो—सर्वदा अमङ्गलरूप, दुःख देनेवाला ही है; वह तो शोभन—वरणीय हो ही कैसे सकता है । वर्णाश्रमके अनुकूल आचरण, तपस्या और अध्ययन आदिके लिये जो बहुत बड़ा परिश्रम किया जाता है, उसका फल है—केवल यश अथवा लक्ष्मीकी प्राप्ति । परंतु भगवान्‌के गुण, लीला, नाम आदिका श्रवण, कीर्तन आदि तो उनके श्रीचरणकमलोंकी

अविचल स्मृति प्रदान करता है। भगवान् श्रीकृष्णके चरणकमलोंकी अविचल स्मृति सारे पाप-ताप और अमङ्गलोंको नष्ट कर देती और परम शान्तिका विस्तार करती है। उसीके द्वारा अन्तःकरण शुद्ध हो जाता है, भगवान्‌की भक्ति प्राप्त होती है एवं परवैराग्यसे युक्त भगवान्‌के स्वरूपका ज्ञान तथा अनुभव प्राप्त होता है।

श्रोताओंके लक्षण

अब भगवान् श्रीकृष्णकी कथाका आश्रय लेनेवाले श्रोताओंका वर्णन करते हैं। श्रोता दो प्रकारके माने गये हैं—प्रवर (उत्तम) तथा अवर (अधम)। प्रवर श्रोताओंके 'चातक', 'हंस', 'शुक' और 'मीन' आदि कई भेद हैं। अवरके भी 'बृक', 'भूरुण्ड', 'वृष' और 'उष्ट्र' आदि अनेकों भेद बतलाये गये हैं। 'चातक' कहते हैं पपीहेको। वह जैसे बादलसे बरसते हुए जलमें ही स्पृहा रखता है, दूसरे जलको छूता नहीं, उसी प्रकार जो श्रोता सब कुछ छोड़कर केवल श्रीकृष्णसम्बन्धी शास्त्रोंके श्रवणका व्रत ले लेता है, वह 'चातक' कहा गया है।

जैसे हंस दूधके साथ मिलकर एक हुए जलसे निर्मल दूध ग्रहण कर लेता और पानीको छोड़ देता है, उसी प्रकार जो श्रोता अनेकों शास्त्रोंका श्रवण करके भी उसमेंसे सारभाग अलग करके ग्रहण करता है, उसे 'हंस' कहते हैं।

जिस प्रकार भलीभाँति पढ़ाया हुआ तोता अपनी मधुर वाणीसे शिक्षकको तथा पास आनेवाले दूसरे लोगोंको भी प्रसन्न करता है, उसी प्रकार जो श्रोता कथावाचक व्यासके मुँहसे उपदेश सुनकर उसे सुन्दर और परिमित वाणीमें पुनः सुना देता है और व्यास एवं अन्यान्य श्रोताओं-को अत्यन्त आनन्दित करता है, वह 'शुक' कहलाता है।

जैसे क्षीरसागरमें मछली मौन रहकर अपलक आँखोंसे देखती हुई सदा दुग्धपान करती रहती है, उसी प्रकार जो कथा सुनते समय निर्निमेष नयनोंसे देखता हुआ मुँहसे कभी एक शब्द भी नहीं निकालता और निरन्तर कथारसका ही आस्वादन करता रहता है, वह प्रेमी श्रोता 'मीन' कहा गया है।

(ये प्रवर अर्थात् उत्तम श्रोताओंके भेद बताये गये, अब अवर यानी अधम श्रोता बताये जाते हैं।) 'बृक' कहते हैं भेड़ियेको। जैसे भेड़िया वनके भीतर वेणुकी मीठी आवाज सुननेमें लगे हुए मृगोंको डरानेवाली भयानक गर्जना करता है, वैसे ही जो मूर्ख कथाश्रवणके समय रसिक श्रोताओंको उद्विग्न करता हुआ बीच-बीचमें जोर-जोरसे बोल उठता है, वह 'बृक' कहलाता है।

हिमालयके शिखरपर एक भूरुण्ड जातिका पक्षी होता है। वह किसीके शिक्षाप्रद वाक्य सुनकर वैसा ही बोला करता है, किंतु स्वयं उससे लाभ नहीं उठाता। इसी प्रकार जो उपदेशकी बात सुनकर उसे दूसरोंको तो सिखाये पर स्वयं आचरणमें न लाये, ऐसे श्रोताको 'भूरुण्ड' कहते हैं।

'वृष' कहते हैं बैलको। उसके सामने मीठे-मीठे अंगूर हों या कड़वी खली, दोनोंको वह एक-सा ही मानकर खाता है। उसी प्रकार जो सुनी हुई सभी बातें ग्रहण करता है, पर सार और असार वस्तुका विचार करनेमें उसकी बुद्धि अंधी—असमर्थ होती है, ऐसा श्रोता 'वृष' कहलाता है।

जिस प्रकार ऊँट माधुर्यगुणसे युक्त आमको भी छोड़कर केवल नीमकी ही पत्ती चबाता है, उसी प्रकार जो भगवान्‌की मधुर कथाको छोड़कर उसके विपरीत संसारी बातोंमें रमता रहता है, उसे 'ऊँट' कहते हैं।

ये कुछ थोड़े-से भेद यहाँ बताये गये। इनके अतिरिक्त भी प्रवर-अवर दोनों प्रकारके श्रोताओंके 'भ्रमर' और 'गदहा' आदि बहुतसे भेद हैं, इन सब भेदोंको उन-उन श्रोताओंके स्वाभाविक आचार-व्यवहारोंसे परखना चाहिये।

जो वक्ताके सामने उन्हें विधिवत् प्रणाम करके बैठे और अन्य संसारी बातोंको छोड़कर केवल श्रीभगवान्‌की लीला-कथाओंको ही सुननेकी इच्छा रक्खे, समझनेमें अत्यन्त कुशल हो, नम्र हो, हाथ जोड़े रहे, शिष्य-भावसे उपदेश ग्रहण करे और भीतर श्रद्धा तथा विश्वास रक्खे, इसके सिवा जो कुछ सुने उसका बराबर चिन्तन करता रहे, जो बात समझमें न आये पूछे और पवित्र भावसे रहे तथा श्रीकृष्णके भक्तोंपर सदा ही प्रेम रखता हो, ऐसे ही श्रोताको वक्तालोग उत्तम श्रोता कहते हैं।

अब वक्ताके लक्षण बतलाते हैं। जिसका मन सदा भगवान्‌में लगा रहे, जिसे किसी भी वस्तुकी अपेक्षा न हो, जो सबका सुहृद् और दीनोंपर दया करनेवाला हो तथा अनेकों युक्तियोंसे तत्त्वका बोध करा देनेमें चतुर हो, उसी वक्ताका मुनिलोग भी सम्मान करते हैं।

(स्कन्दपुराणान्तर्गत श्रीमद्भा० माहात्म्य अ० ४। १०—२२)

भगवान्‌की कथा

असारे संसारे विषयविषसङ्गाकुलधियः
क्षणार्धं क्षेमार्थं पिबत शुकगाथातुलसुधाम् ।
किमर्थं व्यर्थं भो व्रजत कुपथे कुत्सितकथे
परीक्षित्साक्षी यच्छ्रवणगतमुक्त्युक्तिकथने ॥
(पद्मपुराणान्तर्गत श्रीमद्भा० माहा० ६ । १००)

इस असार-संसारमे विषयरूप विषकी आसक्तिके कारण व्याकुल बुद्धिवाले पुरुषो ! अपने कल्याणके उद्देश्यसे आधे क्षणके लिये भी इस शुककथारूप अनुपम सुधाका पान करो । प्यारे भाइयो ! निन्दित कथाओंसे युक्त कुपथमें व्यर्थ ही क्यो भटक रहे हो । इस कथाके कानमे प्रवेश करते ही मुक्ति हो जाती है, इस बातके साक्षी राजा परीक्षित् हैं ।

भगवान्‌का परमपद

परं पदं वैष्णवमामनन्ति तद्
यन्नेति नेतीत्यतदुत्सिसृक्षवः ।
विसृज्य दौरात्म्यमनन्यसौहृदा
हृदोपगुह्यावसितं समाहितैः ॥
त एतदधिगच्छन्ति विष्णोर्यत् परमं पदम् ।
अहं ममेति दौर्जन्यं न येषां देहगेहजम् ॥
अतिवादांस्तितिक्षेत नावमन्येत कञ्चन ।
न चेमं देहमाश्रित्य वैरं कुर्वीत केनचित् ॥
(श्रीमद्भा० १२ । ६ । ३२—३४)

जो मुमुक्षु एवं विचारशील पुरुष परमपदके अतिरिक्त वस्तु-मात्रका परित्याग करते हुए 'नेति-नेति' के द्वारा उसका निषेध करके ऐसी वस्तु प्राप्त करते हैं, जिसका कभी निषेध नहीं हो सकता और न तो कभी त्याग ही, वही विष्णुभगवान्‌का परमपद है—यह बात सभी महात्मा और श्रुतियाँ एक मतसे स्वीकार करती हैं । अपने चित्तको एकाग्र करनेवाले पुरुष अन्तःकरणकी अशुद्धियोंको, अनात्म-भावनाओंको सदा-सर्वदाके लिये मिटाकर अनन्य प्रेमभावसे परिपूर्ण हृदयके द्वारा उसी परमपदका आलिङ्गन करते हैं और उसीमें समा जाते हैं । विष्णुभगवान्‌का यही वास्तविक स्वरूप है, यही उनका परमपद है । इसकी प्राप्ति उन्हीं लोगोंको होती है, जिनके अन्तःकरणमें शरीरके प्रति अहंभाव नहीं है और न तो इसके सम्बन्धी गृह आदि पदार्थोंमें ममता ही । सचमुच शरीरमें मैपन और जगत्‌की वस्तुओंमें मेरेपनका आरोप बहुत बड़ी दुर्जनता है । जिसे इस परमपदकी प्राप्ति अभीष्ट है, उसे चाहिये कि वह दूसरोंकी कटुवाणी सहन कर ले और बदलेमें किसीका अपमान न करे तथा इस क्षणभङ्गुर शरीरमें अहंता-ममता करके किसी भी प्राणीसे कभी वैर न करे ।

मनु महाराज

उपदेश



वेदः स्मृतिः सदाचारः स्वस्य च प्रियमात्मनः ।
एतच्चतुर्विधं प्राहुः साक्षाद्धर्मस्य लक्षणम् ॥
(मनु० २ । १२)

वेद, स्मृति, सदाचार और अपने आत्माको प्रिय लगनेवाला—यह चार प्रकारका धर्मका साक्षात् लक्षण कहा गया है ।

धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः ।
धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम् ॥
(मनु० ६ । ९२)

धृति, क्षमा, दम, अस्तेय (चोरी न करना), शौच (मन, वाणी और शरीरकी पवित्रता), इन्द्रियनिग्रह, धी, विद्या, सत्य और अक्रोध—ये दस धर्मके लक्षण हैं ।

एकोऽपि वेदविद्धर्मं यं व्यवस्येद् द्विजोत्तमः ।
स विज्ञेयः परो धर्मो नाज्ञानामुदितोऽयुतैः ॥
(मनु० १२ । ११३)

वेदका मर्म जाननेवाला कोई एक द्विजश्रेष्ठ भी जिसका निर्णय कर दे, उसे परम धर्म जानना चाहिये; परंतु दस हजार भी मूर्ख जिसका निर्णय करें, वह धर्म नहीं है ।

धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः ।
तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो मा नो धर्मो हतोऽवधीत् ॥
(मनु० ८ । १५)

नष्ट हुआ धर्म ही मारता है और रक्षा किया हुआ धर्म ही रक्षा करता है । इसलिये नष्ट हुआ धर्म कहीं हमको न मारे—यह विचारकर धर्मका नाश नहीं करना चाहिये ।

न सीदन्नपि धर्मेण मनोऽधर्मे निवेशयेत्।
अधार्मिकाणां पापानामाशु पश्यन्विपर्ययम्॥
(मनु० ४। १७१)

पापी अधर्मियोंकी शीघ्र ही बुरी गति होती है, यों समझकर पुरुषको चाहिये कि धर्मसे दुःख पाता हुआ भी अधर्ममें मन न लगावे।

अधर्मेणैधते तावत्ततो भद्राणि पश्यति।
ततः सपत्नाञ्जयति समूलस्तु विनश्यति॥
(मनु० ४। १७४)

अधर्मी पहले धर्मसे बढ़ता है, फिर उससे अपना भला देखता है, फिर शत्रुओंको जीतता है और फिर जड़सहित नष्ट हो जाता है।

अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।
चत्वारि तस्य वर्द्धन्ते आयुर्विद्या यशो बलम्॥
मातापितृभ्यां यामीभिर्भ्रात्रा पुत्रेण भार्यया।
दुहित्रा दासवर्गेण विवादं न समाचरेत्॥
(मनु० २। १२१, ४। १८०)

जिसका प्रणाम करनेका स्वभाव है और जो नित्य वृद्धोंकी सेवा करता है, उसकी आयु, विद्या, यश और बल—ये चारों बढ़ते हैं।

माता, पिता, बहन, भाई, पुत्र, स्त्री, बेटी और नौकर-चाकर—इनके साथ वाद-विवाद न करे।

अनारोग्यमनायुष्यमस्वर्ग्यं चातिभोजनम्।
अपुण्यं लोकविद्विष्टं तस्मात्तत्परिवर्जयेत्॥
सत्यं ब्रूयात्प्रियं ब्रूयान्न ब्रूयात्सत्यमप्रियम्।
प्रियं च नानृतं ब्रूयादेष धर्मः सनातनः॥
सर्वं परवशं दुःखं सर्वमात्मवशं सुखम्।
एतद्विद्यात्समासेन लक्षणं सुखदुःखयोः॥
(मनु० २। ५७; ४। १३८, १६०)

अधिक भोजन करना आरोग्य, आयु, स्वर्ग और पुण्यका नाशक तथा लोकनिन्दित है; इसलिये उसे त्याग दे।

ऐसी सत्य बात बोले जो प्यारी लगे और जो सत्य तो हो किंतु प्यारी न लगे ऐसी बात न कहे; और जो प्यारी बात झूठी हो, उसे भी न कहे। यही सनातन धर्म है।

पराधीनतामें सब कुछ दुःखरूप है और स्वाधीनतामें सब सुख-रूप है—यह संक्षेपसे सुख-दुःखका लक्षण जानना चाहिये।

लोष्टमर्दी तृणच्छेदी नखखादी च यो नरः।
स विनाशं व्रजत्याशु सूचकोऽशुचिरेव च॥
अनुमन्ता विशसिता निहन्ता क्रयविक्रयी।
संस्कर्ता चोपहर्ता च खादकश्चेति घातकाः॥
(मनु० ४। ७१; ५। ५१)

जो मनुष्य मिट्टीके ढेलेको मलता है, तृण तोड़ता है, नखोंको चबाता है, चुगली खाता है और अपवित्र रहता है, वह शीघ्र नष्ट हो जाता है।

मांसके लिये सम्मति देनेवाला, काटनेवाला, मारनेवाला, खरीदने-बेचनेवाला, पकानेवाला, लानेवाला और खानेवाला—ये (सभी) घातक होते हैं।

सर्वेषामेव शौचानामर्थशौचं परं स्मृतम्।
योऽर्थे शुचिर्हि स शुचिर्न मृद्वारिशुचिः शुचिः॥
(मनु० ५। १०६)

सब शुद्धियोंमें धनकी पवित्रता ही श्रेष्ठ कही गयी है; क्योंकि जो धनसे शुद्ध है, वही शुद्ध है। मिट्टी और जलकी शुद्धि शुद्धि नहीं कही जाती। भाव यह है कि जो पराया धन नहीं हरता और न्यायसे धनोपार्जन करता है, वह शुद्ध है और जो अन्यायसे द्रव्य हरता है, किंतु मिट्टी लगाकर स्नान करता है, वह पवित्र नहीं है।

महाराज पृथु

प्रार्थना

वरान् विभो स्वद्वरदेश्वराद् बुधः
कथं वृणीते गुणविक्रियात्मनाम्।
ये नारकाणामपि सन्ति देहिनां
तानीश कैवल्यपते वृणे न च॥
न कामये नाथ तदप्यहं क्वचिन्-
न यत्र युष्मच्चरणाम्बुजासवः।
महत्तमान्तर्हृदयान्मुखच्युतो
विधत्स्व कर्णायुतमेष मे वरः॥
(श्रीमद्भा० ४। २०। २३-२४)

मोक्षपति प्रभो! आप वर देनेवाले ब्रह्मादि देवताओंको भी वर देनेमें समर्थ हैं। कोई भी बुद्धिमान् पुरुष आपसे देहाभिमानियोंके भोगने योग्य विषयोंको कैसे माँग सकता है। वे तो नारकी जीवोंको भी मिलते हैं। अतः मैं इन तुच्छ

विषयोंको आपसे नहीं माँगता । मुझे तो उस मोक्षपद-की भी इच्छा नहीं है, जिसमें महापुरुषोंके हृदयसे उनके मुख-द्वारा निकला हुआ आपके चरण-कमलोंका मकरन्द नहीं है—जहाँ आपकी कीर्ति-कथा सुननेका सुख नहीं मिलता । इसलिये मेरी तो यही प्रार्थना है कि आप मुझे दस हजार कान दे दीजिये, जिनसे मैं आपके लीला-गुणोंको सुनता रहूँ ।

यत्पादसेवाभिरुचिस्तपस्विना-
मशेषजन्मोपचितं मलं धियः ।
सद्यः क्षिणोत्यन्वहमेधती सती
यथा पदाङ्गुष्ठविनिःसृता सरित् ॥
विनिर्धुताशेषमनोमलः पुमा-
नसङ्गविज्ञानविशेषवीर्यवान् ।
यदङ्घ्रिमूले कृतकेतनः पुन-
र्न संसृतिं क्लेशवहां प्रपद्यते ॥
तमेव यूयं भजतात्मवृत्तिभि-
र्मनोवचःकायगुणैः स्वकर्मभिः ।
अमायिनः कामदुघाङ्घ्रिपङ्कजं
यथाधिकारावसितार्थसिद्धयः ॥
(श्रीमद्भा० ४ । २१ । ३१–३३)

जिनके चरण-कमलोंकी सेवाके लिये निरन्तर बढ़नेवाली अभिलाषा, उन्हींके चरण-नखसे निकली हुई गङ्गाजीके समान, संसार-तापसे संतप्त जीवोंके समस्त जन्मोंके संचित मनोमल-को तत्काल नष्ट कर देती है, जिनके चरणतलका आश्रय लेने-वाला पुरुष सब प्रकारके मानसिक दोषोंको धो डालता तथा वैराग्य और तत्त्वसाक्षात्काररूप बल पाकर फिर इस दुःखमय-संसारचक्रमें नहीं पड़ता और जिनके चरण-कमल सब प्रकार-की कामनाओंको पूर्ण करनेवाले हैं, उन प्रभुको आपलोग अपनी-अपनी आजीविकाके उपयोगी वर्णाश्रमोचित अध्यापनादि कर्मों तथा ध्यान-स्तुति-पूजादि मानसिक, वाचिक एवं शारीरिक क्रियाओंके द्वारा भजें । हृदयमें किसी प्रकारका कपट न रक्खें तथा यह निश्चय रक्खें कि हमें अपने-अपने अधिकारानुसार इसका फल अवश्य प्राप्त होगा ।

राजा अजातशत्रु

आत्मा ही सत्यका सत्य

स यथोर्णनाभिस्तन्तुनोच्चरेद्यथाग्नेः क्षुद्रा विस्फुलिङ्गा व्युच्चरन्त्येवमेवास्मादात्मनः सर्वे प्राणाः सर्वे लोकाः सर्वे देवाः सर्वाणि भूतानि व्युच्चरन्ति तस्योपनिषत् सत्यस्य सत्यमिति××।
(बृहदारण्यक उप० २ । १ । २०)

जिस प्रकार वह मकड़ा तारोंपर ऊपरकी ओर जाता है तथा जैसे अग्निसे अनेकों क्षुद्र चिनगारियाँ उड़ती हैं, उसी प्रकार इस आत्मासे समस्त प्राण, समस्त लोक, समस्त देव-गण और समस्त प्राणी विविधरूपसे उत्पन्न होते हैं । सत्यका सत्य यह आत्मा ही उपनिषद् है ।

भक्तराज ध्रुव

प्रार्थना



नूनं विमुष्टमतयस्तव मायया ते
ये त्वां भवाप्ययविमोक्षणमन्यहेतोः ।
अर्चन्ति कल्पकतरुं कुणपोपभोग्य-
मिच्छन्ति यत्स्पर्शजं निरयेऽपि नॄणाम् ॥
या निर्वृतिस्तनुभृतां तव पादपद्म-
ध्यानाद्भवज्जनकथाश्रवणेन वा स्यात् ।
सा ब्रह्मणि स्वमहिमन्यपि नाथ मा भूत्
किंत्वन्तकासिलुलितात्पततां विमानात् ॥
भक्तिं मुहुः प्रवहतां त्वयि मे प्रसङ्गो
भूयादनन्त महतामममलाशयानाम् ।
येनाञ्जसोल्बणमुरुव्यसनं भवाब्धिं
नेष्ये भवद्गुणकथामृतपानमत्तः ॥
(श्रीमद्भा० ४ । ९ । ९—११)

प्रभो ! इन शवतुल्य शरीरोंके द्वारा भोगा जानेवाला, इन्द्रिय और विषयोंके संसर्गसे उत्पन्न सुख तो मनुष्योंको नरकमें भी मिल सकता है । जो लोग इस विषयसुखके लिये लालायित रहते हैं और जो जन्म-मरणके बन्धनसे छुड़ा देनेवाले कल्पतरुस्वरूप आपकी उपासना भगवत्-प्राप्तिके सिवा किसी अन्य उद्देश्यसे करते हैं, उनकी बुद्धि अवश्य ही आपकी मायाके द्वारा ठगी गयी है । नाथ ! आपके चरणकमलोंका ध्यान करनेसे और आपके भक्तोंके पवित्र चरित्र सुननेसे

प्राणियोंको जो आनन्द प्राप्त होता है, वह निजानन्दस्वरूप ब्रह्ममें भी नहीं मिल सकता। फिर जिन्हें कालकी तलवार काटे डालती है; उन स्वर्गीय विमानोंसे गिरनेवाले पुरुषोंको तो वह सुख मिल ही कैसे सकता है।

अनन्त परमात्मन्! मुझे तो आप उन विशुद्धहृदय महात्मा भक्तोंका सङ्ग दीजिये, जिनका आपमें अविच्छिन्न भक्ति-भाव है; उनके सङ्गमें मैं आपके गुणों और लीलाओंकी कथा-सुधाको पी-पीकर उन्मत्त हो जाऊँगा और सहज ही इस अनेक प्रकारके दुःखोंसे पूर्ण भयकर संसार-सागरके उस पार पहुँच जाऊँगा।

शरणागतवत्सल शिवि



शरणागतकी रक्षा

यो हि कश्चिद् द्विजान् हन्याद्
गां वा लोकस्य मातरम्।
शरणागतं च त्यजते
तुल्यं तेषां हि पातकम्॥
(महा० वन० १३१। ६)

जो कोई भी मनुष्य ब्राह्मणोंकी अथवा लोकमाता गौकी हत्या करता है और जो शरणमें आये हुए दीन प्राणीको त्याग देता है—उसकी रक्षा नहीं करता; इन सबको एक-सा पातक लगता है।

नास्य वर्षं वर्षन्ति वर्षकाले
नास्य बीजं रोहति काल उप्तम्।
भीतं प्रपन्नं यो हि ददाति शत्रवे
न त्राणं लभते त्राणमिच्छन् स काले॥
जाता हत्वा प्रजा प्रमीयते सदा
न वै वासं पितरोऽस्य कुर्वते।
भीतं प्रपन्नं यो हि ददाति शत्रवे
नास्य देवाः प्रतिगृह्णन्ति हव्यम्॥
मोघमन्नं विदन्ति वाप्रचेताः
स्वर्गाल्लोकाद्भ्रश्यति शीघ्रमेव।
भीतं प्रपन्नं यो हि ददाति शत्रवे
सेन्द्रा देवाः प्रहरन्त्यस्य वज्रम्॥
(महा० वन० १९७। १२-१४)

जो मनुष्य अपनी शरणमें आये हुए भयभीत प्राणीको उसके शत्रुके हाथमें सौंप देता है, उसके देशमें वर्षाकालमें वर्षा नहीं होती, उसके बोये हुए बीज नहीं उगते और कभी संकटके समय वह जब अपनी रक्षा चाहता है, तब उसकी रक्षा नहीं होती। उसकी संतान बचपनमें ही मर जाती है, उसके पितरोंको पितृलोकमें रहनेको स्थान नहीं मिलता। (वे स्वर्गमें जानेपर नरकोंमें ढकेल दिये जाते हैं) और देवता उसके हाथका हव्य ग्रहण नहीं करते। उसका अन्न निष्फल होता है, वह स्वर्गसे तुरंत ही नीचे गिर पड़ता है और इन्द्र आदि देवता उसपर वज्रका प्रहार करते हैं।

भक्त राजा अम्बरीष



दुर्वासाको बचानेके लिये सुदर्शन चक्रसे प्रार्थना

स त्वं जगत्त्राण खलप्रहाणये
निरूपितः सर्वसहो गदाभृता।
विप्रस्य चास्मत्कुलदैवहेतवे
विधेहि भद्रं तदनुग्रहो हि नः॥
यद्यस्ति दत्तमिष्टं वा स्वधर्मो वा स्वनुष्ठितः।
कुलं नो विप्रदैवं चेद् द्विजो भवतु विज्वरः॥
(श्रीमद्भा० ९। ५। ९-१०)

विश्वके रक्षक! आप रणभूमिमें सबका प्रहार सह लेते हैं। आपका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। गदाधारी भगवान्‌ने दुष्टोंके नाशके लिये ही आपको नियुक्त किया है। आप कृपा करके हमारे कुलके भाग्योदयके लिये दुर्वासाजीका कल्याण कीजिये। हमारे ऊपर आपका यह महान् अनुग्रह होगा। यदि मैंने कुछ भी दान किया हो, यज्ञ किया हो अथवा अपने धर्मका पालन किया हो, यदि हमारे वंशके लोग ब्राह्मणोंको ही अपना आराध्यदेव समझते रहे हों, तो दुर्वासाजीकी जलन मिट जाय।

शान्ति कहाँ है ?

दुःखज्वाला-दग्ध संसार और शान्ति-सुधासागर

योगेश्वरेश्वर श्रीकृष्णचन्द्रने संसारके लिये कहा—'दुःखालयमशाश्वतम् ।' यह विश्व तो दुःखका घर है । दुःख ही इसमें निवास करते है । साथ ही यह अशाश्वत है—नाशवान् है ।

सम्पूर्ण विश्व जल रहा है । दुःखकी दावाग्निमें निरन्तर भस्म हो रहा है यह संसार । क्या हुआ जो हमें वे लपटें नहीं दीख पड़तीं । उल्लूकको सूर्य नहीं दीखते, अन्धोंको कुछ नहीं दीखता—अपनेको बुद्धिमान् माननेवाला मनुष्य यदि सचमुच ज्ञानवान् होता—लेकिन वह तो अज्ञानके अन्धकारमें आनन्द मनानेवाला प्राणी बन गया है । उसके नेत्रोंपर मोहकी मोटी पट्टी बँधी है । कैसे देखे वह संसारको दग्ध करती ज्वालाको ।

अविद्या, अस्मिता, राग-द्वेष और अभिनिवेश—ये पाँच क्लेश बतलाये महर्षि पतञ्जलिने । अज्ञान, अहंकार, कुछ पदार्थों, प्राणियों, अवस्थाओंकी ममता, उनकी कामना और उनसे राग तथा उनके विरोधी पदार्थों, प्राणियों, अवस्थाओंसे द्वेष एवं शरीरको आत्मा मानना—कितने ऐसे प्राणी है जो इन क्लेशोंसे मुक्त है ?

काम, क्रोध, लोभ, मोहकी ज्वालाओंमें जल रहा है संसार । तृष्णा, वासना, अशान्ति—बेचैनीका पार नहीं है । मद, मत्सर, वैर, हिंसा—चारों ओर दावानल धधक रहा है । दुःख-दुःख—और दुःख । लेकिन जैसे पतिंगे प्रज्वलित दीपकको कोई सुखद सुभोग्य वस्तु मानकर उसपर टूटते हैं—प्राणी मोहवश संसारकी इन ज्वालाओंको ही आकर्षण मान बैठे है । अशान्ति—दुःख-मृत्यु—और क्या मिलना है यहाँ ।

शान्ति और सुखकी आशा—संसारमें यह आशा ! जलते संसारमें भला शान्ति कहाँ ?

शान्ति है । सुख है । आनन्द है । अनन्त शान्ति, अविनाशी सुख, शाश्वत आनन्द—शान्ति, सुख और आनन्दका महासागर ही है एक । उस महासागरमें खड़े हो जानेपर संसारकी ज्वाला—त्रितापका भय स्पर्श भी नहीं कर पाते ।

कहाँ है वह ?

भगवान्‌को छोड़कर भला शान्ति, सुख और आनन्द अन्यत्र कहाँ होंगे । भगवान्‌का भजन ही है वह महा-समुद्र । भगवान्‌का भजन करनेवाला भक्त-साधु उस महासमुद्रमे स्थित है ।

विषयोसे वैराग्य, प्राणियोमें भगवद्भावना, समता, अक्रोध, सेवा, दृढ़ भगवद्विश्वास—जहाँ शीतलता और पवित्रताका यह महासागर लहरा रहा है, कामनाओंकी ज्वाला, त्रितापोंकी ऊष्मा वहाँतक पहुँच कैसे सकती है । वहाँ कामनाकी अग्नि नहीं है, स्पृहाकी ज्वाला नहीं है, ममताके मीठे विषयका भीषण अन्तस्ताप नहीं है और अहङ्कारकी लपटे सदाके लिये शान्त हो गयी हैं ।

'विहाय कामान्यः सर्वान्पुमांश्चरति निःस्पृहः ।
निर्ममो निरहंकारः स शान्तिमधिगच्छति ॥'
(गीता २ । ७१)

इस निरन्तर जलते त्रिताप-तप्त संसारमें तो शान्ति है ही नहीं । वह तो है भगवान्‌मे--भगवान्‌के भजन-रूप महासमुद्रमें । उस शान्ति-सुधा-सागरमें स्थित होनेपर ही इस ज्वालासे परित्राण पाया जा सकता है ।

शान्ति कहाँ है ?



विहाय कामान् यः सर्वान् पुमांश्चरति निःस्पृहः ।
निर्ममो निरहंकारः स शान्तिमधिगच्छति ॥



दो ही गतियाँ—नरक और भगवद्धाम

दो ही गति

हम कबसे भटक रहे हैं ? जन्म-मृत्युके चक्रमें हम कबसे पड़े हैं ? कोई गणना नहीं है। सृष्टि अनादि है। अनादि कालसे जीव चौरासी लाख योनियोंमें भटक रहा है।

भगवान्‌की अहैतुकी कृपासे मनुष्य-जीवन प्राप्त हुआ। एक महान् अवसर दिया उस करुणा-वरुणालयने जीवको। इस अवसरका हम सदुपयोग करेंगे या नहीं—यह हमारे विचार करनेकी बात है; क्योंकि मनुष्य कर्म करनेमें स्वतन्त्र है।

जीवनकी—मनुष्य-जीवनकी दो ही गतियाँ हैं—जन्म-मृत्युके चक्रसे छुटकारा प्राप्त कर लेना या फिर उसीमें भटकना।

चौरासी लाख योनियाँ—जीवको उसके कर्मानुसार एक-एक योनिमें लाख-लाख बार भी जन्म लेना पड़ सकता है। चौरासी लाख योनियाँ—एक ही उनमेंसे है मनुष्ययोनि। मानव-जीवनके गिने-चुने वर्ष—केवल यही अवसर है, जब जीव आवागमनके अनादि चक्रसे छुटकारा पा सके। यह अवसर कहीं निकल गया—वही जन्म-मृत्युका चक्र और कबतक, किस अकल्पनीय कालतक वह चलता रहेगा—कोई कह नहीं सकता।

काम, क्रोध, लोभ और मोह—ये चारों नरकके द्वार हैं। इनमेंसे किसीमें पैर पड़ा और गिरे नरकमें। नरक—नरककी दारुण यन्त्रणा और केवल मनुष्य ही वहाँ पहुँचनेकी सामग्री प्रस्तुत करता है। केवल मनुष्य ही तो कर्म करनेमें स्वतन्त्र है। अन्य प्राणी तो भोगयोनिके प्राणी हैं। वे तो भोगके द्वारा अपने अशुभ कर्मोंका नाश कर रहे हैं। वे नवीन कर्मोंका उपार्जन नहीं करते।

मनुष्य कर्मयोनिका प्राणी है। मनुष्य कर्म करनेमें स्वतन्त्र है। मनुष्य ही है जो कर्म-संस्कारोंका उपार्जन करता है। उसे सोचना है, वह कैसा उपार्जन करेगा। उसकी दो गतियाँ हो सकती हैं—बन्धन—नरक या फिर मोक्ष—भगवद्धाम।

काम, क्रोध, लोभ, मोह—इनमें लगनेपर मनुष्य नरक जायगा। संसारके भोगोंमें आसक्त हुआ और नरक धरा है।

दूसरी गति है मनुष्यकी—मनुष्यताकी परम सफलता उसीमें है। अनादि कालसे चलनेवाली मृत्युसे छुटकारा पा जाना—जन्म-मृत्युके चक्रसे परित्राण—मोक्ष।

सत्सङ्ग, परोपकार, वैराग्य और भजन—इसका परिपाक है भगवद्धामकी प्राप्ति। मोक्षका यही प्रशस्त मार्ग है। मनुष्यकी मनुष्यता इसीसे सफल होती है।

नरक या भगवद्धाम—गतियाँ तो ये दो ही हैं। मनुष्यको यदि सचमुच नरकमें नहीं पड़ना है, उसे दुःखसे आत्यन्तिक छुटकारा चाहिये, अखण्ड आनन्द उसे अभीष्ट है तो उसे अपनाना है—सत्सङ्ग, परोपकार, वैराग्य, भगवद्भजन।

सत्यनिष्ठ राजा हरिश्चन्द्र

सद्भावना



शक्र भुङ्क्ते नृपो राज्यं
प्रभावेण कुटुम्बिनाम् ।
यजते च महायज्ञैः
कर्म पौर्त्तं करोति च ॥
तच्च तेषां प्रभावेण
मया सर्वमनुष्ठितम् ।
उपकर्त्तॄन् न सन्त्यक्ष्ये तानहं स्वर्गलिप्सया ॥
तस्माद् यन्मम देवेश किंचिदस्ति सुचेष्टितम् ।
दत्तमिष्टमथो जप्तं सामान्यं तैस्तदस्तु नः ॥
(मार्क० ८ । २५७-२५९)

राजा अपने कुटुम्बियोंके ही प्रभावसे राज्य भोगता है । प्रजावर्ग भी राजाका कुटुम्बी ही है । उन्हींके सहयोगसे राजा बड़े-बड़े यज्ञ करता, पोखरे खुदवाता और बगीचे आदि लगवाता है । यह सब कुछ मैंने अयोध्यावासियोंके प्रभावसे किया है; अतः स्वर्गके लोभमें पड़कर मैं अपने उपकारियोंका त्याग नहीं कर सकता । देवेश ! यदि मैंने कुछ भी पुण्य किया हो, दान, यज्ञ अथवा जपका अनुष्ठान मुझसे हुआ हो, तो सबका फल उन सबके साथ ही मुझे मिले । उसमें उनका समान अधिकार हो ।

परदुःखकातर रन्तिदेव

महत्त्वाकाङ्क्षा



न कामयेऽहं गतिमीश्वरात् परा-
मष्टर्द्धियुक्तामपुनर्भवं वा ।
आर्तिं प्रपद्येऽखिलदेहभाजा-
मन्तःस्थितो येन भवन्त्यदुःखाः ॥
क्षुत्तृट्श्रमो गात्रपरिश्रमश्च
दैन्यं क्लम शोकविषादमोहाः ।
सर्वे निवृत्ताः कृपणस्य जन्तो-
र्जिजीविषोर्जीवजलार्पणान्मे ॥
(श्रीमद्भा० ९ । २१ । १२-१३)

मैं भगवान्‌से आठों सिद्धियोंसे युक्त परमगति नहीं चाहता । और तो क्या, मैं मोक्षकी भी कामना नहीं करता । मैं चाहता हूँ तो केवल यही कि मैं सम्पूर्ण प्राणियोंके हृदयमें स्थित हो जाऊँ और उनका सारा दुःख मैं ही सहन करूँ, जिससे और किसी भी प्राणीको दुःख न हो । यह दीन प्राणी जल पी करके जीना चाहता था, जल दे देनेसे इसके जीवनकी रक्षा हो गयी । अब मेरी भूख-प्यासकी पीड़ा, शरीरकी शिथिलता, दीनता, ग्लानि, शोक, विषाद और मोह—ये सब-के-सब जाते रहे । मैं सुखी हो गया ।'

महाराजा जनक



संत, सद्गुरु, सद्बुद्धि

दुर्लभो मानुषो देहो
देहिनां क्षणभङ्गुरः ।
तत्रापि दुर्लभं मन्ये
वैकुण्ठप्रियदर्शनम् ॥
(श्रीमद्भा० ११ । २ । २९)

जीवोंके लिये मनुष्य-शरीरका प्राप्त होना दुर्लभ है । यदि यह प्राप्त भी हो जाता है तो प्रतिक्षण मृत्युका भय सिरपर सवार रहता है; क्योंकि यह क्षणभङ्गुर है । इसलिये अनिश्चित मनुष्य-जीवनमें भगवान्‌के प्यारे और उनको प्यार करनेवाले भक्तजनोंका, संतोंका दर्शन तो और भी दुर्लभ है ।

न विना ज्ञानविज्ञाने मोक्षस्याधिगमो भवेत् ।
न विना गुरुसम्बन्धं ज्ञानस्याधिगमः स्मृतः ॥
गुरुः प्लावयिता तस्य ज्ञानं प्लव इहोच्यते ।
विज्ञाय कृतकृत्यस्तु तीर्णस्तदुभयं त्यजेत् ॥
(महा० शान्ति० ३२६ । २२-२३)

जैसे ज्ञान-विज्ञानके बिना मोक्ष नहीं हो सकता, उसी प्रकार सद्गुरुसे सम्बन्ध हुए बिना ज्ञानकी प्राप्ति नहीं हो

सकती । गुरु इस संसार-सागरसे पार उतारनेवाले हैं और उनका दिया हुआ ज्ञान नौकाके समान बताया गया है। मनुष्य उस ज्ञानको पाकर भवसागरसे पार और कृतकृत्य हो जाता है, फिर उसे नौका और नाविक दोनोंकी ही अपेक्षा नहीं रहती ।

तमःपरिगतं वेश्म यथा दीपेन दृश्यते ।
तथा बुद्धिप्रदीपेन शक्य आत्मा निरीक्षितुम् ॥
(महा० शान्ति० ३२६।४०)

जिस प्रकार अन्धकारसे व्याप्त हुआ घर दीपकके प्रकाशसे स्पष्ट दीख पड़ता है, उसी तरह बुद्धिरूपी दीपककी सहायतासे अज्ञानसे आवृत आत्माका साक्षात्कार हो सकता है ।

राजा महीरथ

पुण्यात्मा कौन है ?

परतापच्छिदो ये तु चन्दना इव चन्दनाः ।
परोपकृतये ये तु पीड्यन्ते कृतिनो हि ते ॥
संतस्त एव ये लोके परदुःखविदारणाः ।
आर्तानामार्तिनाशार्थं प्राणा येषां तृणोपमाः ॥
तैरियं धार्यते भूमिर्नरैः परहितोद्यतैः ।
मनसो यत्सुखं नित्यं स स्वर्गो नरकोपमः ॥
तस्मात्परसुखेनैव साधवः सुखिनः सदा ।
वरं निरयपातोऽत्र वरं प्राणवियोजनम् ।
न पुनः क्षणमार्त्तानामार्तिनाशमृते सुखम् ॥
(पद्म० पाताल० ९७ । ३२–३५)

जो चन्दन-वृक्षकी भाँति दूसरोंके ताप दूर करके उन्हें आह्लादित करते हैं तथा जो परोपकारके लिये स्वयं कष्ट उठाते हैं, वे ही पुण्यात्मा हैं । संसारमें वे ही सत हैं, जो दूसरोंके दुःखोंका नाश करते हैं तथा पीड़ित जीवोंकी पीड़ा दूर करनेके लिये जिन्होंने अपने प्राणोंको तिनकेके समान निछावर कर दिया है । जो मनुष्य सदा दूसरोंकी भलाईके लिये उद्यत रहते हैं, उन्होंने ही इस पृथ्वीको धारण कर रक्खा है । जहाँ सदा अपने मनको ही सुख मिलता है, वह स्वर्ग भी नरकके ही समान है, अतः साधुपुरुष सदा दूसरोंके सुखसे ही सुखी होते हैं । यहाँ नरकमें गिरना अच्छा, प्राणोंसे वियोग हो जाना भी अच्छा; किंतु पीड़ित जीवोंकी पीड़ा दूर किये बिना एक क्षण भी सुख भोगना अच्छा नहीं है ।

राजा चित्रकेतु



नैवात्मा न परश्चापि
कर्ता स्यात् सुखदुःखयोः ।
कर्तारं मन्यतेऽप्राज्ञ
आत्मानं परमेव च ॥
गुणप्रवाह एतस्मिन्
कः शापः को न्वनुग्रहः ।
कः स्वर्गो नरकः को वा किं सुखं दुःखमेव वा ॥
एकः सृजति भूतानि भगवानात्ममायया ।
एषां बन्धं च मोक्षं च सुखं दुःखं च निष्कलः ॥
न तस्य कश्चिद्दयितः प्रतीपो
न ज्ञातिबन्धुर्न परो न च स्वः ।
समस्य सर्वत्र निरञ्जनस्य
सुखे न रागः कुत एव रोषः ॥
तथापि तच्छक्तिविसर्ग एषां
सुखाय दुःखाय हिताहिताय ।
बन्धाय मोक्षाय च मृत्युजन्मनोः
शरीरिणां संसृतयेऽवकल्पते ॥
(श्रीमद्भा० ६ । १७ । १९–२३)

माता पार्वतीजी ! सुख और दुःखको देनेवाला न तो अपना आत्मा है और न कोई दूसरा । जो अज्ञानी हैं, वे ही अपनेको अथवा दूसरेको सुख-दुःखका कर्ता माना करते हैं । यह जगत् सत्त्व, रज आदि गुणोंका स्वाभाविक प्रवाह है । इसमें क्या शाप, क्या अनुग्रह, क्या स्वर्ग, क्या नरक और क्या सुख, क्या दुःख । एकमात्र परिपूर्णतम भगवान् ही बिना किसीकी सहायताके अपनी आत्मस्वरूपिणी मायाके द्वारा समस्त प्राणियोंकी तथा उनके बन्धन, मोक्ष और सुख-दुःखकी रचना करते हैं । माताजी! भगवान् श्रीहरि सबमें

सम और माया आदि मलसे रहित हैं। उनका कोई प्रिय-अप्रिय, जाति-बन्धु, अपना-पराया नहीं है। जब उनका सुख-में राग ही नहीं है, तब उनमें रागजन्य क्रोध तो हो ही कैसे सकता है। तथापि उनकी माया-शक्तिके कार्य पाप और पुण्य ही प्राणियोंके सुख-दुःख, हित-अहित, बन्ध-मोक्ष, मृत्यु-जन्म और आवागमनके कारण बनते हैं।

राजा मुचुकुन्द

प्रार्थना

लब्ध्वा जनो दुर्लभमत्र मानुषं
कथंचिदव्यङ्गमयत्नतोऽनघ ।
पादारविन्दं न भजत्यसन्मति-
र्गृहान्धकूपे पतितो यथा पशुः ॥
ममैष कालोऽजित निष्फलो गतो
राज्यश्रियोच्चद्धमदस्य भूपतेः ।
मर्त्यात्मबुद्धेः सुतदारकोशभू-
ष्वासजमानस्य दुरन्तचिन्तया ॥
कलेवरेऽस्मिन् घटकुड्यसन्निभे
निरूढमानो नरदेव इत्यहम् ।
वृतो रथेभाश्वपदात्यनीकपै-
र्गां पर्यटंस्त्वागणयन् सुदुर्मदः ॥
प्रमत्तमुच्चैरितिकृत्यचिन्तया
प्रवृद्धलोभं विषयेषु लालसम् ।
त्वमप्रमत्तः सहसाभिपद्यसे
क्षुल्लेलिहानोऽहिरिवाखुमन्तकः ॥
पुरा रथैर्हेमपरिष्कृतैश्चरन्
मतङ्गजैर्वा नरदेवसंज्ञितः ।
स एव कालेन दुरत्ययेन ते
कलेवरो विट्कृमिभस्मसंज्ञितः ॥
निर्जित्य दिक्चक्रमभूतविग्रहो
वरासनस्थः समराजवन्दितः ।
गृहेषु मैथुन्यसुखेषु योषितां
क्रीडामृगः पूरुष ईदृशो नीयते ॥
करोति कर्माणि तपस्सुनिष्ठितो
निवृत्तभोगस्तदपेक्षया ददत् ।
पुनश्च भूयेयमहं स्वराडिति
प्रवृद्धतर्षो न सुखाय कल्पते ॥
भवापवर्गो भ्रमतो यदा भवे-
ज्जनस्य तर्ह्यच्युत सत्समागमः ।
सत्सङ्गमो यर्हि तदैव सद्गतौ
परावरेशे त्वयि जायते मतिः ॥
(श्रीमद्भा० १० । ५१ । ४७-५४)

इस पापरूप संसारसे सर्वथा रहित प्रभो! यह भूमि अत्यन्त पवित्र कर्मभूमि है, इसमें मनुष्यका जन्म होना अत्यन्त दुर्लभ है। मनुष्य-जीवन इतना पूर्ण है कि उसमें भजनके लिये कोई भी असुविधा नहीं है। अपने परम सौभाग्य और भगवान्‌की अहैतुकी कृपासे उसे अनायास ही प्राप्त करके भी जो अपनी मति-गति असत् संसारमें ही लगा देते हैं और तुच्छ विषय-सुखके लिये ही सारा प्रयत्न करते हुए घर-गृहस्थीके अँधेरे कुएँमें पड़े रहते हैं—भगवान्‌के चरण-कमलोंकी उपासना नहीं करते—भजन नहीं करते, वे तो ठीक उस पशुके समान हैं, जो तुच्छ तृणके लोभसे तृणाच्छन्न कुएँमें गिर जाता है।

भगवन्! मैं राजा था, राज्यलक्ष्मीके मदसे मैं मतवाला हो रहा था। इस मरनेवाले शरीरको ही तो मैं आत्मा—अपना स्वरूप समझ रहा था और राजकुमार, रानी, खजाना तथा पृथ्वीके लोभ-मोहमें ही फँसा हुआ था। उन वस्तुओंकी चिन्ता दिन-रात मेरे गले लगी रहती थी। इस प्रकार मेरे जीवनका यह अमूल्य समय बिल्कुल निष्फल—व्यर्थ चला गया।

जो शरीर प्रत्यक्ष ही घड़े और भीतके समान मिट्टीका है और दृश्य होनेके कारण उन्हींके समान अपनेसे अलग भी है, उसीको मैंने अपना स्वरूप मान लिया था और फिर अपनेको मान बैठा था 'नरदेव'! इस प्रकार मैंने मदान्ध होकर आपको तो कुछ समझा ही नहीं। रथ, हाथी, घोड़े और पैदलकी चतुरङ्गिणी सेना तथा सेनापतियोंसे घिरकर मैं पृथ्वीपर इधर-उधर घूमता रहता।

मुझे यह करना चाहिये और यह नहीं करना चाहिये, इस प्रकार विविध कर्तव्य और अकर्तव्योंकी चिन्तामें पड़कर मनुष्य अपने एकमात्र कर्तव्य भगवत्प्राप्तिसे विमुख होकर प्रमत्त हो जाता है, असावधान हो जाता है। संसारमें बाँध रखनेवाले विषयोंके लिये उसकी लालसा दिन-दूनी रात-चौगुनी बढ़ती ही जाती है। परंतु जैसे भूखके कारण जीभ लपलपाता हुआ साँप असावधान चूहेको दबोच लेता है, वैसे ही काल-रूपसे सदा-सर्वदा सावधान रहनेवाले आप एकाएक उस प्रमादग्रस्त प्राणीपर टूट पड़ते हैं और उसे ले बीतते हैं।

जो पहले सोनेके रथोंपर अथवा बड़े-बड़े गजराजोपर चढ़कर चलता था और नरदेव कहलाता था, वही शरीर आपके अबाध कालका ग्रास बनकर बाहर फेंक देनेपर पक्षियोंकी विष्ठा, धरतीमे गाड़ देनेपर सड़कर कीड़ा और आगमें जला देनेपर राखका ढेर बन जाता है।

प्रभो! जिसने सारी दिशाओपर विजय प्राप्त कर ली है और जिससे लड़नेवाला संसारमें कोई रह नहीं गया है, जो श्रेष्ठ सिंहासनपर बैठता है और बड़े-बड़े नरपति, जो पहले उसके समान थे, अब जिसके चरणोंमे सिर झुकाते हैं, वही पुरुष जब विषय-सुख भोगनेके लिये, जो घर-गृहस्थीकी एक विशेष वस्तु है, स्त्रियोके पास जाता है, तब उनके हाथका खिलौना, उनका पालतू पशु बन जाता है।

बहुत-से लोग विषय-भोग छोड़कर पुनः राज्यादि भोग मिलनेकी इच्छासे ही दान-पुण्य करते हैं और 'मैं फिर जन्म लेकर सबसे बड़ा परम स्वतन्त्र सम्राट् होऊँ' ऐसी कामना रखकर तपस्यामे भलीभाँति स्थित हो शुभ कर्म करते हैं। इस प्रकार जिसकी तृष्णा बढ़ी हुई है, वह कदापि सुखी नही हो सकता।

अपने स्वरूपमे एकरस स्थित रहनेवाले भगवन्! जीव अनादिकालसे जन्म-मृत्युरूप संसारके चक्करमे भटक रहा है। जब उस चक्करसे छूटनेका समय आता है, तब उसे सत्सङ्ग प्राप्त होता है। यह निश्चय है कि जिस क्षण सत्सङ्ग प्राप्त होता है, उसी क्षण संतोंके आश्रय, कार्य-कारणरूप जगत्के एकमात्र स्वामी आपमें जीवकी बुद्धि अत्यन्त दृढ़तासे लग जाती है।

न कामयेऽन्यं तव पादसेवना-
दकिंचनप्रार्थ्यतमाद् वरं विभो।
आराध्य कस्त्वां ह्यपवर्गदं हरे
वृणीत आर्यो वरमात्मबन्धनम्॥

(श्रीमद्भा० १०। ५१। ५६)

मैं आपके चरणोंकी सेवाके अतिरिक्त और कोई भी वर नहीं चाहता; क्योंकि जिनके पास किसी प्रकारका संग्रह-परिग्रह नही है, वे लोग केवल आपके चरण-कमलोंकी सेवाके लिये ही प्रार्थना करते हैं। भगवन्! भला, बतलाइये तो सही—मोक्ष देनेवाले आपकी आराधना करके ऐसा कौन श्रेष्ठ पुरुष होगा, जो अपनेको बाँधनेवाले सांसारिक विषयोंका वर माँगे।

पितामह भीष्म

अन्तकालकी अभिलाषा



विजयरथकुटुम्ब आत्ततोत्रे
धृतहयरश्मिनि तच्छ्रियेक्षणीये।
भगवति रतिरस्तु मे मुमूर्षो-
र्यमिह निरीक्ष्य हता गताः सरूपम्॥

(श्रीमद्भा० १। ९। ३९)

अर्जुनके रथकी रक्षामें सावधान जिन श्रीकृष्णके बायें हाथमें घोड़ोकी रास थी और दाहिने हाथमे चाबुक, इन दोनोंकी शोभासे उस समय जिनकी अपूर्व छवि बन गयी थी, तथा महाभारत-युद्धमें मरनेवाले वीर जिनकी इस छविका दर्शन करते रहनेके कारण सारूप्य मोक्षको प्राप्त हो गये, उन्ही पार्थसारथि भगवान् श्रीकृष्णमें मुझ मरणासन्नकी परम प्रीति हो।

विजय किसकी होती है

येनोपायेन राजेन्द्र विष्णुर्भक्तसमर्चितः।
प्रीतो भवति विश्वात्मा तत्कुरुष्व सुविस्तरम्॥
अश्वमेधशतैरिष्ट्वा वाजपेयशतैरपि।
प्राप्नुवन्ति नरा नैव नारायणपराङ्मुखाः॥
सकृदुच्चरितं येन हरिरित्यक्षरद्वयम्।
बद्धः परिकरस्तेन मोक्षाय गमनं प्रति॥
लाभस्तेषां जयस्तेषां कुतस्तेषां पराजयः।
येषामिन्दीवरश्यामो हृदयस्थो जनार्दनः॥

(पद्म० उत्तर० ८१। १६२–१६५)

राजन्! जिस उपायसे भी भक्तपूजित विश्वात्मा भगवान् विष्णु प्रसन्न हों, वह विस्तारके साथ करो। जो मनुष्य भगवान् नारायणसे विमुख होते हैं, वे सौ अश्वमेध और सौ वाजपेय यज्ञोंका अनुष्ठान करके भी उन्हे नहीं पा सकते। जिसने एक बार भी 'हरि' इन दो अक्षरोंका उच्चारण कर लिया, उसने मोक्षतक पहुँचनेके लिये मानो कमर कस ली। जिनके हृदयमें नील कमलके समान श्यामसुन्दर भगवान् जनार्दन विराजमान हैं, उन्हींका लाभ है, उन्हींकी विजय है, उनकी पराजय कैसे हो सकती है।

श्रीकृष्ण-महिमा

वासुदेवो महद्भूतं सर्वदैवतदैवतम्।
न परं पुण्डरीकाक्षाद् दृश्यते भरतर्षभ॥
मार्कण्डेयश्च गोविन्दे कथयत्यद्भुतं महत्।
सर्वभूतानि भूतात्मा महात्मा पुरुषोत्तमः॥
आपो वायुश्च तेजश्च त्रयमेतदकल्पयत्।
स सृष्ट्वा पृथिवीं देवीं सर्वलोकेश्वरः प्रभुः॥
अप्सु वै शयनं चक्रे महात्मा पुरुषोत्तमः।
सर्वतेजोमयो देवो योगात् सुष्वाप तत्र ह॥
मुखतः सोऽग्निमसृजत् प्राणाद् वायुमथापि च।
सरस्वतीं च वेदांश्च मनसः ससृजेऽच्युतः॥
एष लोकान् ससर्जादौ देवांश्च ऋषिभिः सह।
निधनं चैव मृत्युं च प्रजानां प्रभवाप्ययौ॥
एष धर्मश्च धर्मज्ञो वरदः सर्वकामदः।
एष कर्ता च कार्यं च पूर्वदेवः स्वयं प्रभुः॥

× × × ×

एष माता पिता चैव सर्वेषां प्राणिनां हरिः॥
परं हि पुण्डरीकाक्षान्न भूतं न भविष्यति।

(महा० भीष्म० ६७। २–८, १७-१८)

भीष्मजीने कहा—भगवान् वासुदेव परम महान् हैं, ये सब देवताओंके भी देवता हैं। कमलनयन भगवान् श्रीकृष्णसे बढ़कर कुछ भी नहीं दिखायी देता। महर्षि मार्कण्डेयने इनके विषयमें बड़ी अद्भुत बातें कही हैं। ये सर्वभूतस्वरूप हैं, सम्पूर्ण भूतोंके आत्मा हैं, परमात्मा हैं और पुरुषोत्तम हैं। जल, वायु और तेज—इन तीनकी भी इन्होंने ही रचना की है। इन सर्वलोकेश्वर देवदेव भगवान् पुरुषोत्तमने पृथ्वीकी रचना करके जलमें शयन किया। वहाँ ये विशुद्ध तेजोमय प्रभु अपनी योगमायासे निद्राके वशीभूत हो गये। उस समय इन अविनाशी परमात्माने अपने मुखसे अग्नि, प्राणोंसे वायु और मनसे सरस्वती और वेदोंको प्रकट किया। सर्गके आरम्भमें इन्होंने देवता और ऋषियोंके सहित सम्पूर्ण लोकोंकी रचना की, तथा मृत्युका कारण और प्रजाओंके उत्पत्ति और प्रलयके स्थानोंको बनाया। ये धर्म हैं, धर्मके ज्ञाता हैं, वरदायक हैं और समस्त कामनाओंको पूर्ण करनेवाले हैं। ये ही कर्ता, कार्य, आदिदेव और स्वयं भगवान् हैं तथा ये श्रीहरि ही समस्त प्राणियोंके माता-पिता हैं। इन कमलनयन श्रीकृष्णसे बढ़कर न तो कभी कोई हुआ है और न होगा ही।

ब्रह्म-प्राप्तिके उपाय

संतोषो वै स्वर्गतमः संतोषः परमं सुखम्।
तुष्टेर्न किंचित् परतः सा सम्यक् प्रतितिष्ठति॥
यदा संहरते कामान् कूर्मोऽङ्गानीव सर्वशः।
तदाऽऽत्मज्योतिरचिरात् स्वात्मन्येव प्रसीदति॥
न बिभेति यदा चायं यदा चास्मान्न बिभ्यति।
कामद्वेषौ च जयति तदाऽऽत्मानं च पश्यति॥
यदासौ सर्वभूतानां न द्रुह्यति न काङ्क्षति।
कर्मणा मनसा वाचा ब्रह्म सम्पद्यते तदा॥

(महा० शान्ति० २१। २–५)

संतोष ही सबसे बड़ा स्वर्ग है। संतोष ही सबसे बड़ा सुख है। संतोषसे बढ़कर और कुछ भी नहीं है। इस संतोषकी प्रतिष्ठा—स्थिरता—निम्नलिखित उपायोंसे होती है। कछुएकी भाँति जब सब ओरसे अपने अङ्गोंको समेट लेता है, तब यह स्वयंप्रकाश आत्मा शीघ्र ही भेद-दृष्टिरूप मलको त्यागकर अपने ही स्वरूपमें स्थित हो जाता है। जब न तो इसे दूसरेका भय रहता है और न इससे दूसरे भय खाते हैं और जब यह इच्छा और द्वेषको जीत लेता है, तब इसे आत्माका साक्षात्कार होता है। जब यह मनसा-वाचा-कर्मणा किसी भी जीवके साथ न तो द्रोह करता है और न किसीसे राग ही करता है, तब इसे ब्रह्मकी प्राप्ति हो जाती है।

विविध उपदेश

लोभात् क्रोधः प्रभवति लोभात् कामः प्रवर्तते।
लोभान्मोहश्च माया च मानः स्तम्भः परासुता॥

(महा० शान्ति० १५८। ४)

लोभसे क्रोध होता है, लोभसे कामकी प्रवृत्ति होती है तथा लोभसे ही मोह, माया, अभिमान, उद्दण्डता और पराश्रित जीवनमें रुचि आदि दोष प्रकट होते हैं।

सत्यं धर्मस्तपो योगः सत्यं ब्रह्म सनातनम्।
सत्यं यज्ञः परः प्रोक्तः सर्वं सत्ये प्रतिष्ठितम्॥

(महा० शान्ति० १६२। ५)

सत्य ही धर्म, तपस्या और योग है, सत्य ही सनातन ब्रह्म है और सत्य ही सबसे श्रेष्ठ यज्ञ है; सत्यमें ही सब कुछ प्रतिष्ठित है।

नास्ति सत्यात् परो धर्मो नानृतात् पातकं परम्।
स्थितिर्हि सत्यं धर्मस्य तस्मात् सत्यं न लोपयेत्॥

(महा० शान्ति० १६२। २४)

सत्यसे बढ़कर दूसरा कोई धर्म नहीं है, झूठसे बढ़कर और कोई पातक नहीं है। सत्य ही धर्मका आधार है, अतः सत्यका कभी लोप नहीं करे।

ब्रह्मघ्ने च सुरापे च चौरे भग्नव्रते तथा।
निष्कृतिर्विहिता राजन् कृतघ्ने नास्ति निष्कृतिः॥
मित्रद्रोही कृतघ्नश्च नृशंसश्च नराधमः।
क्रव्यादैः कृमिभिश्चैव न भुज्यन्ते हि तादृशाः॥

(महा० शान्ति० १७२। २५-२६)

हे राजन्! ब्रह्महत्या करनेवाला, मदिरा पीनेवाला, चोर और व्रतका भङ्ग करनेवाला, इनका प्रायश्चित्त शास्त्रमें कहा है, परंतु कृतघ्नका प्रायश्चित्त शास्त्रमें नहीं कहा है। जो मित्रोंके साथ द्रोह करनेवाले कृतघ्नी और मनुष्योंमें अधम तथा क्रूर हैं, ऐसे लोगोंको नरमांसभक्षी पशु तथा कीड़े भी नहीं खाते।

एक एव चरेद्धर्मं नास्ति धर्मे सहायता।
केवलं विधिमासाद्य सहायः किं करिष्यति॥

(महा० शान्ति० १९३। ३२)

धर्माचरण करनेमें दूसरेकी सहायताकी आवश्यकता नहीं है, मनुष्य अकेला ही केवल वैदिक विधिका आश्रय लेकर धर्माचरण करे। उसमें सहायक क्या करेगा।

धर्मो योनिर्मनुष्याणां देवानाममृतं दिवि।
प्रेत्यभावे सुखं धर्माच्छश्वत्तैरुपभुज्यते॥

(महा० शान्ति० १९३। ३३)

धर्म मनुष्योंका मूल है, धर्म ही स्वर्गमें देवताओंको अमर बनानेवाला अमृत है, धर्मका अनुष्ठान करनेसे मनुष्य मरनेके अनन्तर नित्य सुख भोगते हैं।

सदाचारः स्मृतिर्वेदास्त्रिविधं धर्मलक्षणम्।
चतुर्थमर्थमित्याहुः कवयो धर्मलक्षणम्॥

(महा० शान्ति० २५९। ३)

परम्परागत सदाचार, स्मृति और वेद—ये तीनों धर्मके स्वरूपका बोध करानेवाले हैं। विद्वान् पुरुषोंने प्रयोजन अथवा फलको भी धर्मका चौथा लक्षण माना है (अर्थात् जिसका उद्देश्य एवं परिणाम शुभ है, वह धर्म है)।

असाधुभ्योऽस्य न भयं न चोरेभ्यो न राजतः।
अकिंचित्कस्यचित् कुर्वन्निर्भयः शुचिरावसेत्॥

(महा० शान्ति० २५९। १५)

जो किसीका कुछ भी अनिष्ट नहीं करता, उसे न दुष्टोंसे भय है, न चोरोंसे और न राजासे ही। वह परम पवित्र एवं निर्भय होकर रहता है।

जीवितुं यः स्वयं चेच्छेत्कथं सोऽन्यं प्रघातयेत्।
यद्यदात्मनि चेच्छेत तत्परस्यापि चिन्तयेत्॥

(महा० शान्ति० २५९। २२)

जो स्वयं जीवित रहना चाहता है, वह दूसरोंकी हिंसा क्यों करावे। मनुष्य अपने लिये जिस-जिस बातकी इच्छा करे, वही दूसरेको भी प्राप्त हो—यों सोचता रहे।

सर्वं प्रियाभ्युपगतं धर्ममाहुर्मनीषिणः।
पश्यैतं लक्षणोद्देशं धर्माधर्मे युधिष्ठिर॥

(महा० शान्ति० २५९। २५)

युधिष्ठिर! जो बर्ताव अपनेको प्रिय जान पड़ता है, वही सब यदि दूसरोंके प्रति किया जाय तो उसे मनीषी पुरुष धर्म मानते हैं। संक्षेपसे धर्म-अधर्मको पहचाननेका यही लक्षण समझो।

लोके यः सर्वभूतेभ्यो ददात्यभयदक्षिणाम्।
स सर्वयज्ञैरीजानः प्राप्नोत्यभयदक्षिणाम्॥

(महा० शान्ति० २६२। २९)

जो मनुष्य जगत्में सम्पूर्ण जीवोंको अभय-दान देता है, वह समस्त यज्ञोंका अनुष्ठान कर लेता है और उसे भी सब ओरसे अभयदान प्राप्त हो जाता है।

यस्मादुद्विजते लोकः सर्पाद्वेश्मगतादिव।
न स धर्ममवाप्नोति इह लोके परत्र च॥

(महा० शान्ति० २६२। ३१)

जैसे घरमें रहनेवाले साँपसे सब लोग डरते हैं, उसी प्रकार जिस मनुष्यसे सब लोग उद्विग्न रहते हों, वह इस लोक और परलोकमें भी किसी धर्मका फल नहीं पाता।

महाराज वसुदेव

तस्मान्न कस्यचिद् द्रोहमाचरेत् स तथाविधः।
आत्मनः क्षेममन्विच्छन् द्रोग्धुर्वै परतो भयम्॥

(श्रीमद्भा० १०। १। ४४)

जो अपना कल्याण चाहता है, उसे किसीसे द्रोह नहीं करना चाहिये; क्योंकि जीव कर्मके अधीन हो गया है और जो किसीसे भी द्रोह करेगा, उसको इस जीवनमें शत्रुसे और जीवनके बाद परलोकसे भयभीत होना ही पड़ेगा।

भक्त अक्रूर



शुभ मनोरथ

ममाद्यामङ्गलं नष्टं
फलवांश्चैव मे भवः ।
यन्नमस्ये भगवतो
योगिध्येयाङ्घ्रिपङ्कजम् ॥
(श्रीमद्भा० १० । ३८ । ६)

अवश्य ही आज मेरे सारे अशुभ नष्ट हो गये । आज मेरा जन्म सफल हो गया; क्योंकि आज मैं भगवान्‌के उन चरणकमलोंमें साक्षात् नमस्कार करूँगा, जो बड़े-बड़े योगी-यतियोंके भी केवल ध्यानके ही विषय हैं ।

यस्याखिलामीवहभिः सुमङ्गलै-
र्वाचो विमिश्रा गुणकर्मजन्मभिः ।
प्राणन्ति शुम्भन्ति पुनन्ति वै जगद्
यास्तद्विरक्ताः शवशोभना मताः ॥
(श्रीमद्भा० १० । ३८ । १२)

जब समस्त पापोंके नाशक उनके परम मङ्गलमय गुण, कर्म और जन्मकी लीलाओंसे युक्त होकर वाणी उनका गान करती है, तब उस गानसे संसारमें जीवनकी स्फूर्ति होने लगती है, शोभाका संचार हो जाता है, सारी अपवित्रताएँ धुलकर पवित्रताका साम्राज्य छा जाता है; परंतु जिस वाणी-से उनके गुण, लीला और जन्मकी कथाएँ नहीं गायी जातीं, वह तो मुर्दोंको ही शोभित करनेवाली है, होनेपर भी नहीके समान—व्यर्थ है ।

तं त्वद्य नूनं महतां गतिं गुरुं
त्रैलोक्यकान्तं दृशिमन्महोत्सवम् ।
रूपं दधानं श्रिय ईप्सितास्पदं
द्रक्ष्ये ममासन्नुषसः सुदर्शनाः ॥
(श्रीमद्भा० १० । ३८ । १४)

इसमें सन्देह नहीं कि आज मैं अवश्य ही उन्हें देखूँगा । वे बड़े-बड़े संतों और लोकपालोंके भी एकमात्र आश्रय हैं । सबके परम गुरु हैं और उनका रूप-सौन्दर्य तीनों लोकोंके मनको मोह लेनेवाला है । जो नेत्रवाले हैं, उनके लिये वह आनन्द और रसकी चरम सीमा है । इसीसे स्वयं लक्ष्मीजी भी, जो सौन्दर्यकी अधीश्वरी हैं, उन्हें पानेके लिये ललकती रहती हैं । हाँ, तो मैं उन्हें अवश्य देखूँगा; क्योंकि आज मेरा मङ्गल-प्रभात है, आज मुझे प्रातःकालसे ही अच्छे-अच्छे शकुन दीख रहे हैं ।

न तस्य कश्चिद् दयितः सुहृत्तमो
न चाप्रियो द्वेष्य उपेक्ष्य एव वा ।
तथापि भक्तान् भजते यथा तथा
सुरद्रुमो यद्वदुपाश्रितोऽर्थदः ॥
(श्रीमद्भा० १० । ३८ । २२)

न तो भगवान्‌के कोई प्रिय हैं एवं न अप्रिय । न तो उनका कोई आत्मीय सुहृद् है एवं न कोई शत्रु । उनकी उपेक्षाका पात्र भी कोई नहीं है । फिर भी कल्पवृक्ष जैसे अपने निकट आकर याचना करनेवालोंको उनकी मुँहमाँगी वस्तु देता है, वैसे ही भगवान् श्रीकृष्ण भी जो उन्हें जिस प्रकार भजता है, उसे उसी रूपमें भजते हैं ।

धर्मराज युधिष्ठिर

गृहस्थका धर्म



संविभागो हि भूतानां सर्वेषामेव दृश्यते ।
तथैवापचमानेभ्यः प्रदेयं गृहमेधिना ॥
तृणानि भूमिरुदकं वाक्चतुर्थी च सूनृता ।
सतामेतानि गेहेषु नोच्छिद्यन्ते कदाचन ॥
देयमार्त्तस्य शयनं स्थितश्रान्तस्य चासनम् ।
तृषितस्य च पानीयं क्षुधितस्य च भोजनम् ॥
(महा० वन० २ । ५२—५४)

गृहस्थके अन्नमें सभी प्राणियोंका भाग देखनेमें आता है । अतः बलिवैश्वदेव एवं पञ्च-महायज्ञके द्वारा सबको भोजन देना चाहिये । इसी प्रकार जो भोजन नहीं बनाते, ऐसे संन्यासी आदिको भी अन्न देना गृहस्थका कर्तव्य है । आसनके लिये तृण, ठहरनेके लिये भूमि, पीनेके लिये जल और चौथी स्वागतके लिये मीठी वाणी—ये चार वस्तुएँ सत्पुरुषोंके घरमें कभी कम नहीं होतीं—सदा रहती हैं । गृहस्थ पुरुष रोग आदिसे पीड़ित मनुष्यको सोनेके लिये शय्या, जो थका-माँदा द्वारपर खड़ा

हो उसे बैठनेके लिये आसन दे; तथा प्यासेको पानी और भूखेको भोजन दे।

पुत्रा दाराश्च भृत्याश्च निर्दहेयुरपूजिताः।
आत्मार्थं पाचयेन्नान्नं न वृथा घातयेत्पशून्।
न च तत्स्वयमश्नीयाद् विधिवद्यन्न निर्वपेत्॥
(महा० वन० २। ५७)

पुत्र, स्त्री और भृत्य—इनका भी यदि सत्कार न किया जाय तो ये अपने स्वामीको जला डालें। केवल अपने भोजनके लिये कभी रसोई न बनावे। व्यर्थ पशुओंकी हिंसा न करे तथा जिस अन्नको विधिपूर्वक देवता, पितर आदिके लिये अर्पण न कर सका हो, उसे गृहस्थ पुरुष स्वयं भी भोजन न करे।

अक्रोध और क्षमा

आत्मानं च परांश्चैव त्रायते महतो भयात्।
क्रुध्यन्तमप्रतिक्रुध्यन् द्वयोरेष चिकित्सकः॥
(महा० वन० २९। ९)

जो क्रोध करनेवालेपर स्वयं क्रोध नहीं करता, वह अपनेको और दूसरेको भी महान् भयसे बचा लेता है। ऐसा पुरुष दोनोंके रोगका चिकित्सक है।

मन्योर्हि विजयं कृष्णे प्रशंसन्तीह साधवः।
क्षमावतो जयो नित्यं साधोरिह सतां मतम्॥
(महा० वन० २९। १४)

द्रौपदी! साधुपुरुष इस संसारमें क्रोधको जीतनेकी ही प्रशंसा करते हैं। क्षमावान् साधुके लिये यहाँ नित्य विजय है—यह संतोंका मत है।

दाक्ष्यं ह्यमर्षः शौर्यञ्च शीघ्रत्वमिति तेजसः।
गुणाः क्रोधाभिमत्तेन न शक्याः प्राप्तुमञ्जसा॥
(महा० वन० २९। २०)

कार्यदक्षता, अमर्ष (शत्रुद्वारा किये हुए तिरस्कारको सहन न कर सकनेका भाव), शूरता और शीघ्रता—ये सब तेजके गुण हैं। क्रोधके वशमें रहनेवाले मनुष्यको ये गुण सुगमतासे नहीं प्राप्त होते।

क्षमा धर्मः क्षमा यज्ञः क्षमा वेदाः क्षमा श्रुतम्।
य एतदेवं जानाति स सर्वं क्षन्तुमर्हति॥
क्षमा ब्रह्म क्षमा सत्यं क्षमा भूतञ्च भावि च।
क्षमा तपः क्षमा शौचं क्षमयेदं धृतं जगत्॥
अति यज्ञविदां लोकान् क्षमिणः प्राप्नुवन्ति च।
अति ब्रह्मविदां लोकानति चापि तपस्विनाम्॥
अन्ये यै यजुषां लोकाः कर्मिणामपरे तथा।
क्षमावतां ब्रह्मलोके लोकाः परमपूजिताः॥
क्षमा तेजस्विनां तेजः क्षमा ब्रह्म तपस्विनाम्।
क्षमा सत्यं सत्यवतां क्षमा यज्ञः क्षमा शमः॥
तां क्षमां तादृशीं कृष्णे कथमस्मद्विधस्त्यजेत्।
यस्यां ब्रह्म च सत्यं च यज्ञा लोकाश्च धिष्ठिताः॥
(महा० वन० २९। ३६-४१)

क्षमा धर्म है, क्षमा यज्ञ है, क्षमा वेद है, क्षमा स्वाध्याय है। जो मनुष्य क्षमाके इस सर्वोत्कृष्ट स्वरूपको जानता है, वह सब कुछ क्षमा कर सकता है। क्षमा ब्रह्म है, क्षमा सत्य है, क्षमा ही भूत-भविष्यत् है। क्षमा तप है, क्षमा पवित्रता है, क्षमाने ही इस जगत्को धारण कर रक्खा है। याज्ञिकोंको, वेदज्ञोंको और तपस्वियोंको जो लोक मिलते हैं, उनसे भी ऊपरके लोक क्षमावानोंको मिलते हैं। यज्ञ करनेवाले एवं कुँआ आदि बनवानेवालोंको दूसरे-दूसरे लोक मिलते हैं, परंतु क्षमावानोंको ब्रह्मलोकके परम पूजित (श्रेष्ठ) लोक मिलते हैं। क्षमा तेजस्वियोंका तेज है, तपस्वियोंका ब्रह्म है और सत्यवानोंका सत्य है। क्षमा ही लोकोपकार, क्षमा ही शान्ति है। क्षमामें ही सारे लोक, लोकोपकार—यज्ञ, सत्य और ब्रह्म प्रतिष्ठित हैं। द्रौपदी! ऐसी क्षमाका हम-जैसे लोग कैसे त्याग करें?

क्षमावतामयं लोकः परश्चैव क्षमावताम्।
इह सम्मानमर्च्छन्ति परत्र च शुभां गतिम्॥
येषां मन्युर्मनुष्याणां क्षमयाभिहतः सदा।
तेषां परतरे लोकास्तस्मात्क्षान्तिः परा मता॥
(महा० वन० २९। ४३-४४)

क्षमावान् पुरुषोंका ही यह लोक और परलोक है। क्षमावान् मनुष्य इस लोकमें सम्मान और परलोकमें शुभ गति पाते हैं। जिन मानवोंका क्रोध सदा क्षमासे दबा रहता है, उन्हें श्रेष्ठतर लोक प्राप्त होते हैं; इसलिये क्षमाको सबसे श्रेष्ठ गुण माना गया है।

सदुपदेश

स्वधर्मे स्थिरता स्थैर्यं धैर्यमिन्द्रियनिग्रहः।
स्नानं मनोमलत्यागो दानं यै भूतरक्षणम्॥
(महा० वन० ३१३। ९६)

अपने धर्ममें स्थिर रहना ही स्थिरता है। इन्द्रियोंका

संयम ही धैर्य है, मानसिक मलका त्याग ही वास्तवमें स्नान है तथा समस्त प्राणियोंकी रक्षा ही दान है।

धर्मज्ञः पण्डितो ज्ञेयो नास्तिको मूर्ख उच्यते।
कामः संसारहेतुश्च हृत्तापो मत्सरः स्मृतः॥
(महा० वन० ३१३। ९८)

जो धर्मका ज्ञाता है, उसे ही पण्डित जानना चाहिये। जो नास्तिक है—ईश्वर और परलोककी सत्तापर विश्वास नहीं करता, वही मूर्ख कहलाता है। जो संसार-बन्धनका कारण है, उसीका नाम काम है और मानसिक संताप ही मत्सर माना गया है।

पठकाः पाठकाश्चैव ये नान्ये शास्त्रचिन्तकाः।
सर्वे व्यसनिनो मूर्खा यः क्रियावान् स पण्डितः॥
(महा० वन० ३१३। ११०)

पढ़नेवाले, पढ़ानेवाले तथा दूसरे-दूसरे जो शास्त्रविचारक लोग हैं, वे सभी यदि व्यसनी हैं (किसी व्यसनमें आसक्त हैं) तो मूर्ख हैं; जो कर्मठ है (शास्त्राज्ञाके अनुसार कार्य करनेवाला है), वही पण्डित है।

अहन्यहनि भूतानि गच्छन्तीह यमालयम्।
शेषाः स्थिरत्वमिच्छन्ति किमाश्चर्यमतः परम्॥
(महा० वन० ३१३। ११६)

जीव प्रतिदिन यहाँसे यमराजके घर जा रहे हैं; फिर भी जो लोग अभी शेष हैं, वे यहीं स्थिर रहना चाहते है। इससे बढ़कर आश्चर्य और क्या हो सकता है।

तर्कोऽप्रतिष्ठः श्रुतयो विभिन्ना
नैको मुनिर्यस्य मतं प्रमाणम्।
धर्मस्य तत्त्वं निहितं गुहायां
महाजनो येन गतः स पन्थाः॥
(महा० वन० ३१३। ११७)

तर्कका कोई स्थिर आधार नहीं है (अतः वह किसी निश्चयपर नहीं पहुँचाता), श्रुतियाँ भिन्न-भिन्न हैं; कोई भी एक मुनि ऐसा नहीं, जिसका मत सबके लिये प्रमाणभूत हो; धर्मका वास्तविक रहस्य तो हृदयरूपी गुहामें छिपा है; अतः महापुरुष जिस मार्गसे गये है, वही उत्तम पथ है।

अस्मिन् महामोहमये कटाहे
सूर्याग्निना रात्रिदिवेन्धनेन।
मासर्तुदर्वीपरिघट्टनेन
भूतानि कालः पचतीति वार्ता॥
(महा० वन० ३१३। ११८)

काल इस महामोहमय कड़ाहमें सब प्राणियोंको डालकर सूर्यरूपी आग और रात्रि-दिवसरूपी ईंधनकी आँचद्वारा तथा मास-ऋतुरूपी करछुलसे चला-चलाकर पका रहा है—यही यहाँकी प्रसिद्ध वार्ता है।

देवतातिथिभृत्यानां पितॄणामात्मनश्च यः।
न निर्वपति पञ्चानामुच्छ्वसन्न स जीवति॥
(महा० वन० ३१३। ५८)

देवता, अतिथि, भृत्यवर्ग, पितर और आत्मा—इन पाँचोंका जो पोषण नहीं करता, वह साँस लेता हुआ भी जीवित नहीं है।

माता गुरुतरा भूमेः खात् पितोच्चतरस्तथा।
मनः शीघ्रतरं वाताच्चिन्ता बहुतरा तृणात्॥
(महा० वन० ३१३। ६०)

माता भूमिसे अधिक भारी (गौरवमयी) है, पिता आकाशसे भी अधिक ऊँचा है। मन वायुसे भी तेज चलनेवाला है और चिन्ता तृणसे भी अधिक (जलनेवाली) है।

धन्यानामुत्तमं दाक्ष्यं धनानामुत्तमं श्रुतम्।
लाभानां श्रेष्ठमारोग्यं सुखानां तुष्टिरुत्तमा॥
(महा० वन० ३१३। ७४)

धन-प्राप्तिके साधनोंमें दक्षता (चतुरता) ही सबसे उत्तम है, धनोंमें उत्तम है विद्या, लाभोंमें सबसे श्रेष्ठ लाभ है आरोग्य तथा सुखोंमें सबसे उत्तम है संतोष।

आनृशंस्यं परो धर्मस्त्रयीधर्मः सदाफलः।
मनो यस्य न शोचन्ति सन्धिः सद्भिर्न जीर्यते॥
(महा० वन० ३१३। ७६)

क्रूरताका त्याग एवं दया ही सबसे उत्तम धर्म है। तीनों वेदोंमें बताया हुआ धर्म ही सदा फल देनेवाला है। मनका संयम करके मनुष्य शोकमें नहीं पड़ते और साधुपुरुषोंके साथ की हुई सन्धि (मैत्री) कभी नष्ट नहीं होती।

मानं हित्वा प्रियो भवति क्रोधं हित्वा न शोचति।
कामं हित्वार्थवान् भवति लोभं हित्वा सुखी भवेत्॥
(महा० वन० ३१३। ७८)

मान त्याग देनेपर मनुष्य सबका प्रिय होता है, क्रोध छोड़ देनेपर वह शोक नहीं करता, कामका त्याग कर देनेपर धनवान् होता है और लोभ छोड़ देनेपर सुखी हो जाता है।

क्रोधः सुदुर्जयः शत्रुर्लोभो व्याधिरनन्तकः।
सर्वभूतहितः साधुरसाधुर्निर्दयः स्मृतः॥

(३१३। ९२)

क्रोध अत्यन्त दुर्जय शत्रु है, लोभ असाध्य रोग है, सब प्राणियोंका हित चाहनेवाला पुरुष साधु है और दयाहीन मानव असाधु माना गया है।

धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः।
तस्माद् धर्मं न त्यजामि मा नो धर्मो हतोऽवधीत्॥

(३१३। १२८)

धर्म ही हत (परित्यक्त) होनेपर मनुष्यको मारता है और वही रक्षित (पालित) होनेपर रक्षा करता है; अतः मैं धर्मका त्याग नहीं करता—इस भयसे कि कहीं मारा (त्यागा) हुआ धर्म हमारा ही वध न कर डाले।

भक्त अर्जुन

धर्मपालनका महत्त्व



यज्जीवितं चाचिरांशु-
समानं क्षणभङ्गुरम्।
तच्चेद्धर्मकृते याति
यातु दोषोऽस्ति को ननु॥
जीवितं च धनं दारा
पुत्राः क्षेत्रं गृहाणि च।
यान्ति येषां धर्मकृते त एव भुवि मानवाः॥

(स्कन्द० मा० कुमा० १। २१-२२)

जीवन बिजलीकी चमकके समान क्षणभङ्गुर है। वह यदि धर्म-पालनके लिये चला जाता—नष्ट हो जाता है, तो जाय; इसमें क्या दोष है। जिनके जीवन, धन, स्त्री, पुत्र, खेत और घर धर्मके काममें चले जाते हैं, वे ही इस पृथ्वीपर मनुष्य कहलानेके अधिकारी हैं।

प्रार्थना

कस्माच्च ते न नमेरन्महात्मन् गरीयसे ब्रह्मणोऽप्यादिकर्त्रे।
अनन्त देवेश जगन्निवास त्वमक्षरं सदसत्तत्परं यत्॥

महात्मन्! ब्रह्माजीके भी आदिकारणभूत कर्त्ता और सबसे महान् आप परमेश्वरको वे (सभी) क्यों न नमस्कार करें। अनन्त, देवेश, जगन्निवास! आप अक्षर, सत्, असत् और इनसे जो परे हैं, वे हैं।

त्वमादिदेवः पुरुषः पुराणस्त्वमस्य विश्वस्य परं निधानम्।
वेत्तासि वेद्यं च परं च धाम त्वया ततं विश्वमनन्तरूप॥

आप आदिदेव, पुरातन पुरुष, इस विश्वके परम निधान, (सबके)जाननेवाले और जाननेयोग्य तथा परम धाम भी आप ही हैं। अनन्तरूप! आपसे यह सम्पूर्ण विश्व व्याप्त है।

वायुर्यमोऽग्निर्वरुणः शशाङ्कः प्रजापतिस्त्वं प्रपितामहश्च।
नमो नमस्तेऽस्तु सहस्रकृत्वः पुनश्च भूयोऽपि नमो नमस्ते॥

आप वायु, यम, अग्नि, चन्द्रमा, प्रजापति और पितामह हैं। आपको सहस्र-सहस्र नमस्कार है और फिर बार-बार आपको नमस्कार है।

नमः पुरस्तादथ पृष्ठतस्ते नमोऽस्तु ते सर्वत एव सर्व।
अनन्तवीर्यामितविक्रमस्त्वं सर्वं समाप्नोषि ततोऽसि सर्वः॥

हे सर्वरूप! आपको आगेसे, पीछेसे तथा सभी ओरसे बार-बार नमस्कार है। आप अनन्त शक्ति और अपरिमेय पराक्रमवाले हैं। आप सबको व्याप्त कर रहे हैं, अतएव आप सर्वरूप हैं।

पितासि लोकस्य चराचरस्य त्वमस्य पूज्यश्च गुरुर्गरीयान्।
न त्वत्समोऽस्त्यभ्यधिकः कुतोऽन्यो लोकत्रयेऽप्यप्रतिमप्रभाव॥

आप इस चराचर लोकके पिता और शिक्षक हैं। अतः श्रेष्ठतम, परम पूज्य हैं। अप्रतिम प्रभावशाली! तीनों लोकोंमें आपके समान भी दूसरा नहीं, फिर आपसे बढ़कर तो है ही कहाँ।

तस्मात्प्रणम्य प्रणिधाय कायं प्रसादये त्वामहमीशमीड्यम्।
पितेव पुत्रस्य सखेव सख्युः प्रियः प्रियायार्हसि देव सोढुम्॥

अतएव मैं दण्डवत् प्रणाम करके आप स्तुति करने योग्य ईश्वरको प्रसन्न करता हूँ। जैसे पिता पुत्रकी, मित्र मित्रकी सब कुछ सहता है, वैसे ही हे देव! आप प्रियतम मुझ प्रेमीकी सब कुछ सहन कीजिये।

(गीता ११। ३७-४०, ४३-४४)

भक्त उद्धव

भगवान् श्रीकृष्ण और गोपीजनोंकी महिमा



यस्मिन्नहनः प्राणवियोगकाले
क्षणं समावेश्य मनो विशुद्धम् ।
निर्हृत्य कर्माशयमाशु याति
परां गतिं ब्रह्ममयोऽर्कवर्णः ॥
(श्रीमद्भा० १० । ४६ । ३२)

जो जीव मृत्युके समय अपने शुद्ध मनको एक क्षणके लिये भी उनमें लगा देता है, वह समस्त कर्म-वासनाओंको धो बहाता है और शीघ्र ही सूर्यके समान तेजस्वी तथा ब्रह्ममय होकर परम गतिको प्राप्त होता है ।

तस्मिन् भवन्तावखिलात्महेतौ
नारायणे कारणमर्त्यमूर्तौ ।
भावं विधत्तां नितरां महात्मन्
किं वावशिष्टं युवयोः सुकृत्यम् ॥
(श्रीमद्भा० १० । ४६ । ३३)

वे भगवान् ही, जो सबके आत्मा और परम कारण हैं, भक्तोंकी अभिलाषा पूर्ण करने और पृथ्वीका भार उतारनेके लिये मनुष्यका-सा शरीर ग्रहण करके प्रकट हुए हैं । उनके प्रति आप दोनों (नन्द-यशोदा) का ऐसा सुदृढ़ वात्सल्य-भाव है; फिर महात्माओ ! आप दोनोंके लिये अब कौन-सा शुभ कर्म करना शेष रह जाता है ।

दृष्टं श्रुतं भूतभवद् भविष्यत्
स्थास्नुश्चरिष्णुर्महदल्पकं च ।
विनाच्युताद् वस्तु तरां न वाच्यं
स एव सर्वं परमार्थभूतः ॥
(श्रीमद्भा० १० । ४६ । ४३)

जो कुछ देखा या सुना जाता है—वह चाहे भूतसे सम्बन्ध रखता हो, वर्तमानसे अथवा भविष्यसे; स्थावर हो या जंगम हो, महान् हो अथवा अल्प हो—ऐसी कोई वस्तु ही नहीं है, जो भगवान् श्रीकृष्णसे पृथक् हो । श्रीकृष्णके अतिरिक्त ऐसी कोई वस्तु नहीं है, जिसे वस्तु कह सकें । वास्तवमें सब वे ही हैं, वे ही परमार्थ सत्य हैं ।

एताः परं तनुभृतो भुवि गोपवध्वो
गोविन्द एव निखिलात्मनि रूढभावाः ।
वाञ्छन्ति यद् भवभियो मुनयो वयं च
किं ब्रह्मजन्मभिरनन्तकथारसस्य ॥
(श्रीमद्भा० १० । ४७ । ५८)

'इस पृथ्वीपर केवल इन गोपियोंका ही शरीर धारण करना श्रेष्ठ एवं सफल है; क्योंकि ये सर्वात्मा भगवान् श्रीकृष्णके परम प्रेममय दिव्य भावमें स्थित हो गयी हैं । प्रेमकी यह ऊँची-से-ऊँची स्थिति संसारके भयसे भीत मुमुक्षुजनोंके लिये ही नहीं, अपितु बड़े-बड़े मुनियों—मुक्त पुरुषों तथा हम भक्तजनोंके लिये भी अभी वाञ्छनीय ही है । हमें इसकी प्राप्ति नहीं हो सकी । सत्य है, जिन्हें भगवान् श्रीकृष्णकी लीला-कथाके रसका चसका लग गया है, उन्हें कुलीनताकी, द्विजातिसमुचित संस्कारकी और बड़े-बड़े यज्ञ-यागोंमें दीक्षित होनेकी क्या आवश्यकता है । अथवा यदि भगवान्‌की कथाका रस नहीं मिला, उसमें रुचि नहीं हुई, तो अनेक महाकल्पोंतक बार-बार ब्रह्मा होनेसे ही क्या लाभ ।

क्वेमाः स्त्रियो वनचरीर्व्यभिचारदुष्टाः
कृष्णे क्व चैष परमात्मनि रूढभावः ।
नन्वीश्वरोऽनुभजतोऽविदुषोऽपि साक्षा-
च्छ्रेयस्तनोत्यगदराज इवोपयुक्तः ॥
(श्रीमद्भा० १० । ४७ । ५९)

कहाँ ये वनचरी आचार, ज्ञान और जातिसे हीन गाँव-की गँवार ग्वालिनें और कहाँ सच्चिदानन्दघन भगवान् श्रीकृष्णमें यह अनन्य परम प्रेम ! अहो, धन्य है ! इससे सिद्ध होता है कि यदि कोई भगवान्‌के स्वरूप और रहस्यको न जानकर भी उनसे प्रेम करे, उनका भजन करे, तो वे स्वयं अपनी शक्तिसे, अपनी कृपासे उसका परम कल्याण कर देते हैं—ठीक वैसे ही, जैसे कोई अनजानमें भी अमृत पी ले तो वह अपनी वस्तुशक्तिसे ही पीनेवालेको अमर बना देता है ।

नायं श्रियोऽङ्ग उ नितान्तरतेः प्रसादः
स्वर्योषितां नलिनगन्धरुचां कुतोऽन्याः ।
रासोत्सवेऽस्य भुजदण्डगृहीतकण्ठ-
लब्धाशिषां य उदगाद् व्रजवल्लवीनाम् ॥
(श्रीमद्भा० १० । ४७ । ६०)

भगवान् श्रीकृष्णने रासोत्सवके समय इन व्रजाङ्गनाओंके गलेमें बाँह डाल-डालकर इनके मनोरथ पूर्ण किये । इन्हें भगवान्‌ने जिस कृपा-प्रसादका वितरण किया, इन्हे जैसा प्रेमदान किया, वैसा भगवान्‌की परमप्रेमवती नित्यसङ्गिनी वक्षःस्थलपर विराजमान लक्ष्मीजीको भी नहीं प्राप्त हुआ । कमलकी-सी सुगन्ध और कान्तिसे युक्त देवाङ्गनाओंको भी नहीं मिला । फिर दूसरी स्त्रियोंकी तो बात ही क्या करे ।

आसामहो चरणरेणुजुषामहं स्यां
वृन्दावने किमपि गुल्मलतौषधीनाम् ।
या दुस्त्यजं स्वजनमार्यपथं च हित्वा
भेजुर्मुकुन्दपदवीं श्रुतिभिर्विमृग्याम् ॥
(श्रीमद्भा० १० । ४७ । ६१)

मेरे लिये तो सबसे अच्छी बात यही होगी कि मै इस वृन्दावनधाममें कोई झाड़ी, लता अथवा ओषधि—जड़ी-बूटी ही बन जाऊँ ! अहा ! यदि मै ऐसा बन जाऊँगा, तो मुझे इन व्रजाङ्गनाओंकी चरणधूलि निरन्तर सेवन करनेके लिये मिलती रहेगी—इनकी चरण-रजमे स्नान करके मैं धन्य हो जाऊँगा । धन्य हैं ये गोपियाँ । देखो तो सही, जिनको छोड़ना अत्यन्त कठिन है, उन स्वजन-सम्बन्धियों तथा लोक-वेदकी आर्य-मर्यादाका परित्याग करके इन्होंने भगवान्‌की पदवी, उनके साथ तन्मयता, उनका परम प्रेम प्राप्त कर लिया है। औरोंकी तो बात ही क्या—भगवद्वाणी, नहीं-नहीं, उनकी निःश्वासरूप समस्त श्रुतियाँ, उपनिषदे भी अबतक भगवान्‌के परम प्रेममय स्वरूपको ढूँढ़ती ही रहती हैं, प्राप्त नहीं कर पातीं ।

या वै श्रियार्चितमजादिभिराप्तकामै—
र्योगेश्वरैरपि यदात्मनि रासगोष्ठ्याम् ।
कृष्णस्य तद् भगवतश्चरणारविन्दं
न्यस्तं स्तनेषु विजहुः परिरभ्य तापम् ॥
(श्रीमद्भा० १० । ४७ । ६२)

स्वयं भगवती लक्ष्मीजी जिनकी पूजा करती रहती हैं; ब्रह्मा, शकर आदि परम समर्थ देवता, पूर्णकाम आत्माराम और बड़े-बड़े योगेश्वर अपने हृदयमे जिनका चिन्तन करते रहते हैं, भगवान् श्रीकृष्णके उन्हा चरणारविन्दोंको रास-लीला-के समय गोपियोने अपने वक्षःस्थलपर रक्खा और उनका आलिङ्गन करके अपने हृदयकी जलन, विरह-व्यथा शान्त की !

वन्दे नन्दव्रजस्त्रीणां पादरेणुमभीक्ष्णशः ।
यासां हरिकथोद्गीतं पुनाति भुवनत्रयम् ॥
(श्रीमद्भा० १० । ४७ । ६३)

नन्दबाबाके व्रजमें रहनेवाली गोपाङ्गनाओंकी चरण-धूलिको मैं बार-बार प्रणाम करता हूँ—उसे सिरपर चढाता हूँ । अहा ! इन गोपियोंने भगवान् श्रीकृष्णकी लीला-कथाके सम्बन्धमें जो कुछ गान किया है, वह तीनों लोकोंको पवित्र कर रहा है और सदा-सर्वदा पवित्र करता रहेगा ।

संत विदुर

हरिगुणानुवादकी महिमा

कस्तृप्नुयात्तीर्थपदोऽभिधानात्
सत्रेषु वः सूरिभिरीड्यमानात् ।
यः कर्णनाडीं पुरुषस्य यातो
भवप्रदां गेहरतिं छिनत्ति ॥
(श्रीमद्भा० ३ । ५ । ११)

उन तीर्थपाद श्रीहरिके गुणानुवादसे तृप्त हो भी कौन सकता है । उनका तो नारदादि महात्मागण भी आप-जैसे साधुओंके समाजमे कीर्तन करते हैं तथा जब ये मनुष्योंके कर्णरन्ध्रोंमें प्रवेश करते हैं, तब उनकी संसार-चक्रमें डालने-वाली घर-गृहस्थीकी आसक्तिको काट डालते हैं ।

सा श्रद्दधानस्य विवर्धमाना
विरक्तिमन्यत्र करोति पुंसः ।
हरेः पदानुस्मृतिनिर्वृतस्य
समस्तदुःखात्ययमाशु धत्ते ॥
(श्रीमद्भा० ३ । ५ । १३)

यह भगवत्कथाकी रुचि श्रद्धालु पुरुषके हृदयमे जब बढ़ने लगती है, तब अन्य विषयोंसे उसे विरक्त कर देती है । वह भगवच्चरणोंके निरन्तर चिन्तनसे आनन्दमग्न हो जाता है और उस पुरुषके सभी दुःखोंका तत्काल अन्त हो जाता है ।

ताम्छोच्यशोच्यानविदोऽनुशोचे
हरेः कथायां विमुखानघेन ।
क्षिणोति देवोऽनिमिषस्तु येषा-
मायुर्वृथावादगतिस्मृतीनाम् ॥
(श्रीमद्भा० ३ । ५ । १४)

मुझे तो उन शोचनीयोंके भी शोचनीय अज्ञानी पुरुषोंके लिये निरन्तर खेद रहता है, जो अपने पिछले पापोंके कारण श्रीहरिकी कथाओंसे विमुख रहते हैं। हाय! काल भगवान् उनके अमूल्य जीवनको काट रहे हैं और वे वाणी, देह तथा मनसे व्यर्थ वाद-विवाद, व्यर्थ चेष्टा और व्यर्थ चिन्तनमें लगे रहते हैं।

विविध उपदेश

यस्य संसारिणी प्रज्ञा धर्मार्थावनुवर्तते।
कामादर्थं वृणीते यः स वै पण्डित उच्यते॥

(महा० उद्योग० ३३। २५)

जिसकी लौकिक बुद्धि धर्म और अर्थका ही अनुसरण करती है तथा जो भोगको छोड़कर पुरुषार्थका ही वरण करता है, वही पण्डित कहलाता है।

क्षमा वशीकृतिर्लोके क्षमया किं न साध्यते।
शान्तिखड्गः करे यस्य किं करिष्यति दुर्जनः॥

(महा० उद्योग० ३३। ५५)

इस जगत्में क्षमा वशीकरणरूप है। भला, क्षमासे क्या नहीं सिद्ध होता। जिसके हाथमें शान्तिरूपी तलवार है, उसका दुष्टलोग क्या कर लेंगे।

द्वाविमौ पुरुषौ राजन् स्वर्गस्योपरि तिष्ठतः।
प्रभुश्च क्षमया युक्तो दरिद्रश्च प्रदानवान्॥

(३३। ६३)

राजन्! ये दो प्रकारके पुरुष स्वर्गके भी ऊपर स्थान पाते हैं—शक्तिशाली होनेपर भी क्षमा करनेवाला और निर्धन होनेपर भी दान देनेवाला।

द्वावम्भसि निवेष्टव्यौ गले बद्ध्वा दृढां शिलाम्।
धनवन्तमदातारं दरिद्रं चातपस्विनम्॥

(३३। ६५)

जो धनी होनेपर भी दान न दे और दरिद्र होनेपर भी कष्ट-सहन न कर सके इन दो प्रकारके मनुष्योंको गलेमें पत्थर बाँधकर पानीमें डुबा देना चाहिये।

हरणं च परस्वानां परदाराभिमर्शनम्।
सुहृदश्च परित्यागस्त्रयो दोषाः क्षयावहाः॥

(३३। ७०)

दूसरेके धनका अपहरण, दूसरेकी स्त्रीका संसर्ग तथा सुहृद्का परित्याग—ये तीन दोष मनुष्यका नाश करनेवाले हैं।

भक्तं च भजमानं च तवास्मीति च वादिनम्।
त्रीनेताञ्छरणं प्राप्तान्विषमेऽपि न संत्यजेत्॥

(३३। ७३)

भक्त, सेवक तथा 'मैं आपका ही हूँ' ऐसा कहनेवाले—इन तीन प्रकारके शरणागत मनुष्योंको संकटमें पड़नेपर भी नहीं छोड़ना चाहिये।

चत्वारि ते तात गृहे वसन्तु
श्रियाभिजुष्टस्य गृहस्थधर्मे।
वृद्धो ज्ञातिरवसन्नः कुलीनः
सखा दरिद्रो भगिनी चानपत्या॥

(३३। ७५)

तात! गृहस्थधर्ममें स्थित एवं लक्ष्मीसे सेवित आपके घरमें इन चार प्रकारके मनुष्योंको सदा रहना चाहिये—अपने कुटुम्बका बूढ़ा, संकटमें पड़ा हुआ उच्च कुलका मनुष्य, धनहीन मित्र और बिना संतानकी बहिन। अर्थात् धनी गृहस्थ इन चारोंको आदरपूर्वक घरमें रक्खे।

षड् दोषाः पुरुषेणेह हातव्या भूतिमिच्छता।
निद्रा तन्द्रा भयं क्रोध आलस्यं दीर्घसूत्रता॥

(३३। ८३)

उन्नति चाहनेवाले पुरुषको निद्रा, तन्द्रा, भय, क्रोध, आलस्य और दीर्घसूत्रता—इन छः दोषोंका त्याग कर देना चाहिये।

न स्वे सुखे वै कुरुते प्रहर्षं
नान्यस्य दुःखे भवति प्रहृष्टः।
दत्त्वा न पश्चात् कुरुतेऽनुतापं
स कथ्यते सत्पुरुषार्यशीलः॥

(३३। ११३)

जो अपने सुखमें प्रसन्न नहीं होता, दूसरेके दुःखके समय हर्ष नहीं मानता तथा धन देकर पश्चात्ताप नहीं करता, वह सज्जनोंमें सदाचारी कहलाता है।

यस्मात्त्रस्यन्ति भूतानि मृगव्याधान्मृगा इव।
सागरान्तामपि महीं लब्ध्वा स परिहीयते॥

(३४। २६)

जैसे व्याधसे हरिण भयभीत होता है, उसी प्रकार जिससे समस्त प्राणी डरते हैं, वह समुद्रपर्यन्त पृथ्वीका राज्य पाकर भी प्रजाजनोंके द्वारा त्याग दिया जाता है।

गन्धेन गावः पश्यन्ति वेदैः पश्यन्ति ब्राह्मणाः ।
चारैः पश्यन्ति राजानश्चक्षुर्भ्यामितरे जनाः ॥
(३४ । ३४)

गौएँ गन्धसे, ब्राह्मणलोग वेद-शास्त्रोंसे, राजा जासूसोंसे और अन्य सब लोग आँखोंसे देखा करते हैं ।

अर्थानामीश्वरो यः स्यादिन्द्रियाणामनीश्वरः ।
इन्द्रियाणामनैश्वर्यादैश्वर्याद्भ्रश्यते हि सः ॥
(३४ । ६३)

जो प्रचुर धनराशिका स्वामी होकर भी इन्द्रियोंपर अधिकार नहीं रखता, वह इन्द्रियोंको वशमें न रखनेके कारण ही ऐश्वर्यसे भ्रष्ट हो जाता है ।

अनसूयाऽऽर्जवं शौचं संतोषः प्रियवादिता ।
दमः सत्यमनायासो न भवन्ति दुरात्मनाम् ॥
(३४ । ७२)

गुणोंमें दोष न देखना, सरलता, पवित्रता, संतोष, प्रिय वचन बोलना, इन्द्रिय-दमन, सत्यभाषण तथा क्लेशका अभाव—ये सद्गुण दुरात्मा पुरुषोंमें नहीं होते ।

हिंसा बलमसाधूनां राज्ञां दण्डविधिर्बलम् ।
शुश्रूषा तु बलं स्त्रीणां क्षमा गुणवतां बलम् ॥
(३४ । ७५)

दुष्ट पुरुषोंका बल है हिंसा, राजाओंका बल है दण्ड देना, स्त्रियोंका बल है सेवा और गुणवानोंका बल है क्षमा ।

अभ्यावहति कल्याणं विविधं वाक् सुभाषिता ।
सैव दुर्भाषिता राजन्ननर्थायोपपद्यते ॥
(३४ । ७७)

राजन् ! मधुर शब्दोंमें कही हुई बात अनेक प्रकारसे कल्याणकी प्राप्ति कराती है; किंतु वही यदि कटु शब्दोंमें कही जाय तो महान् अनर्थका कारण बन जाती है ।

वाक्सायका वदनान्निष्पतन्ति
यैराहतः शोचति रात्र्यहानि ।
परस्य ना मर्मसु ते पतन्ति
तान्पण्डितो नावसृजेत्परेभ्यः ॥
(३४ । ८०)

वचनरूपी बाण मुखसे निकलते और वे दूसरोंके मर्मपर ही चोट पहुँचाते हैं, जिनसे आहत हुआ मनुष्य रात-दिन शोकग्रस्त रहता है; अतः उनका प्रयोग विद्वान् पुरुष दूसरोंपर कदापि न करे ।

सर्वतीर्थेषु वा स्नानं सर्वभूतेषु चार्जवम् ।
उभे त्वेते समे स्यातामार्जवं वा विशिष्यते ॥
(३५ । २)

सब तीर्थोंमें स्नान अथवा सब प्राणियोंके साथ कोमलताका बर्ताव—ये दोनों एक समान हो सकते हैं । अथवा कोमलताका बर्ताव इनमें विशेष महत्त्व रखता है ।

जरा रूपं हरति हि धैर्यमाशा
मृत्युः प्राणान्धर्मचर्यामसूया ।
क्रोधः श्रियं शीलमनार्यसेवा
ह्रियं कामः सर्वमेवाभिमानः ॥
(३५ । ५०)

बुढ़ापा सुन्दर रूपको, आशा धीरताको, मृत्यु प्राणोंको, दोष देखनेकी प्रवृत्ति धर्माचरणको, क्रोध लक्ष्मीको, नीच पुरुषोंकी सेवा अच्छे शील-स्वभावको, काम लज्जाको और अभिमान सबको नष्ट कर देता है ।

न सा सभा यत्र न सन्ति वृद्धा
न ते वृद्धा ये न वदन्ति धर्मम् ।
नासौ धर्मो यत्र न सत्यमस्ति
न तत्सत्यं यच्छलेनाभ्युपेतम् ॥
(३५ । ५८)

जिस सभामें बड़े-बूढ़े नहीं, वह सभा नहीं; जो धर्मकी बात न कहें, वे बड़े-बूढ़े नहीं; जिसमें सत्य नहीं है, वह धर्म नहीं और जो कपटसे पूर्ण हो, वह सत्य नहीं है ।

सत्यं रूपं श्रुतं विद्या कौल्यं शीलं बलं धनम् ।
शौर्यं च चित्रभाष्यं च दशेमे स्वर्गयोनयः ॥
(३५ । ५९)

सत्य, रूप, शास्त्रज्ञान, विद्या, कुलीनता, शील, बल, धन, शूरता और विचित्र ढंगसे चमत्कारपूर्ण बातें कहना—ये दस स्वर्गके साधन हैं ।

तस्मात्पापं न कुर्वीत पुरुषः शंसितव्रतः ।
पापं प्रज्ञां नाशयति क्रियमाणं पुनः पुनः ॥
(३५ । ६१)

इसलिये उत्तम व्रतका आचरण करनेवाले पुरुषको पाप नहीं करना चाहिये; क्योंकि बारंबार किया हुआ पाप बुद्धिको नष्ट कर देता है ।

पूर्वे वयसि तत्कुर्याद्येन वृद्धः सुखं वसेत् ।
यावज्जीवेन तत्कुर्याद्येन प्रेत्य सुखं वसेत् ॥
(३५ । ६८)

युवावस्थामें वह कर्म करे, जिससे वृद्धावस्थामें सुख-पूर्वक रह सके तथा सारे जीवनभर वह कार्य करे, जिससे मरनेके बाद भी सुखपूर्वक रह सके।

मा नः कुले वैरकृत्कश्चिदस्तु
राजामात्यो मा परस्वापहारी।
मित्रद्रोही नैकृतिकोऽनृती वा
पूर्वाशी वा पितृदेवातिथिभ्यः॥
(३६। ३२)

हमारे कुलमें कोई वैर करनेवाला न हो, दूसरोंके धनका अपहरण करनेवाला राजा अथवा मन्त्री न हो और मित्रद्रोही, कपटी तथा असत्यवादी भी न हो। इसी प्रकार हमारे कुलमें कोई देवता एवं अतिथियोंको भोजन देनेसे पहले स्वयं भोजन करनेवाला भी न हो।

तृणानि भूमिरुदकं वाक् चतुर्थी च सूनृता।
सतामेतानि गेहेषु नोच्छिद्यन्ते कदाचन॥
(३६। ३४)

तृणका आसन, पृथ्वी, जल और चौथी मीठी वाणी—सज्जनोंके घरमें इन चार वस्तुओंकी कमी नहीं होती।

संतापाद्भ्रश्यते रूपं संतापाद्भ्रश्यते बलम्।
संतापाद्भ्रश्यते ज्ञानं संतापाद्व्याधिमृच्छति॥
(३६। ४४)

संतापसे रूप नष्ट होता है, संतापसे बल नष्ट होता है, संतापसे ज्ञान नष्ट होता है और संतापसे मनुष्य रोगको प्राप्त होता है।

उत्पाद्य पुत्राननृणांश्च कृत्वा
वृत्तिं च तेभ्योऽनुविधाय कांचित्।
स्थाने कुमारीः प्रतिपाद्य सर्वा
अरण्यसंस्थोऽथ मुनिर्बुभूषेत्॥
(३७। ३९)

पुत्रोंको उत्पन्न कर उन्हें ऋणके भारसे मुक्त करके उनके लिये किसी जीविकाका प्रबन्ध कर दे। फिर कन्याओंका योग्य वरके साथ विवाह कर देनेके पश्चात् वनमें मुनिवृत्तिसे रहनेकी इच्छा करे।

पूजनीया महाभागाः पुण्याश्च गृहदीप्तयः।
स्त्रियः श्रियो गृहस्योक्तास्तस्माद्रक्ष्या विशेषतः॥
(३८। ११)

स्त्रियाँ घरकी लक्ष्मी कही गयी हैं। ये अत्यन्त सौभाग्यशालिनी, पूजाके योग्य, पवित्र तथा घरकी शोभा हैं; अतः इनकी विशेषरूपसे रक्षा करनी चाहिये।

धृतिः शमो दमः शौचं कारुण्यं वागनिष्ठुरा।
मित्राणां चानभिद्रोहः सप्तैताः समिधः श्रियः॥
(३८। ३८)

धैर्य, मनोनिग्रह, इन्द्रियसंयम, पवित्रता, दया, कोमल वाणी तथा मित्रसे द्रोह न करना—ये सात बातें सम्पत्तिको बढ़ानेवाली हैं (धनरूपी आगको प्रज्वलित करनेवाले ईंधन हैं)।

दुःखार्तेषु प्रमत्तेषु नास्तिकेष्वलसेषु च।
न श्रीर्वसत्यदान्तेषु ये चोत्साहविवर्जिताः॥
(३९। ६१)

जो दुःख-पीड़ित, प्रमादी, नास्तिक, आलसी, अजितेन्द्रिय और उत्साहरहित हैं, उनके यहाँ लक्ष्मीका वास नहीं होता।

इदं च त्वां सर्वपरं ब्रवीमि
पुण्यं पदं तात महाविशिष्टम्।
न जातु कामान्न भयान्न लोभाद्
धर्मं जह्याज्जीवितस्यापि हेतोः॥
(४०। १२)

तात! मैं यह बहुत ही महत्त्वपूर्ण और सर्वोपरि पुण्य-जनक बात बता रहा हूँ—कामनासे, भयसे, लोभसे तथा इस जीवनके लिये भी कभी धर्मका त्याग न करे।

आत्मा नदी भारत पुण्यतीर्था
सत्योदया धृतिकूला दयोर्मिः।
तस्यां स्नातः पूयते पुण्यकर्मा
पुण्यो ह्यात्मा नित्यमलोभ एव॥
(४०। २१)

भारत! यह जीवात्मा एक नदी है, इसमें पुण्य ही घाट है, सत्यस्वरूप परमात्मासे ही इसका उद्गम हुआ है, धैर्य ही इसके किनारे हैं, इसमें दयाकी लहरें उठती हैं, पुण्यकर्म करनेवाला मनुष्य इसमें स्नान करके पवित्र होता है; और लोभरहित ही सदा पवित्र है।

धृत्या शिश्नोदरं रक्षेत् पाणिपादं च चक्षुषा।
चक्षुः श्रोत्रे च मनसा मनो वाचं च कर्मणा॥
(४०। २४)

शिश्न और उदरकी धृतिके द्वारा रक्षा करे अर्थात् काम

और भूखके वेगको धैर्यपूर्वक सहे। इसी प्रकार नेत्रोंद्वारा हाथ और पैरोंकी, मनके द्वारा नेत्र और कानोंकी तथा सत्कर्मोंद्वारा मन और वाणीकी रक्षा करे।

क्षमा धृतिरहिंसा च समता सत्यमार्जवम्।
इन्द्रियाभिजयो धैर्यं मार्दवं ह्रीरचापलम्॥
अकार्पण्यमसंरम्भः संतोषः श्रद्दधानता।
एतानि यस्य राजेन्द्र स दान्तः पुरुषः स्मृतः॥
कामो लोभश्च दर्पश्च मन्युर्निद्रा विकत्थनम्।
मान ईर्ष्या च शोकश्च नैतदान्तो निषेवते॥
अजिह्मामशठं शुद्धमेतद्दान्तस्य लक्षणम्।
(महा० उद्योग० ६३। १४—१६)

राजन्! जिस पुरुषमें क्षमा, धृति, अहिंसा, समता, सत्य, सरलता, इन्द्रियनिग्रह, धैर्य, मृदुलता, लज्जा, अचञ्चलता, अदीनता, अक्रोध, संतोष और श्रद्धा—इतने गुण हों, वह दान्त (दमयुक्त) कहा जाता है। दमनशील पुरुष काम, लोभ, दर्प, क्रोध, निद्रा, बढ़-बढ़कर बातें करना, मान, ईर्ष्या और शोक—इन्हें तो अपने पास नहीं फटकने देता। कुटिलता और शठतासे रहित होना तथा शुद्धतासे रहना—यह दमशील पुरुषका लक्षण है।

भक्त सञ्जय



श्रीकृष्णकी महिमा

यतः सत्यं यतो धर्मो
यतो ह्रीरार्जवं यतः।
ततो भवति गोविन्दो
यतः कृष्णस्ततो जयः॥
पृथिवीं चान्तरिक्षं च दिवं च पुरुषोत्तमः।
विचेष्टयति भूतात्मा क्रीडन्निव जनार्दनः॥
कालचक्रं जगच्चक्रं युगचक्रं च केशवः।
आत्मयोगेन भगवान् परिवर्तयतेऽनिशम्॥
कालस्य च हि मृत्योश्च जङ्गमस्थावरस्य च।
ईष्टे हि भगवानेकः सत्यमेतद् ब्रवीमि ते॥
तेन वंचयते लोकान् मायायोगेन केशवः।
ये तमेव प्रपद्यन्ते न ते मुह्यन्ति मानवाः॥
(महा० उद्योग० ६८। ९-१०, १२-१३, १५)

श्रीकृष्ण तो वहीं रहते हैं जहाँ सत्य, धर्म, लज्जा और सरलताका निवास होता है और जहाँ श्रीकृष्ण रहते हैं, वहीं विजय रहती है। वे सर्वान्तर्यामी पुरुषोत्तम जनार्दन मानो क्रीडा-से ही पृथ्वी, आकाश और स्वर्गलोकको प्रेरित कर रहे हैं। ये श्रीकेशव ही अपनी चिच्छक्तिसे अहर्निश कालचक्र, जगच्चक्र और युगचक्रको घुमाते रहते हैं। मैं सच कहता हूँ—एकमात्र वे ही काल, मृत्यु और सम्पूर्ण स्थावर-जंगम जगत्के स्वामी हैं तथा अपनी मायाके द्वारा लोकोंको मोहमें डाले रहते हैं। जो लोग केवल उन्हींकी शरण ले लेते हैं, वे ही मोहमें नहीं पड़ते।

यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः।
तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम॥
(गीता १८। ७८)

जहाँ योगेश्वर भगवान् श्रीकृष्ण हैं और जहाँ गाण्डीव-धनुर्धारी अर्जुन हैं, वहीं श्री, विजय, विभूति और निश्चल नीति है—यह मेरा मत है।

इन्द्रियनिग्रह

नाकृतात्मा कृतात्मानं जातु विद्याज्जनार्दनम्।
आत्मनस्तु क्रियोपायो नान्यत्रेन्द्रियनिग्रहात्॥
इन्द्रियाणामुदीर्णानां कामत्यागोऽप्रमादतः।
अप्रमादोऽविहिंसा च ज्ञानयोनिरसंशयम्॥
इन्द्रियाणां यमे यत्तो भव राजन्नतन्द्रितः।
एतज्ज्ञानं च पन्थाश्च
येन यान्ति मनीषिणः॥
(महा० उद्योग० ६९। १७-२०)

कोई अजितेन्द्रिय पुरुष श्रीहृषीकेश भगवान्को प्राप्त नहीं कर सकता। इसके सिवा उन्हें पानेका कोई और मार्ग नहीं है। इन्द्रियाँ बड़ी उन्मत्त हैं, इन्हें जीतनेका साधन सावधानीसे भोगोंको त्याग देना है। प्रमाद और हिंसासे दूर रहना—निःसंदेह ये ही ज्ञानके मुख्य कारण हैं। इन्द्रियोंको सावधानीके साथ अपने काबूमें रक्खो। वास्तवमें यही ज्ञान है और यही मार्ग है जिससे कि बुद्धिमान् लोग उस परमपदकी ओर बढ़ते हैं।

धर्माचरणकी महत्ता

निबन्धनी ह्यर्थतृष्णेह पार्थ
तामिच्छतां बाध्यते धर्म एव ।
धर्मं तु यः प्रवृणीते स बुद्धः
कामे गृध्नो ह्रीयतेऽर्थानुरोधात् ॥
धर्मं कृत्वा कर्मणां तात मुख्यं
महाप्रतापः सवितेव भाति ।
हीनो हि धर्मेण महीमपीमां
लब्ध्वा नरः सीदति पापबुद्धिः ॥
(महा० उद्योग० २७ । ५-६)

पार्थ ! इस जगत्‌के भीतर धनकी तृष्णा बन्धनमें डालनेवाली है, उसमें आसक्त होनेवाले मनुष्योंके धर्ममें ही बाधा आती है । जो धर्मको अङ्गीकार करता है, वही ज्ञानी है । भोगोंकी इच्छा करनेवाला मानव अर्थसिद्धिसे भ्रष्ट हो जाता है । तात ! धर्माचरण ही प्रधान कर्म है, इसका पालन करके मनुष्य सूर्यकी भाँति महाप्रतापी रूपमे प्रकाशित होता है । जो धर्मसे हीन है, वह इस सम्पूर्ण पृथ्वीका राज्य पाकर भी पापमे मन लगानेके कारण महान् कष्ट भोगता है ।

राजा परीक्षित्

भगवान्‌का गुणानुवाद



निवृत्ततर्षैरुपगीयमानाद्
भवौषधाच्छ्रोत्रमनोऽभिरामात् ।
क उत्तमश्लोकगुणानुवादात्
पुमान् विरज्येत विना पशुघ्नात् ॥
(श्रीमद्भा० १० । १ । ४)

जीवन्मुक्त महापुरुष जिसका पूर्ण प्रेमसे अतृप्त रहकर गान किया करते हैं, मुमुक्षुजनोंके लिये जो भवरोगका रामबाण औषध है तथा विषयी लोगोंके लिये भी उनके कान और मनको परम आह्लाद देनेवाला है, भगवान् श्रीकृष्णचन्द्रके ऐसे सुन्दर, सुखद, रसीले, गुणानुवादसे पशुघाती अथवा आत्मघाती मनुष्यके अतिरिक्त और ऐसा कौन है जो विमुख हो जाय, उससे प्रीति न करे ?

जिनकी तृष्णाकी प्यास सर्वदाके लिये बुझ चुकी है, वे

मातलि

शरीरके दोष

यथा जात्यैव कृष्णोर्णा न शुक्ला जातु जायते ।
संशोध्यमानापि तथा भवेन्मूर्तिर्न निर्मला ॥
जिघ्रन्नपि स्वदुर्गन्धं पश्यन्नपि मलं स्वकम् ।
न विरज्येत लोकोऽयं पीड्यन्नपि नासिकाम् ॥
अहो मोहस्य माहात्म्यं येन व्यामोहितं जगत् ।
जिघ्रन् पश्यन् स्वकान् दोषान् कायस्य न विरज्यते ॥
स्वदेहाशुचिगन्धेन यो विरज्येत मानवः ।
विरागकारणं तस्य किमन्यदुपदिश्यते ॥
(पद्म० भूमि० ६६ । ७७-८०)

जैसे जन्मसे ही काले रंगकी ऊन धोनेसे कभी सफेद नही होती, उसी प्रकार यह शरीर धोनेसे भी पवित्र नही हो सकता । मनुष्य अपने शरीरके मलको अपनी आँखों देखता है, उसकी दुर्गन्धका अनुभव करता है और उससे बचनेके लिये नाक भी दबाता है; किंतु फिर भी उसके मनमे वैराग्य नही होता । अहो ! मोहका कैसा माहात्म्य है, जिससे सारा जगत् मोहित हो रहा है । अपने शरीरके दोषोंको देखकर और सूँघकर भी वह उससे विरक्त नहीं होता । जो मनुष्य अपने देहकी अपवित्र गन्धसे घृणा करता है, उसे वैराग्यके लिये और क्या उपदेश दिया जा सकता है ।

धनके दुःख

अर्थस्योपार्जने दुःखं दुःखमर्जितरक्षणे ।
नाशे दुःखं व्यये दुःखमर्थस्यैव कुतः सुखम् ॥
चौरेभ्यः सलिलेभ्योऽग्नेः स्वजनात् पार्थिवादपि ।
भयमर्थवतां नित्यं मृत्योर्देहभृतामिव ॥
खे यथा पक्षिभिर्मांसं भुज्यते श्वापदैर्भुवि ।
जले च भक्ष्यते मत्स्यैस्तथा सर्वत्र वित्तवान् ॥
विमोहयन्ति सम्पत्सु तापयन्ति विपत्सु च ।
वेदयन्त्यर्जने दुःखं कथमर्थाः सुखावहाः ॥
(पद्म० भूमि० ६६ । १४८-१५१)

पहले तो धनके पैदा करनेमें कष्ट होता है, फिर पैदा किये हुए धनकी रखवालीमें क्लेश उठाना पड़ता है; इसके बाद यदि कहीं वह नष्ट हो जाय तो दुःख और खर्च हो जाय तो भी दुःख होता है। भला, धनमें सुख है ही कहाँ। जैसे देहधारी प्राणियोंको सदा मृत्युसे भय होता है, उसी प्रकार धनवानोंको चोर, पानी, आग, कुटुम्बियों तथा राजासे भी हमेशा डर बना रहता है। जैसे मांसको आकाशमें पक्षी, पृथ्वीपर हिंसक जीव और जलमें मत्स्य आदि जन्तु भक्षण करते हैं, उसी प्रकार सर्वत्र धनवान् पुरुषको लोग नोचते-खसोटते रहते हैं। सम्पत्तिमें धन सबको मोहित करता—उन्मत्त बना देता है, विपत्तिमें संताप पहुँचाता है और उपार्जनके समय दुःखका अनुभव कराता है; फिर धनको कैसे सुखदायक कहा जाय।

शुद्धि

चित्तं शोधय यत्नेन किमन्यैर्बाह्यशोधनैः।
भावतः शुचिः शुद्धात्मा स्वर्गं मोक्षं च विन्दति॥
ज्ञानामलाम्भसा पुंसः सद्वैराग्यमृदा पुनः।
अविद्यारागविण्मूत्रलेपो नश्येद् विशोधनैः॥
एवमेतच्छरीरं हि निसर्गादशुचि विदुः।
अध्यात्मसारनिस्सारं कदलीसारसंनिभम्॥
ज्ञात्वैव देहदोषं यः प्राज्ञः स शिथिलो भवेत्।
सोऽतिक्रामति संसारं··· ·····॥
एवमेतन्महाकष्टं जन्मदुःखं प्रकीर्त्तितम्।

(पद्म० भूमि० ६६। ९०–९४)

तुम यत्नपूर्वक अपने मनको शुद्ध करो, दूसरी-दूसरी बाह्य शुद्धियोंसे क्या लेना है। जो भावसे पवित्र है, जिसका अन्तःकरण शुद्ध हो गया है, वही स्वर्ग तथा मोक्षको प्राप्त करता है। उत्तम वैराग्यरूपी मिट्टी तथा ज्ञानरूप निर्मल जलसे माँजने-धोनेपर पुरुषके अविद्या तथा रागरूपी मल-मूत्रका लेप नष्ट होता है। इस प्रकार इस शरीरको स्वभावतः अपवित्र माना गया है। केलेके वृक्षकी भाँति यह सर्वथा सारहीन है; अध्यात्मज्ञान ही इसका सार है। देहके दोषको जानकर जिसे इससे वैराग्य हो जाता है, वह विद्वान् संसार-सागरसे पार हो जाता है। इस प्रकार महान् कष्टदायक जन्मकालीन दुःखका वर्णन किया गया।

धर्मके दस साधन

अथाहिंसा क्षमा सत्यं ह्रीः श्रद्धेन्द्रियसंयमः।
दानमिज्या ततो ध्यानं दशकं धर्मसाधनम्॥
अन्नदः प्राणदः प्रोक्तः प्राणदश्चापि सर्वदः॥
तस्मादन्नप्रदानेन सर्वदानफलं भवेत्।
यस्मादन्नेन पुष्टाङ्गः कुरुते पुण्यसंचयम्।
अन्नप्रदातुस्तस्यार्धं कर्तुश्चार्धं न संशयः॥
धर्मार्थकाममोक्षाणां देहः परमसाधनम्।
स्थितिस्तस्यान्नपानाभ्यामतस्तत् सर्वसाधनम्॥
तस्मादन्नसमं दानं न भूतं न भविष्यति॥
त्रयाणामपि लोकानामुदकं जीवनं स्मृतम्।
पवित्रमुदकं दिव्यं शुद्धं सर्वरसाश्रयम्॥

(पद्म० भूमि० ६९। ५, १७–२२)

अहिंसा, क्षमा, सत्य, लज्जा, श्रद्धा, इन्द्रियसंयम, दान, यज्ञ, ध्यान और ज्ञान—ये धर्मके दस साधन हैं। अन्न देनेवालेको प्राणदाता कहा गया है और जो प्राणदाता है, वही सब कुछ देनेवाला है। अतः अन्न-दान करनेसे सब दानोंका फल मिल जाता है। अन्नसे पुष्ट होकर ही मनुष्य पुण्यका संचय करता है। अतः पुण्यका आधा अंश अन्नदाताको और आधा भाग पुण्यकर्ताको प्राप्त होता है—इसमें तनिक भी संदेह नहीं है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्षका सबसे बड़ा साधन है शरीर। और शरीर स्थिर रहता है अन्न तथा जलसे; अतः अन्न और जल ही सब पुरुषार्थोंके साधन हैं। अन्न-दानके समान दान न हुआ है न होगा। जल तीनों लोकोंका जीवन माना गया है। यह परम पवित्र, दिव्य, शुद्ध तथा सब रसोंका आश्रय है।

देवलोक

नानारूपाणि भावानां दृश्यन्ते कोट्यस्त्रिमाः।
अष्टाविंशतिरेवोर्ध्वंसुदोर्घाः सुकृतात्मनाम्॥
ये कुर्वन्ति नमस्कारमीश्वराय क्वचित् क्वचित्।
सम्पर्कात्कौतुकाल्लोभात्तद्विमानं लभन्ति ते॥
प्रसङ्गेनापि ये कुर्युराकण्ठं स्मरणं नरः।
ते लभन्तेऽतुलं सौख्यं किं पुनस्तत्परायणाः॥
विष्णुचिन्तां प्रकुर्वन्ति ध्यानेनाकुलमानसाः।
ते यान्ति परमं स्थानं तद्विष्णोः परमं पदम्॥
शैवं च वैष्णवं लोकमेकरूपं नरोत्तम।
द्वयोश्चाप्यन्तरं नास्ति एकरूपं महात्मनोः॥

शिवाय विष्णुरूपाय विष्णवे शिवरूपिणे।
शिवस्य हृदये विष्णुर्विष्णोश्च हृदये शिवः॥
एकमूर्तिस्त्रयो देवा ब्रह्मविष्णुमहेश्वराः।
त्रयाणामन्तरं नास्ति गुणभेदाः प्रकीर्त्तिताः॥
(पद्म० भूमि० ७१। १२-२०)

राजन्! देवताओंके लोक भावमय हैं। भावोंके अनेक रूप दिखायी देते हैं, अतः भावात्मक जगत्की संख्या करोड़ोंतक पहुँच जाती है; परंतु पुण्यात्माओंके लिये उनमेंसे अट्ठाईस लोक ही प्राप्य हैं, जो एक दूसरेके ऊपर स्थित और उत्तरोत्तर अधिक विशाल हैं। जो लोग सङ्गवश, कौतूहलसे अथवा स्वार्थके लोभसे यदा-कदा भगवान् शङ्करको नमस्कार करते हैं, उन्हें शिवलोकका विमान प्राप्त होता है। जो प्रसङ्गवश भी शिवका स्मरण या नाम-कीर्तन अथवा उन्हे नमस्कार कर लेता है, उसे अनुपम सुखकी प्राप्ति होती है। फिर जो निरन्तर उनके भजनमें ही लगे रहते हैं, उनके विषयमें तो कहना ही क्या है। जो ध्यानके द्वारा भगवान् श्रीविष्णुका चिन्तन करते हैं और सदा उन्हींमे मन लगाये रहते हैं, वे उन्हीके परमपदको प्राप्त होते हैं। नरश्रेष्ठ! श्रीशिव और भगवान् श्रीविष्णुके लोक एक-से ही हैं, उन दोनोंमे कोई अन्तर नही है; क्योकि उन दोनों महात्माओं—श्रीशिव तथा श्रीविष्णुका स्वरूप भी एक ही है। श्रीविष्णुरूपधारी शिव और श्रीशिवरूपधारी विष्णुको नमस्कार है। श्रीशिवके हृदयमे विष्णु और श्रीविष्णुके हृदयमें भगवान् शिव विराजमान हैं। ब्रह्मा, विष्णु और शिव—ये तीनों देवता एकरूप ही हैं। इन तीनोंके स्वरूपमे कोई अन्तर नही है, केवल गुणोंका भेद बतलाया गया है।

भक्तराज-प्रह्लाद



आस्तिकता

शास्ता विष्णुरशेषस्य
जगतो यो हृदि स्थितः।
तमृते परमात्मानं
तात कः केन शास्यते॥
(विष्णु० १। १७। २०)

पिताजी! हृदयमें स्थित भगवान् विष्णु ही तो सम्पूर्ण जगत्के उपदेशक हैं। उन परमात्माको छोड़कर और कौन किसीको कुछ सिखा सकता है।

भयं भयानामपहारिणि स्थिते
मनस्यनन्ते मम कुत्र तिष्ठति।
यस्मिन् स्मृते जन्मजरान्तकादि-
भयानि सर्वाण्यपयान्ति तात॥
(विष्णु० १। १७। ३६)

जिनके स्मरणमात्रसे जन्म, जरा और मृत्यु आदिके समस्त भय दूर हो जाते हैं, उन सकल भयहारी अनन्तके हृदयमें स्थित रहते मुझे भय कहाँ रह सकता है।

दैत्यबालकोंको उपदेश

बाल्ये क्रीडनकासक्ता यौवने विषयोन्मुखाः।
अज्ञा नयन्त्यशक्तस्था च वार्द्धकं समुपस्थितम्॥
तस्माद्बाल्ये विवेकात्मा यतेत श्रेयसे सदा।
बाल्ययौवनवृद्धाद्यैर्देहभावैरसंयुतः॥
(विष्णु० १। १७। ७५-७६)

मूर्खलोग अपनी बाल्यावस्थामे खेल-कूदमे लगे रहते हैं, युवावस्थामे विषयोमे फँस जाते हैं और बुढ़ापा आनेपर उसे असमर्थतासे काटते हैं। इसलिये विवेकी पुरुषको चाहिये कि देहकी बाल्य, यौवन और बुढ़ापा आदि अवस्थाओंसे ऊपर उठकर बाल्यावस्थामे ही अपने कल्याणका यत्न करे।

तदेतद्वो मयाख्यातं यदि जानीत नानृतम्।
तदस्यप्रीतये विष्णुः स्मर्यतां बन्धमुक्तिदः॥
प्रयासः स्मरणे कोऽस्य स्मृतो यच्छति शोभनम्।
पापक्षयश्च भवति स्मरतां तमहर्निशम्॥
सर्वभूतस्थिते तस्मिन्मतिर्मैत्री दिवानिशम्।
भवतां जायतामेवं सर्वक्लेशान् प्रहास्यथ॥
(विष्णु० १। १७। ७७-७९)

(दैत्यबालको!) मैंने तुमलोगोसे जो कुछ कहा है, उसे यदि तुम मिथ्या नहीं समझते तो मेरी प्रसन्नताके लिये ही बन्धनको छुड़ानेवाले श्रीविष्णुभगवान्का स्मरण करो। उनका स्मरण करनेमें परिश्रम भी क्या है। स्मरणमात्रसे ही वे कल्याणप्रद फल देते हैं तथा रात-दिन उन्हींका स्मरण करनेवालोंका पाप भी नष्ट हो जाता है। उन सर्वभूतस्थ

प्रभुमें तुम्हारी बुद्धि अहर्निश लगी रहे और उनमें निरन्तर तुम्हारा प्रेम बढ़े। इस प्रकार तुम्हारे समस्त क्लेश दूर हो जायँगे।

तापत्रयेणाभिहतं यदेतदखिलं जगत्।
तदा शोच्येषु भूतेषु द्वेषं प्राज्ञः करोति कः॥
(विष्णु० १। १७। ८०)

जब कि यह सभी संसार तापत्रयसे दग्ध हो रहा है, तब इन बेचारे शोचनीय जीवोंसे कौन बुद्धिमान् द्वेष करेगा।

बद्धवैराणि भूतानि द्वेषं कुर्वन्ति चेत्ततः।
सुशोच्यान्यतिमोहेन व्याप्तानीति मनीषिणाम्॥
(विष्णु० १। १७। ८२)

यदि कोई प्राणी वैरभावसे द्वेष भी करें तो विचारवानोंके लिये तो वे 'अहो! ये महामोहसे व्याप्त हैं।' इस दृष्टिसे अत्यन्त शोचनीय ही हैं।

असारसंसारविवर्तनेषु
मा यात तोषं प्रसभं ब्रवीमि।
सर्वत्र दैत्याः समतामुपेत
समत्वमाराधनमच्युतस्य॥
तस्मिन् प्रसन्ने किमिहास्त्यलभ्यं
धर्मार्थकामैरलमल्पकास्ते।
समाश्रिताद् ब्रह्मतरोरनन्ता-
न्निःसंशयं प्राप्स्यथ वै महत्फलम्॥
(विष्णु० १। १७। ९०-९१)

दैत्यो! मैं आग्रहपूर्वक कहता हूँ, तुम इस असार संसारके विषयोंसे कभी संतुष्ट मत होओ। तुम सर्वत्र समदृष्टि करो, क्योंकि समता ही श्रीअच्युतकी वास्तविक आराधना है। उन अच्युतके प्रसन्न होनेपर फिर संसारमें दुर्लभ ही क्या है। तुम धर्म, अर्थ और भोगोंकी इच्छा कभी न करना। वे तो अत्यन्त तुच्छ हैं। उस ब्रह्मरूप महावृक्षका आश्रय लेनेपर तो तुम निःसंदेह मोक्षरूप महाफल प्राप्त कर लोगे।

हरिः सर्वेषु भूतेषु भगवानास्त ईश्वरः।
इति भूतानि मनसा कामैस्तैः साधु मानयेत्॥
एवं निर्जितषड्वर्गैः क्रियते भक्तिरीश्वरे।
वासुदेवे भगवति यया संलभते रतिम्॥
(श्रीमद्भा० ७। ७। ३२-३३)

सर्वशक्तिमान् भगवान् श्रीहरि समस्त प्राणियोंमें विराजमान हैं—ऐसी भावनासे यथाशक्ति सभी प्राणियोंकी इच्छा पूर्ण करे और हृदयसे उनका सम्मान करे। काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सर—इन छः शत्रुओंपर विजय प्राप्त करके जो लोग इस प्रकार भगवान्की साधन-भक्तिका अनुष्ठान करते हैं, उन्हें इस भक्तिके द्वारा भगवान् श्रीकृष्णके चरणोंमें अनन्य प्रेमकी प्राप्ति हो जाती है।

देवोऽसुरो मनुष्यो वा यक्षो गन्धर्व एव च।
भजन् मुकुन्दचरणं स्वस्तिमान् स्याद् यथा वयम्॥
नालं द्विजत्वं देवत्वमृषित्वं वासुरात्मजाः।
प्रीणनाय मुकुन्दस्य न वृत्तं न बहुज्ञता॥
न दानं न तपो नेज्या न शौचं न व्रतानि च।
प्रीयतेऽमलया भक्त्या हरिरन्यद् विडम्बनम्॥
(श्रीमद्भा० ७। ७। ५०-५२)

देवता, दैत्य, मनुष्य, यक्ष अथवा गन्धर्व—कोई भी क्यों न हो—जो भगवान्के चरणकमलोंका सेवन करता है, वह हमारे ही समान कल्याणका भाजन होता है। दैत्य-बालको! भगवान्को प्रसन्न करनेके लिये ब्राह्मण, देवता या ऋषि होना, सदाचार और विविध ज्ञानोंसे सम्पन्न होना तथा दान, तप, यज्ञ, शारीरिक और मानसिक शौच और बड़े-बड़े व्रतोंका अनुष्ठान पर्याप्त नहीं है। भगवान् केवल निष्काम प्रेम-भक्तिसे ही प्रसन्न होते हैं। और सब तो विडम्बनामात्र है।

एतावानेव लोकेऽस्मिन् पुंसः स्वार्थः परः स्मृतः।
एकान्तभक्तिर्गोविन्दे यत् सर्वत्र तदीक्षणम्॥
(श्रीमद्भा० ७। ७। ५५)

इस संसारमें या मनुष्य-शरीरमें जीवका सबसे बड़ा स्वार्थ अर्थात् एकमात्र परमार्थ इतना ही है कि वह भगवान् श्रीकृष्णकी अनन्य भक्ति प्राप्त करे। उस भक्तिका स्वरूप है—सर्वदा सर्वत्र सब वस्तुओंमें भगवान्का दर्शन।

मारनेवालोंके प्रति भी मित्रभाव

ये हन्तुमागता दत्तं यैर्विषं यैर्हुताशनः।
यैर्दिग्गजैरहं क्षुण्णो दष्टः सर्पैश्च यैरपि॥
तेष्वहं मित्रभावेन समः पापोऽस्मि न क्वचित्।
यथा तेनाद्य सत्येन जीवन्वसुरयाजकाः॥
(विष्णु० १। १८। ४२-४३)

जो लोग मुझे मारनेके लिये आये, जिन्होंने मुझे विष दिया, जिन्होंने आगमें जलाया, जिन्होंने दिग्गजोंसे रौंदवाया

और जिन्होंने सर्पोंसे डँसाया, उन सबके प्रति यदि मैं समान मित्रभावसे रहा हूँ और मेरी कभी पाप-बुद्धि नहीं हुई तो उस सत्यके प्रभावसे ये दैत्यपुरोहित जी उठें।

भक्तकी महिमा

यस्यास्ति भक्तिर्भगवत्यकिंचना
सर्वैर्गुणैस्तत्र समासते सुराः।
हरावभक्तस्य कुतो महद्गुणा
मनोरथेनासति धावतो बहिः॥

(श्रीमद्भा० ५। १८। १२)

जिस पुरुषकी भगवानमें निष्काम भक्ति है, उसके हृदयमें समस्त देवता धर्म-ज्ञानादि सम्पूर्ण सद्गुणोंसहित सदा निवास करते हैं। किंतु जो भगवान्‌का भक्त नहीं है, उसमें तो महापुरुषोंके गुण आ ही कहाँसे सकते हैं? वह तो तरह-तरहके संकल्प करके निरन्तर बाहरी विषयोंकी ओर दौड़ता रहता है।

भक्त चाण्डाल भी श्रेष्ठ

विप्राद्द्विषड्गुणयुतादरविन्दनाभ-
पादारविन्दविमुखाच्छ्वपचं वरिष्ठम्।
मन्ये तदर्पितमनोवचनेहितार्थ-
प्राणं पुनाति स कुलं न तु भूरिमानः॥

(श्रीमद्भा० ७। ९। १०)

मेरी समझसे तो धन, कुलीनता, रूप, तप, विद्या, ओज, तेज, प्रभाव, बल, पौरुष, बुद्धि और योग—इन बारहों गुणोंसे युक्त ब्राह्मण भी यदि भगवान् कमलनाभके चरण-कमलोंसे विमुख हो तो उससे वह चाण्डाल श्रेष्ठ है, जिसने अपने मन, वचन, कर्म, धन और प्राण भगवान्‌के चरणोंमें समर्पित कर रक्खे हैं; क्योंकि वह चाण्डाल तो अपने कुलतकको पवित्र कर देता है, किंतु अपने बड़प्पनका अभिमान रखनेवाला वह ब्राह्मण अपनेको भी पवित्र नहीं कर सकता।

प्रार्थना

यदि रासीश मे कामान् वरांस्त्वं वरदर्षभ।
कामानां हृद्यसंरोहं भवतस्तु वृणे वरम्॥
इन्द्रियाणि मनः प्राण आत्मा धर्मो धृतिर्मतिः।
ह्रीः श्रीस्तेजः स्मृतिः सत्यं यस्य नश्यन्ति जन्मना॥
विमुञ्चति यदा कामान् मानवो मनसि स्थितान्।
तर्ह्येव पुण्डरीकाक्ष भगवत्त्वाय कल्पते॥

(श्रीमद्भा० ७। १०। ७–९)

मेरे वरदानिशिरोमणि स्वामी! यदि आप मुझे मुँहमाँगा वर देना ही चाहते हैं तो यह वर दीजिये कि मेरे हृदयमें कभी किसी कामनाका बीज अङ्कुरित ही न हो। हृदयमें किसी भी कामनाके उदय होते ही इन्द्रिय, मन, प्राण, देह, धर्म, धैर्य, बुद्धि, लज्जा, श्री, तेज, स्मृति और सत्य—ये सब-के-सब नष्ट हो जाते हैं। कमलनयन! जिस समय मनुष्य अपने मनमें रहनेवाली कामनाओंका परित्याग कर देता है, उसी समय वह भगवत्स्वरूपको प्राप्त कर लेता है।

नाथ योनिसहस्रेषु येषु येषु व्रजाम्यहम्।
तेषु तेष्वच्युता भक्तिरच्युतास्तु सदा त्वयि॥
या प्रीतिरविवेकानां विषयेष्वनपायिनी।
त्वामनुस्मरतः सा मे हृदयान्मापसर्पतु॥

(विष्णु० १। २०। १८-१९)

नाथ! सहस्रों योनियोंमेंसे जिस-जिसमें जाऊँ, उसी-उसीमें हे अच्युत! आपमें मेरी सर्वदा अक्षुण्ण भक्ति रहे। अविवेकी पुरुषोंकी विषयोंमें जैसी अविचल प्रीति होती है वैसी ही प्रीति आपमें आपका स्मरण करते हुए मेरे हृदयसे कभी दूर न हो।

नमस्कार

यया हि विद्वानपि मुह्यते यत-
स्तत् को विचष्टे गतिमात्मनो यथा।
तस्मै नमस्ते जगदीश्वराय वै
नारायणायाखिललोकसाक्षिणे॥

(श्रीमद्भा० ८। २२। १७)

प्रभो! लक्ष्मीके मदसे तो विद्वान् पुरुष भी मोहित हो जाते हैं। उसके रहते भला, अपने वास्तविक स्वरूपको ठीक-ठीक कौन जान सकता है। अतः उस लक्ष्मीको छीनकर महान् उपकार करनेवाले, समस्त जगत्‌के महान् ईश्वर, सबके हृदयमें विराजमान और सबके परम साक्षी श्रीनारायणदेवको मैं नमस्कार करता हूँ।

सबमें भगवान्

गजेऽपि विष्णुर्भुजगेऽपि विष्णु-
र्जलेऽपि विष्णुर्ज्वलनेऽपि विष्णुः।
त्वयि स्थितो दैत्य मयि स्थितश्च
विष्णुं विना दैत्यगणोऽपि नास्ति॥
स्तौमि विष्णुमहं येन त्रैलोक्यं सचराचरम्॥
कृतं संवर्धितं शान्तं स मे विष्णुः प्रसीदतु।

ब्रह्मा विष्णुर्हरो विष्णुरिन्द्रो वायुर्यमोऽनलः ॥
प्रकृत्यादीनि तत्त्वानि पुरुषं पञ्चविंशकम् ।
पितृदेहे गुरोर्देहे मम देहेऽपि संस्थितः ।
एवं जानन् कथं स्तौमि म्रियमाणं नराधमम् ॥
भोजने शयने याने ज्वरे निष्ठीवने रणे ।
हरिरित्यक्षरं नास्ति मरणेऽसौ नराधमः ॥
माता नास्ति पिता नास्ति नास्ति मे स्वजनो जनः ।
हरिं विना न कोऽप्यस्ति यदुक्तं तद् विधीयताम् ॥
(स्कन्द० प्रभा० वस्त्रापथ० १८ । ७६,८३—८६,८८,९०)

श्रीप्रह्लादजी कहते हैं— हाथीमे भी विष्णु, सर्पमे भी विष्णु, जलमे भी विष्णु और अग्निमे भी भगवान् विष्णु ही हैं । दैत्यपते ! आपमे भी विष्णु और मुझमे भी विष्णु हैं, विष्णुके विना दैत्यगणकी भी कोई सत्ता नही है । मै उन्ही भगवान् विष्णुकी स्तुति करता हूँ, जिन्होने अनेको बार चराचर भूतसमुदायके सहित तीनो लोकोकी रचना की है, सवर्धन किया है और अपने अंदर लीन भी किया है । वे भगवान् विष्णु मुझपर प्रसन्न हो । ब्रह्मा भी विष्णुरूप ही हैं, भगवान् शंकर भी उन्हीके रूप हैं । इन्द्र, वायु, यम और अग्नि, प्रकृति आदि चौवीसों तत्त्व तथा पुरुष नामक पच्चीसवॉ तत्त्व भी भगवान विष्णु ही हैं । पिताकी देहमें, गुरुजीकी देहमे और मेरी अपनी देहमे भी वे ही विराजमान हैं । यो जानता हुआ मै मरणशील अधम मनुष्यकी स्तुति क्यो करूँ । जिसके द्वारा भोजन करते, शयन करते, सवारीमे, ज्वरमें थूकते समय, रण और मरणमे 'हरि' इन शब्दोंका उच्चारण नही होता, वह मनुष्योंमें अधम है । मेरे लिये न तो माता है, न पिता है और न मेरे सगे-सम्बन्धी ही हैं । श्रीहरिको छोड़कर मेरा कोई भी नही है । अतः जो उचित हो, वही करना चाहिये ।

कृष्णनाम-माहात्म्य

नास्ति नास्ति महाभाग कलिकालसमं युगम् ।
स्मरणात् कीर्तनाद् विष्णोः प्राप्यते परमं पदम् ॥
कृष्ण कृष्णेति कृष्णेति कलौ वक्ष्यति प्रत्यहम् ।
नित्यं यज्ञायुतं पुण्यं तीर्थकोटिसमुद्भवम् ॥
कृष्ण कृष्णेति कृष्णेति नित्यं जपति यो जनः ।
तस्य प्रीतिः कलौ नित्यं कृष्णस्योपरि वर्द्धते ॥
(स्क० पु० द्वा० मा० ३८ । ४४—४६)

महाभाग ! कलिकालके समान दूसरा कोई युग नही है, क्योकि उसमे भगवान् विष्णुके स्मरण और कीर्तनसे मनुष्य परमपद प्राप्त कर लेता है । जो कलियुगमे नित्यप्रति 'कृष्ण, कृष्ण, कृष्ण'का उच्चारण करेगा, उसे प्रतिदिन दस हजार यज्ञो और करोड़ो तीर्थोका पुण्य प्राप्त होगा । जो मनुष्य नित्य 'कृष्ण, कृष्ण, कृष्ण' का जप करता है, कलियुगमे श्रीकृष्णके ऊपर उसका प्रेम निरन्तर बढता है ।

कृष्ण कृष्णेति कृष्णेति नित्यं जाग्रत्स्वपंश्च यः ।
कीर्तयेत्तु कलौ चैव कृष्णरूपी भवेद्धि सः ॥
(स्क० पु० द्वा० मा० ३९ । ४)

जो कलिमे प्रतिदिन जागते और सोते समय 'कृष्ण, कृष्ण, कृष्ण' का कीर्तन करता है, वह श्रीकृष्णस्वरूप हो जाता है ।

दानवीर राजा बलि

हरि-नाम



हरिर्हरति पापानि दुष्टचित्तैरपि स्मृतः ।
अनिच्छयापि संस्पृष्टो दहत्येव हि पावकः ॥
जिह्वाग्रे वसते यस्य हरिरित्यक्षरद्वयम् ।
स विष्णुलोकमाप्नोति पुनरावृत्तिदुर्लभम् ॥
(ना० पूर्व० ११ । १००-१०१)

दूषित चित्तवाले पुरुषोके स्मरण करनेपर भी भगवान् हरि उनके पापको वैसे ही हर लेते हैं, जैसे अग्निको विना इच्छा किये भी छू दिया जाय तो भी वह जला देती है । जिसकी जिह्वाके अग्रभागपर 'हरि' ये दो अक्षर वास करते है, वह पुनरावृत्तिरहित श्रीविष्णुधामको प्राप्त होता है ।

भगवान्‌का दिया दण्ड वाञ्छनीय

पुंसां श्लाघ्यतमं मन्ये दण्डमर्हत्तमार्पितम् ।
यं न माता पिता भ्राता सुहृदश्चादिशन्ति हि ॥
त्वं नूनमसुराणां नः पारोक्ष्यः परमो गुरुः ।
यो नोऽनेकमदान्धानां विभ्रंशं चक्षुरादिशत् ॥
(श्रीमद्भा० ८ । २२ । ४-५)

अपने पूजनीय गुरुजनोके द्वारा दिया हुआ दण्ड तो जीवमात्रके लिये अत्यन्त वाञ्छनीय है; क्योंकि वैसा दण्ड माता, पिता, भाई और सुहृद् भी मोह-वश नहीं दे पाते । आप छिपे रूपसे अवश्य ही हम असुरोंको श्रेष्ठ शिक्षा दिया करते हैं, अतः आप हमारे परम गुरु हैं । जब हम-लोग धन, कुलीनता, बल आदिके मदसे अंधे हो जाते हैं, तब आप उन वस्तुओको हमसे छीनकर हमे नेत्रदान करते हैं ।

भक्त वृत्रासुर

प्रार्थना



अहं हरे तव पादैकमूल-
दासानुदासो भवितास्मि भूयः ।
मनः स्मरेतासुपतेर्गुणांस्ते
गृणीत वाक् कर्म करोतु कायः ॥
न नाकपृष्ठं न च पारमेष्ठ्यं
न सार्वभौमं न रसाधिपत्यम् ।
न योगसिद्धीरपुनर्भवं वा
समञ्जस त्वा विरहय्य काङ्क्षे ॥
अजातपक्षा इव मातरं खगाः
स्तन्यं यथा वत्सतराः क्षुधार्ताः ।
प्रियं प्रियेव व्युषितं विषण्णा
मनोऽरविन्दाक्ष दिदृक्षते त्वाम् ॥
ममोत्तमश्लोकजनेषु सख्यं
संसारचक्रे भ्रमतः स्वकर्मभिः ।
त्वन्मायया ऽऽत्मात्मजदारगेहे-
ष्वासक्तचित्तस्य न नाथ भूयात् ॥
(श्रीमद्भा० ६ । ११ । २४—२७)

भगवान्‌को प्रत्यक्ष अनुभव करते हुए वृत्रासुरने प्रार्थना की—'प्रभो ! आप मुझपर ऐसी कृपा कीजिये कि अनन्य-भावसे आपके चरणकमलोंके आश्रित सेवकोंकी सेवा करनेका अवसर मुझे अगले जन्ममें भी प्राप्त हो । प्राणवल्लभ ! मेरा मन आपके मङ्गलमय गुणोंका स्मरण करता रहे, मेरी वाणी उन्हींका गान करे और शरीर आपकी सेवामें ही संलग्न रहे । सर्वसौभाग्यनिधे ! मैं आपको छोड़कर स्वर्ग, ब्रह्मलोक, भू-मण्डलका साम्राज्य, रसातलका एकछत्र राज्य, योगकी सिद्धियाँ—यहाँतक कि मोक्ष भी नहीं चाहता । जैसे पक्षियोंके पंखहीन बच्चे अपनी माकी बाट जोहते रहते है, जैसे भूखे बछड़े अपनी माका दूध पीनेके लिये आतुर रहते हैं और जैसे वियोगिनी पत्नी अपने प्रवासी प्रियतमसे मिलनेके लिये उत्कण्ठित रहती है, वैसे ही कमलनयन ! मेरा मन आपके दर्शनके लिये छटपटा रहा है । प्रभो ! मैं मुक्ति नहीं चाहता । मेरे कर्मोंके फलस्वरूप मुझे बार-बार जन्म-मृत्युके चक्करमें भटकना पड़े, इसकी परवा नहीं, परतु मैं जहाँ-जहाँ जाऊँ, जिस-जिस योनिमें जन्मूँ, वहाँ-वहाँ भगवान्‌के प्यारे भक्तजनोंसे मेरी प्रेममैत्री बनी रहे । स्वामिन् ! मैं केवल यही चाहता हूँ कि जो लोग आपकी मायासे देह-गेह और स्त्री-पुत्र आदिमें आसक्त हो रहे हैं, उनके साथ मेरा कभी किसी प्रकारका भी सम्बन्ध न हो ।'

शूद्र भक्त

धनके दोष

न मे वित्ते स्पृहा चास्ति धनं संसारबन्धुरा ।
तद्विद्वान् पतितो मर्त्यो न पुनर्मोक्षकं व्रजेत् ॥
शृणु वित्तस्य यो दोष इह लोके परत्र च ।
भयं चौराच्च ज्ञातिभ्यो राजभ्यस्तस्करादपि ॥
सर्वे जिघांसवो मर्त्याः पशुमस्त्यविविष्किराः ।
तथा धनवतां नित्यं कथमर्थाः सुखावहाः ॥
प्राणस्यान्तकरो ह्यर्थः साधको दुरितस्य च ।
कामादीनां प्रियं गेहं निदानं दुर्गतेः परम् ॥
(पद्म० सृष्टि० ५० । ५०—५३)

मुझे धनकी इच्छा नहीं है । धन संसार-बन्धनमें डालने-वाला एक जाल है । उसमें फँसे हुए मनुष्यका फिर उद्धार नहीं होता । इस लोक और परलोकमें भी धनके जो दोष हैं, उन्हें सुनो । धन रहनेपर चोर, बन्धु-बान्धव तथा राजासे भी भय प्राप्त होता है । सब मनुष्य [उस धनको हड़प लेनेके लिये] हिंसक जन्तुओंकी भाँति धनी व्यक्तियोंको मार डालनेकी अभिलाषा रखते हैं, फिर धन कैसे सुखद हो सकता है ? धन प्राणोंका घातक और पापका साधक है । धनीका घर काल एवं काम आदि दोषोंका निकेतन बन जाता है । अतः धन दुर्गतिका प्रधान कारण है ।

अकामाच्च व्रतं सर्वमक्रोधात्तीर्थसेवनम् ।
दया जप्यसमा शुद्धं संतोषो धनमेव च ॥
अहिंसा परमा सिद्धिः शिलोञ्छवृत्तिरुत्तमा ।
(पद्म० सृष्टि० ५० । ६१-६२)

कामनाओंका त्याग करनेसे ही समस्त व्रतोंका पालन हो जाता है । क्रोध छोड़ देनेसे तीर्थोंका सेवन हो जाता है । दया ही जपके समान है । संतोष ही शुद्ध धन है, अहिंसा ही

सबसे बड़ी सिद्धि है, शिलोञ्छवृत्ति ही उत्तम जीविका है।

यज्ञ-तप क्या है ?

शाकाहारः सुधातुल्य उपवासः परं तपः ॥
संतोषो मे महाभोग्यं महादानं वराटकम् ।
मातृवत्परदाराश्च परद्रव्यं च लोष्टवत् ॥
परदारा भुजंगाभाः सर्वं यज्ञ इदं मम ।
तस्मादेनं न गृह्णामि सत्यं सत्यं गुणाकर ॥
लग्ने प्रक्षालनात्पङ्के दूरादस्पर्शनं वरम् ॥

(पद्म० सृष्टि० ५० । ६३-६६)

सागका भोजन ही अमृतके समान है। उपवास ही उत्तम तपस्या है। संतोष ही मेरे लिये बहुत बड़ा भोग है। कौड़ीका दान ही मुझ-जैसे व्यक्तिके लिये महादान है। परायी स्त्रियाँ माता और पराया धन मिट्टीके ढेलेके समान है। परस्त्री सर्पिणीके समान भयकर है। यही सब मेरा यज्ञ है। गुणनिधे! इसी कारण मैं इस धनको नहीं ग्रहण करता। यह मैं सच-सच बता रहा हूँ। कीचड़ लग जानेपर उसे धोनेकी अपेक्षा दूरसे उसका स्पर्श न करना ही अच्छा है।

व्याध संत

सुन्दर शिक्षा

मृषावादं परिहरेत् कुर्यात् प्रियमयाचितः ।
न च कामान्न संरम्भान्न द्वेषाद्धर्ममुत्सृजेत् ॥

(महा० वन० २०७ । ४२)

झूठ बोलना छोड़ दे। बिना कहे ही दूसरोंका प्रिय करे तथा न कामनासे, न क्रोधसे और न द्वेषसे ही धर्मका त्याग करे।

न पापे प्रतिपापः स्यात् साधुरेव सदा भवेत् ।
आत्मनैव हतः पापो यः पापं कर्तुमिच्छति ॥

(महा० वन० २०७ । ४५)

पाप करनेवालेके प्रति बदलेमें स्वय पाप न करे—अपराधीसे बदला न ले। सदा साधु स्वभावसे ही रहे। जो पापी किसीके प्रति अकारण पाप करना चाहता है, वह स्वय ही नष्ट हो जाता है।

पापानां विद्ध्यधिष्ठानं लोभमेव द्विजोत्तम ।
लुब्धाः पापं व्यवस्यन्ति नरा नातिबहुश्रुताः ॥

(२०७ । ५८)

द्विजश्रेष्ठ! लोभको ही पापोका निवास-स्थान समझो। जो अत्यन्त ज्ञान-सम्पन्न नहीं हैं, ऐसे मनुष्य लोभके वशीभूत होकर निश्चय ही पापपूर्ण आचरण करने लगते है।

यज्ञो दानं तपो वेदाः सत्यं च द्विजसत्तम ।
पञ्चैतानि पवित्राणि शिष्टाचारेषु नित्यदा ॥
कामक्रोधौ वशे कृत्वा दम्भं लोभमनार्जवम् ।
धर्म इत्येव संतुष्टास्ते शिष्टाः शिष्टसम्मताः ॥
न तेषां विद्यतेऽवृत्तं यज्ञस्वाध्यायशीलिनाम् ।
आचारपालनं चैव द्वितीयं शिष्टलक्षणम् ॥
गुरुशुश्रूषणं सत्यमक्रोधो दानमेव च ।
एतच्चतुष्टयं ब्रह्मन् शिष्टाचारेषु नित्यदा ॥
वेदस्योपनिषत् सत्यं सत्यस्योपनिषदमः ।
दमस्योपनिषत् त्यागः शिष्टाचारेषु नित्यदा ॥

(महा० वन० २०७ । ६२-६५, ६६)

ब्राह्मण! यज्ञ, तप, दान, वेदोका स्वाध्याय और सत्य-भाषण—ये पाँच पवित्र आचरण शिष्ट पुरुषोंमे सदा रहते है। जो काम, क्रोध, लाभ, दम्भ और उद्दण्डता—इन दुर्गुणोंको जीत लेते है, तथा इसीको धर्म मानकर सतुष्ट रहते है, वे ही शिष्ट—उत्तम कहलाते है और उनका ही शिष्ट पुरुष आदर करते है। वे सदा ही यज्ञ और स्वाध्यायमे लगे रहते है, कभी मनमाना आचरण नहीं करते। सदाचारका निरन्तर पालन करना—शिष्ट पुरुषोंका दूसरा लक्षण है। शिष्टाचारी पुरुषोंमे गुरुकी सेवा, क्रोधका अभाव, सत्यभाषण और दान—ये चार सद्गुण अवश्य होते हैं। वेदका सार है सत्य, सत्यका सार है इन्द्रिय-संयम और इन्द्रिय-संयमका सार है त्याग। यह त्याग शिष्ट पुरुषोंमे सदा विद्यमान रहता है।

आरम्भो न्याययुक्तो यः स हि धर्म इति स्मृतः ।
अनाचारस्त्वधर्मेति एतच्छिष्टानुशासनम् ॥

(२०७ । ७७)

जो कार्य न्याययुक्त होता है, वही धर्म माना गया है। अनाचारका नाम ही अधर्म है—यह शिष्ट पुरुषोंका उपदेश है।

आस्तिका मानहीनाश्च द्विजातिजनपूजकाः ।
श्रुतवृत्तोपसम्पन्नाः संतः स्वर्गनिवासिनः ॥

(२०७ । ८२)

जो आस्तिक, मानहीन, द्विजोका सम्मान करनेवाले,

शास्त्रज्ञान और सदाचारसे सम्पन्न हैं, ऐसे सत्पुरुष स्वर्गलोकके निवासी होते हैं।

यत्करोत्यशुभं कर्म शुभं वा यदि सत्तम।
अवश्यं तत् समाप्नोति पुरुषो नात्र संशयः॥
(२०९।५)

साधुश्रेष्ठ! जो पुरुष जैसा भी शुभ या अशुभ कर्म करता है, अवश्य ही उसका फल भोगता है—इसमें तनिक भी संदेह नहीं है।

सतां धर्मेण वर्तेत क्रियां शिष्टवदाचरेत्।
असंक्लेशेन लोकस्य वृत्तिं लिप्सेत वै द्विज॥
(२०९।४४)

ब्रह्मन्! सत्पुरुषोंद्वारा पालित धर्मके अनुसार बर्ताव करे, शिष्ट पुरुषोंकी भाँति श्रेष्ठ आचरण करे। दूसरे लोगोंको क्लेश पहुँचाये बिना ही जिससे जीवन-निर्वाह हो जाय, ऐसी ही वृत्ति अपनानेकी अभिलाषा करे।

रथः शरीरं पुरुषस्य दुष्ट-
मात्मा नियन्तेन्द्रियाण्याहुरश्वान्।
तैरप्रमत्तः कुशली सदश्वै-
र्दान्तैः सुखं याति रथीव धीरः॥
(२११।२३)

मनुष्यका यह दोषयुक्त शरीर मानो एक रथ है, आत्मा इसका सारथि है, इन्द्रियोंको अश्व कहते हैं। इन सबके द्वारा इन्द्रियरूपी श्रेष्ठ अश्वोंको वशमें करके सदा सावधान रहनेवाले रथीकी भाँति धीर पुरुष कुशली रहकर सुखपूर्वक यात्रा करता है।

सर्वोपायैस्तु लोभस्य क्रोधस्य च विनिग्रहः।
एतत् पवित्रं लोकानां तपो यैः संक्रमो मतः॥
नित्यं क्रोधात् तपो रक्षेद् धर्मं रक्षेच्च मत्सरात्।
विद्यां मानापमानाभ्यामात्मानं तु प्रमादतः॥
आनृशंस्यं परो धर्मः क्षमा च परमं बलम्।
आत्मज्ञानं परं ज्ञानं परं सत्यव्रतं व्रतम्॥
सत्यस्य वचनं श्रेयः सत्यं ज्ञानं हितं भवेत्।
यद्भूतहितमत्यन्तं तद्वै सत्यं परं मतम्॥
यस्य सर्वे समारम्भाः निराशार्बन्धनाः सदा।
त्यागे यस्य हुतं सर्वं स त्यागी स च बुद्धिमान्॥
(२१३।२८–३२)

सब प्रकारके उपायोंसे लोभ और क्रोधका दमन करना चाहिये। संसारमें यही लोगोंको पावन करनेवाला तप है और यही भवसागरसे पार उतारनेवाला पुल है। सदा-सर्वदा तपको क्रोधसे, धर्मको डाहसे, विद्याको मानापमानसे और अपनेको प्रमादसे बचाना चाहिये। क्रूरताका अभाव (दया) परम धर्म है, क्षमा ही सबसे बड़ा बल है, सत्यका व्रत ही सबसे उत्तम व्रत है और आत्माका ज्ञान ही सर्वोत्तम ज्ञान है। सत्यभाषण सदा कल्याणमय है, सत्यमें ही ज्ञान निहित है; जिससे प्राणियोंका अत्यन्त कल्याण हो, वही सबसे बढ़कर सत्य माना गया है। जिसके सारे कर्म कभी कामनाओंसे बँधे नहीं होते, जिसने अपना सब कुछ त्यागकी अग्निमें होम दिया है, वही त्यागी है और वही बुद्धिमान् है।

महर्षि अम्भृणकी कन्या वाक्‌देवी

ॐ अहं रुद्रेभिर्वसुभिश्चरा-
म्यहमादित्यैरुत विश्वदेवैः।
अहं मित्रावरुणोभा बिभर्म्य-
हमिन्द्राग्नी अहमश्विनोभा॥

मैं सच्चिदानन्दमयी सर्वात्मा देवी रुद्र, वसु, आदित्य तथा विश्वेदेवगणोंके रूपमें विचरती हूँ। मैं ही मित्र और वरुण दोनोंको, इन्द्र और अग्निको तथा दोनों अश्विनीकुमारोंको धारण करती हूँ।

अहं सोममाहनसं बिभर्म्यहं
त्वष्टारमुत पूषणं भगम्।
अहं दधामि द्रविणं हविष्मते
सुप्राव्ये यजमानाय सुन्वते॥

मैं ही शत्रुओंके नाशक आकाशचारी देवता सोमको, त्वष्टा प्रजापतिको तथा पूषा और भगको भी धारण करती हूँ। जो हविष्यसे सम्पन्न हो देवताओंको उत्तम हविष्यकी प्राप्ति कराता है तथा उन्हें सोमरसके द्वारा तृप्त करता है, उस यजमानके लिये मैं ही उत्तम यज्ञका फल और धन प्रदान करती हूँ।

अहं राष्ट्री संगमनी वसूनां
चिकितुषी प्रथमा यज्ञियानाम्।
तां मा देवा व्यदधुः पुरुत्रा
भूरिस्थात्रां भूर्यावेशयन्तीम्॥

मैं सम्पूर्ण जगत्‌की अधीश्वरी, अपने उपासकोंको धनकी प्राप्ति करानेवाली, साक्षात्कार करने योग्य परब्रह्मको अपनेसे

अभिन्न रूपमें जाननेवाली तथा पूजनीय देवताओंमें प्रधान हूँ। मैं प्रपञ्चरूपसे अनेक भावोंमें स्थित हूँ। सम्पूर्ण भूतोंमें मेरा प्रवेश है। अनेक स्थानोंमें रहनेवाले देवता जहाँ कहीं जो कुछ भी करते हैं, वह सब मेरे लिये करते हैं।

मया सो अन्नमत्ति यो विपश्यति
यः प्राणिति यः ईं शृणोत्युक्तम्।
अमन्तवो मां त उप क्षियन्ति
श्रुधि श्रुत श्रद्धिवं ते वदामि॥

जो अन्न खाता है, वह मेरी शक्तिसे ही खाता है [क्योंकि मैं ही भोक्तृ-शक्ति हूँ]; इसी प्रकार जो देखता है, जो साँस लेता है तथा जो कही हुई बात सुनता है, वह मेरी ही सहायतासे उक्त सब कर्म करनेमें समर्थ होता है। जो मुझे इस रूपमें नहीं जानते, वे न जाननेके कारण ही हीन दशाको प्राप्त होते जाते हैं। हे बहुश्रुत! मैं तुम्हें श्रद्धासे प्राप्त होनेवाले ब्रह्मतत्त्वका उपदेश करती हूँ, सुनो -

अहमेव स्वयमिदं वदामि
जुष्टं देवेभिरुत मानुषेभिः।
यं कामये तं तमुग्रं कृणोमि तं
ब्रह्माणं तमृषिं तं सुमेधाम्॥

मैं स्वयं ही देवताओं और मनुष्योंद्वारा सेवित इस दुर्लभ तत्त्वका वर्णन करती हूँ। मैं जिस जिस पुरुषकी रक्षा करना चाहती हूँ, उस-उसको सबकी अपेक्षा अधिक शक्तिशाली बना देती हूँ। उसीको सृष्टिकर्ता ब्रह्मा, अपरोक्षज्ञान-सम्पन्न ऋषि तथा उत्तम मेधाशक्तिसे युक्त बनाती हूँ।

अहं रुद्राय धनुरा तनोमि
ब्रह्मद्विषे शरवे हन्तवा उ।
अहं जनाय समदं कृणोम्यहं
द्यावापृथिवी आ विवेश॥

मैं ही ब्रह्मद्वेषी हिंसक असुरोंका वध करनेके लिये रुद्रके धनुषको चढ़ाती हूँ। मैं ही शरणागतजनोंकी रक्षाके लिये शत्रुओंसे युद्ध करती हूँ तथा अन्तर्यामीरूपसे पृथ्वी और आकाशके भीतर व्याप्त रहती हूँ।

अहं सुवे पितरमस्य मूर्द्धन्मम
योनिरप्स्वन्तः समुद्रे।
ततो वि तिष्ठे भुवना नु विश्वो-
तामूं द्यां वर्ष्मणोप स्पृशामि॥

मैं ही इस जगत्‌के पितारूप आकाशको सर्वाधिष्ठान-स्वरूप परमात्माके ऊपर उत्पन्न करती हूँ। समुद्र (सम्पूर्ण भूतोंके उत्पत्तिस्थान परमात्मा) में तथा जल (बुद्धिकी व्यापक वृत्तियों) में मेरे कारण (कारणस्वरूप चैतन्य ब्रह्म) की स्थिति है; अतएव मैं समस्त भुवनमें व्याप्त रहती हूँ तथा उस स्वर्गलोकका भी अपने शरीरसे स्पर्श करती हूँ।

अहमेव वात इव प्रवाम्यारभमाणा भुवनानि विश्वा।
परो दिवा पर एना पृथिव्यैतावती महिना संबभूव॥

मैं कारणरूपसे जब समस्त विश्वकी रचना आरम्भ करती हूँ, तब दूसरोंकी प्रेरणाके बिना स्वयं ही वायुकी भाँति चलती हूँ, स्वेच्छासे ही कर्ममें प्रवृत्त होती हूँ। मैं पृथ्वी और आकाश दोनोंसे परे हूँ। अपनी महिमासे ही मैं ऐसी हुई हूँ।

(ऋग्वेद १० । १० । १२५ । १-८)

कपिल-माता देवहूति



नाम-जापक चाण्डाल भी सर्वश्रेष्ठ

अहो बत श्वपचोऽतो गरीयान्
यज्जिह्वाग्रे वर्तते नाम तुभ्यम्।
तेपुस्तपस्ते जुहुवुः सस्नुरार्या
ब्रह्मानूचुर्नाम गृणन्ति ये ते॥

(श्रीमद्भा० ३ । ३३ । ७)

अहो! वह चाण्डाल भी सर्वश्रेष्ठ है कि जिसकी जिह्वाके अग्रभागमें आपका नाम विराजमान है। जो श्रेष्ठ पुरुष आपका नाम उच्चारण करते हैं, उन्होंने तप, हवन, तीर्थस्नान, सदाचारका पालन और वेदाध्ययन—सब कुछ कर लिया।

वशिष्ठपत्नी अरुन्धती

दुस्त्यज तृष्णा

या दुस्त्यजा दुर्मतिभिर्या न जीर्यति जीर्यतः ।
योऽसौ प्राणान्तिको रोगस्तां तृष्णां त्यजतः सुखम् ॥
(पद्म० सृष्टि० १९ । २७१)

दुष्ट बुद्धिवाले पुरुषोंके लिये जिसका त्याग करना कठिन है, जो शरीरके जीर्ण होनेपर भी जीर्ण नहीं होती तथा जो प्राणान्तकारी रोगके समान है, उस तृष्णाका त्याग करनेवालेको ही सुख मिलता है ।

सच्ची माता मदालसा

पुत्रको उपदेश



शुद्धोऽसि रे तात न तेऽस्ति नाम
कृतं हि ते कल्पनयाधुनैव ।
पञ्चात्मकं देहमिदं न तेऽस्ति
नैवास्य त्वं रोदिषि कस्य हेतोः ॥
न वा भवान् रोदिति वै स्वजन्मा
शब्दोऽयमासाद्य महीशसूनुम् ।
विकल्प्यमाना विविधा गुणास्ते-
ऽगुणाश्च भौताः सकलेन्द्रियेषु ॥
भूतानि भूतैः परिदुर्बलानि
वृद्धिं समायान्ति यथेह पुंसः ।
अन्नाम्बुदानादिभिरेव कस्य
न तेऽस्ति वृद्धिर्न च तेऽस्ति हानिः ॥
त्वं कञ्चुके शीर्यमाणे निजेऽस्मिं-
स्तस्मिंश्च देहे मूढतां मा व्रजेथाः ।
शुभाशुभैः कर्मभिर्देहमेतत्
× × × × ॥
तातेति किंचित् तनयेति किंचि-
द्अम्बेति किंचिद्ययितेति किंचित् ।
ममेति किंचिन्न ममेति किंचित्
त्वं भूतसङ्घं बहु मानयेथाः ॥
दुःखानि दुःखोपगमाय भोगान्
सुखाय जानाति विमूढचेताः ।
तान्येव दुःखानि पुनः सुखानि
जानाति विद्वानविमूढचेताः ॥
हासोऽस्थिसंदर्शनमक्षियुग्म-
मत्युज्ज्वलं यत्कलुषं वसायाः ।
कुचादि पीनं पिशितं घनं तत्
स्थानं रतेः किं नरकं न योषित् ॥
यानं क्षितौ यानगतश्च देहो
देहेऽपि चान्यः पुरुषो निविष्टः ।
ममत्वमुर्व्यां न तथा यथा स्वे
देहेऽतिमात्रं च विमूढतैषा ॥
(मार्क० २५ । ११—१८)

पुत्र ! तू तो शुद्ध आत्मा है, तेरा कोई नाम नहीं है । यह कल्पित नाम तो तुझे अभी मिला है । यह शरीर भी पाँच भूतोंका बना हुआ है । न यह तेरा है, न तू इसका है । फिर किसलिये रो रहा है ।

अथवा तू नहीं रोता है, यह शब्द तो राजकुमारके पास पहुँचकर अपने-आप ही प्रकट होता है । तेरी सम्पूर्ण इन्द्रियोंमें जो भाँति-भाँतिके गुण-अवगुणोंकी कल्पना होती है, वे भी पाञ्चभौतिक ही हैं ।

जैसे इस जगत्‌में अत्यन्त दुर्बल भूत अन्य भूतोंके सहयोगसे वृद्धिको प्राप्त होते हैं, उसी प्रकार अन्न और जल आदि भौतिक पदार्थोंको देनेसे पुरुषके पाञ्चभौतिक शरीरकी ही पुष्टि होती है । इससे तुझ शुद्ध आत्माकी न तो वृद्धि होती है और न हानि ही होती है ।

तू अपने इस अंगे और देहरूपी चोलेके जीर्ण-शीर्ण होनेपर मोह न करना । शुभाशुभ कर्मोंके अनुसार यह देह प्राप्त हुआ है ।

कोई जीव पिताके रूपमें प्रसिद्ध है, कोई पुत्र कहलाता है, किसीको माता और किसीको प्यारी स्त्री कहते हैं; कोई 'यह मेरा है' कहकर अपनाया जाता है और कोई 'मेरा नहीं है' इस भावसे पराया माना जाता है । इस प्रकार ये भूत-समुदायके ही नाना रूप हैं, ऐसा तुझे मानना चाहिये ।

यद्यपि समस्त भोग दुःखरूप हैं, तथापि मूढचित्त मानव **उन्हें दुःख दूर करनेवाला तथा सुखकी प्राप्ति करानेवाला**

समझता है; किंतु जो विद्वान् हैं, जिनका चित्त मोहसे आच्छन्न नहीं हुआ है, वे उन भोगजनित सुखोंको भी दुःख ही मानते हैं।

स्त्रियोंकी हँसी क्या है, हड्डियोंका प्रदर्शन। जिसे हम अत्यन्त सुन्दर नेत्र कहते हैं, वह मज्जाकी कालिमा है और मोटे-मोटे कुच आदि घने मांसकी ग्रन्थियाँ हैं। अतः पुरुष जिसपर अनुराग करता है, वह युवती स्त्री क्या नरककी जीती-जागती मूर्ति नहीं है?

पृथ्वीपर सवारी चलती है, सवारीपर यह शरीर रहता है और इस शरीरमें भी एक दूसरा पुरुष बैठा रहता है; किंतु पृथ्वी और सवारीमें वैसी अधिक ममता नहीं देखी जाती, जैसी अपने देहमें दृष्टिगोचर होती है। यही मूर्खता है।

धन्योऽसि रे यो वसुधामशत्रु-
रेकश्चिरं पालयितासि पुत्र।
तत्पालनादस्तु सुखोपभोगो
धर्मात् फलं प्राप्स्यसि चामरत्वम्॥
धरामरान् पर्वसु तर्पयेथाः
समीहितं बन्धुषु पूरयेथाः।
हितं परस्मै हृदि चिन्तयेथा
मनः परस्त्रीषु निवर्तयेथाः॥
सदा मुरारिं हृदि चिन्तयेथा-
स्त्वद्ध्यानतोऽन्तःषडरीञ्जयेथाः।
मायां प्रबोधेन निवारयेथा
ह्यनित्यतामेव विचिन्तयेथाः॥
अर्थागमाय क्षितिपाञ् जयेथा
यशोऽर्जनायार्थमपि व्ययेथाः।
परापवादश्रवणाद् बिभीथा
विपत्समुद्राज्जनमुद्धरेथाः॥
यज्ञैरनेकैर्विबुधानजस्र-
मर्थाद्द्विजान् प्रीणय संश्रितांश्च।
स्त्रियश्च कामैरतुलैश्चिराय
युद्धैश्चारीस्तोषयितासि वीर॥
बालो मनो नन्दय बान्धवानां
गुरोस्तथाज्ञाकरणैः कुमारः।
स्त्रीणां युवा सत्कुलभूषणानां
वृद्धो वने वत्स वनेचराणाम्॥
राज्यं कुर्वन् सुहृदो नन्दयेथाः
साधून् रक्षंस्तात यज्ञैर्यजेथाः।
दुष्टान् निघ्नन् वैरिणश्चाजिमध्ये
गोविप्रार्थे वत्स मृत्युं व्रजेथाः॥

(मार्क० २६। ३५–४१)

बेटा! तू धन्य है, जो शत्रुरहित होकर अकेला ही चिरकालतक इस पृथ्वीका पालन करता रहेगा। पृथ्वीके पालनसे तुझे सुखभोगकी प्राप्ति हो और धर्मके फलस्वरूप तुझे अमरत्व मिले। पर्वोंके दिन ब्राह्मणोंको भोजनके द्वारा तृप्त करना, बन्धु-बान्धवोंकी इच्छा पूर्ण करना, अपने हृदयमें दूसरोंकी भलाईका ध्यान रखना और परायी स्त्रियोंकी ओर कभी मनको न जाने देना। अपने मनमें सदा श्रीविष्णु-भगवान्‌का चिन्तन करना, उनके ध्यानसे अन्तःकरणके काम-क्रोध आदि छहों शत्रुओंको जीतना, ज्ञानके द्वारा मायाका निवारण करना और जगत्‌की अनित्यताका विचार करते रहना। धनकी आयके लिये राजाओंपर विजय प्राप्त करना, यशके लिये धनका सद्व्यय करना, परायी निन्दा सुननेसे डरते रहना तथा विपत्तिके समुद्रमें पड़े हुए लोगोंका उद्धार करना। वीर! तू अनेक यज्ञोंके द्वारा देवताओंको तथा धनके द्वारा ब्राह्मणों एवं आश्रितोंको संतुष्ट करना। अनुपम भोगोंके द्वारा स्त्रियोंको प्रसन्न रखना और युद्धके द्वारा शत्रुओंके छक्के छुड़ाना। बाल्यावस्थामें तू भाई-बन्धुओंको आनन्द देना, कुमारावस्थामें आज्ञापालनके द्वारा गुरुजनोंको संतुष्ट रखना। युवावस्थामें उत्तम कुलको सुशोभित करने-वाली स्त्रियोंको प्रसन्न रखना और वृद्धावस्थामें वनके भीतर निवास करते हुए वनवासियोंको सुख देना। तात! राज्य करते हुए अपने सुहृदोंको प्रसन्न रखना, साधु पुरुषोंकी रक्षा करते हुए यज्ञोंद्वारा भगवान्‌का यजन करना, तथा संग्राममें दुष्ट शत्रुओंका संहार करते हुए गौ और ब्राह्मणोंकी रक्षाके लिये अपने प्राण निछावर कर देना।

सङ्गः सर्वात्मना त्याज्यः स चेत्त्यक्तुं न शक्यते।
स सद्भिः सह कर्तव्यः सतां सङ्गो हि भेषजम्॥
कामः सर्वात्मना हेयो हातुं चेच्छक्यते न सः।
मुमुक्षां प्रति तत्कार्यं सैव तस्यापि भेषजम्॥

(मार्क० ३७। २३-२४)

सङ्ग (आसक्ति) का सब प्रकारसे त्याग करना चाहिये। किंतु यदि उसका त्याग न किया जा सके तो सत्पुरुषोंका सङ्ग करना चाहिये; क्योंकि सत्पुरुषोंका सङ्ग ही उसकी ओषधि है। कामनाको सर्वथा छोड़ देना चाहिये; परंतु यदि वह छोड़ी न जा सके तो मुमुक्षा (मुक्तिकी इच्छा) के प्रति कामना करनी चाहिये, क्योंकि मुमुक्षा ही उस कामनाको मिटानेकी दवा है।

सती सावित्री



सकृदंशो निपतति
सकृत् कन्या प्रदीयते।
सकृदाह ददानीति
त्रीण्येतानि सकृत् सकृत्॥
(महा० वन० २९४। २६)

पिताजी ! बँटवारा एक ही बार होता है, कन्यादान एक बार ही किया जाता है और 'मैंने दिया' ऐसा संकल्प भी एक बार ही होता है। ये तीन बातें एक-एक बार ही हुआ करती हैं।

सतां सकृत् सङ्गतमीप्सितं परं
ततः परं मित्रमिति प्रचक्षते।
न चाफलं सत्पुरुषेण सङ्गतं
ततः सतां संनिवसेत् समागमे॥
(२९७। ३०)

सत्पुरुषोंका तो एक बारका समागम भी अत्यन्त अभीष्ट होता है। यदि कहीं उनके साथ मैत्रीभाव हो गया तो वह उससे बढ़कर बताया जाता है। सत-समागम कभी निष्फल नहीं होता; अतः सदा सत्पुरुषोंके ही सङ्गमें रहना चाहिये।

अद्रोहः सर्वभूतेषु कर्मणा मनसा गिरा।
अनुग्रहश्च दानं च सतां धर्मः सनातनः॥
एवंप्रायश्च लोकोऽयं मनुष्योऽशक्तपेशलः।
सन्तस्त्वेवाप्यमित्रेषु दयां प्राप्तेषु कुर्वते॥
(२९७। ३५-३६)

मन, वचन और कर्मसे समस्त प्राणियोंके प्रति अद्रोह, सबपर कृपा करना और दान देना—यह सत्पुरुषोंका सनातन धर्म है। लोग सभी प्रायः अल्पायु हैं और शक्ति एवं कौशलसे हीन हैं। किंतु जो सत्पुरुष हैं, वे तो अपने पास आये शत्रुओंपर भी दया करते हैं।

आत्मन्यपि न विश्वासस्तथा भवति सत्सु यः।
तस्मात् सत्सु विशेषेण सर्वः प्रणयमिच्छति॥
(२९७। ४२)

सत्पुरुषोंके प्रति जो विश्वास होता है, वैसा विश्वास मनुष्यको अपनेमें भी नहीं होता; अतः प्रायः सभी लोग साधुपुरुषोंके साथ प्रेम करना चाहते हैं।

सौहृदात् सर्वभूतानां विश्वासो नाम जायते।
तस्मात् सत्सु विशेषेण विश्वासं कुरुते जनः॥
(२९७। ४३)

सत्पुरुषोंका सब भूतोंके प्रति अकारण स्नेह होनेसे उनके प्रति विश्वास पैदा होता है; अतः सभी लोग सत्पुरुषोंपर अधिक विश्वास करते हैं।

सतां सदा शाश्वतधर्मवृत्तिः
सन्तो न सीदन्ति न च व्यथन्ति।
सतां सद्भिर्नाफलः संगमोऽस्ति
सद्भ्यो भयं नानुवर्तन्ति सन्तः॥
सन्तो हि सत्येन नयन्ति सूर्यं
सन्तो भूमिं तपसा धारयन्ति।
सन्तो गतिर्भूतभव्यस्य राजन्
सतां मध्ये नावसीदन्ति सन्तः॥
आर्यजुष्टमिदं वृत्तमिति विज्ञाय शाश्वतम्।
सन्तः परार्थं कुर्वाणा नावेक्षन्ति परस्परम्॥
(२९७। ४७-४९)

सत्पुरुषोंकी वृत्ति निरन्तर धर्ममें ही रहा करती है, वे कभी दुःखित या व्यथित नहीं होते। सत्पुरुषोंके साथ जो सत्पुरुषोंका समागम होता है, वह कभी निष्फल नहीं होता और सतोंसे सतोंको कभी भय भी नहीं होता। सत्पुरुष सत्यके बलसे सूर्यको भी अपने समीप बुला लेते हैं, वे अपने तपके प्रभावसे पृथ्वीको धारण किये हुए हैं। संत ही भूत और भविष्यत्‌के आधार हैं, उनके बीचमें रहकर सत्पुरुषोंको कभी खेद नहीं होता। यह सनातन सदाचार सत्पुरुषोंद्वारा सेवित है—यह जानकर सत्पुरुष परोपकार करते हैं और प्रत्युपकारीकी ओर कभी दृष्टि नहीं डालते।

न च प्रसादः सत्पुरुषेषु मोघो
न चाप्यर्थो नश्यति नापि मानः।
यस्मादेतन्नियतं सत्सु नित्यं
तस्मात् सन्तो रक्षितारो भवन्ति॥
(२९७। ५०)

सत्पुरुषोंमें जो प्रसाद (कृपा एवं अनुग्रहका भाव) होता है, वह कभी व्यर्थ नहीं जाता। सत्पुरुषोंसे न तो किसीका कोई प्रयोजन नष्ट होता है और न सम्मानको ही धक्का पहुँचता है। ये तीनों बातें (प्रसाद, अर्थसिद्धि एवं मान) साधुपुरुषोंमें सदा निश्चितरूपसे रहती हैं; इसीलिये संत सबके रक्षक होते हैं।

महारानी शैव्या (हरिश्चन्द्र-पत्नी)

सत्यकी महिमा

त्यज चिन्तां महाराज स्वसत्यमनुपालय।
श्मशानवद् वर्जनीयो नरः सत्यबहिष्कृतः॥
नातः परतरं धर्मं वदन्ति पुरुषस्य तु।
यादृशं पुरुषव्याघ्र स्वसत्यपरिपालनम्॥
अग्निहोत्रमधीतं वा दानाद्याश्चाखिलाः क्रियाः।
भजन्ते तस्य वैफल्यं यस्य वाक्यमकारणम्॥
सत्यमत्यन्तमुदितं धर्मशास्त्रेषु धीमताम्।
तारणायानृतं तद्वत् पातनायाकृतात्मनाम्॥
(मार्क० ८। १७–२०)

(पति हरिश्चन्द्रके प्रति) महाराज! चिन्ता छोड़िये। अपने सत्यकी रक्षा कीजिये। जो मनुष्य सत्यसे विचलित होता है, वह श्मशानकी भाँति त्याग देने योग्य है। नरश्रेष्ठ! पुरुषके लिये अपने सत्यकी रक्षासे बढ़कर दूसरा कोई धर्म नहीं बतलाया गया है। जिसका वचन निरर्थक (मिथ्या) हो जाता है, उसके अग्निहोत्र, स्वाध्याय तथा दान आदि सम्पूर्ण कर्म निष्फल हो जाते हैं। धर्मशास्त्रोंमें बुद्धिमान् पुरुषोंने सत्यको ही संसारसागरसे तारनेके लिये सर्वोत्तम साधन बताया है। इसी प्रकार जिनका मन अपने वशमें नहीं, ऐसे पुरुषोंको पतनके गर्तमें गिरानेके लिये असत्यको ही प्रधान कारण बतलाया गया है।

अत्रिपत्नी श्रीअनसूया



पति-सेवाका महत्त्व

पञ्चर्णानि मनुष्येण साध्वि देयानि सर्वदा।
तथात्मवर्णधर्मेण कर्तव्यो धनसंचयः॥
प्राप्तश्चार्थस्ततः पात्रे विनियोज्यो विधानतः।
सत्यार्जवतपोदानैर्दयायुक्तो भवेत् सदा॥
क्रियाश्च शास्त्रनिर्दिष्टा रागद्वेषविवर्जिताः।
कर्तव्या अन्वहं श्रद्धापुरस्कारेण शक्तितः॥
स्वजातिविहितानेव लोकानाप्नोति मानवः।
क्लेशेन महता साध्वि प्राजापत्यादिकान् क्रमात्॥
स्त्रियस्त्वेवं समालभ्य नरैर्दुःखार्जितस्य वै।
पुण्यस्यार्द्धापहारिण्यः पतिशुश्रूषयैव हि॥
नास्ति स्त्रीणां पृथग्यज्ञो न श्राद्धं नाप्युपोषितम्।
भर्तृशुश्रूषयैवैतान् लोकानिष्टान् व्रजन्ति हि॥
तस्मात् साध्वि महाभागे पतिशुश्रूषणं प्रति।
त्वया मतिः सदा कार्या यतो भर्ता परा गतिः॥
यद्देवेभ्यो यच्च पित्रागतेभ्यः
कुर्याद् भर्ताभ्यर्चनं सत्क्रियातः।
तस्याप्यर्द्धं केवलानन्यचित्ता
नारी भुङ्क्ते भर्तृशुश्रूषयैव॥
(मार्क० १६। ५६–६३)

साध्वि! मनुष्यको पाँच ऋण सदा ही चुकाने चाहिये। अपने वर्णधर्मके अनुसार धनका संग्रह करना आवश्यक है। उसके प्राप्त होनेपर शास्त्र-विधिके अनुसार उसका सत्पात्रको दान करना चाहिये। सत्य, सरलता, तपस्या, दान और दयासे सदा युक्त रहना चाहिये। राग-द्वेषका परित्याग करके शास्त्रोक्त कर्मोंका अपनी शक्तिके अनुसार प्रतिदिन श्रद्धापूर्वक अनुष्ठान करना चाहिये। ऐसा करनेसे मनुष्य अपने वर्णके लिये विहित उत्तम लोकोंको प्राप्त होता है। पतिव्रते! महान् क्लेश उठानेपर पुरुषोंको क्रमशः प्राजापत्य आदि लोकोंकी प्राप्ति होती है, परंतु स्त्रियाँ केवल पतिकी सेवा करनेमात्रसे पुरुषोंके दुःख सहकर उपार्जित किये हुए पुण्यका आधा भाग प्राप्त कर लेती हैं। स्त्रियोंके लिये अलग यज्ञ, श्राद्ध या उपवासका विधान नहीं है। वे पतिकी सेवामात्रसे ही अभीष्ट लोकोंको प्राप्त कर लेती हैं। अतः महाभागे! तुम्हें सदा पतिकी सेवामें अपना मन लगाना चाहिये, क्योंकि स्त्रीके लिये पति ही परम गति है। पति जो देवताओं, पितरों तथा अतिथियोंकी सत्कारपूर्वक पूजा करता है, उसके भी पुण्यका आधा भाग स्त्री अनन्यचित्तसे पतिकी सेवा करनेमात्रसे प्राप्त कर लेती है।



मोक्ष और स्वर्ग

दधीचि-पत्नी प्रातिथेयी

गौ-ब्राह्मण-देवताके लिये प्राण-त्याग करनेवाले धन्य हैं

उत्पद्यते यत्तु विनाशि सर्वं
न शोच्यमस्तीति मनुष्यलोके।
गोविप्रदेवार्थमिह त्यजन्ति
प्राणान् प्रियान् पुण्यभाजो मनुष्याः॥
(ब्रह्मपुराण ११०। ६३)

संसारमें जो वस्तु उत्पन्न होती है, वह सब नश्वर है; अतः उसके लिये शोक नहीं करना चाहिये। मनुष्योंमें पुण्यके भागी वे ही होते हैं जो गौ, ब्राह्मण तथा देवताओंके लिये अपने प्यारे प्राणोंका उत्सर्ग कर देते हैं।

संसारचक्रे परिवर्तमाने
देहं समर्थं धर्मयुक्तं लवाप्य।
प्रियान् प्राणान् देवविप्रार्थहेतो-
स्ते वै धन्याः प्राणिनो ये त्यजन्ति॥
(ब्रह्म० ११०। ६४)

इस परिवर्तनशील संसारचक्रमें धर्मपरायण तथा शक्तिशाली शरीर पाकर जो प्राणी देवताओं तथा ब्राह्मणोंके लिये अपने प्यारे प्राणोंका त्याग करते हैं, वे ही धन्य हैं।

प्राणाः सर्वेऽस्यापि देहान्वितस्य
यातारो वै नात्र संदेहलेशः।
एवं ज्ञात्वा विप्रगोदेवदीना-
र्थं चैनानुत्सृजन्तीश्वरास्ते॥
(ब्रह्म० ११०। ६५)

जिसने देह धारण किया है, उसके प्राण एक-न-एक दिन अवश्य जायँगे—यह जानकर जो ब्राह्मण, गौ, देवता तथा दीन आदिके लिये इन प्राणोंका उत्सर्ग करते हैं, वे ईश्वर हैं।

सती सुकला

पति-तीर्थ

पुण्या स्त्री कथ्यते लोके या स्यात् पतिपरायणा।
युवतीनां पृथक्तीर्थं विना भर्तुर्द्विजोत्तम।
सुखदं नास्ति वै लोके स्वर्गमोक्षप्रदायकम्॥
सव्यं पादं स्वभर्तुश्च प्रयागं विद्धि सत्तम।
वामं च पुष्करं तस्य या नारी परिकल्पयेत्॥
तस्य पादोदकस्नानात्तत्पुण्यं परिजायते।
प्रयागपुष्करसमं स्नानं स्त्रीणां न संशयः॥
सर्वतीर्थसमो भर्ता सर्वधर्ममयः पतिः।
मखानां यजनात्पुण्यं यद् वै भवति दीक्षिते।
तत्पुण्यं समवाप्नोति भर्तुश्चैव हि साम्प्रतम्॥
(पद्म० भूमि० ४१। ११—१५)

जो स्त्री पतिपरायणा होती है, वह संसारमें पुण्यमयी कहलाती है। युवतियोके लिये पतिके सिवा दूसरा कोई ऐसा तीर्थ नहीं है, जो इस लोकमे सुखद और परलोकमें स्वर्ग तथा मोक्ष प्रदान करनेवाला हो। साधुश्रेष्ठ! स्वामीके दाहिने चरणको प्रयाग समझिये और बायेको पुष्कर। जो स्त्री ऐसा मानती है तथा इसी भावनाके अनुसार पतिके चरणोदकसे स्नान करती है, उसे उन तीर्थोंमें स्नान करनेका पुण्य प्राप्त होता है। इसमें तनिक भी संदेह नहीं है कि स्त्रियोंके लिये पतिके चरणोदकका अभिषेक प्रयाग और पुष्कर तीर्थमें स्नान करनेके समान है। पति समस्त तीर्थोंके समान है। पति सम्पूर्ण धर्मोंका स्वरूप है। यज्ञकी दीक्षा लेनेवाले पुरुषको यज्ञोंके अनुष्ठानसे जो पुण्य प्राप्त होता है, वही पुण्य साध्वी स्त्री अपने पतिकी पूजा करके तत्काल प्राप्त कर लेती है।

नारीणां च सदा तीर्थं भर्ता शास्त्रेषु पठ्यते॥
तमेवावाहयेन्नित्यं वाचा कायेन कर्मभिः।
मनसा पूजयेन्नित्यं सत्यभावेन तत्परा॥
एतत्पाद्यं महातीर्थं दक्षिणाङ्गं सदैव हि।
तमाश्रित्य यदा नारी गृहस्था परिवर्तते॥
यजते दानपुण्यैश्च तस्य दानस्य यत्फलम्।
वाराणस्यां च गङ्गायां यत्फलं न च पुष्करे॥
द्वारकायां न चावन्त्यां केदारे शशिभूषणे।
लभते नैव सा नारी यजमाना सदा किल॥
तादृशं फलमेवं सा न प्राप्नोति कदा सखि।
सुसुखं पुत्रसौभाग्यं स्नानं दानं च भूषणम्॥
वस्त्रालंकारसौभाग्यं रूपं तेजः फलं सदा।
यशः कीर्तिमवाप्नोति गुणं च वरवर्णिनि॥

भर्तुः प्रसादाच्च सर्वं लभते नात्र संशयः ॥
विद्यमाने यदा कान्ते अन्यधर्मं करोति या।
निष्फलं जायते तस्याः पुंश्चली परिकथ्यते ॥
नारीणां यौवनं रूपमवतारं स्मृतं ध्रुवम्।
एकश्चापि हि भर्तुश्च तस्यार्थे भूमिमण्डले ॥
पतिहीना यदा नारी भवेत् सा भूममण्डले।
कुतस्तस्याः सुखं रूपं यशः कीर्तिः सुता भुवि ॥
सुदौर्भाग्यं महादुःखं संसारे परिभुज्यते।
पापभागा भवेत् सा च दुःखाचारा सदैव हि ॥
तुष्टे भर्तरि तस्यास्तु तुष्टाः स्युः सर्वदेवताः।
तुष्टे भर्तरि तुष्यन्ति ऋषयो देवमानवाः ॥
भर्ता नाथो गुरुर्भर्ता देवता दैवतैः सह।
भर्ता तीर्थश्च पुण्यश्च नारीणां नृपनन्दन ॥

(पद्म० भूमि० ४१ । ६२–७५)

शास्त्रोंका वचन है कि पति ही सदा नारियोंके लिये तीर्थ है। इसलिये स्त्रीको उचित है कि वह सच्चे भावसे पति-सेवामें प्रवृत्त होकर प्रतिदिन मन, वाणी, शरीर और क्रियाद्वारा पतिका ही आवाहन करे और सदा पतिका ही पूजन करे। पति स्त्रीका दक्षिण अङ्ग है, उसका वाम पार्श्व ही पत्नीके लिये महान् तीर्थ है। गृहस्थ-नारी पतिके वाम भागमे बैठकर जो दान-पुण्य और यज्ञ करती है, उसका बहुत बड़ा फल बताया गया है। काशीकी गङ्गा, पुष्कर तीर्थ, द्वारकापुरी, उज्जैन तथा केदार नामसे प्रसिद्ध महादेवजीके तीर्थमे स्नान करनेसे भी वैसा फल नहीं मिल सकता। यदि स्त्री अपने पतिको साथ लिये बिना ही कोई यज्ञ करती है, तो उसे उसका फल नही मिलता। पतिव्रता स्त्री उत्तम सुख, पुत्रका सौभाग्य, स्नान, पान, वस्त्र, आभूषण, सौभाग्य, रूप, तेज, फल, यश, कीर्ति और उत्तम गुण प्राप्त करती है। पतिकी प्रसन्नतासे उसे सब कुछ मिल जाता है, इसमे तनिक भी संदेह नही है। जो स्त्री पतिके रहते हुए उसकी सेवाको छोड़कर दूसरे किसी धर्मका अनुष्ठान करती है, उसका वह कार्य निष्फल होता है तथा लोकमें वह व्यभिचारिणी कही जाती है। नारियोंका यौवन, रूप और जन्म—सब कुछ पतिके लिये होते हैं; इस भूमण्डलमें नारीकी प्रत्येक वस्तु उसके पतिकी आवश्यकता-पूर्तिका ही साधन है। जब स्त्री पतिहीन हो जाती है, तब उसे भूतलपर सुख, रूप, यश, कीर्ति और पुत्र कहाँ मिलते हैं। वह तो संसारमें परम दुर्भाग्य और महान् दुःख भोगती है। पापका भोग ही उसके हिस्सेमें पड़ता है। उसे सदा दुःखमय आचारका पालन करना पड़ता है। पतिके संतुष्ट रहनेपर समस्त देवता स्त्रीसे संतुष्ट रहते हैं तथा ऋषि और मनुष्य भी प्रसन्न रहते हैं। राजन्! पति ही स्त्रीका स्वामी, पति ही गुरु, पति ही देवताओंसहित उसका इष्टदेव और पति ही तीर्थ एवं पुण्य है।

सती सुमना

श्रेष्ठ विचार और सदाचार

लोभः पापस्य बीजं हि मोहो मूलं च तस्य हि।
असत्यं तस्य वै स्कन्धो माया शाखासुविस्तरः ॥
दम्भकौटिल्यपत्राणि कुबुद्ध्या पुष्पितः सदा।
नृशंसं तस्य सौगन्ध्यं फलमज्ञानमेव च ॥
छद्मपाखण्डचौर्येर्ष्याः क्रूराः कूटाश्च पापिनः।
पक्षिणो मोहवृक्षस्य मायाशाखासमाश्रिताः ॥
अज्ञानं यत्फलं तस्य रसोऽधर्मः प्रकीर्तितः।
तृष्णोदकेन संवृद्धिस्तस्याश्रद्धा ऋतुः प्रिय ॥

× × × × ×

अस्यच्छायां समाश्रित्य यो नरः परितुष्यते।
फलानि तस्य चाश्नाति सुपक्वानि दिने दिने ॥
फलानां तु रसेनापि ह्यधर्मेण तु पालितः।
स संतुष्टो भवेन्मर्त्यः पतनायाभिगच्छति ॥
तस्माच्चिन्तां परित्यज्य पुमांल्लोभं न कारयेत्।
धनपुत्रकलत्राणां चिन्तामेव न कारयेत् ॥
यो हि विद्वान् भवेत् कान्त मूर्खाणां पथमेति हि।
सुभार्यामिह विन्दामि कथं पुत्रानहं लभे ॥
एवं चिन्तयते नित्यं दिवारात्रौ विमोहितः।

(पद्म० भूमि० ११ । १६–२५)

पाप एक वृक्षके समान है, उसका बीज है लोभ। मोह उसकी जड़ है। असत्य उसका तना और माया उसकी शाखाओंका विस्तार है। दम्भ और कुटिलता पत्ते हैं। कुबुद्धि फूल है और नृशंसता उसकी गन्ध तथा अज्ञान फल है। छल, पाखण्ड, चोरी, ईर्ष्या, क्रूरता, कूटनीति और पापाचारसे युक्त

प्राणी उस मोहमूलक वृक्षके पक्षी हैं, जो मायारूपी शाखाओंपर बसेरा लेते हैं। अज्ञान उस वृक्षका फल है और अधर्मको उसका रस बताया गया है। तृष्णारूप जलसे सींचनेपर उसकी वृद्धि होती है। अश्रद्धा उसके फूलने-फलनेकी ऋतु है। जो मनुष्य उस वृक्षकी छायाका आश्रय लेकर सुख रहता है, उसके पके हुए फलोंको प्रतिदिन खाता है और उन फलोंके अधर्मरूप रससे पुष्ट होता है, वह ऊपरसे कितना ही प्रसन्न क्यों न हो, वास्तवमें पतनकी ओर ही जाता है। इसलिये पुरुषको चिन्ता छोड़कर लोभका भी त्याग कर देना चाहिये। स्त्री, पुत्र और धनकी चिन्ता तो कभी करनी ही नहीं चाहिये। प्रियतम! कितने ही विद्वान् भी मूर्खोंके मार्गका अवलम्बन करते हैं। दिन-रात मोहमें डूबे रहकर निरन्तर इसी चिन्तामें पड़े रहते हैं कि किस प्रकार मुझे अच्छी स्त्री मिले और कैसे मैं बहुत-से पुत्र प्राप्त करूँ।

ब्रह्मचर्येण तपसा मखपञ्चकवर्तनैः।
दानेन नियमैश्चापि क्षमाशौचेन वल्लभ॥
अहिंसया सुशक्त्या च ह्यस्तेयेनापि वर्तनैः।
एतैर्दशभिरङ्गैस्तु धर्ममेव प्रपूरयेत्॥
सम्पूर्णो जायते धर्मो ग्रासैर्भोगो यथोदरे।
धर्मं सृजति धर्मात्मा त्रिविधेनैव कर्मणा॥
यं यं चिन्तयते प्राज्ञस्तं तं प्राप्नोति दुर्लभम्॥

(पद्म० भूमि० १२। ४४—४७)

ब्रह्मचर्य, तपस्या, पञ्चमहायज्ञोंका अनुष्ठान, दान, नियम, क्षमा, शौच, अहिंसा, उत्तम शक्ति (ईश्वरीय बल) और चोरीका अभाव—ये धर्मके दस अङ्ग हैं, इनके अनुष्ठानसे धर्मकी पूर्ति करनी चाहिये। धर्मात्मा पुरुष मन, वाणी और शरीर—तीनोंकी क्रियासे धर्मका सम्पादन करता है। फिर वह जिस-जिस वस्तुका चिन्तन करता है, वह दुर्लभ होनेपर भी उसे प्राप्त हो जाती है।

नित्यं सत्ये रतिर्यस्य पुण्यात्मा सुष्ठुतां व्रजेत्।
ऋतौ प्राप्ते व्रजेन्नारीं स्वीयां दोषविवर्जितः॥
स्वकुलस्य सदाचारं कदा नैव विमुञ्चति।
एतत्ते हि समाख्यातं गृहस्थस्य द्विजोत्तम॥
ब्रह्मचर्यं मया प्रोक्तं गृहिणां मुक्तिदं किल॥

(पद्म० भूमि० १३। २—४)

सदा सत्यभाषणमें जिसका अनुराग है, जो पुण्यात्मा होकर साधुताका आश्रय लेता है, ऋतुकाल प्राप्त होनेपर (ही) अपनी स्त्रीके साथ समागम करता है, स्वयं दोषोंसे दूर रहता है और अपने कुलके सदाचारका कभी त्याग नहीं करता, वही सच्चा ब्रह्मचारी है। यह मैंने गृहस्थके ब्रह्मचर्यका वर्णन किया है। यह ब्रह्मचर्य गृहस्थ पुरुषोंको सदा मुक्ति प्रदान करनेवाला है।

परद्रव्येषु लोलत्वात् परस्त्रीषु तथैव च॥
दृष्ट्वा मतिर्न यस्य स्यात् स सत्यः परिकीर्तितः।

(पद्म० भूमि० १३। ८-९)

जिसकी बुद्धि पराये धन और परायी स्त्रियोंको देखकर लोलुपतावश उनके प्रति आसक्त नहीं होती, वही पुरुष सत्यनिष्ठ कहा गया है।

ग्रासमात्रं तथा देयं क्षुधार्ताय न संशयः।
दत्ते सति महत्पुण्यममृतं सोऽश्नुते सदा॥
दिने दिने प्रदातव्यं यथाविभवविस्तरम्।
वचनं च तृणं शय्यां गृहच्छायां सुशीतलाम्॥
भूमिमापस्तथा चान्नं प्रियवाक्यमनुत्तमम्।
आसनं वसनं पाद्यं कौटिल्येन विवर्जितः॥
आत्मनो जीवनार्थाय नित्यमेवं करोति यः।
इत्येवं मोदतेऽसौ वै परत्रेह तथैव च॥

(पद्म० भूमि० १३। ११—१४)

भूखसे पीड़ित मनुष्यको भोजनके लिये अन्न अवश्य देना चाहिये। उसको देनेसे महान् पुण्य होता है तथा दाता मनुष्य सदा अमृतका उपभोग करता है। अपने वैभवके अनुसार प्रतिदिन कुछ-न-कुछ दान करना चाहिये। सहानुभूतिपूर्ण वचन, तृण, शय्या, घरकी शीतल छाया, पृथ्वी, जल, अन्न, मीठी बोली, आसन, वस्त्र या निवास-स्थान और पैर धोनेके लिये जल—ये सब वस्तुएँ जो प्रतिदिन अतिथिको निष्कपट भावसे अर्पण करता है, वह इस लोक और परलोकमें भी आनन्दका अनुभव करता है।

पाण्डव-जननी कुन्तीजी



विपदः सन्तु नः शश्वत्तत्र तत्र जगद्गुरो ।
भवतो दर्शनं यत्स्यादपुनर्भवदर्शनम् ॥
(श्रीमद्भा० १ । ८ । २५)

जगद्गुरो ! हमारे जीवनमे सर्वदा पद-पदपर विपत्तियाँ आती रहें; क्योंकि विपत्तियोमे ही निश्चितरूपसे आपके दर्शन हुआ करते है और आपके दर्शन हो जानेपर फिर जन्म-मृत्युके चक्करमें नहीं आना पड़ता ।

एतावानेव पुरुषः कृतं यस्मिन्न नश्यति ॥
यावच्च कुर्यादन्योऽस्य कुर्याद् बहुगुणं ततः ।
(महा० आदि० १६२ । १४-१५)

मनुष्य-जीवनकी सफलता इसीमें है कि वह कभी उपकारीके उपकारको न भूले, बल्कि उसके उपकारसे भी बढ़कर उसका उपकार कर दे ।

पाण्डव-पत्नी द्रौपदी



सब ईश्वराधीन है

ईश्वरस्य वशे लोका-
स्तिष्ठन्ते नात्मनो यथा ।
धातैव खलु भूतानां
सुखदुःखे प्रियाप्रिये ॥
दधाति सर्वमीशानः
पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरन् ।
यथा दारुमयी योषा नरवीर समाहिता ॥
ईरयत्यङ्गमङ्गानि तथा राजन्निमाः प्रजाः ।
आकाश इव भूतानि व्याप्य सर्वाणि भारत ॥
ईश्वरो विदधातीह कल्याणं यच्च पापकम् ।
शकुनिस्तन्तुबद्धो वा नियन्तायमनीश्वरः ॥
ईश्वरस्य वशे तिष्ठेन्नान्येषां नात्मनः प्रभुः ।
मणिः सूत्र इव प्रोतो नस्योत इव गोवृषः ॥
स्रोतसो मध्यमापन्नः कूलाद् वृक्ष इव च्युतः ॥
धातुरादेशमन्वेति तन्मयो हि तदर्पणः ।
नात्माधीनो मनुष्योऽयं कालं भजति कंचन ॥
अज्ञो जन्तुरनीशोऽयमात्मनः सुखदुःखयोः ।
ईश्वरप्रेरितो गच्छेत् स्वर्गं नरकमेव च ॥
यथा वायोस्तृणाग्राणि वशं यान्ति बलीयसः ।
धातुरेवं वशं यान्ति सर्वभूतानि भारत ॥
सम्प्रयोज्य वियोज्यायं कामकारकरः प्रभुः ।
क्रीडते भगवान् भूतैर्बालः क्रीडनकैरिव ॥
(महा० वन० ३० । २२—२५, ३७)

मनुष्य ईश्वरके अधीन हैं, उनकी स्वाधीनता कुछ भी नहीं है । ईश्वर ही प्राणियोंके पूर्वजन्मके कर्मबीजके अनुसार उनके सुख-दुःख तथा प्रिय-अप्रिय वस्तुओंकी व्यवस्था करता है । जैसे कठपुतली सूत्रधारके इच्छानुसार नाचती है, वैसे ही सारी प्रजा ईश्वरेच्छानुसार संसारके व्यवहारमें नाच रही है । ईश्वर सबके भीतर और बाहर व्याप्त रहता है, सबको प्रेरित करता और साक्षीरूपसे देखता रहता है । जीव एक कठपुतली है, वह स्वतन्त्र नहीं, ईश्वराधीन है । जैसे सूतमें गुँथी हुई मणियाँ, नाथे हुए बैल और जलधारामे गिरे हुए वृक्ष पराधीन होते हैं, वैसे ही जीव भी ईश्वरके अधीन है । जीव ईश्वरके ही नियन्त्रणमें रहता है । क्योंकि जो जिसका अंश होता है, वह उसीमें लीन होता है और बीचमे भी उसीके अधीन रहता है । इसी प्रकार मनुष्य स्वतन्त्र नहीं, कालरूप भगवान्‌की ही इच्छाका अनुसरण करता है । जीवको किसी भी बातका ठीक-ठीक ज्ञान नहीं है, इसलिये वह सुख पाने या दुःख हटानेमें असमर्थ है । वह ईश्वरकी ही प्रेरणासे स्वर्ग या नरकमें जाता है । जैसे नन्हे-नन्हे तिनके प्रबल वायुके अधीन होते हैं, वैसे ही सभी प्राणी ईश्वरके । जैसे बच्चा खिलौनोंसे खेल-खेलकर उन्हे छोड़ देता है, वैसे ही इच्छानुसार बर्तनेवाले प्रभु जगत्‌मे जीवोके संयोग-वियोगकी लीला करते रहते है ।

आर्त प्रार्थना

गोविन्द द्वारकावासिन् कृष्ण गोपीजनप्रिय ॥
कौरवैः परिभूतां मां किं न जानासि केशव ।
हे नाथ हे रमानाथ व्रजनाथार्तिनाशन ॥
कौरवार्णवमग्नां मामुद्धरस्व जनार्दन ।
कृष्ण कृष्ण महायोगिन् विश्वात्मन् विश्वभावन ॥
प्रपन्नां पाहि गोविन्द कुरुमध्येऽवसीदतीम् ॥
(महा० सभा० ६७ । ४१-४४)

(जिस समय दुःशासन द्रौपदीका वस्त्र खींचने लगा, द्रौपदी भगवान् श्रीकृष्णका स्मरण करके मन-ही-मन प्रार्थना करने लगी—) गोविन्द ! द्वारकावासी ! सच्चिदानन्द-स्वरूप प्रेमघन ! गोपीजनवल्लभ ! सर्वशक्तिमान् प्रभो ! कौरव मुझे अपमानित कर रहे हैं। क्या यह बात आपको मालूम नहीं है ? नाथ ! रमानाथ ! व्रजनाथ ! आर्तिनाशन जनार्दन ! मैं कौरवोंके समुद्रमें डूब रही हूँ। आप मेरी रक्षा कीजिये। श्रीकृष्ण ! आप सच्चिदानन्द महायोगी हैं। आप सर्वस्वरूप एवं सबके जीवनदाता हैं। गोविन्द ! मैं कौरवोंसे घिरकर बड़े संकटमें पड़ गयी हूँ। आपकी शरणमें हूँ। आप मेरी रक्षा कीजिये।

आर्त प्रार्थना (दुर्वासाके शापसे बचनेके लिये)

कृष्ण कृष्ण महाबाहो देवकीनन्दनाव्यय ॥
वासुदेव जगन्नाथ प्रणतार्तिविनाशन।
विश्वात्मन् विश्वजनक विश्वहर्तः प्रभोऽव्यय ॥
प्रपन्नपाल गोपाल प्रजापाल परात्पर।
आकूतीनां च चित्तीनां प्रवर्तक नताऽस्मि ते ॥
वरेण्य वरदानन्त अगतीनां गतिर्भव।
पुराणपुरुष प्राणमनोवृत्त्याद्यगोचर ॥
सर्वाध्यक्ष पराध्यक्ष त्वामहं शरणं गता।
पाहि मां कृपया देव शरणागतवत्सल ॥
नीलोत्पलदलश्याम पद्मगर्भारुणेक्षण।
पीताम्बरपरीधान लसत्कौस्तुभभूषण ॥
त्वमादिरन्तो भूतानां त्वमेव च परायणम्।
परात्परतरं ज्योतिर्विश्वात्मा सर्वतोमुखः ॥
त्वामेवाहुः परं बीजं निधानं सर्वसम्पदाम्।
त्वया नाथेन देवेश सर्वापद्भ्यो भयं न हि ॥
दुःशासनादहं पूर्वं सभायां मोचिता यथा।
तथैव संकटात्स्मान्मामुद्धर्तुमिहार्हसि ॥

(महा० वन० २६३। ८–१६)

श्रीकृष्ण ! महाबाहो कृष्ण ! देवकीनन्दन ! हे अविनाशी वासुदेव ! चरणोंमें पड़े हुए दुखियोंका दुःख दूर करनेवाले जगदीश्वर ! तुम्हीं सम्पूर्ण जगत्के आत्मा हो। इस विश्वको बनाना और बिगाड़ना तुम्हारे ही हाथोंका खेल है। प्रभो ! तुम अविनाशी हो, शरणागतोंकी रक्षा करनेवाले गोपाल ! तुम्हीं सम्पूर्ण प्रजाके रक्षक परात्पर परमेश्वर हो, चित्तकी वृत्तियों और चिद्वृत्तियोंके प्रेरक तुम्हीं हो, मैं तुम्हें प्रणाम करती हूँ। सबके वरण करने योग्य वरदाता अनन्त ! आओ; जिन्हें तुम्हारे सिवा दूसरा कोई सहारा देनेवाला नहीं है, उन असहाय भक्तोंकी सहायता करो। पुराणपुरुष ! प्राण और मनकी वृत्तियाँ तुम्हारे पासतक नहीं पहुँच पातीं। सबके साक्षी परमात्मन् ! मैं तुम्हारी शरणमें हूँ। शरणागत-वत्सल ! कृपा करके मुझे बचाओ। नील कमलदलके समान श्यामसुन्दर ! कमलपुष्पके भीतरी भागके समान किंचित् लाल नेत्रवाले ! कौस्तुभमणिविभूषित एवं पीताम्बर धारण करनेवाले श्रीकृष्ण ! तुम्हीं सम्पूर्ण भूतोंके आदि और अन्त हो, तुम्हीं परम आश्रय हो। तुम्हीं परात्पर, ज्योतिर्मय, सर्वव्यापक एवं सर्वात्मा हो। ज्ञानी पुरुषोंने तुम्हींको इस जगत्का परम बीज और सम्पूर्ण सम्पदाओंका अधिष्ठान कहा है। देवेश ! यदि तुम मेरे रक्षक हो, तो मुझपर सारी विपत्तियाँ टूट पड़ें तो भी भय नहीं है। आजसे पहले सभामें दुःशासनके हाथसे जैसे तुमने मुझे बचाया था, उसी प्रकार इस वर्तमान संकटसे भी मेरा उद्धार करो।

पति देवता

नैतादृशं दैवतमस्ति सत्ये
सर्वेषु लोकेषु सदेवकेषु।
यथा पतिस्त्वस्य तु सर्वकामा
लभ्याः प्रसादात् कुपितश्च हन्यात् ॥
सुखं सुखेनेह न जातु लभ्यं
दुःखेन साध्वी लभते सुखानि ॥

(महा० वन० २३४। २, ४)

सत्यभामाजी ! स्त्रीके लिये इस लोक या परलोकमें पतिके समान कोई दूसरा देवता नहीं है। पतिकी प्रसन्नता होनेपर वह सब प्रकारके सुख पा सकती है और असंतुष्ट पति उसके सब सुखोंको मिट्टीमें मिला देता है। साध्वी ! सुखके द्वारा सुख कभी नहीं मिल सकता, सुखप्राप्तिका साधन तो दुःख ही है।

महाराज भर्तृहरि

(महान् शिवभक्त और सिद्धयोगी, उज्जैनके अधिपति)

यदाऽकिंचिज्ज्ञोऽहं द्विप इव मदान्धः समभवं
तदा सर्वज्ञोऽस्मीत्यभवदवलिप्तं मम मनः।
यदा किंचिन् किंचिद् बुधजनसकाशादवगतं
तदा मूर्खोऽस्मीति ज्वर इव मदो मे व्यपगतः॥

(नीतिशतक ८)

जब मैं बिल्कुल ही अज्ञान था, तब मदोन्मत्त हाथीके समान मदान्ध हो रहा था; उस समय मेरा मन 'मैं ही सर्वज्ञ हूँ' यह सोचकर घमंडमें चूर था। परंतु जब विद्वानोंके पास रहकर कुछ कुछ ज्ञान प्राप्त किया, तब 'मैं मूर्ख हूँ' यों समझनेके कारण ज्वरके समान मेरा गर्व दूर हो गया।

येषां न विद्या न तपो न दानं
ज्ञानं न शीलं न गुणो न धर्मः।
ते मृत्युलोके भुवि भारभूता
मनुष्यरूपेण मृगाश्चरन्ति॥

(नीतिशतक १३)

जिनमें न विद्या है न ज्ञान है, न शील है न गुण है और न धर्म ही है, वे मृत्युलोकमें पृथ्वीके भार बने हुए मनुष्यरूपसे मानो पशु ही घूमते-फिरते हैं।

जाड्यं धियो हरति सिञ्चति वाचि सत्यं
मानोन्नतिं दिशति पापमपाकरोति।
चेतः प्रसादयति दिक्षु तनोति कीर्तिं
सत्संगतिः कथय किं न करोति पुंसाम्॥

(नीतिशतक २३)

कहिये, सत्संगति पुरुषोंका क्या उपकार नहीं करती? वह बुद्धिकी जडताको हरती है, वाणीमें सत्यका सञ्चार करती है, सम्मान बढ़ाती है, पापको दूर करती है, चित्तको आनन्दित करती है और समस्त दिशाओंमें कीर्तिका विस्तार करती है।

भोगा न भुक्ता वयमेव भुक्ता-
स्तपो न तप्तं वयमेव तप्ताः।
कालो न यातो वयमेव याता-
स्तृष्णा न जीर्णा वयमेव जीर्णाः॥

(वैराग्यशतक १२)

हमने भोगोंको नहीं भोगा, भोगोंने ही हमें भोग लिया। हमने तप नहीं किया, स्वयं ही तप्त हो गये। काल व्यतीत नहीं हुआ, हम ही व्यतीत हो गये और मेरी तृष्णा नहीं जीर्ण हुई, हम ही जीर्ण हो गये।

भक्तिर्भवे मरणजन्मभयं हृदिस्थं
स्नेहो न बन्धुषु न मन्मथजा विकाराः।
संसर्गदोषरहिता विजना वनान्ता
वैराग्यमस्ति किमतः परमर्थनीयम्॥

(वैराग्यशतक ७३)

सबके आदि कारण भगवान् शिवके पाद-पद्मोंमें प्रीति हो। हृदयमें जन्म मृत्युका भय हो। संसारी भाई, बन्धु तथा कुटुम्बियोंमें ममता न हो और हृदयमें काम-विकारका अभाव हो कामिनीके कमनीय कलेवरको देखकर उसमें आसक्ति न होती हो, संसारी लोगोंके संसर्गजन्य दोषसे रहित पवित्र और शान्त विजन वनमें निवास हो तथा मनमें वैराग्य हो तो इससे बढ़कर वाञ्छनीय और हो ही क्या सकता है।

मातर्मेदिनि तात मारुत सखे ज्योतिः सुबन्धो जल
भ्रातर्व्योम निबद्ध एष भवतामन्त्यः प्रणामाञ्जलिः।
युष्मत्सङ्गवशोपजातसुकृतोद्रेकस्फुरन्निर्मल-
ज्ञानापास्तसमस्तमोहमहिमा लीये परे ब्रह्मणि॥

(वैराग्यशतक ८५)

माता पृथ्वी! पिता पवन! मित्र तेज! बन्धु जल! और भाई आकाश! यह आपलोगोंको अन्तिम प्रणाम है; क्योंकि आपके सङ्गसे प्राप्त पुण्यके द्वारा प्रकटित निर्मल ज्ञानसे सम्पूर्ण मोह-जंजालको नाश करके मैं परब्रह्ममें लीन हो रहा हूँ।

यावत्स्वस्थमिदं कलेवरगृहं यावच्च दूरे जरा
यावच्चेन्द्रियशक्तिरप्रतिहता यावत्क्षयो नायुषः।
आत्मश्रेयसि तावदेव विदुषा कार्यः प्रयत्नो महान्
प्रोद्दीप्ते भवने च कूपखननं प्रत्युद्यमः कीदृशः॥

(वैराग्यशतक ८६)

जबतक शरीर स्वस्थ है, बुढ़ापा नहीं आया है, इन्द्रियोंकी शक्ति पूरी बनी हुई है, आयुके दिन शेष हैं, तभीतक बुद्धिमान् पुरुषको अपने कल्याणके लिये अच्छी तरह यत्न कर लेना चाहिये। घरमें आग लग जानेपर कुआँ खोदनेसे क्या होगा।

धन्यानां गिरिकन्दरे निवसतां ज्योतिः परं ध्यायता-
मानन्दाश्रुजलं पिबन्ति शकुना निःशङ्कमङ्केशयाः ।
अस्माकं तु मनोरथोपरचितप्रासादवापीतट-
क्रीडाकाननकेलिकौतुकजुषामायुः परिक्षीयते ॥
(वैराग्यशतक १०२)

गिरिकन्दरामें निवास करनेवाले, परब्रह्मके ध्यानमें मग्न हुए धन्य योगीजनोंके आनन्दाश्रुओंको गोदमें बैठे हुए पक्षीगण निःशङ्क होकर पीते हैं, पर हमलोगोंकी आयु तो मनोरथ-मय महलके सरोवरतटोपर स्थित विहार-विपिनमें आमोद-प्रमोद करते व्यर्थ ही व्यतीत हो रही है ।

भोगे रोगभयं कुले च्युतिभयं वित्ते नृपालाद् भयं
माने दैन्यभयं बले रिपुभयं रूपे जराया भयम् ।
शास्त्रे वादभयं गुणे खलभयं काये कृतान्ताद्भयं
सर्वं वस्तु भयावहं भुवि नृणां वैराग्यमेवाभयम् ॥
(वैराग्यशतक ११६)

भोगोंमे रोगका भय है, ऊँचे कुलमें पतनका भय है, धनमें राजाका, मानमें दीनताका, बलमे शत्रुका तथा रूपमे वृद्धावस्थाका भय है और शास्त्रमें वाद-विवादका, गुणमे दुष्टजनोंका तथा शरीरमें कालका भय है । इस प्रकार संसारमें मनुष्योंके लिये सभी वस्तुएँ भयपूर्ण है, भयसे रहित तो केवल वैराग्य ही है ।

आचार्य श्रीधरस्वामी

(श्रीमद्भागवतके सर्वमान्य टीकाकार)

तपन्तु तापैः प्रपतन्तु पर्वता-
दटन्तु तीर्थानि पठन्तु चागमान् ।
यजन्तु यागैर्विवदन्तु वादै-
र्हरिं विना नैव मृतिं तरन्ति ॥

चाहे कोई तप करे, पर्वतोंसे भृगुपतन करे, तीर्थोंमें भ्रमण करे, शास्त्र पढ़े, यज्ञ-यागादि करे अथवा तर्क-वितर्कोंद्वारा वाद-विवाद करे, परंतु श्रीहरि (की कृपा) के बिना कोई भी मृत्युको नहीं लाँघ सकता ।

उदरादिषु यः पुंसा चिन्तितो मुनिवर्त्मभिः ।
हन्ति मृत्युभयं देवो हृद्गतं तमुपास्महे ॥

मनुष्य ऋषि-मुनियोंद्वारा बतलायी हुई पद्धतियोंसे उदर आदि स्थानोंमें जिनका चिन्तन करते हैं और जो प्रभु उनके चिन्तन करनेपर मृत्युभयका नाश कर देते हैं, उन हृदयस्थित प्रभुकी हम उपासना करते हैं ।

त्वत्कथामृतपाथोधौ विहरन्तो महामुदः ।
कुर्वन्ति कृतिनः केचिच्चतुर्वर्गं तृणोपमम् ॥

प्रभो ! कुछ सुकृतीलोग आपकी कथारूप अमृतसमुद्रमे अत्यन्त आनन्दपूर्वक विहार करते हुए अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष—इन चारों पुरुषार्थोंको तृणवत् समझकर त्याग कर देते हैं ।

अंहः संहरदखिलं सकृदुदयादेव सकललोकस्य ।
तरणिरिव तिमिरजलधिं जयति जगन्मङ्गलं हरेर्नाम ॥

सम्पूर्ण जगत्का मङ्गल करनेवाला भगवान् श्रीहरिका नाम सर्वोपरि विराजमान है । एक बार ही प्रकट होनेपर वह अखिल विश्वकी समस्त पापराशिका उसी प्रकार विनाश कर देता है, जैसे भगवान् भुवनभास्कर अन्धकारके समुद्रको सोख लेते हैं ।

सदा सर्वत्रास्ते ननु विमलमाद्यं तव पदं
तथाप्येकं स्तोकं नहि भवतरोः पत्रमभिनत् ।
क्षणं जिह्वाग्रस्थं तव तु भगवन्नाम निखिलं
समूलं संसारं कषति कतरत् सेव्यमनयोः ॥

प्रभो ! आपका मायारूपी मलसे रहित अनादि ब्रह्मरूप पद निश्चय ही सब समय और सब जगह व्याप्त है । फिर भी संसाररूपी वृक्षके एक छोटे-से पत्तेको भी वह काटनेमें समर्थ नहीं हुआ । इधर आपका नाम एक क्षणके लिये जिह्वाके अग्रभागपर स्थित होकर सारे जन्म-मृत्युरूप बन्धनको अविद्यारूपी मूलके साथ काट देता है । फिर, आप ही बताइये, इन दोनोंमें कौन-सा सेवन करने योग्य है ।

श्रीमद्विद्यारण्य महामुनि

(स्थितिकाल अनुमानतः सन् १३०० और १३९१ ई० के बीच। तैत्तिरीय शाखाके ब्राह्मण। पिताका नाम भायणाचार्य और माताका नाम श्रीमती था। संन्यासके पश्चात् शृंगेरीमठके जगद्गुरु शङ्कराचार्य। वेदान्तसम्बन्धी प्रसिद्ध ग्रन्थ 'पञ्चदशी' के रचयिता)



मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः।
बन्धाय विषयासक्तं मुक्त्यै निर्विषयं स्मृतम्॥

मनसे ही बन्धन और मनसे ही मनुष्योंको मोक्ष मिला करता है। विषयासक्त मन बँधवा देता है। निर्विषय मन मुक्ति दिला देता है।

समाधिनिर्धूतमलस्य चेतसो
निवेशितस्यात्मनि यत् सुखं भवेत्।
न शक्यते वर्णयितुं गिरा तदा
स्वयं तदन्तःकरणेन गृह्यते॥

जिस चित्तको आत्मामे लगा दिया जाता है, जिस चित्तके रज-तमरूपी मल समाधिरूपी जलसे धो दिये जाते हैं, उस चित्तको समाधिमें जो आनन्द आता है, उस आनन्दका वर्णन वाणीसे तो किया ही नहीं जा सकता—क्योंकि वह तो एक अलौकिक ही सुख है। वह तो मौनकी अलौकिक भाषामें ही समझा और कहा जा सकता है। वह स्वरूपभूत सुख तो केवल अन्तःकरणसे ही गृहीत हुआ करता है।

भारवाही शिरोभारं मुक्त्वाऽऽस्ते विश्रमं गतः।
संसारव्यापृतित्यागे तादृग्बुद्धिस्तु विश्रमः॥

बोझा उठानेवाला पुरुष थकानेवाले सिरके बोझेको उतारकर जैसे श्रमरहित हो जाता है, उसी प्रकार संसारके व्यापारोंका परित्याग कर देनेपर जब किसीको वैसी ही बुद्धि हो जाय कि मैं अब श्रमरहित हो गया हूँ, तब, बस, इसीको 'विश्राम' कहा जाता है।

(पञ्चदशी, योगानन्द-प्रकरण ११७। ११८, १२५)

श्रीजगद्धर भट्ट

(महान् शिवभक्त और प्रसिद्ध कवि। स्थितिकाल १३५० ईस्वीके लगभग। स्थान कश्मीर, पिताका नाम रत्नधर।)

स्तुति

पापः खलोऽहमिति नार्हसि मां विहातुं
किं रक्षया कृतमतेरकुतोभयस्य।
यस्मादसाधुरधमोऽहमपुण्यकर्मा
तस्मात्त्वास्मि सुतरामनुकम्पनीयः॥

(११। ३७)

मैं पापी हूँ, मैं दुष्कर्मकारी हूँ—क्या यह समझकर ही आप मेरा परित्याग कर रहे हैं? नहीं-नहीं, ऐसा करना तो आपको उचित नहीं; क्योंकि भयरहित प्राज्ञ और सुकृतकारीको रक्षासे क्या प्रयोजन। रक्षा तो पापियों, भयार्त्तों और खलोंकी ही की जाती है। जो स्वयं ही रक्षित है, उसकी रक्षा नहीं की जाती। रक्षा तो अरक्षितोंकी ही की जाती है। मुझ महापापी, महान् अधम और महान् असाधुकी रक्षा आप न करेंगे तो फिर करेंगे किसकी। मै ही तो आपकी दया (आपके द्वारा की गयी रक्षा) का सबसे बड़ा अधिकारी हूँ।

तावत्प्रसीद कुरु नः करुणाममन्द-
माक्रन्दमिन्दुधर! मर्षय मा विहासीः।
ब्रूहि त्वमेव भगवन्! करुणार्णवेन
त्यक्तास्त्वया कमपरं शरणं व्रजामः॥

(९। ५४)

इन्दुशेखर! मौत आनेके पहले ही आप मुझपर कृपा कर दीजिये। मेरे इस रोने-चिल्लानेसे बुरा मत मानिये। मेरा त्याग न कीजिये। आप ही कहिये, यदि आपके सदृश करुणासागरने भी मेरी रक्षा न की तो मैं फिर और किसकी शरण जाऊँगा? क्या आपसे बढ़कर भी कोई ऐसा है जो मुझ-सदृश पापीको पार लगा सके?

तद्दर्शनान्तसमये तव पादपीठ-
मालिङ्ग्य निर्भरमभङ्गुरभक्तिभाजः।
निद्रानिभेन विनिमीलितलोचनस्य
प्राणाः प्रयान्तु मम नाथ! तव प्रसादात्॥

(९। ५६)

मैं आपकी नित्य पूजा करता हूँ। पूजा हो चुकनेपर आपके सिंहासनके नीचे स्थित आपके पैर रखनेकी चौकीपर अपना सिर रखकर मैं बड़े ही भक्तिभावसे उसका आलिङ्गन करता हूँ। बस, आप इतना कर दीजिये कि उसी दशामें मुझे नींद आ जाय और उस नींदके ही बहाने मेरे प्राणोंका उत्क्रमण हो जाय।

मणिः सुसूक्ष्मोऽपि यथोल्बणं विषं
कृशोऽपि वह्निः सुमहद्यथा तृणम्।
शिशुर्मृगेन्द्रोऽपि यथा गजव्रजं
तनुः प्रदीपोऽपि यथा तमोभरम्॥
यथाल्पमप्यौषधमुन्मदं गदं
यथामृतं श्लोकमपि क्षयाद्भयम्।
ध्रुवं तथैवाणुरपि स्तवः प्रभोः
क्षणादघं दीर्घमपि व्यपोहति॥

जैसे अत्यन्त सूक्ष्म भी गारुड मणि तीव्र विषको क्षणमें ही शान्त कर देता है, जैसे क्षीण भी अग्नि बहुत-से तृणोंके ढेरको नष्ट कर देता है, जैसे छोटा-सा एक या दो मासका भी सिंह हाथियोंके झुंडको भगा देता है, जैसे अत्यन्त सूक्ष्म दीपक भी बड़े गाढ़ अन्धकारको नष्ट कर देता है, रत्तीभर भी महौषधि जैसे महान् उग्र—भयंकर रोगको शान्त कर देती है और जैसे थोड़ा-सा—एक बिन्दुभर भी अमृत मरण अथवा क्षय-रोगके भयको दूर कर देता है, वैसे ही थोड़ा-सा—एक या आधा श्लोक भी जिस किसी भी भाषामें किया हुआ ईश्वरका स्तवन जन्म-जन्मान्तरमें किये हुए कायिक, वाचिक और मानसिक पापोंका नाश अतिशीघ्र ही कर देता है।

विचिन्तयञ्जीवनमेव जीवनं
समर्थयन् पार्थिवमेव पार्थिवम्।
विभावयन वैभवमेव वैभवं
कदाऽऽश्रये शङ्करमेव शङ्करम्॥

मैं एकमात्र जलको ही अपने जीवनका साधन समझता हुआ अर्थात् 'मैं केवल गङ्गाजल ही पीकर देह धारण करूँगा' ऐसा दृढ़ निश्चय करता हुआ, राजाको 'पार्थिवमेव' पृथिवीका ही एक विकार समझता हुआ और इस संसारके वैभवको सर्वव्यापी भगवान्‌का ही मानता हुआ कल्याणकारी भगवान शङ्करका ही आश्रय—शरण ग्रहण करूँगा।

वरं भवेदप्यवरं कलेवरं
परं हराराधनसाधनं हि यत्।
न तु क्रतुध्वंसिनिषेवणोत्सवं
विनिघ्नती मुक्तिरयुक्तिपातिनी॥

जो केवल भगवान् शंकरके ही आराधनका साधन है, वह अवर भी अर्थात् अति अपवित्र और अधम भी नर-देह श्रेष्ठ है; किंतु श्रीप्रभुकी आराधनारूप महोत्सवको भङ्ग करनेवाली और प्रभुके ही महान अनुग्रहसे अकस्मात् प्राप्त होनेवाली मुक्ति भी श्रेष्ठ नहीं है।

अक्लेशपेशलमलङ्घ्यकृतान्तदूत-
हुंकारभङ्गभिदुरं दुरितेन्धनाग्निम्।
को नाम नामयहरं हरपादपद्म-
सेवासुखं सुमतिरन्वहमाद्रियेत॥

आहा! अविद्या आदि पञ्चक्लेशोंके संसर्गसे रहित होनेके कारण अतीव कोमल तथा अनिवार्य यमदूतोंके हुंकार-जन्य त्रासका भेदन करनेवाले, पापरूप काष्ठको भस्म करनेमें अग्निके समान, जन्म-जरा-मरण-रूप भयंकर रोगको समूल नष्ट कर देनेवाले श्रीशिव-पादारविन्दकी सेवाके सुखका कौन बुद्धिमान पुरुष प्रतिदिन सेवन नहीं करेगा?

इदं मधुमुग्रं विषं हरति जीवितं तत्क्षणा-
दपथ्यमिदमाशितं व्यथयते विपाके वपुः।
इदं तृणगणावृतं बिलमधो विधत्ते क्षणा-
द्यदत्र मलिनोल्बणैर्द्रविणमर्जितं कर्मभिः॥
अतः प्रतनुवैभवोद्भवदखर्वगर्वक्षमा-
पतिप्रणयसम्भवं भुवि विडम्बनाडम्बरम्।
विहाय सुरवाहिनीपुलिनवासहेवाकिनो
भजन्ति कृतिनस्तमीरमणखण्डचूडामणिम्॥

इस संसारमें अत्यन्त मलिन और उग्र कर्मोंके द्वारा मनुष्य जिस धनको संचित करते हैं, वह धन आरम्भमें मधुर प्रतीत होनेवाला विष है; अतएव वह तत्क्षण अर्थात् उपभोग करते समय ही उनके जीवनको नष्ट कर देता है; उपभोग करनेसे परिणाममें अतीव अपथ्य-कारक होता है और अन्तमें शरीरको अत्यन्त ही दुःखित कर देता है। इसलिये वह मलिन कर्मोंद्वारा उपार्जित धन मानो तृणोंसे ढका हुआ एक बड़ा बिल (अन्धकूप) है। अतः उसमें प्रवेश (उपभोग) करनेमात्रसे ही वह मनुष्यका अधःपात अवश्य ही कर देता है। विशाल वैभव-जनित प्रचण्ड गर्वका भारी बोझा सिरपर ढोनेवाले भूपालगण तो प्रीतिका दम ही भरते हैं। उनके प्रीतिभाजन जन जगत्‌में उपहासास्पद ही बनते

हैं। इसीलिये विवेकीजन इन भूपालोंके प्रेमकी परवा न करके—इनका आश्रय छोड़कर भगवती भागीरथीके पावन तटकी ओर ही दृष्टि लगाये रहते हैं और भगवान् शशाङ्कशेखरकी कृपा प्राप्त करने—उन्हींको रिझानेके लिये अपने जीवनकी बाजी लगा देते हैं। उन्हींकी प्रसन्नता उनके जीवनका एकमात्र ध्येय बन जाती है।

किं भूयोभिः परुषविषयैः श्रीविकारैरसारैः
किं वा भूयः पतनविरसैः स्वर्गभोगाभिलाषैः।
मन्ये नान्यद् भवभयविपत्कातराणां नराणां
मुक्त्वा भक्तिं भगवति भवे शस्यमाशास्यमस्ति॥
पूरोदञ्चच्चटुललहरीहारिहस्तव्युदस्त-
व्यापत्तापत्रिदशतटिनीमज्जनोन्मज्जनेषु।
श्रद्धाबन्धं शशधरशिरःपादराजीवसेवा-
हेवाकैकव्यसनमनसस्तेन तन्वन्ति सन्तः॥

अत्यन्त नीरस बहुत-से कठोर (शब्द-स्पर्श-रूप-रस आदि) विषयोंसे प्राणीको क्या लाभ हो सकता है। क्षणमे ही विनाश होनेवाले इन ऐहिक धनके विकारोंसे भी क्या लाभ होता है और 'क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोकं विशन्ति' इस प्रकार पुनः-पुनः पतन होनेके कारण उन अत्यन्त नीरस स्वर्गीय भोगोंकी लालसाओंसे भी प्राणीको क्या परम लाभ हो सकता है! अर्थात् कुछ भी नहीं। अतः मेरा तो यह निश्चय है कि इस जन्म-मरण-रूप सांसारिक विपत्तिसे अत्यन्त कातर हुए प्राणियोंके लिये केवल भगवान् शङ्करकी भक्तिको छोड़कर अन्य कोई भी अभिलषित वस्तु कल्याणदायक नहीं हो सकती। इसी कारण विद्वान् लोग (इन सांसारिक क्षणिक सुखोंमें आसक्त न होकर) केवल परमेश्वरके ही चरण-कमलोंकी सेवामे तत्पर रहकर दूरतक फैलनेवाली चञ्चल तरङ्गरूपी भुजाओंसे जीवोंके जन्म-मरणरूपी महाव्याधि और त्रिविध तापोंको दूर करनेवाली भगवती गङ्गाके अवगाहनमें ही निरन्तर दृढ़ अनुराग करते हैं।

हन्ताहन्ता प्रथयति मतिह्रासमासज्जयन्ती
मायामायासितसितशमाऽऽद्यामिनी यामिनीव।
तस्मादस्मान् रविशशिशिखिप्रेङ्खितोद्दामधाम
क्षिप्त्वा चक्षुर्मुदितमुदितावन्यबोधान् विधेहि॥

हाय! अतीव स्वच्छ शम (जितेन्द्रियता) को दुर्बल बना देनेवाली और अज्ञानरूप अन्धकारको पैदा करनेवाली अहंता अत्यन्त विस्तारवती महारात्रिके समान हमारी सद्बुद्धि-का ह्रास करती जा रही है; इसलिये हे दयासागर! सूर्य, चन्द्रमा और अग्नि—इन तीनों तेजोमय पिण्डोंसे प्रदीप्त हुई अपनी प्रसाद-भरी दृष्टि (प्रसन्नदृष्टि) डालकर हमें उस अखण्ड तत्त्वज्ञानसे पूर्ण बना दीजिये। (स्तुतिकुसुमाञ्जलि ७।१०, १०, २३, २४, ३४, ३९, ४०, ४१, ४२, १६।२७)

श्रीलक्ष्मीधर

(स्थितिकाल लगभग ईसाकी १५ वीं शताब्दीके पूर्व हा माना जाता है। ये श्रीनृसिंहजीके पुत्र और परमहंस श्रीअच्युतानन्दजीके शिष्य थे।)

भगवन्नाम-निष्ठा

नन्दानन्दकरं करम्बितकरं हैयङ्गवीनैर्नवैः
शोभामादधतं नवीनजलदे मीलत्सुधांशोः स्फुटम्।
भक्तानां हृदयस्थितं सततमप्याभीरदृग्गोचरं
गोपालं भजतां मनो मम सदा संसारविच्छित्तये॥
वद जिह्वे वद जिह्वे चतुरे श्रीराम रामेति।
पुनरपि जिह्वे वद वद जिह्वे वद राम रामेति॥
अनादौ संसारे निरवधिकजन्मस्ववितते-
र्महाघैरेवान्तश्चितकलुषताया हि दहनम्।
महीध्राणां भस्मीकृतिगहनसंवर्तशिखिनो
भवन्नाम्नः कुक्षेः कियदिव हरे खण्डनलवत्॥
(श्रीभगवन्नाम-कौमुदी)

जो नवीन माखनसे हाथ भरकर नन्दजीको आनन्द दे रहे हैं, नूतन मेघमे छिपते हुए चन्द्रमाकी स्फुट शोभाको धारण करते हैं, सदा अपने भक्तोंके हृदयमे रहते हुए भी व्रजके ग्वालोंको प्रतिदिन दृष्टिगोचर होते हैं, उन भगवान् गोपालको मेरा मन अपने संसारबन्धनका उच्छेद करनेके लिये सदा ही भजे।

अरी बुद्धमती रसने! तू 'श्रीराम-श्रीराम' कह। अरी जिह्वे! तू बारंबार 'राम-राम' रटती रह।

हे हरे! अनादि संसारके भीतर अनन्त जन्मोंमे निरन्तर संचित किये हुए महान् पापोंसे मेरे हृदयमे जो कालिमा जम गयी है, वह तो आपके नामरूपी प्रचण्ड अग्नि-के उदरमे तिनकेके एक टुकड़ेके बराबर भी नहीं हो सकती, उसको जलाना क्या बड़ी बात है! प्रभो! आपका नाम तो पर्वतोंको भी भस्म कर देनेवाले महान प्रलयानलके समान है।

आकृष्टिः कृतचेतसां सुमहतामुच्चाटनं चांहसा-
माचाण्डालममूकलोकसुलभो वश्यश्च मोक्षश्रियः ।
नो दीक्षां न च दक्षिणां न च पुरश्चर्यां मनागीक्षते
मन्त्रोऽयं रसनास्पृगेव फलति श्रीरामनामात्मकः ॥
श्रीरामेति जनार्दनेति जगतां नाथेति नारायणे-
त्यानन्देति दयाधरेति कमलाकान्तेति कृष्णेति च ।
श्रीमन्नाममहामृताब्धिलहरीकल्लोलमग्नं मुहु-
र्मुह्यन्तं गलदश्रुधारमवशं मां नाथ नित्यं कुरु ॥

यह रामनामरूपी मन्त्र शुद्धचेता महात्माओंके चित्तको हठात् अपनी ओर आकृष्ट करनेवाला तथा बड़े-से-बड़े पापोंका मूलोच्छेद करनेवाला है। मोक्षरूपिणी लक्ष्मीके लिये तो यह वशीकरण ही है। इतना ही नहीं, यह केवल गूँगोंको छोड़कर चाण्डालसे लेकर उत्तम जातितकके सभी मनुष्योंके लिये सुलभ है। दीक्षा, दक्षिणा, पुरश्चरणका यह तनिक भी विचार नहीं करता, यह मन्त्र जिह्वाका स्पर्श करते ही सभीके लिये पूर्ण फलद होता है। नाथ! आप मुझे सदाके लिये ऐसी स्थितिमें पहुँचा दें कि मैं श्रीमान्‌के 'श्रीराम! जनार्दन! जगन्नाथ! नारायण! आनन्दमय! दयाधर! कमलाकान्त! कृष्ण!' आदि नामरूपी अमृतसे पूर्ण महासागरकी लहरोंकी हिलोरोंमें डूबकर आँसू बहाता हुआ विवश और बेसुध हो जाऊँ।

भक्त बिल्वमङ्गल

(श्रीलीलाशुक)

(दक्षिण-प्रदेशमें कृष्णवीणा नदी-तटके एक ग्राममें जन्म, ब्राह्मण, पिताका नाम रामदास)

मङ्गल-मनोरथ

यावन्न मे नरदशा दशमी दशोऽपि
रन्ध्रादुदेति तिमिरीकृतसर्वभावा ।
लावण्यकेलिभवनं तव तावदेतु
लक्ष्म्या समुल्लसितवेणु मुखेन्दुबिम्बम् ॥
आलोललोचनविलोकितकेलिधारा-
नीराजिताग्रसरणेः करुणाम्बुराशेः ।
आर्द्राणि वेणुनिनदैः प्रतिनादपूरै-
राकर्णयामि मणिनूपुरशिञ्जितानि ॥
(श्रीकृष्णकर्णामृत १ । ३८-३९)

प्रभो! इसके पूर्व ही कि मेरी अन्यान्य इन्द्रियोंके साथ नयन-रन्ध्रोंसे भी मनुष्य-शरीरकी अन्तिम दशा (मरणावस्था) प्रकट हो जाय—जिस अवस्थामें सारी वस्तुएँ अन्धकारमय, अदृश्य हो जाती हैं—ऐसी कृपा होनी चाहिये कि आपका गोल-गोल चाँद-सा मुखड़ा, जो लावण्यका क्रीडास्थल है और जिसके अधरोंसे लगी हुई बाँसुरी ऊँचे स्वरसे बजती रहती है, अपनी समग्र शोभाके साथ उन नेत्र-रन्ध्रोंके सामने उपस्थित हो जाय! प्रभो! वह दिन कब होगा जब करुणा-वरुणालय आपके आगेके मार्गका श्रीगोपीजनोंके नेत्रोंसे निकलती हुई विलासपूर्ण दृष्टिकी परम्परासे नीराजन होता चलेगा और मैं गूँजते हुए आपके वंशी-नादके साथ-साथ आपके मणिजटित नूपुरोंकी रसमयी ध्वनिको सुनकर निहाल होता रहूँगा?

हे देव हे दयित हे भुवनैकबन्धो
हे कृष्ण हे चपल हे करुणैकसिन्धो ।
हे नाथ हे रमण हे नयनाभिराम
हा हा कदा नु भवितासि पदं दृशोर्मे ॥
(१ । ४०)

हे देव! प्रियतम! एकमात्र जगद्बन्धो! श्रीकृष्ण! चपल! करुणाके अनुपम सागर! नाथ! प्राणाराम! नयनाभिराम श्याम! आप हमारे नेत्रगोचर कब होंगे?

प्रेमदं च मे कामदं च मे वेदनं च मे वैभवं च मे ।
जीवनं च मे जीवितं च मे दैवतं च मे देव नापरम् ॥
(१ । ९९)

हे देव! आपके सिवा मुझे प्रेम-दान करनेवाला, मेरे मनोरथ पूर्ण करनेवाला, मेरा अनुभव, ऐश्वर्य, जीवन, प्राणाधार और देवता अन्य कोई नहीं है।

परमिममुपदेशमाद्रियध्वं
निगमवनेषु नितान्तचारखिन्नाः ।
विचिनुत भवनेषु बल्लवीना-
मुपनिषदर्थमुलूखले निबद्धम् ॥
(२ । २८)

उपनिषदोंके बीहड़ जंगलोंमें घूमते-घूमते नितान्त श्रान्त हुए लोगो! मेरे इस सर्वश्रेष्ठ उपदेशको आदरपूर्वक सुनो!

तुम्हें उपनिषदोंके सार-तत्त्व—वेदान्तप्रतिपाद्य ब्रह्मकी यदि खोज हो तो उसे व्रजाङ्गनाओंके घरोंमें ऊखलसे बँधा हुआ देख लो।

गोपालाजिरकर्दमे विहरसे विप्राध्वरे लज्जसे
ब्रूषे गोधनहुंकृतैः स्तुतिशतैर्मौनं विधत्से विदाम्।
दास्यं गोकुलपुंश्चलीषु कुरुषे स्वाम्यं न दान्तात्मसु
ज्ञातं कृष्ण तवाङ्घ्रिपङ्कजयुगं प्रेमाचलं मञ्जुलम्॥
(२।८३)

श्रीकृष्ण! तुम ग्वालोंके आँगनकी कीचड़में बड़े चावसे खेलते हो—किंतु वेदपाठी ब्राह्मणोंकी यज्ञशालामें पैर रखनेमे भी लजाते हो; गौओं एवं बछड़ोंका शब्द सुनते ही उन्हें हीयो-हीयो करके बड़े प्रेमसे पुकारने लगते हो, किंतु बड़े-बड़े ज्ञानियोंके सैकड़ो बार स्तुति करनेपर भी तुम्हारे मुखसे एक शब्द भी नहीं निकलता, तुम मौनी बाबा बन जाते हो। गोकुलकी पुंश्चलियोंकी गुलामी करनेमे—उनके घरके मामूली-से-मामूली काम करनेमें भी अपना अहोभाग्य समझते हो और जिन्होंने योगाभ्यासके द्वारा अपने मनको वशमें कर लिया है—ऐसे योगीन्द्र-मुनीन्द्रोंके स्वामी बननेमें भी सकुचाते हो, उन्हें अपनी सेवाका सौभाग्य नहीं प्रदान करते! मैंने जान लिया कि तुम्हारे मनोहर चरणारविन्द प्रेमसे ही वशीभूत होते हैं, अन्य किसी साधनसे उन्हें वशमें करना शक्य नहीं है।

श्रीअप्पय्य दीक्षित

(पितामह आचार्य दीक्षित और पिता रङ्गराजाध्वरि, जन्म सन् १५५० ई०, मृत्यु ७२ वर्षकी आयुमें सन् १६२२ ई०। महान् शिव-भक्त और उच्चकोटिके विद्वान्)

नीतिज्ञा नियतिज्ञा वेदज्ञा अपि भवन्ति शास्त्रज्ञाः।
ब्रह्मज्ञा अपि लभ्याः स्वाज्ञानज्ञानिनो विरलाः॥
व्यक्तव्यो ममकारस्त्यक्तुं यदि शक्यते नासौ।
कर्त्तव्यो ममकारः किन्तु स सर्वत्र कर्त्तव्यः॥

संसारमें नीति, अदृष्ट, वेद, शास्त्र और ब्रह्म—सबके जाननेवाले मिल सकते हैं; परंतु अपने अज्ञानके जाननेवाले मनुष्य विरले ही हैं। या तो ममत्व बिल्कुल छोड़ दे और यदि न छोड़ सके, ममत्व करना ही हो, तो सर्वत्र करे।

अर्कद्रोणप्रभृतिकुसुमैरर्चनं ते विधेयं
प्राप्यं तेन स्मरहर! फलं मोक्षसाम्राज्यलक्ष्मीः।
एतज्ज्ञानन्नपि शिव शिव व्यर्थयन् कालमात्म-
न्नात्मद्रोही करणविवशो भूयसाधः पतामि॥

स्मरारे! आपके पूजनके लिये न तो पैसा चाहिये और न विशेष सामग्रीकी ही अपेक्षा है। आककी डोड़ियों और धतूरेके पुष्पोंसे ही आप प्रसन्न हो जाते हैं (कौड़ियोंमें काम होता है)। किंतु आपका पूजन इतना सस्ता होनेपर भी आप उसके बदलेमें देते क्या हैं? आक और धतूरेके विनिमयमें आप देते हैं मोक्षसाम्राज्यलक्ष्मी, जो देवताओंको भी दुर्लभ है। कितना सस्ता सौदा है! इसीलिये तो आप 'आशुतोष' एवं 'औढरदानी' की उपाधियोंसे विभूषित हैं। किंतु शिव! शिव! मैं ऐसा आत्मद्रोही हूँ कि यह सब कुछ जानता हुआ भी अपना जीवन व्यर्थ ही नहीं खो रहा हूँ, अपितु इन्द्रियोंके वशीभूत होकर बार-बार पापोंके गड्ढेमें गिरता हूँ।

कीटा नागास्तरव इति वा किं न सन्ति स्थलेषु
त्वत्पादाम्भोरुहपरिमलोद्वाहिमन्दानिलेषु।
तेष्वेकं वा सृज पुनरिमं नाथ! दीनार्तिहारि-
न्नातोषं ते मृड भवमहाङ्गारनद्यां लुठन्तम्॥

नाथ! जिन-जिन स्थलोंमें आपके चरण-कमल जाते हैं, उन-उन स्थलोंमें कीड़े-मकोड़े, साँप-बिच्छू अथवा झाड़ अथवा झाड़ भी तो अवश्य होंगे। यदि और कुछ नहीं तो उन्हींमेंसे कोई शरीर मुझे दे दें, जिसमें उन चरण-कमलोंके सुमधुर गन्धसे सम्पृक्त सुशीतल वायुका सुखकर स्पर्श पाकर मैं अपने शरीर और आत्मा—(दोनों) की तपनको बुझा सकूँ और सुतप्त अंगारोंसे पूर्ण भवनदीमें लुटकारा पाऊँ। उस योनिमें मुझे आप, जबतक आपकी इच्छा हो, रख सकते हैं। उसमें मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी, बल्कि जितने अधिक समयतक आप मुझे उस शरीरमें रक्खेंगे, उतना ही अधिक आनन्द मुझे होगा और मैं अपना अहोभाग्य समझूँगा। क्या मेरी इस प्रार्थनाको भी आप स्वीकार नहीं करेंगे? अवश्य करेंगे।

अश्नीत पिबत खादत जाग्रत संविशत तिष्ठत वा ।
सकृदपि चिन्तयताङ्ग सावधिको देहबन्ध इति ॥

खाओ, पीओ, जागो, बैठो, अथवा खड़े रहो; पर दिनमें एक बार भी यह बात सोच लो कि इस शरीरका नाश निश्चय है।

अयुतं नियुतं वापि प्रदिशन्तु प्राकृताय भोगाय ।
क्रीणन्ति न बिल्वदलैः कैवल्यं पञ्चभैर्मूढाः ॥

संसारके भोगके लिये तो मूढ़जन हजारों-लाखों खर्च कर दिया करते हैं, पर पाँच-छः बिल्वपत्रोंसे मुक्ति उनसे नहीं खरीदी जाती।

जगद्गुरु श्रीशङ्कराचार्य

(गुरुपरम्परागत मठोंके अनुसार आविर्भावकाल ईसासे पूर्व ५०८ या ४७६ वर्ष, पाश्चात्त्य विद्वानोंके मतानुसार ३० सन् ६६८ या ७२०, आयु ३२ या ३८ वर्ष, आविर्भाव-स्थान केरलप्रदेश। पूर्णा नदीके तटपर कलादि नामक ग्राम। पिताका नाम श्रीशिवगुरु, माताका नाम श्रीसुभद्रामाता अथवा विशिष्टा। जन्मतिथि वैशाख शुक्ल पञ्चमी। जाति ब्राह्मण। गुरु श्रीस्वामी गोविन्द भगवत्पाद। महान् दार्शनिक विद्वान् और भक्त। अद्वैत-सम्प्रदायके प्रधानतम आचार्य, ये साक्षात् भगवान् शङ्करके अवतार माने जाते हैं।)



ब्रह्म ही सत्य है

सर्पादौ रज्जुसत्तैव ब्रह्मसत्तैव केवलम् ।
प्रपञ्चाधाररूपेण वर्तते तद् जगन्न हि ॥
(स्वात्मप्रकाशिका ६)

(मिथ्या) सर्प आदिमें रज्जु-सत्ता-की भाँति जगत्के आधार या अधिष्ठान के रूपमें केवल ब्रह्मसत्ता ही है अतएव ब्रह्म ही है, जगत् नहीं।

घटावभासको भानुर्घटनाशे न नश्यति ।
देहावभासकः साक्षी देहनाशे न नश्यति ॥
(स्वात्मप्रकाशिका १४)

घटका प्रकाश सूर्य करता है; किंतु घटके नाश होनेपर जैसे सूर्यका नाश नहीं होता, वैसे ही देहका प्रकाशक साक्षी (आत्मा) भी देहका नाश होनेपर नष्ट नहीं होता।

न हि प्रपञ्चो न हि भूतजातं
न चेन्द्रियं प्राणगणो न देहः ।
न बुद्धिचित्तं न मनो न कर्ता
ब्रह्मैव सत्यं परमात्मरूपम् ॥
(स्वात्मप्रकाशिका १७)

यह जगत् (सत्य) नहीं है, प्राणिसमूह नहीं है, इन्द्रिय नहीं है, प्राण (सत्य) नहीं है, देह नहीं है, बुद्धि-चित्त नहीं है, मन नहीं है, अहङ्कार नहीं है, परमात्मस्वरूप ब्रह्म ही (सत्य) है।

ब्रह्मप्राप्तिके साधन

विवेकिनो विरक्तस्य शमादिगुणशालिनः ।
मुमुक्षोरेव हि ब्रह्मजिज्ञासायोग्यता मता ॥
(विवेकचूडामणि १७)

जो सदसद्विवेकी, वैराग्यवान्, शम-दमादि षट्सम्पत्ति-युक्त और मुमुक्षु हो, उसीमें ब्रह्मजिज्ञासाकी योग्यता मानी जाती है।

वैराग्यं च मुमुक्षुत्वं तीव्रं यस्य तु विद्यते ।
तस्मिन्नेवार्थवन्तः स्युः फलवन्तः शमादयः ॥
(विवेकचूडामणि ३०)

जिसमें वैराग्य और मुमुक्षुत्व तीव्र होते हैं, उसीमें शमादि चरितार्थ और सफल होते हैं।

मोक्षकारणसामग्र्यां भक्तिरेव गरीयसी ।
स्वस्वरूपानुसंधानं भक्तिरित्यभिधीयते ॥
(विवेकचूडामणि ३२)

मुक्तिकी कारणरूप सामग्रीमें भक्ति ही सबसे बढ़कर है और अपने वास्तविक स्वरूपका अनुसंधान करना ही भक्ति कहलाती है।

अनात्मचिन्तनं त्यक्त्वा सदा सर्वं दुःखकारणम् ।
चिन्तयात्मानमानन्दरूपं यन्मुक्तिकारणम् ॥
(विवेकचूडामणि ३८०)

अनात्मपदार्थोंका चिन्तन मोहमय है और दुःखका कारण है। उसका त्याग करके मुक्तिके कारण आनन्दरूप आत्माका चिन्तन करो।

भगवान् श्रीकृष्णका स्वरूप

कन्दर्पकोटिसुभगं वाञ्छितफलदं दयार्णवं कृष्णम् ।
त्यक्त्वा कमन्यविषयं नेत्रयुगं द्रष्टुमुत्सहते ॥
पुण्यतमामतिसुरसां मनोऽभिरामां हरेः कथां त्यक्त्वा ।
श्रोतुं श्रवणद्वन्द्वं ग्राम्यं कथमादरं वहति ॥

दौर्भाग्यमिन्द्रियाणां कृष्णे विषये हि शाश्वतिके ।
क्षणिकेषु पापकरणेष्वपि सज्जन्ते यदन्यविषयेषु ॥
(प्रबोधसुधाकर १९१—१९३)

जो करोड़ों कामदेवोंसे भी सुन्दर हैं, वाञ्छित फलके दाता हैं, उन दयासागर श्रीकृष्णको छोड़कर ये युगल नेत्र और किस विषयका दर्शन करनेको उत्सुक हैं ? अति पवित्र, अति सुन्दर और सरस हरिकथाको छोड़कर ये कर्णयुगल सांसारिक विषयोंकी चर्चा सुननेको क्यो श्रद्धा प्रकट करते हैं ? सदा विद्यमान श्रीकृष्णरूपी विषयके रहते हुए भी पापके साधन अन्य क्षणिक विषयोंमें जो इन्द्रियाँ आसक्त होती हैं, वह इनका दुर्भाग्य ही है ।

ब्रह्माण्डानि बहूनि पङ्कजभवान् प्रत्यण्डमत्यद्भुतान्
गोपान् वत्सयुतानदर्शयदजं विष्णूनशेषांश्च यः ।
शम्भुर्यच्चरणोदकं स्वशिरसा धत्ते च मूर्तित्रयात्
कृष्णो वै पृथगस्ति कोऽप्यविकृतःसच्चिन्मयो नीलिमा॥
(प्रबोधसुधाकर २४२)

जिसने ब्रह्माजीको अनेक ब्रह्माण्ड और प्रत्येक ब्रह्माण्डमें पृथक्-पृथक् अति विचित्र ब्रह्मा, गोवत्सोंसहित गोप और अनन्त विष्णु दिखलाये तथा जिसके चरणोदकको शिवजी अपने सिरपर धारण करते है, वह श्रीकृष्ण मूर्तित्रय ब्रह्मा, विष्णु और महादेवसे पृथक् कोई सच्चिन्मयी निर्विकार नीलिमा है ।

चित्तको प्रबोध

चेतश्चञ्चलतां विहाय पुरतः संधाय कोटिद्वयं
तत्रैकत्र निधेहि सर्वविषयानन्यत्र च श्रीपतिम् ।
विश्रान्तिर्हितमप्यहो क्व नु तयोर्मध्ये तदालोच्यतां
युक्त्या वानुभवेन यत्र परमानन्दश्च तत्सेव्यताम् ॥
पुत्रान् पौत्रमथ स्त्रियोऽन्ययुवतीर्वित्तान्यथोऽन्यद्धनं
भोज्यादिष्वपि तारतम्यवशतो नालं समुत्कण्ठया ।
नैतादृग्यदुनायके समुदिते चेतस्यनन्ते विभौ
सान्द्रानन्दसुधार्णवे विहरति स्वैरं यतो निर्भयम् ॥
काम्योपासनयार्थयन्त्यनुदिनं केचित्फलं स्वेप्सितं
केचित्स्वर्गमथापवर्गमपरे योगादियज्ञादिभिः ।
अस्माकं यदुनन्दनाङ्घ्रियुगलध्यानावधानार्थिनां
किं लोकेन दमेन किं नृपतिना स्वर्गापवर्गैश्च किम् ॥
आश्रितमात्रं पुरुषं स्वाभिमुखं कर्षति श्रीशः ।
लोहमपि चुम्बकाश्मा सम्मुखमात्रं जडं यद्वत् ॥
अयमुत्तमोऽयमधमो जात्या रूपेण सम्पदा वयसा ।
श्लाघ्योऽश्लाघ्यो वेत्थं न वेत्ति भगवाननुग्रहावसरे ॥
(प्रबोधसुधाकर २४८—२५२)

अरे चित्त, चञ्चलताको छोड़कर सामने तराजूके दोनों पलड़ोंमेंसे एकमें सब विषयोंको और दूसरेमें भगवान् श्रीपतिको रख और इसका विचार कर कि दोनोंके बीचमें विश्राम और हित किसमें है । फिर युक्ति और अनुभवसे जहाँ परमानन्द मिले, उसीका सेवन कर । पुत्र, पौत्र, स्त्रियाँ, अन्य युवतियाँ, अपना धन, परधन और भोज्यादि पदार्थोंमे न्यूनाधिक भाव होनेसे कभी इच्छा शान्त नहीं होती; किंतु जब घनानन्दामृतसिन्धु विभु यदुनायक श्रीकृष्ण चित्तमे प्रकट होकर इच्छापूर्वक विहार करते हैं, तब यह बात नही रहती; क्योंकि उस समय चित्त स्वच्छन्द एवं निर्भय हो जाता है । कुछ लोग प्रतिदिन सकाम उपासनासे मनोवाञ्छित फलकी प्रार्थना करते हैं और कोई यज्ञादिसे स्वर्ग और योगादिसे मोक्षकी कामना करते हैं, किंतु यदुनन्दनके चरणयुगलोंके ध्यानमें सावधान रहनेके इच्छुक हमको लोक, इन्द्रियनिग्रह, राजा, स्वर्ग और मोक्षसे क्या प्रयोजन है । श्रीपति श्रीकृष्ण अपने आश्रित पुरुषको अपनी ओर वैसे ही खींचते हैं, जैसे सामने आये हुए जड लोहेको चुम्बक अपनी ओर खींचता है । कृपा करते समय भगवान् यह नहीं विचारते कि जाति, रूप, धन और आयुसे यह उत्तम है या अधम, स्तुत्य है या निन्द्य ?

मणिरत्नमालाके और प्रश्नोत्तररत्नमालिकाके कुछ प्रश्नोत्तरोंका अनुवाद

बद्ध कौन है ? विषयासक्त । मुक्ति क्या है ? विषयोंमे विराग । भयानक नरक क्या है ? अपना देह (देहासक्ति) । स्वर्ग क्या है ? तृष्णाका क्षय ।

संसारबन्धन किससे कटता है ? श्रुतिजनित आत्मज्ञानसे । मुक्तिका हेतु क्या है ? पूर्वोक्त आत्मज्ञान । नरकका एकमात्र द्वार क्या है ? नारी (कामासक्ति—पुरुषकी नारीमें और नारीकी पुरुषमें) । स्वर्गकी प्राप्ति किससे होती है ? जीवोंकी अहिंसासे ।

सुखसे कौन सोता है ? समाधिनिष्ठ (परमात्मामे निरुद्ध-चित्त) । जाग्रत् कौन है ? सत्-असत्का विवेकी । शत्रु कौन हैं ? अपनी इन्द्रियाँ; परंतु जीत लेनेपर वे ही इन्द्रियाँ मित्र बन जाती हैं ।

दरिद्र कौन है ? जिसकी तृष्णा बढ़ी हुई है । श्रीमान् (धनी) कौन है ? जो पूर्ण संतोषी है । जीता ही कौन मर चुका है ? उद्यमहीन । अमृत (जीवित) कौन है ? जो (भोगोंसे) निराश है ।

फाँसी क्या है ? ममता और अभिमान । मदिराकी भाँति मोहित कौन करती है ? नारी (कामासक्ति) । महान् अन्धा कौन है ? कामातुर । मृत्यु क्या है ? अपना अपयश ।

गुरु कौन है ? जो हितका उपदेश करता है । शिष्य कौन है ? जो गुरुका भक्त है । लंबा रोग क्या है ? भव-रोग । उसके मिटानेकी दवा क्या है ? असत्-सत्का विचार ।

भूषणोंमें उत्तम भूषण क्या है ? सच्चरित्रता । परम तीर्थ क्या है ? अपना विशुद्ध मन । कौन वस्तु हेय है ? कामिनी-काञ्चन । सदा क्या सुनना चाहिये ? गुरुका उपदेश और वेदवाक्य । ब्रह्मकी प्राप्तिके उपाय क्या हैं ? सत्सङ्ग, दान, विचार और संतोष । संत कौन हैं ? जो समस्त विषयोंसे वीतराग हैं, मोहरहित हैं और शिवस्वरूप ब्रह्मतत्त्वमें निष्ठावान् हैं ? प्राणियोंका ज्वर क्या है ? चिन्ता । मूर्ख कौन है ? विवेकहीन । किसको प्रिय बनाना है ? शिव-विष्णु-भक्तिको । यथार्थ जीवन क्या है ? जो दोषवर्जित है ।

विद्या क्या है ? जो ब्रह्मकी प्राप्ति कराती है । ज्ञान किसे कहते हैं ? जो मुक्तिका हेतु है । लाभ क्या है ? आत्मज्ञान । जगत्को किसने जीता है ? जिसने मनको जीत लिया ।

वीरोंमें महावीर कौन है ? जो कामबाणसे पीड़ित नहीं होता । समतावान्, धीर और प्राज्ञ कौन है ? जो ललना-कटाक्षसे मोहित नहीं होता ।

विषका भी विष क्या है ? समस्त विषय । सदा दुखी कौन है ? विषयानुरागी । धन्य कौन है ? परोपकारी । पूजनीय कौन है ? शिवतत्त्वमें निष्ठावान् ।

सभी अवस्थाओंमें क्या नहीं करना चाहिये ? (विषयोंमें) स्नेह और पाप । विद्वानोंको प्रयत्नके साथ क्या करना चाहिये ? शास्त्रका पठन और धर्म । संसारका मूल क्या है ? (विषय-) चिन्ता ।

किसका सङ्ग और किसके साथ निवास नहीं करना चाहिये ? मूर्ख, पापी, नीच और खलका सङ्ग और उनके साथ वास नहीं करे । मुमुक्षु व्यक्तियोंको शीघ्र-से-शीघ्र क्या करना चाहिये ? सत्सङ्ग, निर्ममता और ईश्वरभक्ति ।

हीनताका मूल क्या है ? याचना । महत्त्वका मूल क्या है ? अयाचना । किसका जन्म सार्थक है ? जिसका फिर जन्म न हो । अमर कौन है ? जिसकी फिर मृत्यु न हो ।

शत्रुओंमें महाशत्रु कौन है ? काम, क्रोध, असत्य, लोभ, तृष्णा । विषयभोगसे तृप्त कौन नहीं होती ? कामना । दुःखका कारण क्या है ? ममता ।

मृत्यु समीप होनेपर बुद्धिमान पुरुषको क्या करना चाहिये ? तन, मन, वचनके द्वारा यमके भयका निवारण करनेवाले सुखदायक श्रीहरिके चरणकमलोंका चिन्तन ।

दिन-रात ध्येय क्या है ? संसारकी अनित्यता और आत्मस्वरूप शिवतत्त्व । कर्म किसे कहते हैं ? जो श्रीकृष्णके लिये प्रीतिकर हो । सदा किसमें अनास्था करनी चाहिये ? भवसमुद्रमें ।

मार्गका पाथेय क्या है ? धर्म । पवित्र कौन है ? जिसका मन पवित्र है । पण्डित कौन है ? विवेकी । विष क्या है ? गुरुजनों (बड़ों) का अपमान ।

मदिराके समान मोहजनक क्या है ? स्नेह । डाकू कौन है ? विषयसमूह । संसार-बेल क्या है ? विषय-तृष्णा । शत्रु कौन है ? उद्योगका अभाव (अकर्मण्यता) ।

कमलपत्रपर स्थित जलकी तरह चञ्चल क्या है ? यौवन, धन और आयु । चन्द्रकिरणोंके समान निर्मल कौन है ? संत-महात्मा ।

नरक क्या है ? परवशता । सुख क्या है ? समस्त सङ्गोंका त्याग । सत्य क्या है ? जिसके द्वारा प्राणियोंका हित हो । प्राणियोंके प्रिय क्या हैं ? प्राण ।

(यथार्थ) दान क्या है ? कामनारहित दान । मित्र कौन है ? जो पापसे हटाये । आभूषण क्या है ? शील । वाणीका भूषण क्या है ? सत्य ।

अनर्थकारी कौन है ? मान । सुखदायक कौन है ? सज्जनोंकी मित्रता । समस्त व्यसनोंके नाशमें कौन समर्थ है ? सर्वदा त्यागी ।

अन्धा कौन है ? जो अकर्तव्यमें लगा है । बहिरा कौन है ? जो हितकी बात नहीं सुनता । गूँगा कौन है ? जो समयपर प्रिय वचन बोलना नहीं जानता ।

मरण क्या है ? मूर्खता । अमूल्य वस्तु क्या है ? उपयुक्त अवसरका दान । मरते समयतक क्या चुभता है ? गुप्त पाप ।

साधु कौन है ? सच्चरित्र । अधम कौन है ? चरित्रहीन । जगत्‌को जीतनेमे कौन समर्थ है ? सत्यनिष्ठ और सहनशील (क्षमावान) । शोचनीय क्या है ? धन होनेपर भी कृपणता । प्रशंसनीय क्या है ? उदारता । पण्डितोंमें पूजनीय कौन है ? सदा स्वाभाविक विनयी ।

तमोगुणरहित पुरुष बार-बार जिसका बखान करते है, वह 'चतुर्भद्र' क्या है ? प्रिय वचनके साथ दान, गर्वरहित ज्ञान, क्षमायुक्त शूरता और त्यागयुक्त धन - यह दुर्लभ चतुर्भद्र है ।

रात-दिन ध्येय क्या है ? भगवच्चरण, न कि संसार । आँखे होते हुए अन्धे कौन हैं ? नास्तिक ।

पुरुषोको सदा किसका स्मरण करना चाहिये ? हरिनामका । सदबुद्धि पुरुषोको क्या नहीं कहना चाहिये ? पराया दोष तथा मिथ्या बात ।

मुक्ति किससे मिलती है ? मुकुन्दभक्तिसे । मुकुन्द कौन है ? जो अविद्यासे तार देता है । अविद्या क्या है ? आत्माकी स्फूर्ति न होना ।

मायी कौन है ? परमेश्वर । इन्द्रजालकी तरह क्या वस्तु है ? जगत्-प्रपच । स्वप्नतुल्य क्या है ? जाग्रत्‌का व्यवहार । सत्य क्या है ? ब्रह्म ।

प्रत्यक्ष देवता कौन है ? माता । पूज्य और गुरु कौन है ? पिता । सर्वदेवतास्वरूप कौन है ? विद्या और कर्मसे युक्त ब्राह्मण ।

भगवद्भक्तिका फल क्या है ? भगवद्धामकी प्राप्ति या स्वरूपसाक्षात्कार । मोक्ष क्या है ? अविद्याकी निवृत्ति । समस्त वेदोंमें प्रधान क्या है ? ओंकार ।

श्रीयामुनाचार्य

(श्रीवैष्णवसम्प्रदायके महान् आचार्य, श्रीनाथमुनिके पौत्र और श्रीईश्वरमुनिके पुत्र । आविर्भाव १०१० वि० सं०, स्थान वीर-नारायणपुर (मदुरा) । यतिराज श्रीरामानुजाचार्यके परम गुरु)

न धर्मनिष्ठोऽस्मि न चात्मवेदी
न भक्तिमांस्त्वच्चरणारविन्दे ।
अकिंचनोऽनन्यगतिः शरण्यं
त्वत्पादमूलं शरणं प्रपद्ये ॥
न निन्दितं कर्म तदस्ति लोके
सहस्रशो यन्न मया व्यधायि ।
सोऽहं विपाकावसरे मुकुन्द
क्रन्दामि सम्प्रत्यगतिस्तवाग्रे ॥
निमज्जतोऽनन्तभवार्णवान्त-
श्चिराय मे कूलमिवासि लब्धः ।
त्वयापि लब्धं भगवन्निदानी-
मनुत्तमं पात्रमिदं दयायाः ॥

(श्रीआलवन्दारस्तोत्र श्लो० २५, २६, २७)

मैं न धर्मनिष्ठ हूँ न आत्मज्ञानी हूँ, और न आपके चरणारविन्दोंका भक्त ही हूँ । मैं तो अकिंचन हूँ, अनन्यगति हूँ और शरणागतरक्षक आपके चरणकमलोंकी शरण आया हूँ । संसारमे ऐसा कोई निन्दित कर्म नहीं है, जिसको हजारों बार मैंने न किया हो । ऐसा मैं अब फलभोगके समयपर विवश (अन्य-साधनहीन) होकर, हे मुकुन्द ! आपके आगे बारंबार रोता क्रन्दन करता हूँ । अनन्त महासागरके भीतर डूबते हुए मुझको आज अति विलम्बसे आप तटरूप होकर मिले हैं और हे भगवन ! आपको भी आज यह दयाका अनुपम पात्र मिला है ।

अभूतपूर्वं मम भावि किं वा
सर्वं सहे मे सहजं हि दुःखम् ।
किं तु त्वदग्रे शरणागतानां
पराभवो नाथ न तेऽनुरूपः ॥

(आलवन्दार श्लो० ८)

हे नाथ ! मुझपर जो कुछ बीत चुका है, उससे विलक्षण कौन-सा नूतन दुःख अब मुझे मिलेगा । मेरे लिये कोई भी कष्ट नया नहीं है, सब कुछ भोग चुका हूँ । जो होगा, सब सह लूँगा; दुःख तो मेरे साथ ही उत्पन्न हुआ है । परतु आपकी शरणमे आये हुएका आपके सामने ही अपमान हो, यह आपको शोभा नही देता --अतः मेरे उद्धारमें देर न लगाइये ।

अपराधसहस्रभाजनं पतितं भीमभवार्णवोदरे ।
अगतिं शरणागतं हरे कृपया केवलमात्मसात्कुरु ॥

(आलवन्दार श्लो० ५१)

हे हरे ! हजारों अपराधोंसे भरा हुआ मैं भयंकर भव-

सागरके उदरमें गोते लगा रहा हूँ। अब आप कृपा करके अपनी शरणमें आये हुए मुझ असहायको केवल अपना लीजिये।

तव दास्यसुखैकसङ्गिनां भवनेष्वस्त्वपि कीटजन्म मे।
इतरावसथेषु मा स्म भूदपि मे जन्म चतुर्मुखात्मना॥
(आलवन्दार श्लो० ५८)

आपके दास्यभावमें ही सुखका अनुभव करनेवाले सज्जनोंके घरमें तो मुझे कीड़की भी योनि मिले—तो मैं प्रसन्न हूँ; पर दूसरोंके घरमें तो मुझे ब्रह्माजीकी भी योनि न मिले—यही मेरी प्रार्थना है।

दुरन्तस्यानादेरपरिहरणीयस्य महतो
विहीनाचारोऽहं नृपशुरशुभस्यास्पदमपि।
दयासिन्धो बन्धो निरवधिकवात्सल्यजलधे
तव स्मारंस्मारं गुणगणमितोच्छामि गतभीः॥
अनिच्छन्नप्येवं यदि पुनरितीच्छन्निव रज-
स्तमश्छन्नश्छन्नस्तुतिवचनभङ्गीमरचयम्।
तथापीत्थंरूपं वचनमवलम्ब्यापि कृपया
त्वमेवैवंभूतं धरणिधर मे शिक्षय मनः॥
पिता त्वं माता त्वं दयिततनयस्त्वं प्रियसुहृत्
त्वमेव त्वं मित्रं गुरुरपि गतिश्चासि जगताम्।
त्वदीयस्त्वद्भृत्यस्तव परिजनस्त्वद्गतिरहं
प्रपन्नश्चैवं सत्यहमपि तवैवास्मि हि भरः॥
अमर्यादः क्षुद्रश्चलमतिरसूयाप्रसवभूः
कृतघ्नो दुर्मानी स्मरपरवशो वञ्चनपरः।
नृशंसः पापिष्ठः कथमहमितो दुःखजलधे-
रपारादुत्तीर्णस्तव परिचरेयं चरणयोः॥
रघुवर यदभूस्त्वं तादृशो वायसस्य
प्रणत इति दयालुर्यच्च चैद्यस्य कृष्ण।
प्रतिभवमपराद्धुर्मुग्ध सायुज्यदोऽभू-
र्वद किमु पदमागस्तस्य तेऽस्ति क्षमायाः॥
(आलवन्दारस्तोत्र श्लो० ६१, ६२, ६३, ६५, ६६)

हे दयासिन्धो! दीनबन्धो! मैं दुराचारी नर-पशु आदि-अन्तरहित और अपरिहरणीय महान् अशुभका भंडार हूँ; तो भी हे अपारवात्सल्यसागर! आपके गुण-गणोंका स्मरण कर-करके निर्भय हो जाऊँ, ऐसी इच्छा करता हूँ। धरणीधर! यद्यपि मैंने रजोगुण और तमोगुणसे आच्छन्न होकर पूर्वोक्तरूपसे, वस्तुतः इच्छा न रखते हुए भी, इच्छुककी भाँति, कपटयुक्त स्तुति-वचनोंका निर्माण किया है, तथापि मेरे ऐसे वचनोंको भी अपनाकर आप ही कृपा करके मेरे मनको (सच्चे भावसे स्तुति करनेयोग्य होनेकी) शिक्षा दें। हरे! आप ही जगत्के पिता-माता, प्रिय पुत्र, प्यारे सुहृद्, मित्र, गुरु और गति हैं; मैं आपका ही सम्बन्धी, आपका ही दास, आपका ही परिचारक, आपको ही एकमात्र गति माननेवाला और आपकी ही शरण हूँ। इस प्रकार अब आपपर ही मेरा सारा भार है। भगवन्! मैं तो मर्यादाका पालन न करनेवाला, नीच, चञ्चलमति और (गुणोंमें भी दोषदर्शनरूप) असूयाकी जन्मभूमि हूँ, साथ ही कृतघ्न, दुष्ट, अभिमानी, कामी, ठग, क्रूर और महापापी हूँ; भला, मैं किस प्रकार इस अपार दुःख-सागरसे पार होकर आपके चरणोंकी परिचर्या करूँ? रघुवर! जब कि उस (काक-रूपधारी जयन्त) के ऊपर, यह सोचकर कि 'यह मेरी शरणमें आया है' आप वैसे दयालु हो गये थे और हे सुन्दर श्रीकृष्ण! जो अपने प्रत्येक जन्ममें आपका अपराध करता आ रहा था, उस शिशुपालको भी जब आपने सायुज्य-मुक्ति दे दी, तो अब कौन ऐसा अपराध है, जो आपकी क्षमाका विषय न हो।

जगद्गुरु श्रीरामानुजाचार्य

(आविर्भाव—वि० सं० १०७४, स्थान—दक्षिण भारत, भूतपुरी (वर्तमान श्रीपेरेम्बुधूरम्)। पिताका नाम—श्रीकेशव सोमयाजी, माता-नाम—कान्तिमती श्रीवैष्णवसम्प्रदाय विशिष्टाद्वैतसिद्धान्तके प्रधान आचार्य। महान् दार्शनिक विद्वान्, परम भक्त, आप भगवान् श्रीसंकर्षणके अवतार माने जाते हैं।)

शरणागति



सत्यकाम सत्यसंकल्प परब्रह्मभूत पुरुषोत्तम महाविभूते श्रीमन्नारायण वैकुण्ठनाथ अपारकारुण्यसौशील्य वात्सल्यौदार्यैश्वर्यसौन्दर्यमहोदधे, अनालोचितविशेषाविशेषलोकशरण्य प्रणतार्तिहर आश्रितवात्सल्यजलधे, अनवरतविदितनिखिलभूतजातयाथात्म्य अशेषचराचरभूत निखिलनियमाशेषचिदचिद्वस्तुशेषिभूत निखिलजगदाधाराखिलजगत्स्वामिन् अस्मत्स्वामिन् सत्यकाम सत्यसंकल्प सकलेतरविलक्षण अर्थिकल्पक आपत्सख श्रीमन्नारायण, अशरणशरण्य, अनन्यशरणस्त्वत्पादारविन्दयुगलं शरणमहं प्रपद्ये।

हे पूर्णकाम, सत्यसंकल्प, परब्रह्मस्वरूप पुरुषोत्तम, हे

महान् ऐश्वर्यसे युक्त श्रीमन्नारायण ! हे वैकुण्ठनाथ ! आप अपार करुणा, सुशीलता, वत्सलता, उदारता, ऐश्वर्य और सौन्दर्य आदि गुणोंके महासागर हैं; छोटे-बड़ेका विचार न करके सामान्यतः सभी लोगोंको आप शरण देते हैं, प्रणतजनोंकी पीडा हर लेते हैं। शरणागतोंके लिये तो आप वत्सलताके समुद्र ही हैं। आप सदा ही समस्त भूतोंकी यथार्थताका ज्ञान रखते हैं। सम्पूर्ण चराचर भूतोंके सारे नियमों और समस्त जड-चेतन वस्तुओंके आप अवयवी हैं (ये सभी आपके अवयव हैं)। आप समस्त संसारके आधार है, अखिल जगत् तथा हम सभी लोगोंके स्वामी हैं। आपकी कामनाएँ पूर्ण और आपका संकल्प सच्चा है। आप समस्त प्रपञ्चसे भिन्न और विलक्षण हैं। याचकोंके तो आप कल्पवृक्ष हैं, विपत्तिमें पड़े हुए लोगोंके सहायक हैं। ऐसी महिमावाले तथा आश्रयहीनोंको आश्रय देनेवाले हे श्रीमन्नारायण ! मैं आपके चरणारविन्द-युगलकी शरणमें आता हूँ; क्योंकि उनके सिवा मेरे लिये कहीं भी शरण नहीं है।

पितरं मातरं दारान् पुत्रान् बन्धून् सखीन् गुरून्।
रत्नानि धनधान्यानि क्षेत्राणि च गृहाणि च॥
सर्वधर्मांश्च संत्यज्य सर्वकामांश्च साक्षरान्।
लोकविक्रान्तचरणौ शरणं तेऽव्रजं विभो॥

'हे प्रभो ! मैं पिता, माता, स्त्री, पुत्र, बन्धु, मित्र, गुरु, रत्न, राशि, धन-धान्य, खेत, घर, सारे धर्म और अविनाशी मोक्षपदसहित सम्पूर्ण कामनाओंका त्यागकर समस्त ब्रह्माण्डको आक्रान्त करनेवाले आपके दोनों चरणोंकी शरणमें आया हूँ।'

मनोवाक्कायैरनादिकालप्रवृत्तानन्ताकृत्यकरणकृत्याकरण-भगवदपचारभागवतापचारासह्यापचाररूपनानाविधानन्ता-चारानारब्धकार्यानारब्धकार्यान् कृतान् क्रियमाणान् करिष्य-माणांश्च सर्वान् अशेषतः क्षमस्व।

अनादिकालप्रवृत्तविपरीतज्ञानमात्मविषयं कृत्स्नजगद्विषयं च विपरीतवृत्तं चाशेषविषयमद्यापि वर्तमानं वर्तिष्यमाणं च सर्वं क्षमस्व।

मदीयानादिकर्मप्रवाहप्रवृत्तां भगवत्स्वरूपतिरोधानकरीं विपरीतज्ञानजननीं स्वविषयायाश्च भोग्यबुद्धेर्जननीं देहेन्द्रियत्वेन भोग्यत्वेन सूक्ष्मरूपेण चावस्थितां दैवीं गुणमयीं मायां दास-भूतः शरणागतोऽस्मि तवास्मि दास इति वक्तारं मां तारय।

(शरणागतिगद्यम्)

हे भगवन् ! मन, वाणी और शरीरके द्वारा अनादि कालसे अनेकों न करने योग्य कर्मोंका करना, करने योग्य कर्मोंको न करना, भगवान्‌का अपराध, भगवद्भक्तोंका अपराध तथा और भी जो अक्षम्य अनाचाररूप नाना प्रकारके अनन्त अपराध मुझसे हुए हैं, उनमें जो प्रारब्ध बन चुके हैं अथवा जो प्रारब्ध नहीं बने हैं, उन सभी पापोंको तथा जिन्हें कर चुका हूँ, जिन्हें कर रहा हूँ और जिन्हें अभी करनेवाला हूँ, उन सबको आप क्षमा कर दीजिये।

'आत्मा और सारे संसारके विषयमें जो मुझे अनादि कालसे विपरीत ज्ञान होता चला आ रहा है तथा सभी विषयोंमें जो मेरा विपरीत आचरण आज भी है और आगे भी रहनेवाला है, वह सब-का-सब आप क्षमा कर दें।'

'मेरे अनादि कर्मोंके प्रवाहमें जो चली आ रही है, जो मुझसे भगवान्‌के स्वरूपको छिपा लेती है, जो विपरीत ज्ञानकी जननी, अपने विषयमें भोग्य-बुद्धिको उत्पन्न करनेवाली और देह, इन्द्रिय, भोग्य तथा सूक्ष्मरूपसे स्थित रहनेवाली है, उस दैवी त्रिगुणमयी मायासे 'मैं आपका दास हूँ, किङ्कर हूँ, आपकी शरणमें आया हूँ' इस प्रकार रट लगानेवाले मुझ दीनका आप उद्धार कर दीजिये।' (गद्यत्रय)

(प्रेषक—डा० श्रीकृष्णदत्त भारद्वाज, एम्०ए०, पी-एच्० डी०, आचार्य, शास्त्री, साहित्यरत्न)

मातापितृसहस्रेभ्योऽपि वत्सलतरं शास्त्रम्।

शास्त्र हमें इतना प्यार करता है जितना सहस्रों माता-पिता भी नहीं कर सकते।

यथाभूतवादि हि शास्त्रम्।

शास्त्र हमें वैसी ही बात बताता है जैसी वह है।

यथा ज्ञानादयः परस्य ब्रह्मणः स्वरूपतया निर्देशात् स्वरूपभूतगुणास्तथेदमपि रूपं श्रुत्या स्वरूपतया निर्देशात् स्वरूपभूतम्।

ज्ञान, आनन्द, सत्यकाम, सत्यसंकल्प आदि गुण परब्रह्मके स्वरूपभूत गुण हैं; क्योंकि शास्त्र (वेद) ने उन्हें स्वरूपभूत कहा है; इसी प्रकार यह (शङ्ख-चक्र-गदा-पद्म-धारी वनमाला-विभूषित, अमल-कमल-दल-नयन-युगल, परम सुन्दर) रूप भी परब्रह्मका स्वरूपभूत रूप है; क्योंकि शास्त्रने इसे स्वरूपभूत बताया है।

वासुदेवस्य निखिलजगदुपकाराय स्वेच्छया स्वेनैव रूपेण देवादिष्ववतारः।

समस्त संसारके कल्याणके लिये भगवान् वासुदेव अपनी इच्छासे, अपने ही रूपमें, देव आदिमें अवतार लेते हैं।

इयमेव भक्तिरूपा सेवा ब्रह्मविद्या ।

यह भक्तिरूपा आराधना ही ब्रह्मविद्या है ।

शारीरकेऽपि भाष्ये या गोपिता शरणागतिः ।
अत्र गद्यत्रये व्यक्तां तां विद्यां प्रणतोऽस्म्यहम् ॥

ब्रह्मसूत्रके भाष्यमे भी शरणागति-विद्याको मैंने गुप्त ही रक्खा । किंतु गद्यत्रय नामक मेरे ग्रन्थमें वह प्रकट हो गयी है । मैं उस विद्याको प्रणाम करता हूँ ।

अनन्तानन्तशयन पुराणपुरुषोत्तम ।
रङ्गनाथ जगन्नाथ नाथ तुभ्यं नमो नमः ॥

हे अनन्त, हे शेषशायिन्, हे सनातन, हे पुरुषोत्तम, हे रङ्गनाथ, हे जगन्नाथ, हे नाथ! आपको बार-बार नमस्कार ।

तवानुभूतिसम्भूतप्रीतिकारितदासताम् ।
देहि मे कृपया नाथ न जाने गतिमन्यथा ॥

हे नाथ, कृपा करके मुझे अपना सेवक बना लीजिये । मुझे अपनी दासता, किंकरताका दान दे दीजिये । कैसी दासता ? जो कि प्रीतिसे होती है—प्रेम जिसको करा लेता है । कैसा प्रेम ? आपके अनुभवसे होनेवाला । मैं अनन्त लावण्य, अपार माधुर्य, परम सौन्दर्यकी प्रतिष्ठाभूत आपकी दिव्य मूर्तिका एवं आपके अनन्त सौशील्य, वात्सल्य आदि गुणोंका अनुभव करूँ । वह अनुभव ऐसा होगा कि मेरे हृदयमें आपके प्रति तैलधाराके समान अविच्छिन्न प्रेम लहरा देगा । वह प्रेम मुझसे आपकी सेवा करायेगा । मैं उस प्रेममें विभोर होकर आपकी सेवा-सपर्या, भजन-भक्ति करूँगा । आपकी ऐसी सुन्दर सेवा-भक्तिके अतिरिक्त मुझे अन्य कोई उपाय अपने उद्धारका और अन्य कोई लक्ष्य अपने जीवनका नहीं सूझ रहा है । यह सेवा ही मेरी गति है—उपाय है और जीवनका लक्ष्य है ।

जगद्गुरु श्रीनिम्बार्काचार्य

(आविर्भाव—भक्तोंके विश्वासानुसार द्वापरयुग । वर्तमान अन्वेषकोंके मतानुसार ग्यारहवीं शताब्दी । कुछ महानुभावोंके मतानुसार पाँचवीं शताब्दी । जन्म—दक्षिण देशमें गोदावरीके तटपर वैदूर्यपत्तनके निकट अरुणाश्रममें श्रीअरुण मुनिकी पत्नी श्रीजयन्तीदेवीके गर्भसे । कोई-कोई आपके पिताका नाम श्रीजगन्नाथ बताते हैं । द्वैताद्वैतमतके आचार्य, महान् दार्शनिक विद्वान्, महान् भक्त, इन्हें सूर्यका, किसी-किसीके मतमें भगवान्‌के प्रिय आयुध सुदर्शनचक्रका अवतार माना जाता है ।)



ज्ञानस्वरूपं च हरेरधीनं
शरीरसंयोगवियोगयोग्यम् ।
अणुं हि जीवं प्रतिदेहभिन्नं
ज्ञातृत्ववन्तं यमनन्तमाहुः ॥

जीव ज्ञानस्वरूप है, वह भगवान् श्रीहरिके अधीन है । उसमें एक शरीरको छोड़कर दूसरे नूतन शरीरको ग्रहण करनेकी योग्यता है । वह प्रत्येक शरीरमें भिन्न, अणु, ज्ञानयुक्त और अनन्त बताया गया है ।

अनादिमायापरियुक्तरूपं
स्वेनं विदुर्वै भगवत्प्रसादात् ।
मुक्तं च बद्धं किल बद्धमुक्तं
प्रभेदबाहुल्यमथापि बोध्यम् ॥

जीवको अनादिमायासे संयुक्त माना गया है । भगवान्‌की कृपासे ही इसके स्वरूपका ज्ञान होता है । जीवोंमेंसे कुछ नित्यमुक्त हैं, कुछ बद्ध हैं और कुछ पहले बन्धनमें रहकर पीछे भगवत्कृपासे मुक्त हो गये हैं, ऐसे जीवोंकी बद्धमुक्त संज्ञा है । इस प्रकार जीवोंके बहुत-से भेद जानने चाहिये ।

अप्राकृतं प्राकृतरूपकं च
कालस्वरूपं तदचेतनं मतम् ।
मायाप्रधानादिपदप्रवाच्यं
शुक्लादिभेदाश्च समेऽपि तत्र ॥

अचेतन तत्त्व सामान्यतः तीन प्रकारका माना गया है—अप्राकृत, प्राकृतरूप तथा काल (क्षण, लव, निमेषादि) स्वरूप । (अप्राकृत तत्त्व त्रिगुणात्मक प्रकृति और कालसे विलक्षण है ।) प्राकृतरूप जो अचेतन तत्त्व है, वह माया और प्रधान आदि पदोंद्वारा कहा जाता है । शुक्ल, रक्त और कृष्ण (सत्त्व, रज और तम) —ये सभी भेद उसी (प्राकृत रूप) में हैं ।

स्वभावतोऽपास्तसमस्तदोष-
मशेषकल्याणगुणैकराशिम्

व्यूहाङ्गिनं ब्रह्म परं वरेण्यं
ध्यायेम कृष्णं कमलेक्षणं हरिम् ॥

जिनमें स्वभावसे ही समस्त दोषोंका अभाव है तथा जो समस्त कल्याणमय गुणोंके एकमात्र समुदाय है। वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध—ये चारों व्यूह जिनके अङ्गभूत हैं तथा जो सर्वश्रेष्ठ परब्रह्मस्वरूप हैं, उन पापहारी कमलनयन सच्चिदानन्दघन भगवान् श्रीकृष्णका हम चिन्तन करें।

अङ्के तु वामे वृषभानुजां मुदा
विराजमानामनुरूपसौभगाम् ।
सखीसहस्रैः परिसेवितां सदा
स्मरेम देवीं सकलेष्टकामदाम् ॥

जो उन्हीं श्यामसुन्दर श्रीकृष्णके वामाङ्गमें प्रसन्नतापूर्वक विराजमान हो रही हैं, जिनका रूप-शील-सौभाग्य अपने प्रियतमके सर्वथा अनुरूप है, सहस्रों सखियाँ सदा जिनकी सेवाके लिये उद्यत रहती हैं, उन सम्पूर्ण अभीष्ट कामनाओंको देनेवाली देवी वृषभानुनन्दिनी श्रीराधाका हम सदा स्मरण करें।

उपासनीयं नितरां जनैः सदा
प्रहाणयेऽज्ञानतमोऽनुवृत्तेः ।
सनन्दनाद्यैर्मुनिभिस्तथोक्तं
श्रीनारदायाखिलतत्त्वसाक्षिणे ॥

अज्ञानान्धकारकी परम्पराका नाश करनेके लिये सब लोगोंको सदा इस युगलस्वरूपकी निरन्तर उपासना करनी चाहिये। सनन्दनादि मुनियोंने सम्पूर्ण तत्त्वोंके ज्ञाता श्रीनारदजीको यही उपदेश दिया था।

सर्वं हि विज्ञानमतो यथार्थकं
श्रुतिस्मृतिभ्यो निखिलस्य वस्तुनः ।
ब्रह्मात्मकत्वादिति वेदविन्मतं
त्रिरूपतापि श्रुतिसूत्रसाधिता ॥

श्रुतियों और स्मृतियोंसे यह सिद्ध है कि सम्पूर्ण वस्तुएँ ब्रह्मस्वरूप है। इसलिये सारा विज्ञान यथार्थ है (मिथ्या या भ्रम नहीं)—यही वेदवेत्ताओंका मत है। एक ही ब्रह्म चित्, अचित् एवं इन दोनोंसे विलक्षण परब्रह्मस्वरूपसे त्रिविध रूपोंमें स्थित है। यह बात भी श्रुतियों तथा ब्रह्मसूत्रके प्रमाणोंद्वारा सिद्ध की गयी है।

नान्या गतिः कृष्णपदारविन्दात्
संदृश्यते ब्रह्मशिवादिवन्दितात् ।
भक्तेच्छयोपात्तसुचिन्त्यविग्रहा-
दचिन्त्यशक्तेरविचिन्त्यसाशयात् ॥

ब्रह्मा और शिव आदि देवेश्वर भी जिनकी वन्दना करते हैं, जो भक्तोंकी इच्छाके अनुसार परम सुन्दर एवं चिन्तन करनेयोग्य लीलाशरीर धारण करते हैं, जिनकी शक्ति अचिन्त्य है तथा जिनके अभिप्रायको उनकी कृपाके बिना कोई नहीं जान सकता; उन श्रीकृष्णचरणारविन्दोंके सिवा जीवकी दूसरी कोई गति नहीं दिखायी देती।

कृपास्य दैन्यादियुजि प्रजायते
यथा भवेत् प्रेमविशेषलक्षणा ।
भक्तिर्ह्यनन्याधिपतेर्महात्मनः
सा चोत्तमा साधनरूपिका परा ॥

जिसमें दीनता और अभिमानशून्यता आदि सद्गुण होते हैं, ऐसे जीवपर भगवान् श्रीकृष्णकी विशेष कृपा होती है जिससे उसके हृदयमें उन सर्वेश्वर परमात्माके चरणोंके प्रति प्रेमलक्षणा भक्तिका उदय होता है। वही उत्तम एवं साध्य भक्ति है। उससे भिन्न जो भक्तिके अन्य प्रकार हैं, वे सब साधनभक्तिके अन्तर्गत हैं।

उपास्यरूपं तदुपासकस्य च
कृपाफलं भक्तिरसस्ततः परम् ।
विरोधिनो रूपमथैतदाप्ते-
र्ज्ञेया इमेऽर्था अपि पञ्च साधुभिः ॥

उपासनीय परमात्मा श्रीकृष्णका स्वरूप, उनके उपासक जीवका स्वरूप, भगवान्‌की कृपाका फल, तदनन्तर भक्तिरसका आस्वादन तथा भगवत्प्राप्तिके विरोधी भावका स्वरूप—श्रेष्ठ साधकोंको इन पाँच वस्तुओंका ज्ञान प्राप्त करना चाहिये।

जगद्गुरु श्रीमध्वाचार्य

(वैष्णव द्वैत-सम्प्रदायके महान् आचार्य, आविर्भाव वि० सं० १२९५ माघ शु० ७ (कई लोग आश्विन शुक्ला १० को भी इनका जन्म-दिवस मानते हैं) । स्थान मद्रासप्रान्तके मंगलूर जिलेके अन्तर्गत उडुपीक्षेत्रसे दो-तीन मील दूर बेलेलि (या बेलि) ग्राम। पिताका नाम श्रीनारायण या मधिजी भट्ट। भार्गवगोत्रीय, माताका नाम वेदवती। इन्हें वायुदेवताका अवतार माना जाता है।)



श्रीभगवान्‌का नित्य-निरन्तर स्मरण करते रहना चाहिये, जिससे अन्तकालमें उनकी विस्मृति न हो; क्योंकि सैकड़ों बिच्छुओंके एक साथ डंक मारनेसे शरीरमें जैसी पीड़ा होती है, मरणकालमें मनुष्यको वैसी ही पीड़ा होती है, वात, पित्त, कफसे कण्ठ अवरुद्ध हो जाता है और नाना प्रकारके सांसारिक पाशोंमें जकड़े रहनेके कारण मनुष्यको बड़ी घबराहट हो जाती है। ऐसे समयमें भगवान्‌की स्मृतिको बनाये रखना बड़ा कठिन हो जाता है। (द्वा० स्तो० १ । १२)

सुख-दुःखोंकी स्थिति कर्मानुसार होनेसे उनका अनुभव सभीके लिये अनिवार्य है। इसीलिये सुखका अनुभव करते समय भी भगवान्‌को न भूलो तथा दुःखकालमें भी उनकी निन्दा न करो। वेद-शास्त्रसम्मत कर्ममार्गपर अटल रहो। कोई भी कर्म करते समय बड़े दीनभावसे भगवान्‌का स्मरण करो। भगवान् ही सबसे बड़े, सबके गुरु तथा जगत्‌के माता-पिता हैं। इसीलिये अपने सारे कर्म उन्हींके अर्पण करने चाहिये। (द्वा० स्तो० ३ । १)

व्यर्थकी सांसारिक झंझटोंके चिन्तनमें अपना अमूल्य समय नष्ट न करो। भगवान्‌में ही अपने अन्तःकरणको लीन करो। विचार, श्रवण, ध्यान, स्तवनसे बढ़कर संसारमें अन्य कोई पदार्थ नहीं है। (द्वा० स्तो० ३ । २)

भगवान्‌के चरणकमलोंका स्मरण करनेकी चेष्टामात्रसे ही तुम्हारे पापोंका पर्वत-सा ढेर नष्ट हो जायगा। फिर स्मरणसे तो मोक्ष होगा ही, यह स्पष्ट है। ऐसे स्मरणका परित्याग क्यों करते हो। (द्वा० स्तो० ३ । ३)

सज्जनो ! हमारी निर्मल वाणी सुनो। दोनों हाथ उठाकर शपथपूर्वक हम कहते हैं कि 'भगवान्‌की बराबरी करनेवाला भी इस चराचर जगत्‌में कोई नहीं है। फिर उनसे श्रेष्ठ तो कोई हो ही कैसे सकता है। वे ही सबसे श्रेष्ठ हैं।' (द्वा० स्तो० ३ । ४)

यदि भगवान् सबसे श्रेष्ठ न होते तो समस्त संसार उनके अधीन किस प्रकार रहता और यदि समस्त संसार उनके अधीन न होता तो संसारके सभी प्राणियोंको सदा-सर्वदा सुखकी ही अनुभूति होनी चाहिये थी। (द्वा० स्तो० ३ । ५)

जगद्गुरु श्रीवल्लभाचार्य

(प्रेषक—पं० श्रीकृष्णचन्द्रजी शास्त्री, साहित्यरत्न)

(आविर्भाव वि० सं० १५३५ वैशाख कृ० ११। स्थान चम्पारण्य। उत्तरादि तैलंग ब्राह्मण। पिताका नाम लक्ष्मणभट्टजी, माताका नाम श्रीइल्लम्मा गारु। तिरोभाव वि० सं० १५८७ आषाढ़ शु० ३, काशी। उम्र ५२ वर्ष। शुद्धाद्वैत सम्प्रदाय या पुष्टिमार्गके प्रधान आचार्य, महान् दार्शनिक विद्वान् और परम भक्त, इन्हें साक्षात् भगवान्‌का, कई महानुभावोंके मतसे अग्निदेवका अवतार मानते हैं।)



अहंतामममतानाशे
सर्वथा निरहंकृतौ।
स्वरूपस्थो यदा जीवः
कृतार्थः स निगद्यते॥

अहंता-ममताके नाश होनेपर मैं कुछ भी नहीं करता, इस प्रकार सम्पूर्ण अहंकारके निवृत्त होनेपर जीवात्मा जब अपने स्वरूपमें स्थित अर्थात् आत्मज्ञानमें निष्ठावान् होता है, तब वह जीव कृतार्थ (मुक्त) कहा जाता है।

कृष्णसेवा सदा कार्या मानसी सा परा मता।

श्रीकृष्णकी सेवा निरन्तर करते रहना चाहिये, उसमें मानसी सेवा सबसे उत्तम मानी जाती है।

चेतस्तत्प्रवणं सेवा तत्सिद्ध्यै तनुवित्तजा।
ततः संसारदुःखस्य निवृत्तिर्ब्रह्मबोधनम्॥

पूर्णरूपसे चित्तको प्रभुमें तल्लीन कर देना ही सेवा है। उसकी सिद्धिके लिये तनुजा (शरीरसे) एवं वित्तजा (धनसे)

प्रभुकी सेवा करनी चाहिये। यों करनेपर जन्म-मरणके दुःखोंकी निवृत्ति और ब्रह्मका बोध होता है।

ब्रह्मसम्बन्धकरणात्सर्वेषां देहजीवयोः।
सर्वदोषनिवृत्तिर्हि दोषाः पञ्चविधाः स्मृताः॥
सहजा देशकालोत्था लोकवेदनिरूपिताः।
संयोगजाः स्पर्शजाश्च न मन्तव्या कथंचन।
अन्यथा सर्वदोषाणां न निवृत्तिः कथंचन॥

ब्रह्मसे सम्बन्ध हो जानेपर सबके देह और जीव-सम्बन्धी सभी दोषोंकी निवृत्ति हो जाती है। दोष पांच प्रकारके होते हैं—सहज, देशज, कालज, संयोगज और स्पर्शज। सहज दोष वे हैं, जो जीवके साथ उत्पन्न होते हैं। देशज देशसे, कालज कालके अनुसार उत्पन्न होते हैं; संयोगज संयोगके द्वारा और स्पर्शज वे हैं, जो स्पर्शसे प्रकट होते हैं। ब्रह्मसे सम्बन्ध हुए बिना इन समग्र दोषोंकी निवृत्ति कभी नहीं होती।

चिन्ता कापि न कार्या निवेदितात्मभिः कदापीति।
भगवानपि पुष्टिस्थो न करिष्यति लौकिकीं च गतिम्॥

जिन्होंने प्रभुको आत्मनिवेदन कर दिया है, उन्हें कभी किसी प्रकारकी भी चिन्ता नहीं करनी चाहिये। पुष्टि (कृपा) करनेवाले प्रभु अङ्गीकृत जीवकी लौकिक (संसारी मनुष्योंकी-सी आवागमनशील) गति नहीं करेंगे।

तस्मात्सर्वात्मना नित्यं श्रीकृष्णः शरणं मम।
वदद्भिरेव सततं स्थेयमित्येव मे मतिः॥

इसलिये नित्य-निरन्तर सर्वात्मभावसे 'श्रीकृष्णः शरणं मम' इस पवित्र मन्त्रका उच्चारण करते हुए ही स्थित रहना चाहिये। यह मेरी सम्मति है।

अन्तःकरण मद्वाक्यं सावधानतया शृणु।
कृष्णात्परं नास्ति दैवं वस्तु दोषविवर्जितम्॥

ओ मेरे अन्तःकरण! मेरी बातको सावधानीके साथ सुनो—श्रीकृष्णके सिवा दोषोंसे सर्वथा रहित वस्तु-तत्त्व अन्य कोई भी देवता नहीं है।

सर्वमार्गेषु नष्टेषु कलौ च खलधर्मिणि।
पाखण्डप्रचुरे लोके कृष्ण एव गतिर्मम॥
म्लेच्छाक्रान्तेषु देशेषु पापैकनिलयेषु च।
सत्पीडाव्यग्रलोकेषु कृष्ण एव गतिर्मम॥
नानावादविनष्टेषु सर्वकर्मव्रतादिषु।
पाखण्डैकप्रयत्नेषु कृष्ण एव गतिर्मम॥
विवेकधैर्यभक्त्यादिरहितस्य विशेषतः।
पापासक्तस्य दीनस्य कृष्ण एव गतिर्मम॥

दुष्ट धर्मवाले इस कलिकालमें कल्याणके साधनस्वरूप सभी सन्मार्ग नष्ट हो चुके हैं। लोकमें पाखण्डकी प्रचुरता हो गयी है। इस अवस्थामें एकमात्र श्रीकृष्ण ही मेरी गति हैं (उनके अतिरिक्त और कोई भी रक्षक या तारक नहीं है)। समस्त पवित्र देश म्लेच्छोंसे आक्रान्त हो गये और एकमात्र पापके स्थान बनते जा रहे हैं। लोग साधु-संतोंको पीडा पहुँचानेमें व्यस्त हैं। ऐसे समय श्रीकृष्ण ही एकमात्र मेरी गति हैं। नाना प्रकारके नास्तिकवादोंसे सम्पूर्ण सत्कर्म व्रतादिका नाश हो गया है और लोग केवल पाखण्डमें ही प्रवृत्त हैं; ऐसे समयमें एकमात्र श्रीकृष्ण ही मेरी गति हैं। विवेक, धैर्य, भक्ति आदिसे रहित, विशेषतः पापोंमें आसक्त मुझ दीनके लिये एकमात्र श्रीकृष्ण ही गति हैं।

सर्वदा सर्वभावेन भजनीयो व्रजाधिपः।
स्वस्यायमेव धर्मो हि नान्यः क्वापि कदाचन॥

सदा-सर्वदा पति, पुत्र, धन, गृह—सब कुछ श्रीकृष्ण ही हैं—इस भावसे व्रजेश्वर श्रीकृष्णकी सेवा करनी चाहिये; भक्तोंका यही धर्म है। इसके अतिरिक्त किसी भी देश, किसी भी वर्ण, किसी भी आश्रम, किसी भी अवस्थामें और किसी भी समय अन्य कोई धर्म नहीं है।

एवं सदा स्वकर्तव्यं स्वयमेव करिष्यति।
प्रभुः सर्वसमर्थो हि ततो निश्चिन्ततां व्रजेत्॥

भगवान् अपने कर्तव्योंको स्वयं सदा करेंगे, कारण कि वे सर्वसमर्थ हैं। इसलिये ऐहिक एवं पारलौकिक समस्त मनोरथोंके लिये निश्चिन्त रहना चाहिये।

यदि श्रीगोकुलाधीशो धृतः सर्वात्मना हृदि।
ततः किमपरं ब्रूहि लौकिकैर्वैदिकैरपि॥

यदि भगवान् श्रीकृष्ण सब प्रकारसे हृदयमें धारण कर लिये जायँ तो फिर लौकिक श्रेय और वैदिक श्रेय आदि फलोंसे क्या प्रयोजन है।

अतः सर्वात्मना शश्वद् गोकुलेश्वरपादयोः।
स्मरणं भजनं चापि न त्याज्यमिति मे मतिः॥

भगवान् श्रीगोकुलेश्वर श्रीकृष्णके चरणकमलोंका स्मरण, भजन—उनकी चरणरजका सेवन सदा सर्वात्मभावसे करना चाहिये। उसे कभी नहीं छोड़ना चाहिये। यह मेरी सम्मति है।

जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य

(श्रीरामानन्दी वैष्णव-सम्प्रदायके महान् आचार्य और प्रवर्तक। आविर्भाव वि० सं० १३२८, माघ कृष्ण सप्तमी। स्थान—प्रयागमें त्रिवेणी-तटपर कान्यकुब्ज ब्राह्मणकुलमें। पिताका नाम पुण्यसदन, माताका नाम सुशीला। अन्तर्धान वि० सं० १५१५)



सर्वे प्रपत्तेरधिकारिणः सदा
शक्ता अशक्ता अपि नित्यरङ्गिणः।
अपेक्ष्यते तत्र कुलं बलं च नो
न चापि कालो न हि शुद्धता च॥
(वैष्णवमताब्जभास्कर ९९)

भगवान्‌के चरणोंमें अटूट अनुराग रखनेवाले सभी लोग—चाहे वे समर्थ हों या असमर्थ, भगवच्छरणागतिके नित्य अधिकारी हैं। भगवच्छरणागतिके लिये न तो श्रेष्ठ कुलकी आवश्यकता है, न किसी प्रकारके बलकी। वहाँ न उत्तम कालकी आवश्यकता है और न किसी प्रकारकी शुद्धि ही अपेक्षित है। सब समय और शुचि-अशुचि सभी अवस्थाओंमें जीव उनकी शरण ग्रहण कर सकता है।

लोकसंग्रहणार्थं तु श्रुतिचोदितकर्मणाम्।
शेषभूतैरनुष्ठानं तत्कैङ्कर्यपरायणैः॥
(वैष्णव० १०२)

भगवान्‌के सेवापरायण दासोंके लिये लोकसंग्रह (मर्यादा-स्थापन) के उद्देश्यसे ही वेदविहित कर्मोंके अनुष्ठानका विधान किया गया है। (अन्यथा सम्पूर्ण कर्मोंका स्वरूपतः त्याग ही उनके लिये वाञ्छनीय है।)

दानं तपस्तीर्थनिषेवणं जपो
न चास्त्यहिंसासदृशं सुपुण्यम्।
हिंसामतस्तां परिवर्जयेज्जनः
सुधर्मनिष्ठो दृढधर्मवृद्धये॥
(वैष्णव० १११)

दान, तप, तीर्थसेवन एवं मन्त्रजप—इनमेंसे कोई भी अहिंसाके समान पुण्यदायक नहीं है। अतः सर्वश्रेष्ठ वैष्णव-धर्मका पालन करनेवाले मनुष्यको चाहिये कि वह अपने सुदृढ धर्मकी वृद्धिके लिये सब प्रकारकी हिंसाका परित्याग कर दे।

जितेन्द्रियश्चात्मरतो बुधोऽसकृत्
सुनिश्चितं नाम हरेरनुत्तमम्।
अपारसंसारनिवारणक्षमं
समुच्चरेद्वैदिकमाचरन् सदा॥
(वैष्णव० १०९)

विवेकी तथा आत्म-परायण पुरुषको चाहिये कि वह जितेन्द्रिय रहकर तथा (लोक-संग्रहके लिये निष्कामभावसे) वैदिक कर्मोंका आचरण करता हुआ बारंबार (निरन्तर) भगवान्‌के सर्वश्रेष्ठ नाम (राम-नाम) का उच्चारण करता रहे, जो निश्चित ही अपार संसार-सागरको सुखा देनेकी क्षमता रखता है।

भक्तापचारमासोढुं दयालुरपि स प्रभुः।
न शक्तस्तेन युष्माभिः कर्त्तव्यो न च स क्वचित्॥
(श्रीरामानन्ददिग्विजय २० । ६३)

यद्यपि प्रभु दयालु हैं, तथापि अपने भक्तोंकी अवहेलनाको नहीं सह सकते। अतः तुमलोग कभी भी प्रभु-भक्तका अपराध न करना।

ध्येयः स एव भगवाननिशं हृदब्जे
भक्तैः स्वभूः शिवगुणोऽव्यभिचारिभक्त्या।
किं त्वन्यदेवविषये मनसापि चिन्त्यो
द्वेषः कदाचिदपि नैव तदीयभक्तैः॥
(श्रीरामानन्ददिग्विजय १२ । ५)

भगवद्भक्तजनोंको उचित है कि अनन्त-कल्याण-गुणाकर स्वयम्भू उन्हीं भगवान् (श्रीरामचन्द्रजी) का अव्यभिचारिणीभक्तिसे निरन्तर हृदय-कमलमें ध्यान करें तथा कभी भी अन्यदेवके विषयमें द्वेष-बुद्धि न करें।

अर्चेच्छ्रीव्रजनामके सुरनुतं गोपीजनानां प्रियम्।
ब्रह्मेशादिकिरीटसेवितपदाम्भोजं भुजङ्गाश्रयम्॥
(श्रीवैष्णवमताब्जभास्कर १५८)

श्रीव्रज नामवाले पवित्र धाममें देवोंसे स्तुति किये हुए, गोपीजनोंके प्रिय और ब्रह्मादि देवोंके मुकुटोंसे सेवित चरण-कमलवाले कालियके फणोंपर स्थित श्रीकृष्णजीकी पूजा करे।

परदुःखकातरता

परम दयालु राजा रन्तिदेव

रन्तिदेव राजा थे—संसारने ऐसा राजा कभी कदाचित् ही पाया हो। एक राजा और वह अन्नके बिना भूखों मर रहा था। वह अकेला नहीं था, उसकी स्त्री और बच्चे थे—कहना चाहिये कि राजाके साथ रानी और राजकुमार थे। सब भूखों मर रहे थे। अन्नका एक दाना भी उनके मुखमें पूरे अड़तालीस दिनोंसे नहीं गया था। अन्न तो दूर—जलके दर्शन नहीं हुए थे उन्हें।

राजा रन्तिदेवको न शत्रुओंने हराया था, न डाकुओंने लूटा था और न उनकी प्रजाने विद्रोह किया था। उनके राज्यमें अकाल पड़ गया था। अवर्षण जब लगातार वर्षों चलता रहे—इन्द्र जब अपना उत्तरदायित्व भूल जाय—असहाय मानव कैसे जीवन-निर्वाह करे। महाराज रन्तिदेव उन लोगोंमें नहीं थे, जो प्रजाके धनपर गुलछर्रे उड़ाया करते हैं। प्रजा भूखी रहे तो राजाको पहले उपवास करना चाहिये, यह मान्यता थी रन्तिदेवकी। राज्यमें अकाल पड़ा, अन्नके अभावसे प्रजा पीड़ित हुई—राज्यकोष और अन्नागारमें जो कुछ था, पूरे-का-पूरा वितरित कर दिया गया।

जब राज्यकोष और अन्नागार रिक्त हो गये—राजाको भी रानी तथा पुत्रके साथ राजधानी छोड़नी पड़ी। पेटके कभी न भरनेवाले गड्ढेमें उन्हें भी तो डालनेके लिये कुछ चाहिये था। राजमहलकी दीवारोंको देखकर पेट कैसे भरता। लेकिन पूरे देशमें अवर्षण चल रहा था। कूप और सरोवरतक सूख गये थे। पूरे अड़तालीस दिन बीत गये, अन्न-जलके दर्शन नहीं हुए।

उनचासवाँ दिन आया। किसीने महाराज रन्तिदेवको पहिचान लिया था। सबेरे ही उसने उनके पास थोड़ा-सा घी, खीर, हलवा और जल पहुँचा दिया। भूख-प्याससे व्याकुल, मरणासन्न उस परिवारको भोजन क्या मिला, जैसे जीवन-दान मिला। लेकिन भोजन मिलकर भी मिलना नहीं था। महाराज रन्तिदेव प्रसन्न ही हुए जब उन्होंने एक ब्राह्मण अतिथिको आया देखा। इस विपत्तिमें भी अतिथिको भोजन कराये बिना भोजन करनेके दोषसे बच जानेकी प्रसन्नता हुई उन्हें।

ब्राह्मण अतिथि भोजन करके गया ही था कि एक भूखा शूद्र आ पहुँचा। महाराजने उसे भी आदरसे भोजन कराया। लेकिन शूद्रके जाते ही एक दूसरा अतिथि आया। यह नया अतिथि अन्त्यज था और उसके साथ जीभ निकाले, हाँफते कई कुत्ते थे। वह दूरसे ही पुकार रहा था—'मैं और मेरे कुत्ते बहुत भूखे है। मुझे कृपा करके कुछ भोजन दीजिये।'

समस्त प्राणियोंमें जो अपने आराध्यको देखता है, वह माँगनेपर किसीको अस्वीकार कैसे कर दे—अपने प्रभु ही जब भूखे बनकर भोजन माँगते हों। रन्तिदेवने बड़े आदरसे पूरा भोजन इस नये अतिथिको दे दिया। वह और उसके कुत्ते तृप्त होकर चले गये। अब बचा था थोड़ा-सा जल। उस जलसे ही रन्तिदेव अपना कण्ठ सींचने जा रहे थे।

'महाराज! मैं बहुत प्यासा हूँ। मुझे पानी पिला दीजिये।' एक चाण्डालकी पुकार सुनायी पड़ी। वह सचमुच इतना प्यासा था कि बड़े कष्टसे बोल रहा है—यह स्पष्ट प्रतीत होता था।

महाराज रन्तिदेवने पानीका पात्र उठाया, उनके नेत्र भर आये। उन्होंने सर्वव्यापक सर्वेश्वरसे प्रार्थना की—'प्रभो! मैं ऋद्धि, सिद्धि आदि ऐश्वर्य या मोक्ष नहीं चाहता। मैं तो चाहता हूँ कि समस्त प्राणियोंके हृदयमें मेरा निवास हो। उनके सब दुःख मैं भोग लिया करूँ और वे सुखी रहें। यह जल इस समय मेरा जीवन है—मैं इसे जीवित रहनेकी इच्छावाले इस चाण्डालको दे रहा हूँ। इस कर्मका कुछ पुण्य-फल हो तो उसके प्रभावसे संसारके प्राणियोंकी भूख, प्यास, श्रान्ति, दीनता, शोक, विषाद और मोह नष्ट हो जायँ। संसारके सारे प्राणी सुखी हों।'

उस चाण्डालको राजा रन्तिदेवने जल पिला दिया। लेकिन वे स्वयं—उन्हें अब जलकी आवश्यकता कहाँ थी। विभिन्न वेष बनाकर उनके अतिथि होनेवाले त्रिभुवनाधीश ब्रह्मा, भगवान् विष्णु, भगवान् शिव और धर्मराज अपने रूपोंमें प्रत्यक्ष खड़े थे उनके सम्मुख।



परदुःखकातरता



महान् मनस्वी शिवि-दधीचि-हरिश्चन्द्र

ये महामनस्वी

दधीचिका अस्थिदान

वृत्रासुरने अमरावतीपर अधिकार कर लिया था। देवता उससे युद्ध करके कैसे पार पा सकते थे। जिन अस्त्र-शस्त्रोंपर देवताओंके बड़ा गर्व था, उन्हें वह महाप्राण तभी निगल चुका था, जब देवताओंने उसपर प्रथम आक्रमण किया। वृत्रकी अध्यक्षतामें असुर स्वर्गके उद्यानोंका मनमाना उपभोग कर रहे थे।

'महर्षि दधीचिकी अस्थिसे विश्वकर्मा वज्र बनावें तो उस वज्रके द्वारा इन्द्र वृत्रासुरका वध कर सकेंगे।' जगत्पालनकर्ता भगवान् विष्णुने शरणागत देवताओंको एक उपाय बता दिया।

दधीचिकी अस्थि—लेकिन महर्षि दधीचि-जैसे महातापसके साथ बल-प्रयोग करनेका संकल्प करनेपर तो अमरोंकी अपनी अस्थियाँ भी कदाचित् भस्म हो जायँ। दधीचिकी शरणमें जाकर याचना करना ही एकमात्र उपाय था। समस्त देवता पहुँचे महर्षिके आश्रममें और उन्होंने याचना की—अस्थिकी याचना!

'शरीर तो नश्वर है। वह एक-न-एक दिन नष्ट होगा ही। इस नश्वर शरीरके द्वारा किसीका कुछ उपकार हो जाय—यह तो सौभाग्यकी बात है।' उस महातापसके मुखपर आनन्द उल्लसित हुआ, देवताओंकी दारुण याचना सुनकर।

'मैं समाधिमें स्थित होकर देहत्याग करता हूँ। आपलोग मेरी अस्थि लेकर अपना उद्देश्य सिद्ध करें।' महर्षि दधीचि आसन लगाकर बैठ गये। जैसे कोई सड़ा-पुराना वस्त्र शरीरसे उतार फेंके—योगके द्वारा देह त्याग दिया उन्होंने। जंगली पशुओंने उनके निष्प्राण देहको चाटना प्रारम्भ किया। चर्म, मांसादिको वे जंगली पशु चाट गये। अवशिष्ट गीली अस्थियोंसे विश्वकर्माने बनाया महेन्द्रका अमोघ अस्त्र वज्र।

× × ×

शिबिका मांसदान

महाराज शिबिकी शरणागतरक्षा इतनी प्रसिद्ध थी, उनका यश इतना उज्ज्वल था कि देवराज इन्द्र तथा अग्निदेवको भी स्पर्धा हो उठी। वे महाराजके यशकी उज्ज्वलताकी परीक्षा लेनेको उद्यत हो गये।

महाराज शिबि अपने प्राङ्गणमें बैठे थे। सहसा एक कबूतर आकाशसे सीधे आकर उनकी गोदमें गिरा और वस्त्रोंमें छिपने लगा। कपोत भयसे काँप रहा था। महाराजने स्नेहसे उसपर हाथ फेरा।

कबूतर जिसके भयसे काँप रहा था, वह बाज भी दो ही क्षणोंमें आ पहुँचा। बाजने स्पष्ट मानवी-भाषामें कहा—'महाराज! आप किसीका आहार छीन लें, यह धर्म नहीं है। कपोत मेरा आहार है। मैं भूखसे मर रहा हूँ। मेरा आहार मुझे दीजिये।'

'मैं शरणागतका त्याग नहीं करूँगा। तुम्हारा पेट तो किसीके भी मांससे भर जायगा।' महाराज शिबिने अपना निश्चय सूचित कर दिया।

किसी भी दूसरे प्राणीकी हत्या पाप है। बाजको मांस चाहिये था। महाराज शिबिने अपने शरीरका मांस देना निश्चित किया। कपोतके बराबर तौला हुआ मांस बाज माँग रहा था।

तराजूके एक पलड़ेमें कपोतको बैठाकर अपने हाथसे अपना अङ्ग काटकर महाराजने दूसरे पलड़ेमें रक्खा, किंतु कपोत उस अङ्गसे भारी रहा। महाराज अपने अङ्ग काट-काटकर पलड़ेपर चढ़ाते गये और जब इतनेसे कपोतका वजन पूरा न हुआ तो स्वयं पलड़ेमें जा बैठे।

बाज बने देवराज इन्द्र और कपोत बने अग्नि-देव अपने असली रूपोंमें प्रकट हो गये। महाराज शिबिके अङ्ग देवराजकी कृपासे पूर्ववत् स्वस्थ हो गये। दोनों देवता उन महामनस्वीकी प्रशंसा करके भी अपनेको कृतार्थ मानते थे। ऐसे पुण्यात्मा स्वर्गमें भी उन्हें कहाँ प्राप्त थे।

× × ×

हरिश्चन्द्रकी सत्यनिष्ठा

अयोध्यानरेश महाराज हरिश्चन्द्रकी कथा प्रख्यात है। देवराज इन्द्रकी प्रेरणासे महर्षि विश्वामित्रने उनकी सत्यनिष्ठाकी परीक्षा ली।

महाराज हरिश्चन्द्रकी परीक्षा—परीक्षाने उनकी निष्ठाको अधिक उज्ज्वल ही किया। स्वप्नमें महाराजने ब्राह्मणको राज्य-दान किया था। स्वप्नके उस दानको सत्य करनेके लिये वे अयोध्याधीश स्त्री तथा पुत्रके साथ राज्य त्यागकर काशी आ गये। ब्राह्मणको दक्षिणा देनेके लिये अपनी स्त्रीको उन्होंने ब्राह्मणके हाथ बेचा। स्वयं वे बिके चाण्डालके हाथ। अयोध्याके नरेश चाण्डालके चाकर होकर श्मशानके चौकीदार बने।

ब्राह्मणके यहाँ कुमार रोहिताश्वको सर्पने काट लिया। बेचारी महारानी—अब तो वे दासीमात्र थीं। पुत्रके शवको उठाये अकेली श्मशान पहुँचीं। हाय रे दुर्भाग्य—श्मशानका चौकीदार बिना 'कर' लिये शवको जलाने दे नहीं सकता था। कौन चौकीदार—उस मृतक पुत्रका पिता—स्वयं महाराज हरिश्चन्द्र। छातीपर पत्थर रखकर कर्तव्यका पालन करना था—स्वामीने आज्ञा जो दी थी कि 'कर' दिये बिना कोई शव न जलाने पावे।

एक साड़ी—महारानीके पास उस साड़ीको छोड़कर था क्या जो 'कर' दे। वह साड़ी ही आधी फाड़कर 'कर' दे सकती थी। उस पति-परायणा, धर्मशीला नारीने साड़ी फाड़नेके लिये हाथ लगाया। उसी समय आकाशमें प्रकाश छा गया। बड़ी गम्भीर ध्वनि सुनायी पड़ी—

अहो दानमहो धैर्यमहो वीर्यमखण्डितम्।
उदारधीरवीराणां हरिश्चन्द्रो निदर्शनम्॥

'आप धन्य हैं, आपका दान धन्य है, आपकी धीरता और वीरता धन्य है, आप उदार, धीर और वीर पुरुषोंके आदर्श हैं।'

देखते-ही-देखते धर्मके साथ भगवान् नारायण, शङ्कर, ब्रह्मा, इन्द्र आदि प्रकट हो गये। विश्वामित्र क्षमा माँगने लगे। हरिश्चन्द्रने सबको प्रणाम किया। रोहिताश्व जीवित हो गया। हरिश्चन्द्र और शैव्याके देह दिव्य हो गये और वे भगवद्धामको प्राप्त हुए। उनके इच्छानुसार समस्त अयोध्या नगरीके लोग विमानोंपर सवार होकर स्वर्ग चले गये। शुक्राचार्यने गाया—

हरिश्चन्द्रसमो राजा न भूतो न भविष्यति।

'हरिश्चन्द्रके समान राजा न कोई हुआ, न होगा।'

स्वयं महर्षि विश्वामित्रने रोहिताश्वको अयोध्याके सिंहासनपर अभिषिक्त किया। रानीके साथ महाराज हरिश्चन्द्रको सुदुर्लभ भगवद्धाम प्राप्त हुआ।

महाप्रभु श्रीचैतन्यदेव

(श्रीगौडीय वैष्णवसम्प्रदायके प्रवर्तक, गौडीय वैष्णवोंके मतानुसार भगवान् श्रीराधा-कृष्णके साक्षात् स्वरूप । आविर्भाव शाके १४०७, फाल्गुन शुक्ल १५ । तिरोभाव १४५५ । स्थितिकाल ४८ वर्ष । पिता श्रीजगन्नाथ मिश्र, माता श्रीशचीदेवी । स्थान नवद्वीप (बंगाल)। महान् दार्शनिक, विद्वान्, साक्षात् प्रेमावतार)



चेतोदर्पणमार्जनं भवमहा-
दावाग्निनिर्वापणं
श्रेयःकैरवचन्द्रिकावितरणं
विद्यावधूजीवनम् ।
आनन्दाम्बुधिवर्द्धनं प्रतिपदं
पूर्णामृतास्वादनं
सर्वात्मस्नपनं परं विजयते
श्रीकृष्णसंकीर्तनम् ॥ १ ॥

चित्तरूपी दर्पणको परिमार्जित करनेवाला, संसाररूपी महादावानलको बुझा देनेवाला, कल्याणरूप कुमुदको विकसित करनेवाली ज्योत्स्नाको फैलानेवाला, पराविद्यारूपी वधूका जीवन-रूप, आनन्द-समुद्रको बढ़ानेवाला, पद-पदपर पूर्ण अमृतका आस्वादन प्रदान करनेवाला, सम्पूर्ण आत्माको आनन्दसे सराबोर कर देनेवाला अद्वितीय श्रीकृष्ण-संकीर्तन सर्वोपरि विराजमान है ।

नाम्नामकारि बहुधा निजसर्वशक्ति-
स्तत्रार्पिता नियमितः स्मरणे न कालः ।
एतादृशी तव कृपा भगवन्ममापि
दुर्दैवमीदृशमिहाजनि नानुरागः ॥ २ ॥

भगवन ! आपने अपने गोविन्द, गोपाल, वनमाली इत्यादि अनेक नाम प्रकट किये हैं और उन नामोंमें अपनी सम्पूर्ण शक्ति निहित कर दी है । श्रीनाम-स्मरणमें कोई कालाकालका विचार भी नहीं रक्खा है । आपकी तो इस प्रकारकी कृपा है और इधर मेरा भी इस प्रकारका दुर्भाग्य है कि ऐसे श्रीहरिनाममें अनुराग नहीं हुआ !

तृणादपि सुनीचेन तरोरपि सहिष्णुना ।
अमानिना मानदेन कीर्तनीयः सदा हरिः ॥ ३ ॥

तृणकी अपेक्षा भी अतिशय नीच एवं वृक्षसे भी अधिक सहिष्णु होकर स्वयं अमानी रहते हुए दूसरेको मान प्रदान करके निरन्तर श्रीहरिनाम या उनकी लीलादिका गान करना ही एकमात्र कर्तव्य है ।

न धनं न जनं न सुन्दरीं
कवितां वा जगदीश कामये ।
मम जन्मनि जन्मनीश्वरे
भवताद्भक्तिरहैतुकी त्वयि ॥ ४ ॥

जगन्नाथ ! मैं धन, जन, कामिनी, काव्य अथवा पाण्डित्यकी कामना नहीं करता । परमेश्वर-स्वरूप तुम्हारे प्रति जन्म-जन्मान्तरमें मेरी अकारण भक्ति हो ।

अयि नन्दतनूज किङ्करं
पतितं मां विषमे भवाम्बुधौ ।
कृपया तव पादपङ्कज-
स्थितधूलीसदृशं विचिन्तय ॥ ५ ॥

नन्दनन्दन ! तुम्हारा दास मैं इस घोर दुष्पार संसार-सागरमें पड़ा हुआ हूँ । मुझको कृपापूर्वक अपने पाद-पद्मकी धूलके समान समझिये ।

नयनं गलदश्रुधारया
वदनं गद्गदरुद्धया गिरा ।
पुलकैर्निचितं वपुः कदा
तव नामग्रहणे भविष्यति ॥ ६ ॥

गोपीजनवल्लभ ! कब आपके श्रीनामग्रहणके समय मेरे दोनों नेत्र बहती हुई अश्रुधारासे, मेरा वदन गद्गद होनेके कारण रुकी हुई वाणीसे तथा मेरा शरीर रोमाञ्चसे युक्त होगा ?

युगायितं निमेषेण चक्षुषा प्रावृषायितम् ।
शून्यायितं जगत्सर्वं गोविन्दविरहेण मे ॥ ७ ॥

गोविन्द ! आपके विरहमें मेरा एक-एक निमेष युगके समान बीत रहा है, नेत्रोंसे वर्षाकी धाराके समान अश्रुवर्षा हो रही है और सारा जगत् शून्य जान पड़ता है ।

आश्लिष्य वा पादरतां पिनष्टु मा-
मदर्शनान्मर्महतां करोतु वा ।
यथा तथा वा विदधातु लम्पटो
मत्प्राणनाथस्तु स एव नापरः ॥ ८ ॥

चरण-सेवामें लगी हुई मुझको वे गलेसे लगा लें या पैरोंतले

रौंद डालें, अथवा दर्शन न देकर मर्माहत ही करें। उन परम स्वतन्त्र श्रीकृष्णकी जो इच्छा हो, वही करें; तथापि मेरे तो वे ही प्राणनाथ हैं, दूसरा कोई नहीं। (श्रीशिक्षाष्टकम्)

(श्रीचैतन्यदेवके द्वारा रचे और गाये हुए श्लोक)

श्रुतमप्यौपनिषदं दूरे हरिकथामृतात्।
यन्न सन्ति द्रवच्चित्तकम्राश्रुपुलकादयः॥

(श्रीपद्यावली ३९, श्रीभक्तिसंदर्भ०—६९ अनुच्छेद)

उपनिषत्-प्रतिपाद्य ब्रह्मका श्रवण हरिकथामृतसे बहुत दूर है, इसीसे ब्रह्मस्वरूपकी बात लगातार सुनते रहनेपर भी चित्त द्रवित नहीं होता।

दधिमथननिनादैस्त्यक्तनिद्रः प्रभाते
निभृतपदमगारं बल्लवीनां प्रविष्टः।
मुखकमलसमीरैराशु निर्वाप्य दीपान्
कवलितनवनीतः पातु मां बालकृष्णः॥

(श्रीपद्यावली १८३)

प्रातःकालमें माता यशोदाके दधि-मन्थनका शब्द सुनकर निद्रा त्याग करके व्रजगोपियोंके घरोंमें पैरोंका शब्द न करते हुए चुपचाप प्रवेश कर तथा श्रीमुखकमलकी वायुके द्वारा शीघ्र ही दीपकोंको बुझाकर नवनीतको गटकनेमें रत श्रीबालकृष्ण मेरी रक्षा करें।

सद्यः पार्णौ नियमितरवं किङ्किणीदाम धृत्वा
कुब्जीभूय प्रपदगतिभिर्मन्दमन्दं विहस्य।
अक्ष्णोर्भङ्ग्या विहसितमुखीर्वीक्षयन् सम्मुखीना
मातुः पश्चादहरत हरिर्जातु हैयङ्गवीनम्॥

(श्रीपद्यावली १४४)

एक बार किंकिणीध्वनिको बंद करनेके लिये बायें हाथसे किंकिणीकी डोरीको पकड़े, शरीरको कुबड़ा करके पैरकी अँगुलियोंके बलपर चलते हुए मृदु-मन्द-हास्य-वदन श्रीकृष्णको देखकर सम्मुख खड़ी हुई गोपियाँ जब हँसने लगीं, तब श्रीहरिने अपनी नेत्र-भङ्गिमाके द्वारा उनके हास्यको निवारणकर माताके पश्चात् स्थित सद्योजात नवनीतको हरण किया था।

प्रासादाग्रे निवसति पुरः स्मेरवक्त्रारविन्दो
मामालोक्य स्मितसुवदनो बालगोपालमूर्त्तिः॥

(चै० भा० अ० २। ४०९)

जिनका वदनारविन्द विकसित है, वे बालगोपालमूर्ति श्रीकृष्ण मुझे देखकर मृदु मधुर हास्यसे श्रीमुखकी शोभाका समधिक विस्तार करते हुए प्रासादके ऊपरी भागमें मेरे सम्मुख आकर स्थित हो रहे हैं!

न प्रेमगन्धोऽस्ति दरोऽपि मे हरौ
क्रन्दामि सौभाग्यभरं प्रकाशितुम्।
वंशीविलास्याननलोकनं विना
बिभर्मि यत प्राणपतङ्गकान् वृथा॥

(चै० च० म० २। ४५)

मेरे अंदर श्रीकृष्ण-प्रेमकी तनिक-सी गन्ध भी नहीं है, केवल सौभाग्यातिशयको (मैं स्वयं जो अत्यन्त सौभाग्यशाली हूँ, इसे) प्रकट करनेके लिये ही क्रन्दन करता हूँ। (मुझमें प्रेमका लेशमात्र भी नहीं है, इसका प्रमाण यही है कि) वंशीविलासी श्रीकृष्णके मुख-दर्शनके बिना मैंने व्यर्थ ही प्राणरूपी पक्षियोंको धारण कर रक्खा है।

गोस्वामी श्रीनारायण भट्टाचार्य

(जन्म सं० १५८८। तैलंग ब्राह्मण, श्रीगदाधर पण्डितजीके शिष्य, श्रीइन्दुलेखा सखीके अवतार, श्रीकृष्णदासजी ब्रह्मचारीके शिष्य)

अभक्तसङ्गो देहोत्थो वाचिको मानसस्तथा।
त्रिविधोऽपि परित्याज्यो भक्तिकामनया बुधैः॥
कायिकः कायसम्बन्धाद् वचसा भाषणात्मकः।
अन्नादिना मानसस्तु पारम्पर्योर्ध्वदोषदः॥

भक्तिके इच्छुक व्यक्ति देहोत्थ, वाचिक और मानसिक—तीनों प्रकारके अभक्त-सङ्गका परित्याग करें। देह-सम्बन्धसे दैहिक, भाषणादिसे वाचिक और अन्नादिसे मानसिक जाने। क्रमसे उपर्युपरि अधिक दोषावह हैं।

कृष्णस्वरूप एव स्याद् वृत्तिरिन्द्रियदेहयोः।
सैव भक्तिरिति प्रोक्ता गुणभिश्रे गुणात्मिका॥

श्रीकृष्ण-स्वरूपमें इन्द्रिय तथा देहकी वृत्तिका नाम ही भक्ति है। वह भक्ति ऐश्वर्यादि षड्गुणोंसे युक्त श्रीकृष्णमें होनेसे गुणात्मिका कही जाती है।

भक्तस्त्वेकादशीं कुर्याच्छ्रवणद्वादशीं तथा।
जन्माष्टमीं हि रामस्य नवमीं च चतुर्दशीम्॥

भक्तको चाहिये कि वह एकादशी, श्रवणद्वादशी, जन्माष्टमी, रामनवमी, नृसिंहचतुर्दशी प्रभृति व्रत अवश्य करें।

सार्वभौम श्रीवासुदेव भट्टाचार्य

(चैतन्य महाप्रभुके प्रसिद्ध अनुयायी, महेश्वर विशारदके पुत्र और श्रीमधुसूदन वाचस्पतिके भाई, स्थितिकाल १५ वीं शताब्दी, स्थान विद्यानगर (नवद्वीप), जाति ब्राह्मण)

नाहं विप्रो न च नरपतिर्नापि वैश्यो न शूद्रो
नाहं वर्णी न च गृहपतिर्नो वनस्थो यतिर्वा ।
किन्तु प्रोद्यन्निखिलपरमानन्दपूर्णामृताब्धे-
र्गोपीभर्तुः पदकमलयोर्दासदासानुदासः ॥

न मैं ब्राह्मण हूँ न क्षत्रिय हूँ, न वैश्य हूँ और न शूद्र ही हूँ । मैं न ब्रह्मचारी हूँ न गृहस्थ हूँ, न वानप्रस्थ हूँ और न संन्यासी ही हूँ; किंतु सम्पूर्ण परमानन्दमय अमृतके उमड़ते हुए महासागररूप गोपीकान्त श्रीश्यामसुन्दरके चरण-कमलोंके दासोंका दासानुदास हूँ ।

श्रीरामानन्दराय

(पुरीसे प्राय. छ. कोस पश्चिम 'बेंटपुर' ग्रामके श्रीभवानन्दके सुपुत्र, महान् प्रेमी भक्त, श्रीचैतन्य महाप्रभुके सखा)

नानोपचारकृतपूजनमार्तबन्धोः
प्रेम्णैव भक्तहृदयं सुखविद्रुतं स्यात् ।
यावत् क्षुदस्ति जठरे जरठा पिपासा
तावत् सुखाय भवतो ननु भक्ष्यपेये ॥
(पद्यावली १३)

भक्तका हृदय तो आर्तबन्धु श्रीकृष्णके विविध उपचारों-द्वारा किये हुए पूजनके बिना ही केवल प्रेमसे ही सुखपूर्वक द्रवित होता है । पेटमें जबतक भूखकी ज्वाला एवं तीव्र पिपासा रहती है, तभीतक भोजन-पान सुखदायी प्रतीत होते हैं ।

श्रीसनातन गोस्वामी

(श्रीचैतन्य महाप्रभुके प्रधान अनुयायी । जन्म सन् १४८७ ई०, पिताका नाम कुमारदेव, माताका नाम रेवती, भारद्वाजगोत्रीय ब्राह्मण, मृत्यु सन् १५५८ ई०, अचिन्त्यभेदाभेद सिद्धान्त, गौडीय वैष्णव-सम्प्रदायके प्रधान पुरुष, उच्च कोटिके त्यागी, संत, बड़े विद्वान्)

जयति जयति कृष्णप्रेमभक्तिर्यदङ्घ्रि
निर्विलनिगमतत्त्वं गूढमाज्ञाय मुक्तिः ।
भजति शरणकामा वैष्णवैस्त्यज्यमाना
जपयजनतपस्यान्यासनिष्ठां विहाय ॥
(बृहद्भागवतामृत १ । १ । ८)

श्रीकृष्णकी प्रेमा-भक्ति ही सर्वश्रेष्ठ है, वही सर्वोपरि है । और तो और, स्वयं मुक्ति भी—जब वैष्णवलोग उसका परित्याग कर देते हैं—आश्रयकी कामनासे जप, यज्ञ, तपस्या एवं संन्यासकी निष्ठाको छोड़कर उन भक्ति-महारानीके चरणोंका ही सेवन करती है; क्योंकि वह जानती है कि सम्पूर्ण वेदोंका सार-तत्त्व इन्हीं चरणोंमें छिपा हुआ है !

जयति जयति नामानन्दरूपं मुरारे-
र्विरमितनिजधर्मध्यानपूजादियत्नम् ।
कथमपि सकृदात्तं मुक्तिदं प्राणिनां यत्
परममृतमेकं जीवनं भूषणं मे ॥
(बृह० १ । १ । ९)

मुर दानवका उद्धार करनेवाले भगवान् श्रीकृष्णका आनन्दरूप नाम सर्वोपरि विराजमान है—वही सर्वोत्कृष्ट है । उसके जिह्वापर आ जानेपर स्वधर्मपालन, ध्यान, पूजा आदि साधन (अपने-आप) छूट जाते हैं । वह ऐसा श्रेष्ठ अमृत है कि किसी भी प्राणीके द्वारा एक बार भी ग्रहण किये जानेपर जन्म-मृत्युके पाशसे छुड़ा देता है; वही मेरा एकमात्र जीवन, वही मेरा एकमात्र भूषण है ।

मूलोत्खातविधायिनी भवतरोः कृष्णान्यतृष्णाक्षयात्
खेलद्भिर्मुनिचक्रवाकनिचयैराचम्यमाना मुहुः ।
कर्णानन्दिकलस्वना वहतु मे जिह्वामहीप्राङ्गणे
घूर्णोत्तुङ्गरसावलिस्तव कथापीयूषकल्लोलिनी ॥
(श्रीदशमचरित)

श्रीकृष्ण ! तुम्हारी लीला-कथारूपी अमृत नदी संसार-वृक्षकी जड़ उखाड़ डालती है । श्रीकृष्णकी तृष्णाके अतिरिक्त अन्य तृष्णामात्र ही संसार-वृक्षको बढ़ानेवाली है, परंतु तुम्हारी लीला-कथा-नदी श्रीकृष्ण-तृष्णाके अतिरिक्त अन्य तृष्णाका

क्षय कर देती है। तुम्हारी लीलाकथारूपी तटिनीमे नारदादि मुनिरूप चकवाक आनन्द-रस-पानसे मत्त हुए विचरण करते हैं। उसकी कल-कल ध्वनि कानोंको महान् आनन्द देती है। उसमें उत्कृष्ट रसका प्रवाह घूर्णित हो रहा है। तुम्हारी यह लीलाकथारूपी पीयूषकल्लोलिनी तटिनी मेरी जिह्वाके प्राङ्गणमे प्रवाहित हो।

श्रीरूप गोस्वामी

(सनातन गोस्वामीके छोटे भाई। जन्म सन् १४९९ ई०, पिताका नाम कुमारदेव, माताका नाम रेवती। भारद्वाजगोत्रीय ब्राह्मण, मृत्यु सन् १५६३ ई०। अचिन्त्यभेदाभेदमतके—श्रीगौडीयवैष्णवसम्प्रदायके प्रकाण्ड विद्वान्, परम भक्त, त्यागी। श्रीचैतन्य महाप्रभुके प्रधान अनुयायी।)

मुखारविन्दनिस्यन्दमरन्दभरतुन्दिला ।
ममानन्दं मुकुन्दस्य सन्दुग्धां वेणुकाकली ॥

श्रीमुकुन्दके मुखारविन्दसे निर्गत मकरन्दके द्वारा परिपुष्ट बाँसुरीकी मधुर ध्वनि मेरे आनन्दको बढ़ाये।

सुधानां चान्द्रीणामपि मधुरिमोन्मादमदनी
दधाना राधादिप्रणयघनसारैः सुरभिताम् ।
ममन्तात्संतापोद्गमविषमसंसारसरणी-
प्रणीतां ने तृष्णां हरतु हरिलीलाशिखरिणी ॥

(विदग्धमाधव १ । १)

श्रीकृष्णकी लीला एक ऐसी अद्भुत शिखरन (दूध और दहीके मिश्रणसे तैयार किया जानेवाला एक सुमधुर एवं सुगन्धित पेय) है जो चन्द्रमाकी किरणोंसे झरनेवाली सुधा-धाराओंके भी मिठासके गर्वको चूर्ण कर डालती है तथा जो श्रीराधादि प्रेयसी-जनोंके गाढ एवं अविचल प्रेम-रूपी कर्पूर-कणोंसे सुवासित है। चारों ओर सतापका सृजन करनेवाले संसाररूपी ऊबड़-खाबड़ मार्गपर चलनेसे उत्पन्न हुई तुम्हारी तृष्णारूपिणी तृषाको वह शान्त करे।

अपेक्ष्य क्लममात्मनो विदधति प्रीत्या परेषां प्रियं
लज्जन्ते दुरितोद्गमादिव निजस्तोत्रानुबन्धादपि ।
विद्यावित्तकुलादिभिश्च यदमी यान्ति क्रमान्नम्रतां
रम्या कापि सतामियं विजयते नैसर्गिकी प्रक्रिया ॥

(विद० १ । ११)

सतलोग अपने श्रमजनित क्लेशका कुछ भी विचार न करके सहज स्नेहवश दूसरोंका प्रिय कार्य करते रहते हैं, अपनी प्रशंसाकी प्रस्तावनासे भी उसी प्रकार लज्जित होते हैं जैसे कोई अपने पापके प्रकट होनेपर लज्जित होता है और विद्या, सम्पत्ति तथा कुलीनता आदिके कारण—जो साधारण लोगोंमें बहुधा अभिमान उत्पन्न करती हुई पायी जाती हैं—अधिकाधिक नम्रता धारण करते हैं। संतोंकी यह एक अनिर्वचनीय स्वाभाविक सुन्दर परिपाटी है।

प्रपन्नमधुरोदयः स्फुरदमन्दवृन्दाटवी-
निकुञ्जमयमण्डपप्रकटमध्यबद्धस्थितिः
निरङ्कुशकृपाम्बुधिर्व्रजविहाररज्यन्मनाः
सनातनतनुः सदा मयि तनोतु तुष्टिं प्रभुः ॥

(विद० १ । १४)

मेरे प्रभु सनातन-विग्रह भगवान् श्रीकृष्णका अवतार शरणागतोंके लिये अत्यन्त सुखदायी सिद्ध होता है। वे चिन्मय प्रकाशयुक्त महामहिमशाली श्रीवृन्दावनके निकुञ्जभवनोंकी पंक्तिके बीच सदा विराजमान रहते हैं—वहाँसे कभी एक पग भी दूर नहीं होते। वे असीम एवं निर्बाध कृपाके सागर हैं। व्रजविहारसे उनका मन सदा रंजित रहता है। वे श्रीकृष्ण मुझपर सदा प्रसन्न रहें। (इस द्व्यर्थक श्लोकके द्वारा श्रीरूप गोस्वामीने अपने बड़े भाई एवं गुरुतुल्य श्री-सनातन गोस्वामीसे भी कृपा-याचना की है।)

तुण्डे ताण्डविनी रतिं वितनुते तुण्डावलीलब्धये
कर्णक्रोडकडम्बिनी घटयते कर्णार्बुदेभ्यः स्पृहाम् ।
चेतःप्राङ्गणसङ्गिनी विजयते सर्वेन्द्रियाणां कृतिं
नो जाने जनिता कियद्भिरमृतैः कृष्णेतिवर्णद्वयी ॥

(विद० १ । ३३)

'कृष्ण' यह दो अक्षरोंका नाम जब जिह्वापर नृत्य करने लगता है, तब ऐसी इच्छा होती है कि हमारे अनेक (करोड़ों) मुख—अनेक जिह्वाएँ हो जायँ। उसके कानोंमें प्रवेश करते ही ऐसी लालसा उत्पन्न हो जाती है कि हमारे अरबों कान हो जायँ। कानोंके द्वारा जब यह नामसुधा चित्तप्राङ्गणमें आती है तब समस्त इन्द्रियोंकी वृत्तियोंको हर लेती है। चित्त सब कुछ भूलकर नामसुधामें डूब जाता है।

क्या जानें इस सुमधुर नाम-सुधाकी सृष्टि कितने प्रकारके अमृतोंसे हुई है।

द्रुतकनकसुगौरस्निग्धमेघौघनील-
च्छविभिरखिलवृन्दारण्यमुद्भासयन्तौ ।
मृदुलनवदुकूले नीलपीते दधानौ
स्मर निभृतनिकुञ्जे राधिकाकृष्णचन्द्रौ ॥
(निकुञ्जरहस्यस्तोत्र १ । २)

रे मन! द्रवायमाण सुवर्ण तथा सघन मेघ-समूहकी भाँति गौर-नील कान्तियोंसे समग्र वृन्दावनको उद्भासित करनेवाले, नवीन मृदुल नील-पीत-पाटम्बरधारी निभृत निकुञ्जमें विराजमान श्रीराधिका-कृष्णचन्द्रका तू स्मरण कर।

अन्याभिलाषिताशून्यं ज्ञानकर्माद्यनावृतम् ।
आनुकूल्येन कृष्णानुशीलनं भक्तिरुत्तमा ॥
(हरिभक्तिरसामृतसिन्धु पूर्व० १ । ११)

अनुकूल-भावनासे (प्रेमपूर्वक) श्रीकृष्णका भजन करना ही श्रेष्ठ भक्ति है, जिस भजनमें और किसी प्रकारकी कामना न हो तथा जिसपर ज्ञान-कर्म आदिका आवरण न हो।

भुक्तिमुक्तिस्पृहा यावत् पिशाची हृदि वर्तते ।
तावद्भक्तिसुखस्यात्र कथमभ्युदयो भवेत् ॥
(हरिभक्ति० पू० २ । ११)

जबतक भोग और मोक्षकी वासनारूपिणी पिशाची हृदयमें बसती है, तबतक उसमें भक्ति-रसका आविर्भाव कैसे हो सकता है।

श्रीकृष्णचरणाम्भोजसेवानिर्वृतचेतसाम् ।
एषां मोक्षाय भक्तानां न कदापि स्पृहा भवेत् ॥
(हरिभक्ति० पू० २ । १३)

जिन भक्तोंका चित्त श्रीकृष्णके चरण-कमलोंकी सेवासे शान्त एवं सुखी हो गया है, उन्हें मोक्षकी इच्छा कदापि नहीं होती।

तत्राप्येकान्तिनां श्रेष्ठा गोविन्दहृतमानसाः ।
येषां श्रीशप्रसादोऽपि मनो हर्तुं न शक्नुयात् ॥
(हरिभक्ति० पू० २ । १७)

उपर्युक्त अनन्य भक्तोंमें भी वे प्रेमीजन श्रेष्ठ हैं, जिनके चित्तको गोकुलेश्वर श्रीकृष्णने चुरा लिया है और जिनके मनको लक्ष्मीपति भगवानका दिया हुआ प्रसाद (वर) भी खींच नहीं सकता।

स्यात्कृष्णनामचरितादिसिताप्यविद्या-
पित्तोपतप्तरसनस्य न रोचिका नु ।
किंत्वादराद्अनुदिनं खलु सैव जुष्टा
स्वादी क्रमाद्भवति तद्गदमूलहन्त्री ॥
(उपदेशामृत ७)

जिनकी जिह्वाका स्वाद अविद्यारूपी पित्तके दोषसे बिगड़ा हुआ है, उन्हें कृष्ण-नाम एवं उनकी लीलादिका गानरूप मिश्री भी मीठी नहीं लगती। किंतु उसी मिश्रीका आदरपूर्वक प्रतिदिन सेवन किया जाय तो क्रमशः वह निश्चय ही मीठी लगने लगती है और पित्तके विकारका समूल नाश हो जाता है।

तन्नामरूपचरितादिसुकीर्त्तनानु-
स्मृत्योः क्रमेण रसनामनसी नियोज्य ।
तिष्ठन् व्रजे तदनुरागिजनानुगामी
कालं नयेदखिलमित्युपदेशसारम् ॥
(उपदेशामृत ८)

श्रीकृष्णके नाम, रूप, चरितादिकोंके कीर्तन और स्मरणमें क्रमसे रसना और मनको लगा दे—जिह्वासे श्रीकृष्ण-नाम रटता रहे और मनसे उनकी रूप-लीलाओंका स्मरण करता रहे तथा श्रीकृष्णके अनन्यभक्तोंका दास होकर व्रजमें निवास करते हुए अपने जीवनके सम्पूर्ण कालको व्यतीत करे। यही सारे उपदेशोंका सार है।

श्रीजीव गोस्वामी

(श्रीसनातन और श्रीरूप गोस्वामीके छोटे भाई श्रीअनुपम (नामान्तर श्रीवल्लभ) के सुपुत्र। गुरु श्रीसनातन गोस्वामी। स्थितिकाल सोलहवीं शताब्दीके अन्तसे सत्रहवीं शताब्दीका प्रथम भाग। गौडीय वैष्णवसम्प्रदाय अचिन्त्यभेदाभेद मतके प्रधान और प्रसिद्ध दार्शनिक विद्वान्)

किं भयमूलमदृष्टं किं शरणं श्रीहरेर्भक्तः ।
किं प्रार्थ्यं तद्भक्तिः किं सौख्यं तत्परप्रेम ॥
(गोपालचम्पू पू० ३)

भयका हेतु क्या है? अहंकारपूर्वक किये हुए शुभाशुभ कर्म। परम आश्रय कौन है? भगवान् श्रीहरिका भक्त। माँगने योग्य वस्तु क्या है—श्रीहरिकी

भक्ति । सुख क्या है—उन्हीं श्रीहरिका परम प्रेम ।

श्रीमद्वृन्दावनेन्दोर्मधुपखगमृगाः श्रेणिलोका द्विजाता
दासा लाल्याः सुरम्याः सहचरहलभृत्तातमात्रादिवर्गाः ।
प्रेम्ण्यस्तासु राधाप्रमुखवरदशश्चेतिवृन्दं यथोर्द्धं
तद्गोपालोकघृष्णक्प्रमदमनुदिनं हन्त पश्याम कर्हि ॥

(गोपाल० उ० ३७)

अहा ! वह दिन कब होगा जब श्रीवृन्दावनके चन्द्रमा भगवान् श्रीकृष्णके भ्रमर, पशु-पक्षी, तेली-तमोली आदि व्यवसायि-वर्गके लोग, ब्राह्मण-क्षत्रिय आदि द्विजाति वर्णके मनुष्य, दास-दासियाँ, उनकी पोष्य गौएँ, सखा गोप-बालक, श्रीबलदाऊ भैया तथा उनके पितृवर्ग एवं मातृवर्गके गोप-गोपीवृन्द, उनकी प्रियतमा श्रीगोपीजन और उनमें भी सर्वश्रेष्ठ श्रीराधा आदि —इन समस्त परिकरोंके समूहको—जो उनकी अनूप रूप-माधुरीका दर्शन करके लोकातिशायी आनन्दमें मग्न रहता है—हम प्रतिदिन अवलोकन करके निहाल हो जायँगे ?

ऋद्धोसिद्धिव्रजविजयिता सत्यधर्मा समाधि-
ब्रह्मानन्दो गुरुरपि चमत्कारयत्येव तावत् ।
यावत् प्रेम्णां मधुरिपुवशीकारसिद्धौषधीनां
गन्धोऽप्यन्तःकरणसरणीं पान्थतां न प्रयाति ॥

भगवान् मधुसूदन श्रीकृष्णको वशमें करनेके लिये सिद्ध औषधरूप प्रेमकी गन्ध भी जबतक अन्तःकरणपथमें प्रवेश नहीं कर पाती, तभीतक ऋद्धियोंके सहित सिद्धियोंके समुदायपर विजय, सत्यधर्मयुक्त समाधि तथा महान् ब्रह्मानन्द—ये मनुष्यको चमत्कृत करते रहते हैं । अर्थात् श्रीकृष्ण-प्रेमका उदय होते ही ब्रह्मानन्द भी तुच्छ हो जाता है ।

स्वामी श्रीप्रबोधानन्द सरस्वती

(श्रीचैतन्य महाप्रभुके सम-सामयिक एवं अनुयायी)

भ्रातस्ते किमु निश्चयेन विदितः स्वस्यान्तकालः किमु
त्वं जानासि महामनुं बलवतां मृत्योर्गतिस्तम्भने ।
मृत्युस्त्वत्करणं प्रतीक्षत इति त्वं वेत्सि किंवा यतो
वारंवारमशङ्क एव चलसे वृन्दावनादन्यतः ॥

(वृन्दावनमहिमामृत १ । ५०)

भाई ! क्या तुमने अपना अन्तकाल निश्चय जान लिया है ? और क्या तुम इस बलवान् मृत्युकी गतिको रोकनेमें समर्थ किसी महामन्त्रको जानते हो ? अथवा क्या तुम ऐसा समझते हो कि मृत्यु तुम्हारे कार्यकी प्रतीक्षा करेगी, जिससे तुम बार-बार निःशङ्क होकर श्रीवृन्दावनधामसे अन्यत्र चले जाते हो ?

भ्रातस्तिष्ठ तले तले विटपिनां ग्रामेषु भिक्षामट
स्वच्छन्दं पिब यामुनं जलमलं चीरैः सुकन्थां कुरु ।
सम्मानं कलयातिघोरगरलं नीचापमानं सुधां
श्रीराधामुरलीधरौ भज रसाद्वृन्दावनं मा त्यज ॥

(वृन्दावन० १ । ४८)

भाई ! श्रीवृन्दावनके वृक्षोंके नीचे विश्राम करो, व्रजके ग्रामोंमेंसे भिक्षा ले आया करो तथा स्वेच्छापूर्वक श्रीयमुनाजीके जलका भरपेट पान करो । फटे-पुराने वस्त्रोंकी कंथा बना लो, सम्मानको घोर विष और नीचों द्वारा किये हुए अपमानको उत्तम अमृत समझो तथा श्रीराधा-मुरलीधरका बड़े प्रेमसे भजन करते हुए श्रीवृन्दावनका कभी परित्याग मत करो ।

श्रीरघुनाथदास गोस्वामी

(हुगली जिलेके सप्तग्रामके अन्तर्गत कृष्णपुर ग्रामके जमीदार श्रीगोवर्धनदासके सुपुत्र । महान् त्यागी । श्रीचैतन्य महाप्रभुके अनुयायी ।)

अरे चेतः प्रोद्यत्कपटकुटिनाटीभरस्वर-
क्षरन्मूत्रे स्नात्वा दहसि कथमात्मानमपि माम् ।
सदा त्वं गान्धर्वागिरिधरपदप्रेमविलसत्-
सुधाम्भोधौ स्नात्वा स्वमपि नितरां मां च सुखय ॥

(मनःशिक्षा ६)

रे चित्त ! बढ़े हुए कपट एवं कुटिलताके नाट्यरूप गधेके मूत्रमें स्नान करके तुम क्यों अपनेको और हमको भी जला रहे हो ? तुम सर्वदा श्रीराधा-गिरिधारीके चरणारविन्दोंके प्रेमरूपी सुन्दर सुधा-सागरमें स्नान करके अपनेको और हमको भी पूर्ण सुखी करो ।

महाकवि कर्णपूर

(श्रीचैतन्य महाप्रभुके अनुयायी, श्रीशिवानंदसेनके सुपुत्र, महाकवि)

ईदृशा पुरुषभूषणेन या
भूषयन्ति हृदयं न सुभ्रुवः ।
धिक् तदीयकुलशीलयौवनं
धिक् तदीयगुणरूपसम्पदः ॥
जीवितं सखि पणीकृतं मया
किं गुरोश्च सुहृदश्च मे भयम् ।
लभ्यते स यदि कस्य वा भयं
लभ्यते न यदि कस्य वा भयम् ॥
माधवो यदि निहन्ति हन्यतां
बान्धवो यदि जहाति हीयताम् ।
साधवो यदि हसन्ति हस्यतां
माधवः स्वयमुरीकृतो मया ॥
व्रीडां विलोडयति लुञ्चति धैर्यमार्य-
भीतिं भिनत्ति परिलुम्पति चित्तवृत्तिम् ।
नामैव यस्य कलितं श्रवणोपकण्ठ-
दृष्टः स किं न कुरुतां सखि मद्विधानाम् ॥

(आनन्दवृन्दावनचम्पू ८ । ९५–९८)

जो सुन्दर भौंहोंवाली सुन्दरियाँ ऐसे पुरुषभूषण श्रीश्यामसुन्दरके द्वारा अपने हृदयको विभूषित नहीं करतीं, उनके कुल, शील और यौवनको धिक्कार है । उनकी गुण-सम्पत्ति तथा रूप-सम्पत्तिको भी धिक्कार है ।

सखि ! मैंने श्यामसुन्दरके लिये अपने जीवनकी बाजी लगा दी है, मुझे गुरुजनोंसे और सुहृदों (सगे-सम्बन्धियों) से क्या भय है । यदि श्यामसुन्दर मिलते हैं, तो (उनके मिल जानेपर) किसका भय है । और यदि नहीं मिलते, तो भी (मुझ मरणार्थिनीको) किसका भय है ।

यदि माधव (क्षणभरके लिये मुझे स्वीकार कर लेते हैं और मैं सर्वस्व उन्हें सौंपकर उनके चरणोंमें बिक जाती हूँ, फिर यदि वे मुझे) मारते हैं, तो उनके हाथसे (हर्षके साथ) मर जाऊँगी; यदि भाई-बन्धु श्रीकृष्णप्रेमके कारण मेरा त्याग करते हैं, तो उस त्यागको सहर्ष वरण कर लूँगी; यदि साधु पुरुष (श्रीकृष्णप्रेमके कारण) मेरी हँसी उड़ाते हैं, तो मुझे उस उपहासका पात्र बनना स्वीकार है । मैंने स्वयं सोच-समझकर रमावल्लभ प्यारे श्यामसुन्दरको अपने हृदय-मन्दिरमें बिठाया है !

सखि ! जिनका (केवल) नाम ही कानोंके निकट आकर मेरी लज्जाको मथ डालता है, धैर्यके बाँधको तोड़ डालता है, गुरुजनोंके भयको भङ्ग कर देता है तथा मेरी चित्त-वृत्तिको लूट लेता है । फिर वे यदि स्वयं आँखोंके सामने आ जायँ, तब तो मुझ-जैसी अबलाओंका क्या नहीं कर डाले ।

आचार्य श्रीमधुसूदन सरस्वती

(बंगदेशके फरीदपुर जिलेके अन्तर्गत कोटालिपाडा ग्रामके निवासी । आजीवन ब्रह्मचारी । विद्यागुरु श्रीमाधव सरस्वती और दीक्षागुरु श्रीविश्वेश्वर सरस्वती । प्रकाण्ड पण्डित एवं बड़े भारी योगी । गीताके प्रसिद्ध टीकाकार)



वंशीविभूषितकरान्नवनीरदाभात्
पीताम्बरादरुणबिम्बफलाधरोष्ठात् ।
पूर्णेन्दुसुन्दरमुखादरविन्दनेत्रात्
कृष्णात्परं किमपि तत्त्वमहं न जाने ॥

(श्रीगीतागूढार्थदीपिका टीका १५ । २०)

जिनके करकमल वंशीसे विभूषित हैं, जिनकी नवीन मेघकी-सी आभा है, जिनके पीत वस्त्र हैं, अरुण बिम्बफलके समान अधरोष्ठ हैं, पूर्ण चन्द्रके सदृश सुन्दर मुख और कमलके-से नयन हैं, ऐसे भगवान् श्रीकृष्णको छोड़कर अन्य किसी भी तत्त्वको मैं नहीं जानता ।

ध्यानाभ्यासवशीकृतेन मनसा तन्निर्गुणं निष्क्रियं
ज्योतिः किंचन योगिनो यदि परं पश्यन्ति पश्यन्तु ते ।
अस्माकं तु तदेव लोचनचमत्काराय भूयाच्चिरं
कालिन्दीपुलिनेषु यत्किमपि तन्नीलं महो धावति ॥

(गीता० गूढा० १३ । १)

ध्यानाभ्याससे मनको स्ववश करके योगीजन यदि किसी प्रसिद्ध निर्गुण, निष्क्रिय परमज्योतिको देखते हैं तो वे उसे

भले ही देखे; हमारे लिये तो श्रीयमुनाजीके तटपर जो कृष्णनामवाली वह अलौकिक नील ज्योति दौड़ती फिरती है, वही चिरकालतक लोचनोंको चकाचौंधमें डालनेवाली हो।

चित्तद्रव्यं हि जतुवत् स्वभावात् कठिनात्मकम्।
तापकैर्विषयैर्योगे द्रवत्वं प्रतिपद्यते॥
(भक्तिरसायन १। ४)

चित्त नामकी वस्तु एक ऐसी धातुसे बनी है, जो लाहकी भाँति स्वभावसे ही कठोर है। तपानेवाली सामग्रीका सम्पर्क होनेपर ही वह पिघलती है।

भगवान् परमानन्दस्वरूपः स्वयमेव हि।
मनोगतस्तदाकाररसतामेति पुष्कलम्॥
(भक्तिरसायन १। १०)

भगवान् स्वयं परमानन्दस्वरूप हैं। वे जब मनमें प्रवेश कर जाते हैं, तब वह मन पूर्णरूपसे भगवान्‌के आकारका होकर रसमय बन जाता है।

भगवन्तं विभुं नित्यं पूर्णबोधसुखात्मकम्।
यद् गृह्णाति द्रुतं चित्तं किमन्यदवशिष्यते॥
(भक्तिरसायन १। २८)

पिघला हुआ चित्त जब सर्वव्यापक, नित्य, सर्वतः पूर्ण एवं चिदानन्दस्वरूप भगवान्‌के आकारको धारण कर लेता है, तब उसके लिये और क्या बाकी रह जाता है, कुछ नहीं।

द्रुते चित्ते प्रविष्टा या गोविन्दाकारता स्थिरा।
सा भक्तिरित्यभिहिता विशेषस्त्वधुनोच्यते॥
(भक्तिरसायन २।१)

पिघले हुए चित्तका स्थायी रूपसे भगवान् श्रीकृष्णके आकारका बन जाना ही भक्तिके नामसे कहा गया है। इस विषयमें विशेष बात आगे कही जाती है।

दृष्टादृष्टफला भक्तिः सुखव्यक्तेर्विधेरपि।
निदाघदूनदेहस्य गङ्गास्नानक्रिया यथा॥
(भक्तिरसायन २। ४७)

भक्तिका फल प्रत्यक्ष भी है और परोक्ष भी। जिस प्रकार गङ्गास्नानसे ताप-पीड़ित मनुष्यको प्रत्यक्ष शान्ति मिलती है और उसका पाप-नाश आदि अदृष्ट फल भी शास्त्रोंमें कहा गया है, उसी प्रकार भक्तिसे प्रत्यक्ष सुख-शान्तिकी अनुभूति होती है और भक्ति-विधायक शास्त्रोंसे मोक्ष आदि फलकी प्राप्ति भी सुनी जाती है।

गुसाईंजी श्रीमद्विट्ठलनाथजी

(गोस्वामी श्रीवल्लभाचार्यजीके सुपुत्र)

(प्रेषक—पं० श्रीकृष्णचन्द्रजी शास्त्री, साहित्यरत्न)



सदा सर्वात्मभावेन
स्मर्तव्यः स्वप्रभुस्त्वया।
यादृशा तादृशा एव
महान्तस्ते पुनन्ति नः॥

तुम्हें सदा सर्वात्मभावसे एक प्रभु श्रीकृष्णका ही स्मरण करना चाहिये। हमलोग चाहे जैसे भी हों; वे महान् हैं, हमलोगोंको पवित्र करेंगे ही।

सदा सर्वात्मभावेन भजनीयो व्रजेश्वरः।
हरिष्यति स एवास्महैहिकं पारलौकिकम्॥

सदा सर्वात्मभावसे व्रजेश्वर श्रीकृष्ण ही भजनीय हैं। वे ही हमारे दैहिक-पारलौकिक दोषोंका हरण करेंगे।

सदा सर्वात्मना कृष्णः सेव्यः कालादिदोषनुत्।
तद्भक्तेषु च निर्दोषभावेन स्थेयमादरात्॥

कालादि दोषको निवारण करनेवाले श्रीकृष्णका ही सदा सर्वात्मभावसे सेवन करना चाहिये और उनके भक्तोंमें निर्दोषभावसे आदरकी स्थापना करनी चाहिये।

भगवत्येव सततं स्थापनीयं मनः स्वयम्।
कालोऽयं कठिनोऽपि श्रीकृष्णभक्तान्न बाधते॥

भगवान् श्रीकृष्णमें ही अपने मनको सदा स्थापित कर देना चाहिये। यह कठिन कलिकाल भी श्रीकृष्ण-भक्तोंका कुछ भी अनिष्ट नहीं कर सकेगा।

सर्वसाधनशून्योऽहं सर्वसामर्थ्यवान् भवान्।
श्रीगोकुलप्राणनाथ न त्याज्योऽहं कदापि वै॥

गोकुल-प्राणनाथ! मैं समस्त साधनोंसे शून्य हूँ और आप सर्वशक्तिमान् हैं। अतः मैं कभी भी आपके द्वारा त्यागने योग्य नहीं हूँ।

यदि तुष्टोऽसि रुष्टो वा त्वमेव शरणं मम।
मारणे धारणे वापि दीनानां नः प्रभुर्गतिः॥

आप चाहे संतुष्ट हो या रुष्ट, मेरे तो आश्रय—रक्षक आप ही हैं। हम दीनोंको मारने या स्वीकार करनेमें आप ही समर्थ हैं एवं आप ही प्रभु हमारी गति हैं।

यद्दैन्यं त्वत्कृपाहेतुर्न तदस्ति ममाण्वपि।
तां कृपां कुरु राधेश यथा ते दैन्यमाप्नुयाम्॥

जो दीनता आपकी कृपामें हेतु है—जिस दैन्यपर आप रीझते हैं, उसका तो मुझमें लेश भी नहीं है। अतः हे राधानाथ! ऐसी कृपा कीजिये जिस कृपासे मैं उस दैन्यको प्राप्त कर सकूँ।

आचार्य श्रीविश्वनाथ चक्रवर्ती

(स्थितिकाल १८ वीं शताब्दी। बंगालके प्रसिद्ध विद्वान्, महात्मा। गीताके टीकाकार)

गोपरामाजनप्राणप्रेयसेऽतिप्रभूष्णवे।
तदीयप्रियदास्याय मां मदीयमहं ददे॥

(श्रीमद्भागवतकी सारार्थदर्शिनीटीका ७। १। १)

श्रीगोपललनाओंके प्राणोंसे भी प्यारे एवं अत्यन्त प्रभावशाली भगवान् श्रीकृष्णको उन्हींके प्रेमीजनोंका दास्य प्राप्त करनेके लिये मैं अपने आपको तथा अपना सब कुछ अर्पण करता हूँ।

तत् संरक्ष्य सतामागःकुञ्जरात् तत्प्रसादजा।
दीनतामानदत्वादिशिलाक्लृप्तमहावृतिः।
भक्तिवल्ली नृभिः पाल्या श्रवणाद्यम्बुसेचनैः॥

(सारार्थ० ७। १। १)

भक्ति एक ऐसी लता है, जो संतोंकी कृपासे ही उत्पन्न होती है। दीनता एवं दूसरोंको मान देनेकी वृत्ति आदि शिलाओंकी बाड़के द्वारा उस बेलको संतापराधरूपी हाथीसे बचाकर श्रवण-कीर्तन आदि जलसे सींचते और बढ़ाते रहना चाहिये।

महाप्रभु श्रीहरिरायजी

सदोद्विग्नमनाः कृष्णदर्शने क्लिष्टमानसः।
लौकिकं वैदिकं चापि कार्यं कुर्वन्नना स्थया॥
निरुद्धवचनो वाक्यमावश्यकमुदाहरन्।
मनसा भावयेन्नित्यं लीलाः सर्वाः क्रमागताः॥

(बड़ा शिक्षापत्र १। १-२)

मनुष्यको चाहिये कि वह निरन्तर (अहंता-ममतात्मक असदाग्रहसे) उद्वेगयुक्त एवं श्रीकृष्ण-दर्शनके निमित्त क्लिष्ट (आर्तियुक्त) मनसे लौकिक एवं वैदिक कार्योंको भी फलाशा छोड़कर, करे तथा वाणीको संयममें रखे, आवश्यक (जितना बोले बिना काम नहीं चले उतने ही) शब्द बोलता हुआ मनसे क्रमप्राप्त सम्पूर्ण लीलाओंकी भावना करे।

वृथा चिन्ता न कर्तव्या स्वमनोमोहकारणम्।
यथा सच्छिद्रकलशाज्जलं स्रवति सर्वशः॥
तथायुः सततं याति ज्ञायते न गृहस्थितैः।
एवं हि गच्छत्यायुष्ये क्षणं नैव विलम्बयेत्॥
भगवच्चरणे चेतःस्थापनेऽतिविचक्षणः।

(बड़ा शिक्षा० ३६। ८-१०)

अपने मनके मोहके कारण वृथा चिन्ता न करे। जैसे छिद्रयुक्त कलशसे चारों ओर जल चूता रहता है, वैसे ही आयु निरन्तर क्षीण होती चली जा रही है किंतु गृहस्थाश्रमी जनोंके जाननेमें नहीं आती। इस प्रकार आयु जा रही है, अतः श्रीभगवान्के चरणारविन्दोंमें चित्त स्थापन करनेमें अति चतुर मनुष्यको क्षणमात्रका भी विलम्ब नहीं करना चाहिये।

गोस्वामी श्रीरघुनाथजी

(पुष्टिमार्गके आचार्य)

गोपबालसुन्दरीगणावृतं कलानिधिं
रासमण्डलीविहारकारिकामसुन्दरम्।
पद्मयोनिशङ्करादिदेववृन्दवन्दितं
नीलवारिवाहकान्तिगोकुलेशमाश्रये॥

जो सुन्दर गोपबालाओंसे आवृत है, समस्त कलाओंके आधार हैं, रास-मण्डलमें विहार करनेवाले और कामदेवसे भी अधिक सुन्दर हैं तथा श्रीब्रह्माजी और शङ्करादि देववृन्दोंसे वन्दित हैं, उन नील जलधरके समान कान्तिवाले गोकुलेश्वर श्यामसुन्दरकी मैं शरण जाता हूँ।

श्रीकृष्णमिश्र यति

(समय ११ वी शताब्दी, 'प्रबोधचन्द्रोदय' नामक धर्म और भक्तिपरक नाटकके रचयिता)

अन्धीकरोमि भुवनं बधिरीकरोमि
धीरं सचेतनमचेतनतां नयामि ।
कृत्यं न पश्यति न येन हितं शृणोति
धीमानधीतमपि न प्रतिसंदधाति ॥

क्रोध कहता है कि मैं लोगोंको अंधा बना देता हूँ, बहरा बना देता हूँ, धीर एवं चेतनको अचेतन बना देता हूँ । मैं ऐसा कर देता हूँ जिससे मनुष्य अपना कर्तव्य भूल जाता है, हितकी बात भी नहीं सुनता तथा बुद्धिमान् मनुष्य भी पढ़े हुए विषयोंका स्मरण नहीं कर सकता ।

ध्यायन्ति यां सुखिनि दुःखिनि चानुकम्पां
पुण्यक्रियासु मुदितां कुमतावुपेक्षाम् ।
एवं प्रसादमुपयाति हि रागलोभ-
द्वेषादिदोषकलुषोऽप्ययमन्तरात्मा ॥

जो सुखियोंसे मैत्री, दुखियोंपर दया, पुण्यसे प्रसन्नताका अनुभव और कुबुद्धिकी उपेक्षा करते हैं, उनका अन्तरात्मा राग-लोभ-द्वेष आदि दोषोंसे कलुषित होनेपर भी शुद्ध हो जाता है।

प्रायः सुकृतिनामर्थे देवा यान्ति सहायताम् ।
अपन्थानं तु गच्छन्तं सोदरोऽपि विमुञ्चति ॥

पुण्यात्माओंके कार्यमें प्रायः देवतालोग भी सहायता करते हैं और कुमार्गगामीका साथ सहोदर भाई भी छोड़ देता है ।

पण्डितराज जगन्नाथ

वज्रं पापमहीभृतां भवगदोद्रेकस्य सिद्धौषधं
मिथ्याज्ञाननिशाविशालतमसस्तिग्मांशुबिम्बोदयः ।
क्रूरक्लेशमहीरुहामुरुतरज्वालाजटालः शिखी
द्वारं निर्वृतिसद्मनो विजयते कृष्णेति वर्णद्वयम् ॥

कृष्ण—ये दो अक्षर पापरूपी पर्वतोंको विदीर्ण करनेके लिये वज्र हैं; संसाररूपी रोगके अङ्कुरको नाश करनेके लिये सिद्ध औषध हैं, मिथ्या ज्ञानरूपी रजनीके महान् अन्धकारको सर्वथा नष्ट करनेके लिये सूर्योदयके सदृश हैं, क्रूर क्लेशरूपी वृक्षोंके जला डालनेके लिये प्रचण्ड ज्वालाओंसे प्रज्वलित अग्नि हैं तथा परमानन्द-निकेतनके मनोहर द्वार हैं । इन दोनों अक्षरोंकी सदा जय हो ।

रे चेतः कथयामि ते हितमिदं वृन्दावने चारयन्
वृन्दं कोऽपि गवां नवाम्बुदनिभो बन्धुर्न कार्यस्त्वया ।
सौन्दर्यामृतमुद्विरद्भिरभितः सम्मोह्य मन्दस्मितै-
रेष त्वां तव वल्लभांश्च विषयानाशु क्षयं नेष्यति ॥

रे चित्त! तेरे हितके लिये तुझे सावधान किये देता हूँ—कहीं तू उस वृन्दावनमें गाय चरानेवाले, नवीन नील मेघके समान कान्तिवाले छैलको अपना बन्धु न बना लेना । वह सौन्दर्यरूप अमृत बरसानेवाली अपनी मन्द मुसकानसे तुझे मोहित करके तेरे प्रिय समस्त विषयोंको तुरंत नष्ट कर देगा ।

श्रीविष्णुचित्त (पेरि-आळवार)

(महान् भक्त, ये गरुडके अवतार माने जाते हैं । जन्म-स्थान—मद्रासप्रदेशके तिन्नेवेली जिलेमें विल्लीपुत्तूर नामक स्थान, पिताका नाम—श्रीमुकुन्दाचार्य, माताका नाम—श्रीपद्मा)



'भगवान् नारायण ही सर्वोपरि हैं और उनके चरणोंमें अपनेको सर्वतोभावेन समर्पित कर देना ही कल्याणका एकमात्र उपाय है । भगवान् नारायण ही हमारे रक्षक हैं, वे अपनी योगमायासे साधुओंकी रक्षा और दुष्टोंका दलन करनेके लिये समय-समयपर अवतार लेते हैं । वे समस्त भूतोंके हृदयमें स्थित हैं । भगवान् मायासे परे हैं और उनकी उपासना ही मायासे छूटनेका एकमात्र उपाय है । उनपर विश्वास करो, उनकी आराधना करो, उनके नामकी रट लगाओ और उनका गुणानुवाद करो । 'ॐ नमो नारायणाय ।'

'वे वास्तवमें दयाके पात्र हैं, जो भगवान् नारायणकी उपासना नहीं करते । उन्होंने अपनी माताको व्यर्थ ही प्रसव-का कष्ट दिया । जो लोग 'नारायण' नामका उच्चारण नहीं करते वे पाप ही खाते और पापमें ही रहते हैं । जो लोग भगवान् माधवको अपने हृदयमन्दिरमें स्थापितकर प्रेमरूपी सुमनसे उनकी पूजा करते हैं, वे ही मृत्युपाशसे छूटते हैं ।'

भक्तिमती श्रीआण्डाळ (रंगनायकी)

(यथार्थ नाम 'कोदई', अर्थात् पुष्पोंके हारके समान कमनीय दक्षिणकी महान् भक्तिमती देवी, जन्म-स्थान—दक्षिण भारतमें कावेरी-तटपर स्थित कोई गाँव, श्रीविष्णुचित्तद्वारा पालित, इन्हें भूदेवीका अवतार मानते है ।)

[ये गोपीभावमें विभोर हुई कहती हैं—]



पृथ्वीके भाग्यवान् निवासियो! क्षीरसमुद्रमे शेषकी शय्यापर पौढ़े हुए सर्वेश्वरके चरणोंकी महिमाका गान करती हुई हम अपने व्रतकी पूर्तिके लिये क्या-क्या करेंगी—यह सुनो । हम पौ फटनेपर स्नान करेंगी । घी और दूधका परित्याग कर देंगी । नेत्रोंमें आँजन नही देगी । बालोंको फूलोंसे नही सजायेंगी । कोई अशोभन कार्य नही करेंगी । अशुभ वाणी नहीं बोलेंगी, गरीबोंको दान देंगी और बड़े चावसे इसी सरणिका चिन्तन करेंगी ।

गौओंके पीछे हम वनमें जाती हैं और वही छाक खाती हैं—हम गँवार ग्वालिनें जो ठहरी । किंतु हमारा कितना बड़ा भाग्य है कि तुमने भी हम ग्वालोंके यहाँ ही जन्म लिया—तुम गोपाल कहलाये ! प्यारे गोविन्द, तुम पूर्णकाम हो; फिर भी तुम्हारे साथ जो हमारा ज्ञाति और कुलका सम्बन्ध है, वह कभी धोये नही मिटेगा । यदि हम दुलारके कारण तुम्हे छोटे नामोंसे पुकारते हैं—कन्हैया या कनूँ कहकर सम्बोधित करते हैं तो कृपा करके हमपर रुष्ट न होना, अच्छा ! क्योंकि हम तो निरी अबोध बालिकाएँ हैं । क्या तुम हमें हमारे वस्त्र नहीं लौटाओगे ?

प्यारे ! क्या तुम हमारा वह मनोरथ जानना चाहते हो, जिसके लिये हम बड़े सबेरे तुम्हारी वन्दना करने और तुम्हारे चरणारविन्दोंकी महिमाका गान करने तुम्हारे द्वारपर आती हैं । गोप-वंशमें उत्पन्न होकर भी तुम हमारी ओरसे मुख मोड़ लो, सेवाकी भावनासे आयी हुई हम दासियोंका प्रत्याख्यान कर दो—यह तो तुम्हारे योग्य नहीं है । हम आजकी तुम्हारी चेरी थोड़े ही हैं । प्यारे गोविन्द ! हम तो तुम्हारी जनम-जनमकी दासी हैं । एक मात्र तुम्ही हमारे सेव्य —हमारे भरतार हो । कृपा करके हमारी अन्य सारी आसक्तियों, अन्य सारे स्नेह-बन्धनोंको काट डालो!

अरी कोयल ! मेरा प्राणवल्लभ मेरे सामने क्यो नही आता ? वह मेरे हृदयमें प्रवेशकर मुझे अपने वियोगसे दुखी कर रहा है । मैं तो उसके लिये इस प्रकार तड़प रही हूँ और उसके लिये यह सब मानो निरा खिलवाड़ ही है ।

मेघ ! विरह-तापसे संतप्त मेरे शरीरकी शोभा बहुत ही क्षीण हो गयी है । दीन समझकर मुझे निद्रा भी छोड़कर चली गयी है । इस दशामें मैं कैसे भगवान्का गुण-कीर्तन करूँ । मैं अपनेको बचाये रखनेमें असमर्थ हूँ । इसलिये मेघ ! मुझ-को जीवित रखना तो अब बस, मेरे प्रियतमके ही हाथ है ।

श्रीकुळशेखर आळवार

(कोल्लिनगर (केरल) के धर्मात्मा नरेश दृढव्रतके पुत्र, स्थान—पहले श्रीरंगक्षेत्र, बादमे तिरुपति, ये कौस्तुभमणिके अवतार कहे जाते है ।)



प्रभो ! मुझे न धन चाहिये न शरीरका सुख चाहिये, न मुझे राज्यकी कामना है न मैं इन्द्रका पद चाहता हूँ और न मुझे सार्वभौम पद ही चाहिये । मेरी तो केवल यही अभिलाषा है कि मैं तुम्हारे मन्दिरकी एक सीढ़ी बनकर रहूँ, जिससे तुम्हारे भक्तोंके चरण बार-बार मेरे मस्तकपर पड़ें । अथवा स्वामिन् ! जिस रास्तेसे भक्तलोग तुम्हारे श्रीविग्रहका दर्शन करनेके लिये प्रतिदिन जाया करते हैं, उस मार्गका मुझे एक छोटा-सा रजःकण ही बना दो, अथवा जिस नालीसे तुम्हारे बगीचेके वृक्षोंकी सिंचाई होती है, उस नालीका जल ही बना दो अथवा अपने बगीचेका एक चम्पाका पेड़ ही बना दो, जिससे मैं अपने फूलोंके द्वारा तुम्हारी नित्य पूजा कर सकूँ, अथवा मुझे अपने यहाँके सरोवरका एक छोटा-सा जलजन्तु ही बना दो ।

यदि माता खीझकर बच्चेको अपनी गोदसे उतार भी

देती है, तो भी बच्चा उसीमें अपनी लौ लगाये रहता है और उसीको याद करके रोता-चिल्लाता और छटपटाता है। उसी प्रकार हे नाथ ! तुम चाहे कितनी ही उपेक्षा करो और मेरे दुःखोंकी ओर ध्यान न दो, तो भी मैं तुम्हारे चरणोंको छोड़कर और कहीं नहीं जा सकता, तुम्हारे चरणोंके सिवा मेरे लिये और कोई दूसरी गति ही नहीं है।

यदि पति अपनी पतिव्रता स्त्रीका सबके सामने तिरस्कार भी करे, तो भी वह उसका परित्याग नहीं कर सकती। इसी प्रकार चाहे तुम मुझे कितना ही दुतकारो, मैं तुम्हारे अभय चरणोंको छोड़कर अन्यत्र कहीं जानेकी बात भी नहीं सोच सकता। तुम चाहे मेरी ओर आँख उठाकर भी न देखो, मुझे तो केवल तुम्हारा और तुम्हारी कृपाका ही अवलम्बन है। मेरी अभिलाषाके एकमात्र विषय तुम्ही हो। जो तुम्हें चाहता है, उसे त्रिभुवनकी सम्पत्तिसे कोई मतलब नहीं।

हरे ! मै आपके चरणयुगलमें इसलिये नमस्कार नही करता कि मेरे द्वन्द्वो (शीतोष्णादि) का नाश हो, मैं कुम्भीपाकादि बड़े-बड़े नरकोंसे बचा रहूँ और नन्दनवनमें कोमलाङ्गी अप्सराओंके साथ रमण करूँ, अपितु इसलिये कि मैं सदा हृदय-मन्दिरमें आपकी ही भावना करता रहूँ।

हे भगवन् ! मै धर्म, धन-संग्रह और कामोपभोगकी आशा नहीं रखता, पूर्वकर्मानुसार जो कुछ होना हो सो हो जाय; पर मेरी यही बार-बार प्रार्थना है कि जन्म-जन्मान्तरोंमें भी आपके चरणारविन्द-युगलमें मेरी निश्चल भक्ति बनी रहे।

हे सर्वव्यापी वरदाता ! तृष्णारूपी जल, कामरूपी आँधीसे उठी हुई मोहमयी तरङ्गमाला, स्त्रीरूप भँवर और भाई-पुत्ररूपी ग्राहोंसे भरे हुए इस संसाररूपी महान् समुद्रमें डूबते हुए हमलोगोंको अपने चरणारविन्दकी भक्ति दीजिये।

जो संसार-सागरमे गिरे हुए हैं, (सुख-दुःखादि) द्वन्द्वरूपी वायुसे आहत हो रहे हैं, पुत्र, पुत्री, स्त्री आदिके पालन-पोषणके भारसे आर्त हैं और विषयरूपी विषम-जलराशिमें बिना नौकाके डूब रहे हैं, उन पुरुषोंके लिये एकमात्र जहाजरूप भगवान् विष्णु ही शरण हों।

नरकासुरका अन्त करनेवाले मधुसूदन ! स्वर्गमें, भूलोकमें अथवा भले ही नरकमें मुझे रहना पड़े, उसकी चिन्ता नहीं है; किंतु शरद् ऋतुके प्रफुल्ल कमलोंकी शोभाको तिरस्कृत करनेवाले आपके युगल चरणोंका चिन्तन मृत्युकालमे भी न छूटे।

श्रीकृष्ण ! मेरा मानसरूपी राजहंस आपके चरणारविन्दरूपी पिंजड़ेमें आज ही प्रविष्ट हो जाय। प्राण निकलनेके समय जब वात-पित्त और कफसे गला रुँध जायगा, उस अवस्थामें आपका स्मरण कैसे सम्भव होगा।

रे मेरे मन ! 'मैं अगाध एवं दुस्तर भवसागरके पार कैसे होऊँगा' इस चिन्तासे तू कातर न हो; नरकासुरका नाश करनेवाले कमलनयन भगवान् श्रीकृष्णमें जो तेरी अनन्य भक्ति है, वह तुझे अवश्य इस संसार-सागरसे पार कर देगी।

कमलनयन श्रीकृष्ण ! हम हाथ जोड़कर, मस्तक नवाकर, रोमाञ्चित शरीर, गद्गद कण्ठ तथा आँसुओंकी धारा बहानेवाले नेत्रोंसे आपकी स्तुति करते हुए नित्य-निरन्तर आपके युगल चरणारविन्दोंके ध्यानरूपी अमृतरसका आस्वादन करते रहें, ऐसा हमारा जीवन बन जाय।

ओ खोटी बुद्धिवाले मूढ़ मानव ! यह शरीर सैकड़ों स्थानोंमें जोड़ होनेके कारण जर्जर है। देखनेमें कोमल और सुन्दर होनेपर भी परिणामी है (वृद्ध होनेवाला है)। एक दिन इसका पतन अवश्यम्भावी है। तू ओषधियोंके चक्करमे पड़कर क्यों क्लेश उठा रहा है। रोग-शोकको सदाके लिये दूर भगा देनेवाले श्रीकृष्ण-नामरूपी रसायनका निरन्तर पान करता रह।

श्रीगोविन्दके चरण-कमलोंसे निकले हुए मधुकी यह विलक्षणता है कि उसका पान करनेवाले तो मोहित नही होते, उसे न पीनेवालोंपर ही मोह छाया रहता है।

अरे मूढ मन ! तू नाना प्रकारकी सुदीर्घ यातनाओंका विचार करके भयभीत मत हो। भगवान् श्रीधर जिनके स्वामी हैं, उनका ये पापरूपी शत्रु कुछ भी नहीं बिगाड़ सकते। तू तो आलस्यको दूर भगाकर भक्तिसे सहजमे ही मिल जानेवाले भगवान् नारायणका ध्यान कर। जो सारे संसारकी वासनाओंका नाश करनेवाला है, वह क्या दासको भी नहीं बचा सकेगा ?

श्रीविप्रनारायण आळवार

(जाति—ब्राह्मण; ये भगवान्‌की वनमालाके अवतार कहे जाते हैं)

प्रभो ! मै बड़ा नीच हूँ, बड़ा पतित हूँ, बड़ा पापी हूँ; फिर भी तुमने मेरी रक्षा की। मैंने अबतक अपना जीवन व्यर्थ ही खोया, मेरा हृदय बड़ा कलुषित है। मेरी जिह्वाने तुम्हारे मधुर नामका परित्याग कर दिया, मैंने सत्य और सदाचारको तिलाञ्जलि दे दी, मै अब इसीलिये जीवन धारण करता हूँ जिससे तुम्हारी सेवा कर सकूँ। मैं जानता हूँ तुम अपने सेवकोंका कदापि परित्याग नही करते। मैं जनताकी दृष्टिसे गिर गया, मेरी सम्पत्ति जाती रही। संसारमें तुम्हारे सिवा मेरा कोई नही। पुरुषोत्तम ! अब मैंने तुम्हारे चरणोको दृढ़तापूर्वक पकड़ लिया है। तुम्हीं मेरे माता-पिता हो, तुम्हारे सिवा मेरा कोई रक्षक नही है। जीवनधन ! अब मुझे तुम्हारी कृपाके सिवा और किसीका भरोसा नही है।

श्रीमुनिवाहन तिरुप्पन्नाळवार

(ये अन्त्यज माने जाते थे। इन्हें श्रीवासका अवतार कहा जाता है।)



'प्रभो ! आपने मेरे कर्मकी बेड़ियोंको काट दिया और मुझे अपना जन बना लिया। आज आपके दर्शन प्राप्तकर मेरा जन्म सफल हो गया।'

श्रीपोयगै आळवार, भूतत्ताळवार और पेयाळवार

(श्रीपोयगै आळवार—पहलेका नाम सरोयोगी, पाञ्चजन्यके अवतार, जन्मस्थान काञ्चीनगरी। श्रीभूतत्ताळवार—जन्मस्थान महाबलीपुर, गदाके अवतार। श्रीपेयाळवार—जन्मस्थान मद्रासका मैलापुर नामक स्थान, ये खड्गके अवतार माने जाते है।)



भगवान्‌के सदृश और कोई वस्तु संसारमे नही है। सारे रूप उसीके हैं। आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी, दिशाएँ, नक्षत्र और ग्रह, वेद एवं वेदोंका तात्पर्य, सब कुछ वे ही हैं। अतः उन्हींके चरणोंकी शरण ग्रहण करो, मनुष्यजन्मका साफल्य इसीमें है। वे एक होते हुए भी अनेक बने हुए हैं। उन्हींके नामका उच्चारण करो। तुम धनसे सुखी नहीं हो सकते, उनकी कृपा ही तुम्हारी रक्षा कर सकती है। वे ही ज्ञान हैं, वे ही ज्ञेय हैं और वे ही ज्ञानके द्वार हैं। उन्हींके तत्त्वको समझो। भटकते हुए मन और इन्द्रियोको काबूमें करो, एकमात्र उन्हींकी इच्छा करो और उन्हींकी अनन्य भावसे उपासना करो। वे भक्तोंके लिये सगुणरूप धारण करते हैं। जिस प्रकार लता किसी वृक्षका आश्रय ढूँढ़ती है, उसी प्रकार मेरा मन भी भगवान्‌के चरणोंका आश्रय ढूँढ़ता है। उनके प्रेममें जितना सुख है, उतना इन अनित्य विषयोंमें कहाँ। प्रभो ! अब ऐसी कृपा कीजिये कि मेरी वाणी केवल तुम्हारा ही गुणगान करे, मेरे हाथ तुम्हीको प्रणाम करे, मेरे नेत्र सर्वत्र तुम्हारे ही दर्शन करें, मेरे कान तुम्हारे ही गुणोका श्रवण करें, मेरे चित्तके द्वारा तुम्हारा ही चिन्तन हो और मेरे हृदयको तुम्हारा ही स्पर्श प्राप्त हो।

श्रीभक्तिसार (तिरुमडिसै आळवार)

(जन्मस्थान—दक्षिणमे तिरुमडिसै (महासरपुर) । पिताका नाम श्रीभार्गव, माताका नाम श्रीमती कनकावती, तिरुवाडन् नामके व्याधने इनको पाला था, उसीने इनका नाम भक्तिसार रक्खा ।)

प्रभो ! मुझे इस जन्म-मरणके चक्करसे छुड़ाओ । मैंने अपनी इच्छाको तुम्हारी इच्छाके अंदर विलीन कर दिया है, मेरा चित्त सदा तुम्हारे चरणोंका ध्यान किया करता है । तुम्ही आकाश हो, तुम्ही पृथ्वी हो और तुम्ही पवन हो । तुम्ही मेरे स्वामी हो, तुम्ही मेरे पिता हो । तुम्ही मेरी माता हो और तुम्ही मेरे रक्षक हो । तुम्ही शब्द हो और तुम्ही उसके अर्थ हो । तुम वाणी और मन दोनोंके परे हो । यह जगत् तुम्हारे ही अंदर स्थित है और तुम्हारे ही अंदर लीन हो जाता है । तुम्हारे ही अंदर सारे भूतप्राणी उत्पन्न होते हैं, तुम्हारे ही अंदर चलते-फिरते हैं और फिर तुम्हारे ही अंदर लीन हो जाते हैं । दूधमे घीकी भाँति तुम सर्वत्र विद्यमान हो ।

श्रीनीलन् (तिरुमङ्गैयाळवार)

(जन्म—चोळ देशके किसी गाँवमे एक शैवके घर, पत्नीका नाम—कुमुदवल्ली, ये भगवान्‌के शार्ङ्गधनुषके अवतार माने जाते हैं ।)



हाय ! मैं कितना नीच हूँ । किंतु साथ ही, अहा ! मेरे स्वामी कितने दयालु हैं ! प्रभो ! मेरे अपराधोंको क्षमा कीजिये और मुझे अपनी शरणमें लीजिये । प्रभो ! आज तुमने मुझे बचा लिया । प्रभो ! मैंने तुम्हारे साथ कितने अत्याचार किये, परंतु तुमने मेरे अपराधोंकी ओर न देखकर मेरी रक्षा की ।

श्रीमधुर कवि आळवार

(इन्हें लोग गरुडका अवतार मानते हैं । आपका जन्म तिरुक्कोळूर नामक स्थानमे एक सामवेदी ब्राह्मण-कुलमे हुआ था ।)

(गुरुकी स्तुतिमें ही इन्होंने निम्नलिखित शब्द कहे हैं—)

मैं इन्हे छोड़कर दूसरे किसी परमात्माको नहीं जानता । मैं इन्हीके गुण गाऊँगा, मैं इन्हींका भक्त हूँ । हाय ! मैंने अबतक संसारके पदार्थोंका ही भरोसा किया । मैं कितना अभिमानी और मूर्ख था । सत्य तो ये ही हैं । मुझे आज उसकी उपलब्धि हुई । अब मै अपने शेष जीवनको इन्हींकी कीर्तिका चारो दिशाओंमे प्रचार करनेमे बिताऊँगा । इन्होने आज मुझे वेदोंका तत्त्व बताया है । इनके चरणोंमें प्रेम करना ही मेरे जीवनका एकमात्र साधन होगा ।

शैव संत माणिक्क वाचक

(जन्म—मदुराके पास वदावुर ग्राम, जाति—ब्राह्मण, तत्कालीन पाण्ड्यनरेशके प्रधान मन्त्री)

मेरा शरीर रोमाञ्चित और कम्पित है, मेरे हाथ ऊपर उठे हुए हैं; हे शिव ! सिसकते और रोते हुए मैं पुकारता हूँ; मिथ्या—असत्यका परित्याग करते हुए मैं आपकी जय बोलता हूँ, स्तुति करता हूँ । मेरे प्राणनाथ ! मेरे दोनों हाथ सदा आपकी ही पूजा करते रहेंगे ।

संत श्रीनम्माळवार (शठकोपाचार्य)

(जन्मस्थान—तिरुक्कुरुकूर [श्रीनगरी], पिताका नाम—कारिमारन्, माताका नाम—उदयनंगै, ये विष्वक्सेनके अवतार माने जाते हैं ।)



पुण्यकर्मोद्वारा अर्जित ज्ञानके बलसे ज्ञानीलोग कहा करते हैं—'प्रभुका वर्ण, दिव्य रूप, नाम तथा उनका श्रीविग्रह अमुक प्रकारके हैं।' परंतु उनका सारा प्रयास मेरे प्रभुकी महिमाका थाह पानेमें असमर्थ ही रहा। उनके ज्ञानकी ज्योति एक निरे टिमटिमाते हुए दीपकके समान है।

जो लोग अपने हृदयपर अपना अधिकार मानते हैं और उसे निष्कपट समझते हैं, उनकी यह धारणा अहंकारपूर्ण है। मैंने तो जब अपना हृदय हिरण्यकशिपुके शक्तिशाली वक्षःस्थलको विदीर्ण करनेवाले प्रभु (श्रीनृसिंह) के चरणप्रान्तमे भेजा, वह मेरे हाथसे जाता रहा और अबतक हठपूर्वक उन्हींके पीछे पड़ा हुआ है—वहाँसे हटनेका नाम भी नहीं लेता।

उपासनाकी अनेकों भिन्न-भिन्न पद्धतियाँ हैं और विभिन्न बुद्धियोंसे अनेकों परस्परविरोधी मत निकले हैं तथा उन अनेक मतोंमे उन-उन मतोंके अनेकों उपास्य-देवोंका वर्णन है, जिनकी तुम्हींने अपने स्वरूपका विस्तार करके सृष्टि की है! ओ उपमारहित! मैं तो तुम्हारे ही चरणोंमे अपनी भक्तिका उद्घोष करूँगा।

निद्राको जीते हुए ऋषियों तथा अन्य उपासकोंके अनन्त जन्मोंकी व्यथाको वह हरण कर लेता है। उसके शक्तिशाली विग्रहका रहस्य निराला एवं स्वतन्त्र है। 'माखन-चोर!' इस अपमानबोधक नामके भावको हृदयङ्गम करना देवताओंके लिये भी कठिन है।

शैव संत अप्पार

(जन्म—६०० ई०। देहावसान—६८१ ई०। आयु—८१ वर्ष।)

मैं प्रतिदिन लौकिक पापमें डूब रहा हूँ; मुझे जो कुछ जानना चाहिये, उसे तनिक भी नहीं जानता; मैं सगे-सम्बन्धियोंकी तरह अवगुणोंमें तल्लीन होकर आगे चलनेका पथ नहीं देख पा रहा हूँ। नीलकण्ठ! कृपालु! हे अत्तिहि विराटानम् मन्दिरके अधिपति! मुझपर कृपा कीजिये, जिससे मै आपके सुन्दर चरणोंका दर्शन कर सकूँ।

मेरा चञ्चल हृदय एकको छोड़कर शीघ्रतासे दूसरेमें आसक्त हो जाता है; बड़ी तेजीसे किसीमें लगता है और उसी प्रकार उससे अलग हो जाता है। हे अत्तिहि विराटानम्के देव चन्द्रमौलि! मैं आपके चरणोंके शरणागत हूँ, आपने मेरी आत्माको बन्धन-मुक्त कर दिया है।

शैव संत सम्बन्ध

(तमिळ प्रदेशके शैवाचार्योंमें सर्वश्रेष्ठ। जन्म—लगभग ६३९ ईस्वी। निवासस्थान—शैयाली, तञ्जोर जिला)

आरुर मन्दिरके शिवके लिये प्रेम-पुष्प बिखेरो! तुम्हारे हृदयमे सत्यकी ज्योति प्रकाशित होगी, प्रत्येक बन्धनसे मुक्त होगे।

आरुर मन्दिरके परम पवित्र शिवका कीर्तन-स्तवन कभी मत भूलो! जन्मके बन्धन कट जायँगे और सांसारिक प्रपञ्च पीछे छूट जायँगे।

अपने परमप्रेमास्पद आरुरमे स्वर्णिम और कमनीय कुसुम बिखेरो! तुम अपने शोकका अन्त कर दोगे, तुम अनुपम आनन्द (कल्याण) प्राप्त करोगे।

शैव संत सुन्दरमूर्ति

(सहमार्गके आचार्य, जन्म-स्थान—दक्षिण आरकाट जिला। जाति—ब्राह्मण।)

मुझ पापीने प्रेम और पवित्र उपासनाके पथका परित्याग कर दिया है !

मैं अपने रोग और दुःखका अर्थ अच्छी तरह समझता हूँ। मैं पूजा करने जाऊँगा।

मूर्ख ! मैं कबतक अपने प्राणधन, अनमोल रत्न—आरुर मन्दिरके अधिपतिसे दूर रह सकता हूँ।

संत बसवेश्वर

('वीरशैव' मतके प्रवर्तक, कर्नाटकके महात्मा। अस्तित्व-काल—बारहवीं शताब्दी (ई०), जन्म-स्थान—इंगलेश्वर बागेवाडी गाँव (कर्नाटक-प्रान्त), पिताका नाम—मादिराजा, माताका नाम—मादलाम्बिका। जाति—ब्राह्मण।)

एक ईश्वर ही हमारे पूज्य हैं। अहिंसा ही धर्म है। अधर्मसे प्राप्त वस्तुको अस्वीकार करना ही व्रत है। अनिच्छासे रहना ही तप है, किसीसे कपट न करना ही भक्ति है। सुख-दुःख आदि द्वन्द्वोंमें समभावसे रहना ही समयाचार है। यही सत्य है। हे देव! इसके आप साक्षी हैं।

सच्चा भक्त वही है, जो अपनेसे मिलनेवाले सब भक्तोंको प्रणाम करता है। दूसरोंसे मृदु वचन बोलना जप है—एक-मात्र तप है। हम नम्रतासे ही सदाशिवको प्राप्त कर सकते हैं। इन गुणोंके अतिरिक्त हमारे देव कोई दूसरी वस्तु पसंद नहीं करते।

मैं भक्त नहीं हूँ। मैं भक्तका केवल वेषधारी हूँ। निर्दयी, पापी और पतित मेरे नाम हैं। हे शिव ! मैं आपके भक्तोंके घरका केवल बालक हूँ।

हे शिव ! आप मुझे पंगु कर दीजिये, जिससे मैं जहाँ-तहाँ न फिरूँ। मुझे अन्धा कर दीजिये, जिससे मेरे नेत्र दूसरी वस्तु न देख सकें। मुझे बहरा बना दीजिये, जिससे मैं आपके नामोच्चारण और चर्चाके अतिरिक्त दूसरी बात न सुनूँ। मेरे मनकी ऐसी स्थिति कर दीजिये कि वह आपके भक्तोंकी चरण-सेवाकी इच्छाके अतिरिक्त कोई भी दूसरी इच्छा न करे।

चकोर चन्द्रमाके प्रकाशकी खोजमें रहता है। अम्बुज सूर्योदयकी चिन्ता करता है, भ्रमर सुगन्धकी चिन्ता करता है, मुझे परमात्माके नाम-स्मरणकी ही धुन है।

मेरा हाल ऐसा है जैसा सरसोंपर सागर बहनेसे सरसों-का होता है। यदि परमात्माके भक्त आते हैं तो मैं हर्षसे लोट-पोट हो जाता हूँ, हर्षसे फूला नहीं समाता, आनन्दसे मेरा हृदय-कमल खिल जाता है।

यह नहीं कहना चाहिये कि अमुक दिन अशुभ है और अमुक शुभ है। जो मनुष्य यह कहता है कि 'ईश्वर मेरे आश्रय हैं' उसके लिये सब दिन समान हैं। जिसका ईश्वरपर भरोसा है, विश्वास है, उसके लिये सब दिन एक-से हैं।

मनुष्यको चाहिये कि अपने आत्माको पहचाने, यह आत्मज्ञान ही उसके लिये गुरु है।

संत वेमना

[अठारहवीं सदीके पूर्वार्धके आस-पास। जन्म-स्थान—कोंडवीडु (गुण्टूर जिला), विहार-स्थल—प्रायः समस्त द्रविड़ प्रदेश। जाति—रेड्डी (शूद्रोंकी एक उपशाखा)। समाधिस्थल—सम्भवतः पामूर गाँव जिला कडपा।]

हे भगवान् ! बुढ़ापेमें जब वात, पित्त एवं कफका प्रकोप बढ़ जाता है, नेत्रोंकी ज्योति क्षीण हो जाती है, मृत्यु समीप आ जाती है तब किस प्रकार मूर्ख मानव आपका अन्वेषण कर सकता है !

जीव तथा परमात्माका तत्त्व समझनेवाला ही ब्रह्मत्वको प्राप्त होता है। एक बार ब्रह्मभावको प्राप्त प्राणी फिर सांसारिकताके मायाजालमें नहीं फँसता है। भला, मुक्ता (मोती) कहीं फिरसे अपना पूर्वरूप—जलबिंदुका रूप—पा सकता है !

साधुओंके सङ्गमें रहकर मनुष्य सभी नीच गुणोंसे—अवगुणोसे मुक्त हो जाता है, चन्दनके लेपसे देहकी दुर्गन्ध दूर हो जाती है । संत-गोष्ठीके समान उत्तम कर्म दूसरा नही है ।

मानसरोवरमें विहार करनेवाला हंस उसके जलसे अलिप्त ही रहता है । सच्चा योगी कर्ममय संसृतिके बीच रहते हुए भी उसके फलाफलसे निर्लिप्त रहता है । इसलिये फलकी आकाङ्क्षा रक्खे विना ही मनुष्यको कर्म करना चाहिये ।

मनुष्य पहले माताके गर्भसे जन्म लेता है, फिर पत्नीमें प्रवेश कर पुत्रके रूपमे पैदा होता है । इस प्रकार एक शरीर होनेपर भी उसके लिये माताएँ दो होती हैं ।

जो हाथ हमें अमृतका पान कराता है, वह स्वयं उसका स्वाद अनुभव नही कर पाता; इसी प्रकार अपने आस-पास घूमनेवाले परम योगीका महत्त्व भी ससारी प्राणी समझ नहीं सकते ।

गङ्गाधर शिव ही सच्चे देव हैं । स्वरज्ञके लिये संगीत ही (अनाहत नाद) कर्णमधुर वस्तु है । संसारमें स्वर्ण ही उपभोग्य धातु है । सोच-विचार कर देखे तो अङ्गज—कामदेव ही मृत्युका हेतु है । नैतिक पतन ही वास्तविक मृत्यु है। ऐसा वेमनाका दृढ़ विश्वास है ।

परमात्माका इस विश्वसे पृथक् अस्तित्व नहीं है । समस्त ब्रह्माण्ड ही उनका शरीर है, वायु प्राण है, सूर्य, चन्द्र और अग्नि नेत्रसमूह हैं । इस प्रकार यह विश्व उन त्र्यम्बक महादेवका ही विराट् रूप है ।

संत कवि तिरुवल्लुवर

(ये जातिके जुलाहे एवं मैलापुर (मद्रास) करबेके निवासी थे)

जिस प्रकार अक्षरोंमें 'अ' है, उसी प्रकार जगत्में भगवान् हैं ।

विद्याका क्या सदुपयोग है, यदि सच्चिदानन्द भगवानके चरणपर विद्वान्का मस्तक नत नहीं है—विद्वान् भगवत्कृपा-का पात्र नही है ।

स्वजनोंके हृदय-कमलमें निवास करनेवाले भगवान्के भक्त सदा वैकुण्टमें रहेगे ।

इच्छारहित निर्विकल्प भगवान्का भजन करनेवालोंको कभी दुःखकी प्राप्ति नही होगी ।

जो भगवान्के कीर्तन-स्तवनमें भलीभाँति लगे रहते हैं, वे पाप-पुण्यसे परे रहते हैं—पाप-पुण्यके भागी नहीं होंगे ।

भगवान् हृषीकेशके सत्य-पथपर सुदृढ़ रहनेवाले अमर रहेंगे ।

अप्रतिम—अनुपम भगवान्के भजन और कृपाके विना मानसिक चिन्ताका अन्त होना कठिन है ।

कल्याण-स्वरूप करुणासागर भगवान्की कृपाके विना अपार संसार-सागरको पार करना कठिन है ।

जो सिर परमेश्वरके सम्मुख विनत नहीं होता, वह चेतनाशून्य इन्द्रियकी तरह व्यर्थ है ।

जो लोग हमारे स्वामी परमेश्वरकी कृपा-ज्योति नहीं प्राप्त करते, क्या वे जन्म-मरणके सागरके पार जा सकते हैं ?

(तमिळ वेद 'कुरल'से)

भगवान् महावीर

(प्रेषक—श्रीअगरचन्दजी नाहटा)

(जैनधर्मके अन्तिम तीर्थङ्कर । घरका नाम—वर्द्धमान । जन्म आजसे करीब २५५४ वर्ष पूर्व, चैत्र शुक्ला १३ । आविर्भाव-स्थान—बिहारप्रान्त, क्षत्रियकुण्ड नगर । पिताका नाम—सिद्धार्थ । माताका नाम—त्रिशला देवी । प्रयाण—७२ वर्षकी आयुमे, कार्तिक कृष्ण ३० पावापुरीमे ।)

धर्म-सूत्र



धर्म सर्वश्रेष्ठ मङ्गल है । (कौन-सा धर्म ?) अहिंसा, संयम और तप । जिस मनुष्यका मन उक्त धर्ममे सदा संलग्न रहता है, उसे देवता भी नमस्कार करते हैं ।

अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह—इन पाँच महाव्रतोंको स्वीकार करके बुद्धिमान् मनुष्य जिनद्वारा उपदिष्ट धर्मका आचरण करे ।

छोटे-बड़े किसी भी प्राणीकी हिंसा न करना, अदत्त (विना दी हुई वस्तु) न लेना, विश्वासघाती असत्य न बोलना—यह आत्म-निग्रही—सत्पुरुषोंका धर्म है ।

जो रात और दिन एक बार अतीतकी ओर चले जाते हैं, वे कभी वापस नहीं आते; जो मनुष्य अधर्म (पाप) करता है, उसके वे रात-दिन बिल्कुल निष्फल जाते हैं।

जो रात और दिन एक बार अतीतकी ओर चले जाते हैं, वे कभी वापस नहीं आते; जो मनुष्य धर्म करता है, उसके वे रात और दिन सफल हो जाते हैं।

जबतक बुढापा नहीं सताता, जबतक व्याधियाँ नहीं बढ़तीं, जबतक इन्द्रियाँ क्षीण (अशक्त) नहीं होती, तबतक धर्मका आचरण कर लेना चाहिये—बादमें कुछ नहीं होनेका।

जो मनुष्य प्राणियोंकी स्वयं हिंसा करता है, दूसरोंसे हिंसा करवाता है और हिंसा करनेवालोंका अनुमोदन करता है, वह संसारमें अपने लिये वैरको बढ़ाता है।

संसारमें रहनेवाले चर और स्थावर जीवोंपर मनसे, वचनसे और शरीरसे—किसी भी तरह दण्डका प्रयोग नहीं करना चाहिये।

सभी जीव जीना चाहते हैं, मरना कोई नहीं चाहता। इसीलिये निर्ग्रन्थ (जैन मुनि) घोर प्राणि-वधका सर्वथा परित्याग करते हैं।

ज्ञानी होनेका सार यही है कि वह किसी भी प्राणीकी हिंसा न करे। इतना ही अहिंसाके सिद्धान्तका ज्ञान यथेष्ट है। यही अहिंसाका विज्ञान है।

अपने स्वार्थके लिये अथवा दूसरोंके लिये, क्रोधसे अथवा भयसे—किसी भी प्रसङ्गपर दूसरोंको पीड़ा पहुँचानेवाला असत्य वचन न तो स्वयं बोलना, न दूसरोंसे बुलवाना चाहिये।

श्रेष्ठ साधु पापकारी, निश्चयकारी और दूसरोंको दुःख पहुँचानेवाली वाणी न बोले।

श्रेष्ठ मानव इसी तरह क्रोध, लोभ, भय और हास्यसे भी पापकारी वाणी न बोले।

हँसते हुए भी पाप-वचन नहीं बोलना चाहिये।

आत्मार्थी साधकको हृद्य (सत्य), परिमित, असंदिग्ध, परिपूर्ण, स्पष्ट—अनुभूत, वाचालतारहित और किसीको भी उद्विग्न न करनेवाली वाणी बोलना चाहिये।

कानेको काना, नपुंसकको नपुंसक, रोगीको रोगी और चोरको चोर कहना यद्यपि सत्य है तथापि ऐसा नहीं कहना चाहिये। (क्योंकि इससे इन व्यक्तियोंको दुःख पहुँचता है।)

जो भाषा कठोर हो, दूसरोंको भारी दुःख पहुँचानेवाली हो—वह सत्य ही क्यों न हो—नहीं बोलनी चाहिये। (क्योंकि उससे पापका आस्रव होता है।)

अस्तनेक-सूत्र

पदार्थ सचेतन हो या अचेतन, अल्प हो या बहुत—और तो क्या, दाँत कुरेदनेकी सींकके बराबर भी जिस गृहस्थके अधिकारमें हो, उसकी आज्ञा लिये बिना पूर्ण संयमी साधक न तो स्वयं ग्रहण करते हैं, न दूसरोंको ग्रहण करनेके लिये प्रेरित करते हैं और न ग्रहण करनेवालोंका अनुमोदन ही करते हैं।

ब्रह्मचर्य-सूत्र

यह अब्रह्मचर्य अधर्मका मूल है, महादोषोंका स्थान है, इसलिये निर्ग्रन्थ मुनि मैथुन-संसर्गका सर्वथा परित्याग करते हैं।

आत्म-शोधक मनुष्यके लिये शरीरका शृङ्गार, स्त्रियोंका संसर्ग और पौष्टिक—स्वादिष्ट भोजन—सब तालपुट विषके समान महान् भयंकर हैं।

श्रमण तपस्वी स्त्रियोंके रूप, लावण्य, विलास, हास्य, मधुर वचन, संकेत, चेष्टा, हाव-भाव और कटाक्ष आदिका मनमें तनिक भी विचार न लाये और न इन्हें देखनेका कभी प्रयत्न करे।

स्त्रियोंको रागपूर्वक देखना, उनकी अभिलाषा करना, उनका चिन्तन करना, उनका कीर्तन करना आदि कार्य ब्रह्मचारी पुरुषको कदापि नहीं करने चाहिये। ब्रह्मचर्यव्रतमें सदा रत रहनेकी इच्छा रखनेवाले पुरुषोंके लिये यह नियम अत्यन्त हितकर है और उत्तम ध्यान प्राप्त करनेमें सहायक है।

ब्रह्मचर्यमें अनुरक्त भिक्षुको मनमें वैषयिक आनन्द पैदा करनेवाली तथा काम-भोगकी आसक्ति बढ़ानेवाली स्त्री-कथाको छोड़ देना चाहिये।

ब्रह्मचर्य-रत भिक्षुको स्त्रियोंके साथ बातचीत करना और उनसे बार-बार परिचय प्राप्त करना सदाके लिये छोड़ देना चाहिये।

ब्रह्मचर्य-रत भिक्षु स्त्रियोंके पूर्वानुभूत हास्य, क्रीडा, रति, दर्प, सहसा-विभासन आदि कार्योंको कभी भी स्मरण न करे।

ब्रह्मचर्य-रत भिक्षुको शीघ्र ही वासना-वर्द्धक पुष्टिकारक भोजन-पानका सदाके लिये परित्याग कर देना चाहिये।

जैसे बहुत ज्यादा ईंधनवाले जंगलमें पवनसे उत्तेजित

दावाग्नि शान्त नहीं होती, उसी तरह मर्यादासे अधिक भोजन करनेवाले ब्रह्मचारीकी इन्द्रियाग्नि भी शान्त नहीं होती। अधिक भोजन किसीके लिये भी हितकर नहीं होता।

ब्रह्मचर्य-रत भिक्षुको शृङ्गारके लिये शरीरकी शोभा और सजावटका कोई भी शृङ्गारी काम नहीं करना चाहिये।

ब्रह्मचारी भिक्षुको शब्द, रूप, गन्ध, रस और स्पर्श—इन पाँच प्रकारके काम-गुणोंको सदाके लिये छोड़ देना चाहिये।

देव-लोकसहित समस्त संसारके शारीरिक तथा मानसिक—सभी प्रकारके दुःखका मूल एकमात्र काम-भोगोंकी वासना ही है। जो साधक इस सम्बन्धमें वीतराग हो जाता है, वह शारीरिक तथा मानसिक सभी प्रकारके दुःखोंसे छूट जाता है।

जो मनुष्य इस प्रकार दुष्कर ब्रह्मचर्यका पालन करता है, उसे देव, दानव, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस और किन्नर आदि सभी नमस्कार करते हैं।

यह ब्रह्मचर्य-धर्म ध्रुव है, नित्य है, शाश्वत है और जिनोपदिष्ट है। इसके द्वारा पूर्वकालमें कितने ही जीव सिद्ध हो गये हैं, वर्तमानमें हो रहे हैं और भविष्यमें होंगे।

अपरिग्रह-सूत्र

प्राणिमात्रके संरक्षक ज्ञानपुत्र (भगवान् महावीर) ने कुछ वस्त्र आदि स्थूल पदार्थोंको परिग्रह नहीं बतलाया है। वास्तविक परिग्रह तो उन्होंने किसी भी पदार्थपर मूर्च्छा—आसक्तिका रखना बतलाया है।

पूर्ण संयमीको धन-धान्य और नौकर-चाकर आदि सभी प्रकारके परिग्रहोंका त्याग करना होता है। समस्त पाप-कर्मोंका परित्याग करके सर्वथा निर्मम होना तो और भी कठिन बात है।

जो संयमी ज्ञानपुत्र (भगवान् महावीर) के प्रवचनोंमें रत है, वे बिड़ और उद्भेद्य आदि नमक तथा तेल, घी, गुड़ आदि किसी भी वस्तुके संग्रह करनेका मनमें संकल्प तक नहीं करते।

ज्ञानी पुरुष संयम-साधक उपकरणोंके लेने और रखनेमें कहीं भी किसी भी प्रकारका ममत्व नहीं करते। और तो क्या, अपने शरीरतकपर भी ममता नहीं रखते।

संग्रह करना, यह अन्तर रहनेवाले लोभका झलक है। अतएव मैं मानता हूँ कि जो साधु मर्यादा-विरुद्ध कुछ भी संग्रह करना चाहता है, वह गृहस्थ है—साधु नहीं है।

अरात्रि-भोजन-सूत्र

सूर्यके उदय होनेसे पहले और सूर्यके अस्त हो जानेके बाद निर्ग्रन्थ मुनिको सभी प्रकारके भोजन-पान आदिकी मनसे भी इच्छा नहीं करनी चाहिये।

संसारमें बहुतसे चर और स्थावर प्राणी बड़े ही सूक्ष्म होते हैं—वे रात्रिमें देखे नहीं जा सकते। तब रात्रिमें भोजन कैसे किया जा सकता है।

हिंसा, झूठ, चोरी, मैथुन, परिग्रह और रात्रि-भोजन—जो जीव इनसे विरत (पृथक्) रहता है, वह अनास्रव (आत्मामें पाप-कर्मके प्रविष्ट होनेके द्वार आस्रव कहलाते हैं, उनसे रहित) हो जाता है।

विनय-सूत्र

(इसी भाँति) धर्मका मूल विनय है और मोक्ष उसका अन्तिम रस है। विनयसे मनुष्य बहुत जल्दी श्लाघायुक्त सम्पूर्ण शास्त्र-ज्ञान तथा कीर्तिका सम्पादन करता है।

इन पाँच कारणोंसे मनुष्य सच्ची शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकता—

अभिमानसे, क्रोधसे, प्रमादसे, कुछ आदि रोग और आलस्यसे।

जो गुरुकी आज्ञा पालता है, उनके पास रहता है, उनके इङ्गितों तथा आकारोंको जानता है, वही शिष्य विनीत कहलाता है।

इन पन्द्रह कारणोंसे बुद्धिमान् मनुष्य सुविनीत कहलाता है—

उद्धत न हो—नम्र हो, चपल न हो—स्थिर हो। मायावी न हो—सरल हो। कुतूहली न हो—गम्भीर हो। किसीका तिरस्कार न करता हो। क्रोधको अधिक समयतक न रखता हो—शीघ्र ही शान्त हो जाता हो, अपनेसे मित्रताका व्यवहार रखनेवालोंके प्रति सद्भाव रखता हो, शास्त्रके अध्ययनका गर्व न करता हो, मित्रपर क्रोधित न होता हो, अप्रिय मित्रकी भी पीठ पीछे भलाई ही करता हो, किसी प्रकारका झगड़ा-फसाद न करता हो, किसीके दोषोंका भंडाफोड़ न करता हो, बुद्धिमान् हो, अभिजात अर्थात् कुलीन हो, लज्जाशील हो, एकाग्र हो।

शिष्यका कर्तव्य है कि वह जिस गुरुसे धर्म-प्रवचन सीखे, उसकी निरन्तर भक्ति करे। मस्तकपर

अञ्जलि चढ़ाकर गुरुके प्रति सम्मान प्रदर्शित करे। जिस तरह भी हो सके—मनसे, वचनसे और शरीरसे हमेशा गुरुकी सेवा करे।

अविनीतको विपत्ति प्राप्त होती है और विनीतको सम्पत्ति—ये दो बाते जिसने जान ली हैं, वही शिक्षा प्राप्त कर सकता है।

चतुरङ्गीय-सूत्र

संसारमे जीवोको इन चार श्रेष्ठ अङ्गों—(जीवन-विकासके साधनों) की प्राप्ति बड़ी कठिन है—

मनुष्यत्व, धर्मश्रवण, श्रद्धा और संयममे पुरुषार्थ।

मनुष्य-शरीर पा लेनेपर भी सद्धर्मका श्रवण दुर्लभ है, जिसे सुनकर मनुष्य तप, क्षमा, अहिंसाको स्वीकार करते हैं।

सौभाग्यसे यदि कभी धर्मका श्रवण हो भी जाय तो उसपर श्रद्धा होना अत्यन्त दुर्लभ है। कारण कि बहुत-से लोग न्याय-मार्गको—सत्य-सिद्धान्तको—सुनकर भी उससे दूर रहते हैं—उसपर विश्वास नहीं रखते।

सद्धर्मका श्रवण और उसपर श्रद्धा—दोनों प्राप्त कर लेनेपर भी उनके अनुसार पुरुषार्थ करना तो और भी कठिन है; क्योंकि संसारमे बहुत-से लोग ऐसे हैं, जो सद्धर्म-पर दृढ़ विश्वास रखते हुए भी उसे आचरणमें नहीं लाते।

परंतु जो तपस्वी मनुष्यत्वको पाकर, सद्धर्मका श्रवण कर, उसपर श्रद्धा लाता है और तदनुसार पुरुषार्थ कर आस्रव-रहित हो जाता है, वह अन्तरात्मापरसे कर्म-रजको झटक देता है।

जो मनुष्य निष्कपट एवं सरल होता है, उसीकी आत्मा शुद्ध होती है और जिसकी आत्मा शुद्ध होती है, उसी-के पास धर्म ठहर सकता है। घीसे सींची हुई अग्नि जिस प्रकार पूर्ण प्रकाशको पाती है, उसी प्रकार सरल शुद्ध साधक ही पूर्ण निर्वाणको प्राप्त होता है।

अप्रमाद-सूत्र

जीवन असंस्कृत है—अर्थात् एक बार टूट जानेके बाद फिर नहीं जुड़ता, अतः एक क्षण भी प्रमाद न करो। प्रमाद, हिंसा और असंयममें अमूल्य यौवन-काल बिता देनेके बाद जब वृद्धावस्था आयेगी, तब तुम्हारी कौन रक्षा करेगा—तब किसकी शरण लोगे? यह खूब सोच-विचार लो।

प्रमत्त पुरुष धनके द्वारा न तो इस लोकमें ही अपनी रक्षा कर सकता है और न परलोकमे! फिर भी धनके असीम मोहसे मूढ़ मनुष्य दीपकके बुझ जानेपर जैसे मार्ग नहीं दीख पड़ता, वैसे ही न्याय-मार्गको देखते हुए भी नहीं देख पाता।

संसारी मनुष्य अपने प्रिय कुटुम्बियोंके लिये बुरे-से बुरे पाप-कर्म भी कर डालता है, पर जब उनके दुष्फल भोगनेका समय आता है, तब अकेला ही दुःख भोगता है, कोई भी भाई-बन्धु उसका दुःख बँटानेवाला—सहायता पहुँचानेवाला नहीं होता।

संयम-जीवनमें मन्दता लानेवाले काम-भोग बहुत ही लुभावने मालूम होते हैं, परंतु संयमी पुरुष उनकी ओर अपने मनको कभी आकृष्ट न होने दे। आत्मशोधक साधकका कर्तव्य है कि वह क्रोधको दबाये, अहंकारको दूर करे। मायाका सेवन न करे और लोभको छोड़ दे।

जैसे वृक्षका पत्ता पतझड़-ऋतुकालिक रात्रि-समूहके बीत जानेके बाद पीला होकर गिर जाता है, वैसे ही मनुष्योंका जीवन भी आयु समाप्त होनेपर सहसा नष्ट हो जाता है। इसलिये हे गौतम! क्षणमात्र भी प्रमाद न कर।

जैसे ओसकी बूँद कुशाकी नोकपर थोड़ी देरतक ही रहती है, वैसे ही मनुष्योंका जीवन भी बहुत अल्प है—शीघ्र ही नष्ट हो जानेवाला है। इसलिये हे गौतम! क्षणमात्र भी प्रमाद न कर।

अनेक प्रकारके विघ्नोंसे युक्त अत्यन्त अल्प आयुवाले इस मानव-जीवनमे पूर्वसंचित कर्मोंकी धूल पूरी तरह झटक दे। इसके लिये हे गौतम! क्षणमात्र भी प्रमाद न कर।

तेरा शरीर दिन-प्रतिदिन जीर्ण होता जा रहा है, सिरके बाल पककर श्वेत होने लगे हैं, अधिक क्या—शारीरिक और मानसिक सभी प्रकारका बल घटता जा रहा है। हे गौतम! क्षणमात्र भी प्रमाद न कर।

जैसे कमल शरत्कालके निर्मल जलको भी नहीं छूता—अलग अलिप्त रहता है, उसी प्रकार तू भी संसारसे अपनी समस्त आसक्तियां दूर कर सब प्रकारके स्नेह-बन्धनसे रहित हो जा। हे गौतम! क्षणमात्र भी प्रमाद न कर।

प्रमाद-स्थान-सूत्र

प्रमादको कर्म कहा गया है और अप्रमाद अकर्म—अर्थात् जो प्रवृत्तियाँ प्रमादयुक्त हैं, वे कर्म-बन्धन करनेवाली हैं और जो प्रवृत्तियाँ प्रमादरहित हैं, वे कर्म-बन्धन नहीं करतीं। प्रमादके होने और न होनेसे मनुष्य क्रमशः मूर्ख और पण्डित कहलाता है।

राग और द्वेष—दोनों कर्मके बीज हैं। अतः मोह ही कर्मका उत्पादन माना गया है। कर्म-सिद्धान्तके अनुभवी लोग कहते हैं कि संसारमें जन्म-मरणका मूल कर्म है और जन्म-मरण यही एकमात्र दुःख है।

(वीरवाणीके नवीन संस्करणसे संकलित)

आचार्य कुंदकुंद

(प्रेषक—श्रीअगरचन्दजी नाहटा)

अज्ञानसे मोहित मतिवाला तथा राग-द्वेषादि अनेक भावोंसे युक्त मूढ़ पुरुष ही अपने साथ सम्बद्ध या असम्बद्ध शरीर, स्त्री, पुत्रादि, धन-धान्यादि तथा ग्राम-नगरादि सचित्त, अचित्त या मिश्र परद्रव्योंमें 'मैं यह हूँ, मैं इनका हूँ, ये मेरे हैं, ये मेरे थे, मैं इनका था, ये मेरे होंगे, मैं इनका होऊँगा' इस प्रकारके झूठे विकल्प किया करता है। परंतु ज्ञानी पुरुषोंने कहा है, जीव चैतन्यस्वरूप तथा व्यापार (उपयोग) लक्षणवाला है।

आत्मा कहाँ जड द्रव्य है कि तुम जड पदार्थको 'यह मेरा है' इस प्रकार कहते हो?

विशुद्ध आत्मा ही परमार्थ है, मुक्ति है, केवल ज्ञान है, मुनिपन है। उस परमार्थमें स्थित हुए बिना जो भी तप करते हैं, व्रत धारण करते हैं, वह सब अज्ञान है। परमार्थसे दूर रहकर व्रतशील, तपका आचरण करनेवाला निर्वाण-लाभ नहीं कर सकता।

अतत्त्वमें श्रद्धा और तत्त्वमें अश्रद्धा होना 'मिथ्यात्व' है। विषयकषायसे अन्ध वृत्तिको अविरति या 'असंयम' कहते हैं। क्रोधादिसे होनेवाली जीवकी कलुषता 'कषाय' कहलाती है। और मन-वचन-कायकी हेय एवं उपाधिरूप शुभाशुभ प्रवृत्तिमें जो उत्साह है, वह 'योग' कहलाता है। ये चार आस्रव ही कर्म—मनके कारण हैं। वस्तुतः राग-द्वेष और मोह ही कर्मबन्धके द्वार हैं। जिसमें अंशमात्र भी राग विद्यमान है, वह शास्त्रोंका ज्ञाता भले ही हो, आत्मा और अनात्माका ज्ञान उसे नहीं है। ज्ञानी निरीह होनेसे कोई भी इच्छा नहीं रखता। जीवगत प्रत्येक विभाव—दोषकी उत्पत्तिका कारण पर-द्रव्य है; जिसे विवेक-ज्ञान हो चुका है, वह पर-पदार्थोंमें अहं-ममत्व-बुद्धि नहीं रखता। जबतक अहं-मम-बुद्धि है, तबतक वह अज्ञानी है।

रागादि आत्माके अशुद्ध परिणाम हैं। पर-पदार्थोंपर क्रोध करना वृथा है। वे तुम्हें अच्छा या बुरा करनेका कहनेको नहीं आते। शुभ और अशुभ मनकी कल्पना है। इन्द्रियोंसे प्राप्त सुख दुःखरूप है—पराधीन है, बाधाओंसे परिपूर्ण, नाशशील, बन्धका कारण और अतृप्तिकर है। जिसे देहादिमें अणुमात्र भी आसक्ति है, वह शास्त्रोंका ज्ञाता होनेपर भी मुक्त नहीं हो सकता। ('आचार्य कुंदकुंदके तीन रत्न' पुस्तकसे संकलित)

मुनि रामसिंह

(उच्चकोटिके जैनमुनि, अस्तित्वकाल ११ वीं शताब्दी, सुप्रसिद्ध प्राकृत वैयाकरण हेमचन्द्राचार्यके पूर्ववर्ती।)

जीव मोहवशात् दुःखको सुख और सुखको दुःख मान बैठा है, यही कारण है कि तुझे मोक्ष-लाभ नहीं हो रहा है।

इन्द्रियोंके विषयमें तू ढील मत दे। पाँचमेंसे इन दोका तो अवश्य निवारण कर—एक तो जिह्वा और दूसरा उपस्थ।

न द्वेष कर, न रोष कर, न क्रोध कर। क्रोध धर्मका नाश कर देता है। और धर्म नष्ट होनेसे मनुष्य-जन्म ही नष्ट हो गया।

श्रुतियोंका अन्त नहीं, काल थोड़ा और हम दुर्बुद्धि। अतः तू केवल वही सीख, जिससे कि जरा और मरणका क्षय कर सके।

प्राणियोंके वधसे नरक और अभयदानसे स्वर्ग मिलता है। ये दो पन्थ हैं, चाहे जिसपर चला जा।

हे जानवान् योगी! बिना दयाके धर्म हो नहीं सकता। कितना ही पानी बिलोया जाय, उससे हाथ चिकना होनेका नहीं।

मुनि देवसेन

(उच्चकोटिके जैन-संत, मालवा प्रदेशके निवासी, समय १०वीं शताब्दी)

ऐसा दुर्वचन मत कह कि 'यदि धन प्राप्त हो जाय तो मैं धर्म करूँ।' कौन जाने यमदूत आज बुलाने आ जायँ या कल।

अधिक क्या कहें—जो अपने प्रतिकूल हो, उसे दूसरोंके प्रति कभी न करो। धर्मका यही मूल है।

वही धर्म विशुद्ध है, जो अपनी कायासे किया जाता है और धन भी वही उज्ज्वल है, जो न्यायसे प्राप्त होता है।

हे जीव! स्पर्शेन्द्रियका लालन मत कर। लालन करनेसे यह शत्रु बन जाता है। हथिनीके स्पर्शसे हाथी गोकल और अंकुशके वशमें पड़ा है।

हे जीव! जिह्वेन्द्रियका संवरण कर। स्वादिष्ट भोजन अच्छा नहीं होता। चारेके लोभसे मछली स्थलका दुःख सहती है और तड़प-तड़पकर मरती है।

अरे मूढ़! घ्राणेन्द्रियको वशमें रख और विषय-कषायसे बच। गन्धका लोभी भ्रमर कमल-कोषके अंदर मूर्छित पड़ा है।

रूपसे प्रीति मत कर। रूपपर विचरते हुए नेत्रोंको रोक ले। रूपासक्त पतिंगेको तू दीपकपर पड़ते हुए देख।

हे जीव! अच्छे मनोमोहक गीत सुननेकी लालसा न कर। देख, कर्णमधुर संगीत-रससे हरिणका विनाश हुआ।

जब एक ही इन्द्रियके स्वच्छन्द विचरणसे जीव सैकड़ों दुःख पाता है, तब जिसकी पाँचों इन्द्रियाँ स्वच्छन्द हैं, उसका तो फिर पूछना ही क्या।

संत आनन्दघनजी

[प्रेषक—सेठ तेजराजजी लक्ष्मीचन्द जैन]

[गुजरात या राजस्थानके आस-पासके निवासी जैनमुनि, पूर्वाश्रमका नाम—लाभानंद या लाभविजय, जीवन-काल—विक्रमकी १७ वीं शताब्दीका अन्त, स्थान—(अन्तिम दिनोंमें)—मेता (जोधपुर)]

क्या सोवे ? उठ, जाग, बाउरे ॥ क्या० ॥
अंजलि जल ज्यँ आयु घटत है।
देत पहोरिया घरिय घाउ रे ॥ १ ॥
इन्द्र चन्द्र नागेन्द्र मुनीन्द्र चले
कुण राजा पत साह राउ रे ॥
भमत भमत भवजलधि पायके।
भगवत भजन बिन माउ न्याउ रे ॥ २ ॥
कहा बिलंब करे अब बाउरे।
तरि भवजलनिधि पार पाउ रे ॥
आनँदघन चेतनमय मूरति।
शुद्ध निरंजन देव ध्याउ रे ॥ ३ ॥

राम कहो, रहमान कहो कोउ, कान्ह कहो, महादेव री।
पारसनाथ कहो, कोउ ब्रह्मा, सकल ब्रह्म स्वयमेव री ॥ १ ॥
भाजन भेद कहावत नाना, एक मृत्तिका रूप री।
तैसे खंड कल्पना रोपित, आप अखंड स्वरूप री ॥ २ ॥
निज पद रमे राम सो कहिये, रहिम करे रहमान री।
करषे कर्म कान सो कहिये, महादेव निर्वान री ॥ ३ ॥
परसे रूप पारस सो कहिये, ब्रह्म चिह्ने सो ब्रह्म री।
इस विध साधो आप अनंदघन, चेतनमय निःकर्म री ॥ ४ ॥

मेरे घट ग्यान-भानु भयो भोर।
चेतन चकवा, चेतना चकवी, भागो बिरहको सोर ॥
फैली चहु दिस चतुर भाव रुचि, मिट्यो भरम-तम जोर।
आपकी चोरी आप ही जानत, और कहत ना चोर ॥
अमल जु कमल विकच भए भूतल, मंद विषय-ससि-कोर।
'आनंदघन' एक वल्लभ लागत, और न लाख किरोर ॥

अब मेरे पति-गति देव निरंजन।
भटकूँ कहाँ, कहा सिर पटकूँ, कहा करूँ जन-रंजन ॥
खंजन-दृगसों दृग न लगाऊँ, चाहूँ न त्रिभुवन अंजन।
संजन घट अंतर परमातम, सकल दुरित-मद-भंजन ॥
एह काम-गति, एह काम-घट, एही सुधारस-मंथन।
'आनँदघन' प्रभु घट-वन-केहरि, काम-मत्त-गज-भंजन ॥

मस्त योगी ज्ञानसागर

कौन किसीका मीत जगतमें कौन किसीका मीत ।
मात तात और जात सजनसे कोइ न रहे निचीत ॥
सब ही जग अपने स्वारथके परमारथ नहिं प्रीत ।
स्वारथ बिनसे सगो न होसी, मीता मनमे चीत ॥
ऊठ चलेगो आप अकेलो तूही तू सुविदीत ।
को नहीं तेरा, तू नहिं किसका, यही अनादी रीत ॥
ताते एक भगवान भजनकी राखो मनमें चींत ।
ज्ञानसागर कहे यह घनासरी गायो आतमगीत ॥

जैन योगी चिदानन्द

एती सीख हमारी प्यारे चित में धरो ।
थोडे-से जीवन के कारण अरे नर काहे छल परपंच करो ॥१॥
झूठ कपट परद्रोह करत तुम, अरे नर परभव को न डरो ।
चिदानन्द प्रभु प्राण जिवनकूँ मोतियन थाल भरो ॥

श्रीजिनदास

करम की कैसे कटे फासी ।
संजम सिव सुख सज्या तजकर दुरगति दिल भासी ॥
धर्म उपर तैने हाथ उपाड्यो, ग्यान भयो नासी ।
हिंसा करी हार हियडा की, दया करी दासी ॥
कामदार थारे क्रोध बन्यो है, ममता बनि मासी ।
कहे जीनदास मै पाप प्रभावे पायो तन रासी ।
नवी खरची मे पले न बाँधी खाइ खोइ बासी ॥
करम की ऐसे कटे फासी ।
ग्यान जु गंगा, दया द्वारका, क्रिया करी कासी ।
जेने जमुना बीच नहायो, पाप गयो नासी ॥
त्याग दीनी तुम्हा तन की, जान्यो जगत रासी ।
दुर्गति के सिर दाव लगाई, मनमें सुकृत भासी ॥
जनम सुधार कर साधु-संत की आतम हुइ प्यासी ।
उनके चरण जिनदास नमत है, मत करो मेरी हासी ॥

आचार्य श्रीभिक्षुस्वामीजी (भीखणजी)

'अंधा और पँगुला—दोनो एक साथ मिलकर अटवीको पार कर डालते हैं; उसी तरह ज्ञानक्रियाके संयोगसे ही मोक्ष पाता है। क्रिया ज्ञान नही है। वह जानती-देखती नही। क्रिया तो कर्मको रोकने, तोड़ने रूप—संवर निर्जरा रूप भाव है। ज्ञान और दर्शन उपयोग हैं। वे बतलाते हैं—किस ओर दृष्टि रखना और किस मार्गपर चलना। जो क्रियाको उपयोग कहते है, उनके मिथ्यात्वका गुरुतर रोग है। इसी तरह जो ज्ञानको क्रिया कहते हैं, उनके भी मिथ्यात्व है। ज्ञान और क्रिया भिन्न-भिन्न है। दोनोको एक मत जानो। दोनोके स्वभाव भिन्न-भिन्न हैं। ज्ञानसे जीवादि पदार्थ जाने जाते हैं, क्रियासे सन्मार्गपर चला जाता है।

एक आदमी जानता है, पर करता नही। दूसरा करता है, पर जानता नही। ये दोनो ही मोक्ष नही पा सकते। जो जानता है (कि क्या करना) और (जो करना है वह) करता है, वही मोक्ष पाता है।

ताँबेके पैसेकी भी कीमत है और चाँदीके रुपयेकी भी कीमत होती है। इन दोनोमे किसीको पास रखनेसे सौदा मिल सकता है। परंतु भेषधारी तो उस नकली रुपयेको चलानेवाले हैं, जिससे सौदा मिलना तो दूर रहा, उल्टी फजीहत होती है।

यदि तुम्हे साधु-भावका पालन असम्भव मालूम दे तो तुम श्रावक ही कहलाओ और अपने शक्त्यनुसार व्रतोका अच्छी तरह पालन करो। साधु बनकर दोषोका सेवन मत करो। साधु-जीवनमे ढिलाई लानेकी चेष्टा मत करो।

पैसेको पानीमे डालनेसे वह डूब जाता है। पर उस पैसेको तपा और पीटकर उसकी कटोरी बना ली जाय और पानीपर छोड़ दी जाय, तो वह तैरने लगेगी। इस कटोरीमे दूसरे पैसेको रखनेसे वह भी कटोरीके साथ तैरता रहेगा। इस तरह संयम—इन्द्रिय-दमन और क्रोधादिके उपशमसे तथा तपसे आत्माको कृश कर हल्का बनाओ। कर्मभारके दूर होनेसे आत्मा स्वयं भी संसार-समुद्रके पार पहुँचेगी और अपने साथ दूसरोंका निस्तार करनेमे भी सफल होगी।

जो लोग सच्चे धार्मिक हैं, उनके अंदर एक ऐसी स्थिरता होती है, जो सम्पत्-विपत्से विचलित नही होती। आध्यात्मिक

जीवनका सार ही यह है कि भयानक-से-भयानक विपत्ति भी उसे डिगा नहीं सकती। जो आत्मवान् हैं, वे दुनियासे ऊपर रहते हैं, दुनियाको उन्होंने जीत लिया है। उनपर गोलियाँ बरस रही हों, तो भी वे सच बोल सकते हैं। उनकी बोटी-बोटी भी काटी जाय, तो भी प्रतिशोधकी भावना उनके हृदयमे आग नही लगा सकती। उनकी दृष्टि विश्वव्यापिनी होती है। इससे किसी सासारिक आसक्ति या स्वार्थमें रत होना वे मूर्खता और व्यर्थता समझते हैं। बलिदान, जो कीमतका विचार नहीं करता तथा आत्मोत्सर्ग, जो बदलेमे कोई चीज नही चाहता, वही उनका नित्य जीवन होता है।

भगवान् बुद्ध

(बौद्धधर्मके आदिप्रवर्तक, प्रथम नाम—सिद्धार्थ, गोत्र गौतम होनेसे लोग इन्हे गौतमबुद्ध भी कहते है। पिताका नाम—शुद्धोधन मताका नाम—माया। जन्म ५५७ वर्ष ईसापूर्व।)



यहाँ (ससारमे) वैरसे वैर कभी शान्त नहीं होता, अवैरसे ही शान्त होता है, यही सनातन धर्म (नियम) है। (धम्मपद १। ५)

अन्य (अज लोग) नहीं जानते कि हम इस (ससार) से जानेवाले है। जो इसे जानते हैं, फिर उनके मनके (सभी विकार) शान्त हो जाते है। (धम्मपद १। ६)

(जो) उद्योगी, सचेत, शुचि कर्मवाला तथा सोचकर काम करनेवाला है और सयत, धर्मानुसार जीविकावाला एवं अप्रमादी है, (उसका) यश बढ़ता है। (धम्मपद २। ४)

मत प्रमादमे फँसो, मत कामोंमे रत होओ, मत काम-रतिमे लिप्त हो। प्रमादरहित (पुरुष) ध्यान करके महान् सुखको प्राप्त होता है। (धम्मपद २। ७)

अहो! यह तुच्छ शरीर शीघ्र ही चेतनारहित हो निरर्थक काठकी भाँति पृथ्वीपर पड़ रहेगा।
(धम्मपद ३। ९)

इस कायाको फेनके समान जानो, या (मरु) मरीचिकाके समान मानो। फंदेको तोड़कर, यमराजको फिर न देखनेवाले बनो। (धम्मपद ४। ३)

ताजे दूधकी भाँति किया पापकर्म (तुरंत) विकार नहीं लाता, वह भस्मसे ढँकी आगकी भाँति दग्ध करता, अज्ञ-जनका पीछा करता है। (धम्मपद ५। १२)

दुष्ट मित्रोंका सेवन न करे, न अधम पुरुषोंका सेवन करे। अच्छे मित्रोंका सेवन करे, उत्तम पुरुषोंका सेवन करे।
(धम्मपद ६। ३)

जैसे ठोस पहाड़ हवासे कम्पायमान नहीं होता, ऐसे ही पण्डित निन्दा और प्रशंसासे विचलित नही होते।
(धम्मपद ६। ६)

सारथिद्वारा सुदान्त (=सुशिक्षित) अश्वोकी भाँति जिसकी इन्द्रियाँ शान्त है, जिसका अभिमान नष्ट हो गया, (और) जो आस्रवरहित है, ऐसे उस (पुरुष) की देवता भी स्पृहा करते हैं।
(धम्मपद ७। ५)

यदि पुरुष (कभी) पाप कर डाले तो उसे पुनः-पुनः न करे, उसमे रत न हो; (क्योकि) पापका संचय दुःख (का कारण) होता है।
(धम्मपद ९। २)

यदि पुरुष पुण्य करे तो उसे पुनः-पुनः करे, उसमे रत हो; (क्योंकि) पुण्यका संचय सुखकर होता है।
(धम्मपद ९। ३)

कठोर वचन न बोलो, बोलनेपर (दूसरे भी वैसे ही) तुम्हे बोलेंगे, दुर्वचन दुःखदायक (होते हैं), (बोलनेसे) बदलेमे तुम्हे दण्ड मिलेगा। टूटा काँसा जैसे निःशब्द रहता है, (वैसे) यदि तुम अपनेको (निःशब्द रक्खो) तो तुमने निर्वाणको पा लिया, तुम्हारे लिये कलह (हिंसा) नहीं रही। (धम्मपद १०। ६)

पाप-कर्म करते समय मूढ़ (पुरुष उसे) नहीं जानता, पीछे दुर्बुद्धि अपने ही कर्मके कारण आगसे जलेकी भाँति अनुताप करता है। (धम्मपद १०। ८)

जिस पुरुषकी आकाक्षाएँ समाप्त नही हो गयीं, उस मनुष्यकी शुद्धि न नंगे रहनेसे, न जटासे, न पङ्क (लपेटने) से, न फाका (उपवास) करनेसे, न कड़ी भूमिपर सोनेसे, न धूल लपेटनेसे और न उकड़ूँ बैठनेसे होती है। (धम्मपद १०।१३)

पाप (नीच धर्म) का सेवन न करे, न प्रमादसे लिप्त हो, झूठी धारणाका सेवन न करे, (आदमीको) लोक (जन्म-मरण)-वर्द्धक नही बनना चाहिये। (धम्मपद १३।१)

उत्साही बने, आलसी न बने, सुचरित धर्मका आचरण करे, धर्मचारी (पुरुष) इस लोक और परलोकमे सुखपूर्वक सोता है। सुचरित धर्मका आचरण करे, दुश्चरित कर्म (धर्म) का सेवन न करे। (धम्मपद १३ । ३)

धर्मचारी पुरुष जैसे बुलबुलेको देखता है, जैसे (मरु-) मरीचिकाको देखता है, लोकको वैसे ही (जो पुरुष) देखता है, उसकी ओर यमराज (आँख उठाकर) नहीं देख सकता। (धम्मपद १३ । ४)

यदि रुपयो (कहापण) की वर्षा हो, तो भी (मनुष्यकी) कामों (भोगों) से तृप्ति नहीं हो सकती। (सभी) काम (भोग) अल्प-स्वाद (और) दुःखद हैं, यों जानकर पण्डित देवताओंके भोगोमें भी रति नहीं करता; और सम्यक्संबुद्ध (बुद्ध) का श्रावक (अनुयायी) तृष्णाको नाश करनेमें लगता है। (धम्मपद १४ । ९)

रागके समान अग्नि नहीं, द्वेषके समान मल नहीं, (पाँच) स्कन्धों* के समान दुःख नहीं, शान्तिसे बढ़कर सुख नहीं। (धम्मपद १५ । ७)

प्रिय (वस्तु) से शोक उत्पन्न होता है, प्रियसे भय उत्पन्न होता है, प्रिय (के बन्धन) से जो मुक्त है, उसे शोक नहीं है, फिर भय कहाँसे (हो)।

(धम्मपद १६ । ५)

कामसे शोक उत्पन्न होता है। (धम्मपद १६ । ७)

जो चढ़े क्रोधको भ्रमण करते रथकी भाँति पकड़ ले, उसे मैं सारथि कहता हूँ, दूसरे लोग लगाम पकड़नेवाले (मात्र) हैं। (धम्मपद १७ । २)

अक्रोधसे क्रोधको जीते, असाधुको साधु (भलाई) से जीते, कृपणको दानसे जीते, झूठ बोलनेवालेको सत्यसे (जीते)। (धम्मपद १७ । ३)

सच बोले, क्रोध न करे, थोड़ा भी माँगनेपर दे; इन तीन बातोंसे (पुरुष) देवताओंके पास जाता है। (धम्मपद १७ । ४)

एक ही आसन रखनेवाला, एक शय्या रखनेवाला, अकेला विचरनेवाला (वन), आलस्यरहित हो, अपनेको दमन कर अकेला ही वनान्तमें रमण करे। (धम्मपद २१ । १६)

तृष्णाके पीछे पड़े प्राणी बँधे खरगोशकी भाँति चक्कर काटते हैं; संयोजनों (मनके बन्धनों) मे फँसे (जन) पुनः-पुनः चिरकालतक दुःख पाते हैं। (धम्मपद २४ । ९)

बौद्ध संत सिद्ध श्रीसरहपाद या सरहपा

(वज्रयानी चौरासी सिद्धोंमें आदिम सिद्ध, इन्हें कई लोग राहुलभद्र या सरोजवज्रके नामसे भी पुकारते हैं। अस्तित्वकाल—ई० ६३३ स्थान—पूर्वीप्रदेशके किसी नगरके निवासी। जाति—ब्राह्मण, बादमें बौद्ध)

यदि परोपकार नहीं किया और न दान किया तो इस संसारमें आनेका फल ही क्या; इससे तो अपने-आपका उत्सर्ग कर देना ही अच्छा है।

हे नाविक ! चित्तको स्थिर कर सहजके किनारे अपनी नौका लिये चल, रस्सीसे खींचता चल। और कोई उपाय नहीं।

सिद्ध श्रीतिल्लोपाद (तिलोपा)

(वज्रयानके चौरासी सिद्धोंमें एक प्रख्यात सिद्ध भिक्षु, नाम प्रज्ञाभद्र, अस्तित्वकाल—१०वी शताब्दी, जन्म-प्रदेश—बिहार, जाति—ब्राह्मण, गुरुका नाम—विजयपाद (कण्हपा या कृष्णपादके शिष्य)

सहजकी साधनासे चित्तको तू अच्छी तरह विशुद्ध कर ले। इसी जीवनमें तुझे सिद्धि प्राप्त होगी और मोक्ष भी।

मैं भी शून्य हूँ, जगत् भी शून्य है, त्रिभुवन भी शून्य है। महासुख निर्मल सहजस्वरूप है, न वहाँ पाप है न पुण्य।

* रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार, विज्ञान—ये पाँच स्कन्ध हैं। वेदना, संज्ञा, संस्कार विज्ञानके अंदर हैं। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु ही रूप-स्कन्ध हैं। जिसमें न भारीपन है और जो न जगह घेरता है, वह विज्ञान-स्कन्ध है। रूप (Matter) और विज्ञान (Mind)—इन्हींके मेलसे सारा संसार बना है।

महात्मा ईसामसीह



जिनके अंदर दैन्यभाव उत्पन्न हो गया है, वे धन्य हैं; क्योंकि भगवानका साम्राज्य उन्हींको प्राप्त होगा।

जो आर्तभावसे रोते हैं, वे धन्य हैं; क्योंकि उन्हें भगवान्‌की ओरसे आश्वासन मिलेगा।

विनयी पुरुष धन्य हैं, क्योंकि वे पृथ्वीपर विजय प्राप्त कर लेंगे। जिन्हें धर्माचरणकी तीव्र अभिलाषा है, वे धन्य हैं; क्योंकि उन्हें पूर्णताकी प्राप्ति होगी।

दयालु पुरुष धन्य हैं; क्योंकि वे ही भगवान्‌की दयाको प्राप्त कर सकेंगे।

जिनका अन्तःकरण शुद्ध है, वे धन्य हैं; क्योंकि ईश्वरका साक्षात्कार उन्हींको होगा।

शान्तिका प्रचार करनेवाले धन्य हैं; क्योंकि वे ही भगवान्‌के पुत्र कहे जायँगे।

धर्मपर दृढ़ रहनेके कारण जिन्हें कष्ट मिलता है, वे धन्य हैं; क्योंकि भगवान्‌का साम्राज्य उन्हींको प्राप्त होता है।

यदि तुम्हारा दक्षिण नेत्र तुम्हें सन्मार्गसे भ्रष्ट करनेका कारण बने तो उसे उखाड़कर दूर फेंक दो; क्योंकि तुम्हारे लिये यह हितकर है कि तुम्हारा एक अङ्ग विनष्ट हो, न कि समग्र शरीर नरकमें डाला जाय।

असाधुका प्रतिरोध न करो; किंतु जो कोई तुम्हारे दक्षिण कनपटीपर आघात करे, उसकी ओर दूसरा कनपटी भी फेर दो।

अपने शत्रुओंसे प्यार करो, और जो तुम्हारा अनिष्ट चाहे, उन्हें आशीर्वाद दो; जो तुमसे घृणा करें, उनका मङ्गल करो और जो तुम्हारी निन्दा अथवा तुमसे द्वेष करें और तुम्हें सतायें, उनके लिये प्रभुसे प्रार्थना करो।

कोई भी दो प्रभुओंकी सेवा नहीं कर सकता; क्योंकि चाहे वह एककी घृणा करेगा और दूसरेको प्यार करेगा, अथवा वह एकमें अनुरक्त होगा और दूसरेसे विरक्त होगा। तुम ईश्वर और धन-देवता दोनोंकी सेवा एक साथ नहीं कर सकते। अपने जीवनके लिये उद्विग्न न हो कि तुम क्या खाओगे, अथवा क्या पीओगे और न शरीरके लिये कि तुम क्या पहनोगे।

याचना करो और तुम्हें दिया जायेगा; अन्वेषण करो और तुम पा जाओगे, द्वार खटखटाओ और तुम्हें खोल दिया जायगा।

यदि मैं मनुष्यों और स्वर्गदूतोंकी बोलियाँ बोलूँ और 'प्रेम' न रखूँ तो मैं ठनठनाता हुआ पीतल और झनझनाती झाँझ हूँ और यदि मैं नबूवत कर सकूँ और सब भेदोंके ज्ञानको समझूँ, तथा मुझे यहाँतक विश्वास हो कि मैं पहाड़ोंको हटा दूँ पर प्रेम न रखूँ तो मैं कुछ भी नहीं।

प्रेम वह सुनहरी कुञ्जी है, जो मानवोंके हृदयोंको खोल देती है।

महात्मा जरथुस्त्र



ईश्वरने हमलोगोंको जो कुछ भी दिया है, वह बटोरकर रखनेके लिये नहीं, प्रत्युत योग्य पात्रोंको देनेके लिये है। हमलोगोंको एक जगह पड़े तालाबके जलकी तरह न बनकर बहती नदी बनना चाहिये। इस प्रकार दूसरोंको देनेसे हमारी शक्ति, धन, ज्ञान, बल अथवा धर्म आदि कभी घटते नहीं, उल्टे बढ़ते हैं। ऐसे मनुष्यको ईश्वर अधिकाधिक देता ही रहता है और ज्यों-ज्यों हमारी शक्ति बढ़ती है, त्यों-ही-त्यों हमारे द्वारा मनुष्यसेवा भी अधिक होती है।

ईश्वर एक है। वह सर्वोपरि है और वही चराचर जगत्‌का उत्पन्न करनेवाला है। सारी सृष्टि उसीमेंसे निकलती है और उसीमें लय हो जाती है। विश्वमें जो कुछ भी हो रहा है, वह केवल उसके कारण ही है। ईश्वर विश्वका प्रभु है। सबपर एकचक्र-सत्ताधारी अद्वितीय स्वामी है। वह सब प्रकारसे पूर्ण है और उसकी सम्पूर्णताको प्राप्त करनेके लिये प्रत्येक जीव प्रयत्नवान् है।

योगी जालंधरनाथ

[योगी मत्स्येन्द्रनाथजी (मछोन्द्रनाथजी)के गुरु, कोई-कोई इन्हें उनका गुरुभाई भी मानते हैं। इनके इतिवृत्तके बारेमें अनेक मान्यताएँ प्रचलित हैं; तथ्य क्या है, कहा नहीं जा सकता।]

थोडो खाइ तो करपै-झरपै; घणो खाइ तौ रोगी।
दुहू पखाकी संधि बिचारै ते को बिरला जोगी॥
यह संसार कुबुधि का खेत। जबलगि जीव, तबलगि चेत॥
आँख्याँ देखै, कानाँ सुणै। जैसा बाए वैसा लुणै॥

थोड़ा खाता है तो भूखके मारे कल्पना-जल्पना करता है, अधिक खाता है तो रोगी हो जाता है। कोई विरला योगी ही दोनों पक्षोंकी सन्धिका विचार करता है अर्थात् युक्त आहार करता है।

योगी मत्स्येन्द्रनाथ

(नाथ-परम्पराके आदि आचार्य, जालंधरनाथजीके शिष्य एवं गोरखनाथजीके गुरु। अस्तित्वकाल अनुमानतः विक्रमकी दसवीं शताब्दीके आस-पास।)

अवधू रहिबा हाटे बाटे रूख बिरख की छाया।
तजिबा काम क्रोध और तिस्ना और संसार की माया॥



हाट, बाजार, या वृक्ष-पेड़की छायामें कहीं रहो; काम, क्रोध, तृष्णा और संसारकी मायाका त्याग करो।

योगी गुरु गोरखनाथ

(महान् योगी और सुप्रसिद्ध महापुरुष, जीवन-वृत्तान्त आदिके बारेमें अनेकों धारणाएँ है। जन्म—विक्रम संवत्की दसवीं शताब्दीके अन्तमें अथवा ग्यारहवीं शताब्दीके आदिमें। ये सुप्रसिद्ध कौलज्ञानी योगी मत्स्येन्द्रनाथके शिष्य हैं।)

हबकि न बोलिबा, ठबकि न चलिबा, धीरे धरिबा पाव।
गरब न करिबा, सहजे रहिबा, भणत गोरख राव॥
मन मैं रहिणा, भेद न कहिणा, बोलिबा अंमृत बाणी।
आगिला अगनी होइबा अवधू, तौ आपण होइबा पाणी॥
गोरष कहैं सुणहु रे अवधू जग मैं ऐसे रहणा।
आँखै देखिबा, कार्णे सुणिबा, मुष थैं कछू न कहणा॥
नाथ कहै तुम आपा राखौ, हठ करि बाद न करणा।
यहु जग है काँटे की बाडी, देषि देषि पग धरणा॥



अचानक हबककर नहीं बोल उठना चाहिये, पाँव पटकते हुए नहीं चलना चाहिये। धीरे-धीरे पैर रखना चाहिये। गर्व नहीं करना चाहिये। सहज—स्वाभाविक रहना चाहिये। यह गोरखनाथका उपदेश है।

मनमें (अन्तर्मुख वृत्तिसे) रहना चाहिये। (साधन या अनुभूतिका) भेद— रहस्य किसीसे नहीं कहना चाहिये। मीठी वाणी बोलनी चाहिये। सामनेवाला आदमी आगबबूला हो जाय तो अपने पानी हो रहना चाहिये (क्रोधके बदले क्रोध न करके विनय या क्षमा करना चाहिये)।

गोरखनाथ कहते हैं कि संसारमें ऐसे (द्रष्टा-साक्षीकी भाँति) रहना चाहिये कि आँखसे सब कुछ देखे, कानसे सुने, परंतु मुँहसे कुछ भी बोले नहीं।

गोरखनाथ कहते हैं कि तुम अपना आपा राखो (आत्म-स्वरूपमें स्थित रहो)। हठपूर्वक वाद-विवाद मत करो। यह जगत् काँटोंकी बाड़ी है, देख-देखकर पैर रखना चाहिये। (वाद-विवादके काँटोंमें पड़नेसे साधन भ्रष्ट हो जाता है।)

स्वामी बनखँड जाउँ तो खुध्या बियापै, नग्री जाउँ त माया ।
भरि भरि खाउँ त निंद बियापै, कगूं सीझत जल व्यंब की काया ॥
खाए भी मरिए, अणखाये भी मरिए, गोरख कहै पूता संजमि ही तरिए ॥
धाये न खाइबा, भूखे न मरिबा, अहनिसि लेबा ब्रह्म अगनि का भेवं ।
हठ न करिबा, पड्या न रहिबा यूं बाल्या गोरख देवं ॥

स्वामिन्, वनमें जाता हूँ तो भूख लग जाती है । शहरमें जाता हूँ तो माया अपनी ओर खींच लेती है, पेट भर-भर खाता हूँ तो नींद आने लगती है । जलकी बूँदसे बनी हुई इस कायाको कैसे सिद्ध किया जाय ?

(बहुत) खानेसे भी मरता है, बिल्कुल न खानेपर भी मर जाता है । गोरखनाथ कहते हैं कि बच्चा ! संयमसे रहनेपर ही निस्तार होता है ।

न तो खानेपर टूट पड़ना चाहिये और न बिल्कुल भूख मरना चाहिये । रात-दिन ब्रह्माग्निका भेद लेना चाहिये । अर्थात् ब्रह्मरूप अग्निमें संयमरूप आहुति देनी चाहिये । न हठ करना चाहिये न (आलस्यमें) पड़े रहना चाहिये । यो गोरखनाथने कहा ।

हसिबा खेलिबा धरिबा ध्यान, अहनिसि कथिबा ब्रह्म गियान ।
हँसै खेलै न करै मन भंग, ते निहचल सदा नाथ कै संग ॥

हँसना, खेलना और ध्यान धरना चाहिये । रात-दिन ब्रह्मज्ञानका कथन करना चाहिये । इस प्रकार (संयमपूर्वक) हँसते-खेलते हुए जो अपने मनको भंग नहीं करते, वे निश्चल होकर ब्रह्मके साथ रमण करते हैं ।

अजपा जपै सुंनि मन धरै, पाँचौ इन्द्री निग्रह करै ।
ब्रह्म अगनिमें जो होमे काया, तास महादेव बंदै पाया ॥

जो अजपाका जाप करता है, ब्रह्मरन्ध्र (शून्य) में मनको लीन किये रहता है, पाँचों इन्द्रियोंको अपने वशमे रखता है, ब्रह्मानुभूतिरूप अग्निमें अपने भौतिक अस्तित्व (काया) की आहुति कर डालता है, (योगीश्वर) महादेव भी उसके चरणोंकी वन्दना करते हैं ।

धन जोवनकी कर न आस, चित्त न राखै कामिनि पास ॥
नाद बिंद जाकै घटि जरै, ताकी सेवा पारबति करै ॥

जो धन-यौवनकी आशा नहीं करता, स्त्रीमें मन नहीं लगाता, जिसके शरीरमे नाद और बिन्दु जीर्ण होते रहते हैं, पार्वती भी उसकी सेवा करती है ।

बाल जोबनि जे नर जती, काल-दुकाला ते नर सती ॥
फुरते भोजन अलप अहारी, नाथ कहै सा काया हमारी ॥

बाल्यावस्था और यौवनमें जो व्यक्ति संयमके द्वारा इन्द्रिय-निग्रह करते हैं, वे समय-असमयमे सर्वदा अपने सत्पर स्थित रह सकते हैं । वे फुरतीसे भोजन करते हैं, कम खाते है, नाथ कहते है कि वे हमारे शरीर हैं । उनमें और मुझमें कुछ अन्तर नहीं ।

योगी निवृत्तिनाथ

(श्रीज्ञानेश्वरजीके बड़े भाई और श्रीविट्ठलपंतके पुत्र, माताका नाम रुक्मिणीबाई, जन्म सं० १३३० फाल्गुन कृष्णा १, समाधि—सं० १३५४ आषाढ़ कृष्ण १२ ।)

यह (श्रीकृष्ण) नाम उनका है जो अनन्त हैं, जिनका कोई संकेत नहीं मिलता, वेद भी जिनका पता लगाते थक जाते हैं और पार नही पाते, जिनमे समग्र चराचर विश्व होता, जाता, रहता है, वे ही अनन्त यशोदा मैयाकी गोदमे नन्हे-से कन्हैया बनकर खेल रहे हैं और भक्तजन उसका आनन्द बिना मूल्य ले रहे हैं । ये हरि हैं जिनके घर सोलह सहस्र नारियाँ हैं और जो स्वयं गौओंके चरानेवाले बालब्रह्मचारी हैं । ब्रह्मत्वको प्राप्त योगियोके ये ही परम धन हैं, जो नन्द-निकेतनमे नृत्य कर रहे हैं ।



भगवान् विष्णु

संत सेना नाई

(अस्तित्वकाल—अनुमानतः पाँच-छः सौ साल पूर्व; स्थान—बान्धवगढ़, बघेलखण्डके राजपरिवारके नाई)

हम प्रतिवार बड़ी बारीक हजामत बनाते हैं, विवेकरूपी दर्पण दिखाते और वैराग्यकी कैंची चलाते हैं, सिरपर शान्तिका उदक छिड़कते और अहंकारकी चुटिया घुमाकर बाँधते हैं, भावार्थोंकी बगलें साफ करते और काम-क्रोधके नख काटते हैं, चारों वर्णोंकी सेवा करते और निश्चिन्त रहते हैं।

धूप दीप घ्रित साजि आरती । जाउँ वारने कमलापती ॥
मंगला हरि मंगला । नित मंगलु राजा राम राइ को ॥
उत्तम दिअरा निरमल बाती । तुही निरंजनु कमलापती ॥
रामभगति रामानँदु जानै । पूरन परमानंदु बखानै ॥
मदन-मुरति भै-तारि गोविंदे । सेन भणे भजु परमानंदे ॥

भक्त नरहरि सुनार

(पण्ढरपुरके महान् शिवभक्त)

मै आपका सुनार हूँ, आपके नामका व्यवहार करता हूँ। यह गलेका हार देह है, इसका अन्तरात्मा सोना है। त्रिगुणका साँचा बनाकर उसमे ब्रह्मरस भर दिया। विवेकका हथौड़ा लेकर उससे काम-क्रोधको चूर किया और मन-बुद्धिकी कैंचीसे रामनाम बराबर चुराता रहा। ज्ञानके काँटेसे दोनों अक्षरोंको तौला और थैलीमें रखकर थैली कंधेपर उठाये रास्ता पार कर गया। यह नरहरि सुनार, हे हरि! तेरा दास है, रात-दिन तेरा ही भजन करता है।

जगमित्र नागा

भीष्मदेवको रणमें, कर्णको अर्जुनके बेधनेवाले बाणमें, हरिश्चन्द्रको श्मशानमे और परीक्षित्को आसन्नमृत्युमें भगवान्ने आलिङ्गन किया है। इसलिये जगमित्र कहते हैं, 'गोविन्द' नाम भजो, गोविन्दरूप हृदयमे धरो, गोविन्द तुम्हे सब संकटोंके पार कर देंगे।

चोखा मेळा

(प्रेषक—श्रीएम० एन० धारकर)

गन्ना गठीला होता है, परंतु रस गठीला नही होता। ऊपरके आकारपर क्या भूला है! कमान टेढ़ी होती है, परंतु तीर सीधा ही जाता है। ऊपरके आकारपर क्या भूला है! नदी टेढ़ी-मेढ़ी जाती है, परंतु जल तो अच्छा ही होता है। ऊपरके आकारपर क्या भूला है! चोखामेळा महार, हल्की जातिका है; परंतु उसका भाव (ईश्वरके प्रति) हल्का नही है। जातिपर क्या भूला है!



संत कवि श्रीभानुदास

(एकनाथजी महाराजके प्रपितामह। जन्म—वि० सं० १५०५ के आसपास, पैठण (प्रतिष्ठान) क्षेत्र। जाति—आश्वलायन-शाखाके ऋग्वेदी ब्राह्मण, महाराष्ट्रीय। देहावसान—वि० सं० १५७० के लगभग।)

जमुना के तट धेनु चरावत ।
राखत हे गइयाँ । मोहन मेरा सइया ॥
मोर पत्र शिर छत्र सुहावे, गोपी धरत बहियाँ ।
भानुदास प्रभु भगतको वत्सल, करत छत्र-छइयाँ ॥

संत त्रिलोचन

(दक्षिण देशके भक्त कवि। जन्म-सं० १३२४, निर्वाण-तिथि—अज्ञात।)

अंति कालि जो लछमी सिमरै, ऐसी चिंता महि जे मरै ।
सरप जोनि बलि बलि अउतरै ।
अरी बाई गोविंद नामु मति बीसरै ॥
अंति कालि जो स्त्री सिमरै, ऐसी चिंता महि जे मरै ।
बेस्या जोनि बलि बलि अउतरै ॥
अंति कालि जो लडिके सिमरै, ऐसी चिंता महि जे मरै ।
सूकर जोनि बलि बलि अउतरै ॥
अंति कालि जो मंदर सिमरै, ऐसी चिंता महि जे मरै ।
प्रेत जोनि बलि बलि अउतरै ॥
अंति कालि नाराइणु सिमरै, ऐसी चिंता महि जे मरै ।
बदसि त्रिलोचनु ते नर मुकता, पीतंबरु बाके रिदै बसै ॥

संत एकनाथ

(जन्म—वि० सं० १५९० के लगभग । पिताका नाम—सूर्यनारायण । माताका नाम—रुक्मिणी । श्रीजनार्दनस्वामीके शिष्य । शरीरान्त—वि० सं० १६५६ की चैत्र कृष्णा षष्ठी, गोदावरीतीर)



भगवान्‌के सगुण चरित्र जो परम पवित्र हैं, उन्हींका वर्णन करना चाहिये । सबसे पहले सज्जनवृन्दोंको मनोभावसे वन्दन करना चाहिये । सत्सङ्गमें अन्तरङ्गसे भगवान्‌का नाम लेना चाहिये और कीर्तन रंगमे भगवान्‌के समीप आनन्दसे झूमना चाहिये । भक्ति-ज्ञान-विरहित बातें न करके प्रेमभरे भावोंसे वैराग्यके ही उपाय खोलकर बताने चाहिये, जिससे भगवान्‌की मूर्ति अन्तःकरणमें बैठ जाय । यही संतोंके घरकी कीर्तन-मर्यादा है । अद्वय और अखण्ड स्मरणसे करताल बजे तो एक क्षणमें श्रीजनार्दनके अंदर एका- एकनाथ कहते हैं कि मुक्ति हो जाय ।

× × ×

मैं जो हूँ, वही मेरी प्रतिमा है; वहाँ कोई दूसरा धर्म नहीं है । उसमे मेरा ही वास है । भेद और आयासका कुछ काम नहीं । कलिमें प्रतिमा ही सबसे श्रेष्ठ साधन है, ऐसा दूसरा साधन नहीं । एका जनार्दनकी शरणमें है । दोनो रूप भगवान्‌के ही हैं ।

× × ×

एकत्वके साथ सृष्टिको देखनेसे दृष्टिमें भगवान् ही भर जाते हैं । वहाँ द्वैतकी भावना नहीं होती, ध्यान भगवान्‌में ही लगा रहता है । वहाँ मैं-तू या मेरा-तेरा कुछ भी नहीं रहता, रहते है केवल भगवान् ही । ध्यानमें, मनमें, अन्तर्जगत्‌में और बहिर्जगत्‌में एक जनार्दन ही हैं । एक भगवान् ही हैं ।

× × ×

विठ्ठल नाम खुला मन्त्र है, वाणीसे सदा इस नामको जपो । इससे अनन्त जन्मोंके दोष निकल जायँगे । संसारमें जो आये हो तो निरन्तर विठ्ठल-नाम लेनेमें जरा भी आलस्य मत करो । इससे साधन सधेंगे, भव-बन्धन टूटेंगे । विठ्ठल-नामका जप करो । एकनाथ जनार्दनमें रहकर उठते-बैठते, सोते-जागते, रात-दिन विठ्ठल-नामका जप करता है ।

× × ×

जिसने एक बार श्रीकृष्णरूपको देखा, उसकी आँखें फिर उससे नहीं फिरतीं, अधिकाधिक उसी रूपको आलिङ्गन करती हैं और उसीमें लीन हो जाती हैं ।

× × ×

साराश—स्त्री, धन और प्रतिष्ठा चिरंजीव-पद-प्राप्तिके साधनमें तीन महान् विघ्न हैं । सच्चा अनुताप और शुद्ध सात्त्विक वैराग्य यदि न हो तो श्रीकृष्ण-पद प्राप्त करनेकी आशा करना केवल अज्ञान है । नाथ कहते हैं कि यह मैं नहीं कह रहा हूँ, यह हितका वचन श्रीकृष्णने उद्धवसे कहा और वही मैंने दोहराया है । इसलिये इसे जिसका मन सच्च न माने, वह नाना विकल्पोंसे श्रीकृष्ण-चरण कदापि लाभ नहीं कर सकता ।

समर्थ गुरु रामदास

(घरका नाम—नारायण । जन्म—वि० सं० १६६५ चैत्र शुक्ला ९ । जन्म-स्थान—जाम्ब ग्राम (औरंगाबाद-दक्षिण) । पिताका नाम—सूर्याजी पंत । माताका नाम—राणूबाई । देहावसान—वि० सं० १७३९, माघ कृष्णा ९)

मनको प्रबोध



सर्वदा श्रीरामचन्द्रजीके प्रति प्रीति धारण कर । मनसे दुःखको निकाल दे और देह-दुःखको सुखके समान ही समझकर सदैव आत्मस्वरूपमें (नित्या-नित्यका) सोच-विचारकर लीन हो ।

रे मन ! तू अपने अंदर दुःखको तथा शोक और चिन्ताको कहीं स्थान न दे । देह-गेहादिकी आसक्ति विवेक करके छोड़ दे और उसी विदेही अवस्थामें मुक्ति-सुखका उपभोग कर ।

एक मर जाता है उसके लिये दूसरा दुःख करता है । और एकाएक वह भी उसी प्रकार एक दिन मर जाता है । मनुष्यके लोभकी पूर्ति कभी नहीं होती, इसलिये उसके हृदय-मे क्षोभ सदा बना ही रहता है । अतः जीवको संसारमें फिर जन्म लेना पड़ता है ।

रे मन ! राघवके अतिरिक्त तू (दूसरी) कोई बात न कर । जनतामें वृथा बोलनेसे सुख नहीं होता । काल घड़ी-घड़ी आयुको हरण कर रहा है । देहावसानके समय तुझे छुड़ानेवाला (बिना श्रीरामचन्द्रजीके) और कौन है ?

देहकी रक्षा करनेके लिये यत्न किया तो भी अन्तमें काल ले ही गया । अतः ऐ मन ! तू भगवान् श्रीरामचन्द्रजीकी भक्ति कर और मनमेंसे इस संसारकी चिन्ता छोड़ दे ।

बहुत प्रकारकी बातोंमेंसे यही बात दृढतापूर्वक (ध्यानमें) धारण कर कि श्रीरामचन्द्रजीको तू अपना बना ले । उनके नूपुरों (की झंकार) में 'दीनोंके नाथ' होनेका यश गरज रहा है । (इसलिये) मेरे भले मन ! तू रामचन्द्रजी (की शरण) में निवास कर ।

जिसकी संगतिसे मनःशान्ति नष्ट हो जाती है, एकाएक अहंताका सम्पर्क होता है तथा श्रीरामचन्द्रजीसे (अपनी) बुद्धि हट जाती है, ऐसी संगतिकी संसारमें किसको रुचि होगी ?

अपने (बुरे) आचरणमें सोच-विचार करके परिवर्तन कर । अति आदरके साथ शुद्ध आचरण कर । लोगोंके सामने जैसा कह, वैसा कर । (और) मन ! कल्पना और संसारके दुःखको छोड़ दे ।

रे मन ! क्रोधकी उत्पत्ति मत होने दे । सत्सङ्गमें बुद्धिका निवास हो । दुष्ट-सङ्ग छोड़ दे । (इस प्रकार) मोक्षका अधिकारी बन ।

कई पण्डित संसारमें आजतक अपने हितसे वञ्चित हो गये (और) अहंभावके कारण वे ब्रह्मराक्षसतक हो गये । सचमुचमें उस (ईश्वर) की अपेक्षा विद्वान् कौन हो सकता है ? (अतः) ऐ मन ! 'मैं सब कुछ जानता हूँ' ऐसा अहङ्कार छोड़ दे ।

जो सोच-विचारकर बोलता है और विवेकपूर्ण आचरण करता है, उसकी सङ्गतिसे अत्यन्त त्रस्त लोगोंको भी शान्ति मिलती है, अतः हितकी खोज किये बिना कुछ मत बोल और लोगोंमें संयमित और शुद्ध आचरण कर ।

जिसने अहंभावकी मक्खी खा ली, उसको ज्ञानरूपी भोजनमें रुचि कैसे होगी ? जिसके मनमेंसे अहंभाव नष्ट नहीं होता, उसको ज्ञानरूपी अन्न कभी नहीं पचेगा ।

रे मन ! सभी आसक्ति छोड़ और अत्यादरपूर्वक सज्जनोंकी संगति कर । उनकी संगतिमें संसारका महान् दुःख दूर हो जाता है और बिना किसी अन्य साधनके संसारमें सन्मार्गकी प्राप्ति होती है ।

रे मन ! सत्सङ्ग सर्व (संसारके) सङ्गोंसे छुड़ानेवाला है । उससे तुरंत मोक्षकी प्राप्ति होती है । यह सङ्ग साधकको भवसागरसे शीघ्र पार करता है । सत्सङ्ग द्वैत-भावनाका समूल नाश करता है ।

संसारमें कौन धन्य है ?

सदा भगवान्‌के कार्यमें जो अपनी देहको कष्ट देता है, मुखसे अखण्ड राम-नामका उच्चारण करता है, स्वधर्मपालनमें बिल्कुल तत्पर है, मर्यादापुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्रजीका ऐसा दास इस संसारमें धन्य है ।

(वह) जैसा कहता है, वैसा ही करता है । नाना रूपोंमें एक ईश्वर (रूप) को ही देखता है और जिसे सगुण-भजनमें जरा भी संदेह नहीं है, वही मर्यादापुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्रजीका सेवक इस संसारमें धन्य है ।

जिसने मद, मत्सर और स्वार्थका त्याग कर दिया है, जिसके सांसारिक उपाधि नहीं है और जिसकी वाणी सदैव नम्र और मधुर होती है, ऐसा सर्वोत्तम श्रीरामचन्द्रजीका सेवक इस संसारमें धन्य है ।

जो अखिल संसारमें सदा-सर्वदा सरल, प्रिय, सत्यवादी और विवेकी होता है तथा निश्चयपूर्वक कभी भी मिथ्या-भाषण नहीं करता, वह सर्वोत्तम श्रीरामचन्द्रजीका सेवक इस संसारमें धन्य है ।

जो दीनोंपर दया करनेवाला, मनका कोमल, स्निग्ध-हृदय, कृपाशील और रामजीके सेवकगणोंकी रक्षा करनेवाला है, ऐसे दासके मनमें क्रोध और चिड़चिड़ाहट कहाँसे आयेगी ? सर्वोत्तम रामचन्द्रजीका ऐसा दास संसारमें धन्य है ।

रामनाम

अनेक नाम-मन्त्रोंकी तुलना इस रामनामके साथ नहीं हो सकती । (किंतु) यह, भाग्यहीन क्षुद्र मनुष्यकी समझमें नहीं आता । महादेवजीने भी विष (का दाह शमन करने) के लिये (नाम) औषधका उपयोग किया था, तब बेचारे मानवके लिये तो कहना ही क्या । (उसको चाहिये कि वह सर्वदा नाम लेता रहे ।)

जिसके मुँहमें राम (रहता है), उसको वही शान्ति मिलती है। वह अखण्ड आनन्दरूप आनन्दका सेवन करता है। रामनामके अतिरिक्त सब कुछ (अन्य चेष्टाएँ) संदेह और थकावट उत्पन्न करनेवाला है; परंतु यह नाम दुःखहारी परमात्माका धाम है।

जिसको नाममें रुचि नहीं होती, उसीको यम दुःख देता है (तथा) जिसके मनमें संदेह होनेके कारण तर्क उत्पन्न होता है, उसको घोरतर नरकमें ही जाना पड़ता है। इसलिये अति आदरके साथ मन लगाकर नाम-स्मरण कर। मुखसे (राम) नाम लेनेसे सब दोष आप-से-आप नष्ट हो जाते हैं।

उपदेश

जो बिना आचरण किये हुए नाना प्रकारकी (ब्रह्मज्ञानकी) बातें करता है, परंतु जिसका पापी मन उसे मन-ही-मन धिक्कारता है, जिसके मनमें कल्पनाओंकी मनमानी दौड़ चलती है, ऐसे मनुष्यको ईश्वरकी प्राप्ति कैसे होगी।

मृत्यु नहीं जानती कि यही आधार है और न वह समझती है कि यह उदार है। मृत्यु सुन्दर पुरुष और सब प्रकार निष्णात पुरुषको भी कुछ नहीं समझती। पुण्य पुरुष, हरिदास या कीर्तनकार और बड़े-बड़े सत्कर्म करनेवालोंको भी मृत्यु नहीं छोड़ती।

यदि संदेह किया भी जाय, तो क्या यह मृत्युलोक नहीं रहेगा? यह मृत्युलोक तो है ही; और यहाँ जो पैदा होगा, वह मरेगा ही।

भगवान् भक्ति-भावका भूखा है, वह भक्ति-भावपर ही प्रसन्न होता है और भावुकपर प्रसन्न होकर संकटमें उसकी रक्षा करता है।

यह आयु एक रत्नोंकी संदूक है—इसमें सुन्दर भजन-रत्न भरे हैं—इसे ईश्वरको अर्पण करके आनन्दकी लूट मचाओ। हरिभक्त सांसारिक वैभवसे हीन होते हैं, परंतु वास्तवमें वे ब्रह्मा आदिसे भी श्रेष्ठ हैं; क्योंकि वे सदा-सर्वदा नैराश्यके आनन्दसे ही संतुष्ट रहते हैं। केवल ईश्वरकी कमर पकड़कर जो संसारसे नैराश्य रखते हैं, उन भावुकोंको जगदीश सब प्रकारसे सँभालता है। भावुक भक्त संसारके दुःखोंको ही विवेकसे परम सुख मानता है, परंतु अभक्त लोग संसार-सुखोंमें ही फँसे पड़े रहते हैं।

वासनाके ही कारण सारे दुःख मिलते हैं; इसलिये जो विषय-वासना त्याग देता है, वही सुखी है। विषयसे उत्पन्न हुए जितने सुख हैं, उनमें घोर दुःख भरा है। उनका नियम है कि पहले वे मीठे लगते हैं, परंतु पीछेसे उनके कारण शोक ही होता है।

ईश्वरमें मन रखकर जो कोई हरिकथा कहता है, उसीको इस संसारमें धन्य जानो। जिसे हरिकथासे प्रीति है और नित्य नयी प्रीति बढ़ती जाती है, उसे भगवान्‌की प्राप्ति होगी। जहाँ हरिकथा हो रही हो, वहाँके लिये सब छोड़कर जो दौड़ता है और आलस्य, निद्रा तथा स्वार्थको छोड़कर जो हरिकथामें तत्पर होता है, उसे भगवान्‌की प्राप्ति होगी।

(प्रेषक—श्रीएम० एन० धारकर)

जिस परमेश्वरने संसारमें भेजा, जिसने अखिल ब्रह्माण्ड उत्पन्न किया, उस परमेश्वरको जिसने नहीं पहचाना, वह पापी है। इसलिये ईश्वरको पहचानना चाहिये और जन्मको सार्थक कर लेना चाहिये; समझता न हो तो सत्सङ्ग करना चाहिये, जिससे समझमें आ जाता है। जो ईश्वरको जानते हैं और शाश्वत-अशाश्वतका भेद बता देते हैं, वे संत हैं। जिनका ईश्वरविषयक ज्ञानरूप भाव कभी चलायमान नहीं होता, वे ही महानुभाव साधु संत हैं—यों जानो। जो जनसमुदायमें बरतते हैं, परंतु लोगोंको जिनका ज्ञान नहीं, ऐसी बातें बताते हैं और जिनके अन्तरङ्गमें ज्ञान जागता रहता है, वे ही साधु हैं। जिससे निर्गुण परमात्मा जाननेमें आता है, वही ज्ञान है; उससे अतिरिक्त सब कुछ अज्ञान है। उदरभरणके लिये अनेक विद्याओं-का अभ्यास किया जाता है, उसे भी ज्ञान कहते हैं; परंतु उससे कोई सार्थक नहीं होता। एक ईश्वरको ही पहचानना चाहिये—वही ज्ञान है, उसीसे सब सार्थक है; शेष सब कुछ निरर्थक और उदरभरणकी विद्या है। जीवनभर पेट भरा और देहका संरक्षण किया, परंतु अन्तकालमें सब कुछ व्यर्थ हो गया। इस प्रकार पेट भरनेकी विद्याको सद्विद्या नहीं कहना चाहिये; अपितु जिससे अभी, इसी समय, सर्वव्यापक परमेश्वरकी प्राप्ति हो जाय, वही ज्ञान है। और इस प्रकारका ज्ञान जिसे हो, उसको सज्जन जानो एवं उससे वह पूछो जिससे समाधान हो।

(श्रीदासबोध—दशक ६, समास १)

नरदेहस्तवन

धन्य है यह नरदेह, धन्य है! इसकी अपूर्वताको तो देखो कि जो-जो परमार्थ-साधन इससे किया जाय, उसीमें

सिद्धि प्राप्त होती है। बहुतोंने सलोकता, समीपता, सरूपता और सायुज्य, जिस मुक्तिकी इच्छा हुई, प्राप्त कर ली। इस प्रकार अनेक सिद्धों-साधुओंने इस नरदेहके आश्रयसे ही अपना हित कर लिया; ऐसे इस नरदेहको कहाँ-तक बखाना जाय! यदि देहको परमार्थमें लगाया तो यह सार्थक हुआ, अन्यथा अनेक आघातोंसे यह व्यर्थमें ही मृत्युपथको प्राप्त होता है ॥ ६१ ॥

(श्रीदासबोध—दशक १, समास १०)

संत श्रीतुकाराम

(जन्म—वि० सं० १६६५। पिताका नाम—श्रीबोलोजी। माताका नाम—कनकाबाई। स्त्रीका नाम—(१) रखुमाई, दूसरीका नाम (२) जिजाई। जन्म-स्थान—दक्षिणके देहू नामक ग्राममें। वि० सं० १७०६ चैत्र कृष्णा २ को प्रयाण किया)

(प्रेषक—श्रीचन्द्रदेवजी मिश्र, 'चन्द्र')

श्रीहरिसे मिलनेके लिये क्या करें—



'बस, केवल आशा-तृष्णासे बिल्कुल खाली हो जाओ। जो नाम तो हरिका लेते हैं, पर हाथ लोभमें फँसाये रखते तथा असत्, अन्याय और अनीतिको लिये चलते हैं, वे अपने (पूर्व) पुरुषों-को नरकमें गिराते और स्वयं नरकके कीड़े बनते हैं।

अभिमानका मुँह ही काला है और उसका काम अँधेरा फैलाना है। सब काम मटियामेट करनेके लिये लोकलाज साथ लगी रहती है।

स्वाँग बनानेसे भगवान् नहीं मिलते। निर्मल चित्तकी प्रेमभरी चाह नहीं तो जो कुछ भी करो, अन्तमें केवल आह! मिलेगी। तुका कहता है—लोग जानते हैं पर जानकर भी अंधे बनते हैं।

वाद-विवाद जहाँ होता है, वहाँ खड़े रहोगे तो फंदेमें फँसोगे। मिलो उन्हींसे जो सर्वतोभावसे श्रीहरिकी शरण हो चुके हैं। वे तुम्हारे कुलके कुटुम्बी हैं।

तुकाराम कहते हैं—

जिसका जैसा भाव होता है, उसीके अनुसार ईश्वर उसके पास या दूर है एवं उसे देता-लेता है।

ईश्वर ऐसा कृपालु है कि उसके दासको उसे सुख-दुःख कहना नहीं पड़ता।

जहाँ उसके नामका घोष होता है, उस स्थानमें नारायण भय नहीं आने देता।

श्रीहरिके रंगमें जो सर्वभावसे रँग गये, उनका ही जगत्‌में जन्म लेना धन्य है।

जिसका नाम पापोंका नाश करता है, लक्ष्मी जिसकी दासी है, जो तेजका समुद्र है, तुकाराम उसकी शरणमें सर्वभावसे है।

सनकादि जिसका ध्यान धरते हैं, वही पाण्डुरंग मेरा कुल-देवता है।

विठ्ठलका नाम लेते ही मुझे सुख मिला और मेरा मुँह मीठा हो गया।

विठ्ठलका नाम-संकीर्तन ही मेरा सब कुछ साधन है।

तेरा नाम ही मेरा तप, दान, अनुष्ठान, तीर्थ, व्रत, सत्य, सुकृत, धर्म, कर्म, नित्यनियम, योग, यज्ञ, जप, ध्यान, ज्ञान, श्रवण, मनन, निदिध्यासन, कुलाचार, कुलधर्म, आचार-विचार और निर्धार है। नामके अतिरिक्त और कोई धन-वित्त मेरे पास कहनेके लिये नहीं है।

मेरी दृष्टि (नारायणके) मुखपर संतुष्ट होकर फिर पीछे नहीं लौटती।

हे पण्ढरीनाथ! तेरा मुख देखनेकी मुझे भूख लगी ही रहती है।

हे नारायण! तुम त्वरासे आओ, यही मेरे अन्तरङ्गकी आर्त पुकार है।

हरि-कीर्तनमें भगवान्, भक्त और भगवन्नामका त्रिवेणी-संगम होता है। कीर्तनमें भगवान्‌के गुण गाये जाते हैं, नामका जय-घोष होता है और अनायास भक्तजनोंका समागम होता है। कथा-प्रयागमें ये तीनों लाभ होते हैं। इसमेंसे प्रत्येक लाभ अमूल्य है। जहाँ ये तीनों लाभ एक साथ अनायास प्राप्त होते हैं, उस हरिकथामें योगदान कर आदरपूर्वक उसे श्रवण करनेवाले नर-नारी यदि अनायास ही तर जाते हैं तो इसमें आश्चर्य ही क्या है। हरि-कथा पवित्र, फिर उसे गानेवाले जब पवित्रता-पूर्वक गाते और सुननेवाले जब पवित्रतापूर्वक सुनते हैं तब ऐसे हरि-कीर्तनसे बढ़कर आत्मोद्धार और लोक-शिक्षाका दूसरा साधन क्या हो सकता है?

अमृतका बीज, आत्मतत्त्वका सार, गुह्यका भी गुह्य-रहस्य श्रीराम-नाम है । यही सुख मैं सदा लेता रहता हूँ और निर्मल हरि-कथा किया करता हूँ । हरि-कथामे सबकी समाधि लग जाती है । लोभ, मोह, माया, आशा, तृष्णा सब हरि-गुण-गानमे रफू-चक्कर हो जाते हैं । पाडुरंगने इसी रीतिसे मुझे अंगीकार किया और अपने रंगमे रँग डाला । हम विठ्ठलके लाड़िले लाल हैं—जो असुर हैं, वे कालके भयसे काँपते रहते हैं । संत-वचनोंको सत्य मानकर तुमलोग नारायणकी शरणमे जाओ ।

जहाँ भी बैठे, खेले, भोजन करे, वहाँ तुम्हारा नाम गायेंगे । राम-कृष्ण नामकी माला गूँथकर गलेमे डालेंगे ।

आसन, शयन, भोजन, गमन—सर्वत्र सब काममे श्रीविठ्ठलका सङ्ग रहे । तुका कहता है —गोविन्दसे यह अखिल काल सुकाल है ।

नाम-सकीर्तनका साधन है तो बहुत सरल, पर इससे जन्म-जन्मान्तरके पाप भस्म हो जायँगे । इस साधनको करते हुए वन-वन भटकनेका कुछ काम नही है । नारायण स्वयं ही सीधे घर चले जाते है । अपने ही स्थानमे बैठे चित्तको एकाग्र करो और प्रेमसे अनन्तको भजो । 'राम कृष्ण हरि विठ्ठल केशव' यह मन्त्र सदा जपो । इसे छोड़कर और कोई साधन नही है । यह मै विठ्ठलकी शपथ करके कहता हूँ । तुका कहता है— यह साधन सबसे सुगम है, बुद्धिमान धनी ही इस धनको यहाँ हस्तगत कर लेता है ।

इन्द्रियोकी अभिलाषा मिट जाती है । पर यह चिन्तन सदा बना रहता है । ब्रह्मानन्दमे काल समाप्त हो जाता है; जो कुछ रहता है, वह चिन्तन ही रहता है । वही अन्न पवित्र है, जिसका भोग हरि-चिन्तनमे है । तुका कहता है- वही भोजन स्वादिष्ट है, जिसमे श्रीविठ्ठल मिश्रित है ।

मातासे बच्चेको यह नही कहना पड़ता कि तुम मुझे सँभालो । माता तो स्वभावसे ही उसे अपनी छातीसे लगाये रहती है । इसलिये मै भी सोच-विचार क्यो करूँ ? जिसके सिर जो भार है, वह तो है ही । बिना माँगे ही माँ बच्चेको खिलाती है और बच्चा जितना भी खाय, खिलानेमे माता कभी नहीं अघाती । खेल खेलनेमें बच्चा भूला रहे तो भी माता उसे नहीं भुलाती, बरबस पकड़कर उसे छातीसे चिपटा लेती और स्तन-पान कराती है । बच्चेको कोई पीड़ा हो तो माता भाड़की लाई-सी विकल हो उठती है । अपनी देहकी सुध भुला देती है और बच्चेपर कोई चोट नहीं आने देती । इसलिये मै भी क्यों सोच-विचार करूँ ? जिसके सिर जो भार है, वह तो है ही ।

भगवान् भक्तको गृहप्रपञ्च करने ही नहीं देते, सब झंझटोंसे अलग रखते हैं । उसे यदि वैभवशाली बनायें तो गर्व उसे घर दबायेगा । गुणवती स्त्री यदि उसे दें तो उसीमे उसकी आसक्ति लगी रहेगी । इसलिये कर्कशा उसके पीछे लगा देते हैं । तुका कहता है, यह सब तो मैंने प्रत्यक्ष देख लिया । अब और इन लोगोसे क्या कहूँ ?

× × ×

पढरपुरकी वारी मेरा कुलधर्म है, मेरे और कोई कर्म, तीर्थ-व्रत नहीं है । एकादशीका उपवास करता हूँ और दिन-रात हरिनामका गान करता हूँ । श्रीविठ्ठलके नामका मुखसे उच्चारण करता हूँ —तुका कहता है कि यह कल्पवृक्षका बीज है ।

× × ×

कीर्तन बड़ी अच्छी चीज है । इसमे शरीर हरिरूप हो जाता है, प्रेमछन्दसे नाचो-कूदो । इससे देहभाव मिट जायगा ।

× × ×

लौकिक व्यवहार छोड़नेका काम नहीं, वन-वन भटकने या भस्म और दण्ड धारण करनेकी भी कोई आवश्यकता नहीं । कलियुगमे यही उपाय है कि नाम-कीर्तन करो, इसीसे नारायण दर्शन देगे ।

अनुताप-तीर्थमे स्नान करो, दिशाओको ओढ़ लो और आशारूपी पसीना बिल्कुल निकल जाने दो और वैराग्यकी दशा भोग करो । इससे, पहले जैसे तुम थे, वैसे हो जाओगे ।

सच्चा पण्डित वही है जो नित्य विठ्ठलको भजता है और यह देखता है कि यह सम्पूर्ण समब्रह्म है । सब सचराचर जगत्मे श्रीविठ्ठल ही रम रहे हैं ।

संत-चरणोंकी रज जहाँ पड़ती है, वहाँ वासनाका बीज सहज ही जल जाता है, तब राम-नाममे रुचि होती है और घड़ी-घड़ी सुख बढ़ने लगता है । कण्ठ प्रेमसे गद्गद होता, नयनोंसे नीर बहता और हृदयमें नाम-रूप प्रकट होता है । तुका कहता है—यह बड़ा ही सुलभ सुन्दर साधन है, पर पूर्व-पुण्यसे ही यह प्राप्त होता है ।

× × ×

इन्द्रियोंका नियमन नही, मुखमें नाम नही—ऐसा जीवन तो भोजनके साथ मक्खी निगल जाना है, ऐसा भोजन क्या कभी सुख दे सकता है ।

सबके अलग-अलग राग हैं, उनके पीछे अपने मनको मत बाँटते फिरो। अपने विश्वासको जतनसे रक्खो, दूसरोंके रंगमे न आओ।

खोल, खोल, आँखें खोल। बोल, अभीतक क्या आँखें नही खुली? अरे, अपनी माताकी कोखमे तू क्या पत्थर पैदा हुआ? तैने यह जो नर-तनु पाया है, वह बड़ी भारी निधि है, जिस विधिसे कर सके, इसे सार्थक कर। सत तुझे जगाकर पार उतर जायँगे।

श्रीहरिके जागरणमे तेरा मन क्यों नही रमता? इसमे क्या घाटा है? क्यो अपना जीवन व्यर्थमे खो रहा है? जिनमे अपना मन अटकाये बैठा है, वे तो तुझे अन्तमे छोड़ ही देंगे। तुका कहता है—सोच ले, तेरा लाभ किसमे है?

पर-द्रव्य और पर-नारीकी अभिलाषा जहाँ हुई, वहीसे भाग्यका ह्रास आरम्भ हुआ।

(हे केशव! तुम्हारे वियोगमे) मेरी वैसी ही स्थिति है, जैसे पानीसे अलग होनेपर मछली तड़फड़ाती है।

मुझे अब धीरज नही रहा; पाण्डुरग! कब मिलोगे?

श्रीहरि पास आ गये। उनके हाथमे शङ्ख-चक्र शोभा दे रहे हैं। गरुड़ फड़फड़ाता हुआ आ रहा है और कहता है, 'मत डरो, मत डरो।' मुकुट और कुण्डलोंकी दीप्तिसे सूर्यका लोप हो गया है। हरिका वर्ण मेघश्याम है। उनकी मूर्ति बहुत ही सुन्दर है। चार भुजाएँ हैं और कण्ठमे वैजयन्ती माला झूल रही है। पीताम्बरकी आभा ऐसी है कि दसो दिशाएँ प्रकाशमान हो गयी हैं। तुकाराम सतुष्ट हो गये; क्योंकि वैकुण्ठवासी भगवान् घर आ गये।

हम अपने गाँव चले। हमारा राम-राम बचना। अब हमारा-तुम्हारा यही मिलना है। यहाँसे जन्म-बन्धन टूट गया। अब हमपर दया रखना। तुम्हारे पैरो पड़ता हूँ। कोई निज धामको पधारते हुए 'विट्ठल-विट्ठल' वाणी बोलो। मुखसे राम-कृष्ण कहो। तुकाराम वैकुण्ठको चला!

हिंदी दोहे

लोभीके चित धन बैठे (अरु), कामिनिके चित काम।
माताके चित पूत बैठे, तुकाके मन राम॥ १॥
कहे तुका जग भूला रे, कह्या न मानत कोय।
हाथ पडे जब कालके, मारत फोरत डोय॥ २॥
तुका मिलना तो भला, (जब) मनसूँ मन मिल जाय।
उपर उपर माटी घसी, उनकी कोन बराय॥ ३॥
कहे तुका भला भया, हुआ संतनका दास।
क्या जानूं कैसे मरता, न मिटती मनकी आस॥ ४॥

संत महीपति

(जन्म—सन् १७१५ ई०। जन्म-स्थान—ताहराबाद। जाति—ऋग्वेदी वसिष्ठगोत्री ब्राह्मण। पिताका नाम—श्रीदादोपंत। दीक्षा-गुरु—सत तुकारामजी। उम्र—७५ वर्ष। देहावसान—ई० सन् १७९०।)

भगवत्प्रिय भक्त ही सौभाग्यशाली हैं, उनका सौभाग्य असीम और अपार है। उनके पूर्व-जन्म धन्य हैं। उनका यह जन्म भी सफल और धन्य है। उनके कुटुम्ब, कुल और जाति आदि धन्य हैं। जो श्रीहरिके शरणागत हैं, उनका ज्ञान धन्य है, उनका संसारमे आना धन्य है। वे प्राणी धन्य हैं, जो अनन्यभावसे हरिकी शरणमे हैं। उन्होने अपने पूर्वजोंका उद्धार कर दिया और असख्य प्राणियोको भवसागरके पार उतार दिया। भगवान्के भक्त बड़े पुण्यशाली होते हैं, उनके दर्शनमात्रसे लोग भवसागरसे तर जाते हैं ·····इन्द्र और ब्रह्मा भगवान्के भक्तकी महिमा नहीं कह सकते। वे पुरुषोत्तम नारायणके प्रिय पात्र हैं और वैकुण्ठमें जाते हैं। वे वैकुण्ठमें निवास करते हैं और हृषीकेशके निकट रहते हैं, ऐसे महाभाग्यशाली हैं वे। ऐसे संतों—भक्तोंके चरणपर महीपति अपना मस्तक रखते हैं।

संत श्रीविनायकानन्द स्वामी

(श्रीक्षेत्र वेरुल घृष्णेश्वर । जन्म—शाके १८०५ । समाधि—शाके १८६१, भाद्रपद कृष्ण ८ शुक्रवार ।)

(प्रेषक—श्रीकिसन दामोदर नाईक)

वंदे कृष्णं घनसंकाशं । निजजन-हृदय-निवासम् ॥
विमलं सत्यं ज्ञानमनन्तं । माया-मानुष देह धरंतं ॥
गोपीजन-सहवासम् ॥ १ ॥

त्रिभुवन-सुन्दर-वदनारविंदं । मंजुल मुरली गान विनोदं ॥
सदयं सस्मितहासम् ॥ २ ॥

मणिमय-मुकुटं, पीत दुकूलं । कृपया सेवित-यमुनाकूलं ॥
वृन्दावन-कृत-रासम् ॥ ३ ॥

नंद-यशोदा-वत्सल बालं । मृगमद-चंदन-शोभित भालं ॥
राधाकृत परिहासम् ॥ ४ ॥

ध्वजवज्रांकुश-चिन्हित-चरणं । कविनायकमुनि-मानस-हरणं ॥
सुखदं भवभय-नाशम् ॥ ५ ॥

महाराष्ट्रीय संत अमृतराय महाराज

(स्थान-साखरखेड़ा-औरंगाबाद । जन्मकाल—संवत् १७५५, समाधिकाल—संवत् १८१० ।)

(प्रेषक—पं० श्रीविष्णु बालकृष्ण जोशी)

वो नर कहां पावे, निशदिन हरिगुन गावे ।
कुछ रोटी कुछ लगोटिया, खुशाल गुजर चलावे ॥
मिन्नत कर कर देव, तो ही पैसा हाथ न लावे ।
दो दिनकी दुनियामें वो, वाहवा कर कर जावे ॥
औरत आगे आवे, माइ बहेन बराबर भावे ।
फिर चली रात भजनकी, भीमा चिद्गंगामे न्हावे ॥
अमृतरायके नाम-सुधारस, मन भरपूर पिलावे ।
वो नर कहाँ पावे, निशदिन हरिगुन गावे ॥

काया नहिं तेरी नहिं तेरी । मत कर मेरी मेरी ॥ध्रु०॥
न्हावे हाँडा पानी गरम । नहि करता कौड़ीका धरम ॥
इस कायाका कौन भरोसा । आकर जम डारेगा फासा ॥
बाँधे टाम-टीमकी पगड़ी । चौथे दिन मुडावे दाढ़ी ॥
खावे घी-खिचड़ीका खुराक । आखर जलकर होवे खाक ॥

चन्दन सीस लगावे टीका । आखर राम-भजन बिन फीका ॥
चावे पान सुपारी लवँगा । गल्लो गल्लि फिरत वेढंगा ॥
बाजे ठंड बनाया डगला । ऊपर काल फिरत है बगला ॥
ओढ़े शाल दुशाला पट्टू । इसमें क्या भूला रे खट्टू ॥
नया हाली पलंगपर सोवे । उसके खातर जीवन खोवे ॥
अमृत कहे सब झूठा धंधा । भज ले राम कृष्ण गोविंदा ॥

तुम चिरंजीव कल्याण रहो, हरि-कथा सुरस पीओ ।
हरिकीर्तनके साथी सज्जन, बहुत बरस जीओ ॥
सस्ता दाना पानी निर्मल, गंगाजल लहरा ।
राग-रंग और बाग-बगीचे, रुपये हो न मोहरा ॥
ऊँचा मन्दिर, महल सुनेरी, माल मुलुक बसती ।
पुत्र-पौत्र सुन्दर कामिनी, सगुण गुण आरती ॥
अमृतरायके अमृत वचनसे, सदा सुखी रहियो ।
सबल पुष्टि आरोग्य नामसे, आनँदमें रहियो ॥

संत मानपुरी महाराज

(जन्मकाल—संवत् १७१० । समाधिकाल—संवत् १७८७ ।)

(प्रेषक—पं० श्रीविष्णु बालकृष्ण जोशी)

(भजन राग बंकावली)

हरि बोलो अखियाँ खोलो, करि करि दरसन डोलो ।
ग्यान गुरूको सोई पावै, जो कोइ होवे भोलो ॥

जित देखो तित रूप साईका, संपूरन नहिं पोलो ।
मानपुरी साई बिसरत नाहीं, जो लौ, हरघट जो लौ ॥

(राग वसन्त)

निन्दक दुरजनकी बलिहारी ॥
आगे-पीछे देवै गारी, निर्मल काया होय हमारी ।
मलमूत्र धोवे दुरगुन वारी, ऐसो निंदक पर उपकारी ॥
रामनाम मूँ करे न यारी, भोर भये उठि माडे रारी ।
कहत मानपुरी नमने हारी, ताकि बात मोहे लागत प्यारी ॥

(राग आसावरी)

भई अब मैं वैरागन बौरी, लागी हरि सो ठौरी ।
छाँडी लोकलाज चतुराई, बंधी सुनि उठि दौरी ॥
ढूँढत ढूँढत कान्हा मेटे, सुख नहिं जात कह्यो री ।
मानपुरी प्रभु परगट देखा, जहँ-तहँ धाय रह्यो री ॥

(प्रेषक—श्रीकिशन दामोदर नाईक ।)

(राग बिलावल)

नर देहि आकर मिथ्या जीवन, नाम धनीको धोक ।
समझत ना समझावत डोऊ, हँसते होय कै लोक ॥
आशा छोड निराशा होना, तजि दुख हो निरदोख ।
मानपुरी सतगुरु परसादे, पावे सुख संतोख ॥
मनमोहन प्यारेको गावो, ताल-मृदंग बजावो ।
राग-रागिनी ही नहि जानो, रामकी तान सुनावो ॥
आस निराश कीज्यो मत प्यारे, अजी मोरे घर आओ ।
मानपुरी प्रभु तन-मन वारूँ, प्याला प्रेम पिलाओ ॥

महाराष्ट्रीय संत श्रीटीकारामनाथ

(शनेश्वर-नाथपन्थी शनेश्वर-मठ डोंगराले, पुलिया (कन्नडप्रान्त) । जन्मकाल—शाके १८१७ । समाधिकाल—शाके १९०२ ।)

(प्रेषक—पं० श्रीविष्णु बालकृष्ण जोशी कन्नडकर)

उसकूँ पहिचानो पहिचानो, सब घट मोंहे चीन्हो ॥ध्रु०॥
अंदर-बाहिर देखा, वोही रूप अरूप अनोखा ।
सच्चित् सुख कांचनमे, हीरा झलके उस कौंधनमे ॥
परमानन्दका आभा, कोटि ज्ञान भानु स्वप्रभा ।
नाथ त्रिलोचनजीका—टीका बदा जन्म जन्मका ॥
बिराजे रोम रोममे राम,
नहि कछु दूजो धाम ।

अगम अपार अनादि अगोचर,
सजन मनोऽभिराम ॥ १ ॥
अगम निगम जहँ पार न पावे,
सच्चित् सुख विश्राम ।
टीकाके गुरु नाथ निरंजन,
पावन, पूरनकाम ॥ २ ॥

संत कबीरदासजी

(जन्म—वि० सं० १४५५, ज्येष्ठ शुक्ल १५ । जन्म-स्थान—काशी । माता-पिताका नाम—अज्ञात, नीरू जुलाहे और उसकी पत्नी नीमाद्वारा पालित, गुरु—स्वामी रामानन्द । कुछ महानुभावोंकी मान्यता है कि श्रीकबीरजीका आविर्भाव काशीके लहरतारा तालाबमें कमलके एक अति मनोहर पुष्पके ऊपर बालकरूपमें हुआ था । एक अमुद्रित ग्रन्थमें लिखा है कि किसी महान् योगीके औरस तथा प्रतीचि नामकी देवाङ्गनाके गर्भसे भक्तराज प्रह्लाद ही कबीरके रूपमें प्रकट हुए थे । प्रतीचिने इन्हें कमलपत्रपर रखकर लहरतारा तालाबमें तैरा दिया था और नीरू-नीमा दम्पतिने ले जाकर उनको पाला ।)

(१)

अरे मन धीरज काहे न धरै ।
सुभ और असुभ करम पूरबके, रती घटै न बढ़ै ॥
होनहार होवै पुनि सोई, चिंता काहे करै ।
पसु पछी सब कीट पतंगा, सब ही की सुधि करै ॥
गर्भवास में खबर लेतु है, बाहर क्यों बिसरै ।
मात पिता सुत संपति दारा, मोह के ज्वाल जरै ॥



मन तू हंसन-से साहिब तजि, भटकत काहे फिरै ।
सतगुरु छाँड़ और को ध्यावे, कारज इक न सरै ॥
साधुन सेवा कर मन मेरे, कोटिन व्याधि हरै ।
कहत कबीर सुनो भाई साधो, सहज मे जीव तरै ॥

(२)

प्रीति उसीसे कीजिये, जो ओड़ निभावै ।
बिना प्रीति के मानवा, कहिं ठौर न पावै ॥

नाम सनेही जब मिलै, तब ही सचु पावै।
अजर अमर घर ले चलै, भव-जल नहिं आवै॥
ज्यों पानी दरियाव का, दूजा न कहावै।
हिल मिल एकौ है रहै, सतगुरु समुझावै॥
दास कबीर बिचारि कै, कहि कहि जतलावै।
आपा मिटि साहिब मिलै, तब वह घर पावै॥

(३)

भजि ले सिरजनहार, सुघर तन पाइ कै॥
काहे रहौ अचेत, कहाँ यह औसर पैहौ।
फिर नहिं ऐसी देह, बहुरि पाछे पछितैहौ॥
लख चौरासी जोनि मे, मानुष जनम अनूप।
ताहि पाइ नर चेतत नाहीं, कहा रंक कहा भूप॥
गर्भबास मे रह्यो कह्यो, मै भजिहौं तोहीं।
निसदिन सुमिरौ नाम, कष्ट से काढ़ो मोहीं॥
चरनन ध्यान लगाइकै, रहौ नाम लौ लाय।
तनिक न तोहिं बिसारिहौ, यह तन रहै कि जाय॥
इतना कियौ करार, काढ़ि गुरु बाहर कीन्हा।
भूलि गयौ वह बात, भयौ माया आधीना॥
भूलीं बातें उदर की, आनि पड़ी सुधि एत।
बालकपन बीत्यौ वृथा, खेलत फिरत अचेत॥
बिषया बान समान, देह जोबन मद माते।
चलत निहारत छाँह, तमक के बोलत बातें॥
चोवा-चंदन लाइ के, पहिरे बसन रँगाय।
गली-गली झाँकत फिरे, पर-तिय लखि मुसकाय॥
तरुनापन गइ बीत, बुढ़ापा आन तुलाने।
कॉपन लागो सीस, चलत दोउ चरन पिराने॥
नैन नाक चूवन लगे, मुख तें आवत बास।
कफ-पित घेरे कंठ सब, छुटि गइ घर की आस॥
मातु पिता सुत नारि, कहौ का के सँग जाई।
तन धन घर औ काम धाम, सब ही छुटि जाई॥
आखिर काल घसीटिहै, परिहौ जम के फंद।
बिन सतगुरु नहिं बाचिहौ, समुझि देख मतिमंद॥
सुफल होत यह देह, नेह सतगुरुसो कीजै।
मुक्ती मारग जानि, चरन सतगुरु चित दीजै॥
नाम गहौ निरभय रहौ, तनिक न ब्यापै पीर।
यह लीला है मुक्ति की, गावत दास कबीर॥

(४)

नाम-लगन छूटै नहीं, सोइ साधु सयाना हो॥
माटी को बरतन बन्यो, पानी लै साना हो।
बिनसत बार न लागिहै, राजा क्या राना हो॥
क्या सराय का बासना, सब लोग बेगाना हो।
होत भोर सब उठि चले, दूर देस को जाना हो॥
आठ पहर सन्मुख लड़ै, सो बाँधै बाना हो।
जीत चला भवसागर सोइ, सूरा मरदाना हो॥
सतगुरु की सेवा करै, पावै परवाना हो।
कहै कबीर धर्मदास से, तेहि काल डेराना हो॥

(५)

सुमिरन करि ले, नाम सुमिर ले, को जानै कल की,
जगत मे खबर नही पल की॥
झूठ-कपट करि माया जोरिन, बात करै छल की।
पाप की पोट धरे सिर ऊपर, किस बिधि है हलकी॥
यह मन तो है हस्ती मस्ती, काया मट्टी की।
साँस-साँस मे नाम सुमिरि ले, अवधि घटै तन की॥
काया अंदर हंसा बोलै, खुलियाँ कर दिल की।
जब यह हंसा निकरि जाहिंगे, मट्टी जंगल की॥
काम क्रोध मद लोभ निवारो, बात यह अस्मल की।
ज्ञान बैराग दया मन राखो, कहै कबीर दिल की॥

(६)

मन रे अब की बेर सम्हारो।
जन्म अनेक दगा मे खोये, बिन गुरु बाजी हारो॥
बालापने ज्ञान नहिं तन मे, जब जनमो तब बारो।
तरुनाई सुख बास मे खोयो, बाज्यो कूच नगारो॥
सुत दारा मतलब के साथी, तिन को कहत हमारो।
तीन लोक औ भवन चतुरदस, सब हि काल को चारो॥
पूर रह्यो जगदीस गुरू तन, बासे रह्यो नियारो।
कहै कबीर सुनो भाई साधो, सब घट देखनहारो॥

(७)

मन करि ले साहिब से प्रीत।
सरन आये सो सब ही उबरे, ऐसी उन की रीत॥
सुंदर देह देखि मत भूलो, जैसे तृन पर सीत।
काँची देह गिरे आखिर को, ज्यों बारू की भीत॥
ऐसो जन्म बहुरि नहिं पैहौ, जात उमिरि सब बीत।
दास कबीर चढ़े गढ़ ऊपर, देव नगारा जीत॥

(८)

समुझ देख मन मीत पियारे, आसिक होकर सोना क्यारे ॥
रूखा सूखा राम का टुकड़ा, चिकना और सलोना क्यारे ।
पाया हो तो दे ले प्यारे, पाय पाय फिर खोना क्यारे ॥
जिन आँखन मे नींद घनेरी, तकिया और बिछौना क्यारे ।
कहै कबीर सुनो भाई साधो, सीस दिया तब रोना क्यारे ॥

(९)

है कोई भूला मन समुझावै ।
या मन चचल चोर हेरि लो, छूटा हाथ न आवै ॥
जोरि-जोरि धन गहिरे गाड़े, जहँ कोइ लेन न पावै ।
कंठ का पौल आइ जम घेरे, दै-दै सैन बतावै ॥
खोटा दाम गाँठि ले बाँधै, बड़ि-बड़ि बस्तु भुलावै ।
बोय बबूल दाख फल चाहै, सो फल कैसे पावै ॥
गुरु की सेवा साध की संगत, भाव-भगति बनि आवै ।
कहै कबीर सुनो भाई साधो, बहुरि न भव-जल आवै ॥

(१०)

सतसँग लागि रहौ रे भाई, तेरी बिगरि बात बन जाई ॥
दौलत-दुनियाँ माल-खजाने, बधिया बैल चराई ।
जबहि काल के डंडा बाजै, खोज-खबरि नहिं पाई ॥
ऐसी भगति करौ घट भीतर, छाँड़ कपट-चतुराई ।
सेवा बंदगी अरु अधीनता, सहज मिलैं गुरु आई ॥
कहत कबीर सुनो भाई साधो, सतगुरु बात बताई ।
यह दुनियाँ दिन चार दहाड़े, रहो अलख लौ लाई ॥

(११)

जब कोइ रतन पारखी पैहो, हीरा खोल मँजैहौ ॥
तन को तुला सुरतकौ पलरा, मनकौ सेर बनैहौ ।
मासा पाँच पचीस रतीकौ, तोला तीन चढ़ैहौ ॥
अगम अगोचर बस्तु गुरू की, ले सराफ पै जैहौ ।
जहँ देख्यौ संतन की महिमा, तहवाँ खोलि मँजैहौ ॥
पाँच चोर मिलि घुसे महल मे, इन से बस्तु छिपैहौ ।
जम राजा के कठिन दूत हैं, उन से आप बचैहौ ॥
दया-धरम से पार उतरिहौ, सहज परम फल पैहौ ।
कहै कबीर सुनो भाई साधो, हीरा गाँठि लगैहौ ॥

(१२)

चार दिन अपनी चले बजाइ ।
उतानै खटिया, गड़िले माटिया, संग न कछु लै जाइ ॥
देहरी बैठी मेहरी रोवै, द्वारे लो सँग माइ ।
मरघट लौं सब लोग कुटुँब मिलि, हंस अकेला जाइ ॥
वहि सुत वहि चित वहि पुर पाटन, बहुरि न देखै आइ ।
कहत कबीर भजन बिन बंदे, जनम अकारथ जाइ ॥

(१३)

मोर बनिजरवा लादे जाय, मैं तो देखहु न पौल्यौं ॥
करम कै सेर धरम कै पलरा, बैल पचीस लदाय ।
भूल गई है सुमारग पैंड़ा, कोइ नहिं देत बताय ॥
माया पापिन गर्विया, बिपति न कहिये रोय ।
जो माया होती नही, बिपति कहाँते होय ॥
माया काली नागिनी, जिन डसिया ससार ।
एक डस्यौ ना साध जन, जिन के नाम अधार ॥
मंगन से क्या माँगिये, बिन माँगे जो देय ।
कहै कबीर मैं हौं वाहि को, होनी होय सो होय ॥

(१४)

खलक सब रैन का सपना । समझ मन कोइ नहीं अपना ॥
कठिन है मोह की धारा । बहा सब जात संसारा ॥
घड़ा ज्यों नीर का फूटा । पत्र ज्यों डार से टूटा ॥
ऐसे नर जात जिंदगानी । अजहुँ तौ चेत अभिमानी ॥
निरखि मत भूल तन गोरा । जगत मे जीवना थोरा ॥
तजो मद लोभ चतुराई । रहो निःसक जग माहीं ॥
सजन परिवार सुत दारा । सभी इक रोज है न्यारा ॥
निकसि जब प्रान जावेंगे । कोई नहि काम आवेंगे ॥
सदा जिनि जान यह देही । लगा ले नाम से नेही ॥
कहत कबीर अविनासी । लिये जम काल की फाँसी ॥

(१५)

अब कहँ चले अकेले मीता, उठि क्यों करहु न घर की चीता ॥
खीर खाँड़ घृत पिंड सँवारा, सो तन लै बाहर करि डारा ॥
जेहि सिर रचि-रचि बाँधि सु पागा, सो सिर रतन बिडारै कागा ॥
हाड़ जरै जस सूखी लकरी, केस जरै जस तृन की कूरी ॥
आवत संग न जात सँघाती, कहा भये दल बाँधे हाथी ॥
माया कै रस लेन न पाया, अँतर बिलार होइ के धाया ॥
कहै कबीर न अजहूँ जागा, जम का मुँगरा बरसन लागा ॥

(१६)

जनम तेरो धोखे मे बीता जाय ॥
माटी कै गोद हंस बनिजारा, उड़िगे पछी बोलनहारा ॥
चार पहर धंधा में बीता, रैन गँवाय सुख सोवत खाट ॥
जस अंजुल जल छीजत देखा, तैसे झरिगे तरवर पात ॥
भौसागर मे केहि गुहरैबो, ऐटि जीभ जम मारे लात ॥
कहै कबीर सुनो भाई साधो, फिरि पछितैहौ मल-मल हाथ ॥

(१७)

चेत सबेरे चलना बाट ॥
मन माली तन बाग लगाया, चलत मुसाफिर को बिलमाया ।
विष के लेडुवा देत खियाई, लूट लीन्ह मारग पर हाट ॥
तन सराय में मन अरुझाना, भटियारिन के रूप लुभाना ।
निसि दिन बासे बचि कै रहना, सौदा करु सतगुरु की हाट ॥
मन कै घोड़ा लियो बनाई, सुरत लगाम ताहि पहिराई ।
जुगति कै एड़ा दियौ लगाई, भौसागर कै चौड़ा पाट ॥
जल्दी चेतौ, साहिब सुमिरौ, दसौं द्वार जम घेर लियौ है ।
कहै कबीर सुनो भाई साधो, अब का सोवै बिछाये खाट ॥

(१८)

जनम सिरान, भजन कब करिहौ ॥
गर्भ-बासमें भगति कबूल्यौ, बाहर आय भुलान ।
बालापन तो खेल गँवायौ, तरुनाई अभिमान ॥
बृद्ध भये तन काँपन लागा, सिर धुन-धुन पछितान ।
कहै कबीर सुनो भाई साधो, जम के हाथ बिकान ॥

(१९)

चलना है दूर मुसाफिर, काहे सोवै रे ॥
चेत अचेत नर, सोच बावरे, बहुत नींद मत सोवै रे ।
काम क्रोध मद लोभ मे फँसिकर, उमिरिया काहे खोवै रे॥
सिर पर माया मोह की गठरी, संग दूत तेरे होवै रे ।
सो गठरी तोरी बीच मेछिनि गइ, मूँड़ पकरि कहा रोवै रे ॥
रस्ता तौ वह दूरि बिकट है, तजि चलब अकेला होवै रे ।
संग-साथ तेरे कोइ न चलैगा, का कै डगरिया जोवै रे ॥
नदिया गहरी नाव पुरानी, केहि बिधि पार तू होवै रे ।
कहै कबीर सुनो भाई साधो, ब्याज धोखे मूल मत खोवै रे ॥

(२०)

या जग अंधा मैं केहि समुझावौं ॥
इक दुइ होयँ उन्हें समझावौं ।
सबहि भुलाना पेट के धंधा ॥ मैं केहि० ॥
पानी कै घोड़ा पवन असवरवा ।
ढरकि परै जस ओस कै बुंदा ॥ मैं केहि० ॥
गहिरी नदिया अगम बहै धरवा ।
खेवनहारा पड़िगा फंदा ॥ मैं केहि० ॥
घर की बस्तु निकट नहिं आवत ।
दियना बारि कै ढूँढत अंधा ॥ मैं केहि० ॥
लागी आग, सकल बन जरिगा ।
बिन गुरु-ज्ञान भटकिगा बंदा ॥ मैं केहि० ॥
कहै कबीर सुनो भाई साधो ।
इक दिन जाइ लँगोटी झार बंदा ॥ मैं केहि० ॥

(२१)

काया सराय में जीव मुसाफिर, कहा करत उनमाद रे ।
रैन बसेरा करि ले डेरा, चला सबेरे लाद रे ॥
तन कै चोला खरा अमोला, लगा दाग पर दाग रे ।
दो दिन की जिंदगानी में क्या, जरै जगत की आग रे ॥
क्रोध केंचुली उठी चित्त मे, भये मनुष तें नाग रे ।
सूझत नाहिं समुद सुख सागर, बिना प्रेम बैराग रे ॥
सरवन सबद बूझि सतगुरु से, पूरन प्रगटे भाग रे ।
कहै कबीर सुनो भाई साधो, पाया अचल सुहाग रे ॥

(२२)

बंदे ! करि ले आप निबेरा ।
आप चेत लखु आप ठौर करु, मुए कहाँ घर तेरा ॥
यहि औसर नहिं चेतो प्रानी, अंत कोई नहिं तेरा ।
कहै कबीर सुनो भाई साधो, कठिन काल का घेरा ॥

(२३)

भजन बिन यों ही जनम गँवायो ॥
गर्भ बास में कौल कियो तूँ, तब तोहि बाहर लायो ।
जठर अगिन तें काढ़ि निकारो, गाँठि बाँधि क्या लायो ॥
बह-बह मुवो बैल की नाँई, सोइ रह्यो उठि खायो ।
कहै कबीर सुनो भाई साधो, चौरासी भरमायो ॥

(२४)

का नर सोवत मोह निसा में, जागत नाहिं कूच नियराना ॥
पहिले नगारा सेत केस भे, दूजे बैन सुनत नहिं काना ।
तीजे नैन दृष्टि नहिं सूझै, चौथे आइ गिरा परवाना ॥
मातु-पिता कहना नहिं मानै, बिप्रन से कीन्हा अभिमाना ।
धरम की नाव चढन नहिं जानै, अब जमराज ने भेद बखाना ॥
होत पुकार नगर कसबे मे, रैयत लोग सबै अकुलाना ।
पूरन ब्रह्म की होत तयारी, अंत भवन बिच प्रान लुकाना ॥
प्रेम-नगरिया में हाट लगतु है, जहँ रँगरेजवा है सतवाना ।
कहै कबीर कोइ काम न ऐहै,माटी कै देहिया माटी मिल जाना॥

(२५)

अरे दिल गाफिल ! गफलत मत कर,
इक दिन जम तेरे आवेगा ॥
सौदा करन को या जग आया, पूँजी लाया मूल गँवाया,
प्रेम-नगर का अंत न पाया, ज्यों आया त्यों जावेगा ॥

सुन मेरे साजन, सुन मेरे मीता, या जीवन में क्या-क्या कीता,
सिर पाहन का बोझा लीता, आगे कौन छुड़ावेगा ॥
परली पार मेरा मीता खड़िया, उस मिलने का ध्यान न धरिया,
टूटी नाव उपर जा बैठा, गाफिल गोता खावेगा ॥
दास कबीर कहै समुझाई, अंत काल तेरो कौन सहाई,
चला अकेला संग न कोई, किया आपना पावेगा ॥

(२६)

तेरो को है गेकनहार, मगन से आव चली ॥
लोक लाज कुल की मर्जादा, सिर से डारि अली ।
पटक्यो भार मोह-माया कौ, निरभय राह गही ॥
काम क्रोध हंकार कलपना, दुरमति दूर करी ।
मान-अभिमान दोऊ धर पटके, होइ निसंक रली ॥
पाँच-पचीस करे बस अपने, करि गुरु ज्ञान छड़ी ।
अगल-बगल के मारि उड़ाये, सनमुख डगर धरी ॥
दया-धर्म हिरदै धरि राख्यो, पर उपकार बड़ी ।
दया सरूप सकल जीवन पर, ज्ञान गुमान भरी ॥
छिमा सील संतोष धीर धरि, करि सिंगार खड़ी ।
भई हुलास मिली जब पिय को, जगत बिसारि चली ॥
चुनरी सबद बिबेक पहिरिकै, घर की खबर परी ।
कपट किवरियाँ खोल अंतर की, सतगुरु मेहर करी ॥
दीपक ज्ञान धरे कर अपने, पिय को मिलन चली ।
बिहसत बदन रु मगन छबीली, ज्यों फूली कमल-कली ॥
देख पिया को रूप मगन भइ, आनँद प्रेम भरी ।
कहै कबीर मिली जब पिय से, पिय हिय लागि रही ॥

(२७)

नाम अमल उतरै ना भाई ।
और अमल छिन-छिन चढ़ि उतरै, नाम-अमल दिन बढ़ै सवाई ॥
देखत चढ़ै, सुनत हिय लागै, सुरत किये तन देत घुमाई ।
पियत पियाला भये मतवाला, पायौ नाम मिटी, दुचिताई ॥
जो जन नाम-अमल-रस चाखा, तर गइ गनिका सदन कसाई ।
कहै कबीर गूँगे गुड़ खाया, बिन रसना क्या करै बड़ाई ॥

(२८)

नित मंगल होरी खेलो, नित बसंत नित फाग ॥
दया-धर्म की केसर घोरो, प्रेम प्रीति पिचुकार ।
भाव-भगति से भरि सतगुरु तन, उमँग उमँग रँग डार ॥
छिमा अबीर चरच चित चंदन, सुमिरन-ध्यान धमार ।
ज्ञान गुलाल, अगर कस्तूरी सुफल जनम नर-नार ॥
चरनामृत परसाद चरन-रज, अपने सीस चढ़ाव ।
लोक-लाज, कुल-कान छाड़ि कै, निरभय निसान बजाव ॥
कथा-कीरतन मँगल महोछव, कर साधन की भीर ।
कभी न काज बिगरिहै तेरो, सत सत कहत कबीर ॥

(२९)

मन ! तोहिं नाच नचावै माया ॥
आसा-डोरि लगाइ गले बिच, नट जिमि कपिहि नचाया ।
नावत सीस फिरै सबही को, नाम सुरत बिसराया ॥
काम हेतु तुम निसि-दिन नाचे, का तुम भरम भुलाया ।
नाम हेतु तुम कबहुँ न नाचे, जो सिरजल तोरी काया ॥
ध्रुव-प्रहलाद अचल भये जासे, राज बिभीषन पाया ।
अजहूँ चेत हेत कर पिउ से, हे रे निलज बेहाया ॥
सुख-संपति सब साज बड़ाई, लिखि तेरे साथ पठाया ।
कहै कबीर सुनो भाई साधो, गनिका बिमान चढ़ाया ॥

(३०)

दुबिधा को करि दूर, धनी को सेव रे ।
तेरी भौसागर में नाव, सुरत से खेव रे ॥
सुमिरि-सुमिरि गुरु-नाम, चिरजिव जीव रे ।
नाम-खाँड़ बिन मोल, घोल कर पीव रे ॥
काया में नहिं नाम, गुरू के हेत का ।
नाम बिना बेकाम, मटीला खेत का ॥
ऊँचे बैठि कचहरी, न्याव चुकावते ।
ते माटी मिलि गये, नजर नहिं आवते ॥
तू माया धन धाम, देखि मत भूल रे ।
दिना चार का रंग, मिलैगा धूल रे ॥
बार बार नर-देह, नहीं यह बीर रे ।
चेत सकै तो चेत, कहै कबीर रे ॥
यह कलि ना कोइ अपनो, का सँग बोलिये रे ।
ज्यो मैदानी रूख, अकेला डोलिये रे ॥
माया के मद माते, सुनै नहिं कोई रे ।
क्या राजा क्या रंक, बियाकुल दोई रे ॥
माया का बिस्तार, रहै नहिं कोई रे ।
ज्यो पुरइनि पर नीर, थीर नहिं होई रे ॥
बिष बोयो संसार, अमृत कस पावै रे ।
पुरब जन्म तेरो कीन्ह, दोस कित लावै रे ॥
मन आवै मन जावै, मनहिं बटोरो रे ।
मन बुड़वै मन तारै, मनहि निहोरो रे ॥
कहै कबीर यह मंगल, मन समझावो रे ।
समझि के कहो पयाम, बहुरि नहिं आवो रे ॥

(३१)

तोरी गठरीमें लागे चोर, बटोहिया का सोवै ॥
पाँच पचीस तीनहु चुरवा, यह सब कीन्हा मोर ।
जागु सबेरा बाट अनेरा, फिर नहिं लागै जोर ॥
भवसागर इक नदी बहतु है, बिन उतरे जाब बोर ।
कहै कबीर सुनो भाई साधो, जागत कीजै भोर ॥

(३२)

कौनौ ठगवा नगरिया लूटल हो ।
चंदन काठ कै बनल खटोलना, तापर दुलहिन सूतल हो ॥
उठो री सखी मोरी माँग सँवारौ, दुलहा मो से रूठल हो ।
आये जमराज पलँग चढि बैठे, नैनन अँसुआ टूटल हो ॥
चारि जने मिलि खाट उठाइन, चहुँदिसि धू-धू ऊठल हो ।
कहत कबीर सुनो भाई साधो ! जग से नाता छूटल हो ॥

(३३)

नैहरवा हम को न भावै ॥
साईंकी नगरि परम अति सुदर, जहँ कोई जाय न आवै ।
चाँद सूरज जहँ पवन न पानी, को सँदेस पहुँचावै ॥
दरद यह साईं को सुनावै ॥ नैहर० ॥
आगै चलौं पथ नहिं सूझै, पाछे दोष लगावै ।
केहि बिधि ससुरे जाउँ मोरी सजनी, बिरहा जोर जनावै ॥
बिपैरस नाच नचावै ॥ नैहर० ॥
बिन सतगुरु अपनो नहिं कोई, जो यह राह बतावै ।
कहत कबीर सुनो भाई साधो, सुपने न पीतम पावै ॥
तपन यह जिय की बुझावै ॥ नैहर० ॥

(३४)

घूँघट का पट खोल री,
तोहे पीव मिलेंगे ॥
घट-घट रमता राम रमैया,
कटुक बचन मत बोल री ॥ तोहे० ॥
रंग महल में दीप बरत है,
आसन से मत डोल री ॥ तोहे० ॥
कहत कबीर सुनो भाई साधू,
अनहद बाजत ढोल री ॥ तोहे० ॥

(३५)

आई गँवनवाँ की सारी, उमिरि अब हीं मोरि बारी ॥टेक॥
साज-समाज पिया लै आये, और कहरिया चारी ।
बम्हना बेदरदी अँचरा पकरि कै, जोत गठिया हमारी ॥
सखी सब पारत गारी ॥आई०॥
बिधि गति बाम कछु समुझि परति ना, बैरी भई महतारी ।
रोय-रोय अँखियाँ मोर पोंछत, घरवा सों देत निकारी ॥
भई सब को हम भारी ॥आई०॥
गौन कराय पिया लै चालै, इत उत बाट निहारी ।
छूटत गाँव-नगर सों नाता, छूटै महल-अटारी ॥
करम-गति टरै न टारी ॥आई०॥
नदिया किनारे बलम मोर रसिया, दीन्ह घूँघट पट टारी ।
थरथराय तनु काँपन लागे, काहु न देख हमारी ॥
पिया लै आये गोहारी ॥आई०॥
कहत कबीर सुनो भाई साधो, यह पद लेहु बिचारी ।
अब के गौना बहुरि नहिं औना, करि ले भेंट अँकवारी ॥
एक बेर मिलि ले प्यारी ॥आई०॥

(३६)

हमकाँ ओढावै चदरिया, चलती बिरियाँ ॥
प्रान राम जब निकसन लागे, उलटि गई दोउ नैन पुतरिया ।
भीतर से जब बाहर लाये, छूटि गई सब महल-अटरिया ॥
चार जने मिलि खाट उठाइनि, रोवत लै चले डगर-डगरिया ।
कहत कबीर सुनो भाई साधो, संग चली वह सूखी लकरिया ॥

(३७)

हमन है इश्क मस्ताना, हमन को होसियारी क्या ।
रहैं आजाद या जग से, हमन दुनिया से यारी क्या ॥
जो बिछुड़े हैं पियारे से, भटकते दर-बदर फिरते ।
हमारा यार है हम में, हमन को इन्तिजारी क्या ॥
खलक सब नाम अपने को, बहुत कर सिर पटकता है ।
हमन गुरु-नाम साँचा है, हमन दुनिया से यारी क्या ॥
न पल बिछुड़ै पिया हम से, न हम बिछुड़ैं पियारे से ।
उन्हीं से नेह लागी है, हमन को बेकरारी क्या ॥
कबीरा इश्क का माता, दुई को दूर कर दिल से ।
जो चलना राह नाजुक है, हमन सिर बोझ भारी क्या ॥

(३८)

मन लागो मेरो यार फकीरी में ॥
जो सुख पावौं नाम भजन में, सो सुख नाहिं अमीरी में ।
भली-बुरी सब की सुनि लीजै, कर गुजरान गरीबी में ॥
प्रेम-नगर में रहनि हमारी, भलि बनि आई सबूरी में ।
हाथ में कूँड़ी बगल में सोंटा, चारो दिसि जागीरी में ॥
आखिर यह तन खाक मिलैगा, कहा फिरत मगरूरी में ।
कहै कबीर सुनो भाई साधो, साहिब मिलै सबूरी में ॥

(३९)

हरि जननी मैं बालक तेरा, काहे न औगुन बकसहु मेरा ॥
सुत अपराध करै दिन केते, जननी के चित रहैं न तेते ॥
कर गहि केस करै जौ घाता, तऊ न हेत उतारै माता ॥
कहै कबीर एक बुद्धि बिचारी, बालक दुखी दुखी महतारी ॥

(४०)

अब मोहि राम भरोसा तेरा ।
और कौन का करौं निहोरा ॥
जा के राम सरीखा साहिब भाई ।
सो क्यूँ अनत पुकारन जाई ॥
जा सिरि तीनि लोक कौ भारा ।
सो क्यूँ न करै जन की प्रतिपारा ॥
कहै कबीर सेवौ बनवारी ।
सींचौ पेड़ पीवै सब डारी ॥
हरि नामैं दिन जाइ रे जा कौ ।
सोइ दिन लेखै लाइ राम ताकौ ॥

(४१)

हरि नाम मैं जन जागै, ता कै गोविंद साथी आगै ॥
दीपक एक अभगा, तामें सुर-नर पड़ैं पतगा ॥
ऊँच नीच सम सरिया, ताते जन कबीर निसतरिया ॥

(४२)

लोका जानि न भूलौ भाई ।
खालिक खलक खलक मैं खालिक, सब घट रह्यौ समाई ॥
अल्ला एकै नूर उपजाया, ता की कैसी निंदा ।
ता नूर तैं सब जग कीया, कौन भला कौन मदा ॥
ता अल्ला की गति नहा जानी, गुरि गुड़ दीया मीठा ।
कहै कबीर मैं पूरा पाया, सब घटि साहिब दीठा ॥

(४३)

रे सुख अब मोहि बिष भरि लागा ।
इनि सुख डहके मोटे-मोटे, केतिक छत्रपति राजा ॥
उपजै बिनसै जाइ बिलाइ, संपति काहु के सग न जाई ॥
धन-जोबन गरब्यौ संसारा, यहु तन जरि-बरि ह्वै है छारा ॥
चरन-कँवल मन राखि ले धीरा, राम रमत सुख कहै कबीरा ॥

(४४)

चलत कत टेढौ-टेढौ रे ।
नवौ दुवार नरक धरि मूँदे, तू दुरगंधि कौ बेढौ रे ॥
जे जारै तौ होइ भसम तन, रहि त किरम उहिं खाई ।
सूकर स्वान काग को भक्षिन, ता मैं कहा भलाई ॥
फूटे नैन हृदै नहिं सूझै, मति एकै नहि जानी ।
माया मोह ममिता सूँ बाँध्यो, बूड़ि मुवौ बिन पानी ॥
बारू के घरवा मैं बैठो, चेतत नहीं अयानी ।
कहै कबीर एक राम भगति बिन, बूड़े बहुत सयानी ॥

(४५)

कहूँ रे जे कहिबे की होहि ।
ना कोउ जानैं ना कोउ मानैं, तातैं अचिरज मोहि ॥
अपने-अपने रँगके राजा, मानत नाहीं कोइ ।
अति अभिमान-लोभ के धाले, चले अपनपौ खोइ ॥
मैं-मेरी करि यहु तन खोयौ, समझत नहीं गँवार ।
भौजलि अधपक धाकि रहैं, बूड़े बहुत अपार ॥
मोहि अग्या दई दयाल दया करि, काहू कूँ समझाइ ।
कहै कबीर मैं कहि-कहि हार्यौ, अब मोहि दोष न लाइ ॥

(४६)

मन रे राम सुमिरि राम सुमिरि, राम सुमिरि भाई ।
राम नाम सुमिरन बिना, बूडत अधिकाई ॥
दारा-सुत गेहनेह, सपति अधिकाई ।
या मैं कछु नाहि तेरी, काल अवधि आई ॥
अजामेल गज गनिका, पतित करम कीन्हा ।
तेउ उतरि पारि गये, राम नाम लीन्हा ॥
स्वान सूकर काग कीन्हौ, तऊ लाज न आई ।
राम नाम अमृत छाड़ि, काहे बिष खाई ॥
तजि भरम-करम बिधि-निषेद, राम नाम लेही ।
जन कबीर गुर-प्रसादि, राम करि सनेही ॥

(४७)

राम भजै सो जानिये, याकै आतुर नाहीं ।
संत सँतोष लिये रहै, धीरज मन माहीं ॥
जन कौ काम-क्रोध ब्यापै नहा, त्रिष्ना न जरावै ।
प्रफुलित आनँद मै रहै, गोविद गुन गावै ॥
जनकौ परनिंदा भावै नहीं, अरु असति न भाषै ।
जन सम दृष्टि सीतल सदा, दुबिधा नहीं आनै ॥
कहै कबीर ता दास सूँ, मेरा मन मानै ॥

(४८)

कहा नर गरबसि थोरी बात ।
मन दस नाज, टका चार गठिया, ऐठौ टेढौ जात ॥
कहा लै आयौ यहाँ धन कोऊ, कहा कोऊ लै जात ।
दिवस चारि की है पतिसाही, ज्यूँ बनि हरियल पात ॥

राजा भयो, गॉव सौ पाये, टका लाख, दस भ्रात ।
रावन होत लंक कौ छत्रपति, पल में गई बिहात ॥
माता पिता लोक सुत बनिता, अंति न चले सगात ।
कहै कबीर राम भजि बौरे, जनम अकारथ जात ॥

(४९)

अब मोहि जलत राम जल पाइया ।
राम उदक तन जलत बुझाइया ॥
मन मारन कारन बन जाइये ।
सो जल बिन भगवंत न पाइये ॥
जेहि पावक सुर-नर हैं जारे ।
राम उदक जन जलत उबारे ॥
भवसागर सुखसागर मॉही ।
पीव रहे जल निखुटत नाही ॥
कहि कबीर भजु सारिंगपानी ।
राम-उदक मेरी त्रिषा बुझानी ॥

(५०)

तू तो राम सुमर, जग लडवा दे ।
कोरा कागज काली स्याही, लिखत पढत वा कौ पढ़वा दे ॥
हाथी चलत है अपनी गत मे, कुतर भुकत वा कौ भुकवा दे ।
कहत कबीर सुनो भाई साधो, नरक पचत वा कौ पचवा दे ॥

(५१)

नहीं छोड़ूँ रे बाबा रामनाम, मेरे और पढन सों नही काम ॥
प्रह्लाद पठाये पढन साल, संग सखा बहु लिये बाल ॥
मो कौ कहा पढावत आलजाल, मेरी पटिया पै लिख दे श्रीगोपाल ॥
यह पडामरकै कह्यो जाय, प्रह्लाद बुलाये बेग धाय ॥
तू राम कहन की छोड़ बान, तोहे तुरत छुडाऊँ कहो मान ॥
मो कौ कहा सताओ बारबार, प्रभु जल थल नभ कीन्हें पहार ॥
एक राम न छोड़ूँ गुरुहि गार, मो को घाल जार, चाहे मार डाल ॥
काढ खडग कोप्यो रिसाय, कहुं राखनहारो, मोहि बताय ॥
प्रभु खभ तै निकसे है बिस्तार, हरिणाकुस छेद्यो नख बिदार ॥
श्रीपरमपुरुष देवाधिदेव ! भक्त हेत नरसिंह भेख ॥
कहे कबीर कोऊ लख न पार, प्रह्लाद उबारे अनेक बार ॥

(५२)

झीनी-झीनी बीनी चदरिया ॥
काहे कै ताना, काहे कै भरनी,
कौन तार से बीनी चदरिया ॥
इँगला-पिंगला ताना-भरनी,
सुषमन-तार से बीनी चदरिया ॥
आठ कँवल दल चरखा डोलै,
पॉच तत्त गुन तीनि चदरिया ॥
सॉइ कौ सियत मास दस लागै,
ठोक-ठोक कै बीनी चदरिया ॥
सो चादर सुर नर मुनि ओढ़ी,
ओढ़ि कै मैली कीन्ही चदरिया ॥
दास कबीर जतन सो ओढ़ी,
ज्यों-की-त्यों धरि दीन्ही चदरिया ॥

(५३)

बीत गये दिन भजन बिना रे ।
बाल अवस्था खेल गँवाई, जब जवानि तब नारि तना रे ।
जा के कारन मूल गँवायो, अजहुं न गइ मन की तृस्ना रे ।
कहत कबीर सुनो भाई साधो, पार उतर गये संत जना रे ।

(५४)

मन ! तोहे केहि बिधि कर समझाऊँ ॥
सोना होय तो सुहाग मँगाऊँ, बंकनाल रस लाऊँ
ग्यान शब्द की फूँक चलाऊँ, पानी कर पिघलाऊँ ।
घोड़ा होय तो लगाम लगाऊँ, ऊपर जीन कसाऊँ
होय सवार तेरे पर बैठूँ, चाबुक दे कै चलाऊँ ।
हाथी होय तो जंजीर गढाऊँ, चारों पैर बँधाऊँ
होय महावत तेरे पर बैठूँ अंकुस लै कै चलाऊँ ।
लोहा हो तो ऐरन मँगाऊँ, ऊपर धुवन धुवाऊँ
धूवन की घनघोर मचाऊँ, जंतर तार खिंचाऊँ ।
ग्यानी होय तो ग्यान सिखाऊँ, सत्य की राह चलाऊँ
कहत कबीर सुनो भाई साधो, अमरापुर पहुँचाऊँ ।

(५५)

रहना नहिं देस बिगाना है ॥
यह संसार कागज की पुड़िया बूँद पड़े घुल जाना है
यह संसार काँटों की बाड़ी उलझ-उलझ मर जाना है
यह संसार झाड़ अरु झाँखर, आग लगे जल जाना है
कहत कबीर सुनो भाई साधो, सतगुरु नाम ठिकाना है

(५६)

इन तन-धन की कौन बड़ाई, देखत नैनो में माटी मिलाई
अपने खातिर महल बनाया, आप हि जाकर जंगल सोया
हाड जलै जसे लकड़ी कोली, बाल जलै जैसे घास की पोली
कहत कबीर सुनो मेरे गुनिया, आप मुवे पीछे डूब गयी दुनिय

(५७)

भजो रे भैया राम गोविंद हरी।
जप तप साधन कछु नहिं लागत खरचत नहिं गठरी ॥
संतति संपति सुख के कारन जासो भूल परी।
कहत कबीर जा मुख में राम नहिं ता मुख धूल भरी ॥

(५८)

निर्धन को धन राम, हमारो निर्धन को धन राम।
चोर न लेवे, घटहु न जावे, कष्ट मे आवे काम ॥
सोवत-जागत, ऊठत, बैठत जपो निरंतर नाम।
दिन-दिन होत सवाई दौलत, खूटत नहीं छदाम ॥
अंतकाल मे छोड़ चलत सब, पास न एक बदाम।
कहत कबीर ए धन के आगे पारस को क्या काम ॥

(५९)

कब सुमिरोगे राम, अब तुम कब सुमिरोगे राम।
गर्भवास मे जप-तप कीन्हे, निकल हुए बेइमान ॥
बालपनो हँसि खेल गँवायो, तरुन भये मन काम।
हाथ-पाँव जब काँपन लागे, निकल गयो अवसान ॥
झूठी काया, झूटी माया, आखिर मौत निदान।
कहत कबीर सुनो भाई साधो, दो दिन का मेहमान ॥

(६०)

इस सराय के बीच मुसाफिर क्या-क्या तमाशा हो रहा ॥
कोइ समेटत बिस्तरा है, कोइ जमा के सो रहा।
कोइ बजावे, कोइ गावे, कोइ बैठा रो रहा ॥
कोई लगावत है सुगंधी, कोइ मैला धो रहा।
कोइ लेवै राम नाम औ कोइ काँटा बो रहा ॥
कोई बटोर माल-दौलत, कोइ गाँठ से खो रहा।
हो रही हलचल कबीरा, आज-कल दिन दो रहा ॥

दोहा

गुरु

गुरु गोविंद दोऊ खड़े, का के लागूँ पाँय।
बलिहारी गुरु आपने, जिन गोविंद दिया मिलाय ॥
सब धरती कागद करूँ, लेखनि सब बनराय।
सात समुँद की मसि करूँ, गुरु-गुन लिखा न जाय ॥
कबीर ते नर अंध हैं, गुरु को कहते और।
हरि रूठे गुरु ठौर है, गुरु रूठे नहिं ठौर ॥
गुरू बड़े गोविंद तें, मन मे देखु बिचारि।
हरि सुमिरे सो वार है, गुरु सुमिरे सो पार ॥
यह तन बिष की बेलरी, गुरु अमृत की खान।
सीस दिये जो गुरु मिले, तो भी सस्ता जान ॥
जा का गुरु है आँधरा, चेला निपट निरंध।
अंधे अंधा ठेलिया, दोऊ कूप परंत ॥
समदृष्टी सतगुरु किया, मेटा भरम बिकार।
जहँ देखौ तहँ एक ही, साहिब का दीदार ॥
कबीर जोगी जगत गुरु, तजै जगत की आस।
जो जग की आसा करै, तो जगत गुरू, वह दास ॥

नाम

आदि नाम पारस अहै, मन है मैला लोह।
परसत ही कंचन भया, छूटा बंधन मोह ॥
नाम जो रत्ती एक है, पाप जो रती हजार।
आध रती घट संचरै, जारि करै सब छार ॥
राम नाम निज औषधी, सत गुरु दई बताय।
औषधि खाय रु पथ रहै, ता को बेदन जाय ॥
सपनेहुँ मैं बर्राइ कै, धोखेहु निकरै नाम।
वा के पग की पैतरी, मेरे तन की चाम ॥
नाम जपत कुष्टी भला, चुइ चुइ परै जु चाम।
कँचन देह केहि काम की, जा मुख नाहीं नाम ॥
मुख के माथे सिलि परै, जो नाम हृदय तें जाय।
बलिहारी वा दुक्ख की, पल-पल नाम रटाय ॥
लेने को सत नाम है, देने को अन दान।
तरने को आधीनता, बूड़न को अभिमान ॥
मोर-तोर की जेवरी, बटि बाँधा संसार।
दास कबीरा क्यों बँधे, जा के नाम अधार ॥

सुमिरन

सुमिरन सो सुख होत है, सुमिरन सो दुख जाय।
कह कबीर सुमिरन किये, साँई माहिं समाय ॥
दुख में सुमिरन सब करै, सुख मे करै न कोय।
जो सुख में सुमिरन करै, तो दुख काहे होय ॥
सुमिरन की सुधि यो करै, जैसे दाम कँगाल।
कह कबीर बिसरै नहीं, पल-पल लेइ सम्हाल ॥
जप तप संजम साधना, सब सुमिरन के माहिं।
कबीर जाने भक्त जन, सुमिरन सम कछु नाहिं ॥

साधन

समदृष्टी तब जानिये, सीतल समता होय।
सब जीवन की आतमा, लखै एक-सी सोय ॥

हंसा पय को काढ़ि ले, छीर-नीर निरवार ।
ऐसे गहै जो सार को, सो जन उतरै पार ॥
द्वार धनी कै पड़ि रहै, धका धनी का खाय ।
कबहुँक धनी निवाजई, जो दर छाड़ि न जाय ॥
भवसागर मे यों रहौ, ज्यों जल कँवल निराल ।
मनुवाँ वहाँ लै राखिये, जहाँ नही जम काल ॥
जानि-बूझि जड़ होइ रहै, बल तजि निर्मल होय ।
कह कबीर वा दास को, गंजि सकै नहिं कोय ॥
बाद-बिबादे बिष घना, बोले बहुत उपाध ।
मौन गहै, सब की सहै, सुमिरै नाम अगाध ॥
रोड़ा होइ रहु बाट का, तजि आपा अभिमान ।
लोभ मोह तृस्ना तजै, ताहि मिलै भगवान ॥
जग मैं बैरी कोउ नही, जो मन सीतल होय ।
यह आपा तू डारि दे, दया करै सब कोय ॥
बहुत पसारा जनि करै, करु थोरे की आस ।
बहुत पसारा जिन किया, तेई गये निरास ॥
मन के मते न चालिये, मन के मते अनेक ।
जो मन पर असवार है, सो साधू कोइ एक ॥
निन्दक नियरे राखिये, आँगन कुटी छवाय ।
बिन पानी साबुन बिना, निर्मल करै सुभाय ॥

उद्बोधन

कबीर गर्ब न कीजिये, काल गहे कर केस ।
ना जानो कित मारिहै, क्या घर क्या परदेस ॥
रात गँवाई सोय करि, दिवस गँवायो खाय ।
हीरा जनम अमोल यह, कौड़ी बदले जाय ॥
काल्ह करै सो आज करु, आज करै सो अब्ब ।
पल मे परलै होयगी, बहुरि करैगा कब्ब ॥
पाव पलक की सुधि नहीं, करै काल्ह का साज ।
काल अचानक मारसी, ज्यो तीतर को बाज ॥
कबीर नौबत आपनी, दिन दस लेहु बजाय ।
यह पुर पट्टन यह गली, बहुरि न देखौ आय ॥
या दुनिया मे आइ कै, छाड़ि देइ तू ऐंठ ।
लेना होय सो लेइ ले, उठी जात है पैठ ॥
मै मै बड़ी बलाय है, सको तो निकसो भागि ।
कहै कबीर कब लगि रहै, रुई लपेटी आगि ॥
देह धरे का गुन यही, देह देह कछु देह ।
बहुरि न देही पाइये, अब की देह सो देह ॥
धीरे-धीरे रे मना, धीरे सब कछु होय ।
माली सींचै सौ घड़ा, ऋतु आये फल होय ॥
कबीर तूँ काहे डरै, सिर पर सिरजनहार ।
हस्ती चढ़ि कर डोलिये, कूकर भुसै हजार ॥
जो तू चाहै मुझ को, राखौ और न आस ।
मुझहिं सरीखा होइ रहु, सब सुख तेरे पास ॥
कबीर सोया क्या करै, जागि के जपो मुरार ।
एक दिना है सोवना, लाँबे पाँव पसार ॥
कबीर सोया क्या करै, उठिल न रोवै दुक्ख ।
जा का बासा गोर मैं, सो क्यों सोवै सुक्ख ॥
कबीर सोया क्या करै, जागन की करु चौंप ।
ये दम हीरा लाल हैं, गिनि-गिनि गुरु कौं सौंप ॥

शरीर एवं जगत्की नश्वरता

हाड़ जरै ज्यों लाकड़ी, केस जरै ज्यों घास ।
सब जग जरता देख करि, भये कबीर उदास ॥
झूठे सुख को सुख कहैं, मानत हैं मन मोद ।
जगत चबेना काल का, कुछ मुख में कुछ गोद ॥
कुसल-कुसल ही पूछते, जग मे रहा न कोय ।
जरा मुई ना भय मुआ, कुसल कहाँ ते होय ॥
पानी केरा बुदबुदा, अस मानुष की जाति ।
देखत ही छिपि जायगी, ज्यों तारा परभाति ॥
पाँचौ नौबत बाजती, होत छतीसौं राग ।
सो मंदिर खाली परे, बैठन लागे काग ॥
कबीर थोड़ा जीवना, माँडै बहुत मँडान ।
सबही ऊभा मौत मुँह, राव रंक सुल्तान ॥
कहा चुनावै मेड़ियाँ, लंबी भीति उसारि ।
घर तो साढ़े तीन हथ, घना तो पौने चारि ॥
कबिरा गर्ब न कीजिये, ऊँचा देखि अवास ।
काल्ह परै भुइँ लेटना, ऊपर जमसी घास ॥
माटी कहै कुम्हार को, तूँ क्या रूँदै मोहिं ।
इक दिन ऐसा होइगा, मै रूँदूँगी तोहिं ॥
कबीर यह तन जात है, सकै तो राखु बहोरि ।
खाली हाथों वे गये, जिन के लाख-करोरि ॥
आसपास जोधा खड़े, सभी बजावैं गाल ।
मंझ महल से ले चला, ऐसा काल कराल ॥
चलती चक्की देखि कै दिया कबीरा रोय ।
दो पाटन के बीच में बाकी बचा न कोय ॥
हाँकों परवत फाटते, समुँदर घूँट भराय ।
ते मुनिवर धरती गले, क्या कोइ गर्ब कराय ॥
तन सराय मन पाहरू, मनसा उतरी आय ।
कोउ काहू का है नहीं, (सब) देखा ठोंक बजाय ॥

काल चक्र चक्की चलै, सदा दिवस अरु रात ।
सगुन अगुन दुइ पाटला, तामे जीव पिसात ॥
आसै पासै जो फिरै, निपटु पिसावै सोय ।
कीला से लागा रहै, ता को विघन न होय ॥
माली आवत देखि कै, कलियाँ करैं पुकारि ।
फूली फूली चुनि लई, काल्ह हमारी बारि ॥
जो ऊगै सो अत्थवै, फूलै सो कुम्हिलाय ।
जो चुनिये सो ढहि परै, जामै सो मरि जाय ॥
मनुष जन्म दुर्लभ अहै, होय न बारंबार ।
तरुवर से पत्ता झरैं, बहुरि न लागैं डार ॥
देखा-देखी भक्ति कौ, कबहूँ न चढ़सी रंग ।
बिपति पड़े यों छाँड़सी, ज्यों केंचुली भुजंग ॥

उपदेश

कबीर आप ठगाइये, और न ठगिये कोय ।
आप ठगे सुख ऊपजै, और ठगे दुख होय ॥
अति का भला न बोलना, अति की भली न चूप ।
अति का भला न बरसना, अति की भली न धूप ॥
जो तोकौ काँटा बुवै, ताहि बोव तू फूल ।
तोहि फूल को फूल है, वा को है तिरसूल ॥
दुर्बल को न सताइये, जा की मोटी हाय ।
बिना जीव की स्वास से, लोह भसम ह्वै जाय ॥
ऐसी बानी बोलिये, मन का आपा खोय ।
औरन कौं सीतल करै, आपहु सीतल होय ॥
हस्ती चढ़िये ग्यान की, सहज दुलीचा डारि ।
स्वान रूप संसार है, भूँकन दे झख मारि ॥
आवत गारी एक है, उलटत होय अनेक ।
कह कबीर नहिं उलटिये, वही एक की एक ॥
जैसा अन-जल खाइये, तैसा ही मन होय ।
जैसा पानी पीजिये, तैसी बानी सोय ॥
करता था तो क्यों रहा, अब करि क्यों पछिताय ।
बोवै पेड़ बबूल का, आम कहाँ तें खाय ॥
दान किये धन ना घटै, नदी ना घटै नीर ।
अपनी आँखों देखिये, यों कथि गये कबीर ॥
छिमा बड़न कौं चाहिये, छोटन को उतपात ।
कहा बिष्नु को घटि गयो, जो भृगु मारी लात ॥
हेत प्रीति से जो मिलै, तासों मिलिये धाय ।
अंतर राखे जो मिलै, ता सों मिलै बलाय ॥
रूखा-सूखा खाइ कै, ठंडा पानी पीव ।
देखि बिरानी चोपड़ी, मत ललचावै जीव ॥

बिरह

माँस गया पिंजर रहा, ताकन लागे काग ।
साहिब अजहुँ न आइया, मंद हमारे भाग ॥
आय सकौ नहिं तोहिं पै, सकौं न तुज्झ बुलाय ।
जियरा यौं लय होयगा, बिरह तपाय-तपाय ॥
अंक भरी भरि मेटिये, मन नहिं बाँधै धीर ।
कह कबीर वे क्या मिलै, जब लगि दोय सरीर ॥
कबीर चिनगी बिरह की, मो तन पड़ी उड़ाय ।
तन जरि धरती हू जरी, अंबर जरिया जाय ॥
सब रग ताँत, रबाब तन, बिरह बजावै नित्त ।
और न कोई सुनि सकै, के साँई कै चित्त ॥

प्रेम

सोवौं तो सुपने मिलै, जागौं तो मन माहिं ।
लोचन राता सुधि हरी, बिछुरत कबहूँ नाहिं ॥
यह तो घर है प्रेम का, खाला का घर नाहिं ।
सीस उतारै भुइँ धरै, तब पैठे घर माहिं ॥
सीस उतारै भुइँ धरै, ता पर राखै पाँव ।
दास कबीरा यों कहै, ऐसा होय तो आव ॥
प्रेम न बाड़ी ऊपजै, प्रेम न हाट बिकाय ।
राजा परजा जेहि रुचै, सीस देइ लै जाय ॥
प्रेम-प्रेम सब कोइ कहै, प्रेम न चीन्है कोय ।
आठ पहर भीना रहै, प्रेम कहावै सोय ॥
जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि हैं मैं नाहिं ।
प्रेम गली अति साँकरी, ता मैं दो न समाहिं ॥
जा घट प्रेम न संचरै, सो घट जान मसान ।
जैसे खाल लुहार की, साँस लेत बिन प्रान ॥
प्रेम बिकंता मैं सुना, माथा साटे हाट ।
बूझत बिलँब न कीजिये, तत छिन दीजै काट ॥
प्रेम बिना धीरज नहीं, बिरह बिना बैराग ।
सतगुरु बिन जावै नहीं, मन मनमा का दाग ॥
प्रेम तो ऐसा कीजिये, जैसे चंद चकोर ।
चोंच टूटि भुइँ माँ गिरै, चितवै वाही ओर ॥
अधिक सनेही माछरी, दूजा अल्प सनेह ।
जब ही जल तें बीछुरै, तबहीं त्यागै देह ॥

प्रीति जो लागी घुल गई, पैठि गई मन माहिं ।
रोम-रोम पिउ-पिउ करै, मुख की सरधा नाहिं ॥
नैनों अंतर आव तूँ, नैन झाँपि तोहि लेवैं ।
ना मैं देखौं और कौं, ना तोहि देखन देवैं ॥
कबीर या जग आइ कै, कीया बहुतक मित्त ।
जिन दिल बाँधा एक से, ते सोवै निःचित्त ॥
पिउ परिचय तब जानिये, पिउ से हिलमिल होय ।
पिउ की लाली मुख पड़े, परगट दीसै सोय ॥
लाली मेरे लाल की, जित देखौं तित लाल ।
लाली देखन मैं गई, मै भी हो गइ लाल ॥
मन पंछी तब लगि उड़ै, विषय बासना माहिं ।
प्रेम बाज की झपट मे, जब लगि आयो नाहिं ॥

विनय

मैं अपराधी जनम का, नख-सिख भरा बिकार ।
तुम दाता दुख-भंजना, मेरी करौ सम्हार ॥
अवगुन मेरे बाप जी, बकस गरीब निवाज ।
जो मैं पूत कपूत हौं, तऊ पिता को लाज ॥
औगुन किये तो बहु किये, करत न मानी हार ।
भावै बंदा बकसिये, भावैं गरदन मार ॥
साहिब तुमहि दयाल हौ, तुम लगि मेरी दौर ।
जैसे काग जहाज को, सूझै और न ठौर ॥
भुक्ति मुक्ति माँगों नही, भक्ति दान दे मोहिं ।
और कोई जाँचौं नहीं, निसि दिन जाँचौं तोहिं ॥
कबीर साई मुज्झ को, रूखी रोटी देय ।
चुपड़ी माँगत मैं डरूँ, रूखी छीनि न लेय ॥

साधु

सिंहों के लेहँड़े नही, हँसों की नहिं पाँत ।
लालों की नहिं बोरियाँ, साध न चले जमात ॥
सिंह साधु का एक मत, जीवत ही को खाय ।
भाव हीन मिरतक दसा, ता के निकट न जाय ॥
गाँठी दाम न बाँधई, नहिं नारी सों नेह ।
कह कबीर ता साध के, हम चरनन की खेह ॥
जाति न पूछौं साध की, पूछि लीजिये ग्यान ।
मोल करो तरवार का, पड़ा रहन दो म्यान ॥
संगति कीजे संत की, जिन का पूरा मन ।
अनतोले ही देत हैं, नाम-सरीखा धन ॥
कबीर संगत साध की, हरै और की व्याधि ।
संगत बुरी असाध की, करै और ही व्याधि ॥
कबीर संगत साध की, ज्यों गंधी का बास ।
जो कछु गंधी दे नही, तौ भी बास सुबास ॥
साधू ऐसा चाहिये, जैसा सूप सुभाय ।
सार-सार को गहि रहै, थोथा देइ उड़ाय ॥
औगुन को तो ना गहै, गुन ही को लै बीन ।
घट-घट महकै मधू ज्यों, परमातम लै चीन्ह ॥
हरिजन तो हारा भला, जीतन दे संसार ।
हारा सतगुरु से मिलै, जीता जमकी लार ॥
कथा कीरतन रात दिन, जा के उद्यम येह ।
कह कबीर ता साधु की, हम चरनन की खेह ॥
साधु भया तो क्या भया, बोलै नाहिं बिचार ।
हतै पराई आतमा, जीभ बाँधि तरवार ॥

पतिव्रता

ज्यों तिरिया पीहर बसै, सुरति रहै पिय माहिं ।
ऐसे जन जग मैं रहैं, हरि को भूलत नाहिं ॥
हँस हँस कंत न पाइया, जिन पाया तिन रोय ।
हाँसी खेले पिउ मिलै, तो कौन दुहागिनि होय ॥
पतिबरता मैली भली, काली कुचिल कुरूप ।
पतिबरता के रूप पर, वारौं कोटि सरूप ॥
पतिबरता पति कौ भजै, और न आन सुहाय ।
सिंह बचा जो लंघना, तो भी घास न खाय ॥

सत्य

साँच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप ।
जाके हिरदै साँच है, ताके हिरदै आप ॥
साँई सों साँचा रहौ, साईं साँच सुहाय ।
भावै लंबे केस रखु, भावै घोट मुँड़ाय ॥
तेरे अंदर साँच जो, बाहर कछु न जनाव ।
जाननहारा जानिहै, अंतरगति का भाव ॥
साँचे स्राप न लागई, साँचे काल न खाय ।
साँचे को साँचा मिलै, साँचे माहिं समाय ॥

सिद्धान्त

जिन ढूँढा तिन पाइया, गहिरे पानी पैठि ।
मैं बपुरा बूड़न डरा, रहा किनारे बैठि ॥
संगति भई तो क्या भया, हिरदा भया कठोर ।
नौ नेजा पानी चढ़ै, तऊ न भीजै कोर ॥
कस्तूरी कुंडल बसै, मृग ढूँढै बन माहिं ।
ऐसे घट मैं पीव है, दुनियाँ जानै नाहिं ॥

सब घट मेरा साइयाँ, सूनी सेज न कोय ।
बलिहारी वा घट्ट की, जा घट परगट होय ॥
पावक रूपी साइयाँ, सब घट रहा समाय ।
चित चकमक लागै नहीं, ता तें बुझि-बुझि जाय ॥
भय बिनु भाव न ऊपजै, भय बिनु होय न प्रीति ।
जब हिरदै मे भय गया, मिटी सकल रस रीति ॥
डर करनी, डर परम गुरु, डर पारस, डर सार ।
डरत रहै सो ऊबरै, गाफिल खावै मार ॥
जहाँ दया तहँ धर्म है, जहाँ लोभ तहँ पाप ।
जहाँ क्रोध तहँ काल है, जहाँ छिमा तहँ आप ॥
चाह गई चिंता मिटी, मनुवाँ बेपरवाह ।
जिन को कछू न चाहिये, सो जग साहनसाह ॥

मनके दोष

कामी क्रोधी लालची, इन से भक्ति न होय ।
भक्ति करै कोइ सूरमा, जाति बरन कुल खोय ॥
कामी कबहूँ न गुरु भजै, मिटै न संसय सूल ।
और गुनह सब बकसिहौ, कामी डार न मूल ॥
जहाँ काम तहँ राम नहिं, जहाँ राम नहिं काम ।
दोनों कबहूँ ना मिलै, रबि रजनी इक ठाम ॥
काम क्रोध मद लोभ की, जब लगि घट मैं खान ।
कहा मूरख कहा पंडिता, दोनों एक समान ॥
कोटि करम लागै रहैं, एक क्रोध की लार ।
किया-कराया सब गया, जब आया अहँकार ॥
दसों दिसा मे क्रोध की, उठा अपरबल आगि ।
सीतल संगति साध की, तहाँ उबरिये भागि ॥
कुबुधि कमानी चढि रही, कुटिल बचन का तीर ।
भरि भरि मारै कान में, सालै सकल सरीर ॥
जब मन लागा लोभ से, गया बिषय में मोय ।
कहै कबीर बिचारि कै, कम भक्ती धन होय ॥
आब गई, आदर गया, नैनन गया सनेह ।
ये तीनो जबहीं गये, जबहिं कहा कछु देह ॥
जग मे भक्त कहावइ, चुकट चून नहिं देय ।
सिष जोरू का ह्वै रहा, नाम गुरू का लेय ॥
जब घट मोह समाइया, सबै भया अँधियार ।
निर्मोह ग्यान बिचारि कै, कोइ साधू उतरै पार ॥
सलिल मोह की धार मैं, बहि गये गहिर गँभीर ।
सुच्छम मछरी सुरत है, चढ़िहै उलटं नीर ॥
कंचन तजना सहज है, सहज त्रिया का नेह ।
मान बड़ाई ईरषा, दुरलभ तजनी येह ॥
बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर ।
पंछी को छाया नही, फल लागै अति दूर ॥
जहँ आपा तहँ आपदा, जहँ संसय तहँ सोग ।
कह कबीर कैसे मिटै, चारो दीरघ रोग ॥
बड़ा बड़ाई ना तजै, छोटा बहु इतराय ।
ज्यों प्यादा फरजी भया, टेढ़ा-टेढ़ा जाय ॥
चित कपटी सब मे मिलै, नाहीं कुटिल कठोर ।
इक दुरजन इक आरसी, आगे पीछे और ॥
की त्रिस्ना है डाकिनी, की जीवन का काल ।
और-और निसु दिन चहै, जीवन करै बिहाल ॥
त्रिस्ना अग्नि प्रलय किया, तृप्त न कबहूँ होय ।
सुर नर मुनि और रंक सब, भस्म करत है सोय ॥
दोष पराये देखि करि, चले हसंत-हसंत ।
अपने याद न आवहीं, जिनका आदि न अंत ॥
खट्टा मीठा चरपरा, जिभ्या सब रस लेय ।
चोरों कुतिया मिलि गई, पहरा किस का देय ॥
माखी गुड़ मैं गड़ि रही, पंख रह्यो लिपटाय ।
हाथ मलै और सिर धुने, लालच बुरी बलाय ॥
बिद्यामद अरु गुनहुँ मद, राजमद्द उनमद्द ।
इतने मद कौं रद करै, तब पावै अनहद्द ॥

गुण

दीन लखै मुख सबन को, दीनहिं लखै न कोय ।
भली बिचारी दीनता, नरहुँ देवता होय ॥
कबीर नवै सो आप को, पर कौ नवै न कोय ।
घालि तराजू तौलिये, नवै सो भारी होय ॥
ऊँचै पानी ना टिकै, नीचै ही ठहराय ।
नीचा होय सो भरि पिवै, ऊँचा प्यासा जाय ॥
सब ते लघुताई भली, लघुता तें सब होय ।
जस दुतिया को चन्द्रमा, सीस नवै सब कोय ॥
बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय ।
जो दिल खोजा आपना, मुझ-सा बुरा न होय ॥
दाया दिल में राखिये, तूँ क्यो निरदइ होय ।
साँई के सब जीव हैं, कीड़ी कुंजर सोय ॥
बोली तो अनमोल है, जो कोइ जानै बोल ।
हिये तराजू तौल कै, तब मुख बाहर खोल ॥

सहज तराजू आन करि, सब रस देखा तोल ।
सब रस माही जीभ रस, जो कोइ जानै बोल ॥

माया

माया छाया एक-सी, बिरला जानै कोय ।
भगता के पाछे फिरै, सनमुख भागै सोय ॥
कबीर माया रूखड़ी, दो फल की दातार ।
खावत खरचत मुक्ति दे, संचत नरक दुवार ॥
सौ पापन का मूल है, एक रुपैया रोक ।
साधू है संग्रह करै, हारै हरि-सा थोक ॥

अहिंसा

मांस अहारी मानवा, परतछ राच्छस अंग ।
ता की सगति करे तें, परत भजन में भंग ॥
मांस मछरिया खात हैं, सुरा पान से हेत ।
सो नर जड़ सों जाहिंगे, ज्यों मूरी का खेत ॥
मांस मांस सब एक है, मुरगी हिरनी गाय ।
आँखि देखि नर खात है, ते नर नरकहिं जाय ॥
मुरगी मुल्ला से कहै, जिबह करत है मोहिं ।
साहिब लेखा माँगसी, सकट परिहै तोहिं ॥
कहता हों कहि जात हौं, कहा जो मान हमार ।
जा का गर तुम काटिहौ, सो फिर काटि तुम्हार ॥
हिंदू के दाया नहीं, मिहर तुरुक के नाहिं ।
कहै कबीर दोनों गये, लख चौरासी माहिं ॥

संत कमालजी

(कबीरजीके पुत्र एवं शिष्य । समाधि, मगहरमें कबीर साहबकी समाधिके पास ।)

चेतावनी और उपदेश

इतना जोग कमाय के साधू, क्या तूने फल पाया ।
जंगल जाके खाक लगाये, फेर चौरासी आया ॥
राम भजन है अच्छा रे । दिल में रखो सच्चा रे ।
जोग जुगत की गत है न्यारी, जोग जहर का प्याला ।
जीने पावे उने छुपावे, वो ही रहे मतवाला ॥
जोग कमाय के बाबू होना, ये तो बड़ा मुष्कल है ।
दोनों हात जब निकल गये, फेर सुधरन भी मुष्कल है ॥
सुख से बैठो आपने मेहल में, राम भजन अच्छा है ।
कछु काया छीजे नहीं खरचे, ध्यान धरो सच्चा है ॥
कहत कमाल सुनो भाई साधू, सब से पंथ न्यारा है ।
बेद शास्तर की बात येही, जम के माथे पथरा है ॥
ये तनु किसोकी किसोकी । आखर बस्ती जंगल की ॥
काहे कूँ दिवाने सोच करे, मेरी माता और पुत्ती ।
ये तो सब झूठ पसारा, राम करो अपना साथी ॥
खाये पिये सुख से बैठे, फेर उठ के चले जाती ।
बिरख की छाया, सुख की मीटी, एक घड़ी का साथी ॥
कहत कमाल सुनो भाई साधू, सपन भया राती ।
खिन में राजा खिन में रंक, ऐसी राह चलती ॥

आसरा एक करतार का रख तू,
बीच मैदान के बाँध ताटी ।
रहेगा वोही जिन्हें खलक पैदा किया,
और सब होयगा खाक माटी ॥
अमीर उमराव दिन चार के पाहुने,
घूमता है दरबार हाथी ।
कहत कमाल कबीर का बालका,
राम नाम तेरा संग साथी ॥

संत धनी धरमदासजी

(जन्म-संवत—अनुमानतः १४९०वि०, जन्म-स्थान—बाँधोगढ़, जाति—बनिया, शरीरान्त, वि०सं०१६००के लगभग । गुरु कबीरजी)

नाम रस ऐसो है भाई ॥
आगे आगे दाहि चलै, पाछे हरियर होइ ।
बलिहारी वा बृच्छ की, जड़ काटे फल होइ ॥
अति कड़ुवा खट्टा घना रे, वा को रस है भाई ।
साधत साधत साध गये हैं, अमली होय सो खाई ॥
सूँघत के बौरा भये हो, पीयत के मरि जाई ।
नाम रस सो जन पिये, धड़ पर सीस न होई ॥
संत जवारिस सो जन पावै, जा को ग्यान परगासा ।
धरमदास पी छकित भये हैं, और पिये कोइ दासा ॥

घड़ा एक नीर का फूटा । पत्र एक डार से टूटा ॥
ऐसे हि नर जात जिंदगानी । अजहु नहिं चेत अभिमानी ॥
भूलो जनि देख तन गोरा । जगत में जीवना थोरा ॥
निकरि जब प्रान जावैगा । कोई नहिं काम आवैगा ॥
सजन परिवार सुत दारा । सभी एक रोज होइ न्यारा ॥
तजो मद लोभ चतुराई । रहो निरसंक जग माहीं ॥
सदा ना जान ये देही । लगावो नाम से नेही ॥
कहै धर्मदास कर जोरी । चलो जहँ देस हैं तोरी ॥

सुचित होइ सब्द बिचारो हो ॥
सब्द बिचार नाम धर दीपक, लै उर बारो हो ।
जुगन जुगन कै अरुझनि, छन मे निरुवारो हो ॥
पंथे चलो गरीब होय, मद मोह निवारो हो ।
साहेब नैन निकट बसै, सत दरस निहारो हो ॥
आपे जगत जिताइ के, मन सब से हारो हो ।
जवन बिधी मनुवा मरे, सोइ भाँति सम्हारो हो ॥
बास करो सत लोक में, दुख नगर उजारो हो ।
धरमदास निज नाम पर, तन मन धन वारो हो ॥

साहेब दीनबंधु हितकारी ।
कोटिन ऐगुन बालक करई, मात पिता चित एक न धारी ॥
तुम गुरु मात पिता जीवन के, मैं अति दीन दुखारी ।
प्रनत पाल करुनानिधान प्रभु, हमरी ओर निहारी ॥
जुगन जुगन से तुम चलि आये, जीवन के हितकारी ।
सदा भरोसे रहूँ तुम्हारे, तुम प्रतिपाल हमारी ॥
मोरे तुम हीं सत्त सुकृत हौ, अंतर और न धारी ।
जानत हौ जन के तन मन की, अब कस मोहिं बिसारी ॥
को कहि सकै तुम्हारी महिमा, केहि न दिह्यो पद भारी ।
धरमदास पर दाया कीन्ही, सेवक अहौं तुम्हारी ॥

साहेब मोरी बहियाँ सम्हारि गही ॥
गहिरी नदिया नाव झाँझरी, बोझा अधिक भई ।
मोह लोभ की लहर उठत है, नदिया झकोर बही ॥
तुमहिं बिगारो तुमहिं सँवारो, तुमहिं भंडार भरो ।
जब चाहो तब पार लगावो, नहिं तो जात बहो ॥
कुमति काटि के सुमति बढ़ाओ, बल बुधि ग्यान दई ।
मैं पापी बहु बेरी चूकूँ, तुम मेरी चूक सही ॥
धरमदास सरन सतगुरु के, अब धुनि लाग रही ।
अमर लोक में डेरा परिगै, समरथ नाम सही ॥

पिया परदेसिया, गवन लै जा मोर ॥
आव भाव का अनवट बिछुआ, सब्द के घुँघरू उठे घनघोर ।
तन सारी मन रतन लहँगवा, ग्यान की अँगिया भई सरबोर ॥
चारि जना मिलि लेइ चले हैं, जाइ उतारे जमुनवाँ के कोर ।
धरमदास बिनवै कर जोरी, नगरी के लोग कहैं कुल बोर ॥

गर्भ दुक्ख तें काढ़ि, प्रगट प्रभु बाहर कीन्हो ।
भक्ति अंग को छापि, अंक दस्तक लिखि दीन्हो ॥
वा को नाम बिसरि गयो, जिन पठयो संसार ।
रंचक सुख के कारने, बिसरि गयो निज सार ॥
नहिं जाने केहि पुन्य, प्रगट भे मानुष देही ।
मन बच कर्म सुभाव, नाम सो कर ले नेही ॥
लख चौरासी भरमि के, पायो मानुष देह ।
सो मिथ्या कस खोवते, झूठी प्रीति सनेह ॥
माया रंग कुसुम्भ, महा देखन को नीको ।
मीठो दिन दुइ चार, अंत लागत है फीको ॥
कोटिन जतन रह्यो नहीं, एक अंग निज मूल ।
ज्यों पतंग उड़ि जायगो, ज्यों माया काफूर ॥
नाम क रंग मँजीठ, लगै छूटै नहिं भाई ।
लचरच रहो समाय, सार ता में अधिकाई ॥
केती बार धुलाइये, दे दे करड़ा धोय ।
ज्यों ज्यों भट्ठी पर दिये, त्यों त्यों उज्जल होय ॥
सोवत हो केहि नींद, मूढ़ मूरख अग्यानी ।
भोर भये परभात, अबहिं तुम करो पयानी ॥
अब हम साँची कहत हैं, उड़ियो पंख पसार ।
छुटि जैहौ या दुक्ख तें, तन-सरवर के पार ॥
ऐसा यह संसार, रहँट की जैसी घरियाँ ।
इक रीती फिरि जाय, एक आवै फिरि भरियाँ ॥
उपजि उपजि बिनसन करै, फिरि फिरि जमै गिरास ।
यही तमासा देखि कै, मनुवा भयो उदास ॥
जैसे कलपि कलपि के, भये है गुड़ की माखी ।
चाखन लागी बैठि, लपट गइ दोनो पाँखी ॥
पंख लपेटे सिर धुनै, मनहीं मन पछिताय ।
वह मलयागिरि छाँडि कै, इहाँ कौन बिधि आय ॥

रहे दूध के दूध, जाय पानी के पानी ।
सुनो स्रवन चित लाय, कहौं कछु अकथ कहानी ॥
अकह कमल तें खुति उठी, अनुभव सब्द प्रकास ।
केवल नाम कबीर है, गावै धनि धरमदास ॥



पुण्यदान

कल्याण



संत ज्ञानेश्वरका एकात्मभाव

संत ज्ञानेश्वरका एकात्मभाव

निवृत्तिनाथ, ज्ञानदेव, सोपानदेव और उनकी छोटी बहिन मुक्ताबाई—ये चार बालक—बालक ही थे चारों। सबसे बड़े निवृत्तिनाथकी आयु भी केवल सोलह वर्षकी थी। ज्ञानेश्वर चौदह वर्षके, सोपानदेव बारह वर्षसे कुछ अधिक और मुक्ताबाई तो ग्यारहवें वर्षमें पदार्पण करनेवाली बच्ची थी। ये चारों बालक आलन्दीसे पैदल चलकर पैठण आये थे।

यह बाल संतोंकी मंडली—कोई किसीसे कम कहने योग्य नहीं। बड़े भाई निवृत्तिनाथ तो साक्षात् निवृत्तिकी मूर्ति थे। वे ही गुरु थे अपने छोटे भाइयों और बहिनके। सांसारिक कोई प्रवृत्ति उनके चित्तको स्पर्श ही नहीं करती थी।

ज्ञानदेव—ज्ञानेश्वरजी तो जन्मसे योगिराज थे। योगकी सभी सिद्धियाँ उनके चरणोंमें निवास करती थीं। वे ज्ञानकी साक्षात् मूर्ति—अपने नामका अर्थ बतलाते हुए उन्होंने पैठणमें कहा—'मैं सकल आगमका वेत्ता हूँ।'

सोपानदेव तो परमार्थके सोपान थे जीवोंके लिये। सांसारिक प्राणियोंको भजनमें लगाना, उन्हें भगवद्धामका मार्ग सुलभ कराना—यह कार्य उनका ही था। जीवकी उन्नतिके वे सोपान थे और मुक्ताबाईकी बात कोई क्या कहेगा। महाराष्ट्रके वारकरी-साहित्यसे तनिक भी जिसका परिचय है, वह जानता है कि मुक्ताबाईका तो अवतार ही जीवोंको मुक्त करनेके लिये हुआ था।

परम पावन जन्मजात ये चार बाल संत पैठण आये थे। उन्हें ब्राह्मणोंसे शुद्धिपत्र लेना था। जो लोकको अपनी चरण-रजसे शुद्ध कर रहे थे, उन्हें शुद्धि-पत्र चाहिये था। बात समझमें आनेकी है—यदि सर्वश्रेष्ठ पुरुष ही मर्यादाका पालन न करें, शास्त्रकी मर्यादा लोकमें प्रतिष्ठित कैसे रहे। संन्यासी पिताने गुरुकी आज्ञासे गृहस्थ-धर्म स्वीकार कर लिया—वे संन्यासीके बालक थे। शास्त्रज्ञ ब्राह्मणोंसे शुद्धिपत्र लेने आये थे वे।

'इस भैंसेका नाम भी ज्ञानदेव है।' दुष्ट कहाँ नहीं होते? एक दुष्ट प्रकृतिके व्यक्तिने पैठणमें ज्ञानदेवको चिढ़ाते हुए एक भैंसेकी ओर संकेत किया।

'हाँ, है ही तो।' ज्ञानदेव चिढ़ जानेवाले होते तो ज्ञानदेव क्यों कहलाते। वे कह रहे थे—'भैंसेमें और हममें अन्तर क्या है। नाम और रूप तो कल्पित हैं और आत्मतत्त्व एक ही है। भेदकी कल्पना ही अज्ञान है।'

'अच्छा, यह बात है?' उस दुष्टने भैंसेकी पीठपर सटासट कई चाबुक मार दिये।

यह क्या हुआ? चाबुक पड़ी भैंसेकी पीठपर और उसकी चोटके चिह्न—रक्त-जमी काली साटें ज्ञानेश्वरकी पीठपर उभड़ आयीं। उनमें रक्त छलछला आया।

'मैं अज्ञानी हूँ। मुझे क्षमा करें।' दुष्टके लिये ज्ञानदेवके चरणोंमें गिरकर क्षमा माँगनेके अतिरिक्त उपाय क्या था।

'तुम भी ज्ञानदेव हो। क्षमा कौन किसे करेगा?' ज्ञानेश्वर महाराजकी एकात्मभावना अखण्ड थी—'किसीने किसीका अपराध किया हो तो क्षमाकी बात आवे। सबमें एक ही पण्ढरीनाथ व्यापक हैं।'

सर्वव्यापक पण्ढरीनाथको सर्वत्र देखनेवाले भुवनवन्द्य संत धन्य हैं।

संत रैदास

(जन्म-सवत्—अज्ञात, कबीरदासजीके सम-सामयिक, जन्म-स्थान—काशी, जाति—चमार, पिताका नाम—रग्घु, माताका नाम—घुरबिनिया, स्वामी रामानन्दजीके शिष्य ।)

हरि-सा हीरा छाड़ि कै, करै आन की आस ।
ते नर जमपुर जाहिंगे, सत भाषै रैदास ॥

(१)

गाइ-गाइ अब का कहि गाऊँ ।
गावनहार को निकट बताऊँ ॥

जब लग है या तन की आसा, तब लग करै पुकारा ।
जब मन मिल्यौ आस नहिं तन की, तब को गावनहारा ॥
जब लग नदी न समुद समावै, तब लग बढ़ै हँकारा ।
जब मन मिल्यौ राम सागर सों, तब यह मिटी पुकारा ॥
जब लग भगति मुकति की आसा, परम तत्त्व सुनि गावै ।
जहँ-जहँ आस धरत है यह मन, तहँ-तहँ कछू न पावै ॥
छाड़ै आस निरास परम पद, तब सुख सति कर होई ।
कह रैदास आसौं और करत है, परम तत्त्व अब सोई ॥

(२)

ऐसो कछु अनभौ कहत न आवै ।
साहिब मिलै तो को बिलगावै ॥

सब मे हरि है, हरि मे सब है, हरि अपनो जिन जाना ।
साखी नहीं और कोइ दूसर, जाननहार सयाना ॥
बाजीगर सो राचि रहा, बाजी का मरम न जाना ।
बाजी झूठ, साँच बाजीगर, जाना मन पतियाना ॥
मन थिर होइ तो कोइ न सूझै, जानै जाननहारा ।
कह रैदास बिमल बिबेक सुख, सहज सरूप सँभारा ॥

(३)

राम बिन संसय-गाँठि न छूटै ।
काम किरोध लोभ मद माया, इन पचन मिलि लूटै ॥
हम बड़ कबि कुलीन हम पंडित, हम जोगी संन्यासी ।
गयानी गुनी सूर हम दाता, यहु कहै मति नासी ॥
देखे-सुने कछु समुझि न परई, जौं लौं भाव न दरसै ।
लोहा हिरन होइ धौं कैसे, जौं पारस नहिं परसै ॥
कह रैदास और असमुझसी, चालि परे भ्रम भोरे ।
एक अधार नाम नरहरि को, जिवन प्रानधन मोरे ॥

(४)

संतो ! अनिन भगति यह नाहीं ।
जब लग सिरजत मन पाँचों गुन, ब्यापत है या माही ॥
सोई आन अंतर कर हरि सों, अपमारग को आनै ।
काम क्रोध मद लोभ मोह की, पल पल पूजा ठानै ॥
सत्य सनेह इष्ट अँग लावै, अस्थल अस्थल खेलै ।
जो कछु मिलै आन आखत सो, सुत दारा सिर मेलै ॥
हरि-जन हरिहि और ना जानै, तजै आन तन त्यागी ।
कह रैदास सोई जन निर्मल, निसि दिन जो अनुरागी ॥

(५)

अब कछु मरम बिचारा हो हरि !
आदि अंत औसान राम बिन, कोइ न करै निवारा हो हरि ॥
अब मै पंक पंक अमृत जल, जलहि सुद्ध होइ जैसे ।
ऐसे करम-भरम जग बाँध्यो, छूटै तुम बिन कैसे हो हरि ॥
जप-तप बिधी-निषेध नाम कै, पाप पुन्न दोउ माया ।
ऐसे मोहिं तन मन गति बीमुख, जनम-जनम डँहकाया हो हरि ॥
ताड़न छेदन त्रायन खेनन, बहु बिधि कर ले उपाई ।
लोन-खड़ी संजोग बिना जस, कनक कलक न जाई हो हरि ॥
भन रैदास कठिन कलि के बल, कहा उपाय अब कीजै ।
भव बूड़त भयभीत जगत जन, कर-अवलंबन दीजै हो हरि ॥

(६)

त्यों तुम कारन केसवे, लालच जिव लागा ।
निकट नाथ प्रापत नहीं, मन मोर अभागा ॥
सागर सलिल सरोदिका, जल थल अधिकाई ।
स्वाति-बुंद की आस है, पिउ प्यास न जाई ॥
जौ रे सनेही चाहिये, चित्त बहु दूरी ।
पगुल फल न पहूँच ही, कछु साध न पूरी ॥
कह रैदास अकथ कथा, उपनिषद सुनीजै ।
जस तूँ तस तूँ तस तुही, कस उपमा दीजै ॥

(७)

ऐसी भगति न होइ रे भाई ।
राम-नाम बिन जो कुछ करिये, सो सब भरम कहाई ॥
भगति न रस दान भगति न कथै ग्यान ।
भगति न बन मे गुफा खुदाई ॥
भगति न ऐसी हाँसी भगति न आसापासी ।
भगति न यह सब कुल-कान गँवाई ॥

भगति न इंद्री बाँधा भगति न जोगा साधा।
भगति न अहार घटाई ये सब करम कहाई॥
भगति न इंद्री साधे भगति न बैराग बाँधे।
भगति न ये सब बेद बड़ाई॥
भगति न मूँड़ मुंड़ाये भगति न माला दिखाये।
भगति न चरन धुवाये ये सब गुनी जन कहाई॥
भगति न तौ लौ जाना आप को आप बखाना।
जोइ-जोइ करै सो-सो करम-बड़ाई॥
आपो गयो तब भगति पाई ऐसी भगति भाई।
राम मिल्यो आपो गुन खोयो रिधि-सिधि सबै गँवाई॥
कह रैदास छूटी आस सब, तब हरि ताही के पास।
आत्मा थिर भई तब सबही निधि पाई॥

(८)

केसवे बिकट माया तोर, ताते बिकल गति-मति मोर॥
सुबिषंग सन कराल अहिमुख, ग्रमति सुटल सुभेष।
निरखि माखी बकै ब्याकुल, लोभ कालर देख॥
इंद्रियादिक दुक्ख दारुन, असंख्यादिक पाप।
तोहि भजन रघुनाथ अंतर, ताहि त्राम न ताप॥
प्रतिज्ञा प्रतिपाल प्रतिज्ञा चिह्न, जुग भगति पूरन काम।
आस तोर भरोस है, रैदास जै जै राम॥

(९)

तुझ चरनारबिंद भँवर मन।
पान करत मैं पायो राम-धन॥
संपति-बिपति पटल माया घन।
ता मे मगन होइ कैसे तेरो जन॥
कहा भयो जो गत तन छन-छन।
प्रेम जाइ तौ डरै तेरो निज जन॥
प्रेमरजा लै राखो हृदै धरि,
कह रैदास छूटिबो कवन परि॥

(१०)

रे चित ! चेत अचेत काहे, बालक को देख रे।
जाति ते कोई पद नहिं पहुँचा, रामभगति बिसेख रे॥
खटकम सहित जे बिप्र होते, हरिभगति चित दृढ़ नाहिं रे।
हरि की कथा सुहाय नाही, सुपच तूलै ताहि रे॥
मित्र-शत्रु अजात सब ते, अंतर लावै हेत रे।
लाग वा की कहाँ जानै, तीन लोक पवेत रे॥
अजामील गज गनिका तारी, काटी कुंजर की पास रे।
ऐसे दुरमत मुक्त किये, तो क्यों न तरै रैदास रे॥

(११)

जो तुम तोरो राम ! मैं नहिं तोरौ।
तुम से तोरि कवन से जोरौ॥
तीरथ-बरत न करौं अँदेसा।
तुम्हरे चरन-कमल क भरोसा॥
जहँ-जहँ जाउँ तुम्हारी पूजा।
तुम-सा देव और नहिं दूजा॥
मैं अपनो मन हरि से जोऱ्यो।
हरि से जोरि सबन से तोऱ्यो॥
सब ही पहर तुम्हारी आसा।
मन-क्रम-बचन कहै रैदासा॥

(१२)

थोथो जनि पछोरो रे कोई।
जोइ रे पछोरो, जा मे नाज-कन होई॥
थोथी काया, थोथी माया,
थोथा हरि बिन जनम गँवाया॥
थोथा पंडित, थोथी बानी।
थोथी हरि बिन सबै कहानी॥
थोथा मंदिर भोग-बिलासा।
थोथी आन देव की आसा॥
साचा सुमिरन नाम बिसासा।
मन बच कर्म कहै रैदासा॥

(१३)

का तूँ सोवै, जाग दिवाना।
झूठी जिउन सत्त करि जाना॥
जिन जनम दिया सो रिजक उमड़ावै,
घट-घट भीतर रहट चलावै।
करि बंदगी छाड़ि मैं-मेरा,
हृदय करीम सँभारि सुबेरा॥
जो दिन आवै सो दुख में जाई,
कीजै कूच रह्यो सच नाही।
संगि चली है, हम भी चलना,
दूर गवन, सिर ऊपर मरना॥
जो कुछु बोया, लुनिये सोई,
ता में फेर-फार कस होई।
छाड़िय कूर, भजै हरि-चरना,
ताको मिटै जनम अरु मरना॥

आगे पंथ खरा है झीना,
खाँडे-धार जैसा है पैना।
जिस ऊपर मारग है तेरा,
पंथी पंथ सँवार सबेरा॥
क्या तैं खरचा, क्या तै खाया, चल दरहाल दिवान बुलाया।
साहिब तो पै लेखा लेसी, भीड़ पड़े तूँ भरि-भरि देसी॥
जनम सिराना, किया पसारा, सूझि परयो चहुँदिसि अँधियारा।
कह रैदास अग्यान दिवाना, अजहुँ न चेतहु नीकँद खाना॥

(१४)

हरि बिन नहि कोइ पतीत-पावन, आनहिं ध्यावे रे।
हम अपूज्य पूज्य भये हरि ते, नाम अनूपम गावे रे॥
अष्टादस ब्याकरन बखानै, तीन काल षट जीता रे।
प्रेम भगति अंतरगति नाहीं, ता ते भानुक नीका रे॥
ता ते भलो स्वान को सत्रू, हरि चरनन चित लावै रे।
मुआ मुक्त बैकुंठ बास, जिवत यहाँ जस पावै रे॥
हम अपराधी नीच घर जनमे, कुटुंब लोक करै हाँसी रे।
कह रैदास राम जपु रसना, कटै जनम की फाँसी रे॥

(१५)

चल मन ! हरि-चटसाल पढ़ाऊँ॥
गुरु की साटी, ग्यान का अच्छर,
बिसरै तौ सहज समाधि लगाऊँ॥
प्रेम की पाटी, सुरति की लेखनि,
रौ ममौ लिखि आँक लखाऊँ॥
येहि बिधि मुक्त भये सनकादिक,
हृदय बिचार-प्रकास दिखाऊँ॥
कागद कँवल मति मसि करि निर्मल,
बिन रसना निसदिन गुन गाऊँ॥
कह रैदास राम भजु भाई,
संत साखि दे बहुरि न आऊँ॥

(१६)

कहु मन ! राम नाम सँभारि।
माया के भ्रम कहा भूल्यो, जाहुगे कर झारि॥
देखि धौ इहाँ कौन तेरो, सगा सुत नाह नारि।
तोरि उतँग सब दूरि करिहैं, देहिंगे तन जारि॥
प्रान गये कहो कौन तेरा, देखि सोच-बिचारि।
बहुरि येहि कलिकाल नाहीं, जीति भावै हारि॥
यहु माया सब थोथरी रे, भगति दिस प्रतिहारि।
कह रैदास संत बचन गुरु के, सो जिव ते न बिसारि॥

(१७)

तेरी प्रीत गोपाल सो जनि घटै हो।
मैं मोलि महँगे लई तन सटै हो॥
हृदय सुमिरन करूँ, नैन अवलोकनो,
स्रवनो हरिकथा पूरि राखूँ।
मन मधुकर करौ, चित्त चरना धरौ,
राम-रसायन रसना चाखूँ॥
साधु सँगत बिन भाव न ऊपजै,
भाव-भगति क्यो होइ तेरी।
बदत रैदास रघुनाथ सुनु बीनती,
गुरु-परसाद कृपा करौ मेरी॥

(१८)

जो तुम गोपालहि नहिं गैहौ।
तो तुम कौं सुख में दुख उपजै, सुख हि कहाँ ते पैहौ॥
माला नाय सकल जग डहको झूँठो भेख बनैहौ।
झूँठे ते साँचे तब होइहौ, हरिकी सरन जब ऐहौ॥
कनरस बतरस और सबै रस झूँठहि मूँड़ डोलैहौ।
जब लगि तेल दिया मे बाती देखत ही बुझि जैहौ॥
जो जन राम नाम रँग राते और रग न सुहैहौ।
कह रैदास सुनो रे कृपानिधि प्रान गये पछितैहौ॥

(१९)

अब कैसे छुटै नाम-रट लागी॥
प्रभुजी ! तुम चंदन, हम पानी।
जा की अँग-अँग बास समानी॥
प्रभुजी ! तुम घन, बन हम मोरा।
जैसे चितवत चंद चकोरा॥
प्रभुजी ! तुम दीपक, हम बाती।
जा की जोति बरै दिन राती॥
प्रभुजी ! तुम मोती, हम धागा।
जैसे सोनहि मिलत सुहागा॥
प्रभुजी ! तुम स्वामी, हम दासा।
ऐसी भक्ति करै रैदासा॥

(२०)

प्रभुजी ! सगति सरन तिहारी।
जग-जीवन राम मुरारी॥
गली-गली को जल बहि आयो,
सुरसरि जाय समायो।

संगत कै परताप महातम,
नाम गँगोदक पायो ॥
स्वाँति बूँद बरसै फनि ऊपर,
सीस बिषै होइ जाई ।
ओही बूँद कै मोती निपजै,
संगति की अधिकाई ॥
तुम चंदन, हम रेड़ बापुरे,
निकटु तुम्हारे आसा ।
संगत कै परताप महातम,
आवै बास सुबासा ॥
जाति भी ओछी, करम भी ओछा,
ओछा कसब हमारा ।
नीचे से प्रभु ऊँच कियो है,
कह रैदास चमारा ॥

(२१)

जो दिन आवहि सो दिन जाहीं ।
करना कूच, रहनु थिरु नाहीं ॥
सगु चलत है, हम भी चलना ।
दूरि गवनु, सिर ऊपरि मरना ॥
क्या तू सोया, जागु अयाना ।
तै जीवन-जग सचु करि जाना ॥
जिनि दीया सु रिजकु अँवरावै ।
सभ घट भीतरि हाटु चलावै ॥
करि बंदिगी, छाँड़ि मै-मेरा ।
हिरदै नामु सम्हारि सबेरा ॥
जनमु सिरानो, पथु न सँवारा ।
साँझ परी, दह दिसि अँधियारा ॥
कह रविदास नदान दिवाने !
चेतसि नहिं दुनिया फन खाने ॥

(२२)

चित सिमरन करौं, नैन अवलोकनो,
स्रवन-बानी सुजसु पूरि गावौं ॥
मनु सु मधुकरु करौं चरन हिरदे धरौं,
रसन अमृत रामनाम भावौं ॥
मेरी प्रीति गोबिंद से जनि घटै,
मैं तो मोलि महँगी लई जीव सटै ॥
साध-संगति बिना भाव नहि ऊपजै,
भाव बिन भगति नहि होय तेरी ॥
कहै रविदास एक बेनती हरि सिउ,
पैज राखहु राजा राम ! मेरी ॥

(२३)

सो कहा जानै पीर पराई,
जा के दिल मे दरद न आई ॥
दुखी दुहागिनि होइ पियहीना,
नेह निरति करि सेव न कीना ।
स्याम-प्रेम का पथ दुहेला,
चलन अकेला, कोइ सग न हेला ॥
सुख की सार सुहागिनि जानै,
तन-मन देय अँतर नहि आनै ।
आन सुनाय और नहिं भाषै,
राम-रसायन रसना चाखै ॥
खालिक तौ दरमंद जगाया,
बहुत उमेद, जवाब न पाया ।
कह रैदास कवन गति मेरी,
सेवा-बंदगी न जानूँ तेरी ॥

(२४)

दरसन दीजै राम ! दरसन दीजै ।
दरसन दीजै, बिलँब न कीजै ॥
दरसन तोरा जीवन मोरा । बिन दरसन क्यूँ जिवै चकोरा ॥
साधो सत गुरु, सब जग चेला । अबकै बिछुरे मिलन दुहेला ॥
धन-जोबन की फूलै आसा । सत-सत भाषै जन रैदासा ॥

रैदास रात न सोइये, दिवस न करिये स्वाद ।
अहनिसि हरिजी सुमिरिये, छाँड़ि सकल प्रतिवाद ॥

संत निपटनिरंजनजी

(जन्म सं० १६८०, चँदेरीगाँव (बुन्देलखण्ड), देहावसान सं० १७९५ अगहन कृष्णा ११, आयु ११५ वर्ष ।)

संगत साधुन की करिये,
कपटी लोगन सों डरिये ।
कौन नफा दुरजन की संगत, हाय-हाय करि मरिये ॥
बानी मधुर सरस मुख बोलत, अवस सुनिय भव तरिये ।
'निरंजन' प्रभु अन्तर निरमल, हीये भेद बिसरिये ॥

हरि के दास कहावत हो,
मन में कौतुकी आस ।
राम-नाम को परगट बेचे, करत भक्ति को नास ॥
माया मोह लोभ नहि छूटे, चाहत प्रेम प्रकास ।
कहत 'निरंजन' तब प्रभु रीझे, जब मन होत निरास ॥

हाँसी में बिबाद बसै, बिद्या बीच बाद बसै,
भोग माहिं रोग पुनि सेवा माहिं हीनता ।
आदर में मान बसै, सुचि मै गिलान बसै,
आवन में जान बसै, रूप माहिं दीनता ॥
भोग में अभोग, औ सँयोग में बियोग बसै,
पुन्य माहिं बंधन औ लोभ में अधीनता ।
'निपट' नवीन ये प्रबीननी सुबीन लीन,
हरिजू सों प्रीति सब ही सों उदासीनता ॥
सीख्यौ है सिलोक औ कबित्त छंद नाद सबै,
ज्योतिषको सीख्यौ मन रहत गरूर में ।
सीख्यौ सौदागिरी त्यौं बजाजी और रस रीति,
सीख्यौ लाख फेरन ज्यौं बह्यौ जात पूर में ॥
सीख्यौ सब जंत्र-मंत्र, तंत्रनहू सीखि लीन्हे,
पिंगल पुरान सीख्यौ सीखि भयौ सूरमें ।
सब गुन खान भयौ 'निपट' सयानो, हरि
भजिबो न सीख्यौ, सबै सीख्यौ गयौ धूर में ॥

ऊँट की पूँछ सो ऊँट बँध्यौ इमि ऊँटन की-सी कतार चली है ।
कौन चलाइ कहाँ कों चली, बलि जैहै तहाँ कछु फूल फली है ॥
ये सिगरे मत ताकी यही गति, गाँव को नाँव न कौन गली है ।
ग्यान बिना सुधि नाहिं 'निरंजन', जीव न जानै बुरी कि भली है ॥

संत बीरू साहब

(जन्म-स्थान और जीवनकालका कुछ निश्चित पता नहीं । सम्भवतः किसी पूर्वी जिलेके निवासी, धावरी साहिबाके प्रमुख शिष्य । आविर्भावकाल अनुमानतः विक्रमकी १७ वीं शताब्दीका उत्तरार्द्ध रहा ।)



हंसा ! रे बाझल मोर याहि घरौं,
करबो मैं कवनि उपाय ।
मोतिया चुगन हंसा आयल हो,
सो तो रहल भुलाय ॥
झीलर को बगुला भयो है,
कर्म कीट धरि खाय ।
सतगुरु सत्य दया कियो, भव-बधन लियो छुड़ाय ॥

यह संसार सकल है अंधा, मोह-माया लपटाय ।
'बीरू' भक्त हंसा भयो, सुख-सागर चल्यो है नहाय ॥
आली ! रूप लागी लौ आछे मने ।
हियरा मध्य मोहनि मूरति राखिलो जतने ॥
अलखवान पुरि आसन ध्यान माँझ त्रिपुनि* कोने ।
दरस परस मोहन मूरति देखिलो सपने ॥
कोटि ब्रह्मा जाको पार न पावैं सुर नर मुनि को गने ।
'बीरू' भक्त केरा मन स्थिर नाहीं मैं पापी भजिबो केमने ॥

* त्रिपुनि=त्रिकुटी ।

श्रीबावरी साहिबा

(समय अकबरसे पूर्व, गुरु महात्मा मायानंद, स्थान दिल्ली)

बावरी रावरी का कहिये, मन है के पतंग भरै नित भाँवरी ।
भाँवरी जानहिं संत सुजान, जिन्हे हरिरूप हिये दरसावरी ॥
साँवरी सूरत, मोहिनी मूरत, देकर ग्यान अनंत लखावरी ।
बावरी सौंह निहारी प्रभू गति रावरी देखि भई मति बावरी ॥

जप-माला छापा तिलक, सरै न एकौ काम ।
साँचै मन नाचै बृथा, साँचै राचैं राम ॥

मनका फेरत जुग गया, गया न मन का फेर ।
कर का मनका छाँडि कै, मन का मनका फेर ॥

अजपा जाप सकल घट बरतै, जो जानै सोइ पेखा ।
गुरुगम ज्योति अगम घट बासा, जो पाया सोइ देखा ॥
मैं बंदी हौं परम तत्त्व की, जग जानत की भोरी ।
कहत 'बावरी' सुनो हो बीरू, सुरति कमल पर डोरी ॥

यारी साहब

(जन्म वि० सं० १७२५ अनुमानत:, जन्म-स्थान—सम्भवत: दिल्ली, जाति—मुसल्मान, गुरु—बीरू साहब, शरीरान्त—अनुमानत: वि० सं० १७८०)



नैनन आगे देखिये
तेज-पुंज जगदीस ।
बाहर-भीतर रमि रह्यो,
सो धरि राखो सीस ॥
आठ पहर निरखत रहो,
सनमुख सदा हजूर ।
कह यारी घरही मिलै, काहे जाते दूर ॥
आतम नारि सुहागिनी, सुंदर आपु सँवारि ।
पिय मिलिबे को उठि चली, चौमुख दियना बारि ॥

हौं तो खेलौं पिया सँग होरी ।
दरस-परस पतिब्रता पिय की, छबि निरखत भइ बौरी ॥
सोरह कला सँपूरन देखौ, रबि-ससि भे इक ठौरी ।
जब ते दृष्टि परो अबिनासी, लागो रूप-ठगौरी ॥
रसना रटत रहत निस-बासर, नैन लगो यहि ठौरी ।
कह यारी भक्ती करु हरि की, कोई कहे सो कहौ री ॥

दिन-दिन प्रीति अधिक मोहिं हरि की ।
काम क्रोध जंजाल भसम भयो,
बिरह-अगिनि लगे धधकी ॥
धुकुधुकि धुधुकि सुलगति अतिनिर्मल,
झिलमिल झिलमिल झलकी ।
झरि-झरि परत अँगार अधर यारी,
चढ़ि अकास आगे सरकी ॥

बिरहिनी ! मंदिर दियना बार ॥
बिन बाती बिन तेल जुगति सों, बिन दीपक उँजियार ।
प्रानपिया मेरे घर आयो, रचि-रचि सेज सँवार ॥
सुखमन सेज परम तत रहिया, पिय निरगुन निरकार ।
गावहु री मिलि आनँद-मंगल, 'यारी' मिलि के यार ॥

रसना, राम कहत तें थाको ।
पानी कहे कहूँ प्यास बुझति है,
प्यास बुझै जदि चाखो ॥
पुरुष-नाम नारी ज्यों जानैं,
जानि-बूझि नहिं भाखो ।
दृष्टी से मुष्टी नहि आवै,
नाम निरंजन वा को ॥
गुरु-परताप साधु की संगति,
उलटि दृष्टि जब ताको ।
यारी कहै, सुनो भाई संतो,
बज्र बेधि कियो नाको ॥

देखु बिचारि हिये अपने नर,
देह धरो तौ कहा बिगरो है ।
यह मट्टी का खेल-खिलौना बनो,
एक भाजन, नाम अनंत धरो है ॥
नेक प्रतीति हिये नहिं आवति,
मर्म भूलो नर अवर करो है ।
भूषन ताहि गलाइके देखु,
'यारी' कंचन ऐनको ऐन धरो है ॥

संत बुल्ला (बूला) साहब

(यारीसाहबके शिष्य, स्थितिकाल वि० स० १७५० से १८२५ के बीच। जन्मस्थान—बुरकुडा गाव, जिला गाजीपुर। जाति मुनबी, धरेलू नाम बुलाकीराम। दूसरे मतसे—जन्म—वि० स० १६८९। मृत्यु—वि० सं० १७६६। आयु ७७ वर्ष।)

(प्रेषक—श्रीबलरामजी शास्त्री)



साईं के नाम की बलि जावँ।
सुमिरत नाम बहुत सुख पायो,
अंत कतहुँ नहिं ठावँ॥
नाम बिना मन स्वान मँजारी,
घर-घर चित्त ले जावँ।
बिन दरसन-परसन मन कैसो,
ज्यों लूले को गावँ॥
पवन मथानी हिरदे ढूँढो, तब पावै मन ठावँ।
जन बुल्ला बोलहिं कर जोरे, सतगुरु चरन समावँ॥

धन कुलवंती जिन जानल अपना नाह॥
जेकरे हेतू ये जग छोड़यो, सो दहुँ कैसन बाट।
रैन-दिवस लव लाइ रहो है, हृदय निहारत बाट॥
साध-संगति मिलि बेड़ा बाँधल, भवजल उतरब पार।
अब की गवने बहुरि नहिं अवने, परखि-परखि टकसार॥
यारीदास परम गुरु मेरे, बेड़ा दिहल लखाय।
जन बुल्ला चरनन बलिहारी, आनँद मंगल गाय॥

साची भक्ति गुपाल की, मेरा मन माना।
मनसा बाचा कर्मना, सुनु सत सुजाना॥
लँगरा लुजा है रहो, बहिरा अरु काना।
राम नाम मे खेल है, दीजै तन दाना॥
भक्ति हेतु गृह छोड़िये, तजि गर्व-गुमाना।
जन बुल्ला पायो वाक है, सुमिरो भगवाना॥

लगन चकोर मानो चंद।
निरखि दहुँ दिसि हेरि आनो, होत जोव अनंद॥
जस उदित उजल सीप बरसै, नैन हूँ झरि लाय।
होत अगम अगाध सोभा, मो पै बरनि न जाय॥
जग आस बास निरास कीन्ही, लीन्ही प्रेम निचोय।
पियन रुचि-रुचि दास बुल्ला, नाम निर्मल जोय॥
अब की बार मो पै होहु दयाल। रोम रोम जन होइ निहाल॥
जन बिनवै आठौ पहवार। तुम्हरे चरन पर आपा वार॥
तुम तौ राम हु निर्गुन सार। मोरे हिय महँ तुम आधार॥
तुम बिनु जीवन कौने काज। बार-बार मो कौं आवै लाज॥
सतगुरु चरनन साज समाज। बुल्ला माँगै भक्ती राज॥

हे मन! करु गोविंद से प्रीत।
बीच मैदान मे देइयो, चौहट नगारा जीत॥
स्रवन सुनि लै नाद प्रभु की, नैन दरसन पेख।
अचल अमर अलेख प्रभुजी, देख ही कोउ भेष॥
भाव सँग तू भक्ति करि ले, प्रेम से लवलीन।
सुरति से तू बैर बाँधो, मुलुक तीनो छीन॥
अधम अधीन अजाति बुल्ला, नाम से लवलीन।
अर्थ धर्म अरु काम मोछहि, आपने पद दीन॥

एकै ब्रह्म सकल मों अहई। काम-क्रोध से भरमत रहई॥
काम-क्रोध है जम की फाँसी। मरि-मरि जिव भरमै चौरासी॥
लख चौरासी भरम गँवाया। मानुष जनम बहुरि कै पाया॥
मानुष जनम दुर्लभ रे भाई। कह बुल्ला याही जग आई॥

आली आजु कि रैन प्रीति मन भावै॥
गाय बजावत हँसत हँसावत, सब रस लेय मनावै।
जनबुल्ला हरि-चरन मनावै, निरखि सुरति गति आपु मैं पावै॥
हरि हम देख्यो नैनन बीच। तहाँ बसंत धमारि कीच॥
आदि अंत मधि बन्यो बनाय। निरगुन-सरगुन दोनों भाय॥
चीन्हेव तिन्ह को लियो लगाय। अनबूझो रहिगो मुँह बाय॥
सुन्न भवन मन रह्यो समाय। तहँ ऊठत लहरि अनंत आय॥
जगमग-जगमग है अंजोर। जन बुल्ला है सेवक तोर॥

कोटि बुले ध्रुव ग्यान हिये नहिं आइया।
राम नाम को ध्यान धरो मन लाइया॥
बिना ध्यान नहिं मुक्ति पिछे पछिताइया।
बुल्ला हृदय बिचारि राम गुन गाइया॥

जिवन हमार सुफल भो हो, सइयाँ सुतल समीप॥
एक पलक नहिं बिछुरे हो, साँई मोर जिहीत।
पुलकि-पुलकि रति मानल हो, जानल परतीत॥
मन पवना सेजासन हो, तिरबेनी तीर।
हम धन तहवाँ बिराजल हो, लिहले रघुबीर॥
सुरति निरति ले जाइब हो, पाइब गुर रीति।
बहुरि न यह जग आइब हो, गाइब निर्गुन गीति॥

जन बुल्ला घर छाइब हो, बारब तहँ जोति।
अनहद डंक बजाइब हो, हानि कबहुँ न होति॥

भाई इक सॉई जग-न्यारा है।
सो मुझ मे, मै वाही माही, ज्यो जल मद्धे तारा है॥
वा के रूप रेख काया नहिं, बिना सीस बिसतारा है।
अगम अपार अमर अबिनासी, सो संतन का प्यारा है॥
अनत कला जाके लहरि उठतु है, परम तत्त निरकारा है।
जन बुल्ला ब्रह्मज्ञान बोलतु है, सतगुरु शब्द अधारा है॥

या विधि करहु आपुहि पार।
जस मीन जल की प्रीति जानै, देखु आपु विचार॥
जस सीप रहत समुद्र मॉही, गहत नाहिन वार।
वा की सुरत अकास लागी, स्वाति बूँद अधार॥
चकोर चॉद सो दृष्टि लखै, अहार करत अँगार।
दहत नाहिन पान कीन्हे, अधिक होत उजार॥
कीट भृँग की रहनि जानो, जाति-पॉति गँवाय।
बरन-अबरन एक मिलि भे, निरंकार समाय॥
दास बुल्ला आस निरखहिं राम-चरन अपार।
देहु दरसन, मुक्ति परसन, आवा-गवन निवार॥

आठ पहर चौसठ घरी, जन बुल्ला घर ध्यान।
नहिं जानौं कौनी घरी, आइ मिलैं भगवान॥
आठ पहर चौसठ घरी, भरो पियाला प्रेम।
बुल्ला कहै विचारि कै, इहै हमारो नेम॥
जग आये जग जागिये, पगिये हरि के नाम।
'बुल्ला' कहै विचारि कै, छोड़ि देहु तन-धाम॥
बोलत-डोलत हँसि खेलत, आपुहि करत कलोल।
अरज करो बिन दाम ही, 'बुल्लहिं' लीजै मोल॥
ना वह टूटै ना वह फूटै, ना कबहीं कुम्हिलाय।
सर्ब कला गुन आगरो, मो पै बरनि न जाय॥

जगजीवन साहब

(जन्म-सवत् १७२७ वि०, जन्म-स्थान सरदहा गाँव (बाराबकी जिला), जाति—चंदेल क्षत्रिय। शरीरान्त वि० स० १८१८ कोटवा, बाराबकी जिला)

मै-तै गाफिल होहु नहि, समुझि कै सुद्ध सँभार।
जौने घर ते आयहू, तहँ का करेहु विचार॥
इहाँ तो कोऊ रहि नहिं, जो-जो धरिहै देह।
अंत काल दुख पाइहौ, नाम ते करहु सनेह॥
तजु आसा सब झूठ ही, सँग साथी नहिं कोय।
केउ केहू न उबारही, जेहि पर होय सो होय॥
सत समरथ ते राखि मन, करिय जगत को काम।
जगजीवन यह मंत्र है, सदा सुक्ख-बिसराम॥
कहवाँ तें चलि आयहू, कहाँ रहा अस्थान।
सो सुधि बिसरि गई तोहि, अब कस भयसि हेवान॥
अबहूँ समुझि के देहु तै, तजु हकार-गुमान।
यहि परिहरि सब जाइ है, होइ अंत नुकसान॥
दीन लीन रहु निसु-दिना, और सर्बसौ त्यागु।
अंतर बासा किये रहु, महा हितू ते लागु॥
काया नगर सोहावना, सुख तब ही पै होय।
रमत रहै तेहिं भीतरे, दुख नहिं व्यापै कोय॥
मृत मंडल कोउ थिर नहीं, आवा सो चलि जाय।
गाफिल है फंदा परयौ, जहँ तहँ गयो बिलाय॥

गुलाल साहब

(सुप्रसिद्ध सत बुल्ला साहबके शिष्य, जन्म वि० सं० १७५० के लगभग। जन्म-स्थान तालुका बसहरि (जिला गाजीपुर) के अन्तर्गत भुरकुडा गाँव। जाति—क्षत्रिय। शरीरान्त अनुमानतः वि० सं० १८१६, किसीके मतसे १८५० के लगभग।)

तुम जात न जान गँवारा हो।
को तुम आहु, कहाँ ते आयौ, झूठो करत पसारा हो॥
माटी कै बुंद पिंड कै रचना, ता मैं प्रान पियारा हो।
लोभ लहरि में मोह को धारा, सिरजनहार बिसारा हो॥
अपने नाह को चीन्हत नाही नेम धरम आचारा हो।
सपनेहुँ साहब सुधि नहिं जान्यौ, जमदुत देत पछारा हो॥
उलट्यौ जीव ब्रह्म में मेल्यौ, पॉच-पचिस धरि मारा हो।
कहैं गुलाल साधु मे गनती, मनुवा भइल हमारा हो॥

राम मोर पुंजिया, राम मोर धना। निस-बासर लागल रहु मना॥
आठ पहर तहँ सुरति निहारी। जस बालक पालै महतारी॥

धन सुत लछमी रह्यो लोभाय । गर्भ मूल सब चल्यो गँवाय ॥
बहुत जतन भेख रच्यो बनाय । बिन हरि-भजन इँदोरन पाय ॥
हिंदू तुरुक सब गयल बहाय । चौरासी मे रहि लिपटाय ॥
कहै गुलाल सतगुरु बलिहारी । जाति-पाँति अब छुटल हमारी ॥

मूढ़हु रे निर्फल दिन जाय । मानुप-जन्म बहुरि नहिं पाय ।
कोइ कासी कोइ प्राग नहाय । पाँच चोर घर लुटहिं बनाय ॥
करि अस्नान राखहिं मन आसा । फिरि-फिरि नरक कुंडमे बासा ॥
खोजो आप चितै कै ग्याना । सतगुरु सत्त बचन परवाना ॥
समय गये पाछे पछितावा । कहैं गुलाल जात है दाव ॥

जो पै कोउ चरन-कमल चित लावै ।
तबही कटै करम कै फंदा, जमदुत निकट न आवै ॥
पाँच-पचिस मुनि थकित भये हैं, तिरगुन-ताप मिटावै ।
सतगुरु-कृपा परम पद पावै, फिर नहिं भव-जल धावै ॥
हर दम नाम उठत है करारी, संतन मिलि-जुलि पावै ।
मगन भयो, सुख-दुख नहि ब्यापै, अनहद ढोल बजावै ॥
चरन-प्रताप कहाँ लगि बरनौं, मो मन उक्ति न आवै ।
कहैं गुलाल हम नाम-भिखारी, चरनन मे घर पावै ॥

तन मे राम और कित जाय । घर बैठल भेटल रघुराय ॥
जोगि-जती बहु भेख बनावैं । आपन मनुवाँ नहिं समुझावै ॥
पूजहिं पत्थल, जल को ध्यान । खोजत धूरहि कहत पिसान ॥
आसा-तृस्ना करैं न थीर । दुबिधा मातल फिरत सरीर ॥
लोक पुजावहिं घर-घर धाय । दोजख काम्न मिस्त गँवाय ॥
सुर नर नाग मनुप औतार । बिनु हरि-भजन न पावहि पार ॥
कारन धै धै रहत भुलाय । तातें फिर-फिर नरक समाय ॥
अब की बेर जो जानहु भाई । अवधि बिते कछु हाथ न आई ॥
कह गुलाल न तौ जमपुर धाम । सदा सुखद निज जानहु राम ॥

नाहक गर्व करे हो अंतहि, खाक मे मिलि जायगा ॥
दिना चारि को रंग कुसुम है, मैं-मैं करि दिन जायगा ।
बालु क मंदिल ढहत बार नहिं, फिर पाछे पछितायेगा ॥
रचि-रचि मंदिल कनक बनायो, ता पर कियो है अवासा ।
घर मे चोर रैनि-दिनि मूसहिं, कहहु कहाँ है बासा ॥
पहिरि पटंबर भयो लाड़िला, बन्यो छैल मद माता ।
गैबी चक्र फिरै सिर ऊपर, छिन मे करै निपाता ॥
नेकु धीर नहि धरत बावरे, ठौर-ठौर चित जाते ।
देवहर पूजत तीर्थ नेम ब्रत, फोकट को रँग राते ॥
का से कहूँ, कोउ संग न साथी, खलक सबै हैराना ।
कहैं गुलाल संतपुर-बासी, जम जीतो है दिवाना ॥

करु मन सहज नाम ब्यौपार, छोड़ि सकल ब्यौहार ॥
निसु-बासर दिन-रैन दहतु है, नेक न धरत करार ।
धंधा धोख रहत लपटानो, भ्रमत फिरत संसार ॥
मात पिता सुत बंधू नारी, कुल कुटुम्ब परिवार ।
माया-फाँसि बाँधि मत डूबहु, छिन मे होहु संघार ॥
हरि की भक्ति करी नहिं कबहीं, संत-बचन आगार ।
करि हँकार मद-गर्व भुलानो, जन्म गयो जरि छार ॥
अनुभव घर कै सुधियो न जानत, का सो कहूँ गँवार ।
कहै गुलाल सबै नर गाफिल, कौन उतारै पार ॥

लागो रँग झूठो खेल बनाया ।
जहँ लगि ताको सबै पसारा, मिथ्या है यह काया ॥
मोर-तोर छूटत नहिं कबहीं, काम क्रोध अरु माया ।
आतम राम नहीं पहिचानत, भोदू जन्म गँवाया ॥
नेम कै आस धरत नर मूढ़हु, चढ़त चरख दिन जाया ।
घुमत-घुमत कोइ पार न पावै, का लै आया, का लै जाया ॥
साध-सँगति कीन्हे नहिं कबही, साहब प्रीति न लाया ।
कहैं गुलाल यह अवसर बीते, हाथ कछू नहिं आया ॥

अभि-अंतर ही लै लाव मना,
ना तौ जन्म-जन्म जहड़ाई हो ॥
धन दारा सुत देखि कै, काहे बौराई हो ।
काल अचानक मारिहै, कोउ संग न जाई हो ॥
धीरज धरि संतोप करु, गुरु-बचन सहाई हो ।
पद पंकज अंबुज करु नवका, भवसागर तरि जाई हो ॥
अनेक बार कहि-कहि के हारो, कहँ लग कहा बुझाई हो ।
जन गुलाल अनुभौ पद पायो, छुटलि सकल दुनियाई हो ॥

संतो नारि सो प्रीति न लावै ।
प्रीति जो लावै, आपु ठगावै, मूल बहुत को गावै ॥
गुरु को बचन हृदय लै लावै, पाँचौ इंद्री जारै ।
मनहिं जीति, माया बसि करिकै, काम क्रोध को मारै ॥
लोभ मोह ममता को त्यागै, तृस्ना जीभि निवारै ।
सील-सँतोप सो आसन माड़ै, निसु-दिन सब्द बिचारै ॥
जीव दया करि आपु सभारै, साध सँगति चित लावै ।
कह गुलाल सत-गुरु बलिहारी, बहुरि न भवजल आवै ॥

अधम मन ! जानत नाहीं राम ।
भरमत फिरै आठ हूँ जाम ॥
अपनो कहा करतु है सबही, पावत पसु आराम ।
घुरबिनिया छोड़त नहिं कबही, होइ भोर भा साम ॥

ऊड़त रहत बिना पर जामे, त्यागि कनक ले ताम ।
नीक बस्तु के निकट न लागे, भरत है झोरी खाम ॥
अब की बार कहा करु मेरो, छोड़ो अपनी हाम ।
कह गुलाल तोहिं जियत न छोड़ों, खात दोहाई राम ॥

राम राम राम नाम सोई गुन गावै ।
आपु मारि, पवन जारि, गगना गरजावै ॥
अतिही आनंद-कंद बानिहूँ सुनावै ।
सतगुरु जब दया जानि प्रेम हूँ लगावै ॥
अगम जोति झरत मोति, झिलमिल झरि लावै ।
चित चकोर निरखि जोति आपु मे समावै ॥
काम क्रोध लोभ मोह तन मन बिसरावै ।
सोइ सुधित धीर सोइ फकीर सोइ कहावै ॥
जाति मान कुल के कान गरब हूँ गँवावै ।
कह गुलाल सोई संत आपुही कहावै ॥

राम चरन चित अटको ।
सहज सरूप भेख जब कीन्ह्यो, प्रेम लगन हिय लटको ॥
लागि लगन हिय निरखि-निरखि छबि, सुधि बुधि बिसरी अटके नयन
उठत गुंज नभ गरजि दसहुँ दिसि, निरझर झरत रतन ॥
भयो है मगन पूरन प्रभु पायो, निर्मल निर्गुन सत तटनी ।
कह गुलाल मेरे यही लगन है, उलटि गयो जैसे नटनी ॥

हौं अनाथ चरनन लपटानो ।
पंथ और दिस सूझत नाही, छोड़ो तौ फिरौ भुलानो ॥
जासु चरन सुर नर मुनि सेवहिं, कहा बरनि मुख करौं बयानो ।
हौ तौ पतित तुम पतितपावन, गति औगति एको नहिं जानो ॥
आठों पहर निरत धुनि होवै उठत गुंज चहुँ दिसा समानो ।
झरि-झरि परत अगार नैन भरि, पियत ब्रह्म रुचि अमी अघानो
बिगस्यो कमल चरन पायो जब, यह मत संतन के मन मानो ।
जना गुलाल नाम धन पायो, निरखत रूप भयो है दिवानो ॥

तुम्हरी मोरे साहब ! क्या लाऊँ सेवा ।
अस्थिर काहु न देखऊँ, सब फिरत बहेवा ॥
सुर नर मुनि दुखिया देखों, सुखिया नहिं केवा ।
डंक मारि जम लुटत है, लुटि करत कलेवा ॥
अपने-अपने ख्याल में सुखिया सब कोई ।
मूल मंत्र नहिं जानहीं, दुखिया मैं रोई ॥
अबकि बार प्रभु बीनती सुनिये दे काना ।
जन गुलाल बड़ दुखिया दीजै भक्ती दाना ॥

प्रभुजी ! बरषा प्रेम निहारो ।
ऊठत-बैठत छिन नहिं बीतत याही रीत तुम्हारो ॥
समय होय भा असमय होवै, भरत न लागत बारो ।
जैसे प्रीति किसान खेत सों, तैसो है जन प्यारो ॥
भक्तवछल है बान तिहारो, गुन-औगुन न बिचारो ।
जहँ जहँ जावँ नाम गुन गावत, जम को सोच निवारो ॥
सोवत-जागत सरन धरम यह पुलकित मनहि बिचारो ।
कह गुलाल तुम ऐसो साहब; देखत न्यारो-न्यारो ॥

प्रभु को तन मन धन सब दीजै ।
रैन-दिवस चित अनत न जावै, नाम पदारथ पीजै ॥
जब तें प्रीति लगी चरनन सों, जग-संगत नहिं कीजै ।
दीन-दयाल कृपाल दया-निध, जौ आपन करि लीजै ॥
ढूँढत-फिरत जहाँ-तहँ जग मों काहू बोध न कीजै ।
प्रभु कै कृपा औ संत बचन ले, हिरदे मे लिख लीजै ॥
कह बरनों, बरनत नहिं आवै, दिल-चरबी न पसीजै ।
कह गुलाल याही बर माँगों, संत चरन मोहिं दीजै ॥

माया-मोह के साथ सदा नर सोइया ।
आखिर खाक निदान, सत्त नहिं जोइया ॥
बिना नाम नहिं मुक्ति, अंध सब खोइया ।
कह गुलाल संत लोग, गाफिल सब रोइया ॥

राम भजहु लव लाइ, प्रेम पद पाइया ।
सफल-मनोरथ होय, सत्त गुन गाइया ॥
संत-साध सों नेह, न काहु सताइया ।
कह गुलाल हरि-नाम तबहिं नर पाइया ॥

झूँठि लगन नर ख्याल, सबै कोइ धाइया ।
हर दम माया सों रीति, सत्त नहिं आइया ॥
बहत-फिरत हर रोज, काल धरि खाइया ।
कह गुलाल नर अंध, धोख लपटाइया ॥

खोलि देखु नर आँख, अंध का सोइया ।
दिन-दिन होतु है छीन, अंत फिर रोइया ॥
इश्क करहु हरि-नाम, कर्म सब खोइया ।
कह गुलाल नर सत्त, पाक तब होइया ॥

केवल प्रभु को जानि के इलिम लखाइया ।
पार होइ तब जीव, काल नहिं खाइया ॥
नेम करहु नर आप, दोजख नहिं धाइया ।
कह गुलाल मन पाक, तबहिं नर पाइया ॥

राम के नाम मोकाम नहिं करत नर,
फिरत संसार चहुँ ओर धाया।
करत संताप सब पाप सिरपर लिये,
साध औ संत नहिं नेह लाया॥
बाँधिहै काल जंजाल जम जाल में,
रहत नहिं चेत, सब सुधि हेराया।
कहै गुलाल जो नाम को जानिहै,
जीतिहै काल सोइ ग्यान पाया॥
मोहिं नाथ मिलावहु कौने गुना,
प्रभु करि लीजै अपनो जना।
दुख सुख संपति जीव को लागी,
अंत काल बसि सात जना॥
यह मन चंचल चोर अन्याई,
भक्ति न आवत एक किना।
कृपा कियो प्रभु दृष्टि निहारयो,
सब थकि लागि रहल कोना॥
अमर मोर पिय, उपजे न बिनसे,
पुलकि-पुलकि मिलि कै गवना।
कह गुलाल हम भये सोहागिनि,
अब नहिं अवना नहिं जवना॥

जो चित लागे राम नाम अस।
तृषावंत जल पियत अनँद अति,
थकलहि गाँव मिलत है जौन जस॥
निर्धन धन सुत बाँझ बसत चित,
संपति बढ़त न घटत जौन अस।
करत है कपट साँच करि मानत,
मगन होत नर मूढ़ सकल पसु॥
प्रेम गलित चित सहनसील अति,
सर्ब भूत पर करत दया रस।
आनँद उदित अगम गति ग्यानी,
त्रिलोकनाथ पति काहे न होइ बस॥
सतगुरु-प्रीति परम तत सत-मत,
बिमल बिमल बानी मे रहत लस।
कह गुलाल मिल सत-सिरोमन,
काहे करत कछु करत कवन कस॥

सोई दिन लेखे जा दिन सत-मिलाप।
संत के चरन-कमल की महिमा, मोरे बूते बरनि न जाहि॥
जल तरंग जल ही ते उपजे, फिर जल माहिं समाहि।
हरि में साध, साध मे हरि है, साध से अंतर नाहिं॥
ब्रह्मा बिस्नु महेस साध सँग, पाछे लागे जाहिं।
दास गुलाल साध की संगति, नीच परम पद पाहिं॥

संत दूलनदासजी

(जन्म-संवत्—१७१७ वि०, जन्म-स्थान—समेसी ग्राम (जिला लखनऊ), जाति—क्षत्रिय, जगजीवन साहबके शिष्य, शरीरान्त सं० १८३५ वि०)

नाम सुमिरु मन मुरुख अनारी।
छिन-छिन आयू घटत जातु है,
समुझि गहहु सत-डोरि सँभारी॥
यह जीवन सुपने को लेखा,
का भूलसि झूठी संसारी।
अंतकाल कोइ काम न अइहै,
मातु पिता सुत बंधू नारी॥
दिवस चारि को जगत-सगाई,
आखिर नाम-सनेहु करारी।
रसना सत्त नाम रटि लावहु,
उघरि जाइ तोरि कपट-किवारी॥
नाम कि डोरि पोढ़ि धरनी धरु,
उलटि पवन चढ़ु गगन अटारी।
तहँ सत साहिब अलख रूप वै,
जन दूलन करु दरस दिदारी॥

रहु मन नाम की डोरि सँभारे।
भृग जीवन नर! नाम-भजन बिनु, सब गुन बृथा तुम्हारे॥
पाँच-पचीसो के मद माते, निस-दिन साँझ-सकारे।
बंदी-छोर नाम-सुमिरन बिनु, जन्म-पदारथ हारे॥
अजहुँ चेत करु हेत नाम तें, गज-गनिका जिन्ह तारे।
चाखि नाम-रस मस्त-मगन ह्वै, बैठहु गगन दुवारे॥
यहि कलिकाल उपाइ अवर नहिं, बनिहै नाम पुकारे।
जगजीवन साईं के चरनन, लागे दास दुलारे॥
यह नइया डगमगि नाम बिना। लाइ ले सत नाम रटना॥
इत-उत भौजल अगम बना। अहै जरूर पार तरना॥

मैं निगुनी, गुन एकौ नाहीं। माँझ धार नहिं कोऊ अपना॥
दिहउँ सीस सतगुर चरना। नाम अधार है दुलन जना॥

रहु तोइँ राम-राम रट लाई।
जाइ रटहु तुम नाम अच्छर दुइ, जौनी बिधि रटि जाई॥
राम-राम तुम रटहु निरंतर, खोजु न जतन उपाई।
जानि परत मोहिं भजन पंथ की, यहौ अरूझनि भाई॥
बालमीकि उलटा जप कीन्हेउ, भयौ सिद्ध सिधि पाई।
सुवा पढ़ावत गनिका तारी, देखु नाम-प्रभुताई॥
दूलनदास तू राम नाम रटु, सकल सबै बिसराई।
सतगुरु साईं जगजीवन के, रहु चरनन लपटाई॥

मन वहि नाम की धुनि लाउ।
रटु निरंतर नाम केवल, अवर सब बिसराउ॥
साधि सूरत आपनो, करि सुवा सिखर चढ़ाउ।
पोषि प्रेम प्रतीत तें, कहि राम नाम पढ़ाउ॥
नामही अनुरागु निसु-दिन, नाम के गुन गाउ।
बनी तौ का अबहिं, आगे और बनी बनाउ॥
जगजिवन सतगुरु-बचन साचे, साच मन माँ लाउ।
करु बास दूलनदास सत माँ, फिरि न यहि जग आउ॥

जब गज अरध नाम गुहरायो।
जब लगि आवै दूसर अच्छर, तब लगि आपुहि धायो॥
पायँ पियादे भे करुनामय, गरुड़ासन बिसरायो।
धाय गजद गोद प्रभु लीन्हो, आपनि भक्ति दिढ़ायो॥
मीरा को बिष अमृत कीन्हो, बिमल सुजस जग छायो।
नामदेव हित कारन प्रभु तुम, मिर्तक गाय जियायो॥
भक्त हेत तुम जुग-जुग जनमेउ, तुमहिं सदा यह भायो।
बलि-बलि दूलनदास नाम की, नामहि ते चित लायो॥

द्रुपदी राम कृस्न कहि टेरी।
सुनत द्वारिका तें उठि धायो, जानि आपनी चेरी॥
रही लाज, पछितात दुसासन, अंबर लाग्यो ढेरी।
हरि-लीला अवलोकि चकित चित, सकल सभा भुइँ हेरी॥
हरि रखवार सामरथ जा के, मूल अचल तेहि केरी।
कबहुँ न लागति तति बाव तेहि, फिरत सुदरसन फेरी॥
अब मोहि आसा नाम सरन की, सीस चरन दियो तेरी।
दूलनदास के साँई जगजीवन, इतनी बिनती मेरी॥
तू काहे को जग में आया, जो पै नाम से प्रीति न लाया रे॥
तृष्ना काम सवाद घनेरे, मन से नहिं बिसराया।
भोग बिलास आस निस-बासर, इत-उत चित भरमाया रे॥
त्रिकुटी-तीर्थ प्रेम-जल निर्मल, सुरत नहीं अन्हवाया।
दुर्मति करम! मैल सब मन के, सुमिरि-सुमिरि न छुड़ाया रे॥
कहँ से आये, कहँ को जैहे, अंत खोज नहिं पाया।
उपजि-उपजि के बिनसि गये सब, काल सबै जग खाया रे॥
कर सतसंग आपने अंतर, तजि तन मोह औ माया।
जन दूलन बलि-बलि सतगुरु के, जिन मोहिं अलख लखाया रे॥

प्रानी! जप ले तू सतनाम॥
मात पिता सुत कुटुम कबीला, यह नहिं आवै काम।
सब अपने स्वारथ के संगी, संग न चलै छदाम॥
देना-लेना जो कुछ होवै, करि ले अपना काम।
आगे हाट-बजार न पावै, कोइ नहिं पावै ग्राम॥
काम क्रोध मद लोभ मोह ने, आन बिछाया दाम।
क्यों मतवारा भया बावरे, भजन करो निःकाम॥
यह नर-देही हाथ न आवै, चल तू अपने धाम।
अब की चूक माफ नहिं होगी, दूलन अचल मुकाम॥

जग में जै दिन है जिंदगानी।
लाइ लेव चित गुरु के चरनन, आलस करहु न प्रानी॥
या देही का कौन भरोसा, उभसा भाठा पानी।
उपजत-मिटत बार नहिं लागत, क्या मगरूर गुमानी॥
यह तो है करता की कुदरत, नाम तू ले पहिचानी।
आज भलो भजने को औसर, काल की काहु न जानी॥
काहु के हाथ साथ कछु नाही, दुनियाँ है हैरानी।
दुलनदास बिस्वास भजन करु, यहि है नाम निसानी॥

तैं राम राम भजु राम रे, राम गरीब-निवाज हो॥
राम कहे सुख पाइहो, सुफल होइ सब काज।
परम सनेही रामजी, रामहिं जन की लाज हो॥
जनम दीन्ह है रामजी, राम करत प्रतिपाल।
राम-राम रट लाव रे, रामहिं दीनदयाल हो॥
मात पिता गुरु रामजी, रामहि जिन बिसराव।
रहो भरोसे राम के, रामहिं से चित चाव हो॥
घर-बन निसु-दिन रामजी, भक्तन के रखवार।
दुखिया दूलनदास को रे, राम लगइहैं पार हो॥

राम राम रटु राम राम सुनु, मनुवाँ सुवा सलोना रे॥
तन हरियाले, बदन सुलाले, बोल अमोल सुहौना रे।
सत्त तंत्र अरु सिद्ध मंत्र पढ़ु, सोई मृतक-जियौना रे॥
सुबचन तेरे भौजल बेरे, आवागबन-मिटौना रे।
दुलनदासके साईं जगजीवन, चरन-सनेह दृढ़ौना रे॥

मन ! रामभजन रहु राजी रे ॥
दुनियाँ-दौलत काम न अइहै, मति भूलहु गज बाजी रे ।
निसु-दिन लगन लगी भगवानहिं, काह करै जम पाजी रे ॥
तन-मन मगन रहौ सिधि साधो, अमर-लोक सुधि साजी रे ।
दुलनदास के साईं जगजीवन, हरि-भक्ती कहि गाजी रे ॥

साईं हो गरीब निवाज ॥
देखि तुम्हे धिन लागत नाहीं, अपने सेवक कै साज ।
मोहिं अस निलज न यहि जग कोऊ, तुम ऐसे प्रभु लाज जहाज॥
और कछू हम चाहित नाही, तुम्हरे नाम चरन तें काज ।
दूलनदास गरीब निवाजहु, साईं जगजीवन महराज ॥

साईं तेरे कारन नैना भये बैरागी ।
तेरा सत दरसन चहौं, कछु और न माँगी ॥
निसु बासर तेरे नाम की, अंतर धुनि जागी ।
फेरत हौं माला मनौं, अँसुवन झरि लागी ॥
पलक तजी इत उक्ति तें, मन माया त्यागी ।
दृष्टि सदा सत सनमुखी, दरसन अनुरागी ॥
मदमाते राते मनौ, दाधे बिरह आगी ।
मिलु प्रभु दूलनदास के, करु परम सुभागी ॥

साईं सुनहु बिनती मोरि ॥
बुधि बल सकल उपायहीन मैं,
पायन परौं दोऊ कर जोरि ।
इत-उत कतहूँ जाइ न मनुवाँ,
लागि रहै चरनन माँ डोरि ॥
राखहु दासहिं पास आपने,
कस को सकिहै तोरि ।
आपन जानि कै मेटहु मेरे,
औगुन सब क्रम भरम खोरि ॥
केवल एक हितू तुम मेरे,
दुनियाँ भरि लाख करोरि ।
दुलनदास के साईं जगजीवन,
माँगौं सत दरस निहोरि ॥

साईं-भजन ना करि जाइ ।
पाँच तसकर संग लागे, मोहिं हटकत धाइ ॥
चहत मन सतसंग करनो, अधर बैठि न पाइ ।
चढ़त उतरत रहत छिन छिन नाहिं तहँ ठहराइ ॥
कठिन फाँसी अहै जग की, लियो सबहि बझाइ ।
पास मन मनि नैन निकटहिं, सत्य गयो भुलाइ ॥
जगजिवन सतगुरु करहु दाया, चरन मन लपटाइ ।
दास दूलन बास सत माँ, सुरत नहिं अलगाइ ॥

भक्तन नाम चरन धुनि लाई ।
चारिहु जुग गोहारि प्रभु लागे, जब दासन गोहराई ॥
हिरनाकुस रावन अभिमानी, छिन माँ खाक मिलाई ।
अबिचल भक्ति नाम की महिमा, कोउ न सकत मिटाई ॥
कोउ उसवास न एकौ मानहु, दिन-दिन की दिनताई ।
दुलनदास के साईं जगजीवन, है सत नाम दुहाई ॥
नाम सनेही बावरे, दृग भरि-भरि आवत नीर हो ।
रस मतवाले रसमसे, यहि लागी लगन गँभीर हो ॥
सखि इश्क-पियासे आशिकाँ, तजि दौलत दुनिया भीर हो ।
सखि 'दूलन' कासे कहै, यह अटपटि प्रेम की पीर हो ॥

दोहा

दूलन यहि जग जनमि कै, हरदम रटना नाम ।
केवल नाम-सनेह बिनु, जन्म-समूह हराम ॥
स्वास-स्वास माँ नाम भजु, बृथा स्वास जिनि खोउ ।
दूलन ऐसी स्वास से, आवन होउ न होउ ॥
सुरपति नरपति नागपति, तीनउ तिलक लिलार ।
दूलन नाम-सनेह बिनु, धृग जीवन संसार ॥
यहि कलिकाल कुचाल तकि, आयो भागि डेराइ ।
दूलन चरनन परि रहे, नाम की रटनि लगाइ ॥
नाम अछर दुइ रटहु मन, करि चरनन तर बास ।
जन दूलन लौ लीन रहु, कबहुँ न होहु उदास ॥
पाडव-सुत हित कारने, कियो हुतासन सीत ।
दूलन कैसे छाड़िये, हरि गाढ़े के मीत ॥
दूलन यह परिवार सब, नदी नाव संजोग ।
उतरि परे जहँ-तहँ चले, सबै बटाऊ लोग ॥
दूलन यहि जग आइके, का को रहा दिमाक ।
चंद रोज को जीवना, आखिर होना खाक ॥
दूलन काया कबर है, कहँ लगि करौ बखान ।
जीवित मनुआँ मरि रहै, फिरि यहि कबर समान ॥
भूखेहि भोजन दिहे भल, प्यासे दीन्हे पानि ।
दूलन आये आदरी, कहि सु सबद सनमान ॥
दूलन कथा पुरान सुनि, मते न माते लोग ।
बृथा जनम रस-भोग बिनु, खोया को संजोग ॥
'दूलन' रामरस चाखि सोइ, पुष्ट पुरुष परवीन ।
जिन के नाम हृदय नहीं, भये ते हिजरा हीन ॥
बिपति सनेही मीत सो, नीति सनेही काउ ।
'दूलन' नाम-सनेह दृढ़, सोई भक्त कहाउ ॥

संत गरीबदासजी

(आविर्भाव--स० १७७४ वैशाख शु० १५, स्थान--छुड़ानी मौजा (रोहतक-पंजाब), जाति--जाट, तिरोभाव--सं० १८३५ भादो सुदी २, उम्र ६१ वर्ष, गरीब पथके प्रवर्तक)

पानी की इक बूँद सूँ साज बनाया जीव।
अंदर बहुत अँदेस था बाहर बिसरा पीव॥
पानी की इक बूँद सूँ साज बनाया साँच।
राखनहारा राखिया जठर अगिन की आँच॥
सूआ सेमर सेइया ऐसे नर या देह।
जम-किकर तुझ ले गया मुख मे देकर खेह॥
धूँआ का-सा धौरहर बालू की-सी भीत।
उस खाविंद कूं याद कर महल बनाया सीत॥
यह माटी का महल है खाक मिलेगा धूर।
साँई के जाने बिना गदहा कुत्ता सूर॥
यह माटी का महल है छार मिलै छिन माहिं।
चार सकस काँधे धरे मरघट कूँ ले जाहिं॥
जार बार तन फूँकिया होगा हाहाकार।
चेत सकै तो चेतिये सतगुरु कहैं पुकार॥
जार बार तन फूँकिया मरघट मडन माँड।
या तन की होरी बनी मिटी न जम की डाँड॥
जार बार तन फूँकिया मेटा खोज खलील।
तू जानै मैं रहूँगा यहाँ तो कछू न ढील॥
जार बार तन फूँकिया फोकट मिटे फिराक।
चेत सकै तो चेतिये सतगुरु बोलै साख॥
जार बार कोइला किया हो गया मरघट राख।
छाँड़े महल मँड़ेरिया क्या कौड़ी धन लाख॥
चढ़ कर तुरँग कुदावते और पालकी फील।
ते नर जगल जा बसे जम कूँ फेरा लील॥
अरब खरब लौ द्रव्य है उदय अस्त बिच जाह।
बिन साँई की बदगी डूब मुए दह माँह॥
अरब खरब लौ द्रव्य है रावत कोटि अनंत
नाहक जग मे आइया जिन्ह सेये नहिं संत॥

इस माटी के महल मे मगन भया क्यों मूढ़।
कर साहब की बंदगी उस साँई कूँ ढूँढ़॥
कुटिल बचनकूँ छाँड़ि दे मान मनोकूँ मार।
सतगुरु हेला देत जनि डूबै काली धार॥
धन संचै तो सील का दूजा परम संतोख।
ग्यान रतन भाजन भरो असल खजाना रोक॥
दया धर्म दो मुकट है बुद्धि बिबेक बिचार।
हर दम हाजिर हूजिये सौदा त्यारंत्यार॥
चेत सकै तो चेतिये कूकै संत सुमेर।
चौरासी कूँ जात है फेर सकै तो फेर॥
नंगा आया जगतमे नगा ही तू जाय।
बिच कर ख्वाबी ख्याल है मन माया भरमाय॥
सुरत लगै अरु मन लगै लगै निरत धुन ध्यान।
चार जुगन की बदगी एक पलक परमान॥
नाम रसायन पीजिये यहि औसर यहि दाव।
फिर पीछे पछतायगा चला चली हो जाव॥
लै लागी तब जानिये हरदम नाम उचार।
एकै मन एकै दिसा साँई के दरबार॥
यह सौदा सतभाय करो परभात रे।
तन मन रतन अमोल बटाऊ साथ रे॥
बिछुर जायँगे मीत मता सुन लीजिये।
बहुर न मेला होय कहो क्या कीजिये॥
सील संतोष बिबेक दया के धाम हैं।
ज्ञान रतन गुलजार संघाती राम हैं॥
धरम धजा फरकंत फरहरैं लोक रे।
ता मध अजपा नाम सु सौदा रोक रे॥
चलै बनिजवा ऊट हूँठ गढ़ छाँड़ रे।
हरे हारे कहता दास गरीब लगै जम-डाँड़ रे॥

संत दरिया साहब बिहारवाले

(जन्म-संवत् १७३१, जन्म-स्थान धरकंधा (जिला आरा), पिताका नाम पीरनशाह (पूर्वनाम पृथुदास), जाति-धर्मान्तरित मुसल्मान (पहले क्षत्रिय), शरीरान्त सं० १८३७ वि० भादों बदी ४)

मैं कुलवंती खसम-पियारी।
जाँचत तू लै दीपक बारी॥
गंध सुगंध थार भरि लीन्हा।
चंदन चर्चित आरति कीन्हा॥
फूलन सेज सुगंध बिछायौ।
आपन पिया पलँग पौढ़ायौ॥
सेवत चरन रैनि गइ बीती।
प्रेम-प्रीति तुम ही सो रीती॥
कह दरिया ऐसो चित लागा।
भई सुलच्छनि प्रेम-अनुरागा॥
मैं जानहुँ तुम दीनदयाल।
तुम सुमिरे नहिं तापत काल॥
ज्यों जननी प्रतिपालै सूत।
गर्भवास जिन दियो अकृत॥
जठर-अगिनि तें लियो है काढ़ि।
ऐसी वा की ठवर गाढ़ि॥
गाढ़े जो जन सुमिरन कीन्ह।
परघट जग में तेहि गति दीन्ह॥
गरबी मारेऊ गैबी बान।
संत को राखेउ जीव जान॥
जल में कुमुदिनि इंदु अकास।
प्रेम सदा गुरु-चरननि पास॥
जैसे पपिहा जल से नेह।
बुंद एक विश्वास है तेह॥
स्वर्ग पताल मृतमंडल तीन।
तुम ऐसो साहेब मैं अधीन॥
जानि आयो तुम चरन पास।
निज मुख बोलेउ कहेउ दास॥
सतपुरुष बचन नहिं होहिं आन।
बलु पुरब से पच्छिम उगहिं भान॥
कहै दरिया तुम हमहिं एक।
ज्यो हारिल की लकड़ी टेक॥

बिहगम, कौन दिसा उड़ि जैहौ।
नाम बिहूना सो परहीना, भरमि-भरमि भौ रहिहौ॥
गुरुनिंदक बद संत के द्रोही, निन्दै जनम गँवैहौ।
परदारा परसंग परस्पर, कहहु कौन गुन लहिहौ॥
मद पी माति मदन तन ब्यापेउ, अमृत तजि विष खैहौ।
समुझहु नहिं वा दिन की बातें, पल-पल घात लगैहौ॥
चरनकँवल बिनु सो नर बूड़ेउ, उभि चुभि थाह न पैहौ।
कहै दरिया सतनाम भजन बिनु, रोइ रोइ जनम गँवैहौ॥

चौपाई

मूल संपति स्वारथ मूढ़ा। परे भवन मे अगम अगूढ़ा॥
संत निकट फिनि जाहिं दुराई। विषय-बासरस फेरि लपटाई॥
अब का सोचसि मदहिं भुलाना। सेमर सेइ सुगा पछताना॥
मरनकाल कोइ संग न साथा। जब जम मस्तक दीन्हेउ हाथा॥
मात पिता घरनी घर ठाढ़ी। देखत प्रान लियो जम काढ़ी॥
धन सब गाढ़ गहिर जो गाड़े। छूटेउ माल जहाँ लगि भाँड़े॥
भवन भया बन बाहर डेरा। रोवहिं सब मिलि आँगन घेरा॥
खाट उठाइ काँध करि लीन्हा। बाहर जाइ अगिनि जो दीन्हा॥
जरि गई खलरी, भसम उड़ाना। सोचि चारि दिन कीन्हेउ ग्याना॥
फिरि धंधे लपटाना प्रानी। बिसरि गया ओइ नाम निसानी॥
खरचहु खाहु दया करु प्रानी। ऐसे बुड़े बहुत अभिमानी॥
सतगुरु-सबद साँच एह मानी। कह दरिया करु भगति बखानी॥
भूलि भरम एह मूल गँवावै। ऐसा जनम कहाँ फिरि पावै॥
धन संपति हाथी अरु घोरा। मरन अंत सँग जाहिं न तोरा॥
मातु पिता सुत बंधौ नारी। ई सब पामर तोहि बिसारी॥

दोहा

कोठा महल अटारिया, सुनेउ स्रवन बहु राग।
सतगुरु सबद चीन्हे बिना, ज्यो पंछिन महँ काग॥

संत भीखा साहब

(जन्म वि० सं० १७७०, जन्म-स्थान—खानपुर बोहना गाँव, जिला आजमगढ । घरू नाम भीखानन्द, जाति—ब्राह्मण चौबे, गुलालसाहबके शिष्य, मृत्यु वि० सं० १८२०)



मन तुम राम नाम चित धारो।
जो निज कर अपनो भल चाहो,
ममता मोह बिसारो ॥
अंदर मे परपंच बसायो,
बाहर भेख सँवारो ।
बहु बिपरीति कपट चतुराई,
बिन हरि भजन बिकारो ॥
जप तप मख करि बिधि बिधान, जत तत उद्‌बेग निवारो ।
बिन गुरु लच्छ सुदृष्टि न आवे, जन्म मरन दुख भारो ॥
ग्यान ध्यान उर करहु धरहु दृढ़, सब्द सरूप बिचारो ।
कह भीखा लौ लीन रहो उत, इत मत सुरति उतारो ॥

या जग मे रहना दिन चारी । तातें हरि चरनन चित वारी ॥
सिर पर काल सदा सर साधे । अधमर परे तुरतही मारी ॥
भीखा केवल नाम भजे बिनु । प्रापति कष्ट नरक भारी ॥

मन तोहिं कहत कहत सठ हारे ।
ऊपर और अंतर कछु औरे, नहिं बिस्वास तिहारे ॥
आदिहिं एक अंत पुनि एकै, मद्धहुँ एक बिचारे ।
लबज-लबज एहवर ओहवर करि, करम दुइत करि डारे ॥
बिषया रत परपंच अपरबल, पाप पुन्न परचारे ।
काम क्रोध मद लोभ मोह कब, चोर चहत उँजियारे ॥
कपटी कुटिल कुमति बिभिचारी, हो वाको अधिकारे ।
महा निलज कछु लाज न तो को, दिन-दिन प्रति मोहिं जारे ॥
पाँच पचीस तीन मिलि चाह्यो, बनलिउ बात बिगारे ।
सदा करेहु बैपार कपट को, भरम बजार पसारे ॥
हम मन ब्रह्म जीव तुम आतम, चेतन मिलि तन खारे ।
सकल दोस हम को कांहे दइ, होन चहत हौ न्यारे ॥
खोलि कहौ तरग नहिं फेन्यो, यह आपुहि महिमा रे ।
बिनु फेरे कछु भय ना ह्वैहै, हम का करहि बिचारे ॥
हमरी रुचि जग खेल खेलौना, बालक साज सँवारे ।
पिता अनादि अनख नाहिं मानहि, राखत रहहि दुलारे ॥
जप तप भजन सकल है बिरथा, ब्यापक जबहिं बिसारे ।
भीखा लखहु आपु आतम कहँ, गुन ना तजहु खमा रे ॥

जो कोउ या बिधि हरि हिय लावै ।
खेती बनिज चाकरी मन ते, कपट कुचाल बहावै ॥
या बिधि करम अधर्म करतु है, ऊपर बीज बोवावै ।
कोटि कला करि जतन करै जो, अंत सो निसफल जावै ॥
चौरासी लछ जीव जहाँ लगि, भ्रमि-भ्रमि भटका खावै ।
सुरसरि नाम सरूप की धारा, सो तजि छाँहिं गहावै ॥
सतगुरु बचन सत्त सुकिरित सों, नित नव प्रीति बढ़ावै ।
भीखा उमग्यो सावन भादों, आपु तें आपु समावै ॥

समुझि गहो हरिनाम,
मन तुम समुझि गहो हरिनाम ।
दिन दस सुख यहि तन के कारन,
लपटि रहो धन धाम ॥
देखु बिचारि जिया अपने,
जत गुनना गुनन बेकाम ।
जोग जुक्ति अरु ग्यान ध्यान तें,
निकट सुलभ नहिं लाम ॥
इत उत की अब आसा तजि कै,
मिलि रहु आतम राम ।
भीखा दीन कहाँ लगि बरनै,
धन्य घरी वहि जाम ॥

राम सो करु प्रीति रे मन, राम सों करु प्रीति ।
राम बिना कोउ काम न आवे, अंत दहो जिमि भीति ॥
बूझि बिचारि देखु जिय अपनो, हरि बिन नहिं कोउ हीति ।
गुरु गुलाल के चरन कमल रज, धरु भीखा उर चीति ॥

प्रभुजी करहु अपनो चेर ।
मै तौ सदा जनम को रिनिया, लेहु लिखि मोहि केर ॥
काम क्रोध मद लाभ मोह यह, करत सबहिन जेर ।
सुर नर मुनि सब पचि पचि हारे, परे करम के फेर ॥
सिव सनकादि आदि ब्रह्मादिक, ऐसे ऐसे ढेर ।
खोजत सहज समाधि लगाये, प्रभु को नाम न नेर ॥
अपरंपार अगार है साहब, होय अधीन तन हेर ।
गुरु परताप साध की संगति, छुटे सो काल अहेर ॥
त्राहि त्राहि सरनागत आयो, प्रभु दरबौ यहि बेर ।
जन भीखा को उरिन कीजिये, अब कागद जिन हेर ॥

दीजै हो प्रभु बास चरन मे, मन अस्थिर नहिं पास ॥
हौ सठ सदा जीव को काँचो, नहिं समात उर साँस ।
भीखा पतित जानि जनि छाँड़ो, जगत करैगो हाँस ॥

मोहिं राखो जी अपनी सरन ॥
अपरंपार पार नहि तेरो, काह कहो का करन ।
मन क्रम बचन आस इक तेरी, होउ जनम या मरन ॥
अबिरल भक्ति के कारन तुम पर, है ब्राह्मन देउँ धरन ।
जन भीखा अभिलाष इहो नहिं, चहौ मुक्ति गति तरन ॥

करुनामय हरि करुना करिये,
कृपा कटाच्छ ढरन ढरिये ॥
भक्तन को प्रतिपाल करन को,
चरन कँवल हिरदै धरिये ।
ब्यापक पूरन जहाँ तहाँ लगु,
रीतो न कहूँ भरन भरिये ॥
अब की बार सवाल राखिये,
नाम सदा इक फर फरिये ।
जन भीखा के दाता सतगुरु,
नूर जहूर बरन बरिये ॥

ए साहब तुम दीनदयाला ।
आयहु करत सदा प्रतिपाला ॥
केतिक अधम तर तुम चरनन ।
करम तुम्हार कहा कहि जाला ॥
मन उनमेख छुटत नहि कबही ।
सौच तिलक पहिरे गल माला ॥
तनिकौ कृपा करहु जेहि जन पर ।
खुल्यो भाग तासु को ताला ॥
भीखा हरि नटवर बहु रूपी ।
जानहि आपु आपनी काला ॥

प्रीति की यह रीति बखानौ ॥
कितनौ दुख सुख परै देह पर, चरन कमल कर ध्यानौ ।
हो चेतन्य बिचारि तजो भ्रम, खाँड़ धूरि जनि सानौ ॥
जैसे चात्रिक स्वाति बुंद बिनु, प्रान समरपन ठानौ ।
भीखा जेहि तन राम भजन नहि, काल रूप तेहिं जानौ ॥

कोऊ जजन जपन कोऊ तीरथ अटन ब्रत,
कोउ बन खंड कोऊ दूध को अधार है ।
कोउ धूम पानि तप कोऊ जल सैन लेवै,
कोउ मेघडम्बरी सो लिये सिर भार है ॥
कोउ बाँह को उठाय ढंढ़ेसुरी कहाइ जाय,
कोउ तौ मौन कोउ नगन बिचार है ।
कोउ गुफा ही मे बास मन मोच्छ ही की आस,
सब भीखा सत्त सोई जाके नाम को अधार है ॥

रामजी सो नेह नाहीं सदा अबिबेक माही,
मनुवाँ रहत नित करत गलगौज है ।
ग्यान औ बैराग हीन जीवन सदा मलीन,
आत्मा प्रगट आपु जानि ले भानौज है ॥
साह सो कौल छूटी काम क्रोध लोभ लूटी,
जानि कै बँधायो मीठी बिषै माया फौज है ।
साहब की मौज जहाँ भीखा कीन्ह मौज तहाँ,
साहब की मौज जोई सोई मौज मौज है ॥

एक नाम सुखदाई दूजो है मलिनताई,
जिव चाहहु भलाई तौ पै राम नाम जपना ।
तात मात सुत बाम लोग बाग धन धाम,
साँच नाहीं झूँठ मानो रैनि कै सुपना ॥
माया परपंच येहि करम कुटिल जेहि,
जनम मरन फल पाप पुन्न तपना ।
बोलता है आप ओई जेते औतार कोई,
भीखा सुद्ध रूप सोई देहु निज अपना ॥

भयो अचेत नर चित्त चिंता लग्यो,
काम अरु क्रोध मद लोभ राते ।
सकल परपंच मे खूब फाजिल हुआ,
माया मद चाखि मन मगन माते ॥
बढ्यो दीमाग मगरूर हय गज चढ़ा,
कह्यो नहिं फौज तूमार जाते ।
भीखा यह ख्वाब की लहरि जग जानिये,
जागि करि देखु सब झूँठ नाते ॥

उठ्यो दिल अनुमान हरि ध्यान ॥
भर्म करि भूल्यो आपु अपान ।
अब चीन्हो निज पति भगवान ॥
मन बच क्रम दृढ़ मत परवान ।
वारो प्रभु पर तन मन प्रान ॥
सब्द प्रकास दियो गुरु दान ।
देखत सुनत नैन बिनु कान ॥
जाको सुख सोइ जानत जान ।
हरि रस मधुर कियो जिन पान ॥

निर्गुन ब्रह्म रूप निर्बान।
भीखा जल ओला गलतान॥

छप्पय

जग्य दान तप का किये जौ हिये न हरि अनुराग॥
हिये न हरि अनुराग पागि मन बिषै मिठाई।
जग प्रपच मे सिद्ध साध्य मानो नव निधि पाई॥
जहाँ कथा हरि भक्ति भक्त कै रहनि न भावै।
गुनना गुनै बेकाम झूँट मे मनं सुख पावै॥
भीखा राम जाने बिना लागो करम माँ दाग।
जग्य दान तप का किये जौ हिये न हरि अनुराग॥

मन क्रम बचन बिचारिकै राम भजे सो धन्य॥
राम भजे सो धन्य धन्य बपु मंगलकारी।
राम चरन अनुराग परम पद को अधिकारी॥
काम क्रोध मद लोभ मोह की लहरि न आवै।
परमातम चेतन्य रूप महँ दृष्टि समावै॥
ब्यापक पूरन ब्रह्म है भीखा रहनि अनन्य।
मन क्रम बचन बिचारिकै राम भजे सो धन्य॥

धनि सो भाग जो हरि भजै ता सम तुलै न कोइ॥
ता सम तुलै न कोइ होइ निज हरि को दासा।
रहे चरन लौलीन राम को सेवक खासा॥
सेवक सेवकाई लहै भाव भक्ति परवान।
सेवा को फल जोग है भक्तबस्य भगवान॥
केवल पूरन ब्रह्म है भीखा एक न दोइ।
धन्य सो भाग जो हरि भजै ता सम तुलै न कोइ॥

दोहा

नाम पढ़ै जो भाव सों, ता पर होहिं दयाल।
'भीखा' ने किरिपा कियो, नाम सुदृष्टि गुलाल॥
राम को नाम अनत है, अंत न पावे कोय।
'भीखा' जस लघु बुद्धि है, नाम तबन सुख होय॥
एकै धागा नाम का, सब घट मनिया माल।
फेरत कोई संत जन, सतगुरु नाम गुलाल॥
जाप जपै जो प्रीति सों, बहु विधि रुचि उपजाय।
साँझ समय औ प्रात लगि, तत्त पदारथ पाय॥

बाबा मलूकदासजी

(जन्म-संवत्—वि० सं० १६३१, जन्म-स्थान—कड़ा (जिला इलाहाबाद), जाति—ककड़ खत्री, पिताका नाम—सुन्दरदासजी। शरीरान्त—वि० सं० १७३९)

हरि समान दाता कोउ नाही। सदा बिराजै संतन माही॥
नाम बिसंभर बिस्व जियावैं। साँझ बिहान रिजिक पहुँचावैं॥
देइ अनेकन मुख पर ऐने। औगुन करै सो गुन कर मानैं॥
काहू भाँति अजार न देई। जाही को अपना कर लेई॥
घरी घरी देता दीदार। जन अपने का खिजमतगार॥
तीन लोक जाके औसाफ। जाका गुनह करै सब माफ॥
गरुवा ठाकुर है रघुराई। कहैं मलूक क्या करूँ बड़ाई॥

सदा सोहागिन नारि सो, जा के राम भतारा।
मुख माँगे सुख देत हैं, जगजीवन प्यारा॥
कबहुँ न चढ़ै रँडपुरा, जानै सब कोई।
अजर अमर अबिनासिया, ता को नास न होई॥
नर देही दिन दोय की, सुन गुरजन मेरी।
क्या ऐसों का नेहरा, मुए बिपति घनेरी॥
ना उपजै ना बीनसै, संतन सुखदाई।
कहैं मलूक यह जानि के, मै प्रीति लगाई॥

अब तेरी सरन आयो राम।
जबै सुनिया साध के मुख, पतित-पावन नाम॥
यही जान पुकार कीन्ही, अति सतायो काम।
विषय सेती भयो आजिज, कह मलूक गुलाम॥

साँचा तू गोपाल, साँच तेरा नाम है।
जहवाँ सुमिरन होय, धन्य सो ठाम है॥
साँचा तेरा भक्त, जो तुझ को जानता।
तीन लोक को राज, मनै नहिं आनता॥
झूठा नाता छोड़ि, तुझे लव लाइया।
सुमिरि तिहारो नाम, परम पद पाइया॥
जिन यह लाहा पायो, यह जग आइ कै।
उतरि गयो भव पार, तेरो गुन गाइ कै॥
तुही मातु तुहि पिता, तुही हितु बंधु है।
कहत मलूकादास, बिना तुझ धुंध है॥

तेरा मैं दीदार दिवाना।
घड़ी घड़ी तुझे देखा चाहूँ, सुन साहेब रहमाना॥
हुआ अलमस्त खबर नहिं तन की, पीया प्रेम पियाला।
ठाढ़ होउँ तो गिर-गिर परता, तेरे रंग मतवाला॥
खड़ा रहूँ दरबार तिहारे, ज्यों घर का बंदाजादा।

नेकी की कुलाह सिर दीये, गले पैरहन साजा ॥
तौजी और निमाज न जानूँ, ना जानूँ घरि रोजा ।
बाँग जिकर तबही से बिसरी, जब से यह दिल खोजा ॥
कहैं मलूक अब कजा न करिहौं, दिल ही सों दिल लाया ।
मक्का हज्ज हिये मैं देखा, पूरा मुरसिद पाया ॥

दर्द-दिवाने बावरे, अलमस्त फकीरा ।
एक अकीदा लै रहे, ऐसे मन-धीरा ॥
प्रेम पियाला पीवते, बिसरे सब साथी ।
आठ पहर यों झूमते, ज्यो माता हाथी ॥
उन की नजर न आवते, कोइ राजा रंक ।
बधन तोड़ि मोह के, फिरते निहसंक ॥
साहेब मिल साहेब भये, कछु रही न तमाई ।
कहै मलूक तिम घर गये, जहँ पवन न जाई ॥

देव पितर मेरे हरि के दास । गाजत हौं तिन के बिस्वास ॥
साधू जन पूजौं चित लाई । जिन के दरसन हिया जुड़ाई ॥
चरन पखारत होइ अनंदा । जन्म जन्म के काटे फंदा ॥
भाव-भक्ति करते निस्काम । निसि दिन सुमिरैं केवल राम ॥
घर बन का उन के भय नाही । ज्यों पुरइनि रहता जल माही॥
भूत परेतन देव बलाई । देवखर लौपै मोर बलाई ॥
वस्तु अनूठी संतन लाऊँ । कहैं मलूक सब भरम नसाऊँ॥

हम से जनि लागे तू माया ।
थोरे मे फिर बहुत हो गयी, सुनि पैहैं रघुराया ॥
अपने में है साहेब हमरा, अजहूँ चेतु दिवानी ।
काहू जन के बस परि जैहौ, भरत मरहुगी पानी ॥
तर ह्वै चितै लाज करु जन की, डारु हाथ की फाँसी ।
जन ते तेरो जोर न लहिहै, रच्छपाल अबिनासी ॥
कहै मलूका चुप करु ठगनी, औगुन राखु दुराई ।
जो जन उबरै राम नाम कहि, ताते कछु न बसाई ॥

जा दिन का डर मानता, सोइ बेला आई ।
भक्ति न कीन्ही राम की, ठकमूरी खाई ॥
जिन के कारन पचि मुवा, सब दुख की रासी ।
रोइ रोइ जन्म गँवाया, परी मोह की फाँसी ॥
तन मन धन नहिं आपना, नहिं सुत औ नारी ।
बिछुरत बार न लागई, जिय देखु बिचारी ॥
मनुष जन्म दुर्लभ अहै, बड़े पुन्ने पाया ।
सोऊ अकारथ खोइया, नहिं ठौर लगाया ॥
साध संगत कब करोगे, यह औसर बीता ।
कहे मलूका पाँच में, बैरी एक न जीता ॥

राम मिलन क्यों पइये, मोहिं राखा ठगवन घेरि हो ॥
क्रोध तो काला नाग है, काम तो परघट काल ,
आप आप को खैंचते, मोहिं कर डाला बेहाल हो ।
एक कनक और कामिनी यह दोनों बटमार ,
मिसरी की छुरी गर लाय के, इन मारा सब संसार हो ॥
इन में कोई ना भला, सब का एक बिचार ,
पैंड़ा मारे भजन का, कोइ कैसे के उतरै पार हो ।
उपजत बिनसत थकि पड़ा, जियरा गया उकताय ,
कहैं मलूक बहु भरमिया, मो पै अब नहिं भरमो जाय हो॥

सोते सोते जन्म गँवाया ।
माया मोह मे सानि पड़ो सो, राम नाम नहिं पाया ॥
मीठी नीद सोये सुख अपने, कबहूँ नहि अलसाने ।
गाफिल होकें महल मे सोये, फिर पाछे पछिताने ॥

अजहूँ उठो कहाँ तुम बैठे, बिनती सुनो हमारी ।
चहूँ ओर मे आहट पाया, बहुत भई भुइँ भारी ॥
बदीछोर रहत घट भीतर, खबर न काहू पाई ।
कहत मलूक राम के पहरा, जागो मेरे भाई ॥

नाम हमारा खाक है, हम खाकी बंदे ।
खाकहि ते पैदा किये, अति गाफिल गंदे ॥
कबहुँ न करते बंदगी, दुनिया मे भूले ।
आसमान को ताकते, घोड़े चढ़ि फूले ॥
जोरू लड़के खुस किये, साहेब बिसराया ।
राह नेकी की छोड़ि के, बुरा अमल कमाया ॥
हर दम तिस को याद कर, जिन बजूद सँवारा ।
सबै खाक दर खाक है, कुछ समुझ गँवारा ॥
हाथी घोड़े खाक के, खाक खान खानी ।
कहैं मलूक रहि जायगा, औमाफ निसानी ॥

ऐ अजीज ईमान तू, काहे को खोवै ।
हिय राखै दरगाह मे तो प्यारा होवै ॥
यह दुनिया नाचीज के, जो आसिक होवै ।
भूलै जात खोदाय को, सिर धुन धुन रोवै ॥
इस दुनियाँ नाचीज के तालिब हैं कुत्ते ।
लज्जत मे मोहित हुए, दुख सहे बहूते ॥
जब लागे अपने आप को, तहकीक न जानै ।
दास मलूका रब्बको, क्योंकर पहिचानै ॥

आपा मेटि न हरि भजे, तेइ नर डूबे ।
हरि का मर्म न पाइया, कारन कर ऊबे ॥

करें भरोसा पुन्न का, साहेब बिसराया।
बूड़ गये तरबोर को, कहुं खोज न पाया॥
साध मंडली बैठि के, मूढ़ जाति बखानी।
हम बड़ हम बड़ करि मुए, बूड़े बिन पानी॥
तब के बाँधे तेई नर, अजहूँ नहिं छूटे।
पकरि पकरि भलि भाँति से, जमदूतन लूटे॥
काम क्रोध सब त्यागि कै, जो रामै गावै।
दास मलूका यों कहै, तेहिं अलख लखावै॥

गर्व न कीजे बावरे, हरि गर्व प्रहारी।
गर्वहिं ते रावन गया, पाया दुख भारी॥
जरन खुदी रघुनाथ के, मन नाहिं सोहाती।
जाके जिय अभिमान है, ता की तोरत छाती॥
एक दया और दीनता, ले रहिये भाई।
चरन गहो जाय साध के, रीझैं रघुराई॥
यही बड़ा उपदेस है, परद्रोह न करिये।
कह मलूक हरि सुमिर कै, भौसागर तरिये॥

ना वह रीझै जप तप कीन्हे, ना आतम को जारे।
ना वह रीझै धोती टाँगे, ना काया के पखारे॥
दाया करै धरम मन राखै, घर मे रहै उदासी।
अपना सा दुख सब का जानै, ताहि मिलै अबिनासी॥
सहै कुसब्द बाद हू त्यागै, छाँड़ै गरब गुमाना।
यही रीझ मेरे निरंकार की, कहत मलूक दिवाना॥

सब से लालच का मत खोटा।
लालच तें बैपारी सिद्धी, दिन दिन आवे टोटा॥
हाथ पसारे आँधर जाता, पानी परहि न भाई।
माँगे तें मुक मीच भली, अस जीने कौन बड़ाई॥
माँगे ते जग नाक सिकोरे, गोविंद भला न मानै।
अनमाँगे राम गले लगावै, बिरला जन कोइ जानै॥
जब लग जिव का लोभ न छूटै, तब लग तजै न माया।
घर घर द्वार फिरै माया के, पूरा गुरु नहिं पाया॥
यह मैं कही जे हरि रँग राते, संसारी को नाहीं।
संसारी तो लालच बंधा, देस देसान्तर जाहीं॥
जो माँगे सो कछू न पावै, बिन माँगे हरि देता।
कहैं मलूक निःकाम भजै जे, ते आपन करि लेता॥

राम कहो राम कहो राम कहो बावरे।
अवसर न चूक भौदू, पायो भलो दाँव रे॥
जिन तोको तन दीन्हो, ताको न भजन कीन्हो,
जनम सिरानो जात, लोहे कैसो ताव रे॥
रामजी को गाय गाय, रामजी को रिझाव रे,
रामजी के चरन कमल, चित्त माहिं लाव रे॥
कहत मलूकदास, छोड़ दे तैं झूठी आस,
आनँद मगन होइ कै, हरि गुन गाव रे॥

बाबा मनका है सिर तले।
माया के अभिमान भूले, गर्बही में गले॥
जिभ्या कारन खून कीये, बाँधि जमपुर चले।
रामजी सों भये बेमुख, अगिन अपनी जले॥
हरि भजे से भये निरभय, टारहू नहिं टरे।
कह मलूका जहँ गरीबी, तेई सब से भले॥

परम दयाल राया राय परमोत्तमजी,
ऐसो प्रभु छाँड़ि और कौन के कहाइये।
सीतल सुभाव जाके तामस को लेस नहीं,
मधुर बचन कहि राखै समझाइये॥
भक्त बछल गुन सागर कला निधान,
जा को जस पाँत नित बेदन मे गाइये।
कहत मलूक बल जाउँ ऐसे दरस की,
अधम उधार जाके देखे सुख पाइये॥
बंदा तैं गंदा गुनाह करै बार बार,
साईं तू सिरजनहार मन मे न आनिये।
हाथ कछु मेरे नही हाथ सब तेरे साईं,
खलक के हिसाब बीच मुझ को मत सानिये॥
रहम की नजर कर कुरहम दिल से दूर कर,
किसी के कहे सुने चुगली मत मानिये।
कहता मलूक मैं रहता पनाह तेरी,
दाता दयाल मुझे अपना कर जानिये॥

नाम

(दोहा)

राम राम के नाम को, जहाँ नही लवलेस।
पानी तहाँ न पीजिये, परिहरिये सो देस॥
राम नाम जिन जानिया, तेई बड़े सपूत।
एक राम के भजन बिन, काँगा फिरै कपूत॥
उहाँ न कबहूँ जाइये, जहाँ न हरि का नाम।
डोगंबर के गाँव मे, धोबी का क्या काम॥
राम नाम एकै रती, पाप के कोटि पहाड़।
ऐसी महिमा नाम की, जारि करै सब छार॥
राम नाम औषध करो, हिरदै राखो याद।
संकट में लौ लाइये, दूर करै सब व्याध॥

धर्महिं का सौदा भला, दाया जग व्योहार ।
राम नाम की हाट ले, बैठा खोल किवार ॥
औरहिं चिन्ता करन दे, तू मत मारे आह ।
जाके मोदी राम से, ताहि कहा परवाह ॥
जीवहु ते प्यारे अधिक, लागैं मोही राम ।
बिन हरि नाम नही मुझे, और किसी से काम ॥
कह मलूक हम जबहिं ते, लीन्ही हरि की ओट ।
सोवत हैं सुख नींद भरि, डारि भरम की पोट ॥
गाँठी सत्त कुपीन मे, सदा फिरै निःसंक ।
नाम अमल माता रहै, गिनै इन्द्र को रंक ॥

भक्तिकी महिमा एवं स्वरूप

प्रेम नेम जिन ना कियो, जीतो नाही मैन ।
अलख पुरुष जिन ना लख्यो, छार परो तेहि नैन ॥
कठिन पियाला प्रेम का, पिये जो हरि के हाथ ।
चारों जुग माता रहै, उतरै जिय के साथ ॥
बिना अमल माता रहै, बिन लस्कर बल्वंत ।
बिना बिलायत साहेबी, अंत माहिं बेअंत ॥
करै भक्ति भगवंत की, करै कबहुँ नहिं चूक ।
हरि रस मे राचो रहै, साँची भक्ति मलूक ॥
सोई पूत सपूत है, जो भक्ति करे चित लाय ।
जरा मरन तें छुटि परै, अजर अमर होइ जाय ॥
जो तेरे घट प्रेम है, तो कहि कहि न सुनाव ।
अंतरजामी जानिहै, अंतरगत का भाव ॥
सुमिरन ऐसा कीजिये, दूजा लखै न कोय ।
ओठ न फरकत देखिये, प्रेम राखिये गोय ॥
जहाँ जहाँ बच्छा फिरै, तहाँ तहाँ फिरै गाय ।
कह मलूक जहँ संत जन, तहाँ रमैया जाय ॥

माला जपौं न कर जपौं, जिह्वा जपौं न राम ।
सुमिरन मेरा हरि करै, मै पाया विश्राम ॥

फुटकर उपदेश

भेष फकीरी जे करै, मन नहिं आवै हाथ ।
दिल फकीर जे हो रहे, साहेब तिन के साथ ॥
दया धर्म हिरदै बसै, बोलै अमृत बैन ।
तेई ऊँचे जानिये, जिन के नीचे नैन ॥
सब पानी की चूपरी, एक दया जग सार ।
जिन पर आतम चीन्हिया, ते ही उतरे पार ॥
मलूक बाद न कीजिये, क्रोधै देव बहाय ।
हार मानु अनजान ते, बक बक मरै बलाय ॥
गर्व भुलाने देह के, रचि रचि बाँधे पाग ।
सो देही नित देखि कै, चोच सँवारे काग ॥
सुंदर देही पाइ कै, मत कोइ करै गुमान ।
काल दरेरा खायगा, क्या बूढ़ा क्या ज्वान ॥
सुंदर देही देखिकै, उपजत है अनुराग ।
मढ़ी न होती चाम की, तो जीवत खाते काग ॥
इस जीने का गर्व क्या, कहाँ देह की प्रीत ।
बात कहत ढह जात है, बारू की-सी भीत ॥
देही होय न आपनी, समझु परी है मोहिं ।
अबही तें तजि राख तू, आखिर तजिहैं तोहिं ॥
आदर मान महत्व मत, बालापन को नेह ।
यह चारो तबही गये, जबहिं कहा कछु देह ॥
प्रभुताही को सब मरै, प्रभु को मरै न कोय ।
जो कोई प्रभु को मरै, तो प्रभुता दासी होय ॥
अजगर करै न चाकरी, पंछी करै न काम ।
दास मलूका कह गये, सब के दाता राम ॥

बाबा धरनीदासजी

(जन्म—वि० सं० १७१३ । जन्म-स्थान—मांझी गाँव (जिला—छपरा), पिताका नाम—परसरामदासजी, माताका नाम—बिरमा, जाति—कायस्थ, गुरुका नाम—स्वामी विनोदानन्द । मृत्यु-काल—अज्ञात)

हित करि हरि नामहि लाग रे ।
घरी घरी घरियाल पुकारै, का सोवै उठि जाग रे ॥
चोआ चंदन चुपड़ तेलना, और अलबेली पाग रे ।
सो तन जरे खड़े जग देखो, गृद्ध निकारत काग रे ॥
मात पिता परिवार सुता सुत, बंधु त्रिया रस त्याग रे ।
साधु के संगति सुमिर सुचित होइ, जो सिर मोटे भाग रे ॥
संबत जरै बरै नहिं जब लगि, तब लगि खेलहु फाग रे ।
धरनीदास तासु बलिहारी, जहँ उपजै अनुराग रे ॥

तब कैसे करिहौ राम भजन ।
अबहिं करौ जब कछु करि जानौ, अवचक कींच मिलैगो तन ॥
अंत समौ कस सीस उठैहौ, बोल न ऐहै दसन रसन ।
थकित नासिका नैन स्रवन बल, बिकल सकल अँग नख सिखलन ॥

ओझा बैद सगुनिया पंडित, डोलत आँगन द्वार भवन।
मातु पिता परिवार बिलखि मन, तोरि लिये तन सब अभरन॥
बार-बार गुनि-गुनि पछितैहौ, परबस परिहै तन मन धन।
धरनी कहत सुनो नर प्रानी, बेगि भजो हरि चरन सरन॥

मैं निरगुनियाँ गुन नहिं जाना।
एक धनी के हाथ बिकाना॥
सोइ प्रभु पक्का मैं अति कच्चा।
मैं झूँठा मेरा साहब सच्चा॥
मैं ओछा मेरा साहब पूरा।
मैं कायर मेरा साहब सूरा॥
मैं मूरख मेरा प्रभु ज्ञाता।
मैं किरपिन मेरा साहब दाता॥
धरनी मन मानो इक ठाउँ।
सो प्रभु जीवो मैं मरि जाउँ॥

मन भज ले पुरुष पुराना।
जातें बहुरि न आवन जाना॥
सब सृष्टि सकल जाको ध्यावै।
गुरु गम बिरला जन पावै॥
निसि बासर जिन्ह मन लाया।
तिन्ह प्रगट परम पद पाया॥
नहि मातु पिता परिवारा।
नहिं बंधु सुता सुत दारा॥
वै तो घट घट रहत समाना।
धनि सोई जो ता कहँ जाना॥
चारो जुग संतन भाखी।
सो तो बेद कितेबा साखी॥
प्रगटे जाके पूरन भागा।
सो तो ह्वैगो सोन सोहागा॥
उन्ह निकट निरंतर बासा।
तहँ जगमग जोति प्रकासा॥
धरनी जन दासन दासा।
करु बिस्वंभर बिस्वासा॥

करता राम करै सोइ होय।
कल बल छल बुधि ग्यान सयानप, कोटि करै जो कोय॥

देई देवा सेवा करिके, भरम भुले नर लोय।
आवत जात मरत औ जनमत, करम काट अरुझोय॥
काहे भवन तजि भेष बनायो, ममता मैल न धोय।
मन मवास चपरि नहिं तोड़ेउ, आस फाँस नहिं छोय॥
सतगुरु चरन सरन सच पायो, अपनी देह बिलोय।
धरनी धरनि फिरत जेहि कारन, घरहिं मिले प्रभु सोय॥

दिन चार को संपति संगति है, इतने लगि कौन मनो करना।
इक मालिक नाम धरो दिल में, धरनी भवसागर जो तरना॥
निज हक पहिचानु हकीकत जानु, न छोड़ इमान दुनी घर ना।
पग पीर गहो पर पीर हरो, जिवना न कछू हक है मरना॥

जीवन थोर बचा भौ भोर, कहा धन जोरि करोर बढ़ाये।
जीव दया करु साधु की संगति, पैहो अभय पद दास कहाये॥
जा सन कर्म छिपावत हौ, सो तो देखत है घट मे घर छाये।
बेग भजो धरनी सरनी, ना तो आवत काल कमान चढ़ाये॥

जननी पितु बंधु सुता सुत संपति, मीत महा हित सतत जोई।
आवत संग न सग सिधावत, फाँस मया परि नाहक खोई॥
केवल नाम निरंजन को जपु, चारि पदारथ जेहि ते होई।
बूझि बिचारि कहै धरनी, जग कोइ न काहु के सग सगोई॥

धर्म दया कीजे नर प्रानी।
ध्यान धनी को धरिये जानी॥
धन तन चंचल थिर न रहाई।
'धरनी' गुरु की करु सेवकाई॥
भेष बनाय कपट जिय माहीं।
भवसागर तरिहैं सो नाही॥
भाग होय जाके सिर पूरा।
भक्ति काज बिरले जन सूरा॥

दोहा

धरनी धोख न लाइये, कबहीं अपनी ओर।
प्रभु सो प्रीति निबाहिये, जीवन है जग थोर॥
धरनी कोउ निंदा करै, तू अस्तुति करु ताहि।
तुरत तमासा देखिये, ह्वै है साधु मत आहि॥

सबमें भगवद्दर्शन

एकनाथजी गदहेमें

मर्यादापुरुषोत्तम प्रभु श्रीरामने अपने अनन्य भक्त श्रीहनुमान्‌जीको भक्तका लक्षण बताया—

सो अनन्य जाकें असि मति न टरइ हनुमंत ।
मैं सेवक सचराचर रूप स्वामि भगवंत ॥
—श्रीरामचरितमानस

'सचराचर रूप स्वामि भगवंत'—समस्त जड-चेतनमें व्याप्त एक ही परमात्मतत्त्व । लेकिन इसे देख पावे—जो देख पावे, वही तो संत है ।

देखा था श्रीएकनाथजीने—

त्रिवेणीकी पैदल तीर्थयात्रा करके, काँवरोंमें गङ्गाजल लिये श्रीरामेश्वरधामकी यात्रा कर रहे थे महाराष्ट्रके कुछ भक्त। श्रीरामेश्वरजीको गङ्गाजल चढ़ाना—कितनी श्रद्धा—कितना श्रम था इस श्रद्धाके साथ । त्रिवेणीसे रामेश्वरतककी पैदल यात्रा—जहाँ शरीर चलनेमें ही असमर्थताका अनुभव करे, एक काँवर—दो कलश जल और ढोते चलना । कितना श्रद्धापूत था वह जल ।

मार्गमें मरुभूमि आयी । दोपहरीका समय, ग्रीष्म ऋतु, प्रचण्ड ताप—बेचारा एक गधा तड़प रहा था जलती हुई रेतमें । प्याससे उसके प्राण निकलनेहीवाले थे । असमर्थ छटपटा रहा था वह ।

तीर्थयात्री पास पहुँचे गधेके । वे दयालु थे, गधेपर उन्हें दया भी आयी; किंतु उपाय क्या ? वहाँ आस-पास कहीं जल नहीं था कि वे गधेको वहाँ ले जायँ या वहाँसे जल लाकर उसे पिलावें । उनके कंधेपर काँवरे हैं, प्रत्येक काँवरमें आगे-पीछे एक-एक कलश है और कलशमें····· छिः, छिः ! यह क्या सोचनेकी बात है । कलशमें त्रिवेणीका पवित्र जल है और वह है रामेश्वरमें भगवान् शङ्करको अभिषिक्त करनेके लिये । एक गधेको—वे स्वयं प्याससे प्राण त्याग करते हों तो भी उस जलके उपयोगकी बात उनके मनमें नहीं आवेगी ।

तीर्थयात्रियोंमें एक अद्‌भुत यात्री भी था । वह आगे बढ़ा । गधेके पास उसने काँवर उतारकर रख दी । काँवरके कलशका पवित्र जल बिना हिचक गधेके मुखमें उँड़ेलने लगा वह।

तीर्थयात्री ठक्‌से रह गये । किसीने कहा—'यह श्रीरामेश्वरके अभिषेकके लिये आया जल आप गधेको·····।'

बीचमें ही बोला वह महापुरुष—'कहाँ है गधा ? श्रीरामेश्वर ही तो यहाँ मुझसे जल माँग रहे हैं । मैं उनका ही अभिषेक कर रहा हूँ ।'

वे तीर्थयात्री थे महाभागवत श्रीएकनाथजी महाराज ।

× × ×

नामदेवजी कुत्तेमें

परम भक्त श्रीनामदेवजीने भी उस सचराचर-व्यापीकी झाँकी की थी—

भगवान्‌को नैवेद्य अर्पित करनेके लिये ही भक्त भोजन बनाता है । वह खाना नहा पकाता और न खाना खाता है । वह तो प्रभुके प्रसादका भूखा रहता है । उसका जीवन—उसके जीवनके समस्त कार्य भगवत्सेवाके लिये ही होते हैं ।

प्रभुको नैवेद्य अर्पित करना था । श्रीनामदेवजीने भोजन बनाया । रोटियाँ सेंककर वे किसी वस्तुको लेनेके लिये चौकेसे बाहर गये । लौटे तो देखते है कि एक कुत्ता चौकेसे सारी रोटियाँ मुँहमें लेकर बाहर निकल रहा है । नामदेवजीको आते देखकर कुत्ता रोटियाँ लिये भागा ।

भगवान्‌को भोग लगानेके लिये बनायी रोटियाँ कुत्ता ले गया—कोई साधारण पुरुष यही सोचता, दुखी होता । कदाचित् कुत्तेको मारने दौड़ता ।

'भगवान् स्वयं इस रूपमें मेरी रोटियाँ स्वीकार करने पधारे । कितने दयामय हैं प्रभु !' नामदेवजी तो अपने आराध्यका कुत्तेमें भी दर्शन कर रहे थे । 'लेकिन रोटियाँ रूखी हैं । उनमें घी नहीं लगा है । रूखी रोटियाँ प्रभु कैसे खायँगे ।' देर करनेका समय नहीं था । झपटकर घीका पात्र उठाया उस संतने और दौड़े कुत्तेके पीछे यह पुकारते हुए—'प्रभो ! भगवन् ! तनिक रुकिये । मुझे रोटियोंमें घी चुपड़ लेने दीजिये !'

वे भावके भूखे भगवान् ऐसे भक्तोंकी रोटियाँ नहीं खायँगे यह भी कभी सम्भव है ?



सबमें भगवान्‌के दर्शन



भय और अभय

भय और अभय

संसारसागरसे मनुष्यको पार करनेमें दोनों समर्थ हैं, भय भी, अभय भी। सच्चा भय हो या सच्चा अभय हो। जीवनकी क्षणभङ्गुरता एवं मृत्युकी स्मृति—मनुष्य यदि सचमुच मृत्युसे डरे, अमरत्व अवश्य उसका हो जायगा।

अभय—अभय तो अभयस्वरूप श्रीहरिके चरणकमलोंका आश्रय पाये बिना प्राप्त होनेसे रहा। जिसने उन पादपङ्कजोंको अपना आश्रय बना लिया है—अभय वही है। माया और मृत्यु उसकी छायाको भी दूरसे नमस्कार करती हैं।

× × ×

भयका प्रभाव—(बुद्धका वैराग्य)

महाराज शुद्धोदनके एकमात्र कुमार सिद्धार्थ रथपर बैठकर मन्त्री-पुत्र छन्दकके साथ नगर-दर्शन करने निकले थे। राजाज्ञा हो चुकी थी कि युवराजके मार्गमें कोई वृद्ध, रोगी, कुरूप या मृतक शव न आने पावे। लेकिन सृष्टिकर्ताके विधानपर राजाज्ञाका प्रभाव पड़ता जो नहीं। संयोगवश एक बूढ़ा मार्गमें दीख गया। झुकी कमर, जर्जर देह, लाठी टेकता वृद्ध—जीवनमें पहिली बार सिद्धार्थको पता लगा कि यौवन स्थिर नहीं है। सबको वृद्ध होना है—स्वयं उन्हें भी।

सिद्धार्थकुमार दूसरी बार नगरदर्शन करने निकले। सारी सावधानी व्यर्थ गयी। इस बार मार्गमें एक रोगी दीखा। बार-बार भूमिपर गिरता, पछाड़ें खाता, मुखसे फेन गिराता—सम्भवतः मृगीका रोगी। दूसरे किसी रोगका भी रोगी हो सकता है। युवराज स्वयं दौड़ गये उसके पास। उसे उठाया, सहारा दिया। आज दूसरे सत्यके दर्शन हुए उन्हें—स्वास्थ्य स्थिर वस्तु नहीं। कोई कभी रोगी हो सकता है। कोई कभी कुरूप और दारुण पीड़ाग्रस्त बन सकता है। वे स्वयं या उनकी प्राणाधिका पत्नी यशोधरा भी·····।

तीसरी यात्रा थी सिद्धार्थकुमारकी नगरदर्शनके लिये। जब विश्वका विधाता ही कोई विधान करना चाहे, उसके विपरीत किसीकी सावधानीका क्या अर्थ। महाराज शुद्धोदन जो नहीं चाहते थे, हुआ वही। सिद्धार्थकुमारने एक मृतककी रथी श्मशान जाते देखी। जीवनका महासत्य उनके सम्मुख प्रकट हो गया—सबको मरना है। कोई सदा जीवित नहीं रह सकता। किसीको पता नहीं, मृत्यु कब उसे ग्रास बना लेगी।

बुढ़ापे, रोग और मृत्युसे जीवन ग्रस्त है—सिद्धार्थको सच्चा भय हुआ। वे अमरत्वकी खोजमें निकल पड़े। बुद्धत्व प्राप्त किया उन्होंने।

× × ×

अभयका प्रभाव—(मीराँका विषपान)

गिरिधरगोपालकी दासी—मीराँ तो मतवाली हो गयी थी अपने गिरिधरके अनुरागमें। राणाको पड़ी थी अपनी लोकप्रतिष्ठाकी चिन्ता। उनकी भावज, मेवाड़की राजरानी मंदिरमें नाचे, गावे—कितनी भद्दी बात। लेकिन मीराँ माननेवाली कहाँ थी। राणा समझाकर, धमकाकर—सब सम्भव प्रयत्न करके थक गये। अन्तमें उन्होंने 'न रहे बाँस न बजे बाँसुरी' वाला उपाय सोचा। 'मीराँको मार दिया जाय·····।'

सृष्टिका सञ्चालक मारने-जिलानेका अधिकार दूसरेके हाथमें दिया नहीं करता। मनुष्य केवल अपनीवाली कर सकता है। राणाने भी अपनीवाली की। तीव्रतम विष भेजा उन्होंने मीराँके पास यह कहलाकर कि—'यह ठाकुरजीका चरणामृत है।'

विष ले जानेवालीसे कपट न हो सका। उसका हृदय काँप गया। उसने स्पष्ट कह दिया—'यह भयंकर विष है। चरणामृत बताकर आपको देनेको कहा गया है।'

लेकिन मीराँको तो सच्चा अभय प्राप्त था। भय उसके पास फटकनेका साहस कैसे करता? वह हँसी—'पगली है तू! अरे जिस पदार्थमें चरणामृतका भाव किया गया, वह विष हो कैसे सकता है। वह तो अमृत है—अमृत।'

विषके प्यालेमें भी मीराँको अपने 'गिरिधर'की झाँकी दीख रही थी। विष पी लिया उसने—लेकिन विष था कहाँ! मीराँके लिये तो उसके गिरिधारीलालने उस विषमें प्रवेश करके उसको पहिले ही अमृत बना दिया था।

संत केशवदासजी

(जन्म—वि० सं० १६१२, सनाढ्य ब्राह्मण, कृष्णदत्तके पौत्र एवं काशीनाथके पुत्र, स्थान—ओरछामें रहा करते थे। देहान्त—वि० सं० १६७४।)

धनि सो घरी धनि बार, जबहिं प्रभु पाइये।
प्रगट प्रकास हजूर, दूर नहिं जाइये॥
पूरन सरब निधान, जानि सोइ लीजिये।
निर्मल निर्गुन कंत, ताहि चित दीजिये॥

(छन्द)

दीजिये चित बहुर जी कै, इत बहुरि नहिं आइये।
जहँ तेज पुंज अनंत सूरज, गगन में मठ छाइये॥
लियो घंट को पट खोलिकै, प्रभु अगमगति तव गति करी।
बाढ़ो सो अधिक सोहाग 'केसव', छुटत नहिं एको घरी॥
अद्भुत भेस बनाय कै तब अलख अपन मनाइये।
निसु-बासरहि करि प्रेम तो निज नाह कंठ लगाइये॥

दौलत निसान बान धरे खुदी अभिमान,
करत न दाया काहू जीव की जगत् मे।
जानत है नीके यह फीको है सकल रंग,
गहे फिरै काल फंद मारैगो छिनक मे॥
घेरा ठेरा गज बाज, झूठो है सकल साज,
बादि हरि नाम कोऊ काज नाहिं अंत कै।
बार-बार कहौ तोहि छाडु मान माया मोह,
केसो कहे को करै छोभ मोह काम कै॥

दोहा

आसा मनसा सब थकी, मन निज मनहिं मिलान।
ज्यों सरिता समुँदर मिली, मिटिगो आवन जान॥
जेहि घर केसो नहिं भजन, जीवन प्रान अधार।
सो घर जम का गेह है, अंत भये ते छार॥

स्वामीजी श्रीतरणतारण मण्डलाचार्य

(१६ वीं शताब्दी)

(प्रेषक—पं० श्रीअमीरचन्दजी शास्त्री)

मिथ्या दृष्टिहिं पर सहियो परपर्जय संजुत्तुरिना।
न्यान उवएस न संपजै, अन्यानी नरय निवासुरिना॥
जनरंजन राग जु समय भउ जन उत्तहनंत विसेषुरिना।
आरति ध्यानहं तुव सहियो, थावर गय विलसंतुरिना॥
कल रंजन दोसह सहियो, पर्जय दिस्टि अनंतुरिना।
मोह महा भय पूरि यउ, भवसागर भमंतुरिना॥
राय सहियो गारव सहियो, मिथ्या मय उवएसुरिना।
अन्मोय विरोहु न जानियो, दुग्गइ गमन सहंतुरिना॥
धम्मह भेउ न जानि पउ, कम्मह किय उवएसुरिना।
अन्यानी वय तव सहियो, भमियो काल अनंतुरिना॥
अब किन मूढा! चिंतवहिं, न्यान सिरी सिहु भेउरिना।
न्यान विन्यानहं समय पउ, कम्म विसेष गलंतुरिना॥

(१) दूसरेका सहारा लेनेसे और शरीरकी आसक्तिसे नरकका वास होता है, ज्ञानका उदय नहीं होता।

(२) संसारमे मनुष्योंका साथ राग प्राप्त कराता है और आर्तध्यानसे मर कर पञ्चतत्त्वोमें जन्मता है।

(३) शरीरासक्त ही मोही है, वही संसारमे जन्म-मरणके चक्कर काटता है।

(४) जो राग-द्वेष और मोहके वशमें हुआ अज्ञानके विरोधमें असमर्थ है, वह दुर्गतिका पात्र है।

(५) भूख, प्यास, बीमारी, बुढ़ापा, राग, द्वेष, मोह, निद्रा, चिन्ता, भय, खेद, जन्म, मरण, स्वेद, विस्मय, शोक, मंद, अरति—इन १८ दोषोंसे रहित देव व क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, अकिंचनता, ब्रह्मचर्य धर्मको न जानकर अनन्तकालतक भ्रमण करता है। गुरुदेव कहते हैं, हे मूढ़! अब चेत। ज्ञान-लक्ष्मीसे प्रीति कर, भेद-विज्ञानसे आत्म-दर्शन कर; तब अनन्त कर्मोंको नष्ट कर सकेगा।

स्वामी श्रीदादूदयालजी

[जन्म-संवत्—वि० १६०१, स्थान—अहमदाबाद (गुजरात), कुल—नागर ब्राह्मण, शरीरान्त वि० सं० १६६० नाराणा ग्राम (जयपुरसे २० कोस दूर)]

ज्ञान



घीव दूध मे रमि रह्या, व्यापक सब ही ठौर ।
दादू बकता बहुत हैं, मथि काढ़ें ते और ॥
दादू सब ही गुर किये, पसु पंखी बनराइ ।
तीन लोक गुण पंच सूँ, सब ही माहिं खुदाइ ॥
निमिष एक न्यारा नहीं, तन मन मंझि समाइ ।
एक अंग लागा रहै, ताकूँ काल न खाइ ॥
अबिनासी सो एक है, निमिष न इत उत जाइ ।
बहुत बिलाई क्या करे, जे हरि हरि सबद सुणाइ ॥
सोई सन्मुख जीवतॉ, मरतॉ सन्मुख होइ ।
दादू जीवण मरण का, सोच करै जिनि कोइ ॥
साहिब मिल्या त सब मिले, भेंटे भेंटा होइ ।
साहिब रह्या त सब रहे, नहीं त नाहीं कोइ ॥
साहिब रहतॉ सब रह्या, साहिब जातॉ जाइ ।
दादू साहिब राखिये, दूजा सहज सुभाइ ॥
दादू सींचे मूल के, सब सींच्या बिस्तार ।
दादू सींचे मूल बिन, बादि गई बेगार ॥
सब आया उस एक मे, डाल पान फल फूल ।
दादू पीछे क्या रह्या, जब निज पकड़्या मूल ॥
दादू एकै आतमा, साहिब है सब माहिं ।
साहिब के नाते मिलै, भेष पंथ के नाहिं ॥
मीत तुम्हारा तुम्ह कनै, तुम ही लेहु पिछाणि ।
दादू दूर न देखिये, प्रतिब्यंब ज्यूँ जाणि ॥
मन इंद्री पसरै नहीं, अह निसि एकै ध्यान ।
पर उपगारी प्राणिया, दादू उत्तिम ग्यान ॥

गुरु और साधुकी महिमा

'दादू' मनही सूँ मल ऊपजै, मनही सूँ मल धोइ ।
सीख चलै गुर साध की, तौ तूँ निर्मल होइ ॥
राम जपै रुचि साध कूँ, साध जपै रुचि राम ।
दादू दून्यूँ एकटग, यहु अरंभ यहु काम ॥
'दादू' हरि साधू यो पाइये, अबिगत के आराध ।
साधू संगति हरि मिलैं, हरि संगत सूँ साध ॥
मन भुवंग बहु बिष भर्‍या, निर्बिष क्यूँहिं न होइ ।
दादू मिल्या गुर गारुड़ी, निर्बिष कीया सोइ ॥
पूजा मान बड़ाइयॉ, आदर मॉगै मन ।
राम गहै सब परिहरै, सोई साधू जन ॥
बिष सुख माहीं रमि रह्या, माया हित चित लाइ ।
सोइ संत जन ऊबरे, स्वाद छोड़ि गुण गाइ ॥
साध मिलै तब ऊपजै, हिरदै हरि की प्यास ।
दादू संगति साध की, अबिगत पुरवै आस ॥
प्रेम कथा हरि की कहै, करै भगति ल्यौ लाइ ।
पिवै पिलावै राम रस, सो जन मिलयो आइ ॥
साहिब सूँ सनमुख रहै, सत संगति मे आइ ।
दादू साधू सब कहैं, सो निरफल क्यूँ जाइ ॥
निरबैरी सब जीव सूँ, सत जना सोई ।
दादू एकै आतमा, बैरी नहि कोई ॥
काहे कूँ दुख दीजिये, घट घट आतम राम ।
दादू सब संतोषिये, यहु साधू का काम ॥

नाम

एकै अच्छर पीव का, सोई सत करि जाणि ।
राम नाम सतगुर कह्या, दादू सो परवाणि ॥
दादू नीका नॉव है, तीन लोक तत सार ।
राति दिवस रटिबो करी, रे मन इह बिचार ॥
दादू नीका नाव है, हरि हिरदै न बिसारि ।
मूरति मन माहीं बसै, सॉसै सॉस सँभारि ॥
दादू नीका नॉव है, आप कहै समझाइ ।
और ऑरंभ सब छाड़ि दे, राम नाम ल्यौ लाइ ॥
राम भजन का सोच क्या, करतॉ होइ सो होइ ।
दादू राम सँभालिये, फिरि बूझिये न कोइ ॥
राम तुम्हारे नॉव बिन, जे मुख निकसे और ।
तौ इस अपराधी जीव कूँ, तीन लोक कत ठौर ॥
एक राम की टेक गहि, दूजा सहज सुभाइ ।
राम नाम छोड़ै नहीं, दूजा आवै जाइ ॥
निमिष न न्यारा कीजिये, अंतर सूँ हरि नाम ।
कोटि पतित पावन भये, केवल कहतॉ राम ॥
दादू राम सँभालि ले, जब लग सुखी सरीर ।
फिरि पीछैं पछिताइगा, जब तन मन धरै न धीर ॥

दुख दरिया संसार है, सुख का सागर राम।
सुख सागर चलि जाइये, दादू तजि बेकाम॥
दादू दुखिया तब लगै, जब लग नाँव न लेहि।
तब ही पावन परम सुख, मेरी जीवन येहि॥
दादू पिव का नाँव ले, तौ मेटै सिर साल।
घड़ी महूरत चालना, कैसी आवै काल॥
'दादू' रावत राजा राम का, कदे न बिसारी नाँव।
आतम राम सँभालिये, तौ सूबस काया गाँव॥
'दादू' जहाँ रहूँ तहँ राम सूँ, भावै कंदलि जाइ।
भावै गिर परबत रहूँ, भावै गेह बसाइ॥
'दादू' सोई सेवै सब भले, बुरा न कहिये कोइ।
सारा माही सो बुरा, जिस घट नाँव न होइ॥
दादू जियरा राम बिन, दुखिया येहि संसार।
उपजै बिनसै खपि मरै, सुख दुख बारंबार॥
राम नाम रुचि ऊपजै, लेवे हित चित लाइ।
दादू सोई जीयरा, काहे जमपुर जाइ॥
दादू सब जग बिष भर्‌या, निर्बिष बिरला कोइ।
सोई निर्बिष होइगा, जा के नाँव निरंजन होइ॥
दादू निर्बिष नाँव सौं, तन मन सहजैं होइ।
राम निरोगा करैगा, दूजा नाही कोइ॥
नाँव सपीड़ा लीजिये, प्रेम भगति गुन गाइ।
दादू सुमिरण प्रीति सौं, हेत सहित ल्यौ लाइ॥
'दादू' कहताँ सुणताँ राम कहि, लेताँ देताँ राम।
खाताँ पीताँ राम कहि, आतम कँवल बिसराम॥
ना घर भला न बन भला, जहाँ नहीं निज नाँव।
दादू उनमुनि मन रहै, भला न सोई ठाँव॥
कौण पटतर दीजिये, दूजा नाही कोइ।
राम सरीखा राम है, सुमिरयाँ ही सुख होइ॥
'दादू' सब ही बेद पुरान पढ़ि, मेटि नाँव निरधार।
सब कुछ इन ही माहिं है, क्या करिये बिस्तार॥
दादू हरि रस पीवताँ, रती बिलंब न लाइ।
बारंबार सँभालिये, मति वै बीसरि जाइ॥
नाँव न आवै तब दुखी, आवै सुख संतोष।
दादू सेवक राम का, दूजा हरष न सोक॥
मिले तो सब सुख पाइये, बिछुरे बहु दुख होइ।
दादू सुख दुख राम का, दूजा नाही कोइ॥
दादू हरि का नाँव जल, मैं मछली ता माहिं।
संग सदा आनँद करै, बिछुरत ही मरि जाहि॥

दादू राम बिसारि करि, जीवैं केहिं आधार।
ज्यूँ चातक जल बूँद कौं, करै पुकार पुकार॥
दादू सब जग निरधना, धनवंता नहिं कोइ।
सो धनवंता जानिये, जाके राम पदारथ होइ॥
संगहिं लागा सब फिरै, राम नाम के साथ।
चिंतामणि हिरदै बसै, तो सकल पदारथ हाथ॥
जेता पाप सब जग करै, तेता नाँव बिसारैं होइ।
दादू राम सँभालिये, तौ एता डारै धोइ॥
अलख नाँव अंतरि कहै, सब घटि हरि हरि होइ।
दादू पाणी लूण ज्यूँ, नाँव कहीजै सोइ॥
राम बिना किस काम का, नहिं कौड़ी का जीव।
साँई सरिखा ह्वै गया, दादू परसैं पीव॥
'दादू' जेहिं घट दीपक राम का, तेहिं घट तिमिर न होइ।
उस उजियारे जोति के, सब जग देखै सोइ॥
गूँगे का गुड़ का कहूँ, मन जानत है खाइ।
ज्यूँ राम रसाइण पीवताँ, सो सुख कह्या न जाइ॥
'दादू' राम कहूँ ते जोड़िबा, राम कहूँ ते साखि।
राम कहूँ ते गाइबा, राम कहूँ ते राखि॥
खेत न निपजै बीज बिन, जल सींचे क्या होइ।
सब निरफल दादू राम बिन, जाणत है सब कोइ॥
कोटि बरस क्या जीवणा, अमर भये क्या होइ।
प्रेम भगति रस राम बिन, का दादू जीवनि सोइ॥
सहजे ही सब होइगा, गुण इंद्री का नास।
दादू राम सँभालताँ, कटैं करम के पास॥
एक राम के नाम बिन, जिव की जलण न जाइ।
दादू केते पचि मुए, करि करि बहुत उपाइ॥
राम कहे सब रहत है, नख सिख सकल सरीर।
राम कहे बिन जात है, समझो मनवाँ बीर॥
आपा पर सब दूरि करि, राम नाम रस लागि।
दादू औसर जात है, जागि सकै तौ जागि॥
दादू नीका नाँव है, सो तूँ हिरदै राखि।
पाखँड परपँच दूरि करि, सुनि साधू जन की साखि॥
बिषै हलाहल खाइ करि, सब जग मरि मरि जाइ।
दादू मुहरा नाँव ले, हृदै राखि ल्यौ लाइ॥
'दादू' कनक कलस बिष सूँ भर्‌या, सो किस आवै काम।
सो धनि कूँडा चाम का, जा में अमृत राम॥
'दादू' राम नाम निज औषदी, काटै कोटि बिकार।
बिषम ब्याधि थैं ऊबरै, काया कंचन सार॥

विपति भली हरि नाँव सूँ, काया कसौटी दुक्ख ।
राम बिना किस काम का, दादू सम्पति सुक्ख ॥
मरै त पावै पीव कूँ, जीवत बचै काल ।
दादू निर्भय नाँव ले, दून्यौ हाथि दयाल ॥
नाम लिया तब जाणिये, जे तन मन रहे समाइ ।
आदि अंत मध एक रस कबहूँ भूलि न जाइ ॥
नाँव न आवै तब दुखी, आवै सुख सतोष ।
दादू सेवक राम का दूजा हरष न सोक ॥

स्मरण

'दादू' अहनिसि सदा सरीर में, हरि चिंतत दिन जाइ ।
प्रेम मगन लय लीन मन, अंतर गति ल्यौ लाइ ॥
दादू आनँद आतमा, अविनासी के साथ ।
प्राणनाथ हिरदे बसै, तौ सकल पदारथ हाथ ॥
अंतर गति हरि हरि करै, तब मुख की हाजत नाहिं ।
सहजै धुनि लागी रहै, दादू मन ही माँहि ॥

विषय-निंदा

दादू बिषै बिकार सौं, जब लग मन राता ।
तब लग चीत न आवई, त्रिभुवन पति दाता ॥
'दादू' जिन बिष पीवै बावरे, दिन दिन बाढ़ै रोग ।
देखत ही मरि जाइगा, तजि बिषया रस भोग ॥
'दादू' स्वाद लागि संसार सब, देखत परलै जाइ ।
इंद्री स्वारथ साच तजि, सबै बँधाणे आइ ॥
'दादू' काम कठिन घटि चोर है, घर फोड़ै दिन रात ।
सोवत साह न जागई, तत्त बस्त लै जात ॥
ज्यौं घुन लागै काठ कौं, लोहे लागै काट ।
काम किया घट जाजरा, दादू बारह बाट ॥
काल कनक अरु कामिनी, परिहरि इन का संग ।
दादू सब जग जलि मुवा, ज्यौं दीपक जोति पतंग ॥

अनन्यता

'दादू' एकै दसा अनन्य की, दूजी दसा न जाइ ।
आपा भूलै आन सब, एकंड रहै समाइ ॥
दादू देखूँ निज पीव कूँ, और न देखौं कोइ ।
पूरा देखूँ पीव कूँ, बाहर भीतर सोइ ॥
एक मना लागा रहै, अंत मिलैगा सोइ ।
दादू जाके मन बसै, ता कूँ दरसन होइ ॥
दादू रीझै राम पर, अनत न रीझै मन ।
मीठा भावै एक रस, दादू सोई जन ॥
'दादू' दूजा नैन न देखिये, स्रवणहुँ सुनै न जाइ ।
जिभ्या आन न बोलिये, अंग न और सुहाइ ॥

आश्रय

हम जीवैं इहि आसरै, सुमिरण के आधार ।
दादू छिटकै हाथ सूँ, तौ हम कूँ वार न पार ॥
'दादू' करणहार करता पुरिष, हम कौं कैसी चिंत ।
सब काहू की करत है, सो दादू का मित ॥
ज्यूँ तुम भावै त्यूँ खुसी, हम राजी उस बात ।
दादू के दिल सिदक सूँ, भावै दिन कूँ रात ॥
'दादू' डोरी हरि कै हाथ है, गल माहीं मेरै ।
बाजीगर का बंदरा, भावै तहँ फेरै ॥
'दादू' तन मन काम करीम के, आवै तौ नीका ।
जिस का तिस कूँ सौंपिये, सोच क्या जी का ॥
जे सिर सौंप्या राम कूँ, सो सिर भया सनाथ ।
दादू दे ऊरण भया, जिस का तिस के हाथ ॥
जिस का है तिस कूँ चढ़े, दादू ऊरण होइ ।
पहिली देवै सो भला, पीछै तौ सब कोइ ॥
'दादू' कहै जे तूँ राखै साइयाँ, तौ मारि न सक्कै कोइ ।
बाल न बाँका करि सकै, जो जग बैरी होइ ॥

भगवान्‌की महिमा

घर बन माहीं सुख नहीं, सुख है साईं पास ।
दादू ता सूँ मन मिल्या, इन सूँ भया उदास ॥
'दादू' सोइ हमारा साँइयाँ, जे सब का पूरणहार ।
दादू जीवण मरण का, जाके हाथ बिचार ॥
'दादू' जिन पहुँचाया प्राण कूँ, उदर उर्धमुख पीर ।
जठर अगनि मे राखिया, कोमल काया सरीर ॥
धनि धनि साहिब तू बड़ा, कौन अनूपम रीति ।
सकल लोक सिर साँइयाँ, है करि रह्या अतीत ॥
'दादू' हूँ बलिहारी सुरत की, सब की करै सँभाल ।
कीड़ी कुंजर पलक मे, करता है प्रतिपाल ॥
मीरा मुझ सूँ मिहरि करि, सिर पर दीया हाथ ।
दादू कलियुग क्या करै, साईं मेरा साथ ॥
इक लख चंदा आणि घर, सूरज कोटि मिलाइ ।
'दादू' गुरुगोविन्द बिन तौ भी तिमिर न जाइ ॥

वैराग्य

सुपने सब कुछ देखिये, जागै तौ कुछ नाहिं ।
ऐसा यहु संसार है, समझि देखि मन माहिं ॥

'दादू' झूठे तन के कारणे, कीये बहुत विकार ।
यह दाग धन सपदा, पूत कुटंब परिवार ॥
'दादू' यहु घट काचा जल भरचा, बिनसत नाहीं बार ।
यहु घट फूटा जल गया, समझत नहीं गंवार ॥
फूटी काया जाजरी, सब ठाहर काणी ।
ता में दादू क्यों रहै, जीव सरीखा पाणी ॥
बाव भरी इस खाल का, झूठा गर्व गुमान ।
दादू बिनसै देखतां, तिसका क्या अभिमान ॥
काल गिरासै जीव कूं, पल पल सांसै सांस ।
पग पग माहीं दिन घड़ी, दादू लखै न तास ॥
दादू काया कारवी, देखत ही चलि जाइ ।
जब लग सांस सरीर मे, राम नाम क्यौं लाइ ॥
दादू देही देखतां, सब किसही की जाइ ।
जब लग सांस सरीर मे, गोविंद के गुण गाइ ॥
दादू सब को पाहुणा, दिवस चारि संसार ।
औसरि औसरि सब चले, हम भी इहै विचार ॥
सब को बेटे पथ सिरि, रहे बटाऊ होइ ।
जे आये ते जाहिंगे, इस मारग सब कोइ ॥
संझया चलै उतावला, बटाउ बनखंड माहि ।
बिरियां नाहीं ढील की, दादू बेगि धरि जाहिं ॥
सब जीव बिसाहैं काल कूं, करि करि कोटि उपाइ ।
साहिब कूं समझै नहीं, यौं परलय ह्वै जाइ ॥
दादू अमृत छोड़ि करि, विषै हलाहल खाइ ।
जीव बिसाहै काल कूं, मूढ़ा मरि मरि जाइ ॥
ये दिन बीते चलि गये, ये दिन आवै धाइ ।
राम नाम बिन जीव कूं, काल गरासे जाइ ॥
'दादू' धरती करते एक डग, दरिया करते फाल ।
हाँकौ परवत फाड़ते, सो भी खाये काल ॥

नाम-विस्मरणसे हानि

'दादू' जबही राम बिसारिये, तबही लागै काल ।
सिर ऊपरि करवत बहै, आइ पड़ै जम जाल ॥
'दादू' जबही राम बिसारिये, तब ही कष बिनास ।
पग पग परलय पिंड पड़ै, प्राणी जाइ निरास ॥
'दादू' जबही राम बिसारिये, तब ही हानी होइ ।
प्राण पिंड सरबस गया, सुखी न देख्या कोइ ॥
ता कारण हति आतमा, झूठ कपट अहँकार ।
सो माटी मिलि जाइगा, बिसऱ्या सिरजनहार ॥
सुरग नरक संसय नहीं, जिवण मरण भय नाहिं ।
राम बिमुख जे दिन गये, सो सालै मन माहिं ॥

विरह

बिरहिनि रोवै रात दिन, झूरै मनही माहि ।
दादू औसर चलि गया, प्रीतम पाये नाहिं ॥
पिव बिन पल पल जुग भया, कठिन दिवस क्यूं जाइ ।
दादू दुखिया राम बिन, काल रूप सब खाइ ॥
सहजै मनसा मन सधै, सहजै पवना सोइ ।
सहजै पांचों थिर भये, जे चोट बिरह की होइ ॥
दादू पड़दा पलक का, एता अतर होइ ।
दादू बिरही राम बिन, क्यूं करि जीवै सोइ ॥
रोम रोम रस प्यास है, दादू करहि पुकार ।
राम घटा दल उमँगि करि, बरसहु सिरजनहार ॥
तलफि तलफि बिरहणि मरै, करि करि बहुत बिलाप ।
बिरह अगिनि मे जल गई, पीव न पूछै बात ॥
राम बिरहिणी ह्वै गया, बिरहिणि ह्वै गई राम ।
दादू बिरही बापुरा, ऐसे करि गया काम ॥

प्रेम

भँवरा लुबधी बास का, मोह्या नाद कुरंग ।
यौं दादू का मन राम सूं, ज्यूं दीपक जोति पतंग ॥
प्रेम भगति माता रहै, तालाबेली अंग ।
सदा सपीड़ा मन रहै, राम रमै उन संग ॥
'दादू' बार्ता बिरह न ऊपजै, बातां प्रीति न होइ ।
बातां प्रेम न पाइये, जिन रे पतीजे कोइ ॥
दादू तौ पिव पाइये, कस मल है सो जाइ ।
निरमल मन करि आरसी, मूरति माहिं लखाइ ॥
प्रीत जो मेरे पीव की, पैठी पिंजर माहिं ।
रोम रोम पिउ पिउ करै, दादू दूसर नाहिं ॥
दादू देखूँ निज पीव कूं, देखत ही दुख जाइ ।
हूँ तौ देखूँ पीव कूं, सब में रह्या समाइ ॥
दादू देखौं दयाल को, बाहरि भीतरि सोइ ।
सब दिसि देखूँ पीव कूं, दूसर नाहीं कोइ ॥
दादू देखूँ दयाल कूं, रोकि रह्या सब ठौर ।
घटि घटि मेरा साइयां, तूं जिनि जाणे और ॥
सदा लीन आनंद मे, सहज रूप सब ठौर ।
दादू देखै एक कूं, दूजा नाहीं और ॥
'दादू' जहँ तहँ साखी संग है, मेरे सदा अनंद ।
नैन बैन हिरदै रहै, पूरण परमानंद ॥

सब तजि देखि विचारि करि, मेरा नाही कोइ ।
अन दिन राता राम सूँ, भाव भगति रत होइ ॥
दादू जल पाषाण ज्यूँ, सेवै सब संसार ।
दादू पाणी दूण ज्यूँ, कोइ विरला पूजनहार ॥
'दादू' जब दिल मिला दयाल सूँ, तब सब पड़दा दूरि ।
ऐसे मिलि एकै भया, बहु दीपक पावक पूरि ॥
'दादू' जब दिल मिला दयालसौं, तब पलक न पड़दा कोइ ।
डाल मूल फल बीज मे, सब मिलि एकै होइ ॥
दादू हरि रस पीवतॉ, कबहूँ अरुचि न होइ ।
पीवत प्यासा नित नवा, पीवण हारा सोइ ॥
ज्यूँ ज्यूँ पीवै राम रस, त्यूँ त्यूँ बढ़ै पियास ।
ऐसा कोई एक है, विरला दादू दास ॥
रोम रोम रस पीजिये, एती रसना होइ ।
दादू प्यासा प्रेम का, यौं बिन तृपति न होइ ॥
परनै पीवै राम रस, सो अबिनासी अंग ।
काल मीच लागै नहीं, दादू साँई सग ॥
आदि अत मधि एक रस, टूटै नहिं धागा ।
दादू एकै रहि गया, तब जाणी जागा ॥
'दादू' मेरे हिरदै हरि बसै, दूजा नाही और ।
कहौ कहाँ धौं राखिये, नहीं आन का ठौर ॥
'दादू' तन मन मेरा पीव सूँ, एक सेज सुख सोइ ।
गहिला लोग न जाण ही, पचि पचि आपा खोइ ॥
पर पुरिषा सब परिहरै, सुंदरि देखै जागि ।
अपणा पीव पिछाणि करि, दादू रहिये लागि ॥
राम रसिक बाछै नहीं, परम पदारथ चार ।
अठ सिधि नौ निधि का करै, राता सिरजनहार ॥
बैठे सदा एक रस पीवै, निरबैरी कत जूझै ।
आतम राम मिलै जब दादू, तब अंगि न लागै दूजै ॥
'दादू' जिन यह दिल मंदिर किया, दिल मंदिर मे सोइ ।
दिल माही दिलदार है, और न दूजा कोइ ॥
ना बहु मिलै न मै सुखी, कहु क्यूँ जीवन होइ ।
जिन मुझको घायल किया, मेरी दारू सोइ ॥

अहंभावकी बाधकता

जहाँ राम तहँ मै नही, मै तहँ नाही राम ।
दादू महल बरीक है, दूजै को नाही ठाम ॥
दादू आपा जब लगैं, तब लग दूजा होइ ।
जब यहु आपा मिटि गया, तब दूजा नहि कोइ ॥
'दादू' मैं नाही तब एक है, मैं आई तब दोइ ।
मैं तैं पड़दा मिटि गया, तब ज्यूँ था त्यूँही होइ ॥
'दादू' 'है' को भय घणा, 'नाहीं' कौं कुछ नाहिं ।
दादू 'नाही' होय रह, अपणे साहिब माहिं ॥

दीनता

कीया मन का भावतॉ, मेटी आग्याकार ।
क्या ले मुख दिखलाइये, दादू उस भरतार ॥
कुछ खातॉ कुछ खेलतॉ, कुछ सोवत दिन जाइ ।
कुछ विषियॉ रस विलसतॉ, दादू गये बिलाइ ॥
जैसें कुंजर काम बस, आप बँधाणा आइ ।
ऐसे दादू हम भये, क्यौं करि निकस्या जाइ ॥
जैसे मरकट जीभ रस, आप बँधाणा अंध ।
वैसे दादू हम भये, क्यूँ करि छूटै फंद ॥
ज्यौं सूवा सुख कारणे, बंध्या मूरख माहिं ।
ऐसे दादू हम भये, क्यूँ ही निकसै नाहिं ॥
जैसे अंध अग्यान गृह, बंध्या मूरख स्वादि ।
ऐसे दादू हम भये, जन्म गँवाया बादि ॥
दादू राम बिसारि करि, कीयै बहु अपराध ।
लाजौ मारे साध सब, नाँव हमारा साध ॥
जब दरबौ तब दीजियौ, तुम पै मागौं येहु ।
दिन प्रति दरसन साध का, प्रेम भगति दिढ़ देहु ॥
दादू जीवण मरण का, मुझ पछितावा नाहि ।
मुझ पछितावा पीव का, रह्या न नैनहुँ माहि ॥
जो साहिब कूँ भावै नहीं, सो हम तें जिनि होइ ।
सतगुर लाजै आपणा, साध न मानै कोइ ॥

साधन

'दादू' जो साहिब कूँ भावै नहीं, सो सब परिहरि प्राण ।
मनसा वाचा कर्मना, जे तूँ चतुर सुजाण ॥
'दादू' जो साहिब कूँ भावै नहीं, सो बाट न बूझी रे ।
साँई सूँ सनमुख रही, इस मन सूँ जूझी रे ॥
जब लगि यहु मन थिर नहीं, तब लगि परस न होइ ।
दादू मनवॉ थिर भया, सहजि मिलैगा सोइ ॥
'दादू' बिन अवलबन क्यूँ रहै, मन चंचलि चलि जाइ ।
इस्थिर मनवॉ तौ रहै, सुमिरण सेती लाइ ॥
क्या मुँह ले हँसि बोलिये, दादू दीजै गोइ ।
जनम अमोलक आपणा, चले अकारथ खोइ ॥
कह्या हमारा मानि मन, पापी परिहरि काम ।
विषया का सँग छोड़ि दे, दादू कहि रे राम ॥

दादू खोई आपणी, लज्या कुल की कार।
मान बड़ाई पति गई, तब सनमुख सिरजनहार॥

भक्ति

फल कारण सेवा करै, जाचै त्रिभुवन राव।
दादू सो सेवग नहीं, खेलै अपणा दाव॥
तन मन ले लागा रहै, राता सिरजनहार।
दादू कुछ माँगै नहीं, ते बिरला संसार॥
जा कारण जग जीजिये, सो पद हिरदै नाहिं।
दादू हरि की भगति बिन, धृग जीवण कलि माहिं॥

माया

यहु सब माया मिरग जल, झूठा झिलिमिलि होइ।
दादू चिलका देखि करि, सत करि जाना सोइ॥
'दादू' बूड़ि रह्या रे बापुरे, माया गृह के कूप।
मोह्या कनक अरु कामिनी, नाना बिधि के रूप॥
'दादू' झूठी काया झूठ घर, झूठा यह परिवार।
झूठी माया देखि करि, फूल्यौ कहा गँवार॥
'दादू' जन्म गया सब देखतॉ, झूठी के सँग लागि।
साचे प्रीतम कौं मिलै, भागि सकै तौ भागि॥

उपदेश

'दादू' ऐसे महँगे मोल का, एक सॉस जे जाइ।
चौदह लोक समान सो, काहे रेत मिलाइ॥
नैनहुँ वाला निरखि करि, दादू घालै हाथ।
तब ही पावै रामधन, निकट निरंजन नाथ॥
मन माणिक मूरख राखि रे, जण जण हाथि न देहु।
दादू पारिख जौहरी, राम साध होइ लेहु॥
दुनियॉ के पीछे पड़्या, दौड़्या दौड़्या जाइ।
दादू जिन पैदा किया, ता साहिब कूँ छिटकाइ॥
'दादू, जा कूँ मारण जाइये, सोई फिर मारै।
जा कूँ तारण जाइये, सोई फिर तारै॥
दादू चारै चित दिया, चिंतामणि कूँ भूलि।
जन्म अमोलिक जात है, बैठे मॉझी फूलि॥
'दादू' कहे कहे का होत है, कहे न सीझै काम।
कहे कहे का पाइये, जब लग हृदै न आवै राम॥
तूँ मुझ कूँ मोटा कहै, हौं तुझे बड़ाई मान।
सॉई कूँ समझै नहीं, दादू झूठा ग्यान॥
नॉव धरावै दास का, दासा तन सूँ दूरि।
दादू कारज क्यूँ सरै, हरि सूँ नही हजूरि॥
'दादू' बातों ही पहुँचै नहीं, घर दूरि पयाना।
मारग पंथी उठि चलै, दादू सोइ सयाना॥
दादू पैंडे पाप के, कदे न दीजै पाँव।
जिहिं पैंडे मेरा पिव मिलै, तिहिं पैंडे का चाव॥
'दादू' सुकिरत मारग चालतॉ, बुरा न कबहूँ होइ।
अमृत खातॉ प्राणियॉ, मुवा न सुनिये कोइ॥
झूठा साचा करि लिया, बिष अमृत जाना।
दुख कौं सुख सब कोइ कहै, ऐसा जगत दिवाना॥
'दादू' पाखॅड पीव न पाइये, जे अंतरि सॉच न होइ।
ऊपरि सूँ क्यौ ही रहौ, भीतर के मल धोइ॥
'दादू' भावै तहॉ छिपाइये, साच न छाना होइ।
सेस रसातल गगन धू, परगट कहिये सोइ॥
'दादू' जे तूँ समझै तौ कहौं, साचा एक अलेप।
डाल पात तजि मूल गहि, क्या दिखलावै भेष॥
सो दिसा कतहूँ रही, जेहिं दिसि पहुँचे साध।
मैं तैं मूरिख गहि रहे, लोभ बड़ाई बाद॥
प्रेम प्रीत सनेह बिन, सब झूठे सिंगार।
दादू आतम रत नहीं, क्यूँ मानै भरतार॥
देह रहै संसार मे, जीव राम के पास।
दादू कुछ ब्यापै नहीं, काल झाल दुख त्रास॥
'दादू' सहजैं सहजै होइगा, जे कुछ रचिया राम।
काहे कौ कलपै मरै, दुखी होत बेकाम॥
पूरिक पूरा पासि है, नाहीं दूरि गँवार।
सब जानत है बावरे, देवे कूँ हुसियार॥
दादू चिंता राम कूँ, समरथ सब जाणै।
दादू राम सँभालिये, चिंता जिनि आणै॥
गोविंद के गुण चीत करि, नैन बैन पग सीस।
जिन मुख दीया कान कर, प्राणनाथ जगदीस॥
हिरदै राम सँभालि ले, मन राखै बेसास।
दादू समरथ साइयॉ, सब की पूरै आस॥
'दादू' छाजन भोजन सहज मे, सँइयॉ देइ सो लेइ।
तासूँ अधिका और कुछ, सो तूँ कॉइ करेइ॥
'दादू' जे कुछ खुसी खुसाइ की, होवैगा सोई।
पचि पचि कोई जिनि मरै, सुणि लीज्यौ लोई॥
'दादू' बिना राम कही को नहीं, फिरिहौ देस बिदेसा।
दूजी दहणि रि करि बौरे, सुणि यहु साध संदेसा॥
मीठे का सब मीठा लागै, भावै बिष भरि देइ।
दादू कड़वा ना कहे, अमृत करि करि लेइ॥

दादू एक बिसास बिन, जियरा डावाँडोल।
निकटै निधि दुख पाइये, चिंतामणी अमोल॥
'दादू' बिन बिसवासी जीयरा, चंचल नाही ठौर।
निहचय निहचल ना रहै, कछू और की और॥
'दादू' होणा था सो है रह्या, जे कुछ कीया पीव।
पल बधै ना छिन घटे, ऐसी जाणी जीव॥
ज्यूँ रचिया त्यूँ होइगा, काहे कूँ सिर लेइ।
साहिब ऊपर राखिये, देखि तमासा येह॥
दादू करता हम नहीं, करता औरै कोइ।
करता है सो करैगा, तूँ जिनि करता होइ॥
बैरी मारे मरि गये, चित सूँ बिसरे नाहिं।
दादू अजहूँ साल है, समझि देख मन माहिं॥
साँई कारण सब तजै, जन का ऐसा भाव।
दादू राम न छोड़िये, भावै तन मन जाव॥
जहँ जहँ दादू पग धरै, तहाँ काल का फंध।
सिर ऊपर साँधे खड़ा, अजहुँ न चेतै अंध॥
दादू मरिये राम बिन, जीजै राम सँभाल।
अमृत पीवै आतमा, यौ साधू बचै काल॥
बेग बटाऊ पंथ सिरि, अब बिलंब न कीजै।
दादू बैठा क्या करै, राम जपि लीजै॥
'दादू' सब जग मरि मरि जात है, अमर उपावणहार।
रहता रमता राम है, बहता सब संसार॥
यहु जग जाता देखि करि, दादू करी पुकार।
घड़ी महूरत चालणाँ, राखै सिरजनहार॥
जे दिन जाइ सो बहुरि न आवै, आव घटै तन छीजै।
अंत काल दिन आइ पहूँच्या, दादू ढील न कीजै॥
दादू गाफिल ह्वै रह्या, गहिला हुआ गँवार।
सो दिन चीति न आवई, सोवै पाँव पसार॥
'दादू' काल हमारा कर गहै, दिन दिन खैंचत जाइ।
अजहुँ जीव जागै नहीं, सोवत गई बिहाइ॥
दादू देखत ही भया, स्याम बरण ते सेत।
तन मन जोबन सब गया, अजहुँ न हरि सूँ हेत॥
जीवत मेला ना भया, जीवत परस न होइ।
जीवत जगपति ना मिल्या, दादू बूड़े सोइ॥
जीवत परगट ना भया, जीवत परच्या नाहिं।
जिवत न पाया पीव कूँ, बूड़े भौ-जल माहिं॥
किस सूँ बैरी ह्वै रह्या, दूजा कोई नाहि।
जिस के अंग ते ऊपज्या, सोई है सब माहिं॥
ज्यौं आपै देखै आप कूँ, यौ जे दूसर होइ।
तौ दादू दूसर नहीं, दुक्ख न पावै कोइ॥
दादू सम करि देखिये, कुंजर कीट समान।
दादू दुबिधा दूरि करि, तजि आपा अभिमान॥
'दादू' बुरा न बाछै जीव का, सदा सजीवन सोइ।
परलै बिषै बिकार सब, भाव भगति रत होइ॥
'दादू' निंदा नाँव न लीजिये, सुपिनै ही जिनि होइ।
ना हम कहैं न तुम सुणौ, हम जिनि भाखै कोइ॥
'दादू' निंदक बपुरा जिनि मरै, पर उपगारी सोइ।
हम कूँ करता ऊजला, आपण मैला होइ॥
अणदेख्या अनरथ कहैं, अपराधी संसार।
जद तद लेखा लेइगा, समरथ सिरजनहार॥
दादू बहुत बुरा किया, तुम्हैं न करणा रोस।
साहिब समाई का धनी, बंदे कूँ सब दोस॥
ज्यौं आपै देखै आप कूँ, सो नैना दे मुज्झ।
मीरा मेरा मेहर करि, दादू देखै तुज्झ॥
'दादू' संगी सोई कीजिये, जे कलि अजरावर होइ।
ना वह मरै न बीछुड़ै, ना दुख व्यापै कोइ॥
'दादू' संगी सोई कीजिये, जे थिर इहि संसार।
ना वहु बिरै न हम खरौं, ऐसा लेहु बिचार॥
'दादू' संगी सोई कीजिये, जे कबहूँ पलटि न जाइ।
आदि अंत बिहड़ै नहीं, ता सन यहु मन लाइ॥
जिहि घर निंदा साधु की, सो घर गये समूल।
तिन की नींव न पाइये, नाँव न ठाँव न धूल॥
दादू मारग कठिन है, जीवत चलै न कोइ।
सोई चलि है बापुरा, जे जीवत मिरतक होइ॥
जे सिर सौंप्या राम कूँ, सो सिर भया सनाथ।
दादू दे ऊरण भया, जिस का तिस के हाथ॥

भक्तके लक्षण एवं महिमा

'दादू' सोई सेवग राम का, जिसे न दूजी चिंत।
दूजा को भावै नहीं, एक पियारा मिंत॥
सोइ जन साचे सोइ सती, सोइ साधक सूजान।
सोइ ग्यानी सोइ पंडिता, जे राते भगवान॥
'दादू' भेष बहुत संसार मे, हरिजन बिरला कोइ।
हरिजन राता राम सूँ, दादू एकै सोइ॥
काइर काम न आवई, यहु सूरे का खेत।
तन मन सौंपै राम कूँ, दादू सीस सहेत॥

आज कि काल्ह चलै उठि मूरख, तेरे तो देखत केते गये हैं।
सुंदर क्यों नहिं राम सँभारत, या जग मे कहो कौन रहे हैं॥

कालकी विकरालता

मंदिर महल बिलायत है गज,
ऊँट दमामा दिना इक दो है।
तातहु मात तिया सुत बांधव,
देख धुँ पामर होत बिछोहै॥
झूठ प्रपंच सूँ राचि रह्यो मठ!
काठ की पूतरि ज्यूँ कपि मोहै।
मेरि हि मेरि कहै नित सुंदर,
आँखि लगे कहि कौन कूँ को है॥

कै यह देह जराइ के छार,
किया कि किया कि किया कि किया है।
कै यह देह जमीं महिं गाड़ि,
दिया कि दिया कि दिया कि दिया है॥
कै यह देह रहै दिन चारि,
जिया कि जिया कि जिया कि जिया है।
सुंदर काल अचानक आइ,
लिया कि लिया कि लिया कि लिया है॥

देह सनेह न छाड़त है नर,
जानत है थिर है यह देहा।
छीजत जाय घटै दिनही दिन,
दीसत है घट को नित छेहा॥
काल अचानक आइ गहै कर,
ढाहि गिराइ करै तनु खेहा।
सुंदर जानि यहै निहचै धरि,
एक निरंजन सूँ करि नेहा॥

सोइ रह्यो कहाँ गाफिल ह्वै करि,
तो सिर ऊपर काल दहारै।
धामस-धूमस लागि रह्यो मठ,
आइ अचानक तोहिं पछारै॥
ज्यूँ बन मे मृग कूदत फाँदत,
चित्र गले नख सूँ उर फारै।
सुंदर काल डरै जिन के डर,
ता प्रभु कूँ कहु क्यूँ न सँभारे॥

जब ते जनम लेत, तब ही तें आयु घटै,
माई सों कहत मेरो बड़ो होत जात है।
आज और काल्ह और, दिन-दिन होत और,
दौरयो दौरयो फिरत, खेलत अरु खात है॥
बालपन बीत्यौ जब, जोबन लग्यो है आइ,
जोबनहुँ बीते बूढ़ो, डोकरो दिखात है।
सुंदर कहत ऐसे, देखत ही बूझि गयो,
तेल घटि गये जैसे दीपक बुझात है॥

माया जोरि जोरि नर राखत जतन करि,
कहत है एक दिन मेरे काम आइहै।
तोहिं तो मरत कछु बेर नहीं लागै मठ,
देखत ही देखत, बबूला सो बिलाइहै॥
धन तो धर्यो ही रहै, चलत न कौड़ी गहै,
रीते हाथन मे जैसो आयो तैसो जाइ है।
करि ले सुकृत यह बेरिया न आवै फिरि,
सुंदर कहत नर, पुनि पछताइहै॥

झूँठ यूँ बँध्यो है जाल, ताही तें ग्रसत काल,
काल बिकराल ब्याल सबही कूँ खात है।
नदी को प्रवाह चल्यो जात है समुद्र माहिं,
तैसे जग काल ही के मुख मे समात है॥
देह सूँ ममत्व ता तें काल को भय मानत है,
ग्यान उपजे तें वह कालहू बिलात है।
सुंदर कहत परब्रह्म है सदा अखंड,
आदि मध्य अंत एक सोई ठहरात है॥

देह एवं जगत्‌की नश्वरता

कौन भाँति करतार, कियो है सरीर यह,
पावक के माहिं देखौ पानी को जमावनो।
नासिका स्रवन नैन, बदन रसन बैन,
हाथ पाँव अंग नख, सीस को बनावनो॥
अजब अनूप रूप, चमक दमक ऊप,
सुंदर सोभित अति अधिक सुहावनो।
जाही छिन चेतन, सकति लीन होइ गई,
ताही छिन लागते है, सब कूँ अभावनो॥

मातु तौ पुकार छाती, कूटि कूटि रोवति है,
बाबहू कहत मेरो नंदन कहाँ गयो।
भैयाहू कहत मेरी बाँह आजु दूरि भई,
बहिन कहति मेरो बीर दुख दै गयो॥
कामिनी कहत मेरो सीस सिरताज कहाँ,

उन्हें ततकाल रोइ हाथ में धोरा लयो।
सुदर कहत कोऊ, ताहि नहिं जानि सकै,
बोलत हुतो सो यह, छिन में कहाँ गयो॥

आशा-तृष्णा

नैनन की पल ही पल मे छिन,
आधि घरी घटिका जु गई है।
जाग गयो युग याम गयो पुनि,
साँझ गई तब रात भई है॥
आज गई अरु काल्ह गई,
परसों तरसों कछु और ठई है।
सुदर ऐसहि आयु गई,
तृस्ना दिन ही दिन होत नई है॥

कन ही कन कूँ बिललात फिरै,
सठ याचत है जनही जन कूँ।
तन ही तन कूँ अति सोच करै,
नर खात रहै अन ही अन कूँ॥
मन ही मन की तृस्ना न मिटी,
पुनि धावत है धन ही धन कूँ।
छिन ही छिन सुंदर आयु घटी,
कबहूँ न गयो बन ही बन कूँ॥

बो दस बीस पचास भये सत,
होइ हजार तु लाख मँगैगी।
कोटि अरब्ब खरब्ब असंख्य,
पृथ्वीपति होन की चाह जगैगी॥
स्वर्ग पताल को राज करौ,
तृस्ना अधिकी अति आग लगैगी।
सुदर एक सँतोष बिना सठ,
तेरी तो भूख कबी न भगैगी॥

तीनहुँ लोक अहार कियो सब,
सात समुद्र पियो पुनि पानी।
और जहाँ तहँ ताकत डोलत,
काढ़त आँख डरावत प्रानी॥
दाँत दिखावत जीभ हलावत,
याहि तै मैं यह डाकिनि जानी।
सुदर खात भये कितने दिन,
है तृस्ना अजहूँ न अघानी॥

नेह तज्यो पुनि नेह तज्यो पुनि, खेह लगाइ के देह सँवारी।
मेघ सहै सिर सीत सहै तन, धूप समै जु पँचागिनि बारी॥
भूख सहै रहि रूख तरे, पर सुंदरदास सहै दुख भारी।
डासन छाड़ि के कासन ऊपर, आसन मारि पै आस न मारी॥

आश्वासन

पाँव दिये चलने फिरने कहँ,
हाथ दिये हरि कृत्य करायो।
कान दिये सुनिये हरि को जस,
नैन दिये तिन मार्ग दिखायो॥
नाक दिये मुख सोभत ता करि,
जीभ दई हरि को गुण गायो।
सुदर साज दियो परमेसुर,
पेट दियो बड़ पाप लगायो॥

होइ निचिंत करै मत चिंतहिं,
चोंच दई सोइ चिंत करैगो।
पाउँ पसार परयो किन सोवत,
पेट दियो सोइ पेट भरैगो॥
जीव जिते जल के थल के पुनि,
पाहन में पहुँचाय धरैगो।
भूखहि भूख पुकारत है नर,
सुदर तू कह भूख मरैगो॥

भाजन आप धड़े जितने,
भरिहैं भरिहैं भरिहैं भरिहैं जू।
गावत है जिनके गुण कूँ,
ढरिहै ढरिहै ढरिहैं ढरिहैं जू॥
आदिहु अंतहु मध्य सदा,
हरिहै हरिहैं हरिहैं हरिहैं जू।
सुदरदास सहाय सही,
करिहैं करिहैं करिहैं करिहैं जू॥

विश्वास

काहि कूँ दौरत है दसहूँ दिसि,
तूँ नर देख कियो हरिजू को।
बैठि रहे दुरि कै मुख मूँदि,
उचारत दाँत खवाइ है टूको॥
गर्भ थके प्रतिपाल करी जिन,
होइ रह्यो तबही जड़ मूको।
सुदर क्यों बिललात फिरै अब,
राख हृदय बिस्वास प्रभू को॥

खेचर भूचर जे जल कै चर,
देत अहार चराचर पोखै ।
वे हरि जो सब को प्रतिपालत,
ज्यूँ जिहि भाँति तिही विधि तोखै ॥
तू अब क्यूँ विस्वास न राखत,
भूलत है कित धोखहि धोखै ।
तोहिं तहाँ पहुँचाय रहै प्रभु,
सुंदर बैठि रहै किन ओखै ॥

देहकी मलिनता

देह तौ मलिन अति, बहुत विकार भरी,
ताहू माहि जरा ब्याधि, सब दुख रासी है ।
कबहूँक पेट पीर कबहूँक सिर बाय,
कबहूँक आँख कान मुख मैं बिथा सी है ॥
औरहूँ अनेक रोग नख सिर पूरि रहे,
कबहूँक स्वास चलै कबहूँक खाँसी है ।
ऐसो ये सरीर ताहि अपनो कै मानत है,
सुंदर कहत या मैं कौन सुख बासी है ॥

जा सरीर माहिं तू अनेक सुख मानि रह्यो,
ताहि तू बिचार या मैं कौन बात भली है ।
मेद मज्जा मास रग रग मे रकत भरयो,
पेटहू पिटारी सी मे ठौर ठौर मली है ॥
हाड़न सूँ भरयो मुख हाड़न कै नैन नाक,
हाथ पाउँ सोऊ सब हाड़न की नली है ।
सुंदर कहत याहि देखि जनि भूलै कोई,
भीतर भगार भरी ऊपर तौ कली है ॥

मूर्खता

अपने न दोष देखे, पर के औगुण पेखे,
दुष्ट को सुभाव, उठि निंदाही करतु है ।
जैसे कोई महल सँवारि राख्यो नीके करि,
कीरी तहाँ जाय, छिद्र ढूँढत फिरतु है ॥
भोरही तैं साँझ लग, साँझही तै भोर लग,
सुंदर कहत दिन ऐसे ही भरतु है ।
पाँव के तरे की नही सूझै आग मूरख कूँ,
और सूँ कहत तेरे सिर पै बरतु है ॥

मन

जो मन नारि कि और निहारत,
तौ मन होत है ताहि को रूपा ।
जो मन काहु सुँ क्रोध करै पुनि,
तौ मन ह्वै तब ही तद्रूपा ॥
जो मन मायहि माया रटै नित,
तो मन बूड़त माया के कूपा ।
सुंदर जो मन ब्रह्म बिचारत,
तौ मन होत है ब्रह्म स्वरूपा ॥

मनही के भ्रम ते जगत यह देखियत,
मनही के भ्रम गये, जगत बिलात है ।
मनहीं के भ्रम जेवरी मे उपजत साँप,
मन के बिचारे साँप जेवरी समात है ॥
मनही के भ्रम ते मरीचिका कूँ जल कहै,
मनही के भ्रम सीप रूपो सो दिखात है ।
सुंदर सकल यह दीसै मनही को भ्रम,
मनही को भ्रम गये ब्रह्म होइ जात है ॥

वाणीका महत्त्व

बचन ते दूर मिलै, बचन बिरोध होइ,
बचन ते राग बढ़ै, बचन ते दोष जू ।
बचन ते ज्वाल उठै, बचन सीतल होइ,
बचन तें मुदित, बचन ही तें रोष जू ॥
बचन ते प्यारौ लगै, बचन तें दूर भगै,
बचन ते सुरझाय, बचन ते पोष जू ।
सुंदर कहत यह, बचन को भेद ऐसो,
बचन ते बध होत, बचन तें मोच्छ जू ॥

भजन न करनेवाले

एक जु सबही के उर अंतर,
ता प्रभु कूँ कहु काहि न गावै ।
संकट माहि सहाय करै पुनि,
सो अपनो पति क्यूँ बिसरावै ॥
चार पदारथ और जहाँ लगि,
आठहु सिद्धि नवो निधि पावै ।
सुंदर छार परौ तिन के मुख,
जो हरि कूँ तजि आन कूँ ध्यावै ॥

पूरण काम सदा सुख धाम,
निरंजन राम सिरजनहारो ।
सेवक होइ रह्यो सब को नित,
कीटहि कुंजर देत अहारो ॥

भंजन दुक्ख दरिद्र निवारण,
चिंत करै पुनि सॉझ सवारो ।
ऐसे प्रभू तजि आन उपासत,
सुंदर है तिन को मुख कारो ॥

सब राम ही राम है

स्रोत्र उहै स्रुति सार सुने, अरु नैन उहै निज रूप निहारै ।
नाक उहै हरि नाकहिं राखत, जीभ उहै जगदीस उचारे ॥
हाथ उहै करिये हरि को कृत, पॉव उहै प्रभु के पथ धारै ।
सीसि उहै करि स्याम समर्पण, सुंदर यूँ सब कारज सारै ॥
बैठत रामहि ऊठत रामहि, बोलत रामहि राम रह्यो है ।
जीमत रामहि पीवत रामहि, धामहिं रामहिं राम गह्यो है ॥
जागत रामहि सोवत रामहि, जोवत रामहि राम लह्यो है ।
देतहु रामहि लेतहु रामहि, सुंदर रामहि राम रह्यो है ॥

स्रोत्रहु रामहि नेत्रहु रामहि, वक्त्रहु रामहि रामहि गाजै ।
सीसहु रामहि हाथहु रामहि, पॉवहु रामहि रामहि छाजै ॥
पेटहु रामहि पीठिहु रामहि, रोमहु रामहि रामहि बाजै ।
अंतर राम निरंतर रामहि, सुंदर रामहि राम विराजै ॥

भूमिहु रामहि आपहु रामहि, तेजहु रामहि वायुहु रामे ।
व्योमहु रामहि चंदहु रामहि, सूरहु रामहि सीतहु घामे ॥
आदिहु रामहि अंतहु रामहि, मध्यहु रामहि पुरुष रु बामे ।
आजहु रामहि काल्हहु रामहि, सुंदर रामहि रामहि थामे ॥

देखहु राम अदेखहु रामहि, लेखहु राम अलेखहु रामे ।
एकहु राम अनेकहु रामहि, सेषहु राम असेषहु ता मे ॥
मौनहु राम अमौनहु रामहि, गौनहु रामहि ठाम कुठामे ।
बाहिर रामहि भीतर रामहि, सुंदर रामहि है जग जा में ॥

दूरहु राम नजीकहु रामहि, देसहु राम प्रदेसहु रामे ।
पूरब रामहि पच्छिम रामहि, दक्खिन रामहि उत्तर धामे ॥
आगेहु रामहि पीछेहु रामहि, व्यापक रामहि है बन ग्रामे ।
सुंदर राम दसो दिसि पूरण, स्वर्गहु राम पतालहु ता में ॥

आपहु राम उपावत रामहि, भंजन राम सँवारन वा में ।
इष्टहु राम अदृष्टहु रामहि, इष्टहु राम करे सब कामे ॥
पूर्णहु राम अपूर्णहु रामहि, रक्त न पीत न स्वेत न स्यामे ।
सून्यहु राम असून्यहु रामहि, सुंदर रामहि नाम अनामे ॥

अज्ञान

जो कोउ कष्ट करै बहु भाँतिनि, जात अग्यान नही मन केरो ।
ज्यूँ तम पूरि रह्यो घर भीतर, कैसहु दूर न होय अँधेरो ॥
लाठिनि मारिय ठेलि निकारिय, और उपाय करे बहुतेरो ।
सुंदर सूर प्रकास भयो, तब तौ कितहू नहिं देखिय नेरो ॥
जैसे मीन माँस कूँ निगलि जात लोभ लगि,
लोह को कंटक नहिं जानत उमाहे ते ।
जैसे कपि गागर मे मूठ बाँधि राखे सठ,
छाड़ि नहिं देत सो तो स्वादही के बाहे ते ॥
जैसे सुक नारियर चूँच मारि लटकत,
सुंदर कहत दुक्ख देत याहि लाहे ते ।
देह को संजोग पाइ इंद्रिन के बस परयो,
आपही कूँ आप, भूलि गयो सुख चाहे ते ॥
आपहि चेतन ब्रह्म अखंडित, सो भ्रम ते कछु अन्य परेखै ।
ढूँढत ताहि फिरै जितही तित, साधत जोग बनावत भेखै ॥
औरहु कष्ट करै अतिसय करि, प्रत्यक आतम तत्व न पेखै ।
सुंदर भूलि गयो निज रूपहि, है कर ककण दर्पण देखै ॥

मेरो देह मेरो गेह मेरो परिवार सब,
मेरो धन माल मैं तो बहुविधि भारो हूँ ।
मेरे सब सेवक हुकम कोउ मेटै नाहिं,
मेरी युवती को मैं तो अधिक पियारो हूँ ॥
मेरो वंस ऊँचो मेरे बाप दादा ऐसे भये,
करत बड़ाई मैं तो जगत उज्यारो हूँ ।
'सुंदर' कहत मेरो मेरो कर जानै सठ,
ऐसे नही जानै मैं तो काल ही को चारो हूँ ॥

देह तो स्वरूप जोलौ तोलौ है अरूप माहिं,
सब कोउ आदर करत सनमान है ।
टेढ़ी पाग बाँधि बार-बार हि मरोरै मूँछ,
बाहू उसकारै अति धरत गुमान है ॥
देस-देस ही के लोग आइ कै हजूर होहिं,
बैठकर तखत कहावै सुलतान है ।
'सुंदर' कहत जब चेतना सकति गई,
वही देह ताकी कोऊ मानत न आन है ॥

अद्वैत ज्ञान

तोहि मै जगत यह, तूँ ही है जगत माहि,
तो मै अरु जगत मैं, भिन्नता कहाँ रही ।
भूमि ही ते भाजन, अनेक विधि नाम रूप,
भाजन विचारि देखे उहै एक ही मही ॥
जल ते तरंग फेन, बुदबुदा अनेक भाँति,
सोउ तौ विचारे एक, वहै जल है सही ।

जेते महापुरुष हैं, सब को सिद्धात एक,
सुंदर अखिल ब्रह्म, अंत वेद ये कही ॥

साधुका स्वरूप एवं महिमा

कोउक निंदत कोउक बंदत, कोउक देतहि आइ जु भच्छन ।
कोउक आय लगावत चंदन, कोउक डारत धूरि ततच्छन ॥
कोउ कहै यह मूरख दीसत, कोउ कहै यह आहि बिचच्छन ।
सुंदर काहु सुँ राग न द्वेष न, ये सब जानहु साधु के लच्छन ॥
जिन तन मन प्राण, दीन्हो सब मेरे हेत,
औरहू ममत्व बुद्धि, आपनी उठाई है ।
जागत हू सोवत हू, गावत हैं मेरे गुण,
करत भजन ध्यान दूसरे न कॉई है ॥
तिन के मैं पीछे लग्यो, फिरत हूँ निसिदिन,
सुंदर कहत मेरी, उन ते बड़ाई है ।
वहै मेरे प्रिय मैं हूँ, उनके आधीन सदा,
संतन की महिमा तौ, श्रीमुख सुनाई है ॥

निःसंशय ज्ञानी

कै यह देह गिरो बन पर्वत, कै यह देह नदीहि बहो जू ।
कै यह देह धरो धरती महिं, कै यह देह कृसानु दहो जू ॥
कै यह देह निरादर निंदहु, कै यह देह सराह कहो जू ।
सुंदर संसय दूर भयो सब, कै यह देह चलो कि रहो जू ॥
कै यह देह सदा सुख संपति, कै यह देह विपत्ति परो जू ।
कै यह देह निरोग रहो नित, कै यह देहहि रोग चरो जू ॥
कै यह देह हुतासन पैठहु, कै यह देह हिमार गरो जू ।
सुंदर संसय दूर भयो सब, कै यह देह जिवो कि मरो जू ॥

एक कि दोइ ? न एक न दोइ,
उही कि इही ? न उही न इही है ।
सून्य कि स्थूल ? न सून्य न स्थूल,
जिही कि तिही ? न जिही न तिही है ॥
मूल कि डाल ? न मूल न डाल,
वही कि मैंही ? न वही न मैंही है ।
जीव कि ब्रह्म ? न जीव न ब्रह्म,
तु है कि नहीं ? कछु है न नहीं है ॥

प्रेम

जो हरि को तजि आन उपासत सो मतिमंद, फजीहत होई ।
ज्यों अपने भरतारहिं छाँड़ि भई विभिचारिणि कामिनि कोई ॥
सुंदर ताहि न आदर मान, फिरै विमुखी अपनी पत खोई ।
बूड़ि मरै किन कूप मँझार कहा जग जीवत है सठ सोई ॥

प्रीतम मेरा एक तूँ, सुंदर और न कोइ ।
गुप्त भया किस कारनै, काहि न परगट होइ ॥
प्रेम लग्यो परमेस्वर सौं, तब भूलि गयो सब ही घरबारा ।
ज्यौ उनमत्त फिरै जित ही तित, नैकु रही न सरीर सँभारा ॥
साँस उसास उठैं सब रोम, चलै दृग नीर अखंडित धारा ।
सुंदर कौन करै नवधा बिधि, छाकि पर्‌यौ रस पी मतवारा ॥
न लाज काँनि लोक की, न वेद को कह्यो करे ।
न संक भूत प्रेत की, न देव यक्ष तें डरे ॥
सुनै न कौन और की, द्रसै न और इच्छना ।
कहै न कछू और बात, भक्ति प्रेम लच्छना ॥
प्रेम अधीनो छाक्यो डोलै, क्यों की क्यों ही बानी बोलै ।
जैसे गोपी भूली देहा, ता कौ चाहै जासों नेहा ॥
नीर बिनु मीन दुखी, क्षीर बिनु सिसु जैसे,
पीर जाकैं ओषधि बिनु, कैसैं रह्यौ जात है ।
चातक ज्यौं स्वातिबूँद, चंद कौ चकोर जैसैं,
चंदन की चाह करि, सर्प अकुलात है ॥
निर्धन कौ धन चाहैं, कामिनी कौ कंत चाहै,
ऐसी जाकै चाह ता कौं, कछु न सुहात है ।
प्रेम कौ भाव ऐसौ, प्रेम तहाँ नेम कैसौ,
सुंदर कहत यह, प्रेम ही की बात है ॥
कबहूँकै हँसि उठै नृत्य करि, रोवन लागै ।
कबहूँक गदगद कंठ, सब्द निकसै नहिं आगै ॥
कबहुँक हृदय उमंगि, बहुत ऊँचे स्वर गावै ।
कबहुँक कै मुख मौनि, मगन ऐसै रहि जावै ॥
चित्त वृत्त हरिसों लगी, सावधान कैसैं रहै ।
यह प्रेम लच्छना भक्ति है, शिष्य सुनहि सुंदर कहै ॥

सद्गुरु

लोह कों ज्यौं पारस पखान हू पलटि लेत,
कंचन छुवत होत जग में प्रमानिये ।
द्रुम को ज्यौं चंदन हू पलटि लगाइ बास,
आप के समान ता के सीतलता आनिये ॥
कीट को ज्यौं भृंग हू पलटि कै करत भृग,
सोऊ उड़ि जाइ ताको अचरज न मानिये ।
'सुंदर' कहत यह सगरै प्रसिद्ध बात,
सद्य सिस्य पलटै सु सत्यगुरु जानिये ॥

सत्सङ्ग

तात मिलै पुनि मात मिलै सुत भ्रात मिलै जुवती सुखदाई ।
राज मिलै गज बाजि मिलै सब सोंज मिलै मन बांछित पाई ॥
लोक मिलै सुरलोक मिलै बिधिलोक मिलै बइकुंठहु जाई ।
'सुंदर' और मिलैं सबही सुख, संत-समागम दुर्लभ भाई ॥

भजनके बिना पश्चात्ताप

तू कछु और बिचारत है नर ! तेरो बिचार धर्‌यौ ही रहैगो ।
कोटि उपाय कियें धनके हित भाग लिख्यौ तितनो ही लहैगो ॥
भोर कि साँझ घरी पल माँझ सो काल अचानक आइ गहैगो ।
राम भज्यौ न कियौ कछु सुकृत 'सुंदर' यौं पछिताइ बहैगो ॥

संत रज्जबजी

(प्रसिद्ध महात्मा श्रीदादूदयालजीके शिष्य, जन्म-सं० १६२४, स्थान सोंगानेर ।)

रे मन सूर संक बानी क्यूँ मानै ।
मरणे माहिं एक पग ऊभा, जीवन जुगति न जानै ॥
तन मन जाका ताकूं सौंपै, सोच पोच नहिं आनै ।
छिन छिन होइ जाहि हरि आगे, सहजैं आपा मानै ॥
जैसे सती मरै पति पीछैं, जलतो जीव न जानै ।
तिल में त्यागि देहि जग सारा, पुरुष नेह पहिचानै ॥
नखसिख सब सॉंसत सिर सहतॉं, हरि कारज परिवानै ।
जन रज्जब जगपति सोइ पावै, उर अंतरि यूँ ठानै ॥

म्हारो मंदिर सूनों राम बिन बिरहिण नींद न आवै रे ।
पर उपगारी नर मिलै, कोइ गोबिंद आन मिलावै रे ॥
चेती बिरहिण चिंत न भाजै, अबिनासी नहिं पावै रे ।
यहु बियोग जागै निसबासर, बिरहा बहुत सतावै रे ॥
बिरह बियोग बिरहिणी बींधी, घर बन कछु न सुहावै रे ।
दह दिसि देखि भयो चित चकरित, कौन दसा दरसावै रे ॥
ऐसा सोच पड़्या मन माहीं, समझि समझि धूँ धावै रे ।
बिरहबान घटि अंतर लाग्या, घायल ज्यूँ घूमावै रे ॥
बिरह अग्नि तनपिंजर छीनाँ, पिव कूँ कौन सुनावै रे ।
जन रज्जब जगदीस मिलै बिन, पल पल बज्र बिहावै रे ॥

राम रस पीजिये रे पीयें सब सुख होइ ।
पीवत हीं पातक कटै, सब संतन दिसि जोइ ॥
निसदिन सुमिरण कीजिये, तन मन प्राण समोइ ।
जनम सुफल साईं मिलै, सोइ जपि साधुहु होइ ॥
सकल पतितपावन किये, जे लागे लै होइ ।
अति उजल, अघ ऊतरै, किलबिष राखै धोइ ॥
यहि रस रसिया सब सुखी, दुखी न सुनिये कोइ ।
जन रज्जब रस पीजिये, संतनि पीया सोइ ॥

मन रे, करु संतोष सनेही ।
तृस्ना तपति मिटै जुग जुग की, दुख पावै नहिं देही ॥
मिल्या सुत्याग माहिं जे सिरज्या, गह्या अधिक नहिं आवै ।
ता में फेर सार कछु नाही, राम रच्या सोइ पावै ॥
बाछै सरग सरग नहिं पहुँचै, और पताल न जाई ।
ऐतैं जाति मनोरथ मेटहु, समझि सुखी रहु भाई ॥
रे मन, मानि सीख सतगुरु की, हिरदै धरि बिस्वासा ।
जन रज्जब यूँ जानि भजन करु, गोबिंद है घर पासा ॥

भजन बिन भूलि परयो संसार ।
चाहै पच्छिम, जात पुरब दिस, हिरदै नही बिचार ॥
बाँछैं ऊरध अरध सूँ लागे, भूले मुगध गँवार ।
खाइ हलाहल जीयो चाहै, मरत न लागै बार ॥
बैठे सिला समुद्र तिरन कूँ, सो सब बूड़नहार ।
नाम बिना नाही निसतारा, कबहुँ न पहुँचै पार ॥
सुख के काज धसे दीरघ दुख, बहे काल की धार ।
जन रज्जब यूँ जगत बिगूच्यो, इस माया की लार ॥

मन रे, राम न सुमरयो भाई, जो सब संतनि सुखदाई ॥
पल पल घरी पहर निसिबासर, लेखै मैं सो जाई ।
अजहुं अचेत नैन नहिं खोलत, आयु अवधि पै आई ॥
बार पच्छ बरष बहु बीते, कहि धौं कहा कमाई ।
कहत हि कहत कछू नहिं समझत, कहि कैसी मति पाई ॥
जनम जीव हारयो सब हरि बिन, कहिये कहा बनाई ।
जन रज्जब जगदीस भजे बिन, दह दिसि सों जग माई ॥

दोहा

दरद नहीं दीदार का, तालिब नाहीं जीव ।
रज्जब बिरह बियोग बिन, कहाँ मिलै सो पीव ॥
सबही बेद बिलोय करि, अंत दिढ़ावै नाम ।
तौ रज्जब तूँ राम भजि, तजि दे थोथा काम ॥
रज्जब अजब यह मता, निसदिन नाम न भूलि ।
मनसा बाचा करमना, सुमिरन सब सुखमूलि ॥

ज्यूँ कामिनि सिर कुंभ धरि, मन राखै ता माहि।
त्यूँ रजब करि राम सूँ, कारज बिनसै नाहिं॥
मिनखा देह अलभ्य धन, जा में भजन भँडार।
सो सुदृष्टि समझै नहीं, मानुष मुग्ध गँवार॥
अब कै जीते जीत है, अब कै हारे हार।
तौ रजब रामहि भजौ, अलप आयु दिन चार॥
हिंदू पावैगा वही, वोही मूसलमान।
रजब किणका रहम का, जिस कूँ दे रहमान॥
नारायण अरु नगर के, रजब पंथ अनेक।
कोई आवौ कही दिसि, आगे अस्थल एक॥

जब लगि, तुझ में तू रहै, तब लगि वह रस नाहिं।
रजब आपा अरपि दे, तौ आवै हरि माहिं॥
मुख सौं भजै सो मानवी, दिल सौ भजै सो देव।
जीव सौ जपै सो जोति मैं, 'रजब' साँची सेव॥
सरणा साईं साध की, पकड़ि लेहि रे प्राण!।
तौ रजब लागै नही, जम जालिम का बाण॥
नामरदाँ भुगती नहीं, मरद गये करि त्याग।
'रजब' रिधि छाँरी रही, पुरुष-पाणि नहिं लाग॥
समये मीठा बोलना, समये मीठा चूप।
ऊन्हाले छाया भली, 'रजब' स्याले धूप॥

संत भीखजनजी

[फतेहपुर (जयपुरराज्यान्तर्गत) के प्रसिद्ध संत, जन्म वि० सं० १६०० के लगभग, महाब्राह्मणकुलमें। पिता आदिके नाम एवं निधनतिथि आदिका विवरण नहीं मिलता।]

(प्रेषक—श्रीदेवकीनन्दनजी खेडवाल)

आहि पुहुप जिमि बास प्रगट तिमि बसै निरंतर।
ज्यों तिलयिन में तेल मेल यों नाहिन अंतर॥
ज्यूँ पय घृत संजोग सकल यौ है संपूरन।
काष्ठ अगनि प्रसंग प्रगट कीये कहुँ दूर न॥
ज्यूँ दर्पण प्रतिबिम्ब मे होत जाहि बिश्राम है।
सकल बियापी 'भीखजन' ऐसे घटि घटि राम है॥

रबि आकरषै नीर बिमल मल हेत न जानत।
हस क्षीर निज पान सूप तजि तुस कन आनत॥
मधु माखी संग्रहै ताहि नहिं कूकस काजै।
बाजीगर मणि लेत नाहिं बिष देत बिराजै॥
ज्यूँ अहीरी काढ़ि घृत तक्र देत है डारि कै।
यूँ गुन ग्रहै सु भीखजन औगुन तजै बिचारि कै॥

एक रस बरति जमीन छीन कैसे सुख पावै।
गाय भैंस हद साँड फिरत फिरी तहाँ सु आवै॥

सबै भींतकी दौर टौर बिन कहाँ समावै।
उडे पंख बिन आहि सुतो धरती फिर आवै॥
पात सींचिये पेड़ बिन पोस नाहिं दुम ताहि को।
ऐसे हरि बिन भीखजन भजसो दूजो काहि को॥

कहाँ कुरू बलवंत कहाँ लंकेस सीस दस।
कहँ अर्जुन कहँ भीम, कहाँ दानव हिरनाकुस॥
कहँ चकवे मंडली कहाँ साँवत सेना बर।
कहँ विक्रम कहँ भोज कहाँ बलि बेन करन कर॥
उग्रसेन कलि कंस कहँ जम-ज्वाला में जग जले।
बदत भीखजन पंथ एहि को को आये न को चले॥

नाद स्वाद तन बाद तज्यो मृग ह्वै मन मोहत।
परयो जाल जल मीन लीन रसना रस मोहत॥
भृंग नासिका बास केतकी कंटक छीनों।
दीपक ज्योति पतंग रूप रस नयनन्ह दीनो॥
एक ब्याधि गज काम बस पर्‌यो खाडे सिर कूटिहै।
पंच ब्याधि बस भीखजन सो कैसे करि छूटि है॥

संत वाजिन्दजी

(जाति पठान, गुरु श्रीदादूदयालजी, दादूजीके १५२ शिष्योंमें इनकी गणना होती है।)

सुंदर पाई देह नेह कर राम सों,
क्या लुब्धा बेकाम धरा धन धाम सों?
आतम रंग पतंग, संग नहि आवसी,
जमहूँ के दरबार, मार बहु खावसी॥ १॥

गाफिल मूढ़ गँवार अचेतन चेत रे!
समझै संत सुजान, सिखावन देत रे!
बिषया माँहि बिहाल लगा दिन रैन रे!
सिर बैरी जमराज, न सूझै नैन रे॥ २॥

देह गेह में नेह निवारे दीजिए,
राजी जासें राम, काम सोइ कीजिए ।
रह्या न बेसी कोय रंक अरु राव रे !
कर ले अपना काज, बन्या हद दाव रे ॥ ३ ॥

वंछत ईस गनेस एइ नर देह को,
श्रीपति चरण सरोज बढ़ावन नेह को ।
सो नर देही पाय अकाज न खोइए,
साईं के दरबार गुनाही होइए ॥ ४ ॥

केती तेरी जान, किता तेरा जीवना ?
जैसा स्वपन बिलास, तृषा जल पीवना ।
ऐसे सुख के काज, अकाज कमावना,
बार बार जम द्वार मार बहु खावना ॥ ५ ॥

नहिं है तेरा कोय, नहीं तू कोय का ,
स्वारथ का संसार, बना दिन दोय का ।
'मेरी मेरी' मान फिरत अभिमान में ,
इतराते नर मूढ़ एहि अज्ञान मे ॥ ६ ॥

कूड़ा नेह कुटुंब धनौ हित धायता ,
जब घेरै जमराज करै को स्हायता ?
अंतर फूटी आँख न सूझै ऑधरे !
अजहूँ चेत अजान ! हरी से साध रे ॥ ७ ॥

बार बार नर देह कहो कित पाइये ?
गोबिद के गुण गान कहो कब गाइये ?
मत चूकै अवसान अबै तन मॉ धरे ,
पाणी पहली पाल अग्यानी बाँध रे ॥ ८ ॥

झूठा जग जंजाल पड़्या तैं फंद मे ,
छूटन की नहिं करत, फिरत आनंद मे !
या में तेरा कौन, समाँ जब अंत का ,
उबरन का ऊपाय सरण इक संत का ॥ ९ ॥

मंदिर माल बिलास खजाना मेड़ियाँ ,
राज भोग सुख साज औ चंचल चेड़ियाँ ।
रहता पास खव्वास हमेस हुजूर में ,
ऐसे लाख असंख्य गये मिल धूर में ॥१०॥

मदमाते मगरूर वे मूँछ मरोड़ते ,
नवल त्रिया का मोह छिनक नहिं छोड़ते ।
तीखे करते तरक, गरक मद पान में ,
गये पलक में ढलक तलब मैदान में ॥११॥

अत्तर तेल फुलेल लगाते अंग में ,
अंध धुंध दिन रैन तिया के संग मे ।
महल अवासा बैठ करंता मौज रे !
ऐसे गये अपार, मिला नहिं खोज रे ॥१२॥

रहते भीने छैल सदा रँग राग में ,
गजरा फुलॉ गुथत धरंता पाग मे ।
दर्पण में मुख देख के मुछवा तानता ,
जग में वा का कोइ नाम नहिं जानता ॥१३॥

महल फवारा हौज के मोजाँ माणता ,
समरथ आप समान और नहिं जाणता ।
कैसा तेज प्रताप चलंता दूर मे ,
भला भला भूपाल गया जमपूर में ॥१४॥

सुंदर नारी संग हिडोले झूलते ,
पैन्ह पटंबर अंग फिरंता फूलते ।
जो थे खूबी खेल के बैठ बजार की ,
सो भी हो गये छैलन ढेरी छार की ॥१५॥

इन्द्रपुरी सी मान बसंती नगरियॉ ,
भरती जल पनिहारि कनक सिर गगरियॉ ।
हीरा लाल झवेर जड़ी सुखमा मई ,
ऐसी पुरी उजाड़ भयंकर हो गई ॥१६॥

होती जाके सीस पै छत्र की छाइयॉ ,
अटल फिरंती आन दसो दिसि मॉइयॉ ।
उदै अस्त लूँ राज जिनूँ का कहावता ,
हो गये ढेरी धूर नजर नहिं आवता ॥१७॥

या तन रंग पतंग काल उड़ जायगा ,
जम के द्वार जरूर खता बहु खायगा ।
मन की तज रे घात, बात मत मान ले ,
मनुषाकार मुरार ताहि कूँ जान ले ॥१८॥

यह दुनियॉ 'वाजिंद' पलक का पेखना ,
या में बहुत बिकार कहो क्या देखना ।
सब जीवन का जीव, जगत आधार है ,
जो न भजै भगवंत, भाग में छार है ॥१९॥

दो दो दीपक बाल महल में सोवते ,
नारी से कर नेह जगत नहिं जोवते ।
सूँधा तेल लगाय पान मुख खायँगे ,
बिना भजन भगवान के मिथ्या जायँगे ॥२०॥

राम नाम की लूट फबै है जीव को ,
निसि बासर कर ध्यान सुमर तू पीव को ।
यहै बात परसिद्ध कहत सब गाम रे !
अधम अजामिल तरे नरायण नाम रे ॥२१॥

गाफिल हूए जीव कहो क्यूँ बनत है ?
या मानुष के साँस जो कोऊ गनत है ॥
जाग, लेय हरिनाम, कहाँ लों सोय है ?
चक्की के मुख पर्‍यो, सो मैदा होय है ॥२२॥

आज सुनै कै काल, कहत हौं तुज्झ को ,
भाँवै बैरी जान कै जो तूँ मुज्झ को ।
देखत अपनी दृष्टि खता क्या खात है !
लोहे कैसो ताव जनम यह जात है ॥२३॥

हौं जाना कछु मीठ, अंत वह तीत है,
देखो देह बिचार ये देह अनीत है ।
पान फूल रस भोग अंत सब रोग है,
प्रीतम प्रभु के नाम बिना सब सोग है ॥२४॥

राम कहत कलि माहिं न डूबा कोइ रे,
अर्ध नाम पाखान तरा, सब होइ रे ।
कर्म कि केतिक बात बिलग ह्वै जायँगे,
हाथी के असवार कुते क्यों खायँगे ? ॥२५॥

कुंजर मन मदमत्त मरै तो मारिए,
कामिनि कनक कलेस टरै तो टारिए ।
हरि भक्तन सों नेह पलै तो पालिए,
राम भजन में देह गलै तो गालिए ॥२६॥

घड़ी घड़ी घड़ियाल पुकारै कही है,
बहुत गयी है अवधि अलप ही रही है ।
सोवै कहा अचेत, जाग जप पीव रे !
चलिहै आज कि काल बटाऊ जीव रे ॥२७॥

बिना बास का फूल न ताहि सराहिए,
बहुत मित्र की नारि सों प्रीति न चाहिए ।
सठ साहिब की सेवा कबहुँ न कीजिए,
या असार संसार में चित्त न दीजिए ॥२८॥

जो जिय में कछु ग्यान, पकड़ रह मन्न को,
निपटहि हरि को हेत, सुझावत जन्न को ।
प्रीति सहित दिन रैन राम मुख बोलई,
रोटी लीये हाथ, नाथ सँग डोलई ॥२९॥

एकै नाम अनत किहूँ के लीजिए,
जन्म जन्म के पाप चुनौती दीजिए ।
लेकर चिनगी आन धरै तू अब्ब रे !
कोठी भरी कपास जाय जर सब्ब रे ! ॥३०॥

ओढ़ैं साल दुसाल क जामा जरकसी ,
टेढ़ी बाँधैं पाग क दो दो तरकसी ।
खड़ा दलों कै बीच कसे भट सोहता ,
से नर खा गया काल सिंह ज्यौं गरजता ॥३१॥

तीखा तुरी पलाण सँवारथा राखता ,
टेढी चालै चाल छयाँ कूँ झाँकता ।
हटवाड़ा बाजार खड़था नर सोहता ,
से नर खा गया काल रह्या सबे रोवता ॥३२॥

बाजिंदा बाजी रची, जैसे संभल फूल ।
दिनाँ चार का देखना, अन्त धूल की धूल ॥
कह कह बचन कठोर खरूँड न छोलिए ,
सीतल राख सुभाव सबन सूँ बोलिए ।
आपन सीतल होइ और कूँ कीजिए ,
बळती में सुन मिंत, न पूलो दीजिए ॥३३॥

ठेढ़ी पगड़ी बाँध झरोखाँ झाँकते ,
ताता तुरग पिलाण चहूँटे डाकते ।
लारे चढ़ती फौज नगारा बाजते ,
'बाजिंद' वे नर गये बिलाय सिंह ज्यूँ गाजते ॥३४॥

काल फिरत है हाल रैंण दिन लोइ रे !
हणै राव अरु रंक गिणै नहिं कोइ रे ।
यह दुनिया 'बाजिंद' बाट की दूब है ,
पाणी पहिले पाल बँधे तू खूब है ॥३५॥

भगत जगत में बीर जानिये ऐन रे !
स्वास सरद मुख जरद निर्मले नैन रे ।
दुरमति गइ सब दूर निकट नहिं आवही ,
साध रहे मुख मौन कि गोबिंद गावही ॥३६॥

अरध नाम पाषाण तिरे नर लोय रे !
तेरा नाम कह्यो कलि माँहि न बूड़े कोय रे ।
कर्म सुकृत इकबार बिलै हो जाहिगे ,
बाजिद, हस्ती के असवार न कूकर खाहिंगे ॥३७॥

एक राम को नाम लीजिये नित्त रे !
और बात बाजिंद चढ़ै नहिं चित्त रे ।
बैठे धोयब हाथ आपणै जीव सूँ ,
दास आस तज और बँधे है पीव सूँ ॥३८॥

हृदै न राखी बीर कलपना कोय रे !
राई घटे न मेर होय सो होय रे ।
सप्तदीप नवखंड जोय किन ध्यावही,
लिख्यो कलम की कोर वोहि पुनि पावही ॥३९॥

भूखो दुर्बल देख नाहिं मुँह मोड़िये,
जो हरि सारी देय तो आधी तोड़िये ।
दे आधी की आध अरध की कोर रे !
अन्न सरीखा पुन्न नहीं कोइ और रे ॥४०॥

जल में झीणा जीव थाह नहिं कोय रे !
बिन छाण्या जल पियाँ पाप बहु होय रे ।
काठै कपड़े छाण नीर कूँ पीजिये,
वाजिंद, जीवाणी जल मॉहि जुगत सूँ कीजिये ॥४१॥

माया बेटी बढ़ै सूम घर मॉय रे !
छिन मे ऊझल जाय क रहती नायँ रे ।
अपने हाथों हाथ बिदा करि दीजिये,
मिनख जमारो पाय पड़्यो जस लीजिये ॥४२॥

हरिजन बैठा होय जहाँ चलि जाइये,
हिरदै उपजै ग्यान राम लव लाइये ।
परिहरिये वा ठौड़ भगति नहिं राम की,
बीद बिहूणी जान कहौ कुण काम की ॥४३॥

फूलाँ सेज बिछाय कं ता पर पौढ़ते,
आछे दुपटे साल दुसाले ओढ़ते ।
ले के दर्पण हाथ नीके मुख जोवते,
ले गये दूत उपाड़, रहे सब रोवते ॥४४॥

दिल के अंदर देख, कि तेरा कौन है,
चले न बोले ! साथ अकेला गौन है ।
देख देह धन दार इन्हों से चित दिया,
रह्या न निसिदिन राम काम तैं क्या किया ॥४५॥

संत बखनाजी

(जन्म—अनुमानतः विक्रमकी १७ वी शती, प्रथम चरण । जन्म-स्थान—नराणा ग्राम (सॉभरसे पॉच कोस दक्षिण)। जाति—मीरासी, मतान्तरसे लखारा, कलाल तथा राजपूत । गुरुका नाम—स्वामी दादूदयाल । देहावसान—नराणा ग्राम ।)

राम नाम जिन ओषदी, सतगुर दई बताइ ।
ओषदि खाइ र पछ रहै, बखना बेदन जाइ ॥
सत जत साँच खिमा दया, भाव भगति पछ लेह ।
तौ अमर ओषदी गुण करै, बखना उधरै देह ॥
अमर जड़ी पानै पडी, सो सूँघी सत जाण ।
बखना बिसहर सूँ लड़ै, न्योल जड़ी के पाणि ॥
पहली था सो अब नहीं, अब सो पछैं न थाइ ।
हरि भजि बिलम न कीजिये, बखना बारौ जाइ ॥
जे बोल्या तौ राम कहि, जे चुपका तौ राम ।
मन मनसा हिरदा मही, बखना यहु बिश्राम ॥
पै पाणी भेला पीवैं, नहीं ग्यान को अंस ।
तजि पांणी पै नैं पिवै, बखना साधू हंस ॥
कण कड़वी भेला चरैं, अंधा बिषई प्राण ।
बखना पसु भरम्याँ भखै, सुनि भागौत पुराण ॥
सीता राम बियोग नित, मिलि न कियो बिश्राम ।
सीता लंक उद्यान में, बखना बन मैं राम ॥
कैरू पांडू सारिखा, देता परदल मोड़ि ।
बखना बल को गर्व करि, अंति मुवो सिर फोड़ि ॥
इसा बड़ा गर्वै गळ्या, बल को कर अहँकार ।
ये बखना अब दीन है, सुमिरो सिरजनहार ॥

पिरथी परमेसुर की सारी ।
कोइ राजा अपणै सिर पर, भार लेहु मत भारी ॥
पिरथी कै कारण कैरूँ पांडू, करते जुद्ध दिनाई ।
मेरी मेरी करि करि मूये, निहचै भई पराई ॥
जाकै नौ ग्रह पइडे बाँधे, कूबै मीच उसारी ।
ता रावण की ठोर न ठाहर, गोबिंद गर्वप्रहारी ॥
केते राजा राज बईठे, केते छत्र धरेंगे ।
दिन दो च्यार मुकाम भयो है, फिर भी कूँच करेंगे ॥
अटल एक राजा अबिनासी, जाकी अंत लोक दुहाई ।
बखना कहै, पिरथी है ताकी, नहीं तुम्हारी भाई ॥

सोई जागै रे सोई जागै रे । राम नाम ल्यो लागै रे ॥
आप अलंबण नींद अयाणा । जागत सूता होय सयाणा ॥
तिंहि बिरियाँ गुरु आया । जिनि सूता जीव जगाया ॥
थी तो रैणि घणेरी । नींद गई तब मेरी ॥
डरताँ पलक न लाऊँ । हूँ जाग्यो और जगाऊँ ॥
सोवत सुपना माँहीं । जागूँ तो कछु नाहीं ॥
सुरति की सुरति बिचारी । तब नेहा नींद निवारी ॥
एक सबद गुरु दीया । तिहिं सोवत बैठा कीया ॥
बखना साध सभागा । जे अपने पहरे जागा ॥

मन रे, हरत परत दिन हार्‌यो ।
राम चरण जो तैं हिरदै बिसार्‌यो ॥
माया मोह्यो रे, क्यूँ चित्त न आयो ।
मिनष जनम तैं अहळो गमायो ॥
कण छाड्यो, निकणै चित लायो ।
थोथरो पिछोड्यो, क्यूँ हाथ न आयो ॥
साच तज्यो, झूठै मन मान्यो ।
बखना भूल्यो रे, तैं भेद न जान्यो ॥
हरि आवो हो कब देखूँ, आँगण म्हारै ।
कोइ इसो दिन होय रे, जा दिन चरणाँ धारै ॥
सुंदर रूप तुम्हारो देखूँ, नैणाँ भरे ।
तन मन ऊपर वारी, नौछावर करे ॥
तारा गिणतां मोहि बिहावै, रैणि निरासी ।
बीरहणी बिलाप करै, हरि दरसन की प्यासी ॥
बिन देखे तन तालावेली, कामणि करै ।
मेरा मन मोहन बिना, धीरज ना धरै ॥
बखना बार बार, हरी का मारग देखै ।
दीनदयाल दया करि आवो, सोइ दिन लेखै ॥
हेर लै फेर लै घेर लै पाछो,
रामभगति करि होय मन आछो ।
जाण ताँण अपूठो आण,
जे वाणैं तो हरि सो वाण ॥
बावरो भयो कै लागी बाइ,
रीती तलाइयाँ झूलण जाइ ।
साध सत मे रहो रे भाई,
बखना तूनैं रामदुहाई ॥

संत गरीबदासजी दादूपन्थी

(जन्म–वि० सं० १६६२ । जन्म-स्थान—सांभर (राजस्थान) । पिता—दामोदर (मतान्तरसे स्वयं श्रीस्वामी दादूदयाल-जी) । गुरुका नाम—स्वामी दादूदयालजी, देहावसान—वि० सं० १६९३ ।)

हाँ, मन राम भज्यो बिप न तज्यो तैं, यूँ ही जनम गमायो ॥
माया मोह माँहि लपटायो, साधसँगति नहि आयो ।
हेत सहित हरिनाम न गायो, बिप अमरित करि खायो ॥
सतगुरु बहुत भाँति समझायो, सब तज चित नहिं लायो ।
'गरीबदास' जनम जे पायो, करि लै पिय को भायो ॥

प्रगटहु सकल लोक के राय ।
पतितपावन प्रभु भगतबछल हो, तो यहु तृष्णा जाय ॥
दरसन बिना दुखी अति बिरहणि, निमिष बँधै नहिं धीर ।
तेजपुंज सँ परस करीजै, यों मेटहु या पीर ॥
अंतर मेट दयाल दया करि, निसदिन देखूँ नूर ।
भौ-बंधन सब ही दुख छूटै, सनमुख रहो हजूर ॥
तुम उदार मंगत यह तेरो, और कछू नहिं जाचै ।
प्रगटो जोति निमिष नहिं टारो औरै अंग न राचै ॥
जानराइ सबही बिधि जानो, अब प्रगटो दरहाल ।
गरिबदास कूँ अपनो जानिकै आय मिलौ किन लाल ॥

प्रीत न तूटै जीव की, जो अंतर होइ ।
तन मन हरि के रँग रँग्यो, जानै जन कोइ ॥
लख जोजन देही रहै, चित सनमुख राखै ।
ताको काज न ऊजड़ै, जो हरिगुन भाखै ॥

कँवल रहै जल अंतरै, रबि बसै अकास ।
सपुट तबही बिगसिहै, जब जोति प्रकास ॥
सब संसार असार है, मन मानै नाहीं ।
गरिबदास नहिं बीसरै, चित तुमही माँहीं ॥

जबही तुम दरसन पायो ॥
सकल बोल भयो सिद्ध, आज भलो दिन आयो ।
तन मन धन न्यौछावरि अरपण, दरसन परसन प्रेम बढ़ायो ॥
सब दुख गये हते जे जिय में, पीतम पेखन भायो ।
गरिबदास सोभा कहा बरणूँ, आनंद अंग न मायो ॥

मन रे ! बहुत भाँति समझायो ।
रूप सरूप निरखि नैननि कै, कृत्रिम माँहिं बँधायो ॥
ताहूँ प्रीति बाँध मन मूरख, सुख दुख सदा सँगाती ।
बिछुड़ै नही अमर अबिनासी, और प्रीति खप जासी ॥
हरि सो हितू छाँड़ि जीवनि सौं, काहे हेत चित लावै ।
सुपनों सौ सुख जान जीय में, काहे न हरिगुण गावै ॥
रूप अरूप जोति छबि निरमल, सब ही गुण जा माहे ।
गरिबदास भज अंतर ताकूँ, सुर नर मुनिजन चाहे ॥

समतारूपी रामजी, सबसूँ येके भाइ ।
जाके जैसी प्रीति है, तैसी करै सहाइ ॥

भाजन भाव समान जल, भर दे सागर पीव।
जैसी उपजै तन त्रिषा, तैसी पावै जीव॥
अमरितरूपी रामरस, पीवैं जे जन मस्त।
जैसी पूँजी गाँठड़ी, तैसी वणजै वस्त॥
मैं अति अपराधी दुरमती, तूँ अवगुण बकसनहार।
गरिबदास की बीनती, संग्रथ सुणो पुकार॥

जेते दोष सँसार मे, तेते हैं मुझ माहि।
गरिबदास केते कहै, अगणित परमित नाहिं॥
जेते रोम तेती खता, सूखिम बहुत अपार।
गरिबदास करुणा करौ, बगसो सिरजनहार॥
कोण सुणै कासूँ कहूँ, को जाणै परपीर।
प्रीतम बिछुड़ैं जीव कूँ, कौन बँधावै धीर॥

साधु निश्चलदासजी

(जन्म-स्थान—कूंगड गाँव (हिसार जिला), संत दादूजीके सम्प्रदायमे)

अंतर बाहिर एकरस, जो चेतन भरपूर।
विभु नभ सम सो ब्रह्म है, नहिं नेरे नहिं दूर॥
ब्रह्मरूप अहि ब्रह्मवित, ताकी बानी बेद।
भाषा अथवा संस्कृत, करत भेद भ्रम छेद॥
सत्यबंध की ग्यान तैं, नहीं निवृत्ति सयुक्त।
नित्य कर्म संतत करै, भयो चहै जो मुक्त॥
भ्रमन करत ज्यूँ पवन तैं, सूको पीपर पात।
शेष कर्म प्रारब्ध तैं, क्रिया करत दरसात॥

दीनता कूँ त्यागि नर ! आपनो स्वरूप देखि,
तू तो सुद्ध ब्रह्म अज दृस्य को प्रकासी है।
आपने अग्यान ते जगत सब तूँ ही रचै,
सर्व को संहार करै आप अबिनासी है॥

मिथ्या परपंच देखि दुःख जिन आनि जिय,
देवन को देव तूँ तौ सब सुख रासी है।
जीव जग हंस होय माया से प्रभासे तू ही,
जैसे रज्जु सॉप, सीप रूप ह्वै प्रभासी है॥
माटी का कारज घट जैसे, माटी ता के बाहर माहि।
जल के फेन तरंग बुदबुदा, उपजत जलते जु है सु नाहिं॥
ऐसे जो जाको है कारज, कारनरूप पिछानहु ताहि।
कारन हंस सकल को 'सो मैं' लय-चिंतन जानहु बिधि याहि॥

चेतन मिथ्या स्वप्न को, अधिष्ठान निर्धार।
सोहं द्रष्टा भिन्न नहिं, तैसे जगत बिचार॥
परमानन्द-स्वरूप तू, नहि तो मैं दुख लेस।
अज अबिनासी ब्रह्म चित, जिन आनै हिय क्लेस॥

स्वामी श्रीहरिदासजी (हरिपुरुषजी)

(समय—सोलहवीं शताब्दीका अन्त या सतरहवींका आरम्भ, स्थान—कापडोद ग्राम, डीडवाणा, मारवाड, जाति—क्षत्रिय, पूर्व नाम हरिसिंहजी।)



मन रे ! गोबिंद के गुन गाय।
अबकि जब तब उठि चलैगो,
कहत हौं समुझाय॥
अटक अरि हरि-ध्यान धर मन,
सुरति हरिसौं लाय।
भज तू भगवत भरमभंजन,
संत करन सहाय॥
तरल तृष्ना त्रिविध रस-बस, गलित गति तहँ चंद।
जाय जोबन, जरा ग्रासै, जाग रे मतिमंद !॥
मोह मन रिपु ग्रास में तैं, गहर गुन जलदेह।
जन 'हरिदास' आज सकाल नाही, हरि-भजन करि लेह॥

माया, चढ़ी सिकार तुरी चटकाइया।
के मारै कै मारि पताखा लाइया॥
जन 'हरिदास' भज राम सकल जन घेरिया।
हरिहौ मुनि जाय बसे दरबार तहौ तै फेरिया॥
अब मैं हरि बिन और न जाचूँ,
भजि भगवंत मगन ह्वै नाचूँ।
हरि मेरा करता हूँ हरिकीया,
मैं मेरा मन हरि कूँ दीया॥
ग्यान ध्यान प्रेम हम पाया,
जब पाया तब आप गमाया।
राम नाम ब्रत हिरदै धारूँ,
परम उदार निमिख न बिसारूँ॥

गाय गाय गावेथा गाया,
मन भया मगन गगन मठ छाया ।
जन हरिदास आस तजि पासा,
हरि निरगुण निजपुरी निवासा ॥

महात्मा श्रीजगन्नाथजी

(श्रीदादूजीके शिष्य)

'जगन्नाथ' जगदीस की, राह सु अति बारीक ।
पहले चलियो कठिन है, पीछे श्रम नहिं सींक ॥
मारग अगम सुगम अति होवै,
जो हरि सतगुरु होहिं सहाय ।
जुग-जुग कष्ट करै नहिं पहुँचै,
'जगन्नाथ' तहँ सहजै जाय ॥
सॉस-सॉस सुमिरन करै, जपै जगद्गुरु-जाप ।
'जगन्नाथ' संसार की, कछू न ब्यापै ताप ॥

स्वामी श्रीचरणदासजी महाराज

[जन्म वि० सं० १७६० में श्रीशोभनजीके कुलमें भार्गव वंशमें । (कोई-कोई डूसर बनिया बताते हैं ।) जन्मभूमि—ग्राम देहर (अलवर), देह-त्याग वि० सं० १८३९, ७९ वर्षकी आयुमें । गुरु श्रीशुकदेवजी ।)

(प्रेषक—महन्त श्रीप्रेमदासजी)



(१)

भाई रे तजौ जग जंजाल ।
संग तोरे नाहिं चाले
महल बाहन माल ॥
मातु पितु सुत और नारी
बोल मीठे बैन ।
डारि फॉसी मोह की तोहि
ठगत है दिन रैन ॥
छल धतूरो दियो सब मिलि लाज लाडू मॉहि ।
जान अपने कह भुलानो चेतता क्यों नाहिं ॥
बाज जैसे चिड़ी ऊपर भ्रमत तोपर काल ।
मार के गहि ले चलेंगे यम सरीखे साल ॥
सदा सँघाती हरि बिसारो जन्म दीन्हो हार ।
चरणदास सुकदेव कहिया समझ मूढ़ गँवार ॥

(२)

मनुआ राम के ब्यौपारी ।
अब के खेप भक्ति की लादी, बणिज कियो तैं भारी ॥
पाँचों चोर सदा मग रोकत इन सों कर छुटकारी ।
सतगुरु नायक के सँग मिलि चल लूट सकै नहिं धारी ॥
दो ठग मारग माँहि मिलेंगे एक कनक एक नारी ।
सावधान हो पेच न खइयो रहियो आप सँभारी ॥
हरि के नगर में जा पहुँचोगे पैहो लाभ अपारा ।
चरणदास तो को समझावै रामन बारम्बारा ॥

(३)

जीवित मर जाय, उलट आप में समाय,
कहीं नही जाय मन शुद्ध दिलगीरी है ।
करै बिपिन वास, इन्द्रिय जीत तजै भूख प्यास,
मेटै पर-आस खास पूरन सबूरी है ॥
परम तत्व को बिचार चिंता बिसार सबै,
टार मत बाद हरि भज ले अमीरी है ।
कहै चरणदास दीन दुनिया में पुकार,
सब आसान यार मुशकिल फकीरी है ॥

(४)

रिद्धि सिद्धि फल कछू न चाहूँ ।
जगत कामना को नहिं लाऊँ ॥
और कामना मैं नहिं राखूँ ।
रसना नाम तुम्हारो भाखूँ ॥
चौरासी में बहु दुख पायो ।
ताते सरन तिहारी आयो ॥
मुक्त होन की मन में आवै ।
आवागवन सूँ जीव डरावै ॥
प्रेम प्रीत में हिरदा भीजै ।
यही दान दाता मोहिं दीजै ॥
अपना कीजै गहिये बाहीं ।
धरिये सिर पर हाथ गुसाईं ॥
चरनदास को लेहु उबारे ।
मैं अंडा तुम सेवनहारे ॥

(५)

धन नगरी धन देस है धन पुर पट्टन गाँव ।
जहँ साधू जन उपजियो ताकी बलि बलि जॉव ॥
भक्त जो आवै जगत में परमारथ के हेत ।
आप तरै तारै परा, मंडै भजन के खेत ॥
तप के बरस हजार हों, सत संगति घड़ि एक ।
तौ भी सरवरि ना करै, सुकदेव किया विवेक ॥
इन्द्री मन के बस करै, मन करै बुधि के संग ।
बुधि राखै हरि पद जहॉ, लागे ध्यान अभंग ॥
मीठा बचन उचारिये, नवता सबसूँ बोल ।
हिरदय माहिं बिचारि करि, जब मुख बाहर खोल ॥
बिना स्वाद ही खाइये, राम भजन के हेत ।
चरनदास कहै सूरमा, ऐसे जीतौ खेत ॥
जो बोलै तौ हरि कथा, मौन गहै तौ ध्यान ।
चरनदास यह धारना, धारै सो सज्ञान ॥

(६)

अरे नर ! परनारी मत तक रे ।
जिन-जिन ओर तको डायन की, बहुतन कूँ गइ भख रे ॥
दूध आक को पात कटैया, झाल अगिनि की जानो ।
सिंह मुछारे बिस कारे को, ऐसे ताहि पिछानो ॥
खानि नरक की अति दुखदाई, चौरासी भरमावै ।
जनम जनम कूँ दाग लगावै, हरि गुरु तुरत छुटावै ॥
जग मे फिरि फिरि महिमा खोवै, राखै तन मन मैला ।
चरनदास सुकदेव चितावैं, सुमिरौ राम सुहेला ॥

(७)

राखिजो लाज गरीबनिवाज ।
तुम बिन हमरे कौन सँवारै सबही बिगरे काज ॥
भक्तबछल हरि नाम कहावो पतित उधारनहार ।
करो मनोरथ पूरन जन को सीतल दृष्टि निहार ॥
तुम जहाज मैं काग तिहारो तुम तजि अंत न जाउँ ।
जो तुम हरि जू मारि निकासो और ठौर नहि पाउँ ॥
चरनदास प्रभु सरन तिहारी जानत सब संसार ।
मेरी हँसी सो हँसी तुम्हारी तुम हूँ देखु बिचार ॥

(८)

साधो जो पकरी सो पकरी ।
अब तौ टेक गही सुमिरन की ज्यो हारिल की लकरी ॥
ज्यो सूरा ने सस्तर लीन्हो ज्यो बनिये ने तखरी ।
ज्यों मतवंती लियो सिंधौरा तार गह्यो ज्यों मकरी ॥
ज्यों कामी कूँ तिरिया प्यारी ज्यो किरपिन कूँ दमरी ।
ऐसे हम कूँ राम पियारे ज्यो बालक कूँ ममरी ॥
ज्यो दीपक कूँ तेल पियारो ज्यो पावक कूँ समरी ।
ज्यो मछली कूँ नीर पियारो बिछुरे देखै जम री ॥
साधो के सँग हरि गुन गाऊँ ता ते जीवन हमरी ।
चरनदास सुकदेव दृढायो और छुटी सब गम री ॥

(९)

वह राजा सो यह बिधि जानै । काया नगर जीतिवो ठानै ॥
काम क्रोध दोउ बल के पूरे । मोह लोभ अति सावँत सूरे ॥
बल अपनो अभिमान दिखावै । इन को मारि राह गढ़ पावै ॥
पाँचो प्यादे देहि उठाई । जब गढ़ मे कूदै मन लाई ॥
ग्यान खड्ग लै दुंद मचावै । कपट कुटिलता रहन न पावै ॥
चुनि चुनि दुरजन हनि सब डारै । रहते सहते सकल बिडारै ॥
मन सूँ ब्रह्म होय गति सोई । लच्छन जीव रहे नहि कोई ॥
अचल सिहासन जब तू पावै । मुक्ति खवासी चँवर डुरावै ॥
आठौ सिद्धि जहाँ कर जोरैं । सो ही ताकै मुख नाहि मोरैं ॥
निस्चल राज अमल करै पूरा । बाजै नौबत अनहद तूरा ॥
तीन देव अरु कोटि अठासी । वै सब तेरी करैं खवासी ॥
गुरु सुकदेव भेद दियो नीको । चरनदास मस्तक कियो टीको ॥
रनजीता यह रहनी पावै । थोथी करनी कथनि बहावै ॥

(१०)

जो नर इकछत भूप कहावै ।
सत्त सिहासन ऊपर बैठै जत ही चँवर डुरावै ॥
दया धर्म दोउ फौज महा लै भक्ति निसान चलावै ।
पुन्न नगारा नौबत बाजै दुरजन सकल हलावै ॥
पाप जलाय करै चौगाना हिंसा कुबुधि नसावै ।
मोह मुकद्दम काढ़ि मुलक सूँ ला बैराग बसावै ॥
साधन नायब जित तित भेजै दै दै संजम साथा ।
राम दोहाई सिगरे फेरै कोइ न उठावै माथा ॥
निरभय राज करै निस्चल ह्वै गुरु सुकदेव सुनावै ।
चरनदास निस्चै करि जानौ बिरला जन कोइ पावै ॥

(११)

अपना हरि बिन और न कोई ।
मातु पिता सुत बंधु कुटुँब सब स्वारथ ही के होई ॥
या काया कूँ भोग बहुत दे मरदन करि करि धोई ।
सो भी छूटत नेक तनिक-सी संग न चाली कोई ॥

घर की नारि बहुत ही प्यारी तिन में नाहीं दोई ।
जीवत कहती साथ चलूँगी डरपन लागी सोई ॥
जो कहिये यह द्रव्य आपनो जिन उज्ज्वल मति खोई ।
आवत कष्ट रखवत रखवारी चलत प्रान ले जोई ॥
या जग मे कोइ हितू न दीखै मैं समझाऊँ तोई ।
चरनदास सुकदेव कहै यों सुनि लीजै नर लोई ॥

(१२)

हमारे राम भक्ति धन भारी ।
राज न डांड़े चोर न चोरै लूटि सकै नहिं धारी ॥
प्रभु पैसे अरु नाम रुपैये मुहर मोहब्बत हरि की ।
हीरा ग्यान जुक्तिके मोती कहा कमी है जर की ॥
सोना सील भँडार भरे है रूपा रूप अपारा ।
ऐसी दौलत सतगुरु दीन्ही जा का सकल पसारा ॥
बाँटो बहुत घटै नहिं कबहूँ दिन दिन ड्योढ़ी ड्योवढ़ी ।
चोखा माल द्रव्य अति नीका बट्टा लगे न कौड़ी ॥
साह गुरू सुकदेव बिराजैं चरनदास बन जोटा ।
मिलि मिलि रंक भूप होइ बैठे कबहुँ न आवै टोटा ॥

(१३)

आवो साधो हिलि मिलि हरि जस गावैं ।
प्रेम भक्ति की रीति समुझ करि हित सूँ राम रिझावैं ॥
गोबिंद के कौतुक गुन लीला ता को ध्यान लगावैं ।
सेवा सुमिरन बंदन अरचन नौधा सूँ चित लावैं ॥
अब की औसर भलो बनो है बहुरि दाँव कब पावैं ।
भजन प्रताप तरैं भवसागर उर आनन्द बढ़ावैं ॥
सतसंगति को साबुन लेकर ममता मैल बहावैं ।
मन कूँ धो निरमल करि उज्जल मगन रूप हो जावैं ॥
ताल पखावज झाँझ मजीरा मुरली संख बजावैं ।
चरनदास सुकदेव दया सूँ आवागवन मिटावैं ॥

(१४)

छिनभंगी छलरूप यह तन ऐसा रे ॥
जाको मौत लगौ बहु बिधि सूँ नाना अँग ले बान ।
बिख अरु रोग सस्त्र बहुतक हैं और बिघन बहु हान ॥
निस्चै बिनसै बचै न क्यों ही जतन किये बहु दान ।
ग्रह नछत्र अरु देव मनावै साधै प्रान अपान ॥
अचरज जीवन, मरिबो साँचो, यह औसर फिर नाहिं ।
पिछले दिन ठगियन सँग खोये, रहे सो योंही जाहिं ॥
जो पल है सो हरि कूँ सुमिरौ साध सँगति गुरुसेव ।
चरनदास सुकदेव बतावें परम पुरातन भेव ॥

(१५)

वह बोलता कित गया नगरिया तजिकै ।
दस दरवाजे ज्यो-के-त्यों ही कौन राह गया भजिकै ॥
सूना देस गाँव भया सूना सूने घर के बासी ।
रूप रंग कछु औरै हूआ, देही भयी उदासी ॥
साजन थे सो दुरजन हूए तन को बाँधि निकारा ।
चिता सँवारि लिटाकर तामे ऊपर धरा अँगारा ॥
ढह गया महल चुहल थी जामे मिल गया माटी माहीं ।
पुत्र कलत्तर भाई बंधू सबही ठौंक जलाहीं ॥
देखत ही का नाता जग मे मुए संग नहिं कोई ।
चरनदास सुकदेव कहत है हरि बिन मुक्ति न होई ॥

(१६)

समझो रे भाई लोगो, समझो रे,
अरे ह्याँ नहिं रहना, करना अंत पयाना ॥
मोह कुटुँब के औसर खोयो, हरि की सुधि बिसराई ।
दिन धंधे मे रैन नीद में, ऐसे आयु गँवाई ॥
आठ पहर की साठौ घरियाँ सो तो बिरथा खोई ।
छिन इक हरि को नाम न लीन्हो कुसल कहाँ ते होई ॥
बालक था जब खेलत डोला, तरुन भया मद माता ।
बृद्ध भये चिंता अति उपजी, दुख में कछु न सुहाता ॥
भूला कहा चेत नर मूरख, काल खड़ो सर साधे ।
बिष को तीर खैंचिकै मारै, आय अचानक बाँधे ॥
झूँठे जग से नेह छोड़ करि, साँचो नाम उचारो ।
चरनदास सुकदेव कहत हैं, अपनो भलो बिचारो ॥

(१७)

रे नर ! हरि प्रताप ना जाना ।
तन कारन सब कुछ नित कीन्हा सो करता न पिछाना ॥
जेहिं प्रताप तेरी सुंदर काया, हाथ पाँव मुख नासा ।
नैन दिये जासों सब सूझै, होय रहा परकासा ॥
जेहिं प्रताप नाना बिधि भोजन बसतर भूषन धारै ।
वा का नाहिं निहोरा मानै, वा को नाहिं सँभारै ॥
जेहिं प्रताप तू भूप भयो है भोग करै मन मानै ।
सुख लै वाको भूलि गयो है करि-करि बहु अभिमानै ॥
अधिकी प्यार करै माता सूँ पल-पल में सुधि लेवै ।
तू तौ पीठि दिये ही नितही सुमिरन सुरति न देवै ॥

कृत्यघनी और नूनहरामी न्याय-इंसाफ न तेरे।
चरनदास सुकदेव कहत हैं अजहैं चेतु सवेरे॥

(१८)

मेरो कहो मान रे भाई।
ग्यान गुरु को राखि हिय में, सबै बंध कटि जाई॥
बालपन तैं खेलि खोये गई तरुनाई।
चेत अजहूँ भली बर है जरा हूँ आई॥
जिन के कारन बिमुख हरि तें फिरत भटकाई।
कुटुँब सबही सुख के लोभी तेरे दुखदाई॥
साधु पदवी धारना धर छाडु कुटिलाई।
बासना तजि भोग जग की होय मुक्ताई॥
बहुरि जोनी नाहिं आवै परम पद पाई।
चरनदास सुकदेव के घर अनँद अधिकाई॥

(१९)

दो दिन का जग में जीवना करता है क्यों गुमान।
ऐ बेसहूर गोदी टुक राम को पिछान॥
दावा खुदी का दूर कर अपने तु दिल्ल सेती।
चलता है अकड़-अकड़ के ज्वानी का जोस आन॥
मुरसिद का ग्यान समझ के हुसियार हो सिताब।
गफलत को छोड़ सुहबत साधों की खूब जान॥
दौलत का जौक ऐसे ज्यों आब का हुबाब।
जाता रहैगा छिन में पछतायगा निदान॥
दिन रात खोवता है दुनिया के कारबार।
इक पल भी याद साँइ की करता नहीं अजान॥
सुकदेव गुरू ग्यान चरनदास को कहैं।
भज राम-नाम साँचा पद मुक्ति का निधान॥

(२०)

भक्ति गरीबी लीजिये तजिये अभिमाना।
दो दिन जग मे जीवना आखिर मरि जाना॥

(२१)

घड़ी दोय में मेला बिछुरै साधो देखि तमासा चलना।
जो ह्याँ आकर हुए इकट्ठे तिन सूँ बहुरि न मिलना॥
जैसे नाव नदी के ऊपर बाट बटाऊ आवैं।
मिल मिल जुदे होयँ पल माहीं आप आप को जावैं॥
या बारी बिच फूल घनेरे रंग सुगंध सुहावैं।
लागैं खिलैं फेरि कुम्हिलावैं झरैं टूटि बिनसावैं॥
दारा सुत सम्पति को सुख ज्यों मोती ओस बिलावै।
ह्याँई मिलैं और ह्याँ नासै ता को क्यो पछितावै॥
दै कुछ लै कुछ करि ले करनी रहनी गहनी भारी।
हरि सूँ नेह लगाव आपनो सो तेरो हितकारी॥
सत संगति को लाभ बड़ो है साध भक्त समुझावैं।
चरनदास ही राम सुमिर ले गुरु सुकदेव बतावैं॥

(२२)

गुमराही छोड़ दिवाने मूरख बावरे।
अति दुरलभ नर देह भया
गुरुदेव सरन तू आव रे॥
जग जीवन है निसि को सुपनो
अपनो ह्याँ कौन बताव रे।
तोहिं पाँच पचीस ने घेरि लियो
लख चौरासी भरमाव रे॥
बीति गयी सो बीति गयी
अजहूँ मन कूँ समुझाव रे।
मोह लोभ सूँ भागि कै त्यागि विषय
काम क्रोध कूँ धोय बहाव रे॥
गुरु सुकदेव कहैं सबहीं तजि
मनमोहन सूँ मन लाव रे।
चरनदास पुकारि चिताय दियौ
मत चूकै ऐसे दाँव रे॥

(२३)

भाई रे! अवधि बीती जात।
अंजुली जल घटत जैसे, तारे ज्यो परभात॥
स्वाँस पूँजी गाँठि तेरे, सो घटत दिन-रात।
साधु संगत पैंठ लागी, ले लगै मोह हाथ॥
बड़ो सौदा हरि सँभारौ, सुमिर लीजै प्रात।
काम क्रोध दलाल हैं, मत बनिज कर इन साथ॥
लोभ मोह बजाज ठगिया, लगे है तेरी घात।
शब्द गुरु को राखि हिरदय, तौ दगा नहिं खात॥
आपनी चतुराइ बुधि पर, मत फिरै इतरात।
चरनदास सुकदेव चरनन, परस तजि कुल जात॥

(२४)

साधो! निंदक मित्र हमारा।
निंदक कों निकटे ही राखों, होन न देउँ नियारा॥

पाछे निंदा करि अघ धोवै, सुनि मन मिटै बिकारा।
जैसे सोना तापि अगिन मे, निरमल करै सोनारा॥
घन अहरन कसि हीरा निबटै, कीमत लच्छ हजारा।
ऐसे जाँचत दुष्ट संतकूँ, करन जगत उजियारा॥
जोग जग्य जप पाप कटन हितु करै सकल संसारा।
बिन करनी मम करम कठिन सब, मेटै निंदक प्यारा॥
सुखी रहो निंदक जग माँही रोग न हो तन सारा।
हमरी निंदा करनेवाला, उतरै भवनिधि पारा॥
निंदक के चरनों की अस्तुति, भाखौं बारंबारा।
चरनदास कहैं सुनियो साधो, निंदक साधक भारा॥

(२५)

जिन्हैं हरिभगती प्यारी हो!
मात-पिता सहजै छुटै, छुटैं सुत अरु नारी हो॥
लोक भोग फीके लगैं, सम अस्तुति गारी हो।
हानि-लाभ नहिं चाहिये, सब आसा हारी हो॥
जगसूँ मुख मोरे रहै, करैं ध्यान मुरारी हो।
जित मनुवाँ लागो रहै, भइ घट उजियारी हो॥
गुरु सुकदेव बताइया, प्रेमी गति भारी हो।
चरनदास चारौं बेद सूँ, औरे कछु न्यारी हो॥

फकीर कौन है?

मन मारै तन बस करै, साधै सकल सरीर।
फिकिर फारि कफनी करै, ताको नाम फकीर॥

काम

यह काम बुरा रे भाई। सब देवै तन बौराई॥
पंचौं में नाक कटावै। वह जूती मार दिलावै॥
मुँह काला गधे चढ़ावै। बहु लोग तमासे आवै॥
झिड़का ज्यों डोलै कुत्ता। सबही के मन सूँ उत्ता॥
कोइ नीके मुख नहिं बोलै। भरमिंदा हो जग डोलै॥
वह जीवत नरक मँझारी। सुन चेतो नर अरु नारी॥
काम अंग तजि दीजै। सतसंगति ही करि लीजै॥
अस कहैं चरन ही दासा। हरि भक्तन में कर बासा॥

तन मन जारै काम ही, चित कर डावाँडोल।
धरम सरम सब खोय के, रहै आप हिय खोल॥
नर नारी सब चेतियो, दीन्हो प्रगट दिखाय।
पर तिरिया पर पुरुष हो, भोग नरक को जाय॥

क्रोध

क्रोध महा चंडाल है, जानत हैं सब कोय।
जाके अंग बरनन करूँ, सुनियो सुरत समोय॥
जेहि घट आवै धूम सूँ, करै बहुत ही ख्वार।
पति खोवै बुधि कूँ हनै, कहा पुरुष कहा नार॥
वह बुद्धि भ्रष्ट करि डारै। वह मारहिं मार पुकारै॥
वह सब तन हिंसा छावै। कहिं दया न रहने पावै॥
वह गुरु सूँ बोलै बेंड़ा। साधू सूँ डोलै ऐंड़ा॥
वह हरि सूँ नेह छुटावै। वह नरक माहिं ले जावै॥
वह आतमघाती जानौ। वह महा मूढ़ पहिचानौ॥
सोटों की मार दिलावै। कबहूँ कै सीस कटावै॥
वह नीच कमीना कहिये। ऐसे सूँ डरता रहिये॥
वह निकट न आवन दीजै। अरु छिमा अंक भरि लीजै॥
जब छिमा आय कियो थाना। तब सबही क्रोध हिराना॥
कहैं गुरु सुकदेव खिलारी। सुन चरनदास उपकारी॥

मोह

मोह बड़ा दुखरूप है, ताकूँ मारि निकास।
प्रीत जगत की छोड़ दे, जब होवै निर्बास॥
जग माहीं ऐसे रहो, ज्यो अंबुज सर माहिं।
रहै नीर के आसरे, पै जल छूवत नाहिं॥

लोभ

लोभ नीच बरनन करूँ, महा पाप की खानि।
मंत्री जाका झूँठ है, बहुत अधरमी जानि॥
तृस्ना जाकी जोय है, सो अंधा करि देय।
घटी बढ़ी सूझै नहीं, नहीं काल का भेय॥
दम्भ मकर छल भगल जो, रहत लोभ के सग।
मुए नरक ले जायँगे, जीवत करैं अतंग॥
दैहैं धर्म छोड़ाय हो, आन धर्म ले जाय।
हरि गुरु ते बेमुख करैं, लालच लोभ लगाय॥
चहूँ देस भरमत फिरैं, कलह कल्पना साथ।
लोभ खंभ उठि उठि लगैं, दोऊ पसारे हाथ॥
चींटी बादर खगन कूँ, लोभ बहुत दुख दीन।
या कूँ तजि हरि कूँ भजै, चरनदास परवीन॥
लोभ घटावै मान कूँ, करै जगत आधीन।
धर्म घटा भिथ्थल करै, करै बुद्धि को हीन॥
लोभ गये ते आवई, महा बली संतोष।
त्याग सत्य कूँ संग ले, कलह निवारन सोक॥
घट आवै संतोष ही, काह चहै जग भोग।
स्वर्ग आदि लौं सुख जिते, सब कूँ जानै रोग॥
संतोषी निर्मल सदा, रहै राम लौ लाय।
आसन ऊपर दृढ़ रहै, इत उत कूँ नहिं जाय॥

काहू से नहिं राखिये, काहू विधि की चाह।
परम संतोषी हूजिये, रहिये बेपरवाह॥
चाह जगत की दास है, हरि अपना न करै।
चरनदास यो कहत है, ब्याधा नाहिं टरै॥

अभिमान

अभिमानी चढ़ि कर गिरे, गये वासना माहि।
चौरासी भरमत भये, तब हीं निकसैं नाहिं॥
अभिमानी मीजे गये, लूट लिये धन वाम।
निरअभिमानी हो चले, पहुँचे हरि के धाम॥
चरनदास यो कहत है, सुनियो संत सुजान।
मुक्ति मूल आधीनता, नरक मूल अभिमान॥
मन में लाय विचार कूँ, दीजै गर्व निकार।
नान्हापन तब आय है, छूटै सकल विकार॥

नाम-भक्ति

ज्यो सेमर का सेवना, ज्यो लोभी का धर्म।
अन्न बिना भुस कूटना, नाम बिना यों कर्म॥
चार बेद किये व्यास ने, अर्थ विचार विचार।
तो मे निकसी भक्ति ही, राम नाम ततसार॥
नामहिं ले जल पीजिये, नामहि लेकर खाह।
नामहि लेकर बैठिये, नामहि ले चल राह॥
जीवत ही स्वारथ लगे, मूए देह जराय।
हे मन सुमिरौ राम कूँ, धोखे काहि पराय॥
हाथी घोड़े धन घना, चद्रमुखी बहु नार।
नाम बिना जमलोक में, पावै दुक्ख अपार॥
तुम साहब करतार हो हम बंदे तेरे।
रोम रोम गुनेगार हैं बखसो हरि मेरे॥
दसौ दुवारे मैल है सब गंदम गंदा।
उत्तम तेरो नाम है बिसरै सो अंधा॥
गुन तजि कै औगुन कियो तुम सब पहिचानो।
तुम सूँ कहा छिपाइये हरि! घट की जानो॥
रहम करो रहमान सूँ यह दास तिहारो।
भक्ति पदारथ दीजिये आवागवन निवारो॥
गुरु सुकदेव उचारि लो अब मेहर करीजै।
चरनहिंदास गरीब कूँ अपनो करी लीजै॥

साधन

करि ले प्रभु सूँ नेहरा मन माली यार।
कहा गर्ब मन में धरै जीवन दिन चार॥
ज्ञान बेलि गहु टेक की दया क्यारि सँवार।
जत सत दृढ़ के बीजही बोवो तासु मँझार॥
सील छिमा के कूप को जल प्रेम अपार।
नेम डोल भरि खैंचि के सींचो बाग विचार॥
छल कीकर कूँ काटिके बाँधो धीरज बार।
सुमति सुबुद्धि किसान कूँ राखौ रखवार॥
धर्म गुलेल जु प्रीत की हित धनुष सुधार।
झूठ कपट पच्छीन कूँ तासूँ मार बिडार॥
भक्ति भाव पौधा लगे फूलै रंग फुलवार।
हरि मे माता होयके देखै लाल बहार॥
सत संगति फल पाइये मिटे कुबुधि विकार।
जब सतगुरु पूरा मिलै चाखै अमृत सार॥
समझावै सुकदेवजी चरनदास सँभार।
तेरी काया मे खिलै साँचो गुलजार॥

जगत्का विनाशी रूप

या तन को कहा गर्व करत है,
खोला ज्यों गलि जावै रे॥
जैसे बरतन बनो कोन को,
ठपक लगे बिनसावै रे।
झूँठ कपट अरु छलबल करि कै,
खोटे कर्म कमावै रे॥
बाजीगर के बादर की ज्यौं,
नाचत नाहि लजावै रे।
जब लौं तेरी देह पराक्रम,
तब लौं सबन सोहावै रे॥
माय कहे मेरा पूत सपूता,
नारी हुकुम उठावै रे।
पल पल पल पल पलटै काया,
छिन-छिन माहि घटावै रे॥
बालक तरुन होय फिर बूढा,
जरा मरन पुनि आवै रे।
तेल फुलेल सुगंध उबटनो,
अम्बर अतर लगावै रे॥
नाना विधि सूँ पिंड सँवारे,
जरि बरि धूर समावै रे।
कोटि जतन सूँ बचै न क्यों ही,
देवी देव मनावै रे॥
जिनकूँ तू अपनो करि जानै,
दुख में पास न आवै रे।

कोई झिड़के कोई अनखावै ,
कोई नाक चढ़ावै रे ॥
यह गति देखि कुटँब अपने की ,
इन में मत उरझावै रे ।
अबही जम सूँ पाला परिहै ,
कोई नाहिं छुड़ावै रे ॥
औसर खोवै पर के काजे ,
अपनो मूल गँवावै रे ।
बिन हरि नाम नही छुटकारो ,
बेदपुरान बतावै रे ॥
चेतन रूप बसै घटअंतर ,
भर्म सूल बिसरावै रे ।
जो टुक ढूँढ खोज करि देखै ,
सो आपहि मे पावै रे ॥
जो चाहे चौरासी छूटै ,
आवागवन नसावै रे ।
चरनदास सुकदेव कहत है ,
सतसंगति मन लावै रे ॥

दम का नहीं भरोसा रे ,
करि ले चलने का सामान ।
तन पिंजरे सूँ निकस जायगो ,
पल मे पंछी प्रान ॥
चलते फिरते सोवत जागत ,
करत खान अरु पान ।
छिन छिन छिन छिन आयु घटत है ,
होत देह की हान ॥
माल मुलक औ सुख सम्पति मे ,
क्यो हुआ गलतान ।
देखत देखत बिनसि जायगो ,
मत करु मान गुमान ॥
कोई रहन न पावै जग में ,
यह तू निस्चै जान ।

अजहूँ समुझि छाँडु कुटिलाई ,
मूरख नर अज्ञान ॥

टेरि चितावैं ग्यान बतावैं ,
गीता-बेद-पुरान ।
चरनदास सुकदेव कहत है
राम नाम उर आन ॥

प्रेमीका स्वरूप

दया, नम्रता, दीनता, क्षमा शील संतोष ।
इनकूँ लै सुमिरन करै निहचै पावै मोख ॥
गद्गद वाणी कंठ में, आँसू टपकैं नैन ।
वह तो बिरहन राम की तड़फत है दिन रैन ॥
हाय हाय हरि कब मिलैं, छाती फाटी जाय ।
ऐसा दिन कब होयगा दरसन करूँ अघाय ॥
मैं मिरगा गुरु पारधी, सबद लगायो बान ।
चरनदास घायल गिरे, तन मन बींधे प्रान ॥
सकल सिरोमनि नाम है, सब धरमन के माँहिं ।
अनन्य भक्त वह जानिये, सुमिरन भूलै नाँहिं ॥
जग माँही न्यारे रहो, लगे रहो हरि ध्यान ।
पृथ्वी पर देही रहै, परमेसुर में प्रान ॥
पीव चहौ के मत चहौ, वह तो पी की दास ।
पी के रँगराती रहै, जग सूँ होय उदास ॥
यह सिर नवै तो रामकूँ, नाहीं गिरियो टूट ।
आन देव नहिं परसिये, यह तन जावो छूट ॥
आग्याकारी पीव की, रहै पिया के संग ।
तन मन सों सेवा करै, और न दूजो रंग ॥

दयाबाई

(महात्मा चरणदासजीकी शिष्या)

हरि भजते लागै नहीं, काल ब्याल दुख झाल ।
ताते राम सँभालिये, 'दया' छोड़ि जग जाल ॥
मनमोहन को ध्याइये, तन मन करिये प्रीति ।
हरि तज जे जग में पगे, देखो बड़ी अनीति ॥
राम नाम के लेत ही, पातक झरे अनेक ।
रे नर हरि ! के नाम की, राखो मन मे टेक ॥
सोवत जागत हरि भजो, हरि हिरदे न बिसार ।
डोरी गहि हरि नाम की, 'दया' न टूटै तार ॥
दया देह सूँ नेह तजि, हरि भजु आठौ जाम ।
मन निर्मल ह्वै तनिक में, पावै निज बिस्राम ॥
दया नाव हरि नाम की, सतगुरु खेवनहार ।
साधू जन के संग मिलि, तिरत न लागै बार ॥

'दया' सुपन संसार में, ना पचि मरिये बीर।
बहुतक दिन बीते बृथा, अब भजिये रघुबीर॥
छिन छिन बिनस्यो जात है, ऐसो जग निरमूल।
नाम रूप जो धूस है, ताहि देखि मत भूल॥
जनम जनम के बीछुरे, हरि! अब रह्यो न जाय।
क्यों मन कूँ दुख देत हो, बिरह तपाय तपाय॥
काग उड़ावत थके कर, नैन निहारत बाट।
प्रेम सिन्ध में परयो मन, ना निकसन को घाट॥
बौरी है चितवत फिरूँ, हरि आवे केहि ओर।
छिन ऊठूँ छिन गिरि परूँ, राम दुखी मन मोर॥
सोवत जागत एक पल, नाहिन बिसरूँ तोहिं।
करुनासागर दया निधि, हरि लीजै सुधि मोहिं॥
'दया' प्रेम प्रगट्यौ तिन्हैं, तन की तनि न सँभार।
हरि रस में माते फिरें, गृह बन कौन बिचार॥
प्रेम मगन जे साधवा, बिचरत रहत निसंक।
हरि रस के माते 'दया', गिनैं राव नहिं रंक॥
प्रेम मगन जे साध जन, तिन गति कही न जात।
रोय रोय गावत हसत, 'दया' अटपटी बात॥
हरि रस माते जे रहैं, तिन को मतो अगाध।
त्रिभुवन की संपति 'दया' तृन सम जानत साध॥
प्रेम मगन गद्‌गद बचन, पुलकि रोम सब अंग।
पुलकि रह्यो मन रूप मे, 'दया' न है चित भंग॥
कहूँ धरत पग परत कहुँ, डिगमिगात सब देह।
दया मगन हरि रूप मे, दिन-दिन अधिक सनेह॥
चित चिंता हरि रूप बिन, मो मन कछु न सुहाय।
हरि हरखित हमकूँ 'दया', कब रे मिलेगे आय॥
केहि बिधि रीझत हो प्रभू, का कहि टेरूँ नाथ।
लहर महर जबही करो, तबही होउँ सनाथ॥
भवजल नदी भयावनी, किस बिधि उतरूँ पार।
साहिब मेरी अरज है, सुनिये बारम्बार॥
पैरत थाको हे प्रभू, सूझत वार न पार।
महर मौज जबहीं करो, तब पाऊँ दरबार॥
कर्म रूप दरियाव से, लीजै मोहिं बचाय।
चरन कमल तर राखिये, महर जहाज चढ़ाय॥
निरपच्छी के पच्छ तुम, निराधार के धार।
मेरे तुमही नाथ इक, जीवन प्रान अधार॥
काहू बल अप देह को, काहू राजहि मान।
मोहि भरोसो तेरो ही, दीनबंधु भगवान॥

हौं गरीब सुन गोबिदा, तुही गरीब निवाज।
दयादास आधीन के, सदा सुधारन काज॥
हौं अनाथ के नाथ तुम, नेक निहारो मोहि।
दयादास तन हे प्रभू, लहर महर की होहि॥
नर देही दीन्ही जबै, कीन्हे कोटि करार।
भक्ति कबूली आदि मे, जग मे भयो लबार॥
कछू दोष तुम्हरौ नहीं, हमरी है तकसीर।
बीचहिं बीच बिघन भयो, पाँच पचिस के भीर॥
तुम ठाकुर त्रैलोक पति, ये ठग बस करि देहु।
दयादास आधीन की, यह बिनती सुनि लेहु॥
हौ पाँवर तुम हो प्रभू, अधम उधारन ईस।
दयादासपर दया हो, दयासिंधु जगदीस॥
जेते करम हैं पाप के, मोसे बचे न एक।
मेरी ओर लखो कहा, बिरद आपनो देख॥
जो जाकी ताकै सरन, ताको ताहि खभार।
तुम सब जानत नाथ जू, कहा कहौं बिस्तार॥
नहिं संजम नहि साधना, नहिं तीरथ ब्रत दान।
मात भरोसे रहत है, ज्यो बालक नादान॥
लाख चूक सुत से परै, सो कछु तजि नहि देह।
पोष चुचुक ले गोद मे, दिन दिन दूनो नेह॥
दुख तजि सुख की चाह नहिं, नहि बैकुंठ बिवान।
चरन कमल चित चहत हौं, मोहि तुम्हारी आन॥
बेर बेर चूकत गयों, दीजै गुसा बिसार।
मिहरबान होइ रावरे, मेरी ओर निहार॥
सीस नवै तो तुमहिं कूँ, तुमहिं सूँ भाखूँ दीन।
जो झगरूँ तो तुमहिं सूँ, तुम चरनन आधीन॥
और नजर आवै नहीं, रक राव का साह।
चीरहटा के पंख ज्यो, थोथो काम दिग्वाह॥
जगत सनेही जीव है, राम सनेही साध।
तन मन धन तजि हरि भजैं, जिन का मता अगाध॥
कलि केवल संसार मे, और न कोउ उपाय।
साध संग हरि नाम बिन, मन की तपन न जाय॥
जग तजि हरि भजि दया गहि, कूर कपट सब छाँड़ि।
हरि सन्मुख गुरु ग्यान गहि, मनहीं सूँ रन माँडि॥
सूरा वही सराहिये, बिन सिर लड़त कबंद।
लोक लाज कुल कान कूँ, तोड़ि होत है निर्बंद॥
सब साधन की दास हूँ, मो मे नहिं कछु ग्यान।
हरिजन! मो पै दया करि, अपनी लीजै जान॥

योगक्षेमं वहाम्यहम्

तुलसी और नरसी

अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते।
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम्॥
(गीता ९। २२)

उस दयामयकी यह घोषणा किसी व्यक्ति-विशेषके लिये नहीं है और किसी काल-विशेषके लिये भी नहीं है। यह तो समस्त प्राणियोंके लिये सार्वकालिक घोषणा है और घोषणा करनेवाला है सर्वज्ञ, सर्वसमर्थ—उससे प्रमाद हो नहीं सकता।

दो अनन्य चिन्तक—सदा, सब कालमें उस सर्वेश्वरको सर्वत्र देखनेवाले। एक काशीमें और एक सौराष्ट्रमें। कोई कहाँ है, कौन है, इसकी महत्ता नहीं है। जो उस जगदीश्वरका अनन्य चिन्तक है, वह तो उसका अपना शिशु है। वह कहीं हो, अपने परम पिताकी गोदमें ही है। पिताकी गोदमें शिशु है—किसका साहस है कि उस सर्वेश्वरेश्वरके शिशुकी ओर आँख उठा सके।

अपने भक्त—अपने अनन्य चिन्तक भक्तके 'योगक्षेम' का वहन वह दयामय स्वयं करता है। किसी दूसरेपर वह इसे छोड़ कैसे सकता है।

× × ×

काशीमें अस्सीघाट या संकटमोचन—अब ठीक स्थान बता पाना कठिन है। उन दिनों काशी इतना बड़ा नगर नहीं था। अस्सीसे आगेतक खेत और वृक्षोंके झुरमुट थे। वहीं गङ्गातटपर गोस्वामी तुलसीदासजीकी झोपड़ी थी।

रात्रिके घोर अन्धकारमें जब संसार निद्रामग्न हो रहा था, दो चोर उस झोपड़ीके पास पहुँचे। साधुकी झोपड़ीमें चोरोंको क्या मिल सकता था? लेकिन काशीके कुछ द्वेषी लोगोंने चोरोंको भेजा था। वे धनके लोभसे नहीं आये थे। कहते हैं कि वे आये थे श्रीरामचरितमानसकी मूल प्रति चुराकर ले जाने।

गोस्वामी तुलसीदासजी सो गये थे। लेकिन अपने जनोंके 'योगक्षेम'की रक्षाका भार जिनपर है, वे श्रीदशरथ-राजकुमार सोया नहीं करते। चोर झोपड़ीके पास आये और ठिठककर खड़े हो गये। उन्होंने देखा—दो अति सुन्दर तरुण कवच पहिने, तरकस बाँधे, हाथमें चढ़ा धनुष लिये सतर्क खड़े हैं। वे श्याम और गौर कुमार—उनके दाहिने हाथोंमें बाण है एक-एक और धनुषपर चढ़कर उस बाणको छूटनेमें दो पल भी लगेंगे— जो ऐसा सोचे, मूर्ख है वह। चोरोंने झोपड़ीके पीछेसे उसमें प्रवेश करना चाहा। वे पीछे गये; किंतु जो सर्वव्यापी है, उससे रिक्त स्थान कहाँ मिलेगा। वे दोनों राजकुमार झोपड़ीके पीछे भी दीखे और अगल-बगल वहाँ सर्वत्र दीखे, जहाँसे चोरोंने झोपड़ीमें जानेकी इच्छा की।

क्षेम—रक्षा—केवल वह रक्षा ही नहीं हुई, वे चोर भी धन्य हो गये। उन देवदुर्लभ भुवनमोहन रूपोंको देखकर वहाँसे पीछे लौट जाना किसके वशमें रह सकता था। प्रातः वे गोस्वामी तुलसीदासजीके चरणोंपर गिर पड़े और जब उन्हें पता लगा कि रात्रिके वे चौकीदार कौन थे—उनका पूरा जीवन उन अवधराजकुमारोंके स्मरणमें लगनेके लिये सुरक्षित हो गया।

× × ×

क्षेम—जो कुछ है, उसका रक्षण ही नहीं, योग—आवश्यकताका विधान भी स्वयं करता है वह करुणा-वरुणालय।

भक्तश्रेष्ठ नरसी मेहताके घर क्या धरा था। उन्हें अपनी लड़कीका भात भरना था। दरिद्र पिता कुछ वैष्णवोंके साथ टूटी-सी बैलगाड़ीमें बैठकर ढोल, करताल, मँजीरे आदि लिये गया और एक जलाशयके समीप कीर्तनमग्न हो गया। वह क्या लेकर कन्याके पतिगृह जाय—लेकिन उसे न चिन्ता थी, न खेद। वह तो कीर्तनमें तन्मय था। उसके दृढ़ निश्चयमें कभी बाधा नहीं पड़ी—'साँवरिया—श्यामसुन्दरको जो करना है, कर लेगा वह।'

नरसीमेहताकी पुत्री—एक सम्पन्न परिवारकी कुलवधू। उसपर व्यंग कसे जा रहे थे। उसके पिताका परिहास हो रहा था। ननद और सास—सभीने अपनी बड़ी-बड़ी माँगें उपस्थित कर दी थीं। वह बेचारी लड़की—वह भी अपने पिताके सर्वस्व उस द्वारिकानाथको स्मरण ही कर सकती थी।

'मेरा नाम शामलशाह है। मैं नरसी मेहताका मुनीम हूँ। आप सब भाई सामग्रीको सम्हाल लें।' रत्नखचित वस्त्रोंके अम्बार, मणिजटित आभूषणोंकी ढेरियाँ—सेवकों और छकड़ोंकी पंक्तियाँ चली ही आ रही थीं। नरसी मेहताने जो सामग्री भेजी थी—लड़कीके श्वशुरकुलके लोग उसकी कल्पना स्वप्नमें भी कैसे कर पाते। भले स्वयं नरसीमेहताको भी उसकी कल्पना न हो, लेकिन उनके योगवहनके लिये सदा सतर्क ये शामलशाह—भगवती लक्ष्मी इनकी कृपाकोर ही तो चाहती हैं।



तुलसीदासके पहरेदार



नरसीजीका भात

योगक्षेमं वहाम्यहम्

सहजोबाई

(महात्मा चरणदासजीकी शिष्या)

जागत मे सुमिरन करै, सोवत में लौ लाय ।
सहजो इकरस हो रहै, तार टूट नहिं जाय ॥
सील छिमा संतोष गहि, पाँचो इन्द्री जीत ।
राम नाम ले सहजिया, मुक्ति होन की रीत ॥
एक घड़ी का मोल ना, दिन का कहा बखान ।
सहजो ताहि न खोइये, बिना भजन भगवान ॥
बैठे लेटे चालते, खान पान ब्यौहार ।
जहाँ तहाँ सुमिरन करै, सहजो हिये निहार ॥
सहजो भज हरि नाम कूँ, तजो जगत सूँ नेह ।
अपना तो कोइ है नहीं, अपनी सगी न देह ॥
जैसे मँड़सी लोह की, छिन पानी छिन आग ।
ऐसे दुख सुख जगत के, सहजो तू मत पाग ॥
अचरज जीवन जगत में, मरिबो साचो जान ।
सहजो अवसर जात है, हरि सूँ ना पहिचान ॥
दरद बटाय सकैं नहीं, मुए न चालैं साथ ।
सहजो क्योंकर आपने, सब नाते बरबाद ॥
सहजो जीवत सब सगे, मुए निकट नहिं जायँ ।
रोवै स्वारथ आपने, सुपने देख डरायँ ॥
सहजो फिर पछतायगी, स्वास निकसि जब जाय ।
जबलग रहै सरीर मे, राम सुमिर गुन गाय ॥
जग देखत तुम जावगे, तुम देखत जग जाय ।
सहजो याही रीति है, मत कर सोच उपाय ॥
देह निकट तेरे पड़ी, जीव अमर है नित्त ।
दुइ मे मूवा कौन सा, का सूँ तेरा हित्त ॥
कलप रोय पछिताय थक, नेह तजौगे कूर ।
पहिले ही सूँ जो तजै, सहजो सो जन सूर ॥
आगे मुए सो जा चुके, तू भी रहै न कोय ।
सहजो पर कूँ क्या झुरै, आपन ही कूँ रोय ॥
प्रेम दिवाने जो भये, मन भयो चकनाचूर ।
छके रहैं घूमत रहैं, सहजो देखि हजूर ॥
प्रभुताई कूँ चहत है, प्रभु को चहै न कोय ।
अभिमानी घट नीच है, सहजो ऊँच न होय ॥
धन छोटापन सुख महा, धिरग बड़ाई खार ।
सहजो नन्हा हूजिये, गुरु के बचन सम्हार ॥
अभिमानी नाहर बड़ो, भरमत फिरत उजाड़ ।
सहजो नन्ही बाकरी, प्यार करै संसार ॥
नन्ही चींटी भवन में, जहाँ तहाँ रस लेह ।
सहजो कुंजर अति बड़ो, सिर मे डारै खेह ॥
सहजो नन्हा बालका, महल भूप के जाय ।
नारी परदा ना करै, गोदहिं गोद खेलाय ॥
बड़ा न जाने पाइहै, साहिब के दरबार ।
द्वारे ही सूँ लागिहै, सहजो मोटी मार ॥
भली गरीबी नवनता, सकै नहीं कोइ मार ।
सहजो रुई कपास की, काटै ना तरवार ॥
साहन कूँ तो भय घना, सहजो निर्भय रंक ।
कुंजर के पग बेड़ियाँ, चींटी फिरै निसंक ॥
जगत तरैयाँ भोर की, सहजो ठहरत नाहिं ।
जैसे मोती ओस की, पानी अँजुली माहि ॥
धन जोबन सुख सम्पदा, बादर की सी छाहि ।
सहजो आखिर धूप है, चौरासी के माहिं ॥
चौरासी जोनी भुगत, पायो मनुष सरीर ।
सहजो चूकै भक्ति बिनु, फिर चौरासी पीर ॥

पानी का-सा बुलबुला, यह तन ऐसा होय ।
पीव मिलन की ठानिये, रहिये ना पड़ि सोय ॥
रहिये ना पड़ि सोइ, बहुरि नहिं मनुखा देही ।
आपन ही कूँ खोजु, मिलै तब राम सनेही ॥
हरि कूँ भूले जो फिरै, सहजो जीवन छार ।
सुखिया जब ही होयगो, सुमिरैगो करतार ॥

चौरासी भुगती घनी, बहुत सही जम मार ।
भरमि फिरे तिहुँ लोक मे, तहू न मानी हार ॥
तहू न मानी हार, मुक्ति की चाह न कीन्ही ।
हीरा देही पाइ, मोल माटी के दीन्ही ॥
मूरख नर समुझै नहीं, समुझाया बहु बार ।
चरनदास कहैं सहजिया, सुमिरै ना करतार ॥

हम बालक तुम माय हमारी । पल पल माहिं करो रखवारी ॥
निस दिन गोदी ही मे राखो । इत वित बचन चितावन भाखो ॥
विषै ओर जाने नहिं देवो । दुरि दुरि जाउँ तो गहि गहि लेवो ॥
मैं अनजान कछू नहिं जानूँ । बुरी भली को नहिं पहिचानूँ ॥
जैसी तैसी तुमही चीन्हेव । गुरु हो ध्यान खिलौना दीन्हेव ॥
तुम्हरी रच्छा ही से जीऊँ । नाम तुम्हारो अमृत पीऊँ ॥

दिष्टि तुम्हारी ऊपर मेरे। सदा रहूँ मैं सरनै तेरे॥
मारौ झिड़को तो नहिं जाऊँ। सरकि सरकि तुम ही पै आऊँ॥
चरनदास है सहजो दासी। हो रच्छक पूरन अबिनासी॥

अब तुम अपनी ओर निहारो।
हमरे औगुन पै नहिं जाओ, तुमही अपना बिरद सम्हारो॥
जुग जुग साख तुम्हारी ऐसी, बेद पुरानन गाई।
पतित उधारन नाम तुम्हारो, यह सुनके मन दृढ़ता आई॥
मै अजान तुम सब कछु जानो, घट घट अंतरजामी।
मैं तो चरन तुम्हारे लागी, हो किरपाल दयालहि स्वामी॥
हाथ जोरि कै अरज करत हौं, अपनाओ गहि बाहीं।
द्वार तिहारे आय परी हौं, पौरुष गुन मो मे कछु नाहीं॥

सुमिर सुमिर नर उतरो पार,
भौसागर की तीछन धार॥
धर्म जहाज माहिं चढ़ि लीजै,
सँभल सँभल तामें पग दीजै।
खम करि मन को सगी कीजै,
हरि मारग को लागो यार॥
बादवान पुनि ताहि चलावै,
पाप भरै तौ हलन न पावै।
काम क्रोध लूटन को आवै,
सावधान है करौ सँभार॥
मान पहाड़ी तहाँ अड़त है,
आसा तृष्ना भँवर पड़त है।
पाँच मच्छ जहँ चोट करत हैं,
ग्यान आँखि बल चलो निहार॥
ध्यान धनी का हिरदै धारे,
गुरु किरपा सूँ लगै किनारे।
जब बेरी बोहित उतरै पारे,
जन्म मरन दुख बिपता टारे॥

चौथे पद मे आनँद पावै,
या जग में तू बहुरि न आवै।
चरनदास गुरुदेव चितावें,
सहजोबाई यही बिचार॥

ऐसो बसंत नहिं बार बार। तैं पाई मानुष देह सार॥
यह औसर बिरथा न खोय। भक्ति बीज हिय धरती बोय॥
सतसंगत को सींच नीर। सतगुरजी सूँ करौ सीर॥
नीकी बार बिचार देव। परन राख या कूँ जु सेव॥
रखवारी कर हेत खेत। जब तेरी होवै जैत जैत॥
खोट कपट पंछी उड़ाव। मोह प्यास सब ही जलाव॥
समझ बाड़ी नऊ अग। प्रेम-फूल फुलै रंग रंग॥
पुहुप गूँथ माला बनाव। आदिपुरुष कूँ जा चढ़ाव॥
तो सहजोबाई चरनदास। तेरे मन की पूरै सकल आस॥

जग में कहा कियो तुम आय।
स्वान जैसो पेट भरिकै, सोयो जन्म गँवाय॥
पहर पछिले नाहिं जागो, कियो ना सुभ कर्म।
आन मारग जाय लागो, लियो ना गुरुधर्म॥
जप न कीयो तप न साधो, दियो ना तैं दान।
बहुत उरझे मोह मद में, आपु काया मान॥
देह घर है मौत का रे, आन काढ़ै तोहि।
एक छिन नहिं रहन पावै, कहा कैसो होय॥
रैन दिन आराम ना, काटै जो तेरी आव।
चरनदास कहैं सुन सहजिया, करो भजन उपाव॥

बैठि बैठि बहुतक गये, जग तरवर की छाँहि।
सहजो बटाऊ बाट के, मिलि मिलि बिछुड़त जाहिं॥
द्रव्य हेत हरि कूँ भजै, धनही की परतीत।
स्वारथ ले सब सूँ मिलै, अंतर की नहिं प्रीत॥

भक्तवर श्रीभट्टजी

(महाकवि केशव काश्मीरीजीके अन्तरङ्ग शिष्य और श्रीराधाकृष्णके अनन्यभक्त। जन्म-समय अनुमानतः विक्रमकी १४ वीं शताब्दीके लगभग)

चरन चरन पर लकुट कर धरें कक्ष तर शृंग।
मुकट चटक छबि लटकि लखि बने जु ललित त्रिभंग॥
दुःख संघ और सूल सब जो कछु हैं हिय माँहिं।
देखतही मुख दहन को सबै सुखद है जाँहिं॥
वा मुख देखन कौं कहौ कीजै कहा उपाय।
कहा कहौं कैसी करौं परी कठिन यह आय॥

ये लोचन आतुर अधिक उन्हे परी कछु नाहिं।
जल ते न्यारी मीन ज्यो तरफि तरफि अकुलाहिं॥
वा मुख की आसा लगी तजी आस सब लोग।
अब स्वासा हू तजैगी जो न बने संयोग॥
कहा करौं कासों कहौं को बूझै कित जाउँ।
बन ही बन डोलत फिरौं बोलत लै लै नाउँ॥

जो बन बन डोलत फिरैं वाहि मिलन की फेंट ।
अनजाने ही होयगी कहूँ अचानक भेंट ॥
ऊँचे स्वर सें टेरि कें कहों पुकारि पुकारि ।
श्रीराधा गोविंद हरि रटो बार ही बार ॥
कोई नाम तौ कर्णपथ कहूँ परैगौ जाय ।
बोलत बोलत कबहुँ तो बोलैंगे अकुलाय ॥
हो प्यारी हे प्राणपति अहो प्रेम प्रतिपाल ।
दुख मोचन रोचन सदा लोचन कमल बिसाल ॥
हो निकुंज नागरि कुँवरि नव नेही घनस्याम ।
नयननि में निसिदिन रहो अहो नैन अभिराम ॥
अहो लडैती लाडिली अलक लड़ी सुकुमारु ।
मन हरनी तरुनी तनक दिखरावहु मुख चारु ॥
गुननि अगाधा राधिका श्रीराधा रसधाम ।
सब सुख साधा पाइये आधा जाके नाम ॥
अहो सलोने साँवरे सुंदर सुखद सरूप ।
मनमोहन मोहन हिये महामोह को रूप ॥
रतिनिधि रसनिधि रूपनिधि अरु निधि परम हुलास ।
गुन आगर नागर नवल सुखसागर की रास ॥
अनियारे कारे अरुन कजरारे कल बाम ।
वा चष चाहनि चाह कौ मो चख सदा सकाम ॥
मोहन मोहन सब कहै मोहन साँचौ नाम ।
मोहन मोहन कें कछू क्यों मोहत सब गाम ॥
जा कारन छाड़ी सबै लोक बेद कुल कानि ।
सो कबहूँ नहिं भूलि कें देत दिखाई आनि ॥
सदा चटपटी चित बसे समुझि सकै नहिं कोइ ।
कोउ खटपटी हीय में कहत लटपटी होइ ॥
एक बार तौ आय कें नयनन ही मिलि जाउ ।
सौंह मोहिं जो साँवरे नेकु यहाँ ठहराउ ॥

अब तो तिहारो मन कठिन भयो है अति
देखिहौ यहि दुख देखतै सिरायगौ ।
जो पै तो तिहारे जीय ऐसी ही बसी है आय
तुम सों हमारौ कहो कहा धों बसायगौ ॥
एक बार आय नेंक दूर सों दिखाई दै कें
जाउ फिरि जौ न यहाँ मन ठहरायगौ ।
आनाकानी कियें नेक आगें है निकसि चलौ
इतने में तिहारो कहो कहा घटि जायगौ ॥

रे मन ! बृंदाबिपिन निहार ।
जद्यपि मिलैं कोटि चिंतामनि, तदपि न हाथ पसार ॥
ब्रजमंडल सीमा के बाहर, हरि हू कों न निहार ।
जै 'श्रीभट्ट' धूरि-धूसर तन, यह आसा उर धार ॥

सेव्य हमारे श्रीप्रिय प्यारी बृन्दाबिपिन बिलासी ।
नंदनँदन बृषभानुनंदिनी चरन अनन्य उपासी ॥
मत्त प्रनयबस सदा एकरस बिबिध निकुंज निवासी ।
'श्रीभट' जुगलरूप बंसीबट सेवत सब सुखरासी ॥

दोहा

चरनकमल की दीजिए सेवा सहज रसाल ।
घर जायो मोहि जानि कै चेरो मदनगुपाल ॥

(पद)

मदनगुपाल ! सरन तेरी आयो ।
चरनकमल की सेवा दीजे चेरो करि राखो घरजायो ॥
धनि-धनि मात, पिता, सुत, बन्धू, धनि जननी जिन गोद खिलायो ।
धनि-धनि चरन चलत तीरथ को धनि गुरु जिन हरिनाम सुनायो ॥
जे नर बिमुख भये गोविंद सो जनम अनेक महा दुख पायो ।
'श्रीभट'के प्रभु दियो अभय-पद जम डरप्यो जब दास कहायो ॥

जाको मन बृंदाबिपिन हरयो ।
निरखि निकुंज पुंज-छबि राधेकृष्ण नाम उर धरयो ॥
स्यामास्याम-स्वरूप-सरोवर परि स्वारथ बिसरयो ।
श्रीभट राधे रसिकराय तिन्ह सर्बस दै निबरयो ॥

जय जय बृंदाबन आनँदमूल ।
नाम लेत पावत जु प्रनयरति जुगल किसोर देत निज कूल ॥
सरन आय पाए राधाधव मिटी अनेक जन्म की भूल ।
ऐसेहि जानि बृँदाबन श्रीभट रज पर बारि कोटि मखतूल ॥

दोहा

आन कहे आनै न उर हरि गुरु सों रति होय ।
सुखनिधि स्यामा-स्याम के पद पावै भल सोय ॥

पद

स्यामा-स्याम-पद पावै सोई ।
मन-बच-क्रम करि सदा निरंतर, हरि-गुरुपद-पंकज रति होई ॥
नंद-सुवन बृषभानु-सुता-पद, भजै तजै मन आनै जोई ।
'श्रीभट' अटकि रहे स्वामीपन आन कहै मानै सब छोई ॥

दोहा

जनम जनम जिन के सदा हम चाकर निसि भोर ।
त्रिभुवन पोषन सुधाकर ठाकुर जुगलकिसोर ॥

पद

जुगल किसोर हमारे ठाकुर।
सदा सर्वदा हम जिन के हैं,
जनम जनम घरजाये चाकर॥
चूक परैं परिहरै न कबहूँ,
सब ही भाँति दया के आकर।
जै श्रीभट्ट प्रगट त्रिभुवन में,
प्रनतनि पोषत परम सुधाकर॥
बसो मेरे नैनन में दोउ चंद।
गौरबरनि बृषभानुनंदिनी, स्यामबरन नँदनद॥
गोलकु रहे लुभाय रूप में, निरखत आनँदकंद।
जै श्रीभट्ट प्रेमरस-बंधन, क्यों छूटै दृढ़ फंद॥

भक्तवर श्रीहरिव्यास देवाचार्यजी

(आविर्भाव सं० १३२० के लगभग, जाति ब्राह्मण, जन्मभूमि मथुरा, आचार्य श्रीश्रीभट्टजीके शिष्य।)



नैनन को लाहो लीजिये।
गोरी स्याम सलोनी जोरी
सुरस माधुरी पीजिये॥
छिन छिन प्रति प्रमुदित चित चावहिं
निज भावहिं मे भाजिये।
'श्रीहरिप्रिया' निरखि तन, मन, धन
लै न्योंछावर कीजिये॥

दोहा

निरखि निरखि संपति सुखै सहजहि नैन सिराय।
जीजतु हैं बलि जाउँ या जग माँही जस गाय॥

पद

जुगल जस गाय-गाय जीजिये।
या जग में बलि जाउँ अहो अब जीवनफल लीजिये॥
निरखि-निरखि नैनन सुखसंपति सहज सुकृत कीजिये।
'श्रीहरिप्रिया' बदन पर पानी बारि-बारि पीजिये॥
मिलि चलौ मिलि चलौ मिलि चले सुख महा,
बहुत है बिघन जग मगहि माही।
मिलि चले सकल मंगल मिले सहजही,
अनमिलि चले सुख नहिं कदाही॥
मिलि चले होत सो अनमिलि चले कहाँ?
फूट ते होत है फटफटाही।
'श्रीहरिप्रिया'जू को यह परम-पद पावनो,
अतिहि दुर्लभ महा सुलभ नाही॥

प्रभु आश्रयके द्वादश साधन

दोहा

बिधि निषेध आदिक जिते कर्म धर्म तजि तास।
प्रभु के आश्रय आवहीं सो कहिये निजदास॥

पद

जो कोउ प्रभु के आश्रय आवै। सो अन्याश्रय सब छिटकावै॥
बिधि-निषेध के जे जे धर्म। तिन को त्यागि रहे निष्कर्म॥
झूठ, क्रोध, निंदा तजि देही। बिन प्रसाद मुख और न लेही॥
सब जीवन पर करुना राखै। कबहुँ कठोर बचन नहिं भाखै॥
मन माधुर्यरस माहिं समोवै। घरी पहर पल बृथा न खोवै॥
सतगुरु के मारग पग धारै। हरि सतगुरु बिच भेद न पारै॥
ए द्वादश लक्षन अवगाहै। जे जन परा परमपद चाहै॥

आश्रयके दस सोपान

जाके दस पैड़ी अति दृढ हैं। बिन अधिकार कौन तहाँ चढ़िहैं॥
पहिले रसिक जननकौ सेवै। दूजी दया हृदय धरि लेवै॥
तीजी धर्म सुनिष्ठा गुनिहै। चौथी कथा अतृप्त ह्वै सुनिहै॥
पंचमि पद-पंकज अनुरागै। षष्ठी रूप अधिकता पागै॥
सप्तमि प्रेम हिये बिरधावै। अष्टमि रूप ध्यान गुन गावै॥
नौमी दृढ़ता निश्चय गहिवैं। दसमी रस की सरिता बहिवैं॥
या अनुक्रम करि जे अनुसरहीं। शनै-शनै जग ते निरबरहीं॥
परमधाम परिकर मधि बसहीं। 'श्रीहरिप्रिया' हितू सँग लसहीं॥

दोहा

अमृत जस जुग लाल कौ या बिनु अँचौ न आन।
मो रसना करियो करो याही रस को पान॥

पद

करौ मो रसना यहि रस पान।
लाड़िली लालन को मधु अमृत,
या बिन अचौ न आन॥
याही छक में छके रहौ दृग
अहो निसा उन्मान।
मुदित रहौ नित 'श्रीहरिप्रिया' को
गाय-गाय गुनगान॥

दोहा

पूरन प्रेम प्रकास के परी पयोनिधि पूरि।
जय श्रीराधा रसभरी स्याम सजीवनमूरि॥

पद

जय श्रीराधिका रसभरी।
रसिक सुंदर साँवरे की प्रानजीवनि-जरी॥
गौर अंग-अनंग अद्भुत सुरति रंगन ररी।
सहज-अंग अभंग-जोरी सुभग साँचे ढरी॥
परम-प्रेम-प्रकास-पूरन पर-पयोनिधि परी।
हितू 'श्रीहरिप्रिया' निरखति निकट निज सहचरी॥

दोहा

शुद्ध, सत्व, परईश सो भिखवत नाना भेद।
निर्गुन, सगुन बखानि के बरनत जाको बेद॥

पद

निर्गुन सगुन कहत जिहिं बेद।
निज इच्छा बिस्तारि बिबिध बिधि
बहु अनवहो दिखावत भेद॥
आप अलिप्त लिप्त लीला रचि
करत कोटि ब्रह्माण्ड बिलास।
शुद्ध, सत्व, पर के परमेसुर
जुगलकिशोर सकल सुख रास॥
अनंत-सक्ति आधीस अचिंतक
ऐश्वर्यादि अखिल गुनधाम।
सब कारन के कर्ता धर्ता
नित नैमित्य नियंता स्याम॥
सकल लोक चूड़ामनि जोरी
घोरी रस माधुर्य अमेस।
कोटि-कोटि कंदर्प दर्पदल-
मलन मनोहर बिसद सुबेस॥
पारावरादि असत-सत-स्वामी
निरवधि नामी नामनिकाय।
नित्य-सिद्ध सर्बोपरि 'हरि-प्रिया'
सब सुखदायक सहज सुभाय॥

दोहा

तिहि समान बड़भाग को सो सब के शिरमौर।
मन बच, क्रम सर्बस सदा जिन के जुगलकिशोर॥

पद

जिन के सर्बस जुगलकिसोर।
तिहिं समान अस को बड़भागी गनि सब के सिरमौर॥
नित्य बिहार निरंतर जाको करत पान निसिभोर।
'श्रीहरिप्रिया' निहारत छिन-छिन चितय चखन की कोर॥

तेजस्वी संत श्रीपरशुरामदेवजी

(जन्मस्थान जयपुर-राज्यान्तर्गत कोई ग्राम। जन्मकाल १६वीं शताब्दी। गुरु श्रीहरिव्यासदेवजी)



साँच झूठ नहिं राचही,
झूठो मिलै न साँच।
झूठे झूठ समायगो,
साँचो मिलिहै साँच॥
परसा, तब मन निर्मला
लीजै हरिजल धोय।
हरि सुमिरन बिन आत्मा
निर्मल कभी न होय॥
साँचो सीझै भव तरै हरि पुर आड़े नाहिं।
परसुराम झूठो दहै बूड़ै भव जल माहिं॥
साधु समागम सत्य करि करै कलंक बिछोह।
परसुराम पारस परसि भयो कनक ज्यों लोह॥
परसुराम सतसंग सुख और सकल दुख जान।
निर्बैरी निरमल सदा सुमिरन सील पिछान॥
परसुराम साहिब भलौ
सुनै सकल की बात।
दुरै न काहू की कभू
लखै लखी नहिं जात॥
सुख दुख जन्महि मरन को
कहै सुनै कोउ बीस।
परसा जीव न जानही
सब जानै जगदीस॥
परसुराम जलबिंदु ते जिन हरि दीनों दान।
सो जाने गति जीव की हरि गति जीव न जान॥
दिष्टक दीखै बिनसतो अबिनासी हरि नाउँ।
सो हरि भजिये हेत करि परसुराम बलि जाउँ॥
सर्ब सिद्धिकी सिद्धि हरि सब साधन को मूल।
सर्ब सिद्धि सिद्धार्थ हरि सिद्धि बिना सब स्थूल॥

सब कौं पालै पोष दै सब कौ सिरजनहार।
परसा सो न बिसारिये हरि भज बारंबार॥
परसा जिन पैदा कियौ ताकौ सदा सम्हारि।
नित पोषै रच्छा करै हरि पीतम न बिसारि॥
जे हरि! जानै आप कौ तौ जानी भल लाभ।
परसा हरि जानौ नहीं तौ अति भई अलाभ॥
परसराम हरि भजन सुख भेव न कछू अभेव।
सब काहू कौं एक सौ जेहि भावै सो लेव॥

हरि सौं प्रेम नेम जो रहिहैं।
तौ कहा जग उपहास प्रीति ते
सरै कहा कोऊ कछु कहिहैं॥
हरि निज रूप अनूप अभैवर
सुबस भयौ ऐसौ सुख जहिहैं।
परम पवित्र पतित पावन जस
सो तजि कौन स्वर्ग चढ़ि ढहिहैं॥
पतिब्रत गयौ तौ रह्यौ नहीं कछु,
या घड़ हानि जानि को सहिहैं।
कौन पतित पति कौ ब्रत परिहरि
भ्रमि संसार धारमैं बहिहैं॥
आन उपासन करि पति परिहरि
धृग सोभा ऐसी जो महि हैं।
तजि पारस पाषान बाँधि उर
बसि घर मे घर कौं को दहिहैं॥
हरि सुख सिंधु अपार प्रगट जस
सेइ सुमिरि सुनि करि जस लहिहैं।
'परसराम' निर्बाह समझि यह
तजि हरि सिंह स्वान को गहिहैं॥

हरि सुमिरन करिए निसतरिए।
हरि सुमिरन बिन पार न परिए॥
हरि सुमिरै सोई हरि नाती।
हरि न भजै सोइ आतम घाती॥
हरि सुमिरै हरि कौं हितकारी।
हरि न भजै सोई व्यभिचारी॥
हरि सुमिरै सेवक सुखनामी।
हरि न भजै सोइ लोनहरामी॥
'परसा' हरि सुमिरै हरि तोषी।
हरि न भजै सोई हरि दोषी॥

हरि सुमिरन बिन तन मन झूँठा।
जैसे फिरत पसू खर सूकर उदर भरत इंद्रिन भ्रमि बूठा॥
अकरम कर्म करत दुख देखत, मध्यम जीव जगत का जूठा।
निर्धन भये स्याम धन हार्‌यौ, माया मोह बिषै मिलि मूठा॥
हरि सुमिरन परमारथ पति बिन, जमपुर जात न फिरत अपूठा।
'परसुराम' तिन सौ का कहिये, जो पारब्रह्म प्रीतम सौं रूठा॥

हरि परिहरि भरमत मति मेरी।
कहत पुकारि दुरावत नाहिन, यह तौ प्रगट फिरत नहिं फेरी॥
श्रीगुरु सब्द न मानत कबहूँ, उमगि चलत अपनी हरि हेरी।
तजि निज रूप बिषय मन उरझत, हित सौंचढ़ि बूड़न की बेरी॥
नाहिन संक करत काहू की, चरत निसंक कूप तैं नेरी।
'परसा' छिटकि परी भव जल मे, अब कैसें पैयत सो हेरी॥

मनुवा! मनमोहन गाय रे।
अति आतूर होय के हरि हरि, सुमिरि सुमिरि सुख पाय रे॥
हरि सुख सिंधु भजत भजतौं, सुनि सब दुख दोस दुराय रे।
यौ औसर फिरि मिलै न मिलिहै, तौ भजि लीजै हरि राय रे॥
पतित पतित पावन करि कैं, जमपुर ते लैहिं बुलाय रे।
यह हरि साखि समुझि सुनि चित करि भज मन बिलँब न लाय रे॥
करि आरति हित सौं हरि सन्मुख, सक्यौ न सीस नवाय रे।
जनमि जनमि जमद्वार निरादर बारंबार बिकाय रे॥
अति संकट बूड़त भव जल मे अंत न और सहाय रे।
तोहि और हरि परम हितू बिन को राखै अपनाय रे॥

जग पंडित भुवपाल छत्रपति, हरि बिन गये बिलाय रे।
अति बलवंत न बदत और कौं, काल सबन कौं खाय रे॥
पायौ नर औतार बिगारयौ, कहा कियौ यहाँ आय रे।
करि न सक्यौ हरि बनिज अचेतन! चाल्यौ जनम ठगाय रे॥
हरि सेवा सुमिरन बिन जाकौ, तन मन बादि बिलाय रे।
'परसुराम' प्रभु बिन नर निर्फल, बहि गयो बस्तु गमाय रे॥

कहा सरयौ नरनाह रूप तैं, भूपति भूप कहायौ।
जीवन जनम गयौ दुरि दुख महिं, हरि सुख सिंधु न पायौ॥
बेद पुरान सुन्यौ सब सीख्यौ, गायौ गाय सुनायौ।
मेटि न सक्यौ कर्म मन तन तैं, हरि निहकर्म न गायौ॥
कियौ करायौ सबै गँवायौ, जो हरि मन न बसायौ।
तन के दोष मिटैं क्यों 'परसा' हरि मन माहिं न आयौ॥

सखी! हरि परम मंगल गाय।
आज तेरे भवन आये अकल अबिगत राय॥

लोक बेद मर्जाद कुल कौ कानि बानि बहाय।
परम पद निस्सान निर्भय प्रगट होय बजाय॥
उमगि सन्मुख अंक भरि भरि भेंटि कंठ लगाय।
बिलसि सुखनिधि नेम धरि सखि प्रेम सौं लौ लाय॥
वारि तन मन प्रान धन कछु राखिये न दुराय।
'परसा' प्रभु को सौंपि सर्बस सरन रहि सुख पाय॥

हरि-हरि सुमिरि न कोई हारयौ॥
जिन सुमिरयौ तिनही गति पाई राखि सरन अपनी निस्तारयौ।
कौरव सभा सकल नृप देखत सती बिपति पति नाहिं सँभारयौ॥
हाहाकार सब्द सुनि सकट तिहिं औसर प्रभु प्रगट पधारयौ।
हरि सौ समरथ और न कोई महापतित कौ दुख टारयौ॥
दीनानाथ अनाथ निवाजन भगतबछल जु बिरद जिन धारयौ।
'परसुराम' प्रभु मिटै न कबहूँ साखि निगम प्रह्लाद पुकारयौ॥

जब कबहूँ मन हरि भजै तबहिं जाइ छूटै;
नातरि जग जंजाल ते कबहूँ न बिधूटै।
काम क्रोध मद लोभ सौ बैरी सिर कूटै;
हरि बिन माया मोह कौ तंतू नहिं टूटै॥
हरष सोक सताप ते निज नेह न खूटै;
हरि निर्मल नीर न ठाहरै मन बारुनि फूटै।
सोच मोह ससै सदा सर्पिन ज्यो चूटै;
'परसा' प्रभु बिन जीव कौं दुख सुख मिलि लूटैं॥

श्रीरूपरसिकदेवजी

(श्रीनिम्बार्कसम्प्रदायके महान् भगवद्भक्त। आपके परिचयके विषयमे विशेष बातें उपलब्ध नही होती। अनुमानसे इनका स्थिति-काल लगभग वि० की चौदहवी शती मालूम होता है।)

नैक बिलोकि री! इक बार।
जो तूँ प्रीति करन की गाहक मोहन हैं रिझवार॥
महारूप की रासि नागरी नागर नंदकुमार।
हाव, भाव, लीला ललचौंही लालन नवल बिहार॥
मोहि भरोसौ स्यामसुँदर कौ करि राख्यौ निरधार।
नैंक एक पल जो अभिलाषैं रूपरसिक बलिहार॥

नैना प्रकृति गही यह न्यारी।
जाचत जे लै स्याम स्वरूपहि बन बन बिकल महा री॥
अटके नैंक न रहे लालची सीख दये सब हारी।
रूपरसिक दरसै मनमोहन तबहीं होय सुखारी॥

कहा तैं जग में आय कियौ रे।
श्रीभागौत सुधारस गटक्यौ श्रवन पुटा न पियौ रे॥
नर तन रतन जतन बहु पायौ ब्यर्थहिं खोय दियौ रे।
ताको सठ तोहि सोच न आयौ धृक है तेरौ जियौ रे॥
क्यों नहिं रही बाँझ जननी वह जिहि धरि उदर लियौ रे।
रूपरसिकही कष्ट होत है, देखि तिहारौ हियौ रे॥

'रूपरसिक' संसार मे कोउ न अपनौ जान।
एक दोय की कहा चली सबही स्वप्न समान॥
भलौ कहै रीझै नहीं बुरौ कहै न खिजंत।
'रूपरसिक' सोइ जानिये आनँदरूपी संत॥

हरिजन निरखि न हरषत हिए।
ते नर अधम महा पाखंडी,
धृक धृक है जग जिन के जिए॥
मुख मीठे अमृत गर गटके,
हृदय कूर ना छिए।
क्यों नहिं मार परै तिन के सिर,
जिन की ऐसी कुटिल धिए॥
स्वाँग पहरि स्वकिया को सुंदरि,
लक्ष प्रत्यक्ष पोषत परकिये।
रूपरसिक ऐसे बिमुखन कौं,
कुम्भीपाक नरक नाखिए॥

हो प्रभु! छमा करौ मम खोट।
मैं नहिं जान्यौ त्रिभुवननायक, घोष तिहारैं ओट॥
झूलत हैं संसार-समुद्र में बाँधि कर्म कौ पोट।
तिन कौं कहा दोष प्रभु दीजै महामूढ़ मति छोट॥
सुरपति कौ काँपत मुख आगे, देख्यौ ब्रजपति धोट।
'रूपरसिक' प्रभु मया करी महा, परम दया के कोट॥

स्वामी श्रीहरिदासजी

(जन्मस्थान--हरिदासपुर (जिला अलीगढ़); जन्म--संवत् १५६९, पौष शुक्ला १३ भृगुवार; पिताका नाम--श्रीआशुधीरजी, माताका नाम--गङ्गादेवी; जाति--ब्राह्मण; अन्तसमय--संवत् १६६४ ।)



हरि भजि, हरि भजि
छाँड़ि मान नर तन कौं ।
मति बंछै, मति बंछै रे
तिल तिल धन कौं ॥
अनमाँग्यौ आगैं आवैगो
ज्यों पल लागै पल कौ ।
कहि(श्री)हरिदास मीच ज्यौं आवै
त्यौं धन है आपुन कौं ॥

गहौ मन सब रस कौ रस सार ।
लोक बेद कुल करमै तजिये, भजिये नित्य बिहार ॥
गृह कामिनि कंचन धन त्यागौ, सुमिरौ स्याम उदार ।
कहि हरिदास रीति सतन की, गादी कौ अधिकार ॥
ज्यौंहीं ज्यौंहीं तुम राखत हौ,
त्यौंहीं त्यौंहीं रहियतु हो हरि ।
और अचरचै पाइ धरौं, सु तौ
कहौ कौन के पैंड भरि ॥
जदपि हौं अपनो भायौ कियौ चाहौं,
सु तौ कैसे करि सकौं, जो तुम राखो पकरि ।
कह 'हरिदास' पिंजरा कें जनावर लौ,
तरफराइ रह्यौ उड़िबे कौं कितौउ करि ॥
तिनका बियारि के बस ।
ज्यों भावै त्यो उड़ाइ लै जाइ अपने रस ॥
ब्रह्मलोक सिवलोक और लोक अस ।
कहि 'हरिदास' बिचारि देख्यौ बिना बिहारी नाहिं जस॥

हरि के नाम कौ आलस क्यों, करत हैरे काल फिरत सर साँधें ।
हीरा बहुत जवाहर संचे, कहा भयो हस्ती दर बाँधें ॥
बेर कुबेर कछू नहिं जानत, चढ़ौ फिरत है काँधें ।
कह 'हरिदास' कछू न चलत जब आवत अंत की आँधें ॥
मन लगाइ प्रीत कीजै करवा सौं, (ब्रज) बीथिन दीजै सोहनी ।
बृंदावन सौ बन-उपवन सौ, गुंजमाल कर पोहनी ॥
गो-गोसुतनि सौं मृगी मृग सुतन सौ और तन नैकु न जोहनी ।
श्रीहरिदास के स्वामी स्यामा कुंजबिहारीसौं, चित ज्यौं सिरपर दोहनी

जौलौं जीवै तौलौं हरि भजु रे मन, और बात सब बादि ।
द्यौस चारि के हला भला मे तूँ कहा लेइगो लादि ॥
माया मद गुन मद जोबन मद भूल्यौ नगर बिबादि ।
कह (श्री) हरिदास लोभ चरपट भयौ, काहे की लगै फिरादि ॥

श्रीवृन्दावनदेवजी

(श्रीनिम्बार्क-सम्प्रदायके आचार्य श्रीनारायणदेवजीके प्रमुख शिष्य—स्थितिकाल वि० सं० की १८ वीं शती । दीक्षाकाल सं० १७०० वि० के लगभग, जाति गौड़ ब्राह्मणकुल । इनके द्वारा निर्मित समस्त वाणी वृन्दावन एवं सलेमाबादमें सुरक्षित है ।)

बानी

प्रेम को रूप सु इहै कहावै ।
प्रीतम के सुख सुख अपनो दुख
बाहिर होत न नेक लखावै ॥
गुरजन बरजन तरजन ज्यों-ज्यों
त्यों-त्यों रति नित-नित अधिकावै ।
दुरजन घर-घर करत बिनिंदन
चंदन सम सीतल सोउ भावै ॥
पलक ओटहू कोटि बरस के
छिनक ओटि सुख कोटि जनावै ।
'बृंदावन' प्रभु नेही की गति
देही त्यागि धरै सोइ पावै ॥

नेह निगोड़े को पैंड़ो ही न्यारौ ।
जो कोइ होय कै आँधौ चलै
सु लहै प्रियवस्तु चहूँधा उजारौ ॥
सो तो इतै उत भूल्यौ फिरै
न लहै कछु जो कोउ होय अँख्यारौ ।
'बृंदावन' सोइ याको पथिक है,
जापै कृपा करै कान्हर प्यारौ ॥

आचार्य श्रीहितहरिवंश महाप्रभु

(राधावल्लभीय सिद्धान्तके प्रवर्तक और महान् भक्तकवि, आविर्भाव-संवत् १५३०, किसी-किसीके मतानुसार सं० १५५९, पिताका नाम केशवदास मिश्र (उपनाम व्यासजी), माताका नाम तारावती, जन्मस्थान 'बाद' ग्राम (मथुरा), तिरोभाव अनुमानतः सं० १६०९ या १६१० ।)



जोई जोई प्यारो करै
सोई मोहि भावै ।
भावै मोहि जोई सोई
सोइ करैं प्यारे ॥
मोकों तो भावति ठौर
प्यारे के नैनन मे ।
प्यारे भये चाहैं मेरे नैनन के तारे ॥
मेरे तन मन प्रानहूँ ते प्रीतम प्रिय आपने ।
कोटिक परान प्रीतम मोसों हारे ॥
जै श्री हितहरिबंस हंस हंसिनी स्यामल गौर ।
कहौ कौन करै जल तरंगिनी न्यारे ॥

तातें भैया मेरी सौं, कृष्णगुन संचु ॥
कुत्सित बाद बिकारहिं परधनु सुनु सिख परतिय बंचु ।
मनि गुन पुंज जु ब्रजपति छाँड़त हित हरिबंस सुकर गहि कंचु ॥
पायो जानि जगत में सब जन कपटी कुटिल कलिजुगी टंचु ।
इहि पर लोक सकल सुख पावत, मेरी सौंह कृष्ण गुन संचु ॥

मानुष कौ तन पाइ भजौ ब्रजनाथ कों ।
दर्बी लै कैं मूढ़ जरावत हाथ कों ॥
हित हरिबंस प्रपंच विषयरस मोह के ।
बिनु कंचन क्यों चलैं पचीसा लोह के ॥

दोहा

तनहिं राख सत्संग में, मनहि प्रेमरस भेव ।
मुख चाहत हरिबंस हित कृष्ण-कल्पतरु सेव ॥
निकसि कुंज ठाढ़े भये, भुजा परस्पर अंस ।
राधावल्लभ मुख कमल, निरखत हित हरिबंस ॥
सबसौ हित निहकाम मन, बृंदाबन बिश्राम ।
राधावल्लभलाल कौ हृदय ध्यान, मुख नाम ॥
रसना कटौ जु अन रटौ, निरखि अन फुटौ नैन ।
स्रवन फुटौ जो अन सुनौ, बिनु राधा जसु बैन ॥
ते भाजन कृत जटिल बिमल चंदन कृत इंधन ।
अमृत पूरि तिहि मध्य करत सरषप बल रिंधन ॥
अद्भुत धर पर करत कष्ट कंचन हल बाहत ।
बारि करत पावारि मंद ! बोवन बिष चाहत ॥
हितहरिबंस बिचारि कै, यह मनुज देह गुरु चरन गहि ।
सकहि तो सब परपंच तजि, श्रीकृष्ण कृष्ण गोबिंद कहि ॥

मोहन लाल के रँग राची ।
मेरे ख्याल परौ जिन कोऊ, बात दसौ दिसि माची ॥
कंत अनंत करो किनि कोऊ, नाहिं धारना साँची ।
यह जिय जाहु भले सिर ऊपर, हौं तु प्रगट ह्वै नाची ॥
जाग्रत सयन रहत ऊपर मनि ज्यो कंचन सँग पाँची ।
हितहरिबंस डरौ काके डर, हौं नाहिन मति काँची ॥

संत श्रीव्यासदासजी

(ब्रजमण्डलके प्रसिद्ध भक्तकवि, जोरछाके सनाढ्य ब्राह्मण । जन्म-सं० १५६७, बचपनका नाम श्रीहरिरामजी । पिताका नाम सुखोमनि शर्मा ।)

बानी

हरि दासन के निकट न आवत
प्रेत पितर जमदूत ।
जोगी भोगी संन्यासी अरु
पंडित मुंडित धूत ॥
ग्रह गन्नेस सुरेस सिवा सिव
डर करि भागत भूत ।



सिधि निधि बिधि निषेध हरिनामहिं डरपत रहत कपूत ॥
सुख दुख पाप पुन्य मायामय इति भीति आकृत ।
'व्यास' आस तजि सब की भजिए ब्रज बसि भगत सपूत ॥

ऐसें ही बसिये ब्रज बीथिन ।
साधुन के पनवारे चुनि चुनि, उदर पोषिये सीथिन ॥
घूरन में के बीन चिनगटा, रच्छा कीजै सीतन ।
कुंज कुंज प्रति लोटि लगै उढ़ि, रज ब्रज की अंगौतन ॥

नितप्रति दरस स्याम स्यामा कौ, नित जमुना जल पीतन ।
ऐसेहिं 'ब्यास' होत तन पावन, ऐसेहिं मिलत अतीतन ॥

जैये कौन के अब द्वार ।
जो जिय होय प्रीति काहू के, दुख सहिये सौ बार ॥
घर घर राजस तामस बाढ़्यौ, धन जोबन कौ गार ।
काम बिबस ह्वै दान देत, नीचन कों होत उदार ॥
साधु न सूझत, बात न बूझत, ये कलि के ब्यौहार ।
'ब्यासदास' कत भाजि उबरिये, परिये मॉझीधार ॥

कहा कहा नहिं सहत सरीर ।
स्याम सरन बिनु, करम सहाइ न, जनम मरन की पीर ॥
करुनावंत साधु संगति बिनु, मनहिं देय को धीर ।
भक्त भागवत बिनु को मेटै, सुख दै दुख की भीर ॥
बिनु अपराध चहूँ दिसि बरसत, पिसुन बचन अति तीर ।
कृष्ण-कृपा कवची तें उबरैं, पावै तबही सीर ॥
चेतहु भैया, बेगि बढ़ो कलि-काल-नदी गम्भीर ।
'ब्यास' बचन बलि बृंदावन बसि, सेवहु कुंज कुटीर ॥

भजौ सुत, सॉचे स्याम पिताहि ।
जाके सरन जातही मिटिहै, दारुन दुख की दाहि ॥
कृपावंत भगवंत सुने मैं, छिन छॉड़ौ जिनि ताहि ।
तेरे सकल मनोरथ पूजै, जो मथुरा लौं जाहि ॥
वे गोपाल दयाल, दीन तूँ, करिहैं कृपा निबाहि ।
और न ठौर अनाथ दुखिन को, मैं देख्यौ जग माहि ॥
करुना बरुनालय की महिमा, मो पै कही न जाहि ।
'ब्यासदास' के प्रभु को सेवत, हारि भई कहु काहि ॥

सुने न देखे भक्त भिखारी ।
तिन के दास काम कौ लोभ न, जिन के कुंजबिहारी ॥
सुक नारद अरु सिव सनकादिक, ये अनुरागी भारी ।
तिन कौ मत भागवत न समुझै, सब की बुधि पचि हारी ॥
रसना इंद्री दोऊ बैरिन, जिन की अनी अन्यारी ।
करि आहार बिहार परस्पर, बैर करत बिभिचारी ॥
बिषयिनि की परतीति न हरि सों, प्रीति रीति बीजारी ।
'ब्यास' आस सागर मे बूड़ै, आई भक्ति बिसारी ॥

जो सुख होत भक्त घर आये ।
सो सुख होत नहीं बहु संपति, बाँझहिं बेटा जाये ॥
जो सुख होत भक्त चरनोदक, पीवत गात लगाये ।
सो सुख अति सपनेहुँ नहिं पैयतु, कोटिक तीरथ न्हाये ॥
जो सुख कबहुँ न पैयतु पितु घर, सुत कौ पूत खिलाये ।
सो सुख होत भक्त बचननि सुनि, नैननि नीर बहाये ॥
जो सुख होत मिलत साधुन सो, छिन छिन रंग बढ़ाये ।
सो सुख होत न नैकु 'ब्यास' कों, लंक सुमेरहुँ पाये ॥

हरि बिनु को अपनो संसार ।
माया मोह बँध्यौ जग बूड़त, काल नदी की धार ॥
जैसे संघट होत नाव में, रहत न पैले पार ।
सुत संपति दारा सो ऐसे, बिछुरत लगै न बार ॥
जैसे सपने रंक पाय निधि, जाने कछू न सार ।
ऐसे छिनभंगुर देही को, गरबत कहा गँवार ॥
जैसे अँधरे टेकत डोलत, गनत न खाए पनार ।
ऐसे 'ब्यास' बहुत उपदेसे, सुनि सुनि गये न पार ॥

जो पै हरि की भक्ति न साजी ॥
जीवत हूँ ते मृतक भये अपराधी जननी लाजी ।
जोग जग्य तीरथ ब्रत जप तप सब स्वारथ की बाजी ॥
पीड़ित घर घर भटकत डोलत पंडित मुंडित काजी ।
पुत्र कलत्र सजन की देही गीध स्वान की खाजी ॥
बीत गये तीनों पन कपटी तऊ न तृष्णा भाजी ।
'ब्यास' निरास भयौ याही तैं कृष्णचरन रति राजी ॥

'ब्यास' बड़ाई लोक की, कूकर की पहिचानि ।
प्रीति करैं मुख चाटही, बैर करैं तनु हानि ॥

श्रीध्रुवदासजी

(गोस्वामी श्रीहितहरिवंशजीके स्वप्न-शिष्य । रचना-कालसे अनुमानतः इनका जन्म वि० सं० १६५० के आसपास हुआ होगा । देहावसान वि० सं० १७४० के समीप । स्थान—वृन्दावन)

जिन नहिं समुझ्यौ प्रेम यह, तिनसों कौन अलाप ।
दादुर हू जल में रहैं, जानै मीन मिलाप ॥
खान पान सुख चाहत अपने ।
तिन को प्रेम सुपन नहिं सपने ॥

जो या प्रेम हिंडोरे झूलै ।
ताको और सबै सुख भूलै ॥
प्रेम रसासव चाख्यौ जबहीं ।
और न रंग चढ़ै 'ध्रुव' तबहीं ॥

या रस में जब मन परै आई।
मीन नीर की गति ह्वै जाई॥
निसि दिन ताहि न कछू सुहाई।
प्रीतम के रस रहै समाई॥
जाकौ जासों है मन मान्यौ।
सो है ताके हाथ बिकान्यौ॥
अरु ताके अँग सँग की बातें।
प्यारी सब लागति तिहि नातें॥
रुचै सोइ जो ताको भावै।
ऐसी नेह की रीति कहावै॥

सोरठा

तृन सम जब ह्वै जाहिं, प्रभुता सुख त्रैलोक के।
यह आवै मन माहि, उपजै रंचक प्रेम तब॥
भक्तन सो अभिमान, प्रभुता भए न कीजिए।
मन बच निहचै जान, इहि सम नहिं अपराध कछु॥
चलत रहौ दिन-रैन, प्रेम-बारि-धारा नयन।
जाग्रत अरु सुख-सैन, चितै-चितै बिबि कुँवर-छबि॥

दोहा

निंदा भक्तनि की करै, सुनत जौन अघरासि।
वे तो एकै संग दोउ, बँधत भानुसुत पासि॥
दुरलभ मानुष जनम है, पैयतु केहू भाँति।
सोई देखौ कौन विधि, बादि भजन बिनु जाति॥
निसि बासर मग करतली, लिये काल कर बाहि।
कागद सम भइ आयु तब, छिन छिन कतरत ताहि॥
जिहि तन कौं सुर आदि सब, बाछत है दिन आहि।
सो पाये मतिहीन ह्वै, बृथा गँवावत ताहि॥
रे मन, प्रभुता काल की, करहु जतन ह्वै ज्यो न?
तूँ फिरि भजन कुटार सों, काटत ताही क्यों न॥
पुरुष सोइ जो पुरिष सम, छाँड़ि भजै संसार।
बिजन भजन दृढ़ गहि रहै, तजि कुटुम्ब परिवार॥
सुख में सुमिरे नाहिं जो, राधावल्लभ लाल।
तब कैसे सुख कहि सकत, चलत प्रान तिहिं काल॥
कैसेहूँ हरि-नाम लै, खेलत हँसत अजान।
ऐसेहू कों देत हैं, उत्तम गति भगवान॥
जो कोउ साँची प्रीति सौं, हरि-हरि कहत लड़ाय।
तिन को ध्रुव कहा देहिंगे, यह जानी नहिं जाय॥
इष्ट मिलै अरु मन मिलै, मिलै भजन की रीति।
मिलिये 'ध्रुव' निःसंक ह्वै, कीजै तिन सौं प्रीति॥
रे मन! चंचल तजि बिसै, दृढ़ो भजन की ओर।
छाँड़ि कुमति अब सुमति गहि, भजि लै नवलकिसोर॥
मन दै नीके समुझि कै, सुनिये तिन की बात।
जिन कें जुगल-बिहार की, बात चलै दिन-रात॥
जेहि सुख सम नहिं और सुख, सुख की गति कहँ कौन।
वारि डारि 'ध्रुव' प्रेम पर, राज चतुर्दस भौन॥
बहु बीती, थोरी रही, सोई बीती जाइ।
'हित ध्रुव' बेगि बिचारि कैं, बसि बृंदावन आइ॥
बसि बृंदावन आइ, लाज तजि कैं अभिमानहि।
प्रेम लीन ह्वै दीन, आप कों तृन सम जानहि॥
सकल सार कौ सार, भजन तूँ करि रस रीती।
रे मन, सोच बिचार, रही थोरी, बहु बीती॥

हेम को सुमेर दान, रतन अनेक दान,
गजदान, अन्नदान, भूमिदान करहीं।
मोतिन के तुलादान, मकर प्रयाग न्हान,
ग्रहन मैं कासी दान, चित्त सुद्ध धरही॥
मेजदान, कन्यादान, कुरुक्षेत्र गऊदान,
इत मैं पापन को नेकहूँ न हरही।
कृष्ण केसरी को नाम एक बार लीन्हे 'ध्रुव'
पापी तिहुँ लोकन के छिनहि माहिं तरही॥

श्रीहठीजी

(अस्तित्वकाल विक्रमकी १९ वीं सदी, श्रीहितकुलके अनन्य अनुयायी और भक्तकवि)

कोऊ उमाराज, रमाराज, जमाराज कोऊ,
कोऊ रामचंद सुखकंद नाम नाधे मैं।
कोऊ ध्यावै गनपति, फनपति, सुरपति,
कोऊ देव ध्याय फल लेत पल आधे मैं॥
'हठी'को अधार निराधार की अधार तुही,
जप तप जोग जग्य कछुवै न साधे मैं।
कटै कोटि बाधे मुनि धरत समाधे ऐसे,
राधे पद राखरे सदा ही अवराधे मैं॥

गिरि कीजै गोधन, मयूर नव कुंजन को,
पसु कीजै महाराज नंद के बगर कौ।
नर कौन? तौन, जौन 'राधे राधे' नाम रटै,
तट कीजै बर कूल कालिंदी कगर कौ॥
इतने पै जोई कछु कीजिए कुँवर कान्ह,
राखिए न आन फेर 'हठी' के झगर कौ।
गोपी पद पंकज पराग कीजै महाराज!
तृन कीजै रावरेई गोकुलनगर कौ॥

नवनीत गुलाब ते कोमल हैं, 'हठी' कंज की मंजुलता इन में।
गुललाला गुलाल प्रवाल जपा छवि, ऐसी न देखी ललाइन में॥
मुनि मानस मंदिर मध्य बसैं, बस होत हैं सूधे सुभाइन में।
रहु रे मन, तू चित चाइन सों, वृषभानुकुमारि के पाइन में॥

सुर-रखवारी सुरराज-रखवारी सुक-
सम्भु-रखवारी रवि-चंद-रखवारी है।
रिषि-रखवारी बिधि-बेद-रखवारी, करी
जाने रानी कीरति की कीरति सुभारी है॥
दिग-रखवारी दिगपाल-रखवारी लोक-
थोक-रखवारी गावै धराधरधारी है।
ब्रज-रखवारी ब्रजराज-रखवारी 'हठी'
जन-रखवारी बृषभान की दुलारी है॥

दोहा

कीरति कोरति कुमरि की, कहि-कहि थके गनेस।
दससतमुख बरनन करत, पार न पावत सेस॥
अज सिव सिद्ध सुरेस मुख जपत रहत बसु जाम।
बाधा जन की हरत है, राधा-राधा नाम॥
राधा-राधा जे कहैं, ते न परैं भव-फंद।
जासु कंध पर कमल-कर, धरे रहत ब्रजचंद॥
राधा-राधा कहत हैं, जे नर आठौं जाम।
ते भव-सिंधु उलंघि कै, बसत सदा ब्रजधाम॥

राधावल्लभीय संत श्रीचतुर्भुजदासजी महाराज

भजनका महत्त्व

हरि चरननि भजि और न ध्यावै।
ताको जस हरि आपुन गावै॥
जौ लगि कनक कामिनी भावै।
तौ लगि कृष्ण उर माहिं न आवै॥
धरम सोई जो भरम गमावै।
साधन सो, हरि सों रति लावै॥
जो हरि भजहि तो होइ महासुख।
नातरु जम-बस है सत-गुन दुख॥

बर्ताव

कर्कश बचन हृदौ छवै न कहिजै।
बध समान सो पातक लहिजै॥
त्रिनु ते तन नीचौ अति कीजै।
होइ अमान मान तिहि दीजै॥
सहन सुभाव वृच्छ कौ-सौ करि।
रसना सदाँ कहत रहियै हरि॥
परत्रिय तौ माता करि जानै।
लोह समान कनक उनमानै॥
तृनहि आदि चोरी नहिं करिये।
आपु समान जीव सब धरिये॥

मंदिरमें भगवान्‌के सामने कैसे रहे?

सावधान हरि सदन सिधारै।
करै नहीं अपराध बिचारै॥
पनहीं पहिर न सन्मुख जाई।
जल फल आदि न सन्मुख खाई॥
असुचि उछिष्ट न मन्दिर पैसे।
आसन बाँधि न सन्मुख बैसे॥
अरु सन्मुख नहि पाँव पसारै।
अनुग्रह करै न काहू मारै॥
होइ न आपु दान कौ मानी।
कहै न नृपति की अमत कहानी॥
निन्दा अरु अस्तुति तें रहिये।
आन देव की बात न कहिये॥
अग्र न पीठि बाम दिसि भाई।
करै दण्डवत हरि पहँ जाई॥
यथाशक्ति उपहार सु दीजै।
हरि दर्शन तन पीठ न दीजै॥
सकल पुण्य हरि कौ जस गावै।
पाप सबै हरि कौं बिसरावै॥

जीभसे नाम रटो

प्रगट बदन रसना जु प्रगट अरु प्रगट नाम रढ़ि।
जौभ निसेनी मुक्ति तिहि बल आरोहि मूढ़ चढ़ि॥
ऊँच नीच पद चहत ताहि कामिक कर्म करिहै।
कबहुँ होइ सुरराज कबहुँ तिर्यक-तनु धरिहै॥
चत्रभुज मुरलीधर-भक्ति अनन्य बिनु द्वै तुर्ग एकपरि पारि-परि।
बिद्या-बल, कर्म-बल ना तरै भव-सिंधु स्वान की पूँछ धरि॥

अखिल लोक के जीव हैं जु तिन को जीवन जल।
सकल सिद्धि अरु रिद्धि जानि जीवन जु भक्ति-फल॥
और धर्म अरु कर्म करत भव-भटक न मिटिहै।
जुगम-महाशृंखला जु हरि-भजनन कटिहै॥
'चत्रभुज' मुरलीधर-कृपा परै पार, हरि-भजन-बल।
छीपा, चमार, ताँती, तुरक, जगमगात जाने सकल॥

सकल तू बल-छल छाँड़ि मुग्ध सेवै मुरलीधर।
मिटहिं महा भव-द्वंद फंद कटि रटि राधावर॥
बत्सलता अरु अभय सदा आरत-अघ-सोखन।
दीनबंधु सुखसिंधु सकल सुख दै दुख-मोचन॥
'चत्रभुज' कल्यान अनंत तुव हरि-रति गति सब साखि हुव।
प्रह्लाद बिभीषन गज सु द्विज पंचालि अहिल्या प्रगट ध्रुव॥

श्रीहीरासखीजी (वृन्दावन)

सब तजि बृंदाबन सुख लीजै।
प्रफुलित ललित सोहनो बहु दिसि, लखि उर धीर धरीजै॥
राधाबल्लभ नाम मधुर रस लै मुख, निसिदिन पीजै।
'हीरासखि' हित नित अवलोकत, चित अनूप रँग भीजै॥

राधाबल्लभ कहत ही, होत हिये अनुराग।
निरखत छबि तिन नरनि को, बढ़त चौगुनी लाग॥
बढ़त चौगुनी लाग भाग सौं यह सुख पावै।
जानि नाम निज सार वही निसिदिन गुहरावै॥

बिना भजन कछु नाहिं जतन किन करौ अगाधा।
'हीरा'हित उर प्रीति प्रतीतित बल्लभ राधा॥
रसना! जो रस-सुख चहै, निरस मानि जग ख्याल।
तौ अनुदिन भजि लाड़िली-लाल सदा प्रतिपाल॥

अचल यह स्याम-राधिका नाम।
रसिकन उर रट नामन ही की, रहत आठहू जाम॥
छके नवल आनंद-कंद-रस, बसि बृंदाबन धाम।
'हीरासखि' हित नाम रैन दिन, और न दूजो काम॥*

भक्त श्रीसहचरिशरणदेवजी

(जन्म—संवत् १८२९-३०, टट्टी-स्थानाधिपति श्रीराधिकादासजीके शिष्य)

हरदम याद किया करि हरि की दरद निदान हरैगा,।
मेरा कहा न खाली ऐ दिल! आनँदकंद ढरैगा॥
ऐसा नहीं जहाँ बिच कोई लंगर लोग लरैगा।
'सहचरिसरन' शेर दा बच्चा क्या गजराज करैगा॥

अब तकरार करौ मति यारौ लगी लगन चित चंगी।
जीवन प्रान जुगल जोरी के जगत जाहिरा अंगी॥
मतलब नहीं फिरिश्तों से हम इश्क दिलाँ दे संगी।
'सहचरिसरन' रसिक सुलतावर महिरबान रसरंगी॥

कुंजबिहारीलाल मजे जनि कीजिये।
भव भय भंजन भीर सुदारू दीजिये॥
चरन कमल की सौंह और नहिं टौर है।
'सहचरिसरन' गरीब करौ किन गौर है॥

श्याम कठोर न होहु हमारी बार को।
नैंक दया उर ल्याय उदय करि प्यार को॥
'सहचरिसरन' अनाथ अकेलौ जानि कैं।
कियौ चहत खल ख्वार बचावौ आनि कैं॥

सरल सुभाव, सील संतोषी, जीव दया चित चारी।
काम क्रोध लोभादि बिदा करि, समुझि बूझि अवतारी॥
ग्यान भक्ति बैराग बिमलता, दसधा पर अनुसारी।
'सहचरिसरन' राखि उर सद्गुन, जिमि सुबास फुलवारी॥

धीरज धर्म बिबेक छमाजुत भजन यजन दुखहारी।
तजि अनीति मन सेइ संत जन मानि दीनता भारी॥
मीठे बचन बोल सुभ साँचे, कै चुप आनँदकारी।
कीरति बिजय बिभूति मिलै, श्रीहरि गुरु कृपा अपारी॥

* इनके 'अनुभवरस' ग्रन्थसे उद्धृत। खेमराज श्रीकृष्ण-दासके यहाँ मुद्रित सं० १९६४।

श्रीगोविन्दशरणदेवजी

(निम्बार्क-सम्प्रदायके आचार्य श्रीगोविन्ददेवजीके शिष्य)

सर्प पिवत नित पवन सोइ दुरबल बपु नाहीं ।
बन के गज तृन पात मस्त पीवर तन आहीं ॥
कद मूल करि असन मुनी यो काल निबाहैं ।
जल थल जग मे जीव सहज ही सुख अवगाहैं ॥
जो इहि मिलै बिरंचि पद, त्रिपति न पावै अधम मन ।
गोबिंदसरन कहैं नरन कैं इक संतोप जु परमधन ॥

ज्यों सिंचत तरु मूल स्कंध साखा सरसाहीं ।
ज्यों प्रानन कौ असन दियें इंद्री त्रिसाहीं ॥
सब देवन को मूल एक अच्युत कौ गायौ ।
ताकी सेवा किये सहज ही सुख सब पायौ ॥
यह प्रगट बचन भागवत में रिपिवर जु परीच्छित प्रति कह्यौ ।
सो सार भजन हरिदेव को गोबिंदसरन निज जन गह्यौ ॥
मंगल-निधान भजि कृष्णचंद । जाके नाम अगनि जरैं पाप-बृंद ॥
द्रुम धर्म मूल करुना निकेतु । पवना पवित्र कर अभय हेतु ॥
बिश्राम धाम जन जासु नाम । कबिजन रसना अवलंबु स्याम ॥
जन परमहंस मुक्ता सुनाम । जग त्रिबिध ताप बिश्राम धाम ॥
है पाप बिपिन कौ हरि कुठार । बासना बृंद कैरव तुषार ॥
भक्ति भूमि मृगपति उदार । मृग आन धर्म बर्जित बिहार ॥
भवसिंधु पोत हरि नाम एक । समतूल नाहिं साधन अनेक ॥
बिपिन चंद जुग गौर स्याम । सोभा निकेत जन पूर्ण काम ॥
'गोबिंदसरन' जन जिवन मूल । भजि पद पंकज मिटै सकल सूल॥

श्रीबिहारिनिदेवजी (बिहारीदासजी)

(निम्बार्क-सम्प्रदायान्तर्गत श्रीबिट्ठलबिपुलदेवजीके शिष्य, जाति—सूरध्वज ब्राह्मण, पिताका नाम मित्रसेन, स्थिति-काल—विक्रमकी १७ वीं शती ।)

हैहै प्रीति ही परतीति ।
गुनग्राही नित लाल बिहारी, नहिं मानत कपट अनीति ॥
करिहैं कृपा कृतग्य जानि हित जिन कैं सहन समीति ।
'बिहारीदास' गुन गाइ बिमल जस नित नौतन रस रीति ॥

हरि भली करी प्रभुता न दई ।
होते पतित अजित इंद्री रत तब हम कछु सुमत्यौ न लई ॥
डहकायौ बहु जन्म गमायौ कर कुसंग सब बुधि बितई ।
मान अमान भ्रम्यौ भक्तन तन भूलि न कबहूँ दृष्टि गई ॥
पढ़ि पढ़ि परमारथ न बिचारयौ स्वारथ बक बक बिष अँचई ।
लै लै उपज्यो सफल बासुता जो जिहि जैसी बीज बई ॥
अब सेवत साधुन को सतसँग सीचत फूलै मूल जई ।
'बिहारीदास' यों भजै दीन है दिन दिन बाढ़ै प्रीति नई ॥

परि गइ कौनहुं भाँति टेव यह कैसें कै निरवारौं ?
सुख संतोप होत जिय जबहीं आनँद बदन निहारौं ॥
मन अरु प्रकृति परी उन के अँग अंतर बैठि बिचारौं ।
छुटि गइ लाज काज सुत बित हित निमिष न इत उत टारौं ॥
बाधक बहुत तकत मुसिबे कौं काहू की सी नाहि सम्हारौं ।
कोउ कछु कहौ सुनौ न घटै रुचि बंधु पिता पचि हारौं ॥
जैसे कंचन पाय कृपन धन गनत रहौ न बिसारौं ।
'बिहारीदास' हरिदास चरन रज काज आपनौं सारौं ॥

हरि जस गावत सब सुधरे ।
नीच अधम अकुलीन बिमुख खल कितने गुनौ बुरे ॥
नाऊ छीपा जाट जुलाहौ सनमुख आइ जुरे ।
तिन तिन कौं सुख दियौ साँवरे नाहिन बिरद दुरे ॥
बिबस असावधान सुत के हित है अच्छर उचरे ।
'बिहारीदास' प्रभु अजामील से पतित पवित्र करे ॥

ताते भजन स्याम करि लीजै ।
बिट कृमि भस्म सहज ताके गुन तबहिं कहा लै कीजै ॥
ऐसेहि घटत अंबु अंजलि लौं तैसैं यह तन छीजै ।
जीवौ अल्प बिकल्प परे घट बुन ज्यों दारु चरीजै ॥
यहै उपाइ सुन्यौ संतन पै हरि सेवत सुख जीजै ।
श्रवन कीरतन भक्ति भागवत नो परकार तरीजै ॥
बिषय बिकार बिरत रहि मन क्रम बचन चरन चित दीजै ।
'बिहारीदास' प्रभु सदा सजीवन बदन अँबुज रस पीजै ॥

जोरी अद्भुत आज बनी ।
वारौं कोटि काम नख छबि पर उज्ज्वल नील मनी ॥

उपमा देत सकुच निर-उपमित घन दामिनि लजनी ।
करत हाँस परिहाँस प्रेमजुत सरस बिलास सनी ॥
कहा कहौं लावन्य रूप गुन सोभा सहज घनी ।
'बिहारिनीदास' दुलरावत श्रीहरिदास कृपा बरनी ॥

बसिबौ श्रीबृंदाबन कौ नीकौ ।
छिन छिन प्रति अनुराग बढ़त दिन दरस बिहारी जू कौ ॥
नैन श्रवन रसना रस अँचवत अँग सँग प्यारी पिय कौ ।
'श्रीबिहारिनिदास' अंग सँग बिछुरत नाहिन कांत रती कौ ॥

हरि पथ चलहु न साँझ सबेरौ ।
ग्याल सुकाल उलूक लगिहैं आलस होत अबेरौ ॥
कर्म फंद सनबंध सबन सौ जन्म जन्म कौ झेरौ ।
जानि बूझि अब होत कृपन अबहीं किन करहु निबेरौ ॥
कहा करत ममता झूठे सों दिन दस छयौ बसेरौ ।
लैहैं ऐंचि बधिक बनसी लौ छुटि जैहै तन तेरौ ॥
जुदिन सुदिन जीवै तूँ ह्वै रहि हरिदासन को चेरौ ।
'बिहारीदास' बस तिन्हैं भरोसौ स्याम चरन रति केरौ ॥

हरि बिन कूकर सूकर ह्वैहौ ।
दाँत न पूँछ कुरार पाछले पायन मूड़ खुजैहौ ॥
साँझ भोर भटकत भड़ियाई तउ न अहार अघैहौ ।
जहँ तहँ बिपति बिडारे त्रसकारेहू लटि कटि खैहौ ॥
मीरा मुए निगोड़े ह्वै खसमैहू लाज लजैहौ ।
लोक परलोक परमारथ बिन घर बाहिर बुरे कहैहौ ॥
कहा भयो मानुस को आकृत उनहूँ ते दुगुनहि खैहौ ।
'बिहारीदास' बिन भजे साँवरौ सुख संतोष न पैहौ ॥

स्यामाजू के सरन जे सुख न सिराने ।
तिन कौं सुख सपनैं न लिख्यौ जे फिरत बिबिध बौराने ॥

× × × ×

सींचत अंड आम की आसा फूल फलै न पिछाने ।
दरसत परसत खात न जानत आँखि अछत अँधराने ॥
बहुरो उद्यम करत निलज ह्वै इंद्र भए न अघाने ।
ताहू भए अनभए निर्धन निघटि गएँ पछिताने ॥
जरत हरित गीली लकरी लौं तन मन मिलन धुँधाने ।
ते जानौ आतमहन पसु संसार सोक मे साने ॥
थोरी आयु मनोरथ लाँबे बिना बाहु बल ताने ।
'बिहारीदास' बिन भए बौरिया बूड़े सबै अयाने ॥

याते मोहि कुंजबिहारी भाए ।
सब दिन करत सहाय सुने मैं सुक नारद मुनि गाए ॥
भूलि परौ अपनो घर तबहीं उझकत फिरयौ पराए ।
ए गुन सुमिरि लिये सुख दुख के पैड़े सबै बताए ॥
जिनको प्यार तुमहिं तन चितवत ते न जात बौराए ।
'बिहारीदास' किये ते हित करि अपने सग बनाए ॥

सूरदास मदनमोहन (सूरध्वज)

(जातिके ब्राह्मण और श्रीचैतन्यसम्प्रदायके नैष्ठिक वैष्णव । रचना-काल—वि० सं० १५९० के लगभग)

मेरी गति तुमही अनेक तोष पाऊ ॥
चरन कमल नख मनि पर बिषै सुख बहाऊँ ।
घर घर जो डोलो तौ हरि तुम्हे लजाऊँ ॥
तुम्हरो कहाय कहौ कौन को कहाऊँ ।
तुम से प्रभु छाँड़ि कहा दीनन को ध्याऊँ ॥
सीस तुम्हे नाय कहौ कौन को नवाऊँ ।
कचन उर हार छाँड़ि काँच क्यों बनाऊँ ॥
सोभा सब हानि करूँ जगत को हँसाऊँ ।
हाथी तें उतरि कहा गदहा चढ़ि धाऊँ ॥
कुमकुम लेप छाँड़ि काजर मुँह लाऊँ ।
कामधेनु घर में तजि अजा क्यो दुहाऊँ ॥
कनक महल छाँड़ि क्योंऽब परनकुटी छाऊँ ।
पाइन जो पेलौ प्रभु ! तौ न अनत जाऊँ ॥
'सूरदास मदनमोहन' जनम जनम गाऊँ ।
संतन की पनही को रच्छक कहाऊँ ॥

मधु के मतवारे स्याम, खोलौ प्यारे पलकै ।
सीस मुकुट लटा छुटी और छुटी अलकैं ॥
सुर-नर-मुनि द्वार ठाढ़े दरस हेतु किलकैं ।
नासिका के मोती सोहै बीच लाल ललकैं ॥
कटि पीताम्बर मुरली कर स्रवन कुँडल झलकैं ।
सूरदास मदनमोहन दरस दैहौ भलकैं ॥

सहसबाहु दसबदन आदि नृप बचे न काल बली तें

दो बातनको भूल मत, जो चाहे कल्यान।
नारायन एक मौत को, दूजे श्रीभगवान॥

बड़ा प्रतापी था राक्षसराज रावण। उसके दस मस्तक और बीस भुजाएँ थीं। जब वह चलता था, पृथ्वी काँपती थी उसके पैरोंकी धमकसे। उसकी सेनाके राक्षस देवताओंके लिये भी अजेय थे। उसका भाई कुम्भकर्ण—उस महाकायको देखकर सृष्टिकर्ता भी चिन्तित हो उठे थे। राक्षसराजका पुत्र मेघनाद—युद्धमें वज्रपाणि देवराज इन्द्रको उसने बंदी बना लिया था। स्वयं रावणकी शक्ति अपरिसीम थी। भगवान् शङ्करके महापर्वत कैलाशको उसने अपने हाथोंपर उठा लिया था।

वायु उसके उपवनों एवं भवनोंकी स्वच्छता करते तथा उसे पंखा झला करते थे। अग्निदेव उसके आवासको आवश्यकता-जितना उष्ण बनाते और भोजनालयमें व्यञ्जन परिपक्व करते। वरुणदेवको उपवनोंको सींचने, गृहके जलपात्रोंको पूर्ण रखने तथा राक्षसराजको स्नान करानेकी सेवा करनी पड़ती थी। सभी लोकपाल करबद्ध उपस्थित रहते थे सेवामें। स्वयं मृत्युदेव रावणके कारागारमें बंदी हो गये थे।

मृत्युदेव किसीके द्वारा सदाके लिये बंदी नहीं हुए। इतना वैभव, इतना प्रताप, हुंकारमात्रसे स्वर्गतकको संतप्त करनेवाला तेज—लेकिन रावणको भी मरना पड़ा एक दिन।

सुरासुरजयी, त्रिभुवनको रुलानेवाला, परम प्रतापी रावण—रणभूमिमें उसके मस्तकोंको शृगाल भी ठुकरा सकते थे। लुढ़के पड़े थे वे दसों मस्तक, कटी पड़ी थीं बीसों भुजाएँ। मृत्युने रावणका सारा गर्व समाप्त कर दिया। रक्त मांससे पटी भूमिपर राक्षसराजका छिन्न-मस्तक कबन्ध अनाथकी भाँति पड़ा था।

× × ×

रावणसे भी बढ़कर प्रतापी था कार्तिकेय सहस्रबाहु अर्जुन। रावणको उसने खेल-खेलमें पकड़ लिया और खूँटेमें लाकर इस भाँति बाँध दिया, जैसे कोई कुत्तेको बाँध दे तथा उसके दसों सिरोंको दीवट बनाकर उसने दीपक जला दिये।

एक सहस्र भुजाएँ थीं। पाँच सौ धनुष एक साथ चढ़ाकर युद्ध कर सकता था। भगवान् दत्तात्रेयकी कृपा प्राप्त हो गयी थी। शारीरिक बल तो था ही, योगकी भी अनेक सिद्धियाँ मिल गयीं। कहीं तुलना नहीं थी सहस्रार्जुनके बलकी।

क्या काम आया वह बल। युद्धस्थलमें भगवान् परशुरामजीके परशुसे कटी भुजाएँ वृक्षकी टहनियोंके समान बिखरी पड़ी रह गयीं। सदा गर्वसे उन्नत रहनेवाला मस्तक धड़से पृथक् हो गया। सहस्रबाहु अर्जुनको भी मृत्युने पृथ्वीपर पछाड़ पटका।

× × ×

जिसके दस मस्तक और बीस भुजाएँ थीं, वह रावण अमर नहीं हुआ। जिसने रावणको भी बाँध लेनेवाला बल और हजार भुजाएँ पायीं, वह सहस्रबाहु अर्जुन अमर नहीं हुआ। उनको भी मरना पड़ा। एक सिर और दो हाथका अत्यन्त दुर्बल मनुष्य—अरे भाई! भूल मत कि तुझे भी मरना है। सबको मरना है—केवल यही जीवनका सत्य है। इसे भूल मत और भगवान्‌को स्मरण कर।

बलका अभिमान चूर्ण



सहसबाहु दसबदन आदि नृप बचे न काल बली ते



अधिकारका अन्त—वनमें पलायन

अधिकारका अन्त

आज तो प्रजातन्त्र शासन है भारतमें। आज किसी अधिकारका कोई अर्थ रह ही नहीं गया। आज जो प्रधान मन्त्री है कहींका—अगले चुनावमें वह एक साधारण सदस्य भी न रहे किसी शासन-परिषदका, यह सहज सम्भव है।

सेवक तो सेवक ही है। किसी भी पदका क्या अर्थ है, यदि वह पद सेवकका पद है। वैतनिक सेवक—कितने भी उच्चपदपर वह हो, है तो सेवक ही। उसे पदच्युत होते, निष्कासित होते, दण्ड मिलते देर कितनी लगती है।

आज जिसे अधिकार कहा जाता है, जिसके लिये नाना प्रकारके छल-छन्द और संघर्ष चलते हैं, प्रचारके नामपर जो असत्य, आत्मप्रशंसा, परनिन्दाका निर्लज्जतापूर्ण प्रदर्शन बड़ी धूमधामसे प्रायः प्रत्येक देशमें, देशके सबसे अधिक सम्मानित एवं बुद्धिमान कहे जानेवाले पुरुषोंके द्वारा अपनाया जाता है.....।

मनुष्यका यह मोह यह मिथ्या तृष्णा यह पतन!

× × ×

अभी बहुत पुरानी बात नहीं हुई देशमें राज्य थे। राज्योंके स्वतन्त्र शासक थे। परम्परागत प्राप्त था उन्हें शासनाधिकार। अपने राज्यमें वे सम्पूर्ण स्वतन्त्र थे। उनका वाक्य ही कानून था। उनकी इच्छा अप्रतिहत थी।

मैं नाममात्रके स्वतन्त्र राजाओंकी बात नहीं कह रहा हूँ। इतिहासके कुछ पन्ने उलट डालिये। भारतमें—पृथ्वीके अनेक प्रदेशोंमें स्वतन्त्र राज्य थे। उन राज्योंके स्वतन्त्र राजा थे। उन राजाओंको अपने राज्योंमें पूर्ण अधिकार प्राप्त था।

राजाओंका पूर्णाधिकार—अधिकारकी ही महानता मानी जाय तो किसीके लिये स्पृहणीय होगी वह स्थिति। अधिकारकी उस स्पृहाने ही अधिनायकवादको जन्म दिया। लेकिन अधिनायक भी—निरङ्कुशतम अधिनायक भी अपने यहाँ किसी नरेशके समान सर्वाधिकारप्राप्त नहीं बन सका। अपने दल, अपने समर्थक—पता नहीं कितने नियमोंकी विवशता उसे भी मानकर ही चलना पड़ता था।

× × ×

सर्वाधिकारसम्पन्न राजा। ऐश्वर्य एवं अधिकारके इस उन्मादका भी कोई अर्थ नहीं था। कभी नहीं था कभी नहीं रहेगा।

कोई राजा कभी निश्चिन्त नहीं रहा। कोई प्रबल शत्रु कभी भी चढ़ाई कर बैठता था और इतिहासमें ऐसी घटनाएँ थोड़ी नहीं हैं, जब युद्धमें पराजित नरेशको भागना पड़ा हो।

देश कोष, सेना-सेवककी तो चर्चा क्या, पुत्र-स्त्रीतकको उनके प्रारब्ध या शत्रुकी दयापर छोड़कर राजा प्राण बचानेके लिये भाग पड़ा जंगलकी ओर जनशून्य राहसे। उसके पास सवारीतक नहीं। जिसे अपने ही भवनमें जाते समय सेवक सादर मार्गनिर्देश करते थे, वह अकेला, अज्ञात वन-प्रदेशमें भागा जा रहा है। उसे स्वयं पता नहीं—कहाँ जा रहा है।

वैभव गया, अधिकार गया प्राण बच जायँ तो बहुत। पीनेके लिये जल और क्षुधा-तृप्तिके लिये एक मुट्ठी चने भी उसे किसीकी कृपासे मिलेंगे।

जो कल राजा था—आज अनाश्रित है। एक साधारण मजदूर, एक पथका भिखारी उससे अच्छा है। उसके समान प्राण बचानेके लिये वन-वन भटकनेकी आवश्यकता न मजदूरको है, न भिक्षुकको।

× × ×

अधिकार—व्यर्थ मोह है मनुष्यका। आशङ्काओंका एक झुंड लिये आता है अधिकार और उसका अन्त भी निश्चित है। बड़ा दारुण है उसका अन्त।

श्रीललितमोहिनीदेवजी

(टट्टी संस्थानके अष्टाचार्योंमें सबसे अन्तिम आचार्य, जन्मस्थान—ओरछा, जन्म—वि० सं० १७८० आश्विन शुक्ला १०, मृत्युकाल—वि० सं० १८५८ फाल्गुन कृष्णा ९)

जय जय कुंजबिहारिनि प्यारी ।
जय जय कुंजमहल सुखदायक जय जय लालन कुंजबिहारी ॥
जय जय बृंदाबन रससागर जय जय जमुना सिंधु-सुवारी ।
जय जय 'ललितमोहिनी' धनि-धनि सुखदायक सिरमौर हमारी ॥

कहा त्रिलोकी जस किये कहा त्रिलोकी दान ?
कहा त्रिलोकी बस किए करी न भक्ति निदान ॥
बृंदाबन मे परि रह्यौ देखि बिहारी-रूप ।
तासु बराबर को करै सब भूपन कौ भूप ॥

नैन बिहारी रूप निरखि रसन बिहारी नाम ।
श्रवन बिहारी सुजस सुनि निसदिन आठों जाम ॥
साधु साधु सब एक है ठाकुर ठाकुर एक ।
संतन सों जो हित करै सोई जान विवेक ॥
ना काहू सों रूसनो ना काहू सों रंग ।
ललितमोहिनीदासकी अद्भुत केलि अभंग ॥
निंदा करै सो धोबी कहिए, अस्तुति करै सो भाट ।
अस्तुति निंदा मे अलग, सोई भक्त निराट ॥

श्रीप्रेमसखीजी

(वास्तविक नाम बख्शी हंसराज, सखीभावके उपासक होनेके कारण इनके गुरु 'श्रीविजयसखी' नामक महात्माने इनका उपर्युक्त नाम रक्खा था । जन्म—विक्रम-संवत् १७९९, स्थान—पत्रा, जाति—श्रीवास्तव कायस्थ)

हो रसिया, मैं तो सरन तिहारी ॥
नहिं साधन बल वचन चातुरी,
एक भरोसो चरन गिरिधारी ।
करुह लुँबरिया मैं तो नीच भूमि की,
गुनसागर पिय तुमहि सँवारी ॥

मैं अति दीन बालक तुम सरनै,
नाथ न दीजै अनाथ बिसारी ।
निज जन जानि सँभारौगे प्रीतम,
प्रेमसखी नित जाउँ बलिहारी ॥

श्रीसरसदेवजी

(श्रीनिम्बार्क-सम्प्रदायान्तर्गत श्रीबिहारीदासजीके शिष्य, गौड़कुलोत्पन्न ब्राह्मण, पिताका नाम—श्रीकमलापति, भाईका नाम—श्रीनागरीदासजी, स्थिति-काल—विक्रमकी १७ वीं शती)

लालच लोभ कौ छोभ चल्यो मन चंचल चित्त भयो मति बौरे ।
देह के स्वारथ आरत है परमारथ प्रेम लह्यौ नहिं ठौरे ॥
सरस सनेह को रंग बिसार बिचार ल श्रीगुरु हैं सिरमौरे ।
बिहारी बिहारिनिदास बिना नेकहु सुख संग सुहाइ न औरे ॥

स्वारथ कौ परमारथ खोवत रोवत पेटन कौं दरमांरे ।
भीख कौं भेख अनेक बनावत जाचत सूद्र महा मतवारे ॥
भूख बड़ी भगत्यौ न सम्हारत आतुर है परदेस सिधारे ।
सरस अनन्य निहाल भए जिन कोटि बैकुंठ लता पर वारे ॥

कुटिल ! गाफिल होत मन न इतै देत
काहे अचेत भए जरत है भरम सौं ।
और न कोउ सुहाउ प्रभु के सरन आउ
औसर महा चुकाउ समझ लै मन सौं ॥
काहे कौ मरत वहि श्रीबृंदाबन बस रहि
सरस साहिब कहि लाड़िली ललन सौं ।
तन धन सब गयौ काम क्रोध लोभ नयौ
चौंक परयौ तब जब काम परयौ जम सौं ॥
अब कै जनम जान्यौ जनमौ न हुतौ
केतेक जनम धरि धीर ऐसे ही जरायौ है ।
यहै चौंस तू अधिक जियौ चाहत मानौ
अब कै तू काल बेगिही दिखायौ है ॥

ऐसे झूठे प्रपंच में ऐसी बस्तु हाथ न पावै
ताहि तू गमावै ऐसे कौनै भरमायौ है ।
ऐसे सुखद समझि लेहि चित वित इत देहि
सरस सनेह स्याम संग सुख पायौ है ॥
अबही बनी है बात औसर समझ घात
तउ न खिसात बार सौक समझायौ है ।
आज काल जैहै मर काल ब्याल हू ते डर
भौडे ! भजन कर कैसौ संग पायौ है ॥
चित वित इत देह सुखहि समझि
लेह सरस गुरु ग्रन्थ पंथ यों बतायौ है ।
चरन सरन भय हरन करन सुख
तरन संसार को तू मान सब नायौ है ॥

श्रीनरहरिदेवजी

(जन्म—वि० स० १६४० बुन्देलखण्डके अन्तर्गत गूढो ग्राममें, पिताका नाम श्रीविष्णुदासजी, माताका नाम उत्तमा, गुरुका नाम श्रीसरसदेवजी, स्थान—वृन्दावन, अन्तर्धान—वि० सं० १७४१, उम्र १०१ वर्ष ।)

जाकौं मनमोहन दृष्टि परे ।
सो तो भयो सावन कौ अंधौ सूझत रंग हरे ॥
जड़ चैतन्य कछू नहिं समझत जित देखै तित स्याम खरे ।
बिह्वल बिकल सम्हार न तन की घूमत नैना रूप भरे ॥
करनि अकरनी दोऊ बिधि भली बिधि निषेध सब रहे धरे ।
'नरहरिदास' जे भए बावरे ते प्रेम प्रवाह परे ॥

श्रीरसिकदेवजी

(निम्बार्क-सम्प्रदायान्तर्गत श्रीहरिदासजीकी परम्परामें प्रधान गद्दीके आचार्य एवं महान् भक्तकवि, श्रीनरहरिदेवजीके शिष्य, आविर्भाव वि० सं० १६९२, तिरोभाव १७५८ ।)

सोहत नैन-कमल रतनारे ।
रूप भरे मटकत खंजन से, मनो बान अनियारे ॥
माथे मुकुट लटक ग्रीवा की, चित ते टरत न टारे ।
अलिगन जनु झुकि रहे बदन पर, केस ते घूँघुरवारे ॥
छूटे बंद झीन तन बागो झुकर रूप तन कारे ।
ढरकि रही माला मोतिन की, छकित छैल मतवारे ॥
अंग-अंग की सोभा निरखत, हरषत प्रान हमारे ।
'रसिक बिहारी'की छबि निरखत, कोटिक कविजन हारे ॥
स्याम हौ तुमरे गरे परौ ।
जो बीती तुमही सौ बीती मन माने सो करौ ॥
करी अनीति कछू मित नाही नख शिख देखि भरौ ।
मो तन चितै आप तन चितवो अपने बिरद ढरौ ॥
कीजै लाज सरन आये की जिनि जिय दोष धरौ ।
अपनी जाँघ उघारैं नहिं सुख तुमही लाज मरौ ॥
बिनती करो काहि हौ मिलि कै सब कोउ कहत बुरौ ।
'रसिकदास'की आस करुनानिधि तुमहिं ढरौ सो ढरौ ॥

श्रीकिशोरीदासजी

(महान् भक्तकवि तथा एकान्तनिष्ठ भगवद्भक्त महात्मा । आपका जन्म पंजाब-प्रान्तान्तर्गत ब्राह्मणकुलमें हुआ था । आपके जिला, ग्राम, पिता-माता आदिका नाम नहीं मिलता । आप प्रायः वृन्दावनमें ही रहते थे और श्रीगोपालदासजीके शिष्य थे । आपका स्थितिकाल विक्रमकी २०वीं शती मालूम होता है ।)

बानी

करौ मन ! हरि भक्तन कौ सग ।
भक्तन बिन भगवत दुर्लभ अति जग यह प्रगट प्रसंग ॥
ध्रुव, प्रह्लाद, बिभीषन, कपिपति, कामी सरकट अंग ।
पूज्य भये जस पाय जगत में जीत्यौ रावन जंग ॥
गीध, ब्याध, गनिका, ब्रजगोपी, द्विज-बधु सुवन उपंग ।
अजामील अपमारग-गामी लम्पट बिबस अनंग ॥
जातुधान, चारन, बिद्याधर धनपति हिमक अभंग ।
सबरी केवट पूज्य भये जग राम उतारे गंग ॥
श्रीहरिब्यास बिना गति नाही तजौ मान मद रंग ।
किसोरीदास जाचत दीजै प्रभु, संतन संग सुरंग ॥

हरिपद होय या बिधि लगन ।
रच्छा करत सहज दुख नाना जाय मति कौ उगन ॥
भरत तन, मन, पाय पुनि-पुनि लखत पग रहि पगन ।
ताके बल मदमत्त डोलत जगत दीसत जग न ॥
होत दूर दरिद्र दुख सब बुझत तीनो अगन ।
'किसोरीदास हरिब्यास मिले तब महल सुरत लह छगन ॥

कब मै या मारग पग धरिहौ ।
बेद, पुरान, संत जो गावत
करि बिस्वास अचल अनुसरिहौ ॥
आपनो परम-धाम मिलिबे के
सन्मुख ह्वै का दिन आचरिहौ ।
द्वंद रहित बिग्यान ग्यान रति
मान-अनल कबहूँ नहिं जरिहौ ॥
कोटि भाँति अपमान करै जो
द्वेस न मान पायँ पुनि परिहौ ।
परिहरि बिष सम स्वाद जगत के
अमृत सीथ उदर अमि भरिहौ ॥
अतिहि दुसह दुख होय कर्मबस
हरिपद-कमल निमिष नहिं टरिहौ ।
हरि बिमुखन कौ संग त्यागि कै
संत सजातिन मे सुख चरिहौ ॥
जग उदास निज इष्ट आस बल
निर्भय हरिजस बिमल उचरिहौ ।
श्रीबृंदाबन बास निरंतर
राधाकृष्ण रूप लखि अरिहौ ॥
सुनिये लाल कृपाल दयानिधि
यह निस्चय दृढ़ कबहुँ कि करिहौ ।
'किसोरीदास' हरिब्यास कृपाबल
महल टहल सेवा सुख भरिहौ ॥

मन श्रीराधाकृष्ण-धन ढूँढ़ौ ।
नहि तौ परिहौ भवसागर मे मिलत न पथ भेद अति ऊँढ़ौ ॥
काम, क्रोध, मद, लोभ, ईरषा, जहाँ वासना मूढ़ौ ।
यह अवसर दुर्लभ श्रुति साखी पायौ नर तन सब तन चूढ़ौ ॥
बिन सत्संग न होत सुद्ध मन बनत न कारज पूढ़ौ ।
भटक्यौ जन्म अनेक महाखल लह्यौ न तत्त्व रसनिधि जो गूढ़ौ ॥
'किसोरीदास' हरिब्यास चरन लग जुगल रतन पायौ भव छूढ़ौ ॥

आसामके संत श्रीशंकरदेव

(प्रेषक—श्रीधर्मीश्वरजी)

(जन्म-संवत्—१४८१, जाति—कायस्थ, जन्मस्थान—आसाम प्रान्त, पिताका नाम—कुसुम्बर, देहावसान—१५६५ में, आयु—१२० वर्ष ।)

नाहि नाहि रमया बिन तारक कोई ।
परमानँद पद-मकरँद सेवहु मन सोई ॥
तीर्थ ब्रत तप जप अरु जाग योग युगुती ।
मन परम धरम करम करत नाहि मुकुती ॥
मात पिता पत्नि तनय जानय सब मरना ।
छारहु धन्ध मानस अन्ध धर तू हरि-चरना ॥
कृष्णकिङ्कर शंकर कह बिछुरि बिषय कामा ।
रामचरन लेहु शरण जप गोविन्द नामा ॥

बोलहु राम नाम से मुकुति निदान ।
भव बैतरणि तरणि सुख सरणी
नहि नहि नाम समान ॥
नाम पँचानन नादँ पलावत
पाप दंति भयभीत ।
बुलिते एक सुनिते सत नित रे
नाम धरम बिपरीत ॥
बचने बुलि राम धरम अरथ काम
मुकुति सुख सुखे पाइ ।
सब कहु परम सुहृद हरिनामा
छुटे अन्त केरि दाइ ॥
नारद शुकमुनि राम नाम बिनि
नाहि कहल गति आर ।
कृष्णकिंकर कय छोड़ मायामय
राम परम तत्त्व सार ॥

[बड़गीत]

आसामके संत श्रीमाधवदेवजी

(आजानदेवजीके शिष्य, इनके अनुयायी 'महापुरुषीया' कहलाते हैं ।)

(प्रेषक—श्रीवर्मीश्वरजी)

मयि सेव हो राम चरण दूजा ।
काहे करो हो हामो आवर पूजा ॥
घटे घटे राम व्यापक होई ।
आत्मा राम विना नाहि कोई ॥
चैतन्य छोड़ि काहे जड़ सेवा ।
राम विने नाहि आवर देवा ॥
कहय माधव सुन हे नरलोई ।
राम विने कति मुकुति ना होई ॥

पुष्टिमार्गीय श्रीमद्गोस्वामी श्रीलालजीदासजी (आठवें लालजी)

(पुष्टिमार्गीय वैष्णव-सम्प्रदायके आठवें लालजी, श्रीविट्ठलनाथजीके शिष्य ।)

(प्रेषक—श्रीपन्नालाल गोस्वामी)

जे जे कर्म गोविन्द विन, सब बन्धन संसार ।
लालदास सुख पाइये, कीजिय करम विचार ॥
जे जे वचन विचार विन, ते ते वचन विकार ।
लालदास सुख पाइये, बोलिय वचन विचार ॥
श्रीकृष्ण भजन मे मनुज का, जो व्यतीत है काल ।
लालदास सुख निधि वही, और सकल जंजाल ॥
जे जे कारज नर करै, सबही अपनी जान ।
लालदास सुख नहिं लहै, करै वृथा मन काम ॥
उत्तम नेक धर्म है, जो सेवा भगवान ।
अधिक कहे क्या होवही, हरि रति लाल प्रधान ॥
पर सम्पति को देखि के, मत्सर हृदय न आन ।
लालदास तिस पर रहो, जो दीनो भगवान ॥
दीन रहे निसदिन सदा, करै न कबि अभिमान ।
लालदास तिस पुरुष का, होय सदा कल्याण ॥
वेद-शास्त्र सब सत्य है, यह राखो विश्वास ।
लालदास तिस पुरुष का, निश्चय हरिपद वास ॥
जान अल्प जग जीवना, ज्यों बादर की छाय ।
रे नर आलस छाँड़ दे, ऊँचे टेर सुनाय ॥
पूरण त्रिभुवन विट्ठला, संसय हृदय न धार ।
गर्भ विषे प्रतिपालियो, देखो हृदय विचार ॥
तुम देखत तज जावहि, केती भये विनाश ।
धिक् जीवन खल ठीक तुम, अजहुँ न उपज्यो त्रास ॥

श्रीसूरदासजी

(महान् भक्तकवि और प्रसिद्ध ग्रन्थ सूरसागरके रचयिता, जन्मसंवत्—१५४० वि० के लगभग, जन्मस्थान—रुनकता ग्राम (आगरा मथुराकी सड़कपर)। कोई कोई दिल्लीके समीपवर्ती सीही स्थानको भी इनका जन्म-स्थान कहते हैं । जाति ब्राह्मण, पिताका नाम रामदास, गुरु आचार्य, श्रीवल्लभाचार्यजी । वि० सं० १६२० के लगभग पारासोली ग्राममें सूरदासजीका शरीरान्त हुआ था ।)



विनय-प्रार्थना

चरन कमल बंदौं हरि राइ ।
जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै,
अँधरे कौ सब कछु दरसाइ ॥
बहिरो सुनै, गूँग पुनि बोलै,
रंक चलै सिर छत्र धराई ।
सूरदास स्वामी करुनामय, बारबार बंदौं तिहि पाइ ॥

बंदौ चरन सरोज तिहारे ।
सुंदर स्याम कमल दल लोचन, ललित त्रिभंगी प्रान पियारे ॥
जे पद पदुम सदा सिव के धन, सिंधु सुता उर तैं नहिं टारे ।
जे पद पदुम तात रिस त्रासत, मन बच क्रम प्रहलाद सँभारे ॥
जे पद पदुम परस जल पावन सुरसरि दरस कटत अघ भारे ।
जे पद पदुम परस रिषि पतिनी बलि, नृग, ब्याध, पतित बहु तारे ॥
जे पद पदुम रमत बृंदाबन अहि सिर धरि अगनित रिपु मारे ।
जे पद पदुम परसि ब्रज भामिनि सरबस दे, सुत सदन बिसारे ॥

जे पद पदुम रमत पांडव दल दूत भए, सब काज सँवारे ।
सूरदास तेई पद पंकज त्रिविध ताप दुख हरन हमारे ॥

तुम तजि और कौन पै जाउँ ?
काके द्वार जाइ सिर नाऊँ, पर हथ कहाँ बिकाउँ ॥
ऐसौ को दाता है समरथ, जाके दियें अघाउँ ।
अंत काल तुम्हरें सुमिरन गति, अनत कहूँ नहिं दाउँ ॥
रंक सुदामा कियौ अजाची, दियौ अभय पद ठाउँ ।
कामधेनु, चिंतामनि, दीन्हौ कल्पबृच्छ तर छाउँ ॥
भव समुद्र अति देखि भयानक, मन मैं अधिक डराउँ ।
कीजै कृपा सुमिरि अपनौ प्रन, सूरदास बलि जाउँ ॥

स्याम बलराम कौ, सदा गाऊँ ।
स्याम बलराम बिनु दूसरे देव कौ,
स्वप्नहू माहिं नहिं हृदय ल्याऊँ ॥
यहै जप, यहै तप, यहै मम नेम ब्रत,
यहै मम प्रेम, फल यहै ध्याऊँ ।
यहै मम ध्यान, यहै ज्ञान, सुमिरन यहै,
सूर प्रभु देहु हौं यहै पाऊँ ॥

जौ हम भले बुरे तौ तेरे ।
तुम्हें हमारी लाज बड़ाई, बिनती सुनि प्रभु मेरे ॥
सब तजि तुम सरनागत आयौ, दृढ़ करि चरन गहे रे ।
तुम प्रताप बल बदत न काहूँ, निडर भए घर चेरे ॥
और देव सब रंक भिखारी, त्यागे, बहुत अनेरे ।
सूरदास प्रभु तुम्हरि कृपा तें, पाए सुख जु घनेरे ॥

ऐसी कब करिहौ गोपाल ।
मनसा नाथ, मनोरथ दाता, हौ प्रभु दीनदयाल ॥
चरननि चित्त निरंतर अनुरत, रसना चरित रसाल ।
लोचन सजल, प्रेम पुलकित तन, गर अंचल, कर माल ॥
इहिं बिधि लखत, झुकाइ रहै, जम अपनै ही भय भाल ।
सूर सुजस रागी न डरत मन, सुनि जातना कराल ॥

सबनि सनेहौ छाँड़ि दयौ ।
हा जदुनाथ ! जरा तन ग्रास्यौ, प्रतिभौ उतरि गयौ ॥
सोइ तिथि बार नछत्र लगन ग्रह, सोइ जिहिं ठाट ठयौ ।
तिन अकनि कोउ फिरि नहिं बाँचत, गत स्वारथ समयौ ॥
सोइ धन धाम, नाम सोई, कुल सोई जिहि बिदयौ ।
अब सबही कौ बदन स्वान लौं, चितवत दूरि भयौ ॥
बरष दिवस करि होत पुरातन, फिरि फिर लिखत नयौ ।
निज कृति दोष बिचारि सूर प्रभु, तुम्हरी सरन गयौ ॥

अब मै नाच्यौ बहुत गुपाल ।
काम क्रोध कौ पहिरि चोलना कंठ बिषय की माल ॥
महा मोहके नूपुर बाजत निंदा सब्द रसाल ।
भ्रम भोयौ मन भयौ पखावज चलत असंगत चाल ॥
तृष्ना नाद करति घट भीतर नाना बिधि दै ताल ।
माया को कटि फैंटा बाँध्यौ लोभ तिलक दियौ भाल ॥
कोटिक कला काछि दिखराई जल थल सुधि नहिं काल ।
सूरदास की सबै अबिद्या दूरि करौ नँदलाल ॥

हमारे प्रभु औगुन चित न धरौ ।
समदरसी है नाम तुम्हारौ, सोई पार करौ ॥
इक लोहा पूजा में राखत, इक घर बधिक परौ ।
सो दुबिधा पारस नहिं जानत, कंचन करत खरौ ॥
इक नदिया इक नार कहावत, मैलौ नीर भरौ ।
जब मिलि गए तब एक बरन ह्वै, गंगा नाम परौ ॥
तन माया ज्यौ ब्रह्म कहावत, सूर सु मिलि बिगरौ ।
कै इन कौ निरधार कीजियै, कै प्रन जात टरौ ॥

अब की टेक हमारी लाज राखौ गिरिधारी ॥
जैसी लाज रखी पारथ की भारत जुद्ध मँझारी ।
सारथि हो के रथ कौं हाँक्यौ चक्र सुदरसन धारी ॥
भक्त की टेक न टारी ॥
जैसी लाज रखी द्रौपदि की होन न दीन्हि उघारी ।
खैंचत खैंचत दोउ भुज थाके दुस्सासन पचि हारी ॥
चीर बढ़ायौ मुरारी ॥
सूरदास की लज्जा राखौ, अब को है रखवारी ।
गधे गधे श्रीबर प्यारी श्रीबृषभानदुलारी ॥
सरन तकि आयौ तुम्हारी ।

गोबिंद गाढ़ दिन के मीत ।
गज अरु ब्रज प्रहलाद, द्रौपदी, सुमिरत ही निहचीत ॥
लाखागृह पाडवनि उबारे, साक पत्र मुख नाए ।
अंबरीष हित साप निवारे, ब्याकुल चले पराए ॥
नृप कन्या कौ ब्रत प्रतिपार्‌यौ, कपट बेष इक धार्‌यौ ।
तामैं प्रगट भए श्रीपति जू, अरि गन गर्ब प्रहार्‌यौ ॥
कोटि छ्यानबै नृप सेना सब, जरासंध बँध छोरे ।
ऐसे जन, परतिग्या राखत, जुद्ध प्रगट करि जोरे ॥
गुरु बाधव हित मिले सुदामहिं, तंदुल पुनि पुनि जाँचत ।
भगत बिरह कौ अतिहीं कादर, असुर गर्ब बल नासत ॥

संकट हरन चरन हरि प्रगटे, बेद बिदित जस गावै ।
सूरदास ऐसे प्रभु तजि कै, घर घर देव मनावै ॥

तातै तुम्हारो भरोसो आवै ।
दीनानाथ पतितपावन जस बेद उपनिषद गावै ।
जौ तुम कहौ कौन खल तारयो, तौ हौं बोलौं साखी ।
पुत्र हेत सुरलोक गयौ द्विज, सक्यौ न कोऊ राखी ॥
गनिका किए कौन ब्रत संजम, सुक हित नाम पढ़ावै ।
मनसा करि सुमिरयौ गज बपुरै, ग्राह प्रथम गति पावै ॥
बकी जु गई घोष मे छल करि, जमुदा की गति दीनी ।
और कहति श्रुति बृषभ ब्याध की जैसी गति तुम कीनी ॥
द्रुपद सुताहि दुष्ट दुरजोधन सभा माहिं पकरावै ।
ऐसौ और कौन करुनामय, बसन प्रबाह बढ़ावै ॥
दुखित जानि कै सुत कुबेर के, तिन्ह लगि आपु बँधावै ।
ऐसौ को ठाकुर जन कारन दुख सहि भलौ मनावै ॥
दुरबासा दुरजोधन पठयो पाडव अहित बिचारी ।
साक पत्र लै सबै अघाए, न्हात भजे कुस डारी ॥
देवराज मख भंग जानि कै बरष्यौ ब्रज पर आई ।
सूर स्याम राखे सब निज कर, गिरि लै भए सहाई ॥

कौन गति करिहौ मेरी नाथ !
हौं तो कुटिल कुचील कुदरसन, रहत बिषय के साथ ॥
दिन बीतत माया कैं लालच, कुल कुटुंब कैं हेत ।
सिगरी रैनि नीद भरि सोवत जैसे पसू अचेत ॥
कागद धरनि करै द्रुम लेखनि, जल सायर मसि घोरै ।
लिखै गनेस जनम भरि मम कृत तऊ दोष नहिं ओरै ॥
गज गनिका अरु बिप्र अजामिल, अगनित अधम उधारे ।
यहै जानि अपराध करे मैं तिनहू सौं अति भारे ॥
लिखि लिखि मम अपराध जनम के, चित्रगुप्त अकुलाए ।
भृगु रिषि आदि सुनत चक्रित भए, जम सुनि सीस डुलाए ॥
परम पुनीत पबित्र कृपानिधि, पावन नाम कहायौ ।
सूर पतित जब सुन्यौ बिरद यह, तब धीरज मन आयौ ॥

प्रभु ! हौं बड़ी बेर कौ ठाढ़ौ ।
और पतित तुम जैसे तारे, तिनही मैं लिख काढ़ौ ॥
जुग जुग बिरद यहै चलि आयौ, टेरि कहत हौं यातैं ।
मरियत लाज पाँच पतितनि मैं, हौंऽघ कहौ घटि कातैं ॥
कै प्रभु हारि मानि कै बैठौ, के करौ बिरद सही ।
सूर पतित जो झूठ कहत हैं, देखौ खोजि बही ।

हमारी तुम कौं लाज हरी !
जानत हौ प्रभु अंतरजामी, जो मोहि मोंझ परी ॥
अपने औगुन कहँ लौं बरनौं, पल पल घरी घरी ।
अति प्रपंच की मोट बाँधि कै अपनैं सीस धरी ॥
खेवनहार न खेवट मरैं, अब मो नाव अरी ।
सूरदास प्रभु ! तव चरननि की आस लागि उबरी ॥

जो जग और बियौ कोउ पाऊँ ।
तौ हौं बिनती बार बार करि, कत प्रभु तुमहि सुनाऊँ ॥
ब्रह्म बिरंचि सुर असुर नाग मुनि, सु तौ जाँचि जन आयौ ।
भट्यौ भ्रम्यौ तृषातुर मृग लौं काहूँ स्रम न गँवायौ ॥
अपथ सकल चलि चाहि चहूँ दिसि, भ्रम उघटत मतिमंद ।
थकित होत रथ चक्रहीन ज्यौं, निरखि कर्म गुन फंद ॥
पौरुष रहित अजित इंद्रिनि बस, ज्यौं गज पंक परयौ ।
बिषयासक्त नटी के कपि ज्यौं, जोइ जोइ कह्यौ करयौ ॥
भव अगाध जल मग्न महा सठ, तजि पद कुल रह्यौ ।
गिरा रहित बृक ग्रसित अजा लौं, अतक आनि गह्यौ ॥
अपने ही अँखियानि दोष तैं, रबिहि उलूक न मानत ।
अतिसय सुकृत रहित अघ ब्याकुल, बृथा खमित रज छानत ॥
सुनु त्रयताप हरन करुनामय, संतत दीनदयाल !
सूर कुटिल राखौ सरनाई, इहिं ब्याकुल कलिकाल ॥

अब मेरी राखौ लाज मुरारी !
संकट मैं इक संकट उपजौ, कहै मिरग सो नारी ॥
और कछू हम जानति नाही, आई सरन तिहारी ।
उलटि पवन जब बावर जरियौ, स्वान चल्यौ सिर झारी ॥
नाचन कूदन मृगिनी लागी, चरन कमल पर वारी ।
सूर स्याम प्रभु अबिगत लीला, आपुहिं आपु सँवारी ॥

नाम

कहत हैं, आगे जपिहैं राम ।
बीचहिं भई और की औरै परयौ काल सों काम ॥
गरभ बास दस मास अधोमुख, तहँ न भयौ बिश्राम ।
बालापन खेलतहीं खोयौ, जोबन जोरत दाम ॥
अब तौ जरा निपट नियरानी, करयौ न कछुवै काम ।
सूरदास प्रभु कौं बिसरायौ, बिना लिये हरि नाम ॥

अद्भुत राम नाम के अंक ।
धर्म अँकुर के पावन द्वै दल, मुक्ति बधू ताटक ॥
सुनि मन हंस पच्छ जुग, जाकें बल उड़ि ऊरध जात ।
जनम मरन काटन कौं कर्तरि तीछन बहु बिख्यात ॥

अंधकार अग्यान हरन कौ, रबि ससि जुगल प्रकास ।
बासर निसि दोउ करैं प्रकासित महा कुमग अनयास ॥
दुहूँ लोक सुखकरन, हरन दुख, बेद पुराननि साखि ।
भक्ति ग्यान के पंथ सूर ये, प्रेम निरंतर भाखि ॥

अब तुम नाम गहौ मन ! नागर ।
जातैं काल अगिनि तै बाँचौ, सदा रहौ सुखसागर ॥
मारि न सकै, बिघन नहि ग्रासै, जम न चढावै कागर ।
क्रिया कर्म करतहु निसि बासर भक्ति कौ पंथ उजागर ॥
सोचि बिचारि सकल श्रुति सम्मति, हरि तैं और न आगर ।
सूरदास प्रभु इहिं औसर भजि उतरि चलौ भवसागर ॥

बड़ी है राम नाम की ओट ।
सरन गऐं प्रभु काहि देत नहिं, करत कृपा के कोट ॥
बैठत सबै सभा हरि जू की, कौन बड़ौ को छोट ।
सूरदास पारस के परसैं, मिटति लोह की खोट ॥

जौ तू राम नाम धन धरतौ ।
अब कौ जन्म आगिलौ तेरौ, दोऊ जन्म सुधरतौ ॥
जम कौ त्रास सर्व मिटि जातौ, भक्ति नाम तेरौ परतौ ।
तंदुल चिरत समर्पि स्याम कौं, संत परोसी करतौ ॥
होतौ लाभ साधु की संगति, मूल गाँठि नहिं टरतौ ।
सूरदास बैकुंठ पैठ मैं, कोउ न फैंट पकरतौ ॥

रे मन, कृष्णनाम कहि लीजै ।
गुरु के बचन अटल करि मानहि, साधु समागम कीजै ॥
पढ़िये गुनिये भगति भागवत, और कहा कथि कीजै ।
कृष्णनाम बिनु जनम बादिही, बिरथा काहे जीजै ॥
कृष्णनाम रस बह्यौ जात है, तृषावंत ह्वै पीजै ।
सूरदास हरि सरन ताकिये, जनम सफल करि लीजै ॥

प्रभु ! तेरौ बचन भरोसौ साँचौ ।
सोधन तरन बिसंभर साहब, जो कलपै सो काँचौ ॥
जब गजराज ग्राह सौं अटक्यौ, बली बहुत दुख पायौ ।
नाम लेत ताही छिन हरि जू, गरुड़हिं छाँड़ि छुड़ायौ ॥
दुस्सासन जब गही द्रौपदी, तब तिहिं बसन बढ़ायौ ।
सूरदास प्रभु भक्तबछल हैं, चरन सरन हौ आयौ ॥

भरोसौ नाम कौ भारी ।
प्रेम सौं जिन नाम लीन्हौ, भए अधिकारी ॥
ग्राह जब गजराज घेरयौ, बल गयौ हारी ।
हारि कै जब टेरि दीन्हो, पहुँचे गिरिधारी ॥
सुदामा दारिद्र भंजे, कूबरी तारी ।
द्रौपदी कौ चीर बाढ्यौ, दुस्सासन गारी ॥
बिभीषन कौं लंक दीनी, रावनहिं मारी ।
दास ध्रुव कौं अटल पद दियौ, राम दरबारी ॥
सत्य भक्तहि तारिबे कौं लीला बिस्तारी ।
बेर मेरि क्यों ढील कीन्ही, सूर बलिहारी ॥

भगवान् और भक्तिकी महिमा

सोइ भलौ जो रामहिं गावै ।
स्वपचहु स्रेष्ठ होत पद सेवत, बिनु गोपाल द्विज जनम न भावै ॥
बाद बिबाद, जग्य ब्रत साधन, कितहूँ जाइ, जनम डहकावै ।
होइ अटल जगदीस भजन में, अनायास चारिहुँ फल पावै ॥
कहूँ ठौर नहिं चरन कमल बिनु, भृंगी ज्यों दसहूँ दिसि धावै ।
सूरदास प्रभु संत समागम, आनँद अभय निसान बजावै ॥

काहु के बैर कहा सरै ।
ताकी सरबरि करै सो झूठौ, जाहि गुपाल बड़ौ करै ॥
ससि सन्मुख जो धूरि उड़ावै, उलटि ताहि कैं मुख परै ।
चिरिया कहा समुद्र उलीचै, पवन कहा परबत टरै ?
जाकी कृपा पतित ह्वै पावन, पग परसत पाहन तरै ।
सूर केस नहिं टारि सकै कोउ, दाँत पीसि जौ जग मरै ॥

करी गोपाल की सब होइ ।
जो अपनौ पुरुषारथ मानत, अति झूठो है सोइ ॥
साधन, मंत्र, जंत्र, उद्यम, बल, ये सब डारौ धोइ ।
जो कछु लिखि राखी नँदनंदन, मेटि सकै नहि कोइ ॥
दुख सुख, लाभ अलाभ समुझि तुम, कतहि मरत हौ रोइ ।
सूरदास स्वामी करुनामय, स्याम चरन मन पोइ ॥

तातैं सेइयै श्री जदुराइ ।
संपति बिपति बिपति तैं संपति, देह कौ यहै सुभाइ ॥
तरुबर फूलै फरै पतझरै, अपने कालहि पाइ ।
सरबर नीर भरै भरि उमड़ै, सूखै, खेह उड़ाइ ॥
दुतिया चंद बढ़त ही बाढ़ै, घटत घटत घटि जाइ ।
सूरदास संपदा आपदा, जिनि कोऊ पतिआइ ॥

अब वे बिपदा हू न रहीं ।
मनसा करि सुमिरत हे जब जब, मिलते तब तबहीं ॥
अपने दीन दास के हित लगि, फिरते सँग सँगही ।
लेते राखि पलक गोलक ज्यौं, संतत तिन सबहीं ॥

रन अरु बन, बिग्रह, डर आगैं, आवत जही तहीं ।
राखि लियौ तुमही जग जीवन, त्रासनि तैं सबही ॥
कृपा सिंधु की कथा एक रस, क्यों करि जाति कही ।
कीजै कहा सूर सुख संपति, जहँ जदु नाथ नहीं ?

भक्ति बिनु बैल बिराने ह्वैहौ ।
पाउँ चारि, सिर सृंग, गुंग मुख, तब कैसे गुन गैहौ ॥
चारि पहर दिन चरत फिरत बन, तऊ न पेट अघैहौ ।
टूटे कंध रु फूटी नाकनि, कौ लौ धौं भुस खैहौ ॥
लादत जोतत लकुट बाजिहैं, तब कहँ मूँड़ दुरैहौ ?
सीत, घाम, घन, बिपति बहुत बिधि भार तरैं मरि जैहौ ॥
हरि संतनि कौ कह्यौ न मानत, कियौ आपुनौ पैहौ ।
सूरदास भगवंत भजन बिनु, मिथ्या जनम गँवैहौ ॥

जो सुख होत गुपालहिं गाऐं ।
सो सुख होत न जप तप कीन्हैं, कोटिक तीरथ न्हाऐं ॥
दिऐं लेत नहिं चारि पदारथ, चरन कमल चित लाऐं ।
तीनि लोक तृन सम करि लेखत, नँदनंदन उर आऐं ॥
बंसीबट, बृंदाबन जमुना, तजि बैकुंठ न जावै ।
सूरदास हरि कौ सुमिरन करि, बहुरि न भव जल आवै ॥

सोइ रसना जो हरि गुन गावै ।
नैननि की छबि यहै चतुरता, जौ मुकुंद मकरंदहि ध्यावै ॥
निर्मल चित तौ सोई साचौ, कृष्ण बिना जिहिं और न भावै ।
स्रवननि की जु यहै अधिकाई, सुनि हरि कथा सुधा रस पावै ॥
कर तेई जे स्यामहिं सेवैं, चरननि चलि बृंदाबन जावै ।
सूरदास जैये बलि वाकी, जो हरि जू सौं प्रीति बढावै ॥

जिहिं तन हरि भजियौ न कियौ ।
सो तन सूकर स्वान मीन ज्यौ, इहिं सुख कहा जियौ ॥
जो जगदीस ईस सबहिनि कौ, ताहि न चित्त दियौ ।
प्रगट जानि जदुनाथ बिसार्यौ, आसा मद जु पियौ ॥
चारि पदारथ के प्रभु दाता, तिन्हैं न मिल्यौ हियौ ।
सूरदास रसना बस अपनैं, टेरि न नाम लियौ ॥

अजहूँ सावधान किन होहि ।
माया बिषम भुजंगिनि कौ बिष, उतरयो नाहिंन तोहि ॥
कृष्ण सुमंत्र जियावन मूरी, जिन जन मरत जिवायौ ।
बारंबार निकट स्रवननि ह्वै, गुरु गारुड़ी सुनायौ ॥
बहुतक जीव देह अभिमानी, देखत ही इन खायौ ।
कोउ कोउ उबरयौ साधु संग, जिन स्याम सजीवनि पायौ ॥

जाकौ मोह मैर अति छूटै, सुजस गीत के गाऐं ।
सूर मिटै अग्यान मूरछा, ग्यान सुभेषज खाऐं ॥

सुने री मैंने निरबल के बल राम ।
पिछली साख भरूँ संतन की,
अरे मँवारे काम ॥
जब लगि गज बल अपनो बरत्यौ,
नैक सरयौ नहि काम ।
निरबल ह्वै बल राम पुकारयौ,
आए आधे नाम ॥
द्रुपद सुता निरबल भइ ता दिन,
तजि आए निज धाम ।
दुस्सासन की भुजा थकित भइ,
बसनरूप भए स्याम ॥
अप बल तप बल और बाहु बल,
चौथौ है बल दाम ।
सूर किसोर कृपा ते सब बल,
हारे को हरि नाम ॥

सब से ऊँची प्रेम सगाई ।
दुरजोधन को मेवा त्यागो साग बिदुर घर पाई ॥
जूठे फल सबरी के खाए बहुबिधि प्रेम लगाई ।
प्रेम बिबस नृप सेवा कीन्ही आप बने हरि नाई ॥
राजसु जग्य जुधिष्ठिर कीन्हौ तामे जूँठ उठाई ।
प्रेम के बस अर्जुन रथ हाँक्यौ भूलि गए ठकुराई ॥
ऐसी प्रीति बढ़ी बृंदाबन गोपिन नाच नचाई ।
सूर कूर इहि लायक नाहीं कहँ लगि करौ बड़ाई ॥

अबिगत गति कछु कहत न आवै ।
ज्यों गूँगे मीठे फल कौ रस अंतरगत ही भावै ॥
परम स्वाद सबही सु निरंतर अमित तोष उपजावै ।
मन बानी कौ अगम अगोचर, सो जानै जो पावै ॥
रूप रेख गुन जाति जुगति बिनु निरालंब कित धावै ।
सब बिधि अगम बिचारहि तातै सूर सगुन पद गावै ॥

बासुदेव की बड़ी बड़ाई ।
जगत पिता, जगदीस, जगत गुरु,
निज भक्तनि की सहत ढिठाई ॥
भृगु कौ चरन राखि उर ऊपर,
बोले बचन सकल सुखदाई ।

सिव बिरंचि मारन कौं धाए,
यह गति काहू देव न पाई ॥
बिनु बदलै उपकार करत है,
स्वारथ बिना करत मित्राई ।
रावन अरि कौ अनुज बिभीषन,
ताकौं मिले भरत की नाई ॥
बकी कपट करि मारन आई,
सो हरि जू बैकुंठ पठाई ।
बिनु दीन्हैं ही देत सूर प्रभु,
ऐसे हैं जदुनाथ गुसाईं ॥

प्रभु कौ देखौ एक सुभाइ ।
अति गंभीर उदार उदधि हरि, जान सिरोमनि राइ ॥
तिनका सौं अपने जन कौ गुन मानत मेरु समान ।
सकुचि गनत अपराध समुद्रहिं बूँद तुल्य भगवान ॥
बदन प्रसन्न कमल सनमुख ह्वै देखत हौ हरि जैसैं ।
बिमुख भएँ अकृपा न निमिषहूँ, फिरि चितयौ तौ तैसैं ॥
भक्त बिरह कातर करुनामय, डोलत पाछैं लागे ।
सूरदास ऐसे स्वामी कौ देहिं पीठि सो अभागे ॥

हरि सौ ठाकुर और न जन कौ ।
जिहिं जिहिं बिधि सेवक सुख पावै,
तिहिं बिधि राखत मन कौं ॥
भूख भएँ भोजन जु उदर कौ,
तृषा तोय, पट तन कौ ।
लग्यौ फिरत सुरभी ज्यों सुत सँग,
औचट गुनि गृह बन कौ ॥
परम उदार चतुर चिंतामनि,
कोटि कुबेर निधन कौं ।
राखत है जन की परतिग्या,
हाथ पसारत कन कौं ॥
संकट परैं तुरत उठि धावत,
परम सुभट निज पन कौं ।
कोटिक करै एक नहिं मानै
सूर महा कृतघन कौ ॥

हरि सौ मीत न देख्यौ कोई ।
बिपतिकाल सुमिरत तिहिं औसर आनि तिरीछौ होई ॥
ग्राह गहे गजपति मुकरायौ, हाथ चक्र लै धायौ ।
तजि बैकुंठ गरुड़ तजि श्री तजि, निकट दास कैं आयौ ॥
दुर्बासा कौ साप निवार्यौ, अंबरीष पति राखी ।
ब्रह्मलोक परजंत फिर्यौ तहँ देव मुनी जन साखी ॥
लाखागृह तैं जरत पांडु सुत बुधि बल नाथ उबारे ।
सूरदास प्रभु अपने जन के नाना त्रास निवारे ॥

राम भक्तबत्सल निज बानौं ।
जाति गोत कुल नाम गनत नहिं रंक होइ कै रानौं ॥
सिव ब्रह्मादिक कौन जाति प्रभु, हौं अजान नहिं जानौं ।
हमता जहाँ तहाँ प्रभु नाहीं, सो हमता क्यौं मानौं ?
प्रगट खंभ तैं दए दिखाई, जद्यपि कुल कौ दानौ ।
रघुकुल राघव कृष्न सदा ही गोकुल कीन्हौं थानौ ॥
बरनि न जाइ भक्त की महिमा, बारंबार बखानौं ।
ध्रुव रजपूत, बिदुर दासी सुत, कौन कौन अरगानौ ॥
जुग जुग बिरद यहै चलि आयौ, भक्तनि हाथ बिकानौ ।
राजसूय मैं चरन पखारे स्याम लिए कर पानौ ॥
रसना एक अनेक स्याम गुन, कहँ लगि करौं बखानौं ?
सूरदास प्रभु की महिमा अति, साखी बेद पुरानौ ॥

गोबिंद प्रीति सबनि की मानत ।
जिहिं जिहिं भाइ करत जन सेवा, अंतर की गति जानत ॥
सबरी कटुक बेर तजि मीठे चाखि गोद भरि ल्याई ।
जूठनि की कछु संक न मानी, भच्छ किये सत भाई ॥
संतत भक्त मीत हितकारी स्याम बिदुर कैं आए ।
प्रेम बिकल अति आनँद उर धरि, कदली छिकुला खाए ॥
कौरव काज चले रिषि सापन साक पत्र सु अघाए ।
सूरदास करुना निधान प्रभु, जुग जुग भक्त बढ़ाए ॥

सरन गएँ को को न उबार्यौ ।
जब जब भीर परी संतनि कौं, चक्र सुदरसन तहाँ सँभार्यौ ॥
भयौ प्रसाद जु अंबरीष कौं, दुरबासा कौ क्रोध निवार्यौ ।
ग्वालनि हेत धर्यौ गोबर्धन, प्रकट इंद्र कौ गर्ब प्रहार्यौ ॥
कृपा करी प्रहलाद भक्त पर, खंभ फारि हिरनाकुस मार्यौ ।
नरहरि रूप धर्यौ करुनाकर, छिनक माहिं उर नखनि बिदार्यौ॥
ग्राह ग्रसत गज कौं जल बूड़त, नाम लेत वाकौ दुख टार्यौ ।
सूर स्याम बिनु और करै को, रंगभूमि मैं कंस पछार्यौ ॥

जन की और कौन पति राखै ?
जाति पाँति कुल कानि न मानत, बेद पुरानन साखै ॥
जिहिं कुल राज द्वारिका कीन्हौं, सो कुल साप तैं नास्यौ ।
सोइ मुनि अंबरीष कैं कारन तीनि भुवन भ्रमि त्रास्यौ ॥

जाकौ चरनोदक सिव सिर धरि, तीनि लोक हितकारी।
सोइ प्रभु पांडुसुतनि के कारन निज कर चरन पखारी॥
बारह बरस बसुदेव देवकिहिं कंस महा दुख दीन्हौ।
तिन प्रभु प्रहलादहि सुमिरत हीं नरहरि रूप जु कीन्हौ॥
जग जानत जदुनाथ जिते जन निज भुज स्रम सुख पायौ!
ऐसो को जु न सरन गहे तैं कहत सूर उतरायौ॥

जब जब दीननि कठिन परी।
जानत हौं, करुनामय जन कौं तब तब सुगम करी॥
सभा मँझार दुष्ट दुस्सासन द्रौपदि आनि धरी।
सुमिरत पट कौ कोट बढ़्यौ तब, दुख सागर उबरी॥
ब्रह्म बाण तैं गर्भ उबार्‌यौ, टेरत जरी जरी।
बिपति काल पाडव-बधु बन मैं राखी स्याम हरी॥
करि भोजन अवसेस जग्य कौ त्रिभुवन भूख हरी।
पाइ पियादे धाइ ग्राह सौ लीन्हौ राखि करी॥
तब तब रच्छा करी भगत पर जब जब बिपति परी।
महा मोह मै पर्‌यौ सूर प्रभु, काहैं सुधि बिसरी॥

जैसैं तुम गज कौ पाउँ छुड़ायौ।
अपने जन कौ दुखित जानि कै पाउँ पियादे धायौ॥
जहँ जहँ गाढ़ परी भक्तनि कौ, तहँ तहँ आपु जनायौ।
भक्ति हेत प्रहलाद उबार्‌यौ, द्रौपदि चीर बढ़ायौ॥
प्रीति जानि हरि गए बिदुर कै, नामदेव घर छायौ।
सूरदास द्विज दीन सुदामा, तिहिं दारिद्र नसायौ॥

नाथ अनाथनि ही के संगी।
दीनदयाल परम करुनामय, जन हित हरि बहु रंगी॥
पारथ तिय कुरुराज सभा मै बोलि करन चहै नंगी।
स्रवन सुनत करुना सरिता भए, बाढ़्यौ बसन उमंगी॥
कहा बिदुर की जाति बरन है, आइ साग लियौ मंगी।
कहा कूबरी सील रूप गुन, बस भए स्याम त्रिभंगी॥
ग्राह गह्यौ गज बल बिनु ब्याकुल, बिकल गात, गति लंगी।
धाइ चक्र लै ताहि उबार्‌यौ, मार्‌यौ ग्राह बिहंगी॥
कहा कहौं हरि केतिक तारे, पावन-पद परतंगी।
सूरदास यह बिरद स्रवन सुनि, गरजत अधम अनंगी॥

स्याम भजन बिनु कौन बड़ाई?
बल बिद्या धन धाम रूप गुन और सकल मिथ्या सौंजाई॥
अंबरीष प्रहलाद नृपति बलि, महा ऊँच पदवी तिन पाई।
गहि सारँग रन रावन जीत्यौ, लंक बिभीषन फिरी दुहाई॥
मानी हार बिमुख दुरजोधन, जाके जोधा हे सौ भाई।
पाडव पाँच भजे प्रभु चरननि, रनहि जिताए हैं जदुराई॥
राज रवनि सुमिरे पति कारन असुर बंदि तैं दिए छुड़ाई।
अति आनंद सूर तिहिं औसर, कीरति निगम कोटि मुख गाई॥

ऐसे कान्ह भक्त हितकारी।
जहाँ जहाँ जिहिं काल सम्हारे, तहँ तहँ त्रास निवारी॥
धर्मपुत्र जब जग्य उपायौ, द्विज मुख है पन लीन्हौ।
अस्व निमित उत्तर दिसि कैं पथ गमन धनंजय कीन्हौ॥
अहिपति सुता सुवन सन्मुख है बचन कह्यौ इक हीनौ।
पारथ बिमल बभ्रुवाहन कौ सीस खिलौना दीनौ॥
इतनी सुनत कुंति उठि धाई, बरषत लोचन नीर।
पुत्र कबंध अंक भरि लीन्हौ, धरति न इक छिन धीर॥
लै लै स्रोन हृदय लपटावति, चुंबति भुजा गँभीर।
त्यागति प्रान निरखि सायक धनु, गति मति बिकल सरीर॥
ठाढ़े भीम नकुल सहदेवरु नृप सब कृष्न समेत।
पौढ़े कहा समर सेज्या सुत, उठि किन उत्तर देत!
थकित भए कछु मंत्र न फुरई, कीने मोह अचेत।
या रथ बैठि बंधु की गर्जहिं पुरवै को कुरुखेत!
काकौ बदन निहारि द्रौपदी दीन दुखी सभरिहै!
काकी ध्वजा बैठि कपि किलकिहि, किहिं भय दुरजन डरिहै!
काके हित श्रीपति ह्याँ ऐहै, सकट इच्छा करिहैं!
को कौरव-दल-सिधु मथन करि या दुख पार उतरिहै!
चिंता मानि चितै अतरगति, नाग-लोक को धाए।
पारथ सीस सोंध अष्टकुल, तब जदुनंदन ल्याए॥
अमृत गिरा बहु बरषि सूर प्रभु, भुज गहि पार्थ उठाए।
अस्व समेत बभ्रुवाहन लै, सुफल जग्य हित आए॥

जापर दीनानाथ ढरै।
सोइ कुलीन बड़ौ सुंदर सोई, जिहि पर कृपा करै॥
कौन बिभीषन रंक निसाचर, हरि हँसि छत्र धरै।
राजा कौन बड़ौ रावन तैं, गर्बहिं गर्ब गरै॥
रंकव कौन सुदामाहू तै, आप समान करै।
अधम कौन है अजामील तैं, जम तहँ जात डरै॥
कौन बिरक्त अधिक नारद तैं, निसि दिन भ्रमत फिरै।
जोगी कौन बड़ौ संकर तैं, ताकौ काम छरै॥
अधिक कुरूप कौन कुबिजा तैं, हरि पति पाइ तरै।
अधिक सुरूप कौन सीता तैं, जनम बियोग भरै॥
यह गति मति जानै नहिं कोऊ, किहिं रस रसिक ढरै।
सूरदास भगवंत भजन बिनु फिरि फिरि जठर जरै॥

जाकौ दीनानाथ निवाजैं ।
भव सागर मैं कबहुँ न झकै, अभय निसाने बाजैं ॥
बिप्र सुदामा कौ निधि दीन्हीं, अर्जुन रन मै गाजैं ।
लंका राज बिभीषन राजैं, ध्रुव आकास बिराजैं ॥
मारि कंस केसी मथुरा मैं, मेट्यौ सबै दुराजैं ।
उग्रसेन सिर छत्र धरयौ है, दानव दस दिसि भाजैं ॥
अंबर गहत द्रौपदी राखी, पलटि अंध सुत लाजैं ।
सूरदास प्रभु महा भक्ति तै, जाति अजातिहिं साजैं ॥

जाकौ मनमोहन अंग करै ।
ताकौ केस खमै नहिं सिर तै, जौ जग बैर परै ॥
हिरनकसिपु परहार थक्यौ, प्रहलाद न नेकु डरै ।
अजहूँ लगि उत्तानपाद सुत, अबिचल राज करै ॥
राखी लाज द्रुपदतनया की, कुरुपति चीर हरै ।
दुरजोधन कौ मान भग करि बसन प्रवाह भरै ॥
जौ सुरपति कोप्यौ ब्रज ऊपर क्रोध न कछू सरै ।
ब्रज जन राखि नंद कौ लाला, गिरिधर बिरद धरै ॥
जाकौ बिरद है गर्ब प्रहारी, सो कैसै बिसरै ।
सूरदास भगवंत भजन करि, सरन गहें उबरै ॥

जाकौ हरि अंगीकार कियौ ।
ताके कोटि बिघन हरि हरि कै, अभै प्रताप दियौ ॥
दुरबासा अँबरीष सतायौ, सो हरि सरन गयौ ।
परतिग्या राखी मन मोहन फिरि तापैं पठयौ ॥
बहुत सासना दइ प्रहलादहिं, ताहि निपक कियौ ।
निकसि खंभ तैं नाथ निरतर, निज जन राखि लियौ ॥
मृतक भए सब सखा जिवाए, बिष जल जाइ पियौ ।
सूरदास प्रभु भक्तबछल हैं, उपमा कौं न बियौ ॥

हम भक्तनि के भक्त हमारे ।
सुनि अर्जुन ! परतिग्या मेरी, यह ब्रत टरत न टारे ॥
भक्तनि काज लाज जिय धरि कै, पाइ पियादे धाऊँ ।
जहँ जहँ भीर परै भक्तनि कौ, तहँ तहँ जाइ छुड़ाऊँ ॥
जो भक्तनि सौ बैर करत है, सो बैरी निज मेरौ ।
देखि बिचारि भक्त हित कारन, हाँकत हौं रथ तेरौ ॥
जीतै जीत भक्त अपने के, हारै हार बिचारौं ।
सूरदास सुनि भक्त बिरोधी, चक्र सुदरसन जारौं ॥

दैन्य

जन्म सिरानौ अटकैं अटकैं ।
राज काज, सुत बित की डोरी, बिनु बिबेक फिरयौ भटकैं ॥
कठिन जो गाँठि परी माया की, तोरी जाति न झटकैं ।
ना हरि भक्ति, न साधु समागम, रह्यो बीचही लटकैं ॥
ज्यौं बहु कला काछि दिखरावै, लोभ न छूटत नट कैं ।
सूरदास सोभा क्यो पावै, पिय बिहीन धनि मटकैं ॥

बिरथा जन्म लियौ ससार ।
करी कबहुँ न भक्ति हरि की, मारी जननी भार ॥
जग्य, जप, तप नाहि कीन्ह्यौ, अल्प मति बिस्तार ।
प्रगट प्रभु नहिं दूरि है, तू देखि नैन पसार ॥
प्रबल माया ठग्यौ सब जग, जनम जूआ हार ।
सूर हरि कौ सुजस गावौ, जाहिं मिटि भव भार ॥

काया हरि कैं काम न आई ।
भाव भक्ति जहँ हरि जस सुनियत, तहाँ जात अलसाई ॥
लोभातुर ह्वै काम मनोरथ, तहाँ सुनत उठि धाई ।
चरन कमल सुंदर जहँ हरि के, क्योंहूँ न जात नवाई ॥
जब लगि स्याम अंग नहिं परसत, अंधे ज्यौं भरमाई ।
सूरदास भगवंत भजन तजि, बिषय परम बिष खाई ॥

सबै दिन गए बिषय के हेत ।
तीनौ पन ऐसैं ही खोए, केस भए सिर सेत ॥
आँखिनि अंध, स्रवन नहिं सुनियत, थाके चरन समेत ।
गंगा जल तजि पियत कूप जल, हरि तजि पूजत प्रेत ॥
मन बच क्रम जौ भजे स्याम कौं, चारि पदारथ देत ।
ऐसो प्रभू छाड़ि क्यो भटकै, अजहूँ चेति अचेत ॥
राम नाम बिनु क्यो छूटौगे, चद गहे ज्यौं केत ।
सूरदास कछु खरच न लागत, राम नाम मुख लेत ॥

अब हौं माया हाथ बिकानौ ।
परबस भयौ पसू ज्यौं रजु बस, भज्यौ न श्रीपति रानौ ॥
हिंसा मद ममता रस भूल्यौ, आसाही लपटानौ ।
याही करत अधीन भयौ हौं, निद्रा अति न अघानौ ॥
अपने ही अग्यान तिमिर मै, बिसरयौ परम ठिकानौ ।
सूरदास की एक आँखि है, ताहू में कछु कानौ ॥

कितै दिन हरि सुमिरन बिनु खोए ।
परनिंदा रसना के रस करि, केतिक जनम बिगोए ॥
तेल लगाइ कियौ रुचि मर्दन, बस्तर मलि मलि धोए ।
तिलक बनाइ चले स्वामी ह्वै, बिषयिनि के मुख जोए ॥
काल बली तैं सब जग काँप्यौ, ब्रह्मादिक हूँ रोए ।
सूर अधम की कहौ कौन गति, उदर भरे परि सोए ॥

जनम तौ ऐसेहिं बीति गयौ ।
जैसैं रंक पदारथ पाएँ, लोभ बिसाहि लयौ ॥
बहुतक जन्म पुरीष परायन, सूकर-स्वान भयौ ।
अब मेरी मेरी करि बौरे, बहुरौ बीज बयौ ॥
नर कौ नाम पारगामी है, सो तोहि स्याम दयौ ।
तैं जड़ नारिकेल कपि कर ज्यौं, पायौ नाहिं पयौ ॥
रजनी गत बासर मृग तृष्ना रस हरि कौ न चयौ ।
सूर नंदनंदन जेहिं बिसरयौ, आपुहिं आपु हयौ ॥

बिनती करत मरत हौं लाज ।
नख सिख लौं मेरी यह देही है पाप की जहाज ॥
और पतित आवत न आँखि तर देखत अपनौ साज ।
तीनौं पन भरि ओर निबाह्यौ तऊ न आयौ बाज ॥
पाछैं भयौ न आगैं ह्वैहै, सब पतितनि सिरताज ।
नरकौ भज्यौ नाम सुनि मेरौ, पीठि दई जमराज ॥
अब लौं नान्हे-नून्हे तारे, ते सब बृथा अकाज ।
साँचै बिरद सूर के तारत, लोकनि लोक अवाज ॥

प्रभु ! हौं सब पतितन कौ टीकौ ।
और पतित सब दिवस चारि के, हौं तौ जनमत ही कौ ॥
बधिक अजामिल गनिका तारी और पूतना ही कौ ।
मोहि छाँड़ि तुम और उधारे, मिटै सूल क्यौं जीकौ ॥
कोउ न समरथ अघ करिबे कौं, खैंचि कहत हौं लीकौ ।
मरियत लाज सूर पतितन मे, मोहू तैं को नीकौ ॥

हौं तौ पतित सिरोमनि माधौ !
अजामील बातनि ही तारयो, हुतौ जु मोतै आधौ ॥
कै प्रभु हार मानि कै बैठौ, कै अबही निस्तारौ ।
सूर पतित कौ और ठौर नहिं, है हरि नाम सहारौ ॥

माधौ जू ! मोतैं और न पापी ।
घातक कुटिल चवाई कपटी, महाकूर संतापी ॥
लंपट धूत पूत दमरी कौ, बिषय जाप कौ जापी ।
भच्छि अभच्छ, अपान पान करि, कबहुँ न मनसा थापी ॥
कामी बिबस कामिनी कैं रस, लोभ लालसा थापी ।
मन क्रम बचन दुसह सबहिन सौं कटुक बचन आलापी ॥
जेतिक अधम उधारे प्रभु ! तुम तिन की गति मैं नापी ।
सागर सूर बिकार भरयौ जल, बधिक अजामिल बापी ॥

हरि ! हौं सब पतितन कौ राजा ।
निंदा पर मुख पूरि रह्यौ जग, यह निसान नित बाजा ॥
तृष्ना देसरु सुभट मनोरथ, इंद्री खड्ग हमारी ।
मंत्री काम कुमति देवे कौ, क्रोध रहत प्रतिहारी ॥
गज अहंकार चढ्यौ दिगबिजयी, लोभ छत्र करि सीस ।
फौज असत संगति की मेरैं, ऐसौ हौं मैं ईस ॥
मोह मया बंदी गुन गावत, मागध दोष अपार ।
सूर पाप कौ गढ़ दृढ कीन्हौ, मुहकम लाइ किंवार ॥

हरि ! हौं सब पतितनि कौ राउ ।
को करि सकै बराबरि मेरी, सो धौं मोहिं बताउ ॥
ब्याध गीध अरु पतित पूतना, तिन तैं बड़ौ जु और ।
तिन मैं अजामील गनिकादिक, उन मैं मैं सिरमौर ॥
जहँ तहँ सुनियत यहै बड़ाई, मो समान नहिं आन ।
और है आजकाल के राजा, मैं तिन मैं सुलतान ॥
अब लगि प्रभु तुम बिरद बुलाए, भई न मोसौं भेंट ।
तजौ बिरद कै मोहि उधारौ, सूर कहै करि फेंट ॥

हरि ! हौं सब पतितन कौ नायक ।
को करि सकै बराबरि मेरी, और नहीं कोउ लायक ॥
जो प्रभु अजामील कौं दीन्हौ, सो पाटौ लिखि पाऊँ ।
तौ बिस्वास होइ मन मेरैं, औरौ पतित बुलाऊँ ॥
बचन मानि लै चलौ गाँठि दै, पाऊँ सुख अति भारी ।
यह मारग चौगुनौ चलाऊँ, तौ पूरौ ब्यौपारी ॥
पतित उधारन नाम सुन्यौ जब, सरन गही तकि दौर ।
अब कैं तौ अपनी लै आयौ, बेर बहुर की और ॥
होड़ा होड़ी मनहिं भावते किए पाप भरि पेट ।
ते सब पतित पाय तर डारौं यहै हमारी भेंट ॥
बहुत भरोसौ जानि तुम्हारौ, अब कीन्हे भरि भाँड़ौ ।
लीजै बेगि निबेरि तुरतहीं सूर पतित कौ टाँड़ौ ॥

मो सम कौन कुटिल खल कामी ।
तुम सों कहा छिपी करुनामय, सब के अंतरजामी ॥
जो तन दियौ ताहि बिसरायौ, ऐसौ नोनहरामी ।
भरि भरि उदर बिषै कों धावत, जैसें सूकर ग्रामी ॥
सुनि सतसंग होत जिय आलस, बिषयिनि सँग बिसरामी ।
श्रीहरि चरन छाँड़ि बिमुखन की निसि दिन करत गुलामी ॥
पापी परम अधम अपराधी, सब पतितनि मैं नामी ।
सूरदास प्रभु अधम उधारन सुनियै श्रीपति स्वामी ॥

मोसौ पतित न और हरे !
जानत हौ प्रभु अंतरजामी, जे मैं कर्म करे ॥

ऐसौ अध अधम अबिबेकी, खोटनि करत खरे।
बिषयी भजे बिरक्त न सेए, मन धन धाम धरे॥
ज्यौं माखी मृगमद मंडित तन परिहरि, पूय परै।
त्यौं मन मूढ़ बिषय गुंजा गहि, चिंतामनि बिसरै॥
ऐसे और पतित अवलंबित, ते छिन माहिं तरे।
सूर पतित तुम पतित उधारन, बिरद कि लाज धरे॥

वैराग्य

जा दिन मन पछी उड़ि जैहै।
ता दिन तेरे तन तरुवर के सबै पात झरि जैहैं॥
या देही कौ गरब न करियै, स्यार काग गिध खैहैं।
तीननि मै तन कृमि, कै बिष्ठा, कै ह्वै खाक उड़ैहै॥
कहँ वह नीर, कहाँ वह सोभा, कहँ रँग रूप दिखैहै।
जिन लोगनि सौं नेह करत है, तेई देखि घिनैहैं॥
घर के कहत सबारे काढ़ौ, भूत होइ धरि खैहैं।
जिन पुत्रनिहिं बहुत प्रतिपाल्यौ, देवी देव मनैहैं॥
तेई लै खोपरी बाँस दै, सीस फोरि बिखरैहैं।
अजहूँ मूढ़ करौ सतसंगति, संतनि मे कछु पैहै॥
नर बपु धारि नाहिं जन हरि कौ, जम की मार सो खैहै।
सूरदास भगवंत भजन बिनु बृथा सु जनम गँवैहै॥

नहिं अस जनम बारबार।
पुरबलौ धौ पुन्य प्रगटयौ, लह्यौ नर अवतार॥
घटै पल पल बढ़ै छिन छिन, जात लागि न बार।
धरनि पत्ता गिरि परे ते फिरि न लागैं डार॥
भय उदधि जमलोक दरसै, निपट ही अँधियार।
सूर हरि कौ भजन करि करि उतरि पल्ले पार॥

जग मै जीवत ही कौ नातौ।
मन बिछुरै तन छार होइगौ, कोउ न बात पुछातौ॥
मैं मेरी कबहूँ नहिं कीजै, कीजै पंच सुहातौ।
बिषयासक्त रहत निसि बासर, सुख सियरौ, दुख तातौ॥
साँच झूट करि माया जोरी, आपुन रूखौ खातौ।
सूरदास कछु थिर न रहैगौ, जो आयौ सो जातौ॥

दिन द्वै लेहु गोबिंद गाइ।
मोह माया लोभ लागे, काल घेरै आइ॥
बारि मै ज्यौं उठत बुदबुद, लागि बाइ बिलाइ।
यहै तन गति जनम झूठौ, स्वान कागन खाइ॥
कर्म कागद बाँचि देखौ, जौ न मन पतियाइ।
अखिल लोकनि भटकि आयौ, लिख्यौ मेटि न जाइ॥
सुरति के दस द्वार रूँधे, जरा घेरयौ आइ।
सूर हरि की भक्ति कीन्हैं, जन्म पातक जाइ॥

उद्बोधन एवं उपदेश

रे मन, गोबिंद के ह्वै रहिये।
इहि संसार अपार बिरत ह्वै, जम की त्रास न सहियै॥
दुख, सुख, कीरति, भाग आपने आइ परै सो गहियै।
सूरदास भगवंत भजन करि अंत बार कछु लहियै॥

नर! तैं जनम पाइ कहा कीनौ?
उदर भरयौ कूकर सूकर लौ, प्रभु कौ नाम न लीनौ॥
श्रीभागवत सुनी नहिं श्रवननि, गुरु गोबिंद नहिं चीनौ।
भाव भक्ति कछु हृदय न उपजी, मन बिषया मै दीनौ॥
झूठौ सुख अपनौ करि जान्यौ, परस प्रिया कैं भीनौ।
अघ कौ मेरु बढ़ाइ अधम! तू, अंत भयौ बलहीनौ॥
लख चौरासी जोनि भरमि कै फिरि वाही मन दीनौ।
सूरदास भगवंत भजन बिनु ज्यौं अंजलि जल छीनौ॥

सब तजि भजिए नंदकुमार।
और भजे तै काम सरै नहिं, मिटै न भव जंजार॥
जिहिं जिहिं जोनि जन्म धारयौ, बहु जोरयौ अघ कौ भार।
तिहि काटन कौ समरथ हरि कौ तीछन नाम कुठार॥
बेद, पुरान, भागवत, गीता, सब कौ यह मत सार।
भव समुद्र हरि पद नौका बिनु कोउ न उतारै पार॥
यह जिय जानि, इहीं छिन भजि, दिन बीते जात असार।
सूर पाइ यह समौ लाहु लहि, दुर्लभ फिरि संसार॥

नर देही पाइ चित चरन कमल दीजै।
दीन बचन, संतनि सँग दरस परस कीजै॥
लीला गुन अमृत रस स्रवननि पुट पीजै।
सुंदर मुख निरखि, ध्यान नैन माहिं लीजै॥
गद्गद सुर, पुलक रोम, अंग प्रेम भीजै।
सूरदास गिरिधर जस गाइ गाइ जीजै॥

गाइ लेहु मेरे गोपालहिं।
नातरु काल ब्याल ले लैहै,
छाड़ि देहु तुम सब जंजालहिं॥
अंजलि के जल ज्यौं तन छीजत,
खोटे कपट तिलक अरु मालहि।
कनक कामिनी सौं मन बाँध्यौ,
ह्वै गज चल्यौ स्वान की चालहिं॥

सकल सुखनि के दानि आनि उर,
दृढ़ बिस्वास भजौ नँदलालहिं।
सूरदास जो संतनि कौं हित,
कृपावंत मेटत दुख जालहिं॥

जो अपनौ मन हरि सौं साँचै।
आन उपाय प्रसंग छाँड़ि कै, मन बच क्रम अनुसाँचै॥
निसि दिन नाम लेत ही रसना, फिरि जु प्रेम रस माँचै।
इहिं बिधि सकल लोक में बाँचै, कौन कहै अब साँचै॥
सीत उष्न, सुख दुख नहिं मानै, हर्ष सोक नहि ख्याँचै।
जाइ समाइ सूर वा निधि मैं, बहुरि जगत नाह नाचै॥

करि हरि सों सनेह मन साँचौ।
निपट कपट की छाँड़ि अटपटी, इंद्रिय बस राखहि किन साँचौ॥
सुमिरन कथा सदा सुखदायक, बिषधर बिषय बिषम बिष बाँचौ।
सूरदास प्रभु हित कै सुमिरौ आनँद करिकै नाँचौ॥

इहिं बिधि कहा घटैगौ तेरौ?
नंदनँदन करि घर कौ ठाकुर, आपुन ह्वै रहु चेरौ॥
कहा भयौ जो संपति बाढ़ी, कियौ बहुत घर घेरौ।
कहुँ हरि कथा, कहूँ हरि पूजा, कहुँ संतनि कौ डेरौ॥
जो बनिता सुत जूथ सकेले, हय गय बिभव घनेरौ।
सबै समर्पौ सूर स्याम कौं, यह साँचौ मत मेरौ॥

रे मन, राम सौं करि हेत।
हरि भजन की बारि करि लै, उबरै तेरौ खेत॥
मन सुआ, तन पींजरा, तिहिं माँझ राखै चेत।
काल फिरत बिलार तनु धरि, अब घरी तिहिं लेत॥
सकल बिषय बिकार तजि, तू उतरि सायर सेत।
सूर भजि गोबिंद के गुन, गुरु बताऐं देत॥

तिहारौ कृष्न कहत कहा जात?
बिछुरैं मिलन बहुरि कब ह्वै है, ज्यौं तरुवर के पात॥
सीत बात कफ कंठ बिरोधै, रसना टूटै बात।
प्रान लए जम जात मूढमति! देखत जननी तात॥
छन इक माहिं कोटि जुग बीतत, नर की केतिक बात?
यह जग प्रीति सुवा सेमर ज्यौं, चाखत ही उड़ि जात॥
जम कैं फंद परयौ नहिं जब लगि, चरननि किन लपटात?
कहत सूर बिरथा यह देही, एतौ कत इतरात॥

ते दिन बिसरि गए इहाँ आए।
अति उन्मत्त मोह मद छाक्यौ, फिरत केस बगराए॥
जिन दिवसनि तैं जननि जठर मैं, रहत बहुत दुख पाए।
अति संकट मैं भरत मँटा लौं, मल मैं मूँड गडाए॥
बुधि बिबेक बल हीन छीन तन, सबही हाथ पराए।
तब धौं कौन साथ रहि तेरै, स्वान पान पहुँचाए॥
तिहि न करत चित अधम! अजहुँ लौं जीवत जाके ज्याए।
सूर सो मृग ज्यौं बान सहत नित बिषय ब्याध के गाए॥

भक्ति कब करिहौ, जनम सिरानौ।
बालापन खेलतहीं खोयौ, तरुनाई गरबानौ॥
बहुत प्रपंच किए माया के, तऊ न अधम! अघानौ।
जतन जतन करि माया जोरी, लै गयौ रंक न रानौ॥
सुत बित बनिता प्रीति लगाई, झूठे भरम भुलानौ।
लोभ मोह तैं चेत्यौ नाहीं, सुपनैं ज्यौं डहकानौ॥
बिरध भयौ कफ कंठ बिरोध्यौ, सिर धुनि धुनि पछितानौ।
सूरदास भगवंत भजन बिनु, जम कै हाथ बिकानौ॥

(मन) राम नाम सुमिरन बिनु, बादि जनम खोयौ।
रचक सुख कारन तैं अंत क्यौ बिगोयौ॥
साधु संग भक्ति बिना, तन अकार्थ जाई।
ज्वारी ज्यौं हाथ झारि, चालै झटकाई॥
दारा सुत, देह गेह, संपति सुखदाई।
इन मैं कछु नाहिं तेरौ, काल अवधि आई॥
काम क्रोध लोभ मोह तृष्ना मन मोयौ।
गोबिंद गुन चित बिसारि, कौन नींद सोयौ॥
सूर कहै चित बिचारि, भूल्यौ भ्रम अंधा।
राम नाम भजि लै, तजि और सकल धंधा॥

तजौ मन! हरि बिमुखनि कौ संग।
जिन कैं संग कुमति उपजति है, परत भजन मैं भंग॥
कहा होत पय पान कराऐं, बिष नहिं तजत भुजंग।
कागहिं कहा कपूर चुगाऐं, स्वान न्हवाऐं गंग॥
खर कौ कहा अरगजा लेपन, मरकट भूषन अंग।
गज कौ कहा सरित अन्हवाऐं, बहुरि धरै वह ढंग॥
पाहन पतित बान नहि बेधत, रीतौ करत निषंग।
सूरदास कारी कामरि पै, चढत न दूजौ रंग॥

रे मन, जनम अकारथ खोइसि।
हरि की भक्ति न कबहूँ कीन्ही, उदर भरे परि सोइसि॥
निसि दिन फिरत रहत मुँह बाए, अहमिति जनम बिगोइसि।
गोड़ पसारि परयौ दोउ नीकैं, अब कैसी कह होइसि॥
काल जमनि सौ आनि बनी है, देखि देखि मुख रोइसि।
सूर स्याम बिनु कौन छुड़ावै, चले जाव करि पोइसि॥

हरि रस तौऊ जाइ कहूँ लहियै ।
गएँ सोच आएँ नहिं आनँद, ऐसो मारग गहियै ॥
कोमल बचन दीनता सब सों, सदा अनंदित रहियै ।
बाद बिबाद हर्ष आतुरता, इतौ द्वंद जिय सहियै ॥
ऐसी जो आवै या मन मैं, तौ सुख कहँ लौं कहियै ।
अष्ट सिद्धि नव निधि सरज प्रभु, पहुँचै जो कछु चहियै ॥

हरि बिनु कोऊ काम न आयौ ।
इहि माया झूठी प्रपंच लगि, रतन सौ जनम गँवायौ ॥
कंचन कलस, बिचित्र चित्र करि, रचि पचि भवन बनायौ ।
तामैं तैं ततछन ही काढ्यौ, पल भर रहन न पायौ ॥
हौ तव संग जरौंगी, यौं कहि, तिया धूति धन खायौ ।
चलत रही चित चोरि, मोरि मुख, एक न पग पहुँचायौ ॥
बोलि बोलि सुत स्वजन मित्रजन, लीन्यौ सुजस सुहायौ ।
परयौ जु काज अंत की बिरियाँ, तिनहुँ न आनि छुड़ायौ ॥
आसा करि करि जननी जायो, कोटिक लाड़ लड़ायौ ।
तोरि लयौ कटिहू कौ डोरा, तापर बदन जरायौ ॥
पतित उधारन, गनिका तारन, सो मैं सठ बिसरायौ ।
लियौ न नाम कबहुँ धोखैं हूँ, सूरदास पछितायौ ॥

ऐसेहिं जनम बहुत बौरायौ ।
बिमुख भयौ हरि चरन कमल तजि, मन संतोष न आयौ ॥
जब जब प्रगट भयौ जल थल मैं, तब तब बहु-बपु धारे ।
काम क्रोध मद लोभ मोह बस, अतिहि किए अघ भारे ॥
नृग, कपि, बिप्र, गीध, गनिका, गज, कंस केसि स्वल तारे ।
अघ बक बृषभ बकी धेनुक हति, भव जलनिधि तें उबारे ॥
संखचूड़ मुष्टिक प्रलंब अरु तृनावर्त संहारे ।
गज चानूर हते दव नास्यौ, व्याल मथ्यौ भय हारे ॥
जन दुख जानि जमल द्रुम भंजन, अति आतुर ह्वै धाए ।
गिरि कर धारि इंद्र मद मर्यौ, दावनि सुख उपजाए ॥
रिपु कच गहत द्रुपद तनया जब सरन सरन कहि भाषी ।
बढ़े दुकूल कोट अंबर लौं, सभा माँझ पति राखी ॥
मृतक जिवाइ दिए गुरु के सुत, ब्याध परम गति पाई ।
नंद बरुन बंधन भय मोचन, सूर पतित सरनाई ॥

माया देखत ही जु गई ।
ना हरि-हित, ना तू-हित, इन मैं एकौ तौ न भई ॥
ज्यौं मधुमाखी सँचति निरंतर, बन की ओट लई ।
ब्याकुल होत हेर ज्यौं सरबस, आगिनि धूरि दई ॥
सुत संतान स्वजन बनिता रति, धन समान उनई ।
राखे सूर पवन पावँड हति, करी जो प्रीति नई ॥

भगवान्‌की स्वरूप-माधुरी

हरि मुख निरखत नैन भुलाने ।
ये मधुकर रुचि पंकज लोभी, ताही तें न उड़ाने ॥
कुंडल मकर कपोलनि कैं ढिग, जनु रबि रैनि बिहाने ।
भ्रुव सुंदर नैननि गति निरखत, खंजन मीन लजाने ॥
अरुन अधर दुज कोटि बज्र दुति, ससि गन रूप समाने ।
कुंचित अलक सिलीमुख मिलि मनु लै मकरंद उड़ाने ॥
तिलक ललाट कंठ मुकुतावलि, भूषन मनिमय साने ।
सूर स्याम रस निधि नागर के क्यौं गुन जात बखाने ॥

देखि री नवल नंदकिसोर ।
लकुट सों लपटाइ ठाढ़े, जुवति जन मन चोर ॥
चारु लोचन हँसि बिलोकनि, देखि कै चित भोर ।
मोहिनी मोहन लगावत, लटकि मुकुट झकोर ॥
स्रवन धुनि सुनि नाद पोहत, करत हिरदै फोर ।
सूर अंग त्रिभंग सुंदर, छबि निरखि तृन तोर ॥

हरि तन मोहिनी माई ।
अंग अंग अनंग सत सत, बरनि नहिं जाई ॥
कोउ निरखि सिर मुकुट की छबि, सुरति बिसराई ।
कोउ निरखि बिथुरी अलक मुख, अधिक सुख छाई ॥
कोउ निरखि रहि भाल चंदन, एक चित लाई ।
कोउ निरखि बिथकी भ्रकुटि पर, नैन ठहराई ॥
कोउ निरखि रहि चारु लोचन, निमिष भरमाई ।
सूर प्रभु की निरखि सोभा, कहत नहिं आई ॥

नैना (माई) भूलैं अनत न जात ।
देखि सखी सोभा जु बनी है, मोहन कैं मुसुकात ॥
दाड़िम दसन निकट नासा सुक, चोंच चलाइ न खात ।
मनु रतिनाथ हाथ भ्रुकुटी धनु, तिहिं अवलोकि डरात ॥
बदन प्रभामय चंचल लोचन, आनँद उर न समात ।
मानहुँ भौंह जुवा रथ जोते, ससि नचवत मृग मात ॥
कुंचित केस अधर धुनि मुरली, सूरदास सुरसात ।
मनहुँ कमल पहँ कोकिल कूजत, अलिगन उपर उड़ात ॥

स्याम कमल पद नख की सोभा ।
जे नख चंद्र इंद्र सिर परसे, सिव बिरंचि मन लोभा ॥
जे नख चंद्र सनक मुनि धावत, नहिं पावत भरमाहीं ।
ते नख चंद्र प्रगट ब्रज जुवती, निरखि निरखि हरषाहीं ॥
जे नख चंद्र फनिंद्र हृदय तैं, एकौ निमिष न टारत ।
जे नख चंद्र महामुनि नारद, पलक न कहूँ बिसारत ॥

जे नख चंद्र भजन खल नासत, रमा हृदय जे परसति।
सूर स्याम नख चंद्र बिमल छबि, गोपी जन मिलि दरसति॥

स्याम हृदय जलसुत की माला, अतिहिं अनूपम छाजै(री)।
मनहुँ बलाक पाँति नव घन पर, यह उपमा कछु भ्राजै(री)॥
पीत हरित सित अरुन माल बन, राजति हृदय बिसाल(री)।
मानहुँ इंद्रधनुष नभ मंडल, प्रगट भयौ तिहिं काल (री)॥
भृगु पद चिह्न उरस्थल प्रगटे, कौस्तुभ मनि ढिग दरसत (री)।
बैठे मानौ घट बिधु इक सँग, अर्द्ध निसा मिलि हरषत (री)॥
भुजाबिसाल स्यामसुंदर की, चंदन खौरि चढ़ाए (री)।
सूर सुभग अँग अँगकी सोभा, ब्रजललना ललचाए (री)॥

निरखि सखि सुंदरता की सींवा।
अधर अनूप मुरलिका राजति, लटकि रहति अध ग्रीवा॥
मद मंद सुर पूरत मोहन, राग मलार बजावत।
कबहुँक रीझि मुरलि पर गिरिधर, आपुहि रस भरि गावत॥
हँसत लसति दसनावलि पंगति, ब्रजबनिता मन मोहत।
मरकतमनि पुट बिच मुकुताहल, बँदन भरे मनु सोहत॥
मुख बिकसत सोभा इक आवति, मनु राजीव प्रकास।
सूर अरुन आगमन देखि कै, प्रफुल्लित भए हुलास॥

मनोहर है नैननि की भाँति।
मानहुँ दूरि करत बल अपनैं, सरद कमल की काँति॥
इंदीवर राजीव कुसेसय, जीते सब गुन जाति।
अति आनंद सुप्रौढ़ा तातैं, बिकसत दिन अरु राति॥
खंजरीट मृग मीन बिचारति, उपमा कौं अकुलाति।
चंचल चारु चपल अवलोकनि, चितहिं न एक समाति॥
जब कहुँ परत निमेषहु अंतर, जुग समान पल जाति।
सूरदास वह रसिक राधिका, निमि पर अति अनखाति॥

देखि री हरि के चंचल नैन।
खंजन मीन मृगज चपलाई, नहिं पटतर इक सैन॥
राजिव दल इंदीवर सतदल, कमल कुसेसय जाति।
निसि मुद्रित प्रातहिं वै बिकसित, ये बिकसित दिनराति॥
अरुन स्वेत, सित झलक पलक प्रति को बरनै उपमाइ।
मनु सरसुति गंगा जमुना मिलि, आस्रम कीन्हौ आइ॥
अवलोकनि जलधार तेज अति, तहाँ न मन ठहराइ।
सूर स्याम लोचन अपार छबि, उपमा सुनि सरमाइ॥

देखि सखी! मोहन मन चोरत।
नैन कटाच्छ बिलोकनि मधुरी, सुभग भृकुटि बिबि मोरत॥
चंदन खौरि ललाट स्याम कैं, निरखत अति सुखदाई।
मनौ एक सँग गंग जमुन नभ, तिरछी धार बहाई॥
मलयज भाल भ्रकुटि रेखा की, कबि उपमा इक पाई।
मानहुँ अर्द्धचंद्र तट अहिनी, सुधा चुरावन आई॥
भ्रकुटी चारु निरखि ब्रजसुंदरि, यह मन करति बिचार।
सूरदास प्रभु सोभा सागर, कोउ न पावत पार॥

हरि मुख निरखति नागरि नारि।
कमल नैन के कमल बदन पर, बारिज बारिज वारि॥
सुमति सुंदरी सरस पिया रस लंपट माँड़ी आरि।
हरिहि जुहारि जु करत बसीठी, प्रथमहिं प्रथम चिन्हारि॥
राखति ओट कोटि जतननि करि, झाँपति अचल झारि।
खंजन मनहुँ उड़न कौं आतुर, सकत न पंख पसारि॥
देखि सरूप स्यामसुंदर कौ, रही न पलक सम्हारि।
देखहु सूरज अधिक सूर तन, अजहुँ न मानी हारि॥

हरि मुख कियौ मोहिनी माई।
बोलत बचन मंत्र सौ लागत, गति मति जाति भुलाई॥
कुटिल अलक राजति भ्रुव ऊपर, जहाँ तहाँ बगराई।
स्याम फाँसि मन करयौ हमरौ, अब समुझी चतुराई॥
कुंडल ललित कपोलनि झलकत, इन की गति मैं पाई।
सूर स्याम जुवती मन मोहन, ये सँग करत सहाई॥

देखि री देखि सोभा रासि।
काम पटतर कहा दीजै, रमा जिन की दासि॥
मुकुट सीस सिखंड सोहै, निरखि रहिं ब्रजनारि।
कोटि सुरकोदंड आभा, झिरकि डारैं वारि॥
केस कुंचित बिथुरि भ्रुव पर, बीच सोभा भाल।
मनौ चंदहिं अबल जान्यौ, राहु घेरयौ जाल॥
चारु कुंडल सुभग स्रवननि, को सकै उपमाइ।
कोटि कोटि कला तरनि छबि, देखि तनु भरमाइ॥
सुभग मुख पर चारु लोचन, नासिका इहि भाँति।
मनौ खंजन बीच सुक मिलि, बैठे हैं इक पाँति॥
सुभग नासा तर अधर छबि, रस धरैं अरुनाइ।
मनौ बिंब निहारि सुख, भ्रुव धनुष देखि डराइ॥
हँसत दसननि चमकताई, बज्र कन रचि पाँति।
दामिनी दाड़िम नहीं सरि, कियौ मन अति भ्राँति॥
चिबुक बर चित बित चुरावत, नवल नंदकिसोर।
सूर प्रभु की निरखि सोभा भई तरुनी भोर॥

बैठी कहा मदनमोहन कौ, सुंदर बदन बिलोकि ।
जा कारन घूँघट पट अब लौं, अँखियाँ राखीं रोकि ॥
फबि रहि मोर चंद्रिका माथें, छबि की उठति तरंग ।
मनहुँ अमरपति धनुष बिराजत नव जलधर कैं संग ॥
रुचिर चारु कमनीय भाल पर, कुंकुम तिलक दिएँ ।
मानहुँ अखिल भुवन की सोभा राजति उदय किएँ ॥
मनिमय जटित लोल कुंडल की, आभा झलकति गंड ।
मनहुँ कमल ऊपर दिनकर की, पसरीं किरन प्रचंड ॥
भ्रकुटी कुटिल निकट नैननि कैं, चपल होति इहि भाँति ।
मनहुँ तामरस कैं सँग खेलत बाल भृंग की पाँति ॥
कोमल स्याम कुटिल अलकावलि, ललित कपोलनि तीर ।
मनहुँ सुभग इंदीवर ऊपर, मधुपनि की अति भीर ॥
अरुन अधर नासिका निकाई, बदत परस्पर होड़ ।
सूर सुमनसा भई पाँगुरी, निरखि डगमगे गोड़ ॥

नैननि ध्यान नंदकुमार ।
सीस मुकुट सिखंड भ्राजत, नही उपमा पार ॥
कुटिल केस सुदेस राजत, मनहुँ मधुकर जाल ।
रुचिर केसर तिलक दीन्हे, परम सोभा भाल ॥
भृकुटि बंकट चारु लोचन, रही जुवती देखि ।
मनौ खजन चाप डर डरि, उड़त नहिं तिहिं पेखि ॥
मकर कुंडल गंड झलमल, निरखि लज्जित काम ।
नासिका छबि कीर लज्जित, कबिनि बरनत नाम ॥
अधर बिद्रुम दसन दाड़िम, चिबुक है चित चोर ।
सूर प्रभु मुख चंद पूरन, नारि नैन चकोर ॥

नंदनँदन मुख देखौ नीकैं ।
अग अग प्रति कोटि माधुरी, निरखि होत सुख जी कैं ॥
सुभग स्रवन कुंडल की आभा, झलक कपोलनि पी कैं ।
दह दह अमृत मकर क्रीड़त मनु, यह उपमा कछु ही कैं ॥
और अंग की सुधि नहिं जानैं, करै कहति हैं लीकैं ।
सूरदास प्रभु नटवर काछे, रहत हैं रति पति बीकैं ॥

देखि सखी अधरनि की लाली ।
मनि मरकत तै सुभग कलेवर, ऐसे हैं बनमाली ॥
मनौ प्रात की घटा साँवरी, तापर अरुन प्रकास ।
ज्यौं दामिनि बिच चमकि रहत है, फहरत पीत सुबास ॥
कीधौं तरुन तमाल बेलि चढ़ि, जुग फल बिंब सुपाके ।
नासा कीर आइ मनु बैठ्यौ, लेत बनत नहिं ताके ॥
हँसत दसन इक सोभा उपजति, उपमा जदपि लजाइ ।
मनौ नीलमनि पुट मुकुता गन, बंदन भरि बगराइ ॥
किधौं बज्र कन, लाल नगनि खँचि, तापर बिद्रुम पाँति ।
किधौं सुभग बंधूक कुसुम तर, झलकत जल कन काँति ॥
किधौं अरुन अंबुज बिच बैठी, सुंदरताई जाइ ।
सूर अरुन अधरनि की सोभा, बरनत बरनि न जाइ ॥

ऐसे सुने नंदकुमार ।
नख निरखि ससि कोटि वारत, चरन कमल अपार ॥
जानु जंघ निहारि करभा, करनि डारत वारि ।
काछनी पर प्रान वारत, देखि सोभा भारि ॥
कटि निरखि तनु सिंह वारत, किंकिनी जु मराल ।
नाभिपर ह्रद आपु वारत, रोम अलि अलि माल ॥
हृदय मुक्ता माल निरखत, वारि अवलि बलाक ।
करज कर पर कमल वारत, चलति जहँ तहँ साक ॥
भुजनि पर बर नाग वारत, गए भागि पताल ।
ग्रीव की उपमा नही कहुँ, लसति परम रसाल ॥
चिबुक पर चित वारि डारत, अधर अंबुज लाल ।
बँधुक बिद्रुम बिंब वारत, ते भए बेहाल ॥
बचन सुनि कोकिला वारति, दसन दामिनि काँति ।
नासिका पर कीर वारत, चारु लोचन भाँति ॥
कंज खंजन मीन मृग सावकहु डारत वारि ।
भ्रकुटि पर सुर चाप वारत, तरनि कुंडल वारि ॥
अलक पर वारति अँध्यारी, तिलक भाल सुदेस ।
सूर प्रभु सिर मुकुट धारे, धरैं नटवर भेष ॥

मुख पर चंद डारौं वारि ।
कुटिल कच पर भौर वारौं, भौंह पर धनु वारि ॥
भाल केसर तिलक छबि पर, मदन सर सत वारि ।
मनु चली बहि सुधा धारा, निरखि मन द्यौ वारि ॥
नैन सरसुति जमुन गंगा, उपम डारौं वारि ।
मीन खंजन मृगज वारौं, कमल के कुल वारि ॥
निरखि कुंडल तरनि वारौं, कूप स्रवननि वारि ।
झलक ललित कपोल छबि पर, मुकुट सत सत वारि ॥
नासिका पर कीर वारौं, अधर बिद्रुम वारि ।
दसन पर कन बज्र वारौं, बीज दाड़िम वारि ॥
चिबुक पर चित बित्त वारौं, प्रान डारौं वारि ।
सूर हरि की अंग सोभा, को सकै निरवारि ॥

गोपी-प्रेम

अब तौ प्रगट भई जग जानी ।
वा मोहन सों प्रीति निरंतर क्यौं निबहैगी छानी ॥
कहा करौ सुंदर मूरति इन नैननि माँझ समानी ।
निकसत नाहिं बहुत पचि हारी रोम रोम अरुझानी ॥
अब कैसें निरवारि जाति है, मिल्यौ दूध ज्यौं पानी ।
सूरदास प्रभु अंतरजामी ग्वालिन मन की जानी ॥

मन मैं रह्यौ नाहिंन ठौर ।
नंदनंदन अछत कैसैं, आनियै उर और ॥
चलत चितवत दिवस जागत, स्वप्न सोवत राति ।
हृदय तैं वह मदन मूरति, छिन न इत उत जाति ॥
कहत कथा अनेक ऊधौ, लोकलाज दिखाइ ।
कहा करौं मन प्रेम पूरन, घट न सिंधु समाइ ॥
स्याम गात सरोज आनन, ललित गति मृदु हास ।
सूर ऐसे रूप कारन, मरत लोचन प्यास ॥

इहिं उर माखन चोर गड़े ।
अब कैसें निकसत सुनि ऊधौ, तिरछे ह्वै जु अड़े ॥
जदपि अहीर जसोदा नदन, कैसे जात लँड़े ।
हौं जादौपति प्रभु कहियत हैं, हमैं न लगत बड़े ॥
को बसुदेव देवकीनदन, को जानै कौ बूझै ।
सूर नंदनंदन के देखत, और न कोऊ सूझै ॥

सखी, इन नैननि तें घन हारे ।
बिनही रितु बरषत निसि बासर, सदा मलिन दोउ तारे ॥
ऊरध स्वास समीर तेज अति, सुख अनेक द्रुम डारे ।
बदन सदन करि बसे बचन खग, दुख पावस के मारे ॥
घुमरि घुमरि गरजत जल छाँड़त, आँसु सलिल के धारे ।
बूड़त ब्रजहि 'सूर' को राखै, बिनु गिरिबरधर प्यारे ॥

निसदिन बरसत नयन हमारे ।
सदा रहति बरषा रितु हम पर जब तैं स्याम सिधारे ॥
अंजन थिर न रहत अँखियन मैं, कर कपोल भए कारे ।
कंचुकि पट सूखत नहिं कबहूँ, उर बिच बहत पनारे ॥
आँसू सलिल बहे पग थाकें, भए जात सित तारे ।
सूरदास अब डूबत है ब्रज, काहे न लेत उबारे ॥

हम न भईं बृंदाबन रेनु ।
जहँ चरननि डोलत नँदनंदन नित प्रति चारत धेनु ॥
हम तैं धन्य परम ये द्रुम बन बाल बच्छ अरु धेनु ।
सूर सकल खेलत हँसि बोलत सँग मथि पीवत धेनु ॥

मधुकर स्याम हमारे चोर ।
मन हर लियौ माधुरी मूरति निरख नयन की कोर ॥
पकरे हुते आनि उर अंतर प्रेम प्रीति कैं जोर ।
गए छुड़ाय तोरि सब बंधन दै गए हँसनि अँकोर ॥
चौक परी जागत निसि बीती तारे गिनत भइ भोर ।
सूरदास प्रभु सरबस लूट्यौ, नागर नवल किसोर ॥

ऊधौ मन न भए दस बीस ।
एक हुतौ सो गयौ स्याम सँग, को अवराधै ईस ॥
इंद्री सिथिल भईं केसव बिनु, ज्यौं देही बिनु सीस ।
आसा लागि रहिति तन स्वासा, जीवहिं कोटि बरीस ॥
तुम तौ सखा स्यामसुंदर के, सकल जोग कै ईस ।
सूर हमारैं नंदनँदन बिनु, और नही जगदीस ॥

दोहा

सदा सँघाती आपनो जिय कौ जीवन प्रान ।
सो तू बिसर्‌यो सहज ही हरि ईस्वर भगवान ॥
बेद पुरान सुमृति सबै सुर नर सेवत जाहि ।
महामूढ़ अज्ञानमति क्यों न सँभारत ताहि ॥
प्रभु पूरन पावन सखा, प्राननहू कौ नाथ ।
परम दयालु कृपालु प्रभु जीवन जाके हाथ ॥
गर्भबास अति त्रास मे, जहाँ न एकौ अग ।
सुनि सठ तेरौ प्रानपति तहाँ न छाड़्यौ सग ॥
दिवस राति पोषत रह्यौ ज्यों तंबोली पान ।
वा दुख तें तोहि काढ़ि कै लै दीनो पय पान ॥
जिन जड़ ते चेतन कियौ, रचि गुन तत्त्व निधान ।
चरन चिकुर कर नख दिए, नैन नासिका कान ॥
जो पै जिय लज्जा नहीं, कहा कहौ सौ बार ।
एकहु अंक न हरि भजे, रे सठ 'सूर' गँवार ॥

श्रीपरमानन्ददासजी

(श्रीवल्लभाचार्यजीके शिष्य और सूरदासजीके गुरुभाई, कन्नौजवासी कान्यकुब्ज ब्राह्मण तथा अष्टछापके भक्तकवि, अस्तित्वकाल सतरहवीं शताब्दी।)

माधव यह प्रसाद हौं पाऊँ ।
तुअ भृत्य भृत्य पर्यचारक, दास कौ दास कहाऊँ ॥
यह परमार्थ मोहिं गुर सिखयौ, स्यामा स्याम की पूजा ।
यह बासना बसौ जिय मेरे, देव न देखूँ दूजा ॥
परमानद दास तुम ठाकुर, यह नातौ जिन टूटौ ।
नदकुमार जसोदानंदन, हिलमिल प्रीत न छूटौ ॥

कौन रसिक है इन बातन कौ ।
नंदनँदन बिन कासौं कहिये
सुन री सखी ! मेरौ दुख या मन कौ ॥
कहाँ वह जमुना पुलिन मनोहर
कहाँ वह चंद सरद रातिन कौ ।
कहाँ वह मंद सुगंध अमल रस
कहाँ वह पटपद जलजातन कौ ॥
कहाँ वह सेज पौढ़िबौ बन कौ
फूल बिछौना मृदु पातन कौ ।
कहाँ वह दरस परस परमानँद
कोमल तन कोमल गातन कौ ॥

मेरौ माई माधौ सों मन मान्यौ ।
अपनौ तन और वा ढोटा कौ एकमेक करि सान्यौ ॥
लोक बेद की कानि तजी मैं न्यौति आपनैं आन्यौ ।
एक नंदनंदन के कारन बैर सबन सो ठान्यौ ॥
अब क्यौ भिन्न होय मेरी सजनी ! मिल्यौ दूध अरु पान्यौ ।
परमानद दास कौ ठाकुर पहलौ ही पहचान्यौ ॥

नंदलाल सौं मेरो मन मान्यौ कहा करैगौ कोय री ।
हौ तौ चरन कमल लपटानी जो भावै सो होय री ॥
गृह पति मात पिता मोहि त्रासत हँसत बटाऊ लोग री ।
अब तौ जिय ऐसी बनि आई बिधना रच्यौ है संजोग री ॥
जो मेरौ यह लोक जायगौ और परलोक नसाय री ।
नंदनँदन कों तौउ न छाँड़ूँ मिलूँगी निसान बजाय री ॥
यह तन धर बहुतौ नहिं पइये बल्लभ बेस मुरार री ।
परमानँद स्वामी के ऊपर सरबस डारौं वार री ॥

हौं नँदलाल बिना न रहूँ ।
मनसा बाचा और कर्मणा हित की तोसौं कहूँ ॥
जो कछु कहौ सोई सिर ऊपर सो हौं सबै सहूँ ।
सदाँ समीप रहूँ गिरिधर के सुंदर बदन चहूँ ॥
यह तन अरपन हरि कौं कीनौ वह सुख कहाँ लहूँ ।
परमानँद मदनमोहन के चरन सरोज गहूँ ॥

विरह

जिय की साधन जियहिं रही री ।
बहुरि गुपाल देखि नही पाए, बिलपत कुज अही री ॥
इक दिन सौंज समीप ये मारग, बेचन जात दही री ।
प्रीति के लिऐं दान मिस मोहन, मेरी बाँह गही री ॥
बिन देखैं घड़ी जात कलप सम, बिरहा अनल दही री ।
'परमानँद' स्वामी बिन दरसन, नैन न नींद बही री ॥

ब्रज के बिरही लोग बिचारे ।
बिन गोपाल ठगे से ठाढ़े, अति दुर्बल तन हारे ॥
मात जसोदा पंथ निहारत, निरखत साँझ सकारे ।
जो कोउ कान्ह कान्ह कहि बोलत, अँखियन बहत पनारे ॥
ये मथुरा काजर की रेखा, जे निकसे ते कारे ।
'परमानँद' स्वामी बिन ऐसे, ज्यौं चंदा बिनु तारे ॥

वह बात कमल दल नैन की ।
बार बार सुधि आवत रजनी, बहु दुरिदैनी सैंन की ॥
वह लीला, वह रास सरद की, गोरज रजनी आवनि ।
अरु वह ऊँची टेर मनोहर, मिस कर मोहिं सुनावनि ॥
बसि कुंजनि मे रास खिलायौ, बिथा गमाई मन की ।
'परमानँद' प्रभु सो क्यो जीवै, जो पोषी मृदु बैन की ॥

कौन बेर भइ चलैं री गुपालै ।
हौं ननसार गई ही न्यौते,
बार बार बोलत ब्रजबालै ॥
तेरे तन कौ रूप कहाँ गयौ भामिनि !
अरु मुख कमल सुखाय रह्यौ ।
सब सौभाग्य गयौ हरि के सँग,
हृदय कमल सों बिरह दह्यौ ॥
को बोलै, को नैन उघारै,
को प्रतिउत्तर देहि बिकल मन ।

जो सरबस अक्रूर चुरायौ,
'परमानँद' स्वामी जीवन धन ॥

चलौ सखि ! देखौं नंदकिसोर ।
राधा संग लिऐं बिहरत हैं, सघन कुंज बन खोर ॥
तैसिय घटा घुमड़ि चहुँ दिसि तैं, गरजति हैं घनघोर ।
तैसिय लहलहात सौदामिनि, पवन चलत अति जोर ॥
पीत बसन बनमाल स्याम कै, सारी सुरँग तन गोर ।
सदा बिहार करौ 'परमानँद' सदा बसौ मन मोर ॥

माई, हौं आनँद गुन गाऊँ ।
गोकुल की चिंतामनि माधौ, जो माँगौ सो पाऊँ ॥
जब तैं कमलनैन ब्रज आए, सकल सपदा बाढ़ी ।
नदराय के द्वारे देखौ, अष्ट महासिधि ठाढी ॥
फूल्यौ फल्यौ सकल बृंदाबन, कामधेनु दुहि लीजै ।
माँगैं मेह इंद्र बरसावै, कृष्ण कृपा सुख जीजै ॥

कहति जसोदा सखियन आगैं, हरि उतकर्ष जनावै ।
'परमानंददास' कौ ठाकुर, मुरलि मनोहर गावै ॥

मदनगोपाल हमारे राम ।
धनुष बान धर, बिमल बेनु कर,
पीत बसन अरु तन घनस्याम ॥
अपनी भुज जिन जलनिधि बाँध्यौ,
रास नचाये कोटिक काम ।
दस सिर हति सब असुर सँहारे,
गोबर्धन धार्‌यौ कर बाम ॥
तब रघुबर अब जदुबर नागर,
लीला नित्य बिमल बहु नाम ।
'परमानँद' प्रभु भेद रहित हरि,
निज जन मिलि गावत गुन ग्राम ॥

श्रीकृष्णदासजी

(श्रीवल्लभाचार्यजीके शिष्य और अष्टछापके महाकवि, जन्म—वि० सं० १५९० । तिरोभाव—वि० सं० १६६५ के लगभग । जाति—शूद्र)

बाल दसा गोपाल की, सब काहू प्यारी ।
लै लै गोद खिलावहीं, जसुमति महतारी ॥
पीत झगुल तन सोहहीं, सिर कुलह बिराजै ।
छुद्र घंटिका कटि बनी, पग नूपुर बाजै ॥
मुरि मुरि नाचै मोर ज्यौं, सुर नर मुनि मोहैं ।
'कृष्णदास' प्रभु नंद के आँगन अति सोहैं ॥

भादौं सुदि आठैं उजियारी, आनँद की निधि आई ॥
रस की रासि, रूप की सीमा, अँग अँग सुंदरताई ।
कोटि बदन वारो मुसिकनि पर, मुख छबि बरनि न जाई ॥
पूरन सुख पायौ ब्रजबासी, नैनन निरखि सिहाई ।
'कृष्णदास' स्वामिनि ब्रज प्रगटी, श्री गिरिधर सुखदाई ॥

हिंडोरैं माई झूलत लाल बिहारी ।
सँग झूलति बृषभानु नंदिनी, प्रानन हूँ तैं प्यारी ॥
लीलाबर पीताबर की छबि, घन दामिनि अनुहारी ।
बलि बलि जाय जुगल चंदन पर 'कृष्णदास' बलिहारी ॥

कमल मुख देखत कौन अघाय ।
सुनि री सखी लोचन अलि मेरे मुदित रहे अरुझाय ॥
मुक्तामाल लाल उर ऊपर जनु फूली बन राय ।
गोबर्धनधर अंग अंगपर 'कृष्णदास' बलि जाय ॥

तब तें स्याम सरन हौं पायौ ।
जब तें भेंट भई श्रीबल्लभ, निज पति नाम बतायौ ॥
और अबिद्या छाड़ि मलिन मति, श्रुतिपथ आय दृढ़ायौ ।
'कृष्णदास' जन चहुँ जुग खोजत, अब निहचै मन आयौ ॥

मो मन गिरिधर छबि पै अटक्यौ ।
ललित त्रिभग चाल पै चलि कै,
चिबुक चारु गड़ि ठटक्यौ ॥
सजल स्याम घन बरन लीन ह्वै,
फिर चित अनत न भटक्यौ ।
'कृष्णदास' किए प्रान निछावर,
यह तन जग सिर पटक्यौ ॥

परम कृपाल श्रीनंद के नंदन, करी कृपा मोहि आपुनौ जानि कै ।
मेरे सब अपराध निबारे, श्रीबल्लभ की कानि मानि कै ॥
श्री जमुनाजल पान करायौ, कोटिन अघ कटवाए प्रान कै ।
पुष्टि तुष्टि मन नेम अहर्निसि, 'कृष्णदास' गिरिधरन आन कै ॥

जगन्नाथ मन मोह लियौ रे ॥
घर अँगना मोहै कछू न भावै, लोक लाज सब छोड़ि दियौ रे ।
नील चक्र पर ध्वजा बिराजै, परसत ही आनंद भयौ रे ॥
साँवरि सूरत रज लपटानी, लाल दुसाला ओढ़ लियौ रे ।
श्री बलभद्र सहोदरा संगहि, 'कृष्णदास' बलिहार कियौ रे ॥

श्रीकुम्भनदासजी

(महाप्रभु श्रीवल्लभाचार्यजीके प्रख्यात शिष्य और अष्टछापके कवि। निवासस्थान, जमुनावतीग्राम (गोवर्धन), जाति—गोरवा।)

स्याम सुभग तन सोभित छीटें, नीकी लागी चंदन की।
मंडित सुरँग अबीर कुमकुमा और सुदेस रज बंदन की॥
'कुंभनदास' मदन तन मन बलिहार कियौ नँदनंदन की।
गिरधरलाल रची बिधि मानौ जुवती तन मन फंदन की॥

माई गिरधर के गुन गाऊँ।
मेरो तौ ब्रत ये है निसि दिन और न रुचि उपजाऊँ॥
खेलन आँगन आउ लाड़िले! नैकहुँ दरसन पाऊँ।
'कुँभनदास' इह जग के कारन लालच लागि रहाऊँ॥

बिलगु जिन मानौ री कोउ हरि कौ।
भोरहिं आवत नाच नचावत, खात दही घर घर कौ॥
प्यारो प्रान दीजै जो पइये, नागर नंद महर कौ।
'कुँभनदास' प्रभु गोबर्धनधर, रसिक राधिका बर कौ॥

नैन भरि देख्यौ नंदकुमार।
ता दिन तें सब भूलि गयौ हौं बिसरयौ पन परिवार॥
बिन देखें हौं बिकल भयौ हौं अंग अंग सब हारि।
ताते सुधि साँवरि मूरति की लोचन भरि भरि बारि॥
रूप रास पैमित नहिं मानों कैसें मिलैं कन्हाइ।
'कुँभनदास' प्रभु गोबरधनधर मिलियै बहुरि री माइ॥

जो पै चौंप मिलन की होय।
तौ क्यौं रहै ताहि बिनु देखें लाख करौ किन कोय॥
जो यह बिरह परसपर ब्यापै जो कछु जीवन बनै।
लोक लाज कुल की मरजादा एकौ चित न गनै॥
'कुँभनदास' प्रभु जा तन लागी और न कछू सुहाय।
गिरधरलाल तोहि बिनु देखें छिन छिन कलप बिहाय॥

हिलगन कठिन है या मन की।
जाके लियें देखि मेरी सजनी, लाज गयी सब तन की॥
धर्म जाउ अरु लोग हँसौ सब, अरु गाओ कुल गारी।
सो क्यौं रहै ताहि बिन देखें, जो जाको हितकारी॥
ज्यौं रस लुब्ध निमष नहिं छाँड़त, है आधीन मृग गानें।
'कुंभनदास' सनेह मरम श्रीगोबरधनधर जानें॥

कबहूँ देखिहौं इन नेननु।
सुंदर स्याम मनोहर मूरत अंग अंग सुख दैननु॥
बृंदाबन बिहार दिन दिन प्रति गोपबृंद सँग लैननु।
हँसि हँसि हरषि पतौवन पावन बाँटि बाँटि पय फैननु॥
'कुंभनदास' किते दिन बीते, किएँ रैनु सुख सैननु।
अब गिरिधर बिन निस और बासर मन न रहत क्यों चैननु॥

श्रीनन्ददासजी

(श्रीविट्ठलनाथजीके शिष्य और अष्टछापके महान् भक्त-कवि। ग्राम—रामपुर)

चिरैया चुहचुहानी, सुनि चकई की बानी,
कहति जसोदा रानी, जागौ मेरे लाला।
रबि की किरन जानी, कुमुदिनी सकुचानी,
कमल बिकसानी, दधि मथै बाला॥
सुबल सुदामा तोक उज्ज्वल बसन पहिरैं,
द्वारे ठाढ़े हेरत हैं बाल गोपाला।
'नंददास' बलिहारी उठि बैठौ गिरिधारी,
सब कोउ देख्यौ चाहै लोचन बिसाला॥

सुंदर स्याम पालनैं झूलै॥
जसुमति माय निकट अति बैठी, निरखि निरखि मन फूलै।
झुझुना लैकै बजावत रुचि सौं, लालहि के अनुकूलै॥
बदन चारु पर छुटी अलक रहि, देखि मिटत उर सूलै।
अंबुज पर मानहुँ अलि छौंना, घिरि आए बहु डूलै॥
दसन दोउ उघरत जब हरि के, कहा कहूँ समतूलै।
'नंददास' घन मै ज्यौं दामिनि, चमकि डरति कछु खूलै॥

माधो जू! तनिक सौ बदन सदन सोभा कौ
तनिक भृकुटि पै तनिक दिठौना।
तनिक लटूरी पुनि मन मोहै
मनों कमल बैठे अलि छौना॥
तनिक सी रज लागी निरखत बड़भागी
कंठ कठूला सोहै औ बघनखना।
'नंददास' प्रभु जसुदा आँगन खेलैं
जाकों जस गाइ गाइ मुनि भये मगना॥

नंदभवन को भूषन माई ।
जसुदा कौ लाल बीर हलधर कौ, राधारमन परम सुखदाई ॥
सिव कौ धन संतन कौ सरबस, महिमा बेद पुरानन गाई ।
इंद्र कौ इंद्र देव देवन कौ, ब्रह्म कौ ब्रह्म अधिक अधिकाई ॥
काल कौ काल ईस ईसन कौ, अतिहि अतुल तोल्यौ नहिं जाई ।
'नंददास' कौ जीवन गिरिधर, गोकुल गाँव कौ कुँवर कन्हाई ॥

नंद गाउँ नीक लागत री ।
प्रात समैं दधि मथत ग्वालिनी,
बिपुल मधुर धुनि गाजत री ॥
घन गोपी, घन ग्वाल संग के,
जिन के मोहन उर लागत री ।
हलधर संग सखा सब राजत,
गिरिधर लै दधि भागत री ॥
जहाँ बसत सुर, देव, महा मुनि,
एकौ पल नहिं त्यागत री ।
'नंददास' प्रभु कृपा कौ इहि फल,
गिरिधर देखि मन जागत री ॥

कान्ह कुँवर के कर पल्लव पर, मनौं गोवर्धन नृत्य करै ।
ज्यौं ज्यौं तान उठत मुरली की, त्यौं त्यौं लालन अधर धरै ॥
मेघ मृदंगी मृदँग बजावत, दामिनि दमक मानौं दीप जरै ।
ग्वाल ताल दै नीकै गावत, गायन कै सँग सुर जु भरै ॥
देत असीस सकल गोपीजन, बरषा कौ जल अमित झरै ।
अति अद्भुत अवसर गिरिधर कौ, 'नंददास' के दुःख हरै ॥

कृष्ण नाम जब तैं श्रवन सुन्यौ री आली,
भूली री भवन हौ तो बावरी भई री ।
भरि भरि आवैं नैन चित हू न परै चैन,
मूख हू न आवैं बैन तन की दसा कछु औरै भई री ॥
जेतेक नेम धर्म कीने री बहुत बिधि,
अंग अंग भई हौ तौ श्रवन मई री ।
'नंददास' जाके श्रवन सुनैं यह गति भई
माधुरी मूरति कैधौ कैसी दई री ॥

ठाढ़ौ री खरौ माई कौन कौ किसोर ।
साँवरौ बरन, मन हरन, बंसी धरन,
काम करन कैसी गति जोर ॥
पौन परसि जात चपल होत देखि,
पियरे पट कौ चटकीलौ छोर ।
सुभग साँवरी छोटी घटा तें निकसि आवै,
छबीली छटा कौ जैसौ छबीलौ छोर ॥
पूछति पाहुनी ग्वारि हा हा हो मेरी आली,
कहा नाम को है, चितवन कौ चोर ।
'नंददास' जाहि चाहि चकचौंधी आई जाय,
भूल्यौ री भवन गमन भूल्यौ रजनी भोर ॥

देखन देत न बैरन पलकैं ।
निरखत बदन लाल गिरिधर कौ बीच परत मानौं बज्र की सलकैं ॥
बन तैं आवत बेनु बजावत गोरज मंडित राजत अलकैं ।
माथे मुकुट श्रवन मनि कुंडल ललित कपोलन झाईं झलकैं ॥
ऐसे मुख देखन कौं सजनी ! कहा कियौ यह पूत कमल कैं ।
'नंददास' सब जड़न की इहि गति मीन मरत भायें नहिं जल कैं ॥

देखौ री नागर नट निरतत कालिंदी तट,
गोपिन के मध्य राजै मुकुट लटक ।
काछनी किंकनी कटि पीतांबर की चटक
कुंडल किरन रबि रथ की अटक ॥
ततथेई ततथेई सबद सकल घट
उरप तिरप गति पद की पटक ।
रास मध्य राधे राधे मुरली मे येई रट
'नंददास' गावै तहाँ निपट निकट ॥

राम कृष्ण कहिए उठि भोर ।
अवध ईस वे धनुष धरे हैं,
यह ब्रज माखन चोर ॥
उन के छत्र चँवर सिंहासन,
भरत सत्रुहन लछमन जोर ।
इन के लकुट मुकुट पीतांबर,
नित गायन सँग नंद किसोर ॥
उन सागर मे सिला तराई
इन राख्यौ गिरि नख की कोर ।
नंददास प्रभु सब तजि भजिए,
जैसे निरखत चंद चकोर ॥

जो गिरि रुचै तौ बसौ श्रीगोवर्धन,
गाम रुचै तौ बसौ नँदगाम ।
नगर रुचै तौ बसौ श्रीमधुपुरी,
सोभा सागर अति अभिराम ॥
सरिता रुचै तौ बसौ श्रीजमुना तट,
सकल मनोरथ पूरन काम ।

नंददास काननहिं रुचै तौ,
बसौ भूमि बृंदाबन धाम ॥
फूलन की माला हाथ, फूली फिरै आली साथ,
झाँकत झरोखैं ठाढी नंदिनी जनक की ।
कुँवर कोमल गात, को कहै पिता सौं बात,
छाँड़ि दे यह पन तोरन धनुष की ॥
'नंददास' प्रभु जानि तोऱ्यौ है पिनाक तानि,
बाँस की धनैया जैसैं बालक तनक की ॥

श्रीचतुर्भुजदासजी

(श्रीविट्ठलनाथजीके शिष्य एवं पुष्टिमार्गके महान् भगवद्भक्त तथा अष्टछापके महाकवि, जन्म—वि० सं० १५७५ जमुनावतो ग्राममे, पिताका नाम—कुम्भनदासजी। देहावसान—वि० सं० १६४२ में रुद्रकुण्डपर।)

महा महोत्सव गोकुल गाम ।
प्रेम मुदित गोपी जस गावत, लै लै स्याम सुँदर को नाम ॥
जहाँ तहाँ लीला अवगाहत, खरिक खोरि दधिमंथन धाम ।
परम कुतूहल निसि अरु बासर, आनँद ही बीतत सब जाम ॥
नंदगोप सुत सब सुखदायक, मोहन मूरति पूरन काम ।
'चत्रभुज' प्रभु गिरिधर आनँद निधि,
नख सिख रूप सुभग अभिराम ॥

भोर भयौ नँद जसुदा बोलत, जागौ मेरे गिरधर लाल ।
रतन जटित सिंहासन बैठौ, देखन कौ आई ब्रज बाल ॥
नियरैं जाइ सुपेती खैंचत, बहुरौ ढाँपत बदन रसाल ।
दूध दही और माखन मेवा, भामिनि भरि लाई हैं थाल ॥
तब हरि हरषि गोद उठि बैठे, करत कलेउ तिलक दै भाल ।
दै बीरा आरति बारति हैं, 'चत्रभुज' गावत गीत रसाल ॥

मंगल आरती गोपाल की ।
नित उठि मंगल होत निरखि मुख, चितवन नैन बिसाल की ॥
मंगल रूप स्याम सुंदर कौ, मंगल भृकुटी भाल की ।
'चत्रभुजदास' सदा मंगल निधि, बानिक गिरिधर लाल की ॥

मोहन चलत बाजत पैंजनि पग ।
सब्द सुनत चकित ह्वै चितवत,
ठुमकि ठुमकि त्यौ धरत जु हैं डग ॥
मुदित जसोदा चितवति सिसु तन,
लै उछंग लावै कंठ सु लग ।
'चत्रभुज' प्रभु गिरिधरन लाल कौ,
ब्रज जन निरखत ठाढ़े ठग ठग ॥

करत हो सबै सयानी बात ।
जौ लौं देखे नाहिन सुंदर, कमल नयन मुसिकात ॥
सब चतुराई बिसर जात है, खान पान की तात ।
बिनु देखैं छिन कल न परत है, पल भरि कल्प बिहात ॥
सुनि भामिनिके बचन मनोहर, मन महँ अति सकुचात ।
'चत्रभुज' प्रभु गिरिधरन लाल सँग सदा बसौ दिन रात ॥

नैनन ऐसी बान परी ।
बिन देखैं गिरिधरन लाल मुख, जुग भर जात घरी ॥
मारग जात उलट तन चितयौ, मो तन दृष्टि परी ।
तबहि तें लागी चटपटि इकटक कुल मरजाद हरी ॥
चत्रभुजदास छुड़ावन कौ हठ मैं बहु भाँति करी ।
तब सरबस हर मन हर लीनो देह दसा बिसरी ॥

बात हिलग की कासो कहिये ।
सुन री सखी ब्यथा या तन की समझ समझ मन चुप कर रहिये ॥
मरमी बिना मरम को जानै यह उपहास जान जग सहिये ।
'चत्रभुज' प्रभु गिरिधरन मिलैं जब तबहीं सब सुख पैये ॥

ब्रज पर उनई आजु घटा ।
नइ नइ बूँद सुहावनि लागति, चमकति बिज्जु छटा ॥
गरजत गगन मृदंग बजावत, नाचत मोर नटा ।
गावत हैं सुर दै चातक पिक, प्रगट्यौ मदन घटा ॥
सब मिलि भेंट देत नंदलालैं, बैठे ऊँचे अटा ।
'चत्रभुज' प्रभु गिरधरन लाल सिर, कसुँभी पीत पटा ॥

हिंडोरैं माई झूलत गिरिबरधारी ।
बाम भाग बृषभानुनंदिनी, पहरै कसुँभी सारी ॥
ब्रज जुबती चहुँ दिसि तै ठाढ़ी, निरखत तन मन वारी ।
'चत्रभुज' प्रभु गिरिधरन लाल सँग,
बाढ़यौ रँग अति भारी ॥

नँदलाल बजाई बाँसुरी श्री जमुनाजी के तीर री ।
अधर कर मिल सप्त स्वर सौ उपजत राग रसाल री ॥
ब्रज जुवती धुनि सुनि उठ धाईं, रही न अंग सँभाल री ।
छूटी लट लपटात बदन पर, टूटी मुक्ता माल री ॥
बहत न नीर, समीर न डोलत, बृंदा विपिन सँकेत री ।
सुन थावरहु अचेत चेत भये, जंगम भये अचेत री ॥
अफर फरे फल फूल भये री, जरे हरे भये पात री ।
उमग प्रेम जल चल्यौ सिखर तैं, गरे गिरिन के गात री ॥
तृन नहिं चरत मृगा मृगि दोऊ, तान परी जब कान री ।
सुनत गान गिर परे धरनि पर, मानौ लागे बान री ॥
सुरभी लाग दियौ केहरि कौं, रहत भवन ही डार री ।
भेक भुजंग फनहिं चढ़ बैठे, निरखत श्रीमुख चारु री ॥
खग रसना रस चाख बदन अरु नयन मूँद, मौन धार री ।
चाखत फलहि न परे चौंच तैं, बैठे पाँख पसार री ॥
सुर नर असुर देव सब मोहे, छाये व्योम बिमान री ।
चत्रभुजदास कहौ को न बस भये, या मुरली की तान री ॥

श्रीछीतस्वामीजी

(श्रीविट्ठलनाथजीके प्रमुख शिष्य और अष्टछापके महाकवि । आविर्भाव—वि० सं० १५७२ के लगभग, जाति—मथुराके चौबे, अन्तर्धान—वि० सं० १६४२ में पूँछरी स्थानपर ।)

मेरी अँखियन के भूषन गिरिधारी ।
बलि बलि जाउँ छबीली छबि पर अति आनँद सुखकारी ॥
परम उदार चतुर चिंतामनि दरस परस दुखहारी ।
अतुल प्रताप तनिक तुलसीदल मानत सेवा भारी ॥
'छीतस्वामि' गिरिधरन बिसद जस गावत गोकुल नारी ।
कहा बरनौं गुनगाथ नाथ के श्रीविट्ठल हृदय बिहारी ॥

मेरी अँखियन देखौ गिरिधर भावै ।
कहा कहौ तो सौं सुनि सजनी, उतही कौं उठि धावै ॥
मोर मुकुट कानन कुंडल लखि, तन गति सब बिसरावै ।
बाजू बंद कंठ मनि भूषन, निरखि निरखि सचु पावै ॥
'छीतस्वामि' कटि छुद्र घंटिका, नूपुर पदहि सुनावै ।
इहि छबि सदा श्रीविट्ठल के उर, मो मन मोद बढावै ॥

सुमरौ गोपाल लाल, सुंदर अति रूप जाल,
मिटिहैं जंजाल सकल, निरखत सँग गोप बाल ।
मोर मुकुट सीस धरैं, बनमाला सुभग गरैं,
सब कौ मन हरैं देखि, कुंडल की झलक गाल ॥
आभूषन संग सोहैं, मोतिन के हार पोहैं,
कंठश्री मोहै, दृग गोपी निरखत निहाल ।
'छीतस्वामी' गोवरधनधारी, कुँवर नंद सुवन,
गायन के पाछे पाछे, धरत है लटकीली चाल ॥

राधिका स्याम सुँदर कौ प्यारी ।
नख सिख अंग अनूप बिराजत, कोटि चंद दुति वारी ॥
एक छिन संग न छाँड़त मोहन, निरखि निरखि बलिहारी ।
'छीतस्वामि' गिरधर बस जाके, सो बृषभानुदुलारी ॥

गुन अपार एक मुख कहाँ लौं कहिये ।
तजौ साधन भजौ नाम श्रीजमुनाजी कौ
लाल गिरिधरन बर तबहि पैये ॥
परम पुनीत प्रीति रीति सब जानि कै
दृढ़ करि चरन पर चित्त लैये ।
'छीतस्वामी' गिरिधरन श्रीविट्ठल
ऐसी निधि छाँड़ि अब कहँ जु जैये ॥

जा मुख तें श्रीजमुना नाम आवै ।
जाके ऊपर कृपा करत श्रीवल्लभ प्रभु
सोई श्रीजमुनाजी को भेद पावै ॥
तन मन धन सब लाल गिरिधरन कौं
दै कै चरन पर चित्त लावै ।
'छीतस्वामी' गिरिधरन श्रीविट्ठल
नैनन प्रगट लीला दिखावै ॥

श्रीगोविन्दस्वामीजी

(श्रीविट्ठलनाथजीके प्रमुख शिष्य और अष्टछापके महान् भक्त-गायक-कवि, जन्म–वि० सं० १५६२ ब्रजके निकट आंतरी ग्राम, जाति–ब्राह्मण, देहावसान–वि० सं० १६४२ गोवर्धनके समीप ।)

बाल-लीला

जागौ कृष्ण ! जसोदा बोलै, इहिं अवसर कोउ सोवै हो ।
गावत गुन गोपाल ग्वालिनी, हरषित दही बिलोवै हो ॥
गो दोहन धुनि पूरि रही ब्रज, गोपी दीप सँजोवै हो ।
सुरभी हूँक, बछरुआ जागे, अनिमिष मारग जोवै हो ॥
बेनु मधुर धुनि मधुवर बाजत, बेत गहे कर सेली हो ।
अपनी गाय सब ग्वाल दुहत है, तुम्हरी गाय अकेली हो ॥
जागे कृष्ण जगत के जीवन, अरुन नैन सुख सोहै हो ।
'गोबिंद' प्रभु जो दुहत है धौरी, गोपबधू मन मोहैं हो ॥

अहो दधि मथति घोष की रानी ।
दिव्य चीर पहरै दक्खिन कौ, किंकिनि रुनझुन बानी ॥
सुत के क्रम गावत आनँद भरि, बाल चरित जानि जानी ।
स्वेद-जल राजै बदन कमल पर, मनहुँ सरद बरसानी ॥
पुत्र सनेह चुचात पयोधर, प्रमुदित अति हरषानी ।
'गोबिंद' प्रभु घुटुरुनि चलिआए, पकरी रई मथानी ॥

प्रात समय उठि जसोमति, दधि मथन कीन्हौ ।
प्रेम सहित नवनीत लै, सुत के मुख दीन्हौ ॥
औटि दूध घैया कियौ, हरि रुचि सौं लीन्हौ ।
मधु मेवा पकवान लै, हरि आगे कीन्हौ ॥
इहि बिधि नित क्रीड़ा करैं, जननी सुख पावै ।
'गोबिंद' प्रभु आनंद मे, आँगन मे धावै ॥

प्रात समय उठि जसुमति जननी,
गिरिधर सुत कौ उबटि न्हवावति ।
करि सिंगार, बसन भूषन सजि,
फूलन रचि रचि पाग बनावति ॥
छूटे बँद, बागे अति सोभित,
बिच बिच चोब अरगजा लावति ।
मूथन लाल फुंदना सोभित,
आजु की छबि कछु कहत न आवति ॥
बिबिध कुसुम की माला उर धरि,
श्रीकर मुरली बेनु गहावति ।
लै दर्पन देखै श्रीमुख कौ,
'गोबिंद' प्रभु चरनन सिर नावति ॥

क्रीड़त मनिमय आँगन रंग ।
पीत ताफता कौ झगुला बन्यौ, कुलही लाल सुरंग ॥
कटि किंकिनी घोर बिस्मित सखि, धाय चलत बल संग ।
गोसुत पूँछ भ्रमावत कर गहि, पकराग सोहै अंग ॥
गजमोतिन लर लटकन सोहैं, सुंदर लहरत रंग ।
'गोबिंद' प्रभु के अंग अंग पर, वारौं कोटि अनंग ॥

आउ मेरे गोबिंद, गोकुल चंदा ।
भइ बड़ी बार खेलत जमुनातट, बदन दिखाय देहु आनंदा ॥
गायन की आवनि की बिरियां, दिनमनि किरन होत अति मंदा ।
आए तात मात छतियाँ लगे, 'गोबिंद' प्रभु ब्रजजन सुखकंदा ॥

बैठे गोबरधन गिरि गोद ।
मंडल सखा मध्य बल मोहन, खेलत हँसत प्रमोद ॥
भई अबेर भूख जब लागी, चितये घर की कोद ।
'गोबिंद' तहाँ छाक ले आयौ, पठई मात जसोद ॥

कदम चढि कान्ह बुलावत गैया ।
मोहन मुरली सबद सुनत ही, जहाँ तहाँ ते उठि धैया ॥
आवहु आवहु सखा मिमिटि सब, पाई हैं इक ठैया ।
'गोबिंद' प्रभु दाऊ सों कहन लागे अब घर कौ बगदैया ॥
बिमल कदंब मूल अवलंबित, ठाढ़े हैं पिय भानुसुता तट ।
सीस टिपारो, लाल काछिनी, उपरैना फहरत पीत पट ॥
पारिजात अवतंस लसित सखि, सीस सेहरो, बनी अलक लट ।
बिमल कपोल कुंडल की सोभा, मद हास जित कोटि मदन भट ॥
बाम कपोल बाम भुज पर धरि, मुरलि बजावत तान बिकट घट ।
'गोबिंद' प्रभु श्रीदाम प्रभृति सखा, करत प्रसंसा, जै नागर नट ॥

बेनु बजावत री मोहन कल ।
बाम कपोल बाम भुजही पर, बलगित भ्रुव रस चपल दृगचल ॥
सिंदूरारुन अधर सुधारस, पूरित रंध्र मृदुल अँगुली दल ।
औघर बिकट तान उपजत रस, 'गोबिंद' प्रभु बलि सुघर अनुजबल ॥

ब्रजजन लोचन ही कौ तारौ ।
सुनि जसुमति तेरौ पूत सपूत अति, कुल दीपक उजियारौ ॥
धेनु चरावन जात दूरि जब, होत भवन अति भारौ ।
घोष सँजीवन मूरि हमारौ, छिन इत उत जिन टारौ ॥
सात द्यौस गिरिराज धरयौ कर, सात बरस कौ बारौ ।
'गोबिंद' प्रभु चिरजीवौ रानी ! तेरौ सुत गोपबस रखवारौ ॥

बिधाता बिधिहु न जानी ।
सुंदर बदन पान करिबे कूँ रोम रोम प्रति नयन न दीने,
करी यह बात अयानी ॥

स्रवन सकल वपु होत री मेरे सुनती पिय मुख अमृत बानी।
एरी मेरैं भुजा होति कोटिक तौ हौ भेंटति गोविंद प्रभु सौ
तौउ न तपत बुझानी ॥

हमै ब्रजराज लाड़िले सौ काज।
जस अपजस कौ हमैं कहा डर कहनौ होय सो कहि लेउ आज ॥

कैधौ काहू कृपा करी धौ न करी जो मनमुख ब्रजनृप जुवराज।
गोविंद प्रभु की कृपा चाहिये जो है सकल घोष सिरताज ॥

प्रीतम प्रीति ही तैं पैयै।
जदपि रूप, गुन, सील, सुघरता, इन बातन न रिझैयै ॥
सत कुल जनम करम सुभ लच्छन, बेद पुरान पढ़ैयै।
'गोविंद' प्रभु बिन स्नेह सुवा लो, रसना कहा नचैयै ॥

स्वामी श्रीयोगानन्दाचार्य

(अस्तित्व-काल—आजसे करीब ५०० वर्ष पूर्व)

(प्रेषक—श्रीहनुमानशरण सिंहानिया)

प्रात भए आवत दिवस ऐसेइ जीवन जात ॥
ऐसेइ जीवन जात कमाई करत पाप की।
पुनि पुनि भोगत नरक बिपति सहि त्रिविध ताप की ॥
जुवा भयो मदमत्त फिरै, हरि नाम न भावै।
'जोगानंद' गवाँय जन्म पाछे पछतावै ॥
साँझ भई पुनि रात पुनि, रात भएँ पुनि प्रात।
प्रात भएँ आवत दिवस, ऐसेइ जीवन जात ॥

सर्प डसै केहरि ग्रसै, ताहि भलौ करि मानि ॥
ताहि भलौ करि मानि दुष्ट कौ संग न कीजै।
खल की मीठी बात जहर ज्यों जानि न पीजै ॥
घात करै मन लिये, ग्यान अरु ध्यान न भावै।
'जोगानंद' कुसंग साधु कौं ब्याध बनावै ॥
दुर्जन की संगति तजौ, दुष्ट संग अति हानि।
सर्प डसै केहरि ग्रसै ताहि भलौ करि मानि ॥

मंथन करि पय तक्र तजि, लह नवनीत अहीर ॥
लह नवनीत अहीर लहै मधु जिमि मधुमाखी।
तैसेइ गहिये सार सकल ग्रथन रस चाखी ॥
साधन सौ धन मिलै लगै जब राम नाम मन।
'जोगानंद' निहारि नयन मत चित आनँद घन ॥
हंस सार ग्राही गहत, छीर तजत सब नीर।
मंथन करि पय तक्र तजि, लह नवनीत अहीर ॥

प्रीत कीजिये राम सों जिमि पतिबरता नारि ॥
जिमि पतिबरता नारि, न कछु मन मे अभिलाषै।
तैसेइ भक्त अनन्य टेक चातक ज्यौं राखै ॥
राम रूप रस त्यागि बिषय रस स्वाद न चाखै।
'जोगानंद' सुजान आन को नाम न भाखै ॥
नेकहि में व्रत नासई, आन की ओर निहारि।
प्रीत कीजिये राम सों जिमि पतिबरता नारि ॥

चल चल ऊरध पंथ लखि, दिब्यधाम साकेत ॥
दिब्यधाम साकेत जहाँ सियरमन बिराजत।
जहँ मारुतसुत आदि पारषद सेवक भ्राजत ॥
प्रलय काल नहिं नास सदा आनंद अखंडित।
'जोगानंद' बिचारि चलौ ऊरध पथ पंडित ॥
मूढ ! न भटकै नरक मै, कर अपने चित चेत।
चल चल ऊरध पंथ लखि, दिब्यधाम साकेत ॥

रघुनंदन की झलक लखि, भूलि जात सब जोग ॥
भूलि जात सब जोग लगैं जब राम-नयन-सर।
पुन्य-पाप सब जरैं बढै उर बिरह निरंतर ॥
कोटि बरस तप करै बिरह छिन की बढ़ि तासौं।
'जोगानँद' बिन मीत हृदय की कहिये कासौं ॥
प्रेम-रंग जेहि अँग लगै, ताहि सुहात न भोग।
रघुनंदन की झलक लखि, भूलि जात सब जोग ॥

धन्ना भक्त

(जन्म-संवत्-अनुमानतः वि० सं० १४७२, जन्मस्थान—टौंक इलाकेके धुआन गाँव (राजस्थान), जाति—कृषक जाट)

रे चित चेतसि की न दयाल
दमोदर बिबहित जानसि कोई।
जे धावहि षंड ब्रहिमड कउ,
करता करै सु होई ॥



जननी केरे उदर उदक महि, पिंडु किआ दस द्वारा।
देइ अहारु अगनि महि राखै, ऐसा पमसु हमारा ॥
कुंभी जल माहि तन तिसु बाहरि, पंप षीरु तिन्ह नाही।
पूरन परमानंद मनोहर, समझि देखु मन माही ॥
पाषणि कीटु गुपतु होइ रहता, ताचो मारगु नाही।
कहै 'धंना' पूरन ताहू को, मत रे जीअ डराही ॥



अबकी राखि लेहु भगवान



मालिकका दान

धूलपर धूल

मालिकका दान

(लेखक—कवीन्द्र श्रीरवीन्द्रनाथ ठाकुर)

फैल गयी यह ख्याति देश में, सिद्ध पुरुष हैं भक्त कबीर।
नर-नारी लाखों ने आकर घेरी उनकी धन्य कुटीर॥
कोई कहता, मन्त्र 'फूँककर मेरा रोग दूर कर दो'।
बाँझ पुत्र के लिये बिलखती, कहती 'संत! गोद भर दो'॥
कोई कहता 'इन आँखों से दैव-शक्ति कुछ दिखलाओ'।
'जगमें जगनिर्माता की सत्ता प्रमाण कर समझाओ'॥
कातर हो कबीर कर जोड़े रोकर कहने लगे, 'प्रभो!
बड़ी दया की थी पैदा कर नीच यवन घर मुझे विभो॥
सोचा था तव अतुल कृपासे पास न आवेगा कोई।
सबकी आँख ओट बस, बास करेंगे तुम हम मिल दोई॥
पर मायावी! माया रचकर, समझा, मुझको ठगते हो।
दुनिया के लोगोंको यहाँ बुलाकर तुम क्या भगते हो?

× × ×

कहने लगे, क्रोध भारी मे भर नगरी के ब्राह्मण सब।
'पूरे चारों चरण हुए कलियुग के, पाप छा गया अब॥
चरण-धूलिके लिये जुलाहे की सारी दुनिया मरती।
अब प्रतिकार नहीं होगा तो डूब जायगी सब धरती!'
कर सबने षड्यन्त्र एक कुलटा स्त्री को तैयार किया।
रुपयो से राजीकर उसको गुपचुप सब सिखलाय दिया॥
कपड़े बुन कबीर लाये हैं उन्हे बेचने बीच बजार।
पल्ला पकड़ अचानक कुलटा रोने लगी पुकार-पुकार॥
बोली, 'पाजी निठुर छली! अबतक मैंने रक्खा गोपन।
सरला अबला को छलना क्या यही तुम्हारा साधूपन?॥
साधू बन के बैठ गये बन बिना दोष तुम मुझको त्याग—
भूखी नंगी फिरी, बदन सब काला पड़ा पेट की आग!'
बोले कपट-कोप कर, ब्राह्मण, पास खड़े थे, 'दुष्ट कबीर!
भण्ड तपस्वी! धर्म नाम से, धर्म डुबोया, बना फकीर।
सुख से बैठ सरल लोगों की आँखों झोंक रहा तू धूल!
अबला दीना दानों खातिर दर-दर फिरती, उठती हूल!!'
कबीर बोले, 'दोषी हूँ मैं, मेरे साथ चलो घरपर।
क्यों घर में अनाज रहते भूखों मरती, फिरती दर दर!'
दुष्टा को घर लाकर उसका विनयपूर्ण सत्कार किया।
बोले संत, दीन की कुटिया हरि ने तुझको भेज दिया॥'
रोकर बोल उठी वह, मनमे उपजा भय लज्जा परिताप!
'मैंने पाप किया लालचवश, होगा मरण साधु के शाप।'
कहने लगे कबीर, 'जननि! मत डर, कुछ दोष नही तेरा।
तू निन्दा-अपमानरूप मस्तक-भूषण लाई मेरा॥'
दूर किया मनका विकार सब, देकर उसे ज्ञान का दान।
मधुर कण्ठमे भरा मनोहर उसके राम-नाम-गुण-गान॥
कबिरा कपटी ढोगी साधू, फैली यह चर्चा सबमें।
मस्तक अवनत कर वे बोले, 'हूँ सचमुच नीचा सबमें॥
पाऊँ अगर किनारा, रक्खूँ कुछ भी तरणी-गर्व नहीं।
मेरे ऊपर अगर रहो तुम, सबके नीचे रहूँ सही॥'

× × ×

राजा ने मन-ही-मन संत-वचन सुनने का चाव किया।
दूत बुलाने आया, पर कबीर ने अस्वीकार किया॥
बोले, 'अपनी हीन दशा मे सबसे दूर पड़ा रहता।
राजसभा शोभित हो मुझ से, ऐसे भला कौन कहता?'
कहा दूतने, 'नहीं चलोगे तो राजा होंगे नाराज—
हमपर, उनकी इच्छा है दर्शन की, यश सुनकर महाराज!'
सभाबीच राजा थे बैठे, यथायोग्य सब मन्त्रीगण!
पहुँचे साथ लिये रमणी को भक्त सभा में उस ही क्षण॥
कुछ हँसे, किसीकी भौंह तनी, कइयोंने मस्तक झुका लिये।
राजा ने सोचा, निलज्ज है फिरता वेश्या साथ लिये॥
नरपतिका इंगित पाकर प्रहरी ने उनको दिया निकाल।
रमणी साथ लिये विनम्र हो, चले कुटी कबीर तत्काल!
ब्राह्मण खड़े हुए थे पथमें कौतुकसे हँसते थे तब।
तीखे ताने सुना-सुनाकर चिढ़ा रहे थे सब-के-सब!!
रमणी यह सब देख रो पड़ी! चरणोंमें सिर टेक दिया।
बोली, 'पाप-पंकसे मेरा क्यों तुमने उद्धार किया!
क्यों इस अधमा को घर रखकर तुम सहते इतना अपमान?'
कबीर बोले, 'जननी! तू तो है मेरे मालिकका दान!,

(बँगलासे भावानुवाद)

गोस्वामी श्रीतुलसीदासजी

(भगवान्‌के महान् भक्त और सुप्रसिद्ध ग्रन्थ 'श्रीरामचरितमानस' के प्रणेता, जन्मस्थान—प्रयागके पास यमुनाके दक्षिण राजापुर नामक ग्राम; कोई-कोई जन्मस्थान 'सोरों' मानते हैं । जन्म-संवत् वि० १५५४ श्रावण शुक्ला सप्तमी, पिताका नाम श्रीआत्मारामजी दूबे, सरयूपारीण ब्राह्मण, माताका नाम हुलसी, गोत्र पराशर, देहत्याग वि० सं० १६८० श्रावणकृष्ण ३)



नान्या स्पृहा रघुपते हृदयेऽस्मदीये
सत्यं वदामि च भवानखिलान्तरात्मा ।
भक्तिं प्रयच्छ रघुपुङ्गव निर्भरां मे
कामादिदोषरहितं कुरु मानसं च ॥

हे रघुनाथ ! मेरे हृदयमें दूसरी अभिलाषा नहीं है, मैं आपसे सत्य कह रहा हूँ; क्योंकि आप सबके अन्तरात्मा हैं। हे रघुश्रेष्ठ ! मुझे पूर्ण भक्ति दें और मेरे चित्तको काम आदि दोषोंसे रहित कर दें ।

सत्सङ्गकी महिमा

साधु चरित सुभ चरित कपासू । निरस बिसद गुनमय फल जासू ॥
जो सहि दुख परछिद्र दुरावा । बंदनीय जेहि जग जस पावा ॥
जलचर थलचर नभचर नाना । जे जड़ चेतन जीव जहाना ॥
मति कीरति गति भूति भलाई । जब जेहिं जतन जहाँ जेहिं पाई ॥
सो जानब सतसंग प्रभाऊ । लोकहुँ बेद न आन उपाऊ ॥
बिनु सतसंग बिबेक न होई । राम कृपा बिनु सुलभ न सोई ॥
सतसंगत मुद मंगल मूला । सोइ फल सिधि सब साधन फूला ॥
सठ सुधरहिं सतसंगति पाई । पारस परस कुधात सुहाई ॥
बिधि बस सुजन कुसंगत परही । फनि मनि सम निज गुन अनुसरही

नाम-महिमा

राम नाम मनिदीप धरु जीह देहरीं द्वार ।
तुलसी भीतर बाहेरहुँ जौ चाहसि उजिआर ॥

नाम जीहँ जपि जागहिं जोगी । बिरति बिरंचि प्रपंच बियोगी ॥
ब्रह्मसुखहि अनुभवहिं अनूपा । अकथ अनामय नाम न रूपा ॥
जाना चहहिं गूढ़ गति जेऊ । नाम जीहँ जपि जानहिं तेऊ ॥
साधक नाम जपहि लय लाएँ । होहिं सिद्ध अनिमादिक पाएँ ॥
जपहिं नामु जन आरत भारी । मिटहिं कुसंकट होहिं सुखारी ॥
राम भगत जग चारि प्रकारा । सुकृती चारिउ अनघ उदारा ॥
चहू चतुर कहुँ नाम अधारा । ग्यानी प्रभुहि बिसेषि पिआरा ॥
चहुँ जुग चहुँ श्रुति नाम प्रभाऊ । कलि बिसेषि नहिं आन उपाऊ ॥

सकल कामना हीन जे राम भगति रस लीन ।
नाम सुप्रेम पियूष ह्रद तिन्हहुँ किए मन मीन ॥

नामु राम को कलपतरु कलि कल्यान निवासु ।
जो सुमिरत भयो भाँग तें तुलसी तुलसीदासु ॥

चहुँ जुग तीनि काल तिहुँ लोका । भए नाम जपि जीव बिसोका ॥
बेद पुरान संत मत एहू । सकल सुकृत फल राम सनेहू ॥
ध्यानु प्रथम जुग मख बिधि दूजें । द्वापर परितोषत प्रभु पूजें ॥
कलि केवल मल मूल मलीना । पाप पयोनिधि जन मन मीना ॥
नाम कामतरु काल कराला । सुमिरत समन सकल जग जाला ॥
राम नाम कलि अभिमत दाता । हित परलोक लोक पितु माता ॥
नहिं कलि करम न भगति बिबेकू । राम नाम अवलंबन एकू ॥
कालनेमि कलि कपट निधानू । नाम सुमति समरथ हनुमानू ॥
राम राम कहि जे जमुहाहीं । तिन्हहि न पाप पुंज समुहाहीं ॥
करमनास जलु सुरसरि परई । तेहि को कहहु सीस नहिं धरई ॥
उलटा नाम जपत जगु जाना । बालमीकि भए ब्रह्म समाना ॥
भायँ कुभायँ अनख आलसहूँ । नाम जपत मंगल दिसि दसहूँ ॥

रामकथाकी महिमा

बुध बिश्राम सकल जन रंजनि । रामकथा कलि कलुष बिभंजनि ॥
रामकथा कलि पंनग भरनी । पुनि बिबेक पावक कहुँ अरनी ॥
रामकथा कलि कामद गाई । सुजन सँजीवनि मूरि सुहाई ॥
जग मंगल गुनग्राम राम के । दानि मुकुति धन धरम धाम के ॥
सदगुर ग्यान बिराग जोग के । बिबुध बैद भव भीम रोग के ॥
जननि जनक सिय राम प्रेम के । बीज सकल ब्रत धरम नेम के ॥
समन पाप संताप सोक के । प्रिय पालक परलोक लोक के ॥
सचिव सुभट भूपति बिचार के । कुंभज लोभ उदधि अपार के ॥
काम कोह कलिमल करिगन के । केहरि सावक जन मन बन के ॥
अतिथि पूज्य प्रियतम पुरारि के । कामद धन दारिद दवारि के ॥
मंत्र महामनि बिषय ब्याल के । मेटत कठिन कुअंक भाल के ॥
हरन मोह तम दिनकर कर से । सेवक सालि पाल जलधर से ॥
अभिमत दानि देवतरु बर से । सेवत सुलभ सुखद हरि हर से ॥
सुकबि सरद नभ मन उडगन से । रामभगत जन जीवन धन से ॥
सकल सुकृत फल भूरि भोग से । जग हित निरुपधि साधु लोग से ॥
सेवक मन मानस मराल से । पावन गंग तरंग माल से ॥

कुपथ कुतरक कुचालि कलि कपट दंभ पाषंड ।
दहन राम गुन ग्राम जिमि इंधन अनल प्रचंड ॥

रामचरित राकेस कर सरिस सुखद सब काहु ।
सज्जन कुमुद चकोर चित हित बिसेषि बड़ लाहु ॥

माता सुमित्राकी लक्ष्मणको सीख

गुर पितु मातु बंधु सुर साईं । सेइअहि सकल प्रान की नाईं ॥
रामु प्रानप्रिय जीवन जी के । स्वारथ रहित सखा सबही के ॥
पूजनीय प्रिय परम जहाँ तें । सब मानिअहिं राम के नाते ॥
अस जियँ जानि संग बन जाहू । लेहु तात जग जीवन लाहू ॥
पुत्रवती जुबती जग सोई । रघुपति भगतु जासु सुतु होई ॥
नतरु बाँझ भलि बादि बिआनी । राम बिमुख सुत तें हित जानी ॥
सकल सुकृत कर बड़ फलु एहू । राम सीय पद सहज सनेहू ॥
राम रोपु इरिषा मदु मोहू । जनि सपनेहुँ इन्ह के बस होहू ॥
सकल प्रकार बिकार बिहाई । मन क्रम बचन करेहु सेवकाई ॥

लक्ष्मणजीका निषादराजको उपदेश

काहु न कोउ सुख दुख कर दाता।निज कृत करम भोग सबु भ्राता
जोग बियोग भोग भल मंदा । हित अनहित मध्यम भ्रम फंदा ॥
जनमु मरनु जहँ लगि जग जालू । संपति बिपति करमु अरु कालू॥
धरनि धामु धनु पुर परिवारू । सरगु नरकु जहँ लगि ब्यवहारू ॥
देखिअ सुनिअ गुनिअ मन माहीं । मोह मूल परमारथु नाहीं ॥

सपने होइ भिखारि नृपु रंकु नाकपति होइ ।
जागें लाभु न हानि कछु तिमि प्रपंच जियँ जोइ ॥

मोह निसाँ सबु सोवनिहारा । देखिअ सपन अनेक प्रकारा ॥
एहि जग जामिनि जागहिं जोगी । परमारथी प्रपंच बियोगी ॥
जानिअ तबहिं जीव जग जागा । जब सब बिषय बिलास बिरागा॥
होइ बिबेकु मोह भ्रम भागा । तब रघुनाथ चरन अनुरागा ॥
सखा परम परमारथु एहू । मन क्रम बचन राम पद नेहू ॥

कौन सोचने योग्य है ?

सोचिअ बिप्र जो बेद बिहीना । तजि निज धरमु बिषय लयलीना
सोचिअ नृपति जो नीति न जाना। जेहि न प्रजा प्रिय प्रान समाना ॥
सोचिअ बयसु कृपन धनवानू । जो न अतिथि सिव भगति सुजानू
सोचिअ सूद्रु बिप्र अवमानी । मुखर मान प्रिय ग्यान गुमानी ॥
सोचिअ पुनि पति बंचक नारी । कुटिल कलहप्रिय इच्छाचारी ॥
सोचिअ बटु निज ब्रतु परिहरई । जो नहिं गुर आयसु अनुसरई ॥

सोचिअ गृही जो मोह बस करइ करमपथ त्याग ।
सोचिअ जती प्रपंच रत बिगत बिबेक बिराग ॥

बैखानस सोइ सोचै जोगू । तपु बिहाइ जेहि भावइ भोगू ॥
सोचिअ पिसुन अकारन क्रोधी । जननि जनक गुर बंधु बिरोधी ॥
सब बिधि सोचिअ पर अपकारी । निज तनु पोषक निरदय भारी ॥
सोचनीय सबहीं बिधि सोई । जो न छाड़ि छलु हरि जन होई ॥

नारी-धर्म

मातु पिता भ्राता हितकारी । मितप्रद सब सुनु राजकुमारी ॥
अमित दानि भर्ता बयदेही । अधम सो नारि जो सेव न तेही ॥
धीरज धर्म मित्र अरु नारी । आपद काल परिखिअहिं चारी ॥
बृद्ध रोगबस जड़ धनहीना । अंध बधिर क्रोधी अति दीना ॥
ऐसेहु पति कर किएँ अपमाना नारि पाव जमपुर दुख नाना ॥
एकइ धर्म एक ब्रत नेमा । कायँ बचन मन पति पद प्रेमा ॥
जग पतिब्रता चारि बिधि अहहीं । बेद पुरान संत सब कहहीं ॥
उत्तम के अस बस मन माहीं । सपनेहुँ आन पुरुष जग नाहीं ॥
मध्यम परपति देखइ कैसें । भ्राता पिता पुत्र निज जैसें ॥
धर्म बिचारि समुझि कुल रहई । सो निकिष्ट त्रिय श्रुति अस कहई ॥
बिनु अवसर भय तें रह जोई । जानेहु अधम नारि जग सोई ॥
पति बंचक परपति रति करई । रौरव नरक कल्प सत परई ॥
छन सुख लागि जनम सत कोटी । दुख न समुझ तेहि सम को खोटी
बिनु श्रम नारि परम गति लहई । पतिब्रत धर्म छाड़ि छल गहई ॥
पति प्रतिकूल जनम जहँ जाई । बिधवा होइ पाइ तरुनाई ॥

भगवान्‌का निवासस्थान

जिन्ह के श्रवन समुद्र समाना । कथा तुम्हारि सुभग सरि नाना ॥
भरहिं निरंतर होहिं न पूरे । तिन्ह के हिय तुम्ह कहुँ गृह रूरे ॥
लोचन चातक जिन्ह करि राखे । रहहिं दरस जलधर अभिलाषे ॥
निदरहिं सरित सिंधु सर भारी । रूप बिंदु जल होहिं सुखारी ॥
तिन्ह के हृदय सदन सुखदायक । बसहु बंधु सिय सह रघुनायक ॥

जसु तुम्हार मानस बिमल हंसिनि जीहा जासु ।
मुकताहल गुन गन चुनइ राम बसहु हियँ तासु ॥

प्रभु प्रसाद सुचि सुभग सुबासा । सादर जासु लहइ नित नासा ॥
तुम्हहि निवेदित भोजन करहीं । प्रभु प्रसाद पट भूषन धरहीं ॥
सीस नवहिं सुर गुरु द्विज देखी । प्रीति सहित करि बिनय बिसेषी
कर नित करहिं राम पद पूजा । राम भरोस हृदयँ नहिं दूजा ॥
चरन राम तीरथ चलि जाहीं । राम बसहु तिन्ह के मन माहीं ॥
मंत्रराजु नित जपहिं तुम्हारा । पूजहि तुम्हहि सहित परिवारा ॥
तरपन होम करहि बिधि नाना । बिप्र जेवाँइ देहि बहु दाना ॥
तुम्ह तें अधिक गुरहि जियँ जानी । सकल भायँ सेवहिं सनमानी ॥

सबु करि मागहि एक फलु राम चरन रति होउ ।
तिन्ह के मन मंदिर बसहु सिय रघुनंदन दोउ ॥

काम कोह मद मान न मोहा । लोभ न छोभ न राग न द्रोहा ॥
जिन्ह के कपट दंभ नहिं माया । तिन्ह के हृदय बसहु रघुराया ॥
सब के प्रिय सब के हितकारी । दुख सुख सरिस प्रसंसा गारी ॥
कहहि सत्य प्रिय बचन बिचारी । जागत सोवत सरन तुम्हारी ॥
तुम्हहि छाड़ि गति दूसरि नाहीं । राम बसहु तिन्ह के मन माहीं ॥
जननी सम जानहिं पर नारी । धनु पराव बिष ते बिष भारी ॥
जे हरषहि पर सपति देखी । दुखित होहि पर बिपति बिसेषी ॥
जिन्हहि राम तुम्ह प्रान पिआरे । तिन्ह के मन सुभ सदन तुम्हारे ॥

स्वामि सखा पितु मातु गुर जिन्ह के सब तुम्ह तात ।
मन मंदिर तिन्ह के बसहु सीय सहित दोउ भ्रात ॥

अवगुन तजि सब के गुन गहहीं । बिप्र धेनु हित संकट सहहीं ॥
नीति निपुन जिन्ह कइ जग लीका । घर तुम्हार तिन्ह कर मनु नीका ॥
गुन तुम्हार समुझइ निज दोसा । जेहि सब भाँति तुम्हार भरोसा ॥
राम भगत प्रिय लागहिं जेही । तेहि उर बसहु सहित बैदेही ॥
जाति पाँति धनु धरमु बड़ाई । प्रिय परिवार सदन सुखदाई ॥
सब तजि तुम्हहि रहइ उर लाई । तेहि के हृदयँ रहहु रघुराई ॥
सरगु नरकु अपबरगु समाना । जहँ तहँ देख धरें धनु बाना ॥
करम बचन मन राउर चेरा । राम करहु तेहि के उर डेरा ॥

जाहि न चाहिअ कबहुँ कछु तुम्ह सन सहज सनेहु ।
बसहु निरंतर तासु मन सो राउर निज गेहु ॥

नवधा भक्ति

प्रथम भगति संतन्ह कर संगा । दूसरि रति मम कथा प्रसंगा ॥

गुर पद पंकज सेवा तीसरि भगति अमान ।
चौथि भगति मम गुन गन करइ कपट तजि गान ॥

मंत्र जाप मम दृढ़ बिस्वासा । पंचम भजन सो बेद प्रकासा ॥
छठ दम सील बिरति बहु करमा । निरत निरंतर सज्जन धरमा ॥
सातवँ सम मोहि मय जग देखा । मोतें संत अधिक करि लेखा ॥
आठवँ जथा लाभ संतोषा । सपनेहुँ नहिं देखइ परदोषा ॥
नवम सरल सब सन छलहीना । मम भरोस हियँ हरष न दीना ॥

मित्रके लक्षण

जे न मित्र दुख होहि दुखारी । तिन्हहि बिलोकत पातक भारी ॥
निज दुख गिरि सम रज करि जाना । मित्र क दुख रज मेरु समाना ॥
जिन्ह कें असि मति सहज न आई । ते सठ कत हठि करत मिताई ॥
कुपथ निवारि सुपंथ चलावा । गुन प्रगटै अवगुनन्हि दुरावा ॥
देत लेत मन संक न धरई । बल अनुमान सदा हित करई ॥
बिपति काल कर सतगुन नेहा । श्रुति कह संत मित्र गुन एहा ॥
आगें कह मृदु बचन बनाई । पाछें अनहित मन कुटिलाई ॥
जा कर चित अहि गति सम भाई । अस कुमित्र परिहरेहिं भलाई ॥
सेवक सठ नृप कृपन कुनारी । कपटी मित्र सूल सम चारी ॥

विजयप्रद रथ

सौरज धीरज तेहि रथ चाका । सत्य सील दृढ़ ध्वजा पताका ॥
बल बिबेक दम परहित घोरे । छमा कृपा समता रजु जोरे ॥
ईस भजनु सारथी सुजाना । बिरति चर्म संतोष कृपाना ॥
दान परसु बुधि सक्ति प्रचंडा । बर बिग्यान कठिन कोदंडा ॥
अमल अचल मन त्रोन समाना । सम जम नियम सिलीमुख नाना ॥
कवच अभेद बिप्र गुर पूजा । एहि सम बिजय उपाय न दूजा ॥
सखा धर्ममय अस रथ जाके । जीतन कहँ न कतहुँ रिपु ताकें ॥

महा अजय संसार रिपु जीति सकइ सो बीर ।
जाके अस रथ होइ दृढ़ सुनहु सखा मति धीर ॥

राम-गीता

बड़ें भाग मानुष तनु पावा । सुर दुर्लभ सब ग्रंथन्हि गावा ॥
साधन धाम मोच्छ कर द्वारा । पाइ न जेहि परलोक सँवारा ॥

सो परत्र दुख पावइ सिर धुनि धुनि पछिताइ ।
कालहि कर्महि ईस्वरहि मिथ्या दोष लगाइ ॥

एहि तन कर फल बिषय न भाई । स्वर्गउ स्वल्प अंत दुखदाई ॥
नर तनु पाइ बिषयँ मन देहीं । पलटि सुधा ते सठ बिष लेहीं ॥
ताहि कबहुँ भल कहइ न कोई । गुंजा ग्रहइ परस मनि खोई ॥
आकर चारि लच्छ चौरासी । जोनि भ्रमत यह जिव अबिनासी ॥
फिरत सदा माया कर प्रेरा । काल कर्म सुभाव गुन घेरा ॥
कबहुँक करि करुना नर देही । देत ईस बिनु हेतु सनेही ॥
नर तनु भव बारिधि कहुँ बेरो । सन्मुख मरुत अनुग्रह मेरो ॥
करनधार सदगुर दृढ़ नावा । दुर्लभ साज सुलभ करि पावा ॥

जो न तरै भव सागर नर समाज अस पाइ ।
सो कृत निंदक मंदमति आत्माहन गति जाइ ॥

जौ परलोक इहाँ सुख चहहू । सुनि मम बचन हृदयँ दृढ़ गहहू ॥
सुलभ सुखद मारग यह भाई । भगति मोरि पुरान श्रुति गाई ॥
ग्यान अगम प्रत्यूह अनेका । साधन कठिन न मन कहुँ टेका ॥
करत कष्ट बहु पावइ कोऊ । भक्तिहीन मोहि प्रिय नहिं सोऊ ॥
भक्ति सुतंत्र सकल सुख खानी । बिनु सतसंग न पावहिं प्रानी ॥
पुन्य पुंज बिनु मिलहिं न संता । सतसंगति संसृति कर अंता ॥
पुन्य एक जग महुँ नहिं दूजा । मन क्रम बचन बिप्र पद पूजा ॥
सानुकूल तेहि पर मुनि देवा । जो तजि कपटु करइ द्विज सेवा ॥

औरउ एक गुपुत मत सबहिं कहउँ कर जोरि ।
संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि ॥

कहहु भगति पथ कवन प्रयासा । जोग न मख जप तप उपवासा॥
सरल सुभाव न मन कुटिलाई । जथा लाभ संतोष सदाई॥
मोर दास कहाइ नर आसा । करइ तौ कहहु कहा बिस्वासा॥
बहुत कहउँ का कथा बढाई । एहिं आचरन बस्य मैं भाई॥
बैर न बिग्रह आस न त्रासा । सुखमय ताहि सदा सब आसा॥
अनारंभ अनिकेत अमानी । अनघ अरोष दच्छ बिग्यानी॥
प्रीति सदा सज्जन संसर्गा । तृन सम बिषय स्वर्ग अपबर्गा॥
भगति पच्छ हठ नहिं सठताई । दुष्ट तर्क सब दूरि बहाई॥

मम गुन ग्राम नाम रत गत ममता मद मोह ।
ता कर सुख सोइ जानइ परानंद संदोह ॥

राम-प्रेमकी महिमा

आगम निगम पुरान अनेका । पढ़े सुने कर फल प्रभु एका॥
तव पद पंकज प्रीति निरंतर । सब साधन कर यह फल सुंदर॥
छूटइ मल कि मलहि के धोएँ । घृत कि पाव कोइ बारि बिलोएँ॥
प्रेम भगति जल बिनु रघुराई । अभि अंतर मल कबहुँ न जाई॥
सोइ सर्बग्य तग्य सोइ पंडित । सोइ गुन गृह बिग्यान अखंडित
दच्छ सकल लच्छन जुत सोई । जाके पद सरोज रति होई॥

राम-स्वभाव

सुनहु राम कर सहज सुभाऊ । जन अभिमान न राखहिं काऊ॥
संसृत मूल सूलप्रद नाना । सकल सोक दायक अभिमाना॥
ताते करहिं कृपानिधि दूरी । सेवक पर ममता अति भूरी॥
जिमि सिसु तन ब्रन होइ गोसाईं । मातु चिराव कठिन की नाईं॥

जदपि प्रथम दुख पावइ रोवइ बाल अधीर ।
ब्याधि नास हित जननी गनति न सो सिसु पीर ॥
तिमि रघुपति निज दास कर हरहिं मान हित लागि ।
तुलसिदास ऐसे प्रभुहि कस न भजहु भ्रम त्यागि ॥

काकभुशुण्डिजीके अनुभव

जाने बिनु न होइ परतीती । बिनु परतीति होइ नहि प्रीती॥
प्रीति बिना नहिं भगति दृढ़ाई । जिमि खगपति जल कै चिकनाई॥

बिनु गुर होइ कि ग्यान ग्यान कि होइ बिराग बिनु ।
गावहिं बेद पुरान सुख कि लहिअ हरि भगति बिनु ॥
कोउ बिश्राम कि पाव तात सहज संतोष बिनु ।
चलै कि जल बिनु नाव कोटि जतन पचि पचि मरिअ ॥

बिनु संतोष न काम नसाहीं । काम अछत सुख सपनेहुँ नाहीं॥
राम भजन बिनु मिटहिं कि कामा । थल बिहीन तरु कबहुँ कि जामा॥
बिनु बिग्यान कि समता आवइ । कोउ अवकास कि नभ बिनु पावइ
श्रद्धा बिना धर्म नहिं होई । बिनु महि गंध कि पावइ कोई॥
बिनु तप तेज कि कर बिस्तारा । जल बिनु रस कि होइ संसारा॥
सील कि मिल बिनु बुध सेवकाई । जिमि बिनु तेज न रूप गोसाँई॥
निज सुख बिनु मन होइ कि थीरा । परस कि होइ बिहीन समीरा॥
कबनिउ सिद्धि कि बिनु बिस्वासा । बिनु हरि भजन न भव भय नासा

बिनु बिस्वास भगति नहिं तेहि बिनु द्रवहिं न रामु ।
राम कृपा बिनु सपनेहुँ जीव न लह बिश्रामु ॥
क्रोध कि द्वैतबुद्धि बिनु द्वैत कि बिनु अग्यान ।
मायाबस परिछिन्न जड़ जीव कि ईस समान ॥

कबहुँ कि दुख सब कर हित ताकें । तेहि कि दरिद्र परस मनि जाकें॥
परद्रोही की होहिं निसंका । कामी पुनि कि रहहिं अकलंका॥
बंस कि रह द्विज अनहित कीन्हे । कर्म कि होहि स्वरूपहि चीन्हे॥
काहू सुमति कि खल सँग जामी । सुभ गति पाव कि परत्रिय गामी॥
भव कि परहिं परमात्मा बिंदक । सुखी कि होहिं कबहुँ हरिनिंदक॥
राजु कि रहइ नीति बिनु जानें । अघ कि रहहिं हरि चरित बखानें॥
पावन जस कि पुन्य बिनु होई । बिनु अघ अजस कि पावइ कोई॥
लाभु कि किछु हरि भगति समाना । जेहिं गावहिं श्रुति संत पुराना॥
हानि कि जग एहि सम किछु भाई । भजिअ न रामहि नर तनु पाई॥
अघ कि पिसुनता सम कछु आना । धर्म कि दया सरिस हरि जाना॥

गरुडजीके प्रश्न और उनके उत्तर

नाथ मोहि निज सेवक जानी । सप्त प्रस्न मम कहहु बखानी॥
प्रथमहिं कहहु नाथ मतिधीरा । सब ते दुर्लभ कवन सरीरा॥
बड़ दुख कवन कवन सुख भारी । सोउ संछेपहिं कहहु बिचारी॥
संत असंत मरम तुम्ह जानहु । तिन्ह कर सहज सुभाव बखानहु॥
कवन पुन्य श्रुति बिदित बिसाला । कहहु कवन अघ परम कराला॥
मानस रोग कहहु समुझाई । तुम्ह सर्बग्य कृपा अधिकाई॥
तात सुनहु सादर अति प्रीती । मैं संछेप कहउँ यह नीती॥
नर तन सम नहिं कवनिउ देही । जीव चराचर जाचत तेही॥
नरक स्वर्ग अपबर्ग निसेनी । ग्यान बिराग भगति सुभ देनी॥
सो तनु धरि हरि भजहिं न जे नर । होहिं बिषय रत मंद मंद तर॥
काँच किरिच बदलें ते लेही । कर ते डारि परस मनि देहीं॥
नहि दरिद्र सम दुख जग माहीं । संत मिलन सम सुख जग नाहीं॥
पर उपकार बचन मन काया । संत सहज सुभाउ खगराया॥
संत सहहिं दुख पर हित लागी । पर दुख हेतु असंत अभागी॥

भूर्ज तरू सम संत कृपाला। पर हित निति सह बिपति बिसाला॥
सन इव खल पर बंधन करई। खाल कढाइ बिपति सहि मरई॥
खल बिनु स्वारथ पर अपकारी। अहि मूषक इव सुनु उरगारी॥
पर संपदा बिनासि नसाही। जिमि ससि हति हिम उपल बिलाहीं॥
दुष्ट उदय जग आरति हेतू। जथा प्रसिद्ध अधम ग्रह केतू॥
संत उदय संतत सुखकारी। बिस्व सुखद जिमि इंदु तमारी॥
परम धर्म श्रुति बिदित अहिंसा। पर निंदा सम अघ न गरीसा॥
हर गुर निंदक दादुर होई। जन्म सहस्र पाव तन सोई॥
द्विज निंदक बहु नरक भोग करि। जग जनमइ बायस सरीर धरि॥
सुर श्रुति निंदक जे अभिमानी। रौरव नरक परहि ते प्रानी॥
होहिं उलूक संत निंदा रत। मोह निसा प्रिय ग्यान भानु गत॥
सब कै निंदा जे जड़ करही। ते चमगादुर होइ अवतरहीं॥

रामभक्तिमें सारे गुण हैं

सुनहु तात अब मानस रोगा। जिन्ह ते दुख पावहिं सब लोगा॥
मोह सकल ब्याधिन्ह कर मूला। तिन्ह ते पुनि उपजहिं बहु सूला॥
काम बात कफ लोभ अपारा। क्रोध पित्त नित छाती जारा॥
प्रीति करहिं जौं तीनिउ भाई। उपजइ सन्यपात दुखदाई॥
बिषय मनोरथ दुर्गम नाना। ते सब सूल नाम को जाना॥
ममता दादु कंडु इरषाई। हरष बिषाद गरह बहुताई॥
पर सुख देखि जरनि सोइ छई। कुष्ट दुष्टता मन कुटिलई॥
अहंकार अति दुखद डमरुआ। दंभ कपट मद मान नेहरुआ॥
तृस्ना उदरबृद्धि अति भारी। त्रिबिधि ईषना तरुन तिजारी॥
जुग बिधि ज्वर मत्सर अबिबेका। कहँ लगि कहौ कुरोग अनेका॥

एक ब्याधि बस नर मरहिं ए असाधि बहु ब्याधि।
पीड़हिं संतत जीव कहँ सो किमि लहै समाधि॥
नेम धर्म आचार तप ग्यान जग्य जप दान।
भेषज पुनि कोटिन्ह नहिं रोग जाहिं हरिजान॥

एहि बिधि सकल जीव जग रोगी। सोक हरष भय प्रीति बियोगी॥
मानस रोग कछुक मैं गाए। हहिं सब के लखि बिरलेन्ह पाए॥
जाने ते छीजहिं कछु पापी। नास न पावहिं जन परितापी॥
बिषय कुपथ्य पाइ अंकुरे। मुनिहु हृदयँ का नर बापुरे॥
रामकृपाँ नासहि सब रोगा। जौ एहि भाँति बनै संयोगा॥
सदगुर बैद बचन बिस्वासा। संजम यह न बिषय कै आसा॥
रघुपति भगति सजीवन मूरी। अनूपान श्रद्धा मति पूरी॥
एहि बिधि भलेहिं सो रोग नसाहीं। नाहिं त जतन कोटि नहिं जाही॥
जानिअ तब मन बिरुज गोसाँई। जब उर बल बिराग अधिकाई॥
सुमति छुधा बाढ़इ नित नई। बिषय आस दुर्बलता गई॥
सोइ सर्बग्य गुनी सोइ ग्याता। सोइ महि मंडित पंडित दाता॥
धर्म परायन सोइ कुल त्राता। राम चरन जा कर मन राता॥
नीति निपुन सोइ परम सयाना। श्रुति सिद्धांत नीक तेहिं जाना॥
सोइ कबि कोबिद सोइ रनधीरा। जो छल छाड़ि भजइ रघुबीरा॥
धन्य देस सो जहँ सुरसरी। धन्य नारि पतिब्रत अनुसरी॥
धन्य सो भूपु नीति जो करई। धन्य सो द्विज निज धर्म न टरई॥
सो धन धन्य प्रथम गति जाकी। धन्य पुन्य रत मति सोइ पाकी॥
धन्य घरी सोइ जब सतसंगा। धन्य जन्म द्विज भगति अभंगा॥

सो कुल धन्य उमा! सुनु जगत पूज्य सुपुनीत।
श्रीरघुबीर परायन जेहिं नर उपज बिनीत॥

प्रार्थना

अरथ न धरम न काम रुचि गति न चहउँ निरबान।
जनम जनम रति राम पद यह बरदानु न आन॥
मो सम दीन न दीन हित तुम्ह समान रघुबीर।
अस बिचारि रघुबंसमनि हरहु बिषम भव भीर॥
कामिहि नारि पिआरि जिमि लोभिहि प्रिय जिमि दाम।
तिमि रघुनाथ निरंतर प्रिय लागहु मोहि राम॥

कबहुँक अंब, अवसर पाइ।
मेरिऔ सुधि द्याइबी, कछु करुन कथा चलाइ॥
दीन, सब अँग हीन, छीन, मलीन, अघी अघाइ।
नाम लै भरै उदर एक प्रभु-दासी-दास कहाइ॥
बूझिहैं 'सो है कौन', कहिबी नाम दसा जनाइ।
सुनत राम कृपालु के मेरी बिगरिऔ बनि जाइ॥
जानकी जगजननि जन की किएँ बचन सहाइ।
तरै तुलसीदास भव तव नाथ गुन गन गाइ॥

राम जपु, राम जपु, राम जपु बावरे।
घोर भव-नीर-निधि नाम निज नाव रे॥
एक ही साधन सब रिद्धि-सिद्धि साधि रे।
ग्रसे कलि-रोग जोग-संजम-समाधि रे॥
भलो जो है, पोच जो है, दाहिनो जो, बाम रे।
राम-नाम ही सो अंत सब ही को काम रे॥
जग नभ-बाटिका रही है फलि फूलि रे।
धुवाँ के से धौरहर देखि तू न भूलि रे॥
राम-नाम छाड़ि जो भरोसो करै और रे।
तुलसी परोसो त्यागि माँगै कूर कौर रे॥
राम राम राम जीह जौलौं तू न जपिहै।
तौलौं, तू कहूँ जाय, तिहूँ ताप तपिहै॥

सुरसरि-तीर बिनु नीर दुख पाइहै।
सुरतरु तरे तोहि दारिद सताइहै॥
जागत, बागत, सपने न सुख सोइहै।
जनम जनम, जुग जुग जग रोइहै॥
छूटिबे के जतन बिसेष बाँधो जायगो।
है है बिष भोजन जो सुधा सानि खायगो॥
तुलसी तिलोक, तिहूँ काल तोसे दीन को।
रामनाम ही की गति जैसे जल मीन को॥
सुमिरु सनेह सों तू नाम रामराय को।
संबल निसंबल को, सखा असहाय को॥
भाग है अभागेहू को, गुन गुनहीन को।
गाहक गरीब को, दयालु दानि दीन को॥
कुल अकुलीन को, सुन्यो है बेद साखि है।
पाँगुरे को हाथ-पाँय, आँधरे को आँखि है॥
माय-बाप भूखे को, अधार निराधार को।
सेतु भवसागर को, हेतु सुखसार को॥
पतितपावन राम-नाम सो न दूसरो।
सुमिरि सुभूमि भयो तुलसी सो ऊसरो॥
भलो भली भाँति है जो मेरे कहे लागिहै।
मन राम-नाम सों सुभाय अनुरागिहै॥
राम-नाम को प्रभाउ जानि जूड़ी आगिहै।
सहित सहाय कलिकाल भीरु भागिहै॥
राम-नाम सों बिराग, जोग, जप जागिहै।
बाम बिधि भाल हूँ न करम दाग दागिहै॥
राम-नाम मोदक सनेह सुधा पागिहैं।
पाइ परितोष तू न द्वार द्वार बागिहै॥
राम-नाम काम-तरु जोइ जोइ माँगिहै।
तुलसिदास स्वारथ परमारथ न खाँगिहै॥

देव—

दीन को दयालु दानि दूसरो न कोऊ।
जाहि दीनता कहौं हौं देखौं दीन सोऊ॥
सुर, नर, मुनि, असुर, नाग साहिब तौ घनेरे।
(पै) तौलौं जौलो रावरे न नेकु नयन फेरे॥
त्रिभुवन तिहुँ काल बिदित, बेद बदति चारी।
आदि-अत-मध्य राम! साहबी तिहारी॥
तोहि माँगि माँगनो न माँगनो कहायो।
सुनि सुभाव-सील-सुजसु जाचन जन आयो॥
पाहन-पसु, बिटप-बिहँग अपने करि लीन्हे।
महाराज दसरथ के! रंक राय कीन्हे॥
तू गरीब को निवाज, हौं गरीब तेरो।
बारक कहिये कृपालु! तुलसिदास मेरो॥

देव—

तू दयालु, दीन हौं, तू दानि, हौं भिखारी।
हौं प्रसिद्ध पातकी, तू पाप-पुंज-हारी॥
नाथ तू अनाथ को, अनाथ कौन मोसो?
मो समान आरत नहिं, आरति-हर तोसो॥
ब्रह्म तू, हौं जीव, तू है ठाकुर, हौं चेरो।
तात-मात, गुरु-सखा तू सब बिधि हितु मेरो॥
तोहिं मोहिं नाते अनेक, मानियै जो भावै।
ज्यों त्यों तुलसी कृपालु! चरन-सरन पावै॥

देव—

और काहि माँगिये, को माँगिबो निवारै।
अभिमतदातार कौन, दुख-दरिद्र दारै॥
धरमधाम राम काम-कोटि-रूप रूरो।
साहब सब बिधि सुजान, दान-खड्ग-सूरो॥
सुसमय दिन द्वै निसान सब के द्वार बाजै।
कुसमय दसरथ के! दानि तैं गरीब निवाजै॥
सेवा बिनु गुनबिहीन दीनता सुनाये।
जे जे तैं निहाल किये फूले फिरत पाये॥
तुलसिदास जाचक-रुचि जानि दान दीजै।
रामचंद्र! चंद्र तू चकोर मोहि कीजै॥

मोहजनित मल लाग बिबिध बिधि कोटिहु जतन न जाई।
जनम जनम अभ्यास-निरत चित, अधिक अधिक लपटाई॥
नयन मलिन परनारि निरखि, मन मलिन बिषय सँग लागे।
हृदय मलिन बासना-मान-मद, जीव सहज सुख त्यागे॥
परनिंदा सुनि श्रवन मलिन भे, बचन दोष पर गाये।
सब प्रकार मलभार लाग निज नाथ-चरन बिसराये॥
तुलसिदास ब्रत-दान, ग्यान-तप, सुद्धिहेतु श्रुति गावै।
राम-चरन-अनुराग-नीर बिनु मल अति नास न पावै॥

मन! माधव को नेकु निहारहि।
सुनु सठ, सदा रंक के धन ज्यों, छिन-छिन प्रभुहि सँभारहि॥
सोभा-सील-ग्यान-गुन-मंदिर, सुंदर परम उदारहि।
रंजन संत, अखिल अघ-गंजन, भंजन बिषय-बिकारहि॥
जो बिनु जोग-जग्य-ब्रत-संयम गयो चहै भव-पारहि।
तौ जनि तुलसिदास निसि बासर हरि-पद-कमल बिसारहि॥

ऐसी मूढता या मन की ।
परिहरि राम-भगति सुर-सरिता, आस करत ओसकन की ॥
धूम-समूह निरखि चातक ज्यों, तृषित जानि मति घन की ।
नहिं तहँ सीतलता न बारि, पुनि हानि होति लोचन की ॥
ज्यों गच-काँच बिलोकि सेन जड़ छाँह आपने तन की !
टूटत अति आतुर अहार बस, छति बिसारि आनन की ॥
कहँ लौं कहौं कुचाल कृपानिधि ! जानत हौ गति जन की ।
तुलसिदास प्रभु हरहु दुसह दुख, करहु लाज निज पन की ॥

नाचत ही निसि-दिवस मरयो ।
तब ही ते न भयो हरि थिर जबतें जिव नाम धरयो ॥
बहु बासना बिबिध कंचुकि भूषन लोभादि भरयो ।
चर अरु अचर गगन जल-थल मे, कौन न स्वांग करयो ॥
देव, दनुज, मुनि, नाग, मनुज नहिं जाँचत कोउ उबरयो ।
मेरो दुसह दरिद्र, दोष, दुख काहू तौ न हरयो ॥
थके नयन, पद, पानि, सुमति, बल, संग सकल बिछुरयो ।
अब रघुनाथ सरन आयो जन, भव-भय बिकल डरयो ॥
जेहि गुनतें बस होहु रीझि करि, सो मोहि सब बिसरयो ।
तुलसिदास निज भवनद्वार प्रभु दीजै रहन परयो ॥

ऐसी हरि करत दास पर प्रीति ।
निज प्रभुता बिसारि जन के बस, होत सदा यह रीति ॥
जिन बाँधे सुर-असुर, नाग-नर, प्रबल करम की डोरी ।
सोइ अबिछिन्न ब्रह्म जसुमति हठि बाँध्यो सकत न छोरी ॥
जाकी मायाबस बिरंचि सिव, नाचत पार न पायो ।
करतल ताल बजाय ग्वाल-जुवतिन्ह सोइ नाच नचायो ॥
बिस्वभर, श्रीपति, त्रिभुवनपति, बेद-बिदित यह लीख ।
बलि सो कछु न चली प्रभुता बरु ह्वै द्विज माँगी भीख ॥
जाको नाम लिये छूटत भव-जनम-मरन दुख-भार ।
अंबरीष-हित लागि कृपानिधि सोइ जनमे दस बार ॥
जोग-बिराग, ध्यान-जप-तप करि, जेहि खोजत मुनि ग्यानी ।
बानर-भालु चपल पसु पामर, नाथ तहाँ रति मानी ॥
लोकपाल, जम, काल, पवन, रबि, ससि सब आग्याकारी ।
तुलसिदास प्रभु उग्रसेन के द्वार बेंत कर धारी ॥

हरि ! तुम बहुत अनुग्रह कीन्हों ।
साधन-धाम बिबुध-दुरलभ तनु, मोहि कृपा करि दीन्हो ॥
कोटिहुँ मुख कहि जात न प्रभु के, एक एक उपकार ।
तदपि नाथ कछु और माँगिहौं, दीजै परम उदार ॥
बिषय-बारि मन-मीन भिन्न नहिं होत कबहुँ पल एक ।
ताते सहौ बिपति अति दारुन, जनमत जोनि अनेक ॥
कृपा-डोरि बनसी पद अंकुस, परम प्रेम मृदु चारो ।
एहि बिधि बेधि हरहु मेरो दुख, कौतुक राम तिहारो ॥
हैं श्रुति-बिदित उपाय सकल सुर, केहि केहि दीन निहोरै ।
तुलसिदास यह जीव मोह-रजु जेहि बाँध्यो सोइ छोरै ॥

यह बिनती रघुबीर गुसाईं ।
और आस-बिस्वास-भरोसो, हरो जीव-जड़ताई ॥
चहौ न सुगति, सुमति, संपति कछु, रिधि-सिधि बिपुल बड़ाई ।
हेतु-रहित अनुराग राम-पद बढ़ै अनुदिन अधिकाई ॥
कुटिल करम लै जाहिं मोहि जहँ जहँ अपनी बरिआई ।
तहँ तहँ जनि छिन छोह छाँड़ियो, कमठ-अंड की नाईं ॥
या जग मे जहँ लगि या तनु की प्रीति प्रतीति सगाई ।
ते सब तुलसिदास प्रभु ही सों होहिं सिमिटि इक ठाईं ॥

जानकी-जीवन की बलि जैहौं ।
चित कहै राम-सीय-पद परिहरि अब न कहूँ चलि जैहौं ॥
उपजी उर प्रतीति सपनेहुँ सुख, प्रभु-पद-बिमुख न पैहौं ।
मन समेत या तन के बासिन्ह, इहै सिखावन दैहौं ॥
श्रवननि और कथा नहिं सुनिहौ, रसना और न गैहौं ।
रोकिहौं नयन बिलोकत औरहि, सीस ईस ही नैहौं ॥
नातो-नेह नाथ-सो करि सब नातो-नेह बहैहौं ।
यह छरभार ताहि तुलसी जग जाको दास कहैहौ ॥

अबलौं नसानी, अब न नसैहौं ।
राम-कृपा भव-निसा सिरानी, जागे फिरि न डसैहौं ॥
पायेउँ नाम चारु चिंतामनि, उर कर तें न खसैहौं ।
स्यामरूप सुचि रुचिर कसौटी, चित कंचनहिं कसैहौं ॥
परबस जानि हँस्यो इन इंद्रिन, निज बस ह्वै न हँसैहौ ।
मन मधुकर पन कै तुलसी रघुपति-पद-कमल बसैहौ ॥

माधव ! मो समान जग माहीं ।
सब बिधि हीन, मलीन, दीन अति, लीन बिषय कोउ नाहीं ॥
तुम सम हेतुरहित कृपालु आरत-हित ईस न त्यागी ।
मैं दुख-सोक-बिकल कृपालु ! केहि कारन दया न लागी ॥
नाहिंन कछु औगुन तुम्हार, अपराध मोर मैं माना ।
ग्यान-भवन तनु दियेहु नाथ ! सोउ पाय न मै प्रभु जाना ॥
बेनु करील श्रीखंड बसतहि दूषन मृषा लगावै ।
सार-रहित हतभाग्य सुरभि पल्लव सो कहु किमि पावै ॥
सब प्रकार मै कठिन, मृदुल हरि, दृढ़ बिचार जिय मोरे ।
तुलसिदास प्रभु मोह-सृंखला, छुटिहि तुम्हारे छोरे ॥

माधव ! मोह-फाँस क्यों टूटै ।
बाहिर कोटि उपाय करिय, अभ्यंतर ग्रन्थि न छूटै ॥
घृतपूरन कराह अंतरगत ससि-प्रतिबिंब दिखावै ।
ईंधन अनल लगाय कलप सत, औटत नास न पावै ॥
तरु-कोटर महँ बस बिहंग तरु काटे मरै न जैसे ।
साधन करिय बिचार-हीन मन सुद्ध होइ नहिं तैसे ॥
अंतर मलिन बिषय मन अति, तन पावन करिय पखारे ।
मरइ न उरग अनेक जतन बलमीक बिबिध बिधि मारे ॥
तुलसिदास हरि-गुरु-करुना बिनु बिमल बिबेक न होई ।
बिनु बिबेक संसार घोर निधि पार न पावै कोई ॥

कबहुँ सो कर-सरोज रघुनायक ! धरिहौ नाथ सीस मेरे ।
जेहि कर अभय किये जन आरत, बारक बिषम नाम टेरे ॥
जेहि कर-कमल कठोर संभुधनु भंजि जनक-संसय मेट्यो ।
जेहि कर-कमल उठाइ बंधु ज्यो, परम प्रीति केवट भेंट्यो ॥
जेहि कर-कमल कृपालु गीध कहँ, पिंड देइ निजधाम दियो ।
जेहि कर बालि बिदारि दासहित, कपिकुल-पति सुग्रीव कियो ॥
आयो सरन सभीत बिभीषन जेहि कर-कमल तिलक कीन्हों ।
जेहि कर गहि सर चाप असुर हति, अभयदान देवन्ह दीन्हों ॥
सीतल सुखद छाँह जेहि कर की, मेटति पाप, ताप, माया ।
निसि-बासर तेहि कर-सरोज की, चाहत तुलसिदास छाया ॥

ते नर नरकरूप जीवत जग
भव-भंजन-पद-बिमुख अभागी ।
निसिबासर रुचि पाप असुचिमन,
खलमति-मलिन, निगमपथ-त्यागी ॥
नहिं सतसंग भजन नहिं हरि को,
स्रवन न राम-कथा-अनुरागी ।
सुत-बित-दार-भवन-ममता-निसि
सोवत अति, न कबहुँ मति जागी ॥
तुलसिदास हरि-नाम सुधा तजि,
सठ हठि पियत बिषय-बिष माँगी ।
सूकर-स्वान-सृगाल-सरिस जन,
जनमत जगत जननि-दुख लागी ॥

कलि नाम कामतरु राम को ।
दलनिहार दारिद दुकाल दुख, दोष घोर घन घाम को ॥
नाम लेत दाहिनो होत मन बाम बिधाता बाम को ।
कहत मुनीस महेस महातम, उलटे सूधे नाम को ॥
भलो लोक-परलोक तासु जाके बल ललित-ललाम को ।
तुलसी जग जानियत नाम ते सोच न कूच मुकाम को ॥

मैं हरि पतित-पावन सुने ।
मैं पतित तुम पतित-पावन दोउ बानक बने ॥
ब्याध गनिका गज अजामिल साखि निगमनि भने ।
और अधम अनेक तारे जात कापै गने ॥
जानि नाम अजानि लीन्हें नरक सुरपुर मने ।
दास तुलसी सरन आयो, राखिये अपने ॥

ऐसो को उदार जग माहीं ।
बिनु सेवा जो द्रवै दीन पर राम सरिस कोउ नाहीं ॥
जो गति जोग बिराग जतन करि नहिं पावत मुनि ग्यानी ।
सो गति देत गीध सबरी कहँ प्रभु न बहुत जिय जानी ॥
जो संपति दस सीस अरप करि रावन सिव पहँ लीन्हीं ।
सो संपदा बिभीषन कहँ अति सकुच सहित हरि दीन्हीं ॥
तुलसिदास सब भाँति सकल सुख जो चाहसि मन मेरो ।
तौ भजु राम, काम सब पूरन करैं कृपानिधि तेरो ॥

जानत प्रीति-रीति रघुराई ।
नाते सब हाते करि राखत, राम सनेह-सगाई ॥
नेह निबाहि देह तजि दसरथ, कीरति अचल चलाई ।
ऐसेहु पितु तें अधिक गीध पर ममता गुन गरुआई ॥
तिय-बिरही सुग्रीव सखा लखि प्रानप्रिया बिसराई ।
रन परयो बंधु बिभीषन ही को, सोच हृदय अधिकाई ॥
घर गुरुगृह प्रिय सदन सासुरे, भइ जब जहँ पहुनाई ।
तब तहँ कहि सबरी के फलनि की रुचि माधुरी न पाई ॥
सहज सरूप कथा मुनि बरनत रहत सकुचि सिर नाई ।
केवट मीत कहे सुख मानत बानर बंधु बड़ाई ॥
प्रेम कनोड़ो रामसो प्रभु त्रिभुवन तिहूँ काल न भाई ।
तेरो रिनी हौ कह्यो कपि सों ऐसी मानिहि को सेवकाई ॥
तुलसी राम-सनेह-सील लखि, जो न भगति उर आई ।
तौ तोहिं जनमि जाय जननी जड़ तनु-तरुनता गवाँई ॥

ऐसे राम दीन-हितकारी ।
अति कोमल करुनानिधान बिनु कारन पर-उपकारी ॥
साधन-हीन दीन निज अघ-बस, सिला भई मुनि-नारी ।
गृहतें गवनि परसि पद पावन घोर सापतें तारी ॥
हिंसारत निषाद तामस बपु, पसु-समान बनचारी ।
भेंट्यो हृदय लगाइ प्रेमबस, नहिं कुल जाति बिचारी ॥
जद्यपि द्रोह कियो सुरपति सुत, कहि न जाय अति भारी ।
सकल लोक अवलोकि सोकहत, सरन गये भय टारी ॥
बिहँग जोनि आमिष अहारपर, गीध कौन ब्रतधारी ।
जनक-समान क्रिया ताकी निज कर सब भाँति सँवारी ॥

अधम जाति सबरी जोषित जड़, लोक-बेद तें न्यारी ।
जानि प्रीति, दै दरस कृपानिधि, सोउ रघुनाथ उधारी ॥
कपि सुग्रीव बंधु भय-ब्याकुल, आयो सरन पुकारी ।
सहि न सके दारुन दुख जन के, हत्यो बालि सहि गारी ॥
रिपु को अनुज बिभीषन निसिचर, कौन भजन अधिकारी ।
सरन गये आगे ह्वै लीन्हों भेट्यो भुजा पसारी ॥
असुभ होइ जिन्ह के सुमिरे ते बानर रीछ बिकारी ।
बेद-बिदित पावन किये ते सब, महिमा नाथ ! तुम्हारी ॥
कहँ लगि कहौं दीन अगनित जिन्ह की तुम बिपति निवारी ।
कलि-मल-ग्रसित दास तुलसी पर, काहे कृपा बिसारी ? ॥

जो मोहि राम लागते मीठे ।
तौ नवरस षटरस-रस अनरस ह्वै जाते सब सीठे ॥
बंचक बिषय बिबिध तनु धरि अनुभवे सुने अरु डीठे ।
यह जानत हौं हिरदै अपने सपने न अघाइ उबीठे ॥
तुलसिदास प्रभु सों, एकहि बल बचन कहत अति ढीठे ।
नाम की लाज राम करुनाकर केहि न दिये कर चीठे ॥

यों मन कबहूँ तुमहिं न लाग्यो ।
ज्यों छल छाँड़ि सुभाव निरंतर रहत बिषय अनुराग्यो ॥
ज्यों चितई परनारि, सुने पातक-प्रपंच घर-घर के ।
त्यों न साधु, सुरसरि-तरंग-निरमल गुनगन रघुबर के ॥
ज्यों नासा सुगंध-रस-बस, रसना षटरस-रति मानी ।
राम-प्रसाद-माल जूठन लगि त्यों न ललकि ललचानी ॥
चंदन-चंदबदनि-भूषन-पट ज्यों चह पाँवर परस्यो ।
त्यों रघुपति-पद-पदुम-परस को तनु पातकी न तरस्यो ॥
ज्यों सब भाँति कुदेव कुठाकुर सेये बपु बचन हिये हूँ ।
त्यों न राम सुकृतग्य जे सकुचत सकृत प्रनाम किये हूँ ॥
चंचल चरन लोभ लगि लोलुप द्वार-द्वार जग बागे ।
राम-सीय-आस्रमनि चलत त्यों भये न स्रमित अभागे ॥
सकल अंग पद-बिमुख नाथ मुख नाम की ओट लई है ।
है तुलसिहिं परतीति एक प्रभु-मूरति कृपामई है ॥

कबहुँक हौं यहि रहनि रहौंगो ।
श्रीरघुनाथ कृपालु कृपातें संत-सुभाव गहौंगो ॥
जथालाभ संतोष सदा, काहू सो कछु न चहौंगो ।
पर-हित-निरत निरंतर, मन क्रम बचन नेम निबहौंगो ॥
परुष बचन अति दुसह श्रवन सुनि तेहि पावक न दहौंगो ।
बिगत मान, सम सीतल मन, पर-गुन नहिं दोष कहौंगो ॥
परिहरि देह-जनित चिंता, दुख-सुख सम बुद्धि सहौंगो ।
तुलसिदास प्रभु यहि पथ रहि, अबिचल हरि-भगति लहौंगो ॥

नाहिंन आवत आन भरोसो ।
यहि कलिकाल सकल साधन तरु है स्रम-फलनि फरो सो ॥
तप, तीरथ, उपवास, दान, मख जेहि जो रुचै करो सो ।
पायेहि पै जानिबो करम-फल भरि-भरि बेद परोसो ॥
आगम-बिधि जप-जाग करत नर सरत न काज खरो सो ।
सुख सपनेहु न जोग-सिधि-साधन, रोग बियोग धरो सो ॥
काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह मिलि ग्यान बिराग हरो सो ।
बिगरत मन संन्यास लेत जल नावत आम धरो सो ॥
बहु मत मुनि बहु पंथ पुराननि जहाँ-तहाँ झगरो सो ।
गुरु कह्यो राम-भजन नीको मोहिं लगत राज-डगरो सो ॥
तुलसी बिनु परतीति प्रीति फिरि-फिरि पचि मरै मरो सो ।
रामनाम-बोहित भव-सागर चाहै तरन तरो सो ॥

जाके प्रिय न राम-बैदेही ।
तजिये ताहि सो छाँड़िये कोटि बैरी सम, जद्यपि परम सनेही ॥
तज्यो पिता प्रहलाद, बिभीषन बंधु, भरत महतारी ।
बलि गुरु तज्यो, कंत ब्रज-बनितन्हि, भये मुद-मंगलकारी ॥
नाते नेह राम के मनियत सुहृद सुसेब्य जहाँ लौं ।
अंजन कहा आँखि जेहि फूटै, बहुतक कहौं कहाँ लौं ॥
तुलसी सो सब भाँति परम हित पूज्य प्रानते प्यारो ।
जासों होय सनेह राम-पद, एतो मतो हमारो ॥

जो पै रहनि लगन रामसों नाहीं ।
तौ नर खर कूकर सूकर सम
बृथा जियत जग माहीं ॥
काम, क्रोध, मद, लोभ, नींद, भय,
भूख, प्यास सबही के ।
मनुज देह सुर-साधु सराहत,
सो सनेह सिय-पी के ॥
सूर, सुजान सपूत सुलच्छन
गनियत गुन गरुआई ।
बिनु हरिभजन इँदारुन के फल
तजत नहीं करुआई ॥
कीरति, कुल, करतूति, भूति भलि,
सील सरूप सलोने ।
तुलसी प्रभु-अनुराग-रहित जस
सालन साग अलोने ॥

लाज न लागत दास कहावत ।
सो आचरन बिसारि सोच तजि,
जो हरि तुम कहँ भावत ॥
सकल संग तजि भजत जाहि मुनि,
जप तप जाग बनावत ।
मो-सम मंद महाखल पाँवर,
कौन जतन तेहि पावत ॥
हरि निरमल, मलग्रसित हृदय,
असमंजस मोहि जनावत ।
जेहि सर काक कंक बक सूकर,
क्यों मराल तहँ आवत ॥
जाकी सरन जाइ कोबिद
दारुन त्रयताप बुझावत ।
तहूँ गये मद मोह लोभ अति,
सरगहुँ मिटत न सावत ॥
भव-सरिता कहँ नाउ संत, यह
कहि औरनि समुझावत ।
हौं तिनसों हरि ! परम बैर करि,
तुम सों भलो मनावत ॥
नाहिन और ठौर मो कहँ,
ताते हठि नातो लावत ।
राखु सरन उदारचूड़ामनि !
तुलसिदास गुन गावत ॥

मैं तोहिं अब जान्यो संसार ।
बाँधि न सकहिं मोहि हरि के बल,
प्रगट कपटआगार ॥
देखत ही कमनीय, कछू
नाहिंन पुनि किये बिचार ।
ज्यों कदलीतरु-मध्य निहारत,
कबहुँ न निकसत सार ॥
तेरे लिये जनम अनेक मैं
फिरत न पायों पार ।
महामोह-मृगजल-सरिता महँ
बोरयो हौं बारहिं बार ॥
सुनु खल ! छल-बल कोटि किये बस
होहिं न भगत उदार ।
सहित सहाय तहाँ बसि अब, जेहि
हृदय न नंदकुमार ॥
तासों करहु चातुरी जो नहिं
जानै मरम तुम्हार ।
सो परि डरै मरै रजु-अहि तें,
बूझै नहिं ब्यवहार ॥
निज हित सुनु सठ ! हठ न करहि, जो
चहहि कुसल परिवार ।
तुलसिदास प्रभु के दासनि तजि
भजहि जहाँ मद मार ॥

मन पछितैहै अवसर बीते ।
दुरलभ देह पाइ हरिपद भजु, करम, बचन अरु ही ते ॥
सहसबाहु, दसबदन आदि नृप बचे न काल बली ते ।
हम-हम करि धन-धाम सँवारे, अंत चले उठि रीते ॥
सुत-बनितादि जानि स्वारथरत, न करु नेह सबही ते ।
अंतहु तोहिं तजैंगे पामर ! तू न तजै अबही ते ॥
अब नाथहिं अनुराग, जागु जड़, त्यागु दुरासा जी ते ।
बुझै न काम अगिनि तुलसी कहुँ, बिषय-भोग बहु घी ते ॥

लाभ कहा मानुष-तनु पाये ।
काय-बचन-मन सपनेहुँ कबहुँक घटत न काज पराये ॥
जो सुख सुरपुर-नरक, गेह-बन आवत बिनहिं बुलाये ।
तेहि सुख कहँ बहु जतन करत मन, समुझत नहिं समुझाये ॥
पर-दारा, पर-द्रोह, मोहबस किये मूढ़ मन भाये ।
गरभबास दुखरासि जातना तीव्र बिपति बिसराये ॥
भय-निद्रा, मैथुन-अहार, सब के समान जग जाये ।
सुर-दुरलभ तनु धरि न भजे हरि मद अभिमान गवाँये ॥
गई न निज-पर-बुद्धि, सुद्ध ह्वै रहे न राम-लय लाये ।
तुलसिदास यह अवसर बीते का पुनि के पछिताये ॥

जो मन लागै रामचरन अस ।
देह-गेह-सुत-बित-कलत्र महँ
मगन होत बिनु जतन किये जस ॥
द्वंद्वरहित, गतमान, ग्यानरत,
बिषय-बिरत खटाइ नाना कस ।
सुखनिधान सुग्यान कोसलपति
ह्वै प्रसन्न, कहु, क्यों न होंहि बस ॥
सर्बभूत-हित, निर्ब्यलीक चित,
भगति-प्रेम दृढ़ नेम एकरस ।
तुलसिदास यह होइ तबहिं जब
द्रवै ईस, जेहि हतो सीस दस ॥

ऐसी कवन प्रभु की रीति ?
बिरद हेतु पुनीत परिहरि पाँवरनि पर प्रीति ॥
गई मारन पूतना कुच कालकूट लगाइ ।
मातु की गति दई ताहि कृपालु जादवराइ ॥
काममोहित गोपिकनि पर कृपा अतुलित कीन्ह ।
जगत-पिता बिरंचि जिन्ह के चरन की रज लीन्ह ॥
नेमतें सिसुपाल दिन प्रति देत गनि गनि गारि ।
कियो लीन सु आप में हरि राज-सभा मँझारि ॥
ब्याध चित दै चरन मारयो मूढ़मति मृग जानि ।
सो सदेह स्वलोक पठयो प्रगट करि निज बानि ॥
कौन तिन्ह की कहै जिन्ह के सुकृत अरु अघ दोउ ।
प्रगट पातकरूप तुलसी सरन राख्यो सोउ ॥

भरोसो जाहि दूसरो सो करो ।
मोको तो राम को नाम कलपतरु कलि कल्यान फरो ॥
करम उपासन, ग्यान, बेदमत, सो सब भाँति खरो ।
मोहि तो सावन के अंधहि ज्यों सूझत रंग हरो ॥
चाटत रह्यो स्वान पातरि ज्यों कबहुँ न पेट भरो ।
सो हौं सुमिरत नाम-सुधारस पेखत परुसि धरो ॥
स्वारथ औ परमारथ हू को नहि कुंजरो-नरो ।
सुनियत सेतु पयोधि पषानहि करि कपि-कटक तरो ॥
प्रीति-प्रतीति जहाँ जाकी, तहँ ताको काज सरो ।
मेरे तो माय-बाप दोउ आखर, हौं सिसु-अरनि अरो ॥
संकर साखि जो राखि कहौं कछु तौ जरि जीह गरो ।
अपनो भलो राम-नामहि ते तुलसिहि समुझि परो ॥

गरैगी जीह जो कहौं और को हौं ।
जानकी-जीवन ! जनम-जनम जग
ज्यायो तिहारेहि कौर को हौं ॥
तीनि लोक, तिहुँ काल न देखत
सुहृद रावरे जोर को हौं ।
तुमसों कपट करि कलप-कलप
कृमि ह्वैहौं नरक घोर को हौं ॥
कहा भयो जो मन मिलि कलिकालहिं
कियो भौतुवा भौर को हौं ।
तुलसिदास सीतल नित यहि बल,
बड़े ठेकाने ठौर को हौं ॥

ऐसेहि जनम-समूह सिराने ।
प्राननाथ रघुनाथ-से प्रभु तजि सेवत चरन बिराने ॥
जे जड़ जीव कुटिल, कायर, खल, केवल कलि-मल-साने ।
सूखत बदन प्रसंसत तिन्ह कहँ, हरिते अधिक करि माने ॥
सुख हित कोटि उपाय निरंतर करत न पायँ पिराने ।
सदा मलीन पंथ के जल ज्यों, कबहुँ न हृदय थिराने ॥
यह दीनता दूर करिबे को अमित जतन उर आने ।
तुलसी चित-चिंता न मिटै बिनु चिंतामनि पहिचाने ॥

काहे न रसना, रामहि गावहि ?
निसिदिन पर-अपवाद बृथा कत रटि-रटि राग बढ़ावहि ॥
नरमुख सुंदर मंदिर पावन बसि जनि ताहि लजावहि ।
ससि समीप रहि त्यागि सुधा कत रबि-कर-जल कहँ धावहि ॥
काम-कथा कलि-कैरव-चंदिनि, सुनत श्रवन दै भावहि ।
तिनहिं हटकि कहि हरि कल कीरति, करन कलंक नसावहि ॥
जातरूप मति जुगुति रुचिर मनि रचि-रचि हार बनावहि ।
सरन-सुखद रबिकुल-सरोज-रबि राम-नृपहि पहिरावहि ॥
बाद-बिबाद स्वाद तजि भजि हरि, सरस चरित चित लावहि ।
तुलसिदास भव तरहि, तिहूँ पुर नू पुनीत जस पावहि ॥

भज मन रामचरन सुखदाई ॥
जिन चरनन ते निकसी सुरसरि संकर जटा समाई ।
जटासंकरी नाम परयो है, त्रिभुवन तारन आई ॥
जिन चरनन की चरन पादुका भरत रहे लव लाई ।
सोइ चरन केवट धोइ लीन्हें तब हरि नाव चलाई ॥
सोइ चरन संतन जन सेवत सदा रहत सुखदाई ।
सोइ चरन गौतम ऋषि नारी परसि परमपद पाई ॥
दंडक बन प्रभु पावन कीन्हो ऋषियन त्रास मिटाई ।
सोई प्रभु त्रिलोक के स्वामी कनकमृगा सँग धाई ॥
कपि सुग्रीव बंधु-भय-ब्याकुल तिन जय छत्र फिराई ।
रिपु को अनुज बिभीषन निसिचर परसत लंका पाई ॥
सिव-सनकादिक अरु ब्रह्मादिक सेस सहस मुख गाई ।
तुलसिदास मारुतसुत की प्रभु निज मुख करत बड़ाई ॥

भगवान्‌का स्वरूप तथा लीला

आँगन फिरत घुटुरुवनि धाए ।
नील जलद तनु स्याम राम-सिसु जननि निरखि मुख निकट बोलाए ॥
बंधुक सुमन अरुन पद-पंकज अंकुस प्रमुख चिन्ह बनि आए ।
नूपुर जनु मुनिबर-कलहंसनि रचे नीड़ दै बाँह बसाए ॥
कटि मेखल बर हार ग्रीव दर, रुचिर बाँह भूषन पहिराए ।
उर श्रीबत्स मनोहर हरि नख हेम मध्य मनिगन बहु लाए ॥

सुभग चिबुक,द्विज, अधर,नासिका, स्रवन, कपोल मोहि अति भाए
भ्रू सुंदर करुना-रस-पूरन, लोचन मनहुँ जुगल जलजाए ॥
भाल बिसाल ललित लटकन बर, बालदसा के चिकुर सोहाए ।
मनु दोउ गुर सनि कुज आगे करि ससिहि मिलन तम के गन आए
उपमा एक अभूत भई तब जब जननी पट पीत ओढ़ाए ।
नील जलदपर उडुगन निरखत तजि सुभाव मनो तड़ित छपाए ॥
अंग अंग पर मार-निकर मिलि छबि-समूह लै लै जनु छाए ।
तुलसिदास रघुनाथ-रूप-गुन तौ कहौ जो बिधि होहिं बनाए ॥

आँगन खेलत आनँदकंद। रघुकुल-कुमुद-सुखद चारु चंद ॥
सानुज भरत लषन सँग सोहैं। सिसु-भूषन भूषित मन मोहैं ॥
तन-दुति मोर-चंद जिमि झलकै। मनहु उमगि अँग अँग छबि छलकै
कटि किंकिनि, पग पैंजनि बाजैं। पंकज पानि पहुँचियाँ राजैं ॥
कठुला कंठ बघनहा नीके। नयन-सरोज मयन-सरसी के ॥
लटकन लसत ललाट लटूरीं। दमकति द्वै द्वै दँतुरियाँ रूरीं ॥
मुनि-मन हरत मंजु मसि-बुंदा। ललित बदन बलि बालमुकुंदा॥
कुलही चित्र बिचित्र झँगूली। निरखत मातु मुदित मन फूली ॥
गहि मनिखंभ डिंभ डगि डोलत। कलबल बचन तोतरे बोलत ॥
किलकत, झुकि झाँकत प्रतिबिंबनि। देत परम सुख पितु अरु अंबनि
सुमिरत सुषमा हिय हुलसी है। गावत प्रेम पुलकि तुलसी है ॥

सोहत सहज सुहाये नैन ।
खंजन मीन कमल सकुचत तब जब उपमा चाहत कबि दैन ॥
सुंदर सब अंगनि सिसु-भूषन राजत जनु सोभा आये लैन ।
बड़ो लाभ, लालची लोभबस रहि गये लखि सुषमा बहु मैन ॥
भोर भूप लिये गोद मोद भरे, निरखत बदन, सुनत कल बैन ।
बालक-रूप अनूप राम-छबि निवसति तुलसिदास-उर-ऐन ॥

जागिये कृपानिधान जानराय रामचंद्र
जननी कहै बारबार भोर भयो प्यारे ।
राजिवलोचन बिसाल, प्रीति-बापिका-मराल,
ललित कमल-बदन उपर मदन कोटि वारे ॥
अरुन उदित, बिगत सरबरी, ससाक किरनहीन,
दीन दीपजोति, मलिन-दुति समूह तारे ।
मनहुँ ग्यानघन-प्रकास, बीते सब भव-बिलास
आस-त्रास-तिमिर तोष-तरनि-तेज जारे ॥
बोलत खगनिकर मुखर मधुर करि प्रतीत सुनहु
स्रवन प्रानजीवन धन, मेरे तुम बारे ।
मनहुँ बेद-बंदी मुनिबृंद-सुत-मागधादि
बिरुद बदत 'जय जय जय जयति कैटभारे' ॥

बिकसित कमलावली, चले प्रपुंज चंचरीक,
गुंजत कल कोमल धुनि त्यागि कंज न्यारे ।
जनु बिराग पाइ सकल सोक कूप-गृह बिहाइ
भृत्य प्रेममत्त फिरत गुनत गुन तिहारे ॥
सुनत बचन प्रिय रसाल जागे अतिसय दयाल,
भागे जंजाल बिपुल, दुख-कदंब दारे ।
तुलसिदास अति अनंद देखिकै मुखारबिंद,
छूटैं भ्रमफंद परम मंद द्वंद भारे ॥

बिहरत अवध-बीथिन राम ।
संग अनुज अनेक सिसु, नव-नील-नीरद-स्याम ॥
तरुन अरुन-सरोज-पद बनी कनकमय पदत्रान ।
पीत पट कटि तूनबर, कर ललित लघु धनु-बान ॥
लोचननि को लहत फल छबि निरखि पुर-नर-नारि ।
बसत तुलसीदास उर अवधेस के सुत चारि ॥

मुनि के सँग बिराजत बीर ।
काकपच्छ धर, कर कोदंड सर, सुभग पीतपट कटि तूनीर ॥
बदन इंदु, अंभोरुह लोचन, स्याम गौर सोभा-सदन सरीर ।
पुलकत ऋषि अवलोकि अमित छबि, उर न समाति प्रेम की भीर
खेलत, चलत, करत मग कौतुक, बिलँबत सरित-सरोबर-तीर ।
तोरत लता, सुमन, सरसीरुह, पियत सुधासम सीतल नीर ॥
बैठत बिमल सिलनि बिटपनि तर, पुनि पुनि बरनत छाँह, समीर ।
देखत नटत केकि, कल गावत मधुप, मराल, कोकिला, कीर ॥
नयननि को फल लेत निरखि खग, मृग, सुरभी, ब्रजबधू, अहीर ।
तुलसी प्रभुहि देत सब आसन निज निज मन मृदु कमल कुटीर ॥

रामपद-पदुम-पराग परी ।
ऋषितिय तुरत त्यागि पाहन-तनु छबिमय देह धरी ॥
प्रबल पाप पति-साप दुसह दव दारुन जरनि जरी ।
कृपासुधा सिंच बिबुध-बेलि ज्यौं फिरि सुख-फरनि फरी ॥
निगम-अगम मूरति महेस-मति-जुवति बराय बरी ।
सोइ मूरति भइ जानि नयनपथ इकटक तें न टरी ॥
बरनति हृदय सरूप, सील, गुन प्रेम-प्रमोद-भरी ।
तुलसिदास अस केहि आरत की आरति प्रभु न हरी ? ॥

नेकु, सुमुखि, चित लाइ चितौ, री ।
राजकुँवर-मूरति रचिबे की रुचि सुबिरँचि श्रम कियो है कितौ, री॥
नख-सिख सुंदरता अवलोकत कह्यो न परत सुख होत जितौ, री ।
साँवर रूप-सुधा भरिबे कहँ नयन-कमल कल कलस रितौ, री ॥

मेरे जान इन्हे बोलिबे कारन चतुर जनक ठयो ठाट इतौ, री ।
तुलसी प्रभु भंजिहै संभु-धनु, भूरि भाग सिय-मातु-पितौ, री ॥

दूलह राम, सीय दुलही री !
घन-दामिन बर बरन, हरन-मन, सुंदरता नखसिख निबही, री ॥
ब्याह-बिभूषन-बसन-बिभूषित, सखि अवली लखि ठगि सी रही, री
जीवन-जनम-लाहु, लोचन-फल है इतनोइ, लह्यो आजु सही, री॥
सुखमा सुरभि सिंगार-छीर दुहि मयन अमियमय कियो है दही, री
मथि माखन सिय-राम सँवारे, सकल भुवन छबि मनहुँ मही, री ॥
तुलसिदास जोरी देखत सुख-सोभा अतुल, न जाति कही, री ।
रूप-रासि बिरची बिरंचि मनो, सिला लवनि रति काम लही री ॥

मनोहरता के मानो ऐन ।
स्यामल-गौर किसोर पथिक दोउ, सुमुखि ! निरखु भरि नैन ॥
बीच बधू बिधुबदनि बिराजति, उपमा कहुँ कोउ है न ।
मानहु रति ऋतुनाथ सहित मुनि बेष बनाए है मैन ॥
किधौ सिंगार-सुषमा-सुप्रेम मिलि चले जग-चित-बित लैन ।
अदभुत त्रयी किधौ पठई है बिधि मग-लोगन्हि सुख दैन ॥
सुनि सुचि सरल सनेह सुहावने ग्रामबधून्ह के बैन ।
तुलसी प्रभु तरु तर बिलँबे, किए प्रेम-कनौडे कै न ?

मंजुल मूरति मंगलमई ।
भयो बिसोक बिलोकि बिभीषन, नेह देह-सुधि-सीव गई ॥
उठि दाहिनी ओर ते सनमुख सुखद मांगि बैठक लई ।
नख-सिख निरखि-निरखि सुख पावत, भावत कछु, कछु और भई
बार कोटि सिर काटि, साटि लटि रावन संकर पै लई ।
सोइ लंका लखि अतिथि अनवसर राम तृनासन ज्यो दई ॥
प्रीति-प्रतीति-रीति-सोभा-सरि, थाहत जहँ-जहँ तरँ घई ।
बाहु-बली, बानैत बोलको, बीर बिस्वबिजई-जई ॥
को दयालु दूसरो दुनी, जेहि जरनि दीन हिय की हई ? ।
तुलसी काको नाम जपत जग जगती जामति बिनु बई ॥

आजु रघुबीर-छबि जात नहि कछु कही ।
सुभग सिंहासनासीन सीता-रवन,
भुवन-अभिराम, बहु काम सोभा सही ॥
चारु चामर-ब्यजन, छत्र-मनिगन बिपुल,
दाम-मुकुतावली-जोति जगमगि रही ।
मनहुँ राकेस सँग हंस-उडुगन-बरहि
मिलन आए हृदय जानि निज नाथही ॥
मुकुट सुंदर सिरसि, भालबर तिलक, भ्रू,
कुटिल कच, कुंडलनि परम आभा लही ।
मनहुँ हर डर जुगल मारध्वज के मकर
लागि स्रवननि करत मेरु की बतकही ॥
अरुन राजीव-दल-नयन करुना-अयन,
बदन सुषमा सदन, हास त्रय-तापही ।
बिबिध कंकन, हार, उरसि गजमनि-माल,
मनहुँ बग-पाँति जुग मिलि चली जलदही ॥
पीत निरमल चैल, मनहुँ मरकत सैल,
पृथुल दामिनि रही छाइ तजि सहजही ।
ललित सायक-चाप, पीन भुज बल अतुल
मनुज-तनु दनुज-बन-दहन, मंडन मही ॥
जासु गुन-रूप नहि कलित, निरगुन सगुन,
संभु-सनकादि, सुक भगति दृढ़ करि गही ।
दास तुलसी राम-चरन-पंकज सदा
बचन मन करम चहै प्रीति नित निरबही ॥

सखि ! रघुनाथ-रूप निहारु ।
सरद-बिधु रबि-सुवन मनोमज मान भंजनिहारु ॥
स्याम सुभग सरीर जन-मन-काम-पूरनिहारु ।
चारु चंदन मनहु मरकत-सिखर लसत निहारु ॥
रुचिर उर उपबीत राजत, पदिक गजमनि-हारु ।
मनहु सुरधनु नखतगन बिच तिमिर-भंजनिहारु ॥
बिमल पीत दुकूल दामिनि-दुति-बिनिंदनिहारु ।
बदन सुषमा-सदन सोभित मदन-मोहनिहारु ॥
सकल अंग अनूप, नहि कोउ सुकबि बरननिहारु ।
दास तुलसी निरखतहि सुख लहत निरखनिहारु ॥

आज रघुपति-मुख देखत लागत सुख,
सेवक सुरुप, सोभा सरद-ससि सिहाई ।
दसन-बसन लाल, बिसद हास रसाल
मानो हिमकर-कर राखे राजिव मनाई ॥
अरुन नैन बिसाल, ललित भ्रकुटी, भाल,
तिलक, चारु कपोल, चिबुक-नासा सुहाई ।
बिथुरे कुटिल कच, मानहु मधु लालच अलि
नलिन-जुगल ऊपर रहे लोभाई ॥
स्रवन सुंदर सम कुंडल कल जुगम,
तुलसिदास अनूप, उपमा कहि न जाई ।
मानो मरकत सीप सुंदर ससि समीप
कनक-मकर-जुत बिधि बिरची बनाई ॥

देखत अवध को आनद ।
हरषि बरषत सुमन दिन-दिन देवतनि को बृंद ॥

नगर-रचना सिखन को बिधि तकत बहु बिधिबृंद ।
निपट लागत अगम, ज्यों जलचरहि गमन सुछंद ॥
मुदित पुरलोगनि सराहत निरखि सुषमाकंद ।
जिन्ह के सुअलि-चख पिअत राम-मुखारबिंद-मरंद ॥
मध्य ब्योम बिलंबि चलत दिनेस-उडुगन-चंद ।
रामपुरी बिलोकि तुलसी मिटत सब दुख-द्वंद ॥

उद्बोधन

जग जाचिअ कोउ न, जाचिअ जौ,
जियँ जाचिअ जानकीजानहि रे ।
जेहि जाचत जाचकता जरि जाइ,
जो जारति जोर जहानहि रे ॥
गति देखु बिचारि बिभीषन की,
अरु आनु हिएँ हनुमानहि रे ।
तुलसी ! भजु दारिद-दोष-दवानल,
संकट कोटि कृपानहि रे ॥

सुत, दार, अगारु, सखा, परिवारु
बिलोकु महा कुसमाजहि रे ।
सब की ममता तजि कै, समता सजि,
सतसंगँ न बिराजहि रे ॥
नरदेह कहा, करि देखु बिचारु,
बिगारु गँवार न काजहि रे ।
जनि डोलहि लोलुप कूकरु ज्यों,
तुलसी भजु कोसलराजहि रे ॥

सो जननी, सो पिता, सोइ भाइ,
सो भामिनि, सो सुतु, सो हितु मेरो ।
सोइ सगो, सो सखा, सोइ सेवकु,
सो गुरु सो सुरु, साहबु, चेरो ॥
सो 'तुलसी' प्रिय प्रान समान,
कहा लौं बनाइ कहौं बहुतेरो ।
जो तजि देह को गेह को नेहु,
सनेह सों राम को होइ सबेरो ॥

रामु है मातु, पिता, गुरु, बंधु,
औ संगी, सखा, सुतु, स्वामि, सनेही ।
राम की सौंह, भरोसो है राम को,
राम रँ्यो, रुचि राच्यो न केही ॥
जीअत रामु, मुएँ पुनि रामु,
सदा रघुनाथहि की गति जेही ।
सोई जिऐ जग मे 'तुलसी',
न तु डोलत और मुए धरि देही ॥

सियराम-सरूपु अगाध अनूप
बिलोचन-मीनन को जलु है ।
श्रुति रामकथा, मुख राम को नामु,
हिएँ पुनि रामहि को थलु है ॥
मति रामहि सों, गति रामहि सों,
रति राम सों, रामहि को बलु है ।
सब की न कहै तुलसी के मते
इतनो जग जीवन को फलु है ॥

तिन्ह ते खर, सूकर, स्वान भले,
जड़ता बस ते न कहै कछुवै ।
'तुलसी' जेहि राम सों नेहु नहीं,
सो सही पसु पूँछ, बिषान न द्वै ॥
जननी कत भार मुई दस मास,
भई किन बाँझ, गई किन च्वै ।
जरि जाउ सो जीवनु जानकिनाथ !
जियै जग मे तुम्हरो बिनु ह्वै ॥

गज-बाजि-घटा, भले भूरि भटा,
बनिता, सुत भौंह तकै सब वै ।
धरनी, धनु, धाम सरीरु भलो,
सुरलोकहु चाहि इहै सुखु स्वै ॥
सब फोकट साटक है तुलसी,
अपनो न कछू सपनो दिन द्वै !
जरि जाउ सो जीवन जानकिनाथ !
जियै जग मे तुम्हरो बिनु ह्वै ॥

सुरराज-सो राज-समाजु, समृद्धि
बिरंचि, धनाधिप-सो धनु भो ।
पवमानु-सो, पावकु-सो, जमु, सोमु-
सो, पूषनु-सो, भवभूषनु भो ॥
करि जोग, समीरन साधि, समाधि
कै धीर बड़ो, बपहू मनु भो ।
सब जाय, सुभायँ कहै तुलसी,
जो न जानकिजीवन को जनु भो ॥

कामु-से रूप, प्रताप दिनेसु-से,
सोमु-से सील, गनेसु-से माने ।
हरिचंदु से साँचे, बड़े बिधि-से,
मघवा-से महीप बिषै-सुख-साने ॥
सुक-से मुनि, सारद-से बकता,
चिरजीवन लोमस ते अधिकाने ।

ऐसे भए तौ कहा 'तुलसी',
जो पै राजिवलोचन रामु न जाने ॥

झूमत द्वार अनेक मतंग
जँजीर-जरे, मद-अंबु चुचाते ।
तीखे तुरंग मनोगति-चचल,
पौन के गवनहु तें बढ़ि जाते ॥
भीतर चंद्रमुखी अवलोकति,
बाहर भूप खरे न समाते ।
ऐसे भए तो कहा तुलसी !
जो पै, जानकिनाथ के रंग न राते ॥

जहाँ जमजातना, घोर नदी,
भट कोटि जलचर दंत-टेवैया ।
जहँ धार भयंकर, वार न पार,
न बोहितु नाव, न नीक खेवैया ॥
'तुलसी' जहँ मातु-पिता न सखा,
नहि कोउ कहूँ अवलंब देवैया ।
तहाँ बिनु कारन रामु कृपाल
बिसाल भुजा गहि काढ़ि लेवैया ॥

जहाँ हित स्वामि, न संग सखा,
बनिता, सुत, बंधु, न बापु, न मैया ।
काय-गिरा-मन के जन के
अपराध सबै छलु छाड़ि छमैया ॥
तुलसी ! तेहि काल कृपाल बिना
दूजो कौन है दारुन दुःख दमैया ।
जहाँ सब संकट, दुर्घट सोचु,
तहाँ मेरो साहेबु राखै रमैया ॥

रामु बिहाइ 'मरा' जपतें
बिगरी सुधरी कबिकोकिलहू की ।
नामहि तें गज की, गनिका की,
अजामिल की चलि गै चलचूकी ॥
नामप्रताप बड़े कुसमाज
बजाइ रही पति पाडुबधू की ।
ताको भलो अजहूँ 'तुलसी'
जेहि प्रीति-प्रतीति है आखर दू की ॥

नामु अजामिल-से खल तारन
तारन बारन-बारबधू को ।
नाम हरे प्रहलाद-बिषाद,
पिता-भय-सोंसति-सागरु सूको ॥

नामसों प्रीति-प्रतीति-बिहीन
गिल्यो कलिकाल कराल, न चूको ।
राखिहैं रामु सो जासु हिएँ
तुलसी हुलसै बलु आखर दू को ॥

जागैं जोगी-जंगम, जती-जमाती ध्यान धरैं,
डरैं उर भारी लोभ, मोह, कोह, काम के ।
जागैं राजा राज-काज, सेवक-समाज, साज,
सोचैं सुनि समाचार बड़े बैरी बाम के ॥
जागैं बुध बिद्या हित पंडित चकित चित,
जागैं लोभी लालच धरनि, धन, धाम के ।
जागैं भोगी भोगही, बियोगी, रोगी सोगबस,
सोवै सुख तुलसी भरोसे एक राम के ॥

रामु मातु, पितु, बंधु, सुजनु, गुरु, पूज्य, परमहित ।
साहेबु, सखा, सहाय, नेह-नाते पुनीत चित ॥
देसु, कोसु, कुलु, कर्म, धर्म, धनु, धामु, धरनि, गति ।
जातिपाँति सब भाँति लागि रामहि हमारि पति ॥
परमारथु, स्वारथु, सुजसु, सुलभ राम ते सकल फल ।
कह तुलसिदासु, अब, जब-कबहुँ एक राम तें मोर भल ॥

को न क्रोध निरदह्यो, काम बस केहि नहि कीन्हो ?
को न लोभ दृढ़ फद बाँधि त्रासन कर दीन्हो ?
कौन हृदयँ नहि लाग कठिन अति नारि-नयन-सर ?
लोचनजुत नहि अंध भयो श्री पाइ कौन नर ?
सुर-नाग-लोक महिमंडलहुँ को जु मोह कीन्हो जय न ?
कह तुलसिदासु सो ऊबरै, जेहि राख रामु राजिवनयन ॥

राम-नाम-जपकी महिमा

हियँ निर्गुन नयनन्हि सगुन रसना राम सुनाम ।
मनहुँ पुरट संपुट लसत तुलसी ललित ललाम ॥
नाम राम को अंक है सब साधन हैं सून ।
अंक गएँ कछु हाथ नहिं अंक रहें दस गून ॥
मीठो अरु कठवति भरो रौताई अरु छेम ।
स्वारथ परमारथ सुलभ राम नाम के प्रेम ॥
राम नाम अवलंब बिनु परमारथ की आस ।
बरषत बारिद बूँद गहि चाहत चढ़न अकास ॥
बिगरी जनम अनेक की सुधरै अबहीं आजु ।
होहि राम को नाम जपु तुलसी तजि कुसमाजु ॥
राम नाम रति राम गति राम नाम बिस्वास ।
सुमिरत सुभ मंगल कुसल दुहुँ दिसि तुलसी तास ॥

राम नाम नरकेसरी कनककसिपु कलिकाल।
जापक जन प्रहलाद जिमि पालिहि दलि सुरसाल॥
स्वपच सबर खस जमन जड़ पाँवर कोल किरात।
रामु कहत पावन परम होत भुवन बिख्यात॥

राम-प्रेमके बिना सब व्यर्थ है

रसना साँपिनि बदन बिल जे न जपहिं हरिनाम।
तुलसी प्रेम न राम सो ताहि बिधाता बाम॥
हिय फाटउ फूटहुँ नयन जरउ सो तन केहि काम।
द्रवइ स्रवहिं पुलकइ नहीं तुलसी सुमिरत राम॥
हृदय सो कुलिस समान जो न द्रवइ हरिगुन सुनत।
कर न राम गुन गान जीह सो दादुर जीह सम॥
स्रवै न सलिल सनेहु तुलसी सुनि रघुबीर जस।
ते नयना जनि देहु राम! करहु बरु आँधरो॥
रहै न जल भरि पूरि राम! सुजस सुनि रावरो।
तिन आँखिन में धूरि भरि-भरि मूठी मेलिये॥

राम-प्रेमकी महत्ता

राम सनेही राम गति राम चरन रति जाहि।
तुलसी फल जग जनम को दियो बिधाता ताहि॥
आपु आपने ते अधिक जेहि प्रिय सीताराम।
तेहि के पग की पानही तुलसी तनु को चाम॥
जे जन रूखे बिषय रस चिकने राम सनेह।
तुलसी ते प्रिय राम को कानन बसहिं कि गेह॥
जथा लाभ संतोष सुख रघुबर चरन सनेह।
तुलसी जो मन खूँद सम कानन बसहुँ कि गेह॥

रामप्रेमके लिये वैराग्यकी आवश्यकता

राम प्रेम पथ पेखिऐ दिएँ बिषय तन पीठि।
तुलसी केंचुरि परिहरे होत साँपहू दीठि॥
तुलसी जौ लौं बिषय की मुधा माधुरी मीठि।
तौ लौं सुधा सहस्र सम राम भगति सुठि मीठि॥

भक्तिका स्वरूप एवं महिमा

प्रीति राम सो नीतिपथ चलिय राग रिस जीति।
तुलसी संतन के मते इहै भगति की रीति॥
हित सों हित, रति राम सों, रिपु सो बैर बिहाउ।
उदासीन सब सों सरल तुलसी सहज सुभाउ॥
तुलसी ममता राम सों समता सब संसार।
राग न रोष न दोष दुख दास भए भव पार॥
बारि मथे घृत होइ बरु सिकता ते बरु तेल।
बिनु हरिभजन न भव तरिअ यह सिद्धांत अपेल॥
हरि माया कृत दोष गुन बिनु हरि भजन न जाहिं।
भजिअ राम सब काम तजि अस बिचारि मन माहिं॥

उपदेश

घर कीन्हे घर जात है घर छाँड़े घर जाइ।
तुलसी घर बन बीचहीं राम प्रेम पुर छाइ॥
दिएँ पीठि पाछें लगै सनमुख होत पराइ।
तुलसी संपति छाँह ज्यो लखि दिन बैठि गँवाइ॥
तुलसी अद्भुत देवता आसा देवी नाम।
सेएँ सोक समर्पई बिमुख भएँ अभिराम॥
कै निदरहुँ कै आदरहुँ सिंघहि स्वान सिआर।
हरष बिषाद न केसरिहि कुंजर गंजनिहार॥
तनु गुन धन महिमा धरम तेहि बिनु जेहि अभिमान।
तुलसी जिअत बिडंबना परिनामहु गत जान॥
जो परि पायँ मनाइऐ तासो रूठि बिचारि।
तुलसी तहाँ न जीतिऐ जहँ जीतेहूँ हारि॥
जूझे ते भल बूझिबो भली जीति तें हार।
डहके ते डहकाइबो भलो जो करिअ बिचार॥
बैर मूल हर हित बचन प्रेम मूल उपकार।
दोहा सुभ सदोह सो तुलसी किएँ बिचार॥
रोष न रसना खोलिऐ बरु खोलिय तरवारि।
सुनत मधुर परिनाम हित बोलिअ बचन बिचारि॥
मधुर बचन कटु बोलिबो बिनु श्रम भाग अभाग।
कुहू कुहू कलकंठ रव का का करत काग॥
पेट न फूलत बिनु कहे कहत न लागइ देर।
सुमति बिचारे बोलिये समुझि कुफेर सुफेर॥
लखइ अघानो भूख ज्यो लखइ जीति मे हारि।
तुलसी सुमति सराहिऐ मग पग धरइ बिचारि॥
तुलसी असमय के सखा धीरज धरम बिबेक।
साहित साहस सत्यब्रत राम भरोसो एक॥
तुलसी स्वारथ सामुहो परमारथ तन पीठि।
अंध कहे दुख पाइहै डिठिआरो केहि डीठि॥
निज दूषन गुन राम के समुझें तुलसीदास।
होइ भलो कलिकालहूँ उभय लोक अनयास॥

एक भरोसो एक बल, एक आस विस्वास ।
एक राम घनस्याम हित चातक तुलसीदास ॥
तुलसी जाके बदन ते धोखेहुँ निकसत राम ।
ताके पग की पगतरी, मेरे तन को चाम ॥
जौं जगदीस तो अति भलो, जो महीस तौ भाग ।
तुलसी चाहत जनम भरि राम चरन अनुराग ॥
बिनु सतसंग न हरि कथा तेहि बिनु मोह न भाग ।
मोह गएँ बिनु राम पद होइ न दृढ अनुराग ॥
जरउ सो संपति सदन सुखु सुहृद मातु पितु भाइ ।
सनमुख होत जो राम पद करइ न सहस सहाइ ॥
जो संपति सिव रावनहि दीन्हि दिएँ दस माथ ।
सोइ संपदा बिभीषनहि सकुचि दीन्हि रघुनाथ ॥
नीच निचाई नहि तजइ सज्जनहू के संग ।
तुलसी चंदन बिटप बसि बिनु बिष भएँ न भुअग ॥

भलो भलाइहि पै लहइ, लहइ निचाइहि नीचु ।
सुधा सराहिअ अमरतौ गरल सराहिअ मीचु ॥
फूलइ फरइ न बेत, जदपि सुधा बरषहिं जलद ।
मूरुख हृदयँ न चेत, जौ गुरु मिलहिं बिरंचि सम ॥
जहाँ राम तहँ काम नहिं जहाँ काम नहिं राम ।
तुलसी कबहूँ होत नहिं रबि रजनी इक ठाम ॥
तुलसी मीठे बचन ते सुख उपजत चहुँ ओर ।
बसीकरन यह मंत्र है परिहरु बचन कठोर ॥
तात स्वर्ग अपबर्ग सुख धरिअ तुला एक अंग ।
तूल न ताहि सकल मिलि जो सुख लव सतसंग ॥
सोइ ग्यानी सोइ गुनी जन सोई दाता ध्यानि ।
तुलसी जाके चित भई राग द्वेष की हानि ॥
विनिश्चितं वदामि ते न अन्यथा वचांसि मे ।
हरिं नरा भजंति येऽति दुस्तरं तरंति ते ॥

रसिक संत विद्यापति

(जन्म—विक्रमका १५ वी सदी । जन्म-स्थान बिसपी ग्राम, भक्त चण्डीदासके समसामयिक, पिताका नाम—गणपति ठाकुर, जाति—मैथिल ब्राह्मण, देहावसान वि० १५ वी सदीके अन्तमे)

लोचन धाए फेधायेल हरि नहि आयल रे ।
शिव शिव जिवओ न जाए आस अरुझाएल रे ॥
मन करि तहँ उडि जाइय जहाँ हरि पाइय रे ।
पेम परसमनि जानि आनि उर लाइअ रे ॥
सपनहु संगम पाओल रंग बढ़ाओल रे ।
से मोरा बिहि बिघटाओल निन्दओ हंसायल रे ॥
भनइ विद्यापति गाओल धनि धइरज कर रे ।
अचिरे मिल तोहि बालम पुरत मनोरथ रे ॥

नव बृन्दावन नव नव तरुगण नव नव बिकसित फुल ।
नवल बसन्त नवल मलयानिल मातल नव अलिकुल ॥

बिहरइ नवल किशोर ।

कालिन्दि पुलिन कुञ्जवन शोभन नव नव प्रेम बिभोर ॥
नवल रसाल मुकुल मधु मातल नव कोकिलकुल गाय ।
नव युवतीगण चित उमतायइ नव रसे कानने धाय ॥
नव युवराज नवल नव नागरि मिलये नव नव भाँति ।
नित नित ऐसन नव नव खेलन विद्यापति मति माति ॥

सखि कि पुछसि अनुभव मोय ।
सेहो पिरिति अनुराग बखानइत तिले तिले नूतुन होय ॥
जनम अवधि हम रूप निहारल नयन न तिरपित भेल ।
सेहो मधुर बोल श्रवणहि सुनल श्रुतिपथे परश न गेल ॥

कत मधु जामिनिय रभसे गमाओल न बुझल कैसन केल ।
लाख लाख जुग हिय हिय राखल तइओ हिया जुड़न न गेल ॥
कत बिदगध जन रस अनुमगन अनुभव काहु न पेख ।
विद्यापति कह प्राण जुड़ाइत लाखवे न मिलल एक ॥

वन्दना

नन्द क नन्दन कदम्ब क तरु तर धिरे-धिरे मुरलि बजाव ।
समय सँकेत निकेतन बइसल बेरि-बेरि बोलि पठाव ॥
सामरि, तोरा लागि अनुखन बिकल मुरारि ।
जमुना क तिर उपवन उदवेगल फिरि-फिरि ततहि निहारि ॥
गोरस बेचए अवइत जाइत जनि जनि पुछ बनमारि ।
तोंहे मतिमान, सुमति, मधुसूदन बचन सुनहु किछु मोरा ॥
भनइ बिद्यापति सुन बरजौवति बन्दह नन्द किसोरा ॥

कृष्ण-कीर्तन

माधव, कत तोर करब बड़ाई ।
उपमा तोहर कहब ककरा हम कहितहुँ अधिक लजाई ॥
जौं श्रीखंड सौरभ अति दुरलभ तौं पुनि काठ कठोर ।
जौं जमदीस निसाकर तौं पुनि एकहि पच्छ उजोर ॥
मनि समान औरो नहि दोसर तनिकर पाथर नामे ।
कनक कदलि छोट लज्जित भए रह की कहु ठामहि ठामे ॥
तोहर सरिस एक तोहँ माधव मन होइछ अनुमान ।
सज्जन जन सो नेह कठिन थिक कवि विद्यापति भान ॥

माधव, बहुत मिनति करि तोय ।
दए तुलसी तिल देह समर्पिनु दय जनि छाड़बि मोय ॥
गनइत दोसर गुन लेस न पाओबि जब तुहुँ करबि बिचार ।
तुहु जगत जगनाथ कहाओसि जग बाहिर नइ छार ॥
किए मानुस पसु पखि भए जनमिए अथवा कीट पतग ।
करम बिपाक गतागत पुनु पुनु मति रह तुअ परसंग ॥
भनइ विद्यापति अतिसय कातर तरइत इह भव-सिंधु ।
तुअ पद-पल्लव करि अवलम्बन तिल एक देह दिनबधु ॥

प्रार्थना

तातल सैकत बारि-बिन्दु सम सुत-मित-रमनि-समाज ।
तोहे बिसारि मन ताहे समरपिनु अब मझु हब कोन काज ॥

माधव, हम परिनाम निरासा ।
तुहुँ जगतारन दीन दयामय अतय तोर बिसवासा ॥
आध जनम हम नींद गमायनु जरा सिसु कत दिन गेला ।
निधुवन रमनि-रभस रँग मातनु तोहे भजब कोन बेला ॥
कत चतुरानन मरि मरि जाओत न तुअ आदि अवसाना ।
तोहे जनमि पुन तोहे समाओत सागर लहरि समाना ॥
भनइ विद्यापति सेष समन भय तुअ बिनु गति नहि आरा ।
आदि अनादि नाथ कहाओसि अब तारब भार तोहारा ॥

जतने जतेक धन पापे बटोरल मिलि मिलि परिजन खाय ।
मरनक बेरि हरि कोई न पूछए करम संग चलि जाय ॥

ए हरि, बन्दा तुअ पद नाय ।
तुअ पद परिहरि पाप-पयोनिधि पारक कओन उपाय ॥
जावत जनम नहि तुअ पद सेविनु जुवती मति मर्यें मलि ।
अमृत तजि हलाहल किए पीअल सम्पद अपदहि भेलि ॥
भनइ विद्यापति नेह मने गनि कहल कि बाढ़ब काजे ।
माँझक बेरि सेवकाई मँगइत हेरइत तुअ पद लाजे ॥
हरि सम आनन हरि सम लोचन हरि तहँ हरि बर आगी ।
हरिहि चाहि हरि हरि न सोहाबए हरि हरि कए उठि जागी ॥

माधव हरि रहु जलधर छाई ।
हरि नयनी धनि हरि-धरिनी जनि हरि हेरइत दिन जाई ॥
हरि भेल भार हार भेल हरि सम हरिक बचन न सोहावे ।
हरिहि पइसि जे हरि जे नुकाएल हरि चढ़ि मोर बुझावे ॥
हरिहि बचन पुनु हरि सयँ दरसन सुकवि विद्यापति भाने ।
राजा सिवसिंह रूपनरायन लखिमा देवि रमाने ॥

रसिक संतकवि चंडीदास

(जन्म—वीरभूमि जनपदके छतना ग्राममे वि० सं० १४७४ । गायकसंत विद्यापतिके समकालीन, नकुल ठाकुरके छोटे भाई, जाति—ब्राह्मण । देहान्त—वि० सं० १५३४ किणहार नामक ग्राममे । वय—६० वर्ष ।)

'मेरे प्रियतम ! और मैं तुम्हें क्या कहूँ । बस, इतना ही चाहती हूँ— जीवनमे, मृत्युमे, जन्म-जन्ममे तुम्ही मेरे प्राणनाथ रहना । तुम्हारे चरण एवं मेरे प्राणोंमें प्रेमकी गाँठ लग गयी है; मै सब कुछ तुम्हे समर्पितकर एकान्त मनसे तुम्हारी दासी हो चुकी हूँ । मेरे प्राणेश्वर ! मैं सोचकर देखती हूँ—इस त्रिभुवनमे तुम्हारे अतिरिक्त मेरा और कौन है । 'राधा' कहकर मुझे पुकारनेवाला तुम्हारे सिवा और कोई भी तो नही है । मै किसके समीप जाकर खड़ी होऊँ ? इस गोकुलमे कौन है, जिसे मै अपना कहूँ । सर्वत्र ज्वाला है, एकमात्र तुम्हारे युगल चरण-कमल ही शीतल हैं; उन्हे शीतल देखकर ही मै तुम्हारी शरणमे आयी हूँ । तुम्हारे लिये भी अब यही उचित है कि मुझ अबलाको चरणोंमे स्थान दे दो; मुझे अपने शीतल चरणोंसे दूर मत फेंक देना । नाथ ! सोचकर देखती हूँ, मेरे प्राणनाथ ! तुम्हारे बिना अब मेरी अन्य गति ही कहाँ है । तुम यदि दूर फेंक दोगे तो मै अबला कहाँ जाऊँगी । मेरे प्रियतम ! एक निमेषके लिये भी जब तुम्हे नही देख पाती, तब मेरे प्राण निकलने लगते है । मेरे स्पर्शमणि ! तुम्हे ही तो मै अपने अङ्गोका भूषण बनाकर गलेमे धारण करती हूँ ।'

× × ×

'सखि ! यह श्याम-नाम किसने सुनाया, यह कानके द्वारा मर्मस्थानमे प्रवेश कर गया और इसने मेरे प्राणोंको व्याकुल कर दिया । पता नहीं, श्याम-नाममे कितना माधुर्य है, इसे मुँह कभी छोड़ नहीं सकता । नाम जपते-जपते मै अवश हो गयी हूँ, सखि ! मै अब उसे कैसे पाऊँगी ? जिसके नामने मेरी यह दशा कर दी, उसके अङ्ग-स्पर्शसे तो पता नहीं क्या होता है । वह जहाँ रहता है, वहाँ उसे आँखोंसे देखनेपर युवतीका धर्म कैसे रह सकता है । मैं भूल जाना चाहती हूँ, पर मनमें भुलाया नहीं जा सकता । मैं अब क्या करूँ; मेरे लिये क्या उपाय होगा ? चण्डीदास द्विज कहता है—इससे कुलवतीका कुल नाश होता है, क्योंकि वह हमारा यौवन माँगता है ।'

महान् त्यागी

रघु और कौत्स

महान् त्यागी महर्षि वरतन्तु—वर्षोंतक कौत्स उनके आश्रममें रहा। महर्षिने उसे अपने पुत्रके समान पाला और पढ़ाया। कौत्सके निवास-भोजन आदिकी व्यवस्था, उसके स्वास्थ्यकी चिन्ता—लेकिन गुरुके लिये अन्तेवासी तो अपनी ही संतति है। गुरुने अपना समस्त ज्ञान उसे प्रदान किया और जब सुयोग्य होकर वही अन्तेवासी स्नातक होने लगा, घर जाने लगा, गुरु-दक्षिणाका प्रश्न आनेपर उस परम त्यागीने कह दिया—'वत्स! मैं तुम्हारी सेवासे ही संतुष्ट हूँ। तुम्हारी विद्या लोक और परलोकमें भी फल-दायिनी हो।'

कौत्सका आग्रह था—'मुझे कुछ अवश्य आज्ञा मिले। गुरुदक्षिणा दिये बिना मुझे संतोष कैसे होगा!'

कौत्स अनुभवहीन युवा था। उसका हठ—महर्षिने जो निष्काम स्नेह दिया था उसे—उसका क्या प्रतिदान हो सकता था? कौत्सका आग्रह—स्नेहका तिरस्कार था वह और आग्रहके दुराग्रह बन जानेपर महर्षिको कुछ कोप-सा आ गया। उन्होंने कहा—'तुमने मुझसे चौदह विद्याएँ सीखी हैं। प्रत्येकके लिये एक सहस्र स्वर्ण-मुद्राएँ भेंट करो।'

'जो आज्ञा!' कौत्स ब्राह्मण था और भारतके चक्रवर्ती सम्राट् अपनेको त्यागी ब्राह्मणोंका सेवक घोषित करनेमें गौरवान्वित ही मानते थे। कौत्सके लिये सचिन्त होनेका कारण ही नहीं था। वह सीधे अयोध्या चल पड़ा।

चक्रवर्ती सम्राट् महाराज रघुने भूमिमें पड़कर प्रणिपात किया, आसनपर विराजमान कराके चरण धोये और अतिथि ब्राह्मणकुमारका पूजन किया। अतिथिने पूजा ली और चुपचाप उठ चला।

'आप कैसे पधारे थे? सेवाकी कोई आज्ञा दिये बिना कैसे चले जा रहे हैं? इस सेवकका अपराध?' महाराज रघु हाथ जोड़कर सामने खड़े हो गये।

'राजन्! आप महान् हैं।' कौत्सने बिना किसी खेदके कहा—'मैं आपके पास याचना करने आया था; किंतु देख रहा हूँ कि विश्वजित् यज्ञमें आपने सर्वस्व दान कर दिया है। आपके पास अतिथि-पूजनके पात्र भी मिट्टीके ही रह गये हैं। इस स्थितिमें आपको संकोचमें डालना मैं कैसे चाहूँगा। आप चिन्ता न करें।'

'रघुके यहाँ एक ब्राह्मण स्नातक गुरु-दक्षिणा-की आशासे आकर निराश लौट गया, इस कलङ्क-से आप मेरी रक्षा करें।' महाराजका स्वर गद्गद



कौत्स महान् त्यागी निमाई

हो रहा था—'केवल तीन रात्रियाँ आप मेरी अग्निशालामें निवास करें।'

कौत्सने प्रार्थना स्वीकार कर ली। वे यज्ञशाला-के अतिथि हुए। लेकिन महाराज रघु राजसदनमें नहीं गये। वे अपने शस्त्रसज्ज युद्धरथमें रात्रिको सोये। उनका संकल्प महान् था। पृथ्वीके समस्त नरेश उनके यज्ञमें कर दे चुके थे। किसीसे दुबारा द्रव्य लेनेकी बात ही अन्याय थी। महाराजने धनाधीश कुबेरपर चढ़ाई करनेका निश्चय किया था।

प्रातः युद्धयात्राका शङ्खनाद हो, इससे पूर्व अयोध्याके कोषाध्यक्षने सूचना दी—'कोषमें स्वर्ण-वर्षा हो रही है।' लोकपाल कुबेरने चुपचाप अयोध्याधीशको 'कर' दे देनेमें कुशल मान ली थी।

दो महान् त्यागी दीखे उस दिन विश्वको—स्वर्णकी राशि सामने पड़ी थी। महाराज रघुका कहना था—'यह सब आपके निमित्त आया धन है। मैं ब्राह्मणका धन कैसे ले सकता हूँ।'

कौत्स कह रहे थे—'मुझे धनका क्या करना है। गुरुको दक्षिणा निवेदित करनेके लिये केवल चौदह सहस्र मुद्राएँ—मैं एक भी अधिक नहीं लूँगा।'

त्याग सदा विजयी होता है। दोनों त्यागी विजयी हुए। कौत्सको चौदह सहस्र मुद्रा देकर शेष द्रव्य ब्राह्मणोंको दान कर दिया गया।

× × ×

निमाईका गृह-त्याग

एक और महत्तम त्याग—घरमें कोई अभाव नहीं था। स्नेहमयी माता, परम पतिव्रता पत्नी—समस्त नवद्वीप श्रीचरणोंकी पूजा करनेको उत्सुक। सुख, स्नेह, सम्मान, सम्पत्ति—लेकिन सब निमाईको आबद्ध करनेमें असमर्थ हो गये।

अपने लिये? जिनकी कृपादृष्टि पड़ते ही जगाई-मधाई-से पापी पावन हो गये, उन्हें—उन महत्तमको त्याग, तप, भजन अपने लिये—लेकिन सारा लोक जिनका अपना है, उन्हें अपने लिये ही तो बहुत कुछ करना पड़ता है। अपनोंके लिये तो वे नाना नाट्य करते हैं।

लोकादर्शकी स्थापना—लोकमें त्यागपूर्ण उपासना—परमप्रेमके आदर्शकी स्थापनाके लिये—लोकमङ्गलके लिये चैतन्यने त्याग किया।

समस्त जीवोंके परम कल्याणके लिये नवतरुण निमाई पण्डित (आगे चलकर) गौराङ्ग महाप्रभु रात्रिमें स्नेहमयी जननी शची माता और परम पतिव्रता पत्नी विष्णुप्रियाको त्यागकर तैरकर गङ्गा पार हुए संन्यासी होनेके लिये। त्यागियोंके वे परम पूज्य·····।

शाक्त संत श्रीरामप्रसाद सेन

(बंगालके शाक्त संतकवि, जन्म—ई० सन् १७१८, कुमार-हट्टा ग्राममें। पिताका नाम—श्रीरायरामजी सेन, जाति—वैद्य।)

ए मन दिन कि हबे तारा।
जबे तारा तारा तारा बले॥
तारा बये पड़बे धारा॥
हृदि पद्म उठ्बे फुटे, मनेर ऑधार जाबे छुटे,
तखन धरातले पड़ब लुटे, तारा बले हब सारा॥
त्याजिब सब भेदाभेद, घुचे जाबे मनेर खेद,
ओरे शत शत सत्य वेद, तारा आमार निराकार॥
श्रीरामप्रसाद रटे, मा विराजे सर्ब्ब घटे,
ओरे आमि अन्ध, देख माके तिमिरे तिमिर-हरा॥

'मा तारा, मा काली! क्या ऐसा दिन भी आयेगा जब तारा-तारा पुकारते मेरी ऑखसे ऑसूकी धारा उमड़ पड़ेगी? हृदय-कमल खिल उठेगा, मनका अन्धकार दूर हो जायगा और मैं धरतीपर लोट-लोटकर तुम्हारे नामको जपते-जपते आकुल हो जाऊँगा। भेद-भाव छोड़ दूँगा, मनकी खिन्नता मिट जायगी। अरे, सौ-सौ वेदकी ऋचाओ! मेरी माँ तारा निराकार है—वह घट-घटमें विराजमान है। ऐ अन्धे! देखो न, मॉ अन्धकारको हटाती हुई अँधेरेमें ही विराज रही है।'

मॉ आमाय घुराबे कत।
कलुर चख-ढाका बलदेर मत॥
भवेर गाछे जुड़े दिये मॉ पाक दिते छे अबिरत।
तुमि कि दोषे करीले आमाय छटा कलुर अनुगत॥
मॉ शब्द ममता-युक्त काँदिले कोले करे सुत।
देखि ब्रह्माण्ड रइ एइ रीति मॉ आमि कि छाडा जगत॥
दुर्गा दुर्गा दुर्गा बले तरे गेल पापी कत।
एक बार खूले दे मॉ चखेर ठुलि देखि श्रीपद मनेर मत॥

'मॉ! कोल्हूके बैलकी तरह अब मुझे और कितना घुमाओगी? संसाररूपी वृक्षमें बाँधकर बराबर ऐंठन दे रही हो, जैसे लोग रस्सीमें देते हैं···। भला, मैंने क्या दोष किया है कि तुमने मुझे ऐसे बन्धनका दास कर दिया है। 'मॉ' शब्द तो ममतापूर्ण है। जब बालक रोता है तो मॉ उसे गोदमे बैठा लेती है। संसारकी तो यही रीति देखता हूँ,—सभी माताएँ ऐसा ही करती है। तो क्या मैं संसारभरसे पृथक् हूँ कि तू मॉ होकर भी मुझे प्यार नही करती! असंख्य पापी 'दुर्गा-दुर्गा' बोलकर तर गये। मॉ! एक बार मेरी आँखों-परसे पट्टी हटा लो, जिससे मै तुम्हारे श्रीचरणोका यथेष्ट दर्शन करूँ।'

संत रहीम

(पूरा नाम—नवाब अब्दुर्रहीम खानखाना। जन्म—वि० सं० १६१० (दूसरे मतसे १६१३), जन्मस्थान—लाहौर। पिताका नाम—सरदार बैरमखॉ खानखाना। देहान्त—वि० सं० १६८३ (दूसरे मतसे १६८६)। आयु—७२ वर्ष।)

रत्नाकरस्तव गृहं गृहिणी च पद्मा
किं देयमस्ति भवते जगदीश्वराय।
आभीरवामनयनाहृतमानसाय
दत्तं मनो यदुपते कृपया गृहाण॥

रत्नाकर (क्षीरसमुद्र) तो आपका घर है, साक्षात् लक्ष्मीजी आपकी पत्नी हैं, आप स्वयं जगदीश्वर हैं, भला आपको क्या दिया जाय। किंतु, हे यदुनाथ! गोपसुन्दरियोने अपने नेत्रकटाक्षसे आपका मन हर लिया है, इसलिये अपना मन आपको अर्पण करता हूँ; कृपया इसे ग्रहण कीजिये।

आनीता नटवन्मया तव पुरः श्रीकृष्ण या भूमिका
व्योमाकाशखखाम्बराब्धिवसवस्त्वप्रीतयेऽद्यावधि।
प्रीतो यद्यसि तां समीक्ष्य भगवन् तद् वाञ्छितं देहि मे
नो चेद्ब्रूहि कदापि मानय पुनर्मामीदृशीं भूमिकाम्॥

हे भगवन् श्रीकृष्ण! आपकी प्रसन्नताके लिये आजतक नटकी भाँति जो चौरासी लाख स्वाँग मैंने आपके सामने धारण किये हैं, यदि उनको देखकर आप प्रसन्न हैं तो मेरी मनःकामना पूर्ण कीजिये; और यदि आप प्रसन्न नही है तो साफ कह दीजिये कि अब फिर ऐसा कोई स्वाँग मेरे सामने मत लाना।

कलित ललित माला वा जवाहर जड़ा था,
चपल चखनवाला चाँदनी मे खड़ा था।
कटि तट बिच मेला पीत सेला नवेला,
अलि बन अलबेला यार मेरा अकेला॥

पट चाहै तन पेट चाहत छदन, मन
चाहत है धन जेती सपदा सराहिबी।
तेरोई कहाय कै, रहीम कहै दीनबंधु,
आपनी बिपति जाय काके द्वार काहिबी?
पेट भरि खायौ चाहै, उद्यम बनायौ चाहै,
कुटुँब जियायौ चाहै, काढ़ि गुन लाहिबी।
जीविका हमारी जो पै औरन के कर डारौ,
ब्रज के बिहारी! तौ तिहारी कहा साहिबी॥

भज रे मन नँदनंदन, बिपति बिदार।
गोपीजन-मन-रंजन, परम उदार॥
भजि मन राम सियापति, रघु-कुल-ईस।
दीनबंधु दुख-टारन, कौसलधीस॥

छबि आवन मोहन लाल की।
काछें काछनि कलित मुरलि कर,
पीत पिछौरी साल की॥
बंक तिलक केसर को कीने,
दुति मानो बिधु बाल की।
बिसरत नाहिं सखी! मो मन ते,
चितवनि नयन बिसाल की॥
नीकी हँसनि अधर सधरनि की,
छबि छीनी सुमन गुलाल की।
जल सौं डारि दियौ पुरइन पर,
डोलनि मुकता माल की॥
आप मोल बिन मोलनि डोलनि,
बोलनि मदनगुपाल की।
यह सरूप निरखै सोइ जानै,
इस रहीम के हाल की॥

कमल दल नैननि की उनमानि।
बिसरत नाहिं सखी! मो मन ते मंद मंद मुसकानि॥
यह दसननि-दुति चपलाहूँ ते महा चपल चमकानि।
बसुधा की बसकरी मधुरता सुधा-पगी बतरानि॥
चढ़ी रहै चित उर बिसाल की मुकुतमाल-थहरानि।
नृत्य समय पीतांबर हू की फहरि फहरि फहरानि॥
अनुदिन श्रीबृंदाबन ब्रज ते आवन आवन जानि।
वे रहीम चितते न टरति हैं सकल स्याम की बानि॥

दोहा

जिन नैनन प्रीतम बस्यौ, तहँ किमि और समाय।
भरी सराय रहीम लखि, पथिक आपु फिरि जाय॥
दिव्य दीनता के रसहिं, का जानै जग अंधु।
भली बेचारी दीनता, दीनबंधु से बंधु॥
सदा नगारा कूच का, बाजत आठो जाम।
रहिमन या जग आय कै, को करि रहा मुकाम॥
अब रहीम दर दर फिरैं, मागि मधुकरी खाहिं।
यारो यारी छोड़ दो, वे रहीम अब नाहिं॥
रहिमन कौ कोउ का करै, ज्वारी, चोर, लबार।
जो पत राखनहार है, माखन चाखनहार॥
अमरबेलि बिनु मूल की, प्रतिपालत है ताहि।
रहिमन ऐसे प्रभुहिं तजि, खोजत फिरिए काहि॥
गहि सरनागति राम की, भवसागर की नाव।
रहिमन जगत-उधार कर, और न कछू उपाव॥
सुमिरहु मन दृढ़ करि कै, नंदकुमार।
जो वृषभानकुँवरि कै, प्रान-अधार॥
अनुचित बचन न मानिए, जदपि गुरायसु गाढ़ि।
है रहीम रघुनाथ ते, सुजस भरत को बाढ़ि॥
अब रहीम मुसकिल पड़ी, गाढ़े दोऊ काम।
साँचे से तो जग नहीं, झूठे मिलै न राम॥
आवत काज रहीम कह, गाढ़े बंधु-सनेह।
जीरन हो त न पेड़ ज्यौं, थामै बरै बरेह॥
उरग, तुरंग, नारी, नृपति, नीच जाति हथियार।
रहिमन इन्हैं सँभारिए, पलटत लगै न बार॥
अंजन देहुँ तो किरकिरी, सुरमा दियौ न जाय।
जिन आँखिन सो हरि लख्यौ, रहिमन बलि बलि जाय॥
कमला थिर न रहीम कहि, यह जानत सब कोय।
पुरुष पुरातन की बधू, क्यौं न चंचला होय॥
कह रहीम या जगत से, प्रीति गई दै टेरि।
अब रहीम नर नीच मे, स्वारथ स्वारथ हेरि॥
जलहि मिलाय रहीम ज्यौं, कियौ आप सम छीर।
अँगवइ आपुहि आप त्यौं, सकल आँच की भीर॥

जे सुलगे ते बुझि गए, बुझे ते सुलगे नाहिं।
रहिमन दाहे प्रेम के, बुझि बुझि कै सुलगाहिं॥
जो पुरुषारथ ते कहूँ, संपति मिलत रहीम।
पेट लागि बैराट घर, तपत रसोई भीम॥
जो रहीम गति दीप की, कुल कपूत गति सोय।
बारे उजिआरौ लगै, बढ़ै अँधेरो होय॥
तैं रहीम मन आपनौ, कीन्हौ चारु चकोर।
निसि बासर लाग्यौ रहै, कृष्णचंद्र की ओर॥
थोरौ किएँ बड़ेन की, बड़ी बड़ाई होय।
ज्यौं रहीम हनुमंत कौं, गिरधर कहत न कोय॥
धन दारा अरु सुतन सों, लगौ रहै नित चित्त।
नहिं रहीम कोऊ लख्यौ, गाढ़े दिन कौ मित्त॥
नैन सलौने अधर मधु, कहु रहीम घटि कौन।
मीठौ भावै लोन पर, अरु मीठे पर लौन॥
बड़े पेट के भरन कौ, है रहीम दुख बाढ़ि।
यातें हाथिहिं हहरि कै, दिये दाँत द्वै काढ़ि॥
भजौं तो काको मैं भजौं, तजौं तो काको आन।
भजन तजन ते बिलग है, तेहि रहीम तू जान॥

भार झोंकि कै भार में, रहिमन उतरे पार।
पै बूड़े मँझधार में, जिन के सिर पर भार॥
रहिमन कबहुँ बड़ेन के, नाहिं गर्व को लेस।
भार धरैं संसार को, तऊ कहावत सेस॥
रहिमन तीन प्रकार ते, हित-अनहित पहिचानि।
परबस परैं, परोस बस, परैं मामिला जानि॥
रहिमन पर उपकार के, करत न यारी बीच।
मॉस दियो शिबि भूप ने, दीन्हों हाड़ दधीच॥
रहिमन प्रीति न कीजिए, जस खीरा ने कीन।
ऊपर से तो दिल मिला, भीतर फाँकें तीन॥
रहिमन मैन-तुरंग चढ़ि, चलिबो पावक माँहि।
प्रेम-पंथ ऐसो कठिन, सब कोउ निबहत नाहिं॥
राम-नाम जान्यौ नहीं, भइ पूजा में हानि।
कहि रहीम क्यों मानिहैं, जम के किंकर कानि॥
राम-नाम जान्यौ नहीं, जान्यौ सदा उपाधि।
कहि रहीम तिहिं आपुनौ, जनम गँवायौ बादि॥
संतत संपति जान कै, सब को सब कुछ देत।
दीनबंधु बिनु दीन की, को रहीम सुधि लेत॥

श्रीरसखानजी

(वैष्णवप्रवर पठान भक्तकवि, जन्म वि० सं० १६१५ के लगभग, गोस्वामी विट्ठलनाथजीके कृपापात्र शिष्य, शरीरान्त-समय कोई निश्चित नहीं, कोई-कोई वि० सं० १६८० बतलाते है।)



मानुष हौं तौ वही रसखानि,
बसौं ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन।
जो पसु हौं तौ कहा बसु मेरौ,
चरौ नित नंद की धेनु मँझारन॥
पाहन हौ तौ वही गिरि को,
जो धर्यौ कर छत्र पुरंदर धारन।
जो खग हौं, तौ बसेरौ करौं,
मिलि कालिंदी कूल कदंब की डारन॥

या लकुटी अरु कामरिया पर,
राज तिहूँ पुर कौ तजि डारौं।
आठहुँ सिद्धि नवौ निधि कौ सुख,
नंद की गाइ चराइ बिसारौं॥

ऑखिन सौं 'रसखानि' कबौं,
ब्रज के बन बाग तड़ाग निहारौ।
कोटिक हू कलधौत के धाम,
करील की कुंजन ऊपर वारौ॥

सेस महेस गनेस दिनेस, सुरेसहु जाहिं निरंतर गावैं।
जाहि अनादि अनंत अखंड, अछेद अभेद सु बेद बतावैं॥
नारद-से सुक-ब्यास रटैं, पचि हारे तऊ पुनि पार न पावैं।
ताहि अहीर की छोहरियाँ, छछिया भरि छाछ पै नाच नचावैं॥

गावै गुनी गनिका गंधर्ब औ सारद सेस सबै गुन गावत।
नाम अनंत गनंत गनेस ज्यौं ब्रह्मा त्रिलोचन पार न पावत॥
जोगी जती तपसी अरु सिद्ध निरंतर जाहि समाधि लगावत।
ताहि अहीर की छोहरियाँ छछिया भरि छाछ पै नाच नचावत॥

धूरि भरे अति सोभित स्याम जू तैसी बनी सिर सुंदर चोटी ।
खेलत खात फिरैं अँगना पग पैजनी बाजती पीरी कछोटी ॥
वा छबि कौं रसखान बिलोकत वारत काम कला निज कोटी ।
काग के भाग बड़े सजनी ! हरि हाथ सौं लै गयो माखन रोटी ॥

ब्रह्म मैं ढूँढ्यौ पुरानन गानन बेद रिचा सुनि चौगुने चायन ।
देख्यौ सुन्यौ कबहूँ न कितूँ वह कैसे सरूप औ कैसे सुभायन ॥
टेरत हेरत हारि पर्‌यो रसखानि बतायौ न लोग-लुगायन ।
देखौ दुरौ वह कुंज कुटीर मैं बैठो पलोटत राधिका पायन ॥

जा दिन तें निरख्यौ नँदनंदन,
कानि तजी घर बंधन छूट्यौ ।
चारु बिलोकनि कौ निसि मार,
सँभार गयी मन मार ने लूट्यौ ॥
सागर कौं सरिता जिमि धावति,
रोकि रहे कुल कौ पुल टूट्यौ ।
मत्त भयौ मन संग फिरै,
रसखानि सुरूप सुधा रस घूट्यो ॥

नैन लख्यौ जब कुंजन तें बन तें निकस्यौ अँटक्यौ भटक्यौ री ।
सोहत कैसौ हरा टटकौ अरु जैसौ किरीट लग्यौ लटक्यौ री ॥
रसखानि रहै अँटक्यौ हटक्यौ ब्रज लोग फिरै सटक्यौ भटक्यौ री ।
रूप सबै हरि वा नट कौ हियरे फटक्यौ झटक्यौ अँटक्यौ री ॥

गो रज बिराजै भाल लहलही बनमाल
आगें गैया पाछे ग्वाल गावै मृदु तान री ।
तैसी धुनि बाँसुरी कौ मधुर मधुर तैसी
बंक चितवनि मंद मंद मुसकानि री ॥
कदम बिटप के निकट तटनी के आय
अटा चढ़ि चाहि पीत पट फहरानि री ।
रस बरसावै तन तपन बुझावै नैन
प्राननि रिझावै वह आवै रसखानि री ॥

दोउ कानन कुंडल मोरपखा सिर सोहै दुकूल नयौ चटकौ ।
मनिहार गरे सुकुमार धरे नट भेस अरे पिय कौ टटकौ ॥
सुभ काछनी बैजनी पैजनी पामन आमन मैं न लगै झटकौ ।
वह सुंदर को रसखानि अली ! जु गलीन मैं आइ अबै अँटकौ ॥

कानन दै अँगुरी रहिबो जबही मुरली धुनि मंद बजैहै ।
मोहनी तानन सौ रसखानि अटा चढ़ि गोधन गैहै तो गैहै ॥
टेरि कहौं सिगरे ब्रजलोगनि काल्हि कोऊ कितनो समुझैहै ।
माइ री वा मुख की मुसकानि सम्हारी न जैहै न जैहै न जैहै ॥

कहा रसखानि सुख संपति सुमार महँ
कहा महाजोगी है लगाये अंग छार को ।
कहा सार्धै पंचानल, कहा सोये बीचि जल,
कहा जीति लाये राज सिंधु वारपार को ॥
जप बार-बार तप संजम बयार व्रत,
तीरथ हजार अरे बूझत लवार को ।
सोई है गँवार जिहि कीन्हौं नहिं प्यार,
नही सेयौ दरबार यार नंद के कुमार को ॥

देस-बिदेस के देखे नरेसन रीझि की कोउ न बूझि करैगो ।
ताते तिन्हैं तजि जान गिर्‌यौ गुन सौगुन औगुन गाँठि परैगो ॥
बाँसुरीवारो बड़ौ रिझवार है स्याम जो नैकु सुढार ढरैगो ।
लाड़लो छैल वही तौ अहीर कौ पीर हमारे हिए की हरैगो ॥

लोग कहैं ब्रज के रसखानि अनंदित नद जसोमति जू पर ।
छोहरा आजु नयौ जनम्यौ तुम सौ कोउ भाग भरयौ नहिं भू पर ॥
वारि कै दाम सवॉर करौ अपने अपचाल कुचाल लडू पर ।
नाचत रावरो लाल गुपाल सो काल सो ब्याल कपाल के ऊपर ॥

द्रौपदि औ गनिका, गज, गीध,
अजामिल सों कियो सो न निहारौ ।
गौतम गेहिनी कैसैं तरी,
प्रहलाद कौ कैसैं हर्‌यो दुख भारौ ॥
काहे कौ सोच करै रसखानि,
कहा करिहै रबिनंद बिचारौ ।
कौन की संक परी है जु माखन
चाखनहारौ है राखनहारौ ॥

बैन वही उन कौ गुन गाइ, औ कान वही उन बैन सों सानी ।
हाथ वही उन गात सरैं, अरु पाइ वही जु वही अनुजानी ॥
जान वही उन प्रान के संग, औ मान वही जु करै मनमानी ।
त्यौं रसखानि वही रसखानि, जु है रसखानि, सो है रसखानी ॥

कंचन के मंदिरनि दीठि ठहराति नाहिं,
सदा दीपमाल लाल मानिक उजारे सौं ।
और प्रभुताई अब कहाँ लौं बखानौं प्रति-
हारिन की भीर भूप टरत न द्वारे सौं ॥
गंगा में नहाइ मुक्तहल हूँ लुटाइ, बेद,
बीस बार गाइ, ध्यान कीजत सकारे सौं ।
ऐसे ही भये तौ कहा कीन रसखानि जोपै,
चित्त दै न कीनी प्रीत पीत पटवारे सौं ॥

प्रेम

प्रेम प्रेम सब कोउ कहत, प्रेम न जानत कोय।
जो जन जानै प्रेम तौ, मरै जगत क्यो रोय॥
प्रेम अगम अनुपम अमित, सागर-सरिस बखान।
जो आवत एहि ढिग बहुरि, जात नाहिं रसखान॥
प्रेम-बारुनी छानि कै, बरुन भए जलधीस।
प्रेमहिं ते बिषपान करि, पूजे जात गिरीस॥
प्रेमरूप दर्पन अहो, रचै अजूबो खेल।
यामैं अपनौ रूप कछु, लखि परिहै अनमेल॥
कमलतंतु सौं छीन अरु, कठिन खड्ग की धार।
अति सूधौ टेढ़ौ बहुरि, प्रेमपंथ अनिवार॥
लोक-बेद-मरजाद सब, लाज, काज, संदेह।
देत बहाऐं प्रेम करि, बिधि-निषेध को नेह॥
कबहुँ न जा पथ भ्रम-तिमिर, रहै सदा सुख-चंद।
दिन-दिन बाढ़त ही रहै, होत कबहुँ नहि मंद॥
भलैं बृथा करि पचि मरौ, ग्यान-गरूर बढ़ाय।
बिना प्रेम फीकौ सबै, कोटिन किऐ उपाय॥
श्रुति, पुरान, आगम, स्मृतिहि, प्रेम सबहि को सार।
प्रेम बिना नहि उपज हिय, प्रेम-बीज अँकुवार॥
आनँद अनुभव होत नहिं, प्रेम बिना जग जान।
कै वह बिषयानंद कै, ब्रह्मानंद बखान॥
काम, क्रोध, मद, मोह, भय, लोभ, द्रोह, मात्सर्य।
इन सबही ते प्रेम है, परे, कहत मुनिबर्य॥
बिनु गुन जोबन रूप धन, बिनु स्वारथ हित जानि।
सुद्ध कामना ते रहित, प्रेम सकल रसखानि॥
अति सूच्छम कोमल अतिहि, अति पतरौ अति दूर।
प्रेम कठिन सब तें सदा, नित इकरस भरपूर॥
जग मैं सब जान्यौ परै, अरु सब कहै कहाय।
पै जगदीस रु प्रेम यह, दोऊ अकथ लखाय॥
जेहि बिनु जानै कछुहि नहिं, जान्यौ जात बिसेस।
सोइ प्रेम जेहि जानि कै, रहि न जात कछु सेस॥
मित्र, कलत्र, सुबंधु, सुत, इन में सहज सनेह।
सुद्ध प्रेम इन में नहीं, अकथ कथा सबिसेह॥
इकअंगी बिनु कारनहिं, इकरस सदा समान।
गनै प्रियहि सर्वस्व जो, सोई प्रेम प्रमान॥
डरै सदा, औ चहै न कछु, सहै सबै जो होय।
रहै एकरस चाहि कै, प्रेम बखानौ सोय॥
प्रेम प्रेम सब कोउ कहै, कठिन प्रेम की फाँस।
प्रान तरफि निकरैं नहीं, केवल चलत उसाँस॥
प्रेम हरी कौ रूप है, त्यौं हरि प्रेम सरूप।
एक होइ द्वै यौं लसैं, ज्यौं सूरज अरु धूप॥
ग्यान, ध्यान, बिद्या, मती, मत, बिस्वास, बिबेक।
बिना प्रेम सब धूर हैं, अग जग एक अनेक॥
प्रेम फाँस में फँसि मरे, सोई जिए सदाहि।
प्रेम मरम जाने बिना, मरि कोउ जीवत नाहिं॥
जग मैं सब तें अधिक अति, ममता तनहिं लखाय।
पै या तनहूँ तैं अधिक, प्यारौ प्रेम कहाय॥
जेहि पाऐं बैकुंठ अरु, हरिहूँ की नहिं चाहि।
सोइ अलौकिक, सुद्ध सुभ, सरस सुप्रेम कहाहि॥
याही ते सब मुक्ति तैं, लही बड़ाई प्रेम।
प्रेम भऐ नस जाहिं सब, बँधे जगत के नेम॥
हरि के सब आधीन पै, हरी प्रेम-आधीन।
याही ते हरि आपुही, याहि बड़प्पन दीन॥
जदपि जसोदा नंद अरु, ग्वाल बाल सब धन्य।
पै या जग में प्रेम को, गोपी भईं अनन्य॥
रसमय स्वाभाविक बिना, स्वारथ अचल महान।
सदा एकरस सुद्ध सोइ, प्रेम अहै रसखान॥
जाते उपजत प्रेम सोइ, बीज कहावत प्रेम।
जामें उपजत प्रेम सोइ, छेत्र कहावत प्रेम॥
वही बीज, अंकुर वही, सेक वही आधार।
डाल पात फल फूल सब, वही प्रेम सुखसार॥

अष्टयाम

प्रातः उठ गोपाल जू, करि सरिता अस्नान।
केस सँवारत छबि लखौं, सदा वही रसखान॥
करि पूजा अरचन तहाँ, बैठत श्रीनँदलाल।
बंसी बाजत मधुर धुनि, सुनि सब होत निहाल॥
सीस मुकुट सुचि क्रीट कौ, सुंदर सी श्री भाल।
पेखत ही छबि बनत है, धन्य धन्य गोपाल॥
पुनि तहँ पहुँचत भक्तगन, लै लै निज निज थार।
भोजन तहँ प्रभु करत हैं, तनक न लावत बार॥
इहि बिधि बीतत द्वै पहर, तब तहँ श्री रनछोर।
लै गैयाँ बन को चलत, कर बंसी को सोर॥
तब सब भक्तहु चलत हैं, सब पाछै सौं धाय।
क्रीड़ा करत चलत तहाँ, बंसीधर हरषाय॥
जब बन में पहुँचत जहाँ, सदा मदन कौ बास।
तब नटनागर रचत तहँ, भाँति भाँति के रास॥

एक पहर बन में अटत, हैं श्रीमदनगुपाल।
गौन करत निज धाम कौं, लै सब जूथ बिसाल॥
तब नटनागर लौटि कैं, करत कलेवा जोइ।
लै प्रसाद सब भक्ति सौं, बैठत पुनि कर धोइ॥
तब गुपाल की बाँसुरी, बजत तहाँ रसखान।
सुनि कै सुधि भूलैं सबै, मुदित होत मन प्रान॥
पुनि भक्ती उपदेस प्रभु, देत सबन हरषाय।
मन प्रसन्न ह्वै सुनत सब, कोमल सरस उपाय॥
तीन घरी उपदेस प्रभु, भक्तन देत सदैव।
काम, क्रोध, मद, लोभ कछु, उपजत नहिं फिर नैव॥
पुनि गोदोहन की घरी, देखि सुघर घनस्याम।
टेरत सबै सखान कौं, लै लै सुंदर नाम॥
तब बाँकी झाँकी तहाँ, निरखत बनै सदैव।
गोरस सब रस श्रेष्ठ तब, दुहत स्याम धनि दैव॥
तब लै गोरस सब सखी, चलत जात नित नेह।
नटनागर सों सैन सौं, करत मुदित मन नेह॥
पुनि ज्यों ही दीपक जरैं, सबै भक्त हरषाय।
लै लै निज आरत तहाँ, धावत नेह लगाय॥
बैठत राधा कृष्ण तहँ, अन्य अष्ट पटरानि।
उठत आरती धूम सौं, गावत गीत सुजान॥
इहि बिधि दुइ रस रंग तहँ, बीत जात हैं जाम।
तब लै आग्या भक्तजन, जात आपने धाम॥
तब सब भक्त वहीं जुगल, छबि निस हिये लगाय।
जात आपने धाम कौं, सुंदर सयन कराय॥
द्वैक पहर सोवत सदा, पुनि उठि बैठत स्याम।
मुरली धुनि गूँजत तबै, उठत भक्त लै नाम॥

मोहन छबि रसखानि लखि, अब दृग अपने नाहिं।
ऐंचे आवत धनुष से, छूटे सर से जाहिं॥
मो मन मानिक लै गयौ, चितै चोर नँदनंद।
अब बेमन मैं का करूँ, परी फेर के फंद॥
मन लीनौ प्यारे चितै, पै छटाँक नहिं देत।
यहै कहा पाटी पढ़ी, कर को पीछो लेत॥
ए सजनी लौनौ लला, लह्यौ नंद के गेह।
चितयौ मृदु मुसकाइ कै, हरी सबै सुधि गेह॥
देख्यौ रूप अपार, मोहन सुंदर स्याम कौ।
वह ब्रजराज कुमार, हिय जिय नैननि में बस्यौ॥
एरी चतुर सुजान, भयो अजानहि जान कै।
तजि दीनी पहिचान, जान आपनी जान कौं॥

मियाँ नज़ीर अकबराबादी

(जन्म-स्थान—आगरा, जन्म—सं० १७९७ लगभग, देहान्त—सं० १८८७ लगभग। सूफ़ीमतके संत, श्रीकृष्णभक्त)

कन्हैयाका बालपन

यारो, सुनो ये दधि के लुटैया का बालपन,
औ मधुपुरी नगर के बसैया का बालपन।
मोहनसरूप नृत्य-करैया का बालपन,
बन-बन के ग्वाल गौवैं चरैया का बालपन।
ऐसा था बाँसुरी के बजैया का बालपन,
क्या-क्या कहूँ मैं कृष्ण-कन्हैया का बालपन॥

ज़ाहिर में सुत वो नंद जसोदा के आप थे,
वरना वो आपी माई थे और आपी बाप थे।
परदे में बालपन के ये उन के मिलाप थे,
जोती-सरूप कहिए जिन्हे सो वो आप थे।
ऐसा था बाँसुरी के बजैया का बालपन,
क्या-क्या कहूँ मैं कृष्ण-कन्हैया का बालपन॥

उनको तो बालपन से न था काम कुछ जरा,
संसार की जो रीत थी उस को रखा बजा।
मालिक थे वह तो आपी, उन्हे बालपन से क्या,
वाँ बालपन, जवानी, बुढ़ापा सब एक था।
ऐसा था बाँसुरी के बजैया का बालपन,
क्या-क्या कहूँ मैं कृष्ण-कन्हैया का बालपन॥

बाले थे बिरजराज, जो दुनिया में आ गये,
लीला के लाख रंग तमाशे दिखा गये।
इस बालपन के रूप में कितनो को भा गये,
एक यह भी लहर थी जो जहाँ को जता गये।
ऐसा था बाँसुरी के बजैया का बालपन,
क्या-क्या कहूँ मैं कृष्ण-कन्हैया का बालपन॥

परदा न बालपन का वो करते अगर ज़रा,
क्या ताब थी जो कोई नज़र भर के देखता।
झाड़ औ पहाड़ देते सभी अपना सर झुका,
पर कौन जानता था जो कुछ उनका भेद था।

ऐसा था बाँसुरी के बजैया का बालपन,
क्या-क्या कहूँ मैं कृष्ण-कन्हैया का बालपन ॥

अब घुटनियों का उनके मैं चलना बयाँ करूँ ?
या मीठी बातें मुँह से निकलना बयाँ करूँ ?
या बालकों में इस तरह पलना बयाँ करूँ ?
या गोदियों में उनका मचलना बयाँ करूँ ।
ऐसा था बाँसुरी के बजैया का बालपन,
क्या-क्या कहूँ मैं कृष्ण-कन्हैया का बालपन ॥

पाटी पकड़ के चलने लगे जब मदनगुपाल,
धरती तमाम हो गई एक आन में निहाल ।
बासुकि चरन छुअन को चले छोड़ के पताल,
आकास पर भी धूम मची देख उनकी चाल ।
ऐसा था बाँसुरी के बजैया का बालपन,
क्या-क्या कहूँ मैं कृष्ण-कन्हैया का बालपन ॥

करने लगे ये धूम जो गिरधारी नंदलाल,
इक आप और दूसरे साथ उन के ग्वाल-बाल ।
माखन दही चुराने लगे, सब के देख-भाल,
दी अपनी दूध-चोरी की घर घर में धूम डाल ।
ऐसा था बाँसुरी के बजैया का बालपन,
क्या-क्या कहूँ मैं कृष्ण-कन्हैया का बालपन ॥

कोठे में होवे फिर तो उसी को ढँढोरना,
मटका हो तो उसी मे भी जा मुख को बोरना ।
ऊँचा हो तो भी कंधे पै चढ़ के न छोड़ना,
पहुँचा न हाथ तो उसे मुरली से फोड़ना ।
ऐसा था बाँसुरी के बजैया का बालपन,
क्या-क्या कहूँ मैं कृष्ण-कन्हैया का बालपन ॥

गर चोरी करते आ गई ग्वालिन कोई वहाँ,
औ उसने आ पकड़ लिया तो उस से बोले वाँ ।
मैं तो तेरे दही की उड़ाता था मक्खियाँ,
खाता नहीं मैं उस को, निकाले था चींटियाँ ।
ऐसा था बाँसुरी के बजैया का बालपन,
क्या-क्या कहूँ मैं कृष्ण-कन्हैया का बालपन ॥

गुस्से में कोई हाथ पकड़ती जो आनकर,
तो उस को वह स्वरूप दिखाते थे मुर्लीधर ।
जो आपी लाके धरती वो माखन कटोरी भर,
गुस्सा वो उस का आन में जाता वहाँ उतर ।

ऐसा था बाँसुरी के बजैया का बालपन,
क्या-क्या कहूँ मैं कृष्ण-कन्हैया का बालपन ॥

उनको तो देख ग्वालिनें जो जान पाती थीं,
घर में इसी बहाने से उन को बुलाती थीं ।
जाहिर में उन के हाथ से वे गुल मचाती थीं,
परदे सभी वो कृष्ण की बलिहारी जाती थीं ।
ऐसा था बाँसुरी के बजैया का बालपन,
क्या-क्या कहूँ मैं कृष्ण-कन्हैया का बालपन ॥

कहती थीं दिल में, दूध जो अब हम छिपायँगे,
श्रीकृष्ण इसी बहाने हमें मुँह दिखायँगे ।
और जो हमारे घर में ये माखन न पायँगे,
तो उन को क्या गरज है वो काहे को आयँगे ।
ऐसा था बाँसुरी के बजैया का बालपन,
क्या-क्या कहूँ मैं कृष्ण-कन्हैया का बालपन ॥

सब मिल जसोदा पास यह कहती थीं आके, बीर,
अब तो तुम्हारा कान्हा हुआ है बड़ा सरीर ।
देता है हम को गालियाँ, औ फाड़ता है चीर,
छोड़े दही न दूध, न माखन मही न खीर ।
ऐसा था बाँसुरी के बजैया का बालपन,
क्या-क्या कहूँ मैं कृष्ण-कन्हैया का बालपन ॥

माता जसोदा उन की बहुत करती मिंतियाँ,
औ कान्ह को डरातीं उठा मन की साँटियाँ ।
तब कान्हजी जसोदा से करते यही बयाँ,
तुम सच न मानो मैया ये सारी हैं झूठियाँ ।
ऐसा था बाँसुरी के बजैया का बालपन,
क्या-क्या कहूँ मैं कृष्ण-कन्हैया का बालपन ॥

माता, कभी ये मुझ को पकड़ कर ले जाती हैं,
औ गाने अपने साथ मुझे भी गवाती हैं ।
सब नाचती हैं आप मुझे भी नचाती हैं,
आपी तुम्हारे पास ये फरियादी आती हैं ।
ऐसा था बाँसुरी के बजैया का बालपन,
क्या-क्या कहूँ मैं कृष्ण-कन्हैया का बालपन ॥

मैया, कभी ये मेरी छगुलिया छिपाती हैं,
जाता हूँ राह में तो मुझे छेड़े जाती हैं ।
आपी मुझे रुठाती हैं आपी मनाती हैं,
मारो इन्हें ये मुझ को बहुत-सा सताती हैं ।

ऐसा था बाँसुरी के बजैया का बालपन ,
क्या-क्या कहूँ मैं कृष्ण-कन्हैया का बालपन ॥

इक रोज मुँह में कान्ह ने माखन छिपा लिया ,
पूछा जसोदा ने तो वहाँ मुँह बना दिया ।
मुँह खोल तीन लोक का आलम दिखा दिया ,
इक आन में दिखा दिया, औ फिर भुला दिया ।
ऐसा था बाँसुरी के बजैया का बालपन ,
क्या-क्या कहूँ मैं कृष्ण-कन्हैयाका बालपन ॥

थे कान्हजी तो नंद-जसोदा के घर के माह ,
मोहन नवलकिसोर की थी सब के दिल में चाह ।
उन को जो देखता था, सो करता था वाह वाह ,
ऐसा तो बालपन न किसी का हुआ है आह ।
ऐसा था बाँसुरी के बजैया का बालपन ,
क्या-क्या कहूँ मैं कृष्ण-कन्हैया का बालपन ॥

राधारमन के यारो अजब जाये गौर थे ,
लड़कों में वो कहाँ हैं जो कुछ उन में तौर थे ।
आपी वो प्रभू नाथ थे, आपी वो दौर थे ,
उनके तो बालपन ही में तेवर कुछ और थे ।
ऐसा था बाँसुरी के बजैया का बालपन ,
क्या-क्या कहूँ मैं कृष्ण-कन्हैया का बालपन ॥

होता है यों तो बालपन हर तिफ्ल का भला ,
पर उनके बालपन में तो कुछ औरी भेद था ।
इस भेद की भला जी किसी को खबर है क्या !
क्या जाने अपनी खेलने आये थे क्या कला ।
ऐसा था बाँसुरी के बजैया का बालपन ,
क्या-क्या कहूँ मैं कृष्ण-कन्हैया का बालपन ॥

सब मिल के यारो, कृष्ण मुरारी की बोलो जै ,
गोबिंद-कुंज-छैल-बिहारी की बोलो जै ।
दधिचोर गोपीनाथ, बिहारी की बोलो जै ,
तुम भी नज़ीर, कृष्णमुरारी की बोलो जै ।
ऐसा था बाँसुरी के बजैया का बालपन ,
क्या-क्या कहूँ मैं कृष्ण-कन्हैया का बालपन ॥

(२)

जब मुरलीधर ने मुरली को अपने अधर धरी ,
क्या-क्या परेम-प्रीत-भरी उसमें धुन भरी ।
लै उसमें 'राधे-राधे' की हरदम भरी खरी ,
लहराई धुन जो उसकी इधर औ उधर ज़री !
सब सुननेवाले कह उठे जै जै हरी हरी ,
ऐसी बजाई कृष्ण-कन्हैया ने बाँसुरी ॥

ग्वालों में नंदलाल बजाते वो जिस घड़ी ,
गौएँ धुन उसकी सुनने को रह जातीं सब खड़ी ।
गलियों में जब बजाते तो वह उसकी धुन बड़ी ,
ले-ले के अपनी लहर जहाँ कान में पड़ी ।
सब सुननेवाले कह उठे जै जै हरी हरी ,
ऐसी बजाई कृष्ण-कन्हैया ने बाँसुरी ॥

मोहन की बाँसुरी के मैं क्या-क्या कहूँ जतन ,
लै उसकी मन की मोहिनी धुन उसकी चितहरन ।
उस बाँसुरी का आन के जिस जा हुआ बजन ,
क्या जल, पवन, 'नज़ीर' पखेरू व क्या हरन—
सब सुननेवाले कह उठे जै जै हरी हरी ,
ऐसी बजाई कृष्ण-कन्हैया ने बाँसुरी ॥

(३)

है आशिक़ और माशूक़ जहाँ
वाँ शाह वज़ीरी है बाबा !
नै रोना है, नै धोना है,
नै दर्दे असीरी है बाबा !
दिन-रात बहारें-चुहलें हैं,
औ ऐश सफ़ीरी है बाबा !
जो आशिक़ हुए सो जानै हैं,
यह भेद फ़क़ीरी है बाबा !
हर आन हँसी, हर आन खुशी,
हर वक़्त अमीरी है बाबा !
जब आशिक़ मस्त फ़क़ीर हुए,
फिर क्या दिलगीरी है बाबा !

कुछ ज़ुल्म नहीं, कुछ ज़ोर नहीं,
कुछ दाद नहीं फ़रियाद नहीं ।
कुछ क़ैद नहीं, कुछ बंद नहीं,
कुछ जब्र नहीं, आज़ाद नहीं ।
शागिर्द नहीं, उस्ताद नहीं,
बीरान नहीं, आबाद नहीं ।
हैं जितनी बातें दुनियाँ की,
सब भूल गये, कुछ याद नहीं ।
हर आन हँसी, हर आन खुशी,
हर वक़्त अमीरी है बाबा !
जब आशिक़ मस्त फ़क़ीर हुए,
फिर क्या दिलगीरी है बाबा !

जिस सिम्त नज़र कर देखे हैं,
उस दिलवर की फुलवारी है।
कहीं सब्ज़ी की हरियाली है,
कहीं फूलों की गुलक्यारी है।
दिन-रात मगन खुश बैठे हैं,
और आस उसी की भारी है।
बस, आप ही वो दातारी है,
और आप ही वो भंडारी है।
हर आन हँसी, हर आन खुशी,
हर वक्त अमीरी है बाबा!
जब आशिक़ मस्त फ़क़ीर हुए,
फिर क्या दिलगीरी है बाबा!

हम चाकर जिस के हुस्न के हैं,
वह दिलवर सब से आला है।
उसने ही हम को जी बख्शा,
उसने ही हम को पाला है।
दिल अपना भोला-भाला है,
और इश्क़ बड़ा मतवाला है।
क्या कहिए और 'नज़ीर' आगे,
अब कौन समझनेवाला है?
हर आन हँसी, हर आन खुशी,
हर वक़्त अमीरी है बाबा!
जब आशिक़ मस्त फ़क़ीर हुए,
फिर क्या दिलगीरी है बाबा!

(४)

क्या इल्म उन्होंने सीख लिये,
जो बिन लेखे को बाँचे है।
और बात नहीं मुँह से निकले,
बिन होंठ हिलाये जाँचे हैं॥
दिल उनके तार सितारों के,
तन उनके तबल तमाँचे हैं।
मुँह चंग ज़बाँ दिल सारंगी,
पा घुँघरू हाथ कमाँचे हैं॥
हैं राग उन्हीं के रंग-भरे,
औ भाव उन्हीं के साँचे हैं।
जो बे-गत बे-सुरताल हुए,
बिन ताल पखावज नाचे हैं॥

जब हाथ को धोया हाथों से,
जब हाथ लगे थिरकाने को।
और पाँव को खींचा पाँवों से,
और पाँव लगे गत पाने को॥
जब आँख उठाई हस्ती से,
जब नैन लगे मटकाने को।
सब काछ कछे, सब नाच नचे,
उस रसिया छैल रिझाने को॥
हैं राग उन्हीं के रंग-भरे,
औ भाव उन्हीं के साँचे हैं।
जो बे-गत बे-सुरताल हुए,
बिन ताल पखावज नाचे हैं॥

था जिसकी खातिर नाच किया,
जब मूरत उसकी आय गयी।
कहीं आप कहा, कहीं नाच कहा,
और तान कहीं लहराय गयी॥
जब छैल-छबीले सुंदर की,
छबि नैनों भीतर छाय गयी।
एक मुरछा-गति-सी आय गयी,
और जोत में जोत समाय गयी॥
हैं राग उन्हीं के रंग-भरे,
औ भाव उन्हीं के साँचे हैं।
जो बे-गत बे-सुरताल हुए,
बिन ताल पखावज नाचे हैं॥

सब होश बदन का दूर हुआ,
जब गत पर आ मिरदंग बजी।
तन भंग हुआ, दिल दंग हुआ,
सब आन गई बेआन सजी॥
यह नाचा कौन नज़ीर अब याँ,
और किसने देखा नाच अजी।
जब बूँद मिली जा दरिया में,
इस तान का आखिर निकला जी॥
हैं राग उन्हीं के रंग-भरे,
औ भाव उन्हीं के साँचे हैं।
जो बे-गत बे-सुरताल हुए,
बिन ताल पखावज नाचे हैं॥

(५)

ग़ार यार की मर्ज़ी हुई सर जोड़ के बैठे।
घर-बार छुड़ाया तो वहीं छोड़ के बैठे॥
मोड़ा उन्हें जिधर वहीं मुँह मोड़ के बैठे।
गुदड़ी जो सिलाई तो वहीं ओढ़ के बैठे॥

और शाल उढ़ाई तो उसी शाल मे खुश हैं।
पूरे हैं वही मर्द जो हर हाल में खुश हैं॥
गर खाट बिछाने को मिली खाट में सोये।
दूकाँ में सुलाया तो वो जा हाट में सोये॥
रस्ते में कहा सो तो वह जा बाट में सोये।
गर टाट बिछाने को दिया टाट में सोये॥
औ खाल बिछा दी तो उसी खाल मे खुश हैं।
पूरे हैं वही मर्द जो हर हाल में खुश हैं॥

उनके तो जहाँ में अजब आलम हैं नज़ीर आह!
अब ऐसे तो दुनिया में वली कम हैं नज़ीर आह!
क्या जानें, फ़रिश्ते हैं कि आदम हैं नज़ीर आह!
हर वक्त में हर आन में खुर्रम हैं नज़ीर आह!
जिस ढाल में रक्खा वो उसी ढाल मे खुश हैं।
पूरे हैं वही मर्द जो हर हाल में खुश हैं॥

(६)

है बहारे बाग़ दुनिया चंद रोज़,
देख लो इसका तमाशा चंद रोज़।
ऐ मुसाफिर! कूच का सामान कर,
इस जहाँ में है बसेरा चंद रोज़।
पूछा लुकमाँ से जिया तू कितने रोज़?
दस्ते हसरत मल के बोला, चंद रोज़।
बाद मदफ़न क़ब्र मे बोली क़ज़ा—
अब यहाँ पै सोते रहना चंद रोज़!
फिर तुम कहाँ, औ मैं कहाँ, ऐ दोस्तो!
साथ है मेरा तुम्हारा चंद रोज़।
क्या सताते हो दिले बेज़ुर्म को,
ज़ालिमो, है ये ज़माना चंद रोज़।
याद कर तू ऐ नज़ीर! क़बरों के रोज़,
ज़िंदगी का है भरोसा चंद रोज़॥

श्रीगदाधर भट्टजी

(श्रीराधाकृष्णके अनन्य भक्त और चैतन्य महाप्रभुके अनुयायी। आप दक्षिणके किसी ग्रामके निवासी थे। आपके जन्म-संवत्का भी कोई निश्चित पता नहीं मिलता।)

सखी, हौं स्याम रँग रँगी।
देखि बिकाइ गई वह मूरति, सूरति माहिं पगी॥
संग हुतौ अपनौ सपनौ सौ, सोइ रही रस खोई।
जागैहुँ आगैं दृष्टि परै सखि, नैंकु न न्यारौ होई॥
एक जु मेरी अँखियनि में निसि द्यौस रह्यौ करि भौन।
गाइ चरावन जात सुन्यौ सखि, सो धौ कन्हैया कौन॥
कासौं कहौं कौन पतियावै, कौन करै बकबाद।
कैसैं कै कहि जात गदाधर, गूँगे कौ गुड़ स्वाद॥

अघ संहारिनी, अधम उधारिनी,
कलि काल तारिनी मधुमथन गुन कथा।
मंगल बिधायिनी, प्रेम रस दायिनी,
भक्ति अनपायिनी होइ जिय सर्बथा॥
मथि बेद मथि ग्रंथ कथि ब्यासादि,
अजहूँ आधुनिक जन कहत हैं मति जथा।
परमपद सोपान करि 'गदाधर' पान,
आन आलाप तैं जात जीवन बृथा॥

है हरि तें हरिनाम बड़ेरौ, ताकौं मूढ़ करत कत फेरौ?
प्रगट दरस मुचकुन्दहि दीन्हों, ताहू आयसु मो तप केरौ॥
सुत हित नाम अजामिल लीनौं, या भव मैं न कियो फिरिफेरौ॥
पर अपबाद स्वाद जिय राच्यौ, बृथा करत बकबाद घनेरौ।
कौन दसा ह्वैहै जु गदाधर, हरि हरि कहत जात कहा तेरौ॥

हरि हरि हरि हरि रट रसना मम।
पीवति खाति रहति निधरक भइ, होत कहा तोकौं खम॥
तैं तौ सुनी कथा नहिं मो से, उधरे अमित महाधम।
ग्यान ध्यान जप तप तीरथ ब्रत, जोग जाग बिनु संजम॥
हेम हरन द्विज द्रोह मान मद, अरु पर गुरु दारागम।
नाम प्रताप प्रबल पावक मैं होत भसम अघ अमित सलभ सम॥
इहि कलिकाल कराल ब्याल बिष ज्वाल बिषम भोये हम।
बिनु इहि मंत्र 'गदाधर' कौ क्यों, मिटिहै मोह महातम॥

कहा हम कीनौं नर तन पाय।
हरि परितोष न एकौ कबहूँ, बनि आयौ न उपाय॥
हरि हरिजन आराधि न जानै, कृपण बित्त चित लाय।
बृथा बिषाद उदर की चिन्ता, जनम हि गयौ बिताय॥
सिंह त्वचा को मढ्यौ महा पसु, खेत सबन के खाय।
ऐसे ही धरि भेष भक्त कौ घर घर फिर्यौ पुजाय॥
जैसे चोर भोर को आये इत उत चितवत बिलसाय।
ऐसे ही गति भई श्री 'गदाधर' प्रभु किन करौ सहाय॥

श्रीनागरीदासजी

(महाराजा साँवतसिंहजी)

(महान् भक्तकवि, जन्म—वि०सं० १७५६ पौष कृ० १२, पिताका नाम—महाराजा राजसिंह । स्थान—कृष्णगढ़ बादमें वृन्दावन, शरीरान्त—वि० सं० १८२१ भाद्रशुक्ला ३, उम्र—६४ वर्ष ८ महीना ।)

व्रज-महिमा-गान



ब्रज बृंदाबन स्याम-
पियारी भूमि है।
तहँ फल-फूलनि-भार
रहे द्रुम झूमि हैं॥
भुवि दंपति-पद-अंकनि
लोट लुटाइए।
ब्रजनागर नँदलाल सु निसि-दिन गाइए॥

ब्रज-रस-लीला सुनत न कबहुँ अघावनौ।
ब्रज-भक्तनि सत-संगति प्रान पगावनौ॥
'नागरिया' ब्रज-बास कृपा-फल पाइए।
ब्रजनागर नँदलाल सु निसि-दिन गाइए॥

संग फिरत है काल, भ्रमत नित सीस पर।
यह तन अति छिनभंग, धुँवाँ कौ धौरहर॥
यातैं दुरलभ साँस न बृथा गमाइए।
ब्रजनागर नँदलाल सु निसि-दिन गाइए॥

चली जाति है आयु जगत जाल में।
कहत टेरि कै घरी घरी घरियाल मे॥
समै चूकि कै काम न फिरि पछताइए।
ब्रजनागर नँदलाल सु निसि-दिन गाइए॥

सुत पितु पति तिय मोह महा दुख मूल है।
जग मृग तृस्ना देखि रह्यौ क्यों भूल है!
स्वप्न राजसुख पाय न मन ललचाइए।
ब्रजनागर नँदलाल सु निसि-दिन गाइए॥

कलह कलपना, काम कलेस निवारनौ।
परनिंदा परद्रोह न कबहुँ बिचारनौ॥
जग प्रपंच चटसार न चित्त पढ़ाइए।
ब्रजनागर नँदलाल सु निसि-दिन गाइए॥

अंतर कुटिल कठोर भरे अभिमान सौं।
तिन के गृह नहिं रहैं संत सनमान सौं॥
उन की संगति भूलि न कबहूँ जाइए।
ब्रजनागर नँदलाल सु निसि-दिन गाइए॥

कहूँ न कबहूँ चैन जगत दुख कूप है।
हरिभक्तन कौ संग सदा सुखरूप है॥
इन के ढिग आनंदित समै बिताइए।
ब्रजनागर नँदलाल सु निसि-दिन गाइए॥

कहाँ वे सुत नाती हय हाथी।
चले निसान बजाइ अकेले, तहँ कोउ संग न साथी॥
रहे दास दासी मुख जोवत, कर मीड़े सब लोग।
काल गह्यौ तब सब हीं छाड़्यौ, धरे रहे सब भोग॥
जहाँ तहाँ निसि-दिन बिक्रम कौ, भट्ट कहत बिरदत्त।
सो सब बिसरि गये एकै रट, राम नाम कहैं सत्त॥
बैठन देत हुते नहिं माखी, चहुँ दिसि चँवर सँचाल।
लिये हाथ में लठ्ठा ताकौ, कूटत मित्र कपाल॥
सौंधें भीगौ गात जारि कै, करि आये बन ढेरी।
घर आये तैं भूलि गये सब, धनि माया हरि तेरी॥
'नागरिदास' बिसरिए नाहीं, यह गति अति असुहाती।
काल ब्याल कौ कष्ट निवारन, भजि हरि जनम सँगाती॥

दरपन देखत देखत नाहीं।
बालापन फिरि प्रगट स्याम कच, बहुरि स्वेत है जाहीं॥
तीन रूप या मुख के पलटे, नहिं अयानता छूटी।
नियरे आवत मृत्यु न सूझत, आँखैं हिय की फूटी॥
कृष्ण भक्ति सुख लेत न अजहूँ, बृद्ध देह दुख रासी।
'नागरिया' सोई नर निहचै, जीवत नरक निवासी॥

हमारौ मुरलीवारौ स्याम।
बिनु मुरली बनमाल चंद्रिका, नहिं पहिचानत नाम॥
गोपरूप बृंदाबन चारी, ब्रज जन पूरन काम।
याही सौं हित चित्त बढ़ौ नित, दिन दिन पल छिन जाम॥
नंदीसुर गोबरधन गोकुल बरसानौं बिस्राम।
नागरिदास द्वारका मथुरा, इन सौं कैसौ काम॥

कितै दिन बिन बृंदाबन खोये ।
यौं ही बृथा गये ते अब लौं, राजस रग समोये ॥
छाँड़ि पुलिन फूलनि की सज्या, सूल सरनि सिर सोये ।
भीजे रसिक अनन्य न दरसे, बिमुखनि के मुख जोये ॥
हरि बिहार की ठौरि रहे नहिं, अति अभाग्य बल बोये ।
कलह सराय बसाय भठ्यारी, माया राँड़ बिगोये ॥
इकरस ह्याँ के सुख तजि कै ह्वाँ, कबौं हँसे कबौं रोये ।
कियौ न अपनौ काज, पराये भार सीस पर ढोये ॥
पायौ नहिं आनंद लेस मैं, सबै देस टकटोये ।
नागरिदास बसै कुंजन में, जब सब बिधि सुख भोये ॥

भजन न होई खेल खिलौना ।
को डोरा सौं बाँधि खिलावत, प्रबल सिंघ कौ छौना ॥
अति ही अगम अगाध लग्यौ फल, कहि कैसें कर पहुँचै बौना ।
'नागरीदास' हरिबंस चरन भजु, मिथुन सुरत अंचौ ना ॥

बड़ौ ही कठिन है भजन ढिंग ढरिबौ ।
तमकि सिदूर मेलि माथे पै, साहस सिद्ध सती कौ सौ जरिबौ ॥
रहन के चाप घायल ज्यौं घूमत, मुरै न गरूर सूर कौ सौ लरिबौ ।
'नागरिदास' सुगम जिन जानौ, श्रीहरिबंस पंथ पग धरिबौ ॥

जो मेरे तन होते दोय ।
मैं काहू तैं कछु नहिं कहतौ, मोते कछु कहतौ नहिं कोय ॥
एक जु तन हरि बिमुखन के सँग, रहतौ देस बिदेस ।
बिबिध भाँति के जग दुख सुख जहँ, नहीं भक्ति लवलेस ॥
एक जु तन सतसंग रंग रँगि, रहतौ अति सुख पूरि ।
जनम सफल कर लेतौ ब्रज बसि, जहँ ब्रज जीवनमूरि ॥
द्वै तन बिन द्वै काज न ह्वै हैं, आयु सु छिन छिन छीजै ।
'नागरिदास' एक तन तैं अब, कहौ कहा करि लीजै ॥

हम ब्रज सुखी ब्रज के जीव ।
प्रान तन मन नैन सरबसु राधिका कौ पीव ॥
कहाँ आनँद मुक्ति मे यह कहाँ मृदु मुसकान ।
कहाँ ललित निकुंज लीला मुरलिका कल गान ॥
कहाँ पूरन सरद रजनी जौन्ह जगमग जोत ।
कहाँ नूपुर बीन धुनि मिलि रास मंडल होत ॥
कहाँ पाँति कदंब की झुकि रही जमुना बीच ।
कहाँ रंग बिहार फागुन मचत केसर कीच ॥
कहाँ गहबर बिपिन में तिय रोकिबौ मिस दान ।
कहाँ गोधन मध्य मोहन चिकुर रज लपटान ॥
कहाँ लंगर सखा सोहन कहाँ उन कौ हासि ।
कहाँ गोरस छाँछि टेंटी छाक रोटी रासि ॥
कहाँ स्रवननि कीरतन जगमगनि दसधा रंग ।
कंठ गदगद रोम हर्षन प्रेम पुलकित अंग ॥
जहाँ एती बस्तु पइयत बीच बृंदाधाम ।
हौंऽब ऐसे ब्रज सुखद सौं बाहिरै बेकाम ॥
दास नागर चहत नहि सुख मुक्ति आदि अपार ।
सुनहु ब्रज बसि स्रवन मे ब्रजबासिनन की गार ॥

बिनु हरि सरन सुख नहिं कहूँ ।
छाड़ि छाया कलपद्रुम जग धूप दुख क्यौं सहूँ ॥
कलिकाल कलह कलेस सरिता बृथा ता मधि बहूँ ।
दास नागर ठौर निर्भय कृष्ण चरननि रहूँ ॥

सब सुख स्याम सरनैं गएँ ।
और ठौर न कहूँ आनँद इंद्रहू कैं भएँ ॥
दुख मूल एक प्रवर्ति मारग कहि न मानत कोय ।
सुख पग्यौ जोइ निवृत्ति कैं मन जानि है दुख सोय ॥
सतसंग अंबुज ब्रज सरोवर कीरतन सुखबास ।
कीजिये हरि ! बेगि तिन कौं भँवर नागरिदास ॥

अब हौ सरन केवल स्याम ।
घोर कलि के तेज कौ तन सह्यौ जात न घाम ॥
लीजिये तरु चरन छाया मूल सुख बिसराम ।
अजित मन तैं काम सुभ कछु बैन ह्वै छिन जाम ॥
सबनि लीनौं जीतिहूँ भयौ भीत सरत न काम ।
अब रहै नागरिदास कैं रट लगी रसना नाम ॥

क्यौं नहिं करै प्रेम अभिलाष ।
या बिन मिलै न नंददुलारौ परम भागवत साख ॥
प्रेम स्वाद अरु आन स्वाद यौं ज्यौं अकडोडी दाख ।
नागरिदास हिये मैं ऐसैं मन बच क्रम करि राख ॥

तिन्हैं कोटि कोटिक धिक्कार ।
राग द्वेष मत्सरिता तजि कै मृत्यु जानि मानी नहिं हार ॥
सुन्यौ भागवत भक्त कहावत कछु इक रीति करीबी ।
पैं सुखसार रु सतसंगति फल आई नाहि गरीबी ॥
हिये अभिमान गोपि धन गाड़यौ ताकौ सबै बिकार ।
जो सचु पायो चहै तौ उर सौं दुरधन देह निकार ॥
साधु बचन सुनि दीन भएँ बिन क्यौंहुँ न जरनि मिटैगी ।
नागरिदास बहुत पछितैहौ दुख मैं देह पिटैगी ॥

अब तौ बहौत बिपत मैं भोगी ।
अति पिटवायौ माया पै तैं कृपा दृष्टि कब होगी ॥
बिबिध कुगति मैं नाच्यौ कूद्यौ केतौ दुख सिर झेल्यौ ।
काहू बिधि मै सचु नहिं पायौ फाफड़ फींदा खेल्यौ ॥
खैंचाखैंची जनम बिगारयो जन जन कौ मन राखत ।
नागरिया हरि सरन तिहारी बृंदाबन अभिलाषत ॥

सुनियो कहत सबनि हौं टेरे ।
यह बिधना की प्रगट चूक है द्वै मन किये न मेरे ॥
एकै मन कौ सौंपि राखतौ साधन गृह ब्यौहार ।
मन इक सौं हरि भक्तिहि करतौ जग दुख सब निरवार ॥
नागरिदास एक मन तै कहि क्यौ बनिहैं द्वै जोग ।
बिबिध बिपत को रोग इतैं उत हरि रस लीला भोग ॥

भक्त बिन नर छकडा के बैल ।
लोग बड़ाई दै दै हाँकत चलत दुखित ह्वै गैल ॥
कारज द्रब्य बिना बल धीरैं मन सो सकैं न हार ।
लीनौ स्वारथ साध सबनि मिल इनकैं सिर दै भार ॥
भटकत ही मर जाय बृषभ मत नथे जगत की लाज ।
नागरिदास बैठि बृंदाबन करैं न अपनौ काज ॥

हम को किये कुसंगति ख्वार ।
बृंदाबन नियरें ह्वै निकसे झाँकन दयौ न द्वार ॥
हरि चरचा कोउ कहत सुनत नहि और बात बिसतार ।
प्रभु समंध सुख साधन की चित भूल गये उनिहार ॥
दिन सुत से नर कलह कलपतरु देत हैं दुख अनपार ।
इन तैं लेहु छुड़ाय मोहि अब नागर नंदकुमार ॥

अबै ये यौं लागे दिन जान ।
मानौं कबहूँ हुती नाहिनैं वा सुख सौ पहिचान ॥
हरि अरचा चरचा कबहूँ नहिं नही कथा बंधान ।
जनम करम हरि उत्सव नाही रास रंग कल गान ॥
बिमुख अनन्य निकट रहैं निस दिन महादुष्ट दुख खान ।
ये दुख टरैं कृपा करिहैं जब नागर स्याम सुजान ॥

तजि उपाधि जे हरि पद भजते ।
वे नृप कहा हुते बावरे मनिमय कंचन के गृह तजते ॥
अब छाड़त नहिं कलह मूल घर भक्ति बिमुख लोगनि सौं लजते ।
नागरिया नर मृत्यु खिलौना रहत नहीं दुख सेना सजते ॥

हरि जू ! अजुगत जुगत करैंगे ।
परबत ऊपर बहल काच की नीकैं लै निकरैंगे ॥
गहिरें जल पाषान नाव बिच आछी भाँति तरैंगे ।
मैंन तुरंग चढ़े पावक बिच नाही पचरि परैंगे ॥
याहू तैं असमंजस ह्वै किन प्रभु दृढ कर पकरैंगे ।
नागर सब आधीन कृपा कैं हम इन डर न डरैंगे ॥

अमल पद कमल चार सुचार ।
अरुन नील सुबरन मिलि मन हरन भये छबि जार ॥
मुखर मनि मंजीर मनमथ करत प्रगट चरित्र ।
गउर जावक चित्र चित्रे चतुर मोहन मित्र ॥
नख चंद्रिका प्रतिबिंब प्रसरत कंज कौतुक भूमि ।
दास नागर मन मधुप तहाँ रहौ झुकि झुकि झूमि ॥

अब तौ कृपा करो गोपाल ।
दीनबंधु करुनानिधि स्वामी अंतर परम कृपाल ॥
जग आसा बिषफल मत ख्वावौ प्यावौ भक्ति रसाल ।
नागरिया पर दया करौ किन जन दुख हरन दयाल ॥

अब तौ कृपा करौ गिरधारी ।
अपनी बाँह छाँह तर राखौ देखौ दसा हमारी ॥
जुरे घोर कलि कलह तिमिर घन भीति लगत है भारी ।
नागर सुख सँग उन कौ दीजै जिन कैं प्रीति तिहारी ॥

अब तौ कृपा करौ श्रीराधा ।
बृंदाबिपिन बसौं श्रीस्वामिनि छाड़ि जगत की बाधा ॥
तीन लोक गावत वा बन की लीला ललित अगाधा ।
नागरिया पै तनक ढरैं ते होय सहज सुख साधा ॥

अब तौ कृपा करौ सब संत ।
या तन मन सौं भ्रमत भ्रमत ही ह्वै गये दिवस अनंत ॥
घटत बुद्धि बल देह दिनहिं दिन तृस्ना कौ नहिं अंत ।
नागरिया अब उहाँ बसइये जिहि ठाँ नित्य बसंत ॥

हम सतसंगति बहुत लजाई ।
बृथा गई सब बात आजु लौं जो कछु सुनी सुनाई ॥
भक्ति रीति अनुसरत नहीं मन करत जगत मन भाई ।
अजहुँ न तजत उपाधि अवस्था चतुर्थाखम आई ॥
श्रीबृंदाबन बास करन की जात है समै बिहाई ।
अब तौ कृपा करौ नागर सुख सागर कुँवर कन्हाई ॥

हमारी तुम सौ हरि ! सुधरैगी ।
बहुत जनम हम जनम बिगारयो अबहूँ बिगरि परैगी ॥
प्रीति रीति पूरन नहिं कैसैं माया ब्याधि टरैगी ।
नागरिया की सुधरैगी जो अँखिया इतहिं ढरैगी ॥

हे हरि सरन तिहारी देहु ।
बिरद है असरन सरन तिहारौ सो सब साँच करि लेहु ॥
मारत मोहि कलिकाल दबाऐं भरयौ तरुनता छोह ।
चार सत्रु हैं वाके संगी काम क्रोध मद मोह ॥
पाँचौं इंद्री मो बस नाहीं मनहू पलटि गयौ ।
लेहु बचाय नागरीदासहिं तो पद कमल नयौ ॥

साँचे संत हमारे संगी ।
और सबै स्वारथ के लोभी चंचल मति बहुरंगी ॥
मन काया माया सरिता मैं बहते आनि उलंगी ।
नागरिया राख्यौ बृंदाबन जिहि ठाँ ललित त्रिभंगी ॥

आयौ महा कलिजुग घोर ।
धरम धीरज उड़ि गये ज्यौं पात पवन झकोर ॥
मिटे मंगल लोक लागी होन आयु सुमंद ।
बढ़ी जित तित कलह कर्कस नहिं न कहुँ आनंद ॥
मिटी लक्ष्मी भाग्य सुभ सुख मिट्यौ सब कौ भद्र ।
मिटी सोभा सहज संपत बढ़ि परयौ दारिद्र ॥
मिटी सजननि सुहृदताई रह्यौ स्वारथ एक ।
सुखी कोऊ देखिये नहिं दुखी लोग अनेक ॥
लेत कलि कलमष दबाऐं जाइये कहाँ भागि ।
त्रिबिधि ताप मै तन तपत लगी दसौं दिस में आगि ॥
दास नागर नही सीतल धाम निर्भय और ।
जहाँ बृंदाबिपिन जमुना बचैं वाही ठौर ॥

बृंदाबिपिन रसिक रजधानी ।
राजा रसिक बिहारी सुंदर सुंदर रसिक बिहारिनि रानी ॥
ललितादिक ढिग रसिक सहचरी जुगल रूप मद पानी ।
रसिक टहलनी बृंदा देबी रचना रुचिर निकुंज सुहानी ॥
जमुना रसिक रसिक द्रुम बेली रसिक भूमि सुखदानी ।
इहाँ रसिक चर थिर नागरिया रसिकहिं रसिक सबै गुनगानी ॥

कृष्ण कृपा गुन जात न गायौ ।
मनहु न परस करि सकै सो सुख इनहीं दृगनि दिखायौ ॥
गृह व्यौहार भुरट को भारा सिर पर सौ उतरायौ ।
नागरिया कौ श्रीबृंदाबन भक्त तख्त बैठायौ ॥

विषयासक्तकी दशा

आठ पहर दुख ही मैं बीतैं काँय कूँय परजा की ।
बिषै भोग आछे हूँ नाहीं चिंता में मति छाकी ॥
जित तित अपजस दुर दुर घर घर तन मन की अति ख्वारी ।
ऐसो दुखी न त्यागि सकै घर माया की गति भारी ॥

नित्य चाकरी सौं चित डरपै कछु चूक्यौ अरु मारयौ ।
कारज द्रव्य बिनाँ बल धीसैं मन सौ जात न हारयौ ॥
दिन कुटुंब के भरन पोष मैं निस बिचार करि सोयौ ।
ऐसौ दुखी न त्यागि सकै घर माया रॉड बिगोयौ ॥

बहुत ठीकरा ठाट खड़भड़ैं एकहु नाहिन लोटी ।
साँप गोहिरा करत कलोलैं खैबे कौं नहिं रोटी ॥
काली कुटिल कुब्यौंती कामिनि गुही मूँज सौं चोटी ।
ऐसौ हू गृह त्यागि सकै नहिं माया की गति मोटी ॥

जनौं औदसा बार बिराजत ऐसी टूटी छान ।
बालक बहुत मनौ भूत लेटे तिन्हैं मिलत नहिं धान ॥
नित उठि होति कलह अति कर्कस जित तित खैंचातान ।
ऐसौ हू गृह त्यागि सकै नहिं माया की गति जान ॥

धरै भेष जोई जा दिन तैं बंदन कौ अधिकारी ।
है निर्भय निश्चिंत सहज मैं बिपति मिटै तब सारी ॥
सिखरन भात खीर के न्यौता नित उठि मंगल बढ़ै ।
याहि लैंन सुख कौ न तजैं गृह माया के मुह चढ़ै ॥

पराधीनता मिटै पापिनी है सुतन्त्र अरु बिचरैं ।
जहाँ न जावन पावन हो तहाँ जाय निडर मुख उचरैं ॥
तीनहु ताप मंद है जावैं बहुरि डरै जमदूत ।
यही बात नहिं समझ तजै गृह हरि की माया धूत ॥

संत-माधुरी

लोचन सजल लाल घूमत बिसाल छके
चलनि मराल की सी ठाढ़े रोम तन मे ।
उजल रस भीने ताकै दीने गरबाँही रहैं
स्यामा स्याम दोऊ हिये सुंदर सदन मे ॥
पुलकित गात गिरा गद्गद रोमांच नित
धारै छाप कंठी औ तिलक निज पन में ।
कहा भयौ नागर किये तैं तप जप दान
जो पै संत माधुरी बसी न ऐसी मन में ॥

प्रेमी भक्तका स्वरूप

कवित्त

लीला रस आसव श्रवन पान कीने हरि
ग्यानहि गजक आन नाहिं चहियतु हैं ।
बिधनाँ कुबेर इंद्र आदि सब रंक दीसैं
ऐसे मद छाये पै नमनि गहियतु हैं ॥

भावनाहिं भोग मैं मगन दिन रैन रहैं
ताके नैंक ताकैं नित छाके रहियतु हैं ।
और मतवारे मतवारे नाहि नागर वे
प्रेम मतवारे मतवारे कहियतु हैं ॥

कुंडलिया

चितवत नहिं बइकुंठ दिस, नैंन कोर तैं मूर ।
सब सरबस सिर धूर दै, सरबस की ब्रज धूर ॥
सरबस की ब्रज धूरि पूरि नित रहे एकरस ।
मन अखियाँ तन बात निरखि पुनि बँधत रीझ बस ॥
जहाँ जहाँ सुनि पिय बात नैन भरि छिन छिन बितवत ।
नीरस रसमइ होत तनक दृग कोरहिं चितवत ॥

लोकन मैं कैसे मिलैं, परम प्रेमनिधि चोर ।
देखत ही लखि जाइयै आँखिन ही की ओर ॥
आँखिन ही की ओर चोर पकरत वहि निध कौ ।
पिय प्रकास झलमलत मनौं बादर तर बिध कौं ॥
जिहिं बिध यों उर आहि महा तीछनि दृग नोकनि ।
मधि अबीध क्यों रलैं जाहि हिय सूत बिलोकनि ॥

सूधे अति बाँके महा, फँसे नेह के पंक ।
दीन लगत चितवत निपट कहैं कुबेर सौ रंक ॥
कहैं कुबेर सौ रंक संक हिय मे कछु नाही ।
फिरत बिबस आवेस बलित बन घन की छाहीं ॥
ब्रज समाज छबि भीर रहत नित प्रति हिय रूधे ।
बोलत अटपटे बैन लगत सूधन कौ सूधे ॥

बृंदाबन रस मैं पगे, जीत्यो अजित सुभाव ।
सात गाँठि कोपीन कैं गनैं न राना राव ॥
गनैं न राना राव, भाव चित रहे महा भरि ।
लखैं दीन तैं दीन लीन ह्वै परत पगनि ढरि ॥
अहा अनोखी रीत कहा कहौं रहत रहित तन ।
ह्वै चकोर ससि बदन जुगल निरखत बृंदाबन ॥

नैंननि जल चित ह्वै रहे चूर चूर तन छीन ।
चूर चूर ढिग गूदरी कहैं इंद्र सौं दीन ॥
कहैं इंद्र सौ दीन मीन दृग लीन स्याम जल ।
जकरि जुलफ जंजीर कियौ बस मन मतंग खल ॥
रूप रसासव मत्त मुदित गदगद सुर बैननि ।
तन घूमत लगि घाय स्यामसुंदर सर नैननि ॥

प्रेम-पीड़ा

तानानि की तानानि महीं, परयौ जु मन धुकि धाहि ।
पैठ्यौ रव गावत स्रवनि, मुख तैं निसरत आहि ॥
मुख तैं निसरत आहि साहि नहिं सकत चोट चित ।
ग्यान हरद तैं दरद मिटत नहिं बिबस लुटत छित ॥
रीझ रोग रगमग्यौ पग्यौ नहिं छूटत प्रानानि ।
चित चरननि क्यौं छुटैं प्रेम वारेन की तानानि ॥

प्रेम-मत्तता

बोलनि ही औरैं कछू, रसिक सभा की मानि ।
मतवारे समझैं नहीं, मतिवारे लैं जानि ॥
मतिवारे लैं जानि आन कौं बस्तु न सूझै ।
ज्यौं गूँगे की सैन कोऊ गूँगौ ही बूझै ॥
भीजि रहे गुरु कृपा बचन रस गागरि ढोलनि ।
तनक सुनत गरि जात सयानप अलबल बोलनि ॥

दैन्य

बूरा बिखर्‍यौ रैन में, मगज न गज कौ पाय ।
तजि ऊँचे अभिमान कों चैंटी ह्वै तौ खाय ॥
चैंटी ह्वै तौ खाय चाय चित रज निवारि कैं ।
कनिका रसिकहि लहैं अपनपौ तनक धारि कैं ॥
मानी मलिन मतंग ताहि यह कहौ न मूरा ।
दीजै तिनहिं बताय जाहि भावै जन बूरा ॥

श्रीवृन्दावनका प्रकट रूप

जमुना नदी-सी तौ न दीसी कोऊ और तहाँ,
भक्ति-रस रूप मई जाकौ जल सोत है ।
कूल कूल फूल फूल झूल कुंज लता रहीं,
बोलत चकोर मोर कोकिला कपोत हैं ॥
रसिक सुजान संत हरि-गुन-गान करैं,
हरैं ताप त्रिबिध सु आनँद उदोत है ।
जग-दुग्ध-दंद तामैं दुखी कहा 'नागर' तू,
बसि ऐसे बृंदाबन सुखी क्यौं न होत है ॥

सहजै श्रीकृष्ण-कथा ठौर ठौर होत तहाँ,
कीरतन-धुनि मीठी हिय के उलास तैं ।
स्यामा-स्याम रूप-गुन लीला-रंग रँगे लोग,
तिन के न ध्वांत उर प्रेम के प्रकास तैं ॥
एरे मन ! मेरे चेत उन ही सौं करि हेत,
'नागर' छुड़ाइ देत जग-दुख-पास तैं ।
काम क्रोध लोभ मोह मच्छरता राग द्वेष,
चाह दाह जैहैं सब बृंदाबन-बास तैं ॥

श्रीवृन्दावनका गुप्त रूप

कुंजनि कलपतरु रतन-जटित भूमि,
छबि जगमगत जकी-सी लगै काम को ।
सीतल सुगंध मंद मारुत बहत नित,
उड़त पराग रैन चैन सब जाम कों ॥
दव बधू द्रुमनि मैं कोकिला-स्वरूप गावैं,
दंपति-बिहार बीच बृंदाबन नाम कों ।
नागरिया नागर सु दीन्हे गरबाहीं तहाँ,
मन ! रूप रवनी है देखि ऐसे धाम कों ॥

उद्बोधन

पर कारज करि दुख सहै, लेत न हरि रस घूँट ।
भार घसीटत और कौ, आप ऊँट के ऊँट ॥
अपनौ भलौ न करत नर, सब मैं बड़ौ कहाय ।
बिन परसैं हरि नाम के, ज्यौं सुमेर रहि जाय ॥
अप-अपने सब सुधि करत, भवन भरे उतपात ।
कबहूँ कोऊ नहीं करैं, बृंदाबन की बात ॥
निति निति दुख गृह कौ सहैं, जहाँ अमित उतपात ।
रोग दुखित तन त्यागियै, घर की कितीक बात ॥
करी न जिहिं हरि भक्ति नहिं, लये बिषै के स्वाद ।
सो नहिं जिमी अकास कौ, भयो ऊँट को पाद ॥
मरिबो चाहत और कौ, अपने सुख हित जोय ।
तिन कौं ऐसी नीत परि, सुख काहे कौं होय ॥
ताकौं कहिये मूढ़ जग, दुख दौ लागी हेर ।
जमुना बृंदा बिपिन तजि, धावत बीकानेर ॥
बिबिध भाँति के दुखनि जिय, निकसत नहीं निदान ।
बृंदाबन की आस परि, उरझ रहे ये प्रान ॥
आपस मैं जु लराय कै, किये मुसाफर भाँड़ ।
माया जगत सराय मैं, बुरी भठ्यारी राँड़ ॥
नहीं अवस्था धन नहीं, और न कहूँ निवास ।
तऊ न चाहत मूढ मन, बृंदाबन को बास ॥
जिहिं बिधि बीती बहुत गइ, रही तनक सी आय ।
मत कबहूँ सतसंग बिन, अब यह आयु बिहाय ॥
जहाँ कलह तहाँ सुख नहीं, कलह सुखनि कौ सूल ।
सबै कलह इक राज मैं, राज कलह कौ मूल ॥
मेरे या मन मूढ तें, डरत रहत हौ हाय ।
बृंदाबन की ओर तें, मत कबहूँ फिरि जाय ॥
अधिक सयानप है जहाँ, सोई बुधि दुख खानि ।
सबोंपरि आनन्दमय, प्रेम बाय बौरानि ॥
बृंदाबन के बास कौ, तिन कैं नाहिं हुलास ।
फूस-फास जिन की भगत, बृद्ध भोग सुख आस ॥
बहुत भूमि इत उत फिरयौ, माया बस झकझोर ।
अब कब ह्वैहैं सफल पग, बृंदाबन की ओर ॥
दिन बीतत दुख दुंद मैं, च्यार पहर उतपात ।
बिपती मरि जाते सबै, जो होती नहिं रात ॥
लेत न सुख हरि भक्ति कौ, सकल सुखनि कौ सार ।
कहा भयो नृपहू भऐं, ढोहत जग बेगार ॥
रलि चौपर बाजी रची, च्यार नरनि इक साथ ।
पासा पर कछु बस नहीं, हार जीत हरि हाथ ॥
हो हरि ! परम प्रबीन ह्वै, कहा करत ये खेल ।
पहिलैं अमृत प्याय कै, अब क्यौं पावत तेल ॥
बगुला मे मोहि पतित पर, कृपा करौ हरिराय ।
इंहरिनु बृंदाबिपिन मै, पावस बैठौ जाय ॥
मेरी मेरी करत क्यौ, है यह जिमी सराय ।
कइयक डेरा करि गये, किये कईकनि आय ॥
और भवन देखूँ न अब, देखूँ बृंदा मौन ।
हरि सौं सुधरी चाहिये, सब ही बिगरौ क्यौ न ॥
द्रुम दौं लागैं जात खग, आवैं जब फल होय ।
संपत के साथी सबै, बिपता के नहिं कोय ॥
अधिक भये तौ कहा भयौ, बुद्धिहीन दुख रास ।
साहिब ढिग नर बहुत ज्यौं, कीरे दीपक पास ॥
बृज में ह्वैहैं कढ़त दिन, किते दये लै खोय ।
अब कैं अब कैं कहत ही, वह अब कैं कब होय ॥
तुम ऐसी क्यौ करत हौ, हरि बरि चतुर कहाय ।
भलैं जिमावत हौ हमै, भुस अरु खीर मिलाय ॥
सदा एकरस भक्ति सुख, ज्यौंऽब अमर बन बेल ।
गृह के लाभ अलाभ सब, जूवा के से खेल ॥
हिलत दंत दृग दृष्टि घटि, सिथिल भयौ तन चाम ।
तऊ बैठ सुमरत नहीं, काम गये हू राम ॥
तरुन समय हरि नहिं भजे, रह्यौ मगन रस बाम ।
अब तौ रे नर बैठि भजि, काम गऐं तौ राम ॥
पंच रतन रथ बैठि कै, करि देखौ किन गौन ।
राह छाँडि ऊबट चलै, सुख पावै सो कौन ॥
अगली समै रु इहिं समय, इतनौ अंतर जान ।
ज्यौं लसकर कैं उठ गऐं, पीछैं रहे सहेदान ॥
मिटे मोद मंगल महीं, जे पहिलैं सुख खान ।
अब जग की पिछिली समैं, जैसौ ब्याह बिहान ॥

नीकौ हू लागत बुरौ, बिन औसर जो होय।
प्रात भएँ फीकी लगै, ज्यौं दीपक की लोय॥
अमृत सर देख्यौ नहीं, पारस कौ न पहार।
प्रेम छके हरि भक्ति मैं, देखे नहीं हजार॥
मन! तू ऊँची ठौर लगि, जहाँ न पहुँचै और।
तहाँ बैठैं नीची लगै, सब ऊँची ऊँची ठौर॥
को काकौं दुख देत है, कौन देत सुख दान।
सब जीवन की बुद्धि के, प्रेरक श्रीभगवान॥
लाज छाँडि हरि कौं भजौ, दीजै मन कौं छूट।
कम्माऊँ की मुहम मैं, जैसैं लूटालूट॥
लाज करी जिहिं भजन में, ते कोरे रहे सोय।
इहि जग दछिनी संग मैं, लूट किऐं सुख होय॥
माया प्रबल प्रवाह मे, मन कौ कछु न बसाय।
नदी कौसिकी माँहि ज्यों, तल सिर ऊपर पाय॥
जगत कमाऊँ कटक ज्यौ, राम नाम भरि नाज।
लाज किएँ लाज न रहै, लाज तजैं रहै लाज॥
सत्रु कहत सीतल बचन, मत जानौ अनुकूल।
ज्यौंऽब मास बैसाख मैं, सीत रोग को मूल॥
जग की खातर राखि सुख, भक्ति लहै नहिं रिद्धि।
साँग निकासै जगत सौं, तब भक्ति साँग है सिद्ध॥
सुनि कै लेहु पुरान सब, बूझ लेहु सब ठौर।
जगत रीत कछु और है, भक्ति रीत कछु और॥
जगत तोष तोरै कोऊ, तबै ताहि सुख होय।
खाला का डर आसिकी, संग न निबहै दोय॥
अपनौ भलो न करि सकैं, कहा भोर कहा साँझ।
जग कौ भलौ मनावतैं, बेस्या रहि गइ बाँझ॥
बहुत संत भये आजु लौं, ऐसी सुनी न साखि।
दयौ भक्ति सुख खोय कैं, जग की खातर राखि॥
राजु बड़े बड़े देत हरि, दिन में लाख करोर।
पै काहू कौं नाहि वे, खैंचत अपनी ओर॥
कृपा लहर नर क्रूर की, सोइ जानियै हैफ।
जैसे खावत पान मैं, तम्माखू की कैफ॥
जानि कै जानि अजान है, तत्व लीजिये छानि।
सिष्य होन मैं लाभ हैं, गुरू होन मैं हानि॥
बृंदाबन तब भजत हे, बास करन कें चाय।
बृंदाबन तैं भजत अब, चतुर्थ आश्रम आय॥
दाम चाम की लगन तैं, सुधि आये नहिं स्याम।
काम कलपतरु नगर बस, भूले बृंदाधाम॥

पति कौं दुख मैं सँग तजै, जाकौ बहु पति होय।
जगत सुहागनि को हँसै, औरहि हँसै न कोय॥
कुल पोखन मैं करत क्यौं, अपनौ जन्म बेकाम।
बिस्वंभर भगवान कौ, बृथा कहत जग नाम॥
को करिहै तब कुटम के, पोखन कौ उपचार।
कुस सैनी जब सोइहौ, लंबे पाँव पसार॥
जाकौ घर सब तैं बड़ौ, सब घर जिहिं आधीन।
सो घर परिहरि फिरत क्यौं, घर-घर है कै दीन॥
बृंदाबन सेवत नहीं, करै न हरि की बात।
सब दिन बोलत है बृथा, डोलत लोग हँसात॥
नीकौ हू फीकौ लगै, जो जाके नहिं काज।
फल आहारी जीव कैं, कौन काम कौ नाज॥
फिरत रहौ तीरथ रहौ, रहौ कोउ घर माहिं।
नाना रँग के संग मैं, चढ़त एक रँग नाहिं॥
आवत लोट्या भूमि पर, गया लोटि कै भूमि।
झूठे फहकट बीच के, सेज बिछौना तूमि॥
आप कुंड गोलक पिता, पितृ पिता कानीन।
लखौ सुनागर भक्ति जस, पांडव नित्य नवीन॥
आय परे इह ठौर मैं, बुरे कर्म फल हेत।
बाहिर बृंदा बिपिन सौं, जब लगि जीवत प्रेत॥
भक्ति भोग दोउ तजि फिरत, सरल है सूधी गैल।
ते आये नर जगत मैं, जैसैं बधिया बैल॥
जापै जैसी बस्तु है, तैसौ ही मन होय।
माला और गिलोल को, कर लै देखौ कोय॥
मिलै सजाती दूसरौ, जब है बस्तु प्रकास।
कढ़त नाहिं बिन पवन ज्यौं, द्रुम फूलन की बास॥
पौढ़े छीरसमुद्र मैं, एकाकी भगवान।
गौर स्याम द्वै मिलत ब्रज, बढ़ी कथा सुखधाम॥
जा मैं रस सोई हरौ, यह जानत सब कोय।
गौर स्याम द्वै रंग बिन, हरौ रंग नहिं होय॥
काठ काठ सब एक से, सब काहू दरसात।
अनिल मिलै जब अगर कौ, तब गुन जान्यौ जात॥
द्वै बिन एक न काम कौ, यह मन लेहु बिचार।
तन माटी बिन प्रान के, बिन तन प्रान बयार॥
प्रेम जहाँ ही अधिक है, तहाँ जु होत सराह।
ज्यौंऽब बिरद सुनि समर बिच, बीरनि बढ़त उछाह॥

निंदक चौकस चतुर नर, नखसिख भरे सयान।
तिन आगैं कैसैं रहै, प्रेम बाय बौरान॥
छिद्र निहारत फिरत अरु, बातन गढ़त बिधान।
तिन आगैं कैसे रहै, प्रेम बाय बौरान॥

गुनी बैद ज्यौं फिरत लैं, काँख कोथरी गान।
तिन आगैं कैसैं रहै, प्रेम बाय बौरान॥
सतरँज चौपर पोथी खोई, भगवत चर्चा गप्पों ने।
खोया रास भक्ति यों भक्तनि, हरि जस खोये टप्पों ने॥

संत घनानन्द

(स्थान दिल्ली, भटनागर कायस्थ, जन्म-संवत् १७१५ के लगभग, देहान्त लगभग संवत् १७९६। वृन्दावन-निवासी संत)

जा हित मात कौ नाम जसोदा सुचंस कौ चद्रकला कुलधारी।
सोभा समूहमयी 'घनआनँद' मूरति रंग अनंग जिवारी॥
जान महा, सहजै रिझवार, उदार बिलास, सु रासबिहारी।
मेरौ मनोरथ हूँ पुरवौ तुम ही मो मनोरथ पूरनकारी॥
मेरौई जीव जो मारतु मोहिं तौ, प्यारे! कहा तुम सौं कहनौ है।
ऑखिनहूँ यहि बानि तजी, कछु ऐसोई भोगनि कौ लहनौ है॥
आस तिहारियै ही 'घनआनँद', कैसे उदास भऐ रहनौ है।
जानि कैं होत हते पै अजान जो, तौ बिन पावक ही दहनौ है॥

सदा कृपानिधान हौ, कहा कहौ सुजान हौं,
अमानि मान दानि हौ, समान काहि दीजिए।
रसाल सिंधु प्रीति के, भरे खरे प्रतीति के,
निकेत नीति रीति के सुदृष्टि देखि जीजिए॥
ठगी लगी तिहारियै, सु आप त्यौ निहारिए,
समीप ह्वै बिहारिए, उमंग रंग भीजिए।
पयोद मोद छाइए, बिनोद को बढ़ाइए,
बिलंब छाँड़ि आइए, किधौं बुलाइ लीजिए॥

सुख सुदेस कौ राज लहि, भये अमर अवनीस।
कृपा कृपानिधि की सदा छत्र हमारे सीस॥
मो से अनपहिचान कौं, पहिचानै हरि! कौन?
कृपा कान मधि नैन ज्यौं, त्यौं पुकारि मधि मौन॥
हरि तुम सौं पहिचानि कौ, मोहि लगाव न लेस।
इहि उमंग फूलयौ रहौं, बसौं कृपा के देस॥

सलोने स्याम प्यारे क्यौं न आवौ?
दरस प्यासी मरै तिन कौ जिवावौ?
कहाँ हौ जू, कहाँ हौ जू, कहाँ हौ?
लगे ये हैं प्रान तुम सौं जहाँ हौ॥
रहौ कि! न प्रानप्यारे, नैन आगे,
तिहारे कारने दिन रात जागैं।
सजन हित मानि कै ऐसी न कीजै,
भई हैं बावरी सुधि आय लीजै॥

कहा तब प्यार सौं सुखदैन बातैं,
करौ अब दूर ये दुखदैन घातैं।
बुरे हौ जू, बुरे हौ जू, बुरे हौ,
अकेली कै हमैं ऐसे दुरे हौ॥

तरसि तरसि प्रान जान मन दरस कौं
उमहि उमहि आनि ऑखिनि बरसत हैं।
बिषम बिरह कैं बिसिषि हिऐं घायल ह्वै
गहबर घूमि घूमि सोचनि सहत हैं॥
सुमिरि सुमिरि घनआनँद मिलन सुख
करन सौं आसा पट कर लै कसत हैं।
निसि दिन लालसा लपेटैं ही रहत लोभी
मुरझि अनोखी उरझनि में गसत हैं॥

मेरी मति बावरी ह्वै जाइ जानराय प्यारे!
रावरे सुभाय के रसीले गुन गाय गाय।
देखन के चाय प्रान ऑखन मे झाँकै आय
राखो परचाय पै निगोड़े चलैं धाय धाय॥
बिरह बिषाद छाय ऑसुन की झरी लाय
मारै मुरझाय मैन द्यौस रैन ताय ताय।
ऐसे घनआनँद बिहाय न बसाय हाय
धीरज बिलाय बिललाय कहौ हाय हाय॥

ललित तमालनि सौं बलित नवेली बेलि
केलि रस झेलि हँसि लह्यौ सुखसार है।
मधुर बिनोद श्रम जलकन मकर-
मलय समीर सोई मोदनु दुगार है॥
बन की बनक देखि कठिन बनी है आनि
बनमाली दूर आली! सुनै को पुकार है।
बिन घनआनँद सुजान अंग पीरे परि
फूलत बसंत हमैं होत पतझार है॥

हरि के हिय मैं जिय मैं सु बसै महिमा फिरि और कहा कहियै।
दरसै नित नैननि बैननि है मुसक्यानि सौं रंग महा लहियै॥
घनआनँद प्रान पपीहनि कौं रस प्यावनि ज्यावनि है वहियै।
करि कोऊ अनेक उपाय मरौ हमैं जीवनि एक कृपा चहियै॥

स्याम सुजान हिएँ बसियै रहै नैननि त्यौं लसियै भरि भाइनि।
बैननि बीच बिलास करै मुसक्यान सखी सौं रची चित चाइनि॥
है बस जाके सदा घनआनँद ऐसी रसाल महा सुखदाइनि।
चेरी भई मति मेरी निहारि कैं सील सरूप कृपा ठकुराइनि॥

बैन कृपा फिरि मौन कृपा दृग दृष्टि कृपा रुख माधि कृपाई।
ग्यान कृपा गुन गान कृपा मन ध्यान कृपा हरै आधि कृपाई॥
लोक कृपा परलोक कृपा लहिए सुख संपति साधि कृपाई।
यौं सब ठॉ दरसै बरसै घनआनँद भीजि अराधि कृपाई॥

हरिहू कौ जेतिक सुभाव हम हेरि लहे
दानी बड़े पै न ढरैं माँगे बिन दातुरी।
दीनता न आवै तौलौं बंधु करि कौन पावै
साँच सौं निकट दूरि भाजैं देखि चातुरी॥
गुननि बँधे हैं निरगुन हू आनंदघन
मति यहै बीर गति चाहैं धीर जातु री।
आतुर न है री अति चातुर बिचार थकी
और सब ढीले कृपा ही कै एक आतुरी॥

हौ गुनरासि ढरौ गुनही गुन हीनन तै सब दोस प्रमानैं।
हाहा बुरौ जिन मानियै जू बिन जाचै कहौ किन दानि बखाने॥
लीजै बलाइ तिहारी कहा करैं हैं हमहूँ कहूँ रीझि बिकानैं।
बूझौं कहैं कहा एक कृपा कर रावरे जो मन के मन मानैं॥

राजा आशकरणजी

मोहन चरनारबिंद त्रिबिध ताप हारी।
कहि न जात कौन पुन्य, कर जू सिर धारी॥
निगम जाकी साख बोलैं, सेवक अधिकारी।
धींवर-कुल अभय कीन्हौ, अहल्या उद्धारी॥
ब्रह्मा नहिं पार पावैं, लीला-बपुधारी।
'आसकरन' पद-पराग, परम मँगल कारी॥

महाराज ब्रजनिधि

(असली नाम—जयपुरनरेश सवाई प्रतापसिंहजी। जन्म—संवत् १८२१। दीक्षागुरु—श्रीजगन्नाथजा भट्ट। देहावसान—संवत् १८६०)

प्यारौ ब्रज ही कौ सिंगार।
मोर पखा सिर लकुट बाँसुरी गर गुंजन कौ हार॥
बन-बन गोधन संग डोलिबौ गोपन सौं कर यारी।
सुनि सुनि कै सुख मानत मोहन ब्रजबासिन की गारी॥
बिधि सिव सेस सनक नारद से जाकौ पार न पावैं।
ताकौं घर-बाहर ब्रज सुंदरि नाना नाच नचावैं॥
ऐसौ परम छबीलौ ठाकुर कहौ काहि नहिं भावैं।
'ब्रजनिधि' सोइ जानिहै यह रस जाहि स्याम अपनावैं॥

जिन कै श्रीगोबिंद सहाइ।
सकल भय भजि जात छिन मैं सुख हिऐं सरसाइ॥
सेस सिव बिधि सनक नारद सुक सुजस रहे गाइ।
द्रौपदी गज गीध गनिका काज कीये धाइ॥
दीनबंधु दयाल हरि सौं नाहिं कोउ अधिकाइ।
यहै जिय मैं जानि 'ब्रजनिधि' गहे दृढ़ करि पाइ॥

पायौ बड़े भागनि सौं आसरौ किसोरी जू कौ
ओर निरबाहि नीकैं ताहि गही गहि रे।
नैननि तैं निरखि लड़ैती को बदन चंद
ताहि कौ चकोर है कै रूप सुधा लहि रे॥
स्वामिनी की कृपा तैं अधीन है हैं 'ब्रजनिधि'
ताते रसना सौं नित स्यामा नाम कहि रे।
मन मेरे मीत जो कही मानै मेरी तौ तू
राधा पद कंज कौ भ्रमर है कै रहि रे॥

भक्त श्रीगदाधर मिश्रजी

(बल्लभ-सम्प्रदायके भक्त-कवि। स्थितिकाल—अनिश्चित)

जयति श्रीराधिके सकल सुख साधिके
तरुनि मनि नित्य नव तन किसोरी ।
कृष्ण तन नील घन रूप की चातकी
कृष्ण मुख हिमकिरन की चकोरी ॥
कृष्ण दृग भृंग विस्राम हित पद्मिनी
कृष्ण दृग मृगज बंधन सुडोरी ।
कृष्ण अनुराग मकरंद की मधुकरी
कृष्ण गुन गान रस सिंधु बोरी ॥
विमुख परचित्त तैं चित्त याकौ सदा
करत निज नाह की चित्त चोरी ।
प्रकृत यह गदाधर कहत कैसैं बनै,
अमित महिमा इतै बुद्धि थोरी ॥

जय महाराज ब्रजराज कुल तिलक
गोबिंद गोपीजनानंद राधारमन ।
नंद नृप गेहिनी गर्भ आकर रतन
सिष्ट कष्टद धृष्ट दुष्ट दानव दमन ॥
बल दलन गर्व पर्वत बिदारन
ब्रज भक्त रच्छा दच्छ गिरिराजधर धीर।
बिबिध लीला कुसल मुसलधर संग लै
चारु चरनांक चित तरनि तनया तीर ॥
कोटि कंदर्प दर्पापहर लावन्य
धन्य बृंदारन्य भूषन मधुर तरु ।
मुरलिका नाद पीयूषनि महानंदन
बिदित सकल ब्रह्म रुद्रादि सुरबरु ॥
गदाधर बिषै बृष्टि करुना दृष्टि करु
दीन को त्रिबिध संताप ताप तवन ।
है सुनी तुव कृपा कृपन जन गामिनी
बहुरि पैहै कहा मो बराबर कवन ॥

आजु ब्रजराज कौ कुँवर घन तैं बन्यौ,
देखि आवत मधुर अधर रंजित बेनु ।
मधुर कल गान निज नाम सुनि स्रवन पुट,
परम प्रमुदित बदन फेरि हूँकति धेनु ॥
मद बिघूर्णित नैन मंद बिहँसनि बैन,
कुटिल अलकावली ललित गो पद रेनु ।
ग्वाल बालनि जाल करत कोलाहलनि,
सृंग दल ताल धुनि रचत संचत चैनु ॥
मुकुट की लटक अरु चटक पट पीत की
प्रगट अंकुरित गोपी के मनहिं मैनु ।
कहि गदाधर जु इहि न्याय ब्रजसुंदरी
बिमल बनमाल के बीच चाहतु ऐनु ॥

सुमिरौ नट नागर बर सुंदर गोपाल लाल ।
सब दुख मिटि जैहैं वे चिंतत लोचन बिसाल ॥
अलकन की झलकन लखि पलकन गति भूल जात ।
भ्रू बिलास मंद हास रदन छदन अति रसाल ॥
निंदत रबि कुंडल छबि गंड मुकुर झलमलात ।
पिच्छ गुच्छ कृत बतंस इंदु बिमल बिंदु भाल ॥
अंग अंग जित अनंग माधुरी तरंग रंग ।
बिमद मद गयंद होत देखत लटकीलि चाल ॥
हसन लसन पीत बसन चारु हार बर सिंगार ।
तुलसि रचित कुसुम खचित पीन उर नवीन माल ॥
ब्रज नरेस बस दीप बृंदाबन बर महीप ।
बृषभान मानपात्र सहज दीन जन दयाल ॥
रसिक भूप रूप रासि गुन निधान जान राय ।
गदाधर प्रभु जुबती जन मुनि मन मानस मराल ॥

श्रीभगवतरसिकजी

(जन्म संवत् १७९५ वि० के लगभग माना जाता है। आप श्रीललितमोहिनीदासजीके कृपापात्र शिष्य थे।)

लोभ है सर्ब पाप कौ मूल ।
जैसैं फल पीछे कौं लागै पहिलैं लागै फूल ॥
अपने सुत के काज केकई दियौ राम बनबास ।
भर्ता मरौ भरत दुख पायौ सह्यौ जगत उपहास ॥
बासुदेव तजि अर्क उपासे सत्राजित मनि लीनी ।
बंधु सहित भयौ निधन आपुनौ निंदा सबही कीनी ॥
'भगवतरसिक' संग जो चाहै प्रथमैं लोभै त्यागै ।
देह, गेह, सुत, संपति, दारा सब हरि सौं अनुरागै ॥

इतने गुन जामें सो संत ।
श्रीभागवत मध्य जस गावत श्रीमुख कमलाकंत ॥
हरि कौ भजन, साधु की सेवा, सर्ब भूत पर दाया ।
हिंसा, लोभ, दंभ, छल त्यागै, बिष सम देखै माया ॥
सहनसील, आसय उदार अति, धीरज सहित बिबेकी ।
सत्य बचन सब कौं सुखदायक, गहि अनन्य ब्रत एकी ॥
इंद्रीजित, अभिमान न जाकैं करै जगत कौं पावन ।
'भगवतरसिक' तासु की संगति तीनहुँ ताप नसावन ॥

साँचे श्रीराधारमन झूठौ सब संसार ।
बाजीगर कौ पेखनौ मिटत न लागै बार ॥
मिटत न लागै बार भूत की संपति जैसैं ।
मिहिरी, नाती, पूत धुर्वा कौ धौरर तैसैं ॥
'भगवत' ते नर अधम लोभबस घर-घर नाचें ।
झूठे गढ़ै सुनार मैन के गेरै साँचे ॥

चलनी मे गैया दुहै दोष दई को देहिं ।
हरि गुरु कह्यौ न मानहीं कियौ आपनौ लेहिं ॥
कियौ आपनौ लेहिं नहीं यह ईस्वर इच्छा ।
देस, काल, प्रारब्ध, देव कोउ करहिं न रच्छा ॥
मूरख मरकट मूठ कीर हठि तजै न नलनी ।
कह 'भगवत' कहा करै भाग भौंड़े कौ चलनी ॥

गेही संग्रह परिहरैं संग्रह करै बिरक्त ।
हरि गुरु द्रोही जानिये आग्या तैं बितिरिक्त ॥
आग्या तैं बितिरिक्त होय जमदूत हवाले ।
अष्टाबिंसति निरय अधोमुख करि तहँ घाले ॥
'भगवतरसिक' अनन्य भजौ तुम स्याम सनेही ।
संग दुहुन कौ तजौ बृत्ति बिनु बिरक्त गेही ॥

कुंजन तैं उठि प्रात गात जमुना मे धोवै ।
निधिबन करि दंडवत, बिहारी कौ मुख जोवै ॥
करै भावना बैठि स्वच्छ थल रहित उपाधा ।
घर-घर लेय प्रसाद, लौ जब भोजन साधा ॥
संग करैं 'भगवतरसिक', कर करवा, गूदरि गरैं ।
बृंदाबन बिहरत फिरैं, जुगलरूप नैनन भरैं ॥

पैसा पापी साधु कौं परसि लगावै पाप ।
बिमुख करै गुरु इष्ट तैं, उपजावै संताप ॥
उपजावै संताप ग्यान, बैराग्य बिगारै ।
काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह, मत्सर सुंगारै ॥
सब द्रोहिन में गिरै, भगत द्रोही नहिं ऐसा ।
'भगवतरसिक' अनन्य, भूलि जिन परसौ पैसा ॥

जाकौ जैसी लखि परी तैसी गावै सोय ।
बीथी भगवत मिलन की, निहचय एक न होय ॥
निहचय एक न होय, कहैं सब पृथक हमारी ।
स्रुती सुमृति भागौत, साखि गीतादिक भारी ॥
भूपति सबनि समान, लखै निज परजा ताकौ ।
जाको जैसौ भाव, सु भासै तैसी ताकौं ॥

बेषधारी हरि के उर सालैं ।
परमारथ स्वपनैं नहिं जानैं, पैसन ही कौ लालैं ॥
कबहुँक बकता ह्वै बनि बैठैं, कथा भागवत गावैं ।
अर्थ अनर्थ कछू नहिं भासै, पैसन ही कौं धावैं ॥
कबहुँक हरि मंदिर कौं सेवैं, करैं निरंतर बासा ।
भाव भगति कौ लेस न जानैं, पैसन ही की आसा ॥
नाचैं गावैं, चित्र बनावैं, करैं काव्य चटकीली ।
साँच बिना हरि हाथ न आवैं, सब रहनी है ढीली ॥
बिना बिबेक, बिराग, भगति बिनु, सत्य न एकौ मानौ ।
'भगवत' बिमुख कपट चतुराई, सो पाखंडै जानौ ॥

लखी जिन लाल की मुसक्यान ।
तिनहिं बिसरी बेदबिधि, जप, जोग, संजम, ध्यान ॥
नेम, ब्रत, आचार, पूजा, पाठ, गीता, ग्यान ।
रसिक भगवत दृग दई अति, ऐंचि कै मुख म्यान ॥

श्रीअनन्यअलीजी

जुगल भजन की हाट करि, ऐसी बिधि ब्यौहार ।
रसिकन सौं सौदा बनै, चरचा नित्यबिहार ॥
चित डाँडी पलरा नयन, प्रेम डोरि सौं बानि ।
हियौ तराजू लेहु कर, तोल रूप मन सानि ॥
टोटा कबहुँ न आय है, पूँजी बढ़ै अपार ।
लैहु दैहु सतसंग मिलि, गुन मुक्तनि सिंगार ॥

श्रीवंशीअलीजी

संतन की संगति पुनीत जहाँ निस दिन,
जमुना-जल न्हैहौं जस गैहौ दधि-दानी को।
जुगल बिहारी को सुजस त्रय तापहारी,
स्रवननि पान करौं रसिकन बानी को॥
'बंसीअली' संग रस रंग अब लहौं कोऊ,
मंगल को करन सरन राधा रानी को।
कुँवरि किसोरी! मेरे आस एक रावरी ही,
कृपा करि दीजै बास निज रजधानी को॥
ऐसौ उत्तम नर तन लह्यौ। भूल्यौ मंद बिषय रस गह्यौ॥
मोह रजनि सोवत तैं जागि। श्रीहरि-चरन-कमल अनुरागि॥
प्रभु-प्रापतिको चहै उपाय। तो सतसंग करौ मन लाय॥
भव निधि तरन नाव सतसंगा। ताही सौं हिय राचहु रंगा॥
तातैं संत समागम कीजै। निश्चय मानि लाभ यह लीजै॥

श्रीकिशोरीअलीजी

मेरौ मन स्यामा-स्याम हरयौ री।
मृदु मुसकाय गाय मुरली मैं चेटक चतुर करयौ री॥
वा छबि तें मन नेंक न निकसत निसि दिन रहत अरयौ री।
'अलीकिसोरी' रूप निहारत परबस प्रान परयौ री॥

श्रीबैजू बावरा

जहाँ लग लगन लालन सौं
तहाँ लग चित्त ललचाऊँ।
कौन मंत्र मोहन पढ़ डारौं,
अपने हरि बस कर पाऊँ॥
हा हा करौं हरि को कैसे देखौं,
साँवरी सूरत हृदय ल्याऊँ।
'बैजू बावरे' रावरी कृपा तें,
तन मन धन वार बलि बलि जाऊँ॥

श्रीतानसेनजी



सुमिरन हरि को करौं रे,
जासों होवै भव पार।
यही सीख जान मान कह्यौ है,
पुराण में भगवान आप करतार॥
दीनबंधु दयासिंधु पतितपावन
आनंदकंद तोसे कहत हौं पुकार।
'तानसेन' कहै निरमल सदा
लहिये नर देही नहीं बार बार॥

संत जंभनाथ (जाम्भोजी)

('बिश्नोई' सम्प्रदायके प्रवर्तक, राजस्थानके संत,आविर्भाव—वि० स० १५०८ भादों बदी ८, जन्म-स्थान—पीपासर गाव (नागोर, जोधपुर), जाति—पवॉर राजपूत, शरीरान्त—वि० सं० १५९३ मार्गशीर्ष कृ० ९, उम्र—८५ वर्ष, पिताका नाम—लोहटजी, माताका नाम—हॉसादेवी)

वही अपार सरूप तू, लहरी इंद्र धनेस।
मित्र बरुन और अरजमा, अदिती पुत्र दिनेस॥
तू सरवग्य अनादि अज, रवि सम करत प्रकास।
एक पाद में सकल जग, निसदिन करत निवास॥
इस अपार संसार में, किस बिध उतरूँ पार।
अनन्य भगत मैं आप का, निश्चल लेहु उबार॥

श्रीपीपाजी

(ये पंद्रहवीं शतीमें गागरौनगढ़के राजा थे, स्वामी श्रीरामानन्दजीके शिष्य, परम भागवत थे)

पौढ़ो स्वामी द्वारका रनछोर॥
द्वारका मैं झालर बाजै, संखन की घनघोर।
रुकमनी के रंगमहल में, दीपक लाख करोर॥
थे पौढ्याँ थारा सेवक पौढ़ै, पौढै पुरी का सारा लोग
दास पीपो सरन थारी, गावै छै दोनूँ कर जोर॥



भगवन्नामका प्रभाव



मंद करत सो करत भलाई

मन्द करत जो करइ भलाई

जगाई-मधाई-उद्धार

श्रीचैतन्यमहाप्रभुने नवद्वीपमें भगवन्नामके प्रचारका कार्य सौंपा था श्रीनित्यानन्दजी और हरिदासजीको। घर-घर जाकर प्रत्येक व्यक्तिसे हरिनामकी भिक्षा माँगनी थी उन्हें।

उन दिनों नवद्वीपमें दो उद्धत पुरुष थे। उनका नाम तो जगन्नाथ और माधव था; किंतु जगाई-मधाई नामसे ही वे प्रसिद्ध थे। उनके आतङ्कसे नगर काँपता रहता था। शराब-के नशेमें चूर वे कभी एक मुहल्लेमें अड्डा जमाते, कभी दूसरे मुहल्लेमें। जुआ, अनाचार, हत्या—अकारण किसीको निर्दयतापूर्वक पीटना, किसीको लूट लेना—उनके जीवनमें अत्याचार और पापको छोड़कर और कुछ था ही नहीं।

'जो सबसे अधिक गिरा है, वही सबसे अधिक दयाका पात्र है। वही सबसे पहले उठानेयोग्य है। भगवन्नाम-दान-का वही प्रथम पात्र है।' नित्यानन्दजीके विचारोंको अस्वीकार कोई कैसे करेगा। वे दयामय हरिदासजीके साथ उन मद्यप क्रूरोंको भगवन्नाम दान करने पधारे।

'हरि बोलो! एक बार हरि बोलो!' यही उनका संदेश था। मद्यके नशेमें चूर मधाई क्रुद्ध हो उठा। उसने नित्यानन्दजीपर आघात किया। मस्तक फट गया, रक्तकी धारा चल पड़ी। वह फिर मारता; किंतु उसके भाई जगाईने उसे रोक लिया।

'नित्यानन्दजीके मस्तकसे रक्त बह रहा है। जगाई-मधाईने मारा है उन्हें।' समाचार पहुँचा गौराङ्ग महाप्रभु-के समीप। महाप्रभु सुनते ही आवेशमें आ गये—'श्रीपाद नित्यानन्दपर आघात!' दौड़े महाप्रभु! भक्तमण्डली साथ गयी दौड़ती हुई।

'किसने मारा है श्रीपादको?' महाप्रभुके नेत्र अरुण हो रहे थे। वे हुंकार कर रहे थे—'चक्र! चक्र!' जैसे दुष्टोंको भस्म कर देनेके लिये चक्रका आह्वान कर रहे हों। जगाई-मधाई प्रभुका आवेश देखकर हतबुद्धि खड़े थे।

श्रीपाद नित्यानन्दने प्रभुके आगे हाथ जोड़कर कहा—'आप ही यदि पापियोंको दण्ड देंगे तो उन्हे पवित्र कौन करेगा? आप मुझे एक भिक्षा दीजिये! इन्हें क्षमा कर दीजिये! इन्हें अपनाइये! इनको अपनी शरणमें लीजिये!'

श्रीनित्यानन्दजीकी कृपाका फल था कि महाप्रभुने गङ्गाजल-में खड़े होकर जगाई-मधाईसे उनके पापोंका दान ग्रहण किया। वे महापातकी परम पवित्र भक्त बन गये।

× × ×

हरिदासजीकी कृपा

श्रीहरिदासजी जन्मसे यवन थे। महाप्रभुके प्रकट होनेसे पूर्व वे अद्वैताचार्यके सान्निध्यके लाभकी दृष्टिसे शान्तिपुरके समीप ही फुलियाग्राममें रहते थे। बंगालमें उन दिनों मुसल्मान शासकोंका प्रभुत्व था। आये दिन उनके अत्याचार होते ही रहते थे।

एक मुसल्मान काफिर हो जाय—हिंदुओंके भगवान्‌का नाम जपे, यह कट्टर काजियोंको सहन नहीं हो सकता था। गोराई नामक एक काजीने स्थानीय शासकके यहाँ हरिदासजी-की शिकायत की। हरिदासजी दरबारमें बुलाये गये। काजी-की सम्मतिसे शासकने निर्णय किया—'हरिदास या तो कुफ्र छोड़ दें या बाईस बाजारोंमें बेंत मारते हुए उन्हें घुमाया जाय। बेंत मारते-मारते उनके प्राण लिये जायँ।'

हरिदासजी बाँध दिये गये। उनकी पीठपर सड़ासड़ बेंत पड़ने लगे। जल्लाद बेंत मारते हुए उन्हे बाजारोंमें घुमा रहे थे। हरिदासजीकी पीठकी चमड़ी स्थान-स्थानसे फट गयी। छर्र-छर्र रक्त बहने लगा। जल्लाद बेंत मारता और कहता—'हरिनाम छोड़ दे।'

हरिदासजी कहते—'एक बेंत और मारो, पर एक बार और हरिनाम तो लो।'

बेंतोंकी मारसे जब वे मूर्छित हो गये, उन्हें मृत समझकर गङ्गाजीमें फिंकवा दिया वहाँके शासकने। एक काफिर बने मुसल्मानको कब्रमें गाड़नेका सम्मान वह नहीं देना चाहता था।

हरिदासजी मरे तो थे नहीं। वे भगवती भागीरथीकी कृपासे किनारे लगे। चेतना आनेपर भगवान्‌से उन्होंने पहिली प्रार्थना की—'काजी, शासक और बेंत मारनेवालोंको क्षमा करना नाथ! बेचारे अज्ञानी प्राणी हैं वे।'

संत श्रीझामदासजी

(२०० वर्ष पूर्व, अकोढ़ी (मिर्जापुर जिला) के निवासी)

कलि मल हरन सरीर अति, नहिं लखि अपर उपाइ ।
एह रघुपति गुन सिंधु मरु, मजत उजलताइ ॥
अधम उधारन राम के, गुन गावत श्रुति साधु ।
'झामदास' तजि त्रास तेहि, उर अंतर अवराधु ॥
एहि कलि पारावार महँ, परौ न पावत पार ।
'झाम' राम गुन गान तैं, बिनु प्रयास निस्तार ॥
कलि कानन अघ ओघ अति, बिकट कुमृगन्ह समानु ।
हरि जस अनल लहै इतै, ग्यान बिराग कृपानु ॥
'झाम' राम सुमिरन बिना, देह न आवै काम ।
इतै उतै सुख कतहुँ नहिं, जथा कृपिन कर दाम ॥
राम भजन तैं काम सब, उभय लोक आनंद ।
तातै भजु मन ! मूढ़ अब, छोड़ि सकल जग फंद ॥

अवधवासी संत श्रीरामदासजी

दुर्लभ जन्म पुन्यफल पायौ बृथा जात अबिबेकै ।
राज इंद्र सम सुर गृह आसन, बिन हरि भगति कहौ किहिं लेखै ॥
राजा राम कौ रस न बिचारयौ, जिहिं रस अनरस बीसर जाहीं ।
जान अजान भये हम बावर, सोच असोच दिवस सब जाही ॥
कहियत आन अचरियत अन कछु, समझ न परै अपर माया ।
कह 'रामदास' उदास दास मति, परिहर कोप करो जिय दाया ॥

रे मन ! क्यौं न भजौ रघुबीर ।
जाहि भजत ब्रह्मादिक सुर नर, ध्यान धरत मुनि धीर ॥
स्याम बरन मृदु गात मनोहर, भंजन जन की पीर ।
लछिमन सहित सखा सँग लीन्हें, बिचरत सरजू तीर ॥
ठुमक ठुमक पग धरत धरनि पर, चंचल चित हो बीर ।
मंद मंद मुसकात सखन सौं, बोलत बचन गँभीर ॥
पीत बसन दामिनि दुति निंदत, कर कमलन धनु तीर ।
'रामदास' रघुनाथ भजन बिन, धृग-धृग जन्म सरीर ॥

श्रीसाकेतनिवासाचार्यजी (श्रीटीलाजी)



'टीला' रघुवर चरण रज,
सकल सुखन कौ हेतु ।
धूमकेतु अघ पुंज कौ,
भवसागर कौ सेतु ॥
बाघ वृद्धपन आदि दव,
व्याधि प्राणहर व्याध ।
'टीला' जीवन बन गहन,
राम चरण आराध ॥
शरणागत चातक सदृश, निशि दिन टेरत नाम ।
जिमि कपोत तिमि सर्व तजि, 'टीला' रक्षत राम ॥
राम नाम सुखधाम मनु करि श्रद्धा विश्वास ।
'टीला' का विश्वास पुनि, आवै निकरौ श्वास ॥

श्रीरसरङ्गमणिजी

अयोध्याधामके एक प्राचीन संत

(प्रेषक—श्रीअच्चू धर्मनाथसहायजी)

विष्णु सुअंतर राम के, विष्णु के अंतर राम ।
बहिरंतर रस राम के, व्यापक राम सुनाम ॥
रोमहि रोम रमे सियराम निधी रस राम स्वदेह में देखौ ।
नाम सप्रेम जपौ मुखसों, सुखसों मन तासु स्वरूप बिसेषौ ॥
कानन से बहिरो होइ बाहर, अंतर नाम सुनाद परेखौ ॥

मनहूँ के परे परा बानी के पुरुष प्रभु,
पावन पतित हित बैखरी बसेरे हैं ।
अगुन अरूप गुन भूप दुरगुन हर,
हर के जीवन जीव ज्याय घट घेरे हैं ॥

सब्द में, सुरति में, स्वास में, सु लोचन में,
श्रवण समाने स्याम रस राम मेरे हैं ।
सीताराम वपु अवपु अनाम धाम,
अजपु सुजपु सीताराम मंत्र मेरे हैं ॥
इष्ट मेरे नाम, संत सिष्ट मेरे राम,
ओ अनिष्टहर राम, दानी मिष्ट निज काम हैं ।
नैन मेरे राम, सुख चैन मेरे राम,
लैन दैन मेरे राम, बोल बैन चैन धाम हैं ॥

मर्म मेरे राम शुभ कर्म मेरे राम,
पर धर्म मेरे राम रसरङ्गमणि दाम हैं।
वेद मेरे राम तत्व भेद मेरे राम,
औ अभेद सीताराम सरबस राम नाम हैं॥

जप तप तीरथ सुलभ हैं, सुलभ जोग बैराग।
दुर्लभ भक्ति अनन्यता, राम नाम अनुराग॥
राम रूप रत धाम रहि, लीला राम अनन्य।
राम नाम मुख मंत्र जप, कर रसरंग सो धन्य॥
चाहत नहि रसरंगमणि, चन्द्रमुखी सुत वित्त।
चाह यही प्रभु दीजिये, चाह न उपजै चित्त॥
भजन बिगारी कामिनी, सभा बिगारी कूर।
भक्ति बिगारी लालची, केसर मिल गई धूर॥

राम सुनाम बिना, रसरंगमनी मुख जानी लजौं मैं लजौं रे।
चातक ज्यौं घन रंक भजै धन, त्यौं प्रभु राम भजौं मैं भजौं रे॥
काक कुसंगति छोड़ि सुसंगति हंस सुवेष सजौ मैं सजौं रे।
जानकि जीवन राम को नाम कभू न तजौं न तजौं न तजौं रे॥

नाम नाद भजि वाद तजि, चखि सप्रेम रसस्वाद।
धन्य धन्य रसरंगमणि, राम भक्त प्रह्लाद॥

जय प्रेमा अनुरक्तिप्रदा प्रद परा सुभक्ती।
जय परमात्मा ब्रह्म जयति परतमा सुशक्ती॥
जय नित्या, जय सत्य, जयति आनन्द प्रमोदा।
जय चिद्रूपा चित्स्वरूप दम्पती विनोदा॥
जय जय जय श्रीरामप्रिया, श्रीसीताप्रिय जय।
जय श्रीजानकिकान्त, रामकान्ता करुणामय॥
नमो नमो श्रीराम, नौमि सिय पद अरविन्दा।
मुनि जन मन रसरंग भृंग सेवित सानन्दा॥

भिलनी के फल खाय भल, माने मातु समान।
त्रिभुवन में 'रसरंगमणि', अस को कृपानिधान॥
हाय होंयगे कब हिये, नयन नेह रससिंधु।
देखेंगे 'रसरंगमणि', दस दिशि रघुवर बंधु॥
राम आश तजि आन की, आश करै 'रसरंग'।
मन कुरंग रवि किरण जल, पियन चहत तजि गंग॥
भवसागर मे दुइ भँवर, कनक कामिनी संग।
बोरत मन बोहित गहौ, राम चरण 'रसरंग'॥

श्रीरामप्रियाजी

तू न तजत, सब तोहि तजैंगे।
जा हित जग जंजाल उठावत तो कहँ छाँड़ि भजैंगे॥
जा कहँ करत पियार प्रान सम जो तोहि प्रान कहैंगे।
सोऊ तो कहँ मरयौ जानि कै देखत देह डरैंगे॥
देह गेह अरु नेह नाह तैं नातो नहिं निबहैंगे।
जा बस है निज जनम गँवावत कोउ न संग रहैंगे॥
कोऊ सुख जम दुख बिहीन नहिं, नहिं कोउ संग करैंगे।
'रामप्रिया' बिनु रामलला के भव भय कोउ न हरैंगे॥

श्रीकाष्ठजिह्वा स्वामीजी

(काशीनिवासी। संस्कृतके प्रकाण्ड विद्वान्।)

चीखि चीखि चसकन से राम-सुधा पीजिये।
रामचरित-सागर में रोम-रोम भीजिये॥
राग द्वेस जग बढ़ाइ काहे को छीजिये।
पर दुक्खन देखत ही आप सों पसीजिये॥
तोरि तारि खैंचि खाँचि स्तुति को नहिं गीजिये।
जामें रस बनो रहे वही अर्थ कीजिये॥
बहुत काल संतन के दोऊ चरन मीजिये।
देव दृष्टि पाथ बिमल जुग-जुग लौं लीजिये॥

समझ बूझ जिय में बंदे, क्या करना है क्या करता है।
गुनका मालिक आपै बनता, अरु दोष राम पर धरता है॥
अपना धरम छोड़ि औरों के, ओछे धरम पकरता है।
अजब नसे की गफलत आई, साहिब को नहिं डरता है॥
जिनके खातिर जान माल से, बहि-बहि के तू मरता है।
वे क्या तेरे काम पड़ैंगे, उनका लहना भरता है॥
देव धरम चाहे सो कर ले, आवागमन न टरता है।
प्यारे केवल राम नाम के, तेरा मतलब सरता है॥

श्रीअजबदासजी

(झूलना)

मूरि को गँवाइ कै जायगा यार ! तू,
राम के भजन बिनु मानु साँची।
मोर ही मोर अरु तोर ही तोर कर,
भरम के फंद में मरत नाची॥
काल के गाल बिचु जानु संसार को,
मूढ़ ! जग जनम के कौन बाँची।
'अजबदास' जानकीनाथ के नेह बिनु,
ज्ञान अरु बुद्धि सब जानु काची॥

हारि तू आपनी मानता है नहीं,
और के बात की काह चाला।
नाम सौं चित्त तो लागता है नहीं,
लोग देखावता फेरि माला॥
मान गुमान अज्ञान भूलान का,
जगत मैं दीन रहु छोड़ि गाला।
'अजबदास' अंत मैं नाम ही ढाल है,
काल जो मारिया आनि भाला॥

स्वामी श्रीरामचरणदासजी

जो मन राम सुधा रस पावै।
तौ कत सकल विषय मृगजल लखि, तृषित वृथा उठि धावै॥
अभय करौ सब विधि, श्रीमुख कहि, सकृत शरण कोइ आवै।
तौ कत विषय विवस सुर नर मुनि, तिन कहँ वादि मनावै॥
श्रीरघुवीर-भक्ति चिन्तामणि, संसृति बेगि मिटावै।
तेहि तजि ज्ञान योग तप साधै, श्रम फल सब श्रुति गावै॥
अमित मदन छवि रामरूप रुचि, हृदय नयन लखि आवै।
तौ कत त्रिभुवन रूप जहाँ लौं, लखि शठ जन्म नसावै॥
जो श्रीराम-कृपा-प्रताप-गुण, श्रीगुरु शरण लखावै।
तौ कत डरै लोक यम कालहि, सकल राम दरसावै॥

यह सियवर नवरत्न मनोहर, द्वादश रसहि जनावै।
'श्रीरामचरण' नित सुनत-पढ़त जो, सो रघुवर मन भावै॥

कबहुँक यह गुन मन धरिहै॥
काम धाम धन देह सनेही, तहँ न नेह करिहै।
जहँ लगि विषय-विलास राम बिनु, विष सम लखि डरिहै॥
मान-पमान मित्र-अरि सुख-दुख, सम करि आचरिहै।
कूर वचन सुनि विषम अग्नि सम, जल ह्वै नहिं जरिहै॥
सर्वभूत हरिरूप कहत श्रुति, कबहुँ देखि परिहै।
सम संतोष ज्ञान भाजन करि, राम चरित भरिहै॥
परहित दया भक्ति रघुवर की, सकल काम टरिहै।
'रामचरण' श्रीराम कृपा ते, भवसागर तरिहै॥

आचार्य श्रीगुरुदत्तदासजी

सत्यनामी महंत

(जन्म सं० १८७७, साकेतवास सं० १९५८। स्थान—पुरवा देवीदास, जिला बाराबंकी।)

यहि जग राम रूप सब जानहु॥
एकै राम रमेव सबहि माँ अवर न दूसर मानहु।
दीन अधीन रहौ सबही तें हरिजस सदा बखानहु॥
सुमिरत रहौ नाम दुइ अच्छर अनत डोरि नहिं तानहु।
जन 'गुरुदत्त' जगै अनुभौ उर जो प्रतीत मन आनहु॥

काम क्रोध उपजै नहीं, लोभ मोह अभिमान।
यहि पाँचन तें बचि गये, ते ठहरैं चौगान॥

दस अपराध बचाय कै, भजै राम का नाम।
'गुरुदत्त' साँची कहै, पावै सुख विश्राम॥
राम-नाम गुप्तै रहै, प्रगट न देय जनाय।
'गुरुदत्त' तेहि भक्त की, बार बार बलि जाय॥
भजै न सीताराम को, करै न पर उपकार।
'गुरुदत्त' तेहि मनुस तें, सदा रहौ हुसियार॥

रामभक्त संत शाह जलालुद्दीन वसाली

(एक झाँकीके वर्णनका पद्यानुवाद)

गयउँ काल्ह मैं सरजू तीर। देखेउँ सुग्वद एक मतिधीर॥
चतुर मनोहर वीर निशंक। शशिमुख कोमल सारंग अंक॥
सुघर उठानि सुवासित गाता। वय किशोर गति-गज सुग्वदाता॥
चितवन चोख भ्रकुटि बर बाँके। नयन भरित मद मधुरस छाके॥
कबहूँ छबियुत भाव जनावै। कबहुँ कटाच्छ कला दरसावै॥
प्रेमिन कहँ अस परै लखाई। मुख छबि वैदिक धर्म सुहाई॥
मेचक कच कुंचित घुँघुरारे। जनु इसलाम धर्म द्युति धारे॥
मम दिसि लखि भ्रू-बंक सँभारेउ। छवि प्रसाद जनु देन हँकारेउ॥
चकित थकित चित भयउ अचेता।
सुध-बुध बिसरी धर्मक खेता॥
नहिं जानौं तिहि छिन मोहि जोही।
को संदेश जनायउ मोही॥
प्रियतम प्रभु तजि आन जनि देखिय हिय की चखनि।
जो देखिय मतिमान ! तासु प्रकासहि जानिये॥

शिवभक्ता लल्लेश्वरीजी

(जन्म सन् १३४३ या १३४७, स्थान काश्मीर)

'लोग मुझे गाली दें या दुःखदायी वचन कहें; जो जिसको अच्छा लगे सो कहे, करे; कोई फूलोंसे मेरी पूजा करे तो किया करे, मैं विमल न दुःख मानूँ, न सुख। कोई मुझे हजार गाली दे—यदि मैं शंकरजीकी भक्ता हूँ तो मेरे मनमें खेद न होगा। दर्पणपर श्वासका मल लगनेसे भला, उसका क्या बिगड़ेगा।'

'मन गदहा है, उसको सदा वशमे रखना चाहिये; नहीं तो, वह पड़ोसीकी केसरकी क्यारी ही चौपट कर देगा।'

'सर्वव्यापीकी खोज हो ही किस तरह सकती है। वह सर्वत्र है। शिवने कुञ्ज-कुञ्जमे जाल फैलाकर जीवोंको उलझा रक्खा है, वह तो आत्मामें ही है। उसकी खोज बाहर नहीं—भीतर हो सकती है। शिव ही मातारूपमें दूध पिलाता है, भार्यारूप धारणकर विलासकी अनुभूति कराता है, मायारूपसे जीवको मोहित करता है। इस महामायावी शिवका ज्ञान सद्गुरु ही करा सकते हैं।'

भक्त नरसी मेहता

(गुजरातके महान् कृष्णभक्त, जन्म वि० सं० १७४० के लगभग काठियावाड़ प्रान्तके जूनागढ़ शहरमें, जाति—बड़नागरा, कुल—नागरब्राह्मण, पिताका नाम कृष्णदामोदर, माताका नाम लक्ष्मीगौरी। आपके शरीरान्त-समयकी निश्चित तिथिका पता नहीं चलता।)

वैष्णव जन तो तेने कहिये, जे पीड पराई जाणे रे।
परदुःखे उपकार करे तोये, मन अभिमान न आणे रे॥
सकळ लोक माँ सहुने वंदे, निंदा न करे केनी रे।
वाच काछ मन निश्चळ राखे, धन-धन जननी तेनी रे॥
समदृष्टि ने तृष्णा-त्यागी, परस्त्री जेने मात रे।
जिह्वा थकी असत्य न बोले, परधन नव झाले हाथ रे॥
मोह माया व्यापे नहिं जेने, दृढ़ वैराग्य जेना मनमाँ रे।
रामनाम सुं ताळी लागी, सकळ तीरथ तेना तनमाँरे॥
वणलोभी ने कपट रहित छे, काम क्रोध निवार्या रे।
भणे नरसैंयो तेनुं दरसन करताँ, कुळ एकोतेर तार्या रे॥
भूतळ भक्ति पदारथ मोटुं, ब्रह्मलोकमाँ नाहीं रे।
पुण्य करी अमरापुरि पाम्या, अन्ते चौरासी माहीं रे॥
हरिना जन तो मुक्ति न माँगे, माँगे जनमोजनम अवतार रे।
नित सेवा नित कीर्तन ओच्छव, निरखवा नंदकुमार रे॥
भरतखंड भूतळमाँ जनमी, जेणे गोविंदना गुण गाया रे।
धन-धन रे एनाँ मातपिता ने, सफल करी एणे काया रे॥
धन बृंदावन धन ए लीला, धन ए व्रजनाँ वासी रे।
अष्ट महासिद्धि आँगणिये रे ऊभी, मुक्ति छे एमनी दासी रे॥
ए रसनो स्वाद शंकर जाणे, के जाणे शुक जोगी रे।
कैई एक जाणे व्रजनी रे गोपी, भणे नरसैंयो भोगी रे॥

नारायणनुं नामज लेताँ, वारे तेने तजिये रे ।
मनसा वाचा कर्मणा करीने, लक्ष्मीवरने भजिये रे ॥
कुळने तजिये कुटुंबने तजिये, तजिये मा ने बाप रे ।
भगिनी सुत दाराने तजिये, जेम तजे कंचुकी साँप रे ॥
प्रथम पिता प्रह्लाद तजियो, नव तजियुं हरिनुं नाम रे ।
भरत शत्रुघ्ने तजी जनेता, नव तजिया श्रीराम रे ॥
ऋषिपत्नी ये श्रीहरि काजे, तजिया निज भरथार रे ।
तेमाँ तेनुं कंइये न गयुं, पामी पदारथ चार रे ॥
व्रज वनिता विह्वलने काजे, सर्व तजीने चाली रे ।
भणे नरसैंयो वृंदावनमाँ, मोहन साथे माली रे ॥

अखिल ब्रह्मांडमाँ एक तुं श्रीहरि, जूजवे रूपे अनंत भासे ।
देहमाँ देव तुं तेजमाँ तत्त्व तुं, शून्यमाँ शब्द थइ वेद वासे ॥
पवन तुं, पाणी तुं, भूमि तुं भूधरा, वृक्ष थइ फूली रह्यो आकाशे ।
विविध रचना करी अनेक रस लावीने,
शिव थकी जीव थयो एज आशे ॥
वेद तो एम वदे श्रुति-स्मृति साख दे,
कनक कुण्डल विषे भेद न्होये ।
घाट घडया पछी नामरूप जूजवाँ, अंते तो हेमनुं हेम होये ॥
वृक्षमाँ बीज तुं बीजमाँ वृक्ष तुं, जोऊँ पटंतरो ए ज पासे ।
भणे नरसैंयो ए मन तणी शोधना,
प्रीत करुं प्रेमथी प्रगट थाशे ॥

ध्यान धर हरितणुं अल्पमति आळसु,
जे थकी जन्मनाँ दुःख जाये ।
अवर धंधो कर्ये अरथ काईं नव सरे,
माया देखाडीने मृत्यु व्हाये ॥
सकळ कल्याण श्रीकृष्णना चरणमाँ,
शरण आवे सुख पार न्होये ।
अवर वेपार तुं मेल मिथ्या करी,
कृष्णनुं नाम तुं राख म्होंये ॥
पटक माया परी अटक चरणे हरी,
वटकमाँ वात सुणतां ज साची ।
आशनुं भवन आकाश सूधी रच्युं,
मूढ ! ये मूळथी भींत काची ॥
सरस गुण हरितणा जे जनो अनुसर्या,
ते तणा सुजश तो जगत बोले ।
नरसैंया रंकने प्रीत प्रभु शुं घणी,
अवर वेपार नहि भजन तोले ॥

संसारनो भय निकट न आवे,
श्रीकृष्ण गोविंद गोपाळ गाताँ ।
उगर्यो परीक्षित श्रवणे सुणतां,
ताल वेणा विष्णुना गुण गाताँ ॥ टेक ॥
बालक ध्रुव दृढ़ भक्त जाणी,
अविचळ पदवी आपी ।
असुर प्रह्लादने उगारी लीधो,
जनम जनमनी जडता कापी ॥
देवना देव तुं कृष्ण आदि देवा,
तारुँ नाम लेताँ अभेपद दाता ।
ते तारा नामने नरसैंयो नित्य जपे,
सारकर सारकर विश्वख्याता ॥

समर ने श्रीहरि, मेळ ममता परी,
जोने विचारी ने मूळ तारूँ ।
तुं अल्या कोण ने कोने वळगी रह्यो,
वगर समझे कहे मारूँ मारूँ ॥ टेक ॥
देह तारी नथी, जो तुं जुगते करी,
राखताँ नव रहे निश्चे जाये ।
देह संबंध तज्ये, नवनवा बहु थशे,
पुत्र कलत्र परिवार व्हाये ॥
धन तणुं ध्यान तुं, अहोनिश आदरे,
ए ज तारे अंतराय मोटी ।
पासे छे पियु अल्या, तेने नव परखियो,
हाथ थी बाजी गई थयो रे खोटी ॥
भरनिद्रा भर्यो रूँधी घेर्यो घणो,
संतना शब्द सुणी काँ न जागे !
न जागताँ नरसैंया लाज छे अति घणी,
जनमो जनम तारी खाँत भागे ॥

बारी जाऊँ रे सुंदर स्याम, तारा लटकाने ॥ टेक ॥
लटके रघुवर रूप धरीने वचन पिताना पाळ्या रे ।
लटके जइ रणे रावण रोळ्यो, लटके सीता वाळ्या रे ॥तारा०॥
लटके गिरि गोवर्धन तोल्यो, लटके वायो वंश रे ।
लटके जइ दावानल पीधो, लटके मार्यो कंस रे ॥तारा०॥
लटके गौओ गोकुळमाँ चारी, लटके पलवट वाली रे ।
लटके जइ जमुनामां पेठा, लटके नाथ्यो काळी रे ॥तारा०॥
लटके वामन रूप धरीने, जाज्या बलीने द्वार रे ।
वण डगलाँ पृथ्वीने काजे, बलि चाँप्यो पाताळ रे ॥तारा०॥

एवाँ एवाँ लटका छे घणाँ रे, लटकाँ लाख करोड़ रे ।
नरसैयांना स्वामी संगे रमताँ, हीडुं मोडामोड रे ॥तारा०॥

वैष्णवजनने विरोध न कोइसुं,
जेना कृष्णचरणे चित्त रह्या रे ।
कावा दावा सर्वे काढ्या,
शत्रु हता ते मित्र थया रे ॥ टेक ॥
कृष्ण उपासी ने जगथी उदासी,
फाँसी ते जमनी कापी रे ।
स्थावर जंगम ठाम न ठालो,
सघळे देखे कृष्ण व्यापी रे ॥ वैष्णव० ॥
काम के क्रोध व्यापे नहि क्यारे,
त्रिविध ताप जेना टळिया रे ।
ते वैष्णवना दर्शन करिये,
जेना ज्ञाने ते वासनिक गळिया रे ॥ वैष्णव० ॥
निस्पृही ने निर्मळ मति वळी,
कनक कामिनिना त्यागी रे ।
श्रीमुखवचनो श्रवणे सुणताँ,
ते वैष्णव बड़भागी रे ॥ वैष्णव० ॥
एवा मळे तो भवदुःख टळे,
जेनाँ सुधा समान वचन रे ।
नरसैंयाना स्वामीने निशदिन व्हाला,
एवा ते वैष्णवजन रे ॥ वैष्णव० ॥

संतो हमे रे वेवारिया श्रीरामनामना ।
वेपारी आवे छे बधा गाम गामना ॥ टेक ॥
हमारुं वसाणुं साधु सऊको ने भावे ।
अढारे वरण जेने हो रवाने आवे ॥ संतो० ॥
हमारुं वसाणुं काळ दुकाळे न खूँटे ।
जेने राजा न दंडे, जेने चोर ना लूँटे ॥ संतो० ॥
लाख विनाना लेखा नहिं, ने पार विनानी पूंजी ।
होरवुं होय तो होरी लेजो, कस्तूरी छे सोघी ॥ संतो० ॥
राम-नाम धन हमारे, बाजे ने गाजे ।
छप्पन ऊपर भेर भेरि, भूँगल बाजे ॥ संतो० ॥
आवरो ने खातावहींमां, लक्ष्मीवरनुं नाम ।
चीठीमाँ चतुरभुज लखिया, नरसैंयानुं काम ॥ संतो० ॥

वैष्णवजनने विषयथी टळवुं,
हळवुं माँहीथी मन रे ।
इंद्रिय कोइ अपवाद करे नहीं,
तेने कहिये वैष्णवजन रे ॥ टेक ॥
कृष्ण-कृष्ण कहेताँ कण्ठज सूके,
तो ये न मूके निजनाम रे ।
श्वासोश्वासे समरे श्रीहरि,
मन न व्यापे काम रे ॥ वैष्णव० ॥
अंतर-वृत्ति अखंड राखे हरिसुं,
धरे कृष्णनुं ध्यान रे ।
व्रजवासीनी लीला उपासे,
बीजुं सुणे नहिं कान रे ॥ वैष्णव० ॥
जगसुं तोड़े ने जोड़े प्रभुसुं,
जगसुं जोडे प्रभुसुं त्रुटी रे ।
तेने कोई वैष्णव नव कहेशो,
जमड़ा लई जाशे कुटी रे ॥ वैष्णव० ॥
कृष्ण विना काँई अन्य न देखे,
जेनी वृत्ति छे कृष्णाकार रे ।
वैष्णव काहावे ने विषय न जावे, तेने
बार बार धिक्कार रे ॥ वैष्णव० ॥
वैष्णवने तो वल्लभ लागशे,
कुडियाने लागशे काचुं रे ।
नरसैंयाँना स्वामीने लम्पट नहिं
गमे, शोभशे साचुं रे ॥ वैष्णव० ॥

कृष्ण कहो कृष्ण कहो, आ अवसर छे के'वानुं ।
पाणीतो सर्वे बरसी जाशे, राम-नाम छे रे'वानुं ॥ टेक ॥
रावण सरखा झट चाल्या, अंतकाळनी ऑटीमाँ ।
पलकवारमाँ पकड़ी लीधा, जाणो जमनी घाँटीमाँ ॥कृष्ण०॥
लखेसरी लाखो ज लुटाया, काळे ते नाख्या कूटीने ।
क्रोडपतीनुं जोर न चाल्युं, ते नर गया उठीने ॥कृष्ण०॥
ए कहेवानुं सौने कहिये, निशदिन ताळी लागी रे ।
कहे नरसैंयो भजताँ प्रभुने, भवनी भावट भागी रे ॥कृष्ण०॥

हरि हरि रटण कर, कठण कळिकाळमाँ,
दाम बेसे नही काम सरसे ।
भक्त आधीन छे श्यामसुन्दर सदा,
ते तारां कारज सिद्ध करशे ॥ टेक ॥
अल्प सुख सारुं शुं, मूढ फूल्यो फरे,
शीशपर काळ रह्यो दंत करडे ।
पामर पलकनी, खबर तुजने नहीं,
मूढ शुं जोइ ने मूँछ मरडे ॥हरि०॥

प्रौढ़ पापे करी, बुद्धि पाछी करी,
परहरी थड शुं डाळे वळग्यो ।
ईशने ईर्षा छे नहीं जीवपर,
आपणे अवगुणे रह्यो रे अळगो ॥ हरि० ॥

परपंच परहरो, सार हृदिये धरो,
उचरो हरि मुखे अचळ वाणी ।
नरसैया हरितणी भक्ति भूलीश माँ,
भक्ति विना बीजुं धूळधाणी ॥ हरि० ॥

संत प्रीतमजी

हरिनो मारग छे शूरानो, नहिं कायरनुं काम जोने ।
परथम पहेलुं मस्तक मूकी, वळती लेवुं नाम जोने ॥ ध्रु०
सुत वित दारा शीश समरपे, ते पामे रस पीवा जोने ।
सिधु मध्ये मोती लेवा मॉहीं पड़्या मरजीवा जोने ॥
मरण ऑगमे ते भरे मूठी, दिलनी दुग्धा वामे जोने ।
तीरे उभा जुए तमाशो, ते कोडी नव पामे जोने ॥

प्रेमपंथ पावकनी ज्वाळा, भाळी पाछा भागे जोने ।
मांही पड्या ते महासुख माणे, देखनारा दाझे जोने ॥
माथा साटे मोंघी वस्तु, सॉपडवी नहि स्हेल जोने ।
महापद पाम्या ते मरजीवा, मूकी मननो मेल जोने ॥
राम अमलमॉ राता माता पूरा प्रेमी परखे जोने ।
प्रीतमना स्वामीनी लीला ते रजनीदंन नरखे जोने ॥

प्रेमदिवानी मीराँ

(जन्म—वि० सं० १५५८–५९ के लगभग । जन्मस्थान मारवाड़का कुड़की नामक गॉव । पिताका नाम–श्रीरतनसिंहजी राठौर । देहावसान–अनुमानतः वि० सं० १६३० ।)

प्रार्थना



अब तो निभायॉ सरैगी,
बॉह गहे की लाज ।
समरथ सरण तुम्हारी सइयॉ,
सरब सुधारण काज ॥
भवसागर संसार अपरबळ,
जा में तुम हौ ज्याज ।
निरधारॉ आधार जगत गुरु, तुम बिन होय अकाज ॥
जुग जुग भीर हरी भगतन की, दीनी मोक्ष समाज ।
मीरा सरण गही चरणन की, लाज रखो महाराज ॥

मने चाकर राखो जी लाल मने, चाकर राखो जी ॥
चाकर रहसूँ बाग लगासूँ, नित उठ दरसण पासूँ ।
बिंद्राबन की कुंजगलिन मे तेरी लीला गासूँ ॥
चाकरी में दरसण पाऊँ, सुमिरण पाऊँ खरची ।
भाव भगति जागीरी पाऊँ, तीनूँ बातॉ सरसी ॥
मोर मुगट पीतांबर सोहै, गळ बैजंती माला ।
बिंद्राबन में धेनु चरावै, मोहन मुरलीवाला ॥
हरे हरे नित बन बनाऊँ, बिच बिच राखूँ क्यारी ।
सॉवरिया के दरसन पाऊँ, पहर कसूँमी सारी ॥
जोगी आया जोग करण कूँ, तप करणे संन्यासी ।
हरी भजन कूँ साधू आया, बिंद्राबन के बासी ॥
मीरॉ के प्रभु गहिर गॅभीरा, सदा रहो जी धीरा ।
आधी रात प्रभु दरसन दैहैं, प्रेम नदी के तीरा ॥

हरि ! तुम हरौ जन की भीर ।
द्रोपदी की लाज राखी तुम बढ़ायो चीर ॥
भगत कारण रूप नरहरि धर्यो आप सरीर ।
हिरण्याकुश मारि लीन्हो धरयो नॉहिन धीर ॥
बूडतो गजराज राख्यो कियो बाहर नीर ।
दासि मीराँ लाल गिरधर चरण कँवळ पर सीर ॥

तुम सुणौ दयाळ म्हारी अरजी ॥
भवसागर में बही जात हूँ काढो तो थाँरी मरजी ।
इय संसार सगो नहिं कोई साँचा सगा रघुबरजी ॥
मात पिता और कुटुम कबीलो सब मतलब के गरजी ।
मीरॉ की प्रभु अरजी सुण लो चरण लगावो थाँरी मरजी ॥

सिखावन

राम नाम रस पीजे मनुआँ, राम नाम रस पीजै ।
तज कुसंग सतसंग बैठ नित, हरि चरचा सुनि लीजै ॥
काम क्रोध मद लोभ मोह कूँ, बहा चित्त से दीजै ।
मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, ताहि के रँग में भीजै ॥

रमइया बिन यो जिवड़ो दुख पावै ।
कहो कुण धीर बँधावै ॥
यौ संसार कुबुधि को भाँडो साध सँगति नहिं भावै ।
राम नाम की निंद्या ठाणै करम ही करम कुमावै ॥
राम नाम बिन मुकुति न पावै फिर चौरासी जावै ।
साध सँगत में कबहूँ न जावै मूरख जनम गुमावै ।
जन मीराँ सतगुर के सरणैं जीव परम पद पावै ॥

नहि ऐसो जनम बारंबार ।
का जानूँ कछु पुन्य प्रगटे मानुसा अवतार ॥
बढ़त छिन छिन घटत पल पल जात न लागे बार ।
बिरछ के ज्यो पात टूटे बहुरि न लगे डार ॥
भौसागर अति जोर कहिये अणँत ऊँडी धार ।
राम नाम का बाँध बेड़ा उतर परले पार ॥
ग्यान चोसर मँडा चोहटे सुरत पासा सार ।
या दुनिया में रची बाजी जीत आवे हार ॥
साधु संत महंत ग्यानी चलत करत पुकार ।
दासि मीराँ लाल गिरधर जीवणा दिन च्यार ॥

या बिधि भक्ति कैसे होय ।
मन की मैल हिये से न छूटी, दियो तिलक सिर धोय ॥
काम कूकर लोभ डोरी, बाँधि मोहिं चंडाल ।
क्रोध कसाई रहत घट मे कैसे मिलैं गोपाल ॥
बिलार बिषया लालची रे, ताहि भोजन देत ।
दीन हीन है क्षुधा तरसै, राम नाम न लेत ॥
आपहि आप पुजाय कै रे, फूले अँग न समात ।
अभिमान टीला किये बहु, कहु जल कहाँ ठहरात ॥
जो तेरे हिय अंतर की जाणे, तासो कपट न बनै ।
हिरदे हरि को नाँव न आवे, मुख ते मणियाँ गणै ॥
हरि हितू सूँ हेत कर, संसार आसा त्याग ।
दासि मीराँ लाल गिरधर, सहज कर बैराग ॥

प्रेमालाप

बसो मेरे नैनन में नँदलाल ॥
मोहनि मूरत साँवरि सूरति नैना बने बिसाल ।
अधर सुधारस मुरली राजत उर बैजंती माल ॥
छुद्रघंटिका कटि तट सोभित नूपुर शब्द रसाल ।
मीरा प्रभु संतन सुखदाई भगत बछल गोपाल ॥

मै गिरधर रँग राती, सैयाँ मैं० ॥
पचरँग चोला पहर सखी मैं झिरमिट खेलन जाती ।
ओहि झिरमिट माँ मिल्यो साँवरो खोल मिली तन गाती ॥
जिनका पिया परदेस बसत है लिख लिख भेजैं पाती ।
मेरा पिया मेरे हीय बसत है ना कहुँ आति न जाती ॥
चंदा जायगा सूरज जायगा जायगी धरण अकासी ।
पवन पाणि दोनुँ ही जायँगे अटल रहै अबिनासी ॥
सुरत निरत का दिवला सँजोले मनसा की कर ले बाती ।
प्रेम हटी का तेल मँगा ले जग रह्या दिन ते राती ॥
सतगुर मिलिया साँसा भाग्या सैन बताई साँची ।
ना घर तेरा ना घर मेरा गावै मीराँ दासी ॥

ऐसा पिया जाण न दीजै हो ॥
सब सखियाँ मिलि राखिल्यो, नैनाँ सुख लीजै हो ।
स्याम सलोनो साँवरो, मुख देखत जीजै हो ॥
जिण जिण बिधियाँ हरि मिलै, सोई बिधि कीजै हो ।
चदन काळो नाग ज्यूँ, लपटाइ रहीजै हो ॥
चलो सखी वहाँ जाइयै, वाको दरसण कीजै हो ।
बाहु काँधै मेलि कै, तन लूमि रहीजै हो ॥
प्यालो आयो जहर को चरणोदक लीजै हो ।
मीराँ दासी वारणै, अपणी कर लीजै हो ॥

सखी म्हारो कानूड़ो कळेजे की कोर ।
मोर मुगट पीतांबर सोहै कुंडल की झकझोर ॥
विंद्राबन की कुजगलिन मे नाचत नंदकिसोर ।
मीराँ के प्रभु गिरधर नागर चरण कँवळ चितचोर ॥

आली ! म्हाँने लागे विंद्राबन नीको ।
घर घर तुळसी ठाकुर पूजा दरसण गोबिंद जी को ॥
निरमळ नीर बहत जमना में भोजन दूध दही को ।
रतन सिंघासण आप बिराजै मुगट धरयो तुळसी को ॥
कुंजन कुंजन फिरत राधिका सबद सुणत मुरली को ।
मीराँ के प्रभु गिरधर नागर भजन बिना नर फीको ॥

जागो बंसीवारे ललना जागो मेरे प्यारे ॥
रजनी बीती भोर भयो है घर घर खुले किंवारे ।
गोपी दही मथत सुनियत है कँगना के झनकारे ॥
उठो लालजी ! भोर भयो है सुर नर ठाढे द्वारे ।
ग्वाल बाल सब करत कुलाहल जय जय सबद उचारे ॥
माखन रोटी हाथ में लीनी गउवन के रखवारे ।
मीराँ के प्रभु गिरधर नागर सरण आयाँ कुँ तारे ॥

सखी री ! लाज बैरण भई ।
श्री लाल गुपाळ के सँग काहे नाही गई ॥
कठिन क्रूर अक्रूर आयो साजि रथ कहँ नई ।
रथ चढाय गुपाळ ले गयो हाथ मीजत रही ॥
कठिन छाती स्याम बिछुड़त बिरह ते तन तई ।
दासि मीराँ लाल गिरधर बिरवर क्यों ना गई ॥

फागण के दिन चार, होरी खेल मना रे ।
बिन करताळ पखावज बाजै अणहद की झणकार रे ॥
बिन सुर राग छतीसूँ गावै रोम रोम रणकार रे ।
सील सँतोख की केसर घोळी प्रेम प्रीत पिचकार रे ॥
उडत गुलाल लाल भयो अंबर बरसत रंग अपार रे ।
घट के सब पट खोल दिये है लोक लाज सब डार रे ॥
होरी खेल पीव घर आये सोइ प्यारी पिय प्यार रे ।
मीराँ के प्रभु गिरधर नागर चरण कँवळ बलिहार रे ॥

दर्शनानन्द

ऐसा प्रभु जाण न दीजै हो ।
तन मन धन करि वारणै हिरदै धर लीजै हो ॥
आव सखी मुख देखिये नैणाँ रस पीजै हो ।
जिण जिण बिध रीझै हरी सोई बिध कीजै हो ॥
सुदर स्याम सुहावणा मुख देख्याँ जीजै हो ।
मीराँ के प्रभु रामजी बड़भागण रीझै हो ॥

मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई ।
जाके सिर मोर मुगट मेरो पति सोई ॥
छाँड़ि दई कुल की कानि कहा करिहै कोई ।
संतन ढिग बैठ बैठ लोक लाज खोई ॥
अँसुवन जल सींच सींच प्रेम बेलि बोई ।
अब तो बेल फैल गई आणँद फल होई ॥
भगत देख राजी हुई, जगत देख रोई ।
दासि मीराँ लाल गिरधर, तारो अब मोही ॥

राणाजी, मैं तो साँवरे के रँग राची ।
साजि सिंगार बाँधि पग घुँघरू लोक लाज तजि नाची ॥
गई कुमति लइ साधु की संगति भगत रूप भइ साँची ।
गाय गाय हरि के गुण निस दिन काल व्याल सो बाँची ॥
उण बिन सब जग खारो लागत और बात सब काँची ।
मीराँ श्रीगिरधरन लाल सूँ भगति रसीली जाँची ॥

पग घुँघरु बाँध मीरा नाची रे ॥
मैं तो मेरे नारायण की आपइ हो गइ दासी रे ।
लोग कहै मीरा भई बावरी न्यात कहै कुळनासी रे ॥
बिष का प्याला राणाजी भेज्या पीवत मीराँ हाँसी रे ।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर सहज मिले अबिनासी रे ॥

मन रे परसि हरि के चरण ॥
सुभग सीतळ कँवल कोमल, त्रिबिध ज्वाळा हरण ।
जिण चरण प्रहलाद परसे, इंद्र पदवी धरण ॥
जिण चरण ध्रुव अटल कीने, राखि अपनी शरण ।
जिण चरण ब्रह्मांड भेट्यो, नख सिखाँश्री धरण ॥
जिण चरण प्रभु परसि लीने, तरी गोतम घरण ।
जिण चरण काली नाग नाथ्यो, गोप लीला करण ॥
जिण चरण गोबरधन धार्यो, इंद्र को गर्ब हरण ।
दासि मीराँ लाल गिरधर, अगम तारण तरण ॥

या मोहन के मैं रूप लुभानी ।
सुदर बदन कमल दल लोचन बाँकी चितवन मँद मुसकानी ॥
जमना के नीरे तीरे धेन चरावै बंसी में गावै मीठी बानी ।
तन मन धन गिरधर पर वारूं चरण कँवळ मीराँ लपटानी ॥

माई री मैं तो लियो गोविंदो मोल ।
कोइ कहै छाने कोई कहै छुपके लियो री बजताँ ढोल ॥
कोइ कहै मुँहघो कोई कहै मुँहघो लियो री तराजू तोल ।
कोइ कहै कारो कोई कहै गोरो लियो री अमोलिक मोल ॥
कोइ कहै घर मे कोइ कहै बन में राधा के संग किलोल ।
मीराँ के प्रभु गिरधर नागर आवत प्रेम के मोल ॥

नंदनँदन बिलमाई बदरा ने घेरी माई ॥
इत घन लरजे उत घन गरजे, चमकत बिज्जु सवाई ।
उमड़ घुमड़ चहुँ दिस से आया, पवन चलै पुरवाई ॥
दादुर मोर पपीहा बोले, कोयल सबद सुणाई ।
मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, चरण कवँळ चित लाई ॥

बड़े घर ताळी लागी रे, म्हारे मन री उणारथ भागी रे ॥
छीलरिये म्हाँरो चित्त नहीं रे, डाबरिये कुण जाव ।
गंगा जमना सूँ काम नहीं रे, मैं तो जाय मिलूँ दरियाव ॥
हाळयाँ मोळयाँ सूँ काम नहीं रे, सीख नहीं सिरदार ।
कामदाराँ सूँ काम नहीं रे, मैं तो ज्वाब करूँ दरबार ॥
काच कथीर सूँ काम नही रे, लोहा चढे सिर भार ।
सोना रूपा काम नहीं रे, म्हाँरे हीराँ रो बौपार ॥
भाग हमारो जागियो रे, भयो समँद सूँ सीर ।
अमृत प्याला छाँड़ि कै, कुण पीवै कड़वो नीर ॥

पीया कूँ प्रभु परचो दीन्हौ, दिया रे खजाना पूर।
मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, धणी मिल्या छै हजूर॥

होरी खेलत हैं गिरधारी।
मुरली चंग बजत डफ न्यारो सँग जुवती ब्रजनारी॥
चंदन केसर छिरकत मोहन अपने हाथ बिहारी।
भरि भरि मूठ गुलाल लाल चहुँ देत सबन पै डारी॥
छैल छबीले नवल कान्ह सँग स्यामा प्राण पियारी।
गावत चारु धमार राग तहँ दै दै कल करतारी॥
फाग जु खेलत रसिक साँवरो बाढ्यौ रस ब्रज भारी।
मीराँ कूँ प्रभु गिरधर मिलिया मोहन लाल बिहारी॥

नाम-महिमा

मेरो मन रामहि राम रटै रे॥
राम नाम जप लीजै प्राणी, कोटिक पाप कटै रे।
जनम जनम के खत जु पुराने, नामहि लेत फटै रे॥
कनक कटोरे इमृत भरियो, पीवत कौन नटै रे।
मीराँ कहे प्रभु हरि अबिनासी, तन मन ताहि पटै रे॥

माई म्हारे निरधन रो धन राम।
खाय न खूटै चोर न लूटै, बिपति पड्याँ आवै काम॥
दिन दिन प्रीत सवाई दूणी, सुमरण आठूँ याम।
मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, चरण कँवळ बिसराम॥

निश्चय

राणा जी म्हे तो गोबिंद का गुण गास्याँ।
चरणामृत को नेम हमारे, नित उठ दरसण जास्याँ॥
हरि मंदिर में निरत करास्याँ, घूँघरिया घमकास्याँ।
राम नाम का झाझ चलास्याँ, भवसागर तिर जास्याँ॥
यह संसार बाड़ का काँटा, ज्याँ संगत नहिं जास्याँ।
मीराँ कहै प्रभु गिरधर नागर, निरख निरख गुण गास्याँ॥

मैं गिरधर के घर जाऊँ।
गिरधर म्हारो साँचो प्रीतम देखत रूप लुभाऊँ॥
रैण पड़ै तबही उठ जाऊँ भोर भऐं उठि आऊँ।
रैण दिनाँ वाके सँग खेलूँ, ज्यूँ त्यूँ ताहि रिझाऊँ॥
जो पहरावै सोई पहरूँ, जो दे सोई खाऊँ।
मेरी उनकी प्रीत पुराणी, उण बिन पळ न रहाऊँ॥
जहाँ बैठावैं तितही बैठूं, बेचैं तो बिक जाऊँ।
मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, बार बार बलि जाऊँ॥

नहिं भावै थाँरो देसड़लो रँगरूड़ो॥
थाँरा देसाँ में राणा साध नहीं छे लोग बसै सब कूड़ो।
गहणा गाँठी राणा हम सब त्याग्या त्याग्यो कर रो चूड़ो॥
काजळ टीकी हम सब त्याग्या त्याग्यो छै बाँधन जूड़ो।
मीराँ के प्रभु गिरधर नागर बर पायो छै रूड़ो॥

सीसोद्यो रूठ्यो तो म्हाँरो कोई कर लेसी।
म्हे तो गुण गोबिंद का गास्याँ हो माई॥
राणो जी रूठ्यो वाँरो देस रखासी।
हरि रूठ्याँ कित जास्याँ हो माई॥
लोक लाज की काण न मानाँ।
निरभै निसाण धुरास्याँ हो माई॥
राम नाम की झाझ चलास्याँ।
भव सागर तिर जास्याँ हो माई॥
मीराँ सरण सबळ गिरधर की!
चरण कँवल लपटास्याँ हो माई॥

मैं गोबिंद गुण गाणा॥
राजा रूठै नगरी राखै हरि रूठ्याँ कहँ जाणा।
राणै भेज्या जहर पियाला इमरित कर पी जाणा॥
डबिया मे भेज्या काळ भुजंगम साळिगराम कर जाणा।
मीराँ तो अब प्रेम दिवाँनी साँवळिया बर पाणा॥

बरजी मैं काहु की नाहिं रहूँ।
सुनौ री सखी तुम सों या मन की साँची बात कहूँ॥
साध सँगति करि हरि सुख लेऊँ जग सूँ दूर रहूँ।
तन धन मेरो सब ही जावो भले मेरो सीस लहूँ॥
मन मेरो लागो सुमरण सेती सब का मैं बोल सहूँ।
मीराँ के प्रभु हरि अबिनासी सतगुर सरण गहूँ॥

श्रीगिरधर आगे नाचूँगी॥
नाच नाच पिव रसिक रिझाऊँ प्रेमीजन कूँ जाचूँगी।
प्रेम प्रीत का बाँध घूँघरू सुरत की कछनी काछूँगी॥
लोक लाज कुळ की मरजादा या मे एक न राखूँगी।
पिव के पलँगा जा पौढूँगी मीराँ हरि रँग राचूँगी॥

गुरु-महिमा

पायो जी मैं तो राम रतन धन पायौ।
बस्तु अमोलक दी म्हारे सतगुरु किरपा करि अपणायौ॥
जनम जनम की पूँजी पाई, जग में सबै खोवायौ।
खरचै नहिं कोइ चोर न लेवै, दिन दिन बधत सवायौ॥

सत की नाव खेवटिया सतगुरु, भवसागर तरि आयौ ।
मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, हरख-हरख जस गायौ ॥

लागी मोहि राम खुमारी हो ॥
रमझम बरसे मेहड़ा भीजै तन सारी हो ।
चहुँदिस चमकै दामणी गरजै घन भारी हो ॥
सतगुर भेद बताइया खोली भरम किंवारी हो ।
सब घट दीसै आतमा सब ही सूँ न्यारी हो ॥
दीपक जोऊँ ग्यान का चढ़ूँ अगम अटारी हो ।
मीराँ दासी राम की इमरत बलिहारी हो ॥

विरह

आली री मेरे नैनन बाण पड़ी ॥
चित्त चढ़ी मेरे माधुरि मूरत, उर बिच आन अड़ी ।
कब की ठाढ़ी पंथ निहारूँ, अपने भवन खड़ी ॥
कैसे प्राण पिया बिन राखूँ, जीवन मूर जड़ी ।
मीराँ गिरधर हाथ बिकानी, लोग कहैं बिगड़ी ॥

लागी सोई जाणै कठण लगण दी पीर ।
बिपत पड़्याँ कोइ निकट न आवै सुख में सब को सीर ॥
बाहर घाव कछु नहिं दीसै रोम रोम दी पीर ।
जन मीराँ गिरधर के ऊपर सदकै करूँ सरीर ॥

कोइ कहियो रे प्रभु आवन की ।
आवन की मनभावन की ॥ कोइ० ॥
आप न आवै लिख नहिं भेजै बाँण पड़ी ललचावन की ।
ए दोइ नैण कह्यौ नहिं मानैं, नदियाँ बहै जैसे सावन की ॥
कहा करूँ कछु नहिं बस मेरो पाँख नहीं उड़ जावन की ।
मीराँ कहै प्रभु कब रे मिलोगे चेरि भइ हूँ तेर दाँवन की ॥

नातो नाम को जी म्हाँसूँ तनक न तोड़्यो जाय ॥
पानाँ ज्यूँ पीळी पड़ी रे, लोग कहैं पिंड रोग ।
छाने लाँघण म्हैं किया रे, राम मिलण के जोग ॥
बाबल बैद बुलाइआ रे, पकड़ दिखाई म्हारी बाँह ।
मूरख बैद मरम नहिं जाणे, कसक कळेजे माँह ॥
जा बैदाँ घर आपणे रे, म्हारो नाँव न लेय ।
मैं तो दाझी बिरह की रे, तू काहे कूँ दारू देय ॥
माँस गळ गळ छीजिया रे, करक रह्या गळ आयि ।
आँगळियाँ री मूँदड़ी, म्हारे आवण लागी बाँयि ॥
रह रह पापी पपीहड़ा रे, पिव को नाम न लेय ।
जे कोइ बिरहण साम्हळे तो, पिव कारण जिव देय ॥
खिण मंदिर खिण आँगणे रे, खिण खिण ठाढ़ी होय ।
घायल ज्यूँ घूमूँ खड़ी, म्हारी बिथा न बूझै कोय ॥
काढ़ कळेजो मैं धरूँ रे, कागा तूँ ले जाय ।
ज्यों देसाँ म्हारो पिव बसै रे, वे देखै तू खाय ॥
म्हारे नातो नाँव को रे, और न नातो कोय ।
मीराँ ब्याकुल बिरहणी रे, हरि दरसण दीजो मोय ॥

सुणी हो मैं हरि आवन की अवाज ।
महल चढ़ चढ़ जोऊँ मेरी सजनी !
कब आवे महाराज ॥
दादुर मोर पपइया बोलै,
कोयल मधुरे साज ।
उमँग्यो इंद्र चहूँ दिस बरसै,
दामणि छोडी लाज ॥
धरती रूप नवा नवा धरिया,
इंद्र मिलण के काज ।
मीराँ के प्रभु हरि अबिनासी,
वेग मिलो सिरताज ॥

भज मन चरण कँवळ अबिनासी ॥
जेताइ दीसे धरण गगन बिच, तेताइ सब उठ जासी ।
कहा भयो तीरथ ब्रत कीन्हे, कहा लिये करवत कासी ॥
इस देही का गरब न करना, माटी में मिल जासी ।
यो संसार चहर की बाजी, साँझ पड़्याँ उठ जासी ॥
कहा भयो है भगवाँ पहर्याँ, घर तज भये सन्यासी ।
जोगी होय जुगत नहिं जाणी, उलटि जनम फिर आसी ॥
अरज करूँ अबला कर जोरैं, स्याम तुम्हारी दासी ।
मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, काटो जम की फाँसी ॥

माई म्हारी हरी न बूझी बात ।
पिंड में से प्राण पापी, निकस क्यूँ नहिं जात ॥
रैण अँधेरी, बिरह घेरी, तारा गिणत निसि जात ।
लै कटारी कंठ चीरूँ, करूँगी अपघात ॥
पाट न खोल्या, मुखाँ न बोल्या, साँझ लगि परभात ।
अबोलण में अवधि बीती, काहे की कुसलात ॥
सुपन में हरि दरस दीन्हों, मैं न जाण्यो हरि जात ।
नैण म्हारा उघड़ आया, रही मन पछतात ॥
आवण आवण होय रह्यो री, नहिं आवण की बात ।
मीराँ ब्याकुळ बिरहणी रे, बाळ ज्यूँ बिललात ॥

घड़ी एक नहिं आवड़े, तुम दरसण बिन मोय ।
तुम हो मेरे प्राण जी, का सूँ जीवण होय ॥
धान न भावै नींद न आवै, बिरह सतावै मोय ।
घायल सी घूमत फिरूँ रे, मेरो दरद न जाणै कोय ॥
दिवस तो खाय गमाइयो रे, रैण गमाई सोय ।
प्राण गमायो झूरताँ रे, नैण गमाया रोय ॥
जो मैं ऐसी जाणती रे, प्रीत कियाँ दुख होय ।
नगर ढँढोरा फेरती रे, प्रीत करो मत कोय ॥
पंथ निहारूँ डगर बुहारूँ, ऊभी मारग जोय ।
मीराँ के प्रभु कब रे मिलोगे, तुम मिलियाँ सुख होय ॥

दरस बिन दूखण लागे नैण ।
जब के तुम बिछुरे प्रभु मेरे कबहुँ न पायो चैन ॥
सबद सुणत मेरी छतियाँ काँपे मीठे मीठे बैन ।
बिरह कथा कासूँ कहुँ सजनी बह गइ करवत ऐन ॥
कळ न परत पळ हरि मग जोवत भई छमासी रैण ।
मीराँ के प्रभु कब रे मिलोगे दुख मेटण सुख दैण ॥

प्रभू बिन ना सरै माई ।
मेरा प्राण निकस्या जात हरी बिन ना सरै माई ॥
मीन दादुर बसत जळ मे जळ मे उपजाई ।
मीन जळ से बाहर कीना तुरत मर जाई ॥
काठ लकरी बन परी काठ घुन खाई ।
ले अगन प्रभु डार आये भसम हो जाई ॥
बन बन ढूँढत मैं फिरी आली सुध नहिं पाई ।
एक बेर दरसण दीजै सब कसर मिटि जाई ॥
पात ज्यों पीरी परी अरु बिपत तन छाई ।
दासि मीराँ लाल गिरधर मिल्याँ सुख छाई ॥

हे री मैं तो दरद दिवाणी मेरा दरद न जाणै कोय ॥
घायल की गति घायल जाणै की जिण लाई होय ।
जौहरि की गति जौहरि जाणै की जिन जौहर होय ॥
गळी ऊपरि सेज हमारी सोवण किस बिध होय ।
गगन मँडळ पै सेज पिया की किस बिध मिलणा होय ॥
दरद की मारी बन बन डोलूँ बैद मिळ्या नहिं कोय ।
मीराँ की प्रभु पीर मिटेगी जद बैद साँवळिया होय ॥

राम मिलण रो घणो उमावो नित उठ जोऊँ बाटड़ियाँ ।
दरस बिना मोहि कछु न सुहावै जक न पड़त है आँखड़ियाँ ॥
तळफत तळफत बहु दिन बीता पड़ी बिरह की पाशड़ियाँ ।
अब तो बेगि दया करि साहिब मैं तो तुम्हारी दासड़ियाँ ॥
नैण दुखी दरसण कूँ तरसैं नाभि न बैठे सासड़ियाँ ।
राति दिवस यह आरति मेरे कब हरि राखै पासड़ियाँ ॥
लगी लगनि छूटण की नाहीं अब क्यूँ कीजै आँटड़ियाँ ।
मीराँ के प्रभु कब रे मिलोगे पूरौ मन की आसड़ियाँ ॥

गळी तो चारो बंद हुई, मैं हरि सूँ मिलूँ कैसे जाय ॥
ऊँची नीची राह रपटीली, पाँव नहीं ठहराय ।
सोच सोच पग धरूँ जतन से, बार बार डिग जाय ॥
ऊँचा नीचा महल पिया का, हमसे चढ्या न जाय ।
पिया दूर पंथ म्हाँरा झीणा, सुरत झकोळा खाय ॥
मीरा के प्रभु गिरधर नागर सतगुरु दई बताय ।
जुगन जुगन से बिछड़ी मीरा घर मे लीनी लाय ॥

राम मिलण के काज सखी मेरे आरति उर में जागी री ॥
तळफत तळफत कळ न परत है बिरह बाण उर लागी री ।
निस दिन पंथ निहारूँ पिव को पलक न पल भर लागी री ॥
पीव पीव मैं रटूँ रात दिन दूजी सुध बुध भागी री ।
बिरह भवँग मेरो डस्यो है कलेजो लहरि हलाहल जागी री ॥
मेरी आरति मेटि गुसाईं आय मिलौ मोहि सागी री ।
मीराँ ब्याकुल अति उकलाणी पिया की उमँग अति लागी री॥

संत श्रीसिंगाजी

(जन्मकाल—सवत १६२३ । शरीरान्त—संवत १७१६ श्रावणशुक्ला पूर्णिमा । नीमाड़—अनूपप्रदेश)

[प्रेषक—श्रीमहेन्द्रकुमारजी जैन]

आँतर तरणा निज नाम सुमरण करणा ।
अनेक रंग की बणी सुंदरी माया देख मत भुलणा ।
ये परदेसी फिर नहिं आवे,
अरे वो लख चौरासी फिरणा ॥टेक॥
यह रे जनम का भव है तेरा माया मे फंदाणा ।
हरि को नाम सुण्यो नहीं सखण,
अरे वो भगे घरी घरी भरणा ॥टेक॥
माल धन का भरया खजाना पळ में होत बिराणा ।
उलटी पवन चले घट भीतर,
अरे वो उनका करो ठिकाणा ॥टेक॥

साधु संत से अधिका रहेणा, हारे को सोच नहीं करणा।
कहे सींगा सुणो भाइ साधू,
अरे भाइ रह्यो राम का सरणा ॥

खेती खेड़ो हरिनाम की जा में मुकतो लाभ ॥
पाप का पालवा कटावजो, काटी बाहर राल।
कर्म की कामी रचावजो, खेती चोखी थाय ॥
वास श्वास दो बैल है, सूरति रास लगाव।
प्रेम पिराणो कर धरो, ग्यान आर लगाव ॥
वोहं बख्खर जूप जो, सोहं सरतो लगाव।
मूळ मंत्र बिज बोवजो, खेती लटलुम थाय ॥
सतको माँडो रोपजो, धर्म पैड़ी लगाव।
ग्यान का गोळा चलावजो, सुआ उड़ि उड़ि जाय ॥
दया की दावण राळजो, बहुरि फेरा नही होय।
कह सिंगा पहचान जो ले आवागमन नहिं होय ॥
खेती खेड़ो रे हरिनाम की ॥

मन ! निर्भय कैसा सोवै, जग में तेरा को है ?
काम क्रोध ये अति बल जोधा,
अरे नर ! बिस का बीज क्यों बोवै।
पाँच रिपू तेरे संग चलत हैं,
अरे वो जड़ामूळ से खोवै ॥
राम नाम की जहाज बणा ले, काठ भयो बहु सारा।
कहै जन 'सिंगा' सुण भाई साधू ! मन रँग उतरै पारा ॥
संगि हमारा चंचळा, कैसैं हाथों जो आवै।
काम क्रोध बिष भरि रह्या, तास दुख पावै ॥
मैं जाणूँ साईं दूर है, तुझे पाया नेड़ा।
रहणी रहि सामरथ भई, मुझे पखवा तेरा ॥
तुम सोना हम गहणा, मुझे लागा टाँका।
तुम बोलो हम देह धरि, बोले कै रंग भाखा ॥
तुम चंदा हम चाँदणी, रहणी उजियाळा।
तुम सूरज हम घामड़ा, सोइ चौंजुग पुरिया ॥
तुम तो दर्याव हम मीन हैं, विश्वासका रहणा।
देह गळी मिट्टी भई, तेरा तूहि में समाणा ॥
तुम तरुवर हम पंछीड़ा, बैठे एकहि डाला।
चोंच मार फळ भाँजिया, फळ अमृत सारा ॥
तुम तो वृक्ष हम बेलड़ी, मूल से लपटाना।
कह सिंगा पहचाण ले, पहचाण ठिकाणा ॥

निर्गुण ब्रह्म है न्यारा कोई समझो समझणहारा ॥
खोजत ब्रह्मा जनम सिराणा, मुनिजन पार न पाया।
खोजत खोजत शिवजी थाके, वो ऐसा अपरंपारा ॥
शेष सहस मुख रटे निरंतर, रैन दिवस एक सारा।
ऋषि, मुनि और सिद्ध चौरासी, वो तैंतिस कोटि पचि हारा ॥
त्रिकुटि महल में अनहद बाजे, होत शब्द झनकारा।
सुखमण सेज शून्य में झूले, वो सोहं पुरुष हमारा ॥
वेद कथे अरु कहे निर्वाणी, श्रोता कहो बिचारा।
काम-क्रोध-मद-मत्सर त्यागो, ये झूठा सकल पसारा ॥
एक बूँद की रचना सारी, जाका सकल पसारा।
सिंगा जो भर नजरा देखा, वोही गुरू हमारा ॥

स्वामी हंसराजजी

(जन्म—शाके १७२०, निर्वाण—शाके १७७७, पूर्वाश्रमनाम—नारायण, सन्यासी, समाधिस्थान ग्राम परंडा, हैदराबाद दक्षिण)

[प्रेषक—श्रीविट्ठलराव देशपाण्डे]

संत-स्तवन

संत वैराग्यके आगार हैं और ज्ञानके भंडार भी वे ही हैं। संत ही उपरामताके आश्रय-स्थान हैं और विश्रान्ति स्वयं वहाँ आकर विश्रान्ति पाती है। उदयास्त हुए बिना भगवान् सहस्ररश्मिके समान, संत अखण्ड और असीम ज्ञानका प्रकाश करते हैं। संत ही अपने माता-पिता, भाई-बहन, आप्त-मित्र और स्वजन हैं; उनके बिना व्रत, तप, धारणा आदि सब असफल हैं। संत हृदयका प्यार और आनन्दका समारोह हैं। वे अमृतसे बढ़कर मधुर रसकी धारा हैं। शान्ति और क्षमा मारे-मारे फिरते थे; उनको ठौर नही मिलता था। किंतु जब वे संतोंकी शरणमें आये तो मानो किसी कन्याने ससुरालसे आकर अपने पीहरमें शान्ति प्राप्त कर ली। जान-बूझकर यदि कोई पापका आचरण करे तो तीर्थमें जाकर स्नान करनेसे वह शुद्ध नहीं होता। व्रत और तपसे भी मुक्ति नहीं मिलती, प्रायश्चित्त भी व्यर्थ है। किंतु प्रलयकालकी अग्नि जिस प्रकार एक धागा भी बिना जलाये

नहीं छोड़ती, उसी प्रकार पलभरमे, जन्मभरके ही नहीं, जन्म जन्मान्तरके पापोंको नष्ट करनेकी क्षमता संतोंमे होती है। ज्ञान, वैराग्य और बोधरूपी जलसे संतोंने ऐसे जीवोंको पावन और मुक्त किया, जिनका शिवत्व मायारूपी मलसे अशुद्ध और अमङ्गलमय बन गया था। अधिक क्या कहा जाय, संतोंकी शरणमे पहुँचनेपर, उनके लिये वेद जिस वस्तुको प्रकाशमान करनेमे समर्थ नहीं होते, वह सब अनायास ही बोधगम्य हो जाता है।

(स्वामीजीरचित 'आगमसार' ग्रन्थसे अनूदित)

श्रीअग्रदासजी

(पयहारी श्रीकृष्णदासजी महात्माके शिष्य, स्थान गलता, जयपुर राज्य; स्थितिकाल—अनिश्चित)

[प्रेषक-पं० श्रीनटरंगदासजी वैष्णव 'विशारद']



गाड़र आनी ऊन को
बाँधी चरै कपास ॥
बाँधी चरै कपास बिमुख
हरि लोनहरामी।
प्रभु प्रापति की देह
तुच्छ सुख कोई कामी ॥
जठर जातना अधिक भजन बदि बाहर आयो।
लग्यो पवन संसार कृतघ्नी नाथ भुलायो ॥
चाकरी चोर हाजिर कबल 'अग्र'इते पर आस।
गाड़र आनी ऊन को बाँधी चरै कपास ॥

सदा न फूले तोरई सदा न सॉवन होय ॥
सदा न सॉवन होय, संतजन सदा न आवे।
सदा न रहे सुबुद्धि सदा गोविंद गुन गावें ॥
सदा न पक्षी केलि करे इह तरुवर ऊपर।
सदा न स्याही रहै, सफेदी आवे भू पर ॥
'अग्र' कहे हरि मिलन को तन मन डारो खोय।
सदा न फूले तोरई सदा न सॉवन होय ॥

स्वर्ण वेदिका मध्य तहाँ एक रतन सिंहासन।
सिंहासन के मध्य परम अति पदुम शुभासन ॥
ताके मध्य सुदेश कर्णिका सुंदर राजै।
अति अद्भुत तहँ तेज वह्नि सम उपमा भ्राजै ॥
तामधि शोभित राम नील इन्दीवर ओभा।
अखिल रूप अंभोधि सजल घन तन की शोभा ॥
षोडश वर्ष किशोर राम नित सुंदर राजैं।
राम रूप को निरखि विभाकर कोटिक लाजैं ॥
अस राजत रघुवीर धीर आसन सुखकारी।
रूप सच्चिदानंद वाम दिशि जनककुमारी ॥
जगत ईश को रूप बरणि कह कवन अधिक मति।
कहाँ अल्प खद्योत भानु के निकट करै द्युति ॥
कहँ चातक की शक्ति अखिल जल चोच समावै।
कछुक बुंद मुख परै ताहि ले आनँद पावै ॥

निबहो नेह जानकीबर से।
जाचो नाहिं और काहू से, नेह लगो दसरथ के कुँवर से ॥
अष्ट सिद्धि नव निद्धि महाफल, नहीं काम ये चारों बर से।
'अग्रदास' की याही बानी, राम नाम नहिं छूटे यहि घर से ॥

श्रीनाभादासजी (नारायणदासजी)

भक्तमालके रचयिता

(महान् भक्त-कवि और साधुसेवी, आपका अस्तित्वकाल वि० सं० १६५७ के लगभग है। आपके गुरुका नाम अग्रदासजी है, आपको इन्होंने ही पाला था। जन्म-स्थान—तैलंगदेश, रामभद्राचलके आसपास।)

भक्त भक्ति भगवंत गुरु, चतुर नाम वपु एक।
इन के पद बंदन करौं, नासैं बिघन अनेक ॥
मो चितवृति नित तहँ रहौ, जहँ नारायण पारषद ॥
बिष्वकसेन, जय, बिजय, प्रबल बल, मंगलकारी।
नंद, सुनंद, सुभद्र, भद्र, जग आश्रयहारी ॥
चंड, प्रचंड, बिनीत, कुमुद, कुमुदाक्ष, करुणालय।
सील, सुसील, सुषेनु, भाव भक्तन प्रतिपालय ॥
लक्ष्मीपति प्रीगन प्रवीन, भजनानँद भक्तन सुहृद।
मो चितवृति नित तहँ रहौ, जहँ नारायण पारषद ॥

दुर्बासा प्रति स्याम दास बसता हरि भाखी।
ध्रुव गज पुनि प्रहलाद राम सबरी-फल साखी॥
राजसूय जदुनाथ चरन धोय जूँठ उठाई।
पाडव बिपति निवारि, दिये बिष बिषया पाई॥
कलि बिसेस परच्यो प्रगट आस्तिक द्वै कै चित धरौ।
उत्कर्ष सुनत संतनि को अचरज कोऊ जिन करौ॥
जगकीरति मगल उदय, तीनो ताप नसायँ।
हरिजन को गुन बरनते, हरि हृदि अटल बसायँ॥
(जो) हरि प्रापति की आस है, तो हरिजन गुन गाव।
(नतरु) सुकृत भुंजे बीज ज्यौं, जनम जनम पछिताव॥

भक्त दास संग्रह करै, कथन श्रवण अनुमोद।
सो प्रभु प्यारो पुत्र ज्यौं, बैठे हरि की गोद॥
'नाभा' नभ खेला कँवल, केल रस सैला॥

दरपन नैन सैन मन माँजा, लाजा अलख अकेला।
पल पर दल दल ऊपर दामिनि जोत मे होत उजेला॥
अंडा पार सार लख सूरत, सुन्नी सुन्न सुहेला।
चढ़ गई धाय जाय गढ ऊपर, सबद सुरत भया मेला॥
यह सब खेल अलेख अमेला, सिंध नीर नद मेला।
जल जलधार सार पद जैसे, नही गुरू नहिं चेला॥
'नाभा' नैन ऐन अंदर के, खुल गए निरख निहाला।
भत उच्छिष्ट वार मन झेला, दुर्लभ दीन दुहेला॥

श्रीप्रियादासजी

(अस्तित्व-काल——लगभग विक्रमकी १७ वीं शती)

श्रीब्रजराज गरीब निवाज सो,
जानत हौ मन के सब प्यारे।
होउ सहाय हरौ मम दुःख सो,
ज्यों बिष ते सब ग्वाल उबारे॥
मेटि कै गर्ब ज्यो इंदर कौ,
नख पै गिरिराज गोबरधन धारे।
त्यौं 'प्रियादास' के दुःख हरौ,
औ करौ मति देर जु नंददुलारे॥



नेम करौ तुम कोटिन हूँ,
पै प्रेम बिना नहिं काज सरैगो।
बारिज कोटिन बूँद परौ,
बिन मेह न सूखौ ताल भरैगो॥
'प्रियादास' जु ग्यान औ जोग करौ,
बिन राधिका नाम न दुःख टरैगो।
तासो प्रपच कौ दूरि करौ,
औ करौ ब्रजबास तौ पूरौ परैगो॥

प्रणामी-पंथ-प्रवर्तक स्वामी प्राणनाथजी महाराज 'महामति'

[जन्म-सवत्—१६७५। निर्वाण-सवत् वि० १७५१]

(प्रेषक—प० श्रीमिश्रीलालजी शास्त्री, साहित्यशास्त्री, हिंदीप्रभाकर)

(१)

खोज थके सब खेल खसम री,
मनही मे मन है उरझाना,
होत न काहू गम री॥टेक॥
मन ही बाँधे मन ही खोले,
मन तम मनहि उजास री,
ये खेल है सकल मन का
मन नेहचल मनहि को नास री॥
मन उपजावे, मन ही पाले,
मन को मनही करे सँहार,
पंचतत्व इंद्री गुन तीनों
मन निरगुन, मन निराकार॥
मनही नीला मनही पीला,
स्याम स्वेत सब मन री,
छोट-बड़ा मन भारी-हल्का,
मन जड़ मन चेतन री॥

मन ही मैला मन ही निरमल
मन खारा, तीखा मन मौठा,
ये मन सबन को देखे,
मन को किनहु न दीठा ॥
सब मन में न कछू मन मे,
खाली मन मन ही में ब्रह्म
'महामति' मन को सोई देखे
जिन द्रष्टे खुद खसम ॥

(२)

खिन एक लेहु लटक भँजाय,
जनमत ही तेरो अँग झूठो;
देखत ही मिट जाय ॥ टेक ॥
जीव निमिष के नाटक में,
तूँ रह्यो क्यों बिलमाय ?
देखत ही चली जात बाजी,
भूलत क्यों प्रभु पाय ॥
आप को पृथ्वीपति कहावें
ऐसे केते गये बजाय;
अमरपुर सिरदार कहिए,
काल न छोडत ताय ॥
जीव रे चतुर्मुख को छोडत नाही,
जो कर्ता सृष्टि कहलाय;
चारों तरफ चौदे लोको,
काल पहुँच्यो आय ॥
पवन, पानी, आकाश, जिमीं,
जो अगिन जोत बुझाय;
अवसर ऐसो जान के,
तूँ प्राणपति लौ लाय ॥
देखन को ये खेल खिनको,
लिये जाय लपटाय,
'महामति' रुदे रमें तासों,
उपजत जाकी इच्छाय ॥

स्वामी लालदासजी

(जन्म—वि० सं० १५९७ में, अलवर राज्यके धौलीदूब ग्राममें। पिताका नाम—चाँदमलजी। माताका नाम—श्रीसमदाजी, देहावसान—वि० सं० १७०५। आयु १०८ वर्ष। संत दादूजी और महाकवि जायसीके समकालीन।)

अरे कई दमका गुजारा है रे। मन ! छाँडि दै मगरूरी ॥
गूँगा स्वाद कहा कहि जानै, खट्टा मीठा खारा है रे।
बिन देखे अंधा क्या जानै, हुरमत वारा है रे ॥
बेघायल तो मारे जायँगे, घायल देत नगारा है रे।
मुरदा जाय मिला साहिब मैं, सतगुरु सब्द पुकारा है रे ॥
क्या तू लाया क्या लै जायगा, जानत सब संसारा है रे।
जीवै जोलौं नेकी कर लै, यही तिहारा है रे ॥
यह संसार रहट देखदिया, सब जग झूलन हारा है रे।
'लालदास' निर्भय हो झूलै, राम पियारा है रे ॥

गरबाय मत रे कीमत तेरी घट जायगी ॥
ऐसा सुंदर तन तैं पाया, भजन बिना तैं यों ही गमाया।
क्या गफलत में सोता है रे, इक दिन सूरत तेरी मिटि जायगी ॥
जो तू कहता अपना-अपना सो है जीया तोको सपना।
अनलस्वरूपी जल बल मिटिया, यहाँ की यहाँ तेरी मिटि जायगी॥
जीवत नर तुम करम करोगे, सो तुम जनम-जनम भुगतोगे।
धरमराज जब लेखो लैगो, वहाँ पर बात बिगड़ जायगी ॥
आगै दिया सो अब तैं पाया, 'लालदास' ने भजन बनाया।
अब देगा आगै पावैगा, नातर दौलत तेरी छुट जायगी ॥

संत मंसूर

अगर है शौक मिलने का, तो हरदम लौ लगाता जा।
जलाकर खुदनुमाई को, भसम तन पर लगाता जा ॥
पकड़कर इश्क की झाड़ू, सफा कर हिज्रए दिल को।
दुई की धूल को लेकर, मुसल्ले पर उड़ाता जा ॥
मुसल्ला छोड़, तसवी तोड़, किताबें डाल पानी में।
पकड़ दस्त तूँ फिरश्तों का, गुलाम उनका कहाता जा ॥
न मर भूखा, न रख रोजा, न जा मस्जिद, न कर सिज्दा।
वजूका तोड़ दे कूजा, शराबे शौक पीता जा ॥
हमेशा खा हमेशा पी, न गफलत से रहो एकदम।
नशे में सैर कर अपनी, खुदी को तू जलाता जा ॥
न हो मुल्लाँ, न हो बम्हन, दुई की छोड़ कर पूजा।
हुक्म शाहे कलंदर का, अनहलक तू कहाता जा ॥
कहे 'मंसूर' मस्ताना, हक मैंने दिल में पहचाना।
वही मस्तों का मयखाना, उसी के बीच आता जा ॥

संत बुल्लेशाह

(जन्म-स्थान—लाहौर जिलेका पंडोल गाँव। जन्म—संवत् १७३७, देहान्त कसूरमें संवत १८१० में हुआ। आजीवन ब्रह्मचारी।)

अब तो जाग मुसाफर प्यारे ! रैन घटी लटके सब तारे ॥
आवागौन सराई डेरे, साथ तयार मुसाफर तेरे।
अजे न सुणदा कूच-नगारे ॥
कर लै आज करण दी बेला, बहुरि न होसी आवण तेरा।
साथ तेरा चल चल पुकारे ॥
आयो अपने लाहे दौड़ी, क्या सरधन क्या निर्धन बौरी।
लाहा नाम तू लेहु सँभारे ॥
'बुल्ले' सहुदी पैरी परिये, गफलत छोड़ हिला कुछ करिये।
मिरग जतन बिन खेत उजारे ॥

ठुक बूझ कवन छप आया है ॥
इक नुकते मे जो फेर पड़ा तब ऐन गैन का नाम धरा।
जब मुरसिद नुकता दूर किया, तब ऐनो ऐन कहाया है ॥
तुसी इलम किताबां पढदे हो केहे उलटे माने करदे हो।
बेमूजब ऐवें लड़दे हो, केहा उलटा बेद पढ़ाया है ॥
दुइ दूर करो कोइ सोर नहीं, हिंदु तुरक कोइ होर नहीं।
सब साधु लखो कोइ चोर नहीं, घट-घट मे आप समाया है ॥
ना मैं मुल्ला ना मैं काजी, ना मैं सुन्नी ना मैं हाजी।
'बुल्लेशाह' नाल लाई बाजी, अनहद सबद बजाया है ॥

माटी खुदी करें दी यार।
माटी जोड़ा, माटी घोड़ा, माटी दा असवार ॥
माटी माटीनूँ मारण लागी, माटी दे हथियार।
जिस माटी पर बहुती माटी, तिस माटी हंकार ॥
माटी बाग, बगीचा माटी, माटी दी गुलजार।
माटी माटीनूं देखण आई, है माटी दी बहार ॥
हंस खेल फिर माटी होई, पौंडी पॉव पसार।
'बुल्लेशाह' बुझारत बूझी, लाह सिरो मॉ मार ॥

शेख फरीद

(पिताका नाम—ख्वाजा शेख मुहम्मद, निवासस्थान—अजोधन (पाकपट्टन), मृत्युकाल—सन् १५५२)

फरीदा कोठे मंडप माड़ीआ एतु न लाए चित्तु।
मिट्टी पई अतोलवी कोइ न होसी मित्तु ॥

फरीद ! इन मकानों, हवेलियों और ऊँचे-ऊँचे महलोंमें मत लगा अपने मनको; जब तेरे ऊपर बिनतोल मिट्टी पड़ेगी, तब वहाँ तेरा कोई भी मीत नहीं होगा।

फरीदा ईंट सिराणे भुइ सवणु कीड़ा लड़िओ मासि।
केतड़िआ जुग वापरे इक तु पइआ पासि ॥

फरीद ! ईंटें तो होंगी तेरा तकिया और तू सोयेगा जमीनके नीचे, कीड़े तेरे मासको खायँगे।

जो सिरु साईं ना निवै सो सिरु कीजै काँइ।
कुंने हेठि जलाइऐ बालण संदै थाइ ॥

उस सिरको लेकर करेगा क्या, जो रबके आगे नहीं झुकता ? ईंधनकी जगह जला दे उसे घड़ेके नीचे।

फरीदा कित्थै तैडे मा पिआ जिन्ही तू जणिओहि।
तै पासहु ओइ लदि गए तू अजै न पतिणोहि ॥

फरीद ! कहाँ हैं तेरे माँ-बाप, जिन्होंने तुझे जन्म दिया था ? तेरे पाससे वे चले गये; आज भी तुझे विश्वास नहीं होता कि दुनिया यह नापायदार है।

फरीदा मैं जाणिआ दुखु मुज्झकू दुखु सबाइऐ जग्गि।
ऊँचे चढ़िकै देखिआ तॉ घरि घरि एहा अग्गि ॥

फरीद ! मैं समझता था कि दुःख मुझे ही है, मगर दुख तो सारी दुनियाको है। जब ऊँचे चढ़कर मैंने देखा, तब मैंने पाया कि यह आग तो हर घरमें लग रही है।

फरीदा तिना मुख डरावणे जिना विसारिओ नाउ।
ऐथै दुख घणेरिआ आगै ठउरु न ठाउ ॥

फरीद ! भयावने हैं उनके चेहरे, जिन्होंने उस मालिकका नाम भुला दिया। यहाँ तो उन्हे भारी दुःख है ही, आगे भी उनके लिये कोई ठौर-ठिकाना नहीं है।

कुवणु सु अक्खरु कवणु गुणु कवणु सु मणीआ मंतु।
कवणु सु वेसो हउ करी जितु वसि आवै कंतु ॥

वह कौन-सा शब्द है, वह कौन-सा गुण है, वह कौन-सा अनमोल मन्त्र है ? मैं कौन-सा भेष धारूँ, जिससे मैं अपने स्वामीको वशमें कर लूँ ?

निवणु सु अक्खरु खँवणु गुणु जिहवा मणीआ मंतु।
एत्रे मैणे वेस करि तो वसि आवी कंतु ॥

दीनता वह शब्द है, धीरज वह गुण है, शील वह अनमोल मन्त्र है। तू इसी भेषको धारण कर, बहिन, तेरा स्वामी तेरे वशमें हो जायगा।

इक फीका ना गालाइ सभना मैं सचा धणी।
हिआउ न कैही ठाहि माणिक सभ अमोलवे॥

एक भी अप्रिय बात मुँहसे न निकाल, क्योंकि सच्चा मालिक हर प्राणीके अंदर है। किसीके दिलको तू मत दुखा; हर दिल एक अनमोल रतन है।

सभना मन माणिक ठाहणु भूलि न चाँगवा।
जे तउ पिरी आसिक हिआउ न ठाहे कहीदा॥

हर दिल एक रतन है, उसे दुखाना किसी भी तरह अच्छा नहीं; अगर तू प्रीतमका आशिक है तो किसीके दिलको न सता।

जिंदु बहूटी मरणु वर, लै जासो परणाइ।
आपण हत्थी जोलि कै, कै गलि लग्गे धाइ॥

फरीदा जो तै मारनि मुक्कीआँ, तिना न मारै घुंमि।
आपन ढे घरि जाइऐ, पैरा तिन्हाँ दे चुंमि॥
फरीदा जिन लोइण जगु मोहिआ, सो लोइण मैं डिठु।
कजल रेख न सह दिआ, से पंखी सूह बहिठु॥
फरीदा खाकु न निंदीऐ, खाकु जेडु न कोइ।
जीव दिआ पैरा तले, मइआ ऊपरि होइ॥
रूखी सूखी खाइ कै, ठंढा पाणी पीउ।
फरीदा देखि पराई चोपड़ी, ना तरसाए जीउ॥
फरीदा वारि पराइए वैसणा, साईं मुझै न देहि।
जे तू ए वै रक्ख सी, जीउ सरीरहु लेहि॥
फरीदा काले मैंडे कपड़े, काला मैंडावेसु।
गुनही भरिआ मैं फिरा, लोकु कहै दरवेसु॥
फरीदा खालक खलक महि, खलक बसै रब माहिं।
मंदा किसनो आखीऐ, जाँ तिसु विणु कोई नाहिं॥*

मौलाना 'रूमी'

(जन्म—हिजरी सन् ६०४, पूरा नाम—मौलाना मुहम्मद जलालुद्दीन रूमी।)

आईना अत दानी चिरा गम्माज नेस्त।
जाँ कि जङ्गार अज रुखश मुम्ताज नेस्त॥

भावार्थ—हे मनुष्य! तू जानता है कि तेरा दर्पणरूपी मन क्यों साफ नहीं है। देख, इसलिये साफ नहीं कि उसके मुखपर जंग-सा मैल लगा हुआ है। मनको शुद्ध करो और आत्माका साक्षात्कार करो।

दामने ओ गीर जूदतर बेगुमां।
ता रिही आज आफते आखिरी जमां॥

भावार्थ—हे मनुष्य! तू बहुत शीघ्र उस प्रभुका पल्ला पकड़ ले, ताकि तू अन्त समयकी विपत्तियोंसे बच सके।

सब्र तलख आमद व लेकिन आवकात।
मेवाए शीरीं दहद पुर मनफअत॥

भावार्थ—संतोष यद्यपि कड़वा वृक्ष है, तथापि इसका फल बड़ा ही मीठा और लाभदायक है।

बँ कि ईं हर दो जयक अस्लस्त।
बर गुजर जीं हर दो गै ता अस्ले आं॥

भावार्थ—पाप और पुण्य ये दोनों एक ही कारणसे पैदा हुए हैं। इसलिये इन दोनोंको त्याग उस एककी तरफ चलना चाहिये, जिसने इनको पैदा किया है।

सूफी संत गुलाम अली शाह

(स्थान—कच्छ)

[प्रेषक—वैद्य श्रीबदरुद्दीन राणपुरी]

एजी आ रे संसार सकळ है झूठा।
मत जाणो है मेरा॥
छोड़ भरम तमे गुणज विचारो।
तो खोज अंतर घट तेरा॥

एजी ज्योत प्रकाश लीजे घट अंदर।
गुरु बिना घोर अँधेरा॥
कहै पीर गुलाम अलीशाह सुमरन कर ले।
समझ समझ मन मेरा॥

* जिंदु···परणाइ=जीवन-वधूको मरण-वर ब्याह कर ले जायगा। जो···घुंमि=जो तुझपर आघात करे, तू उसपर भी न कर बैठ। से···बहिठु=उनमें पक्षियोंकी चोंचें चुभायी जा रही हैं। मइआ···होइ=मरणोपरान्त कब्रका अङ्ग बनकर हमारे ऊपर आ जाती है। देखि···जीउ=दूसरेकी घीमें चुपड़ी गयी रोटी अर्थात् ऐश्वर्यको देखकर उसके लिये तरसना छोड़ दे। वारि=द्वारपर। एवं=इस प्रकारसे।

यह भी न रहेगा

मेरे एक मित्र हैं। उन्होंने अपनी मेजपर कुछ दिनोंसे एक आदर्श-वाक्य रख लिया था। वाक्य इतना ही था—'यह भी न रहेगा।'

बात कितनी सच्ची, कितनी कल्याणकारी है—यदि हृदयमें बैठ जाय। संसारका प्रत्येक अणु गतिशील है। परिवर्तन—निरन्तर परिवर्तन हो रहा है यहाँ।

हमारा यह शरीर—इस शरीरको हम अपना कहते हैं; किंतु कहाँ है हमारा शरीर? हमारा शरीर कौन-सा?

एक शरीर था माताके गर्भमें—बहुत छोटा, बहुत सुकुमार, मांसका एक पिण्डमात्र। जन्मके पश्चात् शिशुका शरीर क्या उस गर्भस्थ शरीरके समान रह गया? क्या वह गर्भस्थ शरीर बदल नहीं गया?

बालकका शरीर—आप कहते हैं कि बालक युवा हो गया। क्या युवा हो गया जो बालकमें था और युवकमें है। शरीर युवा हुआ? बालकके शरीरकी आकृतिके अतिरिक्त युवकके शरीरमें और क्या है बालकके शरीरका? आकृति—तब क्या मोम, मिट्टी, पत्थर आदिसे वैसी ही कोई आकृति बना देनेसे उसे आप बालकका शरीर कह देंगे?

युवक वृद्ध हो गया। युवककी देहसे वृद्धकी देहमें क्या गया या क्या घट गया? वह युवक-देह ही वृद्ध हुई—यह एक धारणा नहीं है तो है क्या?

विज्ञान कहता है—शरीरका प्रत्येक अणु साढ़े तीन वर्षमें बदल जाता है। आज जो शरीर है, साढ़े तीन वर्ष बाद उसका एक कण भी नहीं रहेगा। लेकिन देह तो रहेगी और जैसे हम आज इस देहको अपनी देह कहते हैं, उस देहको भी अपनी देह कहेंगे।

शरीरमें व्याप्त जो चेतन तत्त्व है—उसकी चर्चा ही व्यर्थ है। वह तो अविनाशी है। लेकिन देह—देह तो परिवर्तनशील है। वह प्रत्येक क्षण बदल रही है। जी हाँ—प्रत्येक क्षण। मल, मूत्र, कफ, स्वेद, नख, रोम आदिके मार्गसे, श्वाससे और यों भी आप प्रत्यक्ष देखते हैं कि चर्म बदलता रहता है। अस्थितक प्रतिक्षण बदल रही है। नवीन कण रुधिर, मांस, मज्जा, स्नायु एवं अस्थि आदिमें स्थान ग्रहण करते हैं—पुराने कण हट जाते हैं। वे किसी मार्गसे शरीरसे निकल जाते हैं।

जैसे नदीकी धारा प्रवाहित हो रही है—जल चला जा रहा है। क्षण-क्षण नवीन जल आ रहा है। वही नदी, वही धारा—भ्रम ही तो है। समस्त संसार क्षण-क्षण बदल रहा है। कुछ 'वही' नहीं है।

गर्भमें जो देह थी, बालकमें नहीं है। बालककी देह—युवककी वही देह नहीं है। युवककी देह-ही वृद्ध देह हुई—केवल भ्रम है। सब अवस्थाएँ बदल रही हैं। वृद्ध मर गया—हो क्या गया? शरीर तो बदलता ही रहा था, फिर बदल गया। आकृतिका कुछ अर्थ नहीं है और जीव—वह तो अविनाशी है।

व्यर्थ है शरीरका मोह। व्यर्थ है मृत्युका भय। जो नहीं रहता—नहीं रहेगा वह। उस बदलनेवाले, नष्ट होनेवाले अस्थिर, विनाशीका मोह व्यर्थ है।



यह भी न रहेगा



ऐश्वर्य और दारिद्र्य

ऐश्वर्य और दारिद्र्य

धनका मद—कितना बड़ा है यह मद। ऋषियोंने लक्ष्मीको उलूकवाहिनी कहा है। भगवान् नारायणके साथ तो वे ऐरावतवाहिनी या गरुड़वाहिनी रहती हैं; किंतु अकेली होनेपर उनको पसंद है रात्रिचर पक्षी उलूक।

तात्पर्य बड़ा स्पष्ट है—यदि भगवान् नारायणकी सेवा ही धनका उद्देश्य न रहा, धनमद बुद्धिका नाश कर देता है। जहाँ भी धनको उपभोगके लिये एकत्र किया जाता है—विचार कुण्ठित हो जाता है। लक्ष्मी अपना वाहन बना लेती हैं मनुष्यको, यदि मनुष्य उनकी कृपा प्राप्त करके उनके आराध्य श्रीनारायणकी चरणशरण ग्रहण नहीं करता।

अन्धं बधिरं तनुते लक्ष्मीर्जनस्य को दोषः।
हालाहलस्य भगिनी यन्न मारयति तच्चित्रम्॥

लक्ष्मी अपने कृपापात्रोंको अंधा-बहिरा बना देती हैं, इसमें उन लोगोंका कोई दोष नहीं है। वे हैं ही हालाहल विषकी छोटी बहिन—क्षीरसागरसे समुद्रमन्थनके समय हालाहल विषके उत्पन्न होनेके बाद वे उत्पन्न हुईं। महाविषकी बहिन होनेपर भी प्राण नहीं ले लेतीं, यही आश्चर्यकी बात है।

यह तो कविकी उक्ति है; किंतु मदान्ध मनुष्य ऐश्वर्यके मदमें अंधा और बहिरा बन जाता है, यह स्पष्ट सत्य है। उसके सामने उसके सेवक कितना कष्ट पाते हैं, कितना श्रम करते हैं, दीनजन कितने कष्टमें हैं—यह उसे दिखायी नहीं पड़ता। उसके स्वार्थकी पूर्तिके लिये कितना पाप, कितना अन्याय हो रहा है, यह उसे नहीं सूझता। दुखियोंकी प्रार्थना, दीनोंकी माँग, पीड़ितोंकी पुकार उसके कान सुन नहीं पाते। दूसरोंकी बात तो दूर—वह अपने पतनको नहीं देख पाता। अपने पापोंको देखनेके लिये उसकी दृष्टि बंद रहती है। अपने अन्तःकरणकी सात्त्विक पुकार उसके बहिरे कानोंमें नहीं पहुँचती।

छल-कपट, अन्याय-अत्याचार आदि नाना प्रकारके पापोंसे प्राप्त यह ऐश्वर्य—लेकिन लक्ष्मी तो चञ्चला हैं। उनका आगमन ही बड़े श्रम एवं चिन्तासे होता है; किंतु उनको जाते विलम्ब नहीं होता। उनको जानेके लिये मार्ग नहीं ढूँढ़ना पड़ता। ऐश्वर्यका अन्त महीनोंमें नहीं, क्षणोंमें हो जाता है। प्रतिदिन हमारे सामने हो रहा है।

अकाल, भूकम्प, बाढ़, दंगे—ये आकस्मिक कारण भी आज नित्यकी बातें हो गयी हैं। चोरी, डकैती, ठगी—इनकी वृद्धि होती ही जा रही है। लेकिन ऐश्वर्यका नाश होनेके लिये तो सैकड़ों कारण हैं—बहुत साधारण कारण। ऐसे कारण जिनका कोई भी प्रतीकार करना शक्य नहीं होता।

दरिद्रता—ऐश्वर्यका कब नाश होगा और कौन कब कंगाल हो जायगा, कोई नहीं कह सकता। क्या बुरी है दरिद्रता? ऐश्वर्यमें मदान्ध होनेसे तो यह दारिद्र्य श्रेष्ठ ही है। मनुष्यमें सद्भावना, सहानुभूति, परोपकार, आस्तिकता आदि अनेक सद्गुणोंका विकास दरिद्रताके ही उपहार हैं।

किसी क्षण दरिद्रता आ सकती है—ऐश्वर्यमें यह भूलना नहीं चाहिये। यह भी भूलना नहीं चाहिये कि भगवान् दीनबन्धु हैं। दीनोंको बन्धु बनाकर, उनसे सौहार्दका व्यवहार करके ही दीनबन्धुकी कृपा प्राप्त होती है।



*

गुरु नानकदेव

(जन्म—वि० सं० १५२६, वैशाख शुक्ला ३, जन्म-स्थान—तलवंडी गाँव, जाति—खत्री, पिताका नाम—कालूचन्दजी, माताका नाम—तृप्ता, भेष—गृहस्थी, निर्वाण—संवत् १५९५ वि०, आश्विन शु० १०, निर्वाण-स्थान—करतारपुर)



हिरदै नामु सरब धनु धारणु
गुर परसादी पाईऐ।
अमर पदारथ ते किरतारथ
सहज धिआनि लिव लाईऐ॥
मन रे, राम भगति चितु लाइऐ।
गुरमुखि राम नामु जपि हिरदै
सहज सेती घरि जाईऐ॥
भरमु भेदु भउ कबहु न छूटसि आवत जात न जानी।
बिनु हरिनाम कोउ मुकति न पावसि डूबि मुए बिनु पानी॥
धंधा करत सगलि पति खोवसि भरमु न मिटसि गवारा।
बिनु गुरसबद मुकति नहीं कबही अँधुले धंधु पसारा॥
अकल निरंजन सिउ मनु मानिआ मनही ते मनु मूआ।
अंतरि बाहरि एको जानिआ नानक अवरु न दूआ॥*

साचा साहिबु साचु नाइ भाखिआ भाउ अपारु॥
आखहि मंगहि देहि देहि दाति करे दातारु।
फेरि कि अग्गै रखीए जितु दिसै दरबारु॥
मुहौ कि बोलणु बोलीए जितु सुणि धरे पिआरु।
अमृत वेला सचु नाउ वडिआई वीचारु॥
करमी आवै कपड़ा नदरी मोखु दुआरु।
नानक एवै जाणीऐ सभु आपे सचिआरु॥

वह स्वामी 'सत्य' है, उसका नाम भी सत्य है। और उसका बखान करनेके भाव या ढंग अनगिनती हैं।

लोग निवेदन करते हैं और माँगते हैं कि 'स्वामी, तू हमें दे दे।' और उन्हें वह दाता देता है।

फिर क्या उसके आगे रखें कि जिससे उसका (मेहर-का) दरबार दीख पड़े? और इस मुखसे हम क्या बोल बोलें कि जिन्हें सुनकर वह स्वामी हमसे प्रेम करे!

अमृत-वेलामें, मङ्गलमय प्रभात-कालमें, उसके सत्य नामका और उसकी महिमाका विचार करो, स्मरण करो।

कर्मोंके अनुसार चोला तो बदल लिया जाता है, किंतु मोक्षका द्वार उसकी दयासे ही खुलता है।

नानक कहते हैं—यों जानो तुम कि वह सत्यरूप प्रभु आप ही सब कुछ है।

जे जुग चारे आरजा होर दसूणी होइ।
नवा खंडा विचि जाणीऐ नालि चलै सभु कोइ॥
जे तिसु नदरि न आवई त बात न पुच्छै केइ।
चंगा नाउ रखाइ कै जसु कीरति जगि लेइ॥
कीटा अंदरि कीटु करि दोसी दोसु धरे।
नानक निरगुणि गुणु करे गुणवँतिआ गुणु दे॥
तेहा कोइ न सुजाणई जि तिसु गुणु कोइ करे।

मनुष्य यदि चारों युग जीये, या इससे भी दसगुनी उसकी आयु हो जाय और नवों खंडोंमें वह विख्यात हो जाय, सब लोग उसके साथ चलने लगें,

दुनियाभरके लोग उसे अच्छा कहें, और उसके यशका बखान करें, पर यदि परमात्माने उसपर अपनी (कृपा) दृष्टि नहीं की तो कोई उसकी बात भी पूछनेवाला नहीं, उसकी कुछ भी कीमत नहीं।

तब वह कीटसे भी तुच्छ कीट माना जायगा। दोषी भी उसपर दोषारोप करेंगे।

नानक कहते हैं—वह निर्गुणीको भी गुणी कर देता है, और जो गुणी है, उसे और भी अधिक गुण बख्श देता है।

पर ऐसा कोई भी दृष्टिमें नहीं आता, जो परमात्माको गुण दे सके।

---

* गुर परसादी=गुरुकृपासे। अमर पदारथ ते=नामरूपी अविनाशी वस्तु पाकर। किरतारथ=कृतार्थ, सफल-जीवन। सहज ..... जाईऐ=सहज साधनासे ब्रह्मधाम प्राप्त कर लेना चाहिये। भरमु भेदु भउ=द्वैतभावका भय। धंधा=प्रपंच। सगलि पति=सारी प्रतिष्ठा। गवारा=गँवार, मूर्ख। मुकति=मुक्ति, मोक्ष। अंधुले=अंधा। मनही ते मनु मूआ=प्रभु भक्तिमें लगे हुए मनने विषयरत मनको नष्ट कर दिया। दूआ=दूसरा, अन्य।

भरीऐ हथ्थु पैरु तनु देह । पाणी धोतै उतरसु खेह ॥
मूत पलीती कपड़ु होइ । दे साबुणु लईऐ ओहु धोइ ॥
भरीऐ मति पापा कै संगि । ओहु धोपै नावै कै रंगि ॥
पुंनी पापी आखणु नाहि । करि करि करणा लिखि लै जाहु ॥
आपे बीजि आपे ही खाहु । नानक हुकमी आवहु जाहु ॥

जब हाथ, पैर और शरीरके दूसरे अङ्ग धूलसे सन जाते हैं, तब वे पानीसे धोनेसे साफ हो जाते हैं।

मूत्रसे जब कपड़े गंदे हो जाते हैं, तब साबुन लगाकर उन्हे धो लेते हैं। ऐसे ही यदि हमारा मन पापोंसे मलिन हो जाय तो वह नामके प्रभावसे स्वच्छ हो सकता है।

केवल कह देनेसे मनुष्य न पुण्यात्मा बन जाते हैं न पापी। किंतु वे तुम्हारे कर्म हैं, जिन्हे तुम अपने साथ लिखते जाते हो, तुम्हारे कर्म तुम्हारे साथ-साथ जाते हैं।

आप ही तुम जैसा बोते हो, वैसा खाते हो। नानक कहते हैं—यह तुम्हारा आवागमन उसकी आज्ञासे ही हो रहा है।

आखा जीवा विसरै मरि जाउ।
आखणि अउखा साचा नाउ॥
साचे नाम की लागै भूख।
उतु भूखै खाइ चली अहि दूख॥
सो किउ विसरै मेरी माइ।
साचा साहिबु साचै नाइ॥
साचे नाम की तिलु वडिआई।
आखि थके कीमति नही पाई॥
जे सभि मिलिकै आखण पाहि।
वडा न होवै घाटि न जाइ॥
ना ओहु मरै न होवै सोगु।
देदा रहै न चूकै भोगु॥
गुणु एहो होरु नाही कोइ।
ना को होआ ना को होइ॥
जेवडु आपि तेवडु तेरी दाति।
जिनि दिनु करिकै कीती राति॥
खसमु विसारहि ते कमजाति।
नानक नावै बाझु सनाति॥

यदि मैं नामका जप करूँ, तो जीऊँ; यदि भूल जाऊँ, तो मर जाऊँ; उस सच्चेके नामका जप बड़ा कठिन है।

यदि सच्चे नामकी भूख लग उठे, तो खाकर तृप्त हो जानेपर भूखकी व्याकुलता चली जाती है।

तब हे मेरी माता! उसे मैं कैसे भुला दूँ!

स्वामी वह सच्चा है, उसका नाम सच्चा है।

उस सच्चे नामकी तिलमात्र भी महिमा बखान-बखानकर मनुष्य थक गये, फिर भी उसका मोल नहीं आँक सके।

यदि सारे ही मनुष्य एक साथ मिलकर उसके वर्णन करनेका यत्न करें, तो भी उसकी बड़ाई न तो उससे बढ़ेगी और न घटेगी।

वह न मरता है और न उसके लिये शोक होता है।

वह देता ही रहता है नित्य सबको आहार, कभी चूकता नहीं देनेसे।

उसकी यही महिमा है कि उसके समान न कोई है, न था और न होगा।

तू जितना बड़ा है, उतना ही बड़ा तेरा दान है।

तूने दिन बनाया है, और रात भी।

वे मनुष्य अधम हैं, जो तुझ स्वामीको भुला बैठे हैं।

नानक, बिना तेरे नामके वे बिल्कुल नगण्य हैं।

हरि बिनु किउ रहिए दुखु ब्यापै।
जिहवा सादु न फीकी रस बिनु, बिनु प्रभ काल सतापै॥
जबलगु दरसु न परसै प्रीतम तबलगु भूखि पिआसी।
दरसनु देखत ही मनु मानिआ, जल रमि कमल बिगासी॥
ऊनवि घनहरु गरजै बरसै, कोकिल मोर बैरागै।
तरवर बिरख बिहंग भुअंगम घरि पिरु धन सोहागै॥
कुचिल कुरूप कुनारि कुलखनी पिरु कउ सहजु न जानिआ।
हरिरस रंगि रसन नहा तृपती, दुरमति दूख समानिआ॥
आइ न जावै ना दुखु पावै ना दुख दरदु सरीरे।
नानक प्रभ ते सहज सुहेली प्रभ देखत ही मनु धीरे*॥
जग्गन होम पुंन तप पूजा देह दुखी नित दूख सहै।
रामनाम बिनु मुकति न पावसि मुकति नामि गुरमुखि लहै†॥

* किउ=क्योंकर, कैसे। सादु=स्वादु। रस=हरि-भक्तिसे आशय है। मानिआ=तृप्त हो गया। रसि=आनन्द-रस लेकर। बिगासी=खिल गया। ऊनवि=घुमड़ आया। घनहरु=बादल। ऊनवि··· बैरागै=बिना प्रियतमके पावसके घुमड़े बादलोंका गरजना, बरसना और कोयल व मोरका बोलना—ये सब वैराग्य या अनमनापन पैदा करते हैं। पिरु=प्रियतम। घरि···सोहागै=जिस स्त्रीके घरपर उसका प्रियतम है, वही असलमें सुहागिन है। कुचिल=बुरे मैले कपड़े पहननेवाली। सुहेली=सुन्दर, सुहागिन। मनु धीरे=मन तृप्त या शान्त हो गया है।

† जग्गन=यज्ञ। जग्गन··· ···सहै=यज्ञ, हवन, दान, पुण्य, तप, देव-पूजन आदि अनेक साधनोंको करके मनुष्य क्लेश और दुःख देहको देते हैं। मुकति··· ···लहै=गुरु-उपदेशद्वारा ही प्रभुका नाम लेनेसे ही मुक्ति मिलती है।

राम नाम बिनु बिरथे जगि जनमा ॥
बिखु खावै बिसु बोलै बिनु नावै निहफलु मरि भ्रमना ।
पुसतक पाठ बिआकरण बखाणै संधिआ करम तिकाल करै ॥
बिनु गुरसबद मुकति कहा प्राणी राम नाम बिनु उरझि मरै ।
डंड कमंडल सिखा सूत धोती तीरथि गवनु अति भ्रमनु करै ॥
राम नाम बिनु साति न आवै जपि हरि हरि नामु सु पारि परै ।
जटा मुकटु तनि भसम लगाई बसत्र छोडि तनि नगन भइआ ॥
जेते जीअ जंत जलि थलि महीअलि जत्र कत्र तू सरब जीआ ।
गुरपरसादि राखिले जन कउ हरिरसु नानक झोलि पीआ *॥

धन्नु सु कागमु कलम धनु धनु भांडा धनु मस्सु ।
धनु लेखारी नानका जिनि नामु लिखाइआ सच्चु[1] ॥
रे मन डीगि न डोलिऐ सीधे मारगि धाउ ।
पाछै बाघु डरावणो आगै अगनि तलाउ[2] ॥
सहसै जीअरा परि रहिओ मोकउ अवरु न ढंगु[3] ।
नानक गुरमुखि छूटिऐ हरि प्रीतम सिउ संगु[4] ॥
बाघु मरै मनु मारिऐ जिसु सतिगुर दीखिआ होइ ।
आपु पछाणै हरि मिलै बहुड़ि न मरणा होइ[5] ॥
सरवरु हंस न जाणिआ काग कुपंखी संगि ।
साकत सिउ ऐसी प्रीति है बूझहु गिआनी रंगि[6] ॥

जनमे का फलु किआ गणी जाँ हरि—भगति न भाउ ।
पैधा खाधा वादि है जॉ मनि दूजा भाउ[6] ॥
सभनि घटी सहु बसै सहबिनु घटु न कोइ ।
नानक ते सोहागणी जिन्हा गुरमुखि परगटु होइ[7] ॥

आपे रसीआ आपि रसु, आपे रावणहारु ।
आपे होवे चोलड़ा, आपे सेज भतारु ॥
रंगिरता मेरा साहिबु, रवि रहिआ भरपूरि ।
आपे माछी मछुली, आपे पाणी जालु ।
आपे जाल मणकड़ा, आपे अंदरि लालु ॥
आपे बहु विधि रंगुला, सखी ए मेरा लालु ।
नित रवै सोहागणी, देखु हमारा हालु ॥
प्रणवै नानकु वेनती, तू सरवरु तू हंसु ।
कउलु तू है कवीआ तू है, आपे वेखि विगसु ॥*

आपे गुण आपे कथै, आपे सुणि वीचारु ।
आपे रतनु परखि तूँ, आपे मोलु अपारु ॥
साचउ मानु महतु तूँ, आपे देवणहारु ।
हरि जीउ तूँ करता करतारु ॥
जिउ भावै तिउ राख तूँ हरि नामु मिलै आचारु ।
आपे हीरा निरमला, आपे रंगु मजीठ ॥
आपे मोती ऊजलो, आपे भगत वसीठु ।
गुर कै सबदि सलाहणा, घटि घटि डीठु अडीठु ॥
आपे सागुरु बोहिथा, आपे पारु अपारु ।
साची बाहु सुजाणु तूँ, सबदि लखावणहारु ।
निडरिआ डरु जाणीऐ, बाहु गुरू गुबारु ॥
असथिरु करता देखीऐ, होरु केती आवै जाइ ।†

---

* बिखु=विष, इन्द्रिय-विषयोंसे तात्पर्य है । निहफलु=निष्फल, व्यर्थ । संधिआ=संध्या-वन्दन । तिकाल=तीनों समय—प्रातः, मध्याह्न और सायंकाल । सूतु=सूत्र, यज्ञोपवीत । वसत्र=वस्त्र । तनि=शरीरसे। भइआ=हुआ । महीअलि=महीतल । जत्र कत्र=जहाँ-तहाँ, सर्वत्र । सरब जीआ=सब जीवोंमें । झोलि=छानकर, मस्त होकर, अघाकर ।

१. धन्य वह कागज, धन्य वह कलम, धन्य वह दावात और धन्य वह स्याही और धन्य वह लिखनहार नानक, जिसने कि उस सत्य-नामको लिखा है ।

२. डीगि न डोलिऐ=हिलना-डोलना नहीं, तनिक भी विचलित न होना । तलाउ=तालाब । बाघु=कामसे आशय है । अगनि=सम्भवतः तृष्णासे आशय है ।

३. सहसै ··· ·· रहिओ=संशयमें अर्थात् दुविधामें मन पड़ गया है । ढंगु=उपाय । सिउ=से ।

४. आपु पछाणै=निजस्वरूपको पहचान ले । बहुड़ि=फिर ।

५. साकत=शाक्त; आशय है हरि-विमुखसे ।

६. पैधा खाधा वादि है=पीना-खाना व्यर्थ है । जॉ ··· भाउ= जहाँ मनमें ईश्वर-भक्तिको छोड़कर सांसारिक विषय-भोगोंपर ध्यान है ।

७. सभनि ··· ··· बसै=सभी घटों अर्थात् शरीरोंमें प्रभु बसा हुआ है । सहु=स्वामी, ईश्वर । जिन्हा ··· ··· होइ=जिनके हृदयमें वह स्वामी सद्गुरुके उपदेशसे प्रकट हो गया ।

* रावणहारु=भोगनेवाला । चोलड़ा=चोलीवाली स्त्री । मणकड़ा= चमकीला । लालु=चारा । रँगुला=रंगीला, खेलबाड़ी । कउलु= कमल । कवीआ=कुमुदनी, कैरव ।

† सागुरु=सागर, समुद्र । बोहिथा=बोहित, जहाज । बाहु= अतिरिक्त । गुबारु=धूल । होरु=और, अन्य ।

आपे निरमल एकु तूँ, होर वँधी धंधै पाइ ।
गुरि राखे सो ऊबरे, सचि सिउ लिव लाइ ॥
हरि जीउ सबदि पछाणिऐ, सचि रते गुर वाकि ।
तितु तनि मैलु न लगई, सच घरि जिसु ताकु ।
नदरि करै सचु पाईऐ, विना नावै किया साकु ॥
जिनी सचु पछाणिआ, सो सुखीए जुग चारि ।
हउ मैं त्रिसना मारिकै, सचु रखिआ उर धारि ।
जगु महि लाहा एकु नामु, पाइऐ गुर वीचारि ॥
साचउ वखरु लादीऐ, लाभु सदा सचु रासि ।
साची दरगह वैसई, भगति सची अरदासि ।
पति सिउ लेखा निवड़ै, राम नामु परगासि ॥
ऊँचा ऊँचउ आखिऐ, कहउ न देखिआ जाइ ।
जहँ देखा तहँ एक तूँ सति गुरि दीआ दिखाइ ।
जोति निरंतरि जाणीऐ, नानक सहजि सुभाइ ॥*

एको सरवरु कमल अनूप । सदा विगासै परमल रूप ॥
ऊजल मोती चूगहि हंस । सरब कला जग दीसै अंस ॥
जो दीसै सो उपजै विनसै । विनु जल सरवरि कमलु न दीसै ॥
विरला बूझै पावै भेदु । साखा तीनि कहै नित बेदु ॥
नाद विंद की सुरति समाइ । सति गुरु सेवि परम पदु पाइ ॥
मुकतो रातउ रंगि रवाँतउ । राजन राजि सदा विगसाँतउ ॥
जिसु तूं राखहि किरपा धारि । बूड़त पाहन तारहि तारि ॥

त्रिभवण महि जोति त्रिभवण महि जाणिआ ।
उलट भई घरु घरमहि आणिआ ॥

अहि निसि भगति करै लिव लाइ । नानकु तिनकै लागै पाइ ॥†

रैणि गवाई सोइ कै, दिवसु गवाँइआ खाइ ।
हीरे जैसा जनमु है, कउड़ी बदले जाइ ॥
नामु न जानिआ राम का, मूढे फिरि पाछे पछुताहिरे ।
अनता धुन धरणी धरै अनत न चाहिआ जाइ ।
अमत कउ चाहन जोगए से आए अनत गवाइ ॥
आपण लीआ जे मिल ता सभु को भागनु होइ ।
करमा ऊपरि निवड़ै जो लोचै सभु कोइ ॥‡

नानक करणा जिनि किया, सोई सार करेइ ।
हुकमु न जापी खसम का किसे बढ़ाई देइ ॥*

परदारा परधनु पर लोभा, हउ मै विखै विकार ।
दुस्ट भाउ तजि निंद पराई, कामु, क्रोधु चंडार ॥

महल महि बैठे अगम अपार ।
भीतरि अंम्रितु सोइ जनु पावै, जिसु गुर का सबदु रतनु आचार ॥
दुख सुख दोऊ सम करि जाणै, बुरा भला संसार ।
सुधि बुधि सुरति नामि हरि पाईऐ, सतसंगति गुर पिआर ॥
अहिनिसि लाहा हरि नामु परापति, गुरु दाता देवणहारु ।
गुर मुखि सिख सोई जनु पाए, जिसनो नदरि करे करतारु ॥
काइआ महलु मंदरु घरु हरिका, तिसु महि राखी जोति अपार ।
नानक गुर मुखि महलि बुलाईऐ, हरि मेले मेलणहार ॥

राम नामि मनु वेधिआ अवरु कि करी वीचारु ।
सबद सुरति सुख ऊपजै प्रभ रातउ सुखसारु ।
जिउ भावै तिउ राखु तूँ मै हरि नामु अधारु ॥

मन रे साची खसम रजाइ ।
जिनि तनु मनु साजि सीगारिआ, तिसु सेती लिव लाइ ॥
तनु वैसंतरि होमीऐ इक रती तोलि कटाइ ।
तनु मनु सभ धाजे करी अनदिनु अगनि जलाइ ।
हरि नामै तुलि न पूजई, जे लख कोटि करम कमाइ ॥
अरध सरीरु कटाईऐ सिरि करवतु धराइ ।
तनु हैमंचलि गालीऐ भी मन तेरो गुन जाइ ।
हरि नामै तुलि न पूजई सभ फिठी ठोकि वजाइ ॥
कंचन के कोट दतु करी बहु हैवर गैवर दानु ।
भूमि दानु गऊआ घणी भी अंतरि गरबु गुमानु ।
राम नामि मनु वेधिआ गुरि दीआ सचु दानु ॥
मन हठ बुधी केतीआ केते वेद वीचार ।
केते बंधन जीअ के गुर मुखि मोख दुआर ।
सचहु उरै सभु कोऊ परि सचु आचारु ॥
सभु कोउ चा आखीऐ नीचु न दीसै कोइ ।
इकने भाडे साजिऐ इकु चनणु तिहु लोइ ।
करमि मिलै सचु पाईऐ धुरि परवसन मेटै कोइ ॥
साधु मिलै साधू जनै संतोखु वसै गुरभाइ ।†

---

* वाकि=वचनमें । ताकु=स्थिर दृष्टि । नदरि=कृपादृष्टि । नावै=नाम अर्थात् भक्ति, आत्मसमर्पणका भाव । साकु=महान् कार्य । अरदासि=विनय, प्रार्थना ।

† रवाँतउ=रमा हुआ । विगसाँतउ=विकास पाता हुआ ।

‡ लोचै=अभिलाषा करते है ।

*सार=पूरा । जापी=पूरा किया ।

† वैसंतरि=अग्निमे । हैमंचलि=हिमालयमें । फिठी=जाँच लिया । दतु=दातव्य । भी=फिर भी । उरै=उबरता है ।

अकथ कथा विचारीअै जे सति गुर माहि समाइ।
पी अम्रितु संतोखिआ दर राहिपै धाजाइ॥
घटि घटि बाजै किंगुरी अनदिनु सबदि सुभाइ।
बिरला कउ सोझी पई, गुरुमुखि मनु समझाइ।
नानक नामु न बीसरै छूटै सबदु कमाइ॥
काची गागरि देह दुहेली, उपजै बिनसै दुखु पाई।
इहु जगु सागरु दुतरु किउ तरीऐ, बिनु हरि गुर पार न पाई॥
तुझ बिनु अवरु न कोई मेरे पिआरे, तुझ बिनु अवरु न कोइ हरे।
सरबी रंगी रूपी तूँ है, तिसु बरबसे जिसु नदरि करे॥
सासु बुरी घरि वासु न देवै, पिर सिउ मिलण न देइ बुरी।
सखी साजनी के हउ चरन सरेवउ हरि गुर किरपा ते नदरि धरी॥
आपु बीचारि मारि मनु देखिआ, तुमसा मीतु न अवरु कोई।
जिउ तूँ राखहि तिवही रहणा, दुखु सुखु देवहि करहि सोई॥
आसा मनसा दोऊ बिनासत, त्रिहु गुण आस निरास भई।
तुरीया बसथा गुर मुखि पाईऐ, संत सभा की उट लही॥
गिआन धिआन सगले सभि जप तप, जिसु हरि हिरदै अलख अभेवा
नानक राम नामि मनु राता, गुरमति पाए सहज सेवा॥*

श्रीगुरु अंगदजी

(जन्म-संवत् १५६१ वि० वैशाखी ११। जन्म-स्थान—हरिके गाँव। जाति—खत्री। पिताका नाम—श्रीफेरूजी। गुरुका नाम—नानकजी। माताका नाम—श्रीदयाकौर। भेष—गृहस्थ। देहावसान-काल—वि० सं० १६०९ चैत्र शुक्ला १०)

जिसु पिआरे सिउ नेहु तिसु आगै मरि चलिऐ।
धिगु जीवण संसार ताकै पाछै जीवणा॥
जौ सिरु साईं ना निवै, सो सिरु दीजै डारि।
(नानक) जिसु पिंजर महिं बिरह नहि, सो पिंजर लै जारि॥
नानक चिंता मति करहु चिंता तिसही हेइ॥
जल महि जंत उपाइअनु तिना भी रोजी देइ।
ओथै हटु न चलई ना को किरस करेइ॥
सउदा मूलि न होवई ना को लए न देइ।
जीआ का आधारु जीअ खाणा एहु करेइ॥
विचि उपाए साइरा तिना भि सार करेइ।
नानक चिंता मत करहु चिंता तिसही हेइ॥ १॥
साहिब अंधा जो कीआ करे सुजाखा होइ।
जेहा जाणै तेही वरतै जे सउ आखै कोइ॥
जिथै सु वसतु न जापई आपे वरतउ जाणि।
नानक गाहकु किउ लए सकै न वसतु पछाणि॥
सो किउ अंधा आखिऐ जि हुकमहु अंधा होइ।
नानक हुकमु न बुझई अधा कहीऐ सोइ॥ २॥
अंधे कै राहि दसिऐ अंधा होइ सु जाइ।
होइ सुजाखा नानका सो किउ ऊझड़ि पाइ॥
अंधे एहि न आखीअनि जिन मुखि लोइण नाहि।
अंधे सेई नानका खसमहु घुत्थे जाहि॥ ३॥
रतना केरी गुथली रतनी खोली आइ।
वखर तै वणजारिआ दूहा रही समाइ॥

* दुतरु=दुस्तर। पिर सिउ=पियसे। सरेवउ=पड़ती हूँ। उट=ओट, आश्रय।

१. तिसही हेइ=उसे (परमात्माको) ही है। उपाइअनु=पैदा किये। तिना=उनको। ओथै=वहाँ। हटु=हाट; दूकान। ना को किरस करेइ=न कोई खेती (या व्यापार) करता है। आधारु= आहार। एहु=वही (परमात्मा)। करेइ=जुटाता है। विचि उपाए साइरा=सागरके बीचमे जिनको पैदा किया है। तिना भि सार= उनकी भी सँभाल करता है।

२. साहिब ··· ··· कोइ=जिस परमात्माने अंधा बना दिया उसे वह स्पष्ट दृष्टि दे सकता है। मनुष्यको जैसा वह जानता है, वैसा उसके साथ बर्ताव करता है, भले ही उसके विषयमें मनुष्य सौ बातें कहे, अथवा कुछ भी कहे। वसतु=परमात्मासे आशय है। न जापई=नही दिखायी देता। आपे वरतउ जाणि=जान लो कि वहाँ अहंकार प्रवृत्त है। किउ लए=क्यों खरीदे। आखिऐ=कहे। हुकमहु=(परमात्माकी) मरजीसे। न बुझई=नही समझता।

३. अंधे कै ··· ··· जाइ=अंधेके दिखाये रास्तेपर जो चलता है, वह स्वयं ही अंधा है। सुजाखा=अच्छी दृष्टिवाला, जिसे अच्छी तरह सूझता या दीखता है। किउ ऊझडि पाइ=क्यों उजाड़में भटकने जाय। एहि=उनको। आखीअनि=कहा जाय। मुखि लोइण नाहि= चेहरेपर आँखें नही हैं। खसमहु घुत्थे जाहि=स्वामीसे भटक गये, उनका रास्ता भूल गये।

जिन गुणु पलै नानका माणक वणजहि सेइ ।
रतना सार न जाणई अंधे बतहि लोइ ॥ ४ ॥

नानक अंधा होइ कै रतन परक्खण जाइ ।
रतना सार न जाणई आवै आपु लखाइ ॥ ५ ॥

जपु जपु सभु किछु मंनिऐ अवरि कारा सभि बादि ।
नानक मंनिआ मंनीऐ बुझीऐ गुरपरसादि ॥ ६ ॥

नानक दुनीआ कीआँ वडिआईआँ अग्गी सेती जालि ।
एन्ही जलीई नामु विसारिआ इक न चलीआ नालि ॥७॥

जिन वडिआई तेरे नाम की ते रत्ते मन माहि ।
नानक अंमृतु एकु है दूजा अंमृतु नाहि ॥
नानक अंमृतु मनै माहि पाईऐ गुरपरसादि ।
तिनी पीता रंग सिउ जिन कउ लिखिआ आदि ॥ ८ ॥

जे सउ चंदा उगवहि सूरज चड़हि हजार ।
एते चान्द्रण होदिआँ गुरु विन घोर अँधार ॥९॥

गुरु अमरदासजी

(जन्म-संवत् १५३६, वैशाख शुक्ल १४। जन्म-स्थान—बसरका गाँव (अमृतसरके पास)। पिताका नाम—तेजभान, माताका नाम—बखतकौर, देहान्त—वि० सं० १६३१ भादोंपूर्णिमा।)

ए मन ! पिआरिआ तू सदा सचु समाले ।
एहु कुटंबु तू जि देखदा, चलै नाही तेरै नाले ॥
साथि तेरै चलै नाही तिसु नालि किउ चितु लाईऐ ।
ऐसा कंमु मूले न कीचै जितु अंति पछोताईऐ ॥
सतिगुरुका उपदेसु सुणि तू होवै तेरै नाले ।
कहै नानकु मन ! पिआरे तू सदा सचु समाले ॥

राम राम सभु को कहै, कहिऐ रामु न होइ ।
गुर परसादी रामु मनि वसै, ता फलु पावै कोइ ॥

अंतरि गोविंद जिसु लागै प्रीति ।
हरि तिसु कदै न बीसरै, हरि हरि करहि सदा मनि चीति ॥

हिरदै जिन्ह कै कपटु वसै, बाहरहु संत कहाहि ।
त्रिसना मूलि न चूकई, अंति गए पछुताहि ॥
अनेक तीरथ जे जतन करै ता अंतर की हउमै कदे न जाइ ।
जिसु नर की दुविधा न जाइ धरमराइ तिसु देइ सजाइ ॥
करमु होवै सोई जनु पाए गुरमुखि बूझै कोई ।
नानक विचरहु हउमै मारे तॉ हरि भेटै सोई ॥*

ए मन चंचला चतुराई किनै न पाईआ ।
चतुराई न पाईआ किनै तु सुणि मंन मेरिआ ॥
एह माइआ मोहणी जिनि एतु भरमि भुलाईआ ।
माइआ त मोहणी तिनै कीती जिनि ठगडली पाईआ ॥
कुरबाणु कीता तिसै विटहु जिनि मोह मीठा लाईआ ।
कहै नानकु मन चंचल चतुराई किनै न पाईआ ॥†

४. यदि जौहरी आकर रत्नोंकी थैली खोल दे तो वह रत्नोंको और गाहकको मिला देता है ।
(अर्थात् वह गुरु या संतपुरुष गाहक या साधकसे हरि-नामरूपी रत्नको खरीदवा देता है ।)
नानक ! गुणवान् (पारखी) ही ऐसे रत्नोंको बिसाहेंगे; किंतु जो लोग रत्नोंका मोल नहीं जानते, वे दुनियामें अंधोंकी तरह भटकते हैं।

५. सार=कीमत । आवै आपु लखाइ=अपना प्रदर्शन करके (अपना मजाक कराकर) लौट जायेगा ।

६. जप, तप, सब कुछ उसकी आज्ञापर चलनेसे प्राप्त हो जाता है; और सब काम व्यर्थ है ।
उसी (मालिक) की आज्ञा तू मान, जिसकी आज्ञा माननेयोग्य है । (अथवा उस संतपुरुषकी आज्ञा मान, जिसने स्वयं उसकी आज्ञाको माना है); गुरुकी कृपासे ही उसे हम जान सकते हैं ।

७. नानक ! दुनियाकी बड़ाइयोंमें लगा दे आग; इन्हीं आग लगी बड़ाइयोंने तो उसका नाम बिसार दिया है । इनमेंसे एक भी तो (अन्तमें) तेरे साथ चलनेकी नहीं ।

८. जिन ··· ··· मन माहि=जिन्होंने तेरा महिमाको जान लिया, उन्हें ही हार्दिक आनन्द मिला । गुरपरसादि=गुरुकी कृपासे । तिनी ··· ···आदि=जिनके माथेपर आदिसे ही लिख दिया गया है, वे ही आनन्दसे उस अमृतका पान करते हैं ।

९. यदि सौ चन्द्र उदय हों और हजार सूरज भी आकाशपर चढ जायें तो भी इतने (प्रचण्ड) प्रकाश (पुञ्ज) में भी बिना गुरुके घोर अन्धकार ही छाया रहेगा ।

* हरि ··· चीति=निरन्तर हृदयसे नाम स्मरण होता रहता है । करमु=कृपा, अनुग्रह ।

चतुराई किनै न पाईआ=परमात्माको किसीने चतुराई करके नहीं पाया । माइआ=माया । तिनै कीती=उसने अर्थात् परमात्मा-

भगता की चाल निराली ॥
चाल निराली भगताह केरी बिखम मारगि चालणा ।
लबु लोभु अहंकारु तजि तृसना बहुतु नाही बोलणा ॥
खंनिअहु तिखी वालहु निकी एतु मारगि जाणा ।
गुरपरसादी जिन्ही आपु तजिआ हरि वासना समाणा ॥
कहै नानकु चाल भगता जुगहु जुगु निराली ॥*

जीअहु मैले बाहरहु निरमल ॥
बाहरह निरमल जीअहु त मैले तिनी जनमु जूऐ हारिआ ।
एह तिसना बडा रोगु लगा मरणु मनहु विसारिआ ॥
वेदा महि नामु उतमु सो सुणहिं नाही फिरहि जिउ वेतालिआ ।
कहै नानकु जिन सचु तजिआ कूड़े लागे तिनी जनमु जूऐ हारिआ† ।

जीअहु निरमल बाहरहु निरमल ॥
बाहरहु त निरमल जीअहु निरमल सतिगुर ते करणी कमाणी ।
कूड़ की सोइ पहुचै नाही मनसा सचि समाणी ॥
जनमु रतनु जिनी खटिआ भले से वणजारे ।
कहै नानकु जिन मंनु निरमलु सदा रहहि गुर नाले ॥‡

हरि रासि मेरी मनु वणजारा ॥
हरि रासि मेरी मनु वणजारा सतिगुर ते रासि जाणी ।
हरि हरि नित जपिहु जीअहु लाहा खटिहु दिहाड़ी ॥
एहु धनु तिना मिलिआ जिन हरि आपे भाणा ।
कहै नानकु हरि रासि मेरी मनु होआ वणजारा ॥*

पंखी बिरखि सुहावड़ा सचु चुगै गुर भाइ ।
हरिरसु पीवै सहजि रहै उड़ै न आवै जाइ ।
निजघरि वासा पाइआ हरि हरि नामि समाइ ।
मन मेरे तू गुर की कार कमाइ ।
गुर कै भाणै जे चलहि ता अनदिनु राचहि हरिनाइ ।
पंखी बिरख सुहावड़े ऊड़ांहि चहु दिसि जाहि ।
जेता ऊड़हि दुख घणे नित दाझहि तै बिललाहि ।
बिनु गुर महलु न जापई ना अमृत फल पाहि ।
गुरमुखि ब्रहमु हरी आवला साचै सहजि सुभाइ ।
साखा तीनि निवारीआ एक सबदि लिव लाइ ।
अमृत फलु हरि एकु है आपे देइ खवाइ ।
मनमुख ऊभे सुकि गए ना फलु तिन ना छाउ ।
तिना पासि न वैसीऐ ओना घरु न गिराउ ।
कटीअहि तै नित जालीअहि ओन्हा सबदु न नाउ ।
हुकमे करम कमावणे पाइऐ किरति फिराउ ।
हुकमे दरसनु देखणा जह भेजहि तह जाउ ।
हुकमे हरि हरि मनि वसै हुकमे सचि समाउ ।
हुकमु न जाणहि बपुड़े भूले फिरहि गवारु ।
मन हठि करम कमावदे नित नित होहि खुआरु ।
अंतरि सांति न आवई ना सचि लगै पिआरु ।
गुरमुखीआ मुह सोहणे गुर कै हेति पिआरि ।
सची भगती सचि रते दरि सच्चै सचिआर ।

ने रची । जिनि ठगडली पाईआ=जिसने यह इन्द्रजाल फैलाया । कुरबाणु ··· · लाईआ=मैंने उस परमात्मापर अपनेको निछावर कर दिया है, जिसने कि मरणशील प्राणियोंके लिये सांसारिक मोहको इतना आकर्षक बना रखा है ।

* बिखम=विषम, कठिन, टेढा, । खंनिअहु · ···जाणा=वे ऐसे मार्गपर चलते हैं, जो खाँड़े (तलवार) से अधिक पैना और बालसे भी अधिक बारीक होता है । आपु तजिआ=अपने अहंकारका त्याग कर दिया है । हरि वासना समाणा=जिनकी इच्छाएँ परमात्मामें केन्द्रित हो गयी हैं ।

† जीअहु=हृदयमें, अंदर । निरमल=स्वच्छ । मरणु मनहु विसारिआ=मृत्यु (भय) भुला बैठे । उतमु=उत्तम । फिरहि जिउ वेतालिआ=प्रेतकी तरह घूमता फिरता है । कूड़े लागे=असत्यको पकड़ बैठे ।

‡ सतिगुर ते करणी कमाणी=सद्गुरुके बताये मार्गपर चलकर वे सत्कर्म करते हैं । कूड़ की ··· ··· समाणी=झूठकी गन्ध भी उनके पास नहीं पहुँचती; उनकी इच्छाओंका लक्ष्य सत्य हो जाता है । खटिआ=कमा लिया । भले वणजारे=समृद्ध व्यापारी ।

* रासि=पूँजी । मनु वणजारा=मन है व्यापारी । जीअहु=हे मेरे जीव । लाहा खटिहु दिहाड़ी=तुझे हर रोज कमाईमें लाभ होगा ।

आए से परवाणु है सभ कुल का करहि उधार। जैसी नदरि करि देखै सचा तैसा ही को होइ।
सभ नदरी करम कमावदे नदरी बाहरि न कोइ। नानक नामि वडाईया करमि परापति होइ ॥*

गुरु रामदासजी

(जन्म-सं० १५९१ वि० कार्तिक कृष्ण २। जन्म-स्थान-लाहौर। पूर्वनाम-जेठा। पिताका नाम-हरिदास। माताका नाम-दयाकौर (पूर्वनाम अनूप देवी)। जाति-सोधी खत्री। देहावसान-भादों शुक्ला ३, वि० सं० १६३८। मृत्यु-स्थान-गोइन्दवाल)

आवहो संतजनहु गुण गावहु गोविंद केरे राम। अनदिनु[4] सहजि रहै रँगिरातां[5] राम नाम रिदै पूजा।
गुरुमुखि मिलि रहीऐ घरि बाजहि सबद घनेरे[1] राम ॥ 'नानक' गुरमुखि एकु पछाणै अवरु न जाणै दूजा ॥
सबद घनेरे हरि प्रभ तेरे तू करता सभ थाई[2]। कामि करोधि नगरु बहु भरिआ मिलि साधू खंडल खंडा हे ॥
अहि निसि जपी सदा सालाही[3] साच सबदि लिव लाई॥ पूरबि लिखत लिखे गुरु पाइआ मनिहरि लिव मंडल मंडा हे।

* सुन्दर है वृक्षपरका वह पक्षी, जो गुरुकी कृपासे सत्यको सदा चुगता रहता है।

(पक्षी यहाँ संत पुरुष और वृक्ष है उस साधुका शरीर।) हरिनामका रस वह सतत पान करता है। सहज सुखके बीच बसेरा है उसका और वह इधर-उधर नहीं उडता।

निज नीड़में उस पक्षीने वास पा लिया है और हरिनाममें वह लौलीन हो गया है।

रे मन! तब तू गुरुकी सेवामें रत हो जा।

यदि गुरुके बताये मार्गपर तू चले, तो फिर हरिनाममें तू दिन-रात लौलीन रहेगा।

क्या वृक्षपरके ऐसे पक्षी आदरयोग्य कहे जा सकते हैं, जो चारों दिशाओंमें इधर-उधर उड़ते रहते हैं?

जितना ही वे उड़ते हैं, उतना ही दुःख पाते हैं। वे नित्य ही जलते और चीखते रहते हैं।

बिना गुरुके न तो वे परमात्माके दरबारको देख सकते हैं और न उन्हें अमृत-फल ही मिल सकता है।

स्वभावतः सत्यनिष्ठ गुरमुखों अर्थात् पवित्रात्माओंके लिये ब्रह्म सदा ही एक हरा लहलहा वृक्ष है।

तीनों शाखाओं (त्रिगुण) को उन्होंने त्याग दिया है और एक शब्दमें ही उनकी लौ लगी हुई है।

एक हरिका नाम ही अमृतफल है; और वह उसे स्वयं ही खिलाता है। मनमुखी दुष्टजन ठूँठ-से सूखे खड़े रहते हैं; न उनमे फल होते हैं न छाँह।

उनके निकट तू मत बैठ; न उनका घर है न गाँव। सूखे काठकी तरह वे काटकर जला दिये जाते हैं; उनके पास न शब्द (गुरु-उपदेश) है, न (हरिका) नाम।

मनुष्य परमात्माकी आज्ञाके अनुसार कर्म करते हैं और अपने पूर्व कर्मोंके अनुसार अनेक योनियोंमें चक्कर लगाते रहते हैं।

वे उसका दर्शन पाते हैं तो उसकी आज्ञासे ही और जहाँ वह भेजता है वहाँ वे चले जाते हैं।

अपनी इच्छासे ही परमात्मा उनके हृदयमें निवास करता है और उसीकी आज्ञासे वे सत्यमें तल्लीन हो जाते हैं।

बेचारे मूर्ख, जो उसकी आज्ञाको नही पहचानते, भ्रान्तिके कारण इधर-उधर भटकते रहते हैं। उनके सब कर्मोंमें हठ रहता है, वे दिन-दिन गिरते ही जाते हैं।

उनके अन्तरमें शान्ति नहीं आती, न सत्यके प्रति उनमें प्रेम होता है।

सुन्दर हैं उन पवित्रात्माओंके मुख, जिनकी गुरुके प्रति प्रेम-भक्ति है। भक्ति उन्हींकी सच्ची है, वे ही सत्यमें अनुरक्त हैं और सत्यके दरबारमें उन्होंने सत्यरूप परमात्माको पाया है।

संसारमें उन्हींका आना सौभाग्यमय है; अपने सारे ही कुलका उन्होंने उद्धार कर लिया।

सबके कर्म उसकी नजरमें हैं; कोई भी उसकी नजरसे बचा नहीं है। वह जैसी नजरसे देखता है, मनुष्य वैसा ही हो जाता है। नानक! नामकी महिमातक सुकर्मोंसे ही पहुँचा जा सकता है।

१. घटके अंदर अनेक प्रकारके शब्द और अनहद नाद हो रहे हैं। २. जगह। ३. प्रशंसा करके, गुण गाकर। ४. लौ, प्रीति। ५. नित्य। ६. अनुरागमें रँगा हुआ। ७. हृदय।

करि साधू अँजुली पुनु वडुा हे ॥ करि डंडउत पुनु वडुा हे ॥
साकत हरिरस सादु न जाणिआ तिन अंतरि हउ मैं कंडा हे ।
जिउ जिउ चलहि चुभै दुखु पावहि जमकालु सहहि सिरि डंडा हे
हरिजन हरि हरि नामि समाणे दुखु जनम मरण भव खंडा हे ।
अविनासी पुरखु पाइआ परमेसरु वहु सोभा खंडा ब्रहमंडा हे ॥
हम गरीब मसकीन प्रभ तेरे हरि राखु राखु वड वडुा हे ।
जन नानक नामु अधारु टेक है हरि नामे ही सुखु मंडा हे[1] ॥

निरगुण कथा कथा है हरि की ।
भजु मिलि साधू संगति जन की ।
तरु भउजलु अकथ कथा सुनि हरि की ॥
गोविंद मत संगति मेलाइ ।
हरि रसु रसना राम गुन गाइ ॥
जो जन ध्यावहिं हरि हरिनामा ।
तिन दासनिदास करहु हम रामा ॥
जन की सेवा ऊतम कामा ॥
जो हरि की हरि कथा सुणावै ।
सो जनु हमरै मनि चिति भावै ॥
जन पग रेणु वड़भागी पावै ॥

संत जना सिउ प्रीति बनि आई ।
जिन कउ लिखतु लिखिआ धुरि पाई ॥
ते जन नानक नामि समाई[1] ॥

ते साधू हरि मेलहु सुआमी, जिन जपिआ गति होइ हमारी ।
तिनका दरसु देखि मन बिगसै, खिनु खिनु तिनकउ हउ बलिहारी॥
हरि हिरदै जपि नामु मुरारी ॥

कृपा कृपा करि जगत पति सुआमी हम दासनिदास कीजै पनिहारी
तिन मति ऊतम तिन पति ऊतम जिन हिरदै बसिया बनवारी ।
तिन की सेवा लाइ हरि सुआमी तिन सिमरत गति होइ हमारी ॥
जिन ऐसा सतिगुरु साधु न पाइआ ते हरि दरगह काढ़े मारी ।
ते नर निंदक सोभ न पावहि तिन नककाटे सिरजनहारी ॥
हरि आपि बुलावै आपे बोलै हरि आपि निरंजनु निरंकारु निराहारी ।
हरि जिसु तू मेलहि सो तुधु मिलसी जन नानक किआ
एहि जंत बिचारी[2] ॥

हरि प्रभु मेरे बाबुला
हरि देवहु दानु मै दाजो ।
हरि कपड़ो हरि सोभा
देवहु जितु सवरै मेरा काजो ॥
हरि हरि भगती काजु सुहेला
गुरि सतिगुरि दानु दिवाइआ ।
खंडि वरभंडि हरि सोभा होई
इहु दानु न रलै रलाइआ ॥
होरि मनमुख दाजु जि रखि
दिखालहि सू कूड़ अहंकारु कचु पाजो ।
हरि प्रभु मेरे बाबुला
हरि देवहु दानु मै दाजो[3] ॥

१. यह नगर अर्थात् यह शरीर काम और क्रोधसे बहुत भरा हुआ है; पर संतजनोंसे मिलनेसे दोनों खण्ड-खण्ड हो जाते हैं।

प्रारब्धमें लिखा था जो गुरुसे भेंट हो गयी और भक्तिभावमें यह जीव लौलीन हो गया।

हाथ जोड़कर तू संतोंकी वन्दना कर—यह भारी पुण्यकर्म है।

उन्हें साष्टाङ्ग दण्डवत् कर—यह भारी पुण्यकर्म है।

हरि-रसके स्वादको नास्तिक या अभक्त नहीं जानता; क्योंकि वह अपने अन्तरमें अहंकारके काँटेको स्थान दिये हुए है।

जितना ही वह चलता है, उतना ही वह उसे चुभता है और उतना ही वह क्लेश पाता है; और यमका डंडा अर्थात् कालका भय उसके सिरपर मँडराता रहता है।

हरि-भक्त हरिके नाम-स्मरणमें लीन रहते हैं; और उन्होंने जन्म-मरणका भय नष्ट कर दिया है।

अविनाशी पुरुषसे उनकी भेंट हो गयी है और लोकों एवं सारे ब्रह्माण्डमें उनकी शोभा प्रतिष्ठा बहुत बढ़ गयी है। प्रभो! हम गरीब अधम जन तेरे ही हैं। हे महान्-से-महान्! हमारी रक्षा कर, हमारी रक्षा कर।

दास नानकका आधार और अवलंब एक तेरा नाम ही है, तेरे नाममें डूबकर परमानन्दको मैंने पाया है।

१. भउजलु=संसार-सागर। ऊतम=उत्तम। जन पग रेणु=हरिभक्तोंके चरणोंकी धूल। सिउ=से। धुरि=सबसे ऊपर, शीर्षस्थान।

२. जिन जपिआ=जिनका नाम-स्मरण और ध्यान करके। गति=सद्गति, मुक्ति। बिगसै=आनन्दसे प्रफुल्लित हो। खिनु-खिनु=क्षण-क्षण, निरन्तर। हउ=हौं, मैं। दासनिदास पनिहारी=दासके भी दासकी पानी भरनेवाली मजूरिन। पति=प्रतिष्ठा। दरगह काढ़े मारी=ईश्वरके न्यायालयसे मारकर निकाल दिये गये। सोभ=शोभा, प्रतिष्ठा। हरि जिसु……मिलसी=हे हरि! जिसे तुम अपने आपसे मिलाना चाहो वही तुमसे मिलेगा। जंत=जंतु, जीव; यन्त्रसे भी आशय है, जो जड होता है।

३. मेरे बाबुल! तुम तो मेरे प्रीतम हरिको ही मुझे दान और दहेज रूपमें दो। हरिकी ही मुझे पोशाक दो और हरिकी ही शोभा, जिससे कि मेरा काज बन जाय। हरिकी भक्तिसे कार्य

हरि राम राम मेरे बाबोला
पिर मिलि धन वेल वधंदी।
हरि जुगह जुगो जुग जुगह
जुगो मद पीड़ी गुरू चलंदी॥
जुगि जुगि पीड़ी चलै सतिगुर की
जिनी गुरमुखि नाम धिआइआ।
हरि पुरखु न कबही बिनसै
जावै नित देवै चड़ै सवाइआ॥
नानक संत संत हरि एको
जपि हरि हरि नामु सोहंदी।

हरि राम राम मेरे बाबुला
पिर मिलि धन वेल वधंदी[1]॥
हरि दासन सिउ प्रीति है हरि दासन को मितु।
हरि दासन कै बसि है जिउ जंती कै बसि जंतु॥
हरि के दास हरि धिआइऐ करि प्रीतम सिउ नेहु।
किरपा करि कै सुनहु प्रभु सभ जग महि बरसै मेहु॥
जो हरि दासन की उसतति है सा हरि की वडिआई।
हरि आपणी वडिआई भावदी जन का जैकारु कराई॥
सो हरिजनु नामु धिआइदा हरि हरि जनु इक समानि।
जनु नानक हरि का दासु है हरि पैज रखहु भगवानि[2]॥

गुरु अर्जुनदेव

(जन्म-संवत्—१६२० वि०, वैशाख कृ० ७। जन्म-स्थान—गोइन्दवाल। पिताका नाम—गुरु रामदास। माताका नाम—बीबी भानी। मृत्यु—संवत् १६६३ ज्येष्ठ शु० ४। मृत्यु-स्थान—लाहौर (रावी नदीमें)



अब मोरे ठाकुर सिउ
मनु माना।
साध कृपा दइआल भये हैं
इहु छेदिओ दुसटु बिगाना॥
तुमही सुन्दर तुमहि सियाने,
तुमही सुघर सुजाना।
सगल जोग अरु गिआन धिआन इक निमख न कीमति जाना
तुमही नायक तुमही छत्रपति, तुम पूरि रहे भगवाना।
पावउ दानु संत-सेवा हरि, नानक सद कुरबाना[3]॥

जाकी रामनाम लिव लागी।
सजनु सुहृद सुहेला सहजे, सो कहिए बड़भागी॥
रहित-बिकार अलिप माइआ ते अहबुद्धि-बिखु तिआगी।
दरस पिआस आस एकहि की, टेक हिये प्रिय पागी॥

सहल हो जाता है; सद्गुरु दाताने मुझे अपने नामका दान दे दिया है। प्रभु! तेरी शोभासे सारे खण्ड और ब्रह्माण्ड शोभायमान हो जायँगे; तेरे नामका यह दहेज दूसरे और दहेजोंमें नहीं मिलाया जा सकता।

दुनियादार तो अपने दहेजके रूपमें झूठे अहंकार और निकम्मे सुलम्मेका ही प्रदर्शन करेगा।

मेरे बाबुल! तुम तो मेरे प्रीतमको ही मुझे दान और दहेजके रूपमें दो।

१. मेरे बाबुल! प्रीतम प्रभुसे मिलकर वधू (पवित्र) बेलको बढ़ाती है। हरिने युग-युगसे, सदा ही, गुरुका वंश बढाया है, जिसने उसके उपदेशसे हरिके नामका ध्यान सदा किया है।

उस परमपुरुषका कभी विनाश नहीं होता; जो वह देता है, वह सवाया हो जाता है।

नानक संत और भगवंतमें भेद नहीं; दोनों एक ही हैं; हरिका नाम लेकर ही वधू शोभाको पाती है।

मेरे बाबुल! प्रीतम प्रभुसे मिलकर वधू बेलको बढ़ाती है।

२. सिउ=से, के साथ। मितु=मित्र। जंती=यंत्री, बाजा बजानेवाला। जंतु=यंत्र, बाजा। हरि धिआइऐ=हरिका ध्यान करते हैं। मेहु=करुणारूपी जल, यह भी अर्थ हो सकता है। उसतति=स्तुति, प्रशंसा। वडिआई=महिमा। हरि ··· ···कराई=जब उसके सेवकोंका जयकार होता है तो परमात्मा उसे अपनी ही महिमा मानता है। धिआइदा=ध्यान करते हैं। इक समानि=एक ही हैं दोनों। पैज=लाज।

३. सिउ=से। इहु ··· ···बिगाना=इस दुष्ट शत्रु (मन)ने मेरा नाश कर दिया था; अथवा दयालु संतोंने इस दुष्टका छेदन कर दिया। सगल ··· ···जाना=प्रभुके सांनिध्यमें एक क्षण भी जो आनन्द मिला, उसकी तुलनामें सारा योग और ज्ञान-ध्यान तुच्छ है। निमख=निमिष, पल। सद=सदा। कुरबाना=बलिहारी।

अचिंत सोइ जागनु उठि बैसनु अचिंत हसत बैरागी।
कहु नानक जिनि जगतु ठगाना,सु माइआ हरिजन ठागी[1] ॥

माई री मनु मेरो मतवारो।
पेखि दइआल अनंद सुख पूरन हरि-रसि पिओ खुमारो ॥
निरमल भइउ उजल जसु गावत बहुरि न होवत कारो।
चरनकमल सिउ डोरी राची भेटिओ पुरखु अपारो ॥
करु गहि लीने सरबसु दीने, दीपक भइउ उजारो।
नानक नामि-रसिक बैरागी कुलह समूहा तारो[2] ॥

राम राम राम राम जाप।
कलि-कलेस लोभ-मोह विनसि जाइ अहं-ताप ॥
आपु तिआगी, संत चरन लागि, मनु पवितु, जाहि पाप।
नानकु बारिकु कछू न जानै, राखन कउ प्रभु माई-बाप[3] ॥

चरनकमल-सरनि टेक ॥
ऊच मूच बेअंतु ठाकुरु, सरब ऊपरि तुही एक।
प्रानअधार दुख बिदार, देनहार बुधि-बिबेक ॥
नमसकार रखनहार मनि अराधि प्रभू मेक।
संत-रेन करउ मंजनु नानकु पावे सुख अनेक[4] ॥

जपि गोबिंदु गोपाल लालु।
रामनाम सिमरि तू जीवहि फिरि न खाई महाकालु ॥
कोटि जनम भ्रमि भ्रमि आईओ।
बड़ै भागि साधु-संगु पाइओ।
बिनु गुर पूरे नाही उधारु।
बाबा नानकु आखै एहु बीचारु[5] ॥

गावहु राम के गुण गीत।
नाम जपत परम सुख पाइऐ, आवागउणु मिटै मेरे मीत ॥
गुण गावत होवत परगासु, चरन कमल महिं होय निवासु।
संतसंगति महिं होय उधारु, 'नानक' भउजलु उतरसि पारु[1] ॥

मेरे मन जपु जपु हरि नाराइण।
कबहू न बिसरहु मन मेरे ते आठ पहर गुन गाइण ॥
साधू धूरि करउ नित मजनु सभ किलबिख पाप गवाइण।
पूरन पूरि रहे किरपानिधि घटि घटि दिसटि समाइण ॥
जाप ताप कोटि लख पूजा हरि सिमरण तुलि ना लाइण।
दुइ कर जोड़ि नानक दान मांगै तेरे दासनि दास दासाइण[2] ॥

धनवंता होइ करि गरवावै।
तृण-समानि कछु संगि न जावै ॥
बहु लसकर मानुख ऊपरि करै आस।
पल भीतरि ताका होइ बिनास ॥
सभ ते आप जानै बलवंतु।
खिन महि होइ जाइ भसमंतु ॥
किसै न बदै आपि अहँकारी।
धरमराइ तिसु करे खुआरी ॥
गुरप्रसादि जाका मिटै अभिमानु।
सो जनु नानक दरगह परवानु[3] ॥

मानुख की टेक वृथी सभ जानु।
देवन कउ एकै भगवानु ॥
जिस कै दिऐ रहै अघाइ।
बहुरि न तृसना लागै आइ ॥
मारै राखै एको आपि।
मानुख कै किछु नाहीं हाथि ॥
तिसका हुकमु बूझि सुखु होइ।
तिसका नामु रखु कंठि परोइ ॥
सिमरि सिमरि सिमरि प्रभु सोइ।
नानक विघनु न लागै कोइ[4] ॥

---

१. लिव=प्रीति, ध्यान। सजनु=संबंधी, प्यारा। सुहेला=सुन्दर। अलिप=निर्लेप। अहंबुद्धि-विखु=अहंकाररूपी विष। अचिंत=निश्चिन्त। बैसनु=बैठना। ठागी=हरिभक्तोंद्वारा ठगी गयी।

२. खुमारो=नशा। कारो=काला, मलिन। डोरी राची=प्रीति लगी। कुलह समूहा=अनेक कुलोंको।

३. अहं-ताप=अहंकारकी आग, जो निरन्तर जलाती रहती है। आपु=अहंकार। पवितु=पवित्र। बारिकु=बालक। कउ=को।

४. ऊच मूच=ऊँचे-से-ऊँचा। बेअंतु=अनन्त। मनि अराधि=मनमें आराधना करने योग्य। संत ... ... मंजनु=संतोंकी चरण-रजसे मनको मॉजकर निर्मल करूँ।

५. उधारु=उद्धार, मुक्ति। आखै=कहता है। बीचारु=सार-तत्त्वकी बात।

१. परगासु=आत्मज्ञानका प्रकाश। उधारु=उद्धार, मोक्ष। भउजलु=संसार-सागर।

२. साधू धूरि=संतोंकी चरण-धूल। किलबिख=मैल, कलंक। गवाइण=खो दिये, नष्ट कर दिये। दिसटि समाइण=दृष्टिमें व्याप्त हो गया; अन्तरमें समा गया। ताप=तप, तपस्या। तुलि=तुल्य, बराबर। दासनि दास दसाइण=दासोंके दासका भी दास होना चाहता है।

३. लसकर=फौज। मानुख=आज्ञापालक सेवकोंसे आशय है। खिन=क्षण। न बदै=कुछ भी नहीं समझता। धरमराइ=यमराज। खुआरी=बेइज्जत। दरगह परवानु=ईश्वरके दरबारमें जानेका उसे परवाना मिल जाता है।

४. टेक=आधार, अवलम्ब। वृथी=वृथा, झूठी। देवन कउ=देनेके लिये। परोइ=पिरोकर पहन ले, धारण कर ले।

बड़भागी ते जन जग माहि।
सदा सदा हरि के गुन गाहि॥
राम नाम जो करहि बीचार।
से धनवंत गनी संसार॥
मनि तनि मुखि बोलहि हरि मुखी।
सदा सदा जानहु ते सुखी॥
एको एकु एकु पैछानै।
इत उत की ओहु सोझी जानै॥
नाम संगि जिस का मनु मानिआ।
नानक तिनहि निरंजनु जानिआ[1]॥

संत-संगि अंतरि प्रभु डीठा।
नामु प्रभू का लागा मीठा॥
सगल समिग्री एकसु घट माहि।
अनिक रंग नाना दिसटाहि॥
नउ निधि अमृतु प्रभ का नाम।
देही महि इस का बिस्राम॥
सुन्न समाधि अनहत तह नाद।
कहनु न जाइ अचरज बिसमाद॥
तिनि देखिआ जिसु आपि दिखाए।
नानक तिसु जन सोझी पाए[2]॥

तू मेरा सखा तुही मेरा मीतु।
तू मेरा प्रीतम तुम सँगि हीतु॥
तू मेरी पति तू है मेरा गहणा।
तुझ बिनु निमखु न जाई रहणा॥
तू मेरे लालन तू मेरे प्राण।
तू मेरे साहिब तू मेरे खान॥
जिउ तुम राखहु तिउ ही रहना।
जो तुम कहहु सोइ मोहि करना॥
जह पेखऊ तहा तुम बसना।
निरभय नाम जपउ तेरा रसना॥
तू मेरी नवनिधि तू भंडारु।
रंग रसा तू मनहि अधारु॥

तू मेरी सोभा तुम सँगि रचिआ।
तू मेरी ओट तू है मेरा तकिआ॥
मन तन अन्तरि तुही धिआइआ।
मरम तुमारा गुर ते पाइआ॥
सतगुर ते दृडिआ इकु एकै।
नानक दास हरि हरि हरि टेकै[1]॥

सलोक

हरि हरि नामु जो जनु जपै सो आइआ परवाणु।
तिसु जनकै बलिहारणै जिनि भजिआ प्रभु निरबाणु॥
सतिगुर पूरे सेविए दूखा का होइ नास।
नानक नाम अराधिए कारजु आवै रासु[3]॥
जिसु सिमरत संकट छुटहि अनँद मँगल बिस्राम।
नानक जपीए सदा हरि निमख[4] न बिसरउ नामँ॥
बिखै कउड़त्तणि[5] सगल महि जगत रही लपटाइ।
नानक जनि बीचारिआ मीठा हरि का नाउँ॥
गुरु कै सबदि अराधिए नामि रंगि बैरागु।
जीते पंच बैराइआ नानक सफल मारू रागु[6]॥
पतित उधारण पारब्रहमु संम्रथ[7] पुरखु अपारु।
जिसहि उधारे नानका सो सिमरे सिरजणहारँ॥
पंथा प्रेम न जाणई भूली फिरै गवारि।
नानक हरि बिसराइकै पड़दे नरक अँधिआर॥

१. गाहि=गाते हैं। गनी=गिने जाते हैं। एको एकु-एकु=केवल एक अद्वितीय परमात्मा। इत उत=दोनों लोक। सोझी=ज्ञान।

२. संत……डीठा=सत्सङ्गके प्रभावसे प्रभुको अपनी अन्तरात्मामें ही देख लिया। सगल समिग्री=नाना प्रकारकी सृष्टि। दृसटाहि=दीखते हैं। बिसमाद=चमत्कार। सोझी=सुबुद्धि, विवेक।

१. हीतु=हित, प्रेम। पति=लाज। गहणा=अवलम्बन, आधार। निमखु=निमिष, पल। खान=सबसे बड़ा सरदार। जह पेखउ=जहाँ भी देखता हूँ। रसा=रस, परमानन्द। रचिआ=रँगा हुआ या अनुरक्त हूँ। तकिआ=सहारा। दृढ़िआ इकु एकै=इसे दृढ़तासे पकड़ लिया कि एक और केवल एक तू ही है।

२. सो आइआ परवाणु=उसीका संसारमें आना सच्चा है। निरबाणु=मोक्षदायक।

३. कारजु आवै रासु=हरिनामकी पूँजी (अन्त समय) काम आये।

४. बिस्राम=शान्ति। निमख=निमिष, पल।

५. बिरवै कउड़त्तणि=विषयरूपी कड़वी बेल।

६. गुरु कै……बैरागु=गुरुके उपदेशकी आराधना करनी चाहिये, जिससे हरि-नामके प्रति प्रेम और विषयोंके प्रति वैराग्य उत्पन्न हो। पंच वैराइआ=विषयरूपी पाँच शत्रुओंको। मारू रागु=वह राग जो युद्धमें उत्साह बढ़ानेके लिये गाया जाता है।

७. संम्रथ=समर्थ, सर्वशक्तिमान्।

फूटो अंडा भरम का मनहि भइओ परगासु।
काटी बेरी पगह ते गुरि कीनी बंदि खलासु[1] ॥

तू चउ सजण मैडिआ देई सीसु उतारि।
नैण महिंजे तरसदे कदि पस्सी दीदारु[2] ॥

नीहु महिंजा तऊ नालि बिआ नेह कूड़ावै डेखु।
कपड़ भोग डरावणे जिचरु पिरी न डेखु[3] ॥

उठी झालू कंतड़े हउ पसी तउ दीदारु।
काजल हारु तमोल रसु बिनु पसे हमि रस छारु[4] ॥

पहिला मरण कबूलि करि जीवण की छड़ि आस।
होहु सभना की रेणुका तउ आउ हमारै पासे ॥

जिसु मनि बसै पारब्रहमु निकटि न आवै पीर।
भुख तिख तिसु न बिआपई जमु नहिं आवै नीरि[5] ॥

धणी विहूणा पाट पटंबर भाही सेती जाले।
धूड़ी विचि लुडंदडी साहां नानक तै सह नाले[6] ॥

सोरठि सो रसु पीजिए कबहु न फीका होइ।
नानक राम नाम गुन गाइअहि दरगह निरमल सोई ॥

जाको प्रेम सुआउ है चरन चितव मन माहि।
नानक बिरही ब्रह्म के आन न कितहू जाहि[7] ॥

मगनु भइओ प्रिअ प्रेम सिउ सूध न सिमरत अंग।
प्रगटि भइओ सभ लोअ महि नानक अधम पतंग[8] ॥

संत-सरन जो जनु परै, सो जनु उधरनहारु।
संत की निंदा 'नानका', बहुरि-बहुरि अवतारु ॥
साथ न चालै बिनु भजन, बिखिआ सगली छारु।
हरि-हरि नामु कमावना, 'नानक' इहु धनु सारु ॥

गुरु तेगबहादुर

(जन्म-संवत १६७९ वि०, वैशाख कृ० ५। जन्म-स्थान—अमृतसर, पिताका नाम—गुरु हरगोविन्द, माताका नाम—नानकी, मृत्यु—संवत १७३२ वि० अगहन सु० ५)

मन की मन ही माहि रही।
ना हरि भजे न तीरथ सेए चोटी कालि गही ॥
दारा मीत पूत रथ संपति धन पूरन सभु मही।
अउर सगल मिथिआ ए जानउ भजनु राम को सही ॥
फिरत फिरत बहुते जुग हारिओ मानसदेह लही।
नानक कहत मिलन की बरिआ सिमरत कहा नही ॥

रे मन, राम सिउ करि प्रीति।
स्रवन गोबिंद गुनु सुनउ अरु गाउ रसना गीति ॥
करि साध संगति सिमरु माधो होहि पतित पुनीति।
काल-बिआलु जिउ परिओ डोलै मुखु पसारे मीति ॥
आजु कालि फुनि तोहि ग्रसिहै समझि राखउ चीति।
कहै नानकु राम भजि लै जातु अउसरु बीति ॥

१. मनहि भइओ परगासु=मनके अंदर दिव्य प्रकाश भर गया। बेरी=बेड़ी। पगह ते=पैरोंमेंसे। बंदि खलासु=बन्धन-मुक्त।

२. अय मेरे साजन! अगर तू कहे, तो मै अपना सिर उतार कर तुझे दे दूँ। मेरी आँखें तरसती हैं कि कब तुझे देखूँ।

३. मेरी प्रीति तेरे ही साथ है; मैने देख लिया कि और सब प्रीति झूठी है। तुझे देखे बिना ये वस्त्र और ये भोग मुझे डरावने लगते हैं।

४. मेरे प्यारे! तेरे दर्शनके लिये मै बड़ी भोर उठ जाती हूँ। काजल, हार और पान और सारे मधुर रस, बिना तेरे दर्शनके, धूलकी तरह लगते हैं।

५. कबूलि करि=स्वीकार कर ले। छड़ि=छोड़कर। रेणुका=पैरोंकी धूल, अत्यन्त तुच्छ।

६. पीर=दुःख। तिख=तृषा, प्यास। जमु=काल। नीर=निकट।

७. मेरा प्रीतम मेरे पास नहीं, तो इन रेशमी वस्त्रोंको लेकर क्या करूँगी, मै तो इनमें आग लगा दूँगी; प्यारे! तेरे साथ धूलमें लोटती हुई भी मै सुन्दर दीखूँगी।

८. सोरठि=एक रागका नाम। सो रसु=ब्रह्म-रससे आशय है। दरगह=परमात्माका दरबार। निरमल=निष्पाप।

९. सुआउ=स्वभाव। चरन चितव मन माहि=परमात्माके चरणोंका ध्यान हृदयमें करते हैं। बिरही=अत्यन्त प्रेमातुर। आन=अन्य स्थान, सांसारिक भोगोंसे आशय है।

१०. सूध=सुध, ध्यान। लोअ=लोक।

जो नरु दुख मै दुखु नहिं मानै ।
सुख सनेहु अरु भय नहिं जाकै कंचन माटी जानै ॥
नहि निंदिया नहि उसतति जाकै लोभु मोहु अभिमाना ।
हरख सोग ते रहै निआरउ नाहि मान अपमाना ॥
आसा मनसा सगल तिआगै जगते रहै निरासा ।
कामु क्रोधु जिह परसै नाहिन तिह घट ब्रहमु निवासा ॥
गुर किरपा जिह नर कउ कीनी तिह इह जुगति पछानी ।
नानक लीन भइओ गोविंद सिउ जिउ पानी सँगि पानी ॥

इह जगि मीतु न देखिओ कोई ।
सगल जगतु अपनै सुख लागिओ दुख मै संगि न होई ॥
दारा मीत पूत सनबंधी सगरे धन सिव लागे ।
जब ही निरधन देखिओ नरकउ संगु छाड़ि सभ भागे ॥
कहउँ कहा इआ मन बउरे कउ इन सिउ नेहु लगाइओ ।
दीनानाथ सगल भै भंजन जसु ताको बिसराइओ ॥
सुआन पूछ जिउ भइओ न सूधो बहुतु जतनु मैं कीनउ ।
नानक लाज बिरद की राखहु नामु तुहारउ लीनउ ॥

जामें भजनु राम को नाहीं ।
तिह नर जनम अकारथ खोइउ इह राखहु मन माहीं ॥
तीरथ करै बिरत पुनि राखै, नहिं मनुवा बसि जाको ।
निहफल धरम ताहि तुम मानो साँचु कहत मैं याको ॥
जैसे पाहन जल महि राखिउ भेदै नहिं तिहि पानी ।
तैसे ही तुम ताहि पछानो भगतिहीन जो प्रानी ॥
कलि में मुकति नाम ते पावत गुर इह भेद बतावै ।
कहु नानक सोई नरु गरुआ जो प्रभ के गुन गावै ॥

साधो, मन का मान तिआगो ।
काम क्रोध संगति दुरजन की, ताते अहनिसि भागो ॥
सुखु दुखु दोनों सम करि जानै, औरु मानु अपमाना ।
हरख-सोग ते रहै अतीता तिनि जगि तत्तु पछाना ॥
उसतुति निंदा दोऊ त्यागै, खोजै पदु निरबाना ।
जन नानक इहु खेलु कठिन है, किनहू गुरमुखि जाना ॥

काहे रे, बन खोजन जाई ।
सरब-निवासी सदा अलेपा तोही संगि समाई ॥
पुहुप मध्य जिउ बासु बसतु है, मुकुर माहि जैसे छाई ।
तैसे ही हरि बसे निरंतर, घट ही खोजहु भाई ॥
बाहरि भीतरि एकै जानहु, इह गुरु गिआनु बताई ।
जन नानक बिनु आपा चीन्हें, मिटै न भ्रम की काई ॥

सभ कछु जीवत को बिउहार ।
मात पिता भाई सुत बंधू अरु पुनि ग्रह की नार ॥
तन ते प्रान होत जब निआरे टेरत प्रेत पुकार ।
आध घरी कोऊ नहिं राखै घरि ते देत निकारि ॥
मृगतृसना जिउ जग रचना यह देखहु रिदे बिचारि ।
कहु नानक भजु राम नाम नित जाते होत उधार ॥

राम सिमर राम सिमर इहै तेरो काज है ।
माइआ को संगु तिआगि, प्रभु जू की सरनि लागि,
जगत-सुख मानु मिथिआ, झूठो सभ साजु है ॥
सुपने जिउ धनु पिछानु, काहे पर करत मानु,
बारू की भीत जैसे बसुधा को राजु है ।
नानक जन कहत बात बिनसि जैहै तेरो गात,
छिनु-छिनु करि गइओ कालु तैसे जातु आजु है ॥

अब मैं कउनु उपाउ करउँ ।
जिह बिधि मन को संसा चूकै, भउ निधि पार परउँ ॥
जनमु पाइ कछु भलो न कीनो, ताते अधिक डरउँ ।
मन बच क्रम हरि गुन नहिं गाए, यह जिअ सोच धरउँ ॥
गुर मति सुनि कछु गिआनु न उपजिउ पसु जिउँ सोच भरउँ ।
कहु नानक प्रभु बिरदु पछानउँ, तब हउँ पतित तरउँ ॥

माई, मनु मेरो बसि नाहि ।
निसबासुर बिखिअनि कउ धावत किहि बिधि रोकउ ताहि ॥
बेद पुरान सिमृति के मति सुनि निमख न हिए बसावै ।
परधन परदारा सिउ रचिओ बिरथा जनमु सिरावै ॥
मदि माइआ कै भइओ बावरो सूझत नह कछु गिआना ।
घट ही भीतरि बसत निरंजनु ताको मरमु न जाना ॥
जब ही सरनि साध की आइओ दुरमति सगल बिनासी ।
तब नानक चेतिओ चिंतामनि काटी जम की फाँसी[1] ॥

मन रे प्रभ की सरनि बिचारो ।
जिह सिमरत गनका-सी उधरी ताको जसु उर धारो ॥
अटल भइओ धुअ जाकै सिमरति अरु निरभै पदु पाइआ ।
दुख हरता इह बिधि को सुआमी तै काहे बिसराइआ ॥
जब ही सरनि गही किरपानिधि गज गराह ते छूटा ।
महिमा नाम कहा लउ बरनउ राम कहत बंधन तिह टूटा ॥

१. बिखिअनि कउ=विषयोंको, इन्द्रियोंके भोगोंकी ओर। मति=मत, सिद्धान्त। सिउ=से। निरंजनु=निराकार परमात्मा। मरमु=भेद, रहस्य। चेतिओ=चिन्तन या ध्यान किया। चिन्तामनि=समस्त चिन्ताओंको दूर करनेवाला, परमात्मा।

अजामेलु पापी जगु जाने निमख माहि निसतारा।
नानक कहत चेत चिंतामनि तै भी उतरहि पारा[1] ॥

प्रीतम जानि लेहु मन माही।
अपने सुख सिउ ही जगु फाँधिओ को काहू को नाही ॥
सुख मै आनि बहुतु मिलि बैठत रहत चहू दिसि घेरै।
बिपति परी सभ ही सँगु छाड़त कोउ न आवत नेरै ॥
घर की नारि बहुतु हितु जा सिउ सदा रहत सँग लागी।
जब ही हंस तजी इह काइआ प्रेत प्रेत करि भागी ॥
इह बिधि को बिउहारु बनिओ है जा सिउ नेहु लगाइओ।
अंति बार नानक बिनु हरि जी कोऊ काम न आइओ[2] ॥

हरि के नाम बिना दुख पावै।
भगति बिना सहसा नहि चूकै गुर इह भेद बतावै ॥
कहा भइउ तीरथ ब्रत कीए, राम सरनि नहि आवै।
जोग जग्य निहफल तिह मानो जो प्रभु-जसु बिसरावै ॥
मान मोह दोनो को परहरि, गोबिंद के गुन गावै।
कहु नानक इह बिधि को प्रानी जीवनमुकत कहावै[3] ॥

मन रे, साचा गहो बिचारा।
राम नाम बिनु मिथिआ मानो सगरो इह संसारा ॥
जाको जोगी खोजत हारे, पाइओ नहिं तिहि पारा।
सो स्वामी तुम निकटि पछानो, रूप-रेख ते निआरा ॥
पावन नाम जगत मे हरि को, कबहू नाहि सभारा।
नानक सरनि परिओ जगबंदन, राखहु बिरद तुम्हारा[4] ॥

साधो रचना राम बनाई।
इकि बिनसै इक असथिरु मानै, अचरज लखिओ न जाई ॥
काम क्रोध मोह बसि प्रानी हरि मूरति बिसराई।
झूठा तन साचा करि मानिओ जिउ सुपना रैनाई ॥
जो दीसै सो सगल बिनासै, जिउ बादर की छाई।
जग नानक जग जानिओ मिथिआ, रहिओ राम सरनाई[1] ॥

प्रानी कउ हरिजसु मनि नहि आवै।
अहनिसि मगनु रहै माइआ में कहु कैसे गुन गावै ॥
पूत मीत माइआ ममता सिउ इहु बिधि आपु बँधावै।
मृगतृसना जिउ झूठो इह जगु देखि ताहि उठि धावै ॥
भुगति मुकति को कारनु स्वामी, मूढ़ ताहि बिसरावै।
जन नानक कोटिन मे कोऊ भजनु राम को पावै[2] ॥

जगत में झूठी देखी प्रीत।
अपने ही सुख सिउ सब लागे, किआ दारा किआ मीत ॥
मेरौ मेरौ सभै कहत हैं हित सिउ बाँधिओ चीत।
अन्तकाल संगी नहि कोऊ, इह अचरज है रीत ॥
मन मूरख अजहूँ नहि समझत, सिख दै हारिओ नीत।
नानक भउजल-पारि परै, जो गावै प्रभु के गीत[3] ॥

साधो, कउन जुगति अब कीजै।
जाते दुरमति सकल बिनासै, रामभगति मनु भीजै ॥
मनु माइआ में उरझि रहिओ है, बूझै नहिं कछु गिआना।
कउन नामु जग जाके सिमरै पावै पदु निरबाना ॥
भए दइआल कृपाल संतजन तब इह बात बताई।
सरब धरम मानो तिह कीये जिह प्रभ-कीरति गाई ॥
रामनाम नर निसिबासुर में निमख एक उर धारै।
जम को त्रासु मिटै नानक तिह, अपुनो जनम सवारै[4] ॥

हरि बिनु तेरो को न सहाई।
काकी मात-पिता सुत बनिता, को काहू को भाई ॥
धनु धरनी अरु संपति सगरी जो मानिओ अपनाई।
तन छूटै कछु संग न चालै, कहा ताहि लपटाई ॥

---

१. गनका=एक वेश्या, जिसका नाम पिङ्गला था। धुअ=ध्रुव। इह बिधि को=ऐसा (पतितपावन)। कहा लउ=कहाँतक। तूटा=कट गया। निसतारा=मुक्त कर दिया।

२. फाँधिओ=फंदेमें पड़ा है। को काहू को=कोई भी किसीका। नेरै=नजदीक। जा सिउ=जिसके साथ। हंस=जीव। काइआ=काया, देह।

३. सहसा नहि चूकै=संशय (द्वैतभाव) का अन्त नहीं होता। को=कोई बिरला।

४. गहो=ग्रहण करो। बिचारा=सद्विवेक, आत्मज्ञान। पछानो=पहचानो। सभारा=स्मरण या ध्यान किया। बिरद=बाना, बड़ा नाम।

१. असथिरु=स्थिर, नित्य। रैनाई=रातका। दीसै=दीखता है। सगल=सकल। छाई=छाँह।

२. मनि नहि आवै=हृदयमे जमता नही। भुगति=भोग, सांसारिक सुख।

३. किआ=क्या। दारा=स्त्री। हित ··· ···चीत=मनको प्रेममें फँसा लिया। नीत=नीतिकी, हितकारी; नित्य। गीत=गुणगान।

४. भीजै=भीगे, विभोर हो जाये। निरबाना=मोक्ष। सरब ··· गाई=मानो उसने सब धर्म-कर्म कर लिये, जिसने प्रेमसे परमात्माका गुण-गान किया। निमख=निमिष, पल। सवारै=सुधार लेता है।

दीन दइयाल सदा दुख-भंजन ता सिउ रुचि न बढ़ाई।
नानक कहत जगत सभ मिथिआ ज्यों सुपना रैनाई[1] ॥

साधो, इह तनु मिथिआ जानो।
इआ भीतर जो राम बसतु है, साचो ताहि पछानो ॥
इहु जग है संपति सुपने की, देखि कहा ऐंड़ानो।
संगि तिहारै कछू न चालै, ताहि कहा लपटानो ॥
असतुति निंदा दोऊ परिहर हरि-कीरति उर आनो।
जन नानक सभ ही में पूरन एक पुरख भगवानो[2] ॥

हरि को नामु सदा सुखदाई।
जाको सिमरि अजामिल उधरिओ गनका हू गति पाई ॥
पंचाली को राजसभा में रामनाम सुधि आई।
ताको दुखु हरिओ करुनामय अपनी पैज बढ़ाई ॥
जिह नर जसु गाइओ किरपानिधि ताको भइओ सहाई।
कहु नानक मैं इही भरोसै गही आन सरनाई[3] ॥

माई मैं धनु पाइओ हरि नामु।
मनु मेरो धावनते छूटिओ, करि बैठो बिसरामु ॥
माइआ ममता तनते भागी, उपजिउ निरमल गिआनु।
लोभ मोह एह परसि न साकै, गही भगति भगवान ॥
जनम जनम का संसा चूका, रतनु नामु जब पाइआ।
त्रिसना सकल बिनासी मन ते, निज सुख माहि समाइआ ॥
जाकउ होत दइआलु किरपानिधि, सो गोबिंद गुन गावै।
कहु नानक इह बिधि की संपै, कोऊ गुरमुखि पावै ॥

हरि जू राखि लेहु पति मेरी।
जम को त्रास भइउ उर अतरि, सरन गही किरपानिधि तेरी ॥
महा पतित मुगध लोभी फुनि, करत पाप अब हारा।
भै मरबे को बिसरत नाहनि, तिह चिंता तनु जारा ॥
किये उपाव मुकति के कारनि, दहदिसि कउ उठि धाइआ।
घट ही भीतरि बसै निरंजनु, ताको मरमु न पाइआ ॥
नाहिन गुनु नाहिन कछु जपु, तपु, कउनु करमु अब कीजे।
नानक हारि परिउ सरनागति, अभै दानु प्रभ दीजै ॥

१. को=कोई भी। जो मानिओ अपनाई=जिसे अपनी मान बैठा था। रुचि=प्रीति। रैनाई=रातका।

२. इआ=या, इस। पछानो=पहचानो। ऐंड़ानो=गर्व किया। एक पुरख=केवल अकाल पुरुष।

३. उधरिओ=उद्धार पा गया, मुक्त हो गया। गति=मोक्ष। पंचाली=द्रौपदी। पैज=प्रण, टेक। आन=आकर।

(प्रेषिका—श्रीपी० के० जगदीशकुमारी)

दोहा

गुन गोबिंद गाइओ नहीं, जनमु अकारथ कीन।
कहु नानक हरि भजु मना, जिहि बिधि जल कौ मीन ॥
बिखिअन सिउ काहे रचिओ, निमिख न होहि उदास।
कहु नानक भजु हरि मना, परै न जम की फास ॥
तरनापो इउँही गइओ लिइओ जरा तनु जीति।
कहु नानक भजु हरि मना अउधि जाति है बीति ॥
बिरधु भइओ सूझै नहीं काल पहुँचिओ आन।
कहु नानक नर बावरे किउ न भजै भगवान ॥
धन दारा संपति सकल जिनि अपनी करि मानि।
इन मैं कुछ संगी नही नानक साची जानि ॥
पतित उधारन भै हरन हरि अनाथ के नाथ।
कहु नानक तिह जानिहो सदा बसतु तुम साथ ॥
तनु धनु जिह तोकउ दिओ तासिउ नेहु न कीन।
कहु नानक नर बावरे अब किउ डोलत दीन ॥
तनु धनु संपै सुख दिओ अरु जिह नीके धाम।
कह नानक सुनु रे मना सिमरत काहे न राम ॥
सभ सुख दाता रामु है दूसर नाहिंन कोइ।
कहु नानक सुनि रे मना तिह सिमरत गत होइ ॥
जिह सिमरत गत पाइये तिहि भज रे तैं मीत।
कह नानक सुन रे मना अउधि घटति है नीत ॥
पाँच तत्त कौ तनु रचिउ जानहु चतुर सुजान।
जिह ते उपजिउ नानका लीन ताहि मैं मान ॥
घटि घटि मै हरि जू बसै संतन कह्यो पुकारि।
कह नानक तिह भजु मना भउ निधि उतरहि पारि ॥
सुख दुख जिह परसै नहीं लोभ मोह अभिमान।
कहु नानक सुन रे मना सो मूरत भगवान ॥
उसतति निंदिआ नाहि जिह कंचन लोह समानि।
कह नानक सुन रे मना मुकत ताहि तैं जानि ॥
हरख (क्रोध) शोक जा के नही बैरी मीत समान।
कहु नानक सुन रे मना ! मुक्ति ताहि तैं जान ॥
भय काहू कउ देत नहिं नहिं भय मानत आनि।
कह नानक सुन रे मना ! गिआनी ताहि बखानि ॥
जिहि बिधिया सगरी तजी लिओ भेख बैराग।
कह नानक सुन रे मना ! तिह नर माथै भाग ॥
जिहि माया ममता तजी सब ते भयो उदास।
कह नानक सुनु रे मना ! तिह घटि ब्रहम-निवास ॥

जिहि प्रानी हउ मै तजी करता राम पछान।
कहु नानक वह मुक्त नर यह मन साची मान॥
भय नासन दुर्मति हरण कलि में हरि को नाम।
निस दिनि जो नानक भजे सफल होइ तिह काम॥
जिहवा गुन गोविंद भजहु करन सुनहु हरि नाम।
कहु नानक सुन रे मना! परहि न जम के धाम॥
जो प्रानी ममता तजै लोभ मोह अहँकार।
कह नानक आपन तरै औरन लेत उधार॥
जिउ स्वप्ना और पेखना ऐसे जग को जानि।
इन मै कछु साचो नहीं नानक बिन भगवान॥
निश दिन माया कारणे प्रानी डोलत नीत।
कोटन मे नानक कोऊ नारायण जिह चीत॥
जैसे जल ते बुदबुदा उपजे बिनसै नीत।
जग रचना तैसे रची कहु नानक सुन मीत॥
जो सुख को चाहे सदा सरनि राम की लेह।
कहु नानक सुनु रे मना! दुर्लभ मानुख देह॥
माया कारनि ध्यावहीं मूरख लोग अजान।
कहु नानक बिनु हरि भजन बिर्था जन्म सिरान॥
जो प्रानी निसि दिनि भजै रूप राम तिह जानु।
हरि जन हरि अतरु नहीं नानक साची मानु॥
मनु माइआ मे फँधि रहिओ बिसरिओ गोबिंद नाम।
कहु नानक बिन हरि भजन जीवन कउने काम॥
प्रानी राम न चेतई मद माया के अंध।
कहु नानक हरि भजन बिनु परत ताहि जम फंद॥
सुख मे बहु संगी भए दुख में संगि न कोइ।
कहु नानक हरि भज मना! अंत सहाई होइ॥
जन्म जन्म भरमत फिरिओ मिटि न जम को त्रासु।
कहु नानक हरि भजु मना! निर्भय पावहि बासु॥
जतन बहुत मैं करि रहिओ, मिटिओ न मन को मान।
दुर्मति सिउ नानक फँधिओ राखि लेहु भगवान॥
बाल ज्वानि और बृद्धपन तीनि अवस्था जानि।
कहु नानक हरि भजन बिनु बिरथा सब ही मान॥
करणो हुतो सु ना कियो परियो लोभ के फंद।
नानक समये रमि गइओ अब क्यों रोवत अंध॥
मन महआ में रमि रह्यो निकसत नाहिन मीत।
नानक मूरत चित्र जिउं छाड़त नाहिनि भीत॥
नर चाहत कछु और, और कै और भई।
चितवत रहिओ ठउर नानक फाँसी गल परी॥

जतन बहुत सुख के किये दुख को कियो न कोइ।
कहु नानक सुन रे मना! हरि भावे सो होइ॥
जगत भिखारी फिरत है सब को दाता राम।
कहू नानक मन सिमरु तिह पूरन होवहिं काम॥
झूठे मानु कहा करै जगु सपने जिउ जान।
इन में कछु तेरो नही नानक कहिओ बखान॥
गरब करत है देह को बिनसै छिन में मीति।
जिहि प्रानी हरि जस कहिओ नानक तिहि जग जीति॥
जिह घटि सिमरन राम को सो नर मुक्ता जान।
तिहि नर हरि अंतर नही नानक साची मान॥
एक भक्ति भगवान जिह प्रानी कै नाहि मन।
जैसे सूकर सुआन नानक मानो ताहि तन॥
सुवामी को गृह जिउ सदा सुआन तजत नहिं नित्त।
नानक इह बिधि हरि भजउ इक मन होइ इक चित्त॥
तीरथ ब्रत और दान करि मन में धरे गुमान।
नानक निष्फल जात हैं जिउ कूँचर असनान॥
सिरु कँपिओ पगु डगमगै नैन ज्योति ते हीन।
कहु नानक यह बिध भई तऊ न हरि रस लीन॥
निज करि देखिओ जगत में कोइ काहु को नाहि।
नानक थिर हरि भक्ति है तिह राखो मन माहिं॥
जग रचना सब झूठ है जानि लेहु रे मीत।
कहू नानक थिर ना रहे जिउ बालू की भीत॥
राम गइओ रावनु गइओ जा कउ बहु परिवार।
कह नानक थिर कछु नहीं सुपने जिउँ संसार॥
चिंता ताकी कीजिए जो अनहोनी होइ।
यह मारगु संसार को नानक थिरु नहिं कोइ॥
जो उपजिओ सो बिनसिहै परो आजु के काल।
नानक हरि गुन गाइ ले छाड़ि सकल जंजाल॥
बल छुट क्यौं बंधन परे कछू न होत उपाय।
कह नानक अब ओट हरि गज जिउ होहु सहाय॥
बल होया बंधन छुटे सब किछु होत उपाय।
(नानक) सब कुछ तुमरे हाथ में तुम ही होत सहाय॥
संग सखा सब तजि गये कोउ न निबहिओ साथ।
कह नानक इह विपत में टेक एक रघुनाथ॥
नाम रहिओ साधू रहिओ, रहिओ गुरू गोविंद।
कहू नानक इह जगत में किन जपिओ गुरु मंद॥
राम नाम उर मैं गहिओ जाके सम नहिं कोय।
जिह सिमरत संकट मिटै दरस तिहारो होय॥

गुरु गोविन्दसिंह

(पूर्वनाम—गोविन्दराय, जन्म—वि० सं० १७२३ पौष शुक्ला ७, जन्म-स्थान—पटना । पिताका नाम—गुरु तेगबहादुर, माताका नाम—गजूरी । शरीरान्त—कार्तिक शुक्ला ५, वि० सं० १७६५)



धन्न जियो तिहँ को जग में मुख तें
हरि चित्त में जुद्ध विचारैं ।
देह अनित्त न नित्त रहै जसु
नाव चढ़े भवसागर तारैं ॥
धीरज धाम बनाइ इहै तन बुद्धि
सु दीपक ज्यों उजियारैं ।
शनहि की बढ़नी मनो हाथ
लै कायरता कतवार बुहारैं ॥

का भयो जो सबही जग जीत सु लोगन को बहु त्रास दिखायो ।
और कहा जु पै देस बिदेसन माहिं भले गज गाहि बँधायो ॥
जो मन जीतत है सब देस वहै तुमरे नृप हाथ न आयो ।
लाज गई कछु काज सच्यो नहिं लोक गयो परलोक गमायो ॥

माते मतंग जरे जर संग अनूप उतंग सुरंग सँवारे ।
कोटि तुरंग कुरंगहु सोहत पौन के गौन को जात निवारे ॥
भारी भुजान के भूप भली बिधि नावत सीस न जात बिचारे ।
एते भए तो कहा भए भूपति अंत को नाँगेहि पाँय सिधारे ॥

प्रानी ! परमपुरुष पग लागो ।
सोवत कहा मोह-निद्रा में, कबहुँ सुचित ह्वै जागो ॥
औरन कहा उपदेसत है पसु, तोहि प्रबोधन लागो ।
संचत कहा परे बिसियन कहँ, कबहुँ बिषय रस त्यागो ॥
केवल करम भरम से चीन्हहु, धरम करम अनुरागो ।
संग्रह करो सदा सिमरन को, परम पाप तजि भागो ॥
जातें दुःख पाप नहिं भेटै, काल जाल ते त्यागो ।
जो सुख चाहो सदा सबन को, तो हरि के रस पागो ॥

रे मन ! ऐसो करि संन्यास ।
बन से सदन सबै करि समझहु, मन ही माहिं उदास ॥
जत की जटा जोग को मंजनु, नेम के नखन बढ़ाओ ।
ग्यान-गुरू, आतम उपदेसहु, नाम-बिभूति लगाओ ॥
अल्प अहार सुल्प सी निद्रा, दया छिमा तन प्रीत ।
सील सँतोख सदा निरबाहिबो, ह्वैबो त्रिगुन अतीत ॥
काम क्रोध हंकार लोभ हठ, मोह न मन सौं ल्यावै ।
तब ही आत्म-तत्त को दरसै, परम पुरुष कहँ पावै ॥

रासलीलाके पद

जब आई है कातक की रुत सीतल,
कान्ह तबै अतिही रसिया ।
सँग गोपिन खेल बिचार करयो,
जो हुतो भगवान महा जसिया ॥

अपवित्रन लोगन के जिह के पग
लागत पाप सबै नसिया ।
तिह को सुनि तिरियन के सँग खेल,
निवारहु काम इहै बसिया ॥
मुख जाहि निसापति की सम है,
बन में तिन गीत रिझयो अरु गायो ।
ता सुर को धुनि स्रउनन में
ब्रजहू की त्रिया सब ही सुनि पायो ॥
धाइ चली हरि के मिलिबे कहुँ
तउ सब के मन में जब भायो ।
कान्ह मनों मृगनी जुवती
छलिबे कहु घंटक हेर बनायो ॥
गइ आइ दसो दिसि ते गुपिया
सबही रस कान्ह के साथ पगी ।
पिख कै मुख कान्ह को चंदकला
सु चकोरन-सी मन में उमगी ॥
हरि को पुनि सुद्ध सुआनन पेखि
किधौ तिन की ठग डीठ लगी ।
भगवान प्रसन्न भयो पिख कै
कवि 'स्याम' मनो मृग देख मृगी ॥
रूखन ते रस चूखन लाग
झरैं झरना गिरि ते सुखदाई ।
घास चुगै न मृगा बन के
खग रीझ रहे धुनि, जो सुनि पाई ॥
देवगँधार बिलावल सारँग
की रिझ कै जिह तान बसाई ।
देव सबै मिलि देखत कौतुक
जौ मुरली नँदलाल बजाई ॥
ठाढ़ रही जमुना सुनि कै
धुनि राग भले सुनिबे को चहे है ।
मोह रहे बन के गज औ
इकठे मिलि आवत सिंह सहे है ॥
आवत हैं सुर-मण्डल के सुर
त्याग सबै सुर ध्यान कहे है ।
सो सुनि कै बन के खगवा
तरु ऊपर पंख पसार रहे है ॥

मोहका महल ढहेगा ही

महल-खंडहर

एक सच्ची घटना है—नाम और स्थान नहीं बतलाना है, उसकी आवश्यकता भी नहीं है। एक विद्वान् संन्यासी मण्डलेश्वर थे। उनकी बड़ी अभिलाषा थी गङ्गाकिनारे आश्रम बनवानेकी। बड़े परिश्रमसे, कई वर्षकी चिन्ता और चेष्टाके परिणामस्वरूप द्रव्य एकत्र हुआ। भूमि ली गयी, भवन बनने लगा। विशाल भव्य भवन बना आश्रमका और उसके गृह-प्रवेशका भंडारा भी बड़े उत्साहसे हुआ, सैकड़ों साधुओंने भोजन किया। भंडारेकी जूठी पत्तलें फेंकी नहीं जा सकी थीं, जिस चूल्हेपर उस दिन भोजन बना था, उसकी अग्नि बुझी नहीं थी, गृह-प्रवेशके दूसरे दिन प्रभातका सूर्य स्वामीजीने नहीं देखा। उसी रात्रि उनका परलोकवास हो गया।

यह कोई एक घटना हो, ऐसी तो कोई बात नहीं है। ऐसी घटनाएँ होती रहती हैं। हम इसे देखकर भी न देखें·····।

कौड़ी कौड़ी महल बनाया, लोग कहे घर मेरा।
ना घर मेरा ना घर तेरा, चिड़िया रैन बसेरा॥

यह संतवाणी कितनी सत्य है, यह कहना नहीं होगा। जिसे हम अपना भवन कहते हैं, क्या वह हमारा ही भवन है? जितनी आसक्ति, जितनी ममतासे हम उसे अपना भवन मानते हैं, उतनी ही आसक्ति, उतनी ही ममता उसमें कितनोंकी है, हम जानते हैं? लाखों चींटियाँ, गणनासे बाहर मक्खियाँ, मच्छर और दूसरे छोटे कीड़े, सहस्रों चूहे, सैकड़ों मकड़ियाँ, दर्जनों छिपकलियाँ, कुछ पक्षी और पतंग, ऐसे भी दूसरे प्राणी जिन्हें हम जानतेतक नहीं—लेकिन मकान उनका नहीं है, यही कैसे? उनका ममत्व भी तो उसी कोटिका है, जिस कोटिका हमारा।

मकान—महल—दोनोंकी गति एक ही है। बड़ी लालसासे, बड़े परिश्रमसे उसका निर्माण हुआ। उसकी साज-सज्जा, उसका वैभव—लेकिन एक-भूकम्पका हलका धक्का·····। आज तो किसी देशमें कभी भी मनुष्यकी पैशाचिकता ही भूकम्पसे भी अधिक प्रलय कर सकती है। महानाशके जो मेघ विश्वके भाग्याकाशपर घिरते जा रहे हैं—कहाँ कब वायुयानोंसे दारुण अग्नि-वर्षा प्रारम्भ होगी, कोई नहीं जानता। परमाणु या उससे भी ध्वंसक किसी अस्त्रका एक आघात—क्या रूप होगा इन भवनों और महलोंका?

कुछ न हो—काल अपना कार्य बंद नहीं कर देगा। जो बना है, नष्ट होकर रहेगा। महलका परिणाम है खंडहर—वह खंडहर, जिसे देखकर मनुष्य ही डर जाता है। रात्रि तो दूर, जहाँ दिनमें जाते समय भी सावधानीकी आवश्यकता पड़ती है। मनुष्यका मोह उससे महल बनवाता है और महल खंडहर बनेगा, यह निश्चित है।

केवल महल ही खंडहर नहीं होता। जीवनमें हम जो मोहका विस्तार करते हैं—धन, जन, मान, अधिकार, भूमि—मोहका महल ही है यह सब और मोहका महल ढहेगा ही। उसका वास्तविक रूप ही है—खंडहर।



मोहका महल ढहेगा ही

उदासीनाचार्य श्रीश्रीचन्द्रजी

उदासीन-सम्प्रदायके प्रवर्तक

[जन्म—वि० सं० १५५१ भाद्रपद शु० ९ । जन्म-स्थान—तलवंडी (लाहौरसे ६० मील पश्चिम) । पिताका नाम—श्रीनानकदेवजी । माताका नाम—श्रीसुलक्षणादेवी। गुरुका नाम—अविनाशीरामजी। अन्तर्धान—चम्बाकी पार्वत्य गुफाओंमे ।]

(प्रेषक—पं० श्रीसीतारामजी चतुर्वेदी एम्० ए०, एल्-एल्० बी०)

प्रश्न—हे जीव ! तुम किसकी आज्ञासे, किसके समझानेपर इस संसारमें आये ?

उत्तर—सद्गुरु अविनाशी मुनिद्वारा दीक्षित होकर पूर्वजन्मके लेखके अनुसार श्रौतप्रव्रज्या लेकर लोक-कल्याणके लिये मैं आया हूँ; अतः अब तुमलोग सावधान अर्थात् आत्मज्ञ होकर अलख पुरुष सच्चिदानन्द परमेश्वरका स्मरण करो और अपने ग्राम और नगरी अर्थात् समाजका उद्धार कर डालो। ज्ञान ही गुदड़ी है, क्षमा ही टोपी है, यत या संयम ही आड़बंद अर्थात् कमरबंद है। शील ही कौपीन है, अपनेको कर्मके बन्धनसे मुक्त समझना ही कन्था है, इच्छारहित होनेकी भावना ही झोली है, युक्ति ही टोपी है, गुरुके मुखसे सुना हुआ उपदेश ही बोली है, धर्म ही चोला है, सत्य ही सेली (उपवीत) है, मर्यादापालन ही गलेमें पड़ी हुई कफनी है, ध्यान ही बटुवा है, निरत ही सीना है, ब्रह्म ही अञ्जन है जिसे सुजान या चतुरलोग पहनते हैं। निर्लेप-वृत्ति ही मोरछल है, द्वेष-हीन निर्भयता ही जंगडोरा है, जाप ही जॉघिया है, गुण ही उड़ुयिनी (उड़नेकी विद्या) है, अनहद नाद या अनाहत वाणी ही सिंगीका शब्द है, लज्जा ही कानकी मुद्रा 'कुंडल' है, शिव ही विभूति है, हरिभक्ति ही वह मृगछाला है, जिसे गुरुपुत्र पहनते हैं। संतोष ही सूत है, विवेक ही धागे हैं, जिनसे वे बहुत-सी थैकलियाँ उस कन्थामे सिली हुई हैं, जिन्हे सुरति या वात्सल्य-प्रीतिकी सूई लेकर सद्गुरु सीता है। इसे जो अपने पास रखता है, वह निर्भय होता है। इस श्याम, श्वेत, पीत और रक्तवर्णके वस्त्रखण्डोसे बनी हुई कन्थाको जो पहनता है, वही हमारा गुरुभाई है। तीन गुण अर्थात् सत्त्व, रज, तमकी चकमकसे अग्नि-मन्थन करके दुःख-सुखके कुण्डमें हमने अपनी देह जलायी है, शोभासे युक्त संयमरूपी महादेवजीके चरणकमलोंमे हमारी अत्यन्त प्रीति लगी हुई है। हमने भावका भोजन ही अमृत बनाकर प्राप्त किया है, इसलिये हमारे मनमें भले-बुरेकी भावना ही नहीं रह गयी है। पात्र-अपात्रका विचार ही हमारा बहुगुण-संयुक्त फरुहा, कमण्डलु, तुम्बी और किश्ती है। जो साधु उस परम अमृतके पेयको मन लगाकर पीता है, वही शान्ति पाता है। वह परम शक्ति इडा और पिङ्गलामे दौड़ती रहती है और फिर सुषुम्णामे स्वाभाविक रूपसे निवास करने लगती है। हमारा काम है कि हम सम्पूर्ण इच्छाएँ छोड़कर उस निराश (इच्छाहीन) मठमे निरन्तर ध्यान लगाये रहे और उस निर्भय नगरीमे गुरुज्ञानका दीपक जलाये, जहाँ स्थिरता ही हमारी ऋद्धि हो, अमरत्व ही हमारा दण्ड हो, धैर्य ही हमारी कुदाली हो, तप ही खड्ग हो, वशीकार या इन्द्रियोंको वशमे करना ही आसा अर्थात् टेका हो। समदृष्टि ही चौगान हो, जिससे कि किसी प्रकार मनमे हर्ष या शोक न आये। सहज वैरागीको इसी प्रकार मायाकी सम्पूर्ण मोहिनी त्यागकर वैराग्य साधना चाहिये। ऐसा करनेवालेके लिये भगवान्का नाम ही पक्खर या कवल है। पवन या प्राणायाम ही उसका वह घोड़ा है, जिसके लिये कर्मोंसे विरक्ति ही जीन है, तत्त्व ही उसका जोड़ा या वेश है, निर्गुण ही ढाल है, गुरुका शब्द ही धनुष है, बुद्धि ही कवच है, प्रीति ही बाण है, ज्ञान ही कर्शि है, गुण ही कटारी है। इस प्रकार संयमके शस्त्रोंसे सुसज्जित साधक अपने मनको मारकर जब सवारी करने लगता है, तब वह मायाके विषम गढ़को तोड़कर निर्भयतापूर्वक अपने घर अर्थात् ब्रह्ममे लौट आता है। यहाँ पहुँचनेपर अनेक प्रकारके वाद्यों और शङ्खोंसे उसका स्वागत किया जाता है।

स्वतः अखण्ड आनन्दरूप ब्रह्म ही साधकका यज्ञोपवीत है, मानसिक निर्मलता ही उसकी धोती है, 'सोऽहम्' जप ही सच्ची माला है, गुरुमन्त्र ही शिखा है, हरिनाम ही गायत्री है, जिसे वह स्थिर आसनपर बैठकर शान्तिके साथ जपता है। पूर्ण ब्रह्मका ध्यान ही उसका तिलक है, यश ही तर्पण है, प्रेम ही पूजा है। ब्रह्मानन्द ही भोग है, निर्वैरता ही सन्ध्या है और ब्रह्मका साक्षात्कार ही छापा है। इतना होनेपर वह

छके दिवाना पद गलताना, दुबिध्या दूँद मिटाया ।
आपा रहत एकता बरतै, ऐसा परचा पाया ॥
बिसरै नेम प्रेम कै छाजे, बाजै अनहद तूरा ।
अम्बर भरै झरै सुख सागर, झूलै वहाँ जन पूरा ॥
अणभै छोल अगम की बातों, राम चरण जी भाखै ।
दास रामजन सरण जिनूँ की सदा राम रस चाखै ॥

संतो संत भला है सूता ।
जागि न जोवै जगत दिस कबहूँ, वै सतगुरु का पूता ॥ टेर ॥
निज मंदिर मैं निर्भय सोवै, जीतै रिपु अवधूता ।
जड़े कपाट दोऊ सम दम के, ग्यान दीप दिल जूता ॥
दीनी सीख गरौ जग संगी, काम हराम दुख दूता ।
ध्यान समाधि अखंड लगाई, पाई जुक्ति अकूता ॥
अब तो संत सॉइ सूँ राता, मिट्या काल का नूता ।
रामजन जन राम समाना, भाजि गया भ्रम भूता ॥

संत श्रीदेवादासजी

[जन्म—वि० सं० १८११ के लगभग—जयपुर राज्यमें । स्वामी रामचरणजी महाराजके शिष्य]

(प्रेषक—श्रीरामस्नेही-सम्प्रदायका मुख्य गुरुद्वारा, शाहपुरा)

रसना सुमिरे राम कूँ तो कर्म होइ सब नास ।
देवादास ऐसी करै, तो पावै सुक्ख बिलास ॥
ररा ममा को ध्यान धरि यही उचारै ग्यान ।
दुबिध्या तिमिर सहजैं मिटै उदय भक्ति को भान ॥
जल तिरबे को तूँ बडा भौ तिरबे कूँ राम ।
देवादास सब संत कह सुमरो आठूँ जाम ॥
तिरे, तिरावै, फिर तिरे, तिरताँ लगै न बार ।
देवादास रटि राम कूँ बहुत ऊतर्‍या पार ॥
देवादास कह सुरत सों वै मूरख बड़ा अग्यान ।
पगथ्या पाड़्या हाथ सूँ करै महल को ध्यान ॥
देवा रसना गहलैं चालि कै हृदय सूरति नाम ।
राह बतावै और कूँ आगे किया मुकाम ॥
देवा उलटी बात की संत जाणत हैं रीत ।
जागत सुमिरै राम कूँ सूता अधिकी प्रीत ॥
करणी सूँ कृपा करै कृपा करणी माँय ।
देवादास कृपा बिना करणी होती नाँय ॥
देवादास कृपाल की कृपा सब पर जोहि ।
करणी कर करुणा करै ता पर राजी होहि ॥

नर देही की आस देवता करत है ।
मूरख मूढ अग्यान भूल में फिरत है ॥
समझे नाहीं सार बूड़िया धार रै ।
देवा सुमिरो राम और तज बार रै ॥

खासा मलमल जोय पहरते मीरजी ।
छप्पन भोजन आदि पावते खीर जी ॥
अमराव अनेक साथ कूँ होत है बीर जी ।
देवादास बिन राम सहै दुख भीर जी ॥
बाँके बाँके कोट चुणाते मीर जी ।
महल कबाण्याँ माहिं बैठते भीर जी ॥
हुरमा सेती केलि करत नहिं थाकते ।
देवादास बिन राम भये ते खाखते ॥
चार खूँट के मायँ चक्रव्रति एकही ।
वा सम दूजो नाहिं पृथ्वी में देखही ॥
वे भी गये बिलाय कहूँ मैं तोय जू ।
देवादास वा सम नहीं अब कोय जू ॥
पहलै धन कूँ बिलस पीछै गयो बीत रै ।
दुख को वार न पार रखी चह रीत रै ॥
धनवंता धन मार चढै तन भीत रै ।
देवा भक्ति बिना वह धारै नहीं प्रतीत रै ॥
मनखा देही पाय कियो नहिं चेत रै ।
राम भजन कूँ भूल माया कूँ लेत रै ॥
चौरासी मैं जाय पड़े मुख रेत रै ।
देवा दुनि माने नाहि दुःख सूँ हेत रै ॥

हाथ पाँव मुख नैन श्रवण सब सीस रै ।
मनखा देही पाय तज्यो जगदीस रै ॥
बोले बिस का बैन धर्म पर रीस रै ।
देवा वै नर खासी मारक बिस्वा बीस रै ॥
जग सूँ होय निहकाम तजो जग नेह जी ।
आस बास सँग छाड़ि मिथ्या मुख खेह जी ॥

ग्यान भक्ति बैराग साज सुख लीजये ।
देवादास दिल सोध राम रस पीजिये ॥
भोग बाट अरु आस कटायाँ काटिये ।
मोह क्रोध मद लोभ हटाया हाटिये ॥
समता सील संतोष सुबुद्धि कूँ खाटिये ।
देवादास अठ पहर राम कूँ राटिये ॥

संत श्रीभगवानदासजी

[आविर्भाव—पीपाड़ ग्राम (मारवाड़), वैश्य कुल, वि० सं० १८२३, श्रीरामचरणजी महाराजके शिष्य—रामस्नेही-सम्प्रदाय]
(प्रेषक—श्रीरामस्नेही-सम्प्रदायका मुख्य गुरुद्वारा, शाहपुरा)

तरू बिना सैल अरु दीपक बिहूणो महल
तेल बिना दीपक जो अँधेरो बखानिये ।
अंकुस बिहूणो राज, द्विज बिद्या हीण होइ
अश्व जो लगाम कढ़ जड़ता जो मानिये ॥
अक्खर जो मात्र हीण, दीनता बिचारै सिंघ
रण मे मुड़त राव पाणी छीण जानिये ।
ऐसे ही मनख तन भगवान ध्यान बिना
चातुर स्वरूप तन असोभत ठानिये ॥

तेज बिना तूरी अरु सूरी दुध बिना होयें
लज्जा बिना नारी, नग जोती ही न ठानियें ।
सुधा बिना चंद्र अरु चंद्र बिना रेण ऐसें
फूल जो सुबास बिना निर्फल बखानियें ॥
धन जो धर्म हीन दीन बाच नृप बोलै
मानूँ तो कबान चलो तीर बिना तानियें ।
ऐसै ही मनख तन भगवान ध्यान बिना
चातुर स्वरूप तन असोभत ठानियें ॥

जो नर राम नाम लिव लावै ।
ताकूँ कोई भय नहि ब्यापै बिघन बिलै होय जावै ॥
अगल बगल का छाड़ि पसारा मन बिश्वास उपावै ।
सर्बंग साँई एकहि जाणे जो निर्भय गुण गावै ॥
राहु केतु अरु प्रेत सनैश्चर मंगल नहीं दुखावै ।
सुरज सोम अरु गुरू बुद्ध ही शुक्र निकट नहिं आवै ॥
भैरूँ बीर बिजासन डाकण नाहर सिंह दूर रहावै ।
दिसासूल अरु भद्रा जाणूँ सूँण कुसूँण बिलावै ॥
मूठ दीठ अरु मौत अकाली जम भी सीस निवावै ।
सब ले सरणे निर्भय बासा भगवानदास जिन गावै ॥

छाडि के राम नाम लिव लाई ॥ टेर ॥
स्वाद किया भव जल में बूडे ऊँडे जाइ बसाई ।
पाँचाँका फँद माहीं उलझ्यो, सो तो सुलझै नाहीं ॥
देखो मीन मरे रस सेती, गंध से भँवर बिलाहीं ।
कुंजर तुचा, पतंग नैन सूँ, सारंग शब्द दिखाहीं ॥
एक एक इन्द्री के लागे पाँचा मृत्यु जु आई ।
तो सो सुख कैसी बिधि पावै एकै पाँच सधाई ॥
स्वारथ स्वाद मोह तजि भाजो लागो जन-सरणाई ।
भगवानदास भवसागर भारी तब सहजै तिर जाई ॥

श्रीदरिया (दरियाव) महाराज

(रामसनेही धर्माचार्य)

(आविर्भाव—वि० सं० १७३३, भाद्रपद कृष्णा ८ । पिताका नाम—मनसारामजी । माताका नाम—गोगाबाई । गुरुका नाम—श्रीप्रेमदासजी महाराज । स्थान—'जयतारण' नामक ग्राम, मारवाड़ । देहावसान—अगहन शुक्ला १५ वि० सं० १८१५)

सद्गुरु

अंतर थो बहु जन्म को, सतगुर भाँग्यो आय ।
दरिया पति से रूठणों, अब करि प्रीति बनाय ॥
जन दरिया हरि भक्ति की, गुर बताई बाट ।
भूला ऊजड़ जाय था, नर्क पड़न के घाट ॥
डूब रहा भव सिंधु में, लोभ मोह की धार ।
दरिया गुरु तैरू मिला, कर दिया परले पार ॥
नहिं था राम रहीम का, मैं मतहीन अजान ।
दरिया सुध बुध ज्ञान दे, सतगुर किया सुजान ॥
दरिया सद्गुरु कृपा करि, सब्द लगाया एक ।

लागत ही चेतन भया, नेतर खुले अनेक ॥
जैसी सद्गुरु तुम करी, मुझ से कछू न होय ।
बिष भाँडे विष काढ़ करि, दिया अमी रस मोय ॥
गुरु आये घन गरज कर, अंतर कृपा उपाय ।
तपता से सीतल किया, मोता लिया जगाय ॥
दरिया बान गुरुदेव का, बेधै भरम बिकार ।
बाहर घाव दीखै नहीं, भीतर भया सिमार ॥
पड़ै पतंगा अगिन मे, देह की नाहिं सँभाल ।
दरिया सिष सद्गुरु मिलै, तो हो जाय निहाल ॥

नाम

तीन लोक को बीज है, 'र'रो 'म'मो दोय अंक ।
दरिया तन मन अरप कै, भजिये होय निसंक ॥
दरिया नाम है निरमला, पूरण ब्रह्म अगाध ।
कहै सुनै सुख ना लहै, सुमिरे पावै स्वाद ॥
दरिया सुमिरै राम को, कर्म भर्म सब चूर ।
निस तारा सहजै मिटै, ऊगै निर्मल सूर ॥
राम बिना फीका लगै, सब किरिया सास्तर ग्यान ।
दरिया दीपक कहा करै, उदय भया निज भान ॥
दरिया सूरज ऊगिया, नैन खुला भरपूर ।
जिन अंधे देखा नहीं, उण से साहब दूर ॥
दरिया सुमिरै राम को, दूजी आस निवार ।
एक आस लागा रहै, कदै न आवै हार ॥
नाम झाज बैठै नहीं, आन करै सिर भार ।
दरिया निश्चय बहैंगे, चौरासी की धार ॥
दरिया नर तन पाय कर, कीया चाहै काज ।
राव रंक दोनों तरै, जो बैठे नाम जहाज ॥
जन्म अकारथ नाम बिन, भावै जान अजान ।
जन्म मरण जम काल की, मिटै न खैंचातान ॥
मुसलमान हिंदू कहा, षट दरसन रँक राव ।
जन दरिया निज नाम बिन, सब पर जम का दाव ॥
सुर्ग मिर्त पाताल तक, तीन लोक बिस्तार ।
जन दरिया निज नाम बिन, सभी काल को चार ॥
दरिया नर तन पाय कर, किया न राम उचार ।
बोझ उतारन आइया, लेय चले सिर भार ॥
जो कोइ साधू गिरह मे, माहिं राम भरपूर ।
दरिया कह उस दास की, मैं चरणों की धूर ॥
बाहर बाना भेष का, माहिं राम का राज ।
कह दरिया वे साधवाँ, हैं मेरे सिरताज ॥

दरिया सुमिरै राम को, कोटि कर्म की हान ।
जम औ काल का भय मिटै, ना काहू की कान ॥
दरिया राम सँभालतॉ, काया कचन सार ।
आन धर्म और मर्म सब, डाला सिर से भार ॥
सद्गुरु संग न संचरा, राम नाम उर नाहिं ।
ते घट मरघट सारखा, भूत बसै तिन माहिं ॥
राम नाम ध्याया नहीं, हूआ बहुत अकाज ।
दरिया काया नगर मे, पंच भूत का राज ॥
सब जग अंधा राम बिन, सूझै न काज अकाज ।
राव रंक अंधा सबै, अंधों ही का राज ॥
दरिया सब जग आँधरा, सूझै सो बेकाम ।
सूझा तबही जानिये, जाको दरसै राम ॥
सकल ग्रन्थ का अर्थ है, सकल बात की बात ।
दरिया सुमिरन राम का, कर लीजै दिन रात ॥
लोह पलट कंचन भया, कर पारस को संग ।
दरिया परसै नाम को, सहजहिं पलटै अंग ॥
दरिया धन वे साधवा, रहैं राम लौ लाय ।
राम नाम बिन जीव कूँ, काल निरंतर खाय ॥
राम नाम रसना रटै, भीतर सुमिरै मन्न ।
दरिया यह गति साधु की, पाया नाम रतन्न ॥
दरिया दूजे धर्म से, संसय मिटै न सूल ।
राम नाम रटता रहै, सब धर्मोंका मूल ॥
लख चौरासी भुगत कर, मानुष देह पाई ।
राम नाम ध्याया नहीं, तो चौरासी आई ॥
दरिया आतम मल भरा, कैसे निर्मल होय ।
साबुन लावै प्रेम का, राम नाम जल धोय ॥
राम नाम निस दिन रटै, दूजा नाहीं दाय ।
दरिया ऐसे साध की, मैं बलिहारी जाय ॥
दरिया सुमिरन राम का, कीमत लखै न कोय ।
टुक इक घट में संचरै, पाव वस्तु मन होय ॥
फिरी दुहाई सहर में, चोर गये सब भाज ।
सत्रू फिर मित्रज भया, भया राम का राज ॥
दरिया गैला जगत से, समझ औ मुख से बोल ।
नाम रतन की गाँठड़ी, गाहक बिन मत खोल ॥
दरिया दुखिया जब लगी, पछा पछी बेकाम ।
सुखिया जबही होयगा, राज निकंटा राम ॥
दरिया अमल है आसुरी, पिये होत शैतान ।
राम रसायन जो पिये, सदा छाक गलतान ॥

भगवान्‌की महत्ता

दरिया सॉचा राम है, और सकल ही झूठ ।
सनमुख रहिये राम से, दे सबही को पूठ ॥
पाय बिसारै राम को, भ्रष्ट होत है सोय ।
रबि दीपक दोनों बिना, अंधकार ही होय ॥
पाय बिसारै राम को, बैठा सब ही खोय ।
दरिया पड़ै अकास चढ़, राखनहार न कोय ॥
दरिया राम अगाध है, आतम को आधार ।
सुमिरत ही सुख ऊपजै, सहजहि मिटै बिकार ॥

उद्बोधन

दरिया सो सूरा नहीं, जिन देह करी चकचूर ।
मन को जीत खड़ा रहै, मैं बलिहारी सूर ॥
बाट खुली जब जानिये, अंतर भया उजास ।
जो कुछ थी सो ही बनी, पूरी मन की आस ॥
बातों में ही बह गया, निकस गया दिन रात ।
मुहलत जब पूरी भई, आन पड़ी जम घात ॥
दरिया काया कारवी, मोसर है दिन चार ।
जब लग स्वास सरीर मे, अपना राम सँभार ॥

संत-असंत-विवेचन

दरिया बगुला ऊजला, उज्ज्वल ही होय हंस ।
वे सरवर मोती चुगै, वा के मुख मे मंस ॥
बाहर से उजल दसा, भीतर मैला अंग ।
ता सेती कौवा भला, तन मन एकहि रंग ॥
मानसरवर मोती चुगै, दूजा नाहीं खान ।
दरिया सुमिरै राम को, सो निज हंसा जान ॥
साध सरोवर राम जल, राग द्वेष कुछ नायँ ।
दरिया पीवै प्रीत कर, सो तिरपत हो जायँ ॥
दरिया लच्छन साध का, क्या गिरही क्या भेष ।
निःकपटी निर्पच्छ रह, बाहर भीतर एक ॥
रहनी करनी साध की, एक राम का ध्यान ।
बाहर मिलता सो मिलै, भीतर आतम ग्यान ॥
दरिया संगत साध की, सहजै पलटै बंस ।
कीट छाँड़ मुक्ता चुगै, होय काग से हंस ॥
सॉची संगत साध की, जो कर जानै कोय ।
दरिया ऐसी सो करै, (जेहि) कारज करना होय ॥

प्रकीर्ण

दरिया सोता सकल जग, जागत नाहीं कोय ।
जागे में फिर जागना, जागा कहिये सोय ॥
माया मुख जागै सबै, सो सूता कर जान ।
दरिया जागै ब्रह्म दिस, सो जागा परमान ॥
दरिया तो सॉची कहै, झूठ न मानै कोय ।
सब जग सुपना नींद मे, जान्या जागन होय ॥
जन दरिया उपदेस दे, जाके भीतर चाय ।
नातर गैला जगत से, बक बक मरै बलाय ॥
जन दरिया उपदेस दे, भीतर प्रेम सधीर ।
गाहक होय कोइ हींग का, कहा दिखावै हीर ॥
दरिया सॉच न संचरै, जब धर घालै झूठ ।
सॉच आन परगट हुवै, जब झूठ दिखावै पूठ ॥

आदि अंत मेरा है राम ।
उन बिन और सकल बेकाम ॥
कहा करूँ तेरी अनुभै बानी ।
जिन तें मेरी बुद्धि भुलानी ॥
कहा करूँ ये मान बड़ाई ।
राम बिना सबही दुखदाई ॥
कहा करूँ तेरा सांख और जोग ।
राम बिना सब बंधन रोग ॥
कहा करूँ इन्द्रिन का सुख ।
राम बिना देवा सब दुख ॥
दरिया कहै राम गुरमुखिया ।
हरि बिन दुखी राम सँग सुखिया ॥

नाम बिन भाव करम नहीं छूटै ।
साध संग और राम भजन बिन, काल निरंतर लूटै ॥
मल सेती जो मल को धोवै, सो मल कैसे छूटै ।
प्रेम का साबुन नाम का पानी, दोय मिल तॉता टूटै ॥
भेद अभेद भरम का भॉडा, चौड़े पड़ पड़ फूटै ।
गुरमुख सब्द गहै उर अतर, सकल भरम से छूटै ॥
राम का ध्यान तू धर रे प्रानी, अमृत का मेह बूटै ।
जन दरियाव अरप दे आपा, जरा मरन तब टूटै ॥

मै तोहि कैसे बिसरूँ देवा ।
ब्रह्मा बिस्नु महेसुर ईसा, ते भी बंछै सेवा ॥
सेस सहस मुख निस दिन ध्यावै, आतम ब्रह्म न पावै ।
चॉद सूर तेरी आरति गावै, हिरदय भक्ति न आवै ॥
अनँत जीव जाकी करत भावना, भरमत बिकल अयाना ।
गुरु परताप अखँड लौ लागी, सो तेहि माहिं समाना ॥
जन दरिया यह अकथ कथा है, अकथ कहा क्या जाई ।
पंछी का खोज मीन का मारग, घट घट रहा समाई ॥

जीव बटाऊ रे बहता भाई मारग माई ।
आठ पहर का चालना, घड़ी इक ठहरै नाई ॥
गरभ जन्म बालक भयो रे, तरुनाये गर्भान ।
बृद्ध मृतक फिर गर्भ बसेरा, तेरा यह मारग परमान ॥
पाप पुन्न सुख दुख की करनी, बेड़ी थारे लागी पाँय ।
पंच ठगन के बस पड़्यो रे, कब घर पहुँचे जाय ॥
चौरासी बासो बस्यो रे, अपना कर कर जान ।
निस्चय निस्चल होयगो रे, पद पहुँचे निर्बान ॥
राम बिना तो को ठौर नहीं रे, जहँ जावै तहँ काल ।
जन दरिया मन उलट जगत सूँ, अपना राम सम्हाल ॥

साधो अलख निरंजन सोई ।
गुरु परताप राम रस निर्मल, और न दूजा कोई ॥
सकल ज्ञान पर ज्ञान दयानिधि, सकल जोत पर जोती ।
जाके ध्यान सहज अघ नासै, सहज मिटै जम छोती ॥
जा की कथा के सरवन ते ही, सरवन जागत होई ।
ब्रह्मा बिस्नु महेस अरु दुर्गा, पार न पावै कोई ॥
सुमिर सुमिर जन होइहैं राना, अति झीना से झीना ।
अजर अमर अच्छय अबिनासी, महाबीन परबीना ॥
अनँत संत जाके आस पियासा, अगन मगन चिरजीवैं ।
जन दरिया दासन के दासा, महा कृपा रस पीवैं ॥

राम नाम नहिं हिरदे धरा । जैसा पसुवा तैसा नरा ॥
पसुवा-नर उद्यम कर खावै । पसुवा तौ जंगल चर आवै ॥
पसुवा आवै, पसुवा जाय । पसुवा चरै औ पसुवा खाय ॥
राम नाम ध्याया नहिं माई । जनम गया पसुवा की नाईं ॥
राम नाम से नाहीं प्रीत । यह ही सब पशुवों की रीत ॥
जीवत सुख-दुख में दिन भरै । मुवा पछे चौरासी परै ॥
जन दरिया जिन राम न ध्याया । पसुवा ही ज्यों जनम गँवाया ॥

संतो, कहा गृहस्थ कहा त्यागी ।
जेहिं देखूँ तेहि बाहर भीतर, घट घट माया लागी ॥
माटी की भीत, पवन का थंभा, गुन औगुन से छाया ।
पाँच तत्त आकार मिलाकर, सहजैं गिरह बनाया ॥
मन भयो पिता, मनसा भइ माई, सुख दुख दोनो भाई ।
आसा तृस्ना बहनें मिलकर, गृह की सोंज बनाई ॥
मोह भयो पुरुष, कुबुधि भई घरनी, पाँचो लड़का जाया ।
प्रकृति अनंत कुटुम्बी मिलकर, कलहल बहुत मचाया ॥
लड़कों के सँग लड़की जाई, ताका नाम अधीरी ।
बन में बैठी घर घर डोलै, स्वारथ संग खपी री ॥
पाप पुन्य दोउ पार पड़ोसी, अनँत वासना नाती ।
राग द्वेष का बंधन लागा, गिरह बना उतपाती ॥

चल सूआ, तेरे आद राज । पिंजरामे बैठा कौन काज ?
बिल्ली का दुख दहै जोर । मारै पिंजरा तोर तोर ॥
मरने पहले मरो धीर । जो पाछे मुक्ता सहज छीर ॥
सद्गुरु सब्द हृदै मे धार । सहजाँ सहजाँ करो उचार ॥
प्रेम प्रवाह धसै जब आभ । नाद प्रकासै परम लाभ ॥
फिर गिरह बसाओ गगन जाय जहँ बिल्ली मृत्यु न पहुँचै आय ॥
आम फलै जहँ रस अनंत । जहँ सुख में पाओ परम तंत ॥
झिरमिर झिरमिर बरसै नूर । बिन कर बाजे ताल तूर ॥
जन दरिया आनन्द पूर । जहँ बिरला पहुँचे भाग भूर ॥

श्रीकिशनदासजी महाराज

उत्तम शील सन्तोष, उत्तम सत सुमिरण साचा ।
उत्तम कह इक नाम, उत्तम अमृत मुख-वाचा ॥
उत्तम राम आराध, काम दल भञ्जन शूरा ।
उत्तम तत्व-विचार, ज्ञान उदय रत पूरा ॥
उत्तम दे नित दान, उत्तम मर्जाद न मेटे ।
उत्तम जहाँ आणंद, उत्तम अवगत पद भेटे ॥
उत्तम गुरु गम पाय, उत्तम शिष सुमिरण लागा ।
उत्तम उलङ्गे मेरु, उत्तम पूरन घर पाया ॥
उत्तम इन्द्रिय जीत, उत्तम सो निरमल काया ।
उत्तम जैसा अदीत, उत्तम घट अघटा पाया ॥
उत्तम चंद सम भाव, उत्तम है सब से ऊँचा ।
उत्तम न लागै छोत, उत्तम सबही से सुच्चा ॥
उत्तम एक निज नाम, उत्तम सबही को तारे ।
उत्तम सँग दे अङ्ग, आप की शरण उबारै ॥
'किशनदास' सब उत्तम है, सभी ब्रह्म के जीव ।
जिन मे जन जो उत्तम है, अखण्ड आराधे पीव ॥

श्रीहरकारामजी महाराज

राम नाम तत सार, सर्व ग्रन्थन मे गायो।
संत अनंत पिछाण राम ही राम सरायो॥
वेद पुराण उपनिषद, कह्यो गीता में ओही।
ब्रह्मा विष्णु महेश, राम नित ध्यावै सोही॥
ध्रुव, प्रह्लाद, कबीर नामदे आदि प्रमाणी।
सनकादिक नारद शेष जोगेश्वर सारा जाणी॥
सो सद्गुरु प्रताप ते, कियो ग्रन्थ विस्तार।
जन हरका तिहुं लोक मे, राम नाम तत सार॥

स्वामी श्रीजैमलदासजी महाराज

[स्थान दूलचासर, बीकानेर]

(प्रेषक—श्रीभगवद्दासजी शास्त्री, आयुर्वेदाचार्य)

अजहूँ चेतै नाहीं आव घटंती जाय।
ज्यों तरु छाया तेगी काया देखत ही घटि जाय॥
ऐसो दाव बहुरि नहिं लागै पीछे ही पछिताय।
जैमलदास काच करि कानै ततही लेणा ताय॥

स्तवन

व्यापक है घट माहिं सो जन मेरा॥ टेक॥
जन्म मरण दूई नहिं वाके, आवागवन न फेरा।
राग दोष भर्म का भाँडा, नाहिं मोह अँधेरा॥
त्रिगुण ताप मिटावनहारा, मेटन भर्म बसेरा।
जैमलदास कहै सुन साईं, मैं हूँ चाकर तेरा॥

राम-नामकी अपूर्वता

राम खजानो खूटै नाहीं। आदि अंत केते पचि जाही॥
राम खजाने जे रँग लागा। जामन मरण दोऊ दुख भागा॥
सायर राम खजाना जैसे। अंजलि नीर घटै वह कैसे॥
काया माँझि खजाना पावै। रोम रोम मे राम रमावै॥
जैमलदास भक्तिरस भावै। खानाजाद गुलाम कहावै॥

स्वामी श्रीहरिरामदासजी महाराज

[बीकानेर-राज्यान्तर्गत सिंहस्थल नामक ग्राममें श्रीभाग्यचन्दजी जोशीके पुत्र। स्वामीजी श्रीजैमलदासजीके शिष्य, संवत् १७०० में आषाढ कृष्ण १३ को दीक्षा।]

(प्रेषक—महंत श्रीभगवद्दासजी शास्त्री)



राम नाम जपता रहै,
तजै न आसा आन।
जन हरिया उन जीव की,
मिटै न खाँचा तान॥
राम नाम निज मूल है,
और सकल विस्तार।
जन हरिया फल मुक्ति कूँ,
लीजै सार सँभार॥
पछितावैगो प्राणिया, हरि सूँ पड़िसे दूर।
जन हरिया मन चेत लै, है तन सास हजूर॥
हरिया कलि मे आय कै, कहा करत है कूर।
आसी विरिया अत की, मुखाँ परैगी धूर॥
धकाधकी मे दिन गया, सूताँ रैन विहाय।
हरिया हरि की भक्ति बिन, कहा कियो नर आय॥
साँचा सुख मानव तणा, जा मुख निकसै राम।
जन हरिया मुख राम बिन, सोई मुख बेकाम॥
हरिया तन जोबन थकै, किया दिया जो जाय।
कीजै सुमरण राम को, दीजै हाथ उठाय॥
हरिया दीया हाथ का, आडा आसी तोय।
राम नाम कूँ सुमरताँ, पार उतारै सोय॥
हरिया राम सँभारियै, ढील करो मति कोय।
साँझाँ बीच सवेर मे, क्या जानू क्या होय॥
हरिया राम सँभारियै, जब लग पिंजर सास।
सास सदा नहि पाहुणा, ज्यूँ सावण का घास॥

खबर करि खबर गाफील तुम से कहूँ,
बहुरि नहिं पाय नरदेह थारी।

एक इकतार सिर धारि दूजा नहीं,
मानि मेरा कह्या पुरुष नारी ॥
लोभ लालच मद मोह लागा रहै,
आपदा पासि पडपंच ठाणै ।
आन उप्पाधि बहु ताप हिरदै उठै,
राग अरु द्वेष मनमान ताणै ॥
काम अरु क्रोध भय जोध जोरावरी,
जहर अरु कहर जग माहिं जाडा ।
काल कव्वाण कसी सिर ऊपरै,
मारसी जोय नहिं कोय आडा ॥
मात अरु तात सुत भ्रात भृत भामिनी,
कुटुंब परिवार की प्रीति झूठी ।
दास हरिराम कहै खेल बीतां पछै,
मेल सौ ऊठिग्यो झाड़ि मूठी ॥

मनवा रामभजन करि बल रे ।
तज सकल्प विकल्प को तब ही आपा हुय निर्बल रे ॥
देखि कुसग पांव नहिं दीजै जहाँ न हरि की गल रे ।
जो नर मोक्ष मुक्ति कूँ चाहै सतां बैसी मिसल रे ॥
संशय शोक परै करि सब ही द्वद दूर करि दिल रे ।
काम क्रोध भर्म करि कानै राम सुमर हक हल रे ॥
मनवा उलटि मिल्या निज मन सूँ पाया प्रेम अटल रे ।
पाँच पचीस एकरस कीना सहज भई सब सल रे ॥
नख सिख रोम रोम रग रग मे ताली एक अटल रे ।
जन हरिराम भये परमानँद सुरति शब्द सूँ मिल रे ॥

प्राणी कर लो राम सनेही ।
विनस जायगी एक पलक मे या गंदी नरदेही ॥
रातो मातो विषय स्वाद मे परफूलित मन माही ।
जीव तणा आया जमकिंकर पकड़ि ले गया बाही ॥
मूरख मगन भयो माया मे मेरी करि करि मान ।
अतकाल में भई विड़ाणी सूतौ जाय मसानै ॥
राग रंग रूप नर नारी सब हुय जाहिंगे खाका ।
जन हरिराम रहैगा अम्मर एक नाम अल्ला का ॥

रे नर ! या घर मे क्या तेरा ।
जीव जंतु न्यारा घर माही सोई कहै घर मेरा ॥
चीटी चिड़ी कमेड़ी उदर घर माही घर केता ।
आया ज्यो सबही उठि जासी बासो दिन दस लेता ॥
मैड़ी मंदिर महल चिणावै मारै ऊँडी नीवॉ ।
दिन पूगे नर छॉडि चलैगो ज्यूँ हाली हल सीवॉ ॥
नव रंग रूप सोलह सिणगारा माया विषै विलासा ।
जन हरिराम राम बिन दुनिया होसी खासर फासा ॥

दोहा

परब्रह्म सतगुरु प्रणम्य, पुनि सब संत नमोय ।
हरिरामा सुर भवन मे, या पद समा न कोय ॥
पहिले दाता हरि भया, तिन ते पाई जिंद ।
पीछे दाता गुरु भया, जिन दाखै गोविंद ॥
ब्रह्म अग्नि तन बीच मे, मथ करि काढै कोय ।
उलटि काल कूँ खात है, हरिया गुरु गम होय ॥
सब सुखदाई राम है, खरा भरोसा मुज्झि ।
जन हरिया हरि सुमिरतॉ, तार न तोड़ूँ तुज्झि ॥
जन हरिया है मुक्ति कूँ, नीसरनी निज नाम ।
चढि चॉपर सो सुमिरिये, जो चाहौ विश्राम ॥
हिम्मत मति छॉडो नरॉ, मुख ते कहतॉ राम ।
हरिया हिम्मत मे किया, ध्रुव का अट्टल धाम ॥
जो अक्षर पर्वत लिख्या, सोइ हमारे अंक ।
अब डूबणती ना डरूँ, हरिया होय निशंक ॥
राम नाम बिन मुक्ति की, जुक्ति न ऐसी और ।
जन हरिया निशिदिन भजो, तजौ दूसरी ठौर ॥
जन हरिया निशदिन भजो, रसना सेती राम ।
नाम बिना जीतव किसो, आयु जाय बेकाम ॥
विरहिन वैसे भी उठै, जोवै हरि का पथ ।
कहु जोसी कद आवसी, देख तुम्हारा ग्रन्थ ॥
मैं मतवाला राम का, मद मतवाला नाहि ।
हरिया हरि रस पीव करि, मगन भया मन माहिं ॥

चेतावनी

पान तँबोली चाबते, मिसी कवाडे दंत ।
जन हरिया दिन एक में, मुख धूड़ी बूकत ॥
जन हरिया कर कंपिया, डोलन लागा शीश ।
तोहि न अंधा चेतही, आपनपो जगदीश ॥
पलँग पथरने पोढते, ले ले सीरख सोड़ि ।
सोवे सीढी साथ रे, दौड़ि सके तो दौड़ि ॥
प्याला भरि भरि पदमिणी, पियै पिलायै पीव ।
जन हरिया जब क्या करे, जम ले जासी जीव ॥
कनक महल ता बीच मे, ढोले अंगन काच ।
हरिया एके नाम बिन, नाच गये बहु नाच ॥

आडे तेडे चालते, खांधी पाग झुकाय।
हरिया छाया निरखते, से भी गये बिलाय॥
सुंदरि बिना न सारते, निसिदिन करते नेह।
से जंगल मे पोढिया, हरिया एकल देह॥
हाथ पॉव सिर कंपिया, ऑख्यॉ भयो अँधार।
कालाँती पाण्डुर भया, हरिया चेत गॅवार॥
घर घर लागो लायणो, घर घर धाह पुकार।
जन हरिया घर आपणो, राखै सो हुँसियार॥
तन तरुवर के बीच मे, बसैं पॅचेरू पंच।
जन हरिया उडि जावसी, नहीं भरोसो रच॥
मैड़ी महल चुणावते, ऊपर कली लपेट।
चुणत चुणावत ऊठिगे, लगी काल की फेट॥
पग पग बैठे पाहरू, आडा सजड़ किंवार।
काल धके सो ले चल्यो, कोइ न मानी कार॥
हैवर ऊभे पायगॉ, द्वारे हस्ती बंध।
हरिया एक पलक मे, सब सों पड़ गई सध॥
चोवा चदन चरचती, कामिनि करत सनेह।
सूती जाय मसान बिच, भस्म भई सब देह॥
राम नाम की जिक, करै कोइ संत रे।
मैं तैं मन की मेटि, रहै एकंत रे॥
आशा तृष्णा छॉडि, निराशा हुए रहै।
(हरि हॉ) दास कहै हरिराम, स्वामि सुख जब लहै॥
आपा मेटो हरि भजो, तजो बिरानी आस।
हरिया ऐसा हुए रहो, जबे कहावो दास॥
लख चौरासी जोनि मे, है नायक नरदेह।
हरिया अमृत छॉडि के, विषय न करिये नेह॥
हरिया देखि हरामड़ो, रोष न कीजै राम।
अब तो तेरो हुए रह्यो, और न मेरे काम॥
राम नाम को कीजिये, आठो पहर उचार।
हरिया बंदीवान ज्यो, करिये कूक पुकार॥
हरिया रत्ता तत्व का, मत का रत्ता नाहिं।
मत का रत्ता से फिरै, तहॅ तत्व पायो नाहि॥
धनवन्ता सो जानिये, हृदै राम का नाम।
भक्ति भॅडारे ना कमी, रिधि सिधि केंह काम॥
जो कोइ चाहै मुक्ति को, तो सुमिरीजै राम।
हरिया गैले चालिये, ऐसे आवै गाम॥
दारक मे पावक बसै, यों आतम घट माहिं।
हरिया पय में घृत है, बिन मथियॉ कुछ नाहिं॥

छप्पय

राम बखानै वेद, राम को दाख पुरानै।
रामहि शाखा स्मृति, राम शास्तर सो जानै॥
राम गीता भागवत, राम रामायण गावै।
राम विष्णु शिव शेष, राम ब्रह्मा मन भावै॥
राम नाम तिहुँ लोक में, ऐसा और न कोय।
जन हरिया गुरु गम बिना, कह्या सुन्या क्या होय॥

कुंडलिया

हरिया सोई नर फकर, किया दोसती राम।
मन माया विषया तजै, भजै निराशा नाम॥
भजै निराशा नाम, और की आश निवारै।
भर्म करै सब दूर, ध्यान निश्चय करि धारै॥
काइ न करै अनीति, नीति राखै मन माहीं।
सुरति शब्द के पास, आन दिसि जावै नाहीं॥
एको तन मन वचन का, मेटे सकल विराम।
हरिया सोई नर फकर, किया दोसती राम॥

तूँ कहा चिंत करे नर तेरिहि,
तो करता सोइ चित करेगो।
जो मुख जानि दियो तुझि मानव,
सो सबहन को पेट भरेगो॥
कूकर एकहि टूक के कारण,
नित्य घरोघर द्वार फिरेगो।
दास कहै हरिराम बिना हरि,
कोइ न तेरो काज सरेगो॥

पद

रे नर राम नाम सुमिरीजै।
या सो आगे संत उधरिया, वेदॉ साख भरीजै॥टेक॥
या सो ध्रुव प्रह्लाद उधरिये, करणी साँच करीजै।
या सो दत्त मछदर उधरे, गोरख ज्ञान गहीजै॥
या सों गोपीचद भरतरी, पैले पार लॅघीजै।
या सो रंका बंका उधरे, आपा अजर जरीजै॥
या सों रामानंद उधरिये, पीपा जुग जुग जीजै।
या सो दास कबीर नामदे, जम का जाल कटीजै॥
या सो जन रैदास उधरिये, मीराँ बात बनीजै।
या सो कान्हू कीता उधरे, बास अमरपुर कीजै॥
या सों जन हरिराम उधरिये, दादू दीन भनीजै।
जन हरिराम कहै सबही को, जपतॉ ढील न कीजै॥

विनय

प्रभुजी ! प्रेम भक्ति मोहि आपो ।
माँगि माँगि दाता हरि आगे, जपूँ तुम्हारा जापो ॥टेक॥
आठ नवे निधि रिधि भंडारा, क्या माँगूँ थिर नाही ।
दे मोको हरि नाम खजाना, खूटि कबू नहिं जाहीं ॥
इंद्र अप्सरा सुक्ख बिलासा, क्या माँगूँ छिनभंगा ।
दीजै मोहि परम सुख दाता, सेवत ही रहुँ संगा ॥
तीन लोक राज तप तेजू, क्या माँगूँ जम ग्रासा ।
दीजै राज अभय गुरुदेवा, अटल अमरपुर बासा ॥
आठ पहर औलग अणघड़की, ता सेती विस्तारू ।
जन हरिराम स्वामि अरु सेवक, एकमेक दीदारू ॥

संत श्रीरामदासजी महाराज

[खेडापा पीठके प्रधान आचार्य । जन्म-स्थान बीकोकोर (मारवाड़), सं० १७८३ फाल्गुन कृष्ण १३, सिंहथलके श्रीहरिराम-दासजीके शिष्य ।]

(प्रेषक—रामस्नेही-सम्प्रदायाचार्य श्रीहरिदासजी शास्त्री, दर्शनायुर्वेदाचार्य)



राम दास सत शब्द की
एक धारणा धार ।
भव-सागर में जीव है
समझ रु उतरो पार ॥
रामदास गुरुदेव सूँ
ता दिन मिलिया जाय ।
आदि अंत लग जोड़िये
क्रोड़ीधज कहाय ॥

सब में व्यापक ब्रह्म है देख निरख सुध हाल ।
जैसी तुम कमज्या करो तेसी मे फिर माल ॥
कमज्या कीजे राम की सतगुरु के उपदेश ।
रामदास कमज्या कियाँ पावे नाम नरेस ॥

करम कूप में जग पड़्या डूब्या सब संसार ।
राम दास सो नीसरया सतगुरु शब्द विचार ॥
रामा काया खेत में करसा एको मन ।
पाप पुन्य में बँध रया भरया करम सूँ तन ॥
करम जाल में रामदास बंध्या सबही जीव ।
आस-पास में पच मुवा बिसर गया निज पीव ॥
बीज हाथ आयो नहीं जोड़े हर जस साख ।
रामदास खाली रह्या राम न जान्यो आख ॥

मुख सेती मीठी कहे अंतर माँहि कपट ।
रामा ताहि न धीजिये पीछे करे झपट ॥
आया कूँ आदर नहीं दीठाँ मोड़े मुख ।
रामा तहाँ न जाइये जे कोइ उपजे सुख ॥

संतो गृह त्याग ते न्यारा ।
सोई राम हमारा ॥ टेर ॥

गृही बँध्या गृह आपदा त्यागी त्याग दिढ़ावे ।
गृही त्याग दोनूँ पख भूला आतमराम न पावे ॥
गृही साधु संगत नहिं कीन्ही, त्यागी राम न गावे ।
गृही त्याग दोनूँ पख झूठा निरपख है सो पावे ॥
ना मैं गृही ना मैं त्यागी ना पट दरसण भेखा ।
राम दास त्रिगुण ते न्यारा, घट में अवघट देख्या ॥

ऊँच नीच बिच राम, राम सब के मन भावे ।
झूठ साच सब ठौड़, राम की आण कढ़ावे ॥
आदि अंत में राम राम सबही कह नीका ।
सकल देव सिर राम राम सब के सिर टीका ॥
चार चक्र चवदे भवन राम नाम साराँ सिरे ।
रामदास या राम को साधूजन सिंवरण करे ॥

राम सरीसा और न कोई । जिन सुमरयाँ सुख पावै सोई ॥
राम नाम सूँ अनेक उधरिया । अनँत कोटि का कारज सरिया ॥
जो हरि सेती लावै प्रीता । राम नाम ताही का मीता ॥
राम नाम जणि ही जिण लीया । तिण तिण वास ब्रह्म में कीया ॥
रामदास इक रामहि ध्याया । परम ज्योति के माहिं समाया ॥

सरक सनेही बालमा क्यूँ न देवो दीदार ।
रामा पिंजर जात है इण मोसर इण बार ॥
आवौ मेडा साँइयाँ बिरहण सामो जोय ।
नैन टगटगी हुय रही पल नहिं लागै कोय ॥
परदेसी बिलमो मती एह मौसर ततकाल ।
रामा जिव जीवत मिलो साँई दीन दयाल ॥
मूवाँ पछे पधारसो देसी कुण साबास ।
उपलाँ सार घसाइयाँ पारस पणो निरास ॥

मो कृत सामो देखियों नाहीं कदे उधार।
अपनो बिरद बिचार हो पावन पतित अपार॥
महरबान महाराज है रामा दीन दयाल।
दया बडी है कोप ते कारण कृपा बिसाल॥
झूठा रूठा राम सूँ तूठा नारी अंग।
बूठा विषयानंद मन तूठा हरि सूँ रंग॥
अदल किया तो मारिया जनमों जनम दुखार।
फदल किया तो छूटिया तारन बिरद मुरार॥

माया

माया बिष की बेलड़ी तीन लोक बिस्तार।
रामदास फल कारणे झूरै सब संसार॥
बेली को फल आपदा आशा तृष्णा दोय।
रामदास तिहुँ लोक में, कहाँ न छूटण होय॥
आशा तृष्णा आपदा घर घर लागी लाय।
रामदास सब बालिया, कोई न सके जाय॥
माया की अगनी जगे, दाझत है सब जीव।
रामदास सो ऊबरे, सिमरे समरथ पीव॥
रामा माया डाकणी डकणायो संसार।
काढ़ कलेजो खायगी जाकी सुध ना सार॥

कवित्त

राम ढाल तरवार राम बंदूक हमारे।
राम शूर सामंत राम अरि फौज सँहारे॥
राम अनढ़ गढ़ कोट राम निर्भय मेवासो।
राम साथ सामान राम राजा रेवासो॥
राम धणी प्रभुता प्रबल श्वास श्वास रक्षा करे।
रामदास समरथ धणी रे जिव! अब तूँ क्यूँ डरे॥

कहा देस परदेस कहा घर माँहीं बारे।
रक्षक राम दयाल सदा है संग हमारे॥
पर्वत अवघट घाट बाट बन माहिं सँगाती।
ताके बेली राम ताप लागे नहिं ताती॥
धाड़ चौर खोसा कहा उबरा माहिं उबार है।
मोहि भरोसो राम को रामा प्राण अधार है॥

नमो निरंजन देव सेव किणि पार न पायो।
अमित अथाह अतोल नमो अणमाप अजायो॥
एक अखंड अमंड नमो अणभंग अनादं।
जग में जोत उदोत नमो निरभेव सुस्वादं॥
नमो निरंजन आप हो, कारण करण अपार गत।
रामदास बंदन करे नमो नूर भरपूर तत॥

मस्तक पर गुरुदेवजी हृदय बिराजे राम।
रामदास दोनूँ पखा सब बिध पूरण काम॥
चिंता दीनदयाल कूँ मो मन सदा अनंद।
जायो सो प्रति पालसी रामदास गोबिंद॥

सोरठा

घर जाये की खोड़ धणी एक नॉहिन गिने।
बिरद आपनी ओड़ जान निभाज्यो बापजी॥

पद

दीन छूँ जी दीनबंधु! दीन को नबेरो।
महरबान बिरद जान प्रान मेट घेरो॥ टेर॥
येह पुकार निराधार दरद मेट मेरो।
जनम जनम हार मार तार अबे तेरो॥
बिषम घाट भव बैराट बेग ही नबेरो।
बह्यो जात मैं अनाथ नाथ हाथ प्रेरो॥
बार बार क्यूँ न सार व्याल बाल चेरो।
रामदास गुरु निवास मेट जनम फेरो॥

संत श्रीदयालजी महाराज (खेड़ापा)

[जन्मकाल—मार्गशीर्ष शुक्ला ११, वि० सं० १८१६। निर्वाणकाल—माघ कृ० १०, सं० १८८५।]
(प्रेषक—श्रीहरिदासजी शास्त्री, दर्शनायुर्वेदाचार्य)



ररो ममो रसणा रट ए,
साँची प्रीति लगाय।
रामा अमृत रसण चव,
विघ्न विलय हुय जाय॥
खाली स्वास गमाय मत,
रामा सिवरो राम।
वय खूटे छूटे सदन,
जीव कहाँ आराम॥

रामा काया सदन बिच, ररे ममे की जोत।
रसना दीपक सींचिये, परमानन्द उदोत॥
लगन पतंगा होय के, राम-रूप के माँय।
मनकृत जल एके भया, सारकायत दरसाय॥

× × ×

बंदे या भव-सिन्धु में, तेरा नाहीं कोय।
फूटे बेड़े बैस मत, कदे न तिरणा होय॥

आपा गरब गुमान तज, तरुणापो दिन दोय ।
रामा छाया बादली, सयन करो मत कोय ॥

× × ×

नाम-माहात्म्य

राम-मंत्र से रामदास, जीव होत है ब्रह्म ।
काल उरग को गरल मिट, जनम-मरण नहीं श्रम ॥
महा पतित पापी अधम, नाम लेत तिर जाय ।
उपल तिरे लिखतॉं ररो, रघुपति साख सहाय ॥
रामरूप हरिजन प्रगट, भाव भक्ति आराध ।
जुग जुग माही देख लो, रामा तारण साध ॥
मन वच क्रम सरधा लियॉं, वणै सजन के हेत ।
रामा साची भावना, जन्म सफल कर लेत ॥
मान मान उपदेश गुरु, ध्याय ध्याय इक राम ।
जाय जाय दिन जाय है, उदै करो विश्राम ॥
रामा केवल नाम जप, कह हितकारी संत ।
इन मग परमानँद मिले, निरभै जीव सिधंत ॥

मौसर मिनखा देह मिल्यो है, मत कोइ गाफिल रहज्यो रे ।
खूटा स्वास बहुरि नहिं आवै, राम राम भजि लीज्यो रे ॥
जानत है सिर मोत खड़ी है, चलणो साँझ सवेरो रे ।
पाँच पचीसों बडे जोरावर, लूटत है जिव डेरो रे ॥
नर नारायण सहर मिल्यो है, जा में सूँज अपारा रे ।
राम कृपा कर तोहि बसायो, या मैं काज तुम्हारा रे ॥
जनम-जनम का खाता चूकै, हुय मन राम सनेही रे ।
रामदास सतगुरु कै सरणै, जनम सफल कर लेही रे ॥

तरु तें तूटा फूल डार धुर लगै न कोई ।
कागद अंक सकेल पुनि सकेला नहि होई ॥
सती साझ सिणगार तेल तिरिया इक बारा ।
ओला जल गल मिल्या फेर होवै नहिं सारा ॥
मोह वासना नीर मँझि नर देह कदे नहि गालिये ।
जन रामा हरि प्रेम बिच गल्या त भव दुख टालिये ॥

भजो भजो रे राम तजो जग की चतुराई ।
सजो सजो रे साज काच तन जात बिलाई ॥
गया मिलै नहिं बहुरि मुकर भंजन नहिं संदत ।
क्रोड़ जतन मिल प्रज्ञा कहै सोई मति मंदत ॥
जाता निश्चै जाय सब रहता हरि संगी सदा ।
चेत चिंतामणि उर मही तॉं पाया आतम मुदा ॥

जाय जाय दिन जाय ताहि लेखै अब लावो ।
गाय गाय इक राम बहुरि मौसर नहिं पावो ॥
साय साय गुरु ज्ञान लाय एकण मन धारण ।
ध्याय ध्याय अब ध्याय आय लागा जोधा रण ॥
कटक काल दुष्कर कही हरिजन पुर मध्य छूट है ।
जन रामा पासे गयॉं सहीत जमरो लूट है ॥

श्रीपूरणदासजी महाराज

[दीक्षाकाल—फाल्गुन पूर्णिमा, वि० सं० १८३८ । निर्वाणकाल—कार्तिक शु० ५, वि० सं० १८९२ । जन्म-स्थान —मेलकी ग्राम (मालवा प्रान्त), श्रीदयालजी महाराजके शिष्य ।]

(प्रेषक—आचार्य श्रीहरिदासजी शास्त्री)

जा दिन ते या देह धरी दिन ही दिन पाप कमावनहारो ।
नीच क्रिया बुध हीन मलीन कुचील अचार बिचार बुहारो ॥
औगण को नहिं छोर कहॉं लग, एक भरोसो है आस तुम्हारो ।
हो हरिया ! बिनती इतनी, तुम मुख सूँ कहो पूरणदास हमारो ॥

अब हरि कहाँ गये करुणा केत ।
अधम उधारण पतितॉं पावन कहत पुकारयॉं नेत ॥
मोय भरोसो लाखॉं बातॉं खाली रहे न खेत ।
पूरणदास पर अजहुं न सुरता अब क्यूँ सार न लेत ॥

संत श्रीनारायणदासजी महाराज

(प्रेषक—साधु श्रीभगवद्दासजी)

सत्तगुरू अरु संत जन, राम निरंजन देव ।
जन नारायण की बिनति, दीजै प्रभुजी सेव ॥

नरिया राम सुमिरिये, टालै जम की घात ।
आलस ऊँघ न कीजिये अवसर बीत्यो जात ॥

राम नाम सतगुरु दिया, नरिया प्रीति लगाय ।
चौरासी योनि टलै, पेले पार लँघाय ॥
राम नाम जाण्यो नहीं, माया कूँ चित्त धार ।
जाकूँ जमड़ो मारसी, नरिया करे खुवार ॥
राम नाम जाण्यो नहीं, कीया बहुत करम्म ।
ते नर कामी कूकरा, मुँहड़े नहीं सरम्म ॥
दास नरायण बीनवे, संतन को अरदास ।
राम नाम सुमिराइये, राखो चरणाँ पास ॥

संत श्रीहरदेवदासजी महाराज

(प्रेषक—साधु श्रीभगवद्दासजी)

बंदन हरि गुरु जन प्रथम, कर मन कायक बेन ।
अखिल भवन जो सोधिये, समा न या कोइ सेन ॥

छप्पय

चेते क्यूँ न अचेत, संत सबही दे हेला ।
माने बहु परिवार, अंत तूँ जाय अकेला ॥
वित्त वा खर व्यवहार, आप का किया उचारे ।
तन चाले जब छाँड़ि, कछू हाले नहीं लारे ॥
आपो विचार आगम निरख, थापो निज गम थापना ।
हरिदेव राम अहनिश कहै, यूँ पद लहो सु आपना ॥

है अरबाँ नर साथ, आप अरबाँ सम एको ।
खरबाँ थपे कोठार, अपे धन खरब अनेको ॥
जस बहु जपे जहान, दिपे बहु न्याय दरीखाँ ।
निज तन रहे निशंक, शंक बहु लहै सरीखाँ ॥
ऐसा भूपाल अंतिम समे, जाताँ कुछ विरियाँ नथी ।
हरिदेव चेत रे मन मस्त, अल्प आयु एहडी कथी ॥

बड योधा कहाँ वीर, कहाँ वे मीर करारा ।
कहाँ वे दिल का धीर, कहाँ वजीर धरारा ॥
कर्ता ज्योतिष कहाँ, कहाँ महा वैद्य सु कहिये ।
विपुलाँ धन व्यवहार, कहाँ जग सेठ सु लहिये ॥
कहाँ न्याय करावण करण, मरण मार्ग सबही गया ।
हरिदेव चेत रे मन चपल, तू किस गिणती में थया ॥

कोइ नर ऊपर पाँव, अधः सिर करके हाले ।
मन में करे मरोड़, महँत हुए जग में माले ॥
चख फोरे कर आप, चहे दर्पण मुख देख्यो ।
पुनि महा सोइ जुहार, माहिं परखन मन पेख्यो ॥
छाड़ै सु राम कहै मै भगत, हरियाँ नाकज हर्षियो ।
हरिदेव कहै यूँ नर अधम प्रगट असाधहि परखियो ॥

सुमिरन है गम सेस, सहस मुँह करे सु जापा ।
बिसरे कबहू नाहिं, जीह मुँह दूनी जापा ॥
अँखियो तिके अपार, पार नहिं कोय पिछानो ।
सुमिरन पद सूँ सोय, सेस रहियो सब जानो ॥
भू भार सहै धीरज भली, जाप सहित आनँद लहै ।
हरिदेव राम सुमिरन अगम, शेष ग्रंथ याही कहै ॥

दोहा

वंदन को गम युगल है, हरि है, का गुरुदेव ।
ब्रह्म देह-दाता बने, सतगुरु दीया भेव ॥
आदि ब्रह्म जन अनँत के सारे कारज सोय ।
जेहि जेहि उर निश्चै धरे, तेहि ढिग परगट होय ॥

संत श्रीपरसरामजी महाराज

[जन्म सं० १८२४, स्थान बीठणोकर कोलायत—बीकानेर, निर्वाण—सं० १८९६ पौषकृष्णा ३—श्रीस्वामी रामदासजीके शिष्य]

(प्रेषक—श्रीरामजी साधु)

नित प्रति गुरु बंदन करूँ,
पूरण ब्रह्म प्रणत ।
परसराम कर वंदना,
आदि अंत मध संत ॥



उपदेश

परसराम सतगुरु कहे,
सुन सिष ग्यान विचार ।
कारज चाहे जीव को, कहूँ सो हिरदै धार ॥
प्रथम शब्द सुन साध का, बेद पुराण बिचार ।
सत सगति नित कीजिये, कुल की काण निवार ॥
पूरा सतगुरु परख कर, ताकी शरण सँभाय ।
राम नाम उर इष्ट धर, आन इष्ट छिटकाय ॥
राम राम मुख जाप जप, कर सूँ कर कछु धर्म ।
उत्तम करतब आदरो, छोडो नीचा कर्म ॥

मांस मद्द हो को अमल, भाँग सहित छिटकाय।
चोरी जारी परिहरो, अधरम पंथ उटाय॥
जूवा खेल न खेलिये, भूल न चदो शिकार।
वेश्या का सँग परिहरो, निहचै नीति विचार॥
झूठ कपट निंदा तजो, काम क्रोध अहँकार।
दुर्मति दुविद्या परिहरो, तृष्णा तामस टार॥
राग दोष तज मछरता, कलह कल्पना त्याग।
सँकलप विकलप मेटि कर, साचे मारग लाग॥
मान बडाई ईर्षा, तजो दंभ पाखंड।
सिमरो सिरजनहार कूँ, जाके मॉडी मंड॥
दुनिया घड़िया देवता, पर हरता की पूज।
अनघड़ देव अराधिये, मेटो मन की दूज॥
प्रतिपालन पोषण भरन, सब मे करे प्रकास।
निस दिन ताकूँ ध्यायिये, ज्यूँ छूटे जम पास॥
राम नाम नौका करो, सतगुरु खेवणहार।
वृद्ध भानकर भाव को, यूँ भव-जल हुए पार॥
राम नाम अम्मर जड़ी, सतगुरु वैद्य सुजान।
जन्म मरण वेदन कटे, पावै पद निरवाण॥
जग कूँ चित उल्टाय कर, हरि चरणों लपटाय।
लख चौरासी जोन मे, जन्म न धारो आय॥
मनछा वाचा कर्मणा, रटो रैन दिन राम।
नरक कुंड मे ना पड़ो, पावौ मुक्ति मुकाम॥
पॉचूँ इन्द्री पालकर, पच विषय रस मेटि।
या विध मन कूँ जीतकर, पिव परमानँद भेटि॥
पूरब पून्य प्रताप सूँ, पाई मनखा देह।
सो अब लेखे लाइये, छोड जगत का नेह॥
चरणों सूँ चल जाइये, हरि हरिजन गुरु पास।
पैंड पैंड असमेध जग्य, फल पावत निज दास॥
हरि हरिजन गुरु दरस ते, नेज निर्मला होत।
परसराम समदृष्टि खुल, घट मध ज्योति उद्योत॥
हाथो सूँ बंदन करो, ज्यूँ कर होय सुनाथ।
फेर न जावो जमपुरी, भिड़ो न थंभा बाथ॥
सीस निवायो परसराम, कर्म पोट गिर जाय।
इस विध सीस सुनाथ हुय, सतगुरु चरण लगाय॥
श्रवणों सुनिये परसराम, सतगुरु शब्द रसाल।
ज्ञान उदय अज्ञान मिट, टूटे भ्रम जंजाल॥
ऐसे श्रवण सुनाथ हुइ, सुनो ग्यान विग्यान।
पीछे धारो परसराम, आतम अंतर ध्यान॥

करो दंडवत देह सूँ, ज्यूँ छूटे जमदंड।
परसराम निर्भय रमो, सप्त द्वीप नव खण्ड॥
करो परिक्रमा प्रेम सूँ, सनमुख बैठो आय।
फेरा जामण-मरन का, सहजों सूँ टल जाय॥
मुख सूँ महा प्रसाद ले, पावे उत्तम दास।
ऐसे मुक्ख सुनाथ हुइ, वायक विमल प्रकास॥
नख चख सब नर देह का, या विध उत्तम होय।
भाव भक्ति गुरु धर्म बिन, पसु समान नर लोय॥
प्रेम नेम परतीत गह, भाव भक्ति विश्वास।
जाका नर तन सफल है, जग सूँ रहै उदास॥
सॉच गहो समता गहो, गहो सील संतोष।
ग्यान भक्ति वैराग गहि, याही जीवत मोच्छ॥
धीरज धरो छिमा गहो, रहो सत्य व्रत धार।
गहो टेक इक नाम की, देवो जगत जँजार॥
दया दृष्टि नित राखिये, करिये पर उपकार।
माया खरचो हरि निमित, राखो चित्त उदार॥
जाति पाँति का भरम तज, उत्तम कमज्या देख।
सुपात्र को पूजिये, कहा गृहस्थ कहा भेख॥
सोइ सुपात्र जानिये, कहे कहावै राम।
पाँच पचीसूँ जीत के, करे भक्ति निहकाम॥
ऐसा हरिजन पूजिये, के सतगुरु की सेव।
एक दृष्टि कर देखिये, घट घट आतम देव॥
जल कूँ पीजे छानकर, छान बचन मुख बोल।
दृष्टि छानकर पाँव धर, छान मनोरथ तोल॥
ऊठत बैठत चालतां, जागत सोवत नित्त।
राम संत गुरुदेव के, चरणों राखो चित्त॥
यह साधन हरिभक्ति के, साध्यो ते सिध होय।
रामदास सतगुरु मिल्या, भेद बताया मोय॥
सिष पूछ्या सतगुरु कह्या, भले होन का भेव।
बाच विचारै परसराम, पावै निरंजन देव॥
सतगुरु पर उपकार कर, दिया उत्तम उपदेश।
सुन सीखे धारन करैं, मिट जाय कर्म कलेश॥
सतगुरु दाख्या परसराम, परापरी का ग्यान।
पूरबला ऑकूर सूँ, समझै सिष्य सुजान॥

संजीवनी जड़ी (संजीवन बोध)

राम नाम सत औषधी, सतगुरु संत हकीम।
जग बासी जीव रोगिया, स्वर्ग नरक क्रम सीम॥

कर्म रोग कटियों बिना, नहीं मुक्ति सुख जीव।
चौरासी में परसराम, दुखिया रहे सदीव॥
नाम जड़ी पच शहद में, देऊँ युक्ति बताय।
परसराम सच पच रहे, कर्म रोग मिट जाय॥
मुख हमाम दस्तो कर रसना। ररो ममो बूँटी रस घसना॥
घसघस कंठ तासक भर पीजे। यूँ अठ पहरी साधन कीजे॥
अब सतगुरु पच देत बताई। गुरु आग्या सिष चलो सदाई॥
प्रथम कुसंग पवन बँध कीजे। साध सँगत घर माहिं बसीजे॥
समता सहज शयन कर भाई। अहं अग्नि मत तापो जाई॥
भोजन भाव भक्ति रुचि कीजे। लीन अलीन बिचार करीजे॥
तामस चरखो दूर उठाओ। विष रस चिगट निकट नहिं लाओ
कपट खटाई भूल न लेना। मीठे लोभे चित नहिं देना॥
कुटक कुटिलता दूर करीजे। दुविधा द्वंद दूध नहिं पीजे॥
लालच लूण लगन मत राखो। मुख तें कबहुँ झूठ मत भाखो॥
आपा बोझ शीश नहिं धरना। हुय निर्मल मुख राम उचरना॥
जगत जाल उद्यम परित्यागो। राम भजन हित निसदिन जागो॥
निर्गुण इष्ट स्थिरता गहिये। आन उपास लाग नहिं बहिये॥
प्रेम सहित परमातम पूजा। भरम कर्म छिटकावै दूजा॥
चेतन देव साधु को पूजे। राम नाम बिन सत्त न सूजे॥
माला जाप तजे कर सेती। ररो ममो रट रसना सेती॥
अब सुन कुबिषन कुबच बताऊँ। राम-जनों की चाल जताऊँ॥
भाँग धतूरा अमल न खाजे। तुरत तमाखू विष न उठाजे॥
मांस मद्य वारागन संगा। पर नारी को तजो प्रसंगा॥
चढ़ शिकार तिणचर मत मारो। चोरी चुगली चित्त न धारो॥
जूवा खेल न खेलो भाई। जन्म जुवा ज्यूँ जात बिलाई॥
दूत कर्म से दूरे रहिये। कुगती कपटी संग न बहिये॥
अनछान्यो जल पीजे नाही। सूक्षम जीव नीर के माँही॥
गाढा पट्ट दुपट्ट करीजै। निर्मल नीर छानकर पीजै॥
चार वर्ण का उत्तम धर्मा। राम नाम निश्चे निहकर्मा॥
लालच लोभ वेश तज देवै। अनन्त भाँति संतन कूँ सेवै॥
चार वरण मे भक्ति कराओ। सो सतगुरु के शरणै आओ॥
सतगुरु बिना भक्ति नहीं सूझै। भरम कर्म मे जीव अलूझै॥
यह सब कुपच किरीकर टाले। पलपल अमृत जड़ी सँभाले॥
सतगुरु वैद्य कहे ज्यूँ कीजे। अग्या मेटि पाँव नहीं दीजे॥
पच सच राखे परसराम, चाखे प्रेम प्रकाश।
यूँ अठ पहरी साधतों, सकल कर्म का नाश॥

भरम करम कछु रहन न पावे। नाम जड़ी का निश्चा आवे॥
राम नाम औषध तत सारा। पीवत पीवत मिटे विकारा॥
कंठ कमल ते हृदै प्रवेशा। तीन ताप मिट काम कलेशा॥
उर आनँद हुय गुण दरसावै। नाभि कमल मन पवन मिलावै॥
नाभी रग रग रोम रकारा। नख सिख बिच औषध विस्तारा
बंक पछिम हुय मेरु लखावे। दसवें द्वार परम सुख पावे॥
तिरबेनी तट अखंड आनंदा। सून्य घर सहज मिटै दुख द्वंदा॥
सून्य समाधि आदि सुख पावै। सद औषध गुरु भेद बतावै॥

सब घट मे सुख ऊपजे, दुःख न दरसे कोय।
परसराम आरोग्यता, जीव ब्रह्म सम होय॥
महा रोग जामण मरण, फिर नहि भुगते आय।
अमर जड़ी का परसराम, निरणा दिया बताय॥

उपदेश

(छप्पय)

सूरा तन को काम, राम भज लाहा लीजे।
मनुष्य देह क्षण भंग, बहुर पीछे क्या कीजे॥
आयो ज्यूँ उठ जाय, हाथ कछु नाहिन परिहै।
सूवा सम्बल सेव, बहुर धोखा मन धरिहै॥
ताते ग्यान विचार कर, सतगुरु सिर धर भजन कर।
परसराम साची कहे, इस विध तेरा काज सर॥

अष्ट जाम रट राम, दाम तेरा कहा लागै।
सहज तिरै भव-सिंधु, राम रुचि अंतर जागै॥
दूर होय दुख द्वंद, धंध धोखा मिट जावै।
उपजै सुख सतोष, मोच्छ मारग सुधि पावै॥
मनुष्य देह अवसर दुर्लभ, बार बार नाहिन मिलै।
साधु नदी सँग परसराम, ब्रह्म समुद्र निश्चै मिलै॥
बसे बटाऊ आय, एक स्थानक मे वासा।
अपने कृत परिमाण, करत सब बचन बिलासा॥
भई भोर की बेर, ऊठ सब चले बटाऊ।
यूँ संसार सराय, जगत सब जान चलाऊ॥
सुत नार भ्रात माता पिता, को काहू सँग ना चले।
राम भजन सुकृत कियो, परसराम रहसी पले॥

अवलम्बन झूठा रच्या, माया तना बिकार।
सब साधू जन कहत हैं, राम नाम तत सार॥
राम नाम तत सार, वार भजतों मत लावो।
त्यागो आन प्रपंच, पीव परमातम ध्यावो॥
परसराम सतगुरु शबद, सो निश्चय कर धार।
अवलम्बन झूठा रच्या, माया तना विकार॥

यह अवसर आयो भलो, नर तन को अवतार।
सुकृत सौदा कीजिये, कुल की कान निवार॥
कुल की कान निवार, धार विस्वास प्रभू को।
संत कहै चेताय, कौल गर्भ का मत चूको॥
परसराम रट लीजिये, राम नाम तत सार।
यह अवसर आयो भलो, नर तन को अवतार॥

अंत सकल को मरना, कछु सुकृत करना॥ टेर॥
मुख रट राम बॉट कछु करसे, साधु सँगति चित धरना।
पंच विषय तज शील सँभावो, जिव हिंसा से डरना॥
बेहद रत गुरु पारख करके, गहो उसी का शरना।
ज्ञान भगति वैराग्य गहीजे, यूँ भव सागर तरना॥
कुल अभिमान कदे नहीं कीजे, धर धीरज कर जरना।
त्याग असार सार गह लीजे, ले वैराग्य विचरना॥
रामदास गुरु आयसु सिर धर, मिटे जामण मरना।
परसराम जन परहित भाखत, सुनजो वर्ण अवरना॥

संत श्रीसेवगरामजी महाराज

[दीक्षाकाल आषाढ़ शु० १५ वि० सं० १८६१, निर्वाणकाल पौष शुक्ला ८ सं० १९०४, स्वामी श्रीपरसरामजीके शिष्य]

(प्रेषक—श्रीरामजी साधु)

स्मरण



राम राम रसना रट्या,
मुख का खुल्या कपाट।
रोम रोम रुचि सूँ पिया,
र र र र उचरत पाठ॥
र र र र उचरत पाठ,
आदि अनघड़ को ध्याया।
परस्या आतम देव, ध्यान अंतर मे लाया॥
सेवग सतगुरु परसकर, लही मोक्ष की बाट।
राम राम रसना रट्या, मुख का खुल्या कपाट॥

आर्त विरह

गल में कन्ता पहर कर, निस दिन रहूँ उदास।
(संगत) सँपत एक शरीर है, रखूँ न तिन की आस॥
रखूँ न तिन की आस, बास सूने घर करहूँ।
कहा पर्वत बन बाग, निडर हुय निसँक बिचरहूँ॥
राम नाम से प्रीति कर, सिमरूँ श्वास-उश्वास।
गल में मैं कन्ता पहर, निस दिन रहूँ उदास॥

जिस बेषों साईं मिलै, सोई बेष करेस।
राम भजन के कारने, फिरहूँ देस बिदेस॥
फिरहूँ देस बिदेस, पेस तन मन हरि करहूँ।
जाकर हुय हरि अँतर, तिकन से काने टरहूँ॥
कसणी देवो अनेक मिल, सब तन माहि सहेस।
जिस भेषों साईं मिले, सोई भेष करेस॥

चेतावनी

सेवग सिंवरो राम कूँ, बिलँब न करिये बीर।
आयु घटे तन छीजहै, ज्यों अंजलि को नीर॥
ज्यों अंजलि को नीर, तीर छूटा ज्यूँ जावै।
स्वास बदीता जाय, बहुर पूठा नहिं आवै॥
जैसो छिलता नीर ज्यूँ, बहता धरे न धीर।
सेवग सिंवरो राम कूँ, बिलँब न करिये बीर॥

सेवग सिंवरो राम कूँ, सतगुरु सरणे आय।
नर तन रतन अमोल है, बार बार नहिं पाय॥
बार बार नहिं पाय, ताहि लेखे कर लीजे।
आज जिसो नहिं काल, काहिं अब जेज करीजे॥
सतगुरु शिक्षा देत है, मत रीता उठ जाय।
सेवग सिंवरो राम को, सतगुरु सरणे आय॥

प्रेम

प्रेम बिना पढ़िबो कहा, प्रेम बिना कहा गाय।
प्रेम बिहूणो बोलिबो, मन किन के नहिं भाय॥
मन किन के नहिं भाय, गाय क्यूँ स्वासा तोड़ै।
सोई संत सुजान, सुरत सुमरण से जोड़ै॥
सेवगराम होय प्रेम जुत, सुन सब मन हरषाय।
प्रेम बिना पढ़िबो कहा, प्रेम बिना कहा गाय॥

सेवग रीझे रामजी, प्रेम प्रीति जब होय।
प्रेम बिना रीझै नहीं, चतुराई कर जोय॥
चतुराई कर जोय, होय नहिं प्रेम प्रकासा।
प्रगटे नहीं घट राम, वृथा खोवै सब स्वासा॥
ताते प्रेम उपाय, सुन संतन की सोय।
सेवग रीझै रामजी, प्रेम प्रीति जब होय॥

रामप्रताप-विश्वास

आछी करै सो रामजी, के सतगुरु के संत।
भूँडी बनै सो भाग की, ऐसी उर धारंत॥

ऐसी उर धारंत, तबे कछु बिगड़े नाईं।
उन दासन की लाज, प्रतिज्ञा राखै साईं॥
सेवगराम मैं क्या कहूँ, कहिगे संत अनंत।
आछी करै सो रामजी, के सतगुरु के संत॥

अथ झूलना गुरुदेवको अंग

परसा गुरुदेव मो सिर तपे, निज नाम निशान रुपावता है।
सब भाँज भरम्म करम दूरा, जिव जम की पास छुड़ावता है॥
दरियाव दुखन सूँ काढ लेवे, सुख सागर माथें झुलावता है।
कर सेवग रामहि सेव सदा, उर ज्ञान वैराग उपावता है॥
बंदे चेतन होय चितार साईं, सतगुरु दे ज्ञान चेतावता है।
नित निरभे अति आनंद करे, काल कीरतै जीव बँचावता है॥
सच्चा सैंण सों साईं मिलाय देवे, जग झूठा कूँ झूठ बतावता है।
कहै सेवगराम समझ नीके, सब सुख दे दुःख छुडावता है॥

उपदेश

नर जाग जगावत हैं सतगुरु, अब सोय रह्याँ केसे सझियेरे।
सठ! आग गिरे मॉहि कॉहि जरे, चल साध सँगत में रँजियेरे॥
नित लाग रहौ निज नाम सेती, इक सँग विषयन का तजियेरे।
तेरा भाग बडा भगवंत भजो, कहै सेवगराम समझियेरे॥
सब दानव देव पुनंग कहा, यह धर्म है चारूँ वरण का रे।
पुंन नर रु नार अंतज येहि, फिर मुसलमान हिंदुन का रे॥
तुम पैंडा पिंजर में पेश करो, नर यहि है राह रसूल का रे।
कहै सेवग रामहि राम रटो, निज जानिये मंत्र मूल का रे॥

चेतावनी

इन देख दया मोहि आवत है,
नर मार मुगद्दर खायेगा रे।
याँ तो किये करम निशँक मानी,
वहाँ तो ज्वाब कछु नहि आयेगा रे॥
हक पूछ हिसाब हजूर माहि,
जब लेखा दिया नहिं जायगा रे।
कहै सेवग स्याम सूँ चोर भया,
नर जम के हाथ बिकायगा रे॥
देखो देखो दुनीन की दोस्ती रे,
मोहि देख अचंभाहि आत है रे।
कछु सार असार बिचार नहीं,
सठ छाड़ अमी, बिष खात है रे॥
नित भोगत भोग अघाय नहीं,
फिर वेहि दिनाँ वे ही रात है रे।
सुन सेवगराम हैरान भया,
कछु बात कही नहिं जात है रे॥

कोउ जात न पाँत कुटुँब तेरा,
घर धाम धरथा रहै जायेगा रे।
अरु मात न तात न भ्रात सँगी,
सब सुत दारा न्यारा थायेगा रे॥
जब जम जोरावर आय घेरे,
तब आडा कोउ नहिं आयेगा रे।
कहै सेवगराम सँभार सॉई,
ए तो जीव अकेला ही जायेगा रे॥

पद

अब कहा सोय राम कह भाई। रैन गई बासर भयो आई॥
पूर्व पुन्य ते नर देह पाई। हरि बे मुख मत भूल गमाई॥
ताते एह उर करो बिचारा। नर तन मिलै न बारंबारा॥
जात कपूर उड़ै कर सेती। तो बहुरै आवै नहिं जेती॥
तिरिया तेल चढ़ै इक बारा। बहुरि न चढ़हि दूसरी बारा॥
केल फूल फल एक हि होई। बहुरै फल लागै नहिं कोई॥
काच फूट किरची हुय जावे। सो बहुरै साबत नहिं थावै॥
सत्तिया छिटक परी सिंध मॉहीं। सो कबहूँ कर आवै नाहीं॥
एक बार कागज लिख सोई। जो दूसर लिखिहै नहिं कोई॥
जो मोती बींधत जो फूटा। तो कबहूँ मीले नहिं पूठा॥
फाट पषाण तेड़ जो आई। सो कबहूँ मीलै न मिलाई॥
सती सिंगार किया सज सोई। या तन ओर करै नहि कोई॥
ऐसे ही यह नर तन कहिये। सो बिनसै बहुरैं नहि पइये॥
नर तन अखै होय तब भाई। सेवगराम राम लिव लाई॥

या में कोई नहीं नर तेरो रे।
राम संत गुरुदेव बिना है, सब ही जगत अँधेरो रे॥
हृदय देख विचार खोज कर, दे मन माही फेरो रे।
आयो कौन चले कौन संगी, सहर सराय बसेरो रे॥
मात पिता सुत कुटुँब कबीलो, सब कह मेरो मेरो रे।
जब जम किंकर पास गहे गल, तहॉ नहीं कोइ तेरो रे॥
धरिया रहे धाम धन सब ही, छिन मे करो निबेरो रे।
आयो ज्यूँ ही चले उठ रीतो, ले न सके कछु डेरो रे॥
मगन होय सब कर्म कमावे, संक नहीं हरि केरो रे।
होय हिसाब, ज्वाब जब बूझै, वहॉ न होय उबेरो रे॥
निरपख न्याय सदा समता से, राव रंक सब केरो रे।
जैसा करे तैसा भुगतावै, भुगत्यों होय निबेरो रे॥
अबही चेत हेत कर हरि से, अजहूँ हरि पद नेरो रे।
सतगुरु साध सँगत जग माँही, भव तिरने को बेरो रे॥
होय हुँसियार सिंवर ले साँई, मान कह्यो अब मेरो रे।
सेवगराम कह कह समझावै, परसराम को चेरो रे॥

सुखमें विस्मृति और दुःखमें पूजा

दुख में सुमिरन सब करैं सुख में करै न कोय।
जो सुख में सुमिरन करै दुख काहेको होय॥

स्वास्थ्य, सम्पत्ति और स्वजन—सभी सुख प्राप्त हैं तो भगवान्‌को पूछे कौन? भगवान्‌का कोई चित्र, कोई मूर्ति घरमें रहे—यह तो घरकी सजावटका एक अङ्ग है। नास्तिकता नहीं आयी, ईश्वर और धर्मके नामसे शत्रुता नहीं हो गयी, यही बहुत मानना चाहिये। जैसे घरमें सजावटके दूसरे उपकरण हैं, भगवान्‌की भी एक संगमरमरकी मूर्ति धरी है।

प्रारब्ध अनुकूल है। सम्पत्तिका अभाव नहीं है। शरीर स्वस्थ है। पत्नी अनुकूल है और संतान भी हैं। अब आमोद-प्रमोद तथा अधिकाधिक उपार्जनकी चिन्तासे अवकाश कहाँ है कि भगवान्‌की बात सोची जाय। प्रातःकाल होते ही चाय और अखबार आ जाता है। पत्नी आरामसे बैठी मोजे बुनती है। बच्चे खाते-खेलते हैं।

'भगवान्‌का भजन—हाँ करना तो चाहिये; किंतु यह बुढ़ापेका काम है। जिनके पास समय है, वे उसका सदुपयोग कर सकते हैं। यहाँ तो समय ही नहीं मिलता। अवकाश प्राप्त होनेपर भजन करनेका विचार तो है।' आजका सुसभ्य सम्पन्न व्यक्ति ऐसे विचार प्रकट करे तो उसे आस्तिक एवं भद्रपुरुष ही मानना होगा। भजन करना समयका दुरुपयोग है—कम-से-कम यह तो वह नहीं कहता।

× × ×

भगवती लक्ष्मी कहीं स्थिर नहीं रहतीं। प्रारब्ध सदा सानुकूल नहीं रहा करता। दिवाला निकल गया—सम्पत्ति चली गयी। कल जो समाजमें सत्कृत था, सम्पन्न था, वही भद्रपुरुष कंगाल हो गया। आज उसे कहीं मुख दिखानेमें भी लज्जा आती है।

विपत्तियाँ साथ आती हैं। मुकदमा चल रहा है और घरमें बच्चा बीमार पड़ा है। अब विपत्तिमें मनुष्य दयामय अशरणशरण भगवान्‌की शरण न ले तो जाय कहाँ?

भगवान्‌की श्रीमूर्ति—जी, अब वह श्रीमूर्ति है। आराध्य प्रतिमा है। साक्षात् भगवान् हैं। घरका स्वामी बड़ी विधिसे पूजा और आर्तभावसे प्रार्थना करता है। घरके सभी सदस्य बारी-बारीसे पूजा करते हैं, आरती करते हैं और करबद्ध प्रार्थना करते हैं।

कंगाली, चिन्ता और बीमारीसे ग्रस्त यह परिवार—भगवान्‌के भजन-पूजनके लिये अवकाशका प्रश्न कहाँ है। भगवान् ही तो एकमात्र आधार हैं इस विपत्तिमें। उनका पूजन, उनकी प्रार्थना—जीवनका सबसे महत्त्वपूर्ण अङ्ग—सबसे आवश्यक कार्य यही तो है।

देवी कुन्तीने इसीसे श्रीकृष्णचन्द्रसे विपत्तिका वरदान माँगा—

विपदः सन्तु नः शश्वत्तत्र तत्र जगद्गुरो।
भवतो दर्शनं यत्स्यादपुनर्भवदर्शनम्॥
(श्रीमद्भा० १।८।२५)



सुखमें विस्मृति, दुःखमें पूजा



सफलतामें सत्कार

असफलतामें दुत्कार

संसारके सम्मानका स्वरूप

संसारके लोग सम्मान करें, घरके लोग सत्कार करें—कौन नहीं चाहेगा ? सम्मान किसे मीठा नहीं लगता ?

लोग हमारा सम्मान करते हैं, लोग हमारा सत्कार करते हैं—कितना मोह है। इससे बड़ा भ्रम कोई दूसरा भी होगा—कठिन ही है।

संसार केवल सफलताका सम्मान करता है। घरके लोग केवल अपने स्वार्थकी सिद्धिका सत्कार करते हैं। व्यक्तिका कोई सम्मान या सत्कार नहीं करता।

एक व्यक्ति युवक है, स्वस्थ है, सबल है। भाग्य अनुकूल है। उपार्जन करके घर लौटा है। घरके लोग बड़ी उमंगसे उसका स्वागत करते हैं। पत्नीका तो वह पूज्य ही है, वह चरणोंपर पुष्प चढ़ाती है, माता आरती उतारती है, पिता आलिङ्गन करनेको आगे बढ़ते हैं। घरके भाई-बन्धु, सगे-सम्बन्धी, सभी स्त्री-पुरुष उसके सत्कारमें जुट पड़ते हैं। घरके लोग तो घरके हैं—पास-पड़ोसके लोग, ब्राह्मण तथा जाति-भाई, छोटे-बड़े सभी परिचित उससे मिलने दौड़े आते हैं। उसे आशीर्वाद मिलता है, सम्मान प्राप्त होता है। अपरिचित भी उससे परिचय करनेको उत्सुक हो उठते हैं।

उसमें गुण-ही-गुण दीखते हैं सबको। उसकी भूलें भी गुण जान पड़ती हैं। उसे स्वयं लगता है—संसार बड़ा सुखप्रद है। लोग बड़े ही सज्जन, सुशील और स्नेही हैं।

यह उस व्यक्तिका स्वागत-सम्मान है ? यह उसके गुणोंकी पूजा है ? वह भले भूल जाय, लोग मुखसे भले बार-बार उसकी और उसके गुणोंकी प्रशंसा करते न थकें—है यह केवल उसकी सफलताकी पूजा। उसने सफलता प्राप्त की, उससे परिवारका स्वार्थ सिद्ध हुआ—बस, उसके सम्मानका यही कारण है।

× × ×

व्यक्ति वही है। उसके वे गुण कहीं नहीं चले गये। हुआ इतना कि वह निर्धन हो गया। भाग्य उसके अनुकूल नहीं रहा। उसे उद्योगोंमें सफलता नहीं मिली।

किसीके वशकी बात है कि वह रोगी न हो ? कालकी गतिको कोई कैसे अटका सकता है और चञ्चला लक्ष्मी जब जाना चाहती हैं—उन्हें कोई रोक सका है ? इसमें मनुष्यका क्या दोष ?

उसकी उम्र बड़ी हो गयी, वह शक्तिहीन हो गया, उद्योगोंमें असफल होकर कंगाल हो गया—इसमें उसका कुछ दोष है ?

दूसरे और घरके सभीका व्यवहार उसके प्रति ऐसा हो गया है जैसे यह सब उसीका दोष है। उसके गुण भी सबको दोष जान पड़ते हैं। वह कोई शुभ सम्मति भी देना चाहता है तो दुत्कार दिया जाता है।

पास-पड़ोसके परिचित—उसके मित्रतक द्वार-के सामनेसे चले जाते हैं और पुकारनेपर भी उसकी ओर देखतेतक नहीं। बड़ी शिष्टता कोई दिखलाता है तो कह देता है—'बहुत आवश्यक कामसे जा रहा हूँ। फिर कभी आऊँगा।' 'वह फिर कभी'—जानता है कि उसे कभी नहीं आना है।

अपने घरके लोग, अपने सगे पुत्रतक उसे बार-बार झिड़क देते हैं। वह कुछ पूछता है तो उसे कहा जाता है—'तुमसे चुपचाप पड़े भी नहीं रहा जाता।'

उसकी अपनी पत्नी—वही पत्नी जो कभी उसके पैरोंकी पूजा करती थी—दो क्षणको उसके पास नहीं बैठती। कोई काम न रहनेपर भी वह उससे दूर—उससे मुख फिराकर बैठे रहना चाहती है। माता गालियाँ बकती हैं; पिता इज्जत बर्बाद कर देनेवाले बेटेको मारने दौड़ते हैं।

उसका वह पुराना स्वागत, वह सत्कार, वह स्नेह और आजका यह तिरस्कार, यह उपेक्षा—लेकिन संसारने उसका स्वागत किया कब था। संसार तो सफलताका स्वागत करता है। मनुष्य संसारके इस सम्मानके धोखेमें पड़ा रहे—पड़ा करे—उसीका तो अज्ञान है।

संत श्रीबिरमदासजी महाराज

(रामस्नेही-सम्प्रदायके संत)

मौसर पाय मती कोइ हारो, जन्महीण मत होवो ।
राम राम की सायद बोले, वेद-पुराणॉ मे जोवो ॥
सौका कोट ओस का पाणी, ऐसी नर देह होई ।
होय जाय छिन मायँ बीगसे, बिनसत बार न कोई ॥
भज रे राम प्रीत कर हर सूँ, तज रे विषय विकारा ।
साची कहूँ मान मन मूरख, साँवळ सतगुरु म्हारा ॥

श्रीलालनाथजी परमहंस

(प्रेषक—श्रीशंकरलालजी पारीक)

साधा मे अधबेसरा, ज्यूँ धासॉ मे लाय ।
जल बिन जोड़े क्यूँ बड़ो, पर्गा विलूमै कॉय ॥
साध बड़ा संसार, ज्ञान देय गाफल तारे ।
दीसतड़ा दुख मायँ रहत कर जुग सूँ वारे ॥
क्यो पकड़ो हौ डालियॉ, नहचै पकड़ौ पेड़ ।
गउवॉ सेती निसतिरौ, के तारैली भेड़ ॥
'लालू' क्यौ सूत्यॉ सरै, बायर ऊबो काल ।
जोखों है इण जीव नै, जँवड़ो घालै जाल ॥
करमाँ सौ काला भया, दीसो दूँ दाध्या ।
इक सुमरण सामूं करौ, जद पड़सी लाधा ॥
प्रेम-कटारी तन बहै, ग्यान-सेल का घाव ।
सनमुख जूझैं सूरवॉ, से लों पै दरियाव ॥

संत श्रीजसनाथजी

[आविर्भाव—वि० सं० १५३९ । जन्मस्थान—कतरियासर (बीकानेर); तिरोभाव—वि० सं० १५६३]

(प्रेषक—श्रीशंकरलालजी पारीक)

जम रे हाथ छुरो है पैनो, तीखो है ममसारे ।
ऊँधा टेरै मार दिरावै, छाँटे तृण फुँवारे ॥
बैठे जिवड़ो, थर थर काँप्यो, उबरूँ किसी उधारे ।
का उबरे कोई सुकृत कीयॉ, का करणी इदकारे ॥
आठूँ पौर बिरलावत रहियो, ना जपियो निरकारे ।
एकाँ हर रे नॉव बिना (कुण) आवट कजियो सारे ॥
लाड हुवे सायब री दरगॉ, खरची वस्त पियारे ।
गुरु परसादे गोरख बचने, 'सिध जसनाथ' उचारे ॥

इण जिवड़े रे कारणै, हर हर नॉव चितार ।
ओ धन तो है ढलती छाया, ज्यूँ धूँवै री धार ॥
करणी किरत कमाओ भाई, करणी करी फरारे ।
शील सिनान सुरत संजोवो, करो जीव इकतारे ॥
अठै ऊँचा पोळ चिणाया, आगे पोळ उसारे ।
ऊँचा अजब झरोखा राख्या बै पूणा ने बारे ॥
आगळ पक्का आँगणा, बै खेलण ने स्यारे ।
टेढी पाग झुकावँता, हालंता हंकारे ॥
कोटॉ होता राजवी, कैता घर म्हारे ।
डोढी पोरायत राखता, कर नर हुस्यारे ॥
जिण घर नोबत बाजती, चढता पॉच हजारे ।
साथ कोई नही चालियो, इण जिव री अब बारे ॥
पाछो घिर ने जोइयो, सब जुग रहियो लारे ।
गुरु परसादे गोरख बचने, 'सिध जसनाथ' बिचारे ॥

भक्त ओपाजी आढा चारण

[गॉव—भावी, राजस्थान]

(प्रेषक—चौधरी श्रीशिवसिंह मल्हारामजी)

क्यूँ परपंच करै नर कूड़ा, बिलकुल दिल में धार बिबेक ।
दाता जो बाधी लिख्व दीनी, आधी लिखणहार नहिं एक ॥
पर आशा तज रे तू प्राणी, परमेस्वर भज रे भरपूर ।
सुख लिखियौ नाँह साँपजै, दुख लिखियौ सुख होसी दूर ॥

काला जीव, लोभ रै कारण खाली मती जमारो खोय ।
करता जो लिखिया कूँकूँरा, काजल तणा करै नहिं कोय ॥

भज रे तरण तारण नु प्राणिया ! दूजॉ री कॉनी मत देख ।
किरोड़ प्रकार टलै नहिं किण सूँ, लिखिया जिके बिधाता लेख॥

भक्त कवियित्री समानबाई चारण

[गाँव—भावी, राजस्थान]

(प्रेषक—चौधरी श्रीशिवसिंह मल्लारामजी)

भव सागर नीर भर्यो त्रिसना तिहिं,
मध्य में मोह है ग्राह भयंकर ।
जीव-गयंद रू आसा-त्रिषा,
स्वकुटुम्ब मनोरथ संग भयौ भर ॥

मोह के फंद पर्यो बस कर्म तें,
हाल सकै नहिं चाल गयौ गर ।
मो घनश्याम ! 'समान' कहे,
करिये अब बेग सहाय लगो डर ॥

संत बाबा लाल

(पंजाबके प्रसिद्ध महात्मा, जन्म-स्थान—कुसूर (लाहौरके पास), जन्म—वि० सं० १६४७, खत्रीकुलमें; शरीरान्त—वि० सं० १७१२ ।)

चौपाई

जाके अंतर ब्रह्म प्रतीत । धरे मौन भावे गावे गीत ॥
निसदिन उन्मन रहित खुमार । शब्द सुरत जुड़ एको तार ॥
ना गृह गहे न बन को जाय । लाल दयालु सुख आतम पाय ॥

साखी

आशा विषय विकार की, बाँध्या जग संसार ।
लख चौरासी फेर मे, भरमत बारंबार ॥

जिह की आशा कछु नहीं, आतम राखे सुन्य ।
तिह की नहिं कछु भर्मणा, लागै पाप न पुन्य ॥
देहा भीतर श्वास है, श्वासा भीतर जीव ।
जीवे भीतर वासना, किस विध पाइये पीव ॥
जाके अंतर वासना, बाहर धारे ध्यान ।
तिह को गोबिंद ना मिले, अंत होत है हान ॥

भक्त श्रीनारायण स्वामीजी

(सारस्वत ब्राह्मण, जन्म—वि० सं० १८८५ या ८६ के लगभग, रावलपिंडी (पंजाब) जिला । शरीरान्त—फाल्गुन कृष्णा ११, वि० सं० १९५७, श्रीगोवर्धनके समीप कुसुमसरोवरपर श्रीउद्धवमन्दिर ।)



श्रीकृष्णका प्रेम

स्याम दृगन की चोट बुरी री ।
ज्यों ज्यों नाम लेति तू वाको,
मो घायल पै नौन पुरी री ॥
ना जानौ अब सुध-बुध मेरी,
कौन बिपिन में जाय दुरी री ।
'नारायन' नहिं छूटत सजनी, जाकी जासों प्रीति जुरी री ॥

चाहै तू जोग करि भ्रकुटी मध्य ध्यान धरि,
चाहै नाम रूप मिथ्या जानि कै निहारि लै ।
निर्गुन, निर्भय, निराकार ज्योति ब्याप रही,
ऐसो तत्त्वग्यान निज मन में तू धारि लै ॥

'नारायन' अपने को आपुहीं बखान करि,
मोते वह भिन्न नहीं या बिधि पुकारि लै ।
जौलौं तोहि नंद कौ कुमार नाहिं दृष्टि पर्यौ,
तौ लौं तू भलै बैठि ब्रह्म कों बिचारि लै ॥

प्रीतम, तूँ मोहिं प्रान तें प्यारो ।
जो तोहिं देखि हियो सुख पावत, सो बड़ भागनिवारो ॥
तूँ जीवन-धन, सरबस तूँ ही, तुहीं दृगन को तारो ।
जो तोकों पल भर न निहारूँ, दीखत जग अँधियारो ॥
मोद बढ़ावन के कारन हम, मानिनि रूपहिं धारो ।
'नारायन' हम दोउ एक हैं, फूल सुगंध न न्यारो ॥

जाहि लगन लगी घनस्याम की ।
धरत कहूँ पग परत कितैही, भूलि जाय सुधि धाम की ॥

छबि निहार नहिं रहत सार कछु, घरि पल निसि दिन जाम की।
जित मुँह उठै तितैहीं धावै, सुरति न छाया घाम की ॥
अस्तुति निंदा करौ भलें हीं, भेड़ तजी कुल ग्राम की।
'नारायन' बौरी भइ डोलै, रही न काहू काम की ॥

मूरख छाड़ि बृथा अभिमान।
औसर बीत चल्यौ है तेरो दो दिन कौ महमान ॥
भूप अनेक भये पृथिवी पर, रूप तेज बलवान।
कौन बचौ या काल-ब्याल ते मिटि गये नाम निसान ॥
धवल धाम, धन, गज, रथ, सेना, नारी चद्र समान।
अंत समय सबही कों तजि कैं, जाय बसे समसान ॥
तजि सतसग भ्रमत बिषयन में, जा बिधि मरकट, स्वान।
छिन भरि बैठि न सुमरिन कीन्हो, जासो होय कल्यान ॥
रे मन मूढ़, अनत जनि भटकै, मेरो कह्यौ अब मान।
'नारायन' ब्रजराज कुँवर सो, बेगहि करि पहिचान ॥

मोहन बसि गयो मेरे मन मे।
लोक-लाज कुल-कानि छूटि गई, याकी नेह-लगन मे ॥
जित देखूँ तितही वह दीखै, घर-बाहर, आँगन मे।
अंग-अंग प्रति रोम-रोम मे, छाय रह्यो तन-मन मे ॥
कुंडल-झलक कपोलन सोहै, बाजूबंद भुजन में।
कंकन कलित ललित बनमाला, नूपुर धुनि चरनन मे ॥
चपल नैन, भ्रकुटी बर बाँकी, ठाढ़ौ सघन लतन मे।
'नारायन' बिन मोल बिकी हौं, याकी नैक हसन मे ॥

नयनों रे, चित चोर बतावौ।
तुमही रहत भवन रखवारे, बाँके बीर कहावौ ॥
तुम्हरे बीच गयो मन मेरौ, चाहे सौंहै खावौ।
अब क्यो रोवत हौ दइमारे, कहुँ तौ थाह लगावौ ॥
घर के भेदी बैठि द्वार पै, दिन मे घर लुटवावौ।
'नारायन' मोहि बस्तु न चहिये, लेवनहार दिखावौ ॥

लावनी

रूपरसिक, मोहन, मनोज-मन-हरन, सकल-गुन-गरबीले।
छैल-छबीले चपललोचन चकोर चित चटकीले ॥टेक॥
रतनजटित सिर मुकुट लटक रहि सिमट स्याम लट घुँघुरारी।
बाल बिहारी कन्हैयालाल, चतुर, तेरी बलिहारी ॥
लोलक मोती कान कपोलन झलक बनी निरमल प्यारी।
ज्योति उज्यारी, हमें हर बार दरस दै गिरिधारी ॥
बिज्जुछटा-सी दंतछटा मुख देखि सरद-ससि सरमीले।
छैल-छबीले, चपललोचन चकोर चित चटकीले ॥
मंद हँसन, मृदु बचन तोतलै बय किसोर भोली-भाली।
करत चोचले, अमोलक अधर पीक रच रहि लाली ॥
फूल गुलाब चिबुक सुंदरता, रुचिर कंठछबि बनमाली।
कर सरोज में, बुंद मेहँदी अति अमंद है प्रतिपाली ॥
फूलछरी-सी नरम कमर करधनी-सब्द हैं तुरसीले।
छैल-छबीले, चपललोचन चकोर चित चटकीले ॥

झँगुली झीन जरीपट कछनी, स्यामल गात सुहात भले।
चाल निराली, चरन कोमल पंकज के पात भले ॥
पग नूपुर झनकार परम उत्तम जसुमति के तात भले।
संग सखन के, जमुनतट गौ-बछरान चरात भले ॥
ब्रज-जुवतिन कौ प्रेम निरखि कर घर-घर माखन गटकीले।
छैल-छबीले, चपललोचन चकोर चित चटकीले ॥

गावैं बाग-बिलास चरित हरि सरद-रैन रस-रास करैं।
मुनिजन मोहैं, कृष्ण कंसादिक खल-दल नास करैं ॥
गिरिधारी महाराज सदा श्रीब्रज बृन्दाबन बास करैं।
हरिचरित्र कों स्रवन सुन-सुन करि अति अभिलाष करैं ॥
हाथ जोरि करि करै बीनती 'नारायन' दिल दरदीले।
छैल-छबीले, चपललोचन चकोर चित चटकीले ॥

चेतावनी और वैराग्य

बहुत गई थोरी रही, नारायन अब चेत।
काल चिरैया चुग रही, निस दिन आयू खेत ॥
नारायन सुख भोग में, तू लंपट दिन रैन।
अंतसमय आयो निकट, देख खोल के नैन ॥
धन जौबन यो जायगो, जा बिधि उड़त कपूर।
नारायन गोपाल भजि, क्यो चाटै जग धूर ॥
जंभक सुंभ निसुंभ अरु, त्रिपुर आदि लै सूर।
नारायन या काल ने, किये सकल भट चूर ॥
हिरन्याच्छ जग मे बिदित, हिरनकसिपु बलवान।
नारायन छन में भये, यह सब राख मसान ॥
सगर नहुष जजाति षट, और अनेक महीप।
नारायन अब वह कहाँ, भुज बल जीते द्वीप ॥
कुंभकरन दसकंठ से, नारायन रनधीर।
भए सकल भट कालबस, जिन के कुलिस सरीर ॥
दुजोंधन जग मे प्रगट, जरासंध सिसुपाल।
नारायन सो अब कहाँ, अभिमानी भूपाल ॥

नारायन संसार में, भूपति भए अनेक।
मैं मेरी करते रहे, लै न गये तृन एक॥
भुज बल जीते लोक सब, निरभय सुख धन धाम।
नारायन तिन नृपन को, लिख्यो रह गयो नाम॥
हाथ जोरि ठाढ़ो रह्यो, जिन के सन्मुख काल।
नारायन सोऊ बली, परे काल के गाल॥
नारायन नव खंड में, निरभय जिन को राज।
ऐसे विदित महीप जग, ग्रसे काल महाराज॥
गज तुरंग रथ सेन अति, निस दिन जिन के द्वार।
नारायन सो अब कहाँ, देखौ आँख पसार॥
नारायन निज हाथ पै, जे नर करत सुमेर।
सोउ बीर या भूमि पै, भये राख के ढेर॥
जिन के सहजहिं पग धरत, रज सम होत पषान।
नारायन तिन को कहूँ, रह्यो न नाम निसान॥
नारायन जिन के भवन, बिधि सम भोग बिलास।
अंत समय सब छाँड़ि के, भए काल के ग्रास॥
जिन को रूप निहार के, रवि ससि रथ ठहरात।
नारायन ते स्वप्न सम, भए मनोहर गात॥
चटक मटक नित छैल बन, तकत चलत चहुँ ओर।
नारायन यह सुधि नहीं, आज मरैं कै भोर॥
नारायन जब अंत मे, यम पकरैंगे बाँह।
तिन सों भी कहियो हमें, अभी सोफतो नॉह॥
कोउ नहीं अपनो सगो, बिन राधा गोपाल।
नारायन तू बृथा मति, परै जगत के जाल॥
मन लाग्यो सुख भोग मे, तरन चहै संसार।
नारायन कैसे बने, दिवस रैन को प्यार॥
बिद्यावंत स्वरूप गुन, सुत दारा सुख भोग।
नारायन हरि भक्ति बिन, यह सबही हैं रोग॥
नारायन निज हिये मे, अपने दोष बिचार।
ता पीछे तू और के, अवगुन भले निहार॥

संत-लक्षण

तजि पर औगुन नीर को, छीर गुनन सों प्रीति।
हंस संत की सर्वदा, नारायन यह रीति॥
तनक मान मन में नहीं, सब सों राखत प्यार।
नारायन ता संत पै, बार बार बलिहार॥
अति कृपालु संतोष बृति, जुगल चरन मे प्रीत।
नारायन ते संत बर, कोमल बचन बिनीत॥
उदासीन जग सों रहै, जथा मान अपमान।
नारायन ते संत जन, निपुन भावना ध्यान॥
मगन रहैं नित भजन में, चलत न चाल कुचाल।
नारायन ते जानिये, यह लालन के लाल॥
परहित प्रीति उदार चित, बिगत दंभ मद रोष।
नारायन दुख मे लखैं, निज कर्मन को दोष॥
भक्ति कल्पतरु पात गुन, कथा फूल बहु रंग।
नारायन हरि प्रेम फल, चाहत संत बिहग॥
संत जगत मे सो सुखी, मैं मेरी को त्याग।
नारायन गोबिंद पद, दृढ़ राखत अनुराग॥
जिन कें पूरन भक्ति है, ते सब सो आधीन।
नारायन तजि मान मद, ध्यान सलिल के मीन॥
नारायन हरि भक्त की, प्रथम यही पहचान।
आप अमानी है रहै, देत और को मान॥
कपट गाँठि मन मे नहीं, सब सो सरल सुभाव।
नारायन ता भक्त की, लगी किनारे नाव॥
जिन को मन हरि पद कमल, निसि दिन भ्रमर समान।
नारायन तिन सो मिले, कबूँ न होवै हान॥

श्रीकृष्णका स्वरूप-सौन्दर्य

रतिपति छबि निंदत बदन, नील जलज सम स्याम।
नव जौबन मृदु हास बर, रूप रासि सुख धाम॥
ऋतु अनुसार सुहावने, अद्भुत पहरे चीर।
जो निज छबि सो हरत हैं, धीरजहू को धीर॥
मोर मुकुट की निरखि छबि, लाजत मदन किरोर।
चंद्र बदन सुख सदन पै, भावुक नैन चकोर॥
जिन मोरन के पंख हरि, राखत अपने सीस।
तिन के भागन की सखी, कौन कर सकै रीस॥
घुँघरारी अलकावली, मुख पै देत बहार।
रसिक मीन मन के लिये, कोटे अति अनियार॥
मकराकृत कुण्डल श्रवण, झाईं परत कपोल।
रूप सरोवर माहिं द्वै, मछरी करत कलोल॥
सुक लजात लखि नासिका, अद्भुत छबि की सार।
ता मे इक मोती परयो, अजब सुराहीदार॥
दसन पाँति मुतियन लरी, अधर ललाई पान।
ताहू पै हँसि हेरबो, को लखि बचै सुजान॥
मृदु मुसिक्यान निहारि के, धीर धरत है कौन।
नारायन कै तन तजै, कै बौरा, कै मौन॥

अधरामृत सम अधर रस, जानत बंसी सार ।
सप्त सुरन सो सप्त कर, कहत पुकार पुकार ॥
रतनन की कंठी गरें, मुक्तमाल बनमाल ।
त्रिविध ताप तीनों हरें, जो निरखत नँदलाल ॥
उदर माहिं त्रिवली सुभग, नाभि रुचिर गंभीर ।
छवि-समुद्र के निकट अति, भई त्रिवेनी भीर ॥
गजमुक्ता की लरी द्वै, अति अमोल छवि कंद ।
सो अद्भुत कटि कोधनी, पहिर रह्यो व्रजचंद ॥
गोल गुलफ पै सजि रहे, नूपुर सोभा ऐन ।
जिन की धुनि सुनि जगत सों, मिटै लैन अरु दैन ॥
जुगल चरन दस अँगुरियाँ, दसधा भक्ति सुहाय ।
नखन ज्योति लखि चंद्रमा, गयो अकास उड़ाय ॥
तेरे भावे जो करौ, भलो बुरो संसार ।
नारायन तूँ बैठकें, अपनो भवन बुहार ॥
दो बातन को भूल मत, जो चाहै कल्यान ।
नारायन एक मौत को, दूजे श्रीभगवान ॥
नारायन हरि भजन मे, तू जिन देर लगाय ।
का जाने या देर मे, स्वास रहे या जाय ॥

स्वामी श्रीकुंजनदासजी

उत्तम नर जग जानहिं सपना । अहंकार उर राख न अपना ॥
लोभामर्ष दुरावहि मन ते । जपहिं संभु संगति हरि जन तें ॥
काम क्रोध मोह सब त्यागी । करहिं जोग संकर अनुरागी ॥
ध्यान धरहिं उर काम बिहाई । ग्यान पाइ अभिमान नसाई ॥
उर संतोष तजी सब माया । सोच बिचार जीव पर दाया ॥
मध्यम नर अस अहहिं जग, सकल बिबर्जित बात ।
एक समान नहिं रह सदा, यहि बिधि दिवस सिरात ॥
अधमहु पाइ सुसंगति तरहीं । उतम लोक उर आनँद भरहीं ॥
बिस्वामित्र आदि पुनि रावन । कुंभकरन आदिक भये पावन ॥
जग महँ बिदित सुपग कुसगा । फलै बिटप जिमि समय प्रसंगा ॥
संग तें भक्ति करहिं जो लोगा । अहै सोइ जग मुक्ति के जोगा ॥

श्रीपीताम्बरदेवजी

अब हरि मोसों छल न करो ।
सूधी बात बिचारि कृपानिधि स्वजन दुखी लखि लाज मरो ॥
बहुत गई अब भई कीजिये तुम को कहा छरो ?
कन अपनो पीताम्बर लीजे, दई दोष ते आप डरो ॥
मो मन ऐसी अटक परी ।
बिपिन बिहार निहारत सहचरि मूरति हिये अरी ॥
जग के काज अकाज न सूझत प्रलय समान घरी ।
'पीताम्बर' देखे बिन तलफत ज्यो जल बिन मछरी ॥

श्रीरामानन्द स्वामी

(श्रीस्वामिनारायणसम्प्रदायके आचार्य श्रीनारायण मुनि या सहजानन्दजीके गुरु । जन्म—सं० १७९५, श्रावण कृष्णा ८, कश्यपगोत्रीय ब्राह्मणकुलमें । पिताका नाम—पण्डित अजय शर्मा । माताका नाम—सुमति देवी । देहत्याग फणेणी नामक स्थानपर, सं० १८५८ मार्गशीर्ष शुक्ला १३ को समाधि ।)

परब्रह्म साकार है, दिव्य सच्चिदानंद ।
साकार होत साकार से, भज के रामानंद ॥
उन के सब अवतार हैं, भोग लोक सुखधाम ।
विशिष्ट ज्ञान कमाय के, होवत पूरन काम ॥
निराकार का अर्थ है, मायाकार विहीन ।
रामानँद यह जान के, तू हो मुक्त प्रवीन ॥

संत श्रीस्वामिनारायणजी

(श्रीस्वामिनारायण-सम्प्रदायके प्रवर्तक स्वामी सहजानन्दजी या नारायण मुनि । श्रीरामानन्द स्वामीके द्वारा सं० १८५७ कार्तिक शुक्ला ११ को दीक्षा ग्रहण की ।)

किसी भी प्राणीकी हिंसा नहीं करनी चाहिये । अहिंसा महान् धर्म है । सभीको अपने-अपने वर्णाश्रमधर्मपर आरूढ़ रहना चाहिये । जिन ग्रन्थोंमें ईश्वरके स्वरूपका खण्डन हो, उनको प्रमाण नहीं मानना चाहिये । श्रुति, स्मृति और

सदाचारद्वारा ही धर्मके स्वरूपका बोध होता है। परमात्माके माहात्म्यज्ञानके द्वारा उनमें जो आत्यन्तिक स्नेह होता है, वही भक्ति है। भगवान्‌से रहित अन्यान्य पदार्थोंमें जो प्रीतिका अभाव होता है, उसीका नाम वैराग्य है। तथा जीव, ईश्वर और माया—इन तीनोंके स्वरूपको जान लेना ही ज्ञान कहलाता है।

श्रीमुक्तानन्द स्वामी

(पूर्वाश्रम-नाम—मुकुन्द। जन्म—सं० १८१४ पौष कृ० ६ काठियावाड प्रान्तके अमरापुर नामक ग्राममें। पिताका नाम—मार्गीबाबा। देहावसान—सं० १८८७ आषाढ कृष्णा एकादशी।)

नारद मेरे संत-से अधिक न कोई।
मम उर संत रु मैं सतन उर, बास करूँ थिर होई ॥ ना० ॥
कमला मेरी करत उपासन, मान चपलता खोई।
यद्यपि बास दियो मैं उर पर, संतन सम नहिं होई ॥ ना० ॥
भू को भार हरूँ संतन हित, करुँ छाया कर दोई।
जो मेरे संत को रति इक दूषत, तेहि जड़ डारूँ मैं खोई ॥ ना० ॥
जिन नर तनु धरि संत न सेये, तिन निज जननि बिगोई।
'मुक्तानंद' कहत यूँ मोहन, प्रिय मोहे जन निरमोही ॥ ना० ॥

श्रीब्रह्मानन्द स्वामी

(जन्म—सं० १८२९। गुरुका नाम—स्वामिनारायणजी)

ऐसे संत सच्चे जग माँहि फिरैं, नहिं चाहत लोभ हराम कूँ जी।
सदा सील संतोष रहे घट भीतर, कैद किये क्रोध काम कूँ जी ॥
अरु जीभहूँ से कबौं झूठ न भाखत, गाँठ न राखत दाम कूँ जी।
'ब्रह्मानंद' कहे सत्य बारताकूँ ऐसे संत मिलावत राम कूँ जी ॥

श्रीनिष्कुलानन्द स्वामी

(जन्म—सं० १८२२ शेखपाट नामक गाँवमें। जन्म-नाम—लालजी। पिताका नाम—राम भाई। माताका नाम—अमृतबा। जाति—विश्वकर्मा (बढ़ई)। तिरोभाव—धोलेरा नगरमें सं० १९०४।)

संतकृपा सुख ऊपजै, संतकृपा सरे काम।
संतकृपा से पाइये, पूरण पुरुषोत्तम धाम ॥
संतकृपा से सद्गति जागे, संतकृपा से सद्गुन।
संतकृपा बिन साधुता, कहिये पाया कौन ॥
कामदुधा अरु कल्पतरु, पारस चिंतामणि चार।
संत समान कोई नहीं, मैंने मन किये बिचार ॥

त्याग न टके रे वैराग विना, करिये कोटि उपाय जी।
अन्तर ऊँडी इच्छा रहे, ते केम करीने तजाय जी ॥
वेष लीधो वैरागनो, देश रही गयो दूर जी।
उपर वेष आछो बन्यो, माँही मोह भरपूर जी ॥
काम क्रोध लोभ मोहनुं, ज्या लगी मूळ न जाय जी।
संग प्रसंगे पाँगरे, जोग भोगनो थाय जी ॥
उष्ण रते अवनी विषे, बीज नव दीसे बहार जी।
घन वरसे वन पागरे, इंद्रिय विषय आकार जी ॥
चमक देखीने लोह चळे, इंद्रिय विषय संजोग जी।
अणभेटे रे अभाव छे, भेटे भोगवशे भोग जी ॥
उपर तजे ने अंतर भजे, एम न सरे अरथ जी।
वणश्यो रे वर्णाश्रम थकी, अंते करशे अनरथ जी ॥
भ्रष्ट थयो जोग भोग थी, जेम वगडयुं दूध जी।
गयुं घृत मही कारण थकी, आपे थयुं रे अशुद्ध जी ॥
पळमाँ जोगी ने भोगी पळमाँ, पळमाँ गृही ने त्यागी जी।
'निष्कुलानद' ए नरनो, वणसमज्यो वैराग जी ॥

श्रीगुणातीतानन्द स्वामी

(जन्म-सं०—१८४१ आश्विन शुक्ला पूर्णिमा। जाति—वशिष्ठ-गोत्रीय ब्राह्मण। पिताका नाम—श्रीभोलानाथजी। माताका नाम—साकरबाई। देहत्याग—१९२३ आश्विन शुक्ला १२।)

विषय-सुखसे आत्म-सुख अत्यधिक ऊँचा है और भगवत्प्राप्तिका सुख तो चिन्तामणिके समान है। भगवान्‌की प्राप्ति संत-समागमसे ही होती है; क्योंकि संतजन ही भगवान्‌में तल्लीन रहते हैं। पुरुषोत्तम भगवान्‌की ऐकान्तिक भक्तिमें निरन्तर लगे रहो। भगवत्प्राप्ति ही मनुष्यका एकमात्र कर्तव्य है।

संत शिवनारायणजी

(इनके सम्प्रदायानुसार जन्म—वि० सं० १७७३, कार्तिक शुक्ल ३ बृहस्पतिवार; पिताका नाम—श्रीबाघरायजी, माताका नाम—श्रीसुन्दरीदेवी, गुरुका नाम—दुखहरण (बलिया जिलेवाले); देहत्याग वि० सं० १८४८ । जन्म-स्थान—चँदवार ग्राम (जहूराबाद परगना, जिला गाजीपुर ।)

अंजन आँजिए निज सोइ ॥
जेहि अँजनसे तिमिर नासै, दृष्टि निरमल होइ ।
बैद सोइ जो पीर मिटावे, बहुरि पीर न होइ ॥
धेनु सोइ जो आप खवै, दूहिए बिनु नोइ ।
अंबु सोइ जो प्यास मेटे, बहुरि प्यास न होइ ॥
सरस साबुन सुरति धोबिन, मैल डारे धोइ ।
गुरू सोइ जो भरम टारै, द्वैत डारे धोइ ॥
आवागमन के सोच मेटै, सब्द सरूपी होइ ।
'शिवनारायण' एक दरसे, एकतार जो होइ ॥

सिपाही मन दूर खेलन मत जैये ॥
घटही में गंगा घटही में जमुना, तेहि बिच पैठि नहैये ।
अछेहो बिरिछ की शीतल छहिया तेहि तरे बैठि नहैये ॥
माता पिता तेरे घटही में, नित उठि दरसन पैये ।
'शिवनारायण' कहि समुझावे, गुरु के सबद हिये कैये ॥

वृन्दावन कान्हा मुरलि बजाई ॥
जो जैसहि तैसहि उठि धाई, कुल की लाज गँवाई ।
जो न गई सो तो भई है बावरी, समुझि समुझि पछिताई ॥
गौवन के मुख त्रेन बसत है, बछवा पियत न गाई ।
'शिवनारायण' श्रवण सबद सुनि, पवन रहत अलसाई ॥

संत तुलसी साहब

(जन्म-संवत्—१८१७ वि० (मतान्तरसे वि० सं० १८४५), स्थान—हाथरस, शरीरान्त—वि० सं० १८९९ (मतान्तरसे वि० स० १९०० ज्येष्ठ शुक्ला २ ।)

अरे बेहोस गाफिल गुरू ना लखा,
बँधा बेपीर जंजीर माहीं ।
खुदी खुद खोइ बदबोइ रुह ना रखो,
रहम दिल यार बिन प्यार साईं ॥
बाँधै जम जकड़ करि खंभ दोउ दस्त लै,
फरक मन मूढ़ फिरि समझ भाई ।
इसम से खलक जिन ख्याल पैदा किया,
तुलसी मन समझ तन फना जाई ॥

अरे मन मस्त बेहोस बस हो रहा,
जगत असार बस सार जावै ।
माया मद मोह जग सरम के भरम से,
करम के फंद फरफंद भावै ॥
पेख दिन चार परिवार सुख देखि ले,
झूठ संसार नहिं काम आवै ।
दास तुलसी नर चेत चल बावरे,
बूझ बिन या नहीं पार पावै ॥

तेरा है यार तेरे तन के माहीं ।
कहते सब संत साध सास्तर भाई ॥
पूजन आतमा आदि सबने गाई ।
भूखे को देख दीन देना जाई ॥
तुलसी यह तत्त मत्त चीन्हे नाहीं ।
चीन्हे जिन भेद पाइ बूझे साईं ॥

इंद्री रस सुख स्वाद बाद ले जन्म बिगारा ।
जिभ्या रस बस काज पेट भया बिष्टा सारा ॥
टुक जीवन के काज लाज मन में नहिं आवै ।
अरे हॉरे (तुलसी) काल खड़ा सिर ऊपर घड़ी घड़ियाल बजावै ॥

हाय हाय जहान मे मौत बुरी,
काल जाल से रहन नहिं पावता है ॥
दिन चार संसार मैं कार कर ले,
फिर जाल के खाक मिलावता है ।
तुलसी कर ख्वाब का ज्वाब दूरि,
लख लाभ जो यार को पावता है ॥

भूल चेत अचेत में सोवता है,
दिन रात मँजिल कुल जात है रे ॥
उस साह से बोल करार किया,
सोइ बोल का तोल बिचार ले रे ।
(तुलसी) साह हिसाब कूँ जोवता है,
बिन साह के सूत सुन मार पड़े ॥

दिना चार का खेल है, झूँठा जगत पसार ।
जिन बिचार पति ना लखा, बूड़ै भौ-जल धार॥
ये दिन चार कुटंब सो लार,
सो झूठ पसार के संग बँधानो ।
मात पिता सुत दार निहारि,
सो सार बिसारि कै फंद फँदानो ॥
पानी से पिंड सँवारि कियौ,
नर ताहि बिसारि अनंद सो मानो ।
तुलसी तब की सुधि याद करौ,
उलटे मुख गर्भ रह्यौ लटकानो ॥

नर को तन साज न काज कियौ,
सो भये खर कूकर सूकर स्वाना ।
जानी न बात किया सँग साथ,
सो हाथ से लात जो खात निदाना ॥
बूझी नहिं ज्ञान की गैल गली,
सो अली अघ पाप से होत अज्ञाना ।
तुलसी लख लार से चीन्ह पड़ी,
सोइ साल को खेत पयाल से जाना ॥

नर का जनम मिलता नहीं । गाफिल गरूरी ना रखो ॥
दिन दो बसेरा बास है । आखिर फना मरना सही ॥
बेहोस मौत सिर पै खड़ी । मारै निसाना ताक के ॥
हर दम सिकारै खेलता । जम से रहे सब हार के ॥
घेरा पड़ा है काल का । कोई बचन पावै नहीं ॥
जग में जुलम तोया पड़ी । इन से पनह देवै दई ॥
चलने के दिन थोड़े रहे । हर दम नगारा कूच का ॥
नहिं तू तेरा संगी भया । तुलसी तबक्का ना किया ॥

दिन चार है बसेरा । जग में न कोइ तेरा ॥
सबही घटाऊ लोग हैं । उठ जाइँगे सवेरा ॥
अपनी करो फिकर । चलने की जो जिकर ॥
यहँ रहन का नहिं काम है । फिर जा करो नहिं फेरा ॥
तन में पवन बसेई । जावे हवा नस देही ॥
टुक जीवने के कारने । दुख सहत क्यों जम केरा ॥
सुख देख क्यों भुलाना । कुछ दिन रहे पर जाना ॥
जैसे मुसाफिर रात रह । उठ जात है कर डेरा ॥
क्या सोवता पड़ा । जम द्वार पै खड़ा ॥
तुलसी तयारी भोर कर । फिर रात को अँधेरा ॥

क्या फिरत है भुलाना । दिन चार में चलाना ॥
काया कुटम सब लोग यह । जग देख क्यों फुलाना ॥
धन माल मुल्क घनेरे । कहि कर गये बहुतेरे ॥
कितने जतन कर कर बढ़े । घट तंत ना तुलाना ॥
हुसियार हो दिवाने । चलना मँजिल बिहाने ॥
बाकी रहे पर आवता । जमराय का बुलाना ॥
लिखते घड़ी घड़ी । कागज कलम चढ़ी ॥
तुलसी हुकम सरकार का । कहे देत हूँ उलाना ॥

क्या गाफिल होउ हुसियार, द्वार पर मौत खड़ी ॥
जम के चढ़ि चपरासी आये, हुकमी जुलम करार ॥
तन पर तलब तगादा लाये, है घोड़े असवार ॥
पढ़ि परवान पकरि कर बाँधे, दे धक्के अगवार ॥
लेकर झपट चपट कर चोटी, धरि धरि जूतिन मार ॥
धरमराय जब लेखा माँगे, भागत गैल बिचार ॥
कर हिसाब कौड़ी कौड़ी का, लेत कठिन दरबार ॥
तुलसीदास काल की फासी, फेरि नरक में डार ॥
भटकत मान स्वान चौरासी, होत न जुग निर्वार ॥

नर तन सुख पर मूछ, नही कछु लाज लगे रे ॥
जम जुलमी के प्यादे आये, पकरि करावैं कूच ॥
माता पिता कुटँब तन तिरिया, चलत न काहू पूछ ॥
धन माया सम्पति सुख सारे, माल मुलक कुल ऊँच ॥
काल कराल जाल बिच बाँधे, जो जुलम लख छूँछ ॥
तन सिराय पानी जस बुल्ला, फूटि फहम करि सोच ॥
करि करि कर्म बंध बिच बाँधे, पाप पुन्य धरि दूछ ॥
तुलसी तलक पलक बिच परलै, जनम जीव तन तूछ ॥
सतगुर तेग तरक जम काढा, नाक कान कर बूच ॥

जात रे तन बाद बिताना ।
छिन छिन उमर घटत दिन राती,
सोवत क्या उठि जाग बिहाना ॥
यह देही बारू सम भीती,
बिनसत पल बेहोस हैवाना ॥

ज्यौं गुलाल कुमकुम भरि मारे,
फेंक फूटि जिमि जात निदाना ॥
यह तन की अन आस अनाड़ी,
तैं बिष बंधन फाँस फँदाना ॥
यह माया काया छिन भंगी,
रँग रस करि करि डारत खाना ॥
सुख सम्पति आसिक इंद्री में,
बिष बस चौज मौज मन माना ॥
तुलसी ताव दाव यहि औसर,
बासर निसि गइ भजन न जाना ॥

मान रे मन मस्त मसानी ॥
पोखि पोखि तन बदन बढ़ाया।
सो तन बन जरै अग्नि निदानी ॥
कुटुँब बंधु मैया सुत नारी।
मरत कोऊ सँग जात न जानी ॥
यह संसार समझ दुखदाई।
पर बंधन नहिं परत पिछानी ॥
जोइ जोइ पाप पुन्न जिन कीन्हे।
आप आप भव भुगतत खानी ॥
फूला बृच्छ फूल गिरि जावे।
तैं फूले पर कौन ठिकानी ॥
तुलसी जगत जान दिन चारी।
भारी भव बिच फाँस फँसानी ॥

रूप दे रस रहदा गंदे।
यह अँग अगिन जरे मन मूरख, बारू बदन बनाया वे।
धाया कीट करम रंजक तन, भट्ठी बुरज उड़ाया वे ॥
ज्यौं काया महताब हवाई, जल बल खाक मिलाई।
जम की जाल जबर नहिं छूटे, छूटे अंग इलाही ॥
खाबिंद का कर खोज खुदी कुल, खिलकत खोज न पाया वे।
पैदा किया खाक से पुतले, यारी यार भुलाया वे ॥
सब जहान दोजख दुनियाई, साहिब सुधि बिसराई।
जब लेखा लैं ज्वाब फिरस्ते, हाजिर होस हिराई ॥
गाफिल गुनह गजब की बातैं, कछु फहमीद न लाया वे।
आतस हवा जिमी जिन कीन्हा, आब और ताब बनाया वे ॥
मालिक मूल मेहर बिसराई, आलिम इलम सोहाई।
आदम बदन बनाया जिन ने, उनका कुफर कहाई ॥
खिलकत फना फिरे दोजख में, यों कुफरान कहाया वे।
भिस्त राह बुजुरुग बतलावें, सो कुछ ख्याल न लाया वे ॥
हकताला कर पेच पसारा, तुलसी पकड़ मँगाई।
तोबा तोब गले नहिं फुरसत, मुरसिद यों समझाई ॥

सुपना जग जागि चलो री, अपना कोइ चाहो भलो री।
गुर बिन ज्ञान ध्यान बिन धीरज, बीरज बदन बन्यो री ॥
बौरी काल हाल धरि खावे, बेबस बदन बलो री।
जगत जम जाल जलो री ॥
यह जम जोर जबर बहुतेरा, हेरा न हाथ परो री।
मुनि मन भूत पकरि धरि खावै, चावे केहि भाँति छलो री ॥
नजर से न नेक टरौ री।
सब जिव जंत अंत धरि मारे, परेन मरम मिलो री ॥
पिया बिन ध्यान धुवाँ को तिम्मिर, सेमर सुवना फलो री।
सोचि फल फोड़ि खलो री ॥
येहि बिधि जीव जतन जगही मे, पुनि पुनि जनम धरो री ॥
आसा अंत मत बिन मोवे, तुलसी नहि अंत हिलो री।
पकड़ि पछपात पिलो री ॥

बिदेसन कहो कित भूली री।
या चमन में फूल भाँति भाँति के रँग,
तैं पिया के पौ पै करत अदूली री।
तू तो बिसारी धृग तोहि ताहि को,
सुरति सुहाग भाग सो नसाय को ॥
औसर बीति गई लखत न वाको,
तेरे मुख धूली री।
घर की डगर छूटी तन बीतो जात है,
याही नगर मैं समझ तू ले री ॥
पिया के पदर को पकर पद औसर,
जनम सुफल सोइ चलत पंथ पर।
हरख हजर भइ परख न वाको,
तुलसी अजमूली री ॥

घर नहिं कीन्हा फेरा।
या बावरिया मन बंधन दीन्हा फेरफार बहुतेरा ॥
जुगन जुगन जम बंधन चीन्हा, भरम भूल भटकत रहिये।
ताकी तो सुरत तत मत न हरष ॥
अब हिये न चैन हित चित छिन छिन दुख।
तब नहिं पकरे सुपने खोज को, सहत जबर जम घेरा ॥
काम क्रोध जद मदन बिचारे, चलन चाल फीकी धरिये।
पीको री पकरि कर घर न परख ॥

जब जियन जोर धक धक ढूँढत सुख।
ख्वाब खलक बस ललकि लोभ को, तुलसि न नीक निबेरा ॥

चल मँजिल मुसाफिर थाके हो।
जहँ से आये जाहु जहीं जब, उतनी ठौर कहावोगे ॥
अपना बूझो कवन गाँव घर, अजर अमर जोइ जाके हो।
भरम परे जब रोके हो जम, जबर जँजीरन ठोके हो ॥
भज उसी नाम को याद करो, तज कुफर बाद बरबाद नरो।
मिल फजल वही जद वाके हो।
अबर अली की खबर तको, जब सबर सुभा दिल दूर रखो ॥
तुम रूह रकाने गगन चढी, असमान अरस पर जाय अड़ो।
तब गजल गाम से पाके हो।
सक सुभा बदन चक चाखे हो, जब जबर फिरिस्ते नाके हो ॥
अब फहम फना तजि बाट बगो, घर घाट मुकरबे चमक चमो।
रवि सिजल लखो जब लाके हो ॥
तुलसी कहे तलब बिना के हो, कर मुरसिद को नहिं फाके हो ॥
फरक फकीरी बूझेगा, जब गुनह समझ कूँ सूझेगा ॥
हक अदल मुरीदी काके हो ॥

रे हंसा गवन किये तजि काया ॥
मात पिता परिवार कुटँब सब, छोड़ि चले धन माया।
रंगमहल सुख सेज बिछौना, रचि रचि भवन बनाया ॥
प्यारे प्रीत मीत हितकारी, कोई काम न आया।
हंसा आप अकेले चाले, जंगल बास बसाया ॥
पुत्र पंच सब जाति जुड़ी है, भूमी काठ बिछाया।
चिता बनाय रची धरि काया, जल बल खाक मिलाया ॥
प्रानपती जहँ डेरा कीन्हा, जो जस करम कमाया।
हंसा हस मिले सरवर मे, कागा कुमति समाया ॥
तुलसी मानसरोवर मुकता, जुग जुग हंसन पाया।
कागा कुमति जीव करमन से, फिर भवजनम धराया ॥

रे हंसा प्रान पवन इक संगा।
पाँच तत्त तन साज बनो है, पिरथी जल पवन उतंगा।
अगिनि अकास मास भयो भीतर, रचि कीन्हा अस अंगा ॥
जब लग पवन बहे काया मे, तब लग चेतन चंगा।
निकसी पवन भवन भयो सूना, उड़त भँवर तन भंगा ॥
तन करि नास भास चलि जैहै, जब कोइ साथ न संगा।
जम के दूत पूत ले जावैं, नहिं कोइ आस असंगा ॥
यह माया त्रिभुवन पटरानी, भच्छत जीव पतंगा।
तुलसी पवर पार को रोके, मन मत मौज तरंगा ॥

रे हंसा इक दिन चल जैहो।
यह काया बिच केल करत है, सो तन खाक मिलाया।
खीर खाँड़ सुख भोग बिलासा, यह सुख सोक समैहो ॥
कौड़ी कौड़ी माया जोड़ी, जोड़ा लाख करोड़ी।
चलत बार कछु संग न लीन्हा, हाथ झाड़ि पछतैहो ॥
जो कुछ पाप पुन्न करनी के, फल फीके करवैहो।
धरमराय की रीत कठिन है, लेखा देत भुलैहो ॥
तुलसी तुच्छ तजो रँग काँचो, आवागवन बसैहो।
जम जुलमी जती फटकारे, जनम जनम दुख पैहो ॥

नाम लो री नाम लो री, ऐसी काहे सुरत सुधि भूली री।
बाद बिबाद तजो बहु बायक, नाहक दुख सहो सूली री ॥
काल कराल भुलावत करमन, भ्रम तजि भज पद मूली री।
बीतत जनम नाम बिन लानत, चालत मेट अदूली री ॥
स्वास स्वास जावे तन तुलसी, क्यों भव सिंध फूली री ॥

(अरे) कोई अमर नही है या तन में।
काया करम अधार ॥
उपजे मरे बने फिर बिनसै।
जुग जुग बंधन दुख सुख बारम्बार ॥
आसा दुख बंधन भटकावत।
आप अपनपौ नहि चीन्हा करतार ॥
केहर सुत भेड़न सँग भूला।
मन गुन इंद्रिन सँग करत बिहार ॥
जब बना सिंध मिले उपदेसी।
सतगुर को मिलि भव के भरम निकार ॥
तुलसी जब तब मूल परखिया।
निरमल होय लखि आवे समझ बिचार ॥

सबसे हिलमिल बैर बिसन तज, परम प्रतीत प्रबेस।
दम पर दम हरदम प्रीतम सँग, तुलसी मिटा कलेस ॥

संत शिवदयालसिंहजी (स्वामीजी महाराज)

(राधास्वामी सत्संगके मूल-प्रवर्तक । जन्म—आगरा नगरके पत्नीगली मुहल्लेमे वि० सं० १८७५ भादों बदी ८ । खत्री-परिवार ।

[प्रेषक—श्रीजानकीप्रसादजी रायजादा 'विशारद']

जोड़ी री कोइ सुरत नाम से ॥
यह तन धन कुछ काम न आवे ।
पड़े लड़ाई जाम से ॥
अब तो समय मिला अति सुंदर ।
सीतल हो बच धाम से ॥
सुमिरन कर सेवा कर सतगुरु ।
मनहि हटाओ काम से ॥
मन इंद्री कुल बस कर राखो ।
पियो घूँट गुरु जाम से ॥
लगे ठिकाना मिले मुकामा ।
छूटो मन के दाम से ॥
भजन करो छोड़ो सब आलस ।
निकर चलो कलि-ग्राम से ॥
दम दम करो बेनती गुरु से ।
वही निकारें तने चाम से ॥
और उपाव न ऐसा कोई ।
रटन करो सुबह शाम से ॥
प्रीति लाय नित करो साध सँग ।
हट रहो जग के खासो आम से ॥
राधा स्वामी कहे सुनाई ।
लगो जाय सत नाम से ॥

चूनर मेरी मैली भई ।
अब कापै जाउँ धुलान ॥
घाट घाट मैं खोजत हारी ।
धुबिया मिला न सुजान ॥
नइहर रहूँ कस पिया घर जाऊँ ।
बहुत मरे मेरे मान ॥
नित नित तरसूँ पल पल तड़पूँ ।
कोइ धोवे मेरी चूनर आन ॥
काम दुष्ट और मन अपराधी ।
और लगावें कीचड़ सान ॥
का से कहूँ सुने नहि कोई ।
सब मिल करते मेरी हान ॥
सखी सहेली सब जुड़ आईं ।
लगी भेद बतलान ॥
राधा स्वामी धुबिया भारी ।
प्रगटे आय जहान ॥

मुरलिया बाज रही । कोइ सुने संत धर ध्यान ॥
सो मुरली गुरु मोहिं सुनाई । लगे प्रेम के बान ॥
पिंडा छोड़ अंड तज भागी । सुनी अधर में अपूरब तान ॥
पाया शब्द मिली हंसन से । खैंच चढ़ाई सुरत कमान ॥
यह बंसी सत नाम बंस की । किया अजर घर अमृत पान ॥
भँवर गुफा ढिग सोहं बंसी । रीझ रही मैं सुन सुन तान ॥
इस मुरली का मर्म पिछानो । मिली शब्द की खान ॥
गई सुरत खोला वह द्वारा । पहुँची निज अस्थान ॥
सत्त पुरुष धुन बीन सुनाई । अद्भुत जिन की शान ॥
जिन जिन सुनी आन यह बंसी । दूर किया सब मन का मान ॥
सुरत सम्हारत निरत निहारत । पाय गई अब नाम निशान ॥
अलख अगम और राधास्वामी । खेल रही अब उस मैदान ॥

संत पलटू साहब

(अयोध्याके संत, जन्म-स्थान—नगपुर जलालपुर, जिला—फैजाबाद; इनका स्थिति-काल विक्रमकी १९ वीं शतीके पूर्वार्द्धमें अनुमान किया जाता है । जाति—बनिया, गोविन्द साहबके शिष्य; शरीरान्त अयोध्यामें हुआ ।)

नाव मिली केवट नहीं कैसे उतरै पार ॥
कैसे उतरै पार पथिक बिस्वास न आवै ।
लगै नहीं बैराग यार कैसे कै पावै ॥
मन में धरै न ज्ञान नहीं सतसंगति रहनी ।
बात करै नहि कान प्रीति बिन जैसे कहनी ॥
छूटि डगमगी नाहिं संत को बचन न मानै ।
मूरख तजै बिबेक चतुरई अपनी आनै ॥
पलटू सतगुरु सब्द का तनिक न करै बिचार ।
नाव मिली केवट नहीं कैसे उतरै पार ॥

धुबिया फिर मर जायगा चादर लीजै धोय ॥
चादर लीजै धोय मैल है बहुत समानी ।
चल सतगुरु के घाट भरा जहँ निर्मल पानी ॥
चादर भई पुरानि दिनों दिन बार न कीजै ।
सतसंगत में सौंद ज्ञान का साबुन दीजै ॥
छूटै कल-मल दाग नाम का कलप लगावै ।
चलिये चादर ओढ़ि बहुर नहिं भव जल आवै ॥
पलटू ऐसा कीजिये मन नहिं मैला होय ।
धुबिया फिर मर जायगा चादर लीजै धोय ॥

दीपक बारा नाम का महल भया उजियार ॥
महल भया उजियार नाम का तेज बिराजा ।
सब्द किया परकास मानसर ऊपर छाजा ॥
दसो दिसा भइ सुद्ध बुद्ध भइ निर्मल साची ।
छुटी कुमति की गाँठि सुमति परगट होय नाची ॥
होत छतीसो राग दाग तिर्गुन का छूटा ।
पूरन प्रगटे भाग करम का कलसा फूटा ॥
पलटू अँधियारी मिटी बाती दीन्ही टार ।
दीपक बारा नाम का महल भया उजियार ॥

देखौ नाम प्रताप से सिला तिरै जल बीच ॥
सिला तिरै जल बीच सेत में कटक उतारी ।
नामहिं के परताप बानरन लंका जारी ॥
नामहिं के परताप जहर मीरा ने खाई ।
नामहिं के परताप बालक पहलाद बचाई ॥
पलटू हरि जस ना सुनै ताको कहिये नीच ।
देखौ नाम प्रताप से सिला तिरै जल बीच ॥

हाथी घोड़ा खाक है कहै सुनै सो खाक ॥
कहै सुनै सो खाक खाक है मुलुक खजाना ।
जोरू बेटा खाक खाक जो मानै माना ॥
महल अटारी खाक खाक है बाग-बगैचा ।
सेत-सपेदी खाक खाक है हुक्का नैचा ॥
साल-दुसाला खाक खाक मोतिन कै माला ।
नौबतखाना खाक खाक है ससुरा-साला ॥
पलटू नाम खुदाय का यही सदा है पाक ।
हाथी घोड़ा खाक है कहै सुनै सो खाक ॥

देत लेत हैं आपुहीं पलटू पलटू सोर ॥
पलटू पलटू सोर राम की ऐसी इच्छा ।
कौड़ी घर में नाहिं आपु मैं माँगौं भिच्छा ॥
राई परबत करैं करैं परबत को राई ।
अदना के सिर छत्र पैज की करैं बड़ाई ॥
लीला अगम अपार सकल घट अंतरजामी ।
खाहिं खिलावहिं राम देहिं हम को बदनामी ॥
हम सों भया न होयगा साहिब करता मोर ।
देत लेत हैं आपुहीं पलटू पलटू सोर ॥

हरि अपनो अपमान सह जन की सही न जाय ॥
जन की सही न जाय दुर्वासा की क्या गत कीन्हा ।
भुवन चतुर्दस फिरे सभै दुरियाय जो दीन्हा ॥
पाहि पाहि करि परे जबै हरि चरनन जाई ।
तब हरि दीन्ह जवाब मोर बस नाहिं गुसाँई ॥
मोर द्रोह करि बचै करौं जन द्रोहक नासा ।
माफ करै अँबरीष बचौगे तब दुर्वासा ॥
पलटू द्रोही संत कर तिन्हैं सुदर्शन खाय ।
हरि अपनो अपमान सह जन की सही न जाय ॥

ना काहू से दुष्टता ना काहू से रोच ॥
ना काहू से रोच दोऊ को इकरस जाना ।
बैर भाव सब तजा रूप अपना पहिचाना ॥
जो कंचन सो काँच दोऊ की आसा त्यागी ।
हारि जीत कछु नाहिं प्रीति इक हरि से लागी ॥
दुख सुख संपति बिपति भाव ना यहु मे दूजा ।
जो बाम्हन सो सुपच दृष्टि सम सब की पूजा ॥
ना जियने की खुसी है पलटू मुए न सोच ।
ना काहू से दुष्टता ना काहू से रोच ॥

तू क्यो गफलत में फिरै सिर पर बैठा काल ॥
सिर पर बैठा काल दिनों दिन बादा पूजै ।
आज-काल मे कूच मुरख नहिं तो कहँ सूझै ॥
कौड़ी-कौड़ी जोरि ब्याज दे करते बट्टा ।
सुखी रहै परिवार मुक्ति मे होवत ठट्ठा ॥
तू जानै मै ठग्यो आन को तुही ठगावै ।
नाम सजीवन मूरि छोरि के माहुर खावै ॥
पलटू सेखी ना रही चेत करो अब लाल ।
तू क्यों गफलत में फिरै सिर पर बैठा काल ॥

भजन आतुरी कीजिये और बात मे देर ॥
और बात में देर जगत में जीवन थोरा ।
मानुष जन्म भजन जात गोड़ धरि करौ निहोरा ॥

काँचे महल के बीच पवन इक पंछी रहता।
दस दरवाजा खुला उड़न को नित उठि चहता॥
भजि लीजै भगवान यही में भल है अपना।
आवागौन छुटि जाय जन्म की मिटै कलपना॥
पलटू अटक न कीजिये चौरासी घर फेर।
भजन आतुरी कीजिये और बात मे देर॥

जहाँ तनिक जल बीछुड़ै छोड़ि देतु है प्रान॥
छोड़ि देतु है प्रान जहाँ जल से बिलगावै।
देइ दूध मे डारि रहै ना प्रान गँवावै॥
जाको वही अहार ताहि को का ले दीजै।
रहै ना कोटि उपाय और सुख नाना कीजै॥
यह लीजै दृष्टान्त सकै सो लेइ बिचारी।
ऐसो करै सनेह ताहि की मैं बलिहारी॥
पलटू ऐसी प्रीति करु जल और मीन समान।
जहाँ तनिक जल बीछुड़ै छोड़ि देतु है प्रान॥

जो मै हारौं राम की जो जीतौं तौ राम॥
जो जीतौं तौ राम राम से तन-मन लावौं।
खेलौं ऐसो खेल लोक की लाज बहावौं॥
पाछा फेकौं ज्ञान नरद बिस्वास चलावौं।
चौरासी घर फिरै अड़ी पौबारह नावौं॥
पौबारह सिरवाय एक घर भीतर राखौं।
कच्ची मारौं पोच रैनि दिन सतह भाखौं॥
पलटू बाजी लाइहौं दोऊ बिधि मे राम।
जो मै हारौं राम की जो जीतौं तौ राम॥

दिल मे आवै है नजर उस मालिक का नूर॥
उस मालिक का नूर कहाँ को ढूँढन जावै।
सब मे पूर समान दरस घर बैठे पावै॥
धरती नभ जल पवन तेही का सबन पसारा।
छुटै भरम की गाँठि सकल घट ठाकुरद्वारा॥
तिल भरि नाही कहीं जहाँ नहिं निरजनहारा।
वोही आवै नजर फुरा बिस्वास हमारा॥
पलटू नेरे साच के झूठे से है दूर।
दिल मे आवै है नजर उस मालिक का नूर॥

का जानी केहि औसर साहिब ताकै मोर॥
साहिब ताकै मोर मिहर की नजरि निहारै।
तुरत पदम-पद देइ औगुन को नाहिं बिचारै॥

राम गरीबनिवाज गरीबन सदा निवाजा।
भक्त-बछल भगवान करत भक्तन के काजा॥
गाफिल नाहीं परै साच है लौ जब लावै।
परा रहै वहि द्वार धनी कै धक्का खावै॥
आठ पहर चौंसट घरी पलटू परै न भोर।
का जानी केहि औसर साहिब ताकै मोर॥

पतिबरता को लच्छन सब से रहै अधीन॥
सब से रहै अधीन टहल वह सब की करती।
सास ससुर और भसुर ननद देवर से डरती॥
सब का पोषन करै सभन की सेज बिछावै।
सब को लेय सुताय, पास तब पिय के जावै॥
सूतै पिय के पास सभन को राखै राजी।
ऐसा भक्त जो होय ताहि की जीती बाजी॥
(पलटू) बोलै मीठे बचन भजन में है लौ लीन।
पतिबरता को लच्छन सब से रहै अधीन॥

हरि को दास कहाय के गुनह करै ना कोय॥
गुनह करै ना कोय जेही बिधि राखै राहये।
दुख-सुख कैसउ पड़ै केहू से तनिक न कहिये॥
तेरे मन मे और करनवाला है औरै।
तू ना करै खराब नाहक को निस दिन दौरै॥
वाको कीजै याद जाहि की मारी टूटै।
आधी को तू जाय घरहि मे सभै फूटै॥
पलटू गुनह किये से भजन माहिं भँग होय।
हरि को दास कहाय के गुनह करै ना कोय॥

जौ लगि लागै हाथ ना करम न कीजै त्याग॥
करम न कीजै त्याग जक्त की बूझ बड़ाई।
ओहु ओर डारै तोरि एहर कुछ एक न पाई॥
उत कुल से वे गये नाहिं इत मिला ठिकाना।
केहू ओर मे नाहिं बीच के बीच भुलाना॥
जेहुँ जेहुँ पावै बस्तु तेहूँ तेहुँ करम को छोड़ै।
खातिर जमा को लेइ जगत मे मुहड़ा मोड़ै॥
पलटू पग धरु निरख करि तातें लगै न दाग।
जौ लगि लागै हाथ ना करम न कीजे त्याग॥

पलटू ऐसे दास को भरम करै संसार॥
भरम करै संसार होइ आपन से पक्का।
भली बुरी कोउ कहै रहै सहि सब का धक्का॥

धीरज धै संतोष रहै दृढ़ है ठहराई ।
जो कछु आवै खाइ बचै सो देइ लुटाई ॥
लगै न माया मोह जगत की छोड़ै आसा ।
बल तजि निरबल होय सबुर से करै दिलासा ॥
काम क्रोध को मारि कै मारै नींद अहार ।
पलटू ऐसे दास को भरम करै संसार ॥

लिये कुल्हाड़ी हाथ में मारत अपने पाँय ॥
मारत अपने पाँय पूजत है देई-देवा ।
सतगुरु संत बिसारि करै भूतन की सेवा ॥
चाहै कुसल गँवार अमी दै माहुर खावै ।
मने किये से लड़ै नरक मे दौड़ा जावै ॥
पाँड़े जल के बीच हाथ मे बाँधे रसरी ।
परै भरम मे जाइ ताहि को कैसे पकरी ॥
पलटू नर तन पाइ कै भजन मँहैं अलसाय ।
लिये कुल्हाड़ी हाथ मे मारत अपने पाँय ॥

हरि को भजै सो बड़ा है जाति न पूछै कोय ॥
जाति न पूछै कोय हरी को भक्ति पियारी ।
जो कोइ करै सो बड़ा जाति हरि नाहिं निहारी ॥
पतित अजामिल रहे रह फिर सदन कमाई ।
गनिका बिस्वा रहि बिमान पै तुरत चढ़ाई ॥
नीच जाति रैदास आपु मे लिया मिलाई ।
लिया गिद्ध को गोदि दिया बैकुंठ पठाई ॥
पलटू पारस के छुए लोहा कंचन होय ।
हरि को भजै सो बड़ा है जाति न पूछै कोय ॥

निंदक जीवै जुगन जुग काम हमारा होय ॥
काम हमारा होय बिना कौड़ी को चाकर ।
कमर बाँधि के फिरै करै तिहुँ लोक उजागर ॥
उसे हमारी सोच पलक भर नाहिं बिसारी ।
लगी रहै दिन रात प्रेम से देता गारी ॥
संत कहैं दृढ़ करै जगत का भरम छुड़ावै ।
निंदक गुरु हमार नाम से वही मिलावै ॥
सुनि के निंदक मरि गया पलटू दिया है रोय ।
निंदक जीवै जुगन जुग काम हमारा होय ॥

साहिब के दास कहाव बारो, जगत की आस न राखिये जी ।
समरथ स्वामी को जब पाया, जगत से दीन न भाखिये जी ॥
साहिब के घर मे कौन कमी, किस बात को अते आखिये जी ।
पलटू जो दुख सुख लाख परै, वहि नाम सुधा रस चाखिये जी ॥

सील सनेह सीतल बचन, यहि संतन की रीति है जी ।
सुनत बात के जुड़ाय जावै, सब से करते वे प्रीति हैं जी ॥
चितवनि चलनि मुसकानि नवनि, नहिं राग द्वेष हार जीत है जी ।
पलटू छिमा संतोष सरल, तिन को गावै सुति नीत है जी ॥

बिना सतसंग ना कथा हरिनाम की,
बिना हरिनाम ना मोह भागै ।
मोह भागे बिना मुक्ति ना मिलैगी,
मुक्ति बिनु नाहिं अनुराग लागै ॥
बिना अनुराग के भक्ति न होयगी,
भक्ति बिनु प्रेम उर नाहि जागै ।
प्रेम बिनु राम ना राम बिनु संत ना,
पलटू सतसंग बरदान माँगै ॥

पलटू नर तन पाइ कै, मूरख भजै न राम ।
बोझ ना सँग जायगा, सुत दारा धन धाम ॥
बैद धनतर मरि गया, पलटू अमर न कोय ।
सुर नर मुनि जोगी जती, सब काल बस होय ॥
पलटू नर तन पाइ कै, भजै नहीं करतार ।
जमपुर बाँधे जाइगे, कहाँ पुकार पुकार ॥
पलटू नर तन जातु है, सुदर सुभग सरीर ।
सेवा कीजै साध की, भजि लीजै रघुबीर ॥
दिना चार का जीवना, का तुम करौ गुमान ।
पलटू मिलिहै खाक मे, घोड़ा बाज निसान ॥
पलटू हरि जब गाइ ले, यही तुम्हार साथ ।
बहता पानी जातु है, धोउ सितावी हाथ ॥
राम नाम जेहि मुखन ते, पलटू होय प्रकास ।
तिन के पद बंदन करौं, वो साहिब मैं दास ॥
तन मन धन जिन राम पर, कै दीन्हो बकसीस ।
पलटू तिन के चरन पर, मैं अरपत हौं सीस ॥
राम नाम जेहि उचरै, तेहि मुख देउँ कपूर ।
पलटू तिन के नफर की, पनही का मैं धूर ॥
मनसा बाचा कर्मना, जिन के ह बिस्वास ।
पलटू हरि पर रहत हैं, तिन्ह के पलटू दास ॥
पलटू संसय छूटिगे, मिलिया पूरा यार ।
मगन आपने ख्याल मे, भाड़ पड़ै संसार ॥
अन्तर्यामी निंदा कोउ करै, लगै न तेहि के साथ ।
पलटू ऐसे दास के, सब कोइ नावै माथ ॥
आठ पहर लागी रहै, भजन-तेल की धार ।
पलटू ऐसे दास को, कोउ न पावै पार ॥

सरबरि कबहुँ न कीजिये, सब से रहिये हार ।
पलटू ऐसे दास को, डरिये बारबार ॥
संगति ऐसी कीजिये, जहवाँ उपजै ज्ञान ।
पलटू तहाँ न बैठिये, घर की होय जियान ॥
सतसगति में जाइ कै, मन को कीजै सुद्ध ।
पलटू उहाँ न जाइये, जहवाँ उपज कुबुद्ध ॥
गारी आई एक से, पलटें भई अनेक ।
जो पलटू पलटै नहीं, रहै एक की एक ॥
पलटू नेरे साँच के, झूठे से है दूर ।
दिल मे आवै साँच जो, साहिब हाल हजूर ॥
पलटू यह साँची कहै, अपने मन को फेर ।
तुझे पराई क्या परी, अपनी ओर निबेर ॥
पलटू मैं रोवन लगा, हेरि जगत की रीति ।
जहँ देखो तहँ कपट है, कासो कीजै प्रीति ॥

मुँह मीठो भीतर कपट, तहाँ न मेरो बास ।
काहू से दिल ना मिलै, तौ पलटू फिरै उदास ॥
सुन लो पलटू भेद यह, हँसि बोले भगवान ।
दुख के भीतर मुक्ति है, सुख मे नरक निदान ॥
मन मिहीन कर लीजिये, जब पिउ लागै हाथ ॥
जब पिउ लागै हाथ नीच ह्वै सब से रहना ।
पच्छापच्छी त्यागि ऊँच बानी नहि कहना ॥
मान बड़ाई खोय खाक मे जीते मिलना ।
गारी कोउ देइ जाय छिमा करि चुप के रहना ॥
सब की करै तारीफ आप को छोटा जानै ।
पहिले हाथ उठाय सीस पर सब को आनै ॥
पलटू सोइ सुहागिनी हीरा झलकै माथ ।
मन मिहीन कर लीजिये जब पिउ लागै हाथ ॥

स्वामी निर्भयानन्दजी

(स्वामी श्रीकृष्णानन्दजी सरस्वतीके शिष्य ।)

मान मान रे मान मूढ़ मन ! मान लै ।
सुपना है संसार बात यह जान लै ॥
गुरु-चरनन की धूरि सीस पर धारि लै ।
सुद्ध नीर सौं मलि मलि पाँय पखार लै ॥
बिषय-भोग मैं सुख नहिं खूब बिचारि लै ।
दैवी संपति धारि सुद्ध अधिकार लै ॥

तेर-मेर को गेर देर क्यों करत है ।
हानि-लाभ कों देख बृथा क्यों जरत है ॥
आतम-तत्त्व बिचारि क्यों दुख नहिं हरत है ।
दुर्लभ नरतन पाय नहीं क्यों तरत है ॥
आतम ब्रह्म अनादि अनंत अपार है ।
सब देवों का देव यही सरदार है ॥
चेतन सुद्ध अखंड सार का सार है ।
बड़भागी कोइ करत खुला दीदार है ॥
दरसन कर तत्कालहि पद निरबान लै ।
सुपना है संसार बात यह जान लै ॥

तन का ढाँचा हाड़ माँस मल खाल है ।
क्या करता सिंगार खायगा काल है ॥
अमल चढ्यौ घनघोर बजावत गाल है ।
निज आतम सुखरूप न जानत हाल है ॥
'निरभय' आतम ब्रह्म एक पहिचान लै ।
सुपना है संसार बात यह जान लै ॥

गोला मारै ज्ञान का, सत सिपाही कोय ।
उलट जिग्यासू बनै, अजब उजाला होय ॥
अजब उजाला होय अँधेरा सबही नासै ।
अंतरमुख ह्वै लखै आतमा अपनो भासै ॥
कहै 'निर्भयानंद' होय जिग्यासू भोला ।
संत सिपाही कोय ग्यान का मारै गोला ॥

पाता है निज आतमा, बिसयन सौं मन रोक ।
काम क्रोध के बेग की, जो सहि जावै झोक ॥
जो सहि जावै झोक यार बिक्षेप हटावै ।
निद्रा अरु आहार जुक्ति सौं कबहू घटावै ॥
कहै 'निर्भयानंद' झुठे जानै नाता है ।
बिसयन सौं मन रोक आतमा निज पाता है ॥

अखा भगत

अकल कला खेलत नर जानी ।
जैसेहि नाव हिरे फिरे दसो दिस,ध्रुव तारे पर रहत निशानी ॥
चलन बलन अवनी पर बाकी, मन की सुरत ठहरानी ।
तत्त्व समास भयो है स्वतंतर, जैसे हिम होत है पानी ॥
छुपी आदि अंत नहिं पायो, आइ न सकत जहाँ मन बानी ।
ता घर स्थिती भई है जिन की,कहि न जात ऐसी अकथ कहानी॥
अजब खेल अद्भुत अनुपम है, जाकूँ है पहिचान पुरानी ।
गगनहि गेब भया नर बोले, एहि अखा जानत कोइ ज्ञानी ॥

भक्त श्रीललितकिशोरीजी

(असली नाम श्रीकुन्दनलालजी, जन्म-काल—अज्ञात, लखनऊके साह गोविन्दलालजी अग्रवालके पुत्र और श्रीराधारमणीय गोस्वामी श्रीराधागोविन्दजीके शिष्य, स्थान—वृन्दावन । शरीरान्त—वि० सं० १९३० कार्तिक शुक्ल २)

मन, पछितैहौ भजन बिन कीने ।
धन दौलत कछु काम न आवै,
कमलनयन गुन चित बिनु दीने ॥
देखत कौ यह जगत सँगाती,
तात मात अपने सुख मीने ।
'ललितकिसोरी' दुंद मिटै ना,
आनँदकंद बिना हरि चीने ॥

सुसाकिर, रैन रही थोरी ।
जागु जागु, सुख नींद त्यागि दै,
होति वस्तु की चोरी ॥
मंजिल दूरि, भूरि भवसागर,
मान कुरमति मोरी ।
'ललितकिसोरी' हाकिम सों इन
करै जोर बरजोरी ॥

लाभ कहा कचन तन पाये ।
भजे न मृदुल कमलदललोचन,
दुख मोचन हरि हरषि न ध्याये ॥
तन मन धन अरपन ना कीन्हें,
प्रान प्रानपति गुननि न गाये ।
जोवन, धन, कलधौत धाम सब
मिथ्या आयु गँवाय गँवाये ॥
गुरुजन गर्व, विमुख रँग राते,
डोलत सुख संपति बिसराये ।
'ललितकिसोरी' मिटै ताप ना,
बिन दृढ चिंतामनि उर लाये ॥

साधो, ऐसेइ आयु सिरानी ।
लगत न लाज लजावत संतन,
करतहि दंभ छदंब बिहानी ॥
माला हाथ ललित तुलसी गर,
अँग अँग भगवत छाप सुहानी ।
बाहिर परम बिराग भजन रत,
अंतस मति पर-जुवति नसानी ॥
मुख सों ग्यान-ध्यान बरनत बहु,
कानन रति नित बिषय-कहानी ।
'ललितकिसोरी' कृपा करौ हरि,
हरि संताप सुहृद सुखदानी ॥

दुनियाँ के परपंचों में हम, मजा कछू नहिं पाया जी ।
भाई-बंधु पिता-माता, पति, सब सों चित अकुलाया जी ॥
छोड़-छाड़ घर, गाँव-नाँव, कुल, यही पंथ मन भाया जी ।
ललितकिसोरी आनँदघन सों अब हठि नेह लगाया जी ॥

क्या करना है संतति-पति, मिथ्या सब जग माया है ।
शाल-दुशाले, हीरा-मोती में मन क्यों भरमाया है ॥
माता-पिता, पती-बंधू, सब गोरखधंधा बनाया है ।
ललितकिसोरी आनँदघन हरि हिरदै कमल बसाया है ॥

बन-बन फिरना बिहतर हम को रतन भवन नहिं भावै है ।
लता तरे पड़ रहने में सुख नाहिन सेज सुहावै है ॥
सोना कर धरि सीस भला अति तकिया ख्याल न आवै है ।
ललितकिसोरी नाम हरी का जपि-जपि मन सचु पावै है ।

तजि दीनी जब दुनियाँ दौलत फिर कोइ के घर जाना क्या
कंद-मूल-फल पाय रहे अब खट्टा-मीठा खाना क्या ॥
छिन में साही चकमे हम को मोती-माल-नजाना क्या ।
ललितकिसोरी रूप हमारा जाने ना तहँ आना क्या ॥

अष्टसिद्धि नवनिद्धि हमारी मुट्ठी में हरदम रहती ।
नहीं जवाहिर, सोना-चाँदी, त्रिभुवन की संपति चहती ॥
भावैं ना दुनिया की बातैं दिलबर की चरचा सहती ।
ललितकिसोरी पार लगावै माया की सरिता बहती ॥

गौर-स्याम बदनारबिंद पर जिनको बीर मचलते देखा।
नैन-बान, मुसक्यान संग फेंक फिर नहिं नैंक सँभलते देखा॥
ललितकिसोरी जुगल इस्क में बहुतों का घर घलते देखा।
डूबा प्रेमसिंधु का कोई हमने नहीं उछलते देखा॥

देखौ री, यह नर का छोरा बरछी मारे जाता है।
बरछी-सी तिरछी चितवन की पैनी छुरी चलाता है॥
हम को घायल देख बेदरदी मंद-मंद मुसकाता है।
ललितकिसोरी जखम जिगर पर नौनपुरी बुरकाता है॥

भक्त श्रीललितमाधुरीजी

(लखनऊमे जौहरी श्रीगोविन्दलालजीके पुत्र, गृहस्थका नाम साह नन्दनलालजी। सं० १९१३ मे अपने भाई कुन्दनलालजी (ललितकिशोरीजी) के साथ सब कुछ छोड़कर वृन्दावन आ गये।)

देखौ बलि बृंदाबन आनंद।
नवल सरद निसि नव बसंत रितु, नवल सु राका चंद॥
नवल मोर पिक कीर कोकिला कूजत नवल मलिंद।

रटत श्रीराधे राधे माधव मारुत सीतल मंद॥
नवल किसोर उमंगन खेलत, नवल राग रसकंद।
ललितमाधुरी रसिक दोउ बर, निरतत दिये कर फंद॥

भक्त श्रीगुणमंजरीदासजी

(असली नाम—गोस्वामी गलकृजी, जन्म वि० सं० १८८४ ज्येष्ठ ८, पिताका नाम—श्रीरमणदयालुजी, माताका नाम—श्रीसखी देवी, स्थान—फर्रुखाबाद।)

श्रीराधारमन हमारे मीत।
ललित त्रिभंगी स्याम सलोने कटि पहिरें पटपीत॥
मुरलीधर मन हरन छबीले छके प्रिया की प्रीत।
'गुनमंजरी' बिदित नागर नर जानत रस की रीत॥

हमारे धन स्यामा ज कौ नाम।
जाकौ रटत निरंतर मोहन, नंदनँदन घनस्याम॥
प्रतिदिन नव नव महा माधुरी, बरसति आठौ जाम।
'गुनमंजरि' नवकुंज मिलावै, श्रीबृंदावन धाम॥

भक्त रसिकप्रीतमजी

तजौ श्रीगोवर्धन की रहिये।
नित प्रति मदनगोपाल लाल के चरन कमल चित चहिये॥

तन पुलकित ब्रजरज में लोटत गोविंद कुंड में नहिये।
रसिकप्रीतम हित चित की बातें श्रीगिरिधारीजी सों कहिये॥

श्रीहितदामोदर स्वामीजी

नमो-नमो भागवत पुरान।
महातिमिर अज्ञान बढ्यौ जग,
प्रगट भये जग अद्भुत भान॥
उदित सुभग श्रीमुख उदयाचल,
छिपे ग्रंथ उडुगनन समान।
जागे जीव निसि सोये अविद्या,
कियो प्रकास बिमल बिग्यान॥
फूले अंबुज वक्ता स्रोता,
हिमकर मंद मदन अभिमान।

छूटि गये कर्मन के बंधन,
मिट्यौ मोह गये सुख्यान॥
दरस्यो भक्ति-पथ अनुरागी,
सूझे सब्द स्वरूप निदान।
देखत नहीं उलूक सकामी,
जद्यपि दिनकर हैं बिद्यमान॥
राजत एक महा सरवोपर,
बढ्यौ प्रताप और न समान।
दामोदर हित सुर मुनि बंदित,
जय जय जय श्रीकृपानिधान॥

भगवान हित रामदासजी

और कोऊ समझै सो समझो हम कूँ इतनी समझ भली।
ठाकुर नंद किशोर हमारे ठकुराइन वृषभानु लली॥
श्रीदामादिक सखा श्याम के श्यामा सँग ललितादि अली।
व्रजपुर वास शैल वन विहरन कुंजन कुंजन रंग रली॥
इन के लाड़ चहूँ सुख अपनो भाव बेलि रस फलन फली।
कहै भगवान हित रामदास प्रभु सब तें इन की कृपा बली॥

श्रीकृष्णजनजी

सत्य सनेही साँवरो, और न दूजो कोय।
रे मन! ताको प्रीति कर, और सकल भ्रम खोय॥
पानी मैं ज्यौं बुदबुदा, ऐसी यह है देह।
बिनसि जाय पल एक मैं, या मैं नहिं सदेह॥
स्वासा चलत कुठार है, काटत तरुवर आय।
हो सचेत जै कृष्णजन, गिरिधर लाड़ लड़ाय॥
समय-समय पर करत सोइ, असन-बसन निरधार।
रे मन! तू अब सुख चहत, ऐसे प्रभुहिं बिसार॥
दैन कह्यौ तहँ नहिं दियौ, दियौ बिषय के हेत।
जनम गमायौ बादही, पायौ नरक निकेत॥
खाय गये खग खेत सब, रह्यौ सोई अब राख।
भज हरि चरन सरोज सो, सब सतन की साख॥
तिनका तोरै बज्र को, मसक बिदारै मेर।
ऐसी लीला कृष्ण की, तनक न लागै बेर॥
काया सहर सुहावनो, जहाँ जौहरी नैन।
हरि हीरा लै हेत सौं मोल, बोल मृदु बैन॥

महात्मा बनादासजी

(प्रेषक—प्रिन्सिपल श्री भगवतीप्रसादसिंहजी एम्० ए०)

(१)

राम भजे भये राम यही तन, गे मन बुद्धि औ चित्त अह सब।
बिधि और निषेध न जानत बेद, गये सब खेद अनंद भये अब॥
सिष्टि प्रलै थिति भूलि गई नहिं जानत देस औ काल अहै कब।
'दास बना' हम ब्रह्म, हमी स्वर, आवत है उठै स्वास जबै जब॥

(२)

अजब रँग अनुभौ बरसै लाग।
काम क्रोध मद आस बासना अर्क जवासहि झरसै लाग॥
लोभ मोह परद्रोह दोष दुख कलि कुचाल सब तरसै लाग।
इन्द्री दमन अमन सब भातिहि अरुचि होत अब छरसै लाग॥
छमासील सतोष सुराई साति सहज सुख सरसै लाग।
'दास बना' जपि नाम सो उपजा मुक्त करत नहिं अरसै लाग॥

(३)

'दास बना' पहुँचे मुकाम जे, आँखे कहत हवाला।
नसा ललाई, थकित पूतरी, पलक न लागत हाला॥
अलसाने-से रहत हमेसा हरि जस सुनि दृग नीरा।
ढरकि चलत, कबहीं भरि आवत पुलकावली सरीरा॥
गद्गद गर, चित साति, थका मन, तनहु थका दरसाई।
ग्यान बिराग भक्ति से पूरे जगत न सकत समाई॥
बैर प्रीति लखि परत न कतहूँ समता माँहिं मुकामा।
'दास बना' जहँ ये लच्छन तौ कवन भेद तेहिं रामा॥

(४)

सेवत सेवत सेव्य के सेवकता मिटि जाय।
'बनादास' तब रीझि कै स्वामी उर लपटाय॥
नाचत बीते बहुत दिन रीझ्यौ नहिं रिझवार।
'बनादास' तेहि नाच को, बार बार धिक्कार॥
कला कुसल सो सुंदरी घूँघट को नहिं दीन।
'बनादास' जाकी अदा एक ताल बस कीन॥

× × × ×

रहना एकांत सब बासना को अंत किये,
सातरस-साने औ न खेद उतसाह है।
धीर कुटी छाये, जाल जटा को मुँड़ायें, मोह-
कोह को नसाये, सदा बिना परवाह है॥
उद्दिम को डारें, मन मारें, औ बिचारें बेद,
हारे हक सारे औ बिचारें गुनगाह है।
तरक, तकरीरी औ जगीरी तीनिहूँ लोक,
'बना' आस फरक तो फकीरी वाह-वाह है॥

चन्दन-कुल्हाड़ी

काटइ परसु मलय सुनु भाई। निज गुन देइ सुगंध बसाई॥
ताते सुर सीसन्ह चढ़त जग बल्लभ श्रीखंड।
अनल दाहि पीटत घनहिं परसु बदन यह दंड॥

—(गोस्वामी श्रीतुलसीदासजी,
रामचरितमानस, उत्तरकाण्ड)

संत और बिच्छू

विश्वपावनी वाराणसि मे संत एक थे करते वास।
रामचरण-लवलीन-चित्त थे, नाम-निरत, नय-निपुण, निरास॥
नित सुरसरि में अवगाहन कर विश्वेश्वर-अर्चन करते।
क्षमाशील पर-दुख-कातर थे, नही किसी से थे डरते॥

एक दिवस श्रीभागीरथि मे ब्राह्मण विदथ नहाते थे।
दयासिंधु देवकिनन्दन के गोप्य गुणो को गाते थे॥
देखा, एक बहा जाता है वृश्चिक जलधारा के साथ।
दीन समझकर उसे उठाया संत विप्र ने हाथों हाथ॥

रखकर उसे हथेली पर निज, संत पोछने लगे निशंक।
खल, कृतघ्न, पापी वृश्चिक ने मारा उनके भीषण डंक॥
काँप उठा तत्काल हाथ, गिर पड़ा अधम वह जल के बीच।
लगा डूबने अथाह जल में निज करनी बस निष्ठुर नीच॥

देखा उसे मुमूर्षु, संत का चित करुणा से भर आया।
प्रबल वेदना भूल, उसे फिर उठा हाथ पर अपनाया॥
ज्यो ही सँभला, चेत हुआ, फिर उसने वही डंक मारा।
हिला हाथ, गिर पड़ा, बहाने लगी उसे जल की धारा॥

देखा पुनः संत ने उसको जल मे बहते दीन मलीन।
लगे उठाने फिर भी उसको क्षमामूर्ति प्रतिहिंसा-हीन॥
कहा रहे थे लोग निकट सब बोले क्या करते हैं आप?
"हिंसक जीव बचाना कोई धर्म नहीं है पूरा पाप॥

चक्खा हाथों हाथ विषम फल तब भी करते हैं फिर भूल।
धर्म देश को डुबा चुका भारत इस कायरता के कूल"॥
"भाई! क्षमा नहीं कायरता, यह तो वीरों का बाना।
स्वल्प महापुरुषो ने इसका है सच्चा स्वरूप जाना॥

कभी न डूबा क्षमा-धर्म से, भारत का वह सच्चा धर्म।
डूबा, जब भ्रम से था इसने पहना कायरता का वर्म॥
भक्तराज प्रह्लाद क्षमा के परम मनोहर थे आदर्श।
जिन से धर्म बचा था जो खुद जीत चुके थे हर्षामर्ष"॥

बोले जब हँसकर यो ब्राह्मण, कहने लगे दूसरे लोग।
"आप जानते हैं तो करिये हमे बुरा लगता यह योग"॥
कहा संत ने "भाई! मैंने बड़ा काम कुछ किया नही।
स्वभाव अपना बरता इसने, मैंने भी तो किया वही॥

मेरी प्रकृति बचाने की है, इसकी डंक मारने की।
मेरी इसे हराने की है, इसकी सदा हारने की॥
क्या इस हिंसक के बदले मे मैं भी हिंसक बन जाऊँ।
क्या अपना कर्तव्य भूलकर प्रतिहिंसा मे सन जाऊँ॥

जितनी बार डंक मारेगा उतनी बार बचाऊँगा।
आखिर अपने क्षमा-धर्म से निश्चय इसे हराऊँगा"॥
संतों के दर्शन, स्पर्शन, भाषण अमोघ जगतीतल में।
वृश्चिक छूट गया पापो से संत-मिलन से उस पल मे॥

खुले ज्ञान के द्वार, जन्म-जन्मान्तर की स्मृति हो आई।
छूटा दुष्ट स्वभाव, सरलता, शुचिता सब उस मे छाई॥
संत-चरण मे लिपट गया वह करने को निज पावन तन।
छूट गया भव-व्याधि विषम से हुआ रुचिर वह भी हरिजन॥

जब हिंसक जड जन्तु क्षमा से हो सकते हैं साधु सुजान।
हो सकते क्यों नहीं मनुज जो माने जाते है सज्ञान?
पढ़कर वृश्चिक और सत का यह रुचिकर सुखकर संवाद।
अच्छा लगे मानिये, तज प्रतिहिंसा, हिंसा, वैर, विवाद॥



संतका सहज उपकारी स्वभाव



भक्तोंकी क्षमा

भक्तोंकी क्षमा

प्रह्लादकी गुरु-पुत्रपर

जिसके भयसे त्रिभुवन काँपता था, वह स्वयं काँप उठा था पाँच वर्षके बालकके भयसे। सुरगण और लोकपाल जिस हिरण्यकशिपुके भयसे दिन-रात भयभीत रहते थे, वह अपने ही पुत्र प्रह्लादसे डर गया था। उसे आशङ्का हो गयी—'कहीं मेरी मृत्यु इसके विरोधसे न हो।'

'आप चिन्ता न करें!' दैत्यराजके पुरोहित आगे आये। 'यदि इसने हमारी बात न मानी तो हम इसे ठिकाने लगा देंगे।'

पुरोहितोंको अपनी अभिचार-विद्याका गर्व था। प्रह्लाद भगवान्‌का भजन छोड़ दे, यह तो होना था नहीं। पुरोहितोंने मन्त्र-बलसे कृत्या राक्षसी उत्पन्न की। प्रह्लादने तो डरना सीखा नहीं था। राक्षसी दौड़ी उन्हें निगलने—यह कहना ठीक नहीं है। उसने केवल दौड़नेकी इच्छा की।

जो निखिल-ब्रह्माण्डनायकके चिन्तनमें जागता रहता है, उसके 'योग-क्षेम'के रक्षणमें वह सर्वसमर्थ सो कैसे सकता है। कृत्याने उत्पन्न होते ही देखा कि वह प्रह्लादकी ओर तो पीछे झपटेगी, उसकी ओर महाचक्र झपटा आ रहा है—कोटि-कोटि सूर्य जिसकी किरणोंमें लुप्त हो जायँ, वह महाचक्र सुदर्शन। बेचारी कृत्या थी किस गणनामें। लेकिन कृत्या अमोघ होती है। उसे कुछ करना था—अपने उत्पन्न करनेवाले पुरोहितोंके प्राण लेकर वह अदृश्य हो गयी।

शण्ड और अमर्क—बालक प्रह्लादको मारनेको उद्यत दोनों पुरोहितोंकी लाश पड़ी थी। लेकिन प्रह्लाद भगवान्‌के भक्त थे न, वे इससे दुखी हुए कि मेरे कारण मेरे गुरुपुत्र मरे। वे हाथ जोड़कर प्रार्थना करने लगे—'यदि मेरे मनमें अपनेको मारनेवाले, अपनेको विष देनेवाले, अपनेको पर्वतसे फेकनेवालोंके प्रति भी कभी द्वेष न आया हो तो ये गुरुपुत्र जीवित हो जायँ। यदि मैंने अपनेको कष्ट देनेवाले दैत्यों, सर्पों, हाथियों और सिंहोंमें बिना किसी भेदके आपका दर्शन किया हो तो मेरे दयामय प्रभु! ये गुरुपुत्र जीवित हो जायँ।'

गुरुपुत्र जीवित हो गये। वे सचमुच जीवित हो गये। जो भगवान्‌से विमुख है, वह तो जीवित हो तो भी मृत है। प्रह्लादकी प्रार्थनासे गुरुपुत्रोंमें प्राण ही नहीं आये, उनमें भगवद्भक्ति भी आयी। उन्हें सच्चा जीवन मिला।

× × × ×

अम्बरीषकी दुर्वासापर

भगवान् नारायणके परम प्रिय भक्त महाराज अम्बरीष—अम्बरीष भगवद्भक्तिमें इतने तन्मय रहनेवाले कि स्वयं श्रीहरिको उनकी तथा उनके राज्यकी रक्षाके लिये अपने चक्रको नियुक्त कर देना पड़ा था। अम्बरीष-जैसे भगवद्भक्त नियमित एकादशी व्रत करें तो क्या आश्चर्य। एकादशीके व्रतका पारण द्वादशीमें होता है। एक पारणके समय दुर्वासाजी पहुँच गये। महाराजने भोजन करनेकी प्रार्थना की ऋषि उसे स्वीकार करके स्नान-संध्या करने चले गये।

द्वादशीमें पारण करना आवश्यक था। द्वादशी थी थोड़ी और दुर्वासाजी सन्ध्या करते हुए ध्यानस्थ होंगे तो कब लौटेंगे, यह कहा नहीं जा सकता था। व्रतकी रक्षा हो और अतिथिको भोजन कराये बिना भोजन करनेका अपराध भी न हो—ब्राह्मणोंकी आज्ञासे इस धर्म-संकटमें राजाने गङ्गा-जलसे आचमन कर लिया।

दुर्वासाजी लौटे। राजाने जल पी लिया, यह उन्होंने जान लिया। उनका तो नाम ही दुर्वासा ठहरा—क्रोधकी मूर्ति। एक जटा उखाड़कर कृत्या उत्पन्न कर दी राजाको नष्ट करनेके लिये।

राजा बिना हिले-डुले ज्यों-के-त्यों निर्भय खड़े रहे। भगवान्‌के चक्रने कृत्याको उत्पन्न होते ही भस्म कर दिया और दौड़ा दुर्वासाके पीछे। अब तो लेनेके देने पड़ गये। प्राण बचानेके लिये भागे दुर्वासा ऋषि, चक्र पीछे पड़ा उनके।

महर्षि दुर्वासा ब्रह्मलोक गये तो ब्रह्माजीने दूरसे कह दिया—'यहाँ स्थान नहीं है।' कैलास गये तो शंकरजीने रूखा-सा जवाब दे दिया—'मैं असमर्थ हूँ।' देवर्षि नारदके कहनेपर वैकुण्ठ गये; किंतु भगवान् नारायणने भी कह दिया—'मैं विवश हूँ। मैं भी भक्तोंके पराधीन हूँ। अम्बरीषके ही पास जाइये।'

चक्रकी ज्वाला शरीरको जलाये दे रही थी। दुर्वासाजी दौड़े आये और सीधे अम्बरीषके पैरोंपर गिर पड़े। बड़ा संकोच हुआ राजा अम्बरीषको। वे हाथ जोड़कर प्रार्थना करने लगे चक्रसे—'यदि मेरा कुल ब्राह्मणोंका भक्त रहा हो तो ये महर्षि तापरहित हो जायँ। यदि भगवान् नारायण मुझसे तनिक भी प्रसन्न हों तो महर्षि तापरहित हो जायँ।'

चक्र शान्त हो गया। राजाने दुर्वासाजीको भोजन कराया पूरे एक वर्ष बाद और तब स्वयं भोजन किया। केवल जल पीकर वे एक वर्षतक महर्षिके लौटनेकी प्रतीक्षा करते रहे थे।

रसिक संत सरसमाधुरी

(जन्म—वि० सं० १९१२ । जन्म-स्थान—मन्दसौर (ग्वालियर राज्य)। पिताका नाम—श्रीघासीरामजी। माताका नाम—श्रीपार्वतीदेवी। जाति—ब्राह्मण।)

(१)

जय जय श्री युगल विहारी।
कुंज नृपति नव नागरि नागर,
रस सागर रसिकन रिझवारी॥
अधम उधारन जन निस्तारन,
तारन तरन भक्त भयहारी।
श्यामल गौर किशोर किशोरी,
जोरी भोरी अति सुकुमारी॥
विधि हरि हर विनवत निशि वासर,
अवतारन हू के अवतारी।
कीजिये कृपा कमल पद सेवा,
सरसमाधुरी शरण तिहारी॥

(२)

भजो श्री राधे गोविन्द हरी॥
युगल नाम जीवन-धन जानो, या सम और धर्म नहि मानो।
वेद पुरानन प्रगट बखानो, जपै जोइ है धन्य घरी॥
कलियुग केवल नाम अधारा, नवधा भक्ति सकल श्रुति-सारा।
प्रेम परा पद लहै सुधारा, रसना नाम लगावो झरी॥
नृत्य करै प्रभु के गुन गावै, गदगद स्वर तन मन पुलकावै।
टहल महल कर हिय हुलसावै, सरसमाधुरी रंग भरी॥

(३)

भज मन श्री राधे गोपाल।
करुणा निधि कोमल चित तिन को, दीनन को प्रतिपाल॥
जिन को ध्यान किये सुख उपजै, दूर होत दुख जाल।
माया रहत चरन की चेरी, डरपत जिन सों काल॥
विहरत श्रीवृन्दावन माँहा, दोउ गल बैया डाल।
बिलसत रास विलास रँगीले गावत गीत रसाल॥
हँस हँस छीन लेत मन छल कर चञ्चल नैन विशाल।
सरसमाधुरी शरनागत को छिन में करै निहाल॥

(४)

राधिकावल्लभ ध्यान धरो उर, राधिकावल्लभ इष्ट हमार।
राधिकावल्लभ नाम जपो नित, राधिकावल्लभ ही हिय धार॥
राधिकावल्लभ जीवन है मम, राधिकावल्लभ प्राण तें प्यारे।
राधिकावल्लभ नैन बसे सरसमाधुरी होत नहीं छिन न्यारे॥

(५)

गावें श्यामा श्याम को, ध्यावें श्यामा श्याम।
निरखें श्यामा श्याम को, यही हमारो काम॥
यही हमारो काम, नाम दपति लौ लागी।
निज सेवा सुख रंग, महल लीला अनुरागी॥
सरसमाधुरी रंग रँगे, मदमाते डोलें।
मिले सजाती सग खोल अंतस मृदु बोलें॥

(६)

जगत मे भक्ति बड़ी सुख दानी॥
जो जन भक्ति करे केशव की सर्वोत्तम सोइ प्रानी।
आपा अर्पन करे कृष्ण को, प्रेम प्रीति मन मानी॥
सुमरे सुरुचि सनेह श्याम को, सहित कर्म मन बानी।
श्रीहरि छवि मे छको रहत नित, सोइ सच्चा हरि ध्यानी॥
सब मे देखे इष्ट आपनो, निज अनन्य पन जानी।
नैन नेह जल द्रवत रहत नित, सर्व अंग पुलकानी॥
हरि मिलने हित नित उमगे चित, सुध बुध सब बिसरानी।
विरह व्यथा मे व्याकुल निशि दिन, ज्यों मछली बिन पानी॥
ऐसे भक्तन के वश भगवत, वेदन प्रगट बखानी।
सरसमाधुरी हरि हँस भेटे, मेटे आवन जानी॥

(७)

भजन बिन नर मरघट को भूत।
श्यामा श्याम रटे रसना से तिन को जान सपूत॥
बिन हरि भजन करम सब अकरम, आठों गाँठ कपूत।
एक अनन्य भक्ति बिन कीये धृग करनी करतूत॥
निश दिन करत कपट छलबाजी, समझे नहीं अऊत।
सरसमाधुरी अंतकाल में मारेंगे यमदूत॥

(८)

भजन बिन नर सब पशू समान।
खान पान में उमर बितावत, और नहीं कुछ ज्ञान॥
मिल्यो आय भागन सो नर तन, अब तो समझ अजान।
सतसगत में बैठ ऐंठ तज, कर गोविंद गुण गान॥
छिन पल घड़ी घटत है स्वाँसा, काल रह्यो सर तान।
आय अचानक तक मारेगो, मौत सरूपी बान॥
फेर कछू नाहीं बनि आवै, निकस जाय जब प्रान।
सरसमाधुरी सब तज हरि भज कही हमारी मान॥

(९)

जगत में रहना है दिन चार ।
चेत हेत कर हरि सों प्यारे, हरि सुमरन की वार ॥
धरी पलक का नाहिं भरोसा, मौत बिछाया जार ।
इन्द्री भोग विषय वस हूये, फँसे सकल नर नार ॥
कर ले भजन संत गुरु सेवा, सब करनी को सार ।
सुकृत सौदा सत्य यही है, जीत जनम मत हार ॥
चला चली लग रही रैन दिन, मन मे सोच विचार ।
चला गया कोइ चला जात, कोइ चलने को तैयार ॥
स्वाँस स्वाँस मे सुमिर श्याम को, दया धर्म उर धार ।
सरसमाधुरी नाम नाव चढ़, उतरो भव जल पार ॥

(१०)

जगत मे सकल बटाऊ लोग ।
कोइ आवत कोइ जात यहां ते, झूँठो सुख संजोग ॥
भुगते करम भरम चौरासी, जनम मरन दुख रोग ।
जो उपजै सो निहचै बिनसे, काको कीजे सोग ॥
करे भजन निष्काम श्याम को, फिर नहिं होत वियोग ।
सरसमाधुरी सत्य कहत है, करे अमर पुर भोग ॥

(११)

थोड़ा जीवन जगत मे, सुन मेरे मन यार ।
सरसमाधुरी सबन सों, करो परस्पर प्यार ॥
राजी राखो सबन को, राजी रहिये आप ।
सरसमाधुरी सुहृदता, मेटत त्रयविधि ताप ॥
जग दम्पति सब छाड़ के, जावे खाली हाथ ।
सुमिरन सेवा भावना, चले जीव के साथ ॥
सुपना यह संसार है, मोह नींद मे जाग ।
नेकी करो प्रेम से हरो, हरि सुमरन को लाग ॥
जो जो मुख नाम हरि, जागे ताके भाग ।
सरसमाधुरी कोइ सुखी, लहे युगल अनुराग ॥
यही ज्ञान अरु ध्यान है, यही याग तप त्याग ।
सरसमाधुरी समझ मन, विषयन मे मत पाग ॥

(१२)

जगत यह जान रन का सपना ।
मात पिता परिवार नारि नर, हरि बिन कोइ न अपना ॥
निज स्वारथ के सगे सबेही, विविधि ताप मे तपना ।
बिछुरन मरन मिलन जीवन मे, करिये नहीं कलपना ॥
माया जाल जीव उरझायो, उपज उपज फिर खपना ।
सरसमाधुरी समझ मूढ मन, साँचा हरि हरि जपना ॥

दोहा

जो सेवा श्रीयुगल की, तन सों बनै न मित्त ।
तो मन सों कर भावना, समय-समय की नित्त ॥
गृह बन में जित नित रहो, गहो मानसी सेव ।
'सरसमाधुरी' भाव सों, सहचरि बन सुख लेव ॥
सुख की दंपति राशि है, तिन सों प्रेम बढ़ाव ।
'सरसमाधुरी' टहल को, नित-प्रति रख चित चाव ॥
जुगल लगन में मन मगन, राखहु आठों जाम ।
'सरसमाधुरी' सुरति सों, सुमिरहु स्यामा-स्याम ॥

श्रीमद्भगवत्-सेवाके बत्तीस अपराध

वाहनादि असवार हो, पहर खटाऊ पाँय ।
बदत्राण को पहर के, हरि मंदिर नहिं जाय ॥
जन्म अष्टमी आदि ले, हरि उत्सव दिन जान ।
सेव करे नहिं श्रीहरी, यह अपराध निदान ॥
हरि मंदिर मे जाय के, करे नहीं परणाम ।
नमन करे नहिं प्रेम सों, श्रीमत स्यामा स्याम ॥
अशुचि अंग जूँठे वदन, लघुशंकादिक जान ।
बिन धोये कर दण्डवत, यह अपराध प्रमान ॥
एक हाथ सों ही करे, श्रीहरि चरण प्रणाम ।
युगल हस्त जोड़े नहीं, यह अपराध निकाम ॥
श्रीहरि मूरति सामने, करे प्रदक्षिणा कोय ।
मन मे निश्चय कीजिये, यह अपराधहि होय ॥
हरि मूरति के आगाड़ी, पैठे पाँव पसार ।
करे अवज्ञा समझ बिन, पातक हेतु निहार ॥
कमर पर घुटनोन सों, वस्त्र बाँध कर जोय ।
सन्मुख बैठे श्री हरी, यह अपराधहि होय ॥
श्री मूरत के सामने पीवे पाँव पसार ।
यह भी पातक प्रगट है, कियो शास्त्र निचार ॥
श्रीहरि सन्मुख बैठ के, भोजन करे जो आन ।
यह भी पाप प्रत्यक्ष है, समझे सन्त सुजान ॥
हरि मंदिर मे बैठ के, मिथ्या बोल जोय ।
झूँठ बखाने बार्ता, यह भी पातक होय ॥
हरि मूरति सन्मुख कोइ, करे पुकार बकवाद ।
यह भी है अपराध ही, करनो वाद विवाद ॥
हरि मंदिर मे बैठ के, जग चर्चा अनुवाद ।
मनुष्य मंडली जोड़ के, करे सहित उन्माद ॥

मृतक भये प्राणीन को, और जगत संताप।
रोवे मंदिर बैठ के, सो भी कहिये पाप॥
मंदिर मॉंही बैठ के, करे ईर्षा जोय।
द्वेष करे प्राणीन सो, यह भी पातक होय॥
हरि मूरति के सामने, देहि किसी को दंड।
क्रोध करे मारे हने, यह भी पाप प्रचंड॥
श्रीठाकुर के सामने, जग लोगन को जान।
देवे आशिर्वाद ही, सोहू पाप पिछान॥
हरि मंदिर मे बैठ के, बोले बचन कठोर।
चित्त दुखावे और को, यह पातक सिरमोर॥
ऊन उपरणा ओढ के, हरि सेवा में जाय।
बाल गिरे मंदिर विषे, यह अपराध लगाय॥
ठाकुर सन्मुख बैठ के, निंदा करे बखान।
यह भी पाप पिछानिये, होय पुन्य की हानि॥
श्रीहरि मूरति सामने, अस्तुति भाखे और।
करे बड़ाई लोक हित, यहै पाप अति घोर॥
हास्य करे जिय और की, बोले बचन अयोग।
मंदिर मॉंही बैठ के, जीव दुखावे लोग॥
मदिर मॉंही बैठ के, छोड़े वायु अपान।
शुचि पवित्रता नष्ट हो, यह भी पातक जान॥
निज समर्थ तजि लोभ वश, करे कृपणता जान।
सेवे नहिं श्रीहरी को, यथाशक्ति हित मान॥
बिना समर्पे प्रभू के, भोग लगे बिन जान।
भखे वस्तु जो जीव यह, सो पातक अनुमान॥
ऋतुफल भोग धरे नहीं, श्रीमत राधेश्याम।
लाड लड़ा सेवे नहीं, सो भी पाप पिछान॥
भूत पितर अरु देवता, तिन के भोग लगाय।
सोइ समर्पे प्रभू को, यह भी पाप कहाय॥
पीठ फेर के बैठनो, श्रीठाकुर की ओर।
यही अवज्ञा विमुखता, अतिशय पाप कठोर॥
ठाकुर सेवा करत मे, जग जिय करे प्रणाम।
नमन करे डर लोभ वश, यहै पाप को काम॥
गुरु महिमा कोऊ करे, सुनत रहे चुपचाप।
निज मुख अस्तुति नाह करे, सो भी कहियत पाप॥
और देवता की करे, निंदा आप बखान।
यह भी कहियत पाप है, मन में समझ सुजान॥
अपने मुख ही सों करे, आप बड़ाई जान।
लघुता गुण धारे नहीं, यही पाप ले मान॥
यह चौंतीस जो पाप है, त्याग करो हरि सेव।
अपनावें ताको प्रभो, ह्वै प्रसन्न हरि देव॥
श्रीवाराह पुराण में, यह सेवा अपराध।
इन को तजि के प्रीति सों, भगवत पद आराध॥
भक्ति भाव कर सेइये, श्रीअरचा अवतार।
सरसमाधुरी कर कृपा, मिले युगल सरकार॥

संत लक्ष्मणदासजी

[जन्म—१९वीं शताब्दीका पूर्वार्द्ध, जन्मस्थान—गोंडा जिलेका नगवा ग्राम, जाति ब्राह्मण।]

(प्रेषक—प्रिन्सिपल श्रीभगवतीप्रसादसिंहजी एम० ए०)

लादौ नाम स्वजनवा हो मुनौ मन बनजरवा।
भीर गहीर कै आसन मारौ, प्रेम कै दिहौं बयनवा हो॥
साँच कै गोनिया मॉं जिनिस भरेव है, कसि लेव जान रसरवा हो।
अन्तर के कोठरी मॉं ध्यान लगावो, निसिदिन भजन बिचरवा हो॥
राति दिवस वाके देस न व्यापित स्याम हीरा के उजेरवा हो।
कहै लछन जन चलौ सतगुर घर अहुरि बहुरि न गवनवा हो॥

साँवरो धन धाम तुमारा॥

जागेव अलख पलक अबिनासी खोलेव गगन केवारा।
तापर दरस दियौ प्रभु दै है त्रिभुवन लोक उजियारा॥
नाद वेद जस बाजन लागे अनहद शब्द धुकारा।
मुनि जन राम नाम रट लागे संतन देस नगारा॥
सार सिव गावै सारद खड़ी नाचै, सेस कहत मुकताला।
देवन नृत्त करत सुरपुर चौंट परछत श्रीभगवाना॥
अतर गुलाब कुमकुमा केसरि अबिर लदा बुक मारा।
तापर घोरि घोरि रँग मारत चहुँ दिसि बहै रँग धारा॥
लगि बैराट सकल छबि जाको छकित भयौ मन हमारा।
लच्छन दास दया सतगुर कै रघुपति चरित निहारा॥

संत श्रीसगरामदासजी

कहे दास सगराम रामरस का ले गटका।
मत चूके अब दाव चार दिन का है चटका॥
ये चटका चूक्यॉ पछे मिले न दूजी बार।
लख चौरासी जोनि में दुख को आर न पार॥
दुख को आर न पार घणा मारेगा भटका।
कहे दास सगराम राम रस का ले गटका॥

कहे दास सगराम सुणो हो सज्जन मिता।
सारी बात मूँ जाण थने क्यों व्यापै चिंता॥
क्यो व्यापै चिंता थने सुख-सागर सूँ सीर।
राम भजन बिन दिन गया वो सालत है बीर॥
वो सालत है बीर आप जावे जब चिंता।
कहे दास सगराम सुणो हो सज्जन मिंता॥

कहे दास सगराम सुणो धन की धणियाणी।
कर सुकृत भज राम जाण धन ओस को पाणी॥
बहते पाणी धोय ले कृपा करी महाराज।
कारज कर ले जीव को करयो जाय तो आज॥
करयो जाय तो आज काल की जाय न जाणी।
कहे दास सगराम सुणो धन की धणियाणी॥

श्रीस्वामी रामकबीरजी

(प्रेषक—श्रीअच्चू यमनाथसहायजी बी० ए०, बी० एल्०)

बुरे ख्यालोंसे पीछा छुड़ानेके लिये ये ग्यारह युक्तियाँ बहुत उपकारी हैं :—

(१) मालिकसे प्रार्थना करना, (२) आलससे बचना, (३) कुसङ्गसे दूर रहना, (४) बुरी किताबें, किस्सा-कहानी न पढ़ना, (५) नाच-तमाशा, चेटक-नाटकमें न जाना, (६) अपनी निरख-परख करते रहना, (७) इन्द्रियोंको बुरे विषयोंकी ओर झुकने न देना, (८) जब बुरे चिन्तवन उठें तो चित्तसे नोचकर फेंक देना, (९) एकान्तमें मन-इन्द्रियोंकी विशेष रखवारी करना, (१०) परमार्थी शिक्षाओंको सदा याद रखना, (११) मौत और नरकोंके कष्टको याद दिलाकर मनको डरवाते रहना।

काम काम सब कोइ कहे, काम न चीन्हे कोय।
जेती मन की कल्पना, काम कहावत सोय॥

संत दीनदरवेश

[जन्म १८६३ वि०; स्थान डभोडा, गुजरात]

(प्रेषक—श्रीवैद्य बदरुद्दीन राणपुरा)

जितना दीसे थिर नहीं, थिर है निरंजन नाम।
ठाठ बाठ नर थिर नहीं, नाहीं थिर धन-धाम॥
नाहीं थिर धन-धाम, गाम-घर-हस्ती घोड़ा।
नजर आत थिर नाहिं, नाहि थिर साथ संजोड़ा॥
कहे दीनदरवेश, कहा इतने पर इतना।
थिर निज मन सत शब्द, नाहि थिर दीसे जितना॥

बंदा कर ले बदगी पाया नर-तन सार।
जो अब गाफिल रह गया, आयु बहे झख मार॥
आयु बहे झख मार, कृत्य नहिं नेक बनायो।
पानी बेर्दमान, कौन विधि जग मे आयो॥
कहत दीनदरवेश, फँस्यो माया के फदा।
पाया नर तन सार बंदगी कर ले बंदा॥

जिक्र बिना करतार के, जीव न पावत चैन।
चहुँ दिसि दुख मे डूबते, झूर रहे दो नैन॥
झूर रहे दो नैन, रैन दिन रोवत बीते।
हाय अभागी जीव पीव बिनु को नहिं मीते॥
कहत दीनदरवेश फिक्र अब दूर करीजे।
तब ही आवै चैन, जीव जब जिक्र करीजे॥

अमल चढ़ावा हो गया, लगी नशा चकचूर।
आली क्यो बूझत नहीं, मिल गये साहेब नूर॥
मिल गये साहेब नूर, दूर हुइ दुविधा मेरी।
विकट मोह की फाँस, छूट गइ संगति तेरी॥
कहत दीनदरवेश, अब यहाँ कहाँ रहावा।
लगी नशा चकचूर हो गया अमल चढावा॥

आली अमल छूटै नहीं, लग रहे आठो याम ।
मैं उन मे ही रम रहूँ, कहा और से काम ॥
कहा और से काम, नाम का जाम पिया है ।
जिन को मिल गये आप उसी ने देख लिया है ॥
कहे दीनदरवेश, फिरूँ प्रेमे मतवाली ।
लग रहे आठो याम अमल नहिं छूटै आली ॥

आली पिया के दरस की, मिटै न मन की आस ।
रैन दिनाँ रोवत फिरूँ, लगी प्रेम की फाँस ॥
लगी प्रेम की फाँस श्वास-उश्वास सँभारे ।
मैं उन की हुइ रोय, पीव नहि हुए हमारे ॥
कहत दीनदरवेश, आस नहिं मोहि जिया की ।
मिटै न मन की प्यास, आस मोहि दरस पिया की ॥

सोई घट-घट मे बसे, दूजा न बोलनहार ।
देखो जलवा आप का, स्वाविंद खेवनहार ॥
स्वाविंद खेवनहार, नाथ का यही नजारा ।
तू कहा जान अबूझ, बागी हविश का प्यारा ॥
कहत दीनदरवेश, फकीरी इल्म बखाने ।
दूजा न बोलनहार सोई नैयाँ पहचाने ॥

माया माया करत है, खाया खरच्या नाँहि ।
आया जैसा जायगा, ज्यूँ बादल की छाँहि ॥
ज्यूँ बादल की छाँहि, जायगा आया जैसा ।
जान्या नाहि जगदीस, प्रीत कर जोड़ा पैसा ॥
कहत दीनदरवेश, नहीं है अम्मर काया ।
खाया खरच्या नाँहि करत है माया-माया ॥

बंदा बहुत न फूलिए, खुदा खसमदा नाँहि ।
जोर जुलम मत कीजिये मरत लोक के माँहि ॥
मरत लोक के माँहि, तजुर्बा तुरत दिखावे ।
जो नर करै गुमान, वही नर खत्ता खावे ॥
कहत दीनदरवेश भूल मत गाफिल गंदा ।
खुदा खसंदा नाँहि बहुत मत फूले बंदा ॥

बंदा कहता मैं करूँ करणहार करतार ।
तेग कहा सो होय नहिं, होसी होवणहार ॥
होसी होवणहार, बोल नर वृथा उठावे ।
जो विधि लिख्या लिलार, तुरत वैसा फल पावे ॥
कहत दीनदरवेश हुकुम मे पान हलंदा ।
करणहार करतार, तुही क्या करसी बंदा ॥

धुरै नगारा कूच का, छिन भर छाना नाँहि ।
कोई आज कोई काल ही, पाव पलक के माँहि ॥
पाव पलक के माँहि, समझ ले मनवा मेरा ।
धरया रहे धन माल, होय जगल मे डेरा ॥
कहत दीनदरवेश जतन कर जीत जमारा ।
छिन भर छाना नाँहि कूच का धुरै नगारा ॥

हिंदू कहे सो हम बड़े, मुसलमान कहे हम्म ।
एक मूँग दो फाड़ है, कुण ज्यादा कुण कम्म ॥
कुण ज्यादा कुण कम्म, कभी करना नहिं कजिया ।
एक भजत है राम, दुजा रहिमान से रंजिया ॥
कहत दीनदरवेश, दोय सरिता मिल सिंधू ।
सब का साहब एक एक ही मुसलिम हिंदू ॥

बंदा बाजी झूठ है, मत साची कर मान ।
कहाँ सिकंदर गंग है, कहाँ अकब्बर खान ॥
कहाँ अकब्बर खान, भले की रहे भलाई ।
फतेह सिंह महाराज, देख उठ चल गये भाई ॥
कहत दीनदरवेश, सकल माया का धंधा ।
मत साची कर मान, झूठ है बाजी बंदा ॥

मर जावेगा मुरखा, क्यूँ न भजे भगवान ।
झूठी माया जगत की, मत करना अभिमान ॥
मत करना अभिमान, वेद शासतर यूं कहवे ।
तज ममता, भज राम, नाम सो अम्मर रहवे ॥
कहत दीनदरवेश, फेर अवसर कब आवे ।
भज्या नहीं भगवान, अरे मूरख मर जावे ॥

काल झपट्टा देत है, दिन मे बार हजार ।
मूरख नर चेते नहीं, कैसें उतरे पार ॥
कैसें उतरे पार, मोह मे हार्यो बाजी ।
भज्या नहीं भगवंत रह्यो माया मे राजी ॥
कहत दीनदरवेश, छोड़ दे कुड़-कपट्टा ।
दिन मे बार हजार, देत है काल झपट्टा ॥

राम रुपैया रोकड़ी, खरच्या खूटत नाँहि ।
साहेब सरिखा सेठिया, बसे नगर के माँहि ॥
बसे नगर के माँहि, हुंडियाँ फिरे न पाछी ।
क्या पैसे की प्रीत, प्रीत श्रीहरि की साची ॥
कहत दीनदरवेश त्याग वैराग रखैया ।
खरच्या खूटे नाँहि, राम है रोक रुपैया ॥

ताकूँ मनवा धिक्क है, साहेब समरथा नाहिं ।
अलख पुरुष नहिं ओलख्यो, पड्यो मोह के माँहि ॥
पड्यो मोह के माँहि समझ ले मनवा मेरा ।
पड्या पूतला जान, होयगा सूना डेरा ॥
कहत दीनदरवेश ज्ञान की लगी न धाकूँ ।
साहेब समरथा नाँहि, धिक्क है मनवा ताकूँ ॥

बंदा हरि के भजन बिन, तेरा कोइ न मित्त ।
तूँ क्यूँ भटके बावरे, कर ले नाम से प्रीत ॥
कर ले नाम से प्रीत, वही भवतारक सैयाँ ।
परमानंद को पेख यार ! क्यूँ राइ-भुलैयाँ ॥
कहत दीनदरवेश, कटे फिर काल का फंदा ।
जनम-मरण मिट जाय, हरी को भज ले बंदा ॥

माथिक विषय संसार का, देखत मन लोभाय ।
मनहि खींच हरि चरण मे, रखो सदा लव लाय ॥
रखो सदा लव लाय, लगा हरि से निरवाना ।
उन का नाम है योग, भागवत साँइ बखाना ॥
कहत दीनदरवेश, मिले उबरन का आरा ।
कबहुँ न मन लोभाय, देख माथिक संसारा ॥

सुंदर काया छीन की मानो क्षणभंगूर ।
देखत ही उड़ जायगा, ज्यूँ उड़ि जात कपूर ॥
ज्यूँ उड़ि जात कपूर, यही तन दुर्लभ जाना ।
मुक्ति पदारथ काज, देव नरतनहि बखाना ॥
कहत दीनदरवेश, संत दर्शन जन पाया ।
क्षणभंगुर संसार, सुफल भइ सुंदर काया ॥

देवाधिदेव दया करो, आयो तुम्हरे पास ।
भवोभवमे राचा रहूँ, तुम चरणन की आस ॥
तुम चरणन की आस, भक्ति-अनुराग बधैया ।
पल छिन विसरत नाह तुम्हा हो मेरे सैंया ॥
कहत दीनदरवेश मिटे संसार उपाधी ।
आयो तुम्हरे पास, दया करो देवदेवाधी ॥

संत पीरुद्दीन

[संत दीनदरवेशके शिष्य ।]

(प्रेषक—श्रीमाणिकलाल शंकरलाल राणा)

खालिक बिन दूजा कहाँ, साँई तेरा अबूझ ।
नूरे नजर देखे बिना किस विध पावत सूझ ॥
किस विध पावत सूझ फिरे हम अंध अभागी ।
मैरम नाम बिलाय तभी हम देखा जागी ॥
कहत पीरु दरवेश वही है मेरा मालिक ;
साँई पेख अबूझ, दूजा नहिं देखिय खालिक ॥

बाबा नबी

[संत दीनदरवेशके शिष्य ।]

(प्रेषक—श्रीमाणिकलाल शंकरलाल राणा)

मैं जानूँ हरि अधम उधारन पतित उबारन स्वामी रे ।
भक्त वत्सल भूधरजी रे, है एक नाम बहुनामी रे ॥
प्रथम भक्त प्रहलाद उबारे, ध्रुव को अमर पद दीन्हा रे ।
सुदामा के सब संकट काटे, हँस हँस तदुल लीन्हा रे ॥
पाचाली को चीर बढ़ायो, पाडव लिये उबारी रे ।
कौरव कुल को आप बिदारे, अर्जुन को रथ धारी रे ॥
गिरधारी तेरो नाम बड़ो है, जहर मीरा का पीया रे ।
नामदेव की गाय जिवाई, दामा के जीवण जीया रे ॥
सेन काज नाई बनि आये, माधव का मल धोया रे ।
ब्रह्मन के घर वास त्यागकर, सदन कसाइ मन मोहया रे ॥
बहुरंगी तोहे कौन बखाने, गोविन्दजी गर्वहारी रे ।
दास नबी को सरणै राखो, डूबत नैया तारी रे ॥

बाबा फाज़ल

[संत दीनदरवेशके शिष्य ।]

(प्रेषक—श्रीमाणिकलाल शंकरलाल राणा)

यदुपति कृष्ण मुरार, मोही बिदारिये ।
लंपट मन की चाल, चिदानँद वारिये ॥
नैया बहे मँझधार, खेवैया तारिये ।
फाज़ल अपनो जान, हरी उबारिये ॥

संत नूरुद्दीन

[संत दीनदरवेशके राममक्त शिष्य, अन्तिम जीवन सरयू-तटपर ।]

(प्रेषक—श्रीमाणिकलाल शंकरलाल राणा)

शबरी भिलनी जानि कै जूँठे खाये बैर ।
नाविक जन सरणे रख्यो कहा यवन सौं बैर ॥
कहा यवन सौं बैर जटायू खग थे प्राणी ।
वानर और किरात उबारे जाण अजाणी ॥
नूर फकीर जानैं नहीं जात बरन एक राम ।
तुव चरनन मे आय के अब तो कियो बिश्राम ॥

संत हुसैन खाँ

[संत दीनदरवेशके शिष्य ।]

(प्रेषक—श्रीमाणिकलाल शंकरलाल राणा)

बालमुकुन्दा माधवा केशव कृष्ण मुरार ।
यवन उधारन आइये निर्लज नंदकुमार ॥
निर्लज नंदकुमार नाथ छोंड़ो निदुराई ।
दूध दही घृत खाय यादव तेरी चतुराई ॥
हुसैन तेरा हो गया गिरधर गोविन्दा ।
केशव कृष्ण मुरार माधवा बालमुकुन्दा ॥

संत दरिया खान

[संत कमालके शिष्य ।]

(प्रेषक—श्रीमाणिकलाल शंकरलाल राणा)

तेरा जलवा कौन दिखावै ॥
तेल न बाति बुझत ना ज्योती जाग्रत कौन लखावै ।
बिज चमकै झिरमिर मेह बरसे नवरँग चीर भिजावै ॥
पल एक पिव दीदार न दीखे जियरा बहु तड़पावै ।
दरिया खान को खोज लगाकर आपहि आप मिलावै ॥

संत झूलन फकीर

[स्थान—अहमदाबाद, दरिया खानके शिष्य ।]

(प्रेषक—श्रीमाणिकलाल शंकरलाल राणा)

ख्वाब को देखके भूल मत रॉचिये,
यह बाजीगर का खेल है जी ।
रूप जोबन दिन चार का देखना,
जब लग दीप में तेल है जी ॥
हम तुम दोनो हिलमिल रहे, यह
सराब पल-छिन का मेल है जी ।
झूलन फकीर पुकारकर कहे
क्यो बंदे अब भी बदफेल है जी ॥

संत शम्मद शेख

[समय सतरहवी सदी, संत माधवदासजीके शिष्य ।]

(प्रेषक—श्रीमाणिकलाल शंकरलाल राणा)

सुहागिन पिय मे नाची हो ।
पल इक पीव को बिसरत नाहीं (तेरी) प्रीती साची हो ॥
रसना तेरी पीव रटन मे, नैन पियासी हो ।
जियरा तेरा पिव सँग बिरमे, (तेरी) काया काची हो ॥
तन मन झूला डोर बाँधकर पिव रँग राची हो ।
शम्मद शेख पिव माधव मिलते (हुई) काल की हाँसी हो ॥

बाबा मलिक

[स्थिति—मुगल बादशाह जहांगीरके समय, स्थान—गुजरातके भरौच जिलेमें आनन्दनगर । श्रीसंत हरिदासजीके शिष्य ।]

(प्रेषक—श्रीमाणिकलाल शंकरलाल राणा)

बाबा मोहे एक तिहारी आस ॥ टेक ॥
धन दौलत मेरे मन नहिं भावे, मैं हूँ तिहारो दास ।
तेरा है मै ठाढ़ रहा हूँ, मोय रखो चरन के पास ॥
रोजे कयामत कोइ न मेरा साहेब स्वामी खास ।
दास मलिक की लेहु खबरिया, एक दिन जंगल बास ॥

बाबा गुलशन

[गुरु—ब्रजदास नामक संत, ब्रजवासी मुस्लिम संत।]

(प्रेषक—श्रीमाणिकलाल शंकरलाल राणा)

मनमोहनि सूरत मोहन की, देखत जग लागि रहा सपना।
सुख चैन न सोंवरि सूरत बिनु, मोहे कोइ यहाँ न लगे अपना॥
चित चंचल हरि के चरन लग्यो, रसना लगि प्रिय नामहि जपना।
गुलशन तहकीक कर देख लिया, जग झूठ जँजाल मन की कल्पना॥

गुलशन काया कारमी कल मिट्टी का ढेर।
पाक खुदा के जिक्र बिन बंदे न पावत ल्हेर॥

ठाढी रह ब्रज ग्वालिनी गुलशन पूछत तोर।
ब्रजवासी वो कहाँ गये मुरलीधर चित चोर॥
पाजी नैन मानैं नहीं, गुलशन कह्यो समुझाय।
इत उत नित भटकत फिरैं स्याम छबी मन भाय॥
स्याम छबी जिन जिन लखी गुलशन चहैं न आन।
मुरलीधर सो मन लगा, उन्हें वही भगवान॥

संत दाना साहेब

[समय वि० सं० १७५० से १८००, स्थान चाँपानेर, काजी गुलशनके शिष्य।]

(प्रेषक—श्रीमाणिकलाल शंकरलाल राणा)

मुरलीधर स्याम की सोंवरी सूरत निरखत नैना छाकि रहे।
ब्रजवासी हुए ब्रज ठाढि रहूँ, बंसीधर माधुर बेणु बहे॥
बरसाना कुंज वृंदावनमें, हरि दीसत नाहीं कौन कहे।
दाना ब्रजसे नहि दूर रहे, यह जन्नत का सुख कौन लहे॥
दाना के दिल में लगी, पीय दरस की आस।
बिरहिन ब्रज में आइ कै, ठाढी ठौर उदास॥
मनमोहन! तुम हो कहाँ, ब्रजवासी सुख दैन।
सैयाँ तुम्हारे दरस बिनु, दाना बहावत नैन॥
बिलखत आयू बीत गइ, बीते जोबन वेश।
अब तो दरस दिखाइये, दर पै खड़ा दरवेश॥

संत केशव हरि

[स्थान—सौराष्ट्र, जन्म-संवत १९०७

(प्रेषक—श्रीमाली गोमतीदासजी)

जो शांत दांत सुसमाहित वीतराग।
जेने नथी जगत माँ रतिमात्र राग॥
जेने सदा परम बोध पवित्र धाम।
एने अमे प्रणय थी करिए प्रणाम॥
जेनो थयो सफल जन्म नृजाति रूप।
जेने सदा सुखद एक निज स्वरूप॥
जेनो सुखाश्रम विषे समये विराम।
एने अमे प्रणय थी करिए प्रणाम॥

देखाय तोय पण अन्तर माँहे गूढ़।
जेने विवेक विनयादि विचार रूढ़॥
जे आत्मलाभ थकि केवल पूर्णकाम।
एने अमे प्रणय थी करिए प्रणाम॥
जे त्यागवान पण छेवट एक रागी।
रागी जणाय पण अंतर माँ विरागी॥
जेनु सदा रटण केशव राम नाम।
एने अमे प्रणय थी करिये प्रणाम॥

संत यकरंगजी

निसिदिन जो हरि का गुन गाय रे।
बिगड़ी बात बाकी सब बन जाय रे॥

लाख कहूँ मानै नहि एकहु।
अब कहो, कबलगा हम समझायें रे॥

सोच विचार करो कुछ 'यकरँग'।
आखिर बनत बनत बन जाय रे ॥

सांवलिया मन भाया रे ॥
मोहिनी सूरत मोहिनी मूरत,
हिरदै बीच समाया रे।
देस मे ढूँढा, विदेस मे ढूँढा,
अत को अत न पाया रे ॥
काहू मे अहमद, काहू मे ईसा,
काहू मे राम कहाया रे।
सोच-विचार कहै 'यकरँग' पिया,
जिन ढूँढा तिन पाया रे ॥

हरदम हरि-नाम भजो री ॥
जो हरदम हरि-नाम को भजिहौ, मुक्ति है जैहै तोरी।
पाप छोड़ के पुन्य जो करिहौ, तब बैकुंठ मिलो री।
करम से धरम बनो री ॥
'यकरँग' पियसों जाइ कहौ कोइ, हर घर रँग मचो री।
सुर नर मुनि सब फाग खेलत है, अपनी-अपनी जोरी।
खबर कोई लेत न मोरी ॥

मितवा रे! नेकी से बड़ा पार।
जो मितवा तुम नेकी न करिहौ, बुड़ि जैहौ मँझधार ॥
नेक करम मे धरम सुधरिहै, जीवन के दिन चार।
'यकरँग' जागो खैर हशर की, जासौं हो निस्तार ॥

संत पूरण साहेब

(कबीरपंथी साधु)

नरतन काहे को धरे हो चेतन!
पशुवत कर्म करत हो जग मैं, विषयन संग जरे।
सतसंगति चीन्ही नहिं कबहूँ, बहु भ्रम फंद परे ॥
सुत दारा परिवार कुटुम सब, मोह-धार मैं परे।
'पूरन' परख पाय बिन हसा, जनम-मरन न टरे ॥

या तन की केती असनाई! थोरे दिनन मे माटी मिलाई ॥
जल पृथ्वी मिलि बनो है सरीरा, अग्नि पवन ता मध्य समाई।
सून्य स्वभाव अकास भरो है, तू नहिं जानत चेतन सॉई ॥

धन-संपति छिनभंग सकल जग, छिनभगी सब मान बड़ाई।
भूक तिन को जो इन कों मानत, 'पूरन' पारख बिन दुखदाई ॥

समुझि बूझि कछु लीजिये मनुआ! जग मे चित्त न दीजिये ॥
जो आपुहि बौराय गयो है, ताको सग न कीजिये।
विषयन के मदमाते जियरा, तिनके ज्ञान नहिं भीजिये ॥
चोखो तीर परवान मे मारो, नास्ति हेतु नहिं रीझिये।
कहै 'पूरन' सुखरूप परख पद, ताहि अमल रस पीजिये ॥

मीर मुराद

[कविराज चारण काहनदासके शिष्य, स्थान—बडोदा राज्यमे विलवाई ग्राम।]

(प्रेषक—श्रीमाणिकलाल शंकरलाल राणा)

मुरलीधर! मुख मोड़के अब मत रहियो दूर।
मुराद आयो शरण मे, रखियो हरी हजूर ॥
स्याम छबी हिरदै लखी, अब कहा निरखूँ आन।
मुराद दूसरा कोउ नही, नाम किया निरबान ॥
बिलखत मन हरि के बिना, दरस बिना नहिं चैन।
मुराद हरि के मिलन बिन, बरखा ज्यूँ बहैं नैन ॥

संत भाण साहेब

[जन्म—सवत १७५४ माघी पूर्णिमा, जन्म-स्थान—सौराष्ट्रमें ग्राम कनखीलोड, पिताका नाम—कल्याण भगत, माताका नाम—अम्बाबाई, प्रसिद्ध संत।]

(प्रेषक—साधु दयालदास मगलदास)

साचु नाम साहेबनुं, जुठुं नहिं जराय।
भाण कहे प्रेमे भजे, तो भारे कामज थाय ॥
भाण कहे भटकीस मा, मथी जोने मॉहिं।
समजीने जो सुइ रहे, तो करवुं नथी कांइ ॥

बोले ए बीजो नहीं, परमेश्वर पोते।
अज्ञानी तो आँधलो, अळगो जइने गोते॥
एक निरंजन नामज साथे मन लाग्यो छे मारो।
गुरु प्रताप साधु नी संगत, आव्यो भवनो आरो॥
कूड़े कपटे कोइ न राचो, सतमारगने चाहो।
गुरुने बचने ग्यान ग्रहीने, नित्य गंगा मां नाहो॥
घट प्रकासा गुरुगम लाधी, चौरासीनो छेड़ो।
जेरे देव ने दूर देखता, नजरे माल्यो नेड़ो॥
अनँत करोड़ पृथ्वी माँ आतम, नजरे करीने निहालो।
भ्राति भ्रमणा भवनी भाँगी, शिवे जीव समाणो॥
जळ झाँझवे कोई ना राचो, जूठो जग संसारो।
भाणदास भगवंतने भजिये, जेहि सब भुवन पसारो॥

संत रबि साहेब

[जन्म—संवत् १७९३, स्थान—गुजरात आमादे ताल्लुकेमें नणछा नामक ग्राम। भाणसाहेबके शिष्य।]
(प्रेषक—साधु दयालदास मंगलदास)



राम निरंजन देव भेद जाणैं शिव शंकर।
रात दिवस लव लाय रटत रामहिं निज अक्षर॥
उनहिं दिया उपदेश रह्या कबहू नहिं शूला।
राम नाम इक सार तत्व सबही का मूला॥
राम। रघुवंसी सकल अखिल रूप आनंद है।
रविदास एक श्रीनाम बिन सकल जगत यह फंद है॥

रसना राम सँभारिये, श्रवनहिं सुनिये राम।
नयने निरखहु राम कूँ, रबीदास यहि काम॥
संत अनेकन जे भये, कीन्हीं राम पुकार।
रबीदास सब छोड़ि के, रामहिं राम उचार॥

(प्रेषक—वैद्य श्रीबदरुद्दीनजी राणपुरी)

जग जीवन जै शब्द श्रिए सब सृष्टि उपाया।
ररा रमता राम ममा निज ब्रह्म की माया॥
जीव कहै जै राम नाम से अघ सब भागै।
श्वासो श्वासा रटन स्वपन से सूता जागै॥
जै श्रीराम मुख उचरै हिय माहीं हेते करी।
रविदास नाम कहि चीन्हतॉ योनि जन्म न आवै फरी॥

दोहा

नैनहिं निरखैं राम कूँ, छए नैन के माहिं।
राम रमत नित दृगन मे, रवि कोउ जानत नाहिं॥
रग-रग राम रमी रह्यो, निर्गुन अगुन के रूप।
राम-श्याम रवि एक ही, सुंदर सगुन सरूप॥

राम भजन बिना नहिं निस्तारा रे,
जाग जाग मन क्यूँ सोता।
जागत नगरी मे चोर न लूटे झख मारे जमदूता॥
जप तप करता कोटि जतन कर कासी जाइ करवत लेता।
मुवा पीछे तेरी होय न मुकती ले जायगा जमदूता॥
जोगी होकर बसे जँगल मे अंग लगावे भभूता।
दमड़ी कारण देह जलावे, ये जोगी नहिं रे जगधूता॥
जाकी सूरत लगी राम से काम क्रोध गर्दन लेता।
अधर तख्त पै आसन लगावै ये जोगी ने जग जीता॥
ऊँच्या नर सो गया चौरासी जाग्या सो नर जगजीता।
कह रविदास भाण परतापे अनुभविया अनुभव पोता॥

संत मौजुद्दीन

[जाति पठान, कच्छके भाण साहेबके शिष्य, मस्त फकीर।]
(प्रेषक—श्रीमाणिकलाल शंकरलाल राणा)

मैयाँ तोहि भावत ना सत्संगा, यहि नाम अमीरस गंगा॥
हरी विमुख तेरी छाँह न देखूँ, कबहुँ करूँ ना संगा।
संग तिहारे कुबुद्धी उपजत, परत भजन में भंगा॥
काचा दूध पिलाया निशिदिन, विष नहिं तजै भुजंगा।
कागा तोहि कपूर न भावे, ज्यों स्वान नहाये गंगा॥
मर्कट कहा भूषन पहिनाये, अगरु लेप खर अंगा।
सुरसरिता कहा गज अन्हवाये धूलि चढ़ावत अंगा॥
काली कमरिया साँई ओढ़े चढ़त न दूजा रगा।
भाणसाहेब गुरु भेद बताया, मौज मिले सत्संगा॥

संत मोरार साहेब

[मारवाड धराद नामक राज्यके राजकुमार, रविसाहेबके शिष्य, जन्म—संवत् १९०२, समाधि-स्थान—खंभालिया, सौराष्ट्र।]

(प्रेषक—साधु दयालदास मंगलदास)



मुजरो आय करत मोरार।
शरनागत सुख सुजस श्रवन
कर आये गरीबनेवाज॥
अजामील, गज, गनिका तारी
आरत सुनि के अवाज।
ऋषि की नारि अहल्या तारी
चरन-सरन सुख साज॥
धन्ना, सेना, सजन कसाई किये सबन के काज।
व्याध, गीध, पशु, पारधि तारे पतितन के सिरताज॥
पतीतपावन नेह-निभावन राजत हो रघुराज।
दास मोरार मौज यह माँगै दीजे अभयपद आज॥

(प्रेषक—वैद्य श्रीबदरुद्दीनजी राणपुरी)

गोविंद गुण गाया नही, आळस आवी रे अभागी।
अंतर न टळी आपदा, जुगते न जोयुं जागी॥
जनम गयो जंजाळ माँ, शब्दे लक्ष्य न लागी।
भजन तूँ भूल्यो रामनुं, मोह ममता नव त्यागी॥
धन रे जोबन नॉ जोर माँ बोले ऑख चढावी।
संत चरणने सेव्या नही, कर्मे कुबुद्धि आवी॥
अखंड ब्रह्मने ओळग्वो सुंदर सदा रे सोहागी।
मोरार कहे महापद तो मळे, मनवो होय रे वेरागी॥

संत कादरशाह

[रवि साहेबके शिष्य।]

(प्रेषक—श्रीमाणिकलाल शंकरलाल राणा)

रवि साहेब गुरु सूरमा, काटी भव-जंजीर।
कादर अपनो जानि के, ले गये भव-जल तीर॥
यह संसार सूना लगो, माया लगे बिषधार।
कादर कफनी पहिन के, खोजे खेवनहार॥
तन पै भस्म रमाय के, लिया फकीरी वेश।
कादा कादर क्या हुआ, कैसे भया दरवेश॥
हरि-सुमिरण में रॉच के, छाँडे जग-जंजाल।
कादर अब कैसे रहे, भज मन श्रीगोपाल॥
कादर नैना खोलिये, आये खेवनहार।
पामर बहु पछिताओगे, नैया डूबे (मझ) धार॥

संत गंग साहेब

[खीम साहेबके सुपुत्र, रवि साहेबके शिष्य।]

(प्रेषक—साधु दयालदास मंगलदास)

आये मेरे आँगन मुकुट मणी।
जन्म जन्म के पातक छूटे सतगुरु शान सुनी॥
कोटि काम रवि किरणें लाजें ऐसी शोभा बनी।
कलीकाल के थाणे उठाए शून्य शब्द जब धुनी॥
कमलनयन कृपा मुझ पर कीन्ही नैनन लिखि लीनी।
चित्त चरण से बिछुरत नाहीं ऐसी आय बनी॥
गंगदास गुरु किरपा कीन्ही मन रवि भाण भणी।
खीमदास यह शान बताई मिले मोहि धुन धनी॥

साईं करीमशा

[मोरार साहेबके शिष्य । स्थान—कच्छ ।]

(प्रेषक—श्रीमाणिकलाल शंकरलाल राणा)

तेरो अवसर बीत्यो जाय बावरे, दो दिन को मेहमान ॥ टेक ॥
बड़े बड़े बादशाह देखे, नूरे नज़र बलवान ।
काल कराल से कौन बचे हैं, मिट गये नाम निशान ॥
गज घोड़े अरु सेना भारी, नारी रूप की खान ।
सभी एक दिन न्यारे होकर, जा सोये समसान ॥
संत समागम समझ न जाने, रहे विषय गलतान ।
पचे रहे दिन रात मद मति, जैसे सूकर स्वान ॥
इक पल साहेब नाम न लीन्हा, हाय अभागे जान ।
पतीतपावन देख पियारे, हो जावे कल्यान ॥
हरिहर छाँड़ आन कहँ भटके रे मन मेरे ! मान ।
साँइ करीमशा साहेबजी से अब तो कर पहचान ॥

संत बहादुर शा

(प्रेषक—वैद्य श्रीबदरुद्दीन राणपुरी)

अब चौथा पद पाया सतो ॥
नाभि कमल से सुरता चाली सुलटा दम उलटाया ।
त्रिकुटि महल की खबर पड़ी जब आसन अधर जमाया ॥
जाग्रत स्वप्न सुषुप्ती जाणी तुरिया तार मिलाया ।
अन्तर अनुभव ताली लागी शून्य मँडल में समाया ॥
चाली सुरता चढ़ी गगन पर अनहद नाद बजाया ।
रुनझुन रुनझुन हो रणकारा वामें सुरत समाया ॥
देवी देव वहाँ कछु नाहीं नहीं धूप नहिं छाया ।
रामदास चरणे भणे बहादुर शा निरख्या अमर अजाया ॥

संत त्रीकम साहेब

(खीम साहेबके शिष्य ।)

[प्रेषक—साधु दयालदास मंगलदास]

सनमुख हेरा साहब मेरा ।
बाहिर देख्या भीतर देख्या देख्या अगम अपारा ॥
है तझ माहीं सफल नाहीं गुरु बिन घोर अँधेरा ।
यह संसार स्वप्न की बाजी तामें चेत सवेरा ॥
आवागमन का फेरा टलिया पल में हुआ निरवेरा ।
त्रीकम संत खीमने चरणे तोड़ ॥ जम का चँजीरा ॥

संत लाल साहब

(प्रेषक—साधु दयालदास मंगलदास)

हरिजन हरि दरबार के, प्रगट कर पोकार ।
शब्द पारखु लालदास, समझे समझनहार ॥
चेत बे चेत अचेत क्यूँ आँधरा ! आज अरु काल मे उठ जाई ।
मोह का सोह में सार नहीं सुद्ध की अध के धंध मे जन्म जाई ॥
काल कूँ मारकर कुबुधि कूँ रोधकर भरम का कोट कूँ भाँग भाई ।
खबर कर खबर कर खोज ले नाम कूँ याद कर शब्द संभाल भाई ॥

संत शाह फकीर

ध्यान लगावहु त्रिपुटी द्वार, गहि सुषमना बिहँगम सार ।
पैठि पताल मे पश्चिम द्वार, चढि सुमेरु भव उतरहु पार ॥
हफ्त[1] कमल नीके हम बूझा, अठयें बिना एको नहिं बूझा ।
'शाह फकीरा' यह सब धद, सुरति लगाउ जहाँ वह चद ॥
अनहद तानहिं मनहिं लगावै, सो भूला प्रभु-लोक सिधावै ।
सुनतहिं अनहद लागै रंग, बरि उठै दीपक बरै पतंग ॥
'शाह फकीरा' तहाँ समावै, चिरुवा[2] पानी नदी मिलावै ।
मन-कच्छी[3] अति जोर है, मानत नाहीं थीर ।
कड़ा लगाम दै के पकरु, सच्चे 'शाह फकीर' ॥

१. सात । २. चिल्लूभर । ३. कच्छ देशका घोड़ा ।

गोस्वामी श्रीहरिरायजी महाराज

भगवान् श्रीकृष्ण ही एकमात्र शरण हैं

सर्वसाधनहीनस्य पराधीनस्य सर्वतः ।
पापपीनस्य दीनस्य श्रीकृष्णः शरणं मम ॥ १ ॥

यज्ञ तथा ज्ञान इत्यादि परमात्माकी प्राप्ति करानेवाले साधनोंसे रहित, सभी प्रकारसे परतन्त्र, विविध प्रकारके पापोंसे पुष्ट मुझ दीनके लिये साधनहीन जीवोंके उद्धारक श्रीकृष्ण ही शरण हैं॥ १ ॥

संसारसुखसम्प्राप्तिसम्मुखस्य विशेषतः ।
बहिर्मुखस्य सततं श्रीकृष्णः शरणं मम ॥ २ ॥

अधिकतर सांसारिक अनित्य सुखोंकी प्राप्तिके लिये ही उद्योगमें तत्पर, मिथ्या सांसारिक प्रपञ्चोंमें ओतप्रोत हो जानेसे सदा बहिर्मुखी प्रवृत्तिवाले मुझ दीनके लिये निःसाधन जीवोंके समुद्धर्ता भगवान् श्रीकृष्ण ही शरण हैं॥२॥

सदा विषयकामस्य देहारामस्य सर्वथा ।
दुष्टस्वभाववामस्य श्रीकृष्णः शरणं मम ॥ ३ ॥

सर्वदा विषयोंकी इच्छा रखनेवाले, नितरा दैहिक सुखमें ही आनन्द माननेवाले और कामुकता तथा लुब्धता इत्यादि दुष्ट स्वभावोंसे अत्यन्त कुटिल मुझ साधनहीनके लिये निःसाधन जीवोंके उद्धार करनेवाले श्रीकृष्ण ही शरण हैं॥ ३ ॥

संसारसर्पदष्टस्य धर्मभ्रष्टस्य दुर्मतेः ।
लौकिकप्राप्तिकष्टस्य श्रीकृष्णः शरणं मम ॥ ४ ॥

संसाररूपी साँपसे डसे हुए, स्वधर्मको नहीं माननेवाले, दुष्टबुद्धि और अनेकों प्रकारके लौकिक पदार्थोंकी प्राप्तिके लिये कष्ट उठानेवाले सर्वसाधनहीन मुझ दीनके समुद्धारक श्रीकृष्ण ही हैं ॥ ४ ॥

विस्मृतस्वीयधर्मस्य कर्ममोहितचेतसः ।
स्वरूपज्ञानशून्यस्य श्रीकृष्णः शरणं मम ॥ ५ ॥

अपने धर्मको भूल जानेवाले, कर्म-जालसे किंकर्तव्य-विमूढ़ चित्तवाले, स्वरूपज्ञानसे रहित मुझ साधनहीन दीनके शरण निःसाधन जीवोंके उद्धारक श्रीकृष्ण ही हैं, अन्य नहीं ॥ ५ ॥

संसारसिन्धुमग्नस्य भग्नभावस्य दुष्कृतेः ।
दुर्भावलग्नमनसः श्रीकृष्णः शरणं मम ॥ ६ ॥

संसाररूपी अगाध समुद्रमें डूबे हुए, नष्ट सद्भावना-वाले (प्रभुप्रेम-विहीन), दुष्कर्मकारी, बुरी भावनाओंमें सलक्त अन्तःकरणवाले सर्वसाधनहीन मुझ दीनके निःसाधन जीवोंके समुद्धर्ता श्रीकृष्ण ही शरण हैं ॥ ६ ॥

विवेकधैर्यभक्त्यादिरहितस्य निरन्तरम् ।
विरुद्धकरणासक्तेः श्रीकृष्णः शरणं मम ॥ ७ ॥

विवेक, धैर्य और भक्ति इत्यादि परमात्माकी प्राप्ति करानेवाले कार्योंसे सर्वथा रहित तथा निरन्तर परमात्माकी प्राप्तिके बाधक अनुचित कार्योंमें तत्पर सर्वसाधनहीन मुझ दीनके शरण श्रीकृष्ण ही हैं, जो साधनहीन अनेकों जीवोंका उद्धार किया करते हैं ॥ ७ ॥

विषयाक्रान्तदेहस्य वैमुख्यहतसन्मतेः ।
इन्द्रियाश्ववशगृहीतस्य श्रीकृष्णः शरणं मम ॥ ८ ॥

कामादि विषयोंसे अभिभूत शरीरवाले, परमात्माकी ओर-से विमुख होनेके कारण शुभ बुद्धिको गँवा देनेवाले, इन्द्रिय रूपी दुष्ट घोड़ोंके अधीन हो जानेवाले, सर्वसाधनहीन मुझ दीनके शरण निःसाधन जीवोंके समुद्धारक भगवान् श्री-कृष्ण ही हैं ॥ ८ ॥

एतदष्टकपाठेन श्रीमदुक्तार्थभावनात् ।
निजाचार्यपदाम्भोजसेवको दैन्यमाप्नुयात् ॥ ९ ॥

इस श्रीकृष्ण-शरणाष्टकके पाठ करनेसे तथा इस अष्टक-में कहे हुए अर्थोंका ध्यानपूर्वक मनन करनेसे अपने आचार्य श्रीमहाप्रभुजीके चरणकमलोंका उपासक दीनताको प्राप्त करता है, जिस दीनताके प्राप्त हो जानेपर वह भगवान्‌की शरणमें जाता है और वे प्रसन्न होकर उस भक्तको अपना लेते हैं। इसलिये दीनतापूर्वक प्रभुकी शरणमें जाना ही इस अष्टकका प्रधान उद्देश्य है ॥ ९ ॥

भगवान् श्रीनवनीतप्रियजीका स्तवन

अलकावृतलसदलिके विरचितकस्तूरिकातिलकं ।
चपलयशोदाबाले शोभितभाले मतिर्मेऽस्तु ॥ १ ॥

घुँघराले बालोंसे आच्छादित, अत्यन्त सुन्दर रीतिसे किये हुए कस्तूरीके तिलकसे विभूषित रमणीय ललाटवाले श्रीयशोदाजीके चञ्चल बालक श्रीकृष्णमें मेरी बुद्धि सदा स्थिर रहे ॥ १ ॥

मुखरितनूपुरचरणे कटिबद्धक्षुद्रघण्टिकाभरणे ।
द्वीपिकरजकृतभूषणभूषितहृदये मतिर्मेऽस्तु ॥ २ ॥

मधुर शब्द करनेवाले नूपुरोंसे सुशोभितचरण, कमरमें बँधी हुई क्षुद्रघण्टिकाओं (छोटे-छोटे घुँघरुओंसे युक्त मेखला) से विभूषित वस्त्रवाले, बाघ-नखसे बनाये हुए आभरणोंको हृदयपर धारण करनेवाले श्रीकृष्णमें मेरी बुद्धि स्थिर हो ॥ २ ॥

करधृतनवनवनीते हितकृतजननीविभीषिकाभीते ।
रतिमुद्वहताच्चेतो गोपीभिर्दयतां नीते ॥ ३ ॥

ताजे माखनको करकमलोंमें धारण करनेवाले, सदा हित-बुद्धिसे दी हुई माता श्रीयशोदाजीकी डाँटसे डरे हुए और गोपिकाओंद्वारा वशमें किये हुए श्रीकृष्णमें मेरा चित्त प्रेम धारण करे ॥ ३ ॥

बालदशामतिमुग्धे चोरितदुग्धे व्रजाङ्गनाभवनात् ।
तदुपालम्भवचोभयविभ्रमनयने मतिर्मेऽस्तु ॥ ४ ॥

बाल्यावस्थाकी बुद्धि तथा चञ्चलता इत्यादिसे अत्यन्त मनोहर लगनेवाले, व्रज-गोपियोंके घरसे दूध चुरा लेनेवाले, गोपियोंके उलाहनोंके भयसे व्याकुल (भयभीत)-नयन श्रीकृष्णमें मेरी बुद्धि स्थिर हो ॥ ४ ॥

व्रजकर्दमलिप्ताङ्गे स्वरूपसुषमा जितानङ्गे ।
कृतनन्दाङ्गणरिङ्गणविविधविहारे मतिर्मेऽस्तु ॥ ५ ॥

व्रजके कीचड़से लथपथ शरीरवाले, अपने शरीरकी मनोहरतासे कामदेवको जीत लेनेवाले अर्थात् अद्वितीय सौन्दर्यशाली, श्रीनन्दजी महाराजके आँगनमें अनेकों प्रकारकी गतिसे बाललीला करनेवाले श्रीनन्दनन्दनमें मेरी बुद्धि स्थिर हो ॥ ५ ॥

करवरधृतलघुलकुटे विचित्रमायूरचन्द्रिकामुकुटे ।
नासागतमुक्तामणिजटितविभूषे मतिर्मेऽस्तु ॥ ६ ॥

मनोहर हाथमें सुन्दर तथा छोटी लकुटियाको धारण करनेवाले, मोरपिच्छकी चित्र-विचित्र चन्द्रिकाओंसे बनाये हुए मुकुटको धारण करनेवाले, मोती और मणियोंसे जड़े हुए नकबेसरको नासिकामें धारण करनेवाले श्रीनन्दकिशोरमें मेरी बुद्धि स्थिर हो ॥ ६ ॥

अभिनन्दनकृतनृत्ये विरचितनिजगोपिकाकृत्ये ।
आनन्दितनिजभृत्ये प्रहसनमुदिते मतिर्मेऽस्तु ॥ ७ ॥

अभिनन्दन किये जानेपर नृत्य करनेवालेपर, अपनी प्रेयसी गोपिकाओंके छोटे-मोटे सभी प्रकारके काम कर देनेवाले, अपने सेवकोंको अनेक प्रकारकी लीलाओंका आस्वादन कराकर आनन्दमग्न कर देनेवाले तथा अधिक हास्यसे आनन्दित होनेवाले श्रीकृष्णमें मेरी मति स्थिर रहे ॥ ७ ॥

कामादपि कमनीये नमनीये ब्रह्मरुद्राद्यैः ।
निःसाधनभजनीये भावतनौ मे मतिर्भूयात् ॥ ८ ॥

कामदेवसे भी परम सुन्दर, ब्रह्मा और रुद्र इत्यादिसे भी नमस्कार करने योग्य, साधनहीन मनुष्योंद्वारा भी भजने योग्य, भावनारूपी श्रीअङ्गवाले श्रीनन्दनन्दनमें मेरी बुद्धि दृढ हो ॥ ८ ॥

चौरासी अमृत-वचन

१—भगवदीय वैष्णव सदैव मनमें प्रसन्न रहे । अमङ्गलरूप, उदास न रहे ।

२—श्रीभगवान्‌के मन्दिरमें नित्य नूतन उत्सव मनाये ।

३—अपने ठाकुरजीकी सेवा दूसरोंके भरोसे न रक्खे । अपने मस्तकपर जो सेव्य स्वरूप विराजमान हों, उसकी सेवा हाथमें करनी चाहिये ।

४—किसीसे विरोध नहीं रखना । सबके साथ मधुर वचन बोलना ।

५—विषय और तृष्णाका परित्याग करना ।

६—प्रभुकी सेवा भयसहित एवं स्नेह रखकर करनी चाहिये ।

७—अपने देहको अनित्य समझना ।

८—वैष्णवके सत्सङ्गमें रहना ।

९—भगवत्स्वरूपमें और भगवदीय वैष्णवोंमें सख्यभाव रखना ।

१०—अपनी बुद्धिको स्थिर रखना । बुद्धिको विचलित न करना ।

११—श्रीभगवान्‌के दर्शनमें आलस्य नहीं करना ।

१२—भगवान्‌के दर्शनमें आलस्य रक्खे तो आसुरी भाव उत्पन्न हो ।

१३—जहाँतक सम्भव हो, प्रसाद कम लेना ।

१४—वैष्णवको चाहिये कि अधिक निद्रा न ले ।

१५—भगवदीयके पास स्वयं चलकर जाना चाहिये ।

१६—किसीके ऊपर क्रोध नहीं करना । क्रोध करनेपर हृदयमेंसे भगवदावेश चला जाता है ।

१७–जहाँपर स्वधर्मके विरुद्ध चर्चा होती हो, वहाँ मौन रहना।

१८–अवैष्णवका सङ्ग न करना।

१९–श्रीप्रभुकी सेवामें अवैष्णवको शामिल न करना। भगवदीयकी सेवाका भी ध्यान रखना।

२०–सब समयमें धैर्य रखना।

२१–मन श्रीप्रभुके चरणारविन्दमें रखकर सांसारिक कार्य करते रहना।

२२–भगवदीयके साथ नूतन स्नेहभाव रखना।

२३–सेवाके अवसरमें प्रलाप न करना।

२४–सेवा अत्यन्त प्रसन्नतापूर्वक करनी चाहिये।

२५–श्रीप्रभुकी सेवा करके उनसे किसी भी वस्तुकी याचना नहीं करना।

२६–श्रीठाकुरजीके नामसे जो वस्तु लायी जाय, उसको प्रथम श्रीठाकुरजीको अङ्गीकार कराना, तदनन्तर प्रसादरूपमें उसका उपयोग करना।

२७–मनमें भगवदीयोंके प्रति दास-भाव रखना।

२८–किसी भी प्रकार भगवदीयमें द्वेषभाव नहीं रखना।

२९–श्रीठाकुरजीके किसी उत्सवको न छोड़ना।

३०–भगवदीयका सत्सङ्ग-स्मरण करना।

३१–मार्गकी रीतिके अनुसार प्रभुकी सेवा करना।

३२–भगवदीयमें छल छिद्र न देखना।

३३–नवीन वस्तु जो प्राप्त हो, उसको श्रीठाकुरजीकी सामग्रीमें अवश्य धरना।

३४–लौकिक प्रिय वस्तु प्राप्त हो जानेपर हर्षित न होना।

३५–लौकिक कुछ हानि हो जाय तो अन्तःकरणमें उसका शोक नहीं करना।

३६–सुख-दुःखको समान समझना।

३७–भगवद्वार्ता नित्य नियमपूर्वक करना।

३८–श्रीपुरुषोत्तमजीका पाठ नित्य करना। पुष्टिमार्गीय वैष्णवोंके लिये यह पाठ गायत्रीके समान है।

३९–श्रीयमुनाष्टक प्रभृति ग्रन्थोंका पाठ नित्य नियमपूर्वक करना।

४०–मुख्य चार जयन्तीका व्रत और एकादशीका व्रत अवश्य करना।

४१–श्रीठाकुरजीके लिये सामग्री पवित्रतासे सिद्ध करना।

४२–असमर्पित कोई भी वस्तु नहीं लेनी।

४३–मनको उदार रखना।

४४–सबके साथ मित्रता रखना।

४५–स्वधर्म-सम्बन्धी कार्योंमें तन, मन और धनसे सहायता करना।

४६–अहता-ममताका त्याग करना।

४७–सदैव क्षमापरायण रहना।

४८–जो कुछ प्राप्त हो जाय, उसीमें संतोष रखना।

४९–बाहर और भीतरकी शुद्धता रखना।

५०–आलस्यरहित रहना।

५१–किसीका पक्षपात नहीं करना अर्थात् न्यायपरायण रहना।

५२–सब प्रकारके लौकिक भोगोंका त्याग करना।

५३–मनमें किसी बातकी इच्छा न करनी।

५४–सहजमें जो कुछ प्राप्त हो जाय, उसीसे अपना काम चलाना।

५५–किसी वस्तुमें आसक्त न रहना।

५६–शत्रु और मित्रमें समान बुद्धि रखनी।

५७–असत्य-भाषण न करना।

५८–किसीका अपमान न करना।

५९–निन्दा और स्तुतिको समान समझना।

६०–स्थिरता रखना। अपने चित्तको वशमें रखना।

६१–इन्द्रियोंके विषयमें प्रीति न रखना।

६२–स्त्री, पुत्र, गृहादिमें आसक्ति नहीं रखनी।

६३–स्त्री, पुत्रादिके सुख-दुःखको अपना न मानना।

६४–मनमें किसी बातका गर्व न करना।

६५–आर्जव रखना अर्थात् कुटिलतारहित रहना।

६६–मिथ्याभाषण न करना।

६७–सदैव सत्य-सम्भाषण करना।

६८–शान्त चित्त रखना।

६९–प्राणीमात्रके ऊपर दया रखनी।

७०–एकाग्रचित्तसे प्रभुकी सेवा करनी।

७१–अन्तःकरण कोमल रखना।

७२–निन्दित कार्य कदापि न करना।

७३–कोई अपना अपराध करे तो उसके लिये क्षमा करना।

७४–महापुरुषोंके चरित्र पढ़ना।

७५–अपने मनमें किसी बातका अभिमान नहीं करना।

७६–जिस बातसे दूसरेके मनको दुःख हो, ऐसा वचन सर्वथा नहीं बोलना।

७७–जो सत्य हो और सुननेवालेको प्रिय लगे, ऐसा ही वचन बोलना।

७८–पुरुषोत्तमसहस्रनाम तथा श्रीमहाप्रभुजीरचित ग्रन्थोंका पाठ अवश्य करना।

७९–जो कर्म करना, उसके फलकी इच्छा मनमें नहीं रखनी।

८०–श्रीठाकुरजीकी सेवा और कीर्तनको फलरूप मानना।

८१–वैष्णवमण्डलीमें नित्य नियमपूर्वक जाना। निःशङ्क होकर कथा-वार्ता कहना और सुनना।

८२–अन्याश्रय कदापि न करना। अन्याश्रय बाधक है। उससे सदैव डरते रहना।

८३–श्रीप्रभुके शरणागत होकर रहना। अन्य देवतासे किसी प्रकारके फलकी इच्छा न रखना।

८४–श्रीआचार्य महाप्रभुजी, श्रीगुसाईंजी और आपके वंशजोंके समान अन्यको न समझना। उनके समान अन्यको समझना अपराध है और अपने उद्धारमें अन्तराय होता है।

श्रीरामकृष्ण परमहंस

(जन्म—२० फरवरी सन् १८३३ ई०। स्थान—जिला हुगली। ग्राम—कामारपुकुर, बंगाल। पिताका नाम—श्रीखुदीराम चट्टोपाध्याय। माताका नाम—श्रीचन्द्रमणि देवी। गुरुका नाम—श्रीतोतापुरीजी महाराज। देहावसान—१६ अगस्त सन् १८८६ ई०)



वाद-विवाद न करो। जिस प्रकार तुम अपने धर्म और विश्वासपर दृढ़ रहते हो, उसी प्रकार दूसरोंको भी अपने धर्म और विश्वासपर दृढ़ रहनेका पूरा अवसर दो। केवल वाद-विवादसे तुम दूसरोंको उनकी गलती न समझा सकोगे। परमात्माकी कृपा होनेपर ही प्रत्येक मनुष्य अपनी गलती समझेगा।

× × × ×

एक बार एक महात्मा नगरमेंसे होकर कहीं जा रहे थे। संयोगसे उनके पैरसे एक दुष्ट आदमीका अँगूठा कुचल गया। उसने क्रोधित होकर महात्माजीको इतना मारा कि वे बेचारे मूर्छित होकर जमीनपर गिर पड़े। बहुत दवादारू करके उनके चेले बड़ी कठिनतासे उन्हें होशमें लाये। तब तो एक चेलेने महात्मासे पूछा, 'यह कौन आपकी सेवा कर रहा है?' महात्माने उत्तर दिया, 'जिसने मुझे पीटा था।' एक सच्चे साधुको मित्र और शत्रुमें भेद नहीं मालूम होता।

× × × ×

यह सच है कि परमात्माका वास व्याघ्रमें भी है, परंतु उसके पास जाना उचित नहीं। उसी प्रकार यह भी ठीक है कि परमात्मा दुष्टसे भी दुष्ट पुरुषमें विद्यमान है, परंतु उसका सङ्ग करना उचित नहीं।

× × × ×

एक गुरुजीने अपने चेलेको उपदेश दिया कि संसारमें जो कुछ भी है, वह सब परमेश्वर ही है। भीतरी मतलबको न समझकर चेलेने उसका अर्थ अक्षरशः लगाया। एक समय जब वह मस्त होकर सड़कपर जा रहा था कि सामनेसे एक हाथी आता दिखलायी पड़ा। महावतने चिल्लाकर कहा, 'हट जाओ, हट जाओ।' परंतु उस लड़केने एक न सुनी। उसने सोचा कि मैं ईश्वर हूँ और हाथी भी ईश्वर है, ईश्वरको ईश्वरसे किस बातका डर। इतनेमें हाथीने सूँडसे एक ऐसी चपेट मारी कि वह एक कोनेमें जा गिरा। थोड़ी देर बाद किसी प्रकार सँभलकर उठा और गुरुके पास जाकर उसने सब हाल सुनाया। गुरुजीने हँसकर कहा 'ठीक है, तुम ईश्वर हो और हाथी भी ईश्वर है, परंतु जो परमात्मा महावतके रूपमें हाथीपर बैठा तुम्हें सावधान कर रहा था, तुमने उसके कहनेको क्यों नहीं माना?'

× × × ×

एक किसान ऊखके खेतमें दिनभर पानी भरता था, किंतु सायंकाल जब देखता, तब उसमें पानीका एक बूँद भी दिखलायी नहीं पड़ता था। सब पानी अनेकों छिद्रोंद्वारा बह जाता था। उसी प्रकार जो भक्त अपने मनमें कीर्ति, सुख, सम्पत्ति, पदवी आदि विषयोंकी चिन्ता करता हुआ ईश्वरकी पूजा करता है, वह परमार्थके मार्गमें कुछ भी उन्नति नहीं कर सकता। उसकी सारी पूजा वासनारूपी बिलोंद्वारा बह जाती है और जन्मभर पूजा करनेके अनन्तर

वह देखता है कि जैसी हालत मेरी पहले थी, वैसी ही अब भी है, उन्नति कुछ नहीं हुई है।

× × × ×

हरि जब सिंहका चेहरा अपने मुँहमें लगा लेता है, तब बड़ा भयंकर दिखलायी पड़ता है। उसको लगाये हुए वह अपनी छोटी बहिनके पास जाता है और दहाड़ मारकर उसे डराता है। वह घबराकर एकदम जोरसे चिल्लाने लगती है और सोचती है कि 'अरे! अब तो मैं भाग भी नहीं सकती, यह दुष्ट तो मुझे खा ही जायगा।' किंतु हरि जब सिंहका चेहरा उतार डालता है, तब बहिन अपने भाईको पहचान लेती है और उसके पास जाकर प्रेमसे कहती है, 'अरे, यह तो मेरा प्यारा भाई है।' यही दशा संसारके मनुष्योंकी भी है। वे मायाके झूठे जालमें पड़कर घबराते और डरते हैं; किंतु मायाके जालको काटकर जब वे ब्रह्मके दर्शन कर लेते हैं, तब उनकी घबराहट और उनका डर छूट जाता है। उनका चित्त शान्त हो जाता है। और तब परमात्माको वे हौवा न समझकर अपनी प्यारी आत्मा समझने लगते हैं।

× × × ×

पानी और उसका बुलबुला एक ही चीज है। बुलबुला पानीसे बनता है और पानीमें तैरता है तथा अन्तमें फूटकर पानीमें ही मिल जाता है; उसी प्रकार जीवात्मा और परमात्मा एक ही चीज है, भेद केवल इतना ही है कि एक छोटा होनेसे परिमित है और दूसरा अनन्त है; एक परतन्त्र है और दूसरा स्वतन्त्र है।

× × × ×

रेलगाड़ीका इंजन वेगके साथ चलकर ठिकानेपर अकेला ही नहीं पहुँचता, बल्कि अपने साथ-साथ बहुत-से डिब्बोंको भी खींच-खींचकर पहुँचा देता है। यही हाल अवतारोंका भी है। पापके बोझसे दबे हुए अनन्त मनुष्योंको वे ईश्वरके पास पहुँचा देते हैं।

× × × ×

राजहंस दूध पी लेता है और पानी छोड़ देता है। दूसरे पक्षी ऐसा नहीं कर सकते। उसी प्रकार साधारण पुरुष मायाके जालमें फँसकर परमात्माको नहीं देख सकते। केवल परमहंस ही मायाको छोड़कर परमात्माके दर्शन पाकर दैवी-सुखका अनुभव करते हैं।

× × × ×

दूसरोंकी हत्या करनेके लिये तलवार और दूसरे शस्त्रोंकी आवश्यकता होती है, किंतु अपनी हत्या करनेके लिये एक आलपीन ही काफी है; उसी प्रकार दूसरोंको उपदेश देनेके लिये बहुत-से धर्म-ग्रन्थों और शास्त्रोंको पढ़नेकी आवश्यकता है, किंतु आत्मज्ञानके लिये एक ही महावाक्यपर दृढ़ विश्वास करना काफी है।

× × × ×

जब हाथी खुल जाता है, तब वह वृक्षों और झाड़ियोंको उखाड़कर फेंक देता है; लेकिन महावत जब उसके मस्तकपर अंकुश मार देता है, तब वह तुरंत ही शान्त हो जाता है। यही हाल अनियन्त्रित मनका है। जब आप उसे स्वच्छन्द छोड़ देते हैं, तब वह आमोद-प्रमोदके निस्सार विचारोंमें दौड़ने लगता है; लेकिन विवेकरूपी अंकुशकी मारसे जब आप उसे रोकते हैं, तब वह शान्त हो जाता है।

× × × ×

चित्तको एकाग्र करनेके लिये तालियाँ बजाकर हरि-का नाम जोर-जोरसे लो। जिस प्रकार वृक्षके नीचे तालियाँ बजानेसे उसपर बैठे हुए पक्षी इधर-उधर उड़ जाते हैं, उसी प्रकार तालियाँ बजा-बजाकर हरि (ईश्वर) का नाम लेनेसे कुत्सित विचार मनसे भाग जाते हैं।

× × × ×

जबतक हरि (ईश्वर) का नाम लेते ही आनन्दाश्रु न बहने लगे, तबतक उपासनाकी आवश्यकता है। ईश्वरका नाम लेते ही जिसकी आँखोंसे अश्रुधारा बहने लगती है, उसे उपासनाकी आवश्यकता नहीं है।

× × × ×

एक लकड़हारा जंगलकी लकड़ी बेच-बेचकर बड़े ही कष्टपूर्वक अपना जीवनयापन कर रहा था। अकस्मात् उस मार्गसे एक संन्यासी जा रहे थे। उन्होंने लकड़हारेके दुःख-को देखकर उससे कहा—'बेटा! जंगलमें और आगे बढ़ो, तुमको लाभ होनेवाला है।' लकड़हारा आगे बढ़ा, तब उसे एक चन्दनका वृक्ष मिला। उसने बहुत-सी लकड़ियाँ काट लीं और उसे ले जाकर बाजारमें बेचा। इससे उसको बहुत लाभ हुआ। उसने सोचा—संन्यासीने चन्दनके वृक्षका नाम क्यों नहीं लिया? इतना ही क्यों कहा कि 'और आगे बढ़ो।' दूसरे दिन जंगलमें और आगे बढ़ा तब उसे ताँबेकी एक खान मिली। उसने मन-माना ताँबा निकाला और बाजारमें बेचकर रुपया प्राप्त किया। तीसरे दिन वह और

आगे बढ़ा और उसे एक चाँदीकी खान मिली। उसने उसमेंसे मनमानी चाँदी निकाली और बाजारमें बेचकर और अधिक रुपया प्राप्त किया। वह और आगे बढ़ा, उसे सोने और हीरेकी खानें मिलीं। अन्तमें वह बड़ा धनवान् हो गया। ऐसा ही हाल उन लोगोंका है, जिन्हें ज्ञान प्राप्त करनेकी अभिलाषा होती है। थोड़ी-सी सिद्धि प्राप्त करनेपर वे रुकते नहीं, बराबर बढ़ते जाते हैं। अन्तमें लकड़हारेकी तरह ज्ञानका कोष पाकर आध्यात्मिक क्षेत्रमे वे धनवान् हो जाते हैं।

× × × ×

एक छोटे पौधेकी रक्षा उसके चारों ओर तार बाँधकर करनी पड़ती है। नहीं तो बकरे, गाय और छोटे बच्चे उसे नष्ट कर डालते हैं; किंतु जब वह एक बड़ा वृक्ष बन जाता है, तब अनेकों बकरियाँ और गायें स्वच्छन्दताके साथ उसीके नीचे विश्राम करती हैं और उसकी पत्तियाँ खाती हैं। उसी प्रकार जबतक तुममे थोड़ी भक्ति है तबतक बुरी संगति और संसारके प्रपंचसे उसकी रक्षा करनी चाहिये। लेकिन जब उसमें दृढ़ता आ गयी, तब फिर तुम्हारे सामने कुवासनाओंको आनेकी हिम्मत न होगी और अनेको दुर्जन तुम्हारे पवित्र सहवाससे सज्जन बन जायँगे।

× × × ×

चकमक पत्थर चाहे सैकड़ो वर्ष पानीमें पड़ा रहे, पर उसकी अग्नि-उत्पादक शक्ति नष्ट नहीं होती। जब आपका जी चाहे तभी उसे लोहेसे रगड़िये, वह आग उगलने लगेगा। ऐसा ही हाल दृढ़ भक्ति रखनेवाले भक्तोका भी है। वे संसारके बुरे-से-बुरे प्राणियोके बीचमे भले ही रहे, लेकिन उनकी भक्ति कभी नष्ट नहीं हो सकती। ज्यों ही वे ईश्वरका नाम सुनते हैं, त्यों ही उनका हृदय प्रफुल्लित होने लगता है।

× × × ×

एक मनुष्यने कुआँ खोदना शुरू किया। बीस हाथ खोदनेपर जब उसे सोता नहीं मिला, तब उसने उसे छोड़ दिया और दूसरी जगह कुआँ खोदने लगा। वहाँ उसने कुछ अधिक गहराईतक खोदा, किंतु वहाँ भी पानी न निकला। उसने फिर तीसरी जगह कुआँ खोदना शुरू किया। इसको उसने और अधिक गहराईतक खोदा, किंतु यहाँ भी पानी न निकला। तीनों कुओंकी खुदाई १०० हाथसे कुछ ही कम हुई होगी। यदि पहले ही कुएँको वह केवल ५० हाथ धीरताके साथ खोदता तो उसे पानी अवश्य मिल जाता। यही हाल उन लोगोंका है, जो बराबर अपनी श्रद्धा बदलते रहते हैं। सफलता प्राप्त करनेके लिये सब ओरसे चित्त हटाकर केवल एक ही ओर अपनी श्रद्धा लगानी चाहिये और उसकी सफलतापर विश्वास करना चाहिये।

× × × ×

पानीमें पत्थर सैकड़ों वर्ष पड़ा रहे, लेकिन पानी उसके भीतर नहीं घुस सकता; इसके विपरीत चिकनी मिट्टी पानीके स्पर्शसे ही घुलने लगती है। इसी प्रकार भक्तोंका दृढ़ हृदय कठिन-से-कठिन दुःख पड़नेपर भी कभी निराश नहीं होता, लेकिन दुर्बल श्रद्धा रखनेवाले पुरुषोंका हृदय छोटी-छोटी बातोंसे हताश होकर घबराने लगता है।

× × × ×

ईश्वरपर पूर्ण निर्भर रहनेका स्वरूप क्या है ? यह आनन्दकी वह दशा है, जिसका अनुभव एक पुरुष दिनभर परिश्रमके पश्चात् सायंकालको तकियेके सहारे लेटकर आराम करते समय करता है। चिन्ताओं और दुःखोंका रुक जाना ही ईश्वरपर पूर्ण निर्भर रहनेका सच्चा स्वरूप है।

× × × ×

जिस प्रकार हवा सूखी पत्तियोंको इधर-उधर उड़ा ले जाती है, उनको इधर-उधर उड़नेके लिये न तो अपनी बुद्धि खर्च करनेकी आवश्यकता पड़ती है और न परिश्रम ही करना पड़ता है, उसी प्रकार ईश्वरके भक्त ईश्वरकी इच्छासे सब काम करते रहते हैं, वे अपनी अक्ल खर्च नहीं करते और न स्वयं श्रम ही करते हैं।

× × × ×

बहुतोने बर्फका केवल नाम सुना है लेकिन उसे देखा नहीं है। उसी प्रकार बहुत-से धर्मोपदेशकोंने ईश्वरके गुणोंको धर्म-ग्रन्थोंमे पढ़ा है, लेकिन अपने जीवनमे उनका अनुभव नहीं किया। बहुतोंने बर्फको देखा है लेकिन उसका स्वाद नहीं लिया, उसी प्रकार बहुत-से धर्मोपदेशकोंको ईश्वरके तेजकी एक बूँद मिल गयी है लेकिन उन्होंने उसके तत्त्वको नहीं समझा। जिन्होने बर्फको खाया है, वे ही उसका स्वाद बतला सकते हैं। उसी प्रकार जिन्होंने ईश्वरकी संगतिका लाभ भिन्न-भिन्न अवस्थाओंमे उठाया है, कभी ईश्वरका सेवक बनकर, कभी मित्र बनकर, कभी भक्त बनकर और कभी एकदम उसीमें लीन होकर, वे ही बतला सकते हैं कि

परमेश्वरके गुण क्या हैं और उनकी संगतिके प्रेमरसको आस्वादन करनेमें कैसा आनन्द मिलता है।

× × × ×

हाथीके दो तरहके दाँत होते हैं, एक दिखलानेके और दूसरे खानेके। उसी प्रकार श्रीकृष्ण आदि अवतारी पुरुष और दूसरे महात्मा साधारण पुरुषोंकी तरह काम करते हुए दूसरोंको दिखलायी पड़ते हैं, परंतु उनकी आत्माएँ वास्तवमें कर्मोंसे मुक्त रहकर निजस्वरूपमे विश्राम करती रहती हैं।

× × × ×

एक ब्राह्मण और एक संन्यासी सांसारिक और धार्मिक विषयोंपर बातचीत करने लगे। संन्यासीने ब्राह्मणसे कहा, 'बच्चा! इस संसारमें कोई किसीका नहीं है।' ब्राह्मण इसको कैसे मान सकता था। वह तो यही समझता था कि 'अरे मैं तो दिन-रात अपने कुटुम्बके लोगोंके लिये मर रहा हूँ। क्या ये मेरी सहायता समयपर न करेंगे? ऐसा कभी नहीं हो सकता।' उसने सन्यासीसे कहा, 'महाराज! जब मेरे सिरमें थोड़ी-सी पीड़ा होती है तो मेरी माँको बड़ा दुःख होता है और दिन-रात वह चिन्ता करती है; क्योंकि वह मुझे प्राणोंसे भी अधिक प्यार करती है। प्रायः वह कहा करती है कि भैयाके सिरकी पीड़ा अच्छी करनेके लिये मैं अपने प्राणतक देनेको तैयार हूँ। ऐसी माँ समय पड़नेपर मेरी सहायता न करे, यह कभी नहीं हो सकता।' संन्यासीने जवाब दिया, 'यदि ऐसी बात है तो तुम्हे वास्तवमें अपनी माँपर भरोसा करना चाहिये, लेकिन मैं तुमसे सत्य कहता हूँ कि तुम बड़ी भूल कर रहे हो। इस बातका कभी भी विश्वास न करो कि तुम्हारी माँ, तुम्हारी स्त्री या तुम्हारे लड़के तुम्हारे लिये प्राणोंका बलिदान कर देंगे। तुम चाहो तो परीक्षा कर सकते हो। घर जाकर पेटकी पीड़ाका बहाना करो और जोर-जोरसे चिल्लाओ। मैं आकर तुमको एक तमाशा दिखाऊँगा।' ब्राह्मणके मनमें परीक्षा करनेकी लालसा हुई, उसने पेट-दर्दका बहाना किया। डाक्टर, वैद्य, हकीम सब बुलाये गये, लेकिन दर्द नहीं मिटा। बीमारकी माँ, स्त्री और लड़के सभी बहुत ही दुखी थे। इतनेमें संन्यासी महाराज भी पहुँच गये। उन्होंने कहा, 'बीमारी तो बड़ी गहरी है, जबतक बीमारके लिये कोई अपनी जान न दे तबतक वह अच्छा नहीं होनेका।'

इसपर सब भौचक्के हो गये। संन्यासीने माँसे कहा, 'बूढ़ी माता! तुम्हारे लिये जीवित रहना और मरना दोनों एक समान है, इसलिये यदि तुम अपने कमाऊ पूतके लिये अपने प्राण दे दो तो मैं इसे अच्छा कर सकता हूँ। अगर तुम माँ होकर भी अपने प्राण नहीं दे सकती तो फिर अपने प्राण दूसरा कौन देगा?'

बुढ़िया स्त्री रोकर कहने लगी—'बाबाजी! आपका कहना तो सत्य है। मैं अपने प्यारे पुत्रके लिये प्राण देनेको तैयार हूँ, लेकिन ख्याल यही है कि ये छोटे-छोटे बच्चे मुझसे बहुत लगे हैं, मेरे मरनेपर इनको बड़ा दुःख होगा। अरे, मैं बड़ी अभागिनी हूँ कि अपने बच्चेके लिये अपने प्राण-तक नहीं दे सकती।' इतनेमें स्त्री भी अपने सास-ससुरकी ओर देखकर बोल उठी, 'माँ! तुमलोगोंकी वृद्धावस्था देखकर मैं भी अपने प्राण नहीं दे सकती।' संन्यासीने घूमकर स्त्रीसे कहा, 'पुत्री! तुम्हारी माँ तो पीछे हट गयी, लेकिन तुम तो अपने प्यारे पतिके लिये अपनी जान दे सकती हो।' उसने उत्तर दिया, 'महाराज! मैं बड़ी अभागिनी हूँ, मेरे मरनेसे मेरे ये मा-बाप मर जायँगे, इसलिये मैं यह हत्या नहीं ले सकती।' इस प्रकार सब लोग प्राण देनेके लिये बहाना करने लगे। तब संन्यासीने रोगीसे कहा, 'क्यों जी, देखते हो न, कोई तुम्हारे लिये प्राण देनेको तैयार नहीं है। 'कोई किसीका नहीं है।' मेरे इस कहनेका मतलब अब तुम समझे कि नहीं।' ब्राह्मणने जब यह हाल देखा तो वह भी कुटुम्बको छोड़कर संन्यासीके साथ वनको चल दिया।

× × × ×

लोहा जबतक तपाया जाता है, तबतक लाल रहता है; लेकिन जब बाहर निकाल लिया जाता है, तब काला पड़ जाता है। यही दशा सांसारिक मनुष्योंकी भी है। जबतक वे मन्दिरोंमें अथवा अच्छी संगतिमें बैठते हैं, तबतक उनमें धार्मिक विचार भी रहते हैं; किंतु जब वे उनसे अलग हो जाते हैं, तब वे फिर धार्मिक विचारोंको भूल जाते हैं।

× × × ×

बालकके हृदयका प्रेम पूर्ण और अखण्ड होता है। जब उसका विवाह हो जाता है, तब आधा प्रेम उसका स्त्री-की ओर लग जाता है। फिर जब उसके बच्चे हो जाते हैं तो चौथाई प्रेम उन बच्चोंकी ओर लग जाता है। बचा हुआ चौथाई प्रेम पिता, माता, मान, कीर्ति, यश और अभिमान-

में बँटा रहता है। ईश्वरकी ओर लगनेके लिये उसके पास प्रेम बचता ही नहीं। अतएव बालकपनसे ही मनुष्यका अखण्ड प्रेम ईश्वरकी ओर लगाया जाय तो वह उसपर प्रेम लगा सकता है और उसे (ईश्वरको) प्राप्त भी कर सकता है। बड़े होनेपर ईश्वरकी ओर प्रेम लगाना कठिन हो जाता है।

× × × ×

राईके दाने जब बँधी हुई पोटलीसे नीचे छितरा जाते हैं, तब उनका इकट्ठा करना कठिन होता है, उसी प्रकार जब मनुष्यका मन संसारकी अनेक प्रकारकी बातोंमें दौड़ता फिरता है, तब उसको रोककर एक ओर लगाना सरल बात नहीं है।

× × × ×

क्या सब मनुष्य ईश्वरके दर्शन कर सकेंगे ? जिस प्रकार किसी मनुष्यको सबेरे नौ बजे भोजन मिलता है, किसीको दोपहरको, किसीको दो बजे और किसीको सूर्य डूबनेपर, पर कोई भूखा नहीं रह जाता। इसी प्रकार किसी-न-किसी समय चाहे इस जीवनमें हो अथवा अन्य कई जन्मोंके बाद, ईश्वरका दर्शन सब मनुष्य अवश्य कर सकेंगे।

× × × ×

जिस घरके लोग जागते रहते हैं उस घरमें चोर नहीं घुस सकते, उसी प्रकार यदि तुम (ईश्वरपर भरोसा रखते हुए) हमेशा चौकन्ने रहो तो बुरे विचार तुम्हारे हृदयमें नहीं घुस सकेंगे।

× × × ×

जिस प्रकार बिना तेलके दीपक नहीं जल सकता, उसी प्रकार बिना ईश्वरके मनुष्य अच्छी तरह नहीं जी सकता।

× × × ×

साँप बड़ा जहरीला होता है। कोई जब उसे पकड़ता है तो वह उसे काट लेता है। परंतु जो मनुष्य साँपके विषको मन्त्रसे झाड़ना जानता है, वह साँपको केवल पकड़ ही नहीं लेता, बल्कि बहुतसे साँपोंको गहनोंकी तरह गरदन और हाथोंमें लिपटाये रहता है। इसी प्रकार जिसने आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त कर लिया है, उसपर काम और लोभका विष नहीं चढ़ता।

× × × ×

संसारमें रहो, लेकिन सासारिक मत बनो। किसी कविने सच कहा है, 'मेंढकको साँपके साथ नचाओ, लेकिन ख्याल रक्खो कि साँप मेंढकको निगलने न पाये।'

× × × ×

एक बार एक पहुँचे हुए साधु रानी रासमणिके कालीजीके मन्दिरमें आये, जहाँ परमहंस रामकृष्ण रहा करते थे। एक दिन उनको कहींसे भोजन न मिला, यद्यपि उनको जोरोंसे भूख लग रही थी। फिर उन्होंने किसीसे भी भोजनके लिये नहीं कहा। थोड़ी दूरपर एक कुत्ता जूठी रोटीके टुकड़े खा रहा था। वे चट दौड़कर उसके पास गये और उसको छातीसे लगाकर बोले, 'भैया ! तुम मुझे बिना खिलाये क्यों खा रहे हो ?' और फिर उसीके साथ खाने लगे। भोजनके अनन्तर वे फिर कालीजीके मन्दिरमें चले आये और इतनी भक्तिके साथ वे माताकी स्तुति करने लगे कि सारे मन्दिरमें सन्नाटा छा गया। प्रार्थना समाप्त करके जब वे जाने लगे तो श्रीरामकृष्ण परमहंसने अपने भतीजे हृदय मुकर्जीको बुलाकर कहा—'बच्चा ! इस साधुके पीछे-पीछे जाओ और जो वह कहे, उसे मुझसे कहो।' हृदय उसके पीछे-पीछे जाने लगा। साधुने घूमकर उससे पूछा कि 'मेरे पीछे-पीछे क्यों आ रहा है ?' हृदयने कहा, 'महात्माजी ! मुझे कुछ शिक्षा दीजिये।' साधुने उत्तर दिया, 'जब तू इस गदे घड़ेके पानीको और गङ्गाजलको समान समझेगा और जब इस बाँसुरीकी आवाज और इस जन-समूहकी कर्कश आवाज तेरे कानोंको एक समान मधुर लगेगी, तब तू सच्चा ज्ञानी बन सकेगा।' हृदयने लौटकर श्रीरामकृष्णसे कहा। श्रीरामकृष्णजी बोले—'उस साधुको वास्तवमें ज्ञान और भक्तिकी कुंजी मिल चुकी है। पहुँचे हुए साधु बालक, पिशाच, पागल और इसी तरहके और-और वेषोंमें घूमा करते हैं।'

× × × ×

पराभक्ति (अत्युत्कट प्रेम) क्या है ? पराभक्ति (अत्युत्कट प्रेम) में उपासक ईश्वरको सबसे अधिक नजदीकी सम्बन्धी समझता है। ऐसी भक्ति गोपियोंकी श्रीकृष्णके प्रति थी। वे उन्हे जगन्नाथ नहीं कहती थी बल्कि गोपीनाथ कहकर पुकारती थीं।

× × × ×

सम्पत्ति और विषय-भोगमे लगा हुआ मन खपड़ीमे चिपटी हुई सुपारीकी तरह है। जबतक सुपारी नही पकती तबतक अपने ही रससे वह खपड़ीमें चिपटी रहती है। लेकिन जब रस सूख जाता है तब सुपारी खपड़ीसे अलग हो जाती है और खड़खड़ानेसे उसकी आवाज सुनायी पड़ती है। उसी प्रकार सम्पत्ति और सुखोपभोगका रस जब सूख जाता है तब मनुष्य मुक्त हो जाता है।

× × × ×

दादको जितना खुजलाते जाओ, उतनी खुजली और बढ़ती जाती है और उससे उतना ही आनन्द भी मिलता है, ईश्वरका गुणानुवाद करनेवाले भक्तोंको भी अधिकाधिक आनन्द मिलता है।

× × × ×

दादके खुजलानेमें पहले जितना सुख होता है, उतना ही खुजलानेके बाद असह्य दुःख होता है। इसी प्रकार संसारके सुख पहले बड़े सुखदायक प्रतीत होते हैं, लेकिन पीछेसे उनसे असह्य और अकथनीय दुःख मिलता है।

× × × ×

एक चोर आधी रातको किसी राजाके महलमें घुसा और राजाको रानीसे यह कहते सुना कि 'मैं अपनी कन्याका विवाह उस साधुसे करूँगा जो गङ्गाके किनारे रहता है।' चोरने सोचा कि 'यह अच्छा अवसर है। कल मैं भगवा वस्त्र पहनकर साधुओंके बीच जा बैठूँगा। सम्भव है राजकन्याका विवाह मेरे ही साथ हो जाय।' दूसरे दिन उसने ऐसा ही किया। राजाके कर्मचारी सब साधुओंसे राजकन्याके साथ विवाह कर लेनेकी प्रार्थना करने लगे, लेकिन किसीने स्वीकार नहीं किया, तब वे उस चोर संन्यासीके पास गये और वही प्रार्थना उन्होंने उससे भी की, तब उसने कोई उत्तर नहीं दिया। कर्मचारी लौटकर राजाके पास गये और कहा कि 'महाराज! और तो कोई साधु राजकन्याके साथ विवाह करना स्वीकार नहीं करता। एक युवा संन्यासी अवश्य है, सम्भव है वह विवाह करनेपर तैयार हो जाय।' राजा उसके पास स्वयं गया और राजकन्याके साथ विवाह करनेके लिये अनुरोध करने लगा। राजाके स्वयं आनेसे चोरका हृदय एकदम बदल गया। उसने सोचा, 'अभी तो केवल संन्यासियोंके कपड़े पहननेका यह परिणाम हुआ है कि इतना बड़ा राजा मुझसे मिलनेके लिये स्वयं आया है। यदि मैं वास्तवमें सच्चा संन्यासी बन जाऊँ तो न मालूम आगे अभी और कैसे अच्छे-अच्छे परिणाम देखनेमें आयें।' इन विचारोंका उसपर ऐसा अच्छा प्रभाव पड़ा कि उसने विवाह करना एकदम अस्वीकार कर दिया और उस दिनसे वह एक अच्छा साधु बननेके प्रयत्नमें लगा। उसने विवाह जन्मभर न किया और अपनी साधनाओंसे एक पहुँचा हुआ संन्यासी हुआ। अच्छी बातकी नकलसे भी कभी-कभी अनपेक्षित और अपूर्व फलकी प्राप्ति होती है।

× × × ×

एक अहीरिन नदीके उस पार रहनेवाले एक ब्राह्मण पुजारीको दूध दिया करती थी। लेकिन नावकी व्यवस्था ठीक न होनेके कारण वह प्रतिदिन ठीक समयपर दूध नहीं पहुँचा पाती थी। ब्राह्मणके बुरा-भला कहनेपर बेचारी अहीरिनने कहा, 'महाराज! मैं क्या करूँ, मैं तो अपने घरसे बड़े तड़के रवाना होती हूँ, लेकिन मल्लाहों और यात्रियोंके लिये मुझे बड़ी देरतक ठहरना पड़ता है।' पुजारीने कहा, 'अरे, ईश्वरका नाम लेकर तो लोग जीवनके समुद्रको पार कर लेते हैं और तू जरा-सी नदी भी पार नहीं कर सकती।' वह भोली स्त्री पार जानेके सुलभ उपायको सुनकर बड़ी प्रसन्न हुई। दूसरे दिनसे अहीरिन ठीक समयपर दूध पहुँचाने लगी। एक दिन पुजारीने उससे पूछा, 'क्या बात है कि अब तुझे देर नहीं होती?' स्त्रीने उत्तर दिया, 'आपके बतलाये हुए तरीकेसे ईश्वरका नाम लेती हुई मैं नदीको पार कर लेती हूँ, मल्लाहके लिये अब मुझे ठहरना नहीं पड़ता।' पुजारीको इसपर विश्वास नहीं हुआ। उन्होंने पूछा, 'क्या तुम मुझे दिखला सकती हो कि तुम किस प्रकार नदीको पार करती हो?' स्त्री उनको अपने साथ ले गयी और पानीके ऊपर चलने लगी। पीछे घूमकर उसने देखा तो पुजारीजी बड़ी आफतमें पड़े थे। उसने कहा, 'महाराज! क्या बात है आप मुँहसे ईश्वरका नाम ले रहे हैं परंतु अपने हाथोंसे कपड़े समेट रहे हैं ताकि वे भीगें नहीं। आप उसपर पूरा विश्वास नहीं रखते?' परमेश्वरपर पूरा भरोसा रखना और उसीपर अपनेको छोड़ देना प्रत्येक स्त्री-पुरुषद्वारा किये हुए अद्भुत चमत्कारकी कुंजी है।

× × × ×

जानकर अथवा अनजानमें, चेतन अवस्थामें अथवा अचेतन अवस्थामें, चाहे जिस हालतमें मनुष्य ईश्वरका नाम ले, उसे नाम लेनेका फल अवश्य मिलता है। जो मनुष्य स्वयं जाकर नदीमें स्नान करता है, उसे भी नहानेका फल मिलता है और जो जबरदस्ती नदीमें ढकेल दिया जाता है, उसे भी नहानेका फल मिलता है अथवा गहरी नींदमें यदि उसके ऊपर कोई पानी उँड़ेल दे तो उसे भी नहानेका फल मिलता है।

× × × ×

दुर्लभ मनुष्य-जन्म पाकर भी जो इसी जन्ममें

ईश्वरको प्राप्त करनेका प्रयत्न नहीं करता, उसका जीना व्यर्थ है।

× × × ×

सांसारिक मनुष्योंकी बुद्धि और ज्ञान, ज्ञानियोंकी बुद्धि और ज्ञानके सदृश हो सकते हैं। सांसारिक मनुष्य ज्ञानियोंके सदृश कष्ट भी उठा सकते हैं, सांसारिक मनुष्य तपस्वियोंकी तरह त्याग भी कर सकते हैं। लेकिन उनके प्रयत्न व्यर्थ होते हैं। कारण इसका यह है कि उनकी शक्तियाँ ठीक मार्गपर नहीं लगतीं। उनके सब प्रयत्न विषय, भोग, मान और सम्पत्ति मिलनेके लिये किये जाते हैं, ईश्वर मिलनेके लिये नहीं।

× × × ×

शहरमें नवीन आये हुए मनुष्यको रात्रिमें विश्राम करनेके लिये पहले सुख देनेवाले एक स्थानकी खोज कर लेनी चाहिये, और फिर वहाँ अपना सामान रखकर शहरमें घूमने जाना चाहिये, नहीं तो, अँधेरेमें उसे बड़ा कष्ट उठाना पड़ेगा। उसी प्रकार इस संसारमें आये हुएको पहले अपने विश्राम-स्थानकी खोज कर लेनी चाहिये और इसके पश्चात् फिर दिनका अपना काम करना चाहिये। नहीं तो, जब मृत्युरूपी रात्रि आयेगी तो उसे बहुत-सी अड़चनोंका सामना करना पड़ेगा और मानसिक व्यथा सहनी पड़ेगी।

× × × ×

यह संसार रंगभूमिकी तरह है जहाँ नाना प्रकारके भेष बना-बनाकर मनुष्य अपना-अपना पार्ट खेला करते हैं। जबतक कुछ देर वे अपना पार्ट नहीं कर लेते तबतक अपना भेष वे बदलना नहीं चाहते। उनको थोड़ी देर खेल लेने दो, इसके बाद वे अपने भेषको अपने-आप बदल डालेंगे।

× × × ×

एक तालाबमें कई घाट होते हैं। कोई भी किसी घाटसे उतरकर तालाबमें स्नान कर सकता है या घड़ा भर सकता है। घाटके लिये लड़ना कि मेरा घाट अच्छा है और तुम्हारा घाट बुरा है, व्यर्थ है। उसी प्रकार दिव्यानन्दके झरनेके पानीतक पहुँचनेके लिये अनेको घाट हैं। संसारके प्रत्येक धर्मका सहारा लेकर सचाई और उत्साहभरे हृदयसे आगे बढ़ो तो तुम वहाँतक पहुँच जाओगे; लेकिन तुम यह न कहो कि मेरा धर्म दूसरोंके धर्मसे अच्छा है।

× × × ×

अगर तुम संसारसे अनासक्त रहना चाहते हो तो तुमको पहले कुछ समयतक—एक वर्ष, छः महीने, एक महीने या कम-से-कम बारह दिनतक किसी एकान्त स्थानमें रहकर भक्तिका साधन अवश्य करना चाहिये। एकान्तवासमें तुम्हें सर्वदा ईश्वरमें ध्यान लगाना चाहिये। उस समय तुम्हारे मनमें यह विचार आना चाहिये कि 'संसारकी कोई वस्तु मेरी नहीं है। जिनको मैं अपनी वस्तु समझता हूँ, वे अति शीघ्र नष्ट हो जायँगी।' वास्तवमें तुम्हारा मित्र ईश्वर है। वही तुम्हारा सर्वस्व है, उसको प्राप्त करना ही तुम्हारा ध्येय होना चाहिये।

× × × ×

मैले शीशेमें सूर्यकी किरणोंका प्रतिबिम्ब नहीं पड़ता। उसी प्रकार जिनका अन्तःकरण मलिन और अपवित्र है तथा जो मायाके वशमें हैं, उनके हृदयमें ईश्वरके प्रकाशका प्रतिबिम्ब नहीं पड़ सकता। जिस प्रकार साफ शीशेमें सूर्यका प्रतिबिम्ब पड़ता है, उसी प्रकार स्वच्छ हृदयमें ईश्वरका प्रतिबिम्ब पड़ता है। इसलिये पवित्र बनो।

× × × ×

संसारमें पूर्णता प्राप्त करनेवाले मनुष्य दो प्रकारके होते हैं। एक वे, जो सत्यको पाकर चुप रहते हैं और उसके आनन्दका अनुभव बिना दूसरोंकी कुछ परवा किये स्वयं किया करते हैं। दूसरे वे, जो सत्यको प्राप्त कर लेते हैं, लेकिन उसका आनन्द वे अकेले ही नहीं लेते, बल्कि नगाड़ा पीट-पीटकर दूसरोंसे भी कहते हैं कि आओ और मेरे साथ इस सत्यका आनन्द लूटो।

× × × ×

द्रव्यके अभिमान करनेका कोई कारण दिखलायी नहीं पड़ता। यदि तुम कहो कि मैं धनी हूँ तो संसारमें बहुत-से ऐसे धनी पड़े हैं, जिनके मुकाबलेमें तुम कुछ भी नहीं हो। संध्या-समय जब जुगनू चमकते हैं तो वे समझते हैं कि संसार-

को प्रकाश हम दे रहे हैं; किंतु जब तारे निकल आते हैं तो उनका अभिमान चूर्ण हो जाता है और फिर तारे समझते हैं कि हम संसारको प्रकाश देते हैं पर थोड़ी देरमें जब आकाशमें चाँद चमकने लगता है तो तारोंको नीचा देखना पड़ता है और वे कान्तिहीन हो जाते हैं। अब चन्द्रमा अभिमानमें आकर समझता है कि संसारको प्रकाश मैं दे रहा हूँ और मारे खुशीके नाचता फिरता है। पर जब प्रातःकाल सूर्यका उदय होता है तो चन्द्रमाकी भी कान्ति फीकी पड़ जाती है। धनी लोग यदि सृष्टिकी इन बातोंपर विचार करें तो वे धनका अभिमान कभी न करें।

× × × ×

ईश्वरकी कृपाकी हवा बराबर बहा करती है। इस समुद्ररूपी जीवनके मल्लाह उससे कभी नहीं लाभ उठाते, किंतु तेज और सबल मनुष्य सुन्दर हवासे लाभ उठानेके लिये अपने मनका परदा हमेशा खोले रखते हैं और यही कारण है कि वे अति शीघ्र निश्चित स्थानपर पहुँच जाते हैं।

× × × ×

फूले हुए कमलकी सुगन्ध वायुके द्वारा पाकर भौंरा अपने-आप उसके पास पहुँच जाता है। जहाँ मिठाइयाँ रक्खी रहती हैं वहाँ चीटियाँ अपने-आप चली जाती हैं। भौंरोंको या चींटियोंको कोई बुलाने नही आता। इसी प्रकार मनुष्य जब शुद्ध-अन्तःकरण और पूर्ण ज्ञानी हो जाता है तब उसके चरित्रकी सुगन्ध अपने-आप चारों ओर फैल जाती है और सत्यकी खोज करनेवाले अपने-आप उसके पास चले जाते हैं। वह स्वयं उनको बुलाने नहीं जाता कि मेरे पास आओ और मेरी बातें सुनो।

× × × ×

एक विद्वान् ब्राह्मणने एक बार राजाके पास जाकर कहा—'महाराज! मैंने धर्मग्रन्थोंका अच्छा अध्ययन किया है। मैं आपको भगवद्गीता पढ़ाना चाहता हूँ।' राजा विद्वान्से अधिक चतुर था। उसने मनमें विचारा कि 'जिस मनुष्यने भगवद्गीताका अध्ययन किया होगा वह और भी अधिक आत्मचिन्तन करेगा. राजाओंके दरबारकी प्रतिष्ठा और धनके पीछे थोड़े ही पड़ा रहेगा।' ऐसा विचारकर राजाने ब्राह्मणसे कहा कि, 'महाराज! आपने स्वयं गीताका पूर्ण अध्ययन नहीं किया है। मैं आपको शिक्षक बनानेका वचन देता हूँ, लेकिन आप अभी जाकर गीताका अध्ययन और अच्छी तरह कीजिये।' ब्राह्मण चला गया, लेकिन वह बराबर यही सोचता गया कि 'देखो तो राजा कितना बड़ा मूर्ख है, वह कहता है कि तुमने गीताका पूर्ण अध्ययन नहीं किया और मैं कई वर्षोंसे उसीका बराबर अध्ययन कर रहा हूँ।' उसने जाकर एक बार गीताको फिर पढ़ा और राजाके सामने उपस्थित हुआ। राजाने पुनः वही बात दोहरायी और उसे विदा कर दिया। ब्राह्मणको इससे दुःख तो बहुत हुआ, लेकिन उसने मनमें विचारा कि 'राजाके इस प्रकार कहनेका कुछ-न-कुछ मतलब अवश्य है।' वह चुपके-से घर चला गया और अपनेको कोठरीमें बंद करके गीताका ध्यानपूर्वक अध्ययन करने लगा। धीरे-धीरे गीताके गूढ़ अर्थका प्रकाश उसकी बुद्धिपर पड़ने लगा और उसको स्पष्ट मालूम होने लगा कि सम्पत्ति, मान, द्रव्य, कीर्तिके लिये दरबारमें या किसी दूसरी जगह दौड़ना व्यर्थ है। उस दिनसे वह दिन-रात एक चित्तसे ईश्वरकी आराधना करने लगा और राजाके पास नहीं गया। कुछ वर्षोंके बाद राजाको ब्राह्मणका स्मरण आया और उसकी खोज करता हुआ वह स्वयं उसके घर गया। ब्राह्मणके दिव्य तेज और प्रेमको देखकर राजा उसके चरणोंपर गिर पड़ा और बोला—'महाराज! अब आपने गीताके असली तत्त्वको समझा है, यदि मुझे अब अपना चेला बनाना चाहें तो प्रसन्नतासे बना सकते हैं।'

× × × ×

माँ! मैं यन्त्र हूँ और तू यन्त्री (मशीन चलानेवाली) है। मैं घर हूँ और तू उसमें रहनेवाली स्वामिनी है। मैं म्यान हूँ और तू तलवार है। मैं रथ हूँ और तू रथी है। मैं वही करता हूँ, जिसके करनेके लिये तू आज्ञा देती है। मैं वही कहता हूँ जो तू कहलाती है। मैं दूसरोंके साथ वैसा ही व्यवहार करता हूँ जैसी तेरी इच्छा होती है। मैं कुछ नहीं हूँ, तू सब कुछ है।

× × × ×

चमत्कार दिखलानेवालों और सिद्धि दिखलानेवालोंके पास न जाओ। वे लोग सत्यमार्गसे अलग रहते हैं। उनके मन ऋद्धि और सिद्धिके जालमें पड़े रहते हैं। ऋद्धि-सिद्धि ईश्वरतक पहुँचनेके मार्गके रोड़े हैं। इन सिद्धियोंसे सावधान रहो और इनकी इच्छा न करो।

× × × ×

धनका क्या उपयोग है? उसकी सहायतासे अन्न, वस्त्र और निवासस्थान प्राप्त किये जा सकते हैं। बस, उनके उपयोगकी मर्यादा इतनी ही है, आगे नहीं है। निस्संदेह, धनके बलपर ईश्वर तुझे नहीं दिखायी दे सकता। अथवा धनसे कुछ जीवनकी सार्थकता नहीं है। यही विवेककी दिशा है, क्या तू इसे समझ गया?

× × × ×

बिल्लीका बच्चा सिर्फ इतना ही जानता है कि 'म्यावँ, म्यावँ' करके अपनी माताको किस प्रकार पुकारना चाहिये। फिर आगे क्या करना है, सो सब बिल्लीको मालूम रहता है। वह अपने बच्चोंको, जहाँ उसे अच्छा लगता है, ले जाकर रखती है। घड़ीभरमें रसोईघरमें, घड़ी ही भरमें मालिकके गुदगुदे बिछौनेपर! हाँ, पर बिल्लीके बच्चेको सिर्फ इतना ज्ञान अवश्य होता है कि अपनी माँको कैसे पुकारूँ। इसी न्यायसे, मनुष्य जब अनन्य भावसे अपनी परम दयालु माता परमात्माकी पुकार करता है, तब वह तुरंत ही दौड़ता हुआ आकर उसका योगक्षेम सँभालता है। सिर्फ पुकार करना ही उसका काम है! हाँ,

× × × ×

दान और दया आदि गुणोंका आचरण यदि निष्काम बुद्धिसे होता है तो फिर उसकी उत्तमताके लिये कहना ही क्या है। इस आचरणमें यदि कहीं भक्तिकी पुष्टि मिल गयी, तब तो फिर ईश्वर-प्राप्तिके लिये और क्या चाहिये! जहाँ दया, क्षमा, शान्ति आदि सद्गुण हैं, वहीं ईश्वरका वास है।

× × × ×

जब हम कढ़ाईमें मक्खन डालकर उसे आँचपर रखते हैं, तब उसमें कबतक आवाज होती है! जबतक उसमें इतनी उष्णता नहीं आ जाती कि उसका जलांश जल जाय या उसमें पानीका कुछ भी अंश न रहे। मक्खन जबतक अच्छी तरह पूर्णतया नहीं पक जाता, तभीतक वह ऊपरको उबलता है और कल्-कल्—कल्-कल् आवाज करता है।

× × × ×

जो मक्खनकी तरह अच्छी तरह पककर निःशब्द हो गया है, घी बन गया है, वही ब्रह्मसाक्षात्कार किया हुआ सच्चा ज्ञानी पुरुष है। मक्खनको जिज्ञासु कह सकते हैं। उसमें जो पानीका अंश है, उसे अग्निके संस्कारसे निकाल डालना चाहिये। यह पानीका अंश अहंकार है। जबतक यह अहंकार निकलता नहीं, तबतक कैसा नृत्य करता है! पर जहाँ एक बार वह जलांश—अहंकार बिल्कुल नष्ट हो गया कि बस पक्का घी बन गया। फिर उसमें गड़बड़-सड़बड़ कुछ नहीं।

× × × ×

बुद्धि पङ्गु है। श्रद्धा सर्वसमर्थ है। बुद्धि बहुत नहीं चलती, वह थककर कहीं-न-कहीं ठहर जाती है। श्रद्धा अघटित कार्य सिद्ध कराती है। हाँ, श्रद्धाके बलपर मनुष्य अपार महोदधि भी लीलासे पार कर सकता है।

× × × ×

पहले हृदय-मन्दिरमें उसकी प्रतिष्ठा करो, पहले ईश्वरका अनुभवपूर्वक ज्ञान कर लो, तब वक्तृत्व और भाषण भी चाहे करो, इससे पहले नहीं। लोग एक ओर तो संसार-कर्दममें लोटते रहते हैं और दूसरी ओर शाब्दिक ब्रह्मकी खिचड़ी पकाया करते हैं। जब विवेक-वैराग्यकी गन्ध भी नहीं है, तब फिर सिर्फ 'ब्रह्म-ब्रह्म' बकनेसे क्या मतलब? उससे क्या लाभ होगा? मन्दिरमें देवताकी स्थापना तो की नहीं, फिर सिर्फ शङ्खध्वनि करनेसे क्या लाभ?

× × × ×

पहले हृदयमन्दिरमें माधवकी प्रतिष्ठा करनी चाहिये। पहले भगवत्प्राप्ति कर लेनी चाहिये। यह न करके सिर्फ 'भों-भों' करके शङ्ख बजानेसे क्या होगा? भगवत्प्राप्ति होनेके पहले उस मन्दिरकी सब गंदगी निकाल डालनी

चाहिये । पापरूपी मल धो डालना चाहिये । इन्द्रियोंकी उत्पन्न की हुई विषयासक्तिको दूर कर देना चाहिये । अर्थात् पहले चित्तको शुद्ध करना चाहिये । जहाँ मनकी शुद्धि हुई कि फिर उस पवित्र आसनपर भगवान् अवश्य ही आ बैठेगा । परंतु यदि उसमें गंदगी बनी रही तो माधव वहाँ कदापि न आयेगा । हृदय-मन्दिरकी पूर्ण स्वच्छता होनेपर माधव उस जगह प्रकट होगा । फिर चाहे तो शङ्ख भी न बजाओ ! सामाजिक सुधारके विषयमें तुम्हे बोलना है ? अच्छा, बोलो । परंतु पहले ईश्वरकी प्राप्ति कर लो और फिर वैसा करो । ध्यान रक्खो, प्राचीन कालके ऋषियोंने ईश्वर-प्राप्तिके लिये ही अपनी गृहस्थीपर तुलसीपत्र रख दिया था । बस, यही चाहिये । अन्य जितनी बाते तुम्हें चाहिये, वे सब फिर तुम्हारे पैरोंमे आकर पड़ेंगी ।

× × × ×

समुद्रतलके रत्नोंकी यदि तुम्हे आवश्यकता हो तो पहले डुबकी लगाकर समुद्रतलमें चले जाओ । पहले डुबकी लगाकर रत्न हाथमें कर लो । फिर दूसरी बात । पहले अपने हृदय-मन्दिरमें माधवकी प्रतिष्ठा करो, फिर शङ्खध्वनिकी बात करो । पहले परमेश्वरको पहचानो, फिर चाहे व्याख्यान झाड़ो और चाहे सामाजिक सुधार करो !

× × × ×

स्मरण रहे कि मूल वस्तु एक ही है, केवल नामोंकी भिन्नता है । जो ब्रह्म है, वही परमात्मा है और वही भगवान् । ब्रह्मज्ञानी ब्रह्म कहता है, योगी परमात्मा कहता है और भक्त भगवान् कहता है । वस्तु एक है, नाम भिन्न-भिन्न है ।

× × × ×

मेरी माता जगत्का आधार और आधेय भी है । वही जगत्का निमित्त कारण है और उपादान कारण भी है ।

× × × ×

आकाश भी दूरसे नीला देख पड़ता है; परंतु यदि अपने समीपका आकाश देखा जाय तो उसका कोई रंग ही नहीं है । समुद्रका जल भी दूरसे नीला देख पड़ता है; परंतु जब उसके पास जाओ और थोड़ा-सा जल हाथमें लेकर देखो तो मालूम होगा कि उस जलमें कोई रंग ही नहीं है । इसी तरह कालीके समीप—मेरी माताके निकट जाकर उसको देखो, उसका अपरोक्ष ज्ञान प्राप्त करो, उसका साक्षात्कार लाभ करो; तब यह देख पड़ेगा कि वह निर्गुण और निराकार ब्रह्म ही है !

× × × ×

सब बातें केवल मनपर ही अवलम्बित होती हैं । यदि तुम्हारा मन बद्ध है तो तुम भी बद्ध हो जाते हो और यदि तुम्हारा मन मुक्त है तो तुम भी मुक्त हो जाओगे । मनका रंग पानीके समान है, जो रंग उसमे दिया जायगा, वही उसका रूप हो जायगा । उसमे लाल रंग डालो, वह लाल दीख पड़ेगा; पीला रंग डालो, पीला हो जायगा । मन स्वयं निर्गुण है । केवल स्थितिके कारण ही उसमें गुण या अवगुण दीख पड़ते हैं ।

× × × ×

यदि मनको कुसंगति लग जाय तो उसका परिणाम हमारे आचार-विचार और वाणीपर भी प्रकट होने लगता है । इसके बदले यदि मनको अच्छी सगतिमे—भक्तजनोंके समागममें लगा दिया जाय तो वह ईश्वर-चिन्तनमें रमण करने लगता है और फिर ईश्वरकी कथाओंके अतिरिक्त उसको कुछ नहीं सुहाता ।

× × × ×

यदि कोई मनुष्य श्रद्धायुक्त अन्तःकरणसे ईश्वरका नाम लेगा तो उसके सब पाप नष्ट हो जायँगे, निःसंदेह वह मुक्त हो जायगा । हरिनामके विषयमें ऐसी दृढ़ भावना होनी चाहिये कि 'मै ईश्वरका नाम-स्मरण करता हूँ, अब मेरे पास पाप कैसे रह सकते हैं । पापके लिये अब मेरे पास कोई स्थान ही नहीं है । अब मैं बद्धदशामें नहीं रह सकता ।'

सबसे पहले ईश्वरकी प्राप्ति कर लेनी चाहिये । यही साध्य वस्तु है, यही कर्तव्य है और यही मुख्य उद्देश्य है । इसके बाद और दूसरे काम करने चाहिये ।

× × × ×

ऐसा कुछ नियम नहीं है कि भगवान्के भक्तको

सांसारिक कार्योंमें सुस्थिति ही प्राप्त होती रहे । भगवान्‌का भक्त कदाचित् दरिद्र भी हो सकता है परंतु वह मनमें बड़ा श्रीमान् होता है । शंख, चक्र, गदा और पद्मके धारण करनेवाले भगवान्‌का दर्शन यद्यपि देवकी-वसुदेवको कारागृहमें हुआ, तथापि उस समय वे कारागृहसे मुक्त नहीं हुए ।

× × × ×

देह सुखी हो या दुखी; परंतु जो असली भक्त है, वह तो ज्ञान और भक्तिके ऐश्वर्यमें ही दिन-रात मस्त रहता है । पाण्डवोंका उदाहरण ही देखो न—कितनी विपत्ति उनको भोगनी पड़ी, कैसे संकट उनके ऊपर आये; परंतु ऐसी कठिन विपत्तिमें भी उन्होंने भगवान्‌के ऊपरसे तिलमात्र भी श्रद्धा, भक्ति और निष्ठा नहीं हटायी । उनके समान ज्ञानी और उनके समान भक्त क्या कहीं हैं ?

× × × ×

कर्मका त्याग तुमसे कभी करते न बनेगा । प्रकृतिका धर्म है कि वह तुमसे कर्म करा ही लेगी, चाहे तुम्हारी इच्छा हो या न हो । जब ऐसा ही है, तब कर्म पूरी तरहसे क्यों न किया जाय ? कर्म अवश्य करो, परंतु उसमें आसक्त न रहो । अनासक्त भावसे किया गया कर्म ईश्वरप्राप्तिका साधन है । अनासक्त कर्मको साधन और ईश्वर-प्राप्तिको साध्य वस्तु समझो ।

× × × ×

भक्तिरहित कर्मसे कुछ लाभ नहीं । वह पङ्गु है । कर्मके लिये भक्तिका आधार होना आवश्यक है । भक्तिके ही आधारपर सब कुछ करना चाहिये । धर्मके लिये ही कर्मकी आवश्यकता है । धर्म न होगा तो कर्मसे क्या लाभ ।

× × × ×

संसारमें रहने और संसारके सब काम करनेमें कुछ दोष नहीं है, केवल दासीके समान अपने मनका भाव होना चाहिये । जब दासी अपने मालिकके घर आदिके विषयमें 'हमारा घर' 'हमारा बाबू' आदि कहती है, तब वह अपने मनमें भलीभाँति जानती है कि यह कुछ मेरा घर या बाबू नहीं है । इसी तरह संसारमें प्रत्येक गृहस्थको अलिप्त भावसे रहना चाहिये और सब काम अलिप्तभावसे ही करते रहना चाहिये । यदि संसारमें रहकर और संसारी काम करनेपर परमेश्वरका विस्मरण न हो, तो इससे अच्छा और कौन साधन हो सकता है ?

× × × ×

जबतक विवेक या सदसद्विचार और वैराग्य-सम्पत्ति तथा सम्मान और इन्द्रिय-सुखके प्रति तिरस्कारका प्रादुर्भाव नहीं हुआ, तबतक ईश्वरप्राप्तिकी चर्चा ही व्यर्थ है । वैराग्यके अनेक प्रकार हैं । एक मर्कट-वैराग्य होता है । जब संसारी दुःखोंसे शरीर अत्यन्त सताया जाता है, तब यह वैराग्य होता है; परंतु यह वैराग्य बहुत दिन नहीं टिकता । जब सारा संसारी सुख अनुकूल है और जब इस बातका बोध होता है कि संसारी सुख अनित्य है, केवल दोपहरकी छाया है, अतएव यह सुख मिथ्या है, इससे सच्चे और नित्य सुखकी प्राप्ति नहीं होगी, तब समझो कि तुम्हें वैराग्य हुआ ।

× × × ×

ईश्वर-प्राप्ति हो—ऐसी जिसकी इच्छा है, उसको निरन्तर सत्सङ्ग करना चाहिये । संसारी मनुष्य सदासे व्याधिग्रस्त हैं । इस व्याधिको दूर करनेके लिये साधुओंके ही विचार ग्रहण करने चाहिये । साधु जो कहते हैं, उनसे सुनकर ही कार्यसिद्धि नहीं हो सकती; अपितु जैसा वे कहें, वैसा करना चाहिये । औषध पेटमें जानी चाहिये और कठिन पथ्यका पालन करना चाहिये ।

आकाशमें रात्रिके समय बहुत-से तारे दिखलायी पड़ते हैं, परंतु सूर्योदय होनेपर वे अदृश्य हो जाते हैं; इससे यह कदापि नहीं कहा जा सकता कि दिनके समय तारे नहीं हैं । उसी प्रकार मनुष्यो ! माया-जालमें फँसनेके कारण यदि परमात्मा न दिखलायी पड़ें तो मत कहो कि परमेश्वर नहीं है ।

× × × ×

जल एक ही वस्तु है; परंतु लोगोंने उसको अनेक नाम दे रक्खे हैं । कोई पानी कहता है, कोई वारि कहता है

और कोई आब कहता है । उसी प्रकार सच्चिदानन्द है एक, परंतु उसके नाम अनेक हैं । कोई उसे अल्लाहके नामसे पुकारता है, कोई हरिका नाम लेकर याद करता है और कोई ब्रह्म कहकर उसकी आराधना करता है ।

× × × ×

आँख-मिचौनीके खेलमें जब एक खिलाड़ी पालेको छू लेता है, तब वह राजा हो जाता है, दूसरे खिलाड़ी उसे चोर नहीं बना सकते । उसी प्रकार एक बार ईश्वरके दर्शन हो जानेसे संसारके बन्धन फिर हमको बाँध नहीं सकते । जिस प्रकार पालेको छू लेनेपर खिलाड़ी जहाँ चाहे, वहाँ निडर घूम सकता है, उसे कोई चोर नही बना सकता, उसी प्रकार जिसको ईश्वरके चरण-स्पर्शका आनन्द एक बार मिल जाता है, उसे फिर संसारमें किसीका भय नहीं रह जाता । वह सांसारिक चिन्ताओंसे मुक्त हो जाता है और किसी भी माया-मोहमे फिर नहीं फँसता ।

× × × ×

पारस-पत्थरके स्पर्शसे लोहा एक बार जब सोना बन जाता है, तब उसे चाहे जमीनमें गाड़ दो अथवा कतवारमें फेंक दो, वह सोना ही बना रहता है, फिर लोहा नहीं होता; उसी प्रकार सर्वशक्तिमान् परमात्माके चरण-स्पर्शसे जिसका हृदय एक बार पवित्र हो जाता है, उसका फिर कुछ नहीं बिगड़ सकता, चाहे वह संसारके कोलाहलमें रहे अथवा जंगलमें एकान्त-वास करे ।

× × × ×

पारस-पत्थरके स्पर्शसे लोहेकी तलवार सोनेकी हो जाती है और यद्यपि उसकी सूरत वैसी ही रहती है, तथापि लोहेकी तलवारकी तरह उससे लोगोंको हानि नहीं पहुँच सकती । इसी प्रकार ईश्वरके चरण-स्पर्शसे जिसका हृदय पवित्र हो जाता है, उसकी सूरत-शकल तो वैसी ही रहती है, किंतु उससे दूसरोंको हानि नहीं पहुँच सकती ।

× × × ×

समुद्र-तलमें स्थित चुम्बककी चट्टान समुद्रके ऊपर चलनेवाले जहाजको अपनी ओर खींच लेती है, उसकी कीलें निकाल डालती है, सब पटरोंको अलग-अलग कर देती है और जहाजको समुद्रमें डुबो देती है । इसी प्रकार जब मनुष्यको आत्मज्ञान हो जाता है, जब वह अपनेको ही समानरूपसे विश्वभरमें देखने लगता है, तब उसका व्यक्तित्व और स्वार्थ एक क्षणमें नष्ट हो जाते हैं और उसका जीवात्मा परमेश्वरके अगाध प्रेम-सागरमें डूब जाता है ।

× × × ×

दूध पानीमें जब मिलाया जाता है, तब वह तुरंत मिल जाता है; किंतु दूधका मक्खन निकालकर डालनेसे वह पानीमें नहीं मिलता बल्कि उसके ऊपर तैरने लगता है । उसी प्रकार जब जीवात्माको ब्रह्मका साक्षात्कार हो जाता है, तब वह अनेक बद्ध प्राणियोंके बीचमें निरन्तर रहता हुआ भी बुरे संस्कारोंसे प्रभावित नही हो सकता ।

× × × ×

नयी उम्रकी तरुणीको जबतक बच्चा नहीं होता, तबतक वह गृहकार्यमें निमग्न रहती है; किंतु बच्चा हो जानेपर गृह-कार्योंसे वह धीरे-धीरे बेपरवाह होती जाती है और बच्चेकी ओर वह अधिक ध्यान देती है । दिनभर उसे बड़े प्रेमके साथ चूमती, चाटती और प्यार करती है । इसी प्रकार मनुष्य अज्ञानकी दशामें संसारके सब कार्योंमें लगा रहता है; किंतु ईश्वरके भजनमे आनन्द पाते ही वे उसे नीरस प्रतीत होने लगते हैं और वह उनसे अपना हाथ खींच लेता है । ईश्वरकी सेवा करने और उसके इच्छानुसार चलनेमें ही उसे अत्यन्त आनन्द मिलता है । दूसरे किसी भी काममें उसको सुख नहीं मिलता । ईश्वरदर्शनके सुखसे फिर अपनेको खींच नहीं सकता ।

× × × ×

घरकी छतपर मनुष्य सीढ़ी, बाँस, रस्सी आदि कई साधनोंके योगसे चढ़ सकता है । इसी प्रकार ईश्वरतक पहुँचनेके लिये भी अनेक मार्ग और साधन हैं । संसारका प्रत्येक धर्म इन मार्गोंमेंसे एक मार्गको प्रदर्शित करता है ।

× × × ×

संसारमें पाँच प्रकारके सिद्ध पाये जाते हैं—

(१) स्वप्न-सिद्ध—जिसको स्वप्नके ही साक्षात्कारसे पूर्णता प्राप्त होती है। (२) मन्त्र-सिद्ध—जिन्हें दिव्य मन्त्रोंसे पूर्णता प्राप्त होती है। (३) हठात् सिद्ध वे कहलाते हैं, जिन्हें एकाएक सिद्धि मिल जाती है और जो एकाएक पापोंसे मुक्त हो जाते हैं—जिस प्रकार एक दरिद्रको अकस्मात् द्रव्य मिल जाय या अकस्मात् उसका विवाह एक धनवान् स्त्रीसे हो जाय और वह धनी बन जाय। (४) कृपा-सिद्ध वे कहलाते हैं, जिन्हें ईश्वरकी कृपासे पूर्णता प्राप्त होती है। जिस प्रकार वनको साफ करते हुए किसी मनुष्यको पुराना तालाब या घर मिल जाय और उसके बनवानेमें उसे फिर कष्ट न उठाना पड़े, उसी प्रकार कुछ लोग भाग्यवश किंचित् परिश्रम करनेसे ही सिद्ध हो जाते हैं। (५) नित्य-सिद्ध वे कहलाते हैं जो सदैव सिद्ध रहते हैं। लौकीकी बेलोंमें फल लग जानेपर फूल आते हैं। इसी प्रकार नित्य-सिद्ध गर्भसे ही सिद्ध होते हैं, उनकी बाहरी तपस्या तो मनुष्य-जातिको सन्मार्गपर लानेके लिये एक नाममात्रका साधन है।

× × × ×

एक माँके कई लड़के होते हैं। एकको वह जेवर देती है, दूसरेको खिलौना देती है और तीसरेको मिठाई देती है। सब अपनी-अपनी चीजोंमें लग जाते हैं और माँको भूल जाते हैं। माँ भी अपने घरका काम करने लगती है। किंतु इस बीचमें जो लड़का सब वस्तुओंको फेंक देता है और माँके लिये चिल्लाने लगता है, माँ दौड़कर उसको चुप कराती है। इसी प्रकार, मनुष्यो ! तुमलोग संसारके कारोबार और अभिमानमें मस्त होकर अपनी जगन्माताको भूल गये हो। जब तुम इन सबको छोड़कर उसको पुकारोगे, तब वह शीघ्र ही आयेगी और तुमको अपनी गोदमें उठा लेगी।

× × × ×

परमात्माके अनेक नाम और अनेक रूप हैं। जिस नाम और जिस रूपसे हमारा जी चाहे, उसी नाम और उसी स्वरूपसे हम उसे देख सकते हैं।

× × × ×

जब मुझे प्रतिदिन अपने पेटकी चिन्ता करनी पड़ती है, तब मैं उपासना किस प्रकार कर सकता हूँ ? जिसकी तू उपासना करता है, वह तेरी आवश्यकताओंको अवश्य पूर्ण करेगा। तुझे पैदा करनेसे पहले ही ईश्वरने तेरे पेटका प्रबन्ध कर दिया है।

× × × ×

भक्त ! यदि ईश्वरकी गुह्य बातोंको जाननेकी तेरी लालसा है तो वह स्वयं सद्गुरु भेजेगा। गुरुको ढूँढ़नेमें तुझे कष्ट उठानेकी आवश्यकता नहीं है।

× × × ×

मनुष्य तकियेकी खोलीके समान है। किसी खोलीका रंग लाल, किसीका नीला और किसीका काला होता है, पर रूई सबमें है। यही हाल मनुष्योंका भी है। उनमेंसे कोई सुन्दर है तो कोई काला है, कोई सज्जन है तो कोई दुर्जन है; किंतु परमात्मा सभीमें मौजूद है।

× × × ×

आराधनाके समय उन लोगोंसे दूर रहो, जो भक्त और धर्मनिष्ठ लोगोंका उपहास करते हों।

× × × ×

इसमें संदेह नहीं कि यह सांसारिक जीवन उस मनुष्यके लिये बहुत भयानक है, जिसके अन्तःकरणमें ईश्वरके लिये प्रेम और भक्ति न हो। श्रीचैतन्यदेवने एक बार नित्यानन्दजीसे कहा था कि 'जो मनुष्य सांसारिक विषयोंका गुलाम हो गया, उसको मुक्ति नहीं मिल सकती; परंतु जो मनुष्य परमेश्वरमें श्रद्धा रखता है, उसको कुछ भय नहीं। ईश्वरकी प्राप्ति हो जानेके बाद यदि मनुष्य इस संसारके सब विषयोंका उपभोग करता रहे तो उसकी कोई हानि न होगी।' चैतन्यदेवके शिष्योंमें बहुतेरे संसारीजन थे, परंतु नाममात्रके लिये ही 'संसारी' थे।

× × × ×

काली मेरी माता है। क्या उसका रंग काला है ? नहीं। वह बहुत दूर है—उसका रूप मानवीय ज्ञानके लिये अगम्य है, इसलिये वह कदाचित् काली-सी देख पड़ती हो; परंतु यदि उसका स्वीकार किया जाय—उसकी पूजा की

जाय—उसका ज्ञान हो जाय तो जान पड़ेगा कि उसका रंग काला नही है, किंतु अत्यन्त मनोहर है।

× × × ×

भगवान् राधाकृष्ण अवतारी थे। इसमें किसीकी श्रद्धा रहे या न रहे, इस बातका कोई विशेष महत्त्व नही है। ईश्वरीय अवतारपर किसीका (चाहे वह हिंदू हो या ईसाई) विश्वास होगा, किसीका न होगा; परंतु भगवान्के प्रति गोपियोंके समान अत्यन्त प्रगाढ़ प्रेमलक्षणा भक्ति हृदयमें उत्पन्न होनेकी तीव्र आतुरता प्रत्येक मनुष्यमे होनी चाहिये। मनुष्य चाहे पागल भी हो जाय, परंतु उसे विषयासक्तिसे पागल नही होना चाहिये—भगवद्भक्तिसे होना चाहिये।

× × × ×

.....इसीलिये मैं कहता हूँ कि इस युगमें अन्य मार्गोंसे भक्तियोग ही सुलभ है। उससे कर्मकी व्यापकता सहज ही संकुचित हो जाता है। ईश्वरका अखण्ड चिन्तन होता है। इस युगमे ईश्वरप्राप्तिका यही सुलभ मार्ग है।

ज्ञानमार्गसे (सद्विचारसे अर्थात् ज्ञानविचारसे) अथवा कर्ममार्गसे (अर्थात् निष्काम कर्माचरणसे) ईश्वरप्राप्ति होगी, परंतु इस कलियुगमे भक्तिमार्गसे ये मार्ग अधिक कठिन हैं। यह नही कि भक्त अन्य स्थानपर पहुँचे और ज्ञानी या निष्कामकर्मी अन्य स्थानपर। तीनोंके पहुँचनेका अन्तिम मोक्षप्रद स्थान एक ही है। केवल मार्ग भिन्न-भिन्न हैं।

× × × ×

प्रेमके मुख्य दो लक्षण हैं—(१) जगत् मिथ्या है इस बातका बोध होना; (२) जो शरीर साधारण लोगोंके लिये अत्यन्त प्रिय वस्तु है, उसकी कुछ परवा न होना। भाव कच्चे आमके समान है, और प्रेम पके आमके तुल्य है। प्रेम भक्तके हाथमें एक रस्सी है। उसीसे वह ईश्वरको बाँधकर अपने वशमें करता है—किंबहुना, अपना दास ही बना लेता है। भक्तकी प्रेममय पुकार जहाँ भगवान्को सुनायी दी कि भगवान् दौड़े आते हैं। फारसी पुस्तकोंमें लिखा है कि इस शरीरमें चमड़ेके भीतर मांस, मासके भीतर हड्डी, हड्डीके भीतर मज्जा, इसी प्रकार एकके भीतर एक पुट बतलाकर सबके अंदर प्रेम बतलाया है।

× × × ×

ईश्वर-प्राप्तिकी सीढ़ियाँ

'साधुसमागम' यही पहली सीढ़ी है। सत्सङ्गसे ईश्वरके प्रति मनमें श्रद्धा उत्पन्न होती है। 'श्रद्धा' दूसरी सीढ़ी है। श्रद्धासे 'निष्ठा' होती है। निष्ठा जहाँ जमी कि फिर ईश्वर-कथाके सिवा और कुछ सुननेकी इच्छा नहीं होती—जीव चाहता है कि निरन्तर उसी परमात्माकी कुछ सेवा करें। यह तीसरी सीढी है। निष्ठाके लिये यह आवश्यक नही कि अमुक ही उपास्य देवता हो। उपास्य देवता चाहे तुम्हारा गुरु हो, सगुण ईश्वर हो, निर्गुण ईश्वर हो, कोई अवतारी पुरुष हो अथवा कोई कुलदेवता हो, सब एक ही हैं। वैष्णवोंकी निष्ठा विष्णु या भगवान् श्रीकृष्णपर होती है। शाक्तोंकी शक्तिपर—इसे ही काली, दुर्गा इत्यादि नाम दिये गये हैं।

'भक्ति' निष्ठाकी परिपक्वताका परिणाम है। यह चौथी सीढ़ी है। भक्ति अपनी परिपक्वतामे 'भाव'में परिणत हो जाती है। भावकी अवस्थामें ईश्वर-नाम-स्मरण होते ही मनुष्य निःशब्द या स्तब्ध हो जाता है। यही पाँचवीं सीढ़ी है। सामान्य संसारीजनोंकी गति इसी अवस्थातक पहुँचती है, इसके आगे नहीं जाती।

'महाभाव' छठी सीढ़ी है। ईश्वर-दर्शनके बाद महाभाव प्राप्त होता है। 'महाभाव' भगवद्भक्तिका आत्यन्तिक स्वरूप है। इस अवस्थामें भक्त पागल-सा रहता है। कभी हँसता है और कभी रोता है। उसे अपने शरीरकी कुछ भी सुध नहीं रहती। साधारण संसारी जीवोंमें देह-बुद्धि होनेसे इस अवस्थाका अनुभव उन्हें कभी नहीं होता।

प्रेम—यह सातवीं और आखिरी सीढ़ी है। महाभाव और प्रेम बहुधा साथ-ही-साथ रहते हैं। प्रेम ईश्वर-भक्तिका शिखर है। जीवात्मा साक्षात्कारके बाद गाढ़ प्रेममें निमग्न होता है। इस अवस्थाके मुख्य दो लक्षण हैं—(१) बाह्य-

जगत्‌की कोई सुध न होना, (२) अपने शरीरकी कुछ सुध न होना। श्रीचैतन्यदेव इस अवस्थाको पहुँचे थे। वे प्रेमावेशमें इस प्रकार निमग्न रहते थे कि उन्हे अपने शरीरकी भी परवा नहीं रहती थी और देखे हुए स्थानकी भी उन्हे स्मृति न रहती थी। कोई भी वन देखकर उसे वृन्दावन ही समझते थे। एक समय वे जगन्नाथपुरी गये थे, वहाँ 'समुद्र' देखकर वे उसे यमुना ही कहने लगे और उसी आवेशमें आकर वे समुद्रमें कूद गये। इस तरह उनकी विदेहावस्था देख उनके शिष्योंने उनकी आशा ही छोड़ दी थी। ऐसी अवस्था प्राप्त होनेपर भक्तको इष्ट-प्राप्ति होती है, उसे साक्षात्कार होता है और इस संसारमें जन्म लेनेकी सार्थकता होती है।

× × × ×

प्रश्न—इन्द्रिय-निग्रह बहुत कठिन है। इन्द्रियाँ मतवाले घोड़ोंकी तरह हैं। उनके नेत्रोंके सामने तो अँधेरा ही रहना चाहिये ?

उत्तर—ईश्वरकी एक बार कृपा हुई—उसका एक बार दर्शन हुआ कि फिर कुछ भय नहीं रहता। फिर षड्रिपुओंकी कुछ नहीं चल सकती—उनकी शक्ति मारी जाती है।

नारद और प्रह्लाद इत्यादि नित्यसिद्ध पुरुषोंके नेत्रोंके लिये ऐसे अन्धकारकी कुछ आवश्यकता नहीं पड़ती। जो लड़के अपने पिताका हाथ पकड़कर खेतकी मेड़-पर चलते है, उन्हींको, हाथ छूट जानेसे, कीचड़में गिर जानेका भय रहता है; किंतु जिन लड़कोका हाथ पिताने पकड़ लिया है, उनकी स्थिति बिल्कुल निराली ही रहती है। वे कभी गड्ढेमे नही गिर सकते।

× × × ×

बालकके समान जिसका मन सरल रहता है, सचमुच उसीको ईश्वरपर श्रद्धा होती है।

× × × ×

ईश्वरके चरणकमलोंमें लवलीन हो जानेवाला ही इस संसारमें धन्य है। वह चाहे शूकरयोनिमे ही क्यों न उत्पन्न हुआ हो, उसका अवश्य ही उद्धार होता है।

× × × ×

यद्यपि व्यभिचारिणी स्त्री अपने गृहकार्यमे मग्न रहती दिखायी देती है, तथापि उसका मन उसके जारकी ओर ही लगा रहता है। इसी प्रकार मनुष्यको अपने सांसारिक कार्योंको करना चाहिये। प्रभु-चरणोंमें रत होकर ही अन्य झगड़ोंमें हाथ डालना चाहिये। व्यभिचारिणी स्त्रीके गृह-कार्योंमें लगी रहनेपर भी उसका मन उसके चाहनेवालेकी ओर ही लगा रहता है।

× × × ×

अकबर बादशाहके जमानेमें दिल्लीके पास किसी वनमें एक फकीर रहता था। उसके दर्शनके लिये कई लोग उसकी कुटियापर जाया करते थे। वह चाहता था कि मै इन लोगों-का कुछ आदर-सत्कार कर सकूँ। परतु वह अत्यन्त दरिद्र था, इसलिये वह कुछ नहीं कर सकता था। तब एक दिन उसने अपने मनमे सोचा कि 'अकबर बादशाह साधु और फकीरोंको बहुत चाहता है; यदि मैं उससे निवेदन करूँगा तो वह मुझे कुछ द्रव्य अवश्य ही देगा, जिससे मैं अतिथियोंका उचित सत्कार कर सकूँगा।' इस प्रकार मनमें सोचकर वह बादशाहके पास गया। उस समय बादशाह नमाज पढ़ रहा था। फकीर भी वहीं जाकर बैठ गया। नमाज पढ़नेके समय अकबर बादशाहने यह प्रार्थना की कि 'ईश्वर ! मुझे धन दे, सत्ता दे और दौलत दे !' यह सुनकर फकीर वहाँसे उठकर बाहर जाने लगा। तब बादशाहने उसे सकेतसे बैठनेको कहा।

नमाज़ पढ़कर बादशाहने फकीरसे पूछा, 'आप मुझसे मिलने आये थे, परतु बिना कुछ बातचीत किये ही लौटकर चले जा रहे हैं; यह क्या बात है ?' फकीरने जवाब दिया, 'मैं हजूरके दरबारमें इसलिये आया था कि.....; परंतु आपको निवेदन करनेसे कोई फायदा नहीं है।' जब बादशाहने बार-बार आग्रह किया, तब फकीरने कहा, 'मेरी कुटियापर बहुतेरे लोग आया करते हैं। मैं दरिद्र हूँ, इसलिये मैं उनका स्वागत नहीं कर सकता। अतएव कुछ द्रव्य माँगनेके लिये आपके यहाँ आया था।' तब बादशाहने कहा 'तो फिर बिना कुछ माँगे ही लौटकर क्यो चले जा रहे हैं ?' यह सुनकर फकीरने कहा, 'खुदावद ! आप तो स्वयं भिखारी हैं ! आप खुदासे धन और दौलत माँग रहे हैं। जब आपकी यह दशा मैने देखी, तब मैने सोचा कि जो स्वयं दरिद्र है, वह मुझे क्या दे सकेगा ! यदि कुछ माँगना ही है तो अब मैं भी खुदासे ही माँगूँगा।'

× × × ×

शरीर-सौन्दर्यकी वास्तविकता

बड़ा सुन्दर शरीर है। सृष्टिकर्ताने जैसे पूरे संयमसे उसे साँचेमें ढाला हो। स्वास्थ्य और सौन्दर्य तो सहचर हैं। स्वास्थ्य नही रहेगा तो सौन्दर्य टिकेगा कैसे।

दूसरे ही उसके सौन्दर्यकी प्रशंसा करते हों, ऐसा नहीं है। वह स्वयं सजग है अपने सौन्दर्यके प्रति। उसका बहुत-सा समय शरीरको सजानेमे ही जाता है।

क्या है यह सौन्दर्य? यदि शरीरपरसे चमड़ा उतार दिया जाय—आप इस लोथड़ेको छूना तो दूर, देखना भी नहीं चाहेंगे। मास, रक्त, मज्जा, मेद, स्नायु, केशका एक बड़ा-सा घिनौना लोथड़ा, जिससे छू जानेपर स्नान करना पड़े—जिसकी अँतड़ियोंमें भरा कफ, पित्त, मूत्र और विष्ठा यदि फट पड़े—वमन आ जाय आपको।

वही सुन्दर शरीर—आप कङ्काल किसे कहते हैं? आपका यह कङ्काल ही तो है जिसपर आपका सौन्दर्य-गर्व है। यह कङ्काल—यह साक्षात् प्रेतके समान कङ्काल, जो रात्रिको आपके कमरेमे खड़ा कर दिया जाय तो आप चीखकर भागें। किंतु यही हमारी-आपकी देह है। हमारी-आपकी देहका पूरा आधार यही है और यही है जो कुछ तो टिक सकता है। देहका बाकी सब घिनौना तत्त्व तो सड़ जाता है कुछ घंटोंमे। इस कङ्कालको आप सुन्दर कहते हैं? इसे छोड़ देनेपर तो देहमें वही मास, मेद, मज्जा, स्नायु, मल आदिका लोथड़ा रहता है। क्या हुआ जो लोथड़ा चमड़ेसे ढका है।

कङ्कालपर मास, मेद, मज्जाका लेप चढ़ा है, स्नायु-जाल बँधे हैं और ऊपरसे चमड़ा मँढ़ दिया गया है। यही है शरीर और इस शरीरपर सुन्दरताका आरोप—सुन्दरताका गर्व! यह शरीर तो चिताकी आहुति है। चिताकी धू-धू करती लपटें इसकी प्रतीक्षा कर रही हैं।

× × ×

नारी तो सौन्दर्यकी प्रतिमा है। सुकुमारता और सौन्दर्यकी वह पुत्तलिका यदि सुसज्जित हो—उसके सौन्दर्यकी मादकता कितनोंको प्रमत्त करती ही है!

भगवान् न करें, किसीको रोग हो। लेकिन कोई रोग किसीसे अनुमति लेकर नहीं आता, किसीकी इच्छा या सम्मतिकी अपेक्षा नही करता। किसे कब कौन-सा रोग अपना ग्रास बना लेगा—कौन कह सकता है।

अनुपम सौन्दर्य, परम सुकुमार रूप—किसी भी क्षण तो चेचक हो सकती है। कुसुमकोमल, पाटलनिन्दक मुख जब चेचकके द्वारा मधुमक्खीके बर्रके छत्तेका मानचित्र बना दिया जाता है—अपनेको रसिक माननेवाले लोग उसकी ओर देखनातक नहीं चाहते। घरके लोग ही मुँह बिचकाते हैं।

चेचकसे ही कुछ अन्त तो नहीं है। रोगोंकी कोई ठीक संख्या नहीं। किसीके सौन्दर्यको हड़प जानेके लिये तो मुहाँसे-जैसे सामान्य रोग ही पर्याप्त हैं; फिर कहीं राजरोग कुष्ठ आ टपके? गलित कुष्ठके घाव—छूना तो दूर, लोग देखनातक नही चाहते। आकर्षण, मोह और सम्मानका भाजन सौन्दर्य घृणा एवं तिरस्कारसे बच नही पाता।

क्या अर्थ है सौन्दर्यका? सौन्दर्यके मोहका? सौन्दर्यके आकर्षणका? चेचक या कोढ़ कहीं चले नहीं गये हैं। कितना तुच्छ, कितना नश्वर है सौन्दर्य उनके सम्मुख।

वृद्धावस्था सौन्दर्यकी चिरशत्रु है। कोई रोग आये, न आये; वह तो आयेगी ही। लेकिन मृत्यु वृद्धावस्थाकी भी प्रतीक्षा नहीं करती। वह तो चाहे जब आ सकती है। अन्ततः शरीरपर स्वत्व तो चिताका ही है। चिताकी लपटोंमें उसे भस्म होना ही पड़ेगा।



शरीर-सौन्दर्यकी वास्तविकता

स्वामी विवेकानन्द

(जन्म—ता० १२ जनवरी सन् १८६३ ई०, जन्मनाम—नरेन्द्रनाथदत्त, पिताका नाम—विश्वनाथदत्त, देहत्याग—ता० ४ जुलाई सन् १९०२, परमहंस रामकृष्णके प्रधान शिष्य ।)



हरेक मनुष्यमें आस्तिक्य-बुद्धि होती ही है, परंतु कोई उसे समझते हैं और कोई उसके ज्ञानसे विमुख रहते हैं । जो चेतन एक शरीरमें है, वही सब संसारमें है । उस चेतन-की उत्पत्ति या नाश नहीं होता । एक शरीरमें जो चेतन है वह जीवात्मा, और जो सर्वव्यापक है वह परमात्मा है; दोनो अच्युत हैं ।

× × ×

हिंदू-धर्मकी उत्पत्ति वेदोंसे हुई है और वेद अनादि, अनन्त तथा अपौरुषेय हैं । किसी पुस्तकका आरम्भ और अन्त नहीं, यह सुनकर आपलोगोंको आश्चर्य होगा; पर इसमें आश्चर्य करनेकी कोई बात नहीं है । वेद कोई पुस्तक नहीं, किंतु उन सिद्धान्तोंका संग्रह है, जो अटूट या अकाट्य हैं । जिन लोगोंने ऐसे सिद्धान्त ढूँढ़ निकाले, उन्हे ऋषि कहते हैं । ऋषियोंको हम पूर्ण—ईश्वरस्वरूप समझते हैं । यहाँपर इस बातका उल्लेख कर देना अनुचित न होगा कि उन तत्त्वविवेचकोंमें कुछ स्त्रियाँ भी थीं । भिन्न-भिन्न व्यक्तियों-के परस्पर सम्बन्ध या व्यष्टि (एक पुरुष) का समष्टि (विश्व) से सम्बन्ध जिन सिद्धान्तोंसे निश्चित हुआ, वे ही सिद्धान्त त्रिकालाबाधित हैं । उनका पता लगानेके पहले भी वे वर्तमान थे; आगे चलकर हम उन्हे भूल जायँगे तो भी उनका अस्तित्व नष्ट न होगा । न्यूटनके आविष्कारके पहले भी गुरुत्वाकर्षणका नियम रुका हुआ नहीं था ।

× × ×

वेदोंने काल-शार्दूलके पंजेसे छूटनेका उपाय बताया है । भगवान् श्रीकृष्णने, जिन्हे हम हिंदू परमात्माका पूर्णावतार मानते हैं, भवसागरसे तरनेकी रीति बतायी है । सृष्टिके सब नियम जिसके अनुरोधसे चलते हैं, जो जड और चेतनमें भरा हुआ है, जिसकी आज्ञासे वायु बहता है, आग जलाती है, मेघ जल बरसाते हैं और मृत्यु हरण करती है, उस परमात्माकी पूजा करो । उसीकी ऋषिलोग प्रार्थना करते हैं—'हे सर्वव्यापी दयामय ! तू हमारा पिता, तू ही हमारी माता, तू ही बन्धु, मित्र और संसारकी सब शक्तियोंका अधिष्ठाता है । तू सब विश्वका भार सहता है, हम तेरे पास इस जीवन-का भार सहनेकी शक्तिके लिये याचना करते हैं ।' इस जन्म तथा अन्य जन्ममें उससे बढ़कर और किसीपर प्रेम न हो, यह भावना मनमें दृढ़ कर लेना ही उसकी पूजा करना है । मनुष्यको संसारमें कमल-पत्रके समान अलिप्त रहना चाहिये । कमल-पत्र जलमें रहकर भी नहीं भीगता; इसी तरह कर्म करते हुए भी उससे उत्पन्न होनेवाले सुख-दुःखसे यदि मनुष्य अलग रहे तो उसे निराशासे सामना नहीं करना होगा । सब काम निष्काम होकर करो, तुम्हे कभी दुःख न होगा ।

× × ×

आत्मा पूर्ण ईश्वरस्वरूप है । जड शरीरसे उसके बद्ध होनेका आभास होता है सही, पर उस आभासको मिटा देने-से वह मुक्त-अवस्थामें देख पड़ेगा । वेद कहते हैं कि जीवन-मरण, सुख-दुःख, अपूर्णता आदिके बन्धनोंसे छूटना ही मुक्ति है । उक्त बन्धन बिना ईश्वरकी कृपाके नहीं छूटते और ईश्वरकी कृपा अत्यन्त पवित्र-हृदय बिना हुए नहीं होती । जब अन्तःकरण सर्वथा शुद्ध और निर्मल अर्थात् पवित्र हो जाता है, तब जिस मृत्पिण्ड देहको जड या त्याज्य समझते हो, उसीमें परमात्माका प्रत्यक्षरूपसे उदय होता है और तभी मनुष्य जन्म-मरणके चक्रसे छूट जाता है । केवल कल्पना-चित्र देखकर या शब्दाडम्बरपर मुग्ध होकर हिंदू समाधानका अनुभव नहीं करते । दस इन्द्रियोंद्वारा जो न जानी जाती हो, ऐसी किसी वस्तुपर हिंदुओंका विश्वास बिना अनुभव किये न होगा । जड-सृष्टिसे अतीत जो चेतन तत्त्व है, हिंदू उससे बिना किसी बिचवईके (प्रत्यक्ष) मिलेंगे । किसी हिंदू साधुसे पूछिये 'बाबाजी, क्या परमेश्वर सत्य है ?' वह आपको उत्तर देगा 'निःसंदेह सत्य है; क्योंकि उसे मैंने देखा है ।' आत्मविश्वास ही पूर्णताका बोधक है । हिंदू-धर्म किसी मतको सत्य या किसी सिद्धान्तको मिथ्या कहकर अंधश्रद्ध बननेको नहीं कहता । हमारे ऋषियोंका कथन है कि जो कुछ हम कहते हैं, उसका अनुभव करो—उसका साक्षात्कार करो । मनुष्यको परिश्रम करके पूर्ण पवित्र तथा ईश्वररूप बनना चाहिये । ईसाई-धर्ममें आसमानी पिताकी कल्पना की गयी है । हिंदू-धर्म कहता है—उसे अपनेमें प्राप्त करो, ईश्वर बहुत दूर नहीं है ।

× × ×

इसमें संदेह नहीं कि धर्मका पागलपन उन्नतिमें बाधा डालता है; पर अंधश्रद्धा उससे भी भयानक है। ईसाइयोंको प्रार्थनाके लिये मन्दिरकी क्या आवश्यकता है? क्रॉसके चिह्नमें पवित्रता कैसे आ गयी? प्रार्थना करते समय आँखें क्यों मूँद लेनी चाहिये? परमेश्वरके गुणोंका वर्णन करते हुए 'प्रॉटेस्टैंट' ईसाई मूर्तियोंकी कल्पना क्यों करते हैं? 'कैथलिक' पन्थवालोंको मूर्तियोंकी क्यों आवश्यकता हुई? भाइयो! श्वास-निःश्वासके बिना जैसे जीना सम्भव नहीं, वैसे ही गुणोंकी किसी प्रकारकी मनोमय मूर्ति बनाये बिना उनका चिन्तन होना असम्भव है। हमें यह अनुभव कभी नहीं हो सकता कि हमारा चित्त निराकारमें लीन हो गया है; क्योंकि जड विषय और गुणोंकी मिश्र-अवस्थाके देखनेका हमें अभ्यास हो गया है। गुणोंके बिना जड विषय और जड विषयोंके बिना गुणोंका चिन्तन नहीं किया जा सकता, इसी तत्त्वके अनुसार हिंदुओंने गुणोंका मूर्तरूप—दृश्यस्वरूप बनाया है। मूर्तियाँ ईश्वरके गुणोंका स्मरण करानेवाले चिह्नमात्र हैं। चित्त चञ्चल न होकर सद्गुणोंकी मूर्ति—ईश्वर—में तल्लीन हो जाय—इसी हेतुसे मूर्तियाँ बनायी गयी हैं। हरेक हिंदू जानता है कि पत्थरकी मूर्ति ईश्वर नहीं है। इसीसे वे पेड़, पक्षी, अग्नि, जल, पत्थर आदि सभी दृश्य वस्तुओंकी पूजा करते हैं। इससे वे पाषाण-पूजक नहीं हैं। (वह मूर्तिमें भगवान्‌को पूजता है) आप मुखसे कहते हैं 'परमात्मन्! तुम सर्व-व्यापी हो।' परंतु कभी इस बातका आपने अनुभव भी किया है? प्रार्थना करते हुए आपके हृदयमें आकाशका अनन्त विस्तार या समुद्रकी विशालता क्या नहीं झलकती? वही 'सर्वव्यापी' शब्दका दृश्यस्वरूप है।

× × ×

आप हिंदुस्थानकी सतियोंका इतिहास पढ़ हिंदू-धर्मको भयानक समझते होंगे; परंतु सतियोंके पवित्र हृदयोंतक अभी आपकी दृष्टि नहीं पहुँची है। सती होना पति-प्रेमका अतिरेक है। उसमें विकृति आनेका दोष धर्मपर क्योंकर लादा जा सकता है? यूरोपके इतिहासमें देखिये, कुछ शताब्दियोंके पहले धर्मकी आड़ लेकर अंग्रेजोंने असंख्य स्त्री-पुरुषोंको जीते-जी जला दिया था। कई ईसाइयोंने असंख्य स्त्रियोंको 'डाइन' कहकर अग्निनारायणके अधीन कर दिया था। ऐसी अविचारकी बातें हिंदुस्थानमें नहीं होतीं। सम्भव है कि हिंदू-धर्मवालोंके विचार अभीतक सफल न हुए हों, उनसे भूलें हुई हों; पर सर्वजीवहितकारी यदि कोई धर्म है तो मैं जोर देकर कहता हूँ कि वह हिंदू-धर्म ही है। हिंदुस्थानकी स्त्रियाँ पतिके मृत देहके साथ अपने शरीरकी आहुति दे सकती हैं, पर कोई हिंदू कभी किसीका अपकार करनेकी भावना मनमें नहीं लाता।

× × ×

एक ग्रीकप्रवासीने बुद्धदेवके समयके भारतकी दशाका जो वर्णन किया है, उसमें स्पष्ट लिखा है कि 'भारतकी कोई स्त्री पर-पुरुष-संसर्ग नहीं करती और कोई पुरुष असत्य नहीं बोलता।' इस वर्णनसे हिंदुओंके उच्च चरित्रका परिचय आपको होगा। कोई बुद्ध-धर्मको हिंदू-धर्मसे पृथक् समझते हैं, पर उनकी यह भूल है। हिंदू-धर्म बुद्धधर्मसे भिन्न नहीं, किंतु दोनोंके संयोगसे संसारका बहुत कुछ कार्य हुआ है। जिस प्रकार यहूदी-धर्मसे ईसाई-धर्मकी उत्पत्ति हुई, उसी प्रकार हिंदू-धर्मका उज्ज्वलस्वरूप स्पष्ट करनेके लिये बुद्ध-धर्मका आविर्भाव हुआ। यहूदियोंने ईसाके साथ छल किया, उसे फाँसीपर लटकाया; परंतु हिंदू-धर्मवालोंने बुद्धको अवतार मानकर उसकी पूजा ही की। बुद्धदेवका अवतार हिंदू-धर्मको मिटानेके लिये नहीं, किंतु उसके तत्त्व और विचार दृश्यस्वरूप-में लानेके लिये—समता, एकता और गुप्त तत्त्वज्ञानको प्रकाश करनेके लिये हुआ था। वर्ण या जातिका विचार न कर सारी मनुष्यजातिका कल्याण करना उनका उद्देश्य था। गरीब, अमीर, स्त्री, शूद्र—सभीको ज्ञानी बनानेके उच्च उद्देश्यसे प्रेरित हो कई ब्राह्मण-शिष्योंके आग्रह करनेपर भी उन्होंने अपने सब ग्रन्थ संस्कृत-भाषामें न रचकर उसी भाषामें रचे जो उस समय बोली जाती थी।

× × ×

एक आत्माका जो मूलरूप है, वही सम्पूर्ण विश्वका भी है। यही नहीं; किंतु सब दृश्य-अदृश्य पदार्थ एक ही मूलरूपके अनन्त आभास हैं। सूर्यकी किरणें लाल, पीले, सफेद आदि रंगोंके काँचोंमेंसे जुदे-जुदे रंगोंकी भले ही दीख पड़ती हों, वास्तवमें उनका रंग भिन्न नहीं है। वेदान्त कह रहा है—'तत्त्वमसि।' अर्थात् वही तू है, जगत्‌से तू अपनेको अलग न समझ। तू मनमें द्वैत रखता है, इसीसे दुःख भोगता है। यदि तुझे अखण्ड सुख भोगना हो तो अखण्ड एकताका अनुभव कर। 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' इस सिद्धान्तसे वेदान्तने सिद्ध कर दिया कि जगत्‌के सब पदार्थोंमें ब्रह्म भरा है। अधिक क्या, समस्त दृश्यसृष्टि ब्रह्मका ही व्यक्त रूप है। पुरुषमें जो ब्रह्म है, वही स्त्रीमें है। छाती निकालकर चलनेवाले तरुण और धनुष-

के समान जिनकी कमर झुकी हुई है, उन लाठीके सहारे पैर रखनेवाले वृद्धोंके ब्रह्ममें अन्तर नहीं है। हम जो कुछ देखते हैं, छूते हैं या अनुभव करते हैं, वह सब ब्रह्ममय है। हम ब्रह्ममें रहते हैं, उसीमें सब व्यवहार करते है और उसीके आश्रयसे जीते हैं।

× × ×

ब्रह्मकी उपासना करनेसे आपको किसीका भय न रहेगा। सिरपर आकाश फट पड़े या बिजली गिर पड़े, तो भी आपके आनन्दमें कमी न होगी। साँप और शेरोंसे दूसरे लोग भले ही डरें, आप निर्भय रहेंगे; क्योंकि उन क्रूर जन्तुओंमे भी आपका शान्तिमय स्वरूप आपको दीख पड़ेगा। जो ब्रह्मसे एकरूप हुआ, वही वीर—वही सच्चा निर्भय है। महात्मा ईसामसीहका विश्वासघातसे जिन लोगोंने वध किया, उन्हें भी ईसाने आशीर्वाद ही दिया। सच्चे निर्भय अन्तःकरणके बिना यह बात नहीं हो सकती। 'मैं और मेरा पिता एक हैं'—ऐसी जहाँ भावना हो, वहाँ भयकी क्या शक्ति है कि वह पास भी आनेका साहस करे। समस्त विश्वको जो अपनेमें देखता है—उसमें तल्लीन होता है, वही सच्चा उपासक है; उसीने जीवनका सच्चा कर्तव्य पालन किया है। हमारे विचार, शरीर और मन जितने निकट हैं, उससे भी अधिक निकट परमात्मा हैं। उनके अस्तित्वपर ही मन, विचार और शरीरका अस्तित्व निर्भर है। हरेक वस्तुका यथार्थ ज्ञान होनेके लिये हमे ब्रह्मज्ञान होना चाहिये। हमारे हृदयके अत्यन्त गूढ़ भागमें उसका वास है। सुख-दुःख, शरीर और युगोंके बाद युग आते और चले जाते हैं; परतु वह ब्रह्म अमर है। उसीकी सत्तासे संसारकी सत्ता है। उसीके सहारे हम देखते, सुनते और विचार करते हैं। वह तत्त्व जैसा हमारे अन्तःकरणमे, वैसा ही क्षुद्र कीटमे भी है। यह बात नहीं कि सत्पुरुषोंके हृदयमे उसका वास है और चोरोंके नहीं। जिस दिन हमे इस बातका अनुभव होगा, उसी दिन सब संदेह मिट जायेंगे। जगत्का विकट प्रश्न हमारे सामने उपस्थित है, इसका उत्तर 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' इस भावनाके अतिरिक्त क्या हो सकता है? भौतिक शास्त्रोंने जो ज्ञान सम्पादन किया है, वह सच्चा ज्ञान नहीं; सत्य ज्ञान उनसे दूर है। उनका ज्ञान विशुद्ध ज्ञान-मन्दिरका सोपानभर है। 'सब कुछ ब्रह्ममय है'—यह अनुभव होना ही सच्चा ज्ञान है। यही धर्मका रहस्य है, विवेचक बुद्धिके आगे इसी धर्म-ज्ञानकी विजय होगी।

× × ×

परमात्मा सर्वशक्तिमान्, सर्वज्ञ, सर्वान्तर्यामी तथा नित्य मुक्त है। यही मुक्त-दशा और उससे उत्पन्न होनेवाली चिर-शान्ति प्राप्त करना सब धर्मोका अन्तिम लक्ष्य है। जिस अवस्थामे कभी अन्तर नही पड़ता, उस पूर्ण अवस्था और किसी समय भी छीनी न जानेवाली स्वाधीनता प्राप्त करनेकी सब धर्मोकी प्रबल इच्छा है; क्योंकि सच्ची मुक्ति वह स्वाधीनता ही है। हम स्वाधीनता प्राप्त करनेके राज-पथपर चलते हुए रास्ता भूल-कर भटक रहे हैं।

× × ×

संसारकी प्रत्येक वस्तुमें—सूर्य, चन्द्र, अग्नि, तारागणमें तथा हमारे हृदयोंमें प्रकाशित होनेवाला तेज परमात्माका ही है। सारा संसार परमात्माके प्रकाशसे प्रकाशमान है। संसारमे अच्छा या बुरा—जो कुछ हम देखते हैं, उसी विश्वात्माका रूप है। वह हमारा मार्गदर्शक और हम उसके अनुचर हैं। अच्छे कर्म करनेवालेकी तरह पापीके मनमें भी वही—आवश्यकताओंको पार करनेकी—मुक्तिकी इच्छा होती है। दोनोंके मार्ग भिन्न भले ही हों, एकका मार्ग सुविधाका और दूसरेका असुविधाका हो सकता है; परंतु इससे हम यह नहीं कह सकते कि एक परमात्माके पूजनमें निमग्न और दूसरा उससे विमुख है। भिन्न मार्ग तो केवल उपाधि-भेदमात्र है। जिन भेदोंसे संसारमे भिन्नता दीख पड़ती है, उन्हे हटा दीजिये; सबका मूल एक ही दृष्टिगोचर होगा। उपनिषदोने यही बात सिद्ध की है। गुलाबकी मधुर सुगन्ध, पक्षियोंके चित्र-विचित्र पक्ष और हमारा चेतन एक ही परमात्माके विविध स्वरूप हैं। सब संसार उसीपर अवलम्बित है। वही अमर चेतनरूप है और समस्त संसारका संहारकर्ता भी। व्याधको देख खरगोश जैसे चारों ओर भागने लगते हैं, हम भी वैसे ही ईश्वरके उग्र रूपको देखकर भाग रहे हैं। खरगोश बिलोमे घुसकर व्याधसे जान भले ही बचा ले, पर सर्वव्यापी परमात्मासे पृथक् होकर हम कहाँ रह सकेंगे?

× × ×

मैं एक बार काशी गया था। वहाँके एक मन्दिरमे बहुत-से हृष्ट-पुष्ट और उपद्रवी बंदर थे। मैं दर्शन कर मन्दिरसे बाहर निकला और ऐसे तंग रास्तेसे चला कि जहाँ एक ओर बड़ा भारी तालाब और दूसरी ओर बहुत ऊँची दीवार थी। बंदरोने बीच रास्तेमें मुझे घेर लिया। अब मै वहाँसे भागा। मुझे भागते देख बंदर और भी मेरे पीछे पड़ गये और

काटने भी लगे। यह तमाशा देख दूर खड़े हुए एक आदमीने कहा—'आप डरकर भागते क्यों हैं? उनसे निर्भय हो सामना कीजिये, वे आपसे खुद डरकर भाग जायँगे।' मैंने ऐसा ही किया और सब बंदर धीरे-धीरे भाग गये। यही बात संसारकी है। अनेक विघ्न-बाधाओंसे—ईश्वरके भयानक रूपसे हम डरकर भाग जायँगे तो मुक्तिसे हाथ धो बैठेंगे। हम विपत्तियोंसे जितना डरेंगे, उतना ही वे हमें चक्करमें डाल देंगी। भय, दुःख और अज्ञानका डटकर सामना कीजिये। किसी कविने कहा है—

'नहीं जो खारसे डरते वही उस गुलको पाते हैं।'

× × ×

परमात्मा सुख और शान्तिमें निवास करता है, यह बात सत्य है; तो फिर दुःख तथा विपत्तियोंमें उसका अस्तित्व क्यों न माना जाय। दुःखोंसे डरना रस्सीको साँप समझकर डरनेके बराबर है। आनन्ददायक और दुःखकारक, नयनमनोहर और भयानक—सभी तरहकी वस्तुओंमें ईश्वरका वास है। जब सबमें आपको परमात्मा दीख पड़ेगा, तब किस दुःख या संकटकी मजाल है जो आपके सामने भी खड़ा रहे। भेदबुद्धि नष्ट होकर जब नरक और स्वर्ग एक-से ही सुखदायक हो जायँगे, तब सब विघ्न-बाधाएँ अपने-आप मुक्तिके दरवाजे-से हटकर आपका रास्ता साफ बना देंगी और तभी आपकी सत्य स्वरूपसे भेंट होगी। भिन्नता दूरकर समता बढ़ाइये। भयके अन्धकारसे निर्भयताके प्रकाशमें चले आइये।

× × ×

हम मुँहसे लंबी-चौड़ी बातें करते और तत्त्वज्ञानकी सरिता बहा देते हैं। परंतु सामान्य कारणोंसे क्रोधसे लाल हो अहंकारके अधीन हो जाते हैं। उस समय क्षुद्र देहका अहंकार ही सृष्टिका चेतन बन जाता है। चेतनको इतना क्षुद्र बना लेना मानवजातिकी उन्नतिमें बड़ी भारी बाधा है। ऐसी अवस्थामें हमें सोचना चाहिये कि मैं निस्सीम चेतन हूँ, मुक्त हूँ। क्रोध और क्रोधका कारण भी मैं ही हूँ, फिर व्यर्थ अहंकारके वशीभूत होना क्या मेरे लिये उचित है?

× × ×

परमेश्वरकी प्रार्थना करते समय हम अपना सारा भार उनको सौंपते हैं और दूसरे ही क्षण क्रोध और अभिमानके वशीभूत होकर उसे छीन लेते हैं। इस प्रकार कहीं उनकी उपासना होती है? सच्ची पूजा तलवारकी धारपर चलने अथवा खड़े पहाड़पर सीधे चढ़नेके समान कठिन है। इस कठिनताको तुच्छ जान जो अपना रास्ता तय करता है, वही स्वानन्द-साम्राज्यतक पहुँचता है। विघ्न-बाधाओंसे डरना त्रैलोक्यविजयी सच्चे वीरका काम नहीं, वह तो ऐसी आपत्तिको ढूँढ़ा ही करता है। सच्चे हृदयसे यत्न कीजिये, आपको अमृतके बदले विषकी घूँट पीनी नहीं पड़ेगी। हम देव और दैत्य दोनोंके स्वामी होनेके योग्य हैं। हमें परमात्मासे यही प्रार्थना करनी चाहिये—'सर्वव्यापिन्! हम तुम्हें सर्वस्व अर्पण कर चुके हैं। हमारे अच्छे-बुरे कर्म पाप-पुण्य, सुख-दुःख—सभी तुम्हें समर्पित हैं।'

× × ×

हमारे यत्न हजारों चित्तोंपर प्रभुत्व प्राप्त करनेके लिये हो रहे हैं; परंतु दुःखकी बात है कि हजारों चित्त हमपर ही प्रभुत्व दिखा रहे हैं। सुखदायी वस्तुओंका रसास्वाद लेनेकी हमारी इच्छा है, परंतु वे ही वस्तुएँ हमारा कलेजा खा रही हैं। सृष्टिकी सारी सम्पत्ति हजम कर जानेके हमारे विचार हैं, परंतु सृष्टि ही हमारा सर्वस्व छीन रही है। ऐसी विपरीत बातें क्यों होती हैं? हम कर्ममें आसक्ति रखते हैं—सृष्टिके जालमें अपने-आप जा फँसते हैं—यही इस विपत्तिका कारण है।

× × ×

कुटुम्बी-मित्र, धर्म-कर्म, बुद्धि और बाहरी विषयोंके प्रति लोगोंकी जो आसक्ति देखी जाती है, वह केवल सुख-प्राप्तिके लिये है। परंतु जिस आसक्तिको लोग सुखका साधन समझ बैठे हैं, उससे सुखके बदले दुःख ही मिलता है। बिना अनासक्त हुए हमें आनन्द नहीं मिलेगा। इच्छाओंका अङ्कुर हृदयमें उत्पन्न होते ही उसे उखाड़कर फेंक देनेकी जिनमें शक्ति है, उनके समीप दुःखोंकी छायातक नहीं पहुँच सकती। अत्यन्त आसक्त मनुष्य उत्साहके साथ जिस प्रकार कर्म करता है, उसी प्रकार कर्म करते हुए भी उससे एकदम नाता तोड़ देनेकी जिसमें सामर्थ्य है, वही प्रकृतिद्वारा अनन्त सुखोंका उपभोग कर सकता है। परंतु यह दशा तब प्राप्त हो सकती है, जब कि उत्साहसे कार्य करनेकी आसक्ति और उससे पृथक् होनेकी अनासक्तिका बल समान हो। कुछ लोग बिल्कुल अनासक्त देख पड़ते हैं। न उनका किसीपर प्रेम होता है और न वे संसारमें ही लीन रहते हैं। मानो उनका हृदय पत्थरका बना होता है। वे कभी दुःखी नहीं दीख पड़ते। परंतु संसारमें उनकी योग्यता कुछ भी नहीं है; क्योंकि उनका मनुष्यत्व नष्ट हो चुका है। इस दीवारने जन्म पाकर कभी दुःखका अनुभव न किया होगा और न इसका किसीपर प्रेम ही

होगा। यह आरम्भसे अनासक्त है। परंतु ऐसी अनासक्तिसे तो आसक्त होकर दुःख भोगना ही अच्छा। पत्थर बनकर बैठनेसे दुःखोंसे सामना नहीं करना पड़ता—यह बात सत्य है; परंतु फिर सुखोंसे भी तो वञ्चित रहना पड़ता है। यह केवल चित्तकी दुर्बलतामात्र है। यह एक प्रकारका मरण है। जड बनना हमारा साध्य नहीं है। आसक्ति होनेपर उसका त्याग करनेमें पुरुषार्थ है। मनकी दुर्बलता सब प्रकारके बन्धनोंकी जड़ है। दुर्बल मनुष्य संसारमें तुच्छ गिना जाता है, उसे यशःप्राप्तिकी आशा ही न रखनी चाहिये। शारीरिक और मानसिक दुःख दुर्बलतासे ही उत्पन्न होते हैं। हमारे आस-पास लाखों रोगोंके कीटाणु हैं; परंतु जबतक हमारा शरीर सुदृढ़ है, तबतक उसमें प्रवेश करनेका उन्हें साहस नहीं होता। जबतक हमारा मन अशक्त नहीं हुआ है, तबतक दुःखोंकी क्या मजाल है जो वे हमारी ओर आँख उठाकर भी देखें। शक्ति ही हमारा जीवन और दुर्बलता ही मरण है। मनोबल ही सुखसर्वस्व, चिरन्तन जीवन और अमरत्व तथा दुर्बलता ही रोगसमूह, दुःख और मृत्यु है।

× × ×

किसी वस्तुपर प्रेम करना—अपना सारा ध्यान उसीमें लगा देना—दूसरोंके हित-साधनमें अपने-आपको भूल जाना—यहाँतक कि कोई तलवार लेकर मारने आये, तो भी उस ओरसे मन चलायमान न हो—इतनी शक्ति हो जाना भी एक प्रकारका दैवी गुण है। वह एक प्रबल शक्ति है, परंतु उसीके साथ मनको एकदम अनासक्त बनानेका गुण भी मनुष्यके लिये आवश्यक है; क्योंकि केवल एक ही गुणके बलपर कोई पूर्ण नहीं हो सकता। भिखारी कभी सुखी नहीं रहते; क्योंकि उन्हें अपने निर्वाहकी सामग्री जुटानेमें लोगोंकी दया और तिरस्कारका अनुभव करना पड़ता है। यदि हम अपने कर्मका प्रतिफल चाहेंगे तो हमारी गिनती भी भिखारियोंमें होकर हमें सुख नहीं मिलेगा। देन-लेनकी वणिक्-वृत्ति अवलम्बन करनेसे हमारी हाय-हाय कैसे छूट सकती है। धार्मिक लोग भी कीर्तिकी अपेक्षा रखते हैं, प्रेमी प्रेमका बदला चाहते हैं। इस प्रकारकी अपेक्षा या स्पृहा ही सब दुःखोंकी जड़ है। कभी-कभी व्यापारमें हानि उठानी पड़ती है, प्रेमके बदले दुःख भोगने पड़ते हैं; इसका कारण क्या है? हमारे कार्य अनासक्त होकर किये हुए नहीं होते—आशा हमें फँसाती है और संसार हमारा तमाशा देखता है। प्रतिफलकी आशा न रखनेवालेको ही सच्ची यशःप्राप्ति होती है। साधारण तौरसे विचार करनेपर यह बात व्यवहारसे विरुद्ध दीख पड़ेगी; परंतु वास्तवमें इसमें कोई विरोध नहीं, किंतु विरोधाभासमात्र है। जिन्हें किसी प्रकारके प्रतिफलकी इच्छा नहीं, ऐसे लोगोंको अनेक कष्ट भोगते हुए हम देखते हैं; परंतु उनके वे कष्ट उन्हें प्राप्त होनेवाले सुखोंके सामने पासंगके बराबर भी नहीं होते। महात्मा ईसाने जीवनभर निःस्वार्थ-भावसे परोपकार किया और अन्तमें उन्हें फाँसीकी सजा मिली। यह बात असत्य नहीं है। परंतु सोचना चाहिये कि अनासक्तिके बलपर उन्होंने साधारण विजय-सम्पादन नहीं किया था। करोड़ों लोगोंको मुक्तिका रास्ता बतानेका पवित्र यश उन्हें प्राप्त हुआ। अनासक्त होकर कर्म करनेसे आत्माको प्राप्त हुए अनन्त सुखके आगे उनका शरीर-कष्ट सर्वथा नगण्य था। कर्मके प्रतिफलकी इच्छा करना ही दुःखोंको निमन्त्रण देना है। यदि आपको सुखी होना हो तो कर्मके प्रतिफलकी इच्छा न कीजिये।

× × ×

इस बातको आप कभी न भूलें कि आपका जन्म देनेके लिये है, लेनेके लिये नहीं। इसलिये आपको जो कुछ देना हो, वह बिना आपत्ति किये बदलेकी इच्छा न रखकर दे दीजिये; नहीं तो दुःख भोगने पड़ेंगे। प्रकृतिके नियम इतने कठोर हैं कि आप प्रसन्नतासे न देंगे तो वह आपसे जबरदस्ती छीन लेगी। आप अपने सर्वस्वको चाहे जितने दिनोंतक छातीसे लगाये रहें, एक दिन प्रकृति उसे आपकी छातीपर सवार हो लिये बिना न छोड़ेगी। प्रकृति बेईमान नहीं है। आपके दानका बदला वह अवश्य चुका देगी; परंतु बदला पानेकी इच्छा करेंगे तो दुःखके सिवा और कुछ हाथ न लगेगा। इससे तो राजी-खुशी दे देना ही अच्छा है। सूर्य समुद्रका जल सोखता है तो उसी जलसे पुनः पृथ्वीको तर भी कर देता है। एकसे लेकर दूसरेको और दूसरेसे लेकर पहलेको देना सृष्टिका काम ही है। उसके नियमोंमें बाधा डालनेकी हमारी शक्ति नहीं है। इस कोठरीकी हवा जितनी बाहर निकलती रहेगी, बाहरसे उतनी ही ताजी हवा पुनः इसमें आती जायगी और इसके दरवाजे आप बंद कर देंगे तो बाहरसे हवा आना तो दूर रहा, इसीमेंकी हवा विषाक्त होकर आपको मृत्युके अधीन कर देगी। आप जितना अधिक देंगे, उससे हजारगुना प्रकृतिसे आप पायेंगे। परंतु उसे पानेके लिये धीरज रखनी होगी। अनासक्त बनना अत्यन्त कठिन है। ऐसी वृत्ति बननेके लिये महान् शक्ति प्राप्त

होनी चाहिये। हमारे जीवनरूपी वनमें अनेक जाल बिछे हुए हैं; बहुत-से साँप, बिच्छू, सिंह, सियार स्वेच्छासे घूम रहे हैं; उनसे बचकर अपना रास्ता सुधारनेमें हमारे शरीरको चाहे जितने कष्ट क्यो न सहने पड़ें, हाथ-पैर टूटकर हमारा सारा शरीर खूनसे लथपथ क्यों न हो जाय, हमें अपनी मानसिक दृढ़ता ज्यों-की-त्यों बनाये रखनी चाहिये—अपने कर्तव्यपथसे जरा भी न डिगना चाहिये।

× × ×

अपनी पूर्वदशापर विचारकर क्या हम यह नहीं समझ लेते कि जिनपर हम प्रेम करते हैं, वे ही हमें गुलाम बना रहे हैं—ईश्वरकी ओरसे विमुख कर रहे हैं—कठपुतलियोंकी तरह नचा रहे हैं; परंतु मोहवश हम पुनः उन्हींके चंगुलमे जा फँसते हैं। संसारमें सच्चा प्रेम, सच्चा निःस्वार्थभाव दुर्लभ है—यह जानकर भी हम संसारसे अलिप्त रहनेका उद्योग नहीं करते। आसक्ति हमारी जान मार रही है। अभ्याससे कौन-सी बात सिद्ध नही होती? आसक्तिको भी अभ्याससे हम हटा सकते हैं। दुःख भोगनेकी जबतक हम तैयारी न कर लेंगे, तबतक वे हमारे पास भी नही आयेंगे। हम खुद दुःखोंके लिये मनमें घर बना रखते हैं; फिर यदि वे उसमें आकर बसें तो इसमें उनका क्या अपराध है! जहाँ मरा हुआ जानवर पड़ा रहेगा, वहीं कौए और गीध उसे खाते हुए दीख पड़ेंगे। रोग जब किसी शरीरको अपने बसनेयोग्य समझ लेता है, तभी उसमें प्रवेश करता है। मूर्खता और अभिमानको किनारे रखकर हमे पहले यह सीखना चाहिये कि हम दुःखोंके शिकार न बनें। जब-जब व्यवहारमें आपने ठोकरें खायी होंगी, तब-तब उसकी तैयारी आपने पहलेसे ही कर रक्खी होगी। दुःखके मार्गदर्शक हम ही हैं। बाह्यसृष्टि भी उन्हे हमारे सामने ढकेलती है; पर हम चाहें तो उनका सहजमे प्रतीकार कर सकते हैं। बाह्य जगत्‌पर हमारा अधिकार नहीं, परंतु अन्तर्जगत्‌पर पूर्ण अधिकार है। यदि हम इसी भावनाको दृढ़कर पहलेसे ही सचेत रहें तो हमें दुःखोंसे सामना नहीं करना पड़ेगा।

जब हमे कोई दुःख प्राप्त होता है, तब हम उसका दोष किसी दूसरेपर लादना चाहते हैं, अपनी भूलको नहीं देखते। 'दुनिया अन्धी है,' 'इसमें रहनेवाले सब लोग गदहे हैं।' यह कहकर हम अपने मनको संतोष कर लेते हैं। परंतु सोचना चाहिये कि दुनिया मतलबी है—बुरी है, तो उसमें हम क्यों रहते हैं? सबपर यदि गदहेका आरोप किया जा सकता है, तो हम उस विशेषणसे कब छूटते हैं? यह सब कुछ नहीं, संसारका निरीक्षण करनेके पहले हमें अपना सूक्ष्म निरीक्षण करना चाहिये। संसारको वृथा दोष देकर झूठ बोलना सच्चे वीरका लक्षण नहीं है। वीर बनिये और सच बोलिये। आपमें शक्ति होगी तो दुःख आपसे डरेगा; क्योंकि वह किसीके भेजनेसे आपके पास नहीं आता, आप स्वयं उसे बुलाते हैं।

× × ×

आप अपने पुरुषार्थकी प्रशंसा करते समय लोगोंको यही दिखानेका यत्न करते हैं कि 'मैं सब कुछ जानता हूँ; मैं चाहे सो कर सकता हूँ; मैं शुद्ध—निर्दोष हूँ—ईश्वर हूँ, निष्कलंक हूँ; संसारमे यदि कोई स्वार्थत्यागी हो तो वह मैं ही हूँ।' परंतु उसी समय आपके शरीरपर कोई छोटी-सी कंकड़ी फेंके तो तोपका गोला लगनेके समान आपको दुःख होता है; छोटे से बच्चेकी एक थप्पड़मे आप आगबबूला हो जाते हैं। आपका मनोबल इतना क्षीण है,—आपकी सहन-शक्ति इतनी अल्प है—तब फिर आप सर्वसमर्थ कैसे हैं? जब मन ही इतना दुर्बल है कि एक अकिञ्चन मूर्खके उद्योगसे आपकी शान्ति भंग हो जाती है, तब दुःख बेचारे आपका पीछा क्यों न करेंगे? परमात्माकी शान्तिको भग करनेकी भला किसमें सामर्थ्य है? यदि आप सचमुच परमेश्वर हैं तो सारा संसार भी उलटा होकर टँग जाय—आपकी शान्ति कभी भग नही हो सकती। आप नरकके ओरसे छोरतक चले जायँ—कभी आपको कष्ट न होगे। वास्तवमें आप जो कुछ मुँहसे कहते हैं, उसका अनुभव नहीं करते; इसीसे संसारको दोषी ठहराते हैं। आप अपने दोषोंको पहले हटा दीजिये, तब लोगोंको दोषी कहिये। 'अमुक मुझे दुःख देता है,' 'अमुक मेरे कान उमेठता है' यह कहना आपको शोभा नही देता। कोई किसीको दुःख नहीं देता, आप स्वयं दुःख भोगते हैं; इसमे लोगोंका क्या दोष है? दूसरोंके दोष देखनेमें आप जितना समय लगाते हैं, उतना अपने दोष सुधारनेमे लगाइये। आप अपना चरित्र सुधारेंगे, अपना आचरण पवित्र बनायेंगे तो संसार आप ही सुधर जायगा। संसारको सुधारनेके साधन हम मनुष्य ही हैं। जिस दिन आप पूर्ण हो जायँगे, उस दिन संसार अपूर्ण न रहेगा। आप स्वयं पवित्र बननेके उद्योगमें लगिये, यही कर्मका रहस्य है।

× × ×

मनुष्यमें विशेषता उत्पन्न करनेवाले नियम योगशास्त्रने

ढूँढ निकाले हैं और वे सब समय, देश तथा पात्रोंके अनुकूल हैं। कोई श्रीमान हो या दरिद्र, संसारी हो या संन्यासी, कामकाजी हो या आरामतलब—हरेक मनुष्य अपनी विशेषताको—अपने स्वरूपको—दृढ कर सकता है। इसमे संदेह नही कि जड शास्त्रोंके खोजे हुए जड नियमोके सूक्ष्म रूपोका अब पता लग गया है। 'सर्वं ब्रह्ममयं जगत्'—इस सिद्धान्तसे यह सिद्ध हो चुका है कि जड विश्व, सूक्ष्म विश्व, अन्तःसृष्टि आदि भेद झूठे हैं; वे केवल शब्दभेदमात्र हैं। हम अपने या संसारके स्वरूपको शङ्कुकी उपमा दे सकते हैं। शङ्कुका विस्तृत निम्न भाग जड विश्व या स्थूल शरीर और सूक्ष्म अग्रभाग चेतन या आत्मा है। उसीको हम ईश्वर कहते हैं। वास्तवमे जीव और शिवमे भेद नहीं है।

× × ×

हरेक वस्तुकी शक्ति स्थूल रूपमे नहीं किंतु सूक्ष्म रूपमे होती है। उसकी गति अत्यन्त शीघ्र होनेसे वह हमे दीख नही पड़ती; परंतु जब वह स्थूल वस्तुके द्वारा प्रकट होती है, तब उसका अनुभव हमे हो चलता है। कोई बलवान् पुरुष जब किसी बोझको उठाता है, तब उसकी नसे पुष्ट दीख पड़ती है; परंतु इससे यह न समझ लेना चाहिये कि बोझा उठानेकी शक्ति उन नसोमे है। उस पुरुषके ज्ञान-तन्तुओकी शक्ति उन नसोद्वारा प्रकट हुई है। ज्ञानतन्तुओ-को उनसे भी सूक्ष्म वस्तुद्वारा शक्ति प्राप्त होती है और उस सूक्ष्म वस्तुको हम विचार कहते है। जलके नीचेसे जब बुलबुला उठता है, तब वह हमे दिखायी नहीं देता; परंतु ज्यो-ज्यों वह ऊपरको आने लगता है, त्यों-त्यों उसका रूप अधिक स्पष्ट हो चलता है। विचारोंकी भी यही बात है। जब वे बहुत सूक्ष्म होते हैं, तब हमे उनका अनुभव नहीं होता—हृदयमें वे कब उठते हैं, इसका भी पता नहीं चलता। परंतु मूल-स्थानको छोड़कर जब वे स्थूल रूपसे प्रकट होने लगते हैं, तब उन्हें हम अपने चर्मचक्षुओसे भी देख लेते हैं। लोगोंकी यह शिकायत सदा ही बनी रहती है कि अपने विचार और कार्योंपर हमारा अधिकार नही चलता। यदि विचारोंके उठते ही हम उनका नियमन कर सकें—स्थूल कार्योंकी सूक्ष्म शक्तिको अपने अधीन बनाये रहें—तो यह सम्भव नही कि हमारा मन अपने काबूमें न रहे। और जब हम अपने मनपर पूरा अधिकार जमा लेंगे, तब दूसरोके मनपर अधिकार जमाना हमारे लिये कठिन नहीं रह जायगा; क्योकि सब मन एक ही विश्वव्यापी समष्टि मनके अंशरूप हैं। मिट्टीके एक ढेलेसे ढेरकी कल्पना की जा सकती है। अपने मनपर अधिकार जमानेकी कला जान लेनेपर दूसरोके मनपर हम सहज ही अधिकार जमा लेंगे। मनोनिग्रह सबसे बड़ी विद्या है। संसारमे ऐसा कोई कार्य नहीं, जो इसके द्वारा सिद्ध न हो। मनोनिग्रहसे शरीरसम्बन्धी बड़े-बड़े दुःख तिनके-से प्रतीत होगे। मानसिक दुःखोको मनोनिग्रही पुरुषके पास आनेका साहस न होगा और अपयश तो उसका नाम सुनकर भागता फिरेगा। सब धर्मनि नीति और अन्तर्बाह्य पवित्रताका संसारको किस लिये उपदेश किया है? पवित्रता और नैतिकतासे मनुष्य अपने मनका निग्रह कर सकता है और मनोनिग्रह ही सब सुखोका मूल है।

श्रीविजयकृष्ण गोस्वामी

(जन्म—बँगला सन् १२४८, १९श्रावण; देहत्याग—सन् १३०६, २० ज्येष्ठ; जन्म-स्थान—ग्राम दहकुल, जिला नदिया, बंगाल।)

जो प्रभुको प्राप्त कर लेते हैं, वे कहते हैं—'प्रभु तुम्हारी जय हो। मैं मर जाऊँ।' जो व्यक्ति प्रभुको प्राप्त कर लेता है, वह फिर अपना अस्तित्व नहीं रखना चाहता, उसका कुछ भी नही रहता। 'मैं कर्ता हूँ, मैं ज्ञानी हूँ'—यह सब चला जाता है। रह जाता है केवल इतना ही कि 'मैं प्रभुका दास हूँ। वे नित्य सत्य हैं। कल्पना नहीं हैं, कहानी नही हैं, उनकी आज्ञासे सारा ब्रह्माण्ड चल रहा है। सूर्य, चन्द्रमा, वायु, मेघ, नदी, समुद्र, वृक्ष, लता, समस्त प्राणी अपना-अपना कार्य कर रहे हैं। मेरे प्रभु साधारण चीज नही हैं जो वाणीसे बताये जा सके। उनको देखा जा सकता है। वे ही धर्म हैं। उनसे प्राण परितृप्त होते हैं। मै नितान्त ही अनुपयुक्त हूँ; आपलोग आशीर्वाद करे कि मैं जैसे अपनी माँके पास खड़ा होता हूँ, वैसे ही उनके पास खड़ा हो सकूँ। वे मेरी मा है, जननी है',—इस प्रकार कब उन्हें पुकार सकूँगा। मै आडम्बर नही चाहता। हे सत्यदेवता! सब सत्य है। मैं और कुछ भी नही चाहता; तुम्हीं धन्य हो, तुम्हीं धन्य हो।

× × ×

दीननाथ, दीनबन्धु ! मैं और कुछ नहीं चाहता। मैं नराधम हूँ, मैं अबोध हूँ, मैं मूर्ख हूँ। दयामय, तुम्हीं एक-मात्र दयालु हो। हे प्रभु ! हे कंगालके धन ! बड़े दयालु हो तुम ! इस प्रकार परिचय दिये बिना क्या मेरी रक्षा होती ? मेरे हृदयके धन ! प्रभु ! मैं कुछ नहीं जानता। मैं कुछ नहीं जानता। मैं क्या कहूँ ? मेरी इच्छा होती है यह कहनेकी कि इस शरीरका एक-एक टुकड़ा मांस भी तुम हो; परंतु तुमको अपना अस्थि-मांस बताकर भी मुझे तृप्ति नहीं। मेरे प्राणकी वस्तु तुम हो। तुम्हारे शरणापन्न हूँ मैं।

× × ×

मा ! मेरा सब कुछ भुला दो; जान-बूझकर जो अभिमान करता हूँ, वह सब भुला दो, जिससे मैं शयनमें, स्वप्नमें भी तुम्हें 'माँ' कह सकूँ। जैसा लड़कपनमें मुझे कर रक्खा था, वैसा ही फिर कर दो। तुच्छ हूँ मैं, तुच्छ हूँ मैं, तुच्छ हूँ मैं; केवल तुम्हारी ओर ही दृष्टि रखूँगा, मुझे भय नहीं है। मेरी माँ ! तुम्हीं धन्य हो, तुम्हीं धन्य हो।

× × ×

माँके सामने प्रार्थना कैसी। हठ करता हूँ, कितना क्या कहता हूँ, क्या-क्या चाहता हूँ। तुमलोग कहते हो—माँ मुझे रुपये नहीं देती, दवा नहीं देती। नहीं, माँ मुझको सब देती है। धन देती है, दवा देती है, शरीरपर हाथ फेरती है, सुलाती है, राज-रजवाड़े कोई मुझे कुछ भी नहीं देते।

× × ×

मेरे प्रभु ! मैं और कुछ नहीं चाहता, तुमको चाहता हूँ। प्रभु ! तुम अपमानमें, शोकमें, दुःखमें फेककर मुझे जलाते हो—इससे क्या ? मुझे अपना बना लेनेके लिये तुम्हारी जो इच्छा हो, वही करो। यथार्थमें ही यदि उनकी चाह होती है तो वे मिलते हैं। खोजते-खोजते, हाहाकार करते-करते, देखता हूँ—पीछे-पीछे कौन फिर रहा है ? कौन हो तुम ! तुम कौन हो मेरे पीछे ? एक बार, दो बार देखता हूँ, पहचान लेता हूँ। 'परिपूर्णमानन्दम्' से सारा ब्रह्माण्ड भर गया। उनके लिये भाषा नहीं है, शब्द नहीं हैं। विचार आया—कितना क्या कह जाऊँ, उनकी कितनी बातें प्रकट कर दूँ। परंतु उसी समय निर्बोधकी तरह—अज्ञानीकी तरह हो जाता हूँ। (क्या कहूँ ?) न उनकी कहीं उपमा है, न तुलना है। गूँगेके स्वप्न-दर्शनकी भाँति।

× × ×

जो धर्मके लिये लालायित हैं और धर्मका आचरण करते हैं, उनके ऊपर मानो पत्थर झूलता रहता है कि किसी प्रकार जरा-सा अहंकार-अभिमान आते ही सिरपर गिर पड़ेगा। जिन लोगोंकी धर्मकी ओर दृष्टि नहीं है, उनकी बात दूसरी है। जैसे धानको हवामें उड़ानेपर एक तरफ धान गिरता है और दूसरी ओर भूसा, उसी प्रकार भगवान् अच्छे-बुरेको पृथक्-पृथक् कर देते हैं।

× × ×

धर्मके साथ धन, मान या सांसारिक वस्तुकी आशा करनेपर वह भाग जायगा। समय-समयपर अच्छा आहार भी आवश्यक है, किंतु शरीर-रक्षाके लिये अन्नका नित्य प्रयोजन है; इसी प्रकार उपासनाके सम्बन्धमें भी समझना चाहिये।

× × ×

यथार्थ भक्तिरस सुधाकी तरह है। जितना पीया जायगा, उतनी ही और पीनेकी इच्छा होगी।

× × ×

अविश्वासी आदमी ईश्वरके पास मन-प्राणको बन्धक रखता है और कुछ दिनोंके बाद लौटा लेता है; परंतु पूर्ण विश्वासी अपनेको सम्पूर्णरूपसे उनके हाथों बेच डालता है।

× × ×

पापका विष भीतर रहता है और प्रकाश बाहर। बाहरी प्रकाशको रोककर निश्चिन्त मत हो जाना। भीतरसे जहरको बिल्कुल बाहर निकाल फेंकना।

× × ×

वास्तविक धर्मका लक्षण है—ईश्वर अनन्त ब्रह्माण्डका सृजन करके उसे चला रहे हैं। उनकी विधि, व्यवस्था, नियम, प्रणाली—सब अव्यर्थ हैं। प्रत्येक पदार्थकी ओर दृष्टिपात करनेपर सबमें असीमताका बोध होता है। जिसकी सृष्टि होती है, उसके लिये व्यवस्था है, नियम है। फिर हमलोग जो जरा-सी अधिक हवा, झड़, तूफान, गर्मी या वर्षा होनेपर सृष्टिकर्ताका अतिक्रम करके अपने विचारसे असंतोष प्रकट करते हैं, यह इसलिये कि मूलमें हमारा अविश्वास है। इस अविश्वासकी जड़ क्या है ? परनिन्दा, हिंसा, द्वेष और स्वार्थका चिन्तन करते रहनेसे इस दुर्गतिकी उत्पत्ति होती है; इसीलिये धार्मिकोंका एक लक्षण है कि वे प्राण जानेपर भी परनिन्दा नहीं करते, आत्म-प्रशंसाको विषके समान समझते हैं, हिंसाको हृदयमें स्थान नहीं देते। जीवके प्रति दया, भगवान्‌में विश्वास रखकर संतोषसे जीवन

बिताते हैं। असंतोषका जन्म अविश्वाससे होता है; परंतु वास्तविक धार्मिक पुरुषकी स्थिति है सुखमे रक्खो या दुःखमे, तुम्हारी दी हुई सम्पत्ति-विपत्ति दोनों ही मेरे लिये समान है। इस अवस्थाकी प्राप्तिके लिये आत्मदृष्टि होनी चाहिये।

× × ×

विश्वासी भक्त हरि-संकीर्तनके समय भाव-विभोर होकर तन्मयताको प्राप्त हो जाते हैं। वे अपनी सुधि भूल जाते हैं, परंतु जो लोग भावके घरमें चोरी करते हैं, भावकी नकल दिखाते हैं, उनके लिये इस राज्यका द्वार बद रहता है।

× × ×

हरि-नाम लेते-लेते नशा आ जाता है। भाँग-गाँजा आदिका नशा कुछ भी नहीं है। नामका नशा कभी छूटता नही। सर्वथा स्थायी रहता है। हरिनाममें प्रेम-प्राप्तिका यह क्रम है—

(१) पापका बोध, (२) पाप-कर्ममे अनुताप, (३) पापमे अप्रवृत्ति, (४) कुसङ्गसे घृणा, (५) सत्सङ्गमे अनुराग, (६) नाममे रुचि और जगत्की चर्चामें अरुचि, (७) भावका उदय और (८) प्रेम।

विधि

(१) सच बोलो, दलबंदी छोड़कर सत्यनिष्ठ बनो।

(२) परनिन्दाका परित्याग करो। दूसरेके दोषकी कोई बात कहना ही निन्दा नही है, दूसरेको छोटा बतानेकी चेष्टा ही परनिन्दा है।

(३) सब जीवोंके प्रति दया, अर्थात् दूसरेके सुखसे सुखी और दुःखसे दुखी होना।

(४) पिता-माताकी सेवा करो।

(५) साधुपुरुषमें भक्ति करो। जो सत्यवादी जितेन्द्रिय हैं, वही साधु हैं। अपना विश्वास स्थिर रखकर साधु-सङ्ग करो।

निषेध

(१) दूसरेका जूँठा मत खाओ।

(२) मादक वस्तुका सेवन मत करो।

(३) माँस मत खाओ।

वाग्द्वारकी रक्षा

जो व्यक्ति सत्यव्रती, मधुरभाषी और अप्रमत्त होकर क्रोध, मिथ्या वाक्य, कुटिलता और लोक-निन्दाका सर्वथा त्याग कर देता है उसकी वाणीका द्वार सर्वथा सुरक्षित रहता है।

सत्यवादी बनो, सच्ची वाणी बोलो, सत्यका चिन्तन करो, सत्कार्य करो। असार वृथा कल्पना न करो, वृथा वाणी मत बोलो।

पर-निन्दा

परनिन्दा न करो। परनिन्दा मत सुनो। जहाँ परनिन्दा होती हो, वहाँ मत बैठो। दूसरेका दोष कभी मत देखो। अपने दोषोको सदा ही देखो। अपने अदर छिपे हुए दोषोको जो खोज-खोजकर देखता है, उसमे परनिन्दा करनेकी प्रवृत्ति नही होती, दूसरेका दोष देखनेकी इच्छा नही होती।

परनिन्दा सर्वथा त्याग करने योग्य है। प्रत्येकमे कुछ-न-कुछ गुण है। दोषके अंशको छोड़कर गुणका अश ग्रहण करो। इससे हृदय परिशुद्ध होगा। निन्दनीय विषय (दोष) का ग्रहण करने और उसकी आलोचना करनेसे आत्मा अत्यन्त मलिन हो जाती है। जिस दोषके लिये निन्दा की जाती है, वही दोष क्रमशः निन्दकमे आ जाता है। दूसरेको किसीके सामने नीचा गिरानेके लिये कुछ भी कहने या भाव प्रकट करनेका नाम ही निन्दा है। बात सत्य होनेपर भी वह निन्दा है। दूसरेके उपकारके लिये जो कुछ किया जाता है, वह निन्दा नहीं है। जैसे पिता पुत्रके उपकारके लिये उसकी बुरी बातोंको बताता है। स्वय क्रोधित होकर जब कोई बात कही जाती है, तब उससे दूसरेका उपकार नहीं होता। कुछ कहना हो तो केवल उपकारकी ओर ही दृष्टि रखकर कहना चाहिये।

मनुष्यमें हजारों दोषोका रहना कुछ भी असम्भव नहीं है, परंतु उसमें जितना-सा गुण है, उसीको लेकर उसकी प्रशंसा करनी चाहिये। सरल हृदयसे किसीकी प्रशंसा करनेपर ईश्वरोपासनाका काम होता है। दूसरेके गुण-कीर्तनसे पाप-ताप भाग जाते है, शान्ति-आनन्दका आगमन होता है। निन्दा करनेपर अपने सद्गुण नष्ट होकर नरककी प्राप्ति होती है।

हिंसा

अहिंसा परम धर्म है। हिंसाका अर्थ है हननकी इच्छा। हननका अर्थ है आघात। किसी भी व्यक्तिके प्राणोपर आघात न लगे, इस तरह चलना चाहिये। काम और क्रोध भी हिंसाके समान अपकार नही करते।

क्रोध

क्रोध आनेपर मौन रहो। जिसके प्रति क्रोध आया है, उसके सामनेसे हट जाओ। किसीके कुछ कहनेपर अथवा अन्य किसी कारणसे क्रोधके लक्षण दीखनेपर अलग जा बैठो और नाम-कीर्तन करो।

अभिमान

अभिमानका नाश कैसे हो? अपनेको सबकी अपेक्षा हीन समझनेपर। जबतक अपनेको दीन नहीं बना सकोगे तबतक कुछ नहीं हुआ। कुली-मजदूर, अच्छा-बुरा—सभीके प्रति भक्ति करनी पड़ेगी। सभीसे अपनेको छोटा समझना पड़ेगा। मनमें अभिमानका अणुमात्र भी प्रवेश हो जाता है तो बड़े-बड़े योगियोंका भी पतन हो जाता है। अभिमान भयानक शत्रु है। मैं कामका त्याग करूँगा, क्रोधका त्याग करूँगा और लोग मुझे साधु कहेंगे, यह अभिमान सबकी अपेक्षा बड़ा शत्रु है।

जबतक इन्द्रियोंपर विजय नहीं होती, तबतक अभिमानसे कितना अनिष्ट हो सकता है यह समझमें नहीं आ सकता। इन्द्रिय-दमन होनेपर ही समझमें आता है कि अभिमानसे कितनी हानि होती है।

भगवदिच्छा

बहुत बार यह अनुभव होता है कि अपनी शक्ति कुछ है ही नहीं। जब जो कुछ होता है, भगवान्‌की इच्छासे ही होता है। यदि यथार्थरूपसे शिशुकी भाँति हम रह सकें तो भगवान् माताकी तरह सर्वदा हमारी देख-रेख रखते हैं।

अपनी ओरसे कुछ भी स्थिर नहीं करना है। भगवान्‌की इच्छापर निर्भर होकर रहना है। अपने ऊपर भार लेते ही कष्ट आ जाता है। भगवान्‌की इच्छासे जो घटना होती है, उस घटनामें कोई विशेष प्रयोजन है। भगवान् जब जिस भावमें रक्खें, उसीमें आनन्द मानना चाहिये। अपनी पसंदगीकी कोई बात नहीं। प्रभो! जैसे बाजीगर काठकी पुतलीको नचाता है, वैसे ही मुझे नचाओ। तुम्हीं मेरे जीवनके आधार हो। (तुम्हारी इच्छाके अतिरिक्त मेरे मनमें कभी कुछ आवे ही नहीं कि मैं यह करूँ, यह न करूँ।)

चतुरङ्ग साधन

(१) स्वाध्याय—अर्थात् सद्ग्रन्थोंका अध्ययन और नाम-जप।

(२) सत्सङ्ग।

(३) विचार—अर्थात् सर्वदा आत्मपरीक्षा। अपनी बड़ाई मीठी लगती है या विषके समान, परनिन्दा प्रीतिकर लगती है या अप्रीतिकर। धर्मभावना (दैवी सम्पत्ति और भगवान्‌की ओर रुचि) प्रतिदिन घट रही है या बढ़ रही है? यह आत्मपरीक्षा है और इस प्रकार करना सदा आवश्यक है।

(४) दान—शास्त्रकार कहते हैं कि 'दान' शब्दका अर्थ है दया। किसीके प्राणोंको किसी भी प्रकार क्लेश न देना। शरीर, वाणी अथवा अन्य किसी प्रकारसे किसीके प्राणोंको क्लेश पहुँचानेसे दया नहीं होती। वृक्ष, लता, कीट, पतंग, पशु-पक्षी और मनुष्य आदि सभी जीवोंके प्रति दया कर्तव्य है।

भीतर प्रवेश

शरीरमें प्रधान यन्त्र है जीभ। जीभके वश हो जानेपर सब कुछ वश हो जाता है। जबतक आँख, कान आदि इन्द्रियाँ बाहरी विषयोंकी ओर खिंचती हैं, तबतक शरीरसे लाँघकर भीतरकी ओर प्रवेश नहीं किया जा सकता और भीतर प्रवेश किये बिना शरीरको किसी तरह भूला नहीं जा सकता। किसी तरह एक बार भगवान्‌का दर्शन हो जाय, तब तो शरीरकी ओर दृष्टि नहीं रहती। सहज ही शरीरको भूला जा सकता है, परंतु यह स्थिति सबकी नहीं होती। इसलिये किसीके प्रति प्रेम करना होगा। वह प्रेम होना चाहिये अकृत्रिम और स्वार्थरहित। ऐसे प्रेमकी प्राप्तिके लिये अहिंसाका अभ्यास करना पड़ेगा। किसीको भी कष्ट न पहुँचाना। मारने, गाली देने, यहाँतक कि सर्वनाश कर देनेपर भी किसीका अमङ्गल न चाहना। तन, मन, वचनसे इसका अभ्यास करना पड़ेगा। इस प्रकार मनसे द्वेष और हिंसाके नष्ट होनेपर प्राणोंमें प्रेम आता है, इस प्रेमको किसी स्थानमें अर्पण करके उसका चिन्तन करते रहनेसे सब कुछ भूला जाता है। इस अवस्थामें सहज ही भगवान्‌को प्राप्त किया जा सकता है। एक भी मनुष्यको विशेषरूपसे प्रेम करना धर्म-साधनका सर्वप्रधान अङ्ग है।

सेवा

जैसे अपनी आवश्यकताको पूर्ण करनेकी इच्छा होती है, वैसे ही दूसरेकी आवश्यकता पूर्ण करनेके लिये व्याकुल होनेपर सेवा होती है। शिशुकी सेवा माँ इसी भावसे करती है।

शिशुके अभावकी पूर्तिके लिये माताका अस्थिर होना ही सेवा है। अंदर अनुराग नहीं है, दूसरोंकी देखा-देखी सहायता करते हैं। इसका नाम सेवा नहीं है।

वृक्ष-सेवा, पशु-पक्षी-सेवा, पिता-माताकी सेवा, पति-सेवा, संतान-सेवा, प्रभु-सेवा, राज-सेवा, भृत्य-सेवा, पत्नी-सेवा—इस भावसे करनेपर ही सेवा होती है। नहीं तो, उसे सेवा कहना उचित नहीं है। अहङ्कार नष्ट करनेका उपाय है—जीवकी सेवा। पशु-पक्षीके भी चरणोंमें नमस्कार करना होगा। यहाँतक कि विष्ठाके कीड़ेसे भी घृणा नहीं करना। जैसे तार टूटकर गिर जाता है, वैसे ही अहङ्कारसे योगियोंका भी हठात् पतन हो जाता है।

जाति-धर्मका विचार न करके सभी भक्तोंकी सेवा करो। माता-पिताको साक्षात् देवता जानकर उनकी पूजा करो। स्त्रीको भगवान्‌की शक्ति जानकर श्रद्धा करो, उसका भरण-पोषण करो, देख-रेख करो। जो पुरुष पत्नीको साक्षात् देवीके रूपमें नहीं देखता, उसके घरमें शान्ति और मङ्गल नहीं होता। स्त्रीको विलास-सामग्री अथवा दासी मत समझो।

सब जीवोंपर दया करो। वृक्ष-लता, पशु-पक्षी, कीट-पतंग, मानव—सभीपर दया करो। किसीको भी क्लेश मत पहुँचाओ।

अतिथिका सत्कार करो। अतिथिका नाम-धाम मत पूछो। अतिथिको गुरु और देवता जानकर उसकी यथासाध्य पूजा करो।

भक्ति

भक्तिको कृपणके धनकी तरह गुप्त रखना होगा। शास्त्रकार युवतीके स्तनोंके साथ उसकी तुलना किया करते हैं। बालिका खुले शरीर घूमती-फिरती है। पर युवती होनेपर वस्त्रके द्वारा स्तनोंको ढक लेती है। स्वामीके अतिरिक्त—पिता-माता-गुरुजन कोई भी उन्हें नहीं देख पाता। भक्तिका भी यही रूप है। भक्तिको भी भगवान्‌के अतिरिक्त सभीके सामने सावधानीके साथ गुप्त रखना चाहिये। पहले, जब भावका उच्छ्वास आरम्भ हुआ, आँखोंसे कुछ जल टपक पड़ता, तब मनमें आता कि लोग इसे देखें। पर पीछे यह चिन्ता हुई कि कैसे इसको छिपाऊँ। तब हृदयके एकान्त स्थानमें इसे छिपा रखनेकी इच्छा हुई, (क्योंकि) भक्ति गोपनीय है।

साधुका लक्षण

साधुका लक्षण और कर्तव्य यही है कि उसके समीप जो भी विषय आयें, उन सबको वह भगवान्‌के निकट रख दे, फिर उनमेंसे जिसपर भगवान्‌की सुस्पष्ट ज्योति पड़ती दिखायी दे, उसीको स्वीकार करे। जो इसी नियमके अनुसार सारे कार्य करते हैं, वे ही यथार्थ साधु हैं। साधु सभी विषयोंमें, ईश्वरकी इच्छा क्या है—यह समझकर चलते हैं।

जिसके समीप जानेपर हृदयके श्रेष्ठ भाव प्रस्फुटित हो जाते हैं, भगवान्‌का नाम अपने-आप ही जीभसे उच्चारित होने लगता है और पापबुद्धि लज्जित होकर भाग जाती है, वही साधु है।

निरन्तर भगवान्‌का नाम-जप करते रहनेसे शरीरमें एक नवीन सौन्दर्यका उदय होता है। जिनके प्रत्येक श्वासमें भगवान्‌के नामका जप होता है, वे धीरे-धीरे भागवती तनु प्राप्त करते हैं। उनके रक्त-मांससे—प्रत्येक रोमकूपसे, अस्थिसे अपने-आप ही भगवन्नामका जप होता रहता है।

शिष्योंके प्रति

(१) सत्य बोलो। (२) परनिन्दाका त्याग करो। (३) पिता-माताको प्रत्यक्ष देवता जानकर उनकी सेवा करो। (४) पति और पत्नीमें भगवत्सम्बन्ध स्थापित करो, कभी कोई किसीका भी अनादर, अवहेलना और अपमान मत करो। (५) प्रतिदिन पञ्चयज्ञ—देवयज्ञ, पितृयज्ञ, ऋषियज्ञ, मनुष्ययज्ञ और भूतयज्ञ करो। (६) हिंदू, मुसल्मान, ईसाई, बौद्ध, जैन, शाक्त, शैव, वैष्णव, संन्यासी, गृहस्थ—सभी साधु भक्तोंकी भक्ति करो। साधुओंके सम्बन्धमें किसी सम्प्रदाय या वर्णाश्रमका विचार मत करो। (७) अपनेको किसी सम्प्रदाय या दलके अंदर मत समझो। जो जिस धर्म या सम्प्रदायमें हों वे उसीमें रहकर साधन करें। (८) सभी प्रकारके मादक पदार्थोंका त्याग करो। ये साधनमें घोर विघ्नरूप हैं। (९) मछली भी न खाओ, उससे (हिंसा) तथा तमोगुणकी वृद्धि होती है। और (१०) उच्छिष्ट मत खाओ।

प्रार्थना

प्रभो! मैं गलेमें पत्थर बाँधकर सागरमें डूब चुका हूँ। अब मुझमें अपनी शक्ति नहीं रह गयी है। तुम्हीं मेरा उद्धार करो।

तुम्हीं मेरे सब कुछ हो। समस्त ब्रह्माण्ड तुम्हारी रचना है, तुम्हारी दयाका परिचय है। तुम्हीं माता हो, तुम्हीं पिता हो, तुम्हीं भाई-बहन हो। प्रभो! तुम्हीं दाता, तुम्हीं राजा-प्रजा हो, साध्वी स्त्री—सभी कुछ तुम हो। चोर-डाकू, साधु-

लम्पट—सभी तुम हो। सारी प्रशंसा, स्तुति, प्रेम—सभी तुम्हारा है। तुम बाजीगर हो, केवल जादूके खेल खेलते हो। सार तुम हो, वस्तु तुम हो, प्रयोजन तुम हो। इहलोक, स्वर्गलोक, यमलोक, सत्यलोक, जनलोक, तपोलोक, ब्रह्मलोक, पितृलोक, मातृलोक, वैकुण्ठ, गोलोक—सभी तुम हो। मैं कुछ नहीं हूँ, कुछ नहीं हूँ, खाक-धूल—कुछ भी नहीं हूँ। तुम मेरे घर-द्वार हो, तुम मेरे दर्पण हो। तुम मधुर हो, मधुर हो, मधुर हो। 'मधुरं मधुरं मधुरं मधुरम्।

स्वामी श्रीशिवरामकिंकर योगत्रयानन्दजी महाराज

(जन्म—हवडा जिलेके वराहनगरके गङ्गातटपर। गृहस्थाश्रमका नाम—श्रीशशिभूषण सान्याल। अगाध पण्डित, सिद्ध योगी, महा ज्ञानी और परम भक्त।)



(१) शिवकी—परमेश्वरकी उपासना और चित्तवृत्ति-निरोधरूप योग—ये दोनों एक ही चीज हैं। जीवात्माका परमात्माके साथ संयोग ही 'योग' है। जीवात्मा यद्यपि सदा ही सर्वव्यापक परमात्माके साथ युक्त होकर रहता है, तब भी 'आवरण' और 'विक्षेप' इन दो शक्तियोंके कारण जीवको यह बात मालूम नहीं होती। जिस उपायद्वारा इन दो शक्तियोंका नाश होता है, उस उपायका नाम योग है। अतः योगद्वारा जीवके अज्ञानका नाश होता है, अज्ञानका नाश होनेसे ही उसे मालूम हो जाता है कि जीव परमात्मासे भिन्न नहीं है।

(२) नास्तिक होकर, ईश्वरको दूर करनेकी चेष्टा करके, 'सभी जडशक्तिके परिणाम हैं'—ऐसे विश्वासको हृदयमें सुदृढ़ आसन देनेकी चेष्टा करके कोई पुरुष न तो कृतार्थ हो सके हैं और न हो सकेंगे ही।

(३) यथाविधि प्रार्थना करनेसे, श्रद्धापूर्ण, विमल हृदयसे प्रार्थना करनेसे फलप्राप्ति हुई है, हो रही है, होगी—यही सत्योक्ति है।

(४) सत्योक्तिसे पृथ्वी, अन्तरिक्ष और दिन-रातका प्रसार हुआ है, सत्योक्तिसे प्राणिमात्रको विश्राम मिलता है, सत्योक्तिसे ही प्राणिमात्रका विचलन—स्पन्दन हुआ करता है, जलका स्पन्दन होता है, सूर्यका नित्य उदय होता है।..... अगर प्रतिभा प्रतिकूल न हो, तो यह बात समझमें आ जायगी कि सत्योक्ति ही सर्वजनोंकी अन्तर्यामिणी है; सत्योक्ति ही अखिल ज्ञान-विज्ञानकी प्रसूति है, प्रवृत्ति-निवृत्तिकी नियामिका है।

(५) जो विश्वके प्राण हैं, जो विश्वके बल हैं, जो विश्वके आत्मद और बलद हैं, जिनका शासन सभी कोई मानते हैं, देवतालोग भी जिनका शासन माना करते हैं, जिनकी छाया—आश्रय—शरणागति अमृत है (सर्वसुखनिधान मुक्तिका एकमात्र साधन है), जिनका विस्मरण ही मृत्यु है, उन मङ्गलमय प्रभुके अतिरिक्त हमलोग फिर किनकी प्रीतिके लिये कर्म करेंगे ?

श्रीनन्दकिशोर मुखोपाध्याय

(पिताका नाम—श्रीकालीपद मुखोपाध्याय। हिंदी, संस्कृत और अंग्रेजीके प्रकाण्ड पण्डित।)



उपदेश देना साधारण बात है। पर विकट परिस्थितिमें भगवत्कृपा-का अनुभव करते हुए प्रमुदित रहना—तनिक भी विचलित नहीं होना—भगवद्भक्तके ही वशकी बात होती है।

जीवनमें उतारे बिना, स्वयं पालन किये बिना—उपदेश व्यर्थ होता है।

शास्त्र-वाक्य भगवद्वाक्य-तुल्य हैं। प्रत्येक हिंदूको उन्हें आदर देना आवश्यक है। शास्त्र-विपरीत आचरण अकल्याणकर होता है।

एक पशु मर जाता है और उसकी बगलमें ही दूसरा पागुर करता रहता है। यही दशा आज मनुष्यकी हो गयी है। वह प्रतिदिन लोगोंको मृत्युमुखमें जाते देखकर भी

निश्चिन्त है। भगवान्‌को पानेके लिये तनिक भी प्रयास नहीं करता। मानव-जीवन फिर कब मिले, पता नहीं। यह अत्यन्त दुर्लभ है। अति शीघ्र इसका उपयोग कर लेना चाहिये।

सत्य परम धर्म है। सत्योक्ति ही त्राता है।

दुर्गा, राम और कृष्ण—सभी एक हैं। इन सभी नामोंमें अचिन्त्य शक्ति है। किसी एक नामको अपना बना लो। रात-दिन जपते जाओ। कल्याण निश्चित है।

विश्वासपूर्वक भगवान्‌पर निर्भर रहो। लोक-परलोकका निर्वाह वे करेंगे।

स्वामी रामतीर्थ

(जन्म—वि० सं० १९३०, जन्म-स्थान—पंजाबप्रान्तके गुजरानवाला जिलेके अन्तर्गत मुरारीवाला गाँव, गोसाईं-वंशके ब्राह्मण, देहावसान—वि० सं० १९६३ कार्तिकी अमावस्याके दिन जल-समाधि द्वारा। टिहरीके निकट।)



इश्क का मनसब लिखा
जिस दिन मेरी तकदीर में।
आह की नकदी मिली
स्वहरा मिला जागीर में॥

कोई तमन्ना नहीं

न है कुछ तमन्ना न कुछ जुस्तजू है।
कि वहदत में साकी न सागर न बू है॥
मिलीं दिल को आँखें जभी मारफत की।
जिधर देखता हूँ, सनम रू बरू है॥
गुलिस्ताँ में जाकर हर इक गुल का देखा।
तो मेरी ही रंगत व मेरी ही बू है॥
मिरा तेरा उठ्ठा हुए एक ही हम।
रही कुछ न हसरत न कुछ आरजू है॥

× × ×

लावनी

शुद्ध सच्चिदानन्द ब्रह्म हूँ

शुद्ध सच्चिदानन्द ब्रह्म हूँ अजर अमर अज अबिनासी।
जास ज्ञान से मोक्ष हो जावे कट जावे जम की फाँसी॥
अनादि ब्रह्म अद्वैत द्वैत का जा में नामोनिशान नहीं।
अखंड सदा सुख जा का कोई आदि मध्य अवसान नहीं॥
यही ब्रह्म हूँ, मनन निरन्तर करें मोक्ष-हित संन्यासी।
शुद्ध सच्चिदानन्द ब्रह्म हूँ अजर अमर अज अबिनासी॥

सर्वदेशी हूँ, ब्रह्म हमारा एक जगह अवस्थान नहीं।
रमा हूँ सब में मुझ से कोई भिन्न वस्तु इन्सान नहीं॥
देख बिचारो, सिवा ब्रह्म के हुआ कभी कुछ आन नहीं।
कभी न छूटे पीडा-दुख से जिसे ब्रह्म का ज्ञान नहीं॥
ब्रह्मज्ञान हो जिसे उसे नहिं पड़े भोगनी चौरासी।
शुद्ध सच्चिदानन्द ब्रह्म हूँ अजर अमर अज अबिनासी॥

प्यारेकी गलीमें

ऐ दिल! यहाँ प्यारेकी गली है। यहाँ अपनी जानका दम भी मत मार, अर्थात् जानका घमंड मत कर या जानकी परवा मत कर और अपने प्यारेके आगे जान एवं जहान और दिलका दम मत मार, अर्थात् अपने प्यारेके सामने इन प्राण इत्यादिका घमंड मत कर, या इन्हें प्यारा मत समझ।

जान (अपने प्यारेकी अपेक्षा) अधिक मूल्य नहीं रखती है, इसलिये जानका शोक मत कर। यदि तू अपने प्यारेके रास्तेमें जानपर खेलता है, तो चुप रह (तू इस कामपर भी शेखी मत कर)।

यदि तुझको (अपने प्यारेकी प्रीतिमें) कुछ कष्ट है तो उसकी चिकित्साके विषयमें कुछ चर्चा न कर। उसके कष्टको अर्थात् उसकी प्रीतिकी राहमें जो कष्ट हो, उसे चिकित्सासे भी उत्तम समझ और चिकित्साके विषयमे चर्चा न कर, अर्थात् चुप रह।

जब तुझे विश्वास हो गया, तो संशय-संदेहकी कहानी छोड़ दे। जब उस प्यारेने अपना मुखड़ा दिखा दिया, तो फिर हील और हुज्जत न कर।

जिनका कोई धर्म ही नहीं है, ऐसे लोगोंका ख्याल छोड़ और मूर्खताको तत्त्वज्ञान मत कह, एवं यूनानवालोंके विचारों और उनके आख्यानोंका दम मत मार।

मदिरा-जैसे ओष्ठ, सुन्दर मुखड़ा, मनहरण जुल्फ, मदिरा और प्रियतम तथा शमा और शयनागारके विषयमें भी चर्चा न कर।

कुफ्र और ईमानको उसके मुखड़े और जुल्फके आगे छोड़ दे और उस प्यारेके जुल्फ और मुखड़ेके सामने कुफ्र और ईमानकी चर्चा न कर।

याद रख, तू उस (प्यारे) से आगे नहीं बढ़ सकेगा, इसलिये तू इसके मिलाप (दर्शन) की चर्चा मत कर और इस हेतु कि तू उस (प्यारे) के बिना भी नहीं रह सकेगा, इसलिये वियोगकी भी चर्चा न कर।

याद रख, प्रकाशमान सूर्य उस (प्यारे) के मुखड़ेकी ज्योतिकी एक चमक है, इसलिये ऐ मगरबी ! उसके सामने प्रकाशमान सूर्यकी भी चर्चा न कर।

मिलनकी मौज

हे वाक्-इन्द्रिय ! क्या तुझमें है शक्ति उस आनन्दके वर्णन करनेकी ? धन्य हूँ मैं ! कृतकृत्य हूँ मैं !!

जिस प्यारेके घूँघटमेसे कभी हाथ, कभी पैर, कभी आँख, कभी कान कठिनताके साथ दिखायी देता था, दिल खोलकर उस दुलारेका आलिङ्गन प्राप्त हुआ। हम नगे, वह नंगा, छाती छातीपर है। ऐ हाड़-चामके जिगर और कलेजे ! तुम बीचमेंसे उठ जाओ। भेद-भाव ! हट। फासले भाग ! दूरी दूर हो। हम यार, यार हम। यह शादी (आनन्द) है कि शादी-मर्ग (आनन्दमयी मृत्यु अथवा आनन्दनिमग्न मौत)। आँसू क्यों छमाछम बरस रहे हैं। क्या यह विवाह-कालकी झड़ी है, अथवा मनके मर जानेका मातम (शोक) ? संस्कारोंका अन्तिम संस्कार हो गया। इच्छाओंपर मरी पड़ी। दुःख-दरिद्र उजाला आते ही अँधेरेकी तरह उड़ गये। भले-बुरे कर्मोंका बेड़ा डूब गया !

× × ×

आँसुओंकी झड़ी है कि अभेदताका आनन्द दिलानेवाली वर्षा-ऋतु ? ऐ सिर ! तेरा होना भी आज सुफल है। आँखो ! तुम भी धन्य हो गयी। कानो ! तुम्हारा पुरुषार्थ भी पूरा हुआ। यह आनन्दमय मिलाप मुबारक हो, मुबारक हो, मुबारक हो ! मुबारकका शब्द भी आज कृतार्थ हो गया।

ऐ मेरे पगलेपनके आह्लाद ! ऐ मेरे समस्त रोगोंकी ओषधि ! ऐ मेरे अभिमान और मानकी ओषधि ! ऐ मेरे लिये जालीनूस और अफलातून ! तू आनन्दवान् हो।

अथवा ऐ मेरे प्रेमोन्मादके आह्लाद ! तू आनन्दवान् हो। तू ही तो मेरे समस्त रोगोंकी ओषधि है। तू ही मेरे अभिमान और मानकी ओषधि है, तू ही मेरे लिये अफलातून और जालीनूस है।

अहंकारका गुड्डा और बुद्धिकी गुड़िया जल गये। अरे नेत्रो ! तुम्हारा यह काला बादल बरसाना धन्य हो। यह मस्तीभरे नयनोंका सावन धन्य (मुबारक) है।

कुब्जाकी कमर सीधी करो

एक हाथमें स्वादिष्ट मिठाई और दूसरेमें अशर्फी बच्चेको दिखाकर कहा जाय कि इन दोनोंमेंसे कौन-सी एक वस्तु तुम्हें स्वीकार है, तो नासमझ बच्चा मिठाईको पसंद करेगा, जो उसी क्षण स्वाद दे जाती है। यह नहीं जानता कि अशर्फीसे कितनी मिठाई मिल सकती है। यही दशा उन संसारी लोगोंकी है जो श्रेष्ठ बनानेवाली सच्ची स्वतन्त्रताकी अशर्फीको छोड़कर जुगनूकी चमकवाली क्षणभङ्गुर स्वाद देनेवाली मिठाई अङ्गीकार कर रहे हैं। ग्वालपन छोड़कर जन्मजात स्वत्व (राजगद्दी) को सँभालनेके लिये कृष्ण भगवान्का कंसको मारना अत्यावश्यक कर्तव्य था, किंतु कंस तब मरेगा जब कुब्जा सीधी होगी। पान, सुपारी, चन्दन, इत्र, अबीर आदि लिये कंसकी सेवाको कुब्जा जा रही है, इतनेमें महाराजसे भेंट हो गयी। बाँकेके साथ कुब्जाकी बोल-चाल भी अत्यन्त टेढ़ी थी। एक मुक्का मारनेसे कुबरीकी पीठ सीधी हो गयी। नाम तो कुब्जा ही रहा, किंतु सीधी होकर अपने उपकारीके चरणोंपर गिरी। अब कंससे सम्बन्ध कैसा ? पान, सुपारी, चन्दन, इत्र, अबीरसे भगवान्का पूजन किया और उन्हींकी हो रही। सीधी कुब्जाको सहृदय सखी बनाते ही कृष्ण भगवान्की कंसपर विजय है और स्वराज्य (पैतृक अधिकार) प्राप्त है। विषयोंके वनको त्यागकर सच्चे साम्राज्यको सँभालनेके लिये अहंकार (अहता) रूपी कंसको मारना परम आवश्यक है, नहीं तो, अहंकार-रूपी कंसकी ओरसे होनेवाली भाँति-भाँतिकी पीड़ाएँ और चित्र-विचित्र अत्याचार कहीं चैनसे दम न लेने देंगे। अहंकार (कंस) तब मरेगा, जब कुब्जा सीधी होकर कृष्ण (आत्मा) की भेदी (आत्माके रहस्यको जाननेवाली) हो जायगी।

कुब्जा क्या है ? श्रद्धा, विश्वास। सर्वसाधारणके यहाँ उल्टी (कुबरी) श्रद्धा अहंकारकी सेवामें दिन-रात लगी रहती है। 'घर मेरा है' इस रूपमें अथवा 'धन-सम्पत्ति मेरी है' इस रूपमें, 'स्त्री-पुत्र मेरे हैं' इस रूपमें, 'शरीर और

बुद्धि मेरे हैं' इस रंगमें। इस प्रकारके वेशोंमें अनर्थ करने-वाली श्रद्धा कुब्जा (उल्टा विश्वास) प्रतिसमय अहंकार (देहाध्यास या अहंता) को पुष्टि और बल देती रहती है। जबतक यह संसारासक्त दृष्टिवाली श्रद्धा सीधी होकर आत्मा (कृष्ण) की सहगामिनी और तद्रूपा न होगी, तबतक न तो अहंकार (कंस) मरेगा और न स्वराज्य मिलेगा। मारो जोरकी लात इस कुब्जाको, जमाओ विवेक-रूपी मुक्का इस उल्टे विश्वासको, अलिफ (।) की भाँति सीधी कर दो इस कुबरी श्रद्धाकी कमर।

कद्दे-अलिफ पैदा कुनम् चूँ रास्त पुश्ते-नूँ कुनम्।

अर्थात् जब नून अक्षरकी पीठको सीधा करता हूँ तो अलिफके कदको मैं उत्पन्न कर देता हूँ।

अपने असली स्वरूप (परमात्मा) में पूर्ण विश्वास उत्पन्न करो, देह और देहाध्यास कैसे, तुम तो मुख्य ईश्वर हो।

सब ओर तू ही तू

जिस ओर हम दौड़े, वे सब दिशाएँ तेरी ही देखी, अर्थात् सब ओर तू ही था और जिस स्थानपर हम पहुँचे, वह सब तेरी ही गलीका सिरा देखा, अर्थात् सर्वत्र तुझे ही पाया।

जिस उपासनाके स्थानको हृदयने प्रार्थनाके लिये ग्रहण किया, उस हृदयके पवित्र धामको तेरी भ्रूका झुकाव देखा, अर्थात् उस स्थानपर तू ही झाँकता दृष्टिगोचर हुआ।

हर सरवे-रवाँ (प्रिय वृक्ष अर्थात् प्रेमपात्र) को, जो कि इस संसार-वाटिकामें है, उसे तेरी नदी-तटकी वाटिकाका उगा हुआ देखा, अर्थात् जो भी इस जगत्में प्यारा दृष्टिगोचर हुआ, वह सब तुझसे ही प्रकट हुआ दिखायी दिया।

कल रात हमने पूर्वी वायुसे तेरी सुगन्ध सूँघी और उस प्राची पवनके साथ तेरी सुगन्धका समूह देखा, अर्थात् उसमे तेरी ही सुगन्ध बसी हुई थी।

संसारके समस्त सुन्दर पुरुषोंके मुखमण्डलोंको कौतूहलके लिये हमने देखा, किंतु तेरे मुखड़ेके दर्पणसे उनको देखा, अर्थात् इन समस्त सुन्दरोंमे तेरा ही रूप पाया।

समस्त संसारके प्यारोंकी मस्त आँखोंमें हमने जब देखा, तो तेरी जादूभरी नरगिस (आँख) देखी।

जबतक तेरे मुखमण्डलका सूर्य समस्त परमाणुओंपर न चमके, तबतक संसारके परमाणुओंपर तेरी ही ओर दौड़ते हुए देखा, अर्थात् जबतक तेरी किरण न पड़े, तबतक सत्यका जिज्ञासु तेरा ही इच्छुक रहेगा।

नानात्व खेल है

सोनेको क्या परवा है, जेवर (आभूषण) रहे चाहे न रहे। सोनेकी दृष्टिसे तो जेवर कभी हुआ ही नहीं। सोनेके जेवरके ऊपर भी सोना, नीचे भी सोना, चारों ओर भी सोना और बीचमे भी सोना, हर ओर सोना-ही-सोना है। आभूषण तो केवल नाममात्र है। सोना सब दशाओंमे और सब दिशाओंमें एकरस है। मुझमे नाम और रूप ही कभी स्थित नही हुए, तो नाम-रूपके परिवर्तन और रूपान्तर, रोग और नीरोगका कहाँ प्रवेश है? यह मेरी एक विचित्र आश्चर्य महिमाका चमत्कार है कि मैं सबमे भिन्न-भिन्न 'अहं' कल्पित कर देता हूँ, जिससे यह सब लीला व्यक्ति-व्यक्तिमे विभक्त होकर मेरा-तेराका शिकार (आखेट) हो जाती है। एक-दूसरेको अफसर-मातहत, गुरु-शिष्य, शासक-शासित, दुखी-सुखी स्वीकार करके मदारीकी पुतलियोकी तरह खेल दिखाने लगते है।

यह मेरी काल्पनिक बनावट मेरे प्रतिबिंब या आभासके कारण अपने-आपको मान बैठी है। इसके कारण मुझमे कदापि भिन्नता नहा आती; क्योंकि समस्त अस्तित्व और सृष्टि, जो इन्द्रियगोचर है, मुझसे है। पिंजरेमे चिड़िया उछलती है, कूदती है, प्रसन्न होती है, शोक भी मानती है; किंतु व्याध जानता है कि इसमे क्या शक्ति है, चुप तमाशा देखा करता है। आनन्दस्वरूप मै सदा एकान्त हूँ। आप-ही-आप मेरेमे नानात्वका बाधक होना क्या अर्थ रखता है?

अंदर बाहर, ऊपर नीचे, आगे पीछे हम ही हम।
उर में, सिर में, नर में, सुर में, पुर में, गिर में हम ही हम॥

प्राणका दर्पण

तुझको हँसते हुए देखकर मैं तृप्त नहीं हुआ हूँ, मैं तृप्त नही हुआ हूँ; पर प्यारे! तेरे अधर और दाँतोपर बलिहार।

सोसन (पुष्प) ने चमेलीका रुधिर बहानेको

तलवार खींची, सोसनको तलवार किसने दी ? तेरी खूँख्वार नरगिस (पुष्परूपी नेत्र) ने; क्योंकि नेत्रोंकी आकृतिकी तुलना नरगिसके पुष्पसे की जाती है।

तेरा चमकता हुआ मुखड़ा मेरे प्राणका दर्पण हुआ। इस प्रकार मेरे प्राण और तेरे, दोनो एक ही हुए; क्योंकि तेरे मुखड़ेमे मेरे प्राण और मेरे मुखड़ेमे तेरे प्राण दिखायी देते हैं।

निजानन्दकी मस्ती

प्रातःकालकी वायुका ठुमक-ठुमक चलना ही अपने प्यारे यार (स्वरूप) का संदेशा ला रहा है और जरा-सी ऑख भी लगने नही देता; क्योंकि ऑख जब जरा लग जाती है, तो झट उस प्यारे (स्वरूप) की दृष्टि (प्रकाश) का तीर लगाना आरम्भ हो जाता है, जिससे मैं सोने न पाऊँ, अर्थात् उसे भूल न जाऊँ।

अगर अकस्मात् अक्ल और होशमे आने लगता हूँ, या मन-बुद्धिका सङ्ग करने लगता हूँ तो उसी समय प्यारा छेड़खानी करने लग जाता है, ताकि फिर बेहोश और आत्मानन्दसे पागल हो जाऊँ, अर्थात् मैं पुनः संसारका न रहूँ, सिर्फ प्यारे (स्व-स्वरूप) का ही हो जाऊँ।

(इस छेड़खानीसे) ऐसा मालूम होता है कि प्यारेका हमसे एक मतलब (स्वार्थ) के कारण प्यार है और वह मतलब हमारा दिल लेना है। भला सख्तीसे वह क्यों दिल छीनता है, क्या वैसे हमको इन्कार है ? अर्थात् जब पहलेसे ही हम प्यारेके हवाले दिल करनेको तैयार बैठे हैं, तो फिर वह सख्तीसे क्यो छीनना चाहता है ?

दिलको प्यारेके अर्पण करनेसे न लिखनेकी फुरसत रही और न किसी काम-काजकी। आप तो वह बेकार (अकर्ता) था ही, अब हमको भी वैसा ही बेकार कर दिया है।

जब प्रेमका समय आता है, तब वह (प्यारा) झट हमबगल (सङ्ग या मूर्तिमान्) हो जाता है। ऐसी दशामें हम किसपर गुस्सा निकाले; क्योंकि सामने तो वह स्वयं खड़ा है।

सभी समय वह हाजिर है, जाग्रत्मे पृथ्वी-जलके रूपमें साथ है, हँसते समय वह साथ मिलकर हँसता है और रोते समय वह (अभेद हुआ) साथ रोता है, अर्थात् सब दशाओंमें वह ही स्वयं मौजूद है।

कभी चमकती हुई बिजलीके रूपमे हँसता है और कभी बरसते हुए घने बादलोके रूपमे रोता है, इस प्रकार प्रत्येक रूप और रंगमे वही प्यारा प्रकट हुआ दिखायी देता है।

ऐ प्यारे जिज्ञासु ! इश्क (प्रेम) के धनको उत्तम जानो, इसको मत खोओ, बल्कि इस प्रेमकी आगपर सारे घर-बार और धन-दौलतको वार दो।

इस प्रेमके दर्दका इलाज करना तो अज्ञानी पुरुषको ही मंजूर होता है; क्योंकि जब प्रेम ही माशूक (इष्टदेव) हो, तो क्या ऐसी नीरोगतामें भी बीमार है ?

इंतजार, मुसीबत, बला और जंगलका काँटा—उह ! सब उसी समय जलकर गुलनार (आगका पुष्प) हो गये, जिस समय ज्ञानाग्नि भीतर प्रज्वलित हुई।

दौलत, बल, विद्या और इज्जत तो नहीं चाहिये, उस (अनन्य भक्त या ब्रह्मवित्) बेपरवाह बादशाहको तो केवल आत्मज्ञान (ब्रह्म-विद्या) की ही आवश्यकता है।

कई वर्षोंकी आशाएँ, जो स्वरूपके अनुभवमे पर्दे या ओटका काम कर रही हैं, इन सब छोटी-बड़ी आशाओंको (आत्मज्ञानसे) जला दो और जब इस तरहसे इच्छाओंकी दीवार उड़ जाय, तब फिर प्यारे (स्वस्वरूप) के दर्शनका आनन्द लो।

मंसूर एक मस्त ब्रह्मवेत्ताका नाम है, जब वह सूलीपर चढ़ाया गया, तब उस समय एक पुरुषने उससे प्यारेकी गली अर्थात् स्वस्वरूपके अनुभव करनेका रास्ता पूछा। मंसूर तो चुप रहा; क्योंकि वह उस समय सूलीपर था, परंतु सूलीकी नोकने अर्थात् सिरेने, जिसको जुबानेदार कहते हैं, मंसूरके दिलमे साफ खुलकर बतला दिया कि यह रास्ता है, अर्थात् प्यारेके अनुभवका केवल दिलके भीतर जाना ही रास्ता है।

इस शरीरसे शारीरिक प्राण कूदकर तो अद्वैतकी गङ्गामें पड़ गये हैं। अब इस मृतक शरीर (मुर्दे) को (प्रारब्ध-भोग-रूपी) पक्षी आयें और महोत्सव कर लें; क्योंकि साधुके मरनेके पश्चात् भंडारा अर्थात् भोजन दिया जाता है और मस्त पुरुष अपने शरीरको ही सबके अर्पण

करना भंडारा समझता है, इसलिये राम जब मस्त हुए तो शरीरको मृतक देखकर भंडारेके लिये पक्षियोंको बुलाते हैं।

जब इस निजानन्दके कारण नेत्र, मस्तिष्क और हृदयमें बेसुध उमड़ने लगे, तो उस समय अपने पास द्वैत दर्शानेवाली सांसारिक बुद्धि तू मत रख; क्योंकि यह बुद्धि व्यभिचारिणी रॉड है।

जब राम अति मस्त हुए तो बोल उठे कि इस शरीरसे अब सम्बन्ध छूट गया है, इसलिये इसकी जिम्मेदारीकी सिरसे बला टल गयी। अब तो राम खून पीनेवाली तलवार (मुसीबत) का भी स्वागत करता है; क्योंकि रामको यह मौत बड़ा स्वाद देती है।

यह देह-प्राण तो अपने नौकर (ईश्वर)के हवाले करके उससे नित्यका ठेका ले लिया है। अब ऐ प्यारे (स्वस्वरूप)! तू जान, तेरा काम; हमको इस (शरीर) से क्या मतलब है।

नौकर बड़ा खुश होकर काम कर रहा है, राम अब बादशाह हो बैठा है; क्योंकि खिदमतगार (सेवक) बड़ा चतुर मिला हुआ है।

नौकर ऐसा अच्छा है कि दिन-रात जरा भी सोता नहीं, मानो उसकी आँखोंमें नींद ही नहीं और दम-भर भी उसको सुस्ती नहीं; वह हर घड़ी जगाता ही रहता है।

ऐ राम! मेरा नौकर कौन है और मालिक उसका कौन है? मैं क्या मालिक हूँ या नौकर हूँ? यह क्या आश्चर्यजनक रहस्य है (कुछ नहीं कहा जा सकता)।

मैं तो अकेला, अद्वैत, नित्य, असङ्ग और निर्विकार हूँ, मालिक और नौकरका भाव कहाँ? यह क्या गलत बोलचाल है।

मैं अकेला हूँ, मैं अकेला हूँ, जल-थलपर मैं अकेला हूँ। वाणी और वाक्-इन्द्रियका मुझतक पहुँचना कठिन है, अर्थात् वाणी इत्यादि मुझे वर्णन नहीं कर सकती।

ऐ दुनियाके बादशाहो! और ऐ सातों आसमानोंके तारो! मैं तुम सबपर राज्य करता हूँ। मेरा राज्य सबसे बड़ा है।

मैं अपने प्यारे (स्वरूप) की जादूभरी दृष्टि हूँ, निजानन्दभरी मस्तीकी शराबका नशा हूँ, अमृत-स्वरूप मैं हूँ, भवें (माया) मेरी तलवार हैं।

यह मेरी मायाकी जुल्फें (अविद्याके पदार्थ) पेचदार (आकर्षक) तो हैं मगर जो मुझे (मेरे असली स्वरूपकी ओर) सीधा आकर देखता है, उसको तो वास्तविक रामके दर्शन हो जाते हैं और जो उल्टा (पीछेको) होकर (मेरी मायारूपी काली जुल्फोंको) देखता है, उसको ('राम' शब्दका उल्टा शब्द 'मार') अविद्याका साँप काट डालता है।

अमावसकी रातको एक बजे गुफाके सामने गङ्गाने नरम-नरम बिछौना (रेणुकाका) बिछा दिया है। राम बादशाह लेट रहा है, गङ्गा चरणोंको छूती हुई बह रही है।

× × ×

गला रुका जाता है

जब लड़की पतिके साथ विवाही जाकर अपने माता-पिताके घरसे अलग होने लगती है, तो लड़की और माता-पिताके रोमाञ्च हो जाते हैं और आश्चर्य-दशा व्याप्त होनेसे गला रुक जाता है।

लड़कीको फिर घर वापस आनेकी अथवा माता-पिताके घरका ही बने रहनेकी कोई आशा मालूम नहीं देती, इस वास्ते सर्वदाकी जुदाई होते देखकर माता-पिता और लड़कीके रोंगटे खड़े हो जाते हैं और गला रुक आता है।

(लड़की फिर मनमें यह कहने लगती है कि) हे माता-पिता! यह घर-बार तथा संसार तो आपको और मेरा पति मुझको मुबारक हो, पर यह (जुदा होते समयकी) आखिरी छवि (अवस्था) आप जरूर याद रक्खें कि 'रोंगटे खड़े हो रहे है और गला रुक रहा है।'

ऐसे ही जब मनुष्यकी वृत्ति-रूपी लड़की (अपने) पति (स्वस्वरूप)के साथ विवाही जाती, अर्थात् आत्मासे तदाकार होती है, तब उसके माता-पिता (अहंकार और बुद्धि) के रोंगटे खड़े हो जाते हैं और गला मारे बेबसीके रुकता जाता है तथा उस वृत्तिको अब वापस आते न देखकर इन्द्रियोंमें रोमाञ्च हो जाता है। उस समय वृत्ति भी अपने सम्बन्धियोंसे यह कहती मालूम देती है ऐ अहंकार-रूपी पिता! और बुद्धि-रूपी माता! यह घर-बार एवं दुनिया अब तुम्हें मुबारक हो और हमें हमारा दुलहा (स्वस्वरूप) सलामत हो। (अहंकारकी) यह मौत दुनियामें अति उत्तम है और इस मौतके दामपर आनन्दको खरीदो, इसमें चूँ-चरा

(क्यों, कैसे) न करना ही धर्म है। यद्यपि इस (मौत) को खरीदते समय रोंगटे खड़े हो जाते हैं और गला रुक जाता है।

ऐ प्यारे! जिसे आप जाग्रत् समझ रहे हो, वह तो घोर स्वप्न अर्थात् सुषुप्ति है; क्योंकि यह सब विषयके पदार्थ तो क्लोरोफार्म दवाईकी तरह हैं जिसको सूँघने अर्थात् भोगनेसे सब रोम खड़े हो जाते हैं और गला रुक जाता है।

जो इच्छामात्रको दिलमे रखते हैं, वे पागल कुत्तेको चुम्मा (बोसा) देते हैं, ऐसी फूटी प्रारब्धको देखकर रोमाञ्च हो जाते हैं और गला रुक जाता है।

पट्ठोमे ऐसा कच्चा पारा बैठ गया है (मस्तीका इतना जोश चढ़ गया है) कि हिलनेकी भी ताकत नहीं रही और न अब बिच्छूका डंक ही कुछ असर करता है; बल्कि ऐसी हालत हो रही है कि रोंगटे खड़े हो रहे हैं और गला रुका जाता है।'

प्यारेकी दृष्टि (दर्शन) रूपी अनुभवके प्याले ऐसे रिझकर पिये है कि अपने सिर और तनकी भी सुध-बुध नहीं रही। अब न तो दिन सूझता और न रात ही नजर आती है, बल्कि रोमाञ्च हो रहे हैं और गला रुका जाता है।

पाँचो ज्ञान-इन्द्रियोंके द्वार तो बंद थे, मगर मालूम नहीं कि किस तरफसे यह (मस्तीका जोश) अंदर आकर काबिज हो गया है, जो बलाका नशा है और सितम ढा रहा है, जिससे रोमाञ्च खड़े हो रहे हैं और गला रुका जा रहा है।

यह ज्ञानकी मस्तीकी कैसी आँधी आ रही है और निजानन्दका जोश कैसे बढ़ रहा है कि पृथ्वी, चाँद, सूर्य, तारेकी भी सुध-बुध नहीं रही, अर्थात् द्वैत बिल्कुल भासमान नहीं हो रहा, बल्कि रोंगटे खड़े हो रहे हैं और गला रुक रहा है।

मन-रूपी मन्दिरमे जो नाना प्रकारकी इच्छाएँ नाच रही थीं, वे घरके दीपकसे (आत्मानुभवसे) सब जल गयीं, अर्थात् अपने अंदर ज्ञान-अग्नि ऐसे प्रज्वलित हुई कि सब प्रकारके संकल्प जल गये तथा रोंगटे खड़े हो गये और गला रुक गया।

यह दुनिया शतरंजके खेलकी तरह है। इस (शतरंज-रूपी खेल) को लपेटकर अब गङ्गामे फेंक दिया। वह फीला मरा और वह घोड़ा मरा, यह देखकर रोम खड़े हो रहे हैं और गला रुक रहा है।

अब अपना प्यारा छाती-पर-छाती रखकर पड़ा है। अब तो कहाँका द्वैत और कहाँकी एकता है। किसको बतानेकी अब ताकत है, केवल रोंगटे खड़े है और गला रुका है।

(यह जो आनन्द आ रहा है, यह क्या है?) यह संकल्पमयी (भासमान) शरीरकी मौतका आनन्द है जो समेटनेसे भी नहीं सिमटता है। अब तो (इस आनन्दके भड़कनेसे) इस पाञ्चभौतिकको उठाना भी कठिन हो गया है, क्योंकि आनन्दके मारे रोम खड़े है और गला रुक रहा है।

कलेजे (हृदय) मे शान्ति है और दिलमे अब चैन है; खुशीसे रामका हृदय भरा हुआ है और नैन (आनन्दके) अमृतसे लबालब भरे हुए हैं; अर्थात् आनन्दके मारे आँसू टपक रहे हैं और रोम खड़े हो रहे हैं तथा गला रुक रहा है।

× × ×

प्रेम समुद्रकी बाढ़

जब उमड़ा दरिया उल्फत का, हर चार तरफ आबादी है।
हर रात नई इक शादी है, हर रोज मुबारकबादी है॥
खुश खंदा है रंगी गुल का, खुश शादी शाद मुरादी है।
बन सूरज आप दरखशाँ है, खुद जंगल है, खुद बादी है॥
नित राहत है, नित फरहत है, नित रंग नए आजादी है॥टेक॥

हर रग रेशे मे, हर मू मे, अमृत भर-भर भरपूर हुआ।
सब कुल्फत दूरी दूर हुई, मन शादी मर्ग से चूर हुआ॥
हर बर्ग बधाइयाँ देता है, हर जर्रह जर्रह तूर हुआ।
जो है सो है अपना मजहर, खाह आबी नारी बादी है॥
क्या ठंढक है, क्या राहत है, क्या शादी है, आजादी है॥

रिम-झिम, रिम-झिम आँसू बरसें, यह अबर बहारें देता है।
क्या खूब मजे की बारिश मे वह लुत्फ वसल का लेता है॥
किश्ती मौजों मे डूबे है, बदमस्त उसे कब खेता है।
यह गर्काबी है जी उठना, मत झिझको उफ बरबादी है॥
क्या ठंढक है, क्या राहत है, क्या शादी है, आजादी है॥

मातम, मंजूरी, बीमारी, गलती, कमजोरी, नादारी।
ठोकर ऊँचा-नीचा, मिहनत जाती (है) इन पर जाँ वारी॥

इन सब की मददों के बाइस, चश्मा मस्ती का है जारी।
गुम शीर कि शीरीं तूफों में, कोह और तेशा फरहादी है॥
क्या ठंढक है, क्या राहत है, क्या शादी है, आजादी है॥

इस मरने मे क्या लज्जत है, जिस मुँह को चाट लगे इस की।
थूके है शाहंशाही पर, सब नेमत दौलत हो फीकी॥
मय चाहिये दिल सिर दे फूंको, और आग जलाओ भट्ठी की।
क्या सस्ता बादा बिकता है 'ले लो' का शोर मुनादी है॥
क्या ठंढक है, क्या राहत है, क्या शादी है, आजादी है॥

इल्लत मालूल मे मत डूबो, सब कारण-कार्य तुम ही हो।
तुम ही दफ्तर से खारिज हो, और लेते चारज तुम ही हो॥
तुम ही मसरूफ बने बैठे, और होते हारिज तुम ही हो।
तू दावर है, तू वकला है, तू पापी, तू फरयादी है॥
नित राहत है, नित फरहत है, नित रंग नये आजादी है॥

दिन रात का झगडा न देखा, गो सूरज का चिट्टा सिर है।
जब खुलती दीदए-रौशन है, हँगामाए-ख्वाब कहां फिर है॥
आनन्द सरूर समुद्र है जिस का आगाज न आखिर है।
सब राम पसारा दुनिया का, जादूगर की उस्तादी है॥
नित राहत है, नित फरहत है, नित रंग नये आजादी है॥

अर्थ

जब प्रेमका समुद्र बहने लग पड़ा तो हर तरफ प्रेमकी बस्ती नजर आने लग पडी और रात-दिन शादी तथा मुबारकबादीने मुँह दिखाना शुरू कर दिया। अब दिल सुन्दर पुष्पकी तरह हँसता और खिलता रहता है; चित्त नित्य आनन्द-प्रसन्न है। आप ही सूर्य बनकर चमक रहा है और आप ही जंगल-घाटी बन रहा है। अहा! कैसा नित्य आनन्द है, नित्य शान्ति है, नित्य सर्व प्रकारकी खुशी और आजादी हो रही है।

हर रग और नाड़ीमे तथा रोम-रोममे आनन्द-रूपी अमृत भरा हुआ है। जुदाईके सब दुःख और कष्ट दूर हो गये और मन इस अहंकारके मरने (मौत) की खुशीमे चूर हो गया है; अब प्रत्येक पत्ता बधाइयाँ दे रहा है; क्योंकि परमाणुमात्र भी इस ज्ञानाग्निमे अग्निके पर्वतकी तरह प्रकाशमान हो गया। अब जो है सो अपना ही झाँकी-स्थान या जाहिर करनेका स्थान है। चाहे वह पानीका प्राणी है, चाहे अग्निका और चाहे हवाका (यह समस्त वास्तवमें मुझको ही जाहिर करनेवाले हैं)।

आनन्दकी वर्षासे आँसू रिम-झिम बरस रहे हैं, और यह आनन्दका बादल क्या-क्या अच्छी बहार दे रहा है। इस जोरकी वर्षामे वह (चित्त) क्या खूब अभेदता (एकता) का आनन्द ले रहा है। शरीर-रूपी नौका तो आनन्दकी लहरोंमे डूबने लग रही है, मगर वह सच्चा (आनन्दमें) उन्मत्त उसे कब खेता है? (वह तो शरीरका ख्याल नहीं करता;) क्योंकि उसके लिये यह (देहाध्यासका) डूबना वास्तवमे जी उठना है। इसलिये हे प्यारो! इस मौतसे मत झिझको (क्योंकि झिझकनेमे अपनी बरबादी है)। इस मृत्युमे तो क्या ही ठंढक है, क्या ही आराम है, और क्या ही आनन्द और क्या ही स्वतन्त्रता है; इसका कुछ वर्णन नहीं हो सकता।

रोना-पीटना, शोक-चिन्ता, बीमारी, गलती, कमजोरी, निर्धनता, नीच-ऊँच, ठोकर और पुरुषार्थ, इन सबपर प्राण वारे जा रहे हैं और इन सबकी सहायतासे मस्तीका समुद्र बह रहा है। प्रिया शीरीके इश्कमे फरहादका तेशा पर्वत और शीरीं लोप हो रहे हैं। इस लोप होनेमे क्या शान्ति है, क्या आराम है, क्या आनन्द और क्या ही आजादी हो रही है।

इस मरनेमें क्या ही आनन्द (लज्जत) है, जिस मुँहको इस लज्जतकी चटक (स्वाद) लग गयी, वह शाहंशाहीपर थूकता है और धन-दौलत (वैभव) उसे फीका हो जाता है। अगर आपको (आनन्दकी) शराब चाहिये, तो दिल और सिरको फूँककर (इस शराबके वास्ते) उसकी भट्ठी जला दो। वाह! (निजानन्दकी) शराब (अपने सिरके बदले) क्या सस्ती बिक रही है और (कबीरकी तरह) ले लो, ले लो का शोर हो रहा है। इस शराबका फल क्या ही शान्ति, आराम, आनन्द और आजादी है।

हेतु (कारण) और फल (कार्य) मे मत डूबो, क्योंकि सब कारण कार्य तुम ही हो; और जो दफ्तरसे खारिज होता है अथवा जो नौकर होता है, वह सब तुम आप हो। तुम ही सब काममे प्रवृत्त होते हो। तुम ही उसमें विक्षेप डालनेवाले होते हो। तुम ही न्यायकारी, तुम ही वकील और तुम ही पापी और फरयादी होते हो। आहा! क्या नित्य चैन है, नित्य शान्ति है और नित्य राग-रंग और आजादी है।

सूर्य यद्यपि आप सफेद है, परंतु दिन-रातका झगड़ा अर्थात् श्वेत-कालेका भेद उसमे नहीं देखा जाता; क्योंकि दिन-रात तो पृथ्वीके घूमनेपर निर्भर है। ऐसे ही जब आँख

खुलती है तो स्वप्न फिर शेष नहीं रहता, वरं चारों ओर अनन्त और नित्य आनन्दका समुद्र उमड़ता दिखायी देता है। यह संसार ठीक रामका पसारा है और जादूगर (राम) की उस्तादी है। इसलिये यहाँ वास्तवमें नित्य चैन है, शान्ति है और नित्य राग-रंग और नयी आजादी है।

× × ×

प्यारेके पास पहुँचनेके लिये

जबतक तुम कवीके समान अपने अहंकाररूपी सिरको ज्ञानरूपी ओरेके नीचे नहीं रक्खोगे, तबतक उस प्यारेके सिरके बालोंको नहीं प्राप्त हो सकते।

जबतक सुरमेकी तरह पत्थरके नीचे पिस न जाओगे, तबतक सच्चे प्रियतमकी आँखोंतक नहीं पहुँच सकते।

जबतक मोतीकी तरह तारसे नहीं छिदोगे, प्यारेके कानतक नहीं पहुँच सकते।

ज्ञानी कुम्हार जबतक तेरी अहंकाररूपी मिट्टीके आबखोरे न बना लेगा, तबतक प्यारेके लाल अधरोंतक तू न पहुँच सकेगा।

जबतक कलमके समान सिर चाकूके नीचे न रख दोगे, कदापि उस प्यारेकी अँगुलियोंतक नहीं पहुँच सकते।

जबतक मेहँदीके समान पत्थरके नीचे पिस न जाओगे, तबतक प्यारेके चरणोंतक कदापि नहीं पहुँच सकते।

जबतक फूलकी तरह डालीसे अलग नहीं किये जाओगे, प्यारेतक किसी सूरतसे पहुँच नहीं सकते।

बाँसुरीके समान सिरसे पैरतक अहंकारसे खाली हो जाओ; नहीं तो, बाँसुरी बजानेवाले प्यारेके ओठोंका चुम्बन मिलना कदापि सम्भव नहीं।

× × ×

भारत-प्रेम

ऐ डूबते हुए सूर्य! तू भारत-भूमिपर निकलने जा रहा है। क्या तू कृपा करके रामका यह संदेशा उस तेजोमयी प्रतापी माताकी सेवामें ले जायगा? क्या ही अच्छा हो, यदि यह मेरे प्रेमपूर्ण आँसू भारतके खेतोंमें पहुँचकर ओसकी बूँदें बन जायँ। जैसे एक शैव शिवकी पूजा करता है, वैष्णव विष्णुकी, बौद्ध बुद्धकी, ईसाई ईसाकी और मुसल्मान मुहम्मदकी, वैसे ही मैं प्रेमाग्निमें निमग्नचित्तसे भारतको शैव, वैष्णव, बौद्ध, ईसाई, मुसल्मान, पारसी, सिक्ख, संन्यासी, अछूत इत्यादि भारत-संतानके प्रत्येक बच्चेके रूपमें देखता और पूजता हूँ। ऐ भारत माता! मैं तेरे प्रत्येक रूपमें तेरी उपासना करता हूँ। तू ही मेरी गङ्गा है, तू ही मेरी कालीदेवी है, तू ही मेरी इष्टदेवी है और तू ही मेरा शालग्राम है। भगवान् कृष्णचन्द्र, जिनको भारतकी मिट्टी खानेकी रुचि थी, उपासनाकी चर्चा करते हुए कहते हैं कि जिनका मन अव्यक्तकी ओर लगा हुआ है, उनके लिये बहुत-सी कठिनाइयाँ हैं, क्योंकि अव्यक्तका रास्ता प्रत्येकके लिये अत्यन्त कठिन है।

ऐ मेरे प्यारे कृष्ण! मुझे तो अब उस देवताकी उपासना करने दे जिसकी समस्त पूँजी एक बूढ़ा बैल, एक टूटी हुई चारपाई, एक पुराना चिमटा, थोड़ी-सी राख, नाग और एक खाली खोपड़ी है। क्या यह महिम्न-स्तोत्रके महादेव हैं? नहीं, नहीं। ये तो साक्षात् नारायण-स्वरूप भूखे भारतवासी हैं। यही मेरा धर्म है और भारतके प्रत्येक मनुष्यका यही धर्म, यही साधारण मार्ग, यही व्यावहारिक वेदान्त और यही भगवान्‌की भक्ति होनी चाहिये। केवल कोरी शाबाशी देने या थोड़ी-सी सहिष्णुता दिखानेसे काम नहीं चलेगा। भारत माताके प्रत्येक पुत्रसे मैं ऐसा क्रियात्मक सहयोग चाहता हूँ जिससे वह चारों ओर दिन-प्रति-दिन बढ़नेवाले राष्ट्रिय जीवनका संचार कर सके। संसारमें कोई भी बच्चा शिशुपनके बिना युवावस्थाको प्राप्त नहीं हो सकता। इसी तरह कोई भी मनुष्य उस समयतक विराट् भगवान्‌से अभेद होनेके आनन्दका अनुभव नहीं कर सकता, जबतक कि समस्त राष्ट्रके साथ अभेदभाव उसकी नस-नसमें पूरा जोश न मारने लगे। भारत माताके प्रत्येक पुत्रको समस्त देशकी सेवाके लिये इस दृष्टिसे तैयार रहना चाहिये कि 'समस्त भारत मेरा ही शरीर है।' भारतवर्षका प्रत्येक नगर, नदी, वृक्ष, पहाड़ और प्राणी देवता माना जाता और इसी भावसे पूजा जाता है। क्या अभी वह समय नहीं आया जब हम अपनी मातृभूमिको देवी मानें और इसका प्रत्येक परमाणु हमारे मनमें सम्पूर्ण देशके प्रति देश-भक्ति उत्पन्न कर दे? जब प्राण-प्रतिष्ठा करके हिंदूलोग दुर्गाकी प्रतिमाको साक्षात् शक्ति मान लेते हैं, तो क्या यह ठीक नहीं कि हम अपनी मातृभूमिकी महिमाको प्रकाशित करें और भारतरूपी सच्ची दुर्गामें जीवन और प्राणकी प्रतिष्ठा करें? आओ, पहले हम अपने हृदयोंको एक करें; फिर हमारे सिर और हाथ अपने-आप मिल जायँगे।

× × ×

ईश्वरानुभवके लिये संन्यासीका-सा भाव रक्खो । भारत-माताकी महान् आत्मासे अपनी लघु आत्माको अभेद करते हुए अपने स्वार्थका नितान्त त्याग करो । ईश्वरानुभव अर्थात् परमानन्दको पानेके लिये सच्चे ब्राह्मण बनो, अर्थात् अपनी बुद्धिको देश-हित-चिन्तनमें अर्पण करो । आत्मानन्दके अनुभवके लिये सच्चे क्षत्रिय बनो, अर्थात् अपने देशके लिये प्रतिक्षण अपने जीवनकी आहुति देनेको तैयार रहो । परमात्माको पानेके लिये सच्चे वैश्य बनो, अर्थात् अपनी सारी सम्पत्तिको केवल राष्ट्रकी धरोहर समझो । इहलोक या परलोकमें राम भगवान् या पूर्णानन्दको प्राप्त करनेके लिये अपने परोक्ष धर्मको अपरोक्षरूप (व्यावहारिक) बनाओ, अर्थात् तुमको पूर्ण संन्यास-भाव ग्रहणकर सच्चे ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्यकी शूरवीरता धारण करनी होगी । और जो सेवा पहले पवित्र शूद्रोंका कर्तव्य था, उसे अपने हाथ-पैरोंसे स्वीकार करना होगा । अछूत जातियोंके कर्तव्य-पालनमें संन्यासी-भावका संयोग होना चाहिये । आजकल कल्याणका केवल एक यही द्वार है ।

× × ×

'यदि सूर्य मेरी दाहिनी ओर और चन्द्र मेरी बायीं ओर खड़े हो जायँ और मुझे पीछे हटनेको कहे, तो भी मैं उनकी आज्ञा कदापि-कदापि नहीं मानूँगा ।'

हम रूखे टुकड़े खायेंगे, भारत पर वारे जायेंगे ।
हम सूखे चने चबायेंगे, भारत की बात बनायेंगे ॥
हम नंगे उमर बितायेंगे, भारत पर जान मिटायेंगे ।
सूलों पर दौड़े जायेंगे, काँटों को राख बनायेंगे ॥
हम दर-दर धक्के खायेंगे, आनँद की झलक दिखायेंगे ।
सब रिश्ते-नाते तोड़ेंगे, दिल इक आतम-सँग जोड़ेंगे ॥
सब विषयों से मुँह मोड़ेंगे, सिर सब पापों का फोड़ेंगे ।

सत्य

सत्य किसी व्यक्तिविशेषकी सम्पत्ति नहीं है; सत्य ईसाकी जागीर नहीं है; हमें ईसाके नामसे सत्यका प्रचार नहीं करना चाहिये । सत्य कृष्ण अथवा किसी दूसरे व्यक्तिकी सम्पत्ति नहीं है । वह तो प्रत्येक व्यक्तिकी सम्पत्ति है ।

सत्य तो वह है जो तीनों कालोंमें एक समान रहता है, जैसा कल था, वैसा ही आज है और वैसा ही सदा आगे रहेगा । किसी घटना-विशेषसे उसका सम्बन्ध नहीं जोड़ा जा सकता ।

आप सत्यको प्राप्त कर सकें, आप ब्रह्मत्वका अनुभव कर सकें, इसके लिये यह जरूरी है कि आपकी प्यारी-से-प्यारी अभिलाषाएँ और आवश्यकताएँ पूर्णतः छिन्न-भिन्न कर दी जायँ, आपकी जरूरतें और प्यारी-से-प्यारी ममताएँ, आसक्तियाँ आपसे पृथक् कर दी जायँ और आपके चिर-परिचित अन्धविश्वास मटियामेट कर दिये जायँ । इनसे आपका, आपके शरीरका कोई सम्बन्ध न रहे ।

तुम एकमात्र सत्यपर आरूढ हो, इस बातसे भयभीत मत हो कि अधिकांश लोग तुम्हारे विरुद्ध हैं ।

सम्पूर्ण सत्यको ग्रहण करनेके लिये तुम्हें सांसारिक इच्छाओंका त्याग करना होगा, तुम्हें सांसारिक राग-द्वेषसे ऊपर उठना होगा । अपने उन सारे रिश्ते-नातोंको नमस्कार करना पड़ेगा, जो तुम्हें बाँधकर गुलाम बनाते और नीचे घसीटते हैं । यही साक्षात्कारका मूल्य है । जबतक मूल्य अदा न करोगे, सत्यको नहीं पा सकते ।

त्याग

त्याग तो आपको सर्वोत्तम स्थितिमें रखता है; आपको उत्कर्षकी स्थितिमें पहुँचा देता है ।

त्याग निश्चय ही आपके बलको बढ़ा देता है; आपकी शक्तियोंको कई गुना कर देता है; आपके पराक्रमको दृढ़ कर देता है; नहीं—आपको ईश्वर बना देता है । वह आपकी चिन्ताएँ और भय हर लेता है । आप निर्भय तथा आनन्दमय हो जाते हैं ।

स्वार्थपूर्ण और व्यक्तिगत सम्बन्धोंको त्याग दो; प्रत्येकमें और सबमें ईश्वरत्वको देखो; प्रत्येकमें और सबमें ईश्वरके दर्शन करो ।

त्याग क्या है ? अहंकारयुक्त जीवनको त्याग देना । निःसंशय और निःसंदेह अमर जीवन व्यक्तिगत और परिच्छिन्न जीवनको खो डालनेसे मिलता है ।

वेदान्तिक त्याग कैसे हो ? आपको सदा त्यागकी चट्टानपर ही खड़ा होना पड़ेगा; अपने-आपको इस उत्कर्ष दशामें दृढ़तापूर्वक जमा कर, जो काम सामने आये, उसके प्रति अपने-आपको पूर्णतः अर्पण करना होगा । तब आप थकेंगे नहीं; फिर कोई भी कर्तव्य हो, आप उसे पूरा कर सकेंगे ।

त्यागका आरम्भ सबसे निकट और सबसे प्रिय वस्तुओंसे

करना चाहिये। जिसका त्याग करना परमावश्यक है, वह है मिथ्या अहंकार अर्थात् 'मैं यह कर रहा हूँ', 'मैं कर्ता हूँ', 'मैं भोक्ता हूँ' यही भाव हममें मिथ्या व्यक्तित्वको उत्पन्न करते हैं—इनको त्याग देना होगा।

त्याग आपको हिमालयके घने जंगलमें जानेका आदेश नहीं देता; त्याग आपसे कपड़े उतार डालनेका आग्रह नहीं करता; त्याग आपको नंगे पाँव और नंगे सिर घूमनेके लिये नहीं कहता।

त्याग न तो अकर्मण्य, लाचारी और नैराश्यपूर्ण निर्बलता है और न दर्पपूर्ण तपश्चर्या ही। ईश्वरके पवित्र मन्दिर अर्थात् अपने शरीरको बिना प्रतिरोध मांसाहारी निर्दयी भेड़ियोंको खाने देना कोई त्याग नहीं है!

त्यागके अतिरिक्त और कहीं वास्तविक आनन्द नहीं मिल सकता; त्यागके बिना न ईश्वर-प्रेरणा हो सकती है, न प्रार्थना।

ईश्वरत्व और त्याग पर्यायवाची शब्द हैं। संस्कृति और सदाचार उसकी बाह्य अभिव्यक्तियाँ हैं।

अहंकारपूर्ण जीवनका छोड़ देना ही त्याग है और वही सौन्दर्य है।

हृदयकी शुद्धताका अर्थ है अपने-आपको सांसारिक पदार्थोंकी आसक्तिसे अलग, पृथक् रखना। त्यागका अर्थ इससे रंचमात्र कम नहीं।

यह शरीर मेरा है—इस अधिकार-भावको छोड़ दो, सारे स्वार्थपूर्ण सम्बन्धोंको, 'मेरे' और 'तेरे' के भावोंको छोड़ दो। इनसे ऊपर उठो।

त्यागके भावको ग्रहण करो और जो कुछ प्राप्त हो, उसे दूसरोंपर प्रकाशित करो। स्वार्थपूर्ण शोषण मत करो। ऐसा करनेसे आप अवश्य ही श्वेत, उज्ज्वल हो जायँगे।

कामनासे रहित कर्म ही सर्वोत्तम त्याग अथवा पूजन है।

इच्छाका त्याग

इच्छाओंका त्याग कर दो; उनसे ऊपर उठो; आपको दुगुनी शान्ति मिलेगी—तात्कालिक विश्रान्ति और अन्तमें इच्छित फल। स्मरण रक्खो कि आपकी कामनाएँ तभी सिद्ध होंगी, जब आप उनसे ऊपर उठकर परम सत्यमें पहुँचेंगे। जब आप जानकर या अनजाने अपने-आपको ब्रह्मत्वमें लीन कर देते हैं, तभी और केवल तभी आपकी कामनाओंके पूर्ण होनेका काल सिद्ध होता है।

आपका कर्म सफल हो, इसके लिये आपको उसके परिणामपर ध्यान नहीं देना चाहिये, आपको उसके फलकी परवा नहीं करनी चाहिये। साधन और उद्देश्यको मिलाकर एक कर दो; काम ही आपका उद्देश्य या लक्ष्य बन जाय।

बस, परिणाम और फलकी परवा मत करो। सफलता अथवा असफलता मेरे लिये कुछ नहीं है, मुझे काम जरूर करना होगा; क्योंकि मुझे काम प्यारा लगता है। मुझे काम केवल कामके लिये ही करना चाहिये। काम करना मेरा उद्देश्य है: कर्ममें प्रवृत्त रहना ही मेरा जीवन है। मेरा स्वरूप, मेरी असली आत्मा स्वयं शक्ति है। अतः मुझे काम करना ही होगा।

परिणामके लिये चिन्ता मत करो, लोगोंसे कुछ भी आशा न रक्खो; अपने कामपर अनुकूल अथवा प्रतिकूल आलोचनाके विषयमें व्याकुल मत होओ।

जब आप इच्छाओंको छोड़ देते हैं, तभी, केवल तभी वे सफल होती हैं। जबतक आप अपनी अभिलाषारूपी धनुषडोरीको तनी रक्खेंगे, अर्थात् इच्छा, आकाङ्क्षा और अभिलाषा करना जारी रक्खेंगे, तबतक तीर दूसरे पक्षके वक्षःस्थलतक कैसे पहुँचेगा। ज्यों-ही आप उसे छोड़ देते हैं, त्यों-ही वह सम्बन्धित प्रतिपक्षीके हृदयको भेद देता है।

हृदयको पवित्र करो

मित्रोंद्वारा और शत्रुओंद्वारा किया हुआ दुःखदायी छिद्रान्वेषण आपको अपने सच्चे आत्माके प्रति सतेज कर सकता है, जैसे कि रातके भयानक स्वप्न आपको यकायक जगा देते हैं।

आपको इसी क्षण, इसी घड़ी साक्षात्कार हो सकता है। बस, अपनी आसक्तियोंको हटा दो। साथ ही सब प्रकारकी घृणा और ईर्ष्याको छोड़ दो; आप मुक्त हैं।

ईर्ष्या क्या है, घृणा क्या है? आसक्तिका विलोम या विपर्यय! हम किसीसे घृणा क्यों करते हैं; क्योंकि हमें किसी दूसरेसे मोह होता है।

सदा याद रखिये कि जब आप ईर्ष्या और द्वेष, छिद्रान्वेषण और दोषारोपण, घृणा और निन्दाके विचार अपनेसे बाहर किसीके प्रति भेजते हैं, तो आप वैसे ही विचार

अपनी ओर बुलाते हैं। जब कभी आप अपने भाईकी आँखमें तिनका खोजते हैं, तभी आप अपनी आँखमें ताड़ खड़ा कर लेते हैं।

छिद्रान्वेषणकी कैंचीसे जब कभी आपकी भेंट हो, तब आप झट अपने भीतर दृष्टि डाल कर देखें कि वहाँ कैसे-कैसे भाव उदय हो रहे हैं।

शरीरसे ऊपर उठो। समझो और अनुभव करो कि मैं अनन्त हूँ, परम आत्मा हूँ और इसलिये मुझपर मनोविकार और लोभ भला कैसे प्रभाव डाल सकते हैं।

अपने चित्तको शान्त रक्खो, अपने मनको शुद्ध विचारोंसे भर दो। तब कोई भी आपके विरुद्ध खड़ा नहीं हो सकता। ऐसा दैवी विधान है।

हृदयकी पवित्रताका अर्थ है अपने-आपको सांसारिक पदार्थोंकी आसक्तियोंसे मुक्त कर लेना। उन्हें त्याग देना। हाँ, त्याग, त्याग इसके अतिरिक्त कुछ और नहीं—यही हृदयकी पवित्रताका अर्थ है।

धन्य हैं वे, जिनका हृदय पवित्र है; क्योंकि वे ईश्वरके दर्शन करेंगे। आप भी इस पवित्रताको प्राप्त कीजिये और ईश्वरके दर्शन कीजिये।

दूसरोंके साथ बर्ताव

यदि आप मनुष्यकी पूजा करें; दूसरे शब्दोंमें, यदि आप मनुष्यको मनुष्य नहीं, ईश्वररूप मानें; यदि आप सभीको ईश्वररूप, परमात्मारूप समझें और इस प्रकार मनुष्यकी उपासना करें, तो यह ईश्वरकी उपासना होगी।

जो कोई आपके पास आये, ईश्वर समझकर उसका स्वागत करो, परंतु साथ-ही-साथ अपनेको भी अधम मत समझो। यदि आज आप बदीखानेमें पड़े हैं तो कल आप प्रतापवान् भी हो सकते हैं।

लोग चाहे आपसे मित्र मत रक्खें; चाहे आपको नाना प्रकारकी कठिनाइयोंमें डालें और चाहे आपको बदनाम करें; पर उनकी कृपा और कोप, उनकी धमकियों, आश्वासनों और प्रतिज्ञाओंके होते हुए भी आपके मनरूपी सरोवरसे दिव्य, पवित्र-से-पवित्र ताजा जल निरन्तर बहना चाहिये। आपके अंदरसे अमृतका प्रवाह बहना चाहिये, जिससे आपके लिये बुरी बातोंका सोचना उसी प्रकार असम्भव हो जाय, जिस प्रकार शुद्ध और ताजा जल-स्रोत पीनेवालोंको विष नहीं दे सकता।

दूसरोंके प्रति आपका क्या कर्तव्य है? जब लोग बीमार पड़ जायँ तो उनको अपने पास ले आओ और जिस प्रकार आप अपने शरीरके घावोंकी सेवा-शुश्रूषा करते हैं, उसी प्रकार उनके घावोंको अपना घाव समझकर उनकी सेवा-टहल करो।

प्रेम और मैत्री

प्रेमका अर्थ है व्यवहारमें अपने पड़ोसियोंके साथ, उन लोगोंके साथ जिनसे आप मिलते-जुलते हैं, एकता और अभेदताका अनुभव करना।

सच्चा प्रेम सूर्यके समान आत्माको विकसित कर देता है। मोह मनको पालेके समान ठिठुराकर संकुचित कर डालता है।

प्रेमको मोह मत समझो। प्रेम और है, मोह और है। इन्हें एक समझना भूल है।

विषय-वासनाहीन प्रेम ही आध्यात्मिक प्रकाश है।

प्रेम ही एकमात्र दैवी विधान है। और सब विधान केवल सुव्यवस्थित लट्ठमार हैं। केवल प्रेमको ही नियम भंग करनेका अधिकार है।

'प्रेम' इस हदतक गलत समझा गया है कि प्रेम शब्द-के उच्चारणमात्रसे ही प्यारे लोगोंके हृदयोंमें दिव्य ईश्वरीय ज्योतिकी जगह 'कामुकता' और 'मूर्खता'के भावोंका उद्रेक होने लगता है।

जिस मनुष्यने कभी प्रेम नहीं किया, वह कदापि ईश्वरानुभव नहीं कर सकता। यह एक तथ्य है।

दिखावटी प्रेम, झूठी भावनाएँ और कृत्रिम भावुकता—ये सब ईश्वरके प्रति अपमान है।

आधि-व्याधि क्या है? प्रेमके अभावमें संकोचन या संकीर्ण वृत्तिः केवल परछाईंके हिलने-डुलनेसे पर फड़फड़ाना और दिनके झूठे स्वप्नोंके भयसे चिल्लाना।

यह सत्य है कि बकवादियों, बाहरी नाम-रूपोंमें विश्वास करनेवालों और लज्जाजनक 'प्रतिष्ठा'के निर्लज्ज दासोंकी सगतिके समान और कोई विषैला पदार्थ नहीं है। परंतु यह भी सत्य है कि जहाँपर प्रेमका डेरा जमता है, वहाँपर कोई भी गुस्ताख आवारा पर नहीं मार सकता।

पहले दिल जीतो, फिर विवेकसे अनुरोध करो। जहाँसे बुद्धि निराश लौटती है, वहाँ फिर भी प्रेमको आशा हो

सकती है। ऐसी कहानी है कि यात्रीके शरीरपरसे आँधी कोट न उतरवा सकी थी, परतु गरमीने उतरवा दिया था।

ओ तिरस्कार करने योग्य सत्कारभावना! किसी देशमें उस समयतक एकता और प्रेम नहीं हो सकता, जबतक लोग एक दूसरेके दोषोंपर जोर देते रहेंगे।

ऐसी मित्रताएँ जहाँ हृदयोंका मेल-मिलाप नहीं होता, भीषण धड़ाका करनेवाले द्रव्यसमुदायसे भी अधिक बुरी सिद्ध होती है; क्योंकि अन्तमें ऐसी मित्रतासे भयङ्कर फूट पड़ जाती है।

यदि अपने किसी मित्रके विषयमें कोई अयोग्य बात मालूम हो, तो उसे भूल जाओ; यदि उसके सम्बन्धमें कोई अच्छी बात मालूम हो, तो उसे फौरन कह दो।

सांसारिक वस्तुओंमें विश्वास

संसारकी कोई भी वस्तु विश्वास और भरोसा करनेके योग्य नहीं है। उन लोगोंपर परमेश्वरकी अत्यन्त कृपा है जो अपना आश्रय और विश्वास केवल परमात्मापर रखते हैं और हृदयसे सच्चे साधु हैं।

वस्तुतः संसारकी कोई भी वस्तु अविनाशी नहीं। जो मनुष्य इन वस्तुओंपर भरोसा करता है (और अपनी प्रसन्नताका निर्भर परमात्मापर नहीं रखता) वह अवश्य हानि उठाता है। संसारके धनी पुरुष बड़ी पोशाकोंवाले नंगोंके समान हैं। अर्थात् ये लोग हैं तो बिल्कुल नंगे और कंगाल, परतु अपने-आपको बड़ी पोशाकोंवाला समझते हैं। ऐसे बड़ी पोशाकोंवाले नंगोंसे हमें क्या सुख मिल सकता है।

ज्यों-ही आप बाह्य पदार्थोंकी ओर प्रेरित होकर उनको पकड़ना और अपनाना चाहते हैं, त्यों-ही वे आपको छलकर आपके हाथसे निकल भागते हैं। किंतु जिस क्षण आप इनकी ओर पीठ फेरोगे और प्रकाशोंके प्रकाशस्वरूप अपने निजात्माकी ओर मुख करोगे, उसी क्षण परम कल्याणकारक अवस्थाएँ आपकी खोजमें लग जायँगी। यही दैवी विधान है।

जब कभी मनुष्य किसी सांसारिक वस्तुमें दिल लगाता है; जब कभी मनुष्य किसी पदार्थके साथ उसीके लिये प्रेम करने लगता है; जब कभी मनुष्य उस पदार्थमें सुख ढूँढ़नेका प्रयत्न करता है; तभी उसको धोखा होता है। इन्द्रियाँ उसे उल्लू बना देती हैं। आप सांसारिक पदार्थोंमें आसक्ति रखकर सुख नहीं पा सकते। यही दैवी विधान है।

धर्म

संसारके सभी धर्मग्रन्थोंको हमें उसी भावसे ग्रहण करना चाहिये, जिस प्रकार हम रसायन-शास्त्रका अध्ययन करते हैं, जहाँ हम अपनी प्रत्यक्ष अनुभूतिको ही अन्तिम प्रमाण मानते हैं।

किसी धर्मपर इस कारण श्रद्धा मत करो कि यह किसी बड़े भारी प्रसिद्ध मनुष्यका चलाया हुआ है। सर आईजक न्यूटन एक बहुत प्रसिद्ध मनुष्य हुआ है तो भी उसकी प्रकाश-सम्बन्धी निर्गम कल्पना असत्य है।

स्मरण रहे कि धर्म हृदयकी वस्तु है, पुण्य भी हृदयकी वस्तु है; और पाप भी हृदयसे सम्बन्ध रखता है। वस्तुतः पाप और पुण्य पूर्णरूपसे आपके चित्तकी स्थिति और दशापर निर्भर करते हैं।

सच्ची विद्या

सच्ची विद्या उस समय आरम्भ होती है, जब मनुष्य समस्त बाहरी सहारोंको छोड़कर अपनी अन्तरङ्ग अनन्तताकी ओर ध्यान देता है। उस समय मानो वह मौलिक ज्ञानका एक स्वाभाविक स्रोत बन जाता है अथवा महान् नवीन-नवीन विचारोंका चश्मा बन जाता है।

सच्ची विद्याका पूर्ण उद्देश्य लोगोंसे ठीक काम कराना ही नहीं, वरं ठीक कामोंमें आनन्द लेना सिखलाना है। केवल परिश्रमी बनाना ही नहीं, वरं परिश्रमसे प्रेम करना सिखलाना है।

सत्सङ्ग—सद्ग्रन्थ

आप अपने असली स्वरूपकी ओर ध्यान करनेका प्रयत्न करें, सम्बन्धियोंकी तनिक भी परवा न करें। सत्सङ्ग, अच्छे ग्रन्थ और एकान्त-सेवनद्वारा अपने स्वरूपमें निष्ठा होती है और अपने स्वरूपमें निष्ठा होनेसे सारा संसार सेवक बन जाता है।

सत्सङ्ग, उत्तम ग्रन्थ और भजन-बंदगी—ये तीन चीजें तीनों लोकोंका राजा बना देती हैं और हमारा कुसङ्ग परमेश्वरको हमसे अप्रसन्न करवा देता है, जिसके कारण हमपर तरह-तरहके कष्ट आते हैं।

व्यावहारिक—अमली वेदान्त

व्यावहारिक अथवा अमली वेदान्त क्या है—

१. साहसपूर्ण आगे बढ़नेवाला परिश्रम, न कि जकड़ देनेवाला आलस्य।

२. काममें आराम, न कि थकानेवाली बेगार वृत्ति।

३. चित्तकी शान्ति, न कि संशयरूपी घुन।

४. संघटन, न कि विघटन।

५. समुचित सुधार, न कि लकीरके फकीर।

६. गम्भीर और सत्य भावना, न कि लच्छेदार बातें।

७. तथ्य और सत्यभरी कविता, न कि कपोल-कल्पित कहानियाँ।

८. घटनाओंके आधारपर तर्क, न कि केवल प्राचीन लेखकोंके प्रमाण।

९. जीता-जागता अनुभव, न कि जीवनशून्य वचन।

यही सब मिलकर व्यावहारिक वेदान्त बनता है।

सुधारकके प्रति

ऐ नवयुवक भावी सुधारको! भारतवर्षके प्राचीन धर्म और रीति-रिवाजका अपमान न करो। भारतवासियोंमे फूटका नया बीज बोनेसे इनमे एकताका लाना अत्यन्त कठिन हो जायगा। भारतवर्षकी भौतिक अवनति भारतके धर्म एवं परमार्थ-निष्ठाका दोष नही है; वरं भारतकी विकसित और हरी-भरी फुलवारियाँ इसलिये लुट गयी कि उनके आस-पास काँटो और झाड़ियोकी बाड़ नही थी। काँटों और झाड़ियोंकी बाड़ अपने खेतोंके चारों ओर लगा दो, किंतु उन्नति और सुधारके बहाने सुन्दर गुलाबके पौधों और फलवाले वृक्षोंको न काट डालो। प्यारे काँटो और झाड़ियो! तुम मुबारक हो, तुम्ही इन हरे-भरे लहलहाते हुए खेतोंके रक्षक हो। तुम्हारी इस समय भारतवर्षमें बहुत जरूरत है।

ऐ नवयुवक भावी सुधारक! तू भारतवर्षकी प्राचीन रीतियों और परमार्थनिष्ठाकी निन्दा मत कर। निरन्तर विरोधके नये बीज बोनेसे भारतवर्षके मनुष्य एकता प्राप्त नहीं कर सकते।

जो मनुष्य लोगोका नेता बननेके योग्य होता है, वह अपने सहायकोकी मूर्खता, अपने अनुगामियोकी विश्वास-घातकता, मानव-जातिकी कृतघ्नता और जनताकी गुण-ग्राहक-हीनताकी कभी शिकायत नहीं करता।

भूले-भटकोंके उद्धारमे लगनेवाले आप कौन है? क्या स्वयं आपका उद्धार हो चुका है?

जो शक्ति हम दूसरोकी जाँच-पड़ताल करनेमे नष्ट करते हैं, उसे हमे अपने आदर्शके अनुसार चलनेमें लगाना चाहिये।

ज्यों-ही हम संसारके सुधारक बननेके लिये खड़े होते हैं, त्यों-ही हम संसारके बिगाड़नेवाले बन जाते हैं!

विवाह और पति-पत्नीका सम्बन्ध

यह मत कहो कि विवाह और धर्ममे विरोध है, वरं जिस प्रकार आत्मानुभवका जिज्ञासु सच्चे परमानन्द, तत्त्व वस्तु और मूल तत्त्वोंपर विचार करता है, उसी प्रकार (विवाहावस्थामे) देखो कि आनन्दकी शुद्ध अवस्था क्या है और असली आत्मा क्या है।

ऐसे विवाह-सम्बन्ध, जो केवल मुखके रंग-रूप, आकार-प्रकार अथवा शारीरिक सौन्दर्यकी आसक्तिसे उत्पन्न होते हैं, अन्तमे हानिकारक और बहुत ही निरानन्द सिद्ध होते है।

पतिका उद्देश्य होना चाहिये कि वह अपने वैवाहिक सम्बन्धको उच्चतर और सात्त्विक बनाये। विलासिता और पारिवारिक सम्बन्धोंके दुरुपयोगसे मनुष्य पथ-भ्रष्ट हो जाता है।

जबतक पति और पत्नियाँ एक-दूसरेके लिये परस्पर मुक्तिदाता बनना अङ्गीकार नहीं करते, तबतक ससारभरकी धर्म-पुस्तकें कुछ लाभ नहीं कर सकतीं।

जबतक पत्नी पतिका वास्तविक हित-साधन करनेको तत्पर न हो और पति पत्नीकी कुशल-क्षेमकी वृद्धिके लिये उद्यत न हो, तबतक धर्मकी उन्नति नही हो सकती; तबतक धर्मके लिये कोई आशा नही है।

अपना पर्दा आप ही

सच है, जबतक अपने-आपको स्वयं लेक्चर नहीं दोगे, दिलकी तपन क्यो बुझनेकी है?

ता खुद हिजाबे-खुदी ऐ दिल! अज मियाँ बर खेज।

'अपना आवरण तू आप बना हुआ है, अतएव ऐ दिल! अपने भीतरसे तू आप जाग।'

हमबगल तुझसे रहता है, हर आन 'राम' तो।
बन परदा अपनी बरु में हायल हुआ है तू॥

अपने हाथोंसे अपना मुँह कबतक ढाँपोगे?

बर चेहरा-ए तो नकाब ता के।
बर चश्मा ए-खोर-सहाब ताके॥

'तेरे चेहरेपर परदा कबतक रहेगा, सूर्यपर बादल कबतक रहेगा !'

'एकमेवाद्वितीयम्'

रो-रोकर रुपयाको इकट्ठा करना और उससे जुदा होते समय फिर रोना, यह रुपयेके पीछे पागल बनना अनुचित है । अपने स्वरूपके धनको सँभालो । बात-बातमे 'लोग क्या कहेंगे', 'हाय ! अमुक व्यक्ति क्या कहेगा'—इस भयसे सूखते जाना, औरोंकी आँखोंसे हर बातका अंदाजा लगाना, केवल जनताकी सम्मतिसे सोचना, अपनी निजी आँख और निजी समझको खोकर मूर्ख और पागल बनना अनुचित है । मिटाओ द्वैतका नाम और चिह्न और अपने-आपको सँभालो। दीवाली घड़ीके पेंडुलमके अनुसार दुःख और सुखमे थरथराते रहना हताश कर देनेवाला पागलपन है । इसे जाने दो । अपने अकाल स्वरूपमे स्थित हो जाओ ।

धनमें, भूमिमें, संततिमें, मानमें और संसारकी सैकड़ों वस्तुओंमे प्रतिष्ठा ढूँढ़नेवालो ! तुम्हारे सैकड़ों उत्तर सब-के-सब अशुद्ध हैं। एक ही ठीक उत्तर तब मिलेगा, जब अहंकारको छोड़, देह और देहाध्यासके भावको ध्वंस कर और द्वैत—भिन्न दृष्टिको त्यागकर सच्चे तेज और प्रतापको सँभालोगे। इस प्रकार और केवल इस प्रकार अन्यका नाम नहीं रहने पाता, द्वैत और नानात्वका चिह्न बाकी नहीं रहता । परम स्वतन्त्र, परम स्वतन्त्र एकमेवाद्वितीयम्, एकमेवाद्वितीयम् ।

× × ×

क्लेश और दुःख क्या है ? पदार्थको परिच्छिन्न दृष्टिसे देखना, अहंकारकी दृष्टिसे पदार्थोंका अवलोकन करना । केवल इतनी ही विपत्ति संसारमे है और कोई नहीं । संसारी लोगो ! विश्वास करो, दुःख और क्लेश केवल तुम्हारा ही बनाया हुआ है; अन्यथा संसारमें वस्तुतः कोई विपत्ति नहीं है ।

संसारके बगीचेमे पुष्पसे इतर कुछ नहीं । अपना भ्रम छोड़ो, यही एक काँटा है ।

'मैं स्वतन्त्र हूँ, मैं स्वतन्त्र हूँ, शोकसे नितान्त दूर हूँ । संसार-रूपी बुढ़ियाके नखरे और हाव-भावसे मैं नितान्त मुक्त और परे हूँ । ऐ संसार-रूपी बुढ़िया ! यह सुन, नखरे-टखरे मत कर, तुझमे मेरा चित्त आसक्त नहीं ।'

ईश्वरमें रहकर कर्म कीजिये

सफलता प्राप्त करनेके लिये, समृद्धिशाली बननेके लिये आपको अपने काममे, अपने जीवनके दैनिक व्यवहारसे, अपने शरीर और पुट्ठोंको कर्मयोगकी प्रयोगाग्निमे भस्म कर देना होगा, दहन कर देना होगा । आपको अवश्य ही उनका प्रयोग करना होगा, आपको अपना शरीर और मन खर्च करना पड़ेगा । उन्हे जलती हुई अवस्थामें रखना पड़ेगा । अपने शरीर और मनको कर्मकी सलीबपर चढ़ाओ; कर्म करो, कर्म करो; और तभी आपके भीतरसे प्रकाश प्रदीप्त होगा ।

शरीर निरन्तर काममें लगा रहे और मन आराम और प्रेममे डूबा रहे, तो आप यहीं इस जीवनमें पाप और तापसे मुक्ति पा सकते हैं ।

ईश्वर आपके द्वारा काम करने लगे । फिर आपके लिये कर्तव्य-जैसी कोई चीज न रहेगी । ईश्वर आपके भीतरसे चमकने लगे; ईश्वर आपके द्वारा प्रकट हो; ईश्वरमे ही रहिये-सहिये; ईश्वरको खाइये और ईश्वरको ही पीजिये; ईश्वरमे श्वास लीजिये और सत्का साक्षात् कीजिये । शेष काम अपने आप होते रहेंगे ।

राम आपसे कहता है, अपना कर्तव्य करो, पर न कोई प्रयोजन हो और न कोई इच्छा । अपना काम भर करो; काममें ही रस लो; क्योंकि काम स्वयं सुखरूप है; क्योंकि ऐसा काम ही साक्षात्कारका दूसरा नाम है ।

अपने काममें जुट जाओ; क्योंकि काम तो तुम्हें करना ही होगा । काम ही तुम्हे साक्षात्कारपर पहुँचा देगा । इसके सिवा कामका और कोई हेतु न होना चाहिये ।

परमानन्द—सुख

अनन्त ही परमानन्द है । किसी अन्तवान्मे परमानन्द नहीं होता । जबतक आप अन्तवान् हैं, तबतक आपको परमानन्द, परम सुख नहीं मिल सकता । अनन्त ही परमानन्द है, केवल अनन्त ही परमानन्द है ।

आपके ही भीतर सच्चा आनन्द है । आपके ही भीतर दिव्यामृतका महासागर है । इसे अपने भीतर ढूँढ़िये, अनुभव कीजिये । भान कीजिये कि वह और भीतर है । आत्मा न तन है, न मन है, न बुद्धि है, न मस्तिष्क है, न इच्छाएँ हैं, न इच्छा-प्रवृत्ति हैं और न इच्छित पदार्थ; आप इन सबसे ऊपर हैं । ये सब प्रादुर्भावमात्र, नाम-रूप हैं । आप ही मुसकराते हुए फूलों और चमचमाते हुए तारोंके रूपमें प्रकट होते हैं । इस

संसारमें ऐसी कौन चीज है, जो आपमें किसी अभिलाषाको उत्पन्न कर सके।

सोना और लोहा खरीदनेके लिये ही ठीक हैं; बस, इससे अधिक उनका उपयोग नहीं। आनन्द इन भौतिक पदार्थोंकी श्रेणीमें नहीं है, अतः यह सोने और चाँदीसे कदापि, किसी प्रकार मोल नहीं लिया जा सकता।

जो ऐसा मानते हैं कि उनका आनन्द कुछ विशेष परिस्थितियोंपर अवलम्बित है, वे देखेंगे कि सुखका दिन सदा उनसे दूर-ही-दूर हटता जाता है। अगिया बेतालके समान निरन्तर उनसे भागता रहता है।

महान् सुखी और धन्य है वह, जिसका जीवन निरन्तर बलिदान है।

सुखी है वह जो निरहंकार जीवनके श्वासको स्त्री और पुरुषकी भीड़में वैसा ही प्रेरक देखता है जैसा वह गुलाबकी वाटिकाओं और शाहबलूतके बागोंमें साँस लेता है। वही संसारको स्वर्गीय उपवनमें बदल देता है।

परमानन्दका सागर लहरा उठा

ऐ परमानन्दके महासागर! उठो, खूब मौजमें लहरें लो और तूफान बरपा करो। पृथ्वी और आकाशको एक कर दो। विचारों और चिन्ताओंको डुबा दो, टुकड़े-टुकड़े कर डालो, तितर-बितर कर दो। मुझे क्या प्रयोजन!

हटो। ऐ संकल्पो और इच्छाओ! हटो। तुम संसारकी क्षणभंगुर प्रशंसा और धनसे सम्बन्ध रखती हो। शरीर चाहे जिस दशामें रहे, मुझे उससे कोई वास्ता नहीं। सारे शरीर मेरे ही हैं।

अरे, चोर! अरे, निन्दक, प्यारे डाकू! आओ, स्वागत, शीघ्र आओ; डरते क्यों हो?

मेरा अपना आप तेरा है और तेरा अपना आप मेरा है।

अच्छा जाने दो, यदि तुम चाहो तो, खुशीसे ले जाओ उन वस्तुओंको जिनको तुम मेरी समझते हो। और यदि उचित समझो तो, एक ही चोटसे इस देहको मार डालो, और उसके टुकड़े-टुकड़े कर डालो।

शरीरको ले जाओ और जो कुछ कर सको, कर डालो।

बस, नाम और यशकी चर्चा मत करो!

ले जाओ इसे! और कुचल डालो!

फिर भी देखोगे, मैं ही एक अकेला सुरक्षित और स्वस्थ हूँ।

नमस्कार! प्यारे! नमस्कार!

फुटकर वचन

हे सत्यके जिज्ञासुओ! राम तुमको विश्राम दिलाता है कि यदि तुम आत्मिक परिश्रममें रात-दिन लगे रहोगे, तो तुम्हारी शारीरिक आवश्यकताएँ अपने-आप निवृत्त पड़ी होंगी। तुम्हें कुछ आवश्यकता नहीं कि तुम अपने असली आसनको छोड़कर चपरासी और दास लोगोंके कामको अपना धर्म मान बैठो।

संसारमें नियम है कि ज्यों-ज्यों मनुष्यका पद ऊँचा होता है, शारीरिक श्रम और स्थूल (मोटे) कामसे उपरामता मिलती जाती है। जैसे जज इस प्रकारका कोई काम नहीं करता, वरं जजकी उपस्थितिमें ही सब काम पड़े होते हैं; जजका साक्षी होना ही चपरासियों, मुकदमेबाजों और अरजीनवीसों इत्यादिको हलचलमें डाल देता है, वैसे ही कर्ता-भोक्ताकी पूँछको उतारकर सच्चाईके उन्मादमें मग्न और मस्तकी साक्षी-रूप स्थितिका होना ही काम-धंधेको पड़ा चलाता है। जिस साक्षीके भयसे चन्द्र-सूर्य प्रकाश करते हैं, जिसके भयसे नदियाँ बहती हैं, जिसकी आशङ्कासे वायु चलती है, ऐसे साक्षीको कामना और चिन्तासे क्या प्रयोजन।

× × ×

साहससे काम लो। माया कुछ वस्तु ही नहीं। जरा-से पत्तेकी ओटमें पहाड़को छिपा रहे हो। जब साहसका समुद्र ज्वारपर आता है, तो कौन-सा हिमालय है जिसको कूड़ा-कर्कटकी तरह बहाकर आगे नहीं ले जा सकता। वह कौन-सा समुद्र है जिसे तुम नहीं सुखा सकते। वह कौन-सा सूर्य है जिसे परमाणु नहीं बना सकते?

वह कौन-सा अकदा है जो आ ही नहीं सकता।
हिम्मत करे इनसान, तो क्या हो नहीं सकता॥

× × ×

जहाँपर सत्, प्रेम और नारायणका निवास है, वहाँ शोक, मोह, दुःख, दर्द आदिका क्या काम? क्या राजाके खेमेके सामने कोई लुंडी-बुची फटक सकती है? सूर्य जिस समय उदय हो जाता है, तो कोई भी सोया नहीं रहता। पशुओंकी भी आँखें खुल जाती हैं। नदियाँ जो बर्फकी चादरें ओढ़े पड़ी थीं, उन चादरोंको फेंककर चल पड़ती हैं। इसी प्रकार सूर्योंका सूर्य आत्मदेव जब आपके हृदयमें निवास करता है, तो वहाँ शोक, मोह और दुःख कैसे ठहर सकते हैं! कभी

नहीं, कदापि नहीं। दीपक जल पड़नेसे पतंगे आप-ही-आप उसके आस-पास आने शुरू हो जाते हैं। चश्मा जहाँ वह निकलता है, प्यास बुझानेवाले वहाँ स्वयं जाने लग पड़ते हैं। फूल जहाँ खिल पड़ा, भौंरे आप-ही-आप उधर खिंचकर चले आते हैं। इसी प्रकार जिस देशमें धर्म (ईश्वरका नाम) रोशन हो जाता है, तो संसारके सर्वोत्तम पदार्थ, वैभव आप ही खिंचे हुए उस देशमें चले आते हैं। यही कुदरतका कानून है, यही प्रकृतिका नियम है।

सफलतापूर्वक जीवित रहनेका रहस्य है अपना हृदय मातृवत् बना लेना, क्योंकि माताको तो अपने सभी बच्चे, छोटे या बड़े, प्यारे लगते हैं।

अपने हृदयमें विश्वासकी अग्निको प्रज्वलित रक्खे बिना, ज्ञानकी मशाल जलाये बिना आप कोई भी काम पूरा नहीं कर सकते, एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकते।

जिस समय सब लोग तुम्हारी प्रशंसा करेंगे, वह समय तुम्हारे रोनेका होगा; क्योंकि इसी प्रकार झूठे पैग़म्बरोंके पिताओंने उनकी प्रशंसा की थी।

धन्य हैं वे लोग जो समाचार-पत्र नहीं पढ़ते, क्योंकि उनको प्रकृतिके दर्शन होंगे, और फिर प्रकृतिके द्वारा पुरुषके दर्शन होंगे।

प्रार्थना करना कुछ शब्दोंका दुहराना नहीं है। प्रार्थनाका अर्थ है परमात्माका मनन और अनुभव करना।

जितना अधिक आपका हृदय सौन्दर्यके साथ एकस्वर होकर धड़कता है, उतना ही अधिक आपको यह भान होगा कि समस्त प्रकृतिभरमे आप ही अकेले साँस ले रहे हैं।

लोग तथा अन्य वस्तुएँ तभीतक हमें प्यारी लगती हैं, जबतक वे हमारा स्वार्थ सिद्ध करती हैं, हमारा काम निकालती हैं। जिस क्षण हमारे स्वार्थके सिद्ध होनेमे गड़बड़ होती है, उसी क्षण हम सब कुछ त्याग देते हैं।

किसी अत्यन्त एकान्त गुफामें कोई पाप करें, आप अविलम्ब यह देखकर चकित होंगे कि आपके पैरों तलेकी घास खड़ी होकर आपके विरुद्ध साक्षी देती है। आप अविलम्ब देखेंगे कि आसपासकी दीवारों और वृक्षोंमें जीभ लग गयी है और वे बोलते हैं। आप प्रकृतिको, ईश्वरको धोखा नहीं दे सकते। यह अटल सत्य है और यही दैवी विधान है।

शक्तिशाली मुद्रामें विश्वास मत करो, ईश्वरपर भरोसा रक्खो। इस पदार्थपर अथवा उस पदार्थपर भरोसा न करो। ईश्वरमें विश्वास करो। अपने स्वरूप, अपने आत्मामें विश्वास करो।

जहाँ कहीं रहो, दानीकी हैसियतसे काम करो; भिक्षुककी हैसियत कदापि ग्रहण मत करो, जिससे आपका काम विश्वव्यापी काम हो, उसमें व्यक्तित्वकी गन्ध भी न रहे।

अहंकारी मत बनो, घमंडी मत बनो। यह कभी मत समझो कि आपकी परिच्छिन्न आत्मा किसी वस्तुकी स्वामी है। सब कुछ आपकी असली आत्मा, ईश्वरकी वस्तुएँ हैं।

जो व्यक्ति कल्पनाओंमें निवास करता है, वह भ्रम और आधि-व्याधिके संसारमें निवास करता है, और चाहे वह बुद्धिमान् और पण्डित ही क्यों न जान पड़े, परंतु उसकी बुद्धिमत्ता और पाण्डित्य उस लकड़ीके लट्ठेके समान खोखले हैं जिसे दीमकने खा लिया हो।

जैसा आप सोचते हैं, वैसे ही बन जाते हैं। अपने-आपको पापी कहो, तो अवश्य ही पापी बन जाओगे; अपनेको मूर्ख कहो, तो अवश्य ही आप मूर्ख हो जाओगे; अपनेको निर्बल कहो, तो इस संसारमें कोई ऐसी शक्ति नहीं है, जो आपको बलवान् बना सके। अपने सर्वशक्तित्वको अनुभव करो, तो आप सर्वशक्तिमान् हो जाते हैं।

अपने प्रति सच्चे बनिये और संसारकी अन्य किसी बातकी ओर ध्यान न दीजिये।

बिना काँटे गुलाब नहीं होता, वैसे ही इस संसारमें विशुद्ध भलाई भी अलभ्य है। जो पूर्णरूपसे शुभ है, वह तो केवल परमात्मा है।

एक-एक करके हमें अपने सम्बन्धोंको काटना होगा, बन्धनोंको यहाँतक तोड़ना पड़ेगा कि जब अन्तिम अनुग्रहके रूपमें मृत्यु सामने आये तो हम सभी अनिच्छित पदार्थोंको त्यागकर विजयी हो जायँ।

दैवी विधानका चक्र निर्दयतापूर्वक घूमता रहता है। जो इस विधानके अनुकूल चलता है, वह इसपर सवारी करता है; परंतु जो अपनी इच्छाको ईश्वर-इच्छा, दैवी विधानके विरोधमें अड़ाता है, वह अवश्य ही कुचला जायगा और उसे (यूनानी साहित्यमें वर्णित स्वर्गसे आग चुरानेवाले) प्रोमिथियसके समान पीड़ा भोगनी पड़ेगी (जिसका मांस गिद्धोंसे नुचवाया गया था)।

मुरलीसे मधुर राग निकालना यही है कि अपने सारे

जीवनको मुरली बना लो; अपने सारे शरीरको मुरली बना लो। इसको स्वार्थपरतासे खाली करके इसमें ईश्वरीय श्वास भर दो।

सच तो यह है कि परिस्थिति जितनी ही कठिन होती है, वातावरण जितना ही पीड़ाकर होता है, उन परिस्थितियोंसे निकलनेवाले उतने ही बलिष्ठ होते हैं। अतः इन समस्त बाहरी कष्टों और चिन्ताओंका स्वागत करो। इन परिस्थितियोंमें भी वेदान्तको आचरणमें लाओ। और जब आप वेदान्तका जीवन व्यतीत करेंगे, तब आप देखेंगे कि समस्त वातावरण और परिस्थितियाँ आपके वशमें आ रही हैं। वे आपके लिये उपयोगी हो जायँगी और आप उनके स्वामी बन जायँगे।

यदि आप विषय-वासनासे पथभ्रष्ट हो गये हैं, यदि आप कामुकताके दलदलमें फँसे हुए हैं, तो यही समय है कि अपनी सुदृढ़ संकल्प-शक्तिको जाग्रत् करके ब्रह्मभावनाको प्राप्त करो और उसे बनाये रक्खो।

तुम एक ही साथ इन्द्रियोंके दास और विश्वके स्वामी नहीं बन सकते।

तुम चाहो कि हम संसारका भी मजा लेते रहें, दुनियाके छोटे-मोटे और गंदे विषय-भोगों एवं पाशविक कामनाओंकी भी तृप्ति करते रहे और साथ-ही-साथ ईश्वर-साक्षात् भी कर लें, तो यह नहीं हो सकता।

आपकी भीतरी कमजोरी क्या है? वह है आपके हृदयमें अज्ञानका ऐसा काला धब्बा जिसके वशीभूत होकर आप अपनेको शरीर और इन्द्रियाँ मान बैठे हैं। इस भ्रमको मिटा दीजिये, दूर कर दीजिये और फिर देखिये—आप स्वयं शक्ति हो जायँगे।

सभा-समाजों और समुदायोंपर भरोसा मत करो। प्रत्येक व्यक्तिका कर्तव्य है कि वह स्वयं अपने भीतरसे बलवान् हो।

दूसरोंकी आँखोंसे अपने आपको देखनेका स्वभाव मिथ्या अहंकार और आत्मश्लाघा कहलाता है।

बुरे विचार, सांसारिक इच्छाएँ झूठे शरीर और झूठे मनसे सम्बन्ध रखती हैं। ये अन्धकारकी चीजें हैं।

श्रीशिवयोगी सर्पभूषणजी

(प्रेषक—के० श्रीहनुमंतराव हरणे)

(१) सत्य और नित्य होकर, लौकिक व्यवहारके भ्रमसे परब्रह्म वस्तुको भूलकर, तू अपना विनाश न कर।

(२) शरीर, पत्नी और पुत्रोंको अपना मानकर, तूने उनमें विश्वास कर रक्खा है। सो (मैं पूछता हूँ) मरणकालमें ये स्वयं तेरे साथ जायँगे अथवा उस द्रव्यको तेरे साथमें भेजेंगे जिसको तूने बटोर-बटोरकर कमाया है? अथवा जो यातनाएँ तुझे नरकमें भोगनी पड़ेंगी, उन यातनाओंसे तुझे ये सब बचायेंगे क्या?

(३) (सोच) तेरा जन्म होनेसे पहले तू कौन था और ये कौन थे? तेरे रहते ये जुदा नहीं होंगे? जब तेरा पुनर्जन्म होगा तब फिरसे आकर ये तेरी सहायता करेंगे क्या? ये दृश्यप्रपञ्च तो कुतियाके स्वप्नके समान हैं।

(४) यह शरीर तो बिजली-जैसे दीखकर और पानीके ऊपर रहनेवाले बुलबुलोंके सरीखा क्षणभरमें ही अदृश्य हो जाता है। तू सत्य, नित्य और आनन्दस्वरूप होकर भी शरीर-सुखके लिये जो प्रयत्न करता है सो तो मानो पानीमें अँगुली डुबोकर चाटनेके समान ही है।

(५) एकत्र हुए सब लोगोंके चले जानेके बाद जैसे बाजारका अस्तित्व नहीं रहता है, वैसे ही तेरा पुण्य समाप्त होते ही यह जो धन-दौलत आदि ऐश्वर्य है, यह सब चला जायगा। सच्चे मोक्षको छोड़कर लौकिक सुखोंकी आशा करना तो घृतकी आशासे जूँठा खानेके समान ही है।

(६) जैसे मधुकी आशासे उस मधुसे लिपटे हुए तीक्ष्ण खड्गको चाटकर दुःखका अनुभव करना पड़ता है, वैसे ही एक क्षणका रति-सुख प्राप्त करने जाकर अपार दुःख भोगना पड़ता है। यह जानकर सद्गुरुकी शरण होने और लौकिक व्यवहारको छोड़कर तत्त्वज्ञानको प्राप्त करके दुःख-रहित होकर, उस परमानन्दमें लीन होनेको छोड़कर तू बुरा मत बन।

'दुःखालयमशाश्वतम्'

संसार ही दुःखालय है। दुःख ही यहाँ निवास करते हैं। किसी भी अवस्थामें यहाँ सुख मिलेगा—एक भ्रम ही है यह। इतना बड़ा भ्रम कि संसारके सभी लोग इसमें भ्रान्त हो रहे हैं।

सुकुमार शिशु—आनन्दकी मूर्ति। कवियोंकी कल्पना बालकके आनन्दकी बात करते थकती नहीं। वृद्ध पुरुष अपने बाल्यकालकी चर्चा करते हुए गद्गद हो उठते हैं। 'फिर लौट आता बचपन!' कितनी लालसा भरी है इसमें।

कोई बालक भी मिला है आपको जो बालक ही बना रहना चाहता हो? प्रत्येक बालक 'बड़ा होने' को समुत्सुक रहता है। क्योंकि वह बालक है—अपनी उत्सुकता छिपाये रहनेकी दम्भपूर्ण कला उसे आती नहीं। यदि शिशुतामें सुख है—बालक क्यों अपनी शिशुतामें संतुष्ट नहीं रहता?

बालकका अज्ञान—लेकिन बालकमें अज्ञान और असमर्थता न हो तो वह बालक रहेगा? वह चाहता है ज्ञान, वह चाहता है सामर्थ्य। आपकी भी स्पृहा अज्ञान और अशक्तिके लिये नहीं है, यह आप जानते हैं।

अबोध बालक और उसकी अशक्ति—उसे प्यास लगी है—रोता है। भूख लगे—रोता है। शरीरको मच्छर काटें—रोता है। शरीरमें कोई अन्तःपीड़ा हो—रोता है। रोना—रुदन ही उसका सहारा है। रुदन ही उसका जीवन है। रुदन सुखका लक्षण तो नहीं है न?

सुकुमार कच्ची त्वचा—मच्छर तो दूर, मक्खियाँ भी काटती हैं और उन्हें उड़ाया नहीं जा सकता। माता पता नहीं क्या-क्या अटर-सटर खा लेती है—उसका परिणाम शिशु भोगता है। उसके शरीरमें पीड़ा होती है; किंतु बता नहीं सकता। कितनी विवशता है। कौन ऐसी विवशता चाहेगा?

क्या हुआ जो शिशु कुछ बड़ा हो गया। उसका ज्ञान कितना? उसकी सभी आवश्यकताएँ दूसरे पूरी करें तो पूरी हों। उसका मन ललचाता है, वह मचलता है और अनेक बार इच्छा-पूर्तिके स्थानपर घुड़की या चपत पाता है।

अज्ञान और पराधीनताका नाम सुख तो नहीं है?

× × ×

बालक युवक हुआ। उत्साह, साहस और शक्तिका स्रोत फूट पड़ा उसमें। युवक क्या सुखी है? युवावस्था क्या सुखकी अवस्था है?

कामनाओंका दावानल हृदयमें प्रज्वलित हो गया। वासनाएँ प्रदीप्त हो उठीं और जहाँ काम है, क्रोध होगा ही।

वासना, असंतोष, अहंकार, क्रोध—युवावस्था इन सबको लिये आती है। चिन्ता, श्रम, शान्ति, निराशा, द्वेष—युवक इनसे कहाँ छूट पाता है?

वासना—वासना तो संतुष्ट होना जानती नहीं और असंतोष ही दुःखका मूल है, यह कुछ स्पष्ट करनेकी बात नहीं है।

× × ×

युवक वृद्ध हो गया। अनुभव परिपक्व हो गये। ठोकरें खाकर उसके आचरण व्यवस्थित हो गये। सोच-समझकर कुछ करनेकी बात समझमें आ गयी। अनुभवसम्पन्न, समादरणीय वृद्ध—तब क्या वार्धक्यमें सुख है।

कोई मूर्ख भी बुढ़ापेमें सुखकी बात नहीं करेगा।

अनुभव क्या काम आवे? समझ आयी; पर उसका आना रहा किस कामका? करनेकी शक्ति तो रह नहीं गयी। शरीर असमर्थ हो गया। रोगोंने घर कर लिया देहमें। आँख, कान, नाक, दाँत, हाथ, पैर आदि इन्द्रियाँ जवाब देने लगीं।

अशक्ति, पीड़ा और चिन्ताको छोड़कर बुढ़ापेमें है क्या? शरीरको रोगोंने पीड़ित कर रक्खा है और मन अपनी असमर्थतासे पीड़ित है। लोग तिरस्कार करते हैं। चारों ओर दुःख-ही-दुःख तो है।

× × ×

शरीरका अन्तिम परिणाम है मृत्यु—वह मृत्यु जिसका नाम ही दारुण है। मृत्युकी कल्पना ही कम्पित कर देती है। जिस शरीरपर इतना ममत्व—मृत्यु उसे छीनकर चितापर जलनेके लिये छोड़ देती है।

जन्म और मृत्यु—जीवनका प्रारम्भ घोर दुःखसे हुआ और उसका पर्यवसान दुःखमें हुआ। रोता आया, रोता गया। जिसका आदि-अन्त दुःख है, उसके मध्यमें सुख कहाँसे आयेगा? उसके मध्यमें भी दुःख-ही-दुःख है।

"दुःखमेव सर्वं विवेकिनाम्।"



दुःखालयमशाश्वतम्



संसारकूपमें पड़ा प्राणी

संसार-कूपमें पड़ा प्राणी

भव-कूप—यह एक पौराणिक रूपक है और है सर्वथा परिपूर्ण। इस संसारके कूपमें पड़ा प्राणी कूप-मंडूकसे भी अधिक अज्ञानके अन्धकारसे ग्रस्त हो रहा है। अहंता और ममताके घेरेमें घिरा प्राणी—समस्त चराचरमें परिव्याप्त एक ही आत्मतत्त्व है, इस परम सत्यकी बात स्वप्नमे भी नहीं सोच पाता।

कितना भयानक है यह संसार-कूप—यह सूखा कुआँ है। इस अन्धकूपमे जलका नाम नहीं है। इस दुःखमय संसारमें जल—रस कहाँ है। जल तो रस है, जीवन है; किंतु संसारमें तो न सुख है, न जीवन है। यहाँका सुख और जीवन—एक मिथ्या भ्रम है। सुखसे सर्वथा रहित है संसार और मृत्युसे ग्रस्त है—अनित्य है।

मनुष्य इस रसहीन सूखे कुएँमें गिर रहा है। कालरूपी हाथीके भयसे भागकर वह कुएँके मुखपर उगी लताओंको पकड़कर लटक गया है कुएँमे। लेकिन कबतक लटका रहेगा वह? उसके दुर्बल बाहु कबतक देहका भार सम्हाले रहेंगे। कुएँके ऊपर मदान्ध गज उसकी प्रतीक्षा कर रहा है—बाहर निकला और गजने चीरकर कुचल दिया पैरोंसे।

कुएँमें ही गिर जाता—कूद जाता; किंतु वहाँ तो महाविषधर फण उठाये फूत्कार कर रहा है। क्रुद्ध सर्प प्रस्तुत ही है कि मनुष्य गिरे और उसके शरीरमें पैने दंत तीक्ष्ण विष उँडेल दें।

अभागा मनुष्य—वह देरतक लटका भी नहीं रह सकता। जिस लताको पकड़कर वह लटक रहा है, दो चूहे—काले और श्वेत रंगके दो चूहे उस लताको कुतरनेमें लगे हैं। वे उस लताको ही काट रहे है। लेकिन मूर्ख मानवको मुख फाड़े सिरपर और नीचे खड़ी मृत्यु दीखती कहाँ है। वह तो मग्न है। लतामें लगे शहदके छत्तेमे जो मधुबिन्दु यदा-कदा टपक पड़ते हैं, उन सीकरोंको चाट लेनेमे ही वह अपनेको कृतार्थ मान रहा है।

यह न रूपक है, न कहानी है। यह तो जीवन है—संसारके रसहीन अन्धकूपमें पड़े सभी प्राणी यही जीवन बिता रहे हैं। मृत्युसे चारों ओरसे ग्रस्त यह जीवन—कालरूपी कराल हाथी कुचल देनेकी प्रतीक्षामें है इसे। मौतरूपी सर्प अपना फण फैलाये प्रस्तुत है। कहीं भी मनुष्यका मृत्युसे छुटकारा नहीं। जीवनके दिन—आयुकी लता जो उसका सहारा है, कटती जा रही है। दिन और रात्रिरूपी सफेद तथा काले चूहे उसे कुतर रहे है। क्षण-क्षण आयु क्षीण हो रही है। इतनेपर भी मनुष्य मोहान्ध हो रहा है। उसे मृत्यु दीखती नहीं। विषय-सुखरूपी मधुकण जो यदा-कदा उसे प्राप्त हो जाते हैं, उन्हींमे रम रहा है वह—उन्हीं-को पानेकी ही चिन्तामे व्यग्र है वह!

महात्मा श्रीमस्तरामजी महाराज

(काठियावाड़ और भावनगर राज्यके आसपासके स्थानोंमें विचरण करनेवाले एक राजस्थानी संत)

खाटा मीठा देख कै, जिभिया भर दे नीर ।
तब लग जिंदा जानिये, काया निपट कथीर ॥
चाह नहीं, चिंता नहीं, मनवाँ बेपरवाह ।
जाको कछू न चाहिये, सो जग साहसाह ॥

फिकिर सभी को खा गया, फिकिर सभी का पीर ।
फिकिर की फाँकी जो करै, उसका नाम फकीर ॥
पेट समाता अन्न लै, देह समाता चीर ।
अधिक संग्रही ना बनै, उसका नाम फकीर ॥

संत रामदास बौरिया

दीपकपर गिरकर पतिंगा स्वयं ही जल जाता है, वह इस प्रतीक्षामें नहीं रहता कि दीपक मेरी तरफ लौ बढ़ावे ।

हम किसीसे कुछ कहें, इससे पहले यह सोच लें कि हमने अपने अंदर वह ताकत पैदा कर ली है या नहीं । साथ-ही-साथ अगर हम कहना ही चाहते हैं तो सुननेकी भी शक्ति रखनी चाहिये ।

श्रीसत्यभोला स्वामीजी

(गोंडा जिला, अंजावलपुर ग्राम)

नारी को है धर्म पिया को हुकम बजावै ।
करि सेवा बहु भाँति पिया को सोवत जगावै ॥
कहै 'सत्यभोला' पुकारि नारि सोइ सयानी है ।
पिया को लेइ रिझाइ पिया मनमानी है ॥

अहै मित्र को धर्म मिताई चित मै राखै ।
परै मित्र पर भीर तबै गुन आपन भाखै ॥

कहै 'सत्यभोला' पुकारि मित्र सोइ सत्य कहाई ।
परै मित्र पर भीर मित्र है करै सहाई ॥

बिन पनही पोसाक, बसन बिन गहना झूठो ।
बिना सुर गौनई, घृत बिन भोजन रूठो ॥
कहै 'सत्यभोला' पुकारि लवन बिन ब्यंजन जैसे ।
भजन बिना नर देह जगत मै सोहत तैसे ॥

स्वामी श्रीसन्तदेवजी

(सत्यभोला स्वामीजीके शिष्यके शिष्य । अंजावलपुरके निवासी)

ऐसो को जेहि राम न भावै केहि मुख राम न आवै जी ।
बिना राम सब काम सकल के कैसे कै बनि आवै जी ॥
भला बुरा मैं राम सहाई, राम मिलै सुख पावै जी ।
'संतदेव' गहै संत राम कों, राम संत गुन गावै जी ॥

कोई निंदै कोइ बंदै जग मैं मन मैं हरस न माखो जी ।
आठो जाम मस्त मतवारो राम नाम रस चाखो जी ॥
बिहँसि मगन मन करो अनंदा, सार सब्द मुख भाखो जी ।
'संतदेव' जाय बसो अमरपुर, आवागवन न राखो जी ॥

भक्त कारे खाँ

(भक्त मुसल्मान)

छलबल कै थाक्यो अनेक गजराज भारी,
भयो बलहीन, जब नेक न छुड़ा गयो ।
कहिबे को भयो करुना की, कवि कारे कहैं,
रही नेक नाक और सब ही डुबा गयो ॥

पंकज से पायन पयादे पलंग छाँड़ि,
पाँवरी बिसारि प्रभु ऐसी परि पा गयो ।
हाथी के हृदय माहिं आधो 'हरि' नाम सोय,
गरे जौ न आयो गरुड़ेस तौलौ आ गयो ॥

श्रीखालसजी

तुम नाम-जपन क्यों छोड़ दिया।
क्रोध न छोड़ा झूठ न छोड़ा,
सत्य बचन क्यों छोड़ दिया॥
झूठे जग में दिल ललचाकर,
असल वतन क्यों छोड़ दिया।
कौड़ी को तो खूब सँभाला,
लाल रतन क्यों छोड़ दिया॥
जिन सुमिरन से अति सुख पावै,
तिन सुमिरन क्यो छोड़ दिया।
'खालस' इक भगवान-भरोसे,
तन-मन-धन क्यो छोड़ दिया॥

स्वामी श्रीयुगलानन्यशरणजी

[श्रीअयोध्याके प्रसिद्ध संत, जन्म–संवत् १८७५ कार्तिक शुक्ल ७ फल्गुनदीके तटवर्ती ईसरामपुर (इस्लामपुर) के सारस्वत ब्राह्मणवंशमें।]

(प्रेषक–श्रीअच्चूधर्मनाथसहायजी बी०ए०, बा०एल्०)

१–श्रीसीतारामजीके भक्तोंको चाहिये कि ये छः गुण सदा धारण करें—१ मनको सदा वशमे रक्खें। यह महानीच ठग-चोर है, दैवी-सम्पत्तिको चुराना चाहता है। २ मृत्युको सदा समीप जान भजन करनेमें तनिक भी प्रमाद न करे। ३ सदा भगवान्के अनुकूल कार्य ही करे। जिससे भगवान् प्रसन्न हों, वही काम करे। ४ सदा यह समझता रहे कि भगवान् मेरा यह कर्म देख रहे हैं, इससे नीच आचरण नहीं होगा। ५ दृश्य पदार्थोंसे मोह न करे जिससे कि भगवान्की तरफ मन लगे। ६ दुःखको सुखसे श्रेष्ठ माने और संसारके दुःखसे रहित हो जाय।

२–यह मन महाठग है, अनन्त-अनन्त प्रकारोंसे सदा यह भजनरूपी धनको हरता रहता है। इसीलिये संतजन सावधान होकर अपना घर बचाकर उसका अनादर करते रहते हैं। प्रथम घरको लुटाकर बादमें पछताना अच्छा नहीं।

३–जिज्ञासुके दस लक्षण हैं—१ दया, २ नम्रता, ३ संतस्नेह, ४ दम्भशून्यता, ५ असङ्गता, ६ भावनिष्काम, ७ तीव्र वैराग्य, ८ शान्ति, ९ एकान्तवास और १० केवल भगवान्के लिये ही कर्म करना। सच्चे संतमे ये दसो लक्षण पाये जाते हैं। कोरे वेषधारीमें इनमेंसे एक भी नहीं होता। जबतक जिज्ञासु संतोके इन स्वाभाविक गुणोको धारण नहीं करता, तबतक निरे वाग्जालसे भगवान्के दर्शन नहीं होते।

४–मृत्यु निश्चय है, धर्मके अतिरिक्त कुछ साथ नहीं जाता। अतः भगवान्का भजन करो—जो सर्वोपरि धर्म है।

५–सज्जनोंके लक्षण—परायी स्त्री माता, पराया धन विष, पराया दुःख अपने दुःखके समान। ईश्वर कौन है? मैं कौन हूँ? जगत् क्या है? इसका सम्यक् ज्ञान।

६–शरणागतके मुख्य लक्षण—श्रीभगवान्का अखण्ड स्मरण, शान्ति, समता, संत-सेवा, नम्रता, परनिन्दारहित, मानापमानमे सम, प्राणिमात्रमे मैत्रीभाव।

७–महामूर्ख वह है जो यह जानते हुए भी कि, एक दिन अवश्य मरना है, परलोककी चिन्ता न करके विषयासक्त हो श्रीभगवान्को भुला देता है।

८–श्रीराम-भजन और धर्म करनेमें तनिक भी विलम्ब मत करो, जो कल करना हो उसे आज ही कर डालो जिससे कल प्रसन्नता और उत्साह रहे। मनको सदा काबूमें रक्खो। निश्चय समझो–यह मन महाभूत है।

९–चार बातें संत भी बच्चोसे सीखते हैं—१ भोजनादि चिन्ता-त्याग, २ आपसमें लड़कर क्रोधकी गाँठ नहीं रखना, ३ रोगी होनेपर भी भगवान्की निन्दा नहीं करना, ४ संगियोंके दुःख-सुखमे आसक्त न होना।

१०–श्वानके ये दस गुण संत भी लेते हैं—१ भूखा रहता है, यह चिह्न भलोंका है। २ गृह-रहित होता है, यह गुण विरक्तका है। ३ सदा सजग निद्रा लेता है, यह गुण प्रेमी भक्तका है। ४ मरे पीछे उसके पास कुछ भी परिग्रह नहीं निकलता, यह गुण विरक्तका है। ५ कभी स्वामीका द्वार नहीं छोड़ता, यह सच्चे सेवकका गुण है। ६ थोड़ेसे ही स्थानमें निर्वाह कर लेता है, यह दीनताका—संतोष-वृत्तिका

लक्षण है । ७ जहाँसे कोई उठा दे, वहाँसे उठ जाय, यह गुण प्रसन्न चित्तवालेका है । ८ बुलाये आता है, उठाये जाता है, यह गुण अमानियोका है । ९ स्वामी जब चाहे दें, माँगता कुछ नही, यह गुण तपस्वियोका है । १० कोई उसकी ओर देखे तो वह धरतीकी ओर देखता है, यह चिह्न भक्तिसिन्धुमे लीन पूर्ण संतोका है ।

आदिहि श्री गुरुदेव सरन दृढ करि बिश्वास सँभारे ।
ता पीछे परतीति नाम श्री धाम मनोहर धारे ॥
इस के बाद नवल मूरत निज नैनन नित्य निहारे ।
श्री युगलानन्यसरन सुंदर पथ चलत न सपनेहु हारे ॥

सीताराम नाम ही मे वेद संहिता पुरान,
ज्ञान, ध्यान, भावना समाधि सरसतु है ।
सीताराम नाम ही मे तत्व भक्ति योग यग्य,
पर ब्यूह, बिभव स्वरूप परसतु है ॥
सीताराम नाम ही मे पाँचो मुक्ति, भुक्ति,
वरदायक, बिचित्र, एक रस दरसतु हैं ।
युगलअनन्य सीताराम नाम ही में, मोद
बिसद बिनोद बार बार बरसतु हैं ॥

दोहा

गद गद बानी पुलक तन, नैन नीर मन पीर ।
नाम रटत ऐसी दसा, होत मिलत रघुबीर ॥
नवधा, दसधा, परा, रस रूपा भक्ति बिचित्र ।
बिबिध भाव अनुराग सुख, नामाधीन सुमित्र ॥
जौ लौ रग रग से नही, सुधनि नाम निज सार ।
निकसत परम प्रकासमय, मधुर मोहब्बत प्यार ॥
रटि हौ मन मति लीन सहित श्री नामहि तौलौ ।
श्री युगल अनन्य असख्य मौज मानस नहिं जौ लौ ॥

है बड़भागी सोइ सुचि संत सियावर के अनुरागी अदागी ।
चाह नही जिन के मन मे कुछ दाह की रीति लखै लख आगी ॥
माँग के खात मधूकरी धाम मे नाम मे चित्त लगाय बिरागी ।
युग्म अनन्य के पूज्य सदा प्रिय प्रान हूँ ते जो पगे रसरागी ॥

जूआ, चोरी, मसखरी, ब्याज, घूस, परनार ।
जो चाहै दीदार को, एती बस्तु निकार ॥

स्वामी श्रीजानकीवरशरणजी

(जन्म-स्थान—फैजाबाद जिलान्तर्गत कलाफरपुर ग्राम, पिताका नाम—मेहरबान मिश्र, सरयूपारीण ब्राह्मण, दीक्षागुरु—श्रीयुगलानन्यशरण स्वामीजी, मृत्यु संवत् १९५८ वि० माघी अमावस्या ।)

चित लै गयो चुराय जुलफों मे लला ।
हम जानी, वे कृपासिंधु हैं, तब उनसे भई प्रीति भला ॥
बिरही जनको दुख उपजावत करत नयी नयी अजब कला ।
प्रीतिलता पीतम बेदरदी छाँडि हमें कित गयो चला ॥

स्वामी श्रीसियालालशरणजी 'प्रेमलता'

मानुस सरीर मिल्यौ केवल भगति-हित,
ताहि बिसराय धावै भोगन की ओर है ।
गर्भ मे करार कियौ पायौ अति दुःख जहाँ,
बार-बार प्रभु-सनमुख कर जोर है ॥
रावरी सपथ नाथ ! रटिहौं सुनाम तव,
नासिये कृपालु बेगि यहै नर्क घोर है ।
'प्रेमलता' भूलि कै करार रह्यौ छिपि इत,
रटत न नाम सियाराम सोई चोर है ॥

काहे को स्वाँग बनायौ फकीर को भावै जो मौज अमीर की येहा ।
'प्रेमलता' सियराम रटे बिनु भोग बिरक्त कों स्वान की खेहा ॥

नाम को स्वाद लियौ न सुजीभ तें काहे को साधु भये तजि गेहा ।
जाति जमाति बिहाय भली बिधि नाम-सनेही सौं कीन्ह न नेहा ॥

नाम-नावपर चढ़हिं जे, इहिं बिधि जन कलिकाल ।
सोइ बिनु श्रम तरि घोर भव, पैहहिं श्रीसियलाल ॥
राम नाम संजीवनी, श्रीसिय नाम गिरीस ।
'प्रेमलता' हनुमान रट, ज्यायौ जीव अहीस ॥
रटहिं नाम जो जीव जग, जीह पुकारि-पुकारि ।
बिचरहिं महि मन मोद भरि, आसा-पास निवारि ॥
रटु मुख सीताराम नित, तजि सुख नाना संग ।
'प्रेमलता' अनुपम अमल, चढ़हि सुरंग अभंग ॥

महात्मा श्रीगोमतीदासजी

[अयोध्याके प्रसिद्ध संत, जन्म प्रायः २०० वर्ष पूर्व पंजाबमें सारस्वत ब्राह्मण, दीक्षागुरु श्रीसरयूदासजी]

(प्रेषक—श्रीअच्चूवर्मनाथ सहायजी बी० ए०, बी० एल्०)

(१) संसारमें जितना काम करो—लौकिक वा पार-लौकिक—सब नियम-बद्ध होकर करो; क्योंकि नियमसे मन अपने-आप बँधता है।

नेम जगावे प्रेम को, प्रेम जगावे जीव।
जीव जगावे सुरति को, सुरति मिलावे पीव॥

जैसे प्रेमके साथ भजन करनेकी आवश्यकता होती है, वैसे ही नियम पालन करनेकी भी भारी आवश्यकता है। अतः सपरिवार नियमपूर्वक श्रीयुगल-नाम और श्रीमन्त्रराज नित्य-प्रति जपा करो और श्रीमानस-रामायणजीका पाठ भी नियम-पूर्वक कर लिया करो।

(२) संसारका सब काम करते हुए भजन अहर्निश करते रहो, गाफिल एक क्षणके लिये भी मत रहो। हुकुम है, 'काम-काजमें रहके भजनमें रहे।'

(३) भजन करे और भजन करावें, धैर्य रक्खे और सावधान रहे—यही कल्याणका मार्ग है।

(४) आलस्य अपना शत्रु है, इसे अपने पास कदापि नहीं आने देना चाहिये।

(५) जबतक मनुष्यके ऊपर दुःख नहीं आता तभीतक उसके लिये उपाय कर लेना चाहिये कि दुःख आने न पावे। यदि आ ही जाय तो उसको धैर्यके साथ छाती ठोंककर सहन करना चाहिये।

(६) दुःख आनेपर सरकारसे धैर्यके लिये प्रार्थना करनी चाहिये। यह नहीं कि दुःख छूट जाय बल्कि दुःख सहन करनेकी शक्ति भगवान्‌से माँगनी चाहिये।

(७) धर्मार्थमें आमदनीका दसवाँ हिस्सा सबको लगाना चाहिये। इससे धन, धर्म और ऐश्वर्यकी वृद्धि होती है।

(८) भजनके लिये—१—कम बोलना, २—कम खाना, ३—रातको ज्यादा जागना, ४—सत्सङ्ग करना, ५—एकान्तवास करना—बहुत जरूरी है; परंतु जबतक मन काबूमें नहीं, सर्वथा एकान्तवास करना उचित नहीं।

(९) जो श्रीहनुमान्‌जीका भरोसा रखता है, उसके सब मनोरथ पूर्ण होते हैं। 'रामके गुलामनको कामतरु रामदूत' 'तुमरो भजन रामको पावे।'

पं० श्रीरामवल्लभाशरणजी महाराज

[स्थान—जानकीघाट, अयोध्या]

(प्रेषक—श्रीहनुमानशरणजी सिंघानिया)

१—भगवद्दर्शनके लिये इन बातोंको अवश्य करना पड़ता है—मन्त्र-जप, गुरुसेवा, संतसेवा, उत्साह और धैर्य। मन्त्रानुष्ठानसे दर्शन हो सकते हैं, किंतु गुरुदेवकी पूर्ण कृपा होनी चाहिये। संतोंका भूलकर भी अपराध न करे, प्रबल उत्साहके बिना कोई अनुष्ठान सफल नहीं होता। अन्नदोष और सङ्गदोषसे बचना चाहिये।

२—इस संसारमें सदा रहना नहीं है। इसलिये किसीसे मोह नहीं करना चाहिये और किसीसे द्वेष भी नहीं करना चाहिये।

३—भगवान्‌की सेवा ही जीवका धर्म है। श्रीहनुमान्‌जी तथा श्रीलक्ष्मीजी भी इसी बातकी चरित्रोंद्वारा शिक्षा देते हैं। लक्ष्मी और शेषजी भी यही आदर्श दिखला रहे हैं।

४—मानसी सेवा सेवाओंसे उत्तम है। किंतु बिना शरीरसे सेवा किये हुए मानसी सेवा सिद्ध नहीं होती।

५—सब साधनोंसे श्रीरामनाम-जप सर्वश्रेष्ठ साधन है। चलते-फिरते, उठते-बैठते श्रीसीताराम-नाम-जप करते रहना चाहिये। चौबीसों घंटे नामजप होनेपर जब काल आयेगा तब सदाके अभ्याससे अन्त समयमें भी नाम स्मरण हो जायगा।

६—भगवान्‌में अनन्य भक्ति होनेपर ही साधना आगे बढ़ती है। शरणागतिका मर्म पूर्ण आत्मसमर्पण है। बिना प्रभु-प्रेमके सब साधन ऊसर भूमिमें वर्षाके समान व्यर्थ हो जाते हैं। निष्काम भावना अत्यन्त दृढ़ होनी चाहिये।

संत श्रीहंसकलाजी

[जन्मस्थान—सारन जिलमे गङ्गा-सरयूके संगमके समीप गंगहरा गाव, जन्म-संवत् १८८८, पूर्वाश्रमका नाम नाथा पाठक, दीक्षागुरु महात्मा रामदासजी। पूरा नाम रामचरणदासजी हंसकला, मृत्यु संवत् आश्विन शुक्ला १२ सं० १९६८]

(प्रेषक—श्रीअच्चूधर्मनाथसहायजी बी० ए०, बी० एल्०)

स्वॉसहु भर या जियब की, करै प्रतीति न कोय।
ना जाने फिर स्वॉस को, आवन होय न होय॥
परिजन भाई बापु, देखे देखत नित मरत।
अमर मोहबस आपु, याते अचरज कवन बड़॥

सोई निषिद्ध अरु त्याज्य सो, जाते बिसरे राम।
त्याग सूत्र यह राखु मन, बिधि जपिबो हरिनाम॥
जियको फल पिय तबहि जब, आठ पहर तव नाम।
पिय तेरो सुमिरन बिना, जियबो कवने काम॥

संत श्रीरूपकलाजी

[बिहारके प्रसिद्ध संत, मृत्यु संवत् १९८९ पौष शुक्ल द्वादशी।]

(प्रेषक—श्रीअच्चूधर्मनाथसहायजी बी० ए०, बी० एल्०)

धन्य धन्य जे ध्यावही, चरण-चिन्ह सियराम के।
धनि धनि जन जे पूजही, साधु संत श्रीधाम के॥
तजि कुसंग सत्सग नित, कीजिय सहित विवेक।
सम्प्रदाय निज की सदा, राखिये सादर टेक॥
देह स्नेह बद्ध कर्म महँ, पर यह मानस नेम।
कर जोड़े सन्मुख सदा, सादर खड़ा सप्रेम॥
तन मन धन सब वारि, मन चित हिय अति प्रेम ते।
सम्मुख आखिन चारि, चितइये राजिवनयन छबि॥
आपु सहित सब धूर, विषय वासना तनु ममत।
कर्म मनन मजदूर, आपन करता 'मैं' नहीं॥
सरन सुखद निष्ठा अचल, अति अनन्य व्रत नेम।
पिय सुभाव स्तुति मगन, नयन चारि सुख प्रेम॥
प्रियतम तुम्हरे सामने, काहू की न बसाय।
अनहोती पिय करि सकौ, होनिहार मिट जाय॥
प्रियतम तुम्हरे छोह ते, शान्त, अचञ्चल, धीर।
वचन-अल्प, अति प्रिय, मृदुल, शुद्ध, सप्रेम, गँभीर॥
श्रीजानकि-पद-कंज सखि, करहि जासु उर ऐन।
बिनु प्रयास तेहि पर द्रवहि, रघुपति राजिवनैन॥

होठ पर नाम वही, चित्त वही देह कही।
हाथ मे कंजचरन, जाप वही आप वही॥
हाथमे कंज-चरन, जाप वही आप वही।
इष्ट पर ध्यान वही, चित्त वही देह कही॥

स्वाति पियत बीती निसा, अँचवत भा भिनुसार।
रूपकला धिक धिक तोहि, गए न लगायो यार॥
दोष-कोष मोहि जानि पिय, जो कछु करहु सो थोर।
अस विचारि अपनावहु, समझि आपुनी ओर॥

संत श्रीरामाजी

(बिहारके प्रसिद्ध रामभक्त सारन (छपरा) जिलेके खेड़ाय गॉवमें, श्रीवास्तव कायस्थ कुलमें जन्म, पिताका नाम श्रीरामयादलालजी (श्रीरामप्रियाशरणजी), माताका नाम श्रीलालप्यारीदेवी, जन्म सं० १९२६ भाद्रपद कृष्ण सप्तमी, मृत्यु संवत् १९८५ जेठ बदी दूज।)

१—जीव जब भगवान्‌की शरणमें जाता है, तब उसे छः बातोंकी प्रतिज्ञा करनी पड़ती है—(१) मैं आपके अनुकूल रहूँगा। (२) जो आप मना करेंगे वह न करूँगा। (३) आप ही मेरे रक्षक हैं। (४) आप मेरी रक्षा अवश्य करेंगे। (५) मैं आपका हूँ दूसरेका नहीं, सब सरकारका है दूसरेका नहीं। (६) आप हमारे हैं।

२—चार बातें सदा स्मरण रखनी चाहिये—(१) मृत्यु अवश्य है, मृत्यु अवश्य है, मृत्यु अवश्य है। (२) मेरा कुछ भी

नहीं है, मेरा कुछ भी नहीं है, मेरा कुछ भी नहीं है। (३) केवल पेटभरका ठिकाना है, केवल पेटभरका ठिकाना है। (४) सरकार ही मेरे अपने हैं, सरकार ही मेरे अपने हैं।

३—समारका काम करना मना नहीं है। काम छोड़ना नहीं चाहिये। परंतु यह समझना चाहिये कि सब काम सरकारका ही है। इसे कोई बंद नहीं कर सकता। हमको यह काम सरकारकी ओरसे मिला है। यह समझकर सब काम करने चाहिये।

संत श्रीरामसखेजी

ये दोउ चन्द्र बसो उर मेरे।
दसरथ सुत अरु जनकनंदिनी, अरुन कमल कर कमलन फेरे॥
बैठे सघ कुंज सरजू तट, आस पास ललना घन घेरे।
चन्द्रवती सिर चँवर दुरावै, चन्द्रकला तन हँसि हँसि हेरे॥
ललित भुजा लिये अरु परस झुकि, रहे हैं कैसे कोमल नेरे।
'रामसखे' अब कहि न परत छवि, पान पीक मुख झुकि झुकि हेरे॥

स्वामी श्रीमोहनीदासजी

गहु मन! चरन-सीताराम॥
जो चरन हर-हृदय-मानस बसत आठौं जाम।
जेहि परसि बनिता मुनी की गई है निज धाम॥
जा चरनते निकसि सुरसरि भइ सिव की बाम।
'दास मोहनि' चहत सो पद करहु पूरन काम॥

संत बाबा श्रीरघुपतिदासजी महाराज

[स्थान—मिल्की ग्राम—भृगुक्षेत्र। मृत्युतिथि—६ अगस्त सन् १९३३]

(प्रेषक—श्रीरामप्रसाददासजी बैरिया)

१. तन काममें, मन राममें।

२. जिसके जन, दास, आश्रित सुखी रहें, उस घर, राष्ट्र एवं समाजका विनाश नहीं होता।

३. गृहस्थोंके लिये सब नारी जननी नहीं, परनारी जननी-सम है। संत साधुओंके लिये नारीके साथ परका विधान नहीं, संतवेश धारण करनेपर निज-नारी भी जननी-तुल्य होती है।

४. गृहस्थोंके लिये धनका अर्थ रुपया-पैसा, चाँदी-सोना है। संत-साधुओंके लिये धनका अर्थ योग अर्थात् भगवान्‌में अपनेको जोड़ना है।

५. जब घरके पालतू जानवर गाय-बैल सुखी रहेंगे, तब घरमें किसी प्रकारका अभाव नहीं रहेगा।

६. शूद्र भक्त हो तो वह जातिसे ब्राह्मण नहीं होगा, पर ब्राह्मणका पूजनीय एवं आदरका पात्र बन जायगा।

श्रीमञ्जुकेशीजी

मानहु प्यारे! मोर सिखावन।
बूँदे बूँद तालाब भरत है का भादौ का सावन॥
तैसहि नाद-बिंदु को धारन अंतःसुख सरसावन।
ध्वनि गूँजै जब जुगल रंध्र से परमै त्रिकुटी पावन॥
हिय की तीव्र भावना थिर करु पड़ै दूध मे जावन।
'केसी' सुरति न टूटन पावै दिव्य छटा दरसावन॥

रे मन! देस आपन कौन?
जहँ बसै प्रियतम प्रकृति-पति सुमुख सीतारौन॥
बिना समझे बिना बूझे करै इत उत गौन।
सुख मिलत नहिं तोहि सपने सदा खोजत जौन॥
अजहुं सूझत नाहि तोहि कछु करत आयु हि हौन।
कहति 'केसी' तहाँ चलु झट जहाँ अविचल भौन॥

राम-रहस के ते अधिकारी।
जिनको मन मरि गयउ और मिटि गई कल्पना सारी॥
चौदह भुवन एकरस दीखै, एक पुरुष इक नारी।
'केसी' बीज मंत्र सोइ जानै, ध्यावै अवधविहारी॥

जो मानै मेरी हित सिखवन ॥
(तो) सत्य कहौं निज मन की बात,
सहिये हिम-तप-बर्षा-बात ।
कसिये मन को सब बिधि तात,
जासौं छुटै यह आवागमन ॥
पहिले पक्षी पृथ्वी पगुरत,
फिर पंख जमे नभ मैं बिचरत ।
अवसर आयें जल मैं पैरत,
(पै) भूलत नहिं निज मीत पवन ॥
करुना निधान की बानि हेरि,
पुनि महामंत्र गज-ध्वनि सौं टेरि ।
'केसी' सिय-स्वामिनि केरि चेरि,
समुझावति ध्यायिय सिया-रवन ॥

सयम साँचो वाको कहिये ॥
जामे राम मिलन की मुक्ता गजराजन प्रति लहिये ।
मोहनिसा महँ नींद उचाटै चरन सिवा-सिव गहिये ॥
भूर्भुवः स्वः के झांकन तैं बार बार बचि रहिये ।
नवल नेह नित बाढ़े 'केसी' कहहु और का चहिये ॥

चेतहु चेतन बीर, सबेरे ॥
इष्ट स्वरूप बिचारहु मन मे करकमलन धनु तीर ।
एकछटा करुना-बारिधि की अनुछन धारहु धीर ॥
भक्त-बिपति-भजन रघुनायक मंत्र बिषद हर पीर ।
'केसी' प्रीतम पाँव पखारिय ढारि सुनयनन नीर ॥

सन्मुख, गति एक आधार ॥
राम सहज स्वरूप झांकत भावयुत शृंगार ।
कहत याको सिद्ध योगी तिल की ओट पहार ॥
छाँड़ि यह दुर्लभ नहीं कछु, करत संत बिचार ।
सुखसिंधु सुखमाकंद 'केसी' परम पुरुष उदार ॥

बिषयरस पान पीक सम त्याग ॥
बेद कहैं मुनि साधु सिखावैं बिषय-समुद्री आग ।
को न पान करि भो मतवाला यह ताड़ी को झाग ॥
बीतराग पद मिलन कठिन अति काल कर्म के लाग ।
'केसी' एकमात्र तोहिं चाहिय रामचरन-अनुराग ॥

धाय धरो हरिचरन सबेरे ॥
को जानै कै बार फिरे हम चौरासी के फेरे ।
जन्मत-मरत दुसह दुख सहियत करियत पाप घनेरे ॥
भूलि आपनो रूप-रूप भये काम-कोहके चेरे ।
'केसी' नेक लही नहिं थिरता काल-कर्म के प्रेरे ॥

मारे रहो, मन ॥
राम भजन बिनु सुगति नहीं है, गाँठ आठ दृढ़ पारे रहो ।
अबिस्वास करि दूरि सर्वथा, एक भरोसा धारे रहो ॥
सदा बिघ्न-प्रिय सिय-रघुनंदन, जानि दर्प सब डारे रहो ।
'केसी' राम नाम की ध्वनि प्रिय, एक तार गुंजारे रहो ॥

रामलगन माते जे रहते ॥
तिन की चरन-धूरि ब्रह्मादिक, सिर धारन को चहते ।
याही ते मानव सरीर की, महिमा बुधजन कहते ॥
सो बपु पाय भजे नहिं रामहि, ते गठ डहडह डहते ।
'केसी' तोहिं उचित मारग सोइ जिहि मुनिनायक गहते ॥

श्रीश्यामनायकाजी

(प्रेषक—श्रीअच्चूधर्मनाथ सहायजी बी०ए०, बी०एल्०)

मन क्रम बचन नाम रुचि जेही ।
सोइ नामी को सत्य सनेही ॥
मन क्रम बचन नाम को नेमी ।
चिन्हिये तब नामी पद-प्रेमी ॥
नामी रूप प्रेम फुर ताही ।
मन क्रम बचन नाम रुचि जाही ॥

बिह्वल प्रेम राम जब देही ।
सुधि बुधि तब एकौ नहिं रहही ॥

श्रीसिय-पद-पंकज गहै, पिय-मुख चन्द चकोर ।
सीताराम सप्रेम जपै, स्वास सुरति मन मोर ॥
सीयराम मन प्रेम ते, सुमिरौ ध्यान लगाय ।
सुरति निरंतर धरौ दृढ़, स्वास वृथा नहिं जाय ॥

भक्त भारतेन्दु हरिश्चन्द्रजी

(जन्मस्थान—काशी । जन्म—९ सितम्बर १८५० । देहत्याग—६ जनवरी १८८५ । रसिक भक्त, हिंदीके महान् कवि और लेखक ।)

(१)

सब दीननि की दीनता, सब पापिन कौ पाप ।
सिमटि आइ मो मे रह्यौ, यह मन समुझहु आप ॥

प्रेम-सरोवर

जिहि लहि फिर कछु लहन की आस न चित मे होय ।
जयति जगत पावन-करन प्रेम बरन यह दोय ॥
प्रेम प्रेम सब ही कहत प्रेम न जान्यौ कोय ।
जो पै जानहि प्रेम तो मरै जगत क्यों रोय ॥
प्राननाथ के न्हान हित धारि हृदय आनंद ।
प्रेम-सरोवर यह रचत रुचि सों श्री हरिचंद ॥
प्रेम-सरोवर यह अगम यहाँ न आवत कोय ।
आवत सो फिर जात नहिं रहत यहीं को होय ॥
प्रेम-सरोवर मैं कोऊ जाहु नहाय विचारि ।
कछु के कछु ह्वै जाहुगे अपने हि आप बिसारि ॥
प्रेम-सरोवर नीर को यह मत जानेहु कोय ।
यह मदिरा को कुंड है न्हातहि बौरौ होय ॥
प्रेम-सरोवर नीर है यह मत कीजौ ख्याल ।
पर रहैं प्यासे मरैं उलटी ह्वै की चाल ॥
प्रेम-सरोवर-पथ मैं चलिहैं कौन प्रवीन ।
कमल ततु की नाल सो जाको मारग छीन ॥
प्रेम-सरोवर के लह्यौ चम्पावन चहुँ ओर ।
भँवर बिलच्छन चाहिए जो आवै या ठौर ॥
लोक-लाज की गाँठरी पहिले देइ डुबाय ।
प्रेम-सरोवर पथ मैं पाछे राखै पाय ॥
प्रम-सरोवर की लखी उलटी गति जग माँहि ।
जे डूबे तेइ भले तिरे तरे ते नाँहि ॥
प्रेम-सरोवर की यहै तीरथ बिधि परमान ।
लोक बेद को प्रथम ही देहु तिलजंलि-दान ॥
जिन पाँवन सों चलत तुम लोक बेद की गैल ।
सो न पाव या सर धरौ जल ह्वै जैहै मैल ॥
प्रेम-सरोवर पथ मैं कीचड़ छीलर एक ।
तहाँ इनारू के लगे तट पै बृक्ष अनेक ॥
लोक नाम है पंक को बृक्ष बेद को नाम ।
ताहि देखि मत भूलियो प्रेमी सुजन सुजान ॥
गहवर बन कुल बेद को जहँ छायो चहुँ ओर ।
तहँ पहुँचै केहि भाँति कोउ जा को मारग घोर ॥
तीछन बिरह दवागि सो भसम करत तरुवृंद ।
प्रेमीजन इत आवहीं न्हान हेत सानंद ॥
या सरवर की हौं कहा सोभा करौं बखान ।
मत्त मुदित मन भौंर जहँ करत रहत नित गान ॥
कबहुँ होत नहिं भ्रम-निसा इक रस सदा प्रकास ।
चक्रवाक बिछुरत न जहँ रमत एक रस रास ॥
नारद सिव सुक सनक से रहत जहाँ बहु मीन ।
सदा अमृत पी के मगन रहत होत नहिं दीन ॥
नंददास, आनंदघन, सूर, नागरीदास ।
कृष्णदास, हरिबंस, चैतन्य, गदाधर, व्यास ॥
इन आदिक जग के जिते प्रेमी परम प्रसंस ।
तेई या सर के सदा सोभित सुंदर हंस ॥
तिन बिनु को इत आवई प्रेम-सरोवर न्हान ।
फँस्यौ जगत मरजाद मे बृथा करत जब ध्यान ॥
अरे बृथा क्यो पचि मरौ ज्ञान-गरूर बढ़ाय ।
बिना प्रेम फीको सबै लाखन करहु उपाय ॥
प्रम सकल श्रुति-सार है प्रेम सकल स्मृति-मूल ।
प्रेम पुरान-प्रमान है कोउ न प्रेम के तूल ॥
बृथा नेम, तीरथ, धरम, दान, तपस्या आदि ।
कोऊ काम न आवई करत जगत सब बादि ॥
करत देखावन हेत सब जप तप पूजा पाठ ।
काम कछू इन सों नहीं, यह सब सूखे काठ ॥
बिना प्रेम जिय ऊपजे आनँद अनुभव नाहि ।
ता बिनु सब फीको लगै समुझि लखहु जिय माँहि ॥
ज्ञान करम सों औरहू उपजत जिय अभिमान ।
दृढ निहचै उपजै नहीं बिना प्रेम पहिचान ॥
परम चतुर पुनि रसिकबर कैसोहू नर होय ।
बिना प्रेम रूखी लगै बाजि चतुरई सोय ॥
जान्यो बेद पुरान मे सकल गुनन की खानि ।
जु पै प्रेम जान्यौ नहीं कहा कियो सब जानि ॥
काम क्रोध भय लोभ मद सबन करत लय जौन ।
महा मोहहू सों परे प्रेम भाखियत तौन ॥

बिनु गुन जोबन रूप धन बिनु स्वारथ हित जानि ।
सुद्ध कामना तें रहित प्रेम सकल रस-खानि ॥
अति सूछम कोमल अतिहि अति पतरो अति दूर ।
प्रेम कठिन सब ते सदा नित इक रस भरपूर ॥
जग मैं सब कथनीय है सब कछु जान्यौ जात ।
पै श्री हरि अरु प्रेम यह उभय अकथ अलखात ॥
बँध्यौ सकल जग प्रेम मे भयो सकल करि प्रेम ।
चलत सकल लहि प्रेम कों बिना प्रेम नहिं छेम ॥
पै पर प्रेम न जानहीं जग के ओछे नीच ।
प्रेम जानि कछु जानिबो बचत न या जग बीच ॥
दंपति-सुख अरु बिषय-रस पूजा निष्ठा ध्यान ।
इन सो परे बखानिए शुद्ध प्रेम रस-खान ॥
जदपि मित्र सुत बंधु तिय इन मैं सहज सनेह ।
पै इन मैं पर प्रेम नहि गरे परे को एह ॥
एकंगी बिनु कारने इक रस सदा समान ।
पियहि गनै सर्वस्व जो सोई प्रेम प्रमान ॥
डरै सदा चाहै न कछु सहै सबै जो होय ।
रहै एक रस चाहि कै प्रेम बखानौ सोय ॥

दशावतार

जयति वेणुधर चक्रधर शंखधर,
पद्मधर गदाधर शृंगधर वेत्रधारी ।
मुकुटधर क्रीटधर पीतपट-कटिन धर,
कंठ-कौस्तुभ-धरन दुःखहारी ॥
मत्स को रूप धरि वेद प्रगटित करन,
कच्छ को रूप जल मथनकारी ।
दलन हिरनाच्छ बाराह को रूप धरि,
दंत के अग्र धर पृथ्वि भारी ॥
रूप नरसिंह धर भक्त रच्छाकरन,
हिरनकस्यप-उदर नख बिदारी ।
रूप बावन धरन छलन बलिराज को,
परसुधर रूप छत्री सँहारी ॥
राम को रूप धर नील रावन करन,
धनुषधर तीरधर जित मुरारी ।
मुषलधर हलधरन नीलपट सुभगधर,
उलटि करषन करन जमुन-बारी ॥
बुद्ध को रूप धर वेद निंदा करन,
रूप धर कल्कि कलजुग-सँहारी ।
जयति दस रूपधर कृष्ण कमलानाथ,
अतिहि अज्ञात लीला बिहारी ॥
गोपधर गोपिधर जयति गिरराजधर,
राधिका बाहु पर बाहु धारी ।
भक्तधर संतधर सोइ 'हरिचंद' धर
बल्लभाधीस द्विज वेषकारी ॥

बिरह

(१)

सुन्दर स्याम कमलदल लोचन
कोटिन जुग बीते बिनु देखे ।
तलफत प्रान बिकल निसि बासर
नैनन हूँ नहिं लगत निमेखे ॥
कोउ मोहिं हँसत करत कोउ निंदा
नहिं समुझत कोउ प्रेम परेखे ।
मेरे लेखे जगत बावरो
मैं बावरी जगत के लेखे ॥
ता पै ऊधव ज्ञान सुनावत
कहत करहु जोगिन के भेखे ।
बलिहारी यह रीझ रावरी
प्रेमिन लिखत जोग के लेखे ॥
बहुत सुने कपटी या जग मैं
पै तुम से तो तुमही पेखे ।
'हरीचंद' कहा दोष तुम्हारो
मेटै कौन करम की रेखे ॥

(२)

मोहन दरस दिखा जा ।
ब्याकुल अति प्रान-प्यारे दरस दिखा जा ॥
बिछुरी मैं जनम जनम की फिरी सब जग छान ।
अबकी न छोड़ों प्यारे यही राखो है ठान ।
'हरीचन्द' बिलम न कीजै दीजै दरसन दान ॥

(३)

हमें दरसन दिखा जाओ हमारे प्रान के प्यारे ॥
तेरे दरसन को ऐ प्यारे तरस रही आँख बरसों से ,
इन्हे आकर के समझाओ हमारे आँखों के तारे ॥
सिथिल भई हाय यह काया है जीवन ओठ पर आया ,
भला अब तो करो माया मेरे प्रानो के रखवारे ॥
अरज 'हरिचंद' की मानो लड़कपन अब भी मत ठानो ,
बचा लो प्रान दरसन दो अजी ब्रजराज के बारे ॥

(४)

पिय प्राननाथ मनमोहन सुन्दर प्यारे ।
छिनहूँ मत मेरे होहु दृगन सो न्यारे ॥
घनस्याम गोप-गोपी-पति गोकुल-राई ।
निज प्रेमीजन-हित नित नित नव सुखदाई ॥
बृन्दाबन-रच्छक ब्रज-सरबस बल-भाई ।
प्रानहूँ ते प्यारे प्रियतम मीत कन्हाई ॥
श्री राधानायक जसुदानंद दुलारे ।
छिनहूँ मत मेरे होहु दृगन सो न्यारे ॥ १ ॥

तुव दरसन बिन तन रोम रोम दुख पागे ।
तुव सुमिरन बिनु यह जीवन बिष सम लागे ॥
तुमरे सँयोग बिनु तन बियोग दुख दागे ।
अकुलात प्रान जब कटिन मदन मन जागे ॥
मम दुख जीवन के तुम ही इक रखवारे ।
छिनहूँ मत मेरे होहु दृगन सो न्यारे ॥ २ ॥

तुमहीं मम जीवन के अवलम्ब कन्हाई ।
तुम बिनु सब सुख के साज परम दुखदाई ॥
तुव देखे ही सुख होत न और उपाई ।
तुमरे बिनु सब जग सूनो परत लखाई ॥
हे जीवनधन मेरे नैनो के तारे ।
छिनहूँ मत मेरे होहु दृगन सो न्यारे ॥ ३ ॥

तुमरे बिनु इक छन कोटि कलप सम भारी ।
तुमरे बिनु स्वरगहु महा नरक दुखकारी ॥
तुमरे सँग बनहू घर सो बढ़ि बनवारी ।
हमरे तौ सब कुछ तुमहीं हो गिरधारी ॥
'हरिचंद' हमारे राखौ मान दुलारे ।
छिनहूँ मत मेरे होहु दृगन सो न्यारे ॥ ४ ॥

(५)

इन दुखिया अँखियान कौ सुख सिरजौई नाहिं ।
देखे बनै न देखते बिन देखे अकुलाहिं ॥
बिनु देखे अकुलाहिं बिकल अँसुवन झर लावै ।
सनमुख गुरुजन-लाज भरी ये लखन न पावैं ॥
चित्रहु लखि 'हरिचंद' नैन भरि आवत छिन छिन ।
सुपन नींद तजि जात चैन कबहुँ न पायो इन ॥ १ ॥

बिनु देखे अकुलाहिं बिरह-दुख भरि भरि रोवैं ।
खुली रहैं दिन रैन कबहुँ सपनेहुँ नहिं सोवैं ॥
'हरीचंद' संजोग बिरह सम दुखित सदाही ।
हाय निगोरी ऑखिन सुख सिरजौई नाहीं ॥ २ ॥

बिनु देखे अकुलाहिं बावरी ह्वै ह्वै रोवैं ।
उघरी उघरी फिरैं लाज तजि सब सुख खोवैं ॥
देखै 'श्रीहरिचंद' नैन भरि लखैं न सखियॉ ।
कटिन प्रेम-गति रहत सदा दुखिया ये अँखियॉ ॥ ३ ॥

विनय—प्रार्थना

(६)

तुम क्यो नाथ सुनत नहि मेरी ।
हम से पतित अनेकन तारे पावन की बिरुदावलि तेरी ॥
दीनानाथ दयाल जगत पति सुनिये बिनती दीनहु केरी ।
'हरीचंद' को सरनहि राखौ अब तौ नाथ करहु मत देरी ॥

(७)

अहो हरि वेहू दिन कब ऐहैं ।
जा दिन मैं तजि और संग सब हम ब्रज-बास बसैहैं ॥
संग करत नित हरि-भक्तन को हम नेकहु न अघैहैं ।
सुनत श्रवन हरि-कथा सुधारस महामत्त ह्वै जैहैं ॥
कब इन दोउ नैनन सो निसि दिन नीर निरंतर बहिहैं ।
'हरीचद' श्री राधे राधे कृष्ण कृष्ण कब कहिहैं ॥

(८)

अहो हरि वह दिन बेगि दिखाओ ।
दै अनुराग चरन-पंकज को सुत-पितु-मोह मिटाओ ॥
और छोड़ाइ सबै जग-बैभव नित ब्रज-बास बसाओ ।
जुगल-रूप-रस-अमृत-माधुरी निस दिन नैन पिआओ ॥
प्रेम-मत्त ह्वै डोलत चहूँ दिसि तन की सुधि बिसराओ ।
निस दिन मेरे जुगल नैन सो प्रम-प्रवाह बहाओ ॥
श्री बल्लभ-पद-कमल अमल मैं मेरी भक्ति दृढ़ाओ ।
'हरीचंद' को राधा-माधव अपनो करि अपनाओ ॥

(९)

उधारौ दीनबंधु महराज ।
जैसे है तैसे तुमरे ही नाहिं और सो काज ॥
जौ बालक कपूत घर जनमत करत अनेक बिगार ।
तौ माता कहा बाहि न पूछत भोजन समय पुकार ॥
कपटहु भेष किए जो जाचत राजा के दरबार ।
तौ दाता कहा बाहि देत नहिं निज प्रन जानि उदार ॥
जौ सेवक सब भाँति कुचाली करत न एकौ काज ।
तऊ न स्वामि सयान तजत तेहि बाँह गहे की लाज ॥

बिधि-निषेध कछु हम नहिं जानत एक आस बिस्वास ।
अब तौ तारे ही बनिहै नहिं ह्वैहै जग उपहास ॥
हमरो गुन कोऊ नहिं जानत तुमरो प्रन बिख्यात ।
'हरीचंद' गहि लीजै भुज भरि नाहीं तो प्रन जात ॥

(१०)

भरोसो रीझन ही लखि भारी ।
हमहूँ को बिस्वास होत है, मोहन 'पतित उधारी' ॥
जो ऐसो सुभाव नहि हो तो क्यों अहीर कुल भायो ।
तजिकै कौस्तुभ सो मनि गल क्यो गुंजा हार धरायौ ॥
कीट मुकुट सिर छाँड़ि पखौआ मोरन को क्यों धारयौ ।
फेंट कसी टेटिन पै, मेवन कौ क्यो स्वाद बिसारयौ ॥
ऐसी उलटी रीझि देखिकै, उपजति है जिय आस ।
जग निंदित 'हरिचंद हूँ' को अपनावहिंगे करि दास ॥

(११)

हमहूँ कबहूँ सुख सों रहते ।
छाँड़ि जाल सब, निसिदिन सुख सों, केवल कृष्णहि कहते ॥
सदा मगन लीला अनुभव में, दृग दोउ अविचल बहते ।
'हरीचंद' घनस्याम बिरह इक, जग दुख तृन सम दहते ॥

(१२)

हमें तुम देहौ का उतराई ।
पार उतार देहि जो तुम को करि कै बहुत खेवाई ॥
जोबन धन बहु है तुम्हरे ढिग सो हम लहि छोड़ाई ।
हम तुम्हरे बस हैं मन-मोहन चाहो सो करौ कन्हाई ॥
निरजन बन में नाव लगाई करी केलि मन-भाई ।
'हरीचंद' प्रभु गोपी-नायक जग-जीवन ब्रजराई ॥

(१३)

ब्रज के लता-पता मोहिं कीजै ।
गोपी-पद-पंकज पावन की रज जा में सिर भीजै ॥
आवत जात कुंज की गलियन रूप-सुधा नित पीजै ।
श्री राधे राधे मुख यह बर 'हरीचंद' को दीजै ॥

(१४)

तुम्हैं तो पतितन ही सो प्रीति ।
लोकरु बेद-बिरुद्ध चलाई क्यौं यह उलटी रीति ॥
सब बिधि जानत हौ निश्चय करि तुम सों छिप्यौ न नेक ।
बेद-पुरान-प्रमान तजन को मेरो यह अबिबेक ॥
महा पतित सब धर्म-बिवर्जित श्रुतिनिन्दक अघ-खान ।
मरजादा तें रहित मनस्वी मानत कछु न प्रमान ॥
जानत भए अजान कहो क्यौं रहे तेल दै कान ।
तुम्हैं छोड़ि जग को नहिं जो मोहिं बिगरयौ करत बखान ॥
बलिहारी यह रीझि रावरी कहाँ खुटानी आय ।
'हरीचंद' सों नेह निबाहत हरि कछु कही न जाय ॥

(१५)

नाथ तुम प्रीति निबाहत साँची ।
करत इकगी नेह जनन सो यह उलटी गति खाँची ॥
जेहि अपनायो तेहि न तज्यौ फिर अहो कठिन यह नेम ।
जेहि पकरयौ छोड़त नहिं ता को परम निबाहत प्रेम ॥
सो भूले पै तुम नहिं भूलत सदा सँवारत काज ।
'हरीचंद' को राखत हौ बलि बाँह गहे की लाज ॥

(१६)

प्यारे अब तो तारेहि बनिहै ।
नाहीं तो तुम को का कहिहै जो मेरी गति सुनिहै ॥
लोक बेद मैं कहत सबै हरि अभय-दान के दानी ।
तेहि करिहौ साँचो कै झूठो सो मोहिं भाषो बानी ॥
भले बुरे जैसे हैं तैसे तुम्हरे ही जग जानै ।
'हरीचंद' को तारेहि बनिहै को अब औरहि मानै ॥

(१७)

दीनदयाल कहाइ कै धाइ कै दीनन सो क्यो सनेह बढ़ायो ।
त्यों 'हरिचंद' जू बेदन मैं करुनानिधि नाम कहो क्यों गनायो ॥
एती रुखाई न चाहिये तापै कृपा करिकै जेहि को अपनायो ।
ऐसो ही जो पै सुभाव रह्यौ तो गरीब-नेवाज क्यों नाम धरायो ॥

(१८)

आजु लौं जो न मिले तो कहा हम तो तुमरे सब भाँति कहावैं ।
मेरो उराहनो है कछु नाहिं सबै फल आपुने भाग को पावैं ॥
जा 'हरिचंद' भई सो भई अब प्रान चले चहै तासो सुनावैं ।
प्यारे जू है जग की यह रीति बिदा की समै सब कंठ लगावैं ॥

(१९)

नाथ तुम अपनी ओर निहारो ।
हमरी ओर न देखहु प्यारे निज गुन-गनन बिचारो ॥
जौ लखते अब लौं जन-औगुन अपने गुन बिसराई ।
तौ तरते किमि अजामेल से पापी देहु बताई ॥
अब लौं तो कबहूँ नहिं देखे जन के औगुन प्यारे ।
तौ अब नाथ नई क्यों ठानत भाखहु बार हमारे ॥
तुव गुन छमा दया सों मेरे अघ नहिं बड़े कन्हाई ।
तासो तारि लेहु नँद-नंदन 'हरीचंद' को धाई ॥

(२०)

मेरी देखहु नाथ कुचाली ।
लोक बेद दोउन सो न्यारी हम निज रीति निकाली ॥
जैसो करम करै जग मैं जो सो तैसो फल पावै ।
यह मरजाद मिटावन की नित मेरे मन मे आवै ॥
न्याय सहज गुन तुमरो जग के सब मतवारे मानै ।
नाथ ढिठाई लखहु ताहि हम निहचय झूठो जानैं ॥
पुन्यहि हेम हथकड़ी समझत तासो नहि बिस्वासा ।
दयानिधान नाम की केवल या 'हरिचंद हि' आसा ॥

(२१)

अहो हरि अपुने बिरुदहि देखौ ।
जीवन की करनी करुनानिधि सपनेहुँ जनि अवरेखौ ॥
कहूँ न निबाह हमारो जौ तुम मम दोसन कहँ पेखौ ।
अवगुन अमित अपार तुम्हारे गाइ सकत नहिं सेखौ ॥
करि करुना करुनामय माधव हरहु दुखहि लखि मेखौ ।
'हरीचंद' मम अवगुन तुव गुन दोउन को नहिं लेखौ ॥

(२२)

तुम सम कौन गरीब-नेवाज ।
तुम साचे साहेब करुनानिधि पूरन जन-मन-काज ॥
सहि न सकत लखि दुखी दीन जन उठि धावत ब्रजराज ।
बिह्वल होइ सँवारत निज कर निज भक्तन के काज ॥
स्वामी ठाकुर देव सोच तुम वृन्दाबन-महराज ।
'हरीचंद' तजि तुमहिं और जे जाचत ते बिनु लाज ॥

(२३)

तुमरी भक्त-बछलता साँची ।
कहत पुकारि कृपानिधि तुम बिनु,
और प्रभुन की प्रभुता काँची ॥
सुनत भक्त-दुख रहि न सकत तुम,
बिनु धाए एकहु छिन बाँची ।
द्रवत दयानिधि आरत लखतहि,
साँच झूठ कछु लेत न जाँची ॥
दुखी देखि प्रहलाद भक्त निज,
प्रगटे जग जै जै धुनि माँची ।
'हरीचंद' गहि बाँह उबारयौ,
कीरति नटी दसहुँ दिसि नाँची ॥

(२४)

मेरे माई प्रान-जीवन-धन माधो ।
नेम धरम ब्रत जप तप सबही जा के मिलन अराधो ॥
जो कछु करौं सबै इन के हित इन तजि और न साधो ।
'हरीचंद' मेरे यह सरबस भजौं कोटि तजि बाधो ॥

(२५)

तुम बिन प्यारे कहूँ सुख नाहीं ।
भटक्यौ बहुत स्वाद-रस-लंपट ठौर-ठौर जग माँही ॥
प्रथम चाव करि बहुत पियारे जाइ जहाँ ललचाने ।
तहँ ते फिर ऐसो जिय उचटत आवत उलटि ठिकाने ॥
जित देखो तित स्वारथ ही की निरस पुरानी बातैं ।
अतिहि मलिन ब्यवहार देखि कै घिन आवत है तातैं ॥
हीरा जेहि समझत सो निकरत काँचो काँच पियारे ।
या ब्यवहार नफा पाछे पछतानो कहत पुकारे ॥
सुंदर चतुर रसिक अरु नेही जानि प्रीति जित कीनो ।
तित स्वारथ अरु कारो चित हम भले सबहि लख लीनो ॥
सब गुन होइ जुपै तुम नाहीं तौ बिनु लोन रसोई ।
ताही सो जहाज-पच्छी-सम गयो अहो मन होई ॥

(२६)

भूलि भव-भोगन झूमत फिरयौ ।
स्वर कूकर सूकर लौं इत उत डोलत रमत फिरयो ॥
जहँ जहँ छुद्र लह्यौ इंद्री-सुख तहँ तहँ भ्रमत फिरयो ।
छन भर सुख नित दुखमय जे रस तिन मैं जमत फिरयो ॥
कबहुँ न दुष्ट मनहि करि निज बस कामहि दमत फिरयो ।
'हरीचंद' हरि-पद-पंकज गहि कबहुँ न नमत फिरयो ॥

(२७)

तोसो और न कछु प्रभु जाँचौं ।
इतनो ही जाँचत करुना-निधि तुम ही में इक राचौं ॥
स्वर कूकुर लौं द्वार द्वार पै अरथ-लोभ नहिं नाचौं ।
या पाखान-सरिस हियरे पै नाम तुम्हारोइ खाचौं ॥
बिरफलिंग से जग-दुख तजि तव बिरह-अगिन तन ताचौं ।
'हरीचंद' इक-रस तुमसो मिलि अति अनंद मन माचौं ॥

(२८)

कहाँ लौं निज नीचता बखानौं ।
जब सो तुम सो बिछुरे तब सो अघ ही जनम सिरानौं ॥
दुष्ट सुभाव बियोग बिस्याने संग्रह कियो सहाई ।
सूखी लकरी बायु पाइ कै चलौ अगिन उलहाई ॥
जनम जनम को बोझ जमा करि भारी गाँठ बँधाई ।
उठि न सकत गर पीठ टूटि गई अब इतनी गरुआई ॥
बूड़त तेहि लैके भव-धारा अब नहिं कछुक उपाई ।
'हरीचंद' तुम ही चाहौ तौ तारो मोहिं कन्हाई ॥

(२९)

प्रभु मैं सेवक निमक-हराम ।
खाइ खाइ के महा मुटैहौं करिहौ कछू न काम ॥
बात बनैहौं लंबी-चौड़ी बैठ्यौ बैठ्यौ धाम ।
त्रिनहु नाहिं इत उत सरकैहौं रहिहौं बन्यौ गुलाम ॥
नाम बेचिहौं तुमरो करि करि उलटो अघ के काम ।
'हरीचंद' ऐसन के पालक तुमहि एक घनस्याम ॥

(३०)

उमरि सब दुख ही माँहि सिरानी ।
अपने इनके उनके कारन रोअत रैन बिहानी ॥
जहँ जहँ सुख की आसा करि कै मन बुधि सह लपटानी ।
तहँ तहँ धन संबंध जनित दुख पायो उलटि महानी ॥
सादर पियो उदर भरि बिष कहँ धोखे अमृत जानी ।
'हरीचंद' माया-मंदिर सो मति सब बिधि बौरानी ॥

(३१)

बैस सिरानी रोवत रोवत ।
सपनेहुँ चौंकि तनेक नहिं जागो बीती सबही सोवत ॥
गई कमाई दूर सबै छन रहे गाँठ को खोवत ।
औरहु कजरी तन लपटानी मन जानी हम धोवत ॥

(३२)

प्रभु हो अपनो बिरुद सम्हारो ।
जथा-जोग फल देन जनन की या थल बानि बिसारो ॥
न्यायी नाम छाँड़ि करुनानिधि दया-निधान कहाओ ।
मेटि परम मरजाद श्रुतिन की कृपा-समुद्र बहाओ ॥
अपुनी ओर निहारि साँवरे बिरदहु राखहु थापी ।
जामें नियहि जाँहि कोऊ बिधि 'हरिचंदहु' मैं पापी ॥

(३३)

लावनी

वही तुम्हें जाने प्यारे जिस को तुम आप ही बतलाओ ।
देखे वही बस, जिसे तुम खुद अपने को दिखलाओ ॥
क्या मजाल है तेरे नूर की तरफ आँख कोई खोले ।
क्या समझे कोई, जो इस झगड़े के बीच आ कर बोले ॥
खयाल के बाहर की बातें भला कोई क्योंकर तोले ।
ताकत क्या है, मुअम्मा तेरा कोई हल कर जो ले ॥
कहाँ खाक यह कहाँ पाक तुम भला ध्यान मे क्यों आओ ।
देखे वही बस, जिसे तुम खुद अपने को दिखलाओ ॥१॥

गरचे आज तक तेरी जुस्तजू खासो आम सब किया किये ।
लिखी किताबें, हजारों लोगों ने तेरे ही लिये ॥
बड़े बड़े झगड़े मे पड़े हर शख्स जान रहते थे दिये ।
उम्र गुजारी, रहे गल्तों पेचों जब तक कि जिये ॥
पर तुम हो वह शै कि किसी के हाथ कभी क्योंकर आओ ।
देखे वही बस, जिसे तुम खुद अपने को दिखलाओ ॥२॥

पहिले तो लाखों में कोई विरला ही झुकता है इधर ।
अपने ध्यान मे, रहा वह चूर झुका भी कोई अगर ॥
पास छोड़कर मज़हब का खोजा न किसी ने तुम्हें मगर ।
तुमको हाजिर, न पाया कभी किसी ने हर जा पर ॥
दूर भागते फिरो तो कोई कहाँ से पाये बतलाओ ।
देखे वही बस, जिसे तुम खुद अपने को दिखलाओ ॥३॥

कोई छाँट कर ज्ञान फूल के ज्ञानी जो कहलाते हैं ।
कोई आप ही, ब्रह्म बन करके भूले जाते हैं ॥
मिला अलग निरगुन व सगुन कोई तेरा भेद बताते हैं ।
गरज कि तुझ को, ढूँढ़ते हैं सब पर नहिं पाते हैं ॥
'हरीचंद' अपनो के सिवा तुम नजर किसी के क्यों आओ ।
देखे वही बस, जिसे तुम खुद अपने को दिखलाओ ॥४॥

(३४)

लावनी

चाहे कुछ हो जाय उम्र भर तुझी को प्यारे चाहेंगे ।
सहेंगे सब कुछ, मुहब्बत दम तक यार निबाहेंगे ॥
तेरी नजर की तरह फिरेगी कभी न मेरी यार नजर ।
अब तो यों ही, निभेगी यों ही जिंदगी होगी बसर ॥
लाख उठाओ कौन उठे है अब न छुटैगा तेरा दर ।
जो गुजरैगी, सहेंगे करेंगे यों ही यार गुजर ॥
करेंगे जो जो जुल्म न उनको दिलबर कभी उलाहेंगे ।
सहेंगे सब कुछ, मुहब्बत दम तक यार निबाहेंगे ॥१॥

आह करेंगे तरसेंगे गम खायेंगे चिल्लायेंगे ।
दीन व ईमाँ, बिगाड़ेंगे घर-बार डुबायेंगे ॥
फिरेंगे दर दर बे-इज्जत हो आवारे कहलायेंगे ।
रोएँगे हम, हाल कह औरों को भी रुलायेंगे ॥
हाय हाय कर सिर पीटेंगे तड़पेंगे कि कराहेंगे ।
सहेंगे सब कुछ, मुहब्बत दम तक यार निबाहेंगे ॥२॥

रुख फेरो मत मिलो देखने को भी दूर से तरसाओ ।
इधर न देखो, रकीबों के घर मे प्यारे जाओ ॥

गाली दो कोसो झिड़की दो खफ़ा हो घर से निकलवाओ।
कत्ल करो या, नीम-बिस्मिल कर प्यारे तड़पाओ॥
जितना करोगे जुल्म हम उतना उलटा तुम्हैं सराहैंगे।
सहैंगे सब कुछ, मुहब्बत दम तक यार निबाहैंगे॥३॥

होके तुम्हारे कहाँ जॉय अब इसी शर्म से मरते हैं।
अब तो यों ही, जिंदगी के बाकी दिन भरते हैं॥
मिलो न तुम या कत्ल करो मरने से नही हम डरते हैं।
मिलेंगे तुम को, बाद मरने के कौल यह करते हैं॥
'हरीचंद' दो दिन के लिये घबरा के न दिल को डाहैंगे।
सहैंगे सब कुछ, मुहब्बत दम तक यार निबाहैंगे॥४॥

(३५)

लावनी

जबतक फँसे थे इस में तबतक दुख पाया औ बहुत रोए।
मुँह काला कर, बखेड़े का हम भी सुख से सोए॥
बिना बात इस मे फँस कर रंज सहा हैरान रहे।
मजा बिगाड़ा, अपना नाहक ही को परेशान रहे॥
इधर उधर झगड़े मे पड़े फिरते बस सर-गरदान रहे।
अपना खोकर, कहाते बेवकूफो नादान रहे॥
बोझ फिक्र का नाहक को फिरते थे गरदन पर ढोए।
मुँह काला कर, बखेड़े का हम भी सुख से सोए॥१॥

मतलब की दुनिया है कोई काम नहीं कुछ आता है।
अपने हित को, मुहब्बत सब से सभी बताता है॥
कोई आज औ कल कोई सब छोड़ के आखिर जाता है।
गरज कि अपनी गरज को सभी मोह फैलाता है॥
जब तक इसे जमा समझे थे तब तक थे सब कुछ खोए।
मुँह काला कर, बखेड़े का हम भी सुख से सोए॥२॥

जिसको अमृत समझे थे हम वह तो जहर हलाहल था।
मीठा जिसको, जानते थे वह इनारू का फल था॥
जिसको सुख का घर समझे थे वह तो दुख का जंगल था।
जिन को सच्चा, समझते थे वह झूठों का दल था॥
जीवन फल की आशा में उलटे हमने थे बिष बोए।
मुँह काला कर, बखेड़े का हम भी सुख से सोए॥३॥

जहाँ देखो वहीं दगा और फरेब औ मक्कारी है।
दुख ही दुख से, बनाई यह सब दुनिया सारी है॥
आदि मध्य औ अंत एक रस दुख ही इसमें जारी है।
कृष्ण-भजन बिनु, और जो कुछ है वह खवारी है॥
'हरीचंद' भव पंक छुटै नहिं बिना भजन-रस के धोए।
मुँह काला कर, बखेड़े का हम भी सुख से सोए॥४॥

उद्बोधन—चेतावनी

(३६)

रसने! रटु सुंदर हरि-नाम।
मंगल-करन हरन सब अमगुन करन कल्पतरु काम॥
तू तौ मधुर सलोनो चाहत प्राकृत स्वाद मुदाम।
'हरीचंद' नहिं पान करत क्यो कृष्ण-अमृत अभिराम॥

(३७)

आय कै जगत बीच काहू सो न करै बैर
कोऊ कछू काम करै इच्छा जौ न जोई की।
ब्राह्मण की छत्रिन की बैसनि की सूद्रन की
अन्त्यज मलेछ की न ग्वाल की न भोई की॥
भले की बुरे की 'हरिचंद' से पतितहू की
थोरे की बहुत की न एक की न दोई की।
चाहे जो चुनिंदा भयो जग बीच मेरे मन
तौ न तू कबहुं कहूँ निंदा करु कोई की॥

(३८)

तुझ पर काल अचानक टूटैगा।
गाफिल मत हो लवा बाज ज्यों हँसी-खेल मे लूटैगा॥
कब आवैगा कौन राह से प्रान कौन बिधि छूटैगा।
यह नहि जानि परैगी बीचहि यह तन-दरपन फूटैगा॥
तब न बचावैगा कोई जब काल-दंड सिर कूटैगा।
'हरीचंद' एक वही बचैगा जो हरिपद-रस घूँटैगा॥

(३९)

डंका कूच का बज रहा मुसाफ़िर जागो रे भाई।
देखो लाद चले सब पथी तुम क्यो रहे भुलाई॥
अब चलना ही निहचै है तो ले किन माल लदाई।
'हरीचंद' हरि-पद बिनु नहिं तो रहि जैहो मुँह बाई॥

(४०)

यारो इक दिन मौत जरूर।
फिर क्यों इतने गाफिल होकर बने नशे में चूर॥
यही चुड़ैलें तुम्हे खायँगी जिन्हे समझते हूर।
माया मोह जाल की फाँसी इससे भागो दूर॥
जान बूझकर धोखा खाना है यह कौन शऊर।
आम कहाँ से खाओगे जब बोते गये बबूर॥

राजा रंक सभी दुनिया के छोटे बड़े मजूर।
जो माँगो बाँधित को मारै वही सूर भर-पूर॥
झूठा झगड़ा झूठा टंटा झूठा सभी गरूर।
'हरीचंद' हरि-प्रेम बिना सब अंत धूर का धूर॥

(४१)

चेत चेत रे सोवनवाले सिर पर चोर खड़ा है।
सारी बैस बीत गई अब भी मद मे चूर पड़ा है॥
सहि अपमान स्वान-सम निरलज जग के द्वार अड़ा है।
जरा याद उस समय की भी कर सब मे जौन कड़ा है॥
देखु न पाप नरक मे तेरा जीवन जनम सड़ा है।
'हरीचंद' अब तौ हरि-पद भजु क्यों जग-कोच गड़ा है॥

(४२)

क्यों रे क्या करने जग मे तू आया था क्या करता है।
गरभ-बास की भूल गया मुध मरनहार पर मरता है॥
खाना पीना सोना रोना और विषय मे भूला है।
यह तो सूअर मे भी है तू मानुस बन क्या फूला है॥
एक बात पशुओं मे बढ़कर तुझ मे पाई जाती है।
तू ज्ञानी हो पापी है वहीं पाप-गंध नहिं आती है॥
जो विशेष था तुझ मे पशु से उसे भूल तू बैठा है।
तो क्यों नाहक हम मनुष्य हैं इस गरूर मे ऐंठा है॥
जान बूझ अनजान बना है देखो नहिं पतियाता है।
'हरीचंद' अब भी हरि-पद भज क्यों अवसरहि गँवाता है॥

(४३)

अपने को तू समझ जरा क्या भीतर है क्या भूला है।
तेरा असल रूप क्या है तू जिसके ऊपर फूला है॥
हड्डी चमड़ी लहू मास चरबी से देह बनाई है।
भीतर देखो तो घिन आवै ऊपर से चिकनाई है॥
लार पीप मल मूत पित्त कफ नकटी थूँट औ पोटा है।
नीली पीली नस कीड़ों से भरा पेट का लोटा है॥
तनिक कहीं खुल जाय तू थू थू कर सब नाक सिकोड़ैगा।
जरा गलै या पचै मरै तो देख सभी मुँह मोड़ैगा॥
भरी पेट में मल की गठरी ऊपर न्हाय सुथरता है।
तिसको छू कर वायु चलै तो नाक बंद नर करता है॥
मल से उपजा मल मे लिपटा मति-मलीन तू घूरा है।
इस शरीर पर इतना फूला रे अंधे मगरूरा है॥
जिसके छुटते ही तू गंदा मिलने ही मे सजता है।
'हरीचंद' उस परमातम को, गदहे क्यों नहिं भजता है॥

(४४)

मजा कहीं नहिं पाया जग में नाहक रहा भुलाया।
छिन के सुख की लालच जित तित स्वान लार टपकाया॥
यह जग में जिसको अपना कर झूठा भरम बढ़ाया।
तिन स्वारथ फँसि कूकर सूकर सब दुतकार बताया॥
अपना अपना अपना करकै बहुत बढ़ाई माया।
अंत सबै तजि दीनों मल सम जिनको अति अपनाया॥
साँचे मीत स्यामसुंदर सो छिनहुँ न नेह बढ़ाया।
'हरीचंद' मल मूत्र कीट बनि नर-जीवनहि गँवाया॥

गोपीभाव--प्रेम

(४५)

ऊधो जौ अनेक मन होते।
तौ इक स्याम-सुंदर कों देते, इक लै जोग सँजोते॥
एक सों सब गृह-कारज करते एक सों धरते ध्यान।
एक सों स्याम रंग रँगते तजि लोक-लाज कुल-कान॥
को जप करै, जोग को साधै, को पुनि मूँदै नैन।
हिये एक रस स्याम मनोहर मोहन कोटिक मैन॥
ह्याँ तो हुतो एक ही मन सो हरि लै गए चुराई।
'हरीचंद' कोउ और खोजि कै जोग सिखावहु जाई॥

(४६)

सखी ए नैना बहुत बुरे।
तब सों भए पराए हरि सों जब सों जाइ जुरे॥
मोहन के रस-बस ह्वै डोलत तलफत तनिक दुरे।
मेरी सीख प्रीत सब छाँड़ी ऐसे ये निगुरे॥
जग खीझ्यौ बरज्यौ पै ए नहिं हठ सो तनिक मुरे।
'हरीचंद' देखत कमलन से विष के बुते छुरे॥

(४७)

सखी मन-मोहन मेरे मीत।
लोक बेद कुल-कानि छाँड़ि हम करी उनहिं सो प्रीत॥
बिगरौ जग के कारज सगरे उलटौ सबही नीत।
अब तौ हम कबहूँ नहिं तजिहैं पिय की प्रेम प्रतीत॥
यहै बाहु-बल आस यहै इक यहै हमारी रीत।
'हरीचंद' निधरक बिहरैंगी पिय बल दोउ जग जीत॥

(४८)

हमारे नैन बहीं नदियाँ।
बीती जानि औधि सब पिय की जे हम सों बदियाँ॥

अवगाह्यौ इन सकल अंग ब्रज अंजन को धोयो।
लोक बेद कुल-कानि बहाई सुख न रह्यौ खोयो॥
डूबत हौं अकुलाइ अथाहन यहै रीति कैसी।
'हरीचंद' पियं महाबाहु तुम आछत गति ऐसी॥

(४९)

पहिले ही जाय मिले गुन मे श्रवन फेरि
रूप-सुधा मधि कीनो नैनहू पयान है।
हँसनि नटनि चितवनि मुसुकानि
सुधराई रसिकाई मिलि मति पय पान है॥
मोहि मोहि मोहन-मई री मन मेरो भयो
'हरीचंद' भेद ना परत कछु जान है।
कान्ह भये प्रानमय प्रान भये कान्हमय
हिय मे न जानि परै कान्ह है कि प्रान है॥

(५०)

बोल्यौ करै नूपुर श्रवन के निकट सदा,
पद-तल लाल मन मेरे बिहरयो करै।
बाजी करै बसी धुनि पूरि रोम-रोम मुख,
मन मुसुकानि मंद मनहि हँस्यो करै॥
'हरिचंद' चलनि मुरनि बतरानि चित,
छाई रहै छवि जुग दृगन भरयो करै।
प्रानहू ते प्यारौ रहै प्यारो तू सदाई तेरो
पीरो पट सदा जिय बीच फहरयौ करै॥

(५१)

मारग प्रेम को को समुझै 'हरिचंद' यथारथ होत यथा है।
लाभ कछू न पुकारन मैं बदनाम ही होन की सारी कथा है॥
जानत है जिय मेरो भली बिधि और उपाय सबै बिरथा है।
बावरे हैं बृज के सगरे मोहिं नाहक पूछत कौन बिथा है॥

(५२)

जिय पै जु होइ अधिकार तो बिचार कीजै
लोक-लाज भलो बुरो भले निरधारिए।
नैन श्रौन कर पग सबै पर-बस भए
उतै चलि जात इन्हैं कैसे कै सम्हारिये॥
'हरीचंद' भई सब भाँति सो पराई हम
इन्हैं ज्ञान कहि कहो कैसे कै निवारिए।
मन मैं रहै जो ताहि दीजिये बिसारि मन
आपै बसै जा मैं ताहि कैसे कै बिसारिए॥

(५३)

ब्यापक ब्रह्म सबै थल पूरन है हमहूँ पहिचानती हैं।
पै बिना नँदलाल बिहाल सदा 'हरिचंद' न जानहि टानती हैं॥
तुम ऊधौ यहै कहियो उन सों हम और कछू नहिं जानती है।
पिय प्यारे तिहारे निहारे बिना अँखियाँ दुखियाँ नहीं मानती हैं॥

(५४)

पहिले बहु भाँति भरोसो दियो अब ही हम लाइ मिलावती हैं।
'हरिचंद' भरोसे रही उनके सखियाँ जे हमारी कहावती हैं॥
अब वेई जुदा ह्वै रहीं हम सों उलटो मिलि कै समुझावती हैं।
पहिले तो लगाइ कै आग अरी जल को अब आपुहि धावती हैं॥

(५५)

हम तो सब भाँति तिहारी भई तुम्हैं छाँड़ि न और सों नेह करौ।
'हरिचंद' जू छाँड़यौ सबै कछु एक तिहारोई ध्यान सदा ही धरौ॥
अपने को परायो बनाइ कै लाजहू छाँड़ि खरी बिरहागि जरौ।
सब ही सहौ नाहि कहौ कछु पै तुव लेखे नहीं या परेखे मरौ॥

(५६)

पूरन पियूष प्रेम आनंद छकी हौं रोम
रोम रस भीन्यौ सुधि भूली गेह गात की।
लोक परलोक छाड़ि लाज सो बदन मोड़ि
उघरि नची हौं तजि संक तात मात की॥
'हरीचंद' एतेहू पै दरस दिखावै क्यों न
तरसत रैन दिना प्यासे प्रान पातकी।
एरे बृजचंद तेरे मुख की चकोरी हूँ मैं
एरे घनस्याम तेरे रूप की हौं चातकी॥

(५७)

छाँड़ि कुल बेद तेरी चेरी भई चाह भरी
गुरुजन परिजन लोक-लाज नासी हौं।
चातकी तृपित तुव रूप-सुधा हेत नित
पल पल दुसह बियोग दुख गाँसी हौं॥
'हरीचंद' एक ब्रत नेम प्रेम ही को लीनौ
रूप की तिहारे ब्रज-भूप हौं उपासी हौं।
ज्याय लै रे प्रानन बचाय लै लगाय कंठ
एरे नंदलाल तेरी मोल लई दासी हौं॥

(५८)

थाकी गति अगन की मति पर गई मंद
सूख झाँझरी सी ह्वै कै देह लागी पियरान ।
बावरी सी बुद्धि भई हँसी काहू छीन लई
सुख के समाज जित तित लागे दूर जान ॥
'हरीचंद' रावरे बिरह जग दुखमय
भयो कछू और होनहार लागे दिखरान ।
नैन कुम्हिलान लागे बैनहु अयान लागे
आओ प्राननाथ अब प्रान लागे मुरझान ॥

(२)

भगवान् श्रीराधा-कृष्ण और श्रीसीता-रामके चरण-चिह्नोंका वर्णन

जयति जयति श्रीराधिका चरन जुगल करि नेम ।
जाकी छटा प्रकास तें पावत पामर प्रेम ॥
कहँ हरि-चरन अगाध अति कहँ मोरी मति थोर ।
तदपि कृपा-बल लहि कहत छमिय ढिठाई मोर ॥

छप्पय

स्वस्तिक स्यंदन संख सक्ति सिंहासन सुंदर ।
अंकुस ऊरध रेख अब्ज अठकोन अमलतर ॥
बाजी बारन बेनु बारिचर बज्र बिमल बर ।
कुंत कुमुद कलधौत कुंभ कोदंड कलाधर ॥
असि गदा छत्र नवकोन जव तिल त्रिकोन तरु तीर गृह ।
हरिचरन चिह्न बत्तिस लखे अग्निकुंड अहि मैन सह ॥

स्वस्तिक-चिह्नका भाव

जे निज उर मैं पद धरत असुभ तिन्हैं कहुँ नाहिं ।
या हित स्वस्तिक चिह्न प्रभु धारत निज पद माहिं ॥

रथका चिह्न

निज भक्तन के हेतु जिन सारथिपन हूँ कीन ।
प्रगटित दीन-दयालुता रथ को चिह्न नवीन ॥
माया को रन जय करन बैठहु या पैं आइ ।
यह दरसावन हेत रथ चिह्न चरन दरसाइ ॥

शङ्खका चिह्न

भक्तन की जय सर्वदा यह दरसावन हेतु ।
संख चिह्न निज चरन मैं धारत भव-जल-सेतु ॥
परम अभय पद पाइहौ याकी सरनन आइ ।
मनहुँ चरन यह कहत है संख बजाइ सुनाइ ॥
जग-पावनि गंगा प्रगट याही सों इहि हेत ।
चिह्न सुजल के तत्त्व को धारत रमा-निकेत ॥

शक्ति-चिह्नका भाव

बिना मोल की दासिका सक्ति स्वतन्त्रा नाहिं ।
सक्तिमान हरि याहि तें सक्ति चिह्न पद माहिं ॥
भक्तन के दुख दलन को बिधि की लीक मिटाइ ।
परम सक्ति यामें अहै सोई चिह्न लखाइ ॥

सिंहासन-चिह्नका भाव

श्री गोपीजन के सुमन यापैं करैं निवास ।
या हित सिंहासन धरत हरि निज चरनन पास ॥
जो आवै याकी सरन सो जग राजा होइ ।
या हित सिंहासन सुभग चिह्न रह्यो दुख खोइ ॥

अंकुश-चिह्नका भाव

मन-मतंग निज जनन के नेकु न इत उत जाहि ।
एहि हित अंकुस धरत हरि निज पद कमलन माँहि ॥
याको सेवक चतुरतर गननायक सम होइ ।
या हित अंकुस चिह्न हरि चरनन सोहत सोइ ॥

ऊर्ध्व रेखा-चिह्नका भाव

कबहुँ न तिनकी अधोगति जे सेवत पद-पद्म ।
ऊरध रेखा चिह्न पद येहि हित कीनो सद्म ॥
ऊरधरेता जे भये ते या पद को सेइ ।
ऊरध रेखा चिह्न यों प्रगट दिखाई देइ ॥
याते ऊरध और कछु ब्रह्म अंड मैं नाहिं ।
ऊरध रेखा चिह्न है या हित हरि-पद माँहि ॥

कमल-चिह्नका भाव

सजल नयन अरु हृदय मैं यह पद रहिबे जोग ।
या हित रेखा कमल की करत कृष्ण-पद भोग ॥
श्रीलक्ष्मी को बास है याही चरनन-तीर ।
या हित रेखा कमल की धारत पद बलबीर ॥
बिधि सो जग, बिधि कमल सो, सो हरि सो प्रगटाइ ।
राधाबर-पद-कमल मैं या हित कमल लखाइ ॥
फूलत सात्त्विक दिन लखे सकुचत लखि तम रात ।
या हित श्रीगोपाल-पद जलज चिन्ह दरसात ॥

श्रीगोपीजन-मन-भ्रमर के ठहरन की ठौर।
या हित जल-सुत-चिन्ह श्रीहरिपद जन सिरमौर॥
बढ़त प्रेम-जल के बढ़े घटे नाहिं घटि जात।
यह दयालुता प्रगट करि पंकज चिन्ह लखात॥
काठ ज्ञान वैराग्य मैं बँध्यो बेधि उड़ि जात।
याहि न बेधत मन-भ्रमर या हित कमल लखात॥

अष्टकोण-चिह्नका भाव

आठो दिसि भूलोक कौ राज न दुर्लभ ताहि।
अष्टकोन को चिन्ह यह कहत जु सेवै याहि॥
अनायास ही देत है अष्ट सिद्धि सुख-धाम।
अष्टकोन को चिन्ह पद धारत येहि हित स्याम॥

अश्व-चिह्नका भाव

हयमेधादिक जग्य के हम ही हैं इक देव।
अस्व-चिन्ह पद धरत हरि प्रगट करन यह भेव॥
याही सों अवतार सब हयग्रीवादिक देख।
अवतारी हरि के चरन याही तें हय-रेख॥
बैरहु जे हरि सों करहिं पावहिं पद निर्बान।
या हित केसी-दमन-पद हय को चिन्ह महान॥

हाथीके चिह्नका भाव

जाहि उधारत आपु हरि राखत तेहि पद पास।
या हित गज को चिन्ह पद धारत रमा-निवास॥
सब को पद गज-चरन मैं *सो गज हरि-पग माँहिं।
यह महत्व सूचन करत गज के चिन्ह देखाहिं॥
सब कवि कविता मैं कहत गजगति राधानाथ।
ताहि प्रगट जग मैं करन धरयो चिन्ह गज साथ॥

वेणु-चिह्नका भाव

सुर नर मुनि नर नाह के बंस यही सों होत।
या हित बंसी चिन्ह हरि पद मैं प्रगट उदोत॥
गाँठ नहीं जिनके हृदय ते या पद के जोग।
या हित बंसी चिन्ह पद जानहु सेवक लोग॥
जे जन हरि-गुन गावहीं राखत तिन को पास।
या हित बंसी चिन्ह हरि पद मैं करत निवास॥
प्रेम भाव सों जे बिंधे छेद करेजे माहिं।
तेई या पद मैं बसैं आइ सकै कोउ नाहिं॥
मनहुँ घोर तप करति है बंसी हरि-पद पास।
गोपी सह त्रैलोक के जीतन की धरि आस॥

श्रीगोपिन की सौति लखि पद-तर दीनी डारि।
यातैं बंसी चिन्ह निज पद मैं धरत मुरारि॥
आई केवल ब्रज-बधू क्यो नहिं सब सुर-नारि।
या हित कोपित होइ हरि दीनी पद तर डारि॥
मन चोरयो बहु त्रियन को इन श्रवनन मग पैठि।
ता प्राछित को तप करत मनु हरि-पद-सर बैठि॥
बेन सरिस हू पातकी सरन गये रच्छि लेत।
बेनु-धरन के कमल-पद बेनु चिन्ह यहि हेत॥

मीन-चिह्नका भाव

अति चंचल बहु ध्यान सों आवत हृदय मँझार।
या हित चिन्ह सु-मीन को हरि-पद मैं निरधार॥
जब लौं हिय मे सजलता तब लौ याको बास।
सुष्क भए पुनि नहिं रहत झष यह करत प्रकास॥
जाके देखत ही बढ़ै ब्रज-तिय-मन मै काम।
रति-पति-ध्वज को चिन्ह पद यातें धारत स्याम॥
हरि मनमथ कों जीति कै ध्वज राख्यौ पद लाइ।
यातैं रेखा मीन की हरि-पद मैं दरसाइ॥
महा प्रलय मै मीन बनि जिमि मनु रच्छा कीन।
तिमि भवसागर को चरन या हित रेखा मीन॥

वज्र-चिह्नका भाव

चरन परस नित जे करत इन्द्र-तुल्य ते होत।
बज्र-चिन्ह हरि-पद-कमल येहि हित करत उदोत॥
पर्वत से निज जनन के पापहिं काटन काज।
बज्र-चिन्ह पद मै धरत कृष्णचंद्र महराज॥
बज्रनाभ यासों प्रगट जादव सेस लखाहिं।
थापन-हित निज बंस भुवि वज्र चिन्ह पद माहिं॥

बरछी-चिह्नका भाव

मनु हरिहू अघ सो डरत मति कहुँ आवै पास।
या हित बरछी धारि पग करत दूर सो नास॥

कुमुद-फूलके चिह्नका भाव

श्रीराधा-मुखचंद्र लखि अति अनंद श्रीगात।
कुमुद-चिन्ह श्रीकृष्ण-पद या हित प्रगट लखात॥
सीतल निसि लखि फूलई तेज दिवस लखि बंद।
यह सुभाव प्रगटित करत कुमुद चरन नँदनंद॥

स्वर्णके पूर्ण कुम्भके चिह्नका भाव

नीरस यामैं नहिं बसैं बसैं जे रस भरपूर।
पूर्ण कुंभ को चिन्ह मनु या हित धारत सूर॥

* सर्वे पदा हस्तिपदे निमग्नाः।

गोपीजन-बिरहागि पुनि निज जन के त्रयताप।
मेटन के हित चरन मैं कुंभ धरत हरि आप॥
सुरसरि श्रीहरि-चरन सों प्रगटी परम पवित्र।
या हित पूरन कुंभ को धारत चिन्ह विचित्र॥
कबहूँ अमंगल होत नहिं नित मंगल सुख-साज।
निज भक्तन के हेत पद कुंभ धरत ब्रजराज॥
श्रीगोपीजन-वाक्य के पूरन करिबे हेत।
सुकुच कुंभ को चिन्ह पग धारत रमानिकेत॥

धनुषके चिह्नका भाव

इहाँ स्तब्ध नहिं आवहीं आवहिं जे नइ जाहिं।
धनुष चिन्ह एहि हेतु है कृष्ण-चरन के माँहि॥
जुरत प्रेम के घन जहाँ दृग बरसा बरसात।
मन संध्या फूलत जहाँ तहँ यह धनुष लखात॥

चन्द्रमाके चिह्नका भाव

श्रीसिव सों निज चरन सो प्रकट करन हित हेत।
चंद्र-चिन्ह हरि-पद बसत निज जन कों सुख देत॥
जे या चरनहि सिर धरैं ते नर रुद्र समान।
चंद्र-चिन्ह यहि हेतु निज पद राखत भगवान॥
निज जन पै बरखत सुधा हरत सकल त्रयताप।
चंद्र-चिन्ह येहि हेतु हरि धारत निज पद आप॥
भक्त जनन के मन सदा यामैं करत निवास।
याते मन को देवता चंद्र-चिन्ह हरि पास॥
बहु तारन को एक पति जिमि ससि तिमि ब्रजनाथ।
दच्छिनता प्रगटित करन चंद्र-चिन्ह पद साथ॥
जाकी छटा प्रकास तें हरत हृदय-तम घोर।
या हित ससि को चिन्ह पद धारत नंदकिसोर॥
निज भगिनी श्री देखि कै चंद्र बस्यौ मनु आइ।
चंद्र-चिन्ह ब्रजचंद्र-पद यातें प्रगट लखाइ॥

तलवारके चिह्नका भाव

निज जन के अघ-पसुन कों बधत सदा करि रोस।
एहि हित असि पग मैं धरत दूर दरत जन-दोस॥

गदा-चिह्नका भाव

काम-कलुष-कुंजर-कदन समरथ जो सब भाँति।
गदा-चिन्ह येहि हेतु हरि धरत चरन जुत क्रांति॥
भक्त-नाद मोहिं प्रिय अतिहि मन महँ प्रगट करंत।
गदा-चिन्ह निज कमल पद धारत राधाकंत॥

छत्रके चिह्नका भाव

भय दुख आतप सों तपे तिनको अति प्रिय एह।
छत्र-चिन्ह येहि हेत पग धारत साँवल देह॥
ब्रज राख्यो सुर-कोप तें भव-जल तें निज दास।
छत्र-चिन्ह पद मै धरत या हित रमानिवास॥
याकी छाया मे बसत महाराज सम होय।
छत्र-चिन्ह श्रीकृष्ण पद यातें सोहत सोय॥

नवकोण-चिह्नका भाव

नवो खंड पति होत हैं सेवत जे पद-कंजु।
चिन्ह धरत नवकोन को या हित हरि-पद मंजु॥
नवधा भक्ति प्रकार करि तब पावत येहि लोग।
या हित है नवकोन को चिन्ह चरन गत-सोग॥
नव जोगेश्वर जगत तजि यामें करत निवास।
या हित चिन्ह सुकोन नव हरि-पद करत प्रकास॥
नव ग्रह नहिं बाधा करत जो एहि सेवत नेक।
याही तें नवकोन को चिन्ह धरत सविवेक॥
अष्ट सखिन के संग श्रीराधा करत निवास।
याही हित नवकोन को चिन्ह कृष्ण-पद पास॥
यामें नव रस रहत हैं यह अनंद की खानि।
याही तें नवकोन को चिन्ह कृष्ण-पद जानि॥
नव को नव-गुन लगि गिनौ नवै अंक सब होत।
तातें रेखा कहत जग यामैं ओत न प्रोत॥

यव-चिह्नका भाव

जीवन जीवन के यहै अन्न एक तिमि येह।
या हित जव को चिन्ह पद धारत साँवल देह॥

तिल-चिह्नका भाव

याके सरन गए बिना पितरन कौं गति नाहिं।
या हित तिल को चिन्ह हरि राखत निज पद माँहि॥

त्रिकोण-चिह्नका भाव

स्वीया परकीया बहुरि गनिका तीनहु नारि।
सब के पति प्रगटित करत मनमथ-मथन मुरारि॥
तीनहु गुन के भक्त को यह उद्धरन समर्थ।
सम त्रिकोन को चिन्ह पद धारत याके अर्थ॥
ब्रह्मा-हरि-हर तीनि सुर याही तें प्रगटंत।
या हित चिन्ह त्रिकोन को धारत राधाकंत॥
श्री-भू-लीला तीनहू दासी याकी जान।
यातें चिन्ह त्रिकोन को पद धारत भगवान॥

स्वर्ग-भूमि-पाताल मैं विक्रम है गए धाइ।
याहि जनावन हेत त्रय कोन चिन्ह दरसाइ॥
जो याकै सरनहि गए मिटे तीनहूँ ताप।
या हित चिन्ह त्रिकोन को धरत हरत जो पाप॥
भक्ति-ज्ञान-बैराग हैं याके साधन तीन।
यातें चिन्ह त्रिकोन को कृष्ण-चरन लखि लीन॥
त्रयी सांख्य आराधि कै पावत जोगी जौन।
सो पद है येहि हेत यह चिन्ह त्रिश्रुति को भौन॥
बृन्दाबन द्वारावती मधुपुर तजि नहिं जाहिं।
यातें चिन्ह त्रिकोन है कृष्ण-चरन के माहिं॥
का सुर, का नर, असुर का सब पैं दृष्टि समान।
एक भक्ति तें होत बस या हित रेखा जान॥
नित सिव जू बंदन करत तिन नैननि की रेख।
या हित चिन्ह त्रिकोन को कृष्ण-चरन मैं देख॥

वृक्षके चिह्नका भाव

बृक्ष-रूप सब जग अहै बीज-रूप हरि आप।
यातें तरु को चिन्ह पग प्रगटत परम प्रताप॥
जे भव आतप सों तपे तिनही के सुख हेतु।
बृक्ष-चिन्ह निज चरन मैं धारत खगपति-केतु॥
जहँ पग धरैं निकुंजमय भूमि तहाँ की होय।
या हित तरु को चिन्ह पद पुरवत रस कों सोय॥
यहाँ कल्पतरु सो अधिक भक्त मनोरथ दान।
बृक्ष चिन्ह निज पद धरत यातें श्रीभगवान॥
श्रीगोपीजन-मन-बिहँग इहाँ करैं बिश्राम।
या हित तरु को चिन्ह पद धारत है घनस्याम॥
केवल पर-उपकार-हित बृक्ष-सरिस जग कौन।
तातें ताको चिन्ह पद धारत राधा-रौन॥
प्रेम-नयन-जल सों सिंचे सुद्ध चित्त के खेत।
बनमाली के चरन में बृक्ष चिन्ह येहि हेत॥
पाहन मारेहु देत फल सोइ गुन यामैं जान।
बृक्ष-चिन्ह श्रीकृष्ण-पद पर-उपकार-प्रमान॥

बाण-चिह्नका भाव

सब कटाच्छ ब्रज-जुवति के बसत एक ही ठौर।
सोई बान को चिन्ह है कारन नहिं कछु और॥

गृह-चिह्नका भाव

केवल जोगी पावहीं नहिं यामैं कछु नेम।
या हित गृह को चिन्ह जिहि गृह लहैं करि प्रेम॥
मति डूबौ भव-सिंधु मैं यामैं करौ निवास।
मानहु गृह को चिन्ह पद जनन बोलावत पास॥
सिव जू के मन को मनहुँ महल बनाये स्याम।
चिन्ह होय दरसत सोई हरि-पद-कंज ललाम॥
गृही जानि मन बुद्धि को दंपति निवसन हेत।
अपने पद कमलन दियो दयानिकेत निकेत॥

अग्निकुण्डके चिह्नका भाव

श्री बल्लभ हैं अनल-बपु तहाँ सरन जे जात।
ते मम पद पावत सदा येहि हित कुंड लखात॥
श्री गोपीजन को बिरह रह्यौ जौन श्री गात।
एक देस में सिमिटि सोइ अग्निकुंड दरसात॥
मन तपि कै मम चरन मैं कथित धान सम होइ।
तब न और कछु जन चहै अग्निकुंड है सोइ॥
जग्य-पुरुष तजि और को को सेवै मतिमंद।
अग्निकुंड को चिन्ह येहि हित राख्यौ ब्रजचंद॥

सर्प-चिह्नका भाव

निज पद चिन्हित तेहि कियो ताको निज पद राखि।
काली-मर्दन-चरन यह भक्त-अनुग्रह-साखि॥
नाग-चिन्ह मत जानियो यह प्रभु-पद के पास।
भक्तन के मन बाँधिबे हित राखी अहि पास॥
श्री राधा के बिरह मैं मति त्रि-अनिल दुख देइ।
सर्प-चिन्ह प्रभु सर्बदा राखत हैं पद सेइ॥
याकी सरनन दीन जन सर्पहि* आवहु धाय।
सर्प-चिन्ह एहि हेतु पद राखत श्री ब्रजराय॥

शैल-चिह्नका भाव

सत्य-करन हरिदास बर श्री गिरिबर को नाम।
सैल-चिन्ह निज चरन मैं राख्यो श्री घनस्याम॥
श्री राधा के बिरह मे पग पग लगत पहार।
सैल-चिन्ह निज चरन में राख्यौ यहै बिचार॥

श्रीगोपालतापिनी श्रुतिके मतसे चरण-चिह्न-वर्णन

परम ब्रह्म के चरन मैं मुख्य चिन्ह ध्वज-छत्र।
ऊरध अध अज लोक सो सोई द्वै पद अत्र॥
ध्वजा दंड सो मेरु है बन्यो स्वर्णमय सोय।
सूर्य-चन्द्र की कान्ति जो ध्वज पताक सो होय॥

* शीघ्र।

आतपत्र को चिन्ह जोइ ब्रह्मलोक सो जान।
येहि बिधि श्रुति निरनै करत चरन-चिन्ह परमान॥
रथ बिनु अस्व लखात है मीन चिन्ह द्वै जान।
धनुष बिना परतंच को यह कोउ करत प्रमान॥

चिह्नोंके मिलित भाव

दो चिह्नोंके मेल

हाथी और अङ्कुशके चिह्नका भाव

काम करत सब आपु ही पुनि प्रेरकहू आप।
या हित अंकुस-हस्ति दोउ चिन्ह चरन गत पाप॥

तिल और यवके चिह्नका भाव

देव-काज अरु पितर दोउ याही सो सिधि होइ।
याके बिन कोउ गति नही येहि हित तिल-जव दोइ॥
देव-पितर दोउ रिनन सो मुक्त होत सो जीव।
जो या पद को सेवई सकल सुखन को सींव॥

कुमुद और कमलके चिह्नका भाव

राति दिवस दोउ सम अहै यह तौ स्वयं प्रकास।
या हित निसि दिन के दोऊ चिन्ह कृष्ण-पद पास॥

तीन चिह्नोंके मेल

पर्वत, कमल और वृक्षके चिह्नोंके भाव

श्री कालिंदी कमल सो गिरि सों श्री गिरिराज।
श्री बृन्दाबन बृक्ष सो प्रगटत सह सुख साज॥
जहाँ जहाँ प्रभु पद धरत तहाँ तीन प्रगटंत।
या हित तीनहु चिन्ह ए धारत राधाकंत॥

त्रिकोन, नवकोन और अष्टकोनके भाव

तीन आठ नव मिलि सबै बीस अंक पद जान।
जौत्यौ बिस्वे बीस सोइ जो सेवत करि ध्यान॥

चार चिह्नोंके मेल

अमृत-कुम्भ, धनुष, वंशी और गृहके चिह्नोंके भाव

वैद्यक अमृत-कुंभ, सो धनु सो धनु को वेद।
गान बेद बंसी प्रगट सिल्प बेद गृह भेद॥
रिग यजु साम अथर्व के ये चारहु उपवेद।
सो या पद सों प्रगट एहि हेतु चिन्ह गत खेद॥

सर्प, कमल, अग्निकुण्ड और गदाके चिह्नोंके भाव

रामानुज मत सर्प सों सेष अचारज मानि।
निंबारक मत कमल सों रबिहि पद्म प्रिय जानि॥
बिष्णुस्वामि मत कुंड सों श्रीबल्लभ बपु जान।
गदा चिन्ह सों माध्व मत आचारज हनुमान॥
इन चारहु मत मैं रहै तिनहिं मिलैं भगवंत।
कुंड गदा अहि कमल येहि हित जानहु सब संत॥

शक्ति, सर्प, बरछी और अङ्कुशके भाव

सर्प चिन्ह श्री संभु को सक्ति सु गिरिजा भेस।
कुंत कारतिक आपु है अंकुस अहै गनेस॥
प्रिया-पुत्र सँग नित्य सिव चरन बसत हैं आप।
तिन के आयुध चिन्ह सब प्रगटित प्रबल प्रताप॥

पाँच चिह्नोंके मेल

गदा, सर्प, कमल, अङ्कुश और शक्तिके चिह्नोंके भाव

गदा बिष्णु को जानिये अहि सिव जू के साथ।
दिवसनाथ को कमल है अंकुस है गननाथ॥
सक्ति रूप तहँ सक्ति है एई पाँचौ देव।
चिन्ह रूप श्रीकृष्ण-पद करत सदा सुभ सेव॥
जिमि सब जल मिलि नदिन मैं अंत समुद्र समात।
तिमि चाहौ जाकौ भजौ कृष्ण चरन सब जात॥

छः चिह्नोंके मेल

छत्र, सिंहासन, रथ, अश्व, हाथी और धनुषके चिह्नोंके भाव

छत्र सिंहासन बाजि गज रथ धनु ए षट जान।
राज-चिन्ह मैं मुख्य हैं करत राज-पद दान॥
जो या पद को नित भजै सेवै करि करि ध्यान।
महाराज तिन को करत सह स्यामा भगवान॥

सात चिह्नोंके मेल

वेणु, मत्स्य, चन्द्र, वृक्ष, कमल, कुमुद और गिरिके चिह्नोंके भाव

आवाहन हित बेनु झष काम बढ़ावन हेत।
चंद्र बिरह-बरधन करन तरु सुगंधि रस देत॥
कमल हृदय प्रफुलित-करन कुमुद प्रेम-दृष्टान्त।
गिरिवर सेवा करन हित धारत राधाकांत॥



शृंगार [प्राचीन चित्र



ताम्बूलसेवन [प्राचीन चित्र

रास-बिलास-सिंगार के ये उद्दीपन सात।
आलंबन हरि संग ही राखत पद-जलजात॥

आठ चिह्नोंके मेल

वज्र, अग्निकुण्ड, तिल, तलवार, मच्छ, गदा, अष्टकोण और सर्पके भाव

बज्र इन्द्र बपु, अनल है अग्निकुंड बपु आप।
जम तिल बपु, तलवार बपु नैरित प्रगट प्रताप॥
बरुन मच्छ बपु, गदा बपु बायु जानि पुनि लेहु।
अष्टकोन बपु धनद है, अहि इसान कहि देहु॥
आयुध बाहन सिद्धि ऋष आदिक को संबंध।
इन चिन्हन सों देव सों जानहु करि मन संध॥
सोइ आठौं दिगपाल मनु सेवत हरि-पद आइ।
अथवा दिगपति होइ जो रहै चरन सिरु नाइ॥

पुनः

अंकुश, बरछी, शक्ति, पवि, गदा, धनुष, असि, तीर।
आठ शस्त्र को चिन्ह यह धारत पद बलबीर॥
आठहु दिसि सों जनन की मनु-इच्छा के हेत।
निज पद मे ये शस्त्र सब धारत रमा-निकेत॥

नौ चिह्नोंके मेल

वेणु, चन्द्र, पर्वत, रथ, अग्नि, वज्र, मीन, गज और स्वस्तिक चिह्नोंके भाव

बेनु-चन्द्र-गिरि-रथ-अनल-बज्र-मीन-गज-रेख।
आठौं रस प्रगटत सदा नवम स्वस्तिकहु देख॥
बेनु प्रगट शृंगार रस जो बिहार को मूल।
चरन कमल मैं चन्द्रमा यह अद्भुत गत सूल॥
कोमल पद कहँ गिरि प्रगट यहै हास्य की बात।
रन उद्यम आगे रहै रथ रस बीर लखात॥
निसिचर-तूलहि दहन हित अग्निकुंड भय-रूप।
रौद्र सर्प को चिन्ह है दुष्टन-काल-सरूप॥
गज करुना रस रूप है जिन अति करी पुकार।
मीन चिन्ह बीभत्स है बंगाली-व्यवहार॥
नाटक के ये आठ रस आठ चिन्ह सों होत।
स्वस्तिक सों पुनि सांत को रस नित करत उदोत॥
कर-पद-मुख आनंदमय प्रभु सब रस की खान।
ताते नव रस चिन्ह यह धारत पद भगवान॥

दस चिह्नोंके मेल

वेणु, शंख, गज, कमल, यव, रथ, गिरि, गदा, वृक्ष और मीनके भाव

बेनु बढ़ावत श्रवन कों, संख सुकीर्तन जान।
गज सुमिरन कों कमल पद, पूजन कमल बखान॥
भोग रूप जव अरचनहि, बंदन गिरि गिरिराज।
गदा दास्य हनुमान को, सख्य सारथी-साज॥
तरु तन मन अरपन सबै, प्रेम लच्छना मीन।
दस बिधि उद्दीपन करहिं भक्ति चिन्ह सत तीन॥

मत्स्य, अमृत-कुम्भ, पर्वत, वज्र, छत्र, धनुष, बाण, वेणु, अग्निकुण्ड और तलवारके चिह्नोंके भाव

प्रगट मत्स्य के चिन्ह सों बिष्णु मत्स्य अवतार।
अमृत-कुंभ सों कच्छ है भयो जो मथती बार॥
पर्वत सों बाराह भे धरनि-उधारन-रूप।
बज्र चिन्ह नरसिंह के जे नख बज्र-सरूप॥
बामन जू हैं छत्र सों जो है बटु को अंग।
परसुराम धनु चिन्ह है गए जो धनु के संग॥
बान चिन्ह सो प्रगट श्री रामचन्द्र महराज।
बेनु-चिन्ह हलधर प्रगट ब्यूह रूप सह साज॥
अग्निकुंड सों बुध भए जिन मख निंदा कीन।
कलकी असि सों जानियै म्लेच्छ-हरन-परबीन॥
भीर परत जब भक्त पर तब अवतारहिं लेत।
अवतारी श्रीकृष्ण पद दसौ चिन्ह एहि हेत॥

ग्यारह चिह्नोंके मेल

शक्ति, अग्निकुण्ड, हाथी, कुम्भ, धनुष, चन्द्र, यव, वृक्ष, त्रिकोण, पर्वत और सर्पके चिह्नोंके भाव

श्री सिव जू हरि-चरन में करत सर्वदा बास।
आयुध भूषन आदि सह ग्यारह रूप प्रकास॥
सक्ति जानि गिरि-नंदिनी परम सक्ति जो आप।
अग्नि-कुंड तीजो नयन अथवा धूनी थाप॥
गज जानौ गज को चरम धरत जाहि भगवान।
कुंभ गंग-जल कों कहौ रहत सीस अस्थान॥
धनुष पिनाकहि मानियै सब आयुध को ईस।
चंद्र जानि चूड़ारतन जेहि धारत सिव सीस॥

श्रीतनु नवधा भक्तिमय सोइ नवकोन लखाइ।
बृक्ष महावट बृक्ष है रहत जहाँ सुरराइ॥
नेत्र रूप वा सूल को रूप त्रिकोनहि जान।
पर्वत सोइ कैलास है जहँ बिहरत भगवान॥
सर्प अभूषन अंग के कंकन मैं वा सेस।
एहि बिधि श्री सिव बसहिं नित चरन माँहि सुभ बेस॥
को इनकी सम करि सकै भक्तन के सिरताज।
आसुतोष जो रीझि कै देहिं भक्ति सह साज॥
जिन निज प्रभु कों जा दिवस आत्म-समर्पन कीन।
चंदन-भूषन-बसन-भप-सेज आदि तजि दीन॥
भस्म-सर्प-गज-छाल बिष परवत माँहि निवास।
तबसो अंगीकृत कियो तज्यौ सबै सुखरास॥

अन्य मतोंके अनुसार चिह्नोंके वर्णन

स्वस्तिक पीवर बर्ण को, पाटल है अठ-कोन।
स्वेत रंग को छत्र है, हरित कल्पतरु जौन॥
स्वर्ण बर्ण को चक्र है, पाटल जव की माल।
ऊरध रेखा अरुन है, लोहित ध्वजा बिसाल॥
बज्र बीजुरी रंग को, अंकुस है पुनि स्याम।
सायक त्रय चित्रित बरन, पद्म अरुन अठ-धाम॥
अस्व चित्र रँग को बन्यौ, मुकुट स्वर्न के रंग।
सिंहासन चित्रित बरन सोभित सुभग सुढंग॥
ब्योम चँवर को चिन्ह है नील बर्न अति स्वच्छ।
जव अँगुष्ठ के मूल में पाटल बर्न प्रतच्छ॥
रेखा पुरुषाकार है पाटल रंग प्रमान।
ये अष्टादस चिन्ह श्री हरि दहिने पद जान॥

जे हरि के दच्छिन चरन ते राधा-पद बाम।
कृष्ण बाम पद चिन्ह अब सुनहु बिचित्र ललाम॥
स्वेत रंग को मत्स्य है, कलस चिन्ह है लाल।
अर्ध चंद्र पुनि स्वेत है, अरुन त्रिकोन बिसाल॥
स्याम बरन पुनि जंबु फल, काही धनु की रेख।
गोखुर पाटल रंग को, संख स्वेत रँग देख॥
गदा स्याम रँग जानिये, बिंदु चिन्ह है पीत।
खड्ग अरुन षटकोन, जम दंड स्याम की रीत॥
त्रिबली पाटल रंग की पूर्ण चंद्र घृत रंग।
पीत रंग चौकोन है पृथ्वी चिन्ह सुढंग॥
तलवा पाटल रंग के दोउ चरनन के जान।
कृष्ण बाम पद चिन्ह सो राधा दच्छिन मान॥
या बिधि चौंतिस चिन्ह हैं जुगल चरन जलजात।
छाँड़ि सकल भवजाल को भजौ याहि हे तात॥

श्रीस्वामिनीजीके चरण-चिह्नोंके भाव

छप्पय

छत्र चक्र ध्वज लता पुष्प कंकन अंबुज पुनि।
अंकुस ऊरध रेख अर्ध ससि जव बाएँ गुनि॥
पास गदा रथ जग्यवेदि अरु कुंडल जानौ।
बहुरि मत्स्य गिरिराज संख दहिने पद मानौ॥
श्रीकृष्ण प्रानप्रिय राधिका चरन चिन्ह उन्नीस बर।
'हरिचंद' सीस राजत सदा कलिमल-हर कल्यानकर॥

वाम पद-चिह्न

छत्रके चिह्नका भाव

सब गोपिन की स्वामिनी प्रगट करन यह अत्र।
गोप-छत्रपति-कामिनी धरयो कमल-पद छत्र॥
प्रीतम-बिरहातप-समन हेतु सकल सुखधाम।
छत्र चिन्ह निज कंज पद धरत राधिका बाम॥
जदुपति ब्रजपति गोपपति त्रिभुवनपति भगवान।
तिनहूँ की यह स्वामिनी छत्र चिन्ह यह जान॥

चक्रके चिह्नका भाव

एक-चक्र ब्रजभूमि मैं श्रीराधा को राज।
चक्र चिन्ह प्रगटित करन यह गुन चरन बिराज॥
मान समै हरि आप ही चरन पलोटत आय।
कृष्ण कमल कर चिन्ह सो राधा-चरन लखाय॥
दहन पाप निज जनन के हरन हृदय-तम घोर।
तेज तत्व को चिन्ह पद मोहन चित को चोर॥

ध्वजके चिह्नका भाव

परम बिजय सब तियन सों श्रीराधा पद जान।
यह दरसावन हेतु पद ध्वज को चिन्ह महान॥

लता-चिह्नका भाव

पिया मनोरथ की लता चरन बसी मनु आय।
लता चिन्ह है प्रगट सोइ राधा-चरन दिखाय॥
करि आश्रय श्रीकृष्ण को रहत सदा निरधार।
लता-चिन्ह एहि हेत सो रहत न बिनु आधार॥
देवी बृंदा बिपिन की प्रगट करन यह बात।
लता चिन्ह श्रीराधिका धारत पद-जलजात॥

सकल महौषधि गनन की परम देवता आप।
सोइ भवरोग महौषधी चरन लता की छाप॥
लता चिन्ह पद आपु के वृक्ष चिन्ह पद स्याम।
मनहुँ रेख प्रगटित करत यह संबंध ललाम॥
चरन धरत जा भूमि पर तहाँ कुंजमय होत।
लता चिन्ह श्री कमल पद या हित करत उदोत॥
पाग चिन्ह मानहुँ रह्यौ लपटि लता आकार।
मानिनि के पद-पद्म में बुधजन लेहु बिचार॥

पुष्पके चिह्नका भाव

कीरतिमय सौरभ सदा या सो प्रगटित होय।
या हित चिन्ह सुपुष्प को रह्यो चरन-तल सोय॥
पाय पलोटत मान मे चरन न होय कठोर।
कुसुम चिन्ह श्रीराधिका धारत यह मति मोर॥
सब फल याही सों प्रगट सेवहु येहि चित लाय।
पुष्प चिन्ह श्री राधिका पद येहि हेत लखाय॥
कोमल पद लखि कै पिया कुसुम पाँवड़े कीन।
सोइ श्रीराधा कमल पद कुसुमित चिन्ह नवीन॥

कंकणके चिह्नका भाव

पिय-बिहार में मुखर लखि पद तर दीनो डारि।
कंकन को पद चिन्ह सोइ धारत पद सुकुमारि॥
पिय कर को निज चरन को प्रगट करन अति हेत।
मानिनि-पद में बलय को चिन्ह दिखाई देत॥

कमलके चिह्नका भाव

कमलादिक देवी सदा सेवत पद दै चित्त।
कमल चिन्ह श्रीकमल पद धारत एहि हित नित्त॥
अति कोमल सुकुमार श्री चरन कमल हैं आप।
नेत्र कमल के दृष्टि की सोई मानौ छाप॥
कमल रूप बृंदा बिपिन बसत चरन मैं सोइ।
अधिपतित्व सूचित करत कमल कमल पद होइ॥
नित्य चरन सेवन करत बिष्णु जानि सुख-सद्म।
पद्मादिक आयुधन के चिन्ह सोई पद-पद्म॥
पद्मादिक सब निधिन को करत पद्म-पद दान।
यातें पद्मा-चरन मैं पद्म चिन्ह पहिचान॥

ऊर्ध्व रेखाके चिह्नका भाव

अति सूधो श्री चरन को यह मारग निरुपाधि।
ऊरध रेखा चरन मैं ताहि लेहु आराधि॥
सरन गए ते तरहिंगे यहै लीक कहि दीन।
ऊरध रेखा चिन्ह है सोई चरन नवीन॥

अङ्कुशके चिह्नका भाव

बहु-नायक पिय-मन-सुगज मति औरन पै जाय।
या हित अंकुस चिन्ह श्री राधा-पद दरसाय॥

अर्ध-चन्द्रके चिह्नका भाव

पूरन दस ससि-नखन सो मनहुँ अनादर पाय।
सूखि चंद्र आधो भयो सोई चिन्ह लखाय॥
जे अ-भक्त कु-रसिक कुटिल ते न सकहिं हत आय।
अर्ध-चंद्र को चिन्ह येहि हेत चरन दरसाय॥
निष्कलंक जग-बंद्य पुनि दिन दिन याकी बृद्धि।
अर्ध-चन्द्र को चिन्ह है या हित करत समृद्धि॥
राहु ग्रसै पूरन ससिहि ग्रसै न येहि लखि बक्र।
अर्ध-चन्द्र को चिन्ह पद देखत जेहि शिव-सक्र॥

यवके चिह्नका भाव

परम प्रथित निज यश-करन नर को जीवन प्रान।
राजस जव को चिन्ह पद राधा धरत सुजान॥
भोजन को मत सोच करु भजु पद तजु जजाल।
जव को चिन्ह लखात पद हरन पाप को जाल॥

दक्षिणपद-चिह्न

पाश-चिह्नका भाव

भव-बंधन तिन के कटै जे आवै करि आस।
यह आसय प्रगटित करत पास प्रिया-पद पास॥
जे आवैं याकी सरन कबहुँ न ते छुटि जाहिं।
पास-चिन्ह श्री राधिका येहि कारन पद माहिं॥
पिय मन बंधन हेत मनु पास-चिन्ह पद सोभ।
सेवत जाको संभु अज भक्ति दान के लोभ॥

गदाके चिह्नका भाव

जे आवत याकी सरन पितर सबै तरि जात।
गया गदाधर चिन्ह पद या हित गदा लखात॥

रथ-चिह्नका भाव

जामैं श्रम कछु होय नहि चलत समय बन-कुंज।
या हित रथ को चिन्ह पग सोभित सब सुख-पुंज॥
यह जग सब रथ रूप है सारथि प्रेरक आप।
या हित रथ को चिन्ह है पग मैं प्रगट प्रताप॥

वेदीके चिह्नका भाव

अग्नि रूप है जगत को कियो पुष्टि रस दान।
या हित बेदी चिन्ह है प्यारी-चरन महान॥
जग्य रूप श्रीकृष्ण हैं स्वधा रूप हैं आप।
यातें बेदी चिन्ह है चरन हरन सब पाप॥

कुण्डलके चिह्नका भाव

प्यारी पग नूपुर मधुर धुनि सुनिबे के हेत।
मनहुँ करन पिय के बसे चरन सरन सुख देत॥
साख्य योग प्रतिपाद्य हैं ये दोउ पद जलजात।
या हित कुंडल चिन्ह श्री राधा-चरन लखात॥

मत्स्यके चिह्नका भाव

जल बिनु मीन रहै नहीं तिमि पिय बिनु हम नाहिं।
यह प्रगटावन हेत हैं मीन चिन्ह पद माँहिं॥

पर्वतके चिह्नका भाव

सब ब्रज पूजत गिरिवरहि सो सेवत है पाय।
यह महात्म्य प्रगटित करन गिरिवर चिन्ह लखाय॥

शंखके चिह्नका भाव

कबहूँ पिय को होइ नहिं बिरह ज्वाल की ताप।
नीर तत्व को चिन्ह पद यासो धारत आप॥

भक्त-मंजूषा आदि ग्रन्थोंके अनुसार वर्णन

जव बेंड़ो अंगुष्ठ मध ऊपर मुख को छत्र।
दच्छिन दिसि को फरहरै ध्वज ऊपर मुख तत्र॥
पुनि पताक ताके तले कल्पलता की रेख।
जो ऊपर दिसि कों बढ़ी देत सकल फल लेख॥
ऊरध रेखा कमल पुनि चक्र आदि अति स्वच्छ।
दच्छिन श्री हरि के चरन इतने चिन्ह प्रतच्छ॥
श्री राधा के बाम पद अष्ट पत्रको पद्म।
पुनि कनिष्ठिका के तले चक्र चिन्ह को सद्म॥
अग्र शृंग अंकुस करौ ताही के ढिग ध्यान।
नीचे मुख को अर्ध ससि एड़ी मध्य प्रमान॥
ताके ढिग है बलय को चिन्ह परम सुख-मूल।
दच्छिन पद के चिन्ह अब सुनहु हरन भव-सूल॥
संख रह्यौ अंगुष्ठ मैं ताको मुख अति हीन।
चार अँगुरियन के तले गिरिवर चिन्ह नवीन॥
ऊपर सिर सब अंग-जुत रथ है ताके पास।
दच्छिन दिसि ताके गदा बाँए सक्ति बिलास॥
एड़ी पैं ताके तले ऊपर मुख को मीन
चरन-चिन्ह तेहि भाँति श्री राधा-पद लखि लीन॥

दूसर मतसे श्रीस्वामिनीजीके चरण-चिह्न

बाम चरन अंगुष्ठ तल जव को चिन्ह लखाइ।
अर्ध चरन लौं घूमि कै ऊरध रेखा जाइ॥
चरन-मध्य ध्वज अब्ज है पुष्प-लता पुनि सोह।
पुनि कनिष्ठिका के तले अंकुस नासन मोह॥
चक्र मूल मे चिन्ह द्वै कंकन है अरु छत्र।
एड़ी मे पुनि अर्ध ससि सुनो अबै अन्यत्र॥
एड़ी में सुभ सैल अरु स्यंदन ऊपर राज।
सक्ति गदा दोउ ओर दर अँगुठा मूल बिराज॥
कनिष्ठिका अँगुरी तले बेदी सुंदर जान।
कुंडल है ताके तले दच्छिन पद पहिचान॥

तुलसी-शब्दार्थ-प्रकाशके मतानुसार युगलस्वरूपके चरण-चिह्न

छप्पय

ऊरध रेखा छत्र चक्र जव कमल ध्वजावर।
अंकुस कुलिस सुचारि सथीये चारि जंबुधर॥
अष्टकोन दस एक लछन दहिने पग जानौ।
वाम पाद आकास शंखवर धनुष पिछानौ॥
गोपद त्रिकोन घट चारि ससि मीन आठ ए चिन्हवर।
श्रीराधा-रमन उदार पद ध्यान सकल कल्यानकर॥
पुष्प लता जव बलय ध्वजा ऊरध रेखा बर।
छत्र चक्र बिधु कलस चारु अंकुस दहिने धर॥
कुंडल बेदी संख गदा बरछी रथ मीना।
बाम चरन के चिह्न सप्त ए कहत प्रवीना॥
ऐसे सत्रह चिह्न-जुत राधा-पद बंदत अमर।
सुमिरत अघहर अनघबर नंद-सुअन आनंदकर॥

गर्गसंहिताके मतानुसार चरण-चिह्न

चक्रांकुस जव छत्र ध्वज स्वस्तिक बिंदु नवीन।
अष्टकोन पवि कमल तिल संख कुंभ पुनि मीन॥
उरध रेख त्रिकोन धनु गोखुर आधो चंद।
ए उनीस सुभ चिन्ह निज चरन धरत नँद-नंद॥

अन्य मतानुसार श्रीमतीजीके चरण-चिह्न

केतु छत्र स्यंदन कमल ऊरध रेखा चक्र।
अर्ध चंद्र कुस बिन्दु गिरि संख सक्ति अति बक्र॥
लोनी लता लवंग की गदा बिन्दु द्वै जान।
सिंहासन पाठीन पुनि सोभित चरन बिमान॥

ए अष्टदस चिह्न श्री राधा-पद में जान।
जा कहँ गावत रैन दिन अष्टदसौ पुरान॥
जग्य श्रुवा को चिह्न है काहू के मत सोइ।
पुनि लक्ष्मी को चिह्नहू मानत हरि-पद कोइ॥
श्रीराधा-पद मौर को चिह्न कहत कोउ संत।
है फल की बरछी कोऊ मानत पद कुस अंत॥

श्रीमद्भागवतके अनेक टीकाकारोंके मतानुसार श्रीचरण-चिह्न

लाँबो प्रभु को श्री चरन चौदह अंगुल जान।
षट अंगुल बिस्तार मैं याको अहै प्रमान॥
दच्छिन पद के मध्य मैं ध्वजा-चिह्न सुभ जान।
अँगुरी नीचे पद्म है, पवि दच्छिन दिसि जान॥
अंकुस वाके अग्र है, जव अँगुष्ठ के मूल।
स्वस्तिक काहू ठौर है हरन भक्त-जन-सूल॥
तल सों जहँ लौं मध्यमा सोभित ऊरध रेख।
ऊरध गति तेहि देत है जो वाको लखि लेख॥
आठ अँगुल तजि अग्र सों तर्जनि अँगुठा बीच।
अष्टकोन को चिह्न लखि सुभ गति पावत नीच॥
बाम चरन मैं अग्र सों तजि कै अंगुल चार।
बिना प्रतंचा को धनुष सोभित अतिहि उदार॥
मध्य चरन त्रैकोन है अमृत कलस कहुँ देख।
है मंडल को बिंदु नभ चिह्न अग्र पै लेख॥
अर्ध चंद्र त्रैकोन के नीचे परत लखाय।
गो-पद नीके धनुष के तीरथ को समुदाय॥
एड़ी पै पाठीन है दोउ पद जंबूरेख।
दच्छिन पद अंगुष्ठ मधि चक्र चिह्न कों लेख॥
छत्र चिह्न ताकें तले सोभित अतिहि पुनीत।
बाम अँगूठा संख है यह चिह्नन की रीत॥
जहँ पूरन प्रागट्य तहँ उन्निस परत लखाइ।
अंस कला मैं एक है तीन कहूँ दरसाइ॥
बाल-बोधिनी तोषिनी चक्रवर्तिनी जान।
वैष्णव-जन-आनंदिनी तिनको यहै प्रमान॥
चरन-चिह्न निज ग्रंथ मैं यही लिख्यौ हरिराय।
विष्णु पुरान प्रमान पुनि पद्म-वचन को पाय॥
स्कंद-मत्स्य के वाक्य सों याको अहै प्रमान।
हयग्रीव की संहिता वाहू मैं यह जान॥

श्रीराधिकासहस्रनामके मतानुसार चरण-चिह्न

कमल गुलाब अटा सु-रथ कुंडल कुंजर छत्र।
फूल माल अरु बीजुरी दंड मुकुट पुनि तत्र॥
पूरन ससि को चिन्ह है बहुरि ओढ़नी जान।
नारदीय के बचन को जानहु लिखित प्रमान॥

भगवान् श्रीसीतारामचन्द्रजीके चरण-चिह्न

स्वस्तिक ऊरध रेख कोन अठ श्रीहल-मूसल।
अहि बाणावर बज्र सु-रथ जव कंज अष्टदल॥
कल्पबृक्ष ध्वज चक्र मुकुट अंकुस सिंहासन।
छत्र चँवर जम-दंड माल जव की नर को तन॥
चौबीस चिन्ह ये राम-पद प्रथम सुलच्छन जानिए।
'हरिचंद' सोइ सिय बाम पद जानि ध्यान उर आनिए॥
सरजू गोपद महि जम्बू घट जय पताक दर।
गदा अर्ध ससि तिल त्रिकोन षटकोन जीव बर॥
शक्ति सुधा सर त्रिबलि मीन पूरन ससि बीना।
बंसी धनु पुनि हंस तून चन्द्रिका नवीना॥
श्री राम-बाम पद-चिन्ह सुभ ए चौबिस सिव उक्त सब।
सोइ जनकनंदिनी दच्छ पद भजु सब तजु 'हरिचंद' अब॥

रसिकनके हित ये कहे चरन-चिन्ह सब गाय।
मति देखै यहि और कोउ करियो वही उपाय॥
चरन-चिन्ह ब्रजराय के जो गावहि मन लाय।
सो निहचै भव-सिंधुको गोपद सम करि जाय॥
लोक-बेद-कुल-धर्म बल सब प्रकार अति हीन।
पै पद-बल ब्रजराज के परम ढिठाई कीन॥
यह माला पद-चिन्ह की गुही अमोलक रत्न।
निज सुकंठ मै धारियो अहो रसिक करि जत्न॥
भटक्यौ बहु बिधि जग बिपिन मिल्यौ न कहुँ बिश्राम।
अब आनंदित ह्वै रह्यौ पाइ चरन घनस्याम॥
दोऊ हाथ उठाइ कै कहत पुकारि पुकारि।
जो अपनो चाहौ भलौ तौ भजि लेहु मुरारि॥
सुत तिय गृह धन राज्य हू या मे सुख कछु नाहिं।
परमानंद प्रकास इक कृष्ण-चरन के माहिं॥
मोरौ मुख घर ओर सों तोरौ भव के जाल।
छोरौ सब साधन सुनौ भजौ एक नँदलाल॥
अहो नाथ ब्रजनाथ जू कित त्यागौ निज दास।
बेगहि दरसन दीजिये व्यर्थ जात सब साँस॥

भक्त सत्यनारायण

(जन्म-सं० १९४१ वि० माघ शुक्ला ३, ब्रजभाषाके सफल कवि)

(१)

माधव, अब न अधिक तरसैए ।
जैसी करत सदा सों आये, वही दया दरसैए ॥
मानि लेउ हम कूर कुढंगी, कपटी कुटिल गँवार ।
कैसे असरन सरन कहौ तुम, जन के तारनहार ॥
तुम्हरे अछत तीन-तेरह यह, देस-दसा दरसावै ।
पै तुम को यहि जनम धरे की, तनकहुँ लाज न आवै ॥
आरत तुम हि पुकारत हम सब, सुनत न त्रिभुवनराई ।
अँगुरी डारि कान मे बैठे, धरि ऐसी निठुराई ॥
अजहुँ प्रार्थना यही आप सो, अपनों बिरुद सँवारौ ।
'सत्य' दीन दुखियन की बिपदा, आतुर आइ निबारौ ॥

(२)

अब न सतावौ ।
करुनाघन इन नयनन सों, द्वै बुँदियाँ तौ टपकावौ ॥
सारे जग सों अधिक कियौ का, हमने ऐसो पाप ।
नित नव दई निर्दई बनि जो, देत हमैं संताप ॥
साँची तुमीं सुनावत जो हम, चौकत सकल समाज ।
अपनी जाँघ उघारैं उघरति, बस, अपनी ही लाज ॥
तुम आछे, हम बुरे सही, बस, हमरो ही अपराध ।
करनो हो सो अजहूँ कीजै, लीजै पुन्य अगाध ॥
होरी-सी जातीय प्रेम यह फूँकि न धूरि उड़ावौ ।
जुग कर जोरि यही 'सत' माँगत, अलग न और लगावौ ॥

(३)

बस, अब नहिं जाति सही ।
बिपुल बेदना बिबिध भाँति, जो तन-मन ब्यापि रही ॥
कबलो सहैं अवधि सहिबे की, कछु तौ निश्चित कीजै ।
दीनबंधु यह दीन दसा लखि, क्यो नहि हृदय पसीजै ॥
बारन दुखटारन, तारन मे प्रभु, तुम बार न लाये ।
फिर क्यो करुना करत स्वजन पै करुनानिधि अलसाये ॥
यदि जो कर्म जातना भोगत, तुम्हरे हूँ अनुगामी ।
तौ करि कृपा बतायो चहियतु, तुम काहे को स्वामी ॥
अथवा बिरुद बानि अपनी कछु, कै तुमने तजि दीनी ।
या कारन हम सम अनाथ की, नाथ न जो सुधि लीनी ॥
बेद बदत गावत पुरान सब, तुम भय-ताप नसावत ।
सरनागत की पीर तनक हूँ, तुम्हैं तीर सम लागत ॥
हम से सरनापन्न दुखी को, जाने क्यो बिसरायौ ।
सरनागत बत्सल 'सत' यों ही, कोरो नाम धरायौ ॥

(४)

हे घनस्याम, कहाँ घनस्याम !
रज मँडराति चरन रज कित सो, सीस धरैं अठजाम ॥
स्वेत पटल लै घन कहँ त्यागी सुरभी सुग्वद ललाम ।
मोरनि घोर सोर चहुँ सुनियत, मोर मुकुट किहि ठाम ॥
गरजत पुनि-पुनि, कहाँ बतावौ मुरली मृदु सुरधाम ।
तड़पावत हौ तड़ितहिं, छिन-छिन, पीताम्बर नहि नाम ॥

महंत श्रीराधिकादासजी

(निम्बार्क सम्प्रदायके महात्मा)

स्वधर्मनिष्ठाका स्थान जीवनके सभी उद्देश्यों तथा कार्योंमे प्रधान होना चाहिये ।

श्रीहरि तथा गुरुकी आज्ञा और उपदेशोंपर दृढ़ विश्वास ही हमारे कल्याणका सुगम मार्ग है ।

प्रत्येक मनुष्यको ब्राह्ममुहूर्तमें अपने इष्टदेवका ध्यान, भजन, जप स्वधर्मनिष्ठाके साथ करना चाहिये ।

प्रत्येक गृहस्थ एवं विरक्तको अपनी दैनिक दिनचर्यामेंसे कुछ समय भगवत्-चिन्तनमे अवश्य लगाना चाहिये । ऐसा करनेसे आत्मविकास होता है ।

भगवत्-आराधनके साथ सत्-शास्त्रोंका अध्ययन बहुत आवश्यक है । ज्ञान-प्राप्तिके इच्छुकोंको स्वाध्याय करना चाहिये ।

परोपकार, सेवा, नम्र व्यवहारवाले मनुष्य भगवान्‌के प्रियजन हैं, ऐसा समझकर उपर्युक्त बातोंको अपने जीवनमें सभीको नित्य अपनाना चाहिये ।

प्राणिमात्र भगवान्‌के हैं, ऐसा जानकर सभीसे प्रेम करना चाहिये । रागद्वेषकी भावना कभी मनमें नही लानी चाहिये ।

देश-काल-मर्यादानुसार स्वधर्माचरण करते हुए सभीको सबका हित साधन करनेमें तत्पर रहना चाहिये ।

(वृन्दावनवासी) सुप्रसिद्ध महात्मा श्रीरामकृष्णदासजी

[जन्म-स्थान जयपुर, वि० सं० १९१४ के भाद्रपदमें जन्म, वृन्दावनवासी सिद्ध महात्मा, देहावसान आश्विन कृष्ण ४ संवत् १९९७ वि० ।]

(प्रेषक—भक्त श्रीरामशरणदासजी पिलखुवा)

१—भगवान्‌का भजन ही सार है, शेष तो सब यों ही मरते रहते हैं। यह मनुष्यदेह बड़ी मुश्किलसे मिलती है फिर भी यदि हमने भजन नहीं किया तो क्या किया ? भजन करते कोई मर भी जायगा तो भी अच्छा है। एक बार श्रीव्यासजी महाराजने श्रीनारदजीसे पूछा था कि 'महाराज ! यदि कोई भजन करता हुआ मर जाय तो उसका क्या होगा ?' श्रीनारदजी महाराजने कहा कि 'जिस प्रकार कोई चटनी खाता हो तो वह चटनी खानेवाला जहाँपर भी जायगा, वहीपर वह चटनी खानेकी इच्छा करेगा। इसी प्रकार भजन करते-करते जो मर जायगा, वह अगले जन्ममें भी भजन करेगा। क्या तुम यह नहीं देखते कि बड़े-बड़े घरानेके छोटे-छोटे लड़के घरको छोड़कर भजन करनेके लिये साधु होने आते हैं। यदि इन्हें भजन करनेका चस्का पहलेसे न लगा हुआ होता तो भला इतनी छोटी आयुमें घर छोड़कर कैसे चले आते ?

२—अब अनुष्ठान तो होते ही नहीं हैं। पहले हमारे सामने बहुत अनुष्ठान हुआ करते थे। अब तो नामका ही सहारा है। देख लो, श्रीवृन्दावनमें अभीतक कहीं कीर्तन होता है तो कहीं रास होता है, कहीं मन्दिरोंमें दर्शन होते हैं। कुछ-न-कुछ होता ही रहता है। फिर भी पहले-जैसा नहीं होता। सब नामकी महिमा है, वह कहीं जाती थोड़े ही है। श्रीअयोध्याजीमें भी श्रीरामजीका कीर्तन-दर्शन खूब होता है। और जगह तो बहुत नास्तिकता आ गयी है।

३—प्रश्न—महाराजजी ! कुछ उपदेश कीजिये !

उत्तर—घरको छोड़कर भजन करो या फिर घरवालोंको भी भजनमें लगाओ। यही उपदेश है और क्या उपदेश है ? भजन करो यह मनुष्यदेह बच्चे पैदा करनेको या खाने-सोनेको नहीं मिली है। यह तो बस, भजन करनेके लिये मिली है, इसलिये भजन करो।

भक्त श्रीराधिकादासजी (पं० रामप्रसादजी) (चिड़ावानिवासी)

(जन्म-स्थान चिड़ावा, जयपुर, जन्म माघ कृष्ण १९३३ वि०, पिताका नाम श्रीलक्ष्मीरामजी मिश्र, देहावसान श्रावण शुक्ल त्रयोदशी सं० १९८९, वृन्दावनके प्रेमी वृन्दावनवासी संत)

त्वमेव ब्रूहि प्राक् स्वजनपरिवारादि निखिलं
त्वया दृष्टं कादौ जनकजननीत्वादिकपदम् ।
विहायातः सर्वं भज हरिमदो वाञ्छसि पदं
यदि त्वं वा याम्यैः सभयमसि दण्डैरयि मनः ॥

तू ही कह, पहले जो स्वजनपरिवारादि तूने देखे थे उनमें कितने रहे हैं ? जिनमें तू पिता-माता आदिका भाव करता था वे सब कहाँ हैं ? इसलिये (वे सब नहीं रहे तो ये भी नहीं रहेंगे) ऐसा विचार कर। यदि उस भगवद्धाम-प्राप्तिकी इच्छा करता है अथवा यमराजके दण्डसे डरता है तो श्रीहरिको भज।

नरदेहमिदं बहुसाधनकं यदवाप्य सनिद्रहृदम्बकक्षः ।
पशुदेहमगेहवनस्थितिकं प्रतिपद्य करिष्यसि किं भजनम् ॥

रे मन ! नाना प्रकारके साधनोंसे सम्पन्न इस नर-शरीरको प्राप्त करके भी जो तेरे हृदयके नेत्रोंमें निद्रा छायी हुई है तो क्या पशु-शरीरको पाकर भजन करेगा ?

जो मन-मंदिर-अंदर मैं न कहूँ हरि-रूप-घटा-छबि छाई ।
जो न कहूँ ब्रज-बीथिन की श्रुतिमृग्य अहो ! रज सीस चढ़ाई ॥
जो हरिदासन के न उपासक ह्वै मन सौ तजि मान बडाई ।
दास 'प्रसाद' वृथा तिन की जननी जनि के निज कोख लजाई ॥

ठा० श्रीअभयरामजी व्रजवासी

धन-धन बृंदाबन के मोर।
कुंजन ऊपर नृत्य करत हैं, जिन कों देखैं नंदकिसोर॥
जिन की बोली लगै सुहाई, कूकैं निस-दिन हरि की ओर।
'अभयराम' येहू बड़भागी, इन के दरसन कीजै भोर॥

धन-धन बृंदाबन की चैंटी।
महाप्रसाद को कनिका लैकै, जाय बिलै मैं बैठी॥
है गयो ग्यान ध्यान हिरदै मैं, ब्याधि जनम की मेटी।
'अभयराम' येहू बड़भागिनि रज मै रहैं लपेटी॥

महात्मा श्रीईश्वरदासजी

जाल टलै मन कर्म गलै, निरमल थावै देह।
भाग हुवै तो भागवत, सॉभलजे श्रवणे ह॥
जो जागै तो राम जप, सुवै तो राम सँभार।
ऊठत बैठत आतमा, चलतॉ ही राम चितार॥
हर हर करतो हरष कर, आलस मकरै अयाण।
जिण पॉणी सूँ पिंड रच पवन बिलग्गो प्राणै॥
नारायण न बिसार जै, लीजै नित प्रत नाम।

लोभी जै मिनखा-जनम, कीजै उत्तम काम॥
राम सँजीवन-मंत्र रट, बयणाँ राम बिचार।
श्रवणाँ हर गुण संभलै, नैणाँ राम निहार॥
नारायण रै नाम सूँ, प्राणी कर लै प्रीत।
ओघट बणियाँ आतमा, चत्रभुज आसी चीत॥
सरब रसायन मैं रसी, हर रस समी न काय।
टुक अंतर मैं मेल्हियाँ, सब तन कंचन थाय॥

स्वामी श्रीयोगेश्वरानन्दजी सरस्वती

(प्रेषक—श्रीसूरजमलजी ईसरका)

जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति इत्यादि समस्त अवस्थाओंमें शरीरत्रयसे अत्यन्त विलक्षण, केवल शुद्ध ज्ञान ज्योतिर्मय, सर्वानुभूः (सबका अनुभव करनेवाला) और अज्ञानादि समस्त अवस्थाओंका अन्तर्यामी साक्षी, कूटस्थ, मुख्य, ब्रह्मस्वरूप आत्मा है। शून्यवादियोंसे अत्यन्त विलक्षण और विपरीत अनुभव ब्रह्म और आत्माके विषयमें ब्रह्मात्मानुभवी जीवन्मुक्तका है। आत्मा और परमात्माके विषयका उपर्युक्त सिद्धान्त जीवन्मुक्तोंका स्वानुभविक है। इस गम्भीर और सूक्ष्म रहस्यको जाननेमे असमर्थ अज्ञानियोंने पुत्रात्मवादसे लेकर शून्यवादपर्यन्त नाना प्रकारके वाद-विवाद और तर्क-वितर्कोंमे ग्रस्त होकर आत्माके नाना स्वरूपोंका प्रतिपादन किया है।

स्वामीजी श्रीपरिव्राट्जी (जोधपुर-प्रान्तवासी)

(प्रेषक—व्यास श्रीउदेरामजी श्यामलाल)

क्या मन चकरायो पाई नर देह तजी नही नीचता ॥टेर॥
गरीब होवे तो ललचावे, पैसेवाले भी पछतावे,
कोई तरह से जक नहीं पावे।
नावा दौड़ मचावै, मन मंगत सब ही का दीखे,
लाव लाव सब गावे॥
मोघासाएँ मन मे राखे, भूख मिटे नहिं सब कुछ चाखे,
सेवी करे ऊचपण भाखे।
थोथी करे बडाई, लोभ मोह मे दुःख पावे,
पिण तो भी मूँछ चढ़ाई॥

कोई की शिक्षा नाहि माने, उलटी तान आपरी ताने,
मैं हूँ समझदार इम जाने।
हरदम सब की निन्दा करता, घड़ा पाप का हरदम भरता,
जम से भी नहिं डरता॥
करी कमाई नरतन पाया, पूँजी खो पीछे पछताया,
आछी करणी कर नहिं पायो।
अन्त समय में रोवे, कहे परिव्राट् भजो भगवतने,
वृथा उम्र मत खोवो॥

१-मनके संकल्प-विकल्प। २—हे जीवात्मा। ३—मत कर। ४—जिसने पानीसे इस पिंडको रच पचके साथ प्राणोंका सम्बन्ध जोड़ रखा है।

भजन

किया क्या तुम ने आकर के अगर सोचो तो साची है।
किया सिणगार काया का मगर काया तो काची है ॥टेर॥
मिले है जो लिखा तेरे, दौड़ झूठी करे हरदम।
करम के फेर में पड़कर, छोड़ दी बात आछी है॥
फँसा है कर्म के फल में, कर्म भी नहिं बने तुझ से।
विषय के झोंक में फँसकर, अकर्मी बात जाची है॥
है थोड़े काल का जीना, श्वास आवे या नहिं आवे।
आज अरु काल करने में, रचेगी क्या यह राची है॥
शरण ले जाय श्रीहरि की, छोड़ अहंकार निज मन का।
रहेगा फेर पछितावा, कहै शिव मौत नाची है॥

थारो भरोसो भारी, मारा समरथ थारो भरोसो भारी।
मैं हूँ शरण तुम्हारी॥ टेर॥
मैं हूँ अनाथ, नाथ मारो तू है, भूले मत त्रिपुरारी।
दीन दयाल दया बिन करियों, फुरकेला आँख तुमारी॥
कोई सबल तपस्या कीनी, वर पायो बहु भारी।
वासूँ रीझ मुझे मत बिसरे, छोटा भक्त उधारी॥
पाप पुण्य को लेखो नाहीं, मैं हूँ मिजाजी भारी।
ऐसी गलती देख हमारी, होना मत प्रभु आरी॥
तारण आप, डूबता मैं हूँ, पकड़ो बाँह हमारी।
कहै शिव-शंकर धणी उबारो, त्राहि त्राहि भयहारी॥
थारो भरोसो भारी ०॥

अवधूत श्रीकेशवानन्दजी

[स्थान—गुप्तकुटी (रतलाम)]

(प्रेषक—श्रीगोपीबल्लभजी उपाध्याय)



काहे को सोच रहा रे मूरख नर,
काहे को सोच रहा रे॥ टेक॥
कीरी कुंजर सब को देत है,
जिन के नहिं व्यापार रे।
पशु अनेक को घास दिये है,
कीट-पतंग को सार रे॥
अजगर के तो खेत नहीं है, मीन के नहीं गौरा रे।
हंसन के तो बनिज नहीं है, चुगते मोती न्यारा रे॥
जिन के नाम है विष्णु, विश्वम्भर, उनको क्यों न सँभारा रे।
छोड़ दे काम-क्रोध, मद-ममता, मान ले कहा हमारा रे॥
भाग लिखा है उतना पइहै, यही केशवानंद विचारा रे॥

सत्संग बदरिया बरसे, होन लगी प्रेम कमाई हो राम॥टेक॥
सम दम बैल विवेक हराई, तनुमध खेत चलाई हो राम।
जोत जोत के कियो है निरमल, धर्म के बीज बोवाई हो राम॥
ऊग गयी बेल निशी-दिन बाढ़े, सत के टेका दिवाई हो राम।
श्रद्धा बसंत फुलेला बहुरंग, ज्ञान के फल लगवाई हो राम॥
पकि गये फल तर्पित हो गये दिल, मन से वासना उठाई हो राम।
जरि गये कर्म खुटि गये बीजा, तीनों लोक की चाह मिटाई हो राम॥
कहत केशवानंद, पायो है आनंद, ऐसी सत्संग महिमा हो राम।

आत्मज्योति (गजल)

घटहि में ढूँढ ले प्यारे ये
बाहर क्या भटकता है।
अखंड है ज्योति जिस मणि की,
हमेशा वो दमकता है॥
जले बिन तेल बाती के,
पवन से नहिं वह बुझता है।
पाई जिन के सहारे से, वो सूरज भी चमकता है॥
हुए तमनाश जब घट का, जहाँ पर दीप जरता है।
विरोधी ज्ञान बाहर के, न अंतर वृत्ति भरता है॥
मिटे अज्ञान से मूला, कार्य तूला में होता है।
जरे 'संचित' तथा 'क्रियमाण', एक प्रारब्ध रहता है॥
खुटे प्रारब्ध फूटे घट, तबहि महाकाश मिलता है।
कहे 'केशव' लखे जब ही, गुरु की शरण बसता है॥

गुरु-शरणागति (होली)

बिना ज्ञान मुक्ति नहिं होई, लाख उपाय करो नर कोई॥टेक॥
तन सुखाय के पिंजरा कियो है, नख सिख जटा बँधाई।
अन्न को त्याग फलाहार कियो है, तो भी न चाह उठाई।

ऊपर से बहु त्याग कियो है, भीतर आश लगाई।
आँखें मूँद ध्यान धर बैठे, भार के आग कमाई॥
देखो ऐसे मूरख लोई॥
घर के माँहि अँधार रहत है, कोटिन करे उपाई।
बिन प्रकाश के तम नहिं नसि है, चाहे दंड से मारि भगाई।
देखो ऐसे भ्रम के खोई॥
मल, विक्षेप दूर सब करके, गुरू शरण जो आई।
'अहं ब्रह्म' केशव ने लख्यो है, ताही से तम है नसाई।
कहे केशवानंद जनोई॥

असार संसार (दादरा)

समझ मन सपने को संसार॥ टेक॥
सपने माँहि बहुत सुख पायो, राजपाट परिवार।
जाग पड़ा तब लाव न लश्कर, ज्यों का त्यों निरुआर॥
मात, तात, भ्राता, सुत, बनिता, मिथ्या सर्व विकार।
कर सत्संग ज्ञान जब जाग्यो, नहिं कोई म्हारो न थार॥
चमक चाम को देखि न भूलो, यह सब माया असार।
छुटते ही स्वास सब बिखर जायँगे, ज्यों मनके का तार॥
कर निष्काम प्रेम भक्ति को, जो चाहो भवपार।
सत्य धर्म को कबहुँ न त्यागो, केशवानंद निरधार॥

संत जयनारायणजी महाराज

[जन्म-स्थान—आगर (मालवा प्रान्त)। समाधिस्थान—धौसवास]

(प्रेषक—श्रीगोपीवल्लभजी उपाध्याय)



जिस प्रकार मध्याह्नकालकी तपी हुई रेतीमें पड़े हुए घृतको पीछा उठा लेनेके लिये कोई बुद्धिमान् पुरुष समर्थ नहीं होता, उसी प्रकार मनुष्य-शरीरका नाश हो जानेपर फिर उसकी प्राप्ति अत्यन्त दुर्लभ है। मनुष्य-शरीरके सिवा अन्य सर्व ऊँच-नीच शरीरों-की प्राप्ति दुर्लभ नहीं है। जिन स्त्री-पुत्रादिके लिये अधिकारी मनुष्य-शरीरको वृथा नष्ट करता है, उन स्त्री-पुत्रादिकी प्राप्ति भी कुछ दुर्लभ नहीं है। वह तो स्वर्ग-नरक तथा चौरासी लक्ष योनियोंमें जहाँ-तहाँ शरीरके समान ही सब बिना प्रयत्नके आज्ञानुसार हो जाती है।

यह अधिकारी शरीर एक बार प्राप्त होकर फिर प्राप्त होना महाकठिन है। इस भरतखण्डमे जो जीव मनुष्य-शरीर पाकर पुण्यकर्म करता है, वह स्वर्गादि उत्तम लोकोंको प्राप्त होता है और जो पाप करता है, वह नरकको प्राप्त होता है। और जो दोनों ओरसे लक्ष्य हटाकर ब्रह्मविद्या प्राप्त करते हुए आत्मसाक्षात्कार कर लेता है, वह सदाके लिये मुक्त हो जाता है। इसलिये मनुष्यका सर्वोत्तम कर्तव्य है कि वह मनुष्य-जन्म पाकर आत्मसाक्षात्कार करके जीवन सफल करे।

× × ×

जो अधिकारी पुरुष मनुष्य-शरीर पाकर आत्मसाक्षात्कार नहीं कर पाता, उसकी महान् हानि होती है। श्रुतिमें कहा है—**इह चेदवेदीदथ सत्यमस्ति न चेदिहावेदीन्महती विनष्टिः।**

अर्थात् जो अधिकारी पुरुष शरीरको पाकर आनन्द-स्वरूप आत्माको नहीं पहचानता, वह अज्ञानी पुरुष जन्म-मरणादि अनेक दुःख पाता है तथा जो आनन्द-स्वरूप आत्माको जानता है, वह मोक्षरूप अमृत-को पाता है। यह मोक्ष आत्मज्ञान बिना नहीं होता। श्रुतिमें कहा है—'ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः' 'नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय' अर्थात् आत्मज्ञानके बिना कभी मुक्ति नहीं होती। इसके सिवा मुक्तिके लिये दूसरा कोई मार्ग नहीं है। एक आत्मज्ञान ही मोक्ष-प्राप्तिका परम मार्ग है।'

परमहंस अवधूत श्रीगुप्तानन्दजी महाराज

[स्थान—विष्णुपुरी [मालवा प्रान्त]

(प्रेषक—श्रीगोपीवल्लभजी उपाध्याय)

मत पड़ रे भरम के कूप रूप लख अपना,
अजी एजी, मनुष-तन तूँने पाया है।
कर देखो तत्त-विचार कौन तूँ कहाँसे आया है ॥ टेक॥
यह तन धन सच्चा जानि खेल में लागा,
अजी एजी, बिसरि गया अपनी सुधि सारी।
खान-पान में लग्या, विषयो की बढ़ गई बीमारी ॥
इस चमक चाम को देखि फिरत है फूल्या,
अजी एजी, कुफर के पलड़े में झूल्या।
बकने लग्या तुफान, जमा सब अपनी को भूल्या ॥

रामनाम (कव्वाली)

शुभकर्म करो निष्काम, राम भजि उतरो भवपारा ॥टेक॥
जिनों ने सुमिरा हरि का नाम, उन्हों के सब सिध हो गये काम।
लगी नहिं कौड़ी एक छदाम, छूटि गया सभी कर्म का गारा ॥
जगत मे पापी तिरे अनेक, लेकर रामनाम की टेक।
जिनो ने नहिं धारा कोई भेख, नाम नौका चढ़ि उतरे धारा ॥
ररा सब के मॉही रमता, ममा कर सब मॉही समता।
जब भाव उदय हो समता, अपने चित में करो विचारा ॥
गुप्त प्रकट में एकहि जान, सीख ले गुप्तगुरु से ज्ञान।
अब तो मत रख तूँ अज्ञान, मानमद तजि दो सभी विकारा ॥

(२) तत्त्वज्ञान (लावनी–रंगत ख्याल)

काया मंदिर मॉहि पियारे, आतम ज्योतिर्लिंग रहै।
मनीराम है तिसका पुजारी, तरह तरह के भोग धरे ॥टेक॥
गौण पुजारी और आठ हैं, अपने अपने काज चले।
शब्द अरु स्पर्श रूप रस गंध को ले के हाजिर खड़े।
नौ तो पूजा करें ज्ञान से, मन, बुधि, चित, डहंकार मिले।
दस पुजारी हैं कर्मकाण्ड के, करते अपने कर्म भले।
सब मिलि पूजा करे हैं देव की, जन्म जन्म के पाप दहै ॥

धूप-दीप हैं साधन सारे, अरु जितने पतरा पोथी।
निज आतम विवेक जो किरिया, और सभी जानें थोथी।
सत्-चित् आनँद तीन पुष्प धरि, निश्चय में बुद्धी सोती।
मन वाणी की गम्य नही जहँ, मंद होय सब ही जोती।
आप स्वयं परकाश्य बिराजे, नेति-नेति कर वेद कहै ॥
जोती सरूप है आप तुही फिर, किस जोती की आस करे।
अंतर बाहर तीन काल में, सबही का परकास करे।
बुद्धी और अज्ञान मे आके, तुही रूप आभास धरे।
'अहं ब्रह्म' यह विरती करके, तुही आवरण नाश करे।
सब तेरी चमक की दमक पड़ी, पवनरु पानी सभी बहै ॥

गुप्तरु परघट आप बिराजे, तेरे तो मरयाद नहीं।
सादि-अनादि शब्द कहे दो, तेरे तो कोई आदि नही।
वेद शास्त्र मे नाना झगड़े, तुझ मे तो कोई वाद नहीं।
माया, अविद्या, जीव ईश मे, तुझ में कोई उपाधि नहीं।
काल का भय नहिं जरा भी तुझ मे, काहे को बिरथा दुःख सहै ॥

(३) चेतावनी (कव्वाली)

सुनि ले मुसाफिर प्यारे, दो दिन का है यह डेरा।
करनी करो कोई ऐसी, पावे स्वरूप तेरा ॥टेक॥
योनी छुटे चौरासी, यम की कटे सब फॉसी।
पावे तुझे अविनाशी, होवे नही फिर फेरा ॥
निष्काम कर्म को कीजे, भक्ती के रस को पीजे।
फिर ज्ञान-तिलक को लीजे, कहना करो अब मेरा ॥
पाकर के अपना रूपा, हो जा भूपन का भूपा।
सो सब से अजब अनूपा, कछु दूर नाहिं नेरा ॥
यह ज्ञान लखो गुसाईं, सुन लीजो बाबू भाई।
हम कहते हैं समझाई, छुटि जाय पाप का घेरा ॥

(४) रामनाम रस प्याला (भजन)

पीले राम नाम रस प्याला, तेरा मनुवा होय मतवाला ॥
जो कोई पीवे युग युग जीवे, वृद्ध होय नहिं बाला।
चौरासी के बचे फेर ते, कटि जाय यम का जाला ॥
इस प्याले के मोल न लागे, पकड़ हरी की माला।
जन्म जन्म के दाग छुटें सब, नेक रहे नहिं काला ॥
सतसंगति मे सौदा कर ले, वहॉ मिले सब हाला।
गुरु-वेद का शस्त्र पकड़ो, तोड़ भरम का ताला ॥
गुप्त ज्ञान का दीपक बालो, जब होवे उजियाला।
सब ही शत्रू मार गिराओ, कर पकड़ि ज्ञान का भाला ॥

अवधूत, महाप्रभु बापजी श्रीनित्यानन्दजी महाराज

(प्रेषक—श्रीगोपीबल्लभजी उपाध्याय)



ज्ञानीकी दृष्टि (राग-मल्हार)

मो सम कौन बड़ो घरबारी ।
जा घर में सपनेहु दुख नाहीं,
केवल सुख अति भारी ॥टेक॥
पिता हमारा धीरज कहिये,
क्षमा मोर महतारी ।
शान्ति अर्ध-अंग सखि मोरी, बिसरे नाहिं बिसारी ॥
सत्य हमारा परम मित्र है, बहिन दया सम वारी ।
साधन सम्पन्न अनुज मोर मन, मया करी त्रिपुरारी ॥
शय्या सकल भूमि लेटन को, बसन दिशा दश धारी ।
ज्ञानामृत भोजन रुचि रुचि करुँ, श्रीगुरु की बलिहारी ॥
मम सम कुटुम्ब होय खिल जाके, वो जोगी अरु नारी ।
वो योगी निर्भय नित्यानंद, भययुत दुनिया-दारी ॥

अलौकिक व्यवहार

रमता जोगी आया नगर में, रमता जोगी आया ॥टेक॥
बेरंगी सो रंग में आया, क्या क्या नाच दिखाया ।
तीनों गुण औ पंचभूत में, साहब हमे बताया ॥
पाँच-पचीस को लेकर आया, चौदा भुवन समाया ।
चौदा भुवन से खेले न्यारा, यह अचरज की माया ॥
ब्रह्म निरंजन रूप गुरू को, यह हरिहर की माया ।
हर घट में काया बिच खेले, बनकर आतम राया ॥
भाँत-भाँत के वेष धरे वो, कहीं धूप कहीं छाया ।
समझ सेन गुरु कहे नित्यानंद, खोज ले अपनी काया ॥

प्रभुस्मरण

जा को नाम लिये दुख छीजे, जैसे पृथ्वी जल बरसन से ।
रोम रोम सब भीजे, जा को नाम लिये दुख छीजे॥टेक॥
नाम जिन का रट्या ध्रुवजी, मात बचन सिर धर के ।
पलभर उर से नही बिसारयो, मर्द तिसी को कहिजे ॥
पाँच बरष की अल्प अवस्था, राजपाट सब तज के ।
जाय बसे बन माँहि अकेले, यह राज अटल मोहि दीजे ॥
ऐसी टेर जब सुनी श्रीहरि ने, आय दरस प्रभु दीने ।
कही श्रीमुख से सुनहु ध्रुवजी, ये राज अटल तुम लीजे ॥
ऐसी दृढ़ भक्ति जो करते,
ते जन जग को जीते ।
कहत नित्यानंद यार चित्त सुन !
अब ऐसा अमित रस पीजे ॥

मङ्गल द्वादशी

ॐ नमो भगवते वासुदेवाय

ॐ कार रूपा चिति है सदा ॐ ।
न भू उसे है सब का निदा न ॥
मो दाग्नि में प्राण अपान हो मो ।
भ क्ति प्रिया के प्रिय हो चिदा भ ॥
ग ति प्रभावा वह है चिरा ग ।
व शी बनो, शुद्ध करो स्वभा व ॥
ते जो मयी में कुछ भी न हो ते ।
वा र्ता भवार्ता, मय वासवा वा ॥
सु धा चिति प्राण परा चिदा सु ।
दे ती सभी वा कुछ भी नहीं दे ॥
वा णी परा ॐ चिति भावना वा ।
य श्रेष्ठ देवो सब को सदा य ॥

[प्रत्येक पंक्तिका पहला और अन्तिम अक्षर लेनेसे 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' मन्त्र बन जाता है।]

अभिमान

किस पर करत गुमान रे मन, मान हमारी ॥टेक॥
हाड़ चाम का बना यह पींजरा, सकल पुरुष भज नारी ।
तिस को तुम अपने कर मानों, यही भूल बड़ भारी ॥
बहे तू क्यों बिन वारी ॥
दो दिन की है चमक चाम की, सो तूँ लेहु बिचारी ।
बिन बिचार कछु सार मिले ना, छाँड़ सकल चित यारी ॥
आप तू खुद गिरधारी ॥
दो दिन का है जीना जगत में, सो तूँ जाने अनारी ।
भवसागर से तिरना होय तो, हो अतिशय हुशियारी ॥
तब ही होवे भव पारी ॥
इस में संशय मत मन राखो, यह सत्य भज ले वारी ।
कहे अलमस्त नित्यानंद स्वामी, सो सुख है अति भारी ॥
कही तोसे मैं सारी ॥

संत सुधाकर

(प्रेषक—पं० श्रीरामनिवासजी शर्मा)

कान्हा तेरी वेणु बजे रस की,
वेणु बजे रस की, मोहन तेरी वेणु बजे रस की ॥
तेरी वेणु को नाद श्रवण कर,
जागी प्यास दरस की ॥ कान्हा० ॥
रैन-दिना चित चैन गहत नहिं,
लागी लगन परस की ॥ कान्हा० ॥
तू मेरो मैं तेरी 'सुधाकर'
बतियाँ अरस-परस की ॥ कान्हा० ॥

एक बार प्रिय आओ, जग को फेर दिपाओ ॥
कान्हा मोहन श्याम मनोहर,
गो-ग्वालन सुध लाओ ॥ एक० ॥
भारत के उन्नत होने हित,
गीता-मर्म सुनाओ ॥ एक० ॥
ज्योति दिखा ब्रजभूमि-सुधाकर,
सब का तमस हटाओ ॥
एक बार प्रिय आओ, जग को फेर दिपाओ ॥

लीलामय कान्ह को है अद्भुत स्वरूप विस्व
कान्ह की विचित्र छवि सारी जनताई है ।
चन्द्र कान्ह, सूर्य कान्ह, ग्रह कान्ह, तारा कान्ह,
कान्हमय लता-पता भूमि लहराई है ॥
सुधाकर करके विचार नीके देखि लेहु
कान्ह तैं न न्यारी कोई वस्तु दृष्टि आई है ।
कान्ह को भयो है जन्म कान्ह ही प्रमोद छायो
कान्ह को ही देत कान्ह आनँद-बधाई है ॥

बने दुष्ट कानून रहे ना उच्च धर्म जहँ ।
हो सुनीति का खून सुजन जन दंडित हो जहँ ॥
जहँ न होय सन्मान सत्य का मर्यादा का ।
दुर्जन करै बखान अमित उच्छृंखलता का ॥
दिन-रात प्रजा की पीर जहँ न कुछ शान्ति-सुख छान दे ।
राज-धर्मका लेश भी तहँ न सुधाकर जान ले ॥

पूजा-पाट यज्ञ-याग जप-होम भूलि बैठे,
भूलि बैठे देश-धर्म-कर्म की कहानी को ।
भूलि बैठे जाति-धर्म कुल धर्म देश-धर्म,
भूलि बैठे राज-धर्म वेद-शास्त्र बानी को ॥
भला होगा कलि माँहि कैसे जग मानवों का,
भूलि बैठे प्रेमियों की प्रीति रस-सानी को ।
सुधाकर एक आज अब तो उपाय है यह,
भाव धारै स्यामा-स्याम जग-सुखदानी को ॥

योगी गम्भीरनाथजी

(जन्म-स्थान—जम्मू (काश्मीर), गुरुका नाम—बाबा गोपालनाथजी गोरखपुरवाले, देहावसान—सन् १९१७ ई० २३ मार्च ।)

वास्तवमें अनेक रूपोंमें एक ही परमात्माका निवास है, उनमें भेद-दृष्टि नहीं रखनी चाहिये । यद्यपि रूप अनेक हैं तथापि उनमें सत्य एक ही है ।

भगवान्‌के नामपर भरोसा करना चाहिये । भगवन्नाम-से आपकी समस्त इच्छाओंकी पूर्ति हो जायगी ।

सदा सत्य बोलना चाहिये । छल-प्रपञ्चसे दूर रहना चाहिये । 'अहम्' में नहीं चिपकना चाहिये । दूसरोंको कभी बुरा-भला नहीं कहना चाहिये । समस्त धर्मों और मत-मतान्तरका आदर करना चाहिये । भिखारियों, दीन-दुखियों-और असहायोंको बड़े प्रेमसे भिक्षा देनी चाहिये और विचार करना चाहिये कि इस प्रकार हम ईश्वरकी ही पूजा कर रहे हैं ।

बीती बातोंको कभी नहीं सोचना चाहिये । जो कुछ हो गया वह बदला नहीं जा सकता । पीछे न देखकर आगे बढ़ते रहना चाहिये ।

यदि परमेश्वरसे कभी कुछ माँगनेकी आवश्यकता पड़ जाय तो सदा उनसे प्रेम-भक्तिकी ही याचना करनी चाहिये ।

अपने धर्म-ग्रन्थोंका अवलोकन करते रहना चाहिये । इस दिशामें श्रीमद्भगवद्गीता पर्याप्त है । समस्त देश और कालके लिये श्रीमद्भगवद्गीता एक अचूक पथ-प्रदर्शक है ।

ईश्वरसे शून्य कुछ भी नहीं है, कण-कणमें वे परिव्याप्त है । सारे पदार्थ और रूप उन्हींके हैं ।

आध्यात्मिक क्षेत्रमें यह विचार करनेकी आवश्यकता होती है कि क्या सत् है और क्या असत् है; क्या नित्य है

और क्या अनित्य है, आत्माका क्या स्वरूप है और अनात्माका क्या लक्षण है, मुक्ति क्या है और बन्धन क्या है, बन्धनके हेतु कौन हैं और उसके नाशके उपाय क्या हैं ? भगवान्, जीव और जगत्के बीच क्या सम्बन्ध है ? इत्यादि-इत्यादि ।

मुक्तिकी इच्छा रखनेवालोंको विचारपूर्वक यह हृदयङ्गम कर लेनेकी आवश्यकता है कि विषय-वासनाको जितना ही अवसर दिया जायगा, उतना ही बन्धन और क्लेशकी वृद्धि होती जायगी । भोगवासनाका संकोच और तत्त्वज्ञान-वासनाका विकास ही दुःख-निवृत्ति और कृतार्थता-प्राप्तिका प्रथम सोपान है । वासनाधीन होकर विषय-भोग करनेपर सम्पूर्ण प्रकारसे मनुष्यत्वकी हानि होती है और परमानन्द-प्राप्तिका पथ रुद्ध हो जाता है, इस बातका विचार करते-करते ही वैराग्य जाग उठता है । इसीके साथ सारासार विचारके द्वारा—परमात्मा ही सार पदार्थ है, उसके अतिरिक्त अन्य सभी कुछ असार है,—इस तत्त्वको समझकर परमात्माके साथ सजीव सम्बन्ध स्थापन करना होगा । उसके बाद अपने अधिकारका विचार करके कर्म, उपासना, ध्यान, ज्ञान इत्यादि विभिन्न साधन-मार्गोंमेंसे कौन-सा मार्ग अपने लिये सहज ही परमात्माके साक्षात्कारमें विशेष अनुकूल होगा, इसका निर्णय करके ऐकान्तिक पुरुषार्थके साथ उसी पथपर अग्रसर होनेकी आवश्यकता है ।

श्रीकृष्णनन्दजी महाराज (रंकनाथजी)

[जन्म—वि० सं० १८४८ नजरपुरा गाँव (होशंगाबाद) । जाति—नार्मदीय ब्राह्मण । पिताका नाम—श्रीकाशीरामजी । देहावसान—वि० सं० १९३२ भादों सुदी ११ । उम्र ८४ वर्ष ।]

(प्रेषक—श्रीराधेश्यामजी पाराशर)

रामकृष्ण रामकृष्ण रामकृष्ण कहो रे मन ॥ टेक ॥
काल चक्र मस्तक पै उदय अस्त मझ रे ।
संत शास्त्र कहे बानि ताहि को समझ रे ॥
हरि रस बिन जितने रस सब रस अकाज रे ।
जग विकार मंद मति सब ही को तज रे ॥
श्रीलालजीकूँ भक्तिप्रिय समझ भज रे ।
जात पाँत नाही देखि तार लियो गज रे ॥
रंक सदा काल सेवि संतन की रज रे ।
ब्राह्मण तनु पाया सब तनु की तूँ ध्वज रे ॥

जाको प्रभुपद से न अनुराग, अरे मन ताके निकट न जैये॥टेक॥
वाकूँ तजिये अंत करण से जानिये कारो नाग ।
स्वच्छ न होय अन्त समुकारे दूध न्हवावो काग ॥
मृतक समान जीवत है जग में जीवन जिनको अकाज ।
रंक कहत उर ज्ञान न उनके ना छूटे उर दाग ॥

मत दीजो बड़प्पन रे प्रभु ॥ टेक ॥
पूँजी मेरी वृथा जायगी जोड़ रह्यो कन कन रे ।
वृद्धि पावै रज गुण बड़पन मो सों नही होत सहन रे ॥
गर्व आवे वामें बहुतेरो ऐसो चपल वो मन रे ।
रंक माँगू याहि प्रभु तुम से लागो रहु चरनन रे ॥

जिनकी लगन न नाथ से लागी ॥ टेक ॥
मृतक समान जीवन है जाको पूरब जन्म को दागी ।
प्रभु जस सुनि कछु प्रेम न आयो कहा कियो निज त्यागी ॥
रहत प्रपंच नाथ पद मूरत ताहि जान बड़ भागी ।
प्रभु जस सुनि मन द्रवत न कबहूँ सो मन जान अभागी ॥
रंक कहत प्रभु जस अघनासक ज्यों गंजिन कूँ आगी ॥

हरे मन जब लौ न भजे नंदनंदनको ॥ टेक ॥
तब लौं दाह मिटै नहीं तेरी मिटे न त्रास भव-फंदन को ।
ज्यों लौं तृष्णा थके नही तेरी त्यो लौ न सुलझ भव-बंधनको ॥
तब लो नाहिं घड़े सत्संगति घड़ेगो संग मति मंदन को ।
रंक भजन बिनु आयसु भोगे वृथा रूख जस चन्दन को ॥

जिनको धन्य जगत में जीवन जिनको सब जग करे बखान॥टेक॥
मुख ते भजन करत वे निश दिन करते दान देत बोलत सत ।
पग ते गमन करत मंदिर मे कथा मे साधव कान ॥
वे बैरी ना काहू के जग मे कोउ करे बैर अजान ।
उनसे जिनको बुरो भलो नहीं मन में कोउ कर दे अपमान ॥
सत् सगत मे आनंद जिनको करे नित प्रभु को ध्यान ।
नाम लपेटी वाणी बोले राखे सब को मान ॥
दुख सुख निज लेखे बराबर और लाभ निज हान ।
रंक उनको प्रणाम हमारो वे जन हमारे प्रान ॥

भजन करो जग जानु प्रभु को भजन करो जग जानु ॥टेक॥
जोग जग्य तप दान नेम व्रत तीर्थ गमन पहिचानु ।
इन में विघ्न अनेक प्रकार के सत्त बचन पहिचानु ॥
कुल अभिमान से भजन बनत नहिं तातें फिरत बिगानुं ।
सरम डाल रही भरम सबन पर तामुं जग बड़ानुं ॥

जोगी जगी दानि व्रति नेमी ये सुत प्रभु को स्याणुं रे ।
भजन समान भक्त कछु जामे ना भक्त बाल है तानुं ॥
ये साधत जिन वृच्छ की धेनु जे कहे से कहेत दुझानु रे ।
भक्ति वच्छ हरि धेनु चरवावे बछोड़ेगी पान्हु ॥
भासत जुग मत त्रेता जप कीन्हु द्वापर पूजा ठानुं ।
रंक भक्ति केवल कलि काल मं श्रीपत को पत जानुं ॥
काया गढका वासी मन रे तुझे कहँ लग देउँ शिखापण रे ।
नीच मॉग छबि लूटि रह्या तूने जोड़यो कण कण रे ॥
मान बड़ाई अहंकार में यो वृथा जाय निज तन रे ।
भक्ति ज्ञान वैराग्य मिलै ना तू जीत शत्रु को रण रे ॥
रंक कहे कुमती आफत से तू हुइ जाइस निरधन रे ।
कामना नाहिं भली मन जान करेगी जमपुर में हैरान ।
जिनने कामना जीती यारो उनक लहजा भारी ।
ज्ञान राज की मारफत से हुई आलखत यारी ॥
कामना के वश में मन वासव जग मूल भुलाना ।
फेर जनम फिर मरना यारो फिर फिर आना जाना ॥
जिनके कामना अंत बसी है उनके अंत अँधेरा ।
अन्तकाल जम दूत संग है जाता जमपुर घेरा ॥

श्रीदीनदासजी महाराज

[नाम--श्रीमदाशिवजी शुक्ल । आविर्भाव-१८९२ वि० सं० । जन्म-स्थान-रहटगाव (होशंगाबाद जिला) । जाति--नार्मदीय ब्राह्मण । पिताका नाम--नरोत्तमजी शुक्ल । गुरुका नाम--श्रीकृष्णानन्दजी रंकनाथ ।]

(प्रेषक--श्रीराधेश्यामजी पाराशर)

गुन गाई लीजो रामजी को नाम अति मीठो ॥ टेक ॥
रामरस मीठो सो तो मीठो नहीं कोई रे
जाने जिनने पियो दूजो स्वाद लागे सीठो ।
जो नर राम रसायन त्यागे तेखे जमका
दूत कुटी कूटी कर पीठो ॥
राम नाम बाल्मीक भजन करियारे
लगी समाधि उपर हुई गयो मीठो ।
महामुनि की पदवी पाई भील
करम तन मन से छूट्यो ॥
निश्चय कर आवे तेखे प्रभु पद पावे रे
जैसो गुड़ मे लिपटत चीटो ।
मुड़ की टूटे बाकी चुंगल नही घूटे रे
ऐसो भजन मे मन कर ढीटो ॥
प्रेम को संजोगी भाव भक्त को भोगी रे
नही सुहात तप पंथ आगी को ।
दीनदास भजन करत है झॉझ
मृदंग करताल लै फूटो ॥

मिल राम से प्रीत करो अपनी ॥
कहा सोवत नर मोहनी समु काल अचानक डारे झपनी ।
प्रेम कुटी मुँ बैठ के मनुवा गल बिच डार लो वो नाम कफनी ॥
मूल मंत्र जो श्वास उसास मे यहि माला निस दिन जपनी ।
दीनदास धरो राम भरोसो शीतल करे तन की तपनी ॥
राम नाम चित धरतो रे मन भव सागर से तरतो ॥
राम-नाम सारी हिय मे धरतो तीन ताप नही जरतो ।
राम-रसायन प्रेम कटोरन पी पी आनंद भरतो ॥
राम-रसिक की संगत करतो नही भवकूप में परतो ।
दीनदास देखे सब मत मुं नाम बिना नही सरतो ॥

तृष्णा बुरी रे बलाय जगत मे ॥ टेक ॥
इस तृष्णा ने कई घर घाले ऋषी मुनी समुदाय ।
बड़े बड़े रजधानी लूटे रैयत कर रही त्राहि ॥
ध्यान, वचन दे वाचन सुमिरन प्रभु दरशन को जाय ।
स्वान-पान बनितादिक देखे ताहि मे ललचाय ॥
या तृष्णा है ऐसी जैसे कार्तिक स्वान फिराय ।
भटकत भटकत फिरे रैन दिन तोहू न शान्ति लखाय ॥
पहिले सुख लागत है मीठो फिर सिर धुनि पछताय ।
है कोई ऐसो संत शूरमा याहि को देय छुड़ाय ॥
सदा ध्यान रख रामचरण को याही में सुख-सार ।
जिन के चरण-कमल की रजपर दीनदास बलि जाय ॥

जिन के साधन संग नही हेत, सो नर मरयो पड़यो भव-खेत ॥ टेक ॥
भजन करत इरषा जो करे तिनको जानियो जीवत-प्रेत ।
नामामृत का त्याग करत है सो खल बिखर सचेत ॥
उपर नम्र अन्न कठिनाई जैसे बगुला स्वेत ।
दीनदास भजो नाम कल्पतरु भवसागर पर सेत ॥

जाग सबेरा चलना बाट ॥ टेक ॥
जाग सबेरा नहीं तो होयगा अबेरा, कब उतरोगे भव चौड़ो पाट ॥
मोह कीच भ्रम बस मन फँस गयो मान मनीकी सिर बॉधी गॉठ ।
यो मन चचल हाथ न आवत मन छे गठीलो भैया आठो गाँठ ॥

भजन करार करनि तू आयो भूल गयो धन देखित ठाठ ।
दीनदास रघुबीर भजन बिन छूटे नहीं तेरे मन की गाँठ ॥

पड़े बाँकी बख्त कोई आवे नहीं काम ॥ टेक ॥
तन मन से धन धाम सँवारो कियो संग्रह धन कस कर चाम ॥
बात पित कफ कंठ कुं रोकत ठकमक देखत सुत अरु बाम ।
जब काया में आग लगाई भगे लोग देखे जरतो चाम ॥
बाँकी बख्त को राम बसीलो सीतापति शुभ सुदर श्याम ।
दीनदास प्रभु कृपा करे जब अंत समय मुख आवत राम ॥

रसना राम नाम क्यों नहीं बोलत ॥ टेक ॥
निशि दिन पर-अपवाद बखानत क्यो पर-अघ को तोलत ॥
संत समागम प्रेम कटोरा राम रसायन घोलत ।
तहाँ जाय कुशब्द उचार के क्यों शुभ रस तूँ टोलत ॥
जो कोई दीन आवे तव सन्मुख मर्म बचन कहि बोलत ।
मर्म बचन में सार न निकसत ज्यों काँदे खु छोलत ॥
नर मुख मंदर सुंदर पाय के सुधा वचन क्यों न बोलत ।
दीनदास हरि चरित बखानत आनंद सुख क्यों न डोलत ॥

भजन कर आयु चली दिन रात ॥ टेक ॥
या नर देही सुंदर पाई उठो बड़ी परभात ।
राम भजन कर तन मन धन से मान ले इतनी बात ॥
कुटंब कबीला सुख के साथी अत कूँ मारत लात ।
दीनदास सुत राम-धाम तजि क्यो जमपुर को जात ॥

संत श्रीनागा निरङ्कारीजी

(जन्म—अठीलपुरनरेशके घर, पंजाब-प्रान्तीय । स्थान—कानपुर जनपदका पाली राज्य ।)

पड़ी मेरी नइया विकट मँझधार ।
यह भारी अथाह भवसागर, तुम प्रभु करो सहार ॥
आँधी चलत उड़त झराझर मेघ नीर बौछार ।
झाँझर नइया भरी भार मे, केवट है मतवार ॥
किहि प्रकार प्रभु लगूँ किनारे, हेरो दया दीदार ।
तुम समान को पर उपकारी, हो आला सरकार ॥
खुले कपाट-यन्त्रिका हिय के, जहँ देखूँ निरविकार ।
'नागा' कहै सुनो भाई संतो, सत्य नाम करतार ॥

अब तो चेत मुसाफिर भाई ॥
बार-बार पाहरू जगावत, छोइत नहिं अलसाई ।
अब तो मिलना कठिन पिया का, उलटी भसम रमाई ॥
घर है दूर मेरे साईं को, जीव जंत सब उड़ जाई ।
'नागा' कहै सुनो भाई संतो सत्य नाम की करो दुहाई ॥

सिन्धी संत श्रीरामानन्द साहब लुकिमान

(प्रेषक—श्रीश्यामसुन्दरजी)

तुम शान्ति करो कोई शोर नहीं ।
दुई दूरि करो कोई होर नहीं ॥
तुम साधु बनो कोई चोर नहीं ।
तुम आपु लखो तब तुं ही तूँ ही ॥
ना मानो तो कोई जोर नहीं ।



मेरे प्यारे ! इस दुनियामें ऐसे रहो, जैसे जेलमें जेलर रहता है । जेलमें जेलर तथा कैदी दोनों रहते हैं । जेलर आजाद रहता है पर कैदी बन्धनमे रहता है । तुम जेलरकी भाँति आजाद होकर अपने आत्माका विलास जानकर सब काम करते रहो ।

संत अचलरामजी

(प्रेषक—वैद्य श्रीबदरुद्दीनजी राणपुरी)

मुझ को क्या ढूँढ़े बन-बन में, मैं तो खेल रहा हर फन में ॥
अकास वायु तेज जल पृथ्वी इन पाँचों भूतन में ।
पिंड ब्रह्मांड में व्याप रहा हूँ चौदह लोक भुवन में ॥
सूर्य चन्द्र में बिजली तारे मेरा प्रकाश है इन में ।

सारे जगत का करूँ उजारा हुआ प्रकाश सब जन में ॥ कमती-ज्यादा नहीं किसी मे एक सार है सब मे ॥
रोम रोम रग-रग में ईश्वर इन्द्रिय प्राण तन मन में ।
सब में पूरण एक बराबर पहाड़ और राइ तिल मे । अचलराम सतगुरु कृपा बिन नहीं आवत लेखन मे ॥

पण्डित श्रीपीताम्बरजी

[स्थान—कच्छ देश । जन्मकाल वि० सं० १९०३]

(प्रेषक—श्रीधर्मदासजी)

जब जानत है निज रूपहि कूँ । तब जीवन्मुक्ति समीपहि कूँ ॥ तम लेश भजे सद नाशहि कूँ । तज जेन प्रपंच अभासहि कूँ ॥
भ्रम बंद निवृत्ति सदेहहि कूँ । सुख सम्पति होवत गेहहि कूँ ॥ सरिता इव सागर देशहि कूँ । चिन् मात्र मिलाय विशेषहि कूँ ॥
विद्वान तजै इस देहहि कूँ । तब पावत मुक्ति विदेहहि कूँ ॥ चिद होय भजे अवशेषहि कूँ । नहि जन्म पीताबर शेषहि कूँ ॥

सद्गुरु श्रीपतानन्द आत्मानन्द स्वामी महाराज

(प्रेषक—श्रीआत्मानन्ददास रामानन्द बगदालवार)

मनुष्यो ! तुमने कभी सोचा है क्या, यह जो विशाल रूपमे विस्मृतिकी कल्पित सृष्टि दीख रही है वह वास्तवमे क्या है ? इसीको तुमने सत्य मानकर मान, अहंकृति, वैभव, विषयाभिलाषासे इस स्वप्नवत् क्षणभगुर देहको ही अपना सर्वस्व समझ लिया है और केवल विचारहीन पशुवत् आचरण-को ही चातुर्य और प्राज्ञ कहानेका प्रयत्न किया जा रहा है। इस अभिलाषामें न तुमको धर्मकी पहचान है न ईश्वरकी। धर्म और ईश्वरको तुमने विषयाभिलाषाकी पूर्तिका एकमात्र साधन बना लिया है। इतने अन्याय, इतना स्वार्थमय खेल खेलकर भी, तुमने जिस इच्छासे और जिस कामनासे इस अमूल्य मानव-शरीरको धारण किया था, क्या उसमे तुमने कोई सफलता प्राप्त की है ? भाइयो ! इसी भूल और विस्मृतिसे विश्वके नियम चक्रमे इस स्थानको प्राप्त करके चौरासी लक्ष योनियोके दुःखोको सहन करते हुए तुम्हारा जीवन दुःखमय बन गया है, इसीलिये तुममे सच्चे दुःख और सुखका ज्ञान ही नहीं रहा। अपना जो सुखमय स्वरूप है, उसको तुमने पुराणोके गोरखे बतलाया और जिसने दुःखकी प्रज्वलित ज्वाला भड़काकर सारे प्राणियोंको अस्तित्वहीन बना दिया है, उस भौतिक जड़वाद राक्षसको तुमने अपना परम मित्र मान लिया है ! सोचो, विचार करो। भौतिकताका आधार यह शरीर कालके एक थपेड़ेसे मिट जायगा और तुमने यह जो भौतिकताका रगीला महल बना लिया है, वह क्षणोमे जहाँ-का-तहाँ विलीन हो जायगा ! यदि तुम मनुष्य हो तो अपनी ओर मुड़कर देखो, सोचो—यहाँपर तुम्हे क्या त्यागना है और क्या ग्रहण करना है। विचारसे देखनेसे तुमको यह सहज मालूम होगा कि विविध रूपोमे जो विकृतिमय वस्तुएँ हमको दीख रही है, वे केवल अस्तित्वहीन और अपने स्वरूपपर ही प्रत्यारोपित है। प्रत्यारोप उसी अवस्थामे होता है कि जब अपने स्वरूपकी विस्मृति हो जाती है, जैसे रज्जुके भूलनेसे सर्पका आरोप या सुवर्णके भूलनेसे अलकारका आरोप होता है। वास्तवमे हम अपने स्वरूपको भूलकर ही जन्म-मृत्युके यन्त्रमे पीसे जा रहे हैं। स्वरूप स्मृति होनेपर तो यह जन्म-मृत्युका खेल हमको बाल-लीलावत् और हास्यास्पद प्रतीत होगा। मैं सत्य और आन्तरिक प्रेरणासे अखिल मानव-समाजको यह प्रार्थनामय सकेत करना चाहता हूँ कि वे अपने ईश्वरमय स्वरूपकी प्राप्तिके बिना जो कुछ भी करना-कहना चाहते हैं, सब व्यर्थ वाणी-विलास है। मेरी मङ्गलमय स्वात्मारूपी प्रभुसे प्रार्थना है कि वे अखिल मानव-जातिके कल्याणके लिये शीघ्र मङ्गल-प्रभातका प्रादुर्भाव करके अखिल मानव-प्राणीको स्वरूपामृतका पीयूष पिलाकर सबको जन्म-मृत्युकी बाधासे मुक्त कर अजरामर बना दें।

महाराज चतुरसिंहजी

(उदयपुरके महाराणा फतहसिंहजीके जेठे भाई श्रीसूरतसिंहजीके चौथे पुत्र । जन्म–वि० स० १९३६ माघ कृष्ण १४ । परधामगमन–सं० १९८६ आषाढ कृष्ण ९ । महान् भक्त, विद्वान्, कवि, वैराग्यवान्)

यों संसार विसार चित, त्यों अबार करतार ।
यों करतार सँभार नित, त्यों अबार संसार ॥
राम राखरे नाम में यही अनोखो बात ।
दो मुंये आखर तऊ आखर याद न आत ॥
जो टेरो ते राम को तो देखो भव-पार ।
नाहिंत फेरो जगत को, परि है बारंबार ॥

संत टेऊँरामजी

(सिन्धके प्रेमप्रकाशसम्प्रदायके मण्डलाचार्य । देह-त्याग सन् १९४२)

उसी देव को पूजत हूँ मैं, जिसका दरजा आला है ।
सब के अदर व्याप रहा जो, सब मे रहत निराला है ॥
देह बिना जो परम देव है, जाका नाम अकाला है ।
टेऊँ तिसका ध्यान धरे मैं पाया धाम विशाला है ॥
जो कुछ दीसै सोई है प्रभु, उस बिन और न कोई है ।
नाम-रूप यह जगत बना जो, वासुदेव भी वोही है ॥
अस्ति भाति प्रिय रूप जो, सत् चित् आनद सोई है ।
कह टेऊँ गुरु भ्रम मिटाया, जहँ देखूँ तहँ ओई है ॥
टेऊँ गफलत नींद मे, बीते जन्म अनेक ।
मनुष्य जन्म को पाइ के, तजी न सोवन टेक ॥
मात-गर्भ मे सोय पुनि, सोये मा की गोद ।
यौवन मे तिय सग तुम, सोये किया विनोद ॥
बूढ़ेपन मे खाट पर, सोय रहे दिन रैन ।
अरथी पर चढ अन्त मे, कीन चिता पर सैन ॥
ऐसे सोवत खोय दी, टेऊँ मानुष देह ।
हाथ मले बिन हाथ कछु, आवत ना फिर एह ॥

मानुष जन्म लेके, काम नीके नाहि कीने,
आम के उखाड़ तर कीकर लगाये है ।
पशुवत पेट भरे, हरि का न ध्यान कीना,
भव-कूप माँहि पड़ि, बहु दुःख पाये है ॥
काम, क्रोध, लोभ माँहि, आयु सब खोय दीनी,
साधु-सग बैठके न हरि गुन गाये हैं ।
कह टेऊँ तीन लाज, तोड़ के न काज कीना,
आप जाने बिन तन रत्न गँवाये है ॥

स्वामी श्रीस्वयंजोतिजी उदासीन

(ऋषिकेशनिवासी उदासीन सम्प्रदायके प्रसिद्ध संत)

सर्वेषामपि शास्त्राणां रहस्यं परमं जगुः ।
भगवद्भक्तिनिष्ठां हि गीता तत्र समाप्यते ॥
सैव साधनरूपा च फलरूपा च निष्ठयोः ।
ज्ञानकर्मास्थयोस्मात्गीतान्त उपसंहृता ॥
सर्वेभ्यो वर्णधर्मेभ्यो ह्याश्रमधर्मेभ्यस्तथा ।
भगवद्भक्तिरेकैव सामान्येभ्यो गरीयसी ॥
भगवतो भक्तो यस्मादन्यापेक्षाविरहिणः ।
तस्यैवानुग्रहाज्ज्ञानात्कृतार्थो भवति किल ॥
विधेया भगवद्भक्तिरेकैवातो मुमुक्षुभिः ।
धर्माः सन्तु न वा सन्तु सापेक्षैः खलु किंच तैः ॥

(राजयोगप्रदीपिका, पञ्चम प्रकाश श्लोक ३७०–३७४)

भगवद्-भक्तिकी निष्ठाको ही आचार्योंने समस्त शास्त्रोंका परम रहस्य बतलाया है, श्रीमद्भगवद्गीताका भी भगवद्-भक्तिमे ही उपसंहार हुआ है । भगवद्भक्ति ज्ञाननिष्ठा एवं कर्मनिष्ठा दोनोंका साधन भी है और फल भी । इसीलिये गीताके अन्तमे उसका उपसंहार किया गया है । निस्सदेह भगवद्भक्ति अकेली ही सम्पूर्ण सामान्य वर्णधर्मों एव आश्रमधर्मोंसे बड़ी है; क्योंकि निश्चय ही भगवान्का भक्त अन्य किसी साधनकी अपेक्षा न रखकर केवल उनकी कृपासे ही ज्ञान प्राप्तकर कृतार्थ हो जाता है । इसलिये मोक्ष चाहनेवालोंको एकमात्र भगवद्भक्तिका ही अनुष्ठान करना चाहिये—उपर्युक्त धर्मोंका आचरण चाहे हो या न हो; क्योंकि उन धर्मोंसे क्या होना-जाना है, जो मुक्तिके स्वतन्त्र साधन नही हैं अपितु ज्ञानादिकी अपेक्षा रखते हैं ।

स्वामीजी श्रीभोलेबाबाजी

(वेदान्तके प्रसिद्ध लेखक, आगरा आलूवाले बाबाके शिष्य)

हरिगीत छन्द

मानव ! तुझे नहिं याद क्या ? तू ब्रह्म का ही अंश है ।
कुल गोत्र तेरा ब्रह्म है, सद्ब्रह्म तेरा वंश है ॥
चैतन्य है तू अज अमल है, सहज ही सुख राशि है ।
जन्मा नहीं, मरता नहीं, कूटस्थ है अविनाशि है ॥

निर्दोष है निस्सग है, बेरूप है बिनु टग है ।
तीनो शरीरों से रहित, साक्षी सदा बिनु अंग है ॥
सुख शान्ति का भण्डार है, आत्मा परम आनन्द है ।
क्यो भूलता है आप को ? तुझ मे न कोई द्वन्द्व है ॥

क्यो दीन है तू हो रहा ? क्यो हो रहा मन खिन्न है ?
क्यो हो रहा भयभीत, तू तो एक तत्त्व अभिन्न है ॥
कारण नहीं है शोक का, तू शुद्ध बुद्ध अजन्य है ।
क्या काम है रे मोह का, तू एक आत्म अनन्य है ॥

तू रो रहा है किस लिये ? आँसू बहाना छोड़ दे ।
चिन्ता चिता मे मत जले, मन का जलाना छोड़ दे ॥
आलस्य मे पड़ना तुझे प्यारे ! नहीं है सोहता ।
अज्ञान है अच्छा नहीं, क्यो व्यर्थ है तू मोहता ? ॥

तू आप अपनी याद कर, फिर आत्म को तू प्राप्त हो ।
ना जन्म ले मर भी नहीं, मत ताप से संतप्त हो ॥
जो आत्म सो परमात्म है, तू आत्म मे संतृप्त हो ।
यह मुख्य तेरा काम है, मत देह मे आसक्त हो ॥

तू अज अजर है अमर है, परिणाम तुझ मे है नहीं ।
सच्चित् तथा आनन्दघन, आता न जाता है कहीं ॥
प्रज्ञान शाश्वत मुक्त तुझ मे रूप है नहिं नाम है ।
कूटस्थ भूमा नित्य पूरण काम है निष्काम है ॥

माया रची तू आप ही, है आप ही तू फँस गया ।
कैसा महा आश्चर्य है, तू भूल अपने को गया ॥
ससार-सागर डूब कर, गोते पड़ा है खा रहा ।
अज्ञान से भव सिन्धु मे बहता चला है जा रहा ॥

है सर्वव्यापक आत्म तू सब विश्व मे है भर रहा ।
छोटा अविद्या से बना है, जन्म ले ले मर रहा ॥

माने स्वयं को देह तू, ममता अहंता कर रहा ।
चिन्ता करे है दूसरो की, व्यर्थ ही है जर रहा ॥

कर्ता बना भोक्ता बना, ज्ञाता प्रमाता बन गया ।
दलदल शुभाशुभ कर्म मे निस्संग भी तू सन गया ॥
करता किसी से राग है, माने किसी से द्वेष है ।
इच्छा करे मारा फिरे तू देश और विदेश है ॥

है डाल लीन्ही पैर मे जंजीर लाखो कामना ।
रोवे तथा चिल्लाय है, जब कष्ट का हो सामना ॥
धन चाहता, सुत, दार, नाना भोग है तू चाहता ।
अंधे कुँवें मे कर्म के गिर कष्ट नाना पावता ॥

माया नटी के जाल मे फँस हो गया कगाल तू ।
दर-दर फिरे है भटकता, जग मेट मालामाल तू ॥
तू कर्म बेडी मे बँधा, जन्मे पुनः मर जाय है ।
ऊँचा चढ़े है स्वर्ग मे फिर नरक मे गिर जाय है ॥

मजबूत अपने जाल मे माया तुझे है बाँधती ।
दे जन्म तुझ को मारती, गर्भाग्नि मे फिर राँधती ॥
चिन्ता क्षुधा भय शोकमय राते तुझे दिखलावती ।
भव के भयानक मार्ग मे बहु भाँति है भटकावती ॥

संसार दलदल माँहि है माया तुझे धसकावती ।
तू जानता ऊँचा चढ़ूँ, नीचे लिये है जावती ॥
ज्ञानाग्नि होली बाल के, माया जली को दे जला ।
ज्ञानाग्नि मे जाले बिना, टलनी नहीं है यह बला ॥

यह ज्ञान ही केवल तुझे सुख मुक्ति का दातार है ।
ना ज्ञान बिन सौ कल्प मे भी छूटता ससार है ॥
सब वृत्तियो को रोक कर, तू चित्त को एकाग्र कर ।
कर शात सारी वृत्तियों, निज आत्म का नित ध्यान कर ॥

जब चित्त पूर्ण निरुद्ध हो, तब तू समाधी पायगा ।
जबतक न होगा चित्त थिर, नहि मोह तबतक जायगा ॥
जब मोह होगा दूर तब तू आत्म को लख पायगा ।
जब होय दर्शन आत्म का, कृतकृत्य तू हो जायगा ॥

मन कर्म वाणी मे तथा जो शुद्ध पावन होय है ।
अधिकारि सो ही योग का है ज्ञान पाता सोय है ॥

हो तू सदाचारी सदा मन इन्द्रियों को जीत रे ।
ना स्वप्न में भी दूसरों की तू बुराई चीत रे ॥

क्या क्या करूँ कैसे करूँ, यह जानना यदि इष्ट है ।
तो शास्त्र सत बतायेंगे, जो इष्ट या कि अनिष्ट है ॥
श्रद्धासहित जा शरण उन की त्याग निज अभिमान दे ।
निर्दम्भ हो 'निष्कपट हो,' श्रुति सत को सन्मान दे ॥

'मैं' और 'मेरा' त्याग दे, मत लेश भी अभिमान कर ।
सब का नियंता मान कर विश्वेश का ही ध्यान धर ॥
मत मान कर्ता आप को, कर्तार भगवत जान रे ।
तो स्वर्ग द्वारा जाय खुल तेरे लिये सच मान रे ॥

निशि दिन निरंतर बरसती सुख सुधा की शीतल झड़ी ।
भीतर न तेरे जा सके है आड़ ममता की पड़ी ॥
ममता अहंता त्याग दे, वर्षा सुधा की आयगी ।
ईर्षा-जलन बुझ जायगी, चिन्ता-तपन मिट जायगी ॥

ममता अहंता वायु का झोंका न जबतक जायगा ।
विज्ञानदीपक चित्त में तेरे नहीं जुड़ पायगा ॥
श्रुति सत का उपदेश तबतक बुद्धि में नहिं आयगा ।
नहिं शांति होगी लेश भी नहि तत्त्व समझा जायगा ॥

सिद्धान्त सच्चा है यही जगदीश ही कर्तार है ।
सब का नियंता है वही ब्रह्माण्ड का आधार है ॥
विश्वेश की मर्जी बिना नहिं कार्य कोई चल सके ।
ना सूर्य ही है तप सके, नहि चन्द्र ही है हल सके ॥

'कुछ भी नहीं मैं कर सकूँ, करता सभी विश्वेश है ।'
ऐसी समझ उत्तम महा, सच्चा यही आदेश है ॥
'पूरा करूँगा कार्य यह, वह कार्य मैंने है करा ।'
पूरा यही अज्ञान है, अभिमान यह ही है बुरा ॥

'मैं' क्षुद्र है, 'मेरा' बुरा, 'मुझ' भी मृषा है त्याग रे ।
अपना पराया कुछ नहीं, अभिमान से हट भाग रे ॥
यह मार्ग है कल्याण का हो जाय तू निष्पाप रे ।
देहादि 'मैं' मत मान रे, 'मोह' किया कर जाप रे ॥

यदि शांति अविचल चाहता, यदि इष्ट निज कल्याण है ।
संशय रहित सच जान तेरा शत्रु यह अभिमान है ॥
मत देह में अभिमान कर, कुल आदि का तज मान दे ।
'नहिं देह मैं' 'नहि देह मेरा' नित्य इसपर ध्यान दे ॥

है दर्प काला सर्प, सिर उसका कुचल दे, मार दे ।
ले जीत रिपु अभिमान को, निज देह में से टार दे ॥
जो श्रेष्ठ माने आप को, सो मूढ चोटें खाय है ।
तू श्रेष्ठ सब से है नहीं, क्यों श्रेष्ठता दिखलाय है ॥

मत तू प्रतिष्ठा चाह रे, मत तू प्रशंसा चाह रे ।
सब को प्रतिष्ठा दे, प्रतिष्ठित आप तू हो जाय रे ॥
वाणी तथा आचार में माधुर्यता दिखला सदा ।
विद्या विनय से युक्त होकर सौम्यता सिखला सदा ॥

कर प्रीति शिष्टाचार में वाणी मधुर उच्चार रे ।
मन बुद्धि को पावन बना, संसार से हो पार रे ॥
प्यारा सभी को हो सदा, कर तू सभी को प्यार रे ।
निःस्वार्थ हो निष्काम हो, जग जान तू निःसार रे ॥

छोटे बड़े निर्धन धनी, कर प्यार सब को एक सम ।
बड़े सभी मिल एक के, कोई नहीं है बेश कम ॥
मत तू किसी से कर घृणा, सब की भलाई चाह रे ।
तव मार्ग में कांटे धरे, वो फूल उस की राह रे ॥

हिंसा किसी की कर नहीं, जो बन सके उपकार कर ।
विश्वेश को यदि चाहता है, विश्वभर को प्यार कर ॥
जो मृत्यु भी आ जाय तो उस की न तू परवाह कर ।
मत दूसरे को भय दिखा, रह आप भी सब से निडर ॥

निःस्वार्थ सेवी हो सदा, मन मलिन होता स्वार्थ से ।
जब तक रहेगा मन मलिन, नहिं भेंट हो परमार्थ से ॥
जे शुद्ध मन नर होय हैं, वे ईश दर्शन पायँ हैं ।
मन के मलिन नहिं स्वप्न में भी, ईश सम्मुख जायँ हैं ॥

पीड़ा न दे तू हाथ से, कड़वा वचन मत बोल रे ।
सकल्प मत कर अशुभ तू, सच बोल पूरा तोल रे ॥
ऐसी किया कर भावना, नहिं दूर तुझ से लेश है ।
रहता सदा तेरे निकट, पावन परम विश्वेश है ॥

तू शुद्ध से भी शुद्ध अति जगदीश का नित ध्यान धर ।
हो आप भी जा शुद्ध तू, मैला न अपना चित्त कर ॥
हो चित्त तेरा खिन्न ऐसा शब्द तू मत सुन कभी ।
मत देख ऐसा दृश्य ही, मत सोच ऐसी बात भी ॥

जो नारि नर भगवद्विमुख संसार में आसक्त हैं ।
विपरीत करते आचरण, निज स्वार्थ में अनुरक्त हैं ॥
कंजूस कामी क्रूर जे, पर-दार-रत पर-धन हरें ।
मत पास उन के जा कभी, जो अन्य की निन्दा करें ॥

रह दूर हरदम पाप से, निष्पाप हो निष्काम हो।
निर्दोष पातक से रहित, निःसंग आत्माराम हो॥
भगवत् परम निष्पाप हैं, तू पाप अपने धोय रे।
भगवत् तुरत ही दर्श दें, अघहीन यदि तू होय रे॥

जे लोक की परलोक की, नहिं कामनाएँ त्यागते।
संसार के है श्वान जे, संसार मे अनुरागते॥
कंचन जिन्हे प्यारा लगे, जे मूढ़ किंकर काम के।
नहि शान्ति वे पाते कभी, नहिं भक्त होते राम के॥

रह लोभ से अति दूर ही, जा दर्प के तू पास ना।
बच काम से अरु क्रोध से, कर गर्व से सहवास ना॥
आलस्य मत कर भूल भी, ईर्षा न कर मत्सर न कर।
हैं आठ ये वैरी प्रबल, इन वैरियो से भाग डर॥

विश्वास से कर मित्रता, श्रद्धा सहेली ले बना।
प्रज्ञा तितिक्षा को बढ़ा, प्रिय न्याय का कर त्याग ना॥
गम्भीरता शुभ भावना, अरु धैर्य का सम्मान कर।
हैं आठ सच्चे मित्र ये, कल्याणकर भवभीर-हर॥

शिष्टाचरण की ले शरण, आचार दुर्जन त्याग दे।
मन इन्द्रियाँ स्वाधीन कर, तज द्वेष दे, तज राग दे॥
सुख शान्ति का यह मार्ग है, श्रुति संत कहते हैं सभी।
दुर्जन दुराचारी नहीं पाते अमर पद हैं कभी॥

अभ्यास ऐसा कर सदा, पावन परम हो जाय रे।
कर सत्य पालन नित्य ही, नहिं झूठ मन मे आय रे॥
झूठे सदा रहते फँसे, मायानटी के जाल में।
तू सत्य भूमा प्राप्त कर, मत काल के जा गाल में॥

है सत्य भूमा एक ही, मिथ्या सभी ससार रे।
तल्लीन भूमा मॉहि हो, कर तात! निज उद्धार रे॥
कर मुख्य निज कर्तव्य तू, स्वाराज्य भूमा प्राप्त कर।
मत यक्ष राक्षस पूजने मे, दिव्य देह समाप्त कर॥

सच जान जो है आलसी, निज हानि करते हैं सदा।
करते उन्हो का सग जो, वे भी दुखी हो सर्वदा॥
आलस्य को दे त्याग तू, मन कर्म शिष्टाचार कर।
अभ्यास कर, वैराग्य कर, निज आत्म का उद्धार कर॥

मधुमक्षिका करती रहे हैं, रात दिन ही काम ज्यो।
मत दीर्घसूत्री बन कभी, कर तू निरन्तर काम त्यो॥

तन्द्रा तथा आलस्य में, मत खो समय को तू वृथा।
कर कार्य सारे नियम से, रवि चन्द्र करते हैं यथा॥

हो उद्यमी सन्तुष्ट तू, गम्भीर धीर उदार हो।
धारण क्षमा उत्साह कर, शुभ गुणन का भंडार हो॥
कर कार्य सर्व विचार से, समझे विना मत कार्य कर।
शम दम यमादिक पाल तू, तप कर तथा स्वाध्याय कर॥

जो धैर्य नहिं है धारते, भय देख घबरा जायँ है।
सब कार्य उन के व्यर्थ है, नहिं सिद्धि वे नर पायँ हैं॥
चिन्ता कभी मिटती नहीं, नहि दुःख उन का जाय है।
पाते नहीं सुख लेश भी, नहिं शान्ति मुख दिखलाय है॥

गरमी न थोड़ी सह सकें, सर्दी सही नहिं जाय है।
नहि सह सके हैं शब्द यक, चढ क्रोध उन पर आय है॥
जिस मे नहीं होती क्षमा, नहिं शान्ति सो नर पाय है।
शुचि शान्त मन संतुष्ट हो, सो नर सुखी हो जाय है॥

मर्जी करेगा दूसरो की, सुख नहीं तू पायगा।
नहि चित्त होगा थिर कभी, विक्षिप्त तू हो जायगा॥
संसार तेरा घर नहीं, दो चार दिन रहना यहॉ।
कर याद अपने राज्य की, स्वाराज्य निष्कंटक जहॉ॥

सम्बन्ध लाखो व्यक्तियों से यदि करेगा तू सदा।
तो कार्य लाखो भाँति के करता रहेगा सर्वदा॥
कैसे भला फिर चित्त तेरा शान्त निर्मल होयगा।
लाखों जिसे बिच्छू डसे, कैसे बता सो सोयगा॥

तू न्यायकारी हो सदा, समबुद्धि निश्चल चित्त हो।
चिन्ता किसी की मत करे, निर्द्वन्द्व हो मन शान्त हो॥
प्रारब्ध पर दे छोड़ सब जग, ईश में अनुरक्त हो।
चिन्तन उसी का कर सदा, मत जगत् मे आसक्त हो॥

कर्ता वही धर्ता वही, सब में वही सब है वही।
सर्वत्र उस को देख तू, उपदेश सच्चा है यही॥
अपना भला ज्यो चाहता, त्यो चाह तू सब का भला।
संतुष्ट पूरा शान्त हो, चिन्ता बुरी काली बला॥

हे पुत्र! थोड़ा वेग भी यदि दुःख का न उठा सके।
तो शान्ति अविचल तत्त्व की, कैसे भला तू पा सके॥
हो मृत्यु का जब सामना, तब दुःख होवेगा घना।
कैसे सहेगा दुःख सो, यदि धैर्य तुझ मे होय ना॥

कर तू तितिक्षा रात दिन, जो दुःख आवे झेल ले।
वह ही अमर पद पाय है, जो कष्ट से नहिं है हले॥
है दुःख ही सन्मित्र सब कुछ दुःख ही सिखलाय है।
बल बुद्धि देता दुःख पंडित धीर वीर बनाय है॥

बल बुद्धि तेरी की परीक्षा दुःख आकर लेय है।
जो पाप पहिले जन्म के हैं दूर सब कर देय है॥
निर्दोष तुझ को देय कर, पावन बनाता है तुझे।
क्या सत्य और असत्य क्या, यह भी सिखाता है तुझे॥

तू कष्ट से घबरा न जा रे, कष्ट ही सुख मान रे।
जो कार्य नहिं हो सिद्ध तो भी लाभ उसमें जान रे॥
बहु बार पटकें खाय है, तब मल्ल मल्लन पीटता।
लड़ता रहे जो धैर्य से, माया-किला सो जीतता॥

यदि कष्ट से घबराय के, तू युद्ध से हट जायगा।
तो तू जहाँ पर जायगा, बहु भाँति कष्ट उठायगा॥
जन्मे कहीं भी जायके, नहिं मुक्त होगा युद्ध से।
रह युद्ध करता धैर्य से, जबतक मिले नहिं शुद्ध से॥

इस मे नहीं संदेह जीवन झंझटों से युक्त है।
वह ही यहाँ जय पाय है, जो धैर्य से संयुक्त है॥
समता क्षमा से युक्त ही मन शान्त रहता है यहाँ।
जो कष्ट सह सकता नहीं, सुख शान्ति उस को है कहाँ?॥

जो जो करे तू कार्य, कर सब शान्त होकर धैर्य से।
उत्साह से अनुराग से, मन शुद्ध से बलवीर्य से॥
जो कार्य हो जिस काल का, कर तू समय पर ही उसे।
दे मत बिगड़ने कार्य कोई मूर्खता आलस्य से॥

दे ध्यान पूरा कार्य में, मत दूसरे में ध्यान दे।
कर तू नियम से कार्य सब, खाली समय मत जान दे॥
सब धर्म अपने पूर्ण कर, छोटे बड़े से या बड़े।
मत सत्य से तू डिग कभी, आपत्ति कैसी ही पड़े॥

निःस्वार्थ होकर कार्य कर, बदला कभी मत चाह रे।
अभिमान मत कर लेश भी, मत कष्ट की परवाह रे॥
क्या खान हो क्या पान हो, क्या पुण्य हो क्या दान हो।
सब कार्य भगवत् हेतु हों, क्या होय जप क्या ध्यान हो॥

कुछ भी न कर अपने लिये, कर कार्य सब शिव के लिये।
पूजा करे या पाठ, कर सब प्रेम भगवत् के लिये॥

सब कुछ उसी को सौंप दे, निशि दिन उसी को प्यार कर।
सेवा उसी की कर सदा दूजा न कुछ व्यापार कर॥

सेवक उसी का बन सदा, सब में उसी का दर्श कर।
'मैं' और 'मेरा' मेट दे, सब में उसी का स्पर्श कर॥
निर्द्वन्द्व निर्मल चित्त हो, मत शोक कर मत हर्ष कर।
सब में उसी को देख तू, मत राग, मत आमर्ष कर॥

मानुष्य जीवन में यद्यपि आते हजारों विघ्न हैं।
जो युक्त योगी होय हैं, होते नहीं मन-खिन्न हैं॥
हो झंझटो से युक्त जीवन कुछ न तू परवाह कर।
भगवत् भरोसे से सदा, सुख शान्ति से निर्वाह कर॥

विद्या सभी ही भाँति की ले सीख तू आचार्य से।
उत्साह से अति प्रेम से, मन बुद्धि से अरु धैर्य से॥
एकाग्र होके पढ़ सदा, सब ओर से मन मोड़ के।
सब से हटाकर वृत्तियाँ, स्वाध्याय में मन जोड़ के॥

वेदाङ्ग पढ़, साहित्य पढ़, फिर काव्य पढ़ तू चाव से।
पढ़ गणित ग्रन्थन, तर्क शास्त्रन, धर्मशास्त्रन भाव से॥
इतिहास, अष्टादश पुराणन, नीतिशास्त्रन देख रे।
वैद्यक तथा पढ़ वेद चारों, योग विद्या पेख रे॥

सद्ग्रन्थ पढ़ तू भक्ति शिक्षक, ज्ञानवर्धक शास्त्र पढ़।
विद्या सभी पढ़ श्रेयकारिणि, मोक्षदायक शास्त्र पढ़॥
आदर सहित अनुराग से, सद्ग्रन्थका ही पाठ कर।
दे चित्त शिष्टाचार मे, दुष्टाचरण पर लात धर॥

क्या ग्रन्थ पढ़ने चाहियें, आचार्य यह बतलायँगे।
पढ़ने नहीं हैं योग्य क्या क्या ग्रन्थ वे जतलायँगे॥
आचार्यश्री बतलायँ जो, वे ग्रन्थ पढ़ने चाहियें।
जो ग्रन्थ धर्म विरुद्ध हैं, नहिं देखने वे चाहियें॥

पढ़ ग्रन्थ नित्य विवेक के, मन स्वच्छ तेरा होयगा।
वैराग्य के पढ़ ग्रन्थ तू बहुजन्म के अघ धोयगा॥
पढ़ ग्रन्थ सादर भक्ति के, आह्लाद मन भर जायगा।
श्रद्धासहित स्वाध्याय कर, संसार से तर जायगा॥

जो जो पढ़े सब याद रख, दिन रात नित्य विचार कर।
श्रुतियाँ भले स्मृतियाँ पुराणादिक सभी निर्धार कर॥
अभ्यास से सत् शास्त्र के जब बुद्धि तीव्र बनायगा।
तो तीव्र प्रज्ञा की मदद से तत्त्व तू लख पायगा॥

जो नर दुराचारी तथा निज स्वार्थ में रत होंय हैं।
गिर कूप में वे मोह के सुख-शान्ति से नहिं सोंय हैं॥
भटका करें ब्रह्माण्ड में, बहुभाँति कष्ट उठावते।
मतिमन्द श्रुति के अर्थ को सम्यक् समझ नहिं पावते॥

मत मोह में तू फँस कभी, निर्मुक्त हो संमोह से।
कर बुद्धि निर्मल स्वच्छ, रह तू दूर दुष्कर द्रोह से॥
जब चित्त होगा स्वच्छ, तब ही शान्ति अक्षय पायगा।
जो जो पढ़ेगा शास्त्र तू, सम्यक् समझ में आयगा॥

आचार्य द्वारा शास्त्र पढ़, हो शान्त मन एकाग्र से।
विक्षिप्तता को दूर करके, बुद्धि और विचार से॥
कर गर्व विद्या का नहीं, अभिमान से निर्मुक्त हो।
ज्ञानी अमानी सरल गुरु से, पढ़ विनय संयुक्त हो॥

एकाग्रता, मन शुद्धता, उत्साह पूरा, धैर्यता।
श्रद्धानुराग, प्रसन्नता, अभ्यास की परिपूर्णता॥
मन बुद्धि की चातुर्यता, होवे सहायक सर्व ही।
फिर देर कुछ भी नहिं लगे, हो प्राप्त विद्या शीघ्र ही॥

हो बुद्धि निर्मल सात्त्विकी, हो चित्त उत्तम धारणा।
हो कठिन से भी कठिन तो भी सहज हो निर्धारणा॥
हो स्थूल अथवा सूक्ष्म बातें सब समझ में आयँगी।
इक बार भी सुन ले जिन्हें, मस्तिष्क से नहिं जायँगी॥

विद्या सभी कर प्राप्त मत पाण्डित्य का अभिमान कर।
अभिमान विद्या का बुरा, इस पर सदा ही ध्यान धर॥
मत वाद कर, न विवाद ही, कल्याणहित स्वाध्याय कर।
क्या सत्य और असत्य क्या, यह जानकर निज श्रेय कर॥

विद्या बताती है तुझे, क्या धर्म और अधर्म है।
विद्या जताती है तुझे, क्या कर्म और अकर्म है॥
विद्या सिखाती है तुझे, कैसे छुटे संसार से।
विद्या पढ़ाती है तुझे, कैसे मिले भण्डार से॥

गुरु-वाक्य का कर अनुसरण, विश्वास श्रद्धायुक्त हो।
बतलाय है जो शास्त्र, कर आचार संशयमुक्त हो॥
जो जो बताते शास्त्र गुरु, उपदेश सर्व यथार्थ है।
संशय न उनमें कर कभी, यदि चाहता परमार्थ है॥

संध्यादि जितने कर्म हैं, सब ही नियम से पाल रे।
उत्साह से, अनुराग से, मन दोष सारे टाल रे॥

जे कर्म पातकरूप हैं, मत चित्त से भी कर कभी।
जो जो करे तू कर्म निशिदिन, शुद्ध मन से कर सभी॥

हो प्रेम पूरा कर्म में, परिपूर्ण मन उत्साह हो।
तन मन लगाकर कर्म कर, फल की कभी नहिं चाह हो॥
चातुर्यता से कर्म कर, मत लेश भी अभिमान कर।
सब कार्य भगवत् हेतु कर, विश्वेश पूजन मान कर॥

चौथे पहर में रात के, जब पुण्य ब्रह्म मुहूर्त हो।
दे त्याग निद्रा प्रथम ही, मत नींद में अनुरक्त हो॥
विश्वेश का मन ध्यान कर, कल्याण अपने के लिये।
विश्वेश से कर प्रार्थना, निज भक्ति देने के लिये॥

जप नाम भगवत् भावप्रिय का, भाव में तल्लीन हो।
हो प्रेम केवल ईश में, भगवच्चरण मन मीन हो॥
अपना पराया भूल जा, हरि-प्रेम में अनुरक्त हो।
आसक्ति सब की छोड़ केवल विष्णु में आसक्त हो॥

जप नाम हरि का जोर से, धीरे भले ही ध्यान में।
हरि नाम का हर रोम में से, शब्द आवे कान में॥
विश्वेश को कर प्यार, प्यारे! आत्म का कल्याण कर।
सब को मिटा दे, सर्व हो जा, ईश का नित गान कर॥

सुख शान्ति का भंडार तेरे चित्तमें ही गुप्त है।
पर्दा हटा, हो जा सुखी, क्यों हो रहा सन्तप्त है॥
सुख-सिन्धुमें तू मग्न हो, मन-मैल सारा दे बहा।
हो शुद्ध निर्मल चित्त, तू ही विश्व में है भर रहा॥

पावन परम शुचि शास्त्र में से, मन्त्र पावन सार चुन।
उनका निरंतर कर मनन, विश्वेश के गा नित्य गुण॥
जो संत जीवन्मुक्त, ईश्वरभक्त पहिले हो गये।
उनकी कथाएँ गा सदा, मन शुद्ध करने के लिये॥

सद्गुरु कृपा-गुण-युक्त का, उठ प्रात ही धर ध्यान रे।
निज देह से अरु प्राण से, प्यारा अधिकतर मान रे॥
सिर को झुकाकर दण्डवत कर नमन आठो अंग से।
कल्याण सब का चाह मन से, दूर रह जन संग से॥

एकान्त में फिर जाय के, तू वेग का परित्याग कर।
दाँतोन करके दाँत मल, मुख धोय जिह्वा साफ कर॥
रवि के उदय से पूर्व ही, हो शुद्ध जा तू स्नान से।
शुचि वस्त्र तन पर धार के, कर प्रातसंध्या मान से॥

उच्चार पावन मन्त्र कर, मन मन्त्र में ही जोड़कर।
कर अर्थ की भी भावना, भव-वासनाएँ छोड़कर॥
कर ब्रह्म से मन पूर्ण, सब में ब्रह्म व्यापक देख रे।
कर क्षीण पापन रेख पर भी मार दे तू मेख रे॥

जो कर्म होवे आज का, ले पूर्व से ही सोच सब।
यह कार्य कैसे होयगा, किस रीति से हो और कब॥
जो कार्य जिस जिस काल का हो, पूर्ण मन मे धार ले।
जिस जिस नियम मे कार्य करना हो भले निर्धार ले॥

सम्मुख सदा रह ईश के, तेरा सहायक है वही।
करुणा-जलधि हरि की शरण ले श्रेयकारक है वही॥
जो लेय करुणानिधि शरण, संसार सो ही तर सके।
जिस पर कृपा हो ईश की साधन वही है कर सके॥

विश्वेश की ही ले शरण, समिद्धि तब ही प्राप्त हो।
केवल उसी का कर भरोसा, मात्र उस का भक्त हो॥
जो कुछ तुझे हो इष्ट सो केवल उसी से माँग रे।
मत कर भरोसा अन्य का आशा सभी की त्याग रे॥

सच्चे हृदय से प्रार्थना, जब भक्त सच्चा गाय है।
तो भक्तवत्सल कान मे, वह पहुँच झट ही जाय है॥
विश्वेश करुणाकर तुरत ही भक्त पर करुणा करे।
लाखों करोड़ो जन्म के अघ, एक क्षण में ही हरे॥

सच्चे हृदय की प्रार्थना, निश्चय सुने जग-वास है।
नहिं भक्त से है दूर वह, रहता सदा ही पास है॥
ज्यों ज्यों करेगा प्रार्थना, भय दूर होता जायगा।
कर प्रार्थना, कर प्रार्थना, कर प्रार्थना सुख पायगा॥

संसार मिथ्या वस्तुओं में, यदि तुझे नहि राग हो।
संशय नहीं, हरि-चरण मे, जल्दी तुझे अनुराग हो॥
कर प्रार्थना विश्वेश से, 'प्रभु! भक्ति अपनी दीजिये।
हो प्रेम केवल आप मे, ऐसी कृपा प्रभु कीजिये'॥

कर प्रार्थना फिर प्रेम से, 'प्रभु! मम विनय सुन लीजिये।
हे नाथ! मैं भूला हुआ हूँ, मार्ग दिखला दीजिये॥
मुझ अंध को प्रभु आँख दीजे, दर्श अपना दीजिये।
निज चरण की रज-सेव मे, मुझ को लगा प्रभु! लीजिये॥

संसारसागर पार मैं नहि जा सकूँ हूँ हे प्रभो!।
मल्लाह मेरी नाव के नहिं आप जबतक हो विभो!॥
उठता यहाँ है ज्वारभाटा, रोक उस को लीजिये।
संसारसागर पार मुझ को शीघ्र ही कर दीजिये॥

सर्वज्ञ हैं प्रभु सर्वविद्, करुणा दया से युक्त हैं।
स्वाभाविकी बल क्रिया से, प्रभु सहज ही संयुक्त हैं॥
नहिं मैं हिताहित जानता, प्रभु! ज्ञान मुझ को दीजिये।
भूले हुए मुझ पथिक को, भव पार स्वामी! कीजिये॥

प्रभु! आप की मै हूँ शरण, निज चरण-सेवक कीजिये।
मैं कुछ नहीं हूँ माँगता, जो आप चाहे दीजिये॥
फिर आँख से मंजूर है, सुख दीजिये दुख दीजिये।
जो होय इच्छा कीजिये, मत दूर दर से कीजिये॥

है आप ही तो सर्व, फिर कैसे करूँ मैं प्रार्थना।
सब कुछ करें है आप ही, क्या बोलना क्या चालना॥
फिर बोलना किस भाँति हो, है मौन ही सब से भला।
रक्षक तुही भक्षक तुही, तलवार तू तेरा गला॥

विश्वेश प्रभु के सामने, कर प्रार्थना इस रीति से।
या अन्य कोई भाँति से, सच्चे हृदय से प्रीति से॥
जो होय सच्ची प्रार्थना, विश्वेश सुनता है सभी।
विश्वेश की आज्ञा बिना, पत्ता नहीं हिलता कभी॥

फिर कार्य कर अपना सभी, दिन का नियम से ध्यान से।
एकाग्र होकर धैर्य से, आनन्द मन, सुख चैन से॥
घबरा न जा, मन शान्त रख, मत क्रोध मन में ला कभी।
प्रभु देवदेव प्रसन्नता हित, कार्य जो हो, कर सभी॥

जब शयन का आवे समय, एकान्त में तब बैठ कर।
जो कार्य दिन में हो किया, ले सोच सब मन स्वस्थ कर॥
जो जो हुई हो भूल दिन मे, सर्व लिख ले चित्त पर।
आगे कभी नहिं भूल होने पाय ऐसा यत्न कर॥

जो कार्य करना हो तुझे, अच्छी तरह से सोच ले।
मत कार्य कोई कर बिना सोचे बजा ले ठोक ले॥
सोचे बिना जो कार्य करते, अन्त मे गिर जायँ है।
जो कार्य करते सोचकर, वे ही सफलता पायँ हैं॥

राजा नहुष जैसे गिरा था, स्वर्ग से ऋषि-शाप से।
आसक्त हो जो भोग में, हो तप्त वे संताप से॥
सब कार्य कर तू न्याय से, अन्याय से रह दूर तू।
आश्रय सदा ले धर्म का, मत क्रुद्ध हो, मत क्रूर तू॥

हो उच्च तेरी भावना, मत तुच्छ कर तू कामना।
कर्तव्य से मत चूक चाहे मृत्यु का हो सामना॥
जो पास भी हो मृत्यु तो भी मृत्यु से कुछ भय न कर।
डरपोक कायर मृत्यु से भयभीत रहते, तू न डर॥

आचार अपना शुद्ध रख, मत हो दुराचारी कभी।
मत कार्य कोई रख अधूरा, कार्य पूरे कर सभी॥
मत तुच्छ भोगों की कभी भी भूल के कर कामना।
है ब्रह्म अक्षय नित्य सुख, कर तू उसी की भावना॥

पुरुषार्थ अन्तिम सिद्ध कर, आशा जगत् की छोड़ रे।
भय शोकप्रद हैं भोग सब, मुख भोग से तू मोड़ रे॥
विश्वेश सुख के सिन्धु में ही चित्त अपना जोड़ दे।
रिश्ता उसी से जोड़ दे, नाता सभी से तोड़ दे॥

जैसे झड़ी बरसात की सब चर अचर की जान है।
त्यों ही दया विश्वेश की, सब विश्व जीवनदान है॥
सब पर दया है एक-सी, क्या अज्ञ है क्या प्राज्ञ है।
सब के मिटाती दुःख, सब को ही बनाती तज्ज्ञ है॥

सचमुच मिटाती कष्ट सारे शान्ति अक्षय देय है।
कुंडी उसी की खटखटा, यदि चाहता निज श्रेय है॥
अध्यात्म का अभ्यास कर, संसार से वैराग्य कर।
कर्तव्य यह ही मुख्य है, विश्वेश में अनुराग कर॥

संसार जीवन से बना, अध्यात्म जीवन आपना।
सुख शान्ति जिस में पूर्ण, जिस में दुःख ना, संताप ना॥
जीवन बिता इस भाँति से, नहिं प्राप्त फिर संसार हो।
सद् ब्रह्म में तल्लीन होकर सार का भी सार हो॥

शिष्टाचरण में प्रीति कर, हो धर्म पर आरूढ़ तू।
हो शुभ गुणों से युक्त तू, रह अवगुणों से दूर तू॥
जो धर्म पर आरूढ़ हैं, वे शूर होते धीर भी।
हैं सत्य निशिदिन पालते, नहिं सत्य से हटते कभी॥

यदि पुण्य में रत होयगा, तो धीर तू बन जायगा।
जो पुण्य थोड़ा होय तो भी कीर्ति जग फैलायगा॥
मत स्वप्न में भी पाप का आचार कर तू भूल कर।
निष्पाप रह, निष्काम रह, पापाचरण पर धूल धर॥

हो पुण्य में तू रत सदा, दे दान तू सन्मान से।
उत्साह से सुख मान कर, दे दान मत अभिमान से॥
है वस्तु सब विश्वेश की, अभिमान तेरा है वृथा।
निज स्वार्थ तज कर कार्य कर, बादल करे वर्षा यथा॥

अभिमान मत कर द्रव्य का, अभिमान तज दे गेह का।
अभिमान कुल का त्याग दे, अभिमान मत कर देह का॥
कर्मेन्द्रियाँ, ज्ञानेन्द्रियाँ, सब ईश को ही मान रे।
मन बुद्धि शिव को अर्प दे, शिव का सदा कर ध्यान रे॥

स्वामी श्रीनिर्गुणानन्दजी

समझ मन ! इक दिन तन तजना॥
बाँकी छवि छकि छकित रहत चित, नितप्रति हरि भजना।
जगत-जाल-ज्वाला-मालाकुल, निसिबासर दजना॥
कर कुकर्म सुभ चहत चित्त नर, आठ पहर लजना।
'निरगुन' बेग सम्हार अपनपौ, हरि सम को सजना॥
जग में काज किये मन भाये॥
गुन-गोबिंद सुने न सुनाये, ब्यर्थहि दिवस गँवाये।
हरि-भक्तन को सग न कीन्हो, दुस्सगत चित लाये॥
काम-क्रोध-मद-लोभ-मोह-बस, परधन चित्त लुभाये।
सत्कर्मादिक काज न कीन्हे, दोऊ लोक हँसाये॥
बीती ताहि बिसार चित्तसौं, 'निर्गुन' तज पछताये।
निसिबासर भज नदनँदन को, करनी के फल पाये॥

स्वामी श्रीदीनदयालगिरिजी

प्रीति मति अतिसै तू काहू सन करै मीत !
भले कै प्रतीति मानि प्रीति दुख-मूल है।
जा में सुख रंच है बिसाल जाल दुःख ही को,
लूटि ज्यौं बतौरन की बरछी की हूल है॥
सुन लै सकंद माहिं कान दै कपोत-कथा,
जातें मिटि जाइ महा मोहमई सूल है।
तातें करि 'दीनदयाल' प्रीति नंदलाल संग,
जग को संबन्ध सबै सेमल को फूल है॥
काहू की न प्रीति दृढ़ तेरे सग है रे मन,
कामी हठि प्रेम करि पचि-पचि मरै है।
ये तो जग के हैं सब लोग ठग रूप मीत !
मीठे बैन-मोदक पै क्यौं प्रतीति करै है॥
मारिहैं प्रपंच बन बीच दगा फाँस डारि,
काहे मतिमंद मोही दुःख-फंद परै है।
प्रेम तू लगाउ सुखधाम घनस्याम सों जो,
नाम के लिये तें ताप पाप कोटि हरै है॥

भजनका अधिकार

क्रोधका नाश

एक वृद्ध अनुभवी संतके समीप एक युवक विरक्त होकर पहुँचा। वैराग्य सच्चा था। कहीं कोई कामना, कोई विषयासक्ति रही नहीं थी। भगवद्भजनकी प्रबल इच्छा थी। वृद्ध संतने एक ही दृष्टिमें यह सब समझ लिया। युवक उनके चरणोंमें गिरकर प्रार्थना कर रहा था—'मुझे अपने श्रीचरणोंमें स्थान दें।'

वृद्ध संतने कहा—'तुम स्नान करके पवित्र होकर आओ।'

युवक स्नान करने गया और वृद्ध संतने आश्रमके पास झाड़ू देती भंगिनको पास बुलाया। वे बोले—'जो नया साधु अभी स्नान करने गया है, वह लौटने लगे तब तुम इस प्रकार मार्गपर झाड़ू लगाना, जिससे उसके ऊपर उड़कर धूलि पड़ जाय। लेकिन तनिक सावधान रहना! वह मारने दौड़ सकता है।'

भंगिन जानती थी कि वृद्ध संत सच्चे महात्मा हैं। वह देखती थी कि अच्छे विद्वान् और दूसरे साधु उनके पास उपदेश पानेकी इच्छासे आते हैं। उसने आज्ञा स्वीकार की।

युवक स्नान करके लौटा। भंगिन जान-बूझकर तेजीसे झाड़ू लगाने लगी। धूल उड़कर युवकपर पड़ी और क्रोधके मारे वह पापी पड़ा पत्थर उठाकर मारने झपटा। भंगिन असावधान नहीं थी। वह झाड़ू फेंककर दूर भाग गयी।

जो मुखमें आया, युवक बकता रहा। दुबारा स्नान करके वह महात्माके पास लौटा। संतने उससे कहा—'अभी तो तुम पशुके समान मारने दौड़ते हो। भगवान्‌का भजन तुमसे अभी कैसे होगा। अच्छा, एक वर्ष बाद आना। एक वर्षतक नाम-जप करते रहो।'

× × ×

युवकका वैराग्य सच्चा था, भजनकी इच्छा सच्ची थी, संतमें श्रद्धा भी सच्ची थी। भजन करके वर्ष पूरा होते ही वह फिर संतके समीप उपस्थित हुआ। उसे फिर स्नान करके आनेकी आज्ञा मिली। वह स्नान करने गया तो संतने फिर भंगिनको बुलाकर आदेश दिया—'वह साधु फिर आया है। इस बार मार्गमें इस प्रकार झाड़ू लगाना कि जब वह पास आवे, झाड़ूकी एकाध सींक उसके पैरोंसे छू जाय। डरना मत, वह मारेगा नहीं। कुछ कहे तो चुपचाप सुन लेना।'

भंगिनको आज्ञापालन करना था। स्नान करके लौटते युवकके पैरसे भंगिनकी झाड़ू छू गयी। एक वर्षकी प्रतीक्षाके पश्चात् वह दीक्षा लेने जा रहा था और यह दुष्ट भंगिन—फिर बाधा दी इसने। युवकको क्रोध बहुत आया; किंतु मारनेकी बात उसके मनमें नहीं आयी। वह केवल भंगिनको कुछ कठोर वचन कहकर फिर स्नान करने लौट गया।

जब वह संतके पास स्नान करके पहुँचा, संतने कहा—'अभी भी तुम भूँकते हो। एक वर्ष और नाम-जप करो और तब यहाँ आओ।'

× × ×

एक वर्ष और बीता। युवक संतके पास आया। उसे पूर्वके समान स्नान करके आनेकी आज्ञा मिली। संतने भंगिनको बुलाकर कहा—'इस बार जब वह स्नान करके लौटे, अपनी कूड़ेकी टोकरी उँड़ेल देना उसपर। पर देखना टोकरीमें केवल कूड़ा-कचरा ही हो, कोई गंदी चीज न हो।'

भंगिन डरी; किंतु संतने उसे आश्वासन दिया—'वह कुछ नहीं कहेगा।'

आप समझ सकते हैं—युवकके ऊपर जब भंगिनने कूड़ेकी टोकरी उँडेली, युवकने क्या किया? न वह मारने दौड़ा, न रुष्ट हुआ। वह भंगिनके सामने भूमिपर मस्तक टेककर प्रणत हो गया और फिर हाथ जोड़कर बोला—'माता! तुम्हीं मेरी गुरु हो। तुमने मुझपर बड़ी कृपा की। तुम्हारी ही कृपासे मैं अपने बड़प्पनके अहङ्कार और क्रोधरूप शत्रुको जीत सका।'

दुबारा स्नान करके युवक जब संतके पास पहुँचा, संतने उसे हृदयसे लगा लिया। वे बोले—'अब तुम भजनके सच्चे अधिकारी हुए।'

क्रोध पाप को मूल है, क्रोध आपही पाप।
क्रोध मिटे बिनु ना मिटै कबहुँ जीव-संताप॥



भजनका अधिकार



भजन बिनु बैल बिराने हैहो।

भजन बिनु बैल बिराने ह्वैहौ ।
पाउँ चारि, सिर सींग, गूँग मुख, तब कैसैं गुन गैहौ ॥
चारि पहर दिन चरत-फिरत बन, तऊ न पेट अघैहौ ।
टूटे कंध अरु फूटी नाकनि, कौ लौं धौं भुस खैहौ ॥
लादत जोतत लकुट बाजिहैं, तब कहँ मूँड़ दुरैहौ ।
सीत, घाम, घन, बिपति बहुत बिधि, भार तरैं मरि जैहौ ॥
हरि-संतन कौ कह्यौ न मानत, कियौ आपुनौ पैहौ ।
'सूरदास' भगवंत भजन बिनु, मिथ्या जनम गँवैहौ ॥

—सूरदास

भजन बिनु कूकर-सूकर जैसौ ।
जैसैं घर बिलाव के मूसा, रहत बिषय-बस वैसौ ॥
बग-बगुली अरु गीध-गीधनी, आइ जनम लियो तैसौ ।
उनहूँ कैं गृह सुत दारा हैं, उन्हैं भेद कहु कैसौ ॥
जीव मारि कै उदर भरत हैं, तिन कौ लेखौ ऐसौ ।
'सूरदास' भगवंत भजन बिनु, मनौ ऊँट, बृष, भैंसौ ॥

—सूरदास

परमहंस श्रीबुद्धदेव

(प्रेषक—श्रीबुद्धिप्रकाशजी शर्मा उपाध्याय)

विदेह मुक्त

कुछ करता दीखे नहीं थिर बैठा चुप चाप ॥
थिर बैठा चुपचाप दौड़ उद्योग की नाहीं ।
प्रभु शरणं चित चैन सैन चिन्ता बिसराही ॥
काम क्रोध अभिमान का दीना बीज जलाय ।
यह देह अब खोखला चाले कुम्भ चकाय ॥
गर्भवास अब है नहीं, नहीं आवण की आस ।
निज सत्ता से हूँ नहीं जीता प्रभु विश्वास ॥
'बुद्ध देव' निष्कर्म में, नहीं दोष त्रै ताप ।
कुछ करता दीखे नहीं, थिर बैठा चुप चाप ॥

परिव्राजकानन्द रामराजाजी

(प्रेषक—श्रीगिरिजाशंकरजी शास्त्री अवस्थी, एम्० एम्० एस्०)

जोग तो वही सराहिये, भोग विलग ह्वै जाय ।
तेल तक्र काई पड़ै, जल तो साफ देखाय ॥
आशा जल को साफ कर, काई बासा मान ।
बुद्धिहि तेल सराहिये, मन माठा में आन ॥
मन बुद्धिहि एक ठौर कर, गुन लीजै सब काम ।
रति पति के संयोग से, बीतल सारी याम ॥
बिना द्वैत के रूप नहिं, गुन लीजे मन माहिं ।
द्वैत छोड़ि अद्वैत भा, आपै आप लखाहिं ॥
कारण सब सम्बन्ध का, जहँ देखो तहँ बन्ध ।
कारण के छूटे बिना, छूटै नहिं सम्बन्ध ॥

महात्मा श्रीतैलङ्ग स्वामी

(जन्म—शकाब्द १५२९ पौष मास, जाति—ब्राह्मण, पिताका नाम—श्रीनृसिंहधर । घरका नाम—तैलङ्गधर, देहत्याग—शकाब्द १८०९ पौष शुक्ला ११, आयु—२८० वर्ष)

आत्मज्ञानकी प्राप्तिके लिये योग सीखना पड़ता है । इसके लिये गृह-त्याग या अरण्यवासकी कोई आवश्यकता नहीं । इस प्रकारके कुछ नियम हैं जिनका केवल चिन्तन करके तदनुरूप आचरण करनेसे योगफल और आत्मज्ञानकी प्राप्ति हो जाती है । आत्मज्ञान प्राप्त करनेके लिये अन्य किसी प्रकारकी कठिन साधना नहीं करनी पड़ती, केवल उनका ही अनुष्ठान करनेपर योगफल प्राप्त किया जाता है; उनको भी सरल योग कहते हैं । योगफल प्राप्त करनेके लिये जिन सब वृत्तियोंका निरोध करना आवश्यक होता है, उनको किये बिना योगफलकी प्राप्ति नहीं हो सकती । उन नियमों और प्रकारोंको इस नियमावलीमें स्थान दिया गया है । इस प्रकार आचरण करने और हृदयमें इस प्रकारके भावोंको ग्रहण करनेपर निश्चय ही योगफलकी प्राप्ति हो सकती है । वे नियम इस प्रकार हैं—

१. असंतुष्ट मनुष्य किसीको भी संतुष्ट नहीं कर सकता, जो सर्वदा संतुष्ट रहता है वह सबको प्रफुल्ल कर सकता है ।

२. जिह्वा पापकी बातें कहनेमें बहुत ही तत्पर रहती है, उसको संयत करना आवश्यक है ।

३. आलस्य सब अनर्थोंका मूल है, यत्नपूर्वक आलस्यका परित्याग करो ।

४. संसार धर्माधर्मकी परीक्षाकी भूमि है, सावधान होकर धर्माधर्मकी परीक्षा करके कार्यका अवलम्बन करो ।

५. किसी धर्मके प्रति अश्रद्धा न रक्खो, सभी धर्म सार हैं और उनमें अवश्य ही सत्य निहित है ।

६. दरिद्रको दान दो । धनीको दान देना व्यर्थ है; क्योंकि उसको आवश्यकता नहीं है, इसी कारण वह आनन्दित नहीं होता ।

७. साधुका सहवास ही स्वर्ग तथा असत्सङ्ग ही नरकवासका मूल है ।

८. आत्मज्ञान, सत्पात्रमें दान और संतोषका आश्रय करनेपर ही मोक्षकी प्राप्ति होती है ।

९. जो शास्त्र पढ़कर तथा उसके अभिप्रायको जानकर उसका अनुष्ठान नहीं करते, वे पापीसे भी अधम हैं।

१०. किसी भी कार्यके अनुष्ठानके मूलमें धर्म होना चाहिये, नहीं तो सिद्धि न होगी।

११. कभी किसीकी भी हिंसा न करो; सत् या असत् उद्देश्यसे कभी किसी प्राणीका वध न करो।

१२. जो आदमी पाप-कलङ्कको बिना धोये, मिताचारी और सत्यानुरागी बिना हुए गेरुआ वस्त्र धारणकर ब्रह्मचारी बनता है, वह धर्मका कलङ्करूप है।

१३. बिना छप्परके घरमें जैसे वर्षाका पानी गिरता है, चिन्तनरहित मनमें भी उसी प्रकार शत्रु प्रवेश करते हैं।

१४. पापी लोग इहकालमें अनुतापाग्निसे दग्ध होते हैं, वे जब-जब अपने कुकर्मोंको याद करते हैं, तब-तब उनके प्राणोंमें अनुताप जाग उठता है।

१५. (क) मननशीलता अमरत्वकी प्राप्तिका मार्ग है, मनन-शून्यता मृत्युका मार्ग है।

(ख) गर्व न करो, कामोपभोगका चिन्तन न करो।

१६. शत्रु शत्रुका जितना अनिष्ट नहीं कर सकता, कुपथगामी मन मनुष्यका उससे भी अधिक अनिष्ट करता है।

१७. मधुमक्षिका जैसे पुष्पके सौन्दर्य अथवा सुगन्धका अपचय न करके मधुसंग्रह करती है, तुम भी उसी प्रकार पापमें लिप्त न होकर ज्ञान प्राप्त करो।

१८. यह पुत्र मेरा है, यह ऐश्वर्य मेरा है, अति अज्ञानी लोग भी इस प्रकार चिन्तन करके क्लेश पाते हैं। जब अपना-आप अपना नहीं होता, तब पुत्र और सम्पत्ति किस प्रकार अपने हो सकते हैं?

१९. कम ही लोग भवसागर पार होते हैं, अधिकांश लोग तो धर्मका ढोंग रचकर किनारेपर ही दौड़-धूप करते रहते हैं।

२०. संग्राममें जिसने लाखों मनुष्योंको जीत लिया है वह मनुष्य वास्तविक विजयी नहीं है। जिसने अपने-आपको जीत लिया है वही वास्तविक विजयी है।

२१. पाप मुझपर आक्रमण नहीं कर सकता—यह सोचकर निश्चिन्त न रहो। एक-एक बूँद जलसे घड़ा भर जाता है, वैसे ही निर्बोध मनुष्य क्रमशः पापमग्न हो जाते हैं।

२२. किसीको कठोर वचन मत बोलो, कठोर वचन बोलनेसे कठोर बात सुननी पड़ेगी। चोट करनेपर चोट सहनी पड़ेगी। रुलानेसे रोना पड़ेगा।

२३. जो लोग वासनाको नहीं जीत सकते। उनका मन नंगे बदन, जटा-धारण, भस्म-लेपन, उपवास, मृत्तिका-शय्या—इत्यादिसे पवित्र नहीं हो सकता।

२४. दूसरोंको जैसा उपदेश देते हो, स्वयं भी वैसे ही बन जाओ, जिसने अपनेको वशीभूत कर लिया है, वह दूसरेको भी वशमें कर सकता है। अपनेको वशमें करना ही कठिन है।

२५. पाप और पुण्य सब निजकृत होते हैं, कोई आदमी दूसरेको पवित्र नहीं कर सकता।

२६. यह जगत् जल-बुद्बुद्, मृग-मरीचिकाके समान है, जो इस जगत्को तुच्छ जानता है, मृत्यु उसको नहीं देख पाती।

२७. दौड़ती हुई गाड़ीके समान उत्तेजित क्रोधको जो संयत कर सकता है, वही यथार्थ सारथि है, दूसरे लोग तो केवल राश पकड़े हुए हैं।

२८. प्रेमके बलसे क्रोधको जीतो, मङ्गलके द्वारा अमङ्गलको जीतो, निःस्वार्थताके द्वारा स्वार्थको जीतो तथा सत्यके द्वारा मिथ्याको जीतो।

२९. गुरु जो उपदेश दें, उसको मन लगाकर सुनो और पालन करो।

३०. व्यर्थ मत बोला करो, जो अधिक बोलता है, वह निश्चय ही अधिक झूठ बोलता है। जहाँतक हो, बात कम करनेकी चेष्टा करो, उसके साथ ही शान्ति प्राप्त होगी।

× × × ×

योग सीखनेके लिये वनमें जाना या अनाहारी होना नहीं पड़ता। चित्तवृत्तिके निरोधका नाम ही योग है। वशमें की हुई इन्द्रियादिको इष्टसाधनमें लगानेकी क्षमता जिसमें है, उसके लिये घर या वन दोनों समान ही हैं। एकाग्रता योगका प्राण है, इस एकाग्रताके कारण जब जीवात्मा और परमात्मा एकीभूत हो जायँगे, जीवात्मा और परमात्मामें कोई भेद लक्षित न होगा, तभी साधक वास्तविक योगी होगा। ईश्वरकी प्राप्तिके लिये योगाङ्गोंका सहारा नहीं लेना पड़ता; भक्तिके द्वारा ही साधक ईश्वरमें समाहित हो सकता है। भक्त भक्तिके द्वारा भगवान्को प्रसन्न करके उनमें समाहित होता है। इसीको 'समाधि' कहते हैं।

समाधिका अर्थ है ब्रह्ममें मनका स्थिर हो जाना, परमात्मा और जीवात्माका एकीकरण: अतएव समाधि योगकी फल-स्वरूपा है। जब चित्त वशीभूत होकर सब कार्योंसे निःस्पृह होकर आत्मामें ही अवस्थान करता है, तब उसीको समाधि कहते हैं। जब विशुद्ध अन्तःकरणद्वारा आत्माका अवलोकन करके आत्मामें ही परितृप्त होता है, तब साधकको केवल बुद्धिद्वारा ग्राह्य अतीन्द्रिय, आत्यन्तिक सुखकी उपलब्धि होती है। जिस अवस्थामें स्थित होनेपर आत्मतत्त्वसे च्युत नहीं होता, जिस अवस्थाको प्राप्त करनेपर अन्य लाभ लाभ नहीं जान पड़ते, जिस अवस्थामें स्थित होनेपर गुरुतर दुःख भी विचलित नहीं कर सकते, उसी अवस्थाका नाम योग है। मनको आत्मामें निहित करके स्थिर बुद्धिके द्वारा धीरे-धीरे विरतिका अभ्यास करो, अन्य कोई चिन्तन न करो। चञ्चल स्वभाववाला मन जिन-जिन विषयोंमें विचरण करे, उन-उन विषयोंसे उसको लौटाकर आत्माके वशीभूत करो। रजोगुण और तमोगुणसे विहीन योगी इस प्रकार मनको सर्वदा वशीभूत करके अनायास ही ब्रह्मसाक्षात्काररूप सर्वोत्कृष्ट सुख-को प्राप्त होते हैं। सर्वत्र ब्रह्मदर्शी पुरुष समाहित चित्तसे सब भूतोंमें आत्माको और आत्मामें सब भूतोंको देखते हैं। कामनाशून्य होकर जो योगका अभ्यास करते हैं, वे ही समाधिस्थ या मुक्त होने योग्य हैं। ईश्वरमें लीन होकर जीवात्मा और परमात्माके मिलनका नाम 'मुक्ति' है।

परमहंस स्वामी श्रीदयालदासजी

'तत्त्वमसि' आदि महावाक्यमें भागत्याग-लक्षणा स्वीकृत हुई है। इस सिद्धान्तके जानके लिये 'तत्' और 'त्वं' पद-का वाच्यार्थ कहा जाता है। सर्वशक्तिमान्, सर्वव्यापक इत्यादि धर्मयुक्त मायाविशिष्ट ईश्वर चेतन ही 'तत्' पदका वाच्यार्थ है। और अल्पशक्तिमान्, अल्पज्ञ तथा परिच्छिन्नादि धर्मसे युक्त अविद्याविशिष्ट जीव-चैतन्य ही 'त्वं' पदका वाच्यार्थ है। ये दोनों ही एक हैं, यह 'असि' पदके द्वारा सिद्ध होता है। इस प्रकार जीव-ब्रह्मकी एकता शक्तिवृत्तिद्वारा सिद्ध होनेपर भी यह कैसे संगत हो सकती है? क्योंकि सर्वशक्तिमत्ता अल्पशक्तिमत्ता, सर्वज्ञता और अल्पज्ञता, व्यापकता और और परिच्छिन्नता परस्पर विरुद्ध धर्म है, अतएव इनकी एकता नहीं हो सकती। अतएव महावाक्यमें लक्षणा स्वीकार करनी पड़ती है। परंतु जहत् और अजहत् लक्षणा महावाक्य-में प्रयुक्त नहीं हो सकती, क्योंकि जहत् लक्षणामें वाच्यार्थ-का पूर्ण त्याग तथा वाच्यके साथ सम्बन्धयुक्त अन्य अर्थ लक्षित होता है: 'तत्त्वमसि' महावाक्यमें तत्पदका वाच्य ईश्वर-चेतन तथा त्वं पदका वाच्य जीव-चेतन है, अतएव जहत् लक्षणाद्वारा इन दोनों चेतनसत्ताका त्याग करनेपर लक्ष्य-के लिये अतिरिक्त अन्य चेतन पदार्थ नहीं रहता। इस कारण महावाक्यमें जहत् लक्षणाका प्रयोग युक्त नहीं होता। अजहत् लक्षणाका प्रयोग भी सङ्गत नहीं हो सकता: क्योंकि अजहत् लक्षणामें वाच्यार्थका अतिरिक्त अर्थ लक्षित होता है और महावाक्यस्थित वाच्यार्थ परस्परविरुद्ध-भावापन्न हैं। इस विरोधको दूर करनेके लिये अजहत् लक्षणा स्वीकार करनेसे काम न चलेगा, अतएव महावाक्यमें अजहत् लक्षणाका भी प्रयोग नहीं हो सकता। अन्ततः भागत्याग-लक्षणाका ही महावाक्यके अर्थ-विचारमें प्रयोग करना होगा। और 'तत्' तथा 'त्वं' पदके अर्थमें स्थित विरोधी भाग सर्वज्ञता और अल्पज्ञतादि धर्म तथा आभाससहित माया और आभाससहित अविद्या—इस वाच्यांशका त्याग करते हुए 'तत्' और 'त्वं' पदके चेतन अंशमात्रमें लक्षणा करनी पड़ेगी; अर्थात् सर्वज्ञता और अल्पज्ञतादि धर्मयुक्त एकताविरोधी समष्टि और व्यष्टि-भावमें स्थित स्थूल, सूक्ष्म और कारण, इन त्रिविध शरीरोंको मिथ्यारूप जानकर इनके आधार, प्रकाशक तथा सम्बन्ध-रहित शुद्ध, निर्विकार, अद्वितीय, सच्चिदानन्द ब्रह्मको ही निजस्वरूप निश्चय करना होगा, इसीका नाम भागत्यागलक्षणा है। इससे यह सिद्ध हुआ कि आत्माकी अखण्डरूपमें धारणा करनेपर आवरणदोष निवृत्त हो जाता है और यही 'अपरोक्ष-ज्ञान'के नामसे अभिहित होता है। 'तत्त्वमसि' महावाक्यमें भाग-त्यागलक्षणाद्वारा जीव और ब्रह्मकी एकता कथित हुई है, इस अर्थको दृढ करनेके लिये अन्य दृष्टान्त भी कहे जाते हैं। जैसे, 'समुद्र जलबिन्दु ही है।' इस वाक्यमें समुद्र-पदका वाच्यार्थ महद्धर्मयुक्त जल और जलबिन्दुका वाच्यार्थ अल्पधर्मविशिष्ट जलमात्र है: अतएव शक्तिवृत्तिसे इन दोनों की एकता सिद्ध करनेपर भी यह असम्भव जान पड़ता है; क्योंकि महत् और अल्प धर्ममें परस्पर विरोध ही दीख पड़ता है, एकता सम्भव नहीं है। इसलिये समुद्र और बिन्दुपदका केवल जलमात्रमें भागत्याग-लक्षणा करनेपर, समुद्रका महत्

धर्म और जलविन्दुका अल्प धर्म परित्यक्त हो जायगा तथा समुद्र और विन्दुकी जलमात्रमें एकता लक्षित होगी। इसी प्रकार एकताके विरोधी समष्टि और व्यष्टिभावमें प्रतीयमान स्थूल, सूक्ष्म और कारणरूप वाच्यभागका त्याग कर 'तत्' और 'त्वं' पदके चेतनभागमात्रकी एकता लक्ष्य करनी पड़ती है। भागत्यागलक्षणाद्वारा (सामवेदीय) 'तत्त्वमसि' महावाक्य जैसे जीव और परमेश्वरकी एकताका प्रतिपादन करता है, उसी प्रकार अन्य तीन महावाक्योंके द्वारा भी जीव और ईश्वरकी एकता प्रतिपन्न होती है।

× × ×

'अयमात्मा ब्रह्म' (अथर्ववेदीय) इस महावाक्यमें 'आत्मा'पद जीववाच्य है तथा 'ब्रह्म'पद ईश्वरवाच्य है, उपर्युक्त रीतिसे भागत्याग-लक्षणाके द्वारा चेतनमात्र ही लक्ष्य है। ब्रह्मरूप आत्माकी अपरोक्षता ही 'अयं' पद सिद्ध करता है। इसी प्रकार—'अहं ब्रह्मास्मि' (मैं ब्रह्म हूँ) इस (यजुर्वेदीय) महावाक्यमें 'अहं' पद जीववाच्य और 'ब्रह्म' पद ईश्वरवाच्य है, तथा उपर्युक्त रीतिसे दोनों पद भागत्यागलक्षणाद्वारा चेतनमात्रको लक्ष्य करते हैं। और 'प्रज्ञानमानन्दं ब्रह्म' इस (ऋग्वेदीय) महावाक्यमें 'प्रज्ञान' पदका अर्थ जीव तथा 'ब्रह्म'पदका अर्थ ईश्वर है। उपर्युक्त रीतिसे दोनों पदोंमें भागत्यागलक्षणा करनेपर चेतनमात्र लक्षित होता है। ब्रह्मरूप आत्मा आनन्दस्वरूप है, आनन्द पद इस अर्थका ज्ञापक है। सद्गुरुके मुखसे महावाक्यका अर्थ-श्रवण करनेसे अखण्ड ब्रह्मात्माका बोध और कैवल्यमुक्ति प्राप्त होती है।

× × ×

सजातीय, विजातीय और स्वगत—इन तीन प्रकारके भेदोंसे अतीत पदार्थ ही अखण्ड नामसे ख्यात है। वृक्षोंके परस्पर भेदका नाम 'सजातीय भेद' है, वृक्ष और पशुके भेदका नाम 'विजातीय भेद' है, तथा वृक्ष और उसके पत्र-पुष्पादिमें जो भेद होता है उसका नाम 'स्वगतभेद' है। आत्मामें ये तीनों ही भेद नहीं हैं; क्योंकि आत्मा दो या अनेक होता तो उसमें सजातीय भेद सम्भव होता; परंतु चेतन केवल एक है, इसलिये उसमें सजातीय भेद नहीं है, और अनात्म पदार्थ सत्य होते तो विजातीय भेद सम्भव था; परंतु अनात्मरूपा अविद्या और उसके कार्य मृगतृष्णाके समान मिथ्या है; अतएव आत्माका विजातीय भेद भी नहीं है, आत्मा यदि सावयव होता तो इसमें स्वगत भेद सम्भव था, परंतु निरवयव आत्माका स्वगत भेद नहीं हो सकता। अथवा देश-काल और वस्तुसे अपरिच्छिन्न पदार्थका नाम अखण्ड है। व्यापकताके कारण आत्मामें देश-परिच्छेद नहीं, आत्माकी नित्यताके कारण काल-परिच्छेद नहीं तथा एकत्वके कारण वस्तुपरिच्छेद भी नहीं है। इस प्रकार त्रिविध भेदसे रहित आत्मा अखण्डरूपमें अवस्थित है।

× × ×

'तत्-त्वं' और 'त्वं-तत्'—इस प्रकार ओतप्रोत भावनाके द्वारा महावाक्यकी परोक्षता और परिच्छिन्नताकी भ्रान्ति नष्ट होती है। 'तत्-त्वं' वाक्यके द्वारा 'तत्' और 'त्वं' पदके अर्थकी अभिन्नता कही जाती है। 'त्वं' पदका अर्थ (साक्षी नित्य आत्मा) परोक्षताको दूर करता है, एवं 'त्वं-तत्' वाक्यके द्वारा 'त्वं' पदके साथ तत्पदके अभिन्नार्थके कारण तत् पदका व्यापकतारूप अर्थ परिच्छिन्नताकी भ्रान्तिका नाश करता है। इसी प्रकार 'अहं ब्रह्म', 'प्रज्ञान ब्रह्म', 'आत्मा ब्रह्म' आदि महावाक्योंके द्वारा परिच्छिन्नताकी हानि तथा 'ब्रह्म अहं', 'ब्रह्म प्रजानं' और 'ब्रह्म आत्मा' महावाक्यके द्वारा परोक्षताकी हानि दूर होती है। ब्रह्मरूप आत्मासे पृथक् जो कुछ देखने या सुननेमें आता है, तथा शास्त्रमें स्वर्ग-नरक, पुण्य-पापादि जो कुछ कथित हुआ है, उस सबको मिथ्या भ्रमरूप जानो; परंतु मिथ्याकल्पित वस्तु अपने अधिष्ठानकी हानि नहीं कर सकती; क्योंकि स्वप्नमें मिथ्या भिक्षाके द्वारा राजा दरिद्र नहीं होता, मरुभूमिके मिथ्या जलसे भूमि आर्द्र नहीं होती, मिथ्या सर्प रज्जुको विषाक्त नहीं कर सकता। अतएव समस्त शुभाशुभ क्रियाका कर्त्ता होनेपर भी अपने अनुपमेय आश्चर्यस्वरूपको परमार्थतः अकर्ता ही जानो। साराश यह है कि ब्रह्ममें अभिन्न तुम्हारे यथार्थ स्वरूपमें स्थूल, सूक्ष्म और कारण इन त्रिविध शरीरोंके शुभाशुभ कर्म तथा उसके फल जन्म, मरण, स्वर्ग, नरक, सुख और दुःख सब अविद्याकल्पित हैं, अतएव उपर्युक्त कल्पित पदार्थ तुम्हारे ब्रह्मभावको विकृत नहीं कर सकते। ज्ञान-प्राप्तिके पहले भी आत्मा ब्रह्मस्वरूप था और उसके साथ भूत-वर्तमान-भविष्य, किसी भी कालमें शरीर और धर्मादिका सम्बन्ध नहीं है। आत्मा सदा ही नित्यमुक्त है, ब्रह्मके साथ आत्माका किसी कालमें भी भेद नहीं होता।

स्वामी श्रीएकरसानन्दजी

[जन्म—वि० सं० १९२३, भाद्रशुक्ला (ऋषिपंचमी), पिताका नाम—पं० राधाकृष्णजी, महाराष्ट्रीय ब्राह्मण, माताका नाम—श्रीपालु बाई, स्थान—भूमियाणा। देहावसान—आश्विन कृष्णा २, वि० सं० १९९५]

१—संसारको स्वप्नवत् जानो—

उमा कहौं मैं अनुभव अपना।
सत हरि भजन जगत सब सपना॥

२—अति हिम्मत रक्खो—

धीरज धर्म मित्र अरु नारी।
आपत काल परखिये चारी॥

३—अखण्ड प्रफुल्लित रहो दुःखमें भी—

फिरत सनेह मगन सुख अपने।
हर्ष बिषाद सोक नहिं सपने॥

४—परमात्माका स्मरण करो, जितना बन सके—

देह धरे कर यह फल भाई।
भजिअ राम सब काम बिहाई॥

५—किसीको दुःख मत दो, बने तो सुख दो—

परहित सरिस धर्म नहिं भाई।
पर पीडा सम नहिं अधमाई॥

६—सभीपर अति प्रेम रक्खो—

सरल स्वभाव सबहि सन प्रीती।
सम सीतल नहिं त्यागहिं नीती॥

७—नूतन बालवत् स्वभाव रक्खो—

सेवक सुत पितु मातु भरोसे।
रहै असोच बने प्रभु पोसे॥

८—मर्यादानुसार चलो—

नीति निपुन सोइ परम सयाना।
श्रुति सिद्धांत नीक तेहि जाना॥

९—अखण्ड पुरुषार्थ करो गङ्गा-प्रवाहवत्, आलसी मत बनो—

करहु अखंड परम पुरुषारथ।
स्वारथ सुजस धर्म परमारथ॥

१०—जिसमें तुमको नीचा देखना पड़े, ऐसा काम मत करो—

गुरु पितु मातु स्वामि सिख पाले।
चलत कुमग पग परत न खाले॥

दो०—यह रहस्य रघुनाथ कर बेगि न जानहि कोय।
जानें ते रघुपति कृपा सपनेहुँ मोह न होय॥

श्रीरामानुजाचार्य स्वामीजी श्रीदेवनायकाचार्यजी महाराज

(प्रेषक—भक्त श्रीरामशरणदासजी)

भारतमें जन्म लेकर भी जो अपने वेद-शास्त्रोंको नहीं मानता, वह तो पशुसे भी गया-बीता है। याद रक्खो, शास्त्र मनुष्योंके लिये ही हैं, पशुओंके लिये नहीं। कुछ मनुष्य कहते हैं कि 'हम शास्त्रोंको क्यों माने? हम शास्त्रोंको नहीं जानते।' हम उनसे पूछते हैं कि आप पशु हैं या मनुष्य? जितने भी कानून हैं, सब मनुष्यके लिये हैं। आपने देखा होगा कि मनुष्य यदि सड़कपर मल-मूत्र कर दे तो वह पकड़ लिया जाता है, परंतु यदि पशु कर दे तो उसका कुछ भी नहीं होता; क्योंकि सब जानते हैं कि यह पशु है और इसे ज्ञान नहीं है। अतः मनुष्यके लिये ही शास्त्र हैं और हमें शास्त्रोंको अवश्य ही मानना चाहिये।

हमने अपने चाल-चलन पुराने रहन-सहन आदि सबको छोड़ दिया है इसीसे आज हम पराधीन हो गये हैं। पहिले मनुष्य जप-तपमें, भजन-पूजनमें भी अपना कुछ समय अवश्य लगाते थे और बिना स्नान किये भोजन करनेमें पाप मानते थे; परंतु आजकल तो प्रातःकाल बिना स्नान-ध्यान किये ही लोग चाय-बिस्कुट खाना प्रारम्भ कर देते हैं। यह बड़ा अनर्थ है, इससे बचना चाहिये।

पण्डित वही है कि जो विद्वान् होकर भी श्राद्ध करे,

तर्पण करे, सध्या-वन्दन करे, भजन-पूजन करे और सदाचारी तथा जितेन्द्रिय हो।

स्वयं कष्ट सहकर भी दूसरोको सुख पहुँचाना चाहिये। जिस प्रकार नमक अपनेको तो साग-दालमे गला देता है; परंतु साग-दालको अच्छा बना देता है। वैसे ही मनुष्यको परहितके लिये अपनेको गला देना चाहिये।

सब तो मर जाते हैं परंतु जिसने भगवान्‌की भक्ति की, वह नही मरता; जिसने देशकी सेवा की, वह नही मरता; जिसने मंदिर, कुँआ, बावड़ी बनवाया, वह नही मरता। ऐसे धर्मात्मा मनुष्योका नाम सदा अमर रहता है। बेनका नाश हो गया क्यो? अधर्मसे। और पृथुकी जय हुई क्यो? धर्मका पालन करनेसे।

हम आज सर्वथा आत्मविस्मृत हो गये है? हमारे देशके ही मनुष्य अपनी बोली न बोलकर अंग्रेजी बोलते है और इसमे शान समझते है। हमारा खाना भी आज अंग्रेजी हो गया है और हम होटलोमे अपवित्र विदेशी खाना खाने लगे है।

परम मन्त्रका जप करो और गो-ब्राह्मणकी रक्षा करो। भगवान् श्रीकृष्णने गो-ब्राह्मणकी ही रक्षा की थी। भगवान् श्रीरामने भी गो-ब्राह्मणोकी ही रक्षा की थी। तुम भी गो-ब्राह्मणकी सेवा करो।

किसी भी देशमे चले जाइये, हमारे भारतके समान कोई भी पवित्र देश नहीं मिलेगा। भारतकी तरह कहीं भी आपको श्रीगङ्गाजी नहीं मिलेगी, जिसके परम पवित्र जलको पान करके हम कृतकृत्य हो जाते है।

कोई भी ऐसा देश नहीं है कि जिसके निवासी अपने देशसे प्रेम न करते हो? परंतु दुःख की बात है कि हम आज अपने देशसे प्रेम न कर दूसरोकी नकल करते है। जिन श्रीगङ्गाजीका हजारो कोसकी दूरीपर नाम लेनेमात्रसे पाप कट जाते है, हम उसी श्रीगङ्गाजीके पवित्र जलको न पीकर जूठा-गदा सोडावाटर पीते है; बताओ, हमारा कितना पतन हो गया है। पहिले हमे अपने खान-पानको शुद्ध करना चाहिये।

दुःखके साथ कहना पड़ता है कि आज हमारे बहुत-से महामहोपाध्याय और विद्यावाचस्पति लोगोके लड़के अंग्रेजी कालेजोमे पढ़ते हैं, इससे बढ़कर पतन और क्या होगा? हमे अपने लड़कोका सस्कार कराकर उन्हे सदाचारी बनाना चाहिये, उनसे सध्या-वन्दन कराना चाहिये और उन्हे देववाणी सस्कृत पढानी चाहिये।

स्वामी श्रीअद्वैतानन्दजी महाराज

(प्रेषक—भक्त श्रीरामशरणदासजी)

अपने-अपने वर्णाश्रमधर्मानुसार चलनेपर ही कल्याण होगा।

वेद, शास्त्र, पुराण, रामायण, गीता, महाभारतको प्राणोसे प्यारा समझकर इनके अनुसार चलो।

मास, मछली, अंडे, मदिरा आदि खाना-पीना तो दूर, इन्हे छूओ भी मत।

गो-ब्राह्मणोको, देव-मंदिरोको प्राणसे भी प्यारा समझो और श्रद्धासे सिर झुकाओ, प्रणाम करो, सीधे हाथपर लो। भूलकर भी कभी बंदरोको मत मारो। मोर, नीलगाय आदि किसी भी जीवको कभी मत सताओ।

बड़ा भयानक समय आनेवाला है। अपने सनातनधर्मको मत छोड़ना, इसे पकड़े रहना, इसीसे कल्याण होगा।

हरा वृक्ष कभी मत काटना और पीपलको तो भूलकर भी नहीं, तथा नित्य श्रीतुलसीका पूजन करना। इससे भगवान् प्रसन्न होते है।

अपने घरोमे अंडे, प्याज, लहसुन, सलजम, तम्बाकू मत आने देना। ये पापोकी जड़ है।

जितना बन सके, खूब श्रीभगवन्नामामृतका पान करना, सदाचारी पूज्य ब्राह्मणोके श्रीचरणोकी धूलिको मस्तकपर लगाना और धर्मपर दृढ रहना।

भूलकर भी सिनेमा मत देखना, सहभोजमे सम्मिलित मत होना।

परस्त्रीको भयानक विषके समान मानकर त्याग देना, सर्वथा दूर रहना; इसीमे भलाई है।

पतितपावनी श्रीगङ्गा-यमुनाका परम पवित्र जल पीना और श्रीगङ्गा-यमुनाका पूजन कर पुण्य लूटना।

देवी-देवताओंका पूजन करना, शास्त्रोंमे श्रद्धा रखना, भजन-पूजन करते रहना। यही कल्याणका मार्ग है।

सनातनधर्म-विरोधीका सङ्ग न करना। इसीमे भलाई है।

स्वामी श्रीब्रह्मानन्दजी महाराज

(प्रेषक—भक्त श्रीरामशरणदासजी)

प्रश्न	उत्तर	प्रश्न	उत्तर
मङ्गलमय देव कौन है ?	परमात्मा ।	श्रेष्ठ जीवन क्या है ?	प्रभु-भक्तिसे पूर्ण ।
दया किनपर की जाय ?	दीन जनोपर ।	तत्त्व-प्रदर्शक कौन है ?	ब्रह्मविद्या ।
मायाकी फाँसी कैसे छूटे ?	सच्चे ज्ञानसे ।	परम समाधि क्या है ?	ब्रह्मसे एकता ।
नम्रताका लक्षण क्या है ?	अभिमानका अभाव ।	जगत् किसने जीता है ?	जिसने मनको जीता ।
कर्म किसे नहीं बाँधते ?	आत्मज्ञानीको ।	उत्तम कर्म कौन-सा है ?	भजन-कीर्तन ।
पुण्य-क्षीणका हेतु क्या है ?	गुणोंका गर्व ।	शूरवीर कौन है ?	कामविजयी ।
ब्रह्मदर्शी कौन होता है ?	उत्तम साधक ।	सुखका उपाय क्या है ?	अनासक्ति ।
शुद्ध भाव क्योंकर हो ?	ममत्वके त्यागसे ।	भारी विष कौन-सा है ?	विषय-भोग ।
बन्धका कारण क्या है ?	दृढ़ आसक्ति ।	धन्यवादके योग्य कौन है ?	परोपकारी ।
धन्यवादके योग्य कौन है ?	समदृष्टि पुरुष ।	उत्तम कीर्ति किनकी है ?	भक्तजनोंकी ।
श्रेष्ठ पुरुष कौन है ?	अहंकाररहित ।	निकृष्ट कर्म कौन-सा है ?	कामनायुक्त ।
बाधनेवाली साँकल क्या है ?	भोगवासना ।	सद्गुरु किसको माने ?	तत्त्वदर्शीको ।
सुख कैसे प्राप्त होता है ?	तृष्णाके त्यागसे ।	दुस्तर पीड़ा कौन-सी है ?	आवागमनकी ।
जन्मोंका हेतु कौन है ?	अज्ञान ।	आनन्द कौन पाता है ?	निष्कामी पुरुष ।
नरकके समान क्या है ?	क्रोधादि बुरी वृत्तियाँ ।	उत्तम भूषण क्या है ?	शीलस्वभाव ।
स्वर्ग कैसे प्राप्त होता है ?	जीव-दयासे ।	चिन्तनीय वस्तु क्या है ?	ब्रह्मतत्त्व, भगवान् ।
सदा जाग्रत् कौन है ?	विवेकी जन ।	सच्चा शिष्य कौन है ?	गुरु-आज्ञाकारी ।
अत्यन्त शत्रु क्या है ?	विषयरत प्रबल इन्द्रियाँ ।	महान् तीर्थ कौन-सा है ?	आत्म-शुद्धि ।
परम मित्र कौन है ?	विजय किया हुआ मन ।	त्याग करने योग्य क्या है ?	दुर्भावनाएँ ।
दरिद्रताका हेतु क्या है ?	तृष्णा ।	क्षमा करनेका फल क्या है ?	दुःखकी निवृत्ति ।
ज्ञानका साधन क्या है ?	पूर्ण वैराग्य ।	सदैव सुनने योग्य क्या है ?	भगवद्गुणानुवाद ।
मृत्युके समान कौन है ?	प्रमाद ।	पाप क्यों होते हैं ?	कामनासे ।
परम प्रेमका विषय क्या है ?	सत्य आत्मा ।	सात्त्विक तप कौन-सा है ?	इन्द्रियसंयम ।
सम्पत्तिवान् कौन है ?	संतोषी जन ।	ब्राह्मणोंका धर्म क्या है ?	सर्वथा संतोष ।
दृढ़ बन्धन कौन-सा है ?	विषयासक्ति ।	क्षत्रियका मुख्य धर्म क्या है ?	दीन-रक्षा ।
शीघ्रता किसमें की जाय ?	परमार्थ-साधनमें ।	वैश्यका मुख्य धर्म क्या है ?	परोपकार, सात्त्विक दान ।
मदिरासम मादक कौन है ?	धन ।	शूद्रके कल्याणका हेतु क्या है ?	निष्कपट सेवा ।
अन्धा कौन है ?	कामातुर ।	सदैव दुखी कौन है ?	भोग-लम्पट ।
धर्मका मूल क्या है ?	दया ।	सर्वथा पूज्य कौन है ?	समदर्शी ।
चित्तकी एकाग्रता कैसे हो ?	प्रभुके ध्यानसे ।	भक्ति क्षीण कैसे होती है ?	भोगेच्छासे ।
सर्वोत्तम लाभ क्या है ?	ब्रह्मकी प्राप्ति ।	साधन-ज्ञान कैसे घटता है ?	अहंकारसे ।
संग्रह करने योग्य क्या है ?	श्रेष्ठ गुण ।	सदैव क्या करना चाहिये ?	धर्मका पालन ।
अत्यन्त दुःखद कौन है ?	दुराशाएँ ।	संसार दृढ़ कैसे होता है ?	अति रागसे ।
भरोसा किसपर रखना ?	प्रभु-कृपापर ।	सच्चा ज्ञानी कौन है ?	संशयरहित ।

प्रश्न	उत्तर	प्रश्न	उत्तर
भारी पातक क्या है ?	स्त्रीमें कुदृष्टि ।	ज्ञानका लक्षण क्या है ?	एकता और समता ।
जीतेजी मृतक कौन है ?	आलसी ।	पापोंका मूल क्या है ?	स्वार्थ ।
मोह कैसे नष्ट हो ?	भोगोंमें दोषदृष्टि होनेपर ।	स्वार्थका हेतु क्या है ?	अज्ञान ।
दृढ़ फाँसी क्या है ?	विषयोंसे सुखकी आशा ।	सत्यका लक्षण क्या है ?	जो एकरस रहे ।
प्रभु किसके अधीन है ?	प्रेमियोंके ।	कर्मोंका प्रेरक कौन ?	अपने संस्कार ।
सुस्वादु आहार कौन-सा है ?	अल्प और सादा ।	ईश्वर क्या करते हैं ?	कर्म-फल-दान ।
उत्तम प्रकृति कैसे हो ?	शान्त वृत्तिसे ।	धर्म सफल कैसे हो ?	सद्भावोंसे ।
संगति किसकी बुरी है ?	दुराचारीकी ।	उत्तम गति कैसे प्राप्त हो ?	सत्संगसे ।
छुटकारेका कारण क्या है ?	याचना ।	वाणी पवित्र कैसे हो ?	सत्य भाषणसे ।
महत्त्वका हेतु क्या है ?	अयाचकता ।	सावधान किससे रहे ?	मन-इन्द्रियोंसे ।
उत्तम सहकारी कौन है ?	आत्मिक बल ।	सदा भय किससे करना है ?	दुर्व्यसनोंसे ।
स्वर्गका साम्राज्य क्या है ?	तृष्णाका अभाव ।	परमपदका साधन क्या है ?	सदा अभ्यास ।
समाधिका फल क्या है ?	शान्ति-प्राप्ति ।	हानिकारक कौन है ?	व्यर्थ आडम्बर ।
भारी कष्टोंका हेतु क्या है ?	मनके दुर्वेग ।	दुःखोंका कारण कौन है ?	अधिक व्यय ।
भगवान् कैसे रीझते हैं ?	सच्ची प्रार्थनासे ।	श्रद्धा कैसे बढ़ती है ?	निष्कामतासे ।
धर्मका साधन क्या है ?	सरल निष्कपट व्यवहार ।	तप क्षीण किससे होता है ?	क्रोध या दम्भसे ।
साधक क्या त्याग करे ?	कुतर्क दृष्टि ।	पराक्रम कैसे बढ़ता है ?	ब्रह्मचर्यसे ।
प्रेमका स्वरूप क्या है ?	प्रेमास्पदका हो रहना ।	देह दुखी क्यों रहती है ?	मिथ्याहार-विहारसे ।
क्षणभंगुर क्या है ?	संसारके भोग ।	बुद्धि निर्मल कैसे हो ?	स्वाध्यायसे ।
प्रबल शत्रु कौन है ?	न जीता हुआ मन ।	आरोग्यता कैसे रहती है ?	सदाचारसे ।
मन कैसे वशमें हो ?	अभ्यास, वैराग्यसे ।	भक्तिका परिणाम क्या है ?	भगवान्‌के प्रेमकी प्राप्ति ।

स्वामी श्रीब्रह्मर्षिदासजी महाराज

(प्रेषक—भक्त श्रीरामशरणदासजी)

(१) भारतवर्ष भगवान्‌की अवतार-भूमि है । श्रीभगवान्‌ने यहाँ विविध रूपोंमें चौबीस अवतार धारण किये हैं । साथ ही यह तपोभूमि भी है। यहाँके पुण्यक्षेत्र श्रीनैमिषारण्यमें ८८ हजार सिद्ध महात्माओंने तपश्चर्या की है । ऐसी पुण्यस्थलीमें वे ही लोग नित्य निवास कर सकते हैं और सुखसे जीवनयापन कर सकते है जो श्रीभगवद्भक्त और तपोनिष्ठ हों । फिर चाहे वे सद्गृहस्थ हों या संतजन । इस पूज्य पद्धतिके विरुद्ध जो किञ्चित् भी अनधिकार चेष्टा करेगा वह अक्षम्य अपराधी माना जायगा । आज कहीं भी रावण, हिरण्यकशिपु, वेन और कंसका अस्तित्व नहीं दिखलायी पड़ता; किंतु विभीषण, प्रह्लाद और ध्रुवके चारु चरित्रोंसे आज भी चतुर्दिक—दिग्दिगन्त आलोकित हो रहा है। यह भारतीय सिद्धान्त सदासे महामान्य रहा है और अन्ततक रहेगा । आज चाहे जडवादकी जडतासे इसे न महत्त्व दें; किंतु इसमें हमारी ही क्षति है, हमारा ही पतन है और हमारा ही सर्वनाश है ।

(२) भारतवर्ष धर्मप्राण देश है । जो धर्मकी खिल्ली उड़ाते हुए धर्मप्राण पुरुषोंका उपहास कर रहे हैं वे सावधान हो जायँ और भगवान् श्रीमनुकी इस अमर वाणीको न भूलें—

धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः ।

और धर्मप्रिय बन्धुओंसे तो मैं यही कहूँगा कि वे सदा-सर्वदा और सर्वथा 'स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो

भयावहः' इस श्रीभगवद्वाणीकी बार-बार आवृत्ति करते हुए धर्मकी बलिवेदीपर अपनेको उत्सर्ग कर दे। यही उनका धर्म है और ईश्वरीय आदेशका पालन है। ऋषि-ऋण-से मुक्तिका भी यही महामन्त्र है।

(३) आज सर्वत्र मतगणनाका बाहुल्य है, जन-समुदायका आधिक्य है तथा अन्धानुकरण-कर्ताओंका वैशिष्ट्य है; किंतु क्या अनन्त तारागणोंके होते हुए भी अमावस्याके घोर अन्धकारका आत्यन्तिक ध्वंस हो जाता है? नहीं-नहीं, कदापि भी नहीं त्रिकालमें भी नहीं। अन्धकारका अन्त तो वास्तवमें एकमात्र सोमके द्वारा ही होता है। ठीक इसी प्रकार शास्त्रपद्धतिसे पराङ्मुख अनन्त लोगोंका भी प्राधान्य हो जाय तो क्या उससे शाश्वती शान्ति और स्थायी आनन्दका आविर्भाव हो जायगा? नहीं, कदापि नहीं। एक धर्मात्मा पुरुषके द्वारा, एक तपोनिष्ठ महात्माके द्वारा, एक भगवद्भक्त व्यक्तिके द्वारा विश्वका कल्याण और जगत्का उद्धार हो सकता है। एक प्रह्लाद और एक विभीषणके द्वारा दैत्यकुलका मुख उज्ज्वल हो गया और वे भुवनभूषण बन गये। आज यत्र-तत्र-सर्वत्र प्रत्येक संस्था और सम्प्रदाय जन संख्याकी वृद्धिके साधनमें संलग्न है। और धर्म निष्ठ पुरुष अँगुलियोंपर गिननेके योग्य भी दृष्टिगोचर नहीं हो रहे हैं। तो क्या इससे उनका महत्त्व कम हो जायगा? अनन्त नदियोंके बीचमें अकेली श्रीगङ्गाजीकी महिमा क्या न्यूनतम है? किसी मनुष्यके खजानेमें करोड़ों रुपये हों पर वे सब खोटे, तो उनसे क्या हो सकता है? उन्हींकी जगह एक खरा रुपया हो तो उससे अनेक कार्य हो सकते हैं। बल्कि खोटे रुपये रखनेके जुर्ममें उसे गिरफ्तार किया जा सकता है। अधर्म करनेवाला अपवादभाजन बनता है और धर्माचरण करनेवाला प्रशंसाका पात्र होता है। अनेकानेक श्रृगाल जंगलमें हौआ-हौआ करते हैं, इससे क्या वनराजका कुछ बिगड़ जाता है? किंतु अकेले उठकर मैदानमें सिंहनाद करनेवाले केशरीका वह प्रबल प्रताप होता है कि सारा वन्य-प्रदेश प्रकम्पित हो जाता है और सारा अरण्यमण्डल आतङ्कित हो उठता है तथा वहाँके सभी जीव स्तम्भित और मृतप्राय हो जाते हैं।

(४) वैदिक धर्मकी विजय-वैजयन्ती फहराते हुए भाष्यकार भगवान जगद्गुरु श्रीशंकराचार्यजी महाराजने अकेले होते हुए भी बौद्धधर्मके बाहुल्यका विध्वंस कर दिया और दसों दिशाओंमें अपने वैदिक सिद्धान्तकी दुन्दुभि बजा दी। क्या उन बौद्धोंके सम्मुख उनका महत्त्व कुछ कम था? उनका आदर्श न्यून था? इसी तरह एक भी कर्तव्यनिष्ठ महापुरुष अनेकानेक अकर्मण्य प्राणियोंको उपहासास्पद बना सकता है और उसका लोहा माननेके लिये सभीको बाध्य होना पड़ता है। अगणित आलसियोंका आधिक्य होनेसे एक कर्तव्यनिष्ठ पुरुषका पराभव नहीं होता। बल्कि उसकी प्रतिभा और भी प्राञ्जल हो जाती है।

(५) वर्णव्यवस्था वैदिक धर्मका बीज है। वर्णव्यवस्थाको माने बिना वैदिक धर्मकी सत्ता ही सिद्ध नहीं होती। वर्णव्यवस्था ही हिंदूधर्मकी चहारदीवारी है। वृक्ष, लता, पत्ता और पशु-पक्षियोंतकमें वर्णव्यवस्था दृष्टिगोचर होती है; फिर भला इस वैदिक और प्रकृतिसिद्ध वर्णव्यवस्थाको कौन मिटा सकता है? हाँ, जो मिटानेपर तुले हुए हैं, सम्भव है वे स्वयं मिट जायँ। कर्मणा वर्णव्यवस्थाको मानना क्या है मानो बहुरूपियाका स्वाँग धारण करना है। भगवान् श्रीकृष्ण स्वयं श्रीगीताजीमें कहते हैं—

चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः ॥

क्या कोई इस भगवदुक्तिको मिटानेमें समर्थ है? भगवानने स्वयं—

तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्यव्यवस्थितौ ।
ज्ञात्वा शास्त्रविधानोक्तं कर्म कर्तुमिहार्हसि ॥

(गीता १६ । २४)

कहकर अर्जुनके लिये शास्त्र-व्यवस्थाका विधान किया है और जो उसे नहीं मानता है उसके लिये भी कहा है

यः शास्त्रविधिमुत्सृज्य वर्तते कामकारतः ।
न स सिद्धिमवाप्नोति न सुखं न परां गतिम् ॥

(गीता १६ । २३)

जो पुरुष शास्त्रविधिको त्यागकर अपनी इच्छासे वर्तता है, वह न तो सिद्धिको प्राप्त होता है और न परमगतिको तथा न सुखको ही प्राप्त होता है। वर्णव्यवस्थाको मिटाना या कर्मणा वर्णव्यवस्थाका मनमाना प्रचार करना सर्वथा शास्त्र-विरुद्ध है और इसका परिणाम भी उन्हें भोगना ही होगा।

(६) आज धर्मके परिवर्तन करनेकी आवश्यकता समझी जा रही है, किंतु क्या यह सम्भव है? इस शरीरका धर्म प्राण है जो इसकी सतत संजीवनी है। क्या इसके निष्कासनमें

कोई खतरा नहीं है ? जो योगिजन प्राणोंका नियमन करते हैं, उनका भी प्राण सुषुम्णा नाड़ीमें सूक्ष्म गतिसे संचालित होता रहता है। क्या उनका आत्यन्तिक ध्वंस मृत्युस्वरूप न होगा ? रात्रिमें सूर्य-चन्द्रके अभावमें हम दीपक, टार्च, बिजलीकी रोशनी जलाते हैं तो क्या उससे सार्वभौम प्रकाश प्राप्त हो सकता है ? क्या एकके यहाँका प्रकाश दूसरेके अन्धकारस्थलको खटकता नहीं है ? ठीक इसी तरह आज हम भारतीय वैदिक धर्मको ठुकराकर दूसरोंके नाना वाद-विवादोंको, मतमतान्तरोंको महत्त्व प्रदान करते जा रहे हैं, क्या यह हास्यास्पद और घृणास्पद नहीं है ? क्या आज धर्म और ईश्वरके अभावने उन अनार्योंको स्पर्धाका विषय नहीं बना रक्खा है जो रात-दिन धर्म और ईश्वरको ढोंग कहकर चिल्लाया करते हैं ? क्या उनका अन्तःकरण पूर्ण प्रशान्त है ? क्या उनका जीवन सम्यक् सुख-शान्तिमय है ? यदि नहीं तो क्यों ? इसीलिये कि उनका कोई आधार-आधेय नहीं है। हमारा भारतवर्ष श्रीभगवदाश्रित रहकर और धर्माचरण करके सदा-सर्वदा सुरक्षित रहा है और अन्ततक रहेगा। हाँ, जिन लोगोंने धर्म और ईश्वरको ढोंग बतलाया, उनका कहीं भी अस्तित्व दृष्टिगोचर नहीं हो रहा है। वास्तवमें धर्म ही हमारा जीवन-सर्वस्व है, पैतृक सम्पत्ति है, जन्मसिद्ध अधिकार है। ईश्वर ही एकमात्र हमारे आधार हैं। उनके बिना हमारा जीवन मृतप्राय है। भगवान्‌के बिना ये समस्त भोग रोगमय हैं। ईश्वर तथा धर्मको मानकर ही हम फल-फूल सकते हैं—उन्हें मिटाकर नहीं। 'नष्टे मूले नैव शाखा न पत्रम्'। धर्मके पथमें चलते हुए हमें जो कुछ धर्म-संकटका सामना करना पड़ेगा, उसके लिये हमें तैयार रहना चाहिये और सदा बद्धपरिकर रहकर प्राणपणसे उसका प्रतीकार करना चाहिये। सोनेको जब तपाया जाता है तभी वह खोटेसे खरा बनकर कुन्दन हो जाता है। हीरेको जब खराद-पर चढ़ाते हैं तब उसकी प्रतिभा निखरकर वह महान् मूल्यमय हो जाया करता है। इससे उसकी कुछ क्षति थोड़े ही होती है, बल्कि उसके ऐश्वर्य-सौन्दर्यका मूल्य अधिक हो जाता है। इसी तरह धर्मके पथमें भी समझना चाहिये। परम पूज्यपाद प्रातःस्मरणीय श्रीगोस्वामीजी महाराजने कहा है—

सिबि दधीच हरिचंद नरेसा। सहे धर्म हित कोटि कलेसा॥
रंतिदेव बलि भूप सुजाना। सहे धर्म हित संकट नाना॥

इसे हमें कदापि भी नहीं भूलना चाहिये।

(७) धर्मक्षेत्रोंमें रहते हुए भी धार्मिक जीवनयापन करना चाहिये। यही धर्मशास्त्रकी विशेष आज्ञा है। इसका मतलब यह नहीं है कि अन्यत्र अधर्म ही करना चाहिये। लिखा है—

अन्यक्षेत्रे कृतं पापं पुण्यक्षेत्रे विनश्यति।
पुण्यक्षेत्रे कृतं पापं वज्रलेपो भविष्यति॥

दूसरी जगह किया हुआ पाप पुण्यक्षेत्रमें नष्ट हो जाता है पर पुण्यक्षेत्रमें किया हुआ पाप तो वज्रलेप हो जाता है। इसे हमें कदापि नहीं भुलाना चाहिये।

किसी बड़भागीका पुण्यक्षेत्रमें निवास करना ही सौभाग्य-सूचक है। फिर जिसकी वह जन्मभूमि हो उसका तो कहना ही क्या है ? जिसके विषयमें कहा गया है—

अहो मधुपुरी धन्या स्वर्गादपि गरीयसी।
विना कृष्णप्रसादेन क्षणमेकं न तिष्ठति॥

उस प्रचुर पुण्यभूमिमें जो बड़भागी आये हुए हों वे चाहे शरणार्थी हों या तीर्थयात्री हों अथवा नित्य निवासी हों, उन्हें बड़ी ही सावधानीसे श्रीभगवद्धामका सेवन करना चाहिये। मनसा, वाचा, कर्मणा व्रजरजके महत्त्वको समझना चाहिये। 'मथुरा तीन लोक ते न्यारी' और 'गोकुल गाँव को पैंड़ो ही न्यारो है' इस लोकोक्तिका उदात्त अर्थ अनुभव करना चाहिये। किञ्चित् भी मर्यादाके विरुद्ध, शास्त्रके विरुद्ध, धर्मके विरुद्ध अनधिकार चेष्टा नहीं करनी चाहिये। अन्यथा वह अनन्त गुना कटुफलदायक सिद्ध होगी। यहाँ सदासे ही वैष्णवताका बोलबाला रहा है, विधर्मीपनका नहीं। अतएव हमें विशुद्ध वैष्णवधर्मका अनुष्ठान करना चाहिये। दानवताकी दुर्दमनीय लीलाका दुर्दृश्य यहाँ कदापि भी नहीं उपस्थित करना चाहिये। यह भगवान्‌की भव्यभूमि है, जहाँ भगवान्‌की भक्ति-भागीरथी सर्वत्र लहरा रही है। उसमें अपने आपको अवगाहन कराके सदाके लिये पाप-तापसे मुक्त हो जाना चाहिये और अपने पूर्वार्जित पापोंका पूर्णतः प्रायश्चित्त करके पावन बन जाना चाहिये—कृतार्थ हो जाना चाहिये और एक ही साथ भगवान्‌के नाम-रूप-लीला-धामका रसास्वादन और नित्य लीलाका दिव्य दर्शन करना चाहिये और उन्हींका बनकर उनके श्रीव्रजरजमें मिल जाना चाहिये।

स्वामी श्रीआत्मानन्दजी महाराज

(प्रेषक—भक्त श्रीरामशरणदासजी)

जिस प्रकार पहला ग्रास खाते हैं, तब उस पहले ग्रासमे ही तृप्ति शुरू होने लगती है और अन्तिम ग्रासमे अन्तिम तृप्ति होती है, लेकिन तृप्ति शुरूसे ही होने लगती है, इसी प्रकार जिस दिन हमारा जन्म होता है, काल भी हमे उसी दिनसे ही खाने लगता है। हॉ, अन्तिम श्वास उसका अन्तिम ग्रास होता है। श्रेष्ठ पुरुष इसीलिये नही रोते। वे जानते हैं कि पहलेसे ही खाये जाते रहे हैं अब क्या रोना है ?

जिस प्रकार जिसे भूख-प्यास लगी हो, वही जब अन्न-जल खाये-पीयेगा तभी उसकी भूख-प्यास दूर होगी, किसी दूसरेके खाने-पीनेसे दूर नहीं होगी, इसी प्रकार अपने करनेसे ही सब कुछ होगा, दूसरेसे नहीं।

जब तुम अपने मनसे बुराई उठा दोगे तो तुम आप-ही-आप रह जाओगे। बुराई दूसरेमे तो है ही नहीं, अपनेमें ही है। 'समीप होनेसे' अपनेमें तो मनुष्य बुराई देख नही सकता, उसे दूसरेमे प्रतीत होती है। जिस प्रकार अपनी ही आँखोमे काजल होनेपर भी अपनेको नही दीखता है, इसी प्रकार अपनेमे बुराई होनेपर भी नहीं दीखती है। यदि अपने मुखपर खराबी है तो दर्पणमें भी वही खराबी दीखेगी। सो यदि तुम दर्पणमे अपने मुखको अच्छा देखना चाहते हो तो अपने मुखको पहले साफ करो। फिर दर्पणमें भी आप ही शुद्ध दीखने लगेगा।

प्रश्न—महाराजजी ! मन एकाग्र नही होता ?

उत्तर—तुमने कौन-सा उपाय मनको रोकनेका किया कि जिससे मन एकाग्र नहीं होता ?

भक्त—महाराजजी ! जैसे संध्या-वन्दन करने बैठे कि मन चला ?

उत्तर—जैसे जंगली पशुको एकदम बाँधनेसे वह नहीं रुकता। हाँ, उसे एक घंटे बाँध दिया और फिर छोड़ा। फिर अगले दिन दो घंटे बाँध दिया फिर छोड़ दिया। ऐसे ही उसे आदत डालेंगे तो वह फिर हिल जायगा। इसी प्रकार मनको आज एक मिनिट, अगले दिन दो मिनिट रोका जाय तो धीरे-धीरे आदत पड़ जायगी। गीतामे भी 'चञ्चलं हि मनः कृष्ण' कहा है। चञ्चल मनका वशमें करना एकदम कठिन है; परंतु धीरे-धीरे अभ्यास करनेसे वह वशमें हो जाता है।

प्रश्न—कौन-सी अवस्थामें गृहस्थको छोड़ देना चाहिये ?

उत्तर—बिना वैराग्यके तीसरी अवस्था बीतनेपर चौथी अवस्थामे गृहस्थका त्याग करे। बाकी जिस दिन भी वैराग्य हो जाय, उसी दिन गृहस्थका त्याग कर संन्यास ले ले। पर वैराग्य होना चाहिये सच्चा। बिना वैराग्यके संन्यासी होना उचित नहीं है।

जितने सीधे हैं, भोले हैं और छल-कपटसे रहित हैं उतने ही वे सिद्ध पाये जाते हैं। और जितने चतुर हैं उनमें वह बात नहीं पायी जाती।

आत्माको खींचनेवाले जो पदार्थ हैं, उन पदार्थोंमें तो ग्लानि हो और इधर अभ्यास हो, तभी काम चलता है।

जिस प्रकार हाथसे दीपकको छोड़कर कोई अँधेरेको अँधेरेसे दूर करना चाहे तो यह असम्भव है, इसी प्रकार बिना अभ्यास और वैराग्यके मनका निग्रह करना भी असम्भव है।

अँधेरेसे अँधेरा दूर नहीं होता, इसी प्रकार विषयोंके तन्तुओंसे यह मनरूपी हाथी बाँधा नहीं जा सकता। यह तो प्रबल अभ्याससे ही वशमें होता है।

बुरे कर्मसे बचना चाहिये। बुरे कर्मका फल यहाँपर भी भोगना होता है और धर्मराजके यहाँ भी। ईश्वर यहाँ इसलिये भुगवाते हैं कि जिससे दूसरे लोगोंको भी शिक्षा मिले और कोई बुरे कर्म न करे।

एक उदरसे पैदा हुए भाइयोंमे परस्पर मेल बड़े ही पुण्योंसे होता है। यह कलिकालकी महिमा है कि आज भाई-भाईमें भी प्रेम नहीं है।

प्रश्न—आत्माका स्वरूप क्या है ?

उत्तर—सत्-चित्-आनन्द—यही आत्माका स्वरूप है।

काशीके सिद्ध संत श्रीहरिहरबाबाजी महाराज

(प्रेषक—भक्त श्रीरामशरणदासजी)

प्रश्न—बाबा ! हमारा क्लेश कैसे मिटेगा ?

उत्तर—राम-राम जपो। श्रीतुलसीदासजीने कहा है—

राम नाम बिनु सुनहु खगेसा । मिटहिं न जीवन केर कलेसा ॥

श्रीराम-नाम जपनेसे सब क्लेश मिट जायँगे !

प्रश्न—श्रीमहाराजजी ! हमें क्या करना चाहिये ?

उत्तर—सुबह-शाम श्रीभगवान्‌का नाम खूब जपो और श्रीमद्भागवतका श्रवण करो । जितने भी भगवद्भक्त या भागवत हुए हैं इसमें प्रायः सभीकी कथा है, इसीसे इसका नाम 'भागवत' है ।

प्रश्न—बाबा ! श्रीभगवान्‌के नाममें प्रेम कैसे हो ?

उत्तर—निरन्तर सत्सङ्ग करो। गोस्वामी श्रीतुलसीदासजी महाराज कहते हैं—

भक्ति स्वतंत्र सकल गुनखानी । बिनु सतसंग न पावहिं प्रानी ॥

बिना सत्सङ्गके भक्तिलाभ नहीं होता और भक्तिसे ही सब लाभ होता है ।

प्रश्न—महाराजजी ! कुछ लोग कहते हैं कि श्रीभगवान्‌के दर्शनसे विशेष लाभ नहीं होता ?

उत्तर—भगवान्‌के दर्शन हो गये तो फिर बाकी ही क्या रह गया ? इससे बढ़कर और लाभ क्या होगा ? भक्ति करो, शुद्ध भाव रक्खो, श्रीभगवान्‌का नाम जपो— यही सार है ।

प्रश्न—बाबा ! हमें क्या करना चाहिये ?

उत्तर—शिव-शिव जपो, ॐ नमः शिवाय जपो ।

प्रश्न—बाबा ! शिव-शिव मालापर जपें या उँगलियोंपर ?

उत्तर—मालापर ही जपो या कैसे भी जपो । पर जपो !

प्रश्न—क्या सामने मूर्ति रखनेकी भी जरूरत है ?

उत्तर—हाँ, मूर्ति भी सामने रक्खो ।

प्रश्न—बाबा ! और कुछ भी करें ?

उत्तर—पहले स्नान करो, फिर मूर्तिको स्नान कराओ और फिर उस मूर्तिका चन्दनादिके द्वारा पूजन करके तब फिर भगवान्‌का नाम जपो । जपो भगवान्‌का नाम निष्काम । श्रीरामनामके बराबर कुछ भी नहीं है । जो भी श्रीरामनाम जपता है उसके सब काम पूरे हो जाते हैं और उसे मोक्षकी भी प्राप्ति हो जाती है ।

जब श्रीसूर्यनारायण निकलें तो उन्हें दण्डवत् करो और जब स्नान करो, तब श्रीसूर्यनारायणको जल दो । श्रीसूर्यनारायण भगवान्‌को प्रणाम करके ही श्रीराम-श्रीराम जपना चाहिये ।

प्रश्न—महाराजजी ! हमें भक्ति करनी चाहिये या ज्ञानविषयक ग्रन्थ देखने चाहिये ?

उत्तर—भक्तिसे ज्ञान होता है और ज्ञानका अर्थ है—भगवान्‌का दर्शन हो जाना ।

प्रश्न—बाबा ! आजकल कुछ लोग कहते हैं कि वर्णव्यवस्था कुछ नहीं है, जात-पाँत कुछ नहीं है इसे नहीं मानना चाहिये ?

उत्तर—कौन है जो मर्यादाको मेटेगा ? जब भगवान्‌ने मर्यादा बनायी है तो उसे कौन मेट सकता है ? चारों वेद, छः शास्त्र, पुराण सभी वर्ण-विभाग मानते हैं ।

स्वामी श्रीमन्नानन्दजी

[स्थितिकाल—उन्नीसवीं शताब्दी । समाधिस्थान—ग्राम निवारीपुर, जिला फतेपुर]

(प्रेषक—डा० श्रीबालगोविन्दजी अग्रवाल, विशारद)

चेतन भिन्न अपर नहिं कोई ।
जो भासे सब सत चित आनंद दूसर हुवा न होई ।
आपु आपु में सब कुछ भासै चित बिलास है सोई ॥
सर्व यह चेतन जोई ।
आपहि ब्रह्म ब्रह्म नहिं जानै आपुहि जानै सोई ॥
मन्नानन्द कछु जतन नहीं है आपा मिटे सुख होई ।
द्वैत नहिं भासै कोई ॥
आपुहि में आप समाया ।
स्वयं प्रकास न सोवत जागत नहिं कहुँ गया न आया ॥
नहिं उत्पति नहिं परलय सृष्टि ईश्वर जीव न माया ।

वेद कुरान शिष्य नहिं मुरशिद अलख अरूप अजाया ॥
नाम रूप क्रिया रज्जु सर्प जिमि अद्‌भुत खेल दिखाया ।
मग्नानन्द स्वरूप अखण्डित गुरु दृष्टि दरशाया ॥
चेतन में चित दृष्टि प्रभासत दृष्टि में सृष्टि अनन्त नई है ।
दृष्टि के नासत सृष्टि विनासत दृष्टि प्रकासत सृष्टि भई है ॥
दृष्टि का साक्षी सदा निर्लेप अरूप अजक्रिय मोदमई है ।
रघुबीर सो ज्ञान अखंडित रूपमनन्दित पूरण ब्रह्म सोई है॥

निशिदिन अमृत बरसत सारे ।
मधुर मधुर ध्वनि बादर गरजत
कोटिन चन्द्र सहस उजियारे ॥
सुरति कटोरी भरि भरि पीवे
पियत पियत छकि अगर जिया रे ॥
मग्नानन्द स्वरूप अखण्डित
पिया हेरत भये आप पिया रे ॥

श्रीउड़िया स्वामीजी महाराज

साधकके लिये

साधकके लिये विषयी पुरुषोंका सङ्ग और विषयमें प्रेम—ये पतनके कारण हैं ।

ईश्वरमें प्रेम होनेसे विषय-प्रेम दूर हो जाता है ।

साधकको शरीर स्वस्थ और खान-पानका संयम रखना चाहिये ।

भजन गुप्तरूपसे करना चाहिये । अपनेको भजनानन्दी प्रकट न करना चाहिये ।

भजनसे कभी तृप्त न होना चाहिये ।

भगवान्‌से सांसारिक विषयकी प्रार्थना नहीं करनी चाहिये ।

खोटे पुरुषोंका सङ्ग त्यागकर सदा ब्रह्मचर्यका पालन करना चाहिये ।

पापकर्म, छल, कपट, मान, धन और स्त्रीका अनुराग, पर-निन्दा और परचर्चाका प्रेम, गर्व, अभिमान, धूर्तता तथा पाखण्ड आदि दोषयुक्त मनुष्योंका सङ्ग—सदा त्याग करना चाहिये ।

परदोषदर्शन भगवत्प्राप्तिमें महान् विघ्न है ।

साधकको साम्प्रदायिक झगड़ोंमें नहीं पड़ना चाहिये ।

निरन्तर जप, पाठ, पूजन और ध्यानमें समय बिताना चाहिये ।

एकान्त स्थानमें रहनेका अभ्यास करना चाहिये । निद्रा या आलस्य सतावे तो ऊँचे स्वरसे सद्‌ग्रन्थ-पाठ अथवा भगवन्नामजप करना चाहिये ।

आसक्ति छोड़कर किये हुए सभी शुभ कर्म भजनमें शामिल हैं ।

सब प्रकारके दुःखोंको शान्तिपूर्वक सहना चाहिये ।

क्रोधीके प्रति क्षमा और वैरीके प्रति प्रेम करना चाहिये तथा बुरा करनेवालेके साथ भी भलाई करनी चाहिये ।

अपनेको सबसे छोटा समझना, अभिमान न करना, किसीका दोष न देखना, किसीसे घृणा न करना, कम बोलना, अनावश्यक न बोलना, सदा सत्य और मीठे वचन बोलना, यथासाध्य सबकी सेवा करना, दीनोंपर दया करना, विवाह-उत्सव आदि जनसमूहमें कम शामिल होना, पापोंसे सावधान रहना और ईश्वरपर पूर्ण विश्वास रखना—ये साधकके आवश्यक गुण हैं ।

सुवर्ण और स्त्री इन दोनोंसे बचकर रहो । ये भगवान् और जीवके बीचमें खाई बनाते हैं, जिससे यमराज मुँहमें धूल डालता है ।

अविनाशी भगवान् और जीवके बीचमें तीन धाराएँ (नदियाँ) हैं—(१) कुल, (२) काञ्चन और (३) कामिनी । जो इन तीनोंको पार कर लेता है (इनमें आसक्त नहीं होता), वह भगवान्‌के पास पहुँच जाता है ।

तीन बातें सदा याद रखनी चाहिये (१) दीनता, (२) आत्मचिन्तन और (३) सद्‌गुरुसेवा ।

भजनके विघ्न ये हैं —

(१) लोकमें मान-प्रतिष्ठा होना ।
(२) देश-देशान्तरमें ख्याति होना ।
(३) धन-लाभ होना ।
(४) स्त्रीमें आसक्ति होना ।
(५) संकल्पसिद्धि अर्थात् जिस पदार्थकी मनमें इच्छा हो वही प्राप्त हो जाना ।

भगवत्प्राप्तिके लिये ये अवश्य करने चाहिये—

(१) सहनशीलताका अभ्यास ।

(२) समयको व्यर्थ न गँवाना ।
(३) पदार्थ पास होनेपर भी भोगनेकी इच्छा न करना।
(४) निरन्तर इष्टदेवका चिन्तन करना ।
(५) सद्गुरुकी शरण ग्रहण करना ।

श्रीभगवान् चार मनुष्योंपर अधिक प्रेम करते हैं और चारपर अधिक क्रोध करते हैं ।

किन चारपर अधिक प्रेम करते हैं ?

(१) दान करनेवालेपर प्रेम करते हैं, लेकिन जो कंगाल होते हुए भी दान करता है, उसपर ज्यादा प्रेम करते हैं ।

(२) शूरवीरपर प्रेम करते हैं, लेकिन जो शूरवीर विचारवान् होता है उसपर ज्यादा प्रेम करते हैं ।

(३) दीनपर प्रेम करते हैं, लेकिन जो धनी होकर भी दीन हो जाता है उसपर ज्यादा प्रेम करते हैं ।

(४) भक्तपर प्रेम करते हैं, लेकिन जो बचपन या जवानीसे ही भक्ति करता है, उसपर ज्यादा प्रेम करते हैं ।

किन चारपर अधिक क्रोध करते हैं ?

(१) लोभीपर क्रोध करते हैं, लेकिन जो धनी होकर लोभ करता है, उसपर ज्यादा क्रोध करते हैं ।

(२) पाप करनेवालेपर क्रोध करते हैं, लेकिन जो बुढ़ापेमें पाप करता है, उसपर ज्यादा क्रोध करते हैं ।

(३) अहंकारीपर क्रोध करते हैं, लेकिन जो भक्त होकर अहंकार करता है, उसपर ज्यादा क्रोध करते हैं ।

(४) क्रियाभ्रष्टपर क्रोध करते है, लेकिन जो विद्वान् होकर क्रियाभ्रष्ट होता है, उसपर ज्यादा क्रोध करते हैं ।

विश्वास करो, मङ्गलमय श्रीहरि तुम्हारे साथ निरन्तर खेल कर रहे हैं । दुखी क्यों होते हो ? दुखी होना अपनेको अविश्वासकी अवस्थामें फेंकना है । सारी परिस्थितिके रचयिता ईश्वर हैं । जिस प्रभुने तुम्हे पैदा किया है, जिस प्रभुने तुम्हारी जीवन-रक्षाके हेतु नाना वस्तुओंकी सृष्टि की है, जिस प्रभुने सूर्य और चाँद-जैसी मनोहर दिव्य वस्तुएँ दी हैं; वही प्रभु तुम्हें बुद्धियोग भी प्रदान करेगा ।

किंतु आवश्यकता है—सर्वतोभावेन अपनेको उसके ऊपर छोड़ देनेकी—निछावर कर देनेकी । अपनी सारी अहंता और ममताको उसीके चरणोंमें रख दो । अहंता और ममता ही बन्धन हैं । बन्धनमें क्यों पड़े हो ? इस महा-दुःखदायी बन्धनको अपना महाशत्रु समझ उतारकर फेंक दो ।

भगवत्प्राप्तिके चार उपाय हैं—(१) भगवद्दर्शनकी तीव्र उत्कण्ठा, (२) निरन्तर नामजप, (३) विषयोंमें अरुचि, (४) सहनशीलता ।

मैं चार बातें सबको बतलाता हूँ—१—सहनशक्ति, २—निरभिमानता, ३—निरन्तर नामस्मरण और ४—'भगवान् अवश्य मिलेंगे' इस बातपर पूर्ण विश्वास । जहाँ इसमें सदेह हुआ कि सब गया । इन चार बातोंमें जब तुम पास हो जाओगे तब समझ लो कि सब कुछ हो गया ।

जिस कार्यसे भगवच्चिन्तनमें कमी हो उसको कभी न करे । एक वक्त या दो वक्त भूखे रहनेसे यदि भजन बढ़ता हो तो वही करना चाहिये । जहाँतक हो खर्च कम करे, आवश्यकताओंको न बढ़ावे । बिस्तरको तो माँगना ही नहीं चाहिये । साधु दाल-रोटी माँगकर खा ले या गृहस्थके घरमें जो मिले वही खाना चाहिये ।

उपयोगी साधन

प्र०—चित्तशुद्धिका साधन क्या है और यह कब समझना चाहिये कि चित्त शुद्ध हो गया ?

उ०—चित्तशुद्धिके लिये दो बातोंकी आवश्यकता है—विवेक और ध्यान । केवल आत्मा-अनात्माका विवेक होनेपर भी यदि ध्यानके द्वारा उसकी पुष्टि नहीं की जायगी तो वह स्थिर नहीं रह सकता । इसके सिवा इस बातकी भी बहुत आवश्यकता है कि हम दूसरोंके दोष न देखकर निरन्तर अपने चित्तकी परीक्षा करते रहे ।

जिस समय चित्तमें राग द्वेषका अभाव हो जाय और चित्त किसी भी दृश्य पदार्थमें आसक्त न हो, उस समय समझना चाहिये कि चित्त शुद्ध हुआ; परंतु राग-द्वेषसे मुक्त होनेके लिये परमात्मा और महापुरुषोंके प्रति राग होना तो परम आवश्यक है ।

प्र०—राग-द्वेष किन्हे कहते हैं ?

उ०—जिस समय मनुष्य नीतिको भूल जाय, उसे सदाचारके नियमोंका कोई ध्यान न रहे, तब समझना चाहिये कि वह राग-द्वेषके अधीन हुआ है । राग-द्वेषका मूल अहंकार

है। अहंकारके आश्रित ही ममता और परत्वकी भावनाएँ रहती हैं। ममता ही राग है–परत्व ही द्वेष है।

प्र०–समयको किस प्रकार बिताना चाहिये ?

उ०–सबके लिये एक मत नहीं है। जो गुरुके पास रहनेवाले भक्त हैं उनको गुरुकी सेवामें अधिक समय लगाकर भजनमें कम समय लगाना चाहिये और जो गुरुके समीप नहीं रहते उन्हें भजनमें अधिक समय लगाना चाहिये। यदि गुरु सेवा न कराते हों तो भजनमें ही अधिक समय लगाना चाहिये। गुरु गृहस्थ हों तो उनकी सेवा करनेकी जरूरत रहती है। यदि वे भी सेवा स्वीकृत न करें तो भजनमें ही अधिक समय लगावे। विरक्त संन्यासीको धन नहीं देना चाहिये। उन्हें धन देनेसे पाप लगता है। सबको अधिक समय तो भजनमें ही लगानेकी चेष्टा करनी चाहिये।

प्र०–भगवान् तो हमें दीखते नहीं इसलिये उनकी शरण कैसे हों ?

उ०–विराट् स्वरूप भगवान् तो हमें दीखते ही हैं, शक्ति, शान्ति और सौन्दर्य—ये भगवान्‌के ही स्वरूप हैं।

प्र०–सबका सर्वोच्च ध्येय क्या होना चाहिये ?

उ०–'परमानन्दकी प्राप्ति और दुःखोंकी आत्यन्तिक निवृत्ति' ही सबका ध्येय होना चाहिये। इसके साधन हैं—

१–निष्काम भावसे परोपकार—प्राणिमात्रकी सेवा।

२–भगवद्विग्रह और भगवद्भक्तोंकी सेवा।

३–भगवन्नामजप और ध्यान।

प्र०–विधवा स्त्रीको भगवत्प्राप्तिके लिये क्या करना चाहिये ?

उ०–भगवान्‌को सर्वस्व समझकर उनमें प्रेम करना और शास्त्रोक्त वैधव्यधर्मका पालन करते हुए जीवन-निर्वाह करना यह विधवा स्त्रीका धर्म है। स्त्रियोंके लिये सेव्य-सेवकभाव ही उत्तम है। यह सबके लिये उत्तम है; किंतु स्त्रियोंके लिये तो इसके सिवा कोई भी भाव उपयोगी नहीं है। और भावोंमें पतनकी सम्भावना है। इस भावमें भय रहता है इसलिये इसमें पतनकी सम्भावना नहीं है। यह स्वामी-सेवकभाव ही सबके लिये सर्वोत्तम है।

सत्सङ्ग, भगवत्सेवा, श्रीमद्भागवतका पाठ और भगवन्नाम-कीर्तन—ये भगवत्प्राप्तिके साधन हैं।

शरीर, वाणी, धन और अन्तःकरण किस प्रकार शुद्ध होते हैं ?

(१) झूठ, हिंसा और व्यभिचारके त्यागसे शरीर शुद्ध होता है।

(२) भगवन्नामके जपसे वाणी शुद्ध होती है।

(३) दानसे धन शुद्ध होता है।

(४) धारणा और ध्यानसे अन्तःकरण शुद्ध होता है।

सिर्फ चार बातोंसे ज्ञानकी प्राप्ति होती है–

(१) कथा-पुराण सुननेसे।

(२) लोगोंका मरना देखकर अपनी मृत्युका विचार करनेसे।

(३) साधु-महात्मा, विरक्त पुरुषोंकी संगति करनेसे।

(४) संसारी व्यवहारको झूठा समझनेसे।

राजसिंहासनपर बैठते ही राजाके समीप मन्त्री तथा अन्य कर्मचारी आ जाते हैं, उसी भाँति अविवेकके उदय होते ही काम, क्रोध, मद, लोभ आदि आ जाते हैं। 'अहं' के उदय होते ही स्वस्थता नष्ट हो जाती है। स्वस्थताके मानी हैं—'स्व' में स्थित होना।

'स्व' में तुम तभी स्थित रह सकोगे, जब तुम अपने 'अहं' को अलग कर दोगे। तुम अभ्यासी बनो, त्यागी बनो। बिना अभ्यासके आगे नहीं बढ़ सकते। ज्यों ही अभ्यासमें प्रमाद करोगे, त्यों ही चित्तमें नाना तरहकी स्फुरणाएँ होनी प्रारम्भ हो जायँगी।

जबतक काम, क्रोध, लोभ, मोह आदि चित्ताकाशमें डेरा डाले पड़े हैं, तबतक न तो ज्ञानकी प्राप्ति हो सकती है और न भक्ति-तत्त्वकी ही उपलब्धि हो सकती है।

जबतक ज्ञानका 'अहं' है, तबतक ज्ञानी नहीं कहा जा सकता। जबतक भक्तिका 'अहं' है, तबतक भक्त नहीं कहा जा सकता।

अज्ञान, अविवेकका नाश करना ज्ञान तथा प्रेम-तत्त्वको आमन्त्रित करना है। सारे अज्ञान एवं अविवेककी सृष्टि 'अहं' ने की है। इसलिये 'अहं' को ही अपराधी समझकर गिरफ्तार करो। उसीका नाश करो। 'अहं' का नाश होते ही दिव्यताका अनुभव होने लगेगा। फिर तुम अपने अंदर एक बढ़ती हुई ज्योतिका अनुभव करने लगोगे।

यदि तुम ज्ञानकी प्राप्ति करना चाहते हो तो आवश्यकता इस बातकी है कि देश, जाति तथा शरीरकी आसक्तिको अलग करो।

जो चित्त दृश्य-जगत्‌में आसक्त है, वह परमतत्त्वका चिन्तन नहीं कर सकता। जिस अवस्थामें पहुँचनेके लिये तुम तड़प रहे हो, उसके समीप पहुँचनेके पूर्व तुम्हें बहुत-से कामोंको समाप्त करना होगा, अपनी सारी बुराइयोंको दूर करके सात्त्विक संसारमे उतरना होगा।

क्रोध पापका प्रधान कारण है। पापियोंका चिह्न क्रोध है। जिसमें क्रोध है, चाहे वह कोई भी हो, उसे पापी समझना चाहिये। राग-द्वेष-मिश्रित क्रोध मनुष्यको उत्थान-प्रगतिकी ओर जानेसे रोकता है। विशेषतया गुरुजनों और श्रेष्ठजनोंके प्रति क्रोध करना ही नहीं चाहिये।

जिस किसीने रागद्वेषमय जीवन बिताया है, वही उन्नति-की सुनहली पगडंडीपर चलनेसे वञ्चित रहा है। आवश्यकता है उद्दण्ड मनपर शासन करनेकी।

गीताका एक श्लोक मुझे बहुत ही पसंद है। यह सबके लिये उपयोगी है। सभी सम्प्रदायके लोग इससे लाभ उठा सकते हैं।

अभ्यासयोगयुक्तेन चेतसा नान्यगामिना।
परमं पुरुषं दिव्यं याति पार्थानुचिन्तयन्॥
(८।८)

जिसने अभ्यासमय जीवन बिताया है, उसीने परम दिव्य पुरुषकी प्राप्ति की है।

भेरिया (भृगुक्षेत्र) के बंगालीबाबा सुनाया करते थे। एक बार ऋषिकेशकी झाड़ीमें साधु-महात्माओंका सत्सङ्ग हो रहा था। सभी अपने-अपने अनुभव प्रकट कर रहे थे। इतनेमें झाड़ीमेंसे एक बूढ़ा साधु निकला। लोगोंके बहुत आग्रह करनेपर वृद्ध साधुने कहा—'साधन दो तरहके हैं—(१) अन्तरंग और (२) बहिरंग। दोनों ही आवश्यक हैं। (१) निरन्तर चिन्तन करते रहना चाहिये। किसी क्षण भी चित्तमें 'तत्त्वचिन्तन' से इतर विचार न होने चाहिये। (२) प्रतिग्रह (दूसरेसे लेना), परिग्रह (सञ्चय करना), उपग्रह (बार-बार खाना), परचर्चा (निन्दा-स्तुति करना)—इन चारोंसे बच जाय तो भजनका फल प्राप्त हो।

अविवेकीके लिये शास्त्र भारस्वरूप प्रतीत होता है, रागी-को ज्ञान भार है, अशान्त लोगोंको मन भार है। अनात्म-दर्शीको शरीर भार है। इसी आशयका एक श्लोक है—

भारोऽविवेकिनः शास्त्रं भारो ज्ञानं च रागिणाम्।
अशान्तस्य मनो भारो भारोऽनात्मविदो वपुः॥

शुद्धि छः तरहकी होती है—मनकी शुद्धि, वाणीकी शुद्धि, अन्न-शुद्धि, हस्त-शुद्धि, कच्छ-शुद्धि, क्रिया-शुद्धि।

मनकी शुद्धि—मनको विषय-भोगके पदार्थोंसे पृथक् करके सत्य चिन्तन करनेसे होती है।

वाणीकी शुद्धि—सत्य, मधुर, सरल भाषण तथा श्रीहरिका गुणगान करनेसे होती है।

अन्न-शुद्धि—साधुके लिये भिक्षान्न पानेसे शुद्धि होती है; किंतु गृहस्थियोंको शुद्ध आजीविका ही अपेक्षित है।

हस्त-शुद्धि—प्रतिग्रह न लेनेसे तथा हाथोंद्वारा शुभ कर्म करनेसे होती है।

कच्छ-शुद्धि—वीर्यकी रक्षा करनेसे, पूर्ण ब्रह्मचर्यमय जीवन बितानेसे होती है।

क्रियाशुद्धि—शुद्ध, निष्कपट व्यवहार करनेसे होती है। प्रत्येक कार्यमें शुद्धता होनी चाहिये।

प्रेम या भयके बिना वैराग्य नहीं होता। भय इस बातसे होना चाहिये कि ये सब वस्तुएँ भगवान्‌की हैं, इन्हें मुझे अपने काममें नहीं लाना चाहिये—इन्हें अपनी समझकर भोगना पाप है। इस प्रकार जब भगवान्‌की तरफ मन लग जायगा तब विषयोंमें और विषयी लोगोंमें तुम्हारा मन नहीं लगेगा। भगवान्‌से प्रेम न होनेसे ही अन्य पदार्थोंमें मन जाता है। जबतक बड़प्पनका अभिमान रहेगा तबतक प्रेम या वैराग्य नहीं हो सकता। क्रोध न करनेकी प्रतिज्ञा करनेसे क्रोधका त्याग हो सकेगा। यदि किसी दिन क्रोध आ जाय तो उस दिन उपवास करो।

× × × ×

राग-द्वेष किस प्रकार दूर किया जाय? पहले शुभ कर्म-का आचरण और अशुभका त्याग करे। त्यागद्वारा अन्तः-करण शुद्ध हो जानेसे साधक ईश्वरोपासनाका अधिकारी होता है। फिर उपासना करनी चाहिये। उपासना परिपक्व हो जानेपर भगवान्‌का मिलन होता है। भगवान्‌के मिलनसे राग-द्वेष जाता रहता है और ईश्वर, जीव तथा जगत्‌का पूर्ण तथा यथार्थ ज्ञान हो जाता है।

प्रेम सत्त्वगुण, काम रजोगुण और प्रमाद या मोह तमो-गुण हैं। सत्त्वगुण हुए बिना ज्ञान नहीं होता। अतः प्रेम परमार्थ है और काम स्वार्थ है। जहाँ स्वार्थ है वहाँ काम है। जिस समय स्वार्थ नहीं रहता, उसी समय प्रेम होता है।

जीवका स्वभाव प्रेम करना है। ज्ञानीका प्रेम वैराग्यमें होता है, कामीका प्रेम संसारमें होता है और भक्तका प्रेम भगवान्‌में होता है। ज्ञानी शिवरूप है, वह कामका शत्रु है; भक्त विष्णुरूप है, काम उसके अधीन है तथा मन ब्रह्मा-रूप है, संसार उसकी संतान है।

ज्ञान अज्ञानका नाश करता है, व्यवहारका नाश नहीं करता। दैवी सम्पत्ति ज्ञानको पुष्ट करती है और आसुरी उसका आच्छादन करती है। इसलिये शुभ कर्मको छोड़ना नहीं चाहिये। चित्तका स्वभाव ही चिन्तन करना है। शुभ कर्म छोड़ देनेसे चित्त विषय-चिन्तन करेगा। कर्म बुद्धिका विषय है, साक्षीका नहीं। अतः विचारवान् पुरुष कर्म करता हुआ उसका साक्षी बना रहे।

जो परमात्माके दर्शन करना चाहे, सदा सुख भोगना चाहे तथा भव-बन्धनसे छूटना चाहे उसे कामिनी और काञ्चनमें आसक्ति नहीं रखनी चाहिये। जो इनमें मन लगाये रहते हैं उन्हें सिद्धि नहीं मिलती। भगवान् उनसे सदा दूर रहते हैं।

जिसका रूप और शब्दमें थोड़ा-सा भी अनुराग है वह सगुणोपासनाका ही अधिकारी है। निर्गुणोपासनाका अधिकारी वही है जिसका रूप या शब्दमें बिल्कुल प्रेम न हो।

बंगलामें एक कहावत है 'येमन मन तेमनि भगवान' अर्थात् जैसा मन होता है वैसा ही भगवान् होता है। भगवान्‌का स्वरूप भक्तकी भावनाके अनुकूल ही है।

जिस भाषणसे सत्त्वगुण, ज्ञान और भक्तिकी वृद्धि हो तथा मन शान्त हो ऐसा भाषण करना ही मुख्य कर्तव्य है।

भगवत्स्मरण और भगवद्भक्तोंका सङ्ग करना ही भक्तोंका मुख्य कर्तव्य है।

निद्रा, तन्द्रा, आलस्य, विक्षेप और संशय—ये सब साधनके विघ्न हैं।

श्रद्धा, भक्ति, नम्रता, उत्साह, धैर्य, मिताहार, आचार, शरीर, वस्त्र और गृह आदिकी पवित्रता, सच्चिन्ता, इन्द्रिय-संयम और सदाचरणका सेवन तथा कुचिन्ता और कुसङ्गका सर्वथा परित्याग—ये सब सत्त्वगुणको बढ़ानेवाले हैं।

भगवच्चिन्तनमें समय व्यतीत करना मनुष्यका मुख्य कर्तव्य है। भक्तके लिये भगवान्‌की सम्पत्तिका अपव्यय करना महापाप है।

अनावश्यक भाषणका परित्याग करना चाहिये।

सर्वदा नियम-निष्ठामें तत्पर रहना चाहिये, मन प्रसन्न रखनेके लिये प्रयत्न करना चाहिये तथा भगवान्‌को सर्वव्यापक समझकर ईर्ष्या, द्वेष, घृणा, शत्रुता और कुत्सितभावका त्याग करना चाहिये।

अनावश्यक कर्मका परित्याग करना चाहिये; तथा 'भगवान् सर्वदा मेरे समीप हैं' ऐसा निश्चय रखना चाहिये। सरलता भक्तिमार्गका सोपान है तथा संदेह और कपट अवनतिका चिह्न है।

शारीरिक स्वास्थ्य, संयम एवं भगवत्-सेवा ही भगवत्प्राप्ति-का मुख्य साधन है।

संसारकी चमकीली वस्तुओंको देखकर अपनेको न भूल जाना चाहिये।

विश्वास करो, फल अवश्य मिलेगा।

रोते-रोते आये हो, ऐसा काम करो कि हँसते-हँसते जाओ।

न्याय-मर्यादाका उल्लङ्घन न करना चाहिये।

हे भगवन्! आप मुझे जिस प्रकार रक्खेंगे मुझे उसी प्रकार रहना स्वीकार है। आपसे मेरी यही प्रार्थना है कि मैं आपको न भूलूँ।

शरीरके लिये आहार है, आहारके लिये शरीर नहीं।

भक्त सच्छास्त्र, सत्सङ्ग, सदालोचना, सद्विचार और सत्कर्मकी सहायतासे भगवान्‌के प्रेममयत्व, मङ्गलमयत्व, सर्व-मयत्व, ज्ञानमयत्व और सर्वकर्तृत्वका अनुभव करनेके योग्य होता है।

यदि मनुष्यको प्रेमी, निःस्वार्थी, उदार प्रकृति, निर-भिमान, श्रोत्रिय और भगवन्निष्ठ गुरु प्राप्त हो तो उनके ही चरणकमलोंमें आत्मविसर्जन करना मनुष्यका मुख्य कर्तव्य है।

भगवत्-विषयका प्रश्नकर्ता, उत्तरदाता एवं श्रोता तीनों ही पवित्र होते हैं।

हे जगन्मङ्गल! हे परमपिता! मेरी वाणी आपके गुण-कीर्तनमें, कर्ण महिमा-श्रवणमें, हाथ युगल चरण-सेवामें, चित्त चरण-चिन्तनमें, मस्तक प्रणाममें और दृष्टि आपके स्वरूपभूत साधुओंके दर्शनमें नियुक्त रहे।

भगवान्‌का नित्य स्मरण ही ज्ञान, भक्ति और वैराग्यका उपाय है।

भक्त मोक्षकी आशा नहीं करता, कामना-रहित भगवत्प्रेम ही उसका एकमात्र प्रयोजन है।

जैसे निरन्तर विषय चिन्तन करनेसे विषयमें आसक्ति होती है वैसे ही भगवच्चिन्तन करनेसे भगवान्‌में अनुराग होता है।

भगवान् मेरे सगे हैं और सदा रक्षा करते हैं ऐसा निश्चय करना चाहिये।

मौन, चेष्टाहीनता और प्राणायामसे शरीर, मन और वाणी वशीभूत होते हैं।

गार्हस्थ्यसम्बन्धी कार्य यथासमय नियमानुकूल सम्पादन करनेसे भजनमें सहायता मिलती है।

जबतक क्रोध, द्वेष, कपट, स्वार्थपरता, अभिमान और लोकनिन्दाका भय हमारे हृदयमें विद्यमान रहेगा तबतक कठोर तप करनेपर भी भक्ति-लाभ करना दुष्कर है।

ब्रह्मचर्यमय जीवन परम पुरुषार्थमय जीवन है।

सद्‌भाषण, सद्विचार, सद्‌भावना और न्यायनिष्ठाका परित्याग कर बाह्य आडम्बरसे धर्मात्मा नहीं बन सकता।

जो भक्त ब्रह्मचर्य धारणकर शेष रात्रिमें ध्यान-भजनका अभ्यास करता है, उसको प्रातःकाल स्नान करनेकी आवश्यकता नहीं है।

रसास्वादके लोभसे भोजन करनेसे तमोगुण बढ़ता है। रसनेन्द्रिय वशीभूत न होनेसे अन्य इन्द्रियाँ वशमें नहीं होतीं।

संध्या-समय भोजन न करना चाहिये। भोजनके समय भाषण न करना चाहिये। भोजनसे पहले हाथ-पैर धोना चाहिये और पवित्र वस्त्र धारणकर पवित्र स्थानमें उत्तर अथवा पूर्व मुख होकर भोजन करना चाहिये। तामस भोजन सर्वदा वर्जनीय है। दूसरोंके अवगुणोंका देखना ही अवनतिका कारण है। प्रत्येक व्यक्तिसे गुण ग्रहण करना ही उन्नतिका कारण है।

अहितकारीके प्रति क्षमा तथा सम्पत्-विपत्, मान-अपमान और सुख-दुःखमें समचित्त रहना ही भक्तका लक्षण है।

राग द्वेष, अल्प ज्ञान और अभिमान जीवके बन्धन हैं।

कुचिन्ता, कुप्रवृत्ति और कुपङ्क अवनति है तथा सच्चिन्ता, सत्प्रवृत्ति और सत्सङ्ग उन्नतिका उपाय है।

विश्वास ही फल लाभका उपाय है।

देवता, वेद, गुरु, मन्त्र, तीर्थ, ओषधि और महात्मा—ये सब श्रद्धासे फल देते हैं, तर्कसे नहीं।

अनेक विघ्न होनेपर भी जो धीर पुरुष कर्तव्यसे चलायमान नहीं होता वही भगवान्‌का कृपापात्र है।

दया, तितिक्षा, संयम, वैराग्य, अमानित्व, अदम्भित्व, शिष्टाचार, सत्यपरायणता, सदाचार, अध्यवसायरहित उत्साह, अध्यवसाय और अव्यभिचारिणी भक्ति—ये सब उन्नतिके लिये आवश्यक हैं।

अधिक भाषण करना मिथ्यावादीका चिह्न है।

हास्य-परिहास करना, तमाशा देखना, छलसे बात करना और अन्यायसे दूसरोंका धन हरण करना अभक्तोंका लक्षण है।

दूसरोंकी समालोचना न करना वैराग्यका लक्षण है।

अधिक जप करनेसे शरीरके परमाणु मन्त्राकार हो जाते हैं।

विद्वान् होकर शान्त रहना अर्थात् वाद-विवाद न करना श्रेष्ठ पुरुषोंका लक्षण है।

श्रद्धापूर्वक विधिवत् तीर्थभ्रमण करनेसे चित्त-शुद्धि होती है। तीर्थोंमें कुभावनाके उदय होनेसे पाप-संग्रह होता है।

'मैं दुर्बल हूँ', 'मैं अपवित्र हूँ'—यह मनकी दुर्बलताका लक्षण है। धैर्य एवं उत्साहसे कार्यमें तत्पर होना पवित्र मनका लक्षण है।

मनका शान्त रहना ही आरोग्य शरीरका लक्षण है।

प्रातः, मध्याह्न, संध्या समय और शेष रात्रिमें ध्यान करनेसे विशेष एकाग्रता होती है। मन्त्र-ध्यान स्थूल है, चिन्तामय ध्यान सूक्ष्म है और चिन्तारहित ध्यान परा-भक्ति है।

विधर्म, परधर्म, धर्माभास, उपधर्म और छलधर्म भी अधर्मकी नाईं त्यागने योग्य हैं।

आलस्य, अनुसंधानका त्याग, संसारी मनुष्योंसे भय एवं वासना भगवद्भक्तिके विघ्न हैं।

भक्तकी भगवान्, भजन और गुरुवाक्य इनको छोड़कर और किसीमें श्रद्धा नहीं होती।

काम-क्रोधादि मनकी तरङ्गें हैं; मन शान्त हो जानेसे ज्ञान, विज्ञान, वैराग्य और आनन्द प्राप्त होते हैं।

ध्यान अधिक होनेसे मनकी शान्ति होती है । जिस दिन ध्यान अधिक हो और जप कम हो, उस दिन कोई चिन्ता न करनी चाहिये; किंतु यदि जप अधिक हो, ध्यान कम हो तो उसके लिये चिन्तित होना चाहिये ।

जप और ध्यानमें चित्त न लगनेपर जिस पुस्तकमें तुम्हारा अधिक प्रेम हो, उसका पाठ करो । अधिक पुस्तकें देखना भी भजनका विघ्न ही है ।

वायुरहित स्थानमें निष्कम्प, स्थिर और शान्तभावसे आधा-आधा घंटा बैठनेका अभ्यास करो ।

भोग्यवस्तुके साथ अधिक प्रेम होनेसे चित्त नीचे जानेकी सम्भावना है, इस बातको अच्छी तरह याद रक्खो ।

प्रीति, संतोष, प्रसन्नता, उत्साह, धैर्य, साहस और निर्भयता भगवत्प्राप्तिके सहायक हैं ।

जिस विषयको ग्रहण करके अनेक विघ्न होनेपर भी त्यागनेकी सामर्थ्य न हो, उसीको निष्ठा समझना चाहिये । निष्ठा अनेक प्रकारकी है । जैसे—धर्मनिष्ठा, नियमनिष्ठा, समर्थनिष्ठा, भक्तिनिष्ठा और ज्ञाननिष्ठा आदि ।

शारीरिक स्वास्थ्यसे मनकी शान्ति होती है । अति भोजन और अपथ्य भोजन सर्वथा त्याज्य है । जिस वस्तुको खानेसे शरीरमें रोग उत्पन्न हो उसका सर्वथा त्याग करना चाहिये । भजन, भोजन और निद्रा प्रतिदिन नियत समयमें ही होनी चाहिये । बिछौना, ओढ़ना और वासस्थान परिष्कृत रखना चाहिये, किंतु विलासिताका सर्वथा त्याग करना चाहिये । शिष्टाचारको कभी न छोड़ना चाहिये । हाँ, परनिन्दाका अवश्य त्याग करना चाहिये ।

आलस्य सबसे अधिक विघ्नकारक है । आलस्यसे शरीर और मन दोनों ही दुर्बल होते हैं ।

भगवन्नाम-स्मरण करनेके लिये सुसमय-कुसमय, शुचि अशुचि अथवा सुस्थान कुस्थानका विचार न करना चाहिये ।

जिस समय विघ्न उपस्थित हो, उस समय सरल भावसे भगवान्‌की प्रार्थना करनी चाहिये ।

ध्यानारम्भके समय प्रथम ध्येय-मूर्तिके चरणसे मस्तक-पर्यन्त मनको घुमाना चाहिये और पहले छः मिनिटसे अधिक ध्यान न करना चाहिये ।

इष्टदेवमें प्रेम होनेसे निद्रा नहीं आती ।

विश्वास और निर्भरता होनेसे निद्रा आदि सम्पूर्ण दोष दूर हो जायँगे ।

जो व्यक्ति कुप्रवृत्तिमें तत्पर, मनुष्यत्व-हीन, संसार-विष्ठाका कृमि, पशुधर्मी, मोहान्ध, उन्नतिकी आशासे रहित तथा प्रवृत्तिपरायण होता है, उसे भगवत्प्राप्ति नहीं होती ।

जो व्यक्ति विचारपरायण, सत्यनिष्ठ, संयमशील, शान्तिकामी, दुःख-निवृत्तिमें तत्पर, पवित्रताका ही आदर्श रखनेवाला, भगवान्‌को ही लक्ष्य बनानेवाला, श्रद्धा और वीर्यको ही बन्धु बनानेवाला तथा भगवन्नामका ही आभूषण पहननेवाला होता है, वह भगवान्‌को प्रेमरज्जुसे बाँध लेता है ।

जिस प्रकार सुकरातने प्रसन्न वदनसे विष-पान कर लिया, किंतु सत्यका त्याग नहीं किया, हरिदासने काजीके अत्याचारसे हरिनाम नहीं छोड़ा, हिरण्यकशिपुके अत्याचारसे प्रह्लाद विचलित नहीं हुआ, इसी प्रकार धर्मनिष्ठ, सत्यवादी, कर्तव्य-परायण भगवद्भक्तको भगवन्निष्ठासे विचलित न होना चाहिये ।

साधकके लिये लोकसंग्रह अत्यन्त विघ्नकारी है तथा ब्रह्मचर्य, सरलता, निर्भरता और वैराग्य सहायक हैं । साधन परिपक्व हो जानेपर लोक-संग्रह हानिकारक नहीं होता ।

भगवान्‌की दया और निजकी चेष्टा दोनोंसे ही उन्नति होती है । वृद्धावस्थामें भगवत्प्राप्तिकी इच्छा होनेपर भी भक्ति-लाभ होना कठिन है । भगवद्भक्तको प्रत्येक कार्यके आरम्भमें भगवान्‌का ध्यान करना चाहिये ।

निद्रा, घृणा, द्वेष और अभिमान जीवके लिये बन्धनकी शृङ्खला हैं ।

समय व्यर्थ न बिताना चाहिये । जिस समय कोई काम न हो उस समय जप, मानसपूजा अथवा सद्ग्रन्थोंका पाठ करना चाहिये ।

मनमें कुत्सित चिन्ता उत्पन्न होनेसे उसके हटानेके लिये जप अथवा धर्मचिन्ता या वैराग्यभावना करनी चाहिये ।

प्रथम ध्यान एवं मानस पूजाका अभ्यास बढ़ाकर मनको स्थिर करनेकी चेष्टा करनी चाहिये । मन अधिक ठहरनेसे भगवान्‌में अनुराग उत्पन्न होता है । पहले-पहल मन ठहरना कठिन होता है । मन न लगे तो मानसिक जप करना चाहिये । कुछ काल अभ्यास करनेके पश्चात् थोड़ा-थोड़ा आनन्द आने लगता है, फिर कुछ समयतक अभ्यास दृढ़ हो जानेसे अधिक ध्यान करनेका उत्साह उत्पन्न होता है । उसके बाद ध्यानकी मात्रा अधिक हो जानेसे चित्त भगवत्प्रेममें डूब जाता है । यही अवस्था साधनका पूर्ण पद है । इसी अवस्थाको भगवत्साक्षात्कार समझना चाहिये ।

साक्षात्कार तीन प्रकारका होता है—(१) इष्टदेवका प्रत्यक्ष दर्शन, (२) स्वप्नदर्शन और (३) तल्लीनता ।

इनमें स्वप्नदर्शन अधम, प्रत्यक्ष दर्शन मध्यम और तल्लीनता उत्तम है। तल्लीनताके पश्चात् साधक जगत्को स्वप्नवत् देखता है। जबतक ऐसा शुभ दिन प्राप्त न हो, तबतक कष्ट सहन करके श्रद्धा और धैर्यके साथ भजन-साधन करना चाहिये। कितने ही साधक संसारी कर्म त्यागकर दिन-रात जप करते रहते हैं; परन्तु किसी प्रकारका कष्ट उपस्थित होनेपर वे उसे सहन करनेमें असमर्थ हो जाते हैं। इसका कारण केवल ध्यानका अभाव है। इसलिये जपके साथ ध्यान, मानसपूजा और ईश्वरप्रार्थना भी करनी चाहिये।

प्रतिदिन नियत समयमें इष्टदेवको हृदयसिंहासनपर विराजमान कर मानसिक द्रव्यद्वारा पूजा करनी चाहिये। पूजाके उपरान्त जप आरम्भ करना चाहिये। नाम-जपसे सम्पूर्ण पापोंका क्षय एवं सम्पूर्ण कामनाएँ पूर्ण हो जाती हैं। अन्य चिन्ताएँ त्यागकर यथासाध्य नाम-जप करना ही मङ्गल है। साधकके लिये नाम-जप, सद्ग्रन्थ पाठ, पवित्रता और नियम-निष्ठा भक्ति-पथमें सहायक हैं।

सम्पूर्ण नदियोंका जल गङ्गाजीमें मिलकर गङ्गारूप हो जाता है। भगवान्को निवेदन करनेसे सम्पूर्ण पदार्थ पवित्र हो जाते हैं। भक्तिमार्ग ज्ञानमार्गकी अपेक्षा सरल और सुमधुर है; किंतु श्रद्धाहीन तर्कवादीको दुर्लभ है।

भक्तके लिये 'संसार नित्य है या अनित्य' यह विचार करना आवश्यक नहीं है। उसे तो जो कुछ दिखलायी देता है वह लीलामय पुरुषोत्तमका लीलास्थान है।

भक्तके लिये नाम-स्मरण तथा ध्येय-मूर्तिको प्रेमके साथ देखना ही मुख्य साधन है। देखनेका अभ्यास जितना अधिक होगा, चित्तकी चञ्चलता उतनी ही कम होगी।

वाणीके मौनसे कोई मुनि नहीं होता। मनकी चञ्चलताके अभावसे मुनि होते हैं।

भजनमें चार विघ्न हैं—लय, विक्षेप, कषाय और रसास्वाद। लय—ध्यानके आरम्भमें निद्रा-तन्द्रासे ध्येयको भूल जाना ही लय है। विक्षेप—ध्यानके समय अगली-पिछली बातें याद करना विक्षेप है। कषाय—ध्यानके समय राग-द्वेषका सूक्ष्म संस्कार चित्तमें रहनेसे शून्य हो जाना कषाय है। रसास्वाद—स्वल्प आनन्दमें ही अपनेको कृतकृत्य मान लेना रसास्वाद है।

सत्कर्म और सच्चिन्तासे अपना और संसारका लाभ है तथा असत्कर्म और असच्चिन्तासे अपनी और संसारकी हानि है।

भक्त निरन्तर अभ्यासके बलसे रागद्वेषरहित होकर विधि-निषेधरूपी भवसागरको पार कर जाता है।

साधकको स्त्री, धन और नास्तिकसम्बन्धी चरित्रोंकी समालोचना नहीं करनी चाहिये।

भक्तिपरायण पुरुषोंको स्त्रियोंसे जितना भय होता है, भक्तिपरायणा स्त्रियोंके लिये भी पुरुष उतना ही भयदायक है।

संत श्रीरामानन्दजी एम्० ए०

[जन्म—ई० सन् १९१७ के लगभग।]

(प्रेषक—श्रीकपूरीलालजी अग्निहोत्री, एम्० ए०)

साधकोंके लिये

यह जानते हुए कि विश्वके प्राणियोंके स्वरूपमें प्रभु ही विकासकी विभिन्न दशाओंको व्यक्त कर रहे हैं, यदि हम व्यक्तियोंके विभिन्न व्यवहारोंमें उनके विकासकी माँगके अनुसार, उनकी सेवा करें, तो हम सभी प्रभुका दर्शन कर सकेंगे और सभी कुछ प्रभु ही दीखेगा।

अपने शब्दोंकी और व्यवहारकी दूसरोंमें होनेवाली प्रतिक्रियाके प्रति सावधान रहते हुए, असफलताओं और दूसरोंके अशोभनीय शब्दों और व्यवहारसे निरुत्साहित हुए बिना दूसरोंकी सेवाको सौभाग्य माननेवाला मनुष्य शीघ्र ही प्रेम-प्रसारका केन्द्र बन जाता है।

प्रत्येक नारी जगन्माता महाशक्तिका प्रतीक है।

जिस विश्वम्भरने तुम्हारे उत्थान और विकासका भार लिया है, वही दूसरोंका भी कल्याणकर्ता है। तुम्हारा यह सोचना कि तुम किसीके भाग्य-विधाता हो, अपराध है।

अपनेको बदल डालनेके लिये 'रामनाम' से अधिक प्रभावशाली और अनुभूत दवा मैं नहीं जानता हूँ। इसपर जितना कोई निर्भर करेगा, जितना अधिक जप करेगा, उतने ही शीघ्र अपनेमें उसे परिवर्तनका अनुभव होगा।

विश्वासके साथ डाल दो अपने आपको उसके श्रीचरणोंपर। प्रत्येक दशामें ईश्वरेच्छाको नम्रतासे स्वीकार करते हुए प्रसन्न रहो। यही शरणागति और समर्पण है।

ध्यान करो—मैं शक्तिमय, ज्ञानमय, आनन्दमय और मङ्गलमय हूँ! राम अनन्त शक्तिमय, अनन्त ज्ञानमय, अनन्त आनन्दमय और अनन्त मङ्गलमय हैं! मैं राममय हूँ—अमृतमय हूँ!

गृहस्थ संत

संत विरक्त ही हों, यह आवश्यक नहीं है। संतोंका न कोई वर्ग है, न आश्रम। वे सभी वर्णोंमें, सभी आश्रमोंमें, सभी देशोंमें, गृहस्थ-विरक्त सभीमें हुए हैं — हो सकते हैं। स्त्री-पुरुष सबने संत होने आये हैं।

अत्रि अनुसूया

महर्षि अत्रि और उनकी पत्नी श्रीअनुसूयाजी— ब्रह्मा, विष्णु और शंकरजी भी जिनके पुत्र बने चन्द्रमा, दत्तात्रेय तथा दुर्वासारूपमें, जो महर्षि-मण्डलीमें सदासे पूज्य हैं—धन्य है उनका गार्हस्थ्य। जगज्जननी श्रीजानकीजी को भी जो पातिव्रत-धर्मका उपदेश कर सकें— अनुसूयाजीको छोड़कर दूसरा कौन ऐसा हो सकता है।

महाराज जनक

पूरे राज्यका संचालन करते हुए उससे सर्वथा अनासक्त, अपने शरीरका भी जिन्हें मोह नहीं—इसीसे तो वे 'विदेह' कहे जाते हैं। विरक्तशिरोमणि श्रीशुकदेवजी भी जिन्हें गुरु बनाकर ज्ञानोपदेश प्राप्त करने गये, उन परम ज्ञानीके सम्बन्धमें क्या कहा जाय। क्या हुआ जो वे क्षत्रिय थे, क्या हुआ जो वे नरेश थे। उनका तत्त्वज्ञान, उनकी अनासक्ति, उनकी भगवद्भक्ति — जगत् उससे सदा प्रकाश पाता रहेगा।

तुलाधार वैश्य

संत होनेके लिये जैसे विरक्त होना आवश्यक नहीं, वैसे ही अमुक साधन भी आवश्यक नहीं। उपनिषदोंके अध्ययन, योगके अभ्यास, सविधि यज्ञ या देवार्चन तथा माला-झोली लटकाये बिना कोई संत नहीं होगा—ऐसी कोई बात नहीं। ये उत्तम साधन हैं; किंतु ये ही साधन नहीं हैं। भगवान्‌ने गीतामें बताया —

'स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दति मानवः।'

तुलाधार वैश्य थे—व्यापार उनका स्वकर्म था और उसीसे वे अर्चन करते थे घटघटविहारी प्रभुका। व्यापार उनके निजी लाभका साधन नहीं था, वह आजीविकाका साधन था —यह गौण बात है। उनके पास ग्राहकोंके नाना रूपमें जो जगन्नियन्ता आते थे, उनकी सेवाका साधन था व्यापार। ग्राहक आया—वे सोचते थे 'ये इस वेषमें प्रभु आये। इस समय इनके इच्छानुसार इनकी सेवा कैसे हो!' ग्राहकका हित, ग्राहकका लाभ—यह था उनके व्यापारका आदर्श और ईमानदारीके इस व्यापारने—इसी साधनने उन्हें संत बना दिया। ऐसे संत बन गये वे कि एक वनवासी, त्यागी, तपस्वी ब्राह्मण-को अपनी तपस्या छोड़कर उनसे धर्मोपदेश प्राप्त करने आना आवश्यक जान पड़ा।

धर्मव्याध

वे शूद्र थे—उनके द्वारपर भी उसी त्यागी तपस्वी ब्राह्मणको आना पड़ा—आना पड़ा धर्मोपदेश प्राप्त करने और उन्होंने अपना परम धर्म प्रत्यक्ष दिखला दिया—'ये मेरे धर्म हैं, ये मेरे आराध्य हैं, मैं और कोई ज्ञान और धर्म नहीं जानता।' यह कहकर उन्होंने अपने माता-पिताके दर्शन करा दिये। माता-पिताकी तत्परता, विनम्रता और श्रद्धापूर्वक सेवा—यही साधन था जिसने उन्हें विप्र-वन्द्य संत बना दिया था।



गृहस्थ संत

कल्याण



विरक्त संत

विरक्त-संत

महर्षि याज्ञवल्क्य

परम योगीश्वर, ज्ञानियोंके शिरोमणि महाराज जनकके भी गुरुदेव महर्षि याज्ञवल्क्य प्रारम्भमें गृहस्थ ही थे। जब वे गृहस्थ थे महाराज जनककी सभामें जो गाये सर्वश्रेष्ठ ज्ञानीके लिये थीं, उन्हें अपने शिष्यको उन्होंने हाँक देनेको कहा। शास्त्रार्थमें वे विजयी हुए, सभी ऋषियोंने उन्हें सर्वश्रेष्ठ माना, किंतु ध्यान देने योग्य तो उनकी नम्रता है। उनसे गौएँ ले जाते समय लोगोंने पूछा—'याज्ञवल्क्य! तुम अपनेको सर्वश्रेष्ठ ज्ञानी मानते हो?' उन्होंने सरलतासे उत्तर दिया—'ज्ञानियोंको तो मैं नमस्कार करता हूँ। मुझे तो गायोंकी आवश्यकता है, इसलिये ले जा रहा हूँ।' वही महर्षि समय आनेपर विरक्त हो गये। संन्यासाश्रम स्वीकार किया उन्होंने। एक कोपीन और जलपात्रके अतिरिक्त उनके पास कुछ नहीं था।

भगवान् ऋषभदेव

सम्पूर्ण पृथ्वीके चक्रवर्ती सम्राट् थे भगवान् ऋषभदेव। लेकिन वे तो पृथ्वीपर आये ही थे अवधूत वेशका परम आदर्श विश्वको दिखाने। उन्होंने उपदेश किया था—'वह गुरु गुरु नहीं, वे स्वजन स्वजन नहीं, वह पिता पिता नहीं, वह माता माता नहीं, वह भाग्य भाग्य नहीं और वह स्वामी स्वामी नहीं जो आती मौतसे बचा न सके।' संसार मृत्यु-ग्रस्त है, इसने सर्वत्र मृत्युकी ही दुर्दमनीय छाया है। यह प्रत्यक्ष दिखलानेके लिये चक्रवर्ती सिंहासनका उन्होंने त्याग कर दिया। त्यागकी पराकाष्ठा—भोजन और जलतकका त्याग, मुखमें एक पत्थरका टुकड़ा रख लिया उन्होंने और मौन होकर उन्मत्तके समान वनोंमें विचरते रहे। वनमें दावाग्नि लगी—उनकी वह पवित्र देह आहुति बन गयी; किंतु जो शरीर नहीं, जिसकी शरीरमें तनिक भी आसक्ति नहीं, उसे अग्निका क्या भय। अग्नि हो या काल हो, वह उनकी वन्दना ही तो कर सकता था।

श्रीशुकदेवजी

महाराज परीक्षित् जब राज्य त्याग करके मृत्युकी प्रतीक्षामें निर्जल व्रत लेकर भगवती भागीरथीके किनारे आ बैठे, सभी ऋषि-मुनि उन परम भागवतके समीप आये। उनमें भगवान् परशुराम और भगवान् व्यास थे, समस्त देवता-असुरोंके पिता महर्षि कश्यप थे, परम तेजस्वी महर्षि भृगु थे, सभी देवर्षि-महर्षि थे; किंतु षोडशवर्षीय नवजलधरसुन्दर दिगम्बर अवधूत व्यासनन्दन श्रीशुकदेवजीके आनेपर सब उठ खड़े हुए। सबसे उच्चासनपर महाराजने उन्हें बैठाकर उनकी पूजा की। यह ज्ञान, वैराग्य, त्याग और भक्तिका अपार प्रभाव और ऐसे ऋषियोंके भी उन परम वन्दनीयने सुनाया क्या—श्रीमद्भागवत। 'श्रीकृष्णचन्द्रके श्रीचरणोंमें अनुराग ही समस्त साधनोंका परम फल है।' यही उनका अमृतोपदेश है।

श्रीशङ्कराचार्य

उच्छिन्नप्राय वैदिक धर्मकी स्थापना की किसने? किसने कन्याकुमारीसे हिमालयतक सनातन-धर्मका विजय-घोष कराया? जगद्गुरु श्रीशङ्कराचार्यके अतिरिक्त इसमें भला दूसरा कौन समर्थ था। वे विरक्तशिरोमणि, उन्होंने तो स्पष्ट घोषित किया—'समस्त दृश्य प्रपञ्च मिथ्या है। अज्ञानी ही मोहवश इसे सत्य मानकर इनमें आसक्त रहता है। सत्य तो केवल एक चेतन सत्ता है। निर्विकार, नित्य, निर्गुण, अनवच्छिन्न, ज्ञानस्वरूप ब्रह्मसत्ता। उसकी अनुभूति ही ज्ञान है और उस ज्ञानसे ही जीव अपने जीवत्वसे मुक्त होता है।'

स्वामी श्रीनिरंजनानन्दतीर्थजी महाराज

[जन्म संवत् १९०३, जन्म-स्थान—कांथा, उन्नाव]

(प्रेषक—श्रीब्रह्मानन्दजी मिश्र)

भज ले सीताराम फिरत मन काहे भटका ॥ टेक ॥
गुरु पद सेइ सत सगति करि अहंकार को पटका ।
राम नाम को रटहि निरन्तर सीखि भजन का लटका ॥
है संसार असार कछु नहि माया मोह मे अटका ।
तेहि छूटन का जोग जतन करु विषय भोग को सटका ॥
छाडि डरासा मन का तन का धन का सुख का खटका ।
निश्चल मन ते प्रेम भाव मे लखि ले स्वामी घट का ॥
बीति गई आयुर्दा इतनी हाय न मन को हटका ।
विषय वासना का नहिं छूटा ईतन ते यदि चटका ॥
अन्त समय पछितावा करिहै करि करि जग के टोटका ।
सो आई कछु काम न जब ही परी यमन का झटका ॥
तीर्थ निरंजन कहि समुझावत राम भजन का फटका ।
भव सागर ते पार करइया है बेड़ा बेखटका ॥

दोहा—आत्मा मे परमात्मा लखहु सुमिरि ओंकार ।
ज्योति सरूप हिय ध्यान करि उतर जाय भव पार ॥

स्वामी श्रीदयानन्दजी सरस्वती

(आर्यसमाजके प्रसिद्ध प्रवर्तक)

जैसे शीतसे आतुर पुरुषका अग्निके पास जानेसे शीत निवृत्त हो जाता है, उसी प्रकार परमेश्वरकी समीपता प्राप्त होनेसे भी सब दोष दुःख छूटकर परमेश्वरके गुण, कर्म, स्वभावके सदृश जीवके भी गुण, कर्म, स्वभाव पवित्र हो जाते हैं। इसलिये परमेश्वरकी भक्ति अर्थात् स्तुति, प्रार्थना और उपासना अवश्य करनी चाहिये।

परमेश्वरकी नित्यप्रति प्रार्थना और उपासना सबको अनन्यचित्त होकर अवश्य करनी चाहिये; क्योंकि जो मनुष्य नित्य प्रेम-भक्तिसे परमेश्वरकी उपासना करते हैं, उन्हीं उपासकोंको परम करुणामय अन्तर्यामी परमेश्वर मोक्षरूपी सुख प्रदान कर सदाके लिये आनन्दका भागी बनाते हैं।

परमेश्वरकी उपासना अर्थात् योगवृत्ति ही सब क्लेशों-का विनाश करनेवाली और सब शान्ति आदि गुणोंको प्रदान करनेवाली है।

वही एक परमेश्वर हम सब मनुष्योंका उपास्यदेव है। जो मनुष्य उसको छोड़कर दूसरेकी उपासना करता है, वह पशुके समान बनकर सब दिन दुःख भोगता रहता है। इसलिये प्रभुप्रेममे अत्यन्त मग्न हो, अपनी आत्मा और मनको परमेश्वरमें जोड़कर सब मनुष्योंको पवित्र वेदमन्त्रों-द्वारा भगवान्‌की स्तुति-प्रार्थना और उपासना करनी चाहिये।

जो ब्रह्म निमल सुखकारक, पूर्णकाम, सदा तृप्त और जगत्‌में व्याप्त है, वही सब वेदोंसे प्राप्य है। जिसके मनमें इस ब्रह्मकी प्रकटता अर्थात् यथार्थ ज्ञान है, वही मनुष्य भगवान्‌के आनन्दका भागी है और वही सदैव सबसे अधिक सुखी है। ऐसे मनुष्यको धन्य है। जो नर इस संसारमें अत्यन्त प्रेम, धर्म, विद्या, सत्सङ्ग, सुविचारता, निर्वैरता, जितेन्द्रियता आदि शुभ गुणों तथा प्रत्यक्षादि प्रमाणोंसे परमेश्वरका आश्रय लेता है, वही जन सौभाग्य-शाली है; क्योंकि ऐसा जन यथार्थ सत्य विद्याके द्वारा सम्पूर्ण दुःखोंसे छूटकर परमानन्द परमेश्वरका नित्य सङ्गरूप, जो मोक्ष है, उसको प्राप्त करता है। फिर वह जन्म-मरणरूपी दुःख-सागरको प्राप्त नहीं होता। परंतु जो विषयलम्पट, विचाररहित, विद्या, धर्म, जितेन्द्रियता, सत्सङ्गसे रहित, छल, कपट, दुराग्रहादि दुष्ट गुणोंसे युक्त है, वह कभी भी मोक्षसुखको प्राप्त नहीं कर सकता; क्योंकि वह ईश्वर-भक्तिसे विमुख है। ऐसा जन जन्म-मरण आदि पीड़ाओंसे पीड़ित होकर सदा दुःखसागरमे ही डूबा रहता है। इसलिये सब मनुष्योंको उचित है कि परमेश्वर तथा उनकी आज्ञाके विरुद्ध कभी भी कोई आचरण न करें। अपितु परमेश्वर तथा उसकी आज्ञामें सदा तत्पर होकर इस लोक तथा परलोककी सिद्धि यथावत् करें। यही मनुष्य-जीवनकी कृतकृत्यता है।

योगाभ्यासद्वारा भगवान्‌के समीप होने और उसको सर्वान्तर्यामीरूपसे प्रत्यक्ष करनेके लिये जो साधन हैं, वे साधकको अवश्य करने चाहिये। अतः जो भक्त उपासनाका

आरम्भ करना चाहे उसके लिये उचित है कि वह किसीसे वैर न रक्खे, सबसे प्रीति करे। सत्य बोले, मिथ्या कभी न बोले। चोरी न करे, सत्यका व्यवहार करे। जितेन्द्रिय हो, विषयलम्पट न हो। निरभिमानी हो, अभिमान कभी न करे। राग-द्वेष छोड़ भीतर और बाहर पवित्र रहे। धर्मपूर्वक पुरुषार्थ करनेसे न लाभमें प्रसन्नता और न हानिमें अप्रसन्नता प्राप्त करे। आलस्यको छोड़ सदा प्रसन्न होकर पुरुषार्थ किया करे। सदा सुख-दुःखका सहन करे। धर्मका ही अनुष्ठान करे। सदा सत्-शास्त्रोंको पढ़े-पढ़ावे। सत्पुरुषोंका सङ्ग करे और ओ३म् परमात्माके इस पवित्र नामका अर्थ-विचारसहित नित्यप्रति जप किया करे। अपने आत्माको परमात्माके आज्ञानुसार समर्पित कर दे!

× × × ×

प्रार्थना

हे सच्चिदानन्द! हे नित्यशुद्ध, बुद्ध, मुक्तस्वभाव! हे अद्वितीयानुपम जगदादिकारण! हे करुणाकराऽसीमा! हे परम सहायक! हे सकलानन्दप्रद! सकलदुःख-विनाशक! हे अविद्यान्धकारनिर्मूलक! विद्याके प्रकाशक! हे अधर्मोद्धारक, पतितपावन! हे विश्वविनोदक! निरञ्जन! निर्विकार! सर्वान्तर्यामिन्! दीनदयाकर! सत्यगुणाकर! परम सुखदायक! राजविधायक! प्रीतिसाधक! निर्बलपालक! इत्यादि अनेक अनन्तविशेषणवाच्य मङ्गलप्रद प्रभो! आप सर्वदा सबके निश्चित मित्र हो। हमको सत्य सुखदायक सर्वदा आप ही हो! हे सर्वोत्कृष्ट स्वीकरणीय वरेश्वर! आप सबसे परमोत्तम हो! अतः हमको परम सुख देनेवाले आप ही हो। प्रभो! हम जो कुछ माँगेंगे सो आपसे ही माँगेंगे; क्योंकि सब सुखोंका देनेवाला आपके सिवा और कोई नहीं। हमलोगोंको सर्वथा आपका ही आश्रय है, अन्य किसीका नहीं। इसलिये हमलोग सर्वशक्तिमान्, न्यायकारी, दयामय सबसे बड़े पिताको छोड़कर नीचका आश्रय कभी न लेंगे। भगवन्! आपका तो यह स्वभाव ही है कि अङ्गीकृतको कभी नहीं छोड़ते। हे मित्र! जो (भक्त) आपको आत्मादि दान (आत्मसमर्पण) करता है, आप उसको व्यावहारिक तथा पारमार्थिक सुख अवश्य प्रदान करते हो। हे प्राणप्रिय! स्वभक्तोंको परमानन्द प्रदान करना आपका सत्यव्रत है। प्रभो! यही आपका स्वभाव हमको सदा सुखदायक है। हे परमैश्वर्यवान् प्रभो! हम हृदयसे अत्यन्त प्रेमपूर्वक आपको गावें, आपकी यथावत् स्तुति करें। आपकी कृपासे हमारा परमैश्वर्य सदा बढ़ता रहे और हम परमानन्दको प्राप्त हों। हे प्रभो! आपकी कृपासे हम उत्तम विद्वानों तथा दिव्य गुणोंसहित उत्तम प्रीतियुक्त होकर सदा आपमें रमण तथा आपका ही सेवन करनेवाले हों। हे प्रभो! आप देवोंके भी देव तथा उनको भी आप ही परमानन्द प्रदान करनेवाले हो। आप सबके अत्यन्त आश्चर्ययुक्त मित्र, सर्वसुखकारक तथा सबके सखा हो। हे सहजशीलेश्वर! आपके समान हमलोग भी परस्पर प्रसन्नतापूर्वक एक दूसरेके रक्षक हों, आपकी कृपासे सदैव आपकी ही स्तुति, प्रार्थना और उपासना करनेवाले हों। आपको ही पिता, माता, बन्धु, राजा, स्वामी, सहायक, सुखद, सुहृद् तथा गुरु जानें। क्षणमात्र भी आपको भूलकर न रहें। आपके तुल्य वा अधिक कभी किसीको न मानें। आपके अनुग्रहसे हम सब लोग परस्पर प्रीतिमान्, रक्षक, सहायक तथा परम पुरुषार्थी हों। एक दूसरेके दुःखको न देख सकें। सब मनुष्योंको परस्पर निर्वैर, अत्यन्त प्रीतिमान् तथा पाखण्डसे रहित करें। हे प्रभो! आप हमको अपने अनन्त परमानन्दके भागी करें। अपने उस दिव्यानन्दसे हमको एक क्षण भी अलग न रक्खें। हे प्रभो! हम परस्पर प्रेम, परम वीर्य और पराक्रमसे निष्कलङ्क चक्रवर्ती राज्यको भोगें। हम सब सज्जन नीतिमान् हों, हममें परस्पर विद्वेष अर्थात् अप्रीति न रहे; किंतु अपना तन, मन और धन तथा विद्या—इन सबको परस्पर सबके सुखभोगमें ही परम प्रीतिसे लगा दें। हे कृपासागर! आप हमारे आधिभौतिक, आधिदैविक तथा आध्यात्मिक इन त्रिविध तापोंको शीघ्र दूर करें जिससे कि हमलोग अत्यानन्दमें तथा आपकी अखण्डोपासनामें सदा रत रहें। हे विश्वगुरो! मुझको असत्य और अनित्य पदार्थोंसे तथा असत्य कार्योंसे छुड़ाकर सत्य तथा नित्य पदार्थों और श्रेष्ठ व्यवहारमें सदा स्थिर करें। हे न्यायाधीश प्रभो! आप अपनी कृपासे मुझको काम, क्रोध, लोभ, मोह, भय, शोक, आलस्य, प्रमाद, ईर्षा, द्वेष, विषय तृष्णा, नैष्ठुर्य, अभिमान, दुष्टस्वभाव तथा अविद्या आदि दुर्गुणोंसे छुड़ा सदा श्रेष्ठ कार्योंमें ही यथावत् स्थिर करें! मैं अति दीन होकर आपसे यही माँगता हूँ कि मैं आप और आपकी आज्ञासे भिन्न पदार्थोंमें कभी भी प्रीति न करूँ। इत्यादि।

संत श्रीगजचन्द्र

[जन्म-स्थान बवाणिया (सौराष्ट्र), जन्म-सं० १९२४ वि०, देहावसान सं० १९५७ ।]

(प्रेषक -वैद्य श्रीबदरुद्दीन राणपुरी)

बहु पुण्य केरा पुज थी
शुभ देह मानव नो भल्यो ।
तो ये अरे भव चक्र नो
ऑटो नहीं एके टल्यो ॥
सुख प्राप्त करताँ सुख टले
छे लेश ये लक्षे लहो ।
क्षण क्षण भयंकर भाव मरणे
कां अहो राची रहो ॥



लक्ष्मी अने अधिकार बधतां
शु बध्युं ते तो कहो ।
शुं कुटुंब के परिवार थी
बधवापणुं एनेय ग्रहो ॥
बधवापणुं संसार नुं नर
देह ने हारी जवो ।
एमां बिचार नहीं अहो हो
एक पल तमने हवो ॥

बाबा किनारामजी अघोरी

(जन्म बनारस जिलेके चन्दौली तहसीलमें रामगढ़ गाँव । पिताका नाम श्रीअकबरसिंह । दीक्षागुरु श्रीकालूराम अघोरी । सिद्ध संत एवं अघोरमतके प्रचारक ।)

संतो भाई मैं भूल्यो कि जग बौरानो, यह कैसे करि कहिये ।
याही बड़ो अचंभो लागत, समुझि समुझि उर रहिये ॥
कथै ग्यान अज्ञान जग्य व्रत, उर में कपट समानी ।
प्रगट छाँड़ि करि दूर बतावत, सो कैसे पहचानी ॥
हाड़ चाम अरु मास रक्त मल, मजा को अभिमानी ।
ताहिं खाय पंडित कहलावत, वह कैसे हम मानी ॥
पढ़े पुराण कोरान वेद मत, जीव दया नहिं जानी ।
जीवनि भिन्न भाव करि मारत, पूजत भूत भवानी ॥
वह अदृष्ट[1] सूझै नहिं तनिकौ, मन में रहै रिसानी ।
अंधहि अंधा डगर बतावत, बहिरहि बहिरा बानी ।
'राम किना' सतगुरु सेवा बिनु, भूलि मरयो अग्यानी ॥

× × ×

शब्द का रूप साँचो जगत पुरुष है,
शब्द का भेद कोई संत जानै ।
शब्द अज अमर अद्वितीय व्यापक पुरुष,
संत गुरु शब्द सुविचार आनै ॥
चंद में जोति है, जोति में चंद है,
अरथ अनुभौ करे, एक मानै ।

'राम किना' अगम यह राह बाँकी निपट,
निकट को छाँड़ि कै प्रीति ठानै ॥
साँचि कहिय साँचो सुनिय, साँचो करिय बिचार ।
साँच समान न और कछु, साँचो संग सम्हार ॥
पाँच तत्व गुन तीनि लै, रच्यौ सकल ब्रह्मंड ।
पिंड माहँ सो देखिये, भुवन सहित नव खंड ॥
सो सब प्रभु महँ रमि रह्यौ, जड़ चेतन निज ठौर ।
तातैं राम सँभारि गहु, सब नामन को मौर ॥
नहीं दूरि नहिं निकट अति, नहीं कहूँ अस्थान ।
बेदी पै दृढ़ गहि करै, जपै सो अजपा जान ॥
आपु बिचारै आपु मैं, आपु आपु महँ होय ।
आपु निरंतर रमि रहै, यह पद पावै सोय ॥
यथा योग्य व्यवहार को, जानि रहै निस्प्रेह ।
अभय अमंक असोच है, जानै अजपा येह ॥
अनुभव सोई जानिये, जो नित रहै बिचार ।
राम किना मत शब्द गहि, उतर जाय भौ पार ॥
चौह चमारी चूहड़ी, सब नीचन ते नीच ।
तूँ तो पूरन ब्रह्म था, चाह न होती बीच ॥

१. अदृश्य, परमेश्वर, परमतत्त्व । २. इच्छा, कामना ।

श्रीकौलेशर बाबा

[स्थान —सारन जिला, बिहार]

(प्रेषक—श्रीअच्चूधर्मनाथ सहायजी, बी० ए०, बी० एल्०)

(१) प्राणिमात्रसे प्रेम करनेसे भगवान्‌की प्राप्ति सहजमें हो सकती है। प्रेमका दर्जा बहुत बड़ा है। इसीसे मनुष्य ईश्वरको प्राप्त कर सकता है। पर प्रेम सच्चा होना चाहिये 'रामहि केवल प्रेम पिआरा'।

(२) सत तो सत ही हैं, जीवमात्रकी सेवा करना ही उनका जीवन है।

(३) हृदयसे बुरी वासनाओंको निकाल रखना। जितना ही हृदय शुद्ध, कोमल, पवित्र, सात्त्विक और साफ रहेगा, उतने ही जल्दी भगवान् उसमें आयेंगे।

'जेकर घर मइल, तेकर घर गइल।
जेकर घर साफ, तेकर घर आप॥'

(४) 'झुटमुट खेले सचमुच होय। सचमुच खेले बिरले कोय॥
जो कोई खेले मन चित लाय। होते होते होइए जाय॥'

(५) जब बूझे तब सूझे, जब ना बूझे तब जूझे।

(६) कहता तो बहुता मिला, गहता मिला न कोय।
सो कहता वहि जान दे, जो नहीं गहता होय॥
सुमिरन की सुधि यों करो, जैसे कामी काम।
एक पलक बिसरे नहीं, निसिदिन आठों याम॥
पुन्यवान नर होइ जे, तिन कर यह पहचान।
ईश्वर डर जाके सदा, पुन्यवान सोइ जान॥
नाम निलावे रूप को, जो जन खोजी होय।
जो यह रूप हृदय बसे, छुपा रहे नहिं कोय॥

(७) भगवान्‌के इस वचनको याद रक्खो—
जो 'तू' होगा मेरा, तो जनत करूँगा तेरा।
जो 'तू' नहीं मेरा, तो जम मार बहुतेरा॥

महात्मा श्रीमंगतरामजी

(प्रेषक—संगत समतावाद)



निर्वैरी निष्कामता, सत्पुरुषों से हेत।
दुर्लभ पाइय संतजन, 'मंगत' मस्तक टेक॥

धर्मोपदेशकोंके लक्षण

(१) जबतक अपना अन्तःकरण बिल्कुल शुद्ध न हो, अर्थात् वासनारूपी विकारसे निर्मल न हो चुका हो, तबतक उसे किसीको उपदेश करनेका कोई हक नहीं है।

(२) जो व्यक्तिगत स्वार्थके लिये अर्थात् अपने गुजरानके लिये अथवा मानके लिये उपदेश करता है वह उपदेशक दुराचारी है, देश और धर्मको बिगाड़नेवाला है।

(३) जिसके अंदर सत्य, आत्म-निर्माण करनेकी शक्ति, निष्कामता और उदासीनता नहीं है, वह बड़े-से-बड़ा विद्वान् भी मूर्ख है।

(४) उपदेशकके लिये विद्या और निर्दिष्याभ—दोनों आवश्यक हैं। निर्मानता और निष्कामताको धारण करनेवाला उपदेशक ही संसारको सच्चा सुख प्रदान कर सकता है।

(५) जिसने स्वयं अपने मनको पापोंसे रहित किया है, ईश्वरीय प्रेम और विश्वासको दृढ़ किया है, जो हर समय ईश्वरका स्मरण करता है, दुनियासे स्वतन्त्र होकर एक ईश्वरपर ही भरोसा रखता है और सब जीवोंको ईश्वरका स्वरूप मानकर उनको सुख पहुँचाना अपना परम धर्म समझता है, वही उपदेशक धर्मका यथार्थ प्रकाश करनेवाला है।

साधु श्रीयज्ञनारायणजी पाण्डेय

(जन्म मिर्जापुर जिलेमें चन्द्रप्रभाके तटपर पसही नामक गाव)

पूतके कुपूत होनेपर भी माता कुमाता नहीं होती। माताका हृदय तुम्हारे पास नहीं, इसलिये उसके प्यारका तुम्हें अनुभव नहीं। माँके बनो, माँको याद करो, माँको पुकारो—निरापद हो जाओगे तुम। विश्वास करो—यह ध्रुव सत्य है।

रामचरितमानसका पाठ करो। जितना कर सको,

करो। दो ही दोहा, एक ही दोहा सही, पर छोड़ो मत। पाठ करते जाओ। श्रीराममे मन लगेगा। श्रीराममे मन लगनेका अर्थ जगत्से मुक्ति है।

दो घंटे रात रहते जग जाओ। ध्यान करो, जप करो। यह न हो सके तो गा-गाकर धीरे-धीरे प्रभु-प्रार्थना करो। सोनेके पहले भी प्रार्थना करो।

सत्सङ्ग ढूँढते रहो। तीर्थोंमे जाते रहो। साधु-महात्माओकी सेवा करते रहो। तुम अपनी जिम्मेदारीसे मुक्त माने जाओगे।

पापसे डरो, झूठ मत बोलो। परायी स्त्रीपर कुदृष्टि कभी भी मत डालो। सर्वत्र भगवानको देखनेका प्रयत्न करो। तुम्हारा जीवन सफल हो जायगा।

संत श्रीपयोहारी बाबा

(जन्म—सिलौटा ग्राम जिला बनारस। उत्तरप्रदेशके गाजीपुर जिलेमें गागी नामक छोटी-सी नदीके तटपर सिसौडा नामक गोवमें कुटीपर निवास। केवल दूध (पय) लेनेसे इनका नाम पयोहारी बाबा पड गया।)

जिन्होंने ससारको ही सर्वस्व मान लिया है, उनकी बात नहीं, पर जो ससारके उस पारपर भी विश्वास करते है—उन्हे भगवानका भजन करना आवश्यक है। भजनमे बड़ा सुख है, पर जबतक भजन नही किया जाय, कैसे पता चले।

मन नही लगता, कोई बात नहीं। बिना मनके नाम रटो, रटते जाओ। अभ्याससे तीक्ष्ण मिर्च भी प्रिय लगने लगती है। भगवन्नाम तो बहुत मधुर है।

रात-दिन सोनेमे ही मत बिताओ। कितने जन्म और कितने कालसे सोते आये हो। अब जग जाओ, सजग हो जाओ। भगवान्को पानेके लिये चल दो, तुरंत चलो। नहीं तो सदा रोते ही रहोगे।

मन, वाणी और शरीरसे पवित्र रहो।

भगवान्का गुण गाओ, सुनो। भगवान्का सभी गुणगान करे—इसके लिये प्रयत्न करो। पर पहले स्वय गुणगान करो। तुम्हारा मङ्गल होगा।

परमहंस स्वामी श्रीराधेश्यामजी सरस्वती

[जन्म—संवत् १८७२]

(प्रेषक—डा० श्रीबालगोविन्दजी अग्रवाल)

जब लग लखै न आप को, तब लग नहीं जुड़ात।
आप लखे शीतल भयो, नहिं कहुँ आवत जात॥
हिय मन्दिर शोधा नहीं, करे अन्य की सेव।
मृग-तृष्णा मे भरमि के, लख्यो न आतमदेव॥
नव खिड़की का पींजरा, चिड़िया बोल अमोल।
कुछ दिन मे उड़ जायगी, रहा पोल का पोल॥
मन दर्पण काई लगी, नहिं दरसत है ज्ञान।
जैसे घन की ओट मे छिपा रहत है भान॥
जब लग फुरना प्राण मे, तब लग झूठा ज्ञान।
अचल भयो फुरना नहीं, बूँद मे सिन्धु समान॥

श्रीशंकराचार्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर स्वामीजी श्रीब्रह्मानन्दजी सरस्वती महाराज

१. पहले अपनेको बनाओ, फिर दूसरेकी चिन्ता करो।

२. धर्म इन्द्रियोपर नियन्त्रण करता है इसीलिये इन्द्रियोंके गुलाम धर्मको हौआ समझते है।

३. धर्मका मार्ग प्रत्येक क्षेत्रमे स्थायी सफलताका मार्ग है।

४. धर्मका खण्डन करनेवाला सबके हितका विरोधी है।

५. एकको (भगवान्को) मजबूतीसे पकड़ लो तो अनेकोकी खुशामद नहीं करनी पड़ेगी।

६. दुर्जनके लिये दुर्जन मत बनो। दुर्जनकी दुर्जनताको अपनी सज्जनतासे दबाओ।

७. सिद्धियोंके चक्करमे ठोकरे खाते मत फिरो। भगवान्का

भजन करो, सिद्धियाँ स्वयं तुम्हारे चरणोंमें ठोकर खायेंगी । पराधीनताका नहीं, स्वाधीनताका मार्ग अपनाओ ।

८. परमार्थका मार्ग व्यवहारसे ही होकर जाता है । इसलिये व्यवहारको शास्त्र-मर्यादाके अनुसार बनाओ । व्यवहार अमर्यादित हुआ तो परमार्थका पता नहीं चलेगा ।

९. परमात्मा व्यापक है, तुम्हारे अंदर भी है । पासकी चीजको दूर देखोगे तो ढूँढनेमें देर लगेगी ।

१०. जो काम स्वयं कर सको, उसीमें हाथ लगाओ । दूसरोंके बलपर काम उठानेमें अशान्ति भोगनी पड़ेगी ।

११. अपनी दिनचर्या ऐसी बनाओ जिससे अनन्तशक्ति और अखण्डानन्द प्राप्त हो । ऐसा न करो कि सब शक्ति क्षय हो जाय और दुःखके पहाड़ोंसे घिर जाओ ।

१२. कहीं भी किसी भी परिस्थितिमें रहो, मनमें कमजोरी मत आने दो । जहाँ रहो मस्त रहो ।

१३. पापियोंके ऐश्वर्यको देखकर धर्म-फलमें संदेह मत करो । फाँसीकी सजाका जो मुल्जिम होता है, उसको फाँसीके पहले इच्छानुसार भोग-सामग्री दी जाती है ।

१४. कोई गलती हो जाय तो उसे सुधार लेना चाहिये । दुराग्रह करके गलतीका समर्थन करनेसे अनर्थपरम्परा बढ़ती जायगी और तुम्हारा जीवन नष्ट होगा और दूसरोंकी भी हानि होगी ।

१५. भगवान्‌का भजन करो, पर उनसे कुछ माँगो मत; क्योंकि जितना भगवान् दे सकते हैं उतना तुम माँग ही नहीं सकते । माँगना और देना दोनों अपनी हैसियतके अनुसार होता है । तुम माँगोगे तो अल्पज्ञ अल्पशक्तिमान् जीवकी हैसियतसे माँगोगे और यदि भगवान् स्वयं देंगे तो वे सर्वज्ञ सर्वशक्तिमान्‌की हैसियतसे देंगे । इसलिये इसीमें लाभ है कि शुभ कर्म करो और उसका फल कुछ माँगो मत, भगवान्‌पर छोड़ दो, जैसा वे चाहें करें ।

१६. यदि कोई तुम्हारी निन्दा करे तो भीतर भीतर प्रसन्न होना चाहिये, उससे शत्रुता नहीं करनी चाहिये; क्योंकि निन्दा करके वह तुम्हारा पाप अपने ऊपर ले रहा है- तुम बिना प्रयत्नके ही पापोंसे मुक्त हो रहे हो । इसलिये निन्दकको परमार्थमें सहायक ही मानना चाहिये । इसीलिये कबीर कहते थे —

निंदक नेरे राखिये आपन कुटी छवाय ।

१७. जिसे आत्मानन्दका अनुभव है, वह विषयानन्दमें नहीं फँसेगा । क्या कोई चक्रवर्ती सम्राट् दो गाँवकी मुखिया की इच्छा कर सकता है ?

१८. ऐसा करो कि गर्भवासमें फिर न आना पड़े, तभी मनुष्य-जन्म सार्थक होगा ।

१९. मालीसे सम्बन्ध रक्खोगे तो पूरी वाटिकासे लाभ उठा सकोगे । भगवानसे सम्बन्ध बना लो तो भगवान्‌की वाटिकारूप यह सारा संसार तुम्हारा हो जायगा ।

२०. कोई काम हो सोच-समझकर करो । आतुरता चाहे जिस काममें हो, अच्छी नहीं । सत्सङ्ग भी सोच-समझकर करना चाहिये; क्योंकि साधुवेषमें भी न जाने कितने सी० आई० डी० और चोर-डाकू भेष बदले हैं, जिनके सम्पर्कसे हानि हो सकती है । इसलिये सतर्क रहना आवश्यक है ।

२१. विषयीका सङ्ग साक्षात् विषयसे अधिक भयावह है । विषय तो साक्षात् अग्नि है और विषयी अग्निके सम्पर्कमें रहनेवाले चिमटेके समान है । अग्नि (अङ्गार) को हाथमें उठाकर जल्दीसे फेंक दो तो उतना नहीं जलोगे, पर यदि चिमटा कहीं छू जाय तो चाहे जितनी जल्दी करो पर फफोला अवश्य पड़ जायगा । इसलिये चिमटोंसे सदा बचते रहो ।

२२. पहले तो यही प्रयत्न करना चाहिये कि विषयी और दुर्जनोंसे व्यवहार न करना पड़े । पर यदि कोई कार्य आ ही जाय तो उनसे वैसा ही सम्बन्ध रक्खो जैसा पाखानेसे रखते हो । आवश्यकता पड़नेपर पाखानेमें जाते हो, पर काम हुआ कि वहाँसे हटो, जल्दी-से-जल्दी बाहर आनेकी कोशिश करते हो । इसी प्रकार इन लोगोंसे काम लेकर जल्दी-से-जल्दी दूर हट जाना चाहिये ।

२३. सदा उचित और अनुचितका ध्यान रक्खो । ऐसा नहीं कि जिसने टुकड़ा डाल दिया, उसीके दरवाजे पूँछ हिलाने लगे । उदर-पोषणके लिये अपने भाग्यपर विश्वास रक्खो । किसीके दबावमें आकर अनुचित कार्य करके पापका संग्रह मत करो; क्योंकि जब उस पापका फल तुम्हारे पास आयेगा तब तुम्हें अकेले ही भोगना पड़ेगा । उस समय कोई हिस्सा बँटाने नहीं आयेगा । इसलिये जो कुछ करो, पाप-पुण्यका विचार करके करो । ऐसा बीज मत बोओ जिसमें काँटे फलें ।

२४. ठगो मत चाहे ठगा जाओ; क्योंकि संसारमें हमेशा नहीं रहना है, जाना अवश्य है और साथ कुछ नहीं जायगा—

यह भी निश्चित है। यदि किसीको ठग लोगे तो ठगी हुई वस्तु तो नष्ट हो जायगी या यहीं पड़ी रह जायगी; पर उसका पाप तुम्हारे साथ जायगा और उसका फल भोगना ही पड़ेगा। यदि तुमको कोई ठग ले तो तुम्हारा भाग्य तो वह ले नहीं जायगा—विचार कर लो कि उसीके भाग्यकी चीज थी, धोखेसे तुम्हारे पास आ गयी थी, अब ठीक अपनी जगह पहुँच गयी। या ऐसा सोच लो कि किसी समयका पिछला ऋण उसका तुम्हारे ऊपर था सो अब चुक गया। इस विचारसे ठगा जानेमें उतनी हानि नहीं, ठगनेमें उससे ज्यादा हानि है।

२५. सावधान रहो कि कोई काम कहीं ऐसा न हो जाय कि जिसके लिये चलते समय पछताना पड़े। यदि सतर्क नहीं रहोगे तो नीचे गिरनेसे बच नहीं सकते। संसारका प्रवाह नीचे ही गिरायेगा।

२६. शासन-सत्ताकी सब बातें मानो, पर धर्मविरुद्ध बातें मत मानो; क्योंकि—

धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः।

यह स्वाभाविक नियम है कि जो वेद शास्त्रोंके अपने धर्मकी अवहेलना करता है, वह नाशको प्राप्त होता है। और जो धर्मानुसारी आचरण करता है, उसकी रक्षा धर्म करता है। इसलिये प्रत्येक व्यक्ति और समाजके कल्याणकी दृष्टिसे ही हमारा यह कहना है कि कोई भी शासन-सत्ता हो, उसकी सब बातें मानो, पर धर्मविरुद्ध बातें मत मानो। राष्ट्र तो हमारा है। जहाँतक राष्ट्रकी उन्नतिका प्रश्न है, हम सर्वथा सहमत हैं; परंतु यदि सरकार धर्मका विरोध करनेमें राष्ट्रका हित समझती है तो इतने अंशमें हम उससे सहमत नहीं। हम तो यही कहेंगे कि जनताको स्वधर्म-पालनमें लगाना भी शासन-सत्ताका ही कार्य है; क्योंकि यह नीति है कि—

विषये योजयेच्छत्रुं मित्रं धर्मेण योजयेत्।

अर्थात् शत्रुको विषयकी ओर प्रवृत्त करो और मित्रको अर्थात् जिसकी भलाई चाहते हो उसको स्वधर्म-पालनमें लगाओ। इसलिये यदि शासनाधिकारी प्रजाकी भलाई चाहते हैं तो उन्हें स्वधर्मपालनमें प्रोत्साहन देना चाहिये।

२७. धर्महीन शिक्षा ही समाजमें बढ़ते हुए नैतिक पतनका कारण है।

२८. शासन-सत्ता सावधान रहे। भौतिक उन्नतिके लिये प्रयत्नशील होनेके साथ-साथ यदि शिक्षामें धार्मिक, दार्शनिक और यौगिक तत्त्वोंका प्राधान्य न किया गया तो देशमें केवल अर्थ और कामकी प्रवृत्तियाँ जागेंगी और समाजको पशुभावमय भोगप्रधान बनाकर रसातलमें पहुँचा देंगी।

२९. मौखिक उपदेश उतना प्रभावशाली और स्थायी नहीं होता जितना चरित्रका आदर्श। इसलिये यदि दूसरों-पर प्रभाव रखना चाहते हो तो चरित्रवान् बनो। चरित्र शुद्ध होनेसे मनोबल बढ़ता है और मनोबल शक्ति ही क्रिया सिद्धिका कारण होती है।

'क्रियासिद्धिः सत्त्वे भवति महतां नोपकरणे'

(प्रेषक—भक्त श्रीरामशरणदासजी)

३०. यदि हम श्रीभगवन्नामका श्रीभगवान्‌के लिये ही उपयोग करते हैं, उनके प्रेमके लिये ही लगाते हैं तब तो ठीक करते हैं और यदि श्रीभगवन्नामको संसारी चीजोंके लिये लगाते हैं तो हम नामका अपमान करते हैं। श्रीभगवन्नाम-का तो बस, भगवान्‌के लिये ही उपयोग करो। यदि तुम्हें विवाह करना है तो उसके लिये नाम जपनेकी जरूरत नहीं, उस समय देवानुष्ठान करनेकी जरूरत है। नाम तो भगवान्‌के लिये ही होना चाहिये।

३१. श्रीभगवन्नाम बहुत सुन्दर है, परंतु वह भी सत्यको चाहता है। गोस्वामी श्रीतुलसीदासजी महाराज कहते हैं—

रमा बिलास राम अनुरागी। तजत बमन इव नर बड़भागी॥

आज देशमें यह आ रहा है कि जो श्रीरामभक्तिकी डींग मारते हैं, वे भी रमाकी खोजमें रहते हैं और किसी प्रकार-से धन मिले इसीकी चिन्तामें डूबे रहते हैं। किसी भी प्रकार सबको अपने अनुकूल कर लेना और उनसे रुपये कमाना तथा उन रुपयोंको चाहे जहाँ विलास वासनामें खर्च करना—बस, यही रह गया है। आजकल धर्मकी ओटमें सब कुछ हो रहा है। देने वाले भी धन तो दे देते हैं पर यह खयालतक नहीं करते कि हमारा धन कहाँ जा रहा है। आपको मालूम है कि जो विरक्त महात्मा हैं, उनके पीछे लक्ष्मी क्यों दौड़ती है? इसीलिये कि यह हमारे पति श्रीविष्णु भगवान्‌को छोड़ दे। इसे बड़ा विघ्न समझना चाहिये और इससे बचना चाहिये। जो सच्चे महात्मा हैं, उनके लिये यह लक्ष्मी तुच्छातितुच्छ है। लोगोंके सामने भक्त बनकर गाना-हँसना और उनसे धन लेना बड़ा बुरा है। ऐसा गाना-हँसना तो एक वेश्या भी कर सकती है। यह कोई बड़ी बात नहीं है। व्याख्यान देकर ऐसा कोई भी कर सकता है।

३५. श्रीभगवन्नाम तो सदा ही अवश्य स्मरण करना चाहिये परंतु साथ ही पाखण्डसे सर्वथा दूर रहना चाहिये। तभी विशेष लाभ होगा।

३३. हम अपनेको सनातनधर्मी भी कहते जायँ और फिर वेद और शास्त्रोंके विरुद्ध भी चलते जायँ यह बड़े दुःख तथा आश्चर्यकी बात है। वे अपनेको सनातनधर्मी कैसे कहते हैं? यह ठीक नहीं कि दिनभर माला भी घुमाते रहें और मिथ्या भी खूब बोलते रहें।

३४. गुरुओंका कर्तव्य है कि वे अपने शिष्योंकी बुद्धिको शुद्ध करें। यह जानते हुए भी कि शिष्य झूठ बोलता है, अन्य पाप करता है, उससे कुछ भी न कहकर उलटे यह कह दे कि कोई बात नहीं, तुम्हारा कल्याण हो ही जायगा।' बड़ा ही अनर्थ है। वेद-शास्त्रकी सामने रखना और अत्याचार अनाचार करना उचित नहीं है। प्रभु घट घटकी देख रहा है। वह सभा नहीं है। इसे याद रखना चाहिये।

३५. एक मनुष्यने हमसे प्रश्न किया कि 'महाराजजी! जब श्रीभगवन्नामसे ही सब काम हो सकता है तो फिर हम सन्ध्या, तर्पण, यज्ञ और दान आदि क्यों करें?' हमने उत्तर दिया 'हाथी भी खेतोंमें हल चला सकता है, फिर बैलसे ही हल क्यों चलाया जाता है? हाथी एक हल नहीं, दस हल चला सकता है, परंतु हाथीसे कोई हल नहीं चलाता, बैलसे ही सब चलाते हैं। इसी प्रकार छोटेसे कामके लिये भगवन्नाम जैसे महान साधनकी क्या जरूरत है?

३६. शास्त्रोंमें स्त्रियोंके लिये आया है कि वह एकमात्र अपने पूज्य पतिकी ही सेवा करे। इसीमें स्त्रीका कल्याण है। एकमात्र अपने पतिकी सेवा करते करते उसकी वृत्ति तदाकार हो जायगी। मृत्युके समय पतिका ही ध्यान रहेगा, इससे वह स्त्री योनिसे मुक्त होकर पुरुष योनिको प्राप्त हो जायगी और पुरुष बनकर वह फिर मुक्ति प्राप्त करेगी। शास्त्रोंने स्त्रियोंके लिये पति सेवा करनेकी आज्ञा उनके साथ द्वेष करके नहीं दी है, बल्कि स्त्रियोंके कल्याणके लिये ही यह विधान है। स्त्रियोंको अपने पतिसे कहना चाहिये कि 'पतिदेव! आप तो परमात्माका ध्यान करके मनुष्ययोनिसे मुक्त हो जायँ और इधर मैं आपका ध्यान करके स्त्री योनिसे मुक्त हो जाऊँगी। इस प्रकार हम दोनोंका कल्याण हो जायगा।

३७. पतिको भी परमात्माका ही ध्यान करना चाहिये, स्त्रीका नहीं। वह यदि स्त्रीका ध्यान करेगा और स्त्रीका ध्यान करते-करते मरेगा तो उसे स्त्री होना पड़ेगा।

३८. हमारा यही कहना है कि स्त्रियोंका पति सेवासे ही कल्याण हो सकेगा। स्त्रियोंको उतना लाभ श्रीकृष्णभक्तिसे भी नहीं होगा जितना कि उन्हें पति-सेवासे हो सकेगा। हमारे शास्त्रोंमें इसीसे पति-सेवापर जोर दिया गया है। स्त्रीको जब भी बच्चा होता है, तभी उसे मृत्युका सामना करना पड़ता है। पुरुषकी मृत्यु एक बार ही होती है। इस बार बारकी मृत्युसे बचनेके लिये उसे पुरुषकी सेवा करनी चाहिये और आगे पुरुष-शरीर मिलनेपर परमात्माका ध्यान करना चाहिये, जिससे मृत्युसे आत्यन्तिक छुटकारा प्राप्त हो और सदाके लिये मुक्ति मिल जाय।

(प्रेषक—श्रीशारदाप्रसादजी नेवरिया)

३९. भगवान्‌का भक्त होकर कोई भी दुखी नहीं रह सकता, यह हमारा अनुभव है।

४०. ईश्वरप्राप्तिकी वासना जबतक दृढ़ नहीं होगी तबतक अनेक वासनाओंके चक्करमें पतंगेकी भाँति न जाने कहाँ-कहाँ उड़ते फिरोगे।

४१. यदि कोई पापकर्म हो जाय तो परमात्मासे यही प्रार्थना करनी चाहिये कि भगवन्! हमारा इन्द्रियोंपर अधिकार नहीं है, क्षमा किया जाय, भविष्यमें फिर ऐसा नहीं होगा। परंतु ऐसा नहीं कि पाप भी करते जाओ और भगवान्‌का भजन भी। भगवान्‌की कृपाके बलपर पाप करनेका विधान नहीं है।

४२. मरके लिये धर्म मत छोड़ो, ईश्वरको अपना बनानेका व्यर्थ प्रयास मत करो। चरित्रवान् बनो, पार करनेमें देर।

४३. शास्त्र-मर्यादाओंका लिये रहोगे तो आपसे ऐसे ही कार्य होंगे जो परलोकको उज्ज्वल बना देंगे।

४४. राष्ट्रके चरित्र-बलकी वृद्धि और इस प्रकारसे राष्ट्रकी उन्नतिके लिये देशमें धार्मिक शिक्षाकी अत्यन्त आवश्यकता है।

४५. मनमें सदा भगवान्‌का स्मरण बना रहे और मर्यादाका उल्लङ्घन न हो, यही महात्मापन है।

४६. जगत्‌के व्यवहारमें केवल कर्तव्यबुद्धि रक्खो, उसमें इष्ट बुद्धि मत रक्खो—यानी संसारमें कमल-पत्रवत् बने रहो।

४७. मनसे कभी किसीका अनिष्ट-चिन्तन न करो।

४८. मनुष्य-जीवनकी सफलता भगवत्-प्राप्तिमें है। यह तन बार-बार मिलनेका नहीं। इसलिये आगेकी यात्राके लिये, अभीसे भगवत्-भजनरूपी धन साथ ले लो।

महर्षि रमण

(घरका नाम—श्रीवेंकटरामन । जन्म—३० दिसम्बर सन् १८७९ ई० । पिताका नाम—श्रीसुंदरमय्यर । देहावसान—१४ अप्रैल १९५० ई०)

समर्पणका सच्चा अर्थ समझनेके बाद ही समर्पण सफल होता है । ऐसा ज्ञान बार-बार विचार करने और अनुशीलन करनेके बाद ही होता है । निश्चितरूपमे उसका परिणाम आत्मसमर्पण है । मन, वचन और कर्मसे किये हुए किसी समर्पण और ज्ञानमे अन्तर नही है । समर्पण तभी सम्पूर्ण हो सकता है जब वह संदेहरहित हो । यह सौदेका विषय नही है । भगवान्‌से कुछ माँगा भी नही जा सकता । ऐसे समर्पणमे सब समा जाता है । ज्ञान या वैराग्य वही है, भक्ति और प्रेम भी वही है ।

किसी भी उपायसे अहंकार तथा ममताका नाश करनेका नाम ही मुक्ति है; फिर भी ये दोनो एक दूसरेके आश्रयमे टिके रहते हैं । इसलिये एकका नाश दूसरेके नाशका कारण बन जाता है । मन वाक्‌से अगोचर ऐसी मनोदशा प्राप्त करनेके लिये अहंकारको निकाल देना ज्ञानमार्ग है और ममताको मार भगाना भक्तिमार्ग है । इन दोनोमेसे कोई एक मार्ग पर्याप्त है । भक्ति और ज्ञानमार्गका परिणाम भी समान है । इसके विषयमे शङ्का करनेका कोई कारण नही है ।

स्वामी श्रीकृष्णानन्दजी महाराज

(प्रेषक—श्रीब्रह्मदत्तजी)

१—मनको शुभ गुणोसे संस्कृत करना हो तो उसके मल — हिंसा, असत्य, क्रोध आदिको हटाना आवश्यक है ।

२—हिंसा-त्यागके बिना दान दिखलावा या दम्भमात्र हो जाता है, जिसका चतुर मनुष्य भोले लोगोंको ठगनेके लिये दुरुपयोग करते हैं ।

३—ऐसा कौन-सा सदुपदेश है जिसका विवेकच्युत मनुष्य दुरुपयोग नही करता ? चोरोंके भयसे धनोपार्जन नही त्यागा जा सकता ।

४—मनको यजादि कर्मोमे लगाये रखना ही उसके अनर्थकारी प्रबल वेगको रोकनेका सफल उपाय है ।

५—जो इहलौकिक भोगोंको ही सब कुछ समझता है उसके कर्तव्य-पालनकी नींव बहुत निर्बल होती है और वह लोभादिके हल्केसे आघातसे ही गिर सकती है ।

६—इहलौकिक भोगोको ही सब कुछ समझनेसे साधारण सामाजिक व्यवहारोंमे शुद्ध प्रेम तथा कर्तव्यकी दृष्टिका लोप हो जाता है ।

७—सामान्य सुख-दुःखोंसे उपरामकी वृत्ति, उदासीनता, सहनशीलता, अनासक्ति आदिको भी प्राणी किसी अन्य विलक्षण नित्यसुखके लिये अपनाता है ।

८—नवजात शिशुके सुख-दुःखका क्या कारण है ? बिना किसी बुद्धि-ग्राह्य प्रत्यक्ष कारणके सुख-दुःखकी धारा अकस्मात् क्यों टूट जाती है ? मनुष्यके सुखके लिये किये जानेवाले प्रयत्न क्यो विफल हो जाते हैं ? यह जीवनधारा क्यों और कहाँसे आती है ? और कहाँ कैसे चली जाती है ?—इत्यादि प्रश्नोका समाधान, देहकी अवधिमात्रतक ही प्राणीके अस्तित्व-वादद्वारा नही हो पाता ।

९—शास्त्रीय प्रवृत्तिमार्ग लौकिक सुव्यवस्थाका साधक है और निवृत्तिमार्ग केवल ब्रह्मविद्यापरायण महात्माओंकी सहायता करता है ।

१०—शास्त्रीय प्रवृत्ति तथा निवृत्ति दोनो एक ही लक्ष्यके परम साधन होनेसे परस्पर सहकारी हैं, विरोधी नही ।

११—निवृत्तिमार्गी महात्मा अपने तप, शुद्धाचरण तथा ब्रह्माभ्यासके द्वारा आध्यात्मिक वायुमण्डलकी सामान्यतया अप्रत्यक्ष शुद्धि और प्रवृत्तिमार्गियोंके लिये परम लक्ष्यका निर्देश न करें तो प्रवृत्तिमार्ग केवल भोग-लिप्साका ही कारण बनकर संसारका संहार करनेवाला बन जाय ।

१२—मानव-जीवनके उच्च आदर्शको प्राप्त करनेमे धन और शक्ति आवश्यक साधन हैं । परंतु ध्यान रहे इनकी प्राप्तिका आधार दम्भ, झूठ, दुराचार, अन्याय और देश-द्रोह नही होना चाहिये ।

१३—ज्ञानी मूक भाषाद्वारा ब्रह्मज्ञानका उपदेश करता है । ज्ञानीसे सामान्य लौकिक सेवाका कार्य लेना आयुर्वेद-विद्यामें प्रवीण धन्वन्तरिसे ओषधि कुटवानेके समान ही है ।

१४—ब्रह्मचर्याश्रम शास्त्रीय दृष्टिकी प्राप्तिके लिये द्वार है।

१५—जो लोग भोग-वासनामे आसक्त हैं, अतएव साक्षात् परम लक्ष्यके मार्गपर नही चल सकते, उनके लिये शास्त्रीय प्रवृत्तिरूपी गृहस्थाश्रम है।

१६—ब्रह्म-साक्षात्कारद्वारा परम इष्टकी सिद्धि करना और इस लक्ष्यकी प्राप्तिके लिये आदर्श वातावरण बनाना ही वानप्रस्थ तथा सन्यासका कर्तव्य है।

१७—परम आनन्दकी उपलब्धिके लिये मनका और वाणीके भी व्यापाररूपी विक्षेपका निरोध आवश्यक है।

१८—पशु व्यवहारके औचित्य और अनौचित्यका निर्णय अपने शारीरिक बलके आधारपर ही किया करता है।

१९—परम ज्ञानीकी स्वाभाविक रुचि और शास्त्रादेशमे कुछ अन्तर नही रह जाता।

२०—सामान्य मानवीय या शास्त्रीय परिभाषामें जिसे धर्म कहा जाता है, वही ज्ञानीकी स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है। जैसे अग्निकी दाह-प्रवृत्ति।

२१—ज्ञानीसे आत्म-अनात्मकी ग्रन्थि खोलनेके लिये ब्रह्मविद्याका उपदेश लेनेमे ही ससारका हित है।

भक्त श्रीरामदयाल मजूमदार

(प्रे०—श्रीविमलकृष्ण 'विचारज्ञ')

'मरण, देहका मरण तो है ही, पर मैं सियार-कुत्तेकी मौत नहीं मरूँगा। श्रीभगवान्‌का स्मरण करते-करते ही मरूँगा।' पहलेसे ही इस प्रकार दृढ़ प्रतिज्ञा करो। 'सदा श्रीभगवान्‌का स्मरण करूँगा' इसे बार-बार प्रतिदिन स्मरण करो। कभी भूलो नहीं।

गीताका आश्रय लेनेपर उस देशमें पहुँचा जा सकता है, उसी भूमाको प्राप्त किया जा सकता है; किंतु भगवती गीताकी कृपा बिना उनका आश्रय कौन प्राप्त कर सकता है? कृपा उसी व्यक्तिको प्राप्त होती है, जो गीतासे प्रेम करता है, गीतामे प्रेम करता है और गीताके प्रेमका अनुभव करके गीताके उपदेशको जीवनमे उतारनेकी चेष्टा करता है।

यदि समीप ही बहुत कुछ प्राप्त हो जाय, तो समझना बहुत दूर है। ऐसा न हो और बहुत दूर भी कुछ मिल जाय तो समझना कि अभी विलम्ब है और जब समीप या दूर कुछ भी न रहे, तब समझना कि प्राप्त हो गया है।

आलस्य, अनिच्छा और मंद इच्छाको प्रश्रय मत देना। इतनेपर भी ऐसा हो तो विचार करना कि अशुभ प्राक्तन मुझे अशुभ कार्यमे प्रवृत्त कर रहा है, मुझे असम्बद्ध प्रलापमे डाल रहा है। अशुभ घड़ी आते ही प्रणाम करते-करते, प्रार्थना करते-करते पुरुषार्थका बल बढ़ाना।

हताश मत होओ। आश्वस्त होओ। विश्वास रक्खो। जीवित रूपसे प्रभुको पुकारो। मनुष्यके सामने अपने दुःखकी बात मत कहो। उनके साथ बातें करनेका अभ्यास करो। उनके साथ जो लोग हैं, उनको जनाओ। वे तुम्हें मार्ग दिखा देंगे।

जो चाहते हो, वह मिलेगा ही। गुरुसे भ्रम जानकर उस भ्रमको दूर करनेके लिये तपस्या करो। तपस्या ही भारतकी विशेषता है। इस तपस्याको छोड़कर दूसरी तरफ चेष्टा करनेसे कुछ भी मङ्गल नहीं होगा।

साधनामे सचमुच कष्ट है। परंतु साधनासे उनकी निश्चय ही प्राप्ति होगी। ऐसा विश्वास होनेपर सारे कष्ट अग्राह्य हो जाते हैं।

जिसका चित्त ब्रह्ममे रमण करता है, उसीको आनन्द है, निश्चय ही आनन्द है। तुम हम 'अल्प' को लेकर सोचते हैं, आनन्द मिल गया। परतु वह आनन्द नही है। आनन्दके आभासका लेप लगा लेनेसे तो दुःख ही होगा।

नाम-कीर्तन करो। दूसरी चिन्ता जितनी ही जोरसे मनमे उठे, उतने ही घने-घने उच्चस्वरसे नाम-कीर्तन करो। लय कट जायगा।

नाम-जप करो। सब कुछ मिलेगा। जब नाम-जपमें रुचि न हो, तब समझना पाप है। साधु-सङ्गमें नामकी महिमा श्रवण करो।

प्रभु श्रीजगद्बन्धु

(जन्म—सन् १८७१ई० । जन्म-स्थान—डाहापाडा (मुर्शिदाबाद), ब्राह्मण-कुल । देहावसान—अपनी कुटी श्रीअङ्गनमें १७ सितम्बर १९२१ ई० ।)



दूसरेकी चर्चा विषवत् छोड़ो, न स्वयं करो, न कानोंसे सुनो। निन्दासे धर्म नहीं होता, केवल पाप मिलता है। परचर्चा और बाह्यदृष्टि सदाके लिये त्याग करो। दूसरेके बाबत ख्याल करनेसे अपना चित्त मलिन होता है। मालिन्य दूर करो। घरकी दीवारपर लिख रक्खो—'परचर्चा निषेध, बाह्यदृष्टि त्याग।'

निन्दया नैवते धर्मः पापं लभ्यं हि केवलम्।
ततो निन्दां न कुर्वन्ति महाभागवता जनाः॥

जीवहिंसासे मनुष्यकी उन्नति कभी नहीं होती। हिंसा करनेवालेका परिणाम कष्ट ही होता है। अहिंसाके साथ सिंहविक्रमसे चलो। तुम किसीको आघात न करो। जीवदेहमें नित्यानन्दका वास है। जीवदेहपर आघात करना मानो नित्यानन्दको ही आघात करना है। सब जीवोंको नित्यानन्दके स्वरूप समझो।

आत्मसंयमसे ही आत्मरक्षा होती है, सदा पवित्रता सदा निष्ठा। आत्मशौचसे शरीररक्षा होती है। निष्ठा ही आरोग्य है, अनिष्ठामें व्याधि और मृत्यु है। किसीकी हवा अङ्गपर न लगने दो। नैष्ठिक होनेसे कोई भी उसके काममें बाधा नहीं दे सकता। तुमलोग पवित्र रहकर हरिनाम कहो।

श्रीकृष्ण सब जानते हैं, तो भी अपने मुखसे सबको कहना चाहिये, निर्जनमें स्थिर-चित्त होकर प्रार्थना और निवेदन करना चाहिये। उनको न जनानेसे, उनके पास न जानेसे वे कुछ नहीं कर सकते। अचलकी भाँति पड़े रहते और देखते रहते हैं।

महात्मा श्रीहरनाथ ठाकुर

[जन्म—बंगला सन् १२७२ की १८ वीं आषाढ़। जन्म-स्थान—मोनामुखी गाँव (बाकुड़ा जिला)। पिताका नाम—जयराम वन्द्योपाध्याय (के औरस)। माताका नाम—श्रीभगवती सुन्दरी देवी।]

श्रीकृष्ण-प्रेम



सदा हरिप्रेममें मस्त रहो, हरिनाममें रमते रहो, परोपकारके व्रती बने रहो, अवश्य ही श्रीकृष्ण कृपा करेंगे। श्रीकृष्णका मोल बस एक लालसा है, अन्य कोई धन या रत्न देकर श्रीकृष्णको नहीं पा सकते। जपबल, तपबल, व्रत, अध्ययन आदि किसी वस्तुसे उन्हें वशमें नहीं किया जा सकता, इसीलिये कहता हूँ प्रेम बना रहे। श्रीकृष्णके लिये सब समान हैं। जगत्‌को अपना समझो; जगत् कृष्णका है; कृष्ण हमारे हैं; इसलिये उनकी वस्तु अवश्य ही प्रिय होगी। जगत्‌को जगत्‌रूपसे मत प्यार करो; जगत्‌को श्रीकृष्णका जानकर प्यार करो; ऐसा करनेसे हिंसा नहीं होगी, किसीका द्वेष न होगा; क्योंकि जब किसी वस्तुको कोई दूसरेकी समझ लेता है तब उसे कभी अपनी नहीं समझ सकता। चरवाहे अपने मालिककी गौओंको चराते हुए आपसमें उन गौओंको अपनी कहकर बतलाया करते हैं, कहते हैं—भाई, हमारी गौओंको घेर लाओ, मेरी गौ बीमार है, मेरी गौके बछड़ा हुआ है, इत्यादि। पर यह सब कहते हुए भी इसका सुख-दुःख उन्हें कुछ नहीं होता; क्योंकि अपने दिलमें वे जानते हैं कि गौएँ उनकी नहीं हैं, केवल मुँहसे अपनी बतलाते हैं। इसी प्रकार यदि यह बात मनको जँच जाय कि यह सब जो कुछ है श्रीकृष्णका है, तो किसी भी वस्तुमें आसक्ति न होगी और फिर भी सब वस्तुओंको अपनी कह सकेंगे। इसीका नाम सन्यास, आत्मसंयम आदि है। इसीके चिन्तनसे जीव मुक्त होता है, ऐसा जीव ही जीवन्मुक्त होता है। इसलिये सदा इसी भावमें रहो। इसी भावमें रहते हुए परोपकार करनेसे कभी अहंकार नहीं होगा। अहंकारके न होनेसे अभिमानरहित होगे और

निताईको पानेसे चैतन्य करतलगत होंगे, तब तुम निश्चिन्त हो जाओगे। तब केवल तुम ही आनन्दमें मगन होओगे, सो नहीं, बल्कि तुम्हारे कारण कितने ही लोग प्रेमानन्दमें प्रवाहित होंगे, कितनोंको तुम प्रेममें डुबा दोगे।

श्रीकृष्णनाम

सर्वदा ही ईश्वरके नाममें मत्त बने रहो; कभी भी मनमें शुचि तथा अशुचिका विचार मत आने दो। इस संसारमें अशुचि कुछ है ही नहीं, यदि कुछ हो भी तो वह श्रीकृष्णके नाम-स्पर्शसे शुचितम हो जाता है। इसीलिये कहता हूँ कि शयनमें, स्वप्नमें सदा इसी नाममें डूबे रहो। यह नाम ही मन्त्र है, नाम ही तन्त्र और नाम ही ईश्वर है। नामसे बढ़कर और कुछ भी नहीं है। श्रीकृष्णका नाम श्रीकृष्णसे भी बड़ा तथा गुरु वस्तु है। इस नाम महामन्त्रके उच्चारणसे भवरोग निवारण होता है, दैहिक व्याधियोंका तो पूछना ही क्या? किसी प्रकारकी चिन्ता न करो। नामोच्चारण करो—सारा संसार तुम्हारा ही हो जायगा—तुम इसके हो जाओगे। चिदानन्दमें मग्न रहोगे—निरानन्दकी छाया भी देखनेको न मिलेगी। तुम्हें आधिभौतिक, आधिदैविक, आध्यात्मिक किसी प्रकारका भय न रहेगा, सभी भय भयभीत होकर भाग खड़े होंगे। सदाके लिये तुम निश्चिन्त हो जाओगे। इसीसे कहता हूँ कि नाम लेना जीवोंका एकमात्र कर्तव्य तथा उद्देश्य है। नाम भूल जानेपर इन्द्रका इन्द्रत्व भी महानरक-भोगमें परिगणित होता है। श्रीकृष्णको भूलनेसे ही मायाके दास और श्रीकृष्णको स्मरण करनेसे ही जीवन्मुक्त हो जाओगे। जिसे जितने क्षण जीना हो, उसे श्रीकृष्णका नाम लेकर जीवन सार्थक बनाना चाहिये। श्रीकृष्णको भूल जानेपर ब्रह्मत्व और शिवत्व भी कुछ नहीं है। सुख-दुःख क्षणस्थायी है, इनके फेरमें पड़कर श्रीकृष्णके नामको भूल जाना विषपान करनेके बराबर है।

श्रीकृष्णकी अपेक्षा श्रीकृष्णका नाम अधिक शक्तिशाली तथा परम शान्तिदायक है। ऐसा सजीव महामन्त्र दूसरा कोई भी नहीं है। दृढ़ विश्वासके साथ नाम लेते रहो, बिना श्रद्धाके भी नाम लेना व्यर्थ नहीं जाता। इस क्षणस्थायिनी पृथ्वीको चिरशान्तिका स्थान समझकर भुलावेमें पड़ जाना ठीक नहीं। इस पृथ्वीपर हम जो कुछ देखते हैं, सर्वत्र वे-ही-वे हैं। उनके चिरस्थायी होनेपर भी हमारे लिये वे क्षणस्थायी हैं; क्योंकि पृथ्वी तो जैसी है वैसी ही है किंतु हम तो चिरकालतक किसी भी रूपमें नहीं रह सकते। मैं अभी हूँ सम्भव है एक क्षणमें न रहूँ। इसीलिये कहता हूँ कि दो दिनकी पृथ्वीको चिरकालीन मानकर जिसमें हमलोग उस अनन्त शान्ति-निकेतनको न भूल जायँ। उस दयामयसे हमारी यही प्रार्थना है। प्रभु हमारी मानसिक आकाङ्क्षाको अवश्य पूरी करेंगे। इसलिये कहता हूँ कि चिरकाल तथा सभी अवस्थाओंके निष्कपट बन्धु श्रीकृष्णको और सदाके सम्बन्धी श्रीकृष्ण-नामको भूलकर दो दिनके पार्थिव सुख-दुःख, पुत्र-परिवारको अपना समझकर हम कहीं भूल न कर बैठें। नाम न भूलना सभी शक्तियोंके आधार तथा बीजस्वरूप नाममें विश्वास करना तथा कायमनोवाक्यसे उसीका आश्रय ग्रहण करना सबका कर्तव्य है। जिस मित्रके निकट रहनेसे सदा ईश्वरका नाम लेना पड़े, उसे सच्चा मित्र समझना चाहिये और जो लोग पृथ्वीके बन्धनोंको और भी दृढ और कड़ा करनेकी चेष्टा करते हैं, वे कभी भी पवित्र बन्धुपदको प्राप्त नहीं कर सकते। यहाँके जो-जो कर्तव्य हैं, उन्हें कर्तव्यज्ञानके विचारसे करो और नामको अपना परम अङ्ग और प्रीतिदायक निज-स्व मानकर उसे प्राणोंसे भी प्रिय समझो। किसीको भी अपने प्राण अर्पण न करो। पृथ्वीके शरीरको पृथ्वीको ही प्रदान कर दो और श्रीकृष्णके प्राण और मनको उन्हें ही प्रदान कर सुखी होओ। कष्टकातर न होओगे, तो किसीका भी भय न रहेगा। जो संसारके बीज तथा संसारके मूल कारण हैं, उन्हें प्रेम करनेसे सबका प्रेम करना होता है, जैसे वृक्षकी जड़में जलसिञ्चन करनेसे उसके सभी अङ्गोंका विकास होता है, उसी प्रकार श्रीकृष्णसे प्रेम करनेपर सभीसे प्रेम करना होता है। जिसके वे मित्र हैं, उसके स्थावर, जङ्गम सभी मित्र हैं, इसलिये सभी कारणोंके कारण उन श्रीकृष्णसे प्रेम करना सबका कर्तव्य है। इसीसे शास्त्रोंने कहा है कि, 'जो मनुष्य श्रीकृष्णका भजन करता है वह बड़ा चतुर है।'

भगवान्‌को प्राप्त करनेके दूसरे भी अनेक मार्ग हैं, किंतु कलियुगमें इससे अधिक सुगम और कोई नहीं है; क्योंकि इस युगमें दुष्टोंका सबसे अधिक भय होता है। जो उपाय दूसरे युगमें बताये गये हैं, वे अब इस युगमें लाभदायक नहीं हो सकते। जब दुष्ट शक्तियाँ संख्यामें बहुत हो जाती हैं तब भगवान्‌का केवल नाम लेनेसे ही उनका नाश हो जाता है।

'दयालु परमात्मन्! हमें नाम लेनेसे प्रेम करना सिखलाइये और प्रेमके भावसे प्रसन्न बनाइये। अन्य किसी

वस्तुके लिये आपसे क्या प्रार्थना करें ? आपने हमें सब कुछ दिया है और अब भी आप हरेक वस्तु, जिसकी हमको आवश्यकता होती है, दे रहे हैं। हम नहीं जानते कि आपके पास क्या-क्या अमूल्य रत्न हैं। हम तो सदैव आपकी कृपा चाहते रहते हैं।'

उस मनुष्यको भगवान्‌से कुछ नहीं माँगना चाहिये जो केवल उनका प्रेम प्राप्त करनेकी इच्छा रखता है। हमेशा अपने मनमें भगवान्‌को स्मरण रखना चाहिये और उनसे ही अपने दुःख प्रकट करना चाहिये। वे ही केवल हमारे दुःखभरे शब्दोंको सुनते है। जब मनुष्य हर समय उनको याद रखता है तो वे उसके कहनेको अवश्य सुनेंगे, वे अपने भक्तोंके शोकसे भरे अश्रुओंको कदापि नहीं देख सकते हैं।

सत्सङ्गति तथा सद्‌विचारोंका प्रभाव

यदि मनुष्य बुरी सङ्गतिमें पड़ जाते हैं तो वे प्रायः अपनी इच्छाके विरुद्ध भी बुरे काम कर डालते हैं, इसलिये मनुष्यको सदैव कुसङ्गतिसे घृणा करनी चाहिये और सदैव अच्छी सङ्गतिकी खोजमें रहना चाहिये। अच्छे मित्र न मिल सकें तो अकेले रहना ही उचित है। मनुष्य सच्चा सुख चाहता है तो उसे सदैव अच्छी सङ्गति करनी चाहिये। दुष्ट मनुष्योंकी सङ्गति ध्यानमें न लानी चाहिये। मनुष्यके परम प्रिय मित्र बुरे स्थानोंमें जानेके लिये और दुष्ट जनोंकी सङ्गति करनेके लिये विवश करें तो उनके प्रति भी घृणा करनी चाहिये।

यदि मनुष्यको किसी कामके करनेमें डर हो तो उसपर विचार करनेसे भी डरना चाहिये। ऐसे कामोंसे दूर रहना चाहिये जिनके केवल स्मरण करनेमें चित्त दुखी होता है। बुरे विचार बुरे कामोंसे अधिक शक्तिशाली हैं; इसलिये ऐसे विचार पूर्णतया मनसे निकाल देने चाहिये। मनुष्यको अपने विचार सदैव पवित्र बनाने चाहिये। यदि विचार अच्छी तरह पवित्र बन जायँगे तो उनका प्रकाश बिजलीके समान अँधेरी कोटरीमें भी प्रकाश करेगा। विचारकी शक्ति सचमुच महान् है। विचार इतने बलवान् होते हैं कि इनके द्वारा ऐसे-ऐसे कार्य मनमें आ जाते हैं जिनकी ओर मनुष्यका मन जा भी नहीं सकता। सांसारिक विचार शरीरका नाश कर देते हैं; किंतु भगवान्‌को समर्पित हुए सब विचार हृदय, शरीर और आत्माको प्रसन्न बनाते हैं। जिस प्रकार स्वच्छ साबुनसे शरीर साफ हो जाता है, उसी प्रकार सद्‌विचारोंसे हृदय शुद्ध हो जाता है। जितना अधिक निर्मल साबुन होता है उतना ही अधिक शरीर निर्मल हो जाता है। इसी प्रकार मनुष्यके जितने ही अधिक शुद्ध विचार होते हैं, उतना ही अधिक उसका हृदय शुद्ध बन जाता है।

जीवनकी समस्या

इस संसारमें हरेक पदार्थ नाशवान् है। जो आज है वह कल न रहेगा; अतएव यदि मनुष्य इस संसारके किसी पदार्थपर आवश्यकतासे अधिक प्रेम करते हैं तो वे बहुत भूल करते है। कुछ मनुष्य अज्ञानवश अपने बच्चोंको बहुत ही अधिक प्यार करते है और ऐसा करनेपर भी उनकी आज्ञाके बिना उनके बच्चे उनसे विदा हो जाते है; तब उनको बिछोहके कारण असहनीय दुःख उठाना पड़ता है। यह संसार कुछ दिनोंके लिये है और इसके दुःख-सुख भी थोड़े समयके लिये है, इसलिये मनुष्यको यह कदापि उचित नहीं है कि वह सांसारिक दुःख-सुखमें पड़कर स्थायी सुखको भूल बैठे। भगवान् ही केवल सर्वकालमें हमारे सच्चे मित्र हैं, वे ही सच्चे बन्धु और प्राणाधार हैं, इसलिये उन्हें कभी न भूलना चाहिये। कितनी बार हमको माता, पिता, पुत्र, कन्या, स्त्री तथा पति मिले। हम क्षणभरके लिये अपने पूर्वजन्मके सम्बन्धियोंके विषयमें विचार नहीं करते हैं और वे भी हमको भूल गये हैं।

इस संसारमें कोई भी पदार्थ स्थिर नहीं है। जो कुछ आज दिया गया है, कल ले लिया जायगा। जो देता है वही फिर उसे वापस ले लेता है। कुछ समयके लिये हम उसको अपनी रक्षामें रखते हैं, इसलिये हम उसको अपना समझने लगते हैं; किंतु जब हम उससे पृथक् होते हैं, तब हमको शोक होता है। कोई भी वस्तु ऐसी नहीं है जिसको हम अपना कहकर पुकार सकें। यहाँतक कि यह नाशवान् शरीर भी ईश्वरका है और जब वे चाहें तब ले सकते हैं। आश्चर्यकी बात है कि दूसरेकी सम्पत्तिको अपनी समझते हुए जब हम उससे अलग होते हैं तब हम दुखी होते हैं। अतएव चतुर ज्ञानवान् मनुष्यको किसी प्रकारका दुःख-सुखका चिन्तन न करते हुए केवल कर्म करना चाहिये। उसको किसी मनुष्यके विषयमें अधिक चिन्तन न करना चाहिये और न किसी वस्तुसे अधिक मोह करना चाहिये, तभी वह सदाके लिये सुखी बन सकता है।

प्राणिमात्रके प्रति प्रेम

यह प्रत्येक मनुष्यका कर्तव्य है कि वह दूसरेके बच्चोंको अपने बच्चोंके समान समझे। इस प्रकार सामारिक रीतिकी सीमाका उल्लङ्घन करता हुआ वह भगवान्‌का प्रेमपात्र बन सकता है। दीनोंके दुःखको भोजन तथा अन्य पदार्थोंके द्वारा यथाशक्ति दूर करना चाहिये।

भगवान्‌ने सार्वजनिक प्रेम उत्पन्न करनेके लिये अपने पड़ोसियोंके प्रति तथा दूरवालोंके प्रति प्रेमका सम्बन्ध स्थापित किया है। मनुष्य पहले अपने माता, पिता, भाई, बहिन आदिसे प्रेम करता है। जब वे बड़े हो जाते हैं तब वे अपने मित्रों तथा साथियोंसे प्रेम करने लगते है। जब उनके विवाह हो जाते हैं तब वे दूसरे कुटुम्बवालोंसे प्रेम करने लगते हैं। जब उनको अपने बच्चोंके विवाह करने पड़ते हैं तब वे बहुत-से अन्य मनुष्योंसे प्रेमका नाता जोड़ते हैं। इस प्रकार प्रेमका सम्बन्ध यहांतक बढ़ जाता है कि मनुष्य अपने पासवाले सम्बन्धियोंके प्रति प्रेम करना भूल बैठते हैं। इस प्रकार उनका प्रेम सार्वजनिक हो जाता है; तभी मनुष्य भगवान्‌की सच्ची सेवा करते है और असीम सुखका अनुभव करते हैं। दूसरोंके प्रति प्रेम करनेमें कुछ भी नहीं खर्च करना पड़ता है; किंतु मनुष्यको इतना ही करना पड़ता है कि वह अपने हृदयके किंवाड़ोंको पूरा-पूरा खोल दे। इस प्रकार सार्वजनिक प्रेम करना सीखना चाहिये ऐसा करनेपर शनैः-शनैः उसका हृदय कोमल हो जायगा।

बादशाहोंके बादशाहको भी उसी तरह मरना पड़ता है जिस प्रकार एक भिखारी मरता है। इस संसारमें मनुष्य अपने साथ कुछ भी नहीं लाता है और न वह विदा होते समय इस संसारसे कोई वस्तु ले जाता है, केवल अपने भले-बुरे कामोंको ही इस संसारमें लाता है और मरनेके बाद उनको ले जाता है, अतएव उसको अच्छे ही कर्म करनेमें लगे रहना चाहिये। और दीनोंकी सेवा करना सर्वोत्तम कर्म है। यदि वह धन कमानेकी प्रबल इच्छामें लगा है तो उसे अवकाश नहीं मिलेगा। यदि ऐसी इच्छा नहीं है और दूसरोंकी सेवा करना चाहता है तो वह समय बचाकर अपने मनको इस ओर लगा सकेगा।

शारीरिक शक्ति तथा भोजनकी ओर ध्यान

शक्ति ही जीवन है। इस जीवन-शक्तिका सम्पादन करना प्रत्येक मनुष्यका प्रथम कर्तव्य होना चाहिये। यदि मनुष्य कोई उद्देश्य रखता है तो उसके सफल करनेके लिये जीवनशक्तिका बनाये रखना प्रधान साधन है। यदि शरीर स्वस्थ होता है तो सांसारिक कर्तव्योंके पालन करनेमें अत्यन्त आनन्द प्राप्त होता है; किंतु यदि शरीर स्वस्थ नहीं रहता है तो आनन्दमय जीवन व्यतीत करना असम्भव है। सब कर्तव्य स्वास्थ्यपर ही निर्भर है तो इससे अधिक कौन-सी शोकप्रद बात हो सकती है कि आरोग्यतारूपी अमूल्य खजानेको नष्ट कर दिया जाय। इसके विपरीत मनुष्यका कर्तव्य है कि वह स्वास्थ्यकी ओर अधिक ध्यान रक्खे। जिस तरह वर्षाऋतुमें पानीके बहावके कारण गड्ढे पड़ जाते है तो उनकी मरम्मत की जाती है, उसी प्रकार यदि मनुष्यका स्वास्थ्य किसी कारणसे बिगड़ गया हो तो उसे पूर्णरूपसे ठीक कर लेना चाहिये। चाहे उसको कितना ही कष्ट क्यों न उठाना पड़े।

शरीरकी शक्ति भोजनपर निर्भर है। इस कारण मनुष्यको भोजनपर विशेष ध्यान रखना चाहिये। लाभदायक भोजन करना चाहिये और बुरे तथा उत्तेजक पदार्थोंसे घृणा करनी चाहिये। यदि हम शरीरको स्वस्थ रखना चाहते हैं तो सबसे पहले अपने भोजनको नियमित कर लेना चाहिये। कभी भोजनका परिमाण अधिक नहीं होना चाहिये; किंतु इसके विपरीत आवश्यकतासे कम भोजन करना भी अनुचित है। अच्छा और शक्ति-उत्पादक भोजन निःसंदेह शरीरको स्वस्थ बनाता है। मिट्टीके बने हुए पदार्थ मिट्टी ही बने रहेंगे और स्वर्णसे बने हुए पदार्थ स्वर्ण ही कहलायेंगे। मिट्टीका स्वर्ण नहीं बन सकता है और सोना मिट्टीके रूपमें नहीं बदल सकता है। ठीक इसी प्रकार अपवित्र और कुपथ्य भोजन शरीर शक्तिको ही केवल नाश नहीं करता है; किंतु इससे चरित्रपर भी बुरा प्रभाव पड़ता है।

माता-पिताकी सेवा

जिस माताने अपने हृदयके रक्तसे प्रयत्न करके शरीरको पाला, उस माताका सम्मान प्रेम और भक्तिसे करना चाहिये। जिस मनुष्यने अपने माता-पिताकी सेवा करनेका पाठ नहीं याद किया है, वह कभी भी ईश्वरकी सेवा करनेके योग्य नहीं हो सकता है। विद्यार्थीका प्रथम कर्तव्य यह है कि वह शब्दोंके हिज्जे ध्यानपूर्वक याद करे। यदि ऐसा नहीं करेगा तो वह परीक्षामें पास नहीं हो सकता। इसी प्रकार मनुष्यका पहला कर्तव्य यह है कि वह अपने माता पिताकी सेवा करे,

नहीं तो, जीवनरूपी परीक्षामें सफल होना उसके लिये **असम्भव है।**

जिस ओर दृष्टि जाती है उसी ओर माताका प्रेम बच्चोंके प्रति प्रकट होता है। यदि ऐसा प्रेम न होता तो संसार भी स्थिर न रहता। जिस प्रकार कोई भी वृक्ष बिना जलके नहीं रह सकता है, उसी प्रकार संसार माताके प्रेमके बिना नहीं रह सकता। यदि माता अपने पुत्रसे प्रसन्न होती है और उसको आशीर्वाद देती है तो उस पुत्रको इस संसारमें किसी बातकी कमी नहीं रहती है। वह सदैव अपने जीवनको सुख तथा शान्तिसे व्यतीत करता है और अन्तमें भगवान्‌के चरणोंको प्राप्त होता है। इसके विपरीत यदि सुखी-से-सुखी मनुष्य अपनी माताको कष्ट देता है तो उसके गृहसे सब सम्पत्ति शीघ्र ही विदा हो जाती है। चाहे कितना भी धार्मिक वह क्यों न हो, अन्तमें वह अवश्य नरकका अधिकारी होगा।

देखिये, माताका गौरव स्पष्टरूपमें कहाँतक है। हम गायका दूध पीते हैं इसलिये वह हमारी माता है; पृथ्वीपर हम निवास करते हैं इसलिये वह भी हमारी माता है; बहुत-से देव तथा देवियाँ हमारे कल्याणका ध्यान रखती हैं, इसलिये हम उनकी भी पूजा करते हैं; साधु हमको कुमार्गसे बचाकर सदैव सन्मार्गपर लाते हैं इसलिये हम उनका भी सम्मान करते हैं; गुरु हमको मोक्षके लिये शिक्षा देते हैं इसलिये हम उनको भी आदरकी दृष्टिसे देखते हैं। अब ध्यान देकर विचारिये कि माता हमको दूध पिलाती है, अपनी छातीपर सुलाती है, सदैव हमारी कुशलताका ध्यान रखती है और गृहसम्बन्धी तथा धर्मसम्बन्धी सभी कार्योंमें शिक्षा देती है तथा हमको बतलाती है कि क्या करना चाहिये और क्या न करना चाहिये और इस प्रकार वह हमारे भविष्यका सदैव ध्यान रखती है। इससे सिद्ध होता है कि केवल मातामें ही गौ, पृथ्वी, देव और देवियाँ, साधु और गुरुके गुण विराजमान हैं। एक माताको प्रसन्न रक्खा जाय तो इनमेंसे हरेकको प्रसन्न किया जा सकता है।

माता-पिताके चरणोंकी सेवामें घरपर रहना सब देव-स्थानोंके दर्शनके तुल्य है; क्योंकि माता-पिताकी सेवा की जायगी तो सब देवता प्रसन्न होंगे और इस प्रकार घरपर रहते हुए भी मनुष्यका मनोरथ सफल होगा।

स्त्री और उसका स्थान

स्त्री शक्ति कहलाती है; क्योंकि हम संसारकी बहुत-सी बातोंमें शक्तिहीन होते हुए उससे सहायता लेते हैं और इस प्रकार उसकी सङ्गतिसे शक्ति प्राप्त कर लेते हैं। वह सहधर्मिणी है; क्योंकि वह हमारे धार्मिक कार्योंमें सहायता देती है। वह जाया है; क्योंकि वह हमारे उत्तराधिकारीको अपने गर्भमें धारण करती है। अतएव यही कारण है कि स्त्री जीवनकी हरेक अवस्थामें, धर्ममें, धनमें, इच्छामें और मोक्षमें प्रधान सहायक है। वही हमको नरकमें ले जाती है और वही हमको मोक्षका मार्ग दिखला सकती है, अतएव हमको उसके अनादर करनेका विचार कदापि हृदयमें न लाना चाहिये।

अपनी स्त्रीको गुणवती बनानेके लिये शिक्षा देते रहना चाहिये। उसको ऐसी शिक्षा देनी चाहिये कि वह दीन मनुष्योंकी सहायता करे, नहीं तो, इस संसारमें सुख तथा शान्ति प्राप्त न होकर भय और अपयश मिलेगा। स्त्री-पुरुष दोनोंको एकमय बन जाना चाहिये। जबतक वे दोनों अपना स्वार्थ छोड़कर एकमय नहीं हो जायँगे; तबतक वे मोक्ष नहीं प्राप्त कर सकते। इस संसारमें स्त्री पुरुषका सम्बन्ध अपने-अपने स्वार्थके लिये नहीं है। अपनी स्त्रीको ऐसी शिक्षा देनी चाहिये कि वह पहले-पहल माता पिताकी सेवा करके दीन-दुखियोंकी सेवा करना सीखे। जिसको मनुष्यने अपनी पत्नी बना लिया है, उसको अपना कर्तव्य पूर्णरूपसे निभानेमें कदापि न चूकना चाहिये।

भगवान्‌की पूजा करना गृहस्थ होकर भी असम्भव नहीं है, किंतु इसमें चतुराईकी आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त कोई मार्ग सुगम हो ही नहीं सकता। पत्नीरहित होते हुए भगवान्‌की भक्तिके लिये प्रयत्न करना बहुत कठिन है। इस मार्गमें आवश्यकता इस बातकी है कि स्त्री-पुरुष एक-मय हो जायँ। आप कदाचित् पूछेंगे कि किस प्रकार भिन्न-भिन्न स्वरूपोंमें होते हुए भी वे एकमय हो सकते हैं? ऐसा होनेके लिये स्त्री तथा पुरुष दोनों ही अत्यन्त निःस्वार्थ भावसे परस्पर प्रेम करना सीखें। उनको अपने स्वार्थका भाव लेशमात्र न रखना चाहिये; वे कपटको छोड़कर परस्पर शुद्ध व्यवहार करें। दृढतापूर्वक इस प्रकार कार्य करनेसे अकथनीय सुख प्राप्त होगा।

शास्त्रोंमें पत्नी सहधर्मिणी कही गयी है। वही सचमुच सुखी तथा धार्मिक है जो इस संसारमें ऐसी स्त्री रखता

है, उसके गृहमें शान्ति और पवित्रता आती है। जो मनुष्य धार्मिक स्त्री नहीं रखता है, उसको वैकुण्ठ भी नरकके समान है। उसका जीवन मृत्युके समान है और मृत्यु ही वास्तवमें उसका जीवन है।

महात्मा अश्विनीकुमार दत्त

(जन्मस्थान—पटुआखाली, बंगाल, पिताका नाम—व्रजमोहन दत्त, माताका नाम—प्रसन्नमयी, जन्म—सन् १८५६, २५ जनवरी, देहावसान—सन् १९२३, ७ नवम्बर)

क्रमशः शास्त्राध्ययन, शास्त्र-श्रवण तथा भगवान्‌के स्वरूप-प्रतिपादक तर्क करते-करते और सुनते-सुनते भगवद्विषयमें मति होती है, उसमें भाव होता है। ऐसे मधुर विषयकी आलोचना करते-करते उसमें लोभ न हो, यह नहीं हो सकता। लोभ होनेपर प्राणमें आकर्षण होता है, आकर्षण होनेपर रागात्मिका भक्ति उदय होती है। बार-बार भगवान्‌का नाम सुनते-सुनते मनुष्य कबतक स्थिर रह सकता है? कितने ही नास्तिक भगवान्‌की कथा सुनते-सुनते पागल हो गये है।

जो सर्वान्तःकरणसे भक्त होना चाहता है, भगवान् उसके सहायक होते है। उसकी कामना सिद्ध होती ही है। किसीको यह बात मुँहपर भी नहीं लानी चाहिये कि इस संसारमें भक्त होनेका कोई उपाय नहीं है। यदि ऐसा कहा जाय तो यह भगवान्‌के प्रति भयानक दोषारोपण होगा। कोई दुराचारी भी भगवान्‌को पुकारे तो वह भी थोड़े ही दिनोंमें धर्मात्मा हो जाता है और नित्य शान्ति प्राप्त करता है। तब फिर निराश होनेका कारण कहाँ है? सभी कमर कसकर अग्रसर हो सकते है, भगवान् सभीको कृतार्थ करेंगे। हम जितने भी जगाई-मधाई (महापापी) है, सभीका उद्धार हो जायगा।

चुम्बक पत्थर जैसे लोहेका आकर्षण करता है, उसी प्रकार वे हमलोगोंका आकर्षण करते हैं। कीचड़से सने हुए लोहेके समान होनेके कारण हम उनमें लग नहीं पाते है, रोते-रोते जब कीचड़ धुल जायगा, तब हम चटसे उनमें लग जायँगे। उनको पुकारना पड़ेगा तथा पापके कारण रोना पड़ेगा; इसीसे उनकी कृपाकी अनुभूति होगी। इसमें विद्या, धन और मानकी आवश्यकता नहीं है। वे जिसपर कृपा करते हैं, वही व्यक्ति उनको पाता है।

भगवान्‌को पुकारने, उनकी कृपा प्राप्त करने तथा उन्हें प्राण समर्पण करनेके मार्गमें कुछ बाधाएँ है। कुसङ्ग, कुचित्र-दर्शन, कुसङ्गीत-श्रवण, कुग्रन्थ-अध्ययन आदि भक्ति-पथके बाहरी कण्टक हैं। और काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य, उच्छृङ्खलता, सांसारिक दुश्चिन्ता, पटवारी-बुद्धि अर्थात् कौटिल्य, बहुत बोलनेकी प्रवृत्ति, कुतर्क करनेकी इच्छा, धर्माडम्बर तथा लोकभय आदि भक्तिपथके मानस-कण्टक है।

भक्तिपथके सहायक

आत्मचिन्तन भक्तिपथका प्रधान सहायक है। प्रत्येक दिन यदि हम विचार करें कि, हम किस प्रकार जीवनयापन करते हैं, कितना सत्कर्म करते है, कितना असत्कर्म करते है, पापके साथ किस प्रकार संग्राम करते है तो हम अपनी यथार्थ अवस्था देखकर सिहर उठेंगे। इस प्रकार जो अपनी यथार्थ अवस्थाको समझते है, वे ही भगवान्‌के शरणापन्न होनेके लिये व्याकुल होते है। यही भक्तिका प्रथम सोपान है। जैसे कुसङ्ग भक्तिपथका कण्टक है, उसी प्रकार सत्सङ्ग भक्ति-पथका सहायक है। साधुजन अपने सदुपदेशरूपी किरण-मालाके द्वारा लोगोंके हृदयके पापरूपी अन्धकारको पूर्णतया नष्ट कर देते है। जो लोग प्राणोंसे भगवच्चर्चा करते है, उनकी चरण-धूलि ग्रहण करना हमारा कर्तव्य है। इस प्रकारके व्यक्तिके पास उपस्थित होते ही फल प्राप्त होता है। सत्सङ्ग निश्चय ही रंग लाता है। साधुसङ्गसे जो उपकार होता है उसका दृष्टान्त है—जगाई-मधाईका उद्धार।

जो जिस देवताका उपासक है वह उसी देवताकी पूजा-आराधना करके भक्तिलाभ कर सकता है। जिनका मूर्तिमें विश्वास नहीं होता, उनके लिये प्रकृतिमें भगवान्‌को उपलब्ध करके उनका चिन्तन और लीला-कीर्तन आदि करना ही श्रीकृष्ण-सेवा है। विश्वमय भगवान्‌के आश्चर्य रचना-कौशल और विविध क्रीड़ाको देखकर किसका प्राण उसमें डूब नहीं जाता?

धर्मग्रन्थोंका पठन और श्रवण विशेष उपकारी होता है। भगवान्‌के स्वरूपका वर्णन, लीला-कीर्तन, भक्ति-प्रचार और भक्तोंके चरित्र जिन ग्रन्थोंमें प्रचुर परिमाणमें पाये जायँ, उनका अध्ययन और श्रवण करनेपर मन भक्तिपथमें अग्रसर होता है।

नाम-कीर्तन, श्रवण और जप भक्तिपथके प्रधान सहायक हैं। जिन्होंने भगवान्‌के नाम और लीला कीर्तनरूपी व्रतका अवलम्बन किया है, उस प्रियतम भगवान्‌का नाम-कीर्तन करते-करते उनके हृदयमें अनुरागका उदय होता है और चित्त द्रवीभूत हो जाता है। बन्धु-बान्धवोंको साथ लेकर प्रतिदिन किसी समय नाम-संकीर्तन करनेके समान आनन्दका व्यापार और कुछ भी नहीं है। सचमुच ही उस समय आनन्द-सागर उमड़ उठता है, प्राणोंमें शान्ति प्राप्त होती है, विषयवासना अन्ततः उस समय तिरोहित हो जाती है। नाम-संकीर्तन करते-करते प्रेमका संचार और पापका नाश होता है।

नाम-जप करनेके लिये नामका अर्थ और शक्ति जान लेनी चाहिये। जो जिस नामका मन्त्रके रूपमें जप करते हैं उनको उसका अर्थ और शक्तिको जान लेना आवश्यक है। जो साधक मन्त्रका अर्थ और शक्ति नहीं जानता, वह सौ-सौ बार जप करनेपर भी मन्त्र सिद्ध नहीं कर पाता। क्रमशः नाम-जप करनेपर जो लाभ होता है, उसको भक्त कबीरने अपने जीवनमें समझ पाया था। कबीर अपने एक दोहेमें कहते हैं—

(कबीर) तूँ तूँ करता तूँ भया मुझमें रही न हूँ।
बलिहारी उस नाम की जित देखूँ तित तूँ॥

जप करते-करते साधक इस अवस्थाको प्राप्त होता है, भगवान्‌में डूब जाता है, चारों ओर भगवान्‌के सिवा और कुछ नहीं देख पाता, उसे समस्त ब्रह्माण्डमय भगवत्स्फूर्ति होने लगती है।

तीर्थ-भ्रमण या तीर्थमें वास करनेसे हृदयमें भक्तिका भाव जागरित होता है। तीर्थको पुण्यभूमि क्यों कहते हैं? भूमिका कुछ अद्भुत प्रभाव, जलका कोई अद्भुत तेज अथवा मुनियोंका अधिष्ठान होनेके कारण तीर्थ पुण्यस्थान कहलाते हैं।

ज्वालामुखी तीर्थमें पहाड़से निकलनेवाली अग्निशिखा, सीताकुण्डमें उष्ण जलका प्रस्रवण, केदारनाथमें तुषार-मण्डित गिरिशृङ्ग, हरद्वारमें प्रसन्नसलिला भागीरथीका दर्शन करनेपर किसके प्राण भक्तिरससे आप्लुत नहीं हो जाते? और वृन्दावनमें श्रीकृष्णका स्मरण करके, नवद्वीपमें श्रीगौराङ्गकी लीलाका ध्यान करके, अयोध्यामें श्रीरामचन्द्रके कीर्ति-चिह्नको देखकर किसके हृदयमें पवित्र भावका उदय नहीं होता? और केवल साधु-स्मृतिकी बात ही क्यों कहें? तीर्थस्थलोंमें महापुरुषोंका साक्षात्कार प्राप्त कर कितने लोग कृतार्थ हो गये हैं; यह याद करनेपर भी प्राणोंमें भक्तिका संचार होता है।

× × × ×

भगवान्‌को निवेदन किये बिना कोई कार्य न करो, कोई वचन न बोलो, किसी विचारको मनमें स्थान न दो—यदि हम इस प्रकारके भावको एक बार हृदयमें दृढ़ कर सकें तो अपने-आप प्राण भक्तिसे भर जायँगे। सब विषयोंमें उनका स्मरण करनेपर मनुष्य उनकी ओर आकृष्ट हुए बिना नहीं रह सकता।

भक्ति-रस

जब ईश्वरमें निष्ठा होती है, जब संसारासक्ति लुप्त हो जाती है, तभी मन शान्त होता है। शान्तरस भक्तिका प्रथम सोपान है। परमेश्वर परम ब्रह्म परमात्मा है—यह ज्ञान भक्तके चित्तमें शान्तरसमें उदय होता है।

दास्यरतिमें भक्तके मनमें ममताका संचार होता है। वह भगवान्‌की सेवा करनेमें व्यस्त होता है। श्रीकृष्ण-सेवाके सिवा उसको और कुछ अच्छा नहीं लगता। वह भगवान्‌से कुछ भी कामना नहीं करता, केवल उनकी सेवा करना चाहता है।

सख्यरसका प्रधान लक्षण यह है कि भक्तके सामने भगवान्‌की अपेक्षा और कोई प्रियतर नहीं होता। गुहराज कहते हैं—'पृथ्वीपर रामकी अपेक्षा कोई मेरा प्रियतर नहीं।' जो भक्त प्राणोंके भीतर भगवान्‌के साथ क्रीड़ा करता है, वही सख्यरसकी माधुरीका उपभोग कर सकता है। सख्य-रतिमें भक्त भगवान्‌को अपना अलङ्कार बना लेता है। वृन्दावनके मार्गमें अन्ध चिन्तामङ्गलके पथ-प्रदर्शक श्रीकृष्ण बलपूर्वक जब उनका हाथ छुड़ाकर चले जाते हैं, तब चिन्तामङ्गल कहते हैं—

हस्तमुत्क्षिप्य यातोऽसि बलात् कृष्ण किमद्भुतम्।
हृदयाद् यदि निर्यासि पौरुषं गणयामि ते॥

'श्रीकृष्ण! तुम बलपूर्वक हाथ छुड़ाकर चले जाते हो, इसमें आश्चर्य क्या है? हृदयसे यदि तुम दूर हो सको, तब मैं जानूँ कि तुम्हारेमें बल है।' भक्तने अपने सखाको सर्वथा हृदयका अलङ्कार बनाकर बाँध रक्खा है। अब भगवान्‌के लिये भागनेका रास्ता नहीं है!

वात्सल्य-रसमें भगवान् गोपाल हैं। भक्त उनको पुत्रके समान प्यार करता है, स्नेह करता है, गोदमें ले लेता है। माता यशोदाके सामने भगवान् गोपाल-वेशमें उपस्थित होकर प्रेमभिक्षा करते थे, वह उनको थोड़ा-सा प्रेम दिखला-कर फिर विमुख कर देते थे। फिर यदि वह अन्तर्हित हो

जाते थे तो गोपालके वियोगमें भक्त अनुतापसे छटपटाने लगते थे।

प्राणोंमें मधुर रसका संचार होनेपर—'सती जैसे पतिके सिवा दूसरेको नहीं जानती'—भक्त भी उसी प्रकार भगवान्‌के सिवा और किसीको नहीं जानता। इस अवस्थामें भक्त और भगवान् सती और पति है। महाप्रभु श्रीचैतन्य इसी भावमें बेसुध हो गये थे। चैतन्य और भगवान् राधा और श्रीकृष्ण हैं, जीवात्मा और परमात्मा है। जो इस मधुररसमें डूब गया है उसके फिर बाहरके धर्म-कर्म नहीं रह जाते। वह 'वेदविधि छोड़ चुका।' पागल हाफिजने इसी कारण अपने शास्त्रोक्त कर्मकाण्डका त्याग कर दिया था। वृन्दावनकी गोपिकाओंका कामगन्ध-हीन प्रेम मधुररसका परम आदर्श है।

इस रसके आवेशमें प्राणमें किस भावका उदय होता है। यह हम क्या जानें? उस समय हृदयवल्लभको वक्षःस्थल चीरकर हृदयके भीतर भरकर रखनेपर भी प्यास नहीं बुझती। भगवानके साथ हृदय-से-हृदय मिलाकर, मुँह-से-मुँह मिलाकर रहना क्या है, इसको क्या हम कुछ समझ सकते हैं? इसी भावके आवेशमें विभोर होकर विल्वमङ्गलने कहा 'इस विभुका शरीर मधुर है, मुखमण्डल मधुर है, मधुर है, मधुर है, अहो! मृदु हास्य मधुगन्धयुक्त है, मधुर है, मधुर है, मधुर है।'

भक्तिका चरमोत्कर्ष यहींतक है। इसके आगे क्या है, उसे कौन बतलायेगा?

निष्काम कर्मयोग

यह संसार कर्मभूमि है। स्वयं भगवान् महाकर्मी हैं। वे इस ब्रह्माण्ड-गृहके महागृहस्थ हैं। स्थावर-जङ्गमात्मक विश्वव्यापी इस महापरिवारमें जिसको जिस वस्तुकी आवश्यकता है, उसको वह वस्तु ठीक तौरसे प्रदान करनेका प्रभु सदा प्रबन्ध करते रहते हैं। इस संसारमें कर्मके बिना कोई ठहर नहीं सकता। आत्म-रक्षा और जगत्-रक्षाके लिये सभी कर्मचक्रमें घूम रहे हैं। निष्काम कर्मयोगके सिवा हमारे उद्धारका और कोई मार्ग नहीं है। जातीय उत्थान-पतन कभी कर्मनिरपेक्ष नहीं हो सकता। भारतवर्ष जबसे निष्काम कर्मके उच्च आदर्शको भूल गया, तभीसे इस देशकी अधोगति प्रारम्भ हुई। कर्मको अन्तर्मुख कर लेनेपर जैसे उसके द्वारा बाहरी मङ्गल-साधन होता है, उसी प्रकार भीतरका मङ्गल भी समाधित होता है। कर्मकुण्ठ, अकाल संन्यासी, और कर्मासक्त घोर विषयी किसीके लिये भी यह धारणाका विषय नहीं रह गया।

भगवान् सच्चिदानन्द हैं। हमारे जीवनमें भी इस सच्चिदानन्दकी लीला चलती है। हम जबतक अपने हृदयोंमें इस सच्चिदानन्दको प्रतिष्ठित नहीं करेंगे, तबतक 'कर्मयोग' 'कर्मभोग'में ही पर्यवसित होगा। जगत्‌में व्याप्त होकर क्रमशः आंशिक भावमें जो सच्चिदानन्दकी प्रतिष्ठा हो रही है, इसको कोई अस्वीकार नहीं कर सकता।

× × × ×

महाभारतमें विदुरने कहा है—'जो सब भूतोंका हितोत्पादक है, वही हमारे लिये सुखप्रद होगा। कर्तांके लिये यही सर्वार्थसिद्धिका मूल है।'

दार्शनिकचूड़ामणि काण्टने भी यही बात कही है—'इस प्रकार कर्म करो कि तुम्हारे कर्मका मूलसूत्र सार्वभौम विधिके रूपमें ग्रहण किया जा सके।'

सुप्रसिद्ध जोसेफ मैजिनीने कार्यकर्ताओंको उपदेश दिया है—'तुम परिवारके लिये या देशके लिये जो काम करने जा रहे हो, उस प्रत्येक कार्यके पहले अपनेसे पूछो, मैं जो करने जा रहा हूँ, वह यदि सभी लोग करते तथा सबके लिये किया जाता तो उसके द्वारा समस्त मानव-समाजका लाभ होता या हानि? यदि तुम्हारा विवेक कहता है कि हानि होती तो उस कार्यको मत करो; यदि उसके द्वारा स्वदेश तथा स्वपरिवारका आपाततः कोई लाभ भी होता हो तथापि उस कार्यको मत करो।'

अहङ्कारसे हानि

ऋषियोंने, भक्तोंने इस देशकी अस्थि-मज्जामें सात्त्विक भाव इतनी दृढ़तासे प्रविष्ट करा दिया था कि आज भी साधारण किसान तीर्थ-भ्रमण करके लौटनेपर अपनी तीर्थयात्राके विषयमें कुछ वर्णन करनेके लिये इच्छुक न होगा; क्योंकि ऐसा करनेसे उसके मनमें अहंकार उत्पन्न हो जायगा। आज भी ऐसे बहुत-से लोग हैं जो समाचारपत्रोंमें नाम न छपे, इस कारण बहुत गुप्त रीतिसे दान देते हैं।

'कर्तांके श्रीचरणोंमें प्रार्थना करता हूँ, किसी जातिके प्रति हिंसा-द्वेषसे दग्धबुद्धि होकर हम कहीं निःसार बाह्य उन्नतिके मोहसे मुग्ध न हों। हम ऋषिनिर्दिष्ट सात्त्विक लक्ष्यको स्थिर करके शुभेच्छाके द्वारा समस्त भूखण्डको व्याप्त करें। हमारा सारा व्यक्तिगत, जातीय और राष्ट्रिय उद्यम, अनुष्ठान और प्रचेष्टा केवल विष्णुप्रीत्यर्थ हो।'

प्रेम

आजकल बाजारमें शैतान प्रेमके नामसे अनिष्टकर पदार्थ बेंच रहा है। युवकगण इसे न समझकर उसे खरीद रहे हैं। प्रेमके नामपर काम और मोह बिक रहे हैं। असली प्रेम जगत्‌का सार है, अमूल्य पदार्थ है, स्वर्गसे प्रेरित होता है पृथ्वीको स्वर्गमें परिणत करनेके लिये। स्वयं प्रेमस्वरूप भगवान्

प्रेमको प्रेरित करते हैं। जहाँ भगवद्-बुद्धि नहीं है, वहाँ प्रेम खड़ा नहीं हो सकता। प्रेमकी भित्ति हैं भगवान्। युवको! खोज करके देखो तुम्हारे प्रेमके मूलमें भगवान् हैं या नहीं? जिससे प्रेम करते हो, उसके साथ भगवच्चर्चा करनेकी इच्छा होती है या नहीं? पवित्रता-संचयके लिये परस्पर सहायता करते हो या नहीं?

जहाँ पवित्रता नहीं, वहाँ प्रेम नहीं। प्रेमस्वरूपकी सत्ता पवित्रतामय है। पृथ्वीका कोई कलङ्क जिस प्रेममें लगा है, वह प्रेम कभी 'प्रेम'के नामके उपयुक्त नहीं है। तुम जिससे प्रेम करते हो, एक बार उसकी ओर ताककर देखो, उसका मुख देखनेपर भगवान् याद आते हैं या नहीं?

प्रेमके सम्बन्धमें सर्वदा आत्मपरीक्षा करो। तुम्हारा प्रेम-पात्र तुम्हारे आत्मसंयमको नष्ट करता है या नहीं? कर्तव्य-कार्य करनेकी इच्छाको कम करता है या नहीं? उसके मिलन या विरहमें प्राण विशेषरूपसे चञ्चल होते हैं या नहीं? उसको लेकर चञ्चल आमोद करनेकी इच्छा होती है या नहीं? तुमसे जो प्रेम करता है वह दूसरे किसीको प्रेम करे तो मनमें ईर्ष्याका उदय होता है या नहीं? यदि देखो कि आत्मसंयम नष्ट होता है, कर्तव्य-कार्यमें बाधा पड़ती है, चञ्चल आमोद करनेकी इच्छा होती है, ईर्ष्याका उदय होता है, तो जान लो कि तुम्हारा यह कलङ्कित प्रेम यथार्थ प्रेम नहीं है!

प्रेमका सर्वप्रधान धर्म है—स्वार्थरहित होना। प्रेम कभी अपनेको नहीं पहचानता। दूसरेके लिये सदा उन्मत्त रहता है। स्वार्थपरता और प्रेम परस्पर-विरोधी है। जहाँ स्वार्थ-परता है वहाँ प्रेम नहीं है। जितनी ही प्रेमकी वृद्धि होती है, उतना ही स्वार्थपरताका ह्रास होता है। प्रेमी प्रेमास्पदके सुखके लिये अपने सुखका त्याग करता है। साधारण सुख-स्वच्छन्दताके किसी नगण्य-से पदार्थका भोग प्राप्त होनेपर भी पहले प्रेमास्पदको भोग मिलना चाहिये, अन्यथा प्रेमी उसका भोग नहीं कर सकता। और विषम संकट उपस्थित होनेपर जब मरुभूमिमें प्यासके मारे प्राण जानेको प्रस्तुत हो जाते हैं, एकसे अधिक दो आदमीतकके पीनेयोग्य पानीका पता नहीं मिलता, वहाँ भी प्रेमास्पदके जीवनकी रक्षा पहले की जाती है। पिथियस कहता है, 'डामन, तुम रहो, मैं मरूँगा।' फिर डामन कहता है, 'न, यह नहीं होगा, मैं ही मरूँगा।' कदापि डामन पिथियसको, और पिथियस डामनको मरने नहीं दे सकते। दोनों ही अपने प्राण देकर अपने मित्रके प्राण बचानेके लिये पागल हैं। यही प्रेमीका चित्र है। प्रेम प्रतिदान नहीं चाहता, मोह प्रतिदान चाहता है।

'देते-लेते बदला पाते, मिट जाती है प्रेम-पिपासा।'

—यह विनिमयका भाव तो वणिक्-वृत्ति है। यथार्थ प्रेमी कभी वणिक् नहीं हो सकते। वे प्रेम करके ही सुखी होते हैं, प्रेमास्पदका प्रेम पानेके लिये व्याकुल नहीं होते। 'वे प्रेम करेंगे, इस हेतु मैं प्रेम नहीं करता'—यह प्रेमीका धर्म है।

लोकमान्य बालगंगाधर तिलक



इन्द्रियगम्य बाह्य सुखोंकी अपेक्षा बुद्धिगम्य अन्तःसुखकी अर्थात् आध्यात्मिक सुखकी योग्यता अधिक तो है ही, परंतु इसके साथ एक बात यह भी है कि विषय-सुख अनित्य है। वह दशा नीति-धर्मकी नहीं है। इस बातको सभी मानते हैं कि अहिंसा, सत्य आदि धर्म कुछ बाहरी उपाधियों अर्थात् सुख-दुःखोंपर अवलम्बित नहीं है, किंतु ये सभी अवसरोंके लिये और सब कामोंमें एक समान उपयोगी हो सकते हैं, अतएव नित्य हैं।

कर्म-बन्धनसे छुटकारा पानेके लिये कर्मको छोड़ देना कोई उचित मार्ग नहीं है, किंतु ब्रह्मात्मैक्य-ज्ञानसे बुद्धिको शुद्ध करके परमेश्वरके समान आचरण करते रहनेसे ही अन्तमें मोक्ष मिलता है। कर्मको छोड़ देना उचित नहीं है, क्योंकि कर्म किसीसे छूट नहीं सकता।

प्रतीक कुछ भी हो, भक्तिमार्गका फल प्रतीकमें नहीं है, किंतु उस प्रतीकमें जो हमारा आन्तरिक भाव होता है उस भावमें है, इसलिये यह सच है कि प्रतीकके बारेमें झगड़ा मचानेसे कुछ लाभ नहीं।

जिस का कोई न हो हृदय से उसे लगावे,
प्राणिमात्र के लिये प्रेम की ज्योति जगावे।
सब में विभु को व्याप्त जान सब को अपनावे,
है बस ऐसा वही भक्त की पदवी पावे॥
चतुराई चेतना सभी चूल्हे में जावे,
बस, मेरा मन एक ईश-चरणाश्रय पावे।
आग लगे आचार-विचारों के उपचय मे,
उस विभु का विश्वास सदा दृढ़ रहे हृदय में॥



मृगतृष्णा——संसार-सुखोंका नग्न रूप

मृगतृष्णा—संसार-सुखोंका नग्न रूप

परिणाममें नरक-भोग

मरुप्रदेश और उसमें भी ज्येष्ठकी तपती दोपहरी। ऊपर मार्तण्डकी अग्नि-वर्षा और नीचे भड़भूजेके भाड़की रेणुकासे प्रतिद्वन्द्विता करती बालुका-राशि। न कहीं वृक्षकी छाया है, न जलका लेश। चिलचिलाती दोपहरीमें सूर्यकी किरणे—जैसे प्यासी प्रेतिनियोंका समूह धराका समस्त रस चूस लेनेको खप्पर लेकर निकल पड़ा हो।

बड़ी उष्णता, भयंकर उत्ताप, तीव्र पिपासा—हरिनोंका झुंड दौड़ता जा रहा है। प्राणोंकी शक्ति पैरोंमें आ गयी है। पूरी छलाँगें भरते मृग दौड़ रहे हैं। एक आशा—एक विश्वास—'आगे समुद्र लहरा रहा है। वहाँ पहुँचते ही ताप शान्त हो जायगा। प्यास बुझ जायगी।'

एक दल नहीं है। अनेक यूथ हैं मृगोंके। वे दौड़ते जा रहे हैं—दौड़ते ही जा रहे हैं। प्रत्येक यूथ अपने आगेके यूथको देखता है और सोचता है—'वे मृग पहुँच गये। मिट गयी उनकी पिपासा। वे सुखी हैं, तृप्त हैं। हमें भी वहीं पहुँचना है।' प्रत्येक यूथ अपनेसे आगेके यूथको ही देखता दौड़ा जा रहा है।

यह दौड़, यह प्रगति—ज्वाला बढ़ती जा रही है, ताप उत्तरोत्तर भीषण होता जा रहा है। लहराती किरणोंमें दीखता जल आगे ही दीख पड़ता है। तड़पन, मूर्छा, मृत्यु—वहाँ दूसरा क्या मिलना है। जहाँ जल है ही नहीं, वहाँ जल या शीतलता मिल कैसे सकती है।

× × ×

मृग पशु हैं—पशु ही हैं संसारके भोगोंमें आसक्त मानव भी। उनकी तृष्णा भटका रही है उन्हें। 'स्त्रीमें सुख है। धनमें सुख है। मान-प्रतिष्ठामें, पद-अधिकारमें या व्यसनोंके सेवनमें सुख है।' मृग-मरीचिकामें मृगोंको लहराता समुद्र दीखता है—मानवको भोगोंमें सुख दीख रहा है। संसारके भोग—मरुभूमिकी उत्तप्त रेणुका तो रात्रिमें शीतल हो जाती है। किंतु भोगोंकी ज्वाला शीतल होना जानती ही नहीं।

'वे सुखी हैं। वे सम्पन्न हैं। उनके पास इतने भोग-साधन हैं। हमें भी वे साधन प्राप्त करने हैं। हमें भी उस स्थितिमें पहुँचना है। हम वहाँ पहुँचकर सुखी होंगे।' प्रत्येक अपनेसे आगे, अपनेसे समृद्धको देखता है। प्रत्येक पूरा प्रयास करता है वहाँतक बढ़ जानेका। सब असंतुष्ट हैं, सब अधिक-अधिक भोग-सामग्री पानेके प्रयत्नमें लगे हैं। बढ़ती जा रही है तृष्णा, बढ़ती जा रही है अशान्ति, बढ़ता जा रहा है संघर्ष और बढ़ता जा रहा है दुःख!

भोगोंके सेवनसे मिलते हैं रोग। भोगोंकी प्राप्तिसे मिलता है संघर्ष, भय, अशान्ति। भोगोंकी प्राप्तिके उद्योगमें मिलता है श्रम, द्वेष, कटुता, छीना-झपटी, वैर और हिंसा। जहाँ सुख है नहीं, वहाँ सुख मिलेगा कैसे। भोगोंमें तो सुख है नहीं। वहाँ तो अशान्ति, असंतोष, संघर्षकी ज्वाला है। वहाँसे श्रान्ति, निराशा और दुःख ही मिलते हैं।

× × ×

मरुभूमिमें भटकते मृग मूर्छित होते हैं, तड़प-तड़पकर मरते हैं; किंतु एक बार मरते हैं। लेकिन संसारके भोगोंमें आसक्त मानव—जीवनभर दुःख, नैराश्य एवं अशान्ति भोगनेके बाद मृत्युका ग्रास होता है। सहस्र-सहस्र बार दारुण मृत्युका ग्रास बनता है वह। क्योंकि—

भोगोंको प्राप्त करता है वह पापसे। भोगोंकी प्राप्तिके प्रयासमें पाप होते हैं और भोगोंकी प्राप्ति होनेपर प्रमत्त मानव पाप करता है। पापमय ही है भोग। छल, कपट, ईर्षा, द्वेष, कलह, चोरी, हिंसा, अनाचार आदि पापोंका मूल है सांसारिक भोगोंकी तृष्णा।

पापका परिणाम है नरक। भोगासक्त प्राणी पापरत होता है और पापरत होकर नरकमें जाता है। सहस्र-सहस्र जन्मोंतक उसे यमदूत नरककी दारुण यन्त्रणा देते रहते हैं। व्यभिचार-रत, अर्थसंचयरत और मद्यरत मानवकी—नरककी दुर्दशा कितनी भयानक होती है। यों अपने कुकर्मोंका परिणाम प्राणीको बाध्य होकर भोगना ही पड़ता है!

महामना पं० श्रीमदनमोहनजी मालवीय

(जन्म—वि० सं० १९१८, पौष कृ० ८, प्रयाग । पिताका नाम—पं० श्रीब्रजनाथजी । देहावसान—वि० सं० २००३ मार्गशीर्ष कृ० ४, काशीधाममें ।)



हिंदू-धर्मोपदेश

हिताय सर्वलोकानां
निग्रहाय च दुष्कृताम् ।
धर्मसंस्थापनार्थाय
प्रणम्य परमेश्वरम् ॥
ग्रामे ग्रामे सभा कार्या
ग्रामे ग्रामे कथा शुभा ।
पाठशाला मल्लशाला प्रतिपर्वमहोत्सवः ॥
अनाथा विधवा रक्ष्या मन्दिराणि तथा च गौः ।
धर्म्यं संघटनं कृत्वा देयं दानं च तद्धितम् ॥
स्त्रीणां समादरः कार्यो दुःखितेषु दया तथा ।
अहिंसका न हन्तव्या आततायी वधार्हणः ॥
अभयं सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्यं धृतिः क्षमा ।
सेव्यं सदामृतमिव स्त्रीभिश्च पुरुषैस्तथा ॥
कर्मणां फलमस्तीति विस्मर्तव्यं न जातु चित् ।
भवेत् पुनः पुनर्जन्म मोक्षस्तदनुसारतः ॥
स्मर्तव्यः सततं विष्णुः सर्वभूतेष्ववस्थितः ।
एक एवाद्वितीयो यः शोकपापहरः शिवः ॥
पवित्राणां पवित्रं यो मङ्गलानां च मङ्गलम् ।
दैवतं देवतानां च लोकानां योऽव्ययः पिता ॥
उत्तमः सर्वधर्माणां हिंदूधर्मोऽयमुच्यते ।
रक्ष्यः प्रचारणीयश्च सर्वभूतहिते रतैः ॥

परमेश्वरको प्रणाम कर, सब प्राणियोके उपकारके लिये, बुराई करनेवालोंको दबाने और दण्ड देनेके लिये और धर्मकी स्थापनाके लिये, धर्मके अनुसार संघटन एवं मिलाप कर गाँव-गाँवमें सभा करनी चाहिये । गाँव-गाँवमे कथा बिठानी चाहिये । गाँव-गाँवमें पाठशाला और अखाड़ा खोलना चाहिये और पर्व-पर्वपर मिलकर महोत्सव मनाना चाहिये ।

सब भाइयोंको मिलकर अनाथोंकी, मन्दिरोंकी और लोकमाता गौकी रक्षा करनी चाहिये और इन सब कामोंके लिये दान देना चाहिये । स्त्रियोंका सम्मान करना चाहिये । दुखियोंपर दया करनी चाहिये ।

उन जीवोंको नही मारना चाहिये जो किसीपर चोट नहीं करते । मारना उनको चाहिये जो आततायी हों अर्थात् जो स्त्रियोंपर या किसी दूसरेके धन वा प्राणपर आक्रमण करते हों और जो किसीके घरमें आग लगाते हो । ऐसे लोगोको मारे बिना यदि अपना वा दूसरोंका प्राण या धन न बच सके तो उनको मारना धर्म है । स्त्रियोको और पुरुषोंको भी निडरपन, सचाई, चोरी न करना, ब्रह्मचर्य, धीरज और क्षमाको अमृतके समान सदा सेवन करना चाहिये ।

इस बातको कभी न भूलना चाहिये कि भले कर्मोंका फल भला और बुरे कर्मोंका फल बुरा होता है और कर्मोंके अनुसार ही प्राणीको बार-बार जन्म लेना पड़ता है या मोक्ष मिलता है ।

घट-घटमें बसनेवाले विष्णु—सर्वव्यापी ईश्वरका सुमिरन सदा करना चाहिये, जिनके समान दूसरा कोई नहीं, जो एक ही अद्वितीय हैं और जो दुःख और पापके हरनेवाले शिव-स्वरूप हैं, जो सब पवित्र वस्तुओंसे अधिक पवित्र, जो सब मङ्गल कर्मोंके मङ्गलस्वरूप हैं, जो सब देवताओंके देवता हैं और जो समस्त संसारके एक अविनाशी पिता हैं ।

सब धर्मोंसे उत्तम इसी धर्मको हिंदू-धर्म कहते हैं । सब प्राणियोका हित चाहते हुए धर्मकी रक्षा और प्रचार करना हमारा धर्म है ।

ईश्वर और उसकी सर्वव्यापकता

'.....इस बातका ध्यान रक्खो कि यह सम्पूर्ण सृष्टि एक ही है और इसका नियन्ता तथा व्यवस्थापक एक अविनाशी, सर्वव्यापक, सर्वज्ञ, शक्ति अथवा परमात्मा है, जिसके बिना कुछ भी जीवित नहीं रह सकता । यह याद रक्खो कि यह विश्व उसी अद्वितीय शक्तिका साक्षात्कार है । जैसा कि उपनिषदोंने बताया है कि दृश्य अथवा अदृश्य, सबका कर्ता तथा भर्ता वही परमात्मा है । इस बातका ध्यान रक्खो कि वह शक्ति—उसे ब्रह्म कहो अथवा ईश्वर कहो—समीप और दूर तथा सदा वर्तमान है । जीवित सृष्टिका वही जीवन है । जब कभी आपको इस शक्तिके अस्तित्वमें संदेह

पैदा हो तो आप अपनी दृष्टि आकाशकी ओर फेरिये, जो उन ताराओं और ग्रहोंसे विचित्र प्रकारसे सुशोभित है, जो असंख्य युगोंसे मनोहारी ढंगसे भ्रमण करते आये है। उस प्रकाशकी ओर ध्यान दो जो अत्यन्त दूरस्थ सूर्यसे पृथ्वीपरके जीवोंकी रक्षाके लिये आश्चर्यकारी वेगसे यात्रा करके आता है। अपनी दृष्टि तथा अपने मस्तिष्कको अपनी शक्तिरूपी अद्भुत मशीनकी ओर झुकाओ, जिसे परमात्माने आपको दिया है और इस कलकी अद्भुत बनावट और शक्तिपर गम्भीरतापूर्वक विचार करो। अपने चारों ओर निगाह फेरो और सुन्दर पशु-पक्षियोंको, मनोहर वृक्षोंको, कमनीय पुष्पों और स्वादिष्ट फलोंको देखो। इस बातको स्मरण रक्खो कि वह परमात्मा, जिसे हम ब्रह्म अथवा ईश्वर कहते है, इस सम्पूर्ण जीवधारी सृष्टिमें उसी प्रकार वर्तमान है जैसे मुझमें या आपमें। यही सब धार्मिक उपदेशका तत्त्व है—

स्मर्तव्यः सततं विष्णुर्विस्मर्तव्यो न जातु चित्।
सर्वे विधिनिषेधाः स्युरेतयोरेव किङ्कराः॥

ईश्वरको सदैव स्मरण रखना चाहिये। उसे कभी न भुलाओ। सभी धार्मिक आदेशों तथा निषेधोंका इन्हीं दो वाक्योंसे पालन हो जाता है। यदि आप यह याद रक्खेंगे कि परमात्मा विद्यमान है और वही सभी जीवधारियोंमें विद्यमान है तो उस ईश्वर तथा अन्य जीवधारी भाइयोंसे आपका सच्चा सम्बन्ध सदा बना रहेगा। इसी विश्वाससे कि परमात्मा सभी प्राणधारियोंमें विद्यमान है, मूल उपदेशोंका निर्माण हुआ है जिनमें सभी प्रकारके मानवधर्मके आदेशों तथा धर्मोंका समावेश हो जाता है। जैसे—

आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्।

अर्थात्, दूसरोंके प्रति कोई भी ऐसा आचरण न करो जिसे तुम अपने प्रति किये जानेपर अप्रिय समझते हो, तथा—

यद्यदात्मनि चेच्छेत तत्परस्यापि चिन्तयेत्।

अर्थात्, जो कुछ तुम अपने प्रति चाहते हो, वैसा ही तुम्हें दूसरोंके प्रति भी करना आवश्यक है, ऐसा समझना चाहिये।

ये दो प्राचीन आदेश मनुष्यमात्रके लिये पूर्ण आचरणीय है।

यदि कोई मनुष्य आपकी घड़ी अथवा आपकी अन्य कोई वस्तु चुरावे तो आपको दुःख होता है। इसी प्रकार दूसरोंकी घड़ी आदि चुराकर आप उसे दुःख न पहुँचाइये। जब आप बीमार या प्यासे रहते है उस समय आप चाहते हैं कि कोई आपको ओषधि देता और आपकी प्यास बुझा देता। इसलिये यदि आपका कोई भाई या आपकी बहन उसी प्रकारकी सेवाकी आवश्यकतामें हो तो आपका यह धर्म है कि उसकी सेवा करें। इन दो अकरणीय तथा करणीय आदेशोंको आप याद रक्खें; क्योंकि धर्मके ये ही दो स्वर्ण-नियम हैं, जिनकी प्रशंसा संसारके सभी धर्मोंमें की गयी है। धर्म तथा नीतिके ये ही आत्मा है। ईसाई-धर्म तो इसे अपना मुख्य धर्म मानता है। परंतु वास्तवमें यह एक बहुत ही पुरातन उपदेश है, जो ईसाके जन्मसे हजारों वर्ष पहले महाभारतमें प्रशंसा पा चुका था। मैं किसी संकुचित विचारसे ऐसा नहीं कहता। मेरा अभिप्राय यह है कि आपके हृदयमें यह बात दृढ़ हो जाय कि ये प्राचीन उपदेश हमारे यहाँ परम्परासे चले आते हैं और हमारी अमूल्य बपौती हैं। ये केवल हिंदुओंके ही लिये नहीं है बल्कि सारी मनुष्य-जातिकी अमूल्य निधि है। आप इन्हें अपने हृदयमें संचित कर लीजिये और मुझे पूर्ण विश्वास है कि ईश्वर तथा मनुष्य दोनोंके साथ आपका सम्बन्ध सत्य तथा प्रिय रहेगा।

जन्म-भूमि भारतकी महिमा

आपको यह भी ध्यानमें रखना चाहिये कि यह देश आपका जन्म-स्थान है। यह एक सुन्दर देश है। सभी बातोंके विचारसे संसारमें इसके समान कोई दूसरा देश नहीं है। आपको इस बातके लिये कृतज्ञ तथा गौरवान्वित होना चाहिये कि उस कृपालु परमेश्वरने आपको इस देशमें पैदा किया। आपका इसके प्रति एक मुख्य कर्तव्य है। आपने इसी माताकी गोदमें जन्म लिया है, इसने आपको भोजन दिया, वस्त्र दिया तथा आपका पालन-पोषण करके आपको बड़ा बनाया है। यही आपको सब प्रकारकी सुविधा, सुख, लाभ तथा यश देती है। यही आपकी क्रीड़ा-भूमि रही है और यही आपके जीवनका कार्य-क्षेत्र बनेगी तथा आपकी सभी आशाओं तथा उमंगोंका केन्द्र रहेगी। यही आपके पूर्वजों तथा जातिके बड़े-से-बड़े अथवा छोटे-से-छोटे मनुष्यका कार्य-क्षेत्र रही है। अतएव पृथ्वीके धरातलपर यही भूमि आपके लिये सबसे बढ़कर प्रिय और आदरणीय होनी चाहिये।

अहिंसा धर्म और अपनी रक्षाका हक

इसमें कुछ शक नहीं कि 'अहिंसा परमो धर्मः' अहिंसा

हमारा मुख्य धर्म है। लेकिन मनुस्मृतिमें यह भी लिखा है कि किसी आततायीको बिना विचारे मार दो। आततायी उसे कहते हैं जो चोरी-डाका डालने, लूट-मार करने, आग लगाने या बेकसूरोंके सतानेके इरादेसे हमला करे। अंग्रेजी कानूनमें भी यह बात आती है। मुसल्मानी तहज़ीबमें भी इसकी इजाज़त है। हमारे यहाँ 'गौ-गोहार' और 'त्रिया-गोहार' बहुत मशहूर हैं कि जब कभी गौ या किसी देवीपर मुसीबत आयी, उसने पुकार की कि फौरन तमाम गाँव इकट्ठा हो गया और पाजी-दुष्टोंको भगा दिया। भाइयो ! अब हम अपने पुराने आचारको छोड़ बैठे हैं, नयेको भी ग्रहण नहीं किया। सन् १८६० ई० में जाब्ता फौजदारी बनाया गया था। उसकी रूसे भी आत्मरक्षा करनेका हक हर एकको हासिल है। ताज़ीराते हिंदमें भी ऐसी धाराएँ हैं, जो इस बातकी इजाजत देती है कि अपनी जायदाद वो जिस्मनीज़ दूसरोंके बदन वो जायदादकी रक्षाका हर एकको पूरा हक हासिल है। अपनी या किसी औरकी जात व जायदादे मनकूला, व गैरमनकूलाको, चोरी-डकैती, नुकसान, मुदाखलते बेजाके फ़ेलसे बचाने या उनकी कोशिशकी रोक-थामके लिये ज़ोरका इस्तैमाल करनेकी कानून इजाज़त देता है। मेरी रायमें एक पुस्तिका हर एक भाषामें छपवाकर हर एक मनुष्यको जाननेके लिये वितरण करनी चाहिये। जाब्ता फौजदारीके बनानेवालोंमेंसे लार्ड मेकाले एक थे। उन्होंने आत्मरक्षाके हक़की बाबत कुछ भूमिका लिखी है। उसका माराश यह है कि हिंदुस्तानमें लोग जुल्मको सब्रके साथ बर्दाश्त कर लेते हैं। उनमें मर्दानगीकी तबीयत पैदा करनेके लिये अपनी रक्षाके हकका अधिकार हर एकको दिया जाता है। बेन्थम साहबने भी लिखा है कि 'हर एक मनुष्यको अपनी रक्षा करनी आवश्यक है।' हम बहुत कम इस हक़को इस्तैमाल करते हैं। मदोंकी निस्बत तो नहीं कहता, परंतु अगर मैं ज़िन्दा रहा तो कम-से-कम बहू-बेटियोंको तो पिस्तौल और बंदूक चलाना सिखा दूँगा। वे कालीकी मूर्ति अपनी रक्षा खुद कर सकेंगी। लेकिन मर्दो ! तुम इनको क्या मुँह दिखाओगे ? अगर मर्द हो तो तुमको अपनी हिफ़ाज़तके हक़की आगाही होनी चाहिये।

तीन प्रतिज्ञा

'''परमात्माको याद रखते हुए, हम ईश्वरकी पैदा की हुई वस्तुओंसे दुश्मनी नहीं रक्खेंगे। अपनी किसी हरकतसे किसी पड़ोसीके दिलमें अपनी निस्बत शक भी पैदा नहीं करेंगे।'

दूसरी प्रतिज्ञा यह होनी चाहिये कि 'हम हिंदुस्तानकी इज्ज़तका ख़याल रक्खेंगे। यूरोपके लोग हँसते हैं कि ये लोग एक दूसरेकी बहू-बेटियोंपर हमले करते है, लाठियाँ चलाते हैं·····'

'किसी भी मज़हबकी माँ, बहन और बेटियाँ हों, वे सब इज्ज़तके लायक हैं। अपनी औरतके सिवा तमाम औरतोंको अपनी बहनके बराबर जानना चाहिये।'

अधोगतिका कारण धर्म-विमुखता

'''''हमारी इस अधोगतिका मुख्य कारण यह है कि हिंदू-जाति अपने धर्मसे विमुख हो रही है। अल्पायुमें बालकों और बालिकाओंका विवाह करनेसे हमारा बल घट रहा है। हिंदू-समाजमें अनेक बुराइयोंने अपना घर कर लिया है। हिंदू-धर्मकी शिक्षा क्या है ? यह धर्म हमें औरोंके मतोंका मान करना सिखाता है, सहनशील होना बताता है; और किसीपर आक्रमण करनेकी शिक्षा नहीं देता। साथ ही यह भी आदेश देता है कि यदि तुम्हारे धर्मपर कोई आक्रमण करे तो अपनी रक्षाके लिये प्राणतक निछावर करनेमें कभी संकोच न करो। इस धर्मको शुद्ध हृदयसे और अक्षरशः पालन करनेसे ही हिंदू-मुसल्मानोंमें एकता स्थापित हो सकती है। जबतक हिंदू-मुसल्मान दोनों ही इतने बलवान् और सगठित नहीं हो जाते कि वे दूसरी जातिके गुंडों और बदमाशोंसे अपनी रक्षा कर सकें, तबतक उनमें एकता स्थापित नहीं हो सकती।'

गोमाता

'आप जानते हैं कि भारतके कल्याणके लिये गो-रक्षा अनिवार्य है। मनुष्यका जो उपकार गोमाताने किया है उसके महत्त्वको जानते हुए भी लोग उपेक्षा करते है और गो-रक्षाके प्रश्नपर ध्यान नहीं देते। यह उनका भ्रम और अन्याय है। जो लोग गो-वध करते अथवा गो-वध करना अपना धर्म समझते हैं उनके अज्ञानका ठिकाना नहीं। गौ-जैसे उपकारी प्राणीका वध करना कभी भी धर्मसङ्गत नहीं कहा जा सकता। दुःखकी बात है कि जो लोग गोमाताको पूज्यदृष्टिसे देखते हैं और उनकी पूजा कर वैतरणी पार उतरना चाहते हैं, वे भी गो-सेवासे विमुख दिखायी देते हैं'''।

सब सज्जनोंसे मैं अनुरोध करता हूँ कि गो-रक्षाके प्रश्नपर विशेष ध्यान दें और प्राणपणसे इस बातकी चेष्टा करें कि भारतमें फिर वही दिन आ जाय जब गौ सचमुचमें माता समझी जाय और उसकी रक्षाके लिये हम अपने प्राणोंका मोह न करें। मुझे पूरा विश्वास है कि यदि आप ऐसा सकल्प कर लेंगे और गो-रक्षाके अनुष्ठानमें तन-मन-धनसे लग जायँगे तो वे दिन दूर नहीं है, जब फिर देशमें दूधकी नदियाँ बहें और प्रत्येक भारतीय गोमाताको पूज्यदृष्टिसे देखे। याद रहे कि इस्लाम या कुरान-शरीफमें गोवधका विधान नहीं है जो हमें उसके रोकनेमें मजहबकी अड़चन पड़े। गो-माताकी सभी संतान है। हिंदू, मुसल्मान या ईसाईका खयाल गोमाताके यहाँ नहीं है। उदार अकबरको इस बातका ज्ञान था। उसने गो-वध बद करवा दिया था। सँभलो और औरोंको समझाओ कि दिव्य जीवनके लिये गो-सेवा कितने महत्त्वकी चीज है। विश्वास रक्खो कि यदि आप गो-पालनके लिये तैयार हो गये तो परमात्मा अवश्य आपकी मदद करेगा और आप जरूर अपने काममें सफल होंगे।'

धर्म

'प्रह्लादने अपने साथी बालकोंको बचपनमें धर्म-पालनकी शिक्षा दी थी। इसका पालन जवानीमें नहीं बल्कि वृद्ध होनेपर पालन कर लेंगे, ऐसा विचार त्यागकर कौमार-अवस्थामें ही धार्मिक शिक्षाकी नींवपर जीवनकी भित्ति खड़ी कर दो। 'कौमारे आचरेद्धर्मम्' धर्मभावना आजीवनकी बना लो। मनुष्य-जीवन अन्य जीवोंके जीवनसे विशेषता रखता है। दूसरे प्राणी, पशु, पक्षी, हाथी, घोड़ा, कुत्ते आदि इन्द्रियोंका सुख पाते हैं। उनमें और मनुष्यमें सब गुण समान होते हैं। वे हमलोगोंकी तरह भोजनप्रेमी है, वे सोते हैं, आराम करते हैं; किंतु उनमें विवेक-बुद्धि नहीं है। मछली मछलीको खाती है। एक पशु दूसरे पशुका शिकार करता है। उन प्राणियोंमें विचार नहीं है।'

'.....थोड़े ही व्यक्ति ऐसे हैं जिन्हें देखा जाता है कि अधर्मसे सासारिक सुख पा रहे है। परंतु उनका परिणाम अच्छा नहीं होता। उन्हें अधर्मसे शान्ति नहीं मिलती। उनका आत्मा टूट जाता है। वे पापका बुरा फल अवश्य पाते है।'

'पर नारी पैनी छुरी ताहि न दीज दीठ'

'मातृवत् परदारेषु'

'दूसरी स्त्रीपर माताका भाव रखना चाहिये। जो स्त्री अवस्थामें बड़ी हो वह मातृवत् है, जो बराबरकी है वह बहन-तुल्य है और जो छोटी है उसे पुत्रीवत् मानो। शारीरिक बलकी शक्ति ब्रह्मचर्यव्रत-पालनसे प्राप्त होती है। गन्धर्वने अर्जुनसे हार जानेपर कहा था कि 'तुम ब्रह्मचारी हो, इसलिये मैं तुम्हें जीत नहीं सका।' गाड़ीमें दो बैलोंके आगे ब्रह्मचारी बछवा रहता है जो चढ़ावपर अपनी शक्तिसे गाड़ीको खींचकर ले जाता है।'

'जो छात्र विवाहित है, वे यहाँ ब्रह्मचारी बनें। उनका रहन-सहन आचार-विचार लक्ष्मणकी तरह हो। लक्ष्मणने चौदह वर्ष ब्रह्मचर्यका पालन किया, उसीसे वे मेघनादका वध कर सके। उसी तरह विवाहित छात्र अपनी धर्मपत्नीको छोड़कर अन्य स्त्रियोंको मातृवत् देखें। इसी ब्रह्मचर्यपालनसे मनुष्य ऊपर उठता है, ऐसा न करे कि अपना जीवन नीचे गिरे।

'.....संसारमें सब पदार्थ बदलते रहते है, सुख-दुःख होते रहते हैं; किंतु धर्म नित्य है, वह कभी नहीं बदलता। यदि प्राण भी जाता हो तो धर्म न त्यागो।'

महाभारत

'महाभारतकी क्या महिमा है, इसका वर्णन करना कठिन है। इसे 'पञ्चम वेद' कहा गया है। जो महाभारतका पाठ करता है, वह वेद-पाठका लाभ उठाता है। यदि एक श्लोक भी पढ़ ले तो भी उसे कुछ-न-कुछ आनन्द तो अवश्य मिलता है। मनुष्यका धर्म है कि गङ्गास्नान, हरि या हरिकी पूजा और महाभारतका पाठ अवश्य करे। इन तीन कामोंको जो करता है वह अपने जीवनको सफल करता है। पूरा ज्ञान या मोक्षज्ञान महाभारतमें भर दिया है। अध्यात्म-शक्तिके साथ-साथ सासारिक व्यवहार महाभारतमें मिलता है। शान्तिपर्व, वनपर्व आदिमें सासारिक व्यवहार देखो।

महाभारतमें गन्धारीकी वीरता, कुन्तीकी धीरता, विदुरकी नीति, वासुदेवका माहात्म्य, पाण्डवोंकी सत्यता आदि अनेक उपदेश भरे है। पतिव्रता गान्धारीने पतिके अन्धे होनेसे अपनी आँखोंपर आजन्म पट्टी बाँधी। एक बार उन्होंने अपने पुत्र दुर्योधनसे कहा कि 'मेरे सामने बच्चेकी तरह खड़े हो जाओ तो मेरी दृष्टि जिस-जिस अङ्गपर पड़ेगी उस-

उस अङ्गपर शस्त्रका भय नहीं रहेगा।' किंतु दुर्योधन लगोटी लगाकर माताके सामने आया, इसीसे भीमने गदा कमरमें मारी और दुर्योधनकी मृत्यु हुई। हर एक छात्र महाभारतके अध्यायोंको पढ़े और उनसे अमूल्य उपदेशोंका लाभ उठावे। वे अधिक न पढ़ सकें तो महाभारतका सारांश गीताका पाठ करें। गीतामें उन्हीं श्रीकृष्ण भगवान्‌ने उपदेश दिया है, जिन्होंने सत्य तथा धर्मका पक्ष लिया था। सब जानते हैं कि राज्यके कारण कौरव और पाण्डवोंका झगड़ा हुआ। यद्यपि अंधे धृतराष्ट्रके पुत्रोंको राज्य करनेका अधिकार न था तथापि उन्होंने अन्याय किया और पाण्डवोंको राज्यसे निकाल दिया। श्रीकृष्ण भगवान्‌ने पाँच गाँव माँगे पर दुर्योधनने सूईकी नोक बराबर भी जमीन न दी।

माता कुन्तीने कृष्ण भगवान्‌से कहा कि 'मेरे पुत्रोंको वही उपदेश दो जो विदुलाने अपने पुत्र संजयको दिया था। विदुलाका पुत्र संजय अधिक शत्रु-सेना देख युद्धक्षेत्रसे भाग आया था। माताने कहा कि 'तूने मेरी कोखमें दाग लगाया। कुलको कलंकित किया। तू मर जाता तो अच्छा था।' अन्तमें संजय युद्धमें गया और माताके उपदेशसे विजयी हुआ। जिस व्यक्तिने दान, तपस्या, सत्य, विद्या तथा अर्थका लाभ न किया, उसका जन्म व्यर्थ है। माता कुन्तीका उपदेश पाकर पाण्डवोंने विजय पायी और अर्जुनके कारण गीताका उपदेश आज भी सहस्रों मनुष्योंको शान्ति-सुख दे रहा है।

गीता

गीता संसारका एक अनमोल रत्न है और उसके एक-एक अध्यायमें कितने रत्न भरे पड़े हैं। इसके पद-पद और अक्षर-अक्षरमें अमृतकी धारा बहती है। गीता पढ़नेका बड़ा माहात्म्य कहा गया है—

गीताशास्त्रमिदं पुण्यं यः पठेत्प्रयतः पुमान्।
विष्णोः पदमवाप्नोति भयशोकादिवर्जितः॥
गीताध्ययनशीलस्य प्राणायामरतस्य च।
नैव सन्ति हि पापानि पूर्वजन्मकृतानि च॥
मलनिर्मोचनं पुंसां जलस्नानं दिने दिने।
सकृद्गीताम्भसि स्नानं संसारमलनाशनम्॥
गीता सुगीता कर्तव्या किमन्यैः शास्त्रविस्तरैः।
या स्वयं पद्मनाभस्य मुखपद्माद्विनिःसृता॥
भारतामृतसर्वस्वं विष्णोर्वक्त्राद्विनिःसृतम्।
गीतागङ्गोदकं पीत्वा पुनर्जन्म न विद्यते॥

'जो मनुष्य इस पवित्र गीताशास्त्रको पवित्र और शुद्ध होकर पढ़ता है, वह भय और शोकरहित होकर विष्णुलोकको प्राप्त होता है।

गीता अध्ययन करनेवाले तथा प्राणायाम करनेवालोंको पूर्वजन्ममें किये हुए पापोंका फल नहीं लगता। प्रतिदिन जल-स्नान करनेवालेका बाहरी मल धुल जाता है; किंतु गीतारूपी जलमें एक बारके ही स्नानमात्रसे संसाररूपी मल नष्ट हो जाता है।

सब शास्त्रोंको छोड़कर गीताका ही भलीभाँति गायन करना चाहिये जो कि स्वयं भगवान्‌के मुखकमलसे निकली हुई है।

महाभारतरूपी अमृतका सार विष्णु भगवान्‌के मुँहसे निकला है। यह गीतारूपी अमृत पीनेसे फिर जन्म नहीं लेना पड़ता।'

'...कहनेका तात्पर्य यह है कि जितना भी बन सके उतना गीताका पाठ करना चाहिये। प्रातः स्नान करके गीताका पाठ कर चुकनेपर यह विचार करो कि हमें क्या करना चाहिये। जैसे अँधेरेमें लालटेन हमें प्रकाश देती है और हमें ठीक मार्ग बतलाती है, ठीक उसी प्रकार गीता भी हमें कर्तव्य और अकर्तव्यका ज्ञान कराती है। यह हमें आध्यात्मिक और सांसारिक दोनोंका ऊँचे-से-ऊँचा उपदेश देती है।

संसारमें जितने नगर और गाँव हैं, वहाँ प्रति सप्ताह सब लोगोंको मिलकर गीता-पाठ करना चाहिये। मैं समझता हूँ कि आपलोग इसमें अवश्य सहयोग देंगे; क्योंकि इस गीता-प्रचारकी भावनाका मूल हिंदू-विश्वविद्यालय है। यहाँ अनेक साधु, महात्मा और विद्वान् रहते हैं। यहाँ देशभरके विद्यार्थी पढ़नेके लिये आते हैं। इनका कर्तव्य है कि ये लोग गीताका अध्ययन करके देशभरमें उसका प्रचार करें। उसका एक सरल उपाय यही है कि प्रति रविवारको जो समय निश्चित है उस समय वहाँ आकर अध्ययन करें या सुनें।'

परमात्माकी स्तुति हमारा सर्वप्रथम कर्तव्य

'...सबसे पहला कर्तव्य हमारा यह है कि हम परमात्माकी स्तुति करें, उनके गुणगान करें, जो विश्वम्भर हैं, सृष्टि-रचना करनेवाले हैं। हमारा जन्म इसीलिये है कि हम परमात्माको समझें। हमारे प्राचीन धर्मग्रन्थ, वेद,

उपनिषद् उसी परम शक्तिका गुणगान करते हैं। हमारे ज्योतिष शास्त्रमें उसकी विराट् रचनाका वर्णन है। आकाशमे अनेक तारागण उसीकी विभूति हैं। उसीकी ज्योतिसे यह सब रचना हो रही है। केवल आकाशकी विभूतियाँ नहीं, वरं पृथ्वीमण्डलपर भिन्न-भिन्न प्रकारके मनुष्य, जीव, जन्तु सब उसीके भिन्न-भिन्न आकार हैं। ये सब रूप उसीके बनाये हुए हैं। पृथ्वीमण्डलके किसी भी भागपर चले जाइये, एक ढाँचेके मनुष्य मिलेंगे। सबकी शरीर-रचना एक-सी है। सबकी रचना गर्भमें होती है, ईश्वर ही करता है। गौ, सिंह, मयूर आदिका कैसा-कैसा विचित्र रूप-रंग बनाया है जो समझमें नहीं आता कि कैसे किया। वह छिपा हुआ सब कुछ करता रहता है। भिन्न-भिन्न प्रकारके पेड़-पौधे, फूल-फल आदि उसीकी रचनाका चमत्कार है। इनकी बनावट मनुष्य नहीं कर सकता।'

मानव-शरीरका कर्तव्य

'मानव-शरीर अनेक जन्मोंके पुण्योंसे प्राप्त होता है। जो शरीर देवोंको दुर्लभ है उसे व्यर्थ नष्ट कर देनेमें हमारी भूल है। हम अपने कर्तव्यको भुला दें, उसका स्मरण न करें, उसके बनाये नियमोंका पालन न करें, तब हम दुःखी न हों तो कौन होगा? पञ्चतत्त्वका यह सुन्दर शरीर है। उसकी प्रभासे देदीप्यमान हो रहा है। उसके सम्बन्धसे सबसे सम्बन्धित हैं। उसके कारण ही एक-एक छोटे-छोटे शरीर-रूपी ब्रह्माण्डका चमत्कार होता रहता है। भीतर-ही-भीतर पावर हाउसका काम करता रहता है और सब काम होते रहते हैं। वही स्टोर है, जिसमें पदार्थोंका रस एकत्र होता रहता है (ईश्वर अंस जीव अविनासी)। उसकी कृपाको सब चाहते हैं। जब ज्योति निकल जाती है तो शरीर शीघ्र नष्ट कर दिया जाता है, उसे फेंक देते हैं। कोई देखना भी नहीं चाहता। क्या विचित्र परिवर्तन हो जाता है। माता-स्त्री सब उस शरीरसे मोह त्याग देते हैं।'

उपदेश-पञ्चामृत

हमारा कर्तव्य है कि हम अपने भाव और विचार मातृ-भाषामें प्रकट करें। पहले हमारा जन्म होता है और माताकी शिक्षा मिलती है। माताकी बोलीका हम अनुकरण करते हैं। अतः मातृभाषाका गौरव रखना पहला कर्तव्य है, फिर अंग्रेजी भाषामें देश, काल तथा पात्रके अनुसार बोलनेका अभ्यास करें।

आज मैं आपलोगोंको पञ्चामृत पान कराना चाहता हूँ। पञ्चामृतमें दूध, दही, घी, मधु (मिठास) और मिश्री रहती है। मैंने माताका दूध पिया, फिर गोमाताका दूध पिया, जिससे मेरा शरीर बना। माताने ही शक्ति दी जिससे बोल रहा हूँ। माताने ही आधिभौतिक, आधिदैविक तथा आध्यात्मिक बल दिया है। माताकी कृपासे ही शरीरबल बढ़ा। तब बुद्धिबल पा सका। शुद्ध पवित्र भोजन, शुद्ध वस्तु-सेवनसे शरीर, धन, सम्पत्ति, विद्या, पाण्डित्य और यश प्राप्त हुआ। पवित्र व्यवहार और सदाचार ही शरीरकी परीक्षा है। इनके द्वारा मनुष्य पचहत्तरसे ऊपर सौ वर्षतक ही नहीं, वरं इससे अधिक जीनेकी शक्ति रखता है। उसे मृत्युका भय नहीं रहता, उसमें तेज दिखायी पड़ता है।

हम नित्य प्रातःकाल, मध्यकाल और संध्याकालकी संध्यामें सूर्यभगवान्‌से स्तुति करते हैं कि सौ वर्षतक सुनें, बोलें और दीन न हों। हममें शक्ति हो, सुख हो, परमात्माका स्मरण रहे। ईसाई धर्मवाले ईश्वरसे माँगते हैं कि हमें नित्य भोजन मिले। उन्हें रोटी ही बहुत है। उनका आदर्श सिर्फ लोकसुख, व्यक्तिगत, शारीरिक सुखतक सीमित है। परंतु हम परमात्मासे इस लोकके सुखके साथ परमानन्दकी प्रार्थना करते हैं। हम इस जीवनसे अच्छा दिव्य जीवन चाहते हैं। जबतक हमारा यह भौतिक शरीर है, तबतक दीन न हों, तगड़े रहें। इसका तात्पर्य यह है कि हममें शक्ति रहे, हमारा जीवन उज्ज्वल हो।

हम नारायणका स्मरण करते रहें। जिन माता-पिताने जन्म दिया है, उनका स्मरण करते रहें तथा उनकी सेवा करते रहें। गुरुने ज्ञान दिया है, उस गुरुको न भूलें; क्योंकि गुरुने ऐसी बुद्धिका विकास किया है जो बारहसे सोलह वर्षकी अवस्थामें ही तेजस्वी दीखने लगते हैं और कोई-कोई तेरह, चौदह, पंद्रह या सोलह वर्षकी आयुमें।

पञ्चामृतमें केवल पाँच चीजें ही नहीं ली गयीं; किंतु छः चीजें भी ली गयी हैं, जैसे 'ॐ नमः शिवाय' पञ्चाक्षर मन्त्र कहलाता है। यद्यपि इसमें छः अक्षर लिये गये हैं। प्रत्येक मनुष्यका कर्तव्य है कि वह परमात्माकी स्तुति करे। जिस प्रभुने जन्म दिया है, उसका स्मरण करे। एक परमात्माके द्वारा शरीर मिला है, उसीसे ज्ञान प्राप्त होता है। इसी कारण संध्यामें गायत्री मन्त्रका जप करते हैं। गायत्री सब वेदोंकी माता है। गायत्री मन्त्रमें सवितारूपी परमात्माका ध्यान करते हैं, जो धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष प्रदान करनेवाला है।

ईश्वरकी सत्ता और उसका रचना-कौशल

जो सविता तीनों लोकोंको प्रकाश देता है, उसे नमस्कार है। चौदह लोकोंमेंसे प्रधान तीन लोक भूर्भुवः स्वः हैं। जनलोकमें अनेक जीवजन्तु रहते हैं। गौरीशंकर पर्वत-शिखरकी ऊँचाईके बराबर गहरे महासागरोंमें सुन्दर मछलियाँ रहती हैं। इगलैंडके अजायब-घरमें चार-पाँच मील नीचे-की सुन्दर मछलियाँ हैं, उनके मस्तकपर वैसी ही सुनहरी पट्टी है जैसी हमारे देशकी स्त्रियाँ बिंदियाँ बाँधती हैं। इतने गहरे समुद्रमें ऐसी सुन्दर मछलियाँ किसने बनायीं। एक परमात्मा ही सबका बनानेवाला है। इसी तरह पृथ्वीपर अनेक जीव-जन्तु हैं। कितने सुन्दर नर-नारी हैं, कितने फूल-पत्ते हैं। एक ही स्थानपर गेंदा और गुलाब दोनों पैदा होते हैं, पर दोनों अपने-अपने रूप और गुण रखते हैं, अपनी-अपनी सुगन्ध रखते हैं। बिल्ली, कुत्ते, बछड़े कैसे उछलते-कूदते हैं। उनमें क्या शक्ति भरी है। उनको देखकर हमारा मन उछलने लगता है। कैसे-कैसे पक्षी हैं। मोरकी कैसी सुन्दर पूँछ है, कोयलकी कैसी सुन्दर बोली है, सुग्गेका कैसा सुन्दर कण्ठ है और उसकी चोंच कितनी सुन्दर है। इन सबका बनानेवाला कोई-न-कोई अवश्य है। इसी तरह आकाशमें कैसे-कैसे ग्रह चलते रहते हैं और समय-समयपर अपना प्रकाश देते हैं। नक्षत्र अपना भ्रमण करते रहते हैं। सूर्य हजारों मील दूर है, पर उदय होते ही आठ मिनटमें हमारे पास उसकी किरणें आ जाती हैं। ये सब ग्रह अपनी-अपनी कक्षामें हैं। यदि एक भी टूटे तो संसारमें प्रलय हो जाय, पर वही परमात्मा सबको चला रहा है। वह सबमें विचरने-वाला सब कुछ देखने तथा करनेवाला है। जैसे माता अपनी संतानकी देख-रेख करती है वैसे ही परमात्मा भक्तकी रक्षा करता है। उस भगवान्‌की सत्ता बुद्धने भी मानी है और उसे पानेके लिये नियम बतलाये हैं। सदाचार, यम, नियम-द्वारा हृदय शुद्ध करनेका आदेश दिया है। सत्य बोले, हृदय पवित्र करे, तब ज्ञान-चक्षुसे परमात्माका दर्शन हो।

परमात्मा इस शरीरके अंदर बैठा है जैसे कोई मोटरमें सवार हो। शरीर कपड़ेकी तरह है, जिसे हम जीर्ण होनेपर बदल लेते हैं। आत्मा सब जीवोंमें एक-सा है। मच्छड़में वही आत्मा है। मच्छड़ कानमें कहता है मैं भी वही हूँ। मक्खी उड़ती रहती है, उसे भी दुःख या सुख होता है। उस आत्माका दर्शन पवित्र हृदयवालेको हर जगह होता है। शीशेकी तरह मन उज्ज्वल करे, बुद्धिको शीशेके समान निर्मल कर ले, तब ध्यान आता है। आत्मा सूतकी तरह है जो मणियोंको गूँथे रहती है। वह कीट-पतंगमें रहती है। पहली शिक्षा इन बातोंसे मिलती है कि परमात्मा है, उसकी सत्ता नित्य है। दूसरी शिक्षा यह मिलती है कि जब परमात्मा सबमें है तो कौन किसे मारे, किसे कष्ट दे। कोई अपनेको कष्ट नहीं देता। वैसे ही एक परमात्माका सब वैभव है। वही हममें और तुममें है—'अब हौ कासों बैर करौं।'

उपयोगी नियम

प्रत्येक मनुष्यको ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिये जो वह मातासे न कह सके। ऐसा नियम मैंने किया था। इस नियमसे मैं कई पापोंसे बचा, मुझे शक्ति मिली और मेरा जीवन उत्साह और दिव्य ज्योतिसे उज्ज्वल होता गया।

परम उपयोगी बातें

जो काम करे वह परमात्मा श्रीकृष्णको अर्पण कर दे। ईश्वरको पवित्र भाव, पवित्र विचार अर्पण किये जाते हैं। झूठे व्यवहार परमात्माको अच्छे नहीं लगते। ईश्वर सत्यका प्रेमी है। पाँचवीं शिक्षा मुझे यह मिली कि ब्रह्मचर्य-व्रत पालन करे। सब धर्मोंमें हिंदू-धर्ममें एक विशेषता यह है कि वह ब्रह्मचर्यका महत्त्व बतलाता है। ब्रह्मचर्य जीवन है। ब्रह्मचर्यव्रत पालनकर पचीस वर्षतक विद्या प्राप्त करे। संध्या, नित्य-कर्म और ईश्वर-प्रार्थना कर शरीर और आत्माको पुष्ट करे। पचीससे पचासतक गृहस्थ बने, कुल-मर्यादाका पालन करे, माता-पिताकी सेवा करे, अपनी पत्नीके सिवा अन्य स्त्रीपर मातृभाव रक्खे। संतान पैदा करे, सामाजिक जीवन बितावे; अतिथि-सत्कार, श्राद्ध, तर्पण, कुटुम्ब-पालन करे। पचाससे पचहत्तरतक वानप्रस्थ रहे। गृहस्थीका भार संतानको दे और उनको शिक्षा देकर उनका जीवन उज्ज्वल करे। परमात्मा-की ओर लक्ष्य बढ़ावे। पचहत्तर वर्षके उपरान्त सन्यासी हो। लोक-सुखसे विमुख हो, परमात्माका चिन्तन और ध्यान करे।

ब्रह्मचर्यका आजीवन पालन करे। केवल संतान-प्राप्ति-के लिये विवाह कहा गया है, विषयभोगके लिये नहीं। सब जीव भोग विलासमें लिप्त रहते हैं, केवल मनुष्य विवेकसे अपना जीवन उज्ज्वल करता है, प्राणायाम कर मन और इन्द्रियोंको रोकता है। मनुष्य परोपकार कर अपना और दूसरोंका हित करता है। एक बार मेरे बच्चोंको एक अंग्रेजने

आपत्तिसे बचाया था, मैं उसके उपकारको नहीं भूल सकता।

यदि पाप किया है तो प्रायश्चित्त कर ले, फिर आगे पाप न करे। सवेरे और शामको संध्या कर ईश्वरसे प्रार्थना कर ले। जैसे स्नानसे शरीर शुद्ध होता है, वैसे ही भजनसे हृदय। सबसे पहले धर्मभार और परमात्माका स्मरण, दूसरा काम माता-पिता और गुरुकी सेवा, तीसरा काम प्राणिमात्र-का लाभ, चौथा काम देशसेवा और तब जगत्‌की सेवा-का भार ले।

विद्यार्थियोंसे

'यह शरीर परमात्माका मन्दिर है। इसमें ईश्वरका निवास है। सदैव उसको अपने भीतर अनुभव करो और इस मन्दिरको कभी अपवित्र न होने दो। इस मन्दिरको अपवित्र बना देनेवाली कुछ बातें है जिनसे सदा बचो। भूलकर भी स्वप्नमें भी असत्य मुँहसे न निकले, इसकी कोशिश बराबर करो। यदि कहीं भूलसे झूठ निकल जाय तो उस असत्यके लिये प्रार्थना करो, क्षमा माँगो, सच्चे और पवित्र हृदयसे उसके चरणोंमें गिरो और पुनः असत्य न बोलनेका व्रत लो। उसे अपना प्राण देकर भी पालो।

इस पवित्र मन्दिरका रक्षक ब्रह्मचर्य है। ब्रह्मचर्य ही हमें वह आत्मबल देता है जिसके द्वारा हम संसारको जीत सकते हैं। ब्रह्मचर्यकी ही यह महत्ता है कि मेघनादको परास्त करनेके लिये लक्ष्मण-जैसा ब्रह्मचारी चुना गया। अर्जुनने भी ब्रह्मचर्यके बलसे जयद्रथको हराया था। महावीर, भीष्म, अर्जुन, लक्ष्मण, शङ्कर ब्रह्मचर्यकी मूर्ति हैं। हम ब्रह्मचर्यके द्वारा अपने शरीरके भीतर वह विद्युत् शक्ति भर सकते है जिसे प्राप्तकर हम विश्वविजयी बन सकते है। लक्ष्मण और अर्जुनको सदा ध्यानमें रक्खो। ब्रह्मचर्यके पालन-में उनका स्मरण बड़ी सहायता देगा। भारतवर्षका मस्तक इन्हीं ब्रह्मचारियोंने ऊँचा रक्खा है और आज इसकी रक्षाका भार तुम्हारे सिरपर है। महापुरुषोंके चित्र अपने कमरेमें लगा लो और उन्हींके उपदेश एवं आचरणपर अपने मनको लगाओ। हृदयको कभी कलुषित न होने दो। मनको सदा प्रफुल्ल और उल्लसित रक्खो।

तुमलोग धर्मके सैनिक हो, धर्मकी रक्षाके लिये सरस्वतीके सैनिक हो। सैनिक-आदर्श अपने सामने रक्खो। प्रातःकाल पाँच बजेके पूर्व अवश्य बिस्तर छोड़ दो और नित्य-कर्मादिसे निवृत्त होकर एकान्तमें भगवान्‌से प्रार्थना करो।

आह्निक (डायरी) लिखनेसे मनुष्यको उन्नतिमें बहुत सहायता मिलती है। संसारके अनेक महापुरुषोंके चरित्रमें यह पाओगे कि वे अपनी दुर्बलताको डायरीमें नोट करते जाते थे और उसे दूर करनेके लिये भी अथक प्रयत्न करते जाते थे। डायरीमें अपना हृदय खोलकर रख दो। वहाँ अपने सम्मुख भगवान्‌को समझकर अपनी बुराइयों, दोषों और अपराधोंके लिये पश्चात्ताप करो और परमात्मासे क्षमा माँगो। तुम्हारे जीवनको पवित्र, सुखी, नियमयुक्त बनानेके लिये गीताका यह श्लोक बहुत लाभदायक सिद्ध होगा—

युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु।
युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा॥

सभी बातोंमें संयम सीखो। वाणीमें संयम, भोजनमें संयम रक्खो और अपने सभी कार्योंमें शीलवान् बनो। शील-से ही मनुष्य मनुष्य बनता है। 'शीलं परं भूषणम्'। शील ही पुरुषका सबसे उत्तम भूषण है।

कठोर काममें अनवरत लगे रहनेका अभ्यास डालो। पढ़ते समय सारी दुनियाको एक ओर रख दो और पुस्तको-में, लेखककी विचारधारामें डूब जाओ। यही तुम्हारी समाधि है, यही तुम्हारी उपासना है और यही तुम्हारी पूजा है। कठिन परिश्रम करना सीखो। खूब गड़कर, जमकर मेहनत करो और अपने उच्च और पवित्र आदर्शको कभी मत भूलो। शास्त्र और शस्त्र, बुद्धिबल और बाहुबल, दोनोंका उपार्जन करो। सादा जीवन और उच्च विचारका आदर्श न भूलो। स्त्री-जातिका सदा आदर करो। जो बड़ी है उन्हें माताके समान देखो। जो बराबरकी हैं, उन्हें बहनके समान और जो छोटी हैं उन्हें पुत्रीके समान देखो। उनके प्रति कभी कोई रूखापन या अपराध न करो।'

महात्मा गाँधी

(पूरा नाम—श्रीमोहनदास कर्मचन्द गाँधी, जन्म—वि० सं० १९२५ आश्विन कृ० १२ (ई० सन् १८६९, २ अक्टूबर), जन्म-स्थान—पोरबंदर अथवा सुदामापुरी (काठियावाड़), पिताका नाम—श्रीकर्मचन्दजी गाँधी, माताका नाम पुतलीबाई, देहावसान—३० जनवरी १९४८)

ईश्वरके अस्तित्वकी अनुभूति



'''मैं धुँधले तौरपर जरूर यह अनुभव करता हूँ कि जब मेरे चारों ओर सब कुछ बदल रहा है, मर रहा है, तब भी इन सब परिवर्तनोंके नीचे एक जीवित शक्ति है जो कभी नही बदलती, जो सबको एकमें ग्रथित करके रखती है, जो नयी सृष्टि करती है, उसका संहार करती है और फिर नये सिरेसे पैदा करती है। यही शक्ति ईश्वर है, परमात्मा है। मैं मानता हूँ कि ईश्वर जीवन है, सत्य है, प्रकाश है। वह प्रेम है। वह परम मङ्गल है।'

जीवनमें ईश्वरका स्थान

'आजकल तो यह एक फैशन-सा बन गया है कि जीवनमें ईश्वरका कोई स्थान नहीं समझा जाता और सच्चे ईश्वरमें अडिग आस्था रखनेकी आवश्यकताके बिना ही सर्वोच्च जीवनतक पहुँचनेपर जोर दिया जाता है।..... पर मेरा अपना अनुभव तो मुझे इसी ज्ञानपर ले जाता है कि जिसके नियमानुसार सारे विश्वका संचालन होता है, उस शाश्वत नियममें अचल विश्वास रक्खे बिना पूर्णतम जीवन सम्भव नहीं है। इस विश्वाससे विहीन व्यक्ति तो समुद्रसे अलग आ पड़नेवाली उस बूँदके समान है जो नष्ट होकर ही रहती है।'

ईश्वर और उसकी साधना

'''यदि हमारे अंदर सच्ची श्रद्धा है, यदि हमारा हृदय वास्तवमें प्रार्थनाशील है तो हम ईश्वरको प्रलोभन नहीं देंगे, उसके साथ शर्तें नहीं करेंगे। हमें उसके आगे अपनेको शून्य-नगण्य-कर देना होगा।'''जबतक हम अपनेको शून्यतातक नहीं पहुँचा देते, तबतक हम अपने अंदरके दोषोंको नहीं हटा सकते। ईश्वर पूर्ण आत्म-समर्पणके बिना संतुष्ट नहीं होता। वास्तविक स्वतन्त्रताका इतना मूल्य वह अवश्य चाहता है। और जिस क्षण मनुष्य इस प्रकार अपनेको भुला देता है, उसी क्षण वह अपनेको प्राणिमात्रकी सेवामें लीन पाता है। वह उसके लिये आनन्द और श्रम-परिहारका विषय हो जाती है। तब वह एक बिल्कुल नया मनुष्य हो जाता है और ईश्वरकी सृष्टिकी सेवामे अपनेको खपाते हुए कभी नहीं थकता।'

रामनाम

'''''करोड़ोंके हृदयका अनुसंधान करने और उनमें ऐक्य भाव पैदा करनेके लिये एक साथ रामनामकी धुन-जैसा दूसरा कोई सुन्दर और सबल साधन नही है। कई नौजवान इसपर एतराज करते हैं कि मुँहसे रामनाम बोलनेसे क्या लाभ जब कि हृदयमें जबर्दस्ती रामनामकी धुन जाग्रत् नहीं की जा सकती। लेकिन जिस तरह गायनविद्या-विशारद जबतक सुर नहीं मिलते, बराबर तार कसता रहता है और ऐसा करते हुए जैसे उसे अकस्मात् योग्य स्वर मिल जाता है। उसी तरह हम भी भावपूर्ण हृदयसे रामनामका उच्चारण करते रहें तो किसी-न-किसी वक्त अकस्मात् ही हृदयके छुपे हुए तार एकतान हो जायँगे। यह अनुभव मेरे अकेलेका नही है; कई दूसरोंका भी है। मैं खुद इस बातका साक्षी हूँ कि कई एक नटखट लड़कोंका तूफानी स्वभाव निरन्तर रामनामके उच्चारणसे दूर हो गया और वे रामभक्त बन गये हैं। लेकिन इसकी एक शर्त है। मुँहसे रामनाम बोलते समय वाणीको हृदयका सहयोग मिलना चाहिये; क्योंकि भावनाशून्य शब्द ईश्वरके दरबारतक नही पहुँचते।'

'''''रामनामके प्रतापसे पत्थर तैरने लगे, रामनाम-के बलसे वानर-सेनाने रावणके छक्के छुड़ा दिये, रामनामके सहारे हनुमान्ने पर्वत उठा लिया और राक्षसोंके घर अनेक मास रहनेपर भी सीता अपने सतीत्वको बचा सकी। भरतने चौदह सालतक प्राण धारण कर रक्खा; क्योंकि उनके कण्ठसे रामनामके सिवा दूसरा कोई शब्द न निकलता था। इसलिये तुलसीदासने कहा कि कलिकालका मल धो डालनेके लिये रामनाम लो।'

'इस तरह प्राकृत और संस्कृत दोनों प्रकारके मनुष्य रामनाम लेकर पवित्र होते हैं। परंतु पावन होनेके लिये रामनाम हृदयसे लेना चाहिये, जीभ और हृदयको एक-रस करके रामनाम लेना चाहिये। मैं अपना अनुभव सुनाता हूँ। मैं संसारमें यदि व्यभिचारी होनेसे बचा हूँ तो रामनाम-की बदौलत। मैंने दावे तो बड़े-बड़े किये हैं, परंतु यदि मेरे पास रामनाम न होता तो तीन स्त्रियोंको मैं बहिन कहनेके लायक न रहा होता। जब-जब मुझपर विकट प्रसंग आये हैं, मैंने रामनाम लिया है और मैं बच गया हूँ। अनेक संकटोंसे रामनामने मेरी रक्षा की है।'

'मेरा विश्वास है कि रामनामके उच्चारणका विशेष महत्त्व है। अगर कोई जानता है कि ईश्वर सचमुच उसके हृदयमें बसता है, तो मैं मानता हूँ कि उसके लिये मुँहसे रामनाम जपना जरूरी नहीं है। लेकिन मैं ऐसे किसी आदमीको नहीं जानता। उल्टे, मेरा अपना अनुभव कहता है कि मुँहसे रामनाम जपनेमें कुछ अनोखापन है; क्यों या कैसे, यह जानना आवश्यक नहीं।'

'जिन्हें थोड़ा भी अनुभव है, वे दिलसे गायी जानेवाली रामधुनकी, यानी भगवान्‌का नाम जपनेकी शक्तिको जानते हैं। मैं लाखों सिपाहियोंके अपने बैण्डकी लयके साथ कदम उठाकर मार्च करनेसे पैदा होनेवाली ताकतको जानता हूँ। फौजी ताकतने दुनियामें जो बरबादी की है, उसे रास्ते चलनेवाला भी देख सकता है। हालाँकि यह कहा जाता है कि लड़ाई खतम हो गयी, फिर भी उसके बादके नतीजे लड़ाई-से भी ज्यादा बुरे साबित हुए हैं। यही फौजी ताकतके दिवालियापनका सबूत है।

मैं बिना किसी हिचकिचाहटके साथ कह सकता हूँ कि लाखों आदमियोंद्वारा सच्चे दिलसे एक ताल और लयके साथ गायी जानेवाली रामधुनकी ताकत फौजी ताकतके दिखावेसे बिल्कुल अलग और कई गुना बढ़ी-चढ़ी होती है। दिलसे भगवान्‌का नाम लेनेसे आजकी बरबादीकी जगह टिकाऊ शान्ति और आनन्द पैदा होगा।'

'जो रामनामका प्रचार करना चाहता है, उसे स्वयं अपने हृदयमें ही उसका प्रचार करके उसे शुद्ध कर लेना चाहिये और उसपर रामनामका साम्राज्य स्थापित करके उसका प्रचार करना चाहिये। फिर उसे संसार भी ग्रहण करेगा और लोग भी रामनामका जप करने लगेंगे। लेकिन हर किसी स्थानपर रामनामका जैसा-तैसा भी जप करना पाखण्ड-की वृद्धि करना है और नास्तिकताके प्रवाहका वेग बढ़ाना है।'

'रामनामके प्रभावका आधार इस बातपर है कि आपकी उसमें सजीव श्रद्धा है या नहीं। अगर आप गुस्सा करते हैं, सिर्फ शरीर-हिफाजतके लिये नहीं, बल्कि मौज-शौकके लिये खाते और सोते हैं, तो समझिये कि आप रामनामका सच्चा अर्थ नहीं जानते। इस तरह जो रामनाम जपा जायगा, उसमें सिर्फ होठ हिलेंगे, दिलपर उसका कोई असर न होगा। रामनामका फल पानेके लिये आपको जपते समय उसमें लीन हो जाना चाहिये और उसका प्रभाव आपके जीवनके तमाम कामोंमें दिखायी पड़ना चाहिये।'

'जो आदमी रामनाम जपकर अपनी अन्तरात्माको पवित्र बना लेता है, वह बाहरी गंदगीको बरदाश्त नहीं कर सकता। अगर लाखों-करोड़ों लोग सच्चे हृदयसे रामनाम जपें तो न तो दंगे—जो सामाजिक रोग है—हों और न बीमारी हो। दुनियामें रामराज्य कायम हो जाय।'

'विषय जीतनेका सुवर्ण नियम 'रामनाम' के सिवा कोई नहीं है।'

× × ×

'रामनाम उन लोगोंके लिये नहीं है जो ईश्वरको हर तरहसे फुसलाना चाहते हैं और हमेशा अपनी रक्षाकी आशा उससे लगाये रहते हैं।'

'स्वप्नमें व्रतभंग हुआ तो उसका प्रायश्चित्त सामान्यतः अधिक सावधानी और जागृति आते ही रामनाम है।'

'विकारी विचारसे बचनेका एक अमोघ उपाय रामनाम है।'

'कोई भी व्याधि हो, अगर मनुष्य हृदयसे रामनाम ले तो व्याधि नष्ट होनी चाहिये। रामनाम यानी ईश्वर, खुदा, अल्लाह, गॉड।'

'रामनाम पोथीका बैंगन नहीं, वह तो अनुभवकी प्रसादी है। जिसने उसका अनुभव किया है, वही वह दवा दे सकता है, दूसरा नहीं।'

'प्राकृतिक चिकित्सामें मध्यबिन्दु तो रामनाम ही है न? रामनामसे आदमी सुरक्षित बनता है। शर्त यह है कि नाम भीतरसे निकलना चाहिये।'

'सत्य और अहिंसापर अमल करनेके लि

जितनी दवाइयाँ हैं, उनमेंसे सबसे अच्छी दवाई रामनाम है।'

'रामनामका जन्तर-मन्तरसे कोई वास्ता नहीं।'

'सच्चा डाक्टर तो राम ही है।'

'श्रद्धापूर्वक रामनामका उच्चारण करनेसे एकाग्रचित्त हो सकते हैं।'

'रामनामका चमत्कार सब लोगोंको प्रतीत नहीं होता; क्योंकि वह हृदयसे निकलना चाहिये, कण्ठसे तो तोता भी निकालता है।'

'भगवान् न मन्दिरमें है, न मस्जिदमें; न भीतर है, न बाहर; कहीं है तो दीनजनोंकी भूख और प्यासमें है। चलो, हम उनकी भूख और प्यास मिटानेके लिये नित्य कातें या ऐसी जात मेहनत उनके निमित्त रामनाम लेकर करें।'

'लेकिन अगर ईश्वरका नाम जपनेवाले लोग शराब पीते हैं, व्यभिचार करते हैं, बाजारोंमें सट्टा खेलते हैं, जूआ खेलते हैं और काला बाजार वगैरह करते हैं तो उनका रामधुन गाना बेकार है।'

'हमें तो ईश्वरका नाम भूलना ही नहीं चाहिये। हमारे हृदयमें जितनी बार धड़कन होती है उतनी बार तो, अर्थात् निरन्तर, हमें उसका चिन्तन जरूर करना चाहिये। इसमें स्वदेशी अवश्य सहायभूत है, परंतु दोनों बात एक नहीं है। स्वदेशी देहका धर्म है, ईश्वर-स्तवन आत्माका गुण है।

'''विषय जीतनेका सुवर्ण नियम रामनाम अथवा दूसरे कई ऐसे मन्त्र हैं। द्वादश मन्त्र भी यही काम देता है। अपनी-अपनी भावनाके अनुसार मन्त्रका जप करना चाहिये। मुझे लड़कपनसे रामनाम सिखाया गया था। मुझे उसका सहारा बराबर मिलता रहता है, इससे मैंने उसे सुझाया है। जो मन्त्र हम जपें, उसमें हमें तल्लीन हो जाना चाहिये। मन्त्र जपते समय दूसरे विचार आवें तो परवा नहीं। फिर भी श्रद्धा रखकर मन्त्रका जप यदि करते रहेंगे तो अन्तको अवश्य सफलता प्राप्त करेंगे। मुझे इसमें रत्ती भर शक नहीं है। यह मन्त्र उसकी जीवन-डोर होगी और उसे तमाम संकटोंसे बचायेगी। ऐसे पवित्र मन्त्रोंका उपयोग किसीको आर्थिक लाभके लिये हरगिज नहीं करना चाहिये। इस मन्त्रका चमत्कार है हमारी नीतिको सुरक्षित रखनेमें और यह अनुभव प्रत्येक साधकको थोड़े ही समयमें मिल जायगा। हाँ, इतना याद रखना चाहिये कि तोतेकी तरह इस मन्त्रको न पढ़े। उसमें अपनी आत्मा लगा देनी चाहिये। तोते यन्त्रकी तरह ऐसे मन्त्र पढ़ते हैं। हमें ज्ञानपूर्वक पढ़ना चाहिये·····अवाञ्छनीय विचारोंको निवारण करनेकी भावना रखकर और वैसा करनेका मन्त्रकी शक्तिमें विश्वास रखकर।'

'जब तुम्हारे विकार तुमपर हावी होना चाहें, तब तुम घुटनोंके बल झुककर भगवान्से मददकी प्रार्थना करो।'

'रामनाम अचूक रूपसे मेरी मदद करता है।'

'रामकी मदद लेकर हमें विकारोंके रावणका वध करना है और यह सम्भवनीय है। जो रामपर भरोसा रख सको तो तुम श्रद्धा रखकर निश्चिन्तताके साथ रहना। सबसे बड़ी बात यह है कि आत्मविश्वास कभी मत खोना। खानेका खूब नाप रखना, ज्यादा और ज्यादा तरहका भोजन न करना।'

'अभ्याससे ही चित्त एकाग्र होता है। शुभ और इष्ट विषयमें लीन होनेसे एकाग्र बननेका अभ्यास हो सकता है; जैसे—कोई रोगीकी सेवा करनेमें, कोई चरखा चलानेमें और कोई खादीका प्रचार करनेमें। श्रद्धापूर्वक रामनामका उच्चारण करनेसे एकाग्र हो सकते हैं।'

'राम-जपके द्वारा पापहरण इस प्रकार होता है। शुद्ध भावसे नाम जपनेवालोंमें श्रद्धा होती ही है—नाम-जपके द्वारा पापहरण होगा ही। इस निश्चयसे वह आरम्भ करता है। पापहरण अर्थात् आत्मशुद्धि। श्रद्धाके साथ नाम जपनेवाला थक ही नहीं सकता अर्थात् जो जीभसे बोला जाता है, वह अन्तमें हृदयमें उतरता है और उससे आत्माकी शुद्धि होती है। यह अनुभव निरपवाद है। मानस-शास्त्रियोंका भी यही विचार है कि मनुष्य जैसा विचार करता है, वैसा बनता है। रामनाम इस नियमका ही अनुसरण करता है। नाम-जपपर मेरी श्रद्धा अटूट है। नाम-जपकी जिसने खोज की, वह अनुभवी था और उसकी यह खोज अत्यन्त महत्त्वकी है। यह मेरा दृढ़ विश्वास है। निरक्षरकी भी शुद्धिका द्वार खुला रहना चाहिये, यह नामजपसे होता है। (देखो गीता ९। २२, १०। १७) माला इत्यादि एकाग्र होनेके साधन हैं।'

'रोना-हँसना दिलमेंसे निकलता है। मनुष्य दुःख मानकर रोता है। उसी दुःखको सुख मानकर हँसता है।

इसीलिये राम-नामका सहारा चाहिये। सब उनको अर्पण करना तो आनन्द-ही-आनन्द है।'

'आश्चर्य है, वैद्य मरते हैं, डाक्टर मरते हैं, उनके पीछे हम भटकते हैं। लेकिन राम जो मरता नहीं है, हमेशा जिंदा रहता है और अचूक वैद्य है, उसे हम भूल जाते हैं।'

'इसी तरह बूढ़े, बच्चे, जवान, धनी, गरीब सबको मरते हुए पाते हैं तो भी संतोषसे बैठना नहीं चाहते हैं, लेकिन थोड़े दिनके जीनेके लिये रामको छोड़ सब प्रयत्न करते हैं।'

'कैसा अच्छा हो कि इतना समझकर हम राम-भरोसे रहकर जो व्याधि आवे, बरदाश्त करें और अपना जीवन आनन्दमय बनाकर व्यतीत करें।'

'नामकी महिमा सिर्फ तुलसीदासने ही गायी है, ऐसा नहीं है। बाइबिलमें भी मैं वही पाता हूँ। दसवें रोमनके १३ कलममें कहते हैं जो कोई ईश्वरका नाम लेंगे वे मुक्त हो जायेंगे।'

("For whosoever shall call upon the name of the Lord shall be saved." *The New Testament Romans* 10: 13)

'मनुष्य जानता है कि जब मरनेके नजदीक पहुँचता है सिवा ईश्वरके कोई सहारा नहीं है, तो भी रामनाम लेते हिचकिचाहट होती है। ऐसा क्यों?'

प्रार्थना

'.....प्रार्थना करना याचना करना नहीं है, वह तो आत्माकी पुकार है।'

'हम जब अपनी असमर्थता खूब समझ लेते हैं और सब कुछ छोड़कर ईश्वरपर भरोसा करते हैं तब उसी भावनाका फल प्रार्थना है।'

'एक मनुष्यको हम पत्र लिखते हैं। उसका भला-बुरा उत्तर मिलता भी है और नहीं भी मिलता। वह पत्र आखिर कागजका टुकड़ा ही है। ईश्वरको पत्र लिखनेमें न कागज चाहिये, न कलम-दावात ही और न शब्द ही। ईश्वरको जो पत्र लिखा जाता है उसका उत्तर न मिले, यह सम्भव ही नहीं। उस पत्रका नाम पत्र नहीं, प्रार्थना है, पूजा है। मन्दिरमें जाकर ऐसे करोड़ों लोग प्रतिदिन लिखते हैं और उन्हें श्रद्धा है कि उनके पत्रका उत्तर भगवान्‌ने दे ही दिया है। यह निरपवाद सिद्धान्त है—भक्त भले ही उसका कोई बाह्य प्रमाण न दे सके। उसकी श्रद्धा ही उसका प्रमाण है। उत्तर प्रार्थनामें ही सदा रहा है, भगवान्‌की ऐसी प्रतिज्ञा है।'

'...प्रार्थना या भजन जीभमें नहीं हृदयसे होता है। इसीसे गूँगे, तुतले, मूढ भी प्रार्थना कर सकते हैं। जीभपर अमृत हो और हृदयमें हलाहल तो जीभका अमृत किस कामका? कागजके गुलाबसे सुगन्ध कैसे निकल सकती है?'

'.....स्तुति, उपासना, प्रार्थना अन्ध-विश्वास नहीं, बल्कि उतनी अथवा उससे भी अधिक सच बातें हैं, जितना कि हम खाते हैं, पीते हैं, चलते हैं, बैठते हैं ये सच हैं। बल्कि यों भी कहनेमें अत्युक्ति नहीं कि यही एकमात्र सच है; दूसरी सब बातें झूठ हैं, मिथ्या हैं।

'ऐसी उपासना, ऐसी प्रार्थना वाणीका वैभव नहीं है। उसका मूल कण्ठ नहीं, बल्कि हृदय है। अतएव यदि हम हृदयको निर्मल बना लें, उसके तारोंका सुर मिला लें तो उसमेंसे जो सुर निकलता है, वह गगनगामी हो जाता है। उसके लिये जीभकी आवश्यकता नहीं। यह तो स्वभावतः ही अद्‌भुत वस्तु है। विकाररूपी मलकी शुद्धिके लिये हार्दिक उपासना एक जीवन-जड़ी है।'

साधु-जीवन

'...साधु-जीवनसे ही आत्म-शान्तिकी प्राप्ति सम्भव है। यही इहलोक और परलोक, दोनोंका साधन है। साधु-जीवनका अर्थ है सत्य और अहिंसामय जीवन, सम्पूर्ण जीवन। भोग कभी धर्म नहीं बन सकता, धर्मकी जड़ तो त्यागमें ही है।'

× × ×

भक्ति

'भक्ति-धारा लेखनीसे नहीं बह सकती। वह बुद्धिका विषय नहीं है। वह तो हृदयकी गुफामेंसे ही निकल सकती है; और जब वहाँसे फूट निकलेगी, तब उसके प्रवाहको कोई भी शक्ति नहीं रोक सकेगी। गङ्गाके प्रबल प्रवाहको कौन रोक सकता है?'

पूजा-मानकी भूख भक्ति नहीं।

'जो भक्त स्तुति या पूजाका भूखा है, जो मान न

मिलनेसे चिढ जाता है, वह भक्त नही है। भक्तकी सच्ची सेवा आप भक्त बननेमें है।'

× × ×

सत्य

'सत्य' शब्द 'सत्'से बना है। सत्का अर्थ है अस्ति—सत्य अर्थात् अस्तित्व। सत्यके बिना दूसरी किसी चीजकी हस्ती ही नहीं है। परमेश्वरका सच्चा नाम ही 'सत्' अर्थात् 'सत्य' है।'

'इस सत्यकी आराधनाके लिये ही हमारा अस्तित्व, इसीके लिये हमारी प्रत्येक प्रवृत्ति और इसीके लिये हमारा प्रत्येक श्वासोच्छ्वास होना चाहिये। ऐसा करना सीख जानेपर दूसरे सब नियम सहजमे हमारे हाथ लग जा सकते हैं। उनका पालन भी सरल हो जा सकता है। सत्यके बिना किसी भी नियमका शुद्ध पालन अशक्य है।

'सत्यकी आराधना भक्ति है और भक्ति 'सिर हथेली-पर लेकर चलनेका सौदा' है, अथवा वह 'हरिका मार्ग' है जिसमें कायरताकी गुजाइश नहीं है, जिसमे हार नामकी कोई चीज है ही नहीं। वह तो 'मरकर जीनेका मन्त्र' है।

'''सत्य एक विशाल वृक्ष है। उसकी ज्यो-ज्यो सेवा की जाती है, त्यो-त्यों उसमे अनेक फल आते हुए दिखायी देते हैं। उनका अन्त ही नही होता। ज्यों-ज्यों हम गहरे पैठते हैं, त्यों-त्यो उनमेसे रत्न निकलते हैं, सेवाके अवसर हाथ आते रहते हैं।'

शुद्ध सत्यकी शोध

'''' राग-द्वेषादिसे भरा हुआ मनुष्य सरल हो सकता है; वह वाचिक सत्य भले ही पाल ले, पर उसे शुद्ध सत्यकी प्राप्ति नहीं हो सकती। शुद्ध सत्यकी शोध करनेके मानी हैं राग-द्वेषादि द्वन्द्वसे सर्वथा मुक्ति प्राप्त कर लेना।'

अहिंसा

'अहिंसा मानो पूर्ण निर्दोषता ही है। पूर्ण अहिंसाका अर्थ है प्राणिमात्रके प्रति दुर्भावका पूर्ण अभाव।'

'(अहिंसामे) किसीको न मारना इतना तो है ही, कुविचारमात्र हिंसा है। उतावल (जल्दबाजी) हिंसा है। मिथ्या-भाषण हिंसा है। द्वेष हिंसा है। किसीका बुरा चाहना हिंसा है। जगत्के लिये जो आवश्यक वस्तु है, उसपर कब्जा रखना भी हिंसा है।'

'''''अहिंसा बिना सत्यकी खोज असम्भव है। अहिंसा और सत्य ऐसे ओतप्रोत हैं, जैसे सिक्केके दोनो रुख या चिकनी चकतीके दो पहलू। उसमे किसको उलटा कहे, किसे सीधा? तथापि अहिंसाको साधन और सत्यको साध्य मानना चाहिये।'

सत्यके दर्शन बिना अहिंसाके हो ही नहीं सकते। इसीलिये कहा है कि 'अहिंसा परमो धर्मः'।

'''''अहिंसा कोई ऐसा गुण तो है नहीं जो गढा जा सकता है। यह तो एक अंदरसे बढ़नेवाली चीज है, जिसका आधार आत्यन्तिक व्यक्तिगत प्रयत्न है।'

× × ×

'''''ससार आज इसलिये खड़ा है कि यहाँपर घृणासे प्रेमकी मात्रा अधिक है, असत्यसे सत्य अधिक है। धोके-बाजी और जोर-जब्र तो बीमारियाँ हैं; सत्य और अहिंसा स्वास्थ्य हैं। यह बात कि ससार अभीतक नष्ट नही हो गया है, इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है कि संसारमे रोगसे अधिक स्वास्थ्य है।'

× × ×

'अगर मनुष्य और पशुके बीच कोई मौलिक और सबसे महान् अन्तर है तो वह यही है कि मनुष्य दिनों-दिन इस धर्मका अधिकाधिक साक्षात्कार कर सकता है और अपने व्यक्तिगत जीवनमें उसपर अमल भी कर सकता है। ससारके प्राचीन और अर्वाचीन सब सत पुरुष अपनी-अपनी शक्ति और पात्रताके अनुसार इस परम जीवन-धर्मके ज्वलन्त उदाहरण थे। निस्सदेह यह सच है कि हमारे अदर छिपा हुआ पशु कई बार सहज विजय प्राप्त कर लेता है पर इससे यह सिद्ध नहीं होता कि यह धर्म मिथ्या है। इससे तो केवल यह सिद्ध होता है कि यह आचरणमें कठिन है।'

× × ×

'जब मनुष्य अपनेमें निर्दोष होता है तो कुछ देवता नही बन जाता। तब वह सिर्फ सच्चा आदमी बनता है। अपनी वर्तमान स्थितिमें हम आंशिक रूपसे मनुष्य और आंशिक रूपसे पशु हैं और अपने अज्ञान, बल्कि मद या उद्दण्डतामें कहते हैं कि हम घूँसेका जवाब घूँसेसे देते हैं और इस कार्यके लिये क्रोधकी उपयुक्त मात्रा अपने अंदर

पैदा करते हैं तो अपनी योनिके तात्पर्यकी उचित ढंगपर पूर्ति करते हैं। हम यह मान लेते हैं कि प्रतिहिंसा या बदला हमारे जीवनका नियम है, जब कि प्रत्येक शास्त्रमें हम देखते हैं कि प्रतिहिंसा कहीं अनिवार्य नहीं, बल्कि क्षम्य मानी गयी है। संयम——नियन्त्रण——अल्पत्ता अनिवार्य है।'''''संयम हमारे अस्तित्वका मूल मन्त्र है। सर्वोच्च पूर्णताकी प्राप्ति सर्वोच्च संयमके बिना सम्भव नहीं। इस प्रकार कष्ट-सहन मानव-जातिका बैज (पहिचानका लक्षण) है।'

× × ×

'''''अहिंसा और कायरता परस्पर-विरोधी शब्द हैं। अहिंसा सर्वश्रेष्ठ सद्गुण है; कायरता बुरी-से-बुरी बुराई है। अहिंसाका मूल प्रेममें है; कायरताका घृणामें। अहिंसक सदा कष्ट-सहिष्णु होता है, कायर सदा पीड़ा पहुँचाता है। सम्पूर्ण अहिंसा उच्चतम वीरता है'''''।'

ब्रह्मचर्य

'ब्रह्मचर्यके मूल अर्थको सब याद रक्खें। ब्रह्मचर्य अर्थात् ब्रह्मकी——सत्यकी शोधमें चर्या अर्थात् तत्सम्बन्धी आचार। इस मूल अर्थमें सर्वेन्द्रिय-संयमरूपी विशेष अर्थ निकलता है।'

'''''ब्रह्मचर्यका अर्थ है मन, वचन और कायासे समस्त इन्द्रियोंका संयम।'''''जबतक अपने विचारोंपर इतना कब्जा न हो जाय कि अपनी इच्छाके बिना एक भी विचार न आने पाये, तबतक वह सम्पूर्ण ब्रह्मचर्य नहीं।'

'''''इस ब्रह्मचर्यका पालन बहुत कठिन, करीब-करीब असम्भव माना गया है। इसके कारणकी खोज करनेसे मालूम होता है कि ब्रह्मचर्यको संकुचित अर्थमें लिया गया है। जननेन्द्रिय-विकारके निरोधभरको ही ब्रह्मचर्यका पालन मान लिया गया है। मेरे ख्यालमें यह व्याख्या अधूरी और गलत है। विषयमात्रका निरोध ही ब्रह्मचर्य है। निःसंदेह जो अन्य इन्द्रियोंको जहाँ-तहाँ भटकने देकर एक ही इन्द्रिय-को रोकनेका प्रयत्न करता है, वह निष्फल प्रयत्न करता है। कानसे विकारी बातें सुनना, आँखसे विकार उत्पन्न करनेवाली वस्तु देखना, जीभसे विकारोत्तेजक वस्तुका स्वाद लेना, हाथ-से विकारोंको उभारनेवाली चीजको छूना और फिर भी जननेन्द्रियको रोकनेका इरादा रखना तो आगमें हाथ डालकर जलनेसे बचनेके प्रयत्नके समान है। इसलिये जननेन्द्रियको रोकनेका निश्चय करनेवालेके लिये इन्द्रियमात्रका, उनके विकारोंसे रोकनेका निश्चय होना ही चाहिये।'' मेरा तो यह निश्चित मत और अनुभव है कि यदि हम सब इन्द्रियोंको एक साथ वशमें करनेका अभ्यास डालें तो जननेन्द्रियको वशमें रखनेका प्रयत्न तुरत सफल हो सकता है।'

'मुझे यह बात कहनी ही होगी कि ब्रह्मचर्य-व्रतका तब तक पालन नहीं हो सकता, जबतक कि ईश्वरमें, जो जीता-जागता सत्य है, अटूट विश्वास न हो।'

अस्वाद

'ब्रह्मचर्यके साथ यह व्रत बहुत निकट सम्बन्ध रखनेवाला है। मेरे अनुभवके अनुसार इस व्रतका पालन करनेमें समर्थ होनेपर ब्रह्मचर्य अर्थात् जननेन्द्रिय-संयम बिल्कुल सहज हो जाता है।'

'अस्वादका अर्थ होता है स्वाद न लेना। स्वाद मानी रस। जैसे दवाके खानेमें हम इसका विचार न रखते हुए कि वह स्वादिष्ट है या कैसी, शरीरको उसकी आवश्यकता समझकर उचित परिमाणमें ही सेवन करते हैं, वही बात अन्न-के विषयमें समझनी चाहिये। '''''किसी भी वस्तुको स्वाद लेनेके लिये चखना व्रतका भंग है। स्वादिष्ट लगनेवाली वस्तु-का अधिक परिमाणमें लेना तो अनायास व्रतका भंग हो गया।'

'अस्वाद-व्रतका महत्त्व समझ लेनेपर हमें उसके पालनके लिये नया प्रयत्न करना चाहिये; इसके लिये चौबीसों घंटे खानेके बारेमें ही सोचते रहनेकी जरूरत नहीं। सिर्फ सावधानी-की, जागृतिकी पूरी आवश्यकता रहती है। ऐसा करनेसे थोड़े ही समयमें हमें मालूम हो जायगा कि हम कब स्वादके फेरमें पड़ते हैं और कब शरीर पोषणके लिये खाते हैं। वह मालूम हो जानेपर हमें दृढ़तापूर्वक स्वादोंको हटाते ही जाना चाहिये।'

अस्तेय

'——अस्तेयका अर्थ है चोरी न करना।'''''दूसरेकी चीजको उसकी आज्ञाके बिना लेना तो चोरी है ही, पर मनुष्य अपनी मानी जानेवाली चीजकी भी चोरी करता है, जैसे——एक बाप अपने बच्चोंको जनाये बिना, उनसे छिपाने की नीयत रखकर गुपचुप कोई चीज खा ले।'

'पर अस्तेय इससे बहुत आगे जाता है। एक चीजकी जरूरत न होते हुए, जिसके अधिकारमे वह है, उससे चाहे उसकी आज्ञा लेकर ही ले, तो वह भी चोरी है। अनावश्यक कोई भी वस्तु न लेनी चाहिये।'

'इससे सूक्ष्म और आत्माको नीचे गिराने या रखनेवाली चोरी मानसिक है। मनसे हमारा किसी चीज पानेकी इच्छा करना या उसपर जूठी नजर डालना चोरी है।'

'वस्तुकी भाँति ही विचारोंकी चोरी भी—चोरी होती है। अमुक उत्तम विचार हमे नही सूझा, पर अहंकारपूर्वक यह कहना कि हमे ही वह पहले सूझा, विचारकी चोरी है।'

अपरिग्रह

'—अपरिग्रहको अस्तेयसे सम्बन्धित समझना चाहिये। वास्तवमे चुराया हुआ न होनेपर भी अनावश्यक संग्रह चोरी-का-सा माल हो जाता है। परिग्रहका अर्थ है संचय या इकट्ठा करना। सत्यशोधक, अहिंसक परिग्रह नही कर सकता।'

'·····नित्य अपने परिग्रहकी जाँच करते रहें और जहाँतक बने उसे घटाते रहें। सच्चे सुधारका, सच्ची सभ्यताका लक्षण परिग्रह बढ़ाना नहीं है, बल्कि विचार और इच्छापूर्वक उसको घटाना है।' परिग्रह घटाते जानेसे सच्चा सुख और सच्चा संतोष बढ़ता जाता है, सेवा-शक्ति बढ़ती है।

'·····वस्तुओंकी भाँति विचारका भी अपरिग्रह होना चाहिये। अपने दिमागमे निरर्थक ज्ञान भर लेनेवाला मनुष्य परिग्रही है। जो विचार हमे ईश्वरसे विमुख रखते हो अथवा ईश्वरके प्रति न ले जाते हो वे सब परिग्रहके अदर आते हैं और इसलिये त्याज्य हैं।'

अभय

'—अभयके मानी हैं बाहरी भयमात्रसे मुक्ति—मौतका भय, धन-दौलत लुट जानेका भय, कुटुम्ब-परिवारविषयक भय, रोगभय, शस्त्र-प्रहारका भय, प्रतिष्ठाका भय, किसीके बुरा माननेका भय। भयकी यह पीढ़ी चाहे जितनी लंबी बढ़ायी जा सकती है।'

'·····भयमात्र देहके कारण हैं। देह-विषयक राग दूर हो जानेसे अभय सहजमें प्राप्त हो जा सकता है। इस दृष्टिसे मालूम होता है कि भयमात्र हमारी कल्पनाकी उपज है। धनसे, परिवारसे, शरीरसे 'अपनापन' हटा दें तो फिर भय कहाँ! 'तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः' यह रामबाण वचन है। कुटम्ब, धन, देह ज्यों-के-त्यों रहें, कोई आपत्ति नहीं, इनके बारेमें अपनी कल्पना बदल देनी है। यह 'हमारे' नहीं, यह 'मेरे' नहीं हैं; यह ईश्वरके हैं, 'मैं' उसीका हूँ; 'मेरी' कहलानेवाली इस संसारमें कोई भी वस्तु नही है, फिर मुझे भय किसके लिये हो सकता है? इसलिये उपनिषत्कारने कहा है कि 'उसका त्याग करके उसे भोग' अर्थात् हम उसके रक्षक बनें। वह उसकी रक्षा करनेभरकी ताकत और सामग्री दे देगा। इस प्रकार स्वामी न रहकर हम सेवक हो जायँ, शून्यवत् होकर रहें तो सहजमें भयमात्रको जीत लें, सहजमे शान्ति पा जायँ, सत्यनारायणके दर्शन प्राप्त कर लें।'

प्रेम

'·····प्रेम-तत्त्व ही संसारपर शासन करता है। मृत्यु-से घिरे रहते हुए भी जीवन अटल रहता है। विनाशके निरन्तर जारी रहते हुए भी यह विश्व बराबर चलता ही रहता है। असत्यपर सत्य सदा जय पाता है। प्रेम घृणाको जीत लेता है। ईश्वर शैतानपर सदैव विजय पाता है।'

× × ×

'·····जहाँ शुद्ध प्रेम होता है वहाँ अधीरताको स्थान ही नही होता। शुद्ध प्रेम देहका नहीं, आत्माका ही सम्भव है। देहका प्रेम विषय ही है।·····आत्म-प्रेमको कोई बन्धन बाधारूप नही होता है परंतु उस प्रेममे तपश्चर्या होती है और धैर्य तो इतना होता है कि मृत्युपर्यन्त वियोग रहे तो भी क्या हुआ?'

× × ×

'जगत्का नियमन प्रेम-धर्म करता है। मृत्युके होते हुए भी जीवन मौजूद ही है। प्रतिक्षण विध्वंस चल रहा है, परंतु फिर भी विश्व तो विद्यमान ही है। सत्य असत्य-पर विजय प्राप्त करता है, प्रेम द्वेषको परास्त करता है और ईश्वर निरन्तर शैतानके दाँत खट्टे करता है।'

× × ×

संतोष

'देखनेमे आता है कि जिंदगीकी जरूरतोंको बढ़ानेसे

मनुष्य आचार-विचारमें पीछे रह जाता है। इतिहास यही बतलाता है। संतोषमे ही मनुष्यको सुख मिलता है। चाहिये जितना मिलनेपर भी जिस मनुष्यको असंतोष रहता है, उसे तो अपनी आदतोंका गुलाम ही समझना चाहिये। अपनी वृत्तिकी गुलामीसे बढ़कर कोई दूसरी गुलामी आजतक नही देखी। सब ज्ञानियोने और अनुभवी मानस-शास्त्रियोने, पुकार-पुकारकर कहा है कि मनुष्य स्वयं अपना शत्रु है और वह चाहे तो अपना मित्र भी बन सकता है। बन्धन और मुक्ति मनुष्यके अपने हाथमें है। जैसे यह बात एकके लिये सच्ची है, वैसे ही अनेकके लिये भी सच्ची है। यह युक्ति केवल सादे और शुद्ध जीवनसे ही मिल सकती है।'

× × ×

संयम

'संयमहीन स्त्री या पुरुषको तो गया-बीता समझिये। इन्द्रियोंको निरङ्कुश छोड़ देनेवालेका जीवन कर्णधारहीन नावके समान है, जो निश्चय पहली चट्टानसे ही टकराकर चूर-चूर हो जायगी।'

× × ×

असत्य और व्यभिचार

'.....मैं तो असत्यको सब पापोंकी जड़ मानता हूँ। और जिस संस्थामें झूठको बर्दाश्त किया जाता है, वह संस्था कभी समाजकी सेवा नहीं कर सकती; न उसकी हस्ती ही ज्यादा दिनोतक रह सकती है।.....व्यभिचारी तीन दोष करता है। झूठका दोष तो करता ही है; क्योंकि अपने पापको छिपाता है। व्यभिचारको दोष मानता ही है और व्यक्तिका भी पतन करता है।'

'.....थोड़ा-सा झूठ भी मनुष्यका नाश करता है, जैसे दूधको एक बूँद जहर भी।'

× × ×

क्रोध

'.....क्रोधके लक्षण शराब और अफीम दोनोंसे मिलते हैं। शराबीकी भाँति क्रोधी मनुष्य भी पहले आवेशवश लाल-पीला होता है। फिर आवेशके मन्द होनेपर भी क्रोध न घटा तो वह अफीमका काम करता है और वह मनुष्यकी बुद्धिको मन्द बना देता है। अफीमकी तरह वह दिमागको कुरेद डालता है। क्रोधके लक्षण क्रमशः सम्मोह, स्मृतिभ्रंश और बुद्धिनाश माने गये हैं।'

हिंदूधर्म

'...हिंदू वह है जो ईश्वरमे विश्वास करता है। आत्माकी अनश्वरता, पुनर्जन्म, कर्म-सिद्धान्त और मोक्षमें विश्वास करता है और अपने दैनिक जीवनमें सत्य और अहिंसाका अभ्यास करनेका प्रयत्न करता है और इसलिये अत्यन्त व्यापक अर्थमे गोरक्षा करता है और वर्णाश्रम-धर्मको समझता है और उसपर चलनेका प्रयत्न करता है।

× × ×

'...वर्णाश्रम-धर्म संसारको हिंदूधर्मकी अपूर्व भेंट है। हिंदूधर्मने हमें भयसे बचा लिया है। अगर हिंदूधर्म मेरे सहारेको नही आता तो मेरे लिये आत्महत्याके सिवा और कोई चारा नही होता। मै हिंदू इसलिये हूँ कि हिंदूधर्म ही वह चीज है जो संसारको रहने लायक बनाता है।'

× × ×

'हिंदूधर्मकी प्रतिष्ठा सत्य और अहिंसापर निर्भर है और इस कारण हिंदूधर्म किसी धर्मका विरोधी नही हो सकता है। हिंदूधर्मीकी नित्य प्रदक्षिणा यह होनी चाहिये कि जगत्के सर्वप्रतिष्ठित धर्मोंकी उन्नति हो और उसके द्वारा सारे संसारकी।'

× × ×

गीता और रामायण

'मेरे लिये तो गीता ही संसारके सब धर्मग्रन्थोंकी कुञ्जी हो गयी है। संसारके सब धर्मग्रन्थोमे गहरे-से-गहरे जो रहस्य भरे हुए हैं, उन सबको मेरे लिये वह खोलकर रख देती है।'

× × ×

'भगवद्गीता और तुलसीदासकी रामायणसे मुझे अत्यधिक शान्ति मिलती है। मै खुल्लमखुल्ला कबूल करता हूँ कि कुरान, बाइबिल तथा दुनियाके अन्यान्य धर्मोंके प्रति मेरा अति आदरभाव होते हुए भी मेरे हृदयपर उनका उतना असर नही होता, जितना कि श्रीकृष्णकी गीता और तुलसीदासकी रामायणका होता है।'

× × ×

'रामचरितमानसके लिये यह दावा अवश्य है कि उससे लाखों मनुष्योंको शान्ति मिली है; जो लोग ईश्वर-विमुख थे वे ईश्वरके सम्मुख गये हैं और आज भी जा रहे हैं।

मानसका प्रत्येक पृष्ठ भक्तिसे भरपूर है। मानस अनुभवजन्य ज्ञानका भण्डार है।'

प्रकीर्ण

जो मनुष्य अपनेपर काबू नहीं रख सकता है, वह दूसरोंपर कभी सच्चा काबू नहीं रख सकता।

× × ×

पानीका स्वभाव नीचे जानेका है, इसी तरह दुर्गुण नीचे ले जाता है, इसलिये सहल होना ही चाहिये। सद्गुण ऊँचे ले जाता है, इसलिये मुश्किल-सा लगता है।

संकटका सामना करनेके बदले उससे दूर भागना उस श्रद्धासे इन्कार करना है, जो मनुष्यकी मनुष्यपर, ईश्वरपर और अपने आपपर रहती है। अपनी श्रद्धाका ऐसा दिवाला निकालनेसे बेहतर तो यह है कि इन्सान डूबकर मर जाय।

× × ×

'जो दूसरोंकी सेवा करता है उसके हृदयमें ईश्वर अपने-आप अपनी गरजसे रहता है।'

'गरीबोंकी सेवा ही ईश्वरकी सेवा है।'

'हम ओंठोंसे असत्य कडुवे वचन न निकालें। कानोंसे किसीकी निन्दा या गंदी बातें न सुनें। आँखोंसे इन्द्रियोंको विचलित करनेवाला कुछ न देखें, जीभसे सच ही बोलें, ईश्वरका नाम जपें, कानोंसे भजन-कीर्तन सुनें, हमें आगे बढ़ावे ऐसा कुछ सुनें और आँखोंसे ईश्वरकी लीला देखें, संतजनोंके दर्शन करें। जो ऐसा करेगा, वही सत्यके दर्शन पायेगा।'

श्रीअरविन्द

(जन्म—१५ अगस्त सन् १८७२ ई०, कलकत्ता। देहावसान—५ दिसम्बर १९५० ई०)

साधनाका सामान्य क्रम



विषयासक्तिवाली निम्न प्रकृति और उससे अपने मार्गमें पड़नेवाली बाधाओं-का निस्तार साधनाका अभावपक्ष है। इन बाधाओंको देखना, समझना और हटाना अवश्य ही एक काम है, पर इसीको सब कुछ समझकर इसीमें सर्वात्मना सदा लगे रहना ठीक नहीं। साधनाका जो भावपक्ष है, अर्थात् परा शक्तिके अवतरणका अनुभव—वही मुख्य है। यदि कोई यही प्रतीक्षा करता रहे कि पहले निम्न प्रकृति सदाके लिये सर्वथा शुद्ध हो ले, तब परा प्रकृतिके आनेकी बाट जोही जाय, तो ऐसी प्रतीक्षा तो सदा करते ही रह जाना पड़ेगा। यह सच है कि निम्न प्रकृति जितनी ही शुद्ध होगी, उतना ही परा प्रकृतिका उतर आना आसान होगा। पर यह भी सच है, बल्कि उससे भी अधिक सच है कि परा प्रकृतिका उतरना जितना होगा, उतनी ही निम्न प्रकृति निर्मल होगी। पूर्ण शुद्धि या स्थिररूपसे पूर्ण अवतरण एकबारगी ही नहीं हो सकता, यह दीर्घकालमें निरन्तर धैर्यपूर्वक क्रमशः ही होनेका काम है। चित्तकी शुद्धि और भगवत्-शक्तिका अवतरण दोनोंका काम एक साथ चलता है और दिन-प्रति-दिन अधिकाधिक स्थिरता और दृढ़ताके साथ दोनों एक-दूसरेको आलिङ्गन करते हैं—साधनाका यही सामान्य क्रम है।

दिव्यीकरणका प्रथम सोपान

किसीका सद्भावका आत्यन्तिक अभिनिवेश चित्तमें होकर भी तबतक नहीं ठहरता, जबतक अपनी मानवी बोधशक्ति बदलकर दिव्य नहीं हो जाती—दिव्य भावको आत्मसात् करके यह क्रिया परदेके अंदर ऊपरी आवरणसे छिपकर भीतर हुआ करती है और ऊपरी आवरणकी बोध-शक्तिको केवल मूढ़ताकी-सी स्थितिका अनुभव होता है और ऐसा भी प्रतीत होता है कि जो कुछ दिव्य भाव-सा पहले मिला था वह भी चला गया, पर जब जीव जागता है, उसकी बोधशक्ति जाग उठती है, तब वह देख सकता है कि किस प्रकार भीतर-ही-भीतर आत्मसात् करनेकी क्रिया हो रही है और कोई भी दिव्य भाव पाया हुआ नष्ट नहीं हुआ है, बल्कि जो दिव्य भाव उतर आया था, वह अब स्थिर होकर बैठा है।

विशालता और अपार शान्ति और मौनका साधकको जो अनुभव होता है वह आत्मा शान्त ब्रह्म है। कई योगोंका तो इसी आत्मा या शान्त ब्रह्मको पाकर उसमें रहना एकमात्र ध्येय होता है। परंतु हमारे योगमें तो भगवत्सत्ताकी अनुभूतिका तथा जीवके क्रमशः उस भगवच्चैतन्यको प्राप्त होनेका—जिसे हम दिव्यीकरण कहते हैं,—यह केवल प्रथम सोपान है।

जीवनका एकमात्र सत्य

जीवनसे हमें यह शिक्षा मिलती है कि इस संसारमें बराबर ही प्रत्येक चीज मनुष्यको निराशा प्रदान करती है । एकमात्र भगवान् ही उसे निराश नहीं करते, अगर वह पूर्णरूपसे उनकी ओर मुड़ जाय । तुम्हारे ऊपर जो चोटें पड़ रही हैं, उनका यह अर्थ नहीं है कि तुम्हारे अंदर कोई बुरी चीज है—चोटें तो सभी मनुष्योंपर पड़ती हैं; क्योंकि वे ऐसी चीजोंकी कामनाओंसे भरे होते हैं जो बराबर नहीं टिक सकतीं और वे उन्हें खो बैठते हैं, अथवा अगर वे उन्हें पाते भी हैं तो उन्हें उनसे निराशा ही प्राप्त होती है, वे चीजें उन्हें कभी संतुष्ट नहीं कर सकतीं । अतएव भगवान्‌की ओर मुड़ना ही जीवनका एकमात्र सत्य है ।

हमारा उद्देश्य

योगका उद्देश्य है भगवान्‌की सत्ता और चेतनामें प्रवेश करना और उनके द्वारा अधिकृत होना, एकमात्र भगवान्‌के लिये भगवान्‌से प्रेम करना, अपनी प्रकृतिके अंदर भगवान्‌की प्रकृतिके साथ समस्वर होना और अपने संकल्प, कर्म तथा जीवनमें भगवान्‌का यन्त्र बनना । इसका उद्देश्य कोई बड़ा योगी या अतिमानव होना (यद्यपि वह अवस्था आ सकती है) नहीं है अथवा अहंकारकी शक्ति, दंभ या सुखभोगके लिये भगवान्‌को हस्तगत करना नहीं है । यह योग मोक्षके लिये भी नहीं है, यद्यपि इससे मोक्ष प्राप्त होता है और अन्य सभी चीजें आ सकती हैं, परंतु ये सब चीजें हमारा उद्देश्य कभी नहीं होनी चाहिये । एकमात्र भगवान् ही हमारे उद्देश्य हैं ।

साधनाके अङ्ग

साधनाका अर्थ है—योगका अभ्यास करना ।

तपस्याका अर्थ है साधनाका फल पानेके लिये और निम्न प्रकृतिपर विजय प्राप्त करनेके लिये अपनी संकल्पशक्तिको एकाग्र करना ।

आराधनाका अर्थ है भगवान्‌की पूजा करना, भगवान्‌के साथ प्रेम करना, उन्हें आत्मसमर्पण करना, उन्हें पानेकी अभीप्सा करना, उनका नाम जपना, प्रार्थना करना ।

ध्यानका अर्थ है अपनी चेतनाको भीतरमें एकाग्र करना, समाधिके अंदर चले जाना ।

ध्यान, तपस्या और आराधना—ये सब साधनाके अङ्ग हैं ।

विश्वास रक्खो

भगवान्‌पर, भगवान्‌की कृपापर विश्वास रक्खो । साधनाके सत्यके ऊपर मन, प्राण और शरीरकी कठिनाइयोंपर आत्माकी अन्तिम विजयके ऊपर विश्वास रक्खो । साधनमार्ग और गुरुपर विश्वास रक्खो । उन बातोंकी अनुभूतिपर विश्वास रक्खो जो हेगेल या हक्सले या बर्ट्रण्ड रसेलकी फिलासफीमें नहीं लिखी हैं; क्योंकि अगर ये बातें सच्ची न होतीं तो फिर योगका कोई अर्थ ही नहीं रह जाता ।

भक्तिका साधन

अहैतुकी भक्तिके मार्गमें प्रत्येक चीजको साधन बनाया जा सकता है—उदाहरणार्थ कविता और संगीत केवल कविता और संगीत ही नहीं और भक्तिकी अभिव्यक्ति मात्र भी नहीं रह जाते, बल्कि वे स्वयं प्रेमकी और भक्तिकी अनुभूतिको ले जानेवाले साधन बन जाते हैं । ध्यान स्वयं मनको एकाग्र करनेका प्रयास ही नहीं रह जाता, बल्कि प्रेम, आराधना और पूजाकी एक धारा बन जाता है ।

भक्ति और ज्ञान

मनके द्वारा साधनाके विषयमें कुछ जानना आवश्यक नहीं है । अगर साधकके हृदयकी गम्भीर नीरवतामें भक्ति और अभीप्सा हो, अगर उसमें भगवान्‌के लिये सच्चा प्रेम हो तो उसकी प्रकृति स्वयं ही उद्घाटित होगी । उसे सच्ची अनुभूति प्राप्त होगी । श्रीमाँकी शक्ति उसके अंदर कार्य करेगी और आवश्यक ज्ञान उसमें आ जायगा ।

निर्भरता और प्रयास

साधकको भगवान्‌पर ही निर्भर करना चाहिये, पर साथ ही कुछ उपयोगी साधना भी करनी चाहिये । भगवान् साधनाके अनुपातमें फल नहीं देते बल्कि अन्तरात्माकी सचाई और इसकी अभीप्साके अनुपातमें देते हैं । (अन्तरात्माकी सचाईसे मेरा मतलब है भगवान्‌के लिये उसकी चाह और उच्चतर जीवनके लिये उसकी अभीप्सा ।) फिर इस प्रकार दुश्चिन्ता करनेसे भी कोई लाभ नहीं कि 'मैं ऐसा होऊँगा, मैं वैसा बनूँगा, मैं क्या बनूँगा ।' बल्कि यह कहो 'मैं जो कुछ चाहता हूँ वैसा बननेको मैं

तैयार नहीं हूँ, बल्कि जैसा भगवान् चाहते हैं वैसा मैं बनना चाहता हूँ।'— शेष सभी चीजें, बस, इसी आधारके ऊपर होनी चाहिये।

भगवत्कृपाविषयक सत्य

भगवत्कृपाके विषयमें कोई संशय नहीं हो सकता। यह भी पूर्णतः सत्य है कि यदि मनुष्य सच्चा है तो वह भगवान्‌तक पहुँचेगा, पर इसका यह अर्थ नहीं कि वह तत्काल सरलतासे बिना देरी पहुँच जायगा। तुम्हारी भूल इसमें है कि तुम भगवान्‌के लिये पाँच-छः वर्षका समय निर्धारित करते हो और संशय करते हो कि क्यों फल नहीं मिलता। मनुष्य केन्द्रीय तौरपर सच्चा हो सकता है फिर भी ऐसी अनेकों वस्तुएँ उसमें हो सकती हैं जिन्हे परिवर्तित करना जरूरी हो, इससे पूर्व कि अनुभूति प्रारम्भ हो सके। उसे अपनी सचाईसे सदा धीरज मिलना चाहिये; क्योंकि यह भगवान्‌के लिये अभीप्सा है जिसे कोई भी वस्तु, वह चाहे देरी हो या निराशा या बाधा या अन्य कुछ, नहीं बुझा सकती।

दो आवश्यक चीजें

जीवनमें सब प्रकारके भय, संकट और विनाशके प्रति सशस्त्र होकर चलनेके लिये दो ही जरूरी चीजें हैं और ये दोनो ऐसी हैं जो सदा एक साथ रहती हैं—एक भगवती माताकी कृपा और दूसरी तुम्हारी ओरसे ऐसी अन्तःस्थिति जो श्रद्धा, निष्ठा और समर्पणसे गठित हो।

आवश्यक निर्देश

एक बात प्रत्येक व्यक्तिको याद रखनी चाहिये कि प्रत्येक कार्य योग एवं साधनाकी दृष्टिसे तथा श्रीमाँकी चेतनाके अंदर प्राप्त दिव्य जीवनमें वर्धित होनेके उद्देश्यसे किया जाना चाहिये। अपने मन और उसकी धारणाओंपर आग्रह करना, अपने प्राणगत वेदनाओं और प्रतिक्रियाओंके द्वारा अपने-आपको परिचालित होने देना, यहाँ जीवनका नियम नहीं होना चाहिये। साधकको इन सबसे पीछे हटकर अन्तरमें स्थित होना चाहिये, अनासक्त हो जाना चाहिये और इनके स्थानपर ऊपरसे सच्चा ज्ञान और भीतरसे अन्तरात्माके सच्चे अनुभवोंको प्राप्त करना चाहिये। ऐसा तबतक नहीं किया जा सकता, जबतक कि मन और प्राण समर्पित नहीं हो जाते, जबतक कि वे अपने उस अज्ञानके प्रति जिसे वे सत्य, सुकृत और न्यायके नामसे पुकारते हैं, अपनी आसक्तिका परित्याग नहीं कर देते। सारी विपत्ति इसीसे उत्पन्न होती है, अगर इसको अतिक्रम कर लिया जाय तो वर्तमान समयकी विपत्ति और कठिनाईके स्थानपर भगवान्‌के साथ प्राप्त एकताके अंदर जीवन, कर्म और सामंजस्यका तथा सभी चीजोंका सच्चा आधार उत्तरोत्तर स्थापित हो जायगा।

उद्बोधन

हे भगवान्‌के सैनिक और वीर योद्धा! कहाँ है तेरे लिये शोक, लज्जा या दुःख-कष्ट? क्योंकि तेरा जीवन तो एक गौरवकी वस्तु है। तेरे कर्म हैं आत्मनिवेदन, विजय है तेरा देवत्व-लाभ, पराजय है तेरी सफलता।

युद्ध कर, जबतक तेरी भुजाएँ मुक्त हैं। अपनी भुजाओंसे, अपनी वाणीसे, अपने मस्तिष्कसे और सब प्रकारके अस्त्रोंसे युद्ध कर। क्या तू अपने शत्रुकी कालकोठरीमें जंजीरोंसे बँधा है और उसकी लगामोंने तुझे मौन कर दिया है? युद्ध कर अपने नीरव सर्व आक्रामक अन्तरात्मासे और सुदूर प्रसारित संकल्पशक्तिसे और जब तू मर जाय तब भी युद्ध कर उस विश्वव्यापिनी शक्तिसे जो तेरे अंदर विराजमान भगवान्‌से निःसृत हुई थी।

समुद्रकी तहमे कोई हलचल नहीं होती, पर ऊपरमें होता है उसका उल्लासपूर्ण वज्रनिर्घोष तथा तटोन्मुख तीव्र अभिधावन, बस, ऐसी ही अवस्था होती है प्रचण्ड कर्ममें निरत मुक्तात्माकी। आत्मा कर्म नहीं करता, वह तो केवल अपने अंदरसे दुर्धर्ष कर्मका प्रश्वास छोड़ता रहता है।

सभीमें भगवान्

भगवान् सत्, चित्, आनन्द हैं। जगत्‌के सब पदार्थोंमें अपनेको वितरण करते हैं और पुनः अपने सत्, चित् और आनन्दकी शक्तिद्वारा अपनेको समेट लेते हैं। यह जगत् भागवत-शक्तिके कर्मका ही जगत् है। यह शक्ति असंख्य प्रकारके जीवोंमें नाना रूपमें अपनेको परिणत करती है और प्रत्येक वस्तुके अंदर इसी शक्तिकी विशेष-विशेष शक्तियाँ रहती हैं। प्रत्येक वस्तु भगवान्‌का एक-एक रूप है, भगवान् जैसे सिंह बने हैं, वैसे ही हरिण भी बने हैं, देवता बने हैं और दानव भी बने हैं। आकाशमें जलते हुए अचेतन सूर्य बने हैं और जगत्‌के द्रष्टा सचेतन मनुष्य बने हैं। गुणोंके द्वारा जो

विकृतिकी सृष्टि बनती है वह केवल एक नीचेका खेल है, मूल भाव नहीं है। मूल वस्तु है भागवत-शक्तिके आत्मप्रकाश-की लीला। उच्च मनीषी पुरुष धीर, मनुष्योंके नेता, महान् गुरु, ऋषि, ज्ञानी, धर्मसंस्थापक, साधु, मानव-प्रेमी, उच्च कवि, महान् शिल्पी, असाधारण वैज्ञानिक, इन्द्रिय-विजयी, संन्यासी, जगज्जयी, शक्तिमान् मनुष्य आदि—सभीमें भगवान् ही अपनेको प्रकट कर रहे हैं। जो कुछ कार्य हो रहे हैं, महान् काव्य, सर्वाङ्गसुन्दर रूप-सृष्टि, गम्भीर प्रेम, महान् कर्म, दिव्य सिद्धि आदि सभी भगवान्के कर्म हैं। सभी आत्मप्रकाश-लीलामें भगवान् हैं।

इस सत्यको सभी प्राचीन शिक्षा-दीक्षाओंने स्वीकार किया है और इसपर श्रद्धा की है, आधुनिक मनुष्योंके मनकी एक दिशा इस सत्यसे विमुख हो रही है, वह उसमें केवल तेज और शक्तिकी ही पूजा देखती है, वह समझती है कि इस भावसे शक्तिमान्की पूजा करनेसे मनुष्यके आत्माको हीन बनाया जाता है, पर यह केवल आसुरी अभिमानका तत्त्व है!

इसमें कोई संदेह नहीं कि इस सत्यको लोग भूलसे दूसरे भावसे ग्रहण कर सकते हैं, परंतु इस सत्यकी वास्तविक उपयोगिता है। जगत्में भगवान्की जो लीला चल रही है, उसमें इस सत्यको स्वीकार किये बिना काम नहीं चलता। इस सत्यकी वास्तविक सार्थकता और उपयोगिता क्या है, यही बात गीताने दिखलायी है। सभी मनुष्योंमें, सभी जीवों-में भगवान् हैं, इस ज्ञानपर इस सत्यको प्रतिष्ठित करना पड़ेगा, जिससे यह उच्च-नीच और उज्ज्वल-मलिन आदि सभीमें समभाव रखनेका विरोधी न हो जाय। मूर्ख, नीच, दुर्बल, अधम, पतित आदि सभीके अंदर भगवान्को देखना पड़ेगा और सभीसे प्रेम करना होगा। विभूतिकी भी जो पूजा होगी सो उसके बाहरी व्यक्तित्वकी नहीं, परंतु उसके अंदर जो एक भगवान् प्रकाशित हैं, उनकी पूजा होगी।

विश्वकवि श्रीरवीन्द्रनाथ ठाकुर

(जन्म-स्थान कलकत्ता। जन्मतिथि ७ मई सन् १८६१। पिताका नाम—महर्षि देवेन्द्रनाथ ठाकुर। निधनतिथि—७ अगस्त सन् १९४१)

मस्तक मेरा नत कर दो हे अपने चरणधूलिके तलमें।
तुरत डुबा दो अहंकार सब मेरा प्रभु नयनोंके जलमें॥
निजको देकर गौरव-दान।
केवल करता निज-अपमान॥
केवल अपनेको ही घेरे घूम-घूम मरता दल-दलमें।
तुरत डुबा दो अहंकार सब मेरा प्रभु नयनोंके जलमें॥
जाँच रहा है परम शान्ति तव।
प्राण प्राणमें परम कान्ति तव॥
मुझे आड रख खडे रहो तुम मेरे हृदय कमलके दलमें।
तुरत डुबा दो अहंकार सब मेरा प्रभु नयनोंके जलमें॥

× × ×

आज हमें अच्छी तरह समझ-बूझकर निर्णय करना होगा कि जिस सत्यके द्वारा भारतवर्षने अपने-आपको निश्चित रूपसे प्राप्त किया था, वह सत्य क्या है? वह सत्य मुख्यतः वणिक्-वृत्ति नहीं, स्वराज्य नहीं, सार्वदेशिकता नहीं; वह सत्य है विश्व-जागतिकता। वह सत्य भारतवर्षके तपोवनमें साधित हुआ है, उपनिषद्में उच्चारित हुआ है, गीतामें व्याख्यात हुआ है। बुद्ध और महावीरने उस सत्यको संसारमें समग्र मानव-जातिके नित्य व्यवहारमें सफल बनानेके लिये तपस्या की है। और कालान्तरमें, नाना प्रकारकी दुर्गति और विकृतियोंमेंसे गुजरते हुए भी, कबीर, नानक आदि महा-पुरुषोंने उसी सत्यका प्रचार किया है। भारतवर्षका सत्य है ज्ञानमें अद्वैत तत्त्व, भावमें विश्व-मैत्री और कर्ममें योग-साधना। भारतवर्षके हृदयमें जो उदार तपस्या गम्भीर-भावसे संचित है, वही तपस्या आज हिंदू, मुसलमान, जैन, बौद्ध और अंग्रेजोंको अपनेमें मिलाकर एक कर लेनेके लिये प्रतीक्षा कर रही है, दासरूपमें नहीं, जड़रूपमें नहीं, बल्कि सात्त्विक भावसे, साधक-भावसे। जबतक ऐसा न होगा, तबतक हमें दुःख ही उठाना पड़ेगा, अपमान सहना पड़ेगा; तबतक नाना दिशाओंसे बारम्बार हमें व्यर्थ होना पड़ेगा, असफल होना पड़ेगा। हमारे भारतवर्षमें ब्रह्मचर्य, ब्रह्मज्ञान, सब जीवोंपर दया, सब प्राणियोंमें आत्मोपलब्धि और स्व-आत्माकी अनुभूति किसी भी युगमें केवल एक काव्य-कथा या मतवादके रूपमें नहीं थी, किंतु प्रत्येक जीवन-

में इसे सत्य बनानेके लिये अनुशासन था। उस अनुशासनको यदि हम न भूलें और अपनी सम्पूर्ण शिक्षा-दीक्षाको उस अनुशासनके अनुगत कर लें, तभी हमारी आत्मा विराट्में अपनी स्वाधीनता प्राप्त कर सकेगी और तब फिर कोई भी सामयिक बाह्य अवस्था हमारी उस स्वाधीनताको विलुप्त नहीं कर सकेगी।

× × ×

प्रबलतामें सम्पूर्णताका आदर्श नहीं है। समग्रके सामञ्जस्यको नष्ट करके प्रबलता अपनेको स्वतन्त्ररूपमें दिखलाती है, इसीलिये वह बड़ी मालूम होती है, परंतु असलमे वह छोटी है। भारतवर्षने उस प्रबलताको नहीं चाहा, उसने परिपूर्णताको ही चाहा था। वह परिपूर्णता निखिलके साथ योगमे है और वह योग अहंकारको दूर करता है विनम्र होकर। यह विनम्रता एक आध्यात्मिक शक्ति है, दुर्बल स्वभावके लोग इसे नहीं पा सकते। वायुका जो प्रवाह नित्य है, उसकी शक्ति शान्तताके द्वारा ही आँधीसे अधिक है। इसीलिये आँधी केवल संकीर्ण स्थानको ही कुछ समयके लिये क्षुब्ध कर सकती है और शान्त वायु-प्रवाह समस्त पृथ्वीको नित्यकालतक वेष्टित किये रहता है। यथार्थ नम्रता, जो सात्त्विकताके तेजसे उज्ज्वल है, जो त्याग और संयमकी कठोर शक्तिसे दृढ़ प्रतिष्ठित है, वही नम्रता ही समस्तके साथ बिना बाधाके मिलित होकर सत्य रूपमें समस्तको प्राप्त करती है। वह किसीको दूर नहीं करती, विच्छिन्न नहीं करती, बल्कि अपनेको त्याग करती है और सभीको अपना बनाती है। इसीलिये महात्मा ईसाने कहा है कि जो विनम्र है, वही जगत्-विजयी है, श्रेष्ठ धनका अधिकार एकमात्र उसीको है।

× × ×

जीवनमें यह जो मृत्युका दुःख-क्लेश हमें बराबर सहना पड़ता है, इसका कारण क्या है—यही न कि हम दो जगह रहते हैं। हम परमात्मामें भी हैं और संसारमें भी हैं। हमारे एक तरफ 'अनन्त' और दूसरी तरफ है 'सान्त'। 'अनन्त' का कोई अन्त नहीं और 'सान्त' का अन्त है। इसीलिये मनुष्य बराबर केवल यही सोचा करता है कि क्या करनेसे इन दोनों तरफोंको सत्य किया जा सकता है, कैसे अनन्त और सान्तको एक साँचेमें ढाला जा सकता है। हमारे इस संसारके पिता, जो इस पार्थिव जीवनका सूत्रपात कर गये हैं, केवल उन्हींको पिता मानकर हमारे अन्तःकरणको संतोष नहीं होता। कारण, हम जानते हैं कि दीखनेवाला यह शारीरिक जीवन समाप्त भी हो जायगा। इसीसे हम दूसरे एक पिताको पुकार रहे हैं, जो केवलमात्र इस पार्थिव जीवनके ही नहीं बल्कि नित्यजीवनके पिता हैं। उनके पासतक पहुँच जायँ तो हम मृत्युमें वास करते हुए भी अमृतलोकमें पहुँच सकते हैं, यह आश्वास, चाहे किसी भी प्रकारसे हो, हमें अपनी अन्तरात्मासे ही मिला है। इसीलिये राह चलते-चलते मनुष्य क्षण-क्षणमें ऊपरकी ओर ताका करता है। इसीलिये संसारके सुख और भोग-विलासोंमें रहते हुए भी उसकी आत्मामें एक तरहकी वेदना जाग उठती है और तब वह अपनी इच्छासे ही परम दुःखको अपनाने और ढोनेको तैयार हो जाता है। क्यों? क्योंकि वह समझता है कि मनुष्यके अंदर कितना बड़ा सत्य है, कितनी बड़ी चेतना है, कितनी बड़ी शक्ति है। जबतक मनुष्य छोटी-छोटी बातोंके लिये मरता रहेगा, तबतक दुःख-पर-दुःख, विपत्ति-पर-विपत्ति, चोट-पर-चोट उसपर पड़ती ही रहेंगी। कौन उसे बचा सकता है? परंतु ज्यों ही उसे अपने दुःख और चोटोंके अंदर उस अमृतलोकका आश्वास मिलता है, त्यो ही उसकी यह प्रार्थना और सब प्रार्थनाओंके आगे बढ़ जाती है—मा मा हिंसीः। बचाओ मुझे बचाओ, प्रतिदिनके हाथसे, छोटोंके हाथकी मारसे बचाओ मुझे। मैं बड़ा हूँ, मुझे मृत्युके हाथसे, स्वार्थके हाथसे, 'मैं-मैं' के अभिमानके हाथसे बचाकर ले जाओ। हे परमात्मा, मेरा यह जीवन तुम्हारे उस परिपूर्ण प्रेममें जाना चाहता है, अपनेको टुकड़ोंमें खण्ड-खण्ड करके प्रतिदिन अपने अहंकारमें घूम-घूमकर मुझे कोई आनन्द नहीं मिल रहा है। 'मा मा हिंसीः' मुझे इस विनाशसे बचाओ।

× × ×

इस संसारमें जिस प्रेमकी बदौलत मनुष्यको अपना सच्चा स्थान मिलता है, संसारके सारे मनुष्योंसे उसका सच्चा सम्बन्ध स्थापित होता है, उस प्रेमको पाये बिना मनुष्य भला कैसे विपत्तियोंसे छुटकारा पा सकता है। संसारके दुःख-कष्टोंसे कौन उसे बचा सकता है? पारस्परिक प्रेमके बिना मनुष्यपर चारो ओरसे बार-बार विपत्तियाँ आयेंगी ही आयेंगी। पापकी आग उसे जलाकर मारेगी ही मारेगी। इसीसे, संसारकी सब पुकारोंपर उसकी और—एक पुकार बराबर जागती रहती है—'हे अनन्त! तुम्हारे भीतरसे सारे संसारके साथ मेरा जो नित्य सम्बन्ध है, उस सम्बन्धमें मुझे बाँधो, तभी मृत्युके भीतरसे मैं अमृतमें पहुँच सकूँगा।'

श्रीमगनलाल हरिभाई व्यास

(गुजरातके वसो नामक ग्रामके निवासी । जाति—ब्राह्मण, देहत्याग—संवत् २००५, आषाढ़ कृष्णा सप्तमी, सोमवार)



(१) दूसरेकी चीज लेनेकी इच्छा कभी नहीं करनी चाहिये । इस नियमके पालनसे चोरी नहीं होगी, घूस नहीं ली जा सकेगी, किसीका न्याय्य स्वत्व नहीं छीना जायगा, मुफ्त कुछ भी नहीं लिया जायगा, दुराचार नहीं होगा, परस्त्रीके प्रति विकारसे नहीं देखा जायगा और अपना हक ही लिया जायगा । जिस वस्तुका मूल्य न दिया गया हो, उसे लेनेकी इच्छा भी नहीं करनी चाहिये । इस नियमका पालन करनेवाला सबका प्रिय होता है, उसमें सब विश्वास रखते हैं, उससे सबको शान्ति मिलती है और सभी उसका प्रिय चाहते हैं ।

(२) जैसा अन्न वैसी बुद्धि । जैसा सङ्ग वैसी बुद्धि । अतएव सज्जनका सङ्ग करो । आत्माका कल्याण करनेवाली पुस्तक पढ़ो और मेहनत करके अपने हकका खाओ । पराया अन्न जहाँतक बने, नहीं खाना चाहिये । यदि कभी खाना ही पड़े तो भाववान्, गुणवान्, भगवान्‌के भक्त और उद्यमीका अन्न खाओ ।

(३) तुम दुखी हो ? तुम जरूर दूसरेकी निन्दा करते होओगे । दूसरेका दुःख देख-सुनकर प्रसन्न होते होओगे । सुखी होना हो तो दूसरेकी निन्दाका त्याग करो । जो उपस्थित नहीं है, उसके अवगुणोंका, दोषोंका कथन निन्दा कहलाता है, उसका त्याग कर देनेपर तुम सुखी हो जाओगे । जो दूसरोंका दुःख देखकर प्रसन्न होता है, उसके पास दुःख अवश्य आता है, दूसरेको दुखी देखकर सहायता करो, दया करो । यदि कुछ भी न बने तो उसका दुःख दूर करनेके लिये भगवान्‌से प्रार्थना करो ।

(४) परायी वस्तु लेनेकी इच्छा करनी ही नहीं । परायी वस्तु ही पाप है । दान नहीं लेना चाहिये । मेहनत करके खाना चाहिये । बिना मेहनतके जो जिसका खाता है, वह उसका गुलाम हो जाता है और इस प्रकार उसके अधीन हो जाता है । स्वतन्त्र वह है, जो अपनी सच्ची मेहनतकी कमाई खाता है ।

(५) बेकार कभी न बैठो । या तो कोई उद्यम करो, जगत्‌के लिये उपयोगी काम करो, जगत्‌की सेवा करो अथवा ईश्वरकी भक्ति करो; परंतु कभी बेकार न बैठो । आत्मचिन्तन करना ही कर्म है । मिथ्या वचन मत बोलो । दूसरोंकी निन्दा न करो । दूसरोंकी बुराई न करो । दूसरोंकी बुराईकी इच्छा भी न करो । दूसरोंकी बुराई देखकर प्रसन्न मत होओ । अपने विनश्वर शरीरसे जबतक जीओ, तबतक कर्म करके प्राणिमात्रकी किसी-न-किसी प्रकारकी सेवा करो ।

(६) कभी क्रोध नहीं करना । घबराना नहीं । क्रिया जो कुछ भी करो, पर करो शान्तचित्तसे, प्रसन्न मनसे । मतलब यह कि इस प्रकार वर्तना चाहिये कि मन सदा प्रसन्न रहे, सदा शान्त रहे । प्रतिदिन ध्यान रक्खो कि मन प्रसन्न और शान्त तो है ? बोलनेके पहले यह देख लो कि जो कुछ बोलते हो वह सत्य और प्रिय तो है ? यह अभ्यास सहज ही नहीं सिद्ध होता है । अनेक वर्षोंके प्रयत्नसे सिद्ध होगा, परंतु इसके सिद्ध किये बिना छुटकारा नहीं । इसलिये खूब धीरज और लगनके साथ इस अभ्यासको सिद्ध करनेका यत्न करना चाहिये ।

(७) जैसा सङ्ग वैसा मन । इसलिये शान्त, सदाचारी और ज्ञानी भक्तका सङ्ग करना चाहिये । वैसा व्यक्ति न मिले तो भगवान्‌के अवतारकी कथाओंके ग्रन्थोंको बाँचना चाहिये । ज्ञान और भक्तिके ग्रन्थोंको बाँचना चाहिये । विषयवासनाको निर्मूल करनेवाली पुस्तकोंको बाँचना चाहिये । जैसा बाँचोगे, वैसा ही आचरण करनेकी बुद्धि होगी । जगत्‌की अनित्यता और आत्मा—परमात्माकी नित्यताको प्रयत्न करके बुद्धिमें उतारना है । मन सुखकी इच्छामें दुःखसे भरपूर जगत्‌के भोगोंकी ओर फँसा है । उसमेंसे उसे वापस लौटाकर परमात्मा, जो आनन्दका भण्डार है, उसमें लगाना है । इस कार्यमें समर्थन प्रदान करनेवाले पुरुषोंका सङ्ग तथा पुस्तकोंका अध्ययन करना चाहिये इसके विरुद्ध दूसरे सङ्गोंका त्याग करना चाहिये ।

(८) जिसके चित्तमें विकार नहीं होता, वह सदा ही मुक्त है । चित्त सदा प्रसन्न रहे, ऐसा अभ्यास करो इस अभ्यासके लिये जिनसे चित्त अप्रसन्न होता हो, उन सबका त्याग करो ।

संत श्रीमोतीलालजी महाराज

[जन्म—श्रावण कृष्णा १३, वि० सं० १९४१ । जन्मस्थान—उरई (संयुक्तप्रान्त), गुजरातके खेडावाल ब्राह्मण ।]

(प्रेषक—श्रीहरिकिशनजी झवेरी)



भक्त अपने प्राण-प्रियतम प्रभुके दृष्टिसे ओझल हो जानेपर उनसे कहता है—

'प्रभो ! आप मौन क्यों हैं, बोलिये, आप कहाँ चले गये ? मुझे आपका यह खेल पसंद नहीं । यदि आपको यही खेल खेलना है तो मुझे संकेतसे कह दीजिये, मैं खेल कर रहा हूँ रे !

यदि आप दर्शन नहीं देना चाहते हैं तो दयामय ! आपका दिल बड़ा है पर मुझे इस तरह क्यो छटपटाते और सिसकाते हैं, यदि तंग ही करना है तो फिर मृत्यु देकर खतम कर दीजिये, जिससे छुटकारा ही हो जाय ।'

इस विश्वमें जो विषय-सुखका भान होता है, वह वास्तवमें सुख ही नहीं है अपितु लहरकी तरह सुखका केवल-आभासमात्र है । विषयरूपी हवाके कारण जो लहरे उठती हैं, उन्हींके कारण सच्चे सुख-चन्द्रका सम्यक् दर्शन नहीं हो पाता । इस विषयरूपी पवनको रोकनेके लिये अतृष्णारूपी ईंटों और संतोषरूपी सीमेंटसे बनी दृढ़ अभ्यासरूपी दीवारकी जरूरत है । अतः सद्गुरुके उपदेशामृतके आधार (नींव) पर उस दीवारको बनाओ और अपने इष्टके भजनरूपी चूनेको पीसकर रक्खो, फिर अनीर्षा और अमोहका पानी छिड़ककर जमीनको तर कर लो और उसपर कामरहित मसाले और मत्सररहित प्लास्तर दीवारके ऊपर लगाते जाओ । इस प्रकारकी अच्छी चहारदिवारी त्यागवृत्ति और सुख-दुःखके प्रति मनमें समत्व रखकर बनाओ । इस दीवारके बन जानेके बाद विषयरूपी पवन फिर अदर नही आ सकेगा और सरोवरके पानीका हिलना बद होकर वह स्थिर हो जायगा । तब तुम सच्चे सुख-चन्द्रको सम्यक् प्रकारसे देख सकोगे ।

× × × ×

शिव शिव हर हर शिव शिव हर हर,
बाघाम्बर धर डमरु सुकर धर,
कर त्रिशूल धर अभय सुन्दर कर
भस्म अङ्गधर जटाजूट धर ॥ शिव० ॥
भाल चन्द्रसर तीन नयनधर,
नागहारधर मुण्डमालधर ॥ शिव० ॥
जटारंग सारंग अङ्गधर,
उमा वाम श्री दक्षनाथधर ॥ शिव० ॥
गरल कण्ठधर नीलकण्ठधर ।
नन्दिपीठ भवभूत भार धर ॥ शिव० ॥
क्रिया कर्म कारण अनन्त सर,
भक्त, 'मोति' कर सार सुधर धर ॥ शिव० ॥

ललिते ललित नाम गोविन्द । (टेक)
गाओ सुमधुर मुरली ध्वनि स्वर, श्रीमाधव गोविन्द ॥
ललिते० ॥

ताप विदारण भक्त उधारण केशव बालमुकुन्द ;
अनुपम अलख सुधर बिम्बाधर तारण तर मुचकुन्द ॥
ललिते० ॥

अच्युत धरणीधर धर सर पर रवि स्वभक्त अरविन्द ;
नारायण नर तारण कारण हरण विषय नदनन्द ॥
ललिते० ॥

जय गोपाल लाल ललना व्रज तारण शरणानन्द ;
'मोती' जपत देव गुणगण तब छूट जाय भवफन्द ॥
ललिते० ॥

जय मुरलीधर जय पीताम्बर कस्तूरीका तिलक सुधर धर ।
वनमालाधर रत्नरागधर कौस्तुभमणिधर श्रीराधावर ॥
कुण्डलधर भुजधर कंकणधर कटी किंकिणि नूपुर सुरधर ।
अधर सुधाधर मुरलि अधर धर गोपी कर धर नाचत स्वर पर ॥
अङ्ग अङ्ग आभरण दिव्यधर रूप कलाधर प्रकृति सारसर ।
पाप त्रिताप निवार मंजुकर 'मोति' भक्त भव तार पार कर ॥

झूलनेमें क्या हमारा झुक रहा,
यारकी सूरत पे दिल क्यों झुक रहा ?
कण्ठमें कारीगरी नायाब थी,
फिर किसीकी आँखपर क्यों झुक रहा ?
दिलकी हरकत पेश थी या हूर था,
कुछ भी हो परदेमें प्याला झुक रहा ।

आँख थी मेरी न पहलू पर गयी,
क्या कहूँ किस पर यहाँ कुछ झुक रहा।
था अंधेरेमें तमाशा देखता,
रोके हँसना क्यों जिगर फट झुक रहा!

तेलमें पड़ उड़ गई क्या मक्खियाँ।
मर मिटा 'मोती' कहो क्यों झुक रहा!
वाह अब क्या पूछते हो क्या कहा!
जल रहा 'मोती' इसीसे झुक रहा॥

तपस्वी अबुउस्मान हैरी

(जन्मस्थान—खुरासान, मस्त फकीर)

पृथ्वीमें तीन प्रकारके मनुष्य श्रेष्ठ हैं—

(१) जो ज्ञानी ज्ञान-भक्तिकी ही चर्चा करता है।

(२) जो साधक सांसारिक वस्तुओंमें आसक्तिरहित होता है।

(३) जो ऋषि अलौकिक रीतिसे ईश्वरकी प्रशंसा करता है।

चार बातोंसे जीवका कल्याण होता है—

(१) ईश्वरके प्रति दीनता रखना।

(२) ईश्वरके सिवा सभी पदार्थोंमे निःस्पृहता रखना।

(३) ईश्वरके ध्यानपरायण होना।

(४) विनयी होना।

विनयके तीन मूल हैं—

(१) अपने अज्ञानका स्मरण करना।

(२) अपने पापका स्मरण करना।

(३) अपनी त्रुटियों और आवश्यकताओंको प्रभुके प्रति निवेदन करना।

जो मनुष्योंके साथ लज्जाके सम्बन्धमें बातें करता है, परंतु ईश्वरसे लज्जित नहीं होता, उसका कथन बिरला ही सच्चा होता है।

जो कलके लिये चिन्ता और पैरवी न करके प्रभुमे रत रहता है, वही सच्चा सहनशील है।

जबतक तुम संसारसे ही सुख-संतोष प्राप्त करनेकी आशामें रहोगे, तबतक ईश्वरके प्रति संतोषी नहीं बन सकोगे। यदि तुम संसारियोंका भय रक्खा करोगे तो तुम्हारे अन्तरमे ईश्वरका भय नहीं रहेगा।

जो मनुष्य ईश्वरके सिवा दूसरेसे भय नहीं करता और ईश्वरके सिवा दूसरेसे कोई आशा नही रखता, उसने अपने सुख-संतोषकी अपेक्षा प्रभुकी प्रसन्नताकी ओर अधिक ध्यान दिया है। ऐसे ही मनुष्यका ईश्वरके साथ मेल होता है।

ईश्वरका भय तुम्हें ईश्वरके पास ले जायगा। दम्भ और अभिमान तो तुम्हे ईश्वरसे दूर ही रक्खेंगे।

दूसरोंका तिरस्कार करना और उनको नीच मानना बड़े-से-बड़ा मानसिक रोग है।

इन तीन बातोंको अपना महान् शत्रु मानना चाहिये—

(१) धनका लोभ।

(२) लोगोसे मान-बड़ाई प्राप्त करनेकी लालसा।

(३) लोकप्रिय बननेकी आकाङ्क्षा।

ईश्वरकी ओर वृत्ति रखनेसे तुम्हारी उन्नति ही होगी। इस रास्तेमे कभी अवनति तो होती ही नही।

तपस्वी अबुल हुसेन अली

(निवास-स्थान बगदाद, हिजरी सन् ३९१ में देहान्त)

तुम ईश्वरके अतिरिक्त जो कुछ भी जानते हो, सब भूल जाओ और जहाँ-तहाँकी बातें न जानते हो तो जाननेके लिये भटको मत। केवल ईश्वरमें ही लीन रहो। रँग जाओ।

जबतक तुम्हारे मनमें संसार वर्तमान है, तबतक प्रभु तुमसे दूर हैं। संसारकी ओर तुम्हारी दौड़ बंद होनेपर ईश्वरकी ओर तुम्हारी गति होगी, जरूर होगी और ईश्वरका प्रकाश तुम्हारे अन्तरमे उदय होगा, फिर ईश्वरके सिवा कुछ दीखेगा ही नहीं। ईश्वरके सिवा कोई दूसरी वस्तु तुम्हारी स्मृतिमें और वाणीमें आयेगी नही। यही योगकी असली अवस्था है।

तपस्वी शाहशुजा

(जन्म-स्थान—करमान देश, राजवंशमें उत्पत्ति)

साधुताके तीन लक्षण हैं—(१) संसारकी मान-बड़ाई-को तुम्हारे अन्तरमें स्थान नहीं मिलना चाहिये। उदाहरणके लिये सोना-चाँदी तथा पत्थर-मिट्टी तुम्हारी दृष्टिमें समान होना चाहिये। जैसे मिट्टी हाथसे फेंक दी जाती है, उसी तरह हाथमें आये हुए सोने-चाँदीके लिये भी होना चाहिये।

(२) लोगोंकी दृष्टि तुम्हारी ओर नहीं रहनी चाहिये अर्थात् लोगोंकी प्रशंसासे तुम्हें फूल नहीं जाना चाहिये और न लोक-निन्दासे ग्लानि ही होनी चाहिये।

(३) तुम्हारे हृदयमे किसी भी लौकिक विषयकी कामना नहीं रहनी चाहिये। संसारी लोगोंको इन्द्रियोके विषयोंसे और स्वादिष्ट भोजनसे जैसा आनन्द मिलता है, वैसा ही आनन्द तुम्हें कामनाओंके त्याग और भोगोंके प्रति वैराग्यमें होना चाहिये। जब तुम ऐसे बनोगे, तभी साधुपुरुषोंके समागम करने योग्य बन सकोगे। ऐसा हुए बिना केवल साधुताकी बातोंमें क्या रक्खा है।

सहनशीलताके तीन लक्षण हैं—(१) निन्दाका त्याग, (२) निर्मल संतोष, (३) आनन्दपूर्वक ईश्वरकी आज्ञाओं-का पालन।

जो मनुष्य अशुद्ध दर्शनसे अपनी आँखोंको और दूसरे भोगोंसे इन्द्रियोंको बचाता है, नित्य ध्यानयोगसे हृदयको निर्मल रखकर और स्वधर्मके पालनसे अपने चरित्रको शुद्ध करता है एवं सदा ही धर्मसे प्राप्त पवित्र अन्नका भोजन करता है, उसके ज्ञानमें कभी कमी नहीं आती।

तपस्वी इब्राहिम आदम

(पहले बल्खके बादशाह, पीछे फकीर)

तुमने जिन (धन, सद्‌गुण आदि) को कैद कर रक्खा है, उन्हें (दान तथा लोकसेवा आदिके लिये) मुक्त कर दो, और जिन (इन्द्रियाँ, काम, क्रोध, लोभादि शत्रु आदि) को स्वतन्त्र कर रक्खा है, उन्हें कैद कर लो।

इस दुनियाकी सफरके लिये मैं चार तरहकी सवारियाँ रखता हूँ—

१—जब सम्पत्तिका प्रदेश आ पड़ता है, तब कृतज्ञता-की सवारीपर सफर करता हूँ।

२—जब पूजाका प्रदेश आता है, तब मैं प्रभु-प्रेमके वाहनका उपयोग करता हूँ।

३—विपत्तिके प्रदेशमें सहनशीलतापर सवारी करता हूँ और—

४—पापके प्रदेशसे बाहर निकलनेके लिये मैं पश्चात्ताप-रूपी वाहनका उपयोग करता हूँ।

तपस्वी हैहया

(रीडस-निवासी)

१—तू बीज बोता है नरकाग्निके और आशा रखता है स्वर्गभोगकी, इससे अधिक मूर्खता और क्या होगी!

२—पश्चात्ताप करके छोड़ा हुआ पाप यदि फिरसे किया जाय तो वह पश्चात्ताप करनेसे पहलेके सत्तर पापोंसे भी अधिक हानिकारक होता है।

३—मनुष्य रोगकी सम्भावना होनेपर भोजन करना बंद कर देता है; परंतु दण्ड और मृत्युका निश्चित भय होनेपर भी पाप करनेसे नहीं रुकता, यही आश्चर्यकी बात है।

४—सावधान रहना; क्योंकि यह संसार शैतानकी दूकान है। इस दूकानसे भूलकर भी कोई चीज न ले लेना। नहीं तो, यह शैतान तुम्हारे पीछे पड़कर उस वस्तुके बदलेमें तुम्हारा धर्मरूपी धन लूट लेगा।

५—संसारकी मान-बड़ाई शैतानकी शराब है। जो मनुष्य इस सुराको पीकर मस्त होता है, वह अपने पापोंके लिये

पश्चात्ताप और आत्मग्लानिरूपी तीव्र तपस्या नहीं कर सकता और उसे ईश्वरीय लाभ भी नहीं मिल सकता।

६—संसार-लोलुप मनुष्यके लिये संसारमें शोक और चिन्ताका सामान आगे-पीछे तैयार रहता है और परलोकमें सजा तथा पीड़ा तैयार रहती है, फिर उसे सुख-शान्ति तो मिलती ही कहाँसे।

७—इन तीन मनुष्योंको बुद्धिमान् समझना चाहिये—

(१) जो संसारकी आसक्तिका त्याग कर देता है।

(२) जो मरनेसे पहले ही सारी तैयारी कर रखता है।

(३) जो पहलेसे ही ईश्वरकी प्रसन्नता प्राप्त कर लेता है।

८—साधक भी तीन प्रकारके होते हैं—

(१) विरागी, (२) अनुरागी और (३) कर्मयोगी। विरागीका धन सहनशीलता है। अनुरागीका धन प्रभुके प्रति प्रेम और कृतज्ञता है और योगीका धन सबके प्रति समता और बन्धुभाव है।

९—सच्ची धीरज और प्रभुपरायणताकी परीक्षा विपत्तिमें ही होती है।

१०—ईश्वरका भय एक ऐसा वृक्ष है कि जिसके प्रभु-प्रार्थना और आर्तनादरूपी परम सुखदायक महान् फल हैं।

११—जो ईश्वरको ही अपना सर्वस्व मानता है, वही यथार्थ धनवान् है। जो सांसारिक वस्तु-स्थितियोंको ही अपनी सम्पत्ति मानता है उसको सदाके लिये दरिद्री—निर्धन समझना चाहिये।

तपस्वी फजल अयाज

ईश्वरके प्रति नम्र रहना, उनकी आज्ञाके अनुसार आचरण करना और उनके इच्छानुसार जो कुछ हो, उसीको सिर चढ़ाना, इसका नाम प्रभुके प्रति विनय है।

जो मनुष्य ईश्वरके सिवा दूसरेकी आशा नहीं रखता और ईश्वरके अतिरिक्त दूसरेका भय नहीं रखता, उसीको सच्चा ईश्वर-निर्भर जानना चाहिये।

जो मनुष्य अपने बन्धुओंके प्रति बाहरसे प्रेम दिखलाता है और अंदर शत्रुता रखता है, उसपर तो ईश्वरका शाप ही उतरता है।

जिसके हृदयमें सदा प्रभुका भय रहता है, उसकी जीभ अनर्गल नहीं बोलती। उसके हृदयमें रहनेवाले प्रभु-भयकी अग्नि उसकी संसारासक्ति और विषय-कामनाको जलाकर भस्म कर देती है।

संसारमें प्रवेश करना सहज है पर निकल सकना बहुत कठिन।

जो मनुष्य अपनेको महान् ज्ञानी मानता है, वह अज्ञानी और विनयरहित है।

तपस्वी हुसेन बसराई

(समय लगभग—१३०० वर्ष पूर्व, स्थान—गदीना)

विषयी मनुष्य तीन बातोंके लिये अफसोस करते हुए मरते हैं—

(१) इन्द्रियोंके भोगोंसे तृप्ति नहीं हुई।

(२) मनकी आशाएँ पूरी न होकर अधूरी ही रह गयीं।

(३) परलोकके लिये पाथेय नहीं लिया जा सका।

इस संसारमें इन्द्रियोंको बाँधनेके लिये जितनी मजबूत साँकलकी जरूरत है, उतनी मजबूत साँकलकी जरूरत पशुओंको बाँधनेके लिये नहीं है।

जो मनुष्य संसारको नाशवान् और धर्मको सहाका साथी समझकर चलता है, वही उत्तम गति पाता है। और जो नाशवान् पदार्थोंमें मोह न रखकर संसारका सारा भार प्रभुपर ही छोड़कर भाररहित बन जाता है, वह सहज ही संसार-सागरसे तर जाता है।

जो मनुष्य प्रभुको पहचानता है, वही उनपर विश्वास और प्रेम रख सकता है, परंतु जो मनुष्य केवल संसारको ही पहचानता है, वह तो प्रभुके प्रति शत्रुता ही किया करता है।

जो मनुष्य विचार कर नहीं बोलता, वह विपत्तिमें पड़ता है। जो मनुष्य विचार कर मौन नहीं रहता, उसका मन

दुष्ट इच्छाओंका स्थान बन जाता है और जो मनुष्य अपनी दृष्टिको वशमें नहीं रखता, उसकी दृष्टि उसे कुमार्गमें ले जाती है।

जिसने वासनाओंको पैरोंसे कुचल दिया है, वही मुक्तात्मा हो सका है। जिसने ईर्ष्याका त्याग किया है, वही प्रेम प्राप्त कर सका है और जिसने धैर्य धारण किया है, उसीको शुभ परिणामकी प्राप्ति हुई है।

मनुष्योंकी अपेक्षा तो भेंड़ और बकरे भी अधिक सावधान हैं; क्योंकि वे रखवालेकी आवाज सुनते ही तुरंत उसकी तरफ दौड़ जाते हैं, खाना-पीना भी छोड़ देते हैं परंतु मनुष्य इतने लापरवाह हैं कि वे ईश्वरकी ओर जानेकी पुकार (बाँग) सुननेपर भी उसकी तरफ नहीं जाते और आहार-विहारादिमें ही रचे-पचे रहते हैं।

तुम्हारी मृत्युके बाद संसार तुम्हारे लिये कैसे विचार प्रकट करेगा, इसको जीते-जी ही जानना हो तो दूसरे मनुष्योंकी मृत्युके पश्चात् उनके लिये संसार कैसे विचार प्रकट करता है, इसे देख लो।

तुम्हारे मनका चिन्तन ही तुम्हारे लिये दर्पण-रूप है; क्योंकि तुम्हारा शुभ या अशुभ जो कुछ होनेवाला है, वह उसीमें दीख जायगा (जैसा चिन्तन वैसा परिणाम)।

अनासक्तिकी तीन अवस्थाएँ हैं—(१) साधक स्वयं बड़ा महात्मा, शोधक या बड़ा उद्धारक है, इस रूपमें नहीं बोलता। वह केवल प्रभुकी आज्ञाका ही अनुवाद करता है। (२) जिस बातको प्रभु पसंद नहीं करते, उसकी तरफ अपनी इन्द्रियोंको नहीं जाने देता। (३) जिस बातसे प्रभु प्रसन्न होते हैं, वह उसीका आचरण करता है।

तपस्वी जुन्नुन मिसरी

(मिश्रनिवासी)

मनुष्य छः विपत्तियोंमे ढूबा रहता है—(१) पारलौकिक कर्त्तव्योंकी ओरसे लापरवाह, (२) शरीरको शैतान (दुर्गुण, दुराचाररूपी शत्रुओं) के अधिकारमें सौंप देना, (३) मृत्युके समयकी निराशा, (४) ईश्वरको संतोष देनेकी अपेक्षा मनुष्यके संतोषको विशेष महत्त्व देना, (५) सात्त्विक कार्योंको छोड़कर राजस-तामस प्रवृत्तियोंमें लगे रहना, (६) अपने दोषोंके समर्थनमें पूर्वके धार्मिक पुरुषोंके दोषोंका हवाला देना।

बीमारको पागलपनकी अवस्थामें जो वैद्य दवा और परहेज बताता है, वह वैद्य भी मूर्ख माना जाता है, इसी प्रकार जो मनुष्य सांसारिक धन, कीर्ति इत्यादिके मदमें मतवाला हो रहा है, उसे उपदेश देना भी मूर्खताका ही काम है।

निम्नलिखित चार लक्षण मनुष्यके मानसिक रोगी होनेका प्रमाण है—

(१) ईश्वरकी उपासनामें आनन्द न मिलना।

(२) ईश्वरसे डरकर न चलना।

(३) बोध प्राप्त करनेकी दृष्टिसे प्रत्येक वस्तुको न देखना।

(४) ज्ञानकी बात सुनकर भी उसके मर्मको ग्रहण न कर सकना।

ईश्वरका कटु आदेश पालन करनेमें भी प्रसन्नता बनाये रखना चाहिये। ईश्वरका आदेश सुनना-समझना चाहते हो तो सबसे पहले अभिमानका त्याग करो और आदेश सुननेके बाद उसका पालन करनेमें निमग्न हो जाओ तथा विपत्तिकालमें भी प्रभु-प्रेमके ही श्वासोच्छ्वास लो।

सहनशीलता और सत्यपरायणताके संयोग बिना प्रभु-प्रेम पूर्णताको नहीं प्राप्त हो सकता।

सच्चे प्रेमीके दो लक्षण हैं—(१) स्तुति-निन्दा, मानापमानमें समभाव रखना, (२) धर्मके पालन और अनुष्ठानमें कोई भी लौकिक कामना न रखना।

विश्वासके तीन लक्षण हैं—(१) तमाम पदार्थोंमें ईश्वरको देखना, (२) समस्त कार्य ईश्वरकी ओर दृष्टि रखकर ही करना, (३) प्रत्येक अवस्थामें ईश्वरसे सहायताकी याचना करना।

प्रभुके प्रति विश्वासके तीन चिह्न हैं—(१) जीवित दशामें विषयासक्त लोगोंको अत्यन्त विरोधी (विपरीत

मार्गपर चलनेवाले) जानकर उनसे दूर रहना, (२) दान देनेवालोंकी प्रशंसा या खुशामद न करना, (३) दुःख देनेवालेकी निन्दा और तिरस्कार न करना ।

निर्भयताकी प्राप्तिके क्या लक्षण हैं ? संसार-प्रेमी लोगोंसे निःस्पृह इच्छारहित होना और मनको साधन भजनमें लगाकर बड़ेपनके मोहसे—लोक-कीर्तिसे दूर रखना ।

संसार क्या है ? जो तुम्हें ईश्वरसे अलग रक्खे ।

अधम कौन है ? जो मनुष्य ईश्वरके मार्गका अवलम्बन नहीं करता ।

सङ्ग किसका करना चाहिये ? जिसमें 'मैं' और 'तू' न हो।

इस संसारमें सुखी कौन है ? दूसरे तमाम पदार्थों और लोगोंसे जिसने ईश्वरको ही सर्वोपरि समझा हो ।

तपस्वी जुन्नेद बगदादी

(बगदादनिवासी)

अहंभावको छोड़कर विपत्तिको भी सम्पत्ति मानना—इसीका नाम सच्चा संतोष है ।

तुम जो धन, धामादि प्राप्त करनेके लिये दौड़-धूप करते हो, इसके बदले जिस ईश्वरने स्वयं तुम्हारे प्रत्येक आवश्यक कार्यको पूरा करने, तुम्हारा योग-क्षेम वहन करनेका भार ले रक्खा है, उसपर श्रद्धा और निर्भरता प्राप्त करनेके लिये प्रयत्न करो तो तुम सदाके लिये सभी बातोंमें परिपूर्ण हो जाओगे, इसमें कोई संदेह नहीं है ।

प्रायश्चित्तकी तीन सीढ़ियोंपर चढ़ना चाहिये—(१) आत्मग्लानि, (२) फिर पाप न करनेका निश्चय, (३) आत्मशुद्धि ।

गया हुआ समय वापस लौटकर किसी प्रकार भी नहीं आता, इसीलिये समयके सदृश कोई भी वस्तु प्रिय नहीं है ।

जो आँखें ईश्वरकी आज्ञाके अधीन रहनेमें कल्याण नहीं देखतीं, उन आँखोंसे अन्धा होना अच्छा है; जो जीभ ईश्वरकी चर्चामें नहीं लगती, उससे गूँगा रहना ही अच्छा; जो कान सत्यको नहीं सुन सकते, उनसे बहरा रहना ही अच्छा और जो शरीर ईश्वरकी सेवामें नहीं लगता, उसका तो मर जाना ही सबसे अच्छा है ।

उच्च और पवित्र भावना एक ऐसी विचित्र वस्तु है जो मनुष्यके अन्तःकरणमें आती तो है पर स्थिर नहीं रहती । मनुष्यपर उसका तो बड़ा प्रेम है, पर मनुष्यका उसपर प्रेम हो तभी वह टिक सकती है ।

किसी भी वस्तुको उसके मूलस्वरूपमें देखना, यही उसका वास्तविक दर्शन है ।

तपस्वी यूसुफ हुसेन रयी

जो गम्भीर भावसे ईश्वरका स्मरण-चिन्तन करते हैं, वे ही दूसरे पदार्थोंको भूल जाते हैं ।

जो ईश्वरके प्रति विशेष प्रेम करते हैं, उनको लोगोंकी ओरसे क्लेश और अपमान ही अधिक मिलते हैं, परंतु वे प्रभुके बन्दे भी ऐसे जबर्दस्त होते हैं कि उनके बदलेमें वे उनके प्रति विशेष दया ही करते हैं ।

तमाम अवस्थाओंमें प्रभुके और प्रभु-भक्तोंके दास बनकर रहना—इसीका नाम अनन्य और एकनिष्ठ भक्ति है ।

अंदर प्रभु-प्रेम करना और बाहरसे अपने साधनको प्रसिद्ध न होने देकर गुप्त रखना, यही साधुताका मुख्य लक्षण है ।

विशुद्ध प्रभुप्रेम इस जगत्में दुर्लभ पदार्थ है । मनसे कपट-बुद्धिको दूर करनेके लिये जब मैंने प्रबल प्रयत्न किया, तभी प्रभु-प्रेमने अपने सद्गुणोंके रूपमे आकर हृदयपर अधिकार जमा लिया ।

लोभी मनुष्य सबसे अधम है और निर्लोभी साधु सर्वोत्तम है ।

तपस्वी बायजिद बस्तामी

जो मनुष्य प्रभुके सिवा दूसरे पदार्थोंका अनुसरण करता है, उसे मनुष्य ही नहीं कहना चाहिये; क्योंकि ऐसे मनुष्य अपनी मनःशक्तिका पूरा उपयोग किये बिना केवल अपने आसपास जो-जो अनित्य पदार्थ देखते हैं, उन्हींको प्राप्त करना चाहते हैं और इससे सदा साथ न रहनेवाले लौकिक पदार्थ ही उनको मिलते हैं।

अन्तःकरणमें एक भण्डार है। उस भण्डारमें एक रत्न है और उस रत्नका नाम है 'प्रभु-प्रेम'। जो इस रत्नको प्राप्त कर सकता है, वही संत हो सकता है।

जो मनुष्य साधनारूपी शस्त्रसे समस्त जागतिक कामनाओंका मस्तक काट डालता है, जिसकी समस्त आकाङ्क्षाएँ केवल प्रभु-प्रेममें ही अदृश्य हो जाती हैं, ईश्वर जिसको चाहते हैं उसीके प्रति जो प्रेम करता है और ईश्वर जैसे रखना चाहते हैं, उसी प्रकार रहना चाहता है, उसी-को सच्चा योगी और सच्चा पुरुषार्थी जानना चाहिये।

जो ईश्वरको जानता है, वह ईश्वरके सिवा दूसरे विषयकी बात ही नहीं करता।

ईश्वर जिसपर प्रसन्न होता है, उसे तीन प्रकारका स्वभाव देता है—(१) नदीके जल-जैसी दानशीलता, (२) सूर्यके सदृश उदारता और (३) पृथ्वी-जैसी सहनशीलता।

ये सारे वाद-विवाद, शब्दाडम्बर और अहंता-ममता केवल पर्देके बाहरकी ही चीजें हैं। पर्देके अंदर तो नीरवता, स्थिरता तथा शान्ति ही व्याप रही है।

जो मनुष्य लौकिक मान-बड़ाई प्राप्त करनेके लिये लगा रहता है, उसे परमात्माकी कृपा या समीपता नहीं मिल सकती; परंतु जो मनुष्य प्रभुको पानेके लिये संसारसे अलग होकर लौकिक मान-बड़ाईको तिलाञ्जलि देना जानता है, वही ईश्वरीय-मार्गसे पतित न होकर उसकी समीपता, कृपा, प्रतिष्ठा और परम-पद भी प्राप्त कर सकता है।

तुम या तो जैसे अंदर हो वैसे ही बाहरसे दिखलायी देते रहो और या जैसे बाहरसे दीखते हो वैसे अंदरसे बन जाओ।

धर्मकी भूख बादलके समान है। जहाँ वह ठीक-ठीक लग जाती है और चातककी तरह आतुरतारूपी गरमी बढ़ जाती है तो फिर तुरंत ही ईश्वरीय कृपारूपी अमृतकी वर्षा होने लगती है।

जो मनुष्य अपनी ही शक्तिसे प्रभुको पाना चाहता है, वह तो उलटा मृत्युके ही मुखमें जा पड़ता है।

एक बार प्रभुने पूछा कि 'बायजिद! तू क्या चाहता है?' मैंने कहा 'प्रभो! तुम्हारी जो इच्छा हो, उसीको मैं अपनी इच्छा बनाना चाहता हूँ।' तब उन्होंने कहा 'यह तो सहज बात है और जगत्‌की रचना हुई तभीसे सबके लिये खुला सदाव्रत है। जो कोई जितना भी मेरा बनेगा, उतना ही मैं उसका बनूँगा।'

एक बार मैंने प्रभुसे याचना की कि 'तुम्हारे पास कब और किस रास्तेसे तुरंत पहुँचा जा सकता है?' उन्होंने कहा 'यह तो बहुत ही सहज बात है। तू अपने सिरपर उठाये हुए अहंता-ममतारूपी मिथ्याभिमानको नीचे डाल दे, तो तुरंत ही मेरे पास पहुँच जायगा।'

तपस्विनी रबिया

(जन्म—तुर्किस्तानके बसरा नगरमें)

दारुण दशामें रबिया प्रभुसे प्रार्थना करती है—'हे प्रभो! मुझे अपनी इस दुर्दशाका शोक नहीं है। मैं तुझे भूलूँ नहीं और तू मुझपर प्रसन्न रहे, बस, यही एक प्रार्थना है।'



एक रातमें प्रभुसे प्रार्थना करते हुए रबियाने प्रभुसे कहा—

'हे प्रभो! तेरी ही सेवामें मेरा रात-दिन बीते, ऐसी मेरी इच्छा है; पर मैं क्या करूँ? तूने मुझे पराधीन दासी बनाया है, इसीलिये मैं सारा समय तेरी उपासनामें नहीं दे सकती। प्रभु! इसके लिये मुझे क्षमा कर।'

'हे प्रभु! यदि मैं नरकके डरसे ही तेरी पूजा करती होऊँ तो मुझे उस नरककी आगमें जला डाल और यदि स्वर्गके लोभसे तेरी सेवा करती होऊँ तो वह स्वर्गका द्वार मेरे

लिये बंद कर दे; किंतु यदि मैं तेरी प्राप्तिके लिये ही तेरा पूजन करती होऊँ तो तू अपने अपार सुन्दर स्वरूपसे मुझे वञ्चित न रख।'

ईश्वरपर सतत दृष्टि रखना ही ईश्वरीय ज्ञानका फल है।

ईश्वरकी प्रार्थनासे पवित्र हुए हृदयको जो उसी स्थितिमें उस प्रभुके चरणोंमें अर्पित कर देता है, अपनी सारी सँभाल भी उस प्रभुपर ही छोड़ देता है और खुद उसके ध्यान-भजनमें मस्त रहता है, वही सच्चा महात्मा है।

पूरे जागे हुए मनका यही अर्थ है कि ईश्वरके सिवा दूसरी किसी चीजपर चले ही नहीं। जो मन उस परवरदिगार-की खिदमतमें लीन हो जाता है उसे फिर दूसरे किसीकी क्या जरूरत!

सेवक अपने प्रभुपर संतुष्ट है, यह कब समझा जाय! सम्पत्ति मिलनेपर लोग जैसे उपकार मानते हैं, वैसे ही दुःखकी प्राप्ति होनेपर भी प्रभुका उपकार समझें तब।

मानव! ईश्वरके मार्गमें न आँखोंकी जरूरत है न जीभ-की। उसके लिये तो एक पवित्र हृदयकी ही आवश्यकता है। अतएव ऐसा प्रयत्न कर कि तेरा मन उस पवित्रताको प्राप्त करनेके लिये सतत जाग्रत् रहे।

पूरे जाग्रत् मनका अर्थ यही है कि ईश्वरके अतिरिक्त दूसरे किसी विषयकी इच्छा या उद्देश्य मनमें रहे ही नहीं और जिसका मन सर्वैश्वर्यसम्पन्न परम प्रभुकी स्मृतिमें ही नित्य डूबा रहे।

तपस्वी अबू हसन खर्कानी

(महमूद गजनीके समसामयिक)

ईश्वर जब स्वयं अपने दासको अपना मार्ग दिखलाता है, तभी उसकी गति और स्थिति अध्यात्मराज्यमें होती है।

ईश्वरको पानेके लिये जिसका हृदय तड़पता रहता है, उसीकी माता धन्य है; क्योंकि उसका सारा हित ईश्वरमें ही समाया होता है।

तन, मन, धन और वाणीके द्वारा लोग ईश्वरके अपराध करते हैं। इसके बदले यदि वे शरीरको उसकी सेवामें तथा वाणीको उसके गुणानुवादमें लगाये रक्खें तो मन भी अपराध करनेसे बाज आये। मन भी प्रभुको ही अर्पण कर देना चाहिये, परंतु यह तभी हो सकता है जब कि अपना सर्वस्व प्रभुको अर्पण कर दिया जाय। और जैसे ही इन चार वस्तुओंको तुम प्रभुको अर्पण करते हो, वैसे ही उनकी ओरसे भी तुमको ये चार वस्तुएँ प्राप्त होती हैं—(१) प्रभुका प्रेम, (२) तेजस्विता, (३) प्रभुमय जीवन और (४) प्रभुमें मिल जाना।

जबतक तुम मानुषी भावोंमें रहोगे, तबतक तुमको जीवनकी कटुता और खटासका स्वाद चखना ही पड़ेगा। जब इन भावोंसे मुक्त होकर प्रभुकी ओर बढ़ोगे तभी प्रभुमय, सच्चिदानन्दमय जीवन प्राप्त कर सकोगे।

मेरे पास न शरीर है, न वाणी और न मन; क्योंकि इन तीनोंको मैंने ईश्वरके अधिकारमें सौंप दिया है।

जो प्रभुप्रेमी हो गया, वही प्रभुको प्राप्त करता है और जिसने प्रभुको प्राप्त किया, वह अपनेको भी भूल जाता है और उसका 'मैं'पन भी खो जाता है।

पश्चात्तापरूपी वृक्ष रोपो तो कड़वेके बदले मीठा फल प्राप्त हो। लोगोंके आगे दुःख रोनेकी अपेक्षा प्रभुके आगे ही रोओ तो सम्पत्ति भी प्राप्त हो।

तपस्वी महमद अली हकीम तरमोजी

१. उन्नत कौन है?—जिसको पाप नहीं दबा सकता।

२. मुक्त कौन है?—सांसारिक लोभ जिसको गुलाम नहीं बनाता।

३. मर्द कौन है?—आसुरी वृत्ति जिसको बाँध नहीं सकती।

४. ज्ञानी कौन है?—जो ईश्वरकी प्राप्तिके लिये सर्वभावसे एकनिष्ठ हो गया है।

५. जो मनुष्य वैराग्यरहित होनेपर भी ज्ञानकी ही बातें किया करता है, वही इस जगत्में सर्वोपरि नास्तिक, ठग और पाखण्डी है।

६. जिसकी दृष्टिमें जन्म और मरण दोनों समान हैं, वही सच्चा साधु है।

७. ईश्वरके ही प्रसङ्गमें सदा अनुराग रखना—यह प्रभुप्रेम-का स्वाभाविक और महत्त्वपूर्ण लक्षण है।

विजयी और पराजित

गर्वका अन्त

इस युगके—यूरोपके तीन महान् गर्विष्ठ—नेपोलियन, मुसोलिनी और हिटलर । तीनों अपनेको अपराजित माननेवाले । तीनोंने विश्व-साम्राज्यका स्वप्न देखा । तीनों तपे—खूब तपे; किंतु—

सम्राट् नेपोलियन—वह कहता था—'शब्द-कोषसे 'असम्भव' शब्द निकाल देना चाहिये । यूरोपको उसकी विजयवाहिनीने रौंदकर धर दिया। नेपोलियन जिधर गया—विजय उसका स्वागत करनेको पहलेसे प्रस्तुत मिली ।

वही नेपोलियन—एक नन्हे-से समुद्री टापूमें कारागारमें मरा वह । उसकी विजयका क्या महत्त्व रह गया ? एक साधारण कैदी बनकर वह जेलमें जब सड़ता रहा—कहाँ गया उसका गर्व ?

× × ×

मदान्ध मुसोलिनी—पूरा दानव बन गया था वह । अपनी वायुसेनापर उसे बड़ा गर्व था । शक्तिके मदमें चूर मुसोलिनी—उसने कहा था—'युद्ध तो विश्वकी अनिवार्य आवश्यकता है ।' नन्हे-से देश अबीसीनियापर बर्बर आक्रमण करके प्रसन्न होता रहा वह । उसने उस असमर्थ देशके निवासियोंपर विषैली गैसें डलवायीं—विजयके लिये ।

वही मुसोलिनी—युद्धको विश्वकी अनिवार्य आवश्यकता बतानेवाला, वही सीन्योर मुसोलिनी—युद्धने ही उसे समाप्त कर दिया । फाँसीके तख्ते-पर प्राणान्त हुआ उसका ।

× × ×

हिटलर—हिटलरका तो नाम ही आतङ्कका प्रतीक बन गया था । हिटलरने जैसे एक हाथमें हथकड़ी और दूसरे हाथमें बम लेकर विश्वको चुनौती दे दी थी—'हथकड़ी पहिनो ! मेरी परतन्त्रता स्वीकार करो । नहीं तो मैं तुम्हारे ऊपर बम पटक दूँगा । भून दूँगा मैं तुम्हें ।'

युद्धकी अग्नि स्वयं हिटलरने लगायी और उस युद्धने उसके सामने ही जर्मनीको खंडहर कर दिया । हिटलर—एडाल्फ हिटलरका अस्तित्व इस प्रकार मिट गया कि उसके शवका भी किसी-को पता न चला ।

× × ×

भगवान् गर्वहारी हैं । मनुष्यका गर्व मिथ्या है । धनका, बलका, सेनाका, ऐश्वर्यका—किसी-का, कितना भी बड़ा गर्व—गर्व तो मिटेगा—मिटकर रहेगा । गर्व भूलकर भी नहीं करना !



विजयी और पराजित—गर्वका अन्त



सभी मृत्युके मुखमें

सभी मृत्युके मुखमें

नेवलेने सर्पको पकड़ रक्खा है, सर्पने मेढकको और मेढक मक्खियोंके आखेटमें मग्न है। एक रूपक है यह।

सारा संसार मृत्युके मुखमें पड़ा है। मृत्युने पकड़ रक्खा है, केवल निगल जानेकी देर है—किसी क्षण वह निगल लेगी। प्रतिदिन लोग हम सबके सामने मरते हैं। हम स्वयं किसी क्षण मर सकते हैं।

मृत्युके मुखमें पड़ा हुआ भी यह मनुष्य दूसरोंको सताना, दूसरोंको पीड़ा देना, दूसरोंका स्वत्व हरण करना, दूसरोंको मारना छोड़ता नहीं है। स्वार्थसे प्रमत्त मनुष्य—सर्वथा विवेकशून्य चेष्टा है उसकी।

छल-कपट, हिंसा-चोरी, झूठ-ठगीसे प्राप्त धन—क्या काम आयेगा यह धन? क्या सुख देंगे ये भोग?

बड़े छोटोंको, सबल निर्बलोंको, धनी निर्धनोंको सताने, धमकाने, ठगने—चूसनेमें लगे हैं। मनुष्य मनुष्यका शत्रु बना घूम रहा है! किसलिये?

उसका वैभव, उसका उपार्जन, उसके स्वजन—जिस सुखके लिये, जिन स्वजनोंके लिये, जिस शरीरके लिये वह यह पाप कर रहा है, वे सब नष्ट होंगे। महाकाल उन सब भोगों, पदार्थों और व्यक्तियोंको पीस देनेवाला है। स्वयं मनुष्य मर्त्य है—मृत्युके मुखमें पड़ा है।

यह पापकी कमाई—जन्म-जन्मतक मृत्युरूपी सर्पके मुखमें पड़े रहनेकी यह तैयारी—इसे छोड़े बिना कल्याण नहीं है। इस मोहसे छूटकर ही मृत्युसे छूटा जा सकता है।

भगवान्—केवल भगवान् ही बचा सकते हैं कालसर्पसे ग्रस्त प्राणीको। उन दयामयकी शरण—उन मङ्गलमयका स्मरण—कल्याणकी कामना हो तो यही एकमात्र मार्ग है।

तपस्वी अबू बकर वासती

(निवासस्थान—पहले फरगान, पीछे बासन)

जहाँ उपदेश अधिक दिया जाता है, वहाँ गम्भीरता कम होती है और जहाँ गम्भीरता अधिक होती है, वहाँ उपदेश कम होता है।

विधाताने तुम्हारे लिये जो विधान कर रक्खा है, उसका विरोध करना—यह हलका स्वभाव है, अर्थात् जो विधि-विधान है उसको प्रार्थना या प्रयत्नके द्वारा बदलना चाहते हो, यह उत्तम नहीं है।

सारे सांसारिक पदार्थोंके कर्ता परमात्माको प्राप्त करना—किसी भी पदार्थको प्राप्त करनेकी अपेक्षा सुलभ है, तथापि तुम उसके पाससे सांसारिक पदार्थोंको ही प्राप्त करने और उसका हिस्सेदार होनेकी इच्छा करते हो यह कैसी बात है!

जो भी भक्त या भेषधारी मनुष्य सांसारिक लोगोंके सामने गर्व करता है, अपना बड़प्पन दिखलाता है—वह अपने ज्ञान-वैराग्यकी हँसी ही कराता है; क्योंकि यदि उसके भीतरसे संसारकी सत्यता और मोह-ममता निकल गयी होती तो उनसे (संसार और सांसारिकोंसे) विमुख हो जानेके कारण वह जरा भी गर्व नहीं करता।

तुम किसी भी विषयके वैराग्य या निवृत्तिके लिये क्यों गर्व करते हो? ईश्वरके सम्मुख तुम्हारे ये सब (त्याग, वैराग्य, निवृत्ति और गर्व) मच्छरकी पाँखसे भी तुच्छ हैं। जिस मनुष्यका अन्तःकरण प्रभुचिन्तनकी ज्योतिसे प्रकाशित होता है और जो सदा प्रभुके विश्वासकी बात कहता है, वही सच्चा सूफी या ज्ञानी है।

तपस्वी सहल तस्तरी

(स्थान—तस्तर)

१. पवित्र भोजनके बिना एकान्तमें भी उत्तम साधना नहीं हो सकती और ईश्वरार्पण किये बिना कोई भी वस्तु पवित्र नहीं हो सकती।

२. इन चार बातोंका पालन करोगे, तभी तुमसे विशुद्ध साधना हो सकेगी—(१) भूखकी अपेक्षा कम भोजन करना, (२) लोक-प्रतिष्ठाका त्याग, (३) निर्धनताका स्वीकार और (४) ईश्वरेच्छामें संतोष।

३. अन्यायसे प्राप्त वस्तुका उपभोग करनेवालेके सारे अङ्ग पापसे लिप्त हो जाते हैं। उसकी अपनी इच्छा न हो तो भी वह पापमें ही डूबता चलता है। जो मनुष्य (न्याय-पूर्वक प्राप्त) पवित्र वस्तुका उपयोग करता है, उसके सारे अङ्ग साधनाके अनुकूल बर्तते हैं और बाह्य संयोग-रूपमें ईश्वरकृपा भी उसको विशेषरूपसे आकर प्राप्त होती है।

४. जो मनुष्य चाहता है कि उसे सच्ची निवृत्ति प्राप्त करनी है तो उसको सब प्रकारके पापकर्मोंसे और विपरीत ज्ञानसे हाथ खींच लेना चाहिये।

५. तुम जो भी काम करो, वह यदि उसकी आज्ञाके अनुसार नहीं है तो उससे तुमको दुःख ही प्राप्त होगा।

६. ईश्वरभक्त जबतक अदृश्य वस्तु-स्थितिकी ओर प्रेम नहीं पैदा करता और 'मृत्यु सिरपर है'—यह बात याद नहीं रखता, तबतक उसमें सर्वाङ्गसुन्दर तपश्चर्या आती ही नहीं।

७. ईश्वरके सिवा दूसरे किसी भी पदार्थमें जो मनुष्य सुख मानता है उसका मन ही दूषित है, इसलिये उसके हृदय-में प्रभुविश्वास और पवित्रताकी ज्योतिका प्रकट होना कठिन है।

८. तुम बाहरसे निर्धन दीख पड़नेवाले साधु पुरुषों-के प्रति अवज्ञा और गर्व दिखलाते हो। पर यह अच्छी तरह जान लो कि वे ही प्रभुकी सच्ची संतान, पूर्ण प्रति-निधि और सर्वोत्तम सम्पत्तिवान् हैं।

९. इन छः विषयोंका अवलम्बन करना ठीक है—(१) ईश्वरीय ग्रन्थका अवलम्बन, (२) ऋषि-मुनियोंके द्वारा प्रचारित ईश्वरीय आज्ञाओंका अनुसरण, (३) खान-पानको पवित्र रखना, (४) हिंसा और निन्दा करनेवालोंकी हिंसा और निन्दा करनेसे बचना, (५) निषिद्ध विषयोंसे

दूर रहना और (६) जो कुछ भी देनेका विचार उठे, तुरंत ही दे डालना।

१०. धर्मके तीन मूल हैं—(१) विचार तथा आचार-में महात्माओंके मार्गपर चलना, (२) पवित्र खान-पान करना, (३) सत्कार्यमें ही स्थिति और प्रीति रखना।

११. ये दो बातें मनुष्यके लिये घातक हैं—(१) लोक-में मान-प्रतिष्ठा-प्राप्तिके लिये दौड़ना और (२) निर्धनतासे भयभीत होना।

१२. इस जगत्में प्रभुके समान कोई भी सच्चा सहायक नहीं और प्रभुप्रेरित महापुरुषके समान कोई सन्मार्गदर्शक नहीं।

१३. मनको सत्यमार्गपर चलानेकी पहली सीढ़ी है सत्यका स्वीकार; दूसरी सीढ़ी है संसारसे उपरति; तीसरी सीढ़ी है आचरणकी उच्चता और पवित्रता तथा चौथी सीढ़ी है प्रभुके प्रति अपराधोंके लिये क्षमा प्रार्थना।

१४. जो पुरुष मनकी मलिनतासे मुक्त और सद्विचार-शील है, ईश्वरके सान्निध्यके कारण जिसका मायाबन्धन छिन्न-भिन्न हो गया है और जिसकी दृष्टिमें धूल और सुवर्ण एक समान है, वही सच्चा सूफी या ज्ञानी ऋषि है।

१५. अल्पाहारमें, दिव्य शान्तिमें और लोक-संसर्गके त्यागमें साधुता रहती है।

१६. कोई भी अत्यन्त आवश्यक वस्तु तुम्हारे पास न हो तो समझो कि तुम्हारे भलेके लिये ही प्रभुकी ऐसी इच्छा है, इस प्रकार सच्चे समाधानके साथ शान्त रहनेका नाम ही प्रभुपर निर्भरता है।

१७. प्रभुपर निर्भर रहनेवालोंके तीन लक्षण हैं—(१) दूसरोंके सामने याचक न बनना, (२) मिलनेपर भी न लेना, (३) और लेना भी पड़े तो उसे बाँट देना।

१८. आत्म-समर्पण किये बिना कोई प्रभुके ऊपर निर्भर नहीं रह सकता और स्वार्थ-साधनका त्याग किये बिना आत्म-समर्पण नहीं हो सकता।

१९. प्रभुपर निर्भर रहनेवालोंको तीन वस्तुएँ प्राप्त होती हैं—(१) प्रभुमें पूर्ण श्रद्धा, (२) अध्यात्मविद्याका प्रकाश और (३) परमात्माका साक्षात्कार।

२०. ईश्वरने तुमको जो देना स्वीकार किया है, उसमें जरा भी संदेह न रखना—इसीका नाम निर्भरता अर्थात् प्रभुके ऊपर निर्भर रहना है।

२१. जिस वस्तुकी जरूरत हो, वह वस्तु जिसके पास हो उसीसे जान-पहचान करनी चाहिये। तुम्हें मोक्ष चाहिये तो वह भी ईश्वरके पास भरपूर होनेके कारण उसीसे जान पहचान करनेपर प्राप्त होगा, सांसारिक भाई-बन्धुओंसे नहीं।

२२. प्रभुको पानेके लिये दीनता और हीनता (लौकिक पदार्थ न रखना) के समान दूसरा सहल मार्ग नहीं है।

तपस्वी मारुफ गोरखी

ईश्वरके आश्रयपर रहनेवाले मनुष्योंके ये लक्षण हैं—(१) उनके विचारका प्रवाह ईश्वरकी ओर ही बहता रहता है। (२) ईश्वरमें ही उनकी स्थिति होती है और (३) ईश्वरकी प्रीतिके लिये ही वे सारे काम करते हैं।

जिस मनुष्यको सत्ता और प्रभुत्व प्रिय है, उसको कभी मुक्ति नहीं मिल सकती।

मैं एक ऐसा मार्ग जानता हूँ कि जिस मार्गपर चलनेसे ईश्वरके पास जल्दी पहुँचा जा सकता है। वह मार्ग यह है कि तुम कभी मनुष्यके पाससे किसी वस्तुकी इच्छा न करो और तुम्हारे पाससे किसी वस्तुकी कोई इच्छा करे, तब वैसी वस्तुको कभी तुम अपने पास न रहने दो।

तपस्वी सर्री सकती

(स्थान—बगदाद)

१. धनवान् पड़ोसी और राजसभाके पण्डितोंसे दूर ही रहो।

२. नीचे लिखे परिमाणसे अधिक मिले तो वह निष्प्रयोजन और भारस्वरूप ही है—(१) प्राण बचा सके, इतना अन्न, (२) प्यास बुझे, इतना जल, (३) लज्जा निवारण हो, इतना वस्त्र, (४) रहने-जितना घर

और (५) उपयोगी हो इतना ज्ञान।

३. अपने दोषोंको न देखने और न सुधारनेका ही नाम धर्मान्धता है।

४. कहनीके अनुसार रहनी न हो—इसीका नाम ठगई है।

५. जिस शक्तिके द्वारा इन्द्रियों और मनको वश कर सको, उसीका नाम शक्ति है।

६. जो मनुष्य सम्पत्तिका सदुपयोग नहीं कर सकता, उसकी सम्पत्तिका इतनी जल्दी विनाश होगा कि वह उसे जान भी नहीं सकेगा।

७. मन तीन प्रकारका होता है—एक प्रकारका मन पर्वतके समान अचल होता है, अतएव उसको कोई चलायमान नहीं कर सकता। दूसरे प्रकारका मन वृक्ष-जैसा होता है, अतएव उसको बाह्य संयोगरूपी वायु बराबर सञ्चालित करती रहती है। तीसरे प्रकारका मन खर—तिनकेके समान होता है, उसको बाह्य संयोगरूपी पवन जिधर चाहता है, उधर ही उड़ाया करता है।

८. जिस अन्तःकरणमें सांसारिक लालसाएँ भरी होती हैं, उनमें ये पाँच बातें नहीं रह सकतीं—(१) ईश्वरका भय, (२) ईश्वरसे आशा, (३) ईश्वरके ऊपर प्रेम, (४) ईश्वरसे लज्जा और (५) ईश्वरके साथ मित्रता।

९. किसी भी मनुष्यके आत्म-ज्ञानकी माप इसीसे होती है कि वह ईश्वरके समीप कितना पहुँचा हुआ है।

१०. सत्यके लिये जो मनुष्य धैर्य प्राप्त कर सकता है, वही आगे बढ़ता है।

११. ईश्वर कहता है कि 'हे भक्त! जब तेरे मनमें मेरा स्मरण-मनन अधिक प्रबल होगा, तभी मैं तेरे ऊपर आसक्त हूँगा।'

तपस्वी अबु उस्मान सैयद

१. अभिमानीकी अपेक्षा तो जो मनुष्य सीधा-सादा पापी होता है वही श्रेष्ठ है; क्योंकि पापी मनुष्यमें तो कुछ नम्रता और पापके स्वीकारकी भावना होती ही है अथवा हो सकती है, परंतु मिथ्याभिमानी तो सदाके लिये पापकी बेड़ियोंमे बँधा रहकर दुर्गतिके घोर अन्धकारकी ओर ही ढुलकता जाता है।

२. जो मनुष्य लोभके कारण धनिकोंका धन या अन्न लेनेके लिये हाथ फैलाता है, वह कदापि मुक्ति प्राप्त नहीं कर सकता। जो मनुष्य आपद्धर्मके कारण बाध्य होकर धनी आदमीका अन्न खाता है, उसको वह नुकसान नहीं पहुँचा सकता।

३. जो मनुष्य दूसरोंके ही दोषोंको देखता और विचारता रहता है, उसका अपना जीवन भी दूषित ही होता जाता है।

तपस्वी अबुल कासिम नसराबादी

(जन्मभूमि—नसराबाद [खुरासन])

जो मनुष्य अपने श्रोताओंको केवल मौखिक ज्ञानसे ही ईश्वर-प्राप्तिका मार्ग दिखलाता है, वह तो उनको दुर्दशामें ही डालता है और जो मनुष्य अपने उत्तम आचरणद्वारा ईश्वरीमार्ग दिखलाता है, वही सुन्दर स्थितिको प्राप्त करवाता है।

जिसने अपने जीवनमें धर्म-नीतिका पालन नहीं किया, वह सच्ची उन्नति प्राप्त कर ही नहीं सकता। जिसमें मानसिक नीति ही नहीं, वह आध्यात्मिक नीति कहाँसे समझ सकेगा? और जिसमें आध्यात्मिक नीति नहीं, वह प्रभुके पास पहुँचेगा कैसे और किस प्रकार सदाके लिये सच्चिदानन्द-पदपर विराजमान होगा? जिस मनुष्यने उच्च नीति प्राप्त की हो और जो बाह्य विषयोंसे तथा आन्तरिक दोषोंसे निर्लेप रहा हो, उसके सिवा दूसरा कोई भी क्या इस महत्तम पदको प्राप्त कर सकता है?

जो मनुष्य प्रसन्नताकी भूमिकामें जानेकी इच्छा करे, उससे कहो कि ईश्वर जिस रीतिसे प्रसन्न होता है, उसी रीतिको वह धारण करे तथा उसीका आश्रय ले।

तपस्वी अबू अली दक्काक

तुम्हें सच्चा सुख प्राप्त करना हो तो तुम अपना भार भी अपने ऊपरसे प्रभुके ही ऊपर डाल दो और बाहरसे शवके समान अकर्ता तथा अंदरसे प्रभुका ही भजन करनेवाले बने रहो। जो मनुष्य अपने प्रेमपात्रके ऊपर अपने प्राणोंको न्योछावर नहीं कर सकता, वह वास्तविक प्रेमी ही नहीं है।

साध्यको सिद्ध करनेमें प्रारम्भसे ही जिसको अनुभवी पुरुषका संयोग नहीं मिला और उच्च गुणोंकी प्राप्तिके लिये जबतक किसी सिद्ध आत्माकी सेवा नहीं की गयी, तबतक ईश्वरके साथ योग होना कठिन है।

सम्पूर्ण जीवनमें एक बार भी जिसने ठीक-ठीक ईश्वरकी अर्चना कर ली, वह मनुष्य नरकमें भले ही जाय, तथापि उसके भीतर एक बार जो ईश्वरी प्रकाश पड़ा हुआ है, उस प्रकाशको वह जब कभी प्रकट करता है या स्मरण आता है, तभी वह नरककी आग भी बुझ जाती है और वह नरक स्वर्गके समान हो जाता है।

राजाओं और बड़े लोगोंके संसर्गसे दूर रहना; क्योंकि इनका मनोभाव छोटे बच्चोंके समान अस्थिर तथा इनका प्रताप बिगड़े हुए बाघके समान जोरावर और घातक होता है।

तपस्वी अबू इसाक इब्राहीम खैयास

(स्थान—ईराक देशमें रय नामक नगर)

१. जो आदमी लोगोंके आगे तो ईश्वरकी बातें करता है, परंतु भीतरसे लोगोंमें मान प्राप्त करने या ऐसी ही दूसरी-तीसरी वस्तुओंको स्थान देता है, वह शीघ्र या देरसे बेआबरू होकर आफतमें ही जा पड़ता है। पश्चात् जब वह अपने अयोग्य आचरणको अयोग्य समझकर पश्चात्ताप करता है तथा वैसे कार्योंसे निवृत्त होकर प्रभुपरायण बनता है, तभी वह तमाम संकटोंसे बाहर निकलता है।

२. जो मनुष्य संसार-त्याग तथा प्रभुपरायणताका बाना पहनकर लोगोंसे ही प्रार्थना करता फिरता है, उसकी ओर लोगोंकी कुछ भी दया या श्रद्धा नहीं रहने पाती और अन्तमें वह इतना हल्का पड़ जाता है कि उसका जीवन निराशा और कष्टसे भर जाता है और उसके हाथमें केवल अफसोस और अवगुण ही रह जाते हैं।

तपस्वी हारेस महासवी

लोगोंके आगे अपना दोष स्वीकार करनेमें जिसको लेशमात्र भी संकोच नहीं होता, इतना ही नहीं, बल्कि इसमें जो अपना कल्याण देखता है; अपना सत्कार्य दूसरोंके सामने प्रकट करनेकी इच्छा नहीं करता तथा जो दृढ़ संकल्पवाला है, वही सत्यनिष्ठ और सच्चा साधक है।

ऐसा काम करो कि प्रभुके प्रीतिपात्र बनो। संसारका प्रीतिपात्र बन जाना तो अधोगतिमें ही जा गिरना है। यही अन्तिम और सारभूत बात है।

जो मनुष्य साधनाके लिये तैयार होता है या इच्छा करता है, उसको रास्ता दिखाना तो प्रभु अपना आनन्द तथा प्रथम कार्य मानते हैं।

ईश्वरकी महिमा जाननेवाले लोग सदा प्रभु-कृपारूपी अमृत-सरोवरमें मग्न रहते हैं, प्रभुके निर्मलता-पवित्रतारूपी सागरमें वे बार-बार डुबकी मारते हैं और प्रभु-प्रेमरूपी अमूल्य मोती चक्षुद्वारा बाहर लाते हैं। इस प्रकारकी विशुद्धि और अमूल्य सामग्रीके कारण ही वे प्रभुदर्शन और प्रभुमयता प्राप्त करते हैं।

तपस्वी अबू तोराब

१. जब ईश्वरभक्त सत्यनिष्ठासे अनुष्ठानमें लगता है, तब आरम्भमें ही अनुष्ठानकी मधुरताके स्वादका उसको अनुभव होता है।

२. चित्तको पवित्र करने-जैसी कल्याणकारक साधना दूसरी कोई भी नहीं; क्योंकि वह चित्त ही चिन्तामणि-जैसे सब पदार्थोंको उत्पन्न करनेवाली भूमिका है। जिसका विचार और चिन्तन पवित्र होता है, उससे अपवित्र क्रिया नहीं हो सकती, बल्कि विशुद्ध क्रियाएँ ही होती हैं।

तपस्वी मंसूर उमर

साधक दो प्रकारके होते हैं—पहले प्रकारके साधक जगत्‌को ही पहचानते हैं और इस कारण उसीकी प्रसन्नताके लिये कठोर साधनाके पीछे लगे रहते है। और दूसरे प्रकारके साधक प्रभुको पहचानते है; इसलिये उसीकी प्रसन्नता प्राप्त करनेका प्रयत्न करते हैं।

श्रेष्ठ लोग दो प्रकारके होते है—जो केवल ईश्वरका ही साक्षात्कार करना चाहते हैं और दूसरी किसी वस्तुकी इच्छा नही करते, वे उच्च कोटिके हैं; और जो लोग किसीके भी आगे अपनी आवश्यकताएँ नही दिखलाते तथा ऐसा समझते हैं कि निर्वाहके विषयमें और जीवन तथा मरणके विषयमें ईश्वरने जो कुछ निर्धारित किया होगा, वही होगा—वह किसीसे भी बदला नही जा सकता। अतएव वे ईश्वरके सिवा दूसरी सारी वस्तुओसे निःस्पृह रहते हैं।

तपस्वी अहमद अन्ताकी

१. मनुष्यके जीवनमें अभी जो दिन बचे हैं उसका भी यदि वह ज्ञानपूर्वक सदुपयोग करे तो उससे भी पूर्वकी सारी भूलों और पापोंको धोकर वह प्रभुसे क्षमा प्राप्त कर सकता है।

२. आन्तरिक रोगके ये पॉच औषध हैं—(१) सत्संग, (२) धर्म-शास्त्रका अध्ययन, (३) अल्प आहार-विहार, (४) रात्रिकी और प्रातःकालकी उपासना तथा (५) जो भी कुछ करे उसे एकाग्रतापूर्वक तथा सारी शक्तिसे करनेकी पद्धति।

३. सदाचरणके दो प्रकार हैं—(१) जनसमाजके प्रति धर्मसे और नीतिपूर्वक बर्तना—इसका नाम बाह्य-सदाचार है; और (२) प्रभुके प्रति ध्यान-भजन, श्रद्धा, प्रार्थना, संतोष, कृतज्ञता, दर्शनकी आतुरता, प्रेम, आज्ञापालन इत्यादिके रूपमें जो आचरण होता है, वह आन्तरिक सदाचार है।

४. भयका फल है पापसे दूर रहना और परमात्म-श्रद्धाका फल है उसकी खोज करना। जो मनुष्य अपनेको नीतिमान् या उपदेशकके रूपमे परिचय देता है तथापि पापसे दूर नही रहता; तथा जो अपनेको श्रद्धालु अथवा भक्तके रूपमें परिचय देता है, फिर भी प्रभुको नहीं खोजता या उसकी आज्ञा नही पालन करता—ये दोनों प्रकारके मनुष्य झूठे हैं, बड़े पाखण्डी हैं और महान् ठग भी हैं।

तपस्वी अबू सैयद खैराज

१. ईश्वर जब अपने दासके ऊपर कृपा करता है, तब उसके लिये गुणानुवादका द्वार खोलता है, फिर उसको एकताके मन्दिरमें ले जाता है और वहॉ उसकी दृष्टि महिमा और गौरवपर पड़ती है। जब वह इस स्थितिमें पहुँचता है, तभी वह अहंता और ममतासे पूरा-पूरा छूटकर प्रभुमें—सच्चिदानन्द-पदमें स्थित होता है।

२. ईश्वरके गुणानुवादके तीन प्रकार हैं—(१) केवल जीभके द्वारा ही गुणानुवाद गाया जाय और अन्तःकरण उसमें जुड़ा हुआ न हो, (२) जीभके द्वारा गुणानुवाद-गानके साथ ही अन्तःकरण भी उसमें जुड़ा हुआ हो, इस प्रकारके गुणगानसे पुण्यका संचय और प्रभु-कृपाकी प्राप्ति होती है। (३) केवल अन्तःकरणसे ही गुणानुवाद गाता हो और जीभ जरा भी न हिले। इस प्रकारके गुणानुवादका पुण्य इतना अधिक होता है कि स्वयं प्रभुके सिवा और कोई उसको जान ही नहीं सकता।

३. जब परमात्माका साक्षात्कार होता है, तब अन्तःकरणमें अन्य किसी भी विषयका या किसी भी प्रकारके अस्तित्वका आभासतक नहीं रहता।

तपस्वी अहमद खजरुया बलखी

(स्थान—खुरासानमें बलख नगर)

प्रश्न—प्रभुप्रेमीके क्या लक्षण हैं ?

उत्तर—प्रभुप्रेमीके मनको इहलोक या परलोकके कोई भी पदार्थ अच्छे नही लगते । उसका अन्तःकरण प्रभुकी ही महिमा और मनन-चिन्तनमें डूबा रहता है और प्रभुसेवाके सिवा दूसरी कोई भी उसमे वासना नहीं रहती। अपने परिवारमें रहकर वह खाता-पीता, बोलता-चलता और बैठता-उठता है, फिर भी वह अपनेको विदेशी मेहमान ही जानता है; क्योंकि अपने परम सखा प्रभुके हृदयमें उसने जो उच्च स्थिति प्राप्त की है, उस स्थितिको उसके परिवार या संसारमें कोई भी शायद ही समझ या अनुभव कर सकता है।

तपस्वी अबू हाजम मक्की

तुम संसारकी कामनाओंसे निवृत्त हो जाओ। जो संसारमें आसक्ति रक्खेगा, उसके सारे साधन और भजन परलोकमे विनष्ट हो जायँगे और ऐसा कहलायेगा कि 'देखो, ईश्वरने जिन वस्तुओंको तुच्छ समझकर थोड़ा-थोड़ा, जहाँ-तहाँ, जैसे-तैसे बिखेर रक्खा है, उन अत्यन्त तुच्छ (असत्, जड और दुःखरूप) वस्तुओको इस मूर्ख आदमीने हृदयके हारके समान गलेमें धारण कर रक्खा है!

इस ससारकी लौकिक वस्तुओंमे तो ऐसा कुछ है ही नही, जो तुमको निर्मल आनन्द प्रदान कर सके; क्योंकि ससारमें निर्मल आनन्दका सृजन ही नही हुआ। तो भी यदि तुम ऐसे तुच्छ पदार्थोंमे आसक्त रहोगे तो वह बताशेके बदले रुपया दे देनेके समान, परलोकके महान् पदार्थोंसे दूर ही रखनेवाला होगा।'

तपस्वी बशद हाफी

(जन्मभूमि—मरभ)

'लोग मेरी योग्यताको जान ले तो कितना अच्छा हो।' जो ऐसी इच्छा करता है, वह स्वर्गीय मधुरता प्राप्त नहीं कर सकता; क्योंकि लोगोमे जानकार होनेकी इच्छा करना—यह भी असार संसारमे सारबुद्धि और आसक्तिका ही लक्षण है।

तीन बातें कठिन है—(१) निर्धनतामे भी उदारता रखना, (२) एकान्तमे भी वैराग्यकी रक्षा करना, और (३) जिसका भय लगता हो उसको भी सच-सच ही कह देना।

प्रत्येक क्षण अपने जीवनमे सूक्ष्म विचार करो और संदेहजनक वस्तुसे अलग रहो, यही पुण्यकी ओर प्रीति होनेका लक्षण है।

तपस्वी यूसुफ आसबात

१. पापनिवृत्तिके ये लक्षण है—(१) पाखण्डी लोगोसे दूर रहना, (२) असत्यका त्याग करना, (३) अहंकारियों-से दूर रहना, (४) प्रभुकी ओर अग्रसर होना, (५) कल्याणके मार्गपर ही चलना, (६) अधर्म, अनीति और पापकर्म छोड़नेकी दृढ़ प्रतिज्ञा करना, (७) कृत पापोंको दूर करनेके लिये प्रयत्नशील रहना और (८) नालायकके साथ नालायक न बनना।

२. वैराग्यके ये लक्षण हैं—(१) सासारिक प्रवृत्ति और वस्तुस्थितिका त्याग करना, (२) त्याग की हुई तथा नाशको प्राप्त हुई वस्तुकी याद भी न करना, (३) उपास्य प्रभुका ही स्मरण-सेवन करना, (४) प्रभुप्राप्तिके लिये दूसरे सारे स्वार्थोंका त्याग करना, (५) अन्तःकरणको पवित्र बनाना, (६) ऐसा हरेक आचरण, जो प्रेमपात्र प्रभुको प्रिय लगे, करना, (७) आहार और निद्राको, जहाँतक बन सके, कम करना, (८) वैराग्यका यह भी एक लक्षण है कि जो साधक ईश्वरमें ही शान्ति नही पाता, उसमें सच्चा वैराग्य ही नहीं होता।

३. सात्त्विकताके ये लक्षण हैं—(१) जो बात कोई गुप्त रखना चाहता है उसको जाननेकी इच्छा न होना, (२) संदेहवाली वस्तुओंसे दूर रहना और भले-बुरेका विचार करना, (३) भविष्यकी चिन्ता न करना, (४) लाभ-हानिमें समानता रखना, (५) दूसरी बातोंको छोड़कर प्रभुकी प्रसन्नताकी ही ओर ध्यान रखना, (६) राजस और तामस खान-पान तथा सहवाससे दूर रहना, (७) संग्रह किये हुए पदार्थोंका सदुपयोग करना और (८) अपना गौरव प्रदर्शित करनेसे दूर रहना।

४. धैर्य धारण करनेके ये लक्षण हैं—(१) ओछी प्रवृत्तियोंपर अङ्कुश रखना, (२) प्राप्त ज्ञानको दृढ़ करके आचरणमे लाना, (३) प्रभुप्रेमकी प्राप्तिके पीछे लगे रहना, (४) घबराहट और उतावलापन न करना, (५) सात्त्विकताका अनुसरण करनेकी अभिलाषा होना, (६) साधनकी सिद्धिमे दृढ़ होना, (७) उचित कार्योंके लिये पूर्ण प्रयत्न करना, (८) आचार-व्यवहारमें सच्ची निष्ठा, सत्यपरायणता रखना, (९) शुभप्रयत्न करते रहना और (१०) अशुद्धि—अपवित्रता दूर करना।

५. सत्यनिष्ठाके कुछ लक्षण इस प्रकार हैं—(१) जैसा भीतर हो वैसा ही मुँहसे बोलना, (२) वाणी और बर्ताव एक रखना, (३) लोकप्रतिष्ठाकी लालसा छोड़ देना, (४) कर्त्तापनके अहंकारसे दूर रहना, (५) इस लोककी अपेक्षा परलोककी श्रेष्ठताको बढ़कर समझना और (६) प्रवृत्तिको काबूमें रखना।

६. निर्भरताके कुछ लक्षण इस प्रकार हैं—(१) ईश्वर जिस बातके लिये जामिन हो गया है उस बातकी चिन्ता न करना, (२) जिस समय जो कुछ प्राप्त हो उसमे संतोष रखना, (३) तन-मन-धनको सदा प्रभुकी ही सेवा-साधनामें जोड़े रखना, (४) प्रभुता (मालिकी) का परित्याग करना, (५) 'मैं पद' को छोड़ देना, (६) सांसारिक सम्बन्धोंका त्याग करना, (७) मन, वाणी और कर्मसे सत्यका ही अनुसरण करना, (८) तत्त्वज्ञान प्राप्त करना और (९) सासारिक लोगोंकी आशा छोड़कर निराशाको ही पकड़ना।

७. ईश्वर-प्रेमीके कुछ लक्षण ये हैं—(१) एकान्तमें रहना, (२) ससारमें डूब जानेका भय, (३) प्रभुके गुणानुवादमें सुखास्वादन, (४) साधन-भजनमें सुखका भान और (५) ईश्वरीय आदेशके अनुसार आचरण।

८. लज्जाके कुछ लक्षण इस प्रकार हैं—(१) मानसिक शरम, (२) विचार करके बोलना, (३) जिसके करनेसे क्षमा माँगनी पड़े, ऐसे कार्योंसे समय रहते ही दूर रहना, (४) जिस कार्यके करनेमें लज्जा लगे, वैसे विचारोंसे ही दूर रहना, (५) नेत्र, कान और जीभको वशमें रखना, (६) भोजनमें सावधानता रखना तथा (७) शव, समाधि-स्थान तथा श्मशानका स्मरण करना।

तपस्वी अबू याकूब नहरजोरी

तुम जिस सम्पत्तिकी प्राप्तिके लिये प्रभुका उपकार मानना आवश्यक समझो और उपकार मानो, उस सम्पत्तिका विनाश नहीं होगा। और जिस सम्पत्तिके लिये उसका उपकार न मानकर, अपनेको ही बड़ा पराक्रमी मान बैठो, वह सम्पत्ति टिकनेवाली नही।

जब साधक पूरा-पूरा श्रद्धालु बनता है, तब विपत्ति भी उसके लिये सम्पत्ति बन जाती है। संसारके ऊपर भरोसा रखना, यह तो उसके लिये विपत्तिका ही कारण हो जाता है।

ईश्वरीय आनन्द प्राप्त करनेके तीन साधन हैं—(१) सर्वभाव और एकनिष्ठापूर्वक साधन-भजन, (२) संसार और संसारियोंसे दूर रहना और (३) ईश्वरके सिवा किसी दूसरेका स्मरण न हो, ऐसा प्रयत्न करना।

तपस्वी अबू अब्दुल्ला मुहम्मद फज़ल

इन चारोंमें कोई-सा भी काम करनेवालेको धर्म छोड़ जाता है—(१) जिस विषयका ज्ञान होता है, उस विषयमें भी वह ज्ञानके अनुसार नहीं चलता, (२) जिस विषयका ज्ञान न हो, उस विषयमें भी काम करनेके लिये घुसता है, अथवा तीसमार खाँ बन बैठता है, (३) प्राप्त ज्ञानको छिपाकर योग्य मनुष्यको भी नहीं सिखाता और

(४) दूसरे लोग ज्ञानका आदान-प्रदान करते हों तो उसमें विघ्न डालता है।

प्रभु-प्रेमकी चार स्थितियाँ हैं—(१) ईश्वरके गुणानुवादमें प्रेम और आनन्द उत्पन्न होना, (२) भीतर भी प्रभुका गुणानुवाद हुआ करना, (३) विषयानुरागको नष्ट कर ईश्वरसे दूर रखनेवाली तथा वियोग करानेवाली सारी बातोंसे दूर रहना, (४) अपने पाण्डित्यकी अपेक्षा, तथा इस लोक और परलोकमें ईश्वरके सिवा दूसरा जो कुछ है, उस सबकी अपेक्षा प्रभुको ही श्रेष्ठता प्रदान करना।

तपस्वी अबू बकर ईराक

लोगोंके द्वारा प्रभु इन आठ बातोंको चाहते हैं—ईश्वरीय आज्ञाके प्रति पूज्यभाव तथा प्रभुके बनाये सारे जीवोंके प्रति प्रीतिभाव—इन दो बातोंको अन्तःकरणसे देखना चाहते हैं। एकेश्वरवादको स्वीकार करना और लोगोंके साथ मधुर वचन बोलना—इन दो बातोंको जिह्वामें देखना चाहते हैं। ईश्वराज्ञाका अनुसरण और प्रभुपरायण व्यक्तिकी सेवामें उत्साह—इन दो बातोंको देहमें देखना चाहते हैं। ईश्वरेच्छामें धीरज और लोगोंके प्रति गम्भीरता—इन दो बातोंको चरित्रमें देखना चाहते हैं।

नीचे लिखी पाँच वस्तुएँ सदा तुम्हारे साथ ही रहती हैं—(१) परमेश्वर, (२) सांसारिक जीवन, (३) पापवासना अथवा आसुरी बुद्धि, (४) घर-संसार और (५) जन-समाज। इनमें ईश्वरके साथ मिलनकी रक्षा करो, और उसने जो कुछ कहा है तथा जो कुछ कहता है, उसके अनुसार बरतो। सांसारिक जीवनसे विरुद्ध चलना, आसुरी बुद्धिके साथ शत्रुता करना, संसारके सम्बन्धमें धीरज रखना तथा जन-समाजके प्रति दयालु आचरण रखना। यदि तुम इस प्रकार करनेमें समर्थ होओगे तो तुम भी मुक्तात्मा हो जाओगे; ऐसा न करोगे तो अधोगतिके अन्ध कूपमें जा गिरोगे। दोनों मार्ग सामने हैं, जँचे जिसपर चलो!

जबतक तुमने सांसारिक आसक्तिको निर्मूल नहीं किया, तबतक प्रभुको पानेकी कभी भी आशा न रक्खो।

तुम्हारे और ईश्वरके बीच जो साधन और सहायक हो, उसकी ओर पूज्य और पवित्र भाव रक्खो; और तुम तथा तुम्हारी बाह्य प्रवृत्तिके बीच जो कुछ साधनादि हो, उसकी ओर सहनशीलता रक्खो।

प्राप्त सम्पत्तिको प्रभुके प्रीत्यर्थ समर्पण करना तथा उस मार्गमें समर्पण करानेके लिये प्रभुका हृदयसे उपकार मानना—इसीका नाम है प्रभुके प्रति कृतज्ञ बनना— न कि मुँहसे केवल चार शब्द कृतज्ञताके उच्चारण करना।

तपस्वी अहमद मशरूक

जो मनुष्य ईश्वरको भूलकर अन्य विषयोंमें आनन्द लेता है, उसके सारे आनन्दोंका परिणाम दुःखरूप होता है। ईश्वरकी सेवा-पूजामें जिसको प्रीति नहीं पैदा होती, उसकी अन्य सब प्रीतियोंका परिणाम भयरूप होता है; और जो प्रभुमें हृदय लगाता है, उसको सब आपत्तियोंसे प्रभु बचा लेते हैं।

प्रभुका सम्मान करनेमें प्रभुके भक्तोंका भी सम्मान आ जाता है; परंतु प्रभुभक्तोंका सम्मान करनेमें तो प्रभुके सम्मानके अतिरिक्त प्रभुको पानेका महत्त्वपूर्ण द्वार भी खुल जाता है।

तपस्वी अबू अली जुरजानी

साधकके सौभाग्यके चार चिह्न हैं—(१) साधनका सहज समझमें आना, (२) धर्मपालनमें मेहनत न जान पड़ना, (३) साधुजनोंके प्रति स्नेहशील होना और (४) सबके साथ सदाचरणसे बर्तना।

जिस साधुने अपने प्राणोंको प्रभुमें ही स्थापित किया है, जिस साधुका पार्थिव जीवन बदल गया है तथा जिसने ईश्वर-दर्शनसे अमृतत्व प्राप्त किया है, उसके सारे कार्योंमें प्रेरक, प्रभु, कर्त्ता और नेता भी ईश्वर ही होते हैं; क्योंकि उसने

अपने पास तो तनिक भी कर्तव्य, कर्तृत्व या प्रभुत्व-जैसी कोई भी वस्तु रक्खी नहीं।

जिसने अपना सम्पूर्ण हृदय प्रभुको अर्पण कर दिया है और देहको लोकसेवामें लगा दिया है, वही सच्चा त्यागी, दाता और तत्त्वज्ञानी है।

तुम प्रभुमय रहनेमें ही श्रेष्ठता समझो, लौकिक असाधारणता या चमत्कारोंका अभिलाषी होनेमें नहीं; क्योंकि ऐसी इच्छा जागी तो फिर तुम्हारी चित्तवृत्ति प्रभुके मार्गमें स्थिर रहनेवाली नहीं, जिस स्थिरताको तुममें ईश्वर आयी हुई देखना चाहता है। अधीनता (अर्थात् प्रभुकी आज्ञा और इच्छाके अधीन रहना) प्रभुभक्तिका धाम है, धैर्य उस धाममें प्रवेशका द्वार है और आत्मविसर्जन यह उस मन्दिरके अंदरका भाग है कि जिस धाममें सदाके लिये सर्वोत्तम सुख, चेतना और शान्ति-ही-शान्ति रहा करती है!

तपस्वी अबू बकर केतानी

अन्न-जल न मिलनेपर भी जो अत्यन्त प्रफुल्ल रहता है और मृत्युपर्यन्त साधन-भजनमें लगा रहता है; बल्कि जो दुःखको भी प्रभुकी कृपा समझ सकता है और मृत्यु आनेपर भी जो हँसता दीखता है, वही सच्चा वैरागी है।

प्रायश्चित्त यद्यपि एक ही शब्द है, फिर भी इसमें ये छः भाव रहते हैं—(१) पूर्व किये गये पापोंके लिये खेद, (२) फिरसे पापमें प्रवृत्ति न हो इसके लिये सावधानी, (३) ईश्वरके लिये किये जानेवाले कर्त्तव्योंमें जो कमियाँ रह गयी हों उनको दूर करना, (४) अन्य लोगोंके प्रति जो अवाञ्छनीय आचरण हो गया हो उसका बदला चुका देना, (५) शरीरका रक्त-मास, जो अवाञ्छनीय भोगसे बढ़ा हो, उसको क्षय करना और (६) जिस मनने पापकी मधुरता चक्खी हो, उस मनको साधनाकी कटुता भी चखाना।

तपस्वी अबू नसर शिराज

भक्तके हृदयमें जब प्रभुप्रेमकी ज्वाला पूरे जोरसे भभक उठती है, तब ईश्वरके सिवा दूसरी जो भी कोई वस्तु उसमें रहती है, उसको वह ज्वाला जलाकर भस्म करके बाहर फेंक देती है।

नीति तीन प्रकारकी है—(१) 'संसारियोंकी नीति'—इसमें वाणीकी मधुरता, चतुराई, बाह्य विषयोंका ज्ञान, धनिकों-अफसरों और राजाओंका गुणानुवाद आदि। (२) समयका सदुपयोग, कहे अनुसार चलना, शत्रुओंसे न ठगाना, प्रभु-प्रार्थनामें तथा हरिभक्तोंसे भेंट होनेपर विनय प्रदर्शित करना—ये सब 'सत्पुरुषोंकी नीति' है। (३) आन्तरिक शोधन, गूढ़ रहस्योंका ज्ञान, इन्द्रिय-निग्रह, चित्तसंयम, वासनाका त्याग और साधना—ये सब 'धर्मात्माओं-की नीति' है।

तपस्वी फतह मोसली

सब आदमी जानते हैं कि अन्न बिना भी मनुष्य जी सकता है, परंतु उसके साथ इतना नहीं जानते कि जो मनुष्य अपने अन्तःकरणको साधु-समागमसे अथवा भक्त-जनोंके चरित्रोंसे वञ्चित रखता है, उसके अन्तःकरणकी तो शुभसे मृत्यु ही हो जाती है—अर्थात् वह अधर्म, अनीतिमें ही डूबता चला जाता है।

जो मनुष्य पूर्ण निष्काम बनकर ईश्वरकी शरण लेता है, उसीके अन्तःकरणमें प्रभुप्रेम प्रवेश कर सकता है; क्योंकि जो केवल प्रभुको ही पानेकी कामनावाला होता है, वह प्रभुके सिवा सारी वस्तुओंसे विमुख बनता है।

तपस्वी मश्शाद दनयरी

जो मनुष्य सांसारिक पदार्थोंके ऊपर आसक्त नहीं होता, इतना ही नहीं, बल्कि उल्टा अपनी देह और जीवन-तकको दुःखरूप और दोषमय समझकर उससे भी असंतुष्ट रहता है, वही सच्चा विरागी—विगतरागी है।

जबतक तुम्हारा अन्तःकरण सांसारिक विषयोंसे उपरत होकर प्रभुके मार्गमें आसक्त और स्थिर नहीं हो जाता तथा परमेश्वरके दिये हुए वचनोंमें तुमको दृढ़ विश्वास नहीं हो जाता, तबतक तुम चाहे जितनी क्रिया, उपासना, ध्यान, उपवास और व्रत किया करो, तथा चाहे जितने विषयोंका सूक्ष्मज्ञान इकट्ठा किया करो, परंतु ऋषियोंकी कृपा, आचरण, अवस्था या पद तुम्हें प्राप्त होनेवाला नहीं है।

ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी

(प्रेषक—डाक्टर एम्० हफीज सैयद एम० ए०, पी-एच्० डी०)

१—साधकको चाहिये कि खाना कम खाय। स्वादके लोभसे अधिक भोजन करना भोगीके लक्षण हैं।

२—भोजन इसलिये किया जाता है कि शरीर स्वस्थ रहे और उस शरीरसे ईश्वरकी आराधना की जाय। साधकका वस्त्र भी सात्त्विक हो और उसमे किसी प्रकारका दिखावटी-पन न हो।

३—साधकका धर्म है कि वह कम सोये और कम बोले। सांसारिक व्यवहारोंसे अपनेको अलिप्त रक्खे।

४—बिना पूर्ण त्याग और वैराग्यके भगवान्‌की प्राप्ति नहीं होती। दृष्टान्तके तौर हजरत बायजीद बस्तामीको भी सत्तर सालकी आराधनाके बाद, पूर्ण ज्ञानकी प्राप्ति उस समय हुई थी जब कि उन्होंने अपने पासकी बची हुई दो वस्तुओंको (एक मिट्टीका बर्तन और एक वस्त्र) भी त्याग दिया था।

ख्वाजा फरीदुद्दीन गंजशकर

(प्रेषक—डा० एम्० हफीज सैयद एम्० ए०, पी-एच्० डी०)

१—ईश्वरके मार्गपर चलनेवाला साधक अपने आहार-की चिन्ता नहीं करता। अगर समयपर आहार न मिलनेसे उसका मन चिन्तित होता है तो वह ईश्वरीय दृष्टिकोणसे पापी समझा जाता है। ईश्वर ही सबका अन्नदाता है और वही सबको आहार पहुँचाता है। इसलिये सदा उसी भगवान्‌के ही अधीन रहना चाहिये।

२—सच्चा बुद्धिमान् व्यक्ति वह है जो संसारके सब कामोंको ईश्वरपर छोड़ देता है और हरि-इच्छाको ही अपना आदर्श बनाता है।

३—त्यागी साधुओंके लिये आवश्यक है कि वे इस संसार और परलोकसे अपने हृदयको स्वच्छ रखते हुए उनसे किसी प्रकारका सम्बन्ध न रक्खें।

४—साधकका परम धर्म है कि वह हर समय सोते-जागते, उठते-बैठते भगवान्‌के स्मरणमे ही अपनेको लगाये रक्खे।

५—जबतक साधक ईश्वरके ध्यानमे लीन रहता है, वह जीवित समझा जाता है और जब वह भगवद्-भजन नहीं करता, तब मृतकके समान समझा जाता है।

ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती

(प्रेषक—डा० एम्० हफीज सैयद एम्० ए०, पी-एच्० डी०)

१—जो व्यक्ति ईश्वर-उपासनाकी निन्दा करता है वह दुष्ट है। ईश्वरके नामपर दान-पुण्य करना हजार बारकी नमाजसे कहीं अच्छा है।

२—किसी धार्मिक सज्जन पुरुषको गाली देना व्यभिचारके समान है। ईश्वर मेहनत-मजदूरी करनेवालोंसे प्रेम रखता है। परंतु जो व्यक्ति अपने आहारके लिये अपने पुरुषार्थपर

ही अभिमान रखता है, वह अधर्मी समझा जाता है; क्योंकि अन्नदाता ईश्वर ही है और वही सबको आहार देता है।

३–विपत्तिके समय जो मनुष्य दुखी होता है, वह ईश्वरके दृष्टिकोणसे अविश्वासी समझा जाता है।

४–अगर कोई मनुष्य ईश्वरकी उपासना करता हो और उस समय कोई भिखारी और गरीब उसके पास आ जाय, तो उसका धर्म है कि अपनी उपासना छोड़कर गरीब व्यक्तिकी ओर ध्यान दे और उसकी सहायता करे।

५–तीन प्रकारके मनुष्य स्वर्ग नहीं प्राप्त कर सकते—(१) वे जो झूठ बोलते हैं, (२) जो कंजूस हैं और (३) वे जो पराये धनको अपनाना चाहते हैं।

६–ज्ञानी पुरुष वे हैं जो ईश्वरकी भक्तिमें लीन रहते हैं और सोते-जागते ईश्वरका ही स्मरण करते हैं। पूर्ण ज्ञानी वे हैं जो इस लोक और परलोकसे अपने मनको हटाकर सबसे विरक्त हो जाते हैं।

(७) ज्ञानी अपने अंदर दैवी गुणोंको पैदा करता है और ईश्वरसे पूर्ण प्रेम करता है। ईश्वरकी प्राप्तिके लिये अपना तन, मन, धन सब कुछ लुटानेके लिये तैयार रहता है।

संत शेख सादी

(प्रेषक—श्रीरामअवतारजी चोरसिया 'अनन्त')

सच्चे फकीरका आदर्श दूसरा ही होता है। अगर वह अपनेको खुदाका बंदा स्वीकार करता है तो खुदाके सिवा और किसीको नहीं जानता-समझता, आखिर खुदासे नाता रखनेवालेको दुनियाके भले-बुरेसे क्या लेना-देना ?

इंसानको चाहिये कि अपनी अच्छी हालतमे उन लोगोंकी तरफ मददका हाथ बढ़ाता रहे जो दीन-दुखी हों, सहायताके मोहताज हों, इसलिये कि दीन-दुखियोंकी मदद-इमदाद करनेसे इंसानकी बला टलती रहती है। जो धन दीन-दुखियोंकी मददमें काम नहीं आता, वह आखिर जालिमके हाथका शिकार होता है।

जो आदमी अक्लमंद होता है, वह लोगोंके खेल-कूदसे ही सभी कुछ सीख लेता है। मगर जो बेवकूफ होता है वह हिकमतके तत्त्व-ज्ञानके सौ अध्याय सुननेके बाद भी कुछ नहीं सीखता।

अगर मनुष्य पेटको भोजनसे खाली रक्खे यानी थोड़ा भोजन करे तो उसे ईश्वरीय ज्ञानका प्रकाश नजर आने लगे। इसके विरुद्ध जो नाकतक भोजनसे भरे रहते हैं, वे मानो अक्लसे खाली रहते हैं। वे अक्सर शैतानकी तरफ बढ़ते हैं।

दुनियाकी आदमीकी आँखे या तो संतोषसे भर सकती हैं या कब्रकी मिट्टीसे।

अगर तुम्हारे पास सोना, चाँदी हो तो उससे तुम खुद ही न फायदा उठाओ, बल्कि दूसरोंको भी फायदा उठानेका मौका दो।

एक तरफ तो जिंदगी बितानेकी उम्मीद और दूसरी तरफ जिंदगी जानेका डर। इसलिये जिंदगी बितानेकी उम्मीदमें जिंदगीको तकलीफमें डालना अक्लमंदीकी रायके खिलाफ है।

न तो काम-काजसे घबराना, न दुखी होना; क्योंकि अमृत हमेशा अँधेरेमे ही रहता है।

सब्र कड़ुवा होता है मगर उसका फल मीठा होता है।

ईश्वरीय दया-दृष्टिपर गौर कीजिये। वह सबके गुण देखता है, दोष भी देखता है; मगर किसीकी रोजी नहीं छीनता।

अगर तुम्हे अपने पैरके नीचे दबी हुई चींटीकी हालत मालूम है तो समझना चाहिये कि उसकी वैसी हालत ही है जैसी हाथीके पैर तले दबनेसे तुम्हारी हो सकती है। दूसरेके दुःखको अपनेसे मिलान किये बगैर अपनी असली हालत नहीं जान सकते।

जब तुम झगड़ेका सामान देखो तो खामोश हो जाओ; इसलिये कि खामोश-मिजाज झगड़ेका फाटक बंद कर देता है। इसके साथ ही बदमिजाजीके साथ मेहरबानी तौलकर देखो; नतीजेमें तेज तलवार नरम रेशमको हरगिज न काट सकेगी। मीठी जुबान और आजिजीमें यह तासीर

होती है कि तुम हाथीको भी सिर्फ एक बालके जरिये जहाँ भी चाहो, ले जा सकते हो।

इंसान अगर लालचको ठुकरा दे, तो बादशाहसे भी ऊँचा दर्जा हासिल कर ले; क्योंकि संतोष ही हमेशा इंसानका माथा ऊँचा रख सकता है।

हम इस खाकमें पीछे मिलें, पहले अपनेको ही खाक बना डालें।

अगर इंसान सुख-दुःखकी चिन्तासे ऊपर उठ जाय तो आसमानकी ऊँचाई भी उसके पैरोंके तले आ जाय।

आदतसे ही बुरा काम करनेवाला आदमी एक-न-एक दुश्मनके हाथमें गिरफ्तार रहता है। वह कहीं भी जाय, सजा देनेवाले हाथोंसे छुटकारा नही पा सकता। और तो और, अगर ऐसा आदमी बलाके चंगुलसे छूटनेके लिये आसमानपर भी जा पहुँचे, तो अपनी आदतसे अपनी बदकारीसे बलाके हाथों गिरफ्तार हो जायगा।

जो शख्स किसी मनमानी करनेवाले और बद-मिजाज आदमीको नसीहत करता है, वह खुद नसीहतका मोहताज है।

लालची आदमी पूरी दुनिया पानेपर भी भूखा रहता है। मगर सब्र करनेवाला एक रोटीसे ही पेट भर लेता है।

भोग-विलास एक आग है, दोजखकी आग। उससे बचते रहना, उसे तेज मत करना; तुम उसकी आँच सहनेकी ताकत कहाँसे पाओगे? इसलिये उसपर सब्रका ठंडा पानी छिड़क देना।

जो आदमी अच्छे जमानेमें ताकत और अख्तियार रहते हुए नेकी नहीं करता, वह बुरे जमानेमें ताकत और अख्तियार चले जानेके बाद बेहद परेशानी उठाता है। जालिमसे ज्यादा बदनसीब और कोई नहीं होता; क्योंकि मुसीबतके वक्त कोई उसका दोस्त नहीं रहता।

सब्रसे बहुत काम निकल आते हैं। मगर जल्दबाज मुँहकी खाते हैं। मैंने जंगलमें अपनी आँखों देखा है कि धीरे-धीरे चलनेवाला तो मंजिलपर पहुँच गया, मगर तेज दौड़नेवाला बाजी खो बैठा। तेज चलनेवाला घोड़ा तो चलते-चलते थक गया, मगर धीरे-धीरे चलनेवाला ऊँट बराबर चलता रहा।

लोगोंके छिपे हुए ऐब जाहिर मत करो। इससे उसकी इज्जत तो जरूर घट जायगी, मगर तेरा तो एतबार ही उठ जायगा।

जो शख्स नसीहत नहीं सुनता, वह लानत-मलामत सुननेका शौक रखता है, तू अगर नसीहतसे दूर भागता है तो तुझे लानत-मलामतके पास रहना चाहिये।

मौलाना हजरत अली

[पैगम्बर हजरत महम्मदके दामाद—उनकी वाणीसे अनुवादित]

(प्रेषक—वैद्य मीवदरहीन राणपुरी)

अकेला रहना मर्दका भला उससे जो बैठे बुरेके साथ।
बुरेके साथ बुराई सीखे और न कुछ भी लागै हाथ॥
नित उठि नेक संगतिमें बैठो जिससे सीखो इल्म नेकी।
नेक न पावो तो रहो अकेले बुरे संगसे भला एकी॥

× × ×

जीभ चुप्पीसे पुरुष सलामत चुप रहनेमें बहुत है गुन।
जीभ बाँधो ध्यानको खोलो आप चुप रहो औरकी सुन॥
बहुत बोलेसे बन्धन होता ज्यों तोता बुलबुल मैना।
बोलत ही पिंजरेमें डाले पंछीसे किसका क्या लेना॥

× × ×

सास उसीसे सुमिरन कर ले और हिरस हवा सब छोड़।
हक बिना सब हिरस हवा है तुम हकसे मुहब्बत जोड़॥
जो जो सुख दुनिया उकबाके सबसे दिलको जल्द निवार।
जो पावेगा वसल हकका तो यह सब होगे ताबेदार॥

× × ×

अव्वल आखर जाहिर बातन दरसता सुनता सो है।
है सब ही में सबसे न्यारा और नहीं सब ही वो है॥
मैं और तू की दुई छोड़कर एक देख कुछ दो नही है।
ऐसा समझ फना हो उसपर तू नहीं तब सही वह है॥

श्रीअनवर मियाँ

[जन्म—वैशाख बदी ७ शुक्रवार, वि० सं० १८९९, स्थान—विसनगर, पिताका नाम—अजा मियाँ, गुरुका नाम—सैयद हैदरशाह फकीर ।]

(प्रेषक—वैद्य श्रीबदरुद्दीन राणपुरी)

समझ मन मेरा ॥

समझ मन मेरा रे यहाँ कोई नहीं तेरा ।
क्या गफलतमें कहता है तूँ नाहक मेरा मेरा ॥ समझ० ॥
बाप भाई और लड़का लड़की औरत कुटुँब कबीला ।
दोस्त आश्ना सब दुनियाँके, क्यूँ गफलतने घेरा ॥ समझ० ॥
महल झरोखा काम न आवे, साहेबकी दरगामें ।
एक दिन ऐसा आयेगा बंदे, जंगल होगा डेरा ॥ समझ० ॥
खाओ, पीओ, खरचो प्यारे, धर्म-पुण्य कुछ कर लो।
संग तुम्हारे हो उजियाला, आगे राह अँधेरा ॥ समझ० ॥
ज्ञानी ! तुम वेपारको आये, कुछ तो सौदा कर लो ।
जब मूड़ीमें चोट पड़ेगी, फोकट जायगा फेरा ॥ समझ मन मेरा रे॥

हरिको देखा दरसन में, समझकर मगन हुआ मन में ॥ टेक ॥
जलमें देखा, थलमें देखा, देखा पवन-अगनमें, रे भाई।
कंकर पाथर सबमें देखा, मनवा भया मगनमें ॥ हरि० ॥
झाड़में देखा, पातमें देखा, देखा फूल-फलनमें, रे भाई।
ठाम ठाममें दरसन पाया ज्ञानरूप दरपनमें ॥ हरि० ॥
तुममें देखा, हममें देखा, देखा सब पुरुषनमें, रे भाई।
कोई उस बिन नजर न आया, हरको जग-दरसनमें ॥ हरि० ॥
अकास देखा, पताल देखा, देखा गहन-गगनमें, रे भाई।
तीन लोकमें उसको देखा, रमता सबके मन में ॥ हरि० ॥
उसके बिना कोइ चीज न देखी, दरिया बस्ती बनमें, रे भाई।
चौदह भुवनमें आप समाया, तरह-तरहके फनमें ॥ हरि० ॥
हर जगहमें उसको देखा, नूर भया लोचनमें, रे भाई।
उस बिन दूजा कछू न देखा, बोला सत्य बचनमें ॥ हरि० ॥
उससे डोरी लगी है सबकी, खींचे सब कारनमें, रे भाई।
बाजीगर ज्यूँ पूतलियोंका खेल करें लोकनमें ॥ हरि० ॥
कभी हमारा सग न छोडे जाग्रत् और सुपनमें, रे भाई।
आठ पहर हाजिर ही रहता, 'ज्ञानी' के चेतनमें ॥ हरि० ॥

मेरे दिलमें दिलका प्यारा है मगर मिलता नहीं ।
चश्मोंमे उसका नज़ारा है मगर मिलता नहीं ॥
ढूँढता फिरता हूँ उसको दर बदर औ कू-बकू ।
हर जगह वो आशिकारा है मगर मिलता नहीं ॥
ऐ रकीबो गर खबर हो, तो लिल्लाह दो जवाब ।
मेरे घरमे मेरा प्यारा है मगर मिलता नहीं ॥
शेख ढूँढे है हरममें औ बिरहमन देरमें ।
हर जगह उसको पुकारा है मगर मिलता नहीं ॥
मैं पड़ा जख्मी तड़पता हूँ फिराके यारमे ।
तीर मिजगा उसने मारा है मगर मिलता नहीं ॥
मेर अन्दर वोही खेले औ खिलावे मुझको वोह ।
घरमें दुलहनका दुलारा, है मगर मिलता नही ॥
क्या करे कुछ बस नहीं, अनवर यहाँ लाचार है ।
पास वह दिलवर हमारा है मगर मिलता नही ॥

श्रीखलील जिब्रान

(जन्मस्थान—सीरियाके लबनानमें बशेरी नामक ग्राम । समय—ई० सन् १८८३ जनवरी । मृत्युके समय उम्र ४८ वर्ष, मृत्युस्थान—न्यूयार्क)

मेरे मित्रो ! स्मरण रखो कि जो भिक्षा तुमने वृद्ध, अशक्त या आवश्यकतामे पीड़ित दरिद्रके हाथमे दिया है, वह भिक्षा नहीं रह जाता । वह ईश्वरीय हृदयके साथ तुम्हारे हृदयको जोड़नेवाली स्वर्ण-शृङ्खला बन जाता है ।

प्रेम मृत्युसे बलवान् है और मृत्यु जीवनसे बलवान् । यह जानते हुए भी मनुष्य मनुष्यके बीचमें कितने क्षुद्र भेद खड़े कर लेता है ।

मैं किसीकी हत्या करने-जैसा क्षुद्र बनूँ, इससे पूर्व अच्छा यही है कि कोई और मुझे मार डाले ।

आवश्यकता और विलासके मध्य कोई रेखा कोई

मनुष्य नहीं खींच सकता । केवल देवदूत यह काम कर सकता है और देवदूत—यह तो हमारे सद्विचारोंका ही नाम है ।

इतना स्मरण रखना, कोई वासना यहाँ अपूर्ण नहीं रहती । आकांक्षा, इच्छा, कामना, राग—देर-सवेर जीवनमेंसे इन्हें अपनी तृप्तिकी शोध करनी ठहरी और जीवनको वह प्रदान करना ठहरा । (तात्पर्य यह कि पाशविक वासनाएँ उठेंगी तो उनकी पूर्तिके लिये पशु होना पड़ेगा । शुभ वासनाएँ ही उठें, इसीमें जीवनका हित है ।)

महान् शोक अथवा महान् आनन्द—तुम्हारे सत्यको यही प्रकट कर सकते हैं और कोई नहीं । इसका यह अर्थ हुआ कि सत्यकी प्राप्तिके लिये या तो तुम्हें अपार कष्ट सहने होंगे या आनन्दकी मस्ती प्राप्त करनी होगी—दोमेंसे एक ।

तुम्हें जिसकी आवश्यकता नहीं है, वह मुझे दे दो; इसमें कोई उदारता नहीं है । जिसकी आवश्यकता तुम्हें मुझसे अधिक है, वह तुम मुझे दे दो—यही सच्ची उदारता है ।

मैं कब समझूँगा कि मुझे जो अन्याय (कष्ट आदि) मिला, वह मेरे द्वारा किये अन्यायोंका केवल पासँग मात्र है ।

अपने मर्यादित ज्ञानसे दूसरेको मापनेके बदले यह मापनेका काम ही छोड़ दो ।

वृत्तियों—कामनाओंका संघर्ष—यह और कुछ नहीं है, जीवन व्यवस्थित होना चाहता है । उसकी माँगको समझो ।

धनी और कंगालके मध्यका अन्तर कितना नगण्य है । एक ही दिनकी क्षुधा या एक ही घंटेकी प्यास दोनोंको समान बना देती है ।

मैं ही अग्नि हूँ और मैं ही कूड़ा-करकट हूँ । मेरी अग्नि मेरे कूड़े-करकटको भस्म कर दे—इसका नाम है—शाश्वत जीवन ।

अपना मन ही अपनेको भ्रममें डालता है और अपने नियम-संयमको भंग करता है । लेकिन मनसे परे एक तत्त्व है जो नियम-संयम भंग करनेवाले मनके वशमें नहीं होता । मनको वशमें करनेके लिये उसका आश्रय लेना ही पड़ेगा

यह आश्चर्य देखो, मेरे दुःखका एक भाग—प्रधान भाग मेरे सुख पानेकी इच्छाओंमें ही है । मुझे यह जानकर नवीनता लगी कि सुख पानेकी इच्छाका ही अर्थ है—दुःख ।

मैंने अपने आपको सात अवसरोंपर क्षुद्र बनते देखा—

१—जब मैं मनुष्यके सामने विनम्र रंक बना, इस आशासे कि इससे संसारमें उन्नत अवस्था प्राप्त करूँगा ।

२—जब मैं निर्बल लोगोंके समक्ष गर्वसे फुदकता चलने लगा । जैसे मेरी शक्ति मेरे विकासका एक भाग न होकर दुर्बलोंसे स्पर्धा करनेका साधन हो ।

३—कठिनाइयोंसे भरे कार्य क्षेत्र और सरलतासे मिलने-वाला सस्ता (वैषयिक) सुख—इन दोनोंमेंसे एकको पसंद करनेका अवसर आनेपर जब मैंने सरलतासे मिलनेवाला सस्ता सुख चुना ।

४—जब मैंने अपराध करके पश्चात्ताप एवं परिमार्जन करनेके बदले उसका समर्थन करते हुए कह दिया—'ऐसे तो चला ही करता है । दूसरे भी तो यही करते हैं ।'

५—जब अपनी दुर्बलताको मैंने सहन कर लिया, इतना ही नहीं—इस दुर्बलताको सहन कर लेनेमें भी अपनी भक्ति मान ली ।

६—जब मैंने कुरूप चेहरेकी ओर घृणा प्रदर्शित की; किंतु यह नहीं जाना कि घृणाका ही एक आच्छादन यह कुरूपता है ।

७—जब किसीके द्वारा प्रशंसा सुनकर मैंने समझा कि सचमुच मैंने श्रेष्ठ कार्य किया है । दूसरोंके द्वारा प्रशंसा पानेको अच्छाईकी कसौटी मान लेना—यह तो हद हो गयी ।

इस प्रकार सात अवसरोंपर मैंने अपने आपको क्षुद्र बनते देखा ।

नंगी पृथ्वीपर सोने मनुष्यके स्वप्न और गुदगुदे गद्दे पर सोनेवाले मनुष्यके स्वप्नमें कोई अन्तर नहीं होता । जबसे मुझे इस बातका पता लगा, मैंने समझ लिया कि कहो-न-कहो किंतु संसारमें न्यायात्माका न्याय ही चलता है । जीवनका मार्ग न्यायका मार्ग है—इसमें मेरी अचल श्रद्धा हो गयी ।

संस्मरणका अर्थ है शान्त मिलन; किंतु विस्मरणका अर्थ ? संत कहते हैं कि यही मुक्ति है । जो भूल गया—भूलने योग्य सब कुछ जो भूल गया, वह उन सबके बन्धनोंसे मुक्त हो गया ।

तुम्हारे ज्ञानके ऊपर पड़े हुए जड़त्वके आवरणको दूर करनेके लिये तुमको प्रकृतिकी ओरसे एक वस्तु प्रदान की गयी है—वह है तुम्हारी वेदना ।

संत पीथागोरस

(जन्म—ईसापूर्व ५८६ वर्ष। देहान्त—ईसाके लगभग ५१० वर्ष पूर्व।)

संतोंके द्वारा निर्दिष्ट क्रमके अनुसार देवाधिदेव—परमेश्वरकी पूजा करो तथा धर्म-पालनमे गौरवका अनुभव करो।

अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा सगे-सम्बन्धियोका आदर करो। पुण्यात्माओंसे मित्रता करो, उनकी मधुर सीख तथा सदाचरणके अनुसार जीवन बिताओ, छोटे-से अपराध—साधारण भूलके लिये उनसे अपने प्रेम-सम्बन्धका विच्छेद न करो।

इसको सच मान लो और उदर, आलस्य, भोग-विलास तथा क्रोधपर विजय प्राप्त करना सीख लो।

दूसरोके तथा अपने प्रति और आत्मसम्मानको पतनकी ओर ले जानेवाला कोई नीच कर्म—बुरकर्म मत करो।

कर्म और वचनसे सत्यका आचरण करो, किसी भी वस्तुके प्रति अन्याय न हो जाय, इसका सदा ध्यान रहे; इसको जान लो कि सब-के-सब अवश्य मर जायँगे। धन आता है और चला जाता है।

यदि कोई असत्य बोलता है तो तुम शान्त रहो।

तुम उसे मत करो जिसे नहीं समझ पाते हो, जो शुभ है उसका ज्ञान प्राप्त करो, इससे तुम्हारा जीवन मधुर हो जायगा।

चीनी संत कन्फ्यूसियस

(जन्म—ईसापूर्व ५५० या ५५१ वर्ष, स्यू राज्यमें। पिताका नाम—शुहलेंग हेह। देहान्त—ईसापूर्व ४७८ वर्ष।)

ईश्वरके प्रति अपराध करनेवालेके लिये कोई दूसरा नहीं बचता है जिसकी वह प्रार्थना कर सके।

यदि आप ईमानदारीसे जनताका सुधार करना चाहते हैं तो कौन ऐसा प्राणी है जो अपना सुधार नहीं चाहेगा अथवा अपनी गलती नहीं सुधारेगा?

यदि आप स्पष्टरूपसे भलाईकी कामना करेंगे तो निस्संदेह लोग भले होंगे।

जो उत्थानके योग्य हैं, उनका उत्थान करो और जो अयोग्य हैं, उन्हें उपदेश दो जिससे कि वे कल्याणमार्गकी ओर अग्रसर हो सकें।

शासन वही उत्तम है जो अपने अधीनस्थोंको सुखी रक्खे और जो अपनेसे दूर हैं, उन्हे आकर्षित करे।

बुद्धिमान् और उत्तम शासक वही है जो प्रजापर बोझ डालकर भी उसे क्षुब्ध नहीं होने देता। वह स्वयं भी किसी प्रकारका प्रमाद नहीं करता, चाहे उसे अधिक आदमियोंसे व्यवहार करना पड़े अथवा कम आदमियोंसे, साधारण काम हो या महान्।

जिन विषयोंका स्वयं उन्हें ज्ञान नहीं, बुद्धिमान् पुरुष उन विषयोंमें अपना निर्णय कभी प्रकट नहीं करते।

जो स्वयं अपना ही सुधार नहीं कर सकता, उसे दूसरोंके सुधारकी बात करनेका भला, अधिकार ही क्या है?

जो काम शीघ्रतासे किया जाता है, वह पूर्णतया कभी सम्पादित नहीं होता।

मनुष्यको कभी तुच्छ विषयोंपर विचार नहीं करना चाहिये। यदि वह उन्हींमें उलझा रहेगा तो महान् कार्य यों ही रह जायँगे।

स्वामीकी सेवा करते समय, सेवाको सदा मुख्य और पारिश्रमिकको गौण समझो।

दूसरोंने उसकी पूछ नहीं की, इस बातको जानकर भी जो उद्विग्न नहीं होता, क्या वह महापुरुष नहीं है?

महान् पुरुष वही है जो कथनके पूर्व ही क्रिया करता है और केवल उसी बातको कहता है जिसे कि उसे करना है। वह सदा साम्प्रदायिक झंझटोंसे दूर रहता है।

महान् पुरुष क्षणमात्रके लिये भी सत्यका त्याग नहीं करते—भीषण-से-भीषण दुःख और विपत्तिके समयमें भी वे अचल रहते हैं।

शुभके जानकारसे शुभका इच्छुक उत्तम है; उससे भी उत्तम वह है जो निरन्तर शुभमें ही रमण करता है।

जो गुण अपनेमें हो नहीं, उसे जो दिखानेका ढोंग करता है, क्या ऐसे दाम्भिकके हृदयमें कभी सत्यकी प्रतिष्ठा हो सकती है?

सरलता और सचाईके साथ मनुष्यको आत्मसंशोधनका प्रयत्न करना चाहिये।

सच्चा मनुष्य कभी उद्विग्न नहीं होता।

जो व्यवहार तुम दूसरोंसे अपने प्रति नहीं चाहते, वैसा व्यवहार तुम भी दूसरोंके प्रति कभी मत करो।

जो भय और शोकसे रहित हो गया है, वही महान् है।

भद्र पुरुष सदा दूसरोंके गुणोंको ही बखाना करते हैं, दोषोंकी तो वे कभी आलोचना ही नहीं करते।

(इसी प्रकार सच्चा मित्र सदा अपने मित्रके गुणोंको ही प्रकाशमें लाता है, दोषोंको सदा वह छिपाता है।)

स्वार्थका दमन और आचारके स्वाभाविक नियमोंका पालन करना ही सच्ची भद्रता है।

सच्चे पुरुष सदा कर्मठ होते हैं, वे व्यर्थ बकवाद कभी नहीं करते। वे सम्मानित होते हुए भी अभिमानसे सदा दूर रहते हैं।

सच्चा पुरुष सदा साहसी होता है, पर साहसी पुरुष सदा सच्चा ही हो, सो बात नहीं। साहस तो चोर-डाकुओंमें भी होता है, पर उन्हें भला कोई नहीं कहता।

क्रोध आनेपर बुद्धिमान् पुरुष सदा परिणामपर विचार करते हैं। लाभका संयोग उपस्थित होनेपर कर्तव्यकी ओर देखते हैं।

दूसरोंका सम्मान करो, लोग तुम्हारा भी सम्मान करेंगे।

जो कदाचित् ही पूर्व अनिष्टोंको याद करता है, उसके थोड़े ही शत्रु होते हैं।

वचन दे देनेके बाद, मनुष्यको कभी भी काम करनेमें पीछे नहीं हटना चाहिये।

बहुत-से आदमी बिल्कुल ईमानदार हो सकते हैं, चाहे उन्होंने सदाचारसम्बन्धी पुस्तकोंका अध्ययन ही न किया हो।

बुद्धिमान् पुरुष कभी यह नहीं सोचते कि उन्होंने सब कुछ सीख लिया है, भले ही वे जिज्ञासुओंको उपदेश देनेमें पूर्ण समर्थ हों।

मनुष्यको केवल ज्ञानप्राप्तिके लिये नहीं भटकना चाहिये, उसे जीवनमें उतारनेका भी अभ्यास करना चाहिये।

जाननेपर यह समझना कि मैं जानता हूँ और न जाननेपर यह अनुभव करना कि मैं नहीं जानता—यही सच्ची जानकारी है।

कर्तव्य-कर्ममें प्रमाद मनुष्यके नैतिक पतनका सूचक है।

जो विद्यार्थी केवल कल्याण-सूत्रोंके अध्ययनमें ही संलग्न है, पर जिसे मोटा खाने और मोटा पहननेमें संकोच होता है, वह कभी शिक्षा पानेका अधिकारी नहीं।

गुणोंका दुराव असम्भव है, उन्हें लोग जानेंगे ही।

जो केवल अपने ही दोषोंको देखें, ऐसे पुरुष बड़े ही दुर्लभ होते है।

तुम इसकी चिन्ता मत करो कि लोग तुम्हें नहीं जानते, बल्कि चिन्ता करो कि तुम जानने योग्य नहीं हो।

खानेको मोटा भोजन, पीनेको शुद्ध जल और सहारेके लिये अपनी मुड़ी हुई बाँह हो—ऐसी स्थितिमें भी मनुष्य सुखी रह सकता है।

बिना आत्म-संयम किये कोरी बुद्धिमानी कायरतामें और स्पष्टवादिता अशिष्टतामें बदल जाती है।

किसी विशाल वाहिनीके नायकको छीना जा सकता है, परंतु किसी गरीब आदमीसे उसकी दृढ़ताको नहीं छीना जा सकता।

गुण-ग्रहणमें असफलता, प्राप्त ज्ञानका परीक्षण और व्याख्या न कर सकना, मार्ग-दर्शन करा दिये जानेके उपरान्त भी सत्पथपर न चल सकना, अपने दोषोंको दूर न कर सकना—ये मनुष्योंको दुःख देनेवाले कारण हैं।

चीनी संत मेनसियस

(चीनी संत कन्फ्यूसियसके शिष्य । जन्म—ईसाके पूर्व चौथी शताब्दीके प्रथम चरणमें । मृत्यु—२८९ ई० पूर्व ।)

प्रत्येक व्यक्तिके हृदयमें सहानुभूति, शालीनता, मृदुता और न्यायपरता रहती है; जिसमें इन सद्गुणोंका अभाव होता है वह वास्तवमें मनुष्य ही नहीं है। प्रेम मानवका हृदय है, सदाचार उसका पथ है।

मैं जीवन और सदाचार दोनों चाहता हूँ। यदि वे साथ-ही-साथ मुझे नहीं मिलते हैं तो जीवनको छोड़ दूँगा और सदाचारपर दृढ़ रहूँगा। मेरी इच्छित और प्यारी वस्तुओंमेंसे जीवन भी एक वस्तु है पर यदि जीवनसे भी बड़ी कोई वस्तु है तो उसे मैं दुराचारसे अपने पास नहीं रक्खूँगा। इसी प्रकार मेरी घृणित वस्तुओंमेंसे मृत्यु भी एक वस्तु है, पर यदि इनमें मृत्युसे भी बड़ी और भयंकर कोई वस्तु है तो इन भयंकर और घृणित वस्तुओंसे बचना नहीं चाहूँगा।

दार्शनिक प्लेटो

(समय ईसापूर्व ४२७ वर्ष)

अन्याय सहन करनेकी अपेक्षा, अन्यायकारी बनना अधिक निन्दनीय (घृणित) है।

प्रकृतिके अनुसार सभी मनुष्य समान हैं तथा एक ही कारीगरद्वारा समान मिट्टीसे ही बनाये गये हैं। हम अपने-आपको निःसंदेह धोखा दे लें (भ्रममें डाल लें), किंतु भगवान्‌को तो निर्धन कृषक और शक्तिशाली राजकुँवर समानरूपसे ही प्रिय हैं।

× × × ×

ईश्वर सत्य है (सत्यता ही ईश्वर है) तथा प्रकाश उसका प्रतिबिम्ब (छाया) है।

जिसने भली प्रकार रहना (जीवन-यापन करना) सीखा है, वही सत्य (यथार्थता) को प्राप्त करेगा, और फिर तभी, उससे पूर्व नहीं, वह सब कष्टोंसे मुक्त भी हो जायगा।

× × × ×

सभी उपाधियोंके मनुष्योंको, चाहे वे सफल हों अथवा असफल, चाहे वे विजय प्राप्त करें अथवा न करें, चाहिये कि वे अपने कर्तव्य-कर्मको करके संतोषपूर्वक विश्राम करें।

महात्मा सुकरात

[जन्म—ईसापूर्व ४७० वर्ष, स्थान एथेन्स नगर। पिताका नाम—सोफ्रोनिसकस। माताका नाम फायनेरेट। मृत्यु—ईसापूर्व ३९९ वर्ष।]

(प्रेषक—श्रीकृष्णबहादुर सिन्हा, बी० ए०, एल्-एल्० बी०)

'हमारा ध्येय सत्य होना चाहिये न कि सुख।'

'किसी वस्तुका निर्णय करनेके लिये तीन तत्त्वोंकी आवश्यकता होती है—अनुभव, ज्ञान और व्यक्त करनेकी क्षमता।'



'अच्छा जीवन, ज्ञान और भावनाओं तथा बुद्धि और सुख दोनोंका सम्मिश्रण होता है।'

'हमारी आत्मा अमर है·····क्या तुम जानते हो कि आत्मा अमर है और अनश्वर है ! ग्लाकन (शिष्यका नाम) ने आश्चर्यसे मेरी ओर दृष्टिपात किया और कहा—'भगवन्!

नहीं, क्या आप सिद्ध कर सकते हैं !'

'वृद्ध पुरुषोंसे पूछ-ताछ करना परम हितकारी है; क्योंकि उनको मैं उन यात्रियोंके समान समझता हूँ जो लम्बा मार्ग तय कर चुके हैं और शायद उसी मार्गपर हम सबको जाना है।'

'दार्शनिक कौन है ! जिसको प्रत्येक प्रकारके ज्ञानको प्राप्त करनेका ज्वर होता है, जिसको सदा जाननेकी इच्छा बनी रहती है और जो कभी संतुष्ट नहीं होता है, वही सच्चा दार्शनिक है।'

'जो सत्यकी झलकके प्रेमी हैं वही सच्चे दार्शनिक हैं।'

यूनानके संत एपिक्यूरस

[काल—ईसापूर्व वर्ष ३४२–२७०]

(प्रेषक—वैद्य श्रीबदरुद्दीन राणपुरी)

जिस समय हमलोग कलह-विवाद करते हैं, परस्परकी हानि करते हैं, क्रोधसे उन्मत्त होते हैं, उग्र चण्डमूर्ति धारण करते हैं, उस समय हमलोग कितना नीचे गिर जाते हैं ! उस समय हमलोग हिंस्र पशुओंके समान हो जाते हैं !

लोगोंकी क्या भलाई करोगे ! तुमने क्या अपनी कुछ भलाई की है ?

दूसरेके दोषका क्या संशोधन करोगे ! अपने दोषका क्या संशोधन किया है ?

तुम यदि उन लोगोंकी भलाई करना चाहो तो उनके पास जाकर बहुत-सा बकवाद मत करना, बल्कि तत्त्वज्ञानकी शिक्षाके फलसे किस प्रकार मनुष्य तैयार होता है, उसीका उदाहरण अपने जीवनमें दिखाओ । जो लोग तुम्हारे साथ भोजन करते हैं, वे जिसमें तुम्हारा भोजन देखकर अच्छे हो सकें, जो तुम्हारे साथ पान करते हैं, वे जिसमे तुम्हारा पान करना देखकर अच्छे हो सकें, तुम वैसा ही करो ।

आत्म-त्याग स्वीकार करो, सबको रास्ता दे दो, सबकी बातों और आचरणोंको सह लो, इसी प्रकारसे तुम उन लोगोंकी भलाई कर सकोगे । उन लोगोंके ऊपर क्रोध उगलकर, उनपर कटु वाक्योंकी वर्षा करके तुम उन लोगोंकी भलाई नहीं कर सकोगे ।

'मेरी जो इच्छा है, वही हो'—इस प्रकार आकाङ्क्षा न करके यदि तुम ऐसा विचार करो कि 'चाहे जैसी घटना हो, मैं उसे प्रसन्नतापूर्वक ग्रहण करूँगा' तो तुम सुखी होगे ।

दूसरे किसी आदमीके दोषसे तुम्हारा अनिष्ट होगा, ऐसा अपने मनमें मत सोचो ।

अपनेको तत्त्वज्ञानी कहकर कभी प्रसिद्ध मत करो, दूसरे साधारण लोगोंके सामने तत्त्वज्ञानकी बातें अधिक मत बोलो, तत्त्वज्ञानके जो उपदेश हैं, उन्हें तुम कार्यमे परिणत करो ।

जिनसे हमलोगोंका कोई लगाव नहीं है, उन्हीं विषयोंसे हमलोग प्रकृतिका अभिप्राय जान सकते हैं । जब कोई बालक दूसरे किसी बालकका प्याला तोड़ डालता है, तब हम लोग स्वभावतः यही कहते हैं—'वह संयोगसे टूट गया' अतएव दूसरेका प्याला टूटनेपर तुम जिस भावसे देखते हो, अपना प्याला टूटनेपर भी तुम्हें उसी भावसे देखना उचित है । और भी बड़े-बड़े विषयोंमें इसका प्रयोग करो । किसी दूसरेका लड़का अथवा स्त्री मर गयी है, यह सुनते ही कौन नहीं कहेगा—'यह विधाताका अखण्डनीय नियम है, यही मनुष्योंकी साधारण गति है ।' किंतु तुम्हारा अपना लड़का अथवा तुम्हारी अपनी स्त्री मृत्यु-मुखमें पड़ती है, तब तुम कहते हो—'हाय ! मैं कैसा अभागा हूँ' किंतु ऐसे समयमें एक बार तुम्हें यह विचार कर देखना चाहिये कि दूसरेके अवसरपर तुमने किस प्रकार विचार किया था । प्रकृतिका नियम सबके लिये ही समान है ।

रोमके संत मारकस अरलियस

(पिताका नाम—एनियस वेरस, जन्म—ईसापूर्व १८० वर्ष, अप्रैल माहमें, देहान्त—१२१ वर्ष ईसापूर्व, १७ मार्च)

प्रत्येक कार्य करते समय उसे अपने जीवनका अन्तिम कार्य समझना चाहिये । इसी प्रकार जीवनके प्रत्येक दिनको अपना अन्तिम दिन जानना चाहिये ।

सज्जन ही ईश्वरीय कार्यकी पूर्तिमे योग देता है और धर्माचरण सिखाता है ।

छोटे-से-छोटा कार्य भी करना चाहिये तथा वस्तुओंके लौकिक और अलौकिक रूपके प्रति सदा सावधान रहना चाहिये ।

यदि आप लँगड़े और असमर्थ हैं तो दूसरेकी सहायता और कृपासे सत्यनगरके दिव्य प्राचीरपर चढ़नेमे लज्जाका अनुभव नहीं करना चाहिये ।

संत पाल

(जन्म—साईलीसियाके अन्तर्गत टारससमें। पिताका नाम— पॉलस। ईसाके समसामयिक।)

यह जान लो कि तुम ईश्वरके मन्दिर हो, तुममें ईश्वरका अंश है। यदि कोई ईश्वरके मन्दिरका नाश करता है तो वह नष्ट हो जाता है। ईश्वरका मन्दिर पवित्र होता है और वह तुम्हीं हो।

उदारता बिना विश्वास और आशाके ठहर ही नहीं सकती। इन तीनों दिव्य सद्गुणोंमे जो अमूल्य रूपसे ईश्वरीय कृपाके फलस्वरूप न्यायतः हमे प्राप्त हैं, उदारता सर्वश्रेष्ठ है और शाश्वत—अमर जीवन ही उसका पुरस्कार है।

इसके अतिरिक्त, मैं एक सर्वोत्तम मार्ग दिखाता हूँ। यदि मैं मानव और देवदूतकी तरह मधुर वाणी बोलता हूँ और उदारतासे शून्य हूँ तो मैं पीतलकी झनझनाहट और करतालकी खनखनाहटके समान हूँ। यदि मैं भविष्य-कथनमें योग्य हूँ, सारे रहस्य और ज्ञान समझता हूँ और पहाड़ोंको स्थानान्तरित करनेका मुझमें सुदृढ़ विश्वास है, पर उदारता नहीं है, तो मैं कुछ भी नहीं हूँ।

उदारता सहनशीलता और दयाका नाम है। उदारता ईर्ष्या, दिखावे, अहंता, दुर्व्यवहार, स्वार्थ, जलन और दुराचारणसे परेकी वस्तु है। वह दुष्टतापर गर्वित नहीं होती है, सत्यसे आनन्दित रहती है, कार्योंमे उसकी स्वाभाविक रुचि होती है, वह सबका विश्वास करती है, सबसे आशा रखती है और सबका साथ निबाहती है।

पैलस्टाइन (गैलिली) के संत फिलिप

(महात्मा ईसाके सम-सामयिक)

हे आनन्दोंके आनन्द, परमानन्दस्वरूप परमेश्वर! आपके बिना किसी आनन्दकी सत्ता ही नहीं है, आप सच्चिदानन्द हैं। मैं आपको कब प्राप्त करूँगा!

हे समस्त गुणोंकी निधि परमेश्वर! आप मुझे अपने सौन्दर्य और ऐश्वर्यकी कुछ किरणोंसे ही धन्य कर दें—कृतार्थ कर दें।

मेरे हृदयमे निरन्तर आपके प्रेमकी ज्वाला जलती रहे तथा आपमें ही लीन होनेकी मेरी उत्सुकता बनी रहे।

आपको प्रत्यक्ष देखने, रात-दिन आपके ही भजन और कीर्तनमें लगे रहने, आपके दिव्य ऐश्वर्य और आनन्दका रसास्वादन करते रहने, सदा आपके प्रेममे ही आसक्त रहने और किसी-न-किसी अंशमें आपके स्वरूपभूत हो जानेकी ही मेरी परम इच्छा है।

पैलस्टाइनके संत पीटर बालसम

(जन्म-स्थान—एन्थ्रिरोपोलिस प्रान्तका एक ग्राम। अस्तित्वकाल ३११ ई० के लगभग।)

मैं ईश्वरीय शासनके नियम मानता हूँ। ईश्वर ही समस्त लोक-लोकान्तरके अधिपति हैं।

मुझे लोहेके अंकुशसे छेदकर टुकड़े-टुकड़े भले ही कर दो, पर मैं आसुरी शक्तिके सामने कभी मस्तक नत नहीं करूँगा। मैं ईश्वरके लिये सर्वस्व स्वाहा कर दूँगा।

मैंने ईश्वरसे निवेदन किया है; मेरी सदा यही याचना रहेगी कि मैं आजीवन उनके ही लोकमे निवास करूँ।

सीरियाके संत इफ्रम

(काल—ईसाकी चतुर्थ शताब्दी)

मैंने कभी धनका संचय नहीं किया। मैंने धरतीपर कहीं भी अपना कोई राज्य स्थापित नहीं किया, मेरे हृदयमें सोने और चाँदीके लिये कोई वासना नहीं है, किसी भी सांसारिक पदार्थमें मेरी रुचि नहीं है।

जिनके हृदयमें कृपा है वे मुझपर कृपा करें। मेरी दिखावटी पोशाकको हटा लीजिये तो आप देखेंगे कि मेरा शरीर कीड़ोंसे भरा हुआ है, उसमें आपको मलिनता—अपवित्रता और दुर्गन्धका ही दर्शन होगा। मेरे तनको ढकनेवाले छद्म और छलका परदा उठते ही आप मुझे एक कुरूप और वीभत्स शवके रूपमें देखेंगे।

अपने आगेकी पीढ़ीके सत्यप्रेमियोंके लिये मेरा यही संदेश है कि रात-दिन परमेश्वरके भजनमें लगे रहना चाहिये, जिस प्रकार कड़े श्रमके परिणामस्वरूप किसान अच्छी फसल काटता है, उसी प्रकार अविच्छिन्न भगवद्भक्तिसे परमानन्दकी प्राप्ति होती है। अनवरत ईश्वरका भजन करते रहना चाहिये।

सीरियाके संत थैलीलियस

मैं अपने पापी शरीरको इसलिये यातना दे रहा हूँ कि ईश्वर मेरे क्लेश और संकटसे द्रवीभूत होकर मेरे पाप क्षमा कर दें तथा मुझे मिलनेवाले जन्मके दुःखोंसे मुक्त कर दें या उन्हें कम कर दें।

ईश्वरकी दयासे आत्मसंतोष और पश्चात्तापके लिये हमे समय मिला हुआ है, यदि हम उपेक्षा करते हैं तो यह हमारे लिये बड़े अभाग्य और दुःखकी बात है।

संत ग्रेगरी

(फारस— कैपोडोसियाके संत। अस्तित्वकाल ३३०—३९१ ई० के लगभग।)

सासारिक वैभव और विपत्तिको हमें कभी वास्तविक रूप तथा महत्त्व नहीं देना चाहिये। हमें अपना ध्यान दूसरी ओर रखना चाहिये। हमारी दृष्टि सदा स्वर्गपर रहनी चाहिये। इस बातको सदा स्मरण रखना चाहिये कि पाप ही सबसे बड़ा दुर्गुण है और पुण्योंसे परमात्माकी प्राप्ति होती है।

परमात्मामें ही हमे पूर्ण आत्मसमर्पण करना चाहिये जिससे हम सदा पूर्ण रूपसे उन्हींमें अवस्थित रहें।

हमे सदा परमात्माके ही गुणोंका स्तवन करना चाहिये।

वे हमारी समस्त इच्छाओंको बहुत मूल्यवान् समझनेकी कृपा करते हैं। उनकी यह बहुत बड़ी इच्छा रहती है कि हम उन्हें चाहें तथा उनसे प्रेम करें। हम उनसे जब वस्तुओंके लिये कृपायाचना करते हैं, तब वे इसे अपने ही प्रति की गयी कृपा समझते हैं; मानो ऐसा करके हम लोगोंने उन्हींका उपकार किया है। उनसे याचित वस्तु पाकर हमे जितनी प्रसन्नता होती है, उससे कहीं अधिक प्रसन्नता उस वस्तुको हमें देनेमे उन्हे होती है। हमें इस बातके लिये सदा सावधान रहना चाहिये कि हम परमात्मासे तुच्छ वस्तुओंके लिये प्रार्थना न करें या अपनी इच्छाओंको संकुचित और सीमित न कर दें। हमें उनसे असार—तुच्छ वस्तुओंकी याचना नहीं करनी चाहिये, यह माँग उनकी उदारताके अनुकूल नहीं हो सकती। उनकी दृष्टिमें कोई भी ऐसी बड़ी वस्तु नहीं है जिसे साधारण-से-साधारण मनुष्य या बड़े-से-बड़ा सम्राट् अथवा महान्-से-महान् विद्वान् अर्पित न कर सके। परम पवित्र और पूर्ण प्रेमसे अपने-आपको परमात्माके चरणोंपर समर्पित कर देना चाहिये।

अलेक्जन्द्रियाके संत मैकेरियस

(काल—ईसाकी चतुर्थ शताब्दी)

परधाममें ईश्वर और उनके देवदूतोंके पास पहुँचनेपर इस बातका स्मरण रखना चाहिये कि संसारमें फिर न आना पड़े; संसारके पदार्थोंको महत्त्व नही देना चाहिये।

बनाता है, पवित्रता और तपस्यासे जीवन बिताता है पर ईश्वरकी उसके लिये यही घोषणा है कि वह मुझसे दूर ही है। वह मनुष्य बाह्यरूपसे साधना, तपस्या और व्रत-पालनमें केवल हाथका उपयोग करता है, उसका हृदय तो नितान्त नीरस और कठोर होता है। उसके सारे कर्मोंकी पूर्ति स्वाभाविक रूपसे किसी विशेष नियम या संयमके अन्तर्गत होती है, वह अपना कोई भी कार्यक्रम अधूरा नहीं छोड़ता है, पर अपने छोटे-से-छोटे लाभके लिये वह अमूल्य-से-अमूल्य पदार्थकी हानि कर बैठता है। वह अपनी इच्छाका दास बना रहता है, कामना, तुच्छ तथा नश्वर वैभव और धन-लिप्साका शिकार हो जाता है। इनमेंसे किसी-न-किसी या प्रायः सारे दुर्गुणोंसे उसका हृदय आक्रान्त रहता है।

संत फ्रांसिस

(असीसीके महात्मा। जन्म ११८२, मृत्यु १२२६ ई०)



प्रभो ! मुझे अपनी शान्तिका साधन बना। द्वेषकी जगह मुझे प्रेमका बीज बोने दे। अत्याचारके बदले क्षमा, संदेहके बदले विश्वास, निराशाके स्थानपर आशा, अन्धकारकी जगह प्रकाश और विषादकी भूमिमें आनन्दका निर्माण करनेकी शक्ति मुझे दे।

भगवन्! दया करके मुझे वह शक्ति दे कि किसीको मेरी सान्त्वनाकी आवश्यकता ही न पड़े। लोग मुझे समझें, इसकी जगह मैं ही उनको समझूँ; लोग मुझे प्यार करें, इससे पहले मैं ही उन्हें प्यार करूँ। हमें प्राप्त वही होता है जो दिया जाता है। क्षमा करनेसे ही मनुष्य क्षमाका पात्र बनता है और आत्मोत्सर्गमें ही नित्य-जीवनका मार्ग निहित है।

संत एडमंड

(आर्चबिशप ऑफ केन्टरबर। पिताका नाम—रेनाल्ड रिच, माताका नाम—मेबिलिया, स्थान—बकशायर (एबरिंगडन), मृत्यु—१६ नवम्बर, सन् १२४२ सोयसीमें।)

हजारों मनुष्य प्रार्थनाके समय अनेक उद्गार प्रकट कर धोखा खाते हैं। पाँच हजार शब्दोंकी अपेक्षा सच्चे भावसे हृदयसे निकले केवल पाँच शब्दोंका ही प्रभाव विशेषरूपसे पड़ता है। मनुष्य जिन शब्दोंको मुखसे निकालता है, उनकी वास्तविकताका अनुभव उसे अपने हृदयमें करना चाहिये।

परमेश्वर ! मैंने आपमें विश्वास किया है। लोगोंको मैंने आपकी आराधना और उपासनाकी सीख दी है। आप इस बातके साक्षी हैं कि मैंने पृथ्वीपर आपको छोड़कर और कुछ भी नहीं चाहा है। आप जानते ही हैं कि मेरा हृदय सदा आपकी इच्छाके अनुरूप आचरण करना चाहता है, इसलिये मेरी हार्दिक अभिलाषा पूर्ण करनेकी कृपा कीजिये।

साध्वी एलिजाबेथ

(जन्म—सन् १२०७, हंगरीमें। पिताका नाम—हंगरी-नरेश सिकन्दर द्वितीय, माताका नाम—रानी गरट्रयूड (Gertrude), पतिका नाम—लुई, मृत्यु—१९ नवम्बर १२३१ ई०।)

हे प्राणेश्वर ! मुझे इस योग्य बना दीजिये कि मैं आपको छोड़कर किसी भी अन्य वस्तुसे, जो आपके लिये न हो, प्रेम न करूँ। हे परमेश्वर ! आपकी मधुर इच्छाके अतिरिक्त मेरी अन्य वस्तुएँ मेरे लिये क्लेशकारिणी और अरुचिकर हों, यदि वे आपकी पूजामें काम न आ सकें।

देव ! जो आपकी इच्छा है, वही मेरी इच्छा हो। जिस-प्रकार परधाममें आपकी ही इच्छाके अनुरूप नियमपूर्वक सारे कार्य सम्पन्न होते रहते हैं, उसी प्रकार पृथ्वीपर सभी प्राणियों तथा विशेषरूपसे मेरेद्वारा आपकी मधुर इच्छाकी विधिपूर्वक पूर्ति होती रहे। प्रेम प्रियतमसे एकात्मबोध होनेका नाम है; प्रियतमके हाथमें सर्वात्म-समर्पण ही प्रेम है।

परमेश्वर ! मैं पूर्णरूपसे अपने-आपको आपके हाथोंमें

सौपती हूँ। मैं हृदयसे समस्त ऐश्वर्य और समृद्धिका त्याग करती हूँ। यदि मेरे पास लोक-लोकान्तरका साम्राज्य होता तो मैं उसे छोड़कर दीनता और विरक्तिके सहारे आपका ही आश्रय ग्रहण करती। आप मेरे लिये स्वयं दैन्यका वरण करते रहते हैं।

हृदयेश्वर! मैं आपको बहुत चाहती हूँ। यह सच है कि आपके प्रेमको पानेके लिये पवित्र मनसे दैन्यको ही अपनाती हूँ; क्योंकि दैन्य आपको अत्यन्त प्रिय है। देव! मैं अपने अहंकारको छोड़ती हूँ जिससे मैं आपमे ही स्वस्थ हो जाऊँ और मेरा अहंकार—त्याग आपकी प्रसन्नताका कारण बने।

प्रियतम! मेरे परमेश्वर! आप पूर्णरूपसे मेरे हो जायँ और मै पूर्णरूपसे आपकी हो जाऊँ। मुझे सर्वाधिक प्रेम केवल आपसे ही करने दीजिये। मुझे अपने आपसे भी आप (ईश्वर)के तथा आपमे परिव्याप्त समस्त वस्तुओंके लिये ही प्रेम करने दीजिये। मै एकाग्रचित्त और हृदयसे आपको ही प्रेम करूँ।

टॉमस अक्विनस

(जन्म—ईस्वी सन् १२२६ के अन्तिम चरणमें। पिताका नाम—लेण्डल्फ, काउन्ट ऑफ अक्विनस। माताका नाम—थियोडोर। देहान्त—७ मार्च, १२७४ ई०।)

मृत्यु-समयकी वाणी

शीघ्र, अति शीघ्र, आनन्दमय प्रभु मुझपर कृपा-वृष्टि करें, मेरी सारी कामनाएँ पूरी होगी। मै उनमे लीन होकर पूर्ण तृप्त हो जाऊँगा। मै उनके आनन्दमे सम्प्लावित हो उठूँगा। उनके परम धामकी समृद्धिसे उन्मत्त हो जाऊँगा। मै अपने जीवनमूल—परमात्मामे सत्यके प्रकाशका दर्शन करूँगा।

मैंने प्रभुसे सदा यही याचना की थी कि सीधे सादे आचारनिष्ठ प्राणीकी तरह इस संसारसे पार हो जाऊँ और अब मैं इसके लिये उनको धन्यवाद देता हूँ।..... उन्होने अपने अन्य सेवकोंकी अपेक्षा मुझपर विशेष कृपा की है कि इतने शीघ्र इस असार-संसारसे मुक्त कर मुझे अपने आनन्दधाममे बुलाया है। मेरे लिये कोई दुखी न हो, मै आनन्दविभोर हूँ।

संत लेविस

(टोलोसीके बिशप—जन्म—ई०सन् १२७४ त्रिगनोलेस प्रान्तमें। पिता नेपल्स और सिसलीके राजा चार्ल्स द्वितीय। माताका नाम—मेरी (हंगरीके राजाकी पुत्री)। मृत्यु—१९ अगस्त, १२९७)

भगवत्सेवा ही जिनका कर्म है, उनके लिये विपत्ति बड़े लाभकी वस्तु है; इससे हमे सहनशीलता, विनम्रता और भगवच्छरणागतिकी शिक्षा मिलती है। हमारे भीतर समस्त सद्गुणोंका सुचारु रूपसे अभ्यास बढ़ता है। सम्पत्तिके मदसे जीवात्मा अन्धा, उन्मत्त और चञ्चल हो जाता है। धन और वैभवके उन्मादमें वह अपने-आपको तथा ईश्वरको भूल जाता है। इससे वासनाएँ बलवती होती हैं, अहंकार बढ़ता है और मन स्वार्थसे आक्रान्त हो जाता है।

साध्वी कैथेरिन

(जन्म—सन् १३४७ ई० इटलीका सायेना नगर, देहत्याग—२९ अप्रैल सन् १३८० ई०)

जो जीव आत्मविस्मृत होकर एवं समस्त संसारको भुलाकर केवल स्रष्टाकी ओर दृष्टि रखता है, वही सिद्ध है।

जो जीव अपने तन-मनकी अयोग्यता और निर्बलताको समझ सकता है और उसके लिये 'जो कुछ भी सुखदायक या मङ्गलकारी है वह सब उसे ईश्वरसे प्राप्त होता है' ऐसा अनुभव करता है, वही सर्वभावसे ईश्वरको आत्म-समर्पण कर सकता है और वही परमात्मामें तल्लीन हो सकता है।

जो जीव ईश्वरके साथ योगयुक्त होकर जितना उससे मिल सकता है, उतना ही वह अपने पापों और मलिन भावों-

की तरफ घृणा प्रकट कर सकता है। जिसके हृदयमें अपने पापों और मलिन भावोंके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होती, उसके हृदयमें ईश्वरका प्रेम सचरित नहीं होता, यह निश्चित बात है।

तुम विनयी बनो। परीक्षा और दुःखके समय सहिष्णुता रक्खो। सौभाग्यके समय गर्वमें फूल न जाओ। अपने-आपको सर्वदा संयम और शासनमें रक्खो। इस प्रकार आचरण करनेसे तुम ईश्वर और मनुष्योंके प्रियपात्र बन सकोगे।

थोमस ए केम्पिस

[काल सन् १३८०–१४७१ ई०]

(प्रेषिका—बहिन श्रीकृष्णा सहगल)

वाणीका दुरुपयोग

यदि बोलना उचित और आवश्यक ही मालूम पड़े तो ऐसी चीजोंके बारेमें बोलो, जिनसे आत्माकी उन्नति होती है। शब्दोंका अपव्यय और आत्म-निरीक्षणका अभाव ही मुखका बुरा उपयोग करना सिखाते हैं। हाँ, आध्यात्मिक सत्सङ्ग और चर्चासे आत्मिक उन्नतिमें बड़ी सहायता मिलती है।

आत्माकी प्यास बड़ी-बड़ी बातोंसे नहीं बुझती, सदाचारमय जीवनसे ही मनको शक्ति मिलती है। पवित्र और शुद्ध अन्तःकरण ईश्वरमें हमारे विश्वासको दृढ करता है।

तेरे असंयमित और बेकाबू मनोविकारोंसे अधिक तेरी उन्नतिमें बाधक और तुझे दुःख देनेवाली और कौन चीज है! जब कोई आदमी किसी वस्तुकी अनुचित वाञ्छा करता है या उसके प्रति अपवित्र आग्रह करता है तो उसका हृदय अशान्त हो जाता है। वासनाओंकी विजयसे ही हृदयको शान्ति मिलती है, न कि उनके अधीन होनेसे।

अपनेको बहुत बड़ा बुद्धिमान् न समझ लो बल्कि अपने अज्ञान और अपनी छोटाईको स्वीकार करते रहो। हम सभी अत्यन्त निर्बल प्राणी हैं; किंतु तुम अपनेसे अधिक निर्बल और किसीको न समझो।

सत्कर्मोंपर गर्व मत करो। मनुष्यका निर्णय कुछ होता है, ईश्वरका मन कुछ होता है। प्रायः जो बातें हमें प्रिय लगती हैं, वही भगवान्‌को अप्रिय होती हैं। अपनी योग्यता या चतुराईपर घमंड न करो, इससे तुम भगवान्‌को अप्रसन्न करोगे, स्मरण रक्खो कि तुम्हारे अंदर जो कुछ अच्छा है, सब भगवान्‌से ही तुम्हें मिला है।

आज्ञा-पालन और आधीनता

मैंने प्रायः सुना है कि उपदेश और सलाह देनेकी अपेक्षा, दूसरोंके उपदेश सुनना और सलाह लेना ज्यादा कल्याणकारी है। मनुष्यके लिये यह एक बहुत अच्छी बात है कि वह एक पथ-प्रदर्शककी आज्ञाकारितामें रहे और उसके आदेशानुसार जीवन व्यतीत करे, न कि मनमाना चले। उच्छृङ्खल होनेकी अपेक्षा अधीनतामें रहना कम खतरनाक है।

प्रत्येक मनुष्यको अपना हृदय मत दिखाओ। जो विवेकी है और भगवान्‌से डरता है, उसके सामने अपनी समस्याएँ रक्खो।

जो व्यक्ति अधीन रहना तथा प्रसन्नतापूर्वक आज्ञापालन करना नहीं जानता, वह भलीभाँति योग्यतापूर्वक शासन भी नहीं कर सकता।

नित्य-साधना तथा शान्ति और कल्याणके उपाय

यदि तू सर्वदा आत्मपरीक्षा नहीं कर सकता तो प्रतिदिन एक बार प्रातः या सायंकालमें तो अवश्य आत्मदर्शनमें प्रवृत्त हो।

अपनी आँखें अपनी ओर फेर; दूसरेके कर्मोंका निर्णायक (जज) मत बन। दूसरेसे अपनेको अच्छा मत समझ। कौन जाने भगवान्‌के सम्मुख तू ही सबसे बुरा निकले; क्योंकि वह तो मनुष्यके भीतरकी सब बातें जानता है।

यदि हम जीवन-युद्धमें भलीभाँति वीरों एवं शक्तिमानोंकी भाँति दृढतापूर्वक खड़े हों तो हम देखेंगे कि दिव्य धामसे ईश्वरकी सहायता हमें मिल रही है; क्योंकि ईश्वर उनकी सहायताके लिये सदा तैयार रहता है जो उसके लिये लड़ते हैं और उसकी विभूतिमें जिनका विश्वास है। वह हमें कष्ट

भी इसीलिये देता है कि हमें (बुराइयों और कठिनाइयोंसे) युद्ध करनेका अवसर मिले और हम उनपर विजय प्राप्त कर सकें।

× × ×

पर-छिद्रान्वेषण

दूसरेके दोष और कमजोरियोंको, चाहे वे किसी प्रकारकी हों, सहन करने और निभानेमें धीर और सहनशील होनेका अभ्यास कर; कारण, तुझमें बहुत-सी ऐसी कमजोरियाँ हैं जो दूसरोंको सहनी पड़ती हैं। जब तू अपनेको ही अपनी इच्छाके अनुकूल नहीं बना पाता है तो दूसरोंसे अपने इच्छानुसार बन जानेकी आशा कैसे रख सकता है? हम लोग प्रसन्नता और उत्साहपूर्वक दूसरोंको पूर्ण बनानेकी इच्छा करते हैं, किंतु अपने दोषोंको दूर नहीं करते। दूसरेके दोषोंपर शासन करना चाहते हैं, पर स्वयं शासित होनेकी बात हमारे मनमें नहीं आती। हम दूसरोंकी दुर्बलता, छूट और अपरिचित स्वाधीन आचरणसे असंतुष्ट और दुखी होते हैं, किंतु अपने लिये तो हम जो कुछ करते हैं, उसमेंसे किसी बातके लिये इनकार सुनना पसंद नहीं करते। दूसरोंको हम कठिन व्यवस्थाके अधीन रखना चाहते हैं; किंतु अपने किसी व्यवस्थाके अधीन नहीं होना चाहते।

प्रभुके साथ घनिष्ठ मैत्री एवं प्रेम

जो प्रभुको प्राप्त कर लेता है, वह संसारका सर्वोत्कृष्ट धन और वैभव प्राप्त कर लेता है और जो प्रभुको खो देता है वह सभी कुछ खो देता है। जो प्रभुसे हीन है, वही दरिद्र है और जो उसके साथ आलाप करता है वही सच्चा धनी है।

किस प्रकार प्रभुसे बातचीत की जाती है, इसे जानना ही विजता है और किस प्रकार प्रभुको हृदयमें प्रत्यक्ष करना, यह जानना ही परम ज्ञानका विषय है।

कष्टोंसे पराजित और निराश न हो, वरं भगवान्‌की इच्छापर अपनेको सम्पूर्णतया छोड़ दे। जो भी कष्ट-दुःख आ पड़े, उसे प्रभुकी महिमाके लिये चुपचाप सहन कर। यह याद रख कि शिशिरके बाद वसंत, रातके बाद दिन और तूफानके बाद शान्तिका आगमन अवश्य होता है।

यदि तू केवल भगवान्‌की इच्छा-पूर्ति और पड़ोसियोंके कल्याणकी चेष्टा करनेमें लग जाय तो निश्चय ही तू आन्तरिक स्वाधीनता प्राप्त करनेमें समर्थ होगा। यदि तेरा हृदय सरल एवं पवित्र हो तो संसारका प्रत्येक प्राणी तेरे लिये जीवनका दर्पण और पवित्र ग्रन्थके सदृश अनुभव होगा। संसारकी कोई वस्तु इतनी क्षुद्र और अपदार्थ नहीं कि उसमें भगवान्‌की विभूति वर्तमान न हो।

× × ×

बातचीत आरम्भ होनेपर शब्दोंके अपव्ययको रोकनेकी अपेक्षा मनुष्यके लिये एकदम मौन रहना सदा ही अधिक सरल है। बाहर प्रलोभनोंसे अपनी रक्षा करनेकी अपेक्षा घरमें एकान्त-सेवन करना अधिक सरल है। इसलिये जो आत्मिक एवं आध्यात्मिक उन्नतिके अभिलाषी हैं, उनका जन-समाजसे दूर रहना आवश्यक है।

सानन्द बाहर जानेपर भी कभी-कभी दुःखके साथ घर लौटना पड़ता है। सन्ध्याकालके आमोदके बाद कई बार प्रातःकाल दुःखका संदेश लिये हुए आता है। शारीरिक सुखका यही हाल है; वह मृदु हँसी हँसते-हँसते आता है, किंतु अन्तमें अपने तीव्र दंशनसे डँसता और मार डालता है।

दार्शनिक संत पिकस

(मिरन्दुलाके राजकुमार, जन्म—१४६२ ई०, मृत्यु—१४९४ ई०।)

संसारके बहुत-से लोगोंका यह विचार है कि मान-प्रतिष्ठा, अधिकार और राजकीय भोग-विलासमें ही जीवनका सर्वोत्कृष्ट सुख सन्निहित है। मुझे इनका विशेष अनुभव है, ये मेरे जीवनके विशेष अङ्ग थे। मैं विश्वासपूर्वक कहता हूँ कि मेरे आत्माको इनमेंसे एक-से भी शान्ति और संतोषकी प्राप्ति न हुई। मुझे एकान्त और ईश्वरके चिन्तनमें ही आनन्द मिल सका।

मेरा ऐसा मत है कि यदि सीजर (रोमके सम्राट्) अपनी समाधिसे बोल सकते तो वे यही कहते कि पिकस, हमलोगोंसे, जो जगत्‌के राजकार्यमें तत्पर थे, एकान्तमें रहनेवाले कहीं अधिक प्रसन्न और सुखी हैं। यदि मृत प्राणी जीवित हो सकते तो वे दूसरी मृत्युकी यातना तत्काल स्वीकार कर लेते, पर सांसारिक कार्यों और मान-प्रतिष्ठामें पड़कर अपनी मुक्तिको—वास्तविक शान्तिको खतरेमें न डालते।

संत एगनाशियस लायला

(जन्म—ई० सन् १४९१ स्थान लायलामें। पिताका नाम—डॉन बरट्राम। माताका नाम—मेरी। मृत्यु—३१ जुलाई सन् १५५६)

हमारे लिये परमात्माने जो विधान निश्चित किया है, उसीके अनुरूप हमें आचरण करना चाहिये। हमें दूसरा रास्ता, यह बहाना कर कि यही सुरक्षित और सुविधापूर्ण है, नहीं अपनाना चाहिये। शैतान अपनी कलासे जीवके सम्मुख एक स्थिति उत्पन्न कर देता है, जो पवित्र होते हुए भी जीवके लिये असम्भव होती है अथवा उसके स्वरूपसे भिन्न होती है—जिससे इस नवीनताके मोहमें वह अपनी वर्तमान स्थितिमें, जिसमें ईश्वरने उसे रक्खा है और जो उसके लिये सर्वश्रेष्ठ है, अरुचि और शिथिलताका अनुभव करे। ·····मैं परमात्मासे प्रेम करता हूँ और वे मुझे बहुत चाहते हैं।

हे मेरे परम प्रेमास्पद परमात्मा! हे परमानन्द-स्वरूप ईश्वर!! यदि मनुष्य आपकी शक्ति अच्छी तरह जान जाते तो वे कभी आपके प्रति अपराध नहीं करते। आप मेरे-ऐसे पापीसे भी सम्बन्ध निबाहते हैं, आप कितने भले हैं!

कुमारी टेरसा

(जन्म—२८ मार्च १५१५, अवीलाका ओल्ड कैस्टाइलमें। पिताका नाम—आलफांससस सेनचेज ऑफ केपीडा। माताका नाम—बियट्रीस अहेम्दा। देहावसान—४ अक्टूबर सन् १५८२)

परमेश्वर! मैं आपके सलाप-सुखका रसास्वादन तबतक नहीं कर सकती, जबतक अपने-आपको दिव्य भागवत-प्रेमकी आगमें पूर्णरूपसे मोमकी तरह गला देने और अपनी लौकिक विषयासक्तिको आपके प्रेमके चरणोंपर चढ़ा देनेकी परम अभिलाषाका मुझमें उदय नहीं होता है। आपका सौजन्य अपार है, दुराचारी और पापीसे भी आप प्रेम करते हैं तथा उनके हितमें निरन्तर लगे रहते हैं। जो लोग थोड़े समयके भी लिये आपकी सेवामें लग जाते हैं, उनके समस्त दोष और अपराध पश्चात्तापकी बाढ़में नष्ट—निर्मूल हो जाते हैं। ऐसा तो मुझे स्वयं अपने आपका ही अनुभव है। ····मैं इसका कारण नहीं समझ पाती हूँ कि लोग आपके सम्पर्कमें आकर आपकी वैतरीसे आत्मकल्याण क्यों नहीं कर लेते?

मुझे ऐसा लगता है कि केवल दुःखोंको सहनेके लिये ही मुझे जीवित रखना चाहिये। मैं ईश्वरसे बड़े प्रेमसे दुःखकी ही याचना करती हूँ। कभी कभी मैं उनसे हृदय खोलकर यही कहती हूँ कि आप मुझे मृत्यु और दुःख—दोनोंमेंसे कृपापूर्वक एक अवश्य दे दें। मुझे अपने-आपके लिये और किसी वस्तुकी आवश्यकता नहीं है। ज्यों-ज्यों समय बीतता है त्यों-ही-त्यों मुझे बड़ा आराम मिलता है कि मैं अपने प्रियतम परमात्माके निकटतर हो रही हूँ; क्योंकि मेरे जीवनकी एक-एक घड़ी समाप्त होती जा रही है।

संत फिलिप नेरी

(फ्लोरेन्स नगर (इटली)के सत। जन्म—सन् १५१५ ई०। पिताका नाम—फ्रान्सिस नेर। माताका नाम—ल्यूकेशिया मोल्डी। देहावसान—२५ मई १५९५ ई० लगभग)

हे परमेश्वर! बस कीजिये—बस, थोड़ी ही देरके लिये इस समय अपने माधुर्य-स्रोतको मेरे सामनेसे मोड़ लीजिये। हे देव! इस समय कुछ देरके लिये आप मेरे पाससे चले जाइये, चले जाइये। मैं मर्त्य मानव हूँ, इस स्वर्गीय आनन्दका मैं अधिक देरतक रसास्वादन नहीं कर सकता हूँ। मेरे परम प्रिय! प्राणधन परमेश्वर! मैं मर रहा हूँ, आप मेरी सहायता कीजिये।

हे परमेश्वर! मैं यह अच्छी तरह जानता हूँ कि हम लोगोंपर आपका अनन्त प्रेम है। आपने हमलोगोंको आपसे प्रेम करनेके लिये क्यों एक ही—इतना छोटा और इतना संकीर्ण हृदय दिया है?

मेरी मगडालेन

(फ्लोरेन्स (इटली) की साध्वी देवी । जन्म—ई० सन् १५६६ । देहान्त—२५ मई सन् १६०७)

ईश्वरकी इच्छा ही परम प्रिय और मधुर है । जब हम अपना प्रत्येक कार्य परम पवित्र और सुदृढ़ समर्पण-भावनासे ईश्वरकी प्रसन्नता और पूजाके लिये करने लग जाते हैं, तब हमारे और ईश्वरके बीचका सम्बन्ध अमित समृद्ध हो उठता है ।

प्राणियो ! आओ, आओ, ईश्वरसे प्रेम करो, वे तुम्हें बहुत चाहते हैं । हे प्रेम ! जब मुझे यह पता चलता है कि तुम्हें लोग कम जानते हैं और वे तुम्हे बहुत कम चाहते हैं तब मुझे मरणान्तक पीड़ा होती है । प्रेम ! प्रेम ! यदि तुम्हे कहीं अन्यत्र स्थान न मिलता हो तो पूर्णरूपसे मेरे पास चले आओ । मैं तुम्हे शरण प्रदान करूँगी । हे प्रेमात्माओ ! तुम प्रेम क्यो नही करते ? तुम्हे प्रेमने ही जीवन दिया है ।

जर्मन संत जेकब ब्यूमी

[काल सन् १५७५—१६२० ई०]

(प्रेषक—वैद्य श्रीबदरुद्दीन राणपुरी)

जहाँ किसी प्रकारका भी संसार नहीं है, ऐसे प्रदेशमें एक क्षण भी यदि तू अपनेको रख सके तो तू भगवान्‌का शब्द सुन सकता है, यदि थोड़ी देर भी अपने विचार और इच्छाको तू बंद कर सके तो भगवान्‌की आश्चर्यजनक वाणी तू सुन सकता है ।

प्रभुमय जीवनके तीन उपाय हैं—(१) अपनी इच्छाका त्याग करके तुझे प्रभुकी शरण जाना चाहिये और उसकी कृपाके लिये अत्यन्त दीन होना चाहिये । (२) अपनी इच्छाके ऊपर तुझे धिक्कार देना चाहिये और जिस ओर तेरी इच्छा तुझे ले जाय, उधर नहीं जाना चाहिये । (३) तुझे दुःख सहन करना सीखना चाहिये, जिससे तू संसारके मोहसे छूटनेके दुःखको सहन कर सके । इस प्रकार यदि तू कर सकेगा तो भगवान् तेरे साथ बातें करेगा और तेरी इच्छाको वह अपनेमें प्रविष्ट कर लेगा ।

प्रभुके साथ एक होनेसे वह तुझको प्रभु-जैसा कर डालता है । प्रेमसे मनुष्य उसकी महिमा प्राप्त करता है । प्रेममें रहनेवाले हृदयकी महिमा कभी कही नहीं जा सकती; क्योंकि वह जीवात्माको ईश्वरकी सृष्टि-जैसा बड़ा बना देता है ।

यदि तू जगत्‌को और अनित्य वस्तुओंको देखा करेगा और उनको पानेकी इच्छा किया करेगा तो तुझको सच्ची सुख-शान्ति नहीं मिलेगी । जगत्‌की सारी प्रवृत्ति छोड़कर निवृत्तिकी शान्ति जीवको मिले, यह असुरको पसंद नहीं, परंतु उसको आदर—मान मत प्रदान कर । इसी प्रकार वह जो कहे उसे बिल्कुल मत कर । उसके कहनेके अनुसार करनेसे अन्धकार बढ़ेगा, उससे वासना बढ़ेगी, उससे प्रभुके सौन्दर्यके बीच परछाईं पड़ेगी और अपनी दृष्टिसे तू उस परमात्माके प्रेममय मुखके तेजको नहीं देख सकेगा । विघ्न करना तो असुरका स्वभाव है, परंतु तेरी मर्जीके बिना असुर कुछ भी नहीं कर सकेगा । इसलिये तुझको यदि अपनी आत्मामें भगवान्‌का तेज देखना है, उसके प्रकाशका अनुभव करना है तो तेरे लिये यह बहुत नजदीक-का रास्ता है; किंतु अपनी आत्माकी दृष्टिको जड़ पदार्थोंमें मत जाने दे । स्वर्गकी अथवा पृथ्वीकी कोई भी वस्तु उसमें मत भर, बल्कि दृढ़ श्रद्धासे उसके तेजमें प्रविष्ट हो और पवित्र प्रेमसे प्रभुका तेज प्राप्त कर और उसकी शक्ति तुझे प्राप्त हो; इसके लिये उसके-जैसा शरीर तू धारण कर और ऐसा कर कि तेरा सारा जीवन प्रभुमय हो जाय । भगवान्‌के प्रेमका रास्ता तो जगत्‌के मनमें मूर्खका रास्ता है, परंतु भगवान्‌के बालककी दृष्टिमें वही बुद्धिमानीका रास्ता है ।

भाई लारेंस

(जन्म—सन् १६१० ई०, फ्रांसके लोरेन प्रान्तमें, जन्म-नाम—निकोलस हरमन, भगवान्‌का विश्वासी परम भक्त)

भगवान्‌के साथ निरन्तर वार्तालापके अभ्यासद्वारा अपनेको भगवत्-सान्निध्यके भावमें भलीभाँति स्थिर कर लेना चाहिये। भगवान्‌के साथ (मानसिक) वार्तालापको छोड़कर तुच्छ एवं मूर्खताभरी बातोंको सोचना लज्जाकी बात है।

हमें चाहिये कि अपने भगवद्विश्वासको सजीव बनायें। भगवान्‌में हमारा विश्वास कितना कम है, यही तो शोचनीय विषय है। भगवद्विश्वासको अपने आचरणका आधारस्तम्भ न बनाकर लोग मनोविनोदके लिये प्रतिदिन बदलनेवाले तुच्छ साधनोंका आश्रय लेते हैं। भगवद्विश्वासकी साधना ही भगवान्‌की सच्ची आराधना है और यही हमें पूर्णताके अति निकट ले जानेके लिये पर्याप्त है।

लौकिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्रमें हमें कुछ न रखकर सर्वस्व भगवान्‌को समर्पित कर देना चाहिये और उनके प्रत्येक विधानमें संतोषका अनुभव करना चाहिये, चाहे वह विधान सुखके रूपमें प्रकट हो अथवा दुःखके। आत्मसमर्पण हो जानेपर विधानके सभी रूप हमारे लिये समान हो जायँगे। प्रार्थनामें जब हमें नीरसता, भावशून्यता अथवा शिथिलताका अनुभव हो, उस समय हमें भगवद्विश्वासकी आवश्यकता होती है; क्योंकि भगवद्विश्वासके अनुपातसे ही भगवान् हमारे प्रेमकी परीक्षा लेते हैं। यह वही समय है जब हम समर्पणके सुन्दर एवं सफल कार्य कर सकते हैं। ऐसा एक भी कार्य बन जानेपर वह हमारी आध्यात्मिक उन्नतिको प्रायः अग्रसर करनेमें सहायक होता है।

बुद्धि और आत्मशक्तिद्वारा होनेवाली क्रियाओंमें हमें एक विशेष अन्तर देखना चाहिये। आत्मशक्तिसे सम्पन्न होनेवाली क्रियाओंके सामने बुद्धिद्वारा होनेवाली क्रियाओंका कुछ भी महत्त्व नहीं। हमारे लिये यही एक कर्तव्य है कि भगवान्‌से प्रेम करें और उन्हींमें ही रमण करें।

भगवत्प्रेमसे रिक्त निग्रहकरणके जितने भी साधन सम्भव हो सकते हैं, यदि उनको जुटा लें तो भी उनसे हमारे एक भी पापका नाश नहीं हो सकता। सम्पूर्ण हृदययोगके द्वारा भगवान्‌से प्रेम करनेपर हमारे पापोंका स्वतः मार्जन हो जाता है। उसके लिये चिन्ताकी कहीं गुंजाइश नहीं रह जाती। ऐसा लगता है, मानो भगवान्‌ने बड़े-से-बड़े पापियोंपर महान्-से-महान् अनुग्रह कर अपनी दयाका एक अनुपम कीर्तिस्तम्भ खड़ा कर दिया है।

बड़े से-बड़े क्लेशों और महान्-से-महान् सुखोंका आध्यात्मिक जगत्‌में जो मुझे अनुभव हुआ, उसके सामने भौतिक जगत्‌के दुःख सुख कुछ भी नहीं। मैं तो भगवान्‌से यही माँगता हूँ कि कहीं मुझसे उनका अपराध न बन जाय; इसके सिवा न तो मुझे किसी बातकी परवा है और न किसीका भय ही।

भगवद्विश्वासके प्रति मेरी जो महत्ताकी भावना एवं आदरबुद्धि है, वही मेरे आध्यात्मिक जीवनका मूल आधार है। इस तथ्यको एक बार हृदयङ्गम कर लेनेपर मुझे केवल इसी बातका सदा ध्यान रहा है कि मेरे सब काम भगवत्प्रीत्यर्थ हों और इससे इतर विचारोंके लिये मेरे मनमें कहीं कोई स्थान न रहे।

जो व्यक्ति भगवान्‌के प्रति पूर्ण समर्पण कर देता है और उनके लिये प्रत्येक कष्ट सहन करनेको कटिबद्ध हो जाता है, भगवान् उसे न तो कभी धोखा दे सकते हैं और न बहुत समयतक उसे यन्त्रणाका भोग ही कराते हैं।

भगवच्छरणागतिके लिये न तो किसी विज्ञानकी आवश्यकता है और न किसी विशेष कलाकी ही; आवश्यकता है दृढ निश्चयसे युक्त हृदयकी, जो अनन्य भावसे भगवान्‌का चिन्तन करे और उन्हींमें सर्वभावेन रमण करे।

जो वस्तुएँ एवं क्रियाएँ हमें भगवदभिमुख न करें, भगवन्मार्गमें केवल कण्टकरूप ही बनें, उनका सच्चे हृदयसे त्याग ही भगवच्छरणागतिकी प्रक्रियाका सुन्दर स्वरूप है। स्वतन्त्रता एवं सरलतापूर्वक निरन्तर भगवान्‌के साथ वार्तालाप करनेका हम अपनेको अभ्यासी बनायें। उनको अपने अत्यन्त निकट अनुभव करें; उनके सम्मुख प्रतिक्षण अपनेको समझें। जिस कार्यके करनेमें हमें संदेह हो, उसके विषयमें भगवान्‌की इच्छा जाननेके लिये, एवं जिस कार्यको हम स्पष्टरूपसे मानते हैं कि भगवान् हमसे करवाना चाहते हैं, उसको समुचित ढंगसे करनेके लिये हम उनसे उनकी सहायताकी याचना करें और कार्यको करनेके पहले उसे

भगवान्‌को समर्पित कर दें तथा उसके सम्पन्न हो जानेपर उन्हें इसके लिये हार्दिक धन्यवाद दें ।

अपनी त्रुटियों एवं कमजोरियों अथवा पापोंसे निरुत्साह न होकर भगवान्‌के अनन्त गुणोंपर भरोसा रखते हुए उनकी अहैतुकी कृपाके लिये हम पूर्ण श्रद्धाके साथ प्रार्थना करें ।

जब हम अपनी शङ्काओंके समय निरुपाय होकर भगवान्‌से उनके समाधानके लिये प्रार्थना करते हैं, तब वे दयालु हमें सदा प्रकाश प्रदान करते हैं ।

भगवान्‌की शरणमें जानेकी सर्वोत्तम प्रक्रिया तो यही है कि लोगोंकी प्रसन्नताका विचार न करके हम अपने नित्य-प्रतिके कार्योंको जहाँतक हो सके, एकमात्र भगवत्प्रीत्यर्थ ही करें ।

हमें चाहिये कि निश्चितरूपसे हार्दिक प्रसन्नताके साथ अपना सारा विश्वास भगवान्‌में स्थापित कर दें और उन्हींके पदारविन्दोंमें पूर्णरूपेण आत्मसमर्पण भी करें । ऐसी दृढ निष्ठा बनाये रखना चाहिये कि भगवान् कभी किसी कालमें भी हमें धोखा नहीं दे सकते ।

भगवत्प्रीत्यर्थ छोटे-से-छोटा कार्य करते हुए हमें कभी उकतानां नहीं चाहिये । भगवान् कार्यकी महत्ताकी ओर नहीं देखते; वे देखते हैं एकमात्र हमारी भावनाको, जिससे प्रेरित होकर हम कार्य करते हैं । ऐसा प्रायः होता है कि आरम्भमें हम प्रयत्न करते हुए भी कभी-कभी असफल हो जाते हैं; इसपर न तो आश्चर्य प्रकट करना चाहिये और न निराशा ही । प्रयत्नको अविरतरूपसे जारी रखनेपर अन्तमें हमें एक ऐसी सुन्दर स्थिति प्राप्त होगी, जो हमसे बिना हमारी किसी सावधानीके ऐसे कार्य करानी रहेगी जिनसे हमें अत्यन्त प्रसन्नता प्राप्त होगी ।

श्रद्धा, विश्वास तथा दया—ये धर्मकी साररूप त्रिपुटी हैं; इसके सेवनसे हमारा जीवन भगवत्संकल्पमय हो जाता है और इसके अतिरिक्त जो कुछ बच रहता है, उसका कोई महत्त्व नहीं । हाँ, उसको हम श्रद्धा एवं दयासे अभिभूत कर अपने लक्ष्यकी प्राप्तिमें प्रयुक्त कर सकते हैं ।

श्रद्धाके सामने सब कुछ सम्भव है; विश्वास कठिनको सुगम बनाता है और प्रेम तो उसे सुगमतर बना देता है । और जो इन तीनों सद्गुणोंका दृढतापूर्वक अभ्यास करता है उसके लिये तो कहना ही क्या, समस्त मार्ग कण्टकहीन होकर उसका स्वागत करता है ।

भगवच्चरणकी प्राप्तिकी भिन्न-भिन्न प्रकारकी प्रक्रियाओंको मैंने बहुत-सी पुस्तकोंमें पढा और आध्यात्मिक जीवन बनानेके लिये विविध प्रकारके साधनोंका अध्ययन भी किया । परंतु मुझे ऐसा लगा कि जिस बातकी खोजमें मैं हूँ यदि पुस्तकोंमें लिखे हुए सब साधनोंके अनुसार चलूँ तो ये मेरा मार्ग सुगम बनानेकी अपेक्षा और भी जटिल बना देंगे । मेरी लालसा एकमात्र सब प्रकारसे भगवान्‌का ही हो जानेमें थी । अन्तमें मैंने निश्चय किया कि पूर्ण (भगवान्) की प्राप्तिके लिये मैं सम्पूर्ण लौकिक वस्तुओंका त्याग कर दूँ । और पापमोचन भगवान्‌में पूर्णरूपेण आत्मसमर्पण कर मैंने उनके प्रेमके लिये ही उनके सिवा अन्य सब वस्तुओंका परित्याग कर दिया । तथा मैं इस प्रकार रहने लगा मानो मेरे और भगवान्‌के सिवा संसारमें दूसरा कोई है ही नहीं । कभी मैं अपनेको भगवान्‌के सम्मुख ऐसा समझता, जैसे न्यायाधीशके चरणोंपर गिरा हुआ कोई अपराधी ! और कभी अपने हृदय, अपने परमात्माके रूपमें अपने हृदयमें उनका साक्षात्कार करता । अधिकतर यथासम्भव भगवान्‌को मैं अपने सम्मुख समझकर पूजा-अर्चा करता । जब-जब मेरा मन इधर-उधर भटकता, उसी-उसी क्षण मैं उसे खींचकर भगवान्‌में लगा देता । इस प्रक्रियामें मुझे पर्याप्त संतापका अनुभव हुआ । तथापि कठिनाइयोंके उपस्थित होनेपर और मनके बलात् विचलित हो जानेपर भी मैं बिना किसी घबराहट या अशान्तिके तत्परताके साथ अपने अभ्यासमें लगा रहता । उपासनाके निर्धारित समयमें जैसे मैं भगवान्‌में संलग्न रहता, उसी प्रकार मैंने सारे दिन रहनेका अपना नियम बना लिया । सब समय, प्रतिपल, प्रतिक्षण, यहाँतक कि कार्यमें अति व्यस्त रहनेपर भी मैं अपने मनको भगवद्विस्मरण करानेवाले समस्त विचारोंसे बचाता रहता ।

भगवान्‌के प्रति मैंने सब प्रकारके अपराध किये हैं, मेरा जीवन दुर्गुण और भ्रष्टाचारकी मूर्ति ही है; ऐसा मानकर मैं अपने-आपको सबसे अधिक दीन-हीन समझता हूँ । अपने अपराधोंके पश्चात्तापसे अभिभूत होकर मैं भगवान्‌के सम्मुख इनको स्वीकारकर क्षमा माँगता हूँ और अपने-आपको उनके हाथोंमें सौंप देता हूँ; वे जैसा चाहें, मेरे साथ व्यवहार करें । परंतु दण्ड देना तो दूर रहा, भगवान् मेरे अपराधोंकी ओर देखतेतक नहीं, कृपा-दयासे सराबोर होकर वे मुझे आलिङ्गन करते हैं । अपने साथ-साथ खिलाते हैं और अपने करकमलोंसे मुझे परोसते हैं, यहाँतक कि अपने भण्डारकी

चाबी मुझे सौंप देते हैं। हजारों प्रकारसे वे मेरे साथ बातचीत तथा क्रीड़ाएँ करते हैं और पूर्णरूपसे मुझे अपना कृपापात्र बना लेते हैं। इस प्रकार समय-समयपर मैं अपने-आपको भगवान्‌की पवित्र संनिधिमें अनुभव करता रहता हूँ।

कदाचित् हम यह समझ पाते कि भगवान्‌की कृपा एवं सहायताकी हमें कितनी अधिक आवश्यकता है तो हम कभी एक क्षणके लिये भी भगवद्विस्मरण न कर सकते। आप मेरी बात मानिये और इसी क्षण पवित्र एवं दृढ निश्चय कीजिये कि अबसे जान-बूझकर भगवान्‌को कभी नहीं भुलायेंगे और जीवनके शेष दिन परम पावन भगवत्-सानिध्यमें ही व्यतीत करेंगे। यदि भगवान्‌की यह इच्छा हो कि उनके प्रेमके लिये आप अन्य सब सुखों एवं आश्वासनोंसे वञ्चित किये जायँ तो आशा है, आप इसका भी सहर्ष अनुमोदन करेंगे।

भगवान्‌में हमारी अनन्य श्रद्धा हो, इसके लिये आवश्यक है कि हम अन्य सब प्रकारकी चिन्ताओंको तिलाञ्जलि दे दें। बाहरी विशेष विधि-विधानोंको, जिनमें मनुष्य प्रायः विवेकशून्य होकर प्रवृत्त होते हैं और जो चाहे देखनेमें कितने ही अच्छे क्यों न हों, नमस्कार कर लें; क्योंकि आखिर ये बाहरी साधन ध्येयकी प्राप्तिके लिये ही तो किये जाते हैं, और जब भगवत्-सानिध्यके अनुभवमें हम स्वयं भगवान्‌को ही प्राप्त कर लेते हैं जो हमारे ध्येय हैं, तो फिर इन साधनोंका आश्रय ग्रहण करनेकी हमें क्या आवश्यकता रह जाती है। अपने हृदयके अनेक भावोंद्वारा कभी भगवान्‌की स्तुति, आराधना एवं आराधनाकी अभिलाषा करते हुए और कभी उन्हींको आत्मसमर्पण तथा धन्यवाद देते हुए कृतज्ञतापूर्वक हम उन्हींकी संनिधिमें रहें और उन्हींमें रमण करें।

नितान्त निष्कपट एवं दीनभावसे हम अपने समस्त अपराधोंको भगवान्‌के सम्मुख स्वीकार कर लें और सदैव विनम्र बने रहें। प्रार्थना करते समय शब्दाडम्बर रचा जाय, ऐसा मैं आपको कदापि परामर्श नहीं दे सकता; क्योंकि प्रार्थनाके समय जब हम वाग्विलासकी क्रीड़ामें फँसकर लंबे-चौड़े स्तुति-पाठ आलापने लगते हैं, तो हमारा मन बहुधा अवसर पाकर चुपकेसे भाग निकलता है। प्रार्थनाके समय भगवान्‌के सम्मुख आप अपने-आपको ऐसा समझें कि मैं एक मूढ़ अथवा पक्षाघातसे ग्रस्त भिक्षुक हूँ। अत्यन्त दीन-हीन अवस्थामें एक परम दयालु धनवान्‌के द्वारपर पड़ा हूँ। उस समय आपका एक ही काम है कि अपने मनको सब ओरसे बटोरकर एकमात्र परमपिता भगवान्‌की संनिधिके अनुभवमें लगा दें। फिर भी यदि कभी आपका मन पूर्वाभ्यासके कारण भगवान्‌से हटकर इधर-उधर भटकने लगे तो इसके लिये आप विशेष चिन्तित न हों; क्योंकि खेद एवं विषाद मनको अधीन करनेमें सहायक होनेकी अपेक्षा उसे और भी विक्षिप्त बना देते हैं। बल्कि आत्मबलके द्वारा अपने मनको फिरसे शान्तिपूर्वक वापस खींचकर भगवान्‌में लगावें। इस प्रकार यदि आप लगातार दृढतापूर्वक अभ्यास करेंगे तो भगवान् निश्चय ही आपपर अनुग्रह करेंगे। प्रार्थनाकालमें मनको सुगमतापूर्वक वशमें तथा शान्त रखनेका एक और भी उपाय है, वह यह कि अन्य सब समय हम सावधान रहें। देखते रहें कि मन कहीं विषयोंका चिन्तन तो नहीं कर रहा है। जब कभी वह भटके, आप उसे पुचकारकर लौटावें और भगवत्सानिध्यके अनुभवमें जोड़ दें। इस प्रकार बार-बारके अभ्याससे जब भगवच्चिन्तन उत्तरोत्तर बढ़ेगा, तब प्रार्थना-कालमें मनको शान्त रखनेमें आपको कुछ भी कठिनाई नहीं होगी और यदि कभी किसी समय वह विषयोंका चिन्तन करने भी लगेगा तो वहाँसे उसे हटानेमें आपको कोई परिश्रम नहीं होगा; क्योंकि भगवत्सानिध्यकी अनुभूतिमें जो परम सुख मिलता है, उसका वह रसास्वादन कुछ तो कर ही चुका होगा।

आप दुःखों एवं क्लेशोंसे छूट जायँ, इसके लिये मैं भगवान्‌से कदापि प्रार्थना नहीं करता। मैं तो उन दयामयसे यही हार्दिक प्रार्थना करता हूँ कि जितने समयतक वे आपको इन दुःखों एवं क्लेशोंमें रक्खें, आपको इन्हें सहन करनेकी शक्ति तथा धैर्यसे भी सम्पन्न बनावें। जिन भगवान्‌ने कृपावश आपके लिये दुःखोंका विधान रचा है, आप उन्हें अपने संनिकट अनुभव कर सुखी हों। वे जब चाहेंगे, इन्हें दूर कर देंगे। सचमुच वे लोग भाग्यशाली हैं, जो दुःखमें भी भगवान्‌को अपने पास समझते हैं। आपको भी इसी प्रकार भगवान्‌को अपने अत्यन्त समीप समझते हुए प्रसन्नतापूर्वक दुःख भोगनेका अभ्यास करना चाहिये और जितने कालतक वे आपको दुःखरूप विधानमें रक्खें, आप उनसे और कुछ न माँगकर, केवल उसे सहर्ष सहन करनेका ही बल माँगें। सांसारिक प्राणी यदि इन बातोंको न समझ पावे तो इसमें आश्चर्यकी कोई बात नहीं; क्योंकि वे

देहाभिमानी होनेके कारण जड देहके सुख-दुःखमे प्रसन्न और विषण्ण होते रहते हैं। रोग एवं क्लेशोंको वे भगवान्‌की ओरसे आया हुआ मङ्गलविधान न मानकर शरीरके कष्टसे दुखी हो नाना प्रकारकी यन्त्रणाओंको बाध्य होकर रो रोकर भोगते हैं; परतु जो लोग रोगको भगवान्‌का कृपाप्रसाद मानते हैं और समझते हैं कि यह सब तो हमारे अन्तःकरणकी शुद्धिके लिये ही प्रभुका रचा हुआ अनूठा ढग है, वे भयानक रोगमे भी प्रायः अत्यन्त सुख एव आश्वस्तताका अनुभव करते हैं।

कितना अच्छा होता यदि आप विश्वास कर सकते कि भगवान् किसी-न किसी रूपमे हम सबके सदैव सनिकट रहते हैं; स्वस्थ अवस्थाकी अपेक्षा रोगमे तो और भी विशेषरूपमे वे हमारे पास उपस्थित रहते हैं। भगवान्‌के अतिरिक्त आप किसी दूसरे चिकित्सकपर भरोसा न करें; क्योंकि मै समझता हूँ, आपके रोगका इलाज उन्होने अपने ही हाथमे ले रक्खा है। भगवान्‌मे पूर्ण विश्वास कीजिये और देखिये कि इससे आपके स्वास्थ्यपर कितना अच्छा प्रभाव पड़ता है। भगवान्‌को छोड़कर केवल औषध आदिमे विश्वास रखनेसे तो सुधारकी अपेक्षा हानि ही होती है।

दूसरे, रोगको दूर करनेके जितने भी उपाय आप करते हैं, उन सबकी सफलता भी तो भगवान्‌की इच्छापर निर्भर करती है। भगवान् स्वय ही जब हमारे लिये दुःखका विधान रचते हैं तो फिर भाई! उनको छोड़कर उसे दूर करनेकी और किसकी सामर्थ्य है। सचमुच हमारे अन्तःकरणके मलको दूर करनेके लिये ही भगवान् हमे शारीरिक रोग प्रदान करते हैं। शरीर और अन्तःकरणके रोगोंका नाश करनेवाले एकमात्र भगवान्‌रूपी वैद्यकी शरण ग्रहण कर सुख-शान्ति लाभ करना चाहिये।

भगवान् आपको जैसी भी स्थितिमे रक्खें, उसीमें आपको सतुष्ट रहना चाहिये। आप मुझे चाहे कितना भी अधिक सुखी समझें, पर मैं आपकी इस रुग्णावस्थासे ईर्ष्या ही करता हूँ। क्योंकि, दुःखके समय भगवान्‌के दर्शन विशेषरूपमे होते हैं। भाई! भगवान् साथ हो तो भारी-से-भारी दुःख—क्लेशको भी भोगते हुए जो आनन्द प्राप्त होता है, उसके सामने स्वर्गका सुख कुछ भी महत्त्व नहीं रखता और भगवान्‌के बिना महान्-से-महान् सुख भी नारकीय यन्त्रणा ही देनेवाला होता है। भगवान्‌के लिये जो कुछ भी दुःख भोगना पड़े, उसमे एक विलक्षण सुखानुभूति होती है।

'हमारा समस्त जीवन-व्यापार भगवत्प्राप्तिके लिये ही होना चाहिये। भगवान्‌मे जितना जितना हम प्रवेश करते हैं, उतना ही अधिक उनको जाननेकी उत्सुकता बढती है। अपने प्रेमास्पदके परिचयके अनुपातसे ही उसके प्रति हमारा प्रेम होता है। जितना अधिक हमे उसकी महिमाका ज्ञान होता है उतनी ही महान् एवं गम्भीर हमारी भक्ति उसके प्रति बढती है। सर्वशक्तिमान् सर्वव्यापक भगवान्‌की असीम महिमाका जिस-किसीको भी अनुभव हो जाता है, वह संसार-की आधि-व्याधि और विषमताको सहजमें ही उल्लङ्घन कर जाता है। सुख और दुःख दोनोंमे उसकी समान स्थिति हो जाती है; क्योंकि भगवान् और उनकी कृपाके अतिरिक्त उसके अनुभवमे कोई दूसरी वस्तु आती ही नहीं। यही भगवत्प्रेमकी महिमा है।'

संत दा-मोलेनस पिगल

[जन्म सन् १६४० ई०]

(प्रेषक—वैद्य श्रीबदरुद्दीन राणपुरी)

जिस स्थितिमे संकल्प-विकल्प नहीं होता, वह भगवान्‌को प्राप्त करनेकी सुयोग्य स्थिति है।

अन्तःकरणकी शान्तिका रास्ता यह है कि सब बातोंमें भगवान्‌की इच्छाके अनुसार चले।

अपनी इच्छाकी चञ्चलता अपने विक्षेपका एक विशेष कारण है। हम भगवान्‌की इच्छाके अधीन नहीं रहते हैं और इसी कारण हमको बहुत दुःख और विक्षेप घेरे रहते हैं।

अपने हृदयमे स्थित भगवान्‌की गद्दीको स्वच्छ रखनेके लिये तुमको पुरुषार्थी होना चाहिये, जिससे वह सम्राट् वहाँ आराम कर सके।

वाणी बंद करके नम्र शरणागत भावसे ही भगवान्‌के पास जाना हो सकता है। महापुरुष, उनका मत तथा



भगवान् श्रीरामचन्द्रजी



माता श्रीजानकीजी

उनका जीवन साधकके लिये दर्पण होता है, भूमिका होती है, रास्ता होता है। वह द्वार होता है, जिससे वे नित्य जीवनके क्षेत्रमे प्रविष्ट हो सकते हैं।

जो लोक-कल्याणके लिये जन्म लेता है, जो दुःख भोगता है, वह महात्मा मोक्षका मार्ग बता देता है। शरणागतिके रूपमे बिताया गया सामान्य जीवन भी जीवके अपने किये हुए तपकी अपेक्षा अधिक मूल्यवान् होता है। भगवान्‌की सेवा करना हो तो दूसरोका भला करो और दुःख सहन करो। जो मनुष्य विषय-सुख और सतोषके रास्ते पूर्ण होना चाहता है, वह अपनेको धोखा देता है। अपने बाहर जाकर मदद मत खोजो, अत्यन्त कल्याण तो मौनमे, दुःखमे शान्तिसे धीरज रखनेमे रहता है।

रोये बिना और दुःखके बिना भगवान्‌को कौन पा सकता है? देवके सुखकी अपेक्षा भगवान्‌का दिया हुआ दुःख अधिक श्रेष्ठ है। अच्छा लाभ सुखमे नही है, बल्कि शान्तिसे भोगे जानेवाले दुःखमे है।

शान्ति खोनेसे दुश्मनको अदर आनेका रास्ता मिलता है। जो जीव भगवान्‌को पानेके लिये बहुत खोता है उसको सदाके लिये बहुत मिलता है।

सच्चे विरही मनुष्यका स्वभाव ऐसा होता है कि वह विषय-सुखका अनादर करता है।

आनन्द और अन्तरकी शान्ति प्रभुमय जीवनका फल है, परतु जो जीव अपने हृदयके अदर भगवान्‌की शरणागति नही लेता, उसको वह नही मिलता।

सच्चा सत यही चाहता है कि अपने विषयमे लोग कुछ भी न जानें, और भगवान् जो देता है उसमे सतोष मानता है।

सच्चा दीन मनुष्य अपने हृदयमे आराम लेता है और शान्त रहता है। दुःख, विघ्न और मृत्यु भी उसके आनन्दके स्थान हैं।

सच्चा दीन मनुष्य जगत्‌मे जो कुछ मान मिलता है, उसको धिक्कारता है। अपनेको भी धिक्कारता है।

सच्चा दीन मनुष्य बहुत देखता है तो भी किसीके विषयमे अपना निर्णय नही देता। वह मानता है कि मै स्वय ही खराब हूँ। सच्चा दीन मनुष्य, जो अपनेको दुःख देता है, उसको अच्छा बतलाता है। इस प्रकारके अच्छे हृदयवाले मनुष्यके ऊपर कौन क्रोध करेगा?

बुद्धिमान् आदमी करते से अधिक और बोलते है कम।

विद्वत्तामे दीनता आती है, विद्वत्तामे अभिमान बढता है, बुद्धिमान् और ज्ञानी कहलानेकी अपेक्षा मूर्ख कहलानेमे अधिक मान है। बुद्धिमान् और सच्चा आध्यात्मिक मनुष्य आवश्यकताके बिना नही बोलता, जरूरी कामके बिना किसीको जवाब नही देता और सतोष मानकर रहता है।

जगत्‌की वस्तुओंके अधीन होना उस बुद्धिमान् और सारवान् मनुष्यको नरकके समान लगता है।

हे भगवन्! ऐसे कितने कम जीव है जो बाहरकी वस्तुओंके प्रति अन्धे, बहरे और गूँगे है तथा पूर्ण अन्तर्मुख होकर रहते है?

संत जॉन जोसफ

(इटलीके सत, जन्म—ईस्वी सन् १६५४। पिताका नाम—जोसफ। माताका नाम—ब्यौरा गारकीलो। देहावसान—५ मार्च, १७३४)

जो प्राणी ईश्वरोन्मुख होता है, वह कभी पाप नही कर सकता, सदा निर्दोष रहता है और आगे चलकर एक महान् संत हो जाता है।

हमे सदा ईश्वरपर भरोसा करना चाहिये, ऐसा करनेसे निस्संदेह हमे बहुत बड़ी सान्त्वना मिलेगी।

ईश्वर दयालु पिताकी तरह सबसे प्रेम करते हैं और सबकी समान रूपसे सहायता करते हैं। संदेह नही करना चाहिये, ईश्वरपर विश्वास करना चाहिये, वे हमारी समस्त आवश्यकताएँ पूरी कर देते है।

सदा ईश्वरसे प्रेम करते रहनेकी ही हमारी कामना है; ईश्वर हमारे परम प्रेमास्पद है। वास्तवमे हमे ईश्वरसे ही प्रेम करना चाहिये, ईश्वरके प्रति प्रेम एक विशाल निधि है। वह प्राणी भाग्यवान्—धन्य है जो ईश्वरसे प्रेम करता है।

जान हंटर

(काल १७२८—१७९३)

जो मनुष्य कठिनाइयोंसे हताश हो जाता है और आपत्तिके सामने सिर झुका देता है, उससे कुछ भी नहीं हो सकता; परंतु जो मनुष्य विजय प्राप्त करनेका सकल्प कर लेता है, वह कभी असफल नहीं होता।

संत बीचर

[काल—१७७५—१८६३ ई०]

(प्रेषिका—बहिन श्रीकृष्णा सहगल)

जीवन मृत्यु है और मरणान्त ही जीवन है। हम जो कुछ भी दृग्गोचर होते हैं, यथार्थमे वह नहीं हैं। समाधि (कब्र, अनन्त) के इस ओर हम वनवासी हैं, उस पार नागरिक हैं; इस ओर अनाथ हैं, उस ओर सनाथ; इस ओर बंदी है, उस ओर स्वतन्त्र; इस ओर अज्ञात छद्मवेशी हैं; परंतु उस ओर प्रकाशित तथा भगवान्‌की संततिके नामसे उद्‌घोषित किये जाते हैं।

प्रभुकी प्रभुता उसके दायें हाथमे नहीं, भगवान्‌का आधिपत्य उसकी विवेक-शक्तिमे नहीं। ईश्वरका साम्राज्य (प्रभुता) तो उसके प्रेममे ही है।

श्रीराल्फ वाल्डो ट्राइन

जितना हम सोचते हैं कि इस पुरुषमे इतनी बुराई है उतनी ही बुराई हम उसे देते हैं। जितना जो कमजोर होगा उतना ही अधिक दूसरोके विचारोंका प्रभाव उसपर पड़ेगा। इस प्रकार जितना हम दूसरोको बुरा समझते हैं, उतना ही उनके प्रति बुराईके हम भागी होते हैं। उसी प्रकार जब हम किसी मनुष्यको अच्छा, सच्चा और ईमानदार समझते हैं तो उसके जीवनपर हम अपना बहुत अच्छा प्रभाव डालते हैं। यदि हम उन्हे प्यार करते हैं जो हमारे सम्पर्क-मे आते हैं तो वे भी हमे प्यार करते हैं। इस कहावतमे एक गहरा वैज्ञानिक सिद्धान्त है 'यदि तुम चाहते हो कि संसार तुमसे प्रेम करे तो तुम पहले संसारके लोगोसे प्रेम करो।'

एक प्रकारसे चारों ओर प्रेम-ही-प्रेम है। प्रेम जीवनकी कुञ्जी है। प्रेमका प्रभाव इतना होता है कि उससे संसार हिल उठता है। सबके साथ प्रेम करनेका ही विचार चौबीस घंटे करो, तो तुम्हें सब ओरसे प्रेम-ही-प्रेम मिलेगा। लोगोंसे यदि तुम घृणा करोगे तो चारो ओरसे तुम्हे घृणा ही प्राप्त होगी।

बुराई करनेसे विष पैदा होता है, ईर्ष्या तीरकी तरह लौटकर हमीको वेधती है और हृदयमे ऐसा घाव करती है कि जो कभी भी अच्छा नहीं हो सकता, क्रोधाग्नि अपने ही हृदयको जलाया करती है।

प्रेम करो तो तुम्हारे हृदयमे प्रेमकी सरिता बहेगी और तुम्हारी अत्यन्त आवश्यकताके अवसरपर तुम्हे बल मिलेगा। अपनेमे विश्वास रक्खो तो तुम्हारे वचनो और कार्योंमें सैकड़ों हृदय विश्वास करेंगे।

एक-दूसरेको अपने कोमल करोसे गले लिपटाओ और प्रेमकी मिठाससे उन्हे अपनाओ। मीठे वचन बोलनेसे कभी न चूको जब कि हमे जीवनयापन करना है। मीठे वचन प्रायः स्वर्गके अमृतरूपी पदार्थके तुल्य हैं।

दार्शनिक इमर्सन

(जन्म-स्थान—अमेरिकाका बोस्टन नगर। जन्म—२५ मई, १८०३ ई०। पिताका नाम—विलियम इमर्सन। मृत्यु-काल—२७ अप्रैल, १८८२ ई०।)

सर्वोच्च दृष्टिसे जीवनकी बातोंपर विचार करना ही प्रार्थना है। प्रार्थना जागरुक-आनन्दमग्न आत्माका स्वगत-भाषण है। प्रार्थना भगवान्‌की शक्तिके रूपमे उनकी कृतियोंकी प्रशसा करती है। स्वार्थ-साधनके लिये की गयी प्रार्थना तो चोरी और क्षुद्रता है। ऐसी प्रार्थना तो द्वैत-भावको लेकर चलती है, इसमे स्वरूपगत और चेतनागत एकताका भाव नहीं होता। ज्यों ही मनुष्य भगवानमे एकाकार होता है, उसकी याचना समाप्त हो जाती है और वह अपने समस्त कर्म प्रार्थनामे परिपूर्ण देखता है।

श्री जान रस्किन

(काल—१८१९—१९००)

धैर्य वीरताका अति उत्तम, मूल्यवान् और दुष्प्राप्य अङ्ग है। धीरज सारे आनन्दों और शक्तियोंका मूल है।

श्रीस्टॉफोर्ड० ए० ब्रुक्स

(काल १८३२—१९१६ ई०)

कोई भी मनुष्य वास्तविक उत्कृष्टताको प्राप्त नहीं कर सका, जिसने किसी अश (सीमा) तक इस बातका अनुभव नहीं किया कि उसका जीवन जातीय है; तथा जो कुछ भी उसे भगवान्‌से उपलब्ध हुआ है, ईश्वरने उसको वह सब मानवजातिके लिये ही दिया है।

× × × ×

ईश्वरकी सच्ची उपासना यही है कि जिसके हम उपासक हैं, उसीके प्रतिरूप बन जायँ। सूर्यके सदृश जहाँसे प्रकाश, पवित्रता, विवेक तथा शक्ति एक ही आत्मामें बहती है, उसका सामीप्य प्राप्त करें। हम पवित्रतासे उसे देखें, प्रेमसे उसमे निवास करें, सत्यके द्वारा उसके ज्ञाता बनें, सम्मानके भावसे उसको समझें, नम्रतासे उसमे आनन्द तथा प्रसन्नताका अनुभव करें, प्रफुल्लित मनसे उसके कार्योंमे आश्रय प्राप्त करें तथा बलपूर्वक उसके कार्योंको करे। मूलतत्त्व यह कि भगवान्‌का विज्ञान प्राप्त करके उसके अनन्त सौन्दर्यका रसपान करें।

संत चार्ल्स फिलमोर

यदि हमें अपनी प्रार्थनाका उत्तर नही मिलता है तो इसका एकमात्र कारण यह है कि हमने धर्मानुकूल कार्य नहीं किया। 'आप माँगें और इच्छित वस्तु न मिले—इसका कारण यह है कि आपने अनुचित रूपसे उसकी माँग की।' इसका आशय यह नही है कि हम भगवान्‌से उस वस्तुके लिये प्रार्थना करते है, जिसकी हमें आवश्यकता ही नहीं है; इसका अर्थ तो केवल इतना ही है कि भगवान्‌से माँगनेके तरीकेमें हमसे कही-न-कही भूल हो जाती है तथा भगवान्‌के चित्तके साथ हमारा सम्बन्ध धर्मानुकूल नहीं है। असफलता भगवान्‌में नहीं, हमारे भीतर है। हमें कभी भी हतोत्साह नही होना चाहिये। जबतक हमे अपनी प्रार्थनाओं-का उत्तर न मिल जाय, हमे उनमे लगे रहना चाहिये।

मैने अनुभव किया है कि भगवान्‌का राज्य मनुष्यके ही भीतर है; यदि हम उसे कही अन्यत्र खोजते हैं तो अपने समयका अपव्यय और भगवान्‌के विधानको निष्फल करते हैं।

असख्य छोटे-छोटे समपार्श्व अवयवोंके सर्वाङ्गसुन्दर विन्याससे ही हीरेकी दीप्ति स्थिर रहती है, उनमेसे प्रत्येक एक-दूसरेकी ज्योतिसे प्रकाशित होता रहता है। इसी प्रकार मनुष्यका शरीर चेतना—ज्ञानके केन्द्र-बिन्दुओंसे परिनिर्मित

है; वे उपर्युक्त क्रमसे विन्यस्त होनेपर आपके भीतर प्रकाशका प्रसारण करते रहेंगे तथा आप भी हीरेकी ही तरह चमकेंगे। समस्त वस्तु चेतनतासे परिव्याप्त है; हमें सत्यसे मिथ्या और प्रकाशसे अन्धकारको पृथक करनेकी शिक्षा लेनी है।

श्रीजेम्स एलन

जहाँपर आशङ्का, दुःख, चिन्ता, भय, कष्ट, क्षोभ और निरुत्साह होता है वहींपर विश्वासका अभाव भी होता है। ये मानसिक परिस्थितियाँ स्वार्थके प्रत्यक्ष फल हैं और इनका आधार बुराइयोंकी शक्ति और प्रधानताके सहज विश्वासपर है। इस कारण ये नास्तिकताके वास्तविक स्वरूप हैं और बराबर इन्हीं निषेधात्मक आत्म-विनाशक मानसिक अवस्थाओंके अनुसार ही रहना और उनका कारण बनना सच्ची नास्तिकता है।

कोई कठिनाई, चाहे वह कितनी ही बड़ी क्यों न हो, ऐसी नहीं, जो शान्ति और शक्तिके साथ चित्त एकाग्र करनेपर जीती न जा सकती हो; और कोई न्यायानुमोदित उद्देश्य ऐसा नहीं, जो अपनी आध्यात्मिक शक्तियोंके विवेकपूर्ण प्रयोग और संचालनसे तुरंत प्राप्त न किया जा सके।

जिन बड़े अधिकारों और उच्च स्थानोंको महान् पुरुषोंने प्राप्तकर उनका उपभोग किया था, वे केवल छलाँग मारकर एकाएक नहीं पहुँचे थे, बल्कि वे केवल रात्रिमें, जिस वक्त उनके साथी सोते थे, बराबर जागकर पूर्ण उन्नतिके लिये परिश्रम किया करते थे।

इच्छा ही नरक है और उसीमें सारी पीड़ाएँ केन्द्रस्थ हैं। इच्छाओंको छोड़ना स्वर्ग प्राप्त करना है, जहाँपर सब प्रकारके सुख यात्रीकी प्रतीक्षा करते हैं।

जिस समय आप अपने स्वार्थको छोड़कर त्यागपर उद्यत हो जायँगे, उसी समय स्थायी सुख आपको प्राप्त होने लगेगा।

दूसरोंके प्रेममें जिस हृदयने अपनेको भुला दिया है, उसको केवल सर्वोत्तम परमानन्दका ही सुख प्राप्त नहीं है, बल्कि अब वह अमरत्वमें प्रवेश कर गया; क्योंकि परमेश्वरका अनुभव अब उसे प्राप्त हो गया।

नर-नारी अन्धे बनकर इधर-उधर सुखकी खोजमें मारे-मारे फिर रहे हैं। उनको सुख नहीं मिल सकता। और न तो उनको उस समयतक सुख मिलेगा जबतक वे इस बातको नहीं मान लेते कि सुख उनके अंदर ही है, उनके चारों ओर विश्वमें भरा पड़ा है और अपनी स्वार्थमयी खोजसे वे अपनेको सुखसे अलग हटाते चले जा रहे हैं।

त्यागके बिना न तो कोई उन्नति हो सकती है और न किसी उद्देश्यकी पूर्ति। सांसारिक सफलता वहींतक प्राप्त हो सकेगी, जहाँतक कि मनुष्य अपने पाशविक विचारोंका हनन कर लेगा, अपने मस्तिष्कको अपनी आयोजनापर स्थिर रक्खेगा और स्वावलम्बी होते हुए अपने व्रतपर दृढ़ रहेगा। अपने विचारोंको वह जितना ही ऊँचा उठा लेगा, उतना ही वह सच्चा धर्मात्मा और साहसी बन जायगा, उतनी ही उसे स्थायी सफलता भी मिलेगी और वह सुखका भागी होगा।

जितनी भी सफलताएँ हैं, चाहे वे व्यापारमें हों या मानसिक या आध्यात्मिक, वे सब विचारोंको ठीक मार्गपर लगानेमें ही मिलती हैं। सबके लिये एक ही नियम है, एक ही विधि है, अन्तर केवल उद्देश्यमें है।

आत्मसंयम धनसे भी मूल्यवान् है। शान्तिसे मनुष्यका स्थायी कल्याण होता है।

एक विद्वान्का कथन है कि मनुष्यके लिये सत्य वैसी ही अमूल्य वस्तु है जैसे कि स्त्रीके लिये शील। जिस मनुष्यमें सत्य नहीं है उसे मनुष्य कहलानेका कोई अधिकार नहीं है और वह पशुओंसे भी गया-बीता है। अतएव हमें सत्य बोलना चाहिये। हम चाहे कहीं हों और किसी दशामें हों, सत्यका कभी परित्याग न करें।

मनुष्य जबतक मनसा, वाचा और कर्मणा झूठ बोलना नहीं छोड़ देता, जबतक उसे इस भयानक पापका दुष्परिणाम भलीभाँति अवगत नहीं हो जाता, तबतक वह सच्चा ईमानदार नहीं बन सकता। जिस प्रकार पागल मनुष्य आसमानसे सूर्यको पकड़कर नहीं ला सकता, उसी प्रकार बेईमान ईमानदारको नुकसान नहीं पहुँचा सकता। बेईमान यदि कभी ईमानदारको धोखा देनेका प्रयत्न करेगा तो वह धोखा

लौटकर बेईमानको ही हानि पहुँचायेगा और ईमानदार साफ बच जायगा।

अपनी बुद्धि और अपने नैतिक बलको कायम रखकर और सरलतासे जीवन बिताकर मनुष्य बड़ा हो सकता है। उसकी किसी असली वस्तुकी हानि नहीं होती। वह केवल बनावटीपनको निकालकर फेंक देता है जिससे उसका चरित्र-रूपी असली सोना चमकता रहता है। जहाँ सचाई है वहीं प्राकृतिक सरलता होती है।

पक्षपातहीन मनुष्य बुद्धिमान् होता है। उसकी बुद्धि उसकी सहायक होती है। उसके काम उसकी रक्षा करते हैं। बुद्धिके द्वारा वह सुमार्गमे चलकर सुखी होता है।

पक्षपातहीनताका स्तम्भ इस प्रकार बड़ा वजनी और मजबूत होता है और उन्नतिके मन्दिरको सुशोभित करता हुआ वह उसके भारको सँभाले रहता है।

सहानुभूति ऐसी सार्वभौमिक भाषा है जिसे जानवर भी समझ लेते हैं और उनकी कद्र करते है। चाहे जानवर हो चाहे मनुष्य, दुःख सभीको उठाना पड़ता है, इसलिये सहानुभूतिका अनुभव सभी प्राणी करते हैं।

स्वार्थी मनुष्य दूसरोंको हानि पहुँचाकर अपना भला करते हैं, किंतु सहानुभूति करनेवाला अपने स्वार्थका त्याग करके दूसरोंको लाभ पहुँचाता है। स्वार्थका त्याग करनेसे कोई वास्तविक हानि नहीं होती; क्योंकि स्वार्थीका आनन्द थोड़े समयके लिये होता है, किंतु सहानुभूति करनेवालेकी अच्छी कृति चिरस्थायी होती है।

मामूली काममे भी सहानुभूतिसे बड़ा काम निकलता है; क्योंकि लोग उस पुरुषकी ओर हमेशा झुकते है जिसका स्वभाव कोमल और दयालु होता है तथा उस पुरुषकी ओर-से खिंचे रहते है जो निर्दय और कठोर होता है। सहानुभूति करनेवाला साधारण बुद्धिका भी मनुष्य सहानुभूति न करनेवाले बुद्धिमान् पुरुषसे हर जगह बाजी मार ले जाता है।

स्वावलम्बन और स्वाभिमानमे अन्तर है। पहला बहुत ही ऊँचा गुण है और दूसरा निम्नकोटिका अवगुण। स्वावलम्बनमें कोई तुच्छ चीज नहो हो सकती और स्वाभिमानमें कोई बड़ी चीज नहीं हो सकती।

जीवनका कोई भाग ऐसा नहीं जिसमें स्वावलम्बके आधारपर मनुष्य उन्नति नहीं कर सकता। अध्यापक, धार्मिक, उपदेशक, व्यवस्थापक, प्रबन्धक और ओवरसियर (जिसके पास बहुत-से आदमी रहते हैं) को तो अवश्य ही स्वावलम्बी होना चाहिये।

स्वावलम्बमे चार महान् गुण हैं—

(१) निश्चय, (२) दृढता, (३) गौरव, (४) स्वतन्त्रता।

मनुष्यको अपने और अपने समाजके हितके लिये परिश्रम करना चाहिये। जबतक वह लँगड़ा न हो जाय, जबतक वह अपाहिज न हो जाय, तबतक उसे दूसरोंके सहारे नहीं रहना चाहिये। यदि सहारे रहना स्वतन्त्रता है तो उसे निकृष्ट दर्जेकी गुलामी समझना चाहिये। जो दूसरोंके सहारे रहेगा उसका लोग समय आनेपर खुले आम अपमान करेंगे।

× × ×

अधिक खाना भी स्वास्थ्यके लिये बुरा है और कम खाना भी बुरा है। खाने-पीनेमे मनुष्यको संयमी होना चाहिये। जो मनुष्य संयमी नहीं होते, वे ही मदिरा आदिका सेवन करने लगते हैं और विषय-वासनामे लिप्त हो जाते हैं। इन सब ऐबोंसे संयमी मनुष्य बचे रहते हैं। वे उतना ही भोजन करते हैं जितना वे पचा सकते हैं और जो स्वास्थ्यके लिये लाभदायक होता है। शरीर और स्वास्थ्यके लिये बहुत सादे और हल्के भोजनकी जरूरत है। हम साधारणतया यह कह सकते हैं कि गायका दूध बहुत ही हल्का, सादा, स्वादिष्ट और स्वास्थ्यप्रद है। यह प्रायः बालकसे लेकर वृद्धतक सभीके लिये उपयोगी है। इसका सेवन मनुष्य प्रत्येक अवस्थामे कर सकता है।

आपका काफी बल क्रोधादिके कारण नष्ट होता है। शरीरको भस्म कर देनेके लिये क्रोधसे बढकर कोई चीज नहीं। क्रोधी मनुष्य दिन-रात अपनेको जलाता रहता है। चिन्ता भी मनुष्यके शरीरके लिये विषतुल्य है। चिन्ताकी उपमा चितासे दी जाती है। ईर्षा, द्वेष, निन्दा, घृणा सब शरीरको घुलानेवाली है। इनसे मन और शरीर दोनोंकी अवनति होती है। सबेरेसे शामतक काम करके मनुष्य इतना नहीं थकता, जितना क्रोध करके अथवा चिन्ता करके एक घंटेमे थक जाता है। हमने देखा है कि कभी-कभी मनुष्य क्रोधके आवेशमे आकर गिर पड़ते हैं, बेहोश हो जाते है और तो क्या आत्महत्यातक कर लेते हैं।

पिता हो चाहे स्वामी, मित्र हो चाहे सम्बन्धी, दूसरोंको

जो आशा दिलाता है, उन्हें प्रसन्न करता है और अच्छे कामोंको करनेके लिये उत्साहित करता है, वह सदैव प्रसन्नचित्त रहता और आत्मोन्नति करता है। वह अपना और पराया दोनोंका भला करता है; परंतु इसके विपरीत जो केवल दोष ढूँढ़ा करता है और दूसरोंकी सदा निन्दा किया करता है, वह अपना और पराया दोनोका शत्रु है। बहुत-से लोग क्रोधके आवेशमे अंट-संट बोल दिया करते हैं। परिणाम यह होता है कि परस्परमें द्वेष और शत्रुता हो जाती है और दोनो ही आत्मोन्नतिके मार्गसे पीछे हट जाते हैं।

किन्ही-किन्हीं मनुष्योमें यह आदत भी होती है कि दूसरोंको दुःख और विपत्तिमें देखकर उन्हें सान्त्वना देनेके स्थानमें उनके दुःख और विपत्तिका कारण बतलाने लगते हैं। यह ऐसा ही है जैसा कि आग लगनेपर उल्टा उसपर मिट्टीका तेल छिड़क देना। दुःख और विपत्तिसे जो लोग ग्रसित हैं, उन्हे सान्त्वना देनी चाहिये और जहाँतक हो सके उनकी सहायता करनी चाहिये, न कि पिछली बातोंकी याद दिलाकर उनके जीको जलाना चाहिये। जरा-जरा-सी बातमें चिढ़ने, नाक-भौं सिकोड़ने, डाँटने-डपटने और गाली-गलौज देनेकी आदत छोड़ देनी चाहिये और उनको समझाना-बुझाना और उत्साह दिलाना चाहिये। दुर्बल-से-दुर्बल मनुष्य भी उत्साह दिलानेसे बहुत कुछ कर सकेगा। दूसरोंके दोष ढूँढ़नेसे और उनकी निन्दा करनेसे उनके अवगुण दूर नहीं होंगे, किंतु उलटे बढ़ेंगे। इसलिये कभी किसीके अवगुणोंको नहीं देखें, किंतु गुणोंको देखकर प्रवृत्त रहनेका उपदेश देते रहें। इसीमें स्वयं आपका और दूसरोंका उपकार है।

महात्मा टालस्टाय

(जन्म रूस मास्कोके समीप एक गाँवमें, सन् १८२८, मृत्यु सन् १९१०)



लोग अनेक प्रकारसे ईश्वरका स्मरण करते हैं। लेकिन उसे समझने और अनुभव करनेका मार्ग सबका एक ही है।

मनुष्य यह अनुभव किये बिना नहीं रह सकता कि उसके जीवनके साथ कुछ किया जा रहा है, वह किसीका हथियार है। लेकिन अगर वह किसीका हथियार है, तो ऐसा कोई अवश्य होना चाहिये जो उसे निमित्त बनाकर काम करता हो। वह कोई जो उसे निमित्त बनाकर काम करता है, ईश्वर है।

मनुष्यको प्रेम करना चाहिये, लेकिन वह वास्तविक प्रेम उसीसे कर सकता है, जिसमें कोई बुराई नहीं है। इसलिये ऐसी कोई चीज जरूर होनी चाहिये, जो बिल्कुल निर्दोष है। और केवल एक ही ऐसी वस्तु है, जिसमें कोई दोष नहीं है—ईश्वर।

सबसे पहला प्रश्न है—'हम क्या करें?' इसका मैंने स्वयंको यह उत्तर दिया—'मुझे अपनेसे या दूसरोंसे झूठ नहीं बोलना चाहिये और सत्यसे भयभीत नहीं होना चाहिये, चाहे उनका कुछ भी परिणाम क्यों न निकले। यह बात हम सब जानते हैं कि दूसरोंसे झूठ बोलनेका अर्थ क्या है। फिर भी हम सुबहसे शामतक झूठ बोलते रहते हैं। 'घरपर नहीं हैं' जब कि हम घरपर होते हैं; 'बहुत खुशी हुई' जब कि हमें बिल्कुल खुशी नहीं होती, 'आदरसहित' जब कि हममें आदरकी कोई भावना नहीं होती; 'मेरे पास पैसा नहीं है' जब कि हमारे पास खूब पैसा होता है, आदि-आदि। हम यह तो जानते हैं कि दूसरे व्यक्तियोंसे झूठ बोलना—विशेषकर कुछ विशेष बातोंमें—बुरा होता है, किंतु स्वयंसे झूठ बोलनेमे हमें जरा भी डर नहीं लगता। हम यह सोचनेकी चेष्टा ही नहीं करते कि दूसरोंसे बोले गये सबसे बुरे, निकृष्ट और छलपूर्ण झूठका भी परिणाम उस झूठकी तुलनामें कुछ नहीं होता जो हम स्वयंसे बोलते हैं और जिसके आधारपर हम अपने सारे जीवनकी रूपरेखा बनाते हैं। इसलिये यदि हम इस प्रश्नका उत्तर देना चाहते हैं कि 'हम क्या करें!' तो हमें स्वयं अपनेसे इस प्रकार झूठ बोलनेका अपराधी नही होना चाहिये।

किंतु जब हमारे सारे काम, सारा जीवन झूठपर आधारित है और हम बड़ी सावधानीके साथ इस असत्यको दूसरोंके सामने और स्वयं अपने सामने भी सत्य कहकर रखते हैं तब फिर हमारे लिये इस प्रश्नका उत्तर देना कैसे सम्भव हो सकता है! झूठ न बोलनेका मतलब है सत्यसे न डरना; बुद्धि और अन्तरात्माके निष्कर्षोंको स्वयंसे छिपानेके लिये बहाने न खोजना और जब दूसरे इस प्रकारके बहाने बनायें तो

उन्हें स्वीकार न करना; अपने चारो ओरके व्यक्तियोंसे मत-भेद रखनेमें भयभीत न होना; इस बातसे न घबराना कि हमारी बुद्धि और अन्तरात्मा जो कुछ कहती है उसे माननेवाला कोई दूसरा नहीं; इस बातसे भी न डरना कि सत्य हमें किस स्थितिपर पहुँचा देगा। हमें यह दृढ़ विश्वास रखना चाहिये कि सत्य और अन्तरात्माकी पुकार चाहे हमें किधर भी क्यों न ले जाय, वह झूठपर आधारित जीवनसे बुरा नहीं हो सकता। ऊँची स्थितिवाले हम-जैसे विचारकोंके लिये झूठ न बोलनेका अर्थ है अपने लेखे-जोखेसे भय न खाना। शायद हम पहलेसे ही दूसरोंके इतने ऋणी है कि उससे उऋण नहीं हो सकते, फिर भी अपनी स्थितिको न जाननेसे तथ्योंका सामना करना अधिक अच्छा है। असत्य मार्गपर हम चाहे कितने भी दूर क्यों न जा चुके हों, वहाँसे लौट पड़ना उसपर चलते रहनेकी अपेक्षा बेहतर है। दूसरोंसे झूठ बोलनेमें हानि ही होती है। सारी उलझने झूठकी अपेक्षा सत्यसे ही अधिक प्रत्यक्षरूपसे और अधिक शीघ्रतापूर्वक सुलझायी जा सकती है। दूसरोंसे झूठ बोलनेसे केवल गुत्थी उलझ जाती है और उसके हलमें बाधा पड़ जाती है, किंतु स्वय अपने सामने किसी झूठको सत्य कहकर उपस्थित करनेसे तो मनुष्यका समस्त जीवन ही नष्ट हो जाता है।

गलत रास्तेपर चलना आरम्भ करके भी यदि कोई व्यक्ति उसे ही ठीक समझे तो उस रास्तेपर उठाया गया उसका कदम ही उसे अपने लक्ष्यसे अधिक दूर ले जाता है। यदि कोई मनुष्य बहुत समयतक झूठे रास्तेपर चलता रहता है, फिर उसे पता चलता है या बताया जाता है कि वह गलत मार्गपर है, तब भी इस विचारसे डरकर कि वह इस मार्गपर बहुत दूर निकल आया है, यदि वह अपने आपको यह कहकर आश्वासन देता है कि इसी मार्गपर चलकर वह अब भी ठीक राहपर पहुँच जायगा, तो वह कभी भी ठीक रास्तेपर नहीं पहुँचेगा। यदि कोई मनुष्य सत्यसे डरता है और उसे देखकर उसे अङ्गीकार न कर झूठको ही सत्य मान लेता है तो वह यह कभी नहीं समझ सकेगा कि उसे क्या करना चाहिये।

हमलोग, जो न केवल धनिक है वरं विशेष स्थितिमें हैं और शिक्षित कहे जाते हैं, झूठे मार्गपर इतनी दूर बढ़ चुके है कि हमारे लिये स्वयको समझ पाना और उस झूठको स्वीकार करना, जिसके बीच हम जीवन बिता रहे है, तभी सम्भव हो सकता है जब या तो हममें दृढ निश्चय हो या हमने मार्गके घोर कष्टोंका अनुभव प्राप्त कर लिया हो।

धन्यवाद है उन कष्टोंको जो मुझे झूठे मार्गपर चलनेके कारण भोगने पड़े। मैंने जीवनके असत्यको देख लिया और उसे स्वीकारकर मैं अपनेमें इतना साहस ला पाया (पहले केवल मनमें ही) कि बिना परिणामकी चिन्ता किये बुद्धि और अन्तरात्माके बताये मार्गपर चल सकूँ। और मुझे उस साहसका पुरस्कार मिला। मेरे चारो ओर जीवनका जो जटिल, अस्त-व्यस्त, भ्रामक और अर्थहीन रूप बिखरा हुआ था वह तत्काल स्पष्ट हो गया और मेरी जो स्थिति पहले विचित्र और बोझिल थी, वह अकस्मात् स्वाभाविक और सरल बन गयी। इस नयी स्थितिमें मेरे कार्यने अपनी ठीक दिशा निश्चित कर ली और उसका रूप वैसा ही रह गया जैसा मैंने पहले सोचा था। यह नया कार्य कहीं अधिक शान्तिदायक, सुरुचिपूर्ण और आनन्दप्रद था। वे ही चीजे, जिनसे पहले मैं भयभीत होता था, आकर्षक बन गयी।

इसलिये मैं सोचता हूँ जो मनुष्य ईमानदारीसे अपनेसे यह प्रश्न करता है कि 'मैं क्या करूँ' और उसका उत्तर देनेमें स्वयंसे झूठ नहीं बोलता बल्कि बुद्धिद्वारा निर्देशित मार्गको ग्रहण करता है, वह इस प्रश्नका उत्तर दे चुकता है। यदि वह अपनेसे झूठभर न बोले तो उसे मालूम हो जायगा कि उसे क्या करना चाहिये। जो एकमात्र वस्तु उसे अपना मार्ग खोज निकालनेमें बाधक हो सकती है, वह है अपना और अपनी स्थितिका झूठा तथा बहुत ऊँचा अनुमान लगाना। यही बात मेरे साथ थी और इसलिये इस प्रश्नका कि 'हम क्या करें' मुझे पहले मेरे उत्तरसे ही उद्भूत होनेवाला एक दूसरा उत्तर समझमें आया—वह यह कि सच्चे अर्थमें पश्चात्ताप किया जाय अर्थात् अपनी स्थिति और कार्यका हमने जो मूल्याङ्कन कर रक्खा है, उसे पूरी तरहसे बदल दिया जाय। अपनी स्थितिको उपयोगी और महत्त्वपूर्ण समझनेके बजाय हमें उसकी हानि और तुच्छता स्वीकार करनी चाहिये, अपनी शिक्षापर अहंकार करनेके बजाय हमें अपने अज्ञानको स्वीकार करना चाहिये; अपनी दया और नैतिकतापर गर्व करनेके बजाय हमें अपनी अनैतिकता और निर्दयताको स्वीकार करना चाहिये और अपने महत्त्वके बजाय अपनी नगण्यताको स्वीकार करना चाहिये।

श्री एच० पी० ब्लेवास्तकी

[जन्म सन् १८०१, मृत्यु १८९१ ई०, थियासोफी मतकी प्रवर्तिका, रूसीमहिला ।]

(प्रेषक—श्रीमदनविहारीजी)

शुद्ध जीवन, उन्मुक्त मन, पवित्र हृदय, उत्सुक बुद्धि, आवरणरहित आध्यात्मिक दृष्टि, सबके प्रति भ्रातृ-प्रेम, सलाह और शिक्षा लेने-देनेकी तत्परता, अपने प्रति किये गये अन्यायोंका वीरतापूर्वक सहन, सिद्धान्तोंकी निर्भीक घोषणा, अन्य लोगों-पर अन्यायपूर्वक आक्षेप होनेपर उनका दृढतापूर्वक सरक्षण तथा ब्रह्मविद्याप्रदर्शित मानव-उन्नति एवं पूर्णताके आदर्शोंपर निरन्तर दृष्टि—ये ही स्वर्ण-सोपान हैं, जिनके द्वारा जिज्ञासु ब्रह्मज्ञान-मन्दिरतक पहुँच सकता है ।

डाक्टर एनी बेसेंट

(थियोसोफीकी प्रधान प्रचारिका, जन्म आयर्लेण्डमें सन् १८४७, मृत्यु १९३३ ई०)

उन्नतिके मार्गपर चलनेवाले पुरुषका ज्ञान ज्यों-ज्यो बढता जाता है, त्यों-ही-त्यों उसका यह विश्वास दृढ़ होता जाता है कि संसारकी समस्त क्रियाएँ पूर्ण नीतिसे तथा न्याय-पूर्वक होती हैं । उन्नति करके जब पुरुष ऊर्ध्व लोकोंमें जाकर तथा वहाँकी लीलाको दृष्टिगोचर कर—उस ज्ञानको जाग्रत् अवस्थाकी उपाधिमें लाने लगता है, तब यह निश्चय अधिक होता जाता है और इससे आनन्द भी अधिक बढ़ता है कि सत्य-नीतिका व्यवहार इस प्रकार होता है कि उसमें कभी भूल-चूक नहीं होती और उसके अधिकारी ऐसी निर्भ्रान्त अन्तर्दृष्टि और सुनिश्चित शक्तिसे काम करते हैं कि उसमें किसी प्रकारका दोष नहीं आता है ।

जो मनुष्य प्राप्त अवसरका यथाशक्ति पूर्णरूपसे परोपकारमें सदुपयोग करता है, उसे इसके फलस्वरूप आगामी जन्ममें परोपकार करनेका विशेष समागम—योग मिलता है। जो मनुष्य इस जीवनमें अपने संसर्गमें आनेवाले प्रत्येक मनुष्यकी सहायता करता है, उसे आगामी जन्ममें ऐसे सम्बन्धोंमें देह मिलता है, जिनमें परोपकार और सेवा करने-का पर्याप्त समय सुलभ रहता है ।

केवल हमारे कर्म ही हमको रोकते हैं और हमारी इच्छाएँ ही हमें बाँधती हैं—एक बार भी इस सत्यका अनुभव हो जानेसे मुक्तिका द्वार सुलभ हो जाता है । प्रकृति उस मनुष्यको बन्धनमें नहीं रख सकती है, जिसने ज्ञानद्वारा बल (शक्ति) प्राप्त कर लिया है और इन दोनों (ज्ञान और शक्ति) को ईश्वरार्पण कार्योंमें सदुपयोग करता है ।

'हिंदू-शास्त्रोंके अनुसार मनुष्य अपने विचारोंद्वारा ही बना है । मनुष्य जैसा सोचता है वैसा बन जाता है अतएव हमें नित्य उस अनन्तका चिन्तन करना चाहिये ।' इस्राइलके एक ज्ञानी राजाने बुरे मनुष्योंके सहवाससे बचनेके लिये सावधान करते हुए कहा है—'जैसा मनुष्य अपने हृदयमें सोचता है वैसा ही वह है ।' भगवान् बुद्धने भी कहा है कि 'जो कुछ हम हैं अपने विचारोंद्वारा ही बने हैं ।' विचार कार्यको जन्म देता है अर्थात् कार्य विचारद्वारा ही पैदा होते हैं; हम जैसे विचार करते हैं, वही रूप हमारा स्वभाव धारण कर लेता है । आधुनिक मनोविज्ञान कहता है कि शरीर विचारका अनुगमन करता है ।

विचारोंमें जब ऐसी प्रबल शक्ति है तब स्वभावतः यह जानना हमारे लिये अत्यन्त आवश्यक हो जाता है कि इन विचारोंसे अधिक-से-अधिक लाभ उठानेके लिये इनका प्रयोग हम कैसे करें । ध्यान या मननद्वारा हम इस विचार-शक्तिका अच्छे-से-अच्छा प्रयोग कर सकते हैं । इसका सबसे सरल मार्ग निम्नलिखित है । सभी लोग स्वयं प्रयास करके इसकी उपयोगिताकी परीक्षा कर सकते हैं ।

अपने स्वभावका निरीक्षण करके उसका कोई अवगुण या दोष ढूँढ लो । अब देखो कि इस अवगुणका विपरीत गुण क्या है ? मान लो कि तुम बड़े चिड़चिड़े स्वभावके हो; अब इसके विपरीत गुण धैर्यको ले लो और नियमितरूपसे नित्य प्रातःकाल सांसारिक कार्योंमें प्रवृत्त होनेके पूर्व ही चार-पाँच मिनटतक शान्त भावसे बैठो तथा 'धैर्य' पर विचार करो । इसके गुण तथा इसकी सुन्दरताका अपने मनमें मनन

करो। चिढनेका अवसर आनेपर किस प्रकार धैर्यका प्रयोग करोगे, इसकी कल्पना करो। आज उसके एक पहलूपर, कल किसी दूसरे पहलूपर ध्यान करो। मन जब इधर-उधर भागे तब उसे झट अपने विषयपर लगाओ। ध्यानमें ही तुम अपनेको पूर्ण धैर्यवान् तथा धैर्यके एक आदर्शके रूपमें देखो तथा इस संकल्पके साथ इस ध्यानको समाप्त करो—'यह धैर्य जो मेरा वास्तविक स्वरूप है, इसीका मैं आज अनुभव करूँगा और आजके जीवनमें धैर्यका प्रदर्शन पूर्णरूपेण करूँगा।'

कदाचित् कुछ दिनोंतक कोई परिवर्तन दृष्टिगोचर न होगा तथा चिड़चिड़ापन अभी भी तुम अनुभव करोगे और उसे प्रकट भी कर दोगे; किंतु नित्य प्रातःकाल अभ्यास करते जाओ। धीरे-धीरे ऐसा होगा कि जैसे ही चिड़चिड़पनकी कोई बात तुम्हारे मुँहसे निकलेगी, वैसे ही तुम्हारे मनमें यह भाव भी पैदा होगा कि हमें धैर्यवान् होना चाहिये था। फिर भी अभ्यासमें लगे रहो। चिड़चिड़ेपनका भाव क्रमशः क्षीण होता जायगा और अन्तमें तुम देखोगे कि चिड़चिड़ापन तुम्हारे अंदरसे एकदम विलुप्त हो गया है तथा धैर्य तुम्हारा स्वाभाविक गुण बन गया है।

यह एक प्रयोग है जिसका कोई भी व्यक्ति अभ्यास करके इसकी सत्यताको अपने लिये सिद्ध कर सकता है। एक बार इसकी सत्यता प्रमाणित हो जानेपर वह ऐसे प्रयोगद्वारा सभी गुणोंको अपना सकता है और इस प्रकार विचारोंकी शक्तिका सदुपयोग कर अपना स्वभाव आदर्श बना सकता है। विचारोंका दूसरा उपयोग हम दूसरोंतक अच्छे विचारोंको भेजकर कर सकते है। किसी दुखी व्यक्तिको धैर्यका विचार भेजकर हम उसकी सहायता कर सकते हैं। एक मित्र जो सत्यके अन्वेषणमें है, उसके पास जो कुछ सत्यता हम जानते है, उसे स्वच्छ और निश्चित विचारोंद्वारा भेजकर हम उसकी सहायता कर सकते है। मानसिक वायुमण्डलमें हम ऐसे विचार भेज सकते हैं जो ग्रहणशील स्वभाववालोंके उत्थानमें प्रेरणा दे सकते है, उनको पावन बना सकते हैं एवं उनके हृदयमें उत्साह उत्पन्न कर सकते है। जिन्हें हम प्रेम करते है, उनके पास सुरक्षक विचार भेजकर उनके लिये रक्षक तैयार कर सकते है। जिस प्रकार झरनेका मीठा पानी प्यासेकी सहायता करता है, उसी प्रकार सत्य और उत्कृष्ट विचार सतत आशीर्वाद और हितकामनाके रूपमें लोगोंको लाभान्वित करता रहता है।

इसके विपरीत चित्रको भी हमें नहीं भूलना चाहिये। जिस प्रकार अच्छे विचारोंसे भलाई होती है, उसी प्रकार बुरे विचारोंसे तत्काल बुराई भी होती है। विचारोंसे चोट भी पहुँचायी जा सकती है तथा कष्ट-निवारण भी किया जा सकता है। दुःख भी हो सकता है सुख भी। बुरे विचार, जो वायुमण्डलमें भेजे जाते हैं, दूसरोंतक पहुँचकर उनके मस्तिष्कमें विष पैदा कर देते है। क्रोध और बदला लेनेवाले विचार हत्या करनेमें प्रोत्साहन एवं प्रेरणा दे सकते है। दूसरोंकी बुराई करनेवाले विचार किसीपर झूठा दोषारोपण करनेवालेकी जिह्वाको पैनी कर सकते है तथा उसके क्रोधरूपी बाणमें और तेजी ला देते है। दुष्ट विषयोंसे भरा हुआ मस्तिष्क, एक ऐसा चुम्बक बन जाता है, जो दूसरोंके वैसे ही बुरे विचारोंको अपनी ओर आकर्षित करता रहता है और इसी तरह उस मौलिक बुराईमें और भी परिवृद्धि होती जाती है। बुरा विचार करना बुराई करनेकी ओर प्रथम कदम है तथा एक कलुषित कल्पनाका परिणाम बुराई ही होता है। 'मनुष्य जैसा सोचता है वैसा वह बन जाता है' यह उक्ति अच्छे और बुरे दोनों तरहके कार्योंमें समभावसे लागू होती है। सभी मनुष्योंके अंदर एक ऐसी उत्कृष्ट प्रवृत्ति रहती है जो बुराईसे दूर रहनेके लिये प्रेरणा देती रहती है; यह प्रवृत्ति बुरे विचारोंमें रत रहनेसे नष्ट हो जाती है तथा मनुष्य स्वच्छन्दतासे बुराई करने लगता है।

संत सियारामजी

(जन्मस्थान ग्राम साथी, जिला चित्रकूट-बाँदा)

अपने मुँहसे अपनी स्तुति करना दम्भ है, जब कोई दूसरा आपकी तारीफ करे, तब आप उसमें न फँसें। अपनी कमजोरियोंका ख्याल करें कि 'अभी तो यह बात कुछ भी नहीं है, बहुत-सी कमी है, जो उनको नहीं मालूम।' बल्कि तारीफ करनेवालेसे कह दें कि 'भाई! मैं इस तारीफके लायक नहीं हूँ। अपनी कमजोरियोंको मैं ही जानता हूँ।'

खाना, पीना, टट्टी जाना, पेशाब करना, सोना, जागना, भय करना, विषय भोगना, बच्चे पैदा करना और

पालन करना—इतनी बातें पशु, पक्षी, कीड़े, मकोड़े और मनुष्योंमें एक-जैसी होती है। यदि मनुष्य-शरीर पाकर इतना ही किया तो वह पशुओंके बराबर रहा और वह मरकर अधोगतिको प्राप्त होगा; परंतु यदि उसने विचार किया और धर्मको समझा तथा दुःखके कारणको नाश किया, थोड़ेसे सुखके लिये अपने आपको दुःखमें न डाला, इन्द्रियोंके विषयोंकी परवा न की, उनको जीत लिया, तो उसने देवलोकको जीत लिया। मरनेपर उसकी बहुत उत्तम गति होगी और यहाँ भी वह सुखी रहेगा।

राजा धृतराष्ट्र अन्धे थे, इसलिये वे नेत्रोंका सुख नहीं ले सकते थे। उनकी स्त्री गान्धारी सच्ची पतिव्रता थी, इसलिये उसने भी नेत्रोंका सुख लेना छोड़ दिया था। वह आँखोंमें पट्टी बाँधे रखती थी। बुद्ध महाराजकी स्त्रीने जब देखा कि उसके पतिने पलंगपर सोना तथा नमक, खटाई, मिठाई आदि स्वादिष्ट पदार्थोंको खाना छोड़ दिया, तब उसने भी ऐसा ही किया। इन बातोंसे उसका पति जन्मभर उससे प्रसन्न रहा। राज-पाट छोड़ दिया; परंतु उससे प्रेम नहीं छोड़ा। जो सच्ची पतिव्रता होती है, वे उस सुखको नहीं ग्रहण करतीं, जिसको पति नहीं ग्रहण करता और उसके साथ-साथ अपना भी सुधार करती जाती हैं, परंतु जो दिखलावेकी पतिव्रता होती है, वे मनमाना करती हैं, बल्कि पतिके कल्याणके रास्तेमें विघ्नरूपसे खड़ी हो जाती हैं। इससे वे इस जन्मको गँवाती हैं और परलोक भी बिगाड़ लेती हैं; परंतु जो सच्ची पतिव्रता होती हैं, वे देवलोकको जीत लेती हैं, यहाँ भी उनका यश होता है और वे सुखी रहती हैं तथा मरनेपर बहुत उत्तम गतिको प्राप्त होती हैं।

जो पुरुष किसी दुश्मनसे लड़ना चाहता है और दुश्मनके पक्षके आदमियोंको अपनी तरफ मिलाकर जीतना चाहता है, उस मूर्खको जीतकी आशा छोड़ देनी चाहिये; क्योंकि जब दुश्मनके पक्षके आदमी दुश्मनकी ही तरफदारी करनेवाले हैं, तब वे कब फतह होने देंगे? इसी तरह जो पुरुष काम-क्रोध आदि विषयोंको नष्ट करना चाहता है, उसे चाहिये कि उनके पक्षके लड़नेवालोंको अपनी सहायतामें न रक्खे, नहीं तो, उसका पक्ष निर्बल रहेगा और वह धोखा खायेगा। जितना पापका अंश है वह उनके पक्षका है और जो पुण्य अर्थात् धर्मका अंश है, वह उनके विरुद्ध पक्षका है। जो मनुष्य किञ्चित् मात्र भी पापसे काम लेना चाहता है, उसके लिये इनको जीतना कठिन ही नहीं, बल्कि असम्भव है। परंतु जो पुरुष अपने हृदयसे प्रथम पापका बीज नाश करता है, केवल धर्म अर्थात् सचाईपर खड़ा होता है। (धर्मका लक्षण मनुस्मृति या गीताके सोलहवें अध्यायमें अच्छी तरह निर्णय किया गया है), वही Sooner or later (शीघ्र तथा देरसे) फतह पानेकी उम्मीद रख सकता है।

यदि तुम सफलता चाहते हो तो तुमको ईश्वरके सामने दृढ प्रण करना चाहिये कि 'बस, अब पाप बिल्कुल नहीं करूँगा। सचाईसे कभी नहीं गिरूँगा' और ईश्वरसे सूधे मनसे प्रार्थना करो, कि वे तुमको सहायता प्रदान करें। जब तुम धर्मपर आरूढ़ होकर पुरुषार्थ करोगे, तभी सफलताकी आशा कर सकते हो। नहीं तो, प्रथम तो तुमको सफलता-ही दीखेगी, परंतु पीछे पापसे हृदय मलिन होकर गिर जाओगे, मलिन हृदयमें सत्यका प्रकाश कभी नहीं होता।

अभ्यासमें उन्नति न होनेका सबसे प्रथम कारण वैराग्य पूरा न होना है। दूसरा, पिछले कर्मोंका असर है। तीसरा, भोजनका सात्त्विक न होना है। यह गुण और कर्म-भेदसे दो प्रकारका होता है। चौथा कारण स्थानका सात्त्विक न होना है। और पाँचवाँ, वर्तमानमें व्यवहार सात्त्विक न होना है।

भोग बलवान् होता है। बड़े-बड़े ऋषि-मुनियोंकी बुद्धिको फेर देता है, फिर भी पुरुषार्थके साथ लड़ाई होती है। यदि पुरुषार्थ बलवान् हो तो उसीकी विजय होती है, इसलिये अभिमानसे बचना चाहिये और आलस्यरहित होकर आगेको प्रत्येक मिनट सावधान रहना चाहिये।

कोशिशके फलके लिये ईश्वरपर ही निर्भर रहना चाहिये। यदि सफलता हो गयी तो ठीक है, परंतु यदि दैववशात् सफलता न हो तो अफसोस नहीं करना चाहिये; क्योंकि जो कुछ प्रभु करते हैं, ठीक करते हैं। जीव अपनी कुबुद्धिसे उलटा समझकर ईश्वरको दोष लगाता है, अपने पापोंपर दृष्टि नहीं देता। इसीलिये दुखी रहता है। जो धार्मिक आत्मा है, वह ईश्वरपर विश्वास रखता है कि प्रभु न्यायकारी और दयालु भी हैं। वे जीवको जो दुःख देते हैं, वह बिना उसके अपराधोंके नहीं देते। चाहे वे अपराध पूर्वजन्मोंके हों, चाहे इसी जन्मके। और उसीकी दयापर विश्वास रखते हुए बिना शिकायत किये हुए उनसे यह प्रार्थना करते हैं कि 'हे प्रभु! आपने जो दुःख दिया है, वह आपने न्याय ही किया है। अब आपसे यह विनती है कि कृपा करके मुझे

बुद्धि-बल तथा धैर्य दीजिये कि मैं इस दुःखको सहार जाऊँ। यह आपकी मेरे ऊपर बड़ी दयालुता होगी।' जो पुरुष सच्चे दिलसे ईश्वरसे बारम्बार प्रार्थना करता है, प्रभु कभी-न-कभी उसकी प्रार्थनाको स्वीकार कर ही लेते हैं। जितने प्राणधारी हैं, दुःख सबको होता है। जो ईश्वरविश्वासी धार्मिक तथा धैर्यवान् हैं, वे सहार जाते हैं। जो अधीर हैं वे रोते रहते हैं।

गीतामें भगवान् कहते हैं जो सुख-दुःख, मान-अपमान, स्तुति-निन्दा, हानि-लाभ इत्यादि द्वन्द्वोंको सहारते हैं, वे ही मोक्षके अधिकारी होते हैं; क्योंकि ये सब जीवके भोग हैं, जो उसके प्रारब्ध-अनुसार होते हैं। इनसे भागना पाप है। जो कुछ आ गया उसको धैर्यके साथ भुगत लेना ही धार्मिक पुरुषोंको उचित है।

देह धरें का दण्ड है सब काहू को होय।
ज्ञानी भुगते ज्ञान से मूरख भुगते रोय॥

बड़े-बड़े साधु-महात्माओंपर भी दुःख आता है, परंतु वे इस तरह रोते-पीटते नहीं। वे अपने मनको प्रभुकी बंदगीमें लगाये रहते हैं और इस तरहसे समय निकाल देते हैं। जहाँ-जहाँ भक्तोंका मन फँसा होता है, वहाँ-वहाँसे वे किसी-न-किसी तरह हटा लेते हैं। उनकी महिमाको कोई समझ नहीं सकता। यहाँ एक बड़े भारी सेठ थे, जो श्रीकृष्ण भगवान्के भक्त थे और वृन्दावन-वास करते थे। जब उनका जवान लड़का, जो उनके साथ ही यहाँ रहता था, मर गया, तब उन्होंने बड़ी खुशी मनायी और बिरादरीको पीले पत्र भेजे कि मुझको बहुत आनन्द हुआ जो मेरा लड़का वृन्दावनमें मरा, वह सीधा परधामको जायगा। देखो! भक्तोंका हृदय और धैर्य ऐसा होता है।

भगवान् कहते हैं जो संसारको लात मारकर मेरी शरणमें आता है, उसकी जरूरतोंको मैं आप ही पूर्ण करता हूँ और कराता हूँ। इसलिये तुमको ईश्वरपर पूर्ण भरोसा रखना चाहिये। परमेश्वर तो हमेशा हैं, वे ही तो असली रक्षक हैं। जिसका हृदय शुद्ध है उसकी रक्षा परमात्मा आप ही करते हैं और ऐसा ही सत्सङ्ग प्राप्त करा देते हैं। जिनका पिछला पुण्य अधिक है, उनको मुकाबला कम करना पड़ता है। और जिनका कुछ कम है, उनको कुछ अधिक मुकाबला करना पड़ता है, परंतु परीक्षा होती जरूर है। प्रह्लाद, ध्रुव, मीराँबाई आदि सबकी परीक्षा हुई है। और अब भी होती रहती है। जितनी ही कठिन परीक्षामें पास होकर जीव निकलता है, उतनी ही उसकी उन्नति अधिक होती है और वह ईश्वरका प्यारा बनता है। और जल्दी ही इस आवागमनरूपी बन्धनसे मुक्त होकर भगवान्की गोदमें जा पहुँचता है।

इस जन्ममें जो हानि-लाभ, संयोग-वियोग, सुख-दुःख प्राप्त हो रहा है, वह पिछले जन्मोंके अनुसार हो रहा है। इसलिये तुमको ईश्वरके न्यायपर सब्र करना चाहिये।

जो दुष्ट लोग हैं, वे अपने स्वभावको नहीं छोड़ सकते; क्योंकि उनको उसीमें सुख प्रतीत होता है, चाहे पीछे उनको उसका बुरा फल भोगना पड़े। परंतु पीछेकी वे परवा नहीं करते। वे तो अभी जिससे सुख मिले वही करते हैं; परंतु जो ईश्वरभक्त हैं, वे उनकी दुष्टतासे बुरा नहीं मानते; क्योंकि—

खल परिहास होइ हित मोरा।

महात्मा तुलसीदासजी कहते हैं—दुष्टोंके हँसनेसे और मेरी बुराई करनेसे मेरा भला है। इसलिये उन्होंने रामायणकी रचना करते हुए दुष्टोंको भी प्रणाम ही किया है।

संत श्रीशाहन्शाहजी

(राजपुर [देहरादून] में आश्रम, प्रसिद्ध संत, देहान्त १ अप्रैल सन् १९५३ ई०)

राम नाम जपते रहो जिस विध जपिया जाय।
कभी तो दीनदयालजी बोलेंगे मुसुकाय॥
बोलेंगे मुसुकाय छोड़ दो आनाकानी।
रहो नाममें निरत, न हो जिससे कछु हानी॥
कहे शाहन्शाह आप सदा लेते रहो नाम।
काम करेंगे पूर्ण सभी रे तुमरे श्रीराम॥

प्रेम

प्रेम गलीमें पग धरा, औ सिरका करे बचाव।
डूबेगी मँझधारमे, कागजकी यह नाव॥
कागजकी यह नाव कभी न पार पहुँचाव।
आधे चितका प्रेम तुझे अध-बीच डुबावे॥

कहे शाहन्शाह प्रेम नहीं जाने कछु नेम।
यदि नेम कछु राखे नहीं है पूरा प्रेम॥

प्रेम गलीमे बास कर, राखे भीतर मान।
कभी न पूरा समझिए, वाका ज्ञान औ ध्यान॥
वाका ज्ञान औ ध्यान सभी तुम विरथा जानो।
प्रेम पूर्ण जो पुरुष उसे ही ज्ञानी मानो॥
कहे शाहन्शाह प्रेम रहे तब रहे न नेम।
नेम न उतरे पूरा यदि न होवे प्रेम॥

चोट प्रेम लागी जिसे, औ सूझे संसार।
वाको झूठा जानिए, कपटी औ मक्कार॥
कपटी औ मक्कार भेद जो मनमे राखे।
ब्रह्मानन्दके रसको कभी न कपटी चाखे॥
कहे शाहन्शाह राखे जो टट्टीकी ओट।
कभी निशाने लागे नाहीं उसकी चोट॥

मन प्रेमीका हर घड़ी, रहे तहाँ जहाँ प्रीत।
जगत न वाको भावता, उलटी ताकी रीत॥
उलटी ताकी रीत रसम नहीं जाने जगकी।
बात करे वह सदा ही सबसे प्रेमके मगकी॥
कहे शाहन्शाह करे निछावर तन मन औ धन।
सब बातोंमें देखे है वह प्रभुको जामन॥

जिसकी प्रेम कमानका, हृदय लागा बान।
आठ पहर चौसठ घड़ी, राखे वाका ध्यान॥
राखे वाका ध्यान रखे नहीं कान वह मनमे।
लागी रहे है लगन सदा ही उसके तनमे॥
कहे शाहन्शाह जाने दुनियाँ गाँठ है बिसकी।
लगा रहे है ध्यान उसीमें लागी जिसकी॥

नाम प्रेम जाने सभी, विरला बरते प्रेम।
जहाँ प्रेम नहिं नेम है, जहाँ नेम नहिं प्रेम॥
जहाँ नेम नहि प्रेम इसे निश्चय कर जानो।
रहे दया भरपूर जो उसको प्रेमी मानो॥
कहे शाहन्शाह तजे वह सगरे औघट काम।
जात वरण कुल भेद तजे वह रूप अरु नाम॥

रहे प्रेम नित जिस हृदय, तामें भगवत वास।
सदा रहे भरपूर वह, कभू न निवटे रास॥
कभू न निवटे राम आस हौं सगरी पूरी।
हरिसे राखे काम जगत पर डारे धूरी॥
कहे शाहन्शाह दुख-सुख सारे सुखसे सहे।
जिस विध राखे राम उसी विध राजी रहे॥

जप तप व्रत सब ही करे, त्यागे बस्तर अन्न।
शाहन्शाह बिन प्रेमके, कभू न हो परसन्न॥
कभू न हो परसन्न, प्रभू धूनीके तापे।
पावे निश्चय ग्यान तजे जो झूठे स्यापे॥
कहे शाहन्शाह दूर होवें तीनों ही ताप तब।
करे जो हरिको याद छोड़के सगरे तप जप॥

प्रार्थना

दयासिंधु भगवंतजी, सुनिए हमरी टेर।
मिलनेको हमरे प्रभु, काहे करी है देर॥
काहे करी है देर हरी कछु मुखसे बोलो।
करें खुला दीदार बेग घूँघट-पट खोलो॥
कहें शाहन्शाह हमसे क्या कुछ औगुण भया।
अब लो स्वामी हम पर जो नहीं भई है दया॥

बिना तुम्हारी मेहरके, दरस कभी नहिं होय।
चाहे हम सब माल धन, सहित जानके खोय॥
सहित जानके खोय बुद्धी विद्या सगरी।
नहीं होवें दीदार बिना किरपाके तुमरी॥
कहे शाहन्शाह छोड़ सकल चतुरई मना।
नहीं बनेगा काम हरि किरपाके बिना॥

दीनसरण दुखहरण हो, तुम स्वामी मैं दास।
तुमरी कृपा-कटाक्ष बिन, कभी मिटै नहिं त्रास॥
कभी मिटै नहीं त्रास आस छूटे नहीं तनकी।
दूर न हो आभास फास निकसे नहिं मनकी॥
कहे शाहन्शाह ध्यानमें हो जो तुमरे लीन।
मिटे ताप संताप रहे कबहुँ न दीन॥

जाना तुमको है प्रभु, घट घट जाननहार।
फिर परदा क्यों राखिबो, हे मेरे करतार॥
हे मेरे करतार! करो अब दूर यह परदा।
दया दृष्टि अब करो जानके अपना बरदा॥
कहे रंक हो दयाल गुसाईं कृपानिधाना।
राखो अपने साथ मिटा आना औ जाना॥

हमने तो तुमपर भलाई औ बुराई छोड़ दी।
भूतके करमोंकी अपने आज गरदन तोड़ दी॥
टूटा रिस्ता गाँठा है तुमसे जहाँसे तोड़कर।
दुनियाके नखरेकी हाँडी अब तो हमने फोड़ दी॥
चाहे तुम मानो न मानो हमने तो माना तुम्हें।
टूटी थी जो तार पहले उसको फिरसे जोड़ दी॥
ऐ शाहन्शाह सच्चे दिलसे करके रुख तेरी तरफ।
बाग अब तो दुन्याए-दूकी तरफसे मोड़ दी॥

भक्तराज श्रीयादवजी महाराज

[जन्म-स्थान सुदामापुरी, भाद्रशुक्ल (वामन) द्वादशी, संवत १९१२, देहावसान ज्येष्ठ कृष्णा ११ संवत १९८८]

(प्रेषक—श्रीभवानीशंकर 'सिंह' जोशी)

१. जवानीमें मौज करना और बुढापा आनेपर माला लेकर भगवान्‌को भजना, आम खाकर गुठलीका दान करने-जैसा है, अतः जवानीसे ही प्रभुकी भक्ति करनी चाहिये।

२. धनी मनुष्यके आमने-सामने बैठनेसे तो साधु पुरुषके आगे बैठना अच्छा है। भक्तजन तो भगवान्‌के स्मरण-कीर्तनको ही अपनी आजीविका समझते हैं।

३. बबूलके पेड़के नीचे बैठनेसे काँटा लगता ही है, वैसे ही दुष्टजनोंकी संगतिसे दुःख होना अवश्यम्भावी है।

४. जिस प्रकार सर्पके एक ही जहरीले दंशनसे मनुष्य मर जाता है, उसी प्रकार नरकमें जानेके लिये एक ही पाप काफी है।

५. जैसे टूटे हुए नगारेकी आवाज अच्छी नहीं होती, वैसे ही अनीतिमान् गुरुका बोध भी भक्तपर असर नहीं करता।

६. फलवाली डाल जैसे झुकी रहती है, वैसे ही गुणवान् पुरुष भी नम्र बने रहते हैं।

७. जिसके हृदयमें प्रभुका वास होता है, वहाँ 'अहं' भाव नहीं रहता; जहाँ 'अहं' भाव रहता है वहाँ प्रभुका निवास नहीं होता।

८. जिन विश्वरूप भगवान्‌की कृपासे तुम्हें धन प्राप्त हुआ है, उन्हींकी सेवामें खर्च करनेमें ही उसकी शोभा है।

९. जैसे इत्रकी शीशी खोलनेसे सदा सुगन्ध ही आती है, वैसे ही सद्‌गुरुके मुखसे सदा उपदेश-वाक्य ही निकला करते हैं।

१०. जो आदमी दूसरेको कुएँसे बाहर निकालना चाहता है, उसे पहले अपने पैर मजबूत कर लेने चाहिये। इसी तरह जो गुरु बनना चाहे, उसे पहले स्वयं पूरा ज्ञानी बनना चाहिये।

११. जैसे नाव चारों ओर पानीसे घिरी हुई रहती है, फिर भी जल उसमें प्रवेश नहीं कर सकता, उसी प्रकार संसारकी घोर वासनाओंके बीचमें रहते हुए भी संतजन अलिप्त रहते हैं।

१२. मनुष्यको अपने घरपर स्नेह होता है, परंतु पैसोंवाली तिजोरीपर उससे ज्यादा स्नेह होता है, उसी प्रकार भगवान्‌को सारा संसार प्यारा है, पर उसमें भी जो भक्तजन हैं वे उनको अधिक प्यारे हैं।

१३. जिस प्रकार सूर्यके सामने जानेवालेको अपनी छाया नहीं दीखती, इसी प्रकार भगवान्‌के सम्मुख जानेवालेको अज्ञान और नरकका मुँह भी नहीं देखना पड़ता।

१४. शक्तिसे उपरान्त पैसे खर्च करके तीर्थयात्रा करनेकी अपेक्षा तो घर बैठे ही मन शुद्ध करना अधिक उत्तम तीर्थ-सेवन है।

१५. भला करनेवालेका भला तो प्रायः सभी करते हैं, पर जो बुरा करनेवालेका भी भला करता है, वही असलमें भगवान्‌का भक्त है।

१६. सांसारिक पुरुषोंको जैसे कुटुम्बियोंके यहाँ जाना अच्छा लगता है, वैसे ही जब तुम्हें भगवान्‌के मन्दिरमें जाना अच्छा लगे, तभी समझना कि अब भक्तिका प्रारम्भ हुआ है।

१७. ईश्वर मनुष्यके लिये अवतार लेता है, परंतु मनुष्य अपनेको ईश्वरके अर्पण नहीं करता।

१८. जैसे सब नदियाँ समुद्रकी ओर जाती हैं, वैसे ही सब धर्म प्रभुका ज्ञान बतलाते हैं।

१९. संसार तो मुसाफिरखाना है, असली घर तो प्रभुका धाम है।

२०. जिसे घरमें चोर न घुसने देना हो, उसे दीपक

जलता हुआ रखना चाहिये, वैसे ही जिसे पापोंसे बचना हो, उसे सदा प्रभुका स्मरण करते रहना चाहिये ।

२१. अन्धेके हाथमे जैसे रोशनी दूसरोंके लिये ही होती है, वैसे ही आजकलके अधिकाश ज्ञानियोंका ज्ञान भी दूसरोंके लिये होता है ।

२२. कसाईके घर पुष्ट बना बकरा आखिर मारा ही जाता है, वैसे ही मौज-मजा उड़ानेवालोंकी अन्तमे दुर्दशा होती है ।

महात्मा श्रीनाथूरामजी शर्मा

(गुजरातके प्रसिद्ध महात्मा)

सज्जनो ! परम कारुणिक और भक्तवत्सल कोई अदृश्य सत्ता जो सर्व प्राणिपदार्थोंकी गहराईमे रहती है, वह तुम सबका भला हो, इस प्रकारके शुभ विचार करनेके लिये तुम सबके अन्तःकरणको तथा सदाचारका सेवन करनेके लिये तुम्हारी इन्द्रियों तथा स्थूल शरीरको सामर्थ्य प्रदान करनेकी कृपा करे ।

हे विवेकियो ! प्राणिमात्रको दुःख अप्रिय है और सुख प्रिय है, अतः तुम जो बुद्धिमान् हो तो तुमको भी दुःखकी निवृत्ति और अखण्ड सुखकी प्राप्ति इष्ट होनी चाहिये, इस धारणामें कोई भी आपत्ति नहीं जान पड़ती ।

हे सुखेच्छुओ ! जो वस्तु स्वभावसे ही सर्वदुःखोंसे रहित और परम सुखरूप हो, उस वस्तुका संदेहरहित अनुभव होनेसे या उस वस्तुमें अभेद भावसे स्थिति होनेसे मनुष्यका अन्तःकरण दुःखरहित परम सुखका अनुभव करता है और इससे वह 'मैं दुःखरहित परम सुखमय स्थितिको प्राप्त हो गया हूँ'—ऐसा जानता है । ऐसी स्थितिकी प्राप्तिके लिये सब मनुष्योंको प्रकट या अप्रकट स्वाभाविक इच्छा होती है । और ऐसा जान पड़ता है कि अपनी इस इच्छाकी पूर्तिके लिये सब मनुष्य प्रयत्न करते हैं; परंतु इनमे बहुत अधिक मनुष्य विवेककी कमीके कारण भूलसे भरा प्रयत्न करते हैं, इस कारण उनके शरीरान्तपर्यन्त वे अपनी अभीष्ट स्थिति प्राप्त करनेके लिये भाग्यशील नहीं बनते । विवेकयुक्त प्रयत्नसे ही इच्छित फलकी प्राप्ति होती है, परंतु भूलसे भरा प्रयत्न इच्छित फलकी प्राप्ति करानेमें हेतुभूत नहीं हो सकता, यह स्पष्ट बात है ।

हे मनुष्य-देहधारियो ! तुममेंसे जिनको अज्ञात और सत्यरूप अतीन्द्रिय पदार्थोंका बोध करानेवाले सत्-शास्त्रके वचनोंमें तथा परमात्माके अनन्य भक्तोंके और ब्रह्मज्ञानियोंके वचनोंमें विश्वास न हो, परंतु अपने अन्तःकरणके विचारोंमें ही विश्वास हो, तो उनको अपने व्यावहारिक हितके लिये तथा साक्षात् या परम्पराके द्वारा सम्बन्धमे आनेवाले अन्य मनुष्योंके हितके लिये नीतिके मार्गपर चलना आवश्यक है । इन्द्रियोंके तथा अन्तःकरणके दुष्ट वेगके वशमे होकर चोरी, हिंसा, ठगई और मिथ्या-भाषण आदि दोषोंका सेवन करना उचित नहीं । परंतु अस्तेय, अहिंसा, ईमानदारी और सत्यभाषणादि शुभ गुणोंका ही सेवन करना उचित है । जैसे विचार और जैसे बर्तावकी तुम अन्य मनुष्योंसे अपने लिये इच्छा रखते हो, वैसे ही विचार और वैसे ही बर्ताव तुम दूसरे मनुष्योंके प्रति करो । अन्य किसी भी प्राणीको वर्तमान या भविष्यमे पीड़ा न हो और तुमको स्वय वर्तमान या भविष्यमे पीड़ा न हो, इस प्रकारके अपनेको सतोष देनेवाले स्वतन्त्र बर्ताव तुम रक्खो, इसमे कोई हानि नहीं है । परतु इसके विरुद्ध स्वतन्त्र बर्ताव रखनेमे हानि है, यह तुम न भूलना । कालकी कोई अवधि नहीं है, विश्व विशाल है और ज्ञान मर्यादारहित निरवधि है—यह सर्वदा स्मरण रखकर तुमको अपने ज्ञानका गर्व करके अन्य किसीका तिरस्कार नहीं करना चाहिये । मान प्रदान करनेयोग्य पुरुषको अवश्य मान प्रदान करो और सबके साथ विनयसे बर्ताव करनेका स्वभाव बनाओ । किसी भी विषयमे दोनो पहलुओंपर धैर्य और सावधानीसे पूरा विचार किये बिना सहसा निर्णय मत दो और उस निर्णयको सत्य मानकर दूसरेकी निन्दा भी न करो । कुविचारों और दुराचारोंसे दूर रहकर निष्पक्ष भावसे, तुमसे जहाँतक हो सके, सत्य वस्तुकी खोज करो । यदि शुभ विचारसे और शुभ क्रियाओंसे तुम्हारे अन्तःकरणकी पवित्रतामें और शान्तिमें वृद्धिका अनुभव हो तो उस शुभ विचार तथा शुभ क्रियाको उत्साहपूर्वक करते रहो ।

हे शास्त्रोक्त कर्ममें प्रीति रखनेवालो ! तुम अपने अन्तःकरणको पवित्र करनेवाले शास्त्रोक्त कर्मोंको शास्त्रविधिसे पूरी तौरपर समझकर, उन कर्मोंको तथा उनके फलके सम्बन्धको यथार्थरूपमें जानकर, उनके शास्त्रोक्त फलमें पूरा

विश्वास रखकर और अपने अन्तःकरणको उन कर्मोंमें बहुत प्रीतियुक्त तथा एकाग्र रखकर कर्म करो। इस प्रकार यदि तुम शास्त्रोक्त कर्मोंको करोगे तो अवश्य तुम्हारे हृदयकी पवित्रता बढ़ेगी और तुमको परमार्थके साधन सम्पादन करनेकी अधिक योग्यता प्राप्त होगी। विधिका त्याग करके, कर्म तथा फलके सम्बन्धको पूर्णतया न समझकर, पूरा विश्वास न रखकर, बिना प्रीतिपूर्वक तथा चित्तको एकाग्र न रखकर किया गया कर्म फलदाता नहीं होता, उसमें केवल श्रम ही होता है—यह कदापि न भूलना। तुम जो शास्त्रोक्त कर्म करते हो, उस कर्मके द्वारा शास्त्रमें कहे गये फलका तुम्हारे अन्तःकरणमें कितना अनुभव होता है, यह देखते रहना और उस कर्ममें जो-जो सुधार करनेकी आवश्यकता जान पड़े, वह उचित सुधार तुम्हें प्रीतिपूर्वक करते रहना चाहिये।

हे प्रभुकी अनन्य भक्तिकी इच्छा करनेवालो! तुम अपने अन्तःकरणकी ओर दृष्टि करो और तुम्हारे अन्तःकरणमें प्रीतिका स्रोत किन-किन प्राणियोंकी ओर बह रहा है, इसे सावधानतापूर्वक निश्चय करो। पश्चात् परमात्मासे भिन्न किसी प्राणि-पदार्थकी ओर तुम्हारे अन्तःकरणके जो-जो स्रोत बड़े और वेगसे बहनेवाले जान पड़ें, उन-उन स्रोतों-को, छोटे और मन्द गतिवाले बनानेका प्रयत्न करो तथा परमात्माकी ओर बहनेवाले अपने अन्तःकरणके स्रोतको उत्तरोत्तर अधिक बड़ा तथा अधिकाधिक वेगयुक्त करनेके लिये सर्वदा आदरपूर्वक प्रयत्न करते रहो। इस प्रकार निरन्तर आदरपूर्वक प्रयत्न करते हुए अपने अन्तःकरणके अन्य प्राणि-पदार्थोंकी ओर बहनेवाले स्रोतोंको लगभग शुष्क तथा वेग-रहित कर डालो और परमात्माकी ओर बहनेवाले अपने अन्तः-करणके स्रोतोंको अधिक बड़ा तथा अधिक तीव्र वेगवान् बनाओ। परमात्मामें अगाध और अटूट विशुद्ध प्रीति रखना ही भक्ति है। केवल परमात्माकी प्रतिमाका भटकते मनसे पूजन करना वास्तविक भक्ति नहीं, यह कदापि न भूलना। यदि तुमको परम कृपालु और आनन्द-महोदधि परमात्माके समीप पहुचना है और वहीं सर्वदा निवास करना है तो देहाभिमानपर, सांसारिक तृष्णापर लात रखकर वहाँ जाओ, जबतक देहाभिमान और संसारानुराग तुम्हारे चित्तमें रहेगा, तबतक तुम वहाँ जा नहीं सकते—यह सदा स्मरण रक्खो।

हे चित्तनिरोधकी इच्छा करनेवालो! तुम नेती—धोतीको, नाना प्रकारके आसनोंको, कुम्भकोंको तथा मुद्राओं-को ही योग मानकर वहाँ ही अटके न रहो। चित्तकी सर्व-प्रकारकी वृत्तियोंका रोध करना ही योग है। इसलिये इस योगको ही प्राप्त करनेका प्रयत्न करो। पहले अपने चित्तको शास्त्रोक्त कर्मसे और प्रभुभक्तिसे पवित्र करो और फिर अपने सद्गुरुके उपदेशके अनुसार अपने चित्तको एकाग्र तथा निरुद्ध करनेका प्रयत्न करो।

हे ब्रह्मज्ञान सम्पादन करनेकी इच्छा करनेवालो! तुमको यदि सर्वव्यापक और सबके कारणरूप ब्रह्मका ज्ञान सम्पादन करना है तो तुम विवेकादि चार साधनोंका भलीभाँति सम्पादन करो। संसारको असार समझकर श्रोत्रिय, ब्रह्मनिष्ठ और परम कारुणिक सद्गुरुकी शरणमें जाओ; बहुत मानपूर्वक और दीनतासे उनकी सेवा करो। उनके हितकर उपदेशोंको खूब भावसे श्रवण करो, उनको ग्रहण तथा धारण करो। एकान्तमें उन उपदेशोंका युक्ति और आदरके साथ मनन करते रहो। तुमको उनके उपदेश किये हुए ब्रह्म-स्वरूपमें लेशमात्र भी संशय न रहे, तब तुम उस ब्रह्मके आकारमें अपने अन्तःकरणकी वृत्तियोंके प्रवाहको चलानेका प्रयत्न करो, अन्य जड पदार्थोंके आकारमें बने हुए, अन्तःकरणके चिरकालसे पड़े हुए स्वभावको धीरे-धीरे क्षीण कर डालो। अनात्माकार वृत्तियोंको रोकनेमें और आत्माकार वृत्तियोंके तथा ब्रह्माकार वृत्तियोंके प्रवाहको सतत चलानेमें पहले तुमको बहुत परिश्रम प्रतीत होगा, परंतु इससे घबराना नहीं। धैर्य, प्रीति और सावधानतापूर्वक चिरकालतक वह प्रयत्न निरन्तर करते रहनेमें तुम्हें अपना श्रम सफल दीख पड़ेगा। योग्य साधनोंके द्वारा साध्यकी प्राप्ति होती है, यह तुम्हारे-जैसे सज्जनको अज्ञात हो, यह सम्भव नहीं। तुमको दुःखरहित परमानन्दरूप सर्वोत्तम स्थिति प्राप्त करनी हो तो इस साध्य-को प्राप्त करनेके लिये तुम्हें उसके साधनोंका अनुष्ठान भी बहुत उत्तम रीतिसे करना चाहिये।

हे दुर्लभ मनुष्य-जन्मको पानेवालो! यदि तुमको तुम्हारे दुराचरण और दुर्व्यसन सन्मार्गमें प्रवृत्त होने नहीं देते तो तुम सत्सङ्गमें रहना शुरू करो, सद्ग्रन्थोंका अध्ययन करो और दान तथा दूसरे पुण्य कर्मोंको करते रहो। तुमको जो दुराचरण या दुर्व्यसन लग गया हो या तुमने जिस दुराचरण या दुर्व्यसनको पकड़ रक्खा हो, उसे छोड़ देनेका प्रयत्न धीरे-धीरे करते रहो। यदि ऐसा प्रयत्न तुम धीरतापूर्वक करते रहोगे तो परमात्माकी कृपासे तुम सन्मार्गमें प्रवेश

करनेके अपने प्रयत्नमें अधिक या न्यून परिमाणमें जल्दी या देरसे अवश्य कृतकार्य होगे।

हे दयालु स्वभाववालो! जैसे तुम दुःखरहित परमानन्द-स्वरूपको प्राप्त करनेकी इच्छा करते हो, वैसे ही तुम्हारे पोष्यवर्गमें अथवा सधवा या विधवा स्त्रियाँ हों तो, उनको भी ऐसी स्थिति प्राप्त करनेकी इच्छा हो सकती है, इसलिये उनको भी ऐसी स्थिति प्राप्त करनेमें जो-जो उपयोगी सामग्री आवश्यक हो तथा उनको यह कार्य सिद्ध करनेके लिये जितने समयकी आवश्यकता हो, उतनी सामग्री और उतना समय उनको मिले, ऐसी सर्व प्रकारकी सुविधा करके तुम अपने हृदयको अवश्य उदारतावाला बनाओ।

अपने पुत्र-पुत्रियोंको भी तुम बचपनसे ही पवित्रताके पालनमें, नीतिके पालनमें और शुभकर्ममें प्रीतिमान् बनाओ। बचपनमें पड़ा हुआ शुभ संस्कार बड़े होनेपर बहुत उपयोगी हो जाता है। इसे कदापि न भूलो।

धन-तृष्णा और पुरुषके लिये स्त्रीतृष्णा सत्यकी यथार्थ प्रतीति नहीं होने देती, इसलिये विवेकके द्वारा इन तृष्णाओंको कम करनेका प्रयत्न करना चाहिये। क्रोध, अविवेक, अभिमान, ईर्ष्या, दम्भ, भय, शोक और आश्चर्य—इन दोषोंको भी विवेकके द्वारा बलहीन कर डालो। जबतक अन्तःकरण रजोगुण और तमोगुणके दोषोंसे मलिन रहेगा, तबतक तुमको सत्यका यथार्थ भान नहीं हो सकेगा। इसलिये पवित्र पुरुषोंका सङ्ग करके मनके इन दोषोंको क्रमशः निवृत्त करते रहो तथा मनकी पवित्रता और शान्तिको बढ़ाते रहो। यह सब तुम्हें अपने ही इहलोक या परलोकके सुखके लिये या मोक्षकी प्राप्तिके लिये ही करना है, किसी दूसरेके ऊपर उपकारके रूपमें नहीं, यह मत भूलो।

सर्वदा शुभ विचार और शुभ कर्म यदि न भी कर सकते हो तो विशेष हानि नहीं है, परंतु कुविचार और कुकर्म अवश्य ही महान् हानिकर हैं। इसलिये कुविचार और कुकर्मसे तो सब मनुष्योंको सदा बहुत दूर रहना चाहिये।

जिस विचार या जिस क्रियाके द्वारा परम शान्ति और परम सुखकी प्राप्तिकी प्रबल सम्भावना हो, उसी विचार और उसी क्रियाके पक्षपाती बनो, परंतु मत-मतान्तरका, वहमका या रूढ़िका पक्षपाती किसी भी सत्यसुखकी इच्छा करनेवाले मनुष्यको नहीं होना चाहिये।

अपने तथा प्रतीत होनेवाले जगत्के वास्तविक कारणकी तुम्हें खोज करनी है, वह कारण एक और अद्वैतस्वरूप है, अतएव तुम्हें प्रतीत होनेवाले भेदोंको धीरे-धीरे विवेक-विचारसे दूर करते रहना चाहिये।

जिस-जिस वस्तु, क्रिया या विचारके सेवनसे तुमको अपने अन्तःकरणमें मूढ़ता, व्याकुलता, चञ्चलता और क्लेशका अनुभव होता हो, उस-उस वस्तु, क्रिया या विचारसे अपने अन्तःकरणको मुक्त करने तथा मुक्त रखनेका सतत प्रयत्न करते रहो।

भक्त श्रीरसिकमोहन विद्याभूषण

(जन्म-स्थान—बंगालके वीरभूमि जिलेमें एकचक्रा ग्राम, गौडीय वैष्णव-सम्प्रदायके महान् विद्वान्, १०७ वर्षकी उम्रमें देह-त्याग)

स्वाधीनता

हमारे मनमें निरन्तर परस्पर आघात करती हुई जो वासनाएँ समुद्रके तरङ्गोंकी भाँति हमको उत्क्षिप्त, विक्षिप्त और प्रक्षिप्त कर डालती हैं; निरन्तर जो विद्रोह, संग्राम हमारे हृदय-क्षेत्रको वैलाक्लावके अशान्तिमय रणक्षेत्रसे भी घोर अशान्ति-मय कर डालता है—अनन्त ज्वालामुखीकी सृष्टि कर रहा है; हम निरन्तर जो सारहीन भोग-लालसाकी कामनासे परिचालित और विचालित हो रहे हैं, उन सब कामनाओंको निरस्त किये बिना कहाँ तो हमारा यथार्थ स्वराज्य है और कहाँ स्वाधीनता है! जो लोग निरन्तर पाशवी वासनाजालमें, वासनाकी बेड़ियोंमें जकड़े हुए हैं, राज-द्रोहमें उनकी स्वाधीनता या स्वराज्य-प्राप्तिकी कोई सम्भावना नहीं है। मैं तो आपकी इन सब बातोंका कोई अर्थ ही नहीं समझ पाता।

यदि आप सच्चा स्वराज्य और यथार्थ स्वाधीनता-प्राप्तिको ही अपने जीवनका पुण्यव्रत मानते हैं, तो सर्वप्रथम अपने गृह-शत्रु कामनाके विजयके लिये प्रस्तुत होइये। सबसे पहले वह उपाय खोजिये, जिसके द्वारा हृदयनिहित स्वार्थ-संतान अजेय वासनाके संग्राममें विजय प्राप्त हो। मनुष्यको दुःख क्यों उत्पन्न होता है! मनु कहते हैं—

सर्वं परवशं दुःखं सर्वमात्मवशं सुखम्।

अतएव पराधीनता दुःखका मूल है। यह सभी स्वीकार

करते हैं। किंतु 'पर' कौन है और 'अपना' कौन है? इसके लिये न्याययुक्त वैज्ञानिक विचारमे प्रवृत्त होनेपर जान पड़ेगा कि केवल स्वेच्छाचारी, अत्याचारी राजा ही हमारा 'पर' नहीं है। केवल उसकी स्वार्थप्रेरित विधि-व्यवस्थाके अधीन होकर चलना ही हमारे दुःखका हेतु नहीं है। इससे हमारा यह कहना नहीं है कि यह दुःखका बिल्कुल ही कारण ही नहीं है। परंतु उस दुःखकी मात्रा अति अल्प है, उसको हम अनायास अग्राह्य भी कर सकते हैं। परंतु हमारे लिये अत्यन्त 'पर' है—हमारी हृदयगत न्यायरहित वासनाओंका समूह। नाना प्रकारकी स्वार्थवासनाएँ रात-दिन हमे व्याकुल करती रहती हैं। जिसको हम दासत्व कहकर घृणा करते हैं, स्वाधीनताका लोप करनेवाला मानकर दूर करनेकी चेष्टा करते हैं, वह शत्रु है हमारे हृदयमे रहनेवाली वासना। हम वस्तुतः राजकीय विधानके दास नहीं हैं; हम रात-दिन दास है अपनी वासनाके। हमने चाह-चाहकर वासनाओंकी बेड़ीसे अपने पैरों-को जकड़ (We have forged our own shackles) रक्खा है। इस बेड़ीसे अपनेको मुक्त किये बिना हमारी सच्ची स्वाधीनताकी आशा विडम्बनामात्र है—स्वराज्य-प्राप्तिकी व्यर्थ आशा केवल मनमोदक खानेके समान है। हमारी वास्तविक स्वाधीनता तथा स्वराज्यकी प्राप्तिका उपाय स्वय भगवान् श्रीकृष्णने भगवद्गीतामे बतला दिया है—

एवं बुद्धेः परं बुद्ध्वा संस्तभ्यात्मानमात्मना।
जहि शत्रुं महाबाहो कामरूपं दुरासदम्॥
(३।४३)

अर्जुन! तुम इस प्रकार आत्माको जानकर तथा मनको बुद्धिके द्वारा निश्चल करके कामरूप दुरासद शत्रुका विनाश करो। सकल्पसे उत्पन्न कामनाओंका पूर्णतया त्याग करो, मनके द्वारा इन्द्रियोंको सयत करो, धृतिगृहीत बुद्धिके द्वारा धीरे-धीरे चित्तको वशमे लाओ—यही स्वाधीनता-प्राप्तिका उपाय है, यही स्वराज्य-लाभका उपाय है।

साख्यज्ञानका एक विशिष्ट सिद्धान्त भगवद्गीतामे व्याख्यात हुआ है। पुरुष स्वयं कर्त्ता नहीं है। प्रकृतिके गुणरूप इन्द्रियोंके द्वारा सारे कर्म निष्पन्न हो रहे है। जीव उस प्रकृति-के अहंकारके द्वारा विमूढ़ होकर 'मै कर्त्ता हूँ' यह समझ रहा है। 'अहंकारविमूढात्मा कर्त्ताहमिति मन्यते।'

इसी कारण जीव पराधीन है, इसीसे जीवका दासभाव (Slave-mentality) है। प्रकृति (Nature) ने स्वयं एक जीवयन्त्र (Mechanism) की सृष्टि कर रक्खी है। प्रकृतिके गुणरूप इन्द्रियाँ और इन्द्रियवृत्तियाँ तेलीके अनपढ़ बाँधे बैलके समान निरन्तर जीवोंको दासत्वकी बेड़ीमे बाँधे रखती हैं। प्रकृतिके इस सयोग-सम्बन्धका विनाश किये बिना जीवकी मुक्ति नहीं, स्वाधीनता नहीं और न उसे स्वराज्यकी ही प्राप्ति हो सकती है; यही साख्यज्ञानका सिद्धान्त है। गीताके 'प्रकृतेः क्रियमाणानि गुणैः कर्माणि सर्वशः' इस श्लोकमे साख्यज्ञानकी प्रतिध्वनि है। आश्चर्यका विषय यह है कि जर्मन दार्शनिक काण्टने भी कपिलके इस सिद्धान्तकी प्रतिध्वनि करते हुए कहा है—"Freedom from the mechanism of Nature, and subjection of the Will only to laws given it as belonging to the Rational world.—'Abridged from Kant."

मनुष्य जबतक प्रकृतिके दासत्वसे मुक्त नहीं होता, तब-तक उसकी आत्माको स्वराज्य-प्राप्ति नहीं होगी तथा वह स्वतन्त्रता-प्राप्तिमे भी समर्थ न होगा। अपना शरीर, अपनी इन्द्रियाँ, अपना मन—ये भी हमारे स्वत्वके प्रतिद्वन्द्वी है। भूख, प्यास और निद्राकी इच्छा अनवरत हमारी स्वाधीनताके मस्तकपर लात मार रही है—नाना प्रकारकी इन्द्रियसुखकी वासनाएँ हमारी नकेल पकड़कर गधे या बैलके समान हमको इधर-उधर भटका रही है। नाना प्रकारकी वासनाएँ अनवरत हमारे स्वाधीन भावोका विनाश कर रही है।

क्षण-क्षणमे हमारे शरीरमे जगह-जगह जो खुजलाहट पैदा होकर हमे अत्यन्त अस्थिर कर डालती है—क्या यह हमारी स्वाधीनताको नष्ट करनेवाली नहीं है? रात-दिन क्षण-क्षण हमारी स्वाधीनता हमारे देहस्थ सहस्र-सहस्र जीवाणुओ-द्वारा आहत हो रही है। इसके अतिरिक्त रोग है, शोक है, क्रोध है, कामका तो बाहुल्य है ही। मान-अभिमान और यश-लिप्साकी असह्य खुजलाहट हमे उन्मत्तके समान परिभ्रान्त कर रही है। अधिक क्या, राजनीतिक प्रसङ्गोंमे सदस्य आदिके चुनावके समय हमे कितने लोगोंकी अधीनता स्वीकार करके बिना खाये-पिये, रातों जाग-जागकर कितना क्लेश सहन करना पड़ता है—यह सब तो सदा ही सबकी आँखोके सामने होता है। स्वाधीनता कहाँ है?

× × ×

मनुष्यके हृदयमे जो कुसुम-कोमला वृत्तियाँ है, उनमे प्रेमभक्ति सर्वोत्कृष्ट मानी गयी है। हम माता-पिताके प्रति

भक्ति करते हैं, पत्नी और सखा आदिके साथ प्रणयसूत्रमें आबद्ध होते हैं; कनिष्ठ भाई-बहिन और पुत्र-पुत्री आदिसे स्नेह करते हैं। ये सभी प्रेमके विभिन्न रूप हैं। मनुष्यका हृदय जब सद्गुरुके सदुपदेशसे सांसारिक आत्मीय लोगोंके कहीं ऊपर आपात-अदृश्य किसी अतीन्द्रिय नित्य सुहृद्‌का संधान पाता है और कुसुम-कोमला भक्ति जब उसको खोजनेका प्रयास करती है, तब मानव-हृदय उस चिरमधुर, चिरसुहृद्‌का संधान पाकर उसके सम्मुख मनकी बात और प्राणोंकी पीड़ा प्राण खोलकर रख देता है; इसीका नाम 'प्रार्थना' है। अतएव यह प्रार्थना-व्यापार मानव-हृदयकी अति समुन्नत, समुज्ज्वल स्वाभाविक क्रियाविशेष है। अर्द्धरात्रिमें नीरव—निर्जनमें, संसारके विविध विचित्र व्यापारोंसे मुक्त होकर हृदय जब हृदयेश्वरके चरणोंमें जी खोलकर सारी बातें कहने लगता है, तब वह व्यापार स्वभावतः ही अति सुन्दर अति मधुर होता है। उसमें हृदयका भाव अति लघुतर हो जाता है, सांसारिक दुश्चिन्तासे कलुषित और दग्ध हृदय पवित्र और प्रशान्त हो जाता है। वासना-प्रपीड़ित दुर्बल हृदयमें तड़ित्-शक्तिके सदृश नवीन बल सञ्चारित होता है। साधकका विषादयुक्त मुख-मण्डल आनन्दमयकी आनन्द-किरणोंसे समुज्ज्वल और सुप्रसन्न हो उठता है। सत्यस्वरूप श्रीभगवान्‌की सच्चिदानन्द-ज्योतिसे उसका मुख-मण्डल समुद्भासित हो उठता है। हृदयका घनीभूत आनन्द, हिमालयके तुषारके सदृश विगलित होकर यमुना-जाह्नवीकी धाराके समान नयन-पथसे प्रवाहित होकर संसारके त्रितापतप्त वक्षःस्थलको सुशीतल कर देता है। दैन्य-दारिद्र्यकी तीव्र पीड़ा, गर्वित समाजकी दम्भ गर्जना, दुर्जनकी दुष्ट ताड़ना, रोग-शोककी दुःसह यातना तथा स्वार्थ-लम्पटोंकी कायरतापूर्ण लाञ्छना—ये सब इस सरल व्याकुल आन्तरिक प्रार्थनामें तिरोहित हो जाती हैं। नित्य-मधुर नित्य-सखाकी सुधा-मधुर-मुखच्छवि चित्तमुकुरमें प्रतिबिम्बित हो जाती है। उनकी मधुमयी वाणी कानोंमें मधु-धाराका सञ्चार करती है। उसके एक-एक झंकारसे संसार-की विविध यन्त्रणा चित्तसे दूर हो जाती है। नयी-नयी आशाओंमें सौन्दर्य-माधुर्यमयी मोहिनी मूर्ति हृदयमें आकर दर्शन देती है, तब भय और निराशाको हृदयमें स्थान नहीं मिलता। हृदयमें पापमयी कुवासनाओंके प्रवेशका द्वार अव-रुद्ध हो जाता है। प्रेमाभक्तिकी मन्दाकिनीके प्रवाहमें संसार-तापका भीषण मरुस्थल, सहसा आनन्दके महासागरमें परिणत हो जाता है। प्रार्थनाके इस प्रकारके महाप्रभावके सहसा उद्गमके समय उसकी अमोघ क्रियाएँ इन्द्रजालके समान जान पड़ती हैं; परंतु कार्यतः ये क्रियाएँ नित्य स्थायी-रूपमें तथा शाश्वतरूपमें साधक-हृदयमें प्रतिष्ठित होकर साधकको इस नश्वर मर्त्य-जगत्‌में अमर कर देती है। दुःख-दावानलके भीतर भी उसको स्निग्ध शीतल जाह्नवी-सलिलके सुखमय निकेतनमें संरक्षित करती है।

हम सांसारिक जीव हैं, निरन्तर संसारके दुःखानलसे संतप्त हैं। विष्ठाकुण्डका कृमि जिस प्रकार निरन्तर विष्ठामें रहता हुआ उसकी दुर्गन्धका अनुभव नहीं कर पाता, हमारी दशा भी ठीक वैसी ही है। रोगके बाद रोग, शोकके बाद शोक, दैन्य—दुर्भिक्ष, लाञ्छन-गञ्जन और दुर्वासनाकी तरङ्गें सागर-तरङ्गोंकी भाँति क्षण-क्षण हमें अभिभूत किये डालती हैं। तथापि हम मुक्तिके उपायका अनुसंधान नहीं करते। भगवत्-प्रार्थनासे जो नित्य सुख-शान्तिकी प्राप्तिका एक अमोघ उपाय प्राप्त होता है, उसके लिये एक क्षण भी अवकाशका समय हम नहीं निकाल पाते। इससे बढ़कर दुर्भाग्यकी बात और क्या हो सकती है? एक दिन-रातमें चौबीस घंटे होते हैं, तेईस घंटा छोड़कर केवल एक घंटाका समय भी हम भगवत्प्रार्थनामें नहीं लगा सकते! यथार्थ बात यह है कि इस विषयके प्रति हमारी मति-गतिका अत्यन्त अभाव है। हमको अवकाश नहीं मिलता, यह कहना सर्वथा मिथ्या है।

आत्मोन्नतिके लिये जो अपने हृदयमें सदिच्छा रखते हैं, वे अनेकों कार्योंमें सतत नियुक्त रहकर भी अपने भजन-साधनके लिये समय निकाल लेते हैं। देहके अभावकी पूर्तिके लिये जैसे दैहिक भूख-प्यास स्वभावतः ही उदित होती है, उसी प्रकार भगवत्-चरणामृतके प्यासे आत्माको भी भूख-प्यास लगती है। आत्मा स्वाभाविक अवस्थामें भगवत्प्रसादकी प्राप्तिके लिये सहज ही व्याकुल होता है। निर्जन और शान्त स्थानमें बैठकर उनके चरणोंमें मनकी बात, प्राणोंकी व्यथा कहनेके लिये अधीर और व्याकुल हो उठता है और जबतक उनके साक्षात्कारका सौभाग्य नहीं प्राप्त होता, तबतक साधक-के हृदयको और कुछ भी अच्छा नहीं लगता। हमारे ऐहिक शरीरके सम्बन्धमें भी यही नियम है। स्वस्थ सबल देहको समयानुसार भूखमें अन्न और प्याससमें जल न मिले तो वह अत्यन्त व्याकुल और व्यस्त हो उठता है, परंतु आत्माका आवेग देहके आवेगकी अपेक्षा कहीं अधिकतर प्रबल होता है।

अब प्रश्न यह उठता है कि फिर आत्मामें भगवत्-उपासनाके लिये भूख-प्यास क्यों नहीं लगती !—इसका उत्तर बहुत सहज है। अनेक जन्मोंके संचित अविद्यारूप श्लेष्माके गाढ़े और घने आवरणमें हमारी आत्माकी भगवत्-उपासनाकी जठराग्नि (God-hunger) एक प्रकारसे बुझ-सी गयी है। उस अग्निको एक बार पुनः संदीप्त करना पड़ेगा, प्रज्वलित करना पड़ेगा। इसके बिना आत्माका यह मन्दाग्नि (Despepsia) रोग दूर न होगा। और उसका विषमय फल होगा आत्महत्या। वह आत्महत्या इस जगत्की आत्महत्याके समान नहीं है। साधारण आत्महत्यामे जो अपराध होता है, सुदीर्घकालके बाद उस महापापसे आत्माका छुटकारा होकर उसको सद्गति मिल सकती है। परंतु निरन्तर भगवत्सेवाविमुख होनेके कारण आत्माके अपोषणसे होनेवाली आत्महत्या एक महान् भीषण अपराध है। इस विषयमें समस्त नर-नारियोंको सावधान होनेकी आवश्यकता है। चिकित्सा कठिन नहीं है, औषध भी विकट नहीं है। यदि उपयुक्त औषध भलीभाँति विचारपूर्वक चुनी जाय तो वह होमियोपैथिक ओषधिके समान निर्विघ्न निर्विवाद तुरंत फल प्रदान करती है। प्रतिदिन कुछ समय भगवान्का नाम-जप करना, नाम-कीर्तन करना और सरल व्याकुल हृदयसे सकाम या निष्काम भावसे उनके चरणोंमे प्रार्थना करना ही वह अमोघ महौषध है।

× × ×

सकाम प्रार्थना

सकाम प्रार्थनाओंके लिये गृहस्थ लोग जो उपासना आदि किया करते हैं; उसको हम असङ्गत नहीं कह सकते। असहाय अवस्थामे अपने आवश्यक पदार्थोंके लिये लड़के-लड़कियाँ जिस प्रकार माता-पिताके सामने ऊधम मचाते हैं, जगत्पिता जगदीश्वरके सामने निःसहाय जीवका उसी प्रकार प्रार्थना करना अस्वाभाविक नहीं है। भगवद्विभूति इन्द्रादि देवगण वैदिक याग-यज्ञरूप उपासनाके वशीभूत होकर जो फल प्रदान करते हैं, वह भी प्राकृतिक नियमके बाहर नहीं।

इस विशाल अखिल ब्रह्माण्डके कार्यकलापकी पर्यालोचना करनेसे जान पड़ता है कि यह विचित्र ब्रह्माण्ड अत्यन्त शृङ्खलासे रचित है। यह इस प्रकार गठित है कि एक-दूसरेका सहायक हो सके, एक पदार्थ दूसरे पदार्थके साथ समसूत्रमे सश्लिष्ट है। हममेंसे प्रत्येक ही इसके अंशस्वरूप हैं। अतएव आवश्यकता होनेपर हम अपने अदृश्य सजातीय ज्ञानमय जीवोंके द्वारा सहायता प्राप्त कर सकते है। अपने प्रत्यक्ष परिचित बन्धुओंसे वार्तालाप करके उनके द्वारा जैसे हम अपना कार्यसाधन कर सकते हैं, उसी प्रकार अदृश्य उच्चतर जीव अर्थात् देवताओंसे प्रार्थना करके विशेष फल प्राप्त करना हमारे लिये सम्भव हो सकता है।

परंतु जिनका चित्त अधिक उन्नत है, वे स्वार्थपूर्तिके लिये प्रार्थना करनेके लिये तैयार नहीं होते। 'धनं देहि जनं देहि' इत्यादि प्रार्थनाएँ अनुन्नत साधकके लिये प्रयोजनीय होनेपर भी शुद्ध भक्तलोग ऐसी प्रार्थना नहीं करते। यहाँतक कि जिस मुक्तिके द्वारा समस्त दुःखोंकी अत्यन्त निवृत्ति होती है तथा सर्वानन्दकी प्राप्ति होती है, वे इस प्रकारकी मुक्तिको भी निरतिशय तुच्छ मानते हैं। भागवत परमहंस लोगोंमें जो विशुद्ध भक्त हैं, वे मुक्तिकी भी कामना नहीं करते।

श्रीमद्भागवतमें इसके अनेकों प्रमाण पाये जाते हैं। शुद्ध भक्तजन केवल भगवत्सेवाके सिवा अपने स्वार्थ-सम्बन्धकी कोई दूसरी प्रार्थना नहीं करते। श्रीकृष्णचैतन्य महाप्रभु कहते हैं—

न धनं न जनं न सुन्दरीं कवितां वा जगदीश कामये।
मम जन्मनि जन्मनीश्वरे भवताद् भक्तिरहैतुकी त्वयि॥

अर्थात् 'हे गोविन्द ! मैं धन, जन, दिव्य स्त्री अथवा यशस्करी विद्या—कुछ भी नहीं चाहता। मेरी यही प्रार्थना है कि जन्म-जन्मान्तर तुम्हारे चरणोंमें मेरी अहैतुकी भक्ति हो।' यह भी कामना तो है, परतु इस कामनामे अपना भोग-सुख, इन्द्रिय-विलास—यहाँतक कि सर्वदुःखोंकी अत्यन्त निवृत्तिस्वरूप मोक्षकी प्रार्थनातक भी निरस्त हो गयी है। यदि भगवत्सेवामे या उनके सृष्ट जीवोंकी सेवामें अनन्त दुःख भोग करना पड़ता है, तो शुद्ध भक्त प्रसन्न चित्तसे, अम्लान वदनसे उसको भी स्वीकार करता है। श्रीगौराङ्ग-लीलामे देखा जाता है कि भगवान् श्रीगौराङ्ग जब महाप्रकाश-लीला प्रकट करके भक्तोंको वर माँगनेका आदेश देते है, तब अन्यान्य भक्त अपनी-अपनी इच्छाके अनुसार वर माँगते है। वासुदेव नामक एक प्रसिद्ध भक्त थोड़ी दूरपर चुपचाप खड़ा इस व्यापारको देख रहा है। गौराङ्गसुन्दर बोले—'वासु ! तुम चुप क्यों हो, तुम क्या चाहते हो ?' वासुदेवने हाथ जोड़कर कहा—'दयामय ! यदि आप इस अधमको कोई वरदान देना चाहते है, तो यही वर दें कि समस्त जगत्की दुःख-यातना मुझको ही भोगनी पड़े। मैं सबके पाप-तापोंको ग्रहण करके अनन्त कालतक दुःख-

नरकमें पड़ा रहूँ, जगत्‌के जीव आनन्द प्राप्त करें।' इस प्रार्थनामें देखा जाता है कि जो लोग आत्म-सुखकी इच्छा छोड़कर परदुःखसे कातर होते हैं, समस्त क्लेशोंकी यातना सहन करके भी वे जगत्‌के जीवोंको सुख-शान्ति प्रदान करनेके लिये निष्कपट और युक्तचित्तसे भगवान्‌से प्रार्थना करते हैं। वह प्रार्थना पूर्ण हो या न हो, किंतु प्रार्थयिताके हृदयकी विशाल उदारता तथा परदुःख-विमोचनके लिये उसका प्रभुसे अलौकिक अद्भुत प्रार्थना करना विश्वप्रेमका एक विपुल उच्चतम कीर्तिस्तम्भ है।

यही विशुद्ध भक्तकी प्रार्थनाका विशुद्ध आदर्श है।

भक्त कोकिल साईं

(जन्म-स्थान सिन्ध प्रान्तके जेकमाबाद जिलेका मीरपुर ग्राम, जन्म सं० १९४२, पिताका नाम श्रीरोचलदासजी और माताका नाम श्रीसुखदेवीजी। परलोकवास वृन्दावनमें सं० २००४।)

'ईश्वरके टेलीफोनका नम्बर निरहंकारता है। वह ईश्वरकी ओरसे सदा जुड़ा रहता है। कभी इंगेज नहीं होता। इधरसे ही जोड़नेकी जरूरत है। अहंकार छोड़कर अटल मनसे ऊँचे स्वरसे भगवान्‌के नाम-गुण-लीलाका कीर्तन करे। जैसे वायुके सम्बन्धसे पुष्पकी सुगन्ध नासिकातक पहुँचती है, वैसे ही सत्पुरुषके सम्बन्धसे निर्मलचित्त अनायास ही ईश्वरतक पहुँच जाता है।'

'व्याकरणके अनुसार भक्तिका अर्थ है विश्वासपूर्वक निष्कपट सेवा। हृषीकेश और उनके प्यारे संतोंकी सर्व शुभ इन्द्रियोंसे सेवा करना ही भक्ति है।'

'साधनाको छोटी वस्तु मत समझो। यह सद्‌गुरुकी दी हुई सिद्ध अवस्था है। यह रास्ता नहीं, मंजिल है। आनन्दकी पराकाष्ठा है। रास्ता समझोगे तो मंजिल दूर जानकर मन आलसी होगा। है भी यही बात। साधना ही मंजिल है। जो लोग बिना किसी लालचके रास्तेपर नहीं चल सकते, उनके लिये ही मंजिल अलग बतानी पड़ती है; नहीं तो भैया, मंजिलपर पहुँचकर करोगे क्या! करना तो यही पड़ेगा।'

'जितना सत्संग करे, उससे दुगुना मनन करे। थोड़ा खाकर अधिक चबानेसे स्वाद बढ़ता है। जैसे नींवके बिना महलका टिकना असम्भव है, वैसे ही मननके बिना सत्संगका। जैसे भोजनके एक-एक ग्ाससे भूख मिटती है, तृप्ति होती है और शरीरका बल बढ़ता है, वैसे ही सत्संगकी जुगाली करनेसे विषयकी भूख मिटती है, रसकी वृद्धि होती है, प्रेमका एक-एक अङ्ग परिपुष्ट होता है।'

'भक्तिके मार्गमें पहले-पहल ईश्वरताकी बड़ी आवश्यकता है। ईश्वरकी नित्यता, सर्वशक्तिमत्ता, सर्वज्ञता, दयालुता आदि सोचकर ही तो जीव उनसे डरकर सदाचारका पालन करते हैं। उनके समीप पहुँचनेकी इच्छा करते हैं और उनको जानते हैं। जब प्रभुका प्यार रग-रगमें भर जाता है, तब सहज ही ईश्वरता भूल जाती है। जब उनसे कुछ लेना ही नहीं, तब महाराज और ग्वारियामें क्या भेद रहा! वे हमारे प्यारे हैं, इसलिये हम उनकी कुशल चाहते हैं। एकने कहा—'वे बड़े दयालु हैं।' दूसरेने कहा—'वे तो अपने ही हैं।'

'जबतक जीव व्याकुल होकर ईश्वरके चरित्रमें डुबकी न लगायेगा, तबतक ईश्वरके घरकी झाँकी नहीं देख सकेगा। जैसे तागेको कोमल करके सुईमें पिरोते है, वैसे ही विरह-भावनासे मनको कोमल करके ईश्वरमें लगाना चाहिये। ईश्वरके लिये व्याकुलता अनायास ही संसारको छुड़ा देती है और मन प्रियतमके पास रहने लगता है।'

'जबतक यह संसार, इसका जीवन, इसकी जानकरी, इसका सुख प्यारेसे अलग, प्यारेके सम्बन्धसे रहित मालूम पड़ता है, तभीतक इसको असत्य कहनेकी जरूरत रहती है। जब इसके कण-कणमें, जर्रे-जर्रेमें श्रीप्रियतमकी ज्योति जगमगा रही है, उन्हींकी चमकसे सब चमक रहा है, वे स्वयं ही अपना सुख, अपना आनन्द सबके अंदर उँड़ेल रहे हैं, उनसे ही सब सराबोर हैं, वे ही अपने प्रेमोद्यानमें रसमयी, मधुमयी, लास्यमयी क्रीड़ा कर रहे हैं, तब इसको असत्य कैसे कहे!'

'हमने यह अच्छी तरह सोच-समझकर देखा है कि यह असमर्थ जीव कादरचित्त और कमजोर-दिल है। दुःखमें इसे कोई-न-कोई पुकारनेकी जगह जरूर चाहिये। अगर इसके सभी रास्ते बंद होंगे तो यह निष्काम भक्तिमार्गपर नहीं चल सकेगा। जब चलते-चलते इसका प्यार प्रियतममें गाढ़ा हो जायगा, तब इसे कोई दूसरी इच्छा नहीं रहेगी। फिर

अपने आप पूर्ण निष्काम हो जायगा । सब कुछ प्रियतमके लिये चाहेगा ।'

× × ×

'नाम-जपके समय धाम, रूप, लीला और सेवाका चिन्तन होनेसे ही सच्चे भगवद्रसका उदय होता है । इसके बिना जो नाम-जप होगा, उससे वृत्तियोंकी शिथिलतामात्र होगी, द्रवता नहीं । वह मिट्टीके उस ढेलेके समान होगी जो गीला तो है, पर पिघलकर किसीकी ओर बहता नहीं है। तदाकारता तब होती है, जब चित्तवृत्ति पिघलकर इष्टदेवके साँचेमे ढलती है । केवल नामजपके समय जो आनन्द होता है, वह संसारकी चिन्ता और दुःखका भार उतर जानेका आनन्द है । इस भारमुक्त वृत्तिपर जब विरह-तापकी व्याकुलताकी आँच लगती है, तब पिघलकर वह इष्टदेवके आकारके साँचेमें ढलती है और लीलारसका अनुभव होने लगता है । इसलिये नाम-जपसे यदि चरित्र-समाजका अनुभव न होता हो तो बीच-बीचमें लीलाके पद गा-गाकर लीलाका भाव जाग्रत् करना चाहिये । नाम-जपसे विक्षेपकी निवृत्ति और पदसे लीलाका आविर्भाव होता है, फिर विक्षेप आवे तो नाम-जप करो । जपसे मन एकाग्र हो तो फिर लीला-चिन्तन करो ।'

'यह भगवान्‌का चिन्तन घंटे-दो-घंटेकी ड्यूटी अथवा धर्मपालन नहीं है । इसके लिये जीवनका सारा समय ही अर्पित करना पड़ता है । चलते-फिरते, काम-धंधा करते भी हृदयमे महापुरुषोंकी वाणीके अर्थका विचार करता रहे । उनमें अनेक भाव सूझें । उन भावोंसे मिलती-जुलती रसिकजनोंकी वाणियोंको ढूँढकर मिलान करे । उनमें लीलाके जो सुन्दर-सुन्दर भाव हैं, उनका अनुभव करे । इससे संसारके सकल्प मिटेंगे और भगवान्‌के प्रति मन-बुद्धिका अर्पण होगा । यह मनीराम बड़े रसिक है । चस्का लग जानेपर नये-नये रस घोलते रहते हैं ।'

श्रीजीवाभक्त

धीरज तात छमा तुम मात, रु सांति सुलोचनि बाम प्रमानौ ।
सत्य सुपुत्र, दया भगिनी अरु भ्रात भले मन-संयम मानौ ॥
ज्ञानको भोजन, वस्त्र दसौं दिसि, भूमि पलग, सदा सुखदानौ ।
'जीवन' ऐसे सगे जग मैं सब कष्ट कहा अब योगी कौ जानौ ॥

श्रीवल्लभरसिकजी

जोरी धन सौं गाँठिले, छोरी तन मन गाँठि ।
ठोरी होरी कहत है, बोरी आनँद गाँठि ॥
छूटि-छूटि अचल गये, टूटि-टूटि गये हार ।
लूटि-लूटि छवि पिय छके, घूँटि-घूँटि रस सार ॥
मन पदुका मन कर गह्यौ फगुवा कह तब नैन ।
मन दीये, मन ही लिये, भये दुहुँन मन चैन ॥
होरी खेल कहै न क्यों, दुहुनि मैं न सुख दैन ।
'बल्लभरसिक' सखीन के, रोम रोम मे चैन ॥

संत श्रीरामरूप स्वामीजी

[श्रीचरणदासजीके शिष्य]

(प्रेषक—श्रीरामलखनदासजी)

वृथा बन बन भटकना, कबहुँ न मिलिहैं राम ।
रामरूप सतसँग बिना, सब किरिया बेकाम ॥
धन संतोषी साधु वे, साँचे बेपरवाह ।
रामरूप हरि सुमरिके, मेटी जगकी चाह ॥
उत्तम हरिके संत हैं, उत्तम हरिके नाम ।
मध्यम सुख संसारका रामरूप किस काम ॥
पाप गये ता गेहसे जहँ आये हरिदास ।
रामरूप मंगल भये हरि मिलनेकी आस ॥
श्रीसुक मुनि सनकादि ज्यौं और जो ध्रुव प्रह्लाद ।
रामरूप इक रस रहे, मध्य अंत अरु आदि ॥

संतका महत्त्व

'प्रभो ! इन लोगोंको क्षमा कीजिये, ये बेचारे नहीं जानते कि हम क्या कर रहे हैं।' यह प्रार्थना है महात्मा ईसामसीहकी।

किनके लिये यह प्रार्थना ईसामसीहने की थी, यह आप जानते हैं ? जिन यहूदियोंने ईसाको सूलीपर चढ़वाया था, जिनके दुराग्रहसे उस सत्पुरुषके हाथ-पैरोंमें कीलें ठोंकी गयी थीं, उन अपने प्राणहर्ता लोगोंको क्षमा कर देनेके लिये ईसाने भगवान्‌से प्रार्थना की।

सूलीपर ईसाको चढ़ा दिया गया था। उनके हाथ-पैरोंमें कीलें ठोंक दी गयी थीं। उनके शरीरकी क्या दशा होगी—कोई कल्पना तो कर देखे। उस दारुण कष्टमें, प्राणान्तके उस अन्तिम क्षणमें भी उस महापुरुषको भगवान्‌से प्रार्थना करना था—यह प्रार्थना करना था कि वे भक्तवत्सल पिता उसको पीड़ित करनेवालोंको क्षमा कर दें।

शरीर नश्वर है। कोई भी किसको कष्ट देगा ? शरीरको ही तो। शरीरके सुख-दुःखको लेकर मित्रता-शत्रुता तो पशु भी करते हैं। मनुष्यका पशुत्व ही तो है कि शरीरके कारण शत्रुताका विस्तार करता है।

उत्पीड़कको उसके अन्यायका दण्ड देना—यह सामान्य मनुष्यकी बात है। उत्पीड़कके अपराध चुप-चाप सहन कर लेना—सत्पुरुषका कार्य है यह; किंतु संत—संतका महत्त्व तो उसकी महान् एकात्मतामें है।

उत्पीड़क—यदि कोई समझदार हो तो क्या स्वयं अपनी हानि करेगा ? उत्पीड़क—दूसरे किसीको द्वेषवश कष्ट देनेवाला समझदार कहाँ है ? कर्मका फल बीज-वृक्ष-न्यायसे मिलता है। आजका बोया बीज फल तो आगे देगा, समय आनेपर देगा; किंतु एक बीजके दानेसे कितने फल मिलेंगे ? आजका कर्म भी फल आगे देता है, समयपर देता है; किंतु फल तो शतगुणित—सहस्रगुणित होकर मिलता है। दूसरेको पीड़ा देनेवाला अपने लिये उससे हजारों गुनी पीड़ाकी प्रस्तावना प्रस्तुत करता है !

बालक भूल करता है, जब अग्नि पकड़ने लपकता है—भूल करता है। समझदार व्यक्ति उसे रोकता है। कोई जब अत्याचार करता है—किसीपर करे, भूल करता है। भूला हुआ है वह। वह नहीं जानता कि वह कर क्या रहा है। दयाका पात्र है वह। संतका महत्त्व इसीमें तो है कि वह उस भूले हुएकी भूलको नहीं तौलता। वह तो उस भूले हुएपर दया करता है—उसका हृदय सच्ची सहानुभूतिसे कहता है—'ये भूले हुए हैं। ये नहीं जानते कि हम क्या कर रहे हैं। दयामय प्रभो ! क्षमा करो इन्हें।'

संतकी महिमा

'भोगोंसे मुँह मोड़कर, दलबंदियों और मूढ आग्रहोंसे निकलकर भगवान्‌के मार्गपर चलनेवाले मानवरत्नोंपर भोगवादी और दलवादी लोगोंका रोष हुआ ही करता है और उनके द्वारा दी हुई यन्त्रणाओंको उन्हें भगवान्‌की भेजी हुई उपहार-सामग्री मानकर सिर चढाना ही पड़ता है। भक्तराज प्रह्लाद, महात्मा ईसा, भक्त हरिदास आदि इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। मंसूर भी इसी श्रेणीके संत थे। मंसूरकी दृष्टिमें एक ब्रह्मसत्ताके अतिरिक्त और कुछ रहा ही नहीं था, इससे वे सदा 'अनलहक' मैं ही ब्रह्म हूँ, ऐसा कहा करते थे। दलवादी खलीफाको यह सहन नहीं हुआ। खलीफाने हुक्म दिया कि जबतक यह 'अनलहक' बोलता रहे, इसे लकड़ियोंसे पीटा जाय और फिर इसे मार डाला जाय। लकड़ीकी प्रत्येक मारके साथ मंसूरके मुखसे वही अनलहक शब्द निकलता था। उन्हें जल्लाद सूलीके पास ले गया !

पहले हाथ काट डाले गये, फिर पैर काटे गये। अपने ही खूनसे अपने हाथोंको रंगकर मंसूर बोले—यह एक प्रभु-प्रेमीकी 'वजू' है। जल्लाद जब इनकी जीभ काटनेको तैयार हुआ, तब ये बोले—

"जरा ठहर जाओ, मुझे कुछ कह लेने दो—'मेरे परमेश्वर ! जिन्होंने मुझको इतनी पीड़ा पहुँचायी है, उनपर तू नाराज मत होना, उन्हें सुखसे वञ्चित मत करना, उन्होंने तो मेरी मंजिलको कम कर दिया। अभी ये मेरा सिर काट डालेंगे तो मैं सूलीपरसे तेरे दर्शन कर सकूँगा।'

यही तो संतकी महिमा है।



संतका महत्त्व



संतकी महिमा



महाप्रभुका कुष्ठरोगीसे प्यार



गाँधीजीद्वारा कुष्ठरोगीकी सेवा

महाप्रभुका कुष्ठरोगीसे प्यार

धन्यं तं नौमि चैतन्यं वासुदेवं दयार्द्रधीः।
नष्टकुष्ठं रूपपुष्टं भक्तितुष्टं चकार यः॥

'जिन्होंने दयार्द्र होकर वासुदेव नामक पुरुषके गलित कुष्ठको नष्ट करके उसे सुन्दर रूप प्रदान किया और भगवद्भक्ति देकर संतुष्ट किया ऐसे धन्यजीवन श्रीचैतन्यको हम नमस्कार करते हैं।'

श्रीचैतन्य आध्र देशके एक गाँवमे पधारे हैं, वासुदेव उसी ग्राममें रहता है। सारे अङ्गोमे गलित कुष्ठ है, घाव हो रहे हैं और उनमे कीड़े पड़ गये हैं। वासुदेव भगवान्‌का भक्त है और मानता है कि यह कुष्ठ रोग भी भगवान्‌का दिया हुआ है। इससे उसके मनमें कोई दुःख नही है। उसने सुना, एक रूपलावण्ययुक्त तरुण विरक्त सन्यासी पधारे हैं और कूर्मदेव ब्राह्मणके घर ठहरे है। उनके दर्शनमात्रसे हृदयमे पवित्र भावोका संचार हो जाता है और जीभ अपने-आप 'हरि-हरि' पुकार उठती है। वासुदेवसे रहा नहीं गया, वह कूर्मदेवके घर दौड़ा गया। उसे पता लगा कि श्रीचैतन्य आगेके लिये चल दिये है। वह जोर-जोरसे रोने लगा और भगवान्‌से कातर प्रार्थना करने लगा।

भगवान्‌की प्रेरणा हुई, श्रीचैतन्यदेव थोड़ी ही दूरसे लौट पड़े और कूर्मदेवके घर आकर वासुदेवको जबरदस्ती बड़े प्रेमसे उन्होने हृदयसे लगा लिया। वासुदेव पीछेकी ओर हटकर बोला—'भगवन्! क्या कर रहे है। अरे! मेरा शरीर घावोंसे भरा है, मवाद बह रहा है, कीड़े किलबिला रहे है। आप मेरा स्पर्श मत कीजिये। आपका सोने-सा शरीर मवादसे अपवित्र हो जायगा। मैं बड़ा पापी हूँ। मुझे आप छूइये नहीं।' परंतु प्रभु क्यो सुनने लगे, वे उसके शरीरसे बड़े जोरोंसे चिपट गये और गद्गद कण्ठसे बोले—'ब्राह्मण देवता! तुम-जैसे भक्तोका स्पर्श करके मैं स्वयं अपनेको पवित्र करना चाहता हूँ।'

प्रभुके अङ्गोका आलिङ्गन पाते ही, वासुदेवके तन-मनका सारा कुष्ठ सदाके लिये चला गया। उसका शरीर नीरोग होकर सुन्दर स्वर्णके समान चमक उठा। धन्य दयामय प्रभु!

गान्धीजीद्वारा कुष्ठरोगीकी सेवा

सत्य और अहिंसाके पुजारी महात्मा गान्धी—भारतके राष्ट्रपिता। उनको ठीक ही तो राष्ट्र 'बापू' कहता है। भारतके अर्धनग्न दीनोंका वह प्रतिनिधि—वह लँगोटीधारी तपस्वी।

महात्माजीका जीवन ही त्याग और सेवाका जीवन है। अपना सम्पूर्ण जीवन उन्होंने दरिद्र-नारायणकी सेवामे समर्पित कर दिया था। पीड़ितोंकी, दुखियोंकी, अभावग्रस्त दलितोंकी, रोगियोंकी—प्रत्येक कष्टमें पड़े प्राणीकी सेवाको सदा समुद्यत और सावधान वह महापुरुष। सेवामे उन्हे आनन्द आता था। सेवा उनकी आराधना थी।

सन् १९३९ की बात है। सेवाग्रामके आश्रमके अध्यापक श्रीपरचुरे शास्त्री रुग्ण हो गये थे। बड़ा भयकर था उनका रोग। उन्हें गलित कुष्ठ हो गया था।

गलित कुष्ठ—छूतका महारोग कुष्ठ—राजरोग कुष्ठ। कुष्ठके रोगीकी भला परिचर्या कौन करेगा? रोगीकी वायु न लगे—यहाँतक तो लोग बचाव रखते हैं!

परचुरे शास्त्री किसी चिकित्सा-भवनमे नहीं भेजे गये। स्वयं महात्माजीने उनकी परिचर्या अपने ऊपर ली। महात्माजीने स्वयं परिचर्याका भार लिया तो आश्रमके लोगोको भी उसे लेना पड़ा। महात्माजीने किसीको नहीं कहा, किसीपर दबाव नहीं डाला।

पूरे अक्टूबर और नवम्बर—जबतक कि रोगी स्वस्थ नहीं हो गया, नियमपूर्वक प्रतिदिन महात्माजी स्वयं सेवाका अपना भाग उत्साहसे पूर्ण करते थे।

गलित कुष्ठके घाव—लेकिन महात्माजीमे भय या घृणा आ कैसे सकती थी। वे स्वय रोगीके घाव धोते थे, ओषधि लगाते थे, घावमे पट्टी बाँधते थे। घाव धोकर अणुवीक्षण यन्त्रसे घावकी स्थिति एवं कुष्ठके कीटाणुओका सावधानीसे निरीक्षण करते थे। रोगीके अङ्ग-प्रत्यङ्गको हाथसे छू-छूकर सावधानीसे देखते थे कि किस अङ्गकी स्पर्श-शक्ति और क्रिया-शक्ति कैसी है।

श्रीपरचुरे शास्त्री नही चाहते थे कि स्वयं बापू उनका स्पर्श करें; किंतु बापू थे कि वे रोगीके पास देरतक बैठे रहते और आश्वासन दिया करते।

संत श्रीखोजीजी महाराज

(जोधपुरके 'खोड़' ग्राम-निवासी)

'खोजी' खोयो खाकमे अनुपम जीवन रत्न ।
कीन्हो मूरख क्यों नहीं राम मिलनको यत्न ॥
'खोजी' खोजत जग मुआ लगा न कुछ भी हाथ ।
तजिके जग जजालको भजु सीता-रघुनाथ ॥
'खोजी' खटपट छोड़िके प्रभुपदमे मन जोड़ ।
काज न देगी अंतमे पूँजी लाख करोड़ ॥
'खोजी' मेरो मत यही नीक लगे तो मान ।
हो शरणागत रामके कर अपनो कल्यान ॥
'खोजी' कहौ पुकारिके ऊँचो वैष्णव धर्म ।
पटतर याके होयँ किमि यागादिक सत्कर्म ॥
बानो श्रीरघुनाथको 'खोजी' धारयो अंग ।
तब कैसे नीको लगे हरि-विमुखनको संग ॥
'खोजी' ताल बजायके सुमिरौ श्रीरघुबीर ।
जिन्हकी कृपा कटाक्षसे छूटि जाय भव-भीर ॥

श्रीब्रह्मदासजी महाराज (काठिया)

(डाकोरके प्रसिद्ध संत)

रे मन ! मूरख मान ले 'ब्रह्मदास' की बात ।
भज ले सीतारामको काल करेगो घात ॥
'ब्रह्मदास' तूँ जान ले पहले अपनो रूप ।
चिदचिद्-युत पुनि जान तूँ प्रभुको सत्यस्वरूप ॥
अन्तर्यामी राम हैं जड चेतनके ईश ।
'ब्रह्मदास' सब जीव हैं सेवक विश्वाबीश ॥
'ब्रह्मदास' ये जीव किमि स्वयं ब्रह्म बन जाय ।
बकवादिनकी जालमें, रहियो सदा बचाय ॥
स्वामी रामानदको मत विशिष्ट अद्वैत ।
'ब्रह्मदास' मान्यो तरयो तरयो न माया खेत ॥
'ब्रह्मदास' है ब्रह्म पर श्रीसीतापति राम ।
अपर देव उनके सभी मानहुँ चरण गुलाम ॥

श्रीबजरंगदासजी महाराज (श्रीखाकीजी)

(जन्म अयोध्याजीके पूर्व-उत्तर अठारह कोसपर सरयू-किनारे, श्रीकमलदासजी महाराजके शिष्य)

'खाखी' होगा खाक तूँ कहते संत पुकार ।
भज श्रीसीतारामको तज झूँठे व्यवहार ॥
खलक खेल श्रीरामका 'खाखी' देख विचार ।
कब पूरा हो जायगा रहना तूँ तैयार ॥
'खाखी' जनमत ही लगी तेरे तनमे आग ।
कर श्रीसीतारामके चरणनमें अनुराग ॥
स्वामी रामानंदजी जगको गये सिखाय ।
परब्रह्म प्रभु रामको भजिये नेह लगाय ॥
खावत पीवत खो गई 'खाखी' जीवन रैन ।
बिना भजन भगवानके क्यों पावहुगे चैन ॥
'खाखी' मेरा मत यही सबसे मीठो दूध ।
तप तीरथ सत्कर्मको फल हरि भजन विशुद्ध ॥
'खाखी' बात प्रसिद्ध है सबसे मीठी भूख ।
राम भजनकी भूख जो लगै भगै जग-दुःख ॥
इक दिन तेरा देह यह 'खाखी' होगा खाख ।
जगकी लालच छोड़के प्रेम सुधारस चाख ॥

संत श्रीहरिहरप्रसादजी महाराज

(श्रीकाष्ठजिह्व-देवस्वामीजीके अन्तरङ्ग भक्त)

इत कलँगी, उत चंद्रिका कुंडल तरिवन कान ।
सिय सियवल्लभ मो सदा बसो हिये बिच आन ॥
सोभा हूँ सोभा लहत जिनके अंग-प्रसंग ।
विधि-हरि-हर बानी-रमा-उमा होहिं लखि दंग ॥
तिन सिय सिय-वल्लभ चरन बार बार सिर नाय ।
चरनधूरि परिकर जुगल नयनन्हि माँझ लगाय ॥
साख्य-योग-वेदान्तको छोडि-छाडि सब संग ।
चरन सरन सिय है रहहु करि मन माँह उमंग ॥
अधमा-मलिना राक्षसी नित दुखदायी जौन
तिन हूँ की रक्षा करी को अस करुना भौन ॥

संत-वाणी-अंक, पहला खण्ड समाप्त

श्रीहरिः

संत-वाणी-अङ्क

दूसरा खण्ड

['संत-वाणी-अङ्क' के इस दूसरे खण्डमें पुराणोंमें वर्णित भगवान्‌के विविध ध्यान, सिद्ध स्तोत्र, आचार्यों, संतों और भक्तोंके सिद्धान्तपरक छोटे-छोटे ग्रन्थ तथा स्वार्थ-परमार्थ-साधक विविध स्तोत्र आदिके लगभग तीन हजार श्लोक देनेका विचार किया गया था, परंतु संतोंकी चुनी हुई वाणियोंमें स्थान अधिक लग गया। इसलिये अनुवाद किये हुए बहुतसे छोटे-बड़े ग्रन्थ नहीं दिये जा सके। इसमें यहाँ महाभागा गोपियोंके चार गीत, भगवान् श्रीविष्णु, श्रीशङ्कर, श्रीराम और श्रीकृष्णके ध्यान, कुछ सिद्ध स्तोत्र, श्रीशङ्कराचार्यके कुछ छोटे ग्रन्थ तथा स्तवन, श्रीरामानुजाचार्यके गद्य, श्रीनिम्बार्काचार्यके स्तवन, श्रीवल्लभाचार्यके कुछ छोटे ग्रन्थ और स्तवन, श्रीचैतन्य-सम्प्रदायके मान्य कुछ छोटे ग्रन्थ और स्तवन आदि दिये जा रहे हैं।]

प्रेमस्वरूपा गोपियोंद्वारा गाया हुआ वेणुगीत

गोप्य ऊचुः

अक्षण्वतां फलमिदं न परं विदामः सख्यः पशून्नु विवेशयतोर्वयस्यैः।
वक्त्रं व्रजेशसुतयोरनुवेणु जुष्टं यैर्वा निपीतमनुरक्तकटाक्षमोक्षम्॥ १॥
चूतप्रवालबर्हस्तबकोत्पलाब्जमालानुपृक्तपरिधानविचित्रवेषौ।
मध्ये विरेजतुरलं पशुपालगोष्ठ्यां रङ्गे यथा नटवरौ क्व च गायमानौ॥ २॥
गोप्यः किमाचरदयं कुशलं स्म वेणुर्दामोदराधरसुधामपि गोपिकानाम्।
भुङ्क्ते स्वयं यदवशिष्टरसं ह्रदिन्यो हृष्यत्त्वचोऽश्रु मुमुचुस्तरवो यथाऽऽर्याः॥ ३॥
वृन्दावनं सखि भुवो वितनोति कीर्तिं यद् देवकीसुतपदाम्बुजलब्धलक्ष्मि।
गोविन्दवेणुमनु मत्तमयूरनृत्यं प्रेक्ष्याद्रिसान्वपरतान्यसमस्तसत्त्वम्॥ ४॥
धन्याः स्म मूढमतयोऽपि हरिण्य एता या नन्दनन्दनमुपात्तविचित्रवेषम्।
आकर्ण्य वेणुरणितं सहकृष्णसाराः पूजां दधुर्विरचितां प्रणयावलोकैः॥ ५॥
कृष्णं निरीक्ष्य वनितोत्सवरूपशीलं श्रुत्वा च तत्कणितवेणुविचित्रगीतम्।
देव्यो विमानगतयः स्मरनुन्नसारा भ्रश्यत्प्रसूनकबरा मुमुहुर्विनीव्यः॥ ६॥
गावश्च कृष्णमुखनिर्गतवेणुगीतपीयूषमुत्तभितकर्णपुटैः पिबन्त्यः।
शावाः स्नुतस्तनपयःकवलाः स्म तस्थुर्गोविन्दमात्मनि दृशाश्रुकलाः स्पृशन्त्यः॥ ७॥
प्रायो बताम्ब विहगा मुनयो वनेऽस्मिन् कृष्णेक्षितं तदुदितं कलवेणुगीतम्।
आरुह्य ये द्रुमभुजान् रुचिरप्रवालान् शृण्वन्त्यमीलितदृशो विगतान्यवाचः॥ ८॥

नद्यस्तदा तदुपधार्य मुकुन्दगीतमावर्तलक्षितमनोभवभग्नवेगाः ।
आलिङ्गनस्थगितमूर्मिभुजैर्मुरारेर्गृह्णन्ति पादयुगलं कमलोपहाराः ॥ ९ ॥
दृष्ट्वाऽऽतपे व्रजपशून् सह रामगोपैः संचारयन्तमनु वेणुमुदीरयन्तम् ।
प्रेमप्रवृद्ध उदितः कुसुमावलीभिः सख्युर्व्यधात् स्ववपुषाम्बुद आतपत्रम् ॥ १० ॥
पूर्णाः पुलिन्द्य उरुगायपदाब्जरागश्रीकुङ्कुमेन दयितास्तनमण्डितेन ।
तद्दर्शनस्मररुजस्तृणरूषितेन लिम्पन्त्य आननकुचेषु जहुस्तदाधिम् ॥ ११ ॥
हन्तायमद्रिरबला हरिदासवर्यो यद् रामकृष्णचरणस्पर्शप्रमोदः ।
मानं तनोति सहगोगणयोस्तयोर्यत् पानीयसूयवसकन्दरकन्दमूलैः ॥ १२ ॥
गा गोपकैरनुवनं नयतोरुदारवेणुस्वनैः कलपदैस्तनुभृत्सु सख्यः ।
अस्पन्दनं गतिमतां पुलकस्तरूणां निर्योगपाशकृतलक्षणयोर्विचित्रम् ॥ १३ ॥

(श्रीमद्भागवत १० । २१ । ७–१९)

(अनुवादक—स्वामीजी श्रीअखण्डानन्दजी सरस्वती)

गोपियाँ कहने लगीं—अरी सखी ! हमने तो ऑखवालोंके जीवनकी और उनकी ऑखोंकी बस, यही—इतनी ही सफलता समझी है; और तो हमे कुछ मालूम ही नही है। वह कौन-सा लाभ है ? वह यही है कि जब श्यामसुन्दर श्रीकृष्ण और गौरसुन्दर बलराम ग्वालबालोंके साथ गायोंको हाँककर वनमें ले जा रहे हो या लौटाकर व्रजमे ला रहे हो, उन्होने अपने अधरोंपर मुरली धर रक्खी हो और प्रेमभरी तिरछी चितवनसे हमारी ओर देख रहे हों, उस समय हम उनकी मुख-माधुरीका पान करती रहे ॥ १ ॥ अरी सखी ! जब वे आमकी नयी कोपलें, मोरोके पंख, फूलोंके गुच्छे, रंग-बिरगे कमल और कुमुदकी मालाएँ धारण कर लेते हैं, श्रीकृष्णके साँवरे शरीरपर पीताम्बर और बलरामके गोरे शरीरपर नीलाम्बर फहराने लगता है, तब उनका वेष बड़ा विचित्र बन जाता है। ग्वालबालोंकी गोष्ठीमें वे दोनों बीचोंबीच बैठ जाते हैं और मधुर संगीतकी तान छेड़ देते हैं। मेरी प्यारी सखी ! उस समय ऐसा जान पड़ता है मानो दो चतुर नट रंगमञ्चपर अभिनय कर रहे हों। मैं क्या बताऊँ कि उस समय उनकी कितनी शोभा होती है ॥ २ ॥ अरी गोपियो ! यह वेणु पुरुषजातिका होनेपर भी पूर्वजन्ममें न जाने ऐसा कौन-सा साधन-भजन कर चुका है कि हम गोपियोंकी अपनी सम्पत्ति—दामोदरके अधरोंकी सुधा स्वय ही इस प्रकार पिये जा रहा है कि हमलोगोंके लिये थोड़ा-सा भी रस शेष नहीं रहेगा। इस वेणुको अपने रससे सींचनेवाली हृदिनियाँ आज कमलोंके मिस रोमाञ्चित हो रही हैं और अपने वंशमें भगवत्प्रेमी संतानोंको देखकर श्रेष्ठ पुरुषोंके समान वृक्ष भी इसके साथ अपना सम्बन्ध जोड़कर आँखोंसे आनन्दाश्रु बहा रहे हैं ॥ ३ ॥

अरी सखी ! यह वृन्दावन वैकुण्ठलोकतक पृथ्वीकी कीर्तिका विस्तार कर रहा है; क्योंकि यशोदानन्दन श्रीकृष्णके चरणकमलोंके चिह्नोंसे यह चिह्नित हो रहा है। सखि ! जब श्रीकृष्ण अपनी मुनिजनमोहिनी मुरली बजाते हैं, तब मोर मतवाले होकर उसकी तालपर नाचने लगते हैं। यह देखकर पर्वतकी चोटियोंपर विचरनेवाले सभी पशु-पक्षी चुपचाप—शान्त होकर खड़े रह जाते हैं। अरी सखी ! जब प्राणवल्लभ श्रीकृष्ण विचित्र वेष धारण करके बाँसुरी बजाते हैं, तब मूढ़ बुद्धिवाली ये हरिनियाँ भी वंशीकी तान सुनकर अपने पति कृष्णसार मृगोंके साथ नन्दनन्दनके पास चली आती हैं और अपनी प्रेमभरी बड़ी-बड़ी आँखोंसे उन्हे निरखने लगती हैं। निरखती क्या हैं, अपनी कमलके समान बड़ी-बड़ी आँखें श्रीकृष्णके चरणोंपर निछावर कर देती हैं और श्रीकृष्णकी प्रेमभरी चितवनके द्वारा किया हुआ अपना सत्कार स्वीकार करती है। वास्तवमें उनका जीवन धन्य है ! (हम वृन्दावनकी गोपी होनेपर भी इस प्रकार उनपर अपनेको निछावर नहीं कर पातीं, हमारे घरवाले कुढ़ने लगते हैं। कितनी विडम्बना है !) ॥ ४-५ ॥ अरी सखी ! हरिनियोंकी तो बात ही क्या है—स्वर्गकी देवियाँ जब युवतियोंको आनन्दित करनेवाले सौन्दर्य और शीलके खजाने श्रीकृष्णको देखती हैं और बाँसुरीपर उनके द्वारा गाया हुआ मधुर संगीत सुनती हैं, तब उनके चित्र-विचित्र आलाप सुनकर वे अपने विमानपर ही सुध-बुध खो बैठती हैं—मूर्छित हो जाती हैं। यह कैसे

मालूम हुआ सखी ! सुनो तो, जब उनके हृदयमें श्रीकृष्णसे मिलनेकी तीव्र आकाङ्क्षा जग जाती है, तब वे अपना धीरज खो बैठती हैं, बेहोश हो जाती हैं; उन्हें इस बातका भी पता नहीं चलता कि उनकी चोटियोंमें गुँथे हुए फूल पृथ्वीपर गिर रहे हैं। यहाँतक कि उन्हें अपनी साड़ीका भी पता नहीं रहता, वह कमरसे खिसककर जमीनपर गिर जाती है ॥ ६ ॥ अरी सखी ! तुम देवियोंकी बात क्या कह रही हो, इन गौओंको नहीं देखतीं ! जब हमारे कृष्ण-प्यारे अपने मुखसे बाँसुरीमें स्वर भरते हैं और गौएँ उनका मधुर संगीत सुनती हैं, तब ये अपने दोनों कानोंके दोने सम्हाल लेती हैं—खड़े कर लेती हैं और मानो उनसे अमृत पी रही हों, इस प्रकार उस संगीतका रस लेने लगती हैं ! ऐसा क्यों होता है सखी ! अपने नेत्रोंके द्वारसे श्यामसुन्दरको हृदयमें ले जाकर वे उन्हें वहीं विराजमान कर देती हैं और मन-ही-मन उनका आलिङ्गन करती हैं। देखती नहीं हो, उनके नेत्रोंसे आनन्दके आँसू छलकने लगते हैं ! और उनके बछड़े, बछड़ोंकी तो दशा ही निराली हो जाती है। यद्यपि गायोंके थनोंसे अपने-आप दूध झरता रहता है, वे जब दूध पीते-पीते अचानक ही वंशीध्वनि सुनते हैं, तब मुँहमें लिया हुआ दूध-का घूँट न उगल पाते हैं और न निगल पाते हैं। उनके हृदयमें भी होता है भगवान्‌का संस्पर्श और नेत्रोंमें छलकते होते हैं आनन्दके आँसू। वे ज्यों-के-त्यों ठिठके रह जाते हैं ॥ ७ ॥ अरी सखी ! गौएँ और बछड़े तो हमारे घरकी वस्तु हैं। उनकी बात तो जाने ही दो। वृन्दावनके पक्षियों-को तुम नहीं देखती हो ! उन्हें पक्षी कहना ही भूल है ! सच पूछो तो उनमेंसे अधिकांश बड़े-बड़े ऋषि-मुनि हैं ! वे वृन्दावनके सुन्दर-सुन्दर वृक्षोंकी नयी और मनोहर कोंपलों-वाली डालियोंपर चुपचाप बैठ जाते हैं और आँखें बंद नहीं करते, निर्निमेष नयनोंसे श्रीकृष्णकी रूप-माधुरी तथा प्यार-भरी चितवन देख-देखकर निहाल होते रहते हैं तथा कानोंसे अन्य सब प्रकारके शब्दोंको छोड़कर केवल उन्हींकी मोहनी वाणी और वंशीका त्रिभुवनमोहन संगीत सुनते रहते हैं। मेरी प्यारी सखी ! उनका जीवन कितना धन्य है ! ॥ ८ ॥

अरी सखी ! देवता, गौओं और पक्षियोंकी बात क्यों करती हो ! वे तो चेतन हैं। इन जड़ नदियोंको नहीं देखतीं ! इनमें जो भँवर दीख रहे हैं, उनसे इनके हृदयमें श्यामसुन्दरसे मिलनेकी तीव्र आकाङ्क्षाका पता चलता है ! उसके वेगसे ही तो इनका प्रवाह रुक गया है। इन्होंने भी प्रेम-स्वरूप श्रीकृष्णकी वंशीध्वनि सुन ली है। देखो, देखो ! ये अपनी तरङ्गोंके हाथोंसे उनके चरण पकड़कर कमलके फूलोंका उपहार चढ़ा रही हैं और उनका आलिङ्गन कर रही हैं, मानो उनके चरणोंपर अपना हृदय ही निछावर कर रही हैं ॥ ९ ॥ अरी सखी ! ये नदियाँ तो हमारी पृथ्वीकी, हमारे वृन्दावनकी वस्तुएँ हैं; तनिक इन बादलोंको भी देखो ! जब वे देखते हैं कि व्रजराजकुमार श्रीकृष्ण और बलरामजी ग्वालबालोंके साथ धूपमें गौएँ चरा रहे हैं और साथ-साथ बाँसुरी भी बजाते जा रहे हैं, तब उनके हृदयमें प्रेम उमड़ आता है। वे उनके ऊपर मँडराने लगते हैं और वे श्यामघन अपने सखा घनश्यामके ऊपर अपने शरीरको ही छाता बनाकर तान देते हैं। इतना ही नहीं, सखी ! वे जब उनपर नन्ही-नन्ही फुहियोंकी वर्षा करने लगते हैं, तब ऐसा जान पड़ता है कि वे उनके ऊपर सुन्दर-सुन्दर श्वेत कुसुम चढ़ा रहे हैं। नहीं सखी, उनके बहाने वे तो अपना जीवन ही निछावर कर देते हैं ! ॥ १० ॥

अरी भटू ! हम तो वृन्दावनकी इन भीलनियोंको ही धन्य और कृतकृत्य मानती हैं। ऐसा क्यों सखी ! इसलिये कि इनके हृदयमें बड़ा प्रेम है। जब ये हमारे कृष्ण-प्यारेको देखती हैं, तब इनके हृदयमें भी उनसे मिलनेकी तीव्र आकाङ्क्षा जाग उठती है। इनके हृदयमें भी प्रेमकी व्याधि लग जाती है। उस समय ये क्या उपाय करती हैं, यह भी सुन लो। हमारे प्रियतमकी प्रेयसी गोपियाँ अपने वक्षःस्थलोंपर जो केसर लगाती हैं, वह श्यामसुन्दरके चरणोंमें लगी होती है और वे जब वृन्दावनके घास-पातपर चलते हैं, तब उनमें भी लग जाती है। ये सौभाग्यवती भीलनियाँ उन्हें उन तिनकोंपरसे छुड़ाकर अपने स्तनों और मुखोंपर मल लेती हैं और इस प्रकार अपने हृदयकी प्रेम-पीड़ा शान्त करती हैं ॥ ११ ॥ अरी गोपियो ! यह गिरिराज गोवर्द्धन तो भगवान्‌के भक्तोंमें बहुत ही श्रेष्ठ है। धन्य है इसके भाग्य ! देखती नहीं हो, हमारे प्राणवल्लभ श्रीकृष्ण और नयनाभिराम बलरामके चरण-कमलोंका स्पर्श प्राप्त करके यह कितना आनन्दित रहता है। इसके भाग्यकी सराहना कौन करे ! यह तो उन दोनोंका—ग्वालबालों और गौओंका बड़ा ही सत्कार करता है। स्नान-पानके लिये झरनोंका जल देता है, गौओंके लिये सुन्दर हरी-हरी घास प्रस्तुत करता है। विश्राम करनेके लिये कन्दराएँ और खानेके लिये कन्द-मूल-फल देता है। वास्तवमें यह धन्य है ! ॥ १२ ॥

अरी सखी ! इन साँवरे-गोरे किशोरोंकी तो गति ही निराली है। जब वे सिरपर नोवना (दुहते समय गायके पैर बाँधनेकी रस्सी) लपेटकर और कंधोंपर फंदा (भागनेवाली गायोंको पकड़नेकी रस्सी) रखकर गायोंको एक वनसे दूसरे वनमें हाँककर ले जाते हैं, साथमें ग्वालबाल भी होते हैं और मधुर-मधुर संगीत गाते हुए बाँसुरीकी तान छेड़ते हैं, उस समय मनुष्योंकी तो बात ही क्या, अन्य शरीरधारियोंमें भी चलनेवाले चेतन पशु-पक्षी और जड नदी आदि तो स्थिर हो जाते हैं तथा अचल वृक्षोंको भी रोमाञ्च हो आता है। जादूभरी वंशीका और क्या चमत्कार सुनाऊँ ? ॥ १३ ॥

प्रेमस्वरूपा गोपियोंद्वारा गाया हुआ प्रणय-गीत

गोप्य ऊचुः

मैवं विभोऽर्हति भवान् गदितुं नृशंसं संत्यज्य सर्वविषयांस्तव पादमूलम्।
भक्ता भजस्व दुरवग्रह मा त्यजास्मान् देवो यथाऽऽदिपुरुषो भजते मुमुक्षून् ॥ १ ॥
यत्पत्यपत्यसुहृदामनुवृत्तिरङ्ग स्त्रीणां स्वधर्म इति धर्मविदा त्वयोक्तम्।
अस्त्वेवमेतदुपदेशपदे त्वयीशे प्रेष्ठो भवांस्तनुभृतां किल बन्धुरात्मा ॥ २ ॥
कुर्वन्ति हि त्वयि रतिं कुशलाः स्व आत्मन् नित्यप्रिये पतिसुतादिभिरार्तिदैः किम्।
तन्नः प्रसीद परमेश्वर मा स्म छिन्द्या आशां भृतां त्वयि चिरादरविन्दनेत्र ॥ ३ ॥
चित्तं सुखेन भवतापहृतं गृहेषु यन्निर्विशत्युत करावपि गृह्यकृत्ये।
पादौ पदं न चलतस्तव पादमूलाद् यामः कथं व्रजमथो करवाम किं वा ॥ ४ ॥
सिञ्चाङ्ग नस्त्वदधरामृतपूरकेण हासावलोककलगीतजहृच्छयाग्निम्।
नो चेद् वयं विरहजाग्न्युपयुक्तदेहा ध्यानेन याम पदयोः पदवीं सखे ते ॥ ५ ॥
यर्ह्यम्बुजाक्ष तव पादतलं रमाया दत्तक्षणं क्वचिदरण्यजनप्रियस्य।
अस्प्राक्ष्म तत्प्रभृति नान्यसमक्षमङ्ग स्थातुं त्वयाभिरमिता बत पारयामः ॥ ६ ॥
श्रीर्यत्पदाम्बुजरजश्चकमे तुलस्या लब्ध्वापि वक्षसि पदं किल भृत्यजुष्टम्।
यस्याः स्ववीक्षणकृतेऽन्यसुरप्रयासस्तद्वद् वयं च तव पादरजः प्रपन्नाः ॥ ७ ॥
तन्नः प्रसीद वृजिनार्दन तेऽङ्घ्रिमूलं प्राप्ता विसृज्य वसतीस्त्वदुपासनाशाः।
त्वत्सुन्दरस्मितनिरीक्षणतीव्रकामतप्तात्मनां पुरुषभूषण देहि दास्यम् ॥ ८ ॥
वीक्ष्यालकावृतमुखं तव कुण्डलश्रीगण्डस्थलाधरसुधं हसितावलोकम्।
दत्ताभयं च भुजदण्डयुगं विलोक्य वक्षः श्रियैकरमणं च भवाम दास्यः ॥ ९ ॥
का स्त्र्यङ्ग ते कलपदायतमूर्च्छितेन सम्मोहिताऽऽर्यचरितान्न चलेत्त्रिलोक्याम्।
त्रैलोक्यसौभगमिदं च निरीक्ष्य रूपं यद् गोद्विजद्रुममृगाः पुलकान्यबिभ्रन् ॥ १० ॥
व्यक्तं भवान् व्रजभयार्तिहरोऽभिजातो देवो यथाऽऽदिपुरुषः सुरलोकगोप्ता।
तन्नो निधेहि करपङ्कजमार्तबन्धो तप्तस्तनेषु च शिरस्सु च किंकरीणाम् ॥ ११ ॥

(श्रीमद्भागवत १० । २९ । ३१–४१)

(अनुवादक—स्वामीजी श्रीअखण्डानन्दजी सरस्वती)

गोपियोंने कहा—प्यारे श्रीकृष्ण ! तुम घट-घटव्यापी हो। हमारे हृदयकी बात जानते हो। तुम्हें इस प्रकार निष्ठुरताभरे वचन नहीं कहने चाहिये। हम सब कुछ छोड़कर केवल तुम्हारे चरणोंमें ही प्रेम करती हैं। इसमें संदेह नहीं कि तुम स्वतन्त्र और हठीले हो। तुमपर हमारा कोई वश नहीं है। फिर भी तुम अपनी ओरसे, जैसे आदिपुरुष भगवान् नारायण

कृपा करके अपने मुमुक्षु भक्तोंसे प्रेम करते हैं, वैसे ही हमें स्वीकार कर लो। हमारा त्याग मत करो ॥ १ ॥

प्यारे श्यामसुन्दर! तुम सब धर्मोंका रहस्य जानते हो। तुम्हारा यह कहना कि 'अपने पति, पुत्र और भाई-बन्धुओंकी सेवा करना ही स्त्रियोंका स्वधर्म है'—अक्षरशः ठीक है। परंतु इस उपदेशके अनुसार हमें तुम्हारी ही सेवा करनी चाहिये; क्योंकि तुम्हीं सब उपदेशोंके पद (चरम लक्ष्य) हो; साक्षात् भगवान् हो। तुम्हीं समस्त शरीरधारियोंके सुहृद् हो, आत्मा हो और परम प्रियतम हो ॥ २ ॥ आत्मज्ञानमें निपुण महापुरुष तुमसे ही प्रेम करते हैं; क्योंकि तुम नित्य प्रिय एवं अपने ही आत्मा हो। अनित्य एवं दुःखद पति-पुत्रादिसे क्या प्रयोजन है? परमेश्वर! इसलिये हमपर प्रसन्न होओ। कृपा करो। कमलनयन! चिरकालसे तुम्हारे प्रति पाली-पोसी आशा-अभिलाषाकी लहलहाती लताका छेदन मत करो ॥ ३ ॥ मनमोहन! अबतक हमारा चित्त घरके काम-धंधोंमें लगता था। इसीसे हमारे हाथ भी उनमें रमे हुए थे। परंतु तुमने हमारे देखते-देखते हमारा वह चित्त लूट लिया। इसमें तुम्हें कोई कठिनाई भी नहीं उठानी पड़ी, तुम तो स्वयंस्वरूप हो न! परंतु अब तो हमारी गति-मति निराली ही हो गयी है। हमारे ये पैर तुम्हारे चरणकमलोंको छोड़कर एक पग भी हटनेके लिये तैयार नहीं हैं, नहीं हट रहे हैं। फिर हम व्रजमें कैसे जायँ? और यदि वहाँ जायँ भी तो करें क्या? ॥ ४ ॥ प्राणवल्लभ! हमारे प्यारे सखा! तुम्हारी मन्द-मन्द मधुर मुसकान, प्रेमभरी चितवन और मनोहर संगीतने हमारे हृदयमें तुम्हारे प्रेम और मिलनकी आग धधका दी है। उसे तुम अपने अधरोंकी रसधारासे बुझा दो। नहीं तो प्रियतम! हम सच कहती हैं, तुम्हारी विरह-व्यथाकी आगसे हम अपने-अपने शरीर जला देंगी और ध्यानके द्वारा तुम्हारे चरणकमलोंको प्राप्त करेंगी ॥ ५ ॥

प्यारे कमलनयन! तुम वनवासियोंके प्यारे हो और वे भी तुमसे बहुत प्रेम करते हैं। इससे प्रायः तुम उन्हींके पास रहते हो। यहाँतक कि तुम्हारे जिन चरणकमलोंकी सेवाका अवसर स्वयं लक्ष्मीजीको भी कभी-कभी ही मिलता है, उन्हीं चरणोंका स्पर्श हमें प्राप्त हुआ। जिस दिन यह सौभाग्य हमें मिला और तुमने हमें स्वीकार करके आनन्दित किया, उसी दिनसे हम और किसीके सामने एक क्षणके लिये भी ठहरनेमें असमर्थ हो गयी हैं—पति-पुत्रादिकी सेवा तो दूर रही ॥ ६ ॥ हमारे स्वामी! जिन लक्ष्मीजीका कृपाकटाक्ष प्राप्त करनेके लिये बड़े-बड़े देवता तपस्या करते रहते हैं, वही लक्ष्मीजी तुम्हारे वक्षःस्थलमें बिना किसीकी प्रतिद्वन्द्विताके स्थान प्राप्त कर लेनेपर भी अपनी सौत तुलसीके साथ तुम्हारे चरणोंकी रज पानेकी अभिलाषा किया करती हैं। अबतकके सभी भक्तोंने उस चरणरजका सेवन किया है। उन्हींके समान हम भी तुम्हारी उसी चरणरजकी शरणमें आयी हैं ॥ ७ ॥ भगवन्! अबतक जिसने भी तुम्हारे चरणोंकी शरण ली, उसके सारे कष्ट तुमने मिटा दिये। अब तुम हमपर कृपा करो। हमें भी अपने प्रसादका भाजन बनाओ। हम तुम्हारी सेवा करनेकी आशा अभिलाषासे घर, गाँव, कुटुम्ब—सब कुछ छोड़कर तुम्हारे युगल चरणोंकी शरणमें आयी हैं। प्रियतम! वहाँ तो तुम्हारी आराधनाके लिये अवकाश ही नहीं है। पुरुषभूषण! पुरुषोत्तम! तुम्हारी मधुर मुसकान और चारु चितवनने हमारे हृदयमें प्रेमकी—मिलनकी आकाङ्क्षाकी आग धधका दी है; हमारा रोम-रोम उससे जल रहा है। तुम हमें अपनी दासीके रूपमें स्वीकार कर लो। हमें अपनी सेवाका अवसर दो ॥ ८ ॥ प्रियतम! तुम्हारा सुन्दर मुखकमल, जिसपर घुँघराली अलकें झलक रही हैं; तुम्हारे ये कमनीय कपोल, जिनपर सुन्दर-सुन्दर कुण्डल अपना अनन्त सौन्दर्य बिखेर रहे हैं; तुम्हारे ये मधुर अधर, जिनकी सुधा सुधाको भी लजानेवाली है; तुम्हारी यह नयनमनोहारी चितवन, जो मन्द मन्द मुसकानसे उल्लसित हो रही है; तुम्हारी ये दोनों भुजाएँ, जो शरणागतोंको अभयदान देनेमें अत्यन्त उदार हैं और तुम्हारा यह वक्षःस्थल, जो लक्ष्मीजीका —सौन्दर्यकी एकमात्र देवीका नित्य क्रीडास्थल है, देखकर हम सब तुम्हारी दासी हो गयी हैं ॥ ९ ॥ प्यारे श्यामसुन्दर! तीनों लोकोंमें भी और ऐसी कौन-सी स्त्री है, जो मधुर-मधुर पद और आरोह-अवरोह-क्रमसे विविध प्रकारकी मूर्च्छनाओंसे युक्त तुम्हारी वंशीकी तान सुनकर तथा इस त्रिलोकसुन्दर मोहिनी मूर्तिको —जो अपने एक बूँद सौन्दर्यसे त्रिलोकीको सौन्दर्यका दान करती है एवं जिसे देखकर गौ, पक्षी, वृक्ष और हरिन भी रोमाञ्चित, पुलकित हो जाते हैं—अपने नेत्रोंसे निहारकर आर्य-मर्यादासे विचलित न हो जाय, कुल कान और लोकलज्जाको त्यागकर तुममें अनुरक्त न हो जाय ॥ १० ॥ हमसे यह बात छिपी नहीं है कि जैसे भगवान् नारायण देवताओंकी रक्षा करते हैं, वैसे ही तुम व्रजमण्डलका भय और दुःख मिटानेके लिये ही

प्रकट हुए हो। और यह भी स्पष्ट ही है कि दीन-दुखियोंपर तुम्हारा बड़ा प्रेम, बड़ी कृपा है। प्रियतम! हम भी बड़ी दुःखिनी हैं। तुम्हारे मिलनकी आकाङ्क्षाकी आगसे हमारा वक्षःस्थल जल रहा है। तुम अपनी इन दासियोंके वक्षःस्थल और सिरपर अपने कोमल करकमल रखकर इन्हें अपना लो; हमे जीवनदान दो ॥ ११ ॥

प्रेमस्वरूपा गोपियोंद्वारा गाया हुआ गोपिका-गीत

गोप्य ऊचुः

जयति तेऽधिकं जन्मना व्रजः श्रयत इन्दिरा शश्वदत्र हि।
दयित दृश्यतां दिक्षु तावकास्त्वयि धृतासवस्त्वां विचिन्वते ॥ १ ॥
शरदुदाशये साधुजातसत्सरसिजोदरश्रीमुषा दृशा।
सुरतनाथ तेऽशुल्कदासिका वरद निघ्नतो नेह किं वधः ॥ २ ॥
विषजलाप्ययाद् व्यालराक्षसाद् वर्षमारुताद् वैद्युतानलात्।
वृषमयात्मजाद् विश्वतोभयाद्ऋषभ ते वयं रक्षिता मुहुः ॥ ३ ॥
न खलु गोपिकानन्दनो भवानखिलदेहिनामन्तरात्मदृक्।
विखनसार्थितो विश्वगुप्तये सख उदेयिवान् सात्वतां कुले ॥ ४ ॥
विरचिताभयं वृष्णिधुर्य ते चरणमीयुषां संसृतेर्भयात्।
करसरोरुहं कान्त कामदं शिरसि धेहि नः श्रीकरग्रहम् ॥ ५ ॥
व्रजजनार्तिहन् वीर योषितां निजजनस्मयध्वंसनस्मित।
भज सखे भवत्किंकरीः स्म नो जलरुहाननं चारु दर्शय ॥ ६ ॥
प्रणतदेहिनां पापकर्शनं तृणचरानुगं श्रीनिकेतनम्।
फणिफणार्पितं ते पदाम्बुजं कृणु कुचेषु नः कृन्धि हृच्छयम् ॥ ७ ॥
मधुरया गिरा वल्गुवाक्यया बुधमनोज्ञया पुष्करेक्षण।
विधिकरीरिमा वीर मुह्यतीरधरसीधुनाऽऽप्याययस्व नः ॥ ८ ॥
तव कथामृतं तप्तजीवनं कविभिरीडितं कल्मषापहम्।
श्रवणमङ्गलं श्रीमदाततं भुवि गृणन्ति ते भूरिदा जनाः ॥ ९ ॥
प्रहसितं प्रिय प्रेमवीक्षणं विहरणं च ते ध्यानमङ्गलम्।
रहसि संविदो या हृदिस्पृशः कुहक नो मनः क्षोभयन्ति हि ॥ १० ॥
चलसि यद् व्रजाच्चारयन् पशून् नलिनसुन्दरं नाथ ते पदम्।
शिलतृणाङ्कुरैः सीदतीति नः कलिलतां मनः कान्त गच्छति ॥ ११ ॥
दिनपरिक्षये नीलकुन्तलैर्वनरुहाननं बिभ्रदावृतम्।
घनरजस्वलं दर्शयन् मुहुर्मनसि नः स्मरं वीर यच्छसि ॥ १२ ॥
प्रणतकामदं पद्मजार्चितं धरणिमण्डनं ध्येयमापदि।
चरणपङ्कजं शंतमं च ते रमण नः स्तनेष्वर्पयाधिहन् ॥ १३ ॥
सुरतवर्धनं शोकनाशनं स्वरितवेणुना सुष्ठु चुम्बितम्।
इतररागविस्मारणं नृणां वितर वीर नस्तेऽधरामृतम् ॥ १४ ॥

अटति यद् भवानह्नि काननं त्रुटिर्युगायते त्वामपश्यताम् ।
कुटिलकुन्तलं श्रीमुखं च ते जड उदीक्षतां पक्ष्मकृद् दृशाम् ॥ १५ ॥
पतिसुतान्वयभ्रातृबान्धवानतिविलङ्घ्य तेऽन्त्यच्युतागताः ।
गतिविदस्तवोद्गीतमोहिताः कितव योषितः कस्त्यजेन्निशि ॥ १६ ॥
रहसि संविदं हृच्छयोदयं प्रहसिताननं प्रेमवीक्षणम् ।
बृहदुरः श्रियो वीक्ष्य धाम ते मुहुरतिस्पृहा मुह्यते मनः ॥ १७ ॥
व्रजवनौकसां व्यक्तिरङ्ग ते वृजिनहन्त्र्यलं विश्वमङ्गलम् ।
त्यज मनाक् च नस्त्वत्स्पृहात्मनां स्वजनहृद्रुजां यन्निषूदनम् ॥ १८ ॥
यत्ते सुजातचरणाम्बुरुहं स्तनेषु भीताः शनैः प्रिय दधीमहि कर्कशेषु ।
तेनाटवीमटसि तद् व्यथते न किंस्वित् कूर्पादिभिर्भ्रमति धीर्भवदायुषां नः ॥ १९ ॥

(श्रीमद्भागवत १० । ३१ । १—१९)

(अनुवादक—स्वामीजी श्रीअखण्डानन्दजी सरस्वती)

गोपियाँ विरहावेशमें गाने लगीं—प्यारे ! तुम्हारे जन्मके कारण वैकुण्ठ आदि लोकोंसे भी व्रजकी महिमा बढ गयी है । तभी तो सौन्दर्य और मृदुलताकी देवी लक्ष्मीजी अपना निवासस्थान वैकुण्ठ छोड़कर यहाँ नित्य-निरन्तर निवास करने लगी है, इसकी सेवा करने लगी हैं । परंतु प्रियतम ! देखो तुम्हारी गोपियाँ, जिन्होंने तुम्हारे चरणोंमें ही अपने प्राण समर्पित कर रक्खे हैं, वन-वनमें भटककर तुम्हें ढूँढ रही है ॥ १ ॥ हमारे प्रेमपूर्ण हृदयके स्वामी ! हम तुम्हारी बिना मोलकी दासी है । तुम शरत्कालीन जलाशयमें सुन्दर-से-सुन्दर सरसिजकी कर्णिकाके सौन्दर्यको चुरानेवाले नेत्रोंसे हमें घायल कर चुके हो । हमारे मनोरथ पूर्ण करनेवाले प्राणेश्वर ! क्या नेत्रोंसे मारना वध नहीं है ? अस्त्रोंसे हत्या करना ही वध है ? ॥ २ ॥ पुरुषशिरोमणे ! यमुनाजीके विषैले जलसे होनेवाली मृत्यु, अजगरके रूपमें खानेवाले अघासुर, इन्द्रकी वर्षा, आँधी, बिजली, दावानल, वृषभासुर और व्योमासुर आदिसे एवं भिन्न-भिन्न अवसरोंपर सब प्रकारके भयोंसे तुमने बार-बार हमलोगोंकी रक्षा की है ॥ ३ ॥ तुम केवल यशोदानन्दन ही नहीं हो; समस्त शरीरधारियोंके हृदयमें रहनेवाले उनके साक्षी हो, अन्तर्यामी हो । सखे ! ब्रह्माजीकी प्रार्थनासे विश्वकी रक्षा करनेके लिये तुम यदुवंशमें अवतीर्ण हुए हो ॥ ४ ॥

अपने प्रेमियोंकी अभिलाषा पूर्ण करनेवालोंमें अग्रगण्य यदुवंशशिरोमणे ! जो लोग जन्म-मृत्युरूप संसारके चक्करसे डरकर तुम्हारे चरणोंकी शरण ग्रहण करते हैं, उन्हें तुम्हारे करकमल अपनी छत्रछायामें लेकर अभय कर देते हैं । हमारे प्रियतम ! सबकी लालसा-अभिलाषाओंको पूर्ण करनेवाला वही करकमल, जिससे तुमने लक्ष्मीजीका हाथ पकड़ा है, हमारे सिरपर रख दो ॥ ५ ॥ व्रजवासियोंके दुःख दूर करनेवाले वीरशिरोमणि श्यामसुन्दर ! तुम्हारी मन्द-मन्द मुसकानकी एक उज्ज्वल रेखा ही तुम्हारे प्रेमीजनोंके सारे मानमदको चूर-चूर कर देनेके लिये पर्याप्त है । हमारे प्यारे सखा ! हमसे रूठो मत, प्रेम करो । हम तो तुम्हारी दासी है, तुम्हारे चरणोंपर निछावर है । हम अबलाओंको अपना वह परम सुन्दर साँवला-साँवला मुखकमल दिखलाओ ॥ ६ ॥ तुम्हारे चरणकमल शरणागत प्राणियोंके सारे पापोंको नष्ट कर देते हैं । वे समस्त सौन्दर्य-माधुर्यकी खान है और स्वयं लक्ष्मीजी उनकी सेवा करती रहती है । तुम उन्हीं चरणोंसे हमारे बछड़ोंके पीछे-पीछे चलते हो और हमारे लिये उन्हें साँपके फणोंतकपर रखनेमें भी तुमने सकोच नहीं किया । हमारा हृदय तुम्हारी विरह-व्यथाकी आगसे जल रहा है, तुम्हारे मिलनकी आकाङ्क्षा हमें सता रही है । तुम अपने वे ही चरण हमारे वक्षःस्थलपर रखकर हमारे हृदयकी ज्वालाको शान्त कर दो ॥ ७ ॥ कमलनयन ! तुम्हारी वाणी कितनी मधुर है ! उसका एक-एक पद, एक-एक शब्द, एक-एक अक्षर मधुरातिमधुर है । बड़े-बड़े विद्वान् उसमें रम जाते हैं । उसपर अपना सर्वस्व निछावर कर देते है । तुम्हारी उसी वाणीका रसास्वादन करके तुम्हारी आज्ञाकारिणी दासी गोपियाँ मोहित हो रही हैं । दानवीर ! अब तुम अपना दिव्य अमृतसे भी मधुर अधर-रस पिलाकर हमें जीवन-दान दो, छका दो ॥ ८ ॥ प्रभो ! तुम्हारी लीला-कथा

भी अमृतस्वरूपा है। विरहसे सताये हुए लोगोंके लिये तो वह जीवन-सर्वस्व ही है। बड़े-बड़े ज्ञानी महात्माओं—भक्त कवियोंने उनका गान किया है; वह सारे पाप-ताप तो मिटाती ही है, साथ ही श्रवणमात्रसे परम मङ्गल—परम कल्याणका दान भी करती है। वह परम सुन्दर, परम मधुर और बहुत विस्तृत भी है। जो तुम्हारी उस लीला-कथाका गान करते है, वास्तवमें भूलोकमें वे ही सबसे बड़े दाता हैं॥ ९॥ प्यारे! एक दिन वह था, जब तुम्हारी प्रेमभरी हँसी और चितवन तथा तुम्हारी तरह-तरहकी क्रीडाओंका ध्यान करके हम आनन्दमे मग्न हो जाया करती थीं। उनका ध्यान भी परम मङ्गलदायक है; उसके बाद तुम मिले। तुमने एकान्तमें हृदयस्पर्शी ठिठोलियाँ कीं, प्रेमकी बातें कहीं। हमारे कपटी मित्र! अब वे सब बातें याद आकर हमारे मनको क्षुब्ध किये देती हैं॥ १०॥

हमारे प्यारे स्वामी! तुम्हारे चरण कमलसे भी सुकोमल और सुन्दर हैं। जब तुम गौओंको चरानेके लिये व्रजसे निकलते हो, तब यह सोचकर कि तुम्हारे वे युगल चरण ककड़, तिनके और कुश-काँटे गड़ जानेसे कष्ट पाते होंगे, हमारा मन बेचैन हो जाता है। हमें बड़ा दुःख होता है॥ ११॥ दिन ढलनेपर जब तुम वनसे घर लौटते हो, तो हम देखती हैं कि तुम्हारे मुखकमलपर नीली-नीली अलकें लटक रही हैं और गौओंके खुरसे उड़-उड़कर घनी धूल पड़ी हुई है। हमारे वीर प्रियतम! तुम अपना वह सौन्दर्य हमें दिखा-दिखाकर हमारे हृदयमें मिलनकी आकाङ्क्षा—प्रेम उत्पन्न करते हो॥ १२॥ प्रियतम! एकमात्र तुम्हीं हमारे सारे दुःखोंको मिटानेवाले हो। तुम्हारे चरणकमल शरणागत भक्तोंकी समस्त अभिलाषाओंको पूर्ण करनेवाले हैं। स्वयं लक्ष्मीजी उनकी सेवा करती हैं और पृथ्वीके तो वे भूषण ही हैं। आपत्तिके समय एकमात्र उन्हींका चिन्तन करना उचित है, जिससे सारी आपत्तियाँ कट जाती हैं। कुञ्जविहारी! तुम अपने वे परम कल्याणस्वरूप चरणकमल हमारे वक्षःस्थलपर रखकर हृदयकी व्यथा शान्त कर दो॥ १३॥ वीरशिरोमणे! तुम्हारा अधरामृत मिलनके सुखको, आकाङ्क्षाको बढ़ानेवाला है! वह विरहजन्य समस्त शोक-संतापको नष्ट कर देता है। यह गानेवाली बाँसुरी भलीभाँति उसे चूमती रहती है। जिन्होंने एक बार उसे पी लिया, उन लोगोंको फिर दूसरों और दूसरोंकी आसक्तियोंका स्मरण भी नहीं होता। हमारे वीर! अपना वही अधरामृत हमें वितरण करो, पिलाओ॥ १४॥ प्यारे! दिनके समय जब तुम वनमें विहार करनेके लिये चले जाते हो, तब तुम्हें देखे बिना हमारे लिये एक-एक क्षण युगके समान हो जाता है और जब तुम संध्याके समय लौटते हो तथा घुँघराली अलकोंसे युक्त तुम्हारा परम सुन्दर मुखारविन्द हम देखती हैं, उस समय पलकोंका गिरना हमारे लिये भार हो जाता है और ऐसा जान पड़ता है कि इन नेत्रोंकी पलकोंको बनानेवाला विधाता मूर्ख है॥ १५॥ प्यारे श्यामसुन्दर! हम अपने पति-पुत्र, भाई-बन्धु और कुल-परिवारका त्याग कर, उनकी इच्छा और आज्ञाओंका उल्लङ्घन करके तुम्हारे पास आयी हैं। हम तुम्हारी एक-एक चाल जानती हैं, संकेत समझती हैं और तुम्हारे मधुर गानकी गति समझकर, उसीसे मोहित होकर यहाँ आयी हैं। कपटी! इस प्रकार रात्रिके समय आयी हुई युवतियोंको तुम्हारे सिवा और कौन त्याग सकता है॥ १६॥ प्यारे! एकान्तमें तुम मिलनकी आकाङ्क्षा, प्रेम-भावको जगानेवाली बातें करते थे। ठिठोली करके हमें छेड़ते थे। तुम प्रेमभरी चितवनसे हमारी ओर देखकर मुसकरा देते थे और हम देखती थीं तुम्हारा वह विशाल वक्षःस्थल, जिसपर लक्ष्मीजी नित्य-निरन्तर निवास करती हैं। तबसे अबतक निरन्तर हमारी लालसा बढ़ती ही जा रही है और हमारा मन अधिकाधिक मुग्ध होता जा रहा है॥ १७॥ प्यारे! तुम्हारी यह अभिव्यक्ति व्रज-वनवासियोंके सम्पूर्ण दुःख-तापको नष्ट करनेवाली और विश्वका पूर्ण मङ्गल करनेके लिये है। हमारा हृदय तुम्हारे प्रति लालसासे भर रहा है। कुछ थोड़ी-सी ऐसी ओषधि दो, जो तुम्हारे निजजनोंके हृदयरोगको सर्वथा निर्मूल कर दे॥ १८॥ तुम्हारे चरण कमलसे भी सुकुमार हैं। उन्हें हम अपने कठोर स्तनोंपर भी डरते-डरते बहुत धीरेसे रखती हैं कि कहीं उन्हें चोट न लग जाय। उन्हीं चरणोंसे तुम रात्रिके समय घोर जंगलमें छिपे-छिपे भटक रहे हो! क्या ककड़, पत्थर आदिकी चोट लगनेसे उनमें पीड़ा नहीं होती? हमें तो इसकी सम्भावनामात्रसे ही चक्कर आ रहा है। हम अचेत होती जा रही हैं। श्रीकृष्ण! श्यामसुन्दर! प्राणनाथ! हमारा जीवन तुम्हारे लिये है, हम तुम्हारे लिये जी रही हैं, हम तुम्हारी हैं॥ १९॥

प्रेमस्वरूपा गोपियोंद्वारा गाया हुआ युगलगीत

श्रीशुक उवाच

गोप्यः कृष्णे वनं याते तमनुद्रुतचेतसः। कृष्णलीलाः प्रगायन्त्यो निन्युर्दुःखेन वासरान् ॥ १ ॥

गोप्य ऊचुः

वामबाहुकृतवामकपोलो वल्गितभ्रुरधरार्पितवेणुम्।
कोमलाङ्गुलिभिराश्रितमार्गं गोप्य ईरयति यत्र मुकुन्दः ॥ २ ॥
व्योमयानवनिताः सह सिद्धैर्विस्मितास्तदुपधार्य सलज्जाः।
काममार्गणसमर्पितचित्ताः कश्मलं ययुरपस्मृतनीव्यः ॥ ३ ॥
हन्त चित्रमबलाः श्रृणुतेदं हारहास उरसि स्थिरविद्युत्।
नन्दसूनुरयमार्तजनानां नर्मदो यर्हि कूजितवेणुः ॥ ४ ॥
वृन्दशो व्रजवृषा मृगगावो वेणुवाद्यहृतचेतस आरात्।
दन्तदष्टकवला धृतकर्णा निद्रिता लिखितचित्रमिवासन् ॥ ५ ॥
बर्हिणस्तवकधातुपलाशैर्बद्धमल्लपरिवर्हविडम्बः।
कर्हिचित् सबल आलि स गोपैर्गाः समाह्वयति यत्र मुकुन्दः ॥ ६ ॥
तर्हि भग्नगतयः सरितो वै तत्पदाम्बुजरजोऽनिलनीतम्।
स्पृहयतीर्वयमिवाबहुपुण्याः प्रेमवेपितभुजाः स्तिमितापः ॥ ७ ॥
अनुचरैः समनुवर्णितवीर्य आदिपूरुष इवाचलभूतिः।
वनचरो गिरितटेषु चरन्तीर्वेणुनाऽऽह्वयति गाः स यदा हि ॥ ८ ॥
वनलतास्तरव आत्मनि विष्णुं व्यञ्जयन्त्य इव पुष्पफलाढ्याः।
प्रणतभारविटपा मधुधाराः प्रेमहृष्टतनवः ससृजुः स्म ॥ ९ ॥
दर्शनीयतिलको वनमालादिव्यगन्धतुलसीमधुमत्तैः।
अलिकुलैरलघुगीतमभीष्टमाद्रियन् यर्हि संधितवेणुः ॥ १० ॥
सरसि सारसहंसविहङ्गाश्चारुगीतहृतचेतस एत्य।
हरिमुपासत ते यतचित्ता हन्त मीलितदृशो धृतमौनाः ॥ ११ ॥
सहबलः स्रगवतंसविलासः सानुषु क्षितिभृतो व्रजदेव्यः।
हर्षयन् यर्हि वेणुरवेण जातहर्ष उपरम्भति विश्वम् ॥ १२ ॥
महदतिक्रमणशङ्कितचेता मन्दमन्दमनुगर्जति मेघः।
सुहृदमभ्यवर्षत् सुमनोभिश्छायया च विदधत् प्रतपत्रम् ॥ १३ ॥
विविधगोपचरणेषु विदग्धो वेणुवाद्य उरुधा निजशिक्षाः।
तव सुतः सति यदाधरबिम्बे दत्तवेणुरनयत् स्वरजातीः ॥ १४ ॥
सवनशस्तदुपधार्य सुरेशाः शक्रशर्वपरमेष्ठिपुरोगाः।
कवय आनतकन्धरचित्ताः कश्मलं ययुरनिश्चिततत्त्वाः ॥ १५ ॥

निजपदाब्जदलैर्ध्वजवज्रनीरजाङ्कुशविचित्रललामैः ।
व्रजभुवः शमयन् खुरतोदं वर्ष्मधुर्यगतिरीडितवेणुः ॥ १६ ॥
व्रजति तेन वयं सविलासवीक्षणार्पितमनोभववेगाः ।
कुजगतिं गमिता न विदामः कश्मलेन कबरं वसनं वा ॥ १७ ॥

मणिधरः क्वचिदागणयन् गा मालया दयितगन्धतुलस्याः ।
प्रणयिनोऽनुचरस्य कदांसे प्रक्षिपन् भुजमगायत यत्र ॥ १८ ॥
क्वणितवेणुरवयञ्चितचित्ताः कृष्णमन्वसत कृष्णगृहिण्यः ।
गुणगणार्णमनुगत्य हरिण्यो गोपिका इव विमुक्तगृहाशाः ॥ १९ ॥

कुन्ददामकृतकौतुकवेषो गोपगोधनवृतो यमुनायाम् ।
नन्दसूनुरनघे तव वत्सो नर्मदः प्रणयिनां विजहार ॥ २० ॥
मन्दवायुरुपवात्यनुकूलं मानयन् मलयजस्पर्शेन ।
वन्दिनस्तमुपदेवगणा ये वाद्यगीतबलिभिः परिवव्रुः ॥ २१ ॥

वत्सलो व्रजगवां यदगध्रो वन्द्यमानचरणः पथि वृद्धैः ।
कृत्स्नगोधनमुपोह्य दिनान्ते गीतवेणुरनुगेडितकीर्तिः ॥ २२ ॥
उत्सवं श्रमरुचापि दृशीनामुन्नयन् खुररजश्छुरितस्रक् ।
दित्सयैति सुहृदाशिष एष देवकीजठरभूरुडुराजः ॥ २३ ॥

मदविघूर्णितलोचन ईषन्मानदः स्वसुहृदां वनमाली ।
बदरपाण्डुचदनो मृदुगण्डं मण्डयन् कनककुण्डललक्ष्म्या ॥ २४ ॥
यदुपतिर्द्विरदराजविहारो यामिनीपतिरिवैष दिनान्ते ।
मुदितवक्त्र उपयाति दुरन्तं मोचयन् व्रजगवां दिनतापम् ॥ २५ ॥

श्रीशुक उवाच

एवं व्रजस्त्रियो राजन् कृष्णलीला नु गायतीः । रेमिरेऽहःसु तच्चित्तास्तन्मनस्का महोदयाः ॥ २६ ॥

(श्रीमद्भागवत १० । ३५ । १—२६)

(अनुवादक—स्वामीजी श्रीअखण्डानन्दजी सरस्वती)

श्रीशुकदेवजी कहते हैं—परीक्षित् ! भगवान् श्रीकृष्णके गौओंको चरानेके लिये प्रतिदिन वनमें चले जानेपर उनके साथ गोपियोंका चित्त भी चला जाता था । उनका मन श्रीकृष्णका चिन्तन करता रहता और वे वाणीसे उनकी लीलाओंका गान करती रहती । इस प्रकार वे बड़ी कठिनाईसे अपना दिन बितातीं ॥ १ ॥

गोपियाँ आपसमें कहतीं—अरी सखी ! अपने प्रेमीजनोंको प्रेम वितरण करनेवाले और द्वेष करनेवालोंतकको मोक्ष दे देनेवाले श्यामसुन्दर नटनागर जब अपने बायें कपोलको बायीं बाँहकी ओर लटका देते हैं और अपनी भौंहें नचाते हुए बाँसुरीको अधरोंसे लगाते हैं तथा अपनी सुकुमार अगुलियोंको उसके छेदोंपर फिराते हुए मधुर तान छेड़ते हैं, उस समय सिद्धपत्नियाँ आकाशमें अपने पति सिद्धगणोंके साथ विमानोंपर चढ़कर आ जाती हैं और उस तानको सुनकर अत्यन्त ही चकित तथा विस्मित हो जाती हैं । पहले तो उन्हें अपने पतियोंके साथ रहनेपर भी चित्तकी यह दशा देखकर लज्जा मालूम होती है; परंतु क्षणभरमें ही उनका चित्त प्रेमबाणसे बिंध जाता है, वे विवश और अचेत हो जाती हैं । उन्हें इस

बातकी भी सुधि नहीं रहती कि उनकी नीवी खुल गयी है और उनके वस्त्र खिसक गये हैं ॥ २-३ ॥

अरी गोपियो ! तुम यह आश्चर्यकी बात सुनो ! ये नन्दनन्दन कितने सुन्दर हैं । जब वे हँसते हैं तब हास्यरेखाएँ हारका रूप धारण कर लेती हैं, शुभ्र मोती-सी चमकने लगती हैं । अरी वीर ! उनके वक्षःस्थलपर लहराते हुए हारमें हास्यकी किरणें चमकने लगती हैं । उनके वक्षःस्थलपर जो श्रीवत्सकी सुनहरी रेखा है, वह तो ऐसी जान पड़ती है, मानो श्याम मेघपर बिजली ही स्थिररूपसे बैठ गयी है । वे जब दुखीजनोंको सुख देनेके लिये, विरहियोंके मृतक शरीरमें प्राणोंका संचार करनेके लिये बाँसुरी बजाते हैं, तब व्रजके झुंड-के-झुंड बैल, गौएँ और हरिन उनके पास ही दौड़ आते हैं । केवल आते ही नहीं, सखी ! दोनोंमें चबाया हुआ घासका ग्रास उनके मुँहमें ज्यों-का-त्यों पड़ा रह जाता है, वे उसे न निगल पाते और न तो उगल ही पाते हैं । दोनों कान खड़े करके इस प्रकार स्थिरभावसे खड़े हो जाते हैं, मानो सो गये हैं या केवल भीतपर लिखे हुए चित्र हैं । उनकी ऐसी दशा होना स्वाभाविक ही है, क्योंकि यह बाँसुरीकी तान उनके चित्तको चुरा लेती है ॥ ४-५ ॥

हे सखि ! जब वे नन्दके लाड़ले लाल अपने सिरपर मोरपंखका मुकुट बाँध लेते हैं, घुँघराली अलकोंमें फूलके गुच्छे खोंस लेते हैं, रंगीन धातुओंसे अपना अङ्ग-अङ्ग रँग लेते हैं और नये-नये पल्लवोंसे ऐसा वेष सजा लेते हैं, जैसे कोई बहुत बड़ा पहलवान हो और फिर बलरामजी तथा ग्वालबालोंके साथ बाँसुरीमें गौओंका नाम ले लेकर उन्हें पुकारते हैं; उस समय प्यारी सखियो ! नदियोंकी गति भी रुक जाती है । वे चाहती हैं कि वायु उड़ाकर हमारे प्रियतमके चरणोंकी धूलि हमारे पास पहुँचा दे और उसे पाकर हम निहाल हो जायँ, परंतु सखियो ! वे भी हमारी-जैसी ही मन्दभागिनी हैं । जैसे नन्दनन्दन श्रीकृष्णका आलिङ्गन करते समय हमारी भुजाएँ काँप जाती हैं और जड़तारूप सञ्चारीभावका उदय हो जानेसे हम अपने हाथोंको हिला भी नहीं पातीं, वैसे ही वे भी प्रेमके कारण काँपने लगती हैं । दो-चार बार अपनी तरङ्गरूपा भुजाओंको काँपते-काँपते उठाती तो अवश्य हैं, परंतु फिर विवश होकर स्थिर हो जाती हैं, प्रेमावेशसे स्तम्भित हो जाती हैं ॥ ६-७ ॥

अरी वीर ! जैसे देवतालोग अनन्त और अचिन्त्य ऐश्वर्योंके स्वामी भगवान् नारायणकी शक्तियोंका गान करते हैं, वैसे ही ग्वालबाल अनन्तसुन्दर नटनागर श्रीकृष्णकी लीलाओंका गान करते रहते हैं । वे अचिन्त्य ऐश्वर्य-सम्पन्न श्रीकृष्ण जब वृन्दावनमें विहार करते रहते हैं और बाँसुरी बजाकर गिरिराज गोवर्धनकी तराईमें चरती हुई गौओंको नाम ले-लेकर पुकारते हैं, उस समय वनके वृक्ष और लताएँ फूल और फलोंसे लद जाती हैं, उनके भारसे डालियाँ झुककर धरती छूने लगती हैं, मानो प्रणाम कर रही हों, वे वृक्ष और लताएँ अपने भीतर भगवान् विष्णुकी अभिव्यक्ति सूचित करती हुई-सी प्रेमसे फूल उठती हैं, उनका रोम-रोम खिल जाता है और सब-की-सब मधुधाराएँ उँड़ेलने लगती हैं ॥ ८-९ ॥

अरी सखी ! जितनी भी वस्तुएँ संसारमें या उसके बाहर देखनेयोग्य हैं, उनमें सबसे सुन्दर, सबसे मधुर, सबके शिरोमणि हैं—ये हमारे मनमोहन । उनके माँथेके ललाटपर केसरकी खौर कितनी फबती है—अरी, देखती ही जाओ ! गलेमें घुटनोंतक लटकती हुई वनमाला, उसमें पिरोयी हुई तुलसीकी दिव्य गन्ध और मधुर-मधुसे मतवाले होकर झुंड-के-झुंड भौंरे बड़े मनोहर एवं उच्च स्वरसे गुंजार करते रहते हैं । हमारे नटनागर श्यामसुन्दर भौंरोंकी उस गुनगुनाहटका आदर करते हैं और उन्हींके स्वर-में-स्वर मिलाकर अपनी बाँसुरी फूँकने लगते हैं । उस समय सखि ! उस मुनिजनमोहन संगीतको सुनकर सरोवरमें रहनेवाले सारस हंस आदि पक्षियोंका भी चित्त उनके हाथसे निकल जाता है, छिन जाता है । वे विवश होकर प्यारे श्यामसुन्दरके पास आ बैठते हैं तथा आँखें मूँद, चुपचाप, चित्त एकाग्र करके उनकी आराधना करने लगते हैं—मानो कोई विद्वज्जनवृत्तिके रसिक परमहंस ही हों, भला कहो तो यह कितने आश्चर्यकी बात है ! ॥ १०-११ ॥

अरी व्रजदेवियो ! हमारे श्यामसुन्दर जब पुष्पोंके कुण्डल बनाकर अपने कानोंमें धारण कर लेते हैं और बलरामजीके साथ गिरिराजके शिखरोंपर खड़े होकर सारे जगत्को हर्षित करते हुए बाँसुरी बजाने लगते हैं—बाँसुरी क्या बजाते हैं, आनन्दमें भरकर उसकी ध्वनिके द्वारा सारे विश्वका आलिङ्गन करने लगते हैं—उस समय श्याम मेघ बाँसुरीकी तानके साथ मन्द-मन्द गरजने लगता है । उसके चित्तमें इस बातकी शङ्का बनी रहती है कि कहीं मैं जोरसे गर्जना कर उठूँ और वह कहीं बाँसुरीकी तानके विपरीत पड़ जाय, उसमें बेसुरापन ले आये, तो मुझसे महात्मा श्रीकृष्णका अपराध हो जायगा । सखी ! वह इतना ही नहीं करता; वह जब देखता है कि हमारे सखा घनश्यामको घाम लग रहा है, तब वह उनके

ऊपर आकर छाया कर लेता है, उनका छत्र बन जाता है। अरी वीर ! वह तो प्रसन्न होकर बड़े प्रेमसे उनके ऊपर अपना जीवन ही निछावर कर देता है—नन्ही-नन्ही फुहियोंके रूपमें ऐसा बरसने लगता है, मानो दिव्य पुष्पोंकी वर्षा कर रहा हो। कभी-कभी बादलोंकी ओटमे छिपकर देवतालोग भी पुष्पवर्षा कर जाया करते है ॥ १२-१३ ॥

सतीशिरोमणि यशोदाजी ! तुम्हारे सुन्दर कुँवर ग्वालबालोंके साथ खेल खेलनेमे बड़े निपुण हैं। रानीजी ! तुम्हारे लाड़ले लाल सबके प्यारे तो हैं ही, चतुर भी बहुत हैं। देखो, उन्होंने बाँसुरी बजाना किससे सीखा नही। अपने ही अनेको प्रकारकी राग-रागिनियाँ उन्होने निकाल ली। जब वे अपने बिम्बाफल-सदृश लाल-लाल अधरोंपर बाँसुरी रखकर ऋषभ, निषाद आदि स्वरोंकी अनेक जातियाँ बजाने लगते हैं, उस समय वंशीकी परम मोहिनी और नयी तान सुनकर ब्रह्मा, शङ्कर और इन्द्र आदि बड़े-बड़े देवता भी—जो सर्वज्ञ हैं—उसे नहीं पहचान पाते। वे इतने मोहित हो जाते हैं कि उनका चित्त तो उनके रोकनेपर भी उनके हाथसे निकलकर वशीध्वनिमे तल्लीन हो ही जाता है, फिर भी झुक जाता है, और वे अपनी सुध-बुध खोकर उसीमे तन्मय हो जाते है ॥१४-१५॥

अरी वीर ! उनके चरणकमलोंमें ध्वजा, वज्र, कमल, अङ्कुश आदिके विचित्र और सुन्दर-सुन्दर चिह्न हैं। जब व्रजभूमि गौओंके खुरसे खुद जाती है, तब वे अपने सुकुमार चरणोंसे उसकी पीड़ा मिटाते हुए गजराजके समान मन्दगतिसे आते हैं और बाँसुरी भी बजाते रहते है। उनकी वह वशीध्वनि, उनकी वह चाल और उनकी वह विलासभरी चितवन हमारे हृदयमें प्रेमका, मिलनकी आकाङ्क्षाका आवेग बढ़ा देती है। हम उस समय इतनी मुग्ध, इतनी मोहित हो जाती हैं कि हिल-डोलतक नहीं सकती, मानो हम जड वृक्ष हों ! हमे तो इस बातका भी पता नहीं चलता कि हमारा जूड़ा खुल गया है या बँधा है, हमारे शरीरपरका वस्त्र उतर गया है या है ॥ १६-१७ ॥

अरी वीर ! उनके गलेमें मणियोंकी माला बहुत ही भली मालूम होती है। तुलसीकी मधुर गन्ध उन्हे बहुत प्यारी है। इसीसे तुलसीकी मालाको तो वे कभी छोड़ते ही नहीं, सदा धारण किये रहते है। जब वे श्यामसुन्दर उस मणियोंकी मालासे गौओंकी गिनती करते-करते किसी प्रेमी सखाके गलेमे बाँह डाल देते हैं और भाव बता-बताकर बाँसुरी बजाते हुए गाने लगते हैं, उस समय बजती हुई उस बाँसुरीके मधुर स्वरसे मोहित होकर कृष्णसार मृगोंकी पत्नी हरिनियाँ भी अपना चित्त उनके चरणोंपर निछावर कर देती हैं और जैसे हम गोपियाँ अपने घर-गृहस्थीकी आशा-अभिलाषा छोड़कर गुणसागर नागर नन्दनन्दनको घेरे रहती हैं, वैसे ही वे भी उनके पास दौड़ आती हैं और वहीं एकटक देखती हुई खड़ी रह जाती हैं, लौटनेका नाम भी नहीं लेतीं ॥ १८-१९ ॥

नन्दरानी यशोदाजी ! वास्तवमें तुम बड़ी पुण्यवती हो। तभी तो तुम्हें ऐसे पुत्र मिले हैं। तुम्हारे वे लाड़ले लाल बड़े प्रेमी हैं, उनका चित्त बड़ा कोमल है। वे प्रेमी सखाओंको तरह-तरहसे हास-परिहासके द्वारा सुख पहुँचाते हैं। कुन्दकलीका हार पहनकर जब वे अपनेको विचित्र वेषमें सजा लेते हैं और ग्वाल-बाल तथा गौओंके साथ यमुनाजीके तटपर खेलने लगते हैं, उस समय मलयज चन्दनके समान शीतल और सुगन्धित स्पर्शसे मन्द-मन्द अनुकूल बहकर वायु तुम्हारे लालकी सेवा करती है और गन्धर्व आदि उपदेवता बंदीजनोंके समान गा-बजाकर उन्हे संतुष्ट करते हैं तथा अनेकों प्रकारकी भेटें देते हुए सब ओरसे घेरकर उनकी सेवा करते हैं ॥ २०-२१ ॥

अरी सखी ! श्यामसुन्दर व्रजकी गौओंसे बड़ा प्रेम करते हैं। इसीलिये तो उन्होंने गोवर्धन धारण किया था। अब वे सब गौओंको लौटाकर आते ही होंगे; देखो, सायंकाल हो चला है। तब इतनी देर क्यों होती है, सखी ! रास्तेमे बड़े-बड़े ब्रह्मा आदि वयोवृद्ध और शङ्कर आदि ज्ञानवृद्ध उनके चरणोंकी वन्दना जो करने लगते हैं। अब गौओंके पीछे-पीछे बाँसुरी बजाते हुए वे आते ही होंगे। ग्वाल-बाल उनकी कीर्तिका गान कर रहे होंगे। देखो न, यह क्या आ रहे हैं। गौओंके खुरोंसे उड़-उड़कर बहुत-सी धूल वनमालापर पड़ गयी है। वे दिनभर जगलोंमें घूमते-घूमते थक गये हैं। फिर भी अपनी इस शोभासे हमारी आँखोंको कितना सुख, कितना आनन्द दे रहे हैं। देखो, ये यशोदाकी कोखसे प्रकट हुए सबको आह्लादित करनेवाले चन्द्रमा हम प्रेमी जनोंकी भलाईके लिये, हमारी आशा-अभिलाषाओंको पूर्ण करनेके लिये ही हमारे पास चले आ रहे हैं ॥ २२-२३ ॥

सखी ! देखो कैसा सौन्दर्य है ! मदभरी आँखें कुछ चढ़ी हुई हैं। कुछ-कुछ लजाई लिये हुए कैसी भली जान पड़ती

हैं। गलेमें वनमाला लहरा रही है। सोनेके कुण्डलोंकी कान्तिसे वे अपने कोमल कपोलोंको अलङ्कृत कर रहे हैं। इसीसे मुँहपर अधपके बेरके समान कुछ पीलापन जान पड़ता है। और रोम-रोमसे, विशेष करके मुखकमलसे प्रसन्नता फूटी पड़ती है। देखो, अब वे अपने सखा ग्वालबालोंका सम्मान करके उन्हें विदा कर रहे हैं। देखो, देखो सखी! व्रजविभूषण श्रीकृष्ण गजराजके समान मदभरी चालसे इस संध्या-वेलामें हमारी ओर आ रहे हैं। अब व्रजमें रहनेवाली गौओंका, हमलोगोंका दिनभरका असह्य विरह-ताप मिटानेके लिये उदित होनेवाले चन्द्रमाकी भाँति ये हमारे प्यारे श्यामसुन्दर समीप चले आ रहे हैं ॥ २४-२५ ॥

श्रीशुकदेवजी कहते हैं—परीक्षित्! बड़भागिनी गोपियोंका मन श्रीकृष्णमें ही लगा रहता था। वे श्रीकृष्णमय हो गयी थीं। जब भगवान् श्रीकृष्ण दिनमें गौओंको चरानेके लिये वनमें चले जाते, तब वे उन्हींका चिन्तन करती रहतीं और अपनी-अपनी सखियोंके साथ अलग-अलग उन्हींकी लीलाओंका गान करके उसीमें रम जातीं। इस प्रकार उनके दिन बीत जाते ॥ २६ ॥

शेषशायी भगवान् विष्णुका ध्यान

मृणालगौरायतशेषभोगपर्यङ्क एकं पुरुषं शयानम्।
फणातपत्रायुतमूर्ध्वरत्नद्युभिर्हतध्वान्तयुगान्ततोये ॥ १ ॥
प्रेक्षां क्षिपन्तं हरितोपलाद्रेः संध्याभ्रनीवेरुरुरुक्ममूर्ध्नः।
रत्नोदधारौषधिसौमनस्यवनस्रजो वेणुभुजाङ्घ्रिपाङ्घ्रेः ॥ २ ॥
आयामतो विस्तरतः स्वमानदेहेन लोकत्रयसंग्रहेण।
विचित्रदिव्याभरणांशुकानां कृतश्रियापाश्रितवेषदेहम् ॥ ३ ॥
पुंसां स्वकामाय विविक्तमार्गैरभ्यर्चतां कामदुघाङ्घ्रिपद्मम्।
प्रदर्शयन्तं कृपया नखेन्दुमयूखभिन्नाङ्गुलिचारुपत्रम् ॥ ४ ॥
मुखेन लोकार्तिहरस्मितेन परिस्फुरत्कुण्डलमण्डितेन।
शोणायितेनाधरबिम्बभासा प्रत्यर्हयन्तं सुनसेन सुभ्रा ॥ ५ ॥
कदम्बकिञ्जल्कपिशङ्गवाससा स्वलंकृतं मेखलया नितम्बे।
हारेण चानन्तधनेन वत्स श्रीवत्सवक्षःस्थलवल्लभेन ॥ ६ ॥
परार्ध्यकेयूरमणिप्रवेकपर्यस्तदोर्दण्डसहस्रशाखम्।
अव्यक्तमूलं भुवनाङ्घ्रिपेन्द्रमहीन्द्रभोगैरधिवीतवल्शम् ॥ ७ ॥
चराचरौको भगवन्महीध्रमहीन्द्रबन्धुं सलिलोपगूढम्।
किरीटसाहस्रहिरण्यशृङ्गमाविर्भवत्कौस्तुभरत्नगर्भम् ॥ ८ ॥
निवीतमाम्नायमधुव्रतश्रिया स्वकीर्तिमय्या वनमालया हरिम्।
सूर्येन्दुवाय्वग्न्यगमं त्रिधामभिः परिक्रमत्प्राधनिकैर्दुरासदम् ॥ ९ ॥

(श्रीमद्भागवत ३। ८। २३—३१)

(अनुवादक—स्वामीजी श्रीअखण्डानन्दजी सरस्वती)

उस प्रलयकालीन जलमें शेषजीके कमलनालसदृश गौर और विशाल विग्रहकी शय्यापर पुरुषोत्तम भगवान् अकेले ही लेटे हुए हैं। शेषजीके दस हजार फण छत्रके समान फैले हुए हैं। उनके मस्तकोंपर किरीट शोभायमान हैं, उनमें जो मणियाँ जड़ी हुई हैं, उनकी कान्तिसे चारों ओरका अन्धकार दूर हो गया है ॥ १ ॥ वे अपने श्याम शरीरकी आभासे मरकतमणिके पर्वतकी शोभाको लज्जित कर रहे हैं। उनकी कमरका पीतपट पर्वतके प्रान्त देशमें छाये हुए सायंकालके

पीले-पीले चमकीले मेघोंकी आभाको मलिन कर रहा है, सिरपर सुशोभित सुवर्णमुकुट सुवर्णमय शिखरोंका मान मर्दन कर रहा है। उनकी वनमाला पर्वतके रत्न, जलप्रपात, ओषधि और पुष्पोंकी शोभाको परास्त कर रही है तथा उनके भुजदण्ड वेणुदण्डका और चरण वृक्षोंका तिरस्कार करते हैं ॥ २ ॥ उनका वह श्रीविग्रह अपने परिमाणसे लंबाई-चौड़ाईमें त्रिलोकीका संग्रह किये हुए है। वह अपनी शोभासे विचित्र एवं दिव्य वस्त्राभूषणोंकी शोभाको सुशोभित करनेवाला होनेपर भी पीताम्बर आदि अपनी वेष-भूषासे सुसज्जित है ॥ ३ ॥ अपनी-अपनी अभिलाषाकी पूर्तिके लिये भिन्न-भिन्न मार्गोंसे पूजा करनेवाले भक्तजनोंको कृपापूर्वक अपने भक्तवाञ्छाकल्पतरु चरणकमलोंका दर्शन दे रहे हैं, जिनके सुन्दर अंगुलिदल नखचन्द्रकी चन्द्रिकासे अलग-अलग स्पष्ट चमकते रहते हैं ॥ ४ ॥ सुन्दर नासिका, अनुग्रहवर्षी भौंहें, कानोंमें झिलमिलाते हुए कुण्डलोंकी शोभा, बिम्बाफलके समान लाल-लाल अधरोंकी कान्ति एवं लोकार्तिहारी मुसकानसे युक्त मुखारविन्दके द्वारा वे अपने उपासकोंका सम्मान—अभिनन्दन कर रहे हैं ॥ ५ ॥ वत्स ! उनके नितम्बदेशमें कदम्बकुसुमकी केसरके समान पीतवस्त्र और सुवर्णमयी मेखला सुशोभित है तथा वक्षःस्थलमें अमूल्य हार और सुनहरी रेखावाले श्रीवत्सचिह्नकी अपूर्व शोभा हो रही है ॥ ६ ॥ वे अव्यक्तमूल चन्दनवृक्षके समान है। महामूल्य केयूर और उत्तम-उत्तम मणियोंसे सुशोभित उनके विशाल भुजदण्ड ही मानो उसकी सहस्रों शाखाएँ हैं और चन्दनके वृक्षोंमें जैसे बड़े-बड़े साँप लिपटे रहते हैं, उसी प्रकार उनके कंधोंको शेषजीके फणोंने लपेट रक्खा है ॥ ७ ॥ वे नागराज अनन्तके बन्धु श्रीनारायण ऐसे जान पड़ते हैं, मानो कोई जलसे घिरे हुए पर्वतराज ही हों। पर्वतपर जैसे अनेकों जीव रहते हैं, उसी प्रकार वे सम्पूर्ण चराचरके आश्रय हैं; शेषजीके फणोंपर जो सहस्रों मुकुट हैं, वे ही मानो उस पर्वतके सुवर्णमण्डित शिखर हैं तथा वक्षःस्थलमें विराजमान कौस्तुभमणि उसके गर्भसे प्रकट हुआ रत्न है ॥ ८ ॥ प्रभुके गलेमें वेदरूप भौंरोंसे गुञ्जायमान अपनी कीर्तिमयी वनमाला विराज रही है; सूर्य, चन्द्र, वायु और अग्नि आदि देवताओंकी भी आपतक पहुँच नहीं है तथा त्रिभुवनमें बेरोक-टोक विचरण करनेवाले सुदर्शनचक्रादि आयुध भी प्रभुके आसपास ही घूमते रहते हैं, उनके लिये भी आप अत्यन्त दुर्लभ हैं ॥ ९ ॥

भगवान् विष्णुका ध्यान

प्रसन्नवदनाम्भोजं पद्मगर्भारुणेक्षणम् । नीलोत्पलदलश्यामं शङ्खचक्रगदाधरम् ॥ १ ॥
लसत्पङ्कजकिञ्जल्कपीतकौशेयवाससम् । श्रीवत्सवक्षसं भ्राजत्कौस्तुभामुक्तकन्धरम् ॥ २ ॥
मत्तद्विरेफकलया परीतं वनमालया । परार्ध्यहारवलयकिरीटाङ्गदनूपुरम् ॥ ३ ॥
काञ्चीगुणोल्लसच्छ्रोणिं हृदयाम्भोजविष्टरम् । दर्शनीयतमं शान्तं मनोनयनवर्धनम् ॥ ४ ॥
अपीच्यदर्शनं शश्वत्सर्वलोकनमस्कृतम् । सन्तं वयसि कैशोरे भृत्यानुग्रहकातरम् ॥ ५ ॥
कीर्तन्यतीर्थयशसं पुण्यश्लोकयशस्करम् । ध्यायेद्देवं समग्राङ्गं यावन्न च्यवते मनः ॥ ६ ॥
स्थितं व्रजन्तमासीनं शयानं वा गुहाशयम् । प्रेक्षणीयेहितं ध्यायेच्छुद्धभावेन चेतसा ॥ ७ ॥
तस्मिँल्लब्धपदं चित्तं सर्वावयवसंस्थितम् । विलक्ष्यैकत्र संयुञ्ज्यादङ्गे भगवतो मुनिः ॥ ८ ॥

संचिन्तयेद्भगवतश्चरणारविन्दं वज्राङ्कुशध्वजसरोरुहलाञ्छनाढ्यम् ।
उत्तुङ्गरक्तविलसन्नखचक्रवालज्योत्स्नाभिराहतमहद्धृदयान्धकारम् ॥ ९ ॥
यच्छौचनिःसृतसरित्प्रवरोदकेन तीर्थेन मूर्ध्न्यधिकृतेन शिवः शिवोऽभूत् ।
ध्यातुर्मनःशमलशैलनिसृष्टवज्रं ध्यायेच्चिरं भगवतश्चरणारविन्दम् ॥ १० ॥
जानुद्वयं जलजलोचनया जनन्या लक्ष्म्याखिलस्य सुरवन्दितया विधातुः ।
ऊर्वोर्निधाय करपल्लवरोचिषा यत् संलालितं हृदि विभोरभवस्य कुर्यात् ॥ ११ ॥

ऊरू सुपर्णभुजयोरधिशोभमानावोजोनिधी अतसिकाकुसुमावभासौ ।
व्यालम्बिपीतवरवाससि वर्तमानकाञ्चीकलापपरिरम्भि नितम्बबिम्बम् ॥१२॥
नाभिह्रदं भुवनकोशगुहोदरस्थं यत्रात्मयोनिधिषणाखिललोकपद्मम् ।
व्यूढं हरिन्मणिवृषस्तनयोरमुष्य ध्यायेद् द्वयं विशदहारमयूखगौरम् ॥१३॥
वक्षोऽधिवासमृषभस्य महाविभूतेः पुंसां मनोनयननिर्वृतिमादधानम् ।
कण्ठं च कौस्तुभमणेरधिभूषणार्थं कुर्यान्मनस्यखिललोकनमस्कृतस्य ॥१४॥
बाहूंश्च मन्दरगिरेः परिवर्तनेन निर्णिक्तबाहुबलयानधिलोकपालान् ।
संचिन्तयेदशशतारमसह्यतेजः शङ्खं च तत्करसरोरुहराजहंसम् ॥१५॥
कौमोदकीं भगवतो दयितां स्मरेत दिग्धामरातिभटशोणितकर्दमेन ।
मालां मधुव्रतवरूथगिरोपघुष्टां चैत्यस्य तत्त्वममलं मणिमस्य कण्ठे ॥१६॥
भृत्यानुकम्पितधियेह गृहीतमूर्तेः संचिन्तयेद्भगवतो वदनारविन्दम् ।
यद्विस्फुरन्मकरकुण्डलवल्गितेन विद्योतितामलकपोलमुदारनासम् ॥१७॥
यच्छ्रीनिकेतमलिभिः परिसेव्यमानं भूत्या स्वया कुटिलकुन्तलवृन्दजुष्टम् ।
मीनद्वयाश्रयमधिक्षिपदब्जनेत्रं ध्यायेन्मनोमयमतन्द्रित उल्लसद्भ्रु ॥१८॥
तस्यावलोकमधिकं कृपयातिघोरतापत्रयोपशमनाय निसृष्टमक्ष्णोः ।
स्निग्धस्मितानुगुणितं विपुलप्रसादं ध्यायेच्चिरं विपुलभावनया गुहायाम् ॥१९॥
हासं हरेरवनताखिललोकतीव्रशोकाश्रुसागरविशोषणमत्युदारम् ।
सम्मोहनाय रचितं निजमायया स्य भ्रूमण्डलं मुनिकृते मकरध्वजस्य ॥२०॥
ध्यानायनं प्रहसितं बहुलाधरोष्ठभासारुणायिततनुद्विजकुन्दपङ्क्ति ।
ध्यायेत्स्वदेहकुहरेऽवसितस्य विष्णोर्भक्त्याऽऽर्द्रयार्पितमना न पृथग्दिदृक्षेत् ॥२१॥

(श्रीमद्भागवत ३ । २८ । १३—३३)

(अनुवादक—स्वामीजी श्रीअखण्डानन्दजी सरस्वती)

भगवान्‌का मुखकमल आनन्दसे प्रफुल्ल है, नेत्र कमल-कोशके समान रतनारे हैं, शरीर नीलकमलदलके समान श्याम है; हाथोंमें शङ्ख, चक्र और गदा (पद्म) धारण किये हैं ॥ १ ॥ कमलकी केसरके समान पीला रेशमी वस्त्र लहरा रहा है, वक्षःस्थलमें श्रीवत्सचिह्न है और गलेमें कौस्तुभमणि झिल-मिला रही है ॥ २ ॥ वनमाला चरणोंतक लटकी हुई है, जिसके चारों ओर भ्रमर सुगन्धसे मतवाले होकर मधुर गुंजार कर रहे हैं; अङ्ग-प्रत्यङ्गमें महामूल्य हार, कङ्कण, किरीट, भुजबन्ध और नूपुर आदि आभूषण विराजमान हैं ॥ ३ ॥ कमरमें करधनीकी लड़ियाँ उसकी शोभा बढ़ा रही हैं; भक्तोंके हृदयकमल ही उनके आसन हैं, उनका दर्शनीय श्यामसुन्दर स्वरूप अत्यन्त शान्त एवं मन और नयनोंको आनन्दित करनेवाला है ॥ ४ ॥ उनकी अति सुन्दर किशोर अवस्था है, वे भक्तोंपर कृपा करनेके लिये आतुर हो रहे हैं। बड़ी मनोहर झाँकी है । भगवान् सदा सम्पूर्ण लोकोंसे वन्दित हैं ॥ ५ ॥ उनका पवित्र यश परम कीर्तनीय है और वे राजा बलि आदि परम यशस्वियोंके भी यशको बढ़ानेवाले है। इस प्रकार श्रीनारायणदेवका सम्पूर्ण अङ्गोंके सहित तबतक ध्यान करे, जबतक चित्त वहाँसे हटे नहीं ॥ ६ ॥ भगवान्‌की लीलाएँ बड़ी दर्शनीय है; अतः अपनी रुचिके अनुसार खड़े हुए, चलते हुए, बैठे हुए, पौढ़े हुए अथवा अन्तर्यामीरूपमें स्थित हुए उनके स्वरूपका विशुद्ध भावयुक्त चित्तसे चिन्तन करे ॥ ७ ॥ इस प्रकार योगी जब यह अच्छी तरह देख ले कि भगवद्विग्रहमें चित्तकी स्थिति हो गयी, तब वह उनके समस्त अङ्गोंमें लगे हुए चित्तको विशेष रूपसे एक-एक अङ्गमें लगावे ॥ ८ ॥

भगवान्‌के चरणकमलोंका ध्यान करना चाहिये। वे वज्र, अङ्कुश, ध्वजा और कमलके मङ्गलमय चिह्नोंसे युक्त हैं तथा अपने उभरे हुए लाल-लाल शोभामय नखचन्द्र-मण्डलकी चन्द्रिकासे ध्यान करनेवालोंके हृदयके अज्ञानरूप घोर अन्धकारको दूर कर देते हैं ॥ ९ ॥ इन्हींकी धोवनसे नदियोंमें श्रेष्ठ श्रीगङ्गाजी प्रकट हुई थीं, जिनके पवित्र जलको मस्तकपर धारण करनेके कारण स्वयं मङ्गलरूप श्रीमहादेवजी और भी अधिक मङ्गलमय हो गये। ये अपना ध्यान करनेवालोंके पापरूप पर्वतोंपर छोड़े हुए इन्द्रके वज्रके समान हैं। भगवान्‌के इन चरणकमलोंका चिरकालतक चिन्तन करे ॥ १० ॥

भवभयहारी अजन्मा श्रीहरिकी दोनों पिंडलियों एवं घुटनोंका ध्यान करे, जिनको विश्वविधाता ब्रह्माजीकी माता सुरवन्दिता कमललोचना लक्ष्मीजी अपनी जाँघोंपर रखकर अपने कान्तिमान् कर-किसलयोंकी कान्तिसे लाड़ लड़ाती रहती हैं ॥ ११ ॥ भगवान्‌की जाँघोंका ध्यान करे, जो अलसीके फूलके समान नीलवर्ण और बलकी निधि हैं तथा गरुड़जीकी पीठपर शोभायमान हैं। भगवान्‌के नितम्ब-बिम्बका ध्यान करे, जो एड़ीतक लटके हुए पीताम्बरसे ढका हुआ है और उस पीताम्बरके ऊपर पहनी हुई सुवर्णमयी करधनीकी लड़ियोंको आलिङ्गन कर रहा है ॥१२॥

सम्पूर्ण लोकोंके आश्रयस्थान भगवान्‌के उदरदेशमें स्थित नाभिसरोवरका ध्यान करे; इसीमेंसे ब्रह्माजीका आधारभूत सर्वलोकमय कमल प्रकट हुआ है। फिर प्रभुके श्रेष्ठ मरकत-मणिसदृश दोनों स्तनोंका चिन्तन करे, जो वक्षःस्थलपर पड़े हुए शुभ्र हारोंकी किरणोंसे गौरवर्ण जान पड़ते हैं ॥ १३ ॥ इसके पश्चात् पुरुषोत्तम भगवान्‌के वक्षःस्थलका ध्यान करे, जो महालक्ष्मीका निवासस्थान और लोगोंके मन एवं नेत्रोंको आनन्द देनेवाला है। फिर सम्पूर्ण लोकोंके वन्दनीय भगवान्‌के गलेका चिन्तन करे, जो मानो कौस्तुभमणिको भी सुशोभित करनेके लिये ही उसे धारण करता है ॥ १४ ॥

समस्त लोकपालोंकी आश्रयभूता भगवान्‌की चारों भुजाओं-का ध्यान करे, जिनमें धारण किये हुए कङ्कणादि आभूषण समुद्रमन्थनके समय मन्दराचलकी रगड़से और भी उजले हो गये हैं। इसी प्रकार जिसके तेजको सहन नहीं किया जा सकता, उस सहस्र धारोंवाले सुदर्शनचक्रका तथा उनके कर-कमलमें राजहंसके समान विराजमान शङ्खका चिन्तन करे ॥ १५ ॥ फिर विपक्षी वीरोंके रुधिरसे सनी हुई प्रभुकी प्यारी कौमोदकी गदाका, भौंरोंके शब्दसे गुंजायमान वनमालाका और उनके कण्ठमें सुशोभित सम्पूर्ण जीवोंके निर्मलतत्त्वरूप कौस्तुभमणिका ध्यान करे* ॥ १६ ॥

भक्तोंपर कृपा करनेके लिये ही यहाँ साकार रूप धारण करनेवाले श्रीहरिके मुखकमलका ध्यान करे, जो सुघड़ नासिकासे सुशोभित है और झिलमिलाते हुए मकराकृत कुण्डलोंके हिलनेसे अतिशय प्रकाशमान स्वच्छ कपोलोंके कारण बड़ा ही मनोहर जान पड़ता है ॥ १७ ॥ काली-काली घुँघराली अलकावलीसे मण्डित भगवान्‌का मुखमण्डल अपनी छविके द्वारा भ्रमरोंसे सेवित कमलकोशका भी तिरस्कार कर रहा है और उनके कमलसदृश विशाल एवं चञ्चल नेत्र उस कमलकोशपर उछलते हुए मछलियोंके जोड़ेकी शोभाको मात कर रहे हैं। उन्नत भ्रूलताओंसे सुशोभित भगवान्‌के ऐसे मनोहर मुखारविन्दको मनमें धारणा करके आलस्यरहित हो उसीका ध्यान करे ॥ १८ ॥

हृदयगुहामें चिरकालतक भक्तिभावसे भगवान्‌के नेत्रोंकी चितवनका ध्यान करना चाहिये—जो कृपासे और प्रेमभरी मुसकानसे क्षण-क्षण अधिकाधिक बढ़ती रहती है, विपुल प्रसादकी वर्षा करती रहती है और भक्तजनोंके अत्यन्त घोर तीनों तापोंको शान्त करनेके लिये ही प्रकट हुई है ॥ १९ ॥ श्रीहरिका हास्य प्रणतजनोंके तीव्र-से-तीव्र शोकके अश्रुसागरको सुखा देता है और अत्यन्त उदार है। मुनियोंके हितके लिये कामदेवको मोहित करनेके लिये ही अपनी मायासे श्रीहरिने अपने भ्रूमण्डलको बनाया है—उनका ध्यान करना चाहिये ॥ २० ॥ अत्यन्त प्रेमार्द्रभावसे अपने हृदयमें विराजमान श्रीहरिके खिलखिलाकर हँसनेका ध्यान करे, जो वस्तुतः ध्यानके ही योग्य है तथा जिसमें ऊपर और नीचेके दोनों होठोंकी अत्यधिक अरुण कान्तिके कारण उनके कुन्दकलीके समान शुभ्र छोटे-छोटे दाँतोंपर लालिमा-सी प्रतीत होने लगी है। इस प्रकार ध्यानमें तन्मय होकर उनके सिवा किसी अन्य पदार्थको देखनेकी इच्छा न करे ॥ २१ ॥

---

* 'आत्मानमस्य जगतो निर्लेपमगुणामलम्। बिभर्ति कौस्तुभमणिं स्वरूपं भगवान् हरिः ॥'

अर्थात् इस जगत्‌की निर्लेप, निर्गुण, निर्मल तथा स्वरूपभूत आत्माको कौस्तुभमणिके रूपमें भगवान् धारण करते हैं।

भगवान् श्रीरामका ध्यान

लोमश उवाच

अयोध्यानगरे रम्ये चित्रमण्डपशोभिते । ध्यायेत् कल्पतरोर्मूले सर्वकामसमृद्धिदम् ॥
महामरकतस्वर्णनीलरत्नादिशोभितम् । सिंहासनं चित्तहरं कान्त्या तामिस्रनाशनम् ॥
तत्रोपरि समासीनं रघुराजं मनोहरम् । दूर्वादलश्यामतनुं देवं देवेन्द्रपूजितम् ॥
राकायां पूर्णशीतांशुकान्तिधिक्कारिवक्त्रणम् । अष्टमीचन्द्रशकलसमभालाधिधारिणम् ॥
नीलकुन्तलशोभाढ्यं किरीटमणिरञ्जितम् । मकराकारसौन्दर्यकुण्डलाभ्यां विराजितम् ॥
विद्रुमप्रभसत्कान्तिरदच्छदविराजितम् । तारापतिकराकारद्विजराजिसुशोभितम् ॥
जपापुष्पाभया मध्या जिह्वया शोभिताननम् । यस्यां वसन्ति निगमा ऋगाद्याः शास्त्रसंयुताः ॥
कम्बुकान्तिधरग्रीवाशोभया समलंकृतम् । सिंहवद्दृढौ स्कन्धौ मांसलौ बिभ्रतं वरम् ॥
बाहू दधानं दीर्घाङ्गौ केयूरकटकाङ्कितौ । मुद्रिकाहारिशोभाभिर्भूषितौ जानुलम्बिनौ ॥
वक्षो दधानं विपुलं लक्ष्मीवासेन शोभितम् । श्रीवत्सादिविचित्राङ्कैरङ्कितं सुमनोहरम् ॥
महोदरं महानाभिं शुभकन्या विराजितम् । काञ्च्या वै मणिमय्या च विशेषेण श्रियान्वितम् ॥
ऊरुभ्यां विमलाभ्यां च जानुभ्यां शोभितं श्रिया । चरणाभ्यां वज्ररेखायवाङ्कुशसुरेखया ॥
युताभ्यां योगिध्येयाभ्यां कोमलाभ्यां विराजितम् । ध्यात्वा स्मृत्वा च संसारसागरं त्वं तरिष्यसि ॥
तमेव पूजयेन्नित्यं चन्दनादिभिरिच्छया । प्राप्नोति परमामृद्धिमैहिकामुष्मिकीं पराम् ॥
त्वया पृष्टं महाराज रामस्य ध्यानमुत्तमम् । तत् ते कथितमेतद् वै संसारजलधिं तर ॥

(पद्मपुराण पातालखण्ड ३५ । ५६-७०)

(अनुवादक—पाण्डेय प० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

महर्षि लोमश आरण्यक मुनिसे कहते हैं—रमणीय अयोध्या-नगरी परम चित्र-विचित्र मण्डपोंसे शोभा पा रही है । उसके भीतर एक कल्पवृक्ष है, जिसके मूलभागमें परम मनोहर सिंहासन विराजमान है । वह सिंहासन बहुमूल्य मरकतमणि, सुवर्ण तथा नीलमणि आदिसे सुशोभित है और अपनी कान्तिसे गहन अन्धकारका नाश कर रहा है । वह सब प्रकारकी मनोऽभिलषित समृद्धियोंको देनेवाला है । उसके ऊपर भक्तोंका मन मोहनेवाले श्रीरघुनाथजी बैठे हुए हैं । उनका दिव्य विग्रह दूर्वादलके समान श्याम है, जो देवराज इन्द्रके द्वारा पूजित होता है । भगवान्‌का सुन्दर मुख अपनी शोभासे पौर्णमासीके पूर्ण चन्द्रकी कमनीय कान्तिको भी तिरस्कृत कर रहा है । उनका तेजस्वी ललाट अष्टमीके अर्धचन्द्रकी सुषमा धारण करता है । मस्तकपर काले-काले घुँघराले केश शोभा पा रहे हैं । मुकुटकी मणियोंसे उनका मुखमण्डल उद्भासित हो रहा है । कानोंमें पहने हुए मकराकार कुण्डल अपने सौन्दर्यसे भगवान्‌की शोभा बढ़ा रहे हैं । मूँगेके समान सुन्दर कान्ति धारण करनेवाले लाल लाल ओठ बड़े मनोहर जान पड़ते हैं । चन्द्रमाकी किरणोंसे होड़ लगानेवाली दन्तपङ्क्तियाँ तथा जवाकुसुमके समान रंगवाली जिह्वाके कारण उनके श्रीमुखका सौन्दर्य और भी बढ़ गया है । शङ्खके आकारवाला कमनीय कण्ठ, जिसमें ऋक् आदि चारों वेद तथा सम्पूर्ण शास्त्र निवास करते हैं, उनके श्रीविग्रहको सुशोभित कर रहा है । श्रीरघुनाथजी सिंहके समान ऊँचे और सुपुष्ट कंधेवाले हैं । वे केयूर एवं कड़ोंसे विभूषित विशाल भुजाएँ धारण किये हुए हैं । अंगूठीमें जड़े हुए हीरेकी शोभासे देदीप्यमान उनकी वे दोनों बाँहें घुटनोंतक लम्बी हैं । विस्तृत वक्षःस्थल लक्ष्मीके निवाससे शोभा पा रहा है । श्रीवत्स आदि चिह्नोंसे अङ्कित होनेके कारण भगवान् अत्यन्त मनोहर जान पड़ते हैं । महान् उदर, गहरी नाभि तथा सुन्दर कटिभाग उनकी शोभा बढ़ा रहे हैं । रत्नोंकी

बनी हुई करधनीके कारण श्रीअङ्गोकी सुषमा बहुत बढ गयी है। निर्मल ऊरु और सुन्दर घुटने भी सौन्दर्यवृद्धिमे सहायक हो रहे है। भगवान्‌के चरण, जिनका योगीगण ध्यान करते है, बड़े कोमल है। उनके तलवेमे वज्र, अङ्कुश और यव आदिकी उत्तम रेखाएँ है। उन युगल चरणोसे श्रीरघुनाथजीके विग्रहकी बड़ी शोभा हो रही है।

इस प्रकार ध्यान और स्मरण करके तुम संसार-सागरसे तर जाओगे। जो मनुष्य प्रतिदिन चन्दन आदि सामग्रियोंसे इच्छानुसार श्रीरामचन्द्रजीका पूजन करता है, उसे इहलोक और परलोककी उत्तम समृद्धि प्राप्त होती है। तुमने श्रीरामके श्रेष्ठ ध्यानका प्रकार पूछा था सो मैंने बता दिया। इसके अनुसार ध्यान करके तुम संसार-सागरमे पार हो जाओ।

भगवान् श्रीकृष्णका ध्यान

नारद उवाच

सुमप्रकरसौरभोद्गलितमाधिकाद्युल्लसत्सुशाखिनवपल्लवप्रकरनम्रशोभायुतम् ।
प्रफुल्लनवमञ्जरीललितवल्लरीवेष्टितं स्मरेत सततं शिवं सितमतिः सुवृन्दावनम् ॥ १ ॥
विकासिसुमनोरसास्वदनमञ्जुलैः संचरच्छिलीमुखमुखोद्गतैर्मुखरितान्तरं झङ्कृतैः ।
कपोतशुकसारिकापरभृतादिभिः पत्त्रिभिर्विरावितमितस्ततो भुजगशत्रुनृत्याकुलम् ॥ २ ॥
कलिन्ददुहितुश्चलल्लहरिविप्रुषां वाहिभिर्विनिद्रसरसीरुहोदररजश्चयोद्धूसरैः ।
प्रदीपितमनोभवव्रजविलासिनीवाससां विलोलनपगैर्निषेवितमनारतं मारुतैः ॥ ३ ॥
प्रवालनवपल्लवं मरकतच्छदं मौक्तिकप्रभाप्रकरकोरकं कमलरागनानाफलम् ।
स्थविष्ठमखिलर्तुभिः सततसेवितं कामदं तदन्तरपि कल्पकाङ्घ्रिपदमुज्झितं चिन्तयेत् ॥ ४ ॥
सुहेमशिखराचले उदितभानुवद्भासुरामधोऽस्य कनकस्थलीममृतशीकरासारिणः ।
प्रदीप्तमणिकुट्टिमां कुसुमरेणुपुञ्जोज्ज्वलां स्मरेत् पुनरतन्द्रितो विगतपटतरङ्गां बुधः ॥ ५ ॥
तद्रत्नकुट्टिमनिविष्टमहिष्ठयोगपीठेऽष्टपत्त्रमरुणं कमलं विचिन्त्य ।
उद्यद्विरोचनसरोचिरमुष्य मध्ये संचिन्तयेत् सुखनिविष्टमथो मुकुन्दम् ॥ ६ ॥
सुत्रामहेतिदलिताञ्जनमेघपुञ्जप्रत्यग्रनीलजलजन्मसमानभासम् ।
सुस्निग्धनीलघनकुञ्चितकेशजालं राजन्मनोज्ञशिखिकण्ठशिखण्डचूडम् ॥ ७ ॥
रोलम्बलालितसुरद्रुमसूनसम्पद्युक्तं समुत्कचनवोत्पलकर्णपूरम् ।
लोलालिभिः स्फुरितभालतलप्रदीप्तगोरोचनातिलकमुज्ज्वलचिह्निचापम् ॥ ८ ॥
आपूर्णशारदगताङ्कशशाङ्कबिम्बकान्तानन कमलपत्त्रविशालनेत्रम् ।
रत्नस्फुरन्मकरकुण्डलरश्मिदीप्तगण्डस्थलीमुकुरमुज्ज्वलचारुनासम् ॥ ९ ॥
सिन्दूरसुन्दरतराधरमिन्दुकुन्दमन्दारमन्दहसितद्युतिदीपिताशम् ।
वन्यप्रवालकुसुमप्रचयावकल्पग्रैवेयकोज्ज्वलमनोहरकम्बुकण्ठम् ॥ १० ॥
मत्तभ्रमद्भ्रमरघुर्घरिलम्बमानसंतानकप्रसवदामपरिष्कृतांसम् ।
हारावलीभगणराजितपीवरोरोव्योमस्थलीलसितकौस्तुभभानुमन्तम् ॥ ११ ॥
श्रीवत्सलक्षणसुलक्षितमुन्नतांसमाजानुपीनपरिवृत्तसुजातबाहुम् ।
आबन्धुरोदरमुदारगभीरनाभिं भृङ्गाङ्गनानिकरमञ्जुलरोमराजिम् ॥ १२ ॥
नानामणिप्रघटिताङ्गदकङ्कणोर्मिग्रैवेयकारसननूपुरतुन्दबन्धम् ।
दिव्याङ्गरागपरिपिञ्जरिताङ्गयष्टिमापीतवस्त्रपरिवीतनितम्बबिम्बम् ॥ १३ ॥

चारूरुजानुमनुवृत्तमनोज्ञजङ्घं कान्तोन्नतप्रपदनिन्दितकूर्मकान्तिम् ।
माणिक्यदर्पणलसन्नखराजिराजद्रक्ताङ्गुलिच्छदनसुन्दरपादपद्मम् ॥ १४ ॥
मत्स्याङ्कुशारिदरकेतुयवाब्जवज्रैः संलक्षितारुणकराङ्घ्रितलाभिरामम् ।
लावण्यसारसमुदायविनिर्मिताङ्गं सौन्दर्यनिन्दितमनोभवदेहकान्तिम् ॥ १५ ॥
आम्यारविन्दपरिपूरितवेणुरन्ध्रलोलत्कराङ्गुलिसमीरितदिव्यरागैः ।
शश्वद्भवैः कृतनिविष्टसमस्तजन्तुसंतानसंनतिमनन्तसुखाम्बुराशिम् ॥ १६ ॥
गोभिर्मुखाम्बुजविलीनविलोचनाभिरुधोभरस्खलितमन्थरमन्दगाभिः ।
दन्ताग्रदष्टपरिशिष्टतृणाङ्कुराभिरालम्बिवालधिलताभिरथाभिवीतम् ॥ १७ ॥
सम्प्रस्नुतस्तनविभूषणपूर्णनिश्चलास्याद् दृढक्षरितफेनिलदुग्धमुग्धैः ।
वेणुप्रवर्तितमनोहरमन्दगीतदत्तोच्चकर्णयुगलैरपि तर्णकैश्च ॥ १८ ॥
प्रत्यग्रशृङ्गमृदुमस्तकसम्प्रहारसंरम्भभावनविलोलखुराग्रपातैः ।
आमेदुरैर्बहुलसास्नगलैरुदग्रपुच्छैश्च वत्सतरवत्सतरीनिकायैः ॥ १९ ॥
हम्भारवक्षुभितदिग्वलयैर्महद्भिरध्युक्षभिः पृथुककुद्भरभारखिन्नैः ।
उत्तम्भितश्रुतिपुटीपरिपीतवंशीध्वानामृतोद्धतविकासिविशालघोणैः ॥ २० ॥
गोपैः समानगुणशीलवयोविलासवेशैश्च मूर्च्छितकलस्वनवेणुवीणैः ।
मन्दोच्चतारपटुगानपरैर्विलोलदोर्वल्लरीललितलास्यविधानदक्षैः ॥ २१ ॥
जङ्घान्तपीवरकटीरतटीनिबद्धव्यालोलकिङ्किणिघटारणितैरटद्भिः ।
मुग्धैस्तरक्षुनखकल्पितकान्तभूषैरव्यक्तमञ्जुवचनैः पृथुकैः परीतम् ॥ २२ ॥
अथसुललितगोपसुन्दरीणां पृथुकवरीष्टनितम्बमन्थराणाम् ।
गुरुकुचभरभङ्गुरावलग्नत्रिवलिविजृम्भितरोमराजिभाजाम् ॥ २३ ॥
तदतिरुचिरचारुवेणुवाद्यामृतरसपल्लविताङ्गजाङ्घ्रिपस्य ।
मुकुलविमलरम्यरूढरोमोद्गमसमलंकृतगात्रवल्लरीणाम् ॥ २४ ॥
तदतिरुचिरमन्दहासचन्द्रातपपरिजृम्भितरागवारिराशेः ।
तरलतरतरङ्गभङ्गविप्रुट्प्रकरघनश्रमबिन्दुसंततानाम् ॥ २५ ॥
तदतिललितमन्दचिल्लिचापच्युतनिशितेक्षणमारबाणवृष्ट्या ।
दलितसकलमर्मविह्वलाङ्गप्रविसृतदुस्सहवेपथुव्यथानाम् ॥ २६ ॥
तदतिरुचिरवेषरूपशोभामृतरसपानविधानलालसानाम् ।
प्रणयसलिलपूरवाहिनीनामलसविलोलविलोचनाम्बुजानाम् ॥ २७ ॥
विस्रंसत्कबरीकलापविगलत्फुल्लप्रसूनास्रवन्
माध्वीलम्पटचञ्चरीकघटया संसेवितानां मुहुः ।
मारोन्मादमदस्खलन्मृदुगिरामालोलकाञ्च्युल्लस-
न्नीवीविश्लथमानचीनसिचयान्तार्चिर्नितम्बत्विषाम् ॥ २८ ॥
स्खलितललितपादाम्भोजमन्दाभिघातच्छुरितमणितुलाकोट्याकुलाशामुखानाम् ।
चलदधरदलानां कुड्मलापक्ष्मलाक्षिद्वयसरसिरुहाणामुल्लसत्कुण्डलानाम् ॥ २९ ॥

द्राघिष्ठध्वसनसमीरणाभितापप्रम्लानीभवदरुणौष्ठपल्लवानाम् ।
नानोपायनविलसत्करास्बुजानामालीभिः सततनिषेवितं समन्तात् ॥ ३० ॥
तासामायतलोलनीलनयनव्याकोशलीनाम्बुजस्रग्भिः संपरिपूजिताखिलतनुं नानाविलासास्पदम् ।
तन्मुग्धाननपङ्कजप्रविगलन्माध्वीरसास्वादिनीं विभ्राणं प्रणयोन्मदाक्षिमधुहृन्मालां मनोहारिणीम् ॥३१॥

गोपीगोपपशूनां बहिः स्मरेदग्रतोऽस्य गीर्वाणघटां वित्तार्थिनीं विरिञ्चित्रिनयनशतमन्युपूर्विकां स्तोत्रपराम् ॥ ३२ ॥

तद्वद् दक्षिणतो मुनिनिकरं दृढधर्मवाञ्छया समास्नायपरम् ।
योगीन्द्रानथ पृष्ठे मुमुक्षमाणान् समाधिना तु सनकाद्यान् ॥ ३३ ॥
सख्ये सकान्तानथ यक्षसिद्धान् गन्धर्वविद्याधरचारणांश्च ।
सकिन्नरानप्सरसश्च मुख्याः कामार्थिनीर्नर्तनगीतवाद्यैः ॥ ३४ ॥
शङ्खेन्दुकुन्दधवलं सकलागमज्ञं सौदामिनीततिपिशङ्गजटाकलापम् ।
तत्पादपङ्कजगताममलां च भक्तिं वाञ्छन्तमुज्झितसमस्तपरान्यसङ्गम् ॥ ३५ ॥
नानाविधश्रुतिगुणान्वितसप्तरागग्रामत्रयीगतमनोहरमूर्छनाभिः ।
सम्प्रीणयन्तमुदिताभिरपि प्रभक्त्या संचिन्तयेन्मयि मां द्रुहिणप्रसूतम् ॥ ३६ ॥

इति ध्यात्वाऽऽत्मानं पटुविशदधीर्नन्दतनयं नरो वौद्धैर्वाऽन्यैरप्रभृतिभिरनिन्द्योपहृतिभिः ।
यजेद्यो भक्त्या स्वयपुषि बहिष्ठैश्च विभवैरिति प्रोक्तं सर्वं यदभिलपितं भूसुरवराः ॥३७॥

(पद्म० पाताल० ९० । ३१—४८)

(अनुवादक—पाण्डेय प० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

ध्यान करनेवाले मनुष्यको सदा शुद्ध-चित्त होकर पहले उस परम कल्याणमय सुन्दर वृन्दावनका चिन्तन करना चाहिये, जो पुष्पोंके समुदाय, मनोहर सुगन्ध और बहते हुए मकरन्द आदिसे सुशोभित सुन्दर-सुन्दर वृक्षोंके नूतन पल्लवोंसे झुका हुआ शोभा पा रहा है तथा प्रफुल्ल नवल मल्लिकाओं और ललित लताओंसे आवृत है ॥ १ ॥

उसका भीतरी भाग चञ्चल मधुकरोंके मुखसे निकले हुए मधुर झंकारोंसे मुखरित है। विकसित कुसुमोंके मकरन्दका आस्वादन करनेके कारण उन भ्रमर-झंकारोंकी मनोरमता और बढ़ गयी है। कबूतर, तोता, मैना और कोयल आदि पक्षियोंके कलरवोंसे भी उस वनका अन्तःप्रान्त समधुर ध्वनि-पूर्ण हो रहा है और वहाँ इधर-उधर सब ओर कितने ही स्थानोंमें मयूर नृत्य कर रहे हैं ॥ २ ॥

कलिन्द-नन्दिनी यमुनाकी चञ्चल लहरोंके जलकणोंका भार वहन करनेके कारण शीतल और प्रफुल्ल कमलोंके केसरोंके पराग-पुञ्ज धारण करनेसे धूसर हुई वायु जिनकी प्रेम-वेदना उद्दीप्त हो रही है, उन व्रज-सुन्दरियोंके वस्त्रोंको बार-बार हिलाती या उड़ाती हुई निरन्तर उस वृन्दावनका सेवन करती रहती है ॥ ३ ॥

उस वनके भीतर भी एक कल्पवृक्षका चिन्तन करे, जो बहुत ही मोटा और ऊँचा है, जिसके नये-नये पल्लव मूँगेके समान लाल हैं, पत्ते मरकतमणिके सदृश नीले हैं, कलिकाएँ मोतीकी प्रभा-पुञ्जकी भाँति शोभा पा रही हैं और नाना प्रकारके फल पद्मरागमणिके समान जान पड़ते हैं। समस्त ऋतुएँ सदा ही उस वृक्षकी सेवामें रहती हैं तथा वह सम्पूर्ण कामनाओंको पूर्ण करनेवाला है ॥ ४ ॥

फिर आलस्यरहित हो विद्वान् पुरुष धारावाहिक रूपसे अमृतकी बूँदें बरसानेवाले उस कल्पवृक्षके नीचे सुवर्णमयी वेदीकी भावना करे, जो मेरुगिरिपर उदित हुए सूर्यकी भाँति प्रभासे उद्भासित हो रही है, जिसका फर्श जगमगाती हुई मणियोंसे बना है, जो पुष्पोंके पराग-पुञ्जसे कुछ धवल वर्णकी हो गयी है तथा जहाँ क्षुधा-पिपासा, शोक-मोह और जरा-मृत्यु—ये छः ऊर्मियाँ नहीं पहुँचने पातीं ॥ ५ ॥

उस रत्नमय फर्शपर रक्खे हुए एक विशाल योगपीठके

ऊपर लाल रंगके अष्टदलकमलका चिन्तन करके उसके मध्यभागमें सुखपूर्वक बैठे हुए भगवान् श्रीकृष्णका ध्यान करे, जो अपनी दिव्य प्रभासे उदयकालीन सूर्यदेवकी भाँति देदीप्यमान हो रहे हैं ॥ ६ ॥

भगवान्‌के श्रीविग्रहकी आभा इन्द्रके वज्रसे विदीर्ण हुए कज्जलगिरि, मेघोंकी घटा तथा नूतन नील कमलके समान श्याम रंगकी है; श्याम मेघके सदृश काले-काले घुँघराले केश-कलाप बड़े ही चिकने हैं तथा उनके मस्तकपर मनोहर मोर-पंखका मुकुट शोभा पा रहा है ॥ ७ ॥

कल्पवृक्षके कुसुमोंसे, जिनपर भ्रमर मँडरा रहे हैं, भगवान्‌का शृङ्गार हुआ है। उन्होंने कानोंमें खिले हुए नवीन कमलके कुण्डल धारण कर रक्खे हैं, जिनपर चञ्चल चञ्चरीक उड़ रहे हैं। उनके ललाटमें चमकीले गोरोचनका तिलक चमक रहा है तथा धनुषाकार भौंहें बड़ी सुन्दर प्रतीत हो रही हैं ॥ ८ ॥

भगवान्‌का मुख शरत्पूर्णिमाके कलङ्कहीन चन्द्रमण्डलकी भाँति कान्तिमान् है, बड़े-बड़े नेत्र कमल-दलके समान सुन्दर हैं, दर्पणके सदृश स्वच्छ कपोल रत्नोंके कारण चमकते हुए मकराकृत कुण्डलोंकी किरणोंसे देदीप्यमान हो रहे हैं तथा ऊँची नासिका बड़ी मनोहर जान पड़ती है ॥ ९ ॥

सिन्दूरके समान परम सुन्दर लाल-लाल ओठ हैं; चन्द्रमा, कुन्द और मन्दार पुष्पकी सी मन्द मुसकानकी छटासे सामनेकी दिशा प्रकाशित हो रही है तथा वनके कोमल पल्लवों और पुष्पोंके समूहद्वारा बनाये हुए हारसे शङ्ख सदृश मनोहर ग्रीवा बड़ी सुन्दर जान पड़ती है ॥ १० ॥

मँडराते हुए मतवाले भ्रमरोंसे निनादित एवं घुटनोंतक लटकी हुई पारिजात पुष्पोंकी मालासे दोनों कंधे शोभा पा रहे हैं। पीन और विशाल वक्षःस्थलरूपी आकाश हाररूपी नक्षत्रोंसे सुशोभित है तथा उसमें कौस्तुभमणिरूपी सूर्य भासमान हो रहा है ॥ ११ ॥

भगवान्‌के वक्षःस्थलमें श्रीवत्सका चिह्न बड़ा सुन्दर दिखायी देता है, उनके कंधे ऊँचे हैं, गोल गोल सुन्दर भुजाएँ घुटनोंतक लंबी एवं मोटी हैं, उदरका भाग बड़ा मनोहर है, नाभि विस्तृत और गम्भीर है तथा त्रिवलीकी रोमपंक्ति भ्रमरोंकी पंक्तिके समान शोभा पा रही है ॥ १२ ॥

नाना प्रकारकी मणियोंके बने हुए भुजबंद, कड़े, अँगूठियाँ, हार, करधनी, नूपुर और पेटी आदि आभूषण भगवान्‌के श्रीविग्रहपर शोभा पा रहे हैं, उनके समस्त अङ्ग दिव्य अङ्गरागोंसे अनुरञ्जित हैं तथा कटिभाग कुछ हल्के रंगके पीताम्बरसे ढका हुआ है ॥ १३ ॥

दोनों जाँघें और घुटने सुन्दर हैं, पिण्डलियोंका भाग गोलाकार एवं मनोहर है; पादाग्रभाग परम कान्तिमान् तथा ऊँचा है और अपनी शोभासे कछुएके पृष्ठ-भागकी कान्तिको मलिन कर रहा है तथा दोनों चरण कमल माणिक्य तथा दर्पणके समान स्वच्छ नखपंक्तियोंसे सुशोभित लाल-लाल अङ्गुलिदलोंके कारण बड़े सुन्दर जान पड़ते हैं ॥ १४ ॥

मत्स्य, अङ्कुश, चक्र, शङ्ख, पताका, जौ, कमल और वज्र आदि चिह्नोंसे चिह्नित लाल-लाल हथेलियों तथा तलवोंसे भगवान् बड़े मनोहर प्रतीत हो रहे हैं। उनका श्रीअङ्ग लावण्यके सार-संग्रहसे निर्मित जान पड़ता है तथा उनके सौन्दर्यके सामने कामदेवके शरीरकी कान्ति फीकी पड़ जाती है ॥ १५ ॥

भगवान् अपने मुखारविन्दसे मुरली बजा रहे हैं; उस समय मुरलीके छिद्रोंपर उनकी अँगुलियोंके फिरनेसे निरन्तर दिव्य रागोंकी सृष्टि हो रही है, जिनसे प्रभावित हो समस्त जीव-जन्तु जहाँ-के-तहाँ बैठकर भगवान्‌की ओर मस्तक टेक रहे हैं। भगवान् गोविन्द अनन्त आनन्दके समुद्र हैं ॥ १६ ॥

थनोंके भारसे लड़खड़ाती हुई मन्द मन्द गतिसे चलनेवाली गौएँ दाँतोंके अग्रभागमें चबानेसे बचे हुए तिनकोंके अङ्कुर लिये, पूँछ लटकाये भगवान्‌के मुखकमलमें आँखें गड़ाये उन्हें चारों ओरसे घेरकर खड़ी हैं ॥ १७ ॥

गौओंके साथ ही छोटे छोटे बछड़े भी भगवान्‌को सब ओरसे घेरे हुए हैं और मुरलीसे मन्दस्वरमें जो मनोहर संगीतकी धारा बह रही है, उसे वे कान लगाकर सुन रहे हैं, जिसके कारण उनके दोनों कान खड़े हो गये हैं। गौओंके टपकते हुए थनोंके आभूषणरूप दूधसे भरे हुए उनके मुख स्थिर हैं, जिनसे फेनयुक्त दूध बह रहा है, इससे वे बछड़े बड़े मनोहर प्रतीत हो रहे हैं ॥ १८ ॥

चिकने शरीरवाले बछड़े और बछड़ियोंके समूह, जिनके बहुत बढ़े हुए गलकम्बल शोभा पा रहे हैं, श्रीकृष्णके चारों ओर पूँछ उठा-उठाकर नये-नये सींगोंसे शोभायमान अपने कोमल मस्तकोंसे परस्पर प्रहार करते हुए लड़नेके लिये बार-बार भूमिको खुरोंसे खोद रहे हैं ॥ १९ ॥

जिनके हम्भारव (दहाड़) से दिशाएँ क्षुब्ध हो जाती हैं; जिनके शरीर ककुद्के भारसे आक्रान्त है, ऐसे विशाल साँड़ श्रीकृष्णके चारों ओर दोनों कानोंको उठाये हुए उनकी अमृतमयी वंशीध्वनिको सुन रहे हैं। उनकी फैली हुई विशाल नाक ऊपरकी ओर उठी हुई है ॥ २० ॥

भगवान्के समान ही गुण, शील, अवस्था, विलास तथा वेष-भूषावाले गोप भी, जो अपनी चञ्चल भुजाओंको सुन्दर ढंगसे नचानेमें चतुर हैं, वंशी और वीणाकी मधुर ध्वनिका विस्तार करके मन्द, उच्च और तारस्वरमें कुशलतापूर्वक गान करते हुए भगवान्को सब ओरसे घेरकर खड़े हैं ॥ २१ ॥

छोटे-छोटे ग्वाल-बाल भी भगवान्के चारों ओर घूम रहे हैं, जाँघसे ऊपर उनके मोटे कटिभागमें करधनी पहनायी गयी है, जिसकी क्षुद्र घण्टिकाओंकी मधुर झनकार सुनायी पड़ती है। वे भोले-भाले बालक वनमालाके सुन्दर आभूषण पहने हुए हैं। उनकी मीठी-मीठी तोतली वाणी साफ समझमें नहीं आती ॥ २२ ॥

तदनन्तर इन सबको सब ओरसे घेरकर खड़ी हुई अत्यन्त मनोहर गोप-सुन्दरियोंकी श्रेणीसे सुसेवित भगवान् श्रीकृष्णका चिन्तन करे। वे गोपाङ्गनाएँ अपने स्थूल नितम्बोंके भारसे थकी-सी मथर गतिसे चलती हैं और उनकी गुँथी हुई चोटी उनके नितम्बदेशका स्पर्श कर रही है। पीन वक्षःस्थलके भारी भारसे झुकी हुई होनेसे उनके उदर-प्रदेशकी त्रिवलीयुक्त रोमराजि वक्षःस्थलसे सटकर अत्यन्त शोभा पा रही हैं ॥ २३ ॥

उनकी देहलतिका रोमाञ्चसे समलङ्कृत है, इससे ऐसा जान पड़ता है, मानो श्रीकृष्णके सुमधुर वेणुस्वरूपी अमृतरससे पल्लवित प्रेमरूपी पादपमें मुकुलोंका उद्गम हो गया है ॥ २४ ॥

उनके समस्त अङ्गोंमें प्रकट पसीनेकी बूँदें मानो श्रीकृष्णके अति मनोहर मन्द-मन्द हास्यरूप चन्द्रालोकसे विवर्धित अनुरागरूपी सागरकी चञ्चल तरङ्गोंके कणरूपमें सुशोभित हो रही है ॥ २५ ॥

श्रीकृष्णके अत्यन्त मनोमुग्धकर भ्रूबाणोंसे निक्षिप्त सुतीक्ष्ण प्रेमबाणोंकी वर्षासे उनके समस्त मर्मस्थान विदलित और सर्वाङ्ग जर्जरित हो गये हैं, इससे मानो उनके कलेवरमें अत्यन्त दुःसह कम्प-वेदना फैल गयी है ॥ २६ ॥

श्रीकृष्णके अत्यन्त मनोहर वेष तथा रूपकी शोभामयी सुधाका रस पीनेके लिये लोलुप वे व्रजाङ्गनाएँ मानो प्रणयरूप सलिलराशिको प्रवाहित करनेवाली सरिताएँ हैं और उनके अलस विलोल विलोचन मानो उस जल-प्रवाहमें कमलोंके सदृश सुशोभित है ॥ २७ ॥

कबरी ढीली हो जानेसे उनमें गिरे हुए प्रफुल्ल कुसुम-समूहके मधुपान-लोलुप मधुकर बार-बार गुञ्जार करते हुए उनकी सेवा कर रहे हैं। उनकी मृदु-मृदु वचनावली प्रेमोन्माद मदके कारण स्खलित हो रही है और नीवी देशसे विस्रस्त चीन वसनके प्रान्तभागमें प्रकाशित नितम्ब-प्रभा, विलोल काञ्चीसे उल्लसित हो रही है ॥ २८ ॥

उनके मनोहर चरणाम्बुज स्खलित होनेके कारण मणिमय नूपुर टूट-टूटकर चारों ओर बिखर रहे हैं और तज्जनित शीत्कारके कारण अधर-पल्लव प्रकम्पित हो रहे हैं। उनके कानोंमें कुण्डल शोभा पा रहे हैं और सुन्दर पद्म-विभूषित मुकुलाकार नीलकमलोंसे अलंकृत लोचनद्वय अत्यन्त सुशोभित हैं ॥ २९ ॥

सुदीर्घ निःश्वास-समीरणसे उनके अरुणवर्ण अधरपल्लव प्रम्लान हो रहे हैं और उनके करकमल श्रीकृष्णको प्रिय लगनेवाले नाना प्रकारके समस्त पूजोपहारोंसे सुशोभित हैं, ऐसी गोपसुन्दरियाँ चारों ओरसे श्रीकृष्णकी सतत सेवा कर रही हैं ॥ ३० ॥

ये सब गोपबालाएँ विस्तारित सुनील विलोल लोचनरूपी नीलकमलोंकी मालाद्वारा उनके सर्वाङ्गकी पूजा कर रही हैं। भगवान् नानाविध विलासके आश्रय हैं और प्रेयसी गोपियोंके प्रणयरसपूर्ण लोचनभ्रमरूप मनोमोहकर मधुकर चारों ओर उड़-उड़कर उनके मनोहर मुखपङ्कज-विगलित मधु-रसका आस्वादन कर रहे हैं मानो श्रीहरि उन नयनरूपी मधुपोंकी मनोहारिणी माला धारण कर रहे हैं ॥ ३१ ॥

गोपी, गोप और पशुओंके घेरेसे बाहर भगवान्के सामनेकी ओर ब्रह्मा, शिव तथा इन्द्र आदि देवताओंका समुदाय खड़ा होकर स्तुति कर रहा है ॥ ३२ ॥

इसी प्रकार उपर्युक्त घेरेसे बाहर भगवान्के दक्षिण-भागमें सुदृढ धर्मकी अभिलाषासे वेदाभ्यासपरायण मुनियोंका समुदाय उपस्थित है तथा पृष्ठभागकी ओर समाधिके द्वारा मुक्तिकी इच्छा रखनेवाले सनकादि योगीश्वर खड़े हैं ॥ ३३ ॥

वामभागमें अपनी स्त्रियोंसहित यक्ष, सिद्ध, गन्धर्व, विद्याधर, चारण और किन्नर खड़े हैं। साथ ही भगवत्प्रेमकी

इच्छा रखनेवाली मुख्य-मुख्य अप्सराएँ भी मौजूद हैं। ये सब लोग नाचने, गाने तथा बजानेके द्वारा भगवान्‌की सेवा कर रहे हैं ॥ ३४ ॥

तत्पश्चात् आकाशमें स्थित मुझ ब्रह्मपुत्र देवर्षि नारदका चिन्तन करना चाहिये। नारदजीके शरीरका वर्ण शङ्ख, चन्द्रमा तथा कुन्दके समान गौर है, वे सम्पूर्ण आगमोंके ज्ञाता हैं। उनकी जटाएँ बिजलीकी पङ्क्तियोंके समान पीली और चमकीली हैं। वे भगवान्‌के चरण-कमलोंकी निर्मल भक्तिके इच्छुक हैं तथा अन्य सब ओरकी आसक्तियोंका सर्वथा परित्याग कर चुके हैं और संगीतसम्बन्धी नाना प्रकारकी गतियोंसे युक्त सात स्वरों और विविध ग्रामोंकी मनोहर मूर्च्छनाओंको अभिव्यञ्जित करके अत्यन्त भक्तिके साथ भगवान्‌को प्रसन्न कर रहे हैं ॥ ३५-३६ ॥

इस प्रकार प्रखर एवं निर्मल बुद्धिवाला पुरुष अपने आत्मस्वरूप भगवान् नन्दनन्दनका ध्यान करके मानसिक अर्घ्य आदि उत्तम उपहारोंसे अपने शरीरके भीतर ही भक्तिपूर्वक उनका पूजन करे तथा बाह्य उपचारोंसे भी उनकी आराधना करे। ब्राह्मणो ! आपलोगोंकी जैसी अभिलाषा थी, उसके अनुसार भगवान्‌का यह सम्पूर्ण ध्यान मैंने बता दिया ॥ ३७ ॥

भगवान् शिवका मनोहर ध्यान

चारुचम्पकवर्णाभमेकवक्त्रं त्रिलोचनम्। ईषद्धास्यप्रसन्नास्यं रत्नस्वर्णादिभूषितम् ॥
मालतीमाल्यसंयुक्तं सद्रत्नमुकुटोज्ज्वलम्। सत्कण्ठाभरणं चारुवलयाङ्गदभूषितम् ॥
वह्निशौचेनातुलेन त्वतिसूक्ष्मेण चारुणा। अमूल्यवस्त्रयुग्मेन विचित्रेणातिराजितम् ॥
चन्दनागरुकस्तूरीचारुकुङ्कुमभूषितम्। रत्नदर्पणहस्तं च कज्जलोज्ज्वललोचनम् ॥
सर्वस्वप्रभयाच्छन्नमतीव सुमनोहरम्। अतीव तरुणं रम्यं भूषिताङ्गैश्च भूषितम् ॥
कामिनीकान्तमव्यग्रं कोटिचन्द्राननाम्बुजम्। कोटिस्मराधिकतनुच्छविं सर्वाङ्गसुन्दरम् ॥

(शिवमहापुराण—रुद्रसंहिता, पार्वतीखण्ड ४५। ५—१०)

(अनुवादक- पाण्डेय प० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

भगवान् शिवकी मनोहर छविका इस प्रकार चिन्तन करे—उनकी अङ्गकान्ति मनोहर चम्पाके पुष्पकी भाँति उद्भासित हो रही है। उनके एक मुख है और वे तीन नेत्रोंसे सुशोभित हैं। उनके मुखपर मन्द मुसकानके रूपमें प्रसन्नता खेल रही है। वे रत्न और स्वर्ण आदिके आभूषणोंसे विभूषित हैं। मालतीकी माला उनके गलेकी शोभा बढ़ा रही है। वे परम सुन्दर रत्नमय मुकुटकी प्रभासे प्रकाशित हो रहे हैं। उनके कण्ठमें और भी बहुत-से सुन्दर आभूषण हैं। मनोहर वलय (कड़ा) और अङ्गद (भुजबंद) उनकी भुजाओंकी शोभा बढ़ा रहे हैं। वे आगमें तपाकर शुद्ध किये हुए बहुमूल्य, अनुपम, अत्यन्त सूक्ष्म, मनोहर एवं विचित्र वस्त्र और उपवस्त्रसे अत्यन्त शोभा पा रहे हैं। चन्दन, अगुरु, कस्तूरी और मनोहर कुङ्कुमसे विभूषित हैं। उनके हाथमें रत्नमय दर्पण है और नेत्र कज्जलसे उज्ज्वल हैं। उन्होंने अपनी प्रभासे सबको आच्छादित एवं प्रकाशित कर रखा है। उनका रूप अत्यन्त मनोहर है। उनकी नयी तरुण अवस्था है। वे विभूषित अङ्गोंसे सुशोभित एवं परम रमणीय हैं। अपनी कामना करनेवाली गिरिराजनन्दिनीके वे कमनीय प्रियतम हैं। उनमें व्यग्रताका लेशमात्र भी नहीं है। उनका मुखारविन्द करोड़ों चन्द्रमाओंसे भी कान्तिमान् है। उनके श्रीअङ्गोंकी सुषमा करोड़ों कामदेवोंसे भी बढ़कर है और वे सर्वाङ्गसुन्दर हैं।

संत-स्वभाव

अनेक बार ऐसा होता है—तनिक-सी असावधानीसे जीभ दाँतोंके नीचे आ जाती है। अत्यन्त कोमल जीभ और कठोर तीक्ष्ण दाँत—जीभ कट जाती है। बड़ा कष्ट होता है।

आपको कभी क्रोध आया है दाँतोंपर ? कभी आपके मनमें भी यह बात आयी है कि दाँत दुष्ट हैं—बिना अपराध उन्होंने जीभको काट लिया, इन्हें दण्ड देना चाहिये ?

आप कहेंगे कि कैसा व्यर्थ प्रश्न है। जीभ अपनी और दाँत भी अपने। जीभ कटी तो कष्ट हुआ। अब क्या दाँतोंको दण्ड देकर और कष्ट भोगना है। दाँतोंको दण्डका कष्ट भी तो अपनेको ही होगा।

× × ×

एक संत कहीं घूमते हुए जा रहे थे। कहाँ जा रहे थे ? हमें इसका पता नहीं है। संत होते ही रमते राम हैं। एक स्थानपर टिककर उन्हें रहना नहीं आता। यह तो लोकोक्ति है—'बहता पानी और रमता संत ही निर्मल रहता है।'

एक वनमें एक दुष्ट प्रकृतिका मनुष्य रहता था। साधु-संतोंसे उसे चिढ़ थी। चिढ़ थी या थी। दुष्टका स्वभाव ही अकारण शत्रुता करना, सीधे लोगोंको अकारण कष्ट देना होता है।

संत घूमते हुए उस वनमें निकले। दुष्टने उन्हें देखा तो पत्थर उठाकर मारने दौड़ा—'तू इधर क्यों आया ? क्या धरा है तेरे बापका यहाँ ?'

संतने कहा—मैंने तुम्हारी कोई हानि नहीं की है। तुम क्यों अप्रसन्न होते हो ? तुम्हें मेरा इधर आना बुरा लगता है तो मैं लौट जाता हूँ।

'तू आया ही क्यों ?' दुष्ट अपनी दुष्टतापर आ गया था। संतको उसने कई पत्थर मारे। सिर और दूसरे अङ्गोंमें चोटें लगीं। रक्त बहने लगा। लेकिन संत भी संत ही थे। बिना कुछ बोले लौट आये।

कुछ दिनों बाद फिर संत उसी ओर गये। उनका हृदय कहता था—'बेचारा पता नहीं किस कारण साधुके वेशसे चिढ़ता है। साधुओंको कष्ट देकर तो वह नरकगामी होगा। उसको सुबुद्धि मिलनी चाहिये। उसका उद्धार होना चाहिये।'

वह दुष्ट आज दीखा नहीं। संत उसकी झोंपड़ीके पास गये। वह तो खाटपर बेसुध पड़ा था। तीव्र ज्वर था उसे। जैसे अपना पुत्र ही बीमार पड़ा हो—संत उसके पास जा बैठे। उसकी सेवा-शुश्रूषामें लग गये।

उस दुष्टके नेत्र खुले। उसने साधुको देखा। उसके मुखसे कठिनाईसे निकला—'आप ?'

संतने उसे पुचकारा—'तुम पड़े रहो। चिन्ताकी कोई बात नहीं है। अरे अपने ही दाँतसे अपनी जीभ कट जाय तो कोई क्रोध किसपर करे ? तुम अलग हो और मैं अलग हूँ, यही तो भ्रम है। एक ही विराट् पुरुषके हम सब अङ्ग हैं।'



संतका स्वभाव—काटने-मारनेवाला भी अपना अङ्ग ही है



संतका स्वभाव—मान-धनकी तुच्छता

मान और धनकी तुच्छता

विजयका त्याग

वह दिग्विजयका युग था। राजाओंके लिये तो दिग्विजयका युग समाप्त हो गया था; किंतु विद्वानोंके लिये दिग्विजयका युग था। संस्कृतके प्रतिभाशाली विद्वान् बड़ी-से-बड़ी जो कामना कर सकते थे—दिग्विजयकी कामना थी। यह दिग्विजय शस्त्रोंसे नहीं, पाण्डित्यसे शास्त्रार्थ करके प्राप्त की जाती थी।

व्रजमें एक विद्वान् दिग्विजय करते हुए पहुँचे। व्रजके विद्वानोंने उनकी शास्त्रार्थकी चुनौतीके उत्तरमें कहा—'व्रजमें तो सनातन गोस्वामी और उनके भतीजे जीव गोस्वामी ही श्रेष्ठ विद्वान् हैं। वे आपको विजय-पत्र लिख दें तो हम सभी उसपर हस्ताक्षर कर देंगे।'

दिग्विजयी पहुँचे सनातन गोस्वामीके यहाँ। 'शास्त्रार्थ कीजिये या विजय-पत्र लिख दीजिये।' उनकी सर्वत्र जो माँग थी, वही माँग वहाँ भी थी।

'हम तो विद्वानोंके सेवक हैं। शास्त्रार्थ करना हम क्या जानें? शास्त्रका मर्म कहाँ समझा है हमने।' श्रीसनातन गोस्वामीकी नम्रता उनके ही उपयुक्त थी। उन्होंने दिग्विजयीको विजयपत्र लिख दिया।

दिग्विजयी आनन्द और गर्वमें झूमते लौटे। मार्गमें ही जीव गोस्वामी मिल गये। दिग्विजयीने कहा—'आपके ताऊ सनातनजीने तो विजयपत्र लिख दिया है। आप उसीपर हस्ताक्षर करेंगे या शास्त्रार्थ करेंगे?

जीव गोस्वामी युवक थे और ये प्रकाण्ड पण्डित। नवीन रक्त— अपने श्रद्धेय श्रीसनातन गोस्वामीके प्रति दिग्विजयीका तिरस्कार-भाव उनसे सहा नहीं गया। वे बोले—'मैं शास्त्रार्थ करनेको प्रस्तुत हूँ।'

बेचारा दिग्विजयी क्या शास्त्रार्थ करता? वह विद्वान् था; किंतु केवल विद्वान् ही तो था। महाभागवती जीव गोस्वामी और फिर जिसपर व्रजके उस नवयुवराजका वरद हस्त हो, उसकी पराजय कैसी? दो-चार प्रश्नोत्तरोंमें ही दिग्विजयी निरुत्तर हो गया। विजयपत्र उसने फाड़ फेंका। गर्व चूर हो गया। कितना दुखित होकर लौटा वह—कोई कल्पना कर सकता है।

जीव गोस्वामी पहुँचे श्रीसनातनजीके पास। दिग्विजयीकी पराजय सुना दी उन्होंने। सुनकर सनातनजीके नेत्र कठोर हो गये। उन्होंने जीव गोस्वामीको झिड़कते हुए कहा—'जीव! तुम तुरंत यहाँसे चले जाओ! मैं तुम्हारा मुख नहीं देखना चाहता। एक ब्राह्मणका अपमान किया तुमने। तुमसे भजन क्या होगा, जब कि तुममें इतना अहंकार है। किसीको विजयी स्वीकार कर लेनेमें बिगड़ता क्या है।'

× × ×

पारसका त्याग

बहुत दूर बर्दवानसे चलकर एक ब्राह्मण आया था व्रजमें। वह पूछता हुआ सनातन गोस्वामीके पास पहुँचा। उसे पारस पत्थर चाहिये। कई वर्षसे वह तप कर रहा था। भगवान् शङ्करने स्वप्नमें आदेश दिया था कि व्रजमें सनातन गोस्वामीको पारसका पता है, वहाँ जाओ।

ब्राह्मणकी बात सुनकर सनातनजीने कहा—'मुझे अकस्मात् एक दिन पारस दीख गया। मैंने उसे रेतमें ढक दिया कि आते-जाते भूलसे छू न जाय। वहाँ उस स्थानपर खोदकर निकाल लो। मैं स्नान कर चुका हूँ। उसे छूनेपर मुझे फिर स्नान करना पड़ेगा।'

निर्दिष्ट स्थानपर रेत हटाते ही पारस मिल गया। उसमें स्पर्श होते ही लोहा सोना बन गया। ब्राह्मणका तप सफल हो गया। उसे सचमुच पारस प्राप्त हुआ—अमूल्य पारस। जिसमें स्वर्ण उत्पन्न होता है, उस पारसका मूल्य कोई कैसे बता सकता है।

पारस लेकर ब्राह्मण चल पड़ा। कुछ दूर जाकर फिर लौटा और सनातन गोस्वामीके पास आकर खड़ा हो गया। सनातनजीने पूछा—'आपको पारस मिल गया?'

'जी, पारस मिल गया।' ब्राह्मणने दोनों हाथ जोड़े—'लेकिन एक प्रश्न भी मिला उसके साथ। उस प्रश्नका उत्तर आप ही दे सकते हैं। जिस पारसके लिये मैंने कठोरतम कठोर तप किया, वह पारस आपको प्राप्त था। आपने उसे रेतमें ढक दिया था और उसका स्पर्शतक नहीं करना चाहते थे। आपके पास पारससे भी अधिक मूल्यवान कोई वस्तु होनी चाहिये। क्या वस्तु है वह?'

'तुमको वह चाहिये?' सनातन गोस्वामीने दृष्टि उठायी—'वह चाहिये तो पारस फेंको यमुनाजीमें।'

ब्राह्मणने पारस फेंक दिया। उसे वह बहुमूल्य वस्तु मिली। वह वस्तु जिसकी तुलनामें पारस एक कंकड़-जितना भी नहीं था। वह वस्तु—श्रीकृष्ण-नाम।

जगज्जननी श्रीपार्वतीका ध्यान

सुनीलाञ्जनवर्णाभां स्वाङ्गैश्च प्रतिभूषिताम् ।
त्रिनेत्राद्तनेत्रान्तामन्यवारितलोचनाम् । ईषद्धास्यप्रसन्नास्यां सकटाक्षां मनोहराम् ॥
सुचारुकबरीभारां चारुपत्रकशोभिताम् । कस्तूरीबिन्दुभिः सार्धं सिन्दूरबिन्दुशोभिताम् ॥
सद्रत्नकुण्डलाभ्यां च चारुगण्डस्थलोज्ज्वलाम् । मणिरत्नप्रभामुष्टिदन्तराजिविराजिताम् ॥
मधुबिम्बाधरोष्ठां च रत्नयावकसंयुताम् । रत्नदर्पणहस्तां च क्रीडापद्मविभूषिताम् ॥
चन्दनागरुकस्तूरीकुङ्कुमेनातिचर्चिताम् । क्वणन्मञ्जीरपादां च रक्ताङ्घ्रितलराजिताम् ॥

(शिवमहापुराण—रुद्रसंहिता, पार्वतीखण्ड ४६ । २३-३०)

(जगज्जननी श्रीपार्वतीजीका इस प्रकार ध्यान करे—)

गिरिराज-किशोरीकी अङ्ग-कान्ति नील अञ्जनके समान श्याम है। वे अपने मनोहर अङ्गोंसे ही विभूषित हैं। उनके नेत्रप्रान्तका त्रिनेत्रधारी भगवान् शङ्करके हृदयमें बड़ा आदर है। उनकी आँखें भगवान् शिवके सिवा दूसरे किसी पुरुषकी ओर नहीं जातीं। उनका प्रसन्न मुखारविन्द मन्द मुसकानसे सुशोभित है। वे अपने प्रियकी ओर कटाक्षपूर्ण दृष्टिसे देखती हैं। उनकी आकृति बड़ी मनोहर है। बँधी हुई लटें बड़ी सुन्दर दिखायी देती हैं। उनके कपोल आदि अङ्गोंपर मनोहर पत्र-रचना शोभा दे रही है। कस्तूरीकी बेंदीके साथ सिन्दूर-की बेंदी भी उनके भालदेशकी शोभा बढ़ा रही है। मनोरम कपोलस्थली दो सुन्दर रत्नमय कुण्डलोंसे जगमगा रही है। मणि एवं रत्नोंकी प्रभाको छीन लेनेवाली दन्तपङ्क्ति उनके मुखारविन्दको उद्भासित कर रही है। लाल-लाल अधर मधुर बिम्ब-फलकी अरुणिमाको लज्जित कर रहे हैं। युगल चरणोंमें रत्नमय आभूषण और तलवोंमें महावरकी अद्भुत शोभा दिखायी देती है। अथवा रत्नमय यावक-चूर्णसे उनके तलवे अनुरञ्जित हो रहे हैं। वे एक हाथमें रत्नमय दर्पण लेकर अपनी प्रतिच्छवि निहार रही हैं और उनके दूसरे हाथमें क्रीडाकमल शोभा दे रहा है। उनका श्रीअङ्ग यथास्थान चन्दन, अगुरु, कस्तूरी और केसरसे अत्यन्त अलंकृत है। दोनों पैरोंमें मंजीरकी मधुर झनकार हो रही है। लाल-लाल तलवे उनकी शोभा बढ़ा रहे हैं।

भगवान् शिवका ध्यान

पर्यङ्कबन्धस्थिरपूर्वकायमृज्वायतं संनमितोभयांसम् ।
उत्तानपाणिद्वयसंनिवेशात् प्रफुल्लराजीवमिवाङ्कमध्ये ॥
भुजङ्गमोच्चद्धजटाकलापं कर्णावसक्तद्विगुणाक्षसूत्रम् ।
कण्ठप्रभासङ्गविशेषनीलां कृष्णत्वचं ग्रन्थिमतीं दधानम् ॥
किंचित्प्रकाशास्तिमितोग्रतारैर्भ्रूविक्रियायां विरतप्रसङ्गैः ।
नेत्रैरविस्पन्दितपक्ष्ममालैर्लक्ष्यीकृतघ्राणमधोमयूखैः ॥
अवृष्टिसंरम्भमिवाम्बुवाहमपामिवाधारमनुत्तरङ्गम् ।
अन्तश्चराणां मरुतां निरोधान्निवातनिष्कम्पमिव प्रदीपम् ॥
कपालनेत्रान्तरलब्धमार्गैर्ज्योतिःप्रवाहैरुदितैः शिरस्तः ।
मृणालसूत्राधिकसौकुमार्यां बालस्य लक्ष्मीं क्षपयन्तमिन्दोः ॥

मनो नवद्वारनिषिद्धवृत्ति हृदि व्यवस्थाप्य समाधिवश्यम् ।
यमक्षरं क्षेत्रविदो विदुस्तमात्मानमात्मन्यवलोकयन्तम् ॥

(कुमारसम्भव ३ । ४५ —५०)

(अनुवादक—पाण्डेय प० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

भगवान् शशिशेखर वीरासनसे विराजमान हैं, उनके शरीरका ऊर्ध्वभाग निश्चल, सरल और समुन्नत है तथा दोनों स्कन्ध समानरूपसे अवस्थित हैं, दोनों हाथोंको अपने क्रोडमे रक्खे हुए हैं। जान पड़ता है कि वहाँ एक कमल विकसित हो रहा है। उनके जटाजूट सर्पके द्वारा चूड़ाके समान समुन्नतभावसे बँधे हुए हैं, द्विगुणित रुद्राक्षमाला उनके कानोंको सुशोभित कर रही है, सलग्न-ग्रन्थियुक्त कृष्णवर्ण मृगचर्मकी श्यामता नीलकण्ठकी प्रभासे और भी घनीभूत हो रही है। उनके तीनों नेत्र नासिकाके अग्रभागको लक्ष्यकर स्थिर हो रहे हैं। उस निस्पन्द और स्थिर नेत्र गोमार्गजसे विभूषित त्रिनेत्रके नासिकाग्रपर स्थिर सन्निवेशित होनेके कारण उनसे नीचेकी ओर एक समुज्ज्वल ज्योति निकलकर इतस्ततः छिटक रही है।

उन्होंने उस समाधि-अवस्थामे देहान्तश्चारी वायुसमूहको निरुद्ध कर रक्खा है, जिससे उन्हे देखकर जान पड़ता है कि मानो वे आडम्बरशून्य तथा जलपूर्ण बरसनेवाले एक गम्भीर आकृतिके बादल हैं अथवा तरगहीन प्रशान्त महासागर हैं किंवा निर्वात प्रदेशमे निष्कम्प शिखाधारी समुज्ज्वल प्रदीप हैं।

उन समाधिमग्न त्रिलोचनके ललाटस्थित नेत्रसे एक प्रकारकी ज्योतिशिखा आलोकधाराके समान बाहर निकल रही है, योगमग्न चन्द्रशेखरके शिरोदेशसे निकलकर यह ज्योतिशिखा नेत्रपथके द्वारा बाहर निकल रही है एव उनके शिरस्थित मृणालसूत्रके समान कोमल चन्द्रकलाको मानो झुलस रही है।

योगनिष्ठ त्रिपुरारिने समाधिके बलसे शरीरके नवद्वारोंमे अन्तःकरणको निरुद्धकर उसे हृदय-कमलरूप अधिष्ठानमें अवस्थित कर रक्खा है एव क्षेत्रज्ञ जिसे अविनाशी ब्रह्म कहा करते हैं उसी आत्मस्वरूप परमात्माका वे आत्मामे ही साक्षात्कार कर रहे हैं।

सिद्ध नारायणवर्म

(इस स्तोत्रके श्रद्धा-विधिपूर्वक पाठ और अनुष्ठानसे प्राणसंकट, शत्रुसंकट और काम-क्रोधादिका वेगरूप संकट दूर होते हैं। यह देवगुरु इन्द्रका अनुभूत सिद्ध कवच है।)

श्रीशुक उवाच

वृतः पुरोहितस्त्वाष्ट्रो महेन्द्रायानुपृच्छते । नारायणाख्यं वर्माह तदिहैकमनाः शृणु ॥ १ ॥

विश्वरूप उवाच

धौताङ्घ्रिपाणिराचम्य सपवित्र उदङ्मुखः । कृतस्वाङ्गकरन्यासो मन्त्राभ्यां वाग्यतः शुचिः ॥ २ ॥
नारायणमयं वर्म संनह्येद् भय आगते । पादयोर्जानुनोरूर्वोरुदरे हृद्यथोरसि ॥ ३ ॥
मुखे शिरस्यानुपूर्व्यादोंकारादीनि विन्यसेत् । ॐ नमो नारायणायेति विपर्ययमथापि वा ॥ ४ ॥
करन्यासं ततः कुर्याद् द्वादशाक्षरविद्यया । प्रणवादियकारान्तमङ्गुल्यङ्गुष्ठपर्वसु ॥ ५ ॥
न्यसेद्धृदय ओंकारं विकारमनु मूर्धनि । षकारं तु भ्रुवोर्मध्ये णकारं शिखया दिशेत् ॥ ६ ॥
वेकारं नेत्रयोर्युञ्ज्याद्यकारं सर्वसंधिषु । मकारमस्त्रमुद्दिश्य मन्त्रमूर्तिर्भवेद् बुधः ॥ ७ ॥
सविसर्गं फडन्तं तत् सर्वदिक्षु विनिर्दिशेत् । ॐ विष्णवे नम इति ॥ ८ ॥
आत्मानं परमं ध्यायेद् ध्येयं षट्शक्तिभिर्युतम् । विद्यातेजस्तपोमूर्तिमिमं मन्त्रमुदाहरेत् ॥ ९ ॥
ॐ हरिर्विदध्यान्मम सर्वरक्षां न्यस्ताङ्घ्रिपद्मः पतगेन्द्रपृष्ठे ।
दरारिचर्मासिगदेषुचापपाशान् दधानोऽष्टगुणोऽष्टबाहुः ॥ १० ॥

जलेषु मां रक्षतु मत्स्यमूर्तिर्यादोगणेभ्यो वरुणस्य पाशात्।
स्थलेषु मायावटुवामनोऽव्यात् त्रिविक्रमः खेऽवतु विश्वरूपः ॥ ११ ॥
दुर्गेष्वटव्याजिमुखादिषु प्रभुः पायान्नृसिंहोऽसुरयूथपारिः।
विमुञ्चतो यस्य महाट्टहासं दिशो विनेदुर्न्यपतंश्च गर्भाः ॥ १२ ॥
रक्षत्वसौ माध्वनि यज्ञकल्पः स्वदंष्ट्रयोन्नीतधरो वराहः।
रामोऽद्रिकूटेष्वथ विप्रवासे सलक्ष्मणोऽव्याद् भरताग्रजोऽस्मान् ॥ १३ ॥
मामुग्रधर्मादखिलात् प्रमादान्नारायणः पातु नरश्च हासात्।
दत्तस्त्वयोगादथ योगनाथः पायाद् गुणेशः कपिलः कर्मबन्धात् ॥ १४ ॥
सनत्कुमारोऽवतु कामदेवाद्धयशीर्षा मां पथि देवहेलनात्।
देवर्षिवर्यः पुरुषार्चनान्तरात् कूर्मो हरिर्मां निरयादशेषात् ॥ १५ ॥
धन्वन्तरिर्भगवान् पात्वपथ्याद् द्वन्द्वाद् भयादृषभो निर्जितात्मा।
यज्ञश्च लोकादवताज्जनान्ताद् बलो गणात् क्रोधवशादहीन्द्रः ॥ १६ ॥
द्वैपायनो भगवानप्रबोधाद् बुद्धस्तु पाषण्डगणात् प्रमादात्।
कल्किः कलेः कालमलात् प्रपातु धर्मावनायोरुकृतावतारः ॥ १७ ॥
मां केशवो गदया प्रातरव्याद् गोविन्द आसङ्गवमात्तवेणुः।
नारायणः प्राह्ण उदात्तशक्तिर्मध्यन्दिने विष्णुररीन्द्रपाणिः ॥ १८ ॥
देवोऽपराह्णे मधुहोग्रधन्वा सायं त्रिधामावतु माधवो माम्।
दोषे हृषीकेश उतार्धरात्रे निशीथ एकोऽवतु पद्मनाभः ॥ १९ ॥
श्रीवत्सधामापररात्र ईशः प्रत्यूष ईशोऽसिधरो जनार्दनः।
दामोदरोऽव्यादनुसंध्यं प्रभाते विश्वेश्वरो भगवान् कालमूर्तिः ॥ २० ॥
चक्रं युगान्तानलतिग्मनेमि भ्रमत् समन्ताद् भगवत्प्रयुक्तम्।
दन्दग्धि दन्दग्ध्यरिसैन्यमाशु कक्षं यथा वातसखो हुताशः ॥ २१ ॥
गदेऽशनिस्पर्शनविस्फुलिङ्गे निष्पिण्ढि निष्पिण्ढ्यजितप्रियासि।
कूष्माण्डवैनायकयक्षरक्षोभूतग्रहांश्चूर्णय चूर्णयारीन् ॥ २२ ॥
त्वं यातुधानप्रमथप्रेतमातृपिशाचविप्रग्रहघोरदृष्टीन्।
दरेन्द्र विद्रावय कृष्णपूरितो भीमस्वनोऽरेर्हृदयानि कम्पयन् ॥ २३ ॥
त्वं तिग्मधारासिवरारिसैन्यमीशप्रयुक्तो मम छिन्धि छिन्धि।
चक्षूंषि चर्मञ्छतचन्द्र छादय द्विषामघोनां हर पापचक्षुषाम् ॥ २४ ॥
यन्नो भयं ग्रहेभ्योऽभूत् केतुभ्यो नृभ्य एव च। सरीसृपेभ्यो दंष्ट्रिभ्यो भूतेभ्योंऽहोभ्य एव वा ॥ २५ ॥
सर्वाण्येतानि भगवन्नामरूपास्त्रकीर्तनात्। प्रयान्तु संक्षयं सद्यो ये नः श्रेयःप्रतीपकाः ॥ २६ ॥
गरुडो भगवान् स्तोत्रस्तोभश्छन्दोमयः प्रभुः। रक्षत्वशेषकृच्छ्रेभ्यो विष्वक्सेनः स्वनामभिः ॥ २७ ॥
सर्वापद्भ्यो हरेर्नामरूपयानायुधानि नः। बुद्धीन्द्रियमनःप्राणान् पान्तु पार्षदभूषणाः ॥ २८ ॥
यथा हि भगवानेव वस्तुतः सदसच्च यत्। सत्येनानेन नः सर्वे यान्तु नाशमुपद्रवाः ॥ २९ ॥
यथैकात्म्यानुभावानां विकल्परहितः स्वयम्। भूषणायुधलिङ्गाख्या धत्ते शक्तीः स्वमायया ॥ ३० ॥

तेनैव सत्यमानेन सर्वज्ञो भगवान् हरिः । पातु सर्वैः स्वरूपैर्नः सदा सर्वत्र सर्वगः ॥ ३१ ॥
विदिक्षु दिक्षूर्ध्वमधः समन्तादन्तर्बहिर्भगवान् नारसिंहः ।
प्रहापयँल्लोकभयं स्वनेन स्वतेजसा ग्रस्तसमस्ततेजाः ॥ ३२ ॥
मघवन्निदमाख्यातं वर्म नारायणात्मकम् । विजेष्यस्यञ्जसा येन दंशितोऽसुरयूथपान् ॥ ३३ ॥
एतद् धारयमाणस्तु यं यं पश्यति चक्षुषा । पदा वा संस्पृशेत् सद्यः साध्वसात् स विमुच्यते ॥ ३४ ॥
न कुतश्चिद् भयं तस्य विद्यां धारयतो भवेत् । राजदस्युग्रहादिभ्यो व्याघ्रादिभ्यश्च कर्हिचित् ॥ ३५ ॥

(श्रीमद्भागवत ६ । ८ । ३—३७)

(अनुवादक—स्वामीजी श्रीअखण्डानन्दजी सरस्वती)

श्रीशुकदेवजीने कहा—परीक्षित् ! जब देवताओंने विश्वरूपको पुरोहित बना लिया, तब देवराज इन्द्रके प्रश्न करनेपर विश्वरूपने उन्हें नारायणकवचका उपदेश किया। तुम एकाग्रचित्तसे उसका श्रवण करो ॥ १ ॥

विश्वरूपने कहा—देवराज इन्द्र ! भयका अवसर उपस्थित होनेपर नारायणकवच धारण करके अपने शरीरकी रक्षा कर लेनी चाहिये। उसकी विधि यह है कि पहले हाथ पैर धोकर आचमन करे, फिर हाथमें कुशकी पवित्री धारण करके उत्तर मुँह बैठ जाय। इसके बाद कवचधारण-पर्यन्त और कुछ न बोलनेका निश्चय करके पवित्रतामें 'ॐ नमो नारायणाय' और 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय'—इन मन्त्रोंके द्वारा अङ्गन्यास तथा करन्यास करे। पहले 'ॐ नमो नारायणाय' इस अष्टाक्षर मन्त्रके ॐ आदि आठ अक्षरोंका क्रमशः पैरों, घुटनों, जाँघों, पेट, हृदय, वक्षःस्थल, मुख और सिरमें न्यास करे। अथवा पूर्वोक्त मन्त्रके यकारसे लेकर ॐकारपर्यन्त आठ अक्षरोंका सिरसे आरम्भ करके उन्हीं आठ अङ्गोंमें विपरीत क्रमसे न्यास करे ॥ २—४ ॥

तदनन्तर 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' इस द्वादशाक्षर मन्त्रके ॐसे लेकर यकारपर्यन्त बारह अक्षरोंका दायीं तर्जनीसे बायीं तर्जनीतक दोनों हाथोंकी आठ अँगुलियों और दोनों अँगूठोंकी दो-दो गाँठोंमें न्यास करे ॥ ५ ॥ फिर 'ॐ विष्णवे नमः' इस मन्त्रके पहले अक्षर 'ॐ' का हृदयमें, 'वि' का ब्रह्मरन्ध्रमें, 'ष्' का भौंहोंके बीचमें, 'ण' का चोटीमें, 'वे' का दोनों नेत्रोंमें और 'न' का शरीरकी सब गाँठोंमें न्यास करे। तदनन्तर 'ॐ मः अस्त्राय फट्' कहकर दिग्बन्ध करे। इस प्रकार न्यास करनेसे इस विधिको जाननेवाला पुरुष मन्त्रस्वरूप हो जाता है ॥ ६—८ ॥ इसके बाद समग्र ऐश्वर्य, धर्म, यश, लक्ष्मी, ज्ञान और वैराग्यसे परिपूर्ण इष्टदेव भगवान्‌का ध्यान करे और अपनेको भी तदात्मक ही चिन्तन करे। तत्पश्चात् विद्या, तेज और तपःस्वरूप इस कवचका पाठ करे ॥ ९ ॥

भगवान् श्रीहरि गरुडजीकी पीठपर अपने चरणकमल रखे हुए हैं। अणिमादि आठों सिद्धियाँ उनकी सेवा कर रही हैं। आठ हाथोंमें शङ्ख, चक्र, ढाल, तलवार, गदा, बाण, धनुष और पाश (फंदा) धारण किये हुए हैं। वे ही ॐकारस्वरूप प्रभु सब प्रकारसे, सब ओरसे मेरी रक्षा करें ॥ १० ॥ मत्स्यमूर्ति भगवान् जलके भीतर जलजन्तुओंके रूपमें स्थित वरुणके पाशसे मेरी रक्षा करें। मायासे ब्रह्मचारीका रूप धारण करनेवाले वामन भगवान् स्थलपर और विश्वरूप श्रीत्रिविक्रम भगवान् आकाशमें मेरी रक्षा करें ॥ ११ ॥ जिनके घोर अट्टहाससे सब दिशाएँ गूँज उठी थीं और गर्भवती दैत्यपत्नियोंके गर्भ गिर गये थे, वे दैत्ययूथपतियोंके शत्रु भगवान् नृसिंह जल, स्थल, रणभूमि आदि विकट स्थानोंमें मेरी रक्षा करें ॥ १२ ॥ अपनी दाढ़ोंपर पृथ्वीको धारण करनेवाले यज्ञमूर्ति वराह भगवान् मार्गमें, परशुरामजी पर्वतोंके शिखरोंपर और लक्ष्मणजीके सहित भरतके बड़े भाई भगवान् रामचन्द्र प्रवास के समय हमारी रक्षा करें ॥ १३ ॥ भगवान् नारायण ऋषिरूपसे मार्ग-मोहन आदि अपकर्म, अभिचारों और सब प्रकारके प्रमादोंसे मेरी रक्षा करें। त्रिपिष्टप नर गर्वसे, योगेश्वर भगवान् दत्तात्रेय योगके विघ्नोंसे और सिद्धगणाधिपति भगवान् कपिल कर्मबन्धनोंसे मेरी रक्षा करें ॥ १४ ॥ परमर्षि सनत्कुमार कामदेवसे, हयग्रीव भगवान् मार्गमें चलते समय देवमूर्तियोंको नमस्कार आदि न करनेके अपराधसे, देवर्षि नारद सेवापराधोंसे और भगवान् कच्छप सब प्रकारके नरकोंसे मेरी रक्षा करें ॥ १५ ॥ भगवान् धन्वन्तरि कुपथ्यसे, जितेन्द्रिय भगवान् ऋषभदेव सुख-दुःख आदि भयदायक द्वन्द्वोंसे, यज्ञ भगवान् लोकापवादसे, बलरामजी मनुष्यसे

और श्रीशेषजी क्रोधवश नामक सर्पोंके गणसे मेरी रक्षा करें ॥ १६ ॥ भगवान् श्रीकृष्णद्वैपायन व्यासजी अज्ञानसे तथा बुद्धदेव पाखण्डियोंसे और प्रमादसे मेरी रक्षा करें। धर्मरक्षाके लिये महान् अवतार धारण करनेवाले भगवान् कल्कि कालके मलरूप कलिकालसे मेरी रक्षा करें ॥ १७ ॥ प्रातःकाल भगवान् केशव अपनी गदा लेकर, कुछ दिन चढ़ आनेपर भगवान् गोविन्द अपनी बाँसुरी लेकर, दोपहरके पहले भगवान् नारायण अपनी तीक्ष्ण शक्ति लेकर और दोपहरको भगवान् विष्णु चक्रराज सुदर्शन लेकर मेरी रक्षा करें ॥ १८ ॥ तीसरे पहरमें भगवान मधुसूदन अपना प्रचण्ड धनुष लेकर मेरी रक्षा करें। सायंकालमें ब्रह्मा आदि त्रिमूर्तिधारी माधव, सूर्यास्तके बाद तथा अर्धरात्रिके पूर्व हृषीकेश तथा अर्धरात्रिके समय अकेले भगवान पद्मनाभ मेरी रक्षा करें ॥ १९ ॥ रात्रिके पिछले प्रहरमें श्रीवत्सलाञ्छन श्रीहरि, उषःकालमें खड्गधारी भगवान जनार्दन, सूर्योदयसे पूर्व श्रीदामोदर और सम्पूर्ण सन्ध्याओंमें कालमूर्ति भगवान् विश्वेश्वर मेरी रक्षा करें ॥ २० ॥

सुदर्शन ! आपका आकार चक्र (रथके पहिये) की तरह है। आपके किनारेका भाग प्रलयकालीन अग्निके समान अत्यन्त तीव्र है। आप भगवान्‌की प्रेरणासे सब ओर घूमते रहते हैं। जैसे आग वायुकी सहायतासे सूखे घास-फूसको जला डालती है, वैसे ही आप हमारी शत्रु-सेनाको शीघ्र-से-शीघ्र जला दीजिये, जला दीजिये ॥ २१ ॥ कौमोदकी गदा ! आपसे छूटनेवाली चिनगारियोंका स्पर्श वज्रके समान असह्य है। आप भगवान् अजितकी प्रिया हैं और मैं उनका सेवक हूँ। इसलिये आप कूष्माण्ड, विनायक, यक्ष, राक्षस, भूत और प्रेतादि ग्रहोंको पीस डालिये, कुचल डालिये तथा मेरे शत्रुओंको चूर-चूर कर दीजिये ॥ २२ ॥ शङ्खश्रेष्ठ पाञ्चजन्य ! आप भगवान श्रीकृष्णके फूँकनेसे भयंकर शब्द करके मेरे शत्रुओंका दिल दहलाते हुए यातुधान, प्रमथ, प्रेत, मातृका, पिशाच तथा ब्रह्मराक्षस आदि क्रूरदृष्टिवाले प्राणियोंको यहाँसे दूर भगा दीजिये ॥ २३ ॥ भगवानकी श्रेष्ठ तलवार ! आपकी धार बहुत तीक्ष्ण है। आप भगवानकी प्रेरणासे मेरे शत्रुओंको छिन्न-भिन्न कर दीजिये। भगवानकी प्यारी ढाल ! आपमें सैकड़ों चन्द्राकार मण्डल हैं। आप पापदृष्टि पापात्मा शत्रुओंकी आँखें बंद कर दीजिये और उन्हें सदाके लिये अंधा बना दीजिये ॥ २४ ॥

सूर्य आदि जिन-जिन ग्रह, धूमकेतु (पुच्छल तारे) आदि केतुओं, दुष्ट मनुष्यों, सर्पादि रेंगनेवाले जन्तुओं, दाढ़ोंवाले हिंसक पशुओं तथा भूत-प्रेत आदि पापी प्राणियोंसे हमें भय हो और जो-जो हमारे मङ्गलके विरोधी हों—वे सभी भगवानके नाम-रूपी आयुधोंका कीर्तन करनेसे तत्काल नष्ट हो जायँ ॥ २५-२६ ॥ बृहद्, रथन्तर आदि सामवेदीय स्तोत्रोंसे जिनकी स्तुति की जाती है, वे वेदमूर्ति भगवान् गरुड और पार्षदश्रेष्ठ विष्वक्सेनजी अपने नामोंके द्वारा हमें सब प्रकारकी विपत्तियोंसे बचायें ॥ २७ ॥ श्रीहरिके नाम, रूप, वाहन तथा आयुध हमें सब प्रकारकी आपत्तियोंसे बचायें और श्रेष्ठ पार्षद हमारी बुद्धि, इन्द्रिय, मन और प्राणोंकी रक्षा करें ॥ २८ ॥

जितना भी कार्य अथवा कारणरूप जगत् है, वह वास्तवमें भगवान् ही है—इस सत्यके प्रभावसे हमारे सारे उपद्रव नष्ट हो जायँ ॥ २९ ॥ जो लोग ब्रह्म और आत्माकी एकताका अनुभव कर चुके हैं, उनकी दृष्टिमें भगवानका स्वरूप समस्त विकल्पों—भेदोंसे रहित है; फिर भी वे स्वयं अपनी माया-शक्तिके द्वारा भूषण, आयुध और रूप नामक शक्तियोंको धारण करते हैं—यह बात निश्चितरूपसे सत्य है। इसी प्रमाणके बलसे सर्वज्ञ, सर्वव्यापक भगवान् श्रीहरि सदा-सर्वत्र सब स्वरूपोंसे हमारी रक्षा करें ॥ ३०-३१ ॥ जो अपने भयंकर अट्टहाससे सब लोगोंके भयको भगा देते हैं और अपने तेजसे सबका तेज ग्रस लेते हैं, वे भगवान् नृसिंह दिशा-विदिशाओंमें, नीचे-ऊपर, बाहर-भीतर—सब ओर हमारी रक्षा करें ॥ ३२ ॥

देवराज इन्द्र ! मैंने तुम्हें यह नारायणकवच सुना दिया। इस कवचसे सुरक्षित होकर तुम अनायास ही सब दैत्य-यूथपतियोंको जीत लोगे ॥ ३३ ॥ इस नारायणकवचको धारण करनेवाला पुरुष जिसको भी अपने नेत्रोंसे देख लेता अथवा पैरसे छू देता है, वह तत्काल समस्त भयोंसे सर्वथा मुक्त हो जाता है ॥ ३४ ॥ जो इस वैष्णवी विद्याको धारण कर लेता है, उसे राजा, डाकू, प्रेत-पिशाचादि ग्रहों और बाघ आदि हिंसक जीवोंसे कभी किसी प्रकारका भय नहीं होता ॥ ३५ ॥

गजेन्द्र-स्तवन

(इस स्तोत्रके श्रद्धापूर्वक पाठ, अनुष्ठानसे ऋणसंकट, मृत्युसंकट आदि दूर होते हैं। महामना मालवीयजीके द्वारा बार-बार अनुभूत है।)

श्रीशुक उवाच

एवं व्यवसितो बुद्ध्या समाधाय मनो हृदि। जजाप परमं जाप्यं प्राग्जन्मन्यनुशिक्षितम् ॥ १ ॥

गजेन्द्र उवाच

ॐ नमो भगवते तस्मै यत एतच्चिदात्मकम्। पुरुषायादिबीजाय परेशायाभिधीमहि ॥ २ ॥
यस्मिन्निदं यतश्चेदं येनेदं य इदं स्वयम्। योऽस्मात् परस्माच्च परस्तं प्रपद्ये स्वयम्भुवम् ॥ ३ ॥
यः स्वात्मनीदं निजमाययार्पितं क्वचिद् विभातं क्व च तत् तिरोहितम्।
अविद्धदृक् साक्ष्युभयं तदीक्षते स आत्ममूलोऽवतु मां परात्परः ॥ ४ ॥
कालेन पञ्चत्वमितेषु कृत्स्नशो लोकेषु पालेषु च सर्वहेतुषु।
तमस्तदाऽऽसीद् गहनं गभीरं यस्तस्य पारेऽभिविराजते विभुः ॥ ५ ॥
न यस्य देवा ऋषयः पदं विदुर्जन्तुः पुनः कोऽर्हति गन्तुमीरितुम्।
यथा नटस्याकृतिभिर्विचेष्टतो दुरत्ययानुक्रमणः स मावतु ॥ ६ ॥
दिदृक्षवो यस्य पदं सुमङ्गलं विमुक्तसङ्गा मुनयः सुसाधवः।
चरन्त्यलोकव्रतमव्रणं वने भूतात्मभूताः सुहृदः स मे गतिः ॥ ७ ॥
न विद्यते यस्य च जन्म कर्म वा न नामरूपे गुणदोष एव वा।
तथापि लोकाप्ययसंभवाय यः स्वमायया तान्यनुकालमृच्छति ॥ ८ ॥
तस्मै नमः परेशाय ब्रह्मणेऽनन्तशक्तये। अरूपायोरुरूपाय नम आश्चर्यकर्मणे ॥ ९ ॥
नम आत्मप्रदीपाय साक्षिणे परमात्मने। नमो गिरां विदूराय मनसश्चेतसामपि ॥ १० ॥
सत्त्वेन प्रतिलभ्याय नैष्कर्म्येण विपश्चिता। नमः कैवल्यनाथाय निर्वाणसुखसंविदे ॥ ११ ॥
नमः शान्ताय घोराय मूढाय गुणधर्मिणे। निर्विशेषाय साम्याय नमो ज्ञानघनाय च ॥ १२ ॥
क्षेत्रज्ञाय नमस्तुभ्यं सर्वाध्यक्षाय साक्षिणे। पुरुषायात्ममूलाय मूलप्रकृतये नमः ॥ १३ ॥
सर्वेन्द्रियगुणद्रष्ट्रे सर्वप्रत्ययहेतवे। असताच्छाययोक्ताय सदाभासाय ते नमः ॥ १४ ॥
नमो नमस्तेऽखिलकारणाय निष्कारणायाद्भुतकारणाय।
सर्वागमाम्नायमहार्णवाय नमोऽपवर्गाय परायणाय ॥ १५ ॥
गुणारणिच्छन्नचिदूष्मपाय तत्क्षोभविस्फूर्जितमानसाय।
नैष्कर्म्यभावेन विवर्जितागमस्वयंप्रकाशाय नमस्करोमि ॥ १६ ॥
मादृक्प्रपन्नपशुपाशविमोक्षणाय मुक्ताय भूरिकरुणाय नमोऽलयाय।
स्वांशेन सर्वतनुभृन्मनसि प्रतीतप्रत्यग्दृशे भगवते बृहते नमस्ते ॥ १७ ॥
आत्मात्मजाप्तगृहवित्तजनेषु सक्तैर्दुष्प्रापणाय गुणसङ्गविवर्जिताय।
मुक्तात्मभिः स्वहृदये परिभाविताय ज्ञानात्मने भगवते नम ईश्वराय ॥ १८ ॥
यं धर्मकामार्थविमुक्तिकामा भजन्त इष्टां गतिमाप्नुवन्ति।
किं त्वाशिषो रात्यपि देहमव्ययं करोतु मेऽदभ्रदयो विमोक्षणम् ॥ १९ ॥

एकान्तिनो यस्य न कञ्चनार्थं वाञ्छन्ति ये वै भगवत्प्रपन्नाः ।
अत्यद्भुतं तच्चरितं सुमङ्गलं गायन्त आनन्दसमुद्रमग्नाः ॥२०॥
तमक्षरं ब्रह्म परं परेशमव्यक्तमाध्यात्मिकयोगगम्यम् ।
अतीन्द्रियं सूक्ष्ममिवातिदूरमनन्तमाद्यं परिपूर्णमीडे ॥२१॥
यस्य ब्रह्मादयो देवा वेदा लोकाश्चराचराः । नामरूपविभेदेन फल्ग्व्या च कलया कृताः ॥२२॥
यथार्चिषोऽग्नेः सवितुर्गभस्तयो निर्यान्ति संयान्त्यसकृत् स्वरोचिषः ।
तथा यतोऽयं गुणसम्प्रवाहो बुद्धिर्मनः खानि शरीरसर्गाः ॥२३॥
स वै न देवासुरमर्त्यतिर्यङ् न स्त्री न षण्ढो न पुमान् न जन्तुः ।
नायं गुणः कर्म न सन्न चासन् निषेधशेषो जयतादशेषः ॥२४॥
जिजीविषे नाहमिहामुया किमन्तर्बहिश्चावृतयेभयोन्या ।
इच्छामि कालेन न यस्य विप्लवस्तस्यात्मलोकावरणस्य मोक्षम् ॥२५॥
सोऽहं विश्वसृजं विश्वमविश्वं विश्ववेदसम् । विश्वात्मानमजं ब्रह्म प्रणतोऽस्मि परं पदम् ॥२६॥
योगरन्धितकर्माणो हृदि योगविभाविते । योगिनो यं प्रपश्यन्ति योगेशं तं नतोऽस्म्यहम् ॥२७॥
नमो नमस्तुभ्यमसह्यवेगशक्तित्रयायाखिलधीगुणाय ।
प्रपन्नपालाय दुरन्तशक्तये कदिन्द्रियाणामनवाप्यवर्त्मने ॥२८॥
नायं वेद स्वमात्मानं यच्छक्त्याहंधिया हतम् । तं दुरत्ययमाहात्म्यं भगवन्तमितोऽस्म्यहम् ॥२९॥

श्रीशुक उवाच

एवं गजेन्द्रमुपवर्णितनिर्विशेषं ब्रह्मादयो विविधलिङ्गभिदाभिमानाः ।
नैते यदोपससृपुर्निखिलात्मकत्वात् तत्राखिलामरमयो हरिराविरासीत् ॥३०॥
तं तद्वदार्त्तमुपलभ्य जगन्निवासः स्तोत्रं निशम्य दिविजैः सह संस्तुवद्भिः ।
छन्दोमयेन गरुडेन समुह्यमानश्चक्रायुधोऽभ्यगमदाशु यतो गजेन्द्रः ॥३१॥
सोऽन्तस्सरस्युरुबलेन गृहीत आर्तो दृष्ट्वा गरुत्मति हरिं ख उपात्तचक्रम् ।
उत्क्षिप्य साम्बुजकरं गिरमाह कृच्छ्रान्नारायणाखिलगुरो भगवन् नमस्ते ॥३२॥
तं वीक्ष्य पीडितमजः सहसावतीर्य सग्राहमाशु सरसः कृपयोज्जहार ।
ग्राहाद् विपाटितमुखादरिणा गजेन्द्रं सम्पश्यतां हरिरमूमुचदुस्रियाणाम् ॥३३॥

(श्रीमद्भागवत ८ । ३ । १—३३)

(अनुवादक—स्वामीजी श्रीअखण्डानन्दजी सरस्वती)

श्रीशुकदेवजी कहते हैं—परीक्षित् ! अपनी बुद्धिसे ऐसा निश्चय करके गजेन्द्रने अपने मनको हृदयमें एकाग्र किया और फिर पूर्वजन्ममें सीखे हुए श्रेष्ठ स्तोत्रके जपद्वारा भगवान्‌की स्तुति करने लगा ॥ १ ॥

गजेन्द्रने कहा—जो जगत्‌के मूल कारण हैं और सबके हृदयमें पुरुषके रूपमें विराजमान हैं एवं समस्त जगत्‌के एकमात्र स्वामी हैं, जिनके कारण इस संसारमें चेतनताका विस्तार होता है—उन भगवान्‌को मैं नमस्कार करता हूँ, प्रेमसे उनका ध्यान करता हूँ ॥ २ ॥ यह संसार उन्हींमें स्थित है, उन्हींकी सत्तासे प्रतीत हो रहा है, वे ही इसमें व्याप्त हो रहे हैं और स्वयं वे ही इसके रूपमें प्रकट हो रहे हैं । यह सब होनेपर भी वे इस संसार और इसके कारण—प्रकृतिसे सर्वथा परे हैं । उन स्वयंप्रकाश, स्वयंसिद्ध सत्तास्वरूप भगवान्‌की मैं शरण ग्रहण करता हूँ ॥ ३ ॥ यह विश्व-प्रपञ्च उन्हींकी मायासे उनमें अध्यस्त है । यह कभी प्रतीत होता है, तो कभी नहीं । परंतु उनकी दृष्टि ज्यों-की-त्यों—एकरस रहती है । वे इसके

साक्षी हैं और उन दोनोंको ही देखते रहते हैं। वे सबके मूल हैं और अपने मूल भी वही हैं। कोई दूसरा उनका कारण नहीं है। वे ही समस्त कार्य और कारणोंसे अतीत प्रभु मेरी रक्षा करें ॥ ४ ॥ प्रलयके समय लोक, लोकपाल और इन सबके कारण सम्पूर्णरूपसे नष्ट हो जाते हैं। उस समय केवल अत्यन्त घना और गहरा अन्धकार-ही-अन्धकार रहता है। परंतु अनन्त परमात्मा उससे सर्वथा परे विराजमान रहते हैं। वे ही प्रभु मेरी रक्षा करें ॥ ५ ॥ उनकी लीलाओंका रहस्य जानना बहुत ही कठिन है। वे नटकी भाँति अनेकों वेष धारण करते हैं। उनके वास्तविक स्वरूपको न तो देवता जानते हैं और न ऋषि ही; फिर दूसरा ऐसा कौन प्राणी है, जो वहाँतक जा सके और उसका वर्णन कर सके ? वे प्रभु मेरी रक्षा करें ॥ ६ ॥ जिनके परम मङ्गलमय स्वरूपका दर्शन करनेके लिये महात्मागण संसारकी समस्त आसक्तियोंका परित्याग कर देते हैं और वनमें जाकर अखण्डभावसे ब्रह्मचर्य आदि अलौकिक व्रतोंका पालन करते हैं तथा अपने आत्माको सबके हृदयमें विराजमान देखकर स्वाभाविक ही सबकी भलाई करते हैं वे ही मुनियोंके सर्वस्व भगवान् मेरे सहायक हैं; वे ही मेरी गति हैं ॥ ७ ॥ न उनके जन्म-कर्म हैं और न नाम-रूप; फिर उनके सम्बन्धमें गुण और दोषकी तो कल्पना ही कैसे की जा सकती है ? फिर भी विश्वकी सृष्टि और संहार करनेके लिये समय-समयपर वे उन्हें अपनी मायासे स्वीकार करते हैं ॥ ८ ॥ उन्हीं अनन्त शक्तिमान् सर्वैश्वर्यमय परब्रह्म परमात्माको मैं नमस्कार करता हूँ। वे अरूप होनेपर भी बहुरूप हैं। उनके कर्म अत्यन्त आश्चर्यमय हैं। मैं उनके चरणोंमें नमस्कार करता हूँ ॥ ९ ॥ स्वयंप्रकाश, सबके साक्षी परमात्माको मैं नमस्कार करता हूँ। जो मन, वाणी और चित्तसे अत्यन्त दूर हैं—उन परमात्माको मैं नमस्कार करता हूँ ॥ १० ॥

विवेकी पुरुष कर्म-संन्यास अथवा कर्म-समर्पणके द्वारा अपना अन्तःकरण शुद्ध करके जिन्हें प्राप्त करते हैं तथा जो स्वयं तो नित्यमुक्त, परमानन्द एवं ज्ञानस्वरूप हैं ही, दूसरोंको कैवल्य-मुक्ति देनेकी सामर्थ्य भी केवल उन्हींमें है—उन प्रभुको मैं नमस्कार करता हूँ ॥ ११ ॥ जो सत्त्व, रज, तम—इन तीन गुणोंका धर्म स्वीकार करके क्रमशः शान्त, घोर और मूढ़ अवस्था भी धारण करते हैं, उन भेदरहित समभावसे स्थित एवं ज्ञानघन प्रभुको मैं बार-बार नमस्कार करता हूँ ॥ १२ ॥ आप सबके स्वामी, समस्त क्षेत्रोंके एकमात्र ज्ञाता एवं सर्वसाक्षी हैं, आपको मैं नमस्कार करता हूँ। आप स्वयं ही अपने कारण हैं। पुरुष और मूल प्रकृतिके रूपमें भी आप ही हैं। आपको मेरे बार-बार नमस्कार ॥ १३ ॥ आप समस्त इन्द्रिय और उनके विषयोंके द्रष्टा हैं, समस्त प्रतीतियोंके आधार हैं। अहङ्कार आदि छायारूप असत् वस्तुओंके द्वारा आपका ही अस्तित्व प्रकट होता है। समस्त वस्तुओंकी सत्ताके रूपमें भी केवल आप ही भास रहे हैं। मैं आपको नमस्कार करता हूँ ॥ १४ ॥ आप सबके मूल कारण हैं, आपका कोई कारण नहीं है। तथा कारण होनेपर भी आपमें विकार या परिणाम नहीं होता, इसलिये आप अनोखे कारण हैं। आपको मेरा बार-बार नमस्कार ! जैसे समस्त नदी-झरने आदिका परम आश्रय समुद्र है, वैसे ही आप समस्त वेद और शास्त्रोंके परम तात्पर्य हैं। आप मोक्षस्वरूप हैं और समस्त संत आपकी ही शरण ग्रहण करते हैं; अतः आपको मैं नमस्कार करता हूँ ॥ १५ ॥ जैसे यज्ञके काष्ठ अरणिमें अग्नि गुप्त रहती है, वैसे ही आपने अपने ज्ञानको गुणोंकी मायासे ढक रखा है। गुणोंमें क्षोभ होनेपर उनके द्वारा विविध प्रकारकी सृष्टिरचनाका आप संकल्प करते हैं। जो लोग कर्म-संन्यास अथवा कर्म-समर्पणके द्वारा आत्मतत्त्वकी भावना करके वेद-शास्त्रोंसे ऊपर उठ जाते हैं, उनके आत्माके रूपमें आप स्वयं ही प्रकाशित हो जाते हैं। आपको मैं नमस्कार करता हूँ ॥ १६ ॥

जैसे कोई दयालु पुरुष फंदेमें पड़े हुए पशुका बन्धन काट दे, वैसे ही आप मेरे-जैसे शरणागतोंकी फाँसी काट देते हैं। आप नित्यमुक्त हैं, परम करुणामय हैं और भक्तोंका कल्याण करनेमें आप कभी आलस्य नहीं करते। आपके चरणोंमें मेरा नमस्कार है। समस्त प्राणियोंके हृदयमें अपने अंशके द्वारा अन्तरात्माके रूपमें आप उपलब्ध होते रहते हैं। आप सर्वैश्वर्यपूर्ण एवं अनन्त हैं। आपको मैं नमस्कार करता हूँ ॥ १७ ॥ जो लोग शरीर, पुत्र, गुरुजन, गृह, सम्पत्ति और स्वजनोंमें आसक्त हैं—उन्हें आपकी प्राप्ति अत्यन्त कठिन है; क्योंकि आप स्वयं गुणोंकी आसक्तिसे रहित हैं। जीवन्मुक्त पुरुष अपने हृदयमें आपका निरन्तर चिन्तन करते रहते हैं। उन सर्वैश्वर्यपूर्ण ज्ञानस्वरूप भगवान्‌को मैं नमस्कार करता हूँ ॥ १८ ॥ धर्म, अर्थ, काम और मोक्षकी कामनासे मनुष्य उन्हींका भजन करके अपनी अभीष्ट वस्तु प्राप्त कर लेते हैं। इतना ही नहीं, वे उनको सभी प्रकारका सुख देते हैं और अपनेही-जैसा अविनाशी पार्षद-शरीर भी देते हैं। वे

ही परम दयालु प्रभु मेरा उद्धार करें ॥१९॥ जिनके अनन्य प्रेमी भक्तजन उन्हींकी शरणमें रहते हुए उनसे किसी भी वस्तुकी—यहाँतक कि मोक्षकी भी अभिलाषा नहीं करते, केवल उनकी परम दिव्य मङ्गलमयी लीलाओंका गान करते हुए आनन्दके समुद्रमें निमग्न रहते हैं ॥ २० ॥ जो अविनाशी, सर्वशक्तिमान्, अव्यक्त, इन्द्रियातीत और अत्यन्त सूक्ष्म हैं, जो अत्यन्त निकट रहनेपर भी बहुत दूर जान पड़ते हैं, जो आध्यात्मिक योग अर्थात् ज्ञानयोग या भक्तियोगके द्वारा प्राप्त होते हैं—उन्हीं आदिपुरुष, अनन्त एवं परिपूर्ण परब्रह्म परमात्माकी मैं स्तुति करता हूँ ॥ २१ ॥

जिनकी अत्यन्त छोटी कलासे अनेकों नाम-रूपके भेद भावसे युक्त ब्रह्मा आदि देवता, वेद और चराचर लोकोंकी सृष्टि हुई है, जैसे धधकती हुई आगसे लपटें और प्रकाशमान सूर्यसे उनकी किरणें बार-बार निकलती और लीन होती रहती हैं, वैसे ही जिन स्वयंप्रकाश परमात्मासे बुद्धि, मन, इन्द्रिय और शरीर—जो गुणोंके प्रवाहरूप हैं—बार-बार प्रकट होते तथा लीन हो जाते हैं, वे भगवान् न देवता हैं और न असुर। वे मनुष्य और पशु-पक्षी भी नहीं हैं। न वे स्त्री हैं, न पुरुष और न नपुंसक। वे कोई साधारण या असाधारण प्राणी भी नहीं हैं। न वे गुण हैं और न कर्म, न कार्य हैं और न तो कारण ही। सबका निषेध हो जानेपर जो कुछ बच रहता है, वही उनका स्वरूप है तथा वे ही सब कुछ हैं। वे ही परमात्मा मेरे उद्धारके लिये प्रकट हों ॥ २२–२४ ॥ मैं जीना नहीं चाहता। यह हाथीकी योनि बाहर और भीतर—सब ओरसे अज्ञानरूप आवरणके द्वारा ढकी हुई है, इसको रखकर करना ही क्या है ? मैं तो आत्मप्रकाशको ढकनेवाले उस अज्ञानरूप आवरणसे छूटना चाहता हूँ, जो कालक्रमसे अपने-आप नहीं छूट सकता, जो केवल भगवत्कृपा अथवा तत्त्वज्ञानके द्वारा ही नष्ट होता है ॥२५॥ इसलिये मैं उन परब्रह्म परमात्माकी शरणमें हूँ, जो विश्वरहित होनेपर भी विश्वके रचयिता और विश्वस्वरूप हैं—साथ ही जो विश्वकी अन्तरात्माके रूपमें विश्वरूप सामग्रीसे क्रीडा भी करते रहते हैं, उन अजन्मा परमपद-स्वरूप ब्रह्मको मैं नमस्कार करता हूँ ॥ २६ ॥ योगीलोग योगके द्वारा कर्म, कर्म वासना और कर्मफलको भस्म करके अपने योगशुद्ध हृदयमें जिन योगेश्वर भगवान्‌का साक्षात्कार करते हैं—उन प्रभुको मैं नमस्कार करता हूँ ॥ २७ ॥ प्रभो ! आपकी तीन शक्तियोंके—सत्त्व, रज और तमके रागादि वेग असह्य हैं। समस्त इन्द्रियों और मनके विषयोंके रूपमें भी आप ही प्रतीत हो रहे हैं। इसलिये जिनकी इन्द्रियाँ वशमें नहीं हैं, वे तो आपकी प्राप्तिका मार्ग भी नहीं पा सकते। आपकी शक्ति अनन्त है। आप शरणागतवत्सल हैं। आपको मैं बार-बार नमस्कार करता हूँ ॥ २८ ॥ आपकी माया अहंबुद्धिसे आत्माका स्वरूप ढक गया है, इसीसे यह जीव अपने स्वरूपको नहीं जान पाता। आपकी महिमा अपार है। उन सर्वशक्तिमान एवं माधुर्यनिधि भगवान्‌की मैं शरणमें हूँ ॥२९॥

श्रीशुकदेवजी कहते हैं—परीक्षित् ! गजेन्द्रने बिना किसी भेदभावके निर्विशेषरूपसे भगवान्‌की स्तुति की थी, इसलिये भिन्न-भिन्न नाम और रूपको अपना स्वरूप माननेवाले ब्रह्मा आदि देवता उसकी रक्षा करनेके लिये नहीं आये। उस समय सर्वात्मा होनेके कारण सर्वदेवस्वरूप स्वयं भगवान् श्रीहरि प्रकट हो गये ॥ ३० ॥ विश्वके एकमात्र आधार भगवान्‌ने देखा कि गजेन्द्र अत्यन्त पीड़ित हो रहा है। अतः उसकी स्तुति सुनकर वेदमय गरुड़पर सवार हो चक्रधारी भगवान् बड़ी शीघ्रतासे वहाँके लिये चल पड़े, जहाँ गजेन्द्र अत्यन्त संकटमें पड़ा हुआ था। उनके साथ स्तुति करते हुए देवता भी आये ॥ ३१ ॥ सरोवरके भीतर बलवान् ग्राहने गजेन्द्रको पकड़ रक्खा था और वह अत्यन्त व्याकुल हो रहा था। जब उसने देखा कि आकाशमें गरुड़पर सवार होकर हाथमें चक्र लिये भगवान् श्रीहरि आ रहे हैं, तब अपनी सूँड़में कमलका एक सुन्दर पुष्प लेकर उसने ऊपरको उठाया और बड़े कष्टसे बोला—'नारायण ! जगद्गुरो ! भगवन् ! आपको नमस्कार है' ॥ ३२ ॥ जब भगवान्‌ने देखा कि गजेन्द्र अत्यन्त पीड़ित हो रहा है, तब वे एकबारगी गरुड़को छोड़कर कूद पड़े और कृपा करके गजेन्द्रके साथ ही ग्राहको भी बड़ी शीघ्रतासे सरोवरसे बाहर निकाल लाये। फिर सब देवताओंके सामने ही भगवान् श्रीहरिने चक्रसे ग्राहका मुँह फाड़ डाला और गजेन्द्रको छुड़ा लिया ॥३३॥

भगवान् श्रीरामचन्द्रजीका स्तवन

(इस स्तोत्रके श्रद्धाभक्तिपूर्वक—'रामभद्र महेष्वास रघुवीर नृपोत्तम । भो दशास्यान्तकास्माकं रक्षां देहि श्रियं च मे ।' इस मन्त्रके साथ नित्यपाठसे रोगनाश, दारिद्र्यनाश, अभावपूर्ति और निष्कामभावसे करनेपर भगवत्प्रेम तथा भगवान्‌की प्राप्ति होती है ।)

मुनय ऊचुः

नमस्ते रामचन्द्राय लोकानुग्रहकारिणे । अरावणं जगत्कर्तुमवतीर्णाय भूतले ॥
ताटकादेहसंहर्त्रे गाधिजाध्वररक्षिणे । नमस्ते जितमारीच सुबाहुप्राणहारिणे ॥
अहल्यामुक्तिसंदायिपादपङ्कजरेणवे । नमस्ते हरकोदण्डलीलाभञ्जनकारिणे ॥
नमस्ते मैथिलीपाणिग्रहणोत्सवशालिने । नमस्ते रेणुकापुत्रपराजयविधायिने ॥
सह लक्ष्मणसीताभ्यां कैकेय्यास्तु वरद्वयात् । सत्यं पितृवचः कर्तुं नमो वनमुपेयुषे ॥
भरतप्रार्थनादत्तपादुकायुगलाय ते । नमस्ते शरभङ्गस्य स्वर्गप्राप्त्यैकहेतवे ॥
नमो विराधसंहर्त्रे गृध्रराजसखाय ते । मायामृगमहाक्रूरमारीचाङ्गविदारिणे ॥
सीतापहारिलोकेशयुद्धत्यक्तकलेवरम् । जटायुषं तु संदह्य तत्कैवल्यप्रदायिने ॥
नमः कबन्धसंहर्त्रे शबरीपूजिताङ्घ्रये । प्राप्तसुग्रीवसख्याय कृतवालिवधाय ते ॥
नमः कृतवते सेतुं समुद्रे वरुणालये । सर्वराक्षससंहर्त्रे रावणप्राणहारिणे ॥
संसाराम्बुधिसंतारपोतपादाम्बुजाय ते । नमो भक्तार्तिसंहर्त्रे सच्चिदानन्दरूपिणे ॥
नमस्ते रामभद्राय जगतामृद्धिहेतवे । रामादिपुण्यनामानि जपतां पापहारिणे ॥
नमस्ते सर्वलोकानां सृष्टिस्थित्यन्तकारिणे । नमस्ते करुणामूर्ते भक्तरक्षणदीक्षित ॥
ससीताय नमस्तुभ्यं विभीषणसुखप्रद । लङ्केश्वरवधाद्राम पालितं हि जगत्त्वया ॥
रक्ष रक्ष जगन्नाथ पाह्यस्माज्ञानकीपते । स्तुत्वैवं मुनयः सर्वे तूष्णीं तस्थुर्द्विजोत्तमाः ॥

श्रीसूत उवाच

य इदं रामचन्द्रस्य स्तोत्रं मुनिभिरीरितम् । त्रिसंध्यं पठते भक्त्या भुक्तिं मुक्तिं च विन्दति ॥
प्रयाणकाले पठतो न भीतिरुपजायते । एतत्स्तोत्रस्य पठनाद् भूतवेतालकादयः ॥
नश्यन्ति रोगाः सकला नश्यते पापसंचयः । पुत्रकामो लभेत्पुत्रं कन्या विन्दति सत्पतिम् ॥
मोक्षकामो लभेन्मोक्षं धनकामो धनं लभेत् । सर्वान्कामानवाप्नोति पठनभक्त्या त्विमं स्तवम् ॥

(स्कन्दपुराण-ब्रह्मखण्ड, सेतुमाहात्म्य । १४ । ६३—८१)

(अनुवादक—पाण्डेय प० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

मुनियोंने कहा—सम्पूर्ण लोकापर अनुग्रह करनेवाले आप भगवान् श्रीरामचन्द्रजीको नमस्कार है । आपने इस संसारको रावणसे शून्य करनेके लिये अवतार लिया है, आपको नमस्कार है । ताड़काका संहार और विश्वामित्रके यज्ञकी रक्षा करनेवाले आपको नमस्कार है । मारीचको जीतनेवाले, सुबाहुका प्राण हरण करनेवाले श्रीराम ! आपको नमस्कार है । आपके चरणारविन्दोंकी धूलि अहल्याको मुक्ति देनेवाली है, आपने भगवान् शंकरके धनुषको लीलापूर्वक भङ्ग किया है; आपको नमस्कार है । मिथिलेशकुमारी सीताके पाणिग्रहण-सम्बन्धी उत्सवसे सुशोभित होनेवाले आपको नमस्कार है । रेणुकानन्दन परशुरामजीको पराजित करनेवाले आपको नमस्कार है । कैकेयीके दो वरदानोंसे विवश हुए पिताके वचनको सत्य करनेके लिये सीता और लक्ष्मणके साथ वनकी यात्रा करनेवाले आपको नमस्कार है । भरतकी प्रार्थनापर उन्हें अपने चरणोंकी युगल पादुका समर्पित करनेवाले आपको नमस्कार है । शरभङ्ग मुनिको अपने

परम धामकी प्राप्ति करानेवाले आपको नमस्कार है। विराध राक्षसका संहार करनेवाले तथा गृध्रराज जटायुको अपना सखा बनानेवाले आपको नमस्कार है। मायासे मृगका रूप धारण करके आये हुए महाक्रूर मारीचके शरीरको अपने बाणोंसे विदीर्ण करनेवाले आपको नमस्कार है। रावणसे हरी गयी सीताको छुड़ानेके लिये जिन्होंने युद्धमें अपने शरीरका त्याग कर दिया, उन जटायुको अपने हाथसे दाह-संस्कार करके कैवल्य-मोक्ष प्रदान करनेवाले आपको नमस्कार है। कबन्धका संहार करनेवाले आपको नमस्कार है। शबरीने आपके चरणारविन्दोंका पूजन किया है, आपने सुग्रीवके साथ मैत्री जोड़ी है तथा वाली नामक वानरका वध किया है; आपको नमस्कार है। वरुणालय समुद्रमें सेतुनिर्माण करनेवाले आपको नमस्कार है। समस्त राक्षसोंका संहार तथा रावणका प्राण हरण करनेवाले आपको नमस्कार है। आपके चरणारविन्द संसार-सागरसे पार उतारनेके लिये जहाज है। आपको नमस्कार है। भक्तोंकी पीड़ा दूर करनेवाले सच्चिदानन्दस्वरूप आप श्रीरघुनाथजीको नमस्कार है। जगत्‌के अभ्युदयके कारणभूत आप श्रीरामभद्रको नमस्कार है। राम आदि पवित्र नामोंका जप करनेवाले मनुष्योंके पाप हर लेनेवाले आपको नमस्कार है। आप सब लोकोंकी सृष्टि, पालन और संहार करनेवाले हैं; आपको नमस्कार है। करुणामूर्ति! आपको नमस्कार है। भक्तोंकी रक्षाके व्रतकी दीक्षा लेनेवाले प्रभो! आपको नमस्कार है। सीतासहित आपको नमस्कार है। विभीषणको सुख देनेवाले श्रीराम! आपने लङ्कापति रावणका वध करके सम्पूर्ण जगत्‌की रक्षा की है, आपको नमस्कार है। जगन्नाथ! हमारी रक्षा कीजिये, रक्षा कीजिये। जानकीपते! हम सबका पालन कीजिये। इस प्रकार स्तुति करके सब मुनि चुप हो गये॥ १—१५॥

श्रीसूतजी कहते हैं—मुनियोंद्वारा किये हुए श्रीरामचन्द्रजीके इस स्तोत्रका जो भक्तिपूर्वक तीनों समय पाठ करता है, वह भोग और मोक्षको प्राप्त करता है। यात्राके समय इस स्तोत्रका पाठ करनेसे भूत-वेतालादि भय नहीं दे सकते। इस स्तोत्रके पाठसे समस्त (शारीरिक-मानसिक) रोगोंका तथा पापोंके समूहका नाश हो जाता है। पुत्रकी इच्छावाला पुत्र प्राप्त करता है तथा कन्याको सत्-स्वभावके पतिकी प्राप्ति होती है। मोक्षकी कामनावाला मोक्ष पाता है और धनकी इच्छावाला धन। इस स्तवनका भक्तिपूर्वक पाठ करनेसे सभी मनोरथोंकी प्राप्ति होती है॥ १६—१९॥

श्रीहनुमान्‌जीद्वारा भगवान् श्रीराम और सीताका स्तवन

(इस स्तोत्रके प्रतिदिन—'आपदामपहर्तारं दातारं सर्वसम्पदाम्। लोकाभिरामं श्रीरामं भूयो भूयो नमाम्यहम्॥'—सम्पुटसहित श्रद्धा-भक्तियुक्त पाठ और अनुष्ठानसे पापतापनाश और मनोवाञ्छित सर्वार्थसिद्धि होती है।)

नमो रामाय हरये विष्णवे प्रभविष्णवे। आदिदेवाय देवाय पुराणाय गदाभृते॥
विष्टरे पुष्पके नित्यं निविष्टाय महात्मने। प्रहृष्टवानरानीकजुष्टपादाम्बुजाय ते॥
निष्पिष्टराक्षसेन्द्राय जगदिष्टविधायिने। नमः सहस्रशिरसे सहस्रचरणाय च॥
सहस्राक्षाय शुद्धाय राघवाय च विष्णवे। भक्तार्तिहारिणे तुभ्यं सीतायाः पतये नमः॥
हरये नारसिंहाय दैत्यराजविदारिणे। नमस्तुभ्यं वराहाय दंष्ट्रोद्धृतवसुन्धर॥
त्रिविक्रमाय भवते बलियज्ञविभेदिने। नमो वामनरूपाय नमो मन्दरधारिणे॥
नमस्ते मत्स्यरूपाय त्रयीपालनकारिणे। नमः परशुरामाय क्षत्रियान्तकराय ते॥
नमस्ते राक्षसघ्नाय नमो राघवरूपिणे। महादेवमहाभीममहाकोदण्डभेदिने॥
क्षत्रियान्तकरक्रूरभार्गवत्रासकारिणे। नमोऽस्त्वहल्यासंतापहारिणे चापहारिणे॥
नागायुतबलोपेततातकादेहहारिणे। शिलाकठिनविस्तारबालिवक्षोविभेदिने॥
नमो मायामृगोन्माथकारिणेऽज्ञानहारिणे। दशस्यन्दनदुःखाब्धिशोषणागस्त्यरूपिणे॥

अनेकोर्मिसमाधूतसमुद्रमदहारिणे । मैथिलीमानसाम्भोजभानवे लोकसाक्षिणे ॥
राजेन्द्राय नमस्तुभ्यं जानकीपतये हरे । तारकब्रह्मणे तुभ्यं नमो राजीवलोचन ॥
रामाय रामचन्द्राय वरेण्याय सुखात्मने । विश्वामित्रप्रियायेदं नमः खरविदारिणे ॥
प्रसीद देवदेवेश भक्तानामभयप्रद । रक्ष मां करुणासिन्धो रामचन्द्र नमोऽस्तु ते ॥
रक्ष मां वेदवचसामप्यगोचर राघव । पाहि मां कृपया राम शरणं त्वामुपैम्यहम् ॥
रघुवीर महामोहमपाकुरु ममाधुना । स्नाने चाचमने भुक्तौ जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिषु ॥
सर्वावस्थासु सर्वत्र पाहि मां रघुनन्दन । महिमानं तव स्तोतुं कः समर्थो जगत्त्रये ॥
त्वमेव त्वन्महत्त्वं वै जानासि रघुनन्दन । इति स्तुत्वा वायुपुत्रो रामचन्द्रं करुणानिधिम् ॥

श्रीजानकीजीका स्तवन

जानकि त्वां नमस्यामि सर्वपापप्रणाशिनीम् ॥
दारिद्र्यरणसंहर्त्रीं भक्तानामिष्टदायिनीम् । विदेहराजतनयां राघवानन्दकारिणीम् ॥
भूमेर्दुहितरं विद्यां नमामि प्रकृतिं शिवाम् । पौलस्त्यैश्वर्यसंहर्त्रीं भक्ताभीष्टां सरस्वतीम् ॥
पतिव्रताधुरीणां त्वां नमामि जनकात्मजाम् । अनुग्रहपरामृद्धिमनघां हरिवल्लभाम् ॥
आत्मविद्यां त्रयीरूपामुमारूपां नमाम्यहम् । प्रसादाभिमुखीं लक्ष्मीं क्षीराब्धितनयां शुभाम् ॥
नमामि चन्द्रभगिनीं सीतां सर्वाङ्गसुन्दरीम् । नमामि धर्मनिलयां करुणां वेदमातरम् ॥
पद्मालयां पद्महस्तां विष्णुवक्षःस्थलालयाम् । नमामि चन्द्रनिलयां सीतां चन्द्रनिभाननाम् ॥
आह्लादरूपिणीं सिद्धिं शिवां शिवकरीं सतीम् । नमामि विश्वजननीं रामचन्द्रेष्टवल्लभाम् ॥
सीतां सर्वानवद्याङ्गीं भजामि सनतं हृदा ।

श्रीसूत उवाच

स्तुत्वैवं हनुमान् सीतारामचन्द्रौ सभक्तिकम् ॥
आनन्दाश्रुपरिक्लिन्नस्तूष्णीमास्ते द्विजोत्तमाः ।
य इदं वायुपुत्रेण कथितं पापनाशनम् ॥
स्तोत्रं श्रीरामचन्द्रस्य सीतायाः पठतेऽन्वहम् । स नरो महदैश्वर्यमश्नुते वाञ्छितं सदा ॥
अनेकक्षेत्रधान्यानि गाश्च दोग्ध्रीः पयस्विनीः । आयुर्विद्याश्च पुत्रांश्च भार्यामपि मनोरमाम् ॥
एतत् स्तोत्रं सकृद्विप्राः पठन्नाप्नोत्यसंशयः । एतत्स्तोत्रस्य पाठेन नरकं नैव यास्यति ॥
ब्रह्महत्यादिपापानि नश्यन्ति सुमहान्त्यपि । सर्वपापविनिर्मुक्तो देहान्ते मुक्तिमाप्नुयात् ॥

(स्कन्द० ब्रह्म० सेतु० ७६ । ३१—६३)

(अनुवादक—पाण्डेय प० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

श्रीहनुमान्‌जीने कहा—सबकी उत्पत्तिके आदिकारण सर्वव्यापी श्रीहरिस्वरूप श्रीरामचन्द्रजीको नमस्कार है। आदिदेव पुराणपुरुष भगवान् गदाधरको नमस्कार है। पुष्पकके आसनपर नित्य विराजमान महात्मा श्रीरघुनाथजीको नमस्कार है। प्रभो! हर्षमें भरे हुए वानरोंका समुदाय आपके युगल चरणारविन्दोंकी सेवा करता है, आपको नमस्कार है। राक्षसराज रावणको पीस डालनेवाले तथा सम्पूर्ण जगत्‌का अभीष्ट सिद्ध करनेवाले श्रीरामचन्द्रजीको नमस्कार है। आपके सहस्रों मस्तक एवं सहस्रों चरण हैं। आपके सहस्रों नेत्र हैं, आप विशुद्ध विष्णुस्वरूप राघवेन्द्रको नमस्कार है।

आप भक्तोंकी पीड़ा दूर करनेवाले तथा सीताके प्राण वल्लभ हैं, आपको नमस्कार है। दैत्यराज हिरण्यकशिपुके

वक्षःस्थलको विदीर्ण करनेवाले आप नृसिंहरूपधारी भगवान् विष्णुको नमस्कार है। अपनी दाढ़ोपर पृथ्वीको उठानेवाले भगवान् वराहरूप आपको नमस्कार है। बलिके यज्ञको भंग करनेवाले आप भगवान् त्रिविक्रमको नमस्कार है। वामनरूपधारी भगवान्‌को नमस्कार है। अपनी पीठपर महान् मन्दराचल धारण करनेवाले भगवान् कच्छपको नमस्कार है। तीनों वेदोंकी रक्षा करनेवाले मत्स्यरूपधारी भगवान्‌को नमस्कार है। क्षत्रियोंका अन्त करनेवाले परशुरामरूपी आपको नमस्कार है। राक्षसोंका नाश करनेवाले आपको नमस्कार है। राघवेन्द्रका रूप धारण करनेवाले आपको नमस्कार है। महादेवजीके महान् भयङ्कर महाधनुषको भंग करनेवाले आपको नमस्कार है। क्षत्रियोंका अन्त करनेवाले क्रूर परशुरामको भी त्रास देनेवाले आपको नमस्कार है। भगवन्! आप अहल्याके संताप और महादेवजीके चापको खण्ड-खण्ड कर देनेवाले हैं, आपको नमस्कार है। दस हजार हाथियोंका बल रखनेवाली ताड़काके शरीरका अन्त करनेवाले आपको नमस्कार है। पत्थरके समान कठोर और चौड़ी छातीको छेद डालनेवाले आपको नमस्कार है। आप मायामृग-का नाश करनेवाले तथा अज्ञानको हर लेनेवाले हैं, आपको नमस्कार है। दशरथजीके दुःखरूपी समुद्रको सोख लेनेके लिये आप मूर्तिमान् अगस्त्य हैं, आपको नमस्कार है। अनन्त उत्ताल तरङ्गोंसे उद्वेलित समुद्रका भी दर्प-दलन करनेवाले आपको नमस्कार है। मिथिलेशनन्दिनी सीताके हृदयकमलको विकसित करनेवाले सूर्यरूप आप लोकसाक्षीको नमस्कार है। हरे! आप राजाओंके भी राजा और जानकीजीके प्राण-वल्लभ हैं, आपको नमस्कार है। कमलनयन! आप ही तारक ब्रह्म हैं, आपको नमस्कार है। आप ही योगियोंके मनको रमानेवाले 'राम' हैं। राम होते हुए चन्द्रमाके समान आह्लाद प्रदान करनेके कारण 'रामचन्द्र' हैं। सबसे श्रेष्ठ और सुखस्वरूप हैं। आप विश्वामित्रके प्रिय तथा खर नामक राक्षसका हृदय विदीर्ण करनेवाले हैं, आपको नमस्कार है। भक्तोंको अभयदान देनेवाले देवदेवेश्वर! प्रसन्न होइये। करुणासिन्धु श्रीरामचन्द्र! आपको नमस्कार है, मेरी रक्षा कीजिये। वेदवाणीके भी अगोचर राघवेन्द्र! मेरी रक्षा कीजिये। श्रीराम! कृपा करके मुझे उबारिये! मैं आपकी शरण आया हूँ। रघुवीर! मेरे महान् मोहको इसी समय दूर कीजिये। रघुनन्दन! स्नान, आचमन, भोजन, जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति आदि सभी क्रियाओं और सभी अवस्थाओंमें आप मेरी रक्षा कीजिये। तीनों लोकोंमें कौन ऐसा पुरुष है, जो आपकी महिमाका बखान करनेमें समर्थ हो। रघुकुलको आनन्दित करनेवाले श्रीराम! आप ही अपनी महिमाको जानते हैं।

जनकनन्दिनी! आपको नमस्कार करता हूँ। आप सब पापोंका नाश तथा दारिद्र्यका संहार करनेवाली हैं। भक्तोंको अभीष्ट वस्तु देनेवाली भी आप ही हैं। राघवेन्द्र श्रीरामको आनन्द प्रदान करनेवाली विदेहराज जनककी लाड़ली श्रीकिशोरीजीको मैं प्रणाम करता हूँ। आप पृथ्वीकी कन्या और विद्या (ज्ञान) स्वरूपा हैं, कल्याणमयी प्रकृति भी आप ही हैं। रावणके ऐश्वर्यका संहार तथा भक्तोंके अभीष्टका दान करनेवाली सरस्वतीरूपा भगवती सीताको मैं नमस्कार करता हूँ। पतिव्रताओंमें अग्रगण्य आप श्रीजनक दुलारीको मैं प्रणाम करता हूँ। आप सबपर अनुग्रह करनेवाली समृद्धि, पापरहित और विष्णुप्रिया लक्ष्मी हैं। आप ही आत्म विद्या, वेदत्रयी तथा पार्वतीस्वरूपा हैं; मैं आपको नमस्कार करता हूँ। आप ही क्षीरसागरकी कन्या महालक्ष्मी हैं, जो भक्तोंपर कृपाका प्रसाद करनेके लिये सदा उत्सुक रहती हैं। चन्द्रमाकी भगिनी (लक्ष्मीस्वरूपा) सर्वाङ्गसुन्दरी सीताको मैं प्रणाम करता हूँ। धर्मकी आश्रयभूता करुणामयी वेदमाता गायत्रीस्वरूपिणी श्रीजानकीको मैं नमस्कार करता हूँ। आपका कमलमें निवास है, आप ही हाथमें कमल धारण करने-वाली तथा भगवान् विष्णुके वक्षःस्थलमें निवास करनेवाली लक्ष्मी हैं, चन्द्रमण्डलमें भी आपका निवास है, आप चन्द्र-मुखी सीतादेवीको मैं नमस्कार करता हूँ। आप श्रीरघुनन्दनकी आह्लादमयी शक्ति हैं, कल्याणमयी सिद्धि हैं और भगवान् शिवकी अर्द्धाङ्गिनी कल्याणकारिणी सती हैं। श्रीरामचन्द्रजीकी परम प्रियतमा जगदम्बा जानकीको मैं प्रणाम करता हूँ। सर्वाङ्गसुन्दरी सीताजीका मैं अपने हृदयमें निरन्तर चिन्तन करता हूँ।

श्रीसूतजी कहते हैं—द्विजवरो! इस प्रकार हनुमान्‌जी भक्तिपूर्वक श्रीसीताजी और श्रीरामचन्द्रजीकी स्तुति करके आनन्दके आँसू बहाते हुए मौन हो गये।

जो वायुपुत्र हनुमान्‌जीद्वारा वर्णित श्रीराम और सीताके इस पापनाशक स्तोत्रका प्रतिदिन पाठ करता है, वह सदा मनोवाञ्छित महान् ऐश्वर्यका उपभोग करता है। इस स्तोत्र-का एक बार भी पाठ करनेवाला मनुष्य अनेक क्षेत्र, धान्य, दूध देनेवाली गौएँ, आयु, विद्याएँ, मनोरमा भार्या तथा श्रेष्ठ

पुत्र- इन सब वस्तुओंको निःसंदेह प्राप्त कर लेता है। इसके बड़े पाप नष्ट हो जाते हैं। वह सब पापोंसे मुक्त हो देहावसान पाठसे मनुष्य नरकमें नहीं पड़ता है। उसके ब्रह्महत्यादि बड़े- होनेपर मोक्ष पा लेता है।

पापप्रशमनस्तोत्र

(देवर्षि नारदरचित इस स्तोत्रका पापोंके प्रायश्चित्तरूप श्रद्धाभक्तिपूर्वक पाठ करनेसे पापोंका निश्चित नाश होता है)

अथाकर्णय भूपाल स्तवं दुरितनाशनम्। यमाकर्ण्य नरो भक्त्या मुच्यते पापराशिभिः॥ १॥
यस्य स्मरणमात्रेण पापिनः शुद्धिमागताः। अन्येऽपि बहवो मुक्ताः पापादज्ञानसम्भवात्॥ २॥
परदारपरद्रव्यजीवहिंसादिके यदा। प्रवर्तते नृणां चित्तं प्रायश्चित्तं स्तुतिस्तदा॥ ३॥
विष्णवे विष्णवे नित्यं विष्णवे विष्णवे नमः। नमामि विष्णुं चित्तस्थमहंकारगतं हरिम्॥ ४॥
चित्तस्थमीशमव्यक्तमनन्तमपराजितम् । विष्णुमीड्यमशेषाणामनादिनिधनं हरिम्॥ ५॥
विष्णुश्चित्तगतो यन्मे विष्णुर्बुद्धिगतश्च यत्। योऽहंकारगतो विष्णुर्यो विष्णुर्मयि संस्थितः॥ ६॥
करोति कर्तृभूतोऽसौ स्थावरस्य चरस्य च। तत्पापं नाशमायाति तस्मिन् विष्णौ विचिन्तिते॥ ७॥
ध्यातो हरति यः पापं स्वप्ने दृष्टश्च पापिनाम्। तमुपेन्द्रमहं विष्णुं नमामि प्रणतप्रियम्॥ ८॥
जगत्यस्मिंश्चिरालम्बं ह्यजमक्षरमव्ययम्। हस्तावलम्बनं स्तोत्रं विष्णुं वन्दे सनातनम्॥ ९॥
सर्वेश्वरेश्वर विभो परमात्मन्नधोक्षज। हृषीकेश हृषीकेश हृषीकेश नमोऽस्तु ते॥१०॥
नृसिंहानन्त गोविन्द भूतभावन केशव। दुरुक्तं दुष्कृतं ध्यातं शमयाशु जनार्दन॥११॥
यन्मया चिन्तितं दुष्टं स्वचित्तवशवर्तिना। आकर्ण्य महाबाहो तच्छमं नय केशव॥१२॥
ब्रह्मण्यदेव गोविन्द परमार्थपरायण। जगन्नाथ जगद्धातः पापं शमय मेऽच्युत॥१३॥
यच्चापराह्णे सायाह्ने मध्याह्ने च तथा निशि। कायेन मनसा वाचा कृतं पापमजानता॥१४॥
जानता च हृषीकेश पुण्डरीकाक्ष माधव। नामत्रयोच्चारणतः सर्वं यातु मम क्षयम्॥१५॥
शारीरं मे हृषीकेश पुण्डरीकाक्ष मानसम्। पापं प्रशममायातु वाक्कृतं मम माधव॥१६॥
यद् भुञ्जानः पिबंस्तिष्ठन् स्वपञ्जाग्रद् यदा स्थितः। अकार्यं पापमर्थार्थं कायेन मनसा गिरा॥१७॥
महदल्पं च यत्पापं दुर्योनिनरकावहम्। तत्सर्वं विलयं यातु वासुदेवस्य कीर्तनात्॥१८॥
परं ब्रह्म परं धाम पवित्रं परमं च यत्। अस्मिन् संकीर्तिते विष्णौ यत् पापं तत् प्रणश्यतु॥१९॥
यत्प्राप्य न निवर्तन्ते गन्धस्पर्शविवर्जितम्। सूरयस्तत्पदं विष्णोस्तत्सर्वं मे भवत्वलम्॥२०॥
पापप्रशमनं स्तोत्रं यः पठेच्छृणुयान्नरः। शारीरैर्मानसैर्वाचा कृतैः पापैः प्रमुच्यते॥२१॥
मुक्तः पापग्रहादिभ्यो याति विष्णोः परं पदम्। तस्मात्सर्वप्रयत्नेन स्तोत्रं सर्वाघनाशनम्॥२२॥
प्रायश्चित्तमघौघानां पठितव्यं नरोत्तमैः। प्रायश्चित्तैः स्तोत्रजपैर्व्रतैर्नश्यति पातकम्॥२३॥
ततः कार्याणि संसिद्ध्यै तानि वै भुक्तिमुक्तये। पूर्वजन्मार्जितं पापमैहिकं च नरेश्वर॥२४॥
स्तोत्रस्य श्रवणादस्य सद्य एव विलीयते। पापद्रुमकुठारोऽयं पापेन्धनदवानलः॥२५॥
पापराशितमस्तोमभानुरेष स्तवो नृप। मया प्रकाशितस्तुभ्यं तथा लोकानुकम्पया॥२६॥
स्तवोऽयं यो मया प्राप्तो रहस्यं पितुरादरात्। इति ते यन्मया प्रोक्तं स्तोत्रं पापप्रणाशनम्॥२७॥
अस्यापि पुण्यं माहात्म्यं वक्तुं शक्तः स्वयं हरिः॥२८॥

(पद्म० पाताल० ८८। ६९-९५)

(अनुवादक- पाण्डेय प० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

श्रीनारदजी कहते हैं—राजन्! अब तुम पापप्रशमन नामक स्तोत्र सुनो। इसका भक्तिपूर्वक श्रवण करके भी मनुष्य पापराशियोंसे मुक्त हो जाता है। इसके चिन्तनमात्रसे बहुतेरे पापी शुद्ध हो चुके हैं। इसके सिवा और भी बहुत-से मनुष्य इस स्तोत्रका सहारा लेकर अज्ञानजनित पापसे मुक्त हो गये हैं। जब मनुष्यका चित्त परायी स्त्री, पराये धन तथा जीवहिंसा आदिकी ओर जाय, उस समय यह स्तोत्र ही प्रायश्चित्तका काम देता है॥१ ३॥ यह स्तुति इस प्रकार है—

सम्पूर्ण विश्वमें व्यापक भगवान् श्रीविष्णुको सर्वदा नमस्कार है। विष्णुको बारंबार प्रणाम है। मैं अपने चित्तमें विराजमान विष्णुको बारंबार नमस्कार करता हूँ। अपने अहंकारमें व्याप्त श्रीहरिको मस्तक झुकाता हूँ। श्रीविष्णु चित्तमें विराजमान ईश्वर (मन और इन्द्रियोंके शासक), अव्यक्त, अनन्त, अपराजित, सबके द्वारा स्तवन करने योग्य तथा आदि-अन्तसे रहित हैं; ऐसे श्रीहरिको मैं नित्य-निरन्तर प्रणाम करता हूँ। जो विष्णु मेरे चित्तमें विराजमान हैं, जो विष्णु मेरी बुद्धिमें स्थित हैं, जो विष्णु मेरे अहंकारमें व्याप्त हैं तथा जो विष्णु सदा मेरे स्वरूपमें स्थित हैं, वे ही कर्ता होकर सब कुछ करते हैं। उन विष्णुभगवान्‌का गाढ चिन्तन करनेपर चराचर प्राणियोंका सारा पाप नष्ट हो जाता है। जो ध्यान करने और स्वप्नमें दीख जानेपर भी पापियोंके पापको हर लेते हैं तथा चरणोंमें पड़े हुए शरणागत भक्त जिन्हें अत्यन्त प्रिय हैं, उन वामनरूपधारी भगवान् विष्णुको नमस्कार करता हूँ। जो अजन्मा, अक्षर और अविनाशी हैं तथा इस अवलम्बशून्य संसारमें हाथका सहारा देनेवाले हैं, स्तोत्रोंद्वारा जिनकी स्तुति की जाती है, उन सनातन विष्णुको मैं प्रणाम करता हूँ। हे सर्वेश्वर! हे ईश्वर! हे व्यापक परमात्मन्! हे इन्द्रियातीत एवं इन्द्रियोंका शासन करनेवाले अन्तर्यामी हृषीकेश! आपको नमस्कार है। हे नृसिंह! हे अनन्त! हे गोविन्द! हे भूतभावन! हे केशव! हे जनार्दन! मेरे दुर्वचन, दुष्कर्म और दुश्चिन्तनको शीघ्र नष्ट कीजिये। महाबाहो! मेरी प्रार्थना सुनिये—अपने चित्तके वशमें होकर मैंने जो कुछ बुरा चिन्तन किया हो, उसको शान्त कर दीजिये। ब्राह्मणोंका हित साधन करनेवाले देवता गोविन्द! परमार्थमें तत्पर रहनेवाले जगन्नाथ! जगत्‌को धारण करनेवाले अच्युत! मेरे पापोंका नाश कीजिये। मैंने अपराह्ण, सायाह्ण, मध्याह्ण तथा रात्रिके समय शरीर, मन और वाणीके द्वारा, जानकर या अनजानमें जो कुछ पाप किया हो, वह सब 'हृषीकेश' 'पुण्डरीकाक्ष' और 'माधव' इन तीन नामोंके उच्चारणसे नष्ट हो जाय। हृषीकेश! आपके नामोच्चारणसे मेरा शारीरिक पाप नष्ट हो जाय, पुण्डरीकाक्ष! आपके स्मरणसे मेरा मानस-पाप शान्त हो जाय तथा माधव! आपके नाम-कीर्तनसे मेरे वाचिक पाप नष्ट हो जायँ।

मैंने खाते, पीते, खड़े होते, सोते, जागते तथा ठहरते समय मन, वाणी और शरीरसे, स्वार्थ या धनके लिये जो कुत्सित योनियों और नरकोंकी प्राप्ति करानेवाला महान् या थोड़ा पाप किया है, वह सब भगवान् वासुदेवका नामोच्चारण करनेसे नष्ट हो जाय। जो परब्रह्म, परमधाम और परम पवित्र है, वह तत्त्व भगवान् विष्णु ही हैं; इन श्रीविष्णुभगवान्‌का कीर्तन करनेसे मेरे जो भी पाप हों, वे नष्ट हो जायँ। जो गन्ध और स्पर्शसे रहित हैं, ज्ञानी पुरुष जिसे पाकर पुनः इस संसारमें नहीं लौटते, वह विष्णुका ही परम पद है; वह सब मुझे पूर्णरूपसे प्राप्त हो जाय॥ ४—२०॥

यह 'पापप्रशमन' नामक स्तोत्र है। जो मनुष्य इसे पढ़ता और सुनता है, वह शरीर, मन और वाणीद्वारा किये हुए पापोंसे मुक्त हो जाता है। इतना ही नहीं, वह पापग्रह आदिके भयसे भी मुक्त होकर भगवान् विष्णुके परमपदको प्राप्त होता है। यह स्तोत्र सब पापोंका नाशक तथा पापराशिका प्रायश्चित्त है; इसलिये श्रेष्ठ मनुष्योंको पूर्ण प्रयत्न करके इस स्तोत्रका पाठ करना चाहिये। स्तोत्र-पाठ, मन्त्रजप और व्रतरूपी प्रायश्चित्तसे पापका नाश होता है; इसलिये भोग तथा मोक्ष आदि अभीष्टोंकी सिद्धिके लिये उपर्युक्त कार्य करने चाहिये। राजन्! इस स्तोत्रके श्रवणमात्रसे पूर्व जन्म तथा इस जन्मके किये हुए पाप भी तत्काल नष्ट हो जाते हैं। यह स्तोत्र पापरूपी वृक्षके लिये कुठार और पापमय ईंधनके लिये दावानल है। पापराशिरूपी अन्धकार-समूहका नाश करनेके लिये यह स्तोत्र सूर्यके समान है। मैंने सम्पूर्ण जगत्‌पर अनुग्रह करनेके लिये इसे तुम्हारे सामने प्रकाशित किया है। इसके पुण्यमय माहात्म्यका वर्णन करनेमें एकमात्र श्रीहरि ही समर्थ हैं॥ २१—२८॥

क्लेशहर नामामृत

(इस नामामृतका श्रद्धापूर्वक पाठ करनेसे दोषों तथा क्लेशोंका नाश होकर पुण्य तथा भक्ति प्राप्त होती है, निष्काम पाठसे मनुष्य मुक्तिकी ओर अग्रसर हो सकता है ।)

श्रीकेशवं क्लेशहरं वरेण्यमानन्दरूपं परमार्थमेव ।
नामामृतं दोषहरं तु राज्ञा आनीतमत्रैव पिबन्तु लोकाः ॥ १ ॥
श्रीपद्मनाभं कमलेक्षणं च आधाररूपं जगतां महेशम् ।
नामामृतं दोषहरं तु राज्ञा आनीतमत्रैव पिबन्तु लोकाः ॥ २ ॥
पापापहं व्याधिविनाशरूपमानन्ददं दानवदैत्यनाशनम् ।
नामामृतं दोषहरं तु राज्ञा आनीतमत्रैव पिबन्तु लोकाः ॥ ३ ॥
यज्ञाङ्गरूपं च रथाङ्गपाणिं पुण्याकरं सौख्यमनन्तरूपम् ।
नामामृतं दोषहरं तु राज्ञा आनीतमत्रैव पिबन्तु लोकाः ॥ ४ ॥
विश्वाधिवासं विमलं विरामं रामाभिधानं रमणं मुरारिम् ।
नामामृतं दोषहरं तु राज्ञा आनीतमत्रैव पिबन्तु लोकाः ॥ ५ ॥
आदित्यरूपं तमसां विनाशं चन्द्रप्रकाशं मलपङ्कजानाम् ।
नामामृतं दोषहरं तु राज्ञा आनीतमत्रैव पिबन्तु लोकाः ॥ ६ ॥
सच्चक्रपाणिं मधुसूदनाख्यं तं श्रीनिवासं सगुणं सुरेशम् ।
नामामृतं दोषहरं तु राज्ञा आनीतमत्रैव पिबन्तु लोकाः ॥ ७ ॥
नामामृतं दोषहरं सुपुण्यमधीत्य यो माधवविष्णुभक्तः ।
प्रभातकाले नियतो महात्मा स याति मुक्तिं न हि कारणं च ॥ ८ ॥

(पद्म० भूमि० ७३ । १०–१७)

(अनुवादक—पाण्डेय प० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

भगवान् केशव सबका क्लेश हरनेवाले, सर्वश्रेष्ठ, आनन्द-स्वरूप और परमार्थ-तत्त्व हैं। उनका नाममय अमृत सब दोषोंको दूर करनेवाला है। महाराज ययातिने उस अमृतको यहाँ लाकर सुलभ कर दिया है। संसारके लोग इच्छानुसार उसका पान करें। भगवान् विष्णुकी नाभिसे कमल प्रकट हुआ है। उनके नेत्र कमलके समान सुन्दर हैं। वे जगत्के आधारभूत और महेश्वर हैं। उनका नाममय अमृत सब दोषोंको दूर करनेवाला है। महाराज ययातिने उस अमृतको यहीं लाकर सुलभ कर दिया है। संसारके लोग इच्छानुसार उसका पान करें। (भगवान् विष्णु) पापोंका नाश करके आनन्द प्रदान करते हैं। (वे) दानवों और दैत्योंका संहार करनेवाले हैं। उनका नाममय अमृत सब दोषोंको दूर करनेवाला है। महाराज ययातिने उस अमृतको यहीं लाकर सुलभ कर दिया है। संसारके लोग इच्छानुसार पान करें। यज्ञ भगवान्के अङ्गस्वरूप हैं, उनके हाथमें सुदर्शनचक्र शोभा पाता है। वे पुण्यकी निधि और सुखरूप हैं। उनके स्वरूपका कहीं अन्त नहीं है। उनका नाममय अमृत सब दोषोंको दूर करनेवाला है। महाराज ययातिने उस अमृतको यहीं लाकर सुलभ कर दिया है। संसारके लोग उसका इच्छानुसार पान करें। सम्पूर्ण विश्व उनके हृदयमें निवास करता है। वे निर्मल, सबको आराम देनेवाले, 'राम' नामसे विख्यात, सबमें रमण करनेवाले तथा मुर दैत्यके शत्रु हैं। उनका नाममय अमृत सब दोषोंको दूर करनेवाला है। महाराज ययातिने उस अमृतको यहीं लाकर सुलभ कर दिया है। संसारके लोग उसका इच्छानुसार पान करें। भगवान् केशव आदित्यस्वरूप, अन्धकारके नाशक, मलरूप कमलोंके लिये चाँदनीरूप हैं।

उनका नाममय अमृत सब दोषोंको दूर करनेवाला है। महाराज ययातिने उसे यहीं लाकर सुलभ कर दिया है, सब लोग उसका पान करें। जिनके हाथमें नन्दक नामक खड्ग है, जो मधुसूदन नामसे प्रसिद्ध, लक्ष्मीके निवासस्थान, सगुण और देवेश्वर हैं, उनका नामामृत सब दोषोंको दूर करनेवाला है। राजा ययातिने उसे यहीं लाकर सुलभ कर दिया है, सब लोग उसका पान करें।

यह नामामृत-स्तोत्र दोषहारी और उत्तम पुण्यका जनक है। लक्ष्मीपति भगवान् विष्णुमें भक्ति रखनेवाला जो महात्मा पुरुष प्रतिदिन प्रातःकाल नियमपूर्वक इसका पाठ करता है, वह मुक्त हो जाता है, पुनः प्रकृतिके अधीन नहीं होता।

(महाराज ययातिका प्रजाको संदेश)

श्रीकनकधारास्तोत्रम्

(इसके श्रद्धा-विश्वासपूर्वक पाठ-अनुष्ठानसे ऋणमुक्ति और लक्ष्मी-प्राप्ति होती है। कहा जाता है कि आचार्य श्रीशङ्करने इसका पाठ करके स्वर्णवर्षा करवायी थी।)

अङ्गं हरेः पुलकभूषणमाश्रयन्ती भृङ्गाङ्गनेव मुकुलाभरणं तमालम्।
अङ्गीकृताखिलविभूतिरपाङ्गलीला माङ्गल्यदास्तु मम मङ्गलदेवतायाः ॥ १ ॥
मुग्धा मुहुर्विदधती वदने मुरारेः प्रेमत्रपाप्रणिहितानि गतागतानि।
माला दृशोर्मधुकरीव महोत्पले या सा मे श्रियं दिशतु सागरसम्भवायाः ॥ २ ॥
विश्वामरेन्द्रपदविभ्रमदानदक्षमानन्दहेतुरधिकं मुरविद्विषोऽपि।
ईषन्निषीदतु मयि क्षणमीक्षणार्द्धमिन्दीवरोदरसहोदरमिन्दिरायाः ॥ ३ ॥
आमीलिताक्षमधिगम्य मुदा मुकुन्दमानन्दकन्दमनिमेषमनङ्गतन्त्रम्।
आकेकरस्थितकनीनिकपक्ष्मनेत्रं भूत्यै भवेन्मम भुजङ्गशयाङ्गनायाः ॥ ४ ॥
बाह्वन्तरे मधुजितः श्रितकौस्तुभे या हारावलीव हरिनीलमयी विभाति।
कामप्रदा भगवतोऽपि कटाक्षमाला कल्याणमावहतु मे कमलालयायाः ॥ ५ ॥
कालाम्बुदालिललितोरसि कैटभारेर्धाराधरे स्फुरति या तडिदङ्गनेव।
मातुः समस्तजगतां महनीयमूर्तिर्भद्राणि मे दिशतु भार्गवनन्दनायाः ॥ ६ ॥
प्राप्तं पदं प्रथमतः किल यत्प्रभावान्माङ्गल्यभाजि मधुमाथिनि मन्मथेन।
मय्यापतेत्तदिह मन्थरमीक्षणार्द्धं मन्दालसं च मकरालयकन्यकायाः ॥ ७ ॥
दद्याद् दयानुपवनो द्रविणाम्बुधारामस्मिन्नकिंचनविहङ्गशिशौ विषण्णे।
दुष्कर्मघर्ममपनीय चिराय दूरं नारायणप्रणयिनीनयनाम्बुवाहः ॥ ८ ॥
इष्टा विशिष्टमतयोऽपि यया दयार्द्रदृष्ट्या त्रिविष्टपपदं सुलभं लभन्ते।
दृष्टिः प्रहृष्टकमलोदरदीप्तिरिष्टां पुष्टिं कृषीष्ट मम पुष्करविष्टरायाः ॥ ९ ॥
गीर्देवतेति गरुडध्वजसुन्दरीति शाकम्भरीति शशिशेखरवल्लभेति।
सृष्टिस्थितिप्रलयकेलिषु संस्थितायै तस्यै नमस्त्रिभुवनैकगुरोस्तरुण्यै ॥ १० ॥
श्रुत्यै नमोऽस्तु शुभकर्मफलप्रसूत्यै रत्यै नमोऽस्तु रमणीयगुणार्णवायै।
शक्त्यै नमोऽस्तु शतपत्रनिकेतनायै पुष्ट्यै नमोऽस्तु पुरुषोत्तमवल्लभायै ॥ ११ ॥
नमोऽस्तु नालीकनिभाननायै नमोऽस्तु दुग्धोदधिजन्मभूत्यै।
नमोऽस्तु सोमामृतसोदरायै नमोऽस्तु नारायणवल्लभायै ॥ १२ ॥

सम्पत्करानि सकलेन्द्रियनन्दनानि साम्राज्यदानविभवानि सरोरुहाक्षि ।
त्वद्वन्दनानि दुरिताहरणोद्यतानि मामेव मातरनिशं कलयन्तु मान्ये ॥ १३ ॥
यत्कटाक्षसमुपासनाविधिः सेवकस्य सकलार्थसम्पदः ।
संतनोति वचनाङ्गमानसैस्त्वां मुरारिहृदयेश्वरीं भजे ॥ १४ ॥
सरसिजनिलये सरोजहस्ते धवलतमांशुकगन्धमाल्यशोभे ।
भगवति हरिवल्लभे मनोज्ञे त्रिभुवनभूतिकरि प्रसीद मह्यम् ॥ १५ ॥
दिग्घस्तिभिः कनककुम्भमुखावसृष्टस्वर्वाहिनीविमलचारुजलप्लुताङ्गीम् ।
प्रातर्नमामि जगतां जननीमशेषलोकाधिनाथगृहिणीममृताब्धिपुत्रीम् ॥ १६ ॥
कमले कमलाक्षवल्लभे त्वं करुणापूरतरङ्गितैरपाङ्गैः ।
अवलोकय मामकिंचनानां प्रथमं पात्रमकृत्रिमं दयायाः ॥ १७ ॥
स्तुवन्ति ये स्तुतिभिरमूभिरन्वहं त्रयीमयीं त्रिभुवनमातरं रमाम् ।
गुणाधिका गुरुतरभाग्यभागिनो भवन्ति ते भुवि बुधभाविताशयाः ॥ १८ ॥

(इति श्रीमच्छङ्कराचार्यविरचितं कनकधारास्तोत्रं सम्पूर्णम्)

(अनुवादक—पाण्डेय प० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

जैसे भ्रमरी अधखिले कुसुमोंसे अलंकृत तमालतरुका आश्रय लेती है, उसी प्रकार जो श्रीहरिके रोमाञ्चसे सुशोभित श्रीअङ्गोंपर निरन्तर पड़ती रहती है तथा जिसमें सम्पूर्ण ऐश्वर्यका निवास है, वह सम्पूर्ण मङ्गलोंकी अधिष्ठात्री देवी भगवती महालक्ष्मीकी कटाक्षलीला मेरे लिये मङ्गलदायिनी हो ॥ १ ॥ जैसे भ्रमरी महान् कमलदलपर आती-जाती या मँडराती रहती है, उसी प्रकार जो मुरशत्रु श्रीहरिके मुखारविन्दकी ओर बारंबार प्रेमपूर्वक जाती और लज्जाके कारण लौट आती है, वह समुद्रकन्या लक्ष्मीकी मनोहर मुग्ध दृष्टिमाला मुझे धन-सम्पत्ति प्रदान करे ॥ २ ॥ जो सम्पूर्ण देवताओंके अधिपति इन्द्रके पदका वैभव-विलास देनेमें समर्थ है, मुरारि श्रीहरिको भी अधिकाधिक आनन्द प्रदान करनेवाली है, तथा जो नील-कमलके भीतरी भागके समान मनोहर जान पड़ती है, वह लक्ष्मीजीके अधखुले नयनोंकी दृष्टि क्षणभरके लिये मुझपर भी थोड़ी-सी अवश्य पड़े ॥ ३ ॥ शेषशायी भगवान् विष्णुकी धर्म-पत्नी श्रीलक्ष्मीजीका वह नेत्र हमें ऐश्वर्य प्रदान करनेवाला हो, जिसकी पुतली तथा बरौनियाँ अनङ्गके वशीभूत (प्रेमपरवश) हो अधखुले किंतु साथ ही निर्निमेष नयनोंसे देखनेवाले आनन्दकन्द श्रीमुकुन्दको अपने निकट पाकर कुछ तिरछी हो जाती हैं ॥ ४ ॥ जो भगवान् मधुसूदनके कौस्तुभमणि-मण्डित वक्षःस्थलमें इन्द्रनीलमयी हारावली-सी सुशोभित होती है तथा उनके भी मनमें काम (प्रेम) का संचार करनेवाली है, वह कमलकुञ्जवासिनी कमलाकी कटाक्षमाला मेरा कल्याण करे ॥ ५ ॥ जैसे मेघोंकी घटामें बिजली चमकती है, उसी प्रकार जो कैटभशत्रु श्रीविष्णुके काली मेघमालाके समान श्यामसुन्दर वक्षःस्थलपर प्रकाशित होती हैं, जिन्होंने अपने आविर्भावसे भृगुवंशको आनन्दित किया है तथा जो समस्त लोकोंकी जननी हैं, उन भगवती लक्ष्मीकी पूजनीया मूर्ति मुझे कल्याण प्रदान करे ॥ ६ ॥ समुद्रकन्या कमलाकी वह मन्द, अलस, मन्थर और अर्धोन्मीलित दृष्टि, जिसके प्रभावसे कामदेवने मङ्गलमय भगवान् मधुसूदनके हृदयमें प्रथम बार स्थान प्राप्त किया था, यहाँ मुझपर पड़े ॥ ७ ॥ भगवान् नारायणकी प्रेयसी लक्ष्मीका नेत्ररूपी मेघ दयारूपी अनुकूल पवनसे प्रेरित हो दुष्कर्मरूपी घामको चिरकालके लिये दूर हटाकर विषादमें पड़े हुए मुझ दीनरूपी चातक-पोतपर धनरूपी जलधाराकी वृष्टि करे ॥ ८ ॥ विशिष्ट बुद्धिवाले मनुष्य जिनके प्रीतिपात्र होकर उनकी दयादृष्टिके प्रभावसे स्वर्गपदको सहज ही प्राप्त कर लेते हैं, उन्हीं पद्मासना पद्माकी वह विकसित कमल-गर्भके समान कान्तिमती दृष्टि मुझे मनोवाञ्छित पुष्टि प्रदान करे ॥ ९ ॥ जो सृष्टि-लीलाके समय वाग्देवता (ब्रह्म-शक्ति) के रूपमें स्थित होती हैं, पालन-लीला करते समय भगवान् गरुड-ध्वजकी सुन्दरी पत्नी लक्ष्मी (या वैष्णवी शक्ति) के रूपमें विराज-मान होती हैं तथा प्रलय-लीलाके कालमें शाकम्भरी (भगवती

दुर्गा) अथवा चन्द्रशेखरवल्लभा पार्वती (रुद्र-शक्ति) के रूपमे अवस्थित होती हैं, उन त्रिभुवनके एकमात्र गुरु भगवान् नारायणकी नित्ययौवना प्रेयसी श्रीलक्ष्मीजीको नमस्कार है ॥ १० ॥ मातः ! शुभ कर्मोका फल देनेवाली श्रुतिके रूपमे आपको प्रणाम है। रमणीय गुणोंकी सिन्धुरूप रतिके रूपमे आपको नमस्कार है । कमलवनमे निवास करनेवाली शक्तिस्वरूपा लक्ष्मीको नमस्कार है तथा पुरुषोत्तम-प्रिया पुष्टिको नमस्कार है ॥ ११ ॥ कमलवदना कमलाको नमस्कार है। क्षीरसिन्धुसम्भूता श्रीदेवीको नमस्कार है। चन्द्रमा और सुधाकी सगी बहिनको नमस्कार है। भगवान् नारायण-की वल्लभाको नमस्कार है ॥ १२ ॥ कमलसदृश नेत्रों-वाली माननीया माँ ! आपके चरणोंमे की हुई वन्दना सम्पत्ति प्रदान करनेवाली, सम्पूर्ण इन्द्रियोंको आनन्द देनेवाली, साम्राज्य देनेमे समर्थ और सारे पापोंको हर लेनेके लिये सर्वथा उद्यत है। वह सदा मुझे ही अवलम्बन करे (मुझे ही आपकी चरणवन्दनाका शुभ अवसर सदा प्राप्त होता रहे) ॥ १३ ॥ जिनके कृपा-कटाक्षके लिये की हुई उपासना उपासकके लिये सम्पूर्ण मनोरथों और सम्पत्तियोंका विस्तार करती है, श्रीहरिकी हृदयेश्वरी उन्हीं आप लक्ष्मीदेवीका मैं मन, वाणी और शरीरसे भजन करता हूँ ॥ १४ ॥ भगवति हरिप्रिये ! तुम कमलवनमे निवास करनेवाली हो, तुम्हारे हाथोंमे लीला-कमल सुशोभित है। तुम अत्यन्त उज्ज्वल वस्त्र, गन्ध और माला आदिसे शोभा पा रही हो। तुम्हारी झाँकी बड़ी मनोरम है। त्रिभुवनका ऐश्वर्य प्रदान करनेवाली देवि ! मुझपर प्रसन्न हो जाओ ॥ १५ दिग्गजोंद्वारा सुवर्ण-कलशके मुखसे गिराये गये आकाशगङ्गाके निर्मल एवं मनोहर जलसे जिनके श्रीअङ्गोंका अभिषेक (स्नान-कार्य) सम्पादित होता है, सम्पूर्ण लोकोंके अधीश्वर भगवान् विष्णुकी गृहिणी और क्षीरसागरकी पुत्री उन जगज्जननी लक्ष्मीको मैं प्रातःकाल प्रणाम करता हूँ ॥ १६ ॥ कमलनयन केशवकी कमनीय कामिनी कमले ! मैं अकिंचन (दीनहीन) मनुष्योंमें अग्रगण्य हूँ, अतएव तुम्हारी कृपाका स्वाभाविक पात्र हूँ। तुम उमड़ती हुई करुणाकी बाढ़की तरल-तरङ्गोंके समान कटाक्षोंद्वारा मेरी ओर देखो ॥१७॥ जो लोग इन स्तुतियोंद्वारा प्रतिदिन वेदत्रयीस्वरूपा त्रिभुवन-जननी भगवती लक्ष्मीकी स्तुति करते हैं, वे इस भूतलपर महान् गुणवान् और अत्यन्त सौभाग्यशाली होते हैं तथा विद्वान् पुरुष भी उनके मनोभावको जाननेके लिये उत्सुक रहते हैं ॥ १८ ॥ (कनकधारास्तोत्र समाप्त)

दशश्लोकी

न भूमिर्न तोयं न तेजो न वायुर्न खं नेन्द्रियं वा न तेषां समूहः।
अनैकान्तिकत्वात् सुषुप्त्येकसिद्धस्तदेकोऽवशिष्टः शिवः केवलोऽहम् ॥ १ ॥
न वर्णा न वर्णाश्रमाचारधर्मा न मे धारणाध्यानयोगादयोऽपि।
अनात्माश्रयाहंममाध्यासहानात् तदेकोऽवशिष्टः शिवः केवलोऽहम् ॥ २ ॥
न माता पिता वा न देवा न लोका न वेदा न यज्ञा न तीर्थं न्रुवन्ति।
सुषुप्तौ निरस्तातिशून्यात्मकत्वात् तदेकोऽवशिष्टः शिवः केवलोऽहम् ॥ ३ ॥
न सांख्यं न शैवं न तत् पाञ्चरात्रं न जैनं न मीमांसकादेर्मतं वा।
विशिष्टानुभूत्या विशुद्धात्मकत्वात् तदेकोऽवशिष्टः शिवः केवलोऽहम् ॥ ४ ॥
न चोर्ध्वं न चाधो न चान्तर्न बाह्यं न मध्यं न तिर्यङ् न पूर्वापरा दिक्।
वियद्व्यापकत्वादखण्डैकरूपस्तदेकोऽवशिष्टः शिवः केवलोऽहम् ॥ ५ ॥
न शुक्लं न कृष्णं न रक्तं न पीतं न कुब्जं न पीनं न ह्रस्वं न दीर्घम्।
अरूपं तथा ज्योतिराकारकत्वात्तदेकोऽवशिष्टः शिवः केवलोऽहम् ॥ ६ ॥
न शास्ता न शास्त्रं न शिष्यो न शिक्षा न च त्वं न चाहं न चायं प्रपञ्चः।
स्वरूपावबोधो विकल्पासहिष्णुस्तदेकोऽवशिष्टः शिवः केवलोऽहम् ॥ ७ ॥



ध्यानमग्न शिव

न जाग्रन्न मे स्वप्नको वा सुषुप्तिर्न विश्वो न वा तैजसः प्राज्ञको वा।
अविद्यात्मकत्वात् त्रयाणां तुरीयस्तदेकोऽवशिष्टः शिवः केवलोऽहम् ॥ ८ ॥
अपि व्यापकत्वाद्धि तत्त्वप्रयोगात् स्वतः सिद्धभावादनन्याश्रयत्वात्।
जगत् तुच्छमेतत् समस्तं तदन्यत् तदेकोऽवशिष्टः शिवः केवलोऽहम् ॥ ९ ॥
न चैकं तदन्यद् द्वितीयं कुतः स्यान्न वा केवलत्वं न चाकेवलत्वम्।
न शून्यं न चाशून्यमद्वैतकत्वात् कथं सर्ववेदान्तसिद्धं ब्रवीमि ॥१०॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यस्य श्रीगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यस्य श्रीमच्छङ्करभगवतः कृतौ दशश्लोकी समाप्ता।

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

मैं न भूमि हूँ न जल हूँ; न अग्नि, वायु और आकाश हूँ; न कोई एक इन्द्रिय हूँ और न इन्द्रियोंका समुदाय ही हूँ; क्योंकि ये सब अस्थिर हैं। मैं तो सुषुप्तिमें अद्वितीय सिद्ध एवं एकमात्र अवशिष्ट शिवस्वरूप केवल आत्मा हूँ ॥ १ ॥ वर्ण, वर्णाश्रमोचित आचाररूप धर्म तथा धारणा, ध्यान और समाधि आदि योगके अङ्ग न मुझमें हैं, न मेरे हैं। अनात्म पदार्थों (शरीर आदि) के आश्रित रहनेवाले अहंता-ममतारूप अध्यासका निराकरण होनेपर जो एकमात्र अवशिष्ट रह जाता है, वह शिवस्वरूप केवल आत्मा मैं हूँ ॥२॥ माता, पिता, देवता, चौदहों लोक, चारों वेद, यज्ञ और तीर्थ—कोई भी मेरा वर्णन नहीं कर सकते; क्योंकि सुषुप्ति-कालमें इन सबका निराकरण होनेसे ये अत्यन्त शून्यरूप हो जाते हैं। अतः उस समय भी जो एकमात्र अवशिष्ट रह जाता है, वह शिवस्वरूप केवल आत्मा मैं हूँ॥३॥ सांख्य, शैवागम, पाञ्चरात्र (वैष्णवागम), जैनमत अथवा मीमांसक आदिका मत भी मेरा प्रतिपादन नहीं कर सकते। विशिष्ट (अपरोक्ष) अनुभूतिके द्वारा, विशुद्ध (मायारहित)-रूप जाना हुआ जो एकमात्र अवशिष्ट शिवस्वरूप केवल आत्मा है, वह मैं हूँ ॥ ४ ॥ मैं न ऊपरकी दिशा हूँ न नीचेकी; न भीतरी भाग हूँ न बाहरी; न मध्य हूँ न इधर-उधर; न पूर्व दिशा हूँ न पश्चिम दिशा। आकाशमें भी व्यापक होनेके कारण जो अन्य सब वस्तुओंका बाध हो जानेपर अखण्ड एकरसरूपसे अवशिष्ट होता है, वह शिवस्वरूप केवल आत्मा मैं हूँ ॥ ५ ॥ मैं न सफेद हूँ न काला; न लाल हूँ न पीला; न कुबड़ा हूँ न मोटा; न छोटा हूँ न बड़ा तथा ज्योतिःस्वरूप होनेके कारण मेरा कोई विशेष रूप भी नहीं है। सबका निषेध कर देनेपर जो एकमात्र अवशिष्ट रह जाता है, वह शिवस्वरूप केवल आत्मा मैं हूँ ॥ ६ ॥ मैं न शास्त्रोपदेशक हूँ न शास्त्र; न शिष्य हूँ न शिक्षा; न तुम, न मैं और न यह प्रपञ्च ही हूँ। स्वरूपका बोध ही मेरा रूप है। विकल्प (भेद) को सहन न कर सकनेवाला एकमात्र अवशिष्ट शिवस्वरूप केवल जो आत्मा है, वह मैं हूँ ॥ ७ ॥ मेरे लिये न जाग्रत् है न स्वप्न अथवा सुषुप्ति ही है; न उनके अधिष्ठाता विश्व, तैजस या प्राज्ञ हैं; क्योंकि ये तीनों अविद्यारूप हैं। जो इन सबसे परे तुरीयरूपसे एकमात्र अवशिष्ट रह जाता है, वह शिवस्वरूप केवल आत्मा मैं हूँ ॥ ८ ॥ यह सारा जगत् तुच्छ है; क्योंकि मैं व्यापक हूँ। मेरे लिये तत्त्व-शब्दका प्रयोग होता है। मेरी सत्ता स्वतःसिद्ध है और मेरा दूसरा कोई आश्रय नहीं है—मैं स्वयं ही अपना आश्रय हूँ। अतः जगत्‌से भिन्न एकमात्र अवशिष्ट शिवस्वरूप केवल आत्मा मैं हूँ ॥ ९ ॥ उस ब्रह्मसे भिन्न कोई एक भी नहीं है; फिर दूसरा तो हो ही कैसे सकता है। उसमें न केवलता है न अकेवलता। वह न शून्य है न अशून्य; क्योंकि वह अद्वैतरूप है। फिर मैं उस सर्ववेदान्तसिद्ध आत्माका किस प्रकार वर्णन करूँ ॥ १० ॥

॥ दशश्लोकी समाप्त ॥

मनीषापञ्चकम्

जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिषु स्फुटतरा या संविदुज्जृम्भते या ब्रह्मादिपिपीलिकान्ततनुषु प्रोता जगत्साक्षिणी।
सैवाहं न च दृश्यवस्त्विति दृढप्रज्ञापि यस्यास्ति चेच्चाण्डालोऽस्तु स तु द्विजोऽस्तु गुरुरित्येषा मनीषा मम ॥
ब्रह्मैवाहमिदं जगच्च सकलं चिन्मात्रविस्तारितं सर्वं चैतदविद्यया त्रिगुणयाशेषं मया कल्पितम्।
इत्थं यस्य दृढा मतिः सुखतरे नित्ये परे निर्मले चाण्डालोऽस्तु स तु द्विजोऽस्तु गुरुरित्येषा मनीषा मम ॥
शश्वन्नश्वरमेव विश्वमखिलं निश्चित्य वाचा गुरोर्नित्यं ब्रह्म निरन्तरं विमृशता निर्व्याजशान्तात्मना।
भूतं भाति च दुष्कृतं प्रदहता संविन्मये पावके प्रारब्धाय समर्पितं स्ववपुरित्येषा मनीषा मम ॥
या तिर्यङ्नरदेवताभिरहमित्यन्तः स्फुटा गृह्यते यद्भासा हृदयाक्षदेहविषया भान्ति स्वतोऽचेतनाः।
तां भास्यैः पिहितार्कमण्डलनिभां स्फूर्तिं सदा भावयन् योगी निर्वृतमानसो हि गुरुरित्येषा मनीषा मम ॥
यत्सौख्याम्बुधिलेशलेशित इमे शक्रादयो निर्वृता यच्चित्ते नितरां प्रशान्तकलने लब्ध्वा मुनिर्निर्वृतः।
यस्मिन्नित्यसुखाम्बुधौ गलितधीर्ब्रह्मैव न ब्रह्मविद् यः कश्चित् स सुरेन्द्रवन्दितपदो नूनं मनीषा मम ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति—तीनों अवस्थाओंमें जो संवित् (विज्ञान) स्पष्टरूपसे प्रकट हो रही है, जो ब्रह्मा आदिसे लेकर चींटीतकके शरीरोंमें व्याप्त और सम्पूर्ण जगत्की साक्षिणी है, वही मैं हूँ; यह जो दृश्यवर्ग है, वह मैं नहीं हूँ। जिस पुरुषको ऐसी दृढ़बुद्धि प्राप्त है, वह चाण्डाल हो या ब्राह्मण, मेरे लिये गुरुस्वरूप है—ऐसी मेरी धारणा है॥ १ ॥ मैं ब्रह्म ही हूँ और यह सम्पूर्ण जगत् चिन्मात्रका ही विस्तार है। यही नहीं, यह सब त्रिगुणमयी अविद्यासे मेरे द्वारा कल्पित है। नित्य अतिशय सुखस्वरूप परम निर्मल (मायालेशशून्य) परमात्माके विषयमें इस प्रकार जिसकी दृढ़बुद्धि हो गयी है, वह चाण्डाल हो या ब्राह्मण, गुरुस्वरूप है—ऐसी मेरी बुद्धि है॥२॥ यह सम्पूर्ण विश्व सदा विनाशशील ही है—गुरुके उपदेशसे ऐसा निश्चय करके निश्छल एवं शान्त चित्तद्वारा नित्य-निरन्तर ब्रह्मका विचार करते हुए और ज्ञानमयी अग्निमें भूत, वर्तमान एवं भविष्य पापराशिको दग्ध करते हुए मैंने अपना यह शरीर प्रारब्धको सौंप दिया है—यह मेरी निश्चित मति है॥ ३ ॥ पशु-पक्षी, मनुष्य और देवता अपने अन्तःकरणमें 'मैं' इस रूपमें जिसका स्पष्ट अनुभव करते हैं और जिसके प्रकाशसे मन, इन्द्रिय तथा देहके अचेतन विषय स्वतः प्रकाशित होने लगते हैं, छिपे हुए सूर्यमण्डलके समान उस स्फूर्ति (संवित् या विज्ञान) की प्रकाशनीय वस्तुओंद्वारा सदा भावना करनेवाला संतुष्टचित्त योगी ही गुरुके पदपर प्रतिष्ठित होनेयोग्य है—यह मेरा पक्का निश्चय है॥ ४ ॥ जिसके सुख-समुद्रके लेशका लेशमात्र पाकर ये इन्द्र आदि देवता सुखी एवं शान्त रहते हैं, जिसकी चञ्चल वृत्ति सर्वथा शान्त हो गयी है—ऐसे चित्तमें जिसका निरन्तर अनुभव करके मुनि आनन्दमग्न हो जाता है तथा जिस नित्य सुखके समुद्रमें बुद्धिके विगलित हो जानेपर ब्रह्म ही शेष रह जाता है न कि ब्रह्मवेत्ता, ऐसी स्थितिमें जो कोई महात्मा पहुँच गया है, उसके चरणोंकी वन्दना देवराज इन्द्र भी करते हैं—ऐसी मेरी निश्चित धारणा है॥ ५ ॥

अद्वैतपञ्चरत्नम्

नाहं देहो नेन्द्रियाण्यन्तरङ्गो नाहंकारः प्राणवर्गो न बुद्धिः।
दारापत्यक्षेत्रवित्तादिदूरः साक्षी नित्यः प्रत्यगात्मा शिवोऽहम् ॥ १ ॥
रज्ज्वज्ञानाद् भाति रज्जौ यथाहिः स्वात्माज्ञानादात्मनो जीवभावः।
आप्तोक्त्याहिभ्रान्तिनाशे स रज्जुर्जीवो नाहं देशिकोक्त्या शिवोऽहम् ॥ २ ॥
आभातीदं विश्वमात्मन्यसत्यं सत्यज्ञानानन्दरूपे विमोहात्।
निद्रामोहात् स्वप्नवत् तन्न सत्यं शुद्धः पूर्णो नित्य एकः शिवोऽहम् ॥ ३ ॥

नाहं जातो न प्रवृद्धो न नष्टो देहस्योक्ताः प्राकृताः सर्वधर्माः।
कर्तृत्वादिश्चिन्मयस्यास्ति नाहं कारस्यैव ह्यात्मनो मे शिवोऽहम् ॥ ४ ॥
मत्तो नान्यत् किंचिदत्रास्ति विश्वं सत्यं बाह्यं वस्तु मायोपकल्पम्।
आदर्शान्तर्भासमानस्य तुल्यं मय्यद्वैते भाति तस्माच्छिवोऽहम् ॥ ५ ॥

(अनुवादक—पाण्डेय प० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

न मैं देह हूँ न इन्द्रिय हूँ; न अन्तःकरण, न अहंकार, न प्राणसमुदाय और न बुद्धि ही हूँ। स्त्री, सन्तान, खेत और धन आदिसे दूर, नित्यसाक्षी, अन्तरात्मा एवं शिवस्वरूप ब्रह्म हूँ ॥ १ ॥ जैसे रस्सीको न जाननेके कारण भ्रमवश उसमें सर्प भासित होने लगता है, उसी प्रकार अपने स्वरूपको न जाननेसे उसमें जीवभावकी प्रतीति होती है। किसी विश्वसनीय व्यक्तिके कहनेसे सर्पके भ्रमका निवारण हो जानेपर जैसे वह रस्सी स्पष्ट हो जाती है, उसी प्रकार ज्ञानी गुरुके उपदेशसे मैं इस निश्चयपर पहुँचा हूँ कि मैं जीव नहीं हूँ, शिवस्वरूप परमात्मा हूँ ॥ २ ॥ आत्मा सत्य, ज्ञान एवं आनन्दस्वरूप है; उसीमें मोहवश इस मिथ्या जगत्‌की प्रतीति हो रही है। निद्राजनित मोहसे दीखनेवाले स्वप्नकी भाँति वह सत्य नहीं है। अतः यही निश्चय करे कि मैं शुद्ध (मायालेशशून्य), पूर्ण (अखण्ड), नित्य (अविनाशी), एक (अद्वितीय) शिवस्वरूप परमात्मा हूँ ॥ ३ ॥ न मेरा जन्म हुआ है, न मैं बढ़ा हूँ और न मेरा नाश ही हुआ है। समस्त प्राकृत धर्म शरीरके ही कहे गये हैं। कर्तृत्वादि धर्म अहंकारके ही हैं, चिन्मय आत्माके नहीं। अतः मैं शिवस्वरूप परमात्मा हूँ ॥ ४ ॥ मुझसे भिन्न यहाँ जगत् नामकी कोई सत्य वस्तु नहीं है। वास्तवमें सारी बाह्य वस्तुएँ मायासे ही कल्पित हैं। दर्पणके भीतर भासित होनेवाले प्रतिबिम्बके समान यह सब कुछ मुझ अद्वैत परमात्मामें ही प्रतीत हो रहा है। अतः मैं शिव हूँ ॥ ५ ॥

निर्वाणषट्कम्

मनोबुद्ध्यहंकारचित्तानि नाहं न कर्ण न जिह्वा न च घ्राणनेत्रे।
न च व्योम भूमिर्न तेजो न वायुश्चिदानन्दरूपः शिवोऽहं शिवोऽहम् ॥ १ ॥
न च प्राणसंज्ञो न वै पञ्चवायुर्न वा सप्तधातुर्न वा पञ्चकोशः।
न वाक्पाणिपादौ न चोपस्थपायू चिदानन्दरूपः शिवोऽहं शिवोऽहम् ॥ २ ॥
न मे द्वेषरागौ न मे लोभमोहौ मदो नैव मे नैव मात्सर्यभावः।
न धर्मो न चार्थो न कामो न मोक्षश्चिदानन्दरूपः शिवोऽहं शिवोऽहम् ॥ ३ ॥
न पुण्यं न पापं न सौख्यं न दुःखं न मन्त्रो न तीर्थं न वेदा न यज्ञाः।
अहं भोजनं नैव भोज्यं न भोक्ता चिदानन्दरूपः शिवोऽहं शिवोऽहम् ॥ ४ ॥
न मृत्युर्न शङ्का न मे जातिभेदः पिता नैव मे नैव माता च जन्म।
न बन्धुर्न मित्रं गुरुर्नैव शिष्यश्चिदानन्दरूपः शिवोऽहं शिवोऽहम् ॥ ५ ॥
अहं निर्विकल्पो निराकाररूपो विभुत्वाच्च सर्वत्र सर्वेन्द्रियाणाम्।
न चासंगतं नैव मुक्तिर्न बन्धश्चिदानन्दरूपः शिवोऽहं शिवोऽहम् ॥ ६ ॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यस्य श्रीगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यस्य श्रीमच्छङ्करभगवतः कृतौ निर्वाणषट्कं सम्पूर्णम् ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

मैं मन, बुद्धि, अहंकार और चित्त नहीं हूँ । कान, जिह्वा, नासिका और नेत्र भी नहीं हूँ । न आकाश हूँ न भूमि; न अग्नि हूँ न वायु । केवल चिदानन्दस्वरूप शिव हूँ, शिव हूँ ॥ १ ॥ न प्राण हूँ न पञ्चवायु; न सात धातु हूँ न पाँच कोश । न वाक्, न हाथ-पैर और न उपस्थ (जननेन्द्रिय) एवं पायु (मलत्याग करनेवाली इन्द्रिय) ही हूँ; केवल चिदानन्दस्वरूप शिव हूँ, शिव हूँ ॥ २ ॥ मुझमे न राग है न द्वेष, न लोभ है न मोह, न मद है न डाह, न धर्म है न अर्थ और न काम है न मोक्ष; मैं केवल चिदानन्दस्वरूप शिव हूँ, शिव हूँ ॥ ३ ॥ न पुण्य न पाप, न सुख न दुःख, न मन्त्र न तीर्थ, न वेद न यज्ञ, न भोजन न भोज्य और न भोक्ता ही हूँ; केवल चिदानन्दस्वरूप शिव हूँ, शिव हूँ ॥ ४ ॥ मुझे न मृत्यु प्राप्त होती है न शङ्का, न मेरे जाति-भेद है, न पिता हैं न माता है और न मेरा जन्म ही हुआ है; मेरा कोई न बन्धु है न मित्र, न गुरु है न शिष्य; मैं केवल चिदानन्दस्वरूप शिव हूँ, शिव हूँ ॥ ५ ॥ मैं भेदशून्य और निराकाररूप हूँ । सर्वव्यापी होनेके कारण सर्वत्र एवं सम्पूर्ण इन्द्रियोंमे हूँ । मुझमें असङ्गता, मुक्ति और बन्धन भी नहीं हैं; मैं केवल चिदानन्दस्वरूप शिव हूँ, शिव हूँ ॥ ६ ॥

ब्रह्मज्ञानावलीमाला

सकृच्छ्रवणमात्रेण ब्रह्मज्ञानं यतो भवेत् । ब्रह्मज्ञानावलीमाला सर्वेषां मोक्षसिद्धये ॥ १ ॥
असङ्गोऽहमसङ्गोऽहमसङ्गोऽहं पुनः पुनः । सच्चिदानन्दरूपोऽहमहमेवाहमव्ययः ॥ २ ॥
नित्यशुद्धविमुक्तोऽहं निराकारोऽहमव्ययः । भूमानन्दस्वरूपोऽहमहमेवाहमव्ययः ॥ ३ ॥
नित्योऽहं निरवद्योऽहं निराकारोऽहमच्युतः । परमानन्दरूपोऽहमहमेवाहमव्ययः ॥ ४ ॥
शुद्धचैतन्यरूपोऽहमात्मारामोऽहमेव च । अखण्डानन्दरूपोऽहमहमेवाहमव्ययः ॥ ५ ॥
प्रत्यक्चैतन्यरूपोऽहं शान्तोऽहं प्रकृतेः परः । शाश्वतानन्दरूपोऽहमहमेवाहमव्ययः ॥ ६ ॥
तत्त्वातीतः परात्माहं मध्यातीतः परः शिवः । मायातीतः परं ज्योतिरहमेवाहमव्ययः ॥ ७ ॥
नानारूपव्यतीतोऽहं चिदाकारोऽहमच्युतः । सुखरूपस्वरूपोऽहमहमेवाहमव्ययः ॥ ८ ॥
मायातत्कार्यदेहादि मम नास्त्येव सर्वदा । स्वप्रकाशैकरूपोऽहमहमेवाहमव्ययः ॥ ९ ॥
गुणत्रयव्यतीतोऽहं ब्रह्मादीनां च साक्ष्यहम् । अनन्तानन्तरूपोऽहमहमेवाहमव्ययः ॥ १० ॥
अन्तर्यामिस्वरूपोऽहं कूटस्थः सर्वगोऽस्म्यहम् । परमात्मस्वरूपोऽहमहमेवाहमव्ययः ॥ ११ ॥
निष्कलोऽहं निष्क्रियोऽहं सर्वात्माऽऽद्यः सनातनः । अपरोक्षस्वरूपोऽहमहमेवाहमव्ययः ॥ १२ ॥
द्वन्द्वादिसाक्षिरूपोऽहमचलोऽहं सनातनः । सर्वसाक्षिस्वरूपोऽहमहमेवाहमव्ययः ॥ १३ ॥
प्रज्ञानघन एवाहं विज्ञानघन एव च । अकर्ताहमभोक्ताहमहमेवाहमव्ययः ॥ १४ ॥
निराधारस्वरूपोऽहं सर्वाधारोऽहमेव च । आप्तकामस्वरूपोऽहमहमेवाहमव्ययः ॥ १५ ॥
तापत्रयविनिर्मुक्तो देहत्रयविलक्षणः । अवस्थात्रयसाक्ष्यस्मि चाहमेवाहमव्ययः ॥ १६ ॥
दृग्दृश्यौ द्वौ पदार्थौ स्तः परस्परविलक्षणौ । दृग् ब्रह्म दृश्यं मायेति सर्ववेदान्तडिण्डिमः ॥ १७ ॥
अहं साक्षीति यो विद्याद्विविच्यैवं पुनः पुनः । स एव मुक्तोऽसौ विद्वानिति वेदान्तडिण्डिमः ॥ १८ ॥
घटकुड्यादिकं सर्वं मृत्तिकामात्रमेव च । तद्वद् ब्रह्म जगत्सर्वमिति वेदान्तडिण्डिमः ॥ १९ ॥
ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या जीवो ब्रह्मैव नापरः । अनेन वेद्यं सच्छास्त्रमिति वेदान्तडिण्डिमः ॥ २० ॥
अन्तर्ज्योतिर्बहिर्ज्योतिः प्रत्यग्ज्योतिः परात्परः । ज्योतिर्ज्योतिः स्वयंज्योतिरात्मज्योतिः शिवोऽस्म्यहम् २१

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यस्य श्रीगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यस्य श्रीमच्छङ्करभगवतः कृतौ ब्रह्मज्ञानावलीमाला सम्पूर्णा ।

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

जिसका एक बार श्रवण करनेमात्रसे ब्रह्मज्ञान हो जाता है, वह ब्रह्मज्ञानावलीमाला मैं सबके मोक्षकी सिद्धिके लिये प्रस्तुत करता हूँ ॥ १ ॥ मैं असङ्ग हूँ, मैं असङ्ग हूँ, बार-बार असङ्ग हूँ। मैं सच्चिदानन्दस्वरूप हूँ। मैं, मैं ही अविनाशी परमात्मा हूँ ॥२॥ मैं नित्य शुद्ध मुक्तस्वरूप हूँ। मैं निराकार हूँ, मैं अविनाशी परमेश्वर हूँ। मैं ही भूमा (अनन्त)एवं आनन्दस्वरूप हूँ, मैं ही अविकारी हूँ ॥ ३॥ मैं नित्य हूँ, मैं निर्दोष हूँ, मैं निराकार हूँ, मैं अच्युत हूँ; मैं परमानन्दरूप हूँ, मैं ही अव्यय हूँ ॥ ४ ॥ मैं शुद्ध चैतन्यरूप और मैं ही आत्माराम हूँ। मैं अखण्डानन्दस्वरूप हूँ और मैं, मैं ही अविनाशी परमेश्वर हूँ ॥५॥ मैं अन्तश्चैतन्यरूप आत्मा हूँ, मैं शान्त हूँ; मैं प्रकृतिसे परे हूँ, शाश्वत आनन्दरूप हूँ, मैं ही अविकारी परमेश्वर हूँ ॥ ६॥ मैं तत्त्वातीत परमात्मा तथा मन्त्रातीत परम शिव हूँ, मैं मायातीत परम ज्योतिःस्वरूप ब्रह्म हूँ तथा मैं ही अव्यय परमात्मा हूँ ॥७॥ मैं नाना रूपोंसे परे हूँ, मैं चिदाकार हूँ, मैं अच्युत हूँ, मैं सुख-स्वरूप हूँ और मैं ही अव्यय हूँ ॥८॥ माया और उसके कार्य-भूत शरीर आदि कदापि मेरे नहीं हैं। स्वयंप्रकाश ही मेरा एकमात्र स्वरूप है; मैं ही, मैं ही अव्यय हूँ ॥ ९ ॥ मैं तीनों गुणोंसे अतीत हूँ, मैं ब्रह्मा आदिका भी साक्षी हूँ, मैं अनन्तानन्त-रूप हूँ। मैं, मैं ही अव्यय हूँ ॥१०॥ मैं अन्तर्यामिस्वरूप हूँ, कूटस्थ (निर्विकार) हूँ, सर्वव्यापी हूँ, मैं परमात्मरूप हूँ और मैं ही अव्यय हूँ ॥ ११ ॥ मैं निष्कल हूँ, मैं निष्क्रिय हूँ; मैं सर्वात्मा, आदि पुरुष एवं सनातन (सदा रहनेवाला) हूँ। मैं अपरोक्षस्वरूप हूँ और मैं ही अविनाशी आत्मा हूँ ॥१२॥ मैं द्वन्द्व आदिका साक्षी हूँ, मैं अचल हूँ और मैं ही सनातन हूँ। मैं सर्वसाक्षिस्वरूप हूँ और मैं ही अविनाशी हूँ ॥ १३ ॥ मैं ही प्रज्ञानघन और मैं ही विज्ञानघन हूँ। मैं अकर्ता हूँ, मैं अभोक्ता हूँ और मैं ही अव्यय हूँ ॥ १४ ॥ मैं निराधारस्वरूप हूँ। मैं ही सबका आधार हूँ। मैं पूर्णकामरूप हूँ। मैं, मैं ही अव्यय हूँ ॥१५॥ मैं आध्यात्मिक आदि तीनों तापोंसे रहित, स्थूल आदि तीनों शरीरोंसे विलक्षण तथा जाग्रत् आदि तीनों अवस्थाओंका साक्षी हूँ और मैं ही अव्यय हूँ ॥ १६ ॥ द्रष्टा और दृश्य दो पदार्थ हैं, जो एक दूसरेसे विलक्षण हैं। द्रष्टा ब्रह्म है और दृश्य माया। यह सम्पूर्ण वेदान्त-शास्त्रका डिण्डिम-घोष है ॥ १७ ॥ जो इस प्रकार बारंबार विचार करके मैं साक्षी हूँ—यह जानता है, वही मुक्त है और वही विद्वान् है। वेदान्त-शास्त्र डंकेकी चोट यह कहता है ॥ १८ ॥ घड़ा और दीवार आदि सभी कार्य मृत्तिकामात्र हैं। इसी प्रकार सम्पूर्ण जगत् ब्रह्मरूप है—यह वेदान्त शास्त्र डंकेकी चोट कहता है ॥ १९ ॥ ब्रह्म सत्य है, जगत् मिथ्या है; जीव ब्रह्म ही है, दूसरा नहीं। इसी सिद्धान्तसे सत् शास्त्रको पहचानना चाहिये—यह वेदान्त-शास्त्रका डिण्डिम-घोष है ॥ २० ॥ मैं ही भीतरी (अन्तःकरणका) ज्योति हूँ और मैं ही बाहरी प्रकाश हूँ; यही नहीं, आत्माका प्रकाश भी मैं ही हूँ। मैं श्रेष्ठोंसे भी श्रेष्ठ हूँ, सम्पूर्ण ज्योतियोंका प्रकाशक हूँ, स्वय-प्रकाशरूप हूँ और सम्पूर्ण आत्माओंकी परम ज्योतिरूप शिव (परमात्मा) हूँ ॥ २१ ॥

(ब्रह्मज्ञानावलीमाला सम्पूर्ण)

निर्वाणमञ्जरी

अहं नामरो नैव मर्त्यो न दैत्यो न गन्धर्वयक्षः पिशाचप्रभेदः।
पुमान्नैव च स्त्री तथा नैव षण्ढः प्रकृष्टः प्रकाशस्वरूपः शिवोऽहम् ॥ १ ॥
अहं नैव बालो युवा नैव वृद्धो न वर्णी न च ब्रह्मचारी गृहस्थः।
वनस्थोऽपि नाहं न संन्यस्तधर्मा जगज्जन्मनाशैकहेतुः शिवोऽहम् ॥ २ ॥
अहं नैव मेयस्तिरोभूतमायस्तथैवेक्षितुं मां पृथङ्नास्त्युपायः।
समाश्लिष्टकायत्रयोऽप्यद्वितीयः सदातीन्द्रियः सर्वरूपः शिवोऽहम् ॥ ३ ॥
अहं नैव मन्ता न गन्ता न वक्ता न कर्ता न भोक्ता न मुक्ताश्रमस्थः।
यथाहं मनोवृत्तिभेदस्वरूपस्तथा सर्ववृत्तिप्रदीपः शिवोऽहम् ॥ ४ ॥

न मे लोकयात्राप्रवाहप्रवृत्तिर्न मे बन्धबुद्ध्या दुरीहानिवृत्तिः।
प्रवृत्तिर्निवृत्त्यास्य चित्तस्य वृत्तिर्यतस्त्वन्वहं तत्स्वरूपः शिवोऽहम् ॥ ५ ॥
निदानं यदज्ञानकार्यस्य कार्यं विना यस्य सत्त्वं स्वतो नैव भाति।
यदाद्यन्तमध्यान्तरालान्तरालप्रकाशात्मकं स्यात् तदेवाहमस्मि ॥ ६ ॥
यतोऽहं न बुद्धिर्न मे कार्यसिद्धिर्यतो नाहमङ्गं न मे लिङ्गभङ्गम्।
हृदाकाशवर्ती गताङ्गत्रयार्तिः सदा सच्चिदानन्दमूर्तिः शिवोऽहम् ॥ ७ ॥
यदासीद् विलासाद् विकारं जगद् यद् विकाराश्रयं नाद्वितीयत्वतः स्यात्।
मनोबुद्धिचित्ताहमाकारवृत्तिप्रवृत्तिर्यतः स्यात् तदेवाहमस्मि ॥ ८ ॥
यदन्तर्बहिर्व्यापकं नित्यशुद्धं यदेकं सदा सच्चिदानन्दकन्दम्।
यतः स्थूलसूक्ष्मप्रपञ्चस्य भानं यतस्तत्प्रसूतिस्तदेवाहमस्मि ॥ ९ ॥
यदर्केन्दुविद्युत्प्रभाजालमालाविलासास्पदं यत् स्वभेदादिशून्यम्।
समस्तं जगद् यस्य पादात्मकं स्याद् यतः शक्तिभानं तदेवाहमस्मि ॥ १० ॥
यतः कालमृत्युर्बिभेति प्रकामं यतश्चित्तबुद्धीन्द्रियाणां विलासः।
हरिब्रह्मरुद्रेन्द्रचन्द्रादिनामप्रकाशो यतः स्यात् तदेवाहमस्मि ॥ ११ ॥
यदाकाशवत्सर्वगं शान्तरूपं परं ज्योतिराकारशून्यं वरेण्यम्।
यदाद्यन्तशून्यं परं शंकराख्यं यदन्तर्विभाव्यं तदेवाहमस्मि ॥ १२ ॥

॥ इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यस्य श्रीगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यस्य श्रीमच्छङ्करभगवतः कृतौ निर्वाणमञ्जरी सम्पूर्णा ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

मैं न तो देवता हूँ, न मनुष्य हूँ और न दैत्य ही हूँ। गन्धर्व, यक्ष और पिशाचोंके भेदमें भी कोई नहीं हूँ। न पुरुष हूँ, न स्त्री हूँ और न नपुंसक ही हूँ। मैं उत्कृष्ट प्रकाशस्वरूप शिव हूँ ॥ १ ॥ मैं न बालक हूँ न युवक हूँ, न वृद्ध हूँ न सवर्ण हूँ, न ब्रह्मचारी हूँ न गृहस्थ हूँ, न वानप्रस्थी हूँ और न संन्यासी ही हूँ। सम्पूर्ण जगत्के जन्म एवं नाशका एकमात्र हेतु शिव हूँ ॥ २ ॥ मैं प्रमाणों-द्वारा मापा नहीं जा सकता। माया मेरे सामने तिरोहित हो जाती है तथा मुझे देखनेके लिये अपनेसे पृथक् कोई उपाय भी नहीं है। तीनों शरीरोंका आलिङ्गन किये रहनेपर भी मैं सदा अद्वितीय, इन्द्रियातीत एवं सर्वरूप शिव हूँ ॥ ३ ॥ मैं मनन और गमन करनेवाला नहीं हूँ। बोलनेवाला, कर्ता, भोक्ता तथा मुक्त पुरुषोंके आश्रममें रहनेवाला सन्यासी भी नहीं हूँ। जैसे मैं मनोवृत्ति-भेद-स्वरूप हूँ, उसी प्रकार सम्पूर्ण वृत्तियोंका प्रकाशक शिव हूँ ॥ ४ ॥ लोकयात्राके प्रवाहमें मेरी प्रवृत्ति नहीं है। बन्धन बुद्धि रखकर दुश्चेष्टाओंसे भरी निवृत्ति भी नहीं है। प्रवृत्ति और निवृत्तिके साथ-साथ इस चित्तकी वृत्ति भी सदा जिससे प्रकट होती है, मैं उसीका स्वरूपभूत शिव हूँ ॥५॥ जो इस अज्ञानके कार्यरूप जगत्का आदि कारण है, कार्यके बिना जिसकी सत्ता स्वतः नहीं भासित होती तथा जो आदि, अन्त, मध्य और अन्तरालके अन्तरालका भी प्रकाशक-रूप है, वही ब्रह्म मैं हूँ ॥ ६ ॥ मैं बुद्धि नहीं हूँ, मेरे कार्य-की सिद्धि नहीं होती, मैं अङ्ग नहीं हूँ और न मेरे लिङ्ग (सूक्ष्म शरीर) का लय ही होता है। मैं हृदयाकाशमें रहनेवाला, तीनों शरीरोंकी पीड़ाओंसे रहित तथा सदा सच्चिदानन्दस्वरूप शिव हूँ ॥ ७ ॥ जिससे लीलापूर्वक यह जगत्रूप विकार प्रकट हुआ है, जो अद्वितीय होनेके कारण किसी भी विकार-का आश्रय नहीं है तथा जिससे मन, बुद्धि, चित्त और अहंकाराकार वृत्तिकी प्रवृत्ति होती है, वही परब्रह्म मैं हूँ ॥ ८ ॥ जो भीतर और बाहर व्यापक है, नित्य शुद्ध है, एक है और सदा सच्चिदानन्दकन्द है, जिससे स्थूल-सूक्ष्म प्रपञ्चका भान होता है तथा जिससे उसका प्राकट्य हुआ है, वही परब्रह्म परमात्मा मैं हूँ ॥ ९ ॥ जो सूर्य, चन्द्रमा एवं विद्युत् रूप प्रभा-पुञ्जके विलासका आश्रय है, जो स्वगत-भेद आदिसे रहित है, सम्पूर्ण जगत् जिसका एक पाद (चतुर्थांश) रूप है, तथा जिससे सबको शक्तिका भान होता है, वही परमात्मा मैं

हूँ ॥ १० ॥ जिससे काल और मृत्यु पूर्णरूपसे डरते हैं, जिससे मन, बुद्धि और इन्द्रियोंको विलास प्राप्त होता है, विष्णु, ब्रह्मा, रुद्र, इन्द्र तथा चन्द्र आदि नामोंका जिससे प्रकाश होता है, वही परमात्मा मैं हूँ ॥ ११ ॥ जो आकाशकी भाँति सर्वव्यापी, शान्तस्वरूप, परम ज्योतिर्मय, आकारशून्य और श्रेष्ठ है, तथा जो आदि-अन्तरहित शंकरनामधारी परम तत्त्व अन्तःकरणमें चिन्तन करने योग्य है, वह परब्रह्म परमात्मा मैं हूँ ॥ १२ ॥

(निर्वाणमञ्जरी सम्पूर्ण)

मायापञ्चकम्

निरुपमनित्यनिरंशकेऽप्यखण्डे मयि चिति सर्वविकल्पनादिशून्ये ।
घटयति जगदीशजीवभेदं त्वघटितघटनापटीयसी माया ॥ १ ॥
श्रुतिशतनिगमान्तशोधकानप्यहह धनादिनिदर्शनेन सद्यः ।
कलुषयति चतुष्पदाद्यभिज्ञा नघटितघटनापटीयसी माया ॥ २ ॥
सुखचिदखण्डविबोधमद्वितीयं वियदनलादिविनिर्मितेन नियोज्य ।
भ्रमयति भवसागरे नितान्तं त्वघटितघटनापटीयसी माया ॥ ३ ॥
अपगतगुणवर्णजातिभेदे सुखचिति विप्रविडाद्यहंकृतिं च ।
स्फुटयति सुतदारगेहमोहं त्वघटितघटनापटीयसी माया ॥ ४ ॥
विधिहरिहरभेदभप्यखण्डे वत विरचय्य बुधानपि प्रकामम् ।
भ्रमयति हरिहरविभेदभावानघटितघटनापटीयसी माया ॥ ५ ॥

॥ इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यस्य श्रीगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यस्य श्रीमच्छङ्करभगवतः कृतौ मायापञ्चकं सम्पूर्णम् ॥

(अनुवादक पाण्डेय प० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

मैं उपमारहित, नित्य, निरवयव, अखण्ड, चिन्मय तथा सब प्रकारके विकार आदिसे रहित हूँ, तो भी माया मुझमें जीव-ईश्वरभेदकी कल्पना कर देती है। अहो! यह अघटित घटना संघटित करनेमें अत्यन्त पटु है ॥ १ ॥ अहा! हा! जो सैकड़ों श्रुतियों और वेदान्त-वाक्योंके शोधक हैं, उन्हें भी माया धन आदिका लोभ दिखाकर तुरत इतना कलुषित कर देती है कि उनमें और पशु आदिमें कोई अन्तर नहीं रह जाता। अरे! वह कैसी अघटितघटना-पटीयसी (असम्भवको सम्भव कर दिखानेमें समर्थ) है ॥ २ ॥ जो सुखस्वरूप, चिन्मय, अखण्ड बोधरूप और अद्वितीय है, उसे भी आकाश और अग्नि आदिद्वारा निर्मित तथा सागरके समान विस्तृत संसाररूप चक्रमें डालकर जो निरन्तर भटकाती रहती है, वह माया अघटित घटनाको भी संघटित करनेमें अत्यन्त पटु है ॥ ३ ॥ जो गुण, वर्ण और जातिके भेदसे रहित चिदानन्दस्वरूप है, उसमें भी माया ब्राह्मण, वैश्य आदिका अभिमान भरकर स्त्री पुत्र-गेहविषयक मोह उत्पन्न कर देती है। अरे! वह कैसी असम्भवको भी सम्भव कर दिखानेमें कुशल है ॥ ४ ॥ अखण्ड परमात्मामें भी ब्रह्मा, विष्णु और शिव इन भेदोंकी रचना करके विद्वानोंके हृदयमें भी हरि हरादिक भेदकी भावना सुदृढ़कर माया उन सबको अज्ञानमें भूलमें नचाती है। अहो! वह अघटितघटनाके निर्माणमें कितनी पटु है ॥ ५ ॥

(मायापञ्चक सम्पूर्ण)

उपदेशपञ्चकम्

वेदो नित्यमधीयतां तदुदितं कर्म स्वनुष्ठीयतां
तेनेशस्य विधीयतामपचितिः काम्ये मतिस्त्यज्यताम् ।
पापौघः परिधूयतां भवसुखे दोषोऽनुसंधीयता-
मात्मेच्छा व्यवसीयतां निजगृहात् तूर्णं विनिर्गम्यताम् ॥ १ ॥

सङ्गः सत्सु विधीयतां भगवतो भक्तिर्दृढा धीयतां
शान्त्यादिः परिचीयतां दृढतरं कर्माशु संत्यज्यताम्।
सद्विद्वानुपसृप्यतां प्रतिदिनं तत्पादुका सेव्यतां
ब्रह्मैकाक्षरमर्थ्यतां श्रुतिशिरोवाक्यं समाकर्ण्यताम् ॥ २ ॥
वाक्यार्थश्च विचार्यतां श्रुतिशिरःपक्षः समाश्रीयतां
दुस्तर्कात् सुविरम्यतां श्रुतिमतस्तर्कोऽनुसंधीयताम्।
ब्रह्मास्मीति विभाव्यतामहरहर्गर्वः परित्यज्यतां
देहेऽहंमतिरुज्झ्यतां बुधजनैर्वादः परित्यज्यताम् ॥ ३ ॥
क्षुद्व्याधिश्च चिकित्स्यतां प्रतिदिनं भिक्षौषधं भुज्यतां
स्वाद्वन्नं न तु याच्यतां विधिवशात्प्राप्तेन संतुष्यताम्।
शीतोष्णादि विषह्यतां न तु वृथा वाक्यं समुच्चार्यता-
मौदासीन्यमभीप्स्यतां जनकृपानैष्ठुर्यमुत्सृज्यताम् ॥ ४ ॥
एकान्ते सुखमास्यतां परतरे चेतः समाधीयतां
पूर्णात्मा सुसमीक्ष्यतां जगदिदं तद्बाधितं दृश्यताम्।
प्राक्कर्म प्रविलाप्यतां चितिबलान्नाप्युत्तरैः श्लिष्यतां
प्रारब्धं त्विह भुज्यतामथ परब्रह्मात्मना स्थीयताम् ॥ ५ ॥

॥ इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यस्य श्रीगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यस्य श्रीमच्छङ्करभगवतः कृतौ उपदेशपञ्चकं सम्पूर्णम् ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

प्रतिदिन वेद पढ़ो। वेदोक्त कर्मोंका भलीभाँति अनुष्ठान करो। उन्हीं कर्मोंद्वारा भगवान्‌की पूजा करो। सकाम कर्ममें मन न लगाओ। पापराशिको धो डालो। सांसारिक सुखमें दोषका विचार करो। आत्मज्ञानकी इच्छा दृढ़ करो और अपने घरसे शीघ्र निकल जाओ ॥ १ ॥ सत्पुरुषोंका सङ्ग करो। अपने हृदयमें भगवान्‌की सुदृढ़ भक्ति धारण करो। शम, दम आदिका सुदृढ़ परिचय प्राप्त करो। कर्मोंको शीघ्र त्याग दो। श्रेष्ठ विद्वान् गुरुकी शरण लो। प्रतिदिन उनकी चरणपादुका-का सेवन करो। एकमात्र अक्षरब्रह्मके बोधके लिये प्रार्थना करो और वेदान्तशास्त्रका वचन सुनो ॥ २ ॥ वेदान्त-वाक्योंके अर्थपर विचार करो। उपनिषद्‌के पक्षका आश्रय लो। कुतर्कसे विरत हो जाओ। वेदानुमोदित तर्कका अनुसरण करो। मैं ब्रह्म हूँ ऐसा प्रतिदिन चिन्तन करो। अभिमान छोड़ो। शरीरमें अहंबुद्धिका त्याग करो और विद्वानोंके साथ विवाद न करो ॥ ३ ॥ क्षुधारूपी रोगकी चिकित्सा करो। प्रतिदिन भिक्षारूपी औषध खाओ। स्वादिष्ट अन्नकी याचना न करो। भाग्यवश जो कुछ मिल जाय, उसीसे संतुष्ट रहो। शीत और उष्ण आदिको पूर्णरूपसे सहन करो। व्यर्थकी बातें न बोलो। उदासीन वृत्तिकी अभिलाषा रक्खो। लोगोंपर कृपा करना या उनके प्रति निष्ठुर व्यवहार करना छोड़ दो ॥ ४ ॥

एकान्तमें सुखसे आसन लगाकर बैठो। परात्पर परमात्मामें चित्त लगाओ। सर्वत्र परिपूर्ण परमात्माका दर्शन करो। इस जगत्‌को परमात्मभावसे बाधित देखो। ज्ञानबलसे पूर्वकर्मोंका लय करो। भावी कर्मोंमें आसक्त न होओ। शेष जीवनमें प्रारब्धका उपभोग करो और परब्रह्मरूपसे सदा स्थित रहो ॥ ५ ॥

(उपदेशपञ्चक समाप्त)

धन्याष्टकम्

तज्ज्ञानं प्रशमकरं यदिन्द्रियाणां तज्ज्ञेयं यदुपनिषत्सुनिश्चितार्थम्।
ते धन्या भुवि परमार्थनिश्चितेहाः शेषास्तु भ्रमनिलये परिभ्रमन्तः ॥ १ ॥
आदौ विजित्य विषयान् मदमोहरागद्वेषादिशत्रुगणमाहृतयोगराज्याः।
ज्ञात्वा मतं समनुभूय परात्मविद्याकान्तासुखं वनगृहे विचरन्ति धन्याः ॥ २ ॥
त्यक्त्वा गृहे रतिमधोगतिहेतुभूतामात्मेच्छयोपनिषदर्थरसं पिबन्तः।
वीतस्पृहा विषयभोगपदे विरक्ता धन्याश्चरन्ति विजनेषु विरक्तसङ्गाः ॥ ३ ॥
त्यक्त्वा ममाहमिति बन्धकरे पदे द्वे मानावमानसदृशाः समदर्शिनश्च।
कर्तारमन्यमवगम्य तदर्पितानि कुर्वन्ति कर्मपरिपाकफलानि धन्याः ॥ ४ ॥
त्यक्त्वैषणात्रयमवेक्षितमोक्षमार्गा भैक्षामृतेन परिकल्पितदेहयात्राः।
ज्योतिः परात्परतरं परमात्मसंज्ञं धन्या द्विजा रहसि हृद्यवलोकयन्ति ॥ ५ ॥
नासन्न सन्न सदसन्न महन्न चाणु न स्त्री पुमान्न च नपुंसकमेकबीजम्।
यैर्ब्रह्म तत् सममुपासितमेकचित्तैर्धन्या विरेजुरितरे भवपाशबद्धाः ॥ ६ ॥
अज्ञानपङ्कपरिमग्नमपेतसारं दुःखालयं मरणजन्मजरावसक्तम्।
संसारबन्धनमनित्यमवेक्ष्य धन्या ज्ञानासिना तदवशीर्य विनिश्चयन्ति ॥ ७ ॥
शान्तैरनन्यमतिभिर्मधुरस्वभावैरेकत्वनिश्चितमनोभिरपेतमोहैः।
साकं वनेषु विदितात्मपदस्वरूपं तद्वस्तु सम्यगनिशं विमृशन्ति धन्याः ॥ ८ ॥

॥ इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यस्य श्रीगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यस्य श्रीमच्छङ्करभगवतः कृतौ धन्याष्टकं सम्पूर्णम् ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

ज्ञान वह है, जो इन्द्रियोंको शान्त करनेवाला हो। ज्ञेय वह है, जो उपनिषदोंमें भलीभाँति निश्चित किया गया हो। इस पृथ्वीपर वे मनुष्य धन्य हैं, जिनकी सारी चेष्टाएँ निश्चित ही परमार्थके लिये होती हैं। शेष सभी लोग भ्रमकी दुनियामें भटक रहे हैं ॥ १ ॥ पहले विषयोंको जीतकर तथा मद, मोह, राग, द्वेष आदि शत्रुओंको परास्त करके फिर योगसाम्राज्य प्राप्त करके शास्त्रका मत जानकर परमात्मविद्यारूपी प्रेयसीके सगम-सुखका अनुभव करते हुए धन्य पुरुष वनरूपी गृहमे विचरते हैं ॥ २ ॥ घरमें होनेवाली आसक्ति अधोगतिका हेतु है। उसे त्यागकर स्वेच्छानुसार उपनिषदोंके अर्थभूत ब्रह्मरसका पान करते हुए वीतराग हो विषयभोगोकी इच्छा न रखकर धन्य मानव एकान्त स्थानोंमे विरक्तोंके साथ विचरते हैं ॥ ३ ॥ मेरा और मैं—ये दो बन्धनमे डालनेवाले भाव हैं। इन दोनोंको त्यागकर मान और अपमानमे तुल्य और समदर्शी हो अपनेसे भिन्न दूसरे (ईश्वर) को कर्ता मानकर कर्मफलोको उन्हींके अर्पण कर देते हैं ॥ ४ ॥ तीनों एषणाओंका त्याग करके मोक्षमार्गपर दृष्टि रखकर भिक्षारूपी अमृतसे शरीरयात्राका निर्वाह करते हुए धन्य द्विज एकान्तमे बैठकर अपने हृदयमें परात्पर परमात्म-सज्ञक ज्योतिका दर्शन करते हैं ॥ ५ ॥ जो न असत् है न सत्, न सदसद्रूप है, न महान् है न सूक्ष्म है, न स्त्री है न पुरुष है और न नपुसक ही है, जो अकेला ही सबका आदिकारण है, उस ब्रह्मकी जिन लोगोंने एकचित्त होकर उपासना की है, वे धन्य महानुभाव विराज रहे हैं। दूसरे लोग ससाररूपी बन्धनमें बँधे हुए हैं ॥ ६ ॥ यह ससाररूपी रज्जु अज्ञानरूपी पङ्कमे डूबी हुई, सारहीन, दुःखका घर और जन्म, मृत्यु एवं जरामे आसक्त है। इसे अनित्य देखकर धन्य पुरुष ज्ञानरूपी खड्गसे छिन्न-भिन्न करके परमात्मतत्त्वको निश्चित-रूपसे जान लेते हैं ॥ ७ ॥ जो शान्त हैं, जिनकी बुद्धि परमात्माके सिवा अन्यत्र नहीं जाती, जिनका स्वभाव मधुर है, जिनके मनमें जीवात्मा और परमात्माके एकत्वका निश्चय हो

गया है और जो सर्वथा मोहरहित हैं, ऐसे महात्माओंके साथ वनमें रहकर धन्य पुरुष आत्मस्वरूप परब्रह्म परमात्माको जानकर निरन्तर उसीका भलीभाँति चिन्तन करते रहते हैं ॥ ८ ॥

(धन्याष्टक समाप्त)

दशश्लोकी स्तुति

साम्बो नः कुलदैवतं पशुपते साम्ब त्वदीया वयं साम्बं स्तौमि सुरासुरोरगगणाः साम्बेन संतारिताः ।
साम्बायास्तु नमो मया विरचितं साम्बात्परं नो भजे साम्बस्यानुचरोऽस्म्यहं मम रतिः साम्बे परब्रह्मणि ॥ १ ॥
विष्ण्वाद्याश्च पुरत्रयं सुरगणा जेतुं न शक्ताः स्वयं यं शम्भुं भगवन् ! वयं तु पशवोऽस्माकं त्वमेवेश्वरः ।
स्वस्वस्थाननियोजिताः सुमनसः स्वस्था बभूवुस्ततस्तस्मिन्मे हृदयं सुखेन रमतां साम्बे परब्रह्मणि ॥ २ ॥
क्षोणी यस्य रथो रथाङ्गयुगलं चन्द्रार्कबिम्बद्वयं कोदण्डः कनकाचलो हरिरभूद्बाणो विधिः सारथिः ।
तूणीरो जलधिर्हयाः श्रुतिचयो मौर्वी भुजङ्गाधिपस्तस्मिन्मे हृदयं सुखेन रमतां साम्बे परब्रह्मणि ॥ ३ ॥
येनापादितमङ्गजाङ्गभसितं दिव्याङ्गरागैः समं येन स्वीकृतमञ्जसम्भवशिरः सौवर्णपात्रैः समम् ।
येनाङ्गीकृतमच्युतस्य नयनं पूजारविन्दैः समं तस्मिन्मे हृदयं सुखेन रमतां साम्बे परब्रह्मणि ॥ ४ ॥
गोविन्दादधिकं न दैवतमिति प्रोद्घाय हस्तावुभावुद्धृत्याथ शिवस्य संनिधिगतो व्यासो मुनीनां वरः ।
यस्य स्तम्भितपाणिरानतिकृता नन्दीश्वरेणाभवत् तस्मिन्मे हृदयं सुखेन रमतां साम्बे परब्रह्मणि ॥ ५ ॥
आकाशश्चिकुरायते दशदिशाभोगो दुकूलायते शीतांशुः प्रसवायते स्थिरतरानन्दः स्वरूपायते ।
वेदान्तो निलयायते सुविनयो यस्य स्वभावायते तस्मिन्मे हृदयं सुखेन रमतां साम्बे परब्रह्मणि ॥ ६ ॥
विष्णुर्यस्य सहस्रनामनियमादम्भोरुहैरर्चयन्नेकेनापचितेषु नेत्रकमलं नैजं पदाब्जद्वये ।
सम्पूज्यासुरसंहतिं विदलयंस्त्रैलोक्यपालोऽभवत् तस्मिन्मे हृदयं सुखेन रमतां साम्बे परब्रह्मणि ॥ ७ ॥
शौरिं सत्यगिरं वराहवपुषं पादाम्बुजादर्शने चक्रे यो दयया समस्तजगतां नाथं शिरोदर्शने ।
मिथ्यावाचमपूज्यमेव सततं हंसस्वरूपं विधिं तस्मिन्मे हृदयं सुखेन रमतां साम्बे परब्रह्मणि ॥ ८ ॥
यस्यासन् धरणीजलाग्निपवनव्योमार्कचन्द्रादयो विख्यातास्तनवोऽष्टधा परिणता नान्यत्ततो वर्तते ।
ओंकारार्थविवेचनी श्रुतिरियं चाचष्ट तुर्य्यं शिवं तस्मिन्मे हृदयं सुखेन रमतां साम्बे परब्रह्मणि ॥ ९ ॥
विष्णुब्रह्मसुराधिपप्रभृतयः सर्वेऽपि देवा यदा सम्भूताज्जलधेर्विषात्परिभवं प्राप्तास्तदा सत्वरम् ।
तानार्त्तान्शरणागतानिति सुरान् योऽरक्षदर्द्रक्षणात् तस्मिन्मे हृदयं सुखेन रमतां साम्बे परब्रह्मणि ॥१०॥

॥ इति श्रीमच्छङ्कराचार्यविरचिता दशश्लोकी सम्पूर्णा ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

अम्बा पार्वतीसहित भगवान् शिव हमारे कुलदेवता हैं । जीवरूपी पशुओंके स्वामी साम्बसदाशिव ! हमलोग आपके भक्त हैं, हम अम्बिकासहित महेश्वरकी स्तुति करते हैं । अम्बासहित भगवान् शिवने कितने ही देवताओं, असुरों और नागोंका उद्धार किया है । हमने अम्बिकासहित महादेवजीके लिये नमस्कार किया है । अम्बासहित भगवान् शिवके सिवा दूसरे किसी देवताका हम भजन नहीं करते । हम केवल साम्बसदाशिवके ही सेवक हैं । अम्बासहित परब्रह्म परमात्मा शिवमें मेरा सदा अनुराग बना रहे ॥ १ ॥ विष्णु आदि सब देवता जब असुरोंके तीनों पुरोंको जीतनेमें स्वयं असमर्थ हो गये, तब जिन भगवान् शङ्करके पास आकर यों बोले—'भगवन् ! हम तो पशु हैं, आप ही हमारे पति या ईश्वर हैं ।' उनकी यह प्रार्थना सुनकर जिन्होंने सब देवताओंको सान्त्वना दे त्रिपुरका नाश करके सबको अपने-अपने स्थानमें नियुक्त किया, जिससे वे सभी स्वस्थ हो सके, उन्हीं साम्बसदाशिव परब्रह्म परमात्मामें

मेरा हृदय सुखपूर्वक रमता रहे ॥ २ ॥ त्रिपुर-विनाशके समय पृथ्वी जिनका रथ हुई, चन्द्रमण्डल और सूर्यमण्डल जिनके रथके दो पहिये बने, मेरुपर्वत धनुष बना, स्वयं भगवान् विष्णु बाण बन गये, ब्रह्माजी जिनका रथ हाँकनेके लिये सारथि हुए, समुद्रने तरकसका काम सँभाला, चारों वेद चार घोड़े बन गये और नागराज अनन्तने जिनके धनुषकी प्रत्यञ्चाका रूप धारण किया, उन्हीं परब्रह्म परमात्मा साम्बसदाशिवमें मेरा हृदय सुखपूर्वक रमण करे ॥ ३ ॥ जिन्होंने कामदेवके शरीरको भस्म बनाकर उसे दिव्य अङ्गरागोंके समान स्वीकार किया है, जिनके द्वारा अङ्गीकार किया हुआ ब्रह्माजीका मस्तक (जो कपालके रूपमें शिवजीके हाथमें है) सुवर्णपात्रके समान महत्त्व रखता है तथा जिन्होंने पूजापर चढ़नेवाले कमलपुष्पोंके समान भगवान् विष्णुके एक नेत्रको भी अङ्गीकार कर लिया, उन्हीं साम्बसदाशिव परब्रह्ममें मेरा हृदय सुखपूर्वक रमण करे ॥ ४ ॥ एक समय मुनिश्रेष्ठ व्यास दोनों बाँहें ऊपर उठाकर बड़े जोरसे यह घोषणा करते हुए कि 'भगवान् विष्णुसे बढ़कर दूसरा कोई देवता नहीं है' भगवान् शिवके समीप गये। उस समय जिनके सेवक नन्दीश्वरने ही उनकी उन बाँहोंको स्तम्भित कर दिया, उन्हीं परब्रह्मस्वरूप साम्बसदाशिवमें मेरा हृदय सानन्द रमण करता रहे ॥ ५ ॥

आकाश जिनके लिये केश-कलापका काम दे रहा है, दसों दिशाओंका विस्तार जिनके लिये वस्त्र-सा बना हुआ है, शीतरश्मि चन्द्रमा जिनके मस्तकपर पुष्पमय आभूषण-से प्रतीत होते हैं, अक्षय आनन्द जिनका स्वरूप ही है, वेदान्त जिनका विश्राम-स्थान है तथा अत्यन्त विनय जिनका स्वभाव-सा है, उन्हीं परब्रह्मस्वरूप साम्बसदाशिवमें मेरा मन सुखसे रमता रहे ॥ ६ ॥ भगवान् विष्णु जिनके सहस्र नामोंद्वारा एक-एक नामसे एक-एक कमलपुष्प चढ़ानेका नियम लेकर कमलों द्वारा पूजा करने लगे और एक कमल घट जानेपर अपने कमलोपम नेत्रको ही निकालकर उन्होंने जिनके युगल चरणारविन्दोंपर चढ़ा दिया और सङ्कल्पित पूजन सम्पन्न किया तथा उसी पूजनकी महिमासे वे असुरसमूहका विनाश करते हुए तीनों लोकोंके रक्षक हो गये, उन्हीं परब्रह्मस्वरूप साम्बसदाशिवमें मेरा हृदय सुखपूर्वक रमता रहे ॥ ७ ॥ जिन्होंने अपने चरणारविन्दोंका पता लगानेके लिये पाताललोकतक गये हुए वाराहरूपधारी श्रीविष्णुको 'मुझे आपके श्रीचरणोंका दर्शन न हो सका' इस प्रकार सत्य बोलनेपर दया करके सम्पूर्ण जगत्का अधिपति बना दिया और मस्तक-दर्शनके विषयमें झूठ बोलनेपर हंसरूपधारी ब्रह्माको सर्वथा अपूज्य ही बना दिया, उन परब्रह्मस्वरूप साम्बसदाशिवमें मेरा मन रमता रहे ॥ ८ ॥ पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, सूर्य और चन्द्रमा आदि[1] जिनके आठ प्रसिद्ध शरीर बताये गये हैं। इन आठोंके अतिरिक्त और कुछ है ही नहीं। ॐकारके अर्थका विवेचन करनेवाली माण्डूक्य श्रुति भी जिन भगवान् शिवको तुरीय बताती है, उन्हीं परब्रह्मस्वरूप साम्बसदाशिवमें मेरा मन रमता रहे ॥ ९ ॥ जब समुद्रसे प्रकट हुए विषसे विष्णु, ब्रह्मा और इन्द्र आदि सब देवता पराजित हो तुरत ही भगवान् शिवकी शरणमें गये, उस समय जिन्होंने विषपान करके आधे ही क्षणमें उन पीड़ित एवं शरणागत देवताओंकी रक्षा कर ली, उन्हीं परब्रह्मस्वरूप साम्बसदाशिवमें मेरा हृदय सानन्द रमण करता रहे ॥ १० ॥

(दशश्लोकी स्तुति सम्पूर्ण)

षट्पदी-स्तोत्रम्

अविनयमपनय विष्णो दमय मनः शमय विषयमृगतृष्णाम् । भूतदयां विस्तारय तारय संसारसागरतः ॥ १ ॥
दिव्यधुनीमकरन्दे परिमलपरिभोगसच्चिदानन्दे । श्रीपतिपदारविन्दे भवभयखेदच्छिदे वन्दे ॥ २ ॥
सत्यपि भेदापगमे नाथ तवाहं न मामकीनस्त्वम् । सामुद्रो हि तरङ्गः क्वचन समुद्रो न तारङ्गः ॥ ३ ॥
उद्धृतनग नगभिदनुज दनुजकुलामित्र मित्रशशिदृष्टे । दृष्टे भवति प्रभवति न भवति किं भवतिरस्कारः ॥ ४ ॥
मत्स्यादिभिरवतारैरवतारवतावता सदा वसुधाम् । परमेश्वर परिपाल्यो भवता भवतापभीतोऽहम् ॥ ५ ॥

१. आदि शब्दसे यहाँ प्रकृतिको ग्रहण करना चाहिये ।

दामोदर गुणमन्दिर सुन्दरवदनारविन्द गोविन्द । भवजलधिमथनमन्दर परमं दरमपनय त्वं मे ॥ ६ ॥
नारायण करुणामय शरणं करवाणि तावकौ चरणौ । इति षट्पदी मदीये वदनसरोजे सदा वसतु ॥ ७ ॥

॥ इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यस्य श्रीगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यस्य श्रीमच्छङ्करभगवतः कृतौ षट्पदीस्तोत्रं सम्पूर्णम् ॥

(अनुवादक—प० श्रीगौरीशङ्करजी द्विवेदी)

हे विष्णो ! (मेरे) अविनयको दूर करो, मनको दमन करो, विषयरूपी मृगतृष्णा (के मोह)को शमन करो। मुझें (प्राणियों) के प्रति दयाके भावका विस्तार करो, (और मेरा) संसारसागरसे उद्धार करो ॥ १ ॥ सुरधुनी (गङ्गा) रूपी मकरन्द या मधुसे युक्त (जिन युगल चरण-कमलोंके) परिमलका सम्भोग ही सच्चिदानन्दरूप है, जो संसारभयसे उत्पन्न खेदके नाशक हैं, श्रीपति भगवान् विष्णुके उन चरणकमलोंकी मैं वन्दना करता हूँ ॥ २ ॥ हे नाथ ! मुझमें और तुममें भेद न होनेपर भी मैं तुम्हारा हूँ, तुम मेरे नहीं हो, क्योंकि (समुद्र और तरङ्गमें भेद न होनेपर भी) समुद्रका अंश तरङ्ग होता है, तरङ्गका अंश समुद्र कदापि नहीं होता ॥ ३ ॥ जिन्होंने गोवर्द्धन पर्वतको उठा लिया, जो पर्वतोंका छेदन करनेवाले इन्द्रके अनुज (अर्थात् उपेन्द्र) हैं, जो दनुजकुलके शत्रु हैं; सूर्य-चन्द्र जिनके चक्षु हैं, हे प्रभो ! आपका साक्षात्कार होनेपर क्या भव (जन्म-मरण) का तिरस्कार नहीं होता ? ॥ ४ ॥ हे परमेश्वर ! मत्स्यादि अवतारोंके द्वारा (तुमने) सदा ही वसुधाका पालन किया है, भवतापसे भयभीत मैं तुम्हारेद्वारा परिपालनयोग्य हूँ ॥ ५ ॥ हे दामोदर ! हे गुणोंके मन्दिर, हे सुन्दरमुख-कमलविशिष्ट ! गोविन्द ! संसारसमुद्रके मन्थनमें मन्दराचल स्वरूप ! तुम मेरे परम भयको दूर करो ॥ ६ ॥ हे नारायण ! करुणामय ! मैं तुम्हारे उभय चरणोंकी शरण लेता हूँ । यह छः पदोंकी समष्टिरूप भ्रमरी सदा मेरे मुखकमलमें वास करे ॥ ७ ॥

(षट्पदीस्तोत्र सम्पूर्ण)

श्रीकृष्णाष्टकस्तोत्रम्

श्रियाश्लिष्टो विष्णुः स्थिरचरगुरुर्वेदविषयो धियां साक्षी शुद्धो हरिरसुरहन्ताब्जनयनः ।
गदी शङ्खी चक्री विमलवनमाली स्थिररुचिः शरण्यो लोकेशो मम भवतु कृष्णोऽक्षिविषयः ॥ १ ॥
यतः सर्वं जातं वियदनिलमुख्यं जगदिदं स्थितौ निःशेषं योऽवति निजसुखांशेन मधुहा ।
लये सर्वं स्वस्मिन् हरति कलया यस्तु स विभुः शरण्यो लोकेशो मम भवतु कृष्णोऽक्षिविषयः ॥ २ ॥
असूनायम्यादौ यमनियममुख्यैः सुकरणैर्निरुध्येदं चित्तं हृदि विलयमानीय सकलम् ।
यमीड्यं पश्यन्ति प्रवरमतयो मायिनमसौ शरण्यो लोकेशो मम भवतु कृष्णोऽक्षिविषयः ॥ ३ ॥
पृथिव्यां तिष्ठन् यो यमयति महीं वेद न धरा यमित्यादौ वेदो वदति जगतामीशममलम् ।
नियन्तारं ध्येयं मुनिसुरनृणां मोक्षदमसौ शरण्यो लोकेशो मम भवतु कृष्णोऽक्षिविषयः ॥ ४ ॥
महेन्द्रादिर्देवो जयति दितिजान् यस्य बलतो न कस्य स्वातन्त्र्यं क्वचिदपि कृतौ यत्कृतिभृते ।
कवित्वादेर्गर्वं परिहरति योऽसौ विजयिनः शरण्यो लोकेशो मम भवतु कृष्णोऽक्षिविषयः ॥ ५ ॥
विना यस्य ध्यानं व्रजति पशुतां शूकरमुखां विना यस्य ज्ञानं जनिमृतिभयं याति जनता ।
विना यस्य स्मृत्या कृमिशतजनिं याति स विभुः शरण्यो लोकेशो मम भवतु कृष्णोऽक्षिविषयः ॥ ६ ॥
नरातङ्कोट्टङ्कः शरणशरणो भ्रान्तिहरणो घनश्यामो रामो व्रजशिशुवयस्योऽर्जुनसखः ।
स्वयम्भूभूतानां जनक उचिताचारसुखदः शरण्यो लोकेशो मम भवतु कृष्णोऽक्षिविषयः ॥ ७ ॥
यदा धर्मग्लानिर्भवति जगतां क्षोभकरणी तदा लोकस्वामी प्रकटितवपुः सेतुधृगजः ।
सतां धाता स्वच्छो निगमगुणगीतो व्रजपतिः शरण्यो लोकेशो मम भवतु कृष्णोऽक्षिविषयः ॥ ८ ॥
इति हरिरखिलात्माराधितः शङ्करेण श्रुतिविशदगुणोऽसौ मातृमोक्षार्थमाद्यः ।
यतिवरनिकटे श्रीयुक्त आविर्बभूव स्वगुणवृत उदारः शङ्खचक्राब्जहस्तः ॥ ९ ॥

॥ श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यस्य श्रीगोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यस्य श्रीमच्छङ्करभगवतः कृतौ श्रीकृष्णाष्टकस्तोत्रं सम्पूर्णम् ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

जो चराचर जगत्के गुरु, वेदप्रतिपाद्य, लक्ष्मीके द्वारा आश्लिष्ट श्रीविष्णु हैं, जो बुद्धियोंके साक्षी, शुद्धस्वरूप, असुरोंका नाश करनेवाले, कमलनयन, गदा, शङ्ख और चक्र धारण करनेवाले श्रीहरि हैं, वे लोकाधिपति, सबको शरण देनेवाले, स्वच्छ वनमाला धारण करनेवाले, नित्योज्ज्वल-दीप्ति श्रीकृष्ण मेरे नयनगोचर हों (मुझे दर्शन प्रदान करें) ॥ १ ॥

आकाश, वायु आदिका परिणाम स्वरूप यह सारा जगत् जिससे उत्पन्न हुआ है, स्थितिकालमे जो मधुसूदन निज-सुखाशके द्वारा सबका पालन करते है तथा प्रलयकालमे जो अपनी एक कलाके द्वारा सबको अपनेमे विलीन कर लेते हैं, वे लोकाधिपति, सबको शरण देनेवाले विभु श्रीकृष्ण मेरे नयनगोचर हों ॥ २ ॥

उत्तम बुद्धिवाले मुनिगण पहले प्राणसयम करके यम-नियमादि श्रेष्ठ साधनोंके द्वारा इस चित्तका निरोध करके हृदयमे पूर्णतः विलीन कर जिन स्तवन करने योग्य मायाधिपतिको देखते है, वे लोकाधिपति, सबको शरण देनेवाले श्रीकृष्ण मेरे नयनगोचर हो ॥ ३ ॥

पृथिवीपर रहते हुए जो इस पृथिवीको नियमित करता है, परंतु पृथिवी जिसको नही जानती; 'यः पृथिव्या तिष्ठन्' इत्यादि स्थलोमे श्रुति जिनको निरञ्जन, जगदीश्वर, नियन्ता और ध्येय कहती है; जो देव-मुनि-मानवोको मोक्ष प्रदान करनेवाले और सबको शरण देनेवाले हैं, वे लोकाधिपति श्रीकृष्ण मेरे नयनगोचर हो ॥ ४ ॥

जिनके बलसे इन्द्रादि देवता दैत्योंपर विजय प्राप्त करते हैं, जिनके किये बिना कही किसी भी कार्यमे किसीका स्वतन्त्र कर्तृत्व नही है, जो दिग्विजयी पण्डितोंके कवित्व आदिके गर्वको हर लेते हैं, वे सबको शरण देनेवाले लोकाधिपति श्रीकृष्ण मेरे नयनगोचर हों ॥ ५ ॥

जिनके ध्यानके बिना जीव शूकर आदि पशुयोनिको प्राप्त होता है, जिनको जाने बिना लोग जन्म और मरणके भयको प्राप्त होते है, जिनको स्मरण किये बिना शत-शत जन्मोंतक कृमियोनि प्राप्त होती है, वे सबको शरण देनेवाले लोकाधिपति सर्वव्यापी श्रीकृष्ण मेरे नयनगोचर हों ॥ ६ ॥

जो भक्त-जनकी भीति हर लेते है, रक्षकोंके भी रक्षक हैं, जगत्की भ्रान्तिको हर लेते है, जो घनके समान श्याम-द्युति है, लोकोंको सुख देनेवाले है, व्रज-बालकोंके मित्र है, अर्जुनके सखा है, स्वयंभू है, सब प्राणियोंके उत्पादक हैं, सदाचारी पुरुषोंको सुख प्रदान करते हैं, वे सबको शरण देनेवाले लोकाधिपति श्रीकृष्ण मेरे नयनगोचर हों ॥ ७ ॥

जब-जब जगत्मे क्षोभ पैदा करनेवाली धर्मकी ग्लानि होती है, तब-तब अज होते हुए भी जो त्रिलोकीके स्वामी शरीर धारण करके धर्मकी मर्यादाकी रक्षा करते हैं, जो साधु पुरुषोके रक्षक हैं, निर्विकार हैं, जिनके गुणोंका कीर्तन वेदादि शास्त्र करते हैं, वे सबको शरण देनेवाले, लोकाधिपति व्रजपति श्रीकृष्ण मेरे नयनगोचर हो ॥ ८ ॥

परिव्राजकप्रवर श्रीशङ्कराचार्यने जब माताकी मुक्तिके निमित्त इस प्रकार श्रुतिवर्णित गुणवाले अखिल जगत्की आत्मा श्रीहरिकी आराधना की, तब वे निजगुणोंके सहित शङ्ख, चक्र, कमल हाथमे लिये श्रीसम्पन्न उदार रूपमे उनके सामने आविर्भूत हुए ॥ ९ ॥

(श्रीकृष्णाष्टक सम्पूर्ण)

भगवन्मानसपूजा

हृदम्भोजे कृष्णः सजलजलदश्यामलतनुः सरोजाक्षः स्रग्वी मुकुटकटकाद्याभरणवान् ।
शरद्राकानाथप्रतिमवदनः श्रीमुरलिकां वहन् ध्येयो गोपीगणपरिवृतः कुङ्कुमचितः ॥ १ ॥
पयोऽम्भोधेर्द्वीपान्मम हृदयमायाहि भगवन् मणिव्रातभ्राजत् कनकवरपीठं भज हरे ।
सुचिह्नौ ते पादौ यदुकुलज नेनेज्मि सुजलैर्गृहाणेदं दूर्वाफलजलवदर्घ्यं मुररिपो ॥ २ ॥
त्वमाचामोपेन्द्र त्रिदशसरिदम्भोऽतिशिशिरं भजस्वेमं पञ्चामृतरचितमाप्लावमधहन् ।
पुनद्याः कालिन्द्या अपि कनककुम्भस्थितमिदं जलं तेन स्नानं कुरु कुरु कुरुष्वाचमनकम् ॥ ३ ॥

तडिद्वर्णे वस्त्रे भज विजयकान्ताधिहरण प्रलम्बारिभ्रातर्मृदुलमुपवीतं कुरु गले।
ललाटे पाटीरं मृगमदयुतं धारय हरे गृहाणेदं माल्यं शतदलतुलस्यादिरचितम् ॥ ४ ॥
दशाङ्गं धूपं सद्गरदचरणाग्रेऽर्पितमिदं मुखं दीपेनेन्दुप्रभवरजसा देव कलये।
इमौ पाणी वाणीपतिनुत सुकर्पूररजसा विशोध्याग्रे दत्तं सलिलमिदमाचाम नृहरे ॥ ५ ॥
सदातृप्तान्नं षड्रसवदखिलव्यञ्जनयुतं सुवर्णामत्रे गोघृतचषकयुक्ते स्थितमिदम्।
यशोदासूनो त्वं परमदययाऽशान सखिभिः प्रसादं वाञ्छद्भिः सह तदनु नीरं पिब विभो ॥ ६ ॥
सचन्द्रं ताम्बूलं मुखशुचिकरं भक्षय हरे फलं स्वादु प्रीत्या परिमलवदास्वादय चिरम्।
सपर्य्यापर्याप्त्यै कनकमणिजातं स्थितमिदं प्रदीपैरारार्तिं जलधितनयाश्लिष्ट रचये ॥ ७ ॥
विजातीयैः पुष्पैरतिसुरभिभिर्बिल्वतुलसीयुतैश्चेमं पुष्पाञ्जलिमजित ते मूर्ध्नि निदधे।
तव प्रादक्षिण्यक्रमणमघविध्वंसि रचितं चतुर्वारं विष्णो जनिपथगताश्रान्तिविदुषा ॥ ८ ॥
नमस्कारोऽष्टाङ्गः सकलदुरितध्वंसनपटुः कृतं नृत्यं गीतं स्तुतिरपि रमाकान्त त इयम्।
तव प्रीत्यै भूयादहमपि च दासस्तव विभो कृतं छिद्रं पूर्णं कुरु कुरु नमस्तेऽस्तु भगवन् ॥ ९ ॥
सदा सेव्यः कृष्णः सजलघननीलः करतले दधानो दध्यन्नं तदनु नवनीतं मुरलिकाम्।
कदाचित्कान्तानां कुचकलशपत्रालिरचनासमासक्तः स्निग्धैः सह शिशुविहारं विरचयन् ॥१०॥

॥ इति श्रीमच्छङ्कराचार्यविरचितं भगवन्मानसपूजनं सम्पूर्णम् ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

भगवन्मानसपूजा

ध्यान

भगवान्‌का ध्यान इस प्रकार करे—हृदयकमलके आसनपर सजल जलधरके समान श्याम शरीरवाले कमलनयन भगवान् श्रीकृष्ण विराजमान हैं। उनके गलेमें वनमाला शोभा पा रही है। मस्तकपर मुकुट, हाथोंमें कंगन तथा अन्यान्य अङ्गोंमें उनके योग्य आभूषण धारण किये हुए हैं। शरत्कालके चन्द्रमाके समान उनका मनोरम मुख है। वे हाथमें मुरली धारण किये हैं। केसरयुक्त चन्दनसे उनका शृङ्गार किया गया है और गोपियाँ उन्हें चारों ओरसे घेरकर खड़ी हैं ॥ १ ॥

आवाहन-आसन-पाद्य-अर्घ्य

भगवन्! क्षीरसागरके द्वीपसे मेरे हृदयमन्दिरमें पदार्पण कीजिये। हरे! रत्नसमूहोंसे जटित सुन्दर स्वर्णमय सिंहासनपर विराजमान होइये। यदुकुलतिलक! मैं सुन्दर चिह्नोंसे सुशोभित आपके दोनों चरणोंको शुद्ध जलसे पखार रहा हूँ। मुरारे! दूर्वा, फल और जलसे संयुक्त यह अर्घ्य ग्रहण कीजिये ॥ २ ॥

आचमन, पञ्चामृत-स्नान, शुद्धोदक-स्नान और पुनराचमन

उपेन्द्र! आप गङ्गाजीके अत्यन्त शीतल जलका आचमन कीजिये। पापहारी प्रभो! यह पञ्चामृतसे तैयार किया हुआ तरल पदार्थ आपके स्नानके लिये प्रस्तुत है। इसके पश्चात् सोनेके घड़ोंमें रक्खा हुआ जो यह गङ्गा और यमुनाका जल है, इससे शुद्ध स्नान कीजिये। तदनन्तर पुनः आचमन कीजिये ॥ ३ ॥

वस्त्र, यज्ञोपवीत, चन्दन और माला

अर्जुनके प्रिय मित्र! और सबकी मानसिक चिन्ता दूर करनेवाले श्रीकृष्ण! आप विद्युत्‌के समान रंगवाले ये दो पीताम्बर धारण कीजिये। बलरामजीके छोटे भैया! यह कोमल यज्ञोपवीत भी गलेमें डाल लीजिये। हरे! अपने ललाटमें कस्तूरीमिश्रित चन्दन धारण कीजिये। साथ ही कमल और तुलसी आदिसे निर्मित यह सुन्दर माला ग्रहण कीजिये ॥४॥

धूप, दीप, करशुद्धि और आचमन

सत्पुरुषोंको वर देनेवाले चारु चरणोंसे सुशोभित श्रीहरे! आपके आगे यह दशाङ्ग-धूप समर्पित है। देव! मैं कपूरकी रजसे परिपूर्ण दीपकद्वारा आपकी मुखकान्तिको उद्दीप्त कर रहा हूँ। वाणीपति ब्रह्माजीके द्वारा प्रशंसित नृसिंहदेव! सुन्दर कर्पूरचूर्णसे अपने इन दोनों कर-कमलोंको शुद्ध करके सामने रखे हुए इस जलको आचमनके उपयोगमें लाइये ॥ ५ ॥

नैवेद्य-निवेदन, आचमन-अर्पण

यशोदानन्दन ! गोघृतकी प्यालीसहित सोनेके पात्रमें रखा हुआ यह सम्पूर्ण व्यञ्जनोंसे युक्त षड्रस भोजन प्रस्तुत है, जो सदा तृप्ति प्रदान करनेवाला है। आप अत्यन्त कृपा करके प्रसाद लेनेकी इच्छावाले सखाओंके साथ यह अन्न ग्रहण करें। प्रभो ! तत्पश्चात् यह जल पी लें॥ ६ ॥

ताम्बूल, फल, दक्षिणा और आरती

हरे ! यह कर्पूरसहित ताम्बूल मुखकी शुद्धि करनेवाला है। इसे भक्षण कीजिये। साथ ही स्वादिष्ट और सुगन्धित इन फलोंका प्रेमपूर्वक देरतक आस्वादन कीजिये। लक्ष्मीसे आलिङ्गित श्रीहरे ! इस मानस-पूजाकी पूर्णताके लिये सुवर्ण और रत्नोंकी यह राशि यहाँ प्रस्तुत है। अब मैं अनेक उत्कृष्ट दीपकोंद्वारा आपकी आरती उतारता हूँ ॥ ७ ॥

पुष्पाञ्जलि और प्रदक्षिणा

अजित श्रीकृष्ण ! मैं विभिन्न जातिके अत्यन्त सुगन्धित पुष्पों और बिल्वपत्र तथा तुलसी-दलोंद्वारा यह पुष्पाञ्जलि आपके मस्तकपर अर्पित करता हूँ। विष्णो ! जन्मके मार्गपर आनेसे जो दुःख उठाना पड़ता है, उससे मैं जानता हूँ; इसीलिये मैंने आपकी चार बार परिक्रमा की है, जो समस्त पापोंका नाश करनेवाली है ॥ ८ ॥

साष्टाङ्ग प्रणाम, स्तुति, पूजा-समर्पण, क्षमा-प्रार्थना और नमस्कार

रमाकान्त ! सम्पूर्ण पापराशिका विध्वंस करनेमें समर्थ यह साष्टाङ्ग प्रणाम आपको समर्पित है। आपकी प्रसन्नताके लिये यह नृत्य, गीत तथा स्तुतिका भी आयोजन किया गया है। सर्वव्यापी प्रभो ! यह पूजन आपकी प्रसन्नता बढ़ानेवाला हो। मैं आपका दास बना रहूँ। इस पूजनमें जो त्रुटि हो, उसे आप पूर्ण करें, पूर्ण करें। भगवन् ! आपको नमस्कार है ॥ ९ ॥

उपसंहारकालिक ध्यान

जो अपने हाथमें दही-भात, मक्खन और मुरली लिये हुए हैं और अपने स्नेही सखाओंके साथ बालोचित क्रीडाएँ करते हैं, जो कभी-कभी प्रेयसी गोपसुन्दरियोंके चञ्चलशोभन पत्ररचना करनेमें आसक्त होते हैं, वे सजल जलधरके समान कान्तिवाले श्यामसुन्दर श्रीकृष्ण सदा सेवन करने योग्य है ॥ १० ॥

(भगवन्मानसपूजा सम्पूर्ण)

श्रीअच्युताष्टकम्

अच्युतं केशवं रामनारायणं कृष्णदामोदरं वासुदेवं हरिम् ।
श्रीधरं माधवं गोपिकावल्लभं जानकीनायकं रामचन्द्रं भजे ॥ १ ॥
अच्युतं केशवं सत्यभामाधवं माधवं श्रीधरं राधिकाराधितम् ।
इन्दिरामन्दिरं चेतसा सुन्दरं देवकीनन्दनं नन्दजं संदधे ॥ २ ॥
विष्णवे जिष्णवे शङ्खिने चक्रिणे रुक्मिणीरागिणे जानकीजानये ।
वल्लवीवल्लभायार्चितायात्मने कंसविध्वंसिने वंशिने ते नमः ॥ ३ ॥
कृष्ण गोविन्द हे राम नारायण श्रीपते वासुदेवाजित श्रीनिधे ।
अच्युतानन्त हे माधवाधोक्षज द्वारकानायक द्रौपदीरक्षक ॥ ४ ॥
राक्षसक्षोभितः सीतया शोभितो दण्डकारण्यभूपुण्यताकारणः ।
लक्ष्मणेनान्वितो वानरैः सेवितोऽगस्त्यसम्पूजितो राघवः पातु माम् ॥ ५ ॥
धेनुकारिष्टकानिष्टकृद् द्वेषिहा केशिहा कंसहृद्वंशिकावादकः ।
पूतनाकोपकः सूरजाखेलनो बालगोपालकः पातु मां सर्वदा ॥ ६ ॥
विद्युदुद्योतवत्प्रस्फुरद्वाससं प्रावृडम्भोदवत्प्रोल्लसद्विग्रहम् ।
वन्यया मालया शोभितोरःस्थलं लोहिताङ्घ्रिद्वयं वारिजाक्षं भजे ॥ ७ ॥
कुञ्चितैः कुन्तलैर्भ्राजमानाननं रत्नमौलिं लसत्कुण्डलं गण्डयोः ।
हारकेयूरकं कङ्कणप्रोज्ज्वलं किङ्किणीमञ्जुलं श्यामलं तं भजे ॥ ८ ॥

अच्युतस्याष्टकं यः पठेदिष्टदं प्रेमतः प्रत्यहं पूरुषः सस्पृहम् ।
वृत्ततः सुन्दरं कर्तृविश्वम्भरस्तस्य वश्यो हरिर्जायते सत्वरम् ॥ ९ ॥

॥ इति श्रीमच्छङ्कराचार्यकृतमच्युताष्टकं सम्पूर्णम् ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

अच्युत, केशव, राम, नारायण, कृष्ण, दामोदर, वासुदेव, हरि, श्रीधर, माधव, गोपिकावल्लभ तथा जानकीनायक श्रीरामचन्द्रजीको मैं भजता हूँ ॥ १ ॥ अच्युत, केशव, सत्यभामापति, लक्ष्मीपति, श्रीधर, राधिकाजीद्वारा आराधित, लक्ष्मीनिवास, परम सुन्दर, देवकीनन्दन, नन्दकुमारका मैं चित्तसे ध्यान करता हूँ ॥ २ ॥ जो विभु हैं, विजयी हैं, शङ्ख-चक्रधारी हैं, रुक्मिणीजीके परम प्रेमी हैं, जानकीजी जिनकी धर्मपत्नी हैं तथा जो व्रजाङ्गनाओंके प्राणाधार हैं, उन परम-पूज्य, आत्मस्वरूप, कंसविनाशक, मुरलीमनोहर आपको मैं नमस्कार करता हूँ ॥ ३ ॥ हे कृष्ण ! हे गोविन्द ! हे राम ! हे नारायण ! हे रमानाथ ! हे वासुदेव ! हे अजेय ! हे शोभाधाम ! हे अच्युत ! हे अनन्त ! हे माधव ! हे अधोक्षज ! (इन्द्रियातीत !) हे द्वारकानाथ ! हे द्रौपदी-रक्षक ! (मुझ-पर कृपा कीजिये) ॥ ४ ॥ जो राक्षसोंपर अति कुपित हैं, श्रीसीताजीसे सुशोभित हैं, दण्डकारण्यकी भूमिकी पवित्रताके कारण हैं, श्रीलक्ष्मणजीद्वारा अनुगत हैं, वानरोंसे सेवित हैं और अगस्त्यजीसे पूजित हैं, वे रघुवंशी श्रीरामचन्द्रजी मेरी रक्षा करें ॥ ५ ॥ धेनुक और अरिष्टासुर आदिका अनिष्ट करनेवाले, शत्रुओंका ध्वंस करनेवाले, केशी और कंसका वध करनेवाले, वंशीको बजानेवाले, पूतनापर कोप करनेवाले, यमुनातटविहारी बाल-गोपाल मेरी सदा रक्षा करें ॥ ६ ॥ विद्युत्-प्रकाशके सदृश जिनका पीताम्बर विभासित हो रहा है, वर्षा-कालीन मेघोंके समान जिनका अति शोभायमान शरीर है, जिनका वक्षःस्थल वनमालासे विभूषित है और जिनके चरणयुगल अरुणवर्ण हैं, उन कमलनयन श्रीहरिको मैं भजता हूँ ॥ ७ ॥ जिनका मुख घुँघराली अलकोंसे सुशोभित है, मस्तकपर मणिमय मुकुट शोभा दे रहा है तथा कपोलोंपर कुण्डल सुशोभित हो रहे हैं, उज्ज्वल हार, केयूर (बाजूबंद), कङ्कण और किङ्किणी-कलापसे सुशोभित उन मञ्जुलमूर्ति श्रीश्यामसुन्दरको मैं भजता हूँ ॥ ८ ॥ जो पुरुष इस अति सुन्दर छन्दवाले और अभीष्ट फलदायक अच्युताष्टकको प्रेम और श्रद्धासे नित्य पढ़ता है, विश्वम्भर, विश्वकर्ता श्रीहरि शीघ्रही उसके वशी-भूत हो जाते हैं ॥ ९ ॥

(अच्युताष्टक सम्पूर्ण)

श्रीगोविन्दाष्टकम्

सत्यं ज्ञानमनन्तं नित्यमनाकाशं परमाकाशं गोष्ठप्राङ्गणरिङ्गणलोलमनायासं परमायासम् ।
मायाकल्पितनानाकारमनाकारं भुवनाकारं क्ष्माया नाथमनाथं प्रणमत गोविन्दं परमानन्दम् ॥ १ ॥
मृत्स्नामत्सीहेति यशोदाताडनशैशवसंत्रासं व्यादितवक्त्रालोकितलोकालोकचतुर्दशलोकालिम् ।
लोकत्रयपुरमूलस्तम्भं लोकालोकमनालोकं लोकेशं परमेशं प्रणमत गोविन्दं परमानन्दम् ॥ २ ॥
त्रैविष्टपरिपुवीरघ्नं क्षितिभारघ्नं भवरोगघ्नं कैवल्यं नवनीताहारमनाहारं भुवनाहारम् ।
वैमल्यस्फुटचेतोवृत्तिविशेषाभासमनाभासं शैवं केवलशान्तं प्रणमत गोविन्दं परमानन्दम् ॥ ३ ॥
गोपालं भूलीलाविग्रहगोपालं कुलगोपालं गोपीखेलनगोवर्धनधृतिलीलालालितगोपालम् ।
गोभिर्निगदितगोविन्दस्फुटनामानं बहुनामानं गोधीगोचरदूरं प्रणमत गोविन्दं परमानन्दम् ॥ ४ ॥
गोपीमण्डलगोष्ठीभेदं भेदावस्थमभेदाभं शश्वद्गोखुरनिर्धूतोद्धतधूलीधूसरसौभाग्यम् ।
श्रद्धाभक्तिगृहीतानन्दमचिन्त्यं चिन्तितसद्भावं चिन्तामणिमहिमानं प्रणमत गोविन्दं परमानन्दम् ॥ ५ ॥
स्नानव्याकुलयोषिद्वस्त्रमुपादायागमुपारूढं व्यादित्सन्तीरथ दिग्वस्त्रा दातुमुपाकर्षन्तं ताः ।
निर्धूतद्वयशोकविमोहं बुद्धं बुद्धेरन्तःस्थं सत्तामात्रशरीरं प्रणमत गोविन्दं परमानन्दम् ॥ ६ ॥

कान्तं कारणकारणमादिमनादिं कालमनाभासं कालिन्दीगतकालियशिरसि सुनृत्यन्तं मुहुरत्यन्तम् ।
कालं कालकलातीतं कलिताशेषं कलिदोषघ्नं कालत्रयगतिहेतुं प्रणमत गोविन्दं परमानन्दम् ॥ ७ ॥
वृन्दावनभुवि वृन्दारकगणवृन्दाराध्यं वन्द्येहं कुन्दाभामलमन्दस्मेरसुधानन्दं सुहृदानन्दम् ।
वन्द्याशेषमहामुनिमानसवन्द्यानन्दपदद्वन्द्वं वन्द्याशेषगुणाब्धिं प्रणमत गोविन्दं परमानन्दम् ॥ ८ ॥
गोविन्दाष्टकमेतदधीते गोविन्दार्पितचेता यो गोविन्दाच्युत माधव विष्णो गोकुलनायक कृष्णेति ।
गोविन्दाङ्घ्रिसरोजध्यानसुधाजलधौतसमस्ताघो गोविन्दं परमानन्दामृतमन्तःस्थं स समभ्येति ॥ ९ ॥

॥ इति श्रीमच्छङ्कराचार्यविरचितं श्रीगोविन्दाष्टकं सम्पूर्णम् ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

जो सत्य, ज्ञानस्वरूप, अनन्त एवं नित्य हैं, आकाशसे भिन्न होनेपर भी परम आकाश-स्वरूप हैं, जो व्रजके प्राङ्गणमें रेंगते हुए चपल हो रहे हैं, परिश्रमसे रहित होकर भी बहुत ही थके-से प्रतीत होते हैं, आकारहीन होनेपर भी मायानिर्मित नानास्वरूप धारण किये विश्वरूपसे प्रकट हैं और पृथ्वीनाथ होकर भी अनाथ (बिना स्वामीके) हैं, उन परमानन्दमय गोविन्दकी वन्दना करो ॥ १ ॥ 'क्या तू यहाँ मिट्टी खा रहा है ?' यह पूछती हुई यशोदाद्वारा मारे जानेका जिन्हें शैशव-कालोचित भय हो रहा है, मिट्टी न खानेका प्रमाण देनेके लिये जो मुँह फैलाकर उसमें लोकालोक पर्वतसहित चौदहो भुवन दिखला देते हैं, त्रिभुवनरूपी नगरके जो आधार-स्तम्भ हैं, आलोकसे परे (अर्थात् दर्शनातीत) होनेपर भी जो विश्वके आलोक (प्रकाश) हैं, उन परमानन्दस्वरूप, लोक-नाथ, परमेश्वर गोविन्दको नमस्कार करो ॥ २ ॥ जो दैत्य-वीरोंके नाशक, पृथ्वीका भार हरनेवाले और संसार-रोगको मिटा देनेवाले कैवल्य (मोक्ष) पदरूप हैं, आहाररहित होकर भी नवनीतभोजी एवं विश्वभक्षी हैं, आभाससे पृथक् होने-पर भी मलरहित होनेके कारण स्वच्छ चित्तकी वृत्तिमें जिनका विशेषरूपसे आभास मिलता है, जो अद्वितीय, शान्त एवं कल्याणस्वरूप है, उन परमानन्द गोविन्दको प्रणाम करो ॥ ३ ॥ जो गौओंके पालक हैं, जिन्होंने पृथ्वीपर लीला करनेके निमित्त गोपाल-शरीर धारण किया है, जो वश-द्वारा भी गोपाल (ग्वाला) हो चुके हैं, गोपियोंके साथ खेल करते हुए गोवर्धन-धारणकी लीलासे जिन्होंने गोपजनोंका पालन किया था, गौओंने स्पष्टरूपसे जिनका गोविन्द नाम बतलाया था, जिनके अनेकों नाम हैं, उन इन्द्रिय तथा बुद्धिके अविषय परमानन्दरूप गोविन्दको प्रणाम करो ॥ ४ ॥ जो गोपीजनोंकी गोष्ठीके भीतर प्रवेश करनेवाले हैं, भेदावस्थामें रहकर भी अभिन्न भासित होते हैं, जिन्हें सदा गायोंके खुरसे ऊपर उड़ी हुई धूलिद्वारा धूसरित होनेका सौभाग्य प्राप्त है, जो श्रद्धा और भक्तिसे आनन्दित होते हैं, अचिन्त्य होनेपर भी जिनके सद्भाव-का चिन्तन किया गया है, उन चिन्तामणिके समान महिमावाले परमानन्दमय गोविन्दकी वन्दना करो ॥ ५ ॥ स्नानमें व्यग्र हुई गोपाङ्गनाओंके वस्त्र लेकर जो वृक्षपर चढ गये थे और जब उन्होंने वस्त्र लेना चाहा, तब देनेके लिये उन्हें पास बुलाने लगे, (ऐसा होनेपर भी) जो शोक-मोह दोनोंको ही मिटानेवाले ज्ञानस्वरूप एवं बुद्धिके भी परवर्ती हैं, सत्तामात्र ही जिनका शरीर है—ऐसे परमानन्दस्वरूप गोविन्दको नमस्कार करो ॥ ६ ॥ जो कमनीय, कारणोंके भी आदिकारण, अनादि और आभासरहित कालस्वरूप होकर भी यमुनाजलमें रहनेवाले कालियनागके मस्तकपर बारंबार अत्यन्त सुन्दर नृत्य कर रहे थे, जो कालरूप होकर भी कालकी कलाओंसे अतीत और सर्वज्ञ हैं, जो त्रिकाल गतिके कारण और कलियुगीय दोषोंको नष्ट करनेवाले हैं, उन परमानन्दस्वरूप गोविन्दको प्रणाम करो ॥ ७ ॥ जो वृन्दावनकी भूमिपर देववृन्द तथा वृन्दा नामकी वनदेवताके आराध्यदेव हैं, जिनकी प्रत्येक लीला वन्दनीय है, जिनकी कुन्दके समान निर्मल मन्द मुसकानमें सुधाका आनन्द भरा है, जो मित्रोंको आनन्ददायी है, जिनका आमोदमय चरणयुगल समस्त वन्दनीय महा-मुनियोंके भी हृदयके द्वारा वन्दनीय है, उन अभिनन्दनीय अशेष गुणोंके सागर परमानन्दमय गोविन्दको नमस्कार करो ॥ ८ ॥ जो भगवान् गोविन्दमें अपना चित्त लगा, गोविन्द ! अच्युत ! माधव ! विष्णो ! गोकुलनायक ! कृष्ण ! इत्यादि उच्चारण-पूर्वक उनके चरणकमलोंके ध्यानरूपी सुधा-सलिलसे अपना समस्त पाप धोकर इस गोविन्दाष्टकका पाठ करता है, वह अपने अन्तःकरणमें विद्यमान परमानन्दामृतरूप गोविन्दको प्राप्त कर लेता है ॥ ९ ॥

(गोविन्दाष्टक सम्पूर्ण)

शरणागतिगद्यम्

(यो नित्यमच्युतपदाम्बुजयुग्मरुक्मव्यामोहतस्तदितराणि तृणाय मेने ।
अस्मद्गुरोर्भगवतोऽस्य दयैकसिन्धो रामानुजस्य चरणौ शरणं प्रपद्ये ॥)
(वन्दे वेदान्तकर्पूरचामीकरकरण्डकम् । रामानुजार्यसूर्याणां चूडामणिमहर्निशम् ॥)

भगवन्नारायणाभिमतानुरूपस्वरूपरूपगुणगणविभवैश्वर्यशीलाद्यनवधिकातिशयासंख्येयकल्याणगुणगणां पद्मवनालयां भगवतीं श्रियं देवीं नित्यानपायिनीं निरवद्यां देवदेवदिव्यमहिषीमखिलजगन्मातरमस्मन्मातरमशरण्यशरण्यामनन्यशरणः शरणमहं प्रपद्ये । पारमार्थिकभगवच्चरणारविन्दयुगलैकान्तिकात्यन्तिकपरभक्तिपरज्ञानपरमभक्तिकृतपरिपूर्णानवरतनित्यविशदतमानन्यप्रयोजनानवधिकातिशयप्रियभगवदनुभवजनितानवधिकातिशयप्रीतिकारिताशेषावस्थोचिताशेषशेषतैकरतिरूपनित्यकैंकर्यप्राप्त्यपेक्षया पारमार्थिकी भगवच्चरणारविन्दशरणागतिर्यथावस्थितविरतास्तु मे। अस्तु ते । तयैव सर्वं सम्पत्स्यते । अखिलहेयप्रत्यनीककल्याणैकतान स्वेतरसमस्तवस्तुविलक्षणानन्तज्ञानानन्दैकस्वरूपस्वाभिमतानुरूपैकरूपाचिन्त्यदिव्याद्भुतनित्यनिरवद्यनिरतिशयौज्ज्वल्यसौन्दर्यसौगन्ध्यसौकुमार्यलावण्ययौवनाद्यनन्तगुणनिधिदिव्यस्वरूप स्वाभाविकानवधिकातिशयज्ञानबलैश्वर्यवीर्यशक्तितेजस्सौशील्यवात्सल्यमार्दवार्जवसौहार्दसाम्यकारुण्यमाधुर्यगाम्भीर्यौदार्यचातुर्यस्थैर्यधैर्यशौर्यपराक्रमसत्यकामसंकल्पकृतित्वकृतज्ञताद्यसंख्येयकल्याणगुणगणौघमहार्णव स्वोचितविविधविचित्रानन्ताश्चर्यनित्यनिरवद्यनिरतिशयसुगन्धनिरतिशयसुखस्पर्शनिरतिशयौज्ज्वल्य किरीटमुकुटचूडावतंसमकरकुण्डलग्रैवेयकहारकेयूरकटकश्रीवत्सकौस्तुभमुक्तादामोदरबन्धनपीताम्बरकाञ्चीगुणनूपुराद्यपरिमितदिव्यभूषण स्वानुरूपाचिन्त्यशक्तिशङ्खचक्रगदाशार्ङ्गाद्यसंख्येयनित्यनिरवद्यनिरतिशयकल्याणदिव्यायुध स्वाभिमतनित्यनिरवद्यानुरूपस्वरूपरूपगुणविभवैश्वर्यशीलाद्यनवधिकातिशयासंख्येयकल्याणगुणगणश्रीवल्लभ एवम्भूतभूमिलीलानायक स्वच्छन्दानुवृत्तिस्वरूपस्थितिप्रवृत्तिभेदाशेषशेषतैकरतिरूपनित्यनिरवद्यनिरतिशयज्ञानक्रियैश्वर्याद्यनन्तकल्याणगुणगणशेषशेषाशनगरुडप्रमुखनानाविधानन्तपरिचारकपरिचरितचरणयुगल परमयोगिवाङ्मनसापरिच्छेद्यस्वरूपस्वभाव स्वाभिमतविविधविचित्रानन्तभोग्यभोगोपकरणभोगस्थानसमृद्धानन्ताश्चर्यानन्तमहाविभवानन्तपरिमाणनित्यनिरवद्यनिरतिशयवैकुण्ठनाथ, स्वसंकल्पानुविधायिस्वरूपस्थितिप्रवृत्तिस्वशेषतैकस्वभाव प्रकृतिपुरुषकालात्मकविविधविचित्रानन्तभोग्यभोक्तृवर्गभोगोपकरणभोगस्थानरूपनिखिलजगदुदयविभवलयलील सत्यकाम सत्यसंकल्प परब्रह्मभूत पुरुषोत्तम महाविभूते श्रीमन्नारायण श्रीवैकुण्ठनाथ अपारकारुण्यसौशील्यवात्सल्यौदार्यश्वर्यसौन्दर्यमहोदधे अनालोचितविशेषाशेषलोकशरण्य प्रणतार्तिहर आश्रितवात्सल्यैकजलधे अनवरतविदितनिखिलभूतजातयाथात्म्य अशेषचराचरभूतनिखिलनियमननिरत अशेषचिदचिद्वस्तुशेषीभूत निखिलजगदाधार अखिलजगत्स्वामिन् अस्मत्स्वामिन् सत्यकाम सत्यसंकल्प सकलेतरविलक्षण अर्थिकल्पक आपत्सख श्रीमन्नारायण अशरण्यशरण्य अनन्यशरणस्त्वत्पादारविन्दयुगलं शरणमहं प्रपद्ये ।

पितरं मातरं दारान्पुत्रान्बन्धून्सखीन्गुरून् । रत्नानि धनधान्यानि क्षेत्राणि च गृहाणि च ॥
सर्वधर्मांश्च संत्यज्य सर्वकामांश्च साक्षरान् । लोकविक्रान्तचरणौ शरणं तेऽव्रजं विभो ॥
त्वमेव माता च पिता त्वमेव त्वमेव बन्धुश्च गुरुस्त्वमेव ।
त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव त्वमेव सर्वं मम देवदेव ॥
पितासि लोकस्य चराचरस्य त्वमस्य पूज्यश्च गुरुर्गरीयान् ।
न त्वत्समोऽस्त्यभ्यधिकः कुतोऽन्यो लोकत्रयेऽप्यप्रतिमप्रभाव ॥

तस्मात् प्रणम्य प्रणिधाय कायं प्रसादये त्वामहमीशमीड्यम् ।
पितेव पुत्रस्य सखेव सख्युः प्रियः प्रियायार्हसि देव सोढुम् ॥

मनोवाक्कायैरनादिकालप्रवृत्तानन्ताकृत्यकरणकृत्याकरणभगवदपचारभागवतापचारासह्यापचाररूपनानाविधानन्तापचारानारब्धकार्याननारब्धकार्यान् कृतान् क्रियमाणान् करिष्यमाणांश्च सर्वानशेषतः क्षमस्व अनादिकालप्रवृत्तविपरीतज्ञानमात्मविषयं कृत्स्नजगद्विषयं च विपरीतवृत्तं चाशेषविषयमद्यापि वर्तमानं वर्तिष्यमाणं च सर्वं क्षमस्व । मदीयानादिकर्मप्रवाहप्रवृत्तां भगवत्स्वरूपतिरोधानकरीं विपरीतज्ञानजननीं स्वविषयायाश्च भोग्यबुद्धेर्जननीं देहेन्द्रियत्वेन भोग्यत्वेन सूक्ष्मरूपेण चावस्थितां दैवीं गुणमयीं मायां दासभूतः शरणागतोऽस्मि तवास्मि दास इति वक्तारं मां तारय ।

तेषां ज्ञानी नित्ययुक्त एकभक्तिर्विशिष्यते । प्रियो हि ज्ञानिनोऽत्यर्थमहं स च मम प्रियः ॥
उदाराः सर्व एवैते ज्ञानी त्वात्मैव मे मतम् । आस्थितः स हि युक्तात्मा मामेवानुत्तमां गतिम् ॥
बहूनां जन्मनामन्ते ज्ञानवान् मां प्रपद्यते । वासुदेवः सर्वमिति स महात्मा सुदुर्लभः ॥

इत्यादिश्लोकत्रयोदितज्ञानिनं मां कुरुष्व ।

'पुरुषः स परः पार्थ भक्त्या लभ्यस्त्वनन्यया ।' 'भक्त्या त्वनन्यया शक्यो' 'मद्भक्तिं लभते पराम्'

इति स्थानत्रयोदितपरभक्तियुक्तं मां कुरुष्व । परभक्तिपरज्ञानपरमभक्त्येकस्वभावं मां कुरुष्व ।

परभक्तिपरज्ञानपरमभक्तिकृतपरिपूर्णानवरतनित्यविशदतमानन्यप्रयोजनानवधिकातिशयप्रियभगवदनुभवजनितानवधिकातिशयप्रीतिकारिताशेषावस्थोचिताशेषशेषतैकरतिरूपनित्यकिंकरो भवानि । एवम्भूतमत्कैंकर्यप्राप्त्युपायतयावकल्पसमस्तवस्तुविहीनोऽप्यनन्तदुरितराशिपापाक्रान्तोऽप्यनन्तमदीयापचारयुक्तोऽप्यनन्तासह्यापचारयुक्तोऽप्येतत्कार्यकारणभूतानादिविपरीताहंकारविमूढात्मस्वभावोऽप्येतदुभयकार्यकारणभूतानादिविपरीतवासनासम्बद्धोऽप्येतदनुगुणप्रकृतिविशेषसम्बद्धोऽप्येतन्मूलाध्यात्मिकाधिभौतिकाधिदैविकसुखदुःखतद्धेतुतदितरोपेक्षणीयविषयानुभवज्ञानसंकोचरूपमच्चरणारविन्दयुगलैकान्तिकात्यन्तिकपरभक्तिपरज्ञानपरमभक्तिविघ्नप्रतिहतोऽपि येन केनापि प्रकारेण द्वयवक्तृत्वं केवलं मदीययैव दयया निश्शेषविनष्टसंहेतुकमच्चरणारविन्दयुगलैकान्तिकात्यन्तिकपरभक्तिपरज्ञानपरमभक्तिविघ्नो मत्प्रसादलब्धमच्चरणारविन्दयुगलैकान्तिकात्यन्तिकपरभक्तिपरज्ञानपरमभक्तिर्मत्प्रसादादेव साक्षात्कृतयथावस्थितमत्स्वरूपरूपगुणविभूतिलीलोपकरणविस्तारोऽपरोक्षसिद्धमत्प्रियाम्यतामदनुभवो महास्यैकरसात्मस्वभावात्मस्वरूपो मदेकानुभवो महास्यैकप्रियः परिपूर्णानवरतनित्यविशदतमानन्यप्रयोजनानवधिकातिशयप्रियमदनुभवस्त्वं तथाविधमदनुभवजनितानवधिकातिशयप्रीतिकारिताशेषावस्थोचिताशेषशेषतैकरतिरूपनित्यकिंकरो भव । एवम्भूतोऽसि । आध्यात्मिकाधिभौतिकाधिदैविकदुःखविघ्नगन्धरहितस्त्वं द्वयमर्थानुसंधानेन सह सदैवं वक्ता यावच्छरीरपातमत्रैव श्रीरङ्गे सुखमास्स्व । शरीरपातसमये तु केवलं मदीययैव दयया प्रबुद्धो मामेवावलोकयन्नप्रच्युतपूर्वसंस्कारमनोरथः जीर्णमिव वस्त्रं सुखेनेमां प्रकृतिं स्थूलसूक्ष्मरूपां विसृज्य तदानीमेव मत्प्रसादलब्धमच्चरणारविन्दयुगलैकान्तिकात्यन्तिकपरभक्तिपरज्ञानपरमभक्तिकृतपरिपूर्णानवरतनित्यविशदतमानन्यप्रयोजनानवधिकातिशयप्रीतिकारिताशेषावस्थोचिताशेषशेषतैकरतिरूपनित्यकिंकरो भविष्यसि । मा ते भूदत्र संशयः ।

'अनृतं नोक्तपूर्वं मे न च वक्ष्ये कदाचन' 'रामो द्विर्नाभिभाषते' ।
'सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते । अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद् व्रतं मम ॥'
'सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज । अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः ॥'

इति मयैव ह्युक्तम् । अतस्त्वं तत्त्वतो मद्ज्ञानदर्शनप्राप्तिषु निस्संशयः सुखमास्स्व ।

अन्त्यकाले स्मृतिर्यां तु तव कैङ्कर्यकारिता । तामेनां भगवन्नद्य क्रियमाणां कुरुष्व मे ॥

॥ इति श्रीमद्भगवद्रामानुजाचार्यविरचितं शरणागतिगद्यं सम्पूर्णम् ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

(जिन्होंने नित्य-निरन्तर भगवान् नारायणके युगल चरणारविन्दरूपी सुवर्णके मोहसे उससे भिन्न सभी वस्तुओंको तिनकेके समान समझा था; तथा जो दयाके एकमात्र सागर थे, उन अपने गुरु भगवान् श्रीरामानुजाचार्यके चरणोंकी शरण लेता हूँ ॥ १ ॥)

(जो वेदान्तरूपी कर्पूरकी सुरक्षाके लिये सोनेकी पेटीके समान हैं, उन आचार्यसूर्योंके चूडामणि श्रीरामानुजको मैं अहर्निश प्रणाम करता हूँ ॥ २ ॥)

जो भगवान् नारायणकी अभिरुचिके अनुरूप स्वरूप, रूप, गुणगण, वैभव, ऐश्वर्य और शील आदि असीम निरतिशय एवं असंख्य कल्याणमय गुणसमुदायसे सुशोभित हैं, जिनका कमलवनमें निवास है, जो भगवान् विष्णुसे कभी अलग नहीं होतीं—नित्य-निरन्तर उनके हृदयधाममें निवास करती हैं, जिनमें कोई भी दोष नहीं है, जो देवदेव श्रीहरिकी दिव्य पटरानी, सम्पूर्ण जगत्‌की माता, हमारी माता और अशरणोंको शरण देनेवाली हैं, उन भगवती श्रीदेवीकी मैं अनन्यशरण होकर शरण ग्रहण करता हूँ। भगवान्‌के युगल चरणारविन्दोंके प्रति पारमार्थिक अनन्यभावापन्न, शाश्वत पराभक्ति, परज्ञान एवं परमभक्तिसे परिपूर्ण, निरन्तर उज्ज्वलतम, अन्य प्रयोजनसे रहित, असीम, निरतिशय, अत्यन्त प्रिय भगवद्‌बोधजनित अनन्त अतिशय प्रीतिसे उत्पादित, सभी अवस्थाओंके अनुरूप, सम्पूर्ण दास्यभाव-विषयक एकमात्र अनुरागमय नित्य-कैंकर्यकी प्राप्तिकी अपेक्षासे पारमार्थिक भगवच्चरणारविन्दशरणागति मुझे निरन्तर यथार्थरूपसे प्राप्त हो। तुम्हें भी प्राप्त हो। उसीसे सब कुछ सम्पन्न होगा। भगवन्! आप सम्पूर्ण हेय गुणगणोंके विरोधी सबके एकमात्र कल्याणमें ही दत्तचित्त हैं। अपने अतिरिक्त समस्त वस्तुओंसे विलक्षण एकमात्र अनन्तज्ञानानन्दस्वरूप हैं। आपका दिव्य विग्रह स्वेच्छानुरूप, एकरस, अचिन्त्य दिव्य, अद्‌भुत, नित्य-निर्मल, निरतिशय औज्ज्वल्य (प्रकाशरूपता), सौन्दर्य, सौगन्ध्य, सौकुमार्य, लावण्य और यौवन आदि अनन्त गुणोंका भंडार है। आप स्वाभाविक असीम अतिशय ज्ञान, बल, ऐश्वर्य, पराक्रम, शक्ति, तेज, सौशील्य, वात्सल्य, मृदुता, सरलता, सौहार्द, समता, करुणा, माधुर्य, गाम्भीर्य, उदारता, चतुरता, स्थिरता, धैर्य, शौर्य, पराक्रम, सत्यकामता, सत्यसंकल्पता, सत्यकर्म तथा कृतज्ञता आदि असंख्य कल्याणमय गुणसमूहरूप जलप्रवाहके महासागर हैं। आप अपने ही योग्य विविध विचित्र अनन्त आश्चर्यमय, नित्य-निर्मल, निरतिशय सुगन्ध, निरतिशय सुखस्पर्श, निरतिशय औज्ज्वल्यसे युक्त किरीट, मुकुट, चूडामणि, मकराकृत कुण्डल, कण्ठहार, केयूर (भुजबन्ध), कंगन, श्रीवत्स, कौस्तुभ, मुक्ताहार, उदरबन्धन, पीताम्बर, काञ्चीसूत्र तथा नूपुर आदि अपरिमित दिव्य आभूषणोंसे भूषित हैं। अपने ही अनुरूप अचिन्त्य शक्तिसम्पन्न, शङ्ख, चक्र, गदा, शार्ङ्ग-धनुष आदि असंख्य नित्य-निर्मल, निरतिशय कल्याणमय दिव्य आयुधोंसे सम्पन्न हैं। अपने अनुरूप नित्य, निरवद्य, इच्छानुरूप रूप, गुण, वैभव, ऐश्वर्य, शील आदि सीमारहित अतिशय असंख्य कल्याणमय गुणसमूहसे शोभायमान श्रीलक्ष्मीजीके प्रियतम हैं। इन्हीं विशेषणोंसे विभूषित भूदेवी और लीलादेवीके भी अधिनायक हैं। आपकी इच्छाके अनुसार चलनेवाले तथा आपके सङ्कल्पके अनुसार स्वरूप, स्थिति और प्रवृत्तिके भेदोंसे सम्पन्न, पूर्ण दास्यभावविषयक अनन्य अनुरागके मूर्तिमान् स्वरूप नित्य-निरवद्य निरतिशय ज्ञान, क्रिया, ऐश्वर्य आदि अनन्त कल्याणमय गुणसमूहसे युक्त शेषनाग तथा शेषभोजी गरुड आदि अनेक प्रकारके अनन्त पार्षद और परिचारकगण आपके युगल चरणारविन्दोंकी परिचर्या करते हैं। आपका स्वरूप एवं स्वभाव बड़े-बड़े योगियोंके भी मन और वाणीसे अतीत है, आप अपने ही योग्य विविध विचित्र अनन्त भोग्य, भोगसाधन और भोगस्थानोंसे सम्पन्न, अनन्त आश्चर्यमय अपार महावैभव और असीम विस्तारसे युक्त नित्य-निर्मल, निरतिशय वैकुण्ठलोकके अधिपति हैं। अपने सङ्कल्पका अनुसरण करनेवाली स्वरूपस्थिति और प्रवृत्तियोंमें सम्पूर्णता ही एकमात्र आपका स्वरूप है। प्रकृति, पुरुष और कालस्वरूप, विविध विचित्र अनन्त भोग्य, भोक्तृवर्ग, भोगोपकरण और भोगस्थानरूप निखिल जगत्‌का उद्‌भव, पालन और संहार आपकी लीला है। आप सत्यकाम, सत्यसंकल्प, परब्रह्मस्वरूप, पुरुषोत्तम, महावैभवसम्पन्न श्रीमन्नारायण और श्रीवैकुण्ठनाथ हैं। अपार करुणा, सुशीलता, वत्सलता, उदारता, ऐश्वर्य और सौन्दर्यके महासागर हैं। व्यक्तिविशेषका विचार किये बिना ही सम्पूर्ण जगत्‌को शरण देनेके लिये प्रस्तुत रहते हैं। शरणागतोंकी समस्त पीड़ाओंको दूर करनेवाले हैं। शरणागतवत्सलताके एकमात्र समुद्र हैं। आपको सम्पूर्ण भूतोंके यथार्थ स्वरूपका निरन्तर ज्ञान बना रहता है। आप ही समस्त जगत्‌के आधार हैं।

सम्पूर्ण विश्वके और मेरे भी स्वामी है। आपकी कामना और संकल्प सत्य होते हैं। आपने अतिरिक्त समस्त वस्तुओंसे आप विलक्षण हैं, याचकोंकी मनोवाञ्छा पूर्ण करनेके लिये कल्पवृक्षके समान हैं। विपत्तिके समय सबके एकमात्र सखा—सहायक हैं। जिनके लिये कहीं भी शरण नहीं है, उन्हें भी शरण देनेवाले श्रीमन्नारायण! मैं किसी दूसरेका आश्रय न लेकर केवल आपके युगल चरणारविन्दोंकी शरणमें आया हूँ। (यहाँ इस वाक्यको दो बार कहना चाहिये)।

प्रभो! पिता, माता, स्त्री, पुत्र, भाई, मित्र, गुरु, रत्न, धन, धान्य, क्षेत्र, गृह, सम्पूर्ण धर्म, समस्त कामनाओं और अक्षर-तत्त्वको भी छोड़कर मैं (त्रिविक्रमरूपसे) सम्पूर्ण जगत्‌को लाँघ जानेवाले आपके युगल चरणोंकी शरणमें आया हूँ। देवदेव! आप ही माता हैं, आप ही पिता हैं, आप ही बन्धु हैं, आप ही गुरु हैं, आप ही विद्या, आप ही धन और आप ही मेरे सर्वस्व हैं। अनुपम प्रभावशाली परमेश्वर! आप इस चराचर जगत्‌के पिता हैं, आप ही इसके अत्यन्त गौरवशाली पूजनीय गुरु हैं। तीनों लोकोंमें आपके समान भी दूसरा कोई नहीं है; फिर आपसे बढ़कर तो हो ही कैसे सकता है। इसलिये मैं आपको प्रणाम करके अपने शरीरको आपके चरणोंमें डालकर स्तवन करनेयोग्य आप परमेश्वरको प्रसन्न करना चाहता हूँ। देव! जैसे पिता पुत्रका, मित्र मित्रका और प्रियतम अपनी प्रेयसीका अपराध सह लेता है, उसी प्रकार आपके लिये भी मेरे अपराधोंको क्षमा करना ही उचित है।

प्रभो! मन, वाणी और शरीर द्वारा अनादिकालसे मेरे किये हुए असंख्य बार न करनेयोग्य काम करने और करने योग्य कार्य न करनेके अपराधोंको, भगवद्विषय, भागवतापचार और अन्य अपराधरूप अनेक प्रकारके अगणित अपराधोंको, जिन्होंने अपना फलभोगदानरूप कार्य आरम्भ कर दिया है अथवा नहीं किया है, जो किये जा चुके हैं, किये जा रहे हैं अथवा किये जानेवाले हैं; उन सभी अपराधोंको निःशेषरूपसे क्षमा कर दीजिये। आत्मा और सम्पूर्ण जगत्‌के विषयमें अनादिकालसे जो विपरीत ज्ञान हमारे अंदर चला आ रहा है तथा सबके प्रति जो आज भी विपरीत बर्ताव चल रहा है और भविष्यमें भी चलनेवाला है, वह सब भी क्षमा कर दीजिये। मेरे अनादि कर्मोंके प्रवाहरूपमें जिसकी प्रवृत्ति दिखायी देती है, जो भगवत्स्वरूपको छिपा देनेवाली और विपरीत ज्ञान उत्पन्न करनेवाली है, जो अपने प्रति भोग्य-बुद्धि पैदा करती है, देह, इन्द्रिय और भोग्यरूपसे तथा अत्यन्त सूक्ष्मरूपसे जिसकी स्थिति है, आपकी उस त्रिगुणमयी दैवी मायाका मैं दासभावसे आश्रय लेता हूँ। 'भगवन्! मैं आपका दास हूँ।' यों कहनेवाले मुझ सेवकको आप इस संसारसागरसे उबारिये।

'उनमें नित्ययुक्त और एकमात्र (मुझमें) भक्तिवाला ज्ञानी श्रेष्ठ है; क्योंकि मैं उसका अत्यन्त प्रिय हूँ और वह मेरा प्रिय है। ये सभी उदार हैं, परन्तु मेरा मत है कि ज्ञानी तो मेरा आत्मा ही है; क्योंकि वह युक्तात्मा मुझ सर्वोत्तम प्राप्य वस्तुमें ही स्थित है। बहुत-से जन्मोंके अन्तमें ज्ञानवान् 'यह सब वासुदेव ही है' इस भावसे जो मेरी शरण ग्रहण करता है, वह महात्मा अत्यन्त दुर्लभ है।'

इन तीन श्लोकोंमें जिसके स्वरूपका वर्णन किया गया है, वैसा ही ज्ञानी मुझे बनाइये।

'पृथापुत्र अर्जुन! वह परमपुरुष सचमुच अनन्य-भक्तिसे प्राप्त करने योग्य है। अनन्यभक्तिके द्वारा मैं तत्त्वसे जाना, देखा और प्राप्त किया जा सकता हूँ, मेरी परमभक्तिको प्राप्त होता है। मुझे इन तीनों स्थानोंपर बतायी गयी परमभक्तिसे सम्पन्न बनाइये। परमभक्ति, परमज्ञान और परमभक्ति ही जिसका एकमात्र स्वभाव हो, ऐसा भक्त मुझे बनाइये। मेरी परमभक्ति, परमज्ञान और परमभक्तिके फलस्वरूप परिपूर्ण अनवरत, नित्य उज्ज्वलतम, अन्य प्रयोजनसे रहित, अनन्त एवं अतिशय प्रिय भगवद्विषयक प्रीति, सीमारहित, निरतिशय प्रीतिसे उत्पादित समय अवस्थाओंके अनुरूप सर्वसम्पूर्ण दास्यभावमय आनन्य अनुराग-की मूर्तिमान् स्वरूप नित्य किंकरी होऊँ। प्रभो! आप मुझे यह वर दीजिये कि अब तुम मेरे पूर्वार्जित नित्य कैंकर्यकी प्राप्तिके उपायरूपसे जितनी वस्तुएँ स्वीकृत हुई थीं, उन सबसे रहित हो, उस नित्य कैंकर्यके विरोधी असंख्य पापोंसे दबे हुए हो। मेरे प्रति अनन्त अपराधोंसे भरे हो। अनन्त असंख्य अपराधोंसे युक्त हो। इस कार्यरूप जगत्‌के कारणभूत अनादि विपरीत अहंकारसे यद्यपि तुम्हारा अपना स्वभाव अत्यन्त मृदु हो गया है। इस कार्य कारणमय अनादि विपरीतवासनासे यद्यपि तुम घिरे हुए हो। इस वासनाके अनुरूप विशेष स्वभावने यद्यपि तुम्हें घेर रखा है। उक्त वासनामूलक आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधिदैविक सुख दुःख, उनके कारण और उनसे भिन्न त्याज्य विषयोंके अनुभवरूप ज्ञानको संकुचित करनेवाली जो मेरे युगल चरणारविन्दके प्रति अनन्य, शाश्वत परामक्ति, परज्ञान एवं परम भक्तिकी प्राप्ति है, उसके मार्गमें तुम्हें यद्यपि अनेक प्रकारकी विघ्न

बाधाओंने आक्रान्त कर लिया है, तो भी जिस किसी प्रकारसे भी दो बार अपनेको दास बतानेवाले तुम केवल मेरी ही दयासे मेरे भक्त हो जाओ। मेरे युगल चरणारविन्दोंके प्रति अनन्य एवं अन्तरहित पराभक्ति, परज्ञान एवं परमभक्तिकी प्राप्तिमें जितने भी विघ्न हैं, वे सब तुम्हारे लिये अपने मूलकारणोंसहित सर्वथा नष्ट हो जायँ। मेरी कृपासे तुम्हें मेरे युगल चरणारविन्दोंके प्रति अनन्य एवं कभी न नष्ट होनेवाली पराभक्ति, परज्ञान एवं परमभक्ति प्राप्त हो जाय। मेरे कृपा-प्रसादसे ही तुम्हें मेरे यथार्थ स्वरूप, रूप, गुण, ऐश्वर्य और लीला-सामग्रीके विस्तार-का साक्षात्कार हो जाय। जीव सदा मेरा नियाम्य (वशवर्ती) है, इस भावनाके साथ तुम्हें मेरे स्वरूपकी अनुभूति हो। तुम्हारी अन्तरात्मा एकमात्र मेरे दास्यरसमें मग्न रहनेके स्वभाववाली हो जाय। तुम्हें एकमात्र मेरे तत्त्वका बोध हो। एकमात्र मेरी दास्यरति ही तुम्हें प्रिय लगे। परिपूर्ण, अनव-रत, नित्य परमोज्ज्वल, अन्य प्रयोजनसे रहित, निस्सीम और अतिशय प्रिय मेरे तत्त्वका बोध तुम्हें प्राप्त हो। तुम मेरे स्वरूपके वैसे अनुभवसे प्रकट हुई अनन्त, अतिशय प्रीतिसे उत्पादित अशेषावस्थाके योग्य सम्पूर्ण दास्यभाव-विषयक अनन्य अनुरागके मूर्तिमान् स्वरूप नित्य-किंकर हो जाओ। ऐसे नित्य-किंकर तुम हो ही। आध्यात्मिक, आधि-भौतिक और आधिदैविक दुःख एवं विघ्नकी गन्धसे रहित हो। तुम अर्थानुसंधानपूर्वक सदा पूर्वोक्त दो शरणागतिद्योतक वाक्यों-का पाठ करते हुए जबतक यह शरीर गिर न जाय, तबतक यहीं श्रीरङ्गक्षेत्रमें सुखपूर्वक रहो (अथवा यहीं श्रीलक्ष्मीजीके साथ क्रीडा करनेवाले भगवान् नारायणके चिन्तनमें लगे रहो)।

देहपातके समय केवल मेरी ही दयासे अत्यन्त बोधसम्पन्न हो मेरा ही दर्शन करते हुए अपने पूर्वसंस्कार एवं मनोरथसे भ्रष्ट न होकर पुराने वस्त्रकी भाँति इस स्थूल-सूक्ष्मशरीररूपा प्रकृतिका सुखपूर्वक परित्याग करके तत्काल ही मेरे कृपा-प्रसादसे प्राप्त हुई मेरे युगल चरणारविन्दविषयक अनन्य एवं कभी न नष्ट होनेवाली पराभक्ति, परज्ञान और परमभक्तिसे प्रेरित परिपूर्ण, नित्य-निरन्तर परमोज्ज्वल, अन्य प्रयोजनरहित अनन्त अतिशय प्रीतिद्वारा उत्पादित अशेषावस्थाके अनुरूप सम्पूर्ण दास्यभावविषयक अनन्य अनुरागके मूर्तिमान् स्वरूप नित्य-किंकर हो जाओगे। इस विषयमें तुम्हें तनिक भी संशय नहीं होना चाहिये।

'मैंने पहले कभी न तो असत्य कहा है और न आगे कभी कहूँगा।'

'राम दो प्रकारकी बातें नहीं कहता।'

''जो एक बार भी मेरी शरणमें आकर 'मैं आपका हूँ' यों कहकर मुझसे रक्षा-याचना करता है, उसे मैं सम्पूर्ण भूतोंसे निर्भय कर देता हूँ। यह मेरा व्रत है।''

'सब धर्मोंको छोड़कर तुम एकमात्र मेरी शरणमें आ जाओ, मैं तुम्हें सब पापोंसे मुक्त कर दूँगा। शोक न करो।'

ये सब बातें मैंने ही कही हैं। अतः तुम यथार्थरूपसे मेरे ज्ञान, दर्शन और प्राप्तिके विषयमें संशयरहित हो सुखसे रहो।

भगवन्! अन्तकालमें जो आपके दास्यभावसे उद्भावित आपकी स्मृति होती है, उसकी साधना करनेवाले मुझ सेवकके लिये आज उसे सुलभ कर दीजिये।

(शरणागतिगद्य सम्पूर्ण)

श्रीरङ्गगद्यम्

स्वाधीनत्रिविधचेतनाचेतनस्वरूपस्थितिप्रवृत्तिभेदं क्लेशकर्माद्यशेषदोषासंस्पृष्टं स्वाभाविकानव-धिकातिशयज्ञानबलैश्वर्यवीर्यशक्तितेजस्सौशील्यवात्सल्यमार्दवार्जवसौहार्दसाम्यकारुण्यमाधुर्यगाम्भीर्यौदार्य-चातुर्यस्थैर्यधैर्यशौर्यपराक्रमसत्यकामसत्यसंकल्पकृतित्वकृतज्ञताद्यसंख्येयकल्याणगुणगणौघमहार्णवं पर-ब्रह्मभूतं, पुरुषोत्तमं, श्रीरङ्गशायिनमस्मत्स्वामिनं, प्रबुद्धनित्यनियाम्यनित्यदास्यैकरसात्मस्वभावोऽहं तदेका-नुभवस्तदेकप्रियः परिपूर्ण, भगवन्तं विशदतमानुभवेन निरन्तरमनुभूय, तदनुभवजनितानवधिकातिशय-प्रीतिकारिताशेषावस्थोचिताशेषशेषतैकरतिरूपनित्यकिंकरो भवानि। स्वात्मनित्यनियाम्यनित्यदास्यैकरसात्मस्व-भावानुसंधानपूर्वकभगवदनवधिकातिशयस्वाम्याद्यखिलगुणानुभवजनितानवधिकातिशयप्रीतिकारिताशेषाव-स्थोचिताशेषशेषतैकनित्यकैंकर्यप्राप्त्युपायभक्तिदुपायसम्यग्ज्ञानदुपायसमीचीनक्रियादनुगुणस्वस्थिक-

तास्तिक्यादिसमस्तात्मगुणविहीनः, दुरुत्तरानन्तद्विपर्ययज्ञानक्रियानुगुणानादिपापवासनामहार्णवान्तर्निमग्नः, तिलतैलवद्दारुवह्निवद्दुर्विवेचत्रिगुणक्षणक्षरणस्वभावाचेतनप्रकृतिव्यामिश्ररूपदुरत्ययभगवन्मायातिरोहितस्वप्रकाशः, अनाद्यविद्यासंचितानन्ताशक्यविस्रंसनकर्मपाशप्रग्रथितः, अनागतानन्तकालसमीक्ष्याप्यदृष्टसंतारोपायः, निखिलजन्तुजातशरण्य श्रीमन्नारायण तव चरणारविन्दयुगलं शरणमहं प्रपद्ये। एवमवस्थितस्याप्यर्थित्वमात्रेण परमकारुणिको भगवान्, स्वानुभवप्रीत्यापनीतैकान्तिकात्यन्तिकनित्यकैंकर्यैकरतिरूपनित्यदास्यं दास्यतीति विश्वासपूर्वकं भगवन्तं नित्यकिंकरतां प्रार्थये।

तवानुभूतिसम्भूतप्रीतिकारितदासताम् । देहि मे कृपया नाथ न जाने गतिमन्यथा ॥
सर्वावस्थोचिताशेषशेषतैकरतिस्तव । भवेयं पुण्डरीकाक्ष त्वमेवैवं कुरुष्व माम् ॥

एवम्भूततत्त्वयाथात्म्यावबोधितदिच्छारहितस्याप्येतदुच्चारणमात्रावलम्बनेनोच्यमानार्थपरमार्थनिष्ठं मे मनस्त्वमेवाद्यैव कार्य। अपारकरुणाम्बुधे अनालोचितविशेषाशेषलोकशरण्य प्रणतातिहर आश्रितवात्सल्यैकमहोदधे अनवरतविदितनिखिलभूतजातयाथात्म्य अशेषचराचरभूत निखिलनियमनिरत अशेषचिदचिद्वस्तुशेषीभूत निखिलजगदाधार अखिलजगत्स्वामिन् अस्मत्स्वामिन सत्यकाम सत्यसंकल्प सकलेतरविलक्षण अधिकल्पक आपत्सख काकुत्स्थ श्रीमन्नारायण पुरुषोत्तम श्रीरङ्गनाथ मम नाथ नमोऽस्तु ते।

॥ इति श्रीमद्भगवद्रामानुजाचार्यविरचितं श्रीरङ्गगद्यं सम्पूर्णम् ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

जो त्रिविध चेतनाचेतन जगत्के स्वरूप, स्थिति और प्रवृत्तिके भेदको अपने अधीन रखते हैं, क्लेश, कर्म और आशय आदि सम्पूर्ण दोष जिनका स्पर्श नहीं कर सकते, जो स्वाभाविक, असीम, अतिशय, ज्ञान, बल, ऐश्वर्य, वीर्य, शक्ति, तेज, सुशीलता, वत्सलता, मृदुता, सरलता, सौहार्द, समता, करुणा, माधुर्य, गाम्भीर्य, उदारता, चतुरता, स्थिरता, धीरता, शौर्य, पराक्रम, सत्यकामता, सत्यसंकल्पता, सत्यकर्म और कृतज्ञता आदि असंख्य कल्याणमय गुणसमुदायरूपी जलप्रवाहके परम आश्रयभूत महासागर हैं, परब्रह्मस्वरूप और पुरुषोत्तम हैं, श्रीदेवीकी वक्षःस्थलीमें शयन करनेवाले मेरे स्वामी हैं, उन परिपूर्ण भगवान्के तत्त्वका अत्यन्त निर्मल अनुभव-शक्तिके द्वारा निरन्तर अनुभव करके 'जीव भगवान्का नित्यवशवर्ती सेवक है' इस भावनाको उद्बुद्ध करके नित्य दास्यरसमें ही अपने अन्तरात्माको निमग्न रखनेके स्वभाववाला होकर एकमात्र उन्हींका अनुभव करता हुआ केवल उन्हींको अपना प्रियतम मानकर उनके अनुभवजनित अनन्त अतिशय प्रीतिद्वारा उत्पादित अशेषावस्थाके अनुरूप सम्पूर्ण दास्य-भावविषयक अनन्य अनुरागका मूर्तिमान् स्वरूप होकर भगवान्का मैं नित्य किंकर बनूँ।

प्रभो! जीव भगवान्का नित्यवशवर्ती सेवक है, नित्य भगवद्दास्य-रसके एकमात्र सिन्धुमें डूबा रहना उसका निज स्वभाव है। उसे अपने इस स्वभावका निरन्तर अनुसन्धान (विचार) करते रहना चाहिये। भगवान्में स्वामी होने आदिके समस्त सद्गुण असीम और अतिशय मात्रामें विद्यमान हैं। अपने पूर्वोक्त स्वभावके अनुसंधान पूर्वक भगवत्-सम्बन्धी समस्त सद्गुणोंके अनुभवसे जो असीम अतिशय प्रीति उत्पन्न होती है, उसके द्वारा सर्वावस्थोचित सम्पूर्ण दास्यभावकी उद्भावना होती है। वही नित्य कैंकर्य है। उसकी प्राप्तिका उपाय है—भक्ति और उसका उपाय है—सम्यक् ज्ञान; उस ज्ञानकी प्राप्तिका उपाय है शास्त्रीय कर्मोंका सम्यक् अनुष्ठान। तदनुरूप जो अपनेमें आस्तिकता, आस्तिकता आदि सद्गुण उचित होते हैं, उनसे मैं सर्वथा वञ्चित हूँ।

इसके सिवा विपरीत ज्ञान और विपरीत कर्मके अनुरूप अनादि पापवासनाके दुष्पार एवं अनन्त महासागरमें मैं डूबा हुआ हूँ। तिलमें तेल और ईंधनमें अग्निके प्राकट्यकी भाँति परस्पर मिले हुए तीनों गुणोंका प्रतिक्षण क्षरण करनेवाली अचेतन प्रकृतिकी व्याप्तिरूप दुर्लङ्घ्य भगवन्मायाने मेरे प्रकाश (बोध) को ढँक दिया है। मैं अनादि अविद्याद्वारा संचित अनन्त एवं अटूट कर्मपाशमें जकड़ा हुआ हूँ। भावी अनन्तकालकी प्रतीक्षा करनेसे भी मुझे अपने उद्धारका कोई

उपाय नहीं दिखायी दिया है। अतः सम्पूर्ण जीवोंको शरण देनेवाले श्रीमन्नारायण! मैं आपके युगल चरणारविन्दोंकी शरण लेता हूँ। ऐसी दशामें स्थित होनेपर भी प्राणियोंके याचना करनेमात्रसे परमदयालु भगवान् अपने अनुभवसे प्रकट हुई प्रीतिद्वारा उत्पादित अनन्य, आत्यन्तिक नित्यकैंकर्यविषयक एकमात्र अनुरागरूपस्वरूप नित्य दास्यभाव प्रदान करेंगे ही, इस विश्वासके साथ मैं भगवान्से नित्य किंकरताकी याचना करता हूँ।

नाथ! आपके स्वरूपके अनुभवसे प्रकट हुई प्रीतिद्वारा उत्पादित दास्यभाव मुझे कृपापूर्वक प्रदान करें। इसके सिवा दूसरी कोई गति मैं नहीं जानता।

कमलनयन! मैं सभी अवस्थाओंमें उचित आपके प्रति सम्पूर्ण दास्यभावविषयक अनन्य अनुरागसे युक्त होऊँ; आप मुझे ऐसा ही दास बना दीजिये।

इस प्रकारके तत्त्वका यथावत् बोध करानेवाली जिज्ञासासे रहित होनेपर भी इस गद्यके पाठमात्रका अवलम्बन लेनेके कारण मेरे मनको आप स्वयं ही अभी इस गद्यद्वारा प्रतिपादित तत्त्वमें यथार्थ निष्ठा रखनेवाला बना दीजिये। अपारकरुणावरुणालय! व्यक्तिविशेषका विचार किये बिना सम्पूर्ण जगत्को शरण देनेवाले परमेश्वर! प्रणतजनोंकी पीड़ा दूर करनेवाले प्रभो! शरणागतवत्सलताके एकमात्र महासमुद्र! सम्पूर्ण भूतोंके यथार्थ स्वरूपका निरन्तर ज्ञान रखनेवाले विभो! समस्त चराचरस्वरूप परमात्मन्! अखिल जगन्नियन्ता परमेश्वर! समस्त जड-चेतन पदार्थ आपके शेष (सेवक, अवयव या अंश) हैं और आप सबके शेषी (स्वामी, अवयवी या अंशी) हैं। आप सम्पूर्ण जगत्के आधार, अखिल विश्वके स्वामी और मेरे नाथ हैं। आपके काम और संकल्प सत्य हैं। आप अपनेसे भिन्न सभी वस्तुओंसे विलक्षण हैं। याचकोंकी इच्छा पूर्ण करनेके लिये कल्पवृक्ष हैं। विपत्तिके एकमात्र सखा हैं। आपने श्रीरामरूपसे अवतार लेकर ककुत्स्थ-कुलको गौरव प्रदान किया है। श्रीमन्नारायण! पुरुषोत्तम! श्रीरङ्गनाथ! मेरे स्वामी! आपको नमस्कार है।

(श्रीरङ्गगद्य सम्पूर्ण)

श्रीवैकुण्ठगद्यम्

यामुनार्यसुधाम्भोधिमवगाह्य यथामति। आदाय भक्तियोगाख्यं रत्नं संदर्शयाम्यहम्॥

स्वाधीनत्रिविधचेतनाचेतनस्वरूपस्थितिप्रवृत्तिभेदं क्लेशकर्मादिसमस्तदोषासंस्पृष्टं स्वाभाविकानवधिकातिशयज्ञानबलैश्वर्यवीर्यशक्तितेजःप्रभृत्यसंख्येयकल्याणगुणगणौघमहार्णवं परमपुरुषं भगवन्तं नारायणं स्वामित्वेन सुहृत्त्वेन गुरुत्वेन च परिगृह्य ऐकान्तिकात्यन्तिकतत्पादाम्बुजद्वयपरिचर्यैकमनोरथः, तत्प्राप्तये च तत्पादाम्बुजद्वयप्राप्तेरन्यन्न मे कल्पकोटिसहस्रेणापि साधनमस्तीति मन्वानः, तस्यैव भगवतो नारायणस्याखिलसत्त्वदयैकसागरस्यानालोचितगुणागुणाखण्डजनानुकूलमर्यादाशीलवतः स्वाभाविकानवधिकातिशयगुणवत्तया देवतिर्यङ्मनुष्याद्यखिलजनहृदयानन्दनस्य आश्रितवात्सल्यैकजलधेर्भक्तजनसंश्लेषैकभोगस्य नित्यज्ञानक्रियैश्वर्यभोगसामग्रीसमृद्धस्य महाविभूतेः श्रीमच्चरणारविन्दयुगलमनन्यात्मसंजीवनेन तद्गतसर्वभावेन शरणमनुव्रजेत्।

ततश्च प्रत्यहमात्मोज्जीवनायैवमनुस्मरेत्। चतुर्दशभुवनात्मकमण्डं दशगुणितोत्तरं चावरणसप्तकं समस्तं कार्यकारणजातमतीत्य परमव्योमशब्दाभिधेये ब्रह्मादीनां वाङ्मनसागोचरे श्रीमति वैकुण्ठे दिव्यलोके सनकविधिशिवादिभिरप्यचिन्त्यस्वभावैश्वर्यैर्नित्यसिद्धैरनन्तैर्भगवदानुकूल्यैकभोगैर्दिव्यपुरुषैर्महात्मभिरापूरिते, तेषामपीयत् परिमाणमियदैश्वर्यमीदृशस्वभावमिति परिच्छेत्तुमयोग्ये दिव्यावरणशतसहस्रावृते दिव्यकल्पकतरूपशोभिते दिव्योद्यानशतसहस्रकोटिभिरावृते अतिप्रमाणे दिव्यायतने कस्मिंश्चिद्विचित्रदिव्यरत्नदिव्यास्थानमण्डपे दिव्यरत्नस्तम्भशतसहस्रकोटिभिरुपशोभिते दिव्यनानारत्नकृतस्थलविचित्रिते दिव्यालंकारालंकृते परितः पतितैः पतमानैः पादपस्थैश्च नानागन्धवर्णैर्दिव्यपुष्पैः शोभमानैर्दिव्यपुष्पोपवनैरुपशोभिते, संकीर्णपारिजातादिकल्पद्रुमोपशोभितैरसंकीर्णैश्च कैश्चिदन्तस्थपुष्परत्नादिनिर्मितदिव्यलीलामण्डप-

शतसहस्रोपशोभितैस्सर्वदानुभूयमानैरप्यपूर्ववदाश्चर्यभावहद्भिः क्रीडाशैलशतसहस्रैरलंकृतैः, कैश्चिन्नारायण-दिव्यलीलासाधारणैः कैश्चित् पद्मवनालयादिदिव्यलीलासाधारणैः कैश्चिच्छुकशारिकामयूरकोकिलादिभिः कोमलकूजितैराकुलैर्दिव्योद्यानशतसहस्रकोटिभिरावृते, मणिमुक्ताप्रवालकृतसोपानैर्दिव्यामलामृतरसोदकै-र्दिव्याण्डजवरैरतिरमणीयदर्शनैरतिमनोहरमधुरस्वरैराकुलैरन्तस्थमुक्तामयदिव्यक्रीडास्थानोपशोभितैर्दिव्य-सौगन्धिकवापीशतसहस्रैर्दिव्यराजहंसावलीविराजितैरावृते, निरस्तातिशयानन्दैकरसतया चानन्त्याच्च प्रविष्टा-नुन्मादयद्भिः क्रीडोद्देशैर्विराजिते, तत्र तत्र कृतदिव्यपुष्पपर्यङ्कोपशोभिते, नानापुष्पासवास्वादमत्तभृङ्गावली-भिरुद्गीयमानदिव्यगान्धर्वेणापूरिते चन्दनागुरुकर्पूरदिव्यपुष्पावगाहिमन्दानिलासेव्यमाने, मध्ये पुष्पसंचय-विचित्रिते, महति दिव्ययोगपर्यङ्के अनन्तभोगिनि श्रीमद्वैकुण्ठैश्वर्यादिदिव्यलोकमात्मकान्त्या विश्वमा-प्याययन्त्या शेषशेषाशनादिसर्वं परिजनं भगवतस्तत्तदवस्थोचितपरिचर्यायामाज्ञापयन्त्या, शीलरूपगुण-विलासादिभिरात्मानुरूपया श्रिया सहासीनं प्रत्यग्रोन्मीलितसरसिजसदृशनयनयुगलं स्वच्छनीलजीमूत-संकाशम् अत्युज्ज्वलपीतवाससं स्वया प्रभयातिनिर्मलयातिशीतलयातिकोमलया स्वच्छमाणिक्यमया कृत्स्नं जगद्भावयन्तम् अचिन्त्यदिव्याद्भुतनित्ययौवनस्वभावलावण्यमयामृतसागरम् अतिसौकुमार्यादीषत्स्विन्नवदा-लक्ष्यमाणललाटफलकदिव्यालकावलीविराजितं प्रबुद्धमुग्धाम्बुजचारुलोचनं सविभ्रमभ्रूलतमुज्ज्वलाधरं शुचिस्मितं कोमलगण्डमुन्नसम् उदग्रपीनांसविलम्बिकुण्डलालकावलीबन्धुरकम्बुकन्धरं प्रियावतंसोत्पलकर्ण-भूषणश्लथालकाबन्धविमर्दशंसिभिश्चतुर्भिराजानुविलम्बिभिर्जैर्विराजितम् अतिकोमलदिव्यरेखालंकृताताम्र-करतलम्, दिव्याङ्गुलीयकविराजितमतिकोमलदिव्यनखावलीविराजितातिरक्ताङ्गुलीभिरलंकृतं तत्क्षणो-न्मीलितपुण्डरीकसदृशचरणयुगलम् अतिमनोहरकिरीटमुकुटचूडावतंसमकरकुण्डलग्रैवेयकहारकेयूरकटक-श्रीवत्सकौस्तुभमुक्तादामोदरबन्धनपीताम्बरकाञ्चीगुणनूपुरादिभिरत्यन्तसुखस्पर्शैर्दिव्यगन्धैर्भूषणैर्भूषितं श्री-मत्या वैजयन्त्या वनमालया विराजितं शङ्खचक्रगदासिशार्ङ्गादिदिव्यायुधैस्सेव्यमानं स्वसंकल्पमात्रावक्लृप्त-जगज्जन्मस्थितिध्वंसादिके श्रीमति विष्वक्सेने न्यस्तसमस्तात्मैश्वर्यं वैनतेयादिभिस्स्वभावतो निरस्तसमस्त-सांसारिकस्वभावैर्भगवत्परिचर्याकरणयोग्यैर्भगवत्परिचर्यैकभोगैर्नित्यसिद्धैरनन्तैर्यथायोग्यं सेव्यमानम् आत्म-भोगेनानुसंहितपरादिकालं दिव्यामलकोमलावलोकनेन विश्वमाह्लादयन्तम् ईषदुन्मीलितमुखाम्बुजोदर-विनिर्गतेन दिव्याननारविन्दशोभाजननेन दिव्यगाम्भीर्यौदार्यसौन्दर्यमाधुर्याद्यनवधिकगुणगणविभूषितेन अतिमनोहरदिव्यभावगर्भेण दिव्यलीलालापामृतेन अखिलजनहृदयान्तराण्यापूरयन्तं भगवन्तं नारायणं ध्यानयोगेन दृष्ट्वा ततो भगवतो नित्यस्वाम्यमात्मनो नित्यदास्यं च यथावस्थितमनुसंधाय कदाहं भगवन्तं नारायणं मम कुलनाथं मम कुलदैवतं मम कुलधनं मम भोग्यं मम मातरं मम पितरं मम सर्वं साक्षात्कर-वाणि चक्षुषा ? कदाहं भगवत्पादाम्बुजद्वयं शिरसा संग्रहीष्यामि ? कदाहं भगवत्पादाम्बुजद्वयपरिचर्याशया निरस्तसमस्तेतरभोगाशोऽपगतसमस्तसांसारिकस्वभावस्तत्पादाम्बुजद्वयं प्रवेक्ष्यामि ? कदाहं भगवत्-पादाम्बुजद्वयपरिचर्याकरणयोग्यस्तत्पादौ परिचरिष्यामि ? कदा मां भगवान् स्वकीययातिशीतलया दृशाव-लोक्य स्निग्धगम्भीरमधुरया गिरा परिचर्यायामाज्ञापयिष्यतीति भगवत्परिचर्यायामाशां वर्धयित्वा तयैवा-शया तत्प्रसादोपबृंहितया भगवन्तमुपेत्य दूरादेव भगवन्तं शेषभोगे श्रिया सहासीनं वैनतेयादिभिस्सेव्यमानं 'समस्तपरिवाराय श्रीमते नारायणाय नमः' इति प्रणम्योत्थायोत्थाय पुनः पुनः प्रणम्यात्यन्तसाध्वसविनया-वनतो भूत्वा भगवत्पारिषदगणनायकैर्द्वारपालैः कृपया स्नेहगर्भया दृशावलोकितस्सम्यगभिवन्दितैस्तैस्तै-रेवानुमतो भगवन्तमुपेत्य श्रीमता मूलमन्त्रेण मामैकान्तिकात्यन्तिकपरिचर्याकरणाय परिगृह्णीष्वेति याच्यमानः प्रणम्यात्मानं भगवते निवेदयेत् ।

ततो भगवता स्वयमेवात्मसंजीवनेन मर्यादाशीलवतातिप्रेमान्वितेनावलोकनेनावलोक्य सर्वदेशसर्वकालसर्वावस्थोचितात्यन्तशेषभावाय स्वीकृतोऽनुज्ञातश्चात्यन्तसाध्वसविनयावनतः किंकुर्वाणः कृताञ्जलिपुटो भगवन्तमुपासीत ।

ततश्चानुभूयमानभावविशेषो निरतिशयप्रीत्यान्यत्किञ्चित्कर्तुं द्रष्टुं स्मर्तुमशक्तः पुनरपि शेषभावमेव याचमानो भगवन्तमेवाविच्छिन्नस्रोतोरूपेणावलोकयन्नासीत ।

ततो भगवता स्वयमेवात्मसंजीवनेनावलोकनेनावलोक्य सस्मितमाहूय समस्तक्लेशापहं निरतिशयसुखावहमात्मीयं श्रीमत्पादारविन्दयुगलं शिरसि कृतं ध्यात्वामृतसागरान्तर्निमग्नसर्वावयवः सुखमासीत ।

॥ इति श्रीमद्भगवद्रामानुजाचार्यविरचितं वैकुण्ठगद्यं सम्पूर्णम् ॥

(अनुवादक—पाण्डेय प० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

मैं परम गुरु श्रीयामुनाचार्यरूपी सुधासागरमें अवगाहन करके अपनी बुद्धिके अनुसार भक्तियोग नामक रत्न लाकर सबको दिखा रहा हूँ ।

जो तीनों गुणोंके भेदसे त्रिविध जड-चेतनात्मक जगत्के स्वरूप, स्थिति और प्रवृत्तिके भेदको अपने अधीन रखते हैं, क्लेश, कर्म और आशय आदि समस्त दोष जिन्हें कभी छू भी न सके हैं, जो स्वाभाविक, असीम और अतिशय ज्ञान, बल, ऐश्वर्य, वीर्य, शक्ति एवं तेज आदि असंख्य कल्याणमय गुण-समुदायरूपी जलप्रवाहके महासागर हैं, उन परम पुरुष भगवान् नारायणको स्वामी, सुहृद् और गुरुरूपमें स्वीकारकर साधक अनन्य और कभी न समाप्त होनेवाले भक्तिभावसे उनके युगल चरणारविन्दोंकी परिचर्या (सेवा) की ही अभिलाषा करे। तथा उन भगवच्चरणारविन्दोंकी सेवा प्राप्त करनेके लिये उन्हीं भगवान्के दोनों चरणकमलोंकी शरणमें जानेके सिवा मेरे लिये सहस्र कोटि कल्पोंतक भी दूसरा कोई साधन नहीं है—ऐसा विश्वास करे । जो सम्पूर्ण जीवोंके प्रति उमड़नेवाली दयाके एकमात्र सागर हैं, जो गुण-अवगुणका विचार किये बिना ही सब लोगोंके अनुकूल मर्यादा और शील धारण करते हैं, स्वाभाविक, असीम और अतिशय गुणोंसे युक्त होनेके कारण जो देवता, पशु-पक्षी और मनुष्य आदि सभी जीवोंके हृदयको आनन्द प्रदान करनेवाले हैं, शरणागतवत्सलताके एकमात्र सागर हैं, भक्तजनोंको अपने हृदयसे लगा लेना ही जिनका एकमात्र भोग है, जो नित्य ज्ञान, नित्य क्रिया, नित्य ऐश्वर्य तथा नित्य भोग-सामग्रीसे सम्पन्न हैं; उन्हीं महावैभवशाली भगवान् नारायणके शोभायमान युगल चरणारविन्दोंको अनन्यभावसे अपना जीवनाधार मानकर अपने मन-प्राणोंकी सम्पूर्ण भावनाको उन्हींमें समर्पित करके पूर्वोक्त विश्वासके साथ उन भगवदीय चरणोंकी शरण ग्रहण करे ।

तदनन्तर प्रतिदिन अपने आत्माके उत्थानके लिये बार-बार इस प्रकार चिन्तन करे—यह जो चौदह भुवनोंमें विभाजित ब्रह्माण्ड है, उसके जो उत्तरोत्तर दसगुने सात आवरण हैं तथा जो समस्त कार्य-कारण-समुदाय है, उन सबसे परे दिव्य शोभासे सम्पन्न अलौकिक वैकुण्ठधाम विराजमान है । उसका दूसरा नाम है—परमव्योम । ब्रह्मा आदि देवताओंके मन-वाणी भी वहाँतक नहीं पहुँच सकते । वह नित्यधाम वैकुण्ठ असंख्य दिव्य महात्मा पुरुषोंसे भरा हुआ है । वे महात्मा नित्यसिद्ध हैं । भगवान्की अनुकूलता ही उनका एकमात्र भोग (सुख-साधन) है । उनका स्वभाव और ऐश्वर्य कैसा है, इसका वर्णन करना तो दूर रहा, सनकादि महात्मा, ब्रह्मा और शिव आदि भी इसको मनसे सोच तक नहीं सकते । उन महात्माओंका ऐश्वर्य इतना ही है, उसकी इतनी ही मात्रा है अथवा उसका ऐसा ही स्वभाव है—इत्यादि बातोंका परिच्छेद (निर्धारण या निश्चय) करना भी वहाँके लिये नितान्त अनुचित है । वह दिव्य धाम एक लाख दिव्य आवरणोंसे आवृत है, दिव्य कल्पवृक्ष उसकी शोभा बढ़ाते रहते हैं, वह वैकुण्ठलोक शतसहस्र कोटि दिव्य उद्यानोंसे घिरा हुआ है । उसका दीर्घ विस्तार नापा नहीं जा सकता, वहाँके निवासस्थान भी अलौकिक हैं । वहाँ एक दिव्य सभाभवन है, जो विचित्र एवं दिव्यरत्नोंसे निर्मित है । उसमें शतसहस्रकोटि दिव्य रत्नमय खंभे लगे हैं, जो उस भवनकी शोभा बढ़ाते रहते हैं । उसका फर्श नाना प्रकारके दिव्य रत्नोंसे निर्मित होनेके कारण अपनी विचित्र छटा दिखाता है । वह सभाभवन दिव्य अलंकारोंसे सजा हुआ है । कितने ही दिव्य उपवन सब ओरसे उस सभा-भवनकी श्रीवृद्धि करते हैं । उनमें भाँति-भाँतिकी सुगन्धसे भरे हुए रंग-बिरंगे दिव्य पुष्प सुशोभित हैं, जिनमेंसे कुछ नीचे गिरे रहते हैं, कुछ वृक्षोंसे झड़ते रहते हैं और कुछ उन वृक्षोंकी डालियोंपर ही खिले रहते हैं ।

घनी श्रेणियोंमें लगे हुए पारिजात आदि कल्पवृक्षोंसे शोभायमान लक्षकोटि दिव्योद्यान भी उक्त सभा-भवनको पृथक्-पृथक् घेरे हुए है। उन उद्यानोंके भीतर पुष्पों तथा रत्न आदिसे निर्मित लाखों दिव्य लीलामण्डप उनकी शोभा बढ़ा रहे हैं। वे सर्वदा उपभोगमें आते रहनेपर भी अपूर्वकी भाँति वैकुण्ठवासियोंके लिये अत्यन्त आश्चर्यजनक जान पड़ते है। लाखों क्रीडापर्वत भी उक्त उद्यानोंको अलंकृत कर रहे हैं। उनमेंसे कुछ उद्यान तो केवल भगवान् नारायणकी दिव्यलीलाओंके असाधारण स्थल है और कुछ पद्मवनमें निवास करनेवाली भगवती लक्ष्मीकी दिव्यलीलाओंके विशेष रङ्गस्थल है। कुछ उद्यान शुक, सारिका, मयूर और कोकिल आदि दिव्य विहंगमोंके कोमल कलरवसे व्याप्त रहते हैं। उक्त सभाभवनको सब ओरसे घेरकर दिव्य सौगन्धिक कमल-पुष्पोंसे भरी लाखों बावलियाँ शोभा पा रही हैं। दिव्य राजहंसोंकी श्रेणियाँ उन बावलियोंकी श्रीवृद्धि करती हैं। उनमें उतरनेके लिये मणि, मुक्ता और मूँगोंकी सीढ़ियाँ बनी है। दिव्य निर्मल अमृतरस ही उनका जल है। अत्यन्त रमणीय दिव्य विहग-प्रवर, जिनके मधुर कलरव बड़े ही मनोहर हैं, उन बावलियोंमें भरे रहते है। उनके भीतर बने हुए मोतियोंके दिव्य क्रीडा-स्थान शोभा देते है। सभाभवनके भीतर भी कितने ही क्रीडाप्रदेश उसकी शोभा बढ़ाते है, जो सर्वाधिक आनन्दैकरसस्वभाव एवं अनन्त होनेके कारण अपने भीतर प्रवेश करनेवाले वैकुण्ठवासियोंको आनन्दोन्मादसे उन्मत्त किये देते हैं। उस भवनके विभिन्न भागोंमें दिव्य पुष्प-शय्याएँ बिछी रहती है। नाना प्रकारके पुष्पोंका मधु पीकर उन्मत्त हुई भ्रमरावलियाँ अपने गाये हुए दिव्य संगीतकी मधुर ध्वनिसे उक्त सभामण्डपको मुखरित किये रहती है। चन्दन, अगुरु, कर्पूर और दिव्य पुष्पोंकी सुगन्धमें डूबी हुई मन्द मन्द वायु प्रवाहित होकर उक्त सभाके सदस्योंकी सेवा करती रहती है। उस सभामण्डपके मध्यभागमें महान् दिव्य योग-शय्या सुशोभित है, जो दिव्य पुष्पराशिके संचयसे विचित्र सुषमा धारण किये हुए है। उसपर भगवान् अनन्त (शेषनाग) का दिव्य शरीर शोभा पाता है। उसपर भगवान् अनुरूप-शील, रूप और गुण-विलास आदिसे सुशोभित भगवती श्रीदेवीके साथ भगवान् श्रीहरि विराजमान रहते हैं। वे श्रीदेवी अनुपम शोभाशाली वैकुण्ठके ऐश्वर्य आदिसे सम्पन्न सम्पूर्ण दिव्य लोकको अपनी अनुपम कान्तिसे आप्यायित (परिपुष्ट) करती रहती हैं। शेष और गरुड आदि समस्त पार्षदोंको विभिन्न अवस्थाओंमें भगवान्की आवश्यक सेवाके लिये आदेश देती रहती हैं। भगवान्के दोनों नेत्र तुरंतके खिले हुए कमलोंकी शोभाको तिरस्कृत करते है। उनके श्रीअङ्गोंका सुन्दर रंग निर्मल श्याम मेघसे भी अधिक मनोहर है। श्रीविग्रहपर पीले रंगका प्रकाशमान वस्त्र सुशोभित रहता है। भगवान् अपनी अत्यन्त निर्मल और अतिशय शीतल, कोमल, स्वच्छ माणिक्यकी-सी प्रभासे सम्पूर्ण जगत्को प्रभावित करते है। वे अचिन्त्य, दिव्य, अद्भुत, नित्य-यौवन, स्वभाव और लावण्यमय अमृतके समुद्र है। अत्यन्त सुकुमारताके कारण उनका ललाट कुछ पसीनेकी बूँदोंसे विभूषित दिखायी देता है और वहाँतक फैली हुई उनकी दिव्य अलकें अपूर्व शोभा बढ़ाती है। भगवान्के मनोहर नेत्र विकसित कोमल कमलके सदृश मनोहर है। उनकी भ्रूलताकी भङ्गिमासे अद्भुत विभ्रम-विलासकी सृष्टि होती रहती है। उनके अरुण अधरोंपर उज्ज्वल हासकी छटा बिखरी रहती है। उनकी मन्द मुसकान अत्यन्त पवित्र है। उनके कपोल कोमल और नासिका ऊँची है। ऊँचे और मांसल कंधोंपर लटकी हुई लटों और कुण्डलोंके कारण भगवान्की शङ्खसदृश ग्रीवा बड़ी सुन्दर दिखायी देती है। प्रियतमा लक्ष्मीके कानोंकी शोभा बढ़ानेवाले कमल, कुण्डल और शिथिल केशपाशोंके वेणीबन्धके विमर्दनको सूचित करनेवाली घुटनोंतक लंबी चार भुजाओंसे भगवान्के श्रीविग्रहकी अद्भुत शोभा है। उनकी हथेलियाँ अत्यन्त कोमल दिव्य रेखाओंसे अलंकृत और कुछ-कुछ लाल रंगकी है। अङ्गुलियोंमें दिव्य मुद्रिका शोभा देती है। अत्यन्त कोमल दिव्य नखावलीसे प्रकाशित लाल-लाल अङ्गुलियाँ उनके करकमलोंको अलंकृत करती है। उनके दोनों चरण तुरंतके खिले हुए कमलोंके सौन्दर्यको छीने लेते है। अत्यन्त मनोहर किरीट, मुकुट, चूडामणि, मकराकृत कुण्डल, कण्ठहार, केयूर, कंगन, श्रीवत्स-चिह्न, कौस्तुभमणि, मुक्ताहार, कटिबन्ध, पीताम्बर, काञ्चीसूत्र और नूपुर आदि अत्यन्त सुखद स्पर्शवाले दिव्य गन्धयुक्त आभूषण भगवान्के श्रीअङ्गोंको विभूषित करते है। शोभाशालिनी वैजयन्ती वनमाला उनकी शोभा बढ़ाती है। शङ्ख, चक्र, गदा, खड्ग और शार्ङ्गधनुष आदि दिव्य

आयुध उनकी सेवा करते हैं। अपने संकल्पमात्रसे सम्पन्न होनेवाले संसारकी सृष्टि, पालन और संहार आदिके लिये भगवान्‌ने अपना समस्त ऐश्वर्य श्रीमान् विष्वक्सेनको अर्पित कर रखा है। जिनमें स्वभावसे ही समस्त सांसारिक भावोंका अभाव है, जो भगवान्‌की परिचर्या करनेके सर्वथा योग्य हैं तथा भगवान्‌की सेवा ही जिनका एकमात्र भोग है, वे गरुड़ आदि नित्यसिद्ध असंख्य पार्षद यथावसर श्रीभगवान्‌की सेवामें संलग्न रहते है। उनके द्वारा होनेवाले आत्मानन्दके अनुभवसे ही पर, परार्द्ध आदि कालका अनुसंधान होता रहता है। वे भगवान् अपनी दिव्य निर्मल और कोमल दृष्टिसे सम्पूर्ण विश्वको आह्लादित करते रहते हैं। भगवान् दिव्यलीला-सम्बन्धी अमृतमय वार्तालापसे सब लोगोंके हृदयको आनन्दसे परिपूर्ण करते रहते हैं। उस दिव्य लीलालापमे अत्यन्त मनोहर दिव्यभाव छिपा रहता है। उनके किंचित् खुले हुए मुखारविन्दके भीतरसे निकला हुआ वह अमृतमय वचन उनके दिव्य मुखकमलकी शोभा बढ़ाता है। उस वार्तालापको दिव्य गाम्भीर्य, औदार्य, सौन्दर्य और माधुर्य आदि अनन्त गुणसमुदाय विभूषित करते हैं। इस प्रकार ध्यानयोगके द्वारा भगवान् नारायणका दर्शन करके इस यथार्थ सम्बन्धका मन-ही-मन चिन्तन करे कि भगवान् मेरे नित्य स्वामी हैं और मैं उनका नित्य दास हूँ। मैं कब अपने कुलके स्वामी, देवता और सर्वस्व भगवान् नारायणका, जो मेरे भोग्य, मेरे माता, मेरे पिता और मेरे सब कुछ हैं, इन नेत्रोंद्वारा दर्शन करूँगा। मैं कब भगवान्‌के युगल चरणारविन्दोंको अपने मस्तकपर धारण करूँगा ? कब वह समय आयेगा जब कि मैं भगवान्‌के दोनों चरणारविन्दोंकी सेवाकी आशामे अन्य सभी लोगोंकी आशा-अभिलाषा छोड़कर समस्त सांसारिक भावनाओंसे दूर हो भगवान्‌के युगलचरणारविन्दोंमें प्रवेश कर जाऊँगा। कब ऐसा सुयोग प्राप्त होगा जब मैं भगवान्‌के युगल चरण-कमलोंकी सेवाके योग्य होकर उन चरणोंकी आराधनामें ही लगा रहूँगा। कब भगवान् नारायण अपनी अत्यन्त शीतल दृष्टिसे मेरी ओर देखकर स्नेहयुक्त, गम्भीर एवं मधुर वाणी-द्वारा मुझे अपनी सेवामें लगनेका आदेश देंगे ? इस प्रकार भगवान्‌की परिचर्याकी आशा-अभिलाषाको बढ़ाते हुए उसी आशासे, जो उन्हींके कृपाप्रसादसे निरन्तर बढ़ रही हो, भावनाद्वारा भगवान्‌के निकट पहुँचकर दूरसे ही भगवती लक्ष्मीके साथ शेषशय्यापर बैठे हुए और गरुड़ आदि पार्षदोंकी सेवा स्वीकार करते हुए भगवान्‌को 'समस्त परिवारसहित भगवान् श्रीनारायणको नमस्कार है' यों कहकर साष्टाङ्ग प्रणाम करे। फिर बार-बार उठने और प्रणाम करनेके पश्चात् अत्यन्त भय और विनयसे नतमस्तक होकर खड़ा रहे। जब भगवान्‌के पार्षदगणोंके नायक द्वारपाल कृपा और स्नेहपूर्ण दृष्टिसे साधककी ओर देखें तो उन्हें भी विधिपूर्वक प्रणाम करे। फिर उन सबकी आज्ञा लेकर श्रीमूलमन्त्र (ॐनमो नारायणाय) का जप करते हुए भगवान्‌के पास पहुँचे और यह याचना करे कि 'प्रभो ! मुझे अपनी अनन्य नित्य सेवाके लिये स्वीकार कीजिये।' तदनन्तर पुनः प्रणाम करके भगवान्‌को आत्मसमर्पण कर दे।

इसके बाद भगवान् स्वयं ही जब अपनेको जीवनदान देनेवाली मर्यादा और शीलसे युक्त अत्यन्त प्रेमपूर्ण दृष्टिसे देखकर सब देश, सब काल और सब अवस्थाओंमें उचित दासभावके लिये साधकको सदाके लिये स्वीकार कर लें और सेवाके लिये आज्ञा दे दें, तब वह अत्यन्त भय और विनयसे विनम्र होकर उनके कार्यमें संलग्न रहकर हाथ जोड़े हुए सदा भगवान्‌की उपासना करता रहे।

तदनन्तर भावविशेषका अनुभव होनेपर सर्वाधिक प्रीति प्राप्त होती है, जिसमे साधक दूसरा कुछ भी करने, देखने या चिन्तन करनेमे असमर्थ हो जाता है। ऐसी दशामे वह पुनः दासभावकी ही याचना करते हुए निरन्तर अविच्छिन्न प्रवाहरूपसे भगवान्‌की ही ओर देखता रहे। उसके बाद भगवान् स्वयं ही भक्तको जीवनदान करनेवाली अपनी कृपापूर्ण दृष्टिसे देखकर मंद मुस्कुराहटके साथ बुलाकर सब क्लेशोंको दूर करनेवाले और निरतिशय सुखकी प्राप्ति करानेवाले अपने युगल चरणारविन्दोंको मेरे मस्तकपर रख रहे हैं, ऐसा ध्यान करके आनन्दामृतमहासागरमें सम्पूर्णरूपसे निमग्न हो सुखी हो जाय।

(श्रीवैकुण्ठगद्य सम्पूर्ण)

श्रीराधाष्टकम्

(ॐ) नमस्ते श्रियै राधिकायै परायै नमस्ते नमस्ते मुकुन्दप्रियायै ।
सदानन्दरूपे प्रसीद त्वमन्तःप्रकाशे स्फुरन्ती मुकुन्देन सार्धम् ॥ १ ॥
स्ववासोऽपहारं यशोदासुतं वा स्वदध्यादिचौरं समाराधयन्तीम् ।
स्वदाम्नोदरं या बबन्धाशु नीव्या प्रपद्ये नु दामोदरप्रेयसीं ताम् ॥ २ ॥
दुराराध्यमाराध्य कृष्णं वशे त्वं महाप्रेमपूरेण राधाभिधाऽभूः ।
स्वयं नामकृत्या हरिप्रेम यच्छ प्रपन्नाय मे कृष्णरूपे समक्षम् ॥ ३ ॥
मुकुन्दस्त्वया प्रेमदोरेण बद्धः पतङ्गो यथा त्वामनुभ्राम्यमाणः ।
उपक्रीडयन् हार्दमेवानुगच्छन् कृपा वर्तते कारयातो मयेष्टिम् ॥ ४ ॥
व्रजन्तीं स्ववृन्दावने नित्यकालं मुकुन्देन साकं विधायाङ्कमालम् ।
सदा मोक्ष्यमाणानुकम्पाकटाक्षैः श्रियं चिन्तयेत् सच्चिदानन्दरूपाम् ॥ ५ ॥
मुकुन्दानुरागेण रोमाञ्चिताङ्गीमहं व्याप्यमानां तनुस्वेदबिन्दुम् ।
महाहार्दवृष्ट्या कृपापाङ्गदृष्ट्या समालोकयन्तीं कदा त्वां विचक्षे ॥ ६ ॥
पदाङ्कावलोके महालालसौघं मुकुन्दः करोति स्वयं ध्येयपादः ।
पदं राधिके ते सदा दर्शयान्तर्हृदीतो नमन्तं किरद्रोचिषं माम् ॥ ७ ॥
सदा राधिकानाम जिह्वाग्रतः स्यात् सदा राधिका रूपमक्ष्यग्र आस्ताम् ।
श्रुतौ राधिकाकीर्तिरन्तःस्वभावे गुणा राधिकायाः श्रिया एतदीहे ॥ ८ ॥
इदं त्वष्टकं राधिकायाः प्रियायाः पठेयुः सदैवं हि दामोदरस्य ।
सुनिष्ठन्ति वृन्दावने कृष्णधाम्नि सखीमूर्तयो युग्मसेवानुकूलाः ॥ ९ ॥

॥ इति श्रीभगवन्निम्बार्कमहामुनीन्द्रविरचितं श्रीराधाष्टकं सम्पूर्णम् ॥

[प्रेषक—ब्रह्मचारी श्रीनन्दकुमारशरणजी]

(अनुवादक—पाण्डेय प० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

(ॐ) श्रीराधिके! तुम्ही श्री (लक्ष्मी) हो, तुम्हे नमस्कार है, तुम्ही पराशक्ति राधिका हो, तुम्हे नमस्कार है। तुम मुकुन्दकी प्रियतमा हो, तुम्हे नमस्कार है। सदानन्दस्वरूप देवि! तुम मेरे अन्तःकरणके प्रकाशमे श्यामसुन्दर श्रीकृष्णके साथ सुशोभित होती हुई मुझपर प्रसन्न होओ ॥ १ ॥ जो अपने वस्त्रका अपहरण करनेवाले अथवा अपने दूध-दही, माखन आदि चुरानेवाले यशोदानन्दन श्रीकृष्णकी आराधना करती हैं, जिन्होंने अपनी नीवीके बन्धनसे श्रीकृष्णके उदरको शीघ्र ही बाँध लिया था, जिसके कारण उनका नाम 'दामोदर' हो गया; उन दामोदरकी प्रियतमा श्रीराधा-रानीकी मैं निश्चय ही शरण लेता हूँ ॥ २ ॥ श्रीराधे! जिनकी आराधना कठिन है, उन श्रीकृष्णकी भी आराधना करके तुमने अपने महान् प्रेमसिन्धुकी बाढ़से उन्हें वशमे कर लिया। श्रीकृष्णकी आराधनाके ही कारण तुम राधानामसे विख्यात हुई। श्रीकृष्णस्वरूपे! अपना यह नामकरण स्वयं तुमने किया है, इससे अपने सम्मुख आये हुए मुझ शरणागतको श्रीहरिका प्रेम प्रदान करो ॥ ३ ॥ तुम्हारी प्रेमडोरीमे बँधे हुए भगवान् श्रीकृष्ण पतगकी भाँति सदा तुम्हारे आस-पास ही चक्कर लगाते रहते हैं, हार्दिक प्रेमका अनुसरण करके तुम्हारे पास ही रहते और क्रीडा करते है। देवि! तुम्हारी कृपा सबपर है, अतः मेरे द्वारा अपनी आराधना (सेवा) करवाओ ॥४॥ जो प्रतिदिन नियत समयपर श्रीश्यामसुन्दरके साथ उन्हे अपने अङ्ककी माला अर्पित करके अपनी लीलाभूमि-वृन्दावनमे विहार करती है, भक्तजनोपर प्रयुक्त होनेवाले कृपा-कटाक्षोसे सुशोभित उन सच्चिदानन्दस्वरूपा श्रीलाड़िलीका सदा चिन्तन करे ॥ ५ ॥ श्रीराधे! तुम्हारे मन-प्राणोंमे आनन्दकन्द श्रीकृष्णका प्रगाढ अनुराग व्याप्त है, अतएव तुम्हारे श्रीअङ्ग सदा रोमाञ्चसे विभूषित है और अङ्ग-अङ्ग सूक्ष्म स्वेद-बिन्दुओसे सुशोभित होता है। तुम अपनी कृपा-कटाक्षसे परिपूर्ण दृष्टिद्वारा महान् प्रेमकी वर्षा करती हुई मेरी ओर

देख रही हो; इस अवस्थामें मुझे कब तुम्हारा दर्शन होगा ? ॥ ६ ॥ श्रीराधिके ! यद्यपि श्यामसुन्दर श्रीकृष्ण स्वय ही ऐसे हैं कि उनके चारु-चरणोंका चिन्तन किया जाय, तथापि वे तुम्हारे चरण-चिह्नोंके अवलोकनकी बड़ी लालसा रखते हैं । देवि ! मैं नमस्कार करता हूँ । इधर मेरे अन्तः-करणके हृदय-देशमें ज्योति-पुञ्ज बिखेरते हुए अपने चिन्त-नीय चरणारविन्दका मुझे दर्शन कराओ ॥ ७ ॥ मेरी जिह्वाके अग्रभागपर सदा श्रीराधिकाका नाम विराजमान रहे । मेरे नेत्रोंके समक्ष सदा श्रीराधाका ही रूप प्रकाशित हो । कानोंमें श्रीराधिकाकी कीर्ति-कथा गूँजती रहे और अन्तर्हृदयमें लक्ष्मीस्वरूपा श्रीराधाके ही असंख्य गुणगणोंका चिन्तन हो, यही मेरी शुभ कामना है ॥ ८ ॥ दामोदरप्रिया श्रीराधाकी स्तुतिसे सम्बन्ध रखनेवाले इन आठ श्लोकोंका जो लोग सदा इसी रूपमे पाठ करते हैं, वे श्रीकृष्णधाम वृन्दावनमें युगल सरकारकी सेवाके अनुकूल सखी-शरीर पाकर सुखमे रहते है ॥ ९ ॥

(श्रीराधाष्टक सम्पूर्ण)

प्रातःस्मरणस्तोत्रम्

प्रातः स्मरामि युगकेलिरसाभिषिक्तं वृन्दावनं सुरमणीयमुदारवृक्षम् ।
सौरीप्रवाहवृतमाप्तमगुणप्रकाशं युग्माङ्घ्रिरेणुकणिकाञ्चितसर्वसत्त्वम् ॥ १ ॥
प्रातः स्मरामि दधिघोषविनीतनिद्रं निद्रावसानरमणीयमुखानुरागम् ।
उच्चिद्रपद्मनयनं नवनीरदाभं हृद्यानवद्यललनाञ्चितवामभागम् ॥ २ ॥
प्रातर्भजामि शयनोत्थितयुग्मरूपं सर्वेश्वरं सुखकरं रसिकेशभूपम् ।
अन्योन्यकेलिरसचिह्नचमत्कृताङ्ग सख्यावृतं सुरतकाममनोहरं च ॥ ३ ॥
प्रातर्भजे सुरतसारपयोधिचिह्नं गण्डस्थलेन नयनेन च संदधानौ ।
रत्याद्यशेषशुभदौ समुपेतकामौ श्रीराधिकावरपुरन्दरपुण्यपुञ्जौ ॥ ४ ॥
प्रातर्धरामि हृदयेन हृदीक्षणीयं युग्मस्वरूपमनिशं सुमनोरमं च ।
लावण्यधाम ललनाभिरुपेयमानमुत्थाप्यमानमनुमेयमशेषवेषैः ॥ ५ ॥
प्रातर्व्रजामि युगलौ वपुषामराभौ राधामुकुन्दपशुपालसुतौ वरिष्ठौ ।
गोविन्दचन्द्रवृषभानुसुतावरिष्ठौ सर्वेश्वरौ स्वजनपालनतत्परेशौ ॥ ६ ॥
प्रातर्नमामि युगलाङ्घ्रिसरोजकोशमष्टाङ्गयुक्तवपुषा भवदुःखदारम् ।
वृन्दावने सुविचरन्तमुदारचिह्नं लक्ष्म्या उरोजधृतकुङ्कुमरागपुष्टम् ॥ ७ ॥
प्रातर्नमामि वृषभानुसुतापदाब्जं नेत्रालिभिः परिणुतं व्रजसुन्दरीणाम् ।
प्रेमातुरेण हरिणा सुविशारदेन श्रीमद्व्रजेशतनयेन सदाभिवन्द्यम् ॥ ८ ॥
सञ्चिन्तनीयमनुमृग्यमभीष्टदोहं संसारतापशमनं चरणं महार्हम् ।
नन्दात्मजस्य सततं मनसा गिरा च संसेवयामि वपुषा प्रणयेन रम्यम् ॥ ९ ॥
प्रातःस्तवमिमं पुण्यं प्रातरुत्थाय यः पठेत् । सर्वकालं क्रियास्तस्य सफलाः स्युः सदा ध्रुवाः ॥१०॥

॥ इति श्रीमद्भगवन्निम्बार्कमहामुनीन्द्रविरचितं श्रीप्रातःस्मरणस्तोत्रं सम्पूर्णम् ॥

[प्रेषक—ब्रह्मचारी श्रीनन्दकुमारशरणजी]

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

युगल सरकार नन्दनन्दन तथा वृषभानुनन्दिनीके प्रेम-रससे जिसका अभिषेक होता रहता है, जो परम रमणीय है, जहाँके वृक्ष भी मनोवाञ्छित वस्तु देनेमे दक्ष होनेके कारण अत्यन्त उदार हैं, सूर्य-कन्या यमुनाके जल-प्रवाहने जिसे सब ओरसे घेर रखा है, जहाँका प्रत्येक जीव-जन्तु श्रीव्रजराजकिशोर-किशोरीकी चरणरेणुओंकी कणिकासे पूजित एवं धन्य-धन्य हो गया है; अपने अलौकिक गुणोंको प्रकाशित करनेवाले उसी श्रीवृन्दावनका मै प्रातःकाल स्मरण करता हूँ ॥ १ ॥

सबेरे दही मथनेकी आवाज सुनकर जिनकी निद्रा दूर हो गयी है, नींदसे उठनेपर जिनके मुखका रंग बहुत ही रमणीय दिखायी देता है, नेत्र विकसित कमल-पुष्पके समान सुन्दर और विशाल जान पड़ते हैं, श्रीअङ्गोंकी कान्ति नवीन जलधरके समान श्याम है; तथा जिनका वाम भाग मनोहर और अनिन्द्य सौन्दर्य-राशिसे सुशोभित गोपाङ्गनाद्वारा लालित एवं पूजित है, उन श्रीश्यामसुन्दर श्रीकृष्णका मैं प्रातःकाल स्मरण करता हूँ ॥ २ ॥

युगल स्वरूप श्रीकिशोरी और नन्दनन्दन निकुञ्जमें सोकर उठे हैं, उनका एक-एक अङ्ग परस्परके प्रेम-मिलन-रससे चमत्कृत जान पड़ता है, मधुर मिलन-कामनासे उनका रूप और भी मनोहर हो उठा है, उन्हें सखियोंने सब ओरसे घेर रक्खा है, वे रसिकशेखरोंके राजा युगल सरकार सबके अधीश्वर तथा सभीको सुख देनेवाले हैं; मैं प्रातःकाल उन्हीं प्रिया-प्रियतमका भजन-ध्यान करता हूँ ॥ ३ ॥

जो अपने कपोलों और नयनोंके द्वारा प्रेममिलनके सार-भूत आनन्द-समुद्रमें अवगाहनके चिह्न धारण करते हैं, जो पूर्णकाम हैं तथा प्रेमी भक्तोंको माधुर्यरति आदि अशेष कल्याणमय वस्तुएँ देते हैं, उन श्रीराधिका तथा राधावल्लभ श्रीकृष्ण इन पुण्यपुञ्ज युगल दम्पतिका मैं प्रातःकाल भजन करता हूँ ॥ ४ ॥ जो हृदयमें निरन्तर दर्शन करने योग्य हैं, जिनकी झाँकी अत्यन्त मनोरम है, जो लावण्यके भण्डार हैं, असंख्य ललनाएँ जिनकी सेवामें उपस्थित होती और उठती-बैठती हैं, सभी वेशोंमें जिनका अनुमान हो सकता है, उन युगलस्वरूप श्रीराधा-कृष्णको मैं प्रातःकाल अपने हृदयमें धारण करता हूँ ॥ ५ ॥ जिनके श्रीअङ्ग देवताओंके समान तेजस्वी हैं, तथापि जो श्रेष्ठ ग्वालबालके रूपमें अवतीर्ण हो श्रीराधा और मुकुन्द नामसे विख्यात हैं, जो सबके ईश्वर हैं और स्वजनोंके पालनमें सदा तत्पर रहनेवाले हैं, उन श्री-कृष्णचन्द्र और वृषभानुनन्दिनी—युगल दम्पतिको मैं प्रातःकाल पुकारता हूँ ॥ ६ ॥ मैं प्रातःकाल किशोर-किशोरी-के उन युगल चरणोंको साष्टाङ्ग प्रणाम करता हूँ, जो कमल-कोशके समान कमनीय और सांसारिक दुःखको विदीर्ण करने-वाले हैं, जिनमें उदारतासूचक चिह्न अङ्कित हैं, जो वृन्दावनमें विचरते हैं और लक्ष्मीजीके उरोजोंमें लगे हुए केसरके राग-से परिपुष्ट होते हैं ॥ ७ ॥ परम चतुर व्रजेन्द्र-नन्दन श्रीहरि प्रेमसे व्याकुल हो जिनकी सदा वन्दना किया करते हैं तथा व्रज सुन्दरियोंके नेत्ररूपी भ्रमर जिनकी स्तुति करते हैं, वृषभानुनन्दिनी श्रीराधाके उन चरणारविन्दोंको मैं प्रातःकाल प्रणाम करता हूँ ॥ ८ ॥ जो सब प्रकारसे चिन्तन करने योग्य, स्तुतियोंके अनुसन्धानके विषय, मनोवाञ्छित वस्तु देने-वाले, संसार-तापको शान्त करनेवाले तथा बहुमूल्य हैं, नन्द-नन्दन श्रीकृष्णके उन रमणीय चरणोंका मैं सदा मन, वाणी और शरीरद्वारा प्रेमपूर्वक सेवन करता हूँ ॥ ९ ॥ जो प्रातः-काल उठकर इस प्रातःस्मरण नामक पवित्र स्तोत्रका सदा पाठ करता है, उसकी सभी क्रियाएँ सदा सफल एवं अक्षय होती हैं ॥ १० ॥

(प्रातःस्मरणस्तोत्र सम्पूर्ण)

श्रीमधुराष्टकम्

अधरं मधुरं वदनं मधुरं नयनं मधुरं हसितं मधुरम् ।
हृदयं मधुरं गमनं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ॥ १ ॥
वचनं मधुरं चरितं मधुरं वसनं मधुरं वलितं मधुरम् ।
चलितं मधुरं भ्रमितं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ॥ २ ॥
वेणुर्मधुरो रेणुर्मधुरः पाणिर्मधुरः पादौ मधुरौ ।
नृत्यं मधुरं सख्यं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ॥ ३ ॥
गीतं मधुरं पीतं मधुरं युक्तं मधुरं सुप्तं मधुरम् ।
रूपं मधुरं तिलकं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ॥ ४ ॥
करणं मधुरं तरणं मधुरं हरणं मधुरं स्मरणं मधुरम् ।
वमितं मधुरं शमितं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ॥ ५ ॥

गुञ्जा मधुरा माला मधुरा यमुना मधुरा बीची मधुरा।
सलिलं मधुरं कमलं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ॥ ६ ॥
गोपी मधुरा लीला मधुरा युक्तं मधुरं भुक्तं मधुरम्।
दृष्टं मधुरं शिष्टं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ॥ ७ ॥
गोपा मधुरा गावो मधुरा यष्टिर्मधुरा सृष्टिर्मधुरा।
दलितं मधुरं फलितं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ॥ ८ ॥

॥ इति श्रीमद्वल्लभाचार्यकृतं मधुराष्टकं सम्पूर्णम् ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

श्रीमधुराधिपतिका सभी कुछ मधुर है। उनके अधर मधुर हैं, मुख मधुर हैं, नेत्र मधुर है, हास्य मधुर है, हृदय मधुर है और गति भी अति मधुर है ॥ १ ॥ उनके वचन मधुर हैं, चरित्र मधुर है, वस्त्र मधुर है, अङ्गभंगी मधुर है, चाल मधुर है और भ्रमण भी अति मधुर है, श्रीमधुराधिपतिका सब कुछ मधुर है ॥ २ ॥ उनकी वेणु मधुर है, चरणरज मधुर है, करकमल मधुर है, चरण मधुर है, नृत्य मधुर है और सख्य भी अति मधुर है, श्रीमधुराधिपतिका सभी कुछ मधुर है ॥ ३ ॥ उनका गान मधुर है, पान मधुर है, भोजन मधुर है, शयन मधुर है, रूप मधुर है और तिलक भी अति मधुर है; श्रीमधुराधिपतिका सभी कुछ मधुर है ॥ ४ ॥ उनका कार्य मधुर है, तैरना मधुर है, हरण मधुर है, स्मरण मधुर है, उद्धार मधुर है और शान्ति भी अति मधुर है; श्रीमधुराधिपतिका सभी कुछ मधुर है ॥ ५ ॥ उनकी गुञ्जा मधुर है, माला मधुर है, यमुना मधुर है, उसकी तरङ्गें मधुर हैं, उसका जल मधुर है और कमल भी अति मधुर है; श्रीमधुराधिपतिका सभी कुछ मधुर है ॥ ६ ॥ गोपियाँ मधुर हैं, उनकी लीला मधुर है, उनका संयोग मधुर है, भोग मधुर है, निरीक्षण मधुर है और प्रसाद भी मधुर है; श्रीमधुराधिपतिका सभी कुछ मधुर है ॥ ७ ॥ गोप मधुर हैं, गौएँ मधुर हैं, लकुटी मधुर है, रचना मधुर है, दलन मधुर है और उसका फल भी अति मधुर है; श्रीमधुराधिपतिका सभी कुछ मधुर है ॥ ८ ॥

(श्रीमधुराष्टक समाप्त)

श्रीयमुनाष्टकम्

नमामि यमुनामहं सकलसिद्धहेतुं मुदा मुरारिपदपङ्कजस्फुरदमन्दरेणूत्कटाम्।
तटस्थनवकाननप्रकटमोदपुष्पाम्बुना सुरासुरसुपूजितस्मरपितुः श्रियं बिभ्रतीम् ॥ १ ॥
कलिन्दगिरिमस्तके पतदमन्दपूरोज्ज्वला विलासगमनोल्लसत्प्रकटगण्डशैलोन्नता।
सघोषगतिदन्तुरा समधिरूढदोलोत्तमा मुकुन्दरतिवर्द्धिनी जयति पद्मबन्धोः सुता ॥ २ ॥
भुवं भुवनपावनीमधिगतामनेकस्वनैः प्रियाभिरिव सेवितां शुकमयूरहंसादिभिः।
तरङ्गभुजकङ्कणप्रकटमुक्तिकावालुकां नितम्बतटसुन्दरीं नमत कृष्णतुर्यप्रियाम् ॥ ३ ॥
अनन्तगुणभूषिते शिवविरञ्चिदेवस्तुते घनाघननिभे सदा ध्रुवपराशराभीष्टदे।
विशुद्धमथुरातटे सकलगोपगोपीवृते कृपाजलधिसंश्रिते मम मनः सुखं भावय ॥ ४ ॥
यया चरणपद्मजा मुररिपोः प्रियम्भाविका समागमनतोऽभवत् सकलसिद्धिदा सेवताम्।
तया सदृशतामियात् कमलजा सपत्नीव यद्धरिप्रियकलिन्दया मनसि मे सदा स्थीयताम् ॥ ५ ॥
नमोऽस्तु यमुने सदा तव चरित्रमत्यद्भुतं न जातु यमयातना भवति ते पयःपानतः।
यमोऽपि भगिनीसुतान् कथमु हन्ति दुष्टानपि प्रियो भवति सेवनात् तव हरेर्यथा गोपिकाः ॥ ६ ॥
ममास्तु तव सन्निधौ तनुनवत्वमेतावता न दुर्लभतमा रतिर्मुररिपौ मुकुन्दप्रिये।
अतोऽस्तु तव लालना सुरधुनी परं सङ्गमात् तवैव भुवि कीर्तिता न तु कदापि पुष्टिस्थितैः ॥ ७ ॥

स्तुतिं तव करोति कः कमलजासपत्नि प्रिये हरेर्यदनुसेवया भवति सौख्यमामोक्षतः।
इयं तव कथाधिका सकलगोपिकासङ्गमस्मरश्रमजलाणुभिः सकलगात्रजैः सङ्गमः ॥ ८ ॥
तवाष्टकमिदं मुदा पठति सूरसूते सदा समस्तदुरितक्षयो भवति वै मुकुन्दे रतिः।
तया सकलसिद्धयो मुररिपुश्च सन्तुष्यति स्वभावविजयो भवेद् वदति वल्लभः श्रीहरेः ॥ ९ ॥

॥श्रीमद्वल्लभाचार्यविरचितं यमुनाष्टकस्तोत्रं सम्पूर्णम् ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

मैं सम्पूर्ण सिद्धियोंकी हेतुभूता यमुनाजीको सानन्द नमस्कार करता हूँ, जो भगवान् मुरारिके चरणारविन्दोंकी चमकीली और अमन्द महिमावाली धूल धारण करनेसे अत्यन्त उत्कर्षको प्राप्त हुई है और तटवर्ती नूतन काननोंके सुगन्धित पुष्पोंसे सुवासित जलराशिके द्वारा देव-दानव-वन्दित प्रद्युम्नपिता भगवान् श्रीकृष्णकी श्याम सुषमाको धारण करती हैं ॥ १ ॥ कलिन्दपर्वतके शिखरपर गिरती हुई तीव्र वेगवाली जलधारासे जो अत्यन्त उज्ज्वल जान पड़ती हैं, लीलाविलास-पूर्वक चलनेके कारण शोभायमान हैं, सामने प्रकट हुई चट्टानोंसे जिनका प्रवाह कुछ ऊँचा हो जाता है, गम्भीर गर्जनयुक्त गतिके कारण जिनमें ऊँची-ऊँची लहरें उठती हैं और ऊँचे-नीचे प्रवाहके द्वारा जो उत्तम झूलेपर झूलती हुई-सी प्रतीत होती हैं, भगवान् श्रीकृष्णके प्रति प्रगाढ अनुरागकी वृद्धि करनेवाली वे सूर्यसुता यमुना सर्वत्र विजयिनी हो रही हैं ॥ २ ॥ जो इस भूतलपर पधारकर समस्त भुवनको पवित्र कर रही हैं, चक्रवाक-मयूर और हंस आदि पक्षी भाँति-भाँतिके कलरवोंद्वारा प्रिय सखियोंकी भाँति जिनकी सेवा कर रहे हैं, जिनकी तरङ्गरूपी भुजाओंके कंगनमें जड़े हुए मुक्तारूपी मोतीके कण ही बालुका बनकर चमक रहे हैं तथा जो नितम्बसदृश तटोंके कारण अत्यन्त सुन्दर जान पड़ती हैं, उन श्रीकृष्णकी चौथी पटरानी श्रीयमुनाजीको नमस्कार करो ॥ ३ ॥ देवि यमुने ! तुम अनन्त गुणोंसे विभूषित हो। शिव और ब्रह्मा आदि देवता तुम्हारी स्तुति करते हैं। मेघोंकी गम्भीर घटाके समान तुम्हारी अङ्गकान्ति सदा श्याम है। ध्रुव और पराशर जैसे भक्तजनोंको तुम अभीष्ट वस्तु प्रदान करनेवाली हो। तुम्हारे तटपर विशुद्ध मथुरापुरी सुशोभित है। समस्त गोप और गोपसुन्दरियाँ तुम्हें घेरे रहती हैं। तुम करुणासागर भगवान् श्रीकृष्णके आश्रित हो। मेरे अन्तःकरणको सुखी बनाओ ॥ ४ ॥ भगवान् विष्णुके चरणार-विन्दोंसे प्रकट हुई गङ्गा जिनसे मिलनेके कारण ही भगवान्-को प्रिय हुईं और अपने सेवकोंके लिये सम्पूर्ण सिद्धियोंको देनेवाली हो सकीं, उन यमुनाजीकी समता केवल लक्ष्मीजी कर सकती हैं और वह भी एक सपत्नीके सदृश। ऐसी महत्त्वशालिनी श्रीकृष्णप्रिया कलिन्दनन्दिनी यमुना सदा मेरे मनमें निवास करें ॥ ५ ॥ यमुने ! तुम्हें सदा नमस्कार है। तुम्हारा चरित्र अत्यन्त अद्भुत है। तुम्हारा जल पीनेसे कभी यमयातना नहीं भोगनी पड़ती है। अपनी बहिनके पुत्र दुष्ट हों तो भी यमराज उन्हें कैसे मार सकते हैं। तुम्हारी सेवासे मनुष्य गोपाङ्गनाओंकी भाँति श्यामसुन्दर श्रीकृष्णका प्रिय हो जाता है ॥ ६ ॥ श्रीकृष्णप्रिये यमुने ! तुम्हारे समीप मेरे शरीरका नवनिर्माण हो—मुझे नूतन शरीर धारण करनेका अवसर मिले। इतनेसे ही मुरारि श्रीकृष्णमें प्रगाढ अनुराग दुर्लभ नहीं रह जाता, अतः तुम्हारी अच्छी तरह स्तुति-प्रशंसा होती रहे—तुमको लाड़ लड़ाया जाय। तुमसे मिलनेके कारण ही देवनदी गङ्गा इस भूतलपर उत्कृष्ट बतायी गयी हैं; परंतु पुष्टिमार्गीय वैष्णवोंने तुम्हारे संगमके बिना केवल गङ्गाकी कभी स्तुति नहीं की है ॥ ७ ॥ लक्ष्मीकी सपत्नी हरिप्रिये यमुने ! तुम्हारी स्तुति कौन कर सकता है ? भगवान्‌की निरन्तर सेवासे मोक्षपर्यन्त सुख प्राप्त होता है; परंतु तुम्हारे लिये विशेष महत्त्वकी बात यह है कि तुम्हारे जलका सेवन करनेसे सम्पूर्ण गोपसुन्दरियोंके साथ श्रीकृष्णके समागममें जो प्रेम-लीला-जनित स्वेदजलकण सम्पूर्ण अङ्गोंसे प्रकट होते हैं, उनका सम्पर्क सुलभ हो जाता है ॥ ८ ॥ सूर्यकन्ये यमुने ! जो तुम्हारी इन आठ श्लोकोंकी स्तुतिका प्रसन्नतापूर्वक सदा पाठ करता है, उसके सारे पापोंका नाश हो जाता है और उसे भगवान् श्रीकृष्णका प्रगाढ प्रेम प्राप्त होता है। इतना ही नहीं, सारी सिद्धियाँ सुलभ हो जाती हैं, भगवान् श्रीकृष्ण सन्तुष्ट होते हैं और स्वभावतः भी विजय प्राप्त हो जाती है। यह श्रीहरिके वल्लभका कथन है ॥ ९ ॥

(श्रीयमुनाष्टक सम्पूर्ण)

रोम-रोममें राम

श्रीहनुमान्‌जी

'जिस वस्तुमें राम-नाम नहीं, वह वस्तु तो दो कौड़ीकी भी नहीं। उसके रखनेसे लाभ ?' श्रीहनुमान्‌जीने अयोध्याके भरे दरबारमें यह बात कही।

स्वयं जानकीमैयाने बहुमूल्य मणियोंकी माला हनुमान्‌जीके गलेमें डाल दी थी। राज्याभिषेक-समारोहका यह उपहार था—सबसे मूल्यवान् उपहार। अयोध्याके रत्नभण्डारमें भी वैसी मणियाँ और नहीं थीं। सभी उन मणियोंके प्रकाश एवं सौन्दर्यसे मुग्ध थे। मर्यादापुरुषोत्तमको श्रीहनुमान्‌जी सबसे प्रिय हैं—सर्वश्रेष्ठ सेवक हैं पवनकुमार, यह सर्वमान्य सत्य है। उन श्री-आञ्जनेयको सर्वश्रेष्ठ उपहार प्राप्त हुआ—यह न आश्चर्यकी बात थी, न ईर्ष्याकी।

असूयाकी बात तो तब हो गयी जब हनुमान्‌जी अलग बैठकर उस हारकी महामूल्यवान् मणियोंको अपने दाँतोंसे पटापट फोड़ने लगे। एक दरबारी जौहरीने टोका, तो उन्हें बड़ा विचित्र उत्तर मिला।

'आपके शरीरमें राम-नाम लिखा है ?' जौहरीने कुढ़कर पूछा था। लेकिन मुँहकी खानी पड़ी उसे। हनुमान्‌जीने अपने वज्रनखसे अपनी छातीका चमड़ा उधेड़कर दिखा दिया। श्रीराम हृदयमें विराजित थे और रोम-रोममें राम लिखा था उन श्रीराम-दूतके।

'जिस वस्तुमें राम नहीं, वह वस्तु तो दो कौड़ीकी है। उसे रखनेसे लाभ।' श्रीहनुमान्‌जीकी यह वाणी। उन केशरीकुमारका शरीर राम-नामसे ही निर्मित हुआ है। उनके रोम-रोममें राम-नाम अङ्कित है।

उनके वस्त्र, आभूषण, आयुध—सब राम-नामसे बने हैं। उनके कण-कणमें राम-नाम है। जिस वस्तुमें राम-नाम न हो, वह वस्तु उन पवनपुत्रके पास रह कैसे सकती है ?

राम-नाममय है श्रीहनुमान्‌जीका श्रीविग्रह—

राम माथ, मुकुट राम, राम सिर, नयन राम, राम कान, नासा राम, ठोढ़ी राम नाम है।
राम कंठ, कंध राम, राम भुजा बाजूबंद, राम हृदय अलंकार, हार राम नाम है॥
राम उदर, नाभि राम, राम कटी कटी-सूत्र, राम बसन, जंघ राम, जानु-पैर राम है।
राम मन, वचन राम, राम गदा, कटक राम, मारुतिके रोम रोम व्यापक राम नाम है॥



रोम-रोममें राम



हरि सदा कीर्तनीय

कीर्तनीयः सदा हरिः

सबमें भगवान्‌को देखनेवाला तथा सदा भगवान्‌के नाम-गुणका कीर्तन करनेवाला भक्त कितना और कैसा विनम्र और सहिष्णु होता है, उसका स्वरूप श्रीचैतन्यमहाप्रभुने बतलाया है—

तृणादपि सुनीचेन तरोरिव सहिष्णुना।
अमानिना मानदेन कीर्तनीयः सदा हरिः॥

तिनका सदा सबके पैरोंके नीचे पड़ा रहता है, वह कभी किसीके सिरपर चढ़नेकी आकांक्षा नहीं करता। हवा जिधर उड़ा ले जाय, उधर ही चला जाता है, पर भक्त तो अपनेको उस नगण्य तृणसे भी बहुत नीचा मानता है, वह जीवमात्रको भगवान् समझकर उनकी चरणधूलि लेता है, उन्हें दण्डवत्-प्रणाम करता है और उनकी सेवामें उनके इच्छानुसार लगा रहता है।

वृक्ष कड़ी धूप सहता है, आँधी और घनघोर वर्षाका आघात सहता है, काटने-जलानेवालेको भी छाया देता है, स्वयं कटकर लोगोंके घरोंकी चौखट, किंवाड़, शहतीर, खंभे बनकर उनको आश्रय और रक्षा देता है, जलकर भोजन बनाता है, यज्ञ सम्पन्न करता है, मरे हुएको भी जलाकर उसके अन्त्येष्टि संस्कारमें अपनेको होम देता है। समीको अपने पुष्पोंकी सुगन्धि देता है, पत्थर मारकर चोट पहुँचानेवालोंको पके फल देता है। इसी प्रकार भक्त संत भी अपना अपकार करनेवालेको अपना सर्वस्व देकर लाभ पहुँचाता है।

मान मीठा विष है, इसे बड़े चावसे प्रायः सभी पीते हैं। संसारके पद-परिवार और धन-सम्पत्तिका परित्याग करनेवाले भी मानके भूखे रहा करते हैं; परंतु भक्त स्वयं अमानी रहकर जिनको कोई मान नहीं देता, उनको भी मान देता है।

सदा कीर्तन करनेयोग्य कुछ है तो वह भगवान्‌का नाम-गुण ही है, भक्त सदा कीर्तन करता है। और उस कीर्तनके प्रभावसे उसमें उपर्युक्त दैन्य आ जाता है अथवा उपर्युक्त दैन्यके प्रभावसे ही वह सदा कीर्तन करनेयोग्य होता है। दोनोंमें अन्योन्याश्रय है। इस चित्रमें देखिये—

भक्त—नगण्य तृणको भी अपने पैरोंसे बचाकर उनका सम्मान कर रहा है।

वृक्ष—घाम-वर्षा सहकर, कटकर और पत्थर मारनेवालेको भी मधुर फल देकर भक्तका आदर्श उपस्थित कर रहा है।

भक्त—स्वयं अमानी होकर मानहीनको मान दे रहा है और भक्त—श्रीहरिके कीर्तनरंगमें मस्त होकर नृत्य कर रहा है।

बालबोधः

नत्वा हरिं सदानन्दं सर्वसिद्धान्तसंग्रहम्। बालप्रबोधनार्थाय वदामि सुविनिश्चितम्॥ १॥
धर्मार्थकाममोक्षाख्याश्चत्वारोऽर्था मनीषिणाम्। जीवेश्वरविचारेण द्विधा ते हि विचारिताः॥ २॥
अलौकिकास्तु वेदोक्ताः साध्यसाधनसंयुताः। लौकिका ऋषिभिः प्रोक्तास्तथैवेश्वरशिक्षया॥ ३॥
लौकिकांस्तु प्रवक्ष्यामि वेदादाद्या यतः स्थिताः। धर्मशास्त्राणि नीतिश्च कामशास्त्राणि च क्रमात्॥ ४॥
त्रिवर्गसाधकानीति न तन्निर्णय उच्यते। मोक्षे चत्वारि शास्त्राणि लौकिके परतः स्वतः॥ ५॥
द्विधा द्वे द्वे स्वतस्तत्र सांख्ययोगौ प्रकीर्तितौ। त्यागात्यागविभागेन सांख्ये त्यागः प्रकीर्तितः॥ ६॥
अहन्ताममतानाशे सर्वथा निरहंकृतौ। स्वरूपस्थो यदा जीवः कृतार्थः स निगद्यते॥ ७॥
तदर्थं प्रक्रिया काचित् पुराणेऽपि निरूपिता। ऋषिभिर्बहुधा प्रोक्ता फलमेकमबाध्यतः॥ ८॥
अत्यागे योगमार्गो हि त्यागोऽपि मनसैव हि। यमादयस्तु कर्तव्या सिद्धे योगे कृतार्थता॥ ९॥
पराश्रयेण मोक्षस्तु द्विधा सोऽपि निरूप्यते। ब्रह्मा ब्राह्मणतां यातस्तद्रूपेण सुसेव्यते॥ १०॥
ते सर्वार्था न चाद्येन शास्त्रं किञ्चिदुदीरितम्। अतः शिवश्च विष्णुश्च जगतो हितकारकौ॥ ११॥
वस्तुनः स्थितिसंहारौ कार्यौ शास्त्रप्रवर्तकौ। ब्रह्मैव तादृशं यस्मात् सर्वात्मकतयोदितौ॥ १२॥
निर्दोषपूर्णगुणता तत्तच्छास्त्रे तयोः कृता। भोगमोक्षफले दातुं शक्तौ द्वावपि यद्यपि॥ १३॥
भोगः शिवेन मोक्षस्तु विष्णुनेति विनिश्चयः। लोकेऽपि यत् प्रभुर्भुङ्क्ते तन्न यच्छति कर्हिचित्॥ १४॥
अतिप्रियाय तदपि दीयते क्वचिदेव हि। नियतार्थप्रदानेन तदीयत्वं तदाश्रयः॥ १५॥
प्रत्येकं साधनं चैतद् द्वितीयार्थे महान् श्रमः। जीवाः स्वभावतो दुष्टा दोषाभावाय सर्वदा॥ १६॥
श्रवणादि ततः प्रेम्णा सर्वं कार्यं हि सिद्ध्यति। मोक्षस्तु सुलभो विष्णोर्भोगश्च शिवतस्तथा॥ १७॥
समर्पणेनात्मनो हि तदीयत्वं भवेद् ध्रुवम्। अतदीयतया चापि केवलश्चेत् समाश्रितः॥ १८॥
तदाश्रयतदीयत्वबुद्ध्यै किञ्चित् समाचरेत्। स्वधर्ममनुतिष्ठन् वै भारद्वैगुण्यमन्यथा॥ १९॥

इत्येवं कथितं सर्वं नैतज्ज्ञाने भ्रमः पुनः।

॥ इति श्रीमद्वल्लभाचार्यविरचितो बालबोधः सम्पूर्णः॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

मैं सदानन्दस्वरूप श्रीहरिको नमस्कार करके बालबुद्धि पुरुषोंके बोधके लिये अच्छी तरह निश्चय किये हुए सम्पूर्ण सिद्धान्तोंका संक्षिप्त संग्रह बता रहा हूँ॥ १॥ मनीषी पुरुषोंके मतमें धर्म, अर्थ, काम और मोक्षनामक चार पुरुषार्थ हैं। वे जीव और ईश्वरके विचारसे दो प्रकारके निश्चित किये गये हैं (अर्थात् एक तो ईश्वरद्वारा विचारित पुरुषार्थ हैं, दूसरे जीवद्वारा विचारित)॥ २॥ ईश्वरद्वारा विचारित पुरुषार्थ अलौकिक माने गये हैं। उनका साध्य-साधनसहित वर्णन वेदोंमें किया गया है। भगवान्‌की ही आज्ञासे महर्षियोंने जिन पुरुषार्थोंका वर्णन किया है, वे लौकिक कहे गये हैं॥ ३॥ मैं यहाँ लौकिक पुरुषार्थोंका वर्णन करूँगा; क्योंकि अलौकिक पुरुषार्थोंकी प्रसिद्धि वेदसे ही होती है। धर्मशास्त्र, नीतिशास्त्र और कामशास्त्र—ये क्रमशः धर्म, अर्थ और काम इन तीन पुरुषार्थोंके साधक हैं। अतः इनका निर्णय यहाँ नहीं किया जाता है॥ ४॥ लौकिक मोक्षके प्रतिपादनके लिये चार शास्त्र हैं। एक तो दूसरेकी कृपासे मोक्ष प्राप्त करना, दूसरे स्वयं प्रयत्न करके मुक्त होना—ये मोक्षके दो भेद हैं। इन दोनोंके ही दो-दो भेद और हैं। स्वयं अपने प्रयत्नसे जो मोक्ष प्राप्त किया जाता है, उसके साधक दो शास्त्र बताये गये हैं—सांख्य और योग। एकमें त्यागका उपदेश है और दूसरेमें त्याग न करनेका। इस भेदसे ही ये दोनों शास्त्र भिन्न हैं। सांख्यमें त्यागका प्रतिपादन किया गया है। उससे अहंता और ममताका नाश हो जानेपर सर्वथा अहंकार-शून्यताकी स्थितिमें आकर जब जीव अपने स्वरूपमें स्थित

होता है, तब उसे कृतार्थ या कृतकृत्य कहते हैं ॥ ५–७ ॥ इसके लिये ऋषियोंने पुराणोंमें भी कोई-कोई प्रक्रिया बतायी है। वह प्रक्रिया अनेक प्रकारकी कही गयी है तो भी अन्तरङ्ग साधन होनेके कारण सबका फल एक है ॥ ८ ॥ त्याग न करनेके पक्षमें योगमार्गका साधन है। उसमें यदि कहीं कोई त्याग बताया भी गया है तो वह मनके द्वारा ही करने योग्य है। योगमार्गमें यम-नियम आदि जो आठ अङ्ग या साधन हैं, वे पालन करने योग्य ही हैं, त्याज्य नहीं है। उनके अनुष्ठानसे योगके सिद्ध होनेपर कृतकृत्यता प्राप्त होती है ॥ ९ ॥ दूसरेके आश्रयसे जो मोक्ष प्राप्त होता है, उसका भी दो प्रकारसे निरूपण किया जाता है—(एक तो भगवान् विष्णुके आश्रयसे प्राप्त होनेवाला मोक्ष है और दूसरा भगवान् शिवके आश्रयसे)। ब्रह्माजी ब्राह्मणत्वको प्राप्त हैं, अतः ब्राह्मणरूपसे ही उनकी आराधना की जाती है ॥१०॥ पूर्वोक्त सारे पुरुषार्थ आदिदेव ब्रह्माजीके द्वारा नहीं प्राप्त हो सकते। उन्होंने उन पुरुषार्थोंकी प्राप्तिके लिये कुछ शास्त्रोंका वर्णन किया है। अतः भगवान् शिव और विष्णु—ये दो ही जगत्‌के लिये परम हितकारक हैं ॥ ११ ॥ प्रत्येक वस्तुका संरक्षण और संहार—ये दो उनके कार्य हैं। वे दोनों ही शास्त्रोंके प्रवर्तक हैं। ब्रह्म ही सर्वस्वरूप है; अतः सर्वस्वरूप होनेके कारण वे दोनों (शिव और विष्णु) ब्रह्मस्वरूप ही कहे गये हैं ॥ १२ ॥ उन-उन शास्त्रों (शिव-पुराण, विष्णु-पुराण आदि) में उन दोनोंको निर्दोष और सर्वसद्गुणसम्पन्न बताया गया है। यद्यपि वे दोनों ही भोग और मोक्षरूप फल देनेमें समर्थ हैं, तथापि भोग तो शिवसे और मोक्ष भगवान् विष्णुसे प्राप्त होता है—यही निश्चय किया गया है। लोकमें भी यह प्रसिद्ध है कि स्वामी जिस वस्तुका स्वयं उपभोग करता है, उसे कभी दूसरेको नहीं देता। (विष्णु महान् ऐश्वर्यका स्वयं उपभोग करते हैं, अतः वे भक्तको मोक्ष देते हैं और शिव मोक्ष-सुखका अनुभव करनेवाले हैं; अतः वे भक्तजनोंको ऐश्वर्य-भोग प्रदान करते हैं) ॥ १३-१४ ॥ अत्यन्त प्रिय व्यक्तिको अपने उपयोगकी वस्तु भी दी जाती है, किंतु ऐसा कहीं कदाचित् ही होता है। अपने इष्टदेवको नियत वस्तु समर्पित करके उन्हींका बनकर रहना उनका आश्रय लेना कहा गया है। भोग और मोक्षके लिये क्रमशः भगवान् शिव और भगवान् विष्णुका आश्रय ही साधन है। परंतु द्वितीय पुरुषार्थको अर्थात् भगवान विष्णुको भोग देनेमें तथा भगवान् शिवको मोक्ष देनेमें महान श्रम होता है। जीव स्वभावसे ही अनेक प्रकारके दोषोंसे युक्त हैं। उन दोषोंकी निवृत्तिके लिये सदा प्रेमपूर्वक श्रवण-कीर्तन आदि नवधा भक्ति करनी चाहिये। उससे सब कार्य सिद्ध होते हैं। मोक्ष तो श्रीविष्णुसे सुलभ होता है और भोग शिवसे ॥ १५–१७ ॥ भगवान्‌को आत्मसमर्पण करनेसे निश्चय ही तदीयता (मैं भगवान्‌का हूँ इस विश्वास) की प्राप्ति होती है। यदि मैं भगवान्‌का हूँ, इस सुदृढ भावनाके बिना केवल आश्रय ग्रहण किया गया हो तो भगवान् ही मेरे आश्रय और मैं भगवान्‌का हूँ, इस भावकी अनुभूतिके लिये स्वधर्मका पालन करते हुए कुछ साधन करे। अन्यथा दूना भार चढ़ जाता है ॥ १८ ॥ इस प्रकार सब सिद्धान्त यहाँ बताया गया है। इसे अच्छी तरह समझ लेनेपर पुनः भ्रम होनेकी सम्भावना नहीं रहती ॥ १९ ॥

(बालबोध सम्पूर्ण)

सिद्धान्तमुक्तावली

नत्वा हरिं प्रवक्ष्यामि स्वसिद्धान्तविनिश्चयम्। कृष्णसेवा सदा कार्या मानसी सा परा मता ॥ १ ॥
चेतस्तत्प्रवणं सेवा तत्सिद्ध्यै तनुवित्तजा। ततः संसारदुःखस्य निवृत्तिर्ब्रह्मबोधनम् ॥ २ ॥
परं ब्रह्म तु कृष्णो हि सच्चिदानन्दकं बृहत्। द्विरूपं तद्धि सर्वं स्यादेकं तस्माद् विलक्षणम् ॥ ३ ॥
अपरं तत्र पूर्वस्मिन् वादिनो बहुधा जगुः। मायिकं सगुणं कार्यं स्वतन्त्रं चेति नैकधा ॥ ४ ॥
तदेवैतत् प्रकारेण भवतीति श्रुतेर्मतम्। द्विरूपं चापि गङ्गावज्ज्ञेयं सा जलरूपिणी ॥ ५ ॥
माहात्म्यसंयुता नृणां सेवतां भुक्तिमुक्तिदा। मर्यादामार्गविधिना तथा ब्रह्मापि बुभ्यताम् ॥ ६ ॥
तत्रैव देवतामूर्तिर्भक्त्या या दृश्यते क्वचित्। गङ्गायां च विशेषेण प्रवाहाभेदबुद्धये ॥ ७ ॥
प्रत्यक्षा सा न सर्वेषां प्राकाम्यं स्यात् तया जले। विहिताच्च फलात् तद्धि प्रतीत्यापि विशिष्यते ॥ ८ ॥

यथा जलं तथा सर्वं यथा शक्ता तथा बृहत्। यथा देवी तथा कृष्णस्तत्राप्येतद्विहोच्यते ॥ ९ ॥
जगत् तु त्रिविधं प्रोक्तं ब्रह्मविष्णुशिवास्ततः। देवतारूपवत् प्रोक्ता ब्रह्मणीत्थं हरिर्मतः ॥१०॥
कामचारस्तु लोकेऽस्मिन् ब्रह्मादिभ्यो न चान्यथा। परमानन्दरूपे तु कृष्णे स्वात्मनि निश्चयः ॥११॥
अतस्तु ब्रह्मवादेन कृष्णे बुद्धिर्विधीयताम्। आत्मनि ब्रह्मरूपे हि छिद्रा व्योम्नीव चेतना ॥१२॥
उपाधिनाशे विज्ञाने ब्रह्मात्मत्वावबोधने। गङ्गातीरस्थितो यद्वद् देवतां तत्र पश्यति ॥१३॥
तथा कृष्णं परं ब्रह्म स्वस्मिञ् ज्ञानी प्रपश्यति। संसारी यस्तु भजते स दूरस्थो यथा तथा ॥१४॥
अपेक्षितजलादीनामभावात् तत्र दुःखभाक्। तस्मात् श्रीकृष्णमार्गस्थो विमुक्तः सर्वलोकतः ॥१५॥
आत्मानन्दसमुद्रस्थं कृष्णमेव विचिन्तयेत्। लोकार्थी चेद् भजेत् कृष्णं क्लिष्टो भवति सर्वथा ॥१६॥
क्लिष्टोऽपि चेद् भजेत् कृष्णं लोकं नश्यति सर्वथा। ज्ञानाभावे पुष्टिमार्गी तिष्ठेत् पूजोत्सवादिषु ॥१७॥
मर्यादास्थस्तु गङ्गायां श्रीभागवततत्परः। अनुग्रहः पुष्टिमार्गे नियामक इति स्थितिः ॥१८॥
उभयोस्तु क्रमेणैव पूर्वोक्तैव फलिष्यति। ज्ञानाधिको भक्तिमार्ग एवं तस्मान्निरूपितः ॥१९॥
भक्त्यभावे तु तीरस्थो यथा दुष्टैः स्वकर्मभिः। अन्यथाभावमापन्नस्तस्मात् स्थानाच्च नश्यति ॥२०॥
एवं स्वशास्त्रसर्वस्वं मया गुप्तं निरूपितम्। एतद् बुद्ध्या विमुच्येत पुरुषः सर्वसंशयात् ॥२१॥

॥ इति श्रीमद्वल्लभाचार्यविरचिता सिद्धान्तमुक्तावली सम्पूर्णा ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

मैं श्रीहरिको नमस्कार करके अपने सिद्धान्तके विशेष निश्चयका वर्णन करूँगा। सदा भगवान् श्रीकृष्णकी सेवा करनी चाहिये। वह सेवा यदि मानसी हो (मनके द्वारा की गयी हो) तो सबसे उत्तम मानी गयी है ॥ १ ॥ चित्तको भगवान्‌के चिन्तनमें लगाये रखना मानसी सेवा है। इसकी सिद्धिके लिये तनुजा (शरीरसे होनेवाली) और वित्तजा (धनसे सम्पन्न होनेवाली) भगवत्सेवा करनी चाहिये। उस सेवासे संसार-दुःखकी निवृत्ति हो जाती है और परब्रह्म परमात्माका यथार्थ बोध प्राप्त होता है ॥ २ ॥ वह सच्चिदानन्द-स्वरूप व्यापक परब्रह्म साक्षात् श्रीकृष्ण ही हैं। उस व्यापक ब्रह्मके दो रूप हैं—एक तो सर्वजगत्स्वरूप अपर ब्रह्म है और दूसरा उससे विलक्षण (परब्रह्म) है ॥ ३ ॥ पूर्वोक्त विश्वरूप ब्रह्मके विषयमें बहुत-से वादियोंका कहना है कि अपर ब्रह्म 'मायिक', 'सगुण', 'कार्य' और 'स्वतन्त्र' आदि* भेदोंसे अनेक प्रकारका है ॥४॥ वह ब्रह्म ही इस जगत्‌के रूपमें प्रकट होता है, यह वेदका मत है। गङ्गाजीके समान ब्रह्मके भी दो रूप जानने चाहिये। (एक जगत्‌रूप और दूसरा अक्षरब्रह्मरूप)। जैसे गङ्गा एक तो जलरूपिणी हैं और दूसरी अनन्त माहात्म्यसे युक्त सच्चिदानन्दमयी देवी हैं, जो मर्यादा-मार्गकी विधिसे सेवा या उपासना करनेवाले मनुष्योंको भोग एवं मोक्ष प्रदान करती हैं (पहला उनका आधिभौतिक रूप है और दूसरा आधिदैविक)। इसी प्रकार ब्रह्मके विषयमें भी जानना चाहिये ॥ ५–६ ॥ उन जलरूपिणी गङ्गामें ही देवीस्वरूपा गङ्गाकी भी स्थिति है, जो विशेष भक्तिभाव होनेपर कभी-कभी किसीको प्रत्यक्ष दर्शन देती हैं। गङ्गाके जलप्रवाहसे अपनी अभिन्नताका बोध करानेके लिये ही वे वहाँ दर्शन देती हैं ॥ ७ ॥ वे देवी-स्वरूपा गङ्गा सबको प्रत्यक्ष नहीं होतीं, तो भी गङ्गाजलमें भक्तिभावपूर्वक स्नान आदि करनेसे उन्हींके द्वारा भक्तोंके अभीष्ट मनोरथकी पूर्ति होती है। इस प्रकार शास्त्रोक्त फलकी प्राप्ति और प्रतीतिसे भी वह गङ्गाजीका जल अन्य साधारण जलकी अपेक्षा विशिष्ट महत्त्व रखता है ॥ ८ ॥ जैसे गङ्गाजी-का जल है, वैसे सम्पूर्ण जगत् है (वह गङ्गाका आधिभौतिक

* शाङ्कर वेदान्तके अनुसार सबके अधिष्ठानभूत ब्रह्ममें मायासे जगत्‌की प्रतीति हो रही है; इसलिये सारा दृश्य प्रपञ्च 'मायिक' है। सांख्यवादी इसे त्रिगुणात्मिका प्रकृतिका कार्य बताते हैं; अतः उनके मतानुसार यह 'सगुण' है। नैयायिकोंके मतमें जगत् 'कार्य' है, और ईश्वर कर्ता। मीमांसकोंकी मान्यताके अनुसार यह जगत् अनादि कालसे यों ही चला आ रहा है; अतः वे इसे किसीका कार्य न मानकर 'स्वतन्त्र' कहते हैं। इसी प्रकार अन्यान्य दार्शनिक भी 'जगत्' के सम्बन्धमें विभिन्न प्रकारकी धारणाएँ रखते हैं; इसीलिये यहाँ इसे अनेक प्रकारका बताया गया है।

रूप है और यह ब्रह्मका)। जैसे शक्तिशालिनी तीर्थस्वरूपा गङ्गा हैं, वैसे ही ब्रह्म है (वह गङ्गाका व्यापक रूप है और यह ब्रह्मका)। और जैसे देवीस्वरूपा गङ्गा हैं, वैसे ही यहाँ श्रीकृष्ण कहे गये हैं (वह गङ्गाका परम मनोहर सगुण साकार विग्रह है और यह ब्रह्मका) ॥ ९ ॥ सात्त्विक, राजस और तामस भेदसे जगत् तीन प्रकारका बताया गया है; अतः उन तीनोंके अधिदेवतारूपसे विष्णु, ब्रह्मा और शिवका प्रतिपादन किया गया है। जैसे शरीरमें आत्मा है, उसी प्रकार ब्रह्ममें श्रीकृष्णकी स्थिति मानी गयी है ॥ १० ॥ इस लोकमें इच्छानुसार भोगोंकी प्राप्ति तो ब्रह्मा आदि देवताओंसे ही होती है, और किसी प्रकारसे नहीं होती। परमानन्दस्वरूप श्रीकृष्ण सबके आत्मा हैं। अतः अपने भीतर परमानन्दकी उपलब्धि उन्हींसे होती है, यह सिद्धान्त है ॥ ११ ॥ अतः ब्रह्मवाद (शुद्धाद्वैतवाद) के द्वारा अपने ब्रह्मस्वरूप आत्मा श्रीकृष्णमें मन-बुद्धिको लगाओ। जैसे जितने भी छिद्र या अवकाश हैं वे आकाशमें ही स्थित हैं, उसी प्रकार सम्पूर्ण चेतन (जीवात्मा) सर्वात्मा ब्रह्मरूप श्रीकृष्णमें ही स्थित हैं ॥ १२ ॥ जैसे गङ्गाजीके तटपर खड़ा हुआ गङ्गाजीका उपासक उनके जल-प्रवाहमें देवीस्वरूपा गङ्गाका दर्शन प्राप्त कर लेता है, उसी प्रकार उपाधिनाश होनेपर जब विज्ञानका उदय होता है और सबकी ब्रह्मरूपताका बोध हो जाता है, उस समय ज्ञानी भक्त अपने भीतर परब्रह्म श्रीकृष्णका साक्षात्कार कर लेता है। जो संसारमें आसक्त रहकर भजन करता है, वह गङ्गाजीसे दूर रहनेवाले उपासककी भाँति प्रभुसे दूर रहकर अपेक्षित गङ्गाजल आदि साधनोंके अभावमें दुःखका भागी होता है। अतः श्रीकृष्णके मार्गमें स्थित उपासकको चाहिये कि वह सब लोगोंके सम्पर्कसे अलग रहकर आत्मानन्द-समुद्रमें विराजमान भगवान् श्रीकृष्णका ही विशेष चिन्तन करे। यदि कोई लौकिक पदार्थोंकी इच्छा रखकर श्रीकृष्णका भजन करे तो वह सब प्रकारसे क्लेशका भागी होता है ॥ १३-१६ ॥ यदि क्लेशमें पड़ा हुआ मनुष्य भी श्रीकृष्णका भजन करे तो उसकी लोकासक्ति सर्वथा नष्ट हो जाती है। पुष्टिमार्गपर चलनेवाला पुरुष ज्ञानके अभावमें भगवान्‌की पूजा तथा भगवत्सम्बन्धी उत्सव आदिमें संलग्न रहे ॥ १७ ॥ मर्यादा-मार्गपर चलनेवाले भक्तको तो गङ्गाजीके तटपर रहकर श्रीमद्भागवतके स्वाध्याय एवं भगवद्भक्त पुरुषोंके सत्सङ्गमें लगे रहना चाहिये। पुष्टिमार्गमें केवल श्रीभगवान्‌का अनुग्रह नियामक है (अतः उसे भगवत्कृपाका ही आशा-भरोसा रखकर भजनमें लगे रहना चाहिये)—यही व्यवस्था है ॥ १८ ॥ मर्यादा और पुष्टि—दोनों मार्गोंमें (अथवा ज्ञानी और भक्त—दोनोंके लिये) क्रमशः पूर्वोक्त भक्ति या मानसिक सेवा ही फल देनेवाली होगी; इसलिये यहाँ ज्ञानकी अपेक्षा भक्तिमार्ग ही श्रेष्ठ है, इस बातका निरूपण किया गया है ॥ १९ ॥ भक्तिके अभावमें मनुष्य अपने दुष्कर्मोंद्वारा अन्यथा भावको प्राप्त होकर उत्तम स्थानसे भ्रष्ट हो जाता है—ठीक वैसे ही, जैसे गङ्गाजीके तटपर स्थित रहनेवाला पुरुष यदि गङ्गामें उसकी आन्तरिक भक्ति न हो तो दुष्टतापूर्ण कर्मोंद्वारा पाखण्ड आदिको प्राप्त हो पवित्र स्थानसे नीचे गिर जाता है ॥ २० ॥ इस प्रकार मैंने अपने शास्त्रके सर्वस्व सारभूत गूढ़ सिद्धान्तका निरूपण किया है। इसे जान लेनेपर मनुष्य सब प्रकारके संशयसे मुक्त हो जाता है ॥ २१ ॥

॥ सिद्धान्तमुक्तावली सम्पूर्ण ॥

पुष्टिप्रवाहमर्यादाभेदः

पुष्टिप्रवाहमर्यादा विशेषेण पृथक्-पृथक्। जीवदेहक्रियाभेदैः प्रवाहेण फलेन च ॥ १ ॥
वक्ष्यामि सर्वसंदेहा न भविष्यन्ति यच्छ्रुतेः। भक्तिमार्गस्य कथनात् पुष्टिरस्तीति निश्चयः ॥ २ ॥
द्वौ भूतसर्गावित्युक्तेः प्रवाहोऽपि व्यवस्थितः। वेदस्य विद्यमानत्वान्मर्यादापि व्यवस्थिता ॥ ३ ॥
कश्चिदेव हि भक्तो हि 'यो मद्भक्त' इतीरणात्। सर्वत्रोत्कर्षकथनात् पुष्टिरस्तीति निश्चयः ॥ ४ ॥
न सर्वोऽतः प्रवाहाद्धि भिन्नो वेदाद्य भेदतः। यदा यस्येति वचनान्नाहं वेदैरितीरणात् ॥ ५ ॥
मार्गैकत्वेऽपि चेदन्त्यौ तनू भक्त्यागमौ मतौ। न तद्युक्तं सूत्रतो हि भिन्नो युक्त्या हि वैदिकः ॥ ६ ॥
जीवदेहकृतीनां च भिन्नत्वं नित्यताश्रुतेः। यथा तद्वत् पुष्टिमार्गे द्वयोरपि निषेधतः ॥ ७ ॥
प्रमाणभेदाद् भिन्नो हि पुष्टिमार्गो निरूपितः। सर्गभेदं प्रवक्ष्यामि स्वरूपाङ्गक्रियायुतम् ॥ ८ ॥

इच्छामात्रेण मनसा प्रवाहं सृष्टवान् हरिः । वचसा वेदमार्गं हि पुष्टिं कायेन निश्चयः ॥ ९ ॥
मूलेच्छातः फलं लोके वेदोक्तं वैदिकेऽपि च । कायेन तु फलं पुष्टौ भिन्नेच्छातोऽपि नैकधा ॥१०॥
तानहं द्विषतो वाक्याद् भिन्ना जीवाः प्रवाहिणः । अत एवेतरौ भिन्नौ सान्तौ मोक्षप्रवेशतः ॥११॥
तस्माज्जीवाः पुष्टिमार्गे भिन्ना एव न संशयः । भगवद्रूपसेवार्थं तत्सृष्टिर्नान्यथा भवेत् ॥१२॥
स्वरूपेणावतारेण लिङ्गेन च गुणेन च । तारतम्यं न स्वरूपे देहे वा तत्क्रियासु वा ॥१३॥
तथापि यावता कार्यं तावत् तस्य करोति हि । ते हि द्विधा शुद्धमिश्रभेदान्मिश्रास्त्रिधा पुनः ॥१४॥
प्रवाहादिविभेदेन भगवत्कार्यसिद्धये । पुष्ट्या विमिश्राः सर्वज्ञाः प्रवाहेण क्रियारताः ॥१५॥
मर्यादया गुणज्ञास्ते शुद्धाः प्रेम्णातिदुर्लभाः । एवं सर्गस्तु तेषां हि फलं त्वत्र निरूप्यते ॥१६॥
भगवानेव हि फलं स यथाविर्भवेद् भुवि । गुणस्वरूपभेदेन तथा तेषां फलं भवेत् ॥१७॥
आसक्तौ भगवानेव शापं दापयति क्वचित् । अहङ्कारेऽथवा लोके तन्मार्गस्थापनाय हि ॥१८॥
न ते पाषण्डतां यान्ति न च रोगाद्युपद्रवाः । महानुभावाः प्रायेण शास्त्रं शुद्धत्वहेतवे ॥१९॥
भगवत्तारतम्येन तारतम्यं भजन्ति हि । लौकिकत्वं वैदिकत्वं कापट्यात् तेषु नान्यथा ॥२०॥
वैष्णवत्वं हि सहजं ततोऽन्यत्र विपर्ययः । सम्बन्धिनस्तु ये जीवाः प्रवाहस्थास्तथापरे ॥२१॥
चर्षणीशब्दवाच्यास्ते ते सर्वे सर्ववर्त्मसु । क्षणात् सर्वत्वमायान्ति रुचिस्तेषां न कुत्रचित् ॥२२॥
तेषां क्रियानुसारेण सर्वत्र सकलं फलम् । प्रवाहस्थान् प्रवक्ष्यामि स्वरूपाङ्गक्रियायुतान् ॥२३॥
जीवास्ते ह्यासुराः सर्वे प्रवृत्तिं चेति वर्णिताः । ते च द्विधा प्रकीर्त्यन्ते ह्याद्यदुर्ज्ञविभेदतः ॥२४॥
दुर्ज्ञास्ते भगवत्प्रोक्ता ह्याशास्तानतु ये पुनः । प्रवाहेऽपि समागत्य पुष्टिस्थैस्तैर्न युज्यते ॥२५॥
सोऽपि तैस्तत्कुले जातः कर्मणा जायते यतः ॥ २६ ॥

॥ इति श्रीमद्वल्लभाचार्यविरचितः पुष्टिप्रवाहमर्यादाभेदः सम्पूर्णः ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

अब मैं जीव, शरीर और क्रियाओंके भेद, प्रवाह तथा फलका निरूपण करते हुए पुष्टि, प्रवाह और मर्यादा —इन तीनों मार्गोंका पृथक्-पृथक् वर्णन करूँगा । साथ ही यह भी बताऊँगा कि ये तीनों मार्ग एक दूसरेसे सर्वथा भिन्न हैं, जिसके श्रवण करने मात्रसे सब प्रकारके संदेह दूर हो जायँगे । शास्त्रोंमें भक्तिमार्गका प्रतिपादन होनेसे पुष्टिमार्गकी सत्ताका निश्चय होता है ॥ १—२ ॥ श्रीमद्भगवद्गीतामें 'द्वौ भूतसर्गौ' इत्यादि श्लोकके द्वारा दैवी और आसुरी—दो अनादि सृष्टियोंका उल्लेख किया गया है; इससे प्रवाह-मार्गकी भी स्थिति सूचित होती है । वर्णाश्रमादि धर्म-मर्यादाके प्रतिपादक वेद आज भी विद्यमान हैं, अतः मर्यादामार्गकी सत्ता भी सुनिश्चित ही है ॥ ३ ॥ गीतामें कहा गया है—'सहस्रों साधकोंमेंसे कोई एक ही मेरा भक्त मुझे ठीक-ठीक जान पाता है' 'जो मेरा भक्त है, वह मुझे प्रिय है ।' भगवान्के इस कथनसे तथा सर्वत्र भगवत्कृपापर निर्भर रहनेवाले भक्तोंके उत्कर्षका भगवान्के श्रीमुखसे ही वर्णन होनेसे 'पुष्टिमार्ग' है, यह निश्चय होता है ॥ ४ ॥ श्रीमद्भागवतमें कहा गया है कि 'भगवान् जब जिसपर अनुग्रह करते हैं, तब वह लौकिक और वैदिक फलोंकी आसक्ति (अथवा लोक-वेद-की आस्था) को त्याग देता है ।' गीताका भी वचन है कि 'अर्जुन ! तुमने जिस प्रकार मेरा दर्शन किया है, वैसा मेरा दर्शन किसीको वेदाध्ययन, तपस्या, दान अथवा यजसे भी नहीं हो सकता ।' इन वचनोंसे सिद्ध होता है कि सब नहीं, कोई-कोई ही भगवत्कृपासे उनके दर्शनका अधिकारी बन पाता है; अतः स्पष्ट है कि पुष्टिमार्ग प्रवाहसे भिन्न है । वेद अर्थात् मर्यादामार्गसे भी उसका भेद है ॥ ५ ॥ 'यदि कहे, तीनों मार्गोंकी एकता स्वीकार कर ली जाय तो भी कोई हानि नहीं है, क्योंकि अन्तिम दोनों मार्ग (प्रवाहमार्ग और मर्यादामार्ग) पुष्टिमार्गकी अपेक्षा दुर्बल होनेपर भी भक्तिकी प्राप्ति करानेवाले ही माने गये हैं, तो यह कहना युक्तिसंगत नहीं है; क्योंकि भक्तिसूत्रके प्रमाणसे तथा युक्तिसे भी सिद्ध है कि वेदोक्त मर्यादामार्ग पुष्टिमार्गसे भिन्न है ॥ ६ ॥ जैसे

श्रुतिसे यह सिद्ध है कि जीव, उनके शरीर और उनके कर्म परस्पर भिन्न हैं, परंतु जीवात्मा नित्य हैं, उसी प्रकार पुष्टिमार्गमें शेष दो मार्गोंका निषेध होनेसे तथा उनके प्रमाणोंमें भेद होनेसे पुष्टिमार्गको प्रवाह और मर्यादासे भिन्न प्रतिपादित किया गया है।

अब मैं स्वरूप, अङ्ग और क्रियासहित जीवोंके सृष्टि-भेदका वर्णन करूँगा। श्रीहरिने मनके संकल्पमात्रसे प्रवाह-की सृष्टि की है। वाणीसे वेदमार्ग (मर्यादामार्ग) को प्रकट किया है और अपने श्रीअङ्गसे पुष्टिमार्गको उत्पन्न किया है। यह निश्चित मत है॥ ७—९॥ संसारका अनादि प्रवाह भगवदिच्छासे उनके मनसे उत्पन्न हुआ है; अतः लोकमें उस मूल इच्छाके अनुसार ही फल प्रकट होता है; वैदिक (मर्यादा) मार्गपर चलनेसे वेदोक्त फलकी प्राप्ति होती है तथा पुष्टिमार्गमें भगवान्‌के श्रीविग्रहद्वारा फल प्रकट होता है। इस प्रकार फलप्राप्तिकी इच्छाओं या उद्गमस्थानोंमें भेद होनेसे भी उक्त तीनों मार्गोंको एक नहीं माना जा सकता॥ १०॥ गीतामें कहा है—'मैं उन द्वेष करनेवाले अशुभ एवं क्रूर नराधमोंको संसारके भीतर सदा आसुरी योनियोंमें ही डाला करता हूँ' इस भगवद्वचनसे सिद्ध होता है कि प्रवाह-मार्गीय जीव भिन्न हैं; इसीसे यह भी सूचित होता है कि मर्यादामार्ग और पुष्टिमार्गके जीव भी परस्पर भिन्न हैं। साथ ही उनका जीवभाव सान्त (अन्तवान्) है; क्योंकि मोक्षके समय वे भगवान्‌में प्रविष्ट हो जाते हैं॥ ११॥ अतः पुष्टिमार्गमें भी जीव भिन्न ही हैं, इसमें संशय नहीं है। भगवत्स्वरूपकी सेवाके लिये ही उनकी सृष्टि हुई है, इसके सिवा और कोई उनकी सृष्टिका प्रयोजन नहीं है॥ १२॥ रूप, अवतार, चिह्न और गुणकी दृष्टिसे उनके स्वरूपमें, शरीरमें अथवा उनकी क्रियाओंमें कोई तारतम्य (न्यूनाधिक भाव) नहीं होता है॥ १३॥ तथापि जितना जिसके लिये आवश्यक है, उसके लिये उतना तारतम्य भगवान् स्वयं ही कर देते हैं। पुष्टिमार्गीय जीव दो प्रकारके होते हैं—शुद्ध और मिश्र। मिश्र पुष्टिमार्गीय जीवोंके फिर तीन भेद होते हैं—पुष्टिमिश्र पुष्टि, मर्यादामिश्र पुष्टि और प्रवाहमिश्र पुष्टि॥ १४॥ भगवत्कार्य-की सिद्धिके लिये प्रवाह आदिके भेदसे ये तीन भेद बनते हैं। पुष्टिमिश्रपुष्टि जीव सर्वज्ञ होते हैं। प्रवाहमिश्रपुष्टि जीव सत्कर्मोंके अनुष्ठानमें लगे रहते हैं॥ १५॥ मर्यादामिश्रपुष्टि जीव भगवद्गुणोंके ज्ञाता होते हैं। शुद्ध पुष्टिमार्गीय जीव भगवत्प्रेमसे परिपूर्ण होनेके कारण अत्यन्त दुर्लभ हैं। इस प्रकार जीवोंके सर्गभेदका वर्णन किया गया। अब यहाँ उनके फलका निरूपण किया जाता है॥ १६॥

भगवान् ही पुष्टिमार्गीय जीवोंके अभीष्ट फल हैं। वे इस भूतलपर जिस रूपमें अवतीर्ण होते हैं, उसी रूपसे गुण और स्वरूपके भेदसे जीवोंका जैसा अधिकार है, उसके अनुसार उन्हें फलरूपमें प्राप्त होते हैं॥ १७॥ यदि लोकमें उन जीवोंमेंसे किसीको आसक्ति या अहंकार हो तो उसे राहपर लानेके लिये भगवान् ही कभी-कभी शाप दिला देते हैं॥१८॥ शापग्रस्त होनेपर भी वे महानुभाव भक्त पाखण्डी नहीं होते, रोग आदि उपद्रवोंके भी शिकार नहीं होते। उनकी शुद्धिके लिये प्रायः श्रीमद्भागवत आदि शास्त्रोंका स्वाध्याय ही साधन कहा गया है॥ १९॥ भगवान्‌के तारतम्यसे ही वे तारतम्य धारण करते हैं। पुष्टिमार्गीय जीवोंका लौकिक या वैदिक कर्मोंमें लगे रहना दिखावामात्र है (वास्तवमें भगवान्-के सिवा अन्य किसी वस्तुमें उनका प्रेम नहीं होता)। अन्यथा उनमें उन कर्मोंकी कोई संगति नहीं है॥ २०॥ वैष्णवता (श्रीकृष्णपरायणता) ही उनका सहज धर्म है। उससे भिन्न स्थलोंमें उनकी स्वाभाविक रुचि नहीं है। विभिन्न सम्बन्धोंमें बँधे हुए जो प्रवाही या दूसरे जीव हैं, वे 'चर्षणी' कहलाते हैं। ('चर्षणी' का अर्थ करछुल है, करछुल जैसे भोजन और व्यञ्जनमें डूबी रहनेपर भी उसके रसका आस्वादन नहीं करती, उसी प्रकार) वे सब चर्षणी जीव क्षण भरमें सभी मार्गोंमें जाकर तदनुरूप हो जाते हैं; तथापि उनकी स्वाभाविक रुचि कहीं भी नहीं होती॥ २१—२२॥ उन्हें अपनी क्रियाके अनुसार सर्वत्र सभी फल प्राप्त होते हैं।

अब मैं प्रवाहमार्गमें स्थित जीवोंका उनके स्वरूप, अङ्ग और कर्मोंके सहित वर्णन करूँगा॥ २३॥ वे सभी जीव आसुर कहे गये हैं, जिनका गीतामें 'प्रवृत्तिं च निवृत्तिं च' इत्यादि श्लोकोंद्वारा वर्णन किया गया है। वे आसुर जीव दो प्रकारके हैं, अज्ञ और दुर्ज्ञ॥ २४॥ भगवान्‌ने श्रीमुखसे जिन आसुर जीवोंका वर्णन किया है, वे दुर्ज्ञ हैं; जो उनका अनुकरण करते हैं, वे अज्ञ हैं। प्रवाह (जगत्) में आकर भी पुष्टिमार्गीय जीव ऐसे लोगोंसे मेल-जोल नहीं रखता है॥ २५॥ क्योंकि उनके संसर्गसे वह भी उन्हींके कुलमें उत्पन्न होकर कर्मसे भी असुर बन सकता है॥ २६॥

(पुष्टिप्रवाहमर्यादाभेद सम्पूर्ण)

सिद्धान्तरहस्यम्

श्रावणस्यासिते पक्षे एकादश्यां महानिशि। साक्षाद् भगवता प्रोक्तं तदक्षरश उच्यते ॥ १ ॥
ब्रह्मसम्बन्धकरणात् सर्वेषां देहजीवयोः। सर्वदोषनिवृत्तिर्हि दोषाः पञ्चविधाः स्मृताः ॥ २ ॥
सहजा देशकालोत्था लोकवेदनिरूपिताः। संयोगजाः स्पर्शजाश्च न मन्तव्याः कथञ्चन ॥ ३ ॥
अन्यथा सर्वदोषाणां न निवृत्तिः कथञ्चन। असमर्पितवस्तूनां तस्माद् वर्जनमाचरेत् ॥ ४ ॥
निवेदिभिः समर्प्यैव सर्वं कुर्यादिति स्थितिः। न मतं देवदेवस्य सामिभुक्तसमर्पणम् ॥ ५ ॥
तस्मादादौ सर्वकार्ये सर्ववस्तुसमर्पणम्। दत्तापहारवचनं तथा च सकलं हरेः ॥ ६ ॥
न ग्राह्यमिति वाक्यं हि भिन्नमार्गपरं मतम्। सेवकानां यथा लोके व्यवहारः प्रसिध्यति ॥ ७ ॥
तथा कार्यं समर्प्यैव सर्वेषां ब्रह्मता ततः। गङ्गात्वं सर्वदोषाणां गुणदोषादिवर्णना ॥ ८ ॥
गङ्गात्वेन निरूप्या स्यात् तद्वदत्रापि चैव हि ॥ ९ ॥

॥ इति श्रीमद्वल्लभाचार्यविरचितं सिद्धान्तरहस्यं सम्पूर्णम् ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

श्रावणके शुक्लपक्षकी एकादशी तिथिको आधीरातके समय साक्षात् भगवान्‌ने जो बात कही थी, उसे यहाँ अक्षरशः बताया जा रहा है ॥ १ ॥ सबके शरीर और जीवका ब्रह्मके साथ सम्बन्ध स्थापित करनेसे (ब्रह्मार्पण कर देनेसे) सब प्रकारके दोषोंकी निवृत्ति हो जाती है। दोष पाँच प्रकारके कहे गये हैं ॥ २ ॥ सहज, देश-कालसम्भूत, लोकवेदनिरूपित, संयोगज और स्पर्शज—ये पाँचों दोष किसी तरह भी अङ्गीकार करने योग्य नहीं है ॥ ३ ॥ ब्रह्म-सम्बन्ध (भगवत्समर्पण) किये बिना किसी प्रकार भी सब दोषोंकी निवृत्ति नहीं हो सकती; अतः जो वस्तुएँ भगवान्‌के अर्पण न की गयी हों, उनका सर्वथा परित्याग करे ॥ ४ ॥ जो आत्मनिवेदन (ब्रह्म-सम्बन्ध) कर चुके हों, ऐसे लोगोंको सब वस्तुएँ भगवान्‌को अर्पित करके ही अपने उपयोगमें लानी चाहिये। यही भक्तका आचार है। जिसमेंसे आधे भागका उपयोग कर लिया गया हो, ऐसी वस्तुका देवाधिदेव भगवान्‌के लिये अर्पण करना कदापि उचित नहीं है ॥ ५ ॥ इसलिये सभी कार्योंमें पहले सब वस्तुओंको भगवान्‌की सेवामें समर्पित करना चाहिये। प्रसाद-रूपसे उनका उपयोग करनेमें दत्तापहार (दिये हुएका अपहरण) रूप दोष नहीं आता; क्योंकि सभी वस्तुओंके स्वामी सदा श्रीहरि ही हैं (अतः उन्हींकी वस्तु उन्हें दी जाती है) ॥ ६ ॥ 'दी हुई वस्तु नहीं ग्रहण करनी चाहिये' यह वचन भक्तिमार्गसे भिन्न स्थलोंसे सम्बन्ध रखता है। जैसे लोकमें सेवकोंका व्यवहार चलता है (वे स्वामीको उनकी वस्तु समर्पण करके उनके देनेपर स्वयं उसका उपयोग करते हैं) उसी प्रकार सब कुछ भगवान्‌को समर्पित करके ही प्रसाद-रूपमें ग्रहण करना चाहिये। इस प्रकार समर्पण करनेसे सभी वस्तुएँ ब्रह्मरूप मानी गयी हैं। गङ्गाजीमें पड़नेपर सभी दोष गङ्गारूप हो जाते हैं। उन गुण-दोषोंका वर्णन भी गङ्गारूपसे ही करनेयोग्य है। उसी प्रकार यहाँ भी समझना चाहिये (अर्थात् ब्रह्मसम्बन्धसे सब कुछ ब्रह्मरूप ही हो जाता है, यह जानना चाहिये) ॥ ७–९ ॥

(सिद्धान्तरहस्य सम्पूर्ण)

नवरत्नम्

चिन्ता कापि न कार्या निवेदितात्मभिः कदापीति। भगवानपि पुष्टिस्थो न करिष्यति लौकिकीं च गतिम् ॥ १ ॥
निवेदनं तु स्मर्तव्यं सर्वथा तादृशैर्जनैः। सर्वेश्वरश्च सर्वात्मा निजेच्छातः करिष्यति ॥ २ ॥
सर्वेषां प्रभुसम्बन्धो न प्रत्येकमिति स्थितिः। अतोऽन्यविनियोगेऽपि चिन्ता का स्वस्य सोऽपि चेत् ॥ ३ ॥
अज्ञानादथवा ज्ञानात् कृतमात्मनिवेदनम्। यैः कृष्णसात्कृतप्राणैस्तेषां का परिदेवना ॥ ४ ॥
तथा निवेदने चिन्ता त्याज्या श्रीपुरुषोत्तमे। विनियोगेऽपि सा त्याज्या समर्थो हि हरिः स्वतः ॥ ५ ॥
लोके स्वास्थ्यं तथा वेद हरिस्तु न करिष्यति। पुष्टिमार्गस्थितो यस्मात् साक्षिणो भवताखिलाः ॥ ६ ॥

सेवाकृतिर्गुरोराज्ञा बाधनं वा हरीच्छया। अतः सेवापरं चित्तं विधाय स्थीयतां सुखम् ॥ ७ ॥
चित्तोद्वेगं विधायापि हरिर्यद्यत् करिष्यति। तथैव तस्य लीलेति मत्वा चिन्तां द्रुतं त्यजेत् ॥ ८ ॥
तस्मात् सर्वात्मना नित्यं श्रीकृष्णः शरणं मम। वदद्भिरेव सततं स्थेयमित्येव मे मतिः ॥ ९ ॥

॥ इति श्रीमद्वल्लभाचार्यविरचितं नवरत्नं सम्पूर्णम् ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

जिन्होंने भगवान्‌को आत्मसमर्पण कर दिया है, उन्हें कभी किसी बातकी चिन्ता नहीं करनी चाहिये। भगवान् भी सदा अनुग्रह करनेमें तत्पर हैं, वे अपने शरणागत भक्तोंकी लौकिक (अभक्त जनोंकी भाँति साधारण) गति नहीं करेंगे ॥ १ ॥ वैसे आत्मनिवेदनशील पुरुषोंको सर्वथा इस बातका स्मरण रखना चाहिये कि हमारा जीवन भगवान्‌को समर्पित है। सबके ईश्वर और सर्वात्मा भगवान् श्रीकृष्ण अपनी इच्छासे जैसी उचित समझेंगे वैसी ही सेवकके लिये सब व्यवस्था करेंगे ॥ २ ॥ सबका भगवान्‌से सम्बन्ध है, किसी एकका ही नहीं, यही वस्तुस्थिति है। अतः भगवदिच्छासे यदि दूसरेके लिये किसी वस्तुका उपयोग हो गया तो अपने लिये अपनेको क्या चिन्ता है; क्योंकि वह दूसरा भी तो भगवान्‌का ही है। (जैसे उसके लिये भगवान् कुछ करते हैं, वैसे मेरे लिये भी स्वयं करेंगे। मैं क्यों चिन्ता करूँ ?) जिन्होंने बिना जाने अथवा जान-बूझकर भगवान्‌को आत्मसमर्पण कर दिया है, उनके प्राण श्रीकृष्णके अधीन हो गये हैं; अतः उन्हें अपनी रक्षाके लिये क्या चिन्ता अथवा शोक है ? ॥ ३-४ ॥

इसी प्रकार श्रीपुरुषोत्तमके लिये निवेदन या अन्यके लिये विनियोगके विषयमें भी चिन्ता त्याग देनी चाहिये; क्योंकि श्रीहरि स्वतः सब कुछ करनेमें समर्थ हैं ॥ ५ ॥ भगवान् लोक अथवा वेदमें भी स्वस्थता नहीं करेंगे; क्योंकि वे पुष्टिमार्ग (अनुग्रहके पथ) में स्थित हैं, इस बातके सब लोग साक्षी रहें ॥ ६ ॥ हरि-इच्छासे भगवान्‌की सेवा बने, गुरुकी आज्ञाका पालन हो अथवा उसमें कोई बाधा पड़ जाय—यह सब कुछ सम्भव है, अतः चिन्ता न करे। चित्तको सेवापरायण बनाकर सुखसे रहे ॥ ७ ॥ चित्तमें उद्वेग डालकर भी भगवान् जो-जो करेंगे, 'वैसी ही उनकी लीला हो रही है'—ऐसा मानकर तत्काल चिन्ता त्याग देनी चाहिये ॥ ८ ॥ इसलिये सब प्रकारसे सदा 'श्रीकृष्ण ही मेरे लिये शरण हैं' इसका निरन्तर जप करते हुए ही स्थिर रहना चाहिये। यही मेरा मत है ॥ ९ ॥

(नवरत्न सम्पूर्ण)

अन्तःकरणप्रबोधः

अन्तःकरण मद्वाक्यं सावधानतया शृणु। कृष्णात् परं नास्ति दैवं वस्तुतो दोषवर्जितम् ॥ १ ॥
चाण्डाली चेद् राजपत्नी जाता राज्ञा च मानिता। कदाचिदपमानेऽपि मूलतः का क्षतिर्भवेत् ॥ २ ॥
समर्पणादहं पूर्वमुत्तमः किं सदा स्थितः। का ममाधमता भाव्या पश्चात्तापो यतो भवेत् ॥ ३ ॥
सत्यसंकल्पतो विष्णुर्नान्यथा तु करिष्यति। आज्ञैव कार्या सततं स्वामिद्रोहोऽन्यथा भवेत् ॥ ४ ॥
सेवकस्य तु धर्मोऽयं स्वामी स्वस्य करिष्यति। आज्ञा पूर्वं तु या जाता गङ्गासागरसङ्गमे ॥ ५ ॥
यापि पश्चान्मधुवने न कृतं तद् द्वयं मया। देहदेशपरित्यागस्तृतीयो लोकगोचरः ॥ ६ ॥
पश्चात्तापः कथं तत्र सेवकोऽहं न चान्यथा। लौकिकप्रभुवत् कृष्णो न द्रष्टव्यः कदाचन ॥ ७ ॥
सर्वं समर्पितं भक्त्या कृतार्थोऽसि सुखी भव। प्रौढापि दुहिता यद्वत् स्नेहान्न प्रेष्यते वरे ॥ ८ ॥
तथा देहे न कर्तव्यं वरस्तुष्यति नान्यथा। लोकवच्चेत् स्थितिर्मे स्यात् किं स्यादिति विचारय ॥ ९ ॥
अशक्ये हरिरेवास्ति मोहं मा गाः कथञ्चन। इति श्रीकृष्णदासस्य वल्लभस्य हितं वचः ॥ १० ॥
चित्तं प्रति यदाकर्ण्य भक्तो निश्चिन्ततां व्रजेत् ॥ ११ ॥

॥ इति श्रीमद्वल्लभाचार्यविरचितान्तःकरणप्रबोधः सम्पूर्णः ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

मेरे अन्तःकरण ! तुम सावधान होकर मेरी बात सुनो। वास्तवमें श्रीकृष्णसे बढ़कर दूसरा कोई दोषरहित देवता नहीं है ॥ १ ॥ यदि कोई चाण्डाल-कन्या राजाकी पत्नी हो गयी और राजाने उसे सम्मान दे दिया तो उसका महत्त्व तो बढ़ ही गया। फिर कदाचित् राजाद्वारा उसका अपमान भी हो तो भी मूलतः उसकी क्या हानि हुई ? (वह पहले ही कौन बड़ी सम्मानित थी ! इस समय तो चाण्डालीसे रानी बन गयी ! अब रानीसे चाण्डाली नहीं हो सकती) ॥ २ ॥ भगवान्‌को आत्मसमर्पण करनेसे पूर्व मैं क्या सदा उत्तम ही रहा ? और अब मुझमें किस अधमताकी सम्भावना हो गयी, जिसके लिये पश्चात्ताप हो ॥ ३ ॥ भगवान् श्रीकृष्ण सत्यसंकल्प हैं, वे अपनी सच्ची प्रतिज्ञाके विरुद्ध कुछ नहीं करेंगे। अतः हम लोगोंको सदा उनकी आज्ञाका ही पालन करना चाहिये; अन्यथा स्वामीसे द्रोह करनेका अपराध होगा ॥ ४ ॥ सेवकका तो यही धर्म है कि वह स्वामीकी आज्ञाका पालन करे। स्वामी अपने कर्तव्यका पालन स्वयं करेंगे। पूर्वकालमें गङ्गासागरसङ्गमपर और फिर वृन्दावनमें मेरे लिये जो आज्ञाएँ प्राप्त हुईं, उन दोनोंका पालन मुझसे न हो सका। देह और देशके परित्यागके सम्बन्धमें जो तीसरा आदेश है, वह सब लोकोंके समक्ष है ॥ ५-६ ॥ मैं तो सेवक हूँ, अतः स्वामीकी आज्ञाके विपरीत कुछ नहीं कर सकता, फिर मुझे पश्चात्ताप कैसा ? श्रीकृष्णको लौकिक प्रभुओंकी भाँति कदापि नहीं देखना चाहिये। यदि भक्तिभावसे तुमने सब कुछ भगवान्‌को सौंप दिया, तो कृतार्थ हो गये। अब सुखी रहो। जैसे कोई-कोई माता-पिता स्नेहाधिक्यके कारण सयानी कन्याको भी उसके पतिके पास नहीं भेजते (और वरको असंतुष्ट होनेका अवसर देते हैं) वही बर्ताव इस शरीरके विषयमें भी नहीं करना चाहिये। अर्थात् ममता या आसक्तिवश इस शरीरको अपने स्वामी श्रीकृष्णकी सेवामें लगानेसे न चूके; अन्यथा वर असंतुष्ट हो जायगा। मेरे मन ! यदि साधारण लोगोंकी ही भाँति मेरी भी स्थिति रही तो क्या होगा, यह तुम स्वयं विचार लो ॥ ७-९ ॥ अशक्तावस्थामें श्रीहरि ही एकमात्र सहायक हैं। अतः तुम्हें किसी प्रकार मोहमें नहीं पड़ना चाहिये। यह चित्तके प्रति श्रीकृष्णदास वल्लभका वचन है, जिसे सुनकर भक्त पुरुष चिन्तारहित हो जाता है ॥ १०-११ ॥

(अन्तःकरणप्रबोध सम्पूर्ण)

विवेक-धैर्याश्रय-निरूपण

विवेकधैर्ये सततं रक्षणीये तथाश्रयः। विवेकस्तु हरिः सर्वं निजेच्छातः करिष्यति ॥ १ ॥
प्रार्थिते वा ततः किं स्यात् स्वाम्यभिप्रायसंशयात्। सर्वत्र तस्य सर्वं हि सर्वसामर्थ्यमेव च ॥ २ ॥
अभिमानश्च संत्याज्यः स्वाम्यधीनत्वभावनात्। विशेषतश्चेदाज्ञा स्यादन्तःकरणगोचरः ॥ ३ ॥
तदा विशेषगत्यादि भाव्यं भिन्नं तु दैहिकात्। आपद्गत्यादिकार्येषु हठस्त्याज्यश्च सर्वथा ॥ ४ ॥
अनाग्रहश्च सर्वत्र धर्माधर्माग्रदर्शनम्। विवेकोऽयं समाख्यातो धैर्यं तु विनिरूप्यते ॥ ५ ॥
त्रिदुःखसहनं धैर्यमामृतेः सर्वतः सदा। तक्रवद् देहवद् भाव्यं जडवद् गोपभार्यावत् ॥ ६ ॥
प्रतीकारो यदृच्छातः सिद्धश्चेन्नाग्रही भवेत्। भार्यादीनां तथान्येषामसतश्चाक्रमं सहेत् ॥ ७ ॥
स्वयमिन्द्रियकार्याणि कायवाङ्मनसा त्यजेत्। अशूरेणापि कर्तव्यं स्वस्यासामर्थ्यभावनात् ॥ ८ ॥
अशक्ये हरिरेवास्ति सर्वमाश्रयतो भवेत्। एतत् सहनमत्रोक्तमाश्रयोऽतो निरूप्यते ॥ ९ ॥
ऐहिके पारलौके च सर्वथा शरणं हरिः। दुःखहानौ तथा पापे भये कामाद्यपूरणे ॥ १० ॥
भक्तद्रोहे भक्त्यभावे भक्तैश्चातिक्रमे कृते। अशक्ये वा सुशक्ये वा सर्वथा शरणं हरिः ॥ ११ ॥
अहंकारकृते चैव पोष्यपोषणरक्षणे। पोष्यातिक्रमणे चैव तथान्तेवास्यतिक्रमे ॥ १२ ॥
अलौकिकमनःसिद्धौ सर्वार्थे शरणं हरिः। एवं चित्ते सदा भाव्यं वाचा च परिकीर्तयेत् ॥ १३ ॥
अन्यस्य भजनं तत्र स्वतो गमनमेव च। प्रार्थनाकार्यमात्रेऽपि ततोऽन्यत्र विवर्जयेत् ॥ १४ ॥

अविश्वासो न कर्तव्यः सर्वथा बाधकस्तु सः। ब्रह्मास्त्रचातकौ भाव्यौ प्राप्तं सेवेत निर्ममः ॥ १५ ॥
यथाकथंचित् कार्याणि कुर्यादुच्चावचान्यपि। किं वा प्रोक्तेन बहुना शरणं भावयेद्धरिम् ॥ १६ ॥
एवमाश्रयणं प्रोक्तं सर्वेषां सर्वदा हितम्। कलौ भक्त्यादिमार्गा हि दुस्साध्या इति मे मतिः ।१७।

॥ इति श्रीमद्वल्लभाचार्यविरचितं विवेकधैर्याश्रयनिरूपणं सम्पूर्णम् ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

सदा विवेक और धैर्यकी रक्षा करनी चाहिये। इसी प्रकार भगवान्‌का आश्रय लेकर रहना भी उचित है। 'भगवान् सब कुछ अपनी इच्छासे करेंगे', ऐसा विचार होना ही विवेक है ॥ १ ॥ जब स्वामी स्वयं ही सेवककी इच्छा पूर्ण करते हैं, तब उनसे मुँह खोलकर माँगनेपर भी उनसे अधिक क्या मिलेगा ? स्वामीके अभिप्रायको समझनेमें सेवकको सदा संशय रहता है; अतः वह उनके श्रीमुखसे प्राप्त हुई आज्ञाका ही पालन करता है; परंतु स्वामी तो सर्वज्ञ हैं, फिर उनसे प्रार्थना करनेकी क्या आवश्यकता ? उनकी सर्वत्र पहुँच है; सब कुछ उनका है और उनमें सब कुछ जानने तथा करनेकी शक्ति है ॥ २ ॥ 'मैं सदा स्वामीकी आज्ञाके अधीन हूँ' ऐसी भावना करके अहंकारका सब प्रकारसे त्याग करना चाहिये। यदि अन्तःकरणमें प्रभुकी कोई विशेष आज्ञा स्फुरित हो, तो देह-सम्बन्धसे भिन्न भगवत्सम्बन्धी विशेष गति आदिकी भावना करनी चाहिये। आपत्प्राप्ति आदि कार्योंमें हठका सर्वथा त्याग करना चाहिये ॥३-४॥ कहीं भी आग्रह न रखना और सर्वत्र धर्माधर्मका पहले ही विचार कर लेना—यह विवेक कहा गया है।

अब धैर्यका निरूपण किया जाता है—॥ ५ ॥ सदा सब ओरसे प्राप्त हुए आधिभौतिक, आधिदैविक और आध्यात्मिक—तीनों प्रकारके दुःखोंको मृत्युपर्यन्त शान्तभावसे सहते रहना धैर्य कहलाता है। इसके दृष्टान्त हैं—तक्र, शरीर, जडभरत और गोपभार्या ॥६॥ यदि भगवान्‌की इच्छासे दुःखोंकी निवृत्तिका उपाय स्वतः सिद्ध हो जाय तो उन दुःखोंको भोगनेका भी आग्रह न रखे। स्त्री-पुत्रोंके, दूसरोंके तथा दुष्टोंके भी आक्रमणको चुपचाप सह ले ॥ ७ ॥ स्वयं शरीर, वाणी और मनके द्वारा इन्द्रियोंके कार्यों (विषयों) को त्याग दे। असमर्थको भी अपनी असमर्थताकी भावना करके विषयोंको त्याग देना चाहिये ॥ ८ ॥ जिस कार्यके साधनमें हमलोग असमर्थ हैं, उसमें श्रीहरि ही सहायक हैं। उनके आश्रयसे सब कुछ सिद्ध हो जाता है। इस प्रकार यहाँ सहनशीलता या धैर्यका वर्णन किया गया। अब आश्रयका निरूपण किया जाता है ॥ ९ ॥ इहलोक और परलोकसम्बन्धी कार्योंमें सर्वथा श्रीहरि ही हम सबके आश्रय हैं। दुःखोंकी हानि, पाप, भय, इच्छा आदिकी अपूर्णता, भक्तद्रोह, भक्तिके अभाव, भक्तोंद्वारा उनके उल्लङ्घन, अशक्तावस्था तथा सशक्तावस्थामें भी सब प्रकारसे श्रीहरि ही शरण हैं ॥ १०-११ ॥ अहंकार करनेमें, पोष्यवर्गकी पुष्टि और संरक्षणमें, पोष्यजनोंका उल्लङ्घन या अवहेलना होनेपर तथा इसी प्रकार शिष्योंका अतिक्रमण करनेपर और अलौकिक (भगवत्सेवापरायण) मनकी अभीष्टसिद्धिमें—साराश यह कि सभी कार्योंमें श्रीभगवान् ही शरण हैं। इस प्रकार मनमें सदा भावना करे और वाणी-द्वारा भी 'श्रीकृष्णः शरणं मम' का कीर्तन करे ॥ १२-१३ ॥ श्रीभगवान्‌के सिवा अन्य देवताका भजन, स्वतः उनके भजनमें जाना तथा अन्य देवताओंसे प्रार्थना करना त्याग दे। भगवान्‌के सिवा, अन्य देवताके लिये ये तीनों बातें वर्जित हैं ॥ १४ ॥ अविश्वास कभी नहीं करना चाहिये। वह सब प्रकारसे बाधा देनेवाला होता है। इस विषयमें ब्रह्मास्त्र और चातकके दृष्टान्तका अनुशीलन करे।* दैवेच्छासे जो कुछ प्राप्त हो, उसका ममता और आसक्तिसे रहित होकर सेवन करे ॥ १५ ॥ जिस किसी प्रकारसे सम्भव हो, छोटे-बड़े सब कार्य करे। अधिक कहनेकी क्या आवश्यकता ? 'भगवान् श्रीहरि हमारे आश्रय हैं' इस रूपमें भगवान्‌का चिन्तन करे ॥१६॥ इस प्रकार आश्रयका निरूपण किया गया, जो सदा सब लोगोंके लिये हितकर है। कलियुगमें भक्ति आदि मार्ग सबके लिये दुस्साध्य हैं, ऐसा मेरा विश्वास है (अतः भगवान्‌का आश्रय लेकर ही सब कार्य करने चाहिये) ॥ १७ ॥

(विवेकधैर्याश्रय-निरूपण सम्पूर्ण)

* जैसे मेघनादने ब्रह्मास्त्रसे हनुमान्‌जीको बाँधा था और वे उससे बँध भी गये थे, परंतु रावणको उसपर विश्वास न हुआ; अतः उसने लोहेकी मोटी जंजीरसे उन्हें बाँध दिया। इससे ब्रह्मास्त्रने अपना बन्धन ढीला कर दिया। फल यह हुआ कि हनुमान्‌जीने उस जंजीरको भी तोड़ दिया। यह अविश्वाससे हानिका उदाहरण है। चातकको मेघपर विश्वास रहता है, अतः वह उसकी प्यास बुझानेके लिये स्वातीका जल बरसाता ही है; यह विश्वाससे लाभका उदाहरण है।

श्रीकृष्णाश्रयः

सर्वमार्गेषु नष्टेषु कलौ च खलधर्मिणि । पाखण्डप्रचुरे लोके कृष्ण एव गतिमम ॥ १ ॥
म्लेच्छाक्रान्तेषु देशेषु पापैकनिलयेषु च । सत्पीडाव्यग्रलोकेषु कृष्ण एव गतिर्मम ॥ २ ॥
गङ्गादितीर्थवर्येषु दुष्टैरेवावृतेष्विह । तिरोहिताधिदैवेषु कृष्ण एव गतिर्मम ॥ ३ ॥
अहङ्कारविमूढेषु सत्सु पापानुवर्तिषु । लाभपूजार्थयत्नेषु कृष्ण एव गतिर्मम ॥ ४ ॥
अपरिज्ञाननष्टेषु मन्त्रेष्वव्रतयोगिषु । तिरोहितार्थदेवेषु कृष्ण एव गतिर्मम ॥ ५ ॥
नानावादविनष्टेषु सर्वकर्मव्रतादिषु । पाषण्डैकप्रयत्नेषु कृष्ण एव गतिर्मम ॥ ६ ॥
अजामिलादिदोषाणां नाशकोऽनुभवे स्थितः । ज्ञापिताखिलमाहात्म्यः कृष्ण एव गतिर्मम ॥ ७ ॥
प्राकृताः सकला देवा गणितानन्दकं बृहत् । पूर्णानन्दो हरिस्तस्मात् कृष्ण एव गतिर्मम ॥ ८ ॥
विवेकधैर्यभक्त्यादिरहितस्य विशेषतः । पापासक्तस्य दीनस्य कृष्ण एव गतिर्मम ॥ ९ ॥
सर्वसामर्थ्यसहितः सर्वत्रैवाखिलार्थकृत् । शरणस्थसमुद्धारं कृष्णं विज्ञापयाम्यहम् ॥ १० ॥
कृष्णाश्रयमिदं स्तोत्रं यः पठेत् कृष्णसंनिधौ । तस्याश्रयो भवेत् कृष्ण इति श्रीवल्लभोऽब्रवीत् ॥ ११ ॥

॥ इति श्रीमद्वल्लभाचार्यविरचितं श्रीकृष्णाश्रयस्तोत्रं सम्पूर्णम् ॥

इस दुष्टधर्मवाले कलियुगमें साधनके सभी मार्ग नष्ट हो गये और लोगोंमें अत्यन्त पाखण्ड फैल गया है, अतएव श्रीकृष्ण ही मेरे रक्षक हैं ॥ १ ॥ समस्त देश म्लेच्छोंके द्वारा आक्रान्त हो गये और एक मात्र पापके निवासस्थान बन गये, सत्पुरुषोंकी पीड़ासे लोग व्यग्र हो रहे हैं, अतएव श्रीकृष्ण ही मेरे रक्षक है ॥ २ ॥ दुष्ट लोगोंके द्वारा छाये हुए गङ्गादि श्रेष्ठ तीर्थोंके अधिष्ठाता देवता तिरोहित हो गये हैं, अतएव श्रीकृष्ण ही मेरे रक्षक है ॥ ३ ॥(इस समय) सत्पुरुष भी अहङ्कारसे विमूढ़ हो चले हैं, पापका अनुकरण कर रहे हैं और सांसारिक लाभ तथा पूजा प्राप्त करनेके प्रयत्नमें लग गये हैं, अतएव श्रीकृष्ण ही मेरे रक्षक हैं ॥ ४ ॥ मन्त्रोंका ज्ञान न होनेसे वे प्रायः लुप्त हो गये हैं, उनके व्रत और प्रयोग अज्ञात हैं तथा उनके वास्तविक अर्थ और देवता भी तिरोहित हो गये हैं; इस दशामें श्रीकृष्ण ही एक मात्र मेरे आश्रय हैं ॥ ५ ॥ नाना मतवादोंके कारण समस्त शास्त्रीय कर्म और व्रत आदिका नाश हो गया है, लोग केवल पाखण्डके लिये प्रयत्नशील हैं । अतएव श्रीकृष्ण ही मेरे रक्षक हैं ॥ ६ ॥ अजामिल आदि (महापापियों) के दोषोंका नाश करनेवाले आप (भक्तोंके) अनुभवमें स्थित हैं । ऐसे अपने समस्त माहात्म्यका ज्ञान करानेवाले श्रीकृष्ण ही मेरे रक्षक हैं ॥ ७ ॥ समस्त देवता प्रकृतिके अधीन हैं, बृहत् (ब्रह्म) के भी आनन्दकी अवधि है । श्रीहरि ही पूर्ण आनन्दमय हैं, अतएव श्रीकृष्ण ही मेरे रक्षक हैं ॥ ८ ॥ विवेक, धैर्य और भक्ति आदिसे रहित और पापमें विशेषरूपसे आसक्त मुझ अत्यन्त दीनके तो श्रीकृष्ण ही रक्षक हैं ॥ ९ ॥ सर्वशक्तिमान् और (दीनोंके) सम्पूर्ण मनोरथोंको पूर्ण करनेवाले तथा शरणमें आये हुए (जीवमात्रका) भली-भाँति उद्धार करनेवाले भगवान् श्रीकृष्णसे मैं प्रार्थना करता हूँ ॥ १० ॥ इस कृष्णाश्रय नामक स्तोत्रका श्रीकृष्णके समीप जो कोई पाठ करे, श्रीकृष्ण उसके आश्रय (रक्षक) हों, इस प्रकार श्रीवल्लभाचार्य कहते हैं ॥ ११ ॥

(श्रीकृष्णाश्रय सम्पूर्ण)

चतुःश्लोकी

सर्वदा सर्वभावेन भजनीयो व्रजाधिपः । स्वस्यायमेव धर्मो हि नान्यः क्वापि कदाचन ॥ १ ॥
एवं सदा स्म कर्तव्यं स्वयमेव करिष्यति । प्रभुः सर्वसमर्थो हि ततो निश्चिन्ततां व्रजेत् ॥ २ ॥
यदि श्रीगोकुलाधीशो धृतः सर्वात्मना हृदि । ततः किमपरं ब्रूहि लौकिकैर्वैदिकैरपि ॥ ३ ॥
अतः सर्वात्मना शश्वद् गोकुलेश्वरपादयोः । स्मरणं भजनं चापि न त्याज्यमिति मे मतिः ॥ ४ ॥

॥ इति श्रीमद्वल्लभाचार्यविरचिता चतुःश्लोकी सम्पूर्णा ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

सदा सर्वतोभावेन (हृदयके सम्पूर्ण अनुरागके साथ) व्रजेश्वर भगवान् श्रीकृष्णकी ही आराधना करनी चाहिये। अपना (जीव-मात्रका) यही धर्म है। कभी कहीं भी इसके सिवा दूसरा धर्म नहीं है ॥ १ ॥ सदा ऐसा ही (सम्पूर्णभावसे भगवान्‌का भजन ही) करना चाहिये। प्रभु श्रीकृष्ण सर्वशक्तिमान् हैं, वे स्वयं ही हमारी सँभाल करेंगे—ऐसा समझकर अपने योग-क्षेमकी ओरसे निश्चिन्त रहे। ॥ २ ॥ यदि गोकुलाधीश्वर नन्दनन्दनको सब प्रकारसे हृदयमें धारण कर लिया है, तो बताओ, लौकिक और वैदिक कर्मोंका इसके सिवा और क्या प्रयोजन है (भगवान्‌को हृदयमें बसा लेना ही तो जीवनका परम और चरम फल है !) ॥ ३ ॥ अतः सदा सम्पूर्ण हृदयसे गोकुलाधीश्वर श्यामसुन्दरके युगल चरणारविन्दोंका चिन्तन और भजन कभी नहीं छोड़ना चाहिये, यही मेरा मत है ॥ ४ ॥

(चतुःश्लोकी सम्पूर्ण)

भक्तिवर्धिनी

यथा भक्तिः प्रवृद्धा स्यात् तथोपायो निरूप्यते। बीजभावे दृढे तु स्यात् त्यागाच्छ्रवणकीर्तनात् ॥ १ ॥
बीजदार्ढ्यप्रकारस्तु गृहे स्थित्वा स्वधर्मतः। अव्यावृत्तो भजेत् कृष्णं पूजया श्रवणादिभिः ॥ २ ॥
व्यावृत्तोऽपि हरौ चित्तं श्रवणादौ यतेत् सदा। ततः प्रेम तथासक्तिर्व्यसनं च यदा भवेत् ॥ ३ ॥
बीजं तदुच्यते शास्त्रे दृढं यन्नापि नश्यति। स्नेहाद् रागविनाशः स्यादासक्त्या स्याद् गृहारुचिः ॥
गृहस्थानां बाधकत्वमनात्मत्वं च भासते। यदा स्याद् व्यसनं कृष्णे कृतार्थः स्यात् तदैव हि ॥ ५ ॥
तादृशस्यापि सततं गृहस्थानं विनाशकम्। त्यागं कृत्वा यतेद् यस्तु तदर्थार्थैकमानसः ॥ ६ ॥
लभते सुदृढां भक्तिं सर्वतोऽप्यधिकां पराम्। त्यागे बाधकभूयस्त्वं दुःसंसर्गात् तथान्नतः ॥ ७ ॥
अतः स्थेयं हरिस्थाने तदीयैः सह तत्परैः। अदूरे विप्रकर्षे वा यथा चित्तं न दुष्यति ॥ ८ ॥
सेवायां वा कथायां वा यस्यासक्तिर्दृढा भवेत्। यावज्जीवं तस्य नाशो न कापीति मतिर्मम ॥ ९ ॥
बाधसम्भावनायां तु नैकान्ते वास इष्यते। हरिस्तु सर्वतो रक्षां करिष्यति न संशयः ॥१०॥
इत्येवं भगवच्छास्त्रं गूढतत्त्वं निरूपितम्। य एतत् समधीयीत तस्यापि स्याद् दृढा रतिः ॥११॥

॥ इति श्रीमद्वल्लभाचार्यविरचिता भक्तिवर्धिनी सम्पूर्णा ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

जिससे भक्तिभावकी वृद्धि हो, वैसे उपायका निरूपण किया जाता है—बीजभावके दृढ़ होनेपर तथा त्यागसे और भगवान्‌के नाम, यश एवं लीला आदिके श्रवण-कीर्तनसे भक्तिकी वृद्धि हो सकती है ॥ १ ॥ बीजभावकी दृढ़ताका प्रकार यह है—घरपर रहकर, स्वधर्म-पालनसे विमुख न होकर भगवत्स्वरूपकी सेवा-पूजा और भगवत्कथा-श्रवण आदिके द्वारा श्रीकृष्णका भजन करे ॥ २ ॥ जो कर्मोंके अनुष्ठानसे दूर हटा हुआ है, वह भी भगवान्‌में चित्त लगावे और सदा उनके श्रवण-कीर्तन आदिके लिये प्रयत्नशील रहे। इससे जब भगवान्‌में प्रेम, आसक्ति और व्यसन हो जाते हैं, तब बीजकी दृढ़ता होती है ॥ ३ ॥ शास्त्रमें उसी बीजको दृढ़ कहा जाता है, जो कभी नष्ट नहीं होता। भगवान्‌में स्नेह होनेसे लौकिक रागवृत्तिका नाश होता है और भगवान्‌के प्रति आसक्ति होनेसे गृहस्थाश्रमकी ओरसे अरुचि (विरक्ति) हो जाती है ॥ ४ ॥ गृहस्थोंमें भक्तिभावकी बाधकता और अजितेन्द्रियताकी प्रतीति होती है; परंतु जब श्रीकृष्णविषयक व्यसन उत्पन्न होता है, तब मनुष्य उसी क्षण कृतार्थ हो जाता है ॥ ५ ॥ ऐसे कृतार्थ भक्तके लिये भी सदा घरमें ही रहना विनाशकारी होता है; अतः मनमें एकमात्र भगवत्प्राप्तिकी ही अभिलाषा लिये गृहत्याग करके जो भगवान्‌के लिये प्रयत्नशील होता है, वह सुदृढ़ एवं सर्वोत्तम पराभक्ति प्राप्त कर लेता है। गृह त्याग करनेपर भी कुसङ्ग और अन्नदोषके कारण बहुत-सी बाधाएँ प्राप्त होती हैं; अतः भगवान्‌के स्थान (पवित्र तीर्थ एवं मन्दिर आदि) में भगवत्परायण भगवद्भक्तोंके साथ रहना चाहिये। वहाँ भी उतने ही निकट या दूर रहे, जिससे चित्त दूषित न हो ॥ ६–८ ॥ भगवत्स्वरूपकी सेवा अथवा

भगवान्‌की कथामें जिसकी जीवनभर दृढ़ आसक्ति बनी रहती है, उसका कभी कहीं भी नाश (अधःपतन) नहीं होता, ऐसा मेरा विश्वास है ॥ ९ ॥ यदि बाधाकी सम्भावना हो तो एकान्तमें रहना अभीष्ट नहीं है। भगवान् श्रीहरि सब ओरसे रक्षा करेंगे, इसमें तनिक भी संशय नहीं है ॥ १० ॥ इस प्रकार गूढ़ तत्त्वसे भरे हुए भगवत्-शास्त्रका निरूपण किया गया है। जो इसका अध्ययन करेगा, उसका भी भगवान्‌में दृढ़ अनुराग होगा ॥ ११ ॥

(भक्तिवर्धिनी सम्पूर्ण)

जलभेदः

नमस्कृत्य हरिं वक्ष्ये तद्‌गुणानां विभेदकान्। भावान् विंशतिधा भिन्नान् सर्वसंदेहवारकान् ॥ १ ॥
गुणभेदास्तु तावन्तो यावन्तो हि जले मताः। गायकाः कूपसंकाशा गन्धर्वा इति विश्रुताः ॥ २ ॥
कूपभेदास्तु यावन्तस्तावन्तस्तेऽपि सम्मताः। कुल्याः पौराणिकाः प्रोक्ताः पारम्पर्ययुता भुवि ॥ ३ ॥
क्षेत्रप्रविष्टास्ते चापि संसारोत्पत्तिहेतवः। वेश्यादिसहिता मत्ता गायका गर्तसंज्ञिताः ॥ ४ ॥
जलार्थमेव गर्तास्तु नीचा गानोपजीविनः। ह्रदास्तु पण्डिताः प्रोक्ता भगवच्छास्त्रतत्पराः ॥ ५ ॥
संदेहवारकास्तत्र सदा गम्भीरमानसाः। सरः कमलसम्पूर्णाः प्रेमयुक्तास्तथा बुधाः ॥ ६ ॥
अल्पश्रुताः प्रेमयुक्ता वेशन्ताः परिकीर्तिताः। कर्मशुद्धाः पल्वलानि तथाल्पश्रुतभक्तयः ॥ ७ ॥
योगध्यानादिसंयुक्ता गुणा वर्ष्याः प्रकीर्तिताः। तपोज्ञानादिभावेन स्वेदजास्तु प्रकीर्तिताः ॥ ८ ॥
अलौकिकेन ज्ञानेन ये तु प्रोक्ता हरेर्गुणाः। कादाचित्काः शब्दगम्याः पतच्छब्दाः प्रकीर्तिताः॥ ९ ॥
देवाद्युपासनोद्भूताः पृष्ट्वा भूमेरिवोद्गताः। साधनादिप्रकारेण नवधाभक्तिमार्गतः ॥ १० ॥
प्रेममूर्त्या स्फुरद्धर्माः स्यन्दमानाः प्रकीर्तिताः। यादृशास्तादृशाः प्रोक्ता वृद्धिक्षयविवर्जिताः ॥ ११ ॥
स्थावरास्ते समाख्याता मर्यादैकप्रतिष्ठिताः। अनेकजन्मसंसिद्धा जन्मप्रभृति सर्वदा ॥ १२ ॥
सङ्गादिगुणदोषाभ्यां वृद्धिक्षययुता भुवि। निरन्तरोद्गमयुता नद्यस्ते परिकीर्तिताः ॥ १३ ॥
एतादृशाः स्वतन्त्राश्चेत् सिन्धवः परिकीर्तिताः। पूर्णा भगवदीया ये शेषव्यासाग्निमारुताः ॥ १४ ॥
जडनारदमैत्र्याद्यास्ते समुद्राः प्रकीर्तिताः। लोकवेदगुणैर्मिश्रभावेनैके हरेर्गुणान् ॥ १५ ॥
वर्णयन्ति समुद्रास्ते क्षाराद्याः षट् प्रकीर्तिताः। गुणातीततया शुद्धान् सच्चिदानन्दरूपिणः ॥ १६ ॥
सर्वानेव गुणान् विष्णोर्वर्णयन्ति विचक्षणाः। तेऽमृतोदाः समाख्यातास्तद्वाक्यानं सुदुर्लभम् ॥ १७ ॥
तादृशानां क्वचिद् वाक्यं दूतानामिव वर्णितम्। अजामिलाकर्णनवद् बिन्दुपानं प्रकीर्तितम् ॥ १८ ॥
रागाज्ञानादिभावानां सर्वथा नाशनं यदा। तदा लेहनमित्युक्तं स्वानन्दोद्गमकारणम् ॥ १९ ॥
उद्धृतोदकवत् सर्वे पतितोदकवत् तथा। उक्तातिरिक्तवाक्यानि फलं चापि तथा ततः ॥ २० ॥
इति जीवेन्द्रियगता नानाभावं गता भुवि। रूपतः फलतश्चैव गुणा विष्णोर्निरूपिताः ॥ २१ ॥

॥ इति श्रीमद्वल्लभाचार्यविरचितो जलभेदः सम्पूर्णः ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

अब मैं श्रीहरिको नमस्कार करके उन-उन गुणोंके भेद सूचित करनेवाले बीस प्रकारके भावोंका, जो वक्ताओंमें प्रकट होकर सब प्रकारके संदेहोंका निवारण करनेवाले हैं, वर्णन करूँगा ॥ १ ॥ जलमें जितने विभिन्न गुण माने गये हैं, उतने ही वक्ताओंके भी भिन्न-भिन्न गुण हैं। गान करनेवाले लोग 'गन्धर्व' नामसे विख्यात हैं। उनकी उपमा कूपजलसे दी जाती है ॥ २ ॥ कूपके जितने भेद हैं, उतने ही उनके भी हैं। जो लोग इस भूतलपर प्राचीन परम्परासे युक्त होकर पुराण-कथा कहते हैं, उनको नहरके समान बताया गया है ॥ ३ ॥ जैसे नहरका पानी खेतमें पड़नेपर खेतीको उपजानेवाला होता है, उसी प्रकार परम्पराप्राप्त जीविकाके लिये कथा कहनेवाले पौराणिक भी

संसारकी उत्पत्तिमें ही कारण होते हैं। जो वेश्या आदिके साथ रहकर उन्मत्तभावसे गान करनेवाले हैं, वे गड्ढेके जलके समान हैं ॥ ४ ॥ गानसे जीविका चलानेवाले लोग उन गहरे गड्ढोंके समान हैं, जो गँदले जलके संग्रहके लिये ही बने होते हैं। परंतु जो भगवत्-शास्त्रोंके अनुशीलनमें तत्पर रहते हैं, उन पण्डितजनोंको अगाध जलसे परिपूर्ण ह्रद (सरोवर) कहा गया है ॥ ५ ॥ उनमें भी जो श्रोताओंके संदेहका निवारण करनेवाले, गम्भीर-हृदय तथा भगवत्प्रेमसे पूर्ण विद्वान् हैं, वे स्वच्छ जल और कमलोंसे भरे हुए सुन्दर सोतोंके समान हैं ॥ ६ ॥ जिन्होंने शास्त्राध्ययन तो बहुत कम किया है, किंतु जो भगवान्‌के प्रेमी हैं, वे वेशन्त (छोटे जलाशय) के तुल्य कहे गये हैं। जिनमें शास्त्र-ज्ञान और भक्ति दोनों ही अल्पमात्रामें हैं, किंतु जो कर्मसे शुद्ध हैं, वे पल्वल (जङ्गलके छोटे-से तालाब) के सदृश हैं ॥७॥ योग और ध्यान आदिसे संयुक्त गुण वर्षाके जलके समान बताये गये हैं। तप, ज्ञान आदि भावोंसे युक्त गुणोंको स्वेदज (पसीनेके जल) के तुल्य कहा गया है ॥ ८ ॥ कभी-कभी शब्दप्रमाणगम्य जो भगवद्गुण अलौकिक ज्ञानद्वारा वर्णित होते हैं, वे जलप्रपातके सदृश कहे गये हैं ॥ ९ ॥ देवता आदिकी उपासनासे उद्भूत होनेवाले गुण या भाव उपासकोंके नहीं हैं, तो भी उनके-से प्रतीत होते हैं। जैसे ओसके कण पृथ्वीसे नहीं प्रकट हुए हैं तथापि उससे उद्भूत हुए-से जान पड़ते हैं। साधन आदिके भेदसे नवधा भक्तिके मार्गसे चलकर प्रेमके रूपमें अभिव्यक्त होनेवाले जो भगवत्स्मरणरूपी स्वधर्म हैं, वे झरनेके समान कहे गये हैं। जिनमें भावकी वृद्धि या न्यूनता नहीं होती, इसीलिये जो जैसे-के-तैसे कहे गये हैं तथा जो एकमात्र मर्यादामार्गमें ही प्रतिष्ठित हैं, उन्हें स्थावर कहा गया है। जो अनेक जन्मोंसे सिद्धिके लिये प्रयत्नशील रहकर सदा जन्मसे ही साधनमें लगे रहते हैं तथा इस पृथ्वीपर सत्सङ्ग और कुसङ्ग आदिके गुण-दोषोंसे जिनके भावकी कभी वृद्धि और कभी न्यूनता होती है, वे निरन्तर उद्यमशील साधक पुरुष उद्गमयुक्त नदियोंके समान कहे गये हैं॥ १०–१३ ॥ ऐसे ही साधक जब स्वतन्त्र (सिद्ध) हो जाते हैं, तब 'सिन्धु' कहलाते हैं। जो पूर्णरूपेण भगवान्‌के होकर रहते हैं, वे शेष, वेदव्यास, अग्नि, हनुमान्, जडभरत, देवर्षि नारद और मैत्रेय आदि महात्मा समुद्र कहे गये हैं। जो कोई महात्मा लौकिक और वैदिक गुणोंसे मिश्रित करके श्रीहरिके गुणोंका वर्णन करते हैं, वे क्षार आदि छः समुद्रोंके समान बताये गये हैं। जो विचक्षण महापुरुष भगवान् विष्णुके उन समस्त सद्गुणोंका, जो उन्हींके समान गुणातीत होनेके कारण विशुद्ध एवं सच्चिदानन्दस्वरूप हैं, वर्णन करते हैं, वे अमृतमय जलके महासागर कहे गये हैं। उनके वचनामृतोंका पान अत्यन्त दुर्लभ है ॥ १४–१७ ॥ ऐसे महापुरुषोंका कहीं कोई वचन यदि सुननेको मिल जाय, जैसे कि अजामिलने विष्णुपार्षदोंकी बातें सुनी थीं, तो वह (श्रवण)—'अमृतबिन्दु-पान'—कहा गया है ॥ १८ ॥ जब राग और अज्ञान आदि भावोंका सर्वथा नाश हो जाता है, उस समय किया हुआ भगवद्गुणगान अपने आनन्दके उद्रेकका कारण होता है; अतः उसे भगवद्रसका लेहन (आस्वादन) कहा गया है ॥ १९ ॥ ऊपर जिनका वर्णन किया गया है, उनसे अतिरिक्त जो वक्ता हैं, उन सबके वचन पात्रसे निकाले हुए और धरतीपर गिरे हुए जलके समान हैं। उनका फल भी वैसा ही है (तात्पर्य यह है कि ऐसे वक्ताओंके वचन विशेष लाभकारी नहीं होते)। इस प्रकार जीवों और उनकी इन्द्रियोंमें स्थित हो नाना भावको प्राप्त हुए श्रीहरिके जो गुण इस पृथ्वीपर प्रकट होते हैं, उनके स्वरूप और फलका निरूपण किया गया ॥ २०-२१ ॥

(जलभेद सम्पूर्ण)

पञ्चपद्यानि

श्रीकृष्णरसविक्षिप्तमानसाऽरतिवर्जिताः । अनिर्वृता लोकवेदे ते मुख्याः श्रवणोत्सुकाः ॥ १ ॥
निःसंदिग्धं कृष्णतत्त्वं सर्वभावेन ये विदुः । ते त्वावेशात् तु विकला निरोधाद् वा न चान्यथा ॥२॥
विक्षिप्तमनसो ये तु भगवत्स्मृतिविह्वलाः । अर्थैकनिष्ठास्ते चापि मध्यमाः श्रवणोत्सुकाः ॥ ३ ॥
पूर्णभावेन पूर्णार्थाः कदाचिन्न तु सर्वदा । अन्यासक्तास्तु ये केचिदधमाः परिकीर्तिताः ॥ ४ ॥
अनन्यमनसो मर्त्या उत्तमाः श्रवणादिषु । देशकालद्रव्यकर्तृमन्त्रकर्मप्रकारतः ॥ ५ ॥

॥ इति श्रीमद्वल्लभाचार्यविरचितानि पञ्चपद्यानि सम्पूर्णानि ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

जिनका हृदय श्रीकृष्ण-चिन्तन-रसमें निमग्न है, जो श्रीकृष्णके सिवा, अन्यत्र लौकिक और वैदिक भोगोंमें आनन्द नहीं मानते हैं, जिनको भगवत्कथासे कभी अरुचि नहीं होती तथा जो सदा भगवान्‌की लीला-कथा सुननेके लिये अत्यन्त उत्सुक रहते हैं, वे उत्तम श्रोता हैं ॥ १ ॥ जिनका मन भगवत्प्रेमसे घनीभूत होता है, जो भगवान्‌के स्मरणसे विह्वल हो उठते हैं और उनकी कथा सुननेके लिये उत्सुक हो कथाके अर्थपर ही विशेष ध्यान देते हैं, वे मध्यम श्रोता हैं ॥ २ ॥ जो संदेह-रहित श्रीकृष्णतत्त्वको सब प्रकारसे जानते हैं, कथा सुनते समय आवेशसे अथवा कथामें सहसा रुकावट हो जानेपर शोकसे विकल हो उठते हैं, जो किसी व्याज या दम्भसे नहीं —वास्तविक रूपसे ही विह्वलता प्रदर्शित करते हैं, वे श्रेष्ठ भक्त हैं ॥ ३ ॥ जो कभी-कभी सम्पूर्ण भावसे पूर्णकामताका अनुभव करते हैं, परंतु इस भावमें सदा जिनकी स्थिति नहीं होती तथा जो कथा सुनते समय भी दूसरे कार्योंमें आसक्त रहते हैं, वे अधम श्रोता कहे गये हैं ॥ ४ ॥ देश, काल, द्रव्य, कर्ता, मन्त्र और कर्मके प्रकारको जानकर तदनुसार यजादिका अनुष्ठान करनेवाले पुरुषोंकी अपेक्षा वे मनुष्य उत्तम हैं, जो कि अनन्य मनसे श्रवण-कीर्तन आदि नवधा-भक्तिमें लगे रहते हैं ॥ ५ ॥

(पञ्चपद्य सम्पूर्ण)

संन्यासनिर्णयः

पश्चात्तापनिवृत्त्यर्थ परित्यागो विचार्यते । स मार्गद्वितये प्रोक्तो भक्तौ ज्ञाने विशेषतः ॥ १ ॥
कर्ममार्गे न कर्तव्यः सुतरां कलिकालतः । अत आदौ भक्तिमार्गे कर्तव्यत्वाद् विचारणा ॥ २ ॥
श्रवणादिप्रवृत्त्यर्थं कर्तव्यत्वेन नेष्यते । सहायसङ्गसाध्यत्वात् साधनानां च रक्षणात् ॥ ३ ॥
अभिमानान्नियोगाच्च तद्धर्मैश्च विरोधतः । गृहादेर्बाधकत्वेन साधनार्थे तथा यदि ॥ ४ ॥
अग्रेऽपि तादृशैरेव सङ्गो भवति नान्यथा । स्वयं च विषयाक्रान्तः पाखण्डी स्यात्तु कालतः ॥ ५ ॥
विषयाक्रान्तदेहानां नावेशः सर्वदा हरेः । अतोऽत्र साधने भक्तौ नैव त्यागः सुखावहः ॥ ६ ॥
विरहानुभवार्थं तु परित्यागः प्रशस्यते । स्वीयबन्धनिवृत्त्यर्थं वेषः सोऽत्र न चान्यथा ॥ ७ ॥
कौण्डिन्यो गोपिकाः प्रोक्ता गुरवः साधनं च तत् । भावो भावनया सिद्धः साधनं नान्यदिष्यते ॥ ८ ॥
विकलत्वं तथा स्वास्थ्यं प्रकृतिः प्राकृतं न हि । ज्ञानं गुणाश्च तस्यैव वर्तमानस्य बाधकाः ॥ ९ ॥
सत्यलोके स्थितिर्ज्ञानात् संन्यासेन विशेषितात् । भावना साधनं यत्र फलं चापि तथा भवेत् ॥१०॥
तादृशाः सत्यलोकादौ तिष्ठन्त्येव न संशयः । बहिश्चेत् प्रकटः स्वात्मा बह्निवत् प्रविशेद् यदि ॥११॥
तदैव सकलो बन्धो नाशमेति न चान्यथा । गुणास्तु सङ्गराहित्याज्जीवनार्थे भवन्ति हि ॥१२॥
भगवान् फलरूपत्वान्नात्र बाधक इष्यते । स्वास्थ्यवाक्यं न कर्तव्यं दयालुर्न विरुध्यते ॥१३॥
दुर्लभोऽयं परित्यागः प्रेम्णा सिध्यति नान्यथा । ज्ञानमार्गे तु संन्यासो द्विविधोऽपि विचारितः ॥१४॥
ज्ञानार्थमुत्तराङ्गं च सिद्धिर्जन्मशतैः परम् । ज्ञानं च साधनापेक्षं यज्ञादिश्रवणान्मतम् ॥१५॥
अतः कलौ स संन्यासः पश्चात्तापाय नान्यथा । पाषण्डित्वं भवेच्चापि तस्माज्ज्ञाने न संन्यसेत् ॥१६॥
सुतरां कलिदोषाणां प्रबलत्वादितिस्थितिः । भक्तिमार्गेऽपि चेद् दोषस्तदा किं कार्यमुच्यते ॥१७॥
अत्रारम्भे न नाशः स्याद् दृष्टान्तस्याप्यभावतः । स्वास्थ्यहेतोः परित्यागाद् बाधः केनास्य सम्भवेत् ॥१८॥
हरिरत्र न शक्नोति कर्तुं बाधां कुतोऽपरे । अन्यथा मातरो बालान् न स्तन्यैः पुपुषुः क्वचित् ॥१९॥
ज्ञानिनामपि वाक्येन न भक्तं मोहयिष्यति । आत्मप्रदः प्रियश्चापि किमर्थं मोहयिष्यति ॥२०॥
तस्मादुक्तप्रकारेण परित्यागो विधीयताम् । अन्यथा भ्रश्यते स्वार्थादिति मे निश्चिता मतिः ॥२१॥
इति कृष्णप्रसादेन वल्लभेन विनिश्चितम् । संन्यासवरणं भक्तावन्यथा पतितो भवेत् ॥२२॥

॥ इति श्रीमद्वल्लभाचार्यविरचितः संन्यासनिर्णयः सम्पूर्णः ॥

(अनुवादक—पाण्डेय प० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

पश्चात्तापकी निवृत्तिके लिये जो परित्याग या संन्यास किया जाता है, उसके स्वरूपका विचार करते हैं। विशेषतः भक्ति और ज्ञान इन्हीं दो मार्गोंके लिये संन्यासका प्रतिपादन किया गया है। (तात्पर्य यह कि संन्यासके दो भेद हैं—एक भक्तिमार्गीय संन्यास और दूसरा ज्ञानमार्गीय संन्यास) ॥ १ ॥ इस समय कराल-कलिकाल चल रहा है। अतः कर्म-मार्गमें संन्यास ग्रहण करना उचित नहीं है। भक्ति-मार्गमें सन्यास ग्रहण करना उचित बताया गया है। अतः पहले भक्तिमार्गीय सन्यासका ही विचार किया जाता है ॥२॥ यदि कहें श्रवण-कीर्तन आदिकी सिद्धिके लिये सन्यास करना उचित है तो यह ठीक नहीं है; क्योंकि श्रवण और कीर्तन आदि दूसरोंकी सहायता और सङ्गसे सिद्ध होनेवाले हैं और सन्यासीके लिये एकाकी रहनेकी विधि है। नवधा भक्तिके साधनोंकी रक्षाके लिये दूसरे मनुष्योंके सहयोगकी आवश्यकता है। भक्तिमार्गमें अभिमान और नियोग (आज्ञापालन) हैं, जिनका संन्यास-धर्मोंके साथ विरोध है। यदि कहें कि भक्तियोगके साधनमें गृह आदि बाधक होते हैं, अतः उक्त साधनके लिये गृह आदिका संन्यास आवश्यक है, तो यह भी ठीक नहीं है; क्योंकि गृह-त्यागके पश्चात् वैसे ही लोगोंका सङ्ग प्राप्त होगा, जो गृह-त्यागी नहीं है; क्योंकि कलिकाल होनेसे अच्छे सन्यासीका मिलना सम्भव नहीं है। अतः विषयी पुरुषोंके सङ्गसे यदि त्यागी स्वयं भी विषयाक्रान्त हो जाय तो सन्यास-वेषके विरुद्ध आचरणके कारण वह पाखंडी हो जायगा ॥ ३–५ ॥ जिनका शरीर विषय-वासनाके वशीभूत है, उनके भीतर कभी श्रीहरिका आवेश नहीं होता, अतः यहाँ साधन भक्तिमें सन्यास सुखद नहीं माना गया है ॥ ६ ॥ भगवान्‌के विरहकी अनुभूतिके लिये संन्यासकी प्रशंसा की जाती है। सन्यासका जो दण्ड-धारण आदि वेष है, वह आत्मीयजनोंके सम्बन्धसे प्राप्त होनेवाले बन्धनकी निवृत्ति-के लिये ही यहाँ स्वीकार किया जाता है। उसे ग्रहण करनेका और कोई कारण नहीं है ॥ ७ ॥ भक्तिमार्गमें कौण्डिन्य ऋषि और गोपिकाएँ गुरु हैं और उन्होंने जो साधन अपनाया था, वही साधन है। भावनासिद्ध भाव (भगवच्चिन्तनसे बढ़ा हुआ प्रगाढ़ अनुराग) ही यहाँ साधन है। उसके सिवा और कोई साधन अभीष्ट नहीं है ॥ ८ ॥ इस मार्गमें व्याकुलता, अस्वस्थता और प्रकृति—ये प्राकृत मनुष्योंके समान नहीं है। इस अवस्थामें रहनेवाले भक्तोंके लिये ज्ञान और लौकिक गुण साधनामें बाधक सिद्ध होते हैं ॥ ९ ॥ संन्यास-विशिष्ट ज्ञानसे सत्यलोकमें स्थिति होती है। जहाँ भावना (अनुरागयुक्त चिन्तन) साधन है, उस भक्तिमार्ग-में फल भी वैसा ही होता है। (प्रेमास्पद प्रभुकी प्राप्ति ही वहाँका परम फल है) ॥ १० ॥ पूर्वोक्त सन्यासविशिष्ट संन्यासी सत्यलोकमें ही प्रतिष्ठित होते हैं, इसमें संशय नहीं है। यदि बाहर प्रकट हुआ अपना आत्मा अग्निके समान भीतर प्रवेश करे तो उसी समय सारा बन्धन नष्ट हो जाता है—अन्यथा नहीं ॥ ११ ॥ भगवान्‌के गुण भक्तके जीवन-निर्वाहके लिये होते हैं। भगवान्‌के सङ्गसे रहित होनेके कारण भक्त उनके गुणोंका श्रवण-कीर्तन करके ही जीते हैं ॥ १२ ॥ भगवान् श्रीहरि फल-स्वरूप होनेके कारण इसमें बाधक नहीं होते। भगवान्‌से अपनी स्वस्थताके लिये प्रार्थना नहीं करनी चाहिये। भगवान् दयालु हैं, स्वयं ही सब कुछ करेंगे। वे अपनी दयालुताके विरुद्ध कुछ भी नहीं करते ॥ १३ ॥ यह भक्तिमार्गीय संन्यास दुर्लभ है। वह प्रेमसे ही सिद्ध होता है—अन्यथा नहीं। ज्ञानमार्गमें जो संन्यास है, वह दो प्रकारका है ॥१४॥

एक ज्ञानप्राप्तिके लिये संन्यास लिया जाता है (इसीको विविदिषा-संन्यास कहते हैं) और दूसरा ज्ञानका उत्तराङ्ग संन्यास है, जिसे विद्वत्-सन्यास भी कहते हैं। इस संन्यास-को सैकड़ों जन्मोंके पश्चात् सिद्धि प्राप्त होती है। श्रुतिमें यज्ञादिकी विधिका वर्णन होनेसे यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि ज्ञानको साधनकी अपेक्षा रहती है। (तात्पर्य यह है कि यज्ञ आदि कर्म अन्तःकरणकी शुद्धिद्वारा ज्ञान-प्राप्तिके साधन माने गये हैं) ॥ १५ ॥ अतः कलियुगमें संन्यास केवल पश्चात्तापके लिये ही होता है—अन्यथा नहीं। उससे पाखंडकी भी सम्भावना रहती है। अतः कलिकालमें दोषोंकी प्रबलता होनेके कारण ज्ञानमार्गमें संन्यास न लो, ऐसा ही निर्णय है।

भक्तिमार्गमें भी यदि दोष प्राप्त होते हों तब क्या करना चाहिये? इसके उत्तरमें कहते हैं—यहाँ आरम्भमें नाश नहीं होता—कोई बाधा नहीं आती। भक्तिमार्गमें किये हुए कर्म-के नष्ट या बाधित होनेका कोई उदाहरण भी नहीं मिलता। इसके सिवा, यहाँ लौकिक स्वास्थ्यके हेतुका परित्याग बताया गया है; अतः किसके द्वारा इसमें बाधा आनेकी सम्भावना हो सकती है ॥ १६–१८ ॥ औरोंकी तो बात ही क्या है? स्वयं भगवान् भी इसमें बाधा नहीं डाल सकते। अन्यथा यदि भगवान् ही अपने बालकोंके कार्यमें बाधा डालें, तब तो माताएँ कहीं भी अपने स्तनका दूध पिलाकर बच्चोंका पालन-पोषण ही न करें ॥ १९ ॥ ज्ञानियोंके वाक्यद्वारा भी भगवान् अपने भक्तको मोहमें नहीं डालेंगे। जो भक्तोंके

प्रियतम हैं और उन्हे अपने-आप तकको दे डालते हैं, वे भगवान् भला किसलिये भक्तोंको मोहमे डालेंगे ? ॥ २० ॥

अतः उपर्युक्त प्रकारसे व्यवस्थापूर्वक ही संन्यासका विधान करना चाहिये । अन्यथा संन्यासी अपने पुरुषार्थसे भ्रष्ट हो जाता है । यह मेरा निश्चित विचार है ॥ २१ ॥ इस प्रकार वल्लभने श्रीकृष्ण-कृपासे भक्तिमार्गमें ही संन्यासका वरण निश्चित किया है; अन्यथा (इसके विपरीत) संन्यास स्वीकार करनेवाला पुरुष पतित हो जाता है ॥ २२ ॥

(संन्यास-निर्णय सम्पूर्ण)

निरोधलक्षणम्

यच्च दुःखं यशोदाया नन्दादीनां च गोकुले । गोपिकानां तु यद् दुःखं तद् दुःखं स्यान्मम क्वचित् ॥ १ ॥
गोकुले गोपिकानां तु सर्वेषां व्रजवासिनाम् । यत् सुखं समभूत् तन्मे भगवान् किं विधास्यति ॥ २ ॥
उद्धवागमने जात उत्सवः सुमहान् यथा । वृन्दावने गोकुले वा तथा मे मनसि क्वचित् ॥ ३ ॥
महतां कृपया यद्वद् भगवान् दययिष्यति । तावदानन्दसंदोहः कीर्त्यमानः सुखाय हि ॥ ४ ॥
महतां कृपया यद्वत् कीर्तनं सुखदं सदा । न तथा लौकिकानां तु स्निग्धभोजनरूक्षवत् ॥ ५ ॥
गुणगाने सुखावाप्तिर्गोविन्दस्य प्रजायते । यथा तथा शुकादीनां नैवात्मनि कुतोऽन्यतः ॥ ६ ॥
क्लिश्यमानाञ् जनान् दृष्ट्वा कृपायुक्तो यदा भवेत् । सदा सर्वं सदानन्दं हृदिस्थं निर्गतं बहिः ॥ ७ ॥
सर्वानन्दमयस्यापि कृपानन्दः सुदुर्लभः । हृद्गतः स्वगुणाञ् श्रुत्वा पूर्णः प्लावयते जनान् ॥ ८ ॥
तस्मात् सर्वं परित्यज्य निरुद्धैः सर्वदा गुणाः । सदानन्दपरैर्गेयाः सच्चिदानन्दता ततः ॥ ९ ॥
अहं निरुद्धो रोधेन निरोधपदवीं गतः । निरुद्धानां तु रोधाय निरोधं वर्णयामि ते ॥१०॥
हरिणा ये विनिर्मुक्तास्ते मग्ना भवसागरे । ये निरुद्धास्त एवात्र मोदमायान्त्यहर्निशम् ॥११॥
संसारावेशदुष्टानामिन्द्रियाणां हिताय वै । कृष्णस्य सर्ववस्तूनि भूम्न ईशस्य योजयेत् ॥१२॥
गुणेष्वाविष्टचित्तानां सर्वदा मुरवैरिणः । संसारविरहक्लेशौ न स्यातां हरिवत् सुखम् ॥१३॥
तदा भवेद् दयालुत्वमन्यथा क्रूरता मता । बाधशङ्कापि नास्त्यत्र तदभ्यासोऽपि सिध्यति ॥१४॥
भगवद्धर्मसामर्थ्याद् विरागो विषये स्थिरः । गुणैर्हरेः सुखस्पर्शान्न दुःखं भाति कर्हिचित् ॥१५॥
एवं ज्ञात्वा ज्ञानमार्गादुत्कर्षो गुणवर्णने । अमत्सरैरलुब्धैश्च वर्णनीयाः सदा गुणाः ॥१६॥
हरिमूर्तिः सदा ध्येया संकल्पादपि तत्र हि । दर्शनं स्पर्शनं स्पष्टं तथा कृतिगती सदा ॥१७॥
श्रवणं कीर्तनं स्पष्टं पुत्रे कृष्णप्रिये रतिः । पायोर्मलांशत्यागेन शेषभागं तनौ नयेत् ॥१८॥
यस्य वा भगवत्कार्यं यदा स्पष्टं न दृश्यते । तदा विनिग्रहस्तस्य कर्तव्य इति निश्चयः ॥१९॥
नातः परतरो मन्त्रो नातः परतरः स्तवः । नातः परतरा विद्या तीर्थं नातः परात् परम् ॥२०॥

॥ इति श्रीमद्वल्लभाचार्यविरचितं निरोधलक्षणं सम्पूर्णम् ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

जब व्रजेन्द्रनन्दन भगवान् श्यामसुन्दर गोकुलसे मथुरा जाने लगे, उस समय यशोदा मैयाको, नन्द आदि गोपोंको और समस्त गोप-सुन्दरियोंको जो विरहके महान् दुःखका अनुभव हुआ था, क्या वैसा ही दुःख कभी मेरे अनुभवमें भी आ सकता है ? ॥ १ ॥ गोकुलमें गोपाङ्गनाओं तथा समस्त व्रजवासियोंने भगवान्के जिस सानिध्य-सुखका आस्वादन किया था; क्या वही सुख कभी भगवान् मुझे भी देंगे ? ॥ २ ॥ श्रीवृन्दावन अथवा गोकुलमें उद्धवजीके पधारनेपर प्रत्येक घरमें जैसा महान् उत्सव छा गया था, क्या वैसा-ही उत्सव या उत्साह कभी मेरे मनमें भी होगा ? ॥ ३ ॥ महात्मा पुरुषोंकी कृपासे दयासिन्धु भगवान् जबतक अपने ऊपर दया करेंगे, तबतक उन आनन्दसंदोह-स्वरूप प्रभुका संकीर्तन ही अपने लिये सुखकर होगा ॥ ४ ॥ महात्माओंकी कृपासे भगवान्के नाम, गुण और लीलाओंका कीर्तन जैसा सुखद जान पड़ता है, वैसा लौकिक मनुष्योंके चरित्रका वर्णन नहीं । घीसे स्निग्ध भोजन और रूखे भोजनमें जो

अन्तर है, वही भगवच्चरित्र और लौकिक पुरुषोंके चरित्रके कीर्तनमें है ॥ ५ ॥ शुक आदि महात्माओंको गोविन्दके गुणगानमें जैसा सुख मिलता है, वैसा आत्मचिन्तनमें भी नहीं मिलता; फिर अन्य किसी साधनसे तो मिल ही कैसे सकता है ? ॥ ६ ॥ भक्तजनोंको अपनी प्राप्तिके लिये क्लेश उठाते देख जब भगवान् कृपापरवश हो जाते हैं, उस समय हृदय-के भीतरका सम्पूर्ण सत्स्वरूप आनन्द बाहर प्रकट हो जाता है ॥ ७ ॥ प्रभु पूर्णानन्दघन-रूप हैं, तो भी उनका कृपानन्द अत्यन्त दुर्लभ है । वे हृदयके भीतर बैठे-बैठे जब अपने गुणोंको सुनते हैं, तब वे पूर्ण परमात्मा उन भक्त-जनोंको आनन्द-सिन्धुमें आप्लावित कर देते हैं ॥ ८ ॥ इसलिये सदानन्द-स्वरूप प्रभुकी आराधनामें तत्पर भक्तोंको चाहिये कि वे अपनी चित्त-वृत्तियोंके निरोधपूर्वक सदा सबकी आसक्ति छोड़कर प्रभुके गुणोंका निरन्तर गान करें । इससे सच्चिदा-नन्दस्वरूपताकी प्राप्ति होती है ॥ ९ ॥ मैं इन्द्रिय-निग्रह-पूर्वक भगवान्‌में निरुद्ध (आसक्त) हो निरोधमार्गको प्राप्त हुआ हूँ । अतः जो संसारमें निरुद्ध (आसक्त) हैं, उनका भगवत्स्वरूपमें निरोध (स्थापन) करनेके लिये मैं निरोध-का स्वरूप बता रहा हूँ ॥ १० ॥ भगवान्‌ने जिन्हें छोड़ दिया है, वे भवसागरमें डूबे हुए हैं और जिनको उन्होंने अपनेमें निरुद्ध कर लिया है, वे ही यहाँ निरन्तर आनन्द-मग्न रहते हैं ॥ ११ ॥ संसारके आवेशसे दूषित इन्द्रियोंके हितके लिये सम्पूर्ण वस्तुओंका सर्वव्यापी जगदीश्वर भगवान् श्रीकृष्णके साथ सम्बन्ध जोड़ दे ॥ १२ ॥ जिनका चित्त सदा मुरारि भगवान् श्रीकृष्णके गुणोंमें आसक्त है, उन्हें संसार-बन्धन और भगवद्विरहके क्लेश नहीं प्राप्त होते । वे साक्षात् श्रीहरि-के ही तुल्य सुख पाते हैं ॥ १३ ॥ ऐसी व्यवस्था होनेपर ही भगवान्‌में दयालुता मानी गयी है; अन्यथा क्रूरता ही मानी जाती । यहाँ बाधकी शङ्का भी नहीं है । भगवान्‌में किया हुआ अभ्यास (आरोप) भी सफल होता है ॥ १४ ॥ भगवद्धर्मकी शक्तिसे विषयोंमें स्थिर विराग उत्पन्न होता है । भगवद्गुणोंके गानेसे जो सुख प्राप्त होता है, उससे कभी किसी दुःखका पता ही नहीं चलता ॥ १५ ॥ इस प्रकार ज्ञान-मार्गकी अपेक्षा भगवद्गुणगानके मार्गमें अधिक उत्कर्षकी प्राप्ति होती है । इसीलिये मत्सरता और लोभ छोड़कर सदा श्रीहरिके गुणोंका कीर्तन करना चाहिये ॥ १६ ॥ मानसिक संकल्पसे भी भगवन्मूर्तिका सदा ध्यान करते रहना चाहिये । उस मूर्तिमें दर्शन, स्पर्श, कृति और गति आदिकी सदा स्पष्ट भावना करनी चाहिये ॥ १७ ॥ भगवद्गुणोंका श्रवण और कीर्तन तो स्पष्टरूपसे करना उचित है । श्रीकृष्णप्रेमी पुत्रका जन्म हो, इस उद्देश्यसे ही स्त्री-सहवास करे (अथवा श्रीकृष्ण-प्रेमी पुत्रपर ही प्रीति या अनुराग रक्खे) । पायु (गुदा) आदिके मलादिको छोड़कर शरीरके शेष सभी भागोंको भगवान्‌की सेवामें लगा दे ॥ १८ ॥ जिस इन्द्रियके द्वारा जब भगवत्सम्बन्धी कार्य होता स्पष्ट न दिखायी दे, उस समय उस इन्द्रियको अवश्य वशमें करके भगवत्सेवामें नियुक्त रखना चाहिये, यही निश्चय है ॥ १९ ॥ इससे बढ़कर कोई मन्त्र नहीं है । इससे श्रेष्ठ कोई स्तोत्र नहीं है । इससे बड़ी कोई विद्या नहीं है और इससे बढ़कर कोई परात्पर तीर्थ नहीं है ॥ २० ॥

(निरोधलक्षण सम्पूर्ण)

सेवाफलम्

यादृशी सेवना प्रोक्ता तत्सिद्धौ फलमुच्यते । अलौकिकस्य दाने हि चाद्यः सिध्येन्मनोरथः ॥ १ ॥
फलं वा ह्यधिकारो वा न कालोऽत्र नियामकः । उद्वेगः प्रतिबन्धो वा भोगो वा स्यात् तु बाधकम् ॥ २ ॥
अकर्तव्यं भगवतः सर्वथा चेद् गतिर्न हि । यथा वा तत्त्वनिर्धारो विवेकः साधनं मतम् ॥ ३ ॥
बाधकानां परित्यागो भोगेऽप्येकं तथापरम् । निष्पत्यूहं महान् भोगः प्रथमे विशते सदा ॥ ४ ॥
सविघ्नोऽल्पो घातकः स्याद् बलादेतौ सदा मतौ । द्वितीये सर्वथा चिन्ता त्याज्या संसारनिश्चयात् ॥ ५ ॥
नन्वाद्ये दातृता नास्ति तृतीये बाधकं गृहम् । अवश्येयं सदा भाव्या सर्वमन्यन्मनोभ्रमः ॥ ६ ॥
तदीयैरपि तत्कार्यं पुष्टौ नैव विलम्बयेत् । गुणश्लोभेऽपि द्रष्टव्यमेतदेवेति मे मतिः ॥ ७ ॥
कुसृष्टिरत्र वा काचिदुत्पद्येत स वै भ्रमः ॥ ८ ॥

॥ इति श्रीमद्वल्लभाचार्यविरचितं सेवाफलं सम्पूर्णम् ॥

(अनुवादक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री)

भगवान्‌की सेवाका जैसा स्वरूप कहा गया है, उसके सिद्ध हो जानेपर तदनुकूल फल बताया जाता है। अलौकिक फल-के दान (या समर्पण) से साधकके प्रधान मनोरथकी सिद्धि होती है ॥ १ ॥ भगवत्सेवाके फल या अधिकारके विषयमें कालका कोई नियन्त्रण नहीं है। उद्वेग, प्रतिबन्ध अथवा भोग—यही सेवामें बाधक होता है ॥ २ ॥ उद्वेग तभी होता है, जब भगवान्‌को सर्वथा वह सेवा न करानी हो अथवा उसका फल न देना हो; उस दशामें तो उस सेवाको सम्पन्न करनेका कोई उपाय भी नहीं है। अथवा उद्वेग-दशामें भी तत्त्वका निश्चय और विवेक—ये सेवाके साधन माने गये हैं ॥ ३ ॥ प्रतिबन्धकोंका परित्याग (निवारण) भी आवश्यक है। भोगके दो भेद हैं—एक लौकिक और दूसरा अलौकिक। इनमें भी पहला ही त्याज्य है। दूसरा विघ्न-रहित है, उससे सेवामें कोई बाधा नहीं आती। महान् अर्थात् अलौकिक भोग सदा सेवाके प्रधान फलकी श्रेणीमें आता है; अतः उससे उसका कोई विरोध नहीं है ॥ ४ ॥ अल्प अर्थात् लौकिक भोग विघ्नयुक्त होनेके कारण सेवामें बाधक होता है। ये दोनों—उद्वेग और प्रतिबन्ध सदा बल-पूर्वक विघ्नकारक माने गये हैं। प्रतिबन्धरूप द्वितीय बाधकके विषयमें सर्वथा चिन्ता त्याग देनी चाहिये; क्योंकि उसके होने-पर संसार-बन्धनका होना निश्चित है (अतः अवश्यम्भावी परिणामके लिये चिन्ता करना व्यर्थ है) ॥ ५ ॥ आदि बाधक उद्वेगके होनेपर यह समझना चाहिये कि भगवान्‌को इस समय सेवाका फल देनेकी इच्छा नहीं है, तीसरी श्रेणीके बाधक भोगकी उपस्थिति होनेपर घर ही भगवत्सेवामें बाधक होता है। इन सब बातोंपर अवश्य विचार करना चाहिये। इससे भिन्न जो कुछ कहा गया है, वह मनका भ्रम है ॥ ६ ॥ भगवदीय जनोंको भगवत्सेवन निरन्तर करते रहना चाहिये। भगवान् अनुग्रहमें कभी विलम्ब नहीं कर सकते। त्रिगुणात्मक विषयोंके द्वारा क्षोभ होनेपर भी इन्हीं उपर्युक्त बातोंपर दृष्टि रखनी चाहिये। यही मेरा मत है। यदि इस विषयमें किसीके द्वारा कोई विपरीत कल्पना या कुतर्क उपस्थित किया गया तो निश्चय ही वह भी भ्रम है ॥ ७-८

(सेवाफल सम्पूर्ण)

श्रीदामोदराष्टकम्

नमामीश्वरं सच्चिदानन्दरूपं लसत्कुण्डलं गोकुले भ्राजमानम्।
यशोदाभियोलूखलाद्धावमानं परामृष्टमत्यन्ततो द्रुत्य गोप्या ॥ १ ॥
रुदन्तं मुहुर्नेत्रयुग्मं मृजन्तं कराम्भोजयुग्मेन सातङ्कनेत्रम्।
मुहुः श्वासकम्पत्रिरेखाङ्ककण्ठस्थितग्रैवदामोदरं भक्तिबद्धम् ॥ २ ॥
इतीदृक् स्वलीलाभिरानन्दकुण्डे स्वघोषं निमज्जन्तमाख्यापयन्तम्।
तदीयेशितव्येषु भक्तैर्जितत्वं पुनः प्रेमतस्तं शतावृत्ति वन्दे ॥ ३ ॥
वरं देव मोक्षं न मोक्षावधिं वा न चान्यं वृणेऽहं वरेशादपीह।
इदं ते वपुर्नाथ गोपालबालं सदा मे मनस्याविरास्तां किमन्यैः ॥ ४ ॥
इदं ते मुखाम्भोजमव्यक्तनीलैर्वृतं कुन्तलैः स्निग्धरक्तैश्च गोप्या।
मुहुश्चुम्बितं बिम्बरक्ताधरं मे मनस्याविरास्तामलं लक्षलाभैः ॥ ५ ॥
नमो देव दामोदरानन्त विष्णो प्रसीद प्रभो दुःखजालाब्धिमग्नम्।
कृपादृष्टिवृष्ट्यातिदीनं बतानुगृहाणेश मामज्ञमेध्यक्षिदृश्यः ॥ ६ ॥
कुबेरात्मजौ बद्धमूर्त्यैव यद्वत् त्वया मोचितौ भक्तिभाजौ कृतौ च।
तथा प्रेमभक्तिं स्वकां मे प्रयच्छ न मोक्षे ग्रहो मेऽस्ति दामोदरेह ॥ ७ ॥
नमस्तेऽस्तु दाम्ने स्फुरद्दीप्तिधाम्ने त्वदीयोदरायाथ विश्वस्य धाम्ने।
नमो राधिकायै त्वदीयप्रियायै नमोऽनन्तलीलाय देवाय तुभ्यम् ॥ ८ ॥

॥ इति श्रीसत्यव्रतमुनिप्रोक्तं श्रीदामोदराष्टकं सम्पूर्णम् ॥

जिनके कानोंमें मकराकृत कुण्डल सुशोभित हैं, जो गोकुलमें अपनी अलौकिक प्रभाका प्रसार करते हुए माँ यशोदाके भयसे छीकेपर रक्खे हुए माखनको चुरानेका प्रयत्न छोड़कर उलटाये हुए ऊखलपरसे भाग छूटते हैं और जिन्हे उसी दशामें नन्दरानी वेगपूर्वक दौड़कर पकड़ लेती हैं, उन सच्चिदानन्द-विग्रह सर्वेश्वर श्रीकृष्णकी मैं वन्दना करता हूँ ॥ १ ॥ जननीके तर्जनसे भयभीत होकर रोते हुए वे बार-बार अपने दोनों सभीत नेत्रोंको युगल हस्तकमलोंसे मसल रहे हैं। बार-बार सुबकनेके कारण जिनके त्रिरेखायुक्त कण्ठमे पड़ी हुई मोतियोकी माला कम्पित हो रही है । माता यशोदाने अपनी अनुपम भक्तिके बलसे उनकी कमरको रस्सीसे बाँध दिया है। इस प्रकार अपने दामोदर नामको चरितार्थ करते हुए श्रीनन्दनन्दनको मै प्रणाम करता हूँ ॥ २ ॥ जो अपनी ऐसी-ऐसी लीलाओंके द्वारा गोकुलवासियोंको आनन्दसरोवरमें निमग्न करते तथा अपने दासोंपर इस प्रकार अपनी भक्तपरवशता प्रकट करते रहते हैं, उन लीला-विहारी प्रभुकी मैं पुनः प्रेम-पूर्वक शत-शत वन्दना करता हूँ ॥ ३ ॥ हे देव ! यद्यपि आप वर देनेमे सब प्रकार समर्थ हैं, फिर भी मैं आपसे वररूपमें न तो मोक्षकी याचना करता हूँ और न मोक्षकी परम अवधिरूप श्रीवैकुण्ठादि लोकोकी प्राप्ति ही चाहता हूँ। न मैं इस जगत्से सम्बन्ध रखनेवाला कोई दूसरा वरदान ही आपसे माँगता हूँ । मैं तो आपसे इतनी ही कृपाकी भीख माँगता हूँ कि नाथ ! आपका यह बाल-गोपाल-रूप ही निरन्तर मेरी चित्तभूमिपर अवस्थित रहे; मुझे और वस्तुओंसे क्या प्रयोजन है ॥ ४ ॥ अत्यन्त नीलवर्ण, सुचिक्कण एवं कुछ-कुछ लालिमा लिये हुए घुँघराले बालोंसे घिरा हुआ तथा नन्दरानी यशोदाके द्वारा बार-बार चूमा हुआ तुम्हारा कमल-सा मुखड़ा तथा पके हुए बिम्बफल-सदृश लाल-लाल अधर-पल्लव मेरे मानस-पटलपर सदा थिरकते रहें; मुझे लाखो प्रकारके दूसरे लाभोसे कोई प्रयोजन नहीं है ॥५॥ हे देव ! हे दामोदर ! हे अनन्त ! हे विष्णो ! तुम्हे प्रणाम है। प्रभो ! मुझपर प्रसन्न होओ एव दुःखसमूहरूप समुद्रमे डूबे हुए मुझ अति दीन एव अज्ञ प्राणीको कृपादृष्टि-की वर्षासे निहाल कर दो और हे स्वामिन् ! तुम सदा ही मेरे नेत्रगोचर बने रहो ॥ ६ ॥ हे दामोदर ! जिस प्रकार तुमने अपने दामोदररूपसे ही ऊखलमे बँधे रहकर कुबेरके यमज पुत्रोका वृक्षयोनिसे उद्धार तो किया ही, साथ-ही-साथ उन्हे अपना भक्त भी बना लिया, उसी प्रकार मुझे भी अपनी प्रेमभक्तिका दान करो । मेरा मोक्षके लिये तनिक भी आग्रह नही है ॥ ७ ॥ जगमगाते हुए प्रकाशपुञ्जसदृश उस रज्जुको प्रणाम है ! सम्पूर्ण विश्वके आधारभूत तुम्हारे उदरको भी नमस्कार है; तुम्हारी प्रियतमा श्रीराधारानीके चरणोमें मेरा बार-बार प्रणाम है और अनन्त लीलामय देवाधिदेव तुमको भी मेरा शत-शत प्रणाम है ॥ ८ ॥

(श्रीदामोदराष्टक सम्पूर्ण)

श्रीजगन्नाथाष्टकम्

कदाचित् कालिन्दीतट-विपिन-संगीत-तरलो मुदाभीरी-नारी-वदन-कमलास्वाद-मधुपः ।
रमा-शम्भु-ब्रह्मामरपतिगणेशार्चितपदो जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे ॥ १ ॥
भुजे सव्ये वेणुं शिरसि शिखिपिच्छं कटितटे दुकूलं नेत्रान्ते सहचर-कटाक्षं विदधते ।
सदा श्रीमद्वृन्दावन-वसति-लीला-परिचयो जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे ॥ २ ॥
महाम्भोधेस्तीरे कनकरुचिरे नीलशिखरे वसन् प्रासादान्तः सहजबलभद्रेण बलिना ।
सुभद्रामध्यस्थः सकलसुरसेवावसरदो जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे ॥ ३ ॥
कृपापारावारः सजलजलदश्रेणिरुचिरो रमावाणीरामः स्फुरदमलपङ्केरुहमुखः ।
सुरेन्द्रैराराध्यः श्रुतिगणशिखागीतचरितो जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे ॥ ४ ॥
रथारूढो गच्छन् पथि मिलितभूदेवपटलैः स्तुतिप्रादुर्भावं प्रतिपदमुपाकर्ण्य सदयः ।
दयासिन्धुर्बन्धुः सकलजगतां सिन्धु-सदयो जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे ॥ ५ ॥
परब्रह्मापीडः कुवलयदलोत्फुल्लनयनो निवासी नीलाद्रौ निहितचरणोऽनन्तशिरसि ।
रसानन्दी राधा-सरसवपुरालिङ्गनसुखो जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे ॥ ६ ॥

न वै याचे राज्यं न च कनकमाणिक्यविभवं न याचेऽहं रम्यं सकलजनकाम्यं वरवधूम् ।
सदा काले काले प्रमथपतिना गीतचरितो जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे ॥ ७ ॥
हर त्वं संसारं द्रुततरमसारं सुरपते ! हर त्वं पापानां विततिमपरां यादवपते ! ।
अहो दीनेऽनाथे निहितचरणो निश्चितमिदं जगन्नाथः स्वामी नयनपथगामी भवतु मे ॥ ८ ॥
जगन्नाथाष्टकं पुण्यं यः पठेत् प्रयतः शुचिः । सर्वपापविशुद्धात्मा विष्णुलोकं स गच्छति ॥ ९ ॥

॥ इति श्रीगौरचन्द्रमुखपद्मविनिर्गतं श्रीश्रीजगन्नाथाष्टक सम्पूर्णम् ॥

जो कभी श्रीयमुनाके तटवर्ती वनमें गायन-रत होकर अत्यन्त चञ्चल रहते हैं और कभी भ्रमरके समान आभीरनारियोंके मुखारविन्दका आनन्दपूर्वक आस्वादन करते हैं तथा श्रीलक्ष्मीजी, भगवान् शंकर, सृष्टिकर्ता ब्रह्मा, देवराज इन्द्र और श्रीगणेशजी जिनके चरणोका अर्चन करते हैं, वे मेरे स्वामी जगन्नाथजी कृपापूर्वक मेरे नयनगोचर हों ॥ १ ॥

जो बाये हाथमे वशी, मस्तकपर मोरपंख, कटितटमें पीताम्बर तथा नेत्रोंके प्रान्तमे सखाओंके प्रति कटाक्षपूर्ण दृष्टि धारण करते हैं, जो सदा-सर्वदा निरतिशय शोभाशाली वृन्दावनधाममें ही निवास करते हैं तथा वही जिनकी विविध लीलाओका परिचय होता है, वे मेरे स्वामी जगन्नाथजी कृपापूर्वक मेरे नेत्रपथमे प्रकट हो ॥ २ ॥

जो महासागरके तटपर स्वर्णकी-सी कान्तिवाले नीलाचल-पर दिव्यातिदिव्य प्रासादमे अपने अग्रज महाबली श्रीबलभद्रजी एवं बहिन सुभद्राके बीचमे विराजमान रहकर समस्त देव-वृन्दोंको अपनी पुनीत सेवाका शुभ अवसर प्रदान करते हैं, वे जगन्नाथ स्वामी सदा मेरे नेत्रोंके सम्मुख रहे ॥ ३ ॥

जो कृपाके सागर हैं, जिनकी छटा सजल मेघोंकी घटाको मात करती है, जो अपनी गृहिणियों श्रीलक्ष्मी तथा सरस्वतीको आनन्दित करते रहते हैं, जिनका श्रीमुख देदीप्यमान निर्मल कमलकी शोभाको धारण करता है, बड़े-बड़े देवताओके द्वारा जो आराधन किये जाने योग्य है तथा श्रुतियोंके शीर्षस्थानीय उपनिषदोंमे जिनके पावन चरित्रोंका गान किया गया है, वे मेरे प्रभु श्रीजगन्नाथजी सदा मुझे दर्शन देते रहे ॥ ४ ॥

जो रथयात्राके समय मार्गमें एकत्रित हुए भूसुरवृन्दोंके द्वारा किये हुए स्तवनको सुनकर पद-पदपर दयासे द्रवित होते रहते हैं, वे दयासागर, निखिल ब्रह्माण्डोंके बन्धु एवं समुद्रपर कृपा करके उसके तटपर निवास करनेवाले श्रीजगन्नाथ स्वामी मेरे नयनोंके अतिथि बनें ॥ ५ ॥

साक्षात् परब्रह्म ही जिनके मस्तकपर भूषणरूपमें विद्यमान हैं, जिनके नेत्र खिले हुए कमलके समान सुन्दर हैं, जो नीलाचलपर भक्तोको सुख देनेके लिये निवास करते हैं तथा जो शेषशायीरूपसे भगवान् अनन्तके मस्तकपर चरण रखे रहते हैं और प्रेमानन्दमय विग्रहसे श्रीराधाके रसमय शरीरके आलिङ्गनका अनुपम सुख लूटते रहते है, वे मेरे प्रभु श्रीजगन्नाथजी निरन्तर मेरे नेत्रोको आनन्दित करते रहे ॥ ६ ॥

न तो मैं राज्यकी ही याचना करता हूँ और न स्वर्ण एव माणिक्यादि रत्नोके वैभवकी ही प्रार्थना करता हूँ । जिसे सब लोग चाहते हो, ऐसी सुन्दरी एवं श्रेष्ठ रमणीकी भी मुझे कामना नही है; मै तो केवल यही चाहता हूँ कि भगवान् भूतपति समय-समयपर जिनके निर्मल चरित्रोंका गान करते रहते है वे मेरे प्रभु श्रीजगन्नाथजी सदा-सर्वदा मेरे नेत्रोके सम्मुख नाचते रहे ॥ ७ ॥

हे सुरेश्वर ! शीघ्रातिशीघ्र इस असार-संसारको मेरे नेत्रोंके सामनेसे हटा दो । हे यदुनाथ ! मेरे पापोंकी अमित राशिको भस्म कर दो । अरे ! यह ध्रुव सत्य है कि मेरे स्वामी दीन-अनाथोंको अपने श्रीचरणोका प्रसाद अवश्य देते हैं । वे ही श्रीजगन्नाथजी मेरे नेत्रोंको भी दर्शनसे कृतार्थ करें ॥ ८ ॥

इस पवित्र श्रीजगन्नाथाष्टकका जो एकाग्रचित्त एवं पवित्र होकर पाठ करता है उसके अन्तःकरणके समस्त पाप धुल जाते हैं और अन्तमे उसे विष्णुलोककी प्राप्ति होती है ॥ ९ ॥

(श्रीजगन्नाथाष्टक सम्पूर्ण)

श्रीमुकुन्दमुक्तावली

नवजलधरवर्ण चम्पकोद्भासिकर्णं विकसितनलिनास्यं विस्फुरन्मन्दहास्यम् ।
कनकरुचिदुकूलं चारुबर्हावचूलं कमपि निखिलसारं नौमि गोपीकुमारम् ॥ १ ॥
मुखजितशरदिन्दुः केलिलावण्यसिन्धुः करविनिहितकन्दुः वल्लवीप्राणबन्धुः ।
वपुरुपसृतरेणुः कक्षनिक्षिप्तवेणुः वचनवशगधेनुः पातु मां नन्दसूनुः ॥ २ ॥
ध्वस्तदुष्टशङ्खचूड वल्लवीकुलोपगूढ भक्तमानसाधिरूढ नीलकण्ठपिच्छचूड ।
कण्ठलम्बिमञ्जुगुञ्ज केलिलब्धरम्यकुञ्ज कर्णवर्तिफुल्लकुन्द पाहि देव मां मुकुन्द ॥ ३ ॥
यज्ञभङ्गरुष्टशक्र नुन्नघोरमेघचक्र वृष्टिपूर खिन्नगोपवीक्षणोपजातकोप ।
क्षिप्रसव्यहस्तपद्म धारितोच्चशैलसद्मगुप्तगोष्ठ रक्ष रक्ष मां तथाद्य पङ्कजाक्ष ॥ ४ ॥
मुक्ताहारं दधदुडुचक्राकारं सारं गोपीमनसि मनोजारोपी ।
कोपी कंसे खलनिकुरम्बोत्तंसे वंशे रङ्गी दिशतु रतिं नः शार्ङ्गी ॥ ५ ॥
लीलोद्दामा जलधरमाला श्यामा क्षामाः कामादभिरचयन्ती रामाः ।
सा मामव्यादखिलमुनीनां स्तव्या गव्यापूर्तिः प्रभुरघशत्रोर्मूर्तिः ॥ ६ ॥
पर्ववर्तुलशर्वरीपतिगर्वरीतिहराननं नन्दनन्दनमिन्दिराकृतवन्दनं धृतचन्दनम् ।
सुन्दरीरतिमन्दिरीकृतकन्दरं धृतमन्दरं कुण्डलद्युतिमण्डलप्लुतकन्धरं भज सुन्दरम् ॥ ७ ॥
गोकुलाङ्गणमण्डनं कृतपूतनाभवमोचनं कुन्दसुन्दरदन्तमम्बुजवृन्दवन्दितलोचनम् ।
सौरभाकरफुल्लपुष्करविस्फुरत्करपल्लवं दैवतव्रजदुर्लभं भज वल्लवीकुलवल्लभम् ॥ ८ ॥
तुण्डकान्तिदण्डितोरुपाण्डुरांशुमण्डलं गण्डपालिताण्डवालिशालिरत्नकुण्डलम् ।
फुल्लपुण्डरीकषण्डकल्पमाल्यमण्डनं चण्डबाहुदण्डमत्र नौमि कंसखण्डनम् ॥ ९ ॥
उत्तरङ्गदङ्गरागसंगमातिपिङ्गलस्तुङ्गयष्टिसङ्गिपाणिरङ्गनालिमङ्गलः ।
दिग्विलासिमल्लिहासिकीर्त्तिवल्लिपल्लवस्त्वां स पातु फुल्लचारुचिल्लिरद्य वल्लवः ॥ १० ॥

इन्द्रनिवारं व्रजपतिवारं निर्धुतवारं हृतघनवारम् ।
रक्षितगोत्रं प्रीणितगोत्रं त्वां धृतगोत्रं नौमि सगोत्रम् ॥ ११ ॥
कंसमहीपतिहृद्व्रतशूलं संततसेवितयामुनकूलम् ।
वन्दे सुन्दरचन्द्रकचूलं त्वामहमखिलचराचरमूलम् ॥ १२ ॥
मलयजरुचिरस्तनुजितमुदिरः पालितविबुधस्तोषितवसुधः ।
मामतिरसिकः केलिभिरधिकः सितसुभगरदः कृपयतु वरदः ॥ १३ ॥
उररीकृतमुरलीरुतभङ्गं नवजलधरकिरणोल्लसदङ्गम् ।
युवतिहृदयधृतमदनतरङ्गं प्रणमत यामुनतटकृतरङ्गम् ॥ १४ ॥
नवाम्भोदनीलं जगत्तोषिशीलं मुखासङ्गिवंशं शिखण्डावतंसम् ।
करालम्बिवेत्रं वराम्भोजनेत्रं धृतस्फीतगुञ्जं भजे लब्धकुञ्जम् ॥ १५ ॥
हृतक्षोणिभारं कृतक्लेशहारं जगद्गीतसारं महारत्नहारम् ।
मृदुश्यामकेशं लसद्वन्यवेशं कृपाभिनदेशं भजे वल्लवेशम् ॥ १६ ॥

उल्लसद्वल्लवीवाससां तस्करस्तेजसा निर्जितप्रस्फुरद्भास्करः ।
पीनदोःस्तम्भयोरुल्लसद्चन्दनः पातु वः सर्वतो देवकीनन्दनः ॥ १७ ॥

संसृतेस्तारकं तं गवां चारकं वेणुना मण्डितं क्रीडने पण्डितम् ।
धातुभिर्वेषिणं दानवद्वेषिणं चिन्तय स्वामिनं वल्लवीकामिनम् ॥ १८ ॥

उपात्तकवलं परागशबलं सदेकशरणं सरोजचरणम् ।
अरिष्टदलनं विकृष्टललनं नमामि समहं सदैव तमहम् ॥ १९ ॥
विहारसदनं मनोज्ञरदनं प्रणीतमदनं शशाङ्कवदनम् ।
उरःस्थकमलं यशोभिरमलं करात्तकमलं भजस्व तमलम् ॥ २० ॥
दुष्टध्वंसः कर्णिकारावतंसः खेलद्वंशीपञ्चमध्वानशंसी ।
गोपीचेतः केलिभङ्गीनिकेतः पातु स्वैरी हन्त वः कंसवैरी ॥ २१ ॥
वृन्दाटव्यां केलिमानन्दनव्यां कुर्वन्नारी चित्तकन्दर्पधारी ।
नर्मोद्गारी मां दुकूलापहारी नीपारूढः पातु बर्हावचूडः ॥ २२ ॥
रुचिरनखे रचय सखे वलितरतिं भजनततिम् ।
त्वमविरतिस्त्वरितगतिर्नतशरणे हरिचरणे ॥ २३ ॥
रुचिरपटः पुलिननटः पशुपगतिर्गुणवसतिः ।
स मम शुचिर्जलदरुचिर्मनसि परिस्फुरतु हरिः ॥ २४ ॥
केलिविहितयमलार्जुनभञ्जन सुललितचरितनिखिलजनरञ्जन ।
लोचननर्त्तनजितचलखञ्जन मां परिपालय कालियगञ्जन ॥ २५ ॥
भुवनविसृत्वरमहिमाडम्बर विरचितनिखिलखलोत्कर संवर ।
वितर यशोदातनय वरं वरमभिलषितं मे धृतपीताम्बर ॥ २६ ॥
चिकुरकरम्बितचारुशिखण्डं भालविनिर्जितवरशशिखण्डम् ।
रदरुचिनिर्धुतमुद्रितकुन्दं कुरुत बुधा हृदि सपदि मुकुन्दम् ॥ २७ ॥
यः परिरक्षितसुरभीलक्षस्तदपि च सुरभीमर्दनदक्षः ।
मुरलीवादनखुरलीशाली स दिशतु कुशलं तव वनमाली ॥ २८ ॥
रमितनिखिलडिम्बे वेणुपीतोष्ठबिम्बे हतखलनिकुरम्बे बल्लवीदत्तचुम्बे ।
भवतु महितनन्दे तत्र वः केलिकन्दे जगदविरलतुन्दे भक्तिरुर्वी मुकुन्दे ॥ २९ ॥
पशुपयुवतिगोष्ठी चुम्बितश्रीमदोष्ठी स्मरतरलितदृष्टिर्निर्मितानन्दवृष्टिः ।
नवजलधरधामा पातु वः कृष्णनामा भुवनमधुरवेशा मालिनी मूर्त्तिरेषा ॥ ३० ॥

॥ इति श्रीमद्रूपगोस्वामिविरचिता श्रीमुकुन्दमुक्तावली सम्पूर्णा ॥

जिनका वर्ण नवीन जलधरके समान है, जिनके कानोंमें चम्पाके फूल सुशोभित हैं, खिले हुए पद्मके समान जिनका मुख है, जिसपर मन्दहास्य सदा खेलता रहता है, जिनके वस्त्रकी कान्ति स्वर्णके समान है, जो मस्तकपर मोरमुकुट धारण किये रहते हैं, उन सबके साररूप श्रीयशोदाकुमारका मैं स्तवन करता हूँ ॥ १ ॥

जिनके मुखकी अनुपम शोभा शरद्ऋतुके पूर्ण चन्द्रका पराभव करती है, जो क्रीडारस एवं लावण्यके समुद्र हैं, जो हाथमें कन्दुक लिये रहते हैं तथा गोपियोंके प्राणबन्धु हैं, जिनका मङ्गलविग्रह गोधूलिसे धूसरित रहता है, जो बगलमें वंशी लिये रहते हैं और गौएँ जिनकी वाणीके वशीभूत रहती हैं, वे नन्दनन्दन मेरी रक्षा करें ॥ २ ॥

हे मुकुन्द ! आपने शङ्खचूड-जैसे दुष्टका बात-की-बातमें संहार कर दिया । भाग्यवती गोपरमणियाँ बड़े ही प्रेमसे आपको हृदयसे लगाती हैं । भक्तोंकी मानस-भूमिपर आप सदा ही आरूढ़ रहते हैं । मयूरपिच्छके द्वारा आप अपने केशपाशको सजाये रहते हैं । आपके कण्ठदेशमें मनोहर गुञ्जाओंके हार लटकते रहते हैं । अपनी रसमयी क्रीड़ाओंके लिये आप रमणीय

कुञ्जोंका आश्रय लेते हैं और अपने कानोंमें खिले हुए कुन्दके फूल खोंसे रहते हैं। देव ! आप मेरी रक्षा करें ॥ ३ ॥

हे कमलनयन ! यज्ञ बंद कर दिये जानेसे रुष्ट हुए इन्द्रने भयंकर मेघमण्डलीको प्रेरितकर जब व्रजभूमिपर मूसलधार वर्षा प्रारम्भ की, उस समय इस अतर्कित विपत्तिसे दुखी हुए गोपालोंको देखकर आपके क्रोधका पार नहीं रहा और आपने तुरत अपने बाँयें करकमलपर उत्तुङ्ग गोवर्द्धन गिरिको धारणकर उसीकी छत्रछायासे सम्पूर्ण व्रजमण्डलको उबार लिया, उसी प्रकार आज मुझ अनाथकी भी रक्षा करें ॥ ४ ॥

जो अपने वक्षःस्थलपर नक्षत्रमण्डलीके समान मोतियोंका बहुमूल्य एवं श्रेष्ठ हार धारण किये रहते हैं, जो गोपाङ्गनाओंके चित्तमें प्रेमका सञ्चार करते रहते हैं, दुष्टमण्डलीका शिरोभूषणरूप कंस जिनके क्रोधका शिकार बन गया और जिनकी वंशीपर विशेष प्रीति है, वे श्रीकृष्ण हमें अपने दुर्लभ प्रेमका दान करें ॥ ५ ॥

स्वच्छन्द क्रीडामें रत रहनेवाली, मेघमालाके समान श्याम, गोपबालाओंको प्रेम-व्याधिसे जर्जर कर देनेवाली, अखिल मुनिमण्डलीके द्वारा स्तवनके योग्य एवं दूध, मक्खन आदि गव्य पदार्थोंसे पूर्ण तृप्तिका अनुभव करनेवाली भगवान् अघसूदन श्रीनन्दनन्दनकी सर्वैश्वर्यपूर्ण मञ्जुलमूर्ति मेरी रक्षा करे ॥६॥

जिनका मनोहर मुखमण्डल पूर्णिमाके चन्द्रमाके गर्वको चूर्ण कर देता है (जिससे वह लज्जासे मानो पुनः क्षीण होने लगता है), भगवती लक्ष्मी जिनके चरणोंका सदा ही वन्दन किया करती हैं, जो अपने श्रीविग्रहपर दिव्यातिदिव्य चन्दनका लेप किये रहते हैं, जो व्रजसुन्दरियोंका प्रेमोपहार स्वीकार करनेके लिये गिरिराजकी कन्दराओंको मन्दिर बना लेते हैं, घनघोर वर्षासे व्रजको बचानेके लिये जिन्होंने गोवर्द्धनगिरिको लीलासे ही अपने करकमलपर धारण कर लिया है एवं जिनकी ग्रीवा चमचमाते हुए कुण्डलोंके प्रभामण्डलसे परिव्याप्त रहती है, उन श्यामसुन्दर नन्दनन्दनका ही निरन्तर सेवन करते रहो ॥ ७ ॥

जो गोकुलके प्राङ्गणको अपनी मनोमुग्धकारी लीलाओंसे मण्डित करनेवाले, पूतना-जैसी राक्षसीको जन्म-मरणके चक्रसे सदाके लिये छुड़ा देनेवाले हैं, जिनकी दन्तावली कुन्दपङ्क्तिके समान शुभ्र एवं मनोहर है, जिनके विशाल लोचन अम्बुजवृन्दके द्वारा वन्दित हैं, जिनके कर-पल्लव सौरभके निधान फुल्ल-पङ्कजोंके समान शोभायमान हैं और जिनका दिव्य-दर्शन देव-वृन्दके लिये भी दुर्लभ है, उन गोपीजनवल्लभ भगवान् श्रीकृष्णका सदा स्मरण करते रहो ॥ ८ ॥

जिनके मनोहर मुखमण्डलकी कान्ति पूर्णिमाके चन्द्रमण्डलके गर्वको भी खण्डित करती रहती है, रत्ननिर्मित कुण्डल जिनके गण्ड-मण्डलपर ताण्डव करते रहते हैं, फूले हुए कमलोंकी मालासे जिनका वक्षःस्थल सदा मण्डित रहता है और जिनके बाहुदण्ड शत्रुओंके लिये बड़े ही प्रचण्ड हैं, उन कंससूदन भगवान् श्रीकृष्णकी मैं स्तुति करता हूँ ॥ ९ ॥

उठती हुई तरङ्गोंके समान अङ्गरागके लेपसे जिनकी अङ्गकान्ति पीताभ हो गयी है, जो हस्तकमलमें लंबा-सा सींग धारण किये हुए हैं, जो व्रजाङ्गनाओंकी मण्डलीके लिये अत्यन्त मङ्गलरूप हैं, जिनकी कीर्तिवल्लीके पल्लव दिशाओंको मण्डित करनेवाले मल्लिकाके पुष्पोंका परिहास करते हैं और जिनकी कमनीय भ्रूलताएँ कान्तिसे उल्लसित रहती हैं, वे वल्लवकुमार आज आपकी रक्षा करें ॥ १० ॥

हे श्रीकृष्ण ! आपने ही तो अपने पिता व्रजराज (श्रीनन्दजी) को इन्द्रपूजासे रोका था तथा मखभङ्गसे रुष्ट हुए इन्द्रका निवारण किया था और अपने संकल्पसे ही उनके द्वारा बरसायी हुई अपार जलराशिका शोषण किया था; आपने ही बादलोंके द्वारा खड़ी की हुई मोटी दीवारको हटाया था और इस प्रकार व्रजकी रक्षा करके अपने कुलको आनन्दित किया था। उन व्रजेन्द्रनन्दन गिरिधारी श्रीकृष्णकी उनके कुलके सहित मैं स्तुति करता हूँ ॥ ११ ॥

आप महाबली राजा कंसके हृदयमें शूलकी भाँति खटकते रहते हैं तथा निरन्तर यमुनातटका ही सेवन किया करते हैं। आपके श्रीमस्तकपर सुन्दर मयूरपिच्छ सुशोभित रहता है। सम्पूर्ण चराचर जगत्के आदिकारण आपकी मैं वन्दना करता हूँ ॥ १२ ॥

जिनका श्रीविग्रह चन्दनके लेपसे अत्यन्त सुशोभित है, जो अपनी अङ्गकान्तिसे नवीन जलधरका भी तिरस्कार करनेवाले हैं, जिन्होंने देववृन्दकी रक्षाका व्रत ले रक्खा है और जो पृथ्वीके भाररूप दानवोंका संहार करके उसे संतुष्ट करते रहते हैं, जिनकी दन्तपङ्क्ति कुन्दके समान उज्ज्वल एवं कमनीय है और जो अपनी आनन्ददायिनी विविध लीलाओंमें अन्य सभी भगवत्स्वरूपोंसे आगे बढ़े हुए हैं, वे रसिकशिरोमणि वरदाता श्रीकृष्ण मुझपर कृपा करें ॥ १३ ॥

जो मुरलीरवकी उन्मादकारी तरङ्गोंका सृजन करते रहते हैं, जिनके श्रीअङ्गोंसे नवीन जलधरकी-सी कान्ति फूटती रहती है, जो व्रजयुवतियोंके हृदयमें प्रेमकी लहरें उठाते रहते

हैं और जो यमुनाजीके तटपर क्रीडा करते रहते हैं, उन भगवान् श्यामसुन्दरको प्रणाम करो ॥ १४ ॥

जिनका नवीन जलधरके समान श्यामवर्ण है, जो अपने मधुर स्वभाव एवं आचरणसे समस्त ब्रह्माण्डको संतुष्ट करते रहते हैं, जिनके श्रीमुखसे वंशी कभी अलग नहीं होती, जो मयूरपिच्छका मुकुट धारण किये रहते हैं, जिनके करकमलमें वेत्रदण्ड सुशोभित है, जिनके नेत्र कमलके समान शोभायमान हैं, जो बड़े-बड़े गुञ्जाओंकी मालाएँ धारण किये रहते हैं और जो वृन्दावनके कुञ्जोंमे विहार करते रहते हैं, उन श्रीकृष्णका ही मैं आश्रय ग्रहण करता हूँ ॥ १५ ॥

जो महाबलशाली दानवोंका संहार करके पृथ्वीका भार हरण करते हैं और प्रणत एवं साधुजनोंका क्लेश दूर करते हैं, जिनके बलका जगत्‌मे यशोगान होता है, जो अमूल्य रत्नोंके हार धारण किये रहते हैं; जिनके केश अत्यन्त मृदु एवं श्याम हैं, जो वनवासियोंका-सा वेश धारण किये रहते है तथा कृपाके पारावार हैं, उन गोपेन्द्रकुमारका मै आश्रय ग्रहण करता हूँ ॥ १६ ॥

जो गोपबालाओंके चमकीले वस्त्रोंका हरण कर लेते हैं तथा अपने दिव्य प्रकाशसे तेजोमय भगवान् भास्करको भी पराजित करते हैं, जिनकी पीन भुजाओंमे चन्दनका लेप सुशोभित है, वे भगवान् यशोदानन्दन आपलोगोंकी सब प्रकार रक्षा करें ॥ १७ ॥

जो प्रणतजनोंको संसारसे तार देते हैं तथा गौओके वृन्दको वन-वनमें घूमकर चराते रहते हैं, वंशीसे विभूषित रहते हैं और विविध प्रकारकी क्रीड़ाओंमें अत्यन्त कुशल हैं, जो गैरिक धातुओंसे अपने श्रीअङ्गोंको मण्डित किये रहते हैं तथा दानवोंके शत्रु हैं, उन गोपीजनोंके प्रेमी जगदीश्वर श्रीकृष्णका ही चिन्तन किया करो ॥ १८ ॥

जो हाथमें दही-भातका कौर लिये रहते हैं, जिनके श्रीअङ्ग रेणुसे चित्र-विचित्र बने रहते हैं, जो सज्जनोंके एकमात्र आश्रय हैं, जिनके पाद-पल्लव कमलके सदृश कोमल हैं, जो अरिष्टासुर एवं भक्तजनोंके अशुभका विनाश करनेवाले हैं, जो अपनी प्रेमभरी चेष्टाओंसे कामिनियोंका चित्त चुरानेवाले हैं और जो सदा ही आनन्दसे पूर्ण रहते हैं, उन नन्दनन्दनको मैं सदैव नमन करता हूँ ॥ १९ ॥

जो विविध प्रकारकी लीलाओंके धाम हैं, जिनकी दन्तपङ्क्ति बड़ी ही मनोहर है, जो व्रजयुवतियोंके हृदयमें प्रेमका संचार करते रहते हैं, जिनका मुखमण्डल चन्द्रबिम्बके समान है, जिनके वक्षःस्थलपर स्वर्ण-रेखाके रूपमें भगवती लक्ष्मी सदा निवास करती हैं, जिनकी निर्मल कीर्ति समस्त दिशाओंमें फैली हुई है और जो हाथमें लीलाकमल फिराते रहते हैं, उन श्रीकृष्णका ही सर्वतोभावेन भजन करो ॥ २० ॥

जो दुष्टोंका दलन करते एव कनेरके फूलोंको कर्णभूषणके रूपमे धारण किये रहते हैं, जो अपनी जगन्मोहिनी मुरलीसे पञ्चम स्वरका सर्वत्र विस्तार करते रहते हैं, श्रीगोपीजनोंका चित्त जिनकी विविध विलासपूर्ण भङ्गियोंका निकेतन बना हुआ है, वे परम स्वतन्त्र कसारि श्रीकृष्ण आप सबकी रक्षा करें ॥ २१ ॥

वृन्दाकाननमे नित्य नवीन आनन्द देनेवाली क्रीड़ाएँ करते हुए जो गोपाङ्गनाओंके चित्तमे नित्य नूतन अनुराग उत्पन्न करते रहते हैं, गोपबालाओंकी प्रेमवृद्धिके लिये जो मधुर परिहास करते हुए उनके वस्त्रोंका अपहरण करके कदम्बके वृक्षपर चढ़ जाते हैं, वे मयूरपिच्छका मुकुट धारण करनेवाले श्रीकृष्ण मेरी रक्षा करें ॥ २२ ॥

जिनके नख अत्यन्त सुन्दर हैं और जो प्रणतजनोंके आश्रय हैं, उन श्रीहरिके चरणोंका, हे मित्र ! तुम जल्दी-से-जल्दी एक क्षणका भी विराम न लेकर अनुरागसहित निरन्तर भजन करो ॥ २३ ॥

जिनके वस्त्र अत्यन्त सुन्दर हैं, जो श्रीयमुनाजीके तीरपर नृत्य करते रहते है, जो व्रजवासी गोपोंकी एकमात्र गति हैं और अनन्त कल्याण गुणोंके सद्म हैं, वे जलदकान्ति एवं अत्यन्त निर्मलस्वरूप श्रीहरि मेरे चित्तपटलपर सदा ही प्रकाशित रहे ॥ २४ ॥

हे कालियमर्दन श्रीकृष्ण ! आप खेल-ही-खेलमें अर्जुनके दो जुड़वाँ वृक्षोंको जड़से उखाड़ देते हैं, अपने अत्यन्त मनोहर चरित्रोंसे समस्त जनोंको आनन्दित करते रहते हैं, आप अपने नेत्रोंके नर्त्तनसे चपल खञ्जनका तिरस्कार करते हैं। आप मेरा सब ओरसे पोषण करे ॥ २५ ॥

हे यशोदानन्दन ! आपकी महिमाका विस्तार सम्पूर्ण भुवनोंमे व्याप्त हो रहा है, आप समस्त दुष्टजनोंका संहार करनेवाले हैं तथा पीताम्बर धारण किये रहते हैं। आप कृपा करके मुझे मनचाहा उत्तम-से-उत्तम वरदान दीजिये ॥ २६ ॥

जिनके घुँघराले बालोंमें मनोहर मयूरपिच्छ खोंसा रहता है,

जिनका ललाट सुन्दर अष्टमीके चन्द्रका भी पराभव करनेवाला है, जिनकी दशनकान्ति कुन्दकलियोंको मात करती है, हे विचारवान् पुरुषो ! उन श्रीमुकुन्दको शीघ्र-से-शीघ्र अपने हृदयासनपर विराजमान करो ॥ २७ ॥

जो लाखों गौओंका पालन करते हैं और देवताओंके भयको दूर करनेमें अत्यन्त कुशल हैं तथा जिन्हें निरन्तर मुरली बजानेका अभ्यास हो गया है, वे वनमालाधारी भगवान् श्रीकृष्ण आपका सब प्रकार कुशल करें ॥ २८ ॥

जो अपने प्रेमीस्वभाव एवं मधुर व्यवहारसे समस्त गोपबालकोंका रञ्जन करते रहते हैं, भाग्यवती मुरली जिनके अधरामृतका निरन्तर पान करती रहती है, जो दुर्जनवृन्दका नाश करते रहते हैं, गोपरमणियाँ जिन्हें अपने हृदयका प्यार देती रहती हैं, जो पितृभक्तिके कारण नन्दरायजीका आदर करते हैं, जो विविध लीलारसकी वर्षा करनेवाले मेघके समान हैं और अनन्तकोटि ब्रह्माण्ड जिनके उदरमें समाये रहते हैं, उन मुक्तिदाता भगवान् श्रीकृष्णमें आपलोगोंकी प्रचुर भक्ति हो ॥ २९ ॥

गोपयुवतियोंका वृन्द जिसे सब ओरसे प्यार करता है और जिसकी दृष्टि उनके प्रति अनुरागसे भरी रहती है तथा जो उनपर सदा आनन्दकी वर्षा करती रहती है, जिसकी अङ्गकान्ति नवीन जलधरके समान है और जो अपने वेशसे त्रिभुवनको मोहित करती रहती है, वह श्रीकृष्णनामकी वनमालाविभूषित दिव्य मूर्ति आपलोगोंकी रक्षा करे ॥ ३० ॥

(श्रीमुकुन्दमुक्तावली समाप्त)

श्रीयुगलकिशोराष्टकम्

नवजलधरविद्युद्द्योतवर्णौ प्रसन्नौ वदननयनपद्मौ चारुचन्द्रावतंसौ ।
अलकतिलकभालौ केशवेशप्रफुल्लौ भज भजतु मनो रे राधिकाकृष्णचन्द्रौ ॥ १ ॥
वसनहरितनीलौ चन्दनालेपनाङ्गौ मणिमरकतदीप्तौ स्वर्णमालाप्रयुक्तौ ।
कनकवलयहस्तौ रासनाट्यप्रसक्तौ भज भजतु मनो रे राधिकाकृष्णचन्द्रौ ॥ २ ॥
अति मधुरसुवेशौ रङ्गभङ्गीत्रिभङ्गौ मधुरमृदुलहास्यौ कुण्डलाकीर्णकर्णौ ।
नटवरवररम्यौ नृत्यगीतानुरक्तौ भज भजतु मनो रे राधिकाकृष्णचन्द्रौ ॥ ३ ॥
विविधगुणविदग्धौ वन्दनीयौ सुवेशौ मणिमयमकराद्यैः शोभिताङ्गौ स्फुरन्तौ ।
स्मितनमितकटाक्षौ धर्मकर्मप्रदत्तौ भज भजतु मनो रे राधिकाकृष्णचन्द्रौ ॥ ४ ॥
कनकमुकुटचूडौ पुष्पितोद्भूषिताङ्गौ सकलवननिविष्टौ सुन्दरानन्दपुञ्जौ ।
चरणकमलदिव्यौ देवदेवादिसेव्यौ भज भजतु मनो रे राधिकाकृष्णचन्द्रौ ॥ ५ ॥
अतिसुवलितगात्रौ गन्धमाल्यैर्विराजौ कतिकतिरमणीनां सेव्यमानौ सुवेशौ ।
मुनिसुरगणभाव्यौ वेदशास्त्रादिविज्ञौ भज भजतु मनो रे राधिकाकृष्णचन्द्रौ ॥ ६ ॥
अतिसुमधुरमूर्ती दुष्टदर्पप्रशान्ती सुरवरवरदौ द्वौ सर्वसिद्धिप्रदानौ ।
अतिरसवशमग्नौ गीतवाद्यप्रतानौ भज भजतु मनो रे राधिकाकृष्णचन्द्रौ ॥ ७ ॥
अगमनिगमसारौ सृष्टिसंहारकारौ वयसि नवकिशोरौ नित्यवृन्दावनस्थौ ।
शमनभयविनाशौ पापिनस्तारयन्तौ भज भजतु मनो रे राधिकाकृष्णचन्द्रौ ॥ ८ ॥

इदं मनोहरं स्तोत्रं भक्त्या यः पठेन्नरः ।
राधिकाकृष्णचन्द्रौ च सिद्धिदौ नात्र संशयः ॥ ९ ॥

॥ इति श्रीमद्रूपगोस्वामिविरचितं श्रीयुगलकिशोराष्टकं सम्पूर्णम् ॥

जिनका वर्ण क्रमशः नवीन जलपूर्ण मेघ एवं विद्युच्छटाके समान है, जिनके मुखपर सदा प्रसन्नता छायी रहती है, जिनके मुख एवं नेत्र कमलके समान प्रफुल्लित हैं, जिनके मस्तकपर क्रमशः मयूरपिच्छका मुकुट एवं स्वर्णमय चन्द्रिका सुशोभित है, जिनके ललाटपर सुन्दर तिलक किया हुआ है और अलकावली बिथुरी हुई है और जो अद्भुत केश-रचनाके कारण फूले-फूले-से लगते हैं, अरे मेरे मन ! तू उन श्रीराधिका एवं श्रीकृष्णचन्द्रका ही निरन्तर सेवन कर ॥ १ ॥

जिनके श्रीअङ्गोंपर क्रमशः पीले और नीले वस्त्र सुशोभित हैं, जिनके श्रीविग्रह चन्दनसे चर्चित हो रहे है, जिनकी अङ्गकान्ति क्रमशः मरकतमणि एवं स्वर्णके सदृश है, जिनके वक्षःस्थलपर स्वर्णहार सुशोभित है, हाथोंमे सोनेके कगन चमक रहे है और जो रासक्रीडामे संलग्न है, अरे मन ! उन श्रीवृषभानुकिशोरी एवं श्यामसुन्दर श्रीकृष्णका ही नित्य सेवन किया कर ॥ २ ॥

जिन्होंने अत्यन्त मधुर एवं सुन्दर वेष बना रक्खा है, जो अत्यन्त मधुर भङ्गीसे त्रिभङ्गी होकर स्थित हैं, जो मधुर एवं मृदुल हँसी हँस रहे हैं, जिनके कानोंमे कुण्डल एवं कर्णफूल सुशोभित हैं, जो श्रेष्ठ नट एवं नटीके रूपमें सुसज्जित हैं तथा नृत्य एवं गीतके परम अनुरागी हैं, अरे मन ! उन राधिका-कृष्णचन्द्रका ही तू भजन किया कर ॥ ३ ॥

जो विविध गुणोसे विभूषित हैं और सदा वन्दनके योग्य हैं, जिन्होंने अत्यन्त मनोहर वेष धारण कर रक्खा है, जिनके श्रीअङ्गोंमे मणिमय मकराकृत कुण्डल आदि आभूषण सुशोभित हैं, जिनके अङ्गोंसे प्रकाशकी किरणें प्रस्फुटित हो रही हैं, जिनके नेत्रप्रान्तोंमें मधुर हँसी खेलती रहती है और जो हमारे धर्म-कर्मके फलस्वरूप हमें प्राप्त हुए हैं, अरे मन ! उन वृषभानुकिशोरी एवं नन्दनन्दन श्रीकृष्णमें ही सदा लवलीन रह ॥ ४ ॥

जो मस्तकपर स्वर्णका मुकुट एवं सोनेकी ही चन्द्रिका धारण किये हुए हैं, जिनके अङ्ग-प्रत्यङ्ग फूलोंके शृङ्गार एवं विविध आभूषणोसे विभूषित है, जो व्रजभूमिके समस्त वन-प्रान्तोमे प्रवेश करके नाना प्रकारकी लीलाएँ रचते रहते हैं, जो सौन्दर्य एवं आनन्दके मूर्तरूप है, जिनके चरणकमल अत्यन्त दिव्य हैं और जो देवदेव महादेव आदिके भी आराध्य हैं, अरे मन ! उन श्रीराधा-कृष्णका ही तू निरन्तर चिन्तन किया कर ॥ ५ ॥

जिनके अङ्गोंका संचालन अत्यन्त मधुर प्रतीत होता है, जो नाना प्रकारके सुगन्धित द्रव्योका लेप किये हुए और नाना प्रकारके पुष्पोकी मालाओसे सुसज्जित हैं, असख्य व्रजसुन्दरियाँ जिनकी सेवामे सदा संलग्न रहती हैं, जिनका वेश अत्यन्त मनोमोहक है, बड़े-बड़े देवता एव मुनिगण भी जिनका ध्यानमे ही दर्शन कर पाते हैं और जो वेद-शास्त्रादिके महान् पण्डित हैं, अरे मन ! तू उन कीर्तिकुमारी एवं यशोदानन्दनका ही ध्यान किया कर ॥ ६ ॥

जिनका श्रीविग्रह अत्यन्त मधुर है, जो दुष्टजनोंके दर्पको चूर्ण करनेमें परम दक्ष हैं, जो बड़े-बड़े देवताओको भी वर देनेकी सामर्थ्य रखते है और सब प्रकारकी सिद्धियों-को प्रदान करनेवाले हैं, जो सदा ही परमोत्कृष्ट प्रेमके वशीभूत होकर आनन्दमें मग्न रहते हैं तथा गीतवाद्यका विस्तार करते रहते हैं, अरे मन ! उन्हीं दोनो राधा-कृष्णकी तू भावना किया कर ॥ ७ ॥

जो अगम्य वेदोंके सारभूत हैं, सृष्टि और संहार जिनकी लीलामात्र हैं, जो सदा नवीन किशोरावस्थामे प्रकट रहते हैं, वृन्दावनमें ही जिनका नित्य-निवास है, जो यमराजके भयका नाश करनेवाले और पापियोंको भी भवसागरसे तार देनेवाले हैं, अरे मन ! तू उन राधिका-कृष्णचन्द्रको ही भजता रह ॥ ८ ॥

इस मनोहर स्तोत्रका जो कोई मनुष्य श्रद्धापूर्वक पाठ करेगा, उसके मनोरथको श्रीराधा-कृष्ण निस्संदेह पूर्ण करेंगे ॥ ९ ॥

(श्रीयुगलकिशोराष्टक सम्पूर्ण)

उपदेशामृतम्

वाचोवेगं मनसः क्रोधवेगं जिह्वावेगमुदरोपस्थवेगम्।
एतान् वेगान् यो विषहेत वीरः सर्वामपीमां पृथिवीं स शिष्यात् ॥ १ ॥
अत्याहारः प्रयासश्च प्रजल्पोऽनियमाग्रहः। जनसङ्गश्च लौल्यं च षड्भिर्भक्तिर्विनश्यति ॥ २ ॥
उत्साहान्निश्चयाद् धैर्यात् तत्तत्कर्मप्रवर्त्तनात्। सङ्गत्यागात् सतो वृत्तेः षड्भिर्भक्तिः प्रसीदति ॥ ३ ॥
ददाति प्रतिगृह्णाति गुह्यमाख्याति पृच्छति। भुङ्क्ते भोजयते चैव षड्विधं प्रीतिलक्षणम् ॥ ४ ॥
कृष्णेति यस्य गिरि तं मनसाद्रियेत दीक्षास्ति चेत् प्रणतिभिश्च भजन्तमीशम्।
शुश्रूषया भजनविज्ञमनन्यमन्यनिन्दादिशून्यहृदभीप्सितसङ्गलब्ध्या ॥ ५ ॥
दृष्टैः स्वभावजनितैर्वपुषश्च दोषैर्न प्राकृतत्वमिह भक्तजनस्य पश्येत्।
गङ्गाम्भसां न खलु बुद्बुदफेनपङ्कैर्ब्रह्मद्रवत्वमपगच्छति नीरधर्मैः ॥ ६ ॥
स्यात् कृष्णनामचरितादिसिताप्यविद्यापित्तोपतप्तरसनस्य न रोचिका नु।
किन्त्वादरादनुदिनं खलु सैव जुष्टा स्वाद्वी क्रमाद् भवति तद्गदमूलहन्त्री ॥ ७ ॥
तन्नामरूपचरितादिसुकीर्त्तनानुस्मृत्योः क्रमेण रसनामनसी नियोज्य।
तिष्ठन् व्रजे तदनुरागिजनानुगामी कालं नयेदखिलमित्युपदेशसारः ॥ ८ ॥

वैकुण्ठाज्जनिता वरा मधुपुरी तत्रापि रासोत्सवाद्
वृन्दारण्यमुदारपाणिरमणात्तत्रापि गोवर्द्धनः।
राधाकुण्डमिहापि गोकुलपतेः प्रेमामृतप्लावनात्
कुर्यादस्य विराजतो गिरितटे सेवां विवेकी न कः ॥ ९ ॥

कर्मिभ्यः परितो हरेः प्रियतया ख्यातिं ययुर्ज्ञानिन-
स्तेभ्यो ज्ञानविमुक्तभक्तिपरमाः प्रेमैकनिष्ठा यतः।
तेभ्यस्ताः पशुपालपङ्कजदृशस्ताभ्योऽपि सा राधिका
प्रेष्ठा तद्वदियं तदीयसरसी तां नाश्रयेत् कः कृती ॥ १० ॥

कृष्णस्योच्चैः प्रणयवसतिः प्रेयसीभ्योऽपि राधा
कुण्डं चास्या मुनिभिरभितस्तादृगेव व्यधायि।
यत्प्रेष्ठैरप्यलमसुलभं किं पुनर्भक्तिभाजां
तत् प्रेमादः सकृदपि सरः स्नातुराविष्करोति ॥ ११ ॥

॥ इति श्रीजीवगोस्वामिपादशिक्षार्थं श्रीमद्रूपगोस्वामिपादेनोक्तमुपदेशामृतं समाप्तम् ॥

वाणीका वेग (उच्छृङ्खल प्रयोग), मनका क्रोधरूपी वेग, जिह्वाका चटोरेपनका वेग, उदरका क्षुधारूप वेग और उपस्थेन्द्रियका वेग—इन समस्त वेगोंको जो वीर पुरुष सह लेता है, विचलित नहीं होता, वह इस सम्पूर्ण पृथ्वीपर भी शासन कर सकता है ॥ १ ॥

अधिक भोजन, बूतेसे अधिक परिश्रम, अधिक बकवाद, भजन आदिका नियम न रखना, अधिक लोगोंसे मिलना-जुलना और चपलता—इन छः दोषोंसे भक्तिका पौधा मुरझा कर नष्ट हो जाता है ॥ २ ॥ भजनमें उत्साह, भगवान्‌के अस्तित्व एवं कृपाका दृढ निश्चय, विपत्तिके समय धैर्य रखना, भजनमें सहायक कर्मोंमें प्रवृत्त होना, आसक्तिका त्याग और सदाचारका सेवन—इन छः गुणोंसे भक्ति खिल उठती है ॥ ३ ॥ वस्तु एवं द्रव्यका आदान-प्रदान, गुप्त-से-गुप्त बात निस्संकोच होकर कहना और पूछना, खाना और खिलाना—ये छः प्रीतिके लक्षण हैं ॥ ४ ॥

जिसकी जिह्वापर श्रीकृष्णका नाम हो, उस पुरुषका मनसे आदर करना चाहिये; यदि उसे किसी वैष्णव-मन्त्रकी दीक्षा प्राप्त हो तो उसे शरीरसे भी प्रणाम करना उचित है। यदि वह भगवान्‌का भजन करता हो तो उसे सेवासे भी प्रसन्न करे। यदि उसकी भजनमे परिपक्व निष्ठा हो गयी हो और वह श्रीकृष्णका अनन्य उपासक होनेके साथ निन्दादिसे शून्य हृदयवाला हो तो उसका यथेष्ट सङ्ग भी करे ॥ ५ ॥ शरीरगत स्वभावसे उत्पन्न हुए दोषोंको देखकर भक्त-जनोंके प्रति प्राकृत-दृष्टि (सामान्य-बुद्धि) कदापि न करे। बुद्‌बुद, फेन और पङ्क आदि जलके धर्मोंसे गङ्गाजलकी ब्रह्मद्रवता नष्ट नहीं हो जाती ॥ ६ ॥

जिनकी जिह्वाका स्वाद अविद्यारूपी पित्तके दोषसे बिगड़ा हुआ है, उन्हे कृष्ण-नाम एवं उनकी लीला आदिका गानरूप मिश्री भी मीठी नही लगती। किंतु उसी मिश्रीका आदर-पूर्वक प्रतिदिन सेवन किया जाय तो क्रमशः वह निश्चय ही मीठी लगने लगती है और पित्तके विकारका समूल नाश भी कर देती है ॥ ७ ॥ श्रीकृष्णके नाम-रूप-चरितादिकोके कीर्तन और स्मरणमें क्रमसे रसना और मनको लगा दे—जिह्वासे श्रीकृष्ण-नाम रटता रहे और मनसे उनकी रूप-लीलाओंका स्मरण करता रहे तथा श्रीकृष्णके प्रेमीजनोंका दास होकर व्रजमें निवास करते हुए अपने जीवनके सम्पूर्ण कालको व्यतीत करे। यही सारे उपदेशोंका सार है ॥ ८ ॥

वैकुण्ठकी अपेक्षा भी मथुरापुरी अधिक श्रेष्ठ हो गयी है और रासोत्सवकी भूमि होनेके कारण वृन्दावन मथुराकी अपेक्षा भी अधिक वरणीय है। वृन्दावनमें भी उदारपाणि भगवान् श्रीकृष्णको विशेष आनन्द देनेके कारण गोवर्धनकी तरेटी और भी श्रेष्ठ है। गोवर्धनकी तरेटीमें भी भगवान् गोकुलेश्वर-को प्रेमामृतमें अवगाहन करानेके कारण राधाकुण्ड और भी वरेण्य है; अतः ऐसा कौन विवेकी पुरुष होगा, जो उक्त गोवर्धनकी तरेटीमें विराजमान श्रीराधाकुण्डका सेवन नहीं करेगा ॥ ९ ॥

कर्मियोंकी अपेक्षा (जो भगवान्‌की अपने-अपने कर्मोंके द्वारा आराधना करते हैं) ज्ञानीजन (भगवान्‌के तत्त्वको जाननेवाले) श्रीहरिके विशेष प्रियरूपमें प्रसिद्ध हैं। उनकी अपेक्षा भी अभेदज्ञानरहित भक्तिके परायण हुए लोग अधिक प्रिय हैं। भक्तोकी अपेक्षा भी श्रीकृष्णप्रेमकी अनन्य निष्ठा-वाले प्रेमीजन और भी विशेष प्रिय हैं। ऐसे प्रेमियोकी अपेक्षा भी व्रजगोपीजन प्रियतर हैं और उनमे भी वे प्रसिद्ध श्रीराधिका तो भगवान्‌को सर्वापेक्षा अधिक प्रिय हैं तथा उनका यह राधाकुण्ड उन्हीं श्रीराधाके समान ही श्रीकृष्णको प्रिय है। ऐसी दशामें ऐसा कौन विवेकी पुरुष है जो इस राधाकुण्डका सेवन नही करेगा ॥ १० ॥ वृषभानुकिशोरी श्रीराधिका श्रीकृष्ण-की प्रेयसियोंकी अपेक्षा भी अधिक प्रेमपात्री हैं और उनके कुण्ड (राधाकुण्ड) को मुनियोंने सब प्रकार उन्हीं श्रीराधाके समान दर्जा दिया है; क्योंकि उसकी प्राप्ति, भक्तोंकी तो बात ही क्या, श्रीकृष्णके प्रेमियोको भी दुर्लभ है। उस राधाकुण्ड-में जो एक बार भी स्नान कर लेता है, उसके हृदयमें वह कुण्ड उसी श्रीकृष्णप्रेमको प्रकट कर देता है ॥ ११ ॥

(उपदेशामृत सम्पूर्ण)

स्वयम्भगवत्त्वाष्टकम्

स्वजन्मन्यैश्वर्यं बलमिह वधे दैत्यविततेर्यशः पार्थत्राणे यदुपुरि महासम्पदमधात्।
परं ज्ञानं जिष्णौ मुसलमनु वैराग्यमनु यो भगैः षड्भिः पूर्णः स भवतु मुदे नन्दतनयः ॥ १ ॥
चतुर्बाहुत्वं यः स्वजनिसमये यो मृदशने जगत्कोटिं कुक्ष्यन्तरपरिमितत्वं स्ववपुषः।
दधिस्फोटे ब्रह्मण्यतनुत परानन्ततनुतां महैश्वर्यैः पूर्णः स भवतु मुदे नन्दतनयः ॥ २ ॥
बलं बक्यां दन्तच्छदनवरयोः केशिनि नृगे नृपे बाह्वोरङ्घ्रेः फणिनि वपुषः कंसमरुतोः।
गिरित्रे दैत्येष्वप्यतनुत निजास्त्रस्य यदतो महौजोभिः पूर्णः स भवतु मुदे नन्दतनयः ॥ ३ ॥
असंख्याता गोप्यो व्रजभुवि महिष्यो यदुपुरे सुताः प्रद्युम्नाद्याः सुरतरुसुधर्मादि च धनम्।
बहिर्द्वारि ब्रह्माद्यपि बलिवहं स्तौति यदतः श्रियां पूरैः पूर्णः स भवतु मुदे नन्दतनयः ॥ ४ ॥
यतो दत्ते मुक्तिं रिपुविततये यन्नरजनिर्विजेता रुद्रादेरपि नतजनाधीन इति यत्।
सभायां द्रौपद्या वरकृदतिपूज्यो नृपमखे यशोभिः स्वैः पूर्णः स भवतु मुदे नन्दतनयः ॥ ५ ॥

न्यधाद् गीतारत्नं त्रिजगदतुलं यत् प्रियसखे परं तत्त्वं प्रेम्णोद्धवपरमभक्ते च निगमम्।
निजप्राणप्रेष्ठास्वपि रसभृतं गोपकुलजास्वतो ज्ञानैः पूर्णः स भवतु मुदे नन्दतनयः ॥ ६ ॥
कृतागस्कं व्याधं सतनुमपि वैकुण्ठमनयन्ममत्वस्यैकाग्रानपि परिजनान् हन्त विजहौ।
यदप्येते श्रुत्या ध्रुवतनुतयोक्तास्तदपि हा स्ववैराग्यैः पूर्णः स भवतु मुदे नन्दतनयः ॥ ७ ॥
भजत्वं जन्मित्वं रनिररतितेहारहितता सलीलत्वं व्याप्तिः परिमितिरहंताममतयोः।
पदे त्यागात्यागावुभयमपि नित्यं सदुररीकरोतीशः पूर्णः स भवतु मुदे नन्दतनयः ॥ ८ ॥
समुद्यत्संदेहज्वरशतहरं भेषजवरं जनो यः सेवेत प्रथितभगवत्त्वाष्टकमिदम्।
तदैश्वर्यास्वादैः स्वधियमतिवेलं सरसयन् लभेतासौ तस्य प्रियपरिजनानुग्यपदवीम् ॥ ९ ॥

॥ इति श्रीमद्विश्वनाथचक्रवर्तिठक्कुरविरचितस्तवामृतलहर्यां श्रीश्रीस्वयम्भगवत्त्वाष्टकं सम्पूर्णम् ॥

जिन्होंने अपने प्राकट्यके समय श्रीवसुदेव-देवकीके सम्मुख अपना ऐश्वर्य (ईश्वररूप) धारण किया, दैत्यवृन्दका वध करते समय बलका प्रकाश किया, पाण्डवोंकी रक्षाके अवसरपर निर्मल कीर्तिका विस्तार किया, यादवोंकी राजधानी द्वारिकामें अतुल वैभवको स्वीकार किया, सखा अर्जुनको उपदेश देते समय श्रीमद्भगवद्गीताके रूपमें सर्वश्रेष्ठ ज्ञानको प्रकट किया और अन्तमें लोहमय मुसलके व्याजसे यदुकुलका संहार करते समय वैराग्यका आदर्श उपस्थित किया, वे उक्त छहों भगवद्गुणोंसे परिपूर्ण भगवान् नन्द-नन्दन सबका आनन्दवर्धन करें ॥ १ ॥

इतना ही नहीं, जिन्होंने अपने प्राकट्यके समय चतुर्भुज-रूप ग्रहण किया, मृद्भक्षणके अवसरपर करोड़ों ब्रह्माण्ड अपने मुखमें प्रकट किये, दधिभाण्ड फोड़ देनेपर दयावश माताके हाथों बँधकर अमेय होनेपर भी अपने शरीरको उदरके परिमाणका करके दिखा दिया तथा ब्रह्माजीको छकानेके लिये अनन्त परात्पर स्वरूप धारण किये, वे महान् ऐश्वर्यशाली भगवान् नन्दकिशोर सबको आनन्दित करें ॥२॥

जिन्होंने पूतनावधके समय अपने श्रेष्ठ ओठोंका बल, केशी दैत्यको मारते तथा राजा नृगको गिरगिटके रूपमें कुएँसे बाहर निकालते समय बाहुबल, कालियनागका दर्प चूर्ण करनेके लिये चरणोंका बल, महाबली कंस एवं बवंडरके रूपमें प्रकट होनेवाले तृणावर्त दैत्यका संहार करते समय शरीरका गुरुतारूप बल और बाणासुरके साथ युद्ध करते समय उक्त असुरके पक्षमें युद्ध करनेके लिये आये हुए भगवान् शंकरको मोहित करनेके लिये तथा दैत्योंका वध करते समय अस्त्रबल प्रकट किया, वे महान् बलशाली भगवान् नन्दसूनु हमें सदा आनन्दित करते रहें ॥ ३ ॥

व्रजमें रासलीलाके समय जिन्होंने असंख्य गोपियोंके साथ क्रीड़ा की, यदुपुरी द्वारिकामें सोलह हजार एक सौ आठ रानियोंके साथ विहार किया, प्रद्युम्न आदि लक्षाधिक पुत्र उत्पन्न किये तथा पारिजात एवं सुधर्मा सभा आदिके रूपमें अतुल वैभव प्रकट किया और जिनकी ड्योढ़ीपर ब्रह्मादि लोक-पालगण उपहार लेकर स्तुति करते हुए खड़े रहते थे, वे परम श्रीसम्पन्न भगवान् नन्दकुमार हमें आनन्दसमुद्रमें निमग्न करते रहें ॥ ४ ॥

जिन्होंने शत्रुवर्गको भी खुले हाथों मुक्तिका दान किया, नररूपमें प्रकट होकर भी रुद्र आदि देवगणोंपर विजय प्राप्त की और सर्वेश्वर एवं परमस्वतन्त्र होकर भी भक्त-जनोंकी अधीनता स्वीकार की, कौरवोंकी सभामें द्रौपदीको अनन्त वस्त्रराशिरूप वर प्रदान किया और महाराज युधिष्ठिरके राजसूय यज्ञमें उपस्थित सुर-मुनिजनोंके समक्ष प्रथम पूजा ग्रहण की, वे अमितयशस्वी भगवान् व्रजेन्द्र-नन्दन हम सबको आह्लादित करें ॥ ५ ॥

यही नहीं, जिन्होंने अपने प्रिय सखा अर्जुनको गीतारूप ऐसा देदीप्यमान रत्न प्रदान किया, जिसकी त्रिलोकीमें कोई तुलना नहीं है, परम भक्त उद्धवको परमधाम पधारते समय प्रेमके वशीभूत होकर परमतत्त्वका उपदेश किया तथा अपनी प्राणप्रियतमा श्रीगोपाङ्गनाओंके लिये परम रहस्यमय रस-तत्त्वका निरूपण किया; वे सम्पूर्ण ज्ञानके आश्रय-स्वरूप भगवान् गोपेन्द्रकुमार हम सबका आनन्द सम्पादन करें ॥ ६ ॥

जिन्होंने अपने अपराधी जरा नामक व्याधको (जिसने उनके चरणको मृग समझकर बाणसे बींध दिया था) सदेह वैकुण्ठ भेज दिया और इसके विपरीत यादवोंका—जो उनके कुटुम्बी थे और ममताके मुख्य पात्र थे—परित्याग कर दिया, यद्यपि वेदोंने उनकी देहको भगवान्‌की ही भाँति नित्य बताया है, वे परम वैराग्यशाली भगवान् नन्दनन्दन हमे आनन्दमग्न करते रहे ॥ ७ ॥

जो अजन्मा होते हुए भी जन्म-ग्रहणकी लीला करते हैं, जिनमे आसक्ति और अनासक्ति एक कालमे विद्यमान रहती है, जो चेष्टारहित होते हुए भी विविध प्रकारकी लीलाएँ करते हैं, जो एक ही साथ सर्वव्यापक और परिच्छिन्न दोनों हैं तथा जो सदा ही अहंता और ममताके आश्रयभूत अपने श्रीविग्रह एवं निज जनोंका त्याग और रक्षा दोनों स्वीकार करते हैं, वे पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान् नन्दनन्दन सदा हम सबके आनन्दके हेतु बनें ॥ ८ ॥

उपर्युक्त भगवत्स्वाष्टक नामक इस विख्यात स्तोत्रका—जो बढ़ते हुए संदेहरूप सैकड़ों प्रकारके ज्वरोंको शान्त करनेवाली श्रेष्ठ ओषधिके समान है, जो भी मनुष्य सेवन करेगा, वही भगवान् नन्दनन्दनके ऐश्वर्य-रसास्वादनके द्वारा अपनी नीरस बुद्धिको असीम सरस बनाता हुआ उनके प्रिय परिजनोंके सेवकपदको प्राप्त करेगा ॥ ९ ॥

(श्रीस्वयम्भगवत्स्वाष्टक सम्पूर्ण)

श्रीजगन्मोहनाष्टकम्

गुञ्जावलीवेष्टितचित्रपुष्पचूडावलन्मञ्जुलनव्यपिच्छम् ।
गोरोचनाचारुतमालपत्रं वन्दे जगन्मोहनमिष्टदेवम् ॥ १ ॥

भ्रूवल्गनोन्मादितगोपनारीकटाक्षबाणावलिविद्धनेत्रम् ।
नासाग्रराजन्मणिचारुमुक्तं वन्दे जगन्मोहनमिष्टदेवम् ॥ २ ॥

आलोलवक्त्रालकक्रान्तिचुम्बिगण्डस्थलप्रोल्लसचारुहास्यम् ।
वामप्रगण्डोच्चलकुण्डलान्तं वन्दे जगन्मोहनमिष्टदेवम् ॥ ३ ॥

बन्धूकबिम्बद्युतिनिन्दिकुञ्चत्प्रान्ताधराभ्राजितवेणुवक्त्रम् ।
किंचित्तिरश्चीनशिरोऽधिभातं वन्दे जगन्मोहनमिष्टदेवम् ॥ ४ ॥

अकुण्ठरेखात्रयराजिकण्ठखेलत्स्वरालिश्रुतिरागराजिम् ।
वक्षःस्फुरत्कौस्तुभमुन्नतांसं वन्दे जगन्मोहनमिष्टदेवम् ॥ ५ ॥

आजानुराजद्वलयाङ्गदाञ्चिस्मरार्गलाकारसुवृत्तबाहुम् ।
अनर्घमुक्तामणिपुष्पमालं वन्दे जगन्मोहनमिष्टदेवम् ॥ ६ ॥

श्वासैजदश्वत्थदलाभतुन्दमध्यस्थरोमावलिरम्यरेखम् ।
पीताम्बरं मञ्जुलकिङ्किणीकं वन्दे जगन्मोहनमिष्टदेवम् ॥ ७ ॥

व्यत्यस्तपादं मणिनूपुराढ्यं श्यामं त्रिभङ्गं सुरशाखिमूले ।
श्रीराधया सार्द्धमुदारलीलं वन्दे जगन्मोहनमिष्टदेवम् ॥ ८ ॥

श्रीमज्जगन्मोहनदेवमेतत्पद्याष्टकेन स्मरतो जनस्य ।
प्रेमा भवेद् येन तदङ्घ्रिसाक्षात्सेवामृतेनैव निमज्जनं स्यात् ॥ ९ ॥

॥ इति श्रीमद्विश्वनाथचक्रवर्तिठक्कुरविरचितस्तवामृतलहर्यां श्रीजगन्मोहनाष्टकं सम्पूर्णम् ॥

जिनके श्रीमस्तकपर गुञ्जामालासे परिवेष्टित चित्र-विचित्र पुष्पोंके बने हुए मुकुटके बीचोंबीच सुन्दर नवीन मयूरपिच्छ लहराता रहता है तथा जो गोरोचनसे चर्चित कमनीय तमालपत्रकी शोभाको धारण करते हैं, उन अपने इष्टदेव जगन्मोहन श्रीकृष्णकी मैं वन्दना करता हूँ ॥ १ ॥

भ्रूचालनमात्रसे उन्मादित हुई गोपाङ्गनाओंके कटाक्ष-बाणोंसे जिनके नेत्र सदा विद्ध रहते हैं और जिनकी नासिकाके अग्रभागमें मणिजटित सुन्दर मुक्ताफल सुशोभित रहता है, उन अपने इष्टदेव विश्वविमोहन मोहनको मैं प्रणाम करता हूँ ॥ २ ॥

लहराते हुए घुँघराले बालोंकी कान्तिको चूमनेवाले जिनके नील कपोलोंपर मञ्जुल एवं उद्दाम हास्य खेलता रहता है तथा जिनके बायें कंधेपर मकराकृत कुण्डलोंका निम्नभाग झूलता रहता है, उन अपने इष्टदेव त्रिभुवनमोहन श्रीकृष्णको मैं नमस्कार करता हूँ ॥ ३ ॥

बन्धूकपुष्प एवं पक्व बिम्बफलकी शोभाको मात करनेवाले जिनके कुञ्चित अधरप्रान्तोंमें मुरलीका अग्रभाग सुशोभित है तथा जिनका मस्तक किंचित् झुका हुआ है, उन अपने इष्टदेव त्रैलोक्यमोहन श्रीकृष्णके चरणोंमें मेरा प्रणाम है ॥ ४ ॥

अत्यन्त स्पष्टरूपमें रेखात्रयसे सुशोभित जिनके श्रीकण्ठमें विविध स्वरोंसे भूषित मूर्च्छनाएँ तथा राग-रागिनियाँ खेलती रहती हैं, जिनके वक्षःस्थलपर कौस्तुभमणि देदीप्यमान रहती है और जिनके कंधे कुछ उभरे हुए हैं, उन अपने सेव्य त्रिभुवनमोहन श्रीकृष्णको बार-बार प्रणाम है ॥ ५ ॥

घुटनोंपर्यन्त लटकती हुई तथा केयूर-कङ्कण आदि विविध भूषणोंसे विभूषित जिनकी गोल-गोल भुजाएँ कामदेवका तिरस्कार करनेवाली अर्गलाओंके समान सुशोभित हैं और जो अपने उरःस्थलपर अमूल्य मुक्तामणि एवं पुष्पमाला धारण किये हुए हैं, उन अपने आराध्यदेव जगन्मोहनके चरणोंमें मेरी प्रणति स्वीकार हो ॥ ६ ॥

श्वास-प्रश्वासके कारण काँपते हुए, पीपलके पत्तेके समान आकारवाले जिनके उदरके बीचोबीच रोमराजि सुरम्य रेखाके रूपमें विद्यमान है, जो पीताम्बर धारण किये हुए हैं और जिनके कटिप्रदेशमें क्षुद्रघण्टिकाओंका मधुर शब्द हो रहा है, उन अपने परमाराध्य जगन्मोहन श्रीकृष्णके चरणोंमें मेरा मस्तक नत है ॥ ७ ॥

कल्पवृक्षके नीचे जो बायें चरणको दाहिनी ओर एवं दाहिने चरणको बायीं ओर रक्खे हुए ललित त्रिभङ्गीसे खड़े रहकर श्रीवृषभानुकिशोरीके साथ अत्यन्त मनोहर लीला कर रहे हैं, जिनके चरणोंमें मणिमय नूपुर सुशोभित हैं, उन अपने आराध्यदेव जगन्मोहन श्यामसुन्दरके चरणोंमें हम सिर नवाते हैं ॥ ८ ॥

जो कोई भक्तजन उपर्युक्त आठ पद्योंके द्वारा जगन्मोहन श्रीकृष्णका स्मरण करेगा, उसे निश्चय ही प्रेमाभक्ति प्राप्त होगी, जिसके द्वारा वह उन्हीं प्रभुके चरणोंकी साक्षात् सेवा-रूप अमृत-सरोवरमें निमज्जित हो जायगा ॥ ९ ॥

(श्रीजगन्मोहनाष्टक सम्पूर्ण)



साथ क्या गया !

मृत्युशय्यापर सिकंदर

इकट्ठे गर जहाँके जर सभी मुल्कोंके माली थे ।
सिकंदर जब गया दुनियाँसे दोनों हाथ खाली थे ॥

नगर खँडहर हुए, राज्य ध्वस्त हुए, सृष्टिके सर्वश्रेष्ठ प्राणी मानवके शरीर शृगाल, कुत्ते, गीध आदिके आहार बननेको छोड़ दिये गये । यह सब इसलिये कि सिकंदरको विजय प्राप्त करना था।

शस्यश्यामल खेत धूलिमें मिल गये, उपवन तो क्या—वनतक उजड़ते चले गये, शान्त सुखी निरीह नागरिक भय-विह्वल हो उठे; क्योंकि सिकंदरको अपनी विजयके लिये किसी भी विनाशकी सृष्टि करनेमें संकोच नहीं था ।

घर-द्वार छूटा, स्वजन-सम्बन्धी छूटे और शरीरका मोह छूटा । अथक यात्राएँ, घोर परिश्रम, भयंकर मार-काट—सहस्रों मनुष्य सैनिक बनकर मृत्युके दूत बन गये और वे ऐसे अपरिचित देशों-में संहार करने पहुँचते रहे, जहाँके लोगोंसे उनकी कोई शत्रुता नहीं थी, जहाँके लोगोंने उनका नामतक नहीं सुना था । अपने प्राणोंकी बाजी लगाकर दूसरोंकी हत्यापर उतारू ये सहस्र-सहस्र सैनिक केवल इसलिये दौड़ रहे थे कि एक मनुष्य-को अपने अहंकारको संतुष्ट करना था । वह मनुष्य था सिकंदर ।

पृथ्वी रक्तसे लथ-पथ हुई, मैदानोंमें शवोंके समूह बिछ गये, अनाथ बच्चों एवं निराश्रय नारियोंके क्रन्दनसे आकाश गूँजता रहा और यह केवल इसलिये कि सिकंदरको विजय मिले ।

सिकंदर महान्—विश्व-विजयी सिकंदर; किंतु क्या मिला उसे ? उसे विजय मिली । उस-के खजानोंमें रत्नराशियाँ एकत्र हुईं । विश्वका वैभव उसके चरणोंपर लोटने लगा । आप यही तो कह सकते हैं ।

सिकंदर मरा पड़ा है । उसके दोनों हाथ उसीके आदेशसे कफनसे बाहर कर दिये गये हैं । खाली हैं उसके दोनों हाथ । उसके अन्तःपुरकी सुन्दरियाँ रो रही हैं । केवल इतना ही तो वे कर सकती हैं सिकंदर महान्के लिये । कोषकी रत्न-राशि खुली पड़ी है । पत्थरोंसे अधिक मूल्य अब उनका नहीं है । कोई बहुत अधिक करे तो उन चमकते पत्थरोंमें सिकंदरका शव दबा देगा । लेकिन ये पत्थर क्या उस शवको कीड़ोंद्वारा खाये जानेसे बचा सकेंगे ? शान्त और विषण्ण खड़ी है उस महान् सम्राट्की विश्व-विजयिनी वाहिनी । सैनिक किसीको मार ही सकते हैं, जिला तो सकते नहीं—अपने सम्राट्को भी नहीं । अब रही वह महान् विजय—उसका क्या अर्थ है ? सिकंदरका जय-घोष—केवल भवनोंपरके कबूतर, कौवे और गौरैये उससे आतङ्कित होकर उड़ सकते हैं ।

इस सब उद्योगमें क्या मिला सिकंदरको ? हत्या, परोत्पीडन, पाप और यही पाप उसके साथ गया । किसीके साथ भी उसके सुकृत और दुष्कृत-को छोड़कर और कुछ भी तो नहीं जाता ।



साथ क्या गया ?

संत, संत-वाणी और क्षमा-प्रार्थना

बंदउँ संत समान चित हित अनहित नहिं कोइ।
अंजलि गत सुभ सुमन जिमि सम सुगंध कर दोइ॥
संत सरल चित जगत हित जानि सुभाउ सनेहु।
बाल बिनय सुनि करि कृपा राम चरन रति देहु॥

संत-वाणीकी महिमा

अन्धकारमें पड़ी हुई मानव-जातिको प्रकाशमें लानेके लिये संत-वचन कभी न बुझनेवाली अमोघ दिव्य ज्योति है। दुःख-संकट और पाप-तापसे प्रपीड़ित प्राणियोंके लिये संत-वचन सुख-शान्तिके गम्भीर और अगाध समुद्र हैं। कुमार्गपर जाते हुए जीवनको वहाँसे हटाकर सच्चे सन्मार्गपर लानेके लिये सत-वचन परम सुहृद्-बन्धु हैं। प्रबल मोह-सरिताके प्रवाहमें बहते हुए जीवोंके उद्धारके लिये सत-वचन सुखमय सुदृढ़ जहाज हैं। मानवतामें आयी हुई दानवताका दलन करके मानवको मानव ही नहीं, महामानव बना देनेके लिये संत-वचन दैवी-शक्ति-सम्पन्न संचालक और आचार्य हैं। अज्ञानके गहरे गढ़ेमें गिरे हुए चिर-संतप्त जीवोंको सहज ही वहाँसे निकालकर भगवान्‌के तत्त्व-स्वरूपका अथवा मधुर मिलनका परमानन्द प्रदान करनेके लिये संत-वचन तत्त्वज्ञान और आत्यन्तिक आनन्दके अटूट भण्डार हैं। आपातमधुर विषय-विषसे जर्जरित जीवसमूहको घोरपरिणामी विष-व्याधिसे विमुक्त करके सच्चिदानन्दस्वरूप महान् आरोग्य प्रदान करनेके लिये संत-वचन दिव्य सुधा-महौषध हैं। जन्म-जन्मान्तरोंके संचित भीषण पाप-पादपोंसे पूर्ण महारण्यको तुरत भस्म कर देनेके लिये संत-वचन उत्तरोत्तर बढ़नेवाला भीषण दावानल हैं। विषयासक्ति और भोग-कामनाके परिणाम-स्वरूप नित्य-निरन्तर अशान्तिकी अग्निमें जलते हुए जीवोंको विशुद्ध भगवद्-नुरागी और भगवत्कामी बनाकर उन्हें भगवत्-मिलनके लिये अभिसारमें नियुक्त कर प्रेमानन्द-रस-सुधा-सागर सच्चिदानन्द-विग्रह परमानन्दघन विश्वविमोहन भगवान्‌की अनन्त सौन्दर्य-माधुर्यमयी परम मधुरतम मुखच्छबिका दर्शन करानेके लिये संत-वचन भगवान्‌के नित्यसङ्गी प्रेमी पार्षद हैं।

संत-वाणीसे क्या नहीं हो सकता। संत-वाणी मानव-हृदयको तमोऽभिभूत, अवनत और पतित परिस्थितिसे उठाकर सहज ही अत्यन्त समुन्नत और समुज्ज्वल कर देती है। संत-वाणीसे वासना-कामनाके प्रबल आघातोंसे चूर्ण-विचूर्ण दुर्बल हृदयमें विद्युच्छक्तिके सदृश नवीनतम नित्य-पराभव-रहित भगवदीय बलका सचार हो जाता है। सत-वाणीसे भय-शोकविह्वल, चिन्ता-विषाद-विकल, मानमर्दित, म्लान मुखमण्डल सत्यानन्दस्वरूप श्रीभगवान्‌की सच्चिदानन्द-ज्योतिर्मयी किरणोंसे समुद्भासित और सुप्रसन्न हो उठता है। सत-वाणीसे त्रिविध तापोंकी तीव्र ज्वाला, दुःख-दैन्य-दारिद्र्यकी दावाग्नि, मानसिक अशान्तिका आन्तर-आवेग प्रशान्त होकर परम सुखद शीतलता और शाश्वत शान्तिकी अनुभूति होने लगती है। संत-वाणीसे अज्ञानतिमिराच्छन्न अन्तस्तल भगवान् भास्करकी प्रबलतम किरणोंसे छिन्न-भिन्न होकर प्रनष्ट हुए मेघसमूहके सदृश अज्ञानतिमिरके आच्छादनसे मुक्त होकर विशुद्ध अद्वय-भास्करके प्रकाशसे आलोकित हो उठता है और नित्य-निरन्तर विषय मल-मलिन निम्नप्रदेशमें बहनेवाली विष-दुर्गन्ध-दूषित चित्तवृत्ति-सरिता दिव्य प्रेमामृत-प्रवाहिनी मधुर मन्दाकिनीके स्वरूपमें परिणत होकर सुषमा-सौगन्ध्यवती और अविराम-प्रवाह-प्रातशीला बनी हुई सदा-सर्वदा परम विशुद्ध प्रेमघन श्रीनन्दनन्दनके पावन पादपद्मोंको विधौत करनेके लिये केवल उन्हींकी ओर बहने लगती है।

संत कौन हैं?

'जिन संतोंकी वाणीका इतना महत्त्व है, जिसका इतना विलक्षण मङ्गलमय परिणाम होता है, वे संत कौन हैं? उनका तात्त्विक स्वरूप क्या है? और उनके पहचानके लक्षण क्या है?' स्वाभाविक ही यह प्रश्न होता है। इसका उत्तर यह है कि संतोंकी यथार्थ पहिचान बाह्य लक्षणोंसे नहीं हो सकती। इतना समझ लेना चाहिये कि संत वे है, जो नित्यसिद्ध सत्य-तत्त्वका साक्षात्कार करके, उसकी अपरोक्ष उपलब्धि करके उस सच्चिदानन्द-स्वरूपमें प्रतिष्ठित हो चुके है। वह सत् ही चेतन है, वह चेतन ही आनन्द है। अर्थात् वह सत् चेतन और आनन्दरूप है, वह चेतन सत् और आनन्दरूप है और वह आनन्द सत् और चेतनरूप है। इस आदिमध्यान्तहीन सच्चिदानन्दमें जो सहज प्रतिष्ठित हैं, वे ही संत हैं। अथवा वे संत हैं, जो मोक्षका निरादर करके प्रेम-सुधार्णव भगवान्‌के दिव्य प्रेमको प्राप्त कर चुके हैं। निर्गुणी और प्रेमी संतोंके भगवान् ही सच्चिदानन्द ब्रह्म हैं, वे ही परमात्मा है और वे ही प्रेमास्पद भगवान् हैं। यह तत्त्व

स्वरूपतः अद्वैत है या द्वैत, इसकी मीमांसा नहीं हो सकती। भेद और अभेद, सविशेष और निर्विशेष अवस्था और अधिकारके अनुसार सभी सत्य हैं। अखण्ड और समग्र सत्यमें प्रतिष्ठित पुरुषकी अनुभूति या स्वरूपस्थितिका विषय है यह; इसको लेकर विवाद करनेकी आवश्यकता नहीं। हाँ, शास्त्रोंने इस प्रकारके अनुभूति-प्राप्त संतोंका—संत, साधु, प्रेमी, भक्त, भागवत, योगी, ज्ञानी, स्थितप्रज्ञ, मुक्त आदि अनेक विभिन्न नामोंसे वर्णन किया है, जो साधनभेदसे सभी सार्थक और सत्य हैं। पर उन सभी संतोंमें कुछ ऐसे लक्षण होते हैं जो प्रायः समानभावसे सर्वत्र पाये जाते हैं। उनमेंसे कुछका दिग्दर्शन यहाँ श्रीमद्भागवत और श्रीरामचरितमानसके अनुसार कीजिये—

श्रीभगवान् भक्त उद्धवसे कहते हैं—

कृपालुरकृतद्रोहस्तितिक्षुः सर्वदेहिनाम्।
सत्यसारोऽनवद्यात्मा समः सर्वोपकारकः॥
कामैरहतधीर्दान्तो मृदुः शुचिरकिंचनः।
अनीहो मितभुक् शान्तः स्थिरो मच्छरणो मुनिः॥
अप्रमत्तो गभीरात्मा धृतिमाञ्जितषड्गुणः।
अमानी मानदः कल्पो मैत्रः कारुणिकः कविः॥

(श्रीमद्भा० ११। ११। २९—३१)

'उद्धव! मेरा भक्त कृपाकी मूर्ति होता है, वह किसी भी प्राणीसे वैर नहीं करता, वह सब प्रकारके सुख-दुःखोंको प्रसन्नतापूर्वक सहन करता है, सत्यको जीवनका सार समझता है, उसके मनमें कभी किसी प्रकारकी पापवासना नहीं उठती, वह सर्वत्र समदर्शी और सबका अकारण उपकार करनेवाला होता है। उसकी बुद्धि कामनाओंसे कलुषित नहीं होती। वह इन्द्रियविजयी, कोमल-स्वभाव और पवित्र होता है, उसके पास अपनी कोई भी वस्तु नहीं होती। किसी भी वस्तुके लिये वह कभी चेष्टा नहीं करता, परिमित भोजन करता है, सदा शान्त रहता है। उसकी बुद्धि स्थिर होती है, वह केवल मेरे ही आश्रय रहता है, निरन्तर मननशील रहता है। वह कभी प्रमाद नहीं करता, गम्भीर-स्वभाव और धैर्यवान् होता है। भूख-प्यास, शोक-मोह और जन्म-मृत्यु—इन छहों पर विजय प्राप्त कर चुका है। वह स्वयं कभी किसीसे किसी प्रकारका मान नहीं चाहता और दूसरोंको सम्मान देता रहता है। भगवत्सम्बन्धी बातें समझानेमें बड़ा निपुण होता है, उसके हृदयमें करुणा भरी रहती है और भगवत्तत्त्वका उसे यथार्थ ज्ञान होता है।'

भगवान् कपिलदेवने माता देवहूतिजीसे कहा है—

तितिक्षवः कारुणिकाः सुहृदः सर्वदेहिनाम्।
अजातशत्रवः शान्ताः साधवः साधुभूषणाः॥
मय्यनन्येन भावेन भक्तिं कुर्वन्ति ये दृढाम्।
मत्कृते त्यक्तकर्माणस्त्यक्तस्वजनबान्धवाः॥
मदाश्रयाः कथा मृष्टाः शृण्वन्ति कथयन्ति च।
तपन्ति विविधास्तापा नैतान्मद्गतचेतसः॥
त एते साधवः साध्वि सर्वसङ्गविवर्जिताः।
सङ्गस्तेष्वथ ते प्रार्थ्यः सङ्गदोषहरा हि ते॥

(श्रीमद्भा० ३। २५। २१—२४)

'जो सुख-दुःखमें सहनशील, करुणापूर्णहृदय, सबका अकारण हित करनेवाले, किसीके प्रति कभी भी शत्रुभाव न रखनेवाले, शान्तस्वभाव, साधु भाववाले, साधुओंका सम्मान करनेवाले हैं, मुझमें अनन्यभावसे सुदृढ़ भक्ति करते हैं, मेरे लिये समस्त कर्म तथा स्वजन-बन्धुओंको भी त्याग चुके हैं, मेरे परायण होकर मेरी पवित्र कथाओंको सुनते, कहते और मुझमें ही चित्त लगाये रखते हैं, उन भक्तोंको संसारके विविध प्रकारके ताप कोई कष्ट नहीं पहुँचाते। साध्वि! ऐसे सर्वसङ्ग-परित्यागी महापुरुष ही संत होते हैं, तुम्हें उन्हींके सङ्गकी इच्छा करनी चाहिये; क्योंकि वे आसक्तिसे उत्पन्न सभी दोषोंको हरनेवाले होते हैं।'

योगीश्वर हरिजी राजा निमिसे कहते हैं—

गृहीत्वापीन्द्रियैरर्थान् यो न द्वेष्टि न हृष्यति।
विष्णोर्मायामिदं पश्यन् स वै भागवतोत्तमः॥
देहेन्द्रियप्राणमनोधियां यो जन्माप्ययक्षुज्जरयर्तिकृच्छ्रैः।
संसारधर्मैरविमुह्यमानः स्मृत्या हरेर्भागवतप्रधानः॥
न कामकर्मबीजानां यस्य चेतसि सम्भवः।
वासुदेवैकनिलयः स वै भागवतोत्तमः॥
न यस्य जन्मकर्मभ्यां न वर्णाश्रमजातिभिः।
सज्जतेऽस्मिन्नहंभावो देहे वै स हरेः प्रियः॥
न यस्य स्वः पर इति वित्तेष्वात्मनि वा भिदा।
सर्वभूतसमः शान्तः स वै भागवतोत्तमः॥
त्रिभुवनविभवहेतवेऽप्यकुण्ठ-
स्मृतिरजितात्मसुरादिभिर्विमृग्यात्।
न चलति भगवत्पदारविन्दा-
ल्लवनिमिषार्धमपि यः स वैष्णवाग्र्यः॥
भगवत उरुविक्रमाङ्घ्रिशाखानखमणिचन्द्रिकया निरस्ततापे।
हृदि कथमुपसीदतां पुनः स प्रभवति चन्द्र इवोदितेऽर्कतापः॥

विसृजति हृदयं न यस्य साक्षाद्धरिरवशाभिहितोऽप्यघौघनाशः।
प्रणयरशनया धृताङ्घ्रिपद्मः स भवति भागवतप्रधान उक्तः॥
(श्रीमद्भा० ११। २। ४८—५५)

जो श्रोत्र नेत्र आदि इन्द्रियोंके द्वारा शब्द-रूप आदि विषयोंका ग्रहण तो करता है, परंतु अपनी इच्छाके प्रतिकूल विषयोंसे द्वेष नहीं करता और अनुकूल विषयोंके मिलनेपर हर्षित नहीं होता—उसकी यह दृष्टि बनी रहती है कि यह सब हमारे भगवान्‌की माया—लीला है, वह उत्तम भागवत है। संसारके धर्म हैं—जन्म-मृत्यु, भूख-प्यास, श्रम-कष्ट और भय-तृष्णा। ये क्रमशः शरीर, प्राण, इन्द्रिय, मन और बुद्धिको प्राप्त होते ही रहते हैं। जो पुरुष भगवान्‌की स्मृतिमें इतना तन्मय रहता है कि इनके बार-बार होते-जाते रहनेपर भी उनसे मोहित नहीं होता, पराभूत नहीं होता, वह उत्तम भागवत है। जिसके मनमें विषयभोगकी इच्छा, कर्मप्रवृत्ति और उनके बीज—वासनाओंका उदय नहीं होता और जो एकमात्र भगवान् वासुदेवमें ही निवास करता है, वह उत्तम भगवद्भक्त है। जिसका इस शरीरमें न तो सत्कुलमें जन्म, तपस्या आदि कर्मसे तथा न वर्ण, आश्रम एवं जातिसे ही अहंभाव होता है, वह निश्चय ही भगवान्‌का प्यारा है। जो धन-सम्पत्तिमें अथवा शरीर आदिमें 'यह अपना है और यह पराया'—इस प्रकारका भेदभाव नहीं रखता, समस्त प्राणिपदार्थोंमें समस्वरूप परमात्माको देखता रहता है, समभाव रखता है तथा प्रत्येक स्थितिमें शान्त रहता है, वह भगवान्‌का उत्तम भक्त है। बड़े-बड़े देवता और ऋषि-मुनि भी अपने अन्तःकरणको भगवन्मय बनाते हुए जिन्हें ढूँढ़ते रहते हैं—भगवान्‌के ऐसे चरणकमलोंसे आधे क्षण, पलक पड़नेके आधे समयके लिये भी जो नहीं हटता, निरन्तर उन चरणोंकी सेवामें ही लगा रहता है, यहाँतक कि कोई स्वयं उसे त्रिभुवनकी राज्यलक्ष्मी दे तो भी वह भगवत्-स्मृतिका तार जरा भी नहीं तोड़ता, उस राज्यलक्ष्मीकी ओर ध्यान ही नहीं देता; वही पुरुष वास्तवमें भगवद्भक्त—वैष्णवोंमें अग्रगण्य है, सर्वश्रेष्ठ है। रासलीलाके अवसरपर नृत्य-गतिसे भाँति-भाँतिके पद-विन्यास करनेवाले निखिल-सौन्दर्य-माधुर्य-निधि भगवान्‌के श्रीचरणोंके अंगुलि-नखकी मणिचन्द्रिकासे जिन शरणागत भक्तजनोंके हृदयका विरहजनित संताप एक बार दूर हो चुका है, उनके हृदयमें वह फिर कैसे आ सकता है, जैसे चन्द्रमाके उदय होनेपर सूर्यका ताप नहीं लग सकता। विवशतामें नामोच्चारण करनेपर भी सम्पूर्ण अघराशिको नष्ट कर देनेवाले स्वयं भगवान् श्रीहरि जिसके हृदयको क्षणभरके लिये भी नहीं छोड़ते हैं, क्योंकि उसने प्रेमकी रस्सीसे उनके चरणकमलोंको हृदयमें बाँध रक्खा है, वास्तवमें ऐसा ही पुरुष भगवान्‌के भक्तोंमें प्रधान होता है।'

भगवान् श्रीरामचन्द्रजी मुनि श्रीनारदजीसे कहते हैं—

सुनु मुनि संतन्ह के गुन कहऊँ। जिन्ह ते मैं उन्ह कें बस रहऊँ॥
षट बिकार जित अनघ अकामा। अचल अकिंचन सुचि सुख धामा॥
अमित बोध अनीह मित भोगी। सत्यसार कबि कोबिद जोगी॥
सावधान मानद मद हीना। धीर धर्म गति परम प्रबीना॥
गुनागार संसार दुख रहित बिगत संदेह।
तजि मम चरनसरोज प्रिय तिन्ह कहुँ देह न गेह॥
निज गुन श्रवन सुनत सकुचाहीं। पर गुन सुनत अधिक हरषाहीं॥
सम सीतल नहिं त्यागहिं नीती। सरल सुभाउ सबहि सन प्रीती॥
जप तप ब्रत दम संजम नेमा। गुरु गोबिंद बिप्र पद प्रेमा॥
श्रद्धा छमा मयत्री दाया। मुदिता मम पद प्रीति अमाया॥
बिरति बिबेक बिनय बिग्याना। बोध जथारथ बेद पुराना॥
दंभ मान मद करहिं न काऊ। भूलि न देहिं कुमारग पाऊ॥
गावहिं सुनहिं सदा मम लीला। हेतु रहित पर हित रत सीला॥
मुनि सुनु साधुन्ह के गुन जेते। कहि न सकहिं सारद श्रुति तेते॥

भगवान् श्रीरामचन्द्र भरतजीसे कहते हैं—

संतन्ह के लच्छन सुनु भ्राता। अगनित श्रुति पुरान बिख्याता॥
संत असंतन्हि के असि करनी। जिमि कुठार चंदन आचरनी॥
काटइ परसु मलय सुनु भाई। निज गुन देइ सुगंध बसाई॥
ताते सुर सीसन्ह चढ़त जग बल्लभ श्रीखंड।
अनल दाहि पीटत घनहिं परसु बदन यह दंड॥
बिषय अलंपट सील गुनाकर। पर दुख दुख सुख सुख देखे पर॥
सम अभूतरिपु बिमद बिरागी। लोभामरष हरष भय त्यागी॥
कोमल चित दीनन्ह पर दाया। मन बच क्रम मम भगति अमाया॥
सबहि मानप्रद आपु अमानी। भरत प्रान सम मम ते प्रानी॥
बिगत काम मम नाम परायन। सांति बिरति बिनती मुदितायन॥
सीतलता सरलता मयत्री। द्विज पद प्रीति धर्म जनयत्री॥
ए सब लच्छन बसहिं जासु उर। जानेहु तात संत संतत फुर॥
सम दम नियम नीति नहिं डोलहिं। परुष बचन कबहूँ नहिं बोलहिं॥
निंदा अस्तुति उभय सम ममता मम पद कंज।
ते सज्जन मम प्रानप्रिय गुन मंदिर सुख पुंज॥

× × ×

संत हृदय नवनीत समाना । कहा कबिन्ह पै कहइ न जाना ॥
निज परिताप द्रवइ नवनीता । पर दुख द्रवइ संत सुपुनीता ॥

× × ×

पर उपकार बचन मन काया । संत सहज सुभाउ खगराया ॥
संत सहहिं दुख परहित लागी । परदुख हेतु असंत अभागी ॥
संत उदय संतत सुखकारी । बिस्व सुखद जिमि इंदु तमारी ॥

इसी प्रकार श्रीमद्भगवद्गीता (अध्याय २ । ५५ से ७२) में 'स्थितप्रज्ञ' के नामसे तथा (अध्याय १२ श्लोक १३–२० में) 'प्रिय भक्त' के नामसे संतोंके लक्षण बतलाये हैं । महाभारतके अन्यान्य स्थलोंमें तथा प्रायः सभी पुराणोंमें संतोंके लक्षणोंका विशद वर्णन है ।

परमात्माको प्राप्त हुए संतोंके ये सहज लक्षण हैं । ज्ञानयोग, निष्काम कर्मयोग, भक्तियुक्त निष्काम कर्मयोग, भक्तियोग, प्रपत्तियोग और अष्टाङ्गयोग आदि सभी परमात्माकी प्राप्तिके साधन हैं । जिनकी जिस साधनमार्गमें रुचि और अधिकार होता है, वे उसी मार्गसे चलकर परमात्माको प्राप्त कर सकते हैं । साधनमार्गके अनुसार परमात्माको प्राप्त पुरुषोंमें इन लक्षणोंकी स्वाभाविक उसी प्रकार अभिव्यक्ति और स्थिति होती है जिस प्रकार चन्द्रमामें चाँदनी, सूर्यमें प्रकाश और उष्मा तथा अग्निमें दाहिका-शक्ति होती है और प्राप्तिके पथपर अग्रसर होते हुए साधकोंमें उनके मार्गके अनुसार ये लक्षण आदर्शरूपमें रहते हैं—वे इन गुणोंको आदर्श मानकर इनके अनुसार आचरण करनेका प्रयत्न करते हैं ।

संत क्या करते हैं ?

परमात्माको प्राप्त ऐसे संत स्वयं ही कृतार्थ नहीं होते, वे संसारसागरमें डूबते-उतराते हुए असंख्य प्राणियोंका उद्धार करके उन्हें परमात्माके परम धाममें पहुँचानेके लिये सुदृढ़ जहाज बन जाते हैं । उनका सङ्ग करके उनके वचनानुसार आचरण करनेपर उद्धार होता है, इसमें तो आश्चर्य ही क्या है, उनके स्मरणमात्रसे, केवल स्मरण करनेवालेका मन ही नहीं, उसका घरतक तत्काल विशुद्ध हो जाता है । महाराजा परीक्षित् मुनिवर शुकदेवजीसे कहते हैं—

येषां संस्मरणात् पुंसां सद्यः शुध्यन्ति वै गृहाः ।
किं पुनर्दर्शनस्पर्शपादशौचासनादिभिः ॥
(श्रीमद्भा० १ । १९ । ३३)

'मुनिवर ! आप-जैसे महात्माओंके स्मरणमात्रसे ही गृहस्थोंके घर तत्काल पवित्र हो जाते हैं । फिर दर्शन, स्पर्श, पादप्रक्षालन और आसनादि प्रदानका सुअवसर मिल जाय, तब तो कहना ही क्या है !'

ऐसे महात्माओंका संसारमें रहना और विचरना चेतन प्राणियोंको नहीं—जड जल, मृत्तिका और वायु आदिको भी पवित्र करने और उनको तरन-तारन बनानेके लिये ही होता है । धर्मराज युधिष्ठिरजी महात्मा विदुरजीसे कहते हैं—

भवद्विधा भागवतास्तीर्थभूताः स्वयं विभो ।
तीर्थीकुर्वन्ति तीर्थानि स्वान्तःस्थेन गदाभृता ॥
(श्रीमद्भा० १ । १३ । १०)

'प्रभो ! आप-जैसे भागवत (भगवान्‌के प्रिय भक्त) स्वयं ही तीर्थरूप हैं । आपलोग अपने हृदयमें विराजमान भगवान्‌के (नाममात्रके) द्वारा तीर्थोंको (सच्चे) तीर्थ बनाते हुए—अर्थात् उक्त तीर्थस्थलोंमें जानेवाले लोगोंको उद्धार करनेकी शक्ति उन तीर्थोंको प्रदान करते हुए विचरण करते हैं ।'

पाप करनेवाले तो गिरते ही हैं, 'सकाममाव' रहते भी परमात्माकी प्राप्ति कठिन है ।

यह उन महात्मा-संतोंकी महिमा है, जो परमात्माको प्राप्त करके परमात्म-स्वरूपमें प्रतिष्ठित हो चुके हैं । परमात्माकी इस प्राप्तिके लिये साधन चाहे किसी प्रकारका हो—चित्तका संयोग परमात्मासे होना चाहिये । अभिप्राय यह कि एकमात्र परमात्मा ही लक्ष्य या साध्य होने चाहिये । अन्य किसी भी विषयकी कामना मनमें नहीं रहनी चाहिये और न अन्यत्र कहीं ममता और आसक्ति ही होनी चाहिये ।

जो लोग शास्त्रनिषिद्ध कर्मोंमें, पाप-प्रवृत्तिमें लगे रहते हैं, वे तो परमात्माको प्राप्त न होकर बार-बार आसुरी योनिको तथा अधम गतिको प्राप्त होते ही हैं (गीता १६ । २०), जो सकाम भाव रखते हैं—सकाम भावसे इष्ट-पूर्तादि शुभ कर्म करते हैं, उनको भी सहजमें परमात्माकी प्राप्ति नहीं होती; क्योंकि मनमें कामना होनेपर पाप हुए बिना रहते नहीं । भगवान्‌ने गीतामें स्पष्ट कहा है कि पाप होनेमें कामना ही प्रधान कारण है—

काम एष क्रोध एष रजोगुणसमुद्भवः ।
महाशनो महापाप्मा विद्ध्येनमिह वैरिणम् ॥
(३ । ३७)

'रजोगुणसे उत्पन्न यह कामना ही क्रोध (बन जाती) है। यह काम ही महा अशन अर्थात् अग्निके सदृश भोगोंसे तृप्त न होनेवाला और बड़ा पापी है । पाप बननेमें तू इसको ही वैरी जान ।'

कितना ही बुद्धिमान् पुरुष हो, विषयासक्तिसे पाप बनने लगते हैं और पापोंसे अन्तःकरणके अशुद्ध तथा मलिन हो जानेपर वह परमात्मासे विमुख हो जाता है । ऐसी अवस्थामें दूसरोंको तारनेकी बात तो दूर रही वह स्वयं ही नीचे गिर जाता है । मुण्डकोपनिषद्में कहा गया है—

अविद्यायामन्तरे वर्त्तमानाः
स्वयं धीराः पण्डितं मन्यमानाः ।
जङ्घन्यमानाः परियन्ति मूढा
अन्धेनैव नीयमाना यथान्धाः ॥
अविद्यायां बहुधा वर्तमाना
वयं कृतार्था इत्यभिमन्यन्ति बालाः ।
यत् कर्मिणो न प्रवेदयन्ति रागात्
तेनातुराः क्षीणलोकाश्च्यवन्ते ॥
इष्टापूर्तं मन्यमाना वरिष्ठं
नान्यच्छ्रेयो वेदयन्ते प्रमूढाः ।
नाकस्य पृष्ठे ते सुकृतेऽनुभूत्वे-
मं लोकं हीनतरं वा विशन्ति ॥
(१ । २ । ८—१०)

'अविद्यामें स्थित होकर भी अपने-आप ही बुद्धिमान् बने हुए और अपनेको विद्वान् माननेवाले वे मूर्खलोग बार-बार कष्ट सहते हुए वैसे ही भटकते रहते हैं, जैसे अंधेके द्वारा ही चलाये जानेवाले अंधे भटकते हैं । वे मूर्ख विविध प्रकारसे अविद्यारूप सकाम कर्मोंमें लगे हुए 'हम कृतार्थ हो गये' ऐसा अभिमान करते हैं; क्योंकि वे सकाम-कर्मी लोग विषयासक्तिके कारण श्रेय—कल्याणके यथार्थ मार्गको नहीं जान पाते । इसीसे वे बार-बार दुःखातुर होकर शुभ लोकोंसे निकाले जाकर नीचे गिर जाते हैं । इष्ट-पूर्तरूप सकाम कर्मोंको ही श्रेष्ठ माननेवाले वे अत्यन्त मूढ़ उस (सांसारिक भोग-सुखोंकी प्राप्तिके साधनरूप सकामकर्म) से भिन्न यथार्थ कल्याणको नहीं जानते । वे पुण्यकर्मोंके फलस्वरूप स्वर्गके उच्चस्तरपर पहुँचकर वहाँके भोगोंका अनुभव करके पुनः इस मनुष्यलोकमें अथवा (पापोंके परिणामभोगका समय आ गया हो तो) उससे भी हीन (कीट-पतंग, शूकर-कूकर या वृक्ष-पत्थर आदि) योनियोंमें जाते हैं ।'

इसी भावसे रामचरितमानसकी वेदस्तुतिमें मिथ्या ज्ञानाभिमानी लोगोंका स्वर्गके उच्चतम स्थानोंसे नीचे गिरना बतलाया गया है—

'ते पाइ सुर दुरलभ पदादपि परत हम देखत हरी ।'

भगवान्‌ने गीतामें भी कहा है—

ते तं भुक्त्वा स्वर्गलोकं विशालं
क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोकं विशन्ति ॥
(९ । २१)

'वे उस विशाल स्वर्गलोकको भोगकर पुण्य क्षीण होनेपर पुनः मृत्युलोकको प्राप्त होते हैं ।'

इसलिये परमात्माकी प्राप्तिके इच्छुक साधकको पापमें तो कभी प्रवृत्त होना ही नहीं चाहिये । पुण्यकर्मोंमें भी सकामभावका सर्वथा त्याग करके उनका केवल भगवत्प्रीत्यर्थ ही यथायोग्य आचरण करना चाहिये । तभी उसे परमात्माकी प्राप्ति हो सकती है और तभी वह परमात्माका प्रिय होकर संसारके लोगोंको परमात्माके पुनीत पथपर लाने और अग्रसर करानेका सौभाग्य प्राप्त कर सकता है ।

उच्चकोटिके संत

ऐसे साधनसिद्ध संतोंके अतिरिक्त परमात्मा जीवोंके प्रति दयापरवश होकर कभी-कभी उच्च कोटिके संतोंको, अपने खास पार्षदोंको—आधिकारिक पुरुषोंको भी संसारके उन दुःखी जीवोंका उद्धार करनेके लिये भेज दिया करते हैं। वे महापुरुष त्रितापानल-से जले हुए जीवोंको समझा-बुझाकर—उनके सामने परम विशुद्ध आदर्श रखकर और उनकी यथायोग्य सेवा कर उनके हृदयोंमें परमात्मस्वरूपको जाननेकी जिज्ञासा और परमात्माको प्राप्त करनेकी शुभाकाङ्क्षा उत्पन्न कर देते हैं और फिर उनको भगवत्-साक्षात्कारके योग्य बनाकर कृतार्थ कर देते हैं ।

भगवान् स्वयं श्रीउद्धवजीसे कहते हैं—

यथोपश्रयमाणस्य भगवन्तं विभावसुम् ।
शीतं भयं तमोऽप्येति साधून् संसेवतस्तथा ॥

निमज्ज्योन्मज्जतां घोरे भवाब्धौ परमायनम्।
सन्तो ब्रह्मविदः शान्ता नौर्दृढेवाप्सु मज्जताम्॥
अन्नं हि प्राणिनां प्राण आर्तानां शरणं त्वहम्।
धर्मो वित्तं नृणां प्रेत्य संतोऽर्वाग् बिभ्यतोऽरणम्॥
सन्तो दिशन्ति चक्षूंषि बहिरर्कः समुत्थितः।
देवता बान्धवाः सन्तः सन्त आत्माहमेव च॥

(श्रीमद्भा० ११।२६।३१—३४)

'जिसने उन संत पुरुषोंकी शरण ग्रहण कर ली, उसकी कर्मजडता, संसारभय और अज्ञान आदि सर्वथा निवृत्त हो जाते हैं। भला, जिसने अग्नि भगवान्‌का आश्रय ले लिया, उसे क्या कभी शीत, भय अथवा अन्धकारका दुःख हो सकता है! जो इस संसारसागरमें डूब-उतरा रहे हैं, उनके लिये ब्रह्मवेत्ता और शान्त-स्वभाव संत वैसे ही एकमात्र आश्रय हैं, जैसे जलमें डूबते हुए लोगोंके लिये दृढ नौका। जैसे अन्नसे प्राणियोंके प्राणकी रक्षा होती है, जैसे मैं आर्त प्राणियोंका एकमात्र आश्रय हूँ, जैसे मनुष्यके लिये परलोकमें धर्म ही एकमात्र पूँजी है—वैसे ही संसारसे भयभीत लोगोंके लिये सत-जन ही परम आश्रय हैं। जैसे सूर्य आकाशमें उदय होकर लोगोंको जगत् तथा अपनेको देखनेके लिये नेत्रदान करता है, वैसे ही संत-पुरुष अपनेको तथा भगवान्‌को देखनेके लिये अन्तर्दृष्टि देते हैं। संत अनुग्रहशील देवता हैं। संत अपने हितैषी सुहृद् हैं, संत अपने प्रियतम आत्मा हैं, अधिक क्या संतके रूपमें स्वयं मैं ही प्रकट हूँ।'

इतना ही नहीं, संत भगवान्‌के स्वरूप ही नहीं हैं, उनके भजनीय भी हैं—भगवान् कहते हैं—

निरपेक्षं मुनिं शान्तं निर्वैरं समदर्शनम्।
अनुव्रजाम्यहं नित्यं पूयेयेत्यङ्घ्रिरेणुभिः॥

(श्रीमद्भा० ११।१४।१६)

'जिसे किसीकी अपेक्षा नहीं, जो जगत्‌के चिन्तनसे सर्वथा उपरत होकर मेरे ही मननमें तल्लीन रहता है, जो कभी किसी भी प्राणीसे वैर नहीं रखता, जो सर्वत्र समदृष्टि है, उस महात्माके पीछे-पीछे मैं निरन्तर इस विचारसे घूमा करता हूँ कि उसके चरणोंकी धूल उड़कर मुझपर पड़े और मैं पवित्र हो जाऊँ।'

यह है उच्चकोटिके संतकी महिमा।

वचनोंका अनुसरण करना चाहिये, आचरणोंका नहीं

यहाँ सहज ही यह प्रश्न होता है कि 'तो क्या इस 'संत-वाणी-अङ्क' में जिन संतोंकी वाणियाँ संकलित की गयी हैं, वे सभी इसी कोटिके पुनीत संत हैं?'

इसका स्पष्ट उत्तर यह है कि हमें इसका कुछ भी ज्ञान नहीं है।

ऊपर कहा जा चुका है कि संतकी पहचान बाहरी लक्षणोंसे नहीं हो सकती और संतकी परीक्षा करनी भी नहीं चाहिये। सच बात तो यह है कि लौकिक विषयासक्त बुद्धिवाला पुरुष संतकी परीक्षा वैसे ही नहीं कर सकता, जैसे बड़े-बड़े पत्थर तौलनेके काँटेसे बहुमूल्य हीरा नहीं तौला जा सकता। हम जिसे पहुँचा हुआ महात्मा समझते हैं, सम्भव है, वह पूरा दंभी और ठग हो; और हमारी बुद्धिमें जो साधारण मनुष्य जँचता हो, वह सच्चा महापुरुष हो। कौन पुरुष यथार्थ महापुरुष या संत हैं या नहीं, अपनी अयोग्यताके कारण इसकी छान-बीन न करके हमने तो यथासाध्य 'संत वाणी' का, (संतकी वाणीका नहीं) संकलन करनेका प्रयत्न किया है। संत वाणीका अभिप्राय यह है कि उस वाणीमें कोई 'असाधु' बात नहीं है। वह वाणी 'साधु' है, पवित्र है और उस वाणीके अनुसार आचरण करनेसे कल्याण हो सकता है। उस वाणीके वक्ता कैसे हैं, किस स्थितिमें हैं, वे सिद्ध हैं या साधक अथवा विषयी—इसकी परीक्षा करनेकी क्षमता हमलोगोंमें नहीं है और असलमें शुभ वचनके अनुसार ही शुभ आचरण करनेकी आवश्यकता है, वक्ताके आचरणके अनुसार नहीं। आचरणका अनुसरण हो भी नहीं सकता। श्रीभगवान्‌ने स्वयं श्रीमद्भागवतमें ईश्वरकोटिके लोगोंके भी सब आचरणोंका अनुसरण न करनेकी आज्ञा दी है—

नैतत् समाचरेज्जातु मनसापि ह्यनीश्वरः।
विनश्यत्याचरन् मौढ्याद् यथा रुद्रोऽब्धिजं विषम्॥
ईश्वराणां वचः सत्यं तथैवाचरितं क्वचित्।
तेषां यत् स्ववचो युक्तं बुद्धिमांस्तत् समाचरेत्॥

(१०।३३।३१-३२)

'जिन लोगोंमें वैसी (ईश्वर-जैसी) सामर्थ्य नहीं है, उन्हें मनसे भी वैसी बात कभी नहीं सोचनी चाहिये। यदि मूर्खतावश कोई ऐसा काम कर बैठे तो उसका नाश हो जाता है। भगवान् शङ्करने हालाहल विष पी लिया, दूसरा कोई पिये तो भस्म हो जायगा। इसलिये इस प्रकारके जो शङ्कर आदि ईश्वर हैं, अपने अधिकारके अनुसार उनके वचनको ही सत्य

(अनुकरण करने योग्य) मानना चाहिये और उसीके अनुसार आचरण करना चाहिये। उनके आचरणका अनुकरण तो कहीं-कहीं ही किया जाता है। इसलिये बुद्धिमान् पुरुषको चाहिये कि उनका जो आचरण उनके उपदेशके अनुकूल हो, उसीको जीवनमें उतारे।'

उपनिषद्के ऋषि उपदेश करते हैं—

× × यान्यनवद्यानि कर्माणि। तानि सेवितव्यानि। नो इतराणि। यान्यस्माकꣳ सुचरितानि। तानि त्वयोपास्यानि। नो इतराणि। × ×

(तैत्तिरीय १। ११)

'जो-जो निर्दोष कर्म हैं, उन्हींका तुम्हे सेवन करना चाहिये। उनसे भिन्न जो (दूषित) कर्म हैं, उनका कभी आचरण नहीं करना चाहिये। हमलोगोंमे भी जो अच्छे आचरण हैं, उन्हींका तुम्हे अनुकरण—सेवन करना चाहिये, दूसरोंका कभी नहीं।'

अतएव किसीके आचरणकी ओर न देखकर वाणीके अर्थकी ओर देखना चाहिये। संत वाणी वही है जो संत भावकी प्राप्तिमे साधनरूप हो सकती है। इसी दृष्टिसे संत वाणी—साधु आचरणका उपदेश करनेवाली वाणी, पापप्रवृत्तिसे हटाकर परमात्माकी ओर प्रवृत्त करानेवाली वाणीका चुनाव और संकलन किया गया है।

वाणीके भेद

'तो क्या सभी वाणियोंका अनुसरण सभी कर सकते हैं?'—नहीं, कदापि नहीं। वाणीमे देश, काल, व्यक्ति, प्रसङ्ग, अधिकार, रुचि आदि कारणोंसे भेद होता है। जैसे किसी ठंडे देशमे या मंसूरी, शिमला, नैनीताल आदि स्थानोंमे गरम कपड़ा पहनने-ओढ़ने तथा आग तापनेको कहा जायगा और गरम देशमें गरम कपड़ेका त्याग करके शीतल वायु-सेवनकी सलाह दी जायगी। शीत ऋतुमे गरम कपड़ेकी आवश्यकता बतलायी जायगी और ग्रीष्म ऋतुमे शीतल वायु-सेवनकी। अतिसारके रोगीको दूधका त्याग करनेको कहा जायगा और दुर्बल मनुष्यको दूध पीकर पुष्ट होनेका उपदेश दिया जायगा। यों देश-काल-पात्रके अनुसार कथनमे भेद होगा, चाहे कहनेवाला एक ही व्यक्ति हो।

इसी प्रकार गरीब, निर्दोष प्राणीको प्राण-रक्षाके लिये मिथ्याका प्रयोग भी आवश्यक बताया जायगा, पर अन्य सभी समय मिथ्या भाषणको पाप बताया जायगा। भगवान् शङ्करकी पूजाके प्रसङ्गमें धतूरेके फूल चढ़ानेकी विधि बतायी जायगी और भगवान् विष्णुके पूजा-प्रसङ्गमें उसका निषेध किया जायगा। छोटे बच्चेको पाव-आधसेर वजनकी वस्तु उठानेके लिये ही कहा जायगा, पर पहलवानको भारी-से भारी तौलकी वस्तु उठानेपर शाबाशी दी जायगी। निवृत्तिमार्गी शुकदेव मुनिकी रुचिके अनुसार उनके लिये सन्यासका विधान होगा, पर योद्धा अर्जुनको भगवान् रणाङ्गणमे जूझनेका ही उपदेश देंगे। इस प्रकार प्रसङ्ग, अधिकार और रुचिके अनुसार कथनमे भेद होगा। कोमल सौम्य प्रकृतिका साधक सौन्दर्य-माधुर्य-निधि वृन्दावनविहारी मुरली-मनोहरकी उपासनामे रस प्राप्त करेगा और कठोर क्रूर वृत्तिवालेको नृसिंहदेव, काली या छिन्नमस्ताकी उपासना उपयुक्त होगी। इसलिये सतकी सभी वाणी सभीके लिये समान उपयोगी नहीं हुआ करती। अपनी रुचि और अधिकारके अनुसार ही चुनाव करना उचित है। तथापि, दैवी सम्पत्तिके गुण, उत्तम और उज्ज्वल चरित्र, यम-नियम, भगवान्की ओर अभिरुचि, विषय-वैराग्य और साधनमे उत्साह आदि कुछ ऐसे भाव, विचार और गुण हैं जो सभीमे होने चाहिये और ऐसी सभी सत वाणियोंका अनुसरण सभीको करना चाहिये।

हमारी क्षमा-प्रार्थना

संत वाणीको पढते समय यह देखना आवश्यक नहीं है कि यह पहुँचे हुए संतकी वाणी है या साधककी। साधककी भी वाणी, यदि वह वाणी 'संत' है तो पालन करनेयोग्य है। साधकमे क्या दोष था, यह देखनेकी जरूरत नहीं है। साधनामे लगा हुआ पुरुष किसी कारणवश कभी-कभी मार्गसे स्खलित हो सकता है। इससे वह सर्वथा दूषित हो जायगा, सो बात भी नहीं है। गिरनेवालेको गिरा हुआ ही नहीं मान लेना चाहिये, वह यदि गिरनेपर पश्चात्ताप करता है और पुनः उठना चाहता है तो ऐसा दोषी नहीं है। फिर हमारे लिये तो इस प्रसङ्गमे एक बड़ी निरापद स्थिति यह है कि इस 'संत-वाणी-अङ्क'मे केवल दिवगत पुरुषोंकी ही वाणियोंका संग्रह किया गया है। किसीकी वाणीके प्रति आकर्षित होकर कोई किसीका सङ्ग करके—उसके आचरणोंको देखकर पतित हो जाय, ऐसी आशङ्का ही यहाँ नहीं है। मनुष्य जब-तक मर न जाय, तबतक तो कहा नहीं जा सकता कि उसका अन्त कैसा होगा। सोलनने कहा है—'कोई भी मनुष्य जीवित अवस्थामे अच्छा नहीं कहा जा सकता।' आज जो अच्छे माने जाते हैं, वे ही कल खराब साबित

होते हैं। पर इस संसारसे विदा होनेके बाद तो उसके जीवनमें न तो कोई नया परिवर्तन होनेकी गुंजाइश रहती है और न उसके सङ्गमे किसीके बिगड़ने या गिरनेकी ही। इसलिये हम दावेके साथ यह कहनेमे समर्थ न होते हुए भी कि 'इस अङ्कमे प्रकाशित वाणियोंके वक्ता सभी लोग आधिकारिक, महापुरुष, प्रेमास्पद प्रभुके प्रेमी सत, पहुँचे हुए महात्मा, उच्च कोटिके साधक या साधक ही थे, और, साथ ही यह भी स्वीकार करते हुए भी कि—'सम्भव है इनमे कोई ऐसे व्यक्ति भी आ गये हो जिनकी बुराइयोका हमें परिचय न हो, पर जो सतकोटिसे सर्वथा विपरीत हों'—इतना अवश्य कह सकते हैं कि इनमे अनेकों आधिकारिक महापुरुष, परम प्रेमी महात्मा, पहुँचे हुए संत और उच्च कोटिके साधक भी अवश्य ही हैं। और जो ऐसे नहीं हैं, उनकी भी वाणी तो 'संत' ही है, इसलिये इन वाणियोंको जीवनमे उतारनेसे निश्चितरूपसे परम कल्याण ही होगा। हमने अपनी समझके अनुसार यथासाध्य 'साधु' वाणीका ही संकलन करनेका प्रयत्न किया है। इसमें कहीं हमारा प्रमाद भी हो सकता है और उसके लिये हम हाथ जोड़कर पाठकोंसे क्षमा-प्रार्थना करते हैं।

इस अङ्कमे देनेके विचारसे हमारी चुनी हुई भी कुछ वाणियाँ रह गयी हैं। कुछ संतोंकी वाणियाँ देनेकी इच्छा थी, पर वे मिल नहीं सकीं; कुछ वाणियाँ देरसे मिलीं, कुछ संतोकी वाणियाँ बहुत संक्षेपमे दी गयीं, संतोंके छाया-चित्र भी बहुतसे नहीं दिये जा सके। परिस्थितिवश ये सब अवाञ्छनीय बातें हो गयीं, इसके लिये हम क्षमा चाहते हैं। संतोंके काल—स्थान आदिके परिचयमे कहीं प्रमादवश भूल रह गयी हो तो उसके लिये भी सभी सज्जन हमें क्षमा करें।

इस अङ्कमे जो वाणियाँ दी गयी हैं, उनमेंसे पुराण, महाभारतादि प्राचीन ग्रन्थोंके अतिरिक्त बहुत-सी विभिन्न लेखकोंके ग्रन्थोसे ही ली गयी हैं। जिनमें वेलवेडियर प्रेसद्वारा प्रकाशित 'संत-वाणी-संग्रह', श्रीपरशुरामजी चतुर्वेदी लिखित 'संतकाव्य', श्रीवियोगी हरिजीद्वारा लिखित 'संत-सुधासार' और 'व्रजमाधुरीसार' पं० श्रीरामनरेशजी त्रिपाठी लिखित 'कविता-कौमुदी' तथा 'निम्बार्कमाधुरी', 'भारतेन्दुग्रन्थावली' आदि मुख्य हैं। अन्य भी कई ग्रन्थोंसे सहायता ली गयी है। हम अत्यन्त कृतज्ञ हृदयसे उन सब लेखक महानुभावोंका आभार मानते हैं। उनके सद्भावोंका, उनके 'कल्याण'के लाखों पाठक लाभ उठायेंगे, इससे उन सभी लेखक महानुभावोको प्रसन्नता ही होगी, ऐसा हमारा विश्वास है। उन लेखक महानुभावोंकी कृपासे ही इस अङ्कका प्रकाशन हो सका है। इसलिये इसका सारा श्रेय उन्हींको है। उनकी कृतियोंसे लोगोंको लाभ ही होगा, हम तो इसमें केवल विनम्र निमित्तमात्र हैं।

इसमें प्रकाशित संत-वाणियोंके संकलनमे हमारे प्रिय साथी श्रीसुदर्शनसिंहजी, श्रीरामलालजी बी० ए०, श्रीशिवनाथजी दुबे साहित्यरत्नसे पर्याप्त सहायता मिली है, अनुवाद-कार्यमे पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री, श्रीगौरीशंकरजी द्विवेदीने बड़ा काम किया है। संस्कृतका अनुवाद तो अधिकाश श्रीशास्त्रीजीने ही किया है। इनके अतिरिक्त हमें इसके सम्पादन आदि सभी कार्योंमे अपने सभी साथियोंसे पर्याप्त सहयोग और सहायता मिली है। इनको धन्यवाद देना तो अपनेको ही देना होगा। वाणी-संकलनमें हमारे सम्मान्य मित्र श्रीशिवकुमारजी केडियाने भी बड़ी सहायता की है। इसके लिये हम उनके कृतज्ञ हैं।

इस 'संत-वाणी-अङ्क' के सम्पादनमें हमें बड़ा लाभ हुआ है। सैकड़ों संतोंकी दिव्य वाणियोंके सुधा-सागरमें बार-बार डुबकी लगानेका सुअवसर प्राप्त हुआ, यह हमपर भगवान्‌की बड़ी कृपा है। वाणी-संकलनमे हमसे प्रमादवश उन दिवगत संतोंका कोई अपराध हो गया हो तो वे अपने सहज साधु-स्वभाववश हमें क्षमा करें। भवभूतिके कथनानुसार—वे अपने सुख-दुःखभोगमें वज्रसे भी कठोर होते हैं, पर दूसरोंके लिये वे कुसुमसे भी कोमल होते हैं—

वज्रादपि कठोराणि मृदूनि कुसुमादपि।

संतोंका यह स्वभाव ही हमारा सहारा है। हम उन सभी संतोंकी पावन चरणरजको श्रद्धापूर्ण हृदयसे प्रणाम करते हैं। पाठकोंसे प्रार्थना है वे इस अङ्कके एक-एक शब्दको ध्यानपूर्वक पढ़ें। संत-वाणीकी कोई एक बात भी जीवनमें उतर गयी तो उसीसे मनुष्य-जीवन सफल हो सकता है।

इस अङ्कमें प्रकाशित चित्रोंपर तथा चित्रपरिचयके रूपमें प्रकाशित 'लघु' लेखोंपर भी विशेषरूपसे ध्यान देनेकी पाठकोंसे प्रार्थना है।

विनीत—संत-चरण-रजके दास

हनुमानप्रसाद पोद्दार
चिम्मनलाल गोस्वामी
सम्पादक

श्रीहरिः

कल्याणके नियम

उद्देश्य—भक्ति, ज्ञान, वैराग्य, धर्म और सदाचारसमन्वित लेखोंद्वारा जनताको कल्याणके पथपर पहुँचानेका प्रयत्न करना इसका उद्देश्य है।

नियम

(१) भगवद्भक्ति, भक्तचरित, ज्ञान, वैराग्यादि ईश्वर-परक, कल्याणमार्गमें सहायक, अध्यात्मविषयक, व्यक्तिगत आक्षेपरहित लेखोंके अतिरिक्त अन्य विषयोंके लेख भेजनेका कोई सज्जन कष्ट न करें। लेखोंको घटाने-बढ़ाने और छापने अथवा न छापनेका अधिकार सम्पादकको है। अमुद्रित लेख बिना माँगे लौटाये नहीं जाते। लेखोंमें **प्रकाशित मतके लिये सम्पादक उत्तरदाता नहीं हैं।**

(२) इसका डाकव्यय और विशेषाङ्कसहित अग्रिम वार्षिक मूल्य भारतवर्षमें ७॥) और भारतवर्षसे बाहरके लिये १०) (१५ शिलिंग) नियत है। **बिना अग्रिम मूल्य प्राप्त हुए पत्र प्रायः नहीं भेजा जाता।**

(३) 'कल्याण'का नया वर्ष सौर माघ या जनवरीसे आरम्भ होकर सौर पौष या दिसम्बरमें समाप्त होता है, अतः ग्राहक जनवरीसे ही बनाये जाते हैं। वर्षके किसी भी महीनेमें ग्राहक बनाये जा सकते हैं, किंतु सौर माघ या जनवरीके अङ्कके बाद निकले हुए तबतकके सब अङ्क उन्हें लेने होंगे। 'कल्याण'के बीचके किसी अङ्कसे ग्राहक नहीं बनाये जाते; छः या तीन महीनोंके लिये भी ग्राहक नहीं बनाये जाते।

(४) इसमें व्यवसायियोंके विज्ञापन किसी भी दरमें प्रकाशित नहीं किये जाते।

(५) कार्यालयसे 'कल्याण' दो-तीन बार जाँच करके प्रत्येक ग्राहकके नामसे भेजा जाता है। यदि किसी मासका अङ्क समयपर न पहुँचे तो अपने डाकघरमें लिखा-पढ़ी करनी चाहिये। वहाँसे जो उत्तर मिले, वह हमें भेज देना चाहिये। डाकघरका जवाब शिकायती पत्रके साथ न आनेसे दूसरी प्रति बिना मूल्य मिलनेमें अड़चन हो सकती है।

(६) पता बदलनेकी सूचना कम-से-कम १५ दिन पहले कार्यालयमें पहुँच जानी चाहिये। **लिखते समय ग्राहक-संख्या, पुराना और नया नाम, पता साफ-साफ लिखना चाहिये।** महीने-दो-महीनोंके लिये पता बदलवाना हो तो अपने पोस्टमास्टरको ही लिखकर प्रबन्ध कर लेना चाहिये। पता-बदलीकी सूचना न मिलनेपर अङ्क पुराने पतेसे चले जानेकी अवस्थामें दूसरी प्रति बिना मूल्य न भेजी जा सकेगी।

(७) सौर माघ या जनवरीसे बननेवाले ग्राहकोंको रंग-बिरंगे चित्रोंवाला चारु वर्षका विशेषाङ्क दिया जायगा। विशेषाङ्क ही सौर माघ या जनवरीका तथा वर्षका पहला अङ्क होगा। फिर दिसम्बरतक महीने-महीने नये अङ्क मिला करेंगे।

(८) सात आना एक संख्याका मूल्य मिलनेपर नमूना भेजा जाता है; ग्राहक बननेपर वह अङ्क न लें तो ।≥) बाद दिया जा सकता है।

आवश्यक सूचनाएँ

(९) 'कल्याण'में किसी प्रकारका कमीशन या 'कल्याण' की किसीको एजेन्सी देनेका नियम नहीं है।

(१०) ग्राहकोंको अपना नाम-पता स्पष्ट लिखनेके साथ-साथ **ग्राहक-संख्या** अवश्य लिखनी चाहिये। पत्रमें आवश्यकताका उल्लेख सर्वप्रथम करना चाहिये।

(११) पत्रके उत्तरके लिये जवाबी कार्ड या टिकट भेजना आवश्यक है। एक बातके लिये दुबारा पत्र देना हो तो उसमें पिछले पत्रकी तिथि तथा विषय भी देना चाहिये।

(१२) ग्राहकोंको चंदा मनीआर्डरद्वारा भेजना चाहिये। वी० पी० से अङ्क बहुत देरसे जा पाते हैं।

(१३) प्रेस-विभाग और कल्याण-विभागको अलग-अलग समझकर अलग-अलग पत्रव्यवहार करना और रुपया आदि भेजना चाहिये। 'कल्याण' के साथ पुस्तकें और चित्र नहीं भेजे जा सकते। प्रेससे १) से कमकी वी० पी० प्रायः नहीं भेजी जाती।

(१४) चारु वर्षके विशेषाङ्कके बदले पिछले वर्षोंके विशेषाङ्क नहीं दिये जाते।

(१५) मनीआर्डरके कूपनपर रुपयोंकी तादाद, रुपये भेजनेका मतलब, ग्राहक-नम्बर (नये ग्राहक हों तो 'नया' लिखें), पूरा पता आदि सब बातें साफ-साफ लिखनी चाहिये।

(१६) प्रबन्ध-सम्बन्धी पत्र, ग्राहक होनेकी सूचना, मनीआर्डर आदि **व्यवस्थापक "कल्याण" पो० गीताप्रेस (गोरखपुर)** के नामसे और सम्पादकसे सम्बन्ध रखनेवाले पत्रादि **सम्पादक "कल्याण" पो० गीताप्रेस (गोरखपुर)** के नामसे भेजने चाहिये।

(१७) स्वयं आकर ले जाने या एक साथ एकसे अधिक अङ्क रजिस्ट्रीसे या रेलसे मँगानेवालोंसे चंदा कुछ कम नहीं लिया जाता।

संतोंकी आरती

आरति संतजनन्हि की कीजै ।
जिन्ह के बचनन्हि सों दुख छीजै ॥

संत-हृदय सुचि सद् विवेक है,
संत-हिये में सुदृढ़ टेक है,
संत और भगवंत एक है,
पद-रज सादर सीसै दीजै ॥ १ ॥

काम-क्रोध-लोभादि-रहित हैं,
बिमल दैवि संपदा सहित हैं,
भव बारिधि-तारन-बोहित हैं,
संतन की सेवा मन दीजै ॥ २ ॥

ज्ञान-भानु हैं मोह-तिमिर-हर,
प्रभु-पद-कमल-कोष के मधुकर,
भक्ति-भीति सुख-सिंधु-सुधाकर,
सुधा सुसीतल तिन सों पीजै ॥ ३ ॥

संत-मिलन दुर्लभ दुर्गम है,
हरि-प्रसाद सो सहज सुगम है,
लाभ न कछु जग यहि के सम है,
तन-मन सर्ब समर्पन कीजै ॥ ४ ॥

संत-बचन मधु अमृत-सर है,
पाप-ताप-हर अति सुखकर है,
दुखी दीनहित अनुपम बर है,
संत-बचन उर धरि सुख लीजै ॥ ५ ॥
आरति संतजनन्हि की कीजै ॥

Panjab University Library
CHANDIGARH (INDIA)

कल्याण



वर्ष २९ अङ्क २

हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे। हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे ॥
जयति शिवा-शिव जानकि-राम। जय रघुनन्दन जय सियाराम ॥
रघुपति राघव राजाराम। पतितपावन सीताराम ॥
जय जय दुर्गा जय मा तारा। जय गणेश जय शुभ-आगारा ॥

विषय-सूची

कल्याण, सौर फाल्गुन २०११, फरवरी १९५५

विषय	पृष्ठ-संख्या
१–वेणुगोपाल [कविता]	८०१
२–कल्याण ('शिव')	८०२
३–पुरुषार्थ (स्वामीजी श्रीचिदानन्दजी सरस्वती)	८०३
४–अनन्य विशुद्ध भगवत्प्रेम और भगवान्‌की सुहृदता (श्रीजयदयालजी गोयन्दका)	८०८
५–श्रीकृष्णलीलाका चिन्तन	८१५
६–सर्वार्थसाधक भगवन्नाम (हनुमानप्रसाद पोद्दार)	८१९
७–ईश्वर ध्येय और ज्ञेय (श्रीचारुचन्द्र चटर्जी एम्० ए०)	८२१
८–वसन्तका वैदिक स्वरूप (श्रीपन्नालालजी परिहार बी० ए०, एल-एल्० बी०)	८२६
९–आत्मदर्शन (साधुवेषमें एक पथिक)	८२८
१०–श्रीरामचरितमानसके राम (पण्डित श्रीविजयानन्दजी त्रिपाठी)	८२९
११–रहेउ एक दिन अवधि अधारा (श्रीसुदर्शनसिंहजी)	८३१
१२–मन-मन्दिरमें राम-सीता [कविता] (श्री 'दीन' जी)	८३२
१३–प्रलोभनके आगे न झुकिये (प्रो० श्रीरामचरणजी महेन्द्र, एम्० ए०)	८३३
१४–जब अपवित्र विचार घेरते हैं ! (श्रीकृष्णदत्तजी भट्ट)	८३५
१५–हमारी परम्पराएँ (पं० श्रीसूरजचन्दजी सत्यप्रेमी 'डाँगीजी')	८३९
१६–एक ही सत्य [कहानी] (श्री 'चक्र')	८४०
१७–प्रसन्न रहना और रखना (श्रीमती सुधामयी)	८४४
१८–वर्तमान नारी-शिक्षा और हमारा कौटुम्बिक जीवन (श्रीमती सुमन वासन्ती शर्मा)	८४५
१९–सुख नहीं रहा तो दुख भी नहीं रहेगा (श्रीहरिशंकरजी शर्मा)	८४८
२०–परमार्थ-पत्रावली (श्रद्धेय श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके पत्र)	८४९
२१–सच्चा जीवन—ईश्वर-प्रेम (श्रीलोवेल फिल्मोर महोदय)	८५५
२२–समझने-सीखनेकी चीज	८५७
२३–समाचार	८५९

चित्र-सूची

तिरंगा

१–वेणुगोपाल ... ८०१

वार्षिक मूल्य भारतमें ७॥) विदेशमें १०) (१५ शिलिंग)

जय पावक रवि चन्द्र जयति जय। सत चित आनँद भूमा जय जय ॥
जय जय विश्वरूप हरि जय। जय हर अखिलात्मन् जय जय ॥
जय विराट जय जगत्पते। गौरीपति जय रमापते ॥

साधारण प्रति भारतमें ।≡) विदेशमें ॥–) (१० पेंस)

सम्पादक—हनुमानप्रसाद पोद्दार, चिम्मनलाल गोस्वामी, एम्० ए०, शास्त्री
मुद्रक-प्रकाशक—घनश्यामदास जालान, गीताप्रेस, गोरखपुर



वेणु गोपाल

[दक्षिणी प्राचीन चित्रमे



स्मृतापि तरुणातपं करुणया हरन्ती नृणामभङ्गुरतनुत्विषां वलयिता शतैर्विद्युताम् ।
कलिन्दगिरिनन्दिनीतटसुरद्रुमालम्बिनी मदीयमतिचुम्बिनी भवतु कापि कादम्बिनी ॥

(पण्डितराज जगन्नाथ)

वर्ष २९ | गोरखपुर, सौर फाल्गुन २०११, फरवरी १९५५ | संख्या २ पूर्ण संख्या ३३९

वेणुगोपाल

हरित-नील द्युति तन सुंदर अति, पीतवसन, उर मुक्ता-माल ।
भव्य विभूषण भूषित, भाल तिलक शुचि, ललित त्रिभंगीलाल ॥
पदतल-करतल अरुण मनोहर, कंबु-कंठ, सिर मुकुट विशाल ।
जय जय भक्त-भीर-भंजन, जन-मन-रंजन, जय वेणु-गुपाल ॥

कल्याण

याद रक्खो—किसीके दोषोंका बढ़ा-चढ़ाकर वर्णन करके, उसके दोषोंकी बहुत कड़ी आलोचना करके, दोषोंके लिये जनसमूहमें उसे बदनाम करके यदि तुम यह आशा रखते हो कि तुम्हारे ऐसा करनेसे वह दोषमुक्त हो जायगा तो यह तुम्हारी बड़ी भूल है। प्रथम तो यही निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता कि तुम जो किसीमें जितने और जैसे दोषोंकी कल्पना करते हो, देखते हो, वे उसमें हैं या नहीं। हो सकता है तुम्हारी धारणा भ्रान्त हो, मत-विरोध होनेसे तुम्हे वैसा प्रतीत होता हो, भिन्न परिस्थितिके कारण तुम्हें वैसा दीखता हो अथवा द्वेषके कारण दोषबुद्धि हो जानेसे तुम्हें उसमें अपने ही दृष्टिदोषसे दोष दिखायी देते हों। यदि ऐसी बात है तब तो तुम उसकी निन्दा करके नया पाप कर रहे हो, उसके मनमें द्वेषका अङ्कुर पैदा करके उसके भावी जीवनको अशान्त बना रहे हो। इसलिये पहले अपने दोषोंको देखो, फिर किसी दूसरेके दोषोंकी ओर दृष्टि डालो। आलोचना, निन्दा तथा अपशब्दोंके द्वारा किसीका जी दुखानेसे तो सदा बचे ही रहो।

याद रक्खो—यदि किसी अंशमें किसीमें कोई दोष हो भी तो क्या तुम्हारेमें कोई दोष नहीं है? और उसकी कड़ी आलोचना या निन्दा करके अथवा उसके प्रति नीच शब्दोंका प्रयोग करके क्या तुम भी भयानक दोष नहीं कर रहे हो?

याद रक्खो—किसीके दोषोंका बखान करना, उसे दोषी सिद्ध करके लोगोंकी दृष्टिमें उसे गिरानेका प्रयत्न करना—उसके दोषोंको केवल दृढ़ करनेमें ही कारण नहीं होता, वरं उसके दोषोंके स्वरूपको और भी भीषण बनाने और दोषोंकी संख्या बढ़ानेमें भी कारण होता है। किसीको दोषी साबित करके उस दोषको सदाके लिये उसके पल्ले मत बाँध दो। उसको निर्दोष बनानेके लिये उसे अपनाकर, उससे प्रेमकर, उसके दुःखमें सच्ची सहानुभूति प्रकटकर और उसके थोड़ेसे भी सच्चे गुणोंकी सच्ची प्रशंसा करके ऐसी सुन्दर स्थिति उत्पन्न कर दो कि जिसमें वह तुमको अपना हितैषी—सुहृद् समझे और तुम्हारा प्रेमभरा संकेत पाते ही नाकसे बलगम छींक फेंकनेकी भाँति सहज ही अपने दोषको निकाल फेंके और उस स्थितिमें आराम—शान्तिका अनुभव तथा गौरव बोध करे।

याद रक्खो—तुम यदि किसीकी कड़ी आलोचना करते हो, उसकी निन्दा करते हो और द्वेष-द्रोह तथा अपमानभरी कटु वाणीसे किसीको लाञ्छित करनेका प्रयत्न करते हो—और तुम्हारी इस दूषित वाणीको सुनकर सुननेवाले लोग प्रसन्न होते हैं, तालियाँ पीटकर अपनी प्रसन्नता प्रकट करते हैं, तुम्हारी प्रशंसा करते और तुम्हें वाहवाही देते हैं तो समझ लो कि तुमने जनताके मानस-स्तरको नीचे तो गिरा ही दिया है, साथ ही निर्दोष मनुष्योंके मानस धरातलपर द्वेषकी धार बहाकर उन्हें दूषित कर रहे हो, सुन्दर सरल निर्मल मानस-क्षेत्रोंमें विष-बीजोंका वपन करके भयानक विषमय फल उपजाने जा रहे हो, लोगोंमें द्वेष-द्रोहका विस्तार कर उनमें वैर-विरोध और क्रोध-हिंसाका प्रचार-प्रसार कर रहे हो, जगत्‌में शत्रुभावका विषाक्त वातावरण उत्पन्न करके प्रकृतिमें भीषण विक्षोभ उत्पन्न कर रहे हो और परिणाममें जगत्‌के प्राणिसमुदायको नरकानलकी भीषण लपटोंमें जलानेका आयोजन कर रहे हो। सोचो, तुम अभिमानके मारे कितना बड़ा पाप कर रहे हो!

याद रक्खो—इससे तुम्हारा कभी कल्याण न होगा, चाहे तुम अज्ञानवश अपनेको कितना ही अधिक जग-कल्याणमें हेतु मानते रहो और तुम जिस जगत्‌का

कल्याण करना चाहते हो, उसका भी कल्याण नहीं होगा। ऐसा करना तो मानो विषबेलिका विस्तार करके उससे मधुर अमृत-फल चाहना है।

याद रक्खो—दोनों ओर खड़े हुए लोग बीचकी प्रबल जलधाराके भयसे नहीं मिल पाते—उनको मिलानेके लिये उस जलधारापर पुल बाँधनेवाले, बीचकी गहरी और चौड़ी दरारको भरकर सुन्दर मार्गका निर्माण करनेवाले और जैसे धागा अपना प्रिय अङ्ग देकर सूईके किये हुए छेदको भर देता है, वैसे ही अपना बलिदान करके दूसरोंके छिद्रोंको छिपा देनेवाले लोग ही प्रेमका यथार्थ विस्तार करके द्वेष-वैर और हिंसा-प्रतिहिंसाकी ज्वालासे जलते हुए जगत्‌को सुख-शान्तिकी सुधाधारासे आप्लावित कर उसका सच्चा हित कर सकते हैं और उनका अपना हित भी इसीमें भरा है।

'शिव'

पुरुषार्थ

(लेखक—स्वामीजी श्रीचिदानन्दजी सरस्वती)

दुर्लभं मानुषं जन्म प्रार्थ्यते त्रिदशैरपि।
तल्लब्ध्वा परलोकार्थं यत्नं कुर्याद् विचक्षणः॥

यह मानव-शरीर जो आज अनेकों पुण्योंके प्रतापसे और ईश्वरकी कृपासे मिला है, अत्यन्त मूल्यवान् होनेके कारण बहुत दुर्लभ है। इसको देवदुर्लभ भी कहते हैं; क्योंकि देवता भी मानव-शरीर पानेके लिये सदा उत्सुक रहते हैं। इसका कारण यह है कि मनुष्यके सिवा सभी योनियाँ—यहाँ-तक कि देवादि योनि भी केवल भोगभूमि हैं। अर्थात् उन-उन जन्मोंमें जीवको प्रायः केवल प्रारब्ध-प्राप्त भोग भोगकर शरीरको छोड़ देना पड़ता है। उन शरीरोंमें कोई भी नया कर्म करके परलोक सुधारनेकी योग्यता नहीं होती। ऐसी योग्यता केवल मानव-शरीरमें ही है और इस कारण यह कर्मभूमि कहलाती है। ऐसे दुर्लभ मानव-शरीरको पाकर परलोक सुधारनेके लिये पुरुषार्थ करनेमें ही मानव-जीवनकी सार्थकता है। इसी कारण श्रीव्यासजी कहते हैं कि 'जो मनुष्य वर्तमान जीवनमें परलोक सुधारनेका प्रयत्न करता है वही विचक्षण या बुद्धिमान्, समझदार या चतुर है और जो पुरुष परलोकका विचार न करके इस लोकमें ही सुख-साधन प्राप्त करनेके लिये जीवन व्यतीत करता है, उसे तो मूर्ख ही जानो।' श्रीशङ्कराचार्य भी कहते हैं—

दुर्लभं त्रयमेवैतद् दैवानुग्रहहेतुकम्।
मनुष्यत्वं मुमुक्षुत्वं महापुरुषसंश्रयः॥

इस जगत्‌में तीन पदार्थ दुर्लभ हैं और वे दैवके अनुग्रहके बिना नहीं मिलते। मनुष्य-जन्म प्राप्त होना बहुत ही दुर्लभ है; क्योंकि इसी शरीरसे नर नारायण हो सकता है। इससे भी बहुत दुर्लभ है मुक्ति-प्राप्तिकी इच्छा होना; क्योंकि मनुष्य-जन्म तो पूर्वजन्मके पुण्यके योगसे मिल जाता है, पर यदि संसृतिचक्रसे मुक्त होनेकी इच्छा ही जाग्रत् न हो तो मनुष्य-जन्मको यों ही गया समझो और सबसे अधिक दुर्लभ है उन सद्गुरुकी प्राप्ति, जो मार्ग दिखलाते हैं। मनुष्य-जन्म मिला हो, मुक्त होनेकी इच्छा भी हो, परंतु यदि मार्ग-दर्शक सद्गुरु न मिलें तो कोई साधन नहीं हो सकता और हाथमे आया अमूल्य अवसर यों ही चला जाता है। इसलिये आज हमे पुरुषार्थके स्वरूपके विषयमें विचार करना है, जिससे उसका सम्पादन भलीभाँति हो सके और सोचे हुए फलकी प्राप्तिमें विलम्ब न हो।

यह पुरुषार्थ है कर्मज। इस जन्ममें मनुष्य समझदार होनेके बाद जो-जो कर्म करता है, वह उसका पुरुषार्थ कहलाता है। ऐसे कर्मको शास्त्रीय भाषामें 'क्रियमाण' कर्म कहते हैं और इसका अर्थ है कि वर्तमान जन्ममें समझके साथ होनेवाले कर्म।

हम देखते हैं कि मनुष्यमात्रकी प्रवृत्ति सुखकी प्राप्ति और दुःखकी निवृत्तिके लिये ही होती है। परंतु सुख कहाँ है और उसका स्वरूप क्या है, इसका ज्ञान न होनेके कारण वह अनेकों व्यर्थ और परस्परविरुद्ध प्रवृत्तियोंमें फँस जाता है, फलतः सुखके बदले दुःखकी परम्परामें जकड़ जाता है। ऐसे मनुष्योंकी स्थिति समझाते हुए श्रीव्यासजी कहते हैं—

शोकस्थानसहस्राणि भयस्थानशतानि च।
दिवसे दिवसे मूढमाविशन्ति न पण्डितम्॥

इस जीवनमें मनुष्योंको दिन-प्रति-दिन सहस्रों शोकके प्रसङ्ग आते हैं और सैकड़ों भयके भी प्रसङ्ग आते हैं। अविवेकी पुरुष ऐसे प्रसङ्गोंमें घबरा जाते हैं और कभी-कभी न करने योग्य कार्य कर बैठते हैं। जहाँ विवेकी मनुष्य उसमें रास्ता निकालकर अपने जीवनको शान्तिपूर्वक बिताता है।

इसीलिये शास्त्रोंने मनुष्यके लिये चतुर्विध पुरुषार्थकी योजना बनायी है। सूक्ष्मदृष्टिसे देखनेपर यह प्रत्यक्ष दिखायी देगा कि मनुष्य-जीवनकी सारी प्रवृत्ति इन चारके अन्तर्गत आ जाती है। इस चतुर्विध पुरुषार्थका स्वरूप है—धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। यह मनुष्य-जीवनकी एक सर्वाङ्ग योजना है। अब प्रत्येक अङ्गके स्वरूपको समझें।

(१) धर्म—धर्मका स्वरूप इतना अधिक व्यापक है कि इसके बारेमें पुस्तकें लिखी जायँ तो भी इसका सर्वप्रकारसे विवेचन होना सम्भव नहीं है। यहाँ तो महिम्नस्तोत्रमें श्रीपुष्पदन्तके इस कथनको दुहराकर विराम करना पड़ता है—

लिखति यदि गृहीत्वा शारदा सर्वकालं
तदपि तव गुणानामीश पारं न याति॥

अर्थात् 'सरस्वती स्वयं यदि विपुल साधन-सामग्री लेकर सदा लिखा ही करें तो भी, हे भगवन्! तुम्हारे गुणोंका पूरा-पूरा वर्णन नहीं हो सकता।' धर्मके लिये भी यही बात है। यह सारा विश्व अपने धर्ममें ही स्थित है। इसके अन्तर्गत सारे प्राणी-पदार्थ भी अपने-अपने धर्ममें ही रहते हैं। अग्नि अपने धर्म उष्णताका त्याग नहीं करता, जल अपना धर्म शीतलता नहीं छोड़ता। सिंह-व्याघ्रादि अपना हिंस्र-धर्म नहीं छोड़ते तथा गाय-बकरी अपनी सीधाईको नहीं छोड़तीं। पत्थर अपनी कठोरताको नहीं छोड़ता। दृष्टि हो तो पत्थरमें भी गुण देखा जा सकता है, अतएव सुभाषित कहता है—

न द्विषन्ति न याचन्ते परनिन्दां न कुर्वते।
अनाहूता न यायन्ति तेनाश्मानोऽपि देवताः॥

पत्थर भी पूज्य है, इसका कारण बताते हुए कहते हैं कि वह किसीसे द्वेष नहीं करता तथा किसीसे कुछ माँगता नहीं। इतना ही नहीं बल्कि बिना बुलाये वह किसीके यहाँ जाता भी नहीं। इन सद्गुणोंसे पत्थर भी पूजा जाता है, तो फिर मनुष्य क्यों नहीं पूजा जायगा। इसीसे धर्मके विषयमें कहा जाता है—

धर्मस्य तत्त्वं निहितं गुहायां
महाजनो येन गतः स पन्थाः॥

धमका तत्त्व इतना अधिक गूढ़ है कि इस विषयमें हमें उसी मा 'से चलना श्रेयस्कर है जिससे महापुरुष लोग गये हैं। अतएव धर्मके विवेचनको आगेके लिये छोड़कर, यहाँ अर्थ, काम और मोक्षपर विचार कीजिये।

(२–३) अर्थ और काम—इसका संक्षेप अर्थ है केवल शरीर-निर्वाहका साधन। अर्थ अर्थात् धन और धनसे खरीदने योग्य भोगके साधन, जैसे कपड़े-लत्ते, गहने, घर-द्वार आदि। काम अर्थात् धनसे न खरीदे जा सकें; परंतु केवल पूर्वके ऋणानुबन्धके कारण प्राप्त हुए जीवनके साधन, जैसे माता-पिता, स्त्री-पुत्रादि तथा अन्य सम्बन्धी आदि।

ये साधन प्रत्येक देहधारीके लिये उसके जन्म लेनेके पूर्व ही निश्चित हुए रहते हैं। इन्हीं भोगोंको शास्त्रोंमें 'प्रारब्ध' कहते हैं। योगदर्शनमें इस विषयको यों समझाया है—'सति मूले तद्विपाको जात्यायुर्भोगाः' अर्थात् जबतक कर्माशयरूपी मूल है, तबतक देहरूपी वृक्ष उत्पन्न होता ही रहेगा और उसमे जाति, आयु और भोगरूपी फल लगते ही रहेंगे। तात्पर्य यह है कि जबतक संचित कर्मका नाश नहीं होता, तबतक जन्म-मरणका अन्त नहीं आता। इस प्रकार प्रत्येक देहके उत्पन्न होनेके पहले ही उसके प्रारब्धका निर्माण हो जाता है और उसमें तीन बातें निश्चित हो जाती हैं—(१) कर्मफलभोग (अर्थ और काम) अर्थात् शरीरको कैसे और कितने भोग भोगने हैं, इसका निर्माण हो जाता है, (२) इस भोगके अनुकूल जातिका निर्णय भी हो जाता है और उसीके अनुसार जीवको शरीर भी धारण करना पड़ता है और (३) उस भोगके अनुसार आयुकी मर्यादा भी निश्चित हो जाती है। इस प्रकार अर्थ-कामके विषयमें मनुष्यको कोई पुरुषार्थ करना नहीं रहता; क्योंकि यह तो जन्म लेनेके पहले ही निश्चित हो जाते हैं। पुरुषार्थ करना होता है—केवल धर्मप्रधान जीवन बिताकर मोक्षकी प्राप्तिके लिये ही।

(४) मोक्ष—यह बहुत ही सहज काम है। धर्माचरण करके उसके लिये योग्यता प्राप्त करनेमें ही परिश्रम करना पड़ता है। मोक्षके लिये कोई बहुत प्रयास नहीं करना पड़ता। धर्मराज युधिष्ठिरके पूछनेपर श्रीभीष्मपितामहने मोक्षका स्वरूप इस प्रकार बतलाया है—

मोक्षस्य न हि वासोऽस्ति न ग्रामान्तरमेव वा।
अज्ञानहृदयग्रन्थिनाशो मोक्ष इति स्मृतः॥

मोक्षका किसी देशमें वास नहीं है, जिससे वहाँ जाकर

उसे प्राप्त किया जाय तथा मोक्ष किसी दूसरे ग्राममें नहीं रहता कि उसे लेनेके लिये वहाँ जाना पड़े। अविद्याके कारण हृदयमें जो गाँठ पड़ गयी है उसके नाशको ही प्राज्ञ पुरुष 'मोक्ष' कहते हैं।

हम मनुष्यमें दो तत्त्व देखते हैं—एक जड और दूसरा चेतन। चेतन तत्त्व आत्मा है और जड तत्त्व यह शरीर है। आत्मा जब अपने चेतन-स्वरूपको भूलकर अपनेको जड देहरूप मानता है तभी वह जन्म-मरणके बन्धनमें पड़ता है। वही जब अपनेको शरीररूप नहीं मानकर ऐसा निश्चय कर लेता है कि 'मैं चैतन्यस्वरूप हूँ' तब बन्धनसे मुक्त हो जाता है और इस स्थितिको 'मोक्ष' कहते हैं। तात्पर्य इतना ही है कि 'मैं देह हूँ' यह भ्रान्ति ही हृदयकी गाँठ है और 'मैं आत्मा हूँ' ज्ञानपूर्वक ऐसा निश्चय होना (केवल बोलना ही नहीं, बल्कि दृढ़ निश्चय होना) हृदयकी गाँठका खुलना कहलाता है और यही मोक्ष है—यह वहाँ बतलाया गया है।

इस प्रसङ्गको योगवाशिष्ठमें इस प्रकार समझाया गया है—

अनात्मन्यात्मधीर्बन्धस्तन्नाशो मोक्ष उच्यते।
बन्धमोक्षौ न विद्येते नित्यमुक्तस्य चात्मनः॥

देहादि अनात्मपदार्थोंमें आत्मबुद्धि होना ही 'बन्धन' है और उसका नाश 'मोक्ष' कहलाता है। तात्पर्य यह कि 'मैं शरीर हूँ' यह मानना ही बन्धनका स्वरूप है, अतएव 'मैं आत्मा हूँ' ऐसा संशय-विपर्ययरहित दृढ़ निश्चय होना ही मोक्षका स्वरूप है। आत्मा तो स्वरूपसे ही नित्यमुक्त है, अतएव उसमें बन्ध-मोक्षकी कल्पना ही नहीं होती, यदि होती है तो वह भ्रम है।

अब हम आवश्यकतानुसार धर्मकी विवेचना करें। महर्षि कणादकी व्याख्या बहुत ही सुन्दर है, अतएव पहले उसको देखें। वे कहते हैं—

'यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः'

जिसके आचरणसे अभ्युदय और निःश्रेयसकी सिद्धि होती है, वह धर्म है। यहाँ निःश्रेयस साध्य है और अभ्युदय केवल साधन है। अर्थात् निःश्रेयसको खोकर अभ्युदयकी सिद्धि नहीं हो सकती। अभ्युदयका अर्थ है जीवन-निर्वाहका साधन, जिसे हम ऊपर 'अर्थ-काम'के रूपमें देख चुके हैं। निःश्रेयसका अर्थ है मोक्ष, जिसका स्वरूप भी ऊपर कहा जा चुका है। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि धर्मके आचरणसे ही अर्थ, काम और मोक्ष तीनों सिद्ध होते हैं। इसी भावको लक्ष्यमें रखकर श्रीव्यासजी कहते हैं—

न जातु कामान्न भयान्न लोभाद्
धर्मं त्यजेज्जीवितस्यापि हेतोः।
धर्मो नित्यः सुखदुःखे त्वनित्ये
जीवो नित्यो हेतुरस्य त्वनित्यः॥

अतएव किसी पदार्थको प्राप्त करनेके निमित्तसे, किसी भयसे बचनेके लिये, भोग्य पदार्थोंके लोभको तृप्त करनेके लिये तथा जीवनको बचानेके लिये भी चाहे जैसा विकट प्रसङ्ग हो, मनुष्यको धर्मावलम्बनका त्याग नहीं करना चाहिये। इसका तात्पर्य समझाते हुए कहते हैं कि धर्म तो नित्य है, वह कभी तुम्हारा साथ नहीं छोड़ता, सदा साथ ही रहता है, जहाँ सुख-दुःख, लोभ-मोह तथा जीवन-मरणके प्रसङ्ग क्षण-क्षणमें बदला करते हैं। जीव नित्य है और इस कारण धर्म भी नित्य उसके साथ रहता है; तथा जीवको प्राप्त हुआ संसार (अर्थ और काम) क्षणिक है। अतएव क्षणिक सुखकी प्राप्ति तथा क्षणिक दुःखकी निवृत्तिके लिये धर्मको नहीं छोड़ना चाहिये।

श्रीव्यासजीने धर्ममात्रका सार निकालकर इस प्रकार कथन किया है—

श्रूयतां धर्मसर्वस्वं श्रुत्वा चैवावधार्यताम्।
आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्॥

समस्त धर्मका तत्त्व मैं तुम्हें संक्षेपमें कहता हूँ, सुनो और सुनकर उसपर मनन करके उसे हृदयमें उतारो, आचरणमें लाओ। तुमको जो आचरण प्रतिकूल लगता हो, अर्थात् जैसे व्यवहारसे तुम्हारा दिल दुखता हो, वैसा व्यवहार तुम कदापि किसी दूसरेके साथ न करो। इस प्रकार प्रत्येक कार्य करते समय मनुष्यको यह विचार करना चाहिये कि कोई दूसरा आदमी मेरे साथ ऐसा व्यवहार करे तो वह मुझे अच्छा लगेगा या नहीं ? यदि इसका उत्तर 'हाँ' में हो, तभी वैसा व्यवहार दूसरेके साथ करे, अन्यथा लाख कारण होनेपर भी न करे। दूसरी जगह श्रीव्यासजी कहते हैं—

श्लोकार्द्धेन प्रवक्ष्यामि यदुक्तं ग्रन्थकोटिभिः।
परोपकारः पुण्याय पापाय परपीडनम्॥

इसी प्रसङ्गको तुलसीदासजी महाराजने यों कहा है—

परहित सरिस धर्म नहिं भाई। पर पीडा सम नहिं अधमाई॥

कहनेका तात्पर्य इतना ही है कि धर्मके सम्बन्धमें जितना लिखा जाय, उतना ही थोड़ा है। प्रत्येक मनुष्य कभी सारे धर्मग्रन्थोंको पढ नहीं सकता, इससे श्रीव्यासजीने

आधे ही श्लोकमें धर्मकी व्याख्या यहाँपर कर दी। दूसरेका हितसाधन, अर्थात् अपने हितका बलिदान करके भी दूसरेके हितका साधन ही धर्म है। इसके विरुद्ध दूसरेको पीड़ा पहुँचाना, अन्यका अहित करना ही अधर्म है।

इस प्रकार क्या कर्तव्य है और क्या अकर्तव्य ! क्या पुण्य है, क्या पाप ? तथा क्या शुभ है, क्या अशुभ ? इसका विवेक-बुद्धिसे निश्चय करना ही धर्मका प्रथम लक्षण है—धर्मका कार्यक्षेत्र है। अतएव अशुभका त्याग कर शुभको ग्रहण करना, पापका पन्थ छोड़कर पुण्यके पन्थपर चलना तथा अपने ही हितका विचार छोड़कर समष्टिके हितको अपना कर्तव्य समझना ही धर्मका आचरण है।

इस प्रकार जिसको धर्माचरण करना हो, उसके लिये तो धर्मका यह व्यावहारिक स्वरूप स्पष्ट और असंदिग्ध है; क्योंकि धर्म तो सनातन है। धरणीको जो धारण करे वह धर्म है—यह धर्मकी व्युत्पत्ति है, तब फिर व्यष्टि-समष्टि जीवनको धारण कर रखनेके लिये धर्मका अवलम्बन आवश्यक क्यों न हो ?

परंतु आजके विज्ञानके युगमें तो धर्मका नाम सुनकर ही मनुष्योंको घृणा होती है, फिर उसके पालनकी आशा कैसे की जा सकती है ? यह स्थिति देखकर कुछ लोगोंको रोष होता है, कुछको आश्चर्य होता है और बहुतोंको दुःख भी होता है। परंतु समझदार मनुष्यको ऐसा करनेकी आवश्यकता नहीं। एक आस्तिक हिंदूकी दृष्टिमें तो यह कलियुगका ही सहज प्रभाव है—युगकी ही महिमा है। इस दृष्टिसे इस समय श्वेतवाराहकल्पका अट्ठाईसवाँ कलियुग चल रहा है। यों एक आस्तिक हिंदूकी दृष्टिमें यह कोई सहसा आयी हुई अचिन्त्य घटना नहीं है, बल्कि कालक्रमसे ऐसा चलता ही आता है। ऐसा होनेपर भी मार्ग भूले हुए लोगोंको सच्चा रास्ता बताना प्रत्येक बुद्धिमान् मनुष्यका कर्तव्य है और ऐसा ही प्रत्येक युगमें होता भी आया है।

भौतिक विज्ञानके अनेक दुष्परिणामोंमें यह मुख्य दीख पड़ता है। विज्ञानका चश्मा लगानेके कारण मनुष्यको निकट-दृष्टि—धुन्ध (Myopia)का रोग हो गया है। इससे पशुकी तरह मनुष्यको भी अपने शरीरके सिवा दूसरा कुछ भी दिखलायी नहीं पड़ता। एक कुटुम्बको, (अपने ही कुटुम्बके सिवा दूसरा कुछ भी नहीं दीखता) तथा एक ही राष्ट्रको, (अपने राष्ट्रके सिवा दूसरे राष्ट्र नहीं दीखते) देख पाता है। इसी तंग दृष्टिको लेकर एक राष्ट्र दूसरे राष्ट्रोंका संहार करके भी अपना अभ्युदय करना चाहता है। इसीके फलस्वरूप 'अणु बम' की सृष्टि हुई और उसके प्रयोगसे जापानके दो सुन्दर शहर देखते-ही-देखते विनष्ट हो गये। इतनेसे संतोष न हुआ, इसलिये अब 'हाईड्रोजन बम' बना है, जो अणु-बमकी अपेक्षा भी अधिक विनाशकारी बताया जाता है। यहाँ भी न रुककर 'कबाल्ट' नामक और भी भयानक बमकी सृष्टि की जा रही है और कहा जाता है कि ऐसे एक ही बमसे सारी पृथ्वीका नाश हो सकता है। इससे भी वैज्ञानिकोंको संतोष नहीं है। इससे सुना जाता है कि अब वे 'नाइट्रोजन बम' बनानेका प्रयत्न कर रहे हैं।

ये लोग यह नहीं जानते कि दैत्यराज हिरण्याक्षने भी ऐसा ही प्रयत्न किया था और परिणामस्वरूप विष्णु भगवान्‌के हाथसे उसकी मृत्यु हुई और पृथिवीकी रक्षा हुई।

हमारे आस्तिक हिंदुओंका तो यह अटल निश्चय है कि जब यह दुःखद स्थिति इस पराकाष्ठाको पहुँच जायगी, तब भगवान् अपने वचनके अनुसार अवतार धारण करेंगे और फिर धर्मकी स्थापना करेंगे (देखिये गीता ४। ७-८)।

इस धुन्धरोग (तंग दृष्टि) से दूसरा नया रोग (Complication) उत्पन्न हुआ जिसका नाम 'धनरोग' है। इस तंग दृष्टिके कारण (स्वार्थपरायणताके कारण) धनको ही समस्त सुखोंका साधन माना जा रहा है। इसीके परिणामस्वरूप किसी भी रीतिसे धन इकट्ठा करना ही जीवनका ध्येय बन गया है। इसने न्याय, नीति तथा सदाचारको निर्वासित कर दिया और धर्मके लिये तो कहीं स्थान ही नहीं रह गया।

इस तंग दृष्टिके कारण धनवान्, केवल यही सोचते रहते हैं कि अपना धन कैसे बढ़े। देशमें बेकारी बढ़ती जाती है, फिर भी वे अपना धन बढ़ानेके लिये मशीन-पर-मशीन बैठाते चले जा रहे हैं और उसके द्वारा प्रजाका धन स्वयं चूस रहे हैं तथा विदेशोंको भेज रहे हैं। इस तंग दृष्टिके कारण ही 'कमीशन एजेंट' प्रति रुपये दो पैसे या एक आनेके लोभसे देशके लाखों-करोड़ों रुपये विदेश भेज देते हैं !

इस तंग दृष्टिके कारण ही वैज्ञानिक भी यह भूल जाते हैं कि मशीनोंकी जरूरत वहीं होती है जहाँ काम अधिक होता है और आदमी कम होते हैं। अपने यहाँ तो मनुष्य अधिक हैं तथा काम थोड़ा है और इसी कारण बेकारी अधिक है तथा जितनी ही मशीनें आती जा रही हैं, उतनी ही बेकारी बढ़ती जा रही है !

सारांश यह कि प्रत्येक व्यक्ति यही विचार करता है कि 'मेरा हित कैसे हो, मेरी सुख-सुविधा कैसे सुरक्षित रहे।' फलतः घुड़दौड़की बाजी, शब्दव्यूहकी प्रतिद्वन्द्विता, लाटरी तथा अन्यान्य अनेक प्रकारके सट्टे और जूए चारों ओर फैलते जा रहे हैं। कहा जाता है कि सरकारको भी इससे अच्छी आमदनी होती है, अतएव वह भी इनको बंद नहीं करती; क्योंकि उसकी दृष्टि भी लोकहितकी ओर होनेके बजाय अपनी ओर ही बनी हुई होती है। यह आमदनी कोई ऐसी-वैसी नहीं होती। केवल बम्बईकी घुड़दौड़की बाजीमें सरकारको एक करोड़के करीब आमदनी होती है, ऐसा समाचारपत्रोंका कहना है।* इसी प्रकार दूसरी आमदनीका अनुमान लगाया जा सकता है।

कहा जाता है कि अपना राज्य सत्य और अहिंसाके ऊपर प्रतिष्ठित है; परंतु बूचड़खाने कम करनेकी जगह उनको बढ़ानेकी ही योजना गढ़ी जा रही है तथा मछली मारनेका धंधा बढ़ानेके लिये कमीशन बैठाया जाता है। गोहत्यासे निकला हुआ चमड़ा, गायोंकी ऑतें आदि तथा 'शार्क लीवर आयल' परदेश भेजा जाता है। इसका कारण भी राज्यकी आमदनी बढ़ाना ही तो होगा?

इस सम्बन्धमें कुछ लोग यह प्रश्न करते हैं कि ऐसी हिंसाकी आमदनीकी अपेक्षा क्या नमकका कर और शराबकी आमदनी बुरी थी? इसका क्या जवाब दिया जा सकता है?

विज्ञानके अनेकों प्रकारके दुष्परिणामोंको दूर करना हो तो विज्ञानके ऊपर धर्मका नियन्त्रण रखना पड़ेगा। ऐसा करनेपर ही विज्ञान जनताकी सुख-समृद्धिको बढ़ा सकेगा, अन्यथा नहीं। ऐसा करनेके लिये प्रत्येक व्यक्तिको अपने स्वार्थ-साधनकी वृत्तिको तिलाञ्जलि देकर समष्टिके हितकी प्रवृत्ति बनानी पड़ेगी। अपना प्रत्येक कार्य करते समय उसको विचारना पड़ेगा कि इस कार्यसे जनसमाजकी तो कोई हानि नहीं हो रही है? परहित-साधन होता है या नहीं, इसका भी ध्यान रखना पड़ेगा तथा परपीड़न तो हो ही नहीं, ऐसा दृढ़ निश्चय करना पड़ेगा।

ऐसा व्यावहारिक ज्ञान तो बालकोंको प्राथमिक शिक्षा-कालमें पहले दिया जाता था।

'परमेश्वरकी है प्रजा सारा यह संसार।'
अतः—
'एक कुटुम्बी हम सभी, एक पिता परिवार।'

इस प्रकारकी समझ होनेपर ही, जैसे मनुष्य अपनी एक जेबकी किसी वस्तुको चुराकर उसे दूसरी जेबमें नहीं रखता, वैसे ही दूसरेका अहित करके कभी भी मनुष्य अपना हित-साधन नहीं कर सकेगा।

श्रीमद्भागवतमें भी कहा है—

यावद् भ्रियेत जठरं तावत् स्वत्वं हि देहिनाम्।
अधिकं योऽभिमन्येत स स्तेनो दण्डमर्हति॥
मृगोष्ट्रखरमर्कखुसरीसृप्खगमक्षिकाः।
आत्मनः पुत्रवत् पश्येत् तैरेषामन्तरं कियत्॥

भाव यह है कि मनुष्यका सम्पत्तिके उतने ही भागपर अधिकार है कि जितनेसे उसका पेट भर जाय। जो मनुष्य इससे अधिकपर अपना अधिकार समझता है वह चोर है; अतएव वह दण्डका अधिकारी है। हरिण, ऊँट, गधा, बंदर, चूहा, पेटसे चलनेवाले प्राणी, पक्षी तथा मक्खी आदि सारे प्राणियों-को अपने पुत्रके समान देखना चाहिये; क्योंकि यथार्थ दृष्टिसे देखनेपर इनमें तथा अपने पुत्रोंमें अन्तर ही क्या है! कुछ भी नहीं। तात्पर्य यह है कि जैसे मनुष्य अपने शरीरका तथा अपने कुटुम्बका ध्यान रखता है, वैसा ही ध्यान उसको रखना चाहिये सृष्टिके समस्त प्राणियोंपर; क्योंकि प्राणीमात्र एक ही पिताका परिवार है।

इस छोटे-से लेखमें हमने देखा कि पुरुषार्थ करना है केवल धर्मका आचरण करके मोक्षकी प्राप्तिके लिये ही। मनुष्य-जीवनकी सार्थकता भी मोक्षकी प्राप्तिमें ही है, क्योंकि अन्य किसी शरीरसे यह कार्य नहीं हो सकता।

अर्थ-कामके लिये किसी पुरुषार्थकी आवश्यकता नहीं है; क्योंकि ये तो शरीर उत्पन्न होनेके पूर्व ही निश्चित हो चुके हैं। बल्कि धनके लिये या धनसे खरीदी जाने योग्य वस्तुओंके लिये चाहे जितना पुरुषार्थ करो, परंतु मिलेगा उतना ही जितना प्रारब्धमें है। अतएव यथाप्राप्तमें संतोष रखकर मोक्षके लिये पुरुषार्थ करनेमें ही बुद्धिमानी और इसीमें चतुराई है।

* बम्बई-राज्यके प्रधान महोदयने एक प्रसंगमें कहा था कि घुड़दौड़की बाजी एक तरहका जूआ ही है, इसलिये इसमें पूरी ईमानदारीकी आशा भी नहीं की जा सकती (But after all racing is gambling, and it can never be made completely pure.)। इस प्रकार घुड़दौड़की बाजी जुआ है, यह बात सरकारकी दृष्टिके बाहर नहीं है, परंतु रुपयेके लोभसे इसे चलने दिया जाता है। यही बात सब प्रकारके जूओंके विषयमें समझ लेनी चाहिये।

अनन्य विशुद्ध भगवत्प्रेम और भगवान्‌की सुहृदता

(लेखक—श्रीजयदयालजी गोयन्दका)

भगवत्प्रेम सर्वथा अनिर्वचनीय है। भगवान्‌के प्रेमी भी उसका वर्णन नहीं कर सकते, फिर मै तो उसपर कहूँगा ही क्या। प्रेम वाणीके द्वारा नहीं बतलाया जा सकता, वह तो हृदयका गम्भीरतम भाव है। जिसके हृदयमें प्रेमकी जागृति होती है, उसमें कुछ बाहरी चिह्न प्रकट होते हैं, वही बतलाये जाते हैं। वे लक्षण भी साधन-अवस्थाके होते हैं। हृदयमें प्रेम उत्पन्न होनेपर कभी-कभी रोमाञ्च हो जाते हैं, कभी अश्रुपात होने लगता है, वाणी गद्‌गद हो जाती है और कण्ठ रुक जाता है—यही प्रेमके बाहरी चिह्न हैं। जब वह प्रेम और भी प्रगाढ़ हो जाता है, तब वह प्रेमीको भीतर-ही-भीतर प्रेममुग्ध कर देता है और उस प्रेम-समाधिमें प्रेमी अपने-आपको भी भूल जाता है। जैसे घीमें जब कचौड़ी सेंकी जाती है तो जबतक वह कच्ची रहती है तबतक तो छलकती है और उसमें क्रिया होती है, और जब वह एकदम पक जाती है तब स्थिर—अचल हो जाती है, उसमें कोई क्रिया नहीं होती, इसी प्रकार साधनकालका प्रेम बाहर छलकता है तथा प्रायः उपर्युक्त लक्षण प्रकट हो जाया करते है। किंतु जब हृदय प्रेमसे परिपूर्ण हो जाता है तब मनुष्य मूकके सदृश चुप हो जाता है, वह उस प्रेममे निमग्न हो जाता है; और जब प्रेममें निमग्न हो जाता है तब भगवान्‌की प्राप्ति हो जाती है। एवं जिस समय भगवान्‌की प्राप्ति हो जाती है, उस समय उसकी जो अलौकिक स्थिति होती है, उसका वर्णन वह स्वयं ही नहीं कर सकता; क्योंकि उस स्थितिमें उसे अपने-आपका ज्ञान नहीं रहकर केवल भगवान्‌का ही ज्ञान रहता है। वह जब भगवान्‌के मुखारविन्दको देखता है तो उसके नेत्रोंकी दृष्टि भगवान्‌के मुखचन्द्रपर इस प्रकार स्थिर हो जाती है, जैसे चकोर पक्षीकी दृष्टि पूर्णिमाके चन्द्रमाको देखकर स्थिर हो जाती है। वह भगवान्‌के स्वरूपको देखकर इतना मुग्ध हो जाता है कि उसे भगवान्‌के सिवा किसीका ज्ञान नहीं रहता।

जब भरतजी महाराज चित्रकूटमे भगवान् श्रीरामचन्द्रजीसे मिले, उस समय उनका प्रेम ऐसा अलौकिक था कि तुलसीदासजी महाराजने उसका वर्णन करनेमे अपनेको सर्वथा असमर्थ पाया। वे कहते हैं—

मिलनि प्रीति किमि जाइ बखानी।
कबिकुल अगम करम मन बानी॥
परम पेम पूरन दोउ भाई।
मन बुधि चित अहमिति बिसराई॥
कहहु सुपेम प्रगट को करई।
केहि छाया कबि मति अनुसरई॥
कबिहि अरथ आखर बलु साँचा।
अनुहरि ताल गतिहि नटु नाचा॥
अगम सनेह भरत रघुबर को।
जहँ न जाइ मनु बिधि हरि हर को॥
सो मैं कुमति कहौं केहि भाँती।
बाज सुराग कि गाँडर ताँती॥

जब भगवान् लङ्कासे लौटकर अयोध्यामे आये और भरत-शत्रुघ्नसे मिले, उस समय भी उनका प्रेम सर्वथा अवर्णनीय था। कहीं ग्रन्थोंमें तो नहीं देखा, सुनी हुई बात है कि उस समय वहाँ विभीषण और सुग्रीव भी वर्तमान थे। वे इनके प्रेमको देखकर एकदम रोने लगे कि 'श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रघ्न—ये चारों भाई हैं, इनमें परस्पर कितना प्रेम है। हमलोग भी रावण तथा बालीके भाई थे, पर हम अपने भाइयोंका वध करवाकर यहाँ आये हैं।' वे इनके आदर्श प्रेम-व्यवहारको देखकर बड़े लज्जित और दुखी हुए। पर अब मन-ही-मन पश्चात्ताप करनेके अतिरिक्त और कर ही क्या सकते थे।

रामायणमें सुतीक्ष्णका प्रेम बहुत ही विचित्र है। भगवान् श्रीरामसे जिस समय सुतीक्ष्णजी मिलते हैं उस समय उनमें जिन प्रेमभाव-तरंगोंका उदय होता है, वे सर्वथा अवर्णनीय हैं।

जिस समय प्रेमीको प्रेमास्पद भगवान्‌के साक्षात् दर्शन होते हैं, उस समय उसके नेत्रोंकी पल्कें नहीं पड़तीं; वह पलक मारने-जितना भी दर्शनका वियोग सहन नहीं कर सकता। उसके लिये तो पलक पड़ना भी महान् विघ्न है। वह नेत्रोंद्वारा देखता है, हाथोंसे स्पर्श करता है, कानोंसे भगवान्‌की मधुर वाणी सुनता है, वह सभी इन्द्रियोंसे मानो भगवान्‌के मधुर प्रेम-सुधाका पान करता रहता है। भगवान्‌के अलौकिक स्वरूपके सौन्दर्य और लावण्यका कोई वर्णन नहीं कर सकता। शास्त्रोंके आधारपर तो भगवान्‌के स्वरूपका दिग्दर्शनमात्र कराया जाता है, किंतु भगवान्‌का प्रत्यक्ष दर्शन होनेके समय प्रेमीके द्वारा उस स्वरूपका वर्णन कदापि सम्भव नहीं है। उस समय वह इतना मुग्ध हो जाता है कि उसकी वाणी ही गद्गद् हो जाती है।

पद्मपुराण पातालखण्डमें आया है कि भगवान् श्रीराघवेन्द्र जब लङ्कासे वायुयानद्वारा आ रहे थे, उस समय श्रीहनुमान्‌जीके द्वारा संदेश पाकर भरतजी उनके सम्मुख जाने लगे और जब भगवान्‌ने देखा कि मेरा भाई भरत जटा-वल्कलादिसम्पन्न त्यागी तपस्वीका वेष धारण किये पैदल ही आ रहा है, तब वे बार-बार 'भाई, भाई, भाई, भाई, भाई'—इस प्रकार रट लगाते हुए तुरंत विमानसे उतर पड़े*। उन्हें भूमिपर उतरते देख भरतजीके हर्षसे आँसू बहने लगे और वे दण्डकी भाँति धरतीपर पड़ गये। भगवान्‌ने अपनी दोनों भुजाओंसे उठाकर उन्हें हृदयसे लगा लिया। उस समय भगवान् श्रीराम और भरत दोनों ही प्रेममें मुग्ध हो गये तथा दोनोंकी ही वाणी गद्गद् हो गयी।

इसी प्रकार जब भक्तको सर्वप्रथम भगवान्‌के दर्शन होते हैं, तब उसकी वाणी गद्गद् हो जाती है, नेत्रोंकी पल्कें स्थिर हो जाती हैं, वह एकटक देखता ही रह जाता है। फिर कुछ समयके अनन्तर जब धैर्य होता है, तब उसकी वाणी खुलती है और भगवान्‌से बातचीत होती है। भगवान्‌के दर्शनसे सारे संशयोंका और सारे कर्मोंका नाश हो जाता है तथा चित्-जडग्रन्थि खुल जाती है।

भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परावरे॥
(मुण्डक० २। २। ८)

उन भगवान्‌का साक्षात्कार होनेपर हृदयकी जो चित्-जडग्रन्थि है, उसका भेदन हो जाता है अर्थात् इस जड शरीरमें चेतन आत्माका जो यह अभिमान है कि 'मैं यह शरीर हूँ और यह मेरा है', यह जो अज्ञानवश जड और चेतनकी एकता-सी है—यही हृदयकी गाँठ है। भगवत्साक्षात्कारसे यह खुल जाती है। सारे संशय नाश हो जाते हैं और उसके पुण्य तथा पाप—दोनों ही सब-के-सब समाप्त हो जाते हैं। भगवान्‌को देखकर वह विमुग्ध हो जाता है और इसके बाद उस भक्तके द्वारा जो कुछ भी चेष्टा होती है, सब भगवान्‌को मुग्ध करनेके लिये ही होती है।

भगवती श्रीराधिकाजी भगवान्‌की आह्लादिनी शक्ति हैं और भगवान्‌को आह्लादित करनेके लिये, मुग्ध करनेके लिये ही उनकी सारी चेष्टा होती है। इसी प्रकार भगवान्‌की भी सारी चेष्टा श्रीराधिकाजीको मुग्ध करनेके लिये ही होती है। इन दोनोंकी यह चेष्टा ही इनकी प्रेम-लीला है। यह लीला पारस्परिक आमोद और प्रेमकी वृद्धि करनेवाली होती है। इससे उत्तरोत्तर प्रेम बढ़ता ही रहता है। यह प्रेममयी लीला है। इसी प्रकार अपने परम-प्रिय प्रेमास्पद श्रीभगवान्‌के दर्शन पाकर प्रेमी भक्तकी

* यानादवततारााशु विरहक्लिन्नमानसः।
भ्रातर्भ्रातः पुनर्भ्रातर्भ्रातर्भ्रातर्वदन्मुहुः॥
(पद्म० पाताल० २। २८)

सारी चेष्टा उन्हें आह्लादित करनेके लिये और प्रेममें मुग्ध करनेके लिये होती है और उधर भगवान्‌की भी सारी चेष्टा अपने उस भक्तको आह्लादित करनेके लिये और प्रेममें मुग्ध करनेके लिये ही होती है। इस प्रकार एक-दूसरेकी चेष्टा एक-दूसरेको मुग्ध करनेके लिये, प्रसन्न करनेके लिये हुआ करती है। यह प्रेममयी लीला अलौकिक है। यह प्रेम वाणीका विषय नहीं है। अतः यह कहना अत्युक्ति नहीं कि इस प्रेमलीलाका वर्णन न तो भगवान् ही कर सकते हैं और न भगवान्‌के भक्त ही। यहाँ भक्तकी दृष्टिमें तो भगवान् प्रेमास्पद है और भक्त प्रेमी है। तथा भगवान्‌की दृष्टिमे भक्त प्रेमास्पद हैं और भगवान् प्रेमी। इन दोनोंका परस्पर अद्भुत प्रेम है। परस्पर प्रेम-साम्य होनेके कारण यहाँ आदर-सत्कार नहीं है। जहाँ आदर-सत्कार है, वहाँका प्रेम भी उच्चकोटिका है; किंतु जबतक आदर-सत्कार है, तबतक प्रेममे कमी है। जहाँ दोनोंका समानभाव है, प्रेमभाव है, एकीभाव है, वहाँ उस एकीभावमें कौन बड़ा और कौन छोटा। ऐसे एकीभावमें स्थित होकर भगवान्‌का भक्त जो कुछ चेष्टा करता है, वह वस्तुतः भगवान्‌में ही क्रीड़ा करता है। भगवान् गीतामें कहते हैं—

सर्वभूतस्थितं यो मां भजत्येकत्वमास्थितः।
सर्वथा वर्तमानोऽपि स योगी मयि वर्तते॥

(६। ३१)

'जो पुरुष एकीभावमे स्थित होकर सम्पूर्ण भूतोंमें आत्मरूपसे स्थित मुझ सच्चिदानन्दघन वासुदेवको भजता है, वह योगी सब प्रकारसे बर्तता हुआ भी मुझमें ही बर्तता है।' अभिप्राय यह कि सारे भूतोंमें परमात्मा जो आत्मरूपमे स्थित है, उन परमात्मामे ऐसे वह प्रेमी भक्त एकीभावमे स्थित होकर जो कुछ भी करता है, लोगोंकी दृष्टिमें वह संसारमे क्रिया करता है; किंतु भगवान् कहते है कि नहीं, वह मुझमें ही क्रीड़ा करता है। उसमे पहलेकी उसकी यह स्थिति है—

यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति।
तस्याहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति॥

(६। ३०)

अर्थात् 'जो पुरुष मुझ परमात्माको सर्वत्र देखता है; जहाँ नेत्र जाते है, वहीं मुझको देखता है; जहाँ मन जाता है, वहीं मुझको देखता है और सबको मुझ परमात्माके अन्तर्गत देखता है, ऐसे पुरुषसे मै कभी अलग नहीं हो सकता और वह पुरुष मुझसे कभी अलग नहीं होता। (ऐसा जो मेरा प्रेमी है, वह मुझको देखता रहता है और मै उसे देखता रहता हूँ।)'

यह अलौकिक प्रेममयी लीला निरन्तर चलती रहती है। मान और अपमान—तो संसारी (मायिक) चीजें है। प्रेम मान-अपमान दोनोंसे परे है।

साधनकालमे तो भक्त भगवान्‌के नाम और गुणोंका गान (कीर्तन) करता है। नाम, रूप, लीला और धाम—इनके तत्त्व, रहस्य, गुण और प्रभावको समझकर मुग्ध होता है और भगवान्‌का आदर-सत्कार तथा सेवा-पूजा करता है। किंतु जब इन सब भावोसे ऊपर उठ जाता है और जब भगवान्‌के साथ उसका एकीभाव हो जाता है, तब कौन किसकी मान-बड़ाई, आदर-सत्कार या सेवा-पूजा करे? आदर-सत्कार तो साधनकालकी चीज है। मै भगवान्‌के गुणोंका इस प्रकार गान करूँ कि 'भगवान् पतितपावन हैं' तो इसका अभिप्राय यह है कि 'मैं पातकी हूँ और भगवान् पतितपावन हैं। इसलिये मै पवित्र हो जाऊँगा; क्योंकि भगवान्‌के दर्शनसे, वार्तालापसे, भाषणसे तो पापी-से-पापी भी परम पवित्र बन जाता है और उसका उद्धार हो जाता है। जब मै दुखी होऊँगा, तब भगवान्‌से कहूँगा कि प्रभो! आप दयाके सिन्धु हैं, क्योंकि मै दयाका पात्र हूँ। आप दया करे।' यह भी बहुत उत्तम भाव है—पर यह प्रेम-साम्राज्यसे बाहरकी बात है।

इसी प्रकार प्रेममें भय तथा लज्जा भी नहीं रहती;

क्योंकि ये भी साधनकालमें ही होते हैं। भगवान्‌के भक्त भगवान्‌को अपने-अपने भावसे भजते हैं। जहाँ पति-पत्नी-का भाव है, वहाँ कोई लज्जा तो नहीं है; किंतु आदर है। पत्नी अपने पतिका आदर, सत्कार, सेवा करती है। जहाँ स्वामी-सेवक-भाव है, वहाँ सेवक स्वामीका आदर-सम्मान भी करता है तथा संकोच और भय भी करता है। मनमें कुछ मानसम्भ्रम रखता है। जहाँ वात्सल्य भाव है वहाँ स्नेह रहता है और उस अपत्य-स्नेहमें रक्षाका तथा पालनका भाव रहता है। यहाँ एकीभावमें रक्षा और पालनका भाव भी नहीं है। और जहाँ सख्यभाव रहता है, वहाँ कोई भय तो नहीं रहता और मोह भी नहीं रहता; वहाँ परस्पर आदर-सत्कारकी बात भी नहीं रहती। किंतु जिस प्रकार पति-पत्नीमें परस्पर किंचिन्मात्र भी संकोच और लज्जा नहीं रहते, ऐसी बात वहाँ नहीं है। वहाँ उस भावमें कुछ संकोच और लज्जा रहते हैं। जब मनुष्य इन सारे भावोंसे ऊपर उठ जाता है तब वहाँ लज्जा, भय, मान, बड़ाई, सत्कार, संकोचका अत्यन्त अभाव हो जाता है।

जैसे हमारे दो हाथ हैं, वे परस्पर एक-दूसरेका आदर-सत्कार नहीं करते और न एक-दूसरेका भय करते हैं। उनमें परस्पर कोई लज्जा और संकोच भी नहीं है। जब दोनों हाथ मिलते हैं तो एककी ज्यों हो जाते हैं। इसी प्रकार भक्त और भगवान्‌का एकीभावमें मिलन है। भक्त और भगवान्‌का जब मिलन होता है, उस समय माला, वस्त्र और आभूषण भी वहाँ व्यवधानरूप है। निर्गुण-निराकार ब्रह्मकी प्राप्तिमें जो शान्तभाव है, उसमें प्रेमका यह शान्तभाव दूसरे प्रकारका है। उस शान्तभावमें कोई क्रिया नहीं रहती, किंतु यहाँ क्रिया है। यहाँ उनकी जो क्रिया है, वही लीला है या यों कहिये कि वह प्रेमक्रीडा है। दोनों एक दूसरेको देखते ही रहते हैं। उस समय परस्परका जो दर्शन, भाषण, वार्तालाप और स्पर्श है, सभी आनन्दमय, प्रेममय, रसमय और परम मधुर है। भगवान्‌का श्रीविग्रह भक्तके लिये अमृतमय और आनन्दमय तथा भक्तका विग्रह भगवान्‌के लिये प्रेममय और आनन्दमय है। उनका जो परस्परका भाषण है, वह बहुत ही मधुर है। वाणी कानके लिये अमृतके समान है, दर्शन नेत्रोंके लिये अमृतके समान है, स्पर्श अङ्गके लिये अमृतके समान है। सभी कुछ अमृतमय, आनन्दमय और रसमय है। उस समयके इस भावका किसी प्रकार भी वाणीके द्वारा वर्णन नहीं किया जा सकता। नेत्रोंसे परस्पर मानो एक-दूसरेको पी रहे है; स्पर्शके द्वारा मानो एक दूसरेमें प्रवेश कर रहे है। वाणी परस्पर ऐसी मधुर-सुधामयी लगती कि वह उसे निरन्तर सुनते ही रहना चाहता है। इसमें एक क्षणका भी व्यवधान सहन नहीं होता। नेत्रोंसे देखते ही रहें, पलक मारना भी सहन नहीं।

यहाँ दोनोंमें समानभाव होता है और वे दिव्य गुणोंसे सम्पन्न होते है। यहाँ एक दूसरेकी दृष्टिमें गुण और गुणीका कोई भेद नहीं है कि भगवान् तो गुणी और उनके ये गुण है अथवा भक्त गुणी और उन भक्तके ये गुण है। वे तो सारे गुणों और भावोंसे ऊपर उठे हुए है। मात्त्विक गुण भी वास्तवमें मायाका ही कार्य है। किंतु भगवान्‌में तो दिव्य गुण है। भगवान् स्वयं मात्त्विक गुणोंसे अतीत है। वे दिव्य चिन्मय गुणोंसे सम्पन्न है। वह भक्त भी उन दिव्य गुणोंसे सम्पन्न है।

तत्त्वसे देखा जाय तो यहाँ प्रेम, प्रेमास्पद और प्रेमी—तीनों एक ही है। भगवान् प्रेमास्पद और भक्त प्रेमी तथा उन दोनोंका जो सम्बन्ध है, वह प्रेम है। यहाँ तीनोंके रूप पृथक्-पृथक् है, पर वास्तवमें ये तीनों एक है, क्योंकि तीनों ही चेतन है। इस प्रेमराज्यमें दूसरे किसी व्यक्तिका प्रवेश नहीं है। न तो वहाँ किसीके जानेका अधिकार है और न कोई जा ही सकता है। यदि कोई भूला-भटका वहाँ पहुँच जाता है तो उसे लीलाके दर्शन नहीं होते। वहाँ न कोई शृङ्गार है, न आभूषण है

और न कोई आयुध ही है । यद्यपि भगवान्‌के सारे पदार्थ चेतन है, किंतु चेतन होते हुए भी वहाँ किसी पदार्थकी आवश्यकता ही नहीं है । इसी प्रकार भक्त, भगवान् और भक्तिकी बात है । भक्तिका नाम यहाँ प्रेम है, भक्तका नाम प्रेमी और भगवान्‌का नाम प्रेमास्पद है । भक्त, भगवान् और भक्ति कहें या प्रेमी, प्रेमास्पद और प्रेम—एक ही बात है । शब्दोंका ही भेद है । वस्तुका कोई भेद नहीं है । भक्ति-मार्गकी उच्च-से-उच्च अवस्थाका यह फल है । भगवान्‌की प्राप्ति कहे या प्रेमास्पदकी प्राप्ति—एक ही है । ऐसा जो प्रेमास्पद है, यहाँ भोगोंकी तो गन्ध भी नहीं है; किंतु मुक्तिका भी यहाँ मूल्य नहीं है । ऐसे भक्त और भगवान्‌का जो पारस्परिक मिलन और प्रेम है, वही सर्वोत्कृष्ट सत्सङ्ग है; इस सत्सङ्गकी रामायणमें बड़ी महिमा गायी है और कहा है—

तात स्वर्ग अपबर्ग सुख धरिअ तुला एक अंग ।
तूल न ताहि सकल मिलि जो सुख लव सतसंग ॥

परमात्मा 'सत्' है और उनका सङ्ग 'सत्सङ्ग' है । यानी सत् परमात्माके साथ जो 'विशुद्ध प्रेम' है, वही 'सत्सङ्ग' है । भगवान्‌के प्रति जो यह सङ्ग है, भगवान्‌के साथ एकता है, भगवान्‌के साथ मिलन है, परस्पर प्रेम है, यह उच्चकोटिका सत्सङ्ग है । इसकी तुलनामें स्वर्गकी तो बात ही क्या, मुक्ति भी कोई वस्तु नहीं है । इस प्रकारका जो प्रेमी पुरुष है, वह भगवान्‌का उच्चकोटिका अनन्य भक्त है । ऐसे पुरुष संसारके कल्याणके लिये यदि संसारमें आ जायँ तो उनके दर्शन, भाषण और वार्तालापसे ही मनुष्योंकी मुक्ति हो सकती है । अतः उनके साथ मुक्तिकी तुलना नहीं हो सकती ।

भगवान्‌ने पूतनाको मुक्तिपद दिया, उसे परम धाममें भेज दिया, उसका परम कल्याण कर दिया । किसीने इसपर प्रश्न किया कि 'जब भगवान्‌ने विष पिलानेवाली पूतनाको मुक्ति दे दी तो अमृतके समान दूध पिलानेवाली यशोदा मैयाको वे क्या देंगे ? दोनोंको ही मुक्ति दें तब तो न्याय नहीं । विष पिलानेवाली पूतनाको भी मुक्ति और अमृतके समान दूध पिलानेवाली माता यशोदाको भी मुक्ति ।' तो इसका उत्तर यह है कि पूतनाको भगवान्‌ने मुक्ति तो दी, पर अपने आपको नहीं दिया, परंतु यशोदाकी गोदमें तो भगवान्‌ने अपने आपको ही समर्पण कर दिया । यह नियम है कि भक्त जब अपने-आपको भगवान्‌के समर्पण कर देता है तब भगवान् भी अपने-आपको भक्तके प्रति समर्पण कर देते हैं । जब भगवान्‌ने अपने-आपको ही यशोदाके प्रति दे दिया तो उसके सामने मुक्ति क्या चीज है । मुक्ति तो यशोदाजीके आँगनकी धूलिमें वास करती है । भक्त लोग कहते है कि व्रजकी रजमें मुक्ति वास करती है तो फिर यशोदाके आँगनकी धूलिमें मुक्ति वास करे, इसमें तो कहना ही क्या है ! अभिप्राय यह कि यशोदाके आँगनकी धूलिको कोई मस्तकमें धारण करे या उसका पान करे तो वह भी मुक्तिका अधिकारी हो जाता है ।

जो महान् पुरुष प्रेममें मुग्ध है, उनका स्वरूप प्रेममय ही है । वे जिस मार्गसे चलते है, प्रेमका वितरण करते हुए ही चलते हैं । उन प्रेमीके प्रेमकी हवा किन्हींको लग जाय तो वे भी प्रेममें पागल हो जाते हैं—मुग्ध हो जाते हैं ।

जब भगवान् श्रीकृष्ण सायंकालमें गौओंके खुरकी धूलिसे धूसरित होकर वृन्दावनमें प्रवेश करते थे, तब उस स्वरूपको देखकर गोपियाँ मुग्ध हो जाया करती थीं । भगवान्‌के स्वरूपको देखकर मुग्ध हो जानेमें तो बात ही क्या है, जब उद्धवजी व्रजमें गये और गोपियोंसे मिले तो गोपियोंकी प्रेमलीला, प्रेमक्रीडाको देखकर वे अत्यन्त मुग्ध हो गये और कहने लगे कि मेरे लिये सबसे अच्छी बात यह होगी कि मैं इस व्रजमें

कोई गुल्म, लता या ओषधि (जड़ी-बूटी) ही बन जाऊँ ! अहा ! यदि मैं ऐसा बन जाऊँगा तो मुझे इन गोपियोंके चरणोंकी धूलि सेवन करनेके लिये मिलती रहेगी, जिससे मैं पवित्र हो जाऊँगा ।' जब वे भगवान् श्रीकृष्णके पास वापस लौटकर आये तो बोले कि 'प्रभो! मुझे आपने जो गोपियोंको ज्ञान और योगकी शिक्षा देनेके लिये भेजा था, यह एक बहाना था । वास्तवमें आपने मुझको उनसे प्रेम सीखनेके लिये ही भेजा था ।'

जिनको भगवान्‌की प्राप्ति हो चुकी है, वे भगवान्‌के प्रेममें मुग्ध रहते हैं । उनके नेत्र प्रेमसे झरा करते हैं, वे अपने-आपको प्रेममें भुलाकर संसारमें विचरते हैं । जिनको ऐसे प्रेमियोंके दर्शन हो जाते हैं, वे भी प्रेममें अपनी बाह्य-स्थितिको खो देते हैं, उनको अपने आपका ही ज्ञान नहीं रहता । अतः नीति और धर्मकी मर्यादाके पालनका ज्ञान भी नहीं रहता । जब प्रेमलक्षणा भक्तिके समय साधनकालमें ही प्रेमवश प्रेमीकी दशा प्रेमके कारण कुछ और ही हो जाती है तब भगवान्‌का साक्षात्कार होनेपर यानी भगवान्‌के साथ एकीभाव होनेपर जो स्थिति होती है, वह तो सर्वथा वर्णनातीत है । जिसका वर्णन स्वयं भगवान् भी नहीं कर सकते, उसका कोई दूसरा कैसे कर सकता है; क्योंकि वह वाणीका विषय ही नहीं है ।

अब भगवान्‌की दयाके विषयमें कुछ चर्चा की जाती है । जब हम भगवान्‌की दयाकी ओर ध्यान देते हैं तो ऐसा प्रतीत होता है कि भगवान् दयाके सागर हैं । किंतु वस्तुतः ऐसा कहना भी स्तुतिमें निन्दा ही है; क्योंकि सागरकी तो एक सीमा होती है और भगवान्‌की दया सीमारहित है । हमलोगोंको दुनियामें दयाके नामसे जो चीज दिखायी देती है, वह सारी दुनियाकी दया मिलकर भी उस दया-सागरकी एक बूँदके बराबर भी नहीं हो सकती; क्योंकि हमलोगोंमें जो दया है, यह तो एक सात्त्विक भाव है और भगवान्‌की दया चिन्मय होनेसे गुणोंसे अतीत है । संसारके सब लोगोंमें जो दया है, वह भगवान्‌की उस दयाके एक बिंदुका आभासमात्र है—प्रतिबिम्बमात्र है, जैसे बिम्ब तथा प्रतिबिम्बका अन्तर है, इसी प्रकार भगवान्‌की दया और हमलोगोंकी दयाका अन्तर है । भगवान्‌की दया अपरिमित और अनन्त है । आकाशका भी कहीं अन्त आ सकता है, किंतु भगवान्‌की दयाका तो अन्त आता ही नहीं । जब मनुष्यको वास्तवमें इस बातका ज्ञान हो जाता है कि भगवान् ऐसे दयालु तथा प्रेमी हैं, तब वह प्रेम और दयाके तत्त्व-रहस्यको समझ जाता है और फिर वह समझनेवाला भक्त भी उसी समय सबका सुहृद् बन जाता है अर्थात् वह परम दयालु और परम प्रेमी बन जाता है । भगवान् परम प्रेमी और परम दयालु हैं, इस रहस्यको समझनेवाला प्रेमी भक्त प्रभुसे एक क्षण भी पृथक् नहीं रह सकता, प्रभुके बिना उसका जीवन भार हो जाता है । फिर भगवान्‌से मिले बिना उसके प्राण कैसे रह सकते हैं ? क्योंकि वह यह समझता है कि भगवान् परम दयालु और परम प्रेमी हैं और वे सब जगह हैं तथा दयालु और प्रेमीको मिलते हैं और इतने भारी दयाके सागर हैं कि वे सदा सभीपर हेतुरहित दया और प्रेम रखते हैं ।' तुलसीदासजीने भी कहा है —

आकर चारि लाख चौरासी । जोनि भ्रमत यह जिव अबिनासी ॥
फिरत सदा माया कर प्रेरा । काल कर्म सुभाव गुन घेरा ॥
कबहुँक करि करुना नर देही । देत ईस बिनु हेतु सनेही ॥

चार प्रकारकी चौरासी लाख योनियोंमें भ्रमण करते हुए जीवको दुःखित और आर्त देखकर बिना ही कारण दया और प्रेम करनेवाले भगवान् उसे मनुष्यका शरीर देते हैं । हमलोग दयाके पात्र न होनेपर भी हमलोगोंपर भगवान्‌ने दया की, जिससे हमें यह मनुष्यशरीर मिला । यह मनुष्यका शरीर भगवान्‌ने इसीलिये दिया कि मनुष्य ही इस बातको समझ सकता है कि प्रभु बिना ही

कारण दया और प्रेम करनेवाले है, किंतु यह बात समझमे नहीं आयी तो भगवान्‌का वह दया और प्रेमयुक्त परिश्रम सार्थक नहीं हुआ; अतः उसे सार्थक करना चाहिये ।

हमलोग मनुष्य कहलाते हैं, अतः हममे मनुष्यत्व तो होना ही चाहिये । इतना उपकार करनेवाले भगवान्‌के प्रति हमे कृतघ्न तो नहीं होना चाहिये, उनके गुणोंको और उपकारोंको तो नहीं भुलाना चाहिये । भगवान् बिना ही कारण दया और प्रेम करनेवाले है, यह बात गीतामे भी कही है—

सुहृदं सर्वभूतानां ज्ञात्वा मां शान्तिमृच्छति।
(५ । २९)

'मै सब प्राणियोका सुहृद् हूँ, यह जानकर मनुष्यको शान्ति मिलती है ।' सुहृद्‌का अभिप्राय यह है कि भगवान् बिना ही कारण प्रेम और दया करनेवाले है । जब हमलोगोंको परम शान्ति नहीं मिली तो भगवान् सुहृद् है, इस बातको हमलोग कहाँ समझे । जो इस तत्त्वको समझ जाता है, उसको तो समझनेके साथ ही इतनी प्रसन्नता, इतनी शान्ति और इतना आनन्द होता है कि उसे अपने-आपका ही ज्ञान नहीं रहता । और फिर वह स्वयं सबका सुहृद् हो जाता है । भगवान्‌ने भक्तोके लक्षण बतलाते हुए कहा है—

अद्वेष्टा सर्वभूतानां मैत्रः करुण एव च ।
(गीता १२ । १३)

'जो सारे भूतोमे द्वेष-भावसे रहित है और सभी प्राणियोंपर हेतुरहित दया और प्रेम करनेवाला है (वह मेरा भक्त मुझको प्यारा है) ।'

इस सुहृदताके रहस्यको हमलोग समझ जायँ तो हम भी सबके सुहृद् बन सकते हैं । इस नियमके होते हुए भी यदि हम इस लाभसे वञ्चित है तो हमारे लिये बहुत ही लज्जा, शोक और दुःखकी बात है । इस लाभसे वञ्चित रहनेमे केवल श्रद्धा-विश्वासकी कमी ही कारण है तथा श्रद्धा-विश्वासकी कमीमें हमारी मूर्खता यानी अविवेक ही कारण है । इसलिये हमलोगोंको सुहृदताका रहस्य जाननेके लिये प्राणपर्यन्त चेष्टा करनी चाहिये । उपर्युक्त बातोंपर श्रद्धा-विश्वास करना चाहिये; फिर अपने-आप ही भगवान्‌मे श्रद्धा-विश्वासकी वृद्धि होकर उनकी प्राप्ति हो सकती है ।

भगवान् हर समय मिलनेके लिये तैयार है । इतना ही नहीं, वे तो लालायित है, आतुर है । किंतु हमको इसपर विश्वास होना चाहिये । जब हमको यह विश्वास हो जायगा कि भगवान् ऐसे प्रेमी और दयालु है और वे मिलनेके लिये सदा-सर्वदा भुजा पसारे तैयार है, तब फिर हम भगवान्‌को छोड़कर क्षणमात्र भी कैसे जी सकते हैं, उनसे बिना मिले कैसे रह सकते हैं ? इस प्रकारका अपने हृदयमे भाव होना चाहिये और इस भावसे भावित होकर भगवान्‌से मिलनेके लिये हमको आतुर हो जाना चाहिये ।

लड़का जब आतुर हो जाता है तो दयालु माँ उस लड़केको उठाकर हृदयसे लगा लेती है । भगवान्‌की दया तो माँकी अपेक्षा अनन्तगुणी अपार है । यह हमे मालूम हो जाय तो हमारी आतुरता इतनी बढ़ सकती है कि जबतक भगवान् हमे उठाकर हृदयसे न लगा लें, तबतक हमारा रोना बंद ही न हो । भगवान् केवल हमारी आतुरता, श्रद्धा, प्रेम, भाव और व्याकुलता देखते है । इन बातोंको समझकर यदि हम भगवद्भावसे भावित हो जायँ तो फिर विलम्बका काम ही क्या है ? जैसे बिजलीके तार आदि लगकर जब तैयार हो जाते हैं तब स्विच दबानेके साथ ही क्षणमात्रमे रोशनी हो जाती है, वैसे ही जब मनुष्य पात्र बन जाता है तब भगवद्भावसे भावित होनेके साथ ही भगवान्‌की प्राप्ति हो जाती है ।

श्रीकृष्णलीलाका चिन्तन

[भाग २८, सं० १२, पृष्ठ १४६३ से आगे]

(७५)

रजनीकी वह 'साँय-साँय' ध्वनि कंसको सहस्र-सहस्र सर्पोंके श्वासोच्छ्वास-सी लग रही है। प्रकोष्ठमें एकाकी वह उन आये हुए कमल-पुष्पोंकी चिन्तामें ही निमग्न है; वे उसे असंख्य विषधर नाग-से प्रतीत हो रहे है तथा रह-रहकर गूँज उठता है उसके कर्णरन्ध्रोंमें व्रजेन्द्रनन्दनका वह गुप्त रहस्यमय संदेश, जिसे उन्होंने अपने बाबासे, मैयासे, व्रजपुरवासियोंसे—सबसे छिपाकर हँसते हुए, कमल-भारवाहक गोपोंके प्रमुखको दिया था और उस गोपने भी उसे ज्यों-का-त्यों निवेदित कर दिया था। वह इनपर जितना अधिक विचार करता, उतना ही उसका उद्वेग बढ़ता; प्राण उसी अनुपातसे सत्त्वहीन होने लगे थे और शरीरका भान भी विलुप्तप्राय हो चला था—

कमल सकटनि भरे ब्याल मानौ।
स्याम के बचन सुनि, मनहिं मन रह्यौ गुनि,
काठ ज्यौं गयौ घुनि, तनु भुलानौ॥

शूलकी भी इतनी व्यथा नहीं, जितनी इन पंक्तियोंमें थी—

यह कह्यौ स्याम-बलराम, लीजौ नाम,
राज कौ काज यह हमहिं कीन्हौ।
और सब गोप आवत जात नृप बात कहत,
सब सूर मोहिं नहीं चीन्हौ।

और इसके उत्तरमें कंसकी बुद्धि बारंबार एक ही निष्कर्षके पास जा पहुँचती—

यासों मेरौ नहीं उबार। मोहिं मारि मारै परिवार॥
दैत्य गये ते बहुरि न आए। काली तैं ये क्यौं बचि पाए॥
ताही पर धरि कमल लदाए। सहस सकट भरि ब्याल पठाए॥
एक ब्याल मैं उनहिं बताए। कोटि ब्याल मम सदन चलाए॥

घड़ीभर पूर्व अपना समस्त साहस, सम्पूर्ण शक्ति बटोरकर, हृदयके दुःखको छिपाते हुए उसने पुष्प लाने-वाले गोपोंको आदरके साथ विदा अवश्य किया था, व्रजेशके प्रति भी सम्मानकी वस्तुएँ प्रेषित कीं, मिथ्या प्रेम-संदेश भी भेजा था—

हृदय दुख, मुख हलबली करि, दिए व्रजहिं पठाइ।
नंद कौं सिरपाव दीन्हौ, गोप सब पहिराइ॥
यह कह्यौ बलराम-स्यामहिं, देखिहौं दोउ भाइ।
अतिहिं पुरुषारथ कियौ उन, कमल दहके ल्याइ॥

पर अब उसका धैर्य छूट गया है; क्योंकि असम्भव बात घटित हो गयी है, कालियसे भी नन्दनन्दन बच ही आये!—

भयौ बेहाल, नँदलालकैं ख्याल इहिं,
उरग तैं बाँचि फिरि व्रजहिं आयौ।

इसी समय अचानक कोष्ठकी नीरवता भङ्ग हुई। द्वारीने सम्राट्का अभिवादन किया। पश्चात् राक्षसदूतने संवाद बताया—'देव! नवीनतम सूचना यह है—व्रजराज, व्रजराजतनय, समस्त व्रजपुरवासी—सभी यमुनातटपर ही आज विश्राम कर रहे है। सूर्यास्त हो जानेके कारण गोपपुरीमें नहीं लौटे!'

और इतनेमें संयोगवश ठीक अवसरपर वहीं आ पहुँचा वह दावानल नामसे अभिहित महामायावी दानव; सो भी अकेला नहीं, सपरिकर!

फिर तो मधुवनका वह अतिशय विपण्ण राजा, अभी-अभी मृतप्राय-सा प्रतीत होनेवाला वह कंस हुंकार कर उठा। उस समय उसकी आँखोंमें स्पष्ट व्यक्त हुई एक विचित्र-सी नृशंस उत्फुल्लता राक्षस सामन्तोंके लिये दर्शनीय वस्तु थी। महाकर्कश स्वरमें अधिपतिका आदेश भी सबने तुरंत ही सुन लिया—

भवन्तस्तत्र प्रविशन्तः समन्ततः प्रबलतयाज्वलनं प्रज्वलनमाचरन्तः स्वयमन्तर्धानमाचरन्तु ।

(श्रीगोपालचम्पूः)

'आप सभी उसी वनमे प्रवेश करते हुए, चारों ओरमे अत्यन्त प्रबलरूपमे अग्निज्वालाकी राशि—महान् राशि धधकाते चले जायँ और फिर स्वयं अन्तर्धान हो जायँ !'

विशेषतः दावानल नामक दैत्यके लिये यह आदेश अट्टहासके साथ इन शब्दोंमे पुनः दुहरा दिया गया—

कह्यौ दावानलहिं देखौं तेरे बलहिं,
भस्म करि ब्रज पलहिं, कहि पठायौ ।

अब क्या कहना है दावानलके कण-कणमे फूटते हुए अभिमानकी लपटोंका !—

चल्यौ रिस पाइ अतुराइ तब धाइ कै
ब्रज-जननि बन सहित जारि आऊँ ।
नृपति के लै पान, मन कियौ अभिमान,
करत अनुमान चहुँ पास धाऊँ ॥
वृंदाबन आदि ब्रज आदि, गोकुल आदि,
आदि बुन्यादि सब अहिर जारौं ।
चल्यौ मग जात, कहि बात इतरात अति,
सूर प्रभु सहित संघारि डारौं ॥

इधर तपन-तनया श्रीयमुनाके शान्त तटपर व्रजेश्वर, व्रजरानी, रोहिणी, व्रजराजकी समस्त प्रजा एवं उनके प्राण-सर्वस्व राम-श्याम तन्द्रित हो चुके है । हृदयसे कुछ दूर हटकर अतिशय मनोहर मण्डलोंकी रचना कर दी गयी है । श्रीकृष्णचन्द्रको मध्यमे विराजित करके उनके चारों ओर, उन्हें वेष्टित करते हुए व्रजराज आदि अवस्थित है । कहीं तो सखाओंका दल है, कहीं व्रजेश्वरी आदि विराजित है, कहीं अपनी माताओंके निकट कुमारिकाएँ हैं और कहीं सासके समीप गोप-वधुएँ । यह प्रथम मण्डल है—

तदेवं श्रीकृष्णं मध्यमध्यवस्थाप्य तमभितोऽभितो व्रजराजादयः कचन सखायः कचन व्रजेश्वरी-प्रभृतयः । कचन मातृनिकटस्थाः कुमार्य्यः कचन श्वश्रूःनिकटस्था वध्वश्च । (श्रीआनन्दवृन्दावनचम्पूः)

इस मण्डलसे बाहर चारों ओर गोपसुन्दरियोंके पति—युवक गोपसमूहोंका स्थान मिला है । यह दूसरा मण्डल हुआ । तथा इनके चारों ओर तृतीय मण्डलमे धनुर्धर गोपोंकी टोलियाँ विश्राम कर रही हैं—

परितस्तद्बहिरपि चापरास्तद्बहिरपि चापराः ।

(श्रीआनन्दवृन्दावनचम्पूः)

इनसे बाहर चतुर्थ मण्डलमे धेनु-समूह है एवं इन गायोंको परिवेष्टित करते हुए, पाँचवे मण्डलमे महा-शौर्यशाली, विविध अस्त्रधारी गोपगण अवस्थित है—

तद्बहिरपि धेनवः सविधे नवः स विविधास्त्र-धारिगणो यासाम् । (श्रीआनन्दवृन्दावनचम्पूः)

पहले श्रीकृष्णविरहका तीव्र ताप एवं पश्चात् श्रीकृष्णमिलनका महान् आनन्द—व्रजवासियोंके लिये आजका दिन विचित्र-सा बीता था । इस प्रकार क्षुधा-तृषाकी निवृत्तिके लिये दिनमे तो अवकाश ही कहाँ था आज ! व्रजपुरसे सायंकाल विभिन्न भोज्य-वस्तुएँ भी आयीं अवश्य, पर तब भी किसीने उस ओर देखातक नहीं; सभीकी आँखें लगी थीं नीलसुन्दरको निहारनेमे ही । और तो क्या, व्रजेन्द्रगेहिनीने अपने नीलमणिको क्षुधित अनुभव कर लेनेपर भी आज गायोका दूध भी दुहकर उन्हें नहीं पिलाया; क्योकि वे अत्यधिक शङ्कित हो चुकी हैं, उन्हें ऐसा लग रहा है कि यहाँकी सभी वस्तुएँ विषसे दूषित हो गयी हैं—

हन्त ! हन्त ! क्षुद्वन्तं तमपि गवां दुग्धमपि दुग्धं विधाय न पाययामास । सत्यं सर्वमत्रत्यं विषसकलङ्कमिति शङ्कया । (श्रीगोपालचम्पूः)

इस प्रकार क्षुधा-तृषा एवं परिश्रमसे कर्षित हुए वे व्रजपुरवासी, वे गायें—सभी कलिन्दनन्दिनीके प्रवाहसे कुछ दूर हटकर सुखकी नींदमें सो चुके हैं, अपनी भाव-समाधिमें लीन हैं—

तां रात्रिं तत्र राजेन्द्र क्षुत्तृड्भ्यां श्रमकर्शिताः।
ऊषुर्व्रजौकसो गावः कालिन्द्या उपकूलतः॥
(श्रीमद्भा० १०। १७। २०)

तेहि निसि सकल रहे तेहि ठामा।
छुधा तृषा श्रम करषित धामा॥
सोये सकल गोप अरु गोपी।
कृष्न चरन तन मन जिन रोपी॥

किंतु वह देखो अर्धनिशा हुई और वह आ पहुँचा महामायावी दानव दावानलका दल। तथा क्षण भी न लगा, ग्रीष्मऋतुकी वह शुष्क वनस्थली एक सुन्दर माध्यम बनकर असुरको प्राप्त हो गयी और उसीकी ओटमें दावाग्निके रूपमें व्यक्त हो उठी उसकी माया। उन सम्पूर्ण व्रजपुरवासियोंको सब ओरसे घेरकर सर्वथा भस्म कर देनेके लिये महाघोर दावानल जल उठा—

तदा शुचिवनोद्भूतो दावाग्निः सर्वतो व्रजम्।
सुप्तं निशीथ आवृत्य प्रदग्धुमुपचक्रमे॥
(श्रीमद्भा० १०। १७। २१)

जमुना तट सुंदर अति कानन। निद्रा बस सब ह्वै गए राजन॥
ग्रीषम तृन सूखे चहुँ ओरा। ता मँह दाव लगेउ बरजोरा॥
निसि निसीथ सोवत ब्रजबासी। घेरि चहूँ दिसि अग्नि प्रकासी॥
चाहत सबहि जराइ कैं भस्म करौं छन माँहि।
× × × ×
दसहुँ दिसा तैं बरत दवानल, आवत है ब्रज-जन पर धायौ।
ज्वाला उठी अकास बराबर, घात आपनी सब करि पायौ॥
बीरा लै आयौ सनमुख तैं, आदर करि नृप कंस पठायौ।
जारि करौं परलय छिन भीतर, ब्रज बपुरौ केतिक कहवायौ॥
धरनि अकास भयौ परिपूरन, नैंकु नहीं कहु संधि बचायौ।
सूर स्याम बलरामहिं मारन, गर्व-सहित आतुर ह्वै आयौ॥

व्रजपुरवासी जाग उठे। उन्हें यह पता नहीं कि असुरराज कंसका ही आयोजन है यह भी। उन्होंने तो यह समझा कि दैवकी गति है, आज सचमुच दावाग्नि ही जल उठी है—

बह तौ असुर घात किए आवत धावत बनहिं समाज।
सूरदास ब्रज-लोग कहत यह, उठ्यौ दवानल आज॥

एक तुमुल कोलाहल आरम्भ हुआ; प्राण-रक्षाकी आशा नहीं। कदाचित् रविनन्दिनीकी शीतल धाराके पासतक पहुँचा जा सके। पर वह भी सम्भव नहीं, चारों ओर ही आगकी भीषण लपटें उठ रही हैं—

आइ गई दव अतिहिं निकटहीं।
यह जानत अब ब्रज न बाँचिहै, कहत चलौ जल-तटही॥
करि बिचार उठि चलन चहत हैं जो देखैं चहुँ पास।
चकित भए नर-नारि जहाँ तहँ भरि-भरि लेत उसास॥
झरझराति, भहराति लपट अति, देखियत नहीं उबार।
देखत सूर अग्नि अधिकानी, नभ लौं पहुँची झार॥

कितना भयङ्कर दृश्य है!—

बरत बन-बाँस, थरहरत कुस काँस,
जरि, उड़त है भाँस, अति प्रबल धायौं।
झपटि झपटत लपट, फूल-फल चट-चटकि,
फटत, लटलटकि द्रुम-द्रुम नवायौं॥
अति अगिनि-झार, भंभार धुंधार करि,
उचटि अंगार झंझार छायौं।
बरत बन पात भहरात झहरात
अररात तरु महा, धरनी गिरायौं॥

इसी समय अचानक सबकी मनोवृत्ति एक अद्भुत-सी प्रेरणा पाकर इस भावनासे भावित हो उठी—'अहा! हमारे प्राणसंकटके समय इसी बालक नन्दनन्दनमें ही तो प्रभु नारायण आविष्ट हो जाते हैं! क्यों न हों, यह उनकी कृपासे ही हमलोगोंके यहाँ उत्पन्न जो हुआ है! आवेशका समुचित पात्र है यह! तथा इस प्रकार इसमें आविष्ट होकर वे हमारी रक्षा करते हैं! बस, बस, अब इस समय भी श्रीनारायणदेवके द्वारा आविष्ट हुए इस बालक श्रीकृष्णमें ही हमलोग नारायणकी भावना कर लें। इसीको नारायण-रूप मानकर दावाग्निकी विपत्तिसे पार पहुँचनेके लिये इसीकी शरण ले लें! और यह अग्रज भी तो आज ही अपनी सर्वज्ञताका परिचय दे चुका है; अतएव यह कृष्णभ्राता राम भी देवाविष्ट है, ऐसा अनुमान हो रहा है!'—

अहो अस्माकं प्राणसंकटसमयेऽस्मिन्नेव बालके स्वप्रसादोद्भूते नारायण आविश्यास्मान् पालयति × × × × तमिमं सम्प्रति श्रीनारायणाविष्टं कृष्णमेव नारायणत्वेन विश्रभ्य विपत्तरणार्थं शरणं याम इति विमृश्य × × × × तस्यापि तद्दिने सर्वज्ञत्वदर्शनादय-मपि कृष्णभ्राता देवाविष्ट इत्यनुमानात्।

(श्रीसारार्थदर्शिनी)

फिर तो सर्वथा यन्त्र-प्रेरित-से हुए सभी व्रजवासी पुकार उठे—

कृष्ण कृष्ण महाभाग हे रामामितविक्रम।
एष घोरतमो वह्निस्तावकान् ग्रसते हि नः॥
सुदुस्तरात्नः स्वान् पाहि कालाग्नेः सुहृदः प्रभो।
न शक्नुमस्त्वच्चरणं संत्यक्तुमकुतोभयम्॥

(श्रीमद्भा० १०। १७। २३-२४)

हे कृष्ण ! हे महाभाग श्रीकृष्ण ! हे अमित बलशाली बलदेव ! तुम्हारे आत्मीयजन हम सबोंको यह महाघोर दावाग्नि निश्चितरूपमे ग्रास बनाने जा रही है ! हे सर्वसामर्थ्यशालिन् ! इस सुदुस्तर कालाग्निसे हम सब अपने आत्मीयजनोंकी, सुहृद्-समुदायकी रक्षा करो। सर्वथा भयरहित तुम्हारे श्रीचरणोंको क्षणभरके लिये भी छोड़नेमे हम सभी असमर्थ है देव !'

माया मानुष रूप, भए तासु की सरन सब।
बोले बचन अनूप, कृष्न कृष्न करुनानिधे॥
हे बलदेव नाथ बल रासी। घोर कृसानु लागि चहुँ पासी॥
हम तव किंकर ग्रसै कृसानू। पाहि पाहि हे श्रीभगवानू॥
पावक काल रूप अति घोरा। राखि ताहि तें तू प्रभु मोरा॥
तव चरनारबिंद छन एकू। तजि न सकैं यह अहै बिबेकू॥
तव पद अभय सदा जदुनंदा। तासु बियोग छनक दुख दंदा॥

व्रजराज भी अपने पुत्रमे आविष्ट हुए नारायणदेवकी कृपा-याचना करने चले अवश्य; पर उनकी भाषा सर्वथा बदल गयी, स्वर बदल गया, भाव भी कुछ-के-कुछ हो गये। गद्गद कण्ठमे वे इतना ही कह सके—

शङ्कामहे न मृत्योश्च न च कृच्छ्रप्रवाहतः।
किंतु त्वन्मुखचन्द्रांशुदर्शनाभाववैशसात्॥

(श्रीगोपालचम्पूः)

'आह ! मृत्युसे डर नहीं; विपत्तियोंका प्रवाह चलता रहे, इससे भी भय नहीं। पर तुम्हारे मुखचन्द्रकी किरणोंके दर्शनका अभाव हो जाय—इस यन्त्रणाका ही भय है !'

तथा व्रजरानी तो नारायणकी भावना करनेसे रहीं। छलछलाती आँखोंसे वे राम-श्यामकी ओर देखती हुई इस चिन्तामें डूबी हैं—

जेंवन करन चली जब भीतर, छींक परी तौ आजु सबारे।
ताकौ फल तुरतहिं इक पायौ, सो उबरयौ भयौ धर्म सहारे॥
अब सबकौ संहार होत है छींक किए ये काज बिचारे।
कैसेहुँ ये बालक दोउ उबरैं, पुनि-पुनि सोचति परी खभारे॥

अब नींद खुली व्रजेन्द्रनन्दनकी ओर वे तत्क्षण उठ बैठे। उस समय आलस्यभरे श्रीअङ्गोंकी शोभा देखते ही बनती है—

सुनत जगे, अति नीके लगे। आलस पगे, उठे रँगमगे॥
करन नैन मींजत छबि पावत। रुले कमल, मनु कमल मनावत॥

अस्तु, नीलसुन्दरने अपनी जननीकी ओर देखा; उनकी सजल आँखें अपने लालके सलोने दृगोंमे प्रतिबिम्बित हो गयीं, जननीकी अन्तर्व्यथाका असह्य भार भी पुत्रके अन्तस्तलपर ज्यों-का-त्यों सरक आया। फिर क्या श्रीकृष्णचन्द्रके नयन-सरोजोंमें एक कम्पन हुआ, होठ भी किञ्चित् हिल-से गये और जैसे फूँक लगनेसे एक तुच्छ दीप बुझ जाय, इस प्रकार उनके अधरोंसे निस्सृत मन्द सुरभित फूत्कारके द्वारा ही वह महाप्रचण्ड दावाग्नि तत्क्षण शान्त हो गयी—

हरेः फूत्कारमात्रेण निर्ययौ दवदीपकः।

(श्रीगोपालचम्पूः)

और वे व्रजवासी जिन्होंने नीलसुन्दरमें श्रीनारायण-देवके आविष्ट होनेकी भावनासे नारायणके द्वारा अपनी रक्षा चाही थी, उन्हें ऐसा लगा कि सदाकी भाँति इस बार भी उन श्रीनारायणने हमारी व्याकुल पुकार सुन ही ली, हमारे प्राणसर्वस्व इस नन्दपुत्रमें आविष्ट हो गये वे जगदीश्वर तथा यह लो ! वे अनन्त शक्तिशाली, अनन्तसरूपैश्वर्यनिकेतन प्रभु उस दावाग्निको पी गये।

इत्थं स्वजनवैक्लव्यं निरीक्ष्य जगदीश्वरः ।
तमग्निमपिबत्तीव्रमनन्तोऽनन्तशक्तिधृक् ॥
(श्रीमद्भा० १० । १७ । २५)

मम आश्रित किमि घटै कलेसू । दावानल किय पान नरेसू ॥
जगत ईस प्रभु सक्ति अनंता । कृष्न देव प्रभु श्रीभगवंता ॥

× × ×

लखौ अब नैन भरि, बुझि गई अगिनि-झरि,
चितै नरनारि आनंद भारी ।
सूर प्रभु सुख दियौ, दावानल पी लियो,
कहत सब ग्वाल धनि-धनि मुरारी ॥

इतना ही नहीं, नीलसुन्दरकी एक दृष्टि उन दग्ध द्रुमवल्लरियोंपर भी पड़ी और वे सभी वैसे-के-वैसे अमित सुषमाशाली बन गये—

जे द्रुमलता दावानल जरे । अमी दृष्टि करि तैसेइ करे ॥

विस्मयसे भरे व्रजेश तो भ्रमित होने लगे। वे बोले—

किमस्माभिः प्रमत्तैरिवापलपितं कुतो वनाग्निरिति ।
(श्रीआनन्दवृन्दावनचम्पूः)

'अरे ! क्या हम सब प्रमत्तकी भाँति इस प्रकार व्यर्थका बकवाद कर रहे थे ? कहाँ वह दावानल है ?'

इस प्रकार मथुराधिपति कंसकी यह योजना भी विफल बन गयी। व्रजपुरवासियोंपर आया हुआ यह महाभय दरिद्रके मनोरथकी भाँति, स्वप्नकी भाँति विलीन हो गया। उन्हें सचमुच कहाँ किसीसे भय है ?

जाकैं सदा सहाइ कन्हाई । ताहि कहाँ काकौ डर भाई ॥
बन घर जहाँ तहाँ सँग डोलै । खेलत खात सबनि सौं बोलै ॥
जाकौ ध्यान न पावैं जोगी । सो ब्रज मैं माखन कौ भोगी ॥
जाकी माया त्रिभुवन ध्यावै । सो जसुमति कें प्रेम बँधावै ॥
मुनि जन जाकौ ध्यान न पावैं । ब्रज-जन लै-लै नाम बुलावैं ॥
सूर ताहि सुर अंबर देखैं । जीवन जन्म सुफल करि लेखैं ॥

सर्वार्थसाधक भगवन्नाम

इस प्रबल कलिकालमें जीवोंके 'कल्याण'के लिये भगवान्‌का नाम ही एकमात्र अवलम्बन है ।

'नहिं कलि करम न भगति बिबेकू ।
राम नाम अवलंबन एकू ॥'

पर मनुष्यका जीवन आज इतना व्यस्त हो चला है कि वह कहता है कि 'मुझे अवकाश ही नहीं मिलता । मैं भगवान्‌का नाम कब तथा कैसे लूँ ।' यद्यपि यह सत्य नहीं है । मनुष्यके लिये काम—सच्चा काम उतना नहीं है, जितना वह व्यर्थके कार्योंको अपना कर्तव्य मानकर जीवनका अमूल्य समय नष्ट करता है और अपनेको सदा काममें लगा पाता है । वह यदि व्यर्थके कार्योंको छोड़कर उतना समय भगवान्‌के स्मरणमें लगावे तो उसके पास भजनके लिये पर्याप्त समय है । पर ऐसा होना बहुत कठिन हो गया है । ऐसी अवस्थामें यदि जीभके द्वारा नाम-जपका अभ्यास कर लिया जाय तो जितनी देर जीभ बोलनेमें लगी रहती है, उसके सिवा प्रायः सब समय—सारे अङ्गोंसे सब काम करते हुए ही नाम-जप हो सकता है । जीभ नाममें लगी रहती है और काम होता रहता है । न काम रुकता है, न घरवाले नाराज होते हैं । वाद-विवाद तथा व्यर्थ बोलना बंद हो जानेसे मनुष्यकी वाणी पवित्र और बलवान् हो जाती है, झूठ-निंदासे मनुष्य सहज ही बच जाता है, वाणीके अनर्गल उच्चारणसे होनेवाले बहुत-से दोषोंसे वह सहज ही छूट जाता है । नाम-जपसे पापोंका निश्चित नाश, अन्तःकरणकी शुद्धि होती है, उसकी तो सीमा ही नहीं है । इसलिये ऐसा नियम कर लेना चाहिये कि सुबह उठनेके समयसे लेकर रातको सोनेके समयतक जितनी देर आवश्यक कार्यसे बोलना पड़ेगा, उसे छोड़कर शेष सब समय जीभके द्वारा भगवान्‌का नाम जपता रहूँगा । अभ्याससे जितना ही यह नियम सिद्ध होगा, उतना ही अधिक भगवान्‌की कृपासे मानव-जीवन परम और चरम सफलताके समीप पहुँचेगा ।

भगवान्‌के नाममें कोई नियम नहीं है । सभी जातिके, सभी वर्गके, सभी नर-नारी, बालक-वृद्ध, सभी

समय, सभी अवस्थाओंमें, भगवान्‌का नाम जीभसे जप सकते हैं, मनसे स्मरण कर सकते हैं । भगवान्‌का नाम वही, जो जिसको प्रिय लगे—राम, कृष्ण, हरि, गोविन्द, शिव, महादेव, हर, दुर्गा, नारायण, विष्णु, माधव, मधुसूदन आदि कोई भी नाम हो । भगवान्‌का नाम ले रहा हूँ, इस भावसे जपना चाहिये ।

१. जिनको समय कम मिलता हो—बोलना अधिक पड़ता हो,—ऐसे लोग जैसे वकील, अध्यापक, दूकानदार आदि—वे घरसे कचहरी, विद्यालय और दूकानपर जाते-आते समय रास्तेमें भगवान्‌का नाम लेते चलें और हो सके तो मनमें स्मरण करते चलें ।

२. विद्यार्थी स्कूल-कालेज जाते-आते समय भगवान्‌का नाम लें ।

३. किसान हल जोतते, बीज बोते, निनार करते, पौधा लगाते, पानी सींचते, खाद देते, खेती काटते आदि समय भगवान्‌का नाम जपें ।

४. मजदूर हाथोंसे हर प्रकारका काम करते रहें और नाम जपते रहे । घरसे कामके स्थानपर जाते-आते समय नाम-जप करे ।

५. उच्च अधिकारी, मिनिस्टर, सेक्रेटरी, जज, मुन्सिफ, जिलाधीश, परगना-अधिकारी, डिप्टी कलक्टर, पुलिस-अफसर, रेलवे-अफसर तथा कर्मचारी, डाक-तारके कार्यकर्ता, तहसीलदार, कानूनगो, पटवारी, इंजिनियर, ओवरसियर, जिलाबोर्ड तथा म्युनिसपलिटीके अधिकारी और कर्मचारी, बैङ्कोंके अधिकारी और कर्मचारी—सभी अपना-अपना काम करते तथा जाते-आते समय भगवान्‌का नाम जीभसे लेते रहें ।

६. व्यापारी, सेठ-साहूकार, उद्योगपति, आढ़तिये और दलाल आदि सभी सब समय जीभसे भगवन्नाम लेते रहें ।

७. गृहस्थ माँ-बहिनें चर्खा कातते समय, चक्की पीसते समय, पानी भरते समय, गौ-सेवा करते समय, बच्चोंका पालन करते समय, रसोई बनाते समय, धान कूटते समय तथा घरके अन्य काम करते समय भगवान्‌का नाम जपती रहें ।

८. पढ़ी-लिखी बहिनें साज-शृंगार बहुत करती हैं, फैशन-परस्त होती जा रही हैं, यह बहुत बुरा है; पर वे भी साज-शृंगार करते समय भगवान्‌का नाम जपें । अध्यापिकाएँ और शिक्षार्थिनी छात्राएँ स्कूल-कालेज जाते-आते समय भगवान्‌का नाम लें ।

९. सिनेमा देखना बहुत बुरा है—पाप है, पर सिनेमा देखनेवाले रास्तेमें जाते-आते समय तथा सिनेमा देखते समय जीभसे भगवान्‌का नाम जपें ।

१०. इसी प्रकार ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र सभी नर-नारी सब समय भगवान्‌का नाम ले । सोनार, लोहार, कुम्हार, सुथार (बढ़ई), माली, नाई, जुलाहा, धोबी, कुर्मी, चमार, भंगी सभी भाई-बहिनें अपना-अपना काम करते हुए जीभसे भगवान्‌का नाम ले ।

आवश्यकता समझे तो जेबमें छोटी-सी या पूरी १०८ मनियोंकी माला रक्खें ।

सब लोग अपने-अपने घरमें, गाँवमें, मुहल्लेमें, अड़ोस-पड़ोसमें मिलने-जुलनेवालोंमें इसका प्रचार करें । यह महान् पुण्यका परम पवित्र कार्य है । याद रखना चाहिये भगवन्नामसे सारे पाप-ताप, दुःख-संकट, अभाव-अभियोग मिटकर सर्वार्थसिद्धि मिल सकती है, मोक्ष तथा भगवत्प्रेमकी प्राप्ति हो सकती है ।

ते सभाग्या मनुष्येषु कृतार्था नृप निश्चितम् ।
स्मरन्ति ये स्मारयन्ति हरेर्नाम कलौ युगे ॥

मनुष्योंमें वे भाग्यवान् और निश्चय ही कृतार्थ है जो इस कलियुगमें स्वयं भगवान्‌के नामका स्मरण करते हैं और दूसरोंसे करवाते हैं ।

इस महान् कार्यमें सभी लोग लगें, यह करबद्ध प्रार्थना है ।*

—हनुमानप्रसाद पोद्दार

* यों भगवन्नाम-जप करनेवाले तथा इसका प्रचार करनेवाले सम्पादक, कल्याण गोरखपुर'के नाम अपना नाम पता लिख भेजेंगे तो अनुमान हो जायगा कि कहाँ कितना कार्य हो रहा है ।

ईश्वर ध्येय और ज्ञेय

(लेखक—श्रीचारुचन्द्र चटर्जी एम्० ए०)

श्रीमद्भगवद्गीता वेदान्तके महावाक्य 'तत्त्वमसि'की विस्तृत व्याख्या है। ऐसा गूढार्थ-पूर्ण वचन हमारे शास्त्रमें भी कदाचित् दूसरा कोई हो। जर्मन दार्शनिक Paul Duessen का अभिमत है कि 'तत्त्वमसि—is a sentence which expresses in three words at once the deepest mystery of metaphysics and the highest aim of morality.' इस वाक्यमें तीन शब्द हैं— तत्, त्वम्, असि। 'तत्' का सहज अर्थ है —'वह'; परन्तु यहाँपर यह उस परमात्माका वाचक है जो कि परब्रह्म परम तत्त्व है। 'त्वम्' का अर्थ है—'तुम'; परन्तु यह शब्द उस जीवात्माका वाचक है जो कि प्रत्येक 'तुम' में स्थित है और तृतीय शब्द 'असि' का अर्थ है 'हो'। सो सम्पूर्ण वाक्यका अर्थ हुआ—'तुम वह हो!' जिसका तात्पर्य यह है कि जीवात्मा ही परमात्मा है। अर्थात् इस सूचित वचनका यह प्रतिपाद्य विषय है कि जीवात्मा और परमात्मा स्वरूपतः अभिन्न हैं; जिसको दूसरे शब्दोंमें यों कहा है —'जीवो ब्रह्मैव नापरः।'

इस महावाक्यके तीन पदार्थोंका गीताके अष्टादश अध्यायोंके तीन षट्कोंमें, विस्तारपूर्वक वर्णन है। प्रथम षट्क १ से ६ अध्यायोंमें भगवान् श्रीकृष्णने 'त्वम्' पदार्थका प्रतिपादन किया है—याग्य, कर्म, यज्ञ और योगके दृष्टिकोणसे। द्वितीय षट्क, ७ से १२ अध्यायोंमें 'तत्' पदवाच्य ब्रह्मका स्वरूप निर्णय किया गया है। उनकी विभूतियाँ, योगैश्वर्य और विश्वरूप वर्णन करते हुए भगवान् उनके ध्येय और ज्ञेयरूप और उनकी प्राप्तिका साधन समझाते हैं। तृतीय षट्क, १३ से १८ अध्यायोंमें अद्वैतसिद्धान्तके अनुसार भगवान्ने जीवात्मा और परमात्माके अभिन्न होनेका तत्त्व प्रतिष्ठित किया है।

द्वितीय षट्कका प्रधान प्रसङ्ग ब्रह्म होनेके कारण इसको ब्रह्म खण्ड भी कहते हैं। इसके आरम्भमें, सप्तम अध्यायके प्रथम श्लोकमें श्रीकृष्ण अर्जुनसे ब्रह्मस्वरूपका समग्र ज्ञान सुननेके लिये कह रहे हैं। केशव यह ज्ञान विज्ञान-सहित सम्पूर्ण उद्घाटित करते हैं, जिसकी प्राप्तिसे और कुछ भी जाननेयोग्य अवशिष्ट नहीं रहता है, तत्त्वज्ञानार्थ दर्शन सिद्ध होता है। इस ज्ञानका अधिकारी वही हो सकता है, जो कि भगवान्में आसक्त मनवाला है, उनकी शरणमें योग-युक्त रहता है, अपने पुण्य-कर्मोंसे पापरहित और द्वन्द्व-मुक्त होकर दृढतासे उनका भजन करता है और जरा-मरणसे मोक्ष पानेकी अभिलाषासे उनके आश्रयके लिये प्रयत्न करता है। यह ज्ञान सब अङ्गोंमें सम्पूर्ण तभी हो सकता है जब कि उक्त अधिकारी कृत्स्न अध्यात्म और अखिल कर्मका भी ज्ञान लाभ करे और साथ ही यह भी उसको ज्ञात हो जाय कि किस-किस भावसे ब्रह्म अधिभूत, अधिदैव और अधियज्ञ होते हैं।

इसलिये गीतामें सम्पूर्ण ईश्वर-तत्त्वका ज्ञानाहरणके निमित्त द्वितीय षट्कके गहनमें प्रवेश करनेकी आवश्यकता है। इसमें भगवान्की प्रकृतियों और विभूतियों, उनका योग, बल, ऐश्वर्य, उनका अत्यद्भुत विश्वरूप और ज्ञान-भक्तिसे उनकी प्राप्तिका उपाय वर्णित है। सप्तम, अष्टम और नवममें विशेषकर ब्रह्मका वह स्वरूप निरूपण किया गया है जो कि विभिन्न साधकोंकी अनुभूतिसे प्रकाशित होता है और अष्टममें प्रधानतः मरणान्तर गतिका निर्देश किया गया है। अपि च इन तीनों अध्यायोंमें अनादिकालसे सृष्टि-स्थिति-लयका प्रवाह आदि-देव किस कौशलसे चला रहे हैं, इनका भी मूल प्रकरण है।

परन्तु उक्त ज्ञानके विषयमें कुछ कहनेके पहले श्रीकृष्ण अन्य विषयोंका उल्लेख करते हैं। इससे जान पड़ता है कि यह तत्त्व-ज्ञान तभी लाभ होता है जब कि ईश्वरसम्बन्धी अन्य तत्त्वोंका भी ज्ञान हो। अतः श्रीकृष्ण इस विषयके आरम्भमें ही अपनी प्रकृतियोंका वर्णन करते हैं। भगवान्की दो प्रकृतियाँ हैं—एक उनकी अपरा प्रकृति है, जो कि पञ्चमहाभूत और मन, बुद्धि, अहंकारसे अष्टधा विभक्त है, जिसको जड प्रकृति कहते हैं, जो क्षेत्रात्मिका है। दूसरी परा प्रकृति है जो कि जीवात्मा रूपमें जगत्को धारण किये हुए है, जिसको चेतन प्रकृति कहते हैं, जो क्षेत्रज्ञात्मिका है। पञ्चदश अध्यायमें ये क्रमसे क्षर पुरुष और अक्षर पुरुष रूपसे अभिहित हैं।

इनके कार्यके विषयमें जनार्दन कहते हैं

एतद्योनीनि भूतानि सर्वाणीत्युपधारय।
अहं कृत्स्नस्य जगतः प्रभवः प्रलयस्तथा॥

(गीता ७। ६)

—अर्थात् ये दोनो प्रकृतियाँ सब भूतोंकी योनि हैं ऐसा जानना चाहिये और मैं समस्त जगत्की उत्पत्ति और प्रलय हूँ। भगवान्के कथनका अभिप्राय यह है कि वे स्वयं अपनी प्रकृतियोंके सृजनकारी हैं और समस्त संसारकी सृष्टि और लयके हेतु भी वे ही हैं। ब्रह्मसूत्रमें ब्रह्मकी संज्ञा है—जन्माद्यस्य यतः [तद् ब्रह्म] अर्थात् जिससे जगत्की सृष्टि-स्थिति-लय हो, वह ब्रह्म है।

इसी प्रसङ्गपर श्रीकृष्णने अष्टम अध्यायमें कहा है—

अव्यक्ताद्व्यक्तयः सर्वाः प्रभवन्त्यहरागमे।
रात्र्यागमे प्रलीयन्ते तत्रैवाव्यक्तसंज्ञके॥
(गीता ८। १८)

—सम्पूर्ण दृश्यमान चराचर जगत् ब्रह्माके दिनके आरम्भमें प्रकृतिकी अप्रकाशित अवस्थासे उत्पन्न होता है और ब्रह्माकी रात्रि आनेपर फिर उस अव्यक्तनामक मूल अवस्थामें ही लय होता है।

सप्तम अध्यायके अनुसार जगत्की उत्पत्तिका स्थान है परा और अपरा प्रकृति और यहाँ उत्पत्तिका स्थान कहा गया है अव्यक्त प्रकृति। इससे यह स्पष्ट है कि 'अव्यक्त' ही परा अपरा प्रकृति है। इतना विलक्षण अवश्य है कि यहाँ प्रकृति अप्रकाशित अवस्थामें है।

नवम अध्यायमें इस विषयपर भगवान्की उक्ति है—

सर्वभूतानि कौन्तेय प्रकृतिं यान्ति मामिकाम्।
कल्पक्षये पुनस्तानि कल्पादौ विसृजाम्यहम्॥
(९। ७)

—हे अर्जुन! कल्पके क्षय होनेपर जब प्रलय आता है, सब जगत्के भूत-प्राणी मेरी प्रकृतिमें विलय हो जाते हैं। कल्पारम्भमें मैं फिर उनका सृजन करता हूँ।

पूर्वोक्त अष्टम अध्यायके श्लोकके सहित इस श्लोकका विचार करनेपर यह प्रतीति होती है कि ब्रह्माकी रात्रि आनेपर जिस 'अव्यक्त' में जगत्का लय होता है, वही इस श्लोकमें ईश्वरकी प्रकृति कही गयी है। सो भगवान्की प्रकृति ही मूल अव्यक्त प्रकृति है, जिससे परा और अपरा प्रकृतिका उद्भव होता है।

आगे चलकर ९। ८ में जनार्दन कहते हैं—

प्रकृतिं स्वामवष्टभ्य विसृजामि पुनः पुनः।
भूतग्राममिमं कृत्स्नमवशं प्रकृतेर्वशात्॥

—अर्थात्, अपनी प्रकृतिका आश्रय लेकर मैं पुनः-पुनः इस सम्पूर्ण भूत-प्राणियोंकी सृष्टि करता हूँ, जो कि कर्मादि विपाकसे विवश रहते हैं।

प्रत्येक कल्पारम्भमें भगवान् किस प्रकारसे सृजन करते हैं, वह तथ्य यहाँ और पिछले दो श्लोकोंमें वर्णित है। इन श्लोकोंका तात्पर्य यह है कि सृष्टिकालमें सर्वभूत प्रकृतिसे उत्पन्न होता है, स्थितिकालमें उसमें प्रतिष्ठित रहता है और लयकाल आनेपर उसी प्रकृतिमें सूक्ष्म भावसे लीन हो जाता है। यद्यपि यह कार्य बाह्यतः प्रकृतिका मालूम होता है, परंतु है वास्तवमें सर्वशक्तिमान्की शक्तिका ही। प्रकृति केवल भगवान्के प्रेरणानुसार चलती है। नवम अध्यायके दसवें श्लोकमें कहा है—

मयाध्यक्षेण प्रकृतिः सूयते सचराचरम्।

—मेरी अर्थात् ईश्वरकी अध्यक्षतामें प्रकृति चराचर जगत्की रचना करती है। अतः यह प्रकृति ७। ५-६ में वर्णित परा-अपरा प्रकृति है जो कि जगत्-योनि है। परंतु प्रकृति यन्त्रमात्र है और भगवान् उस यन्त्रके चालक हैं।

अतएव यह देखा गया कि श्रीकृष्ण अपना समग्र ज्ञान प्रकाशित करनेके पहले अष्टधा अपरा प्रकृति और चेतनरूपा परा प्रकृतिका तत्त्व समझाते हैं और उनसे सृष्टि-स्थिति-लयका सम्बन्ध दिखाते हैं। सृष्टि प्रवाहरूपसे अनादि है। इसकी धारा चलती रहती है—सृष्टिके बाद प्रलय, प्रलयके बाद सृष्टि। पुनः-पुनः स्रष्टा सृजन करते हैं। प्रलयके अन्तमें या कल्पारम्भमें परमात्माकी कामना, संकल्प या ईक्षणसे सम्पूर्ण विश्वकी उत्पत्ति होती है। तैत्तिरीयोपनिषद्की द्वितीय वल्लीके षष्ठ अनुवाकमें लिखा है—

सोऽकामयत। बहु स्यां प्रजायेयेति।··· स इदꣳ सर्वमसृजत यदिदं किं च।

—अर्थात् उस परमेश्वरने यह संकल्प किया कि (नाम-रूप धारण करके) मैं बहुत होकर प्रकट हो जाऊँ। तब उसने दृश्यमान जगत्की रचना की।

भगवान्के इस संकल्पसे कल्पारम्भ होता है। उनकी यह एक नवीन सृष्टि नहीं है। प्रलयके पूर्व जिस प्रकारका ब्रह्माण्ड था, उसी प्रकारके साँचेमें जगत्का पुनर्गठन होता है। एक समयमें विश्वपतिका यह विश्वराज्य था ही नहीं, किसी युग या कल्पमें उन्होंने इस ब्रह्माण्डकी नींव डाली—यह सब विचार उनके संसारके अनादित्वपर शङ्का करना है।

यह जगत् अनादिकालसे है और अनन्त कालतक ऐसा ही रहेगा। प्रलयके अनन्तर जब सृष्टि होगी, पूर्वकल्पित छन्दकी पुनरावृत्ति होगी। ऋग्वेदमें सृष्टि-प्रकरण इस प्रकार है—

सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्।
दिवञ्च पृथिवीञ्चान्तरिक्षमथो स्वः॥

—अर्थात्, उस विधाताने पूर्वसृष्टिके अनुसार सूर्य और चन्द्रकी रचना की, तब पृथिवी, आकाश और स्वर्गकी।

इन वाक्योंसे यही प्रमाणित होता है कि सृष्टि और लय कालिक घटनाएँ हैं। घटनाओंके पहले एक शून्यावस्था थी, यह अर्थहीन कल्पना मात्र है। वास्तव यह है कि सृष्टिके पहले उपादान वस्तुएँ सूक्ष्मरूपमें किसी मूल अनादि कारणमें लुप्त रहती हैं। जबतक सूक्ष्म या अव्यक्त भाव रहता है, तबतक उन पदार्थोंका 'सत्' भाव अगोचर रहता है; जब अव्यक्तसे स्थूलरूप प्रकट होता है, तब दृश्यमान जगत्के आकारमें उनका विकास होता है। परंतु फिर किसी समय उस मूलमें सब कुछ मिल जाते हैं, कारणमें लय हो जाते हैं। तब कहा जाता है कि किसी पदार्थका अस्तित्व नहीं रहा। सब नष्ट हो गया है। जब श्रीकृष्ण कहते हैं—'सर्वेषु भूतेषु नश्यत्सु' (८। २०)—तब उनका भी यही अभिप्राय होता है कि अष्टधा अपरा प्रकृति मूल अव्यक्तमें लीन हो जाती है; क्योंकि कोई पदार्थ किसी समय निःशेष होकर विनष्ट नहीं होता है। Science (विज्ञान) का यह सिद्धान्त है—Matter is indestructible—वस्तु-सत्ता अविनाश्य है। चाहे रूपान्तर हो जाय, परंतु ध्वंस नहीं होता है। बर्फ जल हो जाय, जल बाष्प हो जाय और वह अदृश्य हो जाय; परंतु किसी-न-किसी रूपमें रहता ही है। श्रीकृष्णने इस तत्त्वको दो शब्दोंमें इस प्रकार उल्लेख किया है—'नाभावो विद्यते सतः' (२। १६)—अर्थात् जिसका अस्तित्व है, उसका किसी समय विनाश नहीं होता है, इसलिये उसका अभाव कभी नहीं होता है। यह विश्व-संसारका स्थूलाकार भगवान्का विराट्रूप है, सूक्ष्माकार हिरण्यगर्भ है और कारणाकार ईश्वर है। सो इसका भी कभी अभाव नहीं होता है; क्योंकि इसकी सृष्टि-स्थिति-लयके मूलमें परमेश्वर है जो 'पुरुषं शाश्वतं दिव्यमादिदेवमजं विभुम्' हैं।

परंतु साख्य-दर्शनके अनुसार सृष्टि-प्रकरणमें ईश्वरका स्थान नहीं है। यह शास्त्र निरीश्वरवादी है। इसका सिद्धान्त है कि पुरुष और प्रकृतिके संयोगसे ही जगत्की सृष्टि होती है, ईश्वरकी कामना या प्रेरणाकी आवश्यकता नहीं दिखायी देती है। प्रकृति जड है, किंतु क्रिया-शक्तिसम्पन्न है, प्रधान है, स्वतन्त्र है। पुरुष चेतन है, परंतु क्रिया-शक्ति-विहीन है। श्रीक्षेत्र पुरीधाममें श्रीजगन्नाथजीकी मूर्ति हस्त-पद-विहीन बनायी जाती है, यही दिखानेके लिये कि पुरुष निष्क्रिय है। परंतु पुरुषके सानिध्यमें ही प्रकृति सृष्टि-कार्यमें प्रवृत्त होती है; क्योंकि जड-प्रकृति चेतन-पुरुषके बिना संयोगके कार्यकारिणी नहीं हो सकती है। श्रीयुत राधाकृष्णन् अपनी गीताकी टीकामें लिखते हैं—'Prakriti is unconscious activity and Purusha is inactive consciousness'—प्रकृति अचेतन-क्रिया-तत्त्व है और पुरुष निष्क्रिय चेतन-तत्त्व है। प्रकृतिमें तीनों गुण—सत्त्व, रजस्, तमस्—साम्यावस्था (Equilibrium) में रहते हैं। पुरुषके भोग और अपवर्गके निमित्त जब प्रकृतिकी रचना-शक्ति उद्बुद्ध होती है, उस समय उसकी साम्यावस्थामें विक्षोभ उपस्थित होता है। यही पुरुष-प्रकृति-संयोग है। इस संयोगसे त्रिगुणमयी प्रकृतिके अङ्गमें स्पन्दन आरम्भ होता है। पहले रजोगुणमें विक्षोभ होता है, बादको अब दोनों गुणोंमें स्पन्दन दिखायी देता है। तब तीनों गुणोंमें एक संघर्षण होता है जिससे विश्व-सृष्टिका कार्य आरम्भ होता है। साख्याचार्य कपिलदेवने केवल एक सूत्रमें सम्पूर्ण सृष्टि-क्रमका परिचय दिया है—

'सत्त्वरजस्तमसां साम्यावस्था प्रकृतिः, प्रकृतेर्महान्, महतोऽहंकारोऽहंकारात्पञ्चतन्मात्राणि, उभयमिन्द्रियम्, तन्मात्रेभ्यः स्थूलभूतानि—

अर्थात्, सत्त्व-रज-तम गुणोंकी साम्यावस्था प्रकृति है, प्रकृतिसे महत्तत्त्व उत्पन्न होता है (जिसको बुद्धि भी कहते हैं); महत्तत्त्वसे अहंकारका उद्भव होता है। अहंकारसे विषयोंका सूक्ष्म उपादान पञ्चतन्मात्रा—शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध और इनके भोगके लिये एकादश इन्द्रियाँ [पाँच कर्मेन्द्रिय, पाँच ज्ञानेन्द्रिय, एक मन]; फिर सूक्ष्म-विषयसे स्थूल-विषय—पाँच महाभूत—क्षिति-अप्-तेज-मरुत्-व्योमकी उत्पत्ति होती है। इनके अतिरिक्त कूटस्थ एक पुरुष हैं। ये सब साख्य-दर्शनके पञ्चविंशति तत्त्व कहलाते हैं। इस प्रकार त्रिगुणमयी प्रकृति विचित्र विश्वप्रपञ्चकी रचना करती है। परंतु पुरुषके असंयोगसे जब गुणोंमें फिर साम्यावस्था आ जाती है, तब प्रलय होता है। उस समय ये सब तत्त्व प्रकृतिमें अव्यक्तरूपसे लीन रहते हैं, अवश्य ही पुरुष नहीं।

संसारकी सृष्टि और लय-चक्र ऐसे ही चलता रहता है।

परंतु अद्वैतवादी श्रीगौड़पादाचार्य माण्डूक्यकारिकामें लिखते हैं कि 'न सृष्टि है, न प्रलय है, न कुछ निर्माण होता है, न कुछ विनष्ट होता है।' उनके मतमें यह जगत् एक अद्वितीय तत्त्व ब्रह्मके अतिरिक्त और कुछ नहीं है। ब्रह्मकी कामनासे सृष्टिके उद्भवका तथ्य निरर्थक है। उक्त कारिकाके आगम-प्रकरणमें लिखा है—

भोगार्थं सृष्टिरित्यन्ये क्रीडार्थमिति चापरे।
देवस्यैष स्वभावोऽयमाप्तकामस्य का स्पृहा॥

—अर्थात् कुछ लोग कहते हैं कि सृष्टि भगवान्‌के भोगके लिये है; दूसरे कहते हैं कि क्रीड़ाके लिये है। परंतु वास्तवमें यह भगवान्‌का स्वभाव है; क्योंकि वे तो आप्तकाम या पूर्णकाम हैं, उनकी इच्छा ही क्या हो सकती है, अतः इन वाक्योंमें कोई भी सृष्टिका यथार्थ कारण नहीं जान पड़ता है।

सुतरां यह कहना ही युक्तियुक्त है कि जगत्‌में जीव-जड, स्थावर-जङ्गम जो कुछ दृष्टि-गोचर होता है, वह ब्रह्ममें मायासे अध्यासित है या ज्ञानपर मायाका आवरण पड़नेसे ऐसा दृष्टि-भ्रम होता है। मायाका तो यही धर्म है कि जो है नहीं, उसे दिखावे और जो है उसे ओझल करे। किसी विद्वान्‌ने कहा है कि जिस प्रकार मंद अन्धकारमें रज्जुके स्थानपर सर्प, जलधारा आदिका भ्रम होता है, किंतु अन्धकार हट जानेपर एकमात्र रज्जु ही रह जाती है, उसी प्रकार मायामोहित जीवकी दृष्टिमें ब्रह्मके स्थानपर विश्व-प्रपञ्चकी भ्रान्ति होती है। मायाका आवरण हटते ही एकमात्र अखण्ड अद्वैत तत्त्व अवशिष्ट रह जाता है।

अब प्रश्न यह होता है कि ब्रह्म-तत्त्व अद्वितीय होते हुए यह द्वितीय माया-तत्त्व किस प्रकार सम्भव हुआ?

नहीं, माया द्वितीय तत्त्व नहीं है; ब्रह्मसे पृथक् इसकी सत्ता नहीं है; माया ब्रह्मकी शक्ति है। शक्ति और शक्तिमान्‌में कोई भेद नहीं है। अग्निकी दाहिका शक्ति अग्निमें रहती है, उससे पृथक् नहीं रह सकती। माया भी परमेश्वरकी शक्ति होनेके कारण उन्हींके आश्रयमें, उन्हींमें रहती है। भगवान्‌का वचन है—'दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया'—(७। १४)—यह माया भगवान्‌की है, दैवी है और त्रिगुणात्मिका है। माया केवल मनुष्यकी आँखोंपर पर्दा डालकर भ्रम नहीं पैदा करती है, भगवान्‌पर भी अपना प्रभाव डालती है, जिससे उनका यथार्थ स्वरूप मनुष्यलोकमें प्रकाशित नहीं होता है। श्रीकृष्ण कहते हैं—

नाहं प्रकाशः सर्वस्य योगमायासमावृतः।
मूढोऽयं नाभिजानाति लोको मामजमव्ययम्॥
(गीता ७। २५)

—अपनी योगमायासे आवृत हुआ मैं सब मनुष्योंके सम्मुख प्रकाशित नहीं होता हूँ। इसलिये यह अज्ञानी मनुष्य मुझ जन्मरहित अविनाशी परमात्माको नहीं जानता है।

भगवान्‌की माया गुणमयी है, अर्थात् यह सत्त्व-रज-तमोगुणयुक्त है और इसीसे सात्त्विक, राजसिक, तामसिक भाव भी उत्पन्न होते हैं, जिनसे संसार मोहित होकर ईश्वरको जाननेमें अशक्त रहता है। श्रीकृष्णने कहा है—

त्रिभिर्गुणमयैर्भावैरेभिः सर्वमिदं जगत्।
मोहितं नाभिजानाति मामेभ्यः परमव्ययम्॥
(गीता ७। १३)

—इन गुणमय तीन प्रकार सात्त्विक, राजसिक और तामसिक भावोंसे मोहित हुआ यह सब जगत् इनसे श्रेष्ठ मुझ अविनाशीको नहीं जानता है।

श्रुतिकी उक्तिसे यह ऊपर दिखाया गया है कि एक अद्वितीय परब्रह्मकी कामनासे सर्वभूतकी उत्पत्ति हुई है। परंतु भगवान्‌की यह कामना मायाके ही हेतु है। मानो मायाकी प्रेरणासे भगवान् कामना करते हैं कि 'मैं एकसे बहु हो जाऊँ'। एक अर्थमें अव्यक्त या मूलप्रकृति ब्रह्म ही है; क्योंकि इसका निमित्तकारण और उपादान ब्रह्मके अतिरिक्त और कुछ हो ही नहीं सकता है। यह मूलप्रकृति भी मायाशक्तिके प्रभावसे प्रभावित होती है और एक ओर भगवान्‌की अष्टधा अपरा-प्रकृतिके रूपमें और दूसरी ओर चेतन परा-प्रकृतिके रूपमें प्रकाशित होती हैं। फिर अपनी मायाके द्वारा भगवान् इस मूलप्रकृतिको 'महद्ब्रह्म' नामसे अपनी योनिस्वरूप ईक्षण करते हैं और उसमें बहु होनेका कल्पना-बीज निक्षेप करते हैं, इस रीतिसे जीव-जडमय जगत्‌की उत्पत्ति होती है।* अर्जुनसे पार्थ-सारथि कहते हैं—

* देवेन्द्रविजय वसुकी विजया टीकासहित गीता विशाल ग्रन्थसे इस अंशका भाव लिया गया है। और भी अनेकांशके लिये लेखक कृतज्ञ है।

मम योनिर्महद्ब्रह्म तस्मिन् गर्भं दधाम्यहम्।
संभवः सर्वभूतानां ततो भवति भारत॥
सर्वयोनिषु कौन्तेय मूर्तयः संभवन्ति याः।
तासां ब्रह्म महद्योनिरहं बीजप्रदः पिता॥
(गीता १४। ३-४)

—हे भारत! महद्ब्रह्म (मूलप्रकृति) मेरी योनि है, उसमें मैं गर्भ-स्थापन करता हूँ; उस संयोगसे सब भूत उत्पन्न होते हैं। हे अर्जुन! सब योनियोंमें जो मूर्तियाँ उत्पन्न होती हैं, उन सबकी योनि महद्ब्रह्म है और मैं बीज प्रदान करनेवाला पिता हूँ।

मायाके सम्बन्धमें श्वेताश्वतरोपनिषद्में लिखा है—'माया तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्।' इसके अनुसार माया प्रकृति है। एक महोदय * लिखते हैं—'माया कारणरूप है और प्रकृति उसका कार्यरूप या कार्योन्मुख रूप है। माया भगवान्की है और प्रकृति भी भगवान्की है। दोनों भगवान्की शक्ति हैं। शक्तिकी दो अवस्थाएँ होती हैं—एक कार्यावस्था और दूसरी कारणावस्था। कारणावस्थामें यह शक्ति माया है, और कार्यावस्थामें यह प्रकृति है। कारणावस्थामें माया शक्तिरूपसे यह भगवान्का आश्रय लेती है और कार्यावस्थामें यह माया शक्तिसे प्रकट होकर, अव्यक्त-संज्ञक परब्रह्मको आवृत करते हुए उसी आधारमें व्यक्त होती है।'

परंतु माया सर्वतोभावसे प्रकृति नहीं है। उपनिषद्में ब्रह्मकी ज्ञान-बल-क्रियात्मिका विभिन्न पराशक्तिका उल्लेख है। शंकराचार्य कहते हैं कि यह पराशक्ति ही माया है। परंतु यह शक्ति प्रकृतिसे भिन्न है। इसकी सहायतासे भगवान् प्रकृतिमें अधिष्ठित होते हैं। इसके प्रभावसे भगवान्की अध्यक्षतामें प्रकृति सचराचर जगत्की सृष्टि करती है। इस मायाके हेतु अव्यक्त प्रकृति समस्त जीव-जडकी अभिव्यक्तिका कारण होती है। इस माया-शक्तिके गुणसे ही निर्गुण ब्रह्म सगुण-सदृश होते हैं। श्रीकृष्ण कहते हैं—'प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय संभवाम्यात्ममायया।' (गीता ४। ६) मैं अपनी प्रकृतिको अपने अधीन करके अपनी मायासे प्रकट होता हूँ। इन शब्दोंसे यह भाव स्पष्ट है कि प्रकृति और मायामें भेद है; न माया प्रकृति है और न प्रकृति माया है। भगवान् अपनी प्रकृतिको तो अपने वशमें करते हैं और मायाके वशमें स्वयं स्थित होकर, मायामय रूप धारण कर संसारमें अवतीर्ण होते हैं। यही माया उनकी योगमाया है।

भगवान् क्यों मायाकी वश्यता स्वीकार करते हैं—यह अतिप्रश्न है, इसका उत्तर नहीं है। केवल इतना कहा जा सकता है कि यह लीलामय ईश्वरकी लीला है। श्रीगीतामें 'ईश्वरवाद' दृढ़तासे प्रतिष्ठापित है। परा-अपरा प्रकृति, व्यक्त या अव्यक्तावस्था, जीव-जड-जगत्, माया या महद्ब्रह्म सभी सर्वशक्तिमान् परमेश्वरके रूपान्तर हैं। भगवान्का वचन है—'मत्तः परतरं नान्यत्किञ्चिदस्ति धनंजय।'—(गीता ७। ७) —हे धनंजय! मुझसे अतिरिक्त किंचिन्मात्र कोई दूसरी वस्तु नहीं है। और यह भी भगवान्की उक्ति है—'प्रभवः प्रलयः स्थानं निधानं बीजमव्ययम्'—(गीता ९। १८)—मैं सबकी उत्पत्ति, सबका प्रलय, सबकी स्थिति, प्रलयकालमें सम्पूर्ण भूतोंकी सूक्ष्मावस्था, अनादि, अक्षय कारण हूँ। अपना समग्र ज्ञान-तत्त्व समझानेके लिये इस ईश्वरवादको सप्तम और नवम अध्यायोंमें अपनी विभूतियाँ वर्णन करते हुए जनार्दनने विस्तार किया है। सप्तममें हमको ज्ञात होता है कि—ईश्वर जलमें रसतन्मात्रा, आकाशमें शब्दतन्मात्रा, पृथ्वीमें गन्धतन्मात्रा, अग्निमें तेजस्तन्मात्रा हैं; ईश्वर शशि-सूर्यमें ज्योति, सर्ववेदमें प्रणव, सर्वभूतमें जीवन हैं। ईश्वर पुरुषमें शौर्य-वीर्य, तपस्वीका तप, बुद्धिमान्की बुद्धि, तेजस्वीका तेज, बलवान्का बल, कामीका काम हैं। ईश्वर समस्त भूतवर्गके नित्य कारण हैं; उनसे सात्त्विक, राजसिक और तामसिक भाव उत्पन्न होते हैं और उन्हींमें उनकी स्थिति है। इन भावोंसे जगत् मोहित रहता है; इनके परे जो परम अव्यय ईश्वर हैं, उनको नहीं जान सकता है। यही गुणयुक्त भाव उनकी दैवी माया है, जिसको अतिक्रम करना दुष्कर है। ईश्वरमें जिनकी प्रपत्ति होती है, वे तर जाते हैं। ईश्वरके परम अव्यक्त भावको बुद्धिहीन मनुष्य नहीं जानते हैं। ईश्वर अपनी योगमायासे अपनेको आवृत रखते हैं, जगत्के सम्मुख प्रकाश नहीं होते हैं। ईश्वर अतीत, भविष्य और वर्तमानके भूतोंको जानते हैं, परंतु उनको कोई नहीं जानता है। मोक्षकामी जो मनुष्य ईश्वरका आश्रय लेता है, वह ब्रह्म, कृत्स्न, अध्यात्म, अखिल, कर्म, अधिभूत, अधिदैव, अधियज्ञ भगवान्को जानता है और मृत्युकालमें उसे ईश्वरप्राप्ति होती है। (क्रमशः)

* उक्त देवेन्द्रविजय।

वसन्तका वैदिक स्वरूप

(लेखक—श्रीपन्नालालजी परिहार बी० ए०, एल्-एल्० बी०)

वसन्त ऋतुमें दिव्य आश्रयलोक त्रिपुट अर्थात् तिगुने रूपमें अति प्रबलतासे प्रकट होते हैं। इस ऋतुमें प्राणबल-द्वारा तथा अग्निके उत्तरोत्तर तेज-प्रभावसे जीवात्मा और समस्त प्राणी-जगत्‌में अन्न, आयु और बल धारण किया जाता है और क्रमशः बढ़ाया जाता है। ज्यों-ज्यों मकर सौर संक्रान्तिके उपरान्त सूर्यदेव उत्तरायण अभिमुख होता हुआ उत्तरोत्तर तेजस्वी होता है, त्यों-त्यों यह क्रिया तीव्र होती जाती है। सृष्टिका यह रथन्तर है जो प्रतिवर्ष आता है। पृथ्वी अपनी धुरीपर घूमती है। इससे रात-दिन होते हैं। पृथ्वी एक परिधि-पथपर सूर्यके चारों ओर भी चक्कर लगाती है। इससे ऋतुएँ होती हैं। भगवान्‌से प्रेरित यह स्वाभाविक क्रियाएँ ऋतशक्तिके आधारपर और उसी कारणसे होती हैं। मानवी वर्षके १२ मासमें १२ संक्रान्तियाँ आती हैं। जिनके दो-दो मासमें विभाग करनेसे छः ऋतुएँ बनती हैं। जब सूर्य छः मासतक दक्षिणायन रहता है, तब हमारा उत्तरायण खण्ड शीतमय होता है। दारुण शीत-काल मकरका होता है। इसके बाद सूर्य उत्तरायण अभिमुख होता है। वही वसन्तका प्रारम्भ है, वही मधु माधव है। मधु मासमें समस्त वनस्पति वर्ग और प्राणीजगत् मधुरतामें ओतप्रोत हो जाता है। उसमें मधुका संचार होता है। माधुर्य सम्पन्न होनेके पश्चात् वृक्ष-लतादिमें किसलय, नवकुसुम अंकुरित होते हैं तथा हमारे धरातलका वातावरण सुगन्ध सुरभिसे सौम्य और फलोत्पादक बनता है। मधु माधव वसन्तके दो स्वरूप हैं। यही संवत्सर अग्निके दो रूप हैं जो यजुर्वेदकी परिभाषामें अन्तश्लेष कहलाते हैं। यह रथन्तर क्रिया-चक्र कल्पसे लेकर कल्पान्ततक चलता रहता है। वसन्त इसका एक प्रमुख आरा है।

वसन्त ऋतुमुख है। यह संवत्सरका सिर है। श्री-भगवद्गीताने इसे 'ऋतूनां कुसुमाकरः' बतलाया है। यही ऋतुराज, प्रथम ऋतु और प्रकृतिका राजा है। इसीको कल्पपर्व कहा जाता है; क्योंकि सर्ग-सृष्टि इसी कालसे प्रारम्भ हुआ करती है। वसन्तमें सृष्टि बसानेवाला तत्त्व प्रादुर्भूत होता है। प्राणी-जगत्‌के प्रकट होनेका यही काल माना जाता है। इसीमें पदार्थ अपने यौवनपर आते हैं। संसारमें स्फूर्ति, चेतना और प्रगतिका श्रीगणेश यहींसे होता है। यहाँतक कि ओषधियाँ बलवती होकर अपनेमें भर्गः—ज्योति उत्पन्न करती हैं।

अत्यन्त प्राचीन कालसे ही कवियोंने इस ऋतुराजकी महिमाका बखान किया है। कभी यह मदनोत्सव कहलाता था। भगवान् शिवजीने इसी ऋतुमें कामको भस्म किया था। यह कथा अध्यात्मवादपर आधारित है।

हमें अब यह देखना है कि वेद भगवान्‌ने इस ऋतुका कैसा विवेचन किया है। यजुर्वेदके २१ वें अध्यायमें २३ वाँ मन्त्र इस प्रकार है—

वसन्तेन ऋतुना देवा वसवस्त्रिवृताः स्तुताः।
रथन्तरेण तेजसा हविरिन्द्रे वयो दधुः॥

इस मन्त्रपर सायण, उव्वट आदि भाष्य उपलब्ध हैं। वेदकी सारगर्भित उक्तिपर पर्याप्त प्रकाश डाला गया है। परंतु वेदके पारिभाषिक शब्दोंकी विशद व्याख्याकी आवश्यकता है। इन शब्दोंकी ओटमें 'अनन्ता वै वेदाः' का रहस्य छिपा हुआ है। वेद तो देवकाव्य है। उसका पूर्ण अनुवाद मानवी भाषामें होना कठिन है। हाँ, थोड़ा-बहुत प्रवचन हो सकता है। हमें भी थोड़-सा विचार करना है!

इस मन्त्रके ऋषि आत्रेय हैं और देवता लिंगोक्ताः। इसमें ऋतु-सम्बन्धी, सृष्टि-रचना, राष्ट्रवाद और शिक्षा-विषयमें कुछ मूल सिद्धान्त दर्शाये गये हैं।

ऋतुपरक भावार्थ

वसन्त ऋतुमें दिव्य अष्ट वसुलोक त्रिवृत् तिगुने अर्थात् प्रबलरूपसे प्रकट होते हैं। निवासयोग्य पृथिव्यादि लोकोंमें नवीन जागृति उत्पन्न होती है। रथन्तर अर्थात् उत्तरोत्तर प्रबलताको धारण करते हुए सूर्यके प्रकाशसे हवि अर्थात् अन्नादिकी खेती इसी ऋतुमें पकती है। इन्द्र अर्थात् प्राणीवर्गमें वय, आयु और बल धारण किया जाता है। अन्नोंका पकना, प्राणोंमें बल आना और चित्तका प्रफुल्लित होना इस ऋतुका प्रभाव है। पौष्टिक नवान्न होलाके रूपमें उत्पन्न होता है। प्राकृतिक दैवी शक्तियाँ जाग्रत् होती हैं और प्रकाश, मोद और काम्यता बढ़ती है। त्रिदेव प्रसन्न होते, शरीरकी इन्द्रियाँ रंजित होती और वसुगण त्रिवृत्-रूपसे विकसित होते हैं। प्राण, अपान और व्यानरूप

त्रिवृत् सुखद होते हैं और हमें त्रिविध सुख मिलता है। त्रिविध शरीरमें आनन्दकी लहर उठती है। इस ऋतुमें त्रिवृत् नामक यज्ञ किया जाता है। जिसके तीन अङ्ग देव-पूजा, संगति-करण और दान हैं। वर्तमान भूखे भारतमें भी आनन्दकी लहर उमड़ आती है। सभी वर्गके लोग वसन्त फागके स्वर गुनगुनाने लगते हैं। किसान और मजदूर—सभी लोग आशान्वित हैं कि अब 'हविरिन्द्रे वयो दधुः' है अर्थात् अन्नादि पकनेसे वह प्राणी-जगत्में निर्वाहका सहारा बनेगा। यह भगवान्की कृपा है।

सृष्टि-उत्पत्तिका भावार्थ

वसन्तमें अर्थात् बसने योग्य सर्गमें, जो प्राणियोंका निवास-युग कहलाता है, भगवान्की ऋतुशक्तिद्वारा पृथ्वी आदि आठ वसुगण तथा लोकादि दिव्य पदार्थ प्रकट होते हैं। ये दिव्य वसु त्रिवृत् होते हैं। इनके तीन विभाग होते हैं—पृथ्वी, अन्तरिक्ष और द्यौ। इनमें ग्यारह-ग्यारह देव बसते हैं। इन देवोंमें त्रिगुणरूप होता है। यही इनका त्रिवृत् है। सत्त्व, रज और तमसे आवृत और उत्पत्ति, स्थिति और प्रलयरूप त्रिशक्ति-युक्त होते हैं। परमात्माने जितनी और जिस प्रकारकी शक्ति अमुक पदार्थमें निहित की है, वह उसी सीमामें क्रिया करता है। भौतिक सत्य-नियम इस आध्यात्मिक नियमका उल्लङ्घन नहीं कर सकते। सब परमाणु त्रिवृत् अर्थात् तीन रूप और त्रिकालके बन्धनमें हैं। यह रथन्तर चक्र कल्पारम्भसे प्रलयतक चलता रहता है। वसन्त तो मानो इस चक्रका एक आरा है। परंतु वसन्तका महत्त्व इसीमें है कि इससे प्राणबल और तेज आता है। इससे जीवन-शक्ति बढ़ती है।

राष्ट्रपरक भावार्थ

वसन्त अर्थात् प्राणियोंके सुखसे निवास करने योग्य समय समाजमें देव, विद्वान् और वसु विभागाध्यक्ष त्रिपुट तीन संघोंमें विभाजित होते हैं। धर्म-कर्तव्य-विधान-सभा, कार्यकारिणी समिति और न्याय-संस्था—ये तीनों स्तुत प्रकट प्रशंसित होते हैं। इसके उपरान्त रथन्तर अर्थात् सैन्यबल अपने तेज, पराक्रम, प्रभावसे राष्ट्रमें शान्ति स्थापित करता है। इन्द्र राष्ट्रपतिमें हवि, खाद्य, साधनोंद्वारा स्थिरता बनी रहती है। राज्यके अधिकारी वसु प्रजाको बसानेवाले सुखदायक होते हैं। देव, विद्वान् परोपकारी जन ज्ञानका प्रकाश देते रहते हैं। वेदने अन्यत्र ठीक ही कहा है—

यत्र ब्रह्म च क्षत्रं च सम्यञ्चौ चरतः सह।
तं लोकं पुण्यं प्रज्ञेषं यत्र देवाः सहाग्निना॥

शिक्षापरक भावार्थ

वैदिक कालमें परिपाटी थी कि वसन्त ऋतुमें देव विद्वान् गुरुकुल आदि शिक्षा-संस्थानोंमें एकत्रित होते थे। उस सम्मेलनके दीक्षान्त समारोहमें वसु अर्थात् स्नातक ब्रह्मचारियोंको त्रिवृत् उपाधियाँ वसु, रुद्र और आदित्य नामक बाँटी जाती थीं। यह त्रिवृत् क्रम वेदाध्ययनकी योग्यतानुसार होता था। इस प्रकार स्नातकोंकी स्तुति-प्रशंसा हुआ करती थी। त्रिवृत् नामक बृहत् यज्ञ हुआ करता था, जिसमें रथन्तर नामक सामगानके स्तोमसे सम्मेलनकी शोभा बढ़ती थी। सामगानके रथन्तर होते थे, जिनमें यथाक्रम यथाविधि उदात्त, अनुदात्त, स्वरित, सम, विलम्बित, द्रुत, स्वर-ताल-लय आदिका विशेष आनन्द रहता था। यह सामगान था। आजकलका फिल्मी गर्दभगान नहीं। इसमें सात्त्विक आध्यात्मिक तेज होता था। इन्द्र राष्ट्रपति इन्द्रासनसे सुशोभित हविरूप उपाधियाँ वितीर्ण करता था, जिससे स्नातकोंको मान्यता मिलती थी। यह वेदका निर्दिष्ट सिद्धान्त है। यह इतिहास नहीं है बल्कि सदा ऐसा होता रहा है और होता रहेगा। वसन्तकी ऐसी महिमा है जिसे वेदने बड़ी सुन्दरतासे साररूपमें वर्णन कर दी। यह अभिप्राय काल्पनिक नहीं है। इसके आधार प्रतिष्ठित भाष्य हैं जिनका हम आदर करते हैं। इसे विद्वान् समझ लेंगे। स्थानाभावसे हमने उन भाष्योंको अक्षरशः उद्धृत करना अनिवार्य नहीं समझा।

चकई-डग ज्यौं रवि बसै, ज्यौं कुल-तिय-डग लाज।
त्यौं ही तुम मेरे लिये, नित निवसहु रघुराज!॥
तुम तो दाता सुमतिके, सुमति दीजिये मोहि।
जासौं पर-हित करत मैं, भजत रहौं नित तोहि॥

आत्मदर्शन

(लेखक—साधुवेषमें एक पथिक)

आत्मदर्शनका अर्थ है अपने आपको देखना। जो दूसरेको देखता है, वही अपनेको देख सकता है; पर जबतक अन्यको देखनेमें दृष्टि लगी रहती है, तबतक आत्मदर्शन नहीं होता है। अपने आपको देखते समय दूसरा नहीं दीख पड़ता है। अपने आपको देखनेके लिये सब ओरसे दृष्टि-वृत्ति मोड़नी पड़ती है। मैं हूँ—यह बोध होना ही अथवा सर्वसङ्गरहित स्वका अनुभव ही आत्मानुभूति है। 'यह' को 'मैं' से अलग कर लेना ही आत्मदर्शनका मुहूर्त है। 'यह'—मैं नहीं हूँ, ऐसा मनन करते रहना ही आत्मदर्शनका साधन है।·····'यह'—दृश्यके साथ 'मैं' को मिला देना ही अहंकार है। किसी अन्यके सामने 'मैं यह हूँ'—ऐसा प्रकट करना, अभिव्यक्त करना अभिमान है। अहंकार तथा अभिमानकी सीमामें आबद्ध रहकर रस लेनेवालेको आत्मदर्शन नहीं हो पाता है। 'यह'—दृश्यके साथ 'मैं' के संयोगको अस्वीकार करते-करते, 'मैं यह नहीं हूँ, यह भी नहीं हूँ' कहते-कहते जब 'यह' नहीं रह जाता और 'मैं' अकेला रह जाता है तब सत्स्वरूपकी असङ्ग अनुभूति ही आत्मदर्शन अथवा आत्मसाक्षात्कार है। जिसकी प्रीति किसी भी दृश्य रूप, शब्द और स्पर्शादिके प्रति नहीं रह जाती है, वही आत्मप्रेमी है। जिसका सम्बन्ध किसी भी रससे नहीं रह जाता है, वही आत्मतृप्त है। जिसकी बुद्धिका विषय दृश्य जगत् नहीं रह जाता है वही आत्मज्ञानी है।··· समस्त कर्तव्य-कर्म दृश्य जगत्से सम्बन्ध होनेके कारण ही होते हैं; आत्माका अनुभव होनेपर आत्माके लिये किसी कर्मकी आवश्यकता नहीं है।

आत्मा वह तत्त्व है जिसके आधारपर सब कुछ हो रहा है। 'मैं' अथवा आत्मतत्त्वकी नित्य-सुलभ प्राप्ति है, उसका बोध होता है। 'यह'—जगत् दृश्यकी प्रतीति तो होती है पर प्राप्त कुछ नहीं होता है। जगत्के नाम-रूपके साथ 'मैं' तथा मेरापन मिला देना राग है—यह अज्ञानकी सीमाका कार्य है। जगत्के नाम-रूपके साथ मैं तथा 'मेरापन' हटा लेना त्याग है—यह असीमके ज्ञान-क्षेत्रका कार्य है। जगत्के नाम-रूपसे अपनी पूर्ति नहीं होती है, 'मैं'—आत्मासे जगत्की पूर्ति होती है।····· आत्मदर्शनके लिये पाँच तत्त्वके बने हुए आवरणको भेदकर तमोगुण, रजोगुण और सत्त्वगुण तीन द्वार और पार करने होंगे। तत्पश्चात् मन, चित्त, बुद्धि और अहंकार—चार मंजिल चढ़नेपर वह स्थल प्राप्त होता है जिसमें आत्मदेव निरावरण—नग्न रूपसे—परम सुन्दरतासे पूर्ण है। आत्माके निकटस्थ जो कुछ है उसे ही त्याग, दान और तपमें संतोष होता है, आनन्द मिलता है पर जितना ही नीचे उतरा जाता है, चेतनासे जडत्वकी ओर बढ़ा जाता है उतना ही त्याग, दान और तपमें तथा दूसरोंको सुखी रखनेमें कष्ट होता है, सब ओरसे लेनेमें ही सुख मिलता है। देना आत्माका गुण है, लेना प्रकृतिका स्वभाव है। प्रकृतिकी परिधिको पार करनेपर आत्म-ऐश्वर्यका अनुभव होता है, कोई न्यूनता-अभाव है ही नहीं। आत्मदर्शनके लिये शरीर, इन्द्रिय, मन आदि—किसीकी आवश्यकता नहीं है; केवल बुद्धि-दृष्टिसे अहंकी सीमाको देखना होता है—'उस सीमित अहंका प्रकाशक कौन है' यह प्रश्न उठाकर बुद्धिको भी मौनकर उसकी ओर मोड़ देना होता है जिससे वह (बुद्धि) प्रकाशित हो रही है—यही आत्मदर्शनकी भूमि है। विषय-रससे विरक्त होनेपर इन्द्रिय, चाह तथा संकल्प छोड़नेपर मन तथा अभिलाषासे ऊपर उठनेपर बुद्धि मौन हो जाती है। आत्मदर्शनके लिये किसी देश, किसी काल तथा किसी अन्यकी अपेक्षा नहीं है, केवल सर्वसङ्ग-त्याग और मौनकी ही आवश्यकता है।

सत्य आत्माकी खोज सत्य आत्मासे दूर ले जाती है, असत्यकी स्वीकृति असत्य देहादि वस्तुओंसे सम्बन्धासक्ति बढ़ाती है। आत्मदर्शनके लिये जो प्रयत्न किया जाता है, वह कुछ दूरतक प्रपञ्चकी भीड़को पार करानेमें सहायक है, प्रपञ्चसे बाहर आते ही वह आत्मदर्शनमें बाधक बन जाता है। सत्य-आत्माका अनुभव करनेके लिये हमें सत्यकी खोज बंद करनी चाहिये, असत्य वस्तुओं तथा सम्बन्धियोंके बन्धनसे छूटनेके लिये उन्हें मनसे अस्वीकार कर देना चाहिये, अपना न मानना चाहिये। असत्यको अस्वीकार करते ही स्वयं अपने सत्य रूपका अनुभव किया जा सकता है। जगत्के नामरूपमय दृश्यके साथ सम्बन्ध रखते हुए न आत्मदर्शन होगा, न प्रेम और योग ही होगा। सम्बन्धसे ही प्रवृत्ति होती है, वही जड जगत्में जकड़े रहती है।

निवृत्ति परमानन्दकी ओर ले जाती है और दूरी तथा भेद मिटा देती है। निवृत्ति अथवा अस्वीकृतिके द्वारा सम्बन्ध मिटनेपर जब अपना मानने तथा मनन करनेके लिये, विचार करनेके लिये कुछ शेष ही नहीं रहता है तभी निष्क्रियता—निस्संकल्पता आती है, यही इन्द्रियसहित मन और बुद्धिका मौन है। इस मौन तथा एकान्तमें अनेकताका अन्त होता है, केवल अनन्त शेष रहता है, यही आत्मसाक्षात्कार है।

कुछ लोग देहको अपना रूप मानते हैं, उसका दर्शन बाह्य नेत्रसे होता है। कुछ साधक सूक्ष्म शरीरके साथ अभेद सम्बन्ध रखते हैं, उसका दर्शन भुवर्दृष्टिसे होता है। कुछ लोग एकाग्रताद्वारा अपने तृतीय नेत्रसे ज्योति-प्रकाशका दर्शन करते हैं और उसे आत्मसाक्षात्कार मान लेते हैं; पर जिसे हम अपनेसे भिन्न, दृश्य रूपमें देखते हैं, वह आत्मदर्शन नहीं है।

अपने आप माध्यमशून्य ज्ञानके रूपमें जो हम शेष रह जाते हैं अथवा दृश्यका बाध करते-करते जब हम यह अनुभव करते हैं कि कुछ भी शेष नहीं रह गया है—कुछ भी शेष नहीं रह गया है तब इसके ज्ञातारूपमें हम जो बच रहते हैं, वही आत्माका स्वरूप है। 'मैं' के रूपमें आत्मस्वरूपका भास होता है और सत्यके रूपमें उसका बोध होता है। निर्मल बुद्धिसे ही आत्मज्ञान होता है; सङ्काभिमानसे मुक्त अहंमें ही आत्माका बोध होता है।

श्रीरामचरितमानसके राम

(लेखक—पण्डित श्रीविजयानन्दजी त्रिपाठी)

श्रीरामचरितमानसके राम, जाने या बिना जाने, अखिल विश्वके ध्येय, ज्ञेय और उपास्य हैं। शैव, शाक्त, वैष्णव, सौर, गाणपत्य, ईसाई, मूसाई, जैन, बौद्ध, आस्तिक, नास्तिक, चर, अचर—सभी उन्हें हृदयसे चाहते हैं, सभी उनकी खोजमें अनवरत लगे रहते हैं। किसीको बिना उनके विश्राम नहीं है; कोई क्षणभर बिना उनके जी नहीं सकता। तभी तो भरतजी कहते हैं—

जीव जंतु अस को जग माहीं। जेहि रघुनाथ प्रानप्रिय नाहीं॥

अन्तर इतना ही है कि जो उनको जानकर उपासना करते हैं, वे ही परमार्थ-पथके पथिक हैं और जो बिना जाने उन्हींमें तत्पर हैं, वे ही भव-प्रवाहमें पड़े हुए हैं। इसीसे ज्ञानकी इतनी महिमा है। बिना उसके भक्ति भी अन्धी है। यथा—

जाने बिनु न होइ परतीती। बिनु परतीति होइ नहिं प्रीती॥

अब प्रश्न यह है कि वे रामचरितमानसके राम हैं क्या जो प्राणिमात्रके ध्येय, ज्ञेय और उपास्य हैं। इसके उत्तरमें गुरु वसिष्ठजीके वाक्यको उद्धृत कर देना ही यथेष्ट है। यथा—

जो आनंदसिंधु सुखरासी। सीकर ते त्रैलोक्य सुपासी॥
सो सुखधाम राम अस नामा। अखिल लोकदायक बिश्रामा॥

कैसा उदार विचार है, कैसा आँख खोलनेवाला सुझाव है, कैसा सम्पूर्ण शास्त्रोंका निचोड़ है, कैसा अटल सिद्धान्त है कि इसमें किसीके ननु नचकी गुंजाइश नहीं है। राम आनन्दसिन्धु हैं, राम सुखराशि हैं, राम सुखधाम हैं अर्थात् परिच्छिन्न और अपरिच्छिन्न आनन्द राम ही हैं। क्या कोई ऐसा भी है जो आनन्द न चाहता हो? आनन्द ही तो श्रीरामचरितके राम हैं, संसार उन्हींको चाहता हुआ, अनवरत उन्हींके लिये हाथ-पैर मारता हुआ भी उनके स्वरूपसे अपरिचित है।

जिस आनन्दसे संसार परिचित है, वह उसी आनन्दकी झलक है। शास्त्रोंमें इसे विषयानन्द कहते हैं। परस्पर संघर्षसे जब रजोगुण और तमोगुण अभिभूत होते हैं तब क्षणभरके लिये शान्तावृत्ति उदित होती है, उसीमें आनन्द प्रतिबिम्बित होता है। वही झलक विषयानन्द है, उसीके पीछे संसार पागल है। जिस आनन्दकी वह झलक है, उस अखण्ड आनन्दके लिये विरले ही भाग्यवान् यत्नवान् हैं। उसीको श्रीगोस्वामीजीने सुखधाम कहा है। उसीके सीकर (मात्रा) से त्रैलोक्यका सुपास होता है, अतः वही अखिल लोकका विश्रामदाता है।

विषयानन्द उसी अखण्डानन्दका एक देश है, जिसके पीछे संसार दौड़ रहा है। अतः इसमें संदेह नहीं है कि श्रीरामचरितमानसके राम (जो कि आनन्दसिन्धु हैं) जाने या बिना जाने अखिल विश्वके ध्येय, ज्ञेय और परमाराध्य हैं। जो लोग उनकी प्राप्तिके लिये यत्नवान् हैं,

जिनको जगत्‌के मिथ्यात्वका निश्चय हो गया है, जिनकी शान्तावृत्ति स्थायी हो गयी, जो कृतकृत्य हैं, आप्तकाम हैं, जिन्हें निरङ्कुशा तृप्तिकी प्राप्ति हो गयी है, उनका आनन्द विद्यानन्द है, उन्हींके हृदयमें यह भाव उठता है—

अब कछु नाथ न चाहिअ मोरें । दीनदयाल अनुग्रह तोरें ॥

और जिनकी चित्तवृत्तिका निरोध होकर द्रष्टाके स्वरूपमें अवस्थान हो गया है, उनका आनन्द ब्रह्मानन्द कहा जाता है। उन्हें आनन्दसिन्धुकी प्राप्ति हुई है। उन्हींके लिये कहा गया है—

बिसरे गृह सपनेहुँ सुधि नाहीं । जिमि परद्रोह संत मन माहीं ॥

इस भाँति आनन्द तीन प्रकारका हुआ—(१) ब्रह्मानन्द, (२) विद्यानन्द और (३) विषयानन्द। इन्हींके उपभोग करनेवालोंको क्रमशः (१) सिद्ध, (२) साधक और (३) विषयी कहा गया है। यथा—

बिषई साधक सिद्ध सयाने । त्रिबिध जीव जग बेद बखाने ॥

वस्तुतस्तु आनन्द एक है। वही ब्रह्म है, वही राम है। मायाके आवरणके तारतम्यसे उसे तीन प्रकारसे कहा गया है। श्रुति कहती है—

'आनन्दाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते, आनन्देन जातानि जीवन्ति, आनन्दं प्रत्यभिसंविशन्ति।'

ग्राम्य सुखसे ही जीव उत्पन्न होते हैं, सुखकी मात्रासे ही जीते हैं और अन्तमें सुख-समुद्रमें लीन हो जाते हैं।

जितना आवरण कम होता है, उतना ही आनन्दका प्रकाश अधिक होता है। सच्चिदानन्द ब्रह्मके सदंशका प्रकाश तो स्थावरोंमें भी है, परंतु चिदंशका प्रकाश पशु आदि जीवोंमें होता है और आनन्दांशका प्रकाश तो मनुष्य-योनिमें ही होता है। मनुष्य ही हँस सकता है। अतः आनन्द ही निरावरण ब्रह्मकी मूर्ति है। वही श्रीरामचरितमानसके राम हैं।

अतः मायाके आवरणको कम करना ही उनकी प्राप्तिका साधन है। विषयानन्दमें पड़े हुए मनुष्य अधिकाधिक वैषयिक साधनमें ही दत्तचित्त होते चले जाते हैं। निरावरण आनन्दकी भावना ही उनके मनमें नहीं उठती। उनके चित्तको भी उस ओर आकर्षित करनेके लिये श्रीरामचरितमानस रामके रूपका वर्णन करता है। यथा—

राम काम सत कोटि सुभग तन । दुर्गा कोटि अमित अरिमर्दन ॥
सक्र कोटि सत सरिस बिलासा । नभ सत कोटि अमित अवकासा ॥
मरुत कोटि सत बिपुल बल रबि सत कोटि प्रकास ।
ससि सत कोटि सो सीतल समन सकल भव त्रास ॥
काल कोटि सत सरिस अति दुस्तर दुर्ग दुरंत ।
धूमकेतु सत कोटि सम दुराधर्ष भगवंत ॥
प्रभु अगाध सत कोटि पताला । समन कोटि सत सरिस कराला ॥
तीरथ अमित कोटि सत पावन । नाम अखिल अघ पुंज नसावन ॥
हिमगिरि कोटि अचल रघुबीरा । सिंधु कोटि सत सम गंभीरा ॥
काम धेनु सत कोटि समाना । सकल कामदायक भगवाना ॥
सारद कोटि अमित चतुराई । बिधि सत कोटि सृष्टि निपुनाई ॥
बिष्नु कोटि सत पालन कर्ता । रुद्रकोटि सत सम संहर्ता ॥
धनद कोटि सत सम धनवाना । माया कोटि प्रपंच निधाना ॥
भार धरन सत कोटि अहीसा । निरवधि निरुपम प्रभु जगदीसा ॥
निरुपम न उपमा आन राम समान राम निगम कहै ।
जिमि कोटि सत खद्योत सम रबि कहत अति लघुता लहै ॥
एहि भाँति निज निज मति बिलास मुनीस हरिहि बखानहीं ।
प्रभु भाव गाहक अति कृपालु सप्रेम सुनि सुख मानहीं ॥

विषयप्रवण चित्त भी इस भाँति ध्यान करनेसे उस अखण्डानन्द रामकी कृपाका भाजन हो सकता है। यह श्रीरामचरितमानसके राम हैं।

उपजे जदपि सुबंसमैं, खल तनु सुखद कराल।
चंदनहूकी आगि लै, जरै देह तत्काल॥
धीरज उद्यम बुद्धि बल, साहस सक्ति सुनीत।
ये दस सुखदायक सदा, सुतिय सुपूत सुमीत॥
जैसे करता नष्ट है, उपल बिपलमैं सस्य।
वैसे विद्या बुद्धिका, नासक है आलस्य॥

रहेउ एक दिन अवधि अधारा

(लेखक—श्री सुदर्शनसिंहजी)

अभी सात-आठ दिन पहले ही द्रोणगिरि ले जाते समय श्रीभरतजीके बाणसे आहत होकर हनुमान्‌जी अयोध्यामें मूर्छित होकर गिरे थे। उन श्रीरामदूतसे लंका-युद्धका समाचार मिला था। लंका-युद्धका वह समाचार—'श्रीलक्ष्मण रावण-पुत्रकी शक्तिके आघातसे मूर्छित हैं। लंकाके तीनों विश्वविख्यात शूर रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद जीवित हैं।' उनसे संग्राम होना है और तब श्रीजानकीजीको लेकर श्रीरामको लौटना है। अयोध्यासे बहुत दूर है दक्षिण-समुद्रतट और वहाँसे भी सौ योजन दूर लंकाद्वीपसे आना है श्रीरामको। भरतजीके मनमें कल्पनातक नहीं कि श्रीराम पुष्पक-विमानसे आयेंगे।

रहेउ एक दिन अवधि अधारा। समुझत मन दुख भयउ अपारा॥

चौदह वर्ष वनवासका समय पूरा होनेमें केवल एक दिन—यह आजका दिन ही शेष रह गया, यह बात मनमें आते ही भरतजीको अपार दुःख हुआ। अभी जो सात-आठ दिन पूर्व समाचार मिला है—उस समाचारपर ध्यान दें तो श्रीरामका कल अयोध्या पहुँचना सम्भव ही नहीं जान पड़ेगा; लेकिन भरतके हृदयमें उस समाचारकी कोई महत्ता नहीं है। उनके श्रीराम नरनाट्य भले करें, मनुष्य नहीं हैं—सर्वसमर्थ परब्रह्म हैं। श्रीराम आना चाहेंगे, पहुँचना चाहेंगे और नहीं पहुँच सकेंगे, यह कल्पना ही भरतके मनका स्पर्श नहीं करती। लंकाकी दूरी—लंकाके सुरासुरजयी राक्षस—लेकिन यह सब दूसरे सोचें। श्रीराम आना चाहेंगे तो ऐसी कोई बाधा नहीं हो सकती जो उन्हें दो क्षण भी रोक सके।

कारन कवन नाथ नहिं आयउ। जानि कुटिल किधौं मोहि बिसरायउ॥

'प्रभु आये नहीं, उनके आनेका कोई समाचार नहीं—कारण क्या है?' भरतके मनमें एक ही कारण शक्य है और वह एकमात्र यह कारण कि श्रीराम आना नहीं चाहते।

बीतें अवधि रहहिं जौं प्राना। अधम कवन जग मोहिं समाना॥

हुआ करें त्रिलोकजयी रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद, धरी रहे लंकाकी दूरी, भरत नहीं मानते इस बाधाको। उनके सर्वसमर्थ स्वामीको कल—कल प्रातः अयोध्या आ जाना चाहिये। यदि कल वे नहीं आते—यदि अवधि समाप्त हो जाती है—भरत जीवित नहीं रहनेके। यह आज भरतलाल नहीं निश्चय कर रहे हैं। यह निश्चय तो चित्रकूटसे लौटते समय ही उन्होंने कर लिया है। आज तो वे अपने निश्चयका स्मरणमात्र कर रहे हैं। उनका यह निश्चय श्रीरामसे छिपा नहीं है। लंकायुद्धकी विजयके पश्चात् वे करुणावरुणालय विभीषणसे कह रहे हैं—

तोर कोस गृह मोर सब सत्य बचन सुनु भ्रात।
भरत दसा सुमिरत मोहि निमिष कल्प सम जात॥
× × ×
बीतें अवधि जाउँ जौं जिअत न पावउँ बीर।

भैया विभीषण! तुम्हारा कोष और भवन सब मेरा ही है, यह मेरी बात सच मानो; किंतु भरतकी अवस्थाका स्मरण करके एक-एक पल मुझे कल्पके समान व्यतीत हो रहा है। यदि मैं अवधि समाप्त होनेपर अयोध्या पहुँचा तो अपने भाईको जीवित नहीं पाऊँगा।

आज वह अवधि पूरी हो जायगी। श्रीराम प्रयाग पहुँच चुके हैं। जिस समय भरत चिन्तामग्न हो रहे हैं नन्दिग्राममें, सम्भवतः उसी समय त्रिवेणी-स्नान करके प्रभु हनुमान्‌जीसे कह रहे हैं—

भरतहि कुसल हमारि सुनाएहु। समाचार लै तुम्ह चलि आएहु॥

प्रयागसे दूत भेजने और समाचार मँगानेकी क्या आवश्यकता है? श्रीरामको भरतपर विश्वास नहीं, यह सोचना ही मूर्खता है। वे तो स्वयं कह रहे हैं—'बीतें अवधि जाउँ जौं जिअत न पावउँ बीर।' तब अयोध्याका कौन-सा समाचार चाहिये उन्हें?

'रहा एक दिन अवधि अधारा।' यही अवधि इस दूत भेजने और समाचार मँगानेका कारण है। यह अवधि कब पूरी होगी? श्रीराम मर्यादापुरुषोत्तम हैं, वे चाहते हैं कि चौदह वर्षका समय घड़ी-पलसहित पूरा हो जाय तब वे अयोध्या पहुँचें। लेकिन सामान्य नियम यह है कि दिनमें किसी समय जो कार्य होता है, वह उस तिथिका कार्य माना जाता है। तिथिकी गणना सूर्योदयसे होती है। इस सामान्य नियमके अनुसार कल प्रातःकाल सूर्यकी प्रथम किरणके साथ

श्रीराम-वनवासके पंद्रहवें वर्षका प्रारम्भ माना जायगा। अयोध्यासे श्रीरामको यह समाचार तो पाना ही है कि कहीं श्रीभरतलालके मनमें ठीक सूर्योदयके साथ उनके दर्शनका आग्रह तो नहीं है! यदि कहीं यह बात हो तो प्रयागसे शीघ्र चलकर सूर्योदयके समय ही पहुँचनेमें भी कोई बाधा नहीं है।

जिस दिन श्रीराम-वनवास हुआ था, उस दिन सूर्योदय हो जानेपर पुरजनोंने सुमन्त्रको महाराज दशरथके पास भेजा था। श्रीरामको पिताके पास आकर समाचार प्राप्त करनेमें, माता कौसल्यासे विदा लेनेमें; फिर पिताके पास आकर वल्कलादि धारण करके राजभवनका त्याग करनेमें कुछ समय लगा। पर्याप्त दिन चढ़े ही वे अयोध्यासे निकल सके। लौटते समय भी उन्होंने इस समयकी अवधिका ध्यान रक्खा। विमान प्रयागसे चलकर सीधे अयोध्या नहीं आ गया। वर्णनसे लगता है कि श्रीरामने प्रयागमें रात्रि-विश्राम किया। वहाँसे विमान चला तो शृंगवेरपुर गङ्गापार करके उतर गया। जाते समय श्रीजानकीजीने गङ्गाजीकी लौटकर पूजा करनेकी मनौती मानी थी—

सियँ सुरसरिहि कहउ कर जोरो। मातु मनोरथ पुरउबि मोरी॥
पति देवर सँग कुसल बहोरी। आइ करौं जेहिं पूजा तोरी॥

आज वह सुदिन आ गया है। इसलिये—

सुरसरि नाघि जान तब आयो। उतरेउ तट प्रभु आयसु पायो॥
तब सीताँ पूजी सुरसरी। बहु प्रकार पुनि चरनन्हि परी॥

इस पूजन-प्रार्थनामें भी समय लगा और तब कहीं फिर पुष्पक अयोध्या चल सका। श्रीराम तो अयोध्या ठीक उस समय पहुँचे, जिस समय उन्होंने अयोध्या छोड़ा था। चौदह वर्ष व्यतीत हो जानेपर पंद्रहवें वर्षके प्रथम दिन वे दिनमें किसी भी समय पहुँचते, अवधि बीती नहीं कही जा सकती थी। अवधि बीती नहीं; किंतु भरतजी क्या इतनी प्रतीक्षा कर पाते? प्रेम शङ्कालु होता है—श्रीरामकी शङ्का अकारण तो नहीं थी। उनकी शङ्कामें भी अपार स्नेह था। उन्होंने उस शङ्काके कारण ही हनुमान्‌जीको भेजा था प्रयागसे अयोध्या। क्या थी वह शङ्का?

हिंदू-धर्ममें तिथिका सामान्य प्रारम्भ सूर्योदयसे माना अवश्य जाता है; किंतु संध्या-कर्ममें ब्राह्ममुहूर्तसे ही नवीन तिथि प्रारम्भ समझ ली जाती है। जिस दिन—कहना चाहिये कि जिस सायंकाल श्रीभरतजी कह रहे हैं—'रहा एक दिन अवधि अधारा' उस रात्रिके व्यतीत होनेपर ब्राह्ममुहूर्तमें सरयू-स्नान करके जब संध्या करनेके लिये वे जल हाथमें लेकर संकल्प पढ़ते हुए नवीन तिथि बोलेंगे—उनका हृदय उस नवीन तिथिके उच्चारणके साथ नहीं पुकारेगा—'अवधि बीत गयी।' मान लें कि वे सूर्योदयतक प्रतीक्षा करेंगे; किंतु जब उदित होते सूर्यको अर्घ्य देनेके लिये उनकी अञ्जलिमें जल उठेगा और भगवान् सूर्यकी प्रथम किरणके दर्शनके साथ भी उन्हें सूर्यकुलभूषणके दर्शन नहीं होंगे—अनर्थ ही हो जायगा। अनर्थ—यही अनर्थ होनेकी सम्भावना तो श्रीरामको आकुल किये है। इसी सम्भावनाके निवारणके लिये वे श्रीहनुमान्‌जीको अयोध्या भेजते समय पहली बात कहते हैं—

'भरतहिं कुसल हमारि सुनाएहु।'

मन-मन्दिरमें राम-सीता

कोटिन कुबेरनको कनक कनूका सम,
ताकौ चारौं बेद एक अलप कहानी है।
कामधेनु कल्पतरु चिंतामनि आदिककी,
ताकौ दान देखि-देखि मति चकरानी है॥
पाँचहू मुकति ताकी दासी ह्वै खवासी करैं,
कालहू करालकी न ता सँग बिसानी है।
'दीन' कवि जाके मन-मंदिरमैं बास करैं,
राम-सो सुराजा औ सिया-सी महारानी है॥

प्रलोभनके आगे न झुकिये

(लेखक—प्रो० श्रीरामचरणजी महेन्द्र, एम्० ए०)

प्रलोभन एक ऐसा आकर्षक मोहचक्र है, जिसका कोई स्वरूप, आकार, स्थिति, अवस्था नियत नहीं है, किंतु फिर भी वह नाना रूपोंमें मानवमात्रको ठगने, पदच्युत कर पथभ्रष्ट कर देनेके लिये आता है। जीवनमें आनेवाले बहुत-से मायावी प्रलोभन इतने मनोमोहक, लुभावने और मादक होते हैं कि क्षणभरके लिये विवेकशून्य हो अदूरदर्शी बन हम विक्षिप्त-से हो उठते हैं। हमारी चिन्तनशील सत्-प्रवृत्तियाँ पंगु हो उठती हैं तथा हम विषयवासना, आर्थिक लोभ, स्वार्थ, संकुचितताके वश प्रलोभनके शिकार बन जाते हैं। अन्ततः उनसे उत्पन्न होनेवाली हानियों, कष्टों, त्रुटियों, अपमान तथा अप्रतिष्ठासे दग्ध होते रहते हैं। प्रलोभन जीवनकी मृगतृष्णा है, तो बुद्धिका भ्रम मोहका मधुर रूप!

लालचके रूप अनेक हैं। कभी आप सोचते हैं, 'मैं धनवान् बनूँ, ऊँचा रहूँ, मेरे ऊपर लक्ष्मीकी कृपा रहे।' इस उद्देश्य-सिद्धिके हेतु आप रिश्वत, कालाबाजार, झूठ, फरेब, कपट, हिंसा करके रुपये हड़पते हैं। ठेकेदार, ओवर-सीयर, इंजीनियरतक रिश्वतमें हिस्सा लेते हैं। रेलवे, पुलिस, चुंगी इत्यादि विभागोंमें भ्रष्टाचार इसी स्वार्थ और संकुचितताके कारण फैले हुए हैं। डाक्टर और वकील रोगी और मवक्किलोंसे अधिकाधिक ऐंठना चाहते हैं। बाजारमें खराब माल देकर अथवा निम्नकोटिकी वस्तुओंका सम्मिश्रण कर व्यापारी खूब लाभ कमाना चाहते हैं। सिक्केने जैसे मानवीयताका शोषण कर लिया हो। प्रलोभनके अनेक रूप हैं—

'अमुक व्यक्तिकी पत्नी मेरी पत्नीकी अपेक्षा सुन्दर है। मुझे भी सुन्दर पत्नी प्राप्त होनी चाहिये। मैं तो अमुक अभिनेत्री-जैसी स्त्रीसे विवाह करूँगा।'

अमुक व्यक्तिका मकान सुन्दर है। अमुकके पास आलीशान कोठी, मोटर, नौकर-चाकर, सुन्दर वस्त्र, फरनीचर इत्यादि हैं। मैं भी किसी प्रकार उचित-अनुचित कैसे ही उपायोंसे ये वस्तुएँ—सुविधाएँ प्राप्त करूँ। अमुक मुझसे ऊँचे पदपर आसीन हो गया, मैं भी छल-बल-कौशलसे या रुपया दे-दिलाकर यही पद प्राप्त करूँ।

अमुक व्यक्ति बड़ा सुस्वादु भोजन खाता है; मिठाई, पूड़ी, पकवान, मेवे, दूध, रबड़ी आदि बढ़िया-से-बढ़िया वस्तुएँ नित्य चखता है। मैं भी किसी अच्छे-बुरे उपायसे ये चीजें प्राप्त करूँ। ऐसा सोचते-सोचते जैसे ही कोई तनिक-सा प्रलोभन आपको देता है कि आप बिना सोचे-समझे उसके समक्ष घुटने टेक देते हैं। रुपया, कमीशन, डाली, फल, मुफ्त सेवा, नाना उपहार ले लेना—सब प्रलोभनके ही स्वरूप हैं। इनका कोई आदि-अन्त नहीं। समुद्रकी तरंगोंकी भाँति आते ही रहते हैं वे।

नैतिक दृष्टिसे कमजोर चरित्रवाले व्यक्ति आसानीसे प्रलोभनके शिकार बनते हैं। जिनकी आवश्यकताएँ, विलासी इच्छाएँ, चटोरापन, अनुचित माँगे, नशे बढ़े हुए हैं, वे प्रायः प्रलोभनोंके सामने झुकते हुए देखे गये हैं। जिन्हें दान-दहेज, यात्राएँ, भौतिकता, टीपटापका शौक है, वे लालचमें फँसते हैं। कभी-कभी सहज सात्त्विक बुद्धिवाले भी दूषित वातावरणके प्रभावसे प्रलोभनोंके चक्करमें आ जाते हैं।

विषयोंमें रमणीयताका भास बुद्धिके विपर्ययसे होता है। बुद्धिके विपर्ययमें अज्ञान-सम्भूत अविद्या प्रधान कारण है। इस अविद्या, क्षणिक भावावेश, अदूरदर्शिताके ही कारण हमें प्रलोभनमें रमणीयताका मिथ्या बोध होता है। प्रलोभनसे तृप्ति एक प्रकारकी मृगतृष्णामात्र है।

प्रलोभनमें मुख्यतः दो तत्त्व कार्य करते हैं—उत्सुकता एवं दूरी। ईसाइयोंके मतानुसार आदिपुरुष एडम (आदम) का स्वर्गसे पतन ज्ञान-वृक्षके फलको चखनेकी उत्सुकताके ही कारण हुआ था। उन्हें आदेश मिला था कि वे अन्य सब वृक्षोंके फलोंको चख सकते हैं, केवल उसी वृक्षसे बचते रहें। जिस बातके लिये हमें रोका जाता है, अप्रत्यक्ष रूपसे उसके प्रति हम अधिकाधिक आकृष्ट होते हैं। अतः एडमको वर्जित फलके प्रति उत्सुकता उत्पन्न हो गयी। औत्सुक्यसे प्रभावित होनेके कारण उस फलमें रमणीयताका भास हुआ। उन्होंने चुपचाप प्रलोभनके प्रति आत्मसमर्पण कर दिया। पर ईश्वरने उन्हें इसकी बड़ी कड़ी सजा दी थी।

जो पदार्थ, इन्द्रियोंको तृप्त करनेके नाना साधन, हमसे दूर रहते हैं, जिन्हें हम दैनिक जीवनमें नहीं पाते, जिनका स्वाद हमने नहीं उठाया है, वे ही दूरी (Distance) के कारण हमें आकर्षक प्रतीत होते हैं। वास्तवमें रमणीयता

किसी बाह्य जगत्‌की वस्तुमें नहीं है। वह तो हमारी कल्पना तथा उत्सुकताकी भावनाओंकी प्रतिच्छाया (Reflection) मात्र है। वस्तुको आकर्षक बनानेवाला हमारा मन है जो क्षण-क्षण नाना वस्तुओंपर मचल-मचलकर जाता है। नयी वस्तुकी ओर हमे बरबस खींचकर ले जाता है। कभी वह जिह्वाको उत्तेजितकर हमें सुस्वादु वस्तुओंकी ओर आकृष्ट करता है, कहीं कानोंको मधुर संगीत सुननेके लिये खींचता है। कहीं हमारी वासनाको उद्दीप्तकर मादक वृत्तियोंको उत्तेजित कर देता है। मनकी कोई भी गुप्त अतृप्त इच्छा प्रलोभनका रूप धारण कर लेती है। विवेकका नियन्त्रण ढीला पड़ते ही मन हमें स्थान-स्थानपर बहकाता फिरता है। अथवा विवेकपर आवरण (पर्दा, तमोवृत्ति, इन्द्रिय-दोष, बीमारी, प्रमाद) पड़ा रहनेसे बुद्धि तिरोहित हो जाती है। फलतः हम पतनकी ओर जाते हैं। हमारा वातावरण गंदा हो जाता है, हम दूसरोंको धोखा देते हैं, झूठ बोलते, ठगते हैं। विवेकपर पर्दा पड़ा रहनेसे ही दुष्ट पुरुष विद्याको विवादमें, धनको अहंकार और विलासमें, बलको परपीड़ामें लगाते हैं, निर्बलोंको सताते हैं। अतः मनपर सतर्कतासे अन्तर्दृष्टि रखनी चाहिये।

जैसे युद्ध करते समय जागरूक संतरीको यह ध्यान रखना पड़ता है कि न जाने शत्रुका कब आक्रमण हो जाय, कब किस रूपमे शत्रु प्रकट हो जाय, उसी प्रकार मनरूपी चञ्चल शत्रुपर तीव्र दृष्टि और विवेकको जागरूक रखनेकी अतीव आवश्यकता है। जहाँ मन आपको किसी इन्द्रिय-सम्बन्धी प्रलोभनकी ओर खींचे, वहीं उसके विपरीत कार्य कर उसकी दुष्टताको रोक देना चाहिये।

मन बड़ा बलवान् शत्रु है। वासना और कुविचारका जादू इसपर बड़ी शीघ्रतासे होता है। बड़े-बड़े संयमी व्यक्ति वासनाके चक्रमें आकर मनको न रोक सकनेके कारण पथ-भ्रष्ट हो जाते हैं। मनसे युद्ध करना अत्यन्त दुष्कर कृत्य है। इससे युद्ध-कालमें एक विचित्रता है। यदि युद्ध करनेवाला दृढ़तासे युद्धमें संलग्न रहे, निज इच्छाशक्तिको मनके व्यापारोंमें लगाये रहे, तो युद्धमें संलग्न सैनिककी शक्ति अधिकाधिक बढ़ती है और एक दिन वह इसपर पूर्ण विजय प्राप्त कर लेता है। यदि तनिक भी इसकी चञ्चलतामें बहक गये, तो यह मनुष्यके चरित्र, आदर्श, संयम, नैतिक दृढ़ता, धर्मको तोड़-फोड़कर, सब कुछ नष्ट-भ्रष्ट कर डालता है।

मनको दृढ़ निश्चयपर स्थिर रखने और उसीपर एकाग्र ध्यान रखनेसे मुमुक्षुकी इच्छाशक्ति प्रबल बनती है। मनका स्वभाव मनुष्यकी इच्छाशक्तिके अनुकूल बन जानेका है। उसे जिन विषयोंकी ओर दृढ़तासे एकाग्र कीजिये, वही कार्य करने लगेगा। वह व्यर्थ निश्चेष्ट निष्क्रिय नहीं बैठना चाहता। अच्छाई या बुराई—वह किसी-न-किसी ओर अवश्य आकृष्ट होगा। यदि आप शुभ रचनात्मक समुन्नत कार्योंमें उसे न लगायेंगे, तो वह बुराईकी ओर चलेगा। यदि आप उसे पुष्प-पुष्प विचरण करनेवाली मधु-लोभी तितली बना देंगे—जो रूप, रस और गन्धपर मँडराये—तो वह अवश्य आपको किसी भयङ्कर स्थितिमे डाल देगा। यदि आप उसे उद्दण्ड रक्खेंगे, तो वह दिन-रात असंख्य स्थानोंपर भ्रान्तमति रहेगा। यदि आप शुभ इष्ट-पदार्थोंके सुविचारोंमें उसे स्थिर रक्खेंगे, तो वह आपका सबसे बड़ा मित्रबन जायगा।

जब-जब अपने अन्तःकरणमें विषय-वासनाका प्रबल संघर्ष उत्पन्न हो, तब-तब नीर-क्षीर-विवेकी निश्चयात्मिका बुद्धिको जाग्रत् कीजिये। मनसे थोड़ी देर पृथक् रहकर इसके कार्य-व्यापारोंपर तीव्र दृष्टि रखिये। बस, कुविचार, कुत्सित चिन्तन, वासनाका ताण्डव कुकल्पना-चक्र टूट जायगा और आप मनके साथ चलायमान न होंगे। मनके व्यापारके साथ निज आत्माकी समस्वरता न होने दें। इसी अभ्यासद्वारा वह आज्ञा देनेवाला न रहकर सीधा-सादा आज्ञाकारी अनुचर बन जायगा—

मन लोभी, मन लालची, मन चंचल मन चोर।
मनके मत चलिये नहीं, पलक-पलक मन और॥

प्रमादमें फँसी इन्द्रियोंके सुखमें स्थिरता नहीं है। इन्द्रिय-सुख दुःखरूप है। यह अस्थिर और क्षणिक है। यह आनन्दका आवरणमात्र है। इन्द्रिय-सुखके लिये मनुष्यको अनेक कुचक्रों—कुटिल रीतियोंका अवलम्ब लेना पड़ता है। एक सुखकी लालसामें मनुष्य अधिकाधिक उलझता ही जाता है। एक इन्द्रियको तृप्त करते-करते मनुष्य दूसरी-तीसरी अधिकाधिक सांसारिकतामें लिप्त होता ही जाता है। अन्ततः पाप-योनिको प्राप्त होता है। जबतक मन और इन्द्रियोंपर पूरा नियन्त्रण नहीं होता, तबतक सुखकी आशा रखना व्यर्थ है। मनपर निरन्तर कड़ी दृष्टि रखिये—स्वयं भगवान् श्रीकृष्णजीने गीतामें हमें मनपर तीखी निगाह रखनेकी ओर निर्देश किया है—

असंयतात्मना योगो दुष्प्राप इति मे मतिः ।
वश्यात्मना तु यतता शक्योऽवाप्तुमुपायतः ॥

(६ । ३६)

'मनको संयमित न करनेवाले पुरुषके द्वारा योग दुष्प्राप्य है। स्वाधीन मनवाले प्रयत्नशील पुरुषद्वारा ही योग प्राप्त होता है—इष्टसिद्धि प्राप्त होती है ।'

अभ्यास और वैराग्यसे मनको वशमें करनेमें बहुत सहायता मिलती है । गीतामें मनको ईश्वरमें एकाग्र करनेका अभ्यास करनेका अमूल्य उपदेश है—

यतो यतो निश्चरति मनश्चञ्चलमस्थिरम् ।
ततस्ततो नियम्यैतदात्मन्येव वशं नयेत् ॥

(६ । २६)

'यह अस्थिर और चञ्चल मन जिस-जिस कारणसे संसारमें जाय, उस-उससे हटाकर इसे बार-बार आत्मामें लगावे ।'

सुखरूप भासनेवाले विषय-वासनाके प्रलोभनमें कदापि न फँसिये । मनके विपरीत चलिये । परमात्माका जो रूप आपको विशेष आकर्षक प्रतीत होता हो, उसीमें मन-बुद्धिको एकाग्र करनेका सतत अभ्यास करते रहिये । वैराग्य और शुभ-चिन्तनके अभ्याससे प्रलोभनसे मुक्ति मिल सकती है ।

भारतीय संस्कृतिमें प्रलोभनसे बचे रहनेके लिये दान और त्यागका विधान है । भारतीय, यदि वह सच्चे अर्थोंमें भारतीय संस्कृतिका पुजारी है, तो वस्तुओं, धन, ज्ञान, श्रम-शक्ति इत्यादिको एकत्र न कर सबके भलेके लिये अधिक-से-अधिक व्यक्तियोंमें उसे वितरित करनेका प्रयत्न करता है। जिस प्रकार सूर्य और चन्द्र अपनी रश्मियोंको संसारके कोने-कोनेमे फैलाकर प्रकाश करते हैं, सच्चा भारतीय अधिक-से-अधिक दान देता है—शक्तिका, सेवाका, अपने श्रम-सामर्थ्य और सम्पत्तिका त्याग करनेसे उसका आत्मसंयम बढ़ता है । शरीर और मनपर काबू होता है, वासनाएँ शान्त रहती हैं, आत्मा भौतिक-पदार्थोंके चिन्तनसे मुक्त होकर अन्तर्मुखी बनती है । क्षुद्र बाह्य पदार्थों तथा रूपोंसे आसक्ति हटते ही उसे आत्मानुभव होने लगता है । वह जान लेता है कि मैं हाड़, मास, वासना, तृष्णा, मोह नहीं हूँ, मैं तो सत्-चित्-आनन्दस्वरूप, विशुद्ध आत्मा परमात्मा हूँ ।

जब अपवित्र विचार घेरते हैं !

(काम, कारण और निवारण)

(लेखक—श्रीकृष्णदत्तजी भट्ट)

पतनकी सीढ़ीका पहला डंडा है—अपवित्र विचार ।

गीताके ये श्लोक मैंने एक-दो बार नहीं, अनेकों बार पढ़े होंगे—

ध्यायतो विषयान् पुंसः सङ्गस्तेषूपजायते ।
सङ्गात्संजायते कामः कामात्क्रोधोऽभिजायते ॥
क्रोधाद्भवति सम्मोहः सम्मोहात्स्मृतिविभ्रमः ।
स्मृतिभ्रंशाद् बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति ॥

(२ । ६२-६३)

विषयोंका ध्यान किया नहीं कि पतनका गड्ढा तैयार !

अपवित्र विचारोंका चिन्तन किया नहीं कि गये !

× × ×

जानता हूँ और अच्छी तरह जानता हूँ कि पतनका सूत्रपात अपवित्र विचारोंसे होता है ।

फिर भी, मैं दिन-रात, आठ पहर, चौंसठ घड़ी अपवित्र विचारोंसे अपनेको घेरे रखता हूँ ।

और यही कारण है कि मैं कदम-कदमपर गिरता हूँ, पग-पगपर ठोकरें खाता हूँ ।

× × ×

लोग भले ही मुझे सदाचारी मानते रहें, आदर्श कहकर पुकारते रहें और इन उपाधियोंसे विभूषित होनेपर मैं भले ही अहंकारसे फूलकर कुप्पा होता रहूँ, पर असलियत क्या है, इसका पता तो अन्तर्यामीको छोड़कर और किसे है !

वस्तुस्थितिका पता और किसीको रहता तो वह निश्चय ही मेरी ओर उँगली उठाकर कहता—

उसकी बातोंसे समझ रक्खा है तुमने उसे खिज्र,
उसके पाँवोंको तो देखो कि किधर जाते हैं !

× ×

हृदयकी गहन गुफामें उतरकर जब मैं अपने पिछले जीवनपर दृष्टिपात करता हूँ तो एक सर्द आह बरबस निकल जाती है—

'मो सम कौन कुटिल खल कामी !'

कितनी बार गिरा हूँ, कहाँ-कहाँ गिरा हूँ, कब-कब गिरा हूँ, इसका भी कोई पार है !

तुलसी बाबाके शब्दोंमें—

जो अपने अवगुन सब कहऊँ ।
बाढ़इ कथा पार नहिं लहऊँ ॥

× × ×

पत्नी कभी-कभी भावविभोर होकर गाती है—

भगवन तुम्हारी यादमें जाऊँ कहाँ कहाँ ?
चौदह भुवनमें बिराजते पाऊँ कहाँ कहाँ ?

× × ×

दुनियाके पापियोंमें मुकुट मुझको समझ लो,
नस-नसमें भरा पाप, छिपाऊँ कहाँ कहाँ ?·····
उस समय मुझे अपनी दशापर बड़ा तरस आता है ।

× × ×

सचमुच यहाँ तो नस-नसमें पाप ठुँसा पड़ा है, मलिन वासनाएँ भरी पड़ी हैं, अपवित्र विचार डेरा जमाये बैठे हैं और मैं रात-दिन इन्हींके चक्करमें फँसा डूबता-उतराता रहता हूँ ।

× × ×

खूब जानता हूँ कि कामके हाथका खिलौना बनना बहुत बुरा है, विकारग्रस्त होना गंदी बात है । कभी-कभी उससे विरत होनेकी भी चेष्टा करता हूँ, भूले-भटके कभी सफल भी हो जाता हूँ, परंतु ज्यादातर बाजी उसीके हाथ रहती है !

मैं सहज ही गिर जाता हूँ ।

× × ×

जब कभी अपने पतनपर विचार करने बैठता हूँ तो चकित हो उठता हूँ कि किस तरह पलक मारते कहाँ-से-कहाँ जा पहुँचा !

कितनी छोटी-सी बातने कितने गहरे ले जाकर डुबा दिया !

तभी यदि अपवित्र विचारको रोक लिये होता, उसपर नियन्त्रण कर लेता, उसे पनपनेका मौका नहीं देता, उसे इन्द्रियाँ न सौंपता, तो गिरनेकी नौबत ही क्यों आती !

और यही तो नहीं हो पाता !

ऐन मौकेपर ही चूक जाता हूँ ।

फिर तो गिरना अवश्यम्भावी है ।

जवानीका रास्ता तो चिकना होता ही है, प्रौढ़ और बूढ़े भी वासनासे पीड़ित होते देखे जाते हैं ।

और आजके दूषित वातावरणमें, जब यत्र-तत्र-सर्वत्र अपवित्र विचारोंकी अजस्र धारा प्रवाहित हो रही है, कौन उससे अछूता रह पाता है ?

× × ×

आप यदि अपवित्र विचारोंसे प्रभावित नहीं होते, मलिन वासनाओंसे क्षुब्ध नहीं होते, आकर्षणके चक्करमें नहीं फँसते, मनोज-बाणोंसे व्यथित नहीं होते, तो आप प्रणम्य हैं, वन्दनीय हैं । आपके पावन चरणोंमें मेरे कोटि-कोटि प्रणाम !

× × ×

जहाँतक मेरा सवाल है, अपना तो अङ्ग-अङ्ग विषय-वासनासे, अपवित्र विचारोंसे सराबोर है ।

यहाँ तो इन्द्रियाँ, मन और बुद्धि सभी विषयोंकी चेरी हैं ।

पल-पल, क्षण-क्षण विकारोंकी ही आराधना करता रहता हूँ ।

हर घड़ी रूप, रस, गन्ध, शब्द और स्पर्शके लिये ही आकुल रहता हूँ !

× × ×

एक एक इन्द्रिय विषय लोलुप मीन मतंग ।
मरत तुरंत अनाथ सम, भृंग कुरंग पतंग ॥

एक-एक इन्द्रिय ही जब बुरी तरह मारती और जलाती है, तब यहाँ तो सभी इन्द्रियाँ एक साथ विषयोंके लिये व्याकुल रहा करती हैं !

उसका नतीजा सामने है !

× × ×

आँखोंका यह हाल है—

जिधर डाली नजर देखी उधर ही एक नयी सूरत ।
दिले नादाँ मचलता है कि मैं तो बस यहीं लूँगा ॥

नैना वैरी, रूपकी प्यास बुझानेके लिये हरदम छटपटाया करते हैं ।

× × ×

'आँखोंमें अबला, कानोंमें तबला' बसा हुआ है !

विषयरससे ओत-प्रोत कहानियाँ सुननेके लिये मेरे कान आठ पहर चौंसठ घड़ी बेचैन रहते हैं । रसीले गानेकी कोई भी कड़ी कानमें पड़ भर जाय कि ऐसा लगता है कि इससे आनन्ददायक वस्तु संसारमें और होगी ही क्या'

× × ×

निगोड़ी जीभकी तो बात ही क्या बताऊँ ! पूड़ी और हलुआ, चमचम और रसगुल्ला, मिठाई और रबड़ी, मिर्च और मसाला, अचार और चटनी चाटनेके लिये वह रात-दिन जमीन-आसमानके कुलावे एकमें मिलाया करती है !

× × ×

गुलाब और केवड़ा, इत्र और हिनाकी गमक मेरी नासिकाको परम प्रिय है। चमेली और रजनीगन्धा, खो और क्रीमकी खुशबूसे दिल बाग-बाग हो उठता है !

× × ×

शैय्या मेरी कोमल होनी चाहिये। रजाई हो, गद्दा हो, तकिया हो। फूलोंसे सजी हुई रहे तो और उत्तम।

शरीरका रोम-रोम, त्वचाका कण-कण कोमल और स्निग्ध प्राणी-पदार्थोंके स्पर्शके लिये रात-दिन आकुल रहता है !

× × ×

मतलब, मेरा अङ्ग-अङ्ग कामोत्तेजक प्राणी-पदार्थोंके सङ्गके लिये हरदम बेचैन रहता है। भोग-विलासकी वस्तुएँ मुझे परम प्रिय हैं। वासनाको उद्दीप्त करनेवाले प्राणी-पदार्थ मुझे सबसे अच्छे लगते हैं। यही जी करता है कि आठ पहर चौंसठ घड़ी विषय-भोगकी ही सरितामे अवगाहन किया करूँ।

मेरा खाना-पीना, सोना-जागना, उठना-बैठना, हँसना-गाना, खेलना-कूदना,—सब कुछ विलास-वासनासे ओत-प्रोत रहता है। ऐसा लगता है मानो विलास ही मेरे जीवनका एकमात्र लक्ष्य है। रात-दिन मैं उसीमें डूबता-उतराता रहता हूँ !

× × ×

बचपनसे सुनता आ रहा हूँ कि ब्रह्मचर्यका पालन करना चाहिये, इन्द्रियोंको काबूमें रखना चाहिये, कामवासनाका शिकार नहीं बनना चाहिये।

अन्तरात्मासे भी ऐसा ही आदेश मिलता रहता है।

वेद और शास्त्रमें, पुराण और कुरानमें, बाइबिल और धम्मपदमें ऐसा ही पढ़ा भी है।

मौके-बेमौके स्वयं भी ऐसा प्रवचन किया है।

परंतु, इन बातोंको जीवनमें कहाँ उतार पाया हूँ !

× × ×

और जबतक ज्ञान आचरणमें नहीं आता, तबतक उसका मूल्य ही क्या !

उपदेश जबतक जीवनमें नहीं उतरता, शरीरके रोम-रोममें नहीं भिदता, तबतक उसकी सार्थकता ही क्या !

पढ़ना गुनना चातुरी, तीनों बात सहल्ल।
काम दहन, मन बस करन, गगन चढ़न मुशकिल्ल॥

× × ×

बात यह है कि यह चढ़ाई बहुत कठिन है। इस राहमें बड़ी जल्दी दम फूलने लगता है।

इसके विपरीत नीचेका रास्ता बड़ा चिकना है। उसपर पैर फिसलते देर नहीं लगती। क्षणिक सुखका आकर्षण मेरे-जैसे सहज पतनशील व्यक्तियोंको पलभरमें गिरा देता है !

बड़ा कँटीला रास्ता है यह। पग-पगपर ठोकर लगनेकी नौबत है, पता नहीं इसके राही किस क्षण लुट जायँ !

परंतु, इसका अर्थ यह तो नहीं ही है कि पहलेसे ही हताश होकर इस मार्गपर पैर ही न रक्खे जायँ। अथवा कभी गिर जानेपर फिरसे उठनेकी कोशिश ही न की जाय।

बापूने एक बार इसका बड़ा ही सटीक उत्तर दिया था।

× × ×

बात यह हुई कि ब्रह्मचर्यके अपने अनुभवोंकी चर्चा करते हुए उन्होंने लिखा—

'ब्रह्मचर्यकी पूर्ण अवस्थाको मै अभी नहीं पहुँचा। यह अवश्य है कि वहाँतक पहुँचनेका मेरा प्रयत्न निरन्तर जारी है। तनपर तो मैंने अपना काबू कर भी लिया है, जाग्रत् अवस्थामे मैं सावधान रह सकता हूँ। वचनके सयमका पालन करना भी ठीक-ठीक सीखा है। पर, विचार-पर अभी मुझे बहुत कुछ काबू करना बाकी है। जिस समय जिस बातका विचार करना हो, उस समय केवल एक उसीके विचार आनेके बदले दूसरे विचार भी आ जाया करते हैं। इससे विचारोंमें परस्पर द्वन्द्व हुआ करता है। फिर भी जाग्रदवस्थामें मैं विचारोंको परस्पर टक्कर लेनेसे रोक सकता हूँ। मेरी यह स्थिति कही जा सकती है कि गंदे विचार तो आ ही नहीं सकते, मगर निद्रावस्थामें विचारोंपर मेरा काबू कम रहता है। नींदमें अनेक प्रकारके विचार आते हैं, अकल्पित सपने भी आते ही रहते हैं और कभी-कभी इसी देहकी की हुई बातोंकी वासना भी जाग्रत् हो उठती है। वे विचार जब गंदे होते हैं तब स्वप्नदोष भी होता है। यह

स्थिति विकारी जीवनकी ही हो सकती है ।'

× × ×

इस विवरणको पढ़कर एक सज्जनने यह सोचकर ब्रह्मचर्य-पालनकी आशा छोड़ दी कि गाँधीजीके भीष्म प्रयत्नोंके बाद भी उनकी यदि यह हालत है कि स्वप्नमें अपवित्र विचार आ जाते हैं तो हम किस खेतकी मूली हैं !

× × ×

महात्माजीने इसका जो उत्तर दिया वह स्वर्णाक्षरोंमें अङ्कित करने योग्य है । आपने लिखा—

'केवल इतना ही जानना संसारके लिये यथेष्ट क्यों न हो कि मैं सच्चा शोधक हूँ, पूरा जाग्रत् हूँ, सतत प्रयत्नशील हूँ और विघ्न-बाधाओंसे डरता नहीं ? ऐसी दलील ही क्यों दी जाय कि मेरे समान व्यक्ति जब बुरे विचारोंसे न बच सका तो दूसरोंके लिये कोई आशा ही नहीं है ? क्यों न सोचा जाय कि वह गाँधी, जो एक समय कामवासनामें डूबा हुआ था, आज यदि अपनी पत्नीके साथ भाई या मित्रके समान रह सकता है और संसारकी सर्वश्रेष्ठ सुन्दरियोंको बहिन या बेटीके रूपमे देख सकता है तो नीच-से-नीच और पतित व्यक्तिके लिये भी उठनेकी आशा है । यदि ईश्वरने इतने विकारोंसे भरे हुए मनुष्यपर अपनी दया दिखायी तो निश्चय ही वह दूसरोंपर भी दया दिखायेगा ही । जो मेरी न्यूनताओंको जानकर पीछे हट पड़े, वे कभी आगे बढ़े ही नहीं थे । यह तो झूटी साधुता कही जायगी जो पहले ही धक्केमें चूर हो गयी । सत्य, ब्रह्मचर्य और दूसरे ऐसे सनातन सत्य मेरे समान अपूर्ण मनुष्योंपर निर्भर नहीं करते । उनका अडिग आधार होती है उन अनेक महापुरुषोंकी अडिग तपश्चर्या, जिन्होंने उनके लिये प्रयत्न किया और उनका सम्पूर्ण पालन किया ।'

× × ×

गीतामें भगवान् श्रीकृष्णने कहा है—

उद्धरेदात्मनाऽऽत्मानं नात्मानमवसादयेत् ॥

(६ । ५)

संत विनोबाने इसकी व्याख्या करते हुए कितना सुन्दर कहा है—

'मैं जड हूँ, व्यवहारी हूँ, सांसारिक जीव हूँ'—ऐसा कहकर अपने आसपास बाड़ मत लगाओ । मत कहो कि 'मेरे हाथोंसे क्या होगा !' तुम तो आगे बढ़नेकी, ऊपर चढ़नेकी हिम्मत रक्खो ।

'ऐसी हिम्मत रक्खो कि मैं अपनेको अवश्य ऊपर उठा ले जाऊँगा । यह मानकर कि मैं क्षुद्र सांसारिक जीव हूँ, मनकी शक्तिको मार मत डालो । कल्पनाके पंख काट मत डालो । अपनी कल्पनाको विशाल बनाओ । चंङ्कलका उदाहरण अपने सामने रक्खो । प्रातःकाल सूर्यको देखकर चङ्कल कहता है कि मैं सूर्यतक उड़ जाऊँगा । वैसा हमें बनना चाहिये । अपने दुर्बल पंखोंसे चंङ्कल बेचारा कितना ही ऊँचा उड़े, तो भी वह सूर्यतक कैसे पहुँचेगा ? परंतु, अपनी कल्पनाशक्तिद्वारा वह अवश्य सूर्यको पा सकता है ।

'हमारा आचरण इससे उलटा होता है । हम जितने ऊँचे जा सकते थे, उतने भी न जाकर अपनी कल्पना और भावनाओंपर रुकावटें डाल अपनेको और नीचे गिरा लेते हैं । जो शक्ति प्राप्त है, उसे भी अपनी हीन भावनासे नष्ट कर लेते हैं । जहाँ कल्पनाके ही पाँव टूट गये तो फिर नीचे गिरनेके सिवा क्या गति होगी ? अतः कल्पनाका रुख हमेशा ऊपरकी ओर होना चाहिये । कल्पनाकी सहायतासे मनुष्य आगे बढ़ता है । अतः कल्पनाको सिकोड़ मत डालो ।

'आत्माका अपमान मत कर लो । साधकके पास विशाल कल्पना होगी, आत्मविश्वास होगा तो ही वह टिक सकेगा । इसीसे उद्धार होगा । यदि उच्च आकाङ्क्षा नहीं रक्खोगे तो एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकोगे ।'

× × ×

अपवित्र विचारोंसे मुक्त होना कठिन अवश्य है, पर असम्भव नहीं है । प्रयत्न किया जाय, उसके लिये जी-जानसे चेष्टा की जाय तो मुश्किल क्या है !

असली मुश्किल तो यह है कि हम शुरूमें ही कंधा डाल देते हैं । हम पहलेसे ही मान बैठते हैं कि अपवित्र विचारोंसे मुक्त हुआ ही नहीं जा सकता । फिर यदि अपवित्र विचार हमपर हावी रहते हैं, हमें घेरे रहते हैं, हमें पतनकी ओर घसीटते रहते हैं तो इसमें अस्वाभाविक क्या है ?

× × ×

रमण महर्षि तथा इसी कोटिके महापुरुषोंके निकट जानेवालोंका अनुभव है कि वहाँ जाते ही समस्त विकार शान्त हो जाते हैं, सभी समस्याएँ स्वतः सुलझती प्रतीत होती

हैं और हृदयमें शान्ति, सुख और आनन्दकी पावन त्रिवेणी प्रवाहित होती जान पड़ती है।

× × ×

आखिर ये भी तो हमारी-आपकी ही तरह हाड़-मांसके पुतले हैं।

जो बात इनके लिये सम्भव हो सकी, वह हमारे-आपके लिये क्यों सम्भव नहीं है।

× × ×

निश्चय ही हम-आप भी अपवित्र विचारोंसे मुक्त हो सकते हैं, केवल निश्चय चाहिये।

'तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु।'

हमारी परम्पराएँ

(लेखक—पं० श्रीसूरजचंदजी सत्यप्रेमी, 'डाँगीजी')

वैदिक कर्म, सनातनधर्म, आर्यसंस्कृति, वेदान्तदर्शन, हिंदू-राष्ट्रियता, जैन आचार, बौद्ध विचार, पारसीपंथ, क्रिश्चियन मिशन और इस्लाम मज़हबकी भिन्न-भिन्न साधनाओंको जीवनमें उतारनेसे ऐसा अनुभव हो रहा है कि भारतवर्षकी इस देव-दुर्लभ पुण्य भूमिपर सर्वोदयके लिये सत्य समाजकी शाश्वत प्रतिष्ठा हो सकती है।

सम्पूर्ण विश्वके विधाता चतुरानन ब्रह्मदेवके सुपुत्र आद्य संत सनकादिको प्रभु सर्वेश्वर भगवान्‌ने हंसरूपमें जो परम विवेक प्रदान किया था, वही देवर्षि नारदद्वारा सर्वत्र विस्तार पा रहा है। देवर्षि नारदने ही आदिकविको परम कल्याण-कारी रामायणका दिव्य ज्ञान सुनाया और उन्होंने ही महर्षि व्यासको समस्त सूत्रों, पुराणों और शास्त्रोंके विस्तारका बल देकर उनके द्वारा श्रीमद्भागवतद्वारा आनन्दकन्द परम सत्यरूप सर्वेश्वर प्रभुकी लीलाओंका गान करवाया।

यह तो हमने सर्वत्र प्रसिद्ध बात कही है, परंतु और भी देवर्षि नारद न जाने कहाँ-कहाँ किन-किनको कौन-कौन-सी पद्धतिसे कितना-कितना बोध कराते रहते हैं इसका लेखा कौन बता सकता है? श्रीनिम्बार्कदेवाचार्यको देवर्षि नारदने ही द्वैताद्वैत-दर्शन दिया, जिससे प्रेमभक्तिके लिये द्वैत और ज्ञाननिष्ठाके लिये अद्वैतकी समानरूपसे प्रतिष्ठा हुई। इतना ही नहीं, द्वैताद्वैतकी मूर्तिमन्त उपासनाके लिये प्रभुकी परम आह्लादिका शक्ति राधिकाजीकी परम पवित्र लीलाद्वारा मन्मथ-मन्थनकी उदात्त घटना घटित हो सकी।

यह तो हुई निवृत्तिमार्गकी अखण्ड मोक्ष-निष्ठा, अब जरा प्रवृत्ति-मार्गकी पुण्य प्रतिष्ठाको भी देखिये। भगवान् ब्रह्माने भृगु-मनु और मरीच्यादि महर्षियोंको बनाकर कर्म-परम्पराको अविच्छिन्नरूपसे प्रवाहित किया।

मानव-संस्कृतिके मूल पुरुष मनु महाराजके वंशमें ही विश्व-संरक्षक भगवान् विष्णुके परमतत्त्व-प्रकाशक तीन अवतार हुए। उनके पुत्र समस्त भूमण्डलके प्रवर्तक राजर्षि प्रियव्रतके प्रपौत्र नाभिनन्दन भगवान् ऋषभदेव भारतके आदिसम्राट् भरतके पिता थे। उन्होंने ही सर्वप्रथम परमहंस धर्मका प्रणयन किया।

मनु महाराजकी पुत्री देवहूतिद्वारा ही कपिलदेवका अवतार हुआ, जिन्होंने सांख्य-सिद्धान्तद्वारा तत्त्वज्ञानकी विवेचना की। भगवान् ऋषभदेवने अपने पुत्रोंको उत्कृष्ट बोध दिया और भगवान् कपिलने अपनी माताको, जिसका विस्तार श्रीमद्भागवतमें दर्शनीय, मननीय और आचरणीय है। भगवान् कपिलदेवकी बहिन अनसूया और बहनोई अत्रि-के यहाँ दत्तात्रेयके रूपमे प्रभुका त्रिगुणातीत, अनसूय अवतार हुआ। 'शुभाशुभपरित्यागी भक्तिमान् मे प्रियो नरः' इस प्रकार 'दत्त', 'कपिल' और 'ऋषभदेव'ने शुभ और अशुभ-कर्मरूप पुण्य-पापमयी प्रवृत्ति-निवृत्तिका त्याग करके शुद्ध शाश्वत धर्मको प्रतिष्ठित किया।

दत्तात्रेय प्रभुका ज्ञान देवगिरिके जनार्दन स्वामी और पैठणके संत एकनाथद्वारा महाराष्ट्रमें व्यापक हो गया, जहाँ पुण्डरीकवरद भगवान् पाण्डुरंगने बारह वर्षतक नौकरी की।

आदिनाथ भगवान् ऋषभदेवका ज्ञान उनके पवित्र पुत्र योगीश्वरोंसे चलता हुआ भगवान् पारसनाथतक पहुँचा, जिनके शिष्योंकी अनेक धाराएँ हो गयीं। एक धारा निवृत्तिनाथ ज्ञानेश्वरके जरिये महाराष्ट्रमें फैली और दूसरी धारा निर्ग्रन्थ महावीर वर्द्धमानके जरिये भारतभरमें व्यापक हो गयी। तीसरी धारा भगवान् बुद्धके जरिये सारे संसारमें फैल गयी।

इधर भगवान् कपिलदेवका तत्त्वज्ञान भगवती लक्ष्मीजी

नेत्र पूरे खोल दिये। वे सीधे होकर बैठ गये। 'मंगलमे मनुष्योंके समान विचारशील प्राणी भी हैं। वे क्या सोचते हैं सत्यके सम्बन्धमें ?'

अभी दो सप्ताह पूर्व मंगलग्रहकी यात्राके सम्बन्धमें समाचारपत्रोंमें एक प्रचारपत्र छपा था। एक समिति संगठित हुई है वर्षों पहलेसे मंगलपर अभियानका आयोजन करनेके लिये। समितिका विश्वास है कि परमाणुशक्तिसे चालित होनेवाला जो 'राकेट' उसके वैज्ञानिकोंने प्रस्तुत किया है, वह लगभग चार दिन-रात्रिमें मंगलपर पहुँच जायगा। कोई अकल्पित दुर्घटना न हो तो सभी कल्पित दुर्घटनाओंकी सुरक्षाकी व्यवस्था कर ली गयी है। राकेट अधिक-से-अधिक एक महीनेमे पृथ्वीपर लौट आयेगा। समितिने यात्राके लिये उत्सुक वैज्ञानिक, चिकित्सक आदि विशेष वर्गके लोगोंके आवेदन-पत्र माँगे हैं।

'यह सुयोग तो है। मि० होम्सके चित्तमें एक विचार आया। वे अपने अध्ययन-कक्षसे सीधे पत्नीको सूचना देने चल पड़े।

× × ×

[३]

'कहीं कुछ गड़बड़ी हुई है।' राकेटमें बैठे एक यात्रीने अपनी घड़ी देखी—'नियमानुसार हमारे बैठनेके पाँच मिनट बाद राकेटको चल देना था और आधा घंटा बीत चुका हम अभी पृथ्वीपर ही हैं ?'

'पाँच मिनट और प्रतीक्षा कीजिये।' होम्स मुसकरा उठे—'आपको पता लग जायगा कि हम पृथ्वीसे कितनी दूर आ गये हैं।'

सचमुच पाँच मिनट बीतते-न-बीतते राकेटमें बैठा भूरा कुत्ता गुर्राने लगा। बत्तकें और मुर्गियाँ इस प्रकार इधर-उधर उड़ने लगीं जैसे हवामें कागजके टुकड़े उड़ रहे हों। उनका अपने शरीर और पंखोंपर नियन्त्रण नहीं रह गया था।

'उठनेका प्रयत्न मत कीजिये।' होम्सने देखा कि एक साथी अपनी सीटसे उठनेकी चेष्टामें गिरते-गिरते बचे हैं। 'अपने फीते बाँध लीजिये झटपट।'

सबने देखा कि होम्स अपनेको पहले ही सीटसे लगे फीतेसे बाँध चुके हैं। दूसरोंने भी अपने फीते बाँधे। एकने पूछा—'यह हो क्या रहा है ?'

'हम पृथ्वीके आकर्षणसे बाहर आ गये हैं।' होम्सने बताया 'अब हमारे शरीर और कागजके छोटे टुकड़ेके वजनमें कोई अन्तर नहीं है।'

'लेकिन राकेट चलनेका हमे पता क्यों नहीं लगा ?' प्रश्न उचित ही था। बड़े भारी धड़ाकेसे राकेट फेंका गया होगा। वह धड़ाका जो मीलोंतक सुनायी पड़ता, राकेटके यात्रियोंको क्यों नही सुनायी पड़ा !

'राकेट शब्दकी गतिसे तीव्र जा रहा है।' होम्सके लिये कोई आश्चर्यजनक बात थी ही नहीं। 'धड़ाकेका शब्द राकेटसे बहुत पीछे छूट गया। लेकिन अब दम घुटने लगा है। हमलोग वायुरहित प्रदेशमें पहुँचनेहीवाले है। राकेटमें ओषजन (आक्सिजन) का प्रवाह छोड़ देना चाहिये।'

'कबतक हमें इसी प्रकार बँधे रहना होगा ! इन पक्षियोंका क्या किया जाय ?' एक यात्रीने झुँझलाकर पूछा। पक्षी इधर-उधर उड़ रहे थे। वे बराबर यात्रियोसे और राकेटकी दीवालों, यन्त्रों तथा दूसरे पदार्थोंसे टकरा रहे थे। दो पक्षी घायल भी हो चुके थे। सब सामान अपने-अपने स्थानपर बँधा रक्खा था। कुत्ता भी बँधा था भली प्रकार। कोई वस्तु लुढ़क नहीं सकती थी। पता नहीं कैसे पक्षियोंका पिंजड़ा खुल गया और वे बाहर निकल आये।

'जबतक हम किसी ग्रहके आकर्षण-क्षेत्रमे न पहुँचें, हमे चुपचाप बैठे रहना चाहिये।' होम्सने समझाया—'हमें न प्यास लगेगी, न भूख लगेगी और न थकावट होगी। जबतक शरीर वजन न पा ले, हमें कोई असुविधा बैठ रहनेमें नहीं होगी। पक्षियोंमेंसे जो जिसके पास आवे, उसे वह पकड़कर अपनी गोदमे ही बैठा ले, यही उपाय है।'

यद्यपि पक्षियोंको पकड़कर बैठा लेना बहुत सरल नहीं था, परंतु दो घंटेके भीतर ही वे सब किसी-न-किसीकी गोदमें बंदी हो चुके थे। उन्होंने भी समझ लिया था कि 'इस समय उड़ना ठीक नहीं है। मनुष्योंकी गोदमें चुपचाप बैठकर कभी मनुष्योंको और कभी राकेटके पदार्थोंको देखते रहना अधिक समझदारीकी बात है।'

अग्निकी लपटें फेंकती उल्काएँ पाससे निकल जाती थीं। आकाश कभी पीला, कभी बैंगनी, कभी हरा और कभी इन्द्रधनुषके रंगका दीखता था। बड़े अद्भुत दृश्य थे। भूख-प्यास, थकान-निद्रा आदिसे छुट्टी मिल गयी थी। सभी

बाहर देख रहे थे। जो कुछ दीखता था—इतना अपरिचित था कि पृथ्वीपर उसकी कल्पनातक नहीं की जा सकती। कितनी देर यान चलता रहा—कुछ पता नहीं था। घड़ियाँ अपने-आप बंद हो गयी थीं। वहाँ राकेटमें न दिन था, न रात्रि थी।

'हमलोग किसी ग्रहके आकर्षण-क्षेत्रमें पहुँच रहे हैं।' होम्सने अनुभव कर लिया कि शरीरके अङ्ग अब बहुत कुछ अपने वशमें आ गये हैं।

'हम चाय पियेंगे।' सबसे पहले एक यात्रीने यह प्रस्ताव किया।

'यह मंगल है। परमात्माको धन्यवाद।' होम्स चिल्लाया। सम्पूर्ण आकाश गहरी लालिमामें डूब रहा था। अरुणोदयके समय पृथ्वीपर जो लालिमा व्यक्त होती है, उससे कई गुनी गाढ़ी अरुणिमा।

वहाँ क्या है? राकेटसे नीचे दूरवीक्षणसे जो कुछ दीख रहा था, उसे देखकर यात्रियोंका रक्त सूखने लगा। बड़े-बड़े दानवाकार यन्त्र नीचे शीघ्रतासे इधर-उधर हो रहे थे। उन यन्त्रोंके साथ सहस्र-सहस्र प्राणी थे—अद्भुत प्राणी। खूब बड़े घड़ेको एक मोटे डंडेपर खड़ा कर दिया जाय—ठीक ऐसी आकृतियाँ थीं। क्षीणकाय, अत्यन्त भारी मस्तक, पैर दीखते ही नहीं थे और हाथोंके स्थानपर गर्दनके पास छः या आठ लंबी रस्सियों-जैसे अङ्ग लटक रहे थे। मस्तकमें चारों ओर छिद्र थे—सम्भवतः नेत्र!

'ये मंगलके प्राणी हैं। इनका सिर बतलाता है, ये हमसे बहुत अधिक बुद्धिमान् हैं।' होम्स दूरवीक्षणसे दृष्टि लगाये एकटक नीचे देख रहे थे। अद्भुत दृश्य था वहाँ। भूमि, तृण, वृक्ष, वहाँके प्राणी और यन्त्र—जहाँतक देखा जा सकता था, सब लाल रंगका था। वहाँ किसी दूसरे रंगका कहीं नाम नहीं था।

'वे हमारे राकेटको नष्ट कर देंगे या पकड़ लेंगे।' होम्स इस बार चिल्लाया। उसने शीघ्रतासे राकेटके ध्वनि-प्रसारक यन्त्रको उठा लिया और पुकारना प्रारम्भ किया 'हम मित्र हैं! शत्रु नहीं हैं!' वैसे राकेटकी तोपोंमें परमाणु बमके गोले दे दिये गये और यात्रियोंने मिनटमें सहस्रों गोलियोंकी झड़ी लगानेवाली मशीनगनें सम्हाल ली।

'अपने यन्त्र चुप रहने दो! सीधे उतरो, अन्यथा हम इस मछलीको भूनकर धर देंगे!' मंगलवासियोंके यन्त्रने शुद्ध संस्कृत भाषामें चेतावनी दी। मत्स्याकार राकेटको मछली ही कहा उन्होंने।

'वे संस्कृत बोल रहे हैं। होम्स एकमात्र देववाणीका ज्ञाता था। आनन्दसे वह एक बार उछल पड़ा। दूसरे ही क्षण संस्कृतमें ही उसने यन्त्रपर पुकारा—'हम आप-लोगोंके शत्रु नहीं हैं। हमारे यन्त्र कुछ नहीं करेंगे। कृपा करके हमें उतर जाने दीजिये!'

'आपलोग कहाँसे पधारे हैं!' मंगलके उन अद्भुत निवासियोंका यन्त्र मधुरभाषी बन गया था। राकेट धीरेसे उतर गया। उसमें ऐसी स्वतः चालित यन्त्रोंकी व्यवस्था थी कि मंगलके आकर्षणमें आते ही उन्होंने अपना काम प्रारम्भ कर दिया। कोई धक्का राकेटको नहीं लगा। होम्सकी सूचनाके अनुसार राकेटके यात्रियोंने मशीनगनें रख दी थीं। मंगलनिवासी राकेटने थोड़ी दूर उसे देखने एकत्र होने जा रहे थे। उनका यन्त्र कह रहा था—'अभी बाहर आनेसे बहुत सम्भव है, हमारे यहाँकी वायु आप सबके लिये सह्य न हो। आपका परिचय जानकर आपलोगोंकी सुविधाकी व्यवस्था की जायगी।'

'हम पृथ्वीसे आये हैं। हमारे साथ पृथ्वीके पशु एवं पक्षी भी हैं।' होम्सने परिचय दिया—'केवल आपके इस ग्रहको देखने ही हम आये हैं।'

'पृथ्वीसे! आपलोग मर्त्यलोकसे आये हैं!' यन्त्रने बड़े आश्चर्यसे पूछा—'आप उसी मर्त्यधरासे आये हैं जहाँ परमात्माकी उपासना होती है! जहाँ जगन्नियन्ता बार-बार अवतार लेकर पधारते हैं! आप भारतवासी हैं!'

'हम भारतवासी तो नहीं हैं; किंतु आये उसी पृथ्वीसे हैं। भारत हमारा पड़ोसी और मित्र राष्ट्र है।' होम्सने भारतीय दर्शन और पुराण पढ़े हैं। वह अवतारवादसे परिचित है। उसे इसमें भी आश्चर्य नहीं कि ये संस्कृतभाषी लोग भारतवर्षका नाम जानते हैं। उसे तो एक ही आश्चर्य है—'पृथ्वीसे इतनी दूर संस्कृत कैसे जानते हैं ये लोग!'

'हम धन्य हुए! जगदीश्वरने कृपा की हमपर!' मंगलका यन्त्र बड़े भावपूर्ण स्वरमें बोल रहा था—'पृथ्वीके मनुष्योंका दर्शन और उनका स्वागत करनेका हमें सौभाग्य मिला। हम आपको प्रणिपात करते हैं।' सब-के-सब मंगलवासी भूमिमें लेट गये राकेटके सामने।

'सहस्रशीर्षा पुरुषः···' इतने मधुर स्वरमें मंगलवासी वेदपाठ कर रहे थे कि होम्ससे रहा नहीं गया। उसने भी उस स्तवनकी आवृत्ति करनेका प्रयत्न किया।

× × ×

'तुम यह क्या बड़बड़ा रहे हो?' श्रीमती होम्सने घबराकर झकझोर दिया अपने पतिको। ऐसी भाषामें होम्स कुछ बोल रहे थे जो बेचारीकी समझमें ही नहीं आती थी।

'सत्य एक ही है और वह सर्वत्र है।' उठनेके बाद मुँह-हाथ धोकर चाय पीनेसे पहले होम्सने अपनी नोटबुकमें लिखना प्रारम्भ किया—'जहाँ कहीं भी प्राणी होगा, वह पृथ्वीमें हो या मंगलग्रहमें—उसमें जीवन होगा तो भावना भी होगी। भावनामात्रका एक ही आधार है, एक ही आराध्य है। वह भावमय ही निरपेक्ष नित्य सत्य है और उसीको परमात्मा कहते हैं।'

प्रसन्न रहना और रखना

(लेखिका—श्रीमती सुधामयी)

राजासे लेकर रंकतक प्रायः सभीकी प्रथम अभिलाषा प्रसन्न रहने और दूसरी सबको प्रसन्न रखनेकी होती है, किंतु इन उद्योगियोंमेंसे कोई विरले ही भाग्यशाली व्यक्ति सफलमनोरथ हो पाते हैं।

हम क्यों सफल नहीं होते? इसका विचार बिरले ही करते हैं, परंतु जो करते हैं वे अवश्य उत्तीर्ण होते हैं।

'जिन्ह खोजा तिन्ह पाइया गहरे पानी पैठ'

बहुतोंकी कौन कहे कोई यदि किसी एकको अथवा अपने-आपको ही प्रसन्न रख सके तो समझो कि उसने अनेकोंको संतुष्ट कर दिया। अपने-आपको ही प्रसन्न रखना कुछ सहज कार्य नहीं है।

प्रसन्न वही रह सकता है जो अपनी वर्तमान स्थितिमें सदा संतुष्ट रह सके। इस समस्याको हल करनेके लिये मनुष्यको पूर्णरूपेण भगवान्‌के प्रति विश्वासी होने और उन्हें आत्म-समर्पण करनेकी विशेष आवश्यकता है। गीतामें भगवान् श्रीकृष्णने अर्जुनसे कहा है कि 'मामेकं शरणं व्रज'। बस, यही सच्चा आत्मसमर्पण है। इसके पश्चात् प्राणीको हर हालतमें चारों ओरसे प्रसन्नता-ही-प्रसन्नता झलकने लगती है। परिस्थितियोंका शिकार वह नहीं बनता।

किसी समय एक राजकन्या अपने महलके ऊपर खड़ी केश सुखा रही थी, अकस्मात् कोई संतरूप पथिक उस मार्गसे निकले तो उनकी दृष्टि उस कन्याके रूप-लावण्यपर पड़ते ही कुछ क्षणोंके लिये वे मन्त्र-मुग्धकी भाँति एकटक निहारते-से खड़े रह गये। राज-कन्याको बड़ा क्रोध आया, उसने कुछ अपशब्द महात्मा-को सुनाये। उत्तरमें महात्माने बड़े ही विनम्रभावसे कन्याको सम्बोधन करते हुए कहा—'पुत्री! मैं तेरी सुन्दर आकृतिको देखकर तुझपर नहीं, तेरे बनानेवाले-पर मुग्ध हो रहा हूँ। केवल सुन्दरता तो मुर्देमें भी पायी जाती है। मेरी तात्त्विक दृष्टि तो यह है कि—

न तुझसे गरज है न सूरतसे तेरी।
मुसव्वरकी हम तो कलम देखते हैं॥

इतने मार्मिक शब्द सुनते ही राजकुमारीके हृदय-कपाट खुल गये और महात्मापर अटूट श्रद्धा उत्पन्न हुई।

संसारको असार कहते हैं; पर भोगते समय रंच-मात्र भी यह भावना नहीं रह जाती। यथार्थ बोध न होना ही भारी भूल है। इसपर यह भ्रम कि हम सब समझते हैं। यह भूलपर भूल!

सब जानते हैं कि सर्प काट खाता है, अग्नि भस्म कर डालती है इत्यादि, तो कोई इनके पासतक जानेकी चेष्टा नहीं करता। जाता भी है तो बड़ी सावधानीसे। इसीको कहते हैं यथार्थ जानना।

जाननेवालोंको पता है कि संसारका कोई भी प्राणि-पदार्थ स्थायी और एकरस नहीं है। इसलिये वे संसार-को असार निश्चय करते हुए उस संतकी नाईं देखते हैं, पर लुभाते नहीं—

ये दुनिया एक तमाशा है तू देख इसे मत मनको फँसा।
हर मूरत यहाँ है बनी हुई, टुक नैन मिला पर मन न मिला॥
दुनियामें हूँ दुनियाका तलबगार नहीं हूँ।
बाजारसे गुजरा हूँ खरीदार नहीं हूँ॥
जो आवे उससे तू हँसके मिल ले।
जो जावै वैसे ही कर दे रुखसत॥

ठीक यही भाव हमें इस दोहेमें मिलते हैं—

आवत हर्ष न ऊपजै, जावत शोक न होय।
ऐसी रहनी जो रहै, घरमें योगी सोय॥

भगवान्‌की मङ्गलमयी व्यवस्थामें जो भी स्थिति आकर प्राप्त हो जाय, उसीको भगवान्‌की कृपाकी देन मानना, सब समय प्रसन्न रहनेका साधन है। यों सदा प्रसन्न पुरुष गद्गद वाणीसे अपने प्रभुसे प्रार्थना करता है—

मेरी चाही करनकी जो है तुम्हरी चाह।
तो अपनी चाही करो यह है मेरी चाह॥
मेरी चाही हो वही जो है तुम्हरी चाह।
तुम्हरी अनचाही कभी मत हो मेरी चाह॥
तुम्हरी चाहीमें प्रभु है मेरा कल्याण।
मेरी चाही मत करो मैं मूरख अज्ञान॥

ऊपर लिखित भावना ही संतदृष्टि या तात्त्विक दृष्टि है, जिसको अपनाकर प्राणी स्वयं संतुष्ट होकर दूसरोंको संतुष्ट रख सकता है।

वर्तमान नारी-शिक्षा और हमारा कौटुम्बिक जीवन

(प्रेषिका—श्रीमती सुमन वासन्ती शर्मा)

नारीको शिक्षिता एवं विदुषी बनानेके पक्षमें भारतीय मनीषी सदासे रहे हैं। भारतीय सभ्यता तथा संस्कृति-का इतिहास भी सिद्ध करता है कि वैदिककाल, बौद्धकाल तथा हिंदूकालमें आर्य-ललनाएँ पूर्ण पण्डिता थीं, परंतु वे सब विदुषी होनेके साथ-साथ सच्ची गृहिणी भी थीं।

आज भारतीय शिक्षाशास्त्री भारतीय नारीशिक्षाके द्वारा देशकी सामाजिक, पारिवारिक तथा आर्थिक दशा सुधारनेके लिये प्रयत्नशील हैं; किंतु ज्यों-ज्यों दवा की जाती है, रोग उतनी ही तेजीसे भीषण होता चला जाता है। क्या वर्तमान उपचारकी शैली रोगको जडसे नष्ट कर सकती है? उस डाक्टरकी बुद्धिकी प्रशंसा भला कौन करेगा जो बुखारको दूर करनेके लिये रोगीके हाथका ऑपरेशन करे और टाँगमें फोड़ा निकल आनेपर मरीजको क्विनैन-मिक्स्चर पिलावे। यूरोप और भारतकी संस्कृति, सामाजिक परिस्थिति, शिक्षा और दीक्षामें आदिसे ही बड़ा अन्तर रहा है। हमारी परम्परागत विचारधाराओं एवं मनोवृत्तियोंको पूर्णतया कुचलकर और हठात् पश्चिमीय विचार-धारको भारतीय जीवनपर लादकर, क्या पश्चिमीय शिक्षापद्धतिके समर्थक शास्त्री आज भारतीय मानवके गार्हस्थ्य-जीवनको सुखी बनानेमें सफल हो सकते हैं? क्या अंगरेजियतकी हवाके द्वारा फैली हुई यह नारी-शिक्षा हमें मानसिक तथा आत्मिक शान्ति दे सकती है! बस, इसमें तो शान्तिप्राप्ति एक मृगमरीचिका है।

आजका मानव-समाज जानता ही नहीं अपितु अनुभव भी कर रहा है कि वर्तमान नारी-शिक्षा हमारे कौटुम्बिक जीवनके लिये पूर्णतया घातक सिद्ध हो रही है। पश्चिम सदासे ही पूर्वका विरोधी रहा है। अंगरेजी-शासन और शिक्षाने सदा ही भारतीय संस्कृति,

सभ्यता. शिक्षा तथा धर्मको सहज ही पदाक्रान्त किया है। आजकी नारी-शिक्षा अंगरेजोंद्वारा प्रचलित की हुई ही शिक्षा है। उसमें पवित्रहृदया भारतीय नारीके आदर्श नहीं, वरं एक चटक-मटककी रंगीनीमें रहने-वाली पाश्चात्त्य लेडीकी उग्रता है, जिसके अंदर विलासिता भी स्पष्टतया झाँकती रहती है। आजकी शिक्षिता नारीमें प्रायः शील, सदाचार और सेवाकी भावना नहीं, वरं नरके क्षेत्रमें अड़कर खड़े होनेकी स्पर्द्धा है। वर्तमान नारी-शिक्षामें हमारे कुटुम्ब तथा गार्हस्थिक-जीवनको सुखी तथा सरस बनानेवाले पाठ नहीं हैं। इसमे त्याग, तपश्चर्या, सहिष्णुता, समर्पण, शम, दम तथा सदाचारके भावाङ्कुरोंको पल्लवित करनेकी शक्ति नहीं है। इसमे तो वासनाके रंगोंमे रञ्जित मदमाते यौवनका उन्मत्त उभार है, जो बाहरी दुनियाको निर्बाध और नग्नरूपमें दिखाया जा रहा है!

वर्तमान नारी-शिक्षाके समर्थक महानुभावोंसे उनके कलेजोंपर हाथ रखवाते हुए आज मैं उनसे पूछना चाहती हूँ कि यदि उनका विवाह किसी ग्रेजुएट नारीके साथ हुआ है तो उनका गार्हस्थ्य-जीवन कितना सुखमय है? उनके घरमें भोजनकी क्या व्यवस्था है? उनके बच्चोंके पालन-पोषणकी क्या दशा है? चाहे वे जग-हँसाईके कारण निज मनकी व्यथाको मनमें ही भले छिपाये रहें, किंतु उनकी अनुभूति उनकी आँखोंमेंसे झाँककर कह जाती है कि उनके गृहस्थाश्रमको आजकी नारी-शिक्षाके झंझावातने बुरी तरहसे झकझोर डाला है। मैं मुक्तकण्ठसे स्पष्टरूपमें कहना चाहती हूँ कि आजकी नारी-शिक्षाने चाहे नारियोंके मस्तिष्कमें कुछ पाठ्य-विषयोंको भले ही भर दिया हो, किंतु वह मनकी मलिनता और चञ्चलताको नहीं धो सकी है। वह हमें सुख और शान्तिके पथपर अग्रसर नहीं करती। यह शिक्षा हमें साक्षर ही बनाती है, शिक्षित और सुसंस्कृत नहीं। यह अधिकार और अहंतापूर्ण कर्म ही सिखाती है, त्यागपूर्ण कर्तव्यपरायणता नहीं। यही कारण है कि आज नारियोंमें शिक्षाका इतना प्रचार होते हुए भी हमारे कौटुम्बिक जीवनमें सच्चे सुख और शान्तिका दुर्भिक्ष-सा है!

बहुत-से घरोंमें पड़ोसी आये दिन पति-पत्नियोंके पारस्परिक वाक्प्रहारोंका उच्च घोष सुनते ही रहते हैं। वर्तमान शिक्षामें शिक्षिता ग्रेजुएटके घरमें एक ओर है बच्चोंकी रुलाहट और दूसरी ओर है पतिके प्रति पत्नी-की झल्लाहट। क्या किया जाय, लोक-लज्जा और कुलमर्यादाके डरसे बेचारे सीधे-सादे पतिदेव शिक्षिता एवं तर्कप्रहारिणी ज्ञानवतीका निर्द्वन्द्व निनाद मूक बने सुनते ही रहते हैं। ऐसी चिन्तनीय एवं विषम परिस्थितिमें उस परिवारकी क्या गति होती होगी? इसकी कल्पनामात्रसे ही मेरे तो रोंगटे थर्रा जाते हैं। महान् खेद और दुःखका विषय है कि सीता, सावित्री, गार्गी और मदालसा आदि सती-साध्वियोंकी उत्तराधिकारिणी नारियाँ आज पातिव्रत तथा शीलको तिलाञ्जलि देकर उन्हीं सीता, सावित्रीकी निन्दा कर रही हैं, उनका उपहास कर रही हैं और नायिका-भेद-की शंखिनियों तथा डंकिनियोंका प्रतिनिधित्व कर रही हैं। चलचित्रोंमे अभिनेत्री और दर्शिकाके रूपमें तथा सौन्दर्य-प्रतिस्पर्धाके बाजारमे नारीका विकारग्रस्त रूप देख-देखकर रोना आ रहा है। यह है वर्तमान नारी-शिक्षाका प्रत्यक्ष परिणाम!

आज भारत स्वतन्त्र है; परंतु खेद है कि हमारे देशमें नारी-शिक्षाकी जो पद्धति अंगरेजोंके शासनकाल-में थी, वही आज भी अक्षुण्णरूपमें वर्तमान है। बालकों-की भाँति ही बालिकाओंको जो शिक्षा दी जा रही है, वह मनोविज्ञानके सिद्धान्तोंसे नितान्त प्रतिकूल है। वर्तमान नारी-शिक्षामे नरकी शिक्षासे कोई अन्तर नहीं किया गया। बालक और बालिकाओंको एक-से ही

विषय पढ़ाये जाते हैं और एक-सी ही किताबें रटायी जाती हैं जो सिवा क्लर्की आदि करनेके अन्य किसी काममें नहीं आतीं। ऐसी दशामें भारतीय नारीके लिये यह शिक्षा क्या दे रही है ? क्या यह नारीको गृह-लक्ष्मीके पदपर कभी सुशोभित कर सकेगी ? मै यह पूछना चाहती हूँ कि क्या यह शिक्षा हमारे आदर्शोंके अनुकूल है ? हिंदूधर्ममे जो सात्त्विकतासे चमकता हुआ त्यागरूपी अमूल्य रत्न है, उसे क्या आजकी शिक्षिता नारीने प्राप्त कर लिया है ? क्या प्रेममयी सेवा-से उसका धर्म गौरवान्वित हुआ है ? क्या शील और सारल्य उसकी जीवन-सरिताके दो प्रशस्त कूल बने हैं ? क्या आपत्तिकालमें धैर्य और धर्मकी भाँति कर्तव्य-परायणतामे उसने ध्रुवता ग्रहण की है ? क्या आजकी शिक्षिता नारीने पतिके प्रति प्रेम, संतानके प्रति वात्सल्य तथा राष्ट्रके प्रति मान-मर्यादाकी टेकको निभाया है ? पश्चिमीय शिक्षा-पद्धतिके समर्थकोंका एक-मात्र उत्तर—यदि सच्चा उत्तर होगा तो यही कि—'नहीं, नहीं, नहीं।'

आजकी नारी-शिक्षामें गृहस्थीकी सुन्दर व्याख्या नहीं बतायी जाती। इसमे सत्य, दम, ऋत आदि गुणोंका नितान्त अभाव है। तैत्तिरीयोपनिषद्का ऋषि-प्रवर मुक्त कण्ठसे कहता है कि पठन-पाठनका अटूट सम्बन्ध सत्य, दम और ऋत आदि गुणोंसे होना चाहिये। मनीषी ऋषिका कथन है—

'ऋतं च स्वाध्यायप्रवचने च, सत्यं च स्वाध्यायप्रवचने च।'

अतएव स्पष्ट है कि उपनिषत्कारने पुस्तक-ज्ञानको चरित्रनिर्माणकी अपेक्षा चतुर्थांशका ही महत्त्व दिया है, किंतु हमारी नारी-शिक्षामें चरित्र-निर्माणके लिये कोई स्थान नहीं। वर्तमान भारतके निर्माताओंमेंसे स्वामी विवेकानन्द और महात्मा गांधी-जैसी प्रमुख विभूतियोंने शिक्षाके क्षेत्रमें चरित्रनिर्माणको सर्वोच्च स्थान देनेके लिये कहा है। हमारी यह शिक्षा आमूलचूल परिवर्तन चाहती है। वर्तमान शिक्षा-पद्धति हमारी संस्कृतिके विरुद्ध तो है ही, साथ-साथ जीवनधाराकी बाधक भी। यदि ऐसी ही दशा रही तो हमारी भावी संतानको उन्हीं कठिनाइयोंका सामना करना पड़ेगा, जिनका सामना आज देशके वर्तमान नागरिक कर रहे हैं।

आजकी शिक्षिता कन्याएँ पत्नीका पद प्राप्त करके न पतियोंकी सहधर्मिणी बनती है और न संतानकी सच्ची माताएँ। बच्चोंको तालेमे बंद करके उन्हें अपनी हवाखोरी और सैर-सपाटोंमें आनन्द आता है। वे एक-दम स्वतन्त्र होकर तितलियाँ बनी फिरती हैं। सभामें वक्ताके भाषणपर उनका उतना ध्यान नहीं रहता, जितना कि अपनी साज-सज्जापर।

संतानका भविष्य माताओंपर निर्भर है। जननीकी गोद शिशुकी प्रथम पाठशाला है; किंतु आजकी जननी आजकी शिक्षा पाकर अपने शिशुको उस पाठशालामें पढ़ाना नहीं चाहती। वह सेविकाओं तथा परिचारकोंके द्वारा पोषित कराके उसे संस्कार-भ्रष्ट बनाती है। वह संतानकी ओरसे उपेक्षा-भाव लेकर तथा उससे दूर रह-कर सभा-सोसाइटी तथा सिनेमा-क्लबोंमें ही दिन-रात रहना पसंद करती है। आजकी शिक्षिता नारीके पास उपन्यास पढ़नेको समय है; वेश-विन्यास तथा रूप-सज्जा-के लिये अवकाश है, परंतु दुःख है कि रोटी बनाने, बालक खिलाने तथा उसे दूध पिलानेके लिये उसके पास समय नहीं ! ऐसी दशामें मातृभाषा तथा मातृ-संस्कार-हीन संतानकी क्या गति होती है, वह आजके विज्ञ मानवकी आँखसे ओझल नहीं है।

आज स्वतन्त्र भारत अपनी संस्कृति और अपनी ही शिक्षापद्धतिको देखनेका उत्कट अभिलाषी है। वह चाहता है कि मेरी पुत्रियाँ सुशीला और सदाचारिणी

बनें । भारतके कुछ मनीषी विद्वान् यह कह रहे हैं कि हमारा कौटुम्बिक जीवन तभी सुखमय बन सकता है जब कि नारी-शिक्षामें आमूल-चूल परिवर्तन किया जाय। शिक्षामें भारतीय आदर्शों तथा कर्तव्योंका पूर्णतः पालन हो । आजके कन्याविद्यालयोंमे सात्त्विकता एवं शीलपूर्ण सदाचरणका प्रायः अभाव है । हाईस्कूलोंमें पढ़नेवाली छात्राओंकी वेश-भूषा एवं साज-सज्जाकी अनेक शैलियों-को देखते-देखते हम परेशान हैं । लड़कीकी शिक्षा एक लड़केकी शिक्षाकी तुलनामें कहीं अधिक महँगी पड़ रही है और वह महँगाई केवल फैशनके ही कारण है ।

भारतीय धर्म, संस्कृति और सभ्यतापर आधारित नारी-शिक्षा ही पारिवारिक जीवनमें सच्चा सुख और शान्ति उत्पन्न कर सकती है । वही कन्याओंमें पवित्र भावोंकी सुरसरी प्रवाहित कर सकती है । आँखोंमें परिवारके प्रति सेवा-भाव और हृदयमें स्वभावकी मृदुता ही भारतीय नारीका सौन्दर्य है । शीलकी साड़ी और लाजके लहँगेमें ही भारतीय नारी परम सुषमाको प्राप्त होती है । पवित्र प्रेम ही उसके गलेका गुलीबन्द है । पातिव्रत्य-धर्म ही उसके हृदयका अमूल्य हार है । सतीत्व ही उसके भालका अमिट तिलक है। कर्तव्यपरायणता ही चाँदीका चमकता हुआ पायजेब है । बस, इसी रूपमें अलंकृता नारी हमारे कौटुम्बिक जीवनके लिये लक्ष्मी सिद्ध होगी । तभी सरलता, शान्ति, सुख, मितव्ययता और सात्त्विकता-की अमृतधारा हमारे कुटुम्बको पूर्णतः आप्लावित करेगी ।

सुख नहीं रहा तो दुख भी नहीं रहेगा

(रचयिता—श्रीहरिशङ्करजी शर्मा)

कर-कर तुम सुखकी याद व्यर्थ रोते हो,
भौतिक भावोंपर क्यों गति-मति खोते हो,
निज कर्मोंपर अधिकार तुम्हें रखना है,
कर्मानुसार ही निश्चित फल चखना है,
यह कर्म-वादका स्रोत सदैव बहेगा—
सुख नहीं रहा तो दुख भी नहीं रहेगा ।

जीवनमें सुख-दुखका समान डेरा है,
यों हर्ष-विषादोंने यह जग घेरा है,
अज्ञानी व्याकुल होते—घबराते हैं,
ज्ञानी जन कष्टोंमें भी सुख पाते हैं,
है वीर वही जो द्वन्द्व सहर्ष सहेगा—
सुख नहीं रहा तो दुख भी नहीं रहेगा ।

व्याकुल होनेसे कष्ट न कट सकते हैं,
रोने-धोनेसे नेक न बँट सकते हैं,
जो भोग—भाग्य है, उससे कौन बचा है,
यह तो निज कर्मोंने ही स्वयं रचा है,
क्यों व्यथित हो रहे जग कायर समझेगा—
सुख नहीं रहा तो दुख भी नहीं रहेगा ।

कष्टोंका स्वागत करो, कसौटी जानो,
दृढ़ता-सहिष्णुताका महत्त्व पहचानो,
तप-त्याग, साधना-संकटमें मुसकाना,
सुख-दुख दोनोंमें समता भाव दिखाना,
है कौन न जो इस गतिको धन्य कहेगा—
सुख नहीं रहा तो दुख भी नहीं रहेगा ।

परमार्थ-पत्रावली

(श्रद्धेय श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके पत्र)

(१)

महोदय ! सादर हरिस्मरण, आपका पत्र मिला। समाचार ज्ञात हुए।

आपने लिखा कि अब मैं संसारमें अकेला ही रह गया हूँ, इसका यह भाव समझमें आया कि आपके बाल-बच्चे और स्त्री आदि कोई नहीं रहे हैं; क्योंकि वैसे तो संसारमें कोई भी अकेला कैसे रह सकता है ?

अब बात यह है कि इस परिस्थितिमें आपको क्या करना चाहिये यह आप जानना चाहते हैं। इसका उत्तर मैं अपनी समझके अनुसार लिख रहा हूँ। आप उचित समझें तो इसे काममें ला सकते हैं।

(१) आपको यह मानना चाहिये कि 'भगवान्‌ने संसारका मोह छुड़ाकर मुझे अपनी ओर आकर्षित करनेके लिये विशेष कृपा करके मुझे यह परिस्थिति प्रदान की है। कुटुम्बके रहते हुए उन सबको अपना न मानना, उनमेंसे ममता उठाकर भगवान्‌को अपनाना और उनका होकर रहना बड़ा ही कठिन था। अतः अबसे मुझे अन्य किसीको भी अपना नहीं मानना है एवं किसीसे सम्बन्ध नहीं जोड़ना है; एकमात्र भगवान् ही मेरे हैं।'

(२) आपने जो यह निश्चय किया कि 'भविष्यमें सांसारिक झगड़ेमें नहीं पड़ना है'—यह बहुत ही अच्छा है। अब आप जो कुछ करें, उसे ईश्वरकी सेवा और उन्हींका काम समझकर उन्हींकी प्रसन्नताके लिये करें। अपने सुख-दुःखका कारण किसी भी व्यक्तिको, किसी भी वस्तुको, किसी भी परिस्थितिको और किसी भी अवस्थाको न मानें। ऐसा समझें कि जो कुछ अपने-आप हो रहा है वह भगवान्‌की इच्छासे ही हो रहा है और उसीमें मेरा कल्याण भरा हुआ है। भगवान्‌ने जो कुछ शरीर-इन्द्रियाँ और मन-बुद्धि तथा वस्तु आदि मुझे दे रक्खे हैं, सब उनके हैं, इन सबको उन्हींकी प्रेरणाके अनुसार जगत्-जनार्दनकी सेवामें लगा देना है। जिस शरीरको अबतक मैं अपना समझता था, वह भी उन्हींकी वस्तु है, इस दृष्टिसे इसका पालन-पोषण भी उन्हींकी सेवाके अन्तर्गत है। मुझे अपने सुख-भोगके लिये कुछ भी नहीं चाहिये। मेरे तो एकमात्र भगवान् हैं और उनका प्रेम ही एकमात्र मेरा परम सुख और जीवन है। इस प्रकार संसारसे पूर्णतया निराश होकर एकमात्र प्रभुपर निर्भर हो जाना, प्रत्येक परिस्थितिमें उनकी अहैतुकी कृपाका अनुभव करते हुए उनके प्रेममें विभोर रहना और भगवान्‌के प्रेरणानुसार उनकी वस्तुओंको उन्हींकी प्रसन्नताके लिये उनके काममें लगाते रहना तथा उसके बदलेमें किसीसे भी किसी प्रकारके सुखभोगकी चाह न करना एवं किसी प्रकारका अभिमान भी नहीं करना—यह साधन बहुत ही अच्छा मालूम होता है।

काम-क्रोध आदि अवगुणोंके विषयमें लिखा कि 'इन शत्रुओंका नाश नहीं हुआ है, सो भगवत्-शरणागत और इच्छारहित साधकके सामने इनका वश नहीं चलता। जबतक मनुष्य अपने अधिकारकी पूर्ति दूसरोंसे चाहता है, तभीतक राग-द्वेष अपना बल दिखा सकते हैं। जब साधक दूसरोंके अधिकारकी धर्मानुकूल पूर्ति करना ही अपना ध्येय बना लेता है, किसीसे कुछ लेना नहीं चाहता और अपना कोई अधिकार भी नहीं मानता, तब उसके अहंता-ममताका अभाव हो जानेपर राग-द्वेषादि शत्रुओंका नाश अपने-आप हो जाता है।

आपने जीवनका उद्देश्य पूछा सो मनुष्य-जीवनका उद्देश्य भगवान्‌को प्राप्त कर लेना ही है। उसकी प्राप्तिका उपाय शास्त्रोंमें कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोग बताया है। जिस अधिकारीको जो अनुकूल पड़े, उसके लिये वही सरल है। प्रायः अधिक मनुष्योंके लिये भक्तिप्रधान कर्मयोग ही सरल पड़ता है। उसका खुलासा ऊपर लिखा ही गया है।

आपने पूछा कि 'जीवनका क्रम किस प्रकारका होना चाहिये, जीवनमें व्यावहारिकता कितने अंशमें होनी चाहिये और संसारकी उपेक्षा किस अंशमें की जा सकती है ?' इसका उत्तर यह है कि दूसरोंको धर्मानुकूल सुख पहुँचानेके लिये अर्थात् प्राप्त शक्तिका सदुपयोग करनेके लिये व्यवहारमें पूर्ण कुशलता और तत्परता होनी चाहिये तथा अपने सुखभोगके लिये उपेक्षा होनी चाहिये।

जीवनकी सही दशा जाननेके लिये सबसे सरल साधन अपने जीवनका निरीक्षण करते रहना है। अपने दोषोंको देखना और उनको पुनः न करनेका दृढ़ संकल्प करना,

गुणोंका अभिमान न करना और दूसरोंके दोष न देखना—यही इसका उपाय है।

किन ग्रन्थोंका अध्ययन करना चाहिये—पूछा सो गीता, रामायण और अन्य आध्यात्मिक शिक्षाकी पुस्तकें जो बिना कष्टके मिल जायँ, उन्हे पढ़ना और उनमे जो अच्छी बात मिले उसके अनुसार अपना जीवन बनानेकी चेष्टा की जाय तो पुस्तकोंके अध्ययनसे भी लाभ हो सकता है। पर पहले बताया हुआ साधन तो तब भी करना ही पड़ेगा।

अपने जीवनकी नौकाको संसारके प्रवाहमें छोड़ देना तो कभी भी उचित नही है। हाँ, भगवान्‌के भरोसेपर उसे छोड़ा जा सकता है। उनपर निर्भर होनेवालेको कभी धोखा नहीं होता।

आपने पूछा कि 'जीवन-निर्वाहके लिये क्या किया जाना चाहिये?' इसका उत्तर यह है कि जिस कामसे देशकी, समाजकी और अपने पड़ोसियोंकी भलाई हो, जो काम उनके हितका साधन हो, जिस कामसे सबको अपने हित-साधनमें सहयोग मिलता हो, ऐसा कोई भी काम, जो आपके शरीरसे हो सके, पूरा मन लगाकर उत्साह और धैर्यके साथ निष्कामभावसे करना चाहिये तथा उसे भगवान्‌की सेवा समझकर उनकी प्रसन्नताके लिये ही करना चाहिये। जिस शरीरसे सेवा की जाती है, उसके निर्वाहके लिये जो कुछ धर्मानुकूल प्राप्त हो, उसे उस शरीरके पालनमें लगा देना चाहिये। उसे भी भगवान्‌का ही काम समझना चाहिये, क्योंकि शरीर भी तो उन्हींकी वस्तु है। शरीरके पालन-पोषणमें कभी भी उपभोगका रस नहीं लेना चाहिये।

जीवनसे निराश न होकर जीवनको भगवत्-परायण बनाना चाहिये। ऐसा करनेमें मनुष्य सदैव स्वतन्त्र है; क्योंकि भगवान् इससे सहमत हैं।

(२)

प्रिय महोदय, सप्रेम हरिस्मरण। आपका पत्र मिला। आपके प्रश्नोंके संक्षिप्त उत्तर नीचे हैं—

यज्ञ और उपवीत—इन दो शब्दोंसे यज्ञोपवीत शब्द बना है। वैदिक यज्ञोंको करनेका अधिकार यज्ञोपवीत-संस्कारसे प्राप्त होता है। यज्ञोपवीत इस बातका सूचक है कि यह द्विजाति है, इसे वेदाध्ययन एवं वैदिक कर्मका अधिकार प्राप्त है। द्विजाति पुरुष वैदिक कर्मोंमें अधिकार-प्राप्तिके लिये उपनयनसंस्कारद्वारा यज्ञोपवीत धारण करता है। इसीलिये यज्ञोपवीतका एक नाम ब्रह्मसूत्र अर्थात् वेद (ब्रह्म) के अधिकारका सूचक है।

यज्ञोपवीत वेदाधिकारसूचक है। वेदका मुख्य मन्त्र है—वेदमाता गायत्री। गायत्रीमें २४ अक्षर हैं। यह मन्त्र चारों वेदोंमें है। चारो वेदोंके गायत्री-मन्त्रोंकी कुल अक्षर-सख्या ९६ हुई। इससे यज्ञोपवीत-सूत्र ९६ अङ्गुलका होता है। सामवेदके छान्दोग्य परिशिष्टके अनुसार तत्त्व २५, गुण ३, तिथि १५, वार ७, नक्षत्र २७, वेद ४, काल ३, मास १२—इन सबके योग ९६ अङ्गुलको यज्ञोपवीत-सूत्रका परिणाम रखकर उसे भुवनात्मक प्रतीक माना गया है। उपनीत होनेवाले व्यक्तिको ९६ सहस्र वैदिक ऋचाओंका अधिकार प्राप्त है—यह भी यज्ञोपवीतका सूत्र ९६ अङ्गुल होनेमें प्रधान हेतु है।

यज्ञोपवीतमे तीन सूत्र त्रिगुणित किये गये होते है। त्रिगुणसे निर्मित जगत्‌में वैदिक (त्रयी) के आधारसे ऋण-त्रय (देव-ऋण, ऋषि-ऋण, पितृ-ऋण) से मुक्त होना हमारा कर्तव्य है। यह त्रिगुणित तीनो सूत्र बतलाते हैं।

इस प्रकार उपर्युक्त विधिसे निर्मित यज्ञोपवीत नौ तन्तुवाला बन जाता है। इन नौ तन्तुओंमें ॐकार, अग्नि, अनन्त, चन्द्र, पितृगण, प्रजा, वायु, सूर्य, सर्वदेवका निवास है। इनसे उन देवताओंके गुण आते हैं।

यज्ञोपवीतमें चार ग्रन्थि नहीं होती। उसमें अपने प्रवरके अनुसार १, २, ३ या ५ गाँठ होनी चाहिये। यह प्रवरकी सूचक है। इन गाँठोंसे नीचे पहले ब्रह्मग्रन्थि होती है जो सूचित करती है कि वेदाधिकार प्राप्त करनेका तात्पर्य भी सर्वमय—सबमें व्याप्त परम ब्रह्मको प्राप्त करना ही है।

शास्त्रकारोंने दाहिने कानमें आदित्य, वसु, रुद्र, वायु तथा अग्नि आदि देवताओंका निवास माना है।

आदित्या वसवो रुद्रा वायुरग्निश्च धर्मराट्।
विप्रस्य दक्षिणे कर्णे नित्यं तिष्ठन्ति देवताः॥

इसलिये शौचादिके समय जब कि हम अपवित्र दशामें होते हैं, वेदके पवित्र अधिकारके प्रतीक यज्ञोपवीतको दाहिने कानपर चढ़ा लेते हैं। उस समय उसकी पवित्रताकी रक्षा उस कर्णमें स्थित देवताओंद्वारा होती है—यही इसका भाव है। मनुष्यका हृदय वाम भागमें है—यज्ञोपवीतका उद्देश्य हम हृदयसे समझते मानते हैं और मानेंगे, यह सूचित करता हुआ वाम कंधेसे होता, हृदयपर होकर यज्ञोपवीत दाहिने आता है। यज्ञोपवीत वेदका पवित्र प्रतीक है—अतः

अपवित्र दशामें उसकी पवित्रता न रक्खी गयी हो, वह कर्णस्थित देवताओंको रक्षाके लिये न दिया गया हो तो अपवित्र माना जाता है, अतः बदला जाता है।

यज्ञोपवीत धारण करके जो संध्या, गायत्री-जप नहीं करता—वह अनुचित करता है। परंतु जो यज्ञोपवीत धारण ही नहीं करता, उसे तो वैदिक कर्मोंके करनेका अधिकार ही नहीं है। वह इन्हें करता है तो अनधिकार कार्यका दोषी होता है। इसलिये द्विजातिको ही यज्ञोपवीत धारण करना चाहिये।

गुणोंका धारण तथा अवगुणोंका त्याग तो सभीके लिये इष्ट है। जो द्विजाति नहीं है उनके लिये भी।

यह लोक अर्थात् संसार। परलोक अर्थात् मरणोत्तर प्राप्त होनेवाले इस संसारसे भिन्न लोक। लोकसे मृत्युलोक या पृथ्वीलोक, और तीन लोकसे पृथ्वी, अन्तरिक्ष और स्वर्ग समझना चाहिये।

आपने तामसी पदार्थोंका त्याग कर दिया है, यह उत्तम बात है। जहाँतक हो सके राजस पदार्थोंका भी त्याग करना चाहिये। वीर्यरक्षा तथा अन्य रोगोंके सम्बन्धमें किसी सुयोग्य चिकित्सककी सम्मतिसे उपचार करना ठीक है। मैं कोई चिकित्सा बतानेमें असमर्थ हूँ। प्रत्येक रोग प्रायः प्रारब्धका परिणाम होता है। शरीरकी प्रायः कोई स्थिति परमार्थ-साधनमें विशेष बाधा नहीं देती। यह तो शरीरका मोह है जो हम शारीरिक अनुकूलतामें ही भजन कर पाते हैं और प्रतिकूलताको सर्वदा बाधक समझते हैं। भजनका सम्बन्ध मनसे है और ठीक अभ्यास किया जाय तो शरीरकी प्रत्येक स्थितिसे तटस्थ होकर मन प्रायः भगवान्‌में लगा रह सकता है। शरीर अमुक दशामें ही रहे, यह आग्रह ही भजनका बाधक है। शरीर तो प्रारब्ध जैसा होगा, वैसा रहेगा। मनको भगवान्‌में लगाना चाहिये।

(३)

महोदय, सविनय प्रणाम। आपका पत्र मिला। समाचार विदित हुए। आपके प्रश्नोंका उत्तर इस प्रकार है—

१. आपकी यह भावना बड़ी अच्छी है कि 'प्रभुकी निरन्तर सेवा करता हुआ मैं मानव-समाजकी भी सेवा अपनी तुच्छ बुद्धिके अनुसार गीता-रामायणादि धार्मिक ग्रन्थों एवं व्याख्यानोंसे करता रहूँ।' वास्तवमें तो केवल मानवकी ही नहीं, प्राणिमात्रकी सेवा ही भगवान्‌की सेवा है; क्योंकि वे सबमें हैं। अपने-अपने कर्मोंद्वारा जगज्जनार्दनकी पूजा करना हरेक मनुष्यका कर्तव्य है। परंतु इस सेवामें बड़ी सावधानी रखनेकी आवश्यकता है। यदि मनुष्य दूसरोंको शिक्षा देते समय यह मानने लगे कि 'मैं उपदेशक हूँ, पूज्य हूँ, सम्मानका पात्र हूँ, सदाचारी और भगवान्‌का भक्त एवं ज्ञानी हूँ, सुननेवाले सब मूर्ख और दुराचारी हैं, इनका सुधार मुझे करना है, इत्यादि' तो यह अभिमान बड़ा ही खतरनाक है, इससे उपदेशकमें दम्भका संचार हो जाता है, साधनामें दिखावा आ जाता है, मान-बड़ाईकी लालसा बढ़ जाती है। फलतः वह भगवान्‌की सेवा और प्रचारके बदले अपना ही प्रचार और अपनी सेवा करने-कराने लग जाता है। अतः उसके द्वारा लोगोंकी सेवा या उनका उत्थान नहीं होता।

२. आपने लिखा कि 'मुझे उपर्युक्त कार्योंसे रुपये-पैसे या मान-बड़ाई आदिकी किसी प्रकारकी भी इच्छा नहीं है।' यह बड़ी अच्छी बात है। तथापि सावधानी रखनी चाहिये। मान-बड़ाईकी चाह मनुष्यमें बहुत छिपी रहा करती है।

३. भगवान्‌के नाम ही 'दीनबन्धु, पतितपावन और अधम-उधारण' आदि हैं, वे प्राणिमात्रके सुहृद् हैं अतः किसी भी मनुष्यको, चाहे वह कितना ही पापी, कैसा भी दुराचारी क्यों न रहा हो, भगवान् मिल सकते हैं। इसलिये परमेश्वरको पानेसे निराश नहीं होना चाहिये। प्रभु इतने दयालु हैं कि प्राणीके पूर्वकृत कर्मोंकी ओर नहीं देखते, वे देखते हैं एकमात्र उसकी वर्तमानकी दशाको। यदि प्राणी वर्तमानमें अपने किये हुए पापोंके लिये पश्चात्ताप करता है, भविष्यमें जान-बूझकर पाप नहीं करना चाहता और सब ओरसे निराश होकर सब प्रकारकी चाहको छोड़कर एकमात्र भगवान्‌को ही चाहता है और यह सहसा विश्वास कर लेता है कि 'वे परमदयालु परम प्रेमी भगवान् अपनी सहज कृपासे प्रेरित होकर मुझे अवश्य मिलेंगे। अपना प्रेम प्रदान करेंगे।' तो मेरा यह विश्वास है कि उसे भगवान् अवश्य मिल जाते हैं और शीघ्र मिल जाते हैं; क्योंकि यह उनकी प्रतिज्ञा है (गीता अध्याय ९ श्लोक ३०)।

४. आपके हृदयमें कुछ जाननेकी इच्छा है; परंतु क्या जानना चाहते हैं और क्यों जानना चाहते हैं यह नहीं जानते तो इस इच्छाको भगवान्‌को समर्पण कर दीजिये। वे सब कुछ जानते हैं। आवश्यक होगा तो आपकी इच्छाको वे पूरा कर देंगे अथवा मिटा देंगे। अन्य सब ओरसे निराश होना तो बड़ी अच्छी बात है, पर भगवान्‌से कभी निराश नहीं होना चाहिये।

५. आप जन्म-मरणके प्रपञ्चमें पड़ना नहीं चाहते यह बड़ी अच्छी बात है, इस मायासे पार उतरनेका एकमात्र सरल उपाय भगवान्‌ने गीता अध्याय ७ श्लोक १४ में अपनी शरणागति बताया है।

(४)

प्रिय महोदय, सप्रेम हरिस्मरण। आपका पत्र मिला। हमलोग वेदके विशेष ज्ञाता नहीं हैं तथापि आपकी जिज्ञासा-पूर्तिके लिये कुछ लिखा जा रहा है। हमारी समझसे मूर्ति-पूजा वेदमें है।

'कासीत् प्रमा प्रतिमा किं निदानमाज्यं किमासीत्।'

(ऋग्वेद ८। ७। १८। ३)

यहाँ केवल एक मन्त्र दिया गया है। इस मन्त्रमें स्पष्ट पूछा जा रहा है—यथार्थ ज्ञान क्या है? प्रतिमा क्या है? समस्त जगत्‌का कारण क्या है? घृतके समान सार वस्तु क्या है?

यजुर्वेद अ० २ म० २४ में अष्टविध मूर्ति-निर्माणका वर्णन है। इसके अतिरिक्त यजुर्वेद अ० ३१ म० २२, ऋग्वेद ८। १। ३। १, ऋग्वेद १। २। ६। ३ एवं यजुर्वेद १८। १५, ३१। १६, अथर्ववेद २। ५, २। ३, ५। १, १०। २३, १६। १, सामवेद १। ९। ८ तथा और भी बहुत-से मन्त्र वेदोंमें हैं, जिनमें प्रतिमाका प्रसङ्ग है। इस सम्बन्धमें आप 'भारत-धर्म-महामण्डल' काशीसे प्रकाशित 'धर्म-विज्ञान' नामका ग्रन्थ देखें, तो उत्तम होगा।

यहाँ यह बात ध्यानमें रखनेकी है कि वेद सामान्य ग्रन्थ नहीं है। ईश्वरीय वाणी है। उसकी भाषा समाधि-भाषा है। साधारण व्याकरणसे तो उसका अर्थ होता नहीं, निरुक्त भी बहुत कम संकेत कर पाता है। इसीलिये वेदार्थ करनेके विषयमें आदेश है—'इतिहासपुराणाभ्यां वेदं समुपबृंहयेत्।' आर्यसमाजके प्रवर्तक स्वामीजी श्रीदयानन्दजी सरस्वतीने भी यह स्वीकार किया है कि वेदोंमें समस्त ज्ञान है। लेकिन आज एक भी भाष्य ऐसा नहीं है, जिससे कोई वेदोंके द्वारा समस्त ज्ञान प्राप्त कर सके। ऐसी दशामें जब कोई कहता है 'अमुक बात वेदोंमें नहीं है, तो उसकी वह बात एक दुराग्रहमात्र होती है; क्योंकि वेदोंमें क्या-क्या है, इसे वह पूर्णतया जानता नहीं। वेद-मन्त्रोंका ठीक अर्थ तो मन्त्रदेवताकी आराधनासे प्राप्त एकाग्र चित्तमें उदित होता है। इस प्रकार मन्त्रार्थ-दर्शन करनेवाले 'ऋषि' कहे गये हैं। जो जिस मन्त्रके ऋषि हैं, उनके ग्रन्थोंमें उस मन्त्रके अर्थका विवरण है। ऐसा माना जाता है। जन-साधारणके लिये वेदार्थका बोध ऋषिप्रणीत ग्रन्थोंके द्वारा ही उपलब्ध है। वेदोंके महत्त्व, उनके स्वरूप, उनकी अर्थपद्धति आदिके सम्बन्धमें 'कल्याण' के 'हिंदू-संस्कृति-अङ्क' में एक विस्तृत निबन्ध प्रकाशित हुआ है। आप चाहे तो उसे देख सकते हैं।

सनातनधर्मी विद्वान् वेदका रूप त्रिधा मानते हैं—मन्त्र, ब्राह्मण तथा उपनिषद्। ये तीनों वेद हैं। उपनिषदों एवं ब्राह्मणग्रन्थोंमें तो मूर्तिपूजाका बहुत महत्त्व है तथा विस्तृत विधान है।

(५)

महोदय, सादर हरिस्मरण। आपका पत्र मिला। समाचार मालूम हुए। आपने अपनी जीवन-यात्राका विवरण संक्षेपमें लिखा सो मालूम हुआ।

आध्यात्मिक विचार रोग नहीं है, अपितु सभी रोगोंकी एकमात्र परम औषध है; परंतु यदि कोई मनुष्य डाक्टरी-का अध्ययन तो कर ले, पर उसका प्रयोग न करे तो उसमें उस विद्याका क्या दोष है। अतः आपको आध्यात्मिक विचारोंसे निराश न होकर दृढ़तापूर्वक उन विचारोंका प्रयोग करना चाहिये। इस मार्गमें सफलता तो साथ-साथ रहती है। गीताका तो यह कहना है कि—

'स्वल्पमप्यस्य धर्मस्य त्रायते महतो भयात्।'

अर्थात् इस कर्मयोगरूप धर्मका थोड़ा भी आचरण बड़े भारी भयसे तार देता है। फिर इसमें निराशाको स्थान कहाँ है?

आपने तीन वर्षोंके अध्ययनके बाद कर्मयोगको लक्ष्य बनाया, यह तो बहुत ही उचित किया। परंतु जब कर्मक्षेत्र-में उतरे तो योगको भूल गये, केवल कर्म-ही-कर्म रह गया। यदि साथमें योग रहता तो आज आपको यह पुत्र-वियोग किंचित् मात्र भी दुखी नहीं बना सकता।

कर्मक्षेत्रमें पुत्रकी मृत्युके पूर्वतक आपको अधिकतर सफलता ही मिलती रही अर्थात् सांसारिक उन्नतिके ही दर्शन अधिक होते रहे, इस कारण, आप उसमें अर्थात् सांसारिक भोगोंमें पहलेसे भी अधिक आसक्त हो गये। जो वैराग्य आप-को मृत्युके भयसे उत्पन्न हुआ था, जिसने आपको आध्यात्मिक विचारोंमें प्रवृत्त किया था, वह दब गया। आपको सावधान

करनेके लिये भगवान्‌ने यह एक नया दृश्य आपके सामने रक्खा और आपको सचेत किया, इसे जो आप आध्यात्मिक असफलता मानते हैं, यह भूल है । इस घटनासे आपको सचेत होना चाहिये और प्रभुका परम अनुग्रह मानकर यह समझना चाहिये कि संसारकी कोई भी परिस्थिति, कोई भी व्यक्ति, कोई भी वस्तु सदा रहनेवाली नहीं है, सबका वियोग अनिवार्य है । और तो क्या, जिस शरीरको प्राणी अपना मानता है, उसे भी छोड़ना अनिवार्य है । फिर इन क्षणभङ्गुर पदार्थोंसे नाता जोड़कर अपने मनुष्य-जीवनको इन भोगोंके भोगनेमें नष्ट करना, इनको सुखका साधन समझना मूर्खताके सिवा क्या है ? जिनको प्राप्त करनेमें दुःख, रक्षा करनेमें दुःख और जो भोगते-भोगते प्रत्यक्ष दुःखके रूपमें बदलते रहते हैं, उनमें सुख कहाँ ? इनसे सुखकी आशा करना नितान्त अज्ञता ही तो है ।

इस प्रकार संसारकी हरेक परिस्थितिको अनित्य और दुःखप्रद समझकर उनसे किसी प्रकारके सुखकी आशा नहीं करनी चाहिये एवं कर्तव्य-कर्मको जगत्-जनार्दनकी सेवाका साधन बनाकर करते रहना चाहिये, यही कर्मयोग है । कर्मके फलरूपमें मिलनेवाले पदार्थों और परिस्थितियोंके लोभमें पड़ना और धनको अपने सुखका साधन समझना कर्मयोग नहीं है । (देखिये गीता अध्याय २ श्लोक ३८, ४७, ४८, ५० और उसपर गीताप्रेससे मिलनेवाली तत्त्वविवेचनी टीका)

आपने जो यह समझा कि पुत्रकी मृत्यु समयपर उचित उपचार न होनेके कारण हुई, यह भी भूल है । ऐसा नहीं हो सकता । मृत्यु तो विधाताके विधानानुसार समयपर ही होती है । अतः उसके लिये चिन्ता नहीं करनी चाहिये ।

आप जो समय-समयपर भगवान्‌से प्रार्थना करते रहते थे कि 'मैं भटकूँ नहीं, उसकी सुनवाई नहीं हुई' ऐसी बात नहीं । बल्कि आपका पुत्र-वियोग उस सुनवाईका ही एक नमूना है । यह नहीं होता तो आपको अपनी कमजोरीका, अपनी भूल धारणाका ज्ञान कैसे होता ।

आपने लिखा कि 'प्रतिकूल परिस्थिति, समयका अभाव, आध्यात्मिक विचारवाले मित्रोंके सङ्गका अभाव, विरोधी विचारवालोंका सङ्ग, शरीरकी असमर्थता, दिमागकी कमजोरी इत्यादि कारणोंसे मैं साधन नहीं कर सका ।' सो ऐसी बात नहीं है । उपर्युक्त सभी परिस्थितियोंमें मनुष्य साधन कर सकता है । 'मुझे साधन करना है'—यह प्रबल इच्छा जिसके हृदयमें उत्पन्न हो जाती है, उस साधककी प्रत्येक क्रिया साधन बन जाती है । कर्मयोग तो कहते ही उसे हैं कि जो कुछ किया जाय वह सब-का-सब योग अर्थात् साधन हो । अतः कर्मयोगके साधकको जो परिस्थिति प्राप्त हो, वही साधन-क्षेत्र है । उसे परिस्थितिका परिवर्तन आवश्यक नहीं होता । उसे वह जो कुछ करता है और कर सकता है, उसमें अधिक शक्ति या सामर्थ्यकी अथवा सहायताकी जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि उसे तो सब प्रकारकी आशाका परित्याग करना है, किसी-से कुछ लेना नहीं है । अतः वह अपने साधनमें सर्वथा स्वतन्त्र है ।

आपने लिखा कि 'अतिप्राकृत होनेके प्रयत्नमें मैं प्राकृत सुखसे भी वञ्चित रहा और प्राकृत दुःख जीवनका भागी रहा' सो यह भी आपकी भूल धारणा है; क्योंकि प्राकृत सुख और दुःख तो क्षणभङ्गुर हैं, दिन और रातकी भाँति आते-जाते रहते हैं । बड़े-से-बड़े वैभवशाली और प्रतिष्ठित कोई भी व्यक्ति आजतक प्राकृत सुखसे सुखी नहीं हुए । जिनको आप सुखी समझते हैं उनको पूछ देखिये । वहाँ तो केवल धोखा-ही-धोखा है । प्राकृत भोगोंमें सुख है ही नहीं तो मिलेगा कहाँसे । जगत्‌में आजतक किसीके अभावकी सर्वथा पूर्ति नहीं हुई । एक-न-एक अभावका अनुभव हरेक मनुष्यको रहता है और अभावका अनुभव रहते हुए दुःखका नाश नहीं होता; क्योंकि अभावका अनुभव ही तो दुःख है । अतः यह निश्चित समझिये कि आध्यात्मिक विचारोंके कारण आपकी कोई हानि नहीं हुई है, लाभ ही हुआ है; परंतु उनका सदुपयोग नहीं किया, इस कारण पूर्ण लाभ नहीं हुआ ।

साधकको न हिमालय जानेकी जरूरत है न घर छोड़नेकी और न घबराकर आत्महत्या करनेकी । उसे चाहिये कि प्राप्त परिस्थितिको ही साधन-सामग्री समझे और उसका ठीक-ठीक उपयोग करे । किसी भी परिस्थितिको निम्नस्तरकी न समझे । उसे परिवर्तनशील समझकर न तो उससे द्वेष करे और न उसमें आसक्त ही हो ।

आपने पूछा कि 'अब मैं क्या करूँ ।' इसका उत्तर तो आप स्वयं सोचें । जिस साधनपर आपका अटल विश्वास हो, जिसमें रुचि हो और जो आप अनायास कर सकते हों, वही आपके लिये उचित होगा । मेरी रायमें आप जिस साधनको अपनायें, उसके साथ निम्नलिखित बातें रहनी आवश्यक है—(१) भगवान्‌के किसी भी नामका जप (जिस नामपर आपका विश्वास हो) । (२) आप भगवान्‌को जैसा मानते हैं, जैसा भगवान् आपको प्रिय है उसके

स्वरूपकी निरन्तर स्मृति अर्थात् यादगिरी रहे। (३) उस साधनका अभिमान न हो।

आपने प्रकृति और परिस्थितिके सम्बन्धमें चार बातें जानकारीके लिये लिखीं, उनका उत्तर इस प्रकार है—

(१) गत १७ वर्षमें कोई शारीरिक व्याधि नहीं हुई तो बताइये क्या यह भगवान्‌की कम कृपा है ? इसे भगवान्‌की दैन मानकर आपको अपना जीवन सेवामय बनाना चाहिये या न कि भोगमय। जो समय चला गया उसका तो उपाय नहीं, शेष बचे हुए समयका सदुपयोग करना ही इस अतीत घटनाका अर्थ समझना है।

(२) आप 'स्वभावसे ही सरल हैं, कपट और चालाकी आपमें नहीं है' लिखा सो यह भी भगवान्‌की बड़ी भारी कृपा है। ऐसा स्वभाव तो हरेक साधकका बहुत कोशिश करनेपर भी मुश्किलसे ही बनता है।

'कर्मयोगीको सीधा-सादा नहीं होना चाहिये, मेरा यह सरल स्वभाव मेरे जीवनको दुःखमय बनानेमें सहायक हुआ।' यह समझना बड़ी भारी भूल है। सरलता और निष्कपटता गुण हैं, ये किसीके जीवनको दुःखमय नहीं बनाते। कर्मयोगमें तो सरलता और निष्कपटता परम आवश्यक है; क्योंकि सबका हित ही कर्मयोगीका हित है। सबका सुख ही उसका सुख है, उसे कपट और छल-छिद्रसे क्या लेना है।

(३) राजयोग आप किसे कहते हैं ? क्या जिस योगमें सिद्धियाँ प्रकट होती हैं, योगीको विशेष सामर्थ्य मिल जाती है उसे आप राजयोग कहते हैं ? यदि यही बात है तो गलत समझ है। आप निश्चित समझें कि संसारका बड़े-से-बड़ा चमत्कार मनुष्यको सुखी नहीं बना सकता। सुख संग्रहमें नहीं है, एकमात्र त्यागमें ही सुख है। सर्वथा संकल्पोंका त्याग अर्थात् चित्तवृत्तिनिरोध ही राजयोग है—'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः।'

(४) आपने लिखा कि 'षड् रिपुओंमेंसे मैं कामके सिवा किसीसे नहीं डरता।' पर इसपर गम्भीरतासे विचार करना चाहिये। क्या कामके रहते हुए क्रोधपर विजय मिल सकती है। कभी नहीं। इसी प्रकार जहाँ काम है वहाँ लोभ भी है ही। इन शत्रुओंको मनुष्य एकमात्र भगवान्‌की कृपासे ही जीत सकता है। इसलिये साधकको उनकी कृपाका पात्र बनना चाहिये, उनकी कृपाका आदर करना चाहिये। कृपाका आदर करनेसे ही कृपाका पात्र बन सकता है।

भगवान्‌के समान बिना कारण सबपर कृपा करनेवाला दूसरा कोई नहीं है, अतः सरल विश्वासपूर्वक उन्हींसे कृपाकी भीख माँगनी चाहिये।

(६)

प्रिय महोदय, सप्रेम हरिस्मरण। आपका कार्ड मिला। बृहद्धर्मपुराणके अनुसार—

पुण्यवृक्ष महाभाग मालूर श्रीफल प्रभो।
महेशपूजनार्थाय तत्पत्राणि चिनोम्यहम्॥

इस मन्त्रसे प्रार्थना करके बिल्ववृक्षसे पत्र तोड़े और उसके बाद—

ॐ नमो बिल्वतरवे सदाशंकररूपिणे।
सफलानि समाङ्गानि कुरुष्व शिव हर्षद॥

इस मन्त्रको पढ़कर वृक्षको प्रणाम कर ले।

अमावास्या, पूर्णिमा, द्वादशी, सायंकाल, मध्याह्नकाल—इन समयोंमें बिल्वपत्र नहीं तोड़ना चाहिये। रात्रिमें कोई पत्र-पुष्प नहीं तोड़ना चाहिये, यह तो एक व्यापक नियम है ही। बिल्ववृक्षकी शाखा नहीं तोड़नी चाहिये।

एक दिनका तोड़ा बेलपत्र छः महीनेतक चढ़ाने योग्य रहता है, छः महीने बाद पर्युषित (बासी) माना जाता है।

पञ्चाक्षर शिवमन्त्रसे बिल्वपत्र चढ़ाना चाहिये, यह बात 'वीरमित्रोदय' के 'पूजाप्रकाश' में आयी है। बिल्वपत्र कोमल हो, कीड़ोंने खाया, कटा-फटा न हो, उसमें चक्र और वज्र न हो। बिल्वपत्रपर कीड़े सफेद टेढ़ी-मेढ़ी रेखा बना देते हैं, उसे चक्र कहते हैं और पत्रके डंठलमें जो छोटी-सी घुंडी अन्तमें होती है, उसे वज्र कहा जाता है। उस घुंडीको तोड़ देना चाहिये। चढ़ाते समय बिल्वपत्रका चिकना भाग मूर्तिकी ओर और पृष्ठ भाग ऊपर रखकर चढ़ाना चाहिये।

बिल्वपत्रपर कुछ लिखकर उसे चढ़ाया जाय—ऐसी विधि तो नहीं पायी जाती। कुछ लोग 'राम' लिखकर चढ़ाते हैं। इसका निषेध भी नहीं है।

अपने हाथसे घिसकर चन्दनका स्वयं तिलक करना और अपने लिखे ग्रन्थका लिखित प्रतिसे पाठ करना कुछ लोगोंके मतमें अशुभ है। कहते हैं कि इससे लक्ष्मीका नाश होता है। इसीसे चन्दन घिसकर लोग पहले देवताको लगा देते हैं या देवताके उद्देश्यसे छींटा दे देते हैं तथा लिखी पुस्तक भगवान्‌के सामने रखकर फिर पाठ करनेकी प्रथा है। परंतु इन बातोंमें विशेष सार नहीं मालूम देता।

सच्चा जीवन—ईश्वर-प्रेम

(लेखक—श्रीलावेल फिल्मोर महोदय)

स्मरण रखिये—ईश्वर प्रेमस्वरूप हैं । ईश्वरका प्रेम समस्त चेतन वस्तुओंको परिव्याप्त कर सर्वत्र विद्यमान है । जिस प्राणमे मैं और आप चैतन्य हैं वह हमलोगोंके प्रति ईश्वरके प्रेमका व्यक्त रूप है । ईश्वरका अमित प्रेम विश्वकी सृष्टि करता है और उसके विभिन्न अवयवोंको ऐक्य एवं साम्यावस्थामें रखता है ।

ईश्वरका प्रेम सर्वत्र व्याप्त है और प्रत्येक प्राणीको चैतन्य किये हुए है । परंतु बहुत-से प्राणियोंमें ऐक्य-संस्थापनके लिये यह आवश्यक है कि प्रत्येक प्राणी ईश्वर-प्रेमका बोधपूर्वक निर्वाह करनेके लिये तत्पर रहे । जो व्यक्ति ईश्वर तथा अपने सदृश दूसरे प्राणीके प्रति प्रेम प्रदर्शित करता है वह अन्य मनुष्योंके लिये भगवान्‌के साथ बोधपूर्ण सामूहिक सहयोगमें सम्मिलित होनेका मार्ग खोल देता है । भगवत्प्रेम जिस प्रकार व्यष्टिके जीवनको चैतन्य करता है, वैसे ही जब व्यष्टि समष्टिके रूपमे समुदायका निर्माण करता है तो उसको चैतन्य प्रदान करता है ।

हमारे हृदयमें स्थित रहनेवाला ईश्वरीय प्रेम हमें भगवान् तथा अन्य भूत-प्राणियोंके बहुत निकट खींच लाता है ।

सत कहते हैं—प्रेम जगत्‌में सर्वोपरि है; क्योंकि आधारभूत नियम यही है । दूसरे सभी नियम इसपर निर्भर करते है । हमे न केवल ईश्वरसे अपितु समस्त प्राणियोंसे प्रेम करना चाहिये । यह आदेश अन्य सब आदेशोंसे अधिक महत्त्वका है, क्योंकि इसका पालन करनेपर संयम-सम्बन्धी अन्य आदेशोंकी वस्तुतः कोई आवश्यकता नहीं रह जाती । यह आदेश सब आदेशोंका समाहार कर लेता है ।

जब हम किसी व्यक्तिसे घृणा करते हैं तो हमारे अंदर ईश्वरीय चेतनाकी जो पूर्ण अभिव्यक्ति है, हम सचमुच उसको विलुप्त करने लगते हैं, और इस प्रकार अपने शरीर तथा अन्य प्राणियोंके साथ अपने सम्बन्धमें ईश्वरीय चेतनाके स्वतन्त्र परिश्रमणमें बाधा उपस्थित करते हैं । जब हम मनसा, वाचा, कर्मणा ईश्वरसे प्रेम करते हैं तो जगत्-स्रष्टाको यथासम्भव सर्वोत्तम ढंगसे सहयोग प्रदान करते हैं । तब हमारी क्रियाएँ विशुद्ध प्रेम नियमकी परिधिमें आ जाती हैं । प्रेमाचरणद्वारा सम्पूर्ण उत्तम नियमोंका पालन हो जाता है ।

हमारे शरीरमें परिभ्रमण करनेवाली रक्त-धारामें जो चमत्कारपूर्ण क्रियाशीलता है वह ईश्वरीय प्रेम ही है । रक्त तो सच्चे जीवनका पार्थिव व्यक्तिकरण मात्र है; सच्चा जीवन तो आध्यात्मिक है और वह रक्त एवं जीवनके समस्त व्यक्त स्वरूपोंको परिव्याप्त किये रहता है । ईश्वरीय प्रेम वह चैतन्य शक्ति है जो हमारे घावोंको भरती है तथा हमे स्वस्थ बनाती है; वह अद्भुत राज है जो हमारे क्षत-विक्षत अङ्गोंकी पूर्ति कर उन्हें अपने वास्तविक रूपमें लाता है ।

ईश्वरीय प्रेम विश्वकी सबसे महत्त्वपूर्ण वस्तु है । यदि मनुष्य जीवनका वास्तविक आनन्द उपभोग करना चाहे तो उसे इच्छासे तथा बोधपूर्वक प्रेम-तत्त्वके मूलमे प्रवेश करके भगवान्‌के प्रेमका भागी होना चाहिये ।

मनुष्य जिस परिमाणमे भगवान् तथा दूसरे भूत-प्राणियोंके प्रति प्रेम प्रदर्शित करता है, उसी परिमाणमें वह ईश्वरीय प्रेमका अनुभव कर सकता है । ईश्वरने मनुष्यको पहलेसे ही मुक्तरूपमे अपना प्रेम प्रदान कर रक्खा है, किंतु यह पूर्ण सक्रिय तभी हो सकता है जब

मनुष्य उसे व्यक्त करे। जिस मात्रामें वह इसे भावना-द्वारा तथा परमार्थतः अभिव्यक्त करता है, उसी मात्रामें वह जीवनका आनन्द प्राप्त करनेमें समर्थ होता है।

घृणा, क्रोध, लालच तथा ईश्वरीय प्रेमके विरोधी विचार एवं भावनाएँ मनुष्यके मस्तिष्कमें रहती हैं और नाना उपद्रवोंको उत्पन्न करती हैं। अतएव अपने चिन्तनको उनकी ओरसे हटाकर भगवान्‌के प्रेमकी ओर लगानेसे मनुष्य इस बातका अनुभव कर सकता है कि उसके दुःखोंका मूल ही नष्ट हो गया है; क्योंकि ईश्वर-प्रेमका विश्वासपूर्ण अनुभव सचमुच एक ऐसी ज्योति है, जो किसी भी विश्वासी व्यक्तिके सामने ईश्वरकी पूर्णतम सृष्टिकी यथार्थताको प्रकट कर देती है।

सृष्टिके पदार्थोंपर जब मनुष्य ईश्वरीय प्रेमके प्रकाशमें दृष्टि नहीं डालता है तो उनमेंसे कुछ उसे अमङ्गलकारक प्रतीत हो सकते हैं। ईश्वरीय सत्यके प्रकाशमें देखनेपर दुर्भावनाएँ सरलतासे मिट जाती हैं। पारिभाषिक शब्दोंकी परिभाषामें अनैक्य होनेसे एक-दूसरेके प्रति दुर्भावना उत्पन्न होना सबके अनुभवकी बात है। यह एक उदाहरण है कि विरोधका आधार कितना तुच्छ हो सकता है। एक-दूसरेके विचारोंको न समझनेसे ही प्रायः व्यक्तियों, वर्गों तथा राष्ट्रोंमें अशान्ति तथा जटिलताएँ उत्पन्न होती हैं।

सच्चे अर्थमें जीवित रहनेके लिये हमें प्रत्येक प्राणीसे, यहाँतक कि अपने शत्रुसे भी प्रेम करना सीखना चाहिये। संतोंका आदेश है कि हम अपने शत्रुओंसे प्रेम करें। प्रेम करनेके पूर्व हमें उन्हें क्षमा करना चाहिये। यदि प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन १० मिनटका समय अपने शत्रुओं तथा दूसरे व्यक्तियोंको, जिनके प्रति उसके मनमें द्वेषका भाव है, क्षमा करनेमें व्यतीत करे तो वह अनुभव करेगा कि उसका यह समय व्यर्थ नहीं जाता है। पहले उसे उन्हें क्षमा प्रदान करनी चाहिये और बादमें प्रेम देना चाहिये। प्रतिदिन सूर्यास्तके पूर्व मनुष्यको अपने क्रोधका परिमार्जन अवश्य कर लेना चाहिये।

जब हम किसीके प्रति द्वेषपूर्ण विचार लाते हैं तो हम उसे उतना आघात नहीं पहुँचाते जितना कि स्वयं अपनेको; क्योंकि विनाशकारी विचारोंका केन्द्र हमारा मस्तिष्क है। दूसरेको क्षमा करने तथा उसे प्रेम प्रदान करनेसे हम अपनी अनुभूतिमें एक ऐसी घाटीका निर्माण करनेमें समर्थ होते है, जिसमेंसे ईश्वरीय प्रेम सरलतापूर्वक हममें प्रवाहित हो सके। जब हम किसी व्यक्तिके प्रति दुर्भावको पालते हुए ऐसा सोचते हैं कि हम उसके साथ समता स्थापित कर रहे हैं तो हम बड़े भ्रममें हैं। इससे तो सचमुच हम अपने-आपको ही संतप्त करते हैं और अपनी शान्तिको नष्ट करते हैं। इसके विपरीत जब हम दूसरे व्यक्तिको मुक्त करते हैं तो स्वयं मुक्त हो जाते हैं। जो मानसिक रज्जुएँ हम दूसरेको बाँधनेके प्रयत्नमें प्रयुक्त करते हैं, वस्तुतः वे हमें ही बाँध लेती हैं और हमारी ईश्वरीय प्रेमकी अभिव्यक्तिको शरीर एवं भौतिक व्यवहारतक सीमित कर देती हैं।

इसलिये हमें प्रत्येक प्राणीको क्षमा प्रदान करनी चाहिये तथा अपना प्रेम वितरण करना चाहिये—चाहे हम उसे इसका पात्र समझते हों या नहीं। हम प्रेमके विचारोंका चिन्तन करनेसे ही शान्तिपूर्वक रह सकते हैं। ईश्वरीय प्रेमसे प्राप्त होनेवाले लाभसे हम ही अपनेको वञ्चित कर सकते हैं, दूसरा इसमें कारण नहीं बन सकता।

समझने-सीखनेकी चीज

(१)

आँखें खोल दीं

जेठकी लपलपाती कड़ी धूप है। जमीन तवे-सी तप रही है, उसपर पैर नहीं रक्खा जाता। ऐसी गरमी पड़ रही है कि तालाबोंका पानी मानो उबाल खा रहा है। दोपहर होनेको आया है। भावनगर राज्यके एक छोटे गाँवका सोंडो नामका माली गाँवके पास ही अपनी बाड़ीमें चरस चला रहा है। मालीके शरीरपर पूरा कपड़ा नहीं है, उसके बैलोंका पेट सट गया है, चरसमें भी छेद हो गया है। सोडो माली बड़ा गरीब है।

अरबी घोड़ेपर सवार, सिपाहीकी वेष-भूषामें एक मनुष्य सोंडोकी बाड़ीमें आया। बाड़ीमे एक बरगदका पेड़ था, उसकी शीतल छायामें घोड़ेको बाँधकर वह पानी पीनेके लिये कुएँपर गया। उसने हाथ-मुँह और पैर धोकर दो चुल्लू पानी पिया। सोडोने चरस हाँकते-हाँकते उससे पूछा—

'भावनगर रहते हो ? राजाके सिपाही हो ?'

'राजाका नौकर हूँ और भावनगर रहता हूँ।'

'तुम्हारी राजासे कभी भेंट-मुलाकात होती है ?'

'हाँ, कई बार, राजाके साथ ही रात-दिन रहना पड़ता है।'

'तो दया करके दरबार बापू विजयसिंहतक मेरा संदेशा भी पहुँचा दोगे ?'

'हाँ-हाँ, अवश्य पहुँचा दूँगा, बोलो—क्या कहना है ?'

'यो कहना कि बस्तीकी ओर भी तो कभी देखेंगे या सारा जीवन शिकार खेलनेमें ही बिता देंगे ? आप महलोंमें बैठे मौज मारते हैं और रैयतके बच्चे रोटीके टुकड़ोके लिये छटपटाते हैं ! वे राजा हैं या कसाई ? राजाकी सेवा करके प्रजा मरी जा रही है और राजाको इसका जरा-सा भान भी नही होता। भाई ! तुम तो सिपाही हो, तुमसे क्या कहूँ ? सचमुच कलियुग आ गया है। राम-जैसा राज्य गया, धरती माताने भी कस चुराया और प्रजा भूखों मरने लगी !'

सोंडो जो मनमें आता है बोलता जा रहा है और चरस चलाता जाता है। वह आदमी मंद-मंद मुसकरा रहा है, मानो सोंडोकी बातें सुनकर मन-ही-मन प्रसन्न हो रहा है।

सूर्य सिरपर आया और सोंडोने चरस खोल दी। बैलों-को घास डाला और अपने बरगदकी छायामें आकर बैठ गया। इतनेमें उस आदमीने कहा—'भूख लगी है, कुछ खानेको भी है ?'

'क्या होगा ? तुम सब मिलकर गरीबोंको लूटनेमें कोई कसर रखते हो ? घरमें अनाज तो रहने दिया नहीं। लपसी-मठा खाकर दिन काट रहे हैं। दलिया है, खाओगे ?'

'दलिया कैसा होता है ?'

'इतने बड़े हो गये और दलियाका पता नही ? दलिया माने गेहूँकी लपसी।' इतना कहकर, बरगदकी डाल-में छींकेपर मिट्टीकी हाँड़ीमेंसे थोड़ा दलिया बड़के एक पत्तेपर रखकर सोंडोने उस आदमीको दिया।

बड़ी भूख लगी थी, खट्टे-मीठे मट्ठेमें भिजाया हुआ ठंडा-ठंडा दलिया उस आदमीको अमृत-जैसा स्वादिष्ट लगा। अन्न-का महत्त्व भूखा ही जानता है, जिन्हे खाते-खाते मदाग्नि हो जाती है, उन्हे अन्नके महत्त्वका क्या पता ? उसने थोड़ी देरमें पत्ता खाली कर दिया और कहा—'और भी है ?'

'मुझे भूखे रक्खोगे ?'—यों कहकर सोंडोने हँसते हँसते सारा दलिया उस मनुष्यको खिला दिया। हाँड़ी खाली हो गयी। उसका पेट भर गया। वह आदमी दलिया खाकर और ठंडा पानी पीकर तृप्त और आप्यायित हो गया। तदनन्तर सोडोकी टूटी चारपाईपर दो घड़ी विश्राम करता रहा।

शामको चार बजे वह उठा और घोड़ेपर सवार होकर चलनेको तैयार हो गया। जाते समय उसने सोंडोसे पूछा—'तुम्हारा नाम क्या है ?'

सोंडो बोला—'भला नामसे तुम्हे क्या करना है भाई ? तुम सिपाहीलोग बहुत बुरे हो, हम भावनगर जाते हैं तो बेगारी लिया करते हो।'

घुड़सवारने कहा—'बेगारी नही लूँगा, अपना नाम बताओ तो किसी दिन भावनगर आओगे तो पहचान रहेगी।'

'मेरा नाम है सोंडो माली। जिसके दिन फिर होते हैं, वही भावनगर जाता है।'

घुड़सवारने मुसकराते हुए घोड़ा दौड़ाया। संध्या हुई और सोंडो माली बैल-चरस आदि लेकर घर आया।

दूसरे दिन सूर्य उगनेसे पहले ही दो घुड़सवार सोंडो मालीका घर पूछते-पूछते आ धमके और जोरसे उन्होने पूछा—'सोंडोका घर कौन-सा है ?'

सोंडो घरसे बाहर निकला और बोला—'क्या है ? मेरा नाम सोंडो है।'

'चलो भावनगर, दरबार विजयसिंह बापूने तुमको बुलाया है ।'

विजयसिंह बापूका नाम सुनते ही सोंडो थर-थर काँपने लगा । उसके मनमें आया कि हो-न-हो कल जो मैंने संदेशा कहलानेकी मूर्खता की थी, यह उसीका परिणाम है । अब राजा मुझे जीता नहीं रहने देगा । हथकड़ी-बेड़ीसे जड़ देगा । सोंडो ठंडा पड़ गया । उसकी स्त्री और दोनों लड़के रोने लगे । दोनों सवार सोंडोको साथ लेकर भावनगरके रास्ते चले ।

वह काँपते हुए पैरोंसे राजमहल पहुँचा । वहाँ जाकर उसने क्या देखा ? जो घुड़सवार कल उसकी बाड़ीमें था, वही यहाँ गद्दीपर बैठा है । वह तो स्वयं विजयसिंह बापू हैं भावनगरके राजा । सोंडो तो बापूके सामने जाकर मन्त्र-मुग्धके समान खड़ा हो गया ।

राजा विजयसिंह गद्दीपरसे उठे । सोंडोका हाथ पकड़कर उसे गद्दीके पास ले गये । गद्दीके पास बैठाकर उसे धीरज देते हुए बोले—'सोंडो ! क्यों काँप रहे हो ?'

'अन्नदाता ! कल मैं आपको उलटी-सीधी बातें कह गया इसी कारण ।'

'सोंडो ! प्रजा तो मेरी बालक कहलाती है और बच्चों-की गाली माँ-बापको मीठी लगती है । फिर, तुमने तो सच्ची बात ही कही थी । तुमने तो मेरी आँखें खोल दी ।'

विजयसिंह बापूने लॉबेका पत्तर मँगाया । उसपर बारह एकड़ जमीन, चार भैंस, बारह बैल, बीस कलसी बाजरी और एक हजार रुपये देकर लेख लिख दिया । वह लेख सोडोको दिया । सोंडोके वंशजोके पास आज भी वह लेख मौजूद है ।

(२)

ईमानदार चोर

काठियावाड़में एक साल भयानक अकाल पड़ा । लोग दाने-दानेको तरसने और भूखों मरने लगे । बेचारे पशु घासके बिना मरने लगे । छोटा-सा राज्य था । राजाने किसानोंको तकावी और अन्न बाँटना आरम्भ कर दिया ।

गाँवमें एक कोइरी रहता था । उसके चार-पाँच बच्चे थे और दो स्त्री-पुरुष वे । घरमें खानेको अन्न नहीं था । बच्चे रोटीके टुकड़ोंके लिये तड़फड़ाते थे । दोनों स्त्री-पुरुष एकदम भूखे रहते और किसी तरह दो-चार दाने बच्चोंके मुँहमें देनेकी चेष्टा करते, पर अन्तमें उनको कुछ भी खिलानेका साधन नहीं रह गया ।

कोइरिन बोली—राजाकी सेवामें जाओ, वे अन्न देंगे । कोइरी राजाकी सेवामें गया । राजाने पूछा—'क्या तुम किसान हो ? हमारी भूमि जोतते हो ?'

'ना, बापू ! मैं जमीन नहीं जोतता; मैं गरीब कोइरी हूँ, मेरे बच्चे भूखों मर रहे हैं । अगले साल मैं ज्योढा अनाज लौटा दूँगा । आप दया करते तो अच्छा होता ।'

राजाने तो टका-सा जवाब दे दिया कि 'हम तो अपने किसानोंको तकावी दे रहे हैं; सबको नहीं देते ।'

कोइरी बेचारा मुँह लटकाये लौट गया । वह सोचने लगा 'अब क्या करना चाहिये । बच्चोंका दुःख देखा नहीं जाता ।'

अन्तमें भूखों मरता हुआ कोइरी राजाके कोठारमें चोरी करनेका विचार करने लगा ।

उसने अपने घरसे राजाके कोठारतक एक सुरंग खोदी । बैठे-बैठे चल सकने लायक वह सुरंग थी ।

कोठारका ताला बंद था । लोहेके छड़से उसमें एक छेद कर दिया । अनाज भरभराकर गिरने लगा । बहुत दिनोंके बाद अन्नका दर्शन कर बेचारा कोइरी प्रसन्न हो गया । थैलेमें अनाज भरकर उसने छेद बंद कर दिया और प्रसन्न होता हुआ कोइरिनके पास आया ।

उसके बाद उसने एक थैली बनायी, ठीक दस सेरके वजनकी । फिर वह रोज रातको उस सुरंगमें जाता और एक थैली अनाज भर लाता । बच्चोंके पेटमें रोटी जाने लगी । अधिक अनाज निकालता तो ऊपर गड्ढा हो जाता और किसीको पता लग जाता । इसलिये वह प्रतिदिन केवल दस सेर अनाज ही लाता था ।

कोइरीने इस प्रकार साल बिता दिया और किसी-को पता भी नहीं चला कि वह अनाज कहाँसे लाता है ।

सालभर पूरा हो गया और दूसरा चौमासा आया । बरसात बहुत अच्छी हुई । दिन अच्छे आये । कोइरी और कोइरिन मजदूरीमें जुट गये । मजदूरी भी खूब चली । खूब अनाज आया । एक दिन दो गाड़ी अनाज भरकर कोइरी राजाके किलेमें पहुँचा । राजाके सामने राम-राम कहकर वह खड़ा हो गया ।

राजाने पूछा—'किस तरह आये ?'

'बापू ! आपका अनाज खाया है । ज्योढ़ा जोड़कर आपको लौटाने आया हूँ ।'

राजाकी आँखें लाल हो गयीं। 'इसको तो मैंने नाहीं कर दी थी, फिर किसने अन्न दिया ?' उसने कामदारको बुलाया और पूछा—'तुमने इसको कितना अनाज दिया है ?'

'नहीं बापू, इसको मैंने अन्न नहीं दिया'—कामदार बोला। 'तब इसको अनाज दिया किसने ?'

दोनों हाथ जोड़कर कोइरी बोला—'बापू ! मुझको किसीने अनाज नहीं दिया। मैंने आपकी चोरी की है। भूखों मरता था, बच्चे रोटी बिना तड़फड़ाते थे। मैंने अपने घरसे कोठारतक सुरंग खोदकर कोठारसे अनाज चुराया। रोज दस सेर निकालता था। इस तरह साल पूरा हो गया। इस साल खूब कमाया, इसलिये आपका अनाज लौटाने आया हूँ।'

राजाने दाँतों तले अँगुली दबा ली। 'यह चोर है या साह ! इसने अनाज चुराया, इसका किसीको भी पता नहीं था। अरे, पता लगनेवाली बात भी तो नहीं थी। इसने छिपाया होता तो कोई नहीं जानता, फिर भी यह कोइरी अपने-आप अनाज देनेके लिये आया। धन्य है इसको। इसीका नाम ईमानदारी है ! इसको चोर कौन कहेगा ?'

राजा प्रसन्न हो गये। उन्होंने कोइरीसे कहा—'भाई ! तुम्हारे ऊपर मैं प्रसन्न हूँ। तुमने भूखों मरनेपर चोरी की। चोरी न करनी पड़े, इसके लिये तुम अन्न माँगने भी आये। मैंने नहीं दिया। ऐसी दशामें तुम और क्या करते ? तुम्हारी चोरीकी बात कोई जानता नहीं था और जान भी नहीं सकता था। फिर भी तुम अपने-आप ज्योढा करके अनाज देने आये हो, यह तुम्हारी सचाई है। तुम्हारे-जैसा ईमानदार कोइरी मैंने आज ही देखा। जाओ, तुम्हारा अनाज मैं तुमको ही दे देता हूँ, ले जाओ।'

तुरंत ही राजाने कामदारसे कहा—'इनको अच्छी-से-अच्छी जमीन दो और अपना जोतदार बना लो। एक जोड़ी बैल दो। ऐसे ईमानदार आदमीको दुखी होने देना ठीक नहीं है।'

गाड़ी लेकर कोइरी घर लौटा। कोइरिन और उसके लड़के प्रसन्न हो गये।

अब तो कोइरी खेतिहर बन गया है। खेती करता है। दो-चार अच्छे बरस आये और वे खाने-पीनेवाले बन गये। आज तो कोइरी और कोइरिन सुखसे हैं !

समाचार

भारतीय संस्कृति और गोवंश

(स्वामीजी श्रीकरपात्रीजी महाराजके भाषणका एक अंश)

गत १७ दिसम्बरको दिल्लीके नागरिकोंद्वारा गांधी-मैदानमें पूज्य स्वामीजी श्रीकरपात्रीजी महाराजका भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया था। इस समारोहमें प्रायः सभी धार्मिक संस्थाओं एवं नागरिकोंने भाग लिया था। अनेक संस्थाओंद्वारा अभिनन्दनपत्र भेंट किये गये।

मानपत्रका उत्तर देते हुए श्रीस्वामीजी करपात्रीजी महाराजने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं शास्त्रोंकी दृष्टिसे गोवंश परम पूज्य है; व्यावहारिक दृष्टिसे वह परम उपकारी है। ऐसे परमोपकारी प्राणीको किसी दशामें तत्काल ही लाभदायक न देखकर स्थूल दृष्टिसे अनुपयोगी कहना और उसके वधकी बात सोचना पाप एवं कृतघ्नता है। संसारमें आर्थिक लाभ ही सब कुछ नहीं। मानवताके उपयुक्त नैतिक एवं चारित्रिक भावोंका भी बड़ा महत्त्व होता है। आर्थिक हानि सहकर भी सेवा करना ही उत्तम है।

यथार्थमें जो वृद्ध, लूले, लँगड़े गाय-बैल अनुपयोगी-से दिखायी देते हैं, वे भी सर्वथा अनुपयोगी नहीं है। उनके गोबर और मूत्र आदिद्वारा बहुमूल्य खाद बनती है। अनुभवसे पता लगा है कि अंग्रेजी और अमरीकन खादोंकी अपेक्षा यह खाद अधिक लाभदायक होती है। गोवंशकी स्थिति सुधारनेका स्थायी साधन उनके पालनकी ओर अधिकाधिक देना है। आंशिक रूपसे यह सत्य भी है कि लोग इस ओर उतना ध्यान ही नहीं दे पाते, जितना अधिक देना चाहिये; किंतु उनका पालन ठीक नहीं होता, इसलिये उन्हें मार देना चाहिये—यह तो एक बड़ा ही बेहूदा तर्क है।

गोवधसे गोरक्षामें बाधा

मारे हुए जानवरोंके चमड़े और उनकी चरबीसे बनी

वस्तुओं तथा कोऱ्होजम, कोकोजम, वनस्पति तेल आदि पदार्थोंका उपयोग जितना बढ़ता जाता है, उतना ही गोवंशका भीषण वध भी बढ़ता जा रहा है। उचित रूपसे इसकी रोक-थाम की जानी चाहिये। गोरक्षाके लिये वनस्पति तेल, कोऱ्होजम, विदेशी खाद आदिका बहिष्कार, मारे जानवरके चमड़े तथा उनसे बनी वस्तुओं आदिका उपयोग तथा चमड़ेका निर्यात सर्वथा बंद किया जाय। गोचरभूमि छोड़नेका प्रयत्न हो। गोशाला, गो-सेवा-सदन आदिका निर्माण और संघटन किया जाय। प्रत्येक गृहस्थ कम-से-कम एक गायका पालन करे और भोजनके पहले गो-ग्रास निकालकर गो-पूजन करनेका नियम पालन करे। शासकोंका पहला काम है कि कानूनद्वारा गोवध बंद करें, गोपालनकी व्यवस्था करें और जनताको इस कार्यमें प्रोत्साहन दें।

गुरु-शिष्यका सम्बन्ध और भारतीय संस्कृति

(श्रीप्रभुदत्तजी ब्रह्मचारीके भाषणका एक अंश)

काशी हिंदू विश्वविद्यालयकी विद्यार्थीपरिषद्का उद्घाटन करते हुए श्रीब्रह्मचारीजीने ओजस्वी भाषामें कहा—

आज मै विद्यार्थियोंके मध्यमें बैठकर अत्यन्त ही प्रसन्नताका अनुभव कर रहा हूँ। हमारे देशकी उन्नति आप ही लोगोंपर निर्भर है, आप ही भावी भारतके सुयोग्य नागरिक होंगे, भारतकी उन्नतिके आप ही प्रतीक हैं, हमलोगोंकी दृष्टि आपहीपर लगी हुई है। इसलिये आप साधारण नागरिक नहीं, आपका एक विशिष्ट महत्त्व है।

भारत देश स्वतन्त्र हो गया है। स्वतन्त्र देशके इतने चिह्न हैं—(१) उस देशकी प्राचीन परम्परा, (२) उस देशकी विशेष संस्कृति—धर्म, (३) उस देशकी अपनी भाषा, (४) उस देशका अपना निजी विधान और (५) अपनी मातृभूमिकी एक विशिष्ट पूजा। स्वतन्त्र देशोंमें ये सब निजी परम्पराएँ होती हैं। मुझे अत्यन्त दुःखके साथ कहना पड़ता है कि हम कहनेको तो स्वतन्त्र हो गये है, किंतु हमारी मानसिक दासता अभी नहीं गयी है। हम अभीतक पाश्चात्य परम्पराकी नकल करते है।

हमारे देशकी परम्परा है गुरु-शिष्यका सौहार्द-आदर। हमारे देशकी परम्परा यह है कि हमारे सभी कार्य भगवान्‌को लक्ष्य करके ही हों। आज हममें अनेक त्रुटियाँ आ गयी हैं। भारतीयोंमें गुरु-शिष्य-सम्बन्ध भारतीय नहीं रहा। मेरी आपसे प्रार्थना है कि आप, आस्तिकता, जो हमारे देशका प्राण है, उसे न भुलावें। करने-करानेवाले भगवान् ही है, आप भगवान्‌को न भूलें। भगवान् तर्ककी वस्तु नहीं, यह तो श्रद्धाकी वस्तु है। इसीलिये वेदोंमें बार-बार कहा है श्रद्धा करो, श्रद्धा करो। भारत धर्मप्रधान देश है। भारतकी सिद्धि इसलिये नहीं है कि हमारे यहाँ मशीनें हैं, कारखाने है। हमारे देशका गौरव धर्मके कारण है, अतः आप धर्मको न भूले। भारतीय संस्कृति कहो, भारतीय धर्म कहो, दोनों एक ही बात है। हिंदू-धर्मको छोड़कर हिंदू-संस्कृतिके नामसे जो नर्तकियों और गायक-गायिकाओंके विशिष्ट मण्डल भेजे जाते है, यह हमारी संस्कृतिका उपहास है। हमारी संस्कृति तो धर्ममें सन्निहित है। नृत्य, वाद्य और गाना—यह भी भारतकी विशेष धार्मिक पद्धति है, किंतु नाचना-गाना ही हमारी संस्कृति नहीं है। अतः आप धर्मको न भूले, अपनी धार्मिक भावनाओंकी अवहेलना न करे।

यहाँकी भाषा संस्कृत है। संस्कृतसे ही प्रायः सभी भारतीय भाषाओंकी उत्पत्ति है। मूल उद्गम संस्कृत है। हिंदी संस्कृतकी पुत्री है। अतः आप जहाँतक हो संस्कृत और हिंदीमें सब विषयोंका अध्ययन करें। संस्कृत और हिंदीके अध्यापक तथा छात्रोंको हेयकी दृष्टिसे देखनेकी जो एक चाल चल रही है, उसे मिटाइये। अपनी भाषाको पढ़ने-पढ़ानेवालोंको विदेशी भाषाओंसे अधिक गौरवकी दृष्टिसे देखिये। अपने दैनिक व्यवहार, बोल-

चाल, व्याख्यान, पत्र-व्यवहार हिंदीमें कीजिये; पुस्तकें-कविताएँ हिंदीमें ही लिखिये। भाषा अपनी राष्ट्रियताकी सबसे बड़ी निधि है, राष्ट्रियताका प्राण है।

हमारा विधान वेद-शास्त्र-स्मृतियोंके आधारपर होना चाहिये। मुझे दुःख है कि आज जो विधान बना है, वह इंग्लैंड-अमेरिकाका उच्छिष्ट है। उसमें भारतीयता नहीं। हमें अपना निजी विधान पुनः बनाना है, उसमें भारतीयताको लाना है।

हम भारतको एक निर्जीव भूमिका टुकड़ा नहीं मानते। भारतको हमने माताका रूप दिया है। हिमालय उसका सिर है; कन्याकुमारी, मलयालम दक्षिणके देश उसके पैर हैं; उड़ीसा, बंगाल, पंजाब, सिंधु उसके चार हाथ हैं; ऐसी हमारी भारतमाता है। हमारी भारतमाताके अङ्गोंका खण्ड कर दिया गया है। हमें पुनः अपनी खण्डित माताको अखण्डित करना है।

गौकी मान्यता हमारी संस्कृतिका आधार है। सभी सम्प्रदाय, सभी वर्ग, सभी दल गौको सदासे अवध्या मानते रहे हैं। हमें देशसे गोवधको, सर्वथा प्राणोंकी बाजी लगाकर बंद कराना है।

अन्तमें भाषण समाप्त करते हुए ब्रह्मचारीजीने कहा, इन शब्दोंके साथ मैं आपकी विद्यार्थी-परिषद्के कार्यका उद्घाटन करता हूँ। परमपिता परमात्माके पाद-पद्मोंमें मेरी यही प्रार्थना है कि हमें विशुद्ध भारतीय बनावें। धर्मके प्रति आस्था हो। मङ्गलमय भगवान् हमारा सर्वत्र मङ्गल करें।

गुरु-शिष्यका प्राचीन सम्बन्ध स्थापित हुए बिना शिक्षाका विकास सम्भव नहीं

(शान्तिनिकेतन विश्वभारती विश्वविद्यालयमें कुलपति पं० श्रीजवाहरलालजी नेहरूके दीक्षान्त भाषणका एक अंश)

आपने कहा—'गुरुदेवके आदर्श अभीतक अधूरे पड़े हैं। उन अधूरे आदर्शोंको पूरा करना है। विश्वभारतीसे जो सम्बन्धित हैं, उनका अब यह कर्तव्य हो जाता है कि वे विश्वभारतीके आदर्शों और सिद्धान्तोंको सही मार्गोंद्वारा विकसित और क्रियान्वित करें। मुझे आशा है कि विश्वभारती संसारके विभिन्न भागोंसे आये छात्रोंको ऐक्य-सूत्रमें सम्बद्ध कर अपने पुण्य कार्यको जारी रक्खेगी।'

आधुनिक युगमें गुरु-शिष्यका जो सम्बन्ध है उसकी ओर संकेत करते हुए श्रीनेहरूजीने कहा कि 'आज शिक्षक-छात्रके सम्बन्धको देखता हूँ तो बड़ा दुःख होता है। यह कितना आश्चर्यका विषय है कि छात्र शिक्षकोंको शत्रु समझते हैं। शिक्षकोंके साथ भी यही बात पायी जाती है। कभी-कभी विश्वविद्यालयोंमें हड़ताले भी होती हैं। यह कितना दुःखद विषय है। जिस तरह फैक्टरियोंमें मजदूर वेतन-वृद्धिके लिये हड़ताल करते हैं, उसी तरह इन प्रतिष्ठानोंमें हड़तालें की जाती है। ऐसी स्थितिमें शिक्षाका कैसे प्रचार हो सकता है? जबतक भारतमें पुनः गुरु-शिष्यका प्राचीन सम्बन्ध नहीं स्थापित हो जाता, तबतक शिक्षाका विकास सम्भव नहीं है। इस दिशामें विश्वभारती एक आदर्श उपस्थित करता है।

'विद्यालयोंका कार्यक्षेत्र केवल छात्रोंको पास करानेतक ही सीमित नहीं है। किताबी-ज्ञान देना ही उनका कर्तव्य नहीं है वरं छात्रोंका सर्वाङ्गीण विकास करना उनका कर्तव्य है। छात्रोंको मानसिक विकास करनेमें सहायता दी जानी चाहिये।'

शिक्षा-प्रणालीमें नैतिक और आध्यात्मिक मूल्योंका महत्त्व और उनकी आवश्यकता

(पंजाब-विश्वविद्यालयके समावर्तन-समारोहमें उत्तर-प्रदेशके राज्यपाल श्रीकन्हैयालाल एम० मुंशीके भाषणका एक अंश)

दीक्षान्त भाषण देते हुए श्रीमुंशीजीने कहा कि 'पंजाब-सरकार शीघ्र कुरुक्षेत्रमें संस्कृत-शिक्षाका एक केन्द्र (संस्कृत-विश्वविद्यालय) खोलेगी। विभाजनके पूर्व पुराने पंजाब-विश्वविद्यालयने संस्कृतके विशेष

अध्ययनके लिये ख्याति प्राप्त की थी और आशा है कि खण्डित पंजाबका यह विश्वविद्यालय भी संस्कृतको लोकप्रिय बनानेकी पुरानी परम्पराको कायम रक्खेगा ।'

श्रीमुंशीजीने कहा कि 'छात्रोंको रचनात्मक शक्तिसे सम्पन्न करना विश्वविद्यालयका मुख्य ध्येय होना चाहिये । रचनात्मक शक्तिकी प्राप्तिके लिये हमें ईमानदार, सत्यनिष्ठ और निष्पक्ष होना आवश्यक है । इन गुणोंके लाभके लिये यह जरूरी है कि हम मनीषियों एवं सज्जनोंसे सम्पर्क रक्खें, महत्त्वपूर्ण घटनाओंपर विचार करें और इतिहास, दर्शन तथा धर्म आदिका अध्ययन करें । यह बात न केवल विद्यार्थियों, बल्कि सभी लोगोंके लिये लागू है । तभी हम पुराने विचारोंकी जाँच करने तथा नये विचारोंको ग्रहण करनेमें समर्थ हो सकते हैं । इससे हमारा चरित्र-निर्माण होगा और हम अनुशासन-पूर्ण तथा जिम्मेदार बनेंगे ।'

श्रीमुंशीजीने आगे कहा कि 'हमारी शिक्षाप्रणालीका एक मुख्य दोष यह है कि विश्वविद्यालयसे निकलनेवाले छात्र शिक्षा-कार्य करनेकी अपेक्षा ऊँची सरकारी नौकरी, व्यापार या वकीलका पेशा करना ज्यादा पसंद करते हैं । इसके लिये विश्वविद्यालय ही एकमात्र दोषी हैं; क्योंकि वे ऐसी शिक्षा देते हैं जो न तो दिलचस्पी पैदा करती है और न तो मस्तिष्कको प्रशिक्षित ही करती है ।'

उन्होंने कहा कि 'नैतिक और आध्यात्मिक मूल्य हमारे जीवनके मूलतत्त्व हैं । हर शिक्षा-प्रणालीमें उनको स्थान देना आवश्यक है; क्योंकि इसके बिना हम भविष्यकी समस्याएँ सुलझानेमें असमर्थ रहेंगे । दुर्भाग्यसे आज अधिकांश विश्वविद्यालय इन मूल्योंकी ट्रेनिंग देनेके सम्बन्धमें उदासीन है, किंतु यह स्थिति खेद-जनक है । हमें यह स्पष्टतया समझ लेना चाहिये कि इन मूल्योंको अपनाये बिना हम सफलता प्राप्त नहीं कर सकते और हमारा कार्य वास्तविक एवं चिरस्थायी नहीं हो सकता ।

श्रद्धाका तत्त्व-रहस्य

(श्रद्धेय श्रीजयदयालजी गोयन्दकाके भाषणका एक अंश)

गत पौष कृष्ण ९ संवत् २०११ को प्रातःकाल वृन्दावन रमणरेतीमें श्रीरामरिखदासजी परसरामपुरियाकी कोठीमें सीतामऊके महाराजासाहबके प्रश्नपर श्रद्धेय श्रीजयदयालजी गोयन्दकाने श्रद्धाके विषयमें एक भाषण दिया, जिसमें श्रद्धालुओंकी विभिन्न श्रेणियोंका दिग्दर्शन कराते हुए श्रद्धाकी बड़ी सुन्दर और आदर्श व्याख्या की । उन्होंने बतलाया कि जो मनुष्य महात्माको वास्तवमें महात्मा समझ लेता है, उसकी उनमें परम श्रद्धा हो जाती है तथा परम श्रद्धा हो जानेके बाद वह उनके शरण हो जाता है । फिर उस श्रद्धालुको कल्याण-के लिये अन्य कुछ भी साधन नहीं करना पड़ता । उससे उन महात्माकी चेष्टा, इच्छा, संकेत और सम्मति-के अनुसार ही क्रिया अपने-आप ही होती रहती है । जैसे भगवान्‌के सर्वथा अनन्य-शरण ग्रहण करके पूर्ण-रूपेण उन्हींपर निर्भर रहनेवाले भगवत्परायण भक्तकी सारी चेष्टा भगवान्‌से ही होती है । वह कुछ नहीं करता; क्योंकि उसमें कर्तापनका भाव रहता ही नहीं । वैसे ही महात्मामें श्रद्धा रखनेवालेकी क्रिया उनके अनुकूल ही हो जाती है । जिस प्रकार उच्चकोटिकी पतिव्रताकी समस्त चेष्टा अपने पतिके अनुकूल ही होती है, प्रत्युत उसकी अनुकूलतामें रुकावट डालनेकी भी उसमें सामर्थ्य नहीं रहती और जैसे कठपुतली सूत्रधारके नचाये ही नाचती है, इसी प्रकार जो महात्मा पुरुषके सर्वथा शरण है, उसकी यह सामर्थ्य नहीं रहती कि मैं ऐसा करूँ, वैसा करूँ; बल्कि वह तो कठपुतलीकी ज्यों उन-के नचाये ही नाचता है । महात्मा पुरुषके भाव, उनकी

चेष्टा, संकेत और उद्देश्यके अनुसार अपने-आप उससे क्रिया होती रहती है। उसे तो पूरा ज्ञान भी नहीं रहता कि मैं क्या कर रहा हूँ। इस प्रकारका श्रद्धालु उच्च श्रेणीका होता है और उसे परम श्रद्धा होनेसे तत्काल परमात्माकी प्राप्ति भी हो जाती है।

इससे कुछ निम्न श्रेणीका श्रद्धालु वह है जिसकी महात्मामें श्रद्धा तो है पर वह उनका अनन्य भक्त नहीं है। हाँ, मुख्य भक्त अवश्य है। उसमें कर्तापनका भाव रहता है। ऐसा श्रद्धालु भी महात्माकी आज्ञाका उल्लङ्घन नहीं कर सकता। वह महात्माकी आज्ञाके सम्मुख अपने प्राणोंकी भी परवा नहीं करता। वह अपने प्राणोंका त्याग कर सकता है, पर महात्माकी आज्ञाका त्याग नहीं कर सकता। उसकी अनन्य श्रद्धा तो नहीं है, किंतु मुख्य श्रद्धा है। उसको जब मालूम हो जाता है कि महात्माकी यह सम्मति है तब फिर वह उससे बाहर नहीं जा सकता। उससे बाहर जानेकी उसमें सामर्थ्य ही नहीं रहती। विपरीत जानेकी बात तो दूर रही, वह उनकी सम्मतिमें बाधा भी नहीं डाल सकता। यदि कदाचित् भूलसे कोई कार्य महात्माकी सम्मतिके विपरीत हो जाता है तो उसे पश्चात्ताप होता है; क्योंकि उसमें कर्तापनका अभिमान है और जहाँ कर्तापनका अभिमान है, वहाँ कुछ स्वतन्त्रता है। परंतु जहाँ परम श्रद्धा हो जाती है वहाँ कोई स्वतन्त्रता नहीं रहती। अतः उसे किसी प्रकारके चिन्ता-विषाद और पश्चात्ताप होते ही नहीं।

इससे भी निम्न श्रेणीका श्रद्धालु वह है, जिसकी महात्मामें भी श्रद्धा है और संसारमें भी विश्वास है। सब समय श्रद्धा, विश्वास समान नहीं रहते। कभी महात्मामें नौ आना हो जाती है तो कभी संसारमें। इस प्रकार दोनोंका ही उसपर असर रहता है। वह कभी संसारको आदर देता है तो कभी महात्माको। जब संसारमें आसक्त होता है तब कहीं धनके लिये, पदार्थोंके लिये, अपने शरीरके आरामके लिये, मान-बड़ाईके लिये महात्माके वचनोंकी अवहेलना भी कर देता है। कहीं पदार्थोंकी विशेष सत्ता मानकर नीतिकी दृष्टिसे महात्माके कथनको शास्त्रसम्मत, धर्मयुक्त और न्यायसङ्गत नहीं समझता और उनके वचनोंकी अवज्ञा भी कर देता है तथा कहीं अपने मन-बुद्धिके भ्रमसे अनेक युक्तियोंसे उनकी बातोंका प्रतीकार भी कर देता है। इसी प्रकार जब बुद्धिके विवेकके द्वारा, शास्त्रकी दृष्टिसे, सुनी हुई बातोंकी दृष्टिसे, मन-बुद्धिमें महात्माके प्रति श्रद्धापूर्वक आस्था और महत्त्व हो जानेपर, महात्माके प्रति प्रेम और विश्वासका आविर्भाव होता है, तब उस समय संसारकी, धनकी, शरीरकी, मान-बड़ाईकी अवहेलना कर देता है तथा महात्माकी बात मानकर उनके वचनोंका विशेष आदर करता है, किंतु इन बातोंको समझकर भी जिस समय उसकी अधिक प्रीति संसारकी ओर हो जाती है उस समय महात्माकी अवहेलना भी कर देता है। वह जितना महात्माका प्रभाव समझता है, उतना ही आदर करता है और जितना आदर करता है, उतना ही उनमें प्रेम होता है और प्रेमके अनुसार ही उसको लाभ मिलता है।

भावसाध्य साधन

(स्वामीजी श्रीरामसुखदासजीके भाषणका एक अंश)

गत माघ कृष्णा ३ मंगलवारको प्रातःकाल श्रीरामरिखदासजी परसरामपुरियाकी कोठी रमणरेती वृन्दावनमें स्वामीजी श्रीरामसुखदासजीने भाषण देते हुए कहा कि अपने जितनी बातें सुनी जायँ, उन बातोंमेंसे जो अच्छी बातें मालूम दें, उन्हें चुन-चुनकर याद कर लें, नोट कर लें और उनके अनुसार अपना जीवन बनावें। पक्का विचार कर लें कि अब अपने तो ऐसा जीवन बनाना ही है। ऐसा निश्चय करके उनको आचरण-

में लानेकी चेष्टा करें तो बहुत विशेष सुधार हो सकता है ।

दूसरी बात यह समझमें आयी कि साधन एक तो क्रियासाध्य होता है और एक होता है भावसाध्य । क्रियासाध्य साधनकी अपेक्षा भावसाध्य साधन अधिक मूल्यवान् होता है, श्रेष्ठ होता है और भावसाध्य साधन है भी सुगम । क्रियामें तो उद्योग करना पड़ता है, परिश्रम करना पड़ता है; परंतु भावमें तो वैसा मानकर अपना भाव बना लेना पड़ता है, जिससे साधन सुगमतासे बनता है ।

भाव भी दो तरहके होते है । एक भाव कठिन होता है और एक भाव सुगम होता है । जैसे मनकी एकाग्रता अर्थात् मनमें कुछ भी स्फुरणा न हो आदि तो यह साधन कठिन है । पर ऐसा भाव कि भगवान् मेरे है, मै भगवान्का हूँ—यह भाव सुगमतासे बनाया जा सकता है । मनुष्य यदि चाहे कि मैं भगवान्के साथ अपना सम्बन्ध जोड़ लूँ तो वह जब चाहे तभी जोड़ सकता है और संसारके साथ तोड़ना चाहे तो जब चाहे तभी तोड़ सकता है; अतः यह साधन सुगम है और बहुत मूल्यवान् है । जैसे विवाह होता है तो लड़की मान लेती है कि यह मेरा पति है और वह लड़का मान लेता है कि यह मेरी स्त्री है । ऐसा माननेपर उम्रभर वही सम्बन्ध रहता है । पतिके मर जानेपर भी वह स्त्री वही सम्बन्ध माने रहती है कि मैं अमुककी स्त्री हूँ । उसका नाम सुननेपर मनमें असर पड़ता है—चौकन्नी-सी हो जाती है कि किसका नाम लिया इन्होंने । मरनेके बाद पचासों वर्ष हो जायँ तब भी उसके वही बात रहती है । कारण, उसका मनसे सम्बन्ध हो गया कि ये मेरे पति हैं, यह मेरे पतिका नाम है । इसी तरह भगवान्के साथ अपनापन हो जाय तो फिर कुछ करना नहीं पड़ता । भगवान् मेरे हैं । भगवान्का नाम लेते ही मनमें आये कि 'ओहो ! हमारे प्रभुका नाम ले रहे हैं । दूसरे नामसे भी कोई पुकारे तो कहते हैं हमारे प्रभुको ही पुकार रहे हैं, उसका लक्ष्य हमारे प्रभुका है । ऐसा समझकर उसे आनन्द आता है । और वह पुस्तक पढ़ता है और उसमें कहीं भगवान्का नाम हो, भगवान्की लीला हो, गुण हो, भगवान्के सम्बन्धकी कोई भी बात हो तो वह उसको बड़ी प्रिय लगती है और सुननेमें बड़ा आनन्द आता है तथा अपनापन प्रतीत होता है कि यह हमारे प्रभुकी बात है । इस तरह भाव बना लिया जाय तो बड़ी सुगमतासे मनुष्यकी उन्नति हो सकती है और भाव बननेपर उस भावके अनुसार आप-से-आप क्रियाएँ होने लगती हैं । जैसे विवाह होनेपर लड़कीका भाव बदल जाता है, अतः क्रियाएँ भी बदल जाती हैं और उसे दूसरे लोग भी कहने लग जाते हैं कि तू बालक थोड़े ही है, तेरा विवाह हो चुका है, यों कैसे चलती है । वह भी समझती है कि यह ठीक है, मेरी शादी हो चुकी है । इसी तरह जो साधन-भजन करते हैं और भगवान्के हो जाते हैं, उनके मनका भी भाव बदलता है और वे गड़बड़ी करते हैं तो दूसरे भी कह देते हैं कि तुम तो सत्सङ्ग करनेवाले हो, तुम भजन-ध्यान करनेवाले हो, यों कैसे करते हो; सत्सङ्ग करते हो और झूठ बोलते हो, क्या तुम पापसे नहीं डरते ? तुम्हें बड़ा पाप लगेगा । दूसरे लोग भी सावधान कर देते हैं और उसके अपने भी मनमें आती है कि बात तो ठीक है, सत्सङ्ग किया है तो फिर वैसे ही आचरण करने चाहिये । इस तरह भाव बन जानेपर आचरण भी अपने-आप ही उत्तम बनने लग जाते हैं अर्थात् भावसाध्य साधन बननेपर क्रियासाध्य साधन अपने-आप बनने लगता है ।

श्रीहरिः

'कल्याण'का 'संत-वाणी-अङ्क'

स्वयं ग्राहक बनिये और इष्ट-मित्रोंको बनाइये

'कल्याण'के 'संत-वाणी-अङ्क'की उपयोगिता और कल्याणकारिताके सम्बन्धमें देशके बड़े-बड़े विद्वानों और महानुभावोंके पत्र आ रहे हैं। पत्रोंमें भी समालोचना हो रही है। संत श्रीविनोबाजीके पत्र 'सर्वोदय'ने लिखा है—

'×××इस विशाल विशेषाङ्कमें 'कल्याण'की परम्पराके अनुसार हमारे पुरातन तथा आधुनिक देश-विदेशके पूजनीय संतोंके अमूल्य वचनोंका बड़ा उपयोगी संग्रह है।××'

एक प्रसिद्ध दैनिक पत्रमें लम्बी समालोचना निकली है, उसका कुछ अंश यह है—

'×××इस संत-वाणी-अङ्कमें केवल भारतीय संतोंके ही नहीं, विदेशी संतोंके भी अनेक मूल्यवान् उपदेश संगृहीत हैं। इस एक ही अङ्कमें संसारके बहुत बड़े-बड़े सतोंके अमूल्य उपदेश पढ़नेको मिल जाते हैं।××यह अङ्क हर दृष्टिसे बहुत मूल्यवान् है।××××'

सौराष्ट्रका एक सम्मानप्राप्त शिक्षासम्बन्धी पत्र लिखता है—

'×××जनवरी १९५५ का संत-वाणी-अङ्क××कल्याण साइजके आठ सौ पृष्ठोंका सचित्र एक महाग्रन्थ बन गया है और भारतवर्षके प्रसिद्ध-अप्रसिद्ध संतों तथा परदेशोंके भी अनेक प्रभुभक्तों, संतों और चिन्तकोंकी वाणीसे छलाछल भरा है। हम इस प्रयत्नसे बड़े प्रसन्न हैं। श्रद्धा, भक्ति और मानव-कल्याणकी दृष्टि होती है वही ऐसा प्रयत्न प्रारम्भ कर सकता है और सफल बना सकता है। धर्मप्राण वाचक जनतापर यह एक महदुपकार है। इसीके साथ, धार्मिक जीवनके संशोधनकारके लिये यह अङ्क एक आकर-ग्रन्थके तौरपर भी बहुत उपयोगी हो सकता है।××××'

जैनधर्मके एक प्रसिद्ध पत्रने जो कुछ लिखा है, उसका एक अंश यह है—

'×××'कल्याण'का यह संत-वाणी-अङ्क ८०० पृष्ठोंके वृहद् कलेवरमें संत-वाणीका अपूर्व संग्रह है। इसमें ५८५ संत और साधकोंके वचनोंका संग्रह संक्षेपमें किया गया है। संसारका कोई धर्म अछूता नहीं बचा है, जिसके संतोंकी वाणीका थोड़ा-बहुत उद्धरण इसमें न हो। इसमें केवल भारतके ऋषि-महर्षियोंकी और पौराणिक संतोंकी वाणीका ही संकलन नहीं है, पर पाश्चात्त्य देशोंके महर्षियोंकी वाणीको भी महत्त्वका स्थान दिया गया है। पुराने कालसे लेकर आधुनिक कालतकके संत-महात्माओंकी वाणी इसमें संगृहीत है। पुरुष संतोंके अमर वचनोंके साथ कुछ नारी संतोंके सुवचन भी दिये गये हैं। संतोंके जीवनादर्शको व्यक्त करनेवाले ४९ चित्रयुक्त लेखोंने इसकी शोभाको और भी बढ़ा दिया है। इस अङ्कके दूसरे खण्डमें संस्कृतके गीत, ध्यान, सिद्धस्तोत्र, छोटे स्तवनग्रन्थ संगृहीत हैं। अङ्कके सुनहरे, बहुरंगे, दुरंगे, सादे चित्रोंकी संख्या ८४ और संतोंके चित्रोंकी संख्या १४० है। इस तरह यह अङ्क सुन्दर सामग्रीसे सम्पन्न ही नहीं, सुन्दर कलापूर्ण चित्रोंके कारण बड़ा नयनाभिराम भी बन गया है।××××'

एक उच्च श्रेणीके मासिकपत्रने लिखा है—

'××८०० पृष्ठके इस अङ्कमें अमूल्य उपदेशोंको सुन्दर ढंगसे एक स्थानपर एकत्रित कर दिया गया है। ये सारे उपदेश जीवन-निर्माणमें सहायक और मनुष्यके विचारोंको उच्चस्तरपर पहुँचानेवाले हैं।×××'

एक उच्चकोटिके संतहृदय महानुभावने लिखा है—

'×××संत-वाणी-अङ्कसे निस्सीम संतोष और अपार शान्ति हुई। शाश्वत सुख और परम आनन्दमें

भन पहुँच गया, तद्रूप हो गया। भारतीय धर्मपरायण जनता.....इस सत्प्रयत्नके लिये युग-युगतक ऋणी रहेगी। जहाँ-जहाँ 'कल्याण'का यह अङ्क पहुँचेगा, वहाँ-वहाँ सभी श्रेणीके साधकोंको अपनी परमा सम्पत्ति समुपलब्ध होनेका भान रहेगा।.....'

शास्त्रके एक बहुत बड़े विद्वान् लिखते हैं—

'विशुद्ध संतवाणियोंसे ही कलेवर पूर्ण हो गया है, इसीलिये पवित्रता तथा कल्याण-सम्पादन-क्षमता-की सीमाका ही स्पर्श कर रहा है।×××गोस्वामी तुलसीदासजी, सूरदासजी, कबीरदासजी, नागरीदास-जी, भारतेन्दु हरिश्चन्द्रका संग्रह इतना विस्तृत उपयोगी और सुन्दर हुआ है कि एक ही साथ हिंदीके परीक्षार्थी, भक्त, साधक, विद्वान् सभी लाभ उठायेंगे।×××परमार्थ-साधकोंके लिये यह महान् लाभदायक होगा। यह संग्रह विश्वसाहित्यमें अपने ढंगका प्रथम और अनूठा है। विद्वान्, उपदेशक, कथावाचक, लेखक, भक्त, विरक्त, साधक, विद्यार्थी—सभीके संग्रहके योग्य है।××××'

एक जननेता लिखते हैं—

'×××यह अङ्क देशके लिये परमौषधि है।×××इस प्रकारके अङ्कोंकी आवश्यकता है। देशका कोई भी समाचार-पत्र इस प्रकारका नहीं है जो धार्मिक भावनाओंको यों पूर्ण कर सके।'

संत-वाणी-अङ्कके सम्बन्धमें देशके विद्वानों तथा मनीषियोंकी क्या राय है, उपर्युक्त उद्धरण उसका एक छोटा-सा नमूना है। देशवासियोंके पवित्र जीवन-निर्माण तथा उसको उच्चस्तरपर उठानेके लिये 'संत-वाणी-अङ्क' के प्रचार-प्रसारकी बड़ी आवश्यकता है। इसका जितना ही प्रचार अधिक होगा, उतने ही सद्विचारोंका प्रसार होगा। अतएव 'कल्याण'के सभी ग्राहकोंसे, पाठक-पाठिकाओंसे तथा प्रेमियोंसे सानुरोध निवेदन है कि वे विशेष प्रयत्न करके 'कल्याण'के ग्राहक बनावें। किन्हीं-किन्हीं प्रेमियोंने तो चेष्टा करके सैकड़ों ग्राहक बनाये हैं और अब भी बना रहे हैं। 'कल्याण'के लाखों पाठक, ...ची लगन-से प्रयत्न करें तो लाखों नये ग्राहक बन सकते हैं। ग्राहक बननेवाले सज्जन कृपया वार्षिक मूल्य ८॥) मनीआर्डरसे भेजें, अथवा वी० पी० द्वारा अङ्क भेजनेके लिये पत्र लिखें।

'संत-वाणी-अङ्क' उपहारमें देने, विवाह आदिमें बारातियोंको उनमें सात्त्विक भावोंकी वृद्धिके लिये भेंट देने, विद्यार्थियोंको वितरण करने आदिके लिये बड़ा ही उपयोगी है।

व्यवस्थापक—'कल्याण', पो० गीताप्रेस (गोरखपुर)

आवश्यक निवेदन

गीताप्रेसमें प्राचीन हस्तलिखित पुस्तकोंके संग्रहकी व्यवस्था की गयी है। उसमें बहुत-से ग्रन्थोंका संग्रह हो चुका है और निरन्तर हो रहा है अतएव जिनके पास प्राचीन हस्तलिखित संस्कृत या हिंदीके सचित्र या अचित्र ग्रन्थ हों और जो उन्हें सुरक्षित रखना चाहते हों, वे कृपया अपने ग्रन्थोंको गीताप्रेसके संग्रहालयके लिये भेज दें। डाक और रेलखर्च यहाँसे दिया जायगा। किन्हीं विशेष ग्रन्थोंका उचित मूल्य भी दिया जा सकता है। हमारा निवेदन है कि 'कल्याण'के ग्राहक और पाठक महोदय प्रयत्न करके ऐसे ग्रन्थ मिजवाकर ग्रन्थ-रक्षाके पवित्र कार्यमें सहायता करें।

हनुमानप्रसाद पोद्दार
सम्पादक 'कल्याण'

कल्याण



वर्ष २९
संख्या ३

सूचना

श्रीजयदयालजी गोयन्दका आधे चैत्र (२४ मार्च) के लगभग ऋषिकेश, गीता-भवनमें पहुँचनेवाले हैं । सदाकी भाँति उनका आषाढ़तक वहाँ ठहरनेका विचार है । सत्सङ्गके लिये आनेवाली स्त्रियोंको अकेले नहीं आना चाहिये । गहने आदि जोखिमकी कोई चीज साथ नहीं लानी चाहिये । खान-पानकी चीजोंका प्रबन्ध यथासाध्य किया जाता है ।

विषय-सूची

कल्याण, सौर चैत्र २०११, मार्च १९५५

विषय	पृष्ठ-संख्या
१—भगवान् श्रीरामचन्द्रका सौन्दर्य [कविता] (गोस्वामी श्रीतुलसीदासजी)	८६५
२—कल्याण ('शिव')	८६६
३—एक महात्माका प्रसाद	८६७
४—मैं जान गया सब मान गया [कविता] (श्रीदेवचन्द्र वर्मा 'हयारण')	८७२
५—स्त्रियोंके लिये स्वार्थ-त्यागकी शिक्षा (श्रद्धेय श्रीजयदयालजी गोयन्दका)	८७३
६—प्रारब्ध (स्वामीजी श्रीचिदानन्दजी सरस्वती)	८७९
७—श्रीकृष्णलीलाका चिन्तन	८८१
८—भगवान श्रीसीतारामजीका ध्यान	८८८
९—ईश्वर ध्येय और ज्ञेय (श्रीचारुचन्द्र चटर्जी एम० ए०)	८९१
१०—मृत्युके समक्ष [कविता] (श्रीमुरलीमनोहरसिंहजी)	८९५
११—जब अपवित्र विचार घेरते हैं (श्रीकृष्णदत्तजी भट्ट)	८९६
१२—हिंदू आदर्शोंके अनुसार सन्तुलित जीवन (श्रीगुलाबरायजी एम० ए०)	८९९
१३—सर्वस्व-दान [कहानी] (श्री 'चक्र')	९०२
१४—पेर [गद्य-काव्य] (श्रीहरिकृष्णदासजी गुप्त 'हरि')	९०६
१५—मनकी बाँधनेमें आत्मकल्याण है (प्रो० श्रीरामचरणजी महेन्द्र एम० ए०)	९०७
१६—धर्मके नामपर पाखण्ड क्यों ? (श्रीपुरुषोत्तमजी शर्मा)	९१०
१७—ॐ (आचार्य श्रीविद्यानन्दजी विदेह)	९११
१८—भल-भूलैयाका खेल (श्रीमन्त प्रतापसेठजी)	९१३
१९—परम दार्शनिक और महात्मा स्पिनोजा (Spinoza) (रायबहादुर श्रीपुत्तनलालजी विद्यार्थी)	९१३
२०—समझने सीखनेकी चीज	९१८
२१—धूम्रपानमें विषकनाश—देशनाश (बाबा श्रीराघवदासजी)	९२३
२२—गोहत्याका महापाप शीघ्र मिटनेकी आशा	९२५
२३—समाचार	९२६
२४—राम फगुआ [गीत] (महात्मा श्रीजगौरीशंकर सीतारामजी महाराज)	९२८

चित्र-सूची

तिरंगा

१—भगवान् श्रीसीतारामजी	८६५

वार्षिक मूल्य भारतमें ७॥) विदेशमें १०) (१५शिलिंग)

जय पावक रवि चन्द्र जयति जय । मत चित आनँद भूमा जय जय ॥
जय जय विश्वरूप हरि जय । जय हर अखिलात्मन् जय जय ॥
जय विराट जय जगत्पते । गौरीपति जय रमापते ॥

साधारण प्रति भारतमें ।≡) विदेशमें ॥–) (१० पेंस)

सम्पादक—हनुमानप्रसाद पोद्दार, चिम्मनलाल गोस्वामी, एम० ए०, शास्त्री
मुद्रक-प्रकाशक—घनश्यामदास जालान, गीताप्रेस, गोरखपुर

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते । पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥



स्मृतापि तरुणातपं करुणया हरन्ती नृणामभङ्गुरतनुत्विषां वलयिता शतैर्विद्युताम् ।
कलिन्दगिरिनन्दिनीतटसुरद्रुमालम्बिनी मदीयमतिचुम्बिनी भवतु कापि कादम्बिनी ॥

(पण्डितराज जगन्नाथ)

वर्ष २९ | गोरखपुर, सौर चैत्र २०११, मार्च १९५५ | संख्या ३ पूर्ण संख्या ३४०

भगवान् श्रीराघवेन्द्रका सौन्दर्य

देखौ, राघव-बदन बिराजत चारु ।
जात न बरनि, बिलोकत ही सुख, मुख किधौं छबि बर नारि सिंगारु ॥ १ ॥
रुचिर चिबुक, रद-ज्योति अनूपम, अधर अरुन सित हास निहारु ।
मनो ससिकर बस्यो चहत कमल महँ, प्रगटत, दुरत न बनत बिचारु ॥ २ ॥
नासिक सुभग मनहु सुक सुंदर, चितवत चकि आचरज अपारु ।
कल कपोल, मृदु बोल, मनोहर रीझि, चित चतुर, अपनपौ वारु ॥ ३ ॥
नयनसरोज, कुटिल कच, कुंडल, भ्रुकुटि, सुभाल तिलक सोभा-सारु ।
मनहु केतु के मकर, चाप-सर गयो बिसारि भयो मोहित मारु ॥ ४ ॥
निगम, सेष, सारद, सुक, संकर बरनत रूप न पावत पारु ।
तुलसिदास कहै, कहौ धौं कौन बिधि, अति लघुमति जड़ कूर गँवारु ॥ ५ ॥

याद रक्खो—सच्चा मानव वही है, जिसमें मानवता हो। मानवताका प्रधान स्वरूप है—जीवनका भगवान्‌के अभिमुख होकर यथार्थ आत्मकल्याणकी ओर अग्रसर होना। नहीं तो, पशु और मनुष्यमें कोई अन्तर नहीं है। खाना, सोना, डरना, स्त्री-पुरुषका मिलना, क्रोध करना—ये सभी बातें जितनी मनुष्यमें हैं, उतनी ही पशुमें भी हैं। मनुष्यमें केवल एक यही विशेषता है कि वह अपने कल्याणकी बात सोच सकता है, आत्म-कल्याणके साधन कर सकता है और आत्मकल्याणको प्राप्त कर सकता है। जो इस विवेकसे रहित है, वह तो मनुष्यके रूपमें पशु ही है।

याद रक्खो—मनुष्यमें भगवान्‌की दी हुई बुद्धि-शक्ति है और उसको नवीन कर्मके सम्पादनका अधिकार प्राप्त है। इस बुद्धिशक्ति और कर्माधिकारका सदुपयोग करके वह महामानव, देवता ही नहीं—परमात्म-स्वरूपको प्राप्त कर सकता है, जो मानव-जीवनका परम ध्येय है। परंतु उसी बुद्धिशक्तिका यदि वह विपरीत दिशामें प्रयोग करता है तो उसके द्वारा विपरीत कर्म बनते हैं और वह असुर बन जाता है। फिर वह अपनी जघन्य आसुरी क्रियाओंसे प्रतिपल संसारके प्राणियोंका घोर अहित करके उनको भयानक दुःख पहुँचानेमें कारण बनता है। फलतः उसे भगवत्प्राप्ति या आत्मकल्याणकी प्राप्ति नहीं होती।

याद रक्खो—ऐसा असुर-मानव भोगोंकी प्राप्ति और उपभोगको ही जीवनका एकमात्र लक्ष्य बनाकर उनके लिये अविराम प्रयत्न करता है और जीवनके अन्तिम क्षण तक अनन्त चिन्ताओंसे ग्रस्त हुआ वह असत्-आचरणोंमें लगा रहता है। इससे उसका मानव-जीवन सर्वथा व्यर्थ ही नहीं होता, वह बार-बार घृणित आसुरी योनिको और उससे भी अत्यन्त अधम नारकी गतिको प्राप्त होता है, उसके लिये मानव-जीवन उद्धारका हेतु न बनकर घोर अभिशाप बन जाता है। यह मनुष्य-जीवनकी अत्यन्त दुःखदायिनी असफलता है। जो उसका दुरुपयोग करनेके कारण प्राप्त होती है।

याद रक्खो—तुम संसारमें एक ही महान् कार्य करनेके लिये आये हो, जो अबतक किसी भी योनिमें सम्पन्न नहीं हुआ। वह महान् कार्य है भगवत्प्राप्ति और तुम उसके पूर्ण अधिकारी हो। पर तुम अपने जीवनके इस परम पवित्र उद्देश्यको भूलकर उन प्राणि-पदार्थोंके पीछे पागल हो रहे हो जो अन्तमें तुम्हें धोखा देंगे, तुम्हें उन सबको छोड़कर यहाँसे अकेले चला जाना पड़ेगा। फिर सिवा पछतानेके तुम्हारे हाथमें कोई भी उपाय नहीं रह जायगा।

याद रक्खो—तुम्हारे जीवनका भगवत्प्राप्ति ही परम ध्येय है। इसलिये तुम अपना प्रत्येक काम भगवान्‌की प्रसन्नताके लिये ही करो। निरन्तर भगवान्‌का स्मरण करते हुए अपने प्रत्येक कर्मसे भगवान्‌की पूजा करो। कर्म करो सुचारु रूपसे, कहीं चूको मत। आलस्य या प्रमादसे कर्मका स्वरूप मत बिगाड़ो। पर करो केवल भगवान्‌के लिये ही। भोगोंकी आशा-आकाङ्क्षाको मनसे निकाल दो।

याद रक्खो—भगवान्‌के लिये होनेवाले कर्म वही हैं, जिनमें आसक्ति नहीं है, जिनमें भोगकामना नहीं है, जिनके अनुकूल अथवा प्रतिकूल फलमें समबुद्धि है और जिनके द्वारा संसारके किसी भी प्राणीका कोई अहित नहीं होता एवं किसीके भी सुखका नाश नहीं होता।

याद रक्खो—जिन कर्मोंसे दूसरे प्राणियोंका अहित होता है या उनके सुखका नाश होता है, वे कर्म भगवान्‌की प्रसन्नताके लिये नहीं होते। उनसे तुम्हें कभी परिणाममें सुख नहीं मिलेगा। जो मनुष्य दूसरोंके सुखका नाश करके सुखी होनेकी आशा करता है, वह बड़ा ही अभागा है। ऐसे कर्मोंसे भगवान्‌की अप्रसन्नता और परिणाममें असीम दुःखोंकी प्राप्ति होती है। इसलिये सब प्राणियोंमें नित्य निरन्तर भगवान्‌को देखते हुए उनकी हितभरी सेवाके द्वारा भगवान्‌की पूजा करो। अपने मानव-जीवनके लक्ष्यको कभी मत भूलो और शरीर छूटनेसे पहले ही उसे प्राप्त करके मानव-जीवनको सफल बना लो।

'शिव'

एक महात्माका प्रसाद

[वर्ष २८ के पृष्ठ १४४९ से आगे]

(३८)

जबतक साधकको अपने लक्ष्यकी प्राप्तिमें किसी प्रकारकी उलझन या कठिनाई मालूम हो, तबतक समझना चाहिये कि चित्तमें किसी-न-किसी प्रकारकी अशुद्धि है।

जबतक मनुष्य पराधीन रहता है, अपनी कामनाकी पूर्ति दूसरोंसे चाहता है, तबतक उसका चित्त शुद्ध नहीं हो पाता।

संतोंका कहना है कि जब मनुष्य आजाद (स्वाधीन) हो जाता है, तब खूँखार शेर उसे गोदमें ले लेता है; वृक्ष उसे फल देने लगते हैं। भाव यह कि चाहरहित मनुष्यको सब वस्तुएँ अनायास अपने-आप प्राप्त होती हैं।

साधकको चाहिये कि या तो सभीको अपना समझे या किसीको अपना न समझे। ये दोनों ही साधन हैं। सबको अपना समझनेवाला सबसे समान प्रेम करता है। प्रेममें देना-ही-देना रहता है। किसीसे कुछ लेनेकी भावना नहीं रहती। अतः सब प्रकारसे प्राप्त-शक्तिके द्वारा सबका हित करना, उस शक्तिको उनके हितमें लगा देना और बदलेमें उनसे कुछ लेना नहीं, यही सबको अपना समझना है। एवं सबसे असङ्ग हो जाना ही अपना न समझना है।

जो दूसरोंसे कुछ लेनेके लिये अपना समझता है, वह कभी गुलामीसे नहीं छूटता। जिस-जिस भोगको वह चाहता है, उस-उसका गुलाम बन जाता है। अतः स्वाधीन नहीं हो पाता और उसका चित्त अशुद्ध होता रहता है। चित्तकी शुद्धिके लिये क्षमाकी बड़ी भारी आवश्यकता है। अतः साधकको क्षमाशील होना चाहिये। जब कभी उसे मालूम हो कि मेरे कारणसे किसीको कष्ट हुआ है, मुझसे किसीके प्रतिकूल व्यवहार हो गया है, तो तुरंत उससे क्षमा माँग ले। यदि अपनी गलतीका भास कालान्तरमें हो तो मनसे क्षमा माँग ले और पुनः वैसी गलती न करनेका दृढ़ संकल्प कर ले। इससे साधकमें निर्दोषता आती है।

यदि किसी दूसरेका व्यवहार अपने प्रतिकूल हो तो तत्काल ही उसे क्षमा कर दे। अपने मनमें यह भाव ही न रहने दे कि उसने कोई अपराध किया है, ताकि उससे बदला लेनेकी भावना कभी भी उत्पन्न न हो। यह भाव रक्खे कि सरकारसे या ईश्वरसे भी उसको किसी प्रकारका दण्ड न मिले, बल्कि ईश्वरसे यह प्रार्थना करे—इसकी बुद्धि शुद्ध कर दीजिये ताकि यह अन्य किसीके साथ बुरा व्यवहार न करे। इससे साधकमें वैर-भाव मिट जाता है।

जो स्वयं दुखी होता है, वही दूसरोंको दुःख देता है। जिसके पास जो वस्तु होगी वही तो देगा। जिसके पास दुःख है ही नहीं, वह कहाँसे देगा। दुखी प्राणी हर प्रकारसे दयाका पात्र होता है। अतः क्षमाशील साधक कभी किसीपर क्रोध या द्वेष-भाव नहीं करता। उसे तो किसीका अपराध दीखता ही नहीं। वह तो दुःखका हेतु अपनी बेसमझीको मानता है।

जो क्षमाशील साधक अपनी गलतीके लिये दूसरोंसे क्षमा माँगकर और पुनः गलती न करनेका संकल्प करके निर्दोष हो जाता है तथा अपने प्रति जो प्रतिकूल व्यवहार करता है, उसका दोष न मानकर

वैर-भावसे रहित हो जाता है, उसका चित्त शुद्ध हो जाता है।

आजकल जब किसीके मनके विपरीत काम होता है तो उसको क्रोध आ जाता है। यदि कोई कहे कि क्रोध नहीं करना चाहिये तो कहते हैं कि क्रोध किसको नहीं आता? क्या मै महात्मा हो गया? मैं तो गृहस्थ हूँ·····इत्यादि। यदि उनसे पूछा जाय कि 'आप महात्मा क्यों नहीं बन गये? किसने मना किया था? मनुष्य ही तो महात्मा होते हैं!' तो इसका कोई उत्तर नहीं है। ऐसे प्राणियोंका चित्त शुद्ध नहीं हो पाता।

जो मनुष्य भगवान्‌की प्रकृतिको अपनी मानकर उसमे भोगवासनाकी पूर्ति चाहता है, उसके साथ प्रकृति उदारताका व्यवहार नहीं करती। उसको तो वह उसके कर्मानुसार न्यायोचित फल देती है। उसपर प्रसन्न नहीं होती, बल्कि क्रोध करती है। जैसे किसी सती स्त्रीको कोई अपनी समझकर उसमे भोगकी चाह करे तो वह क्या करेगी? क्या उसको शाप नहीं देगी? इसी प्रकार ही प्रकृतिके बारेमे समझ लेना चाहिये। परंतु जो प्रकृतिको अपने प्रभुकी समझता है, उसमे किसी प्रकारका भी भोग नहीं चाहता, उसपर प्रकृति-माता प्रसन्न होकर जैसे कोई माता अपने पुत्रका पालन करती है, उसी प्रकार उसका पालन-पोषण करती रहती है। यही कारण है कि चाहरहित साधकको कभी अभावका भास नहीं होता।

किसीको यह कभी नहीं समझना चाहिये कि पतनका कारण प्रारब्ध है; क्योंकि प्रारब्ध किसीके पतनका कारण नहीं होता। विवेकका अनादर करनेसे और प्राप्त बलका दुरुपयोग करनेसे ही मनुष्यका पतन होता है।

जो मनुष्य अपने दोषकी ओर ध्यान न देकर दूसरोंको दोषी मानता है और इस खयालसे कि यहाँ मेरा आदर नहीं है, मेरे साथ लोग व्यवहार ठीक नहीं करते, एक जगह छोड़कर दूसरी जगह जाता है, उसको वहाँ भी आदर नहीं मिलता; क्योंकि दूसरोंसे सुख चाहनेवाले मनुष्यका कोई भी आदर नहीं करता। जैसे कोई बेवकूफ हो और सभी लोग उसे बेवकूफ कहने लगें एवं उस अपमानसे बचनेके लिये वह कहीं अपरिचित स्थानमे चला जाय, वहाँ जाकर कहीं जमीनके खड्डेमे बैठकर भोजन करे और इस खयालसे इधर-उधर देखता रहे कि कोई दूसरा देख न ले, कोई मुझे बेवकूफ न समझ ले। इस परिस्थितिमे उसे देखनेवाले उससे कहें कि 'अरे बेवकूफ! यहाँ क्या कर रहे हो?' तो वह क्या समझेगा। वह मनमें यही समझेगा कि यहाँ लोगोंने मुझे पहचान लिया। कहनेका भाव यह है कि जबतक उसमें बेवकूफी बनी रहेगी, वह कहीं भी किसीसे छिपी नहीं रहेगी। इसी प्रकार जबतक मनुष्य अपने दोषको स्वयं नहीं मिटा लेगा, तबतक कहीं भी उसे सुख और शान्ति नहीं मिलेगी।

इसलिये साधकको चाहिये कि जब जहाँ जो परिस्थिति प्राप्त है उसका सदुपयोग करे। ऐसा करनेसे उसकी उन्नतिका मार्ग अपने-आप खुल जाता है। और उसकी उन्नतिके लिये जब जैसी परिस्थिति आवश्यक होती है, अपने-आप अनायास प्राप्त हो जाती है। जब भगवान् उसका एकान्तवास आवश्यक समझते हैं तो वैसी ही परिस्थिति पैदा कर देते हैं।

साधकके लिये सबसे अच्छा जीवन वही है जब हृदयमें निरन्तर प्रेमकी गङ्गा लहराती रहे। अहं—अभिमानसे सर्वथा शून्य हो, किसी प्रकारकी चाहका उदय न हो, तथा जीवन सब प्रकारसे पूर्ण और अनन्त हो।

जीवन बदल जाना साधकका दूसरा जन्म है। यज्ञोपवीत-संस्कार हो जानेपर जो द्विज कहा जाता है उसका यही भाव है कि वह उसका नया जन्म है। अर्थात् उसे वेदके ज्ञानका अधिकार प्राप्त हो गया है। इसी प्रकार किसी प्रकारकी दीक्षा देकर उसके अहंको बदल देना, गृहस्थसे वानप्रस्थ या संन्यास ग्रहण कर लेना भी दूसरा जन्म माना जाता है; क्योंकि उससे उसका अहं परिवर्तित होता है।

जब सब प्रकारके दोषोंका अभाव होकर चित्त शुद्ध हो जाय तो साधकको समझना चाहिये कि मै अब पहलेवाला नहीं हूँ। मेरा यह दूसरा जन्म है। परंतु उसमें भी योगके, बोधके या प्रेमके अभिमानका भास नहीं होना चाहिये।

प्रेमी भक्त भगवान्‌से अपने उद्धारकी कामना भी नहीं करता। वह तो सर्वथा निष्काम रहता है।

(३९)

प्रश्न—भगवान्‌को अवतार क्यों लेना पड़ा ?

उत्तर—भगवान्‌को अवतार लेना पड़े ऐसी बात भगवान्‌में नहीं होती; क्योंकि भगवान् सर्वथा पूर्ण, सर्वशक्तिमान् और स्वतन्त्र हैं।

भगवदवतारके शास्त्रोंमे तीन हेतु बतलाये जाते हैं—(१) साधुओंका परित्राण, (२) दुष्टोंका विनाश और (३) धर्मकी स्थापना। इनमेंसे दुष्टोंका विनाश और धर्मकी स्थापना तो भगवान् बिना अवतार लिये भी कर सकते हैं। यदि वे दोनों भगवान्‌के अवतारमे खास कारण होते तो इस समय भी भगवान्‌का अवतार होना चाहिये था। धर्मका ह्रास इस समय कम नहीं है और दुष्टोंकी भी कमी नहीं है। परंतु उनकी लीलापर विचार करनेपर मालूम होता है कि भगवान्‌का अवतार अपनी रसमयी लीलाके द्वारा भक्तोंको रस प्रदान करनेके लिये और स्वयं उनके प्रेमका रस लेनेके लिये ही होता है। धर्मकी स्थापना और दुष्टोंका विनाश तो उसका आनुषंगिक कार्य है। उसमें भी प्रकारान्तरसे साधुओंका हित भरा रहता है।

साधु पुरुष वही है जो भगवान्‌को प्राप्त करना चाहता है। अपने जीवनको भगवत्परायण बनानेकी साधनामे लगा रहता है। किसी प्रकारका भेष बना लेनेका नाम साधु नहीं है।

भगवान् जब अवतार लेते हैं, साधु पुरुषोंके घरोमे लेते है। भगवान् श्रीकृष्णके अवतारपर ही विचार कीजिये। उनका प्राकट्य वसुदेवजीके घरमे और माता देवकीके उदरसे हुआ। जो स्वयंप्रकाश और सर्वत्र बसनेवाला है उसे 'वसुदेव' कहते हैं और प्रकाशमयी ब्रह्मविद्याका नाम देवकी है। इससे यह मालूम होता है कि भगवान् उन साधुपुरुषोंके घर जन्म लेते हैं, जो सर्वथा विशुद्ध और तत्त्वज्ञानी हैं। परंतु उसको अपनी लीलाका—अपने प्रेमका रस प्रदान नहीं करते। अपनी प्रेममयी लीलाका रस प्रदान करनेके लिये आप माता यशोदाकी गोदमे पधारते है। जो यश यानी प्रेम-रसका प्रदान करे उसको 'यशोदा' कहते हैं और आनन्दका ही दूसरा नाम 'नन्द' है। इससे यह मालूम होता है कि भगवान् अपने प्रेमी भक्तोंको अपनी प्रेममयी लीलाका रस प्रदान करके और उनके प्रेमरसका स्वयं आस्वादन करके उन भक्तोको आह्लादित करते है। यह काम बिना अवतार लिये पूरा नहीं हो सकता।

भगवान्‌की एक-एक लीलामें अनेक रहस्य भरे रहते हैं। वे एक ही लीलामें बहुतोंकी लालसा पूरी करते रहते हैं। उनकी प्रेममयी लीलाका रहस्य बड़े-बड़े बुद्धिमान् नहीं समझ पाते। औरोंकी तो कौन कहे, साक्षात् ब्रह्माजीको संदेह हो गया।

भगवान् अघासुरको मुक्त करके वन-भोजन करनेके लिये अपने बालसखाओंके बीचमें बैठकर भोजन करने लगे तो उस लीलाको देखकर ब्रह्माजी चकित हो गये। वे सोचने लगे कि 'साक्षात् परमेश्वर क्या कभी इन गँवार ग्वालोंके बालकोंकी जूँठ खा सकते हैं ? यह क्या ! एक बालक अपनी वस्तु दूसरेको देता है, वह अपने घरसे लायी हुई वस्तु दूसरेको देता है।' इस मोहमें पड़कर उन्होंने भगवान्‌की परीक्षा करनेके लिये बछड़ोंको उठाया। इधर बालकोंका मन भगवान्‌से हटकर बछड़ोंकी ओर गया। वे बोले, 'घासके लोभसे बछड़े दूर चले गये हैं, दिखलायी नहीं देते।' भगवान् यह कैसे सहन कर सकते हैं कि उनका प्रेमी किसी औरको देखे, उनको छोड़कर उसका मन दूसरी जगह चला जाय। अतः उन्होंने सखाओंसे कहा—'मित्रो ! तुमलोग यहीं रहो, मै अभी बछड़ोंको ले आता हूँ।' श्यामसुन्दर उधर गये कि ब्रह्माजीने उन बालकोंको बेहोश करके वहाँसे उठाया और पर्वतकी गुफामें रख आये। भगवान्‌से मन हटते ही ग्वाल-बालोंको एक वर्ष उनसे अलग होना पड़ा। इधर गायें तथा गोप-गोपियोंके मनमें यह लालसा बढ़ रही थी कि कभी वे दिन आयेंगे कि श्यामसुन्दर यशोदा मैयाकी भाँति हमारे स्तनोंका दूध पान करेंगे, उसी प्रकार हमारी गोदमें खेलकर अपनी प्रेममयी बाललीलाका रस प्रदान करेंगे। उनकी उस लालसाको पूर्ण करनेके लिये भगवान् स्वयं बछड़े बने और गायोंको प्रेम-रस प्रदान किया एवं उनका प्रेम-रस दुग्धके रूपमें पान किया। गोप और गोपियोंकी गोदमे खेलकर उनको पुत्र-स्नेहका रस प्रदान किया। एक वर्षतक वे उस मधुर प्रेमरसका आस्वादन करते रहे। उसके बाद जब ब्रह्माजीने देखा कि व्रजका काम तो उसी प्रकार चल रहा है, श्यामसुन्दर तो पहलेकी भाँति ही उन ग्वाल-बालोंके साथ भोजन कर रहे है और खेल कर रहे हैं और जिनको मै चुरा लाया था, वे सब गुफामें सो रहे हैं, तब विचार करते ही उनको भगवान्‌की अचिन्त्य महिमाका कुछ दर्शन हुआ तो उनका समस्त अभिमान गल गया। भगवान्‌के चरणोंमे मस्तक रखकर उन्होंने क्षमा माँगी और भगवान्‌की स्तुति की। परंतु भगवान् उनसे बोलेतक नहीं। एक ही लीलामें भगवान्‌ने अपने ऐश्वर्य और माधुर्यका प्रदर्शन किया। यह काम बिना अवतारके कैसे हो सकता था। एक ओर ब्रह्माके अभिमानका नाश, उसीके साथ-साथ ग्वाल-बालोंको चेतावनी और गायोंकी एवं गोप-गोपियोंकी प्रेम-लालसा-की पूर्ति। यह काम तो अवतार लेकर ही किया जा सकता है।

इसके पहले जब भगवान् श्यामसुन्दर छः दिनके हुए थे, उस समय भी उन्होने एक ही साथ ऐश्वर्य और माधुर्य तथा न्याय और दयालुताका भाव दिखाया था। पूतना, जो कि घोर पापिनी और बालकोंका नाश करनेवाली थी, जब सुन्दर धायका कपट वेष बनाकर भगवान्‌के पास गयी एवं मनमें दूषित भाव रखकर ऊपरसे प्रेमका भाव दिखाकर उनको गोदमें उठा लिया और अपना स्तन श्यामसुन्दरके मुखारविन्दमें दे दिया, तब भगवान्‌ने उसके मातृ-स्नेहकी रक्षा करनेके लिये तो उसका दूध पीया और वह उनके प्राण लेनेके लिये आयी थी, इसलिये दूधके साथ-साथ उसके प्राण भी पी गये। भगवान्‌के स्पर्शसे उसका कपट नाश हो गया। वह अपने असली रूपमें आ गयी। सारे शरीरमें सुगन्ध हो गयी। भगवान् उसके शरीरपर खेलने लगे और उसे माताकी गति प्रदान की। इस प्रकारकी लीला भगवान् बिना अवतारके कैसे कर सकते थे।

इसी प्रकार उनकी हरेक लीलामें अनन्त रस और अनन्त रहस्य भरा हुआ है। उनके प्रेमी भक्त ही उसका रस ले सकते है।

भगवान्‌का अवतार नित्य है। उनका लीलाधाम, उनके माता-पिता, उनके सखा और सखियाँ सब चिन्मय प्रेमसे ही बने हुए थे। उनमें कोई भी भौतिक वस्तु नहीं थी। भगवान्‌के प्रेमी भक्तोंमें भौतिक भाव नहीं रहता।

भगवान्‌के प्रेमी भक्तोंका आज भी उनकी दिव्य लीलामें प्रवेश होता है और वे उनके प्रेम-रसका आस्वादन करते रहते हैं। यदि भगवान्‌का अवतार नहीं होता तो इसकी पूर्ति नहीं हो सकती थी।

जिनको यह विश्वास नहीं है कि भगवान् अवतार लेते हैं, उनसे मेरा कोई आग्रह नहीं है कि वे अवतारवादको जबर्दस्ती मानें तथा उनके न माननेका कोई आश्चर्य भी नहीं है; क्योंकि अपनी मान्यताके लिये सभी स्वतन्त्र हैं।

(४०)

आजकल लोग साधन तो करते नहीं और साधन-का फल लेना चाहते हैं। तब उनको सफलता कैसे मिले? हरेक मनुष्य सोचता है कि साधन करके योग्यता तो कोई दूसरा प्राप्त कर ले और हमें आशीर्वाद दे दे ताकि हमें उसका सुख मिल जाय। जैसे गाछ तो कोई दूसरा लगा ले और उसके फल वह खाना चाहे, जिसने गाछ लगाते समय कुछ नहीं किया। तो ऐसा होता नहीं। साधनकी सफलताके लिये साधकको स्वयं साधन करना पड़ेगा। उसे साधनको ही अपना जीवन मानना पड़ेगा। ऐसा करनेसे ही वह कृतकार्य हो सकता है।

जो मनुष्य सब प्रकारके बन्धनोंसे मुक्त होना चाहता हो, उसे विचार करना चाहिये कि बन्धन क्या है। विचार करनेपर मालूम होगा कि भोगोंकी वासना, उनको प्राप्त करनेका संकल्प, उनका सम्बन्ध और चिन्तन, ये सब कहीं बाहरसे नहीं आये हैं। अपने ही प्रमादसे, अपनी ही असावधानीसे अपने अंदर उत्पन्न हो गये हैं। इससे यह सिद्ध हुआ कि बन्धन मनुष्यका अपना ही बनाया हुआ अपने अंदर है। अतः उससे मुक्ति भी वह स्वयं ही कर सकता है।

बन्धनोंको काटनेके लिये अर्थात् उनसे मुक्त होनेके लिये साधकको चाहिये कि सब प्रकारके भोगोंकी चाह-का त्याग कर दे तथा उनके सम्बन्ध और चिन्तनसे रहित हो जाय।

शरीरको मैं माननेसे और उससे सम्बन्ध रखनेवालों-को अपना माननेसे चाहकी उत्पत्ति होती है; क्योंकि जिन-जिनसे मनुष्य अपना सम्बन्ध स्थापित कर लेता है, उनमे आसक्ति हो जाती है। आसक्तिके कारण ही भोग उसे सुखप्रद प्रतीत होने लगते हैं तथा अपनेको शरीर मानकर ही मनुष्य उनके उपभोगमे प्रवृत्त होता है। वास्तवमें तो भोगोंका परिणाम रोग है।

अतः यह सिद्ध हुआ कि सब प्रकारके बन्धनोंका कारण एकमात्र अपनेको शरीर मान लेना है। अतः साधकको चाहिये कि अपनेको देहसे सर्वथा भिन्न समझकर सब प्रकारकी भोगवासनाका परित्याग कर दे।

भोग-वासनाका अर्थात् सब प्रकारकी चाहका परित्याग करनेके लिये संकल्पोंको मिटा देना आवश्यक है। अतः साधकको चाहिये जो आवश्यक संकल्प हों उनको पूरा करके मिटा दे और जो अनावश्यक हों उनका त्याग करके मिटा दे। संकल्परहित होनेपर साधकमें शक्ति आती है एवं चित्त शुद्ध और स्थिर होने लगता है। तब वह चाहरहित हो सकता है। चाहरहित होनेपर ही शान्ति मिलती है।

नाना प्रकारके संकल्प और भोगोंकी इच्छाने ही मनुष्यमे अभावकी उत्पत्ति करके उसे दुखी कर दिया है। भोगोंके वास्तविक स्वरूपको जानकर, उनकी

उत्पत्तिके कारणको मिटानेकी कोशिश करनेपर और बार बार उनका निरीक्षण करके त्याग करते रहनेपर संकल्पोंकी उत्पत्ति रुक सकती है। इसलिये साधकको निराश नहीं होना चाहिये।

साधकको चाहिये कि संकल्पके निवृत्तिकालमें जो उसे रस मिलता है उसका अनुभव करे। संकल्प उत्पन्न होकर पूरा हो जाय और दूसरा संकल्प उत्पन्न न हो, उसके बीचमें ध्यानपूर्वक अध्ययन करनेपर संकल्प-निवृत्तिके रसका अनुभव हो सकता है।

चेष्टा करनेपर भी संकल्प नहीं रुकते। इसका कारण यह है कि संकल्पोंकी उत्पत्तिका दुःख नहीं है और उनकी पूर्तिमें सुख मालूम होता है। अतः साधकको चाहिये कि संकल्पोंका परिणाम दुःख है, यह समझकर उनकी निवृत्ति न होनेतक उनके दुःखसे व्याकुल हो जाय। और उनकी पूर्तिके सुखका रस न ले। जिनको वर्तमान स्थितिमें संतोष नहीं होता, गहरा दुःख होता है, उनका ही परिवर्तन होता है।

विचार करनेपर साधकको मालूम होगा कि एक-एक चाहको उत्पन्न करनेके लिये अनेक संकल्प उत्पन्न होते हैं। और एक-एक संकल्पकी पूर्तिके लिये अनेक इच्छाएँ होती हैं एवं चाह और संकल्प मनुष्यको पराधीन बना देते हैं। इस रहस्यको न समझनेके कारण ही मनुष्यको संकल्पोंकी उत्पत्तिका दुःख नहीं होता और उनको मिटानेके लिये तत्परतापूर्वक साधन नहीं होता।

संकल्पोंका अन्त होनेसे चाहकी निवृत्ति होगी। चाहकी निवृत्ति ही चित्तकी शुद्धि है। चित्त शुद्ध होते ही साधकको बोध प्राप्त हो जाता है। उससे उसके सब प्रकारके दुःखोंका नाश हो जाता है। और उसके बाद जो भक्ति उत्पन्न होती है उससे अनन्त रस मिलता है। अतः साधकको संकल्पोंका समूल नाश करनेके लिये साधनमें तत्पर हो जाना चाहिये।

मैं जान गया बस मान गया

(रचयिता—श्रीदेवचन्द्र वर्मा 'हयारण')

मैं जान गया बस मान गया।
भूला-भटका, सीखा समझा, उरका मिथ्या अभिमान गया॥
मैं जान गया बस मान गया॥

है भरा स्वार्थमें सारा जग,
निद्रित प्राणी हों आज सजग,
दुनियाँका नाता सब झूठा
ऋषियोंकी वाणी मान गया।
मैं जान गया बस मान गया॥

इस जगकी संपूर्ण विजय भी निश्चित हार तभी जानो।
जगके दिखलावे हाव-भाव अरु दाव-पेंच पहचान गया॥

भावुक भूले निज भावोंमें,
दुनियाँ भूली निज दावोंमें,
अंतरका काला तिमिर काट
मैं सत् प्रकाश पहचान गया।
मैं जान गया बस मान गया॥

माता पिता प्यार करते हैं बच्चेपर निज स्वार्थ जान;
भाई-भाईको नष्ट करें जब लखता है निज स्वार्थ हान।
स्वारथरत इस दुनियाँकी सब चाल दुरंगी छान गया॥

धोखा है व्यवहार यहाँका,
थोथा है सब प्यार यहाँका,
झूठी माया, झूठी ममता,
झूठा सब जग जान गया।
मैं जान गया बस मान गया॥

मीठी-मीठी बात बनाकर सारा धन बटोरते आप।
दीन दुखीका ख्याल न रखते आखिर सहते हैं संताप॥
याद रखो! इन करतूतोंसे होगा नहीं कभी उत्थान।
दुखित अनाश्रितको दुख देना महा पाप मैं जान गया॥

बच्चे भूले खेल-कूदमें,
भूले युवक जवानीमें,
अन्त बुढ़ापा आन दबाया
मैं पहले पहचान गया।
मैं जान गया बस मान गया॥

भूला-भटका, सीखा-समझा उरका मिथ्या अभिमान गया।
मैं जान गया बस मान गया॥

स्त्रियोंके लिये स्वार्थत्यागकी शिक्षा

(लेखक—श्रद्धेय श्रीजयदयालजी गोयन्दका)

स्त्रियोंको आपसमें किस प्रकारका व्यवहार करना चाहिये तथा पुरुषोंके साथ उन्हें कैसा व्यवहार करना चाहिये; आज यहाँ इस विषयपर कुछ विचार किया जाता है।

भगवान्‌को प्रसन्न करना अर्थात् भगवान्‌की प्रसन्नताके अनुसार कार्य करना तो सभीका सिद्धान्त और एकमात्र उद्देश्य होना चाहिये। स्वार्थत्याग-पूर्वक सबकी सेवा करनेसे सब प्रसन्न होते है और सबके प्रसन्न होनेसे भगवान् प्रसन्न होते हैं और इस प्रकार भगवान्‌को प्रसन्न करनेमे बहुत ही शीघ्र भगवान्‌की प्राप्ति हो सकती है।

माता-बहिनोंको आपसमें किस प्रकारका व्यवहार करना चाहिये, इसमे ये दो बातें स्मरण रखनेकी हैं। एक तो यह कि मेरे व्यवहारसे सबको प्रसन्नता कैसे हो और दूसरे, यह समझना चाहिये कि परमात्मा सबमे विराजमान हैं, सब परमात्माके ही रूप है इसलिये सबकी सेवा ही परमात्माकी सेवा है और यों समझकर हर प्रकारसे अपने द्वारा जैसे ही बने, सबकी सेवा करनी चाहिये।

जैसे स्वार्थी मनुष्य अपने स्वार्थसाधनमें रत होता है, वैसे ही सबके हितमें रत होना बहुत उच्चकोटिकी सेवा है और यही मनुष्यका लक्ष्य होना चाहिये। इसके तीन भेद हैं—

(१) जो वर्ण, आश्रम, पद, अवस्था और ज्ञानमें अपनेसे बड़े हैं, चाहे स्त्री हों या पुरुष, उनकी श्रद्धाभक्तिपूर्वक सेवा करना।

(२) जो बराबरकी अवस्थावाले, समान श्रेणी-वाले हैं, उनकी मित्रभावसे सेवा करना।

(३) जो अपनेसे किसी भी प्रकारसे छोटे हैं, उनकी वात्सल्यभावसे सेवा करना।

इस प्रकार सेवामे यथायोग्य दास्यभाव, सख्यभाव और वात्सल्यभाव रखना चाहिये। किसी भी रूपमें जो हमारे बड़े, पूज्य और स्वामी हैं, उनको मालिक समझ-कर श्रद्धाभक्तिपूर्वक उनकी सेवा करना—दास्यभाव है। जैसे स्त्री अपने पतिकी सेवा करती है, पुत्र अपने माता-पिताकी सेवा करते है और शिष्य अपने गुरुकी सेवा करते हैं तो यह दास्यभाव है। बराबरवालोंके साथ जो मित्रताका भाव है, वह सख्यभाव है। और छोटोंके प्रति जो स्नेहयुक्त पालन-पोषण-रक्षणका भाव है, वह वात्सल्यभाव है। तीनोंमें उद्देश्य एक ही है—उनको सुख पहुँचाना। इस प्रकारके भावोंसे परस्पर प्रेम बढ़ता है और ऐसे हेतुरहित प्रेमसे भगवान् प्रसन्न होते है। वास्तवमे यह प्रेम भगवान्‌मे ही है; क्योंकि उसकी सबमे भगवद्बुद्धि है और सबकी सेवा ही भगवान्‌की सेवा है, इस निश्चयसे ही सेवा की जाती है। इसलिये उस सेवा करनेवालेका अन्तःकरण शुद्ध हो जाता है और उसका दूसरोंपर प्रभाव पड़ता है। उसके व्यवहारसे दूसरे भी इतने प्रभावित हो जाते है कि उसके अनुसार बननेकी चेष्टा करते हैं। यह उनकी परम सेवा है।

स्त्रीका कर्तव्य है कि वह ससुरालमे अपनी सास और जेठानी आदिको जन्म देनेवाली माँसे भी बढ़कर समझे और यह निश्चय करे कि मै यदि सेवाके द्वारा इनको प्रसन्न कर लूँगी तो भगवान् प्रसन्न होंगे। इसी भावसे उनकी सेवा करे। जो कार्य अपने मनके अनुकूल न होनेपर भी उनके मनके अनुकूल हो, वही करे; अपनी प्रतिकूलताकी परवा न करके उनकी अनुकूलताका आदर करे। उनकी प्रसन्नताको ही प्रधानता दे। परंतु यदि किसी पापकर्मसे उनको

प्रसन्नता होती हो तो, वह पाप कभी भूलकर भी न करे। बड़ोंको सुख पहुँचानेके लिये बड़ा-से-बड़ा कष्ट सह ले, परंतु उनकी पाप-आज्ञाका पालन न करे; क्योंकि उसके पालनसे उनका भी हित नहीं है। पापके लिये आज्ञा देनेवाले और उस आज्ञाका पालन करनेवाले—दोनों ही नरकमें जाते हैं। इसलिये हिंसा, चोरी, असत्य भाषण, व्यभिचार आदि करनेकी पापमयी आज्ञा बड़े लोग दें तो उनका पालन नहीं करना चाहिये। ऐसी दुष्ट आज्ञाओंका पालन न करनेसे आज्ञा देनेवाले भी नरकसे बच जायँगे। फिर चाहे आज्ञा न माननेके कारण अपनेको नरकमें ही जाना पड़े। परंतु यह स्मरण रखना चाहिये कि इस प्रकार स्वार्थ-त्याग करके दूसरोंको नरकसे बचानेवाली स्त्रीको नरकमें डालनेकी शक्ति यमराजमें भी नहीं है।

त्यागमूर्ति श्रीभरतजीने अपनी माताकी अनुचित आज्ञाका पालन नहीं किया तो इससे क्या वे नरकमें गये? भरतजीने चित्रकूटमें जाकर यह कहा कि 'मैं तो माताकी, पिताकी, गुरुकी तथा आप सबकी आज्ञाका उल्लङ्घन करके यहाँ आया हूँ, फिर भी आप मेरी प्रशंसा करते हैं।' इसमें कितना ऊँचा ध्येय है। भरतजीको इन लोगोंने जो राज्यपद स्वीकार करनेकी आज्ञा दी, वह भरतजीकी दृष्टिमें न्याययुक्त नहीं थी। इसलिये भरतजीने उसका पालन नहीं किया। इसी प्रकार राजा बलिने भी गुरुकी आज्ञाका त्याग कर दिया था, किंतु इससे वे नरकमें नहीं गये, बल्कि उनको उत्तम पदकी प्राप्ति ही हुई। अतएव यदि कोई नीति, धर्म अथवा ईश्वरकी भक्तिके विपरीत आज्ञा दे और उस पापमयी आज्ञाको हम अनुचित समझकर पालन न करें तो इससे हमें कोई पाप नहीं होता, बल्कि उत्तम-से-उत्तम गति प्राप्त होती है। परम भक्त प्रह्लादजीको जब पिताने कहा कि 'तुम ईश्वरकी भक्ति मत करो, तब उन्होंने उनकी यह आज्ञा नहीं मानी। इसके अतिरिक्त पिताकी प्रत्येक कठोरसे कठोर आज्ञाका पालन कर दारुण अत्याचार सहते रहे। पिताने जो भी निर्दय दण्डविधान किया, उन्होंने प्रसन्नताके साथ उसे स्वीकार किया। इसी प्रकार हमें बड़ोंकी अन्य सारी बातें माननी चाहिये, किंतु जो धर्म और ईश्वरकी भक्तिके विरुद्ध हो, उन बातोंको कभी नहीं मानना चाहिये; क्योंकि बड़ोंको नरकसे बचाने तथा उनका परम हित करनेके लिये उनका न मानना ही उपयुक्त है।

अपने साथ जिनका बराबरका पद है, जो आपकी सखी हैं, जिनके साथ आपका प्रेम है और जिनकी अवस्था आदि समान है, उनके साथ मैत्रीभावनासे, अपने स्वार्थका त्याग करते हुए उनका हित करके उन्हें हर प्रकारसे सुख पहुँचाना चाहिये। इस प्रकार सुख पहुँचानेसे अपना अन्तःकरण शुद्ध होता है और अपने उत्तम व्यवहारका उनपर भी उत्तम प्रभाव पड़ता है, जिससे उनका भी सुधार और उद्धार हो सकता है।

अपनेसे जो छोटे हैं, उनका पालन-पोषण, शिक्षण, संरक्षण तथा शुद्ध मनोरञ्जनरूपी सेवा करके उन्हें सुख पहुँचाना चाहिये। यही वात्सल्य-भाव है। अपने बालकोंसे भी बढ़कर अपनी देवरानी-जेठानीके बालकोंको अथवा यदि पीहरमें हों तो भाई और बहिनके बालकोंको विशेष सुख पहुँचाना चाहिये। जो कुछ भी मेवा-मिठाई, फल तथा खिलौने आदि हों, अपने बालकोंकी अपेक्षा उनके बालकोंको अधिक, बढ़िया और प्रथम देना चाहिये।

बहुओंका कर्तव्य है कि वे सासको माँसे भी बढ़कर समझें और उनकी आज्ञाका पालन करें। माताकी बात किसी समय न भी मानी जाय तो भी कोई हानि नहीं है, किंतु सासकी बात न माननेसे उनको विशेष दुःख होता है, इसलिये उनकी बात

अवश्य माननी चाहिये। जैसे भगवान्‌का भक्त बड़ी सावधानीसे ऐसी चेष्टा किया करता है, जिससे भगवान् शीघ्र प्रसन्न हों, वैसे ही बहूका कर्तव्य है कि वह सास-ससुर, जेठ-जेठानी आदि पूजनीय जनोंको देवताओंसे भी बढ़कर माने और कर्तव्य समझकर उनको हर समय प्रसन्न करनेके लिये निष्काम प्रेम-भावसे विशेष प्रयत्न करे तथा यह अनुभव करे कि इन सबमें भगवान् विराजमान हैं और मैं जो कुछ कर रही हूँ, उसे वे देख रहे है तथा प्रसन्न हो रहे हैं।

सासको अपने आश्रित बहू आदिके विषयमें यह समझना चाहिये कि बहू जो अपने माता-पिताको छोड़कर इस घरमें आयी है, वह उसकी लड़कीसे भी बढ़कर स्नेहकी पात्री है। अपनी लड़की और बहूमें कभी कोई अनबन या मतभेद हो जाय तो उसे अपनी पुत्रवधूका पक्ष लेना चाहिये, लड़कीका नहीं। लड़की माँपर कभी नाराज नहीं होती। वह हृदयमें समझती है कि यह मेरी माँ है, यह मेरे विपक्षमें कभी मेरे अहितकी बात नहीं कह सकती। किंतु बहूके हृदयमें तुरंत यह बात आ सकती है कि सास अपनी लड़की-का पक्ष करती है। सास यदि अपनी बेटी और बहूके साथ समान व्यवहार करती है तो भी बहूके चित्तमें यही असर होता है कि यह अपनी लड़कीका पक्ष कर रही है। इससे यही उचित है कि वह बधूके उचित मतका विशेषरूपसे पक्ष करे।

यदि मै अपने निजी भाइयों या अपने आदमियोंका और दूसरोंका कोई न्याय करने बैठूँगा और वह न्याय यदि नीतिके अनुसार भी करूँगा तब भी दूसरे पक्षवाले यही समझेंगे कि यह अपने भाइयोंका पक्ष करता है। उस स्थलमें यदि मै प्रतिपक्षियोंका सच्चा पक्ष लूँगा, उनके उचित कथनका समर्थन करूँगा और अपने पक्षवाले यदि उचित भी कहते होंगे तो उस विषयमें मै कुछ चुप रहूँगा तो प्रतिपक्षियोंपर उसका ऐसा अच्छा असर पड़ेगा कि वे भी हमारे अनुकूल हो जायँगे और जो हमारे हैं वे तो हमारे हैं ही।

एक बातके लिये माता-बहिनोंसे मेरी विशेष प्रार्थना है कि उन्हें अपने घरके पुरुषों—पीहरवालों या ससुरालवालोंको किसी चीजके लिये बाध्य नहीं करना चाहिये। उत्तम बात तो यह है कि कोई अपने पीहर-में आवे तो उसे किसी चीजकी माँग नहीं करनी चाहिये। पीहरवाले जितना, जो कुछ देना चाहें उसमें भी कम लेनेकी इच्छा रक्खे और वैसी ही चेष्टा भी करे। इसे सिद्धान्त समझकर इसका पालन करने-की विशेष चेष्टा रखनी चाहिये। इसी प्रकार अपनी ससुरालमें भी अपने सास-ससुर जो कुछ देना चाहें, उसमें कम ही लेनेकी इच्छा रक्खे और चेष्टा भी वैसी ही करे। स्वयं न लेकर, घरमें दूसरोंको, जिन्हें आवश्यकता हो, उन्हें अमुक चीज दिला देनी चाहिये। पीहरमें माता-पिता, भाई जो कुछ देना चाहे, स्वयं उसमें कम ले और दूसरी बहिनोंको अधिक दिलाने-की चेष्टा करे। इस प्रकारके व्यवहारसे प्रेम बढ़ता है, फिर लड़ाई-झगड़ा तो कभी हो ही नहीं सकता।

वाणी ऐसी बोलनी चाहिये, जो सत्य, प्रिय, हित और मित हो अर्थात् थोड़े वचनोंमें सार-सार बात कहनी चाहिये। फालतू (व्यर्थ) बातें न करनी चाहिये। वाणीमें कठोरता और झूठ नहीं आना चाहिये। किसी दूसरेको दुःख हो, ऐसा वचन भी नहीं बोलना चाहिये। कपटरहित, मधुर, सत्य और हितकारक वचन ही बोलने चाहिये।

स्त्रीको कभी निकम्मी नहीं रहनी चाहिये। उत्तरोत्तर आत्मोन्नतिके लिये शरीरसे सदा काम लेते रहना चाहिये। जो स्त्री निकम्मी रहती है, उसका आलस्यके कारण पतन हो जाता है। शरीरका एक क्षणका भी कोई भरोसा नहीं है, न मालूम किस समय शान्त हो जाय; इसलिये निरन्तर भगवान्‌को याद रखते हुए शरीरसे न्यायोचित काम, दूसरोंको दुःख न हो ऐसे करते ही रहना चाहिये। उत्तम कामकी हर वक्त खोज रखनी चाहिये।

सादगीसे रहना चाहिये। घरवालोंको बढ़िया

कपड़े-गहने आदिके लिये न कहे और दबाव तो कभी डाले ही नहीं। वे अपनी सुविधाके अनुसार प्रसन्नतासे जो कुछ वस्त्र-आभूषण दे, उसीमें संतुष्ट रहे; बल्कि उसमें कम लेनेका भाव रक्खे। स्वयं ऐसे त्यागका व्यवहार करना चाहिये कि जिसका उनपर प्रभाव पड़े और वे भी आपके अनुसार ही स्वार्थत्यागका व्यवहार करने लगें। स्वार्थ-त्यागकी बड़ी भारी महिमा और सामर्थ्य है। स्वार्थत्यागपूर्वक जो व्यवहार किया जाता है, उसका प्रभाव अवश्य पड़ता है। स्वार्थत्यागके व्यवहारसे दूसरोंको बड़ी सुन्दर शिक्षा मिलती है, जिससे वे भी आगे जाकर स्वार्थके त्यागी बन जाते है।

मैं यदि आपके साथ स्वार्थका त्याग करके व्यवहार करता रहूँगा तो आखिर आपमें भी यह भाव पैदा हो जायगा और आप भी मेरे साथ स्वार्थत्यागका व्यवहार करने लगेंगे, यह निश्चित बात है। तथापि अपना सिद्धान्त तो यह रखना चाहिये कि अपने साथ कोई बदलेमें स्वार्थत्यागका व्यवहार न करे तो भी अपनेको तो स्वार्थ-त्यागपूर्वक ही व्यवहार करना है, बल्कि अपने साथ कोई बुराई करे तो भी अपने तो उसका हित ही करना है। स्त्रियोंको इसपर ध्यान देकर ऐसा करना चाहिये।

किसीकी व्यर्थ निन्दा-चुगली कभी न करे तथा किसीमें कोई दोष हो तो भी उस दोषका वर्णन न करे। हाँ, उसके पूछने और आग्रह करनेपर यदि आपके कहनेसे उसका सुधार होनेकी आशा हो और वह बुरा न माने तो ऐसी अवस्थामें उसे बता देना कोई दोषकी बात नहीं है। किंतु जहाँतक हो, बिना पूछे नहीं बताना चाहिये। किसीमें कोई उत्तम गुण हो तो उसका वर्णन किया जा सकता है पर वह गुण यथार्थमें होना चाहिये; झूठे गुणोंका वर्णन करना उचित नहीं।

किसीको नीचा दिखानेकी चेष्टा कभी न करे और न नीचा दिखानेका मनमें भाव ही रक्खे। किसीका अपमान भी कभी न करे और सबके हितकी चेष्टा करे। किंतु किसीका हित करके, उसे कभी किसीसे न कहे और न मनमें ही उसे याद रक्खे; क्योंकि याद रखनेसे अहङ्कार बढ़ता है और कह देनेसे किया हुआ उपकार नष्ट हो जाता है। दूसरा कोई यदि अपने साथ बुरा व्यवहार करे तो उसकी कभी निन्दा नहीं करनी चाहिये, बल्कि बदलेमें उसका हित करना चाहिये। ऐसा व्यवहार बड़ी ही उच्चकोटिका और हितकारक है।

किसीके भी साथ जो व्यवहार किया जाय, उसमें त्याग, विनय, प्रेम और उदारता होनी चाहिये। इस प्रकारके व्यवहारसे लोगोंपर निश्चय ही बड़ा अच्छा प्रभाव पड़ता है और वे भी अच्छे बनते है। जब उत्तम व्यवहारसे परमात्मा प्रसन्न होते और मिलते है तब हमको सबके साथ उत्तम-से-उत्तम व्यवहार ही करना चाहिये; क्योंकि फिर यह शरीर, ऐश्वर्य और धन हमारे क्या काम आवेंगे। अपने स्वार्थसाधन या अपने कार्यकी सिद्धिके लिये किसीसे मित्रता करना मित्रता है ही नहीं। मित्रता तो उसके कल्याणके लिये करनी चाहिये। महात्मा पुरुष किसीसे मित्रता करते है तो उसके कल्याणके लिये ही करते है। इसलिये माता-बहिनोंको चाहिये कि महात्माओंके इस मैत्री-व्यवहारको आदर्श मानकर दूसरोंके हितके लिये ही सबके साथ निष्कामभावसे मित्रता करें।

अपने पास कोई उत्तम वस्तु हो तो, उसे अपनी सखीको अधिक देना चाहिये और उसको दुःख न हो, इस दृष्टिसे उसकी चीज भी, काम पड़े तब, थोड़ी ले लेनी चाहिये। जैसे उसने फल भेजे, आम भेजे तो थोड़े रख लिये और शेष वापस लौटा दिये। अपने यहाँसे कोई चीज भेजें तब उसने जो चीज भेजी थी, उससे चौगुने मूल्यकी और उसके उपयोगमें आने योग्य चीज भेजनी चाहिये। अपने पास कोई चीज है और अपनी सखी अपनेसे गरीब है तो कपड़ा और खानेकी चीजें किसी भी बहानेसे उसके घर पहुँचाते रहना चाहिये। वह अस्वीकार करे तो स्वयं जाकर आग्रह करके दे आना चाहिये और बदलेमें, उसको प्रसन्न करनेके लिये उसकी कम कीमतकी वस्तु ले

लेनी चाहिये। जैसे वहाँ अंगोछे पड़े देखे तो कहा कि 'ये अंगोछे तो बहुत बढ़िया है। मैं इनमेंसे दो ले लेती हूँ।' उसने कहा—'अवश्य ले जाओ।' दोनों अंगोछोंकी कीमत हुई एक रुपया और उनके बदलेमे उसे दस रुपयेकी साड़ी या अन्य आवश्यक वस्तुएँ भेज दीं। इसपर यदि उसने कहा—'बिना मूल्य यह मै कैसे रक्खूँ?' तो कहना चाहिये—'मैं तो तुम्हारे अंगोछे उठाकर ले आयी थी। तुम्हारी-हमारी कोई दो बात थोड़े ही है। तुम्हारी चीज हमारी है और हमारी तुम्हारी है।' उसके घरपर भूँजे चने देखे तो कहा—'बहुत बढ़िया है, लाओ, थोड़ा मुझे भी दो।' भूँजे चने है दो पैसेके। माँगकर खा लिये; क्योंकि इसको निमित्त बनाकर अपनेको दस रुपयेकी चीज उसके यहाँ पहुँचानी है। इसी प्रकार जब भी उसके घरपर जाय, और घी-चीनी आदि किसी भी चीजकी कमी देखे तो झट पहुँचा दे। इसपर वह कहे कि बिना मूल्य मै कैसे लूँ तो कह दे कि अपने आपसमे सकोच नहीं करना चाहिये। जब हम परस्पर सखी है तब तुम्हारी चीज है सो हमारी और हमारी है सो तुम्हारी। और वस्तुतः ऐसा ही आन्तरिक भाव रखना चाहिये। वह गरीब है, इसलिये उपकार या दयाकी भावनासे नहीं, बल्कि वह सखी है, मित्र है, उसका दुःख मेरा ही दुःख है—उसका मुझपर और मेरी वस्तुओपर अधिकार है, इस भावनासे उसे वस्तुएँ देनी चाहिये।

लेनेका काम पड़े तो खूब कम लेना चाहिये और वह भी उसके संतोषके लिये, जिससे कि जब अपने कोई चीज उसे दे तो वह मने न कर सके। इसी दृष्टिसे उसकी चीज लेनी चाहिये, स्वार्थबुद्धिसे नहीं। स्वार्थबुद्धिसे तो सभी लोग लेते है। उसके लिये शिक्षाकी कोई आवश्यकता नहीं। सीखनी तो है स्वार्थत्यागकी बात। इसीसे मुक्ति होती है। स्वार्थसाधनसे मुक्ति होती तो सबकी हो जाती। त्यागका महत्त्व भगवान्‌के ध्यानसे भी बढ़कर गीतामें बतलाया गया है। १२ वें अध्यायके १२ वें श्लोकके उत्तरार्धमें कहा है—

ध्यानात्कर्मफलत्यागस्त्यागाच्छान्तिरनन्तरम्।

'ध्यानसे भी कर्मफलका त्याग यानी निष्कामकर्म अर्थात् स्वार्थत्यागपूर्वक कर्म श्रेष्ठ है; क्योंकि उससे तत्काल शान्ति मिलती है।' यहाँ त्यागका अभिप्राय है—स्वार्थका त्याग। हम कोई भी कार्य करे, उसमें जो व्यक्तिगत स्वार्थका त्याग है, वह सबसे उत्तम है।

यह शरीर नाशवान् है। इसे पुष्ट करनेमें या सजानेमें पैसे खर्च करना मूर्खता है। उन पैसोंसे दुखी, गरीब, अनाथोंकी सेवा करनी चाहिये। हमारे पास जो धन है, उससे आसक्ति हटाकर उसका सदा सदुपयोग करना चाहिये; क्योंकि जब हम मर जायँगे तब वह धन यहीं रह जायगा—न मालूम, उसकी क्या दशा होगी। थोड़े ही समयके लिये हमको यह अवसर मिला है, ऐसा अवसर बहुत कालतक रहनेका नहीं है। इसलिये शीघ्र ही अपना काम बना लेना चाहिये। अन्तमें न तो यह शरीर रहेगा और न यह ऐश्वर्य तथा धन ही। आज जो हमारे अधिकारमें है, वह सब जल्दी ही हमसे छूटनेवाला है। जैसे समय बीत रहा है, इसी प्रकार ये सब चीजे समयके साथ-साथ चली जा रही है। लाख जतन करनेपर भी नहीं रहेगी। जब अपना शरीर ही रहनेका नहीं है, तब दूसरी चीजोंकी तो बात ही क्या है। अतएव इन सब पदार्थोंको जगज्जनार्दनकी सेवामे लगाना चाहिये।

हरेक माता-बहिनको यह स्मरण रखना चाहिये कि यह शरीर मिट्टीमे मिल जायगा, इसकी खाक हो जायगी। अतः खाक होनेके पहले-पहले ही इस शरीरका सदुपयोग जगज्जनार्दनकी सेवामे कर ले, जिससे मानव-जन्म सफल हो जाय। जैसे ईश्वरकी सेवा करनेमे प्रसन्नता होती है, वैसी ही प्रसन्नता सबकी सेवामे होनी चाहिये; क्योंकि सभी परमात्माके स्वरूप है या सभीमे परमात्मा विराजमान है। इसलिये सबकी सेवा भगवान्‌की ही सेवा है। इस निष्काम सेवा या स्वार्थत्यागपूर्वक की जानेवाली सेवाको ही निष्कामकर्म कहते है। इस निष्काम कर्मसे आत्मा बहुत ही शीघ्र पवित्र होता है और भगवान्‌मे

सच्चा प्रेम बढ़ता है। इसलिये हमारी सारी क्रियाएँ भगवान्‌को प्रसन्न करनेवाली होनी चाहिये।

माता-बहिनोंसे प्रार्थना है कि वे अपने बालक-बालिकाओंके साथ उसी प्रकारका व्यवहार करें जिसमें उनका हित हो। उनका हित है विद्यालाभमें और उत्तम आचरणोंमें। अतः उनको श्रेष्ठ विद्या और उत्तम आचरणोंकी शिक्षा देनी चाहिये। माता-पिता सदाचारी होते हैं तो बालक भी सदाचारी होते हैं। बालकोंके सामने बड़ी सावधानीसे क्रियाके रूपमें सदाचार रखना चाहिये, तभी उनपर असर पड़ता है। आप झूठ, कपट, चोरी, व्यभिचार करेंगे और उनसे कहेंगे कि सत्य बोलो, अहिंसाका पालन करो, चोरी मत करो, ब्रह्मचर्य रक्खो तो इस कथनमात्रका कुछ भी असर नहीं होगा। इसलिये उनके सामने उत्तम आदर्श रखकर उनको उसी प्रकारकी शिक्षा देनी चाहिये।

विधवा माताओंको चाहिये कि वे अपने जीवनको सर्वथा पवित्र, वैराग्यमय और त्यागयुक्त बनायें। ऐश-आराम, स्वाद-शौकीनी, हास-विलासका सर्वथा त्याग कर दें। जीवनको तपस्यामय बना लें। मन, इन्द्रियोंका संयम रक्खें। जो स्त्रियाँ ऐश, आराम, स्वाद-शौकीनी आदिमें रत हैं, उनका दर्शन भी न करें। उनके पास न बैठें। समझना चाहिये कि वे कीचड़में फँसी हुई हैं और अपने अमूल्य जीवनको नष्ट कर रही हैं। उनका सङ्ग करके अपने जीवनको नष्ट नहीं करना चाहिये। भगवान्‌का भजन-ध्यान, पूजा-पाठ, स्तुति-प्रार्थना करनेमें अपना समय बिताना और निष्कामभावसे लोगोंकी शास्त्रोक्त सेवा करनी चाहिये। शरीरसे हर समय उत्तम-से-उत्तम काम लेना चाहिये।

सुहागिन माताओंका यह कर्तव्य है कि वे उन विधवा माताओंकी सेवा करें, उनको सच्चे हृदयसे सुख पहुँचाना चाहिये। विधवा माँ-बहिनको जो दुःख देता है, वह स्त्री हो या पुरुष, उसका इस लोकमें पतन होता है, निन्दा होती है और मरनेपर उसे घोर नरककी प्राप्ति होती है।

विवाह-शादी आदि राजसी कामोंमें विधवा माताओं-को स्वयं ही नहीं जाना चाहिये। राजसी उत्सव-समारोहोंमें, गान-बाद्यादिसे दूर ही रहना चाहिये। धार्मिक विषय हो, भक्तिकी बात हो या सत्सङ्ग हो तो उसमें जानेमें कोई दोषकी बात नहीं है, बल्कि लाभ ही है। किंतु यदि कहीं बाहर जाना हो तो, चाहे वह धार्मिक काम ही क्यों न हो, अपने ससुराल या पीहरवालोंके साथ जाना चाहिये, अकेली नहीं। जो स्त्री अकेली घरसे बाहर निकलकर इधर-उधर भटकती है, उसका पतन होनेका भय है। इसलिये स्त्रियोंको कभी स्वतन्त्र नहीं घूमना चाहिये। मनुजी कहते हैं—

बाल्ये पितुर्वशे तिष्ठेत् पाणिग्राहस्य यौवने।
पुत्राणां भर्तरि प्रेते न भजेत्स्त्री स्वतन्त्रताम्॥
(५। ४८)

'बाल्यावस्थामें वह पिताके अधीन रहे, युवावस्थामें पतिके वशमें रहे और यदि पतिकी मृत्यु हो जाय तो (साबालिग) पुत्रोंके अधीन रहे (उनके अभावमें ससुरालवालोंके अधीन होकर रहे); तात्पर्य यह कि स्त्री कभी स्वच्छन्दताका आश्रय न ले।'

स्मरण करना चाहिये कि मालिक जो पाप करता है, वह उसके अधीन रहनेवालेको नहीं लगता। जैसे कोई पति पाप करता है तो उसका फल पत्नीको नहीं भोगना पड़ता; क्योंकि वह तो पतिके पराधीन है। किंतु स्त्री जो पाप करती है उसका आधा भाग उसके पतिको भोगना पड़ता है; क्योंकि वह शासक है। पुरुष जो पुण्य करता है, उसका आधा स्त्रीको मिलता है; किंतु जो स्त्री पतिके अधीन नहीं रहती, उसको नहीं। जो स्त्री पतिकी सेवा करती है, पतिका साथ देती है, उसी पतिव्रताको आधा पुण्य मिलता है।

अतएव सुहागिन माता-बहिनोंको पातिव्रत-धर्मके पालनके लिये प्रागपर्यन्त चेष्टा करनी चाहिये।

प्रारब्ध

(लेखक--स्वामीजी श्रीचिदानन्दजी सरस्वती)

सुखमापतितं सेव्यं दुःखमापतितं तथा।
चक्रवत् परिवर्तन्ते दुःखानि च सुखानि च॥

नीतिकार कहते हैं कि सुखके भोग आवें तो उन्हे भोग लो। ये भोग हमारे गत जन्मोंके शुभ कर्मोंके फलस्वरूप ईश्वरके अनुग्रहसे प्राप्त हुए है। अतः अपने जीवनका निर्वाह कोर-कसरके साथ करके बचे हुएको प्रभुप्रीत्यर्थ शुभकर्ममें लगाओ, न कि मौज-शौकमें खर्च करो। वैसे ही दुःखके भोग आ जायँ तो वे भी अपने कर्मके ही फल हैं अतएव उन्हे धैर्यसे सहन करो और इसके लिये किसीको दोष न दो। फिर, सुखका समय सदा बना नहीं रहता, इसलिये उस समय जितनी हो सके भलाई कर लो, वैसे ही दुःखका दिन भी सदा नहीं रहते, इसलिये शान्तिसे उस समयको बिता दो।

गाड़ीके पहियेमे बहुत-सी अराएँ होती हैं। पहियेके कारण वे अराएँ ऊपर-नीचे आया-जाया करती हैं। इसी प्रकार जीवनके पहियेके सुख-दुःखरूपी अराएँ फिरती ही रहती है, कोई अरा सदा एक जगह स्थिर नहीं रह सकती, जब सारा विश्वचक्र घूमता रहता है तो फिर सुख-दुःख स्थिर कैसे रह सकते है?

× × ×

अपने ऋषि-मुनियोका इतना बड़ा उपकार है कि उनके ऋणसे कभी हमारा छुटकारा नहीं हो सकता। उससे मुक्त होनेका केवल एक ही उपाय है कि हम उनके उपदेशोके अनुसार आचरण करके मुक्ति प्राप्त कर लें। इसके सिवा ऋणमुक्त होनेका दूसरा कोई मार्ग नही है।

प्रत्येक मनुष्यको अपनी जीवन-नीति कैसी बनानी चाहिये कि जिससे वह उत्तरोत्तर उन्नति कर सके। इसके लिये उन्होंने चार पुरुषार्थोंकी योजना बनायी। ये चारों पुरुषार्थ केवल मानव-शरीरमें ही सिद्ध हो सकते है, इस कारण मानव-शरीर सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। ये पुरुषार्थ हैं—धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। इनमेसे बीचके दो —अर्थ और काम यानी जीवननिर्वाहके साधन तो जन्मसे पहले ही निश्चित हो जाते हैं और इन निश्चित कर्मफलभोगों-को 'प्रारब्ध' नाम दिया जाता है। इस प्रकार स्थूल शरीर अपने निर्वाहके विषयमें पूर्णरूपसे प्रारब्धके अधीन है। अतः उसके लिये कोई खास परिश्रम नहीं करना पड़ता। फिर धर्मको प्रमुख स्थान देकर यह सूचित किया गया है कि शरीरनिर्वाहके साधनोको प्राप्त करनेमे भी धर्मका अवलम्बन नहीं छोड़ना चाहिये। यदि अधर्मसे शरीरका भोग प्राप्त किया जाय तो अन्तिम और सर्वश्रेष्ठ पुरुषार्थ मोक्ष सिद्ध नहीं हो सकता। इस बातको एक दृष्टान्तद्वारा समझिये।

एक मनुष्य छल-कपटसे किसीको धोखा देकर १००) प्राप्त करता है और अहंकारसे फूलकर अपनी होशियारी बताकर कहता है 'देखो, मैंने कैसी चालाकीसे घड़ी भरमें १००) कमा लिये।' परंतु यह तो भयङ्कर अज्ञान है। रुपये तो प्रारब्धके अनुसार मिलने थे, वे मिल गये। परंतु उसके साथ जन्म-जन्मान्तरमे अधोगति प्रदान करनेवाला जो पाप कमाया, इसका क्या होगा? अर्थ और कामके साधन स्थूल जगत्के है, अतएव बाह्य व्यवहारमे प्रत्यक्ष रूपसे हमको जो कुछ प्राप्त होता है, वह प्रारब्धके भोगके अनुसार ही मिलता है। परंतु धर्म तथा मोक्ष दोनोका सम्बन्ध आन्तरिक मनोभावके साथ है, इनके लिये पुरुषार्थ करना चाहिये। १००) तो प्रारब्धके योगसे मिलनेवाले थे, सो मिले परंतु उसने पुरुषार्थके रूपमे अधर्म ही कमाया। अतएव मोक्षके साधनके लिये धर्मका अवलम्बन आवश्यक है। इसके लिये इन चारो पुरुषार्थोंका समन्वय ऐसे करना चाहिये। धर्मके मार्गपर चलते हुए शरीरका निर्वाह यथा-प्राप्तमे करता रहे और जीवनका अन्तिम ध्येय तो मोक्ष ही है, यह निश्चय करके ऐसा कोई भी काम न करे, जो मोक्ष-की सिद्धिमे विघ्न उत्पन्न करता हो।

परंतु आजके युगमें भोगवासना इतनी अधिक तीव्र बनती जा रही है कि मनुष्यको धर्मका नाम लेनेमें भी हिचकिचाहट होती है, तब फिर उसके नियमोंका पालन तो वह कैसे कर सकता है? अपने शरीरके सिवा और कुछ भी उसको नहीं दीखता। अतएव शरीरको सुख पहुँचानेमें ही वह जीवनकी इतिकर्तव्यता मानता है। प्रत्येक मनुष्यको सबसे अधिक भोग-सामग्री चाहिये, तब फिर जीवनमें संघर्ष न हो तो क्या हो? और जहाँ संघर्षमें ही जीवन बिताना

पड़ता है वहाँ सुखका दर्शन कहाँ ?— 'अशान्तस्य कुतः सुखम् !'

इस तरहका संघर्ष जागने ही न पाये, इसीके लिये ऋषि-मुनियोंने वर्ण-व्यवस्थाका निर्माण किया था। जो मनुष्य जिस वर्णमें जन्मा हो, वह अपने धर्मके अनुसार ही अपनी आजीविका प्राप्त करे। बढ़ईका लड़का बढ़ईका ही काम करे और दर्जीका लड़का दर्जीका; लोहारका लड़का लोहेका काम करे और कुम्हारका लड़का मिट्टीके बरतन बनाये। इसमें एक दूसरेसे ऊँचा है, ऐसी कोई भावना ही नहीं थी; क्योंकि प्रत्येक वर्ण अपने-अपने कामके गौरवका अनुभव करता और अपनी कलाको खूब विकसित करता। आज इस व्यवस्थाको सुधारके नामपर मिटा दिया गया है और व्यक्ति-स्वातन्त्र्यके नामपर यह निश्चय कर दिया गया है कि कोई भी आदमी, अपनेको अच्छा लगे वही धंधा कर सकता है। फलतः हम अपनी आँखों देखते हैं कि आज आजीविकाके लिये संघर्ष अत्यन्त तीव्र होता जा रहा है। परंतु अबतक हमारे दुःखका अन्त नहीं हुआ और इस दिशामें किसीकी आँख नहीं खुलती।

यों वर्ण-व्यवस्थाके द्वारा समाज-रचना सुदृढ़ बनाकर, अन्तिम ध्येय मोक्षकी प्राप्तिके लिये आश्रमकी व्यवस्था बनायी गयी थी। चाहे जिस वर्णका मनुष्य आश्रममें रहता हुआ मोक्ष-साधना कर सकता है। अन्तिम ध्येयको प्राप्त करनेमें सबको समान अधिकार है यहाँ पूर्ण वैयक्तिक-स्वातन्त्र्य है।

× × ×

क्रिया शरीरोद्भवहेतुराद्दता
प्रियाप्रिये ते भवतः सुरागिणः।
धर्मेतरा तत्र पुनः शरीरकं
पुनः क्रिया चक्रवदीर्यते भवः॥

यह उत्तरगीताका श्लोक है। कहनेका तात्पर्य यह है कि यदि कर्मरूपी बीज न हो तो शरीररूपी वृक्ष उत्पन्न ही न हो, उग ही न सके। अर्थात् जीवके शरीर धारण करनेका कारण प्रारब्ध-भोगके सिवा दूसरा कुछ भी नहीं है। कर्माशय न हो तो फिर प्रारब्धका निर्माण ही कैसे हो, जिसको भोगनेके लिये जीवको भोगानुरूप शरीर धारण करना पड़ता है ? सुख प्राप्त करनेकी आशासे जीव अहङ्कारपूर्वक कर्म करता है और परिणाममें जिस कर्मके फलस्वरूप सुखकी अनुभूति होती है, उसमें उसका राग हो जाता है और जहाँ दुःखका अनुभव होता है उसके प्रति द्वेष हो जाता है। 'सुखानुशयी रागः, दुःखानुशयी द्वेषः'। आगे चलकर इन राग-द्वेषके जोड़ोंसे धर्म-अधर्म, पाप-पुण्य आदिके अनेक द्वन्द्व उत्पन्न हो जाते है और जीव जन्म-मरणके चक्रमें जकड़ जाता है। बीजसे जैसे वृक्ष उत्पन्न होता है और वृक्षमेंसे फिर अनन्त बीजशक्ति उत्पन्न होती है, उसी प्रकार कर्मका फल भोगनेके लिये शरीर उत्पन्न होता है और शरीरसे फिर असंख्य कर्म होते हैं, जिनको भोगनेके लिये जीवको अनेक शरीर धारण करने पड़ते है, इस प्रकार वर्तमानमें हमने जो शरीर धारण किया है वह प्रारब्ध-कर्मका फल भोगनेके लिये ही है। अतएव प्रारब्धका स्वरूप क्या है, इसको देखनेका प्रयत्न यहाँ किया जायगा।

प्रारब्ध भी है तो कर्म ही, अर्थात् वस्तुतः 'प्रारब्ध-कर्म' यह शब्द प्रयोग होना चाहिये। परंतु कर्म शब्द अध्याहार रह जाता है और केवल प्रारब्ध शब्द रूढि रह गया है।

गीता कहती है कि 'न हि कश्चित् क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्' (३।४) अर्थात् कोई देहधारी क्षणभर भी कर्म किये बिना नहीं रह सकता। तथा पुनः, 'शरीरयात्रापि च ते न प्रसिद्ध्येदकर्मणः' (३।८) अर्थात् शरीरका निर्वाह भी कर्म किये बिना नहीं हो सकता। इस प्रकार कर्म करना तो अनिवार्य है, अतः पहले कर्मका स्वरूप समझना चाहिये। तभी प्रारब्धका स्वरूप समझमें आयेगा।

कर्मका सर्वप्रथम सिद्धान्त यह है—

अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम्।
नाभुक्तं क्षीयते कर्म कल्पकोटिशतैरपि॥

'जो शुभाशुभ कर्म किये होते हैं उनके फलस्वरूप सुख-दुःखके भोग भोगे बिना छुटकारा नहीं; क्योंकि कोटि-कोटि कल्प बीत जानेपर भी भोगे बिना कर्मका नाश नहीं होता। कर्मका फल भोगनेसे बचनेका कोई उपाय नहीं है।'

यह बात योगदर्शनमें बहुत ही सुन्दर रीतिसे बतलायी गयी है—'क्लेशमूलः कर्माशयो दृष्टादृष्टजन्मवेदनीयः।' क्लेश है मूलमें जिसके अर्थात् क्लेश है उद्भवस्थान जिसका—ऐसे

जो कर्मसमूह है, वे ही वर्तमान जन्म तथा भावी जन्म देनेवाले हैं।*

इससे अगले सूत्रमें कहते हैं—

'सति मूले तद्विपाको जात्यायुर्भोगाः।'

जबतक यह कर्माशयरूपी बीज है, तबतक उसके फलरूपमें जीवको शरीर धारण करने पड़ते हैं और उस-उस शरीरके जन्मके पहले ही उसके भोगका निर्माण हो जाता है। उसीके साथ भोगके अनुरूप योनि निश्चित होती है और भोगके अनुसार आयुकी मर्यादा भी निश्चित हो जाती है। इस प्रकार जबतक कर्मबीज है, तबतक शरीर धारण करना अनिवार्य है और शरीर है तबतक कर्म भी अनिवार्य है। इस प्रकार जन्म-मरणका चक्र चलता रहता है। यो योगदर्शन भी, जन्म-मरणके चक्रका कारण कर्म है, यह प्रतिपादन करता है।

अब यह देखना है कि प्रारब्ध कैसे बनता है? इससे उसका कार्यक्षेत्र ठीक समझमें आ जायगा। हमने देखा कि कर्म करना अनिवार्य है तथा उसका फल भोगना तो उससे भी अधिक अनिवार्य है। इस प्रकार जबतक शरीर है, तबतक कर्म तो प्रतिदिन हुआ ही करेंगे। इस प्रकार प्रतिदिन होनेवाले कर्मको 'क्रियमाण' कर्म कहते हैं। इन क्रियमाण कर्मोंमें कुछ तो इतने क्षुद्र होते हैं कि यहीं फल प्रदान करके समाप्त हो जाते हैं। कुछ कर्म ऐसे होते हैं जो तात्कालिक फल नहीं दे सकते, परंतु परिपाक होनेपर फल देते हैं, ऐसे कर्म परिपक्व होनेतक 'चित्त' नामके गोदाममें इकट्ठे होते जाते हैं। इस प्रकार गोदाममें इकट्ठे हुए कर्मोंको 'संचित कर्म' कहते हैं। यह बात दो-एक दृष्टान्तोंके द्वारा समझिये। पानी पीनेके लिये प्यास लगी। बैठकर घड़ेसे पानी लेकर पी लिया। अब यह पानी पीनेके लिये किया हुआ कर्म, पानी पीनेके साथ यहीं समाप्त हो गया; क्योंकि पानी पी लेना ही उसका फल था। परंतु जब तुम पानी पी रहे थे उस समय एक अभ्यागत आया और उसने पानी पीनेके लिये माँगा। तुमने उसको आदरसे बैठाकर ठंडा पानी बड़े प्रेमसे पिला दिया। इसके बदले उसने चाहे तुम्हारा उपकार भी माना हो तो भी इतनेसे इस कर्मका फल नहीं मिल गया। दूसरेको सुख पहुँचानेवाले कर्मका फल तो उसके पाककालमें ही मिलता है। इसलिये यह कर्म संचितमें शामिल हो जायगा और पाककालकी राह देखेगा। तुमने भोजन करनेके लिये रसोई बनायी, तैयार होनेपर भोजन करने बैठे और भोजन किया; इसलिये रसोई बनानेका कर्म भोजनरूपी फल देकर यहीं समाप्त हो गया। परंतु उसी समय कोई अतिथि आया और उसको तुमने आदरपूर्वक भोजन कराया, तो उस कर्मका फल तुरंत नहीं मिलता, बल्कि वह परिपक्व होनेके लिये संचितमें जाता है और पाककालमें किसी अन्य देहका प्रारब्ध बनकर भविष्यमें फल देता है।

इस प्रकार संचितमें ढेरके ढेर कर्म इकट्ठे होते जाते हैं और पाककालतक वहीं पड़े रहते हैं। ऐसे संचितमें पड़े हुए कर्मकी गति भी बड़ी विचित्र होती है। उनमेंसे कुछ ऐसे होते हैं कि एक ही कर्मका फल भोगनेके लिये जीवको एकसे अधिक देह धारण करने पड़ते हैं। दूसरे कुछ ऐसे भी कर्म होते हैं कि एक ही देहमें अनेक कर्मोंके फल भोग लिये जाते हैं। जब वर्तमान शरीरका प्रारब्ध समाप्त हो जाता है, तब वह नाशको प्राप्त हो जाता है। और उसी समय संचितमें जो-जो कर्म फल देनेके लिये तैयार हुए रहते हैं, उनको अलग कर लिया जाता है, इसके बाद उस भोगके अनुरूप एक या अधिक देह निश्चित हो जाती हैं और भोगके अनुसार उन देहोंकी आयु भी निश्चित हो जाती है। इस प्रकार परिपक्व हुए कर्मोंका फल भोगनेके लिये जो देह उत्पन्न होती है उस देहके ये कर्म 'प्रारब्ध' कहलाते हैं। इसलिये जिन प्रारब्ध कर्मोंका फल भोगनेके लिये ही देह उत्पन्न होती है, उनको भोगे बिना कैसे काम चल सकता है? तीर हाथसे

---

* योगदर्शनके अनुसार ये क्लेश पाँच प्रकारके हैं—(१) अविद्या अर्थात् स्वरूपका अज्ञान, 'मैं कौन हूँ'—यह न जानना, (२) अस्मिता, शरीरमें अहंभाव, इसलिये मृत्युका भय, (३) राग, अर्थात् प्रीतिका भाव या आसक्ति, (४) द्वेष अर्थात् अनबन या तिरस्कारका भाव, (५) अभिनिवेश अर्थात् अपने मतका आग्रह। अविद्याके कारण आत्माको अपने स्वरूपका विस्मरण होता है और इससे वह अपनेको शरीररूप मानता है। शरीरको तो वह प्रतिदिन मरता देखता है, इससे उसको यह भय बना रहता है 'कि मैं मर जाऊँगा।' इस कारण वह शरीरको स्वस्थ रखने, वह कभी मर न सके अथवा अधिक-से-अधिक जी सके, ऐसा बनानेके लिये तथा उसको सुख पहुँचानेके लिये भोगपदार्थोंका संग्रह करता है। सुखरूप लगनेवाले पदार्थोंमें राग करता है, और उससे विपरीतमें द्वेष। इस राग-द्वेषके कारण हम जो मानते हैं वही ठीक है, यह मताग्रह बद्धमूल हो जाता है। इस प्रकार एक अविद्यासे ही दूसरे क्लेश उत्पन्न होते हैं।

छूट जानेपर जैसे वह किसी भी प्रयत्नसे लौटकर नहीं आता, उसी प्रकार जिस प्रारब्धके भोगनेके लिये शरीर उत्पन्न हुआ है, उसको भोगे बिना छुटकारा नहीं मिलता।

अब यह देखना है कि कौन-से कर्म संचितमें शामिल नहीं होते। बेसमझ बालक और ज्ञानी—आत्मज्ञानीके द्वारा होनेवाले कर्म संचितमें नहीं जाते; क्योंकि वे कर्म कर्तापनके अहङ्कार और फलाशासे रहित होनेके कारण उनकी गणना कर्मोंमें नहीं होती। इस कारण भुने हुए बीजके समान उनमें भावी अङ्कुर ही नहीं निकलता और संचितमें जानेका कोई प्रयोजन नहीं रहता। जो कर्म श्वासोच्छ्वासकी क्रियाके समान फलकी आशाके बिना सहज भावसे होते हैं, वे भी संचितमें नहीं जाते; क्योंकि भविष्यमें उनको कोई फल नहीं देना होता। ये कर्म कैसे होते हैं, इसका बहुत सुन्दर चित्र श्रीयोगवासिष्ठमें इस प्रकार खींचा गया है—

गम्यदेशैकनिष्ठस्य यथा पान्थस्य पादयोः।
स्पन्दो विगतसंकल्पस्तथा स्पन्दः स्वकर्मसु॥

हम घरसे बाजार जानेके लिये निकले। यह संकल्प हुआ कि पैर अपने-आप हमको बाजार ले जाते हैं और वहाँ जाकर खड़े हो जाते हैं। बीचमें दूसरा कोई संकल्प नहीं करना पड़ता, यह प्रतिदिनके अनुभवकी बात है। कामधंधेके लिये जानेवाले लोगोंको भी ऐसा अनुभव रोज होता है। इसलिये श्रीवसिष्ठ महाराज कहते हैं कि इस प्रकार कोई संकल्प किये बिना जो-जो कर्म होते हैं, वे कर्म कोई फल नहीं देते, इसलिये उनको संचितमें जानेकी जरूरत नहीं होती।

अब, प्रारब्धका स्वरूप जाननेसे क्या लाभ है, यह देखकर लेख समाप्त किया जायगा। पहले तो जिस मनुष्यको कर्मफल-भोगमें विश्वास है और जिसको नहीं है, उन दोनोंमें आकाश और पृथिवी या दिन और रात्रि-जैसा अन्तर है। एक बूढ़ा आदमी और उसके पौत्रका सहाध्यायी दोनों साथ जा रहे थे। बूढ़ेको रास्तेमें एक सोनेकी मोहर-जैसा कुछ दीख पड़ा। उसने उसे उठाया और उसे सोनेकी मोहर जानकर वापस फेंक दिया। साथ चलते हुए युवकने यह देखा और उसने तुरंत उस मोहरको उठा लिया। उसे देखकर अपनी जेबमें डाल लिया और बूढ़ेसे पूछा—'दादाजी! आपने इस सोनेकी मोहरको रक्खा क्यों नहीं? क्यों वापस फेंक दिया?' तब वृद्धने कहा—'पहले तुम बतलाओ कि तुमने क्यों उसको अपनी जेबमें डाल लिया?' युवकने कहा—'दादाजी! यह गिन्नी है। इसके साठ-सत्तर रुपये आयेंगे। इससे महीने-दो-महीनेका चाय-पानी तथा सिनेमाका खर्च निकल जायगा। हाँ, यदि किसीकी जेब काटकर निकालता तो वह चोरी कहलाती। परंतु यह तो 'सहज मिले सो दूध बराबर'—इस प्रकार अचानक प्राप्त लाभको भला कौन समझदार छोड़ देगा? अब आप बतलाइये कि आपने मोहरको क्यों फेंक दिया?' तब बूढ़ा बोला—'भाई, मेरा विचार दूसरे ही प्रकारका है। देखो, जब तुमने सोनेकी मोहरको जेबमें डाला, उसी क्षण प्रभुकी बहीमें वह मोहर तुम्हारे खातेमें नाम लिखी गयी और उसके ऊपर चक्रवृद्धि-ब्याज चालू हो गया। इस प्रकार जिसकी मोहर खोयी थी उसे लाभ हो गया। वह मोहर ज्यों ही तुम्हारे नाम लिखी गयी त्यों ही उसके खातेमें जमा हो गयी और उसपर चक्रवृद्धि-ब्याज चालू हो गया। यों मोहर खोनेवालेके तुम देनदार बन गये। और इस जन्ममें, नहीं तो, दूसरे किसी जन्ममें तुमको उसका देना चुकाना ही पड़ेगा। और उस समय एक मोहरकी जगह हजार या दस हजार मोहरें तुमको देनी ही पड़ेंगी। इस प्रकार जो मनुष्य बिना हकका लेता है, वह तो देनदार ही बनता है और उसे ब्याजसहित चुकाये बिना उसका छुटकारा नहीं होता। भले ही आज तुम इसे न मानो, परंतु तुम्हारे माननेसे देना चुकाये बिना तुम नहीं छूट सकते; क्योंकि यह तो ईश्वरके घरका अटल नियम है।'

प्रारब्धका स्वरूप जाननेसे पहला और सबसे बड़ा लाभ तो यह है कि मनुष्य जब निश्चय कर लेता है कि प्रारब्धमें जो भोग लिखाकर लाये हैं, उससे अधिक किसी भी कालमें मिलेगा ही नहीं, तब वह यथाप्राप्त सुख-दुःखमें समता रखना सीखता है और यों होनेपर उसमें संतोष-वृत्ति पैदा होती है। संतोष ही सुखी जीवनका रहस्य है, इसलिये उसका जीवन सुखमय स्थितिमें बीतता है। योगसूत्र कहता है—'संतोषादनुत्तमसुखलाभः'। संतोष ही वास्तविक और बड़े-से-बड़ा सुख है। श्रीभर्तृहरि भी कहते हैं—

स तु भवति दरिद्रो यस्य तृष्णा विशाला
मनसि च परितुष्टे कोऽर्थवान् को दरिद्रः।

जिसकी तृष्णा विशाल है, यानी कभी पूरी होती ही नहीं, वही सच्चा दरिद्र है। और जब मनमें संतोष होता है तो गरीबी या श्रीमन्ताई—ये शब्द निरर्थक हो जाते हैं। श्रीतुलसीदासजी भी कहते हैं—

जब आवे संतोष धन सब धन धूरि समान ।

इससे भी बड़ा लाभ यह है कि सुखभोग प्राप्त करने या दुःखकी निवृत्ति करनेमें वह अनीति या अन्यायके मार्गसे नहीं जाता; क्योंकि उसको विश्वास है कि प्रारब्धसे अधिक तो मिलनेवाला नहीं । तब फिर पापकर्म करके भविष्य-जीवन क्यों बिगाड़ा जाय ? इसलिये वह पापकर्मसे दूर रहता है ।

फिर वह जान जाता है कि सुखका जो भोग मिला है वह मेरे पुण्यकर्मका फल है और जो दुःख आता है वह मेरे पापकर्मका फल है । इससे वह पापकर्म करता ही नहीं है । इतना ही नहीं, चाहे जैसी गरीबी हो, वह सदा पुण्य-कर्म ही करता रहता है । पेटभर खानेके लिये न मिलता हो तो भी उसमेंसे कुछ परोपकारमें देता है । उसको विश्वास है कि यह जीवन तो जो पूँजी लेकर आया हूँ उसीसे पूरा करना है । इसलिये वर्तमान जीवनकी चिन्ता न करके उसका लक्ष्य भावी जीवनके सुधारनेमें ही रहता है और इस कारण वह सदा ही परोपकार करता रहता है और बिना हककी कोई वस्तु नहीं लेता । इस सम्बन्धमें सुभाषितने कहा है—

भिक्षुका नैव भिक्षन्ति बोधयन्ति गृहे गृहे ।
दीयतां दीयतां लोका अदातुः फलमीदृशम् ॥

कहनेका तात्पर्य यह है कि भिखारी, याचक केवल भीख ही नहीं माँगते । वे तो बिना वेतन घर-घर घूमकर उपदेशका काम करते हैं । वे अपना प्रत्यक्ष दृष्टान्त देकर कहते हैं कि 'भाइयो ! दो, दो, दिये बिना नहीं मिलता । पूर्वजन्ममें हमने कोई दान-पुण्य नहीं किया था, इसीसे आज भीख माँगनेकी बारी आयी है । तुम्हारे पास आज जो कुछ है वह पिछले जन्ममें किये शुभ कर्मोंका ही फल है, इसलिये इस जन्ममें भी खूब दान-पुण्य करो । ऐसा न करोगे तो आज जो हमारी हालत है, वैसी ही हालत अगले जन्ममें तुम्हारी होगी । इसलिये दान-पुण्य करते रहो तो उससे तुम्हारा ही भला होगा ।

परंतु आजका समझदार (!) आदमी चलता है उलटी राहपर । उसे चाहिये सुख, परंतु बीज बोता है दुःखके, उसको खाना है दूध-भात और उपजाता है कोदो, उसे खाना है गेहूँ और बोता है कुलथी । फिर चाहा हुआ फल न मिले तो दैवको दोष देता है । इस प्रकारके डेढ़ समझदार मनुष्यके स्वभावका वर्णन करते हुए श्रीव्यासजी कहते हैं—

पुण्यस्य फलमिच्छन्ति पुण्यं नेच्छन्ति मानवाः ।
न पापफलमिच्छन्ति पापं कुर्वन्ति यत्नतः ॥

मनुष्य जानता है कि पुण्यकर्मका फल सुख है और उसको सुखकी आवश्यकता है, यह भी सत्य है । परंतु वस्तुतः वह पुण्यकर्म तो करता ही नहीं, बल्कि पापकर्म ही किये जाता है । दुःख किसीको भी नहीं चाहिये, फिर भी पापकर्म ढूँढ़-ढूँढ़कर करता है, तब फिर दुःखके सिवा और क्या मिल सकता है ? इसलिये यदि सुख-शान्ति चाहिये तो खूब शुभ कर्म करो और अशुभको छोड़ दो । जो बोओगे, वही काटना पड़ेगा । बबूल बोकर आम खानेकी आशा रखना गलत है ।

इस प्रकार प्रारब्धका स्वरूप जानकर उसमें विश्वास रखनेवाला व्यक्ति सुखमय जीवन बिताता है और जिसका इसमें विश्वास नहीं उसका जीवन हाय-हायमें चला जाता है । यह क्या कोई कम लाभ है ?

एक दूसरी बात समझ लें । वर्तमान जीवनमें जैसे शरीरके निर्वाहके लिये मनुष्य प्रारब्धके अधीन है, उससे भी वह विशेष स्वतन्त्र है भावी जीवनका निर्माण करनेमें । भूतकाल तो लौटाया नहीं जा सकता, इसलिये प्रारब्धका भोग भोगनेके सिवा छुटकारा नहीं है । परंतु वर्तमान और भविष्य तो मनुष्यके हाथमें है । इसलिये भविष्यका निर्माण करनेमें वह सोलहों आने स्वतन्त्र है । यह बात श्रीकृष्ण भगवान्‌ने इस प्रकार समझायी है—

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन ।
(गीता २ । ४७)

अर्थात् किये कर्मका फल भोगनेमें तुम जैसे सर्वथा परतन्त्र हो, उससे भी अधिक स्वतन्त्र हो वर्तमान शरीरसे कर्म करके परलोक सुधारनेमें ।

मनुष्यकी इच्छा हो तो पापकर्म करके वह नरकमें जा सकता है । उसकी इच्छा हो तो शुभ कर्म करके स्वर्गमें भी वह जा सकता है और चित्त शुद्ध करके, ज्ञान-सम्पादन करके मुक्त होना हो तो वैसा भी कर सकता है । उसकी इच्छामें कोई बाधक नहीं हो सकता । निःसंदेह विरोधी वासनाएँ उसके मार्गमें अवरोध अवश्य करती हैं, परतु मनुष्य जैसे फलभोगमें पराधीन है वैसे वह वासनाओंका दास नहीं है; क्योंकि वासनाओंका क्षय तो पुरुषके प्रयत्नसे हो सकता है, ऐसा करनेके लिये केवल दृढ़ निश्चय होना चाहिये (गी० ६ । ३६) । मानव-जीवनकी सार्थकता भी इसीमें है ।

यह बात उनके लिये है जिनका परलोकमें

और पुनर्जन्ममें विश्वास है । परंतु जिसका मन—

अयं लोको नास्ति पर इति मानी
पुनः पुनर्वशमापद्यते मे ॥

यह जो दीखता है, इस शरीर और इस लोकके सिवा दूसरा कुछ नहीं, ऐसा जो मानता है, उसके लिये ये विचार कामके नहीं हैं । उसको तो बस, जन्म लेना, खाना-पीना और जीवन पूरा करना तथा पशुके समान परवश होकर मृत्युके शरणमें जाना है; वह तो पशुकी भाँति जन्मता है केवल मरणके लिये ही । परमात्मा सबको सन्मति दें ।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ।

श्रीकृष्णलीलाका चिन्तन

(७६)

प्रतिदिन गोचारणके अनन्तर श्रीकृष्णचन्द्र व्रजमें प्रविष्ट होते थे सायंकाल । किंतु आज वे आ रहे हैं उस समय जब कि किरणमाली पूर्व क्षितिजकी ओटमें झाँकने लगे हैं । कालियदमनका वह दिन, दावानल-शमनकी वह निशा व्यतीत हो जानेपर व्रजेश्वरने अपने आवासकी ओर प्रस्थान किया तथा गो-गोप-गोपियोंसे परिवृत होकर नीलसुन्दर गोष्ठमें पधारे—

सुख कियौ जमुन-तट एक दिन-रैनि बसि,
प्रात ही व्रज गईं गोप-नारी ।
सूर-प्रभु स्याम-बलराम नँद-धाम गए,
मातु-पितु धाम-जननी-सुखकारी ॥
× × ×
जगत ईस प्रभु सक्ति अनंता । कृष्णचंद्र प्रभु श्रीभगवंता ॥
पुनि निज बंधु सहित जदुनाथा । प्रबिसे ब्रज हरषित एक साथा ॥
गोपी मुदित गान करु बानी । सुनत गेह पहुँचे सुखदानी ॥

एक बार यह प्रयास अवश्य किया गया कि गाये वनमें ही रह जायँ; उनके संचारणका समय तो प्रायः हो ही चुका है। पर वे पशु—भले ही वाणीके द्वारा अपने हृदयकी भावना व्यक्त न कर सकें—शरीरसे तो किसी अंशमें स्वतन्त्र हैं ही । वश चलते वे श्रीकृष्णचन्द्रको छोड़कर वनमें कैसे रह जायँगे ? गोपरक्षकोंकी वह चेष्टा सर्वथा व्यर्थ सिद्ध हुई । सबने स्पष्ट अनुभव कर लिया कि मनुष्योंकी भाँति ही वे पशु भी इस समय व्रजमें प्रवेश करते हुए श्रीकृष्णचन्द्रको छोड़कर वनमें नहीं रह सकते—

मनुष्या इव पशवोऽपि तं व्रजं प्रविशन्तं त्यक्तुं नाशक्नुवन्निति ।
(वैष्णवतोषिणी)

अस्तु, आज गोचारण स्थगित रहा । श्रीकृष्णचन्द्रकी मनोहारिणी क्रीड़ाएँ नन्द-प्राङ्गणमें, नन्दोद्यानमें एवं व्रजकी वीथियोंमें ही हुईं । वनमें होनेवाले विविध कौतुकोंकी एक झाँकी पाकर पुरसुन्दरियोंने अपने नेत्र शीतल किये । और आठ पहरमें ही अतीत दिवसकी सारी घटनावली उनके स्मृतिपथमें इतनी दूर चली गयी मानो कुछ भी हुआ ही न हो ! सर्वत्र परमानन्दकी निराविल धारा प्रसरित हो रही है और उसमें अवगाहन करते हुए व्रजवासी अन्य सब कुछ भूल गये हैं । बस, स्मरण रह गया है उन्हें केवल यशोदा-नन्दनका । उन्हें देखते-देखते ही न जाने कब अंशुमाली अस्ताचलमें चले गये और कब रजनी भी आकर, उषाका आलिङ्गनकर विदा हो गयी—यह भी उन्होंने नहीं जाना । सभीका अनुभव है—हम तो सदा व्रजमें ही थे, व्रजमें ही हैं, नीलसुन्दरकी दैनन्दिनी क्रीड़ा भी वैसे ही एकरस चल रही है । और इस समय वह देखो, वहाँ नन्द-प्राङ्गणमें गो-चारणके लिये वन जानेसे पूर्व व्रजेश्वरी अपने नीलमणिको कलेवा करा रही है; नीलमणि भी अन्यान्य खाद्य-सामग्रियोंको किञ्चिन्मात्र होठोंसे स्पर्श कराकर अब केवल नवनीतका आस्वाद ले रहे हैं । कर-किसलयपर जननीके द्वारा रक्खे हुए नवनीत-ग्रासको मुखमें भरकर वे पुनः अपना हस्त-कमल सामने कर देते हैं एवं मैया पुनः उसपर ग्रास रखा देती है—

हरि व्रज-जन के दुख-बिसरावन ।
कहाँ कंस, कब कमल भंगाए, कहाँ दवानल-दावन ॥
जल कब गिर, उरग कब नाथ्यौ, नहिं जानत व्रज-लोग ।
कहाँ बसे इक दिवस रैनि भरि, कबहिं गयौ यह सोग ॥
यह जानत हम जैसेहिं व्रज मैं, वैसेहिं करत बिहार ।
सूर स्याम जननी सों माखन माँगत बारंबार ॥

इस प्रकार अबसे ग्रीष्मके अवसानतक, पुनः ग्रीष्मके आगमनतक एवं पावसकी अवधि समाप्तप्राय होनेतक श्रीकृष्णचन्द्रकी क्रीड़ा निर्बाध चलती रही । व्रजमें, वृन्दा-काननमें—कहीं भी राक्षसोंके द्वारा कोई उत्पात न हुआ । हाँ, इसी वर्षा ऋतुके अन्तमें एक दिन जब मेघ पर्याप्त रूपसे

बरस चुके थे, विविध वन-क्रीड़ाओंसे श्रान्त होकर श्रीकृष्ण-चन्द्र एक वृक्षके नीचे विश्राम कर रहे थे, गायें समीप ही तृण चर रही थी—गोपशिशुओंने अग्रज बलराम एवं नील-सुन्दरके समीप एक नवीन प्रस्ताव रक्खा। बलराम एवं श्यामके प्रधान सखा श्रीराम गोपने तथा सुबल एवं स्तोक-कृष्ण आदिने हँस-हँसकर, अतिशय प्रेमके सहित समीप आकर अपना मनोभाव बताया—

श्रीदामा नाम गोपालो रामकेशवयोः सखा।
सुबलस्तोककृष्णाद्या गोपाः प्रेम्णेदमब्रुवन्॥

(श्रीमद्भा० १०। १५। २०)

श्रीदामा एक सखा सयानो। सुबल आदि प्रिय अपर सुजानो॥
बोलि बचन बिहसि सुख मानी। कृपासिंधु सों अति सनमानी॥

बालकोंके स्वरमें अद्भुत उत्साह है, पूर्ण आशा भरी है कि उनकी वह योजना उनके बलराम, उनका कन्हू—दोनोंके द्वारा स्वीकृत होकर ही रहेगी और वे अविराम कहते चले जा रहे हैं—'भैया राम! कितना सुख तुम हम सबको देते हो! और ओह! कितना बल है तुम्हारी इन भुजाओंमें! तथा भैया रे श्रीकृष्ण! तुम्हारा तो स्वभाव ही है दुष्टोंका दमन करते रहना। इसीलिये आज एक बात बताता हूँ; तुम दोनों सुन लो। देखो, यहाँसे कुछ ही दूरपर ताल-वन नामक एक सुविस्तृत वन है हो! और क्या कहें, उसमें न जाने ताल-वृक्षोंकी कितनी पंक्तियाँ सुशोभित हैं। इतना ही नहीं, तालके पके फल वहाँ गिरते ही रहते हैं; पहलेसे गिरे हुए भी अगणित फल वहाँ पड़े रहते हैं। किंतु यह सब होकर भी क्या हुआ! वहाँ तो एक अत्यन्त हिंस्र-स्वभावका दैत्य रहता है। धेनुक उसका नाम है। उसी दुष्टने सम्पूर्ण फलोंपर ही अपना अधिकार जमा रक्खा है। बलराम भैया! और प्राणसखा श्रीकृष्ण! सुनो, वह असुर गधेका रूप धारण किये रहता है। महा-बलशाली है वह; और उसके साथ ही उसीके समान पराक्रम-शाली उसके अन्य असंख्य भाई-बन्धु भी निवास करते हैं। हमारे शत्रुनाशन भैयाओ! मनुष्योंको तो मारकर वह खा जाता है। उस नर-मांसभक्षी राक्षसके भयसे मनुष्य, पशु-पक्षी—सबने ही उस वनको छोड़ दिया; कोई भी वहाँ नहीं जाता, तालफलोंका लाभ नहीं ले पाता; जब कि ऐसे सुस्वादु एवं सद्गन्धयुक्त फल आजतक किसीने खाये ही नहीं! बस, स्वयं अभी प्रत्यक्ष अनुभव कर लो—उन फलोंकी मनोहर सुगन्ध सर्वत्र फैल रही है; हम सभीको यहींसे उसकी स्पष्ट गन्ध मिल जो रही है। भैया रे श्रीकृष्ण! इस गन्धसे तो हम सबोंका मन ही लुब्ध हो गया; हमें तुम तालफल अवश्य खिला दो! दाऊ दादा! हमारी प्रबल इच्छा है इन फलोंको पा लेनेकी, भोजन करनेकी! बस, अब देर न करो। यदि हमारा प्रस्ताव तुम्हें रुचिकर लगे तो वहाँ अवश्य चलो दादा!'

राम राम महाबाहो कृष्ण दुष्टनिबर्हण।
इतोऽविदूरे सुमहद् वनं तालालिसंकुलम्॥
फलानि तत्र भूरीणि पतन्ति पतितानि च।
सन्ति किंत्ववरुद्धानि धेनुकेन दुरात्मना॥
सोऽतिवीर्योऽसुरो राम हे कृष्ण खररूपधृक्।
आत्मतुल्यबलैरन्यैर्ज्ञातिभिर्बहुभिर्वृतः॥
तस्मात् कृतनराहारात् भीतैर्नृभिरमित्रहन्।
न सेव्यते पशुगणैः पक्षिसङ्घैर्विवर्जितम्॥
विद्यन्तेऽभुक्तपूर्वाणि फलानि सुरभीणि च।
एष वै सुरभिर्गन्धो विषूचीनोऽवगृह्यते॥
प्रयच्छ तानि नः कृष्ण गन्धलोभितचेतसाम्।
बाढ्छाम्यहं महाबाहो राम गम्यतां यदि रोचते॥

(श्रीमद्भा० १०। १५। २१—२६)

राम राम हे यदुकुल भूषन। हेरो कृष्ण अघ-दनुज-बिदूषन॥
इत तें निकट ताल-बन सुंदर। सघन सुहावन फल सुख-मंदिर॥
गिरे गिरत फल परब सुहावन। छिति छपि रही अमिय सम पावन॥
है परंतु धेनुक अति घोरा। रोक्यो तिन सब फल चहुँ ओरा॥
अति बिसाल बल काल समाना। खर सरूप तन कुलिस प्रमाना॥
ताहि सरिस बल अपर बहु, ख्याति तासु अति घोर।
नर अहार संतत करै, कुमती कठिन कठोर॥
तेहि भयभीत मनुज नहिं जाहीं। पसु पंछी नहिं निकट रहाहीं॥
फल अभुक्त-पूरब जदुनंदा। अति सौरभ फल हैं सुख-कंदा॥
अनिल संग यह सुरभि अनूपा। मन कहँ खैंचि लेइ सुखरूपा॥
मन लोभित फल चाह बिसेखी। दीजिय नाथ कृपा हिय पेखी॥
हे बलदेव चाह चित भूरी। चलिय नाथ कीजै रुचि पूरी॥
जो इच्छा प्रभु होइ तुम्हारी। चलहु नाथ तौ जन सुखकारी॥

× × ×

भारी भूख लगी है, चलौ। भैया, बहुत मानिहैं भलौ॥

गोपशिशुओंका यह निवेदन पूर्ण होते-न-होते राम-श्याम दोनों भाई उठकर खड़े हो गये। उनके नित्य-प्रफुल्ल

वदनारविन्दपर एक अभिनव उल्लासकी लहर-सी बह चली। दोनों ही हँसे और उनके उस उन्मुक्त हास्यसे समस्त अरण्यप्रान्त गूँज उठा। फिर बाल्यलीलाविहारी श्रीकृष्ण एवं बलराम तत्क्षण उन अपने सुहृद् बन्धुओंका मनोरथ पूर्ण करनेके लिये तालवनकी ओर चल ही तो पड़े। हँसते हुए वे असंख्य बालक भी उनके साथ चले जा रहे हैं। देखते-देखते ही तालवनकी सीमा भी आ पहुँची। यह लो, यह रही तालवनकी समतल, स्निग्ध सुविस्तीर्ण कृष्णवर्ण मृत्तिकामयी भूमि! वे खड़े हैं तालके उत्तुङ्ग वृक्ष! बस, बलराम तो दौड़ पड़े। किसीके पहुँचनेसे पूर्व ही रोहिणी-नन्दनने वहाँ जाकर ताल-वृक्षोंको अपनी भुजाओंमें भर लिया और एक करिशावक मानो कदली वृक्षोंको प्रकम्पित कर रहा हो—इस प्रकार उन्हें बड़े वेगसे हिलाकर क्षणोंमें ही राशि-राशि फल भूमिपर गिरा दिये—

एवं सुहृद्वचः श्रुत्वा सुहृत्प्रियचिकीर्षया।
प्रहस्य जग्मतुर्गोपैर्वृतौ तालवनं प्रभू॥
बलः प्रविश्य बाहुभ्यां तालान् सम्परिकम्पयन्।
फलानि पातयामास मतङ्गज इवौजसा॥

(श्रीमद्भा० १०। १५। २७-२८)

सुनतहिं चले सु लागत भले। ऐसैं दुष्ट कितें दलमले॥
आगे भये बिहँसि बलराम। पाछे करि लये मोहन स्याम॥

× × ×

बिहँसत हरि संग चले गुवाला। नाचत-गावत गुन गोपाला॥

× × ×

गए ताल-बन राजत दोऊ। मत्त गयंद सरिस सुठि सोऊ॥
गहन जाइ बलकर गहि ताला। दियउ हलाइ गिरे फल-जाला॥

× × ×

सो सुनि कै जुग बंधु चले मिलि संग सखा जु प्रमोद भरे रस।
सुंदर रम्य अरन्य लख्यौ बन पैठत अग्रज अग्र भये हँस॥
मंजुल पक्व फरे-फल पुंजन गुंजन भौंर प्रसून भरे तहँ।
राम कँपावत बृक्ष समूह झरे फल-फूल ढरे छिति पै जहँ॥

झरत सुमन-फल गिरत तहँ बिथुरत बिपुल रसाल।
भरत गोद हरषत धरत करत कुलाहल बाल॥

समीपमें ही अवस्थित धेनुकके कर्णरन्ध्रोंमें एक साथ इतने ताल फलोंके गिरनेका घनघोर शब्द प्रविष्ट हो गया। तुरंत ही उसने अपनी हिंस्र आँखें फिराकर इस ओर देखा और दीख पड़े राम-श्याम तथा आनन्द कोलाहल करते हुए असंख्य गोप-शिशु! अब तो धेनुकके रोषका क्या कहना है! उसके विशाल पर्वताकार गर्दभ-शरीरका रोम-रोम क्रोधसे जल उठा। द्रुतगतिसे वह चल पड़ा उसी ओर, जहाँ बलराम तालके समीप खड़े हँस रहे हैं। उसे आनेमें भी कितनी देर लगती। जिस वेगसे वह चला है, उससे—उसके पदभारसे पर्वतके सहित सम्पूर्ण पृथ्वीतल प्रकम्पित जो हो रहा है। बस, आधे क्षणसे पूर्व ही मानो एक प्रकाण्ड पर्वत ही उड़ता-सा आया हो—इस प्रकार वह बलरामके पास आ पहुँचा। और आकर तनिक रुके यह बात भी नहीं, उस महाबलवान् क्रूर-स्वभाव दैत्यने अपना मुँह फिराया तथा पीछेके दोनों पैरोंको उठाकर एक भरपूर दुलत्ती रोहिणीनन्दनके वक्षःस्थलपर उसने मार ही तो दी। साथ ही यह प्रहार कर चुकनेपर अत्यन्त कर्कश स्वरमें वह रेंक उठा और रेंकता हुआ ही चारों ओर घूमने लगा। दूसरी दुलत्तीके प्रहारकी ताकमें धेनुकने दुष्टताकी सीमा पार कर ली!—

फलानां पततां शब्दं निशम्यासुररासभः।
अभ्यधावत् क्षितितलं सनगं परिकम्पयन्॥
समेत्य तरसा प्रत्यग् द्वाभ्यां पद्भ्यां बलं बली।
निहत्योरसि काशब्दं मुञ्चन् पर्यसरत् खलः॥

(श्रीमद्भा० १०। १५। २९-३०)

फल के गिरत सोर चहुँ ओरा। धायो अकनि असुर खल घोरा॥
चलेउ रोष भरि छोभ करि, गरि सम काय बिसाल।
कंपित छिति गिरि द्रुमसहित, अतिसै क्रूर कराल॥
आइ तुरित जहँ हलधर ठाढ़े। जुगुल पाय उर में हनि गाढ़े॥
करि खर नाद मूढ़ सठ घोरा। भ्रमत भयो बल के चहुँ ओरा॥

× × ×

सोर सुनत अति जोर भरो धेनुक धरि धायव।
रासभ रूप उमंडि मंडि रन सनमुख आयव॥
फल लखि बहुबि रोस घोस घन रोस सुबोलत।
धमकत धरनि धवाय भूमि भूधर सब डोलत॥
करि श्रवन पुच्छ उन्नत तजतु घ्रान रंध्र स्वासनि सुर।
लखि महाबली बलभद्र कहँ पिछले पग घालत असुर॥

किंतु बलराम तो अभी भी वैसे ही हँस रहे हैं। अवश्य ही गर्दभरूपधारी असुर पुनः आ पहुँचा है उनके अत्यन्त निकटमें ही और क्रोधसे सर्वथा अधीर हो रहा है वह! पुनः उसने उनकी ओर पीठ कर ली और फिर अत्यन्त क्रोधसे पिछले पैरोंकी दुलत्ती भी चला ही दी। पर इस बार अपने वक्षःस्थलपर उसके पैर आनेसे पूर्व ही रामने अपना वामहस्त

आगे बढ़ा दिया; बढ़ाकर उसके पैरके अग्रभागको पकड़ लिया । धेनुककी कोई अन्य चेष्टा तो अब होनेसे रही, क्योंकि राम उसे आकाशमें उठाकर अलात-चक्रकी भाँति बारंबार घुमा रहे थे और वह विवश घूम रहा था । बस, कुछ ही क्षण घूमनेमें उसके प्राण भी घूमकर बाहर निकल आये तथा उसके जीवनशून्य शरीरको रामने तालवृक्षपर फेंक दिया—

पुनरासाद्य संरब्ध उपक्रोष्टा पराक् स्थितः ।
चरणावपरौ राजन् बलाय प्राक्षिपद् रुषा ॥
स तं गृहीत्वा प्रपदोर्भ्रामयित्वैकपाणिना ।
चिक्षेप तृणराजाग्रे भ्रामणत्यक्तजीवितम् ॥

(श्रीमद्भा० १० । १५ । ३१-३२)

पुनि करि क्रोध निकट चलि आवा । बल सनमुख निज बल देखरावा ॥
पिछले जुग पद जोरि गँवारा । पुनि बल उर कहुँ कीन्ह प्रहारा ॥
आवत चरन देख बल जबहीं । पकरि लियो पग जुग कर तबहीं ॥
एक पानि गहि ताहि घुमाई । पटकि ताल तरु पै सुख पाई ॥
भ्रमतहिं प्रान गयो चलि तासू । मरयो अघी अपने अघ आसू ॥

× × ×

बल उद्धत बरराम महाबल झपटि धरयो झुकि असुर कठोर ।
कर पर हरबर फेरि फिरावत उलछावत झावत झकझोर ॥
तरबर-मूल भूमि गहि पटक्यौ, झटक्यौ चट-चट फटक्यौ फेरि ।
झहरत प्रभु हहरति बसुधा तहँ भभरि भगे मृग गन तेहि बेरि ॥

उस मृतदेहके प्रबल आघातसे तालका वह उत्तुङ्ग एवं अत्यन्त सुपुष्ट वृक्ष तड़-तड़कर, चूर्ण-विचूर्ण होकर गिर पड़ा । केवल वह गिरा, इतना ही नहीं, उसने अपने पार्श्ववर्ती सटे वृक्षको भी प्रकम्पित कर तोड़ डाला । पुनः उसने तीसरेको, तीसरेने चौथे पार्श्ववर्ती तालको—इस प्रकार एक दूसरेको धराशायी करते हुए न जाने कितने ताल-वृक्ष टूटकर खण्ड-खण्ड हो गये । रोहिणीनन्दनकी तो यह एक क्रीड़ा हुई, एक साधारण-सा खेल खेलते हुए ही रामने उस मृत देहको फेंका था । किंतु वह आघात इतना भीषण था कि उस वनके समस्त ताल-वृक्ष ही प्रकम्पित हो उठे—मानो किसी अत्यन्त प्रबल झंझावातके वेगसे वे विताड़ित हो गये हों !—

तेनाहतो महातालो वेपमानो बृहच्छिराः ।
पार्श्वस्थं कम्पयन् भग्नः स चान्यं सोऽपि चापरम् ॥
बलस्य लीलयोत्सृष्टखरदेहहताहताः ।
तालाश्चकम्पिरे सर्वे महावातेरिता इव ॥

(श्रीमद्भा० १० । १५ । ३३-३४)

एहि बिधि नृप धेनुक बल मारयो । गिरयो तार लै बहु छिति डारयो ॥
तार ताल ले गिरे अनेका । को गनि सक अस कहि बिबेका ॥

× × ×

परे जु ताल बिसाल सु ऐसैं । प्रबल पवन के मारे जैसै ॥

श्रीबलरामके आघातसे ऐसा हो जानेमें आश्चर्य ही क्या है । इन्हीं सर्वैश्वर्यनिकेतन अनन्त जगन्नियन्तामें ही तो यह सम्पूर्ण परिदृश्यमान जगत् सूत्रमें वस्त्रकी भाँति ओतप्रोत है । क्या महत्त्व बढ़ता है उनका इन तुच्छातितुच्छ घटनाओं-को घटित कर देनेमें ?

नैतच्चित्रं भगवति ह्यनन्ते जगदीश्वरे ।
ओतप्रोतमिदं यस्मिंस्तन्तुष्वङ्ग यथा पटः ॥

(श्रीमद्भा० १० । १५ । ३५)

जो हो, इस सम्बन्धमें कुछ क्रीड़ा अवशिष्ट रही थी, वह भी पूरी हो गयी । धेनुकके बन्धु-बान्धव अपने स्वजनका यह आकस्मिक प्राण-नाश देखकर अत्यन्त क्रुद्ध हो उठे; प्रतिहिंसाकी आगमें जलते हुए वे राम-श्यामकी ओर अग्रसर हुए । गर्धोंका दल एकत्र हो गया । फिर तो अग्रज एवं नीलसुन्दरको भी कौतुक करना ही था । खेल आरम्भ हुआ । खेलते हुए दोनों भाई जो भी समीप आता, उसकी पिछली टाँगें पकड़कर तालवृक्षपर दे मारते अथवा अन्य कौतुक करते हुए उनका कचूमर निकाल देते । देखते-देखते वर्षाकी सम्पूर्ण भूमि तालफलोंसे, भग्न तालवृक्षोंके अग्रभागसे एवं दैत्योंके मृतदेहोंसे पट गयी । क्षितितलने एक विचित्र-सी शोभा धारण कर ली—वैसी शोभा जो विविध वर्णोंके मेघसे आवृत होनेपर आकाशकी हो जाती है !—

ततः कृष्णं च रामं च ज्ञातयो धेनुकस्य ये ।
क्रोष्टारोऽभ्यद्रवन् सर्वे संरब्धा हतबान्धवाः ॥
तांस्तानापततः कृष्णो रामश्च नृप लीलया ।
गृहीतपश्चाच्चरणान् प्राहिणोत्तृणराजसु ॥
फलप्रकरसंकीर्णं दैत्यदेहैर्गतासुभिः ।
रराज भूः सतालाग्रैर्घनैरिव नभस्तलम् ॥

(श्रीमद्भा० १० । १५ । ३६-३८)

राम स्याम प्रभु लीला बाढ़े सठ मारे इक भुजा उखारे ।
तोरत सीस सीस सों फोरत ढोरत धर धरनी के भारे ॥

इक पग पकरि उच्च गहि पटकत छी मुरकत खल अमर अगार ।
जिमि घन सघन गगन महँ छाये भ्रमत भयानक इमि अनुहार ॥
× × ×
परे बिसाल ताल इमि मही । बिच-बिच गर्दभ परत न कही ॥
ज्यों रबि अस्त होत आडंबर । कारे-पियरे बादर अंबर ॥

अब अन्तरिक्षसे देवगण कुसुमोंकी वर्षा करने लगते हैं। साथ ही उनके 'जय-जय' घोषसे कानन प्रतिनादित हो उठता है—

हरखत हिय बरखत कुसुमावलि बृंदारक के बृंद अपार ।
जय-जय धुनि जन करत मगन मन अतुल पराक्रम प्रभुहिं निहार ॥

भगवान् श्रीसीतारामजीका ध्यान

कोसलेन्द्रपदकञ्जमञ्जुलौ कोमलावजमहेशवन्दितौ ।
जानकीकरसरोजलालितौ चिन्तकस्य मनभृङ्गसङ्गिनौ ॥

सब लोग सावधानीके साथ एक चित्तसे श्रीअवधमें चले चलिये । बड़ा सुन्दर रमणीय श्रीअवधधाम है । चक्रवर्ती महाराज अखिलभुवनमण्डलके एकच्छत्र सम्राट् भगवान् श्रीराघवेन्द्रजीकी बड़ी रमणीय पुरी है। रामराज्यकी सब प्रकारकी शोभा, रामराज्यकी आदर्श समाज-व्यवस्था श्रीअवधमें वर्तमान है। सभी ओर सब कुछ सुशोभन है । कलुष-नाशिनी श्रीसरयूजी मन्द-मन्द वेगसे बह रही हैं । श्रीसरयूजीके तटपर श्रीराघवेन्द्रका विहार-उद्यान है। फलों और पुष्पोंसे सुसज्जित बड़ा सुन्दर बगीचा है। बगीचेमें चारों ओर बड़े सुन्दर और मनोहर पुष्पोंसे सुशोभित वृक्ष हैं । उनमें भाँति-भाँतिके पुष्प खिले हुए हैं । उनके विविध प्रकारके सौरभसे सारा उद्यान सुरभित हो रहा है । पुष्पोंपर भौंरे मँडरा रहे हैं । पुष्पोंकी रंग बिरंगी शोभासे सभी ओर सुषमा छा रही है । फलोंके वृक्ष विविध फलोंके भारसे लदे हैं । बीचमें एक बड़ा मनोहर सरोवर है । सरोवरमें कमल खिले हुए हैं । सरोवरके भीतर जलपक्षी केलि कर रहे हैं । चारों ओर सुन्दर-सुन्दर घाट हैं । सरोवरके उत्तर ओर एक बड़ा सुन्दर कल्पवृक्ष है । सघन और फैला हुआ है । कल्पवृक्षके नीचे बहुत बढ़िया स्फटिक मणिका सिंहासन बना हुआ है । चारों ओर विविध पुष्पोंकी लताएँ बिखरी हुई हैं । उनमें विविध भाँतिके सुन्दर-सुरभित फूल खिले हुए हैं । संध्याका समय है । बड़ा सुन्दर और सुगन्धित मन्द-मन्द समीर बह रहा है । इस मनोहर पुष्पोद्यानमें श्रीराघवेन्द्र भगवान् श्रीरामचन्द्रजी और अखिल जगत्की जननी श्रीजानकीजी नित्य संध्याके समय पधारा करते हैं । उस समय उनके साथ कोई सेवक नहीं रहता है, केवल श्रीहनुमान्जी साथ रहते हैं ।

आज भी भगवान् श्रीरामचन्द्रजी अपनी सारी सुषमाके साथ—समस्त शोभाओंसे सुशोभित, सौन्दर्य-माधुर्यमण्डित विश्वजननी श्रीजनकनन्दिनीके साथ पधारे हैं । भगवान् बड़ी मन्दगतिसे धीरे-धीरे सरोवरके निकट चले आते हैं । पीछे-पीछे श्रीहनुमान्जी हैं । श्रीभगवान् उत्तर तटकी ओर पधारे हैं । सुन्दर वितानवाले कल्पवृक्षके नीचे स्फटिकमणिकी मनोहर एक पीठिका है । उस स्फटिक मणिके सुन्दर सिंहासनपर बहुत ही बढ़िया और सुकोमल दूर्वाके रंगका एक गलीचा बिछा हुआ है, उसके पीछे दो तकिये लगे हुए हैं, दोनों ओर दो सुन्दर मसनद हैं । चौकीके सामने नीचेकी ओर चरण रखनेके लिये दो पादपीठ सुसज्जित हैं । उनपर दो सुन्दर कोमल गद्दी बिछी हुई हैं । सामने बायीं ओर थोड़ी दूरपर मरकत मणिकी नीची चौकीपर श्रीहनुमान्जीके लिये आसन है । भगवान् श्रीरामचन्द्रजी श्रीजनकनन्दिनीजीके साथ गलीचे-वाले स्फटिक मणिके सिंहासनपर विराजमान हो गये हैं । श्रीहनुमान्जी सामने बैठ गये हैं । भगवान् श्रीरामके नेत्रोंकी ओर किसी आज्ञाकी प्रतीक्षामें टकटकी लगाकर देखने लगते हैं । भगवान् श्रीरामका बड़ा सुन्दर स्वरूप है । भगवान्के श्रीअङ्गका वर्ण नील-हरिताभ-उज्ज्वल है—नीला, नीलमें कुछ हरी आभा, उसपर उज्ज्वल प्रकाश ।'..... 'केकीकण्ठाभनीलम्' जैसा मयूरके कण्ठकी नीलिमामें हरित आभा होती है'.....चमकता रंग होता है । इस प्रकार श्रीभगवान्के अङ्गका रंग नीलहरिताभ-उज्ज्वल है । बड़ी ही सुन्दर आभा है—दिव्य चमकता प्रकाश । भगवान्के श्रीअङ्गका वर्णन आता है—

'नीलसरोरुह नील मनि नील नीरधर स्याम ।'

नीले सुन्दर कमलके समान भगवान्के कोमल अङ्ग हैं, नीलमणिके समान अत्यन्त चिकने और चमकते हुए अङ्ग हैं, नव-नील-नीरद—जलवाले बादलोंके समान सरस अङ्ग हैं । सरसता, सुकोमलता और सुचिक्कणता बड़े प्रकाशके साथ सुशोभित हैं । एक-एक अङ्ग इतने मनोहर, मधुर और आकर्षक हैं कि करोड़ों कामदेव एक-एक अङ्गपर निछावर

हो रहे हैं। इनकी उपमा कही नहीं जा सकती है। शोभा अतुलनीय और निरुपम है। श्रीभगवान्‌के अङ्ग-अङ्गसे मनोहर सुस्निग्ध ज्योति निकल रही है। सहस्रों, लक्षों, कोटि-कोटि सूर्यका प्रकाश है····पर उसमें तनिक भी उत्ताप नहीं है, दाहकता नहीं है। करोड़ों चन्द्रमाकी शीतलता साथ लिये हुए है। सूर्यकी तीव्र प्रकाशमयी उष्णता और चन्द्रमाकी सुधावर्षिणी ज्योत्स्नामयी शीतलताका समन्वय—दोनोंका एक ही समय, एक ही साथ रहना कैसा होता है, इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता। श्रीभगवान्‌के रोम-रोमसे एक प्रकारकी दिव्य ज्योति निकल रही है, जो अपनी आभासे समस्त प्रदेशको ज्योतिर्मय बनाये हुए है। भगवान्‌ने ज्योतिर्मय पीतोज्ज्वल रंगका दिव्य वस्त्र परिधान किया है, उसमें लाल पाड़ है। पाड़की लालिमा भी उज्ज्वल प्रकाशमयी है। उस वस्त्रके सुन्दर स्वर्णमय प्रकाशके भीतरसे नील-हरिताभ अङ्ग-ज्योति निकल-निकलकर एक विचित्र-विलक्षण रंगवाली आभा बन गयी है। नील-हरिताभ-उज्ज्वल ज्योतिके साथ-साथ भगवान्‌के स्वर्णवर्ण पीताम्बरकी पीताभ ज्योति मिलकर एक विचित्र वर्णवाली ज्योति बन गयी है, जिसे देखकर चित्त मुग्ध हो जाता है। उसको देखते ही बनता है। भगवान्‌की पीठपर गलेसे आता हुआ एक दुपट्टा लहरा रहा है, उसका स्वर्ण-अरुण वर्ण है। भगवान्‌के श्रीचरण बड़े सुन्दर, सुकोमल और अत्यन्त मनोहर हैं। श्रीभगवान्‌का वाम श्रीचरण नीचेकी पादपीठपर टिका है। दक्षिण श्रीचरणको भगवान् श्रीरामचन्द्रने अपनी वाम जंघापर रक्खा है, जिसका तल जगज्जननी जानकीजीकी ओर है। भगवान्‌के श्रीचरण-तल बड़े मनोहर और सुन्दर हैं, उनमें ध्वजा, वज्र, कमल आदिकी अति सुन्दर रेखाएँ स्पष्ट हैं। चरण-तल सुकोमल अरुणाभ हैं, उनमें लाल-लाल ज्योति निकल रही है। भगवान्‌के श्रीचरणोंकी अङ्गुलियाँ, जो एक-से-एक छोटी अंगुलीसे अंगूठेतक उत्तरोत्तर वृद्धिको प्राप्त हो रही हैं, परम सुशोभित हैं। भगवान्‌के श्रीचरणोंसे एक ज्योति निकल रही है, चरणतलसे ज्योति निकल रही है, चरण-नखसे विद्युत्‌की तरह सुस्निग्ध मनोहर ज्योति निकल रही है, बड़ी सुन्दर प्रकाशमयी है; उसकी ज्योति-किरण जिस-जिसके समीप जाती है, उसी-उसीमें ब्रह्मज्ञानका उदय हो जाता है। यह उनकी चरण-कमल-प्रभाका सहज प्रसाद है। भगवान्‌के श्रीचरणोंमें नूपुर है। जाँघ और घुटने बड़े सुन्दर हैं। जाँघ बड़ी सुकोमल, बड़ी स्निग्ध, सुचिक्कण और अत्यन्त शोभामयी है। भगवान्‌की कटि अति सुन्दर है, भगवान्‌ने उसमें रत्नोंकी—दिव्य रत्नोंकी—दिव्य स्वर्णकी करधनी पहनी है, उस करधनीमें नवीन-नवीन प्रकारके छोटे-बड़े मुक्ता लटक रहे हैं, बीच-बीचमें—मुक्ताओंके बीचमें मधुर ध्वनि करनेवाली घुँघुरियाँ लगी हैं। भगवान्‌का उदर देश बड़ा सुन्दर है; गम्भीर नाभि है, उदरमें तीन रेखाएँ हैं। भगवान्‌का वक्षःस्थल बड़ा चौड़ा है, विशाल है। वक्षःस्थलमें बायीं ओर भृगुलताका चिह्न है, दाहिनी ओर पीत-केशर वर्णकी मनोहर रेखा है—श्रीवत्सका चिह्न है। भगवान्‌के विशाल वक्षःस्थलपर अनेक प्रकारके आभूषण सुशोभित हैं, गलेमें पहनी हुई रत्नमाला है, मुक्तामणिके हार हैं, कौस्तुभमणि है। राजोद्यानके सुन्दर-सुन्दर विचित्र पुष्पोंकी माला है, पुष्पोंका हार है, जो सारे वक्षःस्थलको आच्छादित करते हुए नाभिदेशतक लटक रहा है। कटितटतक नीचे पुष्पहारसे सुगन्ध निकल रही है, उस पुष्पहारपर भ्रमर मँडराते हैं, मधुर गुंजार कर रहे हैं। भगवान्‌के कंधे बड़े मजबूत··· सुदृढ़ बड़े ऊँचे हैं—केहरिकंध—सिंहके समान कंधे हैं। भगवान्‌की विशाल बाहु है, आजानुबाहु हैं, भुजाएँ घुटनोंतक लम्बी हैं। ऊपर मोटी—हाथीकी सूँडकी तरह, नीचे पतली हैं। इतनी सुडौल और सुन्दर हैं कि देखते ही चित्त मुग्ध हो जाता है। वे भुजाएँ सारे जगत्‌की रक्षाके लिये, साधु-रक्षा और असाधुके विनाशके लिये नित्य प्रस्तुत हैं। विशाल बाहुमें बाजूबंद हैं, उनमें नीलम, पन्ना और हीरे जड़े हुए हैं। उन दोनों बाजूबंदोंके बीचमें एक-एक लड़ लटक रही है, लड़में बड़े सुन्दर महामूल्यवान् रत्न जड़े हुए हैं। भगवान्‌के पहुँचोंमें रत्नोंके कड़े हैं, उनसे ज्योति निकल रही है। भगवान्‌के करकमलोंकी अङ्गुलियोंमें रत्नोंकी अगूठियाँ सुशोभित हैं, जो एक-से विचित्र हैं। भगवान्‌के श्रीअङ्गका वर्ण नील-हरिताभ-उज्ज्वल है, पीताम्बरका वर्ण स्वर्ण-शुभ्र उज्ज्वल है। भगवान्‌के विविध आभूषणोंके भाँति-भाँतिके रत्न अलग-अलग वर्णोंकी आभा बिखेर रहे हैं, भगवान्‌के चारों ओर मिलकर विचित्र ज्योति छिटक रही है; विलक्षण शोभा हो रही है, मनुष्य न तो कुछ कह सकता है, न वर्णन कर सकता है। कम्बुकण्ठ है—गलेमें रेखाएँ हैं। भगवान्‌की बड़ी सुन्दर ठोड़ी है। अधरोष्ठ अरुण वर्णके हैं, मनोहर स्वाभाविक मन्द-मन्द उनकी मुसकान है। मन्द हास्य सबको विमोहित कर रहा है। दन्तपंक्ति बड़ी ही सुन्दर है, मानो हीरे चमक रहे हैं,

उज्ज्वलता है, ज्योति निकल रही है और अरुण अधरोष्ठपर पड़कर विचित्र शोभा उत्पन्न कर रही है । भगवान्‌के सुन्दर सुचिक्कण कपोल हैं । उनकी नुकीली नासिका है । भगवान्‌के दोनों कान बड़े मनोहर हैं, उनमें मछलीकी आकृतिके बड़े सुन्दर रत्नोंके कुण्डल चमचमा रहे हैं । भगवान्‌के नेत्र बहुत बड़े हैं, बहुत विशाल हैं । भगवान्‌के नेत्रोंसे कृपा, शान्ति और आनन्दकी धारा अनवरत निकल रही है । भगवान्‌की सुन्दर नेत्र-ज्योति है । मनोहर टेढी भृकुटि है, जो मुनियोंके मनको हर लेती है । जिन्होंने एक बार दर्शन किया, वे सारे साधन भूलकर, जीवन भूलकर भगवान्‌के श्रीचरण-प्रान्तमें निरन्तर निवास करनेका मनोरथ करते हैं । भगवान्‌का विशाल ललाट है, उसपर तिलक सुशोभित है, दोनों ओर श्वेत रेखा है और बीचमें लाल रेखा है, इस प्रकार भगवान्‌के ललाटपर तिलक है । उनका विशाल भाल है, मस्तकपर काले-काले घुँघराले केश हैं, मानो अगणित भ्रमर मँडरा रहे हैं । भगवान्‌की मनोहर अलकावली मुनियोंके मनको हरनेवाली है । उनके मस्तकपर सुन्दर रत्नोज्ज्वल किरीट है, इतना चमकता है, इतना बढिया है, उसमें इतने रत्न जड़े हैं कि उसकी शोभाका वर्णन नहीं किया जा सकता; इतना हल्का और पुष्प-सा कोमल है कि कुछ कहा नहीं जा सकता । भगवान्‌के वस्त्र-आभूषण—सब-के-सब दिव्य हैं, चेतन हैं । भगवान् श्रीराघवेन्द्रके दाहिने कंधेपर धनुष है, बायें हाथमें बाण सुशोभित है, पीछे कटिमें बाणोंका भाथा बँधा हुआ है । भगवान् दाहिने हाथमें सुन्दर पुष्प लिये हुए हैं, रक्त-कमलका सुन्दर सुशोभित पुष्प है—बड़ा मधुर सुगन्धयुक्त, छोटा-सा अनेक दलोंका कमल है, उसकी नालको पकड़े घुमा रहे हैं । इस प्रकार श्रीराघवेन्द्र कल्पवृक्षके नीचे स्फटिकमणिके सिंहासनपर हरिताभ गलीचेपर विराजमान है ।

वाम पार्श्वमें श्रीजनकनन्दिनीजी विराजमान है । उनके दोनों अति कोमल श्रीचरणकमल नीचेकी पादपीठपर विराजित हैं । उनका पवित्र सुन्दर स्वर्णोज्ज्वल वर्ण है, सोनेके समान वदनकी आभा है, पर सोनेकी भाँति कठोर नहीं है । सोनेकी भाँति चमचमाते हुए माताजीके समस्त अङ्ग अत्यन्त सुकोमल और तेजसे युक्त हैं । करोड़ों सूर्य-चन्द्रकी शीतल प्रकाशमयी उज्ज्वल ज्योतिधारा उनके श्रीअङ्गसे वैसे ही निकल रही है, जैसे भगवान् श्रीरामके श्रीअङ्गसे । श्रीसीताजी विविध भूषणोंसे सज्जित हैं, नीलवर्णके वस्त्र हैं, वक्षःस्थलपर आभूषण हैं, बायें हाथमें पुष्प है, दाहिने हाथसे कर्ण-कुण्डलको सुधार रही हैं । जंघापर रक्खे भगवान्‌के श्रीचरणतलकी ओर जनकनन्दिनीके दिव्य नेत्र लगे हैं—पलक नहीं पड़ती है, वे श्रीरामके चरणतलके दर्शनानन्दमें विभोर हैं, दूसरी ओर उनका दृष्टिपात ही नहीं है । भगवान्‌की नील-हरिताभ-उज्ज्वल आभावाली ज्योति नित्य नयी छटा दिखा रही है । उसके साथ श्रीजनकनन्दिनीजीकी स्वर्णिम अङ्ग-ज्योति, उनके नीलवस्त्रकी ज्योति, आभूषणोंकी ज्योति—सब मिलकर एक विचित्र वर्णवाली ज्योति चारों ओर छिटक रही है । उसकी शोभा अवर्णनीय है ।

सामने बायीं ओर थोड़ी दूरपर नीचे मरकतमणिके आसनपर श्रीमारुतिजी विराजमान हैं । उनके श्रीअङ्गका पिंगल वर्ण है, जो उज्ज्वल आभासे युक्त है । लाल वस्त्र पहने हुए हैं, सब अङ्गोंपर श्रीरामनाम अङ्कित है; हृदयदेश मानो दर्पण है, उसमें स्फटिकमणिके सिंहासनपर विराजमान श्रीराम-जानकी प्रतिबिम्बित हैं । उनके नेत्रोंसे अविरत प्रेमाश्रुधारा बह रही है, टकटकी लगाये हुए हैं । श्रीरामके नेत्रकी कृपाधारामें नहाते अपने आपको कृतकृत्य मान रहे हैं । शरीर रोमाञ्चित है । मुखमण्डल ज्योतिसे झलमला रहा है । शरीर आनन्दमें पुलकित है, आनन्दका अनुभव करते हुए विशेष आज्ञाकी प्रतीक्षामें वे निर्निमेष नेत्रोंसे श्रीराघवेन्द्रकी ओर निहार रहे हैं ।

इस प्रकार भगवान् श्रीराम-जानकी श्रीहनुमान्‌के साथ विहार-उद्यानमें विराजमान हैं । मन्द-मन्द समीर बह रहा है, समीप ही सरयूकी मन्द धारा है, अनेक प्रकारके पक्षी चहचहा रहे हैं, वनकी शोभा अत्यन्त मनोहर हो रही है । भगवान्‌का यह स्वरूप अत्यन्त मनोहर सुन्दर है, सुषमा वर्णनातीत है । कोई भी किसी कालमें वर्णन नहीं कर सकता, देखनेसे मन मुग्ध हो जाता है । यों जब हृदयमें श्रीराम आते हैं, तब मारुतिकी तरह शीतल अश्रु-धारा बहती है, शरीर रोमाञ्चित हो जाता है । इस मनोहर ध्यानमें मग्न हो जाना चाहिये ।

इस प्रकार भगवान् सामने हैं, उन्हें मनके द्वारा आप देख सकते हैं । तन्मयता होनेपर ध्यान हो सकता है । बड़ा सुन्दर ध्यान है । इसमें मन लग जाय तो क्या कहना है ।

ईश्वर ध्येय और ज्ञेय

(लेखक—श्रीचारुचन्द्र चटर्जी एम्० ए०)

[गताङ्क पृष्ठ ८२५से आगे]

इसी प्रकार नवम अध्यायमे भी ईश्वरकी जय-गाथा है। इसमे भगवान् श्रीकृष्ण अपनी महिमा, ऐश्वर्य, बल-वीर्यका वर्णन करते हैं। इसमे हम पाते हैं—ईश्वर अपनी अव्यक्त मूर्तिसे जगत्‌को व्याप्त किये हुए हैं; उनमे सब भूत स्थित होते हुए भी स्थित नही है। ईश्वरका आत्मा सब भूतोका धारण और उत्पन्न करनेवाला होते हुए भी भूतोंमे स्थित नही है। ईश्वरमे सब भूत उसी प्रकार स्थित है जैसे वायु आकाशमे। कल्पके अन्तमे सब भूत ईश्वरमे लय होते हैं और कल्पके आदिमे ईश्वर अपनी प्रकृतिमे अधिष्ठान होते हुए फिर उनकी रचना करते हैं। परतु इन कर्मोंमे ईश्वर उदासीन हैं। उनकी अध्यक्षतामे प्रकृति सृष्टिकी रचना करती है। मूढ़ लोग ईश्वरके परमभावको न समझकर उन्हे मनुष्य-शरीरधारी मात्र समझते हैं। दैवी-प्रकृतिसम्पन्न महात्मा लोग ईश्वरको भूतोंका आदि-अव्यय-कारण समझकर भजते हैं। ईश्वर श्रौत और स्मार्त कर्म, स्वधा, औषध, मन्त्र, घृत, अग्नि, हवन हैं। ईश्वर इस जगत्‌के पिता, माता, धाता, पितामह, ज्ञेय-वस्तु, पवित्र ओकार, ऋक्, साम, यजुर्वेद हैं। ईश्वर सबकी गति, भरण-पोषण करनेवाले, स्वामी, शुभाशुभ-द्रष्टा, आश्रय-स्थान, भयत्राता, सुहृद् है। ईश्वर उत्पत्ति, स्थिति, प्रलय-स्थान हैं और अविनाशी-कारण हैं। ईश्वर आदित्यरूप है, वर्षामे वारिरूप हैं, अमृत और मृत्युरूप है, सत् और असत् हैं। अनन्यभावसे भजनकारीके लिये ईश्वर स्वयं योगक्षेम वहन करते हैं। ईश्वर सब यज्ञोंके यज्ञेश्वर और भोक्ता हैं; अन्य देवताओंका पूजन उन्हींका पूजन है। ईश्वरकी पूजा सुगम है; उनको सर्वकर्म समर्पण करने चाहिये, इसीसे भगवत्प्राप्ति होती है। ईश्वर सब भूतोंमे समभावसे स्थित हैं। भक्तोंपर वे विशेष कृपा करते हैं, चाहे वे दुराचारी हो या पापयोनिवाले हो। अतः वाक्-काय-मानससे ईश्वरपरायण होकर उनकी प्राप्तिके लिये प्रयत्न करना ईश्वरादेश है।

उपर्युक्त दोनों अध्यायोंसे अष्टम अध्याय विलक्षण है। इसमें 'ईश्वर-वाद'की विवृत्ति एक ही दृष्टिकोणसे है। प्रयाण-कालमें और कालान्तरमे प्राप्य ईश्वरका स्वरूप इसमे वर्णित है। सप्तम और अष्टम अध्यायोंकी साधन-प्रणालीसे जीवन-कालमे ही मनुष्य ईश्वरप्राप्तिका परम सौभाग्य लाभ कर सकते हैं। परंतु अष्टम अध्यायमे मरणान्तर गति-तत्त्वका विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है। पाँचवे श्लोकसे शेष अट्ठाईसवें श्लोकतक अन्तकालका चिन्तन, पुनरावृत्तिसे निष्कृति और परमधाम-प्राप्तिका उपाय, पितृयान और देवयान इत्यादि प्रसङ्ग हैं।

इन अध्यायोमे ईश्वरका जो स्वरूप निरूपण किया गया है, वह कहीं ज्ञेय है और कहीं ध्येय। श्रीमधुसूदनजी गीताकी टीकामे लिखते हैं, षष्ठ अध्यायके अन्तमें जो श्लोक है—

योगिनामपि सर्वेषां मद्गतेनान्तरात्मना।
श्रद्धावान् भजते यो मां स मे युक्ततमो मतः॥

—जो श्रद्धावान्, मुझमे आसक्तचित्त होकर मुझको भजता है, वह मेरे मतमे सब योगियोमे श्रेष्ठतम है—

सप्तम अध्यायमे उसका अर्थ विस्तारपूर्वक लिखा गया है और भगवद्-भजनके निमित्त ध्येय ब्रह्मका स्वरूप प्रतिपादन किया गया है। और कहते हैं कि सप्तम अध्यायके अन्तमे जो श्लोक हैं—

जरामरणमोक्षाय मामाश्रित्य यतन्ति ये।
ते ब्रह्म तद्विदुः कृत्स्नमध्यात्मं कर्म चाखिलम्॥
साधिभूताधिदैवं मां साधियज्ञं च ये विदुः।
प्रयाणकालेऽपि च मां ते विदुर्युक्तचेतसः॥

इन दो श्लोकोके द्वारा उत्तम अधिकारियोके लिये जो ज्ञेय है और मध्यम अधिकारियोके लिये जो ध्येय है—'तत्'-पदका प्रतिपाद्य है—वह ब्रह्म यहाँ निरूपित है। यह भी उनका मत है कि अष्टम अध्यायमे ध्येय ब्रह्मका स्वरूप निर्णय कर, जो उस ब्रह्मके ध्यानमे युक्त रहते हैं, उनकी क्या गति होती है, यह दिखाया गया है; और नवम अध्यायमे ज्ञेय ब्रह्मका स्वरूपनिर्णयपूर्वक ज्ञानपरायण व्यक्तिकी क्या गति होती है, वर्णित है।

परतु ब्रह्मके विषयमे यह कहना कि वे ज्ञेय, ध्येय या

उपास्य हैं सम्पूर्ण अर्थहीन है। शान्त, शिव, अद्वैत, तुरीय ब्रह्म ज्ञेय नहीं हैं; वे ज्ञानके विषय 'इदम्' हो ही नहीं सकते। परमब्रह्म 'अवाङ्मनसगोचर' हैं। वे अनिर्वाच्य, निर्विशेष, निराकार, उपाधिहीन, 'नेति-नेति'—निषेधवाक्यके द्वारा निर्देश्य हैं—सुतरा अविज्ञेय हैं। परंतु श्रुति यह भी कहती है कि 'अवाङ्मनसगोचर' होते हुए भी ब्रह्म विज्ञेय हैं। बृहदारण्यकोपनिषद्में याज्ञवल्क्य अपनी पत्नी मैत्रेयीसे कहते हैं—

आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यो मैत्रेय्यात्मनो वा अरे दर्शनेन, श्रवणेन, मत्या विज्ञानेनेदं सर्वं विदितम्।

अर्थात् 'अरी मैत्रेयि! आत्मा दर्शनीय, श्रवणीय, मननीय और निदिध्यासन करने योग्य है। अरी मैत्रेयि! निश्चय ही आत्माका दर्शन, श्रवण, मनन और विज्ञान हो जानेपर अन्य सब ज्ञान प्राप्त हो जाता है।' यह ऋषि-वाक्य ब्रह्मके ज्ञानगम्य होनेका प्रमाण है; और श्रीकृष्णने भी सप्तम अध्यायके आरम्भमें कहा है कि इस ज्ञानसे सर्व विज्ञान लाभ होता है।

*ब्रह्मके अज्ञेय होनेका अर्थ यह है कि मनुष्यके वृत्ति-ज्ञानमें वे ज्ञेय नहीं हैं। योगसाधनद्वारा चित्तकी वृत्तियोंका निरोध करनेपर जो प्रज्ञा-ज्योति प्रकाशित होती है, उसके द्वारा साधक ब्रह्मको आत्मस्वरूप, ज्ञातास्वरूप या द्रष्टास्वरूप जान सकता है—योगबलसे वृत्ति-ज्ञान-भूमि अतिक्रमपूर्वक ज्ञाता और ज्ञेय, अहम् और इदम्, आत्मा और परमात्मा, सुख-दुःखादि सब द्वैत बोधकी सीमा पार करनेपर, शुद्ध अध्यात्मविज्ञानसे निर्गुण, अद्वय ब्रह्मका स्वरूप ज्ञेय हो सकता है। नहीं तो, परब्रह्म, जो कि माण्डूक्योपनिषद्के एक मन्त्रमें अव्यवहार्यम्, अग्राह्यम्, अलक्षणम्, अचिन्त्यम्, अव्यपदेश्यम्, एकात्मप्रत्ययसारम्, प्रपञ्चोपशमम्, शान्तम्, शिवम्, अद्वैतम् हैं। और गीताके अनुसार अव्यक्तके परे सनातन अव्यक्त हैं, मनुष्यके साधारण ज्ञानके अधिगम्य नहीं हैं। और न तो यह निर्गुण, निराकार, अद्वय ब्रह्म ध्येय ही हो सकते हैं। हमारे ध्यानमें या चिन्तामें वही वस्तु आ सकती है, जो कि हमारे चित्तको अपने आकारसे आकारित करे। इसलिये ध्येय वस्तुका नाम-रूप और कोई विशेष आकृति-सम्पन्न होना आवश्यक है। सामान्य, निर्विशेष वस्तुका हम ध्यान नहीं कर सकते हैं।

* देवेन्द्रविजय वसुकी गीतासे सारांश लिया गया है।

यद्यपि ब्रह्मके जाननेका कोई स्वरूप* लक्षण नहीं है, और न वे मनुष्यके ज्ञानमें ज्ञेय हैं, परंतु उनके जाननेके लिये जो तटस्थ लक्षण हैं, उनसे वे हमारे साधारण ज्ञानमें भी प्रतिभात होते हैं। निर्गुण, प्रपञ्चातीत, सर्वसम्बन्धरहित ब्रह्म अविज्ञेय हैं। परंतु प्रपञ्चसे सम्बन्ध-युक्त, जगत् और जीवके सम्बन्धसे, वे मनुष्य-ज्ञानके विषय हो सकते हैं। यह पहले लिखा गया है कि ब्रह्म इस जगत्की सृष्टि, स्थिति और लयके कारण हैं और इस तटस्थ लक्षणसे वे ज्ञेय हैं। जो प्रकृतिके नियन्ता हैं, जगत्के पालक, पोषक, विधाता हैं, जिनका बल, वीर्य, विभूति विश्व-चराचरमें प्रकाशित है, वे ही ब्रह्म हैं और वे सगुण ब्रह्म हैं, जाननेयोग्य हैं और समग्ररूपसे ही जाने जा सकते हैं।

परंतु सगुण और निर्गुण ब्रह्म पृथक् नहीं हैं। ऐसा नहीं है कि सगुण ब्रह्म—सर्वात्मा, सर्वसाक्षी, सर्वेश्वर एक हैं, और निष्कल, निरवद्य, निरञ्जन, निर्गुण ब्रह्म अन्य कोई हैं। एक अद्वितीय ब्रह्मके ये दो भाव हैं—एक व्यक्त है, दूसरा अव्यक्त। एक विज्ञ महानुभाव† लिखते हैं—ईश्वरका जो व्यक्त जड-जीवमय विश्वरूप है, जो उनका Immanent (सर्वानुस्यूत) भाव है, वह उनका अव्यक्त परम अनुत्तम Transcendent (सर्वातीत) भावके अंशरूपमें हम धारण कर सकते हैं। अव्यक्तभाव आधार है और व्यक्तभाव आधेय। अव्यक्तभाव व्यापक है और व्यक्तभाव व्याप्य। अव्यक्तभाव नित्य-कारण है और व्यक्तभाव उसका कार्य-रूप है, जो कि कारणमें निहित है। 'सत्कार्यवादी' श्रीशंकराचार्यने कहा है—

'कारणान्तर्भूता शक्तिः शक्तेरन्तर्भूतं कार्यम्।'

भगवान् परम शक्तिमान् होनेके निमित्त जगत्-कारण हैं, और इस पराशक्तिके हेतु यह कार्य या जगत्-रूपमें अभिव्यक्त हैं। सर्व-कारणरूपमें भगवान् अव्यक्त (Unmanifest) हैं, और सर्व-कार्यरूपमें वे व्यक्त (Manifest) हैं। भगवान्

* ब्रह्म 'चित्स्वरूप हैं, सत्यस्वरूप हैं, अनन्तस्वरूप हैं' इत्यादि वाक्योंसे ब्रह्मका कोई विशेष ज्ञान नहीं होता। वही एक तत्त्व चित्, सत्य, ब्रह्म, ज्ञापक हैं; ये ब्रह्मके 'स्वरूप' लक्षण हैं। ब्रह्म भर्ता, प्रभु, साक्षी, सुहृद् हैं—कहनेपर उनके विशेष-विशेष गुणोंके द्वारा उनके पृथक् भाव प्रकाशित किये गये हैं। ये उनके 'तटस्थ' लक्षण हैं।

† देवेन्द्र विजय वसु।

अचिन्त्य शक्तिके प्रभावसे कार्यरूपमें व्यक्त होते हुए भी कारणरूप परम अव्यक्तभावसे उनकी च्युति नहीं होती है। कार्यरूप उनका अंशमात्र है। अतएव भगवान्‌का अव्यक्त-भाव ही उनका परमभाव है—उनका स्वरूप है। और उनका व्यक्तभाव—यह जीव-जड़मय जगत् रूप, उसीके अन्तर्गत है।

अतएव ब्रह्ममें त्रिविध भावका सन्निवेश देखा जा सकता है। एक—उनका समग्रभाव, जिससे निर्गुण-सगुणके अतीत होते हुए, न निर्गुणसे भिन्न हैं न सगुणसे; न वे मूर्त ब्रह्मसे भिन्न हैं न अमूर्तसे; अव्यक्तोऽपि चोत्तम सनातन अव्यक्तसे भिन्न नहीं हैं, व्यक्त भावापन्नसे भी नहीं; इसलिये यह भाव अविज्ञेय अचिन्त्यनीय है। दूसरा—शान्त, आत्म-स्वरूप, कूटस्थ, अक्षर, निर्गुणभाव, जो अविज्ञेय होते हुए भी ज्ञेय हो सकता है; तीसरा—अव्यय, सर्वेश्वर, स्रष्टा, नियन्ता, सर्वानुस्यूत, सगुणभाव, जो कि ज्ञानगम्य है। यह सगुण और निर्गुणभाव उपर्युक्त अनिर्देश्यभावके अन्तर्गत हैं, जो कि परम तत्त्व है।

सगुण ब्रह्म-तत्त्व ज्ञेय होनेके निमित्त उस ज्ञानमें विश्व-कारण, विश्वरूप, परमेश्वर हमारे ध्येय और आराध्य भी हो सकते हैं। इस ध्येय, भजनीय ब्रह्मकी महिमाका अन्त नहीं है, गुणोंकी संख्या नहीं है। निर्गुण ब्रह्मकी एक ही उपाधि या विशेषण है, परंतु सगुण ब्रह्मकी विभूतियाँ महान् और अनन्त हैं। गोस्वामी तुलसीदासजी कहते हैं—

निर्गुन रूप सुलभ अति, सगुन न जानइ कोइ।
सुगम अगम नाना चरित सुनि सुनि मन भ्रम होइ॥

उनमें जो-जो प्रधान या परमभाव हैं, उन्हींके द्वारा हम ध्येय और ज्ञेय रूपोंकी उपलब्धि करते हैं।

श्रीगीताके सप्तम, अष्टम और नवम अध्यायोंमें भगवान्‌की विभूतियाँ संक्षेपतः वर्णित हैं और दशममें उनका विस्तार है, तो भी उनका अन्त नहीं है। इसलिये अपनी विभूतियोंके वर्णन करनेके उपक्रममें श्रीकृष्ण कहते हैं—

हन्त ते कथयिष्यामि दिव्या ह्यात्मविभूतयः।
प्राधान्यतः कुरुश्रेष्ठ नास्त्यन्तो विस्तरस्य मे॥

(१०।१९)

हे कुरुश्रेष्ठ! मेरी प्रधान-प्रधान दिव्य विभूतियोंको तुमसे कहूँगा; क्योंकि उनके विस्तारका अन्त नहीं है।

एक तथ्य और भी प्रणिधान-योग्य है—इन अध्यायोंमें 'तत्' पद वाच्य भगवान्‌के उपाधियुक्त और उपाधिरहित स्वरूपोंका भी प्रतिपादन है।

सप्तम अध्यायके प्रारम्भमें भगवान्‌को समग्ररूपसे जानने-के लिये जैसे उनकी प्रकृतियोंसे परिचित होना आवश्यक है, कहा गया है, वैसे ही उस ज्ञानके लिये उनकी विभूतियाँ जानना भी आवश्यक है। भगवान्‌ने अपने सगुणभावकी विभूतियोंको इस अध्यायके चार श्लोकोंमें वर्णन किया है—

रसोऽहमप्सु कौन्तेय प्रभास्मि शशिसूर्ययोः।
प्रणवः सर्ववेदेषु शब्दः खे पौरुषं नृषु॥
पुण्यो गन्धः पृथिव्यां च तेजश्चास्मि विभावसौ।
जीवनं सर्वभूतेषु तपश्चास्मि तपस्विषु॥
बीजं मां सर्वभूतानां विद्धि पार्थ सनातनम्।
बुद्धिर्बुद्धिमतामस्मि तेजस्तेजस्विनामहम्॥
बलं बलवतां चाहं कामरागविवर्जितम्।
धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ॥

(७।८-११)

अर्जुन! जलमें रस, चन्द्रमा और सूर्यमें प्रभा, सब वेदोंमें ओंकार, आकाशमें शब्द और पुरुषमें पुरुषत्व मैं हूँ। पृथ्वीमें पवित्र गन्ध, अग्निमें तेज, सब प्राणियोंमें जीवनी-शक्ति और तपस्वियोंमें तप मैं हूँ। अर्जुन! समस्त प्राणियों-का सनातन बीज तू मुझको जान। बुद्धिमानोंकी बुद्धि और तेजस्वियोंका तेज मैं हूँ। भरतश्रेष्ठ! बलवानोंका कामरागसे सर्वथा रहित बल और प्राणियोंमें धर्मसम्मत काम मैं हूँ।

अतः रस, तेज, शब्द, ज्योति, गन्ध इत्यादि रूपमें भगवान्‌का ध्यान किया जा सकता है, अर्थात् इन विभूतियों-के द्वारा सविशेष, सोपाधिक ब्रह्म ध्येय हो सकते हैं। ध्यान-परायण साधक इनकी सहायतासे भगवान्‌की एक आकृतिकी धारणा करते हैं, जैसे वे तेजःस्वरूप हैं, या ज्योतिःस्वरूप हैं इत्यादि। फिर उस रूपमें संयत-चित्तसे ध्यान लगाते हुए ध्येय ईश्वरकी प्राप्तिस्वरूप रसास्वादन करते हैं।

उक्त साधक उन भक्तों या उपासकोंमें हैं जिनकी अभिलाषा भगवत्प्राप्तिसे तृप्त हो जाती है। परंतु श्रीरामानुज-जी कहते हैं कि अन्य उपासक ऐसे हैं जो कि महान् ऐश्वर्यके लिये भगवान्‌को भजते हैं; और कुछ ऐसे भी हैं जो कि प्रकृति-वियुक्तिसहित पुरुष-स्वरूपके दर्शनके लिये भगवदा-राधन करते हैं। सप्तम अध्यायके अन्तके दो श्लोकोंमें उक्त

तीन प्रकारके भक्तोंके लिये जो ज्ञेय और ध्येय तत्त्व हैं, श्रीकृष्ण उनके विषयमें कहते हैं—

जरामरणमोक्षाय मामाश्रित्य यतन्ति ये।
ते ब्रह्म तद्विदुः कृत्स्नमध्यात्मं कर्म चाखिलम्॥
(७। २९)

संसारसे विरक्त जो मनुष्य जरा-मरण प्रभृति नाना सांसारिक दुःखोंसे निवृत्ति प्राप्त करनेके निमित्त मेरी शरणमें आकर ज्ञान-लाभके लिये प्रयत्न करते हैं, वे उस वेदान्त-प्रसिद्ध परम ब्रह्मको जानते हैं; सम्पूर्ण अध्यात्म—प्रत्यगात्मा विषय-वस्तु—को जानते हैं, जिसके द्वारा वह प्राप्य है; और उसके लिये साधनभूत सरहस्य समस्त कर्मको जानते हैं। इस पर्यायके साधक सर्वज्ञान लाभ करते हैं। श्रीकृष्णने इस अध्यायके उपक्रममें कहा था—

यज्ज्ञात्वा नेह भूयोऽन्यज्ज्ञातव्यमवशिष्यते।

जिसके जाननेसे अन्य ज्ञातव्य विषय जगत्में शेष नहीं रहता है—यह एक विज्ञानसे सर्वविज्ञान बतानेकी प्रतिज्ञाका यहाँ इस श्लोकमें उपसंहार किया गया है। श्रीरामानुजके मतानुसार इस स्थानपर ज्ञेय ब्रह्मके स्वरूपका निर्देश किया गया है।

इसी प्रकार अन्तिम श्लोकमें ध्येय ब्रह्मका स्वरूप निरूपण किया गया है। श्रीकृष्ण कहते हैं—

साधिभूताधिदैवं मां साधियज्ञं च ये विदुः।
प्रयाणकालेऽपि च मां ते विदुर्युक्तचेतसः॥
(७। ३०)

—पूर्वश्लोकमें वर्णित भक्तोंके अतिरिक्त और जो भक्त हैं वे मुझको अधिभूत, अधिदैव और अधियज्ञ भावके सहित चिन्तन करते हैं; वे युक्त-चेता पुरुष मुझमें आसक्त होनेके कारण मरण-समयपर भी मुझे ही स्मरण करते हैं।

भगवान् क्षर-पुरुष-भावसे अधिभूत, दिव्य-पुरुष-भावसे अधिदैव और देहान्तर्गत यज्ञके नियामक-भावसे अधियज्ञ हैं। ये भाव ध्येय भाव हैं। ऐश्वर्याभिलाषी भक्त नित्यप्रति इनका ध्यान करता है और मरणकालमें भी उसकी चित्तवृत्ति ईश्वराकार होनेके कारण भगवान्की शरणमें उसका प्राणोत्क्रमण होता है।

इसी विषयका नवम अध्यायमें भी श्रीकृष्णने विस्तार किया है। सप्तम अध्यायमें उन्होंने कहा है—'ज्ञानं तेऽहं सविज्ञानमिद' वक्ष्याम्यशेषतः' और नवममें—'इदं तु ते गुह्यतम प्रवक्ष्याम्यनसूयवे। ज्ञानं विज्ञानसहित·····।' दोनों अध्यायोंमें भगवान् एक-से ही शब्दोंका व्यवहार करते हैं। यह इङ्गित करनेके लिये कि दोनोंकी विषय-वस्तुमें सादृश्यता है। निम्नाङ्कित तुलनात्मक चित्रसे यह बात स्पष्ट है—

	सप्तम	नवम	
श्लोक-संख्या	पद या भाव	पद या भाव	श्लोक-संख्या
२	ज्ञान तेऽहं सविज्ञानमिद··· यज्ज्ञात्वा ····	इदं तु ते गुह्यतमं ज्ञानं विज्ञानसहित यज्ज्ञात्वा	१
६	परा और अपरा प्रकृति भूतयोनि	चराचर प्रकृतिकी रचना	१०
,,	अहं···जगतः प्रभवः प्रलयस्तथा	प्रभवः प्रलयः स्थानं	१८
८-१२	विभूतियाँ (सर्वानुस्यूत रूप)	विभूतियाँ (सर्वात्मा-स्वरूप)	१६-१९
१०	बीजं मां सर्वभूतानाम	बीजमव्ययम्	१८
१२	न त्वहं तेषु	न चाहं तेष्ववस्थितः	४
१६	चतुर्विधा भजन्ते मां जनाः सुकृतिनोऽर्जुन	महात्मानस्तु मां पार्थ दैवीं··· भजन्त्यनन्यमनसो	१३
२०	प्रपद्यन्तेऽन्यदेवताः	येऽप्यन्यदेवता यजन्ते	२३
२३	मद्भक्ता यान्ति मामपि	यान्ति मद्याजिनोऽपि माम्	२५
२४	अव्यक्तं व्यक्तिमापन्नं···मामबुद्धयः परं भावमजानन्तो	अवजानन्ति मां मूढाः पर भावमजानन्तो मम	११
२९	जरामरणमोक्षाय	अनित्यमसुखं लोकमिमं	३३

भगवान्को असंशय समग्रभावसे जाननेका जो ज्ञान है उसको 'गुह्यतम' ज्ञान कहा है। श्रीधर स्वामी लिखते हैं—गुह्यं धर्मज्ञानं ततो देहादिव्यतिरिक्तात्मज्ञान गुह्यतरं ततोऽपि परमात्मज्ञानमतिरहस्यत्वाद्गुह्यतमम्—अर्थात् धर्मका ज्ञान गुह्य है, देहातिरिक्त आत्माका ज्ञान गुह्यतर है और परमात्माका ज्ञान अतिशय रहस्यमय होनेके कारण गुह्यतम है।

भगवान् श्रीकृष्णने इस अध्यायमें अपना ज्ञेय स्वरूप परमभाव जाननेका जो दिव्य ज्ञान है उसका वर्णन किया

है। यह अध्याय भक्ति-योग-षट्कके अन्तर्गत होते हुए भी ज्ञानप्रधान है, जिसमें भक्ति ज्ञानका लक्षण है—दिखाया गया है। और ज्ञानपरायण पुरुषके लिये ब्रह्म किस ज्ञानके अधिगम्य है, यह बताया गया है। अतः इस प्रसङ्गको आरम्भ करते हुए भगवान् चतुर्थ और पञ्चम श्लोकोंमें परम तत्त्वके उस ज्ञेय स्वरूपका वर्णन करते हैं जो कि 'गुह्यतम' ज्ञानमें प्रकाशित होता है। श्रीकृष्ण कहते हैं—

मया ततमिदं सर्वं जगदव्यक्तमूर्तिना।
मत्स्थानि सर्वभूतानि न चाहं तेष्ववस्थितः॥
न च मत्स्थानि भूतानि पश्य मे योगमैश्वरम्।
भूतभृन्न च भूतस्थो ममात्मा भूतभावनः॥

श्रीमधुसूदन इन श्लोकोंकी जो विस्तारित व्याख्या करते हैं उसका साराश यहाँ दिया जाता है—यह भूत, भौतिकदृश्यसमुदाय मेरे सद्रूप और स्फुरणरूपसे व्याप्त है; मैं ही इसका सर्वस्व हूँ—इसमें ओतप्रोतभावसे विद्यमान हूँ; मुझे छोड़कर इसकी स्वतन्त्र सत्ता और प्रकाश नहीं है। मेरी अव्यक्त मूर्तिके द्वारा जो कि मन सब इन्द्रियोंके परे है, यह समग्र चराचर परिव्याप्त है, मेरी इस दृश्यमान मूर्तिसे नहीं। इसी कारण मेरी ही सत्तासे और मेरे ही प्रकाशसे जो सब पदार्थ 'सत्' के सदृश भासते हैं, वे 'मत्स्थ' हैं; स्थावर-जङ्गम सब भूतवर्ग इस भावसे 'मत्स्थ' हैं अर्थात् मुझमें अधिष्ठित हैं। किंतु परमार्थतः उन सब भूतवर्गोंमें मैं अवस्थित नहीं हूँ।

जलमें प्रतिबिम्बित सूर्य जलके कम्पनसे कम्पित होते हुए भी आकाशस्थित सूर्य कम्पित नहीं होता है; उसी प्रकार मुझपर समस्त जगत् कल्पित होते हुए भी वे परमार्थतः मुझमें नहीं हैं। हे अर्जुन! तू साधारण मनुष्यकी प्राकृत बुद्धि त्यागकर मेरा ऐश्वर्य-योग अर्थात् अघटनघटन-चातुर्यको देख, मुझको मायावी जान। न मैं आधेय हूँ, न मैं आधार हूँ, तथापि मैं समस्त भूतवर्गमें हूँ और समस्त भूतवर्ग मुझमें हैं, यह मेरी महती माया है। उपादानकारण होनेके हेतु, समस्त भूतवर्गका जो भरण-पोषण करता है वह 'भूतभृत्' है और कर्तारूपसे जो समस्त भूतोंका उत्पादन करता है वह 'भूतभावन' है; इस प्रकारसे मेरा आत्मा अर्थात् मैं भूतभृत् और भूतभावन हूँ। मेरा आत्मा अर्थात् परमार्थ-स्वरूप सच्चिदानन्दघन मैं इस प्रकार जगत्का निमित्तोपादान होता हुआ भी परमार्थतः भूतोंसे सम्बन्ध-युक्त नहीं हूँ; क्योंकि मैं असङ्ग अद्वितीय स्वरूप हूँ।

इस व्याख्याका निष्कर्ष यह हुआ कि परमात्मा एक ही आधारमें विश्वकारण, विश्वरूप, सर्वभूतमहेश्वर हैं और साथ ही विश्वातीत, अव्यक्त, असङ्ग परम-तत्त्व भी हैं। इस दृष्टिकोणसे ईश्वर ज्ञेय है, ध्येय नहीं है। परंतु त्रयोदश श्लोकमें कहा गया है—

महात्मानस्तु मां पार्थ दैवीं प्रकृतिमाश्रिताः।
भजन्त्यनन्यमनसो ज्ञात्वा भूतादिमव्ययम्॥

अर्थात्, हे पार्थ! दैवी-प्रकृतिसम्पन्न महात्मा अनन्य-चित्तसे मुझको भूतोंका आदि कारण और अविनाशी जानकर सगुणब्रह्मरूपमें मेरी उपासना करते हैं।

स्तुत्यके समक्ष

(रचयिता श्रीमुरलीमनोहर सिंह)

आज तुम्हारी श्याम कान्तिमें मैं उर द्युतिमय कर लूँ।
जगतीका तम हर लूँ॥

झंकृत हो मृदु-मृदु नूपुर स्वर,
मोद-विकल मधु-लीन चराचर।
सखे! तुम्हारी विभु-छायामें छवि-उन्मत्त विचर लूँ।
जगतीका तम हर लूँ॥

रोम-रोम खिल उठे प्रणत मन,
द्रवित हृदयसे भरे विलोचन।
प्राणोंमें उत्फुल्ल सरस ध्वनि मैं वंशीकी भर लूँ।
जगतीका तम हर लूँ॥

पी प्रतिपल निरुपम छवि पावन:
अधर-हास खल भ्रू-सम्मोहन:
श्याम सलोने! देख तुम्हें मैं इस जगके ऊपर लूँ।
जगतीका तम हर लूँ॥

जब अपवित्र विचार घेरते हैं !

(काम, कारण और निवारण)

(लेखक—श्रीकृष्णदत्तजी भट्ट)

[गताङ्क पृष्ठ ८१९ से आगे]

गाही कहीं है, गह कहीं, गहबर कहीं,
ऐसे भी कामयाब हुआ है सफर कहीं !

अपवित्र विचार क्यों आते हैं, कहाँसे आते हैं, कब आते है ! उनका उद्गम कहाँ है !

इस किलेपर हमला करनेके लिये इन सब बातोंकी जानकारी जरूरी है ।

× × ×

यहाँ एक बात समझ लेनी चाहिये कि अपवित्र विचारोंसे घिर जाना एक बात है और अपने-आपको उनसे घेर लेना सर्वथा दूसरी बात ।

प्रायः होता यह है कि हम स्वयं अपनेको अपवित्र विचारोंसे घेरे रखते हैं । मकड़ीकी तरह हम खुद अपने चारों ओर यह जाला तानते है और उसमे फँस जानेपर रोते हैं कि हाय ! हम कहाँ फँस गये !

यों, कभी-कभी ऐसा भी होता है कि न चाहते हुए भी अपवित्र विचार हमे घेर लेते है -

'अनिच्छन्नपि वार्ष्णेय बलादिव नियोजितः ॥'

यह ठीक है कि एक स्थिति दूसरीसे कुछ अच्छी है, विकार स्वतः आकर घेर लें, उसकी अपेक्षा जान-बूझकर विकारग्रस्त होना बहुत बुरा है, परंतु चाहे खरबूजा छुरीपर गिरे, चाहे छुरी खरबूजेपर, - खरबूजेका हलाल होता ही है ! प्राणायाम चाहे सीधा हो चाहे द्राविड़, फल दोनोंका एक ही होता है ।

× × ×

जैसे भी हो, हमे अपवित्र विचारोंसे मुक्त होना ही है ।

× × ×

अपवित्र विचार दो तरफसे आते है--भीतरसे और बाहरसे ।

हृदय जबतक मलिन है, उसमे विषय-भोगकी लालसा छिपी बैठी है, गंदी वासनाएँ भरी पड़ी हैं, विषयोंका रस बना हुआ है--तबतक अपवित्र विचारोंका आना स्वाभाविक है।

हृदय शुद्ध हो जाय, उसकी वासनाएँ निर्मूल हो जायँ, उसकी गंदगी जाती रहे, विषयोंका रस नष्ट हो जाय, फिर अपवित्र विचार आ ही नहीं सकते ।

× × ×

बाहरसे आनेवाले अपवित्र विचार संसर्ग-दोषसे आते हैं ।

हम जो देखते है, जो पढते हैं, जो सूँघते हैं, जो चखते है, जो छूते है, जिस वातावरणमे रहते है—वह यदि विकारोत्तेजक होता है तो अपवित्र विचार आये बिना नहीं रहते ।

विषयोंके पिछले संस्कार, उनकी स्मृतियाँ भी अपवित्र विचारोंको जन्म देती रहती है ।

हमारा वातावरण पवित्र हो, हम पवित्र प्राणी-पदार्थोंके सम्पर्कमें आयें, हम पवित्र विषयोंको ही ग्रहण करें, पवित्र वस्तुएँ ही देखें, चक्खें, सूँघे, छुएँ और पवित्र बातें ही सुनें तो अपवित्र विचारोंकी कन्नी अपने-आप ही कट जाय ।

× × ×

अपवित्र विचारोंसे मुक्त होनेके लिये हमे पहले बाहरी मोर्चा फतेह करना पड़ेगा, फिर भीतरी ।

पहले अपनेको अपवित्र संसर्गसे दूर रखना होगा, फिर हृदयके भीतर भरे पुराने कूड़े-कचरेको धो बहाना होगा ।

बाहरसे हमने अपनेको शुद्ध कर लिया, पर भीतर-ही-भीतर हम यदि भोगोंमें रस लेते रहे तो कभी भी, किसी भी क्षण हम गिर सकेंगे । तब तो हमपर शेखकी वही उक्ति फलेगी—

बाकी है दिलमें शेखके, हसरत गुनाहकी,
काला करेगा मुँह भी, जो दाढ़ी सियाह की ।

× × ×

प्रायः यही होता है कि हम स्वयं ही अपनेको अपवित्र विचारोंसे घेर लेते हैं । हम खुद अपवित्र वातावरणमे जा बैठते हैं और अपवित्र चर्चामे रस लेने लगते है । हम ऐसे प्राणी-पदार्थोंके सम्पर्कमे चले जाते है जो मलिन वासनाओंको जाग्रत् करते हैं ।

और तब पतनकी ओर जाना क्या कठिन है ?

कहा ही है—

काजरकी कोठरीमें कसहू सयानो जाय
एक लीक काजरकी लागिहै पै लागिहै ॥

× × ×

विचारोंके घोड़े इतनी तेजीसे दौड़ते हैं कि देखकर आश्चर्य होता है। कभी-कभी इनका पीछा करता हूँ तो सन्न रह जाना पड़ता है मुझे। पलभरमें सारी दुनियाका चक्कर मार आते हैं।

अभी पटनामें हैं, पलक मारते कलकत्तामें। जो स्थान कभी देखे भी नहीं, वहाँ भी जाते देर नहीं लगती।

और समयका पैमाना तो इनके लिये कुछ है ही नहीं। हृदयमें न जाने कितनी स्मृतियाँ, कितने संस्कार दबे पड़े हैं ! कौन विचार स्मृतियोंकी किस लड़ीको खींच लायेगा, नहीं कहा जा सकता।

× × ×

कोई भी अपवित्र कार्य पहले अपवित्र विचारके रूपमें ही जन्म लेता है, फिर बढ़ते-बढ़ते मानवको पतनके गड्ढेमें ढकेल देता है।

स्वामी शिवानन्द सरस्वतीने ठीक ही लिखा है—

"Evil thinking is the beginning and starting point of adultery."

'अपवित्र विचारोंसे ही व्यभिचारका आरम्भ होता है।'

× × ×

इसीकी पेशबन्दीके लिये ईसाने कहा है—

'Ye have heard that it was said by them of old time. Thou shalt not commit adultery. But I say unto you, that whosoever looketh on a woman to lust after her hath committed adultery with her already in heart.

'And if thy right eye offend thee, pluck it out, and cast it from thee; for it is profitable for thee that one of thy members should perish, and not that thy whole body should be cast into hell.

'And, if thy right hand offend thee, cut it off, and cast it from thee: for it is profitable for thee that one of thy members should perish, and not that thy whole body should be cast into hell.'

—St. Mathew. 5. 28-30.

'बुजुर्गोंने कहा है कि तुम व्यभिचार मत करो, पर मैं कहता हूँ कि यदि कोई पुरुष किसी स्त्रीके प्रति कुदृष्टि डालता है तो हृदयमें उसने उसके साथ व्यभिचार कर लिया।

और यदि तेरी दाहिनी आँख शरारत करती है, उसे निकाल डाल, दाहिना हाथ बदमाशी करे तो उसे काटकर फेंक दे, क्योंकि सारा शरीर नरककी यन्त्रणा भोगे, उससे तो अच्छा यही है कि शरीरका एकाध अङ्ग ही उसका दण्ड भोगे।'

× × ×

और ऐसा किया है लोगोंने।

कहते हैं कि राजस्थानकी एक राजपूत कुमारीने अपने उस हाथको काटकर फेंक दिया था जिसे उसके बहनोईने विकारग्रस्त होकर छू लिया था।

× × ×

तपस्वी जुन्नूनके बारेमें कहा जाता है कि एक दिन वे घूमते-घामते एक पहाड़पर जा पहुँचे।

वहाँ उन्होंने देखा कि एक झोपड़ी है जिसके दरवाजेमें एक आदमी बैठा हुआ है।

उस आदमीका एक पैर भीतर था और दूसरा बाहर कटा पड़ा था, जिसमें लाखों चींटियाँ चिपटी हुई थीं।

जुन्नूनकी जिज्ञासा बढ़ी।

उसे प्रणाम कर उन्होंने पूछा—'भैया ! यह क्या बात है ?'

वह बोला—भैया ! अभी एक दिनकी बात है। मैं यहीं बैठा था कि सामनेसे एक युवती निकली, जिसे देखकर मेरा चित्त चञ्चल हो उठा। उसे और अच्छी तरह देखनेके लिये मैं उठ पड़ा और जैसे ही मैंने अपना एक पैर

कुटियाके बाहर निकाला कि मुझे यह आकाशवाणी सुन पड़ी—

अरे साधु, तूने सारी शर्म धोकर पी ली है! तीस सालसे तू यहाँ साधना कर रहा है। लोग तुझे 'भक्त' कहकर पुकारते हैं। फिर भी तू आज शैतानके चक्करमें फँसने जा रहा है।

यह सुनते ही मेरा शरीर काँप उठा। सचमुच मैं महान् अनर्थ करने जा रहा था। मैंने तुरत उस पैरको काटकर बाहर फेंक दिया जो विकारग्रस्त होकर कुटियासे बाहर निकला था।

× × ×

बिल्वमंगलने आँखोंके द्वारा विकार आनेसे आँखें ही फोड़ डाली थीं।

× × ×

है हममें-आपमें ऐसा साहस?

परंतु, संतोंकी कसौटी यही है।

तुकाराम कहते हैं—

पापाची वासना नको दावूं डोळा
त्याहुनी अंधळा बराच मी।
निंदेचे श्रवण नको माझे कानीं
बधिर करांनि ठेवीं देवा॥
अपवित्र वाणी नको माझ्या मुखा
त्याजहुनि मूका बराच मी।
नको मज कधी पर स्त्रीसंगति
जनांतूनि माती उठतां भली॥

पापदृष्टिसे किसीको देखूँ, उससे मेरा अंधा हो जाना भला!

कानोंसे किसीकी निन्दा सुनूँ, उससे मेरा बहरा हो जाना भला!

मेरे मुखसे अपवित्र वाणी निकले, उससे मेरा गूँगा हो जाना भला!

विकारग्रस्त होऊँ, उससे अच्छा है पृथ्वीसे मेरे शरीरका ही उठ जाना!

× × ×

स्वामी रामतीर्थने लिखा है*—

रामका मन एक बार बिगड़ गया। लाहौरमें अपने कोठेपर चढ़ा था। वहाँसे उसने किसी स्त्रीको नग्न देखा जिससे उसका मन बिगड़ा। मगर मनकी इस अवस्थाको देखकर वह तत्काल छाती कूटने और रोने लगा और उस दिनसे इस बातका पक्का इरादा कर लिया कि 'या तो हम मरेंगे या मनको मारेंगे।'

और हठी राम मनको मारकर ही माने!

× × ×

सारी शैतानी तो मनकी है। मनके माध्यमसे शैतान बहकाता है—इसे देख, इसे ले, इसे सूँघ, इसे सुन, इसे छू!

इन्द्रियोंने जहाँ मनकी बात सुनी, उसके बहकावेपर ध्यान दिया कि पतनका दरवाजा खुला!

जरा चूके कि गये!

× × ×

सारे अनर्थोंकी शुरुआत किसी-न-किसी अपवित्र विचारसे होती है।

विषयोंका ध्यान किया नहीं, उनपर सोचना शुरू किया नहीं कि आनन-फानन इन्द्रियाँ बहकना शुरू कर देती हैं, और वे बहकी नहीं कि गिरते क्या देर लगती है!

हृदयमें जहाँ अपवित्र विचार पनपा कि पतनका मार्ग प्रशस्त हुआ।

इसीलिये जरूरत है कि शुरूमें ही अपवित्र विचारकी जड़ काट दी जाय। पलभरका भी विलम्ब लगाये बिना उसे बेरहमीसे काटकर फेंक दिया जाय।

जरा-सी गफलत की कि शैतानने अपना जाल फैलाया। देखते-देखते वह इतना मजबूत हो जाता है कि बादमें उसे उखाड़ फेंकना बहुत कठिन हो जाता है। 'उँगली पकड़कर पहुँचा पकड़ना' तो शैतानके लिये आम बात है।

× × ×

यह सोचना ही गलत है कि उँह, इतनी मामूली बातसे क्या हो जायगा। किसीको जरा देख लेनेसे, किसीकी जरा-सी खुशबू ले लेनेसे, कुछ चीज खा लेनेसे, किसीको जरा-सा छू लेनेसे क्या बिगड़ता है?

जी नहीं, ऐसा नहीं है।

बकरी पाती खाति है, ताहि सतावै काम।
नितप्रति हलुआ निगलते, तिनकी जानै राम॥

* फैजाबादका वार्तालाप १२। ९। १९०५

रूप, रस, गन्ध, शब्द, स्पर्शकी तो बात ही क्या, सिर्फ चिन्तनसे लुटिया डूब जा सकती है।

कबीरने गलत थोड़े ही लिखा है—

जहाँ जलायी सुंदरी, तहँ जिन जाहु कबीर।
उडि भभूत अंगन लगे, सूना करे सरीर॥

× × ×

'जब जलायी गयी स्त्रीकी राखकी यह दशा है, तब रसपूर्वक स्त्री-संसर्गमें रहनेवाले मनकी क्या दशा होगी? पर-स्त्रीके साथ कभी एकान्तमें न रहो। प्रयोजनके बिना उससे व्यर्थ बातें न करो, परस्त्रीकी ओर देखनेमात्रसे विकार उत्पन्न होता है, बात करनेसे बढ़ता है, स्पर्श करनेसे पूर्णताको पहुँचता है।'.....'तुम परस्त्रीके साथ गाते हो, नाचते हो, कूदते हो, एकान्तमें बातें करते हो, सोते-बैठते हो—अरे मूर्ख! यह तुम्हारे विनाशका मार्ग है। तुम समझते हो कि इससे तुम्हारा क्या होता है? अरे मूर्ख! तुम्हारी अपेक्षा अनेक गुने अधिक शक्तिशाली मायाके मोहसे मार्गभ्रष्ट होकर धूलमें मिल गये। फिर तुम्हारी क्या गिनती? मायिक पदार्थोंमें एक विशेषता यह है कि जैसे ही प्रेमसे तुमने उनकी ओर देखा या सुना कि फँसे और फँसनेपर धीरे-धीरे ऐसे गहरे गढ़ेमें गिरोगे कि जहाँसे निकलना बहुत ही कठिन होगा।'*

ठीक ही कहा गया है—

घृतकुम्भसमा नारी तप्ताङ्गारसमः पुमान्।
तस्माद् घृतं च वह्निं च नैकत्र स्थापयेद् बुधः॥

आग और घीका सम्पर्क कब भभक उठेगा, कोई नहीं कह सकता। ऐसे मौकोंपर कोई यदि बचता है तो भगवान्‌की कृपासे। अन्यथा, दुर्बल मानवमें ऐसी शक्ति कहाँ!

× × ×

महात्मा गांधीने लिखा है कि 'रामनामने ही मेरी रक्षा की, नहीं तो, दो-तीन बहिनोंको मैं बहिन कहने लायक नहीं रह जाता!'

हिंदू आदर्शोंके अनुसार संतुलित जीवन

(लेखक—श्रीगुलाबरायजी एम्० ए०)

प्रसन्नतां या न गताभिषेकत-
स्तथा न मम्ले वनवासदुःखतः।
मुखाम्बुजश्री रघुनन्दनस्य मे
सदास्तु सा मञ्जुलमङ्गलप्रदा॥

(श्रीरामचरितमानस, अयोध्याकाण्ड)

मानव-जीवनके प्रवाहको नियन्त्रित करनेके लिये सत्सङ्ग आदि अनेकों साधन हैं, किंतु उनमें दो प्रमुख हैं—धर्म और साहित्य। सत्सङ्गकी बड़ी महिमा गायी गयी है।

सठ सुधरहिं सतसंगति पाई। पारस परस कुधात सुहाई॥

किंतु सत्सङ्ग बिना राम-कृपाके नहीं मिलता है—

बिनु सतसंग बिबेक न होई। राम कृपा बिनु सुलभ न सोई॥

इसलिये साधारण मानवको धर्म-ग्रन्थों और साहित्यपर ही निर्भर रहना पड़ता है। धर्म और साहित्य एक दूसरेके सहायक और पूरक रहते हैं। धर्मसे साहित्यको प्रेरणा मिलती है और साहित्यसे धर्मकी व्याख्या होती है। धर्मग्रन्थोंका उपदेश कुछ ऊँचे धरातलसे होता है। उसमें ईश्वरीय आज्ञाकी भावना रहती है। वह उपदेश प्रभुसम्मत होता है किंतु साहित्यका उपदेश 'कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे' स्त्रीका-सा कोमल, मधुर और स्नेहपूर्ण होता है। कविवर बिहारीलाल यदि मिर्जा राजा जयशाहको रनवाससे बाहर न आनेके लिये डाँटते-फटकारते, उनको शास्त्रका उपदेश देकर उनसे कहते कि तुम नरकमें पड़ोगे तो शायद दरबारसे निकाल बाहर किये जाते, कदाचित् जहर भी दे दिया जाता; किंतु उन्होंने अपना काम एक दोहेसे बना लिया—

नहि पराग नहि मधुर मधु, नहि विकास इहि काल।
अली कली ही सौं बँध्यौ, आगे कौन हवाल॥

धर्म और साहित्य दोनों ही समाजको संगठित रखनेमें सहायक होते हैं। धर्म भी 'धृ' धातुसे बना है जो धारण करनेके अर्थमें आता है। साहित्यमें भी हितकी प्रधानता है और हितका अर्थ है 'जो बनाता है।' इसलिये हमारे यहाँ धर्म और साहित्यमें विशेष अन्तर भी नहीं रह जाता है। रामायण हमारे लिये पूजाकी पुस्तक होनेके साथ-साथ हमारे साहित्यकी

* श्रीमगनलाल हरिभाई व्यास 'सत्सङ्गमाला'।

उज्ज्वलतम अनुपम विभूति भी है। धर्म और साहित्य दोनोंकी ही सार्थकता मानव-जीवनके सुधार और नियन्त्रणमें है। गोस्वामी तुलसीदासजीने राम-भक्तिका नीतिसमन्वित रूप ही स्वीकार किया है।

प्रीति रामसों, नीति पथ चलिय राग रिस जीति।
तुलसी संतन के मते, इहै भगति की रीति॥
तुलसी ममता राम सों, समता सब संसार।
राग न रोष न दोष दुख, दास भए भव पार॥

साहित्यके महाकाव्योंमें खलोंकी निन्दा और सज्जनोंके गुण-कीर्तनका विधान है।

'क्वचिन्निन्दा खलादीनां सतां च गुणकीर्तनम्।'

महाकाव्यमें, जिसको अंग्रेजीमें Epic कहते हैं, जातीय सद्गुणोंका वर्णन रहता है।

'सर्गबन्धो महाकाव्यं महतां च महच्च यत्।'

—(भामह काव्यालङ्कार १। १९) महाकाव्य सर्गोंमें बँधा हुआ होता है और उसमें बड़ोंकी बड़ी-बड़ी बातें रहती हैं। इसलिये हमको अपने जीवनकी दिशा-निर्देशके लिये धर्म और महाकाव्योंकी शरण लेनी पड़ती है।

हमारे यहाँ श्रुति अर्थात् वेदका सबसे अधिक मान है, वही धर्मका मूल स्रोत माना गया है। वेदमें उपनिषद् भी शामिल हैं। वेदोंके अनुकूल संतुलित जीवनका लक्ष्य है—सबके साथ सम भाव, अद्वेष और सबके साथ प्रेम-भाव।

स हृदयं सांमनस्यमविद्वेषं कृणोमि वः।
अन्यो अन्यमभिहर्यत वत्सं जातमिवाघ्न्या॥

अर्थात् हे मनुष्यो! मैं परमेश्वर तुम्हारे लिये हृदय और मनकी समानता और इनसे उत्पन्न होनेवाली पारस्परिक द्वेषहीनताकी अवस्थाकी व्यवस्था करता हूँ। अर्थात् मैं चाहता हूँ कि तुम एक दूसरेसे मिलकर रहो और एक दूसरेको प्रेम करो, ठीक उसी तरह जिस तरह एक गाय नवजात बछड़ेको करती है। तुलसीदासकृत रामचरितमानसके रामराज्यमें सामाजिक साम्य (Social Harmony) की प्रशंसा की गयी है—

बयरु न करु काहू सन कोई। राम प्रताप बिषमता खोई॥

इस वैदिक आदर्शकी प्राप्तिके लिये सबको त्यागके साथ भोग करनेकी आज्ञा दी गयी है। मानव-इच्छाओं और अभिलाषाओंकी सीमा नहीं—हम चाहे बूढ़े हो जायँ किंतु तृष्णा नहीं जीर्ण होती 'तृष्णा न जीर्णा वयमेव जीर्णाः।' वह नया-नया रूप धारण करके हमारे सामने आती है; किंतु संसार इतना सम्पन्न नहीं है कि सबकी सब इच्छाएँ पूर्ण हो सकें। इसीलिये जीवनमें त्याग और संतुलनकी आवश्यकता बतलायी गयी है। हम इसलिये त्याग करें कि दूसरे कुछ हाथ-पैर फैलाकर रह सकें। इसीलिये ईशावास्योपनिषद्में यह उपदेश दिया गया है—

ॐ ईशावास्यमिदꣳसर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद्धनम्॥

अर्थात् संसारमें जो कुछ है वह ईश्वरसे व्याप्त है। अभिप्राय यह कि वह सब ईश्वरका है और ईश्वरमय है। इसलिये त्यागके साथ भोग करना चाहिये। दूसरोंके लिये उनका भाग छोड़ देना चाहिये। अपने लिये आवश्यकतासे अधिक न लेना चाहिये। दूसरेके धनपर लोभकी दृष्टि लगाना ठीक नहीं है।

संतुलित जीवनमें त्याग और भोगका ऐसा संतुलन है। संक्षेपमें, हमको चाहिये कि हम किसी दूसरेके धनकी इच्छा न करें, अपने उचित भागसे अधिक न लें। यह तो हुआ समाजमें व्यक्ति-व्यक्तिका संतुलन। व्यक्तिके भीतर भी अनेकों बातोंका संतुलन वाञ्छनीय है। सबसे बड़ा संतुलन है धर्म, अर्थ और काम। जीवनमें धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष चार पुरुषार्थ माने गये हैं। उनमेंसे मोक्षका सम्बन्ध मरणोत्तर जीवनसे है। धर्म, अर्थ और कामका इस जीवनसे सम्बन्ध है। इनमें भी धर्मका सम्बन्ध दोनों लोकोंसे है। मर्यादा-पुरुषोत्तम भगवान् श्रीरामचन्द्रजीद्वारा चित्रकूटमें आये हुए भरतजीको तीनोंको उचित महत्त्व देनेका आदेश दिया गया है।

कच्चिदर्थेन वा धर्ममर्थधर्मेण वा पुनः।
उभौ वा प्रीतिलोभेन कामेन न विबाधसे॥
कच्चिदर्थं च कामं च धर्मं च जयतां वर।
विभज्य काले कालज्ञ सर्वान् वरद सेवसे॥
(वाल्मीकीय रामायण अयोध्या० १००। ६२-६३)

अर्थात् शायद अर्थसे धर्ममें अथवा धर्मसे अर्थमें और दोनोंमें प्रीति और कामसे तो बाधा नहीं पड़ती! हे विजेताओंमें श्रेष्ठ और कालके जाननेवाले! तुम तीनोंके काल विभाजन कर तीनोंका समान भावसे सेवन तो करते हो! कामका अनुशीलन बुरा नहीं माना गया है। भरत मुनिने कहा है—

कि जो पवित्र है दर्शनीय, वह शृङ्गारद्वारा ही अनुमित किया जाता है।

'यत्किञ्चिल्लोके शुचि मेध्यं दर्शनीयं वा तच्छृङ्गारेणानुमीयते।'

श्रीमद्भगवद्गीतामें भी भगवान् श्रीकृष्णने कहा है, 'धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ।' धर्मसे अविरुद्ध काम मैं हूँ। रघुवंशी राजा लोग त्यागके लिये धन इकट्ठा करते थे, गर्व करनेके लिये नहीं; सत्यकी रक्षा और पालनके लिये वे थोड़ा बोलते थे, न कि दूसरेके तिरस्कार या अज्ञानके कारण; वे विजय लाभ करते थे, यश-प्राप्तिके लिये, न कि दूसरोंका राज्य हड़पनेके लिये; और वे गृहस्थ धर्ममें प्रवेश करते थे संतानोत्पत्तिद्वारा पितृ-ऋण चुकानेके लिये, न कि कामोपभोगके लिये।

त्यागाय सम्भृतार्थानां सत्याय मितभाषिणाम्।
यशसे विजिगीषूणां प्रजायै गृहमेधिनाम्॥

(रघुवंश १। ७)

उसी कुलके महाराज दिलीपके सम्बन्धमें कहा गया है कि वे समाजकी स्थिति और रक्षाके लिये अपराधियोंको दण्ड देते थे और संतानके लिये ही उन्होंने विवाह किया था। इस प्रकार उस बुद्धिमान् राजाके लिये अर्थ और काम भी धर्मके अङ्ग बन गये थे।

स्थित्यै दण्डयतो दण्ड्यान्परिणेतुः प्रसूतये।
अप्यर्थकामौ तस्यास्तां धर्म एव मनीषिणः॥

(रघुवंश १। २५)

सद्गुणोंके साथ मनुष्यमें दुर्गुण भी लगे रहते हैं। महाराज दिलीप अपने सद्गुणोंको तदनुरूप दुर्गुणोंके अभावमें संतुलित करते थे। उनमें ज्ञान था किंतु वे उसकी डींग नहीं मारते थे। उनमें शक्ति थी, किंतु वह दूसरोंको सतानेके लिये नहीं, वरं क्षमा और रक्षाके लिये थी। वे दान करते थे, किंतु आत्मप्रशंसासे दूर थे। इस प्रकार उनमें विपरीत गुण सहोदरकी भाँति रहते थे।

ज्ञाने मौनं क्षमा शक्तौ त्यागे श्लाघाविपर्ययः।
गुणा गुणानुबन्धित्वात्तस्य सप्रसवा इव॥

(रघुवंश १। २२)

जीवनको संतुलित बनानेके अर्थ ही हमारे यहाँके लोगोंने अपने जीवनको चार भागोंमें बाँट रक्खा था—ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यास। रघुवंशियोंके लिये कहा गया है कि वे बचपनमें विद्याभ्यास करते थे, जवानीमें विषय-विलासमें पड़ते थे और वृद्धावस्थामें मुनियोंकी वृत्तिका अनुसरण करते थे और अन्तमें योगद्वारा (रागद्वारा नहीं) शरीर छोड़ते थे।

शैशवेऽभ्यस्तविद्यानां यौवने विषयैषिणाम्।
वार्द्धके मुनिवृत्तीनां योगेनान्ते तनुत्यजाम्॥

(रघुवंश १। ८)

चाणक्यनीतिमें भी कहा है कि जिसने जीवनके पहले भागमें विद्या नहीं अर्जित की, द्वितीयमें धन नहीं कमाया और तीसरेमें पुण्य नहीं लाभ किया, वह चौथेमें क्या करेगा।

प्रथमे नार्जिता विद्या द्वितीये नार्जितं धनम्।
तृतीये नार्जितं पुण्यं चतुर्थे किं करिष्यति॥

हमारे देशमें और प्रायः सभी देशोंमें जिस संतुलनपर बहुत बल दिया है, वह है मन-वाणी और कर्मके सामञ्जस्यपर। दुरात्मा लोगोंके मनमें कुछ, वाणीमें कुछ और कर्म वाणीसे बिल्कुल भिन्न होता है, किंतु सज्जनोंमें इसका उलटा होता है। उनके मन, वाणी और कर्म एक-से होते हैं।

मनस्यन्यद् वचस्यन्यत् कर्मण्यन्यद् दुरात्मनाम्।
मनस्येकं वचस्येकं कर्मण्येकं महात्मनाम्॥

(चाणक्यनीति)

गोस्वामी तुलसीदासजीने तो भगवान्‌की कृपाकी कसौटी ही यही मानी है कि उनकी वाणीके अनुकूल कर्म हो।

तुम अपनायो हौं तबहिं हौं जानिहौं
जब मन फिरै औरको कुटकी-सी भाँड़ै बातें
जमो मुख कहौ तैसी निबहै जब आनिहौ॥

(कवितावली उत्तरकाण्ड ६३)

मनुष्यके जीवनको संतुलित बनाने और उसको भारतीय आदर्शोंके अनुकूल ढालनेमें श्रीमद्भगवद्गीताने सबसे अधिक उपकार किया है। उसने सबसे बड़ा संतुलन तो कर्म-अकर्म, प्रवृत्ति और निवृत्तिका किया है। निष्काम कर्मका उपदेश देकर प्रवृत्तिको निवृत्तिमय बना दिया। 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।' उसका ज्ञान कर्मको गति और भक्तिको रति प्रदान करता है। और ज्ञान भी कर्म और भक्तिसे ही प्राप्त होता है। श्रीमद्भगवद्गीतामें योगीको अतिवादों (Extreme) से बचनेका उपदेश दिया है। न उसको अधिक खाना चाहिये और न उसको अधिक सोना चाहिये और न इतना सन्यास करना चाहिये कि वह बहुत ही थोड़ा खाये और सोये। जो संतुलित आहार और विहार करता है और जीवनमें संतुलित बुद्धिसे काम

लेता है तथा स्वप्न और जागरणमें संयम रखता है, वह दुःखको नहीं प्राप्त होता।

नात्यश्नतस्तु योगोऽस्ति न चैकान्तमनश्नतः।
न चातिस्वप्नशीलस्य जाग्रतो नैव चार्जुन॥
युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु।
युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा॥
(६। १६-१७)

इसी दृष्टिसे श्रीमद्भगवद्गीतामें सात्त्विक, राजस और तामस भोजनोंका विवरण दिया है। श्रीमद्भगवद्गीतामें सभी प्रकारके मानसिक संतुलनका उपदेश दिया गया है। स्थितप्रज्ञके लक्षण हमको इसी मानसिक संतुलनका उपदेश देते हैं। यथा—

दुःखेष्वनुद्विग्नमनाः सुखेषु विगतस्पृहः।
वीतरागभयक्रोधः स्थितधीर्मुनिरुच्यते॥
यः सर्वत्रानभिस्नेहस्तत्तत्प्राप्य शुभाशुभम्।
नाभिनन्दति न द्वेष्टि तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता॥
(२। ५६-५७)

जिसका मन दुःखके समय दुखी नहीं होता, सुखके समय सुख भोगना नहीं चाहता, जो राग, भय और क्रोधसे रहित है, वह स्थितप्रज्ञ मुनि कहलाता है। जो किसी चीजसे प्रेम नहीं करता, अच्छी चीजको पाकर खुश नहीं होता और बुरी चीजको पाकर दुखी नहीं होता, उसकी बुद्धि निश्चल है।

इन्हीं आदर्शोंको लेकर गोस्वामी तुलसीदासजीने अपनी विनय-पत्रिकामें संतस्वभावका वर्णन किया है—

कबहुँक हौं यहि रहनि रहौंगो।
श्रीरघुनाथ कृपालु कृपातें संत सुभाव गहौंगो॥
यथा लाभ संतोष सदा काहूसों कछु न चहौंगो।
परहित-निरत निरंतर मन क्रम बचन नेम निबहौंगो॥
परुष बचन अति दुसह श्रवन सुनि तेहि पावक न दहौंगो।
बिगत मान, सम सीतल मन, परगुन, नहिं दोष कहौंगो॥
परिहरि देह-जनित चिंता, दुख-सुख समबुद्धि सहौंगो।
तुलसिदास प्रभु यहि पथ रहि अबिचल हरिभक्ति लहौंगो॥

सर्वस्व-दान

[कहानी]

(लेखक—श्रीचक्र')

'सम्राट् संघके शरणापन्न है।' स्थाण्वीश्वर (कन्नौज) की वार्षिक श्रमण-परिषद्की आज अन्तिम उपस्थिति है। सम्राट् हर्षवर्द्धनको प्रयागके महाकुम्भमें जानेकी शीघ्रता है। सेवक वहाँ पहुँच चुके हैं पर्याप्त पूर्व ही। सम्राट् सक्रान्तिका त्रिवेणी-स्नान करेंगे ही; किंतु कुम्भ एवं अर्धकुम्भीके समय होनेवाली प्रयागकी मोक्ष-सभा—एक बौद्ध सम्राट् ब्राह्मण-धर्मको इतना सम्मान दे, प्रयागमें ब्राह्मणोंको प्रति छठे वर्ष सर्वस्व-दान करे, यह बौद्धसंघके अनेक तरुण भिक्षुओंको रुचिकर नहीं लगता। संघमें दीक्षित नवतरुणोंका नवीन उत्साह इसे एक प्रकारका अनर्थ ही मानता है। आज श्रमण-परिषद्में एक तरुण भिक्षु उठकर खड़ा हो गया है। वह अकेला बोल रहा है, किंतु सभी—स्वयं सम्राट् भी जानते हैं कि वह अकेला नहीं है। वह भिक्षुओंके एक बड़े समूहके मतका प्रतिनिधित्व करता बोल रहा है—'एक बौद्ध सम्राट्की शक्ति तथागतके संघके अभिवर्द्धनमें ही व्यय होनी चाहिये।'

'संघ तथागतके उपदेशके प्रसारका साधनमात्र है भद्र।' सम्राट्को बोलना नहीं पड़ा। राजगुरु एवं श्रमण-परिषद्के अध्यक्ष भिक्षुश्रेष्ठ ह्वेनसांगने तरुण भिक्षुको रोक दिया आगे बोलनेसे। 'भगवान् तथागतका उपदेश समूहों, जातियोंका बँटवारा करके प्रतिस्पर्धा बढ़ाने, द्वेष एवं संघर्षको पोषण देनेके लिये नहीं है। मानवमात्र—प्राणीमात्रके लिये प्रेम एवं समताका संदेश है उसमें। बौद्धधर्मकी ही यह महानता है कि यह विजातीय विदेशी चीन देशवासी आज भारतके ज्ञानका प्रसाद पाकर आपके द्वारा सम्मानित हुआ है।'

'लेकिन जो धर्म—जो समाज सदासे संघकी प्रगतिका अवरोधक रहा है।' तरुण भिक्षुको संतोष नहीं हुआ था।

'उसे और अधिक स्नेह—और अधिक अपनत्व मिलना चाहिये।' भिक्षुश्रेष्ठने उसी गम्भीरतासे उत्तर दिया। 'तथागतने प्रतिस्पर्धाकी शिक्षा तो कहीं नहीं दी है।'

'मैं नालन्दाके सम्मान्य स्नातक एवं शिक्षक तथा आचार्य शीलभद्रके आदरणीय सहाध्यायीसे तर्क कर सकूँगा

ऐसी क्षमता मुझमें नहीं है।' भिक्षुने लगभग अपनी बात समाप्त कर दी—'लेकिन मैं केवल अपना मत नहीं व्यक्त कर रहा हूँ, संघके भिक्षुसमूहमें एक बड़ा समुदाय मेरे साथ है।'

'मैं संघको मस्तक झुकाता हूँ।' सम्राट् हर्षका घन गम्भीर स्वर गूँजा। उस सुगठित गौरवर्ण शरीरसे आभूषण न होनेपर भी जो एक तेज प्रकट हो रहा था, उस संयम, सात्त्विकताकी मूर्तिमें जो एक अद्भुत गौरव था, उसने सबको स्तब्ध—शान्त कर दिया। 'मैं निजीरूपसे संघके शरणापन्न हूँ और संघ आदेश दे तो यहींसे भिक्षु होकर उसकी सेवामें लग जानेको प्रस्तुत हूँ।'

दो क्षण सम्राट् रुके। किसीको इस उत्तरकी आशा नहीं थी। 'दक्षिणापथके शासक महाराज पुलकेशी बौद्ध नहीं हैं। हर्षका अनुगमन करनेवाले इक्कीस नरेश एवं शतशः मण्डलीश्वर भूपति बौद्ध नहीं हैं और वे हर्षको भयसे सम्राट् मानते हैं, भयसे हर्षका अनुगमन करते हैं—यह मान ले इतना हर्ष मूर्ख नहीं है। सम्राट् तो दूर—हर्ष तो नरेश भी नहीं है। वह तो साम्राज्ञी राज्यश्रीका प्रतिनिधिमात्र है।'

भिक्षुओंने एक दूसरेकी ओर देखा। सबके हृदय धक्-धक् करने लगे। सबके मुखोंपर चिन्ताके लक्षण व्यक्त हुए—'तरुण भिक्षुने अनवसर चर्चा की। पता नहीं सम्राट् क्या करने जा रहे हैं।' केवल भिक्षुश्रेष्ठ आचार्य ह्वेनसांग स्थिर बैठे थे। उनकी प्रसादभरी दृष्टि बड़े गौरवसे अपने योग्य शिष्यको कृपाका दिव्य वरदान प्रदान कर रही थी।

'शासक किसी धर्मका प्रतिनिधि नहीं होता। वह प्रजाका सेवक है, धर्म उसका व्यक्तिगत है। शासकके नाते प्रजाकी सेवा करनी है उसे।' सम्राट्ने आगे बात और स्पष्ट की—'स्वयं तथागतने कहीं ब्राह्मण-धर्मको तिरस्करणीय माना हो, यह मुझे स्मरण नहीं। प्रत्येक धर्ममें तो अज्ञान तथा अनपेक्षित आचार भ्रम, प्रमाद एवं व्यक्तियोंके स्वार्थ-वश आ जाते हैं, उनका समय-समयपर सत्पुरुषोंद्वारा परिष्कार होता रहा है। संघके नियमोंमें स्वयं तथागतको ये परिष्कार करने पड़े हैं।'

'प्रयागकी मोक्ष-परिषद् ब्राह्मण एवं भिक्षु दोनोंके लिये उन्मुक्त है।' भिक्षुश्रेष्ठने विस्तारको रोक दिया, जिसमें कटुता एवं विवाद न उत्पन्न हो। कुम्भ केवल एक समूहका पर्व नहीं है। वह तो राष्ट्रका सांस्कृतिक पर्व है और देशके शासकोंको श्रद्धासमवेत उस महासमुदायकी सेवा करके पवित्र होना ही चाहिये जो देशके कोने-कोनेसे इस पुण्य अवसरपर तीर्थभूमिमें पहुँचता है।'

× × ×

[२]

'भाई! कल तुम मेरे यहाँ वस्त्र लेने आओगे?' देवी राज्यश्रीने अपने गौरवमय छोटे भाईको बड़े स्नेहसे देखा। कितना महान् है उनका यह अनुज। स्थाण्वीश्वरका गौरव, भारतका सम्राट् और इतना स्नेहमय कि चाहे सारा भारत हर्षको सम्राट् कहे—हर्ष अपनेको बहिन राज्यश्रीका प्रतिनिधिमात्र मानते हैं।

'भाई जब कंगाल हो जाय तो बहिनको छोड़कर किसके द्वारपर भिक्षुक बने।' हर्षके मुखपर मन्द हास्य आया।

'लेकिन इस बार तुम यह पुराना उत्तरीय ले लेना।' राज्यश्रीने एक कौशेय उत्तरीय हाथमें उठाया। उत्तरीय जीर्ण हो चुका है; किंतु अब भी यत्र-तत्र ही फटा है। सम्राट् सर्वथा चिथड़े लपेटे यह क्या शोभा देता है?'

'यह तो मेरा हो चुका और कल नाविक इसे पाकर प्रसन्न हो जायगा। बहिनका उपहार ही तो भाईका सर्वस्व है। अन्यथा हर्षके सर्वस्वदानमें धरा क्या है।' हर्षवर्धनने वह जीर्ण उत्तरीय बहिनके हाथसे लेकर कंधेपर डाल लिया।

'बहिनके पास ही क्या धरा है? शत्रुने उसे तो अरण्यवासिनी बना दिया था। बलशाली भाईकी शौर्यमयी भुजाएँ चितारोहणके लिये प्रस्तुत बहिनको साम्राज्ञी बना दें, यह बात दूसरी है; किंतु बहिन तो वही है न।' राज्यश्रीके नेत्र टपटप टपकने लगे। ये स्थाण्वीश्वरकी अधिदेवी—हर्ष किसी काममें ननुनच तक नहीं करते इनकी सम्मतिके बिना। राज्य-नियमोंमें राज्यश्री साम्राज्ञी है। और वे साम्राज्ञी हैं, यह कोई अस्वीकार कर नहीं सकता; किंतु ये पतिहीना तपस्विनी—भूमिशयन, साधारण वस्त्र, नित्य एकाहार व्रत—साम्राज्यका करना क्या है इन्हें। वह तो छोटे भाईका स्नेह है, अनुरोध है जो यह वनदेवताकी साक्षात् तपोमूर्ति राजसदनको, राजसभाको पवित्र करती है।

'बहिन!' हर्षका कण्ठ भर आया। बहिनके नेत्रोंमें अश्रु उनसे कभी नहीं देखे जाते।

'तुमने अभी गङ्गाजल भी नहीं लिया भाई !' राज्यश्रीने झटपट नेत्र पोंछ लिये और प्रसंग बदल दिया। आजकल केवल तीसरे प्रहरके प्रारम्भमें सम्राट् थोड़ा-सा फलाहार ग्रहण करते हैं। रात्रिमें दूध लेनेके बदले वे केवल गङ्गाजल लेते हैं। भीड़भाड़, स्वागत-सत्कार, दान-पुण्य और समस्त दौड़धूप—कार्यव्यस्तताके पश्चात् लगभग मध्यरात्रिको थके-माँदे जब वे विश्रामके लिये शिविरमें पहुँचे हैं—इस समय कोई ऐसी बात तो नहीं होनी चाहिये, जिससे उनका भावमय हृदय क्षुब्ध हो।

'तुममें केवल स्नेह-ही-स्नेह है बहिन !' हर्षने भरे दृगोंसे राज्यश्रीकी ओर देखा। माता जैसे निरन्तर पुत्रका ध्यान रखती है—हर्षकी क्षण-क्षणकी चिन्ता यह उनकी तपस्विनी बहिन ही तो करती है।

'तुम मेरे स्नेहको मानो तब तो।' राज्यश्रीने तनिक स्नेहकी फटकार दी—'एक पुराना उत्तरीय भी तुम्हें स्वीकार नहीं। चिथड़ा लोगे—ऐसा चिथड़ा जिसे कोई राहका भिखारी भी लपेटना न स्वीकार करे और उसी फटे चिथड़ेको लपेटे कुम्भके इस अपार समुदायके मध्यसे भारतका सम्राट् प्रयाण करेगा।'

'आचार्य कहते हैं कि जीव संसारमें राग और द्वेष इन दो बन्धनोंसे ही बँधता है। हर्षने तथागतकी शरण लेकर द्वेषको तो निर्मूल कर दिया है। प्रयागमें प्रत्येक कुम्भ या अर्धकुम्भीपर यह जो मोक्ष-सभा होती है, वह दूसरोंके लिये मोक्षदायिनी हो या न हो, हर्षके लिये भी मोक्षदायिनी न हो तो उसका आयोजन दम्भ ही तो होगा।' सम्राट्—पर नहीं, त्यागी भाईने तपस्विनी बहिनको समझाना चाहा।

'मैं तुम्हारी मोक्ष-सभाका विरोध कहाँ करती हूँ।'

'तुम अपने ही आयोजनका विरोध कर भी कैसे सकती हो।' हर्षका स्वर भावगम्भीर बना रहा—'यह तो मैंने तुमसे ही सीखा है कि संसारके पदार्थोंका जितना त्याग किया जाय, उनसे राग जितना-जितना दूर हो, मोक्ष उतना-उतना पास आता है; उतना-उतना ही बन्धनमुक्त होता है जीव। हर्षके पास एक भी पदार्थ—एक भी वस्त्र-खण्ड ऐसा रह जाय जो दूसरे किसीके काममें भी आ सकता हो तो सर्वस्वदानकी घोषणा मिथ्या नहीं होगी ?'

'अच्छा अब गङ्गाजल पी लो और सो जाओ ! प्रहरी मध्यरात्रिका शंखनाद कर रहे हैं और तीसरे प्रहरके अन्तमें तुम्हें उठ जाना है।' राज्यश्रीने जलपात्र उठाया—'मैंने इस बार इतना फटा चिथड़ा तुम्हारे लिये सुरक्षित रक्खा है कि तुम उसे बहुत दिन स्मरण रखोगे।'

'मैं चाहे भूल भी जाऊँ, तुम्हें अवश्य स्मरण रहेगा वह।' परंतु हर्षको और बोलने देनेका अर्थ था उनके विश्रामके एक प्रहरसे भी कम समयको और कम करना। राज्यश्रीने उनके हाथमें जलपात्र दे दिया और वे शयन-कक्षसे सेविकाओंके साथ अपने कक्षमें चली गयीं।

× × ×

[३]

प्रयागका महाकुम्भ—यह पर्व बारह वर्षपर आता है और जबसे स्थाण्वीश्वरकी सीमाएँ हर्षके पराक्रमसे विस्तृत हुईं, कुम्भके स्नानकी महिमाको सम्राट्की मोक्षसभाके आयोजनने द्विगुणित कर दिया। गङ्गा-यमुनाके अन्तरालकी पावन भूमिमें, महर्षि भरद्वाजके आश्रमके पुनीत पदप्रान्तसे अक्षयवट-की मङ्गल छायातक शतशः महापुरुषोंके आश्रम सदा बस जाते हैं। अवधूत तपस्वियोंके आसन इस शीत ऋतुमें भी हिमशीतल बालुकापर केवल धूनीके सहारे स्थिर रहते हैं—स्थिर रहते हैं वे तपःकृश अनावरण, दिग्वसन नग्न आकाश-के नीचे तब भी जब आकाश उपलवृष्टि करता है या वर्षाकी धार उनकी आधारभूता धूनीकी अग्नि शीतल कर जाती है। विभूतिभूषित उनके पवित्र देह—तपमें यदि प्रदर्शन एवं कामना न हो, वह भुवनको पवित्र करता है।

शतशः शिविर हैं संतों, महापुरुषों, विद्वानों एवं सम्प्रदायप्रवर्तकाचार्योंकी परम्परामें प्रतिष्ठित लोकपूज्य आचार्यचरणवृन्दके। श्रुति-पुराणोंकी कथा, धर्मका प्रवचन, भगवन्नामका पवित्र कीर्तन—गङ्गा-यमुना-सरस्वतीकी पावन त्रिवेणीके समान यह आध्यात्मिक वाग्देवताकी मङ्गल-आराधना समस्त वातावरणको पुनीत करती है।

मुण्डित मस्तक श्रद्धावनत यात्रियोंके यूथ-यूथ त्रिवेणीका स्नान करते हैं। कालिन्दीकी नीलिमा जहाँ भागीरथीकी शुभ्रताको अङ्कमाल देती है—कुम्भके पुनीत पर्वपर मानव वहाँ निमज्जन करके अपनेको कृतार्थ करने ही तो यात्राका अपार कष्ट सहकर आता है। महीनोंकी यात्रा, वन-वन भटकना, जहाँ-तहाँ पड़े रहना, नंगे पैर, आधे पेट खाकर, छाले पड़े, बिवाई भरे थके-माँदे सहस्र-सहस्र यात्री आते हैं—देशके कोने-कोनेके तीर्थयात्री—पर्वस्नान तो मार्गकी

वापियाँ, कूप, सरोवर बन जाते हैं, प्रयागकी अपार भीड़का कहना क्या। लेकिन त्रिवेणीकी पुनीत धार—जैसे सम्पूर्ण श्रमदर्शन करते ही सार्थक हो जाता है।

'गङ्गा माताकी जय!' और इसके साथ प्रायः 'सम्राट् हर्षवर्धनकी जय!' यह ध्वनि भी गूँजती है। भारत सदासे कृतज्ञ-हृदय देश है और यहाँका मानव सदा त्याग, तप एवं धार्मिकताका समाराधक रहा है। सम्राट्की सेवा यात्रीको बहुत पहले मार्गमें ही कृतज्ञ बना लेती है। स्थान-स्थानपर सुदूर प्रान्तोतकमें प्रयागके मार्गमें यात्रियोंके लिये आवास बने हैं, अन्नसत्र हैं और जल एवं चिकित्साकी व्यापक व्यवस्था है। 'सम्राट् हर्षवर्धनकी जय!' यह सम्राट्के ऐश्वर्य, पौरुष एवं आतङ्ककी जय नहीं है। यह है सम्राट्के त्याग, सुप्रबन्ध एवं सेवाकी जय!

जब यात्री प्रयाग पहुँचता है—वह चकित रह जाता है। इतना सुविस्तृत क्षेत्र, इतना अपार जनसमुदाय और इतनी सुव्यवस्था! समस्त क्षेत्र जैसे समतल, सुसज्जित नगर-भूमि बना दी गयी है और यह ऐसा नगर जहाँ प्रत्येक यात्री अनुभव करता है कि वह निर्भय है, निश्चिन्त है और उसके लिये आवश्यक समस्त सुविधाएँ उपलब्ध हैं। मार्गोंका प्रबन्ध, प्रहरियोंकी जागरूकता, चिकित्सकोंकी तत्परता और ये राजसेवक सर्वज्ञ तो नहीं हैं? कोई यात्री कुछ चाहता है, यह कैसे जान लेते हैं ये? यात्री कुछ चाहता है और कोई-न-कोई, राजसेवक दो क्षणमें उसके सामने होता है सेवा और नम्रताकी मूर्ति बना—'आप कहाँ ठहरना चाहेंगे? किसी परिचिततक पहुँचना है आपको? राजनौकासे स्नान करनेकी कृपा करेंगे आप?'

यात्री—तीर्थयात्री प्रयाग आकर दूसरेसे सेवा ले, यह सदा ही संकोचकी बात है सबके लिये। परंतु ये विनम्र राजसेवक—इन्हें तो जैसे यही शिक्षा मिली है कि प्रत्येक यात्रीकी कुछ-न-कुछ सेवा करनी ही है। आवास, स्नानका प्रबन्ध, भोजन, चिकित्सा और आवश्यक हो तो उपयुक्त वस्त्रादि भी।

स्वच्छता, मार्गोंकी व्यवस्था, आवासोंकी पंक्तियाँ और गङ्गा-यमुनापर बने तरणि-सेतु। इतनेपर भी शतशः राज-नौकाएँ यहाँ-वहाँ घूमती रहती हैं। कोई स्नानार्थी स्नान करना चाहे—उसे विलम्ब न हो। कोई वृद्ध, शिशु, अपंग असहाय होनेका अनुभव न करे। दुर्घटना—दुर्घटना होती है वहाँ, जहाँ प्रमाद होता है, अधर्म होता है, अधिकारियोंमें आलस्य एवं उन्माद होता है। सम्राट् हर्षकी उपस्थितिमें दुर्घटना हो—दुर्घटनाके अधिनायक क्रूर पिशाचोंके पैर भी काँपेंगे यहाँ। सम्राट्के सेवकोंके नेत्र यहाँ जैसे एक-एक कणको क्षण-क्षण देखते रहते हैं।

इस सब अद्भुत आयोजन—सुप्रबन्धके मध्य सम्राट्की मोक्षसभा—वह तो मोक्षसभा ही है। भारतके गण्य-मान्य विद्वान् भी सुदीर्घ यात्रा करके आये हैं उस सभाका केवल दर्शन करने। आग्रह—अनुरोध एवं श्रद्धाने जैसे सम्पूर्ण देशकी तपस्या, त्याग एवं ज्ञानकी विभूतियोंको एकत्र कर दिया है।

ब्राह्मण और बौद्ध—लेकिन ज्ञान या तप न ब्राह्मण होता न बौद्ध। यह भेद तो जन-सामान्यके मनका मोह है। मोक्ष-सभामें जो ज्ञानकी साकार प्रतिमाएँ—जो लोक-पूजित महापुरुष एकत्र हुए हैं, उनका वेश भले उन्हें ब्राह्मण या बौद्ध कहे, उनका ज्ञान सार्वभौम है। उनकी कृपा निर्बाध है। मोक्ष-सभा तो मानवमात्रके लिये मोक्षसभा है।

जनलोकमें ऋषियोंका नित्य सत्सङ्ग होता है—यह सुनी-सुनायी बात है; किंतु सम्राट्की मोक्ष-सभा—प्रयागकी पावन भूमिमें कुम्भके पवित्र अवसरपर जैसे पृथ्वीपर जनलोक स्वयं अवतरित हो जाता है। पर उस मोक्षसभामें सम्राट् हर्ष—हर्ष वहाँ सम्राट् कहाँ है? संयम, सादगी और सेवाकी वह विनम्र मूर्ति—त्रेताका कोई सम्राट् अपनी यज्ञभूमिमें ऐणेयाजिन उत्तरीय उतारकर धर देनेपर कदाचित् इसी प्रकार दिखायी पड़ता होगा।

'सम्राट् हर्षवर्धनकी जय!' मोक्षसभाका दर्शन करके निकलनेपर यह जयनाद प्रत्येक कण्ठसे गूँज उठता है। सम्राट्की सेवा और विनय—यह नम्रता ही सदा विजयिनी है और जय तो सदा उसीकी होती है।

अमावास्याका महास्नान—और अब वसन्तारम्भतक सम्राट् दान करेंगे। क्या दान करेंगे, यह पूछनेकी बात नहीं है। उन महाप्राणको तो सर्वस्वदान करना है। अन्न, वस्त्र, आभूषण, रत्न, स्वर्ण, गज, रथ, अश्व, गाये—जो कुछ सम्राट्के पास अपना है वह सब कुछ। किसे दान करेंगे? यह प्रश्न भी कोई मूर्ख ही करेगा। ब्राह्मण-भिक्षु, सेवक-शूद्र, भूखा-भिक्षुक—जो लेना चाहे, सबके लिये मोक्षसभाका द्वार उन्मुक्त है। सम्राट्को तो चिन्ता यह है कि लेनेवाले नहीं हैं। प्रयागकी इस पावन भूमिमें यात्री यथाशक्य दान करने आते हैं। 'कौन क्या स्वीकार करनेकी कृपा करेगा?'

राजसेवक संक्रान्तिमें ही यह पता लगानेमें व्यस्त हैं।

× × ×

[४]

'सम्राट् हर्षवर्द्धनकी जय !' राजसेवकोंके लिये यात्रियोंका नियन्त्रण इतना कठिन अमावास्याके स्नानपर्वपर भी नहीं था। सहस्र-सहस्र यात्री एक ही राजपथके दोनों ओर एकत्र हो गये हैं। अपार जनसमूह एकत्र होता जा रहा है। पुष्पोंकी वर्षाने मार्गको आच्छादित कर दिया है। जनता अपने सम्राट्के दर्शन करना चाहती है।

सम्राट्—स्थाण्वीश्वरका अधिदेवता—विश्वमें किसी सम्राट्का यह अद्भुत वेश नहीं देखा होगा। सम्राट्के पास अपना रथतक नहीं है। अपनी बहिन राज्यश्रीके रथपर खुले केश, वस्त्राभूषणहीन, कटिमें फटा चिथड़ा लपेटे दोनों हाथ जोड़े जो तेजोमय गौरवर्ण सुपुष्टकाय भव्यमूर्ति अपने दीर्घदृगोंमें जल भरे विनम्र खड़ी है—प्रान्त-देशमें धनुष और त्रोण पड़े न भी हों तो भी वह सम्राट् है, यह भ्रम भला किसे हो सकता है। इतना उदार, इतना महान् सम्राट्—उसकी कटिका चिथड़ा त्रिभुवनकी विभूति उस चिथड़ेको देखकर लज्जासे मुख छिपा लेगी। यह सम्राट्—जन-जनके हृदयका यह अधिदेवता—यह धनुष और त्रोण रक्खे या न रक्खे, त्रिभुवनकी विजयश्री तो स्वतः इसके चरणोंमें प्रणत होकर कृतार्थ होगी।

'सम्राट् हर्षवर्धनकी जय !' राजरथ प्रयागकी पुण्यतीर्थ-भूमिकी सीमासे पार हुआ और सम्मुख आती रथोंकी पंक्तिमेंसे एक रथ आगे बढ़ आया।

'मेरे मान्य बन्धु !' दक्षिणापथके प्रख्यात पराक्रमी शासक पुलकेशीने रथसे कूदकर प्रणिपात करना चाहा; किंतु हर्षकी स्फूर्तिको दूसरा कोई कहाँ पा सकता है, सम्राट्ने अपनी भुजाओंमें भर लिया उन्हें।

'यह भारतके सम्राट्का रथ है।' पुलकेशीका रथ सारथिने संकेत पाते ही आगे बढ़ा दिया। 'सम्राट्ने मुझे छोटे भाईका गौरव दिया है और अब छोटे भाईको उसका स्वत्व देनेकी बारी है। सर्वस्वदान पूरा हो जाना चाहिये।' हँसते हुए पुलकेशीने दोनों हाथ फैला दिये वह चिथड़ा लेनेके लिये, जिसे हर्षने अपनी कटिमें लपेट रक्खा था।

'आप जो उपहार चाहें, वह पहलेसे आपके हैं।' सम्राट्ने बड़ी उदारतासे कहा। 'हर्षके पास ऐसा कोई अधिकार नहीं जो दक्षिणापथके शासकको न दिया जा सके।'

'परंतु दक्षिणापथके शासक अपने सम्राट्को इस वेशमें और दो क्षण नहीं देख सकेगा। उसके उपहार स्वीकृत न हों ऐसा कोई अपराध उसने नहीं किया है।' पुलकेशीके सारथिने रत्नजटित वस्त्र सम्राट्के चरणोंमें रख दिये—'बड़े भाईके अधिकार छोटे भाईके अपने ही हैं। इस समय तो पुलकेशीको बड़े भाईका यह प्रसाद चाहिये जो उसके कुलमें सुरक्षित रहे और यह बतावे कि हर्षने अपने छोटे भाईको इस गौरवके योग्य समझा।'

सेवकोंने वस्त्रोंका आवरण किया, पुलकेशीने अपने हाथों सम्राट्को सजाया और जब सम्राट् रथपर बैठ गये उनकी कटिसे छूटा चिथड़ा उठाकर उस दक्षिणापथके शासकने अपने कंधेपर डाल लिया।

'यह आप क्या कर रहे हैं ?' बड़े संकोचसे हर्षने रोकना चाहा।

'सम्राट्का सर्वस्वदान सम्पूर्ण हो गया और उसका सबसे मूल्यवान् भाग पुलकेशीने प्राप्त किया।' दक्षिणापथके शासकने प्रसन्नतासे दाहिना हाथ उठाकर जयनाद किया—'सम्राट् हर्षवर्द्धनकी जय !'

परे

(लेखक—श्रीहरिकृष्णदास गुप्त 'हरि')

वह मन-वाणीसे परे है।
जाने हुओंका ऐसा निश्चय है।
पर फिर भी मन उसके सम्बन्धमें सोचता है।
वाणी उसके सम्बन्धमें तुतलाती है।
कैसे निर्लज्ज !—कितने धृष्ट हैं ये !!
पर इस निर्लज्जतामें कितना रस है !
इस धृष्टतामें कैसा सौन्दर्य है !
मानो नन्हा शिशु जगमग-जगमग कुलबुल कर रहा हो।
हाँ ! वह मन-वाणीसे परे है।
पर फिर भी मन उसके सम्बन्धमें सोचता है।
वाणी उसके सम्बन्धमें तुतलाती है।

मनको बाँधनेमें आत्मकल्याण है

(लेखक प्रो० श्रीरामचरणजी महेन्द्र, एम्० ए०)

मन ही मनका बोधक होता है, मन ही मनका साधक होता है, मन ही मनका उत्प्रेरक और रक्षक होता है। हमारे मनमें अद्भुत उत्पादक शक्तियाँ भरी हुई है, जिनके द्वारा प्रतिपल हमारा अस्थि-चर्ममय शरीर संचालित हुआ करता है। मन जैसा जिधर जिस प्रकारका आदेश देता है, अनुचरकी भाँति हमारा शरीर वही करता है। संचालन एवं नियन्त्रणका समग्र कार्य हमारे मनमें ही चलता रहता है।

शरीरमें मन केन्द्रिय-विभाग है, जिसमें सैकड़ों उप-विभाग कार्य करते है। किसी विभागमें निरीक्षण होता है, तो किसीमें दर्शन, मनन, चिन्तन, सम्बोधन इत्यादि। कहीं कल्पना अपना रुपहला स्वरूप चित्रित करती है, तो विवेक सर्वत्र अपना नियन्त्रण करता है। कहीं वासनाओंका विभाग है, जो नाना प्रकारके प्रलोभन-आकर्षणका केन्द्र बनकर हमारे असंतोष और अन्तर्ज्वालाका कारण बनता है।

मन बोधक है। अर्थात् इसीके विवेकद्वारा हमें आत्म-बोध होता है। हम धन-जन-तन आदिकी निस्सारता, क्षणभङ्गुरताका ज्ञान प्राप्त करते है और सबसे बड़े शक्ति-केन्द्र परमात्मामें आकर केन्द्रित हो जाते हैं। हम परमात्माके ही सनातन अंश है। जो हममें है वही परमात्मामें है, जो परमात्मामें है वही हममें व्याप्त है—इस तत्त्वका बोध करानें और जीवनके लक्ष्यके प्रति उन्मुख करनेवाला हमारा मन ही है। उच्चतम विवेक, सर्वोच्च ज्ञानका भण्डार, शक्ति और सामर्थ्यका मूलकेन्द्र मनमें है। इससे हम वह प्रोत्साहन प्राप्त करते हैं जिससे हमें आनेवाली परिस्थितियोंसे युद्ध करनेकी प्रेरणा मिलती है। हम आत्मनिर्भरता और निर्भीकता प्राप्त करते है।

मन हमारे पथको साधता अर्थात् उचित दिशामें रखता है, भटकने, पथ-भ्रष्ट होने नहीं देता। जीवन तो एक यात्रा है। हम साधनाद्वारा, कर्मद्वारा निरन्तर अपनी-अपनी यात्राएँ करते चलते हैं। जिसको जहाँ जाना है, जो कार्य करनेका निर्देश है, वह शक्तिके अनुसार करता चलता है। उद्देश्यपर आरूढ़ रहनेका अभ्यास मनकी एकाग्रताद्वारा ही सम्पन्न होता है। मनकी दृढ़तासे आप जो चाहे, जैसे चाहे कर सकते हैं। शरीरको एक स्थानपर अचल, अटल खड़ा करके कार्य ले सकते हैं। हम पुस्तकोंमें पुराने ऋषि-मुनियोंका वृत्तान्त पढ़ते है जो इतनी कड़ी साधना करते थे कि शरीरपर मिट्टी जम जाती थी और दीमक या पक्षी उसमें अपने घर-घोंसले बना लेते थे। मन फिर भी पूरी गति और शक्तिसे कार्य करता चलता था। हमारी साधनाओंमें सम्पूर्ण दृढ़ता हमारे मनकी है।

मनमें आसक्ति उत्पन्न होती है, हम नाना मधुर वस्तुओंकी ओर आकृष्ट होकर मोहरज्जुमें आबद्ध हो जाते है, पर यह मन ही उचित दशामें आकर हमें मोह, वासना, आलस्य, तामस सुख, प्रमाद आदिसे मुक्त करता है। वैराग्य-जैसे दिव्यभावकी उत्पत्ति करता है।

मन चञ्चल है। विक्षिप्त बंदरकी भाँति एक डालसे दूसरी, फिर तीसरी, चौथीपर कूदता-फाँदता फिरता है। यह कभी एक वस्तुसे तृप्त नहीं होता, एक बार विषय या वस्तुसे क्षणिक तृप्ति पाकर नयी वस्तु, नयी स्थितिकी कामना करता है। यह फूल-फूलपर विचरनेवाली तितली-की भाँति सक्रिय है।

मन ही उत्प्रेरक है। नयी उमंग, नयी प्रेरणा, नयी स्फूर्ति हमें बाहरसे नहीं, अंदरसे ही प्राप्त होती है। नये उत्साहवर्द्धक सपनोंका निर्माता हमारा मन ही है।

ये मनकी एक स्थितिके भाव हैं। दूसरी ओर यही मन राग-द्वेष, निन्दा-स्तुति, लोभ-मोह, काम-क्रोध, विषाद-चिन्ता, भय-बाधाकी भ्रमात्मक कल्पनाओंमें डाल-कर अनेक कुटिल द्वन्द्वोंमें आबद्ध करता है और हमारा पतन कर देता है। कुटिल बनकर हमें अनेक विपदाओंमें, मानसिक दुश्चिन्ताओंमें डाल देता है और अनेक छोटे-बड़े पापकर्मोंमें प्रवृत्त कराता है। हमारे अहंभावको उभार देता है। हम भ्रममें पड़कर स्वार्थ-मय जीवन व्यतीत करने लगते है। मन ही विकारोंको उत्पन्न कर जीवनको कलुषित बनाता है।

मनुष्यके जीवनका कोई भाग मनके नाना उत्पातोंसे मुक्त नहीं है। बाल्यावस्थामें बिना विचारे ये मूर्खतापूर्ण कार्य, गलतियाँ उसे घेरे रहते है, यौवनमें काम-वासनाओं-की व्याधि, इन्द्रियलोलुपता, मदान्धता, मत्सर उसे अशान्त बनाये रहते है। बुढ़ापेमें इन्द्रियशैथिल्य और शारीरिक-मानसिक बीमारियाँ उसे दुखी रखती है। ये सब मनके विकार है।

मन ही मनका बाधक होता है। मन पथभ्रष्ट हो माया और तृष्णामें बहकता है। एक तृष्णाके पश्चात् दूसरीको जन्म देता है। तृष्णामें लगे रहना एक ऐसी भूलभुलैयामें भटकते रहना है, जिसमेंसे जीवन-पर्यन्त निकलना कठिन ही नहीं, असम्भव-प्राय है। मन ही भयके नाना रूप, प्रतिरूप उत्पन्न कर हमारे असख्य बन्धनोंका कारण बनता है।

हमारी अतृप्ति मनकी ही एक सकटपूर्ण, अस्वस्थ और अनिष्ट वृत्ति है जिसमें मनुष्य हर क्षण नयी-नयी आवश्यकताएँ अनुभव करता और उनमें शान्ति प्राप्त करनेका विफल प्रयत्न करता है। मनको इधर-उधर दौड़ानेसे अन्तस्तलमें वासनाका वेग, लालसाएँ, कामनाएँ, आशाएँ और तृष्णाएँ भयंकर विप्लव उत्पन्न कर देती हैं। हमारा आन्तरिक जीवन एक समरस्थली-सदृश अशान्त, अस्थिर हो जाता है।

मन ही मनका घातक होता है। यदि उचित निरीक्षण न किया जाय तो मन पापका आगार, कुत्सित कल्पनाओंका भण्डार और असंयमका आलय बन सकता है। कलुषताके प्रश्रयसे यह हमारा शत्रु बन जाता है। हमसे ऐसे अनेक दुष्कर्म करवा डालता है कि बादमें पश्चात्तापकी अग्निमें जलना पड़ता है। अतः प्रत्येक विवेकशील व्यक्तिकी मूल समस्या मनोनिग्रहकी समस्या है। उसीको वशमें करना चाहिये।

मनको नियन्त्रित करनेकी महत्ता देखिये—

दुन्निग्गहस्स लहुनो यत्थ कामिनि पातिनो।
चित्तस्य दम यो साधु चित्तं दन्तं सुखावह॥

(अर्थात् जो कठिनाईसे निग्रहयोग्य, शीघ्रगामी जहाँ चाहे जानेवाला हमारा यह चञ्चल मन है, उसका दमन करना ही उत्तम है। दमन किया हुआ चित्त ही सुखप्रद होता है।)

स्वय मन ही आत्म-निरीक्षण करता अर्थात् मनकी सृष्टिके भद्र-अभद्र, उचित-अनुचित, सार-निस्सार कार्योंकी देख-रेख रखता है। आत्मनिरीक्षणसे मनुष्य मनकी क्रियाओंपर अनुशासन करना और उसे ठीक मार्गपर आरूढ़ करना सीखता है।

मनको स्थिर करनेके लिये नित्य स्थायी और शाश्वत ब्रह्म आत्मा तथा अपने इष्टदेवके गुणोंपर उसे केन्द्रित रखनेका अभ्यास कीजिये। अभ्यास करते-करते मन एकाग्र होने लगेगा। इस एकाग्रतासे ही अन्त-र्द्वन्द्वोंसे मुक्ति हो सकती है। चेतन तत्त्वके सान्निध्यसे ही मुक्ति है।

आपका मन जब धन, यौवन, परिवारमें मदमस्त होकर नृत्य कर उठे तो उसे रोकिये। उसे यह समझाइये कि ये सब सांसारिक वस्तुएँ अनित्य और क्षणभङ्गुर हैं। पलक मारते ही क्षणभरमें विनष्ट हो जाती है। संसारके मिथ्या आकर्षण, मोह-मायाका परित्याग कर

ब्रह्मपद, अध्यात्म-चिन्तन और समाजसेवामें अपना जीवन व्यतीत कीजिये।

व्यर्थ ही दूसरोंपर संदेह करना, संशयमें रहना छोड़ दीजिये। गीता कहती है, "संशयात्मा विनश्यति" सदा संशय करनेवाला, दूसरोंको संदेह दृष्टिसे निरखनेवाला अविश्वासी, अनियन्त्रित व्यक्ति क्षयको प्राप्त होता है। न दूसरोंके विषयमें क्षुद्रता तथा दुर्भावनाएँ लाइये, न स्वयं अपने विषयमें हीनत्वकी भावनाएँ उत्पन्न कीजिये। ये दोनों ही आपके मनकी विकारमय स्थितियाँ हैं।

दुःख क्या है? चिन्ता किस महाराक्षसीकी संतान है? काम-क्रोध, अभिमान-अहंकार, गर्व-मद, भेद-घृणा, वैर-विरोध, अश्रद्धा-अविश्वास, दुराचार-अनाचार आदि अनर्थ कहाँ उत्पन्न होते हैं? वास्तवमें संसारमें इन विकारोंके आधार हमें भिन्न-भिन्न रूपोंमें मिल जाते हैं। हमारा मन ही उन छोटे-बड़े आधारोंको लेकर अपना ताना-बाना बुना करता है। मनुष्यको कोई भी दुःख-सुख नहीं देता, दुःख-सुख तो हमारा मन ही देता है। मैत्रीभाव अथवा द्वेष-वैरका भाव, कुकल्पनाएँ या सद्भावनाएँ—सबका कारण मन ही है। इसलिये मनको वशमें करके, भोगोंसे हटाकर सुख-दुःखसे निर्लिप्त रहकर जीवन व्यतीत करना ही जीवनका शान्तिमय मार्ग है।

यौवन, आनन्द, उत्फुल्लता, उत्साह—ये सब आपके मनकी उच्चतम स्थितियाँ हैं। आयुसे किसी व्यक्तिका जवानी-बुढ़ापा नहीं नापा जा सकता। यौवन हमारी इच्छाकी निष्ठा, सुकल्पनाकी एक विशिष्टता, सामर्थ्य एवं पराक्रमकी एक साहसिक मनःस्थितिमात्र है।

वृद्धत्व कल्पनाकी हीन दशाकी स्थिति है। जिस व्यक्तिमें इच्छाशक्ति और सामर्थ्यका ह्रास हो जाता है, वही वृद्ध है। जिसमें इच्छाशक्ति और सामर्थ्यका अभाव नहीं है, उस मनःस्थितिवाला व्यक्ति चाहे शरीरसे झुर्रियोंवाला ही क्यों न हो, मनसे आशावान् और उत्साहपूर्ण है।

स्मरण रखिये—चिन्ता, संदेह, विषाद, आत्म-संशय, भय और निराशा आदि ये कुत्सित मन स्थितियाँ हैं, जो किसी भी विकासोन्मुख व्यक्तिको धूलि-धूसरित कर देनेमें समर्थ हैं। इसके विपरीत जिसे उच्च विषयों, उन्नति तथा शक्तिवर्द्धन, ब्रह्मचिन्तनमें उत्साह है, वह एक स्वस्थ मन स्थितिमें निवास कर रहा है। ऐसा व्यक्ति विषम परिस्थितियोंकी भयावनी चुनौतीको बच्चोंकी अतृप्त जिज्ञासाके समान उल्लास और जीवनकी क्रीड़ा समझता है। आप उतने ही युवक हैं, जितना आपमें विश्वास है, उतने ही वृद्ध हैं जितना अपने तथा अपनी शक्तियोंके प्रति संदेह है। आप उतने ही जवान हैं जितनी आपमें आत्मदृढ़ता है और उतने ही बूढ़े हैं जितना आपमें भय है। आशा जवानीकी प्रतीक है, निराशा बुढ़ापेकी निशानी। जबतक पृथ्वीपर आपका हृदय सौन्दर्य, उल्लास, साहस, वैभव और शक्तिका संदेश देता है, तबतक आप युवक हैं, उन्नतिशील हैं।

अपने जीवनमें कुछ समय एकान्त-चिन्तनके लिये अवश्य रखिये और उसमें सोचिये कि आपके सम्पूर्ण दिनका विचार-प्रवाह, शुभ चिन्तन अथवा अशुभ चिन्तन कैसा रहा है? आज आपने कितना स्वयं अपना, तो कितना दूसरोंका शुभ चिन्तन किया है? कितना व्यर्थके बकवाद, पर-निन्दा, दोषदर्शनमें नष्ट किया है? दूसरोंसे कब-कब और क्यों लड़े-झगड़े हैं? शान्तिके लिये क्या किया है? वासनाके कुचक्रमें पड़कर आप क्या करते रहे हैं? आपकी आजकी भावनाएँ, आवेग, अन्तर्द्वन्द्व कैसे रहे हैं? नव-निर्माणके हेतु आपने क्या किया है? इन प्रश्नोंके उत्तरसे आपको विदित होगा कि आप कितने भले अथवा बुरे हैं।

मनको स्वस्थ रखिये; सद्भावों और शुभ विचारोंसे परिपूर्ण सरस बनाये रहिये। स्वस्थ मन स्वयं अपनी

उन्नति और श्रमकी शुभ कामनाएँ रखता है। नयी शिक्षा, नया अनुभव ग्रहणकर श्रेष्ठ नागरिक बननेका प्रयत्न करता है।

अपने मनको ऐसा नियन्त्रित कीजिये कि वह शुभ दर्शन, सत्कामना, हितचिन्तनमें ही संलग्न होता रहे। अपने 'अहं' को सद्विचारमें लगाना स्वस्थ मनकी निशानी है। दूसरोंकी व्यर्थ टीका-टिप्पणी, व्यर्थ आलोचना, नीचा दिखानेकी मनोवृत्ति अस्वस्थ मनके प्रतीक है। परच्छिद्रान्वेषणमें हमारे अहंकी प्यास तृप्त नहीं होती वरं हम अधिकाधिक अतृप्त, दुःखी और अशान्त बनते है। ऐसी विषमता रोग है। मानसिक संतुलनमें ही मनका स्वास्थ्य है।

धर्मके नामपर पाखण्ड क्यों ?

(लेखक—श्रीपुरुषोत्तमजी शर्मा)

विषमता, कष्ट, दैन्य और प्रवञ्चनाओंसे भरे इस संसारमें भगवन्नाम और ईश्वरोपासना मानवको संकटपूर्ण क्षणोंमें पर्याप्त धैर्य और साहस प्रदान करती है, सार्वभौमिक मानव-समाजकी कोई भी श्रेणी इस सत्यका अपवाद नहीं है। फिर भारतवर्ष तो सदासे ही धर्मभीरु और धार्मिक प्रवृत्तियोंका उद्गम रहा है। उसने धर्मको मानव-कल्याणके साधनके रूपमें ही अपनाया है और यही कारण है कि वह विश्वको राम, कृष्ण, बुद्ध और गांधी-जैसी विभूतियाँ दे सका।

लेकिन आजका संसार बदल गया है—वह वस्तुवादी अधिक है, अध्यात्मवादी कम। वस्तुवाद और धर्मका मेल बहुत कठिन है और इसीलिये धर्म आज स्वार्थमय तथा द्वेषमय वातावरणमें कलुषित हो गया है। धर्मका अन्तिम लक्ष्य ईश्वर है, धार्मिक साधनाकी पूर्णाहुति है। मनुष्य अपनी आवश्यकताओंके अनुसार धर्मको अपनाता रहा है, हमारी पुरानी दुनिया मानवताके अधिक निकट थी, इसलिये धर्मका रूप पवित्र था। आज संसार पाशविकताके अधिक निकट है, इसलिये धर्मका जो वर्तमान विकारी रूप हमारे सामने है, वह वस्तुतः धर्मसे बहुत दूर है। इसीलिये मानवको कष्टसे मुक्ति नहीं मिलती। साधनकी दुर्बलता या सबलता उन हाथोंमें है जो उसका प्रयोग करते है; धर्म भी एक साधन है, दुर्बल हाथों और अविवेकी संरक्षणमें पड़कर उसका भी दुरुपयोग होता है, वह भी कलुषित हो उठता है और यह धर्मका दोष नहीं है।

धर्म पाखण्डका दूसरा नाम नहीं है। धर्म और पाखण्डमें उतना ही अन्तर है जितना अमृत और हलाहलमें। एक जिलाता है, चेतना प्रदान करता है, तो दूसरा जड बना देता है। फिर भी पाखण्डको प्रश्रय मिलता है और वह धर्मको निष्प्राण और दीन-हीन बनाकर स्वयं वैभवशाली बन जाता है।

कुल अविवेकी जनता, जिसका अधिकांश भाग, पाखण्डकी चमक-दमकसे आकर्षित होता है, ठगा जाता है। ठगानेवालोंमें हमारे स्त्री-समाजकी प्रधानता है। धर्मके नामपर उसे जैसे चाहे नचाया जा सकता है, यही कारण है कि विकारग्रस्त हृदयोंके पथभ्रष्ट कपटी पुरुषोंद्वारा धर्मके नामपर किये जानेवाले समारोहों और उत्सवोंमें स्त्रियोंकी ही प्रधानता रहती है। लेकिन सचमुच क्या इन समारोहोंमें धर्मका वास्तविक प्रतिपादन होता है ? यह प्रश्न विचारणीय है।

आज धर्मके नामपर आधुनिक मीरा देवियाँ, और कृष्ण जैसा-जैसा कुकृत्य करते हैं, यदि उनका पूरा विवरण दिया

जाय तो मानवता सिहर उठेगी। ये निश्चित रूपसे धर्मके नामपर अन्याय करते हैं और उनको भी कलंकित करते है जो निष्काम भावसे ईश्वरकी उपासनामें लगे है।

अपने नारी-समाजसे इतना ही कहना है कि उसके जीवनकी सार्थकता सुगृहिणी बननेमें है। उसके सामने अपनी संतानको राष्ट्रका आदर्श योद्धा बनानेका पुण्य कार्य है। उसके सामने त्याग और सेवाकी तपस्या है। उसमें इतनी दृढ़ता होनी चाहिये कि उसे कोई लक्ष्य-भ्रष्ट या पथभ्रष्ट न कर सके। वह अपनेको इन नकली मीराँदेवियो, कृष्णोंसे सदा अलग ही रक्खे।

सरकारका और समाजके नेताओंका कर्तव्य है कि वे इन पाखण्डियोंसे तथा पाखण्डसे भोली जनताको बचाये और समाजकी गृहिणियोंको समझायें कि उनके कर्तव्यकी परिधिमें उनकी गृहस्थी मुख्य है, शेष सब गौण है। धर्मके नामपर होनेवाली सौदागिरीसे उनका कोई सम्बन्ध नहीं होना चाहिये।

ॐ

(लेखक—आचार्य श्रीविद्यानन्दजी विदेह)

यजुर्वेद (२ । १३) में कहा है—'ओं प्रतिष्ठ'—ॐमें प्रतिष्ठित—समाहित हो जा। यजुर्वेद (४० । १५) में पुनः कहा है—'ओं क्रतो स्मर'—कर्तः आत्मन्! ॐ स्मर।

समाहिति—साक्षात् अनुभूतिके लिये, प्रेमी भक्त 'युञ्जते मन उत युञ्जते धियः' (ऋग्वेद ५ । ८१ । १) मन और चित्त-वृत्तियोंका निरोध करते हैं। सूक्ष्मकी साधना एकाग्रतासे होती है। ॐ सर्वातिसूक्ष्म है। अतः आसनस्थ होकर, चित्तवृत्तियोंको, प्रथम अन्तर्मुख, फिर निरुद्ध करके ॐका जाप करो। गाते-गाते ध्वनि लीन होनेपर पुनः मानस-जाप करो। मानस-जाप करते-करते आत्मलीन—समाहित होकर साक्षात् अनुभूतिका अनुभव करो।

अभ्यास किये जाओ। पट खुलेंगे। पीय मिलेंगे। भेद मिटेगा। फिर न जाप रहेगा, न ध्यान। तब प्रतिक्षण, प्रतिनिमेष, सोते-जागते, स्वतः श्वास-श्वासपर ॐ स्वरित हुआ करेगा, अन्तमें अनवरत ज्योति जगमगाया करेगी।

'तज्जपस्तदर्थभावनम्' (योगदर्शन १ । २८)। उस ॐका जाप उसके वाच्यकी भावनासे करे। भावनासे ही भावकी प्राप्ति-प्रतीति—अनुभूति होती है।

अ+उ+म्=ओम्। सन्धि-योगसे अ और उ को युक्त करनेपर ओ होता है, म् सन्धिका अवसान है। यह भावना है जिससे समवेत होकर ॐका जाप करे।

अ स्वर है, उ स्वर है। अ, उ दोनों स्वर है, अतः सम हैं। म् हल व्यञ्जन है, अ, उ से विषम है, असम है। स्वरका अर्थ है स्वतन्त्र, स्वयस्वरित। व्यञ्जनका अर्थ है चटनी, भोग, माया, इन्द्रिय। स्वर स्वयस्वरित है, उसके उच्चारण-सचालनमें व्यञ्जनकी अपेक्षा नहीं, परतु व्यञ्जन स्वय नहीं, स्वरकी व्यापि-सहायतासे ही उच्चारित-संचालित होता है। ब्रह्माण्ड-व्यञ्जन ब्रह्म-स्वरसे सचालित होता है, शरीर-व्यञ्जन आत्म-स्वरसे।

अ सर्वव्यापक है, समस्त स्वरों और व्यञ्जनोंमें समाया हुआ है। अ न ह्रस्व है, न दीर्घ, न प्लुत सर्वव्यापक है। उ ह्रस्व है। ओ दीर्घ है, प्लुत है। म् न ह्रस्व है, न दीर्घ, न प्लुत—अनुच्चार्य है, नगण्य है।

उ के एक ओर अ है और दूसरी ओर म्। उ यदि अ से युक्त होता है तो दीर्घ वा प्लुत ओ हो जाता है। उ यदि अ को छोड़कर म् से मिलता है तो उम् बनता है, ह्रस्वका ह्रस्व ही रह जाता है। समसे समका योग होनेपर दीर्घता—विशालता—अभिवृद्धि होती है। सम और असमके योगसे विषमता होती है।

अ सर्वव्यापक ब्रह्म है। उ ह्रस्व अल्प आत्मा है, म् माया है। आत्मा ब्रह्म और मायाके बीचमें स्थित है। ब्रह्मसे युक्त होकर आत्मा ब्रह्ममय हो जाता है, दीर्घ, सुदीर्घ, सुविशाल अतिशय महान् हो जाता है। मायासे युक्त होकर

आत्मा मायामय रहता है, अल्प रह जाता है ।

अ सर्वज्ञ ब्रह्म है । उ अल्पज्ञ आत्मा है । म् जड प्रकृति है । सर्वज्ञमें युक्त होकर आत्मा बहुज्ञ—परम ज्ञानी हो जाता है; जड प्रकृतिमें युक्त होकर आत्मा अल्पज्ञका अल्पज्ञ ही रह जाता है ।

अ आनन्दस्वरूप ब्रह्म है । उ भोक्ता आत्मा है । म् भोगमय माया है । आनन्दस्वरूप ब्रह्ममें युक्त होकर आत्मा अक्षय आनन्दसे युक्त रहता है । भोगमय मायासे युक्त होकर आत्मा सदा त्रस्त रहता है ।

अ मुक्त ब्रह्म है । म् बद्ध माया है । मुक्त ब्रह्मसे युक्त होकर आत्मा मोक्षको प्राप्त होता है । बद्ध मायासे युक्त होकर आत्मा बद्ध रहता है ।

अ निर्लेप अनासक्त ब्रह्म है । म लेपनशील आसक्तिमय माया है । निर्लेप ब्रह्मसे युक्त होकर आत्मा अनासक्तिको प्राप्त करता है । आसक्तिमय मायासे युक्त होकर आत्मा आसक्तिसे मूढ़ताको प्राप्त रहता है ।

अ द्वन्द्वातीत ब्रह्म है । म द्वन्द्वमय माया है । द्वन्द्वरहित ब्रह्मसे युक्त होकर आत्मा निर्द्वन्द्व रहता है । द्वन्द्वमय मायासे युक्त होकर आत्मा सदा द्वन्द्वपीड़ित रहता है ।

अ निराकार ब्रह्म है । म् साकार माया है । निराकार ब्रह्मसे युक्त होकर आत्मा जीवन्मुक्त विदेह हो जाता है । साकार मायासे युक्त होकर आत्मा विकारोंसे व्यथित रहता है ।

अ निर्गुण ब्रह्म है । म् सगुण माया है । निर्गुण ब्रह्मसे युक्त होकर आत्मा गुणातीत हो जाता है । सगुण मायासे युक्त होकर आत्मा त्रिगुणोंसे व्याधित रहता है ।

अ सर्वशक्तिमान् ब्रह्म है । म् अशक्त माया है । सर्वशक्तिमान् ब्रह्मसे युक्त होकर आत्मा सर्वशक्तियोंसे युक्त होता है । अशक्त मायासे युक्त होकर आत्मा अशक्त रहता है ।

अ सर्वप्रेरक सर्वस्रष्टा सविता ब्रह्म है । म् दीन माया है । सविता ब्रह्मसे युक्त होकर आत्मा विश्वप्रेरक समर्जक सविता बनता है । दीन मायासे युक्त होकर आत्मा दीन रहता है ।

अ निवारक ब्रह्म है । म बाधक माया है । निवारक ब्रह्मसे युक्त होकर आत्मा तापसंतापों, एषणाओं और विषमता-विकारोंका निवारण करता है । बाधक मायासे युक्त होकर आत्मा बाधाओंसे बाधित रहता है ।

अ और उ के योगपर म् का अवसान होता है । अ और उ मिलकर ओ हो गया । अब ओ का उच्चारण करो, गायन करो । ओ के उच्चारण या गानके आरम्भमें होंठ खोलो और अवसान—समाप्तिपर, आनन्दातिरेकसे, प्रेमसे, दोनों होठोंको परस्पर चुम्बन कराओ और प्रयत्न करो कि ओष्ठावसानपर म न बुले । परंतु न चाहते हुए भी ओके उच्चारणके अवसानपर होठोंके मिलते ही अवसानात्मक म् ध्वनित होगा ।

आत्माके ब्रह्मसे युक्त होनेपर समस्त क्लेश कर्पूर हो जाते हैं, सब ग्रन्थियाँ छिन्न-भिन्न हो जाती हैं, तम हट जाता है, माया मिट जाती है, आत्मा ब्रह्मप्रकाशमें अपने शुद्ध-बुद्ध-मुक्त स्वरूपका अवलोकन करके निर्भय और आनन्दी हो जाता है ।

ब्रह्मलीन होनेपर सब अनुष्ठानोंकी समाप्ति हो जाती है, समस्त साधनाओंका अवसान हो जाता है । तब अमर खिलाड़ी यह आत्मा देहमें जीवन्मुक्त विदेह हुआ, मायासे अमोहित रहकर अनासक्तिपूर्वक दक्षतासे कर्तव्य-कर्मोंका सम्पादन करता है और देहावसानपर ब्रह्मनिर्वाणको प्राप्त होता है ।

अर्थ तो शब्दका हुआ है । ॐ शब्द नहीं, भाव है । ओं का शाब्दिक अर्थ नहीं, भाव है । ओ का जाप, ध्यान, श्रवण, मनन, सब ओ की भावनासे करो । ऊपर वर्णित भावनासे युक्त होकर भावमें भाव भरो । भावना ही भावकको भावकी प्रतीति कराती है ।

भावक ! भव्य भावनासे भावित होकर भावको भावोंसे भर, प्राणोंसे पूर, ध्वनियोंसे ध्वनित कर, स्वरोंसे स्वरित कर, वाणीसे जप, कण्ठसे गा, हृदयसे थिरक, मनसे मथन कर, चित्तसे चिन्त, बुद्धिसे विचार । दर्शन होंगे । मिलन होगा । विरह-व्यथाका, क्रिया-कलापका, मायाका अवसान होगा । तब अंदर-बाहर आनन्द, केवल आनन्द होगा । तू केवलानन्द हो जायगा ।

ओं प्रतिष्ठ !

ओं स्मर !!

ओं स्व ब्रह्म !!!

भूल-भुलैयाका खेल

(लेखक—श्रीमन्त प्रतापसेठजी)

हम ऐसा समझते हैं कि वस्तु या क्रिया—जैसी हमको इन्द्रियोंसे मालूम होती है, वैसा ही उसका ज्ञान भी हमको होता है। ज्ञानसे वस्तुमें या क्रियामें कोई भी अन्तर नहीं होता; परंतु यह बात सत्य होती तो ज्ञान होनेके बाद जैसी वस्तु या क्रिया शब्द-स्पर्शादि गुणोंके सहित मालूम होती है, वैसी ही ज्ञान होनेके पहले भी शब्द-स्पर्शादि गुणोंके सहित हमको मालूम होनी चाहिये थी, 'परंतु केवल इन्द्रियोंसे तो हमको यानी बुद्धिको कुछ भी दीखता नहीं।' बुद्धि लगाये बिना गुणोंका ज्ञान होता ही नहीं। हमारे सामनेसे गाय चली गयी, हमारी आँखें खुली भी रहीं; परंतु हमारा ध्यान यानी बुद्धि उस ओर नहीं रही तो हमको गौका ज्ञान नहीं होता। इससे ऐसा मालूम होता है कि वस्तु या क्रियाका ज्ञान होनेके पहले गुण नहीं रहते। वे वस्तु या क्रियाके ज्ञानमें ही लगते हैं। हमारे प्रत्येक व्यवहारमें और सब व्यवहारमें सब समय हम ऐसा समझते हैं कि जैसा हमको इन्द्रियोंसे दीखता है वैसा ही हमको उसका ज्ञान भी होता है। यह भूल-भुलैयाका खेल सब समय हमारे सब व्यवहारोंमें चलता रहता है; परंतु इसका ज्ञान न होनेसे यह भूल हमारे सब व्यवहारोंमें सदा ही चालू रहती है और इसीको हम सत्य समझते हैं। यही भूल-भुलैयाका खेल है।

परम दार्शनिक और महात्मा स्पिनोज़ा (Spinoza)

(लेखक—रायबहादुर श्रीपुत्तनलालजी विद्यार्थी)

भारतके कुछ विद्वानोंका विचार है कि वैदिक ऋषि सत्यके ज्ञानी भी थे और द्रष्टा भी। पीछेके लोगोंको ज्ञान तो रहा पर दृष्टि नहीं रही। दृष्टि-प्राप्तिके प्रयाससे ही दर्शनोंका सृजन हुआ। ऐसे पश्चिमीय सद्दर्शनके इच्छुकोंमें स्पिनोज़ाका स्थान उच्च है।

ज्योतिके सच्चे पुजारियोंमें दो गुण होने आवश्यक हैं—(१) ज्ञानकी प्रबल पिपासा और (२) भोगलिप्सा तथा लोभकी न्यूनता और फलतः विचार-स्वतन्त्रता तथा निर्भीकता। ये सब गुण स्पिनोज़ामें थे। उनका जन्म यहूदी धर्ममें हुआ था, जिसके महानुभावोंका उपदेश है 'संसारकी वस्तुएँ प्राप्त करनेके लिये अपने हाथोंका प्रयोग करो और दैवी विचारोंके लिये मस्तिष्कका।' स्पिनोज़ाने यही किया। अपनी जीविका-उपार्जनके लिये वे ऐनकके ताल रगड़ा करते थे।

निर्लोभी ऐसे थे कि कचहरीसे अपने पक्षमें निर्णय होनेके बाद उन्होंने पैतृक सम्पत्ति अपनी बहिनको दे डाली। धर्माध्यक्षोंने उनसे कहा कि 'यदि वे प्रचलित मतका विरोध न करें और दिखावेके लिये भी उसके अनुयायी बने रहें तो उन्हें पाँच सौ डालर वार्षिक मिला करेंगे।' स्पिनोज़ाने इसे अस्वीकार किया और वे बिरादरीसे बहिष्कृत कर दिये गये।

वे एक कमरेवाले छोटेसे मकानमें ही गुजर करते थे। एक धनी व्यापारीने उनकी आर्थिक सहायता करनी चाही और उन्हें एक सहस्र डालर भेंट किये तो स्पिनोज़ाने अस्वीकार कर दिये। उस व्यापारीने अपनी सारी सम्पत्तिका उन्हें अधिकारी बनाना चाहा, तो उन्होंने फिर अस्वीकार कर दिया। जब उस व्यापारीने

अपनी मृत्युपर २५० डालर वार्षिक उनके नाम कर दिये तो उन्होंने उस रकमको घटाकर १५० डालर कर दिया। फ्रांसके चौदहवें लुई, जो उस समयके बड़े प्रतापशाली और सम्पन्न महाराज थे, इस शर्तपर पेंशन देना चाहते थे कि स्पिनोज़ा अपनी अगली पुस्तक उन्हें समर्पित करे, तो इन्होंने मंजूर नहीं किया और कह दिया कि जिसका आदर उनके हृदयमें नहीं है उसकी वे प्रशंसा नहीं कर सकते।

विख्यात हीडलबर्ग विश्वविद्यालयके दर्शनके मुख्याध्यापकका स्थान उन्हें दिया जाता था और अपने सिद्धान्तोंके प्रतिपादनके लिये पूर्ण स्वतन्त्रता प्राप्त रहती, केवल इतना प्रतिबन्ध रहता कि राज्यके स्वीकृत धर्मपर आघात न किया जाय। स्पिनोज़ाने धन्यवादसहित इसे अस्वीकार कर दिया। क्षय रोगसे पीड़ित रहनेपर भी निर्धनता स्वीकार की, पर अपने विचारों और कृतियोंपर कोई प्रतिबन्ध सहन नहीं किया। वे निःस्पृह और पूर्ण स्वतन्त्रता-प्रेमी थे।

स्पिनोज़ाका जन्म सन् १६३२ और मृत्यु १६७७ में हुई। शङ्कराचार्य और परमहंस स्वामी रामतीर्थकी मृत्यु भी अल्पायुमें हुई। वे हेतुवादी (Rationalist) थे। उनका गुजर परम्परा-भक्त यहूदी समाजमें कैसे हो सकता? उनका बहिष्कार बड़ा कठोर था, उनसे कोई बात न करे, उनका कोई काम न करे, उनके साथ कोई घरमे न रहे। उनके हाथका लिखा या उनका लिखा हुआ लेख कोई न पढ़े। उस समय उनकी आयु केवल २४ वर्षकी थी। प्रचलित मतका विरोधी एक (Heterodox) उच्च विद्वान् वान डेन एंडि था, जिसे फ्रांसके चौदहवें लुईने सार्वजनिक स्थानमें फाँसीका दण्ड दिया था। उसकी विदुषी पुत्रीसे स्पिनोज़ा लैटिन भाषा पढ़ते थे। उससे स्पिनोज़ाने विवाह करनेको कहा, पर ये निर्धन थे और यहूदी थे। उसने अस्वीकार कर दिया और अपने अन्य विद्यार्थीसे विवाह कर लिया। इस घटनाने इन्हें पक्का दार्शनिक बना दिया। यह मानसिक खेलके खिलाड़ी हो गये। अब ईश्वरीय रहस्य और जीवनके अभिप्रायकी खोजमें जीविकोपार्जनसे बचा हुआ सब समय लगने लगा। ये घरसे कम निकलते थे। बस भोजनके लिये दूध, आटा आदि मोल लेने बाजार जाते थे। कभी-कभी किशमिश भी ले आते थे। इन्होंने एक पुस्तक लिखी, जिसमें यहूदियोंकी पुरानी बाइबिल ओल्ड टेस्टामेंटके कठोर ईश्वरको त्यागकर नयी बाइबिलके अधिक दयालु भगवान्‌को अपनाया। स्पिनोज़ाकी मृत्युके समय इनके कमरेमें केवल एक डाक्टर था, जो मेजपर रक्खा हुआ धन लेकर और इनके शवको अकेला छोड़कर चला गया।

स्पिनोज़ाने इन प्रश्नोंपर विचार किया—

१. यह संसार, जिसमें हम रहते हैं, कैसे बना

२. हमें यहाँ किसने और क्यों रक्खा है?

इन्हीं प्रश्नोंसे ईश्वर और मनुष्य-जीवनकी जिज्ञासाका आरंभ होता है।

संसार अनन्त है। आकाशमें कहीं उसका आदि नहीं है। यदि आरम्भ माना जाय तो उसके पूर्वकी क्या कल्पना की जायगी? शून्यकी? पर शून्यकी कल्पना नहीं हो सकती। अतः आकाशमें न आदि है, न अन्त, अर्थात् संसार अनन्त है। जैसे आकाश (Space) में अनन्तकी कल्पना अनिवार्य है, वैसे ही कालमें भी अनन्तकी कल्पना करनी होगी। संसार सर्वव्यापी, अनन्त और पूर्ण है। स्मरण कीजिये—

पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥

इस अनन्त संसारमें पृथ्वी, सूर्य, तारे, नक्षत्र सब बालुका-कणके समान असंख्य हैं और जगत् (Cosmos) में अनेक अनगिनत ब्रह्माण्ड पड़े हैं।

यही अनन्त और पूर्णता तत्त्व है। सत् शब्द बड़े महत्त्वका है। सत्का अर्थ स्पिनोजाके अनुसार, केवल 'है' नहीं है, सत्के अर्थमें 'था' और 'होगा'का भी समावेश है।

न त्वेवाहं जातु नासं न त्वं नेमे जनाधिपाः।
न चैव न भविष्यामः सर्वे वयमतः परम्॥

गीता अ० २ श्लोक १२ के भावका उपदेश पढ़कर बड़ा संतोष होता है। इस संसारमें हमें लानेवाला ब्रह्म ही है और वही जगत् है। ('सर्वं खल्विदं ब्रह्म।') संसारकी हर वस्तु ब्रह्मका क्षणिक भाव है। हम सब उसीके शरीरके एक घटक हैं, उसीके मनका एक संकल्प हैं, उसीके काव्यका एक पद हैं। हम अपने पञ्चेन्द्रियवाले छोटे शरीरसे अपनी अल्पबुद्धिसे सत्यके एक अल्पांशको ही समझ सकते हैं, मानो एक बंदीगृहकी एक छोटी दरारके द्वारा हम महत् समुद्र या बृहत् आकाशको देख रहे हों। यह दशा बड़े-से-बड़े ज्ञानीकी भी है। बड़े-से-बड़ा दार्शनिक भी एक शिशु है।

हमारी शिशु या बाल-बुद्धिके अनुसार भी प्रतीत होता है कि जो कुछ है, सब ब्रह्ममें ही है और सब कुछ ब्रह्मरूप है। उसीकी बुद्धिसे जगत्का नेतृत्व होता है, उसी कलाकारकी कलासे जगत्का निर्माण होता है, उसीका शरीर यह जगत् है। वही भीतर भी है और बाहर भी।

भारतीय ऋषिवाक्यकी तुलना कीजिये—

यच्च किंचिज्जगत्सर्वं दृश्यते श्रूयतेऽपि वा।
अन्तर्बहिश्च तत्सर्वं व्याप्य नारायणः स्थितः।
अनन्तमव्ययं कविं समुद्रेन्तं विश्वशम्भुवम्॥

स्पिनोजाने वही भाव व्यक्त किये जो इस देशमें सहस्रों वर्ष पूर्व कहे गये थे। स्पिनोजाने केवल यही नहीं कहा कि घासका हरेक स्तम्भ (blade), मिट्टीका हरेक ढेला, फूलकी हरेक पंखुड़ी, हर प्राणी, वह चाहे जितना नगण्य हो, ईश्वरीय शक्तिका व्यक्त रूप है, वरं यह भी कहा कि आकाशवर्ती महत्पिण्डसे लगाकर तुच्छ और हीन भिखारी सब उसी जीवन-छन्दरूपी कविताके समान महत्त्ववाले पद हैं। यह समान महत्त्वका प्रत्यय (Idea) गीतामें भी है। अध्याय १३, श्लोक २८—

समं सर्वेषु भूतेषु तिष्ठन्तं परमेश्वरम्।

आश्चर्य है कि यह गीताका भाव यूरोपके हालैंड देशमें भी उदय हुआ।

प्रत्येक मनुष्य-शरीर, ईश्वरीय-शरीरका भाग है, मनुष्यका प्रत्येक विचार ईश्वरके मनकी उपज है। (बड़ा कठिन है इस भावको समझना या मानना। क्या प्रत्येक पाप, प्रत्येक हत्याके विचारका दायित्व ईश्वरपर है?) ईश्वरका दृष्टिकोण हमारे दृष्टिकोणसे भिन्न है, जैसे पुत्रोंके पिताका दृष्टि-कोण प्रत्येक पुत्रके दृष्टिकोणसे भिन्न हो सकता है। उसे तो सारे परिवार-का विचार रहता है। जगत्का संचालन हमारी व्यक्तिगत इच्छासे नहीं होता। ईश्वरका ज्ञान और योजना दोनों सर्वव्यापी है। देश और काल, दोनों विचारोंसे अल्प हमारे ज्ञानसे ईश्वरीय ज्ञान अधिक दूरदर्शी होता है। यहाँतक कि हमारे लिये ईश्वरीय कार्यको समझना भी कठिन होता है।

यह विश्वास करना कि संसारका निर्माण मनुष्यके सुखके लिये हुआ है, इतना ही युक्ति-सङ्गत है जितना यह विचारना कि मनुष्यके हाथ-पैर मच्छरोंके काटनेके लिये बने है या हमारी नाक ऐनकको आधार प्रदान करनेके लिये बनी है। सारा मनुष्यसमाज ईश्वरीय महत्ती, क्या अनन्त योजनाका एक अति छोटा भाग है। सारी पृथ्वी ईश्वरीय शरीरका, विशाल जगत् (Cosmos) का बहुत छोटा भाग है।

(स्मरण रहे कि ये दार्शनिक १८ वीं शताब्दीके मध्य भागमें हुए थे, उस समय सर जेम्स जीन्स

(Sir James Jeans) ने अपनी रहस्यमय ब्रह्माण्ड (Mysterious universe) नामक पुस्तकमें यह नहीं लिखा था कि सारे सागरोंके तटपर जितने बालुका-के कण हैं उतने ही पृथ्वीके समान पिण्ड सारे जगत्‌में है ।)

संसारमें बुद्धिकी श्रेणियाँ है । एक वृक्षकी बुद्धिसे कुत्तेकी बुद्धि भिन्न है । दोनोंमें बहुत थोड़ी समानता है । कुत्तेकी बुद्धिकी अपेक्षा मामूली मनुष्यकी बुद्धि भिन्न है और मामूली मनुष्यकी बुद्धि और कालिदास तथा शंकराचार्य-सरीखे व्यक्तियोंकी बुद्धिमें थोड़ी ही समानता है । पर शंकराचार्य और ईश्वरकी बुद्धिमें वैसी ही तुलना हो सकती है, उतना ही अन्तर है जितना एक वृक्षकी और शंकराचार्यकी बुद्धिमें । अब विचारा जाय कि ऐसी तुच्छ बुद्धिके बिरतेपर किसी व्यक्ति या घटनापर क्रोध करनेका क्या औचित्य हो सकता है । और राष्ट्रोंके बीच युद्ध और मार-काट क्यों की जाय ।

स्पिनोजा आशावादी था । उसके मतमें संसारकी पाठशालामें किसान, मजदूर, कलाकार, कवि और आवारा सभी व्यक्ति विद्यार्थी हैं, जो अपनी मानसिक और आध्यात्मिक उन्नतिके अनुसार ऊँची-नीची श्रेणियोंमें भरती हैं । एक दिन सभी उच्चतम श्रेणीमे पहुँचकर महात्मा बनेंगे ।

एक संगीतज्ञ एक राग बनाता है । एक चित्रकार चित्र बनाता है । वह किसी स्वर या रेखाको बदलकर दूसरी कर देता है । उस गलत स्वर या रेखाका भी उपयोग हुआ; क्योंकि कलाकारके मानसिक विकासमें उसने सहायता की । कोई भाव, स्वर या रेखा व्यर्थ नहीं जाती । इसी प्रकार कोई जीवन व्यर्थ नहीं, चाहे वह कितना ही छोटा, नगण्य और दुःखमय क्यों न हो । इस रंग-बिरंगे गुलदस्तेमें, इस पँचरंगे चित्रमें सभी रेखाएँ ईश्वरका भाग हैं । इस 'सर्वं खल्विदम्' सिद्धान्त-का परिणाम बड़ा श्रेयस्कर है । उसका नैतिक फल जगत्‌के लिये अत्यन्त हितकर है; क्योंकि सारा संसार एक शरीर और एक आत्मा होनेसे कोई अपनेको हानि पहुँचाये बिना किसी दूसरेकी हानि नहीं कर सकता । बिना अपनी उँगली काटे पड़ोसीकी उँगली नहीं काटी जा सकती ! पड़ोसीकी आँख अपनी आँख फोड़े बिना नहीं फोड़ी जा सकती ! हम सबका सुख सबोंके सुख-पर निर्भर है । हम सब सगे भाईसे भी अधिक निकट हैं ।

यही उपदेश गीतामें भी है । देखिये अध्याय १८ श्लोक २०—

सर्वभूतेषु येनैकं भावमव्ययमीक्षते ।
अविभक्तं विभक्तेषु तज्ज्ञानं विद्धि सात्त्विकम् ॥

यही श्रेष्ठ ज्ञान है ।

'ईश्वरने हमे संसारमें क्यों रक्खा' ? इस प्रश्नका उत्तर है कि हम आनन्द-प्राप्तिके लिये संसारमें उत्पन्न हुए हैं, पर आनन्द है क्या ? सुखका भाव और दुःखका अभाव । इसके लिये ईश्वरीय नियम जानने और समझने-की आवश्यकता है । हर वस्तु, हर घटना नियमके अनुसार होती है । स्पिनोजा नियति-वादी थे । व्यास, कालिदास और शंकराचार्यका जन्म नियत था । जैसे लगायी हुई शक्तिसे प्रेरित निर्दिष्ट दशामें तीर जाता है, वैसे ही मनुष्य भी कार्य करता है । अन्तर इतना है कि तीरमें चेतना नहीं है, मनुष्यमें चेतना है; जिसे वह भ्रमवश संकल्पकी स्वतन्त्रता समझता है । हम इस संसाररूपी नाटकके दर्शक मात्र हैं । उसमें परिवर्तन करनेका अधिकार हमें नहीं है । हमारे निर्णय न केवल हमारे अपने भूतकालके परिणाम हैं, वरं हमारे सब पूर्वजोंके विगत जीवनके फल है ।

विख्यात मुसल्मान कविकी उस उक्तिका ध्यान कीजिये जिसमें उसने कहा है कि संसारके आरम्भमें ही यह निश्चय हो गया था कि यह कविता लिखी

जायगी। नियतिवादके माननेवाले बहुत हैं और अब भी सन् १९५५ में भी, पर्याप्त संख्यामे हैं। पर यह सिद्धान्त पृथ्वीके हितके लिये नहीं कहा जा सकता। हाँ, असफल जीवनमें संतोष दे सकता है।

अतः स्पिनोज़ाके मतमें हमे अपनी न्यूनता, अपनी सीमाको समझना चाहिये। हम इस दैवी महान् यन्त्रमे एक अति छोटे भाग हैं। हमे अपनेहीमे प्रेम करना चाहिये, जिसका अर्थ है सबमे प्रेम करना। प्रेम, सुख, आनन्दका तभी सर्वोत्तम विकास है जब सब उसके भागी हो, क्योंकि बुद्धिमान् व्यक्ति जानता है कि वह दूसरोंकी सहायता करके ही अपनी सहायता कर सकता है, व्यक्तिगत आनन्द सार्वजनिक आनन्द है। घृणा और द्वेषसे, घृणा-द्वेष उत्पन्न होते हैं। दूसरोंको हानि नहीं पहुँचानी चाहिये; क्योंकि इस प्रकार अपनी ही हानि होती है। हरेक सैनिक-विजय भविष्यमें प्रतिशोधके बीज वपन करती है, भविष्यके युद्धकी नींव डालती है। यही तो आज श्रीजवाहरलालजी नेहरू उपदेश करते रहते हैं। सच्ची विजय शस्त्रास्त्रसे नहीं, आत्माकी महानतासे प्राप्त होती है। (महाराज अशोककी उक्तिका स्मरण कीजिये।)

वास्तविक धार्मिक व्यक्ति, वास्तविक सुखी व्यक्ति होगा, वही वास्तविक बुद्धिमान् होगा। वह दूसरोंके प्रति उदार होगा; क्योंकि वह जानता है कि अपने प्रति सर्वोत्तम उदारताका यही ढंग है। अतः सुखकी खोज ज्ञान-विज्ञानद्वारा करनी चाहिये। मनुष्य और मनुष्यमे जो सम्बन्ध है, उसे समझना चाहिये। जो यह समझता है वह किसीसे घृणा, द्वेष नहीं करता, किसीसे भय नहीं करता। (न बिभेति कदाचन) उसका प्राचीन सुनहला नियम होगा—'अपने लिये कोई ऐसी इच्छा न करो जो दूसरोंके लिये न करते हो।'

यह शिक्षा उपनिषद् तथा गीताके छठे अध्यायके ३२ वे श्लोकका ध्यान दिलाती है—

आत्मौपम्येन सर्वत्र समं पश्यति योऽर्जुन।
सुखं वा यदि वा दुःखं स योगी परमो मतः॥

सभी ईश्वरके समान भाग हैं। अपने साथ प्रेम करनेका अर्थ है सबके साथ प्रेम करना और सबके साथ प्रेम करनेका अर्थ है ईश्वरके साथ प्रेम करना और इसीलिये हम संसारमे आये हैं।

प्रेम हमारे सांसारिक जीवनको अनन्त आनन्दमें परिवर्तित कर देता है। यह वह भावना है जो हमारे अस्तित्वको बनाती है। प्रेमसे मृत्युका कष्ट विलीन हो जाता है; क्योंकि जो मानवतासे प्रेम करता है उसे मृत्युका भय छू नहीं सकता। मृत्यु तो एक घटना मात्र है, जो मनुष्यको अमरत्वकी ओर ले जाती है। स्पिनोज़ा-ने भारतीयोके प्रसिद्ध उदाहरणको अपनाया। सूर्यका प्रतिबिम्ब अनेक जल-पात्रोंमे दिखायी पड़ता है, जल सूख जानेपर या पात्रके टूट जानेपर प्रतिबिम्ब नहीं दिखायी देता, पर सूर्य पूर्ववत् बना रहता है। मनुष्य-शरीरके नाशपर आत्मा पूर्ववत् बना रहता है; क्योंकि वह नित्य है, ईश्वरका अंश है। गीताके १५ वे अध्यायके ७ वे श्लोकमे भी कहा है—'ममैवांशो जीवलोके जीवभूतः सनातनः।' तुलसीदासने भी रामायणमे कहा है 'ईस्वर अंस जीव अबिनासी।'

स्पिनोज़ा तो जीवको ईश्वरका साकार भाव, दैवी-काव्यका समयके पृष्ठपर छपा हुआ एक पद कहते है। यह वैसा ही है जैसे ग्रीक कवि होमरकी कविता किसी पुस्तकके पृष्ठपर छपी होती है। जब पुस्तक फेंक दी जाती और पृष्ठ नष्ट हो जाता है तब छपी हुई वस्तु विलीन हो जाती है पर कविताका नाश नहीं होता; क्योंकि वह अक्षय है। पृष्ठ फाड़े जा सकते है, पर विचार फाड़ा नहीं जा सकता। जब रंगीन दूरबीनका शीशा टूट जाता है तब रंग नित्य श्वेत रंगमें लय हो जाता है। जब मनुष्य मरता है, तब उसका आत्मा पानीकी बूँदकी तरह

सागरमें, स्वरकी तरह रागमें, अनन्तमें लीन हो जाता है। सामूहिक नियतिका हमें विचार करना चाहिये और अपने भाग्यसे संतुष्ट रहना चाहिये और जो कुछ बीते, उसे प्रसन्नचित्तसे सहना चाहिये; घृणाके बदलेमें प्रेम देना चाहिये। यही स्पिनोज़ाकी शिक्षाका सार है। यदि यह प्रतीत होता हो कि संसार तुम्हारे लिये नहीं है तो यह विचारकर सुखी हो कि तुम संसारके लिये बने हो, जीवनकी पुस्तकके तुम एक महत्त्वपूर्ण पृष्ठ हो और तुम्हारे बिना वह पुस्तक अपूर्ण रह जाती है। स्पिनोज़ा यद्यपि शरीरसे सुन्दर नहीं था (वह अपने कपड़ोंपर भी ध्यान नहीं देता था); पर उसका जीवन सौन्दर्यसे पूर्ण था, मानो एक महान् ग्रन्थका सुन्दर सस्ता संस्करण हो।

ऐसा लगता था कि उसको ईश्वरके दर्शन प्राप्त हुए हैं; क्योंकि उसका हृदय मानव-प्रेमसे परिपूर्ण था।

समझने-सीखनेकी चीज

(१)

बड़ोंका अपमान करना, उनका वध करना और अपने मुँह अपनी बड़ाई करना आत्महत्या करना है।

महाभारत युद्धकी घटना है। अर्जुन संशप्तकोंके साथ युद्ध कर रहे थे। इस अवसरपर महावीर कर्णने भार्गवास्त्रके द्वारा पाण्डवसेनाको अत्यन्त व्याकुल कर दिया। धर्मराज युधिष्ठिरका कवच, रथकी ध्वजा, धनुष, बाण, शक्ति और घोड़े नष्ट कर डाले। अन्तमें कर्णके बाणोंसे घायल होकर वे छावनीपर चले गये। उनके शरीरमें बड़ी पीड़ा हो रही थी।

यह समाचार पाकर भगवान् श्रीकृष्णके साथ अर्जुन महाराज युधिष्ठिरको देखने छावनीपर आये और धर्मराजको सकुशल देखकर वे बड़े प्रसन्न हुए। धर्मराजने समझा—अर्जुन कर्णका वध करके आये हैं, अतएव वे अर्जुनके बल-पौरुषकी सराहना करने लगे। इसपर अर्जुनने कहा कि 'मैंने जब सुना कि क्रूर कर्णने आपको बहुत घायल कर दिया है, तब मैं एक बार आपके दर्शन करनेको शीघ्रतासे यहाँ चला आया। अब जाकर मैं सेनासहित कर्णका संहार करूँगा। आप मुझे आशीर्वाद दीजिये।'

युधिष्ठिर कर्णके बाणोंके आघातसे बहुत कष्ट पा रहे थे। अर्जुनके मुखसे कर्णके जीवित होनेका समाचार सुनकर उनको बड़ा क्षोभ हुआ और वे अर्जुनको बहुत-कुछ बुरा-भला सुनाकर अन्तमें कह गये कि 'यदि तुम आज युद्धमें कर्णका सामना करनेकी शक्ति नहीं रखते तो जो कोई तुममें अस्त्रबलमें बड़ा हो, उसे अपना गाण्डीव धनुष दे दो। धिक्कार है तुम्हारे गाण्डीवको, धिक्कार है तुम्हारी भुजाओंके पराक्रमको और धिक्कार है तुम्हारे असंख्य बाणोंको तथा अग्निदेवके दिये हुए रथ और ध्वजाको।'

इतना सुनते ही क्रोधमें भरकर अर्जुनने तुरंत म्यानसे तलवार निकाल ली। सबके हृदयकी जाननेवाले भगवान् श्रीकृष्णने अर्जुनके मनकी बात ताड़ ली और वे बोले—'अर्जुन! क्या करने जा रहे हो? यहाँ कौन तुम्हारा शत्रु है, जिसका वध करना चाहते हो? कहीं सनक तो नहीं गये? बताओ तुम क्या करना चाहते हो?'

श्रीकृष्णके यों पूछनेपर क्रोधावेशमें ही अर्जुनने कहा—'गोविन्द! मैंने यह प्रतिज्ञा की थी कि जो कोई मुझसे यह कह देगा कि तुम अपना गाण्डीव दूसरेको दे डालो, मैं उसका सिर काट लूँगा। महाराजने आपके सामने ही मुझसे ऐसा कहा है। अतः इनका वध करके अपनी प्रतिज्ञा पूरी करनेके लिये ही मैंने

तलवार उठायी है। आप भूत-भविष्यको जानते हैं। आप जो आज्ञा देंगे मैं वही करूँगा।'

भगवान् श्रीकृष्णने अर्जुनको धिक्कार देते हुए कहा कि 'तुम धर्मके रहस्यको नहीं जानते। तभी तो तुमने नासमझ बच्चेकी तरह पहले प्रतिज्ञा कर ली थी और आज प्रतिज्ञा पूर्ण करनेके बहाने मूर्खतावश धर्मके नामपर अधर्मयुक्त कार्य करनेको तैयार हो गये हो! बताओ तो तुम धर्मके दुर्बोध और सूक्ष्म स्वरूपका भली-भाँति विचार किये बिना ही अपने धर्मात्मा बड़े भाईका खून करनेके लिये कैसे दौड़ पड़े? अज्ञानवश अपनेको धर्मका जाननेवाला मानकर जो तुम धर्मकी रक्षा करने चले हो, उसमें तो हिंसाका पाप भरा है, यह बात तुम्हारे-जैसे धार्मिकके ध्यानमें नहीं आयी?'

इसके बाद भगवान्‌ने बलाक और कौशिक मुनिकी कथा सुनाकर अर्जुनको सत्यका रहस्य समझाते हुए यह उपदेश दिया कि 'जिसमें हिंसा न हो, वही सत्य है' और अन्तमें पूछा कि 'बताओ, क्या अब भी तुम युधिष्ठिरको मारना धर्म समझते हो?'

भगवान् श्रीकृष्णका भाषण सुनकर अर्जुनका क्रोध शान्त हो गया। उन्होंने नम्रतासे कहा—'श्रीकृष्ण! आपने वही बात बतायी है, जिसके आचरणसे हमारा कल्याण हो। आप हमलोगोंके माता-पिताके तुल्य हैं। आप ही हमारी परम गति हैं। तीनों लोकोंमें ऐसी कोई बात नहीं है जिसे आप न जानते हों। आप ही परम धर्मको यथार्थ तथा पूर्णरूपसे जानते हैं। अब मैं महाराज युधिष्ठिरको मारनेयोग्य नहीं समझता। पर मेरी प्रतिज्ञाका क्या होगा? आप अनुग्रह करके कोई ऐसी बात बतलाइये जिससे मेरी प्रतिज्ञाका भी पालन हो जाय और महाराजका भी बाल बाँका न हो।'

भगवान् श्रीकृष्णने कहा कि 'धर्मका पालन आगे-पीछेकी सारी बातें सोचकर ही करना चाहिये। अर्जुन! तुम्हें यहाँ अपनी प्रतिज्ञाका पालन करना हो, तो जिस उपायसे धर्मराज जीवित रहते ही मरेके समान हो जायँ, तुम्हें वही करना चाहिये। वह मैं तुम्हें बताता हूँ। युधिष्ठिर तुम्हारे गुरुजन हैं, तुमने सदा उनका सम्मान किया है। आज तुम उनका तनिक-सा अपमान कर दो। गुरुजनको 'आप' न कहकर 'तू' कह देना उनका वध करनेके समान ही माना जाता है। श्रुतिने भी कहा है कि बड़ेको 'तू' कह देना उसे बिना मारे ही मार डालना है। अतएव धर्मराजके लिये तुम अपने मुखसे 'तू' शब्दका प्रयोग करो। बस, इसीमें उनका मरण हो जायगा। इसके बाद तुम उनके चरणोंमें प्रणाम करके उनसे अपनी अनुचित बातके लिये क्षमा माँग लेना। इस प्रकार तुम मिथ्या भाषण और भ्रातृवधके पापसे बच जाओगे।'

भगवान् श्रीकृष्णकी शुभ सम्मति सुनकर अर्जुनने उनकी बड़ी प्रशंसा की और धर्मराजके प्रति कुछ ऐसे कटु शब्दोंका प्रयोग किया, जैसा पहले कभी नहीं किया था।

अर्जुन बड़े धर्मभीरु थे। युधिष्ठिरकी निन्दा कर तो गये पर यह जानकर कि मुझसे बहुत बड़ा पाप बन गया, मैंने धर्मराज-सदृश पूजनीय ज्येष्ठ भ्राताका अपमान किया, उन्हें बड़ा खेद हुआ और उन्होंने बार-बार लंबी श्वास खींचते हुए फिर म्यानसे तलवार निकाल ली। यह देखकर भगवान् श्रीकृष्णने कहा—'अर्जुन! यह फिर क्यों तुमने तलवार उठा ली। अब क्या करना चाहते हो?' अर्जुनने बहुत दुखी होकर कहा—'भगवन्! मैंने हठवश धर्मराजका अपमान करके घोर पाप कर डाला है। इस प्रकारके पापी शरीरको मैं नहीं रखना चाहता। अब इसको नष्ट करनेके लिये ही मैंने तलवार उठायी है।' भगवान् श्रीकृष्ण बोले—'अर्जुन! एक पापसे बचे तो अब धर्मके नामपर दूसरे पापके लिये

प्रस्तुत हो गये ! भाईका वध करनेसे जिस नरककी प्राप्ति होती है, उससे भी भयानक नरक आत्महत्या करनेपर मिलता है । मैं तुम्हें आत्महत्याका एक और साधन बताता हूँ । वह है—अपने मुँहसे अपने गुणों-का बखान करना । जो अपने मुँहसे अपनी बड़ाई करता है, वह आत्महत्या करता है ।' इस रहस्यको समझकर अर्जुनने अपनी बड़ाई की और फिर धर्मराजसे क्षमा माँगी । इसपर धर्मराज क्षुब्ध होकर वन जानेको तैयार हो गये । तब श्रीकृष्णने अर्जुनकी प्रतिज्ञाका रहस्य बतलाया और समझाकर युधिष्ठिरको प्रसन्न किया ।

(२)

श्रद्धाका चमत्कार

(लेखक—श्रीअमृताशु देसाई)

[सत्य घटना]

जब कभी मुझे स्वर्गवासी रायबहादुर नागरजी (केन्द्रिय सरकारके अपने समयके एक बड़े अफसर) के यहाँ जानेका मौका मिलता था, तब उनके जीवनके अनेक अद्भुत अनुभव तथा उनके उत्तम और बुद्धिमय उपदेश तथा विचारोंकी परंपरा जाननेका अमूल्य अवसर प्राप्त होता था । ईश्वरकी दृढ़ भक्ति और विश्वास उनके जीवनका मुख्य ध्येय था ।

एक समय मैं उनके घर (जलालपुर, सूरत जिलेका एक गाँव) गया था । बातचीतके सिलसिलेमें उनके टेबलपर पड़ा हुआ एक लिफाफा मेरे देखनेमें आया । पत्र सुबहकी डाकसे आया था और वह उत्तरप्रदेशके अवसरप्राप्त सरकारी रसायन-अन्वेषक (Chemical Analyser) श्रीचटर्जी नामक एक बंगाली सज्जनका लिखा हुआ था । रायबहादुरने कहा कि 'पत्र पढ़ो और इससे क्या सूचित होता है उसका निर्देश करो ।' पढ़नेके बाद मैंने कहा, 'दादा ! यह आदमी आपको बड़े प्रेम और अनुभूतिके साथ पत्र लिखता है । मालूम पड़ता है कि आपने इसके लिये बड़ा काम किया था और यह आभार प्रदर्शन करना अपना कर्तव्य समझता है और उसके बोझसे अपनेको सदा दबा पाता है । आप इसके लिये सदा स्मरणीय हैं ।' रायबहादुर सस्मित बोले, 'तुम्हारी कल्पना बिल्कुल ठीक है । चटर्जी साहब बड़े प्रेमी हैं और वे सदा ऐसी ही चिट्ठी लिखते हैं । वे समझते है कि मैंने उनको उपकृत किया है और पथ-प्रदर्शकका काम किया है । पर मैंने कुछ नहीं किया । करनेवाले भगवान् हैं । मनुष्य तो निमित्तमात्र है । आज-कल लोग श्रद्धा और भक्ति-जैसी शक्तिमयी साधन-सामग्रियोंको विश्वासकी दृष्टिसे नहीं देखते हैं और महान् साधकों और भक्तोंकी जीवनीको उपहासकी नजरसे देखते है, पर इस मनुष्यका इतिहास, श्रद्धा और प्रेम सदा सत्य और सनातन हैं तथा महान् कार्य करनेकी क्षमता रखते हैं उसका प्रत्यक्ष उदाहरण है । सुनो—

जब मैं १९१२—१९१६ मे पूसा (जिला दरभंगा, बिहार) स्थित केन्द्रिय सरकारकी कृषिशालाके अध्यक्षका मुख्य सलाहकार (Personal assistant) था, तब वहाँकी रसायनशालाके अधिष्ठाता डाक्टर लेदर (Dr. Leather) की अधीनतामें एक चटर्जी नामक बंगाली सज्जन काम करते थे । लेदर साहब बड़े विद्वान् और कार्यदक्ष थे, पर स्वभावमे दुर्वासाके ही अवतार थे और उनका कोपभाजन बननेका अवसर सदा सभी कार्यकर्ताओंको प्राप्त होता था, पर उनमें मुख्य चटर्जी ही होते थे । अनेक युक्तियाँ और परिश्रम करनेपर भी वे साहबको प्रसन्न नहीं कर सके और उनको ऐसा प्रतीत हुआ कि शायद यह वैर पूर्वजन्मसे चला आता हो । परिस्थिति सम्हलनेके कोई लक्षण नहीं दीख पड़ते थे और ऐसी विकट हालतमे उनको ऐसा विश्वास हो गया कि पानीमें रहकर मगरसे वैर रखनेकी अपेक्षा छोड़कर चला जाना ही ठीक होगा और वे

इसके लिये अवसर ढूँढ़ने लगे। परिवार बड़ा था इसलिये जल्दी करना भी ठीक नहीं था। साहब तो कोई भी बहाना ढूंढ़कर उनको सतानेका अवसर नहीं चूकते थे और यही चाहते थे कि किसी तरह यह आदमी छोड़कर चला जाय तो अच्छा हो। थोड़े ही दिनोंमें यह समस्या स्वयं उपस्थित हो गयी।

संयोगसे चटर्जी महोदयके एकाकी पुत्रने टाइफायड-की कठिन बीमारी लेकर पिताकी समस्याको चरम सीमापर पहुँचा दिया। उसकी सेवा-शुश्रूषामें रत रहनेके कारण ऑफिस जानेमे बारंबार देर होती थी और वह अग्निमे घीकी आहुतिका काम करती थी। साहबकी नाराजगी बहुत बढ़ गयी और चटर्जी बारंबार तिरस्कृत और अपमानित होने लगे। भगवान् ही अब त्राण करे तो हो सकता है—ऐसा उनको पग-पगपर लगने लगा। एक दिन पुत्रकी अवस्था अपेक्षाकृत खराब थी और वे उत्कण्ठापूर्वक डाक्टरकी राह देखने लगे। ऑफिसका समय हो रहा था, पर एकाकी पुत्रको ऐसी दशामे छोड़कर जानेको उनका मन नहीं कर रहा था। डाक्टर आये और गये और जब वे दफ्तर पहुँचे, एक घंटा समय बीत गया था। आज जरूर कोई अनिष्ट होनेवाला है ऐसी आशङ्का उनके दिलमे होने लगी। दफ्तर पहुँचते ही उन्होने देखा कि साहब अग्निशर्मा बनकर उनके टेबलके पास ही खड़े थे और उनको देखते ही व्याघ्र-गर्जना करते हुए बोले, 'मि० चटर्जी : नियम-भङ्ग और शिष्टपालनकी उपेक्षाके कारण मै आपको थोड़े दिनोके लिये नौकरीपरसे हटा रहा हूँ। आप हमेशा देर करते रहते हैं, पर आज तो आपने हद कर दी। यह किसी तरहसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पढ़ा-लिखा आदमी इतना बेसमझ और मन्दबुद्धि हो सकता है, यह मुझे भारतहीमे देखनेको मिला।'

अपमानसे काँपते हुए चटर्जी बोले, 'साहब! मेरा कोई अपराध नहीं। आज पंद्रह दिनोंसे मेरा लड़का टाइफायडकी भयंकर बीमारीसे छटपटा रहा है। आज उसकी हालत गम्भीर है। मेरेमे दूसरा कोई नहीं था। इसलिये अपनी अनिच्छा होने हुए भी डाक्टरके आनेकी राह देखकर मुझे बैठना पड़ा और इसी कारण देर हो गयी। डाक्टर आज कुछ देर करके आये। आप ही कहिये, ऐसी विषम परिस्थितिमे मेरे लिये और क्या चारा था। मेरे अपराधकी ओर नहीं, पर मेरे बच्चोंकी ओर देखिये और ऐसा कठोर दण्ड नहीं दीजिये। मै आपका तुच्छ सेवक हूँ।' वे आगे बोल न सके और उनका कण्ठ अवरुद्ध हो गया।

साहब ऐसा स्वर्ण-अवसर क्यों चूकने लगे 'बीमारी कामके कारण सरकारी काम रुक नहीं सकता। मेरा निर्णय बदल नहीं सकता। खैर मनाओ कि मैंने तुम्हें नौकरीसे निकाल नहीं दिया। थोड़े महीनोंके लिये हटाये गये हो। भविष्यमे यदि ऐसा हुआ तो फिर नौकरी गयी समझो' कहते-कहते साहब वहाँसे चले गये। अपमान और भर्त्सनाने चटर्जीको बेहाल कर दिया। थोड़े समयके लिये पदच्युत (Suspend) होना यह लाञ्छनाका विषय है और सभी सरकारी कर्मचारी जानते है। यह तो जिंदगीभरके लिये धब्बा हो गया और ऐसी हालतमे त्यागपत्र देना ही ठीक होगा, यह निश्चित कर उन्होंने फौरन त्यागपत्र लिखकर दे दिया। साहब तो यही चाहते थे और उन्होने तुरंत स्वीकार कर लिया।

जब मैने अपने दफ्तरमे चटर्जीके इस दुस्साहसकी बात सुनी, तब मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ। वे कोई भी काम करनेके पूर्व मेरी सलाह लिया करते थे और मेरी रायके बिना कोई भी काम करना उचित नहीं समझते थे। ऐसा अविचारी काम उतावलीमे करनेके कारण मैंने उनको बुलवा भेजा। वे तो त्यागपत्र देकर स्वयं ही

मेरे आफिसमें आ रहे थे। मैने उनको स्निग्ध स्वरमें उपालम्भ देते हुए कहा, 'यह क्या कर डाला ? अब क्या होगा तुम्हारा और परिवारका देवेन बाबू ! (चटर्जीका नाम) मेरी सलाहके बिना ऐसा करना उचित नहीं था।' वे लगे क्षमा माँगने और कहने लगे, 'दादा ! रोज-रोजके झगड़ेसे मैं ऊब गया था। बिना नौकरी बैठा रहना पड़े वह ठीक है मगर इस प्रकारके जीवनसे मैं छुटकारा पाना चाहता था। यह ब्रह्मपाश था। आज मैने तोड़ डाला। यह सब इतनी जल्दी हो गया कि मै आपसे पूछ भी न सका। दादा ! आपका स्नेहार्द्र स्वभाव मुझे क्षमा करेगा ही, यह मैं जानता हूँ। अब मैं मथुरा जाऊँगा। वहाँ मेरे एक दूरके सम्बन्धी हैं। उनके यहाँ रहूँगा और दूसरी नौकरी ढूँढ़नेकी चेष्टा करूँगा। मुझे वृन्दावनविहारी श्रीकृष्ण भगवान्‌में अपार श्रद्धा है। वे मुझे भूखों मरने नहीं देंगे।'

मैंने कहा, 'तुम्हें मेरा एक कहना मानना होगा।' वे बोले, 'दादा ! आपकी सौ बातें मै माननेको तैयार हूँ। आपकी स्नेहमयी छत्रछायाके कारण ही मै यहाँ प्रतिकूल स्थितिमें इतने दिनोंतक रह सका, अन्यथा कबका चला गया होता। आपकी आज्ञा शिरोधार्य है। कहिये।'

'तो आपको रोज मथुरा-निवासके समय श्रीद्वारकाधीशके मन्दिरमें जाना पड़ेगा। भगवान्‌की मूर्तिका भाव-निरीक्षण करना और जैसा हो वैसा मुझे लिखना आपका कर्तव्य रहेगा। उनकी भाव-भंगिमा ही भविष्यकी सूचना देगी। जाओ; परमात्मा सबका मालिक है। घबरानेकी कोई बात नहीं।' 'मै तो स्वयं ही प्रतिदिन द्वारकाधीशका दर्शन करनेवाला था। यह आपका आदेश मैं अवश्य पालन करूँगा' यह कहकर सपरिवार चटर्जी मथुरा चले गये।

वहाँ पहुँचकर वे प्रतिदिन पत्र लिखने लगे। हरेक पत्रमें भगवान्‌की भाव-भंगिमाओंका वर्णन रहता। 'आज परमात्माकी मुखाकृति गम्भीर थी' 'आज मूर्ति उदास थी' 'आज मूर्ति खिन्न थी' और 'आज वह अन्यमनस्क थी !' इत्यादि। मैं उन्हें उत्साहित करता था कि 'जल्दी ही कोई चमत्कार होगा। घबरानेकी जरूरत नहीं। भगवान्‌में श्रद्धा अविचल रखिये।' एकाएक पंद्रहवें दिन पत्र आया, 'आज मूर्ति मेरी ओर देखकर मन्द-मन्द मुसकरा रही थी। मैं आत्मविभोर हो गया। कुछ क्षण मैं अवाक् खड़ा रहा।'

मैंने प्रत्युत्तर दिया, 'भगवान्‌ने भक्ति स्वीकार की है। एक हफ्तेमें तुम्हें नौकरी जरूर मिलेगी। द्वारकाधीश अब प्रसन्न हैं।' ठीक छठे दिन उनको उत्तरप्रदेशके रसायन-अन्वेषककी जगह मिल गयी जो चार सौ रुपयेसे प्रारम्भ होती थी ! चटर्जी विस्मय-मुग्ध हो गये। उन्हें सब स्वप्नवत् लगा। डेढ़ सौ रुपयेके पदपर रहकर जो साहबद्वारा बारंबार अपमानित होता था उसे एकदम चार सौकी नौकरी मिली ! यह चमत्कार नहीं तो और क्या था। करुणावरुणालय परमात्मा तो सदा भक्तवत्सल हैं ही, केवल दृढ़ विश्वास चाहिये। चटर्जीने मुझे लिखा, 'दादा ! यह सब आपका ही प्रताप है। भगवान् आपकी वजहसे मेरेपर प्रसन्न हैं। मैं तुच्छ प्राणी वृन्दावनविहारीके अनुग्रहका पात्र होने लायक नहीं हूँ। मेरी परमात्माके प्रति आस्था दृढ़तर हो गयी है। इस आशातीत सफलताके लिये मैं आपका सदैव अनुगृहीत रहूँगा।'

रायबहादुर कहने लगे कि इस घटनाके बाद चटर्जीकी मेरे प्रति ममता बढ़ गयी है। महीनेमें उनकी दो चिट्ठियाँ जरूर आती हैं। मैं जवाब दूँ या न दूँ ! किया तो परमात्माने परंतु चटर्जी श्रेय मुझे भी देते हैं। भगवान्‌ने निमित्त बनानेके लिये शायद मुझे प्रेरणा दी थी।

मैंने उत्तर दिया, 'करते तो भगवान् ही सब कुछ हैं, परंतु वे तो निष्काम ठहरे इसलिये किसीको निमित्त बनाते ही हैं। लोग निमित्तको ही कारण समझ बैठते हैं। रहीमने कहा भी है—

देनहार भगवान हैं, देते हैं दिन रैन।
लोग भरम मुझ पर धरैं, यातें नीचे नैन॥

भगवान्‌की लीला अपरम्पार है।

रायबहादुर स्निग्ध कण्ठसे बोले, 'श्रद्धाकी महिमा अपार है। आशाको श्रद्धा अमरत्व प्रदान कर भक्तिके आवरणसे ओतप्रोत करती है। यह आशा ही कलियुगमें भक्तिका वेष पहनकर श्रद्धारूपी पुष्पाञ्जलिसे परमात्माको प्रसन्न करनेकी कोशिशमे रहती है। शास्त्र भी कहते हैं—

'या देवी सर्वभूतेषु श्रद्धारूपेण संस्थिता।'

देवी सर्वभूतोंमें श्रद्धारूपसे रहती है।

× × × ×

रायबहादुरका दीर्घायुके बाद थोड़े दिन हुए स्वर्गवास हो गया। श्रीदेवेन चटर्जी अभी जीवित हैं और हरि-भक्तिमें काल-यापन करते हैं।

धूम्रपानसे विवेकनाश—देशनाश

(लेखक—बाबा श्रीराघवदासजी)

धूम्रपान भारतीय समाजकी अपनी चीज नहीं है, वह विदेशियोंकी नकल है। तम्बाकू अमेरिकासे भारतमें आयी और आज उसके लिये वह काल बन गयी है। भारतीय समाज अग्नि-पूजक समाज है। ब्रह्मचर्यावस्थामें हवनकी अग्नि, विवाहकी अग्नि और अन्तमें चिताकी अग्निके साथ हमारा जीवन संलग्न है। आज दुर्भाग्यसे हमारे यहाँ कुछ लोगोंने धूम्रपानकी अग्निको जगाना शुरू कर दिया है। पारसी तथा सिख भाई अग्निपूजक होनेके नाते धूम्रपानसे बहुत परहेज करते हैं। पर हम तो ब्रह्मज्ञानकी बातें करते-करते इतने उदार हो गये हैं कि धूम्रपानमे अग्निका अपमान होता है, इस बातको भी भूल गये हैं। रूसके संत-साहित्यकार महात्मा टालस्टाय महोदयने अपने एक निबन्धमें 'मनुष्य धूम्रपान क्योंकर करता है' इसकी चर्चा करते हुए लिखा कि 'जब मनुष्य विवेकके विरुद्ध आचरण करता है, तब उसका मन उसको खाने लगता है। विवेक उसमें उद्विग्नता पैदा करता है, एक बेचैनी पैदा करता है और उस बेचैनीसे बचनेके लिये मनुष्य मूर्खतावश धूम्रपान करता है। यह भी एक नशा है जो विवेकको खो देता है।' इसपर उन्होंने एक उदाहरण दिया है—

एक मनुष्य था, जो अपने शत्रुको मार डालनेके लिये पिस्तौल लेकर रात्रिके समय उसके पास पहुँचा। शत्रु सोया था। उसका वह निरपराध चेहरा देखकर इस मारनेवालेके मनमें विवेक पैदा हुआ कि इस 'निरपराध-को मैं क्योंकर मारूँ।' विचार करते-करते वह धीरे-धीरे वहाँसे हट आया। गैलरीमे खड़े हुए कुछ ही मिनटोंके बाद उसने सिगरेट निकाली, उसको सुलगाया और दो कश लगाये। इससे उसका विवेक नष्ट हो गया, वह चटसे भीतर गया और उस सोये हुए मनुष्यको उसने पिस्तौलसे मार दिया। उसको उस समय यह भान ही नहीं रहा कि वह सोया है, निरपराध है। इससे स्पष्ट होता है कि धूम्रपान विवेकको दबानेका काम करता है। आज यह धूम्रपान अपने बुलंदीपर है। बम्बई-जैसे ३६ लाखकी जन-संख्यावाले नगरमे १८ करोड़ रुपयोंकी बीड़ी-सिगरेट-सिगार लोग प्रतिवर्ष पीते हैं। बीड़ीवाले एक सेठने अपने बयानमें बताया है कि इन

पाँच वर्षोंमें बीड़ीका प्रचार पाँच गुना बढ़ गया है।

हमलोगोंने एक गाँवकी जाँच की तो मालूम हुआ कि साल भरमें जहाँ दो हजार रुपयेका कपड़ा खरीदा जाता है, वहाँ पान-बीड़ी-सिगरेट-तम्बाकू आदि ग्यारह हजार रुपयोंके खरीदे जाते हैं।

गुजरातके एक गाँवमें देखा, चार हजारकी आबादी है और ३२ बीड़ीकी दूकानें है। पिछले दस वर्ष पूर्व वहाँ एक भी क्षय रोगका बीमार नहीं था, पर जबसे बीड़ीका प्रचार बढ़ा, तबसे पिछले १० वर्षोंमे प्रतिवर्ष करीब २,२५ आदमी तपेदिकसे बीमार पड़ते है और उनमें औसतन दस आदमी इस रोगसे मर जाते हैं।

भारत सरकारकी स्वास्थ्य-मन्त्रिणी महोदयाने कहा कि जो आँकड़े मिले हैं उससे मालूम होता है कि भारतमें २५ लाख क्षयरोगी हैं। पर वस्तुतः इनकी संख्या इससे भी अधिक है। हम समझते हैं कि वह ३६ लाखके करीब अर्थात् प्रति सौ मनुष्योमे एक मनुष्य क्षय रोगका शिकार बना हुआ है। इस रोगके अनेक कारणोंमे गुजरातके गाँवके अनुभवसे धूम्रपान भी एक बड़ा कारण हो सकता है। आज धूम्रपानका बोलबाला है। सरकार उसका बड़ा लिहाज करती है। इसीसे उसपर कोई प्रतिबन्ध नहीं है।

दिन हो चाहे रात, बाजार हो या हाट, श्मशान हो या घाट, स्त्री हो या बच्चे सभी जगह इसका प्रवेश है। जब चाहे, जहाँ चाहे, जैसे चाहे धूम्रपान-प्रचारक जा सकते हैं, लाउडस्पीकर नाच आदि द्वारा प्रचार कर सकते हैं। पर हमारा स्वास्थ्य-विभाग या सरकार कुछ बोलने तथा रोक-टोक करनेका साहस नहीं कर सकती है। लाड़ला महकमा है यह कुछ बड़े-बड़े लोगोंका, तभी तो इसे इतनी खुली छूट—रियायत दी जा रही है। दो-दो सालके बच्चोंको हम बीड़ी पीते हुए और घर-घर तपेदिक भी खैरात करते हुए देख रहे हैं। इससे सहज मनमें आता है कि यह युग धूम्रपानका है। वह राजा है और उसके सामने बलशाली सरकार भी नतमस्तक है। इधर यह हालत है और उधर यही स्वास्थ्य-विभाग तपेदिकके एक-एक आनेके सील प्रतिवर्ष बेचकर तपेदिक—क्षयरोगको रोकनेका प्रयत्न करती है। पहले आग लगायी जाती है और बादको दौड़कर पानी डालकर उसको रोकनेका प्रयत्न किया जाता है। कितना परिहास है हमारे स्वास्थ्यका।

जब मैंने लोकसभाके कुछ सदस्योंसे इसके बारेमे प्रश्न उठानेके लिये कहा तो उन्होंने अपनी लाचारी जाहिर की। वे प्रश्न उठावेंगे या नहीं, इसे तो भगवान् जाने। पर मैं उसको जनता-जनार्दनके दरबारमें उठाना चाहता हूँ और अपने इष्ट-देवतासे हाथ जोड़कर पूछना चाहता हूँ कि धूम्रपानद्वारा भारतीय अपने राष्ट्रका मुँह जलाकर ही रहेगा या उससे उसको कभी छुटकारा भी मिलेगा।

हमारे देशमे मुँहमे आग लगानेका काम मरनेके बाद श्मशानमे पुत्र करता है। वह अग्नि लेकर चलता है सबके साथ और चिताकी तैयारी पूर्ण हो जानेपर अपने पिताके मुँहपर अग्नि रखता है, पर इस वैज्ञानिक युगमे—बीसवीं शताब्दीमे ये धूम्रपानवाले पुत्रका काम स्वयं कर जीते-जी अपने मुँहमे अग्नि लगाकर पिता तथा पुत्र दोनों बन जानेका काम करते है। यह है इस समयकी विशेषता। भगवान् इस जीवित शवको बुद्धि दें कि वह एक ही साथ एक ही समय पिता-पुत्र न बनकर भारतीय समाजको अपमानित न करे।

आज धूम्रपान विवेकका क्षय ही नहीं कर रहा है बल्कि शरीर क्षयकर भारतीय राष्ट्रको यह सोचनेके लिये विवश कर रहा है कि यदि उसे जिंदा रहना है, तो मुझसे बचो, नहीं तो, तुम्हारी इच्छा!

गोहत्याका महापाप शीघ्र मिटनेकी आशा

उत्तरप्रदेश सरकारका सम्पूर्ण गोवध-बंदीका पवित्र निर्णय

'कल्याण' मे कई बार लिखा जा चुका है कि ऋषि-भूमि भारतवर्षमें जबतक गोवधका कलङ्क वर्तमान है, तबतक भारतवासी कभी सुखी नहीं हो सकते। भारतका आत्मा इसको कभी सह नहीं सकता। इसीसे लगातार गोहत्या-बंदीके लिये विभिन्न संस्थाओं तथा व्यक्तियोंके द्वारा विविध रूपोंमें प्रयत्न और आन्दोलन चल रहे हैं। अब भगवत्-कृपासे कुछ ऐसा ढंग दीख रहा है कि भारत इस भयानक पापसे मुक्त हो जायगा। उत्तरप्रदेश सरकारने पशु-सम्पत्तिकी जाँच-पड़ताल करनेके लिये एक गो-संवर्धन समिति बनायी थी। इस समितिमें हिंदू, मुसल्मान, ईसाई—सब मिलकर २१ सदस्य थे। समितिने सर्वसम्मतिसे सम्पूर्ण गोवध-बंद करनेके लिये उत्तरप्रदेश सरकारसे बड़े जोरदार शब्दोंमें शिफारिस की थी। 'कल्याण' के पाठकोंको यह जानकर बहुत आनन्द होगा कि उत्तरप्रदेश सरकारने उस शिफारिसको मान लिया है और विधानसभामे शीघ्र ही सम्पूर्ण गोवध-बंदीके लिये विधेयक लाया जायगा। उत्तरप्रदेशके राज्यपाल माननीय श्रीमुंशीजीने गत १० फरवरीको विधानसभामें इसकी घोषणा कर दी है। इस सत्कार्यके लिये भारतवर्ष सम्मान्य डा० सीतारामजी तथा समितिके अन्यान्य सभी सदस्योंका सदा कृतज्ञ रहेगा। हम उन्हें हृदयसे धन्यवाद करते है। गो-माताकी हत्या सम्पूर्णतया बंद करनेकी शिफारिस करके उन्होने महान् पुण्य किया है। साथ ही माननीय पण्डित श्रीगोविन्दवल्लभजी पंतके प्रति भी हम हृदयसे कृतज्ञता प्रकट करते हैं। हम इसे उन्हींकी सद्भावनाका फल मानते है। अपने मुख्य मन्त्री डा० सम्पूर्णानन्दजीके हम अत्यन्त कृतज्ञ हैं और हृदयसे उनका अभिनन्दन करते हैं। उन्होंने मुख्य मन्त्रीका कार्यभार ग्रहण करते ही जो महान् पुण्य कार्य सम्पादन किया है, वह चिरस्मरणीय रहेगा और महान् शुभ फलदायक होगा। हमारे राज्यपाल महोदयने पुण्य घोषणा करके करोड़ों संतप्त हृदयोंको जो अपार शान्ति दी है, उसके लिये किन शब्दोंमें उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की जाय। अब तो यही निवेदन है कि शीघ्र-से-शीघ्र संपूर्ण गोवध-बंदीका कानून बन जाय।

माननीय पंतजीसे हमारा निवेदन है कि वे केन्द्रमें ऐसा कानून बनवानेका प्रयत्न कर महान् पुण्य संचय करें।

पंजाब सरकार भी गो-वध सम्पूर्णतया बंद करने जा रही है। गुड़गाँवके हजारों मेवोंने गोवध न करनेकी प्रतिज्ञा की है, यह भी बड़े आनन्दका विषय है। अजमेर सरकारने गोवध बंद कर ही दिया था। उसे भी धन्यवाद।

बिहार सरकारको भी अब शीघ्र सम्पूर्ण गोवध-बंदीका कानून बनाकर कलङ्कको धो डालना चाहिये। बिहारमे तो वर्षोंसे कानून बनानेकी बात चल रही है। अब विलम्ब नहीं करना चाहिये।

अन्यान्य प्रदेशोंको भी, जहाँ गोवध होता हो, तुरंत बंद कर देना चाहिये। बंबई तथा कलकत्तेमे बड़ा पाप होता है। वहाँ तो दूध देनेवाली जवान गायोंकी प्रतिदिन नृशंस हत्या होती है। संत विनोबाजीने कलकत्तेके गो-हत्या-काण्डपर जो खेद प्रकट किया है और गोहत्या बंद करनेके लिये प्रेरणा दी है, वह इसी अङ्कमें अन्यत्र प्रकाशित है। बंबई तथा कलकत्ता सरकारको शीघ्र इस ओर ध्यान देकर देशको इस महापापसे मुक्त करना चाहिये।

समाचार

हिंदू-विवाह-महोत्सव

[कुछ ही दिनों पूर्व राष्ट्रपति डा० श्रीराजेन्द्रप्रसादजीकी पौत्रीका विवाह नयी दिल्लीमें हुआ था। उस अवसरपर श्रीराष्ट्रपतिजीके द्वारा समागत सज्जनोंमें यह पत्रिका छपवाकर वितरण की गयी थी। राष्ट्रपतिजीके हिंदू-विवाहके सम्बन्धमें कितने सुन्दर विचार हैं, इसका पता इससे लगता है।]

हिंदुओंका विवाह एक धार्मिक संस्कार है। आध्यात्मिक विकास, पारस्परिक प्रेम एवं साहचर्य तथा भगवान् एवं मानव-जातिकी सेवाके उद्देश्यसे होनेवाले स्त्री एवं पुरुषके गँठबन्धनकी भावना ही इस संस्कारकी भित्ति है। अतः इस संस्कारमें वर-कन्या अपने-अपने परिवारके तथा विश्वब्रह्माण्डके आध्यात्मिक एवं भौतिक कल्याणकी दृष्टिसे साथ रहने तथा मिलकर काम करनेकी जो प्रतिज्ञा करते हैं, उसके साक्षिरूपमें देवताओंके आवाहनके साथ ही इस संस्कारकी सारी विधियाँ पूरी की जाती हैं।

विवाह-संस्कारके तीन अङ्ग हैं। प्रथम अङ्गमें देवताओंका आवाहन किया जाता है, वरका स्वागत-सत्कार होता है तथा बड़े-बूढ़े लोग उन्हें आशीर्वाद देते हैं एवं अपनी शुभ भावनाएँ समर्पित करते हैं।

दूसरी भूमिकामें कन्याके माता-पिता वरके हाथमें कन्याका हाथ पकड़ाकर पवित्रभावसे उसे वरको समर्पण करते हैं। कन्याका भाई भी इस वैवाहिक बन्धनके प्रति अपनी सम्मति तथा अनुमोदन प्रकट करनेके लिये धानके लावोंकी वर्षा (लाजाहोम) करता है।

इसके अनन्तर विवाहके साक्षिरूपमें हवनकी अग्निकी प्रदक्षिणा करते हुए वर-वधू साथ-साथ सात पग चलते हैं। प्रत्येक पगपर वर-वधू दोनों यह प्रतिज्ञा करते हैं कि हमलोगोंके हृदय, मन, आत्मा एवं क्रियामें सुन्दर-से-सुन्दर एवं अत्यन्त ही श्रद्धा एवं विश्वासका सम्बन्ध बना रहेगा। सप्तपदीके अन्तमें संस्कार पूर्ण हो जाता है। तब वर-वधू आकाशस्थित ध्रुवतारेकी ओर दृष्टिपात करते हैं और आजीवन स्थिर एवं अचल सौहार्द एवं साहचर्यका व्रत लेते हैं।

विवाह-संस्कारकी तृतीय भूमिकामें देवताओंका पुनः आवाहन किया जाता है। गुरुजन, सुहृद्वर्ग एवं हितैषियोंका सारा समुदाय, जो उक्त विवाह-बन्धनका साक्षी होता है, विदाईके पूर्व वर-वधूको आशीर्वाद देता है।

ये सारी-की-सारी विधियाँ वैदिक मन्त्रों एवं गृह्यसूत्रोंमें वर्णित वैदिक कर्मकाण्डके अनुसार ही सम्पन्न होती हैं।

गोवंशकी रक्षा किसी मूल्यपर भी होनी चाहिये

[पिछले दिनों मेदिनीपुरमें संत विनोबाजी भावेने एक सार्वजनिक सभामें जो भाषण दिया था, उसका सारांश]

आज गायोंकी दुर्दशा देखकर हृदय विदीर्ण हो रहा है।×××जबतक गोहत्या बंद नहीं होगी, तबतक देशकी दरिद्रताका अन्त हो नहीं सकता।

×××कलकत्ता क्या बंगाल भरमें गायें बहुत कम दूध देती हैं। यदि सच पूछा जाय तो देशभरकी अच्छी-से-अच्छी जातिकी गायें कलकत्ते पहुँचती हैं और थोड़े दिनतक दूध देनेके बाद कसाइयोंके हाथों बलिदान हो जाती हैं। मुझे यह सुनकर बड़ा आश्चर्य हो रहा है कि इन बेजुबान गायोंकी हत्या वहाँ रोजाना होती है, परंतु हत्याबंदीके लिये कोई भी कदम नहीं उठाया जा रहा है।

गोहत्या-बंदी-आन्दोलनकी ओटमें कोई राजनीतिक दल काम कर रहा है। ऐसा हो भी। परंतु गोवंश-रक्षाकी जिम्मेदारी अपने ऊपर लिये हुए आप क्या करते हैं, क्या इसका भी ध्यान कभी होता है ?

यदि गोहत्या-आन्दोलनके पीछे कोई राजनीतिक व्यूह-रचना हो तो उसे दूर हो जाना चाहिये। परंतु गोवंशकी रक्षा तो हर हालतमें होनी चाहिये। अमृत-मय दूध देनेवाली सैकड़ों गायोंके गलोंपर रोजाना छुरियाँ चलती हैं। परंतु कलकत्तेवाले इसपर तनिक भी तरस नहीं खाते हैं ? इससे बढ़कर अन्याय क्या हो सकता है।

अन्तमें आचार्य भावेने कहा कि 'भारत एक कृषि-प्रधान देश है। ऐसे देशमें गोवंशकी रक्षा किसी भी मूल्यपर होनी चाहिये। कलकत्तेमें जो कुछ हो रहा है, वह इतना कारुणिक है, जिसे कोई भी उत्तरदायी मनुष्य या सरकार सहन नहीं कर सकती। मुझे बड़ा आश्चर्य हो रहा है कि वहाँके लोग किस तरह इस हृदय-विदारक दृश्यको देख रहे हैं।'

स्वातन्त्र्य और स्वाधीनताका अर्थ है आत्मनियन्त्रण

[पटनाकी सभामें आचार्य दादा धर्माधिकारीका भाषण]

सर्वोदयके नेता आचार्य श्रीदादा धर्माधिकारीने पटना गरदनी-बागस्थित, गेट पब्लिक लाइब्रेरी व इन्स्टीच्यूटमें आयोजित सभाको सम्बोधित करते हुए कहा कि 'सर्वोदय मानवके यथार्थ स्वभाव प्रेमपर आधारित निर्देशात्मक और विस्तृत दर्शन है।×××मानवीय व्यवहारोंके प्रति यह एक भावात्मक कदम है। मानवीय प्रेम ही, जो उसके व्यवहारका स्वभाव है, जब दुर्वृत्तियोंका विरोध करता है, तो वह सत्याग्रहका रूप धारण करता है।

उन्होंने यह बताया कि सर्वोदयको बाह्य नीति-दर्शनके रूपमें ग्रहण नहीं करना चाहिये, बल्कि मानवीय विचार-शृङ्खलाकी विभिन्न कड़ियोंका समन्वय-कारी तत्त्व यह है और यही होनेमें उसकी सफलता और उसकी यथार्थता भी है।

हमारे समाजमें इस समय संघटनके दो पहलू हैं, एक प्रशासनीय और दूसरा सैन्य। प्रशासनीय संघटनका पहलू ही नागरिकतासे सम्बन्ध रखनेवाला है। तब सैन्य-संघटनकी आवश्यकता ही नहीं रह जायगी, जब जीवनका यह सर्वोदय-दर्शन अपना व्याव-हारिक रूप प्रकट करेगा। पाश्चात्य देशोंमें 'लिबर्टी' या 'फ्रीडम' के जो अर्थ है, वे हमारे 'स्वातन्त्र्य' या 'स्वाधीनता' के समान बोधक नहीं है। लिबर्टी और फ्रीडमका अर्थ जहाँ बन्धनमुक्तिसे है, वहाँ स्वातन्त्र्य और स्वाधीनताका अर्थ है—आत्माका नियन्त्रण; आत्मापर अपने-आपका अधिकार।

विश्वविद्यालयकी छात्राओंको उपदेश

[लखनऊ विश्वविद्यालयके उपकुलपति डा० श्रीराधाकमल मुखर्जी महोदयने विश्वविद्यालयके 'कैलास छात्रा-निवास'की छात्राओंसे उस दिन कहा कि—]

·····'देशके वर्तमान सामाजिक परिवर्तनके युगमें हमारी छात्राओंके सामने एक ऐसा भीषण संघर्ष उपस्थित है जो छात्रोंके सामने उतने विकट रूपमें नहीं है। परिवारके वातावरणमें सिद्धान्तों एवं आदर्शोंकी जो धारा उन्हें प्राप्त होती है, उससे बिल्कुल विरोधी धारा उन्हें विश्वविद्यालयकी सीमामें मिलती है। हमारी शिक्षित बालिकाओं एवं महिलाओंके जीवनमें जो असामञ्जस्य एवं विविध प्रकारकी स्नायविक विकृतियाँ पायी जाती है, उनका कारण यह संघर्ष ही है।

'.....इस युगकी महिलाओंके लिये घरमें उपयोगी काम-धंधेका क्षेत्र संकीर्ण होता जा रहा है और उसके फलस्वरूप उनमें इन दिनों आरामतलबी तथा निठल्लापन अधिक आ गया है। जिससे वे समाजकी दृष्टिमें अधिक उपयोगी होनेके बदले प्रत्यक्ष ही अकर्मण्य एवं क्षयग्रस्त हो गयी हैं। दूसरी ओर, गृहस्थोचित धार्मिक क्रिया-कलाप, कथा-वार्ताका अभाव तथा व्रतों एवं त्यौहारोंकी शृङ्खला विच्छिन्न हो जानेसे उनके अंदरकी वह निःस्वार्थ भक्ति, वह आत्मसंयम एवं उत्सर्गकी वे प्राचीन भावनाएँ नष्ट हो गयी हैं, जिनके आधारपर भारतीय नारीत्वका निर्माण हुआ था।

बाजारू कहानियों, उपन्यास तथा सस्ते चल-चित्रों एवं चलते नाटकोंके द्वारा भी प्रेमके वास्तविक स्वरूपको विकृत किया जा रहा है तथा यौन-सम्बन्धकी प्रच्छन्नता एवं पवित्रता नष्ट हो रही है। दाम्पत्यके धार्मिक बन्धनसे जीवनमें रसका स्रोत बहता था; यही भारतीय ऋषियोंके ज्ञानका निदर्शन था। परंतु यूरोप एवं अमेरिकामें पारिवारिक जीवनका जो विघटनात्मक स्वरूप देखनेमे आता है, उसने कामके एक ऐसे कृत्रिम, अस्वाभाविक एवं खमिल आदर्शकी सृष्टि की है, जिससे अत्यन्त प्राचीन भारतीय परम्परा एवं अनुभूति संकटापन्न हो गयी है।

अन्तमे मुखर्जी महोदयने कहा कि 'विश्वविद्यालय एक ऐसा स्थान है, जहाँ जीवनके उच्च आदर्शोंका स्वीकार और पोषण किया जाता है। आधुनिक महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयोंमें शिक्षा प्राप्त करनेवाली कन्याओंके लिये यह आवश्यक है कि वे सिद्धान्तगत इन संघर्षोंको अपनी भारतीय शैलीसे दूर करें तथा अर्वाचीन सामाजिक ढाँचेमें प्राचीन एवं अर्वाचीन आदर्शोंके समन्वयसे अपने लिये जीवन-सरणियोंका निर्माण करें। गृह, विवाह एवं परिवारके विभिन्न आदर्शोंके सामञ्जस्य एवं समन्वयसे ही ठोस व्यक्तित्वकी सृष्टि हो सकती है और उसीसे हमारे महिला-समाजके भारतीय गार्हस्थ्य-जीवनकी सुख-शान्तिकी रक्षा सम्भव है।

राम फगुआ

(रचयिता—महात्मा श्रीजयगौरीशंकर सीतारामजी महाराज)

छोड़ो फागुनकी गारी, ललन अब ॥ टेक ॥
गारीके बदला हरि गुण गाओ, चहुँदिशि मंगलकारी ॥ ललन अब ॥ १ ॥
गरिया गवले बैकुंठ न मिलिहैं, होइहैं पपवा भारी ॥ ललन अब ॥ २ ॥
अधम गवाँर सब गरिया गावत, नाहक धर्म बिगारी ॥ ललन अब ॥ ३ ॥
गारीकी चाल भाई बहुत बुरी है, मनमें देखो बिचारी ॥ ललन अब ॥ ४ ॥
गरिया गावत लाजो न लागत, सुनत बहिन महतारी ॥ ललन अब ॥ ५ ॥
भक्त प्रहलाद अस गाओ गवाओ, मिलिहैं अवधबिहारी ॥ ललन अब ॥ ६ ॥
कवलवास मत गरिया गाओ, राम भजो सुखकारी ॥ ललन अब ॥ ७ ॥

श्रीहरिः

गीताप्रेस, गोरखपुरकी सरल, सुन्दर, सस्ती, धार्मिक पुस्तकें

१–श्रीमद्भगवद्गीता-तत्त्वविवेचनी–'कल्याण'के 'गीता-तत्त्वाङ्क'में प्रकाशित गीताकी हिंदी-टीकाका संशोधित संस्करण, टीकाकार–श्रीजयदयालजी गोयन्दका, पृष्ठ ६८४, रंगीन चित्र ४, मूल्य ... ४)

२–श्रीमद्भगवद्गीता शांकरभाष्य–[हिंदी-अनुवादसहित] पृष्ठ ५२०, तिरंगे चित्र ३, मूल्य ... २॥)

३–श्रीमद्भगवद्गीता रामानुजभाष्य–[हिंदी-अनुवादसहित] पृष्ठ ६०८, तिरंगे चित्र ३, सजिल्द मूल्य ... २॥)

४–श्रीमद्भगवद्गीता–मूल, पदच्छेद, अन्वय, साधारण भाषाटीका, टिप्पणी, प्रधान और सूक्ष्म विषय एवं 'त्यागसे भगवत्प्राप्ति' नामक लेखसहित, मोटा टाइप, कपड़ेकी जिल्द, पृष्ठ ५७०, रंगीन चित्र ४, मू० १।)

५–श्रीमद्भगवद्गीता–प्रत्येक अध्यायके माहात्म्यसहित (सटीक) मोटे अक्षरोंमें, ढंग लाहोरी, पृ० ४२४, मूल्य ॥।=), सजिल्द १।)

६–श्रीमद्भगवद्गीता–[मझली] पृष्ठ ४६८, रंगीन चित्र ४, मूल्य अजिल्द ॥=), सजिल्द ... १)

७–श्रीमद्भगवद्गीता–श्लोक, साधारण भाषाटीका, टिप्पणी, प्रधान विषय, मोटा टाइप, पृष्ठ ३१६, मूल्य ॥), सजि० ॥।=)

८–श्रीमद्भगवद्गीता–मूल, मोटे अक्षरवाली, सचित्र, पृष्ठ २१६, मूल्य अजिल्द ।–), सजिल्द ... ॥–)

९–श्रीमद्भगवद्गीता–केवल भाषा, अक्षर मोटे हैं, चित्र १, पृष्ठ १९२, मूल्य ... ... ।)

१०–श्रीपञ्चरत्न-गीता–सचित्र, श्रीगीता, विष्णुसहस्रनाम, भीष्मस्तवराज, अनुस्मृति, गजेन्द्र-मोक्ष, पृष्ठ १८४, मू० =)

११–श्रीमद्भगवद्गीता–साधारण भाषाटीका, पाकेट-साइज, सचित्र, पृष्ठ ३५२, मूल्य अजिल्द =)॥, सजिल्द ... ।)॥

१२–श्रीमद्भगवद्गीता–तावीजी, मूल, पृष्ठ २९६, मूल्य ... ... =)

१३–श्रीमद्भगवद्गीता–विष्णुसहस्रनामसहित, पृष्ठ १२८, सचित्र, मूल्य ... ... –)॥

१४–ईशादि नौ उपनिषद्–अन्वय, हिंदी-व्याख्यासहित, पृष्ठ ४४८, सजिल्द, मूल्य ... ... २)

१५–ईशावास्योपनिषद्–सानुवाद, शांकरभाष्यसहित, सचित्र, पृष्ठ ५२, मूल्य ... ... =)

१६–केनोपनिषद्–सानुवाद, शांकरभाष्यसहित, सचित्र, पृष्ठ १४२, मूल्य ... ... ॥)

१७–कठोपनिषद्–सानुवाद, शांकरभाष्यसहित, सचित्र, पृष्ठ १७८, मूल्य ... ... ॥–)

१८–प्रश्नोपनिषद्–सानुवाद, शांकरभाष्यसहित, सचित्र, पृष्ठ १२८, मूल्य ... ... ।=)

१९–मुण्डकोपनिषद्–सानुवाद, शांकरभाष्यसहित, सचित्र, पृष्ठ १२२, मूल्य ... ... ।=)

२०–उपनिषद्-भाष्य खण्ड १–सानुवाद, शांकरभाष्यसहित, सजिल्द, मूल्य ... ... २॥=)

२१–माण्डूक्योपनिषद्–सानुवाद, शांकरभाष्यसहित, सचित्र, पृष्ठ २८४, मूल्य ... ... १)

२२–ऐतरेयोपनिषद्–सानुवाद, शांकरभाष्यसहित, पृष्ठ १०४, मूल्य ... ... ।=)

२३–तैत्तिरीयोपनिषद्–सानुवाद, शांकरभाष्यसहित, सचित्र, पृष्ठ २५२, मूल्य ... ... ॥।–)

२४–उपनिषद्-भाष्य खण्ड २–सानुवाद, शांकरभाष्यसहित, सजिल्द, मूल्य ... ... २॥=)

२५–छान्दोग्योपनिषद्–सानुवाद, शांकरभाष्यसहित, ९ रंगीन चित्र, पृष्ठ ९६८, सजिल्द, मूल्य ... ३॥।)

२६–श्वेताश्वतरोपनिषद्–सानुवाद, शांकरभाष्यसहित, सचित्र, पृष्ठ २६८, मूल्य ... ... ॥।=)

२७–ईशावास्योपनिषद्–अन्वय तथा सरल हिंदी-व्याख्यासहित, पृष्ठ १६, मूल्य ... ... –)

२८–वेदान्तदर्शन–हिंदी-व्याख्यासहित, पृष्ठ ४१६, सचित्र, सजिल्द, मूल्य ... ... २)

२९–पातञ्जलयोगदर्शन–सटीक, व्याख्याकार–श्रीहरिकृष्णदासजी गोयन्दका, पृष्ठ १९२, दो चित्र, मूल्य ॥।), स० १)

३०–लघुसिद्धान्तकौमुदी–सटिप्पण––संस्कृतके विद्यार्थियोंके लिये विशेष उपयोगी, पृष्ठ ३६८, मूल्य ... ॥।)

३१–श्रीमद्भागवतमहापुराण–(दो खण्डोंमें) हिंदी-व्याख्यासहित, पृष्ठ २०३२, चित्र तिरंगे २६, स० मू० ... १५)

३२–श्रीभागवत-सुधासागर–सम्पूर्ण श्रीमद्भागवतका भाषानुवाद, पृष्ठ १०१६, चित्र तिरंगे २६, सजि० मूल्य ... ८॥)

३३–श्रीमद्भागवतमहापुराण–मूल, मोटा टाइप, पृष्ठ ६९२, चित्र १, सजिल्द, मूल्य ... ६)

३४–श्रीमद्भागवतमहापुराण–मूल गुटका, कपड़ेकी जिल्द, पृष्ठ ७६८, सचित्र, मूल्य ... ३)

३५–श्रीप्रेम-सुधा-सागर–श्रीमद्भागवतके केवल दशम स्कन्धका भाषानुवाद, पृष्ठ ३१६, चित्र १५, सजि० मू० ... ३॥)

३६–श्रीभागवतामृत–सटीक, पृष्ठ ३०४, रंगीन चित्र ८, सजिल्द, मूल्य ... ... १॥।)

३७–श्रीविष्णुपुराण–सानुवाद, चित्र ८, पृष्ठ ६२४, सजिल्द, मूल्य ... ... ४)

३८–अध्यात्मरामायण–हिंदी-अनुवादसहित, पृष्ठ ४००, सचित्र, कपड़ेकी जिल्द, मूल्य ... ... ३)

३९–श्रीरामचरितमानस–सटीक,रंगीन चित्र ८, पृष्ठ१२००, सजिल्द, मूल्य ··· ७॥)
४०–श्रीरामचरितमानस–मूल पाठ, रंगीन चित्र ८, पृष्ठ ५१६, मूल्य ··· ··· ४)
४१–श्रीरामचरितमानस–सटीक [मझला साइज] रंगीन चित्र ८, पृष्ठ १००८, स० मूल्य ··· ३॥)
४२–श्रीरामचरितमानस–मूल, पाठभेदसहित, सचित्र, सजिल्द, पृष्ठ ७९६, मूल्य ··· ३॥)
४३–श्रीरामचरितमानस–मूल, मझला साइज, सचित्र, पृष्ठ ६०८, मूल्य ··· ··· २)
४४–श्रीरामचरितमानस–मूल,गुटका, पृष्ठ६८८, रंगीन चित्र १ और ७ लाइन ब्लाक, सजिल्द,मूल्य ॥।)
४५–बालकाण्ड–मूल, पृष्ठ१९२, सचित्र, मूल्य ॥=)
४६– ,, –सटीक, पृष्ठ ३१२, सचित्र, मूल्य ···१=)
४७–अयोध्याकाण्ड–मूल, पृष्ठ १६०, सचित्र, मू० ॥)
४८– ,, –सटीक, पृष्ठ २६४, सचित्र, मूल्य ॥।–)
४९–अरण्यकाण्ड–मूल, पृष्ठ ४०, मूल्य ··· ≡)
५०– ,, –सटीक, पृष्ठ ६४, मूल्य ··· ।)
५१–किष्किन्धाकाण्ड–मूल, पृष्ठ २४, मूल्य ··· =)
५२– ,, –सटीक, पृष्ठ ३६, मूल्य ··· =)
५३–सुन्दरकाण्ड–मूल, पृष्ठ ३८, मूल्य ··· ≡)
५४– ,, –सटीक, पृष्ठ ६०, मूल्य ··· ।)
५५–लंकाकाण्ड–मूल, पृष्ठ ८२, मूल्य ··· ।)
५६– ,, –सटीक, पृष्ठ १३२, मूल्य ··· ॥)
५७–उत्तरकाण्ड–मूल, पृष्ठ ८८, मूल्य ··· ।)
५८– ,, –सटीक, पृष्ठ १४४, मूल्य ··· ॥)
५९–मानस-रहस्य–सचित्र,पृष्ठ ५१२,मू०१।),स० १॥=)
६०–मानस-शंका-समाधान–पृष्ठ१८४,सचित्र,मू० ॥)
६१–विनय-पत्रिका–सटीक, पृष्ठ ४७२, सचित्र, मूल्य १), सजिल्द ··· ··· ··· १।=)
६२–गीतावली–सटीक, पृष्ठ ४४४,मू० १), स० १।=)
६३–कवितावली–सटीक, सचित्र, पृष्ठ २२४, मू० ॥–)
६४–दोहावली–सानुवाद, सचित्र, पृष्ठ १९६, मूल्य ॥)
६५–ईश्वरकी सत्ता और महत्ता–पृष्ठ ४८०, मूल्य १।), सजिल्द ··· ··· १॥=)
६६–शरणागति-रहस्य–पृष्ठ ३६०, सचित्र, मूल्य ॥।=)
६७–प्रेम-योग–पृष्ठ ३४४, सचित्र, मूल्य ··· १॥)
६८–श्रीतुकाराम-चरित्र–सचित्र, पृष्ठ ५९२, मूल्य १।=), सजिल्द ··· ··· १॥।)
६९–विष्णुसहस्रनाम शांकरभाष्य–पृष्ठ २८०, सचित्र, मूल्य ··· ··· ॥।=)
७०–दुर्गासप्तशती–सानुवाद, सचित्र, पृष्ठ २४०, मूल्य ॥।), सजिल्द ··· ··· १)
७१–दुर्गासप्तशती–मूल,सचित्र,पृष्ठ१५२,मू०॥),स०॥।)
७२–स्वर्ण-पथ–सुन्दर टाइटल, पृष्ठ २१६, मूल्य ॥।)
७३–सत्सङ्गके बिखरे मोती–पृष्ठ २४४, मूल्य ॥।)
७४–तत्त्व-चिन्तामणि–ले०–श्रीजयदयाल गोयन्दका
(भाग १) सचित्र, पृष्ठ ३५२, मूल्य॥=), सजि० १)
७५–(भाग २) सचित्र, पृष्ठ ५९२, मूल्य॥।=), सजि० १।)
७६–(भाग ३) सचित्र, पृष्ठ ४२४, मू० ॥≡), सजि० १–)
७७–(भाग ४) सचित्र, पृष्ठ ५२८, मू०॥।–), सजि० १≡)
७८–(भाग ५) सचित्र, पृष्ठ ४९६, मू० ॥।–) सजि०१≡)
७९–(भाग ६) सचित्र, पृष्ठ ४५६,मू० १), सजिल्द १।=)
८०–(भाग ७) सचित्र, पृष्ठ ५३०, मू० १=) सजि० १॥)
८१–छोटे आकारका गुटका संस्करण–
(भाग १) सचित्र, पृष्ठ ४४८, मूल्य।–), स० ॥)
८२–(भाग २) सचित्र, पृष्ठ ७१२, मू० ।=), स० ॥–)
८३–(भाग ३) सचित्र, पृष्ठ ५६०, मू० ।–), स० ॥)
८४–(भाग ४) सचित्र, पृष्ठ ६८४, मू० ।=), स० ॥=)
८५–(भाग ५) सचित्र, पृष्ठ ६२१, मू० ।=), स० ॥–)
८६–श्रीश्रीचैतन्य-चरितावली–
(खण्ड १) पृष्ठ २८८, मूल्य ॥।=), सजि० १।)
८७–(खण्ड २) पृष्ठ ३६८, मूल्य १=), सजि० १॥)
८८–(खण्ड ३) पृष्ठ ३८४, मूल्य १), सजि० १।=)
८९–(खण्ड ४) पृष्ठ २२४, मूल्य ॥=), सजि० १)
९०–(खण्ड ५) पृष्ठ २८०, मूल्य ॥।), सजि० १=)
९१–(संत-वाणी) ढाई हजार अनमोल बोल–पृष्ठ ३२४, सचित्र, मू० ॥=), सजिल्द ·· ॥।=)
९२–सूक्ति-सुधाकर–सुन्दर श्लोक-संग्रह, सानुवाद, पृष्ठ २६६, मूल्य ॥=), सजिल्द ··· १)
९३–विदुरनीति–सटीक, पृष्ठ १६८, मूल्य ··· ॥–)
९४–स्तोत्ररत्नावली–सानुवाद, सचित्र, पृष्ठ ३२०, मूल्य ॥), सजिल्द ··· ···॥।=)
९५–सत्सङ्ग-सुधा–पृष्ठ २२४, मूल्य ··· ॥)
९६–सती द्रौपदी–चित्र रंगीन ४, पृष्ठ १६४, मू० ॥)
९७–सुखी जीवन–लेखिका–श्रीमैत्रीदेवी, पृष्ठ २०८, ॥)
९८–भगवच्चर्चा–लेखक–श्रीहनुमानप्रसाद पोद्दार,
(भाग १) (तुलसीदल) सचित्र, पृष्ठ २८८, मूल्य ॥), सजिल्द ··· ॥।=)
९९–(भाग २) (नैवेद्य) सचित्र, पृष्ठ २६४, मूल्य ॥), सजिल्द ··· ॥।=)
१००–(भाग ३) सचित्र, पृष्ठ ४०८, मू० ॥।) सजि० १=)
१०१–(भाग ४) सचित्र, पृष्ठ४३६, मू० ॥।–), स० १≡)
१०२–(भाग ५) सचित्र, पृष्ठ ४००, मू० ॥।), सजि० १=)
१०३–(भाग ६) सचित्र, पृष्ठ ४००, मू० ॥।), स० १=)

१०४–नित्यकर्मप्रयोग–पृष्ठ १३६, मूल्य ··· ।≋)
१०५–जीवनका कर्तव्य–पृष्ठ २००, मूल्य ··· ।≋)
१०६–भक्त-भारती–[कविताकी पुस्तक] पृष्ठ-संख्या १२०, ४ तिरंगे, ३ सादे चित्र, मूल्य ··· ।≋)
१०७–रामायणके कुछ आदर्श पात्र–पृष्ठ १६८, मू० ।=)
१०८–उपनिषदोंके चौदह रत्न–पृष्ठ८८,सचित्र, मूल्य ।=)
१०९–लोक-परलोकका सुधार [कामके पत्र] (प्रथम भाग)—पृष्ठ-संख्या २२०, मूल्य ··· ।=)
११०–(द्वितीय भाग)—पृष्ठ-संख्या २४४, मूल्य ··· ।=)
१११–(तृतीय भाग)—पृष्ठ-संख्या २९२, मूल्य ·· ॥)
११२–(चतुर्थ भाग) – पृष्ठ-संख्या २८८, मूल्य · ॥)
११३–(पञ्चम भाग) – पृष्ठ-संख्या २८०, मूल्य ·· ॥)
११४–पढ़ो, समझो और करो–पृष्ठ १४८, मूल्य ·· ।=)
११५–बड़ोंके जीवनसे शिक्षा–पृष्ठ ११२, मूल्य ।=)
११६–रामायण-प्रथमा-परीक्षा-पाठ्य-पुस्तक–पृष्ठ १५६, मूल्य ··· ··· ।=)
११७–भक्त नरसिंह मेहता–सचित्र, पृष्ठ १६०, मू० ।=)
११८–नारी-शिक्षा–पृष्ठ १६८, मूल्य ··· ।=)
११९–स्त्रियोंके लिये कर्तव्य-शिक्षा–चित्र रंगीन २, सादा ८,पृष्ठ १७६, मूल्य ··· ।=)
१२०–पिताकी सीख– पृष्ठ १५२, मूल्य ··· ।=)
१२१–तत्त्व-विचार–पृष्ठ २०८, सचित्र, मूल्य ··· ।=)
१२२–चोखी कहानियाँ–३२ कहानियाँ,पृष्ठ ५२,मूल्य ।-)
१२३–उपयोगी कहानियाँ–३५ कहानियाँ पृ० १०४ मू० ।-)
१२४–प्रेम दर्शन–सचित्र, पृष्ठ १९२, मूल्य ··· ।-)
१२५–विवेक-चूडामणि–सानुवाद, सचित्र, पृष्ठ १८४, ।-)
१२६–भवरोगकी रामबाण दवा–पृष्ठ १७२, मूल्य ।-)
१२७–भक्त बालक–५ कथाएँ, पृष्ठ ७२, सचित्र, मू० ।-)
१२८–भक्त नारी–पृष्ठ ६८, १ रंगीन,५ सादे चित्र, मू० ।-)
१२९–भक्त-पञ्चरत्न–पाँच कथाएँ,पृष्ठ८८,२ चित्र,मू० ।-)
१३०–आदर्श भक्त ७ कथाएँ, पृष्ठ ९८, १ रंगीन, ११ लाइन-चित्र, मूल्य ··· ··· ।-)
१३१–भक्त-सप्तरत्न–पृष्ठ ८८, सचित्र, मूल्य ··· ।-)
१३२–भक्त-चन्द्रिका–६ कथाएँ, पृष्ठ ८८,सचित्र, मू० ।-)
१३३–भक्त-कुसुम–६ कथाएँ, पृष्ठ ८४, सचित्र, मू० ।-)
१३४–प्रेमी भक्त–५ कथाएँ, पृष्ठ ८८, सचित्र, मूल्य ।-)
१३५–प्राचीन भक्त–१५ कथाएँ,पृष्ठ१५२,चित्र४,मू० ॥)
१३६–भक्त-सरोज–१०कथाएँ,पृष्ठ१०४,सचित्र, मू० ।=)
१३७–भक्त-सुमन–१० कथाएँ, पृष्ठ ११०, चित्र बहुरंगे २, सादे २, मूल्य ··· ··· ।=)
१३८–भक्त-सौरभ–५ कथाएँ, पृष्ठ ११०, सचित्र,मू० ।-)
१३९–भक्त सुधाकर–१२ कथाएँ, पृष्ठ १००, चित्र १२, मूल्य ··· ··· ॥)
१४०–भक्त-महिलारत्न–९कथाएँ,पृष्ठ१००,चित्र७,मू०।≋)
१४१–भक्त-दिवाकर–८कथाएँ, पृष्ठ१००,चित्र८,मू० ।≋)
१४२–भक्त-रत्नाकर–१४कथाएँ,पृष्ठ१००,चित्र८,मू० ।≋)
१४३–भक्तराज हनुमान्–पृष्ठ ७२, चित्र रंगीन १, ४ सादे, मूल्य ··· ··· ।-)
१४४–सत्यप्रेमी हरिश्चन्द्र–पृष्ठ ५२, चित्र रंगीन ४, मूल्य ··· ··· ।-)
१४५–प्रेमी भक्त उद्धव–पृष्ठ ६४, सचित्र, मूल्य ··· ≋)
१४६–महात्मा विदुर–पृष्ठ ५६, सचित्र, मूल्य ··· =)॥
१४७–भक्तराज ध्रुव–पृष्ठ ४८, २ चित्र, मूल्य ··· ≋)
१४८–शिक्षाप्रद ग्यारह कहानियाँ–पृष्ठ १२८, मूल्य ।)
१४९–सती सुकला–पृष्ठ ६८, सचित्र, मूल्य ··· ।)
१५०–परमार्थ-पत्रावली–(भाग१) पृष्ठ११२,सचित्र,मू० ।)
१५१– ,, –(भाग २) पृष्ठ१७२,सचित्र,मू० ।)
१५२– ,, –(भाग ३) पृष्ठ २००,सचित्र,मू० ॥)
१५३– ,, –(भाग ४) पृष्ठ २१४,सचित्र, मू० ॥)
१५४–कल्याण-कुञ्ज–(भाग १) पृष्ठ १३६, सचित्र, मू० ।)
१५५– ,, –(भाग २) पृष्ठ १६०, सचित्र, मू० ।-)
१५६– ,, –(भाग ३) पृष्ठ १८४, सचित्र, मू० ।=)
१५७–महाभारतके कुछ आदर्श पात्र–पृष्ठ १२८, मू० ।)
१५८–भगवान्पर विश्वास–पृष्ठ-संख्या ६४, मूल्य ।)
१५९–बाल-चित्रमय-रामायण–(भाग१)४९चित्र,मू० ।)
१६०– ,, ,, (भाग२)पृष्ठ१६,मू० ।)
१६१–बाल-चित्रमय-चैतन्यलीला–पृष्ठ ३६, मूल्य ।-)
१६२–बाल-चित्रमय-बुद्धलीला–पृष्ठ ३६, मूल्य ।-)
१६३–भगवान राम भाग १–पृष्ठ ५२, चित्र ८, मूल्य ।)
१६४– ,, ,, भाग २–पृष्ठ ५२, चित्र ८, मूल्य ।)
१६५–भगवान श्रीकृष्ण भाग १–पृष्ठ ६८, मूल्य ।-)
१६६– ,, ,, भाग २–पृष्ठ ६४, मूल्य ।-)
१६७–आरती-संग्रह–पृष्ठ ८०, मूल्य ··· ।)
१६८–सत्सङ्ग माला–पृष्ठ १००, मूल्य ··· ।)
१६९–बालकोंकी बातें—पृष्ठ १५२, मूल्य ··· ।)
१७०–वीर बालक–पृष्ठ ८८, मूल्य ··· ··· ।)
१७१–गुरु और माता-पिताके भक्त बालक–पृष्ठ ८०, मूल्य ··· ··· ··· ।)
१७२–वीर बालिकाएँ–पृष्ठ ६८, मूल्य ··· ≋)

१७३–दयालु और परोपकारी बालक-बालिकाएँ पृष्ठ ६८, मूल्य ... ... ≋)
१७४–हिंदी बाल-पोथी–शिशु-पाठ (भाग १) पृष्ठ ४०, मूल्य ... ≋)
१७५– ,, –शिशुपाठ (भाग २) पृष्ठ४०,मू० ≋)
१७६– ,, –पहली पोथी (कक्षा १ के लिये)मू० ।–)
१७७– ,, –दूसरी पोथी (कक्षा २के लिये) मू० ।≈)
१७८–प्रार्थना–पृष्ठ ५६, मूल्य ... ≋)
१७९–दैनिक कल्याण-सूत्र–पृष्ठ ९२, मूल्य ... ≋)
१८०–आदर्श नारी सुशीला–पृष्ठ ५६, मूल्य ... ≋)
१८१–आदर्श भ्रातृ-प्रेम–पृष्ठ १०४, मूल्य ... ≋)
१८२–मानव-धर्म–पृष्ठ ९६, मूल्य ... ≋)
१८३–गीता-निबन्धावली–पृष्ठ ८०, मूल्य ... =)॥
१८४–साधन-पथ–पृष्ठ ६८, सचित्र, मूल्य ... =)॥
१८५–अपरोक्षानुभूति–पृष्ठ ४०, सचित्र, मूल्य ... =)॥
१८६–मनन-माला–पृष्ठ ५६, मूल्य ... =)॥
१८७–नवधा भक्ति–पृष्ठ ६४, सचित्र, मूल्य ... =)
१८८–बाल-शिक्षा–पृष्ठ ६४, सचित्र, मूल्य ... =)
१८९–श्रीभरतजीमें नवधा भक्ति–पृष्ठ४८,सचित्र,मू० =)
१९०–गीताभवन-दोहा-संग्रह–पृष्ठ ४८, मूल्य ... =)
१९१–वैराग्य-संदीपनी–सटीक–पृष्ठ २४,सचित्र, मूल्य =)
१९२–भजन-संग्रह–भाग १, पृष्ठ १९२, मूल्य .. =)
१९३– ,, –भाग २, पृष्ठ १६८, मूल्य ... =)
१९४– ,, –भाग ३, पृष्ठ २२८, मूल्य ... =)
१९५– ,, –भाग ४, पृष्ठ १६०, मूल्य ... =)
१९६– ,, –भाग ५, पृष्ठ १४४, मूल्य ... =)
१९७–बालप्रश्नोत्तरी–पृष्ठ २८, मूल्य ... –)॥
१९८–स्वास्थ्य-सम्मान और सुख–मूल्य ... –)॥
१९९–स्त्रीधर्मप्रश्नोत्तरी–पृष्ठ ५६, मूल्य ... –)॥
२००–नारीधर्म–पृष्ठ ४८, मूल्य ... –)॥
२०१–गोपीप्रेम–पृष्ठ ५२, मूल्य ... –)॥
२०२–मनुस्मृति–द्वितीय अध्याय, सटीक, मूल्य ... –)॥
२०३–ध्यानावस्थामें प्रभुसे वार्तालाप–पृष्ठ ३६,मू० –)॥
२०४–श्रीविष्णुसहस्रनाम सटीक–मूल्य ... –)॥
२०५–हनुमानबाहुक–पृष्ठ ४०, मूल्य ... –)॥
२०६–शाण्डिल्य-भक्ति-सूत्र–सटीक, पृष्ठ ६४, मूल्य –)॥
२०७–श्रीसीताके चरित्रसे आदर्श-शिक्षा–पृष्ठ ४०, –)।
२०८–मनको वश करनेके कुछ उपाय–पृष्ठ २४, –)।
२०९–ईश्वर–पृष्ठ ३२, मूल्य ... –)।
२१०–मूलरामायण–पृष्ठ २४, मूल्य ... –)।
२११–रामायण-मध्यमा-परीक्षा-पाठ्य-पुस्तक–मू० –)।
२१२–विनय-पत्रिकाके बीस पद–पृष्ठ २४, मू० ... –)
२१३–सिनेमा—मनोरञ्जन या विनाशका साधन– –)
२१४–दीन-दुखियोंके प्रति कर्तव्य–मूल्य ... –)
२१५–बाल-अमृत-वचन–मूल्य ... –)
२१६–हरेरामभजन १४ माला–मूल्य ...।–)
२१७–हरेरामभजन ६४ माला–मूल्य ... १)
२१८–शारीरकमीमांसादर्शन–मूल्य ...)॥।
२१९–बलिवैश्वदेवविधि–मूल्य ...)॥
२२०–संध्या विधिसहित–पृष्ठ १६, मूल्य ...)॥
२२१–गोवध भारतका कलङ्क–मूल्य ...)॥
२२२–गायका माहात्म्य–पृष्ठ २०, मूल्य ...)॥
२२३–कुछ विदेशी वीर बालक-बालिकाएँ– पृष्ठ १६, मूल्य ... ...)॥
२२४–बलपूर्वक देवमन्दिर-प्रवेश–पृष्ठ १६, मूल्य)॥
२२५–नारदभक्ति-सूत्र–पृष्ठ २४, मूल्य ...)।

Our English Publications

226. Bhagavadgītā [with Sanskrit text and an English translation] 0-4-0
Bound 0-6-0

(*By Jayadayal Goyandka*)

227. Gems of Truth (First Series) 0-12-0
228. Gems of Truth (Second Series) 0-12-0
229. What is God ? 0-2-0
230. What is Dharma ? 0-0-9

(*By Hanumanprasad Poddar*)

231. The Philosophy of Love 1-0-0
232. Gopis' Love for Sri Krishna 0-4-0
233. Way to God-Realization 0-4-0
234. The Divine Name and Its Practice 0-3-0
235. Wavelets of Bliss 0-2-0
236. The Divine Message 0-0-9

(*By Madan Mohan Malviya*)

237. The Immanence of God 0-2-0

प्रचारके लिये विशेष सस्ती छोटी पुस्तकें

छोटी-छोटी ५२ पुस्तकोंके बंद लिफाफोंमें ४ पैकेट बनाये गये हैं—

पैकेट नं० १, पुस्तक-संख्या १३, मूल्य ॥।)
पैकेट नं० २, पुस्तक-संख्या १५, मूल्य ।)
पैकेट नं० ३, पुस्तक-संख्या १६, मूल्य ॥)
पैकेट नं० ४, पुस्तक-संख्या १८, मूल्य ।)

पैकेटोंका विवरण जाननेके लिये सूचीपत्र मुफ्त मँगवाइये।

गीताप्रेस, गोरखपुरकी चित्रावलियाँ

प्रत्येक चित्रावलीमें १५×२० साइजके बढ़िया आर्ट पेपरपर छपे हुए २ सुनहरे तथा ८ बहुरंगे सुन्दर चुने हुए चित्र हैं। टाइटल मोटे कागजपर छापकर लगाया गया है।

साइज १५×२० नं० १, दाम २॥।)
साइज १५×२० नं० २, दाम २॥।)
साइज १५×२० नं० ३, दाम २॥।)

प्रत्येक चित्रावलीमें १०×७॥ साइजके बढ़िया आर्ट पेपरपर छपे हुए २ सुनहरे तथा १८ बहुरंगे सुन्दर चुने हुए चित्र हैं। टाइटल मोटे कागजपर छापकर लगाया गया है।

साइज १०×७॥ नं० १, दाम १।-)
साइज १०×७॥ नं० २, दाम १।-)
साइज १०×७॥ नं० ३, दाम १।-)

श्रीकृष्ण-रेखा-चित्रावलि (भाग १)

इसमें श्रीश्यामसुन्दरकी बाललीलाके ६० लाइन चित्र दोरंगे छापे गये हैं। प्रत्येक पृष्ठमें चित्रके अनुरूप सुन्दर चुने हुए पद-पदांश भी दिये गये हैं। साइज १५×७॥, पृष्ठ ६४, मूल्य ।=)।

अधिक चित्रावलियाँ एक साथ मँगवानेपर रेलवे स्टेशनका नाम अवश्य लिखें। चित्रावलियोंका विवरण जाननेके लिये चित्रावलि-सूची मुफ्त मँगवाइये।

बहुत दिनोंसे अप्राप्त पुस्तकका नया संस्करण

छान्दोग्योपनिषद् (उपनिषद्भाष्य खण्ड ३)

मन्त्रार्थ, शाङ्करभाष्य और हिंदी-अनुवादसहित

छान्दोग्योपनिषद् सामवेदीय तलवकार ब्राह्मणके अन्तर्गत है। यह उपनिषद् बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। इसकी वर्णनशैली अत्यन्त क्रमबद्ध और युक्तियुक्त है। इसमें तत्त्वज्ञान और तदुपयोगी कर्म और उपासनाओंका बड़ा विशद वर्णन है, जिनके १५४ खण्ड और २५८ प्रकरण हैं। जगह-जगह आख्यायिकाएँ भी दी गयी हैं। ग्रन्थके अन्तमें अकारादिक्रमसे मन्त्रोंकी पूरी सूची २० पेजमें लगायी गयी है।

आकार डिमाई आठपेजी, पृष्ठ-संख्या ९६८, सुन्दर बहुरंगे ९ चित्र, कपड़ेकी जिल्द, मूल्य केवल ३॥।) डाकखर्च अलग।

गीताप्रेस, गोरखपुरकी पुस्तक-दूकान अहमदाबादमें भी खुल गयी है

पता—गाँधीमार्ग, चतुर्भुजभवन, अहमदाबाद

यहाँपर भी दिल्ली और पटनाकी तरह पर्याप्त स्टाक रखनेकी व्यवस्था की गयी है। गुजरात और काठियावाड़के पुस्तक-विक्रेताओंको यहाँसे ही मालगाड़ी अथवा रेलपारसलसे पुस्तकें मँगवानी चाहिये। इससे उन्हें माल शीघ्र मिल सकता है।

अधिक प्रचार करनेकी दृष्टिसे यहाँ फुटकर पुस्तकें बेचनेकी व्यवस्था भी की गयी है; परंतु डाकसे मँगवानेवालोंको तो गोरखपुरसे ही मँगवाना चाहिये। व्यवस्थापक—गीताप्रेस, पो० गीताप्रेस (गोरखपुर)

कल्याण तथा कल्पतरुके पुराने विशेषाङ्कोंमें विशेष रियायत

कल्याण तथा कल्पतरुके पुराने विशेषाङ्कोंमें (चालू वर्षको छोड़कर) सब मिलाकर कम-से-कम १००) का माल एक साथ लेनेपर १५) प्रतिशत कमीशन तथा फ्री डिलेवरी दी जायगी।

कल्याणके प्राप्य विशेषाङ्क

१३ वें **वर्षका मानसाङ्क (पूरे चित्रोंसहित)**—पृष्ठ ९४४, चित्र बहुरंगे सुनहरी ८, दुरंगे सुनहरी ४, तिरंगे ४६, इकरंगे १२०, मूल्य ६॥), सजिल्द ७॥) ।

१७ वें **वर्षका संक्षिप्त महाभारताङ्क**—पूरी फाइल दो जिल्दोंमें (सजिल्द) पृष्ठ-संख्या १९१८, तिरंगे चित्र १२, इकरंगे लाइन चित्र ९७५ (फरमोंमें), मूल्य दोनों जिल्दोंका १०) ।

२२ वें **वर्षका नारी-अङ्क**—पृष्ठ ८००, चित्र २ सुनहरी, ९ रंगीन, ४४ इकरंगे तथा १९८ लाइन, मूल्य ६=), सजिल्द ७।=) ।

२४ वें **वर्षका हिंदू-संस्कृति-अङ्क**—पृष्ठ ९०४, चित्र २४८, मूल्य ६॥), साथमें अङ्क २-३ बिना मूल्य ।

२६ वें **वर्षका भक्त-चरिताङ्क**—पूरी फाइल, पृष्ठ १५१२, लेख-संख्या ७३०, तिरंगे चित्र ३६ तथा इकरंगे चित्र २०१, मूल्य ७॥) ।

२७ वें **वर्षका बालक-अङ्क**—पृष्ठ-संख्या ८१६, तिरंगे तथा सादे बहुसंख्यक चित्र, मूल्य ७॥) ।

२८ वें **वर्षका नारदविष्णुपुराणाङ्क**—(केवल विशेषाङ्क) पृष्ठ ८००, तिरंगे तथा सादे बहु-संख्यक चित्र, मूल्य ७॥) ।

व्यवस्थापक—**'कल्याण', पो० गीताप्रेस (गोरखपुर)**

THE KALYANA-KALPATARU

(SPECIAL NUMBERS FOR SALE)

Vol. XII Special Issue, The Gita-Tattva Number—I ... Rs. 2-8-0
(It contains 6 chapters from 1 to 6)

Vol. XIII Special Issue, The Gita-Tattva Number—II ... Rs. 2-8-0
(It contains 6 chapters from 7 to 12)

Vol. XIV Special Issue, The Gita-Tattva Number—III ... Rs. 2-8-0
(It contains 6 chapters from 13 to 18)

Vol. XV Special Issue, The Mānasa Number—I ... Rs. 2-8-0
(It contains the Bālakāṇḍa)

Vol. XVI Special Issue, The Mānasa Number—II ... Rs. 2-8-0
(It contains the Ayodhyā, Araṇya and Kiṣkindhā Kāṇḍas)

Vol. XVII Special Issue, The Mānasa Number—III ... Rs. 2-8-0
(It contains the Sundara, Lankā and Uttara Kāṇḍas)

The Manager—Kalyana-Kalpataru, P. O. Gita Press (Gorakhpur)

Note:—The Gītā-Tattva Numbers contain an exhaustive commentary on the *Gītā*. The Mānasa Numbers contain an English translation of *Śrī Rāmacharitamānasa* by Goswami Tulasidas.

कल्याण

Osmania University Library,



वर्ष २९] [संख्या ४

हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे। हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे॥
जयति शिवा-शिव जानकि-राम। जय रघुनन्दन जय सियाराम॥
रघुपति राघव राजाराम। पतितपावन सीताराम॥
जय जय दुर्गा जय मा तारा। जय गणेश जय शुभ-आगारा॥

विषय-सूची

कल्याण, सौर वैशाख २०१२, अप्रैल १९५५

विषय	पृष्ठ-संख्या
१—कृष्ण-वियोगी नन्द-यशोदा [कविता]	९२९
२—कल्याण ('शिव')	९३०
३—एक महात्माका प्रसाद	९३१
४—नाम-कीर्तनका प्रभाव ('श्रीसुदर्शन')	९३६
५—महापुरुषोंके गुण-प्रभावकी बातें (श्रीजयदयालजी गोयन्दका)	९३७
६—धर्मको नहीं छोड़ सकता (श्रीयतीन्द्रकुमार भटनागर)	९४३
७—श्रीकृष्णलीलाका चिन्तन	९४५
८—जीवनकी समस्या (स्वामीजी श्रीचिदानन्दजी महाराज)	९४९
९—पौरुष नृपु (आचार्य श्रीअक्षयकुमार बन्द्योपाध्याय एम्० ए०)	९५४
१०—व्रजमें कृष्ण [गीत काव्य] (श्रीउर्मिला)	९५७
११—केहू भाँति कृपासिंधु मेरी ओर हेरिये (प० श्रीजानकीनाथजी शर्मा)	९५८
१२—धन और सुख (प्रो० श्रीरामचरणजी महेन्द्र एम्० ए०)	९६२
१३—ईश्वर ध्येय और ज्ञेय (श्रीचारुचन्द्र चटर्जी एम्० ए०)	९६५
१४—जब अपवित्र विचार घेरते हैं! (श्रीकृष्णदत्तजी भट्ट)	९७०
१५—सत्कर्म (श्रीरघुनाथप्रसादजी पाठक)	९७५
१६—भक्ति क्या है? (संत श्रीविनोबाजी भावे)	९७७
१७—चनेका दाना (श्रीहरिकृष्णदासजी गुप्त 'हरि')	९७८
१८—सत्संगका रहस्य (साधुवेषमें एक पथिक)	९७९
१९—भक्त-गाथा	९८०
२०—समाज किस ओर जा रहा है (हनुमानप्रसाद पोद्दारके एक भाषणका अंश)	९८५
२१—जर्मन विद्वानका हिंदी और भारतीय संस्कृतिसे प्रेम	९८९
२२—कामके पत्र	९९०

चित्र-सूची

तिरंगा	
१—कृष्ण-वियोगी नन्द-यशोदा	९२९

वार्षिक मूल्य भारतमें ७॥) विदेशमें १०) (१५शिलिंग)

जय पावक रवि चन्द्र जयति जय। सत चित आनँद भूमा जय जय॥
जय जय विश्वरूप हरि जय। जय हर अखिलात्मन् जय जय॥
जय विराट जय जगत्पते। गौरीपति जय रमापते॥

साधारण प्रति भारतमें ।≡) विदेशमें ॥–) (१० पेंस)

सम्पादक—हनुमानप्रसाद पोद्दार, चिम्मनलाल गोस्वामी, एम्० ए०, शास्त्री
मुद्रक-प्रकाशक—घनश्यामदास जालान, गीताप्रेस, गोरखपुर

कृष्ण-वियोगी नन्द-यशोदा



कन्हैयाकी यादमें बाबा-मैया

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते । पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥



स्मृतापि तरुणातपं करुणया हरन्ती नृणाममङ्कुरतनुत्विषां वलयिता शतैर्विद्युताम् ।
कलिन्दगिरिनन्दिनीतटसुरद्रुमालम्बिनी मदीयमतिचुम्बिनी भवतु कापि कादम्बिनी ॥

(पण्डितराज जगन्नाथ)

वर्ष २९ | गोरखपुर, सौर वैशाख २०१२, अप्रैल १९५५ | संख्या ४ पूर्ण संख्या ३४१

कृष्ण-वियोगी नन्द-यशोदा

जब तें हरि मधुपुरी सिधाये ।
तब तें रहत अनमने दोऊ तन-मनकी सब सुधि बिसराये ॥
सूखी हृदय-अमी-रस-धारा सूखे सकल अंग पथराये ।
सूखे दृग थिर पलकहीन ह्वै चढ़े रहत मधुवन चित लाये ॥
भूषन-बसन-असन सब भूले, बाढ़ी जटा, केस अरुझाये ।
व्यापी बिपुल बेदना अंतर सहमे रोम-रोम अकुलाये ॥
कर दै चिबुक बिसूरति जसुमति सुरति करत नँद बदन फिराये ।
देखि न सकत परस्पर दोऊ उरकी उर अति बिथा छिपाये ॥
सूनी दृष्टि सृष्टि सब सूनी सूनो ब्रज ब्रजनिधि बिछुराये ।
अति हि अकिंचन भये रहत सब, स्याम-राम बिनु कछु न सुहाये ॥

कल्याण

याद रक्खो —जबतक तुमको विषय-भोगोंमें सुखकी प्रतीति है और जबतक तुम्हारे मनमें विषयभोगोंकी कामना है, तबतक तुम यदि कभी भगवान्‌का भजन-स्मरण करोगे, तो वह भगवान्‌के लिये न होकर विषय-भोगोंके लिये ही होगा। भगवान्‌को तो तुम्हारा मन भोगोंकी प्राप्तिमें साधन मानेगा। और यदि मनोऽनुकूल भोगोंकी प्राप्ति नहीं होगी तो तुम भगवान्‌का भजन-स्मरण छोड़कर किसी दूसरे साधनकी शरणमें चले जाओगे।

याद रक्खो—जो भगवान्‌के भक्त हैं, भगवान्‌में समस्त सुखोंको देखते हैं, वे शास्त्रानुकूल विषयोंका सेवन भी करते हैं तो वह भगवान्‌के लिये ही करते हैं। जो विषयभोग भगवान्‌के अनुकूल नहीं होते या भगवान्‌के भजन-स्मरणमें जरा भी बाधक प्रतीत होते हैं उनको वे वैसे ही तुरंत छोड़ देते हैं, जैसे मनुष्य विष-मिले भोजनको छोड़ देता है, फिर चाहे वे विषयभोग कितने ही सुन्दर, सरस, मधुर और प्रिय क्यों न हों।

याद रक्खो—विषयी भगवान्‌का सेवन विषयके लिये करता है, उसके मन विषयभोग प्रधान हैं और भगवान् गौण। और भक्त विषयका सेवन भी भगवत्-प्रीतिके लिये ही करता है, उसके मन भगवान् ही सब कुछ हैं, विषय तो तभी प्रयोजनीय हैं जब उनके द्वारा भगवान्‌की सेवा होती हो।

याद रक्खो—तुम्हें मनुष्य-शरीर विषयोंके स्मरण, विषयोंके संग्रह और विषयोंके सेवनके लिये नहीं मिला है। विषयसेवनके लिये तो मनुष्यके सिवा अन्य सब शरीर है ही। यह शरीर तो केवल भगवान्‌के चिन्तन, भगवद्भावोंके संग्रह और भगवान्‌की सेवाके लिये ही मिला है। मानवकी मानवता जीवनके भगवान्‌की ओर लग जानेमें ही है। नहीं तो, जो केवल विषयसेवनमें लगा रहता है, वह मानव-शरीरधारी पशु ही है।

याद रक्खो—जब भगवान्‌का भजन ही जीवनका मुख्य तथा अनन्य कर्तव्य है, तब उसे खूब मन लगाकर ही करो; क्योंकि उसके बिना तुम्हारा सब कुछ करना-पाना सर्वथा व्यर्थ है। जगत्‌के कर्म तो दिखावेके लिये नाट्यवत् ही करो, न तो उनमें जरा भी आसक्त होओ तथा न जगत्‌के किसी भी प्राणी-पदार्थमें तनिक भी ममता करो। पर भगवान्‌का भजन तो भजनमें अत्यन्त आसक्त होकर करो और अपनी सारी ममता सब जगहसे बटोरकर एकमात्र भगवान्‌में ही लगा दो। यह दृढ निश्चय कर लो कि एकमात्र भगवान् ही तुम्हारे हैं। जगत्‌के प्राणी-पदार्थोंके साथ तुम्हारा जो प्रेमका सम्बन्ध है, वह केवल भगवान्‌के सम्बन्धसे ही है।

याद रक्खो—भगवान्‌का सम्बन्ध ही सच्चा और सदा रहनेवाला सम्बन्ध है। तुम भगवान्‌में से आये हो, भगवान्‌में हो, भगवान्‌में ही रहोगे। तुम उनके सनातन अंश हो। उनसे तुम्हारा सम्बन्ध न कभी टूटा, न टूट सकता है। तुम मोहवश अपने इस नित्य सत्य भगवत्-सम्बन्धको भूल गये हो। इसीसे भगवान्‌को छोड़कर अनित्य और दुःखदायक विषय-भोगोंकी ओर दौड़ रहे हो और उनके संग्रह तथा उपभोगमें ही जीवनकी कृतार्थता मानते हो। इसीसे बार-बार तुम्हारा सच्चे सुखसे सदा विछोह रहता है और एक दुःखसे दूसरे दुःखमें जाते रहते हो। एक शरीरसे दूसरे शरीरमें जाते हो। अनवरत जन्म-मृत्युके चक्रमें पड़े भटकते रहते हो। अपने स्वरूपको याद करो। भगवान्‌के साथ अपने नित्य-सत्य सम्बन्धकी स्मृति करो। विषयोंका स्मरण छोड़कर भगवान्‌का अनन्य और अखण्ड स्मरण करो। तुम्हें भगवान् मिलेंगे, तुम सच्चे और अखण्ड परम सुखको प्राप्तकर सुखस्वरूप बन जाओगे और तुम्हारा मानव-जीवन सच्चा मानव-जीवन बनकर सफल हो जायगा। तुम्हारे जन्मसे, जीवनसे धरती धन्य होगी, विश्व पावन होगा।

'शिव'

एक महात्माका प्रसाद

[गताङ्क पृष्ठ ८७२ से आगे]

(४१)

प्राणीका शरीरसे सम्बन्ध होनेके कारण जगत्‌से सम्बन्ध हुआ है। संसारका काम जैसे करना चाहिये, ठीक ढंगसे उसे पूरा कर देनेसे करनेकी वासना मिटती जाती है और न करनेकी स्थिति प्राप्त हो जाती है। अर्थात् साधकको सफलता मिल जाती है।

हरेक कार्यमें मनुष्य दूसरोंकी गल्ती बताकर अपनेको निर्दोष साबित करना चाहता है। इससे उसका सुधार नहीं होता और आपसमें विवाद पैदा होता है। अतः साधकको चाहिये कि अपनी गल्तीका अनुभव करे, ऐसा करनेपर ही उसका सुधार होता है।

भीतर दीनता रहते हुए भी मनुष्य ऊपरसे बनावट करके अपनेको अच्छा दिखाना चाहता है और अच्छाईका अभिमान करता है। वास्तवमें दीनता और अभिमान दोनों ही साधनमें विघ्न हैं। अतः साधकको चाहिये कि दीनता और अभिमान दोनोंको मिटा दे।

अपने प्रभुके सम्मुख दीन होना, वह दीनता नहीं है, जिसको मिटाना है। मिटाना तो उस दीनताको है, जिससे मनुष्य संसारकी दृष्टिमें दीन हो रहा है। अपनेमें अधिक दुखियोंको देखनेपर दीनताका दुःख, और अधिक सुखियोंको देखनेपर अभिमान मिटता है। परंतु यह असली उपाय नहीं है। अपने प्रभुके सम्बन्धसे जो दीनता और अभिमानको मिटाया जाता है, वही दीनता और अभिमानको सर्वथा मिटा देना है। भाव यह है कि अपनेको भगवान्‌का समझ लेनेके बाद दीनता नहीं रहती और सबको भगवान्‌का समझनेके बाद किसी वस्तु, परिस्थिति और शक्ति आदिका अभिमान नहीं रहता। जो प्राणी वास्तवमें सम्मानके योग्य न होनेपर भी सम्मान चाहता है, वह मानकी दासतामें फँस जाता है, उन्नति नहीं कर पाता।

प्रश्न—सबसे अच्छी पुस्तक कौन-सी है?

उत्तर—जबतक मनुष्य अपनी वर्तमान दशाका अध्ययन नहीं कर लेता, तबतक ग्रन्थके अध्ययनसे लाभ नहीं उठा सकता। जो अपनी दशाका अध्ययन करता है, उसको ग्रन्थसे उस बातका समर्थन मिलता है और संदेह दूर होकर दृढ़ता आ जाती है। जिस ग्रन्थकी मूल भाषाको मनुष्य समझ सकता हो, वह उसके लिये ठीक है। यदि मूल समझमें न आये तो जिस आचार्यपर उसका विश्वास हो, उसका बताया हुआ अर्थ मानना ठीक है; क्योंकि भाषान्तर करनेवालोंके भावका अर्थमें मिश्रण हुए बिना नहीं रहता। सभी आचार्य, जो बात करनेके लिये कहेंगे, उसमें विशेष अन्तर नहीं होगा। किंतु मान्यतामें अन्तर होगा। अतः जिसपर विश्वास हो, उसकी मान्यताका अनुसरण करना चाहिये।

विचार करनेपर मालूम होता है कि ऐसी कोई बात ग्रन्थ या उपदेशक साधकको नहीं बता सकता जो वह स्वयं नहीं जानता है। अतः साधकको सबसे पहले बिना किसी पक्षपातके अपने जीवनका अध्ययन करना चाहिये। 'स्व' का अध्ययन अर्थात् अपनी वस्तुस्थितिके अध्ययनका नाम ही स्वाध्याय है। जो काम मनुष्य दूसरोंसे अपने लिये नहीं चाहता, वह उसको दूसरोंके साथ नहीं करना चाहिये। जैसे कठोर वाक्य हम दूसरोंसे सुनना नहीं चाहते तो किसीसे कठोर वचन भी नहीं बोलना चाहिये। हम सम्मान चाहते हैं, अपमान नहीं चाहते तो दूसरोंको सम्मान देना चाहिये, अपमान नहीं करना चाहिये। जो अपना बुरा नहीं चाहता, उसे दूसरे किसीका बुरा नहीं करना चाहिये। इसी प्रकार हरेक

आचरणकी शिक्षा अपने जीवनके अध्ययनसे मिल सकती है ।

इस प्रकार जब साधक अपने जीवनका ठीक-ठीक अध्ययन करके अपने आचारको ठीक कर लेता है, तब उसका जीवन सुन्दर बन जाता है । जो किसीका बुरा नहीं चाहता उसका बुरा नहीं होता है । जो बलका दुरुपयोग नहीं करता, उसका बल घटता नहीं । अतः साधकको चाहिये कि किसीका बुरा न चाहे और परायी वस्तु लेनेकी इच्छा न करे ।

केवल ग्रन्थोंके पढ़नेसे और उपदेश सुननेसे मनुष्य बुद्धिद्वारा तो बहुत जान लेता है, परंतु उसके अनुसार अपना जीवन नहीं बना पाता । उसके मस्तिष्कमें और हृदयमें बड़ी दूरी हो जाती है । इस कारण उसके लिये आगे बढ़नेकी बात तो दूर रही, अपने स्थानपर डटे रहना भी मुश्किल हो जाता है । जैसे किसीका दाहिना पैर तो बहुत आगे निकल जाय और बायाँ बहुत दूर रह जाय तो वह न आगे चल सकता है और न खड़ा ही रह सकता है, वही हाल उसका होता है । अतः साधकको चाहिये कि बुद्धि और हृदयकी दूरीको हटाकर दोनोंकी एकता करे अर्थात् अपनी जानकारीके अनुसार जीवन बनाता रहे और उसके बाद आगेकी बात जाननेकी कोशिश करे ।

विद्या और शिक्षामे बड़ा अन्तर होता है । पण्डित जिस बातको पढ़ाईके द्वारा सीखता है, संत उसको अनुभवसे जानता है । सीखी हुई बात स्मृतिके रूपमें होती है । जानी हुई बात जीवन बन जाती है । चित्त शुद्ध होनेपर जो ज्ञान प्राप्त होता है, वही ठीक ज्ञान है । केवल शिक्षाद्वारा प्राप्त जानकारी ज्ञान नहीं है । उससे तो अभिमान बढ़ता है, जो कि साधनामें विघ्न है ।

जब इन्द्रियोंका ज्ञान बुद्धिमे विलीन हो जाता है, तब चित्त शुद्ध होता है और जब बुद्धिका ज्ञान इन्द्रियोंमे विलीन हो जाता है अर्थात् जब मनुष्य अपनी जानकारीका अनादर करके इन्द्रियोंके ज्ञानको ही ज्ञान मान लेता है और इन्द्रियोंके भोगोंमे ही रचा-पचा रहता है, तब चित्त अशुद्ध हो जाता है । इन्द्रियोंके ज्ञानका प्रभाव बुद्धिपर पड़ता रहनेसे बुद्धि विषम रहती है, उसमे समता नहीं आती । प्रभुका प्रेम तो बुद्धिके ज्ञानसे भी परेकी बात है । जब बुद्धिके ज्ञानमें अहं गल जाता है, तब साधकको आगेका मार्ग मिल जाता है । अतः साधकको चाहिये कि बुद्धिके ज्ञानसे इन्द्रियोंके ज्ञानपर विजय प्राप्त करके बुद्धिको सम बनाये और उसमे अहंको गला दे ।

भाषाकी जानकारीमे और वास्तविक ज्ञानमे बड़ा अन्तर है । भाषाके ज्ञानसे जो शिक्षा मिलती है, उससे जीवनकी शिक्षाका महत्त्व अधिक है । भाषाकी शिक्षा न होनेपर भी जीवन शिक्षित बन सकता है । जिसके जीवनमे सदाचार आ गया है, वही सदाचारका सच्चा शिक्षक है । जिसको केवल पुस्तकोंका ज्ञान है, वह आचारकी शिक्षा नहीं दे सकता ।

इसी प्रकार आनन्द और सुखमें भी बड़ा अन्तर है । सुखसे आसक्ति बढ़ती है और वह दुःखके रूपमे बदलता है । आनन्द सदा एकरस और अखण्ड होता है । उसका कभी अभाव नहीं होता ।

इन्द्रियोंके ज्ञानकी आसक्तिसे वास्तविक ज्ञान ढका रहता है । अतः साधकको चाहिये कि बुद्धिके ज्ञानसे इन्द्रियोंके ज्ञानको दबाकर चित्तको शुद्ध करे ।

शिक्षासे जीवनमें सुन्दरता आती है; परंतु उससे अविद्याका नाश नहीं होता । अविद्याका नाश तो विद्यासे ही होगा अर्थात् यथार्थ ज्ञानसे ही होगा । जो साधक सबसे अलग होकर अर्थात् सबका आश्रय त्याग कर मौन हो जाता है, उसको वह विद्या प्राप्त होती है, जिससे अविद्या दूर होती है । जो हो, उसका बोध

और जो नहीं है, उसकी निवृत्ति—इसीका नाम विद्या है।

भीतर और बाहर सब ओरसे मौन होनेका नाम मौन है। अर्थात् मन, बुद्धि और अहं इन सबके मौनको यहाँ मौन कहा गया है। अहंकृतिका नाश और अहंकी स्फूर्तिका मौन होनेपर जो जीवन बनता है, वही अमर जीवन है।

श्रम, संयम, सदाचार और सेवा—ये चारों जीवनको सुन्दर बनानेवाली शिक्षाके अङ्ग हैं एवं त्याग और प्रेम विद्याके अङ्ग है।

छोटी-छोटी बातोंमे गलती करनेसे मनुष्यकी आदत बिगड़ जाती है, वह अपने जीवनको सुन्दर नहीं बना पाता।

साधकको चाहिये कि साधनमे शिथिलता न आने दे। आलस्यका आदर और संयमका त्याग करनेसे साधनमें शिथिलता आती है। गुणसे तो मनुष्यका विकास होता है और गुणोंके अभिमानसे पतन होता है।

विद्याके फलका वर्णन नहीं किया जा सकता। त्याग और प्रेमसे संसारका कल्याण होता रहता है। जो सच्चा त्यागी होता है, जिसमें त्यागका अभिमान नहीं होता, उसीसे त्यागकी शिक्षा मिलती है।

यह बात कही गयी थी कि अहंता और ममताका नाश होनेपर चित्त शुद्ध होता है। अब यह विचार करना है कि मनुष्यको यह मालूम हो जानेके बाद भी अहंता और ममता मिटती क्यों नहीं? विचार करनेपर मालूम होगा हम वर्तमान जीवनमें संतुष्ट है, इसीसे किसी-न-किसी प्रकारका सुख मानते हैं। इस कारण जीवनके परिवर्तनकी आवश्यकताका ज्ञान नहीं होता। जबतक मनुष्य सुखपूर्वक या दुःखपूर्वक वर्तमान स्थितिमे रह सकता है, तबतक उसका जीवन परिवर्तित नहीं होता। जबतक मनुष्य सुख-दुःखके जालमें फँसा रहता है, तबतक वह बड़े-से-बड़ा तपस्वी और संयमी हो जानेपर भी उसके जीवनमें जो परिवर्तन होना चाहिये, वह नहीं होता। उसके सभी प्रयत्न विफल होते रहते हैं।

कामनाकी पूर्ति होनेपर भी अभाव बना रहता है, उसकी पूर्ति नहीं होती। कामनाकी पूर्ति न होनेपर भी पूर्तिकी आशा बनी रहती है। इस प्रकार सुखमे दुःख और दुःखमे सुखकी लालसा मिली रहनेके कारण मनुष्य सुख-दुःखके जालमे फँसा रहता है।

सुख और दुःखका आक्रमण बड़ा भयंकर होता है। उस समय प्राणीके मनके दो भाग हो जाते है। भीतरका मन कुछ और रहता है, बाहरका कुछ और रहता है। उस समय प्राणी उपदेशकी बात नहीं सुनता। दूसरेके समझानेपर वह ऊपरसे हाँ-हूँ कर देगा; परंतु भीतरमे उस परिस्थितिके चिन्तनमे ही डूबा रहेगा। जिसका धन चला गया हो उसे कोई समझाये, धनके दोष बतलाये तो वह नहीं सुनेगा। उस समय यदि कोई धन-प्राप्तिका उपाय बताये, उसके लिये मन्त्र, जप आदिका अनुष्ठान बताये तो बड़े गौरसे सुनने लगेगा और वह बात उसे बहुत प्रिय मालूम होगी। इस प्रकार सुख और दुःख मनुष्यको एक अवस्थामे आबद्ध कर देते हैं।

यदि दुःखका पूर्ण विकास हो जाय, तो उसका दुःख अवश्य मिट जाता है। पूरे दुःखमे दुःखका चिन्तन करनेकी शक्ति नहीं रहती। इसी प्रकार अत्यन्त सुखमे भी होश नहीं रहता। उस समय मनुष्य बेहोश या मूर्छित हो जाता है। परंतु प्रायः मनुष्य न तो पूर्ण सुखी होता है, न पूर्ण दुखी ही होता है। ऊपरसे दुःखका भान और भीतरसे सुखकी लालसा बनी रहती है। कुछ इच्छाएँ पूरी होती रहती हैं, कुछ पूरी नहीं होतीं। यह अवस्था जीवनमे परिवर्तन नहीं लाने देती।

साधकको विचार करना चाहिये कि मेरे मनमे संकल्पोंका उदय ही क्यों होता है। किसी-न-किसी प्रकारका राग वर्तमान है, उसीसे संकल्प होते है। अतः मुझे रागका नाश करना चाहिये।

जिसके पास धन न हो, उसे दान करनेका संकल्प नहीं उठने देना चाहिये; क्योंकि धनकी प्राप्ति या तो परिश्रमसे होती है या कोई अपना मानकर दे दे, तब। जिसको न तो श्रमके बदलेमे धन मिला है और न किसीने स्वेच्छासे उसे धन दिया है, ऐसी परिस्थितिमे यदि वह अपने घरवालोपर दबाव डालकर उनके दान करने या अपने इच्छानुसार खर्च करनेके लिये धन लेनेकी चेष्टा करता है तो उससे आपसमे मनोमालिन्य होता है। इससे चित्त अशुद्ध होता है; क्योंकि किसीके दुःखसे मिली हुई वस्तु कालान्तरमे दुःखके रूपमे सामने आती है। जिस दान देनेमे देनेवालेको या उसके सम्बन्धियोंको दुःख होता है वह दान लेने और देनेवालेको दोनोंमेसे किसीको भी लाभ देनेवाला नहीं होता। दान तो संग्रह करनेका टैक्स है। इससे चित्तशुद्धिका सम्बन्ध नहीं है। वह काम यदि अपने परिश्रमसे कमाये हुए धनसे सबकी प्रसन्नतायुक्त सम्मति प्राप्त करके इस भावसे करे कि भगवान्‌की वस्तु भगवान्‌के काममे लग रही है, मै भी उन्हींका हूँ और लेनेवाला भी उन्हींका है। लेना, देना सब उन्हींकी प्रसन्नताके लिये है, तो इस भावसे उसका चित्त शुद्ध हो सकता है। यह महत्त्व भावका है न कि दानका।

न कमानेवालेका खर्च करना सबको बुरा लगता है, अतः खर्च करनेवालेको यह सोचना चाहिये कि मै जिस वस्तुको खर्च करना चाहता हूँ उसमे दूसरेका भी हक है। सम्मिलित कुटुम्बके धनमे सभी मेम्बरोंका हक होता है। अतः पुत्रको पिताका परामर्श लेना चाहिये, पिताको पुत्रसे लेना चाहिये। भाई-भाईको परस्पर परामर्श लेना चाहिये। पति-पत्नीको भी आपसमे परामर्श करना चाहिये। इस प्रकार सबकी सम्मति और प्रसन्नताके अनुसार खर्च करना चाहिये। तभी परस्परका सम्बन्ध रह सकता है, अधिकारके अभिमानमें आकर मनमाना दान या किसी प्रकारका खर्च करनेमे लाभ नहीं होता।

सबकी सम्मति और प्रसन्नता प्राप्त न हो तो करनेकी अपेक्षा न करना अच्छा है। क्योंकि न करनेमे भी सब कुछ मिल सकता है। अर्थात् करनेकी वासना त्याग करनेसे साधकको वह प्राप्त होता है जो कि करनेमे नहीं होता। साधकको सोचना चाहिये कि यह जगत् भगवान्‌के सकल्पसे बना है। उसीका संकल्प पूरा होने दें। इस प्रकार जब साधक अपने संकल्पको ईश्वरके संकल्पमे मिला देता है, तब उसके करनेका संकल्प मिट जाता है।

साधकको चाहिये कि जब किसी वस्तुके अभावमे दुःख हो तो जिनके पास वह वस्तु भरपूर है उनके जीवनको देखे कि वे सुखी है क्या? देखने और उनसे पूछनेपर मालूम होगा कि बड़े-से-बड़े धनी, मानी, राजा, महाराजाके अभावकी पूर्ति नहीं हुई। वे भी अपनेको दुखी मानते है। उनके जीवनमे भी पूरा सुख नहीं है। यह देखकर वस्तुओंके अभावकी पूर्तिकी आशा छोड़ दे और अपनी वास्तविक आवश्यकता समझे; क्योंकि उसको जाने बिना और उसके लिये दूसरी सब वस्तुओंकी चाह छोड़कर एकमात्र उसीकी पूर्तिके लिये व्याकुल हुए बिना वास्तविक सुखकी प्राप्ति नहीं हो सकती।

साधकको अपना जीवन इतना सुन्दर बनाना चाहिये जिससे उसकी प्रत्येक जरूरत दूसरोंकी जरूरत बन जाय। अर्थात् दूसरोंको उसके जीवनकी आवश्यकता मालूम होने लगे।

ईश्वरविश्वासी साधक कभी भगवान्‌से कुछ चाहता नहीं। भगवान् उसे जिस परिस्थितिमें रखते है उसीमें प्रसन्न रहता है। वस्तु प्राप्त होनेपर तो भगवान्‌के आज्ञानुसार उसका सदुपयोग कर देता है और न मिलनेपर भगवान्‌को धन्यवाद देता है। वस्तुओंके मिलने और न मिलनेमे भी भगवान्‌की कृपाका ही दर्शन करता है।

मनकी बात पूरी कर देनेसे मन नहीं मरता। पूरी

न करनेका हठ करनेसे भी मन नहीं मरता। अतः साधकको चाहिये कि न तो मनकी बात पूरी न करनेका हठ करे और न पूरी कर देनेका ही हठ करे। जो कुछ होता रहे उसीमें प्रसन्न रहे; क्योंकि वस्तु, अवस्था या अन्य किसी प्रकारकी परिस्थितिकी चाह न रहना ही मनका मर जाना है।

यदि कोई कहे कि यदि मनमें भजन करनेकी चाह हो तो क्या उसे भी मिटा देना चाहिये? इसका उत्तर यह है कि मन अपना रहते हुए भजन नहीं होता है। मनके मर जानेपर या प्रभुको सौंप देनेपर ही भजन होता है। इसलिये यह प्रश्न नहीं बन सकता।

जो मनुष्य यह सोचता है कि 'लड़का होशियार होनेपर कामका भार उसे सम्हलाकर भजन करूँगा, या अमुक जगह रहकर भजन करूँगा, अमुक प्रकारकी परिस्थिति मिलनेपर भजन करूँगा।' उसके मनमें भजनका उतना महत्त्व नहीं है जितना कि परिस्थिति और वस्तुओंका है। अतः वह भजन नहीं कर सकता। जिसको पहला स्थान नहीं दिया जायगा अर्थात् सबसे बढ़कर जिसको महत्त्व नहीं दिया जायगा, वह चीज नहीं आयेगी।

भजनके लिये किसी भी वस्तु और परिस्थितिकी जरूरत नहीं है। जिसका भगवान्‌पर विकल्परहित विश्वास होता है, जो सबसे सम्बन्ध तोड़कर एकमात्र भगवान्‌को ही अपना मान लेता है, उससे भजन अपने-आप होता है, उसे करना नहीं पड़ता। जो किया जाता है, जिससे किसी वस्तु और परिस्थितिका सम्बन्ध है, वह भजन नहीं है। उत्कृष्ट कर्म हो सकता है। उसका फल वर्तमानमें नहीं मिलेगा, कालान्तरमें मिलेगा।

जिसपर भगवान्‌की कृपा होती है उसको दुनियासे ऐसा थपेड़ा मिलता है, फिर वह उसकी तरफ मुँह नहीं करता।

मनकी बातका पूरा होना तो एक प्रकारकी बेड़ी है। मनमें जो संकल्प उदय होते हैं, उनका कारण अविवेक है। इस संसारमें जो अपनेको मिला रक्खा है, यही सब दुःखोंका कारण है और यही विवेकका अनादर है।

अतः साधकको चाहिये कि प्राप्त-विवेकका प्रयोग शरीरपर करे, शरीरकी परिस्थितिको अपनी न माने; क्योंकि शरीरके व्यापारको अपना मानते रहनेसे बारबार सकल्प होते रहेंगे, उनका जाल कभी नहीं टूटेगा। अतः विचार करना चाहिये कि यह शरीर वास्तवमें है क्या। यह मैं कैसे हो सकता हूँ और यह मेरा कैसे हो सकता है अर्थात् किसी प्रकार भी नहीं हो सकता। इस प्रकार विचार करके इस संसारसे और शरीरसे अपनेको अलग अनुभव करे। इस प्रकार समझको तो संसारपर लगाये और मन भगवान्‌में लगाये अर्थात् विश्वास और प्रेम भगवान्‌में करे।

विश्वास और प्रेम ही आस्तिकवाद है, विवेकके प्रकाशमें प्रकाशित रहना ही दार्शनिकता है।

गम्भीरतापूर्वक विवेकद्वारा शरीरकी उत्पत्तिको, स्थितिको और अन्तकी अवस्थाको देखना, शरीरपर विवेकको लगाना है। समझी हुई बातसे आँख मींच लेना अर्थात् उसे जानकर भी बेजानी कर देना—यही अविवेक है। जो शरीरकी असलियतको देख लेगा, वह संसारकी असलियतको भी समझ लेगा। एवं जो अपनेको देख लेता है अर्थात् मैं कौन हूँ, इसको जान लेता है, वह उस परमेश्वरको भी जान लेता है।

मुक्ति किसी अभ्यासका फल नहीं है, विवेकका फल है। भक्ति भी विश्वास-प्रेमसे मिलती है, अभ्याससे नहीं मिलती। अभ्याससे तो शक्ति मिल सकती है। मुक्ति अर्थात् सुख-भोग और उसकी चाहने ही मनुष्यको भक्ति, मुक्ति और शक्तिसे अलग किया है।

भक्ति और मुक्तिके मिलनेपर शक्ति तो अपने-आप आ जाती है।

नाम-कीर्तनका प्रभाव

एक राजा थे, प्रचुर धन-वैभव होनेपर भी पुत्र न होनेके कारण उनके मनमें शान्ति नहीं थी। कुछ दिनों बाद उनके एक लड़का हुआ। ज्योतिषीने ग्रह देखकर बताया कि बालक अच्छे लक्षणोंवाला है; परंतु इसकी आयु बहुत थोड़ी है। अतएव राजाका आनन्द फीका पड़ गया।

राजकुमार थोड़ी ही उम्रमें लिख-पढ़कर पण्डित हो गया। उसने कई बार देखा, उसके पिता उसकी ओर देखकर हर्षित नहीं होते, बल्कि उदास हो जाते हैं। एक दिन उसने राजासे पूछा—'पिताजी! आप इतने उदास क्यों हैं? मेरी ओर देखते ही आपका चेहरा क्यों फीका पड़ जाता है और क्यों आप मन-मरे-से हो जाते हैं?' राजाने कहा—'बेटा! तुम सच कहते हो। मैं एक दिन पुत्रहीन था। आज तुमको पाकर भी मैं अपनेको पुत्रवान् नहीं मान सका। इसका कारण यह है कि तुम्हारी उम्र केवल १४ वर्ष १४ दिन है। तुमको देखते ही मेरे मनमें आता है कि निकट भविष्यमें ही मैं तुम्हें खो दूँगा। इसीसे मेरे मनमें सुख-शान्ति नहीं होती।' राजकुमारने कहा—'पिताजी! इसमें इतना दुःख करनेकी कौन-सी बात है? जन्म लेनेवाले-को मरना ही पड़ेगा—'जातस्य हि ध्रुवो मृत्युः', परंतु एक काम किया जा सकता है। मैं परदेश चला जाऊँ। वहाँ मर भी जाऊँगा तो आपको पता नहीं लगेगा और आप मेरे लौटनेकी आशामें लगे रहेंगे। आपके सामने मृत्यु होनेपर मुझे खो दिया मानकर आप शोकमें डूब जायँगे।' राजाने बात मान ली और सेवकोंको साथ देकर तथा उचित व्यवस्था करके उसे परदेश भेज दिया।

विदेश जाकर राजकुमारने अतिथिसेवा-धर्मको अपना लिया। अपने साथियोंको अतिथि-सेवाका सारा भार देकर स्वयं उसने अतिथियोंके पैर धोनेका काम लिया। इस प्रकार दिन बीतने लगे।

ज्योतिषीने मृत्युका जो दिन बतलाया था, वह आ पहुँचा। आज भी राजकुमारके यहाँ बहुत-से अतिथि आ गये। यह देखकर राजकुमारने सब मिलकर कीर्तन करनेका प्रस्ताव किया। कीर्तन आरम्भ हो गया। कुछ ही क्षणोंमें सुर, ताल, लयके साथ बड़े सुन्दर ढंगसे कीर्तन जम गया और सभी भावावेशमें नृत्य करने लगे। इस प्रकारके सुललित और पूर्ण मनोयोगयुक्त कीर्तनको सुननेके लिये वहाँ देव-देवियोंका आविर्भाव हो गया। एक देवी राजकुमारको गोदमें लेकर बैठ गयी।

राजकुमारकी आयुका अन्तिम काल आया देखकर यमराजने दूत भेजा; पर दूतपर कीर्तनका इतना प्रभाव पड़ा कि वह भी मतवाला होकर नृत्य करने लगा। तब यमराज स्वयं आये; परंतु उनकी भी वही स्थिति हुई। इस प्रकार बहुत देर हो गयी। कीर्तन शेष होनेपर यमराजने देवीसे राजकुमारको देनेकी प्रार्थना की। देवी बोलीं—'अब इसपर आपका अधिकार नहीं रहा। इसकी आयुके अन्तकालमें जब आप इसे नहीं ले गये और आयुका अन्त होनेपर भी जब यह बचा हुआ है, तब इसको अब आप नहीं ले जा सकते।' यमराजने माना नहीं। इतनेमें वहाँ कीर्तनविहारी भगवान् प्रकट हुए और राजकुमारकी आयु बढ़ाकर अन्तर्धान हो गये।

यों भगवन्नाम-कीर्तनमें आयु-वृद्धिके प्रसङ्ग भी मिलते हैं। ('श्रीसुदर्शन')

महापुरुषोंके गुण-प्रभावकी बातें

(लेखक—श्रीजयदयालजी गोयन्दका)

कुलं पवित्रं जननी कृतार्था वसुन्धरा पुण्यवती च तेन।
अपारसंवित्सुखसागरेऽस्मिँल्लीनं परे ब्रह्मणि यस्य चेतः॥

'जिसका चित्त परब्रह्म परमात्मामें लीन हो गया है, जिसका ज्ञान और आनन्द सागरके सदृश अपार है, ऐसे महापुरुषके प्राकट्यसे उसका कुल पवित्र हो जाता है, जन्म देनेवाली माता कृतार्थ हो जाती है और (उसके चरण टिकनेसे) पृथ्वी पुण्यवती—पवित्र हो जाती है।'

जिस प्रकार भगवान्‌के गुण-प्रभाव अपरिमित है, उसी प्रकार महापुरुषके गुण और प्रभाव भी अपरिमित हैं। वाणीके द्वारा कोई भी उनका वर्णन नहीं कर सकता। बल्कि भगवान् तो अपने भक्तोंको अपनी अपेक्षा ऊँचा मानते हैं। भगवान्‌ने स्वयं अपनेको अम्बरीषके प्रसङ्गमें 'भक्तोंके पराधीन' बतलाया है—

'अहं भक्तपराधीनो ह्यस्वतन्त्र इव द्विज।'

गोस्वामी तुलसीदासजीने कहा है—

मोरें मन प्रभु अस बिस्वासा। राम ते अधिक राम कर दासा॥

मेरे मनमें ऐसा विश्वास है कि रामके दास रामसे भी बढ़कर हैं। वे अपार महिमाशाली है। कोई भी उनकी महिमाका यथार्थ गान नहीं कर सकता। शास्त्रोंने महात्माओंके सङ्गकी और महात्माओंकी जो महिमा गायी है, वह भी वस्तुतः परिमित ही है, अतः उनकी यथार्थ महिमाका प्रकाश उससे नहीं हो सकता।

ऐसे महापुरुषके सङ्गसे ही मोहका नाश होकर भगवच्चरणारविन्दमें निश्चल प्रेम होता है। श्रीतुलसीदासजी महाराज कहते हैं—

बिनु सतसंग न हरि कथा तेहि बिनु मोह न भाग।
मोह गएँ बिनु राम पद होइ न दृढ़ अनुराग॥

संसारके भोग-पदार्थोंमें सुख और नित्यताका बोध बड़ा भारी मोह है, इस मोहका नाश हुए बिना भगवान्‌के चरणोंमें दृढ़ अनुराग नहीं होता। मोहका नाश होनेके लिये भगवान्‌के गुण-प्रभाव-महत्त्वका रहस्य बतलानेवाली हरिकथा होनी चाहिये और विशुद्ध हरिकथा सत्सङ्गके बिना प्राप्त नहीं होती। इसीसे महत्सङ्गकी इतनी महिमा है। बल्कि ऐसे सत्सङ्गके साथ मोक्षकी भी तुलना नहीं की जा सकती।

श्रीतुलसीदासजी कहते हैं—

तात स्वर्ग अपबर्ग सुख धरिअ तुला एक अंग।
तूल न ताहि सकल मिलि जो सुख लव सतसंग॥

अर्थात् हे प्यारे! स्वर्ग और मोक्षके सुखको एक पलड़ेपर रक्खा जाय और दूसरेपर क्षणमात्रके सत्सङ्ग-सुखको रक्खा जाय, तो ये सब (स्वर्ग-मोक्षादिके सुख) मिलकर भी उसके समान नहीं हो सकते। इसी आशयका श्रीमद्भागवतमें श्लोक है—

तुलयाम लवेनापि न स्वर्गं नापुनर्भवम्।
भगवत्सङ्गिसङ्गस्य मर्त्यानां किमुताशिषः॥
(१। १८। १३)

'भगवत्-सङ्गीके लवमात्रके सङ्गके साथ भी स्वर्ग तो क्या मोक्षकी भी तुलना नहीं हो सकती, फिर संसारके तुच्छ भोगोंकी तो बात ही क्या है।'

'सत्' परमात्माको कहते है, अतएव सर्वोत्तम सत्सङ्ग तो परमात्माका सङ्ग ही है, जो उन महा-पुरुषोंको प्राप्त रहता है। द्वितीय श्रेणीका सत्सङ्ग उन भगवत्प्राप्त महापुरुषोंका सङ्ग है। ऐसे सङ्गकी महिमा बतलाते हुए संत कहते है—

एक घड़ी आधी घड़ी आधी में पुनि आध ।
तुलसी संगत साध की कटै कोटि अपराध ॥

चौबीस मिनटकी एक घड़ी होती है । उससे आधी बारह मिनट और उस आधीकी आधी छः मिनट होती है, यदि छः मिनट भी साधुका सङ्ग हो जाय तो करोड़ों पाप कट जाते हैं ।

सत्सङ्गमें जो बात सुनी जाती है, उसे काममे लानेपर निश्चय ही कल्याण हो जाता है । भगवान्‌ने गीता(अध्याय १३ । २५) में कहा है—

अन्ये त्वेवमजानन्तः श्रुत्वान्येभ्य उपासते ।
तेऽपि चातितरन्त्येव मृत्युं श्रुतिपरायणाः ॥

'दूसरे, जो (ध्यानयोग, ज्ञानयोग और कर्मयोगको) इस प्रकार नहीं जानते हैं, वे मंदबुद्धि मनुष्य दूसरोंसे—तत्त्वज्ञान जाननेवाले सत्पुरुषोंसे सुनकर तदनुसार उपासना करते हैं और वे श्रवणपरायण पुरुष भी मृत्युरूपी संसारसागरसे तर जाते हैं ।'

तत्त्वदर्शी महात्माओंसे उपदेश प्राप्त करनेकी आज्ञा देते हुए भगवान्‌ने अर्जुनसे कहा है—

तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया ।
उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्त्वदर्शिनः ॥
यज्ज्ञात्वा न पुनर्मोहमेवं यास्यसि पाण्डव ।
येन भूतान्यशेषेण द्रक्ष्यस्यात्मन्यथो मयि ॥
(गीता ४ । ३४-३५)

'अर्जुन ! उस ज्ञानको तू तत्त्वज्ञानी पुरुषोंके पास जाकर जान । उनको दण्डवत्-प्रणाम करने, उनकी सेवा करने और कपट छोड़कर सरलतापूर्वक प्रश्न करनेपर वे परमात्मतत्त्वको भलीभाँति जाननेवाले ज्ञानी महात्मा तुझे ब्रह्मज्ञानका उपदेश करेंगे । जिसको जानकर तू फिर इस प्रकार मोहको नहीं प्राप्त होगा और जिस ज्ञानके द्वारा तू सम्पूर्ण भूतोंको पहले अपनेमें और पीछे मुझ सच्चिदानन्दघन परमात्मामें देखेगा ।'

चित्त-निरोधका साधन बतलाते हुए महर्षि पतञ्जलिने कहा है कि 'वीतराग—विषयासक्तिरहित महात्मा पुरुषोंका चिन्तन करनेसे चित्त-निरोध हो जाता है ।'

'वीतरागविषयं वा चित्तम् ।'
(योगदर्शन १ । ३७)

इससे यह सिद्ध है, महापुरुषोंके चिन्तनमात्रसे ही चित्त शुद्ध होकर परमात्मामे निरुद्ध हो सकता है, तब जिनको महापुरुषोंका सङ्ग करने और उनके साथ वार्तालाप करनेका सौभाग्य प्राप्त हो जाता है, उनके लिये तो कहना ही क्या है ? इस प्रकारके उच्चकोटिके महापुरुष और वीतराग-शिरोमणि महात्माओंमे श्रीशुकदेवजी महाराजका नाम मुख्यरूपसे लिया जा सकता है । ऐसे पुरुषोंके ध्यानसे चित्त शुद्ध और स्थिर होनेमे तो कोई शङ्का ही नहीं करनी चाहिये ।

तत्त्वज्ञानी जडभरतने जिज्ञासु राजा रहूगणसे 'महात्मा पुरुषोंके चरण-रज-कणमें स्नान किये बिना तत्त्वज्ञान नहीं होता' यह बतलाते हुए कहा है—

रहूगणैतत्तपसा न याति
न चेज्यया निर्वपणाद् गृहाद्वा ।
नच्छन्दसा नैव जलाग्निसूर्यै-
र्विना महत्पादरजोऽभिषेकम् ॥
(श्रीमद्भा० ५ । १२ । १२)

'रहूगण ! महापुरुषोंकी चरण-रजमें अपनेको स्नान कराये बिना केवल तप, यज्ञ, दान, अतिथि-सेवा, दीनसेवा आदि गृहस्थोचित कर्म, वेदाध्ययन अथवा जल, अग्नि या सूर्यकी उपासना आदि किसी भी साधनसे यह परमात्मज्ञान प्राप्त नहीं हो सकता ।'

इन महापुरुषोंमे प्रायः दो तरहके होते हैं । १—दिव्य भगवद्धाममे रहनेवाले भगवान्‌के पार्षद—परिकर या कारक (अधिकारी पुरुष), जो भगवान्‌की लीलामे अपना-अपना कार्य करनेके लिये अथवा संसारके कल्याणके लिये भगवान्‌के द्वारा प्रेरित होकर इस मर्त्यधाममें पधारते हैं । अधिकारी या कारक पुरुष स्वभावसे ही नित्य-शुद्ध-बुद्ध-मुक्त होते हैं, उनके शरीर

अलौकिक, अनामय, दिव्य और विशुद्ध होते है । ऐसे महापुरुषोंके दर्शन, भाषण और स्पर्श ही नहीं, स्मरणसे भी मनुष्य पवित्र हो जाते हैं । भगवान् वेदव्यास इसी प्रकारके कारक पुरुष हैं, जो भगवत्प्रेरणासे संसारके कल्याणार्थ प्रकट हुए थे । इसी प्रकार श्रीगोपियोंमें भी बहुत-सी भगवान्‌की परिकर-श्रेणीकी मानी जाती हैं, जो भगवान्‌की लीलामे सम्मिलित होनेके लिये आयी थीं । कहा जाता है कि गोपियोंमे कुछ वेदकी श्रुतियाँ थीं, कुछ तपस्यासिद्ध ऋषि थे और कुछ दण्डकारण्यके मुनि थे । ये सभी उक्तियाँ सत्य हो सकती है । जो कुछ भी हो, गोपियाँ थीं भगवान्‌मे विशुद्ध प्रेम करनेवाली महान् भक्तिमती । इसीसे भक्तराज श्रीउद्धवजीने कहा—

आसामहो चरणरेणुजुषामहं स्यां
वृन्दावने किमपि गुल्मलतौषधीनाम् ।
या दुस्त्यजं स्वजनमार्यपथं च हित्वा
भेजुर्मुकुन्दपदवीं श्रुतिभिर्विमृग्याम् ॥
(श्रीमद्भा० १० । ४७ । ६१)

'क्या ही अच्छा हो कि मै इस वृन्दावनमे कोई झाड़ी, लता या जड़ी-बूटी बन जाऊँ, जिसमे इन गोपियोंकी चरणधूलि निरन्तर मुझपर पड़ती रहे, मैं इनकी चरणरजमें स्नान करके धन्य हो जाऊँ । इन्होंने, जिनको छोड़ना अत्यन्त कठिन है उन स्वजनोंको तथा आर्यपथको परित्यागकर उन भगवान्‌की पदवी, उनके साथ तन्मयता, उनका परम प्रेम प्राप्त कर लिया है, जिनको श्रुतियाँ सदा ढूँढती रहती हैं, परंतु पातीं नहीं ।'

२—दूसरे महापुरुष वे हैं, जिनका इस लोकमें जन्म तो पुण्य-पापरूप प्रारब्ध कर्मसे हुआ है पर जो साधनमे लगकर उन परमात्माको प्राप्त कर चुके हैं । ऐसे पुरुषोंकी श्रद्धापूर्वक सेवा और आज्ञापालन करके मनुष्य मुक्ति पा सकता है । श्रद्धा जितनी अधिक होती है, उतना ही अधिक लाभ होता है । श्रद्धा अन्तःकरणकी शुद्धिके अनुसार होती है । अन्तःकरणकी शुद्धिके उपाय हैं—निष्कामभावसे किये हुए तीर्थ, व्रत, उपवास, दान, तप और अन्यान्य उत्तम अनुष्ठान । निष्काम सत्सङ्ग और भजन-ध्यानसे तो अन्तःकरणकी शुद्धि बहुत ही शीघ्र होती है । अन्तःशुद्धिसे तदनुसार श्रद्धा हो जाती है, श्रद्धासे प्रेम होता है और प्रेमसे भगवान्‌की प्राप्ति ।

अतएव शास्त्र, ईश्वर और महापुरुषोंमें विशेषरूपसे श्रद्धा करनी चाहिये । आत्माकी सत्तामे भी इस प्रकार श्रद्धा करनी चाहिये कि शरीरपात होनेके बाद मैं (आत्मा) रहूँगा । गीता कहती है—

'न हन्यते हन्यमाने शरीरे ।' (२ । २०)

शरीरके नाश होनेसे आत्माका नाश नहीं होता । मरनेके बाद परलोककी प्राप्ति अवश्य होगी । इस विश्वासमे मनुष्य आत्मकल्याणके लिये विशेष चेष्टा करता है । 'परलोक है और वहाँ पापका फल अवश्य मिलेगा ।' इस प्रकार विश्वास करनेवाला मनुष्य पाप नहीं कर सकता । ईश्वर, महापुरुष और शास्त्रमे विश्वास करनेवाला भी पाप नहीं कर सकता । शास्त्र महापुरुषोंके ही वचन है । परलोकका प्रमाण महापुरुषोंके भी महापुरुष भगवान् श्रीकृष्णके इन वचनोंसे सिद्ध है—

न त्वेवाहं जातु नासं न त्वं नेमे जनाधिपाः ।
न चैव न भविष्यामः सर्वे वयमतः परम् ॥
देहिनोऽस्मिन् यथा देहे कौमारं यौवनं जरा ।
तथा देहान्तरप्राप्तिर्धीरस्तत्र न मुह्यति ॥
(गीता २ । १२-१३)

'न तो ऐसा ही है कि मै किसी कालमें नहीं था अथवा तू नहीं था या ये राजालोग नहीं थे और न ऐसा ही है कि इसमे आगे हम सब नहीं रहेंगे । जैसे जीवात्माकी इस देहमें बालक, युवा और वृद्धावस्था होती है, वैसे ही अन्य शरीरकी प्राप्ति होती है । उस विषयमे धीर पुरुष मोहित नहीं होता ।' इसलिये ईश्वर,

परलोक, शास्त्र और महापुरुषोंपर हमे श्रद्धा-विश्वास अवश्य करना चाहिये। अस्तु !

महापुरुषोंके स्मरण, दर्शन, भाषण, स्पर्श और वार्तालाप-मे ही जब मनुष्यका कल्याण हो जाता है, तब उनके आज्ञापालनमे कल्याण हो, इसमें तो कहना ही क्या है ? अतः महापुरुषोंके आज्ञानुसार चलनेकी चेष्टा करनी चाहिये।

महापुरुष इतने क्षमाशील होते है कि वे अपने प्रति किये गये किसीके अपराधकी ओर देखते ही नहीं। साधारण लोग अपनेको गाली देनेवालेको दुगुनी-चौगुनी गाली देते हैं, मार बैठते हैं; उनमे ऊँचे साधारण व्यक्ति एक गालीका बदला एक ही गालीसे देते है; उनसे ऊँचे मनुष्य गाली तो नहीं देते, परंतु पाँच आदमियोंको इकट्ठा करके उन पञ्चोंमे उसे दण्ड दिलवाते है; कुछ लोग पुलिसमे डायरी लिखते या अदालतमें नालिश कर देते हैं। जो बहुत आगे बढ़े हुए लोग माने जाते हैं, वे यह सब कुछ भी न करके ऐसा कहते हैं कि 'भगवान् सब देखते ही हैं, वे न्याय करेगे।' अर्थात् वे भगवान्‌के यहाँ फरियाद कर देते है। परंतु महात्मा पुरुष यह सब कुछ नहीं करते। वे अपनी ओरसे उसे दण्ड दिलवानेकी कोई चेष्टा करते ही नहीं। बल्कि उसका अपराध क्षमा करनेके लिये भगवान्‌से प्रार्थना करते हैं और कहते है कि 'भगवन्! यह बेचारा अज्ञान है, तभी तो इसने बुरे परिणामका खयाल न करके अपराध किया है, आप इसे कृपापूर्वक क्षमा कर दें।' किसी भी वरदानकी आकाङ्क्षा-अभिलाषा मनमें न रखनेवाले भक्त प्रह्लाद अपने पिताकी बुराइयोंका तथा उसके परिणामका खयाल करके काँप जाते हैं और भगवान्‌से प्रार्थना कर बैठते हैं—

'महेश्वर ! वर देनेवालोंके स्वामी ! मैं आपसे एक वर माँगता हूँ। मेरे पिताने आप सर्वशक्तिमान् चराचर गुरुको न पहचानकर आपकी बड़ी निन्दा की थी। आपका भक्त होनेके कारण मुझसे द्रोह किया था। दीनबन्धो ! मै आपसे प्रार्थना करता हूँ, आप जल्दी नाश न होनेवाले इस दुस्तर दोषसे मेरे पिताजीको मुक्त कर दीजिये, उनको तार दीजिये।'

उमा संत की यहै बड़ाई। मंद करत जो करै भलाई॥

सन्निपातका रोगी चाहे सो बकता है, वैद्यको गालियाँ देता है, कभी थप्पड़ भी मार देता है। पर इसमे क्या बुद्धिमान् वैद्य उससे बदला लेता है ? वह जानता है कि यह सन्निपातमे है। दूसरा कोई मनुष्य यदि उस रोगीको मारना चाहता है तो वैद्य कह देता है कि 'भाई ! यह तो सन्निपातमे है, तुम तो नहीं हो, फिर तुम ऐसा क्यों कर रहे हो ?' इसी प्रकार महात्मा पुरुष मोहग्रस्त मनुष्यके प्रतिकूल आचरणसे उसपर अप्रसन्न न होकर सदा क्षमा करते है।

महापुरुषोंके आचरण सदा अनुकरणके योग्य होते है। उनका अनुकरण करनेसे मनुष्यका कल्याण हो जाता है।

महापुरुष स्वयं तीर्थरूप होते हैं। वे तीर्थोंको पवित्र तीर्थ बनानेके लिये ही वहाँ जाते हैं। संसारमें जितने भी तीर्थ हैं, उनके तीर्थत्व प्राप्त करनेमें भगवान् और महापुरुष ही प्रधान कारण है। जहाँ भगवान्‌ने अवतार लिया, वही स्थान पवित्र, पवित्रकारी तीर्थ बन गया, मुक्ति देनेवाला हो गया। श्रीवृन्दावन, अयोध्या, यमुना, सरयू आदि भगवान्‌के अवतरणके कारण ही महान् पवित्र तीर्थ हैं।

इसी प्रकार जहाँ महात्माओंने साधन-भजन किया, निवास किया—वही स्थान पवित्र तीर्थ बन गया। पतिव्रताशिरोमणि अनसूयाजीने जहाँ वास किया, उस स्थानका नाम 'अनसूयाश्रम' हो गया। पतिव्रता स्त्री महात्माओंके तुल्य ही होती हैं। अनसूयाजी उच्च-कोटिकी पतिव्रता थीं। जिनके यहाँ स्वयं ब्रह्मा, विष्णु, महेश अंशरूपसे अवतरित हुए थे।

श्रीभरतजी महाराज जब चित्रकूट गये थे, तब भगवान् श्रीरामका राजतिलक करनेके लिये बहुत-से तीर्थोंका जल साथ ले गये थे। भगवान् श्रीरामचन्द्रजीका राजतिलक तो हुआ नहीं, अतः भगवान्‌की आज्ञासे उस जलको एक कुएँमें रक्खा गया। वह कुआँ आज भी 'भरतकूप' के नामसे प्रसिद्ध है। नैमिषारण्यमे हजारों ऋषि एकत्र होकर ज्ञान-सत्र और भगवच्चर्चा करते थे, इसीसे वह नैमिषारण्यके नामसे प्रसिद्ध तीर्थ है।

श्रीभगीरथजी बडे उच्च कोटिके पुरुष थे और भगवान् विष्णुके परम भक्त थे। वे अपने पूर्वजोंको तारने तथा लोक-कल्याणके लिये गङ्गाजीको लाये थे। उनकी लाई हुई गङ्गाजी जिस मार्गसे निकलीं, उस मार्गके सभी स्थान तीर्थ बन गये। श्रीगङ्गाजीके लानेमे भगीरथजीने बड़ा पुरुषार्थ किया था, इससे आज भी यदि कोई महान् पुरुषार्थ करता है तो उसके पुरुषार्थ-को 'भगीरथ-पुरुषार्थ' कहते हैं।

ऐसे पुरुषोंकी वाणी परम पवित्र, गम्भीर आशयवाली, रहस्यमयी, अर्थयुक्त, सरल और कल्याणकारिणी होती है। इनका हृदय बड़ा ही विशाल, विशुद्ध, अचल और शान्तिमय होता है। उसमे अवगुणोंका सर्वथा अभाव होता है और अनन्त सद्गुणोंका सागर सदा-सर्वदा लहराता रहता है। उनके सङ्गसे सब प्रकारसे लाभ-ही-लाभ है।

जैसे कहीं एक ओर घासकी ढेरी है और दूसरी ओर आगकी ढेरी है। हवा चलती है और हवा चलकर घासको उड़ाकर आगमे डाल देती है तो वह घास आग ही बन जाता है और अग्निकी चिनगारियाँ उड़कर यदि घासमें पड़ती हैं तो भी उस घासकी आग बन जाती है। कभी ऐसा नहीं हो सकता कि आग घास बन जाय। इसी प्रकार महापुरुषोंके समीप आकर पापी साधु बन जाते हैं, परंतु महापुरुष पापियोंके सङ्ग-से पापी नहीं होते; क्योंकि उनमे ज्ञानाग्नि हर समय निवास करती है। उस ज्ञानाग्निकी चिनगारियोंसे पापरूपी घासका ढेर-का-ढेर भी हो तो वह भी भस्म हो जाता है। उनके हृदयमें जो ज्ञानका भाव है, वह वाणीके द्वारा विकसित होकर जब कानोंमे जाता है, तब अन्तः-करणमें घासके ढेरके समान जो पाप-पुञ्ज है वह जल-कर भस्म हो जाता है। उनकी उपदेशमयी वाणी ही ज्ञानाग्निकी चिनगारियाँ हैं।

इस संसारमे ऐसे-ऐसे महापुरुष हो गये हैं कि जिन्होंने अपने पुण्य-प्रभावसे लाखो-करोड़ों जीवोंका उद्धार कर दिया था। हमारी इस पृथ्वीपर कीर्तिमान् नामक एक राजा हुए हैं। वे बड़े ही भक्त, भक्ति-प्रचारक और चक्रवर्ती राजा थे। सारी पृथ्वीपर उनका शासन था। अतः उनके आचरण और उपदेशके प्रभावसे सारी पृथ्वीके लोग भगवान्‌के परम भक्त बन गये और सभी भगवान्‌के परम धामको जाने लगे। यमराजका व्यापार तो एकदम बंद हो गया। यमलोकमे पहलेके जितने प्राणी थे, वे यातना भोगकर वहाँसे विदा हो गये और नया प्राणी कोई गया नहीं। इस कारण यमलोक एकदम खाली हो गया। तब यमराजने ब्रह्मा-जीके पास जाकर स्थिति बतलाते हुए कहा कि 'पृथ्वी-पर कीर्तिमान् नामका एक राजा है, वह सभीको परम धाममे भेज रहा है। मेरे लोकमे एक भी प्राणी अब नहीं आता। जो पहलेके थे, वे सब यातना भोगकर चले गये। अब मै क्या करूँ?' ब्रह्माजी धर्मराजको साथ लेकर विष्णुभगवान्‌के पास गये और उनको सारी स्थिति सुनायी। भगवान्‌ने कहा—'इनका कहना ठीक है। इस समय इस पृथ्वीपर कीर्तिमान् राजा है और वह जबतक रहेगा तबतक एक भी प्राणी यमलोकमे नहीं जायगा, सब मेरे लोकमे ही आयेंगे। वह कीर्तिमान् राजा अभी दो हजार वर्षतक और रहेगा।

दो हजार वर्षके बाद जब कोई दूसरा राजा होगा, तब फिर प्राणी यमलोकमे जाने लगेंगे ।'

(स्कन्दपुराण, वैष्णवखण्ड, अध्याय १३)

कितनी विचित्र बात है । हजारों वर्षोंकी आयु, समस्त पृथ्वीका शासन और ऐसा पुण्य-प्रभाव कि एक भी प्राणी यमलोकमे नहीं गया । इस कीर्तिमान् राजाको तो हम महापुरुषका महापुरुष भी कह दें तो कोई अत्युक्ति नहीं ।

संसारमे महापुरुष हो और लोग उसकी आज्ञा मानें तो सहज ही एक महापुरुषके प्रभावसे ही मनुष्य-मात्रका कल्याण हो सकता है । एक महापुरुषकी बात मानकर हजारों मनुष्य महापुरुष बन जायँ, फिर वे हजारों व्यक्ति भगवान्‌की भक्तिका प्रचार करें; फिर उनसे उपदेश पाये हुए लाखो पुरुष भक्त बने, तो यो होते-होते सारे संसारके मनुष्य भगवान्‌के भक्त बन सकते है और समस्त ससारका कल्याण हो जा सकता है ।

परंतु आजतक संसारमे ऐसा पुरुष कोई नहीं हुआ कि जिसमे प्राणिमात्रका उद्धार हुआ हो । प्राणिमात्रका उद्धार हो जाता तो उन लोगोंके साथ हमारा भी कल्याण हो गया होता । इसीसे यह बात सिद्ध है कि ऐसा कोई आजतक नहीं हुआ । परंतु इसका यह अभिप्राय नहीं कि आगे ऐसा हो ही नहीं सकता, हो तो सकता है ।

भगवान् उस पुरुषको इस प्रकारका अधिकार देनेके लिये बाध्य हो जाते हैं जो भगवान्‌का उच्च-कोटिका अनन्य भक्त और परम श्रद्धालु हो, जो परम और विशुद्ध प्रेमी हो तथा सबका परम सुहृद् हो । जिस महापुरुषमे कामनाका लेश भी न हो । जिसने पहलेसे ही संसारके लोगोंके लिये अपना सर्वस्व तन, मन, धन अर्पण कर रक्खा हो । एव जो भगवान्‌से सब लोगोंके उद्धारका प्रार्थी हो । अबतक भगवान्‌के भेजे हुए जो पार्षद या अधिकारी पुरुष आये हैं, उन्होंने भी इस प्रकार सबका उद्धार नहीं किया । ऐसे महापुरुषका स्थान अभी खाली ही है । इस स्थानकी पूर्ति जिस दिन हो जायगी, उस दिन हम सबका कल्याण हो जायगा । इसपर एक कहानी है । पहलेसे लोकमें प्रचलित या नवीन कल्पनाप्रसूत कथाको 'कहानी' कहा करते है ।

भगवान्‌के एक उच्चकोटिके भक्त थे । उन्होंने तन-मनसे भगवान्‌की आत्यन्तिक भक्ति की । भगवान्‌ने प्रकट होकर उनको दर्शन दिये और कहा—'तुम्हारी भक्तिसे मै परम प्रसन्न हूँ, तुम्हारी इच्छा हो सो वरदान माँग लो ।'

भक्तने कहा—'जब आपने दर्शन दे दिये, तब इससे बढ़कर और क्या वरदान होगा ।'

भगवान्‌ने कहा—'ठीक है, फिर भी मेरे संतोषके लिये तुम्हारी जो भी इच्छा हो, माँग लो ।'

भक्तने कहा—'प्रभो ! जब आप इस प्रकार बार-बार कह रहे है, तब मै यही वरदान माँगता हूँ कि प्राणिमात्रका कल्याण हो जाय, अर्थात् आप सब जीवों-का उद्धार कर दीजिये ।'

भगवान्‌ने कहा—'सब जीवोंका उद्धार कैसे हो सकता है ? उन सबके पाप कौन भोगेगा ?'

भक्तने कहा—'मै भोगूँगा । आप सबके पाप मुझे भुगताते रहे और मैं भोगता रहूँ ।'

भगवान्‌ने कहा—'तुम मेरे अनन्य भक्त हो, विशुद्ध भक्त हो । तुमको मै सारे प्राणियोंके पाप कैसे भुगता सकता हूँ ।'

भक्त बोला—'न भुगताएँ तो भगवन् ! क्षमा कर दीजिये ।'

भगवान् बोले—'यह भी सम्भव नहीं ।'

भक्तने कहा—'आपके लिये तो कुछ भी असम्भव नहीं है । आप जब चाहें, सबका उद्धार कर सकते हैं । आप साक्षात् परमात्मा हैं । सबके महान् ईश्वर है । आप असम्भवको भी सम्भव कर सकते हैं । आप यदि कहें कि ऐसा हो ही नहीं सकता तो फिर प्रभो ! आपको यह कहनेकी क्या आवश्यकता थी कि तुम्हारी

जो इच्छा हो, माँग लो। आपको स्पष्ट यह कहना चाहिये था कि तुम स्त्री, पुत्र, धन, स्वर्ग आदि जो भी इच्छा हो, माँग लो। अधिक-से-अधिक मुक्तिके लिये कहना चाहिये था।'

भगवान्‌ने कहा—'भाई! तुम्हारी विजय हुई, मैं हारा।'

भक्त बोला—'भगवन्! इस विजयमें मुझे क्या मिला? इस विजयको आप अपने ही पास रक्खे! मेरी तो विजय सबके कल्याणमें ही है।'

भगवान्‌ने कहा—'सबका कल्याण होना तो कठिन है। हाँ, एक बात है—मेरे दर्शनसे, भाषणसे, स्पर्शसे, वार्तालापसे, चिन्तनसे और नाम-जपसे भी मनुष्यका कल्याण हो जाता है। वही सामर्थ्य मैं तुमको दे रहा हूँ। अब तुम्हारे दर्शन, भाषण, स्पर्श, वार्तालाप, चिन्तनसे तथा तुम्हारा नाम लेनेसे भी मनुष्यका कल्याण हो जायगा।'

भक्त बोला—'प्रभो! इतना ही सही।'

इसके बाद भगवान् अन्तर्धान हो गये। भगवान्‌ने भक्तकी यह बात स्वीकार कर ली। वह कहीं अड़ गया होता तो सभीका कल्याण हो सकता था।

इसलिये उचित है कि हमलोग ऐसे ही निष्कामी, त्यागी, उदारचित्त अनन्य भक्त बनें।

धर्मको नहीं छोड़ सकता

(लेखक—श्रीयतीन्द्रकुमार भटनागर)

शास्त्रोंमें यह बताया गया है कि जहाँ धर्म है वहीं लक्ष्मी निवास करती है और वहीं यशका भी प्राधान्य रहता है। जहाँसे धर्म मुँह मोड़ लेता है, वहाँ दरिद्रता, दुःख और अकल्याणका साम्राज्य स्थापित हो जाता है।

एक कथा इस प्रकार है—किसी नगरमें एक साधु-स्वभाव, विद्वान् ब्राह्मण निवास करते थे। अपनी दिनचर्याका अधिकांश वेद-पाठ, पूजा, सत-समागम, दीन-दुखियोंकी सेवा-सहायता और प्राणिमात्रके हितार्थ देते थे। उनका घर स्वस्थ और गुणी संतानसे, उनका खेत और खलिहान उत्तम प्रकारकी फसलों एवं अन्नसे तथा उनका उद्यान सुस्वादु फलयुक्त वृक्षोंसे भरा रहता था। ब्राह्मणका यश भी चतुर्दिक् फैला हुआ था। जनता और राजदरबारमें उनका बहुत सम्मान था।

ऐसे धार्मिक ब्राह्मणकी श्रीवृद्धि देख अधर्म मन-ही-मन कुढ़ा करता और उस सुखी परिवारको अपना केन्द्र बनाना चाहता था। एक दिन वह अलक्ष्मीके साथ ब्राह्मणके घर पहुँचा और दीन वाणीमें उनसे कहने लगा, 'हे विप्रवर! मुझपर आजकल बड़ी विपत्ति आयी हुई है, चारों ओरके संकट और चिन्तासे त्रस्त होकर मैं आपकी शरण आया हूँ। आप कृपाकर यदि मेरी स्त्रीको कुछ कालके लिये अपने आश्रयमें रख सकें तो मैं देश-विदेश घूमकर कुछ धनोपार्जन कर सकूँ जिससे मेरी चिन्ताका एक कारण दूर हो।' ब्राह्मणने उत्तर दिया कि 'मैं इसे अपनी पुत्रियों और पुत्रवधुओंसे बढ़कर समझूँगा और किसी प्रकारका कष्ट नहीं होने दूँगा। तुम निश्चिन्त होकर धनोपार्जन करो।' दीनके वेषमें आया अधर्म मन-ही-मन हँसता हुआ चला गया और अलक्ष्मी ब्राह्मणके परिवारमें रहने लगी।

दूसरे दिन ब्राह्मण पूजा-पाठ समाप्त करके जानेको उद्यत ही थे कि एक स्त्री-मूर्ति प्रकट होकर बोली, 'ब्राह्मण! अब मेरा यहाँ रहना सम्भव नहीं।'

दिव्य मूर्तिको देखकर ब्राह्मणने श्रद्धापूर्वक प्रणाम कर पूछा, 'माता! आप कौन हैं और मेरे घरसे क्यों जाना चाहती हैं?'

नारी-मूर्तिने उत्तर दिया, 'मैं इस घरकी धन-लक्ष्मी हूँ। तुमने अपने परिवारमें अलक्ष्मीको स्थान दिया है, मैं और वह एक साथ नहीं रह सकतीं।'

ब्राह्मणने कहा, 'माता ! आश्रितको निकालना धर्म-विरुद्ध है । आप यदि नहीं रहना चाहतीं तो आपकी इच्छा ।'

धनलक्ष्मी ब्राह्मणके घरसे चली गयी, ब्राह्मणकी फसल नष्ट हो गयी, खलिहानोंका अन्न सील तथा चूहोंने बर्बाद कर दिया और सुस्वादु फलोंसे लदे वृक्ष सूख गये ।

अगले दिन पूजासे उठनेपर फिर एक नारी-मूर्ति और उपस्थित हुई और बोली, 'ब्राह्मण ! मैं तुम्हारी यश-लक्ष्मी हूँ । तुमने अपने घरमे अलक्ष्मीको आश्रय दिया है । मै उसके साथ नहीं रह सकती, इसलिये तुम्हारा घर छोड़कर जा रही हूँ ।'

ब्राह्मणने उत्तर दिया, 'माता ! जैसी आपकी इच्छा, मैं तो आश्रितको घरसे नहीं निकाल सकता ।'

यशलक्ष्मी भी चली गयी । ब्राह्मणका आदर-मान समाप्त हो गया; घरसे बाहर चलते हुए जहाँ उच्च पदस्थ अधिकारी भी ब्राह्मणके आगे सिर झुकाते थे वहाँ निम्न वर्गके लोग भी उनका उपहास करने लगे । ब्राह्मण इन सबसे भी विचलित नहीं हुए ।

एक दिन एक और नारीमूर्तिको प्रकट होते देख ब्राह्मणने प्रणामकर पूछा, 'महामान्य माता ! आप कौन हैं ?'

नारीमूर्तिने उत्तर दिया, 'मै तुम्हारे घरकी कुल-लक्ष्मी हूँ । अलक्ष्मीके साथ नहीं रह सकती और इस घरको छोड़ रही हूँ ।' ब्राह्मणने उसी प्रकार कहा, 'माता ! आपकी इच्छा ।'

कुललक्ष्मी भी प्रस्थान कर गयी । इसका परिणाम यह हुआ कि लोगोंमे ब्राह्मणके चरित्रपर कानाफूँसी होने लगी । पास-पड़ोसमे यही सुन पड़ने लगा कि ब्राह्मणने न जाने किस स्त्रीको अपने घर रख लिया है, इसके कुलको कलंक लग गया । ब्राह्मण फिर भी अविचलित रहे ।

अगले दिन पूजासे उठते ही एक दिव्य पुरुष-मूर्ति सामने आयी और ब्राह्मणसे बोली, 'मैं जाता हूँ ।'

ब्राह्मणने उसी प्रकार श्रद्धासे मस्तक झुका प्रणाम-कर पूछा, 'महाराज ! आप कौन हैं और क्यों जाना चाहते हैं ?'

मूर्तिने उत्तर दिया, 'मै धर्म हूँ । अलक्ष्मीको आश्रय देनेसे तुम्हारे घरसे धन-लक्ष्मी, यश-लक्ष्मी और कुल-लक्ष्मी चली गयीं, अब मैं भी जा रहा हूँ ।'

ब्राह्मणने कहा, 'महाराज ! किसीको आश्रय देना अधर्म तो नहीं । तीनों लक्ष्मी-देवियोंमेंसे किसीने यह नहीं कहा कि तुमने अधर्म किया, इसलिये हम जा रही हैं । उन्होंने तो यही कहा कि वे अलक्ष्मीके साथ नहीं रह सकतीं, उनका तो महाराज ! स्वभाव ही ऐसा है । मैं उन्हें नहीं रोक सकता था; परंतु महामना ! आप नहीं जा सकते । मैने आपको रखनेके लिये ही तो अलक्ष्मीको रक्खा है । जबतक मैं आपको स्वयं नहीं छोड़ूँ तबतक आप मुझसे अलग हो ही नहीं सकते और मैं धर्मको छोड़ नहीं सकता ।'

धर्म यह सुनकर प्रसन्न हो गये । मुसकराकर बोले, 'अच्छा मै नहीं जाता । तुम्हारा कल्याण हो ।' धर्म अदृश्य हो गये । कुछ ही देरमें लक्ष्मीके तीनों रूप वापस आ गये । ब्राह्मणके उजड़े खेत फिर हरे-भरे हो गये, उद्यानके वृक्षोंपर फल पुनः आ गये और जनतामें फिर उनका सम्मान हो गया ।

अधर्म पराजित हो गया । संध्या-वन्दनोपरान्त जब ब्राह्मण बाहर आये तो अधर्म उनके द्वारपर खड़ा था, 'मेरी पत्नीको बुला दीजिये महाराज ! मै उसे वापस लेने आया हूँ,' अधर्मने कहा ।

ब्राह्मणने उत्तर दिया, 'मेरी ओरसे तो वह जबतक चाहे रह सकती है । वैसे तुम्हारी इच्छा ।' ब्राह्मणने उसकी पत्नीको बुला दिया और अधर्म पराजित-भाव लेकर अलक्ष्मीके साथ फौरन चल दिया ।

श्रीकृष्णलीलाका चिन्तन

(७७)

एक दिन श्रीकृष्णचन्द्रके उन त्रैलोक्यसुन्दर श्रीअङ्गोंपर पौगण्डका साम्राज्य था, उनकी समस्त भाव-भङ्गिमाएँ उसकी छाप लेकर ही व्यक्त होती; किंतु उस पौगण्डकी भी सीमित अवधि थी। उसने सोचा—'जब मै आया था, तब उन श्यामल अङ्गोंपर कौमारका शासन था। अनेक क्रीडाओंकी ओटमें स्थित होकर मैंने क्रमशः उसे यहाँसे निःसारित किया; शासनसूत्र अपने हाथमें लिया; क्योंकि कौमार इन मनोहर अवयवोंमें अपेक्षित विकास नहीं कर पा रहा था। हाँ, मेरी अपेक्षा भी अधिक योग्यता 'कैशोर' मे अवश्य है और वह द्वारपर अपना अधिकार सँभालने आ भी पहुँचा है। मै इसके लिये कोई त्याग कर रहा हूँ, यह बात नहीं; यह तो अवश्यम्भावी घटना है; निर्धारित समयपर ही वह आया है। एक तो वह उपयुक्त पात्र है, फिर अपने-आप आकर उपस्थित हो गया है। इतना ही नहीं, यह लो, उसके आते ही, उसकी छाया पड़ते ही नीलसुन्दरके श्रीअङ्गोपर कितना सुन्दर विकास परिलक्षित होने लगा है! अहा! कर्तव्यका कितना गम्भीर ज्ञान है इसे। अपने अस्तित्वकी चरम कृतार्थता व्रजेन्द्र-नन्दनके श्रीअङ्ग-स्पर्शसे ही हो सकती है—यह विवेक इसमे है, तभी तो यह आया और ठीक अवसरपर आया तथा आते ही इसने अपनी योग्यताका परिचय भी दे दिया; आवासकी व्यवस्था सँभाल ली; अभी-अभी देखते-देखते इसने कैसा सुन्दर विस्तार कर लिया।'—बस, यह विचार आते ही पौगण्डने अपने समस्त वैभव, श्रीकृष्णचन्द्रके श्रीअङ्गोंपर प्राप्त हुए अपने सम्पूर्ण अधिकार कैशोरको समर्पित कर दिये और अलक्षित रूपसे ही वह स्वयं अन्तर्हित हो गया—

राज्यं सम्यगुपेत्य कृष्णवपुषि त्रैलोक्यलक्ष्मीमये
क्रीडाभिर्लघु निर्गमय्य समया नौदार्य्यपर्य्याकुलम्।
पात्राय स्वयमागताय गुणितावासाय सद्वेदिने
कैशोराय निजं प्रदाय विषयं पौगण्डमन्तर्दधे॥

(श्रीगोपालचम्पूः)

फिर तो कैशोरने अपने ढंगसे सब कुछ पूरा-का-पूरा सजाया—नीलसुन्दरके मुखसरोजका सर्वांश विकसित हो उठा, एक अभिनव कान्ति प्रसरित होने लगी। दृगोंमें मनोहर दीर्घता दीख पड़ी और वे नयन-सरोरुह अरुणप्रभासे रञ्जित होने लगे। वक्षःस्थल ऊँचा हुआ, सुन्दर विस्तार भी हो गया उसका। मध्यदेशमे परम रमणीय कृशता परिलक्षित होने लगी। इस प्रकार एक अद्भुत अनिर्वचनीय सौन्दर्य-सिन्धुका निर्माण कर दिया कैशोरने। तथा जैसे ही उसमे पहली ऊर्मि उठी कि समस्त व्रजपुर प्लावित हो उठा, स्थावर-जङ्गम—सबके नेत्र भर गये इस सौन्दर्यपूरसे, सबकी आँखें आकर्षित होकर बरबस बह चलीं उस प्रवाहमे और जाकर आखिर डूब ही गयीं नीलसुन्दरके श्रीअङ्गोंके समीप उठती हुई उन श्यामल लहरोंमे!—

मुखे पूर्तिः कान्तिर्नयनयुगले दैर्घ्यमरुण-
प्रभा हृद्युच्छ्रायः प्रतनुरपि मध्ये तु कृशता।
इतीदं सौन्दर्यं यदवधि मनागप्यधिजगे
जगन्नेत्रश्रेणी तदवधि हरौ तेन चकृषे॥

(श्रीगोपालचम्पूः)

कदाचित् किसीकी आँखें कुछ क्षणोंके लिये बाहर उतराने लगतीं तो उस समय उसके प्राण इस प्रकार झंकार करने लगते—'अहा! कैसी शोभा है नीलसुन्दरकी! मानो वसतके दिन हों, नव-तमाल-तरुकी शाखाओंमें, शाखाकी प्रत्येक ग्रन्थिमें विविध वर्णमयी नवाङ्कुरश्रेणी फूट पड़ी हो; इन नवाङ्कुरोंसे श्याम-तमालका सौन्दर्य प्रस्फुटित हो रहा हो। पर यह शोभा भी सर्वथा तिरस्कृत जो हो रही है नीलसुन्दरके रोम-रोमसे प्रस्फुटित हुए सौन्दर्य-स्रोतकी तुलनामे!'

अधिमधुदिनमनुपर्वकुरुंबितनवाङ्कुरकन्दलदलद्रामणीयक-
नवतमालकदम्बबिडम्बकम्। (श्रीआनन्दवृन्दावनचम्पूः)

'देखो तो सही, अङ्ग-प्रत्यङ्गोंका आनन्दसूचक यह उच्छलित कैशोरभाव अपनी समस्त मधुरिमा उँड़ेलने जा रहा है और व्रजेन्द्रनन्दनके श्रीअङ्ग भी उस माधुर्यभारको वहन करनेमे सर्वथा समर्थ दीख रहे हैं। अहा! पौगण्डके अन्तरालमे ही सहसा व्यक्त हुए कैशोरकी कैसी शोभा है! मानो कुसुम अपने हृदेशमे प्रतिक्षण सुष्ट होते हुए मकरन्द एवं परागका उपहार एकत्र कर मधुकरका प्रीतिभाजन बनने जा रहा हो; अभिनव मुकुलके रूपमे, मुकुलकी कान्ति धारण किये अवस्थित हो।'

प्रत्यङ्गरङ्गितरङ्गितविशेषमाधुरीधुरीणमन्तरुपद्यमानमधुप-
रागमधुपरागभागभिनवकुड्मलीभावभावहितं कुसुममिव।

(श्रीआनन्दवृन्दावनचम्पूः)

'अहा ! नीलसुन्दर मानो श्याम लता नामकी लताका वह एक अनिर्वचनीय सुन्दर फल हों, जो अभी परिपक्व तो नहीं हो, फिर भी कसैलेपनसे रहित हो जाय, मृदुता धारण कर ले, मधुर-सुस्वादु रससे पूरित हो जाय, सबकी एकमात्र लोभनीय वस्तु बन जाय !'

अपाकनिष्कषायमृदुमधुरलुलितं श्यामलतालतायाः किमपि फलमिव । (श्रीआनन्दवृन्दावनचम्पूः)

इस प्रकार भावावेशमे उन व्रजवासियोंके प्राण न जाने क्या-क्या अनुभव करने लगते । विशेषतः उन व्रजवधुओंकी, गोपकुमारिकाओंकी क्या दशा हुई, इसे तो एकमात्र वे ही जानती हैं ।

प्रतिदिन—जब भुवनभास्कर प्राचीको रञ्जित करने लगते—नीलसुन्दर वंशीके छिद्रोंमे स्वर भरते हुए गोचारणके लिये वनमे पधारते । उस समय एक विचित्र-सी दशामें अवस्थित हुई वे व्रजवधुएँ, गोपकुमारिकाएँ निर्निमेष दृष्टिसे उनकी ओर देखती रहतीं । क्रमशः नीलसुन्दर उनकी दृष्टिसे ओझल हो जाते । इसके कितनी देर पश्चात् उन्हे बाह्य ज्ञान होता, यह कहना कठिन है । तथा जब उन्हे अपने शरीरका भान होता तो ऐसी प्रतीति होती कि प्राणोंमें एक वेदना-सी हो रही है, प्राण कुछ चाह रहे हैं । पर वे क्या चाहते हैं, यह वे स्वयं निर्णय नही कर पातीं । श्रीकृष्णचन्द्रके मुखसरोजको वे नहीं देख पा रही हैं, वे वनमें पधारे हुए हैं, संध्याके समय लौटेंगे; किंतु उनके इस स्वल्प अदर्शनके समय अन्तस्तल सर्वथा सूना-सा क्यों लगता है, इसे वे समझ नहीं पातीं । पहले ऐसा नहीं होता था, श्रीकृष्णचन्द्र जब भी गोष्ठमे पधारते, वे सर्वथा संकोचशून्य मनसे उनके समीप दौड़ जातीं । पर अब उनके निकट जानेमे एक विचित्र-सी हिचकका बोध क्यों होता है जब कि उस समय भी प्राण श्रीकृष्ण-दर्शनके लिये अत्यधिक मचले होते हैं—इसका कोई अर्थ उनकी कल्पनामे नहीं आता । फिर भी जैसे संध्या होती, वंशी-रव वनकी ओरसे सुनायी पड़ता वैसे ही सब-की-सब उधर ही अत्यन्त द्रुतगतिसे चल पड़तीं, दौड़ने लग जाती तथा दूरसे आते हुए श्रीकृष्णचन्द्र भी दीख ही जाते । उनकी उस समयकी शोभा भी निराली ही होती—घुँघराली अलकें कपोलोंपर, ललाटके कुछ अंशपर झूलती रहतीं । गोखुरोंसे बिखरे हुए धूलिकण उड़-उड़कर उन अलकोंपर पड़ते रहते । कुन्तलमण्डित मस्तकपर मयूरपिच्छका मुकुट सुशोभित रहता एवं केशोंमें सुन्दर सुरभित वन्यप्रसून ग्रथित होते । नेत्रोंकी मनोहर चितवन एवं अधरोंपर व्यक्त हुए मृदु स्मितकी शोभा देखते ही बनती, मानो नृत्यपरायण खञ्जनमिथुन अपनी नैसर्गिक भावनामे तन्मय हों, सद्यः प्रस्फुटित नीलसरोरुहसे सुधाविनिन्दित मधुधारा क्षरित हो रही हो ! वेणुके छिद्रोंमे वे स्वर भरते रहते तथा उनके असंख्य सखा—गोपशिशु मधुमय कण्टसे उनके ललित लीला-विहारका गान करते चलते ।'—बस, इस अप्रतिम सौन्दर्यको निहारकर उन गोपवधुओंकी, गोपकुमारिकाओंकी क्या अवस्था होती; इसे कोई कैसे बतावे । आह ! दो-तीन प्रहरका यह व्यवधान उनके लिये कितने युगोके समान बन गया था; उनकी आँखें न जाने कबसे तरस रही थीं और श्रीकृष्णचन्द्र सहसा मिल गये—उस समय उन्हे कितना आह्लाद होता, उनमें क्या-क्या अनुभाव व्यक्त होते और नीलसुन्दरपर कैसी प्रतिक्रिया होती, इसे वाग्वादिनी तो कह नहीं सकतीं । हाँ, इतना-सा संकेतमात्र कर सकती हैं ।

अरे ! सुन सको तो सुन लो—वे गोपवधुएँ, गोपकुमारिकाएँ एक साथ दौड़कर व्रजसे बाहर चली आयीं; नीलसुन्दरके मुखकमलपर उनकी दृष्टि पड़ी और फिर तत्क्षण ही उनके नेत्र मानो भ्रमरके रूपमें परिणत हो गये । वहाँ श्रीकृष्ण-मुखारविन्दसे राशि-राशि मधुकी धारा प्रवाहित हो रही थी तथा वे असंख्य नेत्रभ्रमर उसी मकरन्द-रसका पान कर रहे थे । इन भौंरोंसे व्रजसुन्दरियोंके हृदय एवं प्राण सम्बद्ध थे ही । अतएव वह मधुधारा उसी तन्तुके सहारे झरने लग गयी उनके उत्तप्त हृदयमे भी, प्राणोमे भी । दिनभरकी वह विरहाग्नि, जो अन्तस्तलके प्रत्येक अंशमें अलक्षितरूपसे ही धक्-धक जल रही थी, प्रशमित हो गयी । इतना हो लेनेपर पुनः उसी सकोचका आविर्भाव हुआ । मधुकर मानो अत्यधिक मधुपानसे मत्त होकर तन्द्रित-से होने चले—इस प्रकार उनके नेत्र पुनः किंचित् नमित-से हो गये । उसी समय रसपूरित हृदयमें एक विशाल लहर-सी आयी । पर लज्जाने प्रायः सम्पूर्ण द्वार रुद्ध कर दिये थे, सबका एक साथ वह नियन्त्रण कर रही थी; इसीलिये केवल लाज-भरी पवित्र हँसी एवं अतिशय विनम्र भाव-मुद्राके रूपमें व्यक्त होकर ही वह उन्मादी प्रवाह पुनः पीछेकी ओर लौट गया । हाँ, लौटते-लौटते ही उसने अपने आवेगसे व्रजसुन्दरियोंके, गोपकुमारिकाओके नेत्रोंको स्निग्ध एवं चञ्चल अवश्य बना दिया; साथ ही उसके उन्मादी प्रभाववश नेत्रोंकी वह चञ्चलता वङ्किम चितवनके रूपमें भी परिणत हो गयी । यों तो वे आयी थी नीलसुन्दरका दर्शन

करने; पर भावावेशवश अपने अन्तस्तलमें संचित सम्पूर्ण आदरकी भेंट भी समर्पित करने लग गयीं। कदाचित् द्वार अनावृत होता, लज्जा सामने खड़ी न होती तो हृदयकी ओरसे आये हुए उस प्रवाहमें बहकर उनका सब कुछ बाहर आ जाता, श्रीकृष्णचरणसरोरुहमें सर्वस्व समर्पित हो जाता। किंतु अचिन्त्य लीलामहाशक्तिके विधानसे ठीक अवसरपर ही लज्जा आकर व्यवधान बन गयी। इसीलिये आदरकी सामग्रियोंमें व्रजवधुएँ, गोपकुमारिकाएँ श्रीकृष्णचन्द्रको केवल दे सकीं लज्जामिश्रित हास्य एवं विनयसे पूरित स्निग्ध बङ्किम चितवनकी भेंट मात्र। किंतु करुणावरुणालय, गुणनिधान, परम रसमय व्रजेन्द्रनन्दनने इसे ही बहुत-बहुत करके माना; इस सत्कारके उपहारको आन्तरिक उल्लाससे स्वीकार करके तब वे व्रजके देवता, भावग्राही, रसिक, रसनिधान प्रभु गोष्ठमें प्रविष्ट हुए।

तं गोरजश्छुरितकुन्तलबद्धबर्ह-
वन्यप्रसूनरुचिरेक्षणचारुहासम्।
वेणुं क्वणन्तमनुगैरनुगीतकीर्तिं
गोप्यो दिदृक्षितदृशोऽभ्यगमन् समेताः॥
पीत्वा मुकुन्दमुखसारघमक्षिभृङ्गै-
स्तापं जहुर्विरहजं व्रजयोषितोऽह्नि।
तत्सत्कृतिं समधिगम्य विवेश गोष्ठं
सव्रीडहासविनयं यदपाङ्गमोक्षम्॥

(श्रीमद्भा० १०। १५। ४२-४३)

स्याम सचिक्कन सौरभ केसा। गोरज भरयो सुभग सुठि बेसा॥
मोर पच्छ बन सुमन सुहाए। अंग अंग सोभित मन भाए॥
चितवनि ललित मंद मृदु हासा। बंसी रव सब सुख निधि बासा॥
ब्रज जुवती दृग भृंग सम, कृष्न बदन बर कंज।
पान करयौ मकरंद मद, बिरह ताप भय भंज॥
ललित कटाछ क्षेप हरि कीन्हा। सलज मंद मुसुकनि सुख दीन्हा॥
ब्रजबनिता पहि बिधि सनमानी। भवन प्रवेस कीन रसखानी॥

× × ×

मंद मंद गति गाइन पाछे। चलत ललन छबि पावत आछे॥
गोरज छुरित कुटिल कच बने। जनु मधुकर पराग रस सने॥
मंजुल मोरमुकट की लटकनि। कंचन कुंडल गंडनि झलकनि॥
उर बनमाल, सुनन बिसाल। बाजत मोहन बेनु रसाल॥
मुनि कै गोपबधू सब निकसी। मुद्रित कमलकली जनु बिकसी॥
हरि-मुख-कमल भरयौ रस-रंग। गोपी-लोचन लंपट भृंग॥
पुनि पुनि करि कै पान अघाने। दगन के बासर बिरह सिराने॥
तब कछु नैनन पूजा कीनी। लज्जासहित इँसनि रँग भीनी॥
ता पाछे बर कुटिल कटाछे। चली जु प्रेम रँगीलो आछे॥
यह तिनकी पूजा अभिराम। ले आये घर मोहन स्याम॥

इस प्रकार जबसे नीलसुन्दरके श्रीअङ्गोंके अन्तरालसे कैशोर झाँकने लगा, तबसे व्रजवधुओंकी, गोपकुमारिकाओंकी मनःस्थिति बदली, दिनचर्यामें परिवर्तन हुआ तथा प्रातः-सायं श्रीकृष्णदर्शनके समय उनकी यह उपर्युक्त अवस्था रहती। अवश्य ही अबतक कोई भी इसे जान नहीं सका था। किंतु आज जब श्रीकृष्णचन्द्र धेनुकवधके अनन्तर मध्याके समय गोष्ठमें प्रवेश करने लगे; वंशीका रव गूँज उठा—

व मुरली की टेर सुनावत।
बृंदाबन सब बासर बसि निसि-आगम जानि चरे ब्रज आवत॥
सुबल, सुदामा, श्रीदामा सँग, सखा मध्य मोहन छबि पावत।
सुरभीगन सब ले आगे करि कोउ टेरत कोउ बेनु बजावत॥
केकी-पच्छ-मुकुट सिर भ्राजत, गौरी राग मिलै सुर गावत।
सूर स्याम के ललित बदन पर गोरज छबि कछु चंद छपावत॥

—उस समय उन्हें देखकर वे व्रजवधुएँ, गोपकुमारिकाएँ एक बार तो उन्मादिनी-सी हो उठीं। कुछ क्षणोंके पश्चात् किसी अचिन्त्य शक्तिने उन्हें प्रकृतिस्थ अवश्य बना दिया। पर उनकी यह विचित्र अवस्था कतिपय वयस्क व्रजपुरन्ध्रियोंके लिये आश्चर्यका विषय तो बन ही गया। लज्जाके भारसे दबी वे व्रजवधुएँ, गोपकुमारिकाएँ आज नन्दावासमें भी न जा सकीं। श्रीकृष्णचन्द्रकी स्मृति अपने मनमें धारण किये उस तोरणकी ओर शून्य आँखोंसे देखती रह गयीं, जहाँ पहुँचकर नीलसुन्दर व्रजरानीका लाड़ स्वीकार करते हुए गायोंको यथास्थान पहुँचाते हुए उनकी दृष्टिपथसे ओझल हो चुके थे।

इधर व्रजेन्द्रगेहिनी, श्रीरोहिणी आदिके मनमें यह भावना स्पर्शतक नहीं कर सकी है कि उनके नीलमणिमें आयुसम्बन्धी अथवा चेष्टागत कोई विशेष परिवर्तन हुआ है। जननीकी, श्रीरोहिणीकी आँखोंके सामने तो वे अभी भी दुधमुँहे बच्चे-जैसे ही हैं। सच तो यह है—माताओंके लिये नीलसुन्दरका कौमार, पौगण्ड, कैशोर उनकी वात्सल्य-धाराके आवर्तमें स्मृतिरूपसे, भविष्यकी सुखमयी कल्पनाके रूपसे—सर्वथा प्रत्यक्ष-सा बनकर—न जाने कितनी बार घूम जाता है। पर वास्तवमें उनके समक्ष कौन कितनी देर टिकता है, टिकेगा—इसकी मीमांसा आजतक किसीके लिये सम्भव न हो सकी। उनके मनोभाव जितने अंशमें क्रियारूपमें व्यक्त होते हैं, उसके आधारपर कोई सूक्ष्मदर्शी यत्किंचित् अनुमान भले कर ले कि मैया अमुक समयमें अपने पुत्रके अमुक वयस उचित भावसे

भावित हैं। अन्यथा किसीको—अचिन्त्य सौभाग्यवश यदि माताओंको देख सकनेकी आँखें उसके पास हों तो—इतना ही दीख सकता है कि वात्सल्यजनित परम आर्त्ति एवं परम आनन्दकी लहरें उठ रही हैं एवं माताएँ सतत उसीमें बह रही हैं। जननी कभी तो किसी अनिष्ट-आशङ्कासे अत्यन्त विषण्ण हैं, कभी अत्यन्त तत्परतासे पुत्रके लिये खाद्य वस्तुएँ सँजो रही हैं; कभी आकुल चित्तसे प्रतीक्षा कर रही हैं और कभी प्राणोंके उल्लासमें भरकर प्रत्यक्ष लाड़ लड़ानेमें तन्मय हैं—इतनी बेसुध-सी कि अपने शरीरका कोई भान ही जैसे न रहा हो। व्रजपुरमें क्या हो रहा है, क्या हुआ है,—यह कोई उन्हें सुना दे तो भले ही मनोयोगपूर्वक उसे सुन लें—वह भी यदि घटना नीलमणिसे सम्बद्ध हो तो। नहीं तो, मनसे, शरीरसे राम-श्यामको लेकर वे अपने भावमें बह रही हैं। वनसे आते हुए नीलमणि, बलराम उन्हें दीख जाने चाहिये अथवा नीलमणि गोचारणके लिये वनमें चले गये, यह भावना उन्हें छू ले। फिर मैयाका, श्रीरोहिणीका मन कहाँ उलझा है—नीलसुन्दरको वे चन्द्र-दर्शन करा रही हैं कि गोचारणके प्रसङ्गमें छाक भोजन करा रही हैं अथवा मण्डप सजाकर नीलसुन्दरके ब्याहकी कल्पनामें तन्मय हैं—यह जानना सहज नहीं है। इसीलिये श्रीकृष्णचन्द्रके अङ्गोंके अन्तरालमें वस्तुतः व्यक्त हुआ कैशोर व्रजेन्द्रगेहिनीके लिये कोई विशेष महत्त्व नहीं रखता। उनके लिये तो वह कितनी बार आता है और फिर तत्क्षण ही नीलसुन्दर उन्हें स्तनपान करा देनेके लिये क्रन्दन करते हुए दीखने लग जाते हैं। अस्तु, मैया इस समय भी अपने भावमें मग्न रहकर ही प्रतीक्षामें बैठी हैं। और यह लो, देखो, उनके कर्णपुटोंमें भी वंशी रव प्रविष्ट हुआ तथा जननी एवं श्रीरोहिणी उधर ही दौड़ चलीं। नहीं-नहीं, राम-श्याम तो उनके भुजपाशमें बँध चुके—

पहुँचे आइ स्याम व्रजपुर मैं, घरहिं चले मोहन बल आछे।
सूरदास प्रभु दोउ जननी मिलि, लेतिं बलाइ बोलि मुख बाछे॥

प्रतिदिनकी भाँति आज भी जननी एवं श्रीरोहिणीने राम-श्यामका सलालन किया। भवनमें पधार जानेपर समयके अनुरूप एवं दोनों पुत्रोंकी रुचिके अनुसार समस्त वस्तुओंकी व्यवस्था की गयी। परिधेयवस्त्र, भोजनसामग्री, पेयपदार्थ—सभी राशि-राशि एकत्रित कर दिये गये एवं राम-श्यामकी मनुहार आरम्भ हुई। दोनों माताओंने उद्वर्तन लगाकर, स्नान कराकर एवं अन्य विविध उपचारोंसे अपने पुत्रोंकी वन्य विहारजन्य समस्त श्रान्ति हर ली। अतिशय मनोहर सुन्दर वस्त्र धारण कराये, चन्दनसे श्रीअङ्गोंको चर्चित किया, दिव्य पुष्पोंकी मालाएँ धारण करायीं। इतना हो जानेके अनन्तर सुन्दर आसनपर उन्हें विराजित कर परम सुस्वादु भोजन-सामग्रियाँ माताओंने अपने हाथों परोसीं तथा राम-श्यामने भी जननीका लाड़ स्वीकार कर एक-एक वस्तुका स्वाद लिया। भोजनसे परितृप्त होकर—होते-होते ही नीलसुन्दरकी, बलरामकी आँखें घुलने लगीं और तब व्रजरानीने दोनोंको ही अतिशय सुन्दर शय्यापर पधराया। बस, फिर तो देखते-देखते राम-श्यामके दृग् निमीलित हो गये। जननीका अङ्क उपधान बना और वे दोनों सुखकी नींद सो गये—

तयोर्यशोदारोहिण्यौ पुत्रयोः पुत्रवत्सले।
यथाकामं यथाकालं व्यधत्तां परमाशिषः॥
गताध्वानश्रमौ तत्र मज्जनोन्मर्दनादिभिः।
नीवीं वसित्वा रुचिरां दिव्यस्रग्गन्धमण्डितौ॥
जनन्युपहृतं प्राश्य स्वाद्वन्नमुपलालितौ।
संविश्य वरशय्यायां सुखं सुषुपतुर्व्रजे॥

(श्रीमद्भा० १०। १५। ४४–४६)

दोउ जननी सुत उभय निहारी। हरषि उठाय अंक बैठारी॥
आसिष दे पुनि विविध प्रकारा। सुत लडाइ सुख लही अपारा॥
लखित कपूर उबटि अन्हवाए। श्रम पथ सकल सुदूरि बहाए॥
नील पीत पट कटि तट बाँधी। पहि बिधि सुत जसुमति आराधी॥
पुनि सुगंध चर्चित करि गाता। सुमन माल पहिराइ सुहाता॥
भोजन विविध प्रकार अनेका। जसुमति परसे सहित बिबेका॥

भोजन करि हरि प्रीति जुत, जननी तलप सवारि।
सोए तहँ जदुबंसमनि, अखिल लोक सुखकारि॥

× × × ×

जसुमति द्वार आरती कियौ। पोंछि क बदन सदन मैं लियौ॥
उबटन उबटि फुलेल लगाइ। स्वच्छ सुगंध सलिल अन्हवाइ॥
सुमन सुस्वाद सुबिंजन आनि। जननी ज्योंये अपने पानि॥
रितु रितु के भोजन अनुकूल। रितु रितु के बर फूल दुकूल॥
दुग्ध-फेन सम सेज बनाइ। पौंढि तहाँ कुँवर बर जाइ॥

व्रजेन्द्रनन्दनकी यह सुखमयी निद्रा उनके ही चरणसरोरुह-की छायामें सतत विश्राम करनेवाले भक्तोंकी परम निधि होती है। प्रतिदिन उनके प्राण पूर्णतया आश्वस्त होते हैं अन्तमें यह दर्शन कर लेनेपर ही। अतिशय मङ्गल झाँकी होती है यह—यदि किसीकी आँखोंमें इसे देख सकनेकी क्षमता नीलसुन्दर भर दें तो!—

'नंद' नींद नैंद-नंद की, कही जु इहि अध्याइ।
गुनातीत कौ साइबौ, सब भगतन कौ माइ॥

जीवनकी समस्या

(लेखक—स्वामीजी श्रीचिदानन्दजी महाराज)

मनुष्य-जीवन अमूल्य है। उसकी तुलना किसी भी दूसरे जीवनके साथ नहीं हो सकती। यह मानव-शरीर जो आज अत्यन्त पुण्यके प्रतापसे प्रभुकृपासे प्राप्त हुआ है, देवदुर्लभ कहा जाता है; क्योंकि देवता भी मानव-शरीर पानेके लिये सदा उत्सुक रहते हैं। इसका कारण यह है कि मनुष्यके सिवा अन्य सारी योनियाँ—यहाँतक कि देवादि योनि भी केवल भोगभूमि है। भोगभूमिका अर्थ यही है कि जीवको उन योनियोंमें केवल प्रारब्धके द्वारा प्राप्त भोगोंको भोगकर उस शरीरका त्याग कर देना पड़ता है। उस शरीरमें कोई भी नवीन कर्म करके परलोक सुधारनेकी कोई सामग्री नहीं होती। यह योग्यता—भावी जीवनको अपनी इच्छाके अनुसार बनानेकी योग्यता, केवल मानव-शरीरमें ही है, इस कारण यह शरीर कर्म-भूमि कहलाता है।

मानव-जीवन एक समस्या है, यह इस शरीरके द्वारा ही समझा जा सकता है और इस समस्याका समाधान खोजने तथा तदनुसार जीवनकी नीति निर्धारण करनेमें ही मानव-जीवनकी सार्थकता है।

कुछ दिन हुए एक 'विश्वधर्म-सम्मेलन' हुआ था। उसमें तीन मुख्य प्रश्न थे—(१) जीवनका उद्देश्य क्या है? (२) मनुष्य किस लिये पैदा हुआ है? अर्थात् मनुष्य-जीवनका अन्तिम ध्येय क्या होना चाहिये? (३) सुख-शान्तिमय जीवन कैसे बिताया जा सकता है? दुःखकी बात है कि बहुत चर्चा होनेपर भी अन्तमें कोई संतोषजनक निर्णय न हो सका।

हमारे शास्त्रोंने इन प्रश्नोंका उत्तर सर्वत्र दे रक्खा है, परंतु आजके वैज्ञानिक युगमें तो यह सबका निश्चय हो गया है कि शास्त्र जो कुछ कहते हैं, वह तो सच है ही नहीं। तब हमारी दृष्टि शास्त्रोंकी ओर जा ही कैसे सकती है? अंग्रेजोंने हमको सिखलाया कि तुम्हारे शास्त्र भ्रान्त हैं और हमने इसको मान लिया। मेकॉलेकी शिक्षाने बतलाया कि आर्यों की संस्कृति सड़ी हुई है और इसको फेंक देना चाहिये। हमलोगोंने इसको मान लिया और घर-घर लोग कहने लगे कि 'हमारी संस्कृति सड़ गयी है और इसको फेंक देनेमें ही छुटकारा है।' और यह तत्त्व शिक्षामें शामिल हो गया। विदेशियोंने कहा कि 'वर्णाश्रम-धर्म तो एक कलङ्क है' और हमने बिना विचारे इसको मान लिया तथा अब उसका नाश करनेके लिये कटिबद्ध हो गये हैं और उसके लिये सारी शक्तियोंका उपयोग कर रहे हैं। अंग्रेज तो चले गये; परंतु हमारा यह गुलामी मन उनके जानेके बाद भी अधिक-से-अधिक गुलामी भोगनेवाला बन गया है। अब तो बस उनका अन्धानुकरण ही आजका युगधर्म बन गया है। हमारी सारी बातें खराब हैं और वे जो कहते हैं वह सभी ठीक है—यह हमारा निश्चय बन गया है। गाँधीजीने कहा कि मशीनोंने यूरोपको उजाड़ कर दिया है, अतएव हमारे हिंदमें मशीनोंकी जरूरत नहीं है; परंतु गाँधीजीकी यह बात अब मान्य नहीं है तथा हिंदमें मशीन-पर-मशीन बढ़ती जा रही है और अपना देश दिनोंदिन परावलम्बी होता जा रहा है। जो काम अंग्रेज न कर सके, वह काम अंग्रेजी पढ़े हुए भारतीय कर रहे हैं और मेकॉलेकी प्रतिज्ञाको श्रद्धाञ्जलि दे रहे हैं!

अब इन प्रश्नोंका उत्तर खोजनेसे पहले एक बात समझ लेना आवश्यक है; क्योंकि हम भी आज देहात्मवादी—देह-को ही आत्मा माननेवाले होते जा रहे हैं। यह सङ्गदोषका परिणाम है। मानव प्राणीमें दो विभाग तो स्पष्ट ही दीखते हैं—एक जड है और दूसरा चेतन। जो जड है वह शरीर है और उसके भीतर जो चेतन तत्त्व है वह आत्मा है। शरीर स्वभावसे ही परिवर्तनशील है, अर्थात् उसमें परिवर्तन होता ही रहता है। वह जन्मके समय नन्हा-सा रहता है, फिर बढ़ता है, जवान होता है, अधेड़ होता है, वृद्ध होता है और प्रारब्ध-भोगका क्षय होनेपर नाशको प्राप्त होता है; परंतु शरीरकी इस बदलती अवस्थामें आत्मा ज्यों-का-त्यों अपने अविचल-स्वरूपमें ही रहता है। इस प्रकार आत्मा अपरिवर्तनशील है और इससे शरीरका कोई विकार उसको स्पर्श नहीं कर सकता।

विशेष विचार करनेपर ज्ञात हो जायगा कि चाहे जितना भोग प्रदान करो शरीरको कभी सुख नहीं हो सकेगा, बल्कि जैसे-जैसे भोग पदार्थोंकी मात्रा बढ़ती जायगी, वैसे-ही-वैसे वह अधिक-अधिक चाहने लगेगा और फिर भी वह सुखी तो हो सकेगा ही नहीं। इस प्रकार शरीरको सुख पहुँचानेके लिये जो भी परिश्रम किया जायगा, सब व्यर्थ ही होगा। आत्मा

अपरिणामी है, अतः वह सदा ही सुखरूप है, उसको अपने सुखके लिये बाहरके किसी पदार्थकी आवश्यकता ही नहीं। इतना समझ लेनेके बाद इन प्रश्नोंका उत्तर एक-एक करके दिया जायगा।

(१) जीवनका उद्देश्य क्या है ? यह हमारा पहला प्रश्न है। संसारका साधारण अवलोकन करनेपर भी यह ज्ञात हुए बिना नहीं रहता कि प्रत्येक मनुष्य सुख चाहता है, सुख प्राप्त करनेके लिये ही उसकी सारी प्रवृत्ति होती है और दुःख किसीको भी पसंद नहीं। इससे यह फल निकलता है कि जीवनका—मानव-जीवनका उद्देश्य दुःखकी आत्यन्तिक निवृत्तिके साथ परम सुखकी प्राप्तिके सिवा और कुछ नहीं होना चाहिये; परंतु दुःख-सुखका स्वरूप मनुष्य समझता नहीं और इसी कारण उलटे-सीधे—इधर-उधर हाय-हाय करता भटकता है तथा सुखके बदले दुःख ही पाता है। मनुष्य यह समझता ही नहीं कि सुख क्या है, यों बतलाते हुए श्रीभर्तृहरि कहते हैं—

'प्रतीकारो व्याधेः सुखमिति विपर्यस्यति जनः।'

अर्थात् अपनी भ्रान्तबुद्धिके कारण व्याधि अथवा व्यथा या पीड़ाकी तात्कालिक क्षणिक निवृत्तिको सुख मान बैठता है। प्यास लगनेपर पानी पीता है और भोग लेकर उसे सुख मान लेता है, परंतु उसमें कोई सुख तो नहीं मिलता, केवल प्यास छिप जाती है और तृषाके कारण उत्पन्न हुई व्याकुलता थोड़ी देरके लिये दूर हो जाती है।

अब दुःखका स्वरूप समझना चाहिये, जिससे यह समझमें आ सके कि उसकी निवृत्ति कैसे की जाय। गीतामें भगवान्‌ने चार बड़े दुःख गिनाये हैं—जन्म, मृत्यु, जरा और व्याधि (१३ । ८)। इनमें जन्मके दुःखको तो मनुष्य अज्ञानावस्थामें भोग लेता है। तथापि विवेकी पुरुष दूसरोंको इस प्रकारके दुःखको भोगते देखकर यह अनुमान कर लेता है कि उसको भी ऐसा दुःख भोगना पड़ा होगा। जरा और व्याधिका दुःख तो हम अपनेमें तथा दूसरोंमें बराबर देखते ही हैं। मृत्युका दुःख भी बड़ा भयानक होता है, उसको भी हम दूसरोंको मरते देखकर जान लेते हैं। इन सबको विवेकसे देखना सीखें, तभी दुःख दुःख जान पड़ता है, अन्यथा दुःखमें भी सुख-बुद्धि हो जाती है और तब दुःख दुःखरूप नहीं दिखता। श्रीशङ्कराचार्य कहते हैं—

पुनरपि जननं पुनरपि मरणं
पुनरपि जननीजठरे शयनम्॥

बारंबार जन्म लेना और बारंबार मरना तथा फिर माताके पेटमें आकर गर्भवासका दुःख भोगना, इसके समान दूसरा कोई दुःख नहीं है। आत्मपुराणमें इस जन्म-मरणके चक्रका वर्णन इस प्रकार आता है—

जातो बालो युवा वृद्धो मृतो जातः पुनस्तथा।
भ्रमतीत्येष संसारे घटीयन्त्रसमोऽवशः॥

मनुष्य जन्मता है, बाल्यावस्था भोगता है, जवान होता है, अधेड़ बनता है और वृद्धावस्थाको प्राप्त होता है, फिर मृत्युकी शरणमें चला जाता है, उसके बाद फिर माताके पेटमें आकर वहाँका दुःख भोगता है, फिर जन्मता है, फिर मरता है। इस प्रकार जीवात्मा अपने कर्मके अनुसार घटीयन्त्रके समान अवश होकर जन्म-मरणके चक्रमें भ्रमता रहता है।

इससे यह दीख पड़ता है कि जन्म-मरणके समान दूसरा कोई दुःख नहीं है। अतएव यदि दुःखकी निवृत्ति करनी हो तो जन्म-मरणसे मुक्त होना चाहिये। इसका उपाय मुक्ति या मोक्ष है।

मोक्ष सुख है, यही निरवधि सुख है, यही अक्षय सुख है और यही निरतिशय सुख है; क्योंकि वह निजका सुख है। अपने स्वरूपका ही सुख है। इसलिये इसमें कभी घट-बढ़ होता ही नहीं तथा इसका कभी विनाश भी नहीं होता।

यहाँतक हमने देखा कि मनुष्य-जीवनका उद्देश्य दुःखकी आत्यन्तिक निवृत्तिके साथ परमानन्दकी प्राप्ति है और उसकी सिद्धि मोक्ष-प्राप्तिसे ही होती है। अब इस बातके समर्थनमें कुछ प्रमाण लीजिये। श्रीमद्भागवतमें उद्धवजीसे श्रीभगवान् कहते हैं—

एषा बुद्धिमतां बुद्धिर्मनीषा च मनीषिणाम्।
यत्सत्यमनृतेनेह मर्त्येनाप्नोति माऽमृतम्॥

'बुद्धिमान् पुरुषोंकी बुद्धि तथा चतुर मनुष्योंकी चतुराई इसीमें है कि इस विनाशी और क्षणभङ्गुर शरीरसे मेरे अविनाशी और सत्य स्वरूपकी प्राप्ति कर ले।'

श्रीमद्भगवद्गीतामें अर्जुनसे श्रीभगवान्‌ने कहा है—

अनित्यमसुखं लोकमिमं प्राप्य भजस्व माम्।

'इस क्षणभङ्गुर और दुःखरूप शरीरसे मेरा भजन करके मुझे प्राप्त करो।'

श्रुति भी कहती है—

लब्ध्वा कथंचिन्नरजन्म दुर्लभं
तत्रापि पुंस्त्वं श्रुतिपारदर्शनम्।
यस्त्वात्ममुक्तौ न यतेत मूढधीः
स ह्यात्महा स्वं विनिहन्त्यसद्ग्रहात्॥

'महान् पुण्यके प्रतापसे यह मनुष्यशरीर मिला है और उसमें भी श्रुतिका तात्पर्य समझनेकी योग्यतावाला पुरुषशरीर मिला है। इतनी बड़ी सुविधा होनेपर भी जो मूढ बुद्धिवाला मनुष्य अपनी मुक्तिके लिये यत्न नहीं करता, वह आत्महत्या करता है। अपनी मूर्खताके कारण अपने ही लिये कब्र खोदता है; क्योंकि जिस शरीरसे मोक्ष साधन करना था, उससे केवल पशुके समान विषयभोग ही करता है।

अब यहाँ एक बात समझ लेना जरूरी है। ईश्वर-प्राप्ति, ईश्वर-साक्षात्कार, परमपदकी प्राप्ति, निर्वाण या कैवल्य या ब्राह्मीस्थिति-जैसे अनेक शब्दोंका प्रयोग मोक्ष या मुक्तिके लिये होता है। ये कोई पृथक्-पृथक् स्थितियाँ नहीं हैं; बल्कि एक ही स्थितिके लिये विभिन्न शब्दोंका प्रयोगमात्र है।

(२) हमारा दूसरा प्रश्न है, मनुष्यकी उत्पत्ति किस लिये हुई है? अर्थात् मनुष्य-जीवनका अन्तिम ध्येय क्या होना चाहिये?

मनुष्य-शरीर ईश्वरकी सर्वोत्कृष्ट रचना है। इसमें ईश्वरने मोक्षकी साधनाके लिये सामग्री प्रदान की है। इतना ही नहीं, बल्कि इस शरीरमें सब जन्मोंके संस्कार जाग्रत् रहते हैं, जहाँ अन्य शरीरोंमें केवल उन योनियोंके संस्कार ही जाग्रत् होते हैं तथा अन्य संस्कार दबे रहते हैं। इसी कारण मनुष्य जैसे सङ्गमें रहता है वैसा ही बन जाता है; क्योंकि सङ्गके द्वारा सजातीय संस्कार जोर पकड़ते हैं और बलवान् होकर स्वभाव बन जाते हैं।

हम जानते हैं कि संत-समागममें पाला-पोसा गया बालक सत बनता है और चोर-डाकुओंके साथ पाला गया चोर-डाकू बन जाता है। भेड़ियेके साथ पाला गया बालक भेड़िया-जैसा बन जाता है और कच्चा मास खाकर भी जी सकता है। हरिणके साथ पोसा हुआ बालक हरिणके समान घास खाकर जी सकता है तथा हरिणके समान तीस-चालीस मीलतक चौकड़ी भर सकता है। इस प्रकार मनुष्य-शरीरको ईश्वरने सर्वतन्त्रस्वतन्त्र-जैसा बनाया है। इसका सदुपयोग करे तो नरसे नारायण बन जाय और दुरुपयोग करे तो नरसे नरकका कीड़ा भी बन जाय।

मनुष्य-शरीर किस लिये उत्पन्न होता है, यह बात गर्भोपनिषद्में सुन्दर रीतिसे समझायी गयी है। गर्भके जब आठ मास पूरे हो जाते हैं, तब वह पूर्ण विकासको प्राप्त होता है। उस समय उसकी सुषुम्ना नाडी खुली होनेके कारण उसको गत जन्मोंका भी सारा स्मरण होता है। इससे कभी-कभी हाथमे आये हुए अवसरोंको खो देनेके कारण वह पश्चात्ताप करता है और कभी-कभी भगवान्से प्रार्थना करता है तथा वचन भी देता है कि इस बार इस कारागृहसे छुट्टी मिले तो हे भगवन्! मैं तुम्हारा भजन करके ऐसा साधन करूँगा कि जिससे बारंबार गर्भवासका कष्ट न भोगना पड़े। वह पश्चात्ताप करते हुए कहता है—

यन्मया परिजनस्यार्थे कृतं कर्म शुभाशुभम्।
एकाकी तेन दह्यामि गतास्ते फलभोगिनः॥

'मैंने अपने परिवारके पालन-पोषणके लिये जो-जो शुभाशुभ कर्म किये हैं उनका फल तो मुझे अकेले ही भोगना पड़ता है और अशुभ कर्मकी यातना भी मैं अकेला ही भोगता हूँ। वे तो अपना-अपना भाग लेकर न जाने कहाँ चले गये।'

भगवान्की स्तुति करते हुए वह कहता है—

यदि योन्याः प्रमुच्येऽहं तत्प्रपद्ये महेश्वरम्।
अशुभक्षयकर्तारं फलमुक्तिप्रदायकम्॥

'हे भगवन्! यदि मैं इस बार गर्भवाससे छूट जाऊँगा तो समस्त पापोंका नाश करनेवाले और मुक्तिरूपी फलको देनेवाले महेश्वर भगवान्के चरणोंका ही आश्रय लेकर मोक्ष प्राप्त कर लूँगा।'

इस प्रकार कभी पश्चात्ताप तो कभी प्रार्थना करते-करते जब नौ मास पूरे हो जाते हैं, तब जैसे कोल्हूमेंसे ईख पिसकर बाहर निकलती है उसी प्रकार वह अचेत दशामें बाहर निकलता है। बाहर आते ही, ईश्वरकी वैष्णवी मायाका स्पर्श होते ही जीव अपने स्वरूपको भूल जाता है और सुषुम्नाके बंद हो जानेसे उसका पूर्वजन्मका ज्ञान भी लुप्त हो जाता है।

इससे स्पष्ट समझमे आ जाता है कि मनुष्य-शरीर जीवको मिलता है केवल प्रभु-प्राप्ति कर लेनेके लिये ही, क्योंकि मोक्ष-प्राप्ति न करनेके कारण गर्भवासमें वह पश्चात्ताप करता है तथा वर्तमान जन्ममे अवश्य मोक्षप्राप्तिका साधन करनेके लिये भगवान्को वचन भी देता है; परंतु मायाकी फाँसीमें पड़

जानेके कारण जो पशुके समान विषयसेवनमें ही जीवन बिताता है, उस मनुष्यका जन्म व्यर्थ ही जाता है।

अब इस प्रसङ्गको दूसरी तरहसे देखिये। यदि मनुष्य-शरीर भी अन्य शरीरोंके समान विषयभोग भोगनेके लिये होता तो भगवान् उसमें विवेक-बुद्धि नहीं प्रदान करते। विवेक-बुद्धिके बिना भी पशु-पक्षी, कीट-पतङ्गादि विषय-भोग भोगते ही हैं। वे भी भोजन प्राप्तकर अपना पेट पालते हैं, थकनेपर नींदका आश्रय लेते हैं, भयका कारण उपस्थित होनेपर अपनी रक्षाके लिये प्रयत्न करते हैं तथा अपने वंशको चालू रखनेके लिये प्राकृतिक नियमोंके अनुसार बच्चा भी पैदा करते हैं। बल्कि इन्द्रियों तथा उनके विषयोंके संयोगसे होनेवाले सुखमें भी कोई तारतम्य नहीं होता, सर्वत्र समान सुखका अनुभव होता है। जिस सुखका अनुभव देवताओंको उनके अमृत भोजनसे होता है, वही अनुभव एक सूअरको विष्ठा खानेसे होता है और वही अनुभव एक विषके कीड़ेको विषमें होता है। जिस सुखका अनुभव एक अमीरको मखमलके गद्देपर लेटनेमें होता है, वही सुख एक गधेको घूरेपर लोटनेसे मिलता है। इसका समर्थन करते हुए शास्त्र कहते हैं—

आहारनिद्राभयमैथुनं च
सामान्यमेतत् पशुभिर्नराणाम्।
धर्मो हि तेषामधिको विशेषो
धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः॥

आहार, निद्रा, मृत्युका भय और स्त्री-सङ्ग—ये चारों तथा इन्द्रियोंके अपने-अपने विषयोंके भोग—मनुष्यों तथा पशुओंमें समान होते हैं। तब फिर मनुष्यमें क्या विशेषता है यह बतलाते हुए कहते हैं कि विवेकशक्ति केवल मनुष्यमें ही होती है, अन्य प्राणियोंमें नहीं होती। अतएव जो मनुष्य इस विवेकशक्तिका उपयोग नहीं करता और अन्य प्राणियोंके समान भोग-विलासको ही जीवनका ध्येय मानता है उसको पशु-तुल्य ही जानो। यह बात एक सुभाषितमें बहुत सुन्दर रीतिसे कही गयी है—

खादते मोदते नित्यं शुनकः शूकरः खरः।
तेषामेषां विशेषः को वृत्तिर्येषां तु तादृशी॥

कुत्ते, सूअर तथा गधे भी नित्य खाते-पीते हैं और स्वच्छन्द आनन्द करते हैं। यदि मनुष्य भी इतना ही करे—केवल विषयभोग करनेमें ही जीवनकी इतिकर्तव्यता समझे, तो फिर उसमें और पशुमें अन्तर ही क्या है?

इससे भी यही सिद्ध होता है कि मनुष्य-शरीर जीवको मिला है केवल मोक्षकी साधना करनेके लिये; क्योंकि ईश्वरने इसकी सामग्री केवल मनुष्य-शरीरमें ही प्रदान की है, अन्य शरीरोंमें नहीं।

(३) हमारा तीसरा प्रश्न यह है कि 'जीवन किस प्रकार सुख-शान्तिसे बीत सकता है?' बहुत संक्षेपमें इसका उत्तर शास्त्र इस प्रकार देते हैं—

आपदां कथितः पन्था इन्द्रियाणामसंयमः।
तज्जयः सम्पदां मार्गो येनेष्टं तेन गम्यताम्॥

यदि सुख और शान्तिका जीवन व्यतीत करना हो तो इन्द्रियोंका निग्रह आवश्यक है। इसके विपरीत यदि इन्द्रियों-को मनमाना भोग प्रदान करनेका आग्रह करोगे तो विनाश अनिवार्य है। इसका कारण यह है कि भोग-पदार्थोंका एक तो अन्त नहीं होता और दूसरे भोग भोगनेसे तृप्ति नहीं होती, बल्कि अधिकाधिक भोग-लालसा प्रदीप्त होती है। इसीसे शास्त्र चेतावनी देते हैं—

न जातु कामः कामानामुपभोगेन शाम्यति।
हविषा कृष्णवर्त्मेव भूय एवाभिवर्धते॥

'भोगपदार्थोंको भोगनेसे कभी तृष्णा शान्त नहीं होती। दृष्टान्त देकर समझाते हैं कि अग्निमें जैसे-जैसे घी डाला जाता है वैसे-वैसे अग्नि प्रबल होती जाती है, इसी प्रकार भोग-वासना भी भोग भोगनेसे प्रबल होती जाती है।' इसीसे कहते हैं कि 'तां तृष्णां त्यजतः सुखम्'। अर्थात् तृष्णाके त्यागसे ही सुख मिलता है, भोगसे कभी सुख नहीं मिल सकता। इस प्रकार यह निश्चय हुआ कि सुख-शान्तिमय जीवनके लिये त्यागप्रधान जीवन ही आवश्यक है।

त्यागप्रधान जीवन बनानेके लिये क्या करना जरूरी है, यह बतलाते हुए योगदर्शन कहता है—'संतोषादनुत्तम-सुखलाभः'। अर्थात् संतोषवृत्ति रखनेसे निरतिशय सुखकी प्राप्ति होती है।

गोस्वामी श्रीतुलसीदासजी कहते हैं—

जब आवे संतोष धन सब धन धूरि समान॥

बहुतेरा धन प्राप्त हो; परंतु संतोषरूपी धन न हो तो वह धन कभी सुख नहीं प्रदान कर सकता। परंतु यदि एक संतोषरूपी धन हो तो मनुष्यके लिये दूसरे किसी धनका कोई मूल्य नहीं।

श्रीभर्तृहरि भी कहते हैं—

स तु भवति दरिद्रो यस्य तृष्णा विशाला
मनसि च परितुष्टे कोऽर्थवान् को दरिद्रः ॥

'जिसकी भोग-लालसा बलवान् है, वही असली दरिद्र है। अर्थात् जिसका जीवन भोगप्रधान है वह सदा दरिद्रके समान रोया ही करता है; परंतु जब मनमें संतोष आ जाता है, तब धनवान् या दरिद्रका भेद ही अदृश्य हो जाता है।' इस प्रकार सुखी जीवनके लिये संतोष प्राप्त करना भी आवश्यक है।

इस छोटेसे निबन्धमें हमने देखा कि (१) दुःखकी आत्यन्तिक निवृत्तिके साथ परम आनन्दकी प्राप्ति ही मनुष्य-जीवनका उद्देश्य है, (२) मनुष्य-शरीर जीवको मिला है केवल मोक्षकी साधना करनेके लिये और (३) सुखी जीवन बितानेके लिये आवश्यक है कि त्यागप्रधान सादा और सरल जीवन बिताया जाय तथा यथाप्राप्तिमें संतोष रखनेकी आदत डाली जाय। *

अब यह प्रश्न सहज ही होता है कि ऐसी दशामें मनुष्य जीवन कैसे बिताये—इसके लिये क्या कोई योजना है? इसका उत्तर यह है कि मानव-जीवनके लिये शास्त्रोंने अनेकों योजनाएँ बनायी हैं। उनमें ये तीन मुख्य हैं—(१) वर्ण-व्यवस्था, (२) आश्रम-व्यवस्था और (३) चतुर्विध पुरुषार्थ-की योजना।

(१) मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, इसलिये उसको समाजके एक अङ्गकी तरह जीना है। अतः मनुष्यके लिये वर्णव्यवस्था एक उत्तम सामाजिक नीति है, जिसकी आधार-शिला मनोविज्ञान है। सभी तत्त्वचिन्तकोंने इस व्यवस्थाकी मुक्तकण्ठसे प्रशंसा की है, परंतु हम तमोगुणी मानसके कारण उसका रहस्य नहीं समझ सकते।

(२) आश्रम-व्यवस्था—जन्मसे लेकर मृत्युपर्यन्तकी योजना इस व्यवस्थामें है। जिसके मुख्य अङ्ग इस प्रकार हैं—बीस या पचीस वर्षकी आयुतक मनुष्य ब्रह्मचर्याश्रममें रहे। इस समयकी अवधिमें विद्योपार्जन करे, शरीरको कार्यक्षम बनाये और आजीविका प्राप्त करनेके लिये योग्यता सम्पादन करे। उसके बाद गृहस्थाश्रममें प्रवेश करे और उस आश्रमके धर्मोंका यथायोग्य पालन करे। उसके बाद पचाससे पचपन वर्षकी अवस्थातक काम-धंधा करते-करते गृहस्थाश्रमके बन्धन-को ढीला करे और छप्पनसे साठ वर्षकी उम्रतक काम धंधा छोड़कर संन्यासकी तैयारी करे। साठ वर्षकी उम्रके बाद अवसर मिलते ही संन्यास ग्रहण करके मोक्षकी साधनामें लग जाय। इस प्रकार जीवनकी नीति बनानेसे जीवन सरल और सुखरूप बनता है। यही नहीं, बल्कि अगले जन्मोंमें भी उत्तरोत्तर उन्नत होता है और अन्तमें मोक्षको प्राप्त होता है। (जीवनके समयका विभाग कैसे किया जाय; इसका आधार देश, काल और परिस्थिति है, यहाँ तात्पर्य केवल चार विभागकी योजना बनानेका है।)

जो मनुष्य इस प्रकार अपने जीवन-व्यवहारको नहीं बनाता और सारा ही जीवन काम-धंधे और विषय-सेवनमें बिता देता है, उसके लिये शास्त्र ऐसा कहते हैं—

यो नरो जन्मपर्यन्तं स्वोदरस्य प्रपूरकः।
न करोति हरेर्भक्तिं स नरो गोवृषः स्मृतः ॥

'जो मनुष्य जीवनभर उदर-पूर्तिके लिये परिश्रम करता है और केवल शरीरको भोग प्रदान करनेमें ही जीवनकी इतिश्री कर देता है तथा ईश्वरकी भक्ति नहीं करता, उसे तो दो पैरवाला बैल ही समझना चाहिये।' जो शरीर ईश्वर-प्राप्तिके लिये मिला है, उसका उपयोग जो विषय-सेवनमें ही करता है—उसको पशु न कहे तो क्या कहें!

(३) इसके साथ-साथ चतुर्विध पुरुषार्थ भी करना है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष—ये चतुर्विध पुरुषार्थके अङ्ग हैं। इनमें बीचके दोनों—अर्थ और काम अर्थात् स्थूल शरीरके भोग तो प्रारब्धके अधीन हैं, इसलिये इस सम्बन्धमें यथाप्राप्तिमें संतोष करना सीखना चाहिये। प्रथम आश्रममें धर्मको मुख्य समझना चाहिये। दूसरेमें धर्मद्वारा अर्थ और काम प्राप्तकर शास्त्रकी आज्ञाके अनुसार उनका उपभोग करना चाहिये। तीसरा और चौथा आश्रम तो मोक्षकी साधनाके लिये ही है; क्योंकि मनुष्य-जीवनका अन्तिम ध्येय मोक्ष है।

* विशेष जानकारीके लिये कल्याण वर्ष २७ अङ्क १ पृष्ठ ४९ तथा अङ्क २ पृष्ठ ८४१ देखिये।

पौरुषं नृषु

(लेखक—आचार्य श्रीअक्षयकुमार बन्द्योपाध्याय एम्० ए०)

भगवान्‌ने गीतामें अपने परिचयके प्रसङ्गमें कहा है—'पौरुषं नृषु'—'सब मनुष्योंमें मैं उनके पौरुष-रूपसे विराजमान हूँ।' मनुष्यके पुरुषकारके स्वरूपमें ही भगवान् उनमें अपनी सत्ता, शक्ति और ऐश्वर्यको विशेषरूपसे प्रकट करते हैं। भगवान्‌की सृष्टिमें अनन्त वैचित्र्य है। इसमें असंख्य जातिके जीव और असंख्य प्रकारके जड पदार्थोंका आश्चर्यमय समावेश है। भगवान्‌के ऐश्वर्यका प्रकाश केवल उनकी समष्टि सृष्टिमें ही नहीं है, अथवा सारे जगत्‌में विचित्र पदार्थोंके अद्भुत समावेश-कौशलमें ही नहीं है, वरं प्रत्येक पदार्थकी गठन-प्रणालीमें, प्रत्येक सृष्ट वस्तुकी उत्पत्ति, स्थिति, गति, परिणाम और विनाशपद्धतिमें, प्रत्येक वस्तुके साथ दूसरी प्रत्येक वस्तुके सम्बन्धमें उनके वीर्य और ऐश्वर्यका परिचय, उनके सौन्दर्य और माधुर्यका परिचय एवं उनके अनन्त ज्ञान और अतुलनीय रसबोधका परिचय मिलता है। उनकी भगवत्ता नित्य-निरन्तर जैसे समस्त देश-कालव्यापी समष्टिमें अपनेको प्रकट करती है, वैसे ही क्षुद्रातिक्षुद्र व्यष्टिमें प्रकट करती है। प्रत्येक रसीले पदार्थमें वे ही अनन्य साधारण रसरूपमें विलास करते हैं, प्रत्येक तेजोमय पदार्थमें विचित्र तेजके रूपमे उन्हींका विचित्र प्रकाश है, प्रत्येक सुन्दर पदार्थके सौन्दर्यमे और मधुर पदार्थके माधुर्यमें उन्हींका आत्मास्वादन है, प्रत्येक चेतन पदार्थकी चेतना वे हैं, शक्तिमान्‌की शक्ति वे हैं, बुद्धिमान्‌की बुद्धि वे हैं, ज्ञानवान्‌के ज्ञान वे हैं और प्रेमियोंके प्रेम भी वे ही हैं। चक्षुकी दृष्टि-शक्तिमें, कर्णकी श्रवणशक्तिमें, हाथकी कर्मशक्तिमें, पैरकी चलनशक्तिमें उन्हींकी सर्वविधायिनी शक्तिकी विचित्र अभिव्यक्ति है। विश्वब्रह्माण्डमें ऐसी कोई वस्तु नहीं है जिसमें उनका प्रकाश न हो, उनकी सत्ता न हो, उनकी शक्ति लीलायित न हो रही हो और जिसमें उनका ऐश्वर्य और माधुर्य प्रकट न हो।

अनन्त भावविलासी भगवान् अपनी विचित्र विभूतिमयी सत्ताका परिचय देते हुए विशेषभावसे यह कहते हैं कि—मैं हूँ—'पौरुषं नृषु'। मनुष्यका वैशिष्ट्य उसके पौरुषमें है। पौरुषका अधिकार ही मनुष्यको असंख्य प्रकारके जीवोंमें एक स्वतन्त्र स्थान और गौरव प्रदान करता है। इस पौरुषके क्षेत्रमें देवताकी अपेक्षा भी मनुष्यका गौरव अधिक है। पौरुषविशिष्ट जीव कहनेसे एकमात्र मनुष्य ही समझा जाता है। अतएव मनुष्यमें भगवत्सत्ताका विशेष प्रकाश उसके पौरुषमे होता है। भगवान् मनुष्यके पौरुषका ही विकास करके, पौरुषको ही उज्ज्वल, मधुर और कल्याणमण्डित करके मनुष्यमें अपनेको विशेषभावसे लीलायित और आस्वादन करते हैं। अतः मनुष्यके पौरुषका स्वरूप सुन्दर भावसे 'अन्वेष्टव्यं विजिज्ञासितव्यम्' है।

पौरुषका प्रथम और प्रधान लक्षण है—प्रकृतिके दासत्वका अस्वीकार और स्वाधीनताकी घोषणा करना। विभिन्न जातिके अन्य सभी प्राणी—चाहे जितने बड़े अथवा चाहे जितने छोटे हों—चाहे जितने बलवान् या चाहे जितने निर्बल हों—मास-भक्षी हों या उद्भिज्जभोजी हों, प्रकृतिकी गोदमें शिशु, प्रकृतिके दास, प्रकृतिकी शक्तिके द्वारा सम्पूर्णरूपसे नियन्त्रित रहते हैं। कीट-पतङ्ग-सरीसृपसे लेकर सिंह-बाघ-हाथी आदितक सभी जीव प्रकृतिकी अधीनताकी बेड़ीमें बँधे हैं, किंतु मनुष्य प्रकृति-राज्यमें विप्लवी है। मनुष्य स्वतन्त्र विचारशक्ति, इच्छाशक्ति और कर्मशक्तिका प्रयोग करके अपने जीवनको स्वयं गठन करके ऊँचा उठनेका अधिकार चाहता है। प्रकृति उसके ज्ञान और कर्मके करण और उपकरण जुटाकर उसके सामने विशाल ज्ञान-क्षेत्र और कर्म-क्षेत्र उपस्थित करती है, नाना भावोंमें उसे ज्ञान और कर्मकी प्रेरणा देती रहती है। वह प्रकृतिकी दी हुई इन सब सामग्रियोंको ग्रहण करता है, इन सबका सुयोग वह छोड़ता नहीं; किंतु वह प्रकृतिको अपने ज्ञान और कर्मके नियामकरूपमें स्वीकार करना नहीं चाहता। वह अपनी प्रकृतिपर स्वयं प्रभुत्व करेगा, अपनी प्रकृतिको स्वयं नियन्त्रित करके उसे इच्छित पथपर चलायेगा और प्रकृतिके उपकरणोंको लेकर अपनेको स्वयं नूतनरूपमें गठन करेगा। यही मनुष्यका अनन्यसाधारण अधिकार है। इतना ही नहीं, बाह्य प्रकृतिके ऊपर भी एक बड़े परिमाणमें अपना आधिपत्य प्रतिष्ठित करनेका अधिकार लेकर मनुष्यने जन्म लिया है। प्रकृतिके अधीन सभी प्राणियोंके ऊपर मनुष्यका राजत्व प्रतिष्ठित हो, प्रकृतिकी सभी शक्तियाँ मनुष्यकी आज्ञामें रहें, प्रकृति-राज्यमें मनुष्यके पौरुषकी यही माँग है। मनुष्य विश्वविधाताकी सृष्टिमें अपनेको भी नूतन रूपमें सृष्ट करे, जगत्‌को भी अपने प्रयोजनबोधके अनुसार यथासम्भव नूतन

आकार दे, अन्यान्य प्राणिवर्गोंको भी अपने प्रयोजनके अनुसार परिचालित करे। यही माँग लेकर विश्वप्रकृतिकी गोदमें मनुष्यका आविर्भाव हुआ है। भगवान् कहते हैं—इस विप्लवकारी माँगमें ही मनुष्यका मनुष्यत्व और इसीमें भगवान्‌की भगवत्ताका अनन्यसाधारण प्रकाश है।

प्रकृतिके दासत्वको बिना प्रतिरोधके मान लेनेका नाम ही पुरुषत्वहीनता या क्लीवत्व है। गीतामें मनुष्यके प्रति भगवान्‌का सर्वप्रथम उपदेश है—"क्लैब्यं मा स्म गमः पार्थ"। यही उपदेश गीताका बीजस्थानीय है, यही मानव-साधनाका भित्तिस्थानीय है। क्लीवताका परिहार ही मनुष्यके साधनजीवनकी पहली बात है। प्रकृतिकी दासताके विरोधमें विद्रोही होकर मस्तक ऊँचा करके दौड़ना पड़ेगा। प्रकृतिको निश्चय रूपसे अस्वीकार करनेसे काम नहीं चलेगा, प्रकृतिको अस्वीकार करनेकी चेष्टा तो केवल पागलपन है, किंतु प्रकृतिके प्रभुत्व या आधिपत्यको अस्वीकार करना होगा। अवश्य ही प्रकृतिका स्वभाव जैसे अन्यान्य प्राणियोंके ऊपर आधिपत्य करना है, वैसे ही प्रकृतिकी शक्तियाँ मनुष्यके ऊपर भी उसके प्राणी होनेके नाते आधिपत्य करनेके लिये क्रियाशील रहेंगी; किंतु पौरुषसम्पन्न मनुष्य उस आधिपत्यको अस्वीकार करके प्रकृतिके वक्षःस्थलपर अपनी स्वाधीनताकी घोषणा करेगा, प्रकृतिके राज्यमें अपने मनुष्योचित आदर्शकी विजयपताका फहरायेगा, प्रकृतिकी शक्तियोंको अपने आदर्शकी सेवामें लगाकर अपने जीवनको सभी ओरसे गौरवोज्ज्वल कर देगा। यही उसका विशेष अधिकार है। इस अधिकारके विषयमें सजग न रहकर प्रकृतिके सामने आत्मसमर्पण करना ही मनुष्यकी क्लीवता है।

मनुष्यके विचारशक्तिसम्पन्न और स्वतन्त्र इच्छासम्पन्न जीवनको आदर्श मानकर ही प्रकृतिके राज्यमें मनुष्य विद्रोही है, विप्लवी है। प्रकृतिके जगत्‌में वह आदर्शकी विजयप्रतिष्ठा करेगा, प्रकृतिको वह आदर्शकी सेवामें नियोजित करेगा, प्रकृतिकी आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधिदैविक शक्तियोंके यथोचित व्यवहारके द्वारा वह आदर्शको ही जगत्‌में समुज्ज्वल महिमामें सुप्रतिष्ठित करेगा; यही उसके जीवनका व्रत है, इसीमें उसके पौरुषका परिचय है और इसीको लेकर समस्त प्राणियोंमें उसका अनन्यसाधारणत्व है। इस व्रतसाधनसे जो पराङ्मुख है, इस विप्लवमें आत्मनियोग करनेमें जिसके साहस और वीर्यका अभाव है, प्रतिकूल प्राकृतिक शक्तिके साथ युद्ध करके आदर्शका अनुसरण करनेमें जो उदासीन, अवसादग्रस्त या निराश है, उसीके जीवनमें मनुष्यत्वकी अवज्ञा, भगवद्विभूतिका असम्मान तथा मानव देह-धारणकी व्यर्थता है। मनुष्यमात्रके प्रति उसके सृष्टिकर्ताका चिरन्तन आदेश है—'उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमवसादयेत्'। अपनी साधनासे, विचारशक्ति और इच्छाशक्तिके शोभन प्रयोगसे आत्माका प्रकृतिकी अधीनताके पाशसे उद्धार करना होगा। अपनेको कभी अवसादग्रस्त न होने देना, कभी आदर्शकी सेवासे पराङ्मुख, उदासीन, क्लान्त या निराश होकर प्रकृतिके चरणोंमें आत्मसमर्पण नहीं करना होगा। प्रकृतिके हाथोंमें अपनेको छोड़ देनेका ही नाम आत्महत्या है, प्रकृतिका विरोध होते हुए भी आदर्शके अनुसरणमें लगे रहनेका नाम ही आत्माका उद्धारसाधन, आत्मलाभ या आत्मवान् होना है।

मनुष्यका जीवन प्रकृति और आदर्शका संग्राम-क्षेत्र है। प्रकृति और आदर्शके बीच एक चिरन्तन विरोध है। प्रकृति मनुष्यसे कहती है—'तुम हमारी सन्तान, हमारी गोदमें लालित, पालित और वर्द्धित हो, अतः तुम चिरकाल हमारी गोदके शिशु ही बने रहो, हम तुमको जैसे चलावें वैसे ही चलो, हमारे नियमोंके अधीन रहकर वस्तुके आश्रित जीवन बिताओ।' आदर्श कहता है—'तुम प्रकृतिकी गोदमें जन्मे हो एवं प्रकृतिदत्त विविध उपकरणोंद्वारा लालित, पालित तथा वर्द्धित हुए हो, इसमें कोई सन्देह नहीं; किंतु प्रकृतिने तुम्हारे सम्मुख तुम्हारा जो रूप उपस्थित किया है, वही तुम्हारा यथार्थस्वरूप नहीं है; इतना ही नहीं, प्रकृति इस विश्व-जगत्‌का जो परिचय स्वाभाविकरूपसे देती है, विश्व-जगत्‌का भी वह यथार्थ परिचय नहीं है; प्रकृति तुम्हें गोदका शिशु बनाकर रखनेके लिये, तुमसे तुम्हारा यथार्थ परिचय और विश्व-जगत्‌का यथार्थ परिचय छिपा रखती है। तुमने अन्यान्य प्राणियोंकी तरह प्रकृतिके शिशु या प्रकृतिके दास होकर जीवन-यापन करते-करते मृत्युकी गोदमें अपनेको खो देनेके लिये मानवजन्म नहीं धारण किया है, तुमको अपने प्रयत्नसे अपना परिचय प्राप्त करना होगा, सम्पूर्ण विश्व-जगत्‌का परिचय प्राप्त करना होगा, तुम्हारी वर्तमान अनुभूतिके पीछे विश्व-जगत्‌के अन्तरात्माके साथ अपने अन्तरात्माका जो नित्य तात्त्विक सम्बन्ध चला आ रहा है, उसके विषयमें जानकारी प्राप्त करनी होगी, तुम्हें अपनी साधनाके द्वारा अपने नित्य सत्य परिपूर्ण स्वरूपमें नित्य प्रतिष्ठा-लाभ करना होगा।' प्रकृति कहती है 'तुम जो कुछ हो, वही बने रहो; इसमें कोई लड़ाई-झगड़ा नहीं, तपस्या नहीं; बड़ी शान्ति है, बड़ा आराम है।' आदर्श कहता है—'तुम्हें जो (जैसा)

होना उचित है, वही होनेका प्रयत्न करो, क्योंकि वही तुम्हारा यथार्थ स्वरूप है; उसके लिये जो संग्राम और जो तपस्या आवश्यक हो, उसीसे तुम्हारे मनुष्योचित जीवनका परिचय मिलेगा, उसीमें तुम्हारा गौरव है, उसीमे तुम्हारे जीवित रहनेकी सार्थकता है। प्रकृतिके दिये हुए शान्ति और आरामका भोग करना जीवनहीनताका ही निदर्शन है, जीवनके क्षेत्रमे मृत्युको ही आलिङ्गन करना है।' आदर्शकी प्रेरणा मनुष्यको प्रकृतिके विरुद्ध विद्रोही बनाकर मानव-जीवनकी सार्थकता सम्पादन करनेके लिये प्रेरित करती है। अवश्य ही, आदर्श मनुष्यको प्रकृतिका ऋण अस्वीकार करनेकी शिक्षा नही देता। आदर्श कहता है—'प्रकृति माताका सम्मान करो, उसके कृतज्ञ रहो, उसके दिये हुए सब पदार्थोंका सद्व्यवहार करो, उससे अपने साधन-जीवनमे अनुकूलताके लिये प्रार्थना करो; किंतु उसकी मोहिनी मायामें मत भूलो, उसकी अधीनता मत स्वीकार करो, उसको अपने जीवनकी नियन्त्री मत बनने दो। प्रकृतिके गर्भसे जन्म लेकर, प्रकृतिके अनुकूलतामें लालित, पालित और विकाश-प्राप्त होकर, प्रकृतिके जगत्‌मे ही अपनी स्वतन्त्र ज्ञानशक्ति, कर्मशक्ति और प्रेमशक्तिकी साधनाके द्वारा तुमको आदर्शके साथ सम्मिलित होना पड़ेगा; इसी उद्देश्यके लिये तुम्हारा मानव-जीवन है।'

मनुष्यके लिये अधीनतामात्र ही दुःखदायक और अपमान है, फिर चाहे वह विजातीय राष्ट्रिय शक्तिकी अधीनता हो, चाहे बाह्यप्रकृतिकी; अथवा आन्तर प्रकृतिकी ही अधीनता क्यों न हो। प्रकृति मनुष्यके अंदर राग, द्वेष, हिंसा, घृणा, भय, क्षुधा, तृष्णा, काम, क्रोध, लोभ, आलस्य, सुखपिपासा और आरामप्रियता इत्यादि विचित्र तरङ्गोंकी सृष्टि करके एवं ससारके साथ उसको विचित्र भावमें सयोजित करके मानो उसे सदाके लिये अधीनताकी शृङ्खलामे बाँधे रखना चाहती है। बाहरसे भी प्रकृति नाना प्रकारकी शक्ति और ऐश्वर्यका प्रभाव दिखाकर, नाना प्रकारके सौन्दर्य और माधुर्यके प्रलोभनोंकी सृष्टि करके, नाना प्रकारकी कुटिल और जटिल अवस्थाओंमें उसे डालकर उसको अपने अधीन ही रखना चाहती है। मनुष्य-जातिमें एक दूसरेको, एक दल दूसरे दलको, एक जाति दूसरी जातिको निर्यातित करके अपना पौरुष दिखाना चाहती है, तथापि इस चेष्टाके भीतर ही, दूसरेको अधीन करनेकी मनोवृत्तिके भीतर ही, प्रकृतिकी दासताका परिचय मिलता है। जो स्वयं प्रकृतिके दास हैं, वे ही दूसरोंके ऊपर प्रभुत्व करके, दूसरोंकी स्वाधीनताका हरण करके प्रकृतिसे उत्पन्न दम्भ, दर्प, काम, लोभ, हिंसा, घृणादिका सेवन करते हैं एवं दासता इन सब रूपोंको ही पौरुषकी चरितार्थता कहकर धोखा देती है। राष्ट्रिय दृष्टिसे जो दासत्वकारी है और जो प्रभुत्वकारी है, जो दूसरोंकी अधीनता स्वीकार कर लेता है अथवा जो दूसरोंकी स्वाधीनता छीन लेता है—वे सभी प्रकृतिके दास हैं, वे सभी भगवत्-प्रदत्त पौरुषका अपव्यवहार और अपमान करते हैं, वे सभी अपनेमें और दूसरोंमें पौरुषरूपी भगवान्‌को अस्वीकार करके मनुष्यत्वसे भ्रष्ट हो जाते हैं।

इन सब प्रकारकी अधीनताओंसे आत्माको मुक्त करना ही मनुष्यका अधिकार है। मनुष्य जो किसी प्रकारकी अधीनतामे संतुष्ट नहीं रह सकता, सभी प्रकारकी अधीनता जो उसके अन्तरमे ज्वाला उत्पन्न करती है, यही उसका गौरव है; यन्त्रणाका बोध ही उसके गौरवका परिचायक है, यही मनुष्यके प्रति भगवान्‌का विशेष आशीर्वाद है।

सब प्रकारकी अधीनताके पाशसे आत्यन्तिक मुक्ति—परिपूर्ण स्वाराज्य लाभ—मानवजीवनका चरम आदर्श है। इसी आदर्शकी ओर अग्रसर होनेके लिये—प्रकृतिकी अधीनता-शृङ्खलासे आत्माको मुक्त करनेके लिये—सर्वप्रथम आवश्यकता है—शक्ति-साधनाकी। प्रथम मन्त्र ग्रहण करना होगा—'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान् निबोधत।' अपने आत्मविश्वासको जाग्रत् करना होगा, एवं समुचित साधनाके द्वारा उसी शक्तिको विकसित करके उन्नत करना होगा। जैसे ज्ञानशक्तिका विकास करना होगा, वैसे ही कर्म-शक्तिका विकास करना होगा और वैसे ही प्रेमवृत्तिका विकास करना पड़ेगा। ज्ञान, कर्म और प्रेमके समुचित विकासके द्वारा ही मनुष्यको प्रकृतिकी दासत्व-शृङ्खलासे आत्माको मुक्त करना पड़ेगा। तभी वह भगवत्प्रदत्त पौरुष-की चरितार्थताका अनुभव कर सकेगा, तभी वह व्यष्टि और समष्टि जीवनके प्रत्येक विभागमें कर्मशक्तिको कल्याणकी सेवामें निरालस और निर्भीकरूपसे नियुक्त करके समग्र जीवन-को शिवमय बनाकर उन्नत कर सकेगा। तभी वह विश्वके सभी नर-नारी, सकल जीव-जन्तु और स्थावर-जङ्गम सभी पदार्थोंसे निःस्वार्थ और अकपट भावसे प्रेम करके भीतर-ही-भीतर सबके साथ सरस आत्मीयताका अनुभव करके, सभीके भीतर उसी एक अद्वितीय परम सुन्दरका सौन्दर्य-विलास, उसी अनन्तरसामृत-सिन्धुका विचित्र रसतरङ्ग आस्वादन कर सकेगा।

इसी अनन्यसाधारण अधिकारकी सम्यक् सार्थकता

सम्पादन करनेमें अपनेको लगा देना ही मनुष्यके पौरुषका यथार्थ परिचय है। जीवनके किसी क्षेत्रमें मनुष्य क्षुद्र कैसे बना रहेगा, पराधीन क्यों रहेगा ? असत्य और अशिवकी सेवामें क्यों लगा रहेगा ? मनुष्य, जो सभी क्षुद्रता और परिच्छिन्नताको अतिक्रम करके, सभी कदर्यता, पराधीनता, भयभावना और दुःखतापसे मुक्ति-लाभ करके, सभी असत्य और अशिवका ध्वंस करके, अपनेको अनन्त असीम सच्चित्-शिवानन्दघन प्रेमसुन्दर भगवान्‌के साथ नित्य युक्त होनेके लिये जीवान्तर-दुर्लभ पौरुष प्राप्त करता है, वह अल्पसे भला कैसे संतुष्ट होगा ?

पौरुषके सम्यक् अनुशीलनद्वारा प्रकृतिकी अधीनतासे मनुष्य जितनी मात्रामें मुक्त होता है, उतनी ही मात्रामें उसका प्रकृतिके साथ प्रेमका सम्बन्ध स्थापित होता है, प्रकृतिके साथ आत्मीयताका अनुभव होता है, उसे प्रकृतिके अन्तर्निहित सौन्दर्य-माधुर्यके आस्वादनका अधिकार प्राप्त हो जाता है। वह एक अद्वितीय सत्य-शिव-सुन्दरकी प्रेममधुर गोदमें अपनेको और विश्वप्रकृतिको नित्य प्रेमालिङ्गनबद्ध रूपमें उपलब्ध और उपभोग करता है। प्रकृतिके दासत्वके विरुद्ध पौरुषके विद्रोहकी घोषणा करके, प्रकृतिके वक्षपर पौरुषकी विजयपताका उड़ाकर, मनुष्य अपनेको भी पूर्ण-रूपसे प्राप्त कर लेता है, भगवान्‌को भी अपनेमें ही प्राप्त कर लेता है, प्रकृतिको नितान्त अपनी ही अनुभव करने लगता है, अपनेमें और प्रकृतिमें सर्वत्र ही भगवान्‌के स्वरूपभूत सत्यका प्रकाश, प्रेमका विलास, रसकी लीला और मङ्गलकी विचित्र मूर्तिका आस्वादन करता है। जो प्रकृति अपने असंख्य प्रकारकी भेद-विषमताके द्वारा, देशकालकी विशालताके द्वारा, विविध जड शक्तियोंकी जयघोषणाके द्वारा, जीव और भगवान्‌के बीच दुरतिक्रम्य व्यवधानकी सृष्टि करके विद्यमान है, मनुष्य अपने पौरुषके सामर्थ्यमें उस व्यवधानका नाश करके, प्रकृतिके प्रत्येक अङ्ग-प्रत्यङ्गमें भगवान्‌की सच्चित्-प्रेमानन्दमयी सत्ता एवं उनके अनन्त ज्ञान, प्रेम, वीर्य और ऐश्वर्यका लीलायित प्रकाश उपलब्ध करता है। दासके समक्ष प्रकृतिका स्वरूप प्रकट नहीं होता, पौरुषवान् मुक्त पुरुषके ही सामने प्रकृति अपने यथार्थ स्वरूपको प्रकट करती है, एवं प्रकृति जो सत्य-शिव-सुन्दरकी ही प्रकृति है; उन्हींका लीलाक्षेत्र है, आत्म-विनोदनक्षेत्र है, विचित्ररूपमें आत्मास्वादनका क्षेत्र है, यह अनुभवगोचर हो जाता है। पौरुषकी पूर्णतामें प्रकृतिके प्रत्येक अङ्गमें, प्रत्येक रूपरसगन्ध-स्पर्शशब्दमें भगवान्‌के साथ मनुष्यका पूर्ण मिलन होता है। तभी मनुष्यका पूर्ण स्वराज होता है।

व्रजमें कृष्ण

(गीत काव्य)

व्रजमें आज भी एक ओंकार होती है; वहाँकी वायुमें किसी अनन्त मधुरिमाभरे स्वरका कम्पन रहता है; यमुनाके कछार आज भी किसीकी खोजमें हैं। जब सावन आता है, तब व्रजकी भूमि चौंककर काँप जाती है। कदम्ब प्रश्न करता है 'कौन ?' मयूर उत्तर देता है 'घनश्याम।' और तभी समस्त तृण-तरु-लताएँ उत्कण्ठित नेत्रोंसे चारों ओर देखते हैं। वायु उनकी दशा देखकर सिहर उठता है और आकाशके आर्द्र नेत्रोंसे अश्रु-सलिल गिरने लगता है, टप्-टप्-टप्। प्रतीक्षामें युग बीत जाते हैं।

× × × ×

हाँ, तो युगोंका अवगुण्ठन पड़ गया। परंतु दो आकुल नेत्र अब भी उसको चीरकर बाहर झाँकते हैं। वेदना असीम है, प्रेम असीम है, इसीलिये वे चिर-तृषित नेत्र असीम उत्कण्ठासे देखते हैं। परंतु, क्यों ? कदाचित् अपने घनश्यामके लिये। उनके प्रकाशसे व्रजमें एक दिव्य छटा फूट पड़ती है और व्रजवासियोंके कण्ठ एक साथ गूँज उठते हैं 'जय हो राधे !'

× × × ×

यमुना-कछारसे मन्द समीर आता है। एक उत्कण्ठाभरी सिहरन फैल जाती है। सब स्तब्ध हैं—कि प्रियतमका कौन-सा सदेश आया है। धीर-समीरकी कुटीरमें कदाचित् वनमाली आ गये हैं।

—उमिला

केहू भाँति कृपासिंधु मेरी ओर हेरिये

(लेखक—पण्डित श्रीजानकीनाथजी शर्मा)

अनन्तकोटि ब्रह्माण्डनायक, अचिन्त्य सम्पूर्ण ऐश्वर्यादि षड्शक्तिसम्पन्न, अपार सौशील्य, वात्सल्य, कारुण्य, माधुर्य, सौहार्द, औदार्य, मार्दव, आर्जव, शौर्य, पराक्रम आदि असंख्येय कल्याण-गुण-गण-निलय प्रभुकी पीयूष-वर्षिणी-मङ्गलमयी कृपादृष्टिके पड़नेसे जीवको भला कौन-सी आनन्द, अभ्युदय, लक्ष्य, सुख, शान्ति, सौभाग्य अथवा कल्याणप्रद वस्तुकी प्राप्ति बच रहेगी ![1] अधिक क्या पुण्यात्मा भगवदीय जनों अथवा तदीय ध्यानपूत संतों एवं महात्माओंकी भी कृपादृष्टि महान् कल्याण-कारक कही गयी है। नारदपुराणके सातवें अध्यायमें राजा सुबाहुकी कथा आती है, जिसमें कहा गया है कि जिनपर महापुरुषोंकी दृष्टि पड़ जाती है, वे चाहे महापातक या उपपातक आदिसे युक्त ही क्यों न हों, परम पदको प्राप्त हो ही जाते हैं। यहाँतक कि पुण्यात्मा संतजन यदि किसीके शरीर, शरीरावशेष भस्म किंबहुना, दूरसे ही चितादाहकालिक उसके धुएँ तकको भी देख लें तो वह परम पदको प्राप्त हो जाता है।[2] फिर इन संतों एवं पुण्यात्मा भगवद्भक्तोंके परमाराध्य, सर्वेश्वर, मङ्गलात्मा परमात्माकी कृपादृष्टि अथवा उनके शोकाश्रुसागर-विशोषण उदार हासमें देखने अथवा उनके देखे जानेपर किसका क्या-क्या कल्याण होगा, यह बतलानेमें कौन सक्षम है![3] ऐसी दशामें प्राणी यदि इस अलौकिक लाभसे वञ्चित रहता है, तो इससे बढ़कर चिन्ताकी दूसरी बात क्या हो सकती है![4] महर्षि वाल्मीकि तो यहाँतक कहते हैं कि जिसे श्रीरामने न देखा और जिसने श्रीरामको भी न देखा, वह संसारमें सबसे बड़ा निन्दाका पात्र है।[5] इसलिये यों तो अशेष देहधारियोंकी ही तदर्थ चेष्टा इष्ट है, किंतु मनुष्यशरीर तो इसके लिये सर्वोत्तम अवसर है और उसमें एतादृश प्रयत्नकी अवहेलना सबसे बड़ी चूक है।[6] पर अभिज्ञ जनोंका कहना है कि बिना प्रभुकी कृपाके उनकी कृपादृष्टिके लिये चेष्टा क्या, वैसी बात भी मनमें नहीं उठ सकती, यही कारण है कि अन्य जीवोंकी कौन पूछे बुद्धिमान् कहे जानेवाले प्रायः सभी मनुष्य भी, दीपशिखाके समान अत्यन्त चपल विश्वके चपल तथा अनियमित मति, कीरति, विभूति, शक्ति और गति-प्राप्तिमें ही मुग्ध देखे

---

१. तस्मिंस्तुष्टे किमप्राप्यं जगतामीश्वरेश्वरे।
(श्रीमद्भा० ४। १४। २०)

२. महापातकयुक्ता वा युक्ता वा चोपपातकैः।
परं पदं प्रयान्त्येव महद्भिरवलोकिताः॥
कलेवरं वा तद्भस्म तद्रूपं वापि सत्तम।
यदि पश्यति पुण्यात्मा स याति परमां गतिम्॥
(बृहन्नारदीयपु० पूर्वभाग ७। ७४-७५)

१. व्रीडां विलोडयति क्षुब्धति धैर्यमार्य-
भीतिं भिनत्ति परिलुम्पति चित्तवृत्तिम्।
नामैव यस्य कलितं श्रवणोपकण्ठे
दृष्टः स किं न कुरुता सखि मद्विधानाम्॥
(आनन्दवृन्दावनचम्पूः ८। ९८)

२. (क) इह चेदवेदीदथ सत्यमस्ति·····महती विनष्टिः।
(ख) जिनकर मन इन सन नहिं राचा।
ते जग बंचित किए बिधाता॥

३. यश्च रामं न पश्येत्तु यं च रामो न पश्यति।
निन्दितः सर्वलोकेषु स्वात्मापेन विगर्हते॥
(वाल्मी० रा० अयो० १७। १४)

४. (क) हानि कि जग एहि सम कछु भाई।
भजिअ न रामहि नर तनु पाई॥
(ख) इयमेव परा हानिरुपसर्गोऽयमेव हि।
अभाग्यं परमं चैतद् वासुदेवं न यत्स्मरेत्॥
(गरुडपु० काशी० खं० इत्यादि)

जाते हैं। इसलिये संतजन धन, जन, बल, विद्या, प्रतिष्ठा एवं उन-उन प्रलोभनोंका मोह त्यागकर प्रभुसे 'लाद दे, लदाय दे और लादनेवालेको साथ कर दे' की प्रार्थना करते हैं और एक दृष्टिसे उनकी ओर ही देखते हुए उनकी कृपादृष्टिकी बाट जोहते रहते हैं[1]।

कृपा-दृष्टिकी अतुलनीय महिमा

महाभारतके शान्तिपर्वान्तर्गत मोक्षधर्मस्थ नारायणीय धर्ममें बतलाया गया है कि जिस पुरुषको उत्पन्न होनेके समय भगवान् मधुसूदन देखते हैं, वही प्रतिबुद्ध,[2] सात्त्विक तथा मोक्षनिष्ठ होता है, उसीकी भगवान्‌की ओर प्रवृत्ति होती है। यों ही कोई स्वेच्छासे प्रतिबुद्ध सात्त्विक अथवा भगवान्‌की ओर प्रवृत्त नहीं हो सकता।[3] वाल्मीकीय रामायणमें हनुमान्‌जीने रावणसे कहा है कि 'राक्षसराज रावण! सुनो' मैं सर्वथा सत्य कहता हूँ—महायशस्वी श्रीरामचन्द्र चराचर सभी प्राणियोंके साथ सभी लोकोंका संहार कर पुनः उसी प्रकार रचना कर दे सकते हैं[1]।' पर भागवतमें तथा अन्यत्र केवल प्रभुकी कृपादृष्टिके ईक्षण मात्रसे ही देवासुर-संग्राममें मरे देवताओंको जिलानेकी बात कही गयी है। लोमश रामायणमें आता है कि जिसपर भगवान् कृपादृष्टिसे देख दें, उसके लिये विष अमृत, शत्रु मित्र, समुद्र गोखुर, मेरु पहाड धूलि-जैसा तथा अग्नि शीतल हो जाता है[2]।

गोस्वामीजीका मत और प्रार्थना

गोस्वामी तुलसीदासजी भी—

गरल सुधा रिपु करै मिताई। गोपद सिंधु अनल सितलाई॥
गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही। राम कृपा करि चितवा जाही॥

—से यही भाव प्रकट करते हैं। पर कृपादृष्टिके सम्बन्धमें उन्होंने जितना लिखा है और सोचा है, वैसा अन्यत्र कम ही दीख पड़ता है। अपनी दोहावलीमें वे लिखते हैं—

बिनहिं ऋतु तरुबर फलत सिला द्रवति जलजोर।
राम लखन सिय करि कृपा जब चितवत जेहि ओर॥

रणाङ्गणमें पड़े वानर-भालुओंको कृपावीक्षणमात्रसे जिला देने तथा श्रम-मुक्त करनेकी बात वे कई बार लिखते हैं।[3] इसी प्रकार अन्यान्य स्त्री-पुरुषको भी शोक-

---

१. (क) नाथ! कृपाही को पंथ चितवत दीन हौं दिन राति।
होइ धौं केहि काल दीनदयाल जानि न जाति॥
(ख) तत्तेऽनुकम्पां सुसमीक्षमाणो
भुञ्जान एवात्मकृतं विपाकम्।
हृद्वाग्वपुर्भिर्विदधन्नमस्ते
जीवेत यो मुक्तिपदे स दायभाक्।
(श्रीमद्भागवत)

२. प्रतिबुद्धका अर्थ यहाँ जाग्रत् अर्थात् मायारूपी स्वप्नसे उठा समझना चाहिये। गीताके 'या निशा सर्वभूताना तस्यां जागर्ति संयमी।' तथा रामचरितमानसके—
'एहि जग जामिनि जागहिं योगी। परमारथी प्रपंच बियोगी॥'
एवं विनयपत्रिकाके—जेहि निसि सकल जीव सूतहिं तव कृपापात्र जन जागैं।' आदि पदोंमें इसी 'प्रतिबुद्ध' का भाव व्यक्त किया गया है।

३. जायमानं हि पुरुषं यं पश्येन्मधुसूदनः।
सात्त्विकस्तु स विज्ञेयो भवेन्मोक्षे च निश्चितः॥
नारायणात्मके मोक्षे ततो याति परां गतिम्।
नारायणेन दृष्टस्तु प्रतिबुद्धो भवेत्पुमान्॥
स्वयमात्मेच्छया राजन् प्रतिबुद्धो न जायते॥
(महा०शा० प० मोक्ष० नारा० ३४८। ७२–७५)

१. (क) सत्यं राक्षसराजेन्द्र शृणुष्व वचनं मम।
रामदासस्य दूतस्य वानरस्य विशेषतः॥
सर्वाँल्लोकान् स संहृत्य सभूतान्सचराचरान्।
पुनरेव तथा स्रष्टुं शक्तो रामो महायशाः॥
(वा० सु० ५१। ३८-३९)
(ख) 'प्रभु सक त्रिभुवन मारि जिआई।
केवल सक्रहि दीन्हि बड़ाई॥'

२. विषं सुधा भवेन्मित्रं रिपुः सिन्धुश्च गोष्पदम्।
शीततां च भजत्यग्निर्गुरुर्मेरू रजः समः।
यं पश्यति कृपा दृष्ट्या रामस्तं खगनायक॥
(लोमशरामायण)

३. राम कृपा करि चितवा जबहीं।
भए बिगतश्रम बानर तबहीं॥

मुक्त करनेकी बात वे जगह-जगह लिखते हैं।[1] उनकी दृष्टिमें मानस-सरोवर स्नानमें अथवा प्रभुकी ओर प्रवृत्त होनेमें बाधक भयानक विघ्न एक बार श्रीरामचन्द्रकी कृपा-दृष्टि डालते ही नष्ट हो जाते हैं, या सामने ही नहीं आते।[2] इसलिये वे विकल होकर बराबर प्रभुको अपनी ओर किसी प्रकार एक बार कृपादृष्टिसे देखनेकी प्रार्थना करते हैं।[3] उनके मानसमें ही नहीं, प्रत्येक काव्यमें ही ढेर-का-ढेर ऐसे वचनोंका संग्रह दीख पड़ता है। जो लोग त्रिविध दृष्टिके पुराणप्रसिद्ध श्लोक या बिहारीके 'अमिय हलाहलमद भरे' इस दोहेके भावोंको लेकर 'केहू भाँति' का अर्थ करते हैं, वह ठीक नहीं; क्योंकि कृपासिन्धु पदसे उसका विरोध होता है और यह प्रार्थना कृपा-दृष्टिके लिये ही समझनी चाहिये।

कृपा दृष्टि कपि भालु बिलोके।
भए प्रबल रन रहहिं न रोके॥

१. कृपादृष्टि रघुबीर बिलोकी।
किए सकल नर नारि बिसोकी॥
(उत्तर० १३। ६)

कृपादृष्टि करि बृष्टि प्रभु अभय किए सुरबृंद॥
(लंकाका० दो० ११९)

कृपादृष्टि प्रभु ताहि बिलोका। करहु क्रिया सब परिहरि सोका॥

२. सकल बिघ्न ब्यापहिं नहिं तेही।
राम सुकृपाँ बिलोकहिं जेही॥
(बालकाण्ड ३९)

३. (क) मामवलोकय पंकज लोचन।
कृपा बिलोकनि सोच बिमोचन॥
(ख) रघुनंद निकंदय द्वन्द्वघनं।
महिपाल बिलोकय दीन जनम्॥
(ग) अब करि कृपा बिलोकि प्रभु, आयसु देहु कृपाल।
(घ) केहू भाँति कृपासिंधु मेरी ओर हेरिये।
मोको और ठौर ना भरोसो एक तेरिये॥
(ङ) बारक बिलोकि बोलि कीजे मोहि आपनो।
राय दसरथके तू उथपन थापनो।
(च) कबहुँ कृपा करि रघुबीर मोहि चितैहौ।
(छ) तुम जनि मन मैलो करो लोचन जनि फेरो।

क्या यह पक्षपात या अन्याय है?

सचमुच गोस्वामी तुलसीदासजीकी बुद्धि बराबर अत्यन्त पवित्र निर्मल तथा प्रभुमें ही लगी रहती थी। उनके पवित्रतम उपदेश ही इसके प्रमाण हैं। जिसपर भगवत्कृपा होती है, वह सभी अन्य आवश्यक गुणोंसे भी युक्त हो ही जाता है।[1] इसलिये उनकी वाणीमें अन्य काव्य-गुण भी आ गये। पर थे वे परम सिद्ध, संसृति-मुक्त और एकमात्र भगवल्लीन ही। इसलिये बार-बार भगवन्नाम-जपादि, शरणागति, ध्यान, कथा, कीर्तन, श्रवणादिके द्वारा भगवान्‌से सम्बन्ध कर लेनेका ही उपदेश देते थे। सचमुच परम कल्याण भी इसीमें है। जीव ईश्वरका ही अंश है, इसलिये उसमें ईश्वरके ही सदृश गुण हैं, जैसे विस्फुलिंगमें भी अग्निके समान गुण होते हैं। तथापि इसके वे सब गुण तिरोहित हैं, इसलिये उनका उपयोग नहीं देखा जाता। पर निरन्तर उस परमात्मा परब्रह्मका ध्यान करनेसे जीवके वे छिपे हुए गुण पुनः प्रकट हो जाते हैं।[2] जो लोग यह शङ्का करते हैं कि 'न्यायी तथा बुद्धिमान् राजा, कभी भी अपने ध्यान, स्तवन नामजपको सर्वोपरि धर्म नहीं बना सकता, तो भगवान् ऐसा क्यों करेंगे?' उन्हें इस रहस्यपर ध्यान देना चाहिये। इसके साथ एक बात और भी समझनी चाहिये कि यह विश्व परमात्माका

१. यस्यास्ति भक्तिर्भगवत्यकिंचना सर्वैर्गुणैस्तत्र समासते सुराः।
(भागवत ५। १८। १२)

२. (क) पराभिध्यानात्तु तिरोहितं ततो ह्यस्य बन्धविपर्ययौ।
(ब्रह्मसूत्र ३। २। ५)

(ख) तस्याभिध्यानात्तृतीयं देहभेदे विश्वैश्वर्यं केवल आप्तकामः॥ (श्वेता० उप० १। ११)

(ग) भेजिरे मुनयोऽथाग्रे भगवन्तमधोक्षजम्।
सत्त्वं विशुद्धं क्षेमाय कल्पन्ते येऽनु तानिह॥
(श्रीमद्भा० १। ३। २५)

(घ) राजपुत्रवत् तत्त्वोपदेशात्। (सांख्यदर्शन ४। १)

एक नाटक है[1]। जीव भी उसके रूप ही हैं। जहाँ जीवको नाटकसे भय लगा, उससे मुक्त होनेकी रुचि हुई, प्रभुको पुकारा, प्रभुने उसे मुक्त किया। अभिज्ञ लोग डरते नहीं। वे—

'कुटिल करम लै जाहिं मोहि जहँ जहँ आपनि बरिआई।
तहँ तहँ जनि छिन छोह छाँड़ियो कमठ अंड की नाईं॥'
जहँ जहँ जनम तुलसिहिं रघुनन्दन देहु।
तहँ तहँ राम निबाहब नाम सनेहु॥

मात्र ही चाहते हैं।

उपाय क्या ?

विद्वन्मुकुट मुद्गलभट्टविरचित श्रीरामार्चास्तव नामक एक सुन्दर स्तोत्रग्रन्थ है, जिसमें आर्या छन्दके १०० श्लोकोंमें भगवान् रामकी स्तुति की गयी है। इसके पहले ही श्लोकमें 'स्तवकार' कहते हैं—

परितः पश्यसि परितः शृणोषि परितो जगद्विजानासि।
राम किं तदन्तर्न शृणोषि न वीक्षसे न वा वेत्सि॥

अर्थात् 'हे रामचन्द्र! तुम्हारे विषयमें यह प्रसिद्धि है कि तुम सभी ओर देखते हो, सभी ओर सुनते हो और सभी ओरकी बातें जानते हो,[2] फिर क्या कारण है कि मेरे अन्तस्तलमें छिपे अनन्त दोषोंको दूर नहीं करते, न मुझपर तुम्हारी कृपा ही होती है। तात्पर्य यह है कि भगवान्‌की दृष्टिसे कोई भी ओझल नहीं है। फिर भी उनकी कृपादृष्टिमें जो व्यवधान होता है, उसका कारण है कि हम ही उनकी ओर नहीं देखते।[3] जिस प्रकार तीव्र संवेगसे प्राणी पुत्र, कलत्र, वित्त आदि विषयोंका ध्यान करता है,[4] वैसे भगवान्‌का चिन्तन करे तो प्रभु तो प्रसन्न होकर उसके अधीन ही हो जायँ।[5] इसलिये भगवान्‌की ओर प्रवृत्ति बड़ी दुर्लभ कही गयी है। इसके लिये बड़ी तपस्या, अध्ययन, सत्सङ्गति करनी पड़ती है।[6] इसलिये परम अभिज्ञ रसिक कृपालु भक्त-संतोंका कहना है कि चालाकी—चतुरता इससे बड़ी और कुछ नहीं, जो भगवान्‌का नामजप, कथा, कीर्तन, श्रवण, ध्यानादिसे उन्हें स्मरण रखा जाय और मूर्खता भी सबसे बड़ी यही है कि उनको भुला दिया जाय[7]।

जो भजै भगवानु सयान सोई तुलसी हठ चातकु ज्यों गहि कै।
नतु और सबै बिषबीज बए, हर हाटक कामदुहा नहि कै॥
(कविता०)

'सोई है गँवार जिहि कीन्हों नाहिं प्यार,
नाहिं सेयौ दरबार यार नन्दके कुमारको।'
(रसखान प्रेमवाटिका)

---

१. लोकवत्तु लीलाकैवल्यम्। (वेदान्तद० १। २। ३३)

२. सर्वतःपाणिपादं तत्सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम्।
सर्वतःश्रुतिमल्लोके सर्वमावृत्य तिष्ठति॥
(गीता १३। १३, वामनपुराण १३।६५, विष्णुधर्म १,२८, १। ५२। ५-६। महा०शा० मो०, उद्योगपर्व ३। ५६)

३. न मां दुष्कृतिनो मूढाः प्रपद्यन्ते नराधमाः। (गीता ७।१५)

४. (क) जो मन लागै रामचरन अस।
देह गेह सुत बित कलत्र महँ मगन होत बिनु जतन किये जस॥
सुखनिधान सुजान कोसलपति हैं प्रसन्न, कहु, क्यों न होहि बस॥
(ख) यों मन कबहूँ तुमहिं न लाग्यो।
ज्यों छल छाँड़ि सुभाव निरंतर रहत बिषय अनुराग्यो॥
चंदन चंदबदनि भूषन पट ज्यों चह पाँवर परस्यो।
त्यों रघुपतिपद-पदुम परस को तनु पातकी न तरस्यो॥

५. तीव्रसंवेगानामासन्नः (समाधिलाभः)। (योगदर्शन १।२१)

६. (क) आगम निगम पुरान अनेका। पढ़े सुने कर फल प्रभु एका॥
तव पदपंकज प्रीति निरंतर। सब साधन कर फल यह सुंदर॥
(ख) तीर्थाटन साधन समुदाई। जोग बिराग ग्यान निपुनाई॥
नाना कर्म धर्म ब्रत दाना। संजम दम जप तप मख नाना॥
भूत दया द्विज गुर सेवकाई। बिद्या बिनय बिबेक बड़ाई॥
जहँ लगि साधन बेद बखानी। सब कर फल हरि भगति भवानी॥
(रा० उ० १२६)

७. (क) सा हानिस्तन्महच्छिद्रं सा चान्धजडमूढता।
यन्मुहूर्तं क्षणं वापि केशवं नैव चिन्तयेत्॥
(गरुड़० पूर्व० २२२। ११)
(ख) नीति निपुन सोइ परम सयाना। श्रुति सिद्धांत नीक तेहि जाना॥
सोइ कवि कोबिद सोइ रनधीरा। जो छल छाँड़ि भजइ रघुबीरा॥

धन और सुख

(लेखक—प्रो० श्रीरामचरणजी महेन्द्र एम० ए०)

'धन और सुख—क्या इन दोनोमे कोई अन्योन्याश्रित निकट सम्बन्ध है ? जो व्यक्ति हमारे समाजमें अतुल धनके स्वामी हैं, जिनके पास लक्ष्मीका अनन्त वैभव है, जिनके इंगितपर सैकड़ो नौकर भाग उठते हैं, क्या वे आन्तरिक रूपमें सुखी, तृप्त और संतुष्ट भी हैं ? जिन लक्ष्मीपुत्रोंके पास बृहत् पूँजी है; जमीन-जायदाद, धन-मकान इत्यादि हैं, क्या उन्हे पूर्ण आनन्द, संतोष और शान्ति-जैसे दैवी गुण भी उपलब्ध हैं ? सुसज्जित मकान, सुन्दर वस्त्र, आभूषण, मोटर, सुस्वादु भोजन एवं धन-सम्पदाके भण्डारोके स्वामी क्या इस संसारका सुख लूटते है ?'—ये ऐसे प्रश्न हैं जो भौतिक सुख-के पीछे उन्मत्त जन-मानसको आज उद्वेलित कर रहे हैं। समग्र सभ्य संसार धन-लिप्सापर प्राण दे रहा है।

क्या वास्तवमें धनमे सुख है ? इस महत्त्वपूर्ण प्रश्नपर विचार करनेसे पूर्व यह जान लेना चाहिये कि धन वस्तुतः क्या है ?

धन एक ऐसा भौतिक साधन है, जिसके माध्यमसे हम समाजमें भिन्न-भिन्न आवश्यक वस्तुएँ उपलब्ध कर सकते हैं और अपनी आवश्यकताओकी पूर्ति कर सकते हैं। धनके माध्यमसे हमें नित्य-प्रतिके दैनिक जीवन और समाजसे सम्बन्धित चीजें प्राप्त हो सकती हैं। इनके द्वारा हम अपने तथा अपने परिवारके भोजन, वस्त्र, निवास, मनोरञ्जन आदि-के भौतिक सुख प्राप्त कर सकते है।

दूसरे शब्दोमे यो कहे कि धन एक भौतिक साधन या माध्यम है, जिसके द्वारा हम अपनी भौतिक आवश्यकताओंको पूर्ति करते और अपने शरीरको संतुष्ट करते हैं। प्रत्येक पैसेमे अनेक छोटी-छोटी वस्तुएँ सिमिटकर आ बसी हैं।

परंतु जब धन ही मनुष्यका साध्य बन जाता है और हम धन-संग्रहको ही जीवनका प्रधान लक्ष्य बना लेते हैं, तब हम एक ऐसी दुष्प्रवृत्तिमे फँस जाते हैं, जिससे हमें लाभ और शान्तिके स्थानपर मोह, तृष्णा, अतृप्ति, लालच और मानसिक अशान्ति मिलने लगती है। हम धनको बढ़ाने, दूसरोंपर दमनचक्र चलाने, झूठी शान स्थिर रखने, सचित पूँजीको सहेजनेके मायाजालमें लग जाते हैं। मनकी शान्ति भंग हो जाती है और अतृप्ति मनके संतुलनको नष्ट कर देती है। हमारे आन्तरिक एवं आध्यात्मिक विकासकी इतिश्री हो जाती है।

अधिक धन-संग्रहसे लालच, मिथ्या अभिमान, अपहरण-की चिन्ता, दूसरोसे प्रतियोगिता तथा धन हाथसे निकल जानेपर अकाल मृत्युतक होती देखी गयी है। कारण, धन और चिन्ताका अन्योन्याश्रित सम्बन्ध है। प्रथम तो धन अर्जित करनेकी चिन्ता, फिर उसे बढ़ानेकी फिक्र, चोरीसे बचानेकी तरकीबें, आनेवाले खतरोसे बचनेके प्रयत्न, मृत्यु-कालमे प्राण निकलनेमे भयंकर कष्ट, उत्तराधिकारीके सुपात्र अथवा कुपात्र निकलनेकी दुविधा—प्रारम्भसे अन्ततक धनमे चिन्ता और कष्टका ही निवास है। जैसे-जैसे धन एकत्रित होना आरम्भ होता है, वैसे-वैसे ही अनेक प्रकारकी कुत्सित चिन्ताएँ, मानसिक भार, अतृप्ति, लालसा, प्रमाद, दूसरोंको शोषण करनेकी राक्षसी वृत्तियाँ उत्पन्न हो जाती है।

(१)

एक वैभवशाली सेठ, जिनकी पिछले दिनों हृदयकी गतिके रुकनेसे आकस्मिक मृत्यु हुई है, नगरभरमें अपने धन और ऐश्वर्यके लिये प्रसिद्ध रहे, आज भी लोग उनका नाम स्मरण कर लेते हैं। धनके साथ उनमे विलासिताने पदार्पण किया; वासनाएँ उद्दीप्त हो उठीं, कामभावनाने बेचैन किया, तो संयमके स्थानपर वृद्धावस्थामें पुनः विवाह कर लिया। धनका लालच पाकर एक व्यक्तिने अपनी कन्याका सम्बन्ध कर दिया। वासना तो प्रत्यक्ष अग्नि है। भड़कानेसे और भड़कती है। तनिकसे प्रोत्साहनसे विषैला रूप धारण कर लेती है। सेठजी विलासितामें डूबे; उनके परिवारमें पुनः वृद्धि होनी शुरू हुई। दो पुत्र और हो गये। नयी चिन्ताका जन्म हुआ। उनके पोषण-शिक्षणके अतिरिक्त नवयौवना पत्नीके विलासी जीवनको तृप्त न कर सकनेसे वे स्वयं मन-ही-मन एक गुप्त वेदनाका अनुभव करते रहते थे। भय था कि पत्नी पथभ्रष्टा न हो जाय। इधर व्यापारमें मंदी आयी। काम ठप्प हो गया; हानि काफी हुई। आर्थिक आघात न सम्हाल सके। जायदादके बिकनेतककी नौबत आ गयी। जिस दिन उन्हें ज्ञात हुआ कि उनके दिवालेकी अफवाह बाजारमे है, उसी दिनसे उनके मनमें भयंकर छटपीड़ा होने लगी। मानसिक चिन्ताने भयंकर रूप धारण किया। एक रात एकाएक हृदयकी गति रुकनेसे उनकी मृत्यु हो गयी !

समाचार-पत्रमें लिखा गया था कि ५७ वर्षकी वृद्धावस्थाके कारण सेठजीकी मृत्यु हो गयी थी, पर ५७ वर्षकी आयु क्या, आज भी फक्कड़ मस्त फ़कीर गरीब ९०–९५ तक स्वस्थ जीवित रहते हुए मिलते हैं। किसे ज्ञात था कि सेठजीकी मृत्युका कारण वृद्धावस्था नहीं, धनके जानेका दुःख, पुनः वही प्रतिष्ठित पद प्राप्त करनेकी चिन्ता, जनतामें फैलनेवाली अपकीर्ति और पत्नीकी अतृप्ति, संतानका बोझ आदि थे। धन अपने साथ जो जिम्मेदारी और अगण्य चिन्ताओंका भार लाता है, उस दुष्टने उन्हें धराशायी कर दिया। यदि धनमें शान्ति होती तो क्यों सेठजी अशान्त रहते ?

(२)

पंजाबके एक अन्य पूँजीपतिका वृत्तान्त मेरे मानसमें उदित हो आया है। ये महानुभाव गल्लेके बड़े व्यापारी हैं। लक्ष्मीकी कृपा हुई तो एक सामान्य स्थितिसे निरन्तर उन्नत होते गये। स्वयं अध्यवसाय और परिश्रमसे कार्य किया तथा शहरके एक प्रतिष्ठित धन-सम्पन्न व्यक्ति गिने जाने लगे। ढलती अवस्थामें कारोबार उनके पुत्रोंके हाथमें आया, तो विलास, शैथिल्य और मुफ्तमें माल कमानेके धंधे सोचे जाने लगे। लड़के सट्टेमें पड़ गये। एक-दो बार भाग्यने साथ भी दिया, पर एक उदास सुबह उन्होंने सुना कि सट्टेका दाँव उनके विपरीत रहा है और वे सब कुछ हार गये हैं।

'मेरा सब कुछ चला गया। अब क्या करूँ ? लोग क्या कहेंगे ! घरका मकान और दूकाने बेची जायँ, तभी मान-प्रतिष्ठा बच सकती है। वृद्धावस्थामें यह दुर्दिन भी देखना बदा था। क्या करूँ ? आत्महत्या कर लूँ ? या कहीं भाग जाऊँ ? लेकिन कर्जेवाले मुझे कब छोड़ेंगे।' अनेक समस्याएँ मनमें लिये वे मुझसे मिले, सलाह पूछी।

मैं बोला, 'धन घीमें पड़नेवाली अग्नि है। यह ऐसा आधार है जो क्षणभरमें हट सकता है। इसका विश्वास कभी न कीजिये। कुछ अनावश्यक मकान या जायदाद बेचकर बेहद जरूरतमंद कर्जदारोंका ऋण चुका दीजिये। आपके तीन पुत्र हैं, वर्षोंके अनुभवका संचित कोष आपके पास है। नये जोश, ईमानदारी, संयम और मितव्ययतासे व्यापार करेंगे, तो पुनः उसी स्थितिमें आ जायँगे।'

वे मेरी सम्मति मान गये। लगभग आधी जायदाद बेच दी गयी। शेषसे पुनः व्यापार किया। आठ वर्षकी निरन्तर साधनाके अनन्तर आज वे पुनः सम्पन्न स्थितिमें आ गये हैं। उन्हें अब भी तृप्ति नहीं। आवश्यकताएँ बढ़ी हुई हैं। स्वास्थ्य चिन्तामें घुलता जा रहा है। कभी-कभी स्वप्नमें अपनी पुरानी दुरवस्थाको देखकर व्यग्र और अशान्त हो उठते हैं। धनको बनाये रखनेकी कृत्रिम चिन्ता उनके मनकी शान्ति और संतुलनको ठीक नहीं होने देती। सारे दिन खोये-खोयेसे रहते हैं।

धनके संसर्गसे मोह और दर्पके अतिरिक्त मनुष्यमें एक मिथ्या शान आ जाती है। नगण्य-सा होते हुए भी वह स्वयं अपनेको बड़ा महत्त्वपूर्ण समझने लगता है। उसे अपनी बाहरी टीपटाप, मिथ्या प्रदर्शनकी भावनाका बड़ा ध्यान रहता है। यदि कभी संयोगवश धनकी कमी हो जाय, पूँजी अटक जाय, बाजार मंदा हो जाय, व्यापारमें घाटा आ जाय या चोरी हो जाय तो धनीके तो जैसे प्राण ही निकल जाते हैं। धनके साथ उसे सदा ज्यों-का-त्यों बनाये रखनेकी अतृप्त इच्छा मनमें बनी रहती है। इसीसे धनी व्यथित रहता है। उसका स्वास्थ्य नष्ट हो जाता है। चिन्ताओंके कारण न पूरी निद्रा आती है, न भोजन ही पचता है। फलतः वह अकाल मृत्युको प्राप्त होता है।

धनी प्रायः कृपण होते हैं। लोभसे हमारे मनमें एक संकुचितता प्रविष्ट हो जाती है। यह संकुचितता मनुष्यकी दैवी वृत्तियों (उदारता, प्रेम, दया, प्रसन्नता, सहानुभूति, कोमलता, समवेदना) का नाश कर देती है। धनी चाहे बाहरसे मुसकराता दिखायी दे, अंदरसे उदास, चिन्तित, दुखी, अतृप्त बना रहता है। वह जनसाधारणमें न हँसकर बैठ सकता है, न पूरी आजादीका उपभोग कर सकता है। पूँजीपतियोंके व्यक्तिगत जीवन चिन्ता, कुढ़न और अतृप्तिका भंडार होते हैं। धनका जितना आधिक्य होता है, उसी अनुपातमें मिथ्या गर्व और चिन्ता बढ़ती रहती है। धन जितना अधिक संग्रह किया जाता है, वह उतना ही गुप्त मानसिक उत्तरदायित्वजनित भारकी सृष्टि करता है।

यदि धनी चतुर हुआ, तो वह धनका सदुपयोग कर ऊपर लिखे कष्टोंसे मुक्ति पा सकता है। मनुष्यको धन कितना चाहिये ? उत्तर सुन लीजिये—

साईं इतना दीजिये जामें कुटुम समाय।
मैं भी भूखा ना रहूँ, पथिक न भूखा जाय॥

यही मर्यादा श्रेष्ठ है। अपनी आवश्यकताओंकी पूर्ति हो जाय तथा घरमें पधारनेवाले अतिथिका सत्कार हो सके।

यदि धनी दान, परोपकार, समाजसेवा, शिक्षा, धर्मशाला-निर्माण आदिमें व्यय कर धनका सदुपयोग करता चले तो उसका गुप्त चिन्ता-भार हल्का हो जाता है तथा उदारता आती है। आत्मभाव उत्पन्न होनेसे उसका कल्याण हो जाता है।

रुपया जहाँ दूसरोंकी सेवा करने, गिरे हुओंको उठाने, चलते हुओंको प्रोत्साहन देने, धर्म-कर्म करनेका अच्छा साधन है, वहाँ दुरुपयोगद्वारा भयंकर कुकृत्यों, व्यसनों, व्यभिचार, अनीति, अन्याय करनेका भी साधन है। श्रेष्ठ मनुष्य धनकी शक्तिका सदुपयोग कल्याणकर रूपोंमें ही करता है। उसका अपने ऊपर प्रभुत्व नहीं छाने देता। रुपयेको एक साधन-मात्र समझकर ग्रहण करता है, उसीको साध्य माननेकी गलती नहीं करता।

सच्चा सुख, शान्ति, आनन्द मनुष्यके मनमें रहनेवाले दिव्य आन्तरिक भाव हैं। सुख स्वास्थ्य और शक्तिके सदुपयोगमें है। सुख हमारे मनकी संतोषपूर्ण मनःस्थिति है। इसका सम्बन्ध ईमानदारी, अन्तरात्माकी संतुष्ट स्थिति, विवेकशीलता और निःस्पृहतासे है। जो व्यक्ति कम पैसेवाले अथवा मजदूर होते हैं, वे धनके अनुचित मोह, लालच या चिन्तामें कभी नहीं फँसते; सूखी रोटी खाकर भी तृप्त, दीर्घायु और चिन्तासे मुक्त रहते हैं, सड़कोंके किनारे पड़े हुए फकीर, खेतोंमें सतत परिश्रम करनेवाले कृषक, फैक्टरीके मजदूर आदि धनियोंकी अपेक्षा कहीं अधिक और विलक्षण तृप्त जीवनका संतोषामृत पान करते हैं।

सुख, स्वास्थ्य और धन

अनेक व्यक्तियोंको यह भ्रम है कि मानव-शरीरके स्वास्थ्य, शक्ति, सुख एवं आनन्दके लिये हमें बहुत-सा धन चाहिये। जबतक हमारे पास ताकतकी दवाइयों, तर माल, घी, दूध, पौष्टिक भोजनके लिये पर्याप्त धन नहीं है, हम तीन-चार बार मक्खन, दूध, बिस्कुट, बाजारकी अनेक वस्तुएँ मोल नहीं ले सकते, तबतक किस प्रकार स्वस्थ और सुखी रह सकते हैं!

यह धारणा नितान्त भ्रान्तिमूलक है। निश्चय जानिये, उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सुखके लिये धन अनिवार्य नहीं है। कम-से-कम आवश्यकतावाले व्यक्ति अपने मनकी सही स्थिति एवं शारीरिक, मानसिक परिश्रमद्वारा स्वस्थ और दीर्घायु रहे हैं, और रह सकते हैं।

यदि हमारे मनमें स्वस्थ रहने, शरीरको मजबूत बनाने, कुत्सित वृत्तियोंसे बचकर चलने तथा दीर्घकालतक जीवित रहनेकी उत्कट इच्छा है, तो स्वास्थ्यके साधारण नियमोंके पालन, रूखा-सूखा खाकर और साधारण शारीरिक एवं मानसिक श्रम करके भी हम दीर्घजीवी रह सकते हैं। स्वस्थ रहनेमें धनकी कमी बाधक नहीं है।

जो गरीब हैं, पर स्वास्थ्य-सुख एवं दीर्घजीवनके इच्छुक हैं, उन्हें किसी अवस्थामें हतोत्साह नहीं होना चाहिये। सुख तो मजबूत, सादे, उच्च विचारवाले जीवनमें निवास करता है। भरपेट सूखी रोटी खाइये और जी-तोड़ परिश्रम कीजिये, संतोषामृत पीजिये तथा गन्दे व्यसनोंसे बचे रहिये। परमेश्वरकी इस सृष्टिमें आप रुपयेके मालिक न सही, स्वास्थ्य एवं शक्तिके स्वामी अवश्य रहेंगे।

कल्पना कीजिये, यदि रुपयेसे स्वास्थ्य और दीर्घजीवन खरीदा जा सकता, तो क्या बड़े-बड़े पूँजीपति, ऐश्वर्यशाली अधिपति, जागीरदार, बड़े-बड़े अफसर, व्यापारी कभी मरते! वे बाह्य दृष्टिसे भले ही मोटे-तगड़े प्रतीत हों किंतु अंदरसे खोखले, जीर्णरोगी, अतृप्त हैं। रुपयेसे वे ऐसी वस्तुएँ खरीद सकते हैं, जिनके उपयोगसे शक्ति प्राप्त हो सकती है, पर शर्त यह है कि वह पच सके। पाचन रुपयेमें नहीं है। भूखमें स्वाद है। शारीरिक शक्तिके लिये आपको परिश्रम, संयम और व्यायामका धन अपेक्षित है। धनसे आप ऐश्वर्यशाली बन सकेंगे, किंतु सच्चा आनन्द और शान्ति आपको कदापि प्राप्त न हो सकेंगे। रुपयेसे चश्मा मिलेगा, पर दृष्टि नहीं; कोमल शय्या मिलेगी, पर गहरी निद्रा नहीं; निस्तब्धता मिलेगी, पर हार्दिक संतोष नहीं; अलंकार मिल सकेंगे, पर सौंदर्य नहीं; विद्या मिल सकेगी, पर विवेक नहीं; नौकर मिल सकेंगे, पर सच्ची सेवा नहीं; संगी-साथी अनेक इकट्ठे हो जायँगे, पर सच्चे मित्र और हितैषी नहीं; टकुर-सुहाती बातें खूब मिलेंगी, पर प्रेम नहीं। स्मरण रखिये संसारकी उत्तम वस्तुएँ, स्वास्थ्य-सुख, यौवन और दीर्घ-जीवन प्रायः रुपये-पैसे बिना ही प्राप्त हुआ करते हैं। दुनियामें ऐसा कोई माप नहीं कि जिससे आनन्द, स्वास्थ्य, विवेक, प्रेम, निद्रा, शान्ति और शक्ति आदि दैवी तत्त्वोंका मूल्य आँका जा सके।

धनकी यह अतृप्त तृष्णा

धन एक ऐसा पदार्थ है, जिसे प्राप्त करनेपर उसको अधिकाधिक प्राप्त करनेकी कामना उत्तरोत्तर बढ़ती है। धनकी

तृष्णा ही फूँसमें लगती हुई अग्निके समान निरन्तर फैलती ही जाती है। हम यह समझें कि इतना कमानेके पश्चात् और आवश्यकता न होगी, तो ऐसी बात नहीं। यह तो वृद्धावस्थातक चलती ही रहती है। महर्षि भरद्वाजने सत्य ही कहा है—

जीर्यन्ति जीर्यतः केशा दन्ता जीर्यन्ति जीर्यतः।
जीविताशा धनाशा च जीर्यतोऽपि न जीर्यति॥

जब मनुष्यका शरीर जीर्ण होता है, तब उसके बाल पक जाते हैं और दाँत भी टूट जाते हैं किंतु धन और जीवनकी तृष्णा बूढ़े होनेपर भी जीर्ण नहीं होती—वह सदा नयी ही बनी रहती है।

अधिक धनके मोहमें बड़े सावधान रहें। महर्षि कश्यपने कहा है, यदि ब्राह्मणके पास धनका अधिक संग्रह हो जाय, तो यह उसके लिये अनर्थका हेतु है; धन-ऐश्वर्यसे मोहित ब्राह्मण कल्याण प्राप्त नहीं करता। धन-सम्पत्ति अनुचित मोहमें डालनेवाली होती हैं; मोह नरकमें गिराता है, इसलिये कल्याण चाहनेवाले पुरुषको अनर्थके साधनभूत अर्थका दूरसे ही परित्याग कर देना चाहिये। जिसको धर्मके लिये धनकी इच्छा होती है, उसके लिये उस इच्छाका त्याग ही श्रेष्ठ है। धनके द्वारा जिस धर्मका साधन किया जाता है, वह क्षयशील है। दूसरेके लिये जो धनका परित्याग है, वही अक्षय धर्म है, वही मोक्षकी प्राप्ति करानेवाला है।

ईश्वर ध्येय और ज्ञेय

(लेखक—श्रीचारुचन्द्र चटर्जी एम्० ए०)

[गताङ्कसे आगे]

उपासना और उपासकोंका प्रकार-भेद अगले दो श्लोकोंमें दिखाया गया है—

१—सततं कीर्तयन्तो मां यतन्तश्च दृढव्रताः।
नमस्यन्तश्च मां भक्त्या नित्ययुक्ता उपासते॥
(९। १४)

—अर्थात् एक प्रकारके उपासक दृढ़तासे शम-दमादि अभ्यास करते हुए सर्वदा स्तोत्र-मन्त्रादिके द्वारा भगवान्‌के गुणोंका कीर्तन करते हैं; उनके सगुण-तत्त्वका श्रवण, मनन आदिके लिये प्रयत्न करते हैं; सगुण ब्रह्म वासुदेवको वाक्-काय-मानससे भक्ति-श्रद्धापूर्वक नमस्कार करते हैं; सर्वदा उनके ध्यानमें युक्त रहते हैं और अनन्यभक्तिसे उनकी उपासना करते हैं।

इस भक्तिप्रधान उपासनाकी ज्ञानमें परिसमाप्तिका उल्लेख यहाँपर नहीं है; भगवान् श्रीकृष्णने १८। ५५* में उसका वर्णन किया है। इस श्लोकके मर्मार्थसे यह संकेत मिलता है कि आत्म-साक्षात्कारके निमित्त जिन साधनोंकी आवश्यकता होती है, उनका निर्देश यहाँ है—जैसे ज्ञान-भक्ति, शम-दमादि साधन-सम्पद्, श्रवण, मनन, निदिध्यासन इत्यादि। अतएव इस अध्यायके आदिमें हृषीकेशने अर्जुनसे जो 'गुह्यतम' ज्ञान कहनेकी प्रतिज्ञा की थी, इस श्लोकमें वह पूरी हुई। उस स्थानपर श्रीकृष्णकी उक्ति है—

इदं तु ते गुह्यतमं प्रवक्ष्याम्यनसूयवे।
ज्ञानं विज्ञानसहितं यज्ज्ञात्वा मोक्ष्यसेऽशुभात्॥

हे दोषदृष्टिरहित भक्त! मैं तुझसे उस परम गोपनीय ज्ञानको विज्ञानके सहित कहता हूँ जिसे जानकर तू संसार-बन्धन रूप अशुभसे मुक्त हो जायगा। जो ज्ञान विज्ञान-सहित भगवान् कहते हैं, वह 'गुह्यतम' है, वह मुक्ति-प्रद है, वह सर्वज्ञताका ज्ञान है। श्रीशंकराचार्य इस ज्ञानको ब्रह्म-ज्ञान कहते हैं और इस विज्ञानको उसका 'अपरोक्ष अनुभव' मानते हैं। इसलिये विज्ञानयुक्त इस ज्ञानसे आत्म-साक्षात्कार लाभ होता है और यही 'अशुभसे मुक्ति' है। इस सिद्धि-प्राप्तिके क्रमके विषयमें विश्वरूपधारी भगवान् आगे एकादश अध्यायमें कहते हैं कि पहले तत्त्वतः जानना है, फिर अपरोक्ष साक्षात् दर्शन करना है और अन्तमें उन नित्य-शुद्ध-बुद्ध-मुक्त देवादिदेवमें प्रविष्ट होना है, अर्थात् एकीभावसे स्थित होना है।

२—ज्ञानयज्ञेन चाप्यन्ये यजन्तो मामुपासते।
एकत्वेन पृथक्त्वेन बहुधा विश्वतोमुखम्॥
(९। १५)

दूसरे उपासक ज्ञान-रूप यज्ञके द्वारा भगवान्‌की पूजा

* भक्त्या मामभिजानाति यावान्यश्चास्मि तत्त्वतः।
ततो मां तत्त्वतो ज्ञात्वा विशते तदनन्तरम्॥

करते हुए उपासना करते हैं अर्थात् चित्तमें भगवान्‌का ज्ञेय-रूप सर्वदा धारण करते हैं। उनमें कुछ अपनेको उपास्य देवता वासुदेवसे अभेद ('एकत्व') जानकर 'अहंग्रहोपासना' का अनुष्ठान करते हैं। कुछ उपास्य और उपासकमें भेद ('पृथक्त्व') चिन्ता करते हुए 'प्रतीकोपासना' रूप यज्ञसे देवताकी आराधना करते हैं; और कुछ भगवान्‌को सर्वात्मक विश्वरूप ('विश्वतोमुख') समझकर 'अङ्गावबद्ध' उपासना रूप यज्ञके द्वारा बहुत प्रकार देवताओंकी अर्चना करते हैं।

यद्यपि नाना प्रकारसे भिन्न-भिन्न देवताओंकी पूजा होती है, परंतु सभी 'विश्वतोमुख' ईश्वरकी पूजा है; क्योंकि प्रत्येक वस्तु स्वरूपतः वे ही हैं। समष्टिभावसे जैसे वे विश्वात्मा हैं, व्यष्टिभावसे भी एकादशेन्द्रियगोचर पदार्थ मात्र उसके स्वरूप हैं। उनकी स्वरूपता चार श्लोकोंमें वर्णित है—

अहं क्रतुरहं यज्ञः स्वधाहमहमौषधम्।
मन्त्रोऽहमहमेवाज्यमहमग्निरहं हुतम्॥
पिताहमस्य जगतो माता धाता पितामहः।
वेद्यं पवित्रमोङ्कार ऋक्सामयजुरेव च॥
गतिर्भर्ता प्रभुः साक्षी निवासः शरणं सुहृत्।
प्रभवः प्रलयः स्थानं निधानं बीजमव्ययम्॥
तपाम्यहमहं वर्षं निगृह्णाम्युत्सृजामि च।
अमृतं चैव मृत्युश्च सदसच्चाहमर्जुन॥
(९। १६–१९)

अर्थात् भगवान् कहते हैं कि अग्निष्टोमादि यज्ञ; स्मार्त पञ्चयज्ञादि; पितरोंके लिये श्राद्धमें दिया हुआ अन्न; ओषधिसे उत्पन्न भेषज या अन्न, मन्त्र या ऋक्, घृत या हवि, अग्नि, होम—ये सब कुछ मैं हूँ। अर्थात् ये वस्तु परमेश्वरके स्वरूप हैं। यज्ञमें और यज्ञ-द्रव्योंमें ब्रह्म-सत्ता या शक्तिकी धारणासे—'ब्रह्मार्पणं ब्रह्महविर्ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम्' भावसे—सब कुछ एक मात्र ब्रह्म है, ऐसा समझनेसे अद्वैत-ज्ञान सिद्ध होता है। अतः 'विश्वतोमुख' ईश्वरकी 'बहुधा' उपासना युक्ति-युक्त है।

नवम अध्यायके चतुर्थ और पञ्चम श्लोकोंमें ज्ञेय ईश्वरका जगत्‌से साधारण सम्बन्ध दिखाया गया है। यहाँ इन श्लोकोंमें विशेष सम्बन्ध वर्णित है अर्थात् जिन भावोंसे ज्ञेय ईश्वर चिन्तनीय हैं। श्रीकृष्ण कहते हैं—मैं जगत्‌का पिता, माता, पितामह, ज्ञातव्य पदार्थ, पवित्र ओंकार (जो ज्ञेय ब्रह्मका वाचक है), ऋक्, साम और यजुर्वेद हूँ।

गति (मरणान्तर प्राप्त अवस्था), भरण-पोषण-कर्ता, स्वामी, जीवके शुभाशुभका द्रष्टा, सबका आधार, आश्रितोंका दुःख दूर करनेवाला, प्रत्युपकारकी भावनासे रहित, कल्याणकारी, सृष्टि-स्थिति-लयका कारण, पदार्थोंका सूक्ष्म रूपसे विलयका स्थान अनादि-अनन्त सर्वकारण-कारण—सब कुछ मैं हूँ।

हे अर्जुन! सूर्य और अग्निरूपसे मैं तपता हूँ, मैं पृथ्वीकी नदी, समुद्र इत्यादिसे जल आकर्षण करता हूँ और फिर वृष्टिरूपमें बरसाता हूँ; मैं अक्षय जीवन हूँ और जीवगणोंकी मृत्यु भी हूँ; विद्यमानता और अविद्यमानता मैं हूँ।

महात्मा गांधी जैसा कहा करते थे, इन श्लोकोंका अर्थ वही है—"करनेवाला एक ही है"। ईश्वरके अतिरिक्त कोई नहीं है, कुछ नहीं है। कार्य-कारण-कारक सब वे ही हैं। सप्तम अध्यायमें उनको जगत्-कारण सनातन बीजरूपमें देखते हैं, इस स्थानपर "बीजमव्ययम्"। दृश्यमान जगत्‌में जो कुछ है सब उनकी विभूतियाँ हैं। सप्तम अध्यायमें भगवान् तत्त्वोंके मुख्य गुणाकारमें ध्येय ईश्वर हैं, किसी आधारमें आधेय हैं। इस अध्यायमें भगवान् वस्तुमात्रके स्वरूपमें ज्ञेय ईश्वर मनुष्यके ज्ञान-गोचर हैं—बताया गया है।

पदार्थ-विज्ञान (Physics) से जो वस्तुका ज्ञान होता है, वह भौतिक ज्ञान है। इसकी अपेक्षा उच्चतर जो वस्तुका दिव्य-ज्ञान है वह ज्ञाताको ज्ञेय —ईश्वरसे युक्त करता है, वही ईश्वरोपासना है। पञ्चदश श्लोककी व्याख्यामें दिखाया गया है कि ज्ञानी व्यक्ति ईश्वरकी उपासना करता है तीन भावसे—एकत्वभावसे, पृथग्भावसे और अनेक भावोंसे। यद्यपि उपासना निष्काम भावसे अनुष्ठित हो तो उपासक ज्ञानीकी परम गतिको प्राप्त करता है। श्रीकृष्णने कहा है—

उदाराः सर्व एवैते ज्ञानी त्वात्मैव मे मतम्।
आस्थितः स हि युक्तात्मा मामेवानुत्तमां गतिम्॥
(७। १८)

ये सभी (आर्त, जिज्ञासु, अर्थार्थी और ज्ञानी) मेरे उत्कृष्ट उपासक हैं, परंतु निष्काम ज्ञानी पुरुष तो मेरे अपने स्वरूप ही हैं, यह मेरा निश्चय है; क्योंकि वह सर्वदा मुझमें समर्पित-चित्त होकर मुझको सर्वोत्कृष्ट परमगति समझकर मुझमें ही स्थित रहता है। वह मेरे अतिरिक्त कोई दूसरा फल नहीं चाहता है। बहुत जन्मोंके उपरान्त अन्तमें वह ज्ञानवान् पुरुष वासुदेव ही सब कुछ हैं, इस ज्ञानसे सम्पन्न होकर

निरुपाधिक परमेश्वरमें प्रवृत्त होता है और सम्यक् दर्शनसे अपरोक्ष अनुभूति प्राप्त करता है।

परंतु जो साधक सकाम उपासना करते हुए स्वर्गादि फल-कामना करते हैं, वे वासनानुरूप इन्द्रादि-लोकमें सुख तो भोग करते हैं, परंतु आवागमनरूप प्रवाहमें पड़े ही रहते हैं, अर्थात् पुनर्जन्मरूप दुःखालयसे छुटकारा नहीं पाते; किंतु—

अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते।
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम्॥

(९।२२)

आचार्य श्रीरामानुज इस श्लोकका अर्थ लिखते हैं—मेरे चिन्तनके बिना शरीर धारण करनेमें असमर्थ होनेके कारण केवल एक मेरा चिन्तन ही जिनका प्रयोजन है, ऐसे अन्य-प्रयोजनसे रहित जो महात्मा भक्तजन मेरा चिन्तन करते हुए मेरी उपासना करते हैं—समस्त कल्याणमय गुणोंसे समन्वित और सम्पूर्ण विभूतियोंसे युक्त मुझ परमेश्वरकी भलीभाँति सर्वाङ्गपूर्ण उपासना करते हैं, उन निरन्तर मुझसे सम्बन्ध चाहनेवाले भक्तोंका मेरी प्राप्तिरूप योग और अपुनरावृत्तिरूप क्षेम मैं वहन करता हूँ।

पूर्वोक्त व्याख्यादिमें जो मरणान्तर गतिका प्रश्न उत्थापित किया जा रहा है, वह अष्टम अध्यायका प्रधान विषय है। उसमें गति-तत्त्वका विशेष विवरण है। अध्यायके आदिमें अर्जुनके सात प्रश्नोंका संक्षेपमें उत्तर देकर पञ्चम श्लोकसे श्रीकृष्ण इस तत्त्वका आरम्भ करते हुए कहते हैं—

अन्तकाले च मामेव स्मरन् मुक्त्वा कलेवरम्।
यः प्रयाति स मद्भावं याति नास्त्यत्र संशयः॥

इस श्लोककी गहन-गम्भीर व्याख्या श्रीमधुसूदनजीसे श्रवण योग्य है। उन्होंने इस एक ही श्लोकके भावोंका विश्लेषण करते हुए समस्त गति-तत्त्वका सारांश तो निकाला है ही, साथ ही और भी विशेष तथ्योंका प्रतिपादन किया है। वे लिखते हैं—मुझको अर्थात् सगुण ब्रह्म अधियज्ञ भगवान् वासुदेव (ध्येय ईश्वर) को या निर्गुण अक्षर परम ब्रह्म (ज्ञेय ईश्वर) को सर्वदा चिन्तनकी संस्कार-शक्तिसे अन्तकालमें भी मुझको स्मरण करते हुए शरीरका त्याग कर (और साथ ही 'मैं' 'मेरा' इत्यादि अभिमान परित्याग कर) जो प्रयाण करता है, यदि वह सगुण ब्रह्मका चिन्तन करते-करते देहका त्याग करता है तो पितृयान-मार्गसे उत्कृष्टतर अग्नि, ज्योति, अहः, शुक्ल पक्ष छः [श्लोक २४] देवयान-मार्गसे सकुशल गमन करता है। वह उपासक मेरे स्वरूपको—निर्गुण ब्रह्मभावको—हिरण्यगर्भ-लोकके भोगावसानपर प्राप्त होता है। परंतु जो निर्गुण ब्रह्मकी चिन्ता करते-करते शरीर-का त्याग करता है उसके लिये यह वाक्य—'कलेवरका त्याग कर प्रयाण करता है'—केवल लोक-दृष्टिमें ही समझना चाहिये, अर्थात् मनुष्यदृष्टिमें वह शरीरका त्याग करते हुए ऊर्ध्वगति-को प्राप्त होता है। परंतु वास्तवमें ऐसा नहीं है; क्योंकि उसके प्राणोंका उत्क्रमण नहीं होता, वरं यहीं लय हो जाता है और उत्क्रमणके अभावसे वह साक्षात् मेरे भावको प्राप्त होता है। 'ब्रह्मैव सन् ब्रह्माप्येति' (बृह० उ० ४।४।६) अर्थात् वह ब्रह्म होकर ब्रह्मस्वरूपताको प्राप्त होता है। इस विषयमें अर्थात् आत्मा देहसे अतिरिक्त है और ऐसे मनुष्यका मद्भावकी प्राप्तिके विषयमें संदेह भी नहीं रहता है; क्योंकि श्रुतिमें कहा है, उस समय—'छिद्यन्ते सर्वसंशयाः'—सब संदेह टूट जाते हैं। यहाँपर यह द्रष्टव्य है कि 'कलेवरका त्याग कर प्रयाण करता है' ऐसा कहनेसे यह प्रमाणित होता है कि आत्मा शरीरसे भिन्न है और 'मद्भाव (ब्रह्मभाव)को प्राप्त होता है' ऐसा कहनेसे यह प्रमाणित होता है कि जीव ईश्वरसे अभिन्न है।

अन्तकालमें भगवच्चिन्तनकी विशेष आवश्यकताको अगले श्लोकमें भगवान्‌ने स्पष्ट किया है—

यं यं वापि स्मरन् भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम्।
तं तमेवैति कौन्तेय सदा तद्भावभावितः॥

(८।६)

जिस भावसे मनुष्य सर्वदा भावित रहता है, अन्तकाल-में वही भाव उसके मनको छाये रहता है और मृत्युके अनन्तर वह उसी भावको प्राप्त होता है; क्योंकि शरीरके त्यागके समय-का प्रबल भाव शरीरान्तर-ग्रहणमें नियामक होता है।

इसलिये, निधन-समयपर भगवद्विषयकी चिन्ता ही मन-में रहे, इसके निमित्त भगवान् उपाय बतलाते हैं—

तस्मात् सर्वेषु कालेषु मामनुस्मर युध्य च।
मय्यर्पितमनोबुद्धिर्मामेवैष्यस्यसंशयम्॥

(८।७)

इसलिये सब समय मेरा स्मरण करो और उसमें जो बाधा-विघ्न पड़ें, उन्हें अपसारित करनेके लिये बल-बुद्धिसे

प्रयत्न करो। इस प्रकार मन और बुद्धि मुझ वासुदेवको अर्पण करनेपर निःसंदेह मुझको ही प्राप्त करोगे।

यह ध्येय सगुण ईश्वरोपासनाका साधारण वर्णन है। इसके उपरान्त सात श्लोकोंमें उपासकोंके भेदसहित उपासनाका प्रकरण विस्तार किया गया है।

(१) पहले तीन श्लोकोंमें श्रीरामानुजके बताये हुए ऐश्वर्य-प्रार्थी भक्तके ध्येय ईश्वरका स्वरूप और उनके ध्यानका क्रम वर्णित है—

अभ्यासयोगयुक्तेन चेतसा नान्यगामिना।
परमं पुरुषं दिव्यं याति पार्थानुचिन्तयन्॥
कविं पुराणमनुशासितार-
मणोरणीयांसमनुस्मरेद्यः।
सर्वस्य धातारमचिन्त्यरूप-
मादित्यवर्णं तमसः परस्तात्॥
प्रयाणकाले मनसाचलेन
भक्त्या युक्तो योगबलेन चैव।
भ्रुवोर्मध्ये प्राणमावेश्य सम्यक्
स तं परं पुरुषमुपैति दिव्यम्॥
(८। ८-१०)

ध्येय ईश्वरमें दीर्घकाल, निरन्तर मनको स्थिर रखनेके प्रयत्नसे अभ्यासयोगयुक्त होकर, अन्य सब विषयोंसे चित्तको निरुद्ध कर, जो मनुष्य स्वयं-प्रकाश दिव्य परमपुरुषके चिन्तनमें तत्पर रहता है, वह दीप्तिमान् पुरुषको जो कि ध्येय ईश्वरके परम भाव हैं, प्राप्त होता है। यह पुरुष सर्वज्ञ, अनादि जगत्के शासक हैं; एक ओर सूक्ष्मातिसूक्ष्म हैं और दूसरी ओर सबके पालक-पोषक महत् हैं—ये विरुद्धभावापन्न हैं; परंतु नहीं, वे अप्रमेय हैं इसलिये धारणातीत हैं। वे सूर्यके सदृश जगत्के प्रकाशक हैं और अन्धकारके बाहर हैं अर्थात् वे ज्ञानस्वरूप हैं, इसलिये अज्ञान-अन्धकारके अति परे हैं। ऐसे पुरुषका जो चिन्तन करता है—मृत्युके समयपर, एकाग्रचित्तसे, भक्तियुक्त होकर और योगबलके द्वारा भ्रुकुटिके मध्यमें अर्थात् आज्ञाचक्रमें प्राणको दृढ़तासे स्थापित करता है, वह उस ज्योतिर्मय परमपुरुष—सगुण ब्रह्मको प्राप्त होता है।

श्रीकृष्णने इन 'परमपुरुष'की महिमा फिर २२ वें श्लोकमें कीर्तन की है—

पुरुषः स परः पार्थ भक्त्या लभ्यस्त्वनन्यया।
यस्यान्तःस्थानि भूतानि येन सर्वमिदं ततम्॥

वह पुरुष 'पर' अर्थात् श्रेष्ठ हैं। सब भूत उनके अन्तर्गत हैं और उन्हींसे यह सब जगत् व्याप्त है। ये परमपुरुष अनन्य भक्तिसे ही प्राप्य हैं। इन्हींका ध्येय परम भाव दिव्य अधिदैव पुरुष हैं, क्योंकि 'पुरुषश्चाधिदैवतम्।' इनकी प्राप्ति श्रीरामानुजके कथनानुसार ऐश्वर्य-प्रार्थीकी ऐश्वर्य-प्राप्ति है।

(२) अब तीन श्लोकोंमें आत्मसाक्षात्कार-प्रार्थी भक्तोंकी उपासनाका प्रकार बताया जाता है—

यदक्षरं वेदविदो वदन्ति
विशन्ति यद्यतयो वीतरागाः।
यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्यं चरन्ति
तत्ते पदं संग्रहेण प्रवक्ष्ये॥
सर्वद्वाराणि संयम्य मनो हृदि निरुध्य च।
मूर्ध्न्याधायात्मनः प्राणमास्थितो योगधारणाम्॥
ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन् मामनुस्मरन्।
यः प्रयाति त्यजन् देहं स याति परमां गतिम्॥
(८। ११-१३)

जिस अक्षर अर्थात् सगुण-निर्गुण-ब्रह्मके प्रतीक ओंकारके विषयका वेदज्ञ महात्मा वर्णन करते हैं; यत्नशील अनासक्त संन्यासी आत्मज्ञान लाभ कर जिस अक्षरमें प्रविष्ट होते हैं अर्थात् आत्मस्वरूपभावसे सम्यक् दर्शनपूर्वक प्राप्त होते हैं; जिस तत्त्वको जाननेकी इच्छासे साधक ब्रह्मचर्य पालन करते हैं, मैं उस पदको अर्थात् प्राप्य तत्त्वको तेरे लिये संक्षेपसे कहता हूँ।

सब इन्द्रियोंको भोग्य विषयोंसे निवृत्त कर अर्थात् योगाङ्ग प्रत्याहार-अभ्यासयुक्त होकर, हृदेशमें विराजित ईश्वरमें मनको स्थिर करके* और प्राणको मस्तक-स्थित ज्योतिमें स्थापित करके, धारणा-योगमें स्थित हुआ जो मनुष्य 'ॐ' इस एक परात्पर ब्रह्मवाचक शब्द या सगुण-निर्गुण ब्रह्मके प्रतीकका बारंबार उच्चारण करते हुए मुझ परमेश्वरका स्मरण करता हुआ शरीरको त्याग कर जाता है, वह अर्चि-मार्गसे गमनपूर्वक श्रेष्ठ मेरी गतिको प्राप्त होता है। यह मरणावस्था और मरणान्तर गति विशेषकर उन योगियोंके सम्बन्धमें है जो 'ॐ' उच्चारणपूर्वक सुषुम्ना नामक नाडीके मार्गसे प्राण उत्क्रमण करनेमें समर्थ होते हैं और देवयान-मार्गसे गतिलाभ कर ब्रह्मलोकको प्राप्त होते हैं।

* 'मनो हृदि निरुध्य च'—इन शब्दोंका अर्थ एक महात्मा करते हैं—संकल्प-विकल्पात्मक मनको निश्चयात्मिका बुद्धिमें समाहित करना। हृदि=बुद्धिमें।

(३) अब एक श्लोकमें तृतीय प्रकारके भक्तका साधन, उपाय और उसका फल बताया गया है। यह 'एक भक्ति'-युक्त ज्ञानी है जो केवल भगवत्-प्राप्ति ही चाहता है, जिसका भाव है—

यं लब्ध्वा चापरं लाभं मन्यते नाधिकं ततः।
अनन्यचेताः सततं यो मां स्मरति नित्यशः।
तस्याहं सुलभः पार्थ नित्ययुक्तस्य योगिनः॥

(८। १४)

जो पुरुष मेरे अतिरिक्त और किसीका चिन्तन नहीं करता है, परंतु 'सततं'—निरन्तर और 'नित्यशः'—दीर्घ काल मुझ परमेश्वरका स्मरण-ध्यान करता है,—ध्येय ईश्वरके आकारमें चित्त-वृत्तिका प्रवाह स्थित रखता है—हे पार्थ! ऐसे सर्वदा मुझमें समाहित-चित्त साधकके लिये मैं स्वयं अनायास लभ्य हूँ। आज्ञा-चक्रमें जो प्राणकी स्थापना नहीं कर सकता है या सुषुम्ना मार्गसे प्राणका त्याग नहीं कर सकता है, वह भी निराश न हो; उसके लिये भगवान् यह सरल उपाय बताते हैं—जीवनमें प्रतिक्षण उनका चिन्तन करो, ध्येय ईश्वरके ध्यानमें सदा मग्न रहो। यह भी परम-गति लाभ करनेका सुगम साधन है।

परंतु ज्ञेय और ध्येय ईश्वरके ही ज्ञानसे उस परम-तत्त्व परमेश्वरके सत्य-स्वरूपको असंशय और समग्र भावसे नहीं जाना जा सकता जिस भावका उल्लेख भगवान् सप्तम अध्यायके आरम्भमें किया है। सगुण ब्रह्म ध्येय हैं, परंतु कूटस्थ, निर्गुण, निरञ्जन, अक्षर—परम ब्रह्म जो कि परम तत्त्व हैं, अविज्ञेय हैं। एकमात्र ओंकारके द्वारा उनका तत्त्व ज्ञेय होता है और ओंकाररूपमें ही वे ध्येय और आराध्य होते हैं। वेद और उपनिषदोंमें इस एक अक्षरको निर्गुण और सगुण ब्रह्मका प्रतीक या प्रतिमा निर्धारित किया है। यह एक अक्षर महान् रहस्यमय मन्त्र है; इसकी महिमाका अन्त नहीं है—'शिवमहिम्न-स्तोत्र' के एक श्लोकमें इसका वर्णन आया है—

त्रयीं तिस्रो वृत्तीस्त्रिभुवनमथो त्रीनपि सुरा-
नकाराद्यैर्वर्णैस्त्रिभिरभिदधत् तीर्णविकृति।
तुरीयं ते धाम ध्वनिभिरवरुन्धानमणुभिः
समस्तं व्यस्तं त्वां शरणद गृणात्योमितिपदम्॥

हे शरणद! 'ॐ' यह पद अकारादि (अ उ म्) तीन वर्णोंसे तीन वेद (ऋक्, यजुः, साम), तीन अवस्था (जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति), त्रिभुवन (भूः, भुवः, स्वः) और तीन देवता (ब्रह्मा, विष्णु, महेश) का निर्देश देते हुए, तुम्हारा समष्टिरूपमें स्तवन करता है और व्यष्टिरूप या प्रपञ्च-रूपमें भी। और यही 'ॐ' सूक्ष्म-ध्वनि नादके द्वारा सब एकत्र करते हुए तुम्हारा निर्विकार त्रिगुणातीत तुरीय स्वरूपका भी स्तवन करता है।

भगवान् श्रीकृष्णने कहा है कि—'वेद्यं पवित्रमोंकार' मैं पवित्र ओंकाररूपसे ज्ञेय हूँ। केवल ज्ञेय नहीं, कहते हैं—'प्रणवः सर्ववेदेषु'—सब वेदोंमें मैं ही प्रणव हूँ। इसी एक अक्षरसे ब्रह्म या शब्द-ब्रह्म अर्थात् वेद उत्पन्न हुआ है 'ब्रह्माक्षरसमुद्भवम्'। इसलिये इसको प्रतीक या प्रतिमा सदृश गुणयुक्त विश्वास कर इसकी उपासनासे इसका भाव प्राप्त होता है, जिससे परम गति लाभ होती है। ब्रह्मका नाम भी यही एक अक्षर है—

तस्मादोमित्युदाहृत्य यज्ञदानतपःक्रियाः।
प्रवर्तन्ते विधानोक्ताः सततं ब्रह्मवादिनाम्॥

(१७। २४)

इसलिये वेदवादियोंकी शास्त्रोक्त यज्ञ, दान और तपकी क्रियाएँ सदा 'ॐ' ऐसा उच्चारण करते हुए आरम्भ होती हैं।

पातञ्जल दर्शनमें कहा है—'तस्य वाचकः प्रणवः'—उस ईश्वरका नाम 'ॐ' है। 'तज्जपस्तदर्थभावनम्'—उस ओंकारका जप और उसके अर्थका चिन्तन करना चाहिये। प्रश्नोपनिषद्में ओंकारको परात्पर ब्रह्म कहा है और ब्रह्मके प्रतीक रूपमें इस विग्रहका ध्यान करनेका विधान है। कहा है कि ॐ—अक्षरमें अ-उ-म तीन मात्राएँ हैं। प्रत्येक मात्राकी ब्रह्मके प्रतीक-रूपमें उपासना करनेसे भिन्न-भिन्न गति प्राप्त होती है, और ओंकारको सूर्यमण्डल-मध्यस्थ ब्रह्मरूप चिन्तन करनेसे* पुनरावृत्ति नहीं होती है।

परंतु ओंकारमें उपर्युक्त तीन मात्राओंके अतिरिक्त और एक मात्रा है। ये तीन—अ उ म्—स्थूल व्यक्त मात्राएँ हैं, वह अव्यक्त है। ये तीन उच्चारित होती हैं, वह अनुच्चार्य अर्धमात्रा है। इस व्यक्तसे परम अव्यक्तपर्यन्त जानेका सहायक यह अर्धमात्रा है। अर्थात् एक ओर ये व्यक्त मात्राएँ हैं और दूसरी ओर मात्रातीत अव्यक्त है; इनके मध्यमें अर्धमात्रा है।

सेतुर्याऽप्यर्धमात्रा नयति च परमं व्यक्तमव्यक्तभावम्।

* स्वामी प्रत्यगात्मानन्दजीविरचित 'जपसूत्रम्'-प्रथम खण्ड।

अर्थात्, अर्धमात्रा एक सेतुस्वरूप है जो कि व्यक्तसे परे अव्यक्त भावमें पहुँचा देती है।

परंतु स्थूल व्यक्तसे अव्यक्त पद-पर्यन्त पहुँचनेके पहले प्रणवके सूक्ष्माङ्ग--नाद, विन्दु, कलाके माध्यमसे जाना होता है। अतः गन्तव्य पथपर चलनेके लिये ये मार्ग-निर्देशक (Mile-Stones) हैं—स्थूल अ-उ-म्; अर्धमात्रा-सेतु; तब सूक्ष्म नाद, विंदु, कला और अन्तमे कलातीत अव्यक्त।

'ॐ' विलम्बित लयसे और सकुचित ह्रस्व स्वरसे नहीं, प्रसारित प्लुत स्वरसे उच्चारण या इसी रीतिसे मानस जप करते-करते, जब स्वर या नाद-ध्वनि धीरे-धीरे विन्दुमें विलीन हो जाती है, उस समय मन भी उस परम अव्यक्त भावका स्पर्श अनुभव करता है जिसको 'तद्विष्णोः परमं पदम्' वाक्यसे अभिहित करते हैं। प्रणव उच्चारण करते हुए जो मनुष्य अव्यक्त भावके प्रकाशसे अनुप्राणित होता है, वह यथार्थमें ब्रह्मभावसे ही भावित होता है। तब परम पुरुषका ध्यान करते हुए जो शरीरका त्याग करता है, उसकी देवयानमार्गसे गति होती है जिसका परिणाम मुक्ति है। इसलिये भगवान्‌ने वचन दिया है कि अव्यक्त-अक्षर नाम जो परम गति है, जिसकी प्राप्तिसे पुनरावर्तन नहीं होता है, वह परम पद उसको प्राप्य है जो यावज्जीवन सतत अविनाशी, सर्वात्मक, परमेश्वरका अनन्यभक्तिसे स्मरण करता है और अन्तिम कालमें उन्हींके ध्यानमें प्राणोंका उत्क्रमण करते समय, उच्चारण करता है उस अक्षर-ब्रह्मका प्रिय नाम है—

॥ ओ३म् ॥

जब अपवित्र विचार घेरते हैं !

(काम, कारण और निवारण)

(लेखक—श्रीकृष्णदत्तजी भट्ट)

[गताङ्क पृष्ठ ८९९ से आगे]

'ब्रह्मचर्येण देवा मृत्युमुपाघ्नत ।'

ब्रह्मचर्यसे क्या नहीं हो सकता ?

उससे मृत्युपर विजय प्राप्त की जा सकती है।

जीवनमे सर्वत्र सफलता प्राप्त की जा सकती है।

उससे स्वास्थ्यकी प्राप्ति होती है।

बलकी वृद्धि होती है।

ओजकी प्राप्ति होती है।

× × ×

कौन नहीं जानता ब्रह्मचर्यसे होनेवाले लाभोंको ?

फिर भी हम ब्रह्मचर्यके पालनके लिये सचेष्ट नहीं होते। उसकी रक्षाके लिये प्रयत्नशील नहीं होते।

महज इसलिये कि विषयोंमें हमने सुखकी, आनन्दकी कल्पना जो कर रक्खी है।

गीताका यह उपदेश हमने सर्वथा भुला दिया है—

ये हि संस्पर्शजा भोगा दुःखयोनय एव ते ।
आद्यन्तवन्तः कौन्तेय न तेषु रमते बुधः ॥

(५ । २२)

स्पर्शसे, विषयोंसे, इन्द्रियोंके संयोगसे प्राप्त होनेवाले भोग दुःखके ही हेतु हैं। आदि और अन्तवाले हैं, अनित्य हैं। बुद्धिमान् पुरुष उनमें नहीं रमते।

पर, यहाँ तो कुएँमें भाँग जो पड़ी है।

× × ×

हमने बुद्धिको उठाकर ताकपर रख दिया है।

जानते हैं विषयोंमें क्षणभरके लिये दाद खुजलानेका आनन्द मिलता है और जिंदगीभरके लिये मुसीबतमें फँस जाना पड़ता है, रोग-बीमारी, झंझट-परेशानी, दुःख-क्लेश, कलह-अशान्ति सदाके लिये घेर लेती है, फिर भी हम हैं कि मानते ही नहीं !

× × ×

दुःखोंको हम जान-बूझकर आमन्त्रित करते हैं।

ठोंक-बजाकर मुसीबत मोल लेते हैं।

और जब, दुःखों और कष्टोंमें फँस जाते हैं तो रोते हैं, सिर धुनते हैं और हाथ मलते हैं।

पर—

'तब पछिताये होत का, जब चिड़िया चुग गयी खेत।
माली बैठी शहदपर पंख गये लपटाय।
हाथ मले अरु सिर धुने लालच बुरी बलाय॥

× × ×

जरूरत है कि हम शुरूसे सचेत रहें।

क्षणिक सुखोंके प्रलोभनसे अपनेको रोकें।

इन्द्रियाँ जैसे ही भटकनेके लिये आतुर हों, वैसे ही उनपर 'ब्रेक' लगा दें।

कछुएकी तरह जरा-सा खटका होते ही, संकटकी जरा-सी आशङ्का होते ही हम शरीरको समेट लें!

यदा संहरते चायं कूर्मोऽङ्गानीव सर्वशः।
इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेभ्यस्तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता॥
(गीता २। ५८)

× × ×

सभी इन्द्रियोंके विषयोंमे हमे सावधान होना पड़ेगा।

जरा ढील दी कि गये!

× × ×

अपवित्र विचार आता है, बढ़ता-पनपता है, पुष्पित-पल्लवित होता है, भोग्य प्राणीके प्रति आकर्षण इतना अधिक बढ़ जाता है कि मानवकी बुद्धि दिवाला बोल जाती है। वह रोक नहीं पाता अपने आपको।

इन्द्रियाँ उत्तेजित हो उठती हैं। स्पर्शकी, भोगकी आकुलता इतनी बढ़ती है कि उसकी समाप्ति होती है वीर्य और रजके स्खलनमे।

और, यह वीर्य और रज क्या है?

यह है वह अलभ्य पदार्थ जिससे प्रजोत्पत्ति होती है।

पुरुषका चेहरा इसीसे दमकता है।

इसीसे उसके रोम-रोममें स्फूर्ति रहती है।

यही उसका बल है, यही उसकी शक्ति है, यही उसका ओजस् है।

नारीका लावण्य, उसकी लोनाई, उसका नमक, उसका सलोनापन यही है।

सृष्टिका चक्र इसीसे चलता है।

माताओंकी गोद इसीसे हरी-भरी होती है।

आँगनकी खिलखिलाहटका रहस्य इसीमें छिपा हुआ है।

× × ×

वीर्य ही वह संजीवनी शक्ति है जिसपर मानवके शरीरका सारा ढाँचा खड़ा है।

आयुर्वेद कहता है कि रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा और वीर्य—ये सात धातुएँ स्वयं स्थित रहकर मानव-शरीरको धारण करती हैं—

एते सप्त स्वयं स्थित्वा देहं दधति यन्नृणाम्।
रसासृङ्मांसमेदोऽस्थिमज्जाशुक्राणि धातवः॥

× × ×

जानते हैं, वीर्य कितनी मूल्यवान् वस्तु है?

सुश्रुतमें उसकी व्याख्या की गयी है—

रसाद्रक्तं ततो मांसं मांसान्मेदः प्रजायते।
मेदसोऽस्थि ततो मज्जा मज्जायाः शुक्रसम्भवः॥

हम जो भोजन करते हैं, उससे सबसे पहले रस बनता है। कूड़ा मल-मूत्र-पसीना आदिके रूपमें बाहर निकल जाता है।

रससे रक्त बनता है।

रक्तसे मास बनता है।

मांससे मेद और मेदसे अस्थि बनती है।

अस्थिसे मज्जा बनती है।

मज्जासे वीर्य बनता है।

× × ×

एक धातुसे दूसरी धातु बननेमें ५ दिन लगते हैं।

६ धातुओंके बननेमे ६×५=३० दिन लगते हैं।

अर्थात् हम आज जो खायेंगे वह एक महीने बाद वीर्यका रूप धारण करेगा।

सो भी किस हिसाबसे?

पक्का १S=४० सेर भोजन=१ सेर रक्त=२ तोला वीर्य!

हम रोज यदि १ सेर भोजन करें तो तीस दिनमें मुश्किलसे डेढ़ तोला वीर्य तैयार होगा।

× × ×

जो वीर्य इतना मूल्यवान् है, उसीकी बर्बादीमें हम कैसे शाहखर्च हैं, सोचकर आश्चर्य होता है।

एक बारके सहवासमें डेढ़ तोलेसे कम वीर्यका क्षरण नहीं होता।

मतलब, एक बारके सम्भोगमें महीने भरकी कमाई गोल!

× × ×

बापूके शब्दोंमें हम पलभरके लिये भी नहीं सोचते कि 'क्षणिक रसके लिये मैं क्यों तेजहीन होऊँ! जिस वीर्यमे प्रजोत्पत्तिकी शक्ति भरी हुई है, उसका पतन क्यों होने दूँ! और इस तरह ईश्वरकी दी हुई बख्शीशका दुरुपयोग करके मैं ईश्वरका चोर क्यों बनूँ! जिस वीर्यका संग्रह कर मै

वीर्यवान् बन सकता हूँ, उसका पतन करके वीर्यहीन क्यों बनूँ ?'

× × ×

कहा गया है—

मरणं बिन्दुपातेन जीवनं बिन्दुधारणात् ।

मक्खन निकालनेके लिये जिस तरह दूध मथा जाता है, ईखसे रस निकालनेके लिये जिस तरह ईखको निचोड़ना पड़ता है, उसी तरह बिन्दुपातके लिये सारे शरीरको मथ डाला जाता है !

तभी तो वीर्यके क्षरणके उपरान्त शरीरकी सभी नस-नाड़ियाँ शिथिल हो जाती हैं । लगता है शरीरमें अब कोई दम ही नहीं रह गया है ।

चाणक्यने इसीलिये लिखा है—

पुराणान्ते श्मशानान्ते मैथुनान्ते च या मतिः ।
सा मतिः सर्वदा चेत् स्यात् को न मुच्येत बन्धनात् ॥

'पुराण सुननेके बाद, श्मशानसे लौटनेके बाद और मैथुन करनेके उपरान्त जो बुद्धि रहती है, वह यदि सदैव बनी रहे तो कौन न बन्धनसे मुक्त हो जाय ।'

× × ×

विषयवासनासे हमारी अक्लपर पर्दा पड़ जाता है । तभी न हम बार-बार गिरकर और पछता-पछताकर फिर भी गिरते ही चले जाते हैं ।

× × ×

आज हमारा राष्ट्र इतना दुर्बल है, अशक्त है, कमजोर है, क्षय-जैसे भयंकर रोगोंका शिकार है, क्यों ?

जवानीमें ही हमारी आँखें गढ़ोंमें धँस जाती हैं, गाल पिचक जाते हैं, युवतियाँ एकाध बच्चेको ही जन्म देनेके बाद वृद्धा बन जाती हैं, बच्चे अकाल ही कालके गालमें समा जाते हैं—इसका कारण क्या है ?

यही कि हम वासनाके कीड़े बन गये हैं । भोग-विलासके पीछे दीवाने बने घूमते हैं । वीर्यनाशके नाना उपायोंद्वारा अपनेको निचोड़ डालनेमें ही हमने अपने जीवनकी सार्थकता मान ली है । क्षणिक सुखके लिये अपना सर्वनाश करनेमें ही हमें 'मज़ा' आता है !

और, यह 'मज़ा' ही हमें ले डूबता है ।

नतीजा सामने है ।

हमारा स्वास्थ्य चौपट हो रहा है, हमारा चरित्र स्वाहा हो रहा है, धन नष्ट हो रहा है और हम विवश हो रहे हैं—कीड़ों-मकोड़ोंसे भी गया-गुजरा जीवन बितानेके लिये !

× × ×

इसीसे बचानेके लिये हमारे शास्त्रोंमें ब्रह्मचर्य-पालनपर इतना जोर दिया गया है । अष्ट प्रकारके मैथुनसे बचनेके लिये इसीलिये कहा गया है कि उसीमें मानवजातिका कल्याण निहित है । उसका विवेचन भी कितना सूक्ष्म है, देखिये—

स्मरणं कीर्तनं केलिः प्रेक्षणं गुह्यभाषणम् ।
संकल्पोऽध्यवसायश्च क्रियानिष्पत्तिरेव च ॥

स्मरण—पतनकी पहली सीढ़ी है—अपवित्र स्मरण । कामका चिन्तन, गंदी बातोंका स्मरण जहाँ किया कि पापका पथ प्रशस्त हुआ । पतनकी शुरुआत यहींसे होती है ।

कीर्तन—गंदे विषयोंकी चर्चा करना, मुखसे गंदा अश्लील बातें निकालना, विकारोत्तेजक गीत गाना, गंदा अश्लील साहित्य पढ़ना, विषयवार्तामें रस लेना भी पतनका एक प्रकार है ।

केलि—कामवासनासे केलि (क्रीड़ा) करना, हँसना, गुदगुदाना, अङ्गोंका स्पर्श करना, ताश-चौपड़ आदि खेलना भी पतनका एक प्रकार है ।

प्रेक्षण—कामासक्त होकर किसीको टेढ़ी तिरछी नजरोंसे देखना, किसीको अस्त-व्यस्त रूपमें, नग्न अथवा अर्धनग्न अवस्थामें, स्नान करते हुए, बाल झाड़ते हुए देखना, गंदे चित्र, नाटक, सिनेमा, नौटंकी आदि देखना, उनमें रस लेना भी पतनका एक प्रकार है ।

गुह्यभाषण—एकान्तमें, पतनोपयोगी गुप्त और रहस्यपूर्ण बातें करना भी पतनका एक प्रकार है ।

संकल्प—अपवित्र संकल्प करना, कामवासना चरितार्थ करनेका विचार करना भी पतनका एक प्रकार है ।

अध्यवसाय—पतनके लिये प्रयत्नशील होना, उसके लिये आगे बढ़ना, वासनापूर्तिके लिये भाँति-भाँतिकी चेष्टाएँ करना भी पतनका एक प्रकार है ।

क्रियानिष्पत्ति—इन्द्रियोंके हाथका खिलौना बनकर पतनके गड्ढेमें गिर जाना पतनकी पराकाष्ठा है । पिछले सभी प्रकारोंकी अन्तिम परिणति इसीमें होती है ।

× × ×

पुरुष हो या स्त्री, युवक हो या युवती, किशोर हो या किशोरी—जो भी व्यक्ति पतनके इन आठ प्रकारोंमेंसे एक भी प्रकारमें रस लेता है, वह अपने पतनका पथ प्रशस्त करता है।

ये सभी साधन गिरानेवाले हैं, वीर्यनाश करनेवाले हैं। इनसे शक्तिका क्षय होता है, रोग और बीमारियाँ पनपती हैं, शरीर खोखला होता है, धन-सम्पत्ति नष्ट होती है, स्वास्थ्य चौपट होता है, चरित्र स्वाहा होता है, सम्मान जाता है, अपमान और तिरस्कार होता है।

इनसे व्यक्तिका पतन होता है, समाजका पतन होता है, राष्ट्रका पतन होता है।

और क्या नहीं होता ?

कामवासनाके चलते कितना नहीं जलील होना पड़ता मानवको !

× × ×

और कहीं छुटकारा भी है इस बलासे ?

घर तो घर, बाहर सड़कपर, मैदानमें, बाग-बगीचेमें, यहाँतक कि जेलमें भी वह हमारा साथ नहीं छोड़ती !

कैद जिंदा में न छोड़ा साथ,
नफ्स मूजी भी बड़ा बदजात है !

× × ×

आज तो हमारे चारों ओर भोग-विलासका ही गंदा नाला बह रहा है। जिधर देखिये अपवित्र वातावरण, अपवित्र क्रियाकलाप, अपवित्र वार्ता, अपवित्र साहित्य, अपवित्र मनोविनोद। सर्वत्र दूषित विकारोंकी ही आराधना ! पतनके न जाने कितने घृणित मार्ग खोज निकाले है हमने !

तभी तो मर्यादित सहवासकी बात हमें काटती है। वह हमें असम्भव-सी लगती है। घरकी मर्दुमशुमारी बढ़ते देख, बच्चोंके लालन-पालनमें अपनी असमर्थता देख हम संततिनिग्रहके बनावटी उपायोंकी ओर बेतहाश दौड़ रहे हैं !

वासनापर काबू करना हमसे पार नहीं लगता, पर उसके कटु परिणामोंसे बचनेके लिये, बच्चोंसे अपना पिण्ड छुड़ानेके लिये, जिम्मेदारियोंसे बचनेके लिये हम जमीन-आसमानके कुलावे एकमें मिला रहे हैं।

कैसा घृणित है हमारा यह सारा आयोजन !

× × ×

हमारा मनोविज्ञान आगमें घीका काम कर रहा है !

वह कहता है—भोगोंकी इच्छाओंको जबरन् दबाना ठीक नहीं। उससे मानसिक रोग पनपते हैं। हीनताकी भावना आती है। स्नायुदौर्बल्य आता है। मानवके विकासका रास्ता रुक जाता है। हृदयमें ऐसी ग्रन्थियाँ पड़ जाती हैं कि मानव झेंपने लगता है, शर्माने लगता है। काम करनेकी उसकी स्फूर्ति मारी जाती है। ऐसी एक नहीं, अनेक बातें !

× × ×

ऐसा नहीं कि मनोविज्ञानकी ये सब बातें बिना तथ्यकी हों।

उसने अनेक प्रयोग करके दिखा दिया है कि अवदमित वासनाएँ ही विभिन्न विकृत रूपोंमें हमारे समक्ष उपस्थित होती हैं।

× × ×

यह मनोविज्ञान भोगोंको इतना भोगनेकी छूट देता है कि भोगते-भोगते उनसे अरुचि हो जाय।

परंतु क्या ऐसा सम्भव है ?

हम तो यही समझते हैं कि—

'बुझै न काम अगनि 'तुलसी' कहुँ बिषयभोग बहु घीते।'

× × ×

कहते हैं कि स्वामी रामतीर्थ ध्यान करने बैठते तो उनके ध्यानमें सेव आ जाता।

बड़े हैरान। जब देखो तब सेव !

एक दिन वे बाजारसे एक सेव ले आये और उसे रख दिया अपने सामनेवाले ताकमें।

शीघ्र बिगड़नेवाला फल धीरे-धीरे उसका रंग-रूप विकृत होने लगा।

कुछ दिनोंमें वह सड़ गया। बदबू आने लगी उससे।

तब स्वामी रामने उसे उठाकर फेंक दिया।

फिर कभी सेव उनके ध्यानमें नहीं आया।

× × ×

भोगोंको भोगकर उनसे अरुचि हो जानेकी बात सबपर लागू नहीं हो सकती।

हो भी तो सबलोग मनोऽनुकूल भोग पा कहाँसे सकेंगे !

अजी, सबकी बात तो छोड़िये, ययातिके अनुसार, सारे संसारकी सम्पत्ति, सारे संसारकी सुन्दरियाँ एक व्यक्तिके पास

लाकर जुटा दी जायँ, फिर भी यह कहना कठिन है कि उस व्यक्तिकी तृप्ति हो जायगी !

× × ×

पैर कब्रमें लटक रहे हैं, शरीर जर्जर है, हाथ उठते नहीं, आँखोंसे सूझता नहीं, कानोंसे ठीक सुन नहीं पड़ता, सभी अङ्ग जवाब दे चुके हैं—ऐसे वृद्धोंमें भी विकार जाग्रत् होते देखा गया है ! जिंदगीभर भोग भोग चुके हैं, फिर भी उनसे अरुचिका कोई नाम नहीं ! सुलभ हो और मकरध्वज तथा तिलामस्ताना उनकी नसोंमें रवानी ला सके तो वे उसका भी उपभोग करनेसे नही चूकेंगे ।

मुसकराकर कह उठेंगे--'शरीर बूढ़ा हो गया तो क्या दिल भी बूढ़ा हो गया !'

लाख कोई समझाये--

'कदम सूए मरकद नजर सूए दुनिया,
कहाँ जा रहे हो, किधर देखते हो !'

हमपर कोई असर होनेवाला नहीं ।

× × ×

मतलब, जबतक विषयोंमें आसक्ति बनी है, भोगोंकी वासना जीवित है, तबतक बूढ़ा हो या जवान, अपवित्र विचार घेरेंगे ही ।

× × ×

माथा मुड़ा लेनेसे, कपड़े रँग लेनेसे, घर-बार छोड़ देनेसे, परिग्रहसे छुटकारा ले लेनेसे, धर्मोपदेशक, कथावाचक, साधु-सन्यासी, मुल्ला-पादरीका चोगा पहन लेनेसे विषयोंकी वासना जाती रहेगी--ऐसा सोचना भी गलत है ।

'मन न रँगाये, रँगाये जोगी कपड़ा !'—वाली स्थिति जबतक बनी है, तबतक पतनका खतरा बना ही रहेगा ।

× × ×

विनोबाने ठीक ही कहा है—

'कोई यदि गुफामें जाकर बैठ जाय तो भी उसकी बित्तेभर लंगोटीमें संसार ओत-प्रोत भरा रहता है । यह लंगोटी उसकी ममताका सार-सर्वस्व बन बैठती है । जैसे छोटेसे नोटमें हजार रुपये भरे रहते हैं, वैसे ही उस छोटी-सी लंगोटीमें भी अपार आसक्ति भरी रहती है । चाहे घरमें रहो या जंगलमें, आसक्ति तो पास ही बनी रहती है ।'

जरूरत है इस आसक्तिको मिटानेकी ।

फिर चाहे घरमें रहो जाहे वनमें, गृहस्थ रहो या संन्यासी—सब ठीक है ।

अपवित्र विचार तभीतक आते हैं, जबतक यह आसक्ति बनी हुई है । यह मिट जाय तो अपवित्र विचार आ ही नहीं सकते ।

× × ×

अपवित्र विचारोंसे मुक्त होनेके लिये, जीवन और जगत्-मे सफलता पानेके लिये, सुखी और स्वस्थ रहनेके लिये अपना, राष्ट्रका और विश्वका कल्याण करनेके लिये हमें अपने स्वेच्छाचारपर रोक लगानी होगी और ब्रह्मचर्यका व्रत लेकर पूरी सावधानीसे उसका पालन करना होगा ।

× × ×

ब्रह्मचर्यका पालन करनेमें हम इसीलिये असमर्थ रहते हैं कि हम हृदयसे उसका पालन नहीं करना चाहते । हम चाहे तो क्या नहीं कर सकते ?

बापूने ठीक लिखा है--

'व्रत बन्धन नही, स्वतन्त्रताका द्वार है । व्रतसे अपने-को बाँधना मानो व्यभिचारसे छूटकर एक पत्नीसे सम्बन्ध रखना है । 'मेरा तो विश्वास प्रयत्नमे है । व्रतके द्वारा मैं बँधना नहीं चाहता'—यह वचन निर्बलतासूचक है । इसमे छिपे-छिपे भोगकी इच्छा रहती है । जो वस्तु त्याज्य है, उसे सर्वथा छोड़ देनेमें कौन-सी हानि हो सकती है ? जो साँप मुझे डँसनेवाला है, उसे मैं निश्चयपूर्वक हटा देता हूँ, हटानेकी केवल चेष्टा ही नहीं करता; क्योंकि मैं जानता हूँ कि सहज प्रयत्नका परिणाम होनेवाला है--मृत्यु ।'

ब्रह्मचर्यका व्रत लिया नहीं कि अपवित्र विचारोंसे छुटकारा मिला ।

"तुलसी' कबहुँ कि रहि सकें, रबि रजनी इक ठाम !'

सत्कर्म

(लेखक—श्रीरघुनाथप्रसादजी पाठक)

प्रकृति कर्मण्यताका पाठ पढ़ाती है

सूर्य सदैव अपनी कीलीपर घूमता है। पृथ्वी अनवरत गतिसे सूर्यके चारों ओर घूमती रहती है। वायु सदैव चलता रहता है। प्रकृतिके तत्त्वोंकी नियमित गति और प्रगतिसे हमे कर्मण्यताका उत्तम पाठ प्राप्त होता है।

जीवन काम करनेका दिन

मनुष्य एक क्षणके लिये भी निष्क्रिय नहीं रह सकता। क्रिया आत्माका स्वाभाविक गुण है और कर्म करनेके लिये ही मनुष्यको मानव-जन्म प्राप्त होता है। जीवन क्या है? यह काम करनेका दिन होता है भले ही वह छोटा क्यों न हो!

जीवनमें कर्मण्यता धारण करो

कर्मण्यतासे बुराई पैदा हो सकती है, परंतु बिना कर्मण्यताके अच्छाई पैदा नहीं हो सकती। कर्मण्यतासे प्रसन्नताका प्राप्त न होना सम्भव है, परंतु कर्मण्यताके बिना प्रसन्नताका प्राप्त होना असम्भव है। उदासी और आलस्य कर्मण्य व्यक्तिसे कोसों दूर भागते हैं। कर्मशील व्यक्तियोंको उदास होनेके बहुत कम अवसर मिलते हैं। कर्मण्यतासे जीवनको शक्ति और संयमसे सौन्दर्य प्राप्त होता है। जितना ही हम अधिक कार्य करेंगे, उतनी ही अधिक उस कार्यके करनेकी हमें शक्ति प्राप्त होगी। जितना ही अधिक हम अपनेको किसी अच्छे कार्यमें व्यस्त रखेंगे, उतनी ही अधिक हमे फुरसत प्राप्त होगी।

विवेकहीन कर्मण्यता—अभिशाप

मानव-शरीरका कोई भी अवयव ऐसा नहीं है, जो कर्मण्यताके बिना विकसित हो सके। समस्त शक्तियोंसे समुचित रीतिसे पूरा काम लेनेपर ही मानवकी प्रफुल्लता पूर्ण होती है; परंतु कर्मण्यताके साथ विवेक और दूरदर्शिता जुड़ी होनी चाहिये। विवेकहीन कर्मण्यतासे अधिक भयंकर कदाचित् ही कोई अन्य वस्तु हो। मुगल सम्राट् औरंगजेब अन्य समस्त सम्राटोंकी अपेक्षा अधिक कर्मण्य था। उसका समस्त जीवन मुगल-साम्राज्यको हस्तगत करने, उसकी रक्षा करने और उसको विस्तृत करनेमें व्यतीत हुआ। परंतु उसकी कर्मण्यता विवेकपूर्ण सिद्ध न हुई और हृदयपर अत्यधिक बोझ रक्खे हुए उसे यहाँसे विदा होना पड़ा।

उच्च कार्य अपना मार्ग स्वयं बना लेता है

जिनके निश्चय बहुत सोच-विचारके पश्चात् होते है, जो अपने निश्चयोपर अमल करते है, जो गौरवके साथ अपनी हार मानते और पूरी शक्तिके साथ किसी बातका विरोध करते हैं—वे कर्मके क्षेत्रमें उत्तम उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। राजा पुरु युद्धमे सिकन्दरसे पराजित हुआ, परंतु उसने गौरवके साथ ही सिकन्दरको आत्म-सात् किया। महात्मा लिंकनने दास-प्रथाके उन्मूलनके लिये अर्सेतक गृहयुद्धको टाले रक्खा, परंतु जब युद्ध अनिवार्य हो गया, तब उसमे कूदकर सफलता-प्राप्ति-तक निमग्न रहे। जब महात्मा गाँधी भारतकी स्वतन्त्रताके लिये प्रबल ब्रिटिश राज्यसे असहयोग करनेके लिये कटि-बद्ध हुए तो वे अकेले थे। देश और विदेशके प्रमुख राजनीतिज्ञ उनके इस निश्चय और साहसपर हँसते थे; परंतु धीरे-धीरे उनका मार्ग प्रशस्त होता गया और अन्तमे वे अपने प्रयासमे सफल हो गये। प्रत्येक उच्च कार्य अपना मार्ग स्वयं बना लेता है; क्योकि उसमें परमात्माका हाथ रहता है।

पवित्र कार्य अपना स्वयं पारितोषिक होता है

प्रत्येक पवित्र कार्य स्वतः अपना पारितोषिक होता है। उसके लिये बाह्य पारितोषिककी आवश्यकता नहीं

होती। यह पारितोषिक आन्तरिक प्रफुल्लता होती है, जो जीवनको अधिकाधिक उन्नत करती और जिसके सहारे जीवन खूब फलता-फूलता है। भीतरसे उठनेवाले उत्साह और उमङ्ग, भय, लज्जा और शङ्काकी अनुभूतियोंके द्वारा मनुष्यको कर्तव्य और अकर्तव्यका सहज ही आभास होता रहता है। परमात्माकी सहायता और कृपाके वे ही जन अधिकारी होते हैं, जिनका प्रत्येक विचार और कार्य पवित्र अन्तरात्माकी प्रेरणा और परमात्माके भयसे अनुप्राणित रहकर शुद्ध और पवित्र होता है। ऐसे व्यक्ति उच्च कार्यकी सफलतापर परमात्माके प्रति कृतज्ञ भावनासे आनन्द-विभोर हो विनम्र बन जाते हैं।

निष्काम कर्मका महत्त्व

इस जन्मके कार्य दूसरे जन्मका प्रारब्ध बना करते है। अतः हमें अपना भविष्य जीवन अच्छा बनानेके लिये इस जन्ममें सदैव उत्तम कर्म करते रहना चाहिये। कोई भी कर्म चाहे वह अच्छा हो या बुरा, कभी नष्ट नहीं होता और न हम उसके फलसे बच सकते है। अच्छे कर्मसे हम उस निधिका निर्माण करते हैं जो आवश्यकता पड़नेपर हमारा कार्य सिद्ध करती है। कर्ममे जितनी निःस्पृहता और उच्चता होगी, उतना ही वह श्रेष्ठ होगा। व्यापारी उस दिनको अपने लिये नष्ट हुआ समझता है, जिस दिन उसे लाभ नहीं होता। निष्कामभावमें कर्तव्यभावनासे सत्कर्म करनेवाले जन उस दिनको नष्ट हुआ समझते है, जिस दिन अस्त होता हुआ सूर्य उनपर नहीं मुसकराता।

मानवताका परित्याग न करो

कौन काम अच्छा है और कौन काम बुरा—इसका निर्णय करना सुगम नहीं है। संकुचित सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक दृष्टिकोणोंसे अच्छा काम बुरा और बुरा काम अच्छा दीख पड़ने लगता है। यह मति-भ्रम सुख और शान्तिका सबसे प्रबल शत्रु होता है। आज युद्धके द्वारा शान्ति और भौतिक सम्पन्नताके द्वारा मानवकी समस्याओंके हलका ज्यों-ज्यों यत्न किया जाता है, त्यों-त्यों शान्ति दूर भागती और मानवीय समस्याएँ जटिल बनती जा रही हैं। युद्ध-कालमें नागरिक प्रजाको सुरक्षित रखना युद्धकी एक विशिष्ट मर्यादा मानी गयी है; परंतु आज शत्रुपर विजय प्राप्त करनेके लिये नागरिक प्रजाको आतङ्कित करना या उसका विनाश करना युद्धकला मानी जाने लगी है। दुराचार, अनाचार, बलात्कार, लूट-मार, हत्या, अग्निकाण्ड, अन्याय और असत्याचरण प्रायः प्रत्येक सभ्य समाजमें पाप माने जाते हैं; परंतु किसी मत-विशेषके नामपर किये गये लूट-मार, हत्या आदिके जघन्य कृत्य पुण्य समझ लिये जाते हैं। असभ्य जातियोंमें दया, न्याय, परोपकार आदिका व्यवहार अपने वर्गके लोगोंतक ही सीमित रहा है। दया और न्यायके साक्षात् मूर्तिमान् नेता और शासक अपने वर्गसे बाहरके लोगोंके लिये क्रूरताके देहधारी प्रतीक सिद्ध हुए हैं। असभ्य जातियोंकी असभ्यकालीन वर्ग-भावना आज भी राष्ट्रियताके, उनकी बर्बर पाशविक प्रवृत्तियाँ चमकीली सभ्यताके और चमडीजन्य उच्च-नीचकी दूषित भावना काले-गोरेके भेदभावमे व्यक्त होकर न केवल मानवताको ही लाञ्छित कर रही है, अपितु विश्वमे अनाचार, अत्याचार और अशान्तिको व्याप्त कर रही है।

'धन' और 'भोग' अमर्यादितरूपमें दुःखका कारण माने और तिरस्कृत समझे जाते हैं, परंतु आज 'अमर्यादित धन' और 'भोग' सुखका साधन और सभ्यताका चिह्न माना जाता है। जो 'कर्म' मत, समुदाय, देश, रंग, जाति और अपने-परायेके भेदभावकी कृत्रिम दीवारोंको लाँघकर विशाल मानवसमाजको लक्ष्य-में रखता और मानवताको स्पर्श करता हुआ अपना स्पन्दन परम पिता परमात्मातक ले जाता हो, वही 'सत्कर्म' कहलाता है। नैपोलियन बोनापार्टकी आज्ञासे

एक शत्रु राजाके राजमहलमे आग लगायी गयी। राजा और राजमहलके निवासी अपनी जान बचाकर भाग गये, परंतु रोगशय्यापर पड़ा हुआ एक राजकुमार भागनेमे असमर्थ होनेके कारण आगकी लपटोंमे घिर गया। नैपोलियनको ज्यों ही इस बातका पता लगा, त्यो ही उसने राजकुमारके जीवनकी रक्षाकी आज्ञा जारी कर दी। सेनापतिको नैपोलियनकी यह आज्ञा सैनिक अनुशासनके विरुद्ध जान पड़ी। उसने नैपोलियनसे इस आज्ञाको रद्द करनेकी प्रार्थना की। नैपोलियनने इन्कार करते हुए कहा—'सेनापति ! मानवता सैनिक अनुशासनसे ऊँची होती है।'

परमात्मा हमारे प्रत्येक कर्मको देखता है

बुरा कर्म पतनकारी होता है। उसके विषका दूषित प्रभाव हमारे समस्त शरीरमे फैल जाता है। बहुतसे धर्मध्वजी और सदाचारकी मूर्ति देख पड़नेवाले व्यक्ति एकान्तमे या रात्रिके अंधकारमें बुरे-से-बुरा दुष्कर्म करते हैं और समझते है कि उनके दुष्कृत्यको कोई नहीं देखता, परंतु उनके शरीर या मुखाकृतिसे उनका वह दुष्कर्म दुनियाके लोगोंपर प्रकट हो ही जाता है। कदाचित् दुनियाके लोगोंपर प्रकट न भी हो, तो परमात्मापर प्रकट हुए बिना वह नहीं रहता। परमात्मा हमारे प्रत्येक कार्यको देखता है, अतः उसको प्रसन्न रखनेके लिये हमें अच्छे ही कर्म करने चाहिये। इस भावनाके हृदयमे बद्धमूल हो जानेपर मनुष्य बहुत-सी बुराइयों और अपराधोंसे बच जाता है।

खतरा उठाकर सत्कर्म करना बहुत महत्त्वका होता है

बिना खतरा मोल लिये अच्छा कार्य करना साधारण बात है, परंतु अच्छे व्यक्तियोंका यह स्वभाव होता है कि वे अपनेको खतरेमे डालकर भी उच्च और महान् कार्य करते हैं। इस प्रकारके व्यक्तियोंके सत्कर्मोंसे मीठी सुगंध निकलती है और उस सुगन्धका प्रभाव चिरकालपर्यन्त रहता है। उनके कर्म धूलमे भी फलते-फूलते रहते हैं। क्या चित्तौड़गढ़की राख राजपूत-रमणियोंके आत्म-बलिदानसे सुवासित नहीं है ?

कथनी और करनीमें समन्वय होना चाहिये

अच्छे विचारोंका महत्त्व होता है, परंतु उस महत्त्व-की रक्षा उन विचारोंको क्रियान्वित करनेसे ही होती है। मनुष्यके कर्म उसके विचारोंके द्योतक होते हैं। वृक्षकी पहिचान उसके फलसे होती है। मनुष्यको विचार और कर्म दोनोंमे ही महान् होना चाहिये। मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम, योगिराज श्रीकृष्ण प्रभृति महान् आत्माओंके विचारोंका हमे बहुत कम ज्ञान है, हम तो उनके महान् कार्योंके सम्बन्धमें ही पढ़ते और सुनते है। इच्छा करना पर अवसर प्राप्त होनेपर चूक जाना, इच्छा न करनेके समान होता है। अच्छा काम करनेसे प्रेम करना और जब अच्छा काम करनेकी सम्भावना हो, तब अच्छा काम न करना अच्छे कामसे प्रेम न करनेके समान होता है।

मानव-जीवन पुस्तक है

हमारा जीवन एक पुस्तकके समान है, उसकी विषय-सूचीका वही भाग महत्त्वपूर्ण होता है जो अधिक-से-अधिक शुभ कर्मोंसे परिपूर्ण हो और उसके वे ही पृष्ठ चमकदार होते हैं, जो उच्च कार्योंके वर्णनसे प्रकाशमान हो।

भक्ति क्या है ?

भक्तका लक्षण ही यह है कि वह अपनेको शून्य समझता है और अपने आसपास जो है उसको पूर्ण समझता है, परमेश्वरका रूप समझता है। भक्त यही सोचे कि हमारे सामने जितनी मूर्तियाँ उपस्थित हैं, वे हमारे स्वामीके ही रूप हैं और हम उनके सेवक हैं। यही सेवा-भाव है, यही दास्यभाव है और यही भक्ति है।

प्रेम और त्याग—ये दो बातें जहाँ आ गयीं, वहीं धर्मका सार आ गया। यही भक्ति-मार्ग है। —संत विनोबा

चनेका दाना

(लेखक—श्रीहरिकृष्णदासजी गुप्त 'हरि')

गाँवके बूढ़े, सब चीजोंके दूकानदारसे पैसेके—जाने कितने दिनके—घुने चने ले, दाना-दाना कर ठोंग रहा था मैं उसीकी दूकानके चबूतरेपर बैठ।

मरुभूमिकी यात्रा। दोपहर हो आया था। सुबहसे कुछ भी खानेको नहीं मिला था—दो चूँट पानी पीने भरको नहीं। भूखने व्याकुल कर रक्खा था। मुट्ठीभर चने ऐसे मिले जैसे छप्पन भोगका थाल।

भूख खूब होने भी 'पैसे' की परिमित निधिका सहज सँभालकर उपभोग हो रहा था।

एक-एक दाना मुँहमे जाता, दाँतोंकी चक्कीमें बारीक पिसता, रालमे लिथड़ कर गीला और नरम बन पेटमे पहुँचता।

न-कुछमे 'कुछ' सब कुछका रोब गाँठता है और वह सहा भी जाता है।

× × × ×

ठोंगते-ठोंगते आगमे जब कुछ पानी पड़ा—दूकानदार-के मैले, घिनौने, पर शीतल मटके-से, तब जैसे आँख खुली। और संयोगकी बात! साथ ही मूर्च्छित-सी पड़ी कल्पना-रानी भी सजग हो उठी और सहज सोनेके कण बिखेर दिये उसने—

कितना सर्व-भूत-रत-हित जीवन है इन चनेके दानोंका! भुन-भुन और तिसपर भी खिल-खिल करते रहते, चब-चब, तिल-तिल, आहुति हो रहे हैं—उदरकी आगमें।

और इन स्वर्ण-कणोंकी झाईंमें पहिली बार मुँहने ठोकर खायी और एक दाना अंदर प्रविष्ट न होकर बाहर भूमिपर जा गिरा।

सहानुभूति और समवेदना तो मानो मेरे घरकी ही है, सहज उमड़ आयीं और बरस पड़ीं—

'कैसा भाग्यहीन है यह दाना बेचारा!—जीवन-लाभसे वञ्चित, लक्ष्य-भ्रष्ट, पतनकी चोटसे प्रताड़ित!—कितना करुण!

और उसी क्षण एक मोटी-सी फाख़्ता उसे चोंचमें दबाकर उड़ गयी—मेरी आँखों आगे पत्र-लेख करते और कानोंमें पंख-स्वर भरते—

'जीवन किसका निष्फल होता है! हाँ, सर्वग्रासी हड़म्पी ऐसा ही सोचते हैं—स्वयं न पा।'

मेरा मुँह लटक गया। भूख मर गयी। मन मुस गया।

× × × ×

कालका लोप हो गया था। सहसा कल्पनाके खेलमें सत्यका साक्षात्कार हुआ—

किसीका जीवन सफल है न निष्फल; और सफल भी है निष्फल भी। न मुस, न उकस। न सकुच, न फैल। यूँ-तूँ होनेमें डोल मत; और तब जान पड़ेगा—कोई है ही कहाँ? सब सबका ही खाना है, खेल है।

और सब?·····स्वयं!·····एक मात्र स्वयं।

× × × ×

जीवन लौट आया था। भूख जाग गयी थी और दानोंके ठुँगनेका सिलसिला चल पड़ा था।

निंदा अस्तुति उभय सम ममता मम पद कंज।
ते सज्जन मम प्रानप्रिय गुन मंदिर सुख पुंज॥

सत्सङ्गका रहस्य

(लेखक—साधुवेषमें एक पथिक)

'सत्सङ्ग' शब्द कानोंसे सुन लेते हैं, वाणीसे उसका अर्थ कह देते हैं, पर अर्थके भीतर भावका परिचय तो मनोयोगके द्वारा ही मिलता है और सत्सङ्गके रहस्यका ज्ञान जीवनकी निश्चिन्तता, निर्भयता तथा शान्तिको देखकर होता है। कई व्यक्ति ऐसे भी मिलते हैं जो संत, विद्वान् और व्यास—कथावाचकद्वारा होनेवाले प्रवचनोंको सुन लेनेमें सत्सङ्गको सीमित कर देते हैं; उनका मन कथास्थलमें होनेवाले प्रवचनमें भले न लगे पर किसी बड़े फलके प्राप्त होनेकी आशामें जाते रहते हैं और केवल इतनेसे ही अपने-आपको सत्सङ्गी मानकर संतोष कर लेते हैं। अनेक व्यक्ति ऐसे हैं जो वर्षोंसे संत-महात्माओंके सुसङ्गमें जा रहे हैं, अपने-आपको शिष्य—सेवक मानते हुए सौभाग्य समझ रहे हैं, पर अवसर उपस्थित होने-पर पता चलता है कि हानि होनेपर, अपमान और वियोग होनेपर तथा सुखद वस्तुओंका अभाव होनेपर वे उसी प्रकार शोक और विलाप करते हुए अपने-आपको पाते हैं, जिस प्रकार सत्सङ्गमें न आनेवाले व्यक्ति शोकग्रस्त और विपन्न दीख पड़ते हैं। जो वास्तवमें सत्सङ्ग-प्रेमी पुरुष हैं, वे सबके साथ शुद्ध व्यवहार रखते हुए, अति सुखद या दुःखद परिस्थितिका, सत्सङ्गमें प्राप्त विवेकका सदुपयोग करते हुए सदा गम्भीर और शान्त रहते हैं तथा अपने लक्ष्यको कभी न भूलते हुए त्यागके द्वारा निर्दोषता, तपके द्वारा शक्तिशालिता और अपनत्वके भावके द्वारा प्रीतिको पूर्ण बनाते जाते हैं। असत्के सङ्गका त्याग कर देना ही सत्सङ्ग है। असत् वह है जिसकी प्रतीति तो होती है पर कभी प्राप्ति नहीं होती है; सत् वह है जिसका हम इन्द्रियोंसे ग्रहण तो नहीं कर पाते हैं पर उसमें कभी भिन्नता नहीं होती है। असत्को सुनकर स्वीकार कर लेना ही असत्-सङ्ग है; असत्की अस्वीकृति असत्का त्याग है। जिस प्रकार सुन-सुनकर हमने असत्को स्वीकार किया है उसी प्रकार सत्के विषयमें सुन-सुनकर सत्को स्वीकारकर सत्से अपने-आपको नित्य अभिन्न पाते हैं।

कानोंसे असत्की चर्चा सुनकर उसे अपना मान लेना—मनसे अपनत्वका सम्बन्ध जोड़ लेना असत्-सङ्ग है; शास्त्र तथा संत-सङ्गद्वारा सत्की महिमा सुनकर असत् वस्तुओंसे सम्बन्ध तोड़कर सत्को अपना परमाधार जान लेना सत्सङ्ग है। असत्को अपना माननेसे ही मोह, लोभ और अभिमान की वृद्धि होती है; सत्को अभिन्न जान लेनेपर असत्के प्रति मोह, लोभ और अभिमानकी निवृत्ति होती है। असत् वस्तुओंकी चाह—असत् सुखोंके प्रति आसक्ति शाश्वत आनन्दरूप सत्का अनुभव नहीं होने देती है। इच्छा-पूर्तिके लिये ही असत्का सङ्ग होता है, असत्के सङ्गसे ही इच्छा उत्पन्न होती है। सत्सङ्गी वह है जो असत् वस्तुओंका लोभी, मोही और अभिमानी नहीं रह जाता है। जो व्यक्ति सत्सङ्गमें जाता है, अपने-आपको सत्सङ्गी कहता है पर लोभ, मोह, मान और मायाका त्याग नहीं कर पाता है, वह सत्सङ्गका ज्ञानी नहीं, अभिमानी है। हमलोग शब्दोंका प्रयोग करते हैं पर उनका मर्म नहीं जानते हैं। जब सत्सङ्ग सुलभ होता है तब मनुष्य सबसे पहले शब्दोंद्वारा असत्यको जानता है, उसे यही बताया जाता है कि जो कुछ इन्द्रियोंके द्वारा प्रतीत होता है वह सत्य नहीं है, सब-कुछ परिवर्तनशील है, मिट रहा है, छूट रहा है। प्रत्येक नवीन वस्तु क्षयग्रस्त है; प्रत्येक जन्मका आरम्भ मृत्युसे ग्रस्त है, सुख-दुःखसे तथा लाभ-हानिसे आक्रान्त है। इस प्रकार-का विवेकी पुरुष सत्सङ्गी है। सत्सङ्गमें अपने-आपका निरीक्षण होता है, दोषोंका दुःखसहित ज्ञान होता है तथा असत्यके प्रति विराग और सत्यके प्रति अनुराग होता है। प्रत्येक प्राणीको नित्य सत्सङ्ग प्राप्त है, पर किसी विरलेको ही इसका अनुभव होता है। सत्सङ्ग परमेश्वरकी कृपासे सुलभ है पर असत् सुखोंके रागी लोभके कारण उसका अनुभव नहीं कर पाते। जिसमें सत्यको जाननेकी प्रबल अभिलाषा है, वही सत्सङ्गी है। सत सद्गुरुके शब्दोंमें सत्य परमात्माका सङ्गानुभव होता है। एकान्त और मौन ही सत्सङ्गके साधन हैं; अनेकताकी सीमा पार करनेपर एकान्त मिलता है तथा इच्छाओं-अभिलाषाओंके शान्त हो जानेपर मौन पूर्ण होता है।

गुरु-ज्ञान-प्रकाशमें आत्मनिरीक्षण करनेपर यह दीख रहा है कि जगत्में जन्म लेना ही असत्का सङ्ग होना है। सबसे पहले असत् शरीरका ही सङ्ग होता है, उसके बाद इन्द्रियों-द्वारा शब्द, स्पर्श, रूप, रसादि असत् विषयोंका सङ्ग होता है; इसके परिणामस्वरूप पहले मोहकी-फिर क्रमशः लोभ, अभिमान और कामकी वृद्धि होती जाती है। जिस प्रकार असत्-सङ्गसे पहले मोह बढ़ता है और फिर क्रमशः लोभ,

अभिमान आदि बढ़ते-बढ़ते अन्तमें कामकी वृद्धि होती है, उसी प्रकार सत्सङ्गसे पहले मोह मिटता है फिर क्रमशः लोभ, मोह और अभिमानकी निवृत्ति होते-होते अन्तमें काम मिट जाता है। इस नियमके अनुसार हमे संत-सद्गुरुके सुसङ्गसे प्राप्त विवेकके द्वारा मोहसे मुक्त होना चाहिये; मोह दूर होनेपर ही लोभ-त्यागकी शक्ति आती है; इसके बाद ही हम अपने-आपमें अभिमान-त्यागके लिये द्विगुणित शक्ति पाते हैं। अभिमानसे मुक्त होनेपर त्रिगुणित शक्तिसे कामपर विजयी होकर समग्र शक्तिको प्रेममें परिणत पाते हैं; उसी प्रेमके द्वारा परम प्रेमास्पद प्रभुके नित्य योगी होते हैं; यही सत्सङ्गका महान् लाभ है; इसी लक्ष्यपर दृष्टि रखते हुए हमे सत-सद्गुरुका सत्सङ्ग करना चाहिये। जिस प्रकार खान खोदना कठिन है, हीरा उठाना कठिन नही है, उसी प्रकार सत्यका ज्ञान होना तो कठिन है, पर योगानुभव कठिन नही है।

संत-सद्गुरुके समीप सत्यका वर्णन सुननेपर शरीर कर्तव्य कर्मोंमे पूर्ण परिश्रमी हो जाता है, आलस्य नही रहता है; इन्द्रियाँ सयमी हो जाती हैं, विषयलोलुपता नहीं रहती है; मन पवित्र भावोंसे निर्दोष हो जाता है, चञ्चलता नहीं रहती है; बुद्धिमें सत्य-असत्यका ज्ञान हो जाता है, प्रमाद नही रह जाता है। यही सत्सङ्गका रहस्य है। इसके अतिरिक्त जीवनमें जो कुछ भी है वह असत्-सङ्गका झूठा दृश्य है। जो सत्यके लिये व्याकुल होता है, उसके लिये सत्य परमेश्वर अथवा ज्ञानस्वरूप गुरुके रूपमे प्रकट होकर सत्सङ्गका रहस्य खोल देता है।

भक्त-गाथा

परदुःखकातर भक्त रामलोचन

गङ्गाजीके किनारे एक छोटा-सा गाँव था, गाँवमें आठ-नौ सौ घरोंकी बस्ती थी। अधिकांश घर क्षत्रियोंके और कुछ अहीरोंके थे। पाँच-सात ब्राह्मण गृहस्थ भी रहते थे। सबमें परस्पर बहुत प्रेम था। सभी एक-दूसरेके सुख-दुःखके साथी थे। ब्राह्मण सभी सदाचारी तथा पढ़े-लिखे थे। पुरोहिती उनकी आजीविकाका साधन था। ब्राह्मणोंमे एकका नाम था रामलोचन। पण्डित रामलोचनजीकी उम्र लगभग ३५—४० सालकी थी। घरमें बूढ़े माता-पिता, एक छोटा भाई तथा साध्वी पत्नी थी। छोटा-सा परिवार बड़ा सुखी था। सुखका प्रधान कारण था सादा जीवन, बहुत ही सीमित आवश्यकता, आस्तिकता और सेवाभाव। दोनों पति-पत्नी पिता-माताकी सेवामें लगे रहते। हर तरहसे उन्हें सुख पहुँचाना और उनकी आज्ञाका पालन करना दोनोंने अपना स्वभाव बना लिया था। रामलोचन-जीने पुराणों तथा महाभारतका अध्ययन किया था। वे कर्मकाण्डके भी पण्डित थे। दूर-दूरतकके यजमानोंके यहाँ कथा कहने तथा जन्म-विवाह आदि संस्कार कराने जाया करते थे। वे कोरे पण्डित ही नहीं थे, भगवान्‌के भक्त थे और भगवान्‌के नामका जप तथा स्मरण करते हुए ही सारे काम करते थे।

पण्डित रामलोचनजीने अपने सद्व्यवहार तथा सेवा-से गाँवमें सबको अपना बना लिया था। कहीं किसीके भी कोई बीमारी होती, कोई संकट होता, वे बिना ही बुलाये पहुँच जाते और बिना किसी भेदभावसे सबकी सेवा करते तथा उनका कष्ट दूर करनेका प्राण-पणसे प्रयत्न करते—मानो वह कष्ट उन्हींपर आ गया हो। अड़ोस-पड़ोसके दो एक ब्राह्मण रामलोचनजीकी इस नीतिका विरोध करते तो वे कह देते—'भाई! मै किसीका उपकार थोड़े ही करता हूँ, मैं तो बड़ाईका भूखा हूँ, लोग मेरी बड़ाई करते हैं तो मुझे सुख मिलता है, बस, इसीसे लोगोंके घर चला जाता हूँ और उनका कोई ऊपरका काम होता है तो उन्हें दिखानेके लिये उसे कर देता हूँ।' ब्राह्मण जरा तिरस्कारकी दृष्टिसे देख-कर चुप हो जाते। पण्डित रामलोचनजी कुछ दवा-टोटका भी जानते थे, गाँवमे तो उनको लोग बड़ा अच्छा वैद्य मानते थे। निःस्वार्थभावसे दवा देते; बुद्धि-

का निर्णय ठीक होता, रोगपर ठीक दवा लगती इससे सहज ही रोग अच्छा हो जाता। सारी बुराई तो बुद्धिके विपरीत निर्णयसे होती है। बुद्धि यदि सभी जगह ठीक निर्णय कर सकती है तो फिर मनुष्यके द्वारा जो कुछ कार्य होते है, सभीमे वह सफल होता है।

एक दिनकी बात है, वे अहीरोंकी टोलीमे एक बुढ़िया माईको देखने गये थे, उसे बुखार हो गया था। दवा दी, फिर उसे रामायणकी बातें सुनाने लगे। बुढ़ियाके कोई नहीं था; वे उससे कहते—'माँजी! मुझे तुम अपना बेटा ही मानो। क्या हुआ जो तुम्हारे पेटसे नहीं पैदा हुआ। मुझे तो ऐसा लगता है कि तुम मेरी माँ ही हो।' पण्डितजी बुढ़िया माईके पैर दबाने लगते। उसके लिये घरसे पथ्य बनाकर ले जाते। पानी भर देते। बुढ़िया सचमुच उन्हे पुत्रवत् प्यार करती थी। वे गाँवभरमें मानो सभी वृद्धा स्त्रियोंके पुत्र, समवयस्काओंके भाई तथा छोटी उम्रवालोंके पिता थे।

बुढ़ियाके घरसे निकलकर वे एक छोटी गलीसे जाने लगे। कोनेपर ही एक घर था। रामलोचनजीको एक स्त्रीके कुछ रोनेकी-सी आवाज सुनायी दी। फिर दूसरे ही क्षण उन्हें ऐसा लगा, मानो एक दूसरा आदमी किसीको डाँट रहा है। अकस्मात् किसीके घरमे जाना अनुचित समझकर वे घरके दरवाजेके पास जाकर खड़े हो गये—केवल उनका दुःख-दर्द जाननेकी इच्छासे। वह एक अहीरका घर था। उन्हें सुनायी दिया—

'मैंने बहुत छिपाया। मै जान गयी थी कि मै महापापिन हूँ, तभी तो मुझ अभागिनीको यह महारोग हुआ। मैं नहीं चाहती थी कि इसका किसीको पता लगे—पर मै सदा ही अलग रहनेकी चेष्टा करती थी कि मुझ अपराधिनीका रोग किसीको लग न जाय। उस दिन इसी अलग रहनेकी कोशिशमे ही मेरा यह पाप प्रकट हो गया। मै तो खुद ही किसीको छूना नहीं चाहती। पर तुम मुझपर इतने नाराज क्यों हो रहे हो? तुम कहो सो करूँ। तुम मेरा मुहँ नहीं देखना चाहते—अच्छी बात है, मत देखो; तुम कहो तो मै अफीम खाऊँ। और क्या करूँ। बताओ मेरा क्या उपाय है? इस रोगसे मैं सुखी थोड़े ही हूँ।.....'

'बस, यह सब मै सुनना नहीं चाहता, मै तो यही पूछने आया हूँ कि तुम अपने पीहर कब जाती हो। अब तुम्हे यहाँ रखकर मै बदनाम होना नहीं चाहता और न तुम्हारे संसर्गमे रहकर मै अपनी कञ्चन-सी कायाको ही बिगाड़ना चाहता हूँ।'

'पीहरमे किसके पास जाऊँ—माँ तो मर गयी। भाई-भौजाईके पास एक बार गयी थी। तुमको पता ही है, उन्होंने तिरस्कार करके निकाल दिया। अब वहाँ कैसे जाऊँ। जब तुम पति होकर ही मुझे निकालना चाहते हो, मेरा मुहँ देखना नहीं चाहते तब दूसरा कौन मुझे रक्खेगा। मुझे वे दिन याद हैं—जब तुम मुझे रानी कहकर पुकारा करते थे। मुझे जरा-सी उदास देखकर सहम जाते और हँसानेकी चेष्टा करते थे। मुझसे इतना प्रेम दिखाते थे, मानो मेरा एक क्षणका बिछोह भी तुम नहीं सह सकते। मालूम होता है वह सब तुम्हारा दम्भ था। नहीं-नहीं, वह सब इसीलिये करते थे कि यह शरीर तुम्हारे भोग भोगनेका साधन था। तुम्हारी नीच भोग-वासनाकी पूर्तिका एक आधार था। संसारके एक मनुष्यके नाते तुम्हारा प्रेम नहीं था। हाय-हाय! मनुष्य कितना स्वार्थी है। अच्छी बात है, मै जाती हूँ—सदाके लिये जाती हूँ। मैंने तुम्हें अपना पति माना है, सदाके लिये माना है। मैं तुम्हारा बुरा देख तो सकती ही नहीं, क्षण भरके लिये भी तुम्हारा बुरा नहीं चाहती। तुम सुखी रहो, तुम्हारी कंचन-सी काया सुखी रहे। तुम फूलो-फलो।' यों कहकर वह रोने लगी और घरसे बाहर निकली। दरवाजेके

पास तो रामलोचनजी खड़े ही थे। उनका परदुःखकातर हृदय द्रवित हो गया था। उनके नेत्रोंसे आँसू बह रहे थे। संत भक्त अपने दुःखको केवल वज्र-हृदय होकर सहते ही नहीं है, दुःखको भी सुखके समान ही समझते है—'समदुःखसुखः' परंतु दूसरेके जरासे दुःखसे भी द्रवित हो जाते है, उसे सह नहीं पाते और अपना सारा सुख समर्पण करके उसके दुःखका नाश करनेमे लग जाते है। इसीमे उनको सुख मिलता है। संत-भक्त दुखीका दुःख निवारण करके उसका कोई उपकार नहीं करते। दुःख निवारण करनेमे ही उनको सुख मिलता है और वे अपने सुखके लिये ही दूसरेके दुःखको सादर सिर चढ़ाया करते है।

संत हृदय नवनीत समाना। कहा कबिन्ह पै कहइ न जाना॥
निज परिताप द्रवै नवनीता। परदुख द्रवहिं संत सुपुनीता॥

तुलसीदासजीने यह बहुत ठीक कहा है। अस्तु! अहीरिनने बाहर निकलते ही रामलोचनजीको देखा—वह सकुचाकर एक ओर हो गयी। रामलोचनजीने अपनी आँखे पोंछी और कहा—'बेटी! तुम घबराओ नहीं, मेरे पास तुम्हारे रोगकी कीमिया रामबाण दवा है। तुम मेरे साथ चलो। भगवान् तुम्हे नीरोग करेंगे।' इतनेमे ही अहीर बाहर निकल आया। वह बहुत ही लजाया और उसने रामलोचनजीको हाथ जोड़कर नमस्कार किया और कहा—'महाराजजी! कोई बात नहीं है, पर यह रोग बड़ा खराब है। इसे यहीं रहने दीजिये। जैसे-तैसे कोई उपाय करूँगा। आप इसे ले जाकर व्यर्थ क्यों पीड़ा मोल लेते है।'

पण्डितजी बोले—'भाई गजरू! इसे साथ ले जानेपर मुझे कोई पीड़ा नहीं होगी। मै इस रोगकी दवा जानता हूँ, उससे इसकी पीड़ा शान्त हो जायगी। मै तो दवा करनेके लिये ही ले जा रहा हूँ। तुम कोई संकोच मत करो।'

पण्डितजीने ऐसे ढगसे बाते कहीं मानो उन्होंने उन लोगोंकी बातें सुनी ही नहीं थीं। गजरूने समझा कि ये दवा करनेके लिये ही इसे ले जा रहे है। मैंने इसके साथ जो दुर्व्यवहार किया है, उसका इन्हे पता नहीं है। वह मनसे तो चाहता ही था कि यह चली जाय और उसे अपनी घरवालीपर यह दृढ़ विश्वास था कि कुछ भी हो जाय, यह मेरी बुराई दूसरेके सामने करेगी ही नहीं। उसने कहा—'महाराजजी! जब ऐसी कीमिया दवा आपके पास है, तब इसे जरूर ले जाइये। मै भी खबर लेता रहूँगा।' फिर पत्नीसे कहा—'अरी! ये हमलोगोंके पिता-तुल्य है, इनके घरको अपना ही घर समझना। ये तुम्हें बड़े प्यारसे रक्खेंगे और दवा करेंगे। दूसरा कोई होता तो मै उसके साथ तुमको नहीं भेजता, पर पण्डितजी तो घरसे भी बढ़कर तुम्हें आदरके साथ रक्खेगे।' गजरूने, पत्नीके प्रति उसका ममत्व तथा सहानुभूति है—यह दिखानेके लिये यों कहा। पर बात सत्य थी। पण्डितजी अवश्य ही उसे अपनी पुत्री समझेगे और बड़े आदरके साथ उसे रक्खेंगे। गजरूकी स्त्री ईसरी कुछ सोच नहीं सकी। उसे बड़ा आश्वासन मिला और वह पण्डितजीके साथ चली गयी। गजरूने भी सुखकी साँस ली।

पण्डित रामलोचनजी अहीरिन ईसरीको साथ लेकर घर पहुँचे। उसके दाहिने हाथकी तीन अँगुलियाँ गिर गयी थीं। पीठमे कई घाव थे। बदनपर फफोले थे और कई जगह तो खून तथा पीब चू रहा था। उसने सकोचवश रोगको छिपाये रक्खा था। वह अंदर-ही-अंदर बढ़ता गया और अन्तमें इस दशाको पहुँच गया।

रामलोचनजीने ईसरीको दालानमें बैठा दिया और जाकर माता-पितासे सब समाचार सुनाये। पत्नीको भी सब सुनाया। माता-पिता बड़े प्रसन्न हुए। क्यों न होते—जिन्होंने रामलोचन-सरीखा परदुःखकातर पुत्र

उत्पन्न किया। पत्नीको भी पतिके इस निश्चयमें बड़ा सुख मिला।

पिताने कहा—'बेटा! भगवान् तेरा मङ्गल करें। जो दूसरेके दुःखको अपना दुःख बना लेता है, वही सच्चा मनुष्य है। बेटा! तुम जब उस लड़कीको लाये हो तो मन लगाकर उसकी सेवा करना। कहीं घबराना, उकताना नहीं। जरा भी घृणा नहीं करना। उसे यह न लगे कि उसकी यहाँ उपेक्षा हो रही है और उससे लोग घृणा करते हैं। शरीर तो व्याधि-मन्दिर है। शरीरोंके बाहर दिखायी देनेवाले सब रोग प्रत्येक शरीरके अंदर समाये हुए है। मनुष्यके रोम-रोममें रोग हैं। किसीके भीतर हैं तो किसीके बाहर। इसलिये भूलकर भी घृणा मत करना। हमें तो रोगीके रोगको उतारकर उसे स्वयं धारण करना है। जो दूसरोंकी दुर्गन्धको सुगन्ध बनाना चाहेंगे, उन्हें उसकी दुर्गन्धको स्वयं लेकर अपनेमें ही रख लेना पड़ेगा। तभी उसकी दुर्गन्धको सुगन्ध बनाया जा सकेगा। फिर बेटा! हमारे पास तो एक बहुत बड़ी कीमिया दवा है—रामनाम। रामनाम सब रोगोंकी एक ही रामबाण दवा है। तुम खुद इसका सेवन करते ही हो और रामनामका कीर्तन करते हुए ही उस पुत्रीके घावोंको साफ करो, दवा लगाओ और उसको भी रामनामकी दवा सेवन करनेका उपदेश दो।'

माताने भी दृढ़ विश्वासपूर्वक कहा—'बेटा! भगवान्‌के राज्यमें भला करनेवालेका परिणाममें कभी बुरा हो नहीं सकता। तुम आजसे व्रत ले लो कि ऐसे अपमानित तिरस्कृत रोगियोंको भगवान्‌का स्वरूप समझोगे और आदरपूर्वक उन्हें अपने घर लाकर उनकी सेवा करोगे। तुम्हारा घर ऐसे असहाय विपन्न प्राणियोंके लिये माँका घर बन जाय। भगवान् तुम्हारा कल्याण करेंगे।'

ब्राह्मणपत्नीने भी मन-ही-मन प्रसन्न होते हुए संकेतसे अपने सास-ससुरकी बातोंका समर्थन किया। ईसरी बड़े आदरके साथ घरमें रक्खी गयी। 'बिपति काल कर सत गुन नेहा।' इस सिद्धान्तके अनुसार राम-लोचनजी और उनकी पत्नी उसके साथ विशेष आत्मीयताका बर्ताव करते थे। रामलोचनजी—जैसे पिता अपनी पुत्रीके घाव धोता है, ऐसे ही शुद्ध हृदयसे उसके घाव धोते। खून पोंछते। उनपर चावलमोगरेका तेल लगाते, एक साधुकी बतायी हुई दवा खानेको देते। उनमें भगवद्भाव तो था ही, अतः वे इसे भगवान्‌की पूजा समझते।

एक दिन वे ईसरीके घाव धो रहे थे, उसे यह मालूम था कि उसका रोग दूसरोंके लगनेवाला है। पण्डितजीके घरमें उसका सगी लड़कीसे अधिक आदर था। वह पण्डितजीके उपकारसे दबी थी। उसके मनमें आया, कहीं मेरे सड़े घाव धोते-धोते पण्डितजीको यह महारोग हो गया तो मेरा कितना बड़ा पाप होगा वह। वह सिहर उठी। उसकी आँखोंसे आँसुओंकी धारा बह चली। उसने सिसकियाँ भरते हुए कहा—'पिताजी! कहीं आपके इस फूल-सरीखे पवित्र शरीरको कुछ हो गया तो?' पण्डितजीने कहा—'बेटी! तेरा शरीर भी तो एक दिन बड़ा सुन्दर था। तेरे पति तेरे शरीरके सौन्दर्यपर मुग्ध थे और अपनेको बड़ा भाग्यशाली मानते थे, आज उसकी क्या दशा है। बस, यही स्थिति शरीरमात्रकी है। जवानी और नीरोगताका नशा कब उतर जायगा—यह कौन जानता है! मानव-शरीरके रोम-रोममें रोग भरे है, मै उनको कहाँ तक दबाये रक्खूँगा। बेटी! तू स्त्री है, मै मन-ही-मन सोचा करता हूँ कि स्त्रीका शरीर प्रसव आदिके समय कितनी और कैसी-कैसी नरकयन्त्रणा सहन करता है। पुरुष अपनेको बड़ा मानकर स्त्रीकी उपेक्षा करता है, उसे केवल अपने सुखका साधन मात्र मानकर उसके दुःख-

को कभी-कभी अपना सुख बना लेता है, यह उसका बड़ा पाप है। मैं पुरुष जब तुम्हारे घाव धोता हूँ तो मुझे ऐसा लगता है कि अपनी पुरुषजातिके पाप धो रहा हूँ। तू जरा भी घबरा मत। रामनामको कभी मत भूल। यह सब रोगोंकी अचूक दवा है। देख, तेरे घाव पहलेसे आधे रह गये हैं।' ईसरीको रामलोचनजीके शब्दोंसे बड़ा आश्वासन मिला। वह बोली—'पिताजी! पिताजी! आप धन्य है। मेरे तो रोम-रोममें आपके उपकार भरे हैं। पर मै फिर भी, आपसे प्रार्थना करती हूँ, आपको शरीरका कुछ ध्यान रखना चाहिये। आपका शरीर बहुमूल्य है और मुझ-सरीखे असहाय प्राणियोंका सहारा है। आपका शरीर रहेगा तो बहुतोंका भला होगा।'

रामलोचनजी हँसकर बोले—'बेटी! भला करनेवाले तो एकमात्र भगवान् हैं और वही सबके एकमात्र सहारा हैं। हम-सरीखे मनुष्य तो अभिमान करके अपनेको उपकारी मान बैठते हैं। रही शरीरकी बात, सो शरीर तो सड़नेवाला और नाश होनेवाला है ही। मैंने सोचा, शरीरसे कुछ काम लेना चाहिये। तब मैंने इस अभागेसे कहा—'आखिर तो तुझे जलती चितामें पड़कर खाक होना ही है, फिर किसीके काममें आकर ही जल!' बस इसीलिये, इस शरीरका भाग्योदय करनेके लिये ही इससे कुछ काम लेनेकी मैंने व्यवस्था की है। इसमे न तो कोई उपकारकी बात है, न कोई महत्त्व ही है।'

धीरे-धीरे ईसरी अच्छी हो गयी। पर रामलोचनजीको तो अब लालच लग गया। उन्होंने इसी बीचमे ऐसे ही आठ नर-नारियोंका और संग्रह कर लिया, जिनके शरीर सड़ रहे थे। इनका घर मानो अच्छा-सा कुष्ठाश्रम बन गया। पण्डितजीकी पुरोहिताई छूट गयी। अब तो बस, इनके यही काम रह गया—दिन-रात भगवान्‌का नाम-स्मरण करते हुए नारायणरूप कुष्ठ-रोगियोंकी सेवा-शुश्रूषा करना। इसी बीचमें नब्बे वर्षकी उम्रमें निरन्तर भजनमे लगे हुए पिताजीका देहान्त हो गया। मरते समय वे भगवान्‌का ध्यान कर रहे थे। अकस्मात् ब्रह्म-कपाल फट गया। माताजी उन्हींके साथ सती हो गयीं। घरके कामको छोटे भाईने सँभाल लिया। उसने विवाह नहीं किया था। वह अपने भाई-भौजाईके इस सेवाकार्यसे बहुत प्रसन्न था और ऐसे महात्माके छोटे भाई बननेका उसे भगवान्‌ने अवसर दिया। इसे वह अपना सौभाग्य मानता था। वह ब्राह्मणोचित शुद्ध-कर्म करके जो कुछ कमाता, भाई-भौजाईके चरणोंपर लाकर रख देता। उसीसे सबका भोजन-छाजन चलता। ब्राह्मणी घरवालोंके तथा कोढ़ी-रूपमे आये हुए नारायण-स्वरूपोंके लिये स्नान-भोजनादिकी व्यवस्थामे लगी रहती। रोगी अच्छे होकर घर जाते तो नये आ जाते। दिन-रात भगवत्-स्मरण होता रहता। नियमित कीर्तन-भजन होता। सबने रामनामका और रामलोचनजीकी निष्काम शुद्ध सेवाका चमत्कार देखा। रोगी आते बड़ी दुरवस्थामें, और शीघ्र ही—रामलोचनजीके हाथोंसे घाव धुलते और ब्राह्मणीके हाथका परसा हुआ अमृत-भोजन करते ही वे अच्छे होने लगते। फिर दृढ़ विश्वाससे समन्वित 'सर्वतापशमनैकभेषज' रामनामका सतत स्मरण होने लगनेपर तो रोग रहता ही नहीं।

यों, उस युगमे, जब कुष्ठके नामसे लोग डरते थे, रामलोचनजीके द्वारा सैंकड़ों दुःसाध्य-रोगी रोगमुक्त हुए। केवल शारीरिक रोगसे ही नहीं, कठिनतम भव-रोगसे भी वे सहज ही छूट गये। अबतक वहाँ रामलोचनजीकी समाधिकी पूजा होती है और उनके नामसे कोढ़ियोंको रोगमुक्तिमे सहायता मिलती है।

बोलो भक्त और उनके भगवान्‌की जय!

समाज किस ओर जा रहा है

(हनुमानप्रसाद पोद्दारके एक भाषणका अंश)

दैवी और आसुरी समाजका यही भेद है कि दैवी समाजमें दैवी गुणोंका आदर तथा ग्रहण होता है और उन्हींको जीवनकी सर्वथा रक्षण करनेयोग्य बहुमूल्य सम्पत्ति माना जाता है एवं आसुरी समाजमें दैवी गुणोंका अनादर तथा त्याग होता है एव आसुरी गुणोंका सत्कार—ग्रहण होता है तथा उन्हींको जीवनकी परम सम्पत्ति मानकर उनके होनेमे गौरवका अनुभव किया जाता है। आज समाजमे आसुरीभाव बढ़ रहा है, इसीलिये सत्य, ईमानदारी, संयम और सदाचार तथा त्यागका तिरस्कार हो रहा है और असत्य, बेईमानी, असंयम, यथेच्छाचार तथा अधिकारका आदर तथा गौरवके साथ ग्रहण किया जा रहा है और इसीको आदर्श मानकर लोग बड़े चावसे आँखें मूँदकर इसी ओर दौड़े चले जा रहे है।

किसी युगमे सत्यका आदर था, सत्यवादी ही बुद्धिमान् और चरित्रवान् माना जाता था। हरिश्चन्द्र और युधिष्ठिरका नाम लोग बड़े आदरसे लेते और उन्हे आदर्श मानते थे। सत्य तथा ईमानदारीकी रक्षाके लिये लोग बड़े-से-बड़ा त्याग करनेको प्रस्तुत रहते थे। झूठ बोलना या किसीको धोखा देना समाजमें ही नहीं, प्रत्येक व्यक्तिके अपने मनमे भी बड़ा भारी अपराध था। कोई ऐसा करता या किसीका असत्य, बेईमानी या धोखेका बर्ताव साबित हो जाता तो समाजमे उसका तिरस्कार होता था। उसे पाँच आदमियोंके सामने—समाजके सामने झेंपना पड़ता था, नीचा देखना पड़ता था; समाज उसे नीची दृष्टिसे देखता था। पर आज यह बात नहीं है। आज सभी जानते हैं कि हमारे यहाँ बड़े-से-बड़े व्यापारी भी ऐसे कोई बिरले ही हैं, जो सच्चे तथा ईमानदार हों तथा जो व्यापारमें चोरी, बेईमानी न करते हों। सरकारी अधिकारियोंमेंसे भी सच्चे ईमानदार आदमी बहुत थोड़े ही है। बल्कि आज झूठ, चोरी, बेईमानीको दक्षता, बुद्धिमानी, चातुरी और व्यापारकुशलता समझा जाता है और ऐसे लोग छाती ठोंककर समाजके सामने अपना बड़प्पन प्रकट करते हैं तथा समाज उनका समर्थन तथा उनके बड़प्पनका स्वीकार ही नहीं करता, उनकी पूजा करता, उन्हें सम्मान देता और उनका अनुकरण करना चाहता है। यह जो केवल अर्थको सामने रखकर असत्य, बेईमानीका समर्थन और समादर है,—यह जो चोर-पूजा है सो आसुरी सम्पत्तिकी प्रत्यक्ष विजय है! इसीलिये समाजका एक-एक व्यक्ति आज झूठ, चोरी, बेईमानी करके बड़ा आदमी बनना तथा समाजमे पूजित होना चाहता है।

इसी प्रकार आज संयमका तिरस्कार हो रहा है। जहाँ हमारी गृहदेवियोंका आदर्श सीता, सावित्री, लोपामुद्रा, अनसूया, सुकला-सरीखी त्यागमूर्ति पतिव्रता सतियाँ; कौसल्या, सुमित्रा, विदुलाके समान माताएँ; मैत्रेयी, गार्गी, विश्ववारा, अपाला, चूडाला-सरीखी ज्ञानमूर्तियाँ; और दुर्गावती, लक्ष्मीबाईके सदृश वीराङ्गनाएँ थीं, वहाँ आज सिनेमा-संसारकी विलासविभ्रम-रता, यथेच्छाचारिणी नर्तकियाँ आदर्श हो रही हैं। सीता, सावित्रीका उपहास होता है, सतीत्वको कुसस्कार बताया जाता है, सीता-सावित्रीके सच्चे इतिहासोंको स्त्रियोकी स्वतन्त्रताका अपहरण करनेके लिये पुरुषोद्वारा गढ़ी हुई कहानियाँ कहा जाता है और केवल नृत्य, गीत, अभिनयकलाको ही आर्य-संस्कृतिका मुख्य रूप बताकर हमारी बहू-बेटियोंको उसी ओर लगाया जाता है और उनके मनमे सिनेमाकी नर्तकी बननेकी अदम्य लालसा उत्पन्न की जाती है! इसके तीन प्रधान कारण हैं—पहला सम्मान, दूसरा प्रचुर अर्थकी प्राप्ति और तीसरा असंयमकी छूट।

सिनेमाकी नर्तकियोंका प्रायः सर्वत्र सम्मान होता है, उनके आचरण तथा व्यवहारकी ओर जरा भी न देखकर उनके शरीर-सौन्दर्य, सुरीले स्वर और अभिनय-चातुरीको सबसे बड़ी बात माना जाता है। हमारे राष्ट्रपति तथा देशके प्रधान मन्त्रीतकसे वे अबाध मिल सकती है, उनके साथ उनके छायाचित्र उतरते है और उनके छायाचित्रोंको समाचार-पत्रोंके मुखपृष्ठोंपर छापा जाता है। उनका सभी क्षेत्रोंमें आदर होता है। संत-महात्माके दर्शनोंके लिये शायद कोई भी अध्यापक, तरुण विद्यार्थी या व्यापारी इतना लालायित नहीं रहते, परंतु किसी सिनेमाकी नटीके दर्शनार्थ हजारोंकी भीड़ इकट्ठी हो जाती है और दर्शन न मिलनेपर उपद्रव करने लगती है। देश-विदेशोंमे उनका नाम होता है और उनके चित्रोंसे घर सजाये जाते हैं। वोट लेनेके लिये भी उनके चित्रोंका उपयोग किया जाता है।

बड़े-से-बड़े मिनिस्टरों, जजों, आचार्योंको जो वेतन नहीं मिलता, उससे कहीं अधिक सिनेमाके नट-नटियोंको वेतन मिलता है और नाम हो जानेपर चारों ओरसे उनकी माँग होने लगती है। इसीसे अच्छे सद्गृहस्थ भी चाहते हैं कि हमारी लड़कीको कहीं नटी होनेका सुअवसर मिल जाय तो हमारे भाग्य खुल जायँ और इसीलिये आजकल नृत्य-गानकी शिक्षाका प्रसार बढ़ रहा है। नाम तो कलाका है, परंतु अधिकांशके मनमे रहती है—अर्थकामना।

सीना, पिरोना, कसीदे काढ़ना, मोजे-गंजी बुनना, खाद्य-पदार्थोंका निर्माण करना तथा अन्यान्य गृह-शिल्पकी शिक्षा इसीलिये लड़कियोंको दी जाती थी कि जिसमें वे स्वयं इन निर्दोष कामोंको करके घरकी आवश्यकताको बिना खर्चके पूरी कर सकें और कभी विपत्तिमें पड़नेपर इन निर्दोष कामोंके द्वारा अपनी आजीविका भी चला सकें; परंतु नृत्य-गीत ऐसी चीज है जो मनोरञ्जनकी वस्तु है तथा ललित कलाके नाते आदरणीय भी है; परंतु उसके द्वारा आजीविका चलानेका काम तो नृत्य-गीत-वृत्तिके अतिरिक्त अन्य प्रकारसे होता नहीं, इसीसे मनमे रहता है कि लड़की नृत्य-गीत सीखी हुई रहेगी तो कभी उसे सिनेमामें अवसर मिल सकता है; क्योंकि सिनेमामें जितनी पैसोंकी आमदनी होती है, उतनी किसी भी अन्य छोटे व्यापार या नौकरीमे सम्भव नहीं। यह एक बड़ा आकर्षण है।

तीसरी बात है—असंयमकी। संयम, नियम आदिसे जीवन पवित्र और आदर्श बनता है; परंतु उसके लिये कुछ त्याग करना पड़ता है, मन-इन्द्रियोंको पतनके प्रवाहसे रोकनेके लिये प्रयास करना पड़ता है, परंतु संयम-नियमके त्यागमें और मन-इन्द्रियोंके पतन-प्रवाहके साथ बहनेमे कोई प्रयास नहीं करना पड़ता और जहाँ संयम-नियमके त्यागकी और यथेच्छाचारकी प्रशंसा होती है, वहाँ तो वह और भी प्रलोभनकी वस्तु बन जाता है। सीनेमा-नर्तकी इस संयमहीनताके पथमें होड़ बदकर मानो दौड़ लगाती है। पर-पुरुषका अबाध दर्शन और मिलन ही नहीं, परस्पर अङ्गोंका स्पर्श—वहाँ जरा भी दोषकी बात नहीं माना जाता। बल्कि उसमें दोष देखनेवालोंकी हँसी उड़ायी जाती है। परिणाम प्रत्यक्ष है। वे नट-नटी इन्द्रिय-विजयी शुकदेव तो हैं ही नहीं। स्खलन सहज है। बड़े-बड़े त्यागी, तपस्वी, संयमी पुरुष भी जब सङ्ग-दोषसे पतित हो जाते हैं, तपस्वी-त्यागियोंके आश्रमोंमें भी दोष हो जाते हैं, तब रात-दिन शृङ्गार-विलासमें रहते हुए इन इन्द्रियाराम प्राणियोंका पतन होना कौन आश्चर्यकी बात है। शास्त्रकारोंने आठ प्रकारके मैथुन बतलाये हैं—

श्रवणं कीर्तनं केलिः प्रेक्षणं गुह्यभाषणम्।
संकल्पोऽध्यवसायश्च क्रियानिष्पत्तिरेव च॥

चर्चा सुनना, चर्चा करना, मिलकर खेलना, देखना, एकान्तमें बातचीत करना, संकल्प करना, प्रयत्न करना

और अङ्गसङ्ग करना। इनमें पहले पाँच तो स्वाभाविक होते ही रहते हैं। कहाँ तो यह आदर्श था कि श्री-सीताजी हनुमान्‌का स्पर्श करना भी पाप मानती हैं और कहाँ हास-विलासमें लगे हुए इन दुर्बलहृदय मनुष्योंके दिन-रात इस प्रकार साथ रहने और स्पर्श-भाषणादिकी मर्यादाका सहज त्याग करके यथेच्छ आचरण करनेमें भी कोई दोष तो माना ही नहीं जाता, बल्कि उनकी तारीफ की जाती है।

इस प्रकार असंयम और व्यभिचारप्रवृत्तिका खुले आम आदर-सत्कार और पूजन हो रहा है और इसके फलस्वरूप समाजके प्रायः सभी वर्गोंमें पुरुषमण्डलके सामने भले घरकी बहू-बेटीके नृत्य-गानमें, परपुरुष और परस्त्रीके अबाध मिलनमें, परस्पर हास-विलासमें, मानस पापवृत्तिके उदयमें कोई दोष या पापकी भावना क्रमशः घट रही है और समाजका चारित्रिक स्तर बड़ी तेजीसे नीचे आ रहा है। लोग धन-मानके लोभमें अपने चरित्र-का नाश करनेपर बड़े चावसे उतारू हो रहे हैं!

तीसरा दोष आ गया है—सदाचार और त्यागके तिरस्कारका। हमारे यहाँ आचारको प्रथम धर्म बतलाया गया है; पर आज आचारके त्यागमें ही गौरवका बोध किया जाता है। इसीसे जीवन उच्छृङ्खल तथा अत्यन्त खर्चीला बन गया है। लोग कहते हैं, 'हमें राम नहीं चाहिये, रोटी चाहिये।' बात एक अंशमें ठीक है, रोटी मिलनी ही चाहिये। परंतु रोटीकी कमीका कारण देशमें अन्नका कम उत्पन्न होना नहीं है, उसका प्रधान कारण है हमारा विलासपूर्ण उच्छृङ्खल खर्चीला जीवन। किसी छात्रावासमें या पढ़े-लिखे लोगोंके घरोंमें जाकर देखिये—एक-एक व्यक्तिके लिये पाँच-सात तरहके जूतोंकी पंक्ति लगी मिलेगी। अंग्रेजी ढंगके कोट-पतलून आदि घर-घर मिलेंगे, इन पोशाकोंके कपड़ोंमें ही नहीं, सिलाईमें इतने पैसे खर्च हो जाते हैं कि जितनेमें एक साधारण आदमीका सालभरका सादे वस्त्रोंका खर्च चल सकता है। महात्माजीके प्रयत्नसे एक बार सादे धोती-कुर्तेका प्रचार हुआ था, पर अब वह प्रायः उठ गया है और कोट-पतलूनकी विदेशी पोशाक समाजमें आ गयी है। 'रहन-सहनका स्तर ऊँचा होना चाहिये' इस धारणाने जीवनमें इतनी अनावश्यक आवश्यकताएँ और अभाव पैदा कर दिये हैं कि जिनके कारण खर्च अत्यधिक बढ़ गया है, त्यागकी पवित्र भावनाका तिरस्कार और उपहास होने लगा है तथा सादे जीवन और सादे रहन-सहनवाले लोगोंको मूर्ख, असभ्य और निम्न श्रेणीके समझा जाने लगा है। सादगीको जीवनका नीचा स्तर माननेके कारण सादे जीवन और सादी पोशाकमें लज्जाका बोध होने लगा है, जीवन आडम्बरपूर्ण हो गया है और परिणाममें असदाचार और भोगकी पूजा होने लगी है एवं इस कामोपभोगपरायण जीवनके लिये अर्थकी अनिवार्य आवश्यकता होनेके कारण अन्याय-असत्यसे और चोरी-हिंसासे अर्थोपार्जनका घोर प्रयत्न होने लगा है। साथ ही यह धारणा दृढ़ हो चली है कि अर्थोपार्जनके लिये भी इस प्रकारके असदाचारी और भोगपरायण जीवनकी आवश्यकता है। इसीके साथ-साथ खान-पानकी मर्यादाका नाश हो चला है। किसी भी मनुष्यके साथ खाना-पीना और किसी भी वस्तुका खाना-पीना सभ्यता तथा सुधारका ही लक्षण नहीं, अर्थोपार्जनके लिये भी आवश्यक माना जाने लगा है!

यों आज हमारे भारतीय समाजमें प्रकारान्तरसे चोर-पूजा, व्यभिचारवृत्तिकी पूजा और असदाचारकी पूजा जोरों-से होने लगी है और जब समाजमें प्रतिष्ठित, बड़े तथा आदर्श माने जानेवाले त्यागी, धनी, नेता, समाजसेवक और सरकारी अधिकारी ऐसा करते हैं, तब इतर सभी लोग उन्हींका अनुकरण करनेके लिये लालायित और सचेष्ट हों, इसमें क्या आश्चर्य है। हमारे समाजकी यह दशा अत्यन्त ही विचारणीय है। यह प्रवाह यों

ही चलता रहा, यों ही पतनको प्रगति माना जाता रहा तो समाज कहाँ जाकर टिकेगा, कौन कह सकता है। चोरी, व्यभिचार, असदाचार कानूनसे बंद नहीं होते, जबतक कि कानून बनानेवाले, कानून माननेवाले और कानूनको मनवानेवाले सभी लोग स्वयं चोरी, व्यभिचार और असदाचारको हृदयसे बुरा न समझें और उनसे घृणा न करें। पर यहाँ तो बात ही दूसरी हो रही है, उलटे कानूनोंके द्वारा ही प्रकारान्तरसे व्यभिचार, चोरी और असदाचारको प्रोत्साहन दिया जा रहा है—वर्तमान सिनेमाका प्रचार प्रसार और संरक्षण, अत्यधिक कर, विवाह और तलाक-विधान आदिके द्वारा कानूनकी सहायतासे स्त्रियोंकी सतीत्व-मर्यादा, धनोपार्जनकी शुद्ध निर्दोष वृत्ति और मर्यादित सदाचारी जीवनको कितनी ठेस पहुँच रही है, इसपर गहराईसे आज विचार नहीं किया जाता। लोगोंकी मनोवृत्तिमें उच्छृङ्खलताकी उत्पत्ति और एकमात्र भोग तथा अर्थ ही जीवनका परम लक्ष्य है, इस भ्रान्त धारणाके बद्धमूल हो जानेसे आज सभी क्षेत्रोंमें मनुष्यका जीवन अमर्यादित आसुर-जीवनमें परिणत होता जा रहा है और इसका परिणाम मानव-जीवनके लिये कितना दुःखद होगा, भगवान्‌की भाषामें उसे सुनिये और विचारिये तथा उससे बचनेका प्रयत्न कीजिये—

चिन्तामपरिमेयां च प्रलयान्तामुपाश्रिताः।
कामोपभोगपरमा एतावदिति निश्चिताः॥
आशापाशशतैर्बद्धाः कामक्रोधपरायणाः।
ईहन्ते कामभोगार्थमन्यायेनार्थसञ्चयान्॥
× × ×
अहंकारं बलं दर्पं कामं क्रोधं च संश्रिताः।
मामात्मपरदेहेषु प्रद्विषन्तोऽभ्यसूयकाः॥
तानहं द्विषतः क्रूरान् संसारेषु नराधमान्।
क्षिपाम्यजस्रमशुभानासुरीष्वेव योनिषु॥
आसुरीं योनिमापन्ना मूढा जन्मनि जन्मनि।
मामप्राप्यैव कौन्तेय ततो यान्त्यधमां गतिम्॥

(श्रीमद्भगवद्गीता १६। ११-१२, १८-१९-२०)

मरणपर्यन्त रहनेवाली अपार चिन्ताओंसे घिरे हुए, कामोपभोगमें लगे हुए उन्होंने यह निश्चित सिद्धान्त मान लिया है कि कामोपभोग ही जीवनका लक्ष्य है, अतः आशारूपी सैकड़ों पाशोंमें बँधे हुए काम-क्रोधपरायण होकर वे काम-भोगोंकी प्राप्तिके लिये अन्यायपूर्वक अर्थसंचय करते है। एवं अहंकार, (भौतिक) बल, दर्प, काम, क्रोधका आश्रय लिये हुए, दूसरोंमें दोष देखने तथा उनकी निन्दा करनेवाले वे लोग अपने तथा दूसरोंके शरीरमें स्थित मुझ (भगवान्) से द्वेष करते रहते हैं। ऐसे उन द्वेष करनेवाले निर्दय नराधमोंको मै (भगवान्) संसारमें बार-बार आसुरी योनियोंमें ही पटकता हूँ। भैया अर्जुन ! वे मूढ़ लोग मुझको न पाकर (जिसके लिये उन्हें मानव-जीवन मिला था) जन्म-जन्ममें आसुरी योनिको प्राप्त होते है और फिर उससे भी अत्यन्त नीच गति (नरकादि) में जाते हैं।

मानव-जीवनकी इस भयानक असफलतासे बचकर मानव-जीवनके प्रधान तथा वास्तविक लक्ष्यकी प्राप्तिका उपाय बताते हुए भगवान् कहते है—

त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः।
कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत् त्रयं त्यजेत्॥
एतैर्विमुक्तः कौन्तेय तमोद्वारैस्त्रिभिर्नरः।
आचरत्यात्मनः श्रेयस्ततो याति परां गतिम्॥

(श्रीमद्भगवद्गीता १६। २१-२२)

काम, क्रोध और लोभ—ये तीन प्रकारके नरकके द्वार आत्माको अधोगतिमें पहुँचानेवाले है, अतएव इन तीनोंको त्याग देना चाहिये। भैया अर्जुन ! इन तीनो नरकद्वारोंसे बचा हुआ पुरुष ही अपने कल्याणके लिये आचरण (भगवदाज्ञानुसार व्यवहार और भगवद्भजन) करता है और उससे वह परमगतिको प्राप्त होता है।

जर्मन विद्वान्‌का हिंदी और भारतीय संस्कृतिसे प्रेम

भारत अपनी पवित्र आदर्श संस्कृति, पवित्र आचरण, उच्च आध्यात्मिक ज्ञान, विविध ज्ञानके भण्डार सत्साहित्य, अनन्त विचित्र कला-कौशल, प्राकृतिक शोभा आदिके कारण जगत्‌के सभी लोगोंके लिये आकर्षणकी वस्तु रहा है। देवता भी भारतके लिये ललचाते रहते है।

दुःख है, आज वह भारत नहीं रहा। भारतकी संस्कृति वही है, तत्त्वज्ञान वही है, साहित्य वही है, परंतु उस महान् संस्कृति, तत्त्वज्ञानके जानने-माननेवाले आदर्श पुरुष बहुत कम रह गये। इसीसे विश्वगुरु भारतवर्ष आज परमुखापेक्षी और परानुकरणपरायण होकर अपने स्वरूपको भूल रहा है। इसीसे अमेरिका और यूरोपसे आने-वाले ज्ञानपिपासुओं और आचरणशिक्षार्थियोंको भारत आज अपने तत्त्वज्ञान और आदर्श आचरणसे संतुष्ट नहीं कर सकता और उनमेंसे अधिकांशको भग्नमनोरथ होकर निराश लौटना पड़ता है, वर कुछ तो हमारे अशिष्ट और अनुचित व्यवहारके कारण बड़ा कटु अनुभव लेकर लौटते है। यह हमारे लिये बहुत विचारणीय विषय है।

इतना होनेपर भी विदेशी महानुभाव आज भी भारतीय संस्कृति और भारतीय धर्मग्रन्थोंके प्रति कितने आकर्षित है, इसका अनुमान निम्न प्रकाशित एक जर्मन सज्जनके हिंदीमे लिखे हुए पत्रसे लग सकता है, जो कुछ ही दिनो पूर्व गीताप्रेसमे आया है। कितने सुन्दर अक्षर और कैसी अच्छी भाषा है; और भारतीय शैली का कितना अनुसरण है। अपने हस्ताक्षरमे भी के. जी. न लिखकर क. ग. लिखते है। लिखनेकी एक-दो गलतियोंके सिवा और कोई भूल नहीं है। कहाँ तो विदेशी सज्जन सुन्दर हिंदीमें पत्र लिखते और धर्म-ग्रन्थ पढ़ना चाहते हैं और कहाँ हम अपने ही देशमे अंग्रेजीमे पत्र-व्यवहार करने और अपने ही धर्म-ग्रन्थोंमे अरुचि रखते है। हमे इससे शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये।

पत्रका छाया-चित्र

मं० १२.२.५५

आदरणीय गोविंका जी,

आपके प्रेस द्वारा प्रकाशित ग्रन्थ - श्रीमद्भगवद्गीता प्राप्त हुआ - प्रति दिन मैं इसे पढ़ता हूं।

पिछले ३ वर्षों से मैं हिन्दीका अभ्यास कर रहा हूं। इसके अतिरिक्त मेरी भारतीय संस्कृति में बहुत रुचि है। मेरा विचार है कि मैं एक बार भारतीय धार्मिक ग्रन्थ पढ़ूं। यदि संभव हो तो कृपया आप अपने यहां के प्रकाशित कुछ ग्रन्थ निम्न लिखित पते पर भेजें।

Karl - G Gesch
Gambrinus-Str 5
Mannheim-Sandhofen
Germany

मेरी रुचि विशेषकर रामायण, महाभारत और पुराणों में है। यदि संस्कृत-ग्रन्थ हिन्दी टीका सहित हूं तो बहुत सुन्दर रहेगा।

यदि मेरे योग्य कोई सेवा हो तो लिखें।

भवदीय
के ग गेश

कामके पत्र

(१)

विश्व-कल्याण

प्रिय महोदय ! सादर सप्रेम हरिस्मरण । आपका कृपापत्र मिला । आप घर छोड़कर एक आश्रम बनाना चाहते हैं और विश्वमानवके कल्याणार्थ सद्भावोंका प्रचार करना चाहते है, आपकी यह भावना बहुत ही सराहनीय है । विश्व-कल्याणके लिये त्याग करना सर्वथा स्तुत्य है, परंतु यथार्थमें विश्व-कल्याण करनेवाले है विश्वात्मा और विश्वेश्वर भगवान् ही। हमारा प्रत्येक कर्म उन भगवान्‌की इच्छाके अनुसार, उनकी सेवाके लिये होना चाहिये । फिर उससे अपने-आप ही विश्व-कल्याण होगा । पर यदि हम भगवान्‌को भूलकर विश्व-कल्याणके लिये अहंकारका आश्रय लेकर मैदानमे उतरेंगे तो हमारा अहङ्कार हमारे उस कार्यको इतना विकृत कर देगा कि विश्व-कल्याण तो दूर रहा, अपना कल्याण भी कठिन हो जायगा । भगवान्‌के इच्छानुसार कर्म करनेके लिये न तो घर छोड़नेकी आवश्यकता है, न आश्रम बनानेकी । हमारा अहङ्कार, ममत्व, राग-द्वेष हम जहाँ भी जाते है, हमारे साथ जाता है। हमने 'घर' नामक स्थान छोड़ा और 'आश्रम' नामक स्थान बनाकर उसमे रहना आरम्भ किया । पहले घरका अहङ्कार था, अब आश्रमका हो गया । घरमें ममता थी, अब आश्रममे हो गयी । घरके प्राणि-पदार्थोंको लेकर राग-द्वेष था, अब आश्रमके प्राणि-पदार्थोंको लेकर हो गया । परिवर्तन केवल नामका हुआ, वस्तुस्थिति वही रही । त्याग वस्तुतः कुछ भी नही हुआ । बल्कि त्याग-का एक मिथ्या अभिमान और छा गया । हम अपनेको त्यागी और दूसरे लोगोंको भोगी मानने-मनवाने लगे । तथा इस त्यागके बदलेमे—अपनेको विश्व-कल्याणका व्रती समझकर उसके बदलेमें—लोगोंसे सुख-सुविधा तथा मान-सत्कार-पूजा प्राप्त करनेका अपनेको अधिकारी समझने लगे । सुख-सुविधा और मान-पूजा प्राप्त हुई तो उसमे नयी आसक्ति उत्पन्न हो गयी । त्याग और विश्व-कल्याणके नामपर शरीर और इन्द्रियोंकी पूजा होने लगी, जीवन भोगपरायण हो गया तथा त्याग एवं विश्व-कल्याण केवल बाहरी आडम्बर रह गया । इस तरह अपने यथार्थ कल्याणकी आशा-सम्भावना भी प्रायः विलुप्त हो गयी । इस प्रकारके मिथ्या जीवनमे वह सदा बचा रहता है, जो अपनेको त्यागी और विश्व-कल्याणका व्रती न बताकर घरमे रहता है । ऐसा निरभिमानी साधारण मानव घरमे रहकर भी भगवान्‌के इच्छानुसार उनकी सेवाके भावसे घरके साधारण कर्म करता हुआ भगवान्‌-की कृपा प्राप्त करता है और उसके द्वारा विश्वका कल्याण-साधन भी होता है। विश्व-कल्याणके लिये दूकान खोलने, विज्ञापन करनेकी आवश्यकता नहीं है । यह तो मनका भाव है और इस भावकी प्राप्ति होनेपर उस मनुष्यके द्वारा हर-हालतमे तथा हरेक कर्मसे विश्व-कल्याण हुआ करता है ।

आज विश्व-कल्याणका बाजार लगा है । संत-महात्मा, ज्ञानी-भक्त, संन्यासी-गृहस्थ, धनी-गरीब, नेता-जनता, शासक-शासित, पुरुष-स्त्री, पूँजीपति-साम्यवादी, मालिक-मजदूर सभी अपनेको विश्व-कल्याणके लिये ही कर्म करनेवाला बतलाते हैं । यहाँतक कि लूट-मार करनेवाले साधारण अपराधीसे लेकर एटम और हाइड्रोजन बम बनानेवाले राष्ट्र भी अपना उद्देश्य विश्व-शान्तिके द्वारा विश्व-कल्याण ही बतलाते है । मानो आजका प्रत्येक मानव-प्राणी विश्व-कल्याणके लिये ही जन्मा है और जी रहा है । वस्तुतः ऐसा होता तो विश्व-कल्याण निश्चय ही होता

और इससे अधिक आनन्दकी बात और क्या होती, परंतु परिणाम देखनेसे ऐसा निश्चय होता है कि विश्वकल्याणके नामपर हमलोग आज संकुचित तथा नीच स्वार्थ-साधन एवं इन्द्रियतृप्तिके प्रयाममे ही लगे हुए है और अपने ही कर्मोंसे अपने-आपको धोखा दे रहे हैं। इसलिये आपकी नीयतपर जरा भी संदेह न करता हुआ भी मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ कि आप अपने हृदयकी गहराई-में जाकर सावधानीके साथ देखें कि कहीं आपकी प्रत्यक्ष बेजानकारीमे विश्व-कल्याणके नामपर नाम, यश, कीर्ति, पूजा, प्रतिष्ठा या सुख-सुविधा पानेकी कोई कामना-वासना तो किसी कोनेमें नहीं छिपी है, जो आपको धोखा दे रही है।

विश्व-कल्याणके लिये कार्य करनेवालोंपर मेरा कोई आक्षेप नहीं। जो पुरुष सचमुच विश्व-कल्याणार्थ जीवन लगाये हुए है, वे धन्य है। उनके चरण-रज-कणसे मनुष्य पवित्र हो सकता है; परंतु आज तो 'विश्व-कल्याण' तमाशा-सा हो गया है और उससे किसी भी बुद्धिमान् मनुष्यको बचना चाहिये। इसी विचारसे मैने आपसे यह निवेदन किया है। आशा है आप इसपर विचार करके अपना मार्ग निश्चित करेंगे। शेष भगवत्कृपा!

(२)

विवाहमें क्या करना और क्या नहीं करना चाहिये

प्रिय महोदय! सादर सप्रेम हरिस्मरण। आपका कृपापत्र मिला, उत्तरमे निवेदन है—(१) मेरी समझसे विवाह एक पवित्र शास्त्रीय संस्कार है, अतएव उसमें जितनी भी आवश्यक शास्त्रीय विधियाँ है, उनको तो श्रद्धा-सत्कारपूर्वक अवश्य करना चाहिये। जहाँतक हो, उनमें कतर-ब्योंत या काट-छाँटकी आवश्यकता नहीं माननी चाहिये। कुल-परम्परागत निर्दोष लोकाचार भी, समयके विपरीत न हो तो, करनेमे आपत्ति नहीं होनी चाहिये; परंतु बाहरी आडम्बर, अनाचार, खान-पानकी भ्रष्टता, नाच-तमाशा-सिनेमा, आतिशबाजी आदि बातें बिल्कुल नहीं होनी चाहिये। लड़कीवालेको दहेजके लिये बाध्य तो करना ही नहीं चाहिये, संकोचमे भी नहीं डालना चाहिये। वर-कन्याके कुल-शील, आचार, प्रतिभा, क्रियाशीलता, सादगी, स्वभाव-सौन्दर्य आदि-पर विशेष ध्यान रखना उचित है; चमड़ीके रंग, फैशन तथा वैभवपर नहीं। वर-कन्याके चुनावमे सच्चे हृदयसे हित चाहनेवाले स्नेहार्द्र-हृदय विचारशील, अनुभवी माता-पिता या अभिभावकका निर्णय प्रायः जितना सुसङ्गत और उपयुक्त होता है, उतना शरीर-सौन्दर्यपर या किसी बाहरी वस्तुपर विमुग्ध, आवेगपूर्ण हृदयवाले, अनुभवशून्य लड़के-लड़कियोंका नहीं होता। इसलिये वर-कन्याके चुनावमे विचारशील अनुभवी पुरुषोंकी बुद्धिका लाभ अवश्य उठाना चाहिये।

विवाह आदिमे आडम्बर, दिखावा, धनका खर्च जितना कम होगा, जितनी ही अधिक सादगी होगी, उतना ही वह अधिक सात्त्विक, कष्टनाशक और सुखद होगा। बाहरी दिखावेमे लोगोंमे जो द्वेष तथा हिंसावृत्ति उत्पन्न करनेवाली ईर्ष्या होती है, वह नहीं होगी और देखा-देखी व्यर्थ आडम्बर तथा व्यर्थ खर्च करनेके प्रयाससे लोग बचेंगे। सुना गया है, अभी कुछ दिनों पूर्व कलकत्तेमे किसी बहुत बड़े उद्योगपतिके यहाँ बहुत कम समयमे तथा बहुत ही कम खर्चमे एक विवाह हुआ है। ऐसा विवाह इस दृष्टिसे सर्वथा आदर्श है, अवश्य ही उसमें शास्त्रीय पद्धतिका अनुसरण जरूर होना चाहिये।

मेरे परिचयके सम्बन्धमे आपने अत्यन्त आग्रहके साथ जानना चाहा सो आपकी कृपा है। मेरा परिचय इतना ही है कि जैसे संसारमे करोड़ों मनुष्य हैं, उनमें गुण भी है, अवगुण भी। अनेकों दुर्बलताएँ भी हैं। उन्हींमेसे, वैसा ही एक मनुष्य मै भी हूँ। मुझमें कोई विशेषता नहीं है। सर्वभूत-सुहृद् (प्राणिमात्रपर सहज स्वाभाविक

कृपा करनेवाले) भगवान्‌की कृपा मुझपर भी असीम और अनन्त है। इसका बार-बार अनुभव होता है। लोग अपनी गुणदर्शिनी शुभ दृष्टिविशेषके कारण अथवा अपनी सौजन्यतावश मुझे श्रेष्ठ पुरुष मानते है और मेरा सम्मान करते है। यह उनका एक श्लाघ्य गुण है। मै इससे अपनेमे गुणविशेष मानकर यदि स्वीकार करता हूँ तो यह मेरी स्वभावसुलभ दुर्बलता है। भगवान्‌ने जिस काममे लगा रक्खा है, उसे इच्छा-अनिच्छासे किसी तरह कर रहा हूँ। यही सक्षेपमे मेरा सहज सच्चा परिचय है।

शेष भगवत्कृपा।

(३)

सौन्दर्य-प्रसाधनोंसे हानि

प्रिय बहिन! सादर सप्रेम हरिस्मरण। आपका कृपापत्र मिला। आपने लिखा हमारी भारतीय बहिनोमें भी आज विदेशी शृङ्गारका तथा विदेशी सौन्दर्य-प्रसाधनोंका प्रचार-प्रसार बढ़ रहा है तथा इससे बड़ी हानि हो रही है, सो आपका लिखना ठीक है। जहाँतक गंदगीके त्याग तथा सफाई-सुथराईका प्रश्न है, वहाँतक तो उत्तम है, परंतु विदेशी सङ्गमे जो विदेशी-पन तथा कृत्रिम शृङ्गार एवं सौन्दर्य-लिप्सा बढ़ रही है, यह बहुत ही हानिकर है। इसका एक प्रधान कारण आजकलके सिनेमा हैं। सिनेमाकी बुरी बाते पढ़े-लिखे तथा बड़े माने जानेवाले लोगोंमे आती है और उनका अनुकरण साधारण जनता करती है। इस सम्बन्धमे बार-बार कहा भी जाता है, पर उसपर बहुत कम ध्यान दिया जाता है। इस प्रकारकी सौन्दर्य-लिप्सासे मानस-व्यभिचार होता है, सुनने-देखनेवालोंमें नीच वृत्तियोंका उदय और उनका पतन होता है। पापकर्म बनते है, जिनसे लोक-परलोक बिगड़ता है। बुरे आदर्शकी स्थापना होती है। इसके अतिरिक्त शारीरिक हानि भी कम नहीं होती। हमलोगोंकी बात तो छोड़िये, कुछ महीनो पहले इंगेबर्ग नीमांड एंडर्सन नामकी एक जर्मन महिला डाक्टरने इन सौन्दर्य-प्रसाधनोंका हानिकारक प्रभाव बतलाते हुए इन्हें न बरतनेके लिये अनुरोध किया है और कड़ी चेतावनी दी है। वे लिखती हैं—

सबसे बढ़कर खतरनाक शृङ्गार-प्रसाधन है — सुगन्धियाँ, नख-राग (नेल-पालिश), अधर-राग (लिपस्टिक), आँखोकी पलकोंको रँगनेके रंग, क्रीम, पेस्ट और पाउडर। बालोंको रँगनेवाली चीजे, खासकर जिनमें पैराफिनाइल एंडियामाइन हो, बालोके लोशन, ब्रिलि-एंटाइन और बालोंको घुँघराले बनानेके लिये काममे आनेवाले थियोग्लारकोल एसिडका भी बुरा असर होता है। इनसे एज्‌जीमा, पलकोकी बीमारी, दृष्टिका धुँधलापन, श्लैष्मिक झिल्ली-प्रदाह और दमा हो जाता है। प्लास्टिक लगे हारों, कंगनों, झूमकों, हेयर-क्लिपों और कंघियोंसे भी बीमारियाँ पैदा होती है।··· इन सौन्दर्य-प्रसाधनोंसे स्वास्थ्यमे विकार आता है।·· ये आधुनिक फैशन कितने ही अच्छे क्यों न लगते हों, किंतु इनसे काफी हानि होती है। इनका व्यवहार करनेवाली महिलाओं और लड़कियोंको अपने मूल आकर्षणका मूल्य बादमें विविध रोगोंके रूपमे चुकाना पड़ता है।'

अतएव यह सौन्दर्य-लिप्सा और इसके लिये कृत्रिम साधनोंका प्रयोग जितना ही कम होगा, उतना ही शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य सुधरेगा। इनकी बुराईको समझकर तथा विनय-विनम्र शब्दोंमें दूसरोंको समझाकर इनसे बचने-बचानेका यथासाध्य प्रयत्न सभीको करना चाहिये। आप भी आस-पासकी तथा अपने सम्बन्ध-वाली बहिनोंको समझानेका प्रयत्न कीजिये। शेष भगवत्कृपा।

साधकको यह निश्चय करना चाहिये कि मुझे वहाँ पहुँचना है जिसके आगे कोई रास्ता नहीं है। जो सबकी अन्तिम अवधि है, वह है परम सुहृद् प्रभुका अगाध प्रेम। रास्तेमें स्थिरता और शान्तिके विश्राम-स्थान मिलें तो वहाँ ठहरना नहीं है।

(४३)

प्रश्न—गोपियोंके प्रेमकी बात कहिये।

उत्तर—गोपी-प्रेमकी बात वही कह सकता है जिसको गोपीभाव प्राप्त हो गया हो। सुननेका अधिकारी भी वही है। जबतक स्थूल, सूक्ष्म या कारण किसी भी शरीरमें अहंभाव है, तबतक मनुष्यको गोपीभाव प्राप्त नहीं होता; अतः वह गोपी-प्रेमका अधिकारी नहीं है।

उद्धव-जैसे ज्ञानी और योगी, जो कि भगवान् श्रीकृष्णके सखा थे, जब व्रजमें गये, तब गोपियोंके प्रेमको देखकर ज्ञान और योगको भूल गये। उलटा अपने स्वामी और सखा श्रीकृष्णको हृदयहीन और कठोर बताने लगे और उन गोपियोंके प्रेमकी प्रशंसा करने लगे। यहाँतक कि व्रजके लता-पत्ता बननेमें भी अपना सौभाग्य मानकर गोपियोंकी चरण-रजकी कामना करने लगे। उन गोपियोंके प्रेमको भला कोई साधारण मनुष्य कैसे समझ सकता है।

जबतक मनुष्यका शरीरमें अभिमान रहता है, तबतक उसको किसी-न-किसी प्रकारके संयोगजनित सुखका लालच रहता है। गोपीभाव प्राप्त करनेके लिये वस्तुके संयोग और क्रियाजन्य सुखकी तो कौन कहे, चिन्तन-तकके सुखका भी त्याग करना पड़ता है। जबतक यह भाव रहता है—अमुक वस्तु, अमुक व्यक्ति, अमुक परिस्थितिसे सुख मिलेगा, तबतक मनुष्य उनका दास बना रहता है। उसके मनमें दूसरोंको सुख पहुँचानेका भाव उत्पन्न नहीं होता। अपने सुख-भोगकी रुचि रहती है। यही स्वार्थभाव है। स्वार्थभावके रहते हुए गोपीभावकी बात समझमें नहीं आ सकती।

मानव-जीवनमें सत् और असत् दोनोंका सङ्ग रहता है। शरीर, संसार और भोगोंका सङ्ग ही असत्का सङ्ग है और अनन्त जीवन तथा नित्य आनन्दकी लालसा ही सत्का सङ्ग है। जिसमें केवल असत्का सङ्ग है, वह भी मनुष्य नहीं है; क्योंकि असत्का सङ्ग तो पशु-पक्षी आदि तिर्यक् योनियोंमें भी होता है। एवं जिसमें केवल सत्का सङ्ग है उसे भी मनुष्य नहीं कहा जा सकता। वह मनुष्यभावसे अतीत है। अतः गोपी-भाव प्राप्त करनेके लिये स्थूल, सूक्ष्म और कारण शरीरका तथा उनसे सम्बन्ध रखनेवाले समस्त भोगोंका सङ्ग विवेकद्वारा छोड़ना पड़ता है। उसका त्याग सत्सङ्गसे ही हो सकता है।

सांसारिक सुखभोगमें क्या-क्या दुःख हैं, इसकी असलियतका ज्ञान सुखभोगमें उन साधकोंको होता है, जो अपने प्राप्त विवेकका आदर करते हैं। विवेकका सङ्ग, उसका आदर ही सत्सङ्ग है। इस सत्सङ्गसे सुख-भोगकी रुचि मिट जाती है और भगवान्के नित्य-नव प्रेमकी लालसा उत्पन्न हो जाती है। तब किसी-किसी अधिकारीको गोपी-भावकी प्राप्ति होती है।

देहसे असङ्ग होनेपर ही मनुष्य भोगवासनासे रहित हो सकता है। दोषोंका त्याग ही गुणोंका सङ्ग है। भोगोंकी चाह रहते हुए गुणोंका उदय और दोषोंका अभाव नहीं होता। अतः यह समझना चाहिये कि सब प्रकारकी चाहका अन्त होनेपर ही सत्का सङ्ग अर्थात् भगवत्प्रेमकी लालसा उत्पन्न होती है।

अतः जिस साधकको गोपीभाव प्राप्त करना हो और उनकी लीलामें प्रवेश करके गोपीप्रेमकी बात समझनी हो, उसे चाहिये कि देहभावसे उत्पन्न होनेवाली सम्पूर्ण भोगोंकी वासनाका त्याग कर दे; क्योंकि जब-

तक देहभाव रहता है, मैं पुरुष हूँ, मै स्त्री हूँ—ऐसा भाव होता है, तबतक गोपी-चरित्र सुनने और समझनेका अधिकार प्राप्त नहीं होता। फिर गोपी-प्रेम क्या है—यह तो कोई समझ ही कैसे सकता है।

जब भगवान् श्यामसुन्दरके प्रेमकी लालसा समस्त भोग-वासनाओंको खाकर सबल हो जाती है, तब तो साधकका व्रजमे प्रवेश होता है। उसके पहले तो व्रजमें प्रवेश ही नहीं होता। यह उस व्रजकी बात नहीं है जहाँ लोग टिकट लेकर जाते हैं। यह तो उस व्रजकी बात है जो प्रकृतिका कार्य नहीं है, जहाँकी कोई भी वस्तु भौतिक नहीं है। जिसका निर्माण दिव्य प्रेमकी धातुसे हुआ है। जहाँकी भूमि, ग्वाल-बाल, गोपियाँ, गायें और लता-पत्ता आदि सब-के-सब चिन्मय हैं। जहाँ जडता और भौतिक भावकी गन्ध भी नहीं है, उस व्रजमें प्रवेश हो जानेके बाद भी गोपीभावकी प्राप्ति बहुत दूरकी बात है। दासभाव, सख्यभाव और वात्सल्यभावके बाद कहीं गोपी-भावकी उपलब्धि होती है। फिर साधारण मनुष्य उस गोपी-प्रेमकी बात कैसे समझ सकते हैं और कैसे कह सकते है।

जबतक देहभाव रहता है, तभीतक भोगवासना और अनेक प्रकारके दोष रहते हैं और तभीतक दोषोंका नाश करके चित्तशुद्धिके लिये साधन करना रहता है। चित्तका सर्वथा शुद्ध हो जाना और सब प्रकारसे असत्‌का सङ्ग छूट जाना ही व्रजमें प्रवेश है।

अतः जिस साधकको गोपी-प्रेम प्राप्त करना हो, उसे चाहिये कि पहले मुक्तिके आनन्दतकका लालच छोड़कर व्रजमे प्रवेशका अधिकार प्राप्त करे और उसके बाद भगवान्‌की कृपापर निर्भर होकर गोपी-भावको प्राप्त करे।

(४४)

पहले चित्त-शुद्धिके प्रसङ्गमें यह बात कही गयी थी कि साधकको अपने दोषोंका निरीक्षण करके दुखी होना चाहिये। तब दोषोंका नाश होकर चित्त शुद्ध हो सकता है।

अब विचार यह करना है कि दोषोंके रहते हुए मनुष्यको उनके रहनेका दुःख क्यों नहीं होता? विचार करनेपर मालूम होगा कि मनुष्य उन दोषोंमें सुखभोगकी कल्पना करके रस लेता रहता है। इस कारण उनके रहनेका दुःख नहीं होता और उनको मिटानेकी लालसा और कोशिश नहीं होती।

भोगोंकी चाहका उत्पन्न होना और उनका पूर्ण होना—इसीको मनुष्य सुख मान लेता है और यही सबसे बड़ा दोष है। काम, क्रोध, लोभ, मोह आदि सब प्रकारके दोष भोग-वासनासे उत्पन्न और पुष्ट होते रहते हैं।

आजकलकी सभ्यता मनुष्यको यही सिखाती है कि अपने रहन-सहनकी उन्नति करो अर्थात् सुन्दर-सुन्दर भोगोंकी चाह उत्पन्न करो और उनकी पूर्तिके लिये श्रम करके नाना प्रकारकी भोग-सामग्रीका संग्रह करो एवं उनका उपभोग करके चाहकी पूर्तिका सुख भोगो और फिर चाह करो। इस प्रकार दुःख-सुखके चक्रमें चढ़े रहना ही जिनकी दृष्टिमें उन्नति है, उनके हृदयमे अपने दोषोंको मिटानेका भाव कैसे प्रकट हो सकता है?

उनकी शिक्षाका दुरुपयोग करनेवाले आलसी मनुष्य तो भोग-सामग्री जुटानेके लिये परिश्रम करना भी नहीं चाहते। वे तो आशा करते हैं कि कोई दूसरा ही हमारे लिये सब आवश्यक सामग्री जुटा दे और हम उसके भोगका सुख लेते रहें।

ऐसे मनुष्योंको अपनी वास्तविक आवश्यकताका ज्ञान नहीं होता; क्योंकि उनको इस बातका पता ही नहीं है कि इस जीवनसे उत्कृष्ट कोई दूसरा भी जीवन है;

जहाँ किसी प्रकारका अभाव नहीं है, जहाँ मौतका भय नहीं है, जिसमें केवल रस-ही-रस है, दुःखका लेश भी नहीं है। यद्यपि सभी प्राणी चाहते हैं कि हमें दुःख न मिले, हम स्वाधीन और समर्थ हों, हमारा जीवन अमर हो जाय, मौतका भय न रहे, परंतु उस जीवनसे निराश हो गये हैं और वर्तमान जीवनको ही वास्तविक जीवन मान लिया है।

चाहकी पूर्तिको सुख माननेवालोंके मनमे धनकी कामना जाग्रत् होती है। उसके लिये वे वह काम करते हैं जो करना चाहिये और वह काम भी करते हैं जो नहीं करना चाहिये। एक सूतकी मिल चलानेवाला हजारों सूत कातनेवालियोंकी जीविका नष्ट करके स्वयं धनी होता है। एक तेल-कलका मालिक हजारों तेली गृहस्थोंका जीवन दुःखमय बनाकर स्वयं धनी होता है। एक आटा-कलका मालिक सैकड़ों विधवा और परिश्रमी स्त्रियोंको बेकार बना देता है। इससे देशकी कितनी हानि हो रही है, उस ओर उन स्वार्थी लोगोंका लक्ष्य ही नहीं जाता। वे लोग समाजको भी शुद्ध वस्तुओंके बदले खराब वस्तु देकर लोगोंका स्वास्थ्य बिगाड़ते हैं और उसमे देशकी उन्नति मानते हैं।

दूसरे समूहके लोग जो अपनेको विरक्त कहनेका दम भरते हैं, अपनेको भगवान्‌का भक्त कहते है उनका जीवन भी मनुष्यको अपनी वास्तविक आवश्यकता-की पूर्तिकी ओर आकर्षित नहीं करता; क्योंकि उनमे भी अधिकांश लोग बड़े-बड़े मठ, बड़े-बड़े अधिकार और बहुत-सी सामग्रियोंका संग्रह करनेमें ही अपना जीवन सफल और उन्नत मानते हैं। अमुक स्वामीजीका आश्रम बड़ा सुन्दर है। वहाँ लोगोंको सब प्रकारका सुख मिलता है, उनके बड़े-बड़े धनी-मानी ऊँचे अफसर मिनिस्टर लोग शिष्य है, उनका बड़ा सम्मान है, इस प्रकारकी बड़ाई सुन-सुनकर मस्त रहते हैं एवं व्यक्ति, वस्तु, अवस्था और परिस्थितिके सम्बन्धसे चाहकी पूर्तिके सुखको ही सुख मानते हैं। उनके हृदयमें भी वास्तविक आवश्यकताका अनुभव नहीं होता।

ऐसे लोग जब कहीं बाहर जाते हैं, तब अपने साथियोंको सोनेके लिये पूरी जगह मिले, चाहे न मिले परंतु उनको कम-से-कम एक कमरा स्वतन्त्र चाहिये। उसके लिये फिर नाना प्रकारका दम्भ करते हैं। कहते हैं हमें एकान्त चाहिये। यदि सचमुच एकान्तकी जरूरत हो तो जंगलमे कमी नहीं है। किसी भी वृक्षके नीचे एकान्त मिल सकता है। टूटे-फूटे खंडहरों और जीर्ण मन्दिरोंकी भी कमी नहीं है। परंतु वहाँ आराम कैसे मिले। इस प्रकारका एकान्त उनको नहीं चाहिये।

इसी प्रकार तीर्थयात्रा आदिके बहानेसे जो अपनी शौक पूरी करते है, नाना प्रकारके स्थानोंको, प्रकृतिके सौन्दर्यको और अनेक प्रकारके दृश्योंको देख-देखकर रस लेते रहते हैं, उनको भी तीर्थसेवनका असली फल नहीं मिलता अर्थात् उनका भी चित्त शुद्ध नहीं होता। तीर्थसेवनका अधिकारी वह होता है जो तीर्थस्थानोंमें दिव्य लोकान्तरोंका अनुभव करता है अर्थात् जिसकी तीर्थोंमें भौतिक बुद्धि नहीं है।

मनुष्यकी असली माँग है—ऐसा आनन्द, जिसमें दुःखका मिश्रण न हो; ऐसा जीवन, जिसमे मृत्युका भय न हो; ऐसा रस, जिसमें नीरसताकी गन्ध न हो और ऐसा ज्ञान, जिसमें किसी प्रकारका सदेह न हो।

इस माँगकी पूर्ति तभी हो सकती है जब साधक अपने प्राप्त विवेकका आदर करे, किसी भी वस्तु, व्यक्ति और परिस्थितिके सम्बन्धसे मिलनेवाले सुख-दुःखोंका रस न ले, अपने दोषोंको देखकर उनके होनेके दुःखसे दुखी हो, जबतक चित्त शुद्ध न हो जाय, तबतक चैनसे न रहे।

देह-अभिमानके रहते हुए चाहका अभाव नहीं होता। चाह रहते हुए चित्त शुद्ध नहीं हो सकता। चित्त शुद्ध हुए बिना असली आवश्यकताकी पूर्ति नहीं होती। अतः साधकको चाहिये कि देहाभिमानका त्याग करके चाहसे रहित हो जाय। यही चित्तशुद्धिका उपाय है। चित्त शुद्ध होनेपर स्वतः ही योग, बोध और प्रेमकी प्राप्ति होती है।

मनुष्यको अपने विकासके लिये कुछ-न-कुछ श्रम करते रहना चाहिये। श्रमसे जीवनमें संयम आता है और बेकार रहनेसे विलासिता बढ़ती है।

दुखी मनुष्यको निश्चय करना चाहिये कि जिस भूलके कारण यह दुःख प्राप्त हुआ है उसे नहीं दुहराऊँगा तथा उस प्राप्त दुःखका सदुपयोग करे अर्थात् देहाभिमान और संसारके सम्बन्धको दुःखप्रद समझकर उससे असङ्ग हो जाय।

जो मनुष्य प्राप्त अनुकूल परिस्थितिका दुरुपयोग करता है, उसके जीवनमें प्रतिकूल परिस्थिति अवश्य आ जाती है। अतः साधकको उसका सदुपयोग करना चाहिये।

साधकको विश्वास रखना चाहिये कि जीवन स्वयं अपनी रक्षा करता है। यदि जीवन शेष है तो जीवनके साधन स्वयं प्राप्त हो जायँगे।

परिस्थितिका परिवर्तन होना अनिवार्य है। सदैव एक-सी परिस्थिति नहीं रह सकती। अतः साधकको चाहिये कि जो परिस्थिति सामने है, उसमें मुझे क्या करना है इसपर विचार करे।

हरेक मनुष्यके जीवनमें चरित्रबल और सुख—इन दोनोंका संघर्ष रहता है। जो सुखभोग चाहता है, उसीको आदर देता है, वह चरित्रकी रक्षा नहीं कर सकता। अतः साधकको चाहिये कि वह चरित्रको आदर दे। भारी-से-भारी कठिनाईसे न डरे। उसका सामना करके अपने चरित्रकी रक्षा करे। ऐसा करनेसे साधक कठिनाईसे पार हो सकता है। अतः साधकको चाहिये कि धैर्य रक्खे। कठिनाइयोंसे भयभीत नहीं होना चाहिये। कठिनाईसे ही उन्नतिका मार्ग खुलता है।

चरित्रवान् मनुष्यके कर्म दूसरोंके लिये विधान बन जाते हैं। अर्थात् आदर्श बन जाते हैं। आचरणमें इस प्रकारके सद्भावको ही चरित्रबल कहते हैं।

चरित्रबल, विवेकबल और विश्वासबल—इन तीनोंकी जीवनमें एकता होनेपर अर्थात् जैसा विवेक हो वैसा ही दृढ़ विश्वास हो और उन दोनोंके अनुरूप आचरण हो, तब साधकको वास्तविक सफलता मिलती है।

संसार और शरीरकी अनित्यताको समझकर यह निश्चय कर ले कि शरीरमें मैं नहीं हूँ और संसार मेरा नहीं है। इसका नाम विवेक है। जहाँ विवेकबल होगा वहाँ निर्वासना अवश्य आ जायगी। वासनाके जालमें फँसा हुआ प्राणी ही करने योग्य और न करने योग्य सब प्रकारके आचरण कर लेता है। परंतु जहाँ निर्वासना आ जाती है वहाँ चरित्रबल अपने-आप सुरक्षित रहता है। विवेकशील मनुष्यको किसी प्रकारका भय या प्रलोभन अपने कर्तव्यसे नहीं डिगा सकता। अतः साधकको चाहिये कि कठिनाईसे घबराये नहीं, भयभीत न हो, किंतु विवेकबलसे काम ले और धैर्यपूर्वक कर्तव्यका पालन करे।

संसार सुख और दुःखसे मिला हुआ है। न तो कोई पूर्ण सुखी है और न पूर्ण दुखी है; क्योंकि जो सचमुच पूर्ण दुखी हो जाता है उसके दुःखको तो दुःखहारी भगवान् खा जाते हैं और पूर्ण सुखी वह है जो संसारसे अतीत है। संसारको अनित्य कहनेवाले मनुष्य भी सुखकी प्राप्तिकालमें उसका

उपभोग करते रहते हैं और दुःखकी प्राप्तिमें सुखके पीछे दौड़ते हैं। अतः उन सुखलोलुप मनुष्योंको सुख-दुःखकी वास्तविकताका अनुभव नहीं होता। अतः साधकको चाहिये कि जिसको वह अनित्य समझता है उससे विमुख होकर नित्यके सम्मुख हो जाय। एवं प्राप्त परिस्थितिका सदुपयोग करे, दुरुपयोग न करे।

जब मनुष्य सचमुच संसारसे निराश हो जाता है, उसे संसारसे किसी प्रकारके सुखकी आशा नहीं रहती तब उसका संसारसे वैराग्य हो जाता है। सुखकी लालसामें फँसे हुए प्राणीके जीवनमें वैराग्यका उदय नहीं होता। अतः साधकको अपने मनमें ऐसी भावना करनी चाहिये कि 'हे सुख ! अब मैं कभी तुम्हारे पीछे नहीं दौड़ूँगा। तुमने मेरी बहुत दुर्दशा की है। अब मैं तुम्हारी आशा नहीं करूँगा।'

जबतक मनुष्य संसारसे कुछ लेना चाहता है, उसका दास बना रहता है, तबतक उसके दुःख नहीं मिट सकते। करोड़पति और बड़े-से-बड़ा सम्राट् हो जानेपर भी दुःखोंका अन्त नहीं होता। अतः साधकको चाहिये कि संसारकी चाहको मिटाकर चरित्रबल, विवेकबल और विश्वासबलको दृढ़ करे। चरित्र, विवेक और विश्वासका बल दुःखको मिटा देता है।

भारी-से-भारी कठिनाई सहन करके चरित्रको शुद्ध रखनेसे चरित्रबल बढ़ता है। चरित्रबलमें ही तपका निवास है। इससे उत्तरोत्तर सहनशक्ति बढ़ती है। विवेकबलसे त्यागकी शक्ति बढ़ती है और विश्वाससे समर्पण-भावका उदय होता है। साधकमें ये अवश्य हों। इन तीनोंका होना ही जीवन है। इनके बदलेमें सब प्रकारके सुखोंका त्याग किया जा सकता है। संसारकी बड़ी-से-बड़ी कोई भी वस्तु या कोई भी अधिकार ऐसा नहीं है जो इनके बदलेमें नहीं दिया जा सकता हो। अधिक क्या, शरीरतकको देकर भी इनका पालन करना चाहिये।

चरित्रबलसे विवेकबलका महत्त्व अधिक है। विवेकबलसे भी विश्वासबलका महत्त्व अधिक है; क्योंकि बिना विश्वासके विवेक विकल्परहित नहीं हो पाता और चरित्रमें दृढ़ता नहीं आती। विश्वास दोनोंको सुरक्षित रखता है।

साधकको चाहिये कि मनकी कामनापूर्तिके लिये विश्वास, विवेक और चरित्रबलका प्रयोग न करे। इनकी अमूल्य शक्तिका अनित्य वस्तुओंके लिये व्यय न करे। ईमानदारी और परिश्रमको कभी न छोड़े। सांसारिक वस्तु और व्यक्तियोंका संयोग और वियोग तो होता ही रहेगा। उसका कोई महत्त्व नहीं है।

संसारकी चाह रहते हुए चित्त शुद्ध नहीं होता और बिना चित्तकी निर्मलताके दुःख नहीं मिट सकता। अतः सुखभोगकी इच्छाका त्याग अनिवार्य है। परंतु साधारण मनुष्योंको इसका त्याग मृत्युके तुल्य प्रतीत होता है।

धर्मके विश्वाससे ही चरित्रबल सुरक्षित रहता है। उसके बिना वह नहीं रह सकता। संसारकी असलियतको समझ लेनेपर विवेकबलकी प्राप्ति होती है, किंतु धर्म और विवेक भी ईश्वरविश्वाससे ही पुष्ट होते हैं और सुरक्षित रह सकते हैं। हरेक परिस्थितिमें ईश्वर-विश्वास ही काम करता है। उसीके बलपर मनुष्य अपने लक्ष्यतक पहुँच सकता है।

सांसारिक व्यक्तियोंका विश्वास बड़ा भयानक सिद्ध हुआ है। इनपर विश्वास करके मनुष्य बहुत धोखेमें आ जाता है। अधिक क्या, साधकको तो अपने शरीर, मन और बुद्धिपर भी विश्वास नहीं करना चाहिये। विश्वासके योग्य तो एकमात्र ईश्वर ही है।

व्यक्तियोंपर विश्वास न करनेका यह मतलब नहीं है कि साधक उनके दोषोंको देखे या उनको बुरा समझे, ऐसा कहीं नहीं होना चाहिये। किसीको भी बुरा नहीं समझना चाहिये, परंतु किसी कर्तव्यके लिये उनपर निर्भर नहीं रहना चाहिये।

जबतक मनुष्य संसारपर विश्वास करता है उसको अपना मानता रहता है, तबतक वह खतरेसे खाली नहीं है। संसारकी सब चीजें धोखा देती हैं। शरीर, बुद्धि, धन और कुटुम्बी आदि जो कुछ मिला है वह अवश्य छूट जायगा। अतः कामनापूर्तिके लिये ईश्वरविश्वासका उपयोग करना भूल है।

ईश्वरविश्वास तो साधकका जीवन होना चाहिये। उसके बिना और कोई भी अपना नहीं है। और किसीसे साधकका काम नहीं चलेगा। ईश्वरविश्वास-पूर्वक भोगवासनाके त्यागसे ही दुःख दूर होता है। अतः भगवान्‌पर निर्भर होकर साधकको चरित्रबलकी रक्षाके लिये बड़े-से-बड़े दुःखको उत्साहपूर्वक सहन कर लेना चाहिये।

प्राप्त वस्तुओंमें आसक्ति और अप्राप्तका चिन्तन—यही सुखकी लोलुपता और दरिद्रता अर्थात् अभाव है। इसके रहते हुए दुःख नहीं मिट सकता। दुःख मिटनेके लिये निर्लोभी, निर्मोही और अभिमानरहित होना आवश्यक है। जो कि ईश्वरपर निर्भर होनेसे ही सहज है।

दुःख मनुष्यको दुःखहारीसे मिलानेके लिये आता है। अतः वह जबतक दुःखहारीसे मिला नहीं देता तबतक जाता नहीं। सुखकी लोलुपताका नाम दुःख नहीं है। यह तो होते और मिटते रहनेवाला है। असली दुःख तो भगवान्‌की कृपाका फल है जो कि उनसे मिलाकर ही छोड़ता है।

साधकको कामनापूर्तिकी आशा छोड़कर ईश्वरपर निर्भर होना चाहिये। कामनाका नाश करनेके लिये ईश्वरका खूब भजन करना चाहिये। ईश्वरविश्वासके बिना विवेकबल और चरित्र-बल कुछ नहीं टिक सकता। अतः साधकको दृढ़ निश्चय रखना चाहिये कि ईश्वर मुझे जिस स्थितिमें रक्खेगा, उसीमें मैं प्रसन्न रहूँगा। उसकी प्रसन्नता ही मेरी प्रसन्नता है।

सुखका सदुपयोग करनेवालेको कभी दुःख नहीं मिलता। सुखका सदुपयोग करनेवालेको आनन्द अवश्य मिल जाता है। कामनाकी निवृत्तिसे जिज्ञासाकी पूर्ति होती है। भगवान्‌की आज्ञा ही कर्म है।

ईश्वरभक्तके सामने पहाड़के समान कार्य आवे तो भी उसे बोझा मालूम नहीं होता। जिसका काम है वह जाने, भक्त तो भगवान्‌का सिपाही है। आज्ञाका पालन करना यही एकमात्र उसका उद्देश्य है। शक्ति और सामग्री तो सब उसकी है। फिर भक्तको बोझा क्यों मालूम दे। भोगोंकी दासतासे रहित होना ही वैराग्यका स्वरूप है। साधकको चाहिये कि सुख-दुःखके सदुपयोगको न भूलें। मनमें किसी प्रकारकी चिन्ता, विलाप और भय न रहे। मन विश्वाससे भरा हो, हृदय प्रीतिसे भरा हो, बुद्धिमें भगवान्‌की महिमा भरपूर हो।

याचना

प्राण बन जिसमें समाये सदा तुम रहो
धन्य वह जीवन हमें हे प्राणधन ! दो,
स्पर्शसे तुम्हारे रोम-रोम जिसका हो खिला
अर्पित तुम्हारे चरणोंमें वही तन दो।
प्यास तुम्हें जिसकी पपीहे-सी बनी ही रहे
श्याम ! वह स्वाती-सा सरस प्रेमघन दो,
मीन-सा सलिलमें विलीन जो तुम्हींमें रहे
मोहन ! हमें भी गोपियों-सा वही मन दो ॥

—पाण्डेय रामनारायणदत्त शास्त्री 'राम'

भक्तिसहित निष्काम कर्मयोगसे भगवत्प्राप्ति

(लेखक—श्रीजयदयालजी गोयन्दका)

साधकके लिये आत्मोद्धारके दो मार्ग हैं—प्रवृत्ति-मार्ग और निवृत्तिमार्ग। प्रवृत्तिमार्गका अभिप्राय यह है कि साधक चेष्टा करता हुआ, कर्म करता हुआ मुक्त हो जाय, जैसे जनकादि और निवृत्तिमार्गका अभिप्राय यह कि साधक कर्मोंका त्याग करके मुक्त हो, जैसे सनकादि। यह नहीं समझना चाहिये कि केवल संन्यास-आश्रम ही निवृत्तिमार्ग है। संन्यास-आश्रम निवृत्तिमार्ग है, यह तो ठीक है ही; किंतु गृहस्थाश्रममें भी मनुष्य प्रवृत्ति और निवृत्ति—दोनों मार्गोंके अनुसार चल सकता है। गृहस्थाश्रममें निवृत्तिमार्गके अनुसार चलनेका अर्थ है—वानप्रस्थकी भाँति जंगलमें एकान्तमें गिरि-गुहाओंमें रहना तथा सांसारिक, सामाजिक, व्यावहारिक आदि कर्मोंसे उपरत होकर भगवान्‌का भजन-ध्यान, सत्सङ्ग-स्वाध्याय करना और ज्ञान-वैराग्यमें मग्न होकर अपना समय बिताना। पर भोजन-वस्त्र आदि जीवननिर्वाहके साधन अपने घरवालोंके सिवा दूसरोंसे ग्रहण न करना। यह निवृत्तिमार्गके तुल्य है। इस प्रकार निवृत्तिमार्गका पालन गृहस्थ भी कर सकता है; यह प्रवृत्तिमें ही निवृत्ति है।

किंतु यदि कोई संन्यासी होकर प्रवृत्तिमार्गका विस्तार करता है तो वह निवृत्तिमें प्रवृत्ति है और वह पतन करनेवाली है। साधु-संन्यासी होकर कञ्चन-कामिनीके साथ किसी भी प्रकारका सम्बन्ध जोड़ना, सम्पर्क रखना अर्थात् स्त्री और धनको रखना या स्त्रीसे शरीरकी सेवा कराना उसके लिये कलङ्क है; क्योंकि स्त्री और रुपयोंके संस्पर्शसे या इनमें प्रेम करनेसे संन्यासी नरकमें जाता है। श्रीस्कन्दपुराणमें बतलाया है—

वराटके संगृहीते यत्र तत्र दिने दिने।
गोसहस्रवधं पापं श्रुतिरेषा सनातनी॥
हृदि सस्नेहभावेन चेद् द्रक्ष्येत् स्त्रियमेकदा।
कोटिद्वयं ब्रह्मकल्पं कुम्भीपाकी न संशयः॥

(काशी० पूर्वार्ध० ४१। २५—२७)

'संन्यासी यदि प्रतिदिन कौड़ी-कौड़ी भर भी जहाँ-तहाँसे धन संग्रह करे तो उसे एक सहस्र गौओंके वधका पाप लगता है,—यह सनातन श्रुति है। यदि एक दिन भी वह हृदयमें स्नेहभावसे (आसक्तिपूर्वक) किसी स्त्रीको देख ले तो उसे दो करोड़ ब्रह्मकल्पोंतक कुम्भीपाक नरकमें निवास करना पड़ता है, इसमें संशय नहीं।' संन्यासीका धर्म बहुत ही कठिन है और साधु-संन्यासी होकर अपने लिये इमारतें बनवाना, चेलियाँ बनाकर उनके साथ एकान्तवास करना और गृहस्थोंकी भाँति ही व्यापारादि प्रवृत्तिमार्गका विस्तार करना महान् अनुचित है।

गृहस्थाश्रममें मनुष्यकी अवस्था जब पचास वर्षसे अधिक हो जाय तो शास्त्र कहते हैं कि उसे गृहस्थाश्रमसे पृथक् हो वनमें जाकर वानप्रस्थाश्रमका सेवन करना चाहिये। स्त्रीकी इच्छा हो तो वह उसे भी अपने साथ रख सकता है, किंतु दम्पतिको सदा संयमपूर्वक रहना होगा, वनमें रहकर दोनोंको तपस्या करनी होगी एवं अपने कल्याणके लिये शास्त्रानुकूल साधन करना पड़ेगा। ग्रीष्मकालमें चार महीने पञ्चाग्नि तपना यानी पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण चारों ओर अग्नि जलाकर, उसके बीचमें बैठकर सूर्यके तापका सेवन करना, वर्षाकालमें चार महीने आवरणरहित खुली जगहमें बैठकर वर्षाका सेवन करना, शीतकालमें चार महीने जलाशयमें गलेके नीचेतक जलमें रहना या गीले वस्त्र धारण करना और रात्रिके समय स्त्री-पुरुष दोनोंका ब्रह्मचर्यके पालनपूर्वक अपने बीचमें किसी प्रकारका

व्यवधान रखकर अलग-अलग भूमिपर सोना—इत्यादि ये वानप्रस्थ-आश्रमके धर्म बतलाये गये हैं। मनुस्मृतिमें लिखा है—

ग्रीष्मे पञ्चतपास्तु स्याद् वर्षास्वभ्रावकाशिकः।
आर्द्रवासास्तु हैमन्ते क्रमशो वर्धयंस्तपः॥
उपस्पृशंस्त्रिषवणं पितॄन्देवांश्च तर्पयेत्।
तपश्चरंश्चोग्रतरं शोषयेद् देहमात्मनः॥
(६। २३-२४)

'अपने तपको क्रमसे बढ़ाता हुआ वानप्रस्थी ग्रीष्म-ऋतुमें पञ्चाग्निमें तप करे, वर्षाऋतुमें आवरणरहित मैदानमें बैठा रहे और हेमन्त (जाड़ेकी) ऋतुमें गीले वस्त्र धारण करे। तीनों काल स्नान करके पितर और देवताओंका तर्पण करे तथा कठोर तपस्या करके अपने शरीरको सुखावे।'

अप्रयत्नः सुखार्थेषु ब्रह्मचारी धराशयः।
शरणेष्वममश्चैव वृक्षमूलनिकेतनः॥
(६। २५)

'सुख देनेवाले विषयोंमें लिप्त होनेका प्रयत्न न करे, ब्रह्मचारी रहे, भूमिपर सोये, निवासस्थानसे ममता न करे और वृक्षकी जड़में निवास करे।'

उपर्युक्त वानप्रस्थ-आश्रमके धर्मोंका पालन करना भी इस समय संन्यास-आश्रमकी तरह बहुत ही कठिन है। इसलिये आजकल इस कलिकालमें वानप्रस्थ-आश्रमको ग्रहण न करके गृहस्थाश्रममें रहते हुए ही जो उपर्युक्त प्रकारसे निवृत्तकी ज्यों रहता है और भगवान्‌की भक्ति करता है तो उसका कल्याण हो सकता है; क्योंकि परमात्माकी प्राप्तिमें मनुष्यमात्रका अधिकार है। पुरुष, स्त्री, बालक, वृद्ध, ब्रह्मचारी, गृहस्थ, वानप्रस्थ, संन्यासी, इसी प्रकार गृहस्थमें ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र और चाण्डाल—सभी भगवान्‌को प्राप्त कर सकते हैं। भगवान्‌ने गीता नवम अध्यायके ३२ वें श्लोकमें यह स्पष्ट कहा है—

मां हि पार्थ व्यपाश्रित्य येऽपि स्युः पापयोनयः।
स्त्रियो वैश्यास्तथा शूद्रास्तेऽपि यान्ति परां गतिम्॥

'हे अर्जुन! स्त्री, वैश्य, शूद्र तथा पापयोनि—चाण्डालादि जो कोई भी हों, वे भी मेरे शरण होकर परमगतिको ही प्राप्त होते हैं।'

इससे यह बात सिद्ध हो जाती है कि भगवान्‌की शरणागतिमें, भगवान्‌की प्राप्तिमें मनुष्यमात्रका अधिकार है। ब्राह्मण, क्षत्रिय उत्तम वर्णोंके लिये तो और भी विशेषता है। स्वयं भगवान् कहते हैं—

किं पुनर्ब्राह्मणाः पुण्या भक्ता राजर्षयस्तथा।
अनित्यमसुखं लोकमिमं प्राप्य भजस्व माम्॥
(गीता ९। ३३)

'फिर इसमें कहना ही क्या है, जो पुण्यशील ब्राह्मण तथा राजर्षि भक्तजन मेरे शरण होकर परमगतिको प्राप्त होते हैं। इसलिये तू सुखरहित और क्षणभङ्गुर इस मनुष्यशरीरको प्राप्त होकर निरन्तर मेरा ही भजन कर।'

इन शब्दोंसे उनकी विशेषता सिद्ध होती है। इससे यह बात भी सिद्ध हो गयी कि गृहस्थाश्रममें, प्रवृत्तिमार्गमें रहनेपर भी मनुष्यका भगवान्‌की भक्तिके प्रभावसे कल्याण हो सकता है। इसी प्रकार प्रवृत्तिमार्गमें रहकर कर्मयोगसे भी कल्याण हो सकता है। भगवान्‌ने कहा है—

अनाश्रितः कर्मफलं कार्यं कर्म करोति यः।
स संन्यासी च योगी च न निरग्निर्न चाक्रियः॥
(गीता ६। १)

'जो पुरुष कर्मफलका आश्रय न लेकर करने योग्य कर्म करता है, वह संन्यासी तथा योगी है और केवल अग्निका त्याग करनेवाला संन्यासी नहीं है तथा केवल क्रियाओंका त्याग करनेवाला योगी नहीं है।'

यदि कोई पूछें कि 'एक व्यापारी वैश्य अपनी दूकानका काम करता है तो उस भाईको किस प्रकार

* श्रीहरिः *

कल्याणके अठारहवें वर्षका विशेषाङ्क

संक्षिप्त वाल्मीकीय रामायणाङ्क

पृष्ठ-संख्या ५३६, रेखाचित्र १३७ (फरमोंमें), सुन्दर बहुरंगे चित्र १४, इकरंगे हाफटोन सुन्दर चित्र ११, मूल्य ५॥), मजिल्द ६॥), डाकखर्च हमारा ।

इस अङ्कमें वाल्मीकीय रामायणके सातों काण्डोंका संक्षिप्त अनुवाद तथा कतिपय सुप्रसिद्ध विद्वानोंके रामायण-सम्बन्धी लेख हैं । वाल्मीकीय रामायण उच्चकोटिका महाकाव्य होनेके साथ ही भगवान् श्रीरामचन्द्रजीकी अवतार-लीलाका सच्चा इतिहास है । यह सामाजिक, नैतिक एवं धार्मिक शिक्षाओंका भण्डार है । इसमें आदर्श पातिव्रत्य, अनुपम भ्रातृप्रेम और त्याग, अपूर्व वात्सल्य-प्रेम, महान् सौजन्य, अनुकरणीय पितृभक्ति, अतुलनीय स्वामिभक्ति, असाधारण न्यायप्रियता और यथायोग्य वर्तावं—सभी विषयोंका साङ्गोपाङ्ग वर्णन है । बहुत दिनोंसे इसके पुनर्मुद्रणके लिये ग्राहकोंका आग्रह था, पर अनेक कारणोंसे यह कार्य अबतक न हो सका । आशा है कि अब लोग इससे लाभ उठा सकेंगे ।

'कल्याण'के अन्य प्राप्य विशेषाङ्क

१३ वें वर्षका **मानसाङ्क (पूरे चित्रोंसहित)**—पृष्ठ ९४४, चित्र बहुरंगे सुनहरी ८, दुरंगे सुनहरी ४, तिरंगे ४६, इकरंगे १२०, मूल्य ६॥), मजिल्द ७॥) ।

१७ वें वर्षका **संक्षिप्त महाभारताङ्क**—पूरी फाइल दो जिल्दोंमें (मजिल्द) । —पृष्ठ-संख्या १९१८, तिरंगे चित्र १२, इकरंगे लाइन चित्र ९७५ (फरमोंमें), मूल्य दोनों जिल्दोंका १०) ।

२२ वें वर्षका **नारी-अङ्क**—पृष्ठ-संख्या ८००, चित्र २ सुनहरी, ९ रंगीन, ४४ इकरंगे तथा १०८ लाइन, मूल्य ६॥), मजिल्द ७।॥) मात्र ।

२४ वें वर्षका **हिंदू-संस्कृति-अङ्क**—पृष्ठ ९०४, लेख-संख्या ३४४, कविता ४६, संगृहीत २९, चित्र २४८, मूल्य ६॥), साथमें अङ्क २-३ बिना मूल्य, पाँच प्रतियाँ एक साथ लेनेपर १५) प्रतिशत कमीशन ।

२६ वें वर्षका **भक्त-चरितांक**—पूरी फाइल, पृष्ठ १५१२, लेख-संख्या ७३९, तिरंगे चित्र ३६ तथा इकरंगे चित्र २०१, मूल्य ७॥) मात्र ।

२७ वें वर्षका **बालक-अङ्क**—पृष्ठ-संख्या ८१६, तिरंगे तथा सादे बहुसंख्यक चित्र, मूल्य ७॥) ।

२८ वें वर्षका **संक्षिप्त नारद-विष्णुपुराणाङ्क**—पूरी फाइल, पृष्ठ-संख्या १५२४, चित्र तिरंगे ३१, इकरंगे लाइन १९१ (फरमोंमें), मूल्य ७॥), मजिल्दका ८॥) ।

२९ वें वर्षका **संत-वाणी-अङ्क**—पृष्ठ-संख्या ८००, चित्र सुनहरे ४, बहुरंगे १६, दुरंगे २२, सादे ४२, कुल ८४ तथा संतोंके चित्र १४० (फरमोंमें , मूल्य ७॥ , सन् १९५५ के ग्राहकोंको वार्षिक मूल्य ७॥) में ही ग्यारह अङ्कोंसहित यह विशेषाङ्क मिलेगा ।

व्यवस्थापक—**'कल्याण', पो० गीताप्रेस (गोरखपुर)**

सटीक सूरसागरका खण्डशः प्रकाशन

सूर-विनय-पत्रिका (सरल भावार्थसहित)

आकार डबल क्राउन सोलहपेजी, पृष्ठ-संख्या ३२८, श्रीसूरदासजीका प्राचीन तिरंगा चित्र, सुन्दर मुखपृष्ठ, मूल्य ॥।=), सजिल्द १।), डाकखर्च ॥।-)

श्रीसूरसागरके उपलब्ध पदोंमेंसे चुने हुए एक-एक विषयके पदोंके संग्रह सरल भावार्थके साथ छापनेकी योजना बनायी गयी है। ऐसे नौ संग्रह प्रकाशित करनेका विचार है, जिनमें पहलेमें 'विनय'के पद, दूसरेमें 'रामचरित' तथा शेष सात संग्रह 'भगवान् श्रीकृष्णकी लीला'के होंगे।

यह 'सूर-विनय-पत्रिका' पहला संग्रह है, इसमें वैराग्य, संसारकी अनित्यता, विनय, प्रबोध तथा चेतावनीके ३०९ पद हैं। परिशिष्टके १७ पृष्ठोंमें 'पदोंमें आये हुए मुख्य कथा-प्रसङ्ग' दिये गये हैं। ग्रन्थके प्रारम्भमें अकारादि-क्रमसे पद-सूची दे दी गयी है।

तीन नयी पुस्तकें और

सच्चे और ईमानदार बालक

आकार ५×७॥, पृष्ठ-संख्या ७६, सुन्दर तिरंगा मुखपृष्ठ, मूल्य ।), डाकखर्च अलग।

इसमें सत्यकी खोजमें बालक सुकरात, सत्यवादी तथा परदुःखकातर बालक नेपोलियन, बालक गोखलेकी ईमानदारी, बालक रानाडेकी खेलमें भी ईमानदारी, बालिका विक्टोरियाकी सचाई, बालिका हेलेन वाकरकी सत्यनिष्ठा, वीरेश्वर मुखोपाध्यायकी ईमानदारी, बालक वाशिंगटनकी परोपकारप्रियता, बालक चार्लीकी सचाई, सत्यवादी बालक अब्दुल कादिर आदि-आदि अनेक सच्चे और ईमानदार बालकोंके जीवनकी आदर्श सच्ची घटनाओंका सचित्र वर्णन है।

श्रीहनुमान-चालीसा

आकार २२×२९ बत्तीसपेजी, पृष्ठ-संख्या ३२, आटपेपरपर छपा सुन्दर तिरंगा चित्र, मूल्य -), डाकखर्च अलग।

इसमें श्रीहनुमान-चालीसा, संकटमोचन हनुमानाष्टक, हनुमत्-स्तवन, हनुमान्‌जीकी आरती, राम-वन्दना, राम-स्तुति, रामावतार तथा शिवपञ्चाक्षर-स्तोत्र भी दिया गया है। ये सभी चीजें नित्य पाठ करनेकी हैं।

श्रीमद्भागवतान्तर्गत

एकादश स्कन्ध (सटीक, सचित्र)

आकार २०×३० सोलहपेजी, पृष्ठ-संख्या ४४८, सुन्दर तिरंगा चित्र, मू० १), सजिल्द १।=), डाकखर्च ॥।=)

इसका दूसरा संस्करण १८ साल पहले छपा था जो शीघ्र समाप्त हो गया। अब यह तीसरा नया संस्करण स्वामीजी श्रीअखण्डानन्दजीद्वारा की हुई हिंदी-टीकासहित प्रकाशित किया गया है।

इसमें पूर्णपुरुषोत्तम भगवान् श्रीकृष्णके परमानन्द और परम शान्ति प्रदान करनेवाले उपदेशोंका वर्णन है, जो उन्होंने भक्तप्रवर सखा उद्धवजीको दिये हैं। इसके अतिरिक्त नौ योगेश्वरोंका संवाद और अवधूतके चौबीस गुरुओंका वर्णन भी बड़ा ही उपदेशपूर्ण है।

चारों पुस्तकोंका मूल्य २॥) डाकखर्च १।-) कुल ३॥) व्यवस्थापक—गीताप्रेस, पो० गीताप्रेस (गोरखपुर)

HYDERABA

कल्याण

12 MAY 1955



नाकोबिहारी

वर्ष २९
अङ्क ५

हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे। हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे ॥
जयति शिवा-शिव जानकि-राम। जय रघुनन्दन जय सियाराम ॥
रघुपति राघव राजाराम। पतितपावन सीताराम ॥
जय जय दुर्गा जय मा तारा। जय गणेश जय शुभ-आगारा ॥

विषय-सूची

कल्याण, सौर ज्येष्ठ २०१२, मई १९५५

विषय	पृष्ठ-संख्या
१—सीताकी चिन्ता और धनुष-भंग [कविता] (श्रीसूरदासजी)	९९३
२—कल्याण ('शिव')	९९४
३—एक महात्माका प्रसाद	९९५
४—याचना [कविता] (पाण्डेय प० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री 'राम')	१००२
५—भक्तिसहित निष्काम कर्मयोगसे भगवत्-प्राप्ति (श्रीजयदयालजी गोयन्दका)	१००३
६—प्रार्थना (डा० मुंशीरामजी शर्मा, एम्० ए०, पी-एच्० डी०)	१०११
७—नीच कौन है ? (संकलित)	१०११
८—श्रीकृष्णलीलाका चिन्तन	१०१२
९—युगल-छवि [कविता] ('सुकवि')	१०१६
१० यह कैसा समाजवाद है ? (आचार्य श्रीनरदेवजी शास्त्री, वेदतीर्थ)	१०१७
११—'दर्शन' का दर्शन (श्रीलक्ष्मी-नारायणजी दुबे)	१०१९
१२—भीतर देखिये (साधुवेशमें एक पथिक)	१०२१
१३—सत्यवती [कविता] (श्रीहनुमान-प्रसादजी गोयल 'ललाम')	१०२२
१४—जब अपवित्र विचार घेरते हैं ? (श्री-कृष्णदत्तजी भट्ट)	१०२३
१५—विश्वनाथ [कविता] (प्रपक्—महात्मा जय गोरीशंकर सीतारामजी)	१०२७
१६—महर्षि चाक्रायणकी अन्तर्दृष्टि (श्री-दीनानाथजी सिद्धान्तालंकार)	१०२८
१७—परम वाक्य (प० श्रीसरजूचन्दजी सत्यप्रेमी 'डोंगीजी')	१०३०
१८—यह विनती रघुवीर गोसाईं (प० श्रीजानकीनाथजी शर्मा)	१०३०
१९—धीरे-धीरे (श्रीमती वेदान्ती महर्षि)	१०३३
२०—अहिंसाकी विजय (स्वामी श्रीपारस नाथजी)	१०३५
२१ दैवी घटना (श्रीवल्लभदासजी विज्ञानी 'व्रजेश' साहित्यालंकार)	१०३७
२२—अभिमान मत करो [कविता] (श्रीगिरिधरदासजी)	१०३९
२३—मानवताकी अभिवृद्धिके उपाय (प्रो० श्रीरामचरणजी महेन्द्र, एम्० ए०)	१०४०
२४—सीताराम-सीताराम कहुरे [कविता] (भक्त श्रीदीनानाथजी)	१०४३
२५—विचार-मुक्ता (श्रीसेठ मोतीलाल-माणिकचन्द (प्रतापसेठ) जी)	१०४४
२६—शरण या कृपा [कहानी] (श्रीचक्र')	१०४५
२७ भारतके उपराष्ट्रपति भारतरत्न डा० एस० राधाकृष्णनका दीक्षान्त-भाषण	१०४८
२८—इसकी अनर्थपूर्ण अर्थ व्यवस्था	१०५०

चित्र-सूची

तिरंगा

१ रामलीला—गुरुसेवासे विवाहतक	९९३

वार्षिक मूल्य
भारतमें ७॥)
विदेशमें १०)
(१५शिलिंग)

जय पावक रवि चन्द्र जयति जय। सत चित आनँद भूमा जय जय ॥
जय जय विश्वरूप हरि जय। जय हर अखिलात्मन् जय जय ॥
जय विराट जय जगत्पते। गौरीपति जय रमापते ॥

साधारण प्रति
भारतमें ।≡)
विदेशमें ॥-)
(१० पेंस)

सम्पादक—हनुमानप्रसाद पोद्दार, चिम्मनलाल गोस्वामी, एम्० ए०, शास्त्री
मुद्रक-प्रकाशक—घनश्यामदास जालान, गीताप्रेस, गोरखपुर

कल्याण

गुरुपद-सेवक लक्ष्मण-राम

फुलवारीमें सीता-राम



शिवधनु-भंजक रघुपति राम

दुलही सीता दूल्हा राम

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते । पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥



स्मृतापि तरुणातपं करुणया हरन्ती नृणाममङ्गुरतनुत्विषां वलयिता शतैर्विद्युताम् ।
कलिन्दगिरिनन्दिनीतटसुरद्रुमालम्बिनी मदीयमतिचुम्बिनी भवतु कापि कादम्बिनी ॥

(पण्डितराज जगन्नाथ)

वर्ष २९ | गोरखपुर, सौर ज्येष्ठ २०१२, मई १९५५ | संख्या ५ पूर्ण संख्या ३४२

सीताकी चिन्ता और धनुष-भंग

चितै रघुनाथ-बदनकी ओर ।
रघुपति सौं अब नेम हमारौ, बिधि सौं करति निहोर ॥
यह अति दुसह पिनाक पिता-प्रन, राघव बयस किसोर ।
इन पै दीरघ धनुष चढ़ै क्यों, सखि ! यह संसय मोर ॥
सिय-अंदेस जानि सूरज-प्रभु, लियौ करज की कोर ।
टूटत धनु नृप लुके जहाँ-तहँ, ज्यौं तारागन भोर ॥

—श्रीसूरदासजी

कल्याण

याद रक्खो—जबतक शरीर, नाम और संसारके प्राणिपदार्थोंमें 'अहंता' और 'ममता'—'मैं' और 'मेरा'पन है, तबतक तुम कभी सुखी नहीं हो सकते; क्योंकि शरीर, नाम तथा संसारके प्राणिपदार्थ सभी अपूर्ण हैं और क्षणभङ्गुर हैं एवं अपूर्ण तथा क्षणभङ्गुर वस्तुसे कभी सुखकी प्राप्ति नहीं हो सकती। उसमे अपूर्णताको पूर्ण करनेकी वासना तथा प्राप्त वस्तुके विनाशकी आशङ्काका दुःख नित्य बना रहता है।

याद रक्खो—जबतक शरीरमें 'मैं'पन तथा संसारके प्राणिपदार्थोंमें 'मेरा'पन है, तबतक तुम्हारी मलिन दीनता और तुम्हारा मलिन अभिमान—दोनों ही सदा तुम्हारे अंदर रहेंगे और तुम्हें अशान्त तथा दुखी बनाते रहेंगे। जैसे महान् आकाशमें दीवाल तथा छत बन जानेसे आकाशका वह घिरा हुआ अंश कोई कमरा बन जाता है और वह किसीसे छोटा तथा किसीसे बड़ा हो जाता है; जहाँ छोटा है वहाँ उसमें अपनेको छोटा मानकर दूसरे बड़ोंके सामने दीन होना पड़ता है और जहाँ बड़ा है वहाँ उसमें अपनेको दूसरोंसे बड़ा मानकर अभिमान आ जाता है। संसारके प्राणिपदार्थ भी, चाहे कितने ही किसीकी 'ममता' की वस्तु बने हुए हों, वे दूसरोंसे किसीसे कम और किसीसे अधिक होंगे ही। इसलिये उनको लेकर भी दीनता और अभिमान बने रहेंगे, जो हीनता, ईर्ष्या, द्वेष, मद, गर्व, परापमान, पर-निन्दाके रूपमें परिणत होते हुए नये-नये दुःखोंको उत्पन्न करते रहेंगे।

याद रक्खो—जबतक शरीरमें अहंता और प्राणि-पदार्थोंमें ममता है, तबतक संसारके बन्धनसे कभी मुक्ति नहीं मिलेगी। नये-नये शरीरोंकी प्राप्ति और ममताकी वस्तुओंका संयोग-वियोग बना ही रहेगा और इसलिये तुम आत्यन्तिक सुखसे सदा वञ्चित ही रहोगे।

याद रक्खो—दुःखोंके आत्यन्तिक नाश तथा नित्य और आत्यन्तिक अभिन्न ब्रह्म-सुखका साक्षात्कार करनेके लिये तुमको मानव-शरीर मिला है, इससे अवसर रहते ही लाभ उठाना चाहिये। इसलिये तुम या तो शरीरको जड, उपाधिरूप, अनित्य, विनाशी और असत् मानकर उसमेसे 'मै'पन हटा लो और प्राणिपदार्थोंको माया-कल्पित, स्वप्नदृश्यके सदृश मानकर ममताका आधार ही नष्ट कर दो। 'अहं'को नित्य, सत्य, सहज, अविनाशी, त्रिकालाबाधित, परम तत्त्व आत्मामें या ब्रह्ममें स्थापित कर दो, जैसे कमरेका छोटा आकाश—अपने पृथक् तथा छोटेपनके मिथ्या ज्ञानको हटाकर विचारके द्वारा महाकाशमें अहंताका सत्य साक्षात्कार कर उसमें एकत्वको प्राप्त हो जाता है। वैसे ही तुम भी अपने पृथक् जीवभावका आधार मिथ्याज्ञान मानकर उससे छूट जाओ और सदा अभिन्न एकमात्र नित्य शुद्ध-बुद्ध-आत्मस्वरूपमें स्थित हो जाओ और संसारके तमाम प्राणिपदार्थोंका भी उसी स्वरूपमें साक्षात्कार करो। ऐसा होनेपर तुम मिथ्या अहंता-ममतासे मुक्त होकर अपने नित्य सत्य स्वरूपभूत पूर्ण, अखण्ड, असीम, ज्ञान और चेतनस्वरूप आत्मानन्दका साक्षात्कार कर सकोगे—स्वयं अपने सच्चिदानन्दस्वरूपमें स्वरूपभूत बन जाओगे।

याद रक्खो—इसी प्रकार तुम अपनी अहंताको भगवान्‌के अनन्य दासत्वमें और ममताको एकमात्र भगवान्‌के मङ्गलमय चरणारविन्दमें केन्द्रित करके कृतार्थ हो जाओ। यह निश्चय कर लो कि एकमात्र भगवान् तुम्हारे नित्य सत्य सुहृद् स्वामी हैं, उनके मधुर मनोहर चरण-सरोज ही एकमात्र तुम्हारी ममताके वस्तु हैं और उनका बिना किसी बदलेकी इच्छाके, बिना किसी शर्तके सहज सोल्लास उनका सेवन ही तुम्हारे जीवनका स्वभाव है। ऐसा कर सकोगे तो अपूर्ण तथा विनाशी

शरीर, नाम एवं प्राणिपदार्थोंसे परे नित्य-सत्य-पूर्ण-अनन्त-सुखमय भगवान्‌का सेवन करनेसे तुम आत्यन्तिक सुखको प्राप्त कर सकोगे ।

याद रक्खो—फिर तुम्हारी सांसारिक वस्तुओंके अभावसे उत्पन्न मलिन दीनता नष्ट हो जायगी और क्षणभङ्गुर पदार्थोंकी प्राप्तिसे उत्पन्न मलिन अभिमान मिट जायगा । तुम्हारे अंदर दिव्य दैन्यका प्रादुर्भाव होगा, जो तुमको सर्वथा अकिञ्चन बनाकर भगवान्‌का प्रिय बना देगा और वह दिव्य अभिमान प्रकट हो जायगा, जो तुम्हें भौतिक जरा-मरणसे मुक्त करके अपने परम सुहृद् सेवकवत्सल सर्वलोकमहेश्वर भगवान्‌के सेवकके—पार्षदके पदपर नित्य प्रतिष्ठित कर रक्खेगा ।

'शिव'

एक महात्माका प्रसाद

[गताङ्क पृष्ठ ९३५ से आगे]

(४२)

चित्तकी शुद्धिके प्रसङ्गमें क्षमा माँगने तथा करनेकी बात पहले कही गयी थी । अबकी बार यह कहना है कि मनुष्यको अपना दोष स्वीकार करनेमें और क्षमा माँगनेमें संकोच क्यों होता है । विचार करनेसे मालूम होगा कि उसको दोषी बने रहनेमें उतना दुःख नहीं है जितना कि दोषी कहलानेमें है । वह चाहता है कि लोग मुझे अच्छा आदमी समझते रहें, मेरे दोष प्रकट न हों, छिपे रहें । इस भावनासे दोषोंका पोषण होता रहता है और अन्तःकरण शुद्ध नहीं होता ।

प्रायः देखा जाता है कि कोई हितचिन्तक मित्र, माता, पिता और गुरु भी किसीका कोई दोष बतलाते हैं तो स्वीकार करना तो दूर रहा, झुँझलाकर उसकी सफाई देने लग जाता है । अपने दोषको छिपानेके लिये अनेक प्रकारके नये दोष उत्पन्न कर लेता है । यहाँतक कह देता है कि 'जब अपनेपर आती है, तब मालूम पड़ता है । दूसरेको समझाना सहज है । यदि तुम मेरी स्थितिमें होते तो तुम भी ऐसा ही करते' इत्यादि । यही कारण है कि जो मनुष्य अनेक वर्षोंसे सत्सङ्ग करते हैं, वे भी आजतक अपने चित्तको शुद्ध नहीं बना सके ।

अतः साधकको चाहिये कि अपने चित्तके दोषोंको देखकर दुखी हो और दोषी कहलानेसे न डरे । एवं निर्दोष बननेकी कोशिश करे और निर्दोषताकी ख्यातिका रस न ले; क्योंकि निर्दोषताकी ख्यातिका रस मनुष्यका चित्त शुद्ध नहीं होने देता अर्थात् उसको निर्दोष नहीं बनने देता । अतः यदि कोई अपना दोष बतलाये तो क्षुब्ध न होकर उसे अपना हितैषी मानना चाहिये और उसकी बात सुनकर सफाई देनेकी कोशिश न करके अपने दोषोंको सूक्ष्मदृष्टिसे देखना चाहिये तथा उनको मिटा देना चाहिये । दोषोंका मिटाना कठिन नहीं है; क्योंकि दोष प्राणीमें स्वाभाविक नहीं है, उसके प्रमादसे उत्पन्न हुए हैं ।

जो लोग यह सोचते हैं कि 'दोष किसमें नहीं है, बड़े-बड़े लोगोंमें भी देखे जाते हैं ।' इस प्रकार दूसरोंके दोषोंकी ओर देखनेवालेका चित्त शुद्ध नहीं होता; क्योंकि उसे अपने दोषोंके बने रहनेका दुःख नहीं होता और उनको हटानेके लिये प्रयत्न नहीं होता । बल्कि निराशा पैदा होती है ।

अतः साधकको चाहिये कि उक्त प्रकारसे दूसरोंके दोषोंकी ओर देखकर संतोष न करे और अपने दोष मिटानेसे निरुत्साहित न हो । बल्कि अपने दोषोंको गहराईसे

देखे और उनके न मिटनेसे दुखी हो। यही दोषोंको मिटानेका उपाय है। जो अपने दोषोंको देख-देखकर दुखी होता है और उनको मिटानेके लिये साधन करता है, उसमें दोष नहीं रह सकते।

यदि दूसरे लोग बड़ाई करें, निर्दोष बतावें तो साधकको हृदयसे उसका विरोध करना चाहिये और बिना संकोचके अपने दोष लोगोंके सामने स्वीकार कर लेने चाहिये एवं साथ-ही-साथ भगवान्‌की अपार दयाका अनुभव करना चाहिये कि उनका कैसा मधुर स्वभाव है जो कि मुझ-जैसे अधमको भी लोगोंकी दृष्टिमें सम्मानके योग्य बना देते हैं।

अपने दोषोंको जाननेके लिये मनुष्यको अपने चित्तकी दशाका अध्ययन करना चाहिये। यदि किसी लड़की या स्त्रीको देखकर उसकी सुन्दरतापर दृष्टि जाय, मनको वह प्रिय लगे तो समझना चाहिये कि मेरे मनमें अभीतक (चमड़ीके) सौन्दर्यका महत्त्व है। अतः मुझमें कामका दोष विद्यमान है। यदि उसे देखकर किसी प्रकारका बुरा भाव उत्पन्न न हो तो भी सुन्दरताकी प्रियता भी तो कामका दोष ही है। इसी प्रकार किसी मकानको देखकर उसकी बनावटकी सुन्दरताका या उपयोगिताका महत्त्व मालूम हो तो समझना चाहिये कि मनमें अभीतक लोभका दोष है। यदि सम्पत्तिशाली व्यक्तिको देखकर सम्पत्तिका महत्त्व मालूम हो, किसी धनीके जीवनसे धनका महत्त्व मालूम हो तो समझना चाहिये कि अभीतक लोभका दोष है। यदि घरपर अतिथि आवें तथा उनका सत्कार करनेके लिये जो दूध, अन्न, फल या दूसरी वस्तुएँ खर्च हों, उनकी ओर मन आकर्षित हो तथा ऐसा भाव उठे कि आज इतनी मात्रामें अमुक-अमुक वस्तुएँ तो खर्च हो गयीं, अमुक बची है, यह व्यर्थ जायगी। इस प्रकार उन वस्तुओंका महत्त्व प्रतीत हो तो समझना चाहिये कि लोभका दोष है। जिसके मनमें लोभका दोष नहीं होगा, वह तो जितने अतिथियोंकी सेवाका अवसर मिलेगा, उतना ही सौभाग्य मानेगा। उसकी दृष्टि वस्तुओंकी ओर नहीं जायगी। जिस प्रकार धनका संग्रह करना लोभ है, उसी प्रकार उसके खर्चके रसका उपभोग भी लोभ ही है; क्योंकि उसके मनमें धनका महत्त्व वर्तमान रहता है। परिवारके लोगोंको अपने सुखका हेतु समझकर जो उनमें प्रियता है, यह मोहका दोष है। इसी प्रकार अपने शरीरको हृष्ट-पुष्ट और नीरोग देखकर जो प्रसन्नता होती है यह भी मोह है। एवं किसी स्वस्थ और बलवान् मनुष्यको देखकर अपने मनमें उसका महत्त्व मालूम हो तो यह भी मोहका दोष है। लोगोंका सम्मान होता देखकर उसका महत्त्व मालूम हो तो समझना चाहिये कि अभीतक देहाभिमानका दोष है। यदि किसीकी कीर्ति सुनकर उसका महत्त्व मालूम हो तो समझना चाहिये कि बड़ाईकी वासनाका दोष है; क्योंकि निरादरका भय और मानकी चाह—ये दोनों देहाभिमानसे होते हैं और लोकवासनासे बड़ाई प्रिय लगती है।

इस प्रकार अपने दोषोंका सूक्ष्मतासे निरीक्षण करके उनका त्याग करनेकी चेष्टा करनी चाहिये और कभी भी अपनेको निर्दोष मानकर अभिमान नहीं करना चाहिये; क्योंकि अभिमान रहते हुए चित्त शुद्ध नहीं होता।

किसी त्यागी महात्माको देखे तो उसके त्यागका महत्त्व मालूम होना चाहिये। गोपियोंके चरित्रसे उनके प्रेमका महत्त्व मालूम होना चाहिये। मीराँको याद करके उसके विश्वासका महत्त्व मालूम होना चाहिये। सहजोबाईको याद करके उसके विवेकका महत्त्व मालूम होना चाहिये। इसी प्रकार जहाँ-जहाँ दृष्टि जाय, वहाँ-वहाँ यदि दूसरोंके सद्‌गुणोंका महत्त्व मालूम होकर उनकी ओर चित्तका आकर्षण हो तो समझना चाहिये कि चित्त शुद्ध हो रहा है।

काम करना चाहिये?' तो इसका उत्तर यह है कि वह जिस प्रकारका व्यापार कर रहा है, उसमें परिवर्तनकी कोई जरूरत नहीं है। वह गल्ला-किराना, कपड़ा-सूत, चाँदी-सोना अथवा घी, तेल, चीनी आदि किसी भी वस्तुका व्यापार करता है, उसे ज्यों-का-त्यों करता रहे, उसमें कोई दोष नहीं है, क्योंकि वैश्यके लिये क्रय-विक्रय करना शास्त्रका विधान है, किंतु उसे वह व्यापार करना चाहिये—कर्तव्य समझकर सबके साथ समान व्यवहार करते हुए सत्यतापूर्वक निष्कामभावसे।

महाभारतके शान्तिपर्वमें तथा पद्मपुराणके सृष्टि-खण्डमें बतलाया है कि तुलाधार वैश्य मदिरा आदि अपवित्र वस्तुओंको छोड़कर सब प्रकारके रस बेचा करता था, किंतु वह झूठ, कपट, विषमता और लोभको त्यागकर व्यापार करता था। उसके प्रभावसे अन्तः-करणकी शुद्धि होकर उसे परमात्माकी प्राप्ति हो गयी।

हमलोगोंके व्यवहारमें जो विषमता है, एकके साथ अच्छा और दूसरेके साथ बुरा व्यवहार है, वह न होकर सबके साथ समताका व्यवहार होना चाहिये और व्यापारमें झूठ, कपट, चोरी, बेईमानी, दगाबाजी इत्यादि-का अवश्य ही त्याग कर देना चाहिये। झूठ, कपट, बेईमानी तथा दगाबाजीके व्यापारसे मुक्ति तो दूर रही, उल्टे नरकोंकी प्राप्ति होती है। व्यापारमें जो स्वार्थत्याग-रूप निष्कामभाव है, वही आत्माका कल्याण करनेवाला एक महत्त्वपूर्ण साधन है। निष्कामभावमें इतनी शक्ति है कि उसके प्रभावसे झूठ, कपट, बेईमानी आदि समस्त बुरे आचरण नष्ट हो जाते हैं। इसलिये बुद्धिमान् मनुष्यको निष्काम भावसे ही कर्म करना चाहिये। कर्मोंमें अभिमान, ममता, आसक्ति और फलकामना आदिका त्याग कर देना ही स्वार्थका त्याग कर देना है; यही निष्कामभाव (कर्मयोग) है और यह निष्काम-भाव ही मुक्ति देनेवाला है। भगवान्‌ने कहा है—

विहाय कामान्यः सर्वान् पुमांश्चरति निःस्पृहः।
निर्ममो निरहंकारः स शान्तिमधिगच्छति॥
(२। ७१)

'जो पुरुष सम्पूर्ण कामनाओंको त्यागकर ममतारहित, अहंकाररहित और स्पृहारहित हुआ विचरता है, वही शान्तिको प्राप्त होता है।'

निष्कामभावके कई भेद हैं, उनमें 'भगवदर्थ कर्म करना' उच्चकोटिका निष्कामभाव है। जैसे कोई व्यापारी—वैश्य है तो उसे यह निश्चय करना चाहिये कि 'मेरी दूकान भगवान्‌की है और मैं भी भगवान्‌का हूँ तथा ये सब वस्तुएँ भी भगवान्‌की हैं।' इस प्रकार सब वस्तुओंको भगवान्‌की समझकर और स्वयं भगवान्-का सेवक बनकर काम करे तथा सदा निश्चितरूपसे यही समझे कि 'मै भगवान्‌का सेवक हूँ, सेवा करनेके लिये मेरी यहाँ नियुक्ति हुई है। मुझे जो भोजन-वस्त्र मिलते हैं, बस, वही मेरा वेतन है। घरमें जितने व्यक्ति हैं, वे सब भगवान्‌के हैं, उनकी सेवा करना भगवान्‌की ही सेवा करना है।' दूकानके कामके रूपमें सेवा करते समय यह समझे कि 'भगवान्‌की दूकान प्राणि-मात्रकी सेवाके लिये है; क्योंकि विश्वके सभी प्राणी भगवान्‌की प्रजा है या सभी उनकी संतान है।' इस प्रकार सबको भगवान्‌की प्रजा या संतान समझकर अपने व्यापारके द्वारा सबके हितरूप, सबकी सेवा करनेसे भगवान् बड़े ही प्रसन्न होते है।

इससे भी उच्चकोटिका एक साधन है और उसको निष्कामभावसे करनेपर और भी शीघ्र कल्याण हो सकता है। वह उच्चकोटिका साधन है—सबमें परमात्माको व्यापक समझकर उन सबकी सेवा करना। जैसे बादलोंमें आकाश व्यापक है, इसी प्रकार परमात्मा समस्त ब्रह्माण्डमें व्याप्त हैं। यों समझकर सबकी सेवाके रूपमें परमात्माकी सेवा करनी चाहिये। इस प्रकार सेवा करनेसे परम सिद्धिरूप परमात्माकी प्राप्ति होती है। गीतामें भगवान्‌ने बतलाया है—

यतः प्रवृत्तिर्भूतानां येन सर्वमिदं ततम्।
स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दन्ति मानवः॥
(१८। ४६)

'जिस परमेश्वरसे सम्पूर्ण प्राणियोंकी उत्पत्ति हुई है और जिससे यह समस्त जगत् व्याप्त है, उस परमेश्वरकी अपने वर्णधर्मके अनुसार स्वाभाविक कर्मोंद्वारा पूजा करके मनुष्य परम सिद्धिको प्राप्त हो जाता है।'

'सबमें भगवान् व्यापक हैं'—इससे भी ऊँचा भाव यह है कि 'सभी नारायणके स्वरूप हैं'। इस प्रकार सबको नारायण समझकर व्यापारके द्वारा सबकी सेवा करनेसे तो अत्यन्त शीघ्र आत्माकी शुद्धि होकर परम कल्याणकी प्राप्ति हो सकती है।

कोई भी व्यापारी हमारी दूकानपर आवे तो 'स्वयं भगवान् ही आये हैं'—यों समझकर अपने व्यापारके द्वारा उनकी आदर-सत्कारपूर्वक सेवा करनी चाहिये। हम किसीसे कोई वस्तु खरीदें तो यह ध्यान रहना चाहिये कि हमारे द्वारा उसको अवश्य ही कुछ लाभ हो और हम किसीको कोई वस्तु बेचें तो उस खरीददारके प्रति हमारा यह भाव रहना चाहिये कि भगवान् हमारे घरपर पधारे है, अतः उनकी सेवा करना हमारा परम धर्म है और उसे छल-कपटरहित होकर वस्तुकी असली स्वरूप-स्थिति बतानी चाहिये जिससे वह ठगा न जाय और उचित मूल्यपर उसे वह वस्तु देनी चाहिये।

इसी प्रकार कोई भाई किसी ऐसी सार्वजनिक संस्थाका काम करते हों, जहाँ वास्तवमें व्यक्तिगत स्वार्थ न होनेके कारण झूठ-कपट प्रायः नहीं ही होना चाहिये तो वहाँ उन कार्यकर्त्ता भाईको कार्यमें विशेष परिवर्तनकी कोई आवश्यकता नहीं है; क्योंकि वह कार्य स्वरूपसे ही जनताकी सेवाके लिये है और वहाँ स्वार्थ, झूठ-कपट और विषमताका भी कोई कारण नहीं है, किंतु व्यक्तिगत स्वभावदोषके कारण यदि कहीं स्वार्थ, झूठ-कपट और विषमताका दोष आता हो तो उसका सुधार होना कठिन बात नहीं है, थोड़ी चेष्टा करनेपर ही सुधार हो सकता है। केवल बार-बार यह निश्चय करना चाहिये कि यह भगवान्‌का ही काम है। फिर अपने-आप ही दोषोंका अभाव हो जायगा। पर बात तो दूसरी है। हमलोग वाणीसे तो कहते हैं कि 'यह भगवान्‌का काम है', किंतु वास्तवमें यह बात अभी अच्छी तरहसे हमारी समझमे आयी नहीं है। निश्चितरूपसे समझमें आयी होती तो हम चेष्टामात्रको भगवान्‌की लीला और प्राणिमात्रको भगवान्‌का स्वरूप समझते और प्रत्येक कार्यमें भगवान्‌की सेवाका अनुभव होते रहनेसे कार्य करते समय क्षण-क्षणमें हमारे चित्तमें अतिशय प्रसन्नता और शान्तिका सागर लहराता रहता। सेवा करते समय यह भाव रहना चाहिये कि हम भगवान्‌की आज्ञाके अनुसार भगवान्‌की ही सामग्रियोंके द्वारा भगवान्‌की ही सेवा कर रहे हैं। सारे कार्य यदि ठीक-ठीक हो रहे हों तो उनमें बाहरी सुधारकी बहुत ही कम आवश्यकता रहती है। अधिक बिगड़ा हुआ कार्य हो तो उसमें अधिक सुधार करना पड़ता है और कम बिगड़ा हुआ हो तो थोड़े प्रयत्नसे ही उसका सुधार सम्भव है। जिस सार्वजनिक संस्थामें किसी प्रकारकी चोरी, बेईमानी नहीं की जाती, उसके कार्यके सुधारमें कोई कठिनाई नहीं है। फिर भी यत्किञ्चित् कहीं शास्त्रके विरुद्ध क्रिया होती हो तो उसका शीघ्र सुधार कर लेना उचित है। असल बात तो यह है कि हम सबमे भगवद्बुद्धि करके सबकी निष्कामभावसे सेवा करें। स्वयं भगवान्‌ने गीतामें कहा है—

बहूनां जन्मनामन्ते ज्ञानवान् मां प्रपद्यते।
वासुदेवः सर्वमिति स महात्मा सुदुर्लभः॥
(७। १९)

'बहुत जन्मोंके अन्तके जन्ममें तत्त्वज्ञानको प्राप्त पुरुष, सब कुछ वासुदेव ही है—इस प्रकार मुझको भजता है, वह महात्मा अत्यन्त दुर्लभ है।'

अतएव सबको परमात्माका स्वरूप समझकर उनकी सेवा करनी चाहिये। एवं सब कार्य भगवान्‌की आज्ञाके अनुसार ही करने चाहिये; क्योंकि भगवान्‌की आज्ञाका पालन करनेवाला ही उनका सच्चा प्रेमी भक्त है। श्रीरामचरितमानसके उत्तरकाण्डमें अपनी प्रजाके प्रति उपदेश देते समय स्वयं भगवान् रामने यह बात कही है—

सो सेवक प्रियतम मम सोई। मम अनुसासन मानइ जोई॥

'वही तो मेरा सेवक है, वही मेरा प्रियतम है जो मेरी आज्ञाका पालन करता है।'

गीतामें भी अर्जुनके लिये भगवान् श्रीकृष्णने कहा है—

भक्तोऽसि मे सखा चेति रहस्यं ह्येतदुत्तमम्॥

(४। ३ का उत्तरार्ध)

'अर्जुन! तू मेरा भक्त और प्रिय सखा है तथा तुझको मैंने जो उपदेश दिया है, यह उत्तम रहस्यकी बात है।'

भगवान्‌ने अर्जुनको अपना भक्त और सखा बतलाया; क्योंकि अर्जुनका दास्यभाव भी था और सख्यभाव भी। भगवान्‌के कथनका तात्पर्य यह है कि वही मेरा सच्चा भक्त, वही मेरा सखा और वही मेरा प्रेमी है जो मेरी आज्ञाका पालन करता है। अर्जुन भगवान्‌की आज्ञाका पालन करनेवाला परम भक्त था। इसलिये गीताका उपदेश देकर भगवान्‌ने स्वयं १८ वें अध्यायमें अर्जुनसे पूछा कि 'अर्जुन! तेरे मोहका नाश हुआ या नहीं, मैंने तुझसे जो कुछ कहा, उसको तूने ध्यान देकर सुना या नहीं?' अर्जुनने उत्तरमें कहा—

नष्टो मोहः स्मृतिर्लब्धा त्वत्प्रसादान्मयाच्युत।
स्थितोऽस्मि गतसंदेहः करिष्ये वचनं तव॥

(१८। ७३)

'हे अच्युत! आपकी कृपासे मेरा मोह नष्ट हो गया और मैंने स्मृति प्राप्त कर ली, अब मैं संशय-रहित होकर स्थित हूँ, अतः आपकी आज्ञाका पालन करूँगा।'

अर्जुन भगवान्‌के बड़े भक्त थे, अतएव भगवान्‌ने अर्जुनको निमित्त बनाकर ही संसारके कल्याणके लिये गीताका उपदेश किया और अर्जुनने भी भगवान्‌की आज्ञाके अनुसार ही अपना जीवन बिताया। अतः अर्जुनको आदर्श मानकर हमलोगोंको भगवान्‌की आज्ञाका पालन करना चाहिये। यदि कहें कि 'उस समय तो भगवान् साक्षात् प्रकट थे, इसलिये उनकी आज्ञाका पालन सुगम था, इस समय तो वे प्रकट नहीं हैं, इसलिये हम भगवान्‌की आज्ञाका पालन कैसे करें।' तो यह बात अपने भावके ऊपर निर्भर करती है। जो मनुष्य गीताको ही भगवान्‌की आज्ञा मानकर उसका पालन करता है, भगवान् उसके हृदयमें प्रेरणा करते रहते हैं। हमको प्रत्येक काममें भगवान्‌से पूछना चाहिये कि 'प्रभो! इसमें आपकी क्या सम्मति है?' तो सबके हृदयमें स्थित भगवान् हमारे हृदयमें स्वयं प्रेरणा कर सकते हैं कि हमारी यह सम्मति है।

भगवान् तीन प्रकारसे अपनी आज्ञाका प्रयोग करते हैं—(१) महात्मा पुरुषोंके द्वारा, (२) सत्-शास्त्रोंके द्वारा और (३) साधकके शुद्ध अन्तःकरणके द्वारा। इसलिये महात्मा पुरुषोंकी आज्ञाके अनुसार चलना ही भगवान्‌की आज्ञाके अनुसार चलना है; क्योंकि स्वयं भगवान्‌ने गीताके सातवें अध्यायके १८ वें श्लोकमें कहा है कि ज्ञानी तो मेरा स्वरूप ही है 'ज्ञानी त्वात्मैव मे मतम्'। अतः हमलोगोंके लिये कोई कठिनाई नहीं है। यद्यपि संसारमें ऐसे महापुरुषों-का मिलना कठिन है; क्योंकि लाखों-करोड़ोंमेंसे कोई एक ही ऐसा महापुरुष होता है। भगवान् कहते हैं—

मनुष्याणां सहस्रेषु कश्चिद्यतति सिद्धये।
यततामपि सिद्धानां कश्चिन्मां वेत्ति तत्त्वतः॥

(गीता ७। ३)

'हजारों मनुष्योंमें कोई एक मेरी प्राप्तिके लिये यत्न करता है और उन यत्न करनेवाले योगियोंमें भी कोई एक मेरे परायण होकर मुझको तत्त्वसे अर्थात् यथार्थ-रूपसे जानता है ।'

इसलिये हमलोगोंको यह समझना चाहिये कि जिस पुरुषके द्वारा हमको सत्-शिक्षा मिले, जिस पुरुषकी बात सुनकर हममें दैवी सम्पदाके लक्षण आवें तथा भगवत्प्राप्त पुरुषोंके लक्षणोंका प्रादुर्भाव हो, हमारे लिये वही महात्मा है । यदि एक साधक मनुष्य भी है, पर उसमें उत्तम गुण, उत्तम आचरण विद्यमान हैं, वह दैवी सम्पदासम्पन्न है और परमात्माकी प्राप्तिके साधनमें संलग्न है तथा साधकोंमें श्रेष्ठ है, तो हम उसको महात्मा समझकर उसकी आज्ञाका पालन करें तो उसमे हमारा लाभ ही है । ऐसा साधक महात्माके तुल्य ही है; क्योंकि गीतामें नवम अध्यायके १३ वें श्लोकमें साधकको भी गौणीवृत्तिसे महात्मा ही बतलाया है—

महात्मानस्तु मां पार्थ दैवीं प्रकृतिमाश्रिताः ।
भजन्त्यनन्यमनसो ज्ञात्वा भूतादिमव्ययम् ॥

'परंतु हे कुन्तीपुत्र ! दैवी प्रकृतिके आश्रित महात्माजन मुझको सब भूतोंका सनातन कारण और नाशरहित अक्षरस्वरूप जानकर अनन्यमनसे युक्त होकर निरन्तर भजते हैं ।'

अतः हमारे लिये कोई कठिनता नहीं है । संसारमें वास्तविक महात्माओंका अभाव नहीं है । जो सच्चे हृदयसे महात्माको चाहता है, उसे भगवत्कृपासे महात्मा मिल जाते हैं । हमारे हृदयमें श्रद्धा होनी चाहिये ।

दूसरी बात यह है कि शास्त्रोंके वचन भगवान्‌के ही वचन हैं । इसलिये शास्त्रकी आज्ञा भगवान्‌की ही आज्ञा माननी चाहिये । गीता, रामायण, महाभारत, भागवत, उपनिषद्, श्रुति, स्मृति, इतिहास, पुराण आदि जितने भी शास्त्रग्रन्थ हैं, वे वास्तवमें भगवान्‌की आज्ञा हैं और गीता तो साक्षात् भगवान्‌के श्रीमुखके वचन हैं ही । वेद ब्रह्माजीके द्वारा प्रकट हुए हैं पर वास्तवमें वह भगवान्‌की ही आज्ञा हैं और ऋषि-मुनियोंने जो कुछ कहा है, सब वेदोंके आधारपर ही कहा है; इसलिये उनके वचन भी भगवान्‌के ही वचन हैं ।

तीसरी बात यह है कि हमें यदि यह विश्वास हो कि भगवान् सदा-सर्वदा हमारे हृदयमें विराजमान हो रहे हैं, तो प्रत्येक बातके लिये हम उनसे पूछ सकते हैं और वे हमको अन्तःप्रेरणाके द्वारा समुचित सम्मति या आदेश दे सकते हैं । अच्छी नीयतसे पूछे जानेपर हमारे शुद्ध अन्तःकरणके द्वारा भगवान्‌की आज्ञा सुगमतासे मिल सकती है ।

वस्तुतः हमलोगोंको भगवान्‌की आज्ञाके अनुसार चलना चाहिये । अर्जुनको उपदेश दिया, उस समय भगवान् थे और अब नहीं हैं, ऐसी बात नहीं है । भगवान् तो सदा-सर्वदा ही सर्वत्र विद्यमान हैं । ऐसा कोई स्थान नहीं, जहाँ भगवान् न हों—और ऐसा कोई काल नहीं, जिसमें भगवान् न हों । भगवान् सब देशमें, सब कालमें और सब पदार्थोंमें सदा ही विराजमान होकर रहते हैं । अतः जिसके हृदयमें विश्वास और श्रद्धा है, उसके लिये भगवान् सदा-सर्वदा सब जगह वर्तमान हैं । इस बातको ध्यानमें रखकर हमको भगवान्‌की आज्ञाका पालन करना चाहिये । संसारभरकी सेवा करना ही भगवान्‌की मुख्य आज्ञा है; क्योंकि चर और अचररूप सारा संसार भगवान्‌का ही स्वरूप है, भगवान्‌के सिवा और कोई वस्तु नहीं है तथा भगवान् ही इस संसारके रचनेवाले हैं; इसलिये भगवान् ही इसके अभिन्न उपादान और निमित्त कारण हैं । अतएव यह संसार भगवान्‌का ही रूप है—इस प्रकार समझ कर जो संसारकी सेवा करता है, वह भगवान्‌की ही सेवा करता है । जिसका उपर्युक्त प्रकारसे सबमें

भगवद्भाव हो जाता है, उसके लिये सबकी सेवारूप साधन बहुत ही सुगम है। अतः निष्कामभावसे सबकी सेवा करके मनुष्यजन्मको सफल बनाना चाहिये।

हमलोगोंपर ईश्वरकी बड़ी ही दया है जो हमें इस समय सब प्रकारकी सुविधा प्राप्त है। प्रथम तो मनुष्यका शरीर मिलना दुर्लभ है, मनुष्यका शरीर मिल जाय तो मुक्तिके केन्द्र भारतवर्षमें जन्म होना कठिन है, भारतवर्षमें जन्म होनेपर भी वैदिक सनातन-धर्ममें निष्ठा होनी बहुत ही दुर्लभ है और यदि सनातनधर्ममें निष्ठा हो गयी तो शास्त्रोंका ज्ञान होना कठिन है एवं शास्त्रोंका कुछ ज्ञान हो जानेपर भी महात्मा पुरुषोंका सङ्ग मिलना बहुत ही दुर्लभ है। ये सारी बातें मिलकर भी यदि हम साधन न करनेके कारण परमात्माकी प्राप्तिसे वञ्चित रह जायँ तो हमारे समान संसारमें और कौन मूर्ख होगा। ये सब बातें ध्यानमें रखकर जल्दी-से-जल्दी मनुष्यजीवनको सफल बनाना चाहिये; क्योंकि शरीरका क्षणभरका भी भरोसा नहीं है। आज यदि मृत्यु आकर प्राप्त हो जाय तो हमें आज ही मरना पड़ेगा। एक क्षणका भी समय किसी हालतमें भी नहीं बढ़ सकता। ऐसी परिस्थितिमें हमको धोखेमें नहीं रहना चाहिये। हर समय भगवान्‌को स्मरण रखते हुए भगवान्‌की आज्ञाका पालन करना चाहिये। यही गीताका सिद्धान्त है। गीताके आठवें अध्यायके ७ वें श्लोकमें भगवान् कहते हैं—

तस्मात्सर्वेषु कालेषु मामनुस्मर युध्य च।
मय्यर्पितमनोबुद्धिर्मामेवैष्यस्यसंशयम्॥

'इसलिये हे अर्जुन! तू सब समयमें निरन्तर मेरा स्मरण कर और युद्ध भी कर। इस प्रकार मुझमें अर्पण किये हुए मन-बुद्धिसे युक्त होकर तू निःसंदेह मुझको ही प्राप्त होगा।'

अर्जुन क्षत्रिय थे, इसलिये भगवान्‌ने कहा कि 'तू सब समयमें मुझे स्मरण रखता हुआ युद्ध कर।' इसी प्रकार वैश्यके लिये कृषि-गौरक्ष्य-वाणिज्य और शूद्रके लिये सेवा करना बताया है और कहा है कि अपने-अपने कर्मोंके द्वारा जो मेरी सेवा करता है, वह परम सिद्धिको प्राप्त हो जाता है। इस भावको ध्यानमें रखकर हमलोगोंको अपने-अपने कर्मोंके द्वारा निष्कामभावसे भगवान्‌की पूजा करनी चाहिये।

उपर्युक्त श्लोकमें जो भगवान्‌ने यह कहा है कि 'मुझमें अर्पण किये हुए मन-बुद्धिसे युक्त होकर तू निःसंदेह मुझको ही प्राप्त होगा'—इसका यह अभिप्राय है कि 'परमात्मा हैं'—इस भावका बुद्धिमें हर समय निश्चय रखना—यह बुद्धिका परमात्मामें समर्पण है; और बुद्धिके निश्चयके अनुसार ही परमात्माका हर समय मनसे चिन्तन करना—यह मनको परमात्माके अर्पण करना है। ऐसा करनेसे निःसंदेह परमात्माकी प्राप्ति हो जाती है।

'निःसंदेह मुझको ही प्राप्त होगा'—इस कथनका यह अभिप्राय है कि यहाँ इस शङ्काकी गुंजाइश थी कि 'सब काम-धंधोंको छोड़कर और एकान्तमें बैठकर भगवान्‌का भजन-ध्यान करनेसे मुक्ति हो जाती है इसमें तो कोई संशय नहीं है, किंतु सदा काम करते हुए मुक्ति कैसे हो सकती है?' इस शङ्काकी निवृत्तिके लिये भगवान्‌ने यह कहा कि युद्धादि कर्म करते हुए भी मन-बुद्धि मुझमें समर्पित रहनेसे निःसंदेह मेरी प्राप्ति हो जाती है। इसके लिये १८ वें अध्यायके ५६ वें श्लोकमें भगवान् स्पष्ट कहते हैं—

सर्वकर्माण्यपि सदा कुर्वाणो मद्व्यपाश्रयः।
मत्प्रसादादवाप्नोति शाश्वतं पदमव्ययम्॥

'मेरे परायण हुआ कर्मयोगी तो सम्पूर्ण कर्मोंको सदा करता हुआ भी मेरी कृपासे सनातन अविनाशी परमपदको प्राप्त हो जाता है।'

सब प्रकारसे भगवान्‌के शरण होकर सदा सर्वदा कर्म करनेका अभिप्राय यह है कि कार्य करते हुए मनमें सदा यह भाव रहे—'मैं जो काम करता हूँ, वह भगवान्‌का

काम है । मैं जो सेवा करता हूँ, भगवान्‌की सेवा करता हूँ । पदार्थमात्र सब भगवान्‌के स्वरूप हैं और उन सबकी जो चेष्टा हो रही है, वह सब भगवान्‌की लीला है । मैं भगवान्‌का सेवक हूँ, भगवान् मेरे स्वामी हैं । उन स्वामीकी मैं इस रूपमें सेवा कर रहा हूँ । भगवान्‌की मुझपर बड़ी दया है, जो मुझे इस कामके लिये निमित्त बनाकर मुझसे सेवा ले रहे हैं ।' इस प्रकार सबको परमात्माका स्वरूप समझकर सबकी सेवा करनी चाहिये । ऐसी सेवा हमारे द्वारा हो रही है या नहीं, इसके जाँचनेकी कसौटी यह है कि जब इस प्रकार निष्कामभावसे सबकी सेवा होने लगेगी, तब हमारे चित्तमें राग-द्वेष, हर्ष-शोक आदि विकार नहीं होंगे ।

जैसे, कोई मुनीम किसी मालिकके यहाँ काम करता है और उस मालिकके मुनाफा या नुकसान होता है तो वह उस मालिकका ही है, मुनीमका उससे कोई सम्बन्ध नहीं है, वह तो एक निमित्तमात्र है; इसी प्रकार हम अपनेको निमित्तमात्र समझें और मुनाफा या नुकसान भगवान्‌का समझें तो फिर न तो किसीमें आसक्ति होगी और न किसीमें द्वेष होगा । भगवान्‌का सेवक बनकर जो काम किया जाता है वह बहुत उच्च कोटिका काम होता है । जबतक मनुष्य किसी कामको व्यक्तिगत काम समझकर करता है, तभीतक उसमें राग-द्वेष और हर्ष-शोक आदि विकार होते हैं । भगवान्‌का काम समझकर करनेपर ये विकार नहीं होते और यों करनेवाला पुरुष परमात्माको प्राप्त हो जाता है ।

अतः काम चाहे अपना व्यक्तिगत हो, या किसी संस्थाका, उसे भगवान्‌का समझकर करना चाहिये । किसी संस्थामें चाहे वेतन लेकर काम करते हों या बिना वेतन लिये, नीयत शुद्ध होनी चाहिये; फिर दोनोंके लिये सिद्धान्तसे कोई भेद नहीं है । वास्तवमें यदि किसीके पास जीवननिर्वाहका साधन न हो तो उस स्थितिमें वह भगवान्‌के यहाँ काम करके प्रसादके रूपमें शरीर-निर्वाहमात्रके लिये कुछ लेता है तो उसमें कोई दोष नहीं है; क्योंकि वास्तवमें जगत्‌में जो कुछ है, वह सब भगवान्‌का ही है । हम कहीं रोटी खाते हैं, उसे भगवान्‌का प्रसाद मान लें तो वह भी भगवान्‌का ही प्रसाद है । हम उसे प्रसाद न मानें तो नहीं है ।

इसलिये हमको यह निश्चय रखना चाहिये कि जो कुछ है, सब परमात्माका ही है तथा मैं भी परमात्माका हूँ एवं सम्पूर्ण चराचर परमात्माका स्वरूप है । इस भावसे हँसते-हँसते सबकी सेवा करनी चाहिये । सेवा करनेके कालमें समय-समयपर हमारे हृदयमें हर्षातिरेकसे रोमाञ्च होना चाहिये, प्रफुल्लता होनी चाहिये, अश्रुपात होना चाहिये ।

थोड़ी देरके लिये मान लें कि वास्तवमें साक्षात् ही भगवान् यहाँ आ जायँ और उनकी सेवाका कार्य हमें प्राप्त हो जाय तो उस सेवा करनेके समय हमारे चित्तमें कितनी प्रसन्नता, शान्ति और आनन्द होता है । इसी प्रकारकी प्रसन्नता, शान्ति और आनन्द हमको उस समय मिल सकता है, जब हमारी वास्तवमें यह श्रद्धा हो जाय कि सब परमात्माका स्वरूप है और हम परमात्माकी ही सेवा कर रहे हैं ।

जब हमारा यह विश्वास दृढ़ हो जायगा कि जो कुछ है, वह परमात्माका ही स्वरूप है, तब फिर उस परमात्माकी निष्काम सेवाके प्रभावसे हमें परमात्माकी प्राप्ति शीघ्र हो सकती है । यह बड़ा ही उच्चकोटिका साधन है । हमें इस साधनको करते हुए अत्यन्त प्रसन्नता होनी चाहिये, मुग्ध हो जाना चाहिये, चित्तमें अतिशय उल्लास और आमोद होना चाहिये ।

इस प्रकार मनुष्य प्रवृत्तिमार्गमें रहते हुए भी उपर्युक्त भक्तिसहित निष्काम कर्मयोगके साधनके द्वारा सुगमतापूर्वक ही परमात्माको प्राप्त कर सकता है ।

प्रार्थना

(लेखक—डा० मुंशीरामजी शर्मा एम्० ए०, पी-एच्० डी०)

आ ब्रह्मन् ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायतामा राष्ट्रे राजन्यः शूर इषव्योऽतिव्याधी महारथो जायताम्। दोग्ध्री धेनुर्वोढानड्वानाशुः सप्तिः पुरन्धिर्योषा जिष्णू रथेष्ठाः सभेयो युवा अस्य यजमानस्य वीरो जायताम्। निकामे निकामे नः पर्जन्यो वर्षतु। फलवत्यो न ओषधयः पच्यन्ताम्। योगक्षेमो नः कल्पताम्॥

(यजुर्वेद २२। २२)

शब्दार्थ—

'हे महान् प्रभु! हमारे राष्ट्रमें वेद-विद्यासे प्रकाशमान ब्रह्मवेत्ता विद्वान् उत्पन्न हों; बाण चलानेमें समर्थ, शत्रुओंके विनाशक, महारथी शूरवीर क्षत्रिय उत्पन्न हों; दूध देनेवाली गायें, भार ढोनेवाले बैल, तीव्र गतिवाले घोड़े, गृहस्थरूप नगरीके नाना व्यवहारोंको धारण करनेवाली स्त्री तथा रथपर स्थित, विजयशील, सभाके योग्य युवा पुरुष उत्पन्न हों; विद्वानोंको सत्कार तथा सुख देनेवाले इस यजमानके (राज्यमें) वीर पुरुष उत्पन्न हों; हमारी कामनाओंके अनुकूल मेघ वर्षा करें, उत्तम फलवाली ओषधियाँ हमारे लिये पकें और हमारा योग-क्षेम सिद्ध हो।'

गीत—

सफल करहु प्रभु बिनय हमारी। हों द्विज ब्रह्म तेज व्रत धारी॥
क्षत्रिय महारथी रणधीरा। व्याधि-विनाशक कर खर-तीरा॥
धेनु दुधार, वृषभ बलकारी। चपल तुरंगम द्रुतगतिधारी॥
ललनाएँ गृहिणी गुणवाली। सभ्य युवा विजयी बलशाली॥
जब जब तृषित जीव दुख पावें। तब तब जलधर जल बरसावें॥
ओषधि पकें सुखद फल लावें। योगक्षेम नित हम सब पावें॥

भावार्थ—

जैसे एक व्यक्तिके अंदर ज्ञान और कर्मका महत्त्व है, वैसे ही समाजके अंदर ब्राह्मण और क्षत्रियका। राष्ट्रमें ब्रह्मवर्चस्वी ब्राह्मण और शूरवीर क्षत्रियोंका जन्म हो, ऐसी प्रार्थना की गयी है। जिस राष्ट्रमें विद्वान्, ज्ञानके निधान ब्राह्मण होते हैं, जो राष्ट्रके सत्यपथ अथवा कल्याणकारी मार्गका निर्देश कर सकें और जिस राष्ट्रमें शूरवीर क्षत्रिय होते हैं, जो स्वयं इस मार्गपर चलते हैं और दूसरोंको चलाते हैं, वह राष्ट्र सौभाग्यशाली है। इन दोनोंके मार्गको निर्विघ्न और सुगम बनानेके लिये धनकी, समृद्धिकी आवश्यकता होती है, इसके लिये गाय, बैल और घोड़े अपेक्षित हैं, इस धनके व्यवहारके लिये गृहस्थ-आश्रम और गृहस्थ-आश्रमके लिये सुसंस्कृत स्त्रीकी आवश्यकता है। बैलोंसे कृषि होती है और कृषिसे धन-धान्य घरमें आता है, कृषिके लिये समयपर वर्षा होनी चाहिये, रोगादिके निवारणके लिये ओषधि चाहिये, फिर जो कुछ इकट्ठा हुआ है, उसकी रक्षा भी करनी चाहिये। मन्त्रमें इन सबके लिये प्रार्थना की गयी है। राष्ट्र एक बृहत् परिवार है, जिसमें अनेक छोटे-छोटे परिवार सम्मिलित हैं। इस बृहत् परिवारके लिये जितनी भी आवश्यक बातें हैं, उन सबका मन्त्रमें क्रमपूर्वक उल्लेख है।

नीच कौन है ?

केचिद् वदन्ति धनहीनजनो जघन्यः केचिद् वदन्ति गुणहीनजनो जघन्यः।
व्यासो वदत्यखिलवेदविशेषविज्ञो नारायणस्मरणहीनजनो जघन्यः॥

कोई तो धनहीन मनुष्यको नीच कहते हैं और कोई गुणहीनको नीच बतलाते हैं; किंतु सम्पूर्ण वेदोंके विशेष ज्ञाता श्रीवेदव्यासजी तो हरिस्मरणहीन पुरुषको ही नीच कहते हैं।

श्रीकृष्णलीलाका चिन्तन

(७८)

शरत्‌ने राशि-राशि कमलोंके उपहार श्रीकृष्णचन्द्रको समर्पित किये; हेमन्तने नवधान्योंका अम्बार सजाकर नन्द-नन्दनकी अर्चना की; शिशिरने ओसकणोंकी असंख्य मालाएँ पिरोकर श्रीचरणोंके लिये पथ सजाया; वसन्तने कुसुमित वल्लरियोंका, मुकुलित आम्रशाखाओंका वितान निर्मित कर, मलयमारुतका व्यजन ढोरकर, भ्रमर-गुञ्जनसे, कोकिलके कुहू कुहू स्वरसे नीलसुन्दरका क्षण-क्षणमें अभिनन्दन किया। इस प्रकार धेनुकवधके अनन्तर चार ऋतुएँ आयीं तथा श्रीकृष्णचन्द्रका आनन्दवर्द्धन कर, उनकी उन-उन लीलाओं-के अनुरूप देश-कालका निर्माण कर वृन्दाकाननके सघन कुञ्जोंमें जा छिपीं और अब इनके पश्चात् समयपर ही आया है नन्दनन्दनके सप्तम वर्षका ग्रीष्म। शरीरधारीमात्र इसके स्पर्शसे जलने लगते हैं, इसलिये उन्हें यह बहुत प्रिय नहीं; किंतु वृन्दाकाननका स्पर्श इसे भी मनोरम बना देता है, सर्वथा बदल देता है इसके तपनशील, ज्वालामय स्वभाव-को। व्रजवासी कालमानसे गणना भले कर लें कि यह ग्रीष्म है, पर ग्रीष्मके दाहक गुण उनके दृष्टिपथमें नहीं आते। वहाँ तो वसन्तकी ही छटा फैली होती है। क्यों न हो, जहाँ अनन्त ऐश्वर्यनिकेतन स्वयं भगवान् व्रजेन्द्रनन्दन एवं उनके अग्रज श्रीबलराम साक्षात् विराज रहे हैं, उनकी लीला-मन्दाकिनीकी चिन्मय सरस धारा नित्य प्रसरित हो रही हो, वहाँ ग्रीष्मके जलते हुए तेवरोंमें वसन्तकी सुषमा क्यों न पूर्ण हो उठे!

.....।

ग्रीष्मो नामर्तुरभवन्नातिप्रेयान्छरीरिणाम्॥
स च वृन्दावनगुणैर्वसन्त इव लक्षितः।
यत्रास्ते भगवान् साक्षाद् रामेण सह केशवः॥
(श्रीमद्भा० १०। १८। २–३)

ग्रीषम रितु आपने सुभाइक। प्रगट्यौ जगत सबन दुखदाइक॥
अति निदाघ तहँ कछु सुधि नाहीं। दादुर दुरे फनी-फन-छाँहीं॥
सो बृंदाबन मधि जब आयौ। सरस बसंत समान सुहायौ॥

× × ×

श्रीबृंदाबन गुन करि सोऊ। मधु रितु सरिस देख सब कोऊ॥

× × ×

आइ ग्रीषम तेज तीषन भानु भीषम देखिये।
मंडि भू नभ खंड मंडल कौ तप्यौ अवरेखिये॥
तप्त वेग प्रचंड है चलि सो प्रभंजन आइ कै।
संधि संधि दिसानि पूरत धूर धारनि धाइ कै॥
सूर बोजन की जलाकनि जक कौ उर तापही।
बासु जे ब्रज में करहिं तिन कौ प्रतापु न व्यापही॥

सचमुच वनकी, इस ग्रीष्मके समय भी, कैसी निराली शोभा है!—अगणित निर्झरोंके मधुर 'झर-झर' शब्दों झींगुरोंकी कर्णकटु झंकार आच्छादित हो गयी है। उन प्रपातोंसे असंख्य जलकण निरन्तर उच्छलित हो रहे हैं, उनसे सिक्त हुई सम्पूर्ण वनस्थली, वह स्निग्ध हुई समस्त तरुश्रेणी अद्भुत रूपसे सुशोभित हो रही है। सर्वत्र हरित तृणोंका आस्तरण-सा आस्तृत है। सरिता, सरोवर एवं प्रपातोंकी लहरोंपर बहती हुई वायु अत्यन्त शीतल हो रही है; कुमुद, पद्म, नीलोत्पल आदि अनेक पुष्पोंके किञ्जल्क-को अपने अञ्चलमें भरकर वनकी, व्रजपुरकी परिक्रमा कर रही है; मन्द मन्थर गतिसे झुर-झुर कर प्रत्येक वृन्दावनवासीका स्पर्श कर रही है वह। इसीलिये किसी भी काननवासीको ग्रीष्मकालीन सूर्यके, अग्निके तापकी अनुभूति नहीं। सरिताओंका जल क्षीण न हुआ, ह्रद शुष्क न हुए, सरोवर की श्री म्लान न हो सकी; अपितु सबमें ही अगाध जल भरा है। उनमें अभी भी ऊँची-ऊँची लहरें उठ रही हैं। उन लहरोंसे तट निरन्तर प्लावित हो रहा है। भूमिमें, पुलिनमें सर्वत्र आर्द्रता भरी है। विषके समान उग्र सूर्यकी ये रश्मियाँ तनिक भी काननके, व्रजपुरके धरातलका रस-शोषण न कर सकीं, वहाँकी हरीतिमाका अपहरण न कर सकीं; सर्वत्र हरियाली ज्यों-की-त्यों बनी है। वहाँकी तरुराजि, लताएँ वैसी-की-वैसी राशि-राशि कुसुमोंके भारसे अभी भी नमित हैं। कण-कणसे सौन्दर्यका स्रोत वैसे-के-वैसे प्रसरित हो रहा है। विविध विचित्र विहङ्गमोंका कलरव, मृगोंका मनोहर संचरण, मयूरोंका सुन्दर रव, भ्रमरोंका मधुर गुंजन, कोकिल-का, सारसका कूजन—सभी ज्यों-के-त्यों बने हैं। वृन्दा-काननमें निरन्तर परिव्याप्त उस अप्रतिम श्रीका कहींसे, तनिक भी ह्रास न हो सका है।

यत्र निर्झरनिर्ह्रादनिवृत्तस्वनझिल्लिकम् ।
शश्वत्तच्छीकरर्जीषद्रुममण्डलमण्डितम् ॥
सरित्सरःप्रस्रवणोर्मिवायुना कह्लारकञ्जोत्पलरेणुहारिणा ।
न विद्यते यत्र वनौकसां दवो निदाघवह्न्यर्कभवोऽतिशाद्वले ॥
अगाधतोयह्रदिनीतटोर्मिभिर्द्रवत्पुरीष्याः पुलिनैः समन्ततः ।
न यत्र चण्डांशुकरा विषोल्बणा भुवो रसं शाद्वलितं च गृह्णते ॥
वनं कुसुमितं श्रीमन्नदच्चित्रमृगद्विजम् ।
गायन्मयूरभ्रमरं कूजत्कोकिलसारसम् ॥
(श्रीमद्भा० १० । १८ । ४-७)

झरना झरत बिपुल बहु रंगा । झिल्ली रव सब ह्वै गए भंगा ॥
तरु राजी तेहि तट तट सोहति । जल कन तें सुभ हरित बिमोहति ॥
फल दल सुमन ललित सब काला । मुनि मन मोहक सुरभि रसाला ॥
सरिता सर थल सुभग अनूपा । बिगसे कंज पुंज बहु रूपा ॥
ताहि परसि बह मंद समीरा । सीतल सुखद हरै जन पीरा ॥
तृन तट हरित सुभग सुखकारी । ब्रज जन ताप ओघ अघ हारी ॥
तहँ निदाघ व्यापै नहीं, भानु कृसानु न जोर ।
वनवासी मुदजुत रहत, निरखत नंदकिसोर ॥
ह्रदनी वारि अगाध, तरल तरंगिनि तट परसि ।
तृन सब हरित अबाध, छिति रह संतत पंक जुत ॥
नहिं प्रचंड कर छुअत दिनेसू । तेहि थल को रस कबहु नरेसू ॥
जाहि रस्मि करि सब जग तापू । सो ब्रज भू रंचक नहि व्यापू ॥
कुसुमित वन सुंदर अति पावन । बोलत खग मृग सुभग सुहावन ॥
गावत मत्त मयूर अनेका । अलि सारस परिभृत सुर एका ॥
(एक हस्तलिखित भागवतसे)

× × ×

ठौं ठौं गिरि तें निर्झर झरे । ते तें सलिल सिलन पर परें ॥
तिन तें बहति जु सरिता गहिरी । दूरि दूरि लौं परसति लहरी ॥
बहुरि अनेक अगाध जु सरवर । रस झूमरे, घूमरे तरवर ॥
तिन के तर तृन-बीरुध जिते । हरित हरित रँग भरित सु तिते ॥
तरनि किरन जिन नेक न परसे । छिन छिन मैं छबि तिन मैं सरसै ॥
कुसुमित बनराजी अति राजी । जैसी नहिंन बसंत बिराजी ॥
ठौर ठौर सर सरसिज फूले । डोलत लंपट अलिकुल भूले ॥
कमल पवन अरु चंदन पौन । मिलि जु बहत सुख कहिये कौंन ॥
बोलत सुक, जनु सुक मुनि पढ़े । सरसुति सम कल कोकिल रढ़े ॥
मधुर मधुर सुर बोलत मोर । नंद-सुवन के मन के चोर ॥
(नंददास)

× × ×

कुंज कुंज कदम्ब भूरुह ब्रंद बेलिनि सौं मिलै ।
फूल झौंरनि भौर झौंरत दौरि भौंरन सौं हिलै ॥
चंड अंसन कौं प्रबेसु न ह्वै सकै तिन में तहाँ ।
मित्रजा जल की हिलोरनि के परै कनिका जहाँ ॥
गंधबाहक पौन जा मधु डारि कंजन कोस कौं ।
देखि कै मिटि जातु दग्ध ह्रदै तृषादित जास कौं ॥
हंस बंस करै कलोलनि कोकिला कल कौं करै ।
स्वच्छ पच्छिय लच्छ लच्छन बालि कै मन कौं हरै ॥
मोदकारी है सदा बन पुष्प सौरभ कौं भरै ।
सक्र कौ बन होतु का वह नाम नंदन कौं धरै ॥
(कृष्णचन्द्रिका)

अस्तु, आज भी सदाकी भाँति श्रीकृष्णचन्द्र सब ओरसे कुसुमित, हरीतिमाका पुञ्ज बने हुए इस परम रमणीय वनमें विहार करनेके उद्देश्यसे चले जा रहे हैं। आगे-आगे उछलती-कूदती चली जा रही हैं असंख्य गायें तथा उन्हें सब ओरसे घेरकर अतिशय उल्लासमें भरे फुदकते-से जा रहे हैं वे अपरिमित शिशु। पथका निर्देश उनके पार्श्वमें विराजित अग्रज श्रीबलरामके द्वारा हो रहा है; क्योंकि स्वयं नीलसुन्दर तो आज अधरोंपर वंशी धारण किये हुए विविध रागिनियोंकी तान छेड़नेमें तन्मय-से हुए झूम रहे हैं —

क्रीडिष्यमाणस्तत् कृष्णो भगवान् बलसंयुतः ।
वेणुं विरणयन् गोपैर्गोधनैः संवृतोऽविशत् ॥
(श्रीमद्भा० १० । १८ । ८)

तेहि बन प्रबिसे कृष्न कृपाला । भात सहित छबि धाम गुपाला ॥
बेनु बजाइ गोप है संगा । धेनु अघ लिय नाना रंगा ॥
क्रीडा हित तँह गे जदुनंदा । जन पालक हरि अनँद कंदा ॥

× × ×

इहि बिधि बृंदाबन छबि पावत । तहँ मनमोहन धेनु चरावत ॥
बल समेत, ब्रजबाल समेत । श्रीनिकेत सबहिन सुख देत ॥

× × ×

उमडे द्रुम झुमडे लतनि, सुमडे सुमन अपार ।
निबिड छाँह सीतल जहाँ, बिहरत नंद कुमार ॥

तथा वनविहार आरम्भ होनेसे पूर्व सबका अपना मनोवाञ्छित शृङ्गार हो जाना भी अनिवार्य है ही। इसके लिये भी सम्पूर्ण व्यवस्था काननकी अधिष्ठात्री पहलेसे ही प्रस्तुत रखती हैं। वह देखो, आगे उस विस्तृत वनखण्डमें वृक्षोंके वितानके नीचे भूमिको स्पर्श करनेवाली उन

हरी-हरी लताओंके समीप सभी अपेक्षित सामग्रियाँ एकत्रित कर दी गयी हैं। नव पल्लव झुक-झुककर आह्वान-से कर रहे हैं—'आओ, वनके देवता! मुझे अपने श्रीअङ्गपर, सखाओं-के अङ्गोंपर स्थान देकर कृतार्थ कर दो! तुम्हारा आभरण मैं बनूँ, इससे अधिक मेरा और सौभाग्य क्या होगा।' राशि-राशि मयूरपिच्छ विस्फारित नेत्र-से हुए प्रतीक्षा कर रहे हैं—'कब नन्दनन्दनका, उनके सखाओंका स्पर्श हमें प्राप्त हो जाय।' किसीने जैसे चयन कर पुष्पोंका ढेर लगा दिया है, उनके रूपमें द्रुमवल्लरियोंके हृदयका आह्लाद, आह्लादकी बिखरी हुई लहरें मानो बाट देख रही हैं—'वे आ रहे हैं नीलसुन्दर; हमें धारण कर अलंकृत होंगे वे एवं उनके प्राणसखावर्ग!' गैरिक आदि धातुओंने तो जैसे अपने अन्तस्तलका राग समर्पित करनेके उद्देश्यसे वनकी उन पगडंडियोंके समीप ही अपना नित्य आवास बना लिया है—'पता नहीं, कब नीलसुन्दर हमारे द्वारा रञ्जित होनेकी इच्छा कर लें!'—इस प्रकार सभी वस्तुएँ एक साथ उपलब्ध हो गयी हैं तथा इनके उपयोगमें विलम्ब क्यों हो। राम-श्यामने, गोपशिशुओंने देखते-देखते ही इन नव किसलयोंसे, मोरपंखोंसे, चित्र-विचित्र कुसुमगुच्छोंसे, विविध वर्णमयी पुष्पमालाओंसे, रंगीन धातुओंसे अपने-आपको भाँति-भाँतिके वेशमें सजा लिया—

प्रवालबर्हस्तबकस्रग्धातुकृतभूषणाः ।

(श्रीमद्भा० १० । १८ । ९)

मोर पच्छ स्रज धातु प्रवाला । सुमन गुच्छ किय वेस विसाला ॥

× × ×

कहूँ रचत भूषन वनमाल । लै ले फल-दल-फूल प्रवाल ॥

× × ×

सिर मोरपच्छ बनाइ खौंसत संगमें ।
गिरि धातु गात लगाइ राजत रंगमें ॥
उरमाल स्वच्छ बिसाल गुंजनि की बनी ।
कुसुमालि सुष्ठ सुगन्ध सोहति है घनी ॥

और तब व्रजेन्द्रनन्दन खेलने चले नृत्यमय सङ्गीतमय बाहुबलप्रदर्शनमय विविध खेल!—

रामकृष्णादयो गोपा ननृतुर्युयुधुर्जगुः ।

(श्रीमद्भा० १० । १८ । ९)

नृत्य गान करि जुद्ध बिधानू । राम कृष्न मिलि गोप सुजानू ॥

× × × ×

तहँ निर्तं करत अनेक लीलनि कौं धरें ।
गति भेदबर्तिं अपार तालनि कौं भरें ॥

किसकी सामर्थ्य है जो ठीक-ठीक चित्रित कर दे चिदानन्दमयके इस खेलको। केवल सूचीमात्रका निर्माण कर देते हैं वे लोग जिनके नेत्रोंमें श्रीकृष्णचरणसरोरुहकी रजका अञ्जन लगा होता है। वह भी इतना-सा ही—जिस समय श्रीकृष्णचन्द्र नृत्य करने लगते, उस समय अतिशय मधुर कण्ठसे बलराम सङ्गीतकी तान छेड़ते तथा एक मण्डली उनके कण्ठ-में-कण्ठ मिलाकर उस सङ्गीतमें योगदान करती। सुबल बाँसुरीमें स्वर भरता तथा उसके गमकका अनुसरण करते हुए कुछ शिशु वंशीवादनमें तत्पर होते। अर्जुन शृङ्ग बजानेका नेता होता एवं उसी लयके साथ एक मण्डली अपने-अपने शृङ्गोंको फूँकती रहती। कुछ शिशु अर्द्ध निमीलित नेत्रोंसे, कुछ अपलक-नेत्र हुए हथेलीके द्वारा ताल देनेमें संलग्न रहते। स्तोककृष्ण एवं उसके समवयस्क शिशुओंकी एक टोली नीलसुन्दरकी गति भङ्गिमाओंका ठीक-ठीक अनुकरण करनेमें, वैसे ही नृत्य करनेके प्रयासमें तन्मय रहती। इस अवसरपर श्रीदाम सभापतिके आसनपर विराजित होता तथा उसके मुखसे एवं शेष समस्त बालकोंके मुखसे 'वाह-वाह'की अतिशय उल्लास भरी ध्वनि अन्तरिक्षको रह-रहकर निनादित करती रहती। किंतु नीलसुन्दरके उस त्रिभुवनमोहन नृत्यका प्रभाव ही विचित्र ही होता। कुछ ही क्षणोंमें सहचारी नर्त्तक बालक मुग्ध होकर, अपने नृत्यका विराम कर उनकी ओर ही निर्निमेष नेत्रोंसे देखने लग जाते। रामका एवं उनके सहयोगी गायकोंका कण्ठ भर आता; सङ्गीत-स्वर-लहरी स्थगित हो जाती और मत्त-से हुए वे सब-के-सब देखने लग जाते श्रीकृष्णचन्द्रकी ओर ही। वंशीमें स्वर भरनेवाले अर्जुन एवं उसके सहायकोंकी भी यही दशा होती। कब वंशीवादन-की क्रिया छुट गयी, यह भी वे नहीं जान पाते। अंगुलियाँ छिद्रोंसे लगी रहतीं, होठ भी फूँक भरनेकी मुद्रामें ही रहते, पर फूँक भरनेकी क्रियात्मक वृत्ति नृत्यपरायण नन्दनन्दनमें सहसा विलीन हो जाती। शृङ्गवादी बालक भी अपनी सुध-बुध खोकर ज्यों-की-त्यों मुद्रामें व्रजेन्द्रनन्दनकी ओर देखने लग जाते। हथेलीसे ताल देनेवाले शिशु भी विभोर हो जाते, उनके तालका भी विराम हो जाता। श्रीदाम एवं शिशु-सभासदोंकी वाणी भी रुद्ध हो जाती। इस प्रकार एक अद्भुत नीरवता-सी छा जाती और इसके बीच अपने ही

नूपुर, कङ्कण एवं कटिकिङ्किणीके 'रुन-झुन' तालपर नीलसुन्दरका नृत्य चलता रहता। उस समय अन्तरिक्षचारी देवगणोंको सुन्दर अवसर प्राप्त हो जाता। वे गोपशिशुओंका रूप धारण करते, नीचे उतर आते तथा गोपरूपधारी परब्रह्म पुरुषोत्तम श्रीकृष्णचन्द्रकी स्तुति करने लगते—इस भाँति जैसे मञ्चपर विराजित एक नरश्रेष्ठका स्तवन अन्य नट कर रहे हों! इतनेमें शिशु-सभासदोंकी, वंशी-शृङ्गवादकोंकी, तालधारियोंकी, गायकवर्गकी भावसमाधि टूटती और फिर साधुवादके तुमुल रवसे इस नृत्योत्सवकी समाप्ति होती!

अब दूसरी क्रीडाओंका क्रम चलता। कभी दोनों भाई राम-श्याम परस्पर हाथ पकड़कर कुम्हारके चाककी तरह घूमने लगते। उस समय कंधोंपर झूलती हुई उनकी घुँघराली अलकें अद्भुत शोभा धारण करतीं। पुनः साधुवादका स्वर गूँजता और शिशु भी तत्क्षण इस 'घुमरी परेता' खेलका अनुकरण आरम्भ करते। तबतक राम-श्याममें होड़ लगती —कौन कितनी दूर पृथ्वीको फाँद सकता है। फिर तो दोनों ही साथ-साथ कूदते और कई हाथ लंबी भूमिका लङ्घन कर जाते। कभी यह परीक्षा होती कि क्षेपणयन्त्रसे अथवा हाथके वेगसे ही ढेले, प्रस्तरखण्ड अथवा अमुक मानके फलको कौन कितनी दूर फेंक सकता है। कभी ताल ठोक-ठोककर दोनों भाई दो दलोंके अधिनायक बन जाते! नीलसुन्दर अपना दुकूल अथवा राम अपना उत्तरीय गो-दोहनके रज्जुमें लपेट देते। इसकी एक छोरको पकड़ लेता रामके सहित रामका दल एवं दूसरे छोरको धारण करता नीलसुन्दरके सहित उनका दल और तब उसे खींचते दोनों अपनी-अपनी ओर। विजय किसकी होती, इसे देखते अन्तरिक्षचारी देवगण अथवा वे देखें जिन्हें वैसी आँखें प्राप्त हों। शिशुओंमें तो विवाद हो जाता—'जय मेरी हुई। नहीं-नहीं, मेरे दलकी हुई।' अवश्य ही उस समय भी राम-श्याम हँसते होते तथा बलाबलका निर्णय करनेके लिये जब बाहुयुद्धकी परस्पर दोनों दलोंमें चुनौती होती, तब हँस-हँसकर पहला युद्ध दोनों भाइयोंका ही होता।

किंतु अधिक देरतक यह मल्लक्रीडा चल नहीं पाती। सदाकी भाँति स्तोककृष्ण गरज उठता और सभी शङ्कित हो जाते—'अरे! कन्नू श्रान्त हो गया है।' तथा प्रसङ्ग बदलनेके उद्देश्यसे एक मण्डलीका प्रस्ताव अग्रजके समक्ष या नीलसुन्दरके आगे आ ही जाता—'अरे दादा! अरे कन्नू भैया! हमलोग तो नाच ही नहीं सके, कुछ हम-लोगोंकी भी कला देखो!' बस, वहीं श्रीकृष्णचन्द्र एवं रोहिणीनन्दनका कार्यक्रम बदल जाता। पुनः छिड़ जाती बाँसुरीकी तान, बह चलती सङ्गीतकी मधुधारा और वे शिशु नृत्य करने लगते। स्वयं श्याम-बलराम राग अलाप कर, वंशी-शृङ्ग बजाकर उनमें उत्साह भरते, साथ ही नृत्यके ताल परिवर्तनके समय—न जाने कैसे, सङ्गीत-स्वरलहरी, वाद्य-झङ्कृति अक्षुण्ण बनी रहकर ही—दोनों भाइयोंके श्रीमुखसे निर्गत साधुवादका वह सुधास्यन्दी स्वर सखाओंमें आनन्दोन्मादका संचार करने लगता।

अस्तु, यह उद्दाम नृत्य पुनः चञ्चल चेष्टाओंको जाग्रत् करता। देखते-देखते ही बिल्व, जायफल, आमलकी फलोंको परस्पर एक दूसरेपर फेंकनेकी क्रीडा आरम्भ हो जाती। मार बचानेके उद्देश्यसे पराजित दल कुञ्जोंमें छिपने जाता और इस प्रकार आँख-मिचौनीके खेलका सूत्रपात होता। दौड़-दौड़कर परस्पर स्पर्श करनेकी क्रीडा भी इसके अन्तर्गत ही प्रारम्भ हो जाती तथा आगे चलकर न जाने कितने रूपोंमें यह खेल चलता रहता।

विहंगम एवं पशुओंकी चेष्टानुकृति भी दैनन्दिनी क्रीडा-का आवश्यक अङ्ग है ही। यह भी होती ही। साथ ही अल्पवयस्क शिशुओंके साथ मेढककी भाँति फुदक-फुदक कर चलनेका खेल राम-श्याम न खेलें—यह कैसे सम्भव है! अपने मुँह फुला-फुलाकर, उसे भाँति-भाँतिसे विकृत कर सजाकर सखाओंका आनन्दवर्द्धन भी वे करेंगे ही, करते ही। इसके अतिरिक्त वह स्थावर तरुश्रेणी सेवा समर्पित करनेकी, उनके योगीन्द्र-मुनीन्द्र-दुर्लभ श्रीअङ्गस्पर्शकी प्रतीक्षामें ही तो खड़ी है तथा परमोदार गुणागार प्रभु उसका मनोरथ पूर्ण किये बिना कैसे रहें! इसीलिये उन तरुशाखाओंमें अपने हाथों झूला डालकर श्रीकृष्णचन्द्र झूलने लगते। राज्यशासन, प्रजापालनका खेल हुए बिना भी उन शिशुओंको चैन नहीं। इसलिये इसका भी सम्पूर्ण अनुकरण होता। राजाके पदको या तो सुशोभित करते नीलसुन्दर या बलराम और फिर देखने योग्य होती उनकी वह खेल-खेलकी अद्भुत शासन-व्यवस्था! अस्तु, यह है उनकी ग्रीष्मकालीन—निशीथनः आजकी क्रीडाकी एक संक्षिप्त सूचिका—

कृष्णस्य नृत्यतः केचिज्जगुः केचिदवादयन्।
वेणुपाणितलैः शृङ्गैः प्रशशंसुरथापरे॥

गोपजातिप्रतिच्छन्नौ देवा गोपालरूपिणः ।
हुंडिरे कृष्णरामौ च नटा इव नटं नृप ॥
भ्रामणैर्लङ्घनैः क्षेपैरास्फोटनविकर्षणैः ।
चिक्रीडतुर्निर्युद्धेन काकपक्षधरौ क्वचित् ॥
क्वचिन्नृत्यत्सु चान्येषु गायकौ वादकौ स्वयम् ।
शशंसतुर्महाराज साधु साध्विति वादिनौ ॥
क्वचिद् बिल्वैः क्वचित् कुम्भैः क्वचामलकमुष्टिभिः ।
अस्पृश्यनेत्रबन्धाद्यैः क्वचिन्मृगखगेहया ॥
क्वचिच्च दर्दुरप्लावैर्विविधैरुपहासकैः ।
कदाचित् स्पन्दोलिकया कर्हिचिन्नृपचेष्टया ॥

(श्रीमद्भा० १० । १८ । १०-१५)

नचत कृष्न जब ता समै, कोउ गावत सुर बाँधि ।
अपर वाद्य बहु बिधि करत, कोउक ताल सुर साँधि ॥
धन्य भाग्य ते गोपवर, जे बिहरत हरि संग ।
मिले न थोरे पुन्य बिनु, सपरस प्रभुको अंग ॥
गोप जाति करि भेस, बिबुध बृंद सोहैं सकल ।
पहिलेहि कह्यो नरेस, छिति गइ जब बिधि के निकट ॥
कोउक गोप तहँ करै प्रसंसा । कोउक भृंग सब पूरहि बंसा ॥
कोउ कह भले भले जू नटवर । नचे भली बिधि सों गति धर वर ॥
रीझि रीझि कोउ हमि कह बानी । जिमि नट कों नट कहै बखानी ॥
कोउत बिबिध भाँति दोउ भ्राता । काक पच्छ धर सुभग सुगाता ॥
ताल ठोकि लंघत अरु गाजत । आकरषन करि जुग जुग राजत ॥
कबहुँ ग्वाल सँग मिरत बनाई । कबहुँ हास्य करि हँसत हँसाई ॥
अपर ग्वाल कोउ नचत प्रबीना । गावत दोउ जन राग नवीना ॥
वाद्य बजाइ प्रसंसत तिनहीं । परम भाग्य मानों जग उनहीं ॥
कबहु निल्व फल सो हरि लरही । कबहुँक अमलक लै पुनि भिरही ॥
कबहँक कुंभी फल बहु आनी । भिरत परसपर अति सुख मानी ॥
दृष्टि बंध कबहुँक करि स्याला । रमे गोप सँग प्रभु गोपाला ॥
नेत्र बंध लीला पुनि करहीं । खग मृग ईहा पुनि संचरहीं ॥
पुनि दादुर गति चलत चलावत । बहुत हास्य करि सखन हँसावत ॥
कबहुँक करि स्यंदोलिका, क्रीडत नृप इव ख्याल ।
अखिल लोकपति गोपवर, धन्या नंद का लाल ॥

× × × ×

कहूँ अवधि बदि मेलत डेरन । कहूँ परस्पर खेलत बेरन ॥
कहुँ अँग लुवनि, कहूँ दृग बंधनि । कहुँ चढ़ि जात दुमनके कंधनि ॥
कबहूँ निर्तत मोहनलाल । ताल बजावत, गावत ग्वाल ॥
कबहूँ बर हिंडोल बनावत । झूलत मिलि, गावत छबि पावत ॥
कबहूँ राज सिंहासन ठानत । छत्र, चँवर फूलन के बानत ॥
राजा है रजई दिखरावत । ग्वाल-बाल दुंदुभी बजावत ॥

× × × ×

करि गान तान उचारि मोहन मोहियौ ।
सुर बीन बेनु बजाइ साहन सोहियौ ॥
फिरि बाहु जुद्ध बिसाल आपुस में रचैं ।
उत-सर्प कूदन बाहुक्षेपनता सचैं ॥
फल फूल पत्र नवीन कोमल हेरि कै ।
तहँ जुद्ध उद्धतता करैं हँसि मेलि कैं ॥
धुनि फेरी जो मृग आदि पच्छिन की करैं ।
सब गोप ग्वाल उमंगि आनँद सौं भरैं ॥
अमित भाव लीला करत, अमित चरित्र बिहार ।
अमित स्याल नाँघत तहाँ, राम कृस्न सुकुमार ॥

कौन पहचान सकता है इस समय परब्रह्म पुरुषोत्तमको इस वेशमें ! एक प्राकृत शिशु और उनमें क्या अन्तर रहा है !—

लौकिक लरिकन की सी नाँई । खेलत खेल जगत के साँई ॥

इसीलिये कंसप्रेरित प्रलम्ब दैत्य भी भ्रमित हो गया; प्रत्यक्ष दर्शन पाकर भी नहीं पहचान सका वह अनन्तैश्वर्य-निकेतन प्रभुको और अब गोपशिशुका वेश धारणकर उन विश्वपतिकी वञ्चना करने चला है वह मूढ़ !—

असुर राज प्रलंब आइव । सखा रूप अनूप ठाइव ॥
दनुज कुल सिरताज जानहुँ । कंस नृप कौ मित्र मानहुँ ॥
आइ मिलि खल खेल खेलतु । बात नहिं मनमें गहेलतु ॥
अखिल जगु जिहिनै रमायव । असुर तासौं छल बनायव ॥

युगल-छबि

मेरी भव-बाधा हरो, राधा नागरि सोय ।
जा तन की झाँई परे, स्याम हरित दुति होय ॥
स्याम हरित दुति होय परत तन पीरी झाईं ।
राधा हू पुनि हरी होत लहि स्यामल छाईं ॥
नयन हरे लखि होत रूप अरु रंग अगाधा ।
'सुकवि' जुगल-छबि-धाम हरहु मेरी भव-बाधा ॥

यह कैसा समाजवाद है ?

(लेखक—आचार्य श्रीनरदेवजी शास्त्री, वेदतीर्थ)

जबसे आवडी कांग्रेसके महाधिवेशनमें समाजवादकी गूँज हुई है, तभीसे सर्वत्र उसीकी प्रतिध्वनि सुनायी दे रही है। इस समाजवादका यही अर्थ है कि उत्पादन और उत्पादनके साधनोंपर जनताका नियन्त्रण हो और उसका बँटवारा न्यायानुकूल हो। वैसे देखा जाय तो यह बात आकर्षक है और जहाँतक सिद्धान्तकी बात है कोई ऐसी आपत्तिजनक बात भी नहीं प्रतीत होती।

क्या जनताका नियन्त्रण हो सकता है? वर्तमान स्थितिमें तो यह सम्भव प्रतीत नहीं हो रहा है। जनताके नियन्त्रणका कभी यह अर्थ तो हो ही नहीं सकता कि सरकारका नियन्त्रण हो। कोई यह कहे कि जनताद्वारा चुने हुए प्रतिनिधि ही तो विधानसभाओं, विधानपरिषदों, संसद् तथा राज्यपरिषद्में जाते हैं और उन्हींकी तो सरकार बनती है, तब सरकारके नियन्त्रणको ही जनताका नियन्त्रण क्यों न मान लिया जाय?

पूनाके श्रीगाडगील महोदयका कथन है कि 'सत्ता और सम्पदा इन दोनोंका समीकरण करके यह समझना चाहिये सत्ता और सम्पदा एक-सी ही है—जहाँ-जहाँ सम्पदा है वहीं-वहीं तो सत्ता होती है अथवा बढ़ती है। इसलिये कोई भी ऐसा और इतना सम्पत्तिशाली नहीं होना चाहिये जो सम्पदाके जोरपर समाजकी प्रगतिको रोक सके। और सम्पदा विशिष्ट अथवा नियत मर्यादाको पार करने लगे तो वह सम्पदा सरकारमें जमा करा दी जानी चाहिये। यदि ऐसा न हुआ, तो सरकार धूलमें मिल जायगी। जनता अब जाग्रत् हो गयी है। इसलिये सम्पदाकी कोई मर्यादा नियत होनी अत्यन्त आवश्यक है। ऐसा हुआ तो जनतामें नया वातावरण उत्पन्न हो जायगा, उसमें प्रेरणात्मक शक्तिका संचार होगा। इन्श्यूरेन्स कम्पनियों, बैंकों तथा उद्योग-धंधोंको राष्ट्रकी सम्पत्ति (राष्ट्रीयकरण) बनाकर उससे जनताका कल्याण हो सकेगा। आजकल मैनेजिंग एजन्सीके कमीशनके नामसे पंद्रह करोड़ रुपये जाते हैं, इस केन्द्रीकरणको क्यों न बंद किया जाय। यदि सचमुच इस ढंगकी समाज-रचना करनी है तो—१—नियन्त्रण, २—कार्यक्षम शासकवर्ग, ३—जनताका सहकार्य—इन तीनोंकी आवश्यकता है। इसी बातका ध्यान रखकर अर्थसंकल्प (बजट) बनाना चाहिये। यदि आप क्रान्ति नहीं चाहते तो संविधानका क्रान्तिकारक प्रयोग कीजिये। तभी हमारा समाजवादका ध्येय साध्य होगा।'

सरकारके अथवा उन-उन प्रदेशोंके अर्थसंकल्पों (बजटों) को देखनेसे स्पष्ट प्रतीत होता है कि उनमें उस प्रकारके समाजवादी संकल्पोंकी गन्धतक नहीं है। हाँ, उनके कल्याणकारी राज्यके-से संकल्प हैं। पहलेके और इन बजटोंमें कुछ भी तो भेद प्रतीत नहीं हो रहा है। इसलिये केवल कोरे समाजवाद अथवा ऊपरी-ऊपरी सुहावने दीखनेवाले समाजवादके नारेसे भयभीत होकर विचलित होनेकी आवश्यकता नहीं। समानताका राग सुन्दर लगता है पर यह कोई नहीं सोच रहा है कि कैसी समानता, किस विषयमें समानता अपेक्षित है। फिर यह बात हमारी समझमें नहीं आ रही है कि नये ढंगका समाजवाद क्या 'कल्याणकारी राज्य'से अच्छा रहेगा। यह बात भी हमारी समझमें नहीं आ रही है कि सत्ता और सम्पदाको हम सम-समान कैसे और क्यों मान लें। सत्ता और सम्पदा दोनों समान नहीं हो सकते। सत्तावाला व्यक्ति सत्ताके जोरपर दूसरोंकी सम्पदाको हथिया सकता है, किंतु सम्पदावालोंका सत्तापर अवश्य अधिकार हो जायगा अथवा हो सकता है, यह बात किसी तर्कसे सुसङ्गत नहीं बैठती। फिर यदि सम्पदाका अर्थ केवल धनसे है तो और बात है। सम्पदा तो कई प्रकारकी होती है। बल-सम्पदा धन-सम्पदासे सदा बड़ी रहती है, बल-सम्पदावाला बल-सम्पदाके बलपर धन-सम्पदावालेका धन छीन सकता है, झपट सकता है। ज्ञान-सम्पदावालेका निराला ही बल रहता है और बल-सम्पदावाला अकेला सौ-सहस्र ज्ञान-सम्पदावालोंपर अधिकार कर सकता है। कहा भी है उपनिषद्में—

शतं ज्ञानिनामेको बली कम्पयते।

अकेला बली सौ ज्ञानियोंको कँपा सकता है।

संसारके अनेक देशोंकी क्रान्तियोंपर दृष्टि डालनेसे यह बात स्पष्ट हो जाती है। संसारमें जहाँ-जहाँ सैनिक (मिलिटरी) क्रान्ति हुई, वहाँके ज्ञानी-मानी देखते ही रह गये और कुछ-का-कुछ हो गया। बल-सम्पदाके सम्मुख अर्थ-सम्पदा हेय है। यह सत्य है कि बल-सम्पदावालोंको भी अर्थ-सम्पदा चाहिये, पर उनके पास वह सम्पदा न हो तो वे उसपर बलपूर्वक अधिकार कर सकते हैं।

फिर यह कहना कि कोई भी ऐसा सम्पदाशाली न हो जो जनताकी प्रगतिमें बाधा डाल सके और सम्पदाकी कोई मर्यादा रहनी चाहिये और सम्पदा मर्यादाके बाहर जाने लगे तो उसको सरकारके सुपुर्द कर देनी चाहिये—इत्यादि कथनका क्या अर्थ है ?

सरकारके पास बल-सम्पदा तो रहती ही है और उसीके पास अर्थ-सम्पदा चली जाय तो वह क्या अनर्थ नहीं कर सकती ! सभी सम्पदाओंको सरकारके पास केन्द्रित करनेसे उसको लक्ष्मीमद नहीं चढ सकेगा और वह अनर्थ नहीं कर सकेगी, यह बात तो नहीं है ।

सुख तो इसीमें है कि सम्पदाओंका विकेन्द्रीकरण हो, सब समुदाय परस्पर सहयोगसे रहें ।

श्रीजवाहरलालजी नेहरू कहते हैं कि हम रूसका अनुकरण नहीं करेंगे । हम चीनका भी अनुकरण नहीं करना चाहते । हम अमरीकाके ढंगका भी समाजवाद नहीं चाहते ।

फिर क्या चाहते हैं ?

यह चाहते हैं कि भारतकी सभ्यता और संस्कृति तथा वातावरणके अनुरूप जो समाजवाद ठीक उतरे, उसीको अपनावें अर्थात् भारतमें, अपने देशमें पाश्चात्य ढंगके समाजवादको देश, काल, पात्र और परिस्थितिके अनुरूप ढालना चाहते हैं ।

यह भी एक गोल बात हुई

असली बात यह है कि भारतीय शासनके सूत्रधार स्वयं अपने मनमें निश्चित नहीं हैं कि कैसा समाजवाद चलाया जाय । भारतकी पवित्र भूमिपर यदि कोई समाजवाद पनप सकता है तो वह हमारे ऋषि-मुनि-महर्षियोंद्वारा वैदिककालमें प्रचलित समाजवाद ही प्रचलित हो सकता है और उसी समाजवादद्वारा भारत तथा संसार सुखी हो सकता है । चाहे कोई व्यक्ति हो, समाज हो, समुदाय हो, वह सब काम नहीं कर सकता, यदि करनेका प्रयत्न करेगा तो सफल नहीं हो सकता । भारतीय समाजवाद स्वभावशास्त्रपर निर्भर है और स्वभाव निर्भर है प्रकृतिगत तीन गुणोंपर—सत्त्व, रज, तम, इन तीनों गुणोंपर—जिसकी सत्ता व्यक्ति, समाज तथा समुदायको विवश करती रहती है ।

पर प्रश्न यह है कि क्या वर्तमान समयमें उस प्रकारकी समाजवादी व्यवस्था चल सकती है ? वैदिक पद्धतिके स्वराज्यके अभावमें उस प्रकारका भारतीय समाजवाद कैसे चल सकेगा ! इसीलिये विवश होकर हमारे नेताओंने स्वतन्त्रताप्राप्तिके पश्चात् पाश्चात्य ढंगका संविधान बनाया, उसको जनताके प्रतिनिधियोंद्वारा स्वीकार कराया, तदनुसार मतदान-प्रणाली चलायी, तद्द्वारा प्रतिनिधि चुनवाये, राज्यशासन चलाया और वर्तमान प्रचलित धर्म अथवा धर्माभासोंद्वारा बाधा न पड़े, इसलिये राज्यप्रणालीको धर्मनिरपेक्ष घोषित किया । अब इस नवीन पद्धतिके राज्यको आठ वर्ष होते हैं—अनुभवसे यही कहना पड़ता है कि—

नवे तस्मिन् महीपाले सर्वं नवमिवाभवत् ॥

(कालिदास)

इस नयी पद्धतिमें सब नया-ही-नया देखियेगा—देखनेके लिये तैयार रहियेगा । धर्मशून्य राजनीति और राजनीतिशून्य धर्म अथवा विज्ञानशून्य धर्म अथवा धर्मशून्य विज्ञान—ये सब भय देनेवाले हैं, भय दे रहे हैं । धर्मशून्य राज्यपद्धतिके कारण संसारमें सदाचार, उच्च नैतिक गुणों और तत्त्वोंका नाश ही होता जा रहा है । धर्मशून्य विज्ञानके कारण संसारमें 'मात्स्यन्याय' प्रचलित हो रहा है । जैसे एक बड़ी मछली छोटी मछलीको निगल जाती है और उन दोनोंको उनसे बड़ी मछली हड़प जाती है, वही दशा संसारके छोटे-बड़े राष्ट्रोंकी हो रही है । सभी अशान्ति फैलानेमें कारण बन रहे हैं और सभी शान्तिकी बातें करते रहते हैं । संसारमें इस गति-विधिसे शान्ति, सुख-समृद्धि नहीं होनेवाली है । जिसके पास सम्पदा है वह भी दुखी, जिसके पास नहीं है वह भी दुखी । स्वतन्त्र राष्ट्र भी बेचैन, पराधीन अथवा दबे हुए राष्ट्र भी बेचैन । कोई सुख-समाधानसे अपना काम नहीं कर रहा है ।

फिर क्या हो ?

हो क्या ? और हो भी क्या सकता है, जब कि जिस (भारत) के पास इन दुःखोंकी ओषधि है, वह स्वयं उस रामबाण ओषधिका सेवन नहीं कर रहा है तथा और लोग भी उस ओषधिका सेवन नहीं करना चाहते, तब यही कहना पड़ता है कि संसारको अभी अनेक दुःख देखने हैं और देखने पड़ेंगे । इस समय संसार सुखकी खोजमें तो है; शान्तिकी खोजमें तो है पर वह दुःखके मार्गमें चल पड़ा है । जैसे भूकम्पके धक्के लगते रहते हैं, इसी प्रकार संसारको क्रान्तियों और उत्क्रान्तियोंके धक्के लग रहे हैं । प्रत्येक

राष्ट्र रोगी है और प्रत्येक ही वैद्यराज है। कौन किसकी सुनता है ? सुनेगा, सुनेगा, पर अभी देर है।

फलं कतकवृक्षस्य यद्यप्यम्बुनिवारकम्।
न नामग्रहणादेव तस्य वारि प्रसीदति॥

निर्मलीके बीजमें गँदले जलको शुद्ध करनेकी शक्ति है, पर कोई बुद्धिमान् केवल निर्मलीके बीजका नाम लेता रहे, नाम रटता रहे और उसका यथारीति प्रयोग न करे तथा उसका प्रयोग करना न जाने तो उससे कभी भी कोई भी लाभ होनेवाला नहीं है। संसारके उपकारको परम धर्म माननेवालोंकी, 'कुण्वन्तो विश्वमार्यम्' की यही दशा हो रही है। कोरे नामकी रट है, कोरे नामकी धुन है। कोरे शब्द हैं, कोरे नारे हैं, कोरे महानाद हैं, कोरे घोष अथवा उद्घोष हैं—पर उनमें क्या सार्थकता है।

सब अपने स्वभावानुरूप कर्म करें और उन कर्म-समुच्चयोंको एक-एक जाति एक-एक समुदाय-परम्पराद्वारा आगे भी चलाते रहे और ऊपर राजदण्ड जागता रहे, जिससे सब अपने-अपने कर्म-समुच्चयोंका यथार्थरूपमें पालन करते रहें; फिर देखिये कैसा सुन्दर, व्यावहारिक, स्वाभाविक सबको सुखप्रद, शान्तिप्रद समाजवाद उत्पन्न होता है। भारतीय स्वाभाविक त्यागमय भावनाप्रधान समाजवाद ही संसारको सुख-शान्तिका धाम बनानेकी शक्ति रखता है। अध्यात्मशून्य कोरा भौतिकवादकी आधारशिलापर खड़ा किया हुआ, ऊपरसे भव्य दिखलायी पड़नेवाला किंतु भीतर-से खोखला समाजवाद भारतीय वातावरणमें पनप ही नहीं सकता। या तो भारत अपनी आध्यात्मिकताको तिलाञ्जलि देकर पाश्चात्योंका अनुसरण करके उन-जैसा बन जाय अथवा अपनी आध्यात्मिकताकी रक्षा करके संसारका मार्गदर्शक बने। भारत यदि पाश्चात्योंका अन्धानुकरण कर उनका शिष्य बनता है तो भारतका भारतत्व गया—वह मानो मर गया। भारत या तो पाश्चात्योंका शिष्य बनकर अपनी सत्ता, महत्ता अथवा गुरुता खो बैठे, अथवा पुनः गुरु बनकर संसारका मार्गदर्शक बने। ये दो ही मार्ग हैं। बीचका कोई मार्ग नहीं है। देखें, जो भारत अबतक सहस्रों वर्षोंतक किसी प्रकार अपना अस्तित्व सुरक्षित रख सका, वह आगे क्या करता है, कैसे करता है, इस ओर संसारका ध्यान लग रहा है।

'दर्शन'का दर्शन

(लेखक—श्रीलक्ष्मीनारायणजी दुबे)

प्राणियोंमें सर्वाधिक विवेकशील—'मानव'—जीवन-जगत्के रहस्यमय तत्त्वोंके प्रति अपने मन-मस्तिष्कके प्राङ्गणमें, जिज्ञासा तथा कुतूहलके भाव-विहँगकी आभा विकीर्ण करे—तो इसमें आश्चर्य ही क्या ! प्रकृतिके प्राङ्गणमें होनेवाली प्रतिदिनकी घटनाओंने संवेदनशील मानवको आदिकालसे प्रभावित कर रक्खा है। बर्बरता, असभ्यता तथा विचार-शून्यताकी तमोमयी अवस्थाको जब मानवने अपने ज्ञान, विवेक तथा अनुभवके तीन युगान्तरकारी पगोंसे नाप डाला और अनवरत गति तथा पुरोगति उसकी पद-ध्वनियोंमें गूँज उठी, तभी दर्शनने शनैः-शनैः अपना दर्शन देना आरम्भ किया। चीजें पुरानी थीं; रंग पुराना था, परंतु 'नयी आँख' तथा नूतन चित्रांकन-शैली प्राप्त होते ही, उसने अध्ययन, मनन एवं चिन्तनकी त्रिवेणीको निकटसे—और जिंदा-दिलीसे देखने तथा परखनेका प्रयास प्रारम्भ किया। रेखाएँ गहरी होने लगीं, रंग निखरते गये, आँखें पैठने लगीं, वाणी मुखर हो चली और गम्भीर अभिव्यक्तिके प्रति आसक्ति—यह आस्था बढ़ने लगी। 'आराम'से विमुख हो, उसने 'अध्यात्म'को अपनाना सीखा। 'रोटी'के राजमार्गोंको छोड़, मानवने जिस दिन सत्, चित्, आनन्दके सारनाथका संसर्ग किया—उसी दिन दर्शनका दीपक देदीप्यमान हो गया।

हम जीवितावस्थामें हैं और जी रहे हैं, परंतु नहीं जानते कि जीवन क्या है ? जीवनकी जागरूकता—हममें, इस जिज्ञासाकी पूर्तिके लिये, ज्योति उत्पन्न करती है। काव्यके समान 'दर्शन' भी जीवनका दर्शन करता है, उसका दर्शन उपस्थित करता है और उसकी व्याख्या देता है। परंतु काव्यकी 'व्याख्या' होती है—कमनीय, कल्पना तथा भाव-प्रचुर, और दर्शनकी 'व्याख्या' वैज्ञानिक होती है। दर्शनका आधार तार्किक और विधिवत् होता है। काव्य जीवनके नानाविध पहलुओंका चारु चित्रण कर आदर्शकी स्थापना करता है और दर्शन केवल अपनी शल्य-क्रिया करता है।

मनुष्य काम करता है और सोचता है। सोचता है और काम करता है। उसने जीवन जगत्को जानने तथा परखनेके हेतु अनेक विषय गढ़ रक्खे हैं। प्रत्येक विषय,

अपने दृष्टिकोणसे, विश्वके एक भागका मूल्याङ्कन करते हैं। उनके विषय-वैचित्र्यमें संकीर्णता हाथ सेंकती है। दर्शन ब्रह्माण्डको समूचे रूपमे अपने दृष्टिकोणसे मननका केन्द्र-विन्दु बनाता है। इस प्रकार उसके दृष्टिकोणमे एकरूपता तथा विषयमें सार्वभौमिकताका ताना-बाना गूँथा जाता है।

दर्शन-शास्त्र विज्ञानोंका विज्ञान है। 'विज्ञान'—ज्ञानका एक विशिष्ट अङ्ग है, जिसमे विषयोका सुव्यवस्थित तथा विधिवत् अध्ययन किया जाता है। पाश्चात्य दर्शनके विश्व-विख्यात तत्त्व-चिन्तक आचार्य प्लेटोने कहा है कि दर्शनका प्रारम्भ आश्चर्यसे होता है। उन्होने तो अपने लब्ध-प्रतिष्ठ ग्रन्थ 'रिपब्लिक'में यहाँतक कह दिया है कि दार्शनिक लोग ही विश्वका शासन कर सकते हैं। 'फिलासफर' या 'दार्शनिक'का अर्थ 'विद्यानुरागी' होता है। दर्शन शब्द 'दृश्' धातुसे बना है। 'दर्शन' शब्दका उत्पत्ति अर्थ है, जिसके द्वारा देखा जाय—'दृश्यते अनेन इति दर्शनम्।' वस्तुके सत्यभूत तात्त्विक रूपका दर्शन करना ही—वास्तविक दर्शन है। इसका सर्वप्रथम प्रयोग आदि उपनिषद् 'ईश'मे हुआ है। अंग्रेजी चिन्तन-विज्ञानमें 'दर्शन'का पर्यायवाची शब्द 'फिलासफी' है जो कि दो ग्रीक शब्दो 'फाईलास' और 'सोफिया'का यौगिक है। 'फाईलास'का अर्थ है 'अनुराग' और 'सोफिया'का शब्दार्थ है 'विद्या' या 'वैदुष्य'। इस प्रकार इस शब्दका अर्थ 'विद्यानुराग' निकलता है। इस शब्दका प्रयोग सर्वप्रथम ग्रीस देशमे हुआ। सबसे पहले ऐतिहासिक हिरोडोटस (विक्रमपूर्व पाँचवी शताब्दी) ने क्रीससके द्वारा दार्शनिक सोलनके लिये इस शब्दके उपयोगका उल्लेख किया है।

विभिन्न विज्ञानोद्वारा निर्णीत, 'सत्य'के समन्वय और एकीकरणका कार्य दर्शन-शास्त्रका कार्य होता है। विज्ञान तथ्योंका आकलन करता है, परंतु दर्शनका लक्ष्य, उनका अर्थ स्पष्टीकरण होता है। आंग्ल देशके सुप्रसिद्ध विज्ञानवेत्ता जे० आर्थर टामसनने इस पहलूपर अच्छा प्रकाश डाला है—'यद्यपि उक्त पाँच मुख्य शास्त्रोमें (अर्थात् समाज-विज्ञान, जीव-विज्ञान, मनोविज्ञान, भौतिकशास्त्र और रसायनशास्त्र) समाज-विज्ञानको प्रधान कहा; परंतु इन पाँचोंके ऊपर 'ब्रह्म-विद्या'का स्थान है, क्योकि इन पाँचोका समन्वय करना, ज्ञानसमूहमें,—अर्थात् समग्र ज्ञान-पुरुषके काय-व्यूहमे, इनका यथास्थान समावेश करना, इनके तारतम्य, बलाबल और उचित प्रयोगका निर्णय करना, इनके अन्तर्गत वस्तुओंके वर्णनोंकी समीक्षा करके उन वर्णनोंके परस्पर विरोधोंको दूर करना और उनकी त्रुटियोंकी पूर्ति करना—यह कार्य ब्रह्मविद्याका है।'

सामान्य-से-सामान्य मानवसे लेकर, महापुरुषोंतक—सबका अपना-अपना जीवन-दर्शन होता है जो कि उनके व्यक्तित्वको प्रभावित करता है। 'मुण्डकोपनिषद्'ने ब्रह्म-विद्याको सर्वविद्या-प्रतिष्ठाके रूपमे गौरवान्वित किया है—

स ब्रह्मविद्यां सर्वविद्याप्रतिष्ठामथर्वाय ज्येष्ठपुत्राय प्राह।

भगवान् श्रीकृष्ण तो 'भगवद्गीता'में, दर्शन-शास्त्रको अपना स्वरूप बतलाकर, वरेण्य बना देते हैं—

अध्यात्मविद्या विद्यानां वादः प्रवदतामहम्।

भारतीय नीति-विज्ञानके ज्योतिस्तम्भ आचार्य चाणक्यने दर्शन-शास्त्रको सब शास्त्रोका 'दीपक' बतलाया है—

प्रदीपः सर्वविद्यानामुपायः सर्वकर्मणाम्।
आश्रयः सर्वधर्माणां शश्वदान्वीक्षिकी मता॥
(कौटिल्य अर्थशास्त्र १।२)

आत्माका बोध कराना—चाहे वह ब्रह्मसे भिन्न हो अथवा अभिन्न—प्रत्येक दर्शनका मूलभूत लक्ष्य होता है—

आत्मनः स्वरूपेणावस्थितिर्मोक्षः।

आत्मदर्शन ही परम धर्म है और यही दर्शनका प्रधान प्रयोजन है। 'मुण्डकोपनिषद्'में लिखा है कि आत्माके दर्शन होनेपर, परमात्माका स्वरूप ठीक-ठीक विदित हो जानेपर हृदयकी, बहुत दिनोंकी पड़ी हुई सब गाँठें अविद्या, अहंकार, राग, द्वेष, काम, क्रोध, लोभ आदिकी ग्रन्थियाँ कट जाती हैं और सभी अपने आत्मामे मग्न हो जाते हैं—

भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे॥

सूफी-कवियोंने रूपककी भाषामे कह दिया है कि भावसागरमें आत्मज्ञानके अतिरिक्त और कोई मोती नहीं है। जैसे पानीका भँवर अपने ही चारों ओर फिरता है, वैसे ही हम सब अपनी ही, अपने आत्माकी ही, परिक्रमा करते रहते हैं,—

'गौहर जुजखुद-शिनासी नीस्त दर बहर वुजूद,
मा बगिर्दे खेश मी गर्दम चूँ गिर्द बहा।'

लोक-नायक संत कबीरने तो परमात्माका वास आत्मामें ही बतलाया है—

'तेरा साईं तुझमें, ज्यूँ पुहुपनमें बास ।
कस्तूरीके मिरग ज्यूँ, फिरि फिरि ढूँढै घास ॥'

प्रत्येक आन्दोलन, साहित्य, जीवन, राजनीतिके पृष्ठमे उसका अपना दर्शन होता है। दर्शनकी दुंदुभि सर्वत्र बज रही है। देशकी विभिन्न परिस्थितियोंका वहाँके दर्शनपर गहरा प्रभाव पड़ता है। पाश्चात्य दर्शनशास्त्र-वेत्ताओंने दर्शन-शास्त्रको तत्त्वमीमांसा, प्रमाण-मीमासा, तर्कशास्त्र, नीतिशास्त्र, सौन्दर्य-मीमासा और मनोविज्ञानमे विभाजित कर दिया है।

पाश्चात्य देशोंमे जहाँ दर्शनमे व्यावहारिकताका अभाव है, वहाँ भारतीय दर्शनमें—धर्मको दर्शनमे, सुमन तथा सुवासके समान अविच्छिन्न माना गया है।

दर्शन बुद्धिके पौधेको नयी जमीन देता है। दर्शन गूढ़ार्थोंका दर्शन प्रस्तुत करता है। दर्शन शान्तिका अमर वरदाता है; जीवनके निःश्रेयस् 'सत्य'का अन्वेषक है और हमारी सास्कृतिक समस्याओंके निराकरणमे, युगान्तरकारी योगदान देता है। आज हमारे युगकी—सघर्ष, द्वन्द्व, भय तथा हिंसासे ओतप्रोत युगकी—सर्व महान् समस्या सास्कृतिक है। भावोंके सुकुमार कविवर 'पन्त'के शब्दोंमें—

राजनीतिका प्रश्न नहीं है आज जगतके सम्मुख,
अर्थ-साम्य भी मिटा न सकता मानव-जीवनके दुख।
आज बृहत् सास्कृतिक समस्या उसके निकट उपस्थित,
खण्ड मनुजताको युग-युगकी होना है नव-निर्मित॥
('पन्त' ग्राम्या)

और है 'दर्शन', आत्म दर्शनके पथ-प्रदर्शनका साक्षात् 'आलोक-स्तम्भ'—

यदाभ्युदयिकं चैव नैःश्रेयसिकमेव च।
सुखं साधयितुं मार्गं दर्शयेत् तद्धि दर्शनम्॥

भीतर देखिये

(लेखक—साधुवेषमें एक पथिक)

बाह्य रूप देखने और पहिचाननेमें तो पशु भी कुशल होते हैं, पर भीतर देखनेकी शक्ति उस बुद्धिमें होती है जो मानवको मिली है। आप किसी भी व्यक्ति या वस्तुके—जो कुछ भी जगत् दृश्य दीखता है उसके—बाहर ही देखकर अपने आपको ज्ञाता न मानिये; 'सब कुछ'के भीतर देखिये। संसारमे अनेक वस्तु ऐसी हैं जो बाहरसे देखनेमें सुन्दर और मनोहर प्रतीत होती हैं, पर भीतर देखनेमे अति घृणित और असुन्दर सिद्ध होती हैं; इसके विपरीत ऐसी अनेक वस्तुएँ हैं जो बाहरमे असुन्दर और घृणित दीखती हैं पर उनका भीतरी रूप सुन्दर और पवित्र तथा सर्वोपयोगी होता है। एक वेश्याके बाह्य सौन्दर्यको देखते हुए भीतरी प्रकृतिको न देखकर तथा एक पतिव्रता सती-साध्वी नारीकी वेषभूषामे वेश्याकी अपेक्षा असुन्दर रूप देखकर मानव कितना धोखा खा सकता है! ऊपरकी आकृति बाहरी नेत्रोंसे दीखती है; भीतरकी प्रकृति अथवा स्वभावको विवेकी बुद्धि देख पाती है। इन्द्रिय-दृष्टिसे तो पशु-पक्षी, कीट-पतंग आदि भी देखते हुए विषय-रसका आस्वादन करते हैं, पर जिन प्राणियोंमें इन्द्रियोंके पीछे विवेकवती दृष्टि खुली है, वे ही यथार्थमें मानव हैं, ठीक-ठीक देखना जानते हैं। बाह्य दृष्टिसे भोग और अन्तर्दृष्टिसे योगका मार्ग दीखता है। बाहरसे देखनेमे अनुकूल या प्रतिकूल क्रियाका दर्शन होता है; भीतर देखनेमे क्रियाके पीछे भाव और भावमें हितकर या अहित उद्देश्यका अनुभव होता है। किसी भी प्रकारके सुख तथा दुःखको बाहरसे ही न देखकर भीतर देखिये। बाहरसे जिस वियोग-दुःखका कारण किसी प्रियका सम्बन्ध-विच्छेद दीखता है, भीतरसे उसका कारण मोह मिलता है। बाहरसे जिस हानिके दुःखका कारण धन-सम्पत्तिका खो जाना प्रतीत होता है, भीतरसे उसका कारण केवल लोभ ही मिलता है। बाहरसे जिस अपमानके दुःखका कारण अपने अधिकार-पर आघात करनेवाला व्यक्ति दीखता है; भीतरसे उसका कारण प्रबल अहंकार या अभिमान ही मिलता है।

बाहरसे देखनेमे एक व्यक्ति मान, माया और भोगोंसे घिरा हुआ सुखी दीखता है, पर उसीको भीतरसे देखनेपर पता चलता है कि उसके सारे सुखोंका अन्त दुःखोंमें होने जा रहा है। बाहरसे एक व्यक्ति सुख-भोगोंसे विरक्त होकर दुःख सहता हुआ दीखता है, पर भीतरसे देखनेपर पता चलता है कि वह सुख-दुःखके बन्धनसे मुक्त होकर नित्य सत्य-आनन्दकी ओर गतिशील है। बाहरसे एक व्यक्ति दूसरोंकी

सम्पत्ति लूटते हुए, छल-कपटसे दूसरोंको धोखा देकर ठगते हुए धन, धान्य और परिवारसे फलता-फूलता सुखी दीख पड़ता है, पर भीतरकी ओर दृष्टि करनेसे पता चलता है कि कभी बहुत ही कठिन श्रमसे दुःख सहकर उसने किसीकी सेवा की है, असह्य तपसे दूसरोंको आराम देकर मजदूरी करते हुए जीवन बिताया है और अब संचित पुण्यफलका अनुचित ढंगसे—अमर्यादित विधिसे भोग करते हुए आगेके लिये और अधिक पुण्य-सम्पादन करनेकी अपेक्षा पाप बढ़ा रहा है—जिसका परिणाम दुःख-भोग है; इसके विपरीत जो धर्म-कर्तव्यका ध्यान रखकर बाहरसे दुखी दीखता है, दूसरोंसे सताये जानेपर भी विचलित नहीं होता है, उसकी भीतरी स्थितिपर विचार करनेसे यह बात समझमें आती है कि उसके पूर्वकृत अशुभ कर्मोंका अन्त हो रहा है और वह बहुत उच्च स्थान प्राप्त करने जा रहा है।

जब कभी हमारे दुःखोंके कारण बाहरसे व्यक्ति, प्रारब्ध कर्म अथवा भगवान् दीखते हैं तभी भीतर देखनेपर उन (दुःखों) के कारण अपने बनाये हुए दोष प्रतीत होते हैं। चाहे वे मोह हों या लोभ अथवा अभिमान हों। भीतरसे इन दोषोंको देख लेनेपर हम उनके त्यागमें स्वतन्त्र हैं, यह दूसरी बात है कि सुखासक्ति ऐसा न करने दे। बाहरसे संसारकी जिन वस्तुओं और व्यक्तियोंको आप अपने मानते हैं उन्हींको भीतरसे देखनेपर संसारमें अपना कुछ भी नहीं प्रतीत होता है। बाहरसे अति सुन्दर दीखनेवाली देह भीतर-से अस्थि, मांस, मज्जा, रुधिर, कफ आदिका भाण्ड—पात्र प्रतीत होता है। बाहरसे अति सुखदायी प्रतीत होनेवाले विषय-भोग भीतरसे अति दुःखदायी तथा शक्तिका ह्रास और अन्तमें विनाश करनेवाले सिद्ध होते हैं। बाहरसे अति भयानक प्रतीत होनेवाले मृत्यु तथा दुःख भीतरसे मुक्ति और आनन्दकी ओर प्रेरित करनेवाले होते हैं। बाहरसे स्थिर और सत्य-सा दृश्य जगत् क्षण-क्षण बदलनेवाला और असत्य—मिथ्या दीख पड़ता है। बाहरसे अगणित नाम-रूपमें भासित होनेवाले जगत्के भीतर अनेकता, भिन्नता तथा विषमताके मूलमें अखण्ड चेतनतत्त्वकी एकता तथा अभिन्नता और समताका अनुभव होता है। बाहर देखनेसे जहाँ अनन्त जीवोंका विस्तार दृष्टिगत होता है, वहीं भीतरसे एक सच्चिदानन्द शिवतत्त्वद्वारा सबका विस्तार अनुभूत होता है। शब्दके भीतर अर्थ, अर्थके भीतर भाव, भावके भीतर रहस्य तथा उद्देश्य और लक्ष्य और लक्ष्यके भीतर नित्य सत्यको देखने-वाला ही सत्यदर्शी है। यथार्थदर्शी—सत्यदर्शी बाह्य नामरूप —आकृतिके भीतर प्रकृति, प्रकृतिके भीतर उसके कर्ता, कर्ताके भीतर प्रेरक काम और कामके भीतर कामसे असङ्ग स्वरूप—सर्वप्रकाशक आत्मारामको देखता है।

बाहर विश्व दीखता है, भीतर विश्वाधारका दर्शन होता है। बाहर साकार दीखता है; भीतर निराकारका अनुभव होता है। बाहर सुख-दुःखका द्वन्द्व दीखता है; भीतर अखण्ड-द्वन्द्वातीत आनन्दका बोध होता है। बाहर सब कुछ असत्य दीखता है, भीतर असत्यके प्रकाशक सत्यका ज्ञान होता है। बाहर विनाशी देह दीखती है, भीतर अविनाशी आत्माका साक्षात्कार होता है। बाहरसे देखनेवालो! भीतर देखिये।

सत्यव्रती

(रचयिता—श्रीहनुमानप्रसादजी गोयल 'ललाम')

माँजे जाते दमक उठते, क्लेशकी रेतसे वे।
सच्चे हैं जो परम प्रभुकी प्रीतिके पात्र प्यारे॥
हीरे-से हो हृदय विपदा-सूचिकासे सिलाके।
शोभा पाते हृदय लगते हार हो श्रीपतीके॥
दुखों कीचों बीचों, सलिल सम जाते फँस जभी।
सहारा हैं लेते, बस, वह सदा सत्य-रविका॥

तपाके काया वे फिर विमल उठ ऊँचे जलद-से।
बहा देते धारा, सकल जगमें स्नेह-रसकी॥
बना देते खेती शुचि करमताकी लहलही।
मिटा देते सारे दुसह दुख संताप चितके॥
तथा होके छाया जगत-जनके हेतु नित वे।
स्वयं होते जाके लय उस दयासिंधु-पदमें॥

जब अपवित्र विचार घेरते हैं ?

(काम, कारण और निवारण)

(लेखक—श्रीकृष्णदत्तजी भट्ट)

[गताङ्क पृष्ठ ९७४ से आगे]

जो मोहि राम लागते मीठे।
तौ षट रस, नव रस, रस, अनरस, ह्वै जाते सब मीठे॥

तुलसी बाबाके इस पदमें जो अन्तर्वेदना छिपी है, उसका अनुभव किस साधकको नहीं होता ?

हमें खट्टे, मीठे, चटपटे तरह-तरहके रसीले व्यंजन भाते हैं, शृङ्गार, हास्य, वीर, करुण आदि नव रसोंमें मजा आता है, जगत्‌के प्राणी-पदार्थ प्रिय लगते हैं। पर, राम अच्छे नहीं लगते ! भगवान् मीठे नहीं लगते !

प्रभु-चरणारविन्दोंमें हमारा प्रेम हो, ब्रह्मकी ओर—सत्यकी ओर हमारा झुकाव हो तो फिर विषयोंका प्रेम टिके ही कहाँ ?

परंतु, कहाँ हो पाता है ऐसा ?

× × ×

कोई उच्च आदर्श हो, कोई ऊँचा लक्ष्य हो, उसपर चलनेके लिये हम कृतसंकल्प हों, तो गंदे और अपवित्र विचारोंकी जड़ ही कट जाय।

विषयोंमें हमें तभीतक आनन्द आता है, भोगोंमें तभीतक मजा आता है, विषयवासनामें तभीतक रस आता है, जबतक इससे ऊँचा रस हमने नहीं चक्खा। इससे ऊँचा कोई आदर्श हमारा आदर्श नहीं बना।

विनोबाने ब्रह्मचर्यकी व्याख्या करते हुए ठीक ही कहा है—'ब्रह्म' अर्थात् कोई बृहत् कल्पना। यदि मैं चाहता हूँ कि इस छोटी-सी देहके सहारे संसारकी सेवा करूँ, इसीके लिये अपनी सारी शक्ति खर्च करूँ तो यह एक विशाल कल्पना हुई। विशाल कल्पना रखते हुए ब्रह्मचर्यका पालन हो जाता है।

इन्द्रियोंका निग्रह करना, यही एक विचार हमारे सामने हो तो हम गिनती करने लग जायँगे कि इतने दिन हुए और अभीतक कुछ फल नहीं दिखायी देता। लेकिन, किसी बृहत् कल्पनाके लिये हम इन्द्रियनिग्रह करते हैं तो 'यह हम करते हैं, ऐसा कर्तरि प्रयोग नहीं रहता; 'निग्रह किया जाता है' ऐसा कर्मणि प्रयोग हो जाता है या यों कहिये कि निग्रह ही हमें करना है।

'भीष्मपितामहके मनमें एक कल्पना आ गयी कि पिताके संतोषके लिये मुझे संयम करना है। बस, पिताका संतोष ही उनका 'ब्रह्म' हो गया और उससे वे आदर्श ब्रह्मचारी बन गये।

'ऐसे ब्रह्मचारी पाश्चात्य देशोंमें भी हुए हैं। एक वैज्ञानिक रात-दिन प्रयोगमें मग्न रहता था। उसकी एक बहिन थी। भाई प्रयोगमें लगा रहता है और उसकी सेवा करनेके लिये कोई नहीं है—यह देखकर बहिन ब्रह्मचारिणी रहकर भाईके पास ही रही और उसकी सेवा करती रही। उस बहिनके लिये 'बन्धुसेवा' ब्रह्मकी सेवा हो गयी।

'अध्ययन करनेमें यदि हम मग्न हो जायँ तो इस दशामें विषयवासना कहाँसे रहेगी ? मेरी माता काम करते-करते भजन गाया करती थी। भोजनमें नमक कभी-कभी भूलसे दुबारा पड़ जाता था, पर मन चिन्तनमें इतना निमग्न रहता था कि मुझे इसका पता ही नहीं चलता था।

'वेदाध्ययन करते समय मैंने अनुभव किया कि देह मानो है ही नहीं। कोई लाश पड़ी है ऐसी भावना उस समय हो जाती थी। इसलिये ऋषियोंने कहा है—बचपनसे वेदाध्ययन करो। मैंने अध्ययनके लिये ब्रह्मचर्य रक्खा। उसके बाद देशकी सेवा करता रहा। यहाँ भी इन्द्रियनिग्रहकी आवश्यकता थी, किंतु बचपनमें इन्द्रियनिग्रहका अभ्यास हो गया था, इसलिये बादमें मुझे वह कठिन नहीं लगा।

'मैं नहीं कहता कि ब्रह्मचर्य आसान चीज है। हाँ, विशाल कल्पना मनमें रक्खोगे तो आसान है। ऊँचा आदर्श सामने रखना और उसके लिये संयमी जीवनका आचरण, इसे ही मैं 'ब्रह्मचर्य' कहता हूँ।'

× × ×

और विनोबाने इस ब्रह्मचर्यके लिये अपनेको किस तरह कसौटीपर कसा है, इसका अनुमान उस पत्रसे लग सकता

है जो उन्होंने (१०।२। १९१८को) बापूके नाम लिखा था।

विनोबाने लिखा—'जब मैं दस वर्षका था तभी मैंने ब्रह्मचर्यव्रतका पालन करते हुए देशसेवा करनेका व्रत लिया था। उपनिषदोंका अध्ययन करनेके लोभसे मै इतने दिनों आश्रमसे बाहर रहा। उपनिषद्, गीता, ब्रह्मसूत्र और शांकर-भाष्य, मनुस्मृति, पातञ्जलयोग दर्शन—इन ग्रन्थोंका मैंने अभ्यास किया। इनके अलावा न्यायसूत्र, वैशेषिकसूत्र, याज्ञवल्क्यस्मृति—इन ग्रन्थोंको पढ़ गया। अब मुझको अधिक सीखनेका मोह नहीं है।

'दूसरा काम था स्वास्थ्यसुधार। उसके लिये पहले तो मैंने १०-१२ मील घूमना शुरू किया। बादमे ६ से ८ सेर अनाज पीसना चालू किया। आज ३०० सूर्य-नमस्कार और घूमना—यह मेरा व्यायाम है। इससे मेरा स्वास्थ्य ठीक हो गया।

'आहार—पहले ६ महीनेतक तो नमक खाया, बादमे उसे छोड़ दिया। मसाले वगैरा बिल्कुल नहीं खाये और आजन्म नमक और मसाले न खानेका व्रत लिया। दूध शुरू किया। उसे भी छोड़ा जा सकता हो तो छोड़ देनेकी मेरी इच्छा है। एक महीना केवल दूध और नीबूपर बिताया। इससे ताकत कम हुई। आज मेरी खुराक है—दूध डेढ़ सेर, भाखरी दो, केले ४-५, नीबू १ (मिल जाय तो)। स्वादके लिये अन्य कोई पदार्थ खानेकी इच्छा ही नहीं होती। फिर भी मेरा यह आहार बहुत अमीरी है, ऐसा महसूस करता हूँ।

'अपरिग्रह—लकड़ीकी थाली, कटोरी, आश्रमका एक लोटा, धोती, कम्बल और पुस्तके—इतना ही परिग्रह रक्खा है। बंडी, कोट, टोपी वगैरह न पहननेका व्रत लिया है। इस कारण शरीरपर भी धोती ही ओढ़ लेता हूँ। करघेपर बुना कपड़ा ही इस्तेमाल करता हूँ।

'स्वदेशी-परदेशीका सम्बन्ध मेरे पास है ही नहीं।

'सत्य-अहिंसा-ब्रह्मचर्य—इन व्रतोंका परिपालन अपनी जानकारीमें मैंने ठीक-ठीक किया है, ऐसा मेरा विश्वास है।···'

× × ×

इस पत्रको पढ़कर बापूके मुँहसे यकायक निकल पड़ा—'गोरखने मछन्दरको हराया। भीम है भीम!'

कौन न गद्गद हो उठेगा इस उज्ज्वल प्रसंगको पढ़कर!

× × ×

स्पष्ट है कि हमारी कल्पना ऊँची हो, विशाल हो, ब्रह्म-की खोजके लिये, अध्ययनके लिये, देश या समाजकी सेवाके लिये अथवा ऐसे ही किसी उच्च आदर्शकी प्राप्तिके लिये हम अपनेको उत्सर्ग कर दें, अपना जीवन दान कर दें, फिर तो स्वतः ब्रह्मचर्यका पालन हो जाता है। इन्द्रियाँ खुद ही संयमकी पटरीपर दौड़ने लगती हैं।

बच्चे कबड्डी खेलते हैं, हाकी-फुटबाल खेलते हैं—खेलने-के लिये खेलका आनन्द लेनेके लिये। स्वास्थ्य उन्हें मिल जाता है घलुएमें। उसी तरह हमारा आदर्श ऊँचा हो, हमारा लक्ष्य ऊँचा हो फिर तो इन्द्रियसंयम स्वतः हो जाता है।

× × ×

हर चीजके दो पहलू होते हैं।

एक भावात्मक, दूसरा अभावात्मक।

'सत्य बोलो' भावात्मक-रूप है। 'झूठ मत बोलो' अभावात्मक।

'सभी इन्द्रियोंकी शक्तिका उपयोग आत्माके विकासके लिये करो'—यह हुआ ब्रह्मचर्यका भावात्मक रूप।

'विषयवासना मत रक्खो, इन्द्रियोंको इधर-उधर मत भटकने दो'—यह हुआ ब्रह्मचर्यका अभावात्मक रूप।

× × ×

आत्मानन्द, आत्माका विकास, ब्रह्ममे तल्लीनता राममे रमना—ब्रह्मचर्यका एक रूप है।

इन्द्रियोंका निग्रह, इन्द्रियोंका संयम, विषयवासनाका निर्मूलन—उसका दूसरा रूप है।

एक ही सिक्केके दो बाजू। एक ही तराजूके दो पलड़े!

ब्रह्मचर्यके परिपालनके लिये हमे दोनोंकी साधना करनी पड़ेगी।

कारण,

'रस्ते जुदे-जुदे हैं, मकसूद एक है।'

× × ×

कुछ लोग कहते हैं कि 'काम' न हो तो सृष्टिका क्रम ही बंद हो जाय।

ठीक है।

परंतु सृष्टिका क्रम बनाये रखनेके लिये आप इतने चिन्तित क्यों हैं?

सृष्टिका नियन्ता करेगा न उसकी परवा।

उसने कहा ही है—

'धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ ॥'

× × ×

हमारे यहाँ धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष—धर्मके चार स्तम्भ माने गये हैं। गृहस्थ-आश्रमकी रचना शनैः-शनैः इस कामको मर्यादित करनेके लिये ही तो हुई है।

पति-पत्नी अपने अभावोंकी पूर्ति करते हुए जीवनके चरम लक्ष्यकी ओर अग्रसर हों, इसीलिये विवाहकी पद्धति चलायी गयी है।

विवाह करनेका अर्थ यह नहीं है कि हमें अमर्यादित कामोपभोगका 'लाइसेन्स' मिल गया।

× × ×

पति-पत्नी ब्रह्मचर्यका पालन करते हुए भी संतानोत्पत्ति कर सकते हैं। शास्त्रोंमें ऐसी व्यवस्था है।

गर्भाधानके लिये हमारे यहाँ अनेक विधि-निषेध हैं।

कहा गया है कि प्रतिपदा, अष्टमी, एकादशी, त्रयोदशी, चतुर्दशी, पूर्णिमा, अमावास्या आदि तिथियोंको छोड़कर; व्यतिपात, ग्रहण, रामनवमी, शिवरात्रि, जन्माष्टमी, श्राद्ध-दिवस, संक्रान्ति और रविवारको छोड़कर; आश्लेषा, मघा, मूल, कृत्तिका, ज्येष्ठा, रेवती, उत्तराभाद्रपद, उत्तराफाल्गुनी और उत्तराषाढ़ा नक्षत्रोंको छोड़कर और पत्नीके ऋतुमती होनेकी प्रथम चार रात्रियोंको छोड़कर पाँचवींसे सोलहवीं रात्रितक गर्भाधानका उत्तम काल है।

इसके अलावा स्थान आदिके सम्बन्धमें भी कुछ विधि-निषेध हैं। जैसे रास्तेमें, अन्य लोगोंके सामने, औषधालयमें, मन्दिरमें, गुरुगृहमें, मित्रके और गुरुजनोंके बिछौनेपर, श्मशानमें, अपवित्र स्थानमें, सबेरे या शाम, औषध-पानके उपरान्त, भूखे पेट अथवा भोजनके तुरंत बाद, मल-मूत्रके आवेगके समय, व्यायाम अथवा मेहनत करनेके बाद, उपवासके दिन, क्रोधके अथवा दुःखके आवेशमें, किसी अन्य आवेगके समय सहवास वर्जित है।

गर्भाधानके उपरान्त संतानके जन्म तथा उसके बाद उस समयतक सहवास वर्जित है जबतक शिशु माताका दुग्ध-पान बंद न कर दे।

× × ×

आप कहेंगे कि जब सब निषेध-ही-निषेध है तब गर्भाधानके लिये भी अवसर कहाँ रह जाता है ?

जी नहीं। फिर भी महीनेमें एकाध रात्रि निकल ही आयेगी।

आपका प्रश्न हो सकता है कि इतनेसे यदि वासनाकी तुष्टि न हो तब ?

तो सुकरातके कथनानुसार कफन मँगवाकर घरमें रख लीजिये और चाहे जितनी बार वासनाके हाथका खिलौना बन जाइये।

× × ×

सुकरातसे किसीने पूछा—जीवनमें कितनी बार स्त्रीप्रसङ्ग करना चाहिये ?

'केवल एक बार।'

'एक बारसे तृप्ति न हो तब ?'

'तब सालमें एक बार।'

'फिर भी मन न माने तो ?'

'तो महीनेमें एक बार।'

'फिर भी चित्त चचल हो तो ?'

'तो माहमें दो बार। पर, ऐसा करनेसे मृत्यु शीघ्र आकर उठा ले जायगी।'

'माहमें दो बारसे भी यदि तृप्ति न हो तो ?'

तब सुकरातने झल्लाकर कहा—'तब कफन मँगवाकर घरमें रख ल और चाहे जितनी बार वासनापूर्ति किया करे।'

× × ×

ऐसा नहीं कि ये सब कोरे आदर्शकी बातें हैं और व्यावहारिक जीवनमें असम्भव है।

जी नहीं। ऐसे पुरुष हुए हैं, आज भी हैं और आगे भी हो सकते हैं।

× × ×

श्रीश्रीरामकृष्णदेव परमहंस अपनी पत्नी शारदामणिके साथ एक शय्यापर सोते थे, पर विकारग्रस्त नहीं होते थे।

महात्मा गाँधीने ४० वर्ष पत्नीके साथ रहते हुए ब्रह्मचर्य-का पालन किया।

× × ×

आप कहेंगे कि ये महापुरुष थे। इनकी पत्नियाँ भी आदर्श थीं। पर यदि पूर्णतः भौतिकवादी पति-पत्नी हों तब ?

और यहीं मेरे नेत्रोंके समक्ष आ खड़ा होता है एक गाँधी-भक्तका चित्र।

× × ×

घरका सम्पन्न और खुशहाल व्यक्ति।

शिक्षा अधिक नहीं हुई। पर गाँधी उसके जीवनका आदर्श बन बैठा।

पत्नी मिली सर्वथा निरक्षरा। अभावोंकी पूर्तिके लिये सतत आतुर।

पतिने गाँधीके रचनात्मक कार्यक्रममें तो अपनेको खपाया ही, ब्रह्मचर्यका भी व्रत ले लिया।

परंतु व्रत ले लेनेसे ही तो कोई ब्रह्मचारी बन नहीं जाता। पल-पलपर कामदेवसे लोहा लेना पड़ता है।

और फिर जब पत्नी इन आदर्शोंको माटीमोल भी न पूछती हो, तब तो और मुसीबत।

× × ×

संघर्ष चला। जमकर चला।

'अब नहीं गिरूँगा।' 'अब नहीं गिरूँगा।' 'अब नहीं गिरूँगा।'—ऐसा निश्चय रखते हुए भी काम अपनी विजय-पताका फहराता रहा।

एक पुत्री हुई।

उसने फिर 'ब्रेक' लगानेकी चेष्टा की।

लेकिन फिर फेल हो गया।

× × ×

पुनः एक पुत्री हुई।

अबकी बार उसने दूना जोर लगाया। फिर भी असफल रहा।

× × ×

फिर एक पुत्र हुआ।

तब उसने भीष्म संकल्प कर लिया।

पत्नीसे दूर-दूर रहने लगा।

बड़ी-बड़ी चेष्टाएं हुईं; परंतु वह न झुका, न झुका!

पत्नी आज भी उसे कोसती है। बेटेको सुनाकर कहा करती है—'बाप तो तेरा वैरागी हो गया है!'

× × ×

स्पष्ट है कि गृहस्थ-आश्रममें भी ब्रह्मचर्यका पालन किया जा सकता है, कामको पछाड़ा जा सकता है, उसपर बंदिश लगायी जा सकती है—बशर्ते कि कोई ऐसा चाहे।

हम पग-पगपर इसीलिये गिरते हैं कि हम सोच बैठते हैं कि कामपर विजय पाना असम्भव है। शैतान जैसे ही इसमें फुसलाता है, हम बहक जाते हैं और अपवित्र विचारोंकी धारामें बह जाते हैं!

× × ×

बापूने इसके लिये बड़ी ही हितकर सलाह दी है—

'विवाहितोंको एक दूसरेके साथ एकान्तसेवन नहीं करना चाहिये। एक कोठरीमें एक चारपाईपर नहीं सोना चाहिये। यदि परस्पर देखनेसे विकार पैदा होता हो तो अलग-अलग रहना चाहिये। यदि साथ-साथ बातें करनेसे विकार पैदा हो आता हो तो बातें नहीं करनी चाहिये।

'स्त्रीमात्रको देखकर जिसके मनमें विकार हो आता हो, वह अपनी स्त्रीके साथ मर्यादापूर्वक व्यवहार करे। जो विवाहित न हो, उसे विवाहका विचार करना चाहिये। किसीको सामर्थ्यके बाहर जानेका आग्रह नहीं रखना चाहिये।'

× × ×

और जब पत्नीके साथ भी इतने मर्यादित सम्भोगकी बात है, फिर बाहरकी तो कोई बात सोची ही कैसे जा सकती है? फिर अनैतिक, अवैध, अप्राकृतिक वासनातृप्तिकी कल्पना भी कैसे की जा सकती है?

परंतु एकपत्नीव्रतका पालन भी दाल-भातका कौर तो नहीं है।

× × ×

पत्नी भी मानवी है। उसमें भी मानवीय दुर्बलताएँ, कमियाँ और कमजोरियाँ रहती हैं। रुचिवैचित्र्य होता है। वह हमारी कल्पनाओंकी साकार प्रतिमा नहीं बन पाती।

और तब हम घरके दायरेके बाहर सुख खोजनेके चक्करमें पड़ जाते हैं।

आजका दूषित वातावरण, हमारी रहन-सहन, हमारी मित्रमण्डली, हमारे मनोविनोदके साधन—हमें पतनकी ओर बुरी तरह खींचते हैं।

और हम सहज ही गिर जाते हैं। पापके पथपर सहज ही हमारे पैर फिसल जाते हैं।

× × ×

यह मार्ग भयंकर है।

यह रास्ता खतरनाक है।

हमें इस ओर जानेकी कल्पना भी नहीं करनी चाहिये।

पर, जो चाहिये सो सब हो कहाँ पाता है ?

सेठ जमनालाल बजाजने एक बार मनकी यह दुर्बलता बापूके चरणोंमें निवेदित की। उनका उत्तर हम सबके लिये उत्तम पथप्रदर्शक सिद्ध होगा। (उत्तर गुजरातीमें था, यह उसका भाषान्तर है—)

'अपवित्र विचारोंसे जो मुक्त हो जाय, उसे मोक्ष मिला ही समझना चाहिये।

अपवित्र विचारोंका नाश कठोर तपश्चर्यासे ही होता है। उसका एक ही उपाय है—

जब अपवित्र विचार आवे, तभी उसके जोड़में तुरंत पवित्र विचार ला खड़ा करो।

प्रभुकृपासे ही ऐसा बनता है। और प्रभुकी यह कृपा मिलती है—चौबीसों घंटे ईश्वरनाम लेनेसे और उन्हें अन्तर्यामी मान लेनेसे। रामनाम जीभपर ही आता हो और मनमें दूसरे विचार आते हों तो रामनाम इतने प्रयत्नपूर्वक लिया जाय कि अन्तमें, जो जीभपर है, वह हृदयमें भी पहला स्थान ले ले।

इसके अलावा—मन चाहे जितना फड़फड़ाये, पर उसे एक भी इन्द्रिय सौंपना नहीं। मन जहाँ ले जाय वहाँ जानेसे जो व्यक्ति जबरन् भी इन्द्रियोंको रोक रखता है, वह किसी दिन अपवित्र विचारोंको वशमें करनेमें समर्थ हो सकता है।

मैं तो जानता हूँ कि आज भी यदि मैं इन्द्रियोंको मनकी मर्जीके अनुकूल चलनेकी छूट दे दूँ तो आज ही मेरा नाश हो जाय !

अपवित्र विचार आवे तो उससे डरना नहीं, उससे पीछे नहीं हटना, हिम्मत नहीं हारना, बल्कि और दूने उत्साहसे उसपर हमला करना चाहिये।

प्रयत्नका क्षेत्र सब-का-सब हमारे हाथ है, फलके क्षेत्रको ईश्वरने अपने हाथमें रक्खा है। अतः उसकी चिन्ता नहीं करनी चाहिये।

जैसे ही अपवित्र विचार आये वैसे ही सोचो कि तुम जानकीबाई (अपनी पत्नी) के प्रति बेवफा हो रहे हो, उसके प्रति विश्वासघात कर रहे हो। और कोई साधु पति अपनी पत्नीके प्रति बेवफा नहीं होता। तुम साधु हो।

अपवित्र विचारोंको रोकनेके प्रकृत उपाय तुम जानते ही हो।

अल्पाहार ही करो।

दृष्टि केवल सामनेकी जमीनपर रखकर चलो। आँख मलिन हो जाय तो उसपर इतना क्रोध करो कि उसे फोड़कर ही रख दोगे।

निरन्तर पवित्र पुस्तकोंका ही सङ्ग करो।

प्रभु तुम्हारी रक्षा करें !'

शुभेच्छु—
बापूके आशीर्वाद

× × ×

विश्वनाथ

(प्रेषक—महात्मा जय गौरीशंकर सीतारामजी)

हे वरद महेश्वर विश्वनाथ, हे शिव शशिशेखर विश्वनाथ।
हे महादेव जगवन्धु शान्त, हे वामदेव हे उमाकान्त॥
पूजते तुम्हें जो जन नितान्त, धन हैं उन सबके हृदय-प्रान्त।
हे वरद महेश्वर विश्वनाथ॥ १॥

शितिकंठ पिनाकी गुणातीत, ईशान त्रिलोचन अप्रणीत।
व्याघ्राम्बरधर नागोपवीत, जय विरूपाक्ष जय जगविनीत॥
हे वरद महेश्वर विश्वनाथ॥ २॥

गंगाधर वृषभध्वज उदार, त्रिपुरान्तक स्मरहर निर्विकार।
भव भीम रुद्र जय ॐकार, सर्वज्ञ धूर्जटे ममाधार॥
हे वरद महेश्वर विश्वनाथ॥ ३॥

तुम क्षेत्ररूप तुम दयाधाम, तुम कामशत्रु हो विगतकाम।
तुम शिवाप्राण नयनाभिराम, तुम एक, तुम्हारे कोटि नाम॥
हे वरद महेश्वर विश्वनाथ॥ ४॥

प्रमथाधिप शंकर ब्रह्मरूप, बम बम बम हर हर ब्रह्मरूप।
सत्यं शिव सुन्दर ब्रह्मरूप, जय जय जय अघहर ब्रह्मरूप॥
हे वरद महेश्वर विश्वनाथ॥ ५॥

तुम प्रजा प्रजापति विष्णुश्याम, तुम क्षीरवर्ण शिव हो ललाम।
हो दक्षिण तो जग सफल काम, है प्रलय जभी हों आप वाम॥
हे वरद महेश्वर विश्वनाथ॥ ६॥

करुणार्द्र-हृदय कितना महान, दुखियोंके हित तुम सुखनिधान।
लघु-बृहद् सभी तुमको समान, सेवाके मंगलमय विधान॥
हे वरद महेश्वर विश्वनाथ॥ ७॥

सतचित आनंदमय स्वरूप, हो बिल्वपत्र कुछ दीप-धूप।
नैवेद्य अल्प पाकर अनूप, होते प्रसन्न तुम जगत-भूप॥
हे वरद महेश्वर विश्वनाथ॥ ८॥

महर्षि चाक्रायणकी अन्तर्दृष्टि

एकादश व्रतोंका फल

(लेखक—श्रीदीनानाथजी सिद्धान्तालंकार)

शिष्यवृन्दसे समवेष्टित ऋषिवर चाक्रायण वनस्थलीके आश्रममें विराजमान थे। तपःपुञ्ज ऋषिका एक-एक शब्द सारपूर्ण और अन्तस्तलके गुह्यतम भागमें प्रवेश करनेवाला था। आचार्य शिष्योंकी शङ्काओंका समाधान कर रहे थे। एक ओर मृगशावक क्रीडा-रत थे, दूसरी ओर दुग्धभारसे सम्पुष्ट गौ जुगाली कर रही थी। नदीतटपर विहंगोंके कलरवसे वायुमण्डल कूजित हो रहा था। मन्द-मन्द मलयानिल गात्रमें स्फूर्तिका संचार कर रहा था। उदयाचलसे बालभानु अभी विश्व-प्राङ्गणमें प्रवेश ही कर रहे थे और पराजित उषा भागी चली जा रही थी। विविध वर्णयुक्त नव पल्लव और विकसित कुसुमोंसे मण्डित आश्रम-वाटिकाके पौधे सतत प्रवाहित समीरके साथ अठखेलियाँ कर रहे थे। तितली और भ्रमरोंके अनवरत आलिङ्गन और पद-दलनसे नमित पत्र-पुष्प चतुर्दिक् मस्त झूम रहे थे। आम्र, शाल, बिल्व, वट इत्यादि द्रुमोंकी शाखाओंपर वानर और विहंगम अपनी चाञ्चल्यपूर्ण विलास-लीलामें मग्न थे।

शिष्यने नम्रतापूर्वक, उचित अभिवादनके बाद पूछा—'भगवन्! आपने गत दिवस उपदेश दिया था कि व्रतानुष्ठान करना चाहिये, पर 'व्रत क्या है' यह मुझ अल्पबुद्धिको अभीतक अज्ञात है। आजके प्रवचनमें यदि इसी विषयपर किंचित् प्रकाश डालें तो बड़ी अनुकम्पा होगी।'

आचार्य चाक्रायणके तेजःपूर्ण मुखमण्डलपर स्मित हास्यकी एक हल्की रेखा दौड़ गयी। मुदित मनसे शिष्यवर्गपर एक स्नेहमयी दृष्टि डाली। गम्भीर स्वरमें बोले—ग्यारह व्रत हैं, जिनका पालन तुममेंसे प्रत्येक ब्रह्मचारीको और यहाँ उपस्थित अन्य साधकोंको भी करना चाहिये।'

शिष्यसमूह और साधकवृन्द ऋषि चाक्रायणकी शब्दावलीको दत्तचित्त होकर सुनने लगे। ऋषिवर मृदु स्वरमें बोले—पहला व्रत है—

'महामनाः स्यात् तद् व्रतम्।'

—सदा अपने मनको उदार और महान् बनाओ, चित्तवृत्तियोंको सीमित परिधिमें ही मत रखो।

'उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्'

—समस्त वसुधाके साथ सम्पर्क रखो।

दूसरा व्रत है—

'न प्रत्यङ्मुखमग्निमाचामेन्न निष्ठीवेत् तद् व्रतम्।'

अग्निके सामने बैठकर जल इत्यादि न पीये और भोजन न करे तथा अग्निमें मत थूके। अग्निको—विशेषतः यज्ञाग्निको—पवित्र माना गया है।

तीसरा व्रत है—

'न काञ्चन परिहरेत् तद् व्रतम्॥'

किसीकी वस्तुको उसके स्वामीकी आज्ञाके बिना उठाना नहीं चाहिये। लोभरहित वृत्ति होनी चाहिये।

चौथा व्रत—

'तपन्तं न निन्देत् तद् व्रतम्।'

तप करते हुए किसी व्यक्तिकी निन्दा नहीं करनी चाहिये। इससे अपने हृदयमें तपके प्रति अश्रद्धा पैदा होती है।

पाँचवाँ व्रत है—

'वर्षन्तं न निन्देत् तद् व्रतम्।'

जिस समय वृष्टि हो रही हो, उसकी निन्दा मत करो। वर्षा स्थावर-जंगम—समस्त सृष्टिके कल्याणके लिये होती है। वर्षा-जल सर्वोत्तम होता है। मनुष्यको केवल अपनी संकुचित दृष्टिसे ही नहीं सोचना चाहिये।

छठा व्रत है—

'ऋतून् न निन्देत् तद् व्रतम्।'

ऋतुओंकी निन्दा नहीं करनी चाहिये। प्रत्येक ऋतुकी उपयोगिता है और स्थावर, जंगम, उद्भिज, अण्डज, स्वेदज—सभी प्रकारकी सृष्टिका उससे कल्याण होता है।

सातवाँ व्रत है—

'लोकान् न निन्देत् तद् व्रतम्।'

लोक-प्रजा-जनताकी निन्दा न करे। जन-बल ही सर्वोत्तम सहायक है। विश्वमें अनगिनत लोक-लोकान्तर सृष्टि-स्थान हैं। इन सबमें न्याय-व्यवस्था नहीं है—इस बुद्धिद्वारा निन्दा नहीं करनी चाहिये।

आठवाँ व्रत है—

'पशून् न निन्देत् तद् व्रतम्।'

पशुओंकी निन्दा नहीं करनी चाहिये। प्रत्येक पशु-पक्षीकी इस विश्वमें उपयोगिता है। प्रकृति-विशारदोंने इस विषयमें अद्भुत अनुसंधान किये हैं। उन्होंने सर्प, बिच्छू और सिंहतकको लाभकारी बताया है।

नवाँ व्रत है—

'मद्जो नाश्नीयात् तद् व्रतम् ।'

पशु-पक्षियोंका मांस-अंडा इत्यादि नहीं खाना चाहिये। भगवान्‌ने मनुष्यके भोजनके लिये पर्याप्त खाद्य अन्न-फल-कन्द-मूलके रूपमें उत्पन्न किया है। मनुष्य अपनी रसनाके क्षणिक स्वादका गुलाम होकर इन मूक, निरीह प्राणियोंका सतत वध कर रहा है। कई पशु-पक्षी तो सर्वथा लुप्त हो गये हैं। मांस-भक्षण सर्वथा अप्राकृतिक, स्वास्थ्यनाशक और रोगवर्धक है।

दसवाँ व्रत है—

'ब्राह्मणान् न निन्देत् तद् व्रतम् ।'

ब्राह्मण—अर्थात् विद्वान्, उत्तम पुरुष, साधु-महात्मा, योग्य संन्यासी—इन सबकी निन्दा नहीं करनी चाहिये। इससे मनुष्य इन महानुभावोंके सद्‌गुणोंसे लाभ नहीं उठा सकता है।

ग्यारहवाँ व्रत है—

'सर्वमस्मीत्युपासीत तद् व्रतम् ।'

मैं शक्तिसम्पन्न हूँ, इस भावनासे उपासना करे। अपनी आत्माको कभी गिराना नहीं चाहिये। 'नात्मानमवसादयेत्'—आत्माका अपमान न करे—गीताका यह वचन सदा स्मरणीय है।

ऋषि चाक्रायणके इस अमृतवारिसे शिष्यों और साधकोंके मनस्ताप और कलुष प्रक्षालित हो गये। एक साधकने आचार्यश्रीसे विनीत-भावसे पूछा—भगवन्! इन व्रतोंका फल क्या होगा?

आचार्य बोले—तुम्हें फलकी आकाङ्क्षाके बिना ही इन व्रतोंका पालन करना चाहिये। फिर भी तुम्हारे संतोषके लिये बता दूँ कि—

'यस्तद् वेद स देव, सर्वं सर्वा दिशो बलिमस्मै हरन्ति'

जो इन व्रतोंको जान लेता है, इनका पालन करता है वह देवत्व प्राप्त कर लेता है, विश्वकी सब दिशाएँ उसके सामने नतमस्तक हो अपना ऐश्वर्य उसके चरणोंमें उपस्थित कर देती हैं।

शिष्यों और साधकोंने चाक्रायण आचार्यके इस ज्योति-निर्देशक अनुशासनको जीवनमें अनुष्ठित करनेका दृढ़ संकल्प किया और उचित अभिवादनके साथ ऋषि-चरणोंसे विदा ली।

(छान्दोग्य उपनिषद्, प्रपाठक द्वितीय, खण्ड १० से २० तकके आधारपर)

परम वाक्य

(लेखक—पं० श्रीसूरजचन्दजी सत्यप्रेमी 'डाँगीजी')

'वह तू है', 'मैं ब्रह्म हूँ', 'यह आत्मा ब्रह्म है' आदि महावाक्य वेदान्तमें प्रतिष्ठित हैं। वेदोंमें अनेक अवान्तर वाक्य हैं पर संतोंके अनुभवसे जो वाक्य निकलते हैं, वे परम वाक्य कहलाते हैं जो परम शान्तिके परम साधन हैं।

'कल्याण' के पाठकोंको मैं कुछ ऐसे परम वाक्योंका परिचय देता हूँ, जो संतोंके अनुभवमेंसे निकले हैं—

'मैं' देखनेवाला, 'यह' दिखनेवाला 'तू' दर्शन—इन सबको छोड़कर जो 'स्वयं' है वही शाश्वत है।

'अहं', 'इदं', 'त्वं' सर्व सर्वनाम और सर्व नाम-रूपोंसे अतीत 'स्वयं' ही उत्तम परम वाक्य है। वाक्य नहीं, शब्द है। शब्द नहीं—निःशब्द है। 'स्वयं' शब्दमें 'कुछ' नहीं, सब 'है'।

हे अर्जुन! मैं सत् भी हूँ और असत् भी।

'सदसच्चाहमर्जुन' यह भक्तियोगका परम वाक्य है।

'न सत्तन्नासदुच्यते' हे अर्जुन! मैं 'सत् भी नहीं और असत् भी नहीं' यह ज्ञानयोगका परम वाक्य है।

'ॐ तत् सत् इति' ॐ सत् (हित) रूपमें वह है। यह कर्मयोगका परम वाक्य है।

कर्मयोगके समय असत्‌को छोड़कर 'ॐ तत् सत्' का स्मरण है। भक्तियोगके समय 'सत्-असत्' दोनोंका अन्वय है।

सीय राम मय सब जग जानी।
करउँ प्रनाम जोरि जुग पानी॥

और ज्ञानयोगमें सत् और असत् क्या?—दोनों नहीं 'स्वयं' में सब आ गया। क्या रहा और क्या नहीं रहा? आनन्द-ही-आनन्द।

अद्वन्द्वं द्वन्द्वदेहं तं द्वन्द्ववृन्दनिकन्दनम्।
वन्देऽहं सच्चिदानन्दं देवं श्रीनन्दनन्दनम्॥

परम वाक्योंका नित्य स्मरण करना हो तो निम्न श्लोकोंका मनन, निदिध्यासन चलना चाहिये—

मूलायाग्राय मध्याय मूलमध्याग्रमूर्तये।
क्षीणाग्रमूलमध्याय नमः पूर्णाय ब्रह्मणे॥

'मूल' के लिये', 'अग्रके लिये,' 'मध्यके लिये', 'मूलमध्याग्रमूर्ति' के लिये और 'मूलमध्याग्रसे अतीत पूर्ण ब्रह्म'के लिये नमस्कार।

यस्मिन् सर्वं यतः सर्वं यः सर्वं सर्वतश्च यः।
यश्च सर्वमयो नित्यं तस्मै सर्वात्मने नमः॥

जिसमें सर्व, जिससे सर्व, जो सब ओरसे सर्व, उस सर्वमय नित्य सर्वात्माके लिये नमस्कार।

दिक्कालाद्यनवच्छिन्नानन्तचिन्मात्रमूर्तये।
स्वानुभूत्येकमानाय नमः शान्ताय ब्रह्मणे॥

दिशा-काल आदिसे अनवच्छिन्न, अनन्त चिन्मात्र मूर्ति, स्वानुभवसे ही प्रत्यक्ष, शान्त ब्रह्मके लिये नमस्कार।

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥
तव तत्त्वं न जानामि कीदृशोऽसि महेश्वर।
यादृशोऽसि महादेव तादृशाय नमो नमः॥
'श्रुत्वाप्येनं वेद न चैव कश्चित्'

सुनकर भी उसे कोई नहीं जान सकता—ज्ञाताको कौन जाने? द्रष्टाको कौन देखे?

दृष्टा दृश्य नहीं कहलाता, जाननहार न जाना जाता।
सब तुझसे जाने जाते हैं ज्ञान जानकर तुझे जनाऊँ।
अलख देखकर अकथ कहूँ मैं तुझे अरूप स्वरूप बताऊँ॥
हे निर्गुण, तेरे गुण गाऊँ॥

अन्तमे परम वाक्यकी कीर्तनध्वनियाँ लिखकर विराम लेनेकी आज्ञा चाहता हूँ—

चिदानन्द गोविन्द मुकुन्द। नन्द-नन्द वृन्दावन-चन्द॥
'ॐ' सर्वेश्वर, प्रभुका नाम। परम शक्ति श्री माँका धाम॥
'स्वयं' शब्द ही शाश्वत धर्म। परम शान्तिका सच्चा मर्म॥

यह बिनती रघुबीर गोसाईं

(लेखक—पं० श्रीजानकीनाथजी शर्मा)

बड़ा आश्चर्य है कि यह मायामोहित जीव भगवान्‌के प्रभावको जानते हुए भी नहीं जानता, देखते हुए भी नहीं देखता। यही कारण है कि यह उनका दास बनकर भी उन-उन स्वार्थोंकी सिद्धिके लिये अपने बल, बुद्धि, धन, जन, विद्यादिका भरोसा नहीं छोड़ता। यही नहीं, इसका मिथ्या विश्वास तथा प्रपञ्च इतना बढ़ गया है कि यह मित्र, बन्धु-बान्धव, माता-पिता, शिष्य, पुत्र तथा बहुत-से अनावश्यक अपरिचितोंका तो भरोसा करने लगता है और जब इसके प्रयत्न विफल होते हैं तो फिर नये-नये प्रयत्नोंकी धुनमें लग जाता है; पर भगवान्‌को भूला रहता है। सचमुच यह सब तो भगवान्‌की दासतामें कलङ्क ही है।[1] भला, इस तरह स्वार्थ कहाँतक सिद्ध होने लगा? पर यह दोष भी तो प्रभुके ही दूर करनेसे दूर होगा। इसलिये अभिज्ञजन—'और आस-बिस्वास-भरोसो हरो जीव-जड़ताई'की प्रार्थना करते हैं। भगवान् जीवको विपत्तियोंमें डालकर अपना ध्यान दिलाने, अपनी ओर उसकी दृष्टि खींचनेकी ही चेष्टा करते हैं।[1] पर हमारा दुःस्वभाव भी तो बड़ा कठिन है, वह उन्हें तत्काल भूल जाता है। गजराजपर विपत्ति पड़ी, उसे ग्राहने आ पकड़ा, वह भगवान्‌को भूला था, अपने बलके भरोसे लड़ता रहा, फिर हाथियोंसे सहायता ली, हथिनियोंसे सहायता ली। खूब लड़ा, पर हुआ सब व्यर्थ ही।

१. मोर दास कहाइ नर आसा। करइ तौ कहहु कहा बिस्वासा॥

१. विपदः सन्तु नः शश्वत्तत्र तत्र जगद्गुरो।
भवतो दर्शनं यत्स्यादपुनर्भवदर्शनम्॥
(श्रीमद्भा० १। ८। २५)

जब प्राणान्त होनेको हुआ, तब भगवत्कृपासे[1] भगवान्‌की स्मृति हुई और उसका कई जन्मोंका कार्य बन गया। यही दशा द्रौपदीकी हुई। वह प्रभुके रहस्योंको जानती थी। पर जब वह वस्त्रापकर्षणका शिकार बनी तो अपने पतियों, भीष्म, द्रोण, कृपादि सत्पुरुषोंके भरोसे भगवान्‌को भूलने लगी, तब किसीने कोई सहायता न दी। प्रभुकी कृपासे उसे भी झट बुद्धि आ गयी और वह झट 'गोविन्द द्वारिकावासिन् कृष्ण गोपीजनप्रिय' पुकार उठी। फिर क्या देर होती, बस, उसकी लाज बची।

भगवान् बिना सब है भी व्यर्थ ही

ऐसे तो संतोंका कहना है कि असाधु पुरुषके पास जाकर गुणपदवाच्य विद्या, तप, वैभव, बल, रूप, अवस्था तथा कुलीनता भी दुर्गुण ही बन जाते हैं।[2] वह विद्यासे शास्त्रार्थ करता, तपसे शापादिके द्वारा दूसरोंको हानि पहुँचाता, वैभवसे मुकदमे लड़ता, रूपसे व्यभिचार करता और कुलीनताका दहेज आदि लेनेमें और इन सबका गर्व जैसे दुर्गुणराजके निर्माणमें उपयोग करता है। पर प्रह्लादका कहना है कि ये तो साधारण गुण हैं, महद्‌गुणपदवाच्य पूर्ण वैराग्य, ज्ञान, भक्ति, शम, दम, यम, नियमादि योग-सम्पत्तियाँ भी भगवत्सम्बन्ध-विहीन प्राणीको छू भी नहीं सकतीं।[3] इधर तुलसीदासजी, योगीश्वर कवि आदि अभिज्ञजनोंका यह कहना है कि ठीक ढंगसे प्रभुके शरणापन्न होने ही, सभी गुण और देवता भी जीवके पास पहुँच जाते हैं।[4] पर किसीके पास यदि उपर्युक्त शमादि गुण हों, पर भगवान्‌से कुछ अर्थ न हो, तो क्या होगा, इसके उत्तरमें संतजनोंका

(ख) भोजन करिअ तृपिति हित लागी।
जिमि सो असन पचवै जठरागी॥
असि हरि भगति सुगम सुखदाई।
को अस मूढ न जाहि सोहाई॥

(ग) यस्यास्ति भक्तिर्भगवत्यकिञ्चना
सर्वैर्गुणैस्तत्र समासते सुराः।
(श्रीमद्भा० ५। १८। १२)

१. (क) ऐसे तो 'एष विग्रहवान् धर्मः,' 'रामो विग्रहवान् धर्मः', 'श्रीलाभः सुभगा सत्यासत्यस्वर्गापवर्गदः। जयतात्त्रिजगत्पूज्यः सदाचार इवाच्युतः' आदिमें धर्म तथा भगवान्‌को एक ही माना है। पर यहाँ 'सर्वधर्मांश्च संत्यज्य सर्वकामांश्च साक्षरान्'-जैसी प्रतिज्ञाबद्ध अत्यन्त प्रपन्नोंके लिये ही यह भाव है। इसे कभी न भूलना चाहिये।

(ख) कहा रसखान सुखसंपति सुमार महँ,
कहा महायोगी है लगाये अंग छार को।
कहा साधै पंचानल कहा सोये बीच जल,
कहा जीति लाये राजसिन्धु वारपार को॥
जप बार बार तप संजम बयार व्रत,
तीरथ हजार अरे बूझत लबार को।
सोई है गँवार, जिहि कीन्हो नहिं प्यार,
नहीं सेयौ दरबार यार नंद के कुमार को॥
(प्रेमवाटिका)

(ग) सुरराजसो राज-समाज, समृद्धि
बिरंचि, धनाधिप-सो धनु भो।
पवमानु-सो, पावकु-सो, जमु सोमु-सो,
पूषनु-सो, भवभूषनु भो॥
करि जोग, समीरन साधि, समाधि
कै धीर बड़ो, बसहू मनु भो।
सब जाय, सुभायँ कहै तुलसी,
जो न जानकीजीवन को जनु भो॥

(घ) कामु-से रूप, प्रताप दिनेसु-से,
सोमु-से सील, गनेसु-से मानें।
हरिचंदु-से साँचे, बड़े बिधि-से,
मघवा-से महीप बिषै-सुख-साने॥
सुक-से मुनि, सारद-से बकता,
चिरजीवन लोमस ते अधिकाने।
ऐसे भए तौ कहा 'तुलसी'
जो पै राजिवलोचन रामु न जाने॥

१. यच्चकर्थाङ्ग मत्स्तोत्र स एष मदनुग्रहः।

२. विद्यातपोवित्तवपुर्वयःकुलैः सतां गुणैः षड्भिरसत्तमेतरैः।
स्मृतौ हतायां भृतमानदुर्दृशः स्तब्धा न पश्यन्ति हि धाम भूयसाम्
(श्रीमद्भा० ४। ३। १७)

३. हरावभक्तस्य कुतो महद्‌गुणा मनोरथेनासति धावतो बहिः॥
(श्रीमद्भा० ५। १८। १२)

४. (क) भक्तिः परेशानुभवो विरक्तिरन्यत्र चैष त्रिक एककालः।
प्रपद्यमानस्य यथाश्नतः स्युस्तुष्टिः पुष्टिः क्षुदपायोऽनुघासम्॥
(श्रीमद्भा० ११। २। ४२)

कहना है—हानिके अतिरिक्त लाभ कुछ नहीं । उदाहरणार्थ—

१. भगवद्विपरीत धनादि वैभव व्यर्थ—

राम बिमुख संपति प्रभुताई । जाइ रही पाई बिनु पाई ॥

२. बन्धु-बान्धव व्यर्थ—

मातु मृत्यु पितु समन समाना । सुधा होइ बिष सुनु हरिजाना ॥
मित्र करइ सत रिपु कै करनी । ता कहँ बिबुध नदी बैतरनी ॥
सब जगु ताहि अनलहु ते ताता । जो रघुबीर बिमुख सुनु भ्राता ॥

३. प्रभु-विमुखकी विद्या व्यर्थ—

ऋचो अक्षरे परमे व्योमन्
यस्मिन्देवा अधि विश्वे निषेदुः ।
यस्तं न वेद किमृचा करिष्यति
य इत्तद्विदुस्त इमे समासते ॥
(श्वेताश्वतर० ४ । ८)

'जिसमें समस्त देवगण अधिष्ठित हैं, उस अक्षर परव्योममें ही वेदत्रय स्थित हैं अर्थात् वे भी उसीका प्रतिपादन करते हैं । जो उसको नहीं जानता वह वेदोंसे ही क्या कर लेगा ? जो उसे जानते हैं वे तो ये कृतार्थ हुए स्थित हैं ।'

तमेवैकं जानथ आत्मानमन्या
वाचो विमुञ्चथामृतस्यैष सेतुः ॥
(मुण्डक० २ । २ । ५)

'उस एक आत्माको ही जानो और सब बातोंको छोड़ दो। यही अमृत—मोक्ष-प्राप्तिका सेतु—साधन है ।'

तमेव धीरो विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत ब्राह्मणः ।
नानुध्यायाद् बहूञ्छब्दान् वाचो विग्लापनꣳ हि तदिति॥
(बृहदारण्यक० ४ । ४ । २१)

'बुद्धिमान् ब्राह्मणको उसे ही जानकर उसीमें प्रज्ञा करनी चाहिये । बहुत शब्दोंका अनुध्यान—निरन्तर चिन्तन न करे; वह तो वाणीका श्रम ही है ।

४. प्रभु-विमुखके धर्म-कर्म भी व्यर्थ—

त्यक्त्वा स्वधर्मं चरणाम्बुजं हरे-
भजन्नपक्वोऽथ पतेत्ततो यदि ।
यत्र क्व वाभद्रमभूदमुष्य किं
को वार्थ आप्तोऽभजतां स्वधर्मतः ॥
(श्रीमद्भा० १ । ५ । १७)

५- भगवद्विमुखका बोलना-सोचना व्यर्थ—

वित्तं त्वतीर्थीकृतमङ्ग वाचं
हीनां मया रक्षति दुःखदुःखी ॥
यस्यां न मे पावनमङ्ग कर्म
स्थित्युद्भवप्राणनिरोधमस्य ।
लीलावतारेप्सितजन्म वा स्याद्
वन्ध्यां गिरं तां बिभृयान्न धीरः ॥
(श्रीमद्भा० ११ । ११ । १९-२०)

ततोऽन्यथा किंचन यद् विवक्षतः
पृथग्दृशस्तत्कृतरूपनामभिः ।
न कुत्रचित्क्वापि च दुःस्थिता मति-
र्लभेत वाताहतनौरिवास्पदम् ॥
(श्रीमद्भा० १ । ५ । १४)

६. भगवद्विमुखका जीना व्यर्थ—

जीयत राम मुये पुनि राम सदा रघुनाथहि की गति जेही ।
सोइ जिये जग में तुलसी न तु डोलत और मुए धरि देही ॥

तरवः किं न जीवन्ति भस्त्राः किं न श्वसन्त्युत ।
न खादन्ति न मेहन्ति किं ग्रामपशवोऽपरे ॥
श्वविड्वराहोष्ट्रखरैः संस्तुतः पुरुषः पशुः ।
न यत्कर्णपथोपेतो जातु नाम गदाग्रजः ॥
(श्रीमद्भा० २ । ३ । १८-१९)

भगवद्ध्यानके साथ नरकमें भी स्वर्गकी मिठास

भगवद्ध्यान-स्मरणके सामने किसी भी उन्नति या सुखकी कोई गणना नहीं । भगवत्-स्मृतिमें बाधक होनेके कारण उन्नति या सुख तो यथार्थतः स्वयं ही अपने भी बाधक हैं । इसलिये चतुर लोग इनसे दूर रहकर भी प्रभुको स्मरण करते हैं । फिर भी भावुकोंका कहना है कि भगवद्ध्यानयुक्त पुरुषके लिये जंगल भी मङ्गलमय, मृत्यु भी उत्सव, विष भी अमृत तथा नरक भी स्वर्ग

बन जाता है। दीनता, दरिद्रता, निर्बलता आदि घोर दुर्गुण भी इसके सहायक हो जाते हैं। उसे भगवान्‌के समक्ष दिन-रात रोनेमें जो आनन्द आता है, उसकी हँसनेवाले कल्पना भी नहीं कर सकते। इसलिये वह दीनता, हीनता, अयोग्यता, अपमान और विपत्तियोंको भी भगवान्‌से वरदानमें माँगता है* और उनसे इस प्रकार चिपक जाता है कि छुड़ाये भी उन्हें नहीं छोड़ता; क्योंकि वह जानता है कि यही प्रभुको रिझानेवाली अनायास सिद्ध होनेवाली सुन्दर तपस्या है। सचमुच यही स्थिति प्रार्थनीय है।

'नमोऽकिंचनवित्ताय', 'नमस्तेषां महात्मनाम्', 'तेभ्यो वरेभ्यो नमः'

भक्तों और उनके धन भगवान्‌को बार-बार नमस्कार। पर जबतक प्रभु वरण न करें, हमसे भजन करानेका वे सत्संकल्प न करें, तबतक हमारा विचार क्या काम करेगा? इसलिये हम तो प्रभुसे यही प्रार्थना करते हैं कि हे विशुद्ध दयाके स्वरूप! आपके संकल्पमात्रसे ही सृष्टि तथा संसारका संचालन होता है, सो प्रभो! एक बार कृपा कर मेरे द्वारा सर्वात्मना नित्य-निरन्तर अपना भजन किये जानेका भी संकल्प कीजिये दीनबन्धु!

धीरे-धीरे

(लेखिका—श्रीमती वेदान्ती महर्षि)

धीरे धीरे रे मना धीरे सब कुछ होय।
माली सींचे सौ घड़ा ऋतु आये फल होय॥

छलाँग मारकर दौड़नेवाला मुँहके बल गिरेगा ही, धीरे-धीरे एक-एक सीढ़ीपर चढ़नेवालेको गिरनेका भय नहीं रहता। ऊपर चढ़नेमें देर अवश्य लगती है, पर वह एक-न-एक दिन अवश्य मंजिलपर पहुँच ही जाता है। मृत्यु दिखायी नहीं देती, पर वह हमेशा प्राणि-मात्रके साथ छायाकी तरह फिरती है। कितने भी पहरोंमें रहो, अपनी कितनी भी हिफाजत करो, पर मौत कहीं भी तुम्हें छोड़नेवाली नहीं। उसे बहानेकी तलाश रहती है, जरा भी बहाना मिला और उसने अपना मुख खोला। जैसे किसी अपराधीके पीछे पुलिस लग जाती है, पर जबतक अपराध साबित न हो, वह उसे पकड़ नहीं सकती। लेकिन अपराध साबित होते ही वह उसी समय अपराधीको पकड़ लेती है, एक पलकी भी देर नहीं करती। इसी प्रकार मौत भी बहाना ढूँढ़ती हुई प्राणिमात्रके पीछे लगी रहती है। ज्ञानी मनुष्य मृत्युसे सतर्क रहता है। वह आसानीसे उसके पंजेमें नहीं आता। ज्ञानी पुरुष वह है जो अपनी बुद्धिसे काम लेता है। किसी भी कामको करनेसे पहले उसका परिणाम सोच लेना ही बुद्धि-मानीकी निशानी है। यदि तुम्हें अपनी बुद्धिपर भरोसा नहीं तो अपने आपको भगवान्‌के चरणोंमें सौंप दो। जिस तरह नासमझ बच्चा माँकी गोदमें जाकर निर्भय हो जाता है। माता अपने बच्चेके दुःख-सुखका भार अपने ऊपर लेकर उसकी रक्षा करती है।

तुम भी भगवान्‌पर भरोसा रखकर निर्भय हो जाओ। सोच लो, वे जो भी करेंगे तुम्हारे भलेके लिये ही करेंगे। जो कुछ भी वे तुम्हें दें, प्रसन्नतापूर्वक लो। दूसरेके सुख-वैभवको देखकर मन मत ललचाओ, अपने भाग्यको मत धिक्कारो। सोच लो कि जितना तुम भोग सकते हो, उतना ही भगवान्‌ने तुम्हें दे रक्खा है। जिस तरह माँ अपने चार बच्चोंमें सबको एक समान प्यार करती है, पर एक समान प्यार करते हुए भी उसे

* विपदः सन्तु नः शश्वत्तत्र तत्र जगद्गुरो।

कभी-कभी व्यवहारमें भेद करना पड़ता है। मान लो, चार-मेंसे एक बच्चा रोगी हो जाता है, तो चारोंमें समानता रखते हुए भी माँ तीनको मिठाई खिलाती है और उसको कड़वी दवाका सेवन कराती है। कड़वी दवा पीनेवाला बालक दूसरे भाइयोंको मिठाई खाते देखकर माँसे लड़ता है, रोता है, तंग करता है, तो क्या माँ अपने उस रोगी बेटेको मिठाई खानेके लिये देगी ? कभी नहीं। बच्चेका भला चाहनेवाली माँ कभी भी उसे हलवा-पूड़ी नहीं दे सकती। इसलिये यदि हम दूसरे भाइयोंको सुख-वैभव भोगते देखकर अपनेको दुखी करें, भगवान्‌को भला-बुरा कहें, तो यह हमारी मूर्खता होगी। दयालु प्रभु हमारी इस अज्ञानतापर मुसकरा देते हैं।

दुःख कड़वी दवाके समान है, जिसे देखते ही हम अबोध बच्चेकी तरह हाथ-पाँव मारने लगते हैं, अपने भाग्यको कोसते है; यह नहीं समझते कि दयालु प्रभुने हमारे अच्छेके लिये ही यह कड़वी दवा भेजी है। हमारी बढ़ती इच्छाएँ ही हमारी बीमारी हैं। ये जब बढ़ती जाती हैं, तब हमे भले-बुरेका कोई ज्ञान नहीं रह जाता। जिसपर प्रभुकी कृपादृष्टि हो जाती है उसे जल्द ही ठोकर लग जाती है और वह सँभल जाता है। जिनपर प्रभु कृपा नहीं करते उनकी इच्छाएँ बढ़ती ही रहती हैं, मृत्युपर्यन्त उन्हें सँभलनेका मौका नहीं मिलता। इसलिये जितना भी हो सके, अपनी इच्छाओंका दमन करो और जहाँतक हो उनसे दूर रहनेकी कोशिश करो।

तुम मानो या न मानो, तुम्हें जितनी जरूरत है, उतना भगवान्‌ने तुम्हें दे रक्खा है। छोटे-से-छोटे कीड़ेका भी पेट वे भरते है।

शरीरमें गरमीका रहना जरूरी है इसे कौन नहीं जानता। जब यही गरमी उचित मात्रासे अधिक बढ़ जाती है, तब लोग उसे बुखार कहने लगते हैं। इसी प्रकार जितनी तुम्हारे शरीरकी जरूरत है, उससे अधिककी इच्छाएँ भी एक बुखारकी तरह हैं। इनसे जितना दूर रहो, उतना ही अच्छा है। नहीं तो, यही इच्छाएँ एक दिन तुम्हारे लिये मृत्युका बहाना कर देंगी। इच्छाओंके वशीभूत हुआ प्राणी जीवनमें छलाँगें मारने लगता है और मृत्यु उसकी तरफ बढ़ती चली आती है।

एक लक्खूमल थे—पता नहीं माँ-बापने क्या समझकर उनका यह नाम रख दिया था। पर लक्खूमल समझते थे कि मेरा यह नाम लखपती बननेकी निशानी है। भगवान्‌ने खाने-पहननेको पर्याप्त दे रक्खा था। दो जीव थे—पति-पत्नी। मजेमें गुजर चल रही थी। पर ज्यों-ज्यों लखपती बननेकी इच्छा बलवती होती गयी, सुख-शान्ति दूर हटती गयी। रातको नींद और दिनको खाना-पीना हराम हो गया। इतना पैसा कैसे प्राप्त हो, बस दिन-रात यही चिन्ता। थोड़ा-थोड़ा जमा करते तो सारी उम्र ही निकल जायगी—इच्छारूपी बुखार बढ़ता जा रहा था। रोग जब असाध्य हो गया तो अच्छे-बुरेका ज्ञान भी जाता रहा। घरमें जो जमा पूँजी थी, सट्टेमें लगा बैठे। जीत हुई, हौसला बढ़ा, जीता हुआ रुपया फिर लगा दिया और एक ही दिनमें लक्खूमल लखपती हो गये। खुशीके मारे चीख उठे, बेहोश हो गये। लोगोंने सँभाला, देखा—सेठ ठंडे हो चुके थे। मृत्युको उनकी दौड़ भायी नहीं, उसे बहाना मिल गया—लोगोंमें चर्चा थी कि खुशीके मारे हार्ट फेल हो गया।

दूसरे थे करोड़ीमल। तीन-चार लाख रुपये पास थे, स्त्री थी, बच्चे थे। आनन्दसे गुजर रही थी। पर करोड़ीमलकी इच्छा अपने नामको सार्थक करनेकी थी। दो-चार लाख हुआ तो क्या हुआ। नाम तो उनका करोड़ीमल था। कैसे इन लाखोंका करोड़ हो, इसी चिन्तामें रात-दिन घुलने लगे। पैसेवालोंके सलाहकार भी कम नहीं होते। कुछ मित्रोंने सलाह दी—रेसमें

घोड़ा लगा दो—एक ही दिनमें करोड़पति हो जाओगे। मनके किसी कोनेसे पुकार उठी—यह घबराहट अच्छी नहीं; पर इच्छा सेठको बढ़ावा दे रही थी—कुछ रुपये लगाये, हारे, डरे भी, ठोकर लगी तो पीछे हटने लगे, पर मित्रोंने उत्साहित किया।

गिरते हैं शह सवार ही मैदाने जंग में।
वह तीफ़ क्या गिरेंगे जो घुटनोंके बल चलें॥

सेठजी चढ़ गये। हारते रहे, खेलते रहे—एक दिन जब मुनीमजीसे रुपये माँगे, तब पता चला कि फूटी कौड़ी भी नहीं रह गयी है। सेठ आँखें फाड़े, हाथ पसारे मुनीमजीको देखते खड़े रह गये। सेठजी! सेठजी! मुनीमजीने उन्हें इस तरह देखते देखकर पुकारा—पर सेठ वहाँ कहाँ था—मृत्युने मौका देखा और हाथ मार गयी। उसे किसीने क्या कहा—घरमे रोना-पीटना मचा था—आज बच्चोंके पास कुछ खानेके लिये भी नहीं बचा था। लोग कह रहे थे दु.खसे हार्ट फेल हो गया सेठका।

इच्छाएँ ज्यों-ज्यों बढ़ती हैं, मृत्यु हमारी ओर बढ़ती है। जो कुछ तुम्हारे पास है उसमें संतोष मानो। इच्छाएँ तुमपर हावी न हो सकें, तुम इच्छाओंपर हावी हो जाओ। फिर देखो तुम्हें कितना आनन्द मिलता है। इच्छाएँ तुम्हारी आज्ञापर चलेगी, मृत्यु तुमसे कोसों दूर रहेगी—भगवान्‌के कृपापात्र बने रहोगे और इसी पृथ्वीपर स्वर्ग-सुखका अनुभव करोगे।

अहिंसाकी विजय

(लेखक—स्वामी श्रीपारसनाथजी)

एक बार काशीनरेश नारायणसिंहने अयोध्याके राजा चन्द्रसेनपर अकारण चढ़ाई कर दी। अपने राज्यका विस्तार करना ही कारण था। राजा चन्द्रसेन था—अहिंसाका पुजारी। उसने सोचा कि युद्ध करनेसे हजारों आदमी मारे जायँगे। इसलिये वह राज्य तथा राजधानी छोड़कर—रातमें चला गया। उसने संन्यासीका रूप बनाया और काशी जाकर वह एक कुम्हारके मन्दिरमें रहने लगा। राजाके साथ उसकी रानी भी थी। रानी पतिव्रता थी। संकटके समय अपने पतिको अकेला छोड़ वह अपने मायके नहीं गयी। साध्वी-वेशसे राजाके ही साथ रहने लगी। रानी गर्भवती थी। नौ महीने बाद एक पुत्र पैदा हुआ। राजाने उसका नाम रक्खा—सूर्यसेन।

जब सूर्यसेन दस वर्षका हुआ, तब उसे शिक्षा प्राप्त करनेके लिये हरिद्वारके गुरुकुलमें भेज दिया गया।

एक दिन काशी-नरेशको पता लगा कि अयोध्यानरेश चन्द्रसेन, अपनी रानीके साथ साधुवेशमें उसीकी काशीमें रहता है। राजा बहुत कुपित हुआ। उसने दोनोंको गिरफ्तार करवा लिया और दोनोंको फाँसीकी सजा दे दी। यह समाचार पाकर उनका पुत्र सूर्यसेन हरिद्वारसे आया और माता-पिताके अन्तिम दर्शन करने जेलखानेमें गया। पुत्रको प्यार करके पिताने उपदेश दिया—

१—न अधिक देखना, न थोड़ा देखना।

२—हिंसा कभी प्रतिहिंसाके द्वारा पराजित नहीं होती।

३—लड़ाईको लड़ाईके द्वारा जीता नहीं जा सकता।

४—जवाबी शत्रुतासे शत्रुता नहीं मिट सकती।

५—हिंसा—लड़ाई और शत्रुताको प्रेम ही जीत सकता है।'

जब अयोध्यानरेशको रानीके साथ फाँसी दे दी गयी, तब राजकुमार सूर्यसेनने कुछ सोच-समझकर—काशीनरेशके महावतके यहाँ नौकरी कर ली। काशी-

नरेशको मालूम न था कि अयोध्यानरेशको कोई पुत्र भी था।

सूर्यसेनको मुरली बजानेका शौक था। प्रातः चार बजे वह प्रतिदिन बड़े प्रेमसे मुरली बजाया करता था। एक दिन उसकी मुरलीकी मधुर ध्वनि काशीनरेशके कानोंमें भी जा पहुँची।

प्रातः राजाने महावतसे पूछा—'तुम्हारे घरमें मुरली कौन बजाता है?' महावतने कहा—'एक आवारा लड़केको मैंने नौकर रक्खा है। हाथियोंको पानी पिला लाता है। वही मुरली बजाया करता है।'

काशीनरेशने सूर्यसेनको अपना 'शरीर-रक्षक' बना लिया। एक दिन काशीनरेश शिकार खेलने गया। घने जंगलमें वह अपने साथियोंसे छूट गया। एक घोड़े-पर राजा था—दूसरेपर था उसका शरीर-रक्षक—सूर्यसेन। थककर दोनों एक घने वृक्षकी छायामें जा बैठे। राजाको कुछ आलस्य मालूम हुआ। गरमीके दिन थे ही। सूर्यसेनकी गोदको तकिया बनाकर राजा सो गया।

उसी समय सूर्यसेनको ध्यान आया कि यह वही काशीनरेश है जिसने उसके माता-पिताको बिना अपराध फाँसीपर लटकाया था! आज मौका मिला है! क्यों न माता-पिताके खूनका बदला इससे चुका लूँ? उसकी आँखोंमें खून उतर आया। प्रतिशोधकी ज्वाला छातीमें भभक उठी। उसने म्यानसे तलवार खींच ली!

उसी समय उसके पिताका एक उपदेश उसके दिमागमें आ गया—'हिंसा कभी प्रतिहिंसाके द्वारा पराजित नहीं होती!'

सूर्यसेनने चुपके-से अपनी तलवार म्यानमें रख ली। पिताकी वसीअत मेटनेका हौसला न रहा।

उसी समय राजाकी आँखें खुल गयीं। बैठकर काशीनरेशने कहा—'बेटा! बड़ा बुरा सपना देखा है मैंने। ऐसा मालूम हुआ कि तुम मेरा सिर काटनेके लिये अपनी नंगी तलवार हाथमें लिये हो!'

सूर्यसेनने फिर तलवार खींच ली। बोला—'आपका सपना गलत नहीं है। मैं अयोध्यानरेशका राजकुमार हूँ। आपने बिना अपराध मेरे साधु-स्वरूप माता-पिताका वध कराया है। मैं आज उसका बदला लूँगा। जबतक आप अपनी तलवार म्यानसे निकालेंगे, तबतक तो मैं आपका सिर धड़से जुदा कर दूँगा। आपके अत्याचारका बदला लेना ही चाहिये।'

दूसरा उपाय न देख राजाने हाथ जोड़े और कहा—'बेटा! मुझे क्षमा कर दो। मैं तुमसे अपने प्राणोंकी भिक्षा माँगता हूँ। मैं आज तुम्हारे शरण हूँ।'

'अगर मैं आपको छोड़ता हूँ तो आप मुझे मरवा डालेंगे!'

'नहीं बेटा! विश्वनाथ बाबाकी शपथ। मैं तुमको कोई भी सजा न दूँगा।'

इसके बाद दोनोंने हाथ-में-हाथ पकड़कर अपनी प्रतिज्ञा निभानेकी शपथ खायी।

तब सूर्यसेनने अपना सारा भेद खोल दिया। अन्तमें कहा—'मरते समय मेरे पिताने मुझे जो उपदेश दिया था, उसीके कारण आज आपकी जान बची है।'

'वह क्या उपदेश है?' राजाने प्रश्न किया।

'अधिक न देखना, न थोड़ा देखना। हिंसाको कभी प्रतिहिंसाके द्वारा पराजित नहीं किया जा सकता।' सूर्यसेनने कहा।

'इसका अर्थ क्या है?' राजाने पूछा।

सूर्यसेनने समझाया—'अधिक न देखना' का अर्थ यह है कि हिंसाको अधिक दिनोंतक अपने मनमें नहीं रखना चाहिये। न थोड़ा देखना, का मतलब यह है कि अपने बन्धु या मित्रका जरा भी दोष देखकर उससे

सहज ही सम्बन्ध मत तोड़ना। अब रहा—'हिंसाको प्रतिहिंसाके द्वारा पराजित नहीं किया जा सकता।' इसका अर्थ प्रत्यक्ष है। यदि मैं आपको प्रतिहिंसाकी भावनासे मार डालता तो परिणाम यही होता न कि आपके पक्षवाले मुझे मार डालते। आज मेरे पिताके उपदेशने हम दोनोंके प्राण बचाये हैं। जबाबी शत्रुतासे शत्रुता नहीं मिट सकती है। यह सिद्धान्त कितना सच्चा है? आपने मेरे जीवनकी रक्षा करके महत्त्वपूर्ण काम किया है। मैंने भी आपके जीवनकी रक्षा करके कम महत्त्वपूर्ण कार्य नहीं किया है।

'बेटा! तूने तो मेरे पापका नाश कर दिया है! पुण्यका सूर्य प्रकाशित हो उठा है!'

गद्गदकण्ठ होकर राजाने लड़केको छातीसे लगा लिया। राजधानीमें लौटकर काशीनरेशने सूर्यसेनका राजपाट उसे लौटा दिया। अयोध्यानरेश सूर्यसेनको काशीनरेशने अपनी राजकुमारी ब्याह दी।

अहिंसाकी तलवारने जो काम किया, वह हिंसाकी तलवार नहीं कर सकती थी। हिंसासे दोनों राज्यवंश डूब जाते। किसीकी आत्माको किसी भी प्रकारसे दुःख पहुँचाना ही हिंसा है!

दैवी घटना

(प्रेषक—श्रीवल्लभदासजी बिन्नानी 'व्रजेश' साहित्यालंकार)

आजके इस नास्तिक युगमें लोगोंकी परम पिता परमात्माके प्रति श्रद्धा और विश्वास घटता जा रहा है। धर्म और प्रभु अधिकांश लोगोंके लिये जैसे कुछ रह ही नहीं गये हैं; लेकिन उनका विचार निर्मूल है। परमात्मा सर्वत्र विद्यमान हैं और समय-समयपर अपना चमत्कार दिखाकर ऐसी विचित्र-विचित्र घटनाएँ दर्शा देता है जिससे दाँतों-तले उँगली दबाकर आखिर उसको किसी-न-किसी रूपमे मानना ही पड़ता है। नीचे हम सच्ची कुछ घटनाओंका उल्लेख करते हैं, जिनसे प्रभु और उसकी आश्चर्यजनक लीलापर चकित होना पड़ता है।

(१)

अभी बिहारके एक गाँवकी घटना है, एक किसानकी पत्नीने अपने पतिकी अनुपस्थितिमे अपने छोटे सौतेले बेटेको मारकर उसके कलेजेका मांस पकाया और पतिके आनेपर थालमें उसे परोसा। पतिदेवने ज्यों ही खानेके लिये हाथ लगाया, त्यों ही ठीक ऊपरसे एक छिपकली थालीपर गिरकर अन्यत्र निकल गयी। इससे उसके चित्तमें कुछ क्षणिक शङ्का पैदा हुई, पर देहाती लोग इतना विचार नहीं करते। फिर उसने दो मिनट बाद ज्यों ही खानेके लिये हाथ बढ़ाना चाहा, तत्क्षण एक काला साँप फुफकारता हुआ उस थालीपरसे गुजरकर सामने पुआलमें कहीं घुस गया। अब तो कृषक बहुत ही क्रुद्ध होकर बल्लम लेकर साँपको मारनेके लिये पुआलमें घुसा और साँपको ढूँढ़ने लगा। दैवी गति देखिये, साँपका तो कहीं पता नहीं लगा, पर उसी पुआलके ढेरमें उसे अपने पुत्रके कटे हुए अङ्ग मिले। यह देख वह यह भाँप गया कि यह सारी करतूत उसकी पत्नीकी है जो कि अपने सौतेले बेटेसे बराबर ईर्षा-डाह रखती थी। आखिर कृषकने हल्ला-गुल्ला मचाया जिससे आस-पास पड़ोसके लोग इकट्ठा हो गये और कृषक-पत्नीको सबके सामने मानना पड़ा कि वह नृशंस कार्य उसका ही है। देखिये, प्रभुकी लीला! साँप और छिपकली भेजकर किसानकी पत्नीका सारा भंडाफोड़ कर दिया।

(२)

वह घटना मेरे शहर मिरजापुर जिलेके एक समीपवर्ती गाँवकी है। एक चमार बंबईमें मजदूरी करके

कुछ कमाई कर रातके समय अपने गाँव आया और चूँकि रातका समय था अतः उसने रात अपने गाँवके रेलवे स्टेशनपर अपनी बहिनके यहाँ काटनेकी ठानी, जो और जिसका पति वहीं स्टेशनमें नौकरी करते थे।

रुपयेकी गठरी देखकर स्त्रीकी नीयत बदल गयी। उसने अपने भाईके सोनेके लिये समीप ही एक अलग खाटका इन्तजाम किया और अपने पतिके लिये दूर दूसरी खाटकी व्यवस्था की।

मध्य रात्रि होनेपर वह उठी तथा छुरा लेकर समीप खाटपर सोनेवाले व्यक्तिका खून कर दिया और रुपयेकी थैली धीरेसे निकालकर अपने पास रख ली तथा अपने इरादेमें प्रसन्न होकर सुबह होनेका इंतजार करने लगी।

सुबह होनेपर जो उसने काण्ड देखा तो उसके होश उड़ गये और वह रुदन करने लगी। समीपवाली खटिया जो उसने भाईके सोनेके लिये तैयार की थी उसपर उसका भाई न सोकर संयोगवश पति ही सोया था, जिसे अन्धकारमे धोखेमे अपना भाई समझकर मार डाला। रुदन सुनकर भाईकी आँख खुली और वह सारा काण्ड समझ गया। उसने रुपयेकी थैली भी बहिनसे ले ली तथा उसे अपनी नीच करतूतका फल मिल गया। यद्यपि भाईको उसने अपने समीप ही सोनेके लिये कहा था फिर भी भाई दैवी प्रेरणाके अनुसार दूर पड़ी खटियापर सो गया। विवश हो पतिको समीपवाली खटियापर सोना पड़ा; क्योंकि पतिदेवको अपनी स्त्रीकी कुचेष्टाका कोई आभास न था। दैवी गति देखिये, स्त्रीको दूसरेके लिये गड्ढा खोदकर गिरानेमें खुद ही गिर जाना पड़ा।

(३)

गोरखपुरका समाचार था कि एक पूर्णरूपेण अपंगु व्यक्ति जो न तो खड़ा हो सकता था और न चल सकता था, इस जिलेमें सिसवां बाजारके एक ग्रामके एक मन्दिरमें रात्रिको सोते समय आश्चर्यजनक रूपसे चंगा हो गया।

उस अपंगुका नाम रघुनाथ कोयरी है और वह चम्पारन जिलेके नरईपुरका निवासी है। वह किसी प्रकारसे ३० अगस्तको खड्डासे सिसवाँ आनेवाली वालिष्ट ट्रेनमें चढ़ गया। संध्या-समय गाड़ी बाहरी सिगनलके पास रुक गयी, गार्डको उसका पता चल गया और वह उतार दिया गया। उस समय पानी बरस रहा था। वह किसी प्रकार सवाया ग्रामतक पहुँच गया और कुछ भीख लोगोंसे प्राप्तकर पासके एक मन्दिरमें आश्रयके लिये चला गया। भींगा और थका हुआ होनेके कारण उसे शीघ्र निद्रा आ गयी।

स्वप्नमें उसे एक स्त्री और एक पुरुष दिखायी दिये। उन्होंने उससे उठ खड़े होनेके लिये कहा। उसने ऐसा करनेसे इन्कार कर दिया; क्योंकि वह एकदम अशक्त था। उन्होंने कहा कि वह पूर्णरूपेण चंगा है, अतः वह खड़ा हो जाय। वह जाग पड़ा और यह देखकर उसे आश्चर्य हुआ कि वह पूर्णरूपेण स्वस्थ हो गया है और चल सकता है। उसने उन दोनोंकी तलाश की पर उनका कोई पता नहीं चला। आसपासके गाँवोंके लोग उक्त मन्दिरको जहाँ यह घटना हुई, देखनेके लिये एकत्र हुए।

(४)

सीतामढ़ीके कोटबाजार मुहल्लेमें नवनिर्मित राम-मन्दिरमें भगवान्‌की मूर्तिका छत्र दस नवम्बर १९५४से हिलता रहा और कई दिनोंतक हिलता रहा। जिससे लोगोंने आश्चर्य प्रकट किया है। बताया जाता है कि भगवान् रामकी मूर्तिका छत्र तो शान्त रहा; किंतु लक्ष्मणजी एवं सीताजीका छत्र जोरोंसे हिल रहा था। इसके अतिरिक्त पासकी एक फूसकी झोंपड़ीकी भी छत हिल रही थी।

(५)

रोसड़ा थानेके अन्तर्गत बाघोपुरके निकट भड़रिया गाँवके एक घरमे सेंध लगाते समय एक चोरकी विचित्र ढंगसे मृत्यु हो गयी, यह दरभंगाके पास है।

जब वह सेंध लगाकर घरमें घुस रहा था कि दीवाल बैठ गयी जिससे चोर दबकर मर गया। दीवाल-के धँसनेकी आवाज सुनकर लोग वहाँ आ धमके तथा चोरको उसके नीचे दबा हुआ पाकर उसकी सूचना पुलिसको दे दी और बादमें वह लाश निकाली गयी।

(६)

अभी हालमें ही हैदराबाद राज्यके मेंडव जिलेमें लिंगापुर गाँवमें एक अत्यन्त रोमाञ्चकारी और चमत्कारी आश्चर्यजनक घटना घटी है।

एक भाई अपनी बहिनको उसकी ससुराल पहुँचाने जा रहा था। एकाएक एक सुनसान जगहपर भाईकी नीयत बिगड़ी और उसने बहिनसे ५ तोला सोना माँगा जो उसके पास था। बहिनने सोना नहीं दिया। इसपर भाईने क्रुद्ध होकर उसे मारनेके लिये कुल्हाड़ी उठायी जो संयोगवश ऊपरके दरख्तकी टहनीपर लगी, जहाँ एक विषधर नाग बैठा था। कुल्हाड़ीसे साँपको थोड़ी चोट लगी जिससे उसने क्रुद्ध होकर उसे लिपटकर डँस लिया, वह तत्क्षण मर गया।

कुछ देर बाद जब लोग वहाँ पहुँचे तो स्त्री बेहोश थी और साँप उस शवसे लिपटा पड़ा था। किसी प्रकार साँपको हटाया गया। वहाँके लोगोंको इसका पूर्ण विश्वास हो गया है कि ईश्वरने साँपके रूपमें स्त्रीकी जान बचायी।

(७)

उस दिन श्री जी० एन पाटिल नामक एक सज्जन यहाँ पधारे थे, उन्होंने पुष्करराजकी एक घटना सुनायी। किसीने एक दूसरे भाईसे पाँच रुपये उधार लिये। बहुत दिन हो गये, बार-बार माँगनेपर भी लौटाये नहीं और अन्तमें एक दिन कह दिया—'कौनसे रुपये ? मैंने तुमसे रुपये कब लिये थे।' उसने कहा—'न लिये हों तो तुम पुष्करसरोवरका जल हाथमे लेकर कह दो कि मैंने नहीं लिये हैं।' उसने कहा—'चलो कह देता हूँ।' दोनों गये। सौ-डेढ़-सौ आदमी और भी एकत्र हो गये थे। उसने पुष्करका जल हाथमें लिया और कह दिया कि रुपये मैंने नहीं लिये, यों कहकर वह जल हाथसे फेंकने लगा, इतनेमें ही एक साँपने कहींसे आकर उसको डँस लिया और तुरंत वहीं उसकी मृत्यु हो गयी। इस प्रकार साँपने आकर मानो असत्यका उसे दण्ड दिया।

अभिमान मत करो

दौलत पाय न कीजिये, सपनेमें अभिमान।
चंचल जल दिन चारको, ठाउँ न रहत निदान॥
ठाउँ न रहत निदान, जियत जग में जस लीजै।
मीठे बचन सुनाय, विनय सबही सौं कीजै॥
कह 'गिरिधर' कविराय, अरे यह सब घट तौलत।
पाहुन निसिदिन चार, रहत सबही के दौलत॥
बीती ताहि बिसारिदै, आगेकी सुधि लेय।
जो बनि आवै सहजमें, ताहीमें चित देय॥
ताहीमें चित देय, बात जोई बनि आवै।
दुरजन हँसै न कोय, चित्तमें खता न पावै॥
कह 'गिरिधर' कविराय, यहै करु मन परतीती।
आगेको सुख समुझि, होय बीती सोइ बीती॥

—'गिरिधर कवि'

मानवताकी अभिवृद्धिके उपाय

(लेखक—प्रो० श्रीरामचरणजी महेन्द्र, एम्० ए०)

आजके युगमें मानवताका कैसा भीषण ह्रास हुआ है तथा निरन्तर होता जा रहा है, यह सर्वविदित है। सत्य, प्रेम, न्याय, सहानुभूति, सौहार्दकी भावनाएँ विलुप्त हो चुकी हैं तथा मानवकी बर्बर चेतना जैसे जाग उठी है!

हममेंसे प्रत्येकका यह पवित्र कर्त्तव्य है कि मनुष्यत्वके विकासके हेतु निरन्तर प्रयत्नशील हों। मनुष्यकी महानता इसी बातमें है कि वह स्वयं अपने अंदर तथा दूसरोंमें उन सद्गुणों, शुभ भावनाओं एवं उत्तम आचरणोंका विकास करनेमें प्रयत्नशील हो, जिनका सम्मिलित नाम 'मानवता' है। हममेंसे प्रत्येकको उन शुभ सात्विक सामर्थ्योंको विकसित करनेका प्रयत्न करना चाहिये जो हमें पशुत्व तथा असुरत्वसे ऊँचा उठाते हैं। मानवताकी पूर्णता देवत्वकी प्राप्तिका प्रथम सोपान है।

समाज तथा हमारे परिवारोंमें जो मलिन विश्वास, अविश्वास, घृणा एवं स्वार्थ संचित हो गया है, उसे निकाल देना चाहिये। प्रत्येक मुहल्लेमें सेवा-सभाएँ, मानव-गोष्ठियाँ, समितियाँ आदि बनें जो मिथ्या भेद-भाव त्यागकर मानवमात्रके कल्याणका प्रयत्न करें; भ्रातृभाव, प्रेम, सौहार्द, समता, सहकारिता, सहानुभूति-का वातावरण उत्पन्न करें। खेदका विषय है हमारे समाजमें अब भी ऐसी जातियाँ हैं, जिनसे प्रेम और समताका व्यवहार नहीं होता है। हमें इसमें पर्याप्त सुधार करना पड़ेगा और मानवताके नाते घृणा तथा द्वेषको सर्वथा निकालकर सबमें आत्मवत् प्रेम-भावकी प्रतिष्ठा करनी पड़ेगी।

हानिकर रूढ़ियाँ दूर कीजिये

मानवताकी रक्षाका एकमात्र उपाय यह है कि मानवके सर्वाङ्गीण विकासमें जो सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, राजनैतिक या अन्य बाधाएँ हैं, उनको दूर कर दिया जाय। प्रत्येक मानव यह कार्य करे। अत्याचार, अविचार और अनाचारका निर्भीकतासे डटकर सामना किया जाय। यदि हमें अन्य राष्ट्रोंकी प्रतियोगितामें जीवित रहना है, तो समाजके प्रत्येक व्यक्तिको जाग्रत् करना होगा, उसे शिक्षितकर आचार-विचार, कर्तव्य-अकर्तव्य, पाप-पुण्यका विवेक सिखाना होगा, सबकी जिम्मेदारी स्वयं अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। इस प्रकार सबको समुन्नत—सङ्गठित कर आगे बढ़ाना होगा। हम भावी मानवके लिये निष्कण्टक, आलस्यहीन, प्रमाद-रहित, आडम्बरविहीन, सरल-सादा, उच्च विचारोंवाला जीवन चाहते हैं। पाश्चात्त्य सभ्यता एवं विदेशी संस्कृति-से हमे आँख मूँदकर प्रभावित नहीं होना है। हमे भारतीय संस्कृतिकी पृष्ठभूमिपर मनुष्यत्वका विकास करना है। हमारा अन्तिम ध्येय तो वह सांस्कृतिक स्वराज्य है जिसमें सब सुखी हों, सब सम्पन्न शिक्षित प्रकाश-मान हों, हमारी जरूरी माँगें पूर्ण हों, साहित्य-कला, ज्ञान-विज्ञानकी वृद्धि हो और स्वास्थ्य-सुख एवं शान्तिके सब साधन मानवमात्रके लिये सुलभ हों।

संवेदनशील हृदयकी आवश्यकता

मानवताकी वृद्धि एवं विकासकी एक बड़ी आवश्यकता है—संवेदनशील हृदय (दर्दे दिल), दृढ़ प्रतिज्ञता और सद्भावना। संवेदनशील वह है जो मानवमात्रकी कसक, पीड़ा, उल्लास, हर्ष, सिसक, रोदन-को अपने दिलमें महसूस करता है। जब दीन-गरीब मानवपर अत्याचार होता है, तब संवेदनशील मानवके हृदयमें टीस उठती है; जब विधवाके ऊपर लात-घूसोंका प्रहार होता है, तब उसकी चोट उसके मनपर आघात

; जब लूटमार, डाकेजनी, कालाबाजार, रिश्वतसे कलङ्कित होती है, वह मन-ही-मन रोया करता ह शोषित-पीड़ित मानवताके प्रति सदा सद्-खता है। जबतक दूसरोंपर होते हुए अत्याचार मिला नहीं देते, जबतक हम अपने संकुचित दायरेमें बंद हैं, तबतक हम मानवतासे दूर त: हमें यह स्मरण रखना चाहिये—

दिल, पासे वफा ज़ज़बए हमाँ होना।
दमीयत है, यही और यही इन्सा होना॥

यम-नियम

ारे शास्त्रोंमें मानवताकी वृद्धिके लिये यम-ा विधान रक्खा गया है। (१) अहिंसा, (२) ३) अस्तेय, (४) ब्रह्मचर्य और (५) ह दूसरोंसे व्यवहार करनेके लिये रखे गये हैं। ारके लिये इसी प्रकार (१) शौच, (२) (३) तप, (४) स्वाध्याय और (५) के आदि साधन माने गये। कहनेको ये छोटे-छोटे , किंतु इनका पालन कठिन है। 'कठिन' कह-हट जाना कायरता है। हमें यथाशक्ति इनकी करनी चाहिये। आत्मचिन्तनद्वारा हममेंसे अपनी त्रुटियोंको जानें और दृढ़तासे उन्हें दूर प्रयत्न करें।

आवश्यकताओंपर नियन्त्रण

येक व्यक्तिको निजी आवश्यकताओंको कम करना तथा दूसरेकी सेवा-सहायताका ध्यान रखना । स्वार्थके स्थानपर परमार्थ; अपनेके स्थानपर ी आवश्यकताओंका ध्यान रखना चाहिये।

मलोग तुच्छ स्वार्थोंको अपना ध्येय मानकर करते रहे है। 'अमुक वस्तु मुझे चाहिये; मुझे अधिक हिस्सा प्राप्त हो; मै लूँगा, दूसरेको कुछ ; मेरी आवश्यकताएँ पहले पूर्ण होनी चाहिये—' यह दूषित विचारधारा हममेंसे प्रत्येक मानवको त्याग देनी चाहिये। हमें स्वार्थके स्थानपर दूसरोंके प्रति आत्मीयताकी भावनाएँ विकसित करनी चाहिये।

दूरकी न सोचनेवाला लालची नष्ट हो जाता है और जो यह कहता है कि 'मुझे नहीं चाहिये, आप लीजिये'—उसे प्रकृतिके कोष तथा भगवान्‌के भंडारसे बहुत मिलता है। जिसे न्याय और अन्यायका ज्ञान है, जो लेने योग्य और न लेने योग्यका भेद समझता है, ऐसे श्रेष्ठ पुरुषका घर ढूँढ़ती-ढूँढ़ती लक्ष्मी स्वयं उसके पास पहुँच जाती है। उदार दृष्टिकोणवाला प्रेमी व्यक्ति दूसरोंको भी अपना समझता है, उनसे प्रेमपूर्ण उदार व्यवहार करता है—ये भावनाएँ उसकी सुख-समृद्धिका कारण है। आत्मीयताकी भावनाएँ मनमे होनेके कारण वह थोड़ेमे ही गुजारा कर लेता है और कहता है—'बस, मेरे लिये इतना ही पर्याप्त है, मुझे और कुछ नहीं चाहिये।'

'मुझे नहीं चाहिये, आप लीजिये'—यह नीति ऐसी है, जिसके आधारपर मानवताकी रक्षा और विकास हो सकता है। इस नीतिका पुराना महत्त्वपूर्ण इतिहास है। एक दृष्टिपात कीजिये—

'मैं लूँगा, आपको न दूँगा'—इस नीतिका पालन रामायणयुगमें कैकेयीके द्वारा हुआ था। इस स्वार्थमयी नीतिके कारण सम्पूर्ण अयोध्या नरकधाम बन गयी थी। दशरथने प्राण त्याग दिये थे, रामको चौदह वर्षका वनवास मिला था। किंतु जब भरतने 'मुझे नहीं चाहिये, आप लीजिये' की नीति अपनायी, तब दूसरे ही दृश्य उपस्थित हो गये थे। रामने राज्याधिकारको त्यागते हुए भरतसे कहा—'बन्धु! तुम्हें राज्यका सुख प्राप्त हो, मुझे यह नहीं चाहिये।' सीतादेवीने कहा—'नाथ! यह राज्य-भवन मुझे नहीं चाहिये, मैं तो आपके साथ रहूँगी।' सुमित्राने लक्ष्मणसे

निर्देश किया, 'यदि सीताजी रामचन्द्रजीके साथ वनमें जा रही हैं, तो हे पुत्र ! उनकी सेवाके लिये तुम भी वनमें जाओ !' भरतने इस नीतिको और भी सुन्दर रीतिसे चरितार्थ किया। उन्होंने राजपाटको लात मारी और भाईके चरणोंमें लिपटकर वे बालकोंकी तरह रोने लगे। वे बोले, 'भाई, मुझे राज्य नहीं चाहिये। राजपाट मेरे लिये नहीं है; इसे तो आप ही ले लीजिये।'

मानवरत्न श्रीरामने कहा—'भरत ! मेरे लिये तो वनवास ही श्रेष्ठ है। राज्यका सुख तुम भोगो।'

ऊपरके प्रसङ्गमें हमें दूसरोंके लिये आत्मबलिदान करनेके अनेक भव्य उदाहरण मिल जाते हैं। यह त्यागका, दूसरोंकी सुख-सुविधा-उन्नतिका अधिक ध्यान रखनेका सुनहरा नियम आज जगत्में व्याप्त बेचैनी, पीड़ा, छीना-झपटी और युद्धको दूर कर सकता है। 'मै छूँगा' के स्थानपर 'आप लीजिये' वह महामन्त्र है, जो विश्वमें शान्ति स्थापित कर सकता है।

पारस्परिक सद्भाव

मित्रो ! प्रभुने मनुष्यको इसलिये इस आनन्दमयी सृष्टिमें नहीं भेजा कि वे आपसमें लड़ें-झगड़ें, छीना-झपटी करें, शोषण-कर्म, दण्ड, अत्याचार, दुःख, बेचैनी और पीड़ामें फँसें, रक्तकी होली खेलें। हम बालकोंका यह दुष्कर्म देखकर परम पिता परमेश्वरको बहुत मनःक्लेश होता है। अतः यह उलटी चाल छोड़कर दूसरोंकी सुख-सुविधाका खूब ध्यान रखना चाहिये। परमात्माको प्रसन्न करनेकी सबसे सीधी चाल यह है कि प्रत्येक व्यक्ति 'मुझे नहीं चाहिये, आप लीजिये' की निःस्वार्थ नीतिको ग्रहण करे। इस नीतिकी शिक्षा स्वयं अपने जीवनमे उतारें और पड़ोसियोंको दें। जहाँतक सम्भव हो, प्रेम, न्याय, भ्रातृभावका यह दिव्य संदेश पहुँचाना चाहिये। सबको सुखी बनाकर सुखी भविष्यकी आशा और आश्वासन दिलाना चाहिये।

दूसरोंके प्रति शुभ भावनाएँ

हमें चाहिये कि दूसरोंके विषयमें बुरे या दुर्बल विचार त्यागकर सदा सद्भाव बनाये रखें और उन्हें बढ़ावें। हमें उनके प्रति वही व्यवहार करना चाहिये जो हम अपने प्रति कराना चाहते हैं। हमारी आध्यात्मिक, मानसिक, शारीरिक उन्नतिमें दूसरोंके प्रति किये गये अत्याचार, दुष्टता, धोखेबाजी, लूट, कालाबाजार, चोरी इत्यादि बाधक हैं। हमारा दुष्कर्म कभी छिप नहीं सकता। यदि हम दुनियाकी आँखोंमें धूल झोंककर, झूठ बोलकर अथवा धोखा देकर रिश्वत, पक्षपात या भ्रष्टाचारसे ऊँचे उठ भी जाते हैं, पर अन्तर्यामी भगवान्‌से हम कुछ भी छिपाकर नहीं रख सकते और यहाँ भी कुछ समयमें हमारी कलई अवश्य खुल जायगी। वास्तविकता प्रकट होनेपर जो आत्म-ग्लानिकी पीड़ा सहन करनी पड़ती है, उसकी कसक सैकड़ों बिच्छुओंकी काटी हुई पीड़ासे भी अधिक है। अतः अपाहिज, दीन, शोषित, दुखी, कोढ़ी, पीड़ित, पददलित, पशु-पक्षी, जगत्-वनस्पति—किसीके प्रति भी निर्दयता नहीं करनी चाहिये।

सहानुभूति और दया

जुल्म और निर्दयता पशुत्व है। बेरहमीका बर्ताव करना मनुष्यको किसी प्रकार भी शोभा नहीं देता। जुल्म करना तो उन दानवोंका दुष्कर्म है, जिन्हें उचित-अनुचित भलाई-बुराईका विवेक नहीं होता। आप मानव हैं। बुद्धि, विवेक, विद्या, सदाचारके ज्योतिर्मय पिण्ड हैं। क्या आप दूसरोंपर जुल्मकर असुरोंकी कोटिमें जाना पसंद करेंगे ? कदापि नहीं। यह दुष्कर्म, यह अन्याय, अनाचार, बेईमानी, धोखेबाजी, चोरी आप कदापि नहीं करेंगे। यह आपके योग्य कर्म नहीं है। आप मनुष्य होकर शोषण नहीं कर सकते। आप

किसी मानवके प्रति अन्यायी नहीं हो सकते। भारतकी निरक्षर, पिछड़ी, पीड़ित और मिथ्या विश्वासमें पिसने-वाली जनताको जाग्रत्, समुन्नत, सुशिक्षित करनेमें ही आपकी शक्तियोंका उपयोग होना चाहिये।

सद्व्यवहार करना शोभनीय है

मनुष्य अपने सद्व्यवहारोंसे देवता बन जाय या मानवसे दानव। हमारे पूर्वपुरुषों, ऋषियों-मुनियोंने सद्व्यवहार, उदारता, प्रेम, मित्रता, परस्पर उचित सहकार और सहानुभूतिको मानवताके महत्त्वपूर्ण अङ्ग माना है। मनुष्य यदि सच्चे मानवका जीवन जीना चाहे, तो उसे मानवधर्मका आश्रय लेना ही पड़ेगा।

सत्सङ्गति

सत्सङ्ग मानव-धर्मका एक आवश्यक गुण है। जो सत्य है, उसकी ओर आकृष्ट होना, उत्तमोत्तम विचारों, मन्तव्यों, धारणाओंवाले ज्ञानी, महात्माओं, विद्वानों, सद्ग्रन्थोंका सङ्ग करनेसे हमारे बुरे विचारों एवं वासनाओंका नाश होता है और शुभ संस्कार पड़ते हैं। चाहे कुछ कालतक सत्सङ्गका प्रभाव प्रकट न हो, किंतु थोड़े दिनों पश्चात् मानवोचित शुभ संस्कार प्रकट होने लगते हैं। सत्सङ्गसे अज्ञान और अविवेकका क्षय होता है।

गुणग्राहिता चाहिये

आज स्वार्थके स्थानपर दूसरोंके गुणोंके प्रति प्रीति, गुणग्राहिताको विकसित करनेकी अतीव आवश्यकता है। यदि हम दूसरेके उन्नत गुणोंकी प्रतिष्ठा करेंगे, उनके सद्गुणोंकी प्रशंसा करेंगे, तो मित्रभाव, सौहार्द, बन्धुत्वकी शुभ भावनाओंकी वृद्धि होगी; संसार प्रेम-सम्बन्धोंसे परिपूर्ण होकर शत्रुभावसे मुक्त हो जायगा।

श्रद्धा

श्रद्धा मानवीय हृदयका मेरुदण्ड है। हमें श्रद्धाभावकी निरन्तर अभिवृद्धि करते रहना चाहिये। जो अपनेसे विद्या, आयु, बुद्धिमें बड़े हैं, उनके प्रति हमें श्रद्धा-भाव रखना चाहिये। विद्यार्थी-समुदायको गुरुजनोंकी प्रतिष्ठा, मान एवं गुरुत्वका सदैव ध्यान रखना चाहिये। शास्त्रोंकी उक्ति है, 'आचार्यदेवो भव' अर्थात् 'गुरु देवताके समान श्रद्धाका पात्र है। वृद्धजनोंके प्रति भी श्रद्धालु होनेकी परम आवश्यकता है। 'श्रद्धाका दूसरा अर्थ है भगवान्‌में, संतोंमें तथा उनकी वाणीमें श्रद्धा।' यह भी अवश्य चाहिये।

ईश्वरभक्ति

मनुष्यके विकासमें सबसे महत्त्वपूर्ण स्थान ईश्वर-भक्तिका है। मनुष्यमें स्वयं ईश्वरका निवास है। हम अपना जितना निकट सम्बन्ध परमात्मासे लगाते हैं, ईश्वरको सम्मुख सदा हमारे साथ रहनेवाला समझकर कार्य करते हैं, उतना ही हमारी मानवताका विकास होता है। सिर्फ मानव-मूर्तियोंमें ही नहीं, जीवमात्रमें ईश्वरकी परछाईं देखकर उनकी सेवा, उपकार, विकास-के कार्यमें प्रवृत्त होनेसे हम मानवताकी सेवा करते हैं।

सीताराम-सीताराम कहु रे

घर घनश्याम कहो, आँगन अनंत कहो, द्वारे पै दमोदरके दास होय रहु रे।
ठाढ़ होत ठाकुर, औ बैठत बिहारी कहो, चलत चतुर्भुजके चारु पद गहु रे॥
पंथ पुरुषोत्तम, बिदेस बासुदेव कहो, नदी नरसिंह कहो पाप सब दहु रे।
दिन दीनानाथ कहो, रात राधानाथ कहो, आठौं जाम सीताराम-सीताराम कहु रे॥

—भक्त दीनानाथजी

विचार-मुक्ता

(लेखक—श्रीसेठ मोतीलाल माणिकचन्द (प्रतापसेठ) जी)

(१)

'मैं' की विलक्षणता और उसकी मृत्यु असम्भव

'मैं' मेरे ज्ञानका विषय नहीं हो सकता है; क्योंकि 'मैं' यदि मेरे ज्ञानमें आ जायगा तो फिर वह 'मैं' 'मैं' न रहेगा। वह दूसरा ही पदार्थ हो जायगा। इस प्रकार हम चाहे जितने भी प्रयत्न करें, हमारा 'मैं' कभी भी हमारे ज्ञानमें नहीं आ सकता। भविष्यमें भी कभी हमारे इस 'मैं' का ज्ञानका विषय होना सम्भव नहीं है; क्योंकि ज्ञानमें आते ही वह 'मैं' न रहकर हमसे पृथक् दूसरी वस्तु अर्थात् 'तू' हो जाता है और 'मैं' उससे न्यारा ही रह जाता है। 'न्यारा ही रह जाता है' इसका अर्थ यह नहीं कि 'मै' के अतिरिक्त कोई दूसरी वस्तु है और यह 'मैं' उससे न्यारा रह जाता है। ऐसा होता तो दो संख्या विषयरूप होनेसे 'मैं' भी विषय बन जायगा। इसलिये 'न्यारा' का अर्थ है कि 'मै' के अतिरिक्त दूसरी कोई वस्तु रहती ही नहीं। 'मैं' अद्वैत तत्त्व है। इस प्रकार 'मैं' हमारे ज्ञानका विषय न होने और वैसा होनेकी सम्भावना भी न होनेसे, वह अति विलक्षण पदार्थ है। "मैं" हमारे ज्ञानका विषय नहीं हो सकता, इसका प्रत्यक्ष प्रमाण तो यही है कि हम अभी हमारे विचारों-का विषय न होनेपर भी विचारोंके पहलेसे ही विद्यमान हैं।

'मैं' तमसे प्रकाशकी भाँति सामान्य विलक्षण नहीं है। तमसे प्रकाश विलक्षण पदार्थ अवश्य है, परंतु दोनों ही ज्ञानके विषय हैं और दोनोंकी ही सत्ता है, इसलिये उनको अति विलक्षण पदार्थ नहीं कहा जाता; परंतु 'मैं' की बात बिल्कुल दूसरी है। 'मैं' न तो कभी हमारे ज्ञानका विषय होता है और न उसके साथ दूसरी कोई वस्तु रक्खी ही जा सकती है, क्योंकि दो—संख्या विषयरूप होनेके कारण वे दोनों ही वस्तुएँ ज्ञानका विषय हो जाती हैं। अभिप्राय यह कि 'मैं' के साथ किसी दूसरी वस्तुका मानना ही नहीं बनता। इसलिये 'मैं' अति विलक्षण पदार्थ है। 'मैं' एक ही एक पदार्थ है और सब जगत्में यह 'मैं' ही भरा हुआ है। दूसरा कोई पदार्थ है ही नहीं। 'तू' का तो कहीं पता भी नहीं है।

अतः जिस 'मैं' का कभी ज्ञानमें आना सम्भव ही नहीं है, उसको अभी या भविष्यमें कभी मृत्यु प्राप्त होगी, यह भी सम्भव नहीं है।

(२)

हम जिसको आत्मा समझते हैं, वह आत्मा न होकर जीवाभास है

कूटस्थ तो जीवभाव ही है। परमात्मा उससे न्यारा है, जो सर्वव्यापी है। हम जगत्को अलग रखकर परमात्मा उससे न्यारा देखने जायँगे तो जगत् और परमात्मा—इस प्रकार दो पदार्थ होंगे और फिर वह परमात्मा सर्वव्यापी न रहकर हमारे ज्ञानका विषय बन जायगा। इसलिये जगत्को अलग छोड़नेसे काम नहीं चलेगा। परमात्मासे अलग जगत् कुछ है ही नहीं। यह परमात्मा ही है। इस प्रकारका अनुभव क्योंकर आयेगा? बुद्धि तो जगत् बनाती है। उसको जगत्के स्थानपर परमात्मा दीखेगा नहीं। वैसा तो इन्द्रियाँ ही देख सकती हैं।

शरण या कृपा ?

[कहानी]

(लेखक—श्री 'चक्र')

'मेरा लड़का शरण चाहता है महाराणा !' गोस्वामी श्रीगोविन्दरायजीके नेत्र भर आये थे। उनका स्वागत-सत्कार हुआ था, उनके प्रति सम्मान अर्पित करनेमें महाराणाने कोई संकोच नहीं किया था; किंतु गोस्वामीजीको तो यह स्वागत-सम्मान नहीं चाहिये। उनके हृदयमें जो दारुण वेदना है, उसे शान्त करनेवाला आश्वासन चाहिये उन्हें। 'आज एक वर्षसे अधिक हो गया मेरे पुत्रको भटकते। यवन सत्ताधारी चमत्कार देखना चाहता है। चमत्कार कहाँ धरा है मेरे पास और मेरा नन्हा सुकुमार लाल चमत्कार क्या जाने। यवनोंके भयसे जोधपुर, जयपुर—कोई उसे स्थायी आश्रय नहीं देना चाहता। मैं अपने पुत्रके लिये आपसे शरण माँगने आया हूँ महाराणा।'

उदयपुरके महाराणा राजसिंह कुछ कहें, इससे पूर्व ही महामन्त्री उठ खड़े हुए—'गोस्वामीजी ! आप जानते ही हैं कि दाराशिकोहका पक्ष लेनेके कारण औरंगजेब उदयपुरसे चिढ़ गया है। फतेहाबादकी पराजय चाहे जिसके दोषसे हुई हो, उसने हमारे वीरोंकी एक बड़ी संख्यासे हमें हीन कर दिया है।'

'हमारा सौभाग्य है कि श्रीनाथजी पधारना चाहते हैं !' महाराणा राजसिंहने महामन्त्रीकी बात काटनेका प्रयत्न किया। गोस्वामीजीको सर्वथा निराश कर दिया जाय, यह उन्हें स्वीकार नहीं था।

'सीसौदिया-कुल शैव है। भगवान् एकलिङ्ग हमारे आराध्य हैं।' महामन्त्रीकी राजनीति कहती थी कि औरंगजेबसे शत्रुता लेना ठीक नहीं है। वे महाराणाको भरे दरबारमें न रोक सकते थे, न समझा सकते थे। इसलिये उन्होंने यह अपना ब्रह्मास्त्र प्रयुक्त किया था।

'श्रीमान् !' महाराणाने देखा कि अन्तःपुरसे राजमाताकी निजी सेविका दोनों हाथ जोड़े सिंहासनके सामने मस्तक झुकाये आ खड़ी हुई है। उसे संकेतसे ही बोलनेकी अनुमति मिल गयी। कदाचित् ही राजमाता किसी राजकार्यमे कोई हस्तक्षेप करती थीं; किंतु यह तो मेवाड़का बच्चा-बच्चा जानता था कि वे इस दिव्य भूमिकी महेश्वरी हैं। उनका संकेत भगवतीकी अनुलङ्घनीय आज्ञा है मेवाड़में। सबके नेत्र सेविकाकी ओर लग गये। उसने केवल इतना कहा—'माताजी स्वयं कुछ कहना चाहती हैं' और धीरे मस्तक झुकाकर लौट गयी।

'राजसिंह ! तू होता कौन है त्रिभुवनके स्वामीको शरण देनेवाला !' सुकोमल कण्ठ; किंतु बड़ा सुदृढ स्पष्ट स्वर सिंहासनके पीछे यवनिकाके भीतरसे आया। 'वे दयामय तुझे शरण देने आ रहे हैं। तुझपर कृपा करने आ रहे हैं। तुझे भूलना नहीं चाहिये कि सीसौदियोंका सिंहासन कापुरुषोंके लिये नहीं है।'

'माता ! जगज्जननी !' गोस्वामी गोविन्दरायजी दोनों हाथ जोड़े खड़े हो गये यवनिकाकी ओर मुख करके।

'महाराज, मैं तो आपके पुत्रकी एक तुच्छ दासी हूँ।' राजमाता बड़ी नम्रतासे कह रही थीं—'वे त्रिलोकीनाथ हैं। मेवाड़को वे अपने श्रीचरणोंसे पवित्र करना चाहते हैं यह उनकी कृपा है। राजसिंह ! देखता क्या है ? उठ खड़ा हो जिनका सिंहासन है, वे पधार रहे हैं। एक सेवकमात्र है तू उनका। गोस्वामीजी ! उदयपुरका सिंहासन आपके पुत्रके श्रीचरणोंको पाकर धन्य बनेगा।'

'माताजी !' महामन्त्री कुछ कहनेके लिये खड़े हो गये हाथ जोड़कर; क्योंकि महाराणा सचमुच सिंहासनसे उठ खड़े हुए थे और गोस्वामीजीके सम्मुख मस्तक झुका रखा था उन्होंने।

'राजपूतको राजनीति नहीं चाहिये महामन्त्रीजी !' जैसे माता छोटे बच्चेको झिड़क रही हो, राजमाताके स्वरमें वही स्नेहमय वात्सल्य था—'राजनीतिको राजपूतके पैरोंके पीछे चल सकने योग्य बनना चाहिये। लेकिन आप डरते क्यों हैं ? तीनों लोक जिसकी शरणमें हैं, वे किसीकी शरण नहीं लिया करते। उन्होंने यह गौरव जो आपको दिया है, वह उनकी कृपा है। वे यह संदेश लेकर आ रहे हैं कि अब मेरा राजसिंह पीड़ितोंको शरण देने योग्य हो गया है। उनका वरद हस्त इसके सिरपर रहेगा और कदाचित् दिल्लीके उस क्षुद्र यवनको भी इसकी शरण लेनी पड़ेगी।'

'धन्य हो माता !' गोस्वामीजीके नेत्रोंसे अश्रुबिन्दु टपकने लगे। अब किसीको कहनेके लिये कुछ नहीं रह गया था।

'महाराज ! अपने लालजीके साथ आप कब पधार रहे हैं ?' राजमाताने पूछ लिया और वहीं निश्चित हो गयी जोधपुरसे श्रीनाथजीकी प्रस्थान-तिथि।

× × ×

[२]

सं० १७२६ में औरंगजेबने मथुरापर चढ़ाई की। ध्वस्त हो गयी वह पावन भूमि अत्याचारीके नृशंस करोंसे। श्रीकेशवरायजीके विशाल मन्दिरको खंडहर बनाकर विपुल सम्पत्ति आततायी लूट ले गये। इस सफलतासे उनके मुँह रक्त लग गया। दूसरी ओर भक्तोंके हृदयकी जो दशा हुई—उसकी कल्पना ही कठिन है।

भगवान् तो भाववश हैं। जो जैसी भावना करे, उसके लिये वे वैसे ही हैं। श्रीवल्लभाचार्यजीका पुष्टिमार्ग ठहरा सुकोमल वात्सल्य-रसका रसिक। नन्हें गोपाल लाल—वे तो स्नेहके, दुलारके पात्र हैं। उनका तो लाड़ लड़ाया जा सकता है। वहाँ चमत्कारका क्या काम। श्रीनाथजीको क्रूर करोंसे कैसे बचाया जाय, यह एक समस्या हो गयी थी। वयोवृद्ध श्रीगिरिधररायजीने ही सम्मति दी थी श्रीगोविन्दरायजीको कि श्रीनाथजीको अब चुपचाप राजस्थान पधराना चाहिये। अब व्रजका वातावरण उनके अनुकूल नहीं रहा। उनकी इच्छा अब यहाँ रहनेकी जान नहीं पड़ती।

यवन-शासककी लोलुप दृष्टि श्रीनाथजीकी सम्पत्तिपर पड़ चुकी थी। उसने संदेश भेज दिया था—'चमत्कार दिखाओ या स्थान छोड़ दो।'

रोते-बिलखते स्नेहियोंने अपने स्नेहाधारकी सुरक्षाके लिये उन्हें विदा करना आवश्यक माना। श्रीनाथजी गिरिराज गोवर्धनसे विदा हुए और आगरा पहुँचे। कोटा, बूँदी, पुष्कर आदि कई स्थानोंमें इस यात्रामें वे दयामय पधारे। पता नहीं, किन-किनके किस-किस भावको, उन्हें सार्थक करना था। जोधपुरके महाराज यशवन्तसिंहजीने स्वयं प्रार्थना की अपने यहाँ श्रीनाथजीके चातुर्मास्य करनेकी। जोधपुरके बाँबा सोनीमें श्रीनाथजी महाराज यशवन्तसिंहजीकी प्रार्थनासे पधारे।

औरंगजेब—वह महाभयदायक दिल्ली-सम्राट्, कोई भी नरेश उसके भयसे अपने यहाँ श्रीनाथजीको स्थायी निवास नहीं देना चाहता था। हृदय ललकता था, उत्कण्ठा होती थी; किंतु मन मसोसकर रह जाना पड़ता था। उस महाभयके सम्मुख होनेका साहस नहीं था किसीमें। इस विकट परिस्थितिमें मेवाड़ धूमधामसे श्रीनाथजीका स्वागत करने आगे बढ़ा।

श्रीनाथजी मेवाड़ पधारे। सिंहाड़ स्थानपर पहुँचकर उनका रथ एक पीपल वृक्षके नीचे रुक गया। अब खींचनेके सब प्रयत्न विफल हो रहे थे। गोस्वामी श्रीगोविन्दरायजी बोले—'अब मेरा लड़का यहीं रहना चाहता है।'

'जो प्रभुकी इच्छा !' राजमाता और महाराणाने स्वीकार कर लिया है। कारीगर एकत्र हो गये। श्रीनाथजीका विशाल मन्दिर बनने लगा। एक वर्षसे भी कम समय लगा। फाल्गुन कृ० ७ सं० १७२८ को तिलकायत गो० श्रीदाऊजीके करोंसे श्रीनाथजीकी प्राण-प्रतिष्ठा हुई। सिंहाड़-स्थान 'नाथद्वारा' बन गया। भगवान् एकलिङ्गकी कृपापात्र मेवाड़-भूमि श्रीनाथजीके श्रीचरणोंका सान्निध्य पाकर धन्य हो गयी।

× × ×

[३]

'माँ ! रूपनगरसे पत्र आया है !' महाराणा राजसिंहने राजमाताके चरणोंमें पहुँचकर उनके सम्मुख रूपनगरकी राजकुमारीका पत्र रख दिया। औरंगजेबको भी अपने पिता, पितामहके समान राजपूत कन्यासे विवाह करनेकी धुन चढ़ी थी। रूपनगरको दुर्बल राज्य समझकर उसने महाराजको पत्र लिख दिया था—'अपनी कन्या विवाह दो या युद्धके लिये प्रस्तुत रहो।' बेचारी राजकुमारीको कोई शरणदाता नहीं दीख रहा था। राजपूतकुमारी क्या यवनकी अङ्कशायिनी होगी ? छिः ! उसने मेवाड़के राणाको पत्र लिखा। किसी दिन महाराज भीष्मककी कन्या रुक्मिणीजीने जैसे द्वारका पत्र लिखा था मयूरमुकुटीको—ठीक उसी प्रकार।

'सोलंकीकी कन्या मेरी पुत्रवधू बनेगी।' राजमाताने पत्र लौटा दिया—'बेटा ! इसमें पूछनेकी क्या बात है ? एक पवित्र कुमारी अपनी रक्षाके लिये पुकारेगी तो सीसौदिया अस्वीकार कैसे करेगा। फिर तेरे लिये अब पूछनेकी क्या बात है। जो शरण माँगे—उसे शरण देता चल। श्रीनाथजी तेरे यहाँ शरण लेनेका बहाना करके पधारे हैं। शरण

देनेवाले तो वही हैं। उन्होंने यह संकेत कर ही दिया है कि तुझे शरण देना है—स्वयं औरंगजेब शरण लेने आवे तो उसे भी शरण देना है।'

कुछ कहनेको है नही। रूपनगरकी राजकुमारीको महाराणा राजसिंह ले आये। वे मेवाड़की महाराणी बन गयीं आकर। बेचारा औरंगजेब—वह कुढ़कर रह गया। उसे ऐंठते देख उसीके दो महासेनापति बिगड़ उठे थे। महाराज जयसिंह और महाराज यशवन्तसिंह। दोनोंने कह दिया—'सम्राट्! मेवाड़ हमारी श्रद्धाका स्थान है। भगवान् एकलिङ्ग और श्रीनाथजी हमारे आराध्य हैं। आप रूपनगरके साथ अन्याय कर रहे थे। अब यदि मेवाड़से आप युद्ध ही करना चाहें तो हम राजपूतोंको महाराणाके पीछे खड़े होना है।'

यहींतक इति नहीं हुई। महाराणा राजसिंहका धिक्कारपूर्ण पत्र मिला औरंगजेबको। वह हारकर बैठ जानेवाला तो नही था। जिसने अपने पिता और भाइयोंके साथ ही कृतज्ञता नहीं दिखलायी, वह राजपूत सेनापतियोंके प्रति कृतज्ञ हो सकता था? लेकिन जयपुर और जोधपुरको भी शत्रु बनानेका साहस उसमें नहीं था। महाराज जयसिंहको उसने महाराष्ट्र भेज दिया शिवाजीसे संग्राम करने और महाराज यशवंतसिंहको अफगान-युद्धमें काबुल भेजा उसने।

'माँ! जोधपुरकी राजमाता शरण लेने आ रही हैं।' सचमुच महाराणा राजसिंह-जैसे शरण देनेके लिये ही पृथ्वीपर आये थे। कृतघ्न औरंगजेबके लिये महाराज यशवंतसिंह काबुलमें खेत रहे युद्ध करते हुए और वह उन्हींके पुत्रोंको बंदी बनानेकी धुनमें लगा था। छोटे-छोटे अनाथ बच्चोंको लेकर विधवा महारानी मेवाड़के महाराणाकी शरण आ रही थीं।

'तू तो शरणदाताका प्रतिनिधि हो गया है।' राजमाताने हाथ उठाकर आशीर्वाद दे दिया।

यही दिल्लीके सम्राट्से युद्धका सीधे श्रीगणेश हुआ। लेकिन होना क्या था? जहाँ श्रीनाथजी शरण होकर विराजमान थे, वहाँ दिल्लीका सम्राट् किस गिनतीमें आता है। कोई हिमालयपर सिर पटके—हिमालयकी चट्टानें टूट जायँगी उससे?

× × ×

[४]

औरंगजेबका दुर्भाग्य—महाराष्ट्रमे वह उन शूरोंसे उलझा पड़ा था, जिन्हें समर्थ स्वामी रामदासकी कृपा प्राप्त थी और मेवाड़में वह उलझा पड़ा महाराणा राजसिंहसे, जिनके यहाँ कृपा करके शरणका बहाना लेकर स्वयं श्रीनाथजी बैठे थे।

क्या हुआ जो एक बार विशाल यवनवाहिनीके लिये राजधानी खाली करके महाराणा अरावलीके वनोंमें चले गये। यह युद्धनीति तो मेवाड़को हिंदूकुलसूर्य महाराणा प्रतापसे उत्तराधिकारमे मिली थी। अरावलीकी घाटीमें राजकुमार जयसिंह और भीमसिंह शत्रु-सेनाका कचूमर निकालनेको प्रस्तुत थे। उदयपुरपर यवन-सेना अधिकार इसीलिये कर सकी कि वह पर्वतीय मार्गसे नहीं आयी।

'राजसिंहसे बेकार हमलोग डरते थे। यह काफिर डरपोक ही निकला।' मुगल सेनापति उदयपुरको खाली पाकर निश्चिन्त हो गया था। उसके सैनिक आमोद-प्रमोदमें लग गये थे। 'बहुत माल है कॉकरोलीमें। कल हम वहाँ कूच करेंगे।'

'काँकरोलीकी ओर उठनेवाली आँखे तीरोंसे नहीं, हमारे भालोंसे फोड़ दी जायँगी।' पता नहीं कहाँसे राजकुमार जयसिंह आ धमके। उनका अश्व दो पैरोंपर खड़ा था और भाला धमक ही दिया था उन्होंने सेनापतिपर। वह तो अंगुल दो अंगुलके अन्तरसे बच गया।

'जय एकलिङ्ग!' राजपूत वीरोंका विजय-घोष गूँज रहा था। छपाछप खड्ग बज रहे थे और भयभीत, भागते, गिरते-पड़ते शत्रुओंके शवोंसे धरा ढकती जा रही थी।

'मैं आपकी शरण हूँ। महज मेरी जान छोड़ दें। निकल जानेका रास्ता दे दें मुझे!' मुगल सेनापति ही नहीं, स्वयं मुगल शाहजादेको गिड़गिड़ाकर महाराणासे यह भीख माँगनी पड़ी। वह करता भी क्या, मेवाड़की ओर राजपूत वीर पीछा दबाये बढ़े आ रहे थे और गोलकुण्डाका सामनेका मार्ग महाराणाके अनुचर भीलोंने रोक रक्खा था। वे भील, जिनसे दयाकी आशा की नही जा सकती। एकमात्र महाराणा ही शरण दे सकते थे।

केवल शाहजादेकी यह दशा नही थी, स्वयं सम्राट् पधारे मेवाड़के महापर्वतपर टक्कर मारने। उनका सेनापति दिलावर खाँ राठौर वीर दुर्गादास और रूपनगरके सोलंकी महाराजकी चपेटमें आकर कुत्तेकी भाँति पूँछ दबाकर भाग गया। औरंगजेबको दुर्गादाससे प्राण बचाने कठिन हो गये। अजमेर जाकर उसे शरण लेनी पड़ी।

दक्षिणके युद्धको रोककर शाहजादा मुअज्जमको उसने बुला लिया। लेकिन उस बेचारेके भाग्यमें भी पराजय ही लिखी थी। एक ओर महाराणा राजसिंह राजकुमार जयसिंहके साथ उसकी सेनाको स्थान-स्थानपर पराजित कर रहे थे तो दूसरी ओर राजकुमार भीमसिंह गुजरात, इन्दौर, सिद्धपुर—इस प्रकार एकसे दूसरे प्रदेशोंपर विजयध्वजा फहरा रहे थे।

'सब काफिर एक हो गये!' हाँफ गया दिल्लीका घमंडी सम्राट्। राजसिंहको छोड़ मेवाड़का कोई—कोई दरबारका गुलाम भी सुलह चाहे तो मैं चित्तौड़ और मारवाड़ दोनों छोड़ दूँगा।

मुगल दरबारका दूत आया यह संदेश लेकर। महाराणा महाप्रयाण कर रहे थे। मेवाड़के सरदारोंने सन्धि स्वीकार की। 'मुझे शरण दो! मेरी जान बख्शो।' इसके अतिरिक्त औरंगजेबकी यह सन्धि और क्या थी। यह गौरव किसने दिया मेवाड़को? उसने—जो शरण लेने आया था या जो कृपा करके नाथद्वारेमें आ बैठा था।

भारतके उपराष्ट्रपति भारतरत्न डा० एस० राधाकृष्णन्‌का दीक्षान्त-भाषण

(१६ अप्रैल १९५५ को महाराणा प्रताप कालेज, गोरखपुरमें)

मित्रो! मेरे जीवनका अधिकांश भाग विद्यार्थियोंके साथ बीता है। मुझे प्रसन्नता हो रही है कि आज फिर उनसे मिलनेका अवसर मिला है। मैं अपने उन नवयुवक मित्रोंको बधाई देता हूँ जिन्हे आज डिग्रियाँ प्राप्त हुई है। मेरी कामना है कि उनका जीवन परिमार्जित एवं देशके लिये उपयोगिता तथा सेवासे संयुक्त हो। प्रिंसपल महोदयने मेरे दार्शनिक राजनीतिज्ञ होनेकी ओर कुछ संकेत किये हैं। संगमरमरकी मीनारमें अपनेको बंद करके बैठ जानेकी परम्परा मेरे देशकी नहीं है। अपनेको भी मैं परम्पराके उसी पथपर चलनेवाला एक पथिक मानता हूँ। ब्रह्मका सर्वोत्कृष्ट ज्ञाता ही संसारके कार्यमें भी हाथ बँटानेवाला होता है। श्रीकृष्ण और जनक तथा इस देशके अनेक अन्य ऋषियोंने मुक्तमना एवं निरुद्ध-चेता होते हुए भी विश्वके महान् व्यापारमें सहयोग दिया। मैं भी उसी परम्पराका पोषक हूँ। भगवद्गीताका भी कर्मके सम्बन्धमें यही आदेश है। हममेंसे जो दर्शनका विद्यार्थी होनेका दावा करते हैं, वे जगन्नागरिक होनेके नाते अपने कर्तव्य-पथपर उतरनेसे अस्वीकार नहीं कर सकते।

विभिन्न देशोंने अपने-अपने सम्मुख शिक्षाका विभिन्न आदर्श रक्खा है। हमारे अपने देशमें शिक्षाके प्रवेशद्वार उपनयन-संस्कारका उद्देश्य है। यह विद्यार्थीका दूसरा जन्म है। उसका जिस जगत्‌में जन्म हुआ है, उसकी अपेक्षा एक विलक्षण लोकमें उसे उठा ले चलना प्रकृति और प्रयोजनके जगत्‌से उठाकर आत्मा और आत्म-तन्मयताके लोकमें पहुँचा देना है। हमारे देशके शिक्षापथ-को आध्यात्मिक प्रेरणाके दीपोंसे ही आलोकित करनेकी परम्परा रही है। मिश्रके महामात्य अभी हालमें ही दिल्ली पधारे थे। हमलोग रिफंक्सके विषयमें चर्चा कर रहे थे जो सिंहके धड़के साथ मानव-सिरका संयोग स्थापित करके सभ्यताके सबसे बड़े प्रणका प्रतीक बन गया है। अपनेमें पाशव प्रकृति और उदात्त मानवीय गुणोंका गठबन्धन करा-कर हम सभी तो द्वित्वकी ही मूर्ति बने हुए हैं। मानव स्वभावके विभिन्न 'पक्षों'को पूर्णत्व प्रदान करना ही सभ्यताका प्रश्न है। हमारी पाशविक प्रवृत्तियाँ कितनी दूरतक जा सकती हैं, आजका अभागा संसार उसीका परिणाम है—पशुता, क्रोध, कामना तथा उन्हीं प्रवृत्तियोंसे अपनी उच्चता स्थापित करनेकी वाञ्छासे वह चिथड़े-चिथड़े हो रहा है। हमारे देशका आदर्श बार-बार बताया गया है कि हमारे स्वभावके विभिन्न अङ्गोंका समन्वय और नव-वेश तथा नव-जीवन प्राप्त करना ही परमावश्यक है। हमारी परम्पराओंने इसी बातका समर्थन किया है कि हमारे अन्तःकरणमें भगवान्‌का निवास है। वास्तवमें शिक्षित तो वे ही हैं जो अपने जीवनमें भगवदभिव्यञ्जनाको लेकर नव-वेश अथवा नव-जीवन धारण करते हैं। उपनिषदोंने इसी बातकी ओर संकेत किया है, बुद्ध महान्‌ने भी इसीपर जोर दिया है, आत्माके सिद्धान्तका महत्त्व बताते समय जैनोंने भी इसीका प्रतिपादन किया है, यहूदियोंने भी 'नीतिका प्रकाश ही जीवनका प्राण है' कहकर इसी सिद्धान्तको स्वीकार किया है। ईसाने कहा, 'भगवान्‌का राज्य तुम्हारे भीतर है, क्या तुम्हें पता नहीं कि तुम्हीं भगवान्‌के निवासके लिये मन्दिर हो?' मुहम्मद साहबने भगवान्‌को ग्रीवा धमनीसे भी हमारे अधिक निकट बताया है।

इस प्रकार सभी धर्माचार्योंने मानव प्रकृतिकी दैवी शक्तियोंकी प्रधानता वर्णित की है। आध्यात्मिक जगत् एवं

प्राकृतिक जगत् दोनोंका मेल मनुष्यमें होता है। अपनी कामनाओंके वशीभूत होकर वह मृत्युसे मृत्युतक ही चक्कर भी काटा कर सकता है, अथवा सत्यका अवलम्बन करके वह अमृतत्व भी प्राप्त कर सकता है। पुरातनसे प्राप्त ज्ञानके वास्तविक प्रकाशमें हमारे नवजीवनके उदय होनेकी आवश्यकता ही, सभ्यताने जो प्रश्न हमारे सामने रक्खा है, उसका एकमात्र उत्तर है। इसके अनुसार पहली सीढ़ी है पश्चात्ताप अथवा हृदय-परिवर्तन। हमारे स्वभावके नाना अङ्गोंसे दिव्य जीवन प्रकट और अभिव्यक्त होनेके लिये सचेष्ट रहता है।

अब प्रश्न यह है कि अन्तःकरणमें सन्निहित यह दिव्य प्रकृति किस प्रकार उदित होकर हमारे भीतरके अंधकारको पराभूत कर देगी। सभी विद्वानोंने ध्यान और आत्मविजयको ही इसका साधन बताया है। मोहन-जो-दड़ोमें शिवकी एक भग्न तपोलीन मूर्ति है। बुद्धकी प्रतिमासे हम सभी परिचित हैं, जिसके आलोकने अन्धकारको बहिष्कृत कर दिया। जैनधर्मके महान् स्थापक महावीर जय—नरपशुके ऊपर विजयकी प्रतिमूर्ति हैं। हमारे भीतरकी पशुता, भौतिक शक्तिकी वासना तथा कट्टरता हमें प्रायः पथभ्रष्ट कर देती है। हमारे संविधानने हमें एक धर्मनिरपेक्ष राज्य प्रदान किया है। किंतु इसका यह अर्थ नहीं है कि हम अपने समाजकी धार्मिक आधारशिलाओंको ही माननेसे इन्कार कर बैठे हैं। अभिप्राय इतना ही है कि हम असहिष्णुताके रोगी न बन जायँ। इसका आशय यही है कि ऋषि और म्लेच्छ दोनोंको ही ऊपर उठकर दिव्य स्वरूपमें प्रतिष्ठा पानेका समान अधिकार है। इसपर किसी एक मतावलम्बी अथवा धर्मानुयायीका एकाकी स्वत्व नहीं है। हमारे धर्म-निरपेक्ष राज्यका यह अभिप्राय नहीं है कि हमलोग अनीश्वरवादी अथवा बुतपरस्त हैं। इसका केवल इतना ही अर्थ है कि परमब्रह्मके साक्षात्कारके लिये अस्वमतामिमानी एवं उदार धर्मको वरण करना चाहिये। ब्रह्मसाक्षात्कारके साधनों तथा मार्गोंको लेकर लड़ना नहीं चाहिये। हमारे वेद, हमारे दर्शन और हमारी संस्कृति सभी लक्ष्य-प्राप्तिके विभिन्न मार्गोंके प्रति उदार रहे हैं।

प्रिंसिपल महोदयने आपके विद्यालयमें अनुशासन-परम्पराकी ओर संकेत किया है। अनुशासनका अर्थ पराधीनता अथवा अपने विचारों एवं आदर्शोंका अविरोध उत्सर्ग नहीं है। इसका तात्पर्य है अधिकारका सम्मान और उसका आदेश-पालन। जहाँ अध्यापकोंका सम्मान नहीं होगा वह देश नष्ट हो जायगा। यहूदी दार्शनिक तालमदका कथन है कि जेरुसलम इसीलिये नष्ट हो गया कि वहाँ अध्यापकोंका सम्मान नहीं होता था। महान् आदर्शोंको सँजोने-सजानेवालोंको यह अध्यापकोंका सम्मान करनेके लिये सावधान करता है। धर्मका तात्पर्य है समन्वयकी साधना। यदि सत्य सार्वभौम है तो धर्म भी सार्वभौम है, और इसका यही अर्थ है कि हमें मत-मतान्तरों, जातियों एवं देशोंमें नहीं विभक्त होना है। धर्मका अर्थ है एकत्रीकरण अथवा समन्वय, बिखरना या दूर-दूर जा पड़ना नहीं। धर्मकी सबसे बड़ी कसौटी यही है कि हम अपने आपसे पूछें कि 'इससे मनुष्यमात्रमें दृढ़ैक्य स्थापित होगा या इसका अर्थ सामाजिक विघटन (अधर्म) होगा?' यदि हम धर्मके पथसे उतर जाते हैं या श्रीकृष्ण, बुद्ध, गोरखनाथ अथवा अन्य ऋषियों एवं तत्त्वदर्शियोंके जीवनमें जिन सिद्धान्तोंको मूर्त रूप मिला था, उन्हें छोड़ देते हैं, तो हम जिन परम्पराओंको अपना बताते हैं उनके अयोग्य हैं। इसी 'अधर्म'ने हमें आक्रमणकारियों एवं लुटेरोंके हाथोंमें डाल दिया। शास्त्रका एक वचन है कि 'यदि वृक्षोंको काटना, पशुओंको मारना, पृथ्वीको रक्तरञ्जित करना तथा अन्य इसी प्रकारके कर्म स्वर्गको ले जानेवाले हैं तो फिर हमें नरकमें कौन-से कर्म ले जाते हैं?' हमारे लिये आवश्यकता इस बातकी है कि हम अपनेको विभक्त और भ्रष्ट करनेवाले प्रत्येक उपकरणोंको निर्दयतासे समूल नष्ट कर दें। हम अपनी सहज संस्कृतिके बलपर जीवित बचे हुए हैं। किंतु अभी हमारी गतिमें प्रमाद भरा है; क्योंकि कई निष्प्राण तत्त्व हमारे धर्ममें घुस गये हैं। सुदृढ़ शिलाओंपर भवन निर्माण करनेके लिये आज हममेंसे प्रत्येककी पुकार हो रही है। बुद्धके सिद्धान्तोंको घोषित करते हुए अश्वघोषने कहा था, 'धर्मकी ध्वजाको फहराओ, धर्मकी भेरीको बजाओ और धर्मके शंखमें स्वर फूँको।' सारी मानव-जातिको एक अविभक्त परिवारका रूप देनेके लिये हमें कटिबद्ध हो जाना चाहिये।

आप विद्यार्थियोंके सम्मुख हम शिक्षकगण आदर्शोंको केवल उपस्थित भर कर सकते हैं। यह तो विद्यार्थियोंके ऊपर है कि उन्हें अङ्गीकार करें अथवा यदि उन्हें यह विश्वास हो जाय कि हमारे आदर्श स्वीकारके योग्य नहीं हैं तो उन्हें अस्वीकार कर दें। गुरु और शिष्यके सम्बन्धका स्वरूप भगवद्गीतामें देखनेको मिलता है। श्रीकृष्णने अर्जुनसे कहा —

इति ते ज्ञानमाख्यातं गुह्याद् गुह्यतरं मया ।
विमृश्यैतदशेषेण यथेच्छसि तथा कुरु ॥

श्रीकृष्णने अर्जुनको व्यक्तिके गौरव एवं मानव-अन्तश्चेतनाकी पवित्रताका महत्त्व बताया। सत्यका अनुसधान और जो उसे जँच जाय, उसका अनुसरण अर्जुनके ऊपर छोड़ दिया गया। हमारी संस्कृतिमे न तो दूसरोंके प्रति असहिष्णुता है और न इतना विशुद्ध भौतिकवाद ही है कि मनुष्यको केवल कुछ जान्तव एव रासायनिक द्रव्योका योग-मात्र मानें।

आत्माकी वास्तविक स्थिरता या प्रतिष्ठा जनसमूहसे नहीं, वरं एकान्तसे प्राप्त होती है। सदासे महान् नेता वही हुए हैं जिन्होने एकान्तके क्षणोमे सत्य एवं सौन्दर्यकी झाँकी की है और उसीको नाना रूपोमे सजाकर तथा विभिन्न प्रकारसे अभिव्यक्त करके लोगोके सम्मुख उपस्थित किया है। जिनके पास एकान्त नहीं है, उन्हे कभी कुछ मिलता नहीं। मैं नवयुवकोसे प्रार्थना करूँगा कि वे समुदायकी लपेटमें न आवें, बल्कि समुदायके संसर्गसे अलग होकर विश्रामके क्षणोमे अपनेसे पूछे कि वस्तुओके भीतर सत्य क्या है। वे प्रवाहमें बह मत जायँ वर प्रकृतिको सतत निरीक्षणमे रक्खे और उसे उन्नत करते रहें।

मैं दीक्षाप्राप्त नवयुवकोकी शुभकामना करता हूँ। हमारा देश परिवर्तन कालसे होकर निकल रहा है। इसको ऐसे व्यक्तियोकी आवश्यकता है जिनमे समर्पण और स्वार्थ-त्याग हो और जिनमे व्यक्तिगत अधिकारोंके प्रति दुराग्रह न हो, जिनमे दूसरोंकी उपेक्षासे पूर्ण अहङ्कार न हो और जो अपना ही घर भरनेके लिये कृतसंकल्प न हों। विचारो और सद्गुणोकी शक्ति शाश्वत है। सब कुछ लुप्त हो जानेपर भी इसका अस्तित्व वर्तमान रहेगा। यदि आप इस लक्ष्यके पीछे चलेंगे तो हमारे देशका भविष्य महान् होगा और आपके द्वारा अपने कर्तव्यका सर्वोत्तम रीतिसे पालन हो जायगा।

रूसकी अनर्थपूर्ण अर्थ-व्यवस्था *

अर्थ-व्यवस्थाके दो प्रकार—

आर्थिक व्यवस्थाकी दृष्टिसे ससारके देश दो वर्गोमे बँट गये हैं। उत्पादन-वितरण आदि आर्थिक व्यवहारोंपर शासन-संस्थाका अधिक-से अधिक अधिकार जमानेवाले नियन्त्रित अर्थ-व्यवस्था (Controlled Economy) के देश, और खानगी व्यक्ति या संस्थाके हाथमे मुख्यतः आर्थिक व्यवहारको सौपनेवाले सौम्य अर्थ-व्यवस्था (Liberal Economy) के देश। रूस पहले वर्गका प्रमुख देश है और इंग्लैंड और अमेरिका दूसरे वर्गके मुख्य देश हैं। हम भारतको भी दूसरे वर्गमे डालते है। इन सौम्य अथवा अल्पनियन्त्रित अर्थ-व्यवस्थाके देशोंमे आज आर्थिक परिस्थिति संतोषजनक नहीं है। जनताकी आवश्यकता बढी हुई है और उस हिसाबसे अन्न-वस्त्रादि मौलिक आवश्यकताओं-को पूरा करनेवाली वस्तुओंका भी बड़ा टोटा पडा हुआ है। पूँजीपतियोंकी मुनाफाखोरी, चोरबाजारी, घूसखोरी बढी हुई है। आर्थिक नीति और योजना पैसा, सम्बन्ध और योग्य आदमियोंके अभावमे निन्दनीय हो रही है। इस कारण **'क्वचिद् वीणावाद्यं क्वचिदपि च हा हेति रुदितम्।'** इस कविकी उक्तिको चरितार्थ करनेवाली हृदयद्रावक आर्थिक विषमता पैदा हो गयी है। इसका फल यह हो रहा है कि सर्वसाधारण जनताका सौम्य अर्थ-व्यवस्थाकी हितकारिता-परसे विश्वास उठता जा रहा है और इसके गुण दृष्टिसे ओझल हो रहे है, केवल दोष-ही-दोष दीख पड़ते है तथा इस पार्श्वभूमिपर रूसकी आर्थिक व्यवस्थाका 'दूरतो रम्य' दृश्य जिधर ही दिख जाता है, उधर ही बहुत ही लोभनीय जान पड़ता है। 'दूरतो रम्य' कहनेका कारण यह है कि उसे उस दृश्यके सुन्दर-सुन्दर वृक्ष और मनोहर गिरिकन्दराएँ ही दीखती है, पर उसकी आड़मे छिपे विषधर सर्प और घातक प्राणी नहीं दीख पड़ते हैं। रूसमे अतिशय धनवान् और अतिशय गरीबकी विषमता नहीं है। वहाँ कोई भी भूखा नहीं रहता। सभी एक समान कर्मचारी-वर्गके है। ऊँच-नीचका भेद वहाँ नहीं है, इत्यादि रूसकी अर्थ-व्यवस्थाके उज्ज्वल गुण जनताके नजरोंमे आते हैं और उसको ऐसा लगता है कि रूस पृथ्वीपर नन्दन-वन है और उसका अर्थप्रधान तत्त्वज्ञान और नियन्त्रित अर्थ-

* जहाँतक स्मरण है, यह लेख मराठीके एक निबन्धका अनुवाद है। अनुवाद श्रीगौरीशंकरजी द्विवेदीका किया हुआ है। मूल लेख मिला नहीं, इसलिये मूल लेखक महोदयका नाम नहीं छप रहा है, इसका हमें खेद है। पता लगते ही अगले अङ्कोंमें उनका नाम प्रकाशित कर दिया जायगा। लेख उपयोगी है, इसलिये इस रूपमें प्रकाशित किया जा रहा है—सम्पादक

पद्धति संसारमें सब दुःखोंका नाश करनेवाली एकमात्र रामबाण उपाय है। परंतु ऐसा सोचना जनताकी भूल है। रूसकी अर्थपद्धतिमें निर्दिष्ट गुण हैं, इसमें संशय नहीं। परंतु उसमें उतना ही बल्कि उससे भी अधिक भीषण आकारका दोष है और 'अपायं चिन्तयेत् प्राज्ञो ह्युपायमपि चिन्तयेत्' इस उक्तिके अनुसार उन दोषोंकी ओर जागरूक होकर दृष्टि डालना आवश्यक है।

व्यक्ति और समाज—

सामाजिक जीवनमें यदि कोई अत्यन्त मौलिक महत्त्वकी वस्तु है तो वह है व्यक्तिका समाजमें केन्द्रस्थानीय होना। व्यक्ति और समाज परस्पर अवलम्बित और एक दूसरेके पूरक हैं। इतना ही नहीं, बल्कि इनमें अङ्गाङ्गीभाव सम्बन्ध मानकर यह बात ध्यानमें रखना आवश्यक है कि व्यक्ति साध्य है और समाज साधन। व्यक्ति और समाजके बीचका सम्बन्ध—

त्यजेदेकं कुलस्यार्थे ग्रामस्यार्थे कुलं त्यजेत्।
ग्रामं जनपदस्यार्थे ह्यात्मार्थे पृथिवीं त्यजेत्॥

—इस श्लोकमें बहुत अच्छी तरह प्रदर्शित किया है। इस प्रकार अन्तिम महत्त्व व्यक्तिको प्राप्त है और व्यक्तिको लेकर ही समाजका महत्त्व है। इस कारणसे व्यक्तिका विकास ही समाज या राज्यका अन्तिम ध्येय ठहरता है। जॉन स्टुआर्ट मिलके कथनानुसार व्यक्ति-विकासके लिये व्यक्ति-स्वातन्त्र्य आवश्यक है। व्यक्ति-स्वातन्त्र्यकी हत्या करके आदर्श व्यक्तिविकास सम्भव नहीं है। रूसकी नियन्त्रित अर्थपद्धतिका यह एक महत्त्वपूर्ण दोष है। व्यक्तिविकास और व्यक्ति-स्वातन्त्र्य शब्दोंका उच्चारण करनेसे रूसके भक्त भन्नाकर उड़ाते हुए हँस पड़ेंगे; परंतु व्यक्ति-स्वातन्त्र्यसे निर्माण होनेवाले व्यक्तिविकासको दबाये रखनेसे क्रमशः होनेवाला, भावी व्यक्ति और समाजका ह्रास किस प्रकार होता जा रहा है, यह उनके ध्यानमें नहीं आ रहा है, ऐसा लोग कहने लगे हैं। १८३५ ई०में भारतीयोंको अंग्रेजी बाधिनका दूध पिलानेकी बात जब लार्ड मेकालेने की थी, उस समय उसमें ह्रास-बीजकी कल्पना लोगोंके मनमें न उठी। उलटे नये नये अँग्रेजी विद्याविभूषित लोगोंके लिये यह एक ईश्वरीय वरदान जान पड़ा, परंतु उसका परिणाम आज हमें स्पष्ट दीख रहा है। नियन्त्रित अर्थव्यवस्थाके द्वारा व्यक्ति और समाजका किस तरह और कैसा ह्रास होगा, यह इस उदाहरणके द्वारा स्पष्ट हो जाता है, ऐसा मेरा मत है।

राक फेलरका दृष्टान्त

रूसमें अर्थव्यवस्थाके द्वारा दरिद्रता नष्ट हो गयी है, यह समझना भारी भूल है। अमेरिकाके प्रसिद्ध धनाढ्य राक फेलरके बारेमें यह कहा जाता है कि एक बार रास्तेमें अकेले जाते समय उसे कुछ लुटेरोंने घेर लिया और कहा कि 'जगत्‌में कुछ लोग दरिद्र बने रहें और दूसरे धनाढ्य हो जायँ, यह अपराध है। सबके बीच धनका सम विभाग होना चाहिये। यही कारण है कि हम तुमको लूटनेके लिये आये हैं।' राकफेलर उनकी बात शान्तिसे सुनता रहा और अन्तमें बोला— 'तुम्हारा कहना ठीक समझकर मैं सोचता हूँ कि मेरी सम्पत्ति २०० करोड़ डालरकी है और संसारकी जन-संख्या भी २०० करोड़ है। इसलिये तुम्हारे कहनेके अनुसार समविभाग करनेपर प्रत्येकके हिस्सेमें १, १ डालर आयेगा। तब तुम भी अपना हिस्सा एक-एक डालर लेकर चलते बनो।' इतना कहकर उसने नाराज होकर कुछ हजार डालरोंमेंसे थोड़ेसे निकालकर उनके हाथपर एक-एक डालर रख दिया।

तात्पर्य यह है कि सारे संसारके श्रीमन्तोंकी सम्पत्ति एकत्रित करके यदि सब लोगोंमें बाँट दी जाय तो उससे किसीकी सम्पत्ति विशेष बढ़ जायगी, ऐसी बात नहीं है। इस दृष्टिकोणसे देखनेपर इस प्रकारकी अर्थव्यवस्थामें सम्पत्तिके राष्ट्रीयकरणके स्थानमें दारिद्र्यका राष्ट्रीयकरण हो जाता है।

रूसमें पूँजीवाद

पूँजीवादमें अनेक दोष हैं, यह बात स्पष्ट है। और इजारेके पूँजीवादमें (Monopoly Capitalism) वे दोष उग्ररूपमें प्रकट होते हैं, इसमें संशय नहीं। परंतु इस प्रकारके इजारेके पूँजीपतिको भी अनियन्त्रितरूपसे वर्ताव करना नहीं आता। एक तो उनमें स्पर्धा करनेवाले अथवा करानेके लिये उद्यत दूसरे पूँजीपति होते हैं। और दूसरे, सरकारका उनसे गँठबन्धन होता है। यह मान लें तो सरकार और वे कभी एकरूप नहीं हो सकते। इससे पूँजीवादके दोष सीमित हो जाते हैं। इस प्रकार इजारेकी पूँजीशाहीकी उपर्युक्त एक अवस्था सम्भव है और यह तभी हो सकता है जब कि एक भी प्रतिस्पर्धी न हो और जहाँ आर्थिक व्यवहारमें राज्यसत्ताका पूर्ण समर्थन प्राप्त हो। इस दृष्टिसे यदि विचार करें तो रूसमें वर्तमान नियन्त्रित अर्थव्यवस्था जो इजारेकी पूँजीशाही अथवा सत्ताशाहीके आश्रयपर स्थित है, जर्मनी

इत्यादि देशोंमें पहले कायम होनेवाली पूँजीशाहीके ऊपरकी सीढ़ी है; क्योंकि यहाँ सत्ताशाही ही पूँजीशाही है। इसके कुछ लक्षण हमें रूसकी अर्थव्यवस्थामें देखनेके लिये मिलते हैं। सारी जमीन और उत्पादनके साधन सरकारके प्रभुत्वमें है और उत्पादन-विनिमय आदि सारी अर्थ-व्यवस्था सरकारके ही अधीन है। आगे दिखलाये हुए प्रमाणसे मजदूरोंको कम-से-कम वेतन दिया जाता है और काम करना प्रत्येकके लिये अनिवार्य होनेके कारण उनसे अधिक-से-अधिक काम लिया जाता है। सरकारके द्वारा नियन्त्रित व्यवसायमण्डल (Trade unions) के कार्य-के अतिरिक्त अपनी उन्नतिके लिये वे स्वतन्त्र मण्डल स्थापित नहीं करते अथवा सौम्य अर्थ-व्यवस्थाके देशोंके समान कार्य करने या आन्दोलन करनेमें समर्थ नहीं होते और व्यवसायमण्डल अपने अस्तित्वसे ही सरकारके दास होनेके कारण सरकारकी मर्जीके विरुद्ध कुछ नहीं करते। इस दृष्टिसे सौम्य अर्थव्यवस्थाके देशोंमें स्थिति कुछ-न-कुछ अच्छी है। माँग और पूर्तिके नियमोंसे सीमित वस्तुओंकी कीमत यहाँ अधिक-से-अधिक उचित है, परंतु इजारेदारीके अनुसार रूसमें वस्तुओंकी कीमत एकमात्र सरकार ही ठहराती है। इसलिये मौलिक आवश्यकताकी वस्तुओंमें भी उनके उत्पादनके खर्च और कीमतमें बहुत बड़ा अन्तर देखनेमें आता है। उदाहरणार्थ, दूसरे महायुद्धके पूर्व गेहूँकी कीमतमें ७५) रु०, शक्करकी कीमतमें ८४) रु० और कपड़ेकी कीमतमें ७४) रु० की रकम वस्तुके उत्पादन-व्ययकी अपेक्षा प्रतिशत अधिक थी। अमेरिका, इंग्लैंड इत्यादि देशोंमें पूँजीपति चाहे कितना भी नफा लें, उत्पादन-खर्च और कीमतमें इतना अधिक अन्तर नहीं पड़ता। इसी कारण रूसमें वस्तुओंका भाव इंग्लैंड और अमेरिकाके मानसे भी अधिक बढ़ा हुआ है। (इस विषयके आँकड़े आगे दिये गये हैं)। पूँजीवादमें अप्रत्यक्ष करकी पद्धतिपर मार्क्स-वादी लोग सदा टीका करते रहते हैं। परंतु रूसमें प्रत्यक्ष उत्पत्तिके ६० रु० भाग अप्रत्यक्ष करोंके द्वारा मिले होते हैं। इससे क्या अनुमान होता है ? पूँजीवादसे साम्राज्यवादका निर्माण होता है तो वह रूसकी कार्यपद्धतिसे भी निर्मित हुआ है। आज प्रत्यक्ष साम्राज्यके दिन लद गये हैं, इसलिये अमेरिका सम्पत्तिके द्वारा विभिन्न देशोंको नियन्त्रित करता है, तो रूस एक आकर्षक तत्त्वके द्वारा उसी प्रकारका साम्राज्य स्थापित करना चाहता है। इसलिये आजकल जागतिक अशान्तिकी जवाबदेही रूसके ऊपर भी है। पूँजीवाद युद्धका पोषक है, इसलिये पूँजीवादी देशोंमें उत्पादनका बहुत बड़ा भाग संरक्षणपर खर्च किया जाता है, परंतु युद्ध आर्थिक तथा राजनीतिक विषय होनेके कारण, तथा सौम्य अर्थ-व्यवस्थाके देशमें आर्थिक सत्ता और राजनीतिक सत्ता कभी पूर्णतः एकरूप न होनेके कारण युद्धके लिये ऐसे देशोंमें सहसा खर्च करना कभी शक्य नहीं होता। दोनों सत्ताके एक-रूप होनेपर ऐसा खर्च सहसा सम्भव है और यह बात रूसमें घटती भी है। उदाहरणार्थ, १९४९ के अनुमानपत्रक-के अनुसार अमेरिकाने उत्पादनका ६ प्रतिशत खर्च संरक्षणपर किया, तो रूसने १८ प्रतिशत किया। पूँजीवादमें आर्थिक मालमत्ता सदासे ही विशिष्ट वर्गकी मिलकियत बनती है, ऐसी स्थिति रूसमें भी है। स्टालिन और उनके भाई देशकी सारे मालमत्ताके स्वामी बन गये हैं। रूसमें आर्थिक सत्ता लोकहितमें लगी रहती है, यदि ऐसा कोई कहे, तो उसे दिखलाना होगा कि रूसमें इतर देशोंकी अपेक्षा लोक-हितके कामोंमें बहुत कम पैसा खर्च होता है। उदाहरणार्थ, १९४९ में अमेरिकाने रूसकी अपेक्षा शिक्षणपर १९ रु०, सामाजिक सुरक्षा और इन्श्योरेंसपर १४० रु०, सामाजिक आरोग्यपर ३७० रु० और शास्त्रीय संशोधनपर १६० रु० प्रति मनुष्य अधिक खर्च किया। ('Has Russia done better than Democracies' के आधारपर) इन सारी विवेचनाओंसे यह दिखलाया गया कि, उद्देश्य बिल्कुल उल्टा होनेपर भी केवल नियन्त्रित अर्थव्यवस्थाके द्वारा रूसमें पूँजीवादको ही लज्जित करनेवाली आर्थिक रचना निर्माण हुई है।

यह आँकड़े क्या दिखलाते हैं ?

संसारमें उत्पादन अधिक-से-अधिक बढ़ानेके लिये प्रत्येक व्यक्तिको कर्तव्यके लिये अधिक-से-अधिक मौका देना चाहिये और शुद्ध स्पर्धाके तत्त्वको जीवित रखना चाहिये। यह काम तभी शक्य हो सकता है जब कि आर्थिक व्यवस्थाका कार्य मुख्यतः व्यक्तिके ऊपर सौंप दिया जाय और उसके ऊपर उतना ही नियन्त्रण रक्खा जाय। रूसमें नियन्त्रित अर्थ-व्यवस्थाके कारण वहाँका उत्पादन इतर देशोंकी अपेक्षा बहुत ही कम होता जान पड़ता है। ८३५८५६७ वर्गमील रूसका क्षेत्रफल है, जनसंख्या २० करोड़ है, उत्पादनके साधनोंकी भरमार है और रूसी दृष्टिकोणके

अनुसार सर्वोत्कृष्ट नियन्त्रित अर्थव्यवस्था है। इस दृष्टिसे अमेरिका, इंग्लैंड आदि देश बहुत पीछे हैं। फिर भी १९४९ सालके रूस, अमेरिका और इंग्लैंडके औद्योगिक उत्पादन-सम्बन्धी आँकड़े क्या दिखलाते है ?

वस्तु	रूस	अमेरिका	इंग्लैंड
कोयला (लाख टन)	२,३६०	४,२७०	२,१८७
क्रूड आयल ,,	३४१	२,५२१	
विद्युत (Kwh)	७८०,०००	३,४४०,०००	४,९०,०००
लोहा (लाख टन)	१७०	४९०	९७
फौलाद ,,	२१०	७००	१४८१
ताँबा (हजार टन)	२३३	७००	
सिमेंट (लाख टन)	८३	३५४	९३
कपड़ा (लाख मीटर)	३५२६०	७६९२०	१८२४०
चीनी (लाख टन)	२१९	१४	५

क्षेत्रफल, जनसंख्या, साधन इत्यादिको लक्ष्यमे रखकर उपर्युक्त आँकड़ोंकी परीक्षा करनेपर उत्पादनके विषयमें सौम्य अर्थव्यवस्थाकी अपेक्षा रूसकी नियन्त्रित अर्थव्यवस्था कितनी कनिष्ठ दर्जेकी है, यह दिखलाया गया।

(हिंदुस्थान-विषयक आँकड़े स्वाभाविक ही उसकी अपेक्षा कम दर्जेके हैं, इसके अनेकों राजकीय, सामाजिक, ऐतिहासिक और आर्थिक कारण हैं, इसलिये तुलना करते समय इसका विचार करना अभिप्रेत न होनेके कारण उसे यहाँ नहीं दिया गया है।)

रूसकी हीन अर्थव्यवस्था

कितने समयमें किस देशने किस प्रमाणमे राष्ट्रिय उत्पादन बढ़ाया है, इसके द्वारा भी सौम्य अर्थव्यवस्थाके देशोंमें उत्पादन और आर्थिक प्रगति कम-से-कम समयमे अधिक-से-अधिक परिमाणमे हुई है या नियन्त्रित अर्थ-व्यवस्थाके देशोंमें, यह बात स्पष्ट हो जायगी। नीचे दिये हुए राष्ट्रिय उत्पादनकी वृद्धिके आँकड़ोंसे भी रूसकी अर्थ-व्यवस्था कनिष्ठ दर्जेकी सिद्ध होती है।

देश	कालमें	सैकड़े उत्पादनमें वृद्धि
जर्मनी	५ वर्षमें (१९३२–३७)	४० प्रतिशत
स्वीडन	४ ,, (१९३२-३६)	२५ ,,
जापान	१० ,, (१९१५–२५)	८०० ,,
रूस	१० ,, (१९२८–३८)	३० ,,

रूस मजदूर वर्गका स्वर्ग है, बहुतोंका ऐसा समझना भ्रान्ति है। परंतु १९२८, १९३४ और १९३७ इन तीन वर्षोंमें नीचे विभिन्न देशोंमे मजदूरोंको प्रति व्यक्ति कितनी आय हुई, यह देखनेसे जान पड़ता है कि रूसके मजदूरोंकी आय ही सर्वापेक्षा कम थी। (४८ घंटेके सप्ताहके इस हिसाबको अन्ताराष्ट्रिय परिमाण (International Unit) मे डा० गोलिन क्लार्कने अपने The Conditions and Economic Progress इस ग्रन्थमें दिया है।)

देश	१९२८ ई०	१९३४ ई०	१९३७ ई०
न्यूजीलैंड	१२६७	१३८२	१७०२
अमेरिकासं०स०	१२८७	११७९	१४८५
ग्रेट ब्रिटेन	१०९०	१०९३	१२७५
स्वीडन	६६०	७१५	
जर्मनी	६७५	६३१	८२८
जापान	२९३	३४२	
रूस	२९०	२६७	३७९

राष्ट्रसङ्घकी ओरसे १९४९ ई० मे विभिन्न देशोंकी प्रति-व्यक्ति राष्ट्रिय आय (Per Capita National Income) कितनी है, इस विषयकी जानकारी इकट्ठी की गयी है। उससे भी रूसमे प्रत्येक मनुष्यकी सामान्य आय अन्य देशोंकी आयकी अपेक्षा कम देखनेमे आती है और इस प्रकार रूसकी अर्थव्यवस्थाकी निकृष्टता स्पष्ट होती है। सारे १८ देशोंके आँकड़े डालरोंमे नीचे दिये जाते हैं।

१९४९ में प्रतिव्यक्ति आय

(१)	अमेरिका सं० स०	१४५३
(२)	कनैडा	८७०
(३)	न्यूजीलैंड	८५६
(४)	स्वीटजरलैंड	८४९
(५)	स्वीडन	७८०
(६)	यूनाइटेड किंडम	७७३
(७)	डेनमार्क	६८९
(८)	आस्ट्रेलिया	६७९
(९)	नार्वे	५८७
(१०)	बेल्जियम	५८२
(११)	लक्जेमबर्ग	५५३
(१२)	निदरलैंड्स	५०२
(१३)	फ्रांस	४८२

१४)	आइसलैंड	४७६
१५)	आयर्लैंड	४२०
१६)	इजरायल	३८९
१७)	अर्जेन्टाइना	३४६
१८)	रूस	३०८

इसका परिणाम यह है कि रूसमें जीवनका स्तर Standard of living) भी अतिशय निकृष्ट दर्जेका । मोटर जैसे साधन अमेरिकामें प्रति ४ मनुष्य १, और जीवनकी आवश्यक वस्तुओंका भाव भी क्रमशः बढ़ा आ है । वाशिंगटन बहुत ही महँगा शहर समझा जाता , पर मास्कोका भाव वाशिंगटनको भी लज्जित करता है, ह नीचेके आँकड़ोंसे जाना जाता है ।

खाद्यवस्तु	वाशिंगटनका भाव	मास्कोका भाव डालरोंमें
१) सफेद रोटी (१ किलोग्राम)	·२६	१·४०
२) उत्तम बीफ ,,	१·३९	६·०७५
३) चाय ,,	१·३९	४०·५०
४) काफी ,,	१·५४	१९·८०
५) चीनी ,,	०·२२	२·८८
६) आलू ,,	०·०८	०·३९
७) मटन ,,	१·०८	४·८५
८) चिकेन ,,	०·९२	४·९२

उपर्युक्त आँकड़े अमरिकन स० स० के स्टेट डिपार्टमेंटने तैयार किये हैं । तथापि सहज ही रूसके पक्षपाती सदा इसपर यह आक्षेप करते हैं कि इस प्रकारके आँकड़े अतिशयोक्तिसे भरे और अविश्वसनीय हैं । इस कारण यहाँ एक और प्रमाण देना आवश्यक है । इंग्लैंडमें 'ब्रिटिश सोवियट फ्रेंडशिप सोसायटी' और स्काटिश यू० एस० एस० आर० सोसायटीके करीब २० आदमियोंका एक मण्डल रूसके निमन्त्रणसे १५ दिनका दौरा करनेके लिये रूस भेजा गया था । उसने वहाँकी विभिन्न प्रकारकी जानकारी प्राप्त करनेका प्रयत्न किया और रूसके बारेमें फैली हुई प्रतिकूल समझको दूर करनेके लिये रूसकी स्तुतिसे भरी हुई 'Russia with our own eyes' नामकी पुस्तक प्रकाशित की, परंतु उसमें खाद्य वस्तुकी रूसकी जो दर दी हुई है, वह भी अमेरिकाकी दरसे प्रायः अधिक ही है । उदाहरणार्थ (१) उत्तम बीफ, २ किलोग्रामका १४ रुबलस या ३·५ डालर, (२) चाय २ किलोग्रामका ४० रुबलस या १० डालर ।

अमेरिकाके स्टेट डिपार्टमेंटने रूसके भावमें अतिशयोक्ति की है, यह जिस प्रकार शक्य है, उसी प्रकार इस मण्डलने उपर्युक्त उदाहरणमें कमी करके लिखा है, यह भी शक्य हो सकता है; परंतु यह विचार एक पक्षको लेकर है । अमेरिकाके स्टेट डिपार्टमेंटने बीफका भाव साधारणतः पौने दो और चायका भाव साढ़े चार अदद बढ़ाकर कहा है, क्या इसे हम माने ? अथवा इसी प्रकार उसने बीफ और चायके भावको कम करके लिखा है, इसको माने ? इस प्रकार भावकी बढ़ती काटकर नीचे लिखे भाव मिलते हैं—

वस्तु	वाशिंगटनमें भाव (डालरोंमें)	मास्कोंमें भाव
उत्तम बीफ (१ किलोग्राम)	२·४४	३·५
चाय	६·२५	१०

इससे तो रूसमें जीवनके लिये आवश्यक सामान्य खाद्यकी वस्तुओंका भाव भी बहुत महँगा है । इसमें संशय नहीं रह जाता ।

नितान्त आवश्यक वस्तुओंको खरीदनेके लिये पैसा प्राप्त करनेके लिये अमेरिका और रूसमें मजदूरोंको कितने घंटे काम करना पड़ता है । इस विषयके १९५० ई० के आँकड़े अमेरिकाके संशोधन-विभागने प्रकाशित किया है । (कलकत्ताके मालिकसङ्घके द्वारा प्रकाशित 'Has Russia done better than the Democracies' नामक पुस्तकसे ये विभिन्न आँकड़े दिये गये हैं ।) इससे भी रूसमें मजदूरी कम और वस्तुओंका भाव अधिक है, यह स्पष्ट हो जायगा । यह आँकड़े आगे लिखे अनुसार हैं—

वस्तु	रूसमें श्रमकाल घंटा मिनट	अमेरिकामें श्रमकाल घंटा मिनट
१. ब्रेड (१ पौंड)	० —१९	० ६
२. दूध (१ क्वार्टर)	० —५२	० ७
३. अंडा (१ दर्जन)	४ —०	० २४
४. शक्कर (१ पौंड)	२ ०	० —४
५. बटर ,,	६ —०	० —२८
६. आलू ,,	० —६	० —२
७. बीफ ,,	३ —०	० —४२
८. चाय ,,	२२ —०	० ४०
९. स्त्रियोंका सूती वस्त्र	२३ ०	१ —५७
१०. साबुन १ बट्टी	० ४१	० —३
११. स्त्रियोंका जूता १ जोड़ी	७२ —०	३ ३०
१२. मोजे १ जोड़ी	५ ०	० —१२

इसी प्रकार आवश्यक वस्तुओंके खरीदनेके लिये पैसा प्राप्त करनेमें इंग्लैंड और रूसमें मजदूरोंको कितनी देर खटना पड़ता है, इस विषयक १९५० ई० के आँकड़े उपर्युक्त रूसकी प्रशंसासे भरी हुई 'Russia with owr own eyes' नामक पुस्तकमे दिये गये हैं, ऊपर लिखी हुई वस्तुओंके सम्बन्धके आँकड़े इस प्रकार है –

	रूसमें श्रमकाल	इंग्लैंडमें श्रमकाल
	घंटा मिनट	घटा मिनट
१. ब्रेड (१ पौंड)	० १	० ७
२. दूध (१ पिंट)	० —१५	०—१
३. अंडा (१ दर्जन)	१ —२०	० ३०
४. चीनी (१ पौंड)	१ ०	० ११
५. बटर ,,	३—३६	० ५५
६. आलू ,,	०- ३	० ४
७. बीफ ,,	१ १०	१ ०
८. चाय ,,	३—२०	१ ३२
९. स्त्रियोंका सूती वस्त्र	१३ —०	१६ ०
१०. साबुन १ बटी	० —२२	० —३०
११. स्त्रियोंका जूता १ जोड़ी	३६ —०	२१—०
१२. मोजे ,,	० ५५	१ —५४

दूसरे महायुद्धमे इंग्लैंडकी अर्थव्यवस्था बहुत बिगड गयी है, तो भी उपर्युक्त मौलिक वस्तुओंके विषयमे रूसकी नियन्त्रित अर्थव्यवस्थाकी अपेक्षा वह अधिक समाधानकारक है। यह रूसके चाहनेवालोंके मुँहसे प्रकट आँकड़ोंसे ही सिद्ध होता है।

उपर्युक्त आँकड़ोंके साथ-साथ अमेरिकाके संशोधन-विभागके द्वारा प्रकाशित आँकड़ोंको भी हमे देखना चाहिये। उनमे रूसके श्रमकालके सम्बन्धके आँकड़े अमेरिकाके संशोधन विभागने बढाकर लिखे है, यह बात यदि सम्भव है तो रूसी पक्षवालोंने घटाकर लिखे होंगे, यह कहना भी उसी प्रकार सम्भव है; परतु रूसीपक्षवालोंके दिये आँकड़े ठीक हैं, इसे मानकर यदि हम हिसाब करते है तो तुलना करनेपर अमेरिकाके संशोधनविभागके रूसके श्रमकाल-सम्बन्धके आँकड़े साधारणतः तिगुना बढ़ जाते है। तब क्या हम यह भी मान ले कि इसी प्रकार खुद अमेरिकाके श्रम कालके आँकड़े उसी हिसाबसे कम करके बतलाये गये है?

इस प्रकार रूसीपक्षवालोंके दिये रूसविषयक आँकड़ोंको सच मानकर और अमेरिकाविषयक संशोधनविभागके आँकड़े तिगुने बढाकर देखे तो निम्नाङ्कित आँकड़े मिलते है।

वस्तु	रूसमें श्रमकाल	अमेरिकामें श्रमकाल
	घटा मिनट	घटा मिनट
१. ब्रेड (१ पौंड)	० १०	० १८
२. दूध (१ क्वार्टर)	० —१५	० २१
३. अंडा (१ दर्जन)	१ —२०	१ १२
४. शक्कर (१ पौंड)	१ —०	० १२
५. बटर ,,	३ —३६	१ —२४
६. आलू ,,	० ३	० —६
७. बीफ ,,	१ १०	२ ६
८. चाय ,,	३ २०	३ ०
९. स्त्रियोंके सूती वस्त्र	१३ —०	५ ५१
१०. साबुन १ बटी	० —२२	० —९
११. स्त्रियोंके जूते १ जोड़ा	३६ —०	१० —३०
१२. मोजे १ जोड़ा	० —५५	० —३६

इससे भी रूसकी नियन्त्रित अर्थव्यवस्थाकी अपेक्षा अमेरिकाकी सौम्य अर्थव्यवस्था अधिक समाधानकारक है (१२ मेसे ८ पदार्थोंके विषयमे), यह स्पष्ट है।

आक्षेपको दूर किनार करके यहाँ यह बतलाना आवश्यक है कि 'Russia with our own eyes' नामक पुस्तकमे कुल ६५ वस्तुओंपर लगनेवाले श्रमकालकी तालिका दी गयी। उनमे केवल १५ वस्तुविषयक इंग्लैंडकी स्थिति अधिक समाधानकारक दिखलायी गयी है, परतु उनमे करीब १७-१८ वस्तुएँ ऐसी है जिनके बारेमे दोनों देशोंमे समान स्थिति है। इसमे भी दूसरे महायुद्धसे रूसकी अपेक्षा इंग्लैंडकी अधिक बिगड़ी हुई अर्थव्यवस्था तथा प्रचारकी नीति सामने रखकर देखनेपर रूसकी अपेक्षा इंग्लैंडकी अर्थ-व्यवस्था ही अधिक समाधानकारक जान पड़ेगी, इसमे सशय नहीं है।

यहाँ एक और बात ध्यानमे रखना आवश्यक है कि किसी बातका अनुमान करनेमे यह गणितपद्धति पूर्ण नहीं मानी जा सकती। प्रसिद्ध अर्थशास्त्रज्ञ डाल्टनके कथनानुसार केवल आँकड़ोंकी सहायतासे कोई बात सिद्ध करना सहज सम्भव नही है। इसलिये ठीक अनुमान करनेके लिये गणित-पद्धतिके साथ-साथ सामान्य विवेक भी आवश्यक है। इस

दृष्टिसे इस लेखमें ऑकड़ोंकी जाँच की गयी। फिर भी प्रचारकी बुद्धिसे सारी वस्तुस्थितिका दूना-तिगुना उलटफेर करके पचाना शक्य हो नहीं सकता। ऐसा करनेपर हमारे ठीक-ठीक किये कार्य भी गलत ठहर जायँगे। यह तो हो सकता है कि थोड़ा-बहुत उलट-फेर दोनों पक्षके लोगोंने किया हो। इस प्रकार विचार करें तो रूसकी नियन्त्रित अर्थ-व्यवस्थाकी अपेक्षा अमेरिका—इंग्लैंड इत्यादि देशोंकी सौम्य अर्थव्यवस्था ऑकड़ोंकी सहायतासे जिस हिसाबमें अधिक हितकारक ठहरती है उससे अधिक हितकी वर्तमान परिस्थितिमें आशा नहीं की जा सकती।

रूसका अनुकरण न करो

उपर्युक्त विवेचनसे रूसकी अर्थव्यवस्थासम्बन्धी सर्व-साधारण जनताकी धारणा कितनी भ्रामक है, यह दिखलाया गया; परंतु यह कहकर मुझे पूँजीवादके आधारका समर्थन नहीं करना है। आर्थिक जीवनमें पूँजीवादके दिन लद गये हैं और समाजवाद-सदृश सिद्धान्तका युग आ गया है। यह निर्विवाद है। इसलिये इस संक्रमण-कालमें प्राचीन रचनाके गुण कायम रहें और उसके दोष किसी भी रूपमें कायम न हों तथा उन पुराने दोषोंके स्थानमें कहीं उनसे भी अधिक भयानक दोष न आ जायँ, इसके लिये हमें जागरूक रहना चाहिये। इसलिये इस विषयमें रूसका अनुकरण करना मानो स्वतः एक प्रकारकी संकट-परम्पराको ओढ़ लेना है; क्योंकि नियन्त्रित अर्थव्यवस्था भी ऊपर लिखे अनुसार अनेक प्रकार-से हानिकारक है। पूँजीवादकी अपेक्षा अधिक भीषण रूपमें नियन्त्रित अर्थव्यवस्थाके द्वारा आर्थिक सत्ताके स्वामी (स्टेट) और गुलाममें दो स्थायी वर्ग स्पष्ट रूपसे निर्माण हो जाते हैं। पूँजीवादकी उन्नतिके कालके समान इस नियन्त्रित अर्थव्यवस्थाके प्रारम्भिक उत्कर्षके कालमें इन दोनों वर्गोंका विरोध मिटनेवाला नहीं है। आगे चलकर यह विरोध तीव्र रूप धारण करेगा और हम जिस परिस्थितिको प्रगति कहकर स्वीकार कर रहे हैं, वह प्रगति नहीं दुर्गति है, यह स्पष्ट हो जायगा। रूसकी आजकी नियन्त्रित अर्थव्यवस्थासे पूर्ण समता स्थापित होगी और उसके बाद किसी प्रकारके नियन्त्रणकी आवश्यकता न रह जायगी, सब प्रकारका नियन्त्रण मिट जायगा और सब लोग परस्पर एक होकर रीति-नीति निभायेंगे, यह केवल कविकल्पना है। ऐसा विश्वास करना बिल्कुल ही ठीक नहीं है, यह बात रूसकी गत ३४ वर्षोंकी परिस्थितिसे सहज ही स्पष्ट हो जाती है। इसलिये रूसका ही अनुकरण यदि सब देश करने लगें तो नियन्त्रित अर्थव्यवस्थामें आर्थिक सत्ताका उपभोक्ता वर्ग और उस सत्ताके अधीन रहनेवाले वर्गके बीच भीषण संग्राम कलके जगत्‌के संघर्षका स्वरूप बनेगा, यह स्पष्ट है। कहा जाता है कि रूसमें यह विरोध दीखने लगा है और आर्थिक सत्ताके नीचे पिसे जानेवाले बहुसंख्यक लोगोंमें असंतोष उत्पन्न हो गया है। वास्तविक बात क्या है। यह कहना कठिन है; परंतु यह घटना पूर्णतः सम्भव है, यही यहाँ कहना है।

आर्थिक जीवनमें सुधरी हुई सौम्य अर्थव्यवस्था

तात्पर्य यह है कि सौम्य अर्थव्यवस्थाको ही आज जगत्‌में उपकारक बनाना है, परंतु सौम्य अर्थव्यवस्थाका अर्थ पूँजीवाद नहीं है। कुछ लोग समझते हैं कि ये दोनों शब्द समानार्थी हैं और आज पूँजीवादी देशोंमें सौम्य अर्थ-व्यवस्था होनेके कारण पूँजीवादके दोषोंको भी सौम्य अर्थ-व्यवस्थाका दोष लोग समझते हैं; परंतु यह उनकी भूल है। सौम्य अर्थव्यवस्था पूँजीवादके बिना भी रह सकती है। उदाहरणके लिये इंग्लैंडमें मजदूरदलकी निश्चित समाज-व्यवस्था अथवा महात्मा गांधीके सिद्धान्तोंके अनुसार दृग्गोचर होनेवाली समाजरचनाका निर्देश किया जा सकता है।

व्यक्ति-स्वातन्त्र्य, व्यक्तिविकास, मौलिक अधिकार, राजनीतिक और सामाजिक समता इत्यादि व्यक्तिवादके गुण तथा अतिशय श्रीमन्त और अतिशय गरीब—ऐसी विषमताका न होना, सबके मौलिक स्वार्थकी रक्षा, ऊँच-नीच भेदभावको मिटाना, इत्यादि समाजवादके गुण—इन दोनों सिद्धान्तोंमें गुण सौम्य अर्थव्यवस्थामें एकत्र करना शक्य है। उपर्युक्त दोनों उदाहरणोंके द्वारा यह बात स्पष्ट हो जाती है, परंतु यह आदर्श सौम्य अर्थव्यवस्था कब होगी, यह बतलाना इस लेखका उद्देश्य नहीं है और यह एक-दोका काम भी नहीं है। मनुष्य-जातिके आर्थिक तथा तज्जन्य अन्य उत्कर्षोंके लिये सौम्य अर्थव्यवस्था ही आवश्यक है, इस दृष्टिसे रूसकी नियन्त्रित अर्थव्यवस्था ही वास्तविक अर्थव्यवस्था है, यह स्पष्ट करनेका यहाँ प्रयत्न किया गया है।

श्रीहरिः

गीताप्रेस, गोरखपुरकी सरल, सुन्दर, सचित्र, सस्ती, सदाचार-परायण बनानेवाली धार्मिक पुस्तकोंके लिये

यहाँ आर्डर भेजनेके पहले अपने शहरके पुस्तक-विक्रेतासे माँगिये। इससे आप भारी डाक-खर्चसे बच सकेंगे और अपने पसंदकी पुस्तकें देखकर खरीद सकेंगे।

देशभरमें लगभग डेढ़ हजार पुस्तक-विक्रेतागण गीताप्रेसकी पुस्तकें पुस्तकोंपर छपे दामोंपर ही बेचते हैं।

इनके अतिरिक्त निम्नलिखित स्थानोंपर हमारी निजी दूकानें हैं। जहाँसे पुस्तक-विक्रेतागण एवं ग्राहकगण सुविधापूर्वक पुस्तकें ले सकते हैं। 'कल्याण'के ग्राहक बन सकते हैं एवं पुराने विशेषाङ्क प्राप्त कर सकते हैं।

हमारी दूकानोंके पते—

(१) श्रीगोविन्द-भवन-कार्यालय—नं० ३०, वाँसतल्ला गली, कलकत्ता।
(२) गीताप्रेस, गोरखपुरकी पुस्तक-दूकान—नं० २६०९, नयी सड़क, दिल्ली।
(३) ,, ,, ,, ,, —अशोकराजपथ, बड़े अस्पतालके सदर फाटकके सामने, पटना।
(४) ,, ,, ,, ,, —नं० २४/५५, विरहाना रोड, फूलबागके पास, कानपुर। यहाँका काम १५ मईसे चालू हो सकता है।
(५) ,, ,, ,, ,, —रीची रोड, चतुर्भुजभवन, अहमदाबाद।
(६) ,, ,, ,, ,, —पञ्जी मंडी, मोतीबाजार, हरिद्वार।
(७) गीताप्रेस कागज एजेंसी—नं० ५१/९, नीचीबाग, बनारस।
(८) गीता-भवन—स्वर्गाश्रम, ऋषिकेश (देहरादून)।

इन दूकानोंसे धार्मिक पुस्तकें खरीदकर पवित्र प्रचार-कार्यमें हाथ बँटाइये।

व्यवस्थापक—गीताप्रेस, पो० गीताप्रेस (गोरखपुर)

* श्रीहरिः *

'कल्याण'के चालू वर्षके ग्राहक अब भी बनाये जाते हैं

—और उनको इस वर्षका सुन्दर विशेषाङ्क **'संत-वाणी-अङ्क'** तथा उसके बादके निकले हुए सभी अङ्क मिल जाते हैं। जिन्हें लेने हों, वे वार्षिक मूल्य ७॥) मनीआर्डरसे भेज सकते हैं अथवा वी० पी० से भेजनेके लिये आज्ञा दे सकते हैं।

'कल्याण'के पुराने आठ विशेषाङ्क

(इनके अतिरिक्त और कोई पुराने विशेषाङ्क नहीं मिलते हैं)

१३ वें वर्षका **मानसाङ्क**—(**पूरे चित्रोंसहित**)—पृष्ठ ९४४, चित्र बहुरंगे सुनहरी ८, दुरंगे सुनहरी ४, तिरंगे ४६, इकरंगे १२०, मूल्य ६॥), सजिल्द ७॥) ।

१७ वें वर्षका **संक्षिप्त महाभारताङ्क**—पूरी फाइल दो जिल्दोंमें (सजिल्द)—पृष्ठ-संख्या १०१८, तिरंगे चित्र १२, इकरंगे लाइन चित्र ९७५, (फरमोंमें), मूल्य दोनों जिल्दोंका १०) ।

१८ वें वर्षका **संक्षिप्त वाल्मीकीय रामायणाङ्क**—पृष्ठ-संख्या ५३६, रेखाचित्र १३७, (फरमोंमें), सुन्दर बहुरंगे चित्र १४, इकरंगे हाफटोन सुन्दर चित्र ११, मूल्य ५≈) सजिल्द ६≈) ।

२२ वें वर्षका **नारी-अङ्क**—पृष्ठ-संख्या ८००, चित्र २ सुनहरी, ९ रंगीन, ४४ इकरंगे तथा १०८ लाइन, मूल्य ६≈), सजिल्द ७।≈) मात्र ।

२४ वें वर्षका **हिंदू-संस्कृति-अङ्क**—पृष्ठ ९०४, लेख-संख्या ३४४, कविता ४६, संगृहीत २०, चित्र २४८, मूल्य ६॥), साथमें अङ्क २-३ बिना मूल्य, पाँच प्रतियाँ एक साथ लेनेपर १५) प्रतिशत कमीशन ।

२६ वें वर्षका **भक्त-चरिताङ्क**—पूरी फाइल, पृष्ठ १५१२, लेख-संख्या ७३०, तिरंगे चित्र ३६ तथा इकरंगे चित्र २०१, मूल्य ७॥) मात्र ।

२७ वें वर्षका **बालक-अङ्क**—पृष्ठसंख्या ८१६, तिरंगे तथा सादे बहुसंख्यक चित्र, मूल्य ७॥) ।

२८ वें वर्षका **संक्षिप्त नारद-विष्णुपुराणाङ्क**—पूरी फाइल, पृष्ठ-संख्या १५२४, चित्र तिरंगे ३१, इकरंगे लाइन १०१ (फरमोंमें), मूल्य ७॥), सजिल्दका ८॥) ।

डाकखर्च सबमें हमारा। व्यवस्थापक—**'कल्याण', पो० गीताप्रेस (गोरखपुर)**



The University Library
HYDERABAD DECCAN

हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे। हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे॥
जयति शिवा-शिव जानकि-राम। जय रघुनन्दन जय सियाराम॥
रघुपति राघव राजाराम। पतितपावन सीताराम॥
जय जय दुर्गा जय मा तारा। जय गणेश जय शुभ-आगारा॥

विषय-सूची

कल्याण, सौर आषाढ २०१२, जून १९५५

विषय	पृष्ठ-संख्या
१–धूममार्गका सकाम योगी [कविता]	१०५७
२–कल्याण ('शिव')	१०५८
३–एक महात्माका प्रसाद	१०५९
४–देशवासियोंके हितकी कुछ बातें (श्रद्धेय श्रीजयदयालजी गोयन्दका)	१०६३
५–विचार-महिमा (स्वामीजी श्रीचिदानन्दजी सरस्वती)	१०६९
६–पद [कविता] (श्रीआरसीप्रसाद सिंहजी)	१०७१
७–श्रीकृष्णलीलाका चिन्तन	१०७२
८–सिखावन [कविता] (श्रीरूपकुँवरिजी)	१०७६
९–चूड़ाला और मदालसा (आचार्य श्रीअक्षयकुमार बन्द्योपाध्याय, एम्० ए०)	१०७७
१०–धर्म और राजनीति (स्वामी श्रीआगमानन्दजी)	१०८२
११–साख्य और गीता (श्रीयादवकृष्णजी अवधिया एम्० ए०)	१०८४
१२–अशुद्ध आहारसे हानि (भक्त श्रीरामशरणदासजी)	१०८७
१३–जब अपवित्र विचार घेरते हैं ? (पं० श्रीकृष्णदत्तजी भट्ट)	१०८९
१४–अवर्णनीय महिमा [कविता] (श्रीअनाथदासजी)	१०९४
१५–रूप-रहस्य (प्रो० श्रीक्षेत्रलाल साहा, एम्० ए०)	१०९५
१६–क्या कोई पीछे खड़ा है ? (पं० श्रीरामनरेशजी त्रिपाठी)	१०९९
१७–भगवान्‌का विधान (साधुवेषमें एक पथिक)	११०१
१८–राम-नामकी महिमा [कविता] (श्रीरामलालजी)	११०३
१९–मनुष्य क्या कर सकता है ? [कहानी] (श्री'चक्र')	११०४
२०–दृढ़ भावसे लाभ [श्रीस्वामीजी रामसुखदासजी महाराजके एक भाषणसे]	११०८
२१–दहेजका बढ़ा हुआ पाप (हनुमानप्रसाद पोद्दार)	११०९
२२–राष्ट्रपतिका अभिनन्दन	१११०
२३–भारतीय संस्कृति अमर है [गीताद्वार और लीला-चित्र-मन्दिरके उद्घाटनके अवसरपर राष्ट्रपति-जीका भाषण)	१११३
२४–हिंदू-पातिव्रतका महान् आदर्श [राजर्षि श्रीपुरुषोत्तमदासजी टंडनके भाषणका अंश]	१११५
२५–सिगरेट, बीड़ी, तंबाकूपर श्रीटंडनजीके विचार	१११७
२६–होना-लगना [गद्य-काव्य] (श्रीहरिकृष्णदासजी 'हरि'गुप्त)	१११७
२७–गीताप्रेसके कार्योंका संक्षिप्त विवरण	१११८

चित्र-सूची

तिरंगा

१–धूममार्गसे जाकर स्वर्गमें पहुँचा हुआ योगी	१०५७

वार्षिक मूल्य भारतमें ७॥) विदेशमें १०) (१५शिलिंग)

जय पावक रवि चन्द्र जयति जय। सत चित आनँद भूमा जय जय॥
जय जय विश्वरूप हरि जय। जय हर अखिलात्मन् जय जय॥
जय विराट जय जगत्पते। गौरीपति जय रमापते॥

साधारण प्रति भारतमें ।≡) विदेशमें ॥–) (१० पेंस)

सम्पादक—हनुमानप्रसाद पोद्दार, चिम्मनलाल गोस्वामी, एम्० ए०, शास्त्री
मुद्रक-प्रकाशक—घनश्यामदास जालान, गीताप्रेस, गोरखपुर



धूममार्गसे जाकर स्वर्गमें पहुँचा हुआ योगी

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते । पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥



स्मृतापि तरुणातपं करुणया हरन्ती नृणामभङ्गुरतनुत्विषां वलयिता शतैर्विद्युताम् ।
कलिन्दगिरिनन्दिनीतटसुरद्रुमालम्बिनी मदीयमतिचुम्बिनी भवतु कापि कादम्बिनी ॥

(पण्डितराज जगन्नाथ)

वर्ष २९ | गोरखपुर, सौर आषाढ २०१२, जून १९५५ | संख्या ६ पूर्ण संख्या ३४३

धूममार्गका सकाम योगी

पुण्यवान सकाम योगी स्वर्गपथपर जा रहा ।
मार्गके सब देवताओंसे समादर पा रहा ॥
धूम रजनी पक्ष श्यामल अयन दक्षिणके अमर ।
क्षेत्र अभिमानी उसे ले साथ जाते सीम पर ॥
सौंप देते अमर अगलेको उसे क्रमसे सही ।
चान्द्रमस सुज्योति तक यों पहुँचता योगी वही ॥
स्वर्गमें निज शुभ क्रियाओंके फलोंको भोगकर ।
लौटता मरलोकमें फिर मर्त्य-जीवन लाभ कर ॥

कल्याण

याद रक्खो—कोई भी प्राणी संसारमें रहकर विषयोंका सेवन किये बिना नहीं रह सकता। घर-द्वार छोड़कर जंगलमे रहनेवाला त्यागी पुरुष भी आँखोंसे वस्तुओंको देखता ही है, कानोंसे शब्दोंको सुनता ही है, नासिकामे गन्ध आती ही है, जीभको खट्टे-मीठे रसका स्वाद मिलता ही है, चमड़ीको ठंढे-गरम या कोमल-कठोरका ज्ञान होता ही है। तब फिर विषयोंसे कैसे बचा जा सकता है। अतएव विषयोंके सेवन न करनेका असली अर्थ है, उनमे आसक्त होकर उनका सेवन न करना। आसक्ति न रहनेपर अनावश्यक तथा हानिकारक विषयोंका सेवन अपने-आप ही छूट जायगा।

याद रक्खो—विषयोंमें रागको आसक्ति कहते हैं। जब मनुष्यकी कोई इन्द्रिय रागपूर्वक किसी विषयसेवनमें लगती है, तब उसका मन वशमें नहीं रहता। इससे वह उन विषयोंका सेवन करने लगता है, जो विषयके साथ इन्द्रियका संयोग होनेपर अमृतके समान मधुर लगते हैं; परंतु जिसका परिणाम निश्चय ही विषके सदृश होता है। इसलिये सदा सावधान रहो, मनको कभी इन्द्रियके साथ मत जाने दो, उसे सद्बुद्धिके नियन्त्रणमें वैसे ही रक्खो—जैसे सारथिके नियन्त्रणमें लगाम रहती है। जब मन सद्बुद्धिके अधीन रहेगा, तब इन्द्रियाँ वैसे ही मनमाने विषयोंका सेवन नहीं कर सकेंगी, जैसे चतुर सारथिके हाथमें लगाम रहनेपर घोड़े मनमाने मार्गपर नहीं चल सकते।

याद रक्खो—विषयके साथ इन्द्रियका संयोग होनेपर प्राप्त होनेवाले जितने भी भोग हैं, सभी दुःखोत्पादक हैं, इसलिये बुद्धिमान् पुरुष उन भोगोंमें प्रीति या राग करते ही नहीं। पर उन्हीं विषयोंका सेवन यदि स्वाधीन अन्तःकरणवाला पुरुष राग-द्वेषसे रहित अपने वशमें की हुई इन्द्रियोंके द्वारा करता है तो उसे प्रसाद-की—प्रसन्नता या निर्मलताकी प्राप्ति होती है, जिससे उसके सारे दुःख मिट जाते है और उसकी बुद्धि परमात्मामें तुरंत प्रतिष्ठित हो जाती है।

याद रक्खो—विषयसेवनसे तुम बच नहीं सकते यह सत्य है, पर उन्हीं सद्विषयोंका सेवन करो जो तुम्हें जीवनके चरम लक्ष्य भगवान्‌की ओर ले जानेवाले हों। आँखोंसे भगवान्‌के चित्र देखो, संत-महात्माओंको देखो, प्रकृतिके प्रत्येक सुन्दर पदार्थमे, सूर्यके प्रकाशमें, चन्द्रमाकी ज्योत्स्नामें, सरिताके प्रवाहमें, रंग-बिरंगे पक्षियों और तितलियोंमे, पुष्पोंके मनोहर रंगोंमें भगवान्‌के मङ्गलमय सौन्दर्यको देखो, सत्-साहित्यको देखो, तीर्थों-मन्दिरोंको देखो। कानोंसे भगवान्‌के पवित्र नाम-गुणोंको सुनो, ऋषि-मुनि और संत-महात्माओंके चरित्र और उनके सदुपदेशोंको सुनो। वाणीसे भगवान्‌के नाम-गुणों-का गान करो, दूसरोंके हितकी बात कहो, सत्य मधुर शब्दोंका उच्चारण करो। इसी प्रकार अन्यान्य इन्द्रियोंसे सदा सत् तथा शुभ विषयोंका सेवन करो।

याद रक्खो—शुभ तथा सद्विषयोंका सेवन भी यदि सकाम भावसे होगा तो वह भी बन्धनका कारण होगा, अतएव शुभ तथा सद्विषयोंका सेवन भी कामना तथा आसक्तिसे रहित होकर केवल भगवान्‌की प्रीतिके लिये ही करो। इस बातसे अवश्य सावधान रहो—कहीं मन किसी भी विषयकी ओर लुभ न जाय। निष्काम भाव होनेपर भी किसी विषयमें रमणीयताका बोध न हो जाय। किसी भी विषयकी ओर कोई इन्द्रिय तुम्हारे मनको खींच न ले जाय। मन-इन्द्रियोंको गुलाम बनाकर जहाँ तुम ठीक समझो, वहीं उनको लगाओ, उनके गुलाम बनकर कुछ भी न करो।

'शिव'

एक महात्माका प्रसाद

[गताङ्क पृष्ठ १००२ से आगे]

(४५)

प्रश्न—मोह और प्रेममें क्या भेद है ?

उत्तर—मोहका सम्बन्ध शरीरसे होता है, प्रेमका सम्बन्ध आत्मा और परमात्मासे होता है। मोहसे तो मनुष्य वियोगकालमें दुखी होता है, किंतु प्रेम वियोगकालमें अधिक चमकता है। मोह फँसानेवाला है, प्रेम सब प्रकारके बन्धनोंसे छुड़ानेवाला है।

प्रश्न—अपनी योग्यताको समझकर साधक अपने साधनका निर्माण कैसे करे ?

उत्तर—विवेकशक्ति, क्रियाशक्ति और भावशक्ति—इन्हींके आधारपर योग्यताका पता लगता है। योग्यतामें भेद होता है। रुचिमें अधिक भेद नहीं होता। सभी साधक चाहते हैं कि जो सबसे अच्छी चीज हो, वही हमें मिले। सबसे अच्छी चीज एक ही होती है। उसमें प्रकारभेद हो सकते हैं; परंतु वस्तुभेद नहीं होता। योगी उसीको 'योग' कहता है, विश्वासी उसीको 'ईश्वर' कहता है; विवेकी उसीको 'बोध' कहता है। योग्यता और रुचिके अनुसार ही साधनका निर्माण होता है।

साधकको चाहिये कि अपनी योग्यता और रुचिका ठीक-ठीक अध्ययन करे। उसमें अपनेको धोखा न दे अर्थात् दूसरोंकी ओर देखकर योग्यता और रुचिसे विरुद्ध साधनका लालच न करे।

रुचि साधकमें स्वाभाविक होती है। वह किसी दूसरेसे प्राप्त नहीं होती। समझ दूसरेसे प्राप्त हो सकती है और होती है। अतः साधकको अपने स्वभावका अध्ययन करना चाहिये। दो व्यक्तियोंका स्वभाव भी सर्वथा एक-सा नहीं होता।

इसलिये योग्यता और स्वभावके भेदसे साधनमें भेद होगा; परंतु सफलतामें सबकी एकता हो जायगी। उपायमें भिन्नता और फलमें एकता इसीका नाम 'साधन' है।

सांसारिक वस्तुओंकी प्राप्ति कर्मके फलस्वरूप होती है। इसलिये कर्मके फलमें एकता नहीं होती। अपनी योग्यताके अनुसार जैसा कर्म किया जाता है, वैसा ही फल मिलता है; परंतु सबसे श्रेष्ठ वस्तुके लिये अर्थात् भगवत्प्राप्तिके लिये जो साधन किया जाता है, उसके फलमें भेद नहीं होता।

साधकको विचार करना चाहिये कि क्या मैंने अपनी प्राप्त शक्तिका सदुपयोग कर लिया है या कमी रक्खी है ? विचार करनेपर मालूम होगा कि कमी रक्खी है। मैंने अपनेको पूरा नहीं लगाया है।

हरेक मनुष्य अपने मनमें भरी हुई बातोंको पूरे-पूरे ढंगसे बाहर नहीं निकालता, किंतु ऊपरसे कुछ-न-कुछ भरता रहता है; अतः साधकको चाहिये कि अपने मनको टटोले, उसमें क्या-क्या भरा है, उसे भलीभाँति देखे और सोचे कि मुझमें कौन-सी ऐसी असमर्थता है जिसने मुझे अपने लक्ष्यतक नहीं पहुँचने दिया। अवश्य ही मुझे किसी ऐसे सुखमें रस आता है जिसने मुझे फँसा रक्खा है। इस प्रकार सोचकर उस रुकावटको विवेक-बलसे अथवा विश्वास-बलसे दूर करे, तभी वह साधनमें अग्रसर हो सकता है।

आश्चर्य तो इस बातका है, साधकको जो कुछ करना चाहिये, उसे करता भी नहीं और न करनेके दुःखसे दुखी भी नहीं होता। वह जितना समय और मन अनावश्यक कामोंमें लगाता है, उतना अपने लक्ष्यकी पूर्तिके लिये नहीं लगाता। यदि साधक अपने मनकी वास्तविकताको विवेकके प्रकाशमें खोलकर

रक्खे तो उसे मालूम होगा कि मेरे मनमें बहुत-से ऐसे संकल्प भरे है जिनको मै न तो पूरा करता हूँ और न मिटाता ही हूँ। यही कारण है कि मेरा मन संकल्पोंके जालमे फँसा रहता है और शुद्ध नहीं हो पाता। चित्त शुद्ध न होनेके कारण ही मुझे अपने लक्ष्यकी प्राप्तिमें विलम्ब हो रहा है।

मनुष्य अपने मनके असली फोटोको छिपाता चला जाता है और वह जो जानता है उसके विपरीत आचरण करता है। साधारण मनुष्योंमें और संतमें यही अन्तर होता है कि संत तो जैसा जानता है वैसा मानता है और जैसा मानता है वैसा करता है, परंतु साधारण व्यक्ति ऐसा नहीं करता। अतः साधकको सतोंका अनुकरण करना चाहिये।

मनुष्यकी स्थिति सदैव एक-सी नहीं रहती, बदलती रहती है। अतः साधकको सोचना चाहिये जब मै वर्तमान स्थितिसे अलग हो जाऊँगा, तब कहाँ और कैसे रहूँगा ? इसका विवेकपूर्वक अध्ययन करनेसे साधक प्राप्त स्थितिसे ऊपर उठनेके लिये अग्रसर हो सकता है।

संसारकी रुचि हमेशा बदलती रहती है। एक रुचिकी पूर्ति होते ही दूसरी पैदा हो जाती है। इस प्रकार रुचिकी उत्पत्ति और पूर्तिके जालमे प्राणी फँसा रहता है। जिसको वह बुरी बात समझता है उसे भी करता रहता है, परंतु रुचिकी पूर्तिके रसमे मोहित रहनेके कारण उसके करनेका दुःख नहीं होता और जो सबसे अच्छी चीज है उसे न पानेका भी दुःख नहीं होता। इसीलिये साधक अपने लक्ष्यकी ओर नहीं बढ़ पाता। यदि उसके जीवनमे वास्तविक दुःखका उदय हो जाय तो उसे बहुत शीघ्र लक्ष्यकी प्राप्ति हो सकती है।

जिस चिन्तनको मनुष्य विचारके द्वारा व्यर्थ समझता है, जिसमें मनको नहीं लगाना चाहता, उसमें तो उसका मन लगा रहता है और जिसमें लगाना चाहता है उसमे नहीं लगता, तथापि वह दुखी नहीं होता। इसका एकमात्र कारण यही है कि अपने लक्ष्यके महत्त्वको न जाननेके कारण उसकी आवश्यकताका उसे ज्ञान नहीं है। इसलिये उसकी तीव्र लालसा नहीं है।

अतः साधकको चाहिये कि भगवान्‌की महिमाको समझे और उसपर पूरा विश्वास करे एवं अपनी लालसाको सजीव बनावे तथा जबतक वह पूरी न हो जाय तबतक चैनसे न रहे।

सांसारिक सुख आनेपर उपभोगमें जड़ता आती है। सुखभोगमे लगे रहनेवाले मनुष्यकी विवेकशक्ति सो जाती है। अतः साधकको कभी सुखभोगमें नहीं रमना चाहिये।

मनुष्यके मनकी सब बातें भगवान् पूरी नहीं होने देते। इसमें भी उनकी कृपा भरी हुई है। यदि उसके मनकी सब बातें पूरी होने लगें तो ऐसी भयानक स्थिति पैदा हो जाय जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसपर एक कहानी है—

एक गृहस्थमें तीन व्यक्ति थे। एक पिता, दूसरी उसकी पत्नी, तीसरा उनका लड़का। वे तीनों बड़े दुखी थे। उनके अभावकी पूर्ति नहीं होती थी। शिव और पार्वती उधरसे निकले तो पार्वतीने कहा—'इनको ऐश्वर्य प्रदान करके सुखी बना दीजिये।' तब शिवजीने कहा—'ये लोग सुखी होना नहीं चाहते।' परंतु यह बात पार्वतीकी समझमे नहीं आयी। तब शिवजीने पहले स्त्रीसे कहा, 'तुम जो चाहो अच्छे-से-अच्छा वर माँग लो।' उसने कहा, 'मैं चौदह वर्षकी बड़ी सुन्दर रूपवती और तन्दुरुस्त हो जाऊँ।' शिवजीने कहा, 'ठीक है।' वह वैसी ही हो गयी। फिर उसके पतिसे कहा कि 'तुम भी वर माँग लो।' तब पतिने सोचा कि 'यह स्त्री तो मुझ बूढ़ेको छोड़कर दूसरा पति करना

चाहती है।' अतः उसने वर माँगा कि 'यह सूकरी हो जाय।' तब वह सूकरी हो गयी। उसके बाद लड़केको वर माँगनेके लिये कहा। उसने माँगा—'हम-लोग जैसे पहले थे वैसे ही हो जायँ।' तब वैसे ही हो गये। शिवजीने पार्वतीसे कहा, 'तमाशा देख लिया? ये लोग कहाँ सुखी होना चाहते हैं?'

अतः यह सिद्ध हुआ कि मनुष्यको अपने वास्तविक सुख-दुःखका ज्ञान नहीं है। वह अपने मनकी बात पूरी होनेको सुख और पूरी न होनेको दुःख मानता है। जब मनुष्य सचमुच दुःखी हो जाता है, तब उस समय उसकी किसी प्रकारसे सुखभोगमें प्रवृत्ति नहीं होती और भोगवासनाका अन्त हो जाता है। संसारसे अरुचि हो जाती है। तब वह दुःख मनुष्यको प्रभुसे मिला देता है; क्योंकि सुखभोगकी रुचि और प्रवृत्तिसे ही मनुष्य भगवान्‌से विमुख होता है और भोगवासनाकी निवृत्तिसे भगवान्‌के सम्मुख और संसारसे विमुख होता है।

जिसको लोग जीवन कहते है यह जीवन नहीं है। यह तो मृत्युका ही दूसरा नाम है। एक अवस्थाकी मृत्युको ही दूसरी अवस्थाका जन्म कहते है। जैसे बीजकी मृत्यु और पौधेकी उत्पत्ति, बाल्यावस्थाकी मृत्यु और कुमार एवं यौवनावस्थाकी क्रमसे उत्पत्ति। इनमे कोई भी अवस्था स्थायी नहीं है। हरेक क्षणमें परिवर्तन होता है। परिवर्तनका ही नाम मृत्यु है। अतः यह जीवन नहीं है। असली जीवन तो वह है जिसमे मरनेका डर नहीं है, परंतु लोग इस परिवर्तनशील अवस्थाको ही जीवन मानने लगे हैं। एवं शरीर-इन्द्रियोंके साथ विषयोंके सम्बन्धको ही उन्होंने सुख मान रक्खा है। वास्तवमे शरीर तो एक हाड़-मांस और मल-मूत्रकी थैली है। इसकी चाहने आत्माकी चाहको अर्थात् अमर जीवनकी चाहको ढक रक्खा है। भोगकी चाहने मनुष्यको ईश्वरसे विमुख कर रक्खा है।

साधकको चाहिये कि इन्द्रियों और विषयोंके सम्बन्धसे होनेवाले सुख-भोगकी चाहको मिटाकर भगवान्‌के सम्मुख हो जाय। विचार करनेपर मालूम होगा कि सब चीजोंके रहते हुए भी अभावका अनुभव होता है। इच्छाओंकी पूर्ति नहीं होती। संयोगका अन्त होकर वियोग अवश्य आयेगा। सभी वस्तुएँ अनित्य है, उनका संयोग कैसे रह सकता है!

जिसके मनमे शरीर रखनेकी रुचि है, जो शरीरको ही अपना स्वरूप मानता है, वह ईश्वरको प्राप्त नहीं कर सकता। जो वियोगको अपनाता है, उसे योग और वैराग्यकी प्राप्ति होती है; क्योंकि संसारका चिन्तन टूटनेसे ही योग सिद्ध होता है। अतः साधकको चाहिये कि जो चीज उसे छोड़ती है, उसे पकड़े नहीं।

प्राप्त कर्तव्यको भगवान्‌के नाते ठीक-ठीक पूरा कर देनेसे जीवनमे सुन्दरता आती है। सेवासे संसारमे सुन्दरता आती है। अतः साधकको चाहिये कि जो काम वह कर सकता हो उससे अपनेको बचाये नहीं। जो संकल्प पूरा करने योग्य हो उसे पूरा कर दे। जो पूरा करने योग्य न हो उसे मिटा दे।

जीवनमे दोष होना आश्चर्य नहीं है। यह तो मानव-का स्वभाव है; परंतु निर्दोषताकी माँग ही उसका पुरुषार्थ है। यदि साधकके हृदयमे दोष-उत्पत्तिका गहरा दुःख हो तो दोष अवश्य मिट जायगा। गहरे दुःखसे योगीको योग, भोगीको वैराग्य होकर प्रभु-मिलनका मार्ग मिलेगा।

(४६)

प्राप्त योग्यता और शक्तिसे अधिकके लिये चेष्टा करनेसे और उसको पूर्णतया न लगानेसे भी मनुष्यका चित्त शुद्ध नहीं होता। जिसके पास धन नहीं हो और वह यदि दान दे, ब्राह्मण और साधुओंको खिलावे तो उसका चित्त शुद्ध नहीं होता; क्योंकि जो दानी कहलानेके लिये या अपनी इज्जत बनाये रखनेके लिये किया जाता है, उससे अभिमान पुष्ट होता है। इसी

प्रकार जो तप तपस्वी कहलानेके लिये, जो योग योगी कहलानेके लिये, जो त्याग त्यागी कहलानेके लिये और जो संयम संयमी कहलानेके लिये किया जाता है, उससे दम्भ और अहंभाव बढ़ता है, अतः उससे चित्त शुद्ध नहीं होता ।

प्रायः देखा जाता है कि जिसके पास धन नहीं है, वह बाहरसे अपने शरीरको जितना सजाता है, धनी आदमी उतना नहीं सजाता; क्योंकि जो योग्यता जिसमे सचमुच होती है, उसे उसका प्रदर्शन करनेका शौक नहीं होता; वह तो उसका स्वभाव बन जाता है । अतः उसके मनमें उसकी कोई विशेषता नहीं होती ।

जो साधु या प्रचारक अपने अनुयायियोंसे उनकी योग्यतासे अधिक खर्च करवाता है, वह उनको बेईमानी करनेके लिये प्रोत्साहन देता है तथा जो मनुष्य इज्जत बढ़ानेके लिये योग्यतासे अधिक खर्च करता है, वह बेईमानी करनेकी तैयारी करता है ।

हैसियतसे अधिक खर्च करनेवाला सदा धनके लोभसे अशान्त रहता है । उसको इज्जतका भय बना रहता है । अतः उसके चित्तमे दोष उत्पन्न होते रहते हैं एवं जो योग्यताके अनुसार आवश्यकता पड़नेपर भी खर्च नहीं करता, उसका चित्त भी शुद्ध नहीं हो सकता ।

प्रायः देखा जाता है कि लोग वह साधन करना चाहते हैं, जो उनकी योग्यता और रुचिके अनुकूल नहीं होता और उस साधनको नहीं करते, जो वे कर सकते है; क्योंकि वे साधनमे बड़े और छोटेकी कल्पना कर लेते हैं और जिसको ऊँचे दर्जेका समझते है, उसीको करना चाहते हैं । फलतः जो साधन कर सकते है, उसमें विश्वास और श्रेष्ठ बुद्धि नहीं होती और जिसे करना चाहते हैं, वह होता नहीं । अतः उनका चित्त शुद्ध नहीं हो सकता ।

साधकको चाहिये कि अपनी योग्यता और रुचिके अनुसार साधन निर्माण करके विश्वासपूर्वक तत्परताके साथ उसमें लग जाय । अपने जीवनमें किसी प्रकारके दम्भ और दिखावेको स्थान न दे । मनको भगवान्‌में लगावे, बुद्धिको अपना दोष देखनेमें लगावे, शरीरको सर्वहितकारी कर्ममें लगावे । प्राप्त शक्तिमें आसक्त न हो, अप्राप्तका चिन्तन न करे । किसी प्रकारके गुण और दोषोंका अभिमान न करे; क्योंकि अभिमानके रहते हुए चित्त शुद्ध नहीं हो सकता ।

जब साधकका ईश्वरपर, अपने-आपपर और कर्तव्यपर विश्वास हो जाता है, तब उसके मनमें किसी प्रकारका भय या चिन्ता नहीं रहती । भय और चिन्ताका सर्वथा अभाव हो जाना ही चित्तकी शुद्धि है । साधकके जीवनमे न वस्तुओंके नाशका भय होना चाहिये न मृत्युका, न किसी अन्य प्रकारका ही भय होना चाहिये । उसे तो सदा भगवान्‌की महिमाको समझकर सदाके लिये निर्भय हो जाना चाहिये ।

भय तो उसको होता है जो शरीर और संसारपर विश्वास करता है एवं जिसके पास कुछ होता है । जिसके पास अपना कुछ भी नहीं होता, जो सर्वस्व भगवान्‌को सौंप चुका है, उसको भय क्यो होगा ।

कर्तव्यविश्वास और आत्मविश्वासका भी आधार ईश्वरविश्वास ही है । उसके बिना दूसरे विश्वास सुरक्षित नहीं रहते ।

चित्तकी शुद्धिके लिये अहता और ममताका नाश अनिवार्य है । विचारमार्गी पहले अहंभावको मिटाता है, अहं न रहनेसे ममता अपने आप मिट जाती है । भगवद्विश्वासी पहले ममताका त्याग करता है, फिर उसका अहंभाव गलकर अपने प्रियतमकी प्रीति बन जाता है ।

माने हुए अहंभावके मिटनेसे 'है' का बोध हो जाता है और ममता मिटनेसे प्रेमका उदय होता है । अतः अहं और मम मिटनेसे बोध और प्रेमकी प्राप्ति होती है—जो कि चित्तशुद्धिका वास्तविक फल है ।

देशवासियोंके हितकी कुछ बातें

(लेखक —श्रद्धेय श्रीजयदयालजी गोयन्दका)

वर्तमान समयमे उन्नतिके नामपर चारो ओर इस प्रकारके अनर्गल कार्य हो रहे है कि जिनसे देश, जाति और धर्मका पतन होता जा रहा है। उन सब अनर्थपूर्ण कार्योंको समझ-सोचकर उनसे स्वयं विरत होना तथा दूसरोंको उनकी बुराइयाँ समझाकर विरत करना चाहिये और ऐसा प्रयत्न करना चाहिये जिससे देश, जाति और धर्मका उत्थान हो। हम अपनी धर्म-निरपेक्ष सरकारसे भी अनुरोध करते है कि वह हमारी प्रार्थनापर ध्यान दे। यहाँ ऐसी कुछ बातोंका दिग्दर्शन कराया जाता है—

स्त्रियोंके लिये पातिव्रत्यधर्म हिंदू-धर्मका प्रधान अङ्ग है। उसके विरुद्ध जो तलाक-विधेयक स्वीकृत किया गया है, वह भारतीय पतिव्रता स्त्रियोंके प्रति घोर अन्याय है। इससे संस्कारगत विवाहका मूल आदर्श ही नष्ट हो जाता है। यह स्त्रियोंके सतीत्वको तो नष्ट करनेवाला है ही, स्त्रियोंके सुखपूर्वक जीवनयापनमे भी बाधा पहुँचानेवाला है। पुरुषवर्ग इस तलाक-कानूनके सहारे निर्दोष स्त्रीपर दोष लगाकर उसका त्याग कर सकता है। फिर उन बेचारी अबलाओंकी क्या गति होगी ? चरित्रहीन पुरुष अपनी विषयकामनाकी पूर्तिके लिये इस तलाक-कानूनका आश्रय लेकर सरल स्वभावकी धनी स्त्रियोंसे, पतिको छुड़ाकर, अपने साथ वैवाहिक सम्बन्ध जोड़ सकते हैं और इस प्रकार क्षणिक सुखका प्रलोभन देकर उनके धन और सतीत्वका विनाश कर सकते हैं। ऐसी परित्यक्ता स्त्रियोंकी संख्या-वृद्धि हो जायगी। समाजके लोगोंके जो संस्कार है, उनके अनुसार उन स्त्रियोंके साथ भले लोग विवाह नहीं करेंगे, इससे पतित पुरुषोंको अपनी नीच वासनापूर्तिके लिये सुयोग मिलेगा। उस दिन श्रीटंडनजीने यह ठीक ही कहा था कि 'तलाककी छूट देकर पातिव्रत्यके श्रेष्ठ आदर्शको कलङ्कित किया जा रहा है।'

यह हिंदू-विवाह-कानून हिंदू-धर्मपर प्रत्यक्ष घोर आघात है। हिंदू-विवाह कोई कंट्राक्ट नहीं है जो तोड़ा जा सके, वह एक पवित्र धार्मिक संस्कार है। यह अविच्छेद्य विवाह-संस्कार हिंदू-धर्मका एक मुख्य अङ्ग है। धर्मनिरपेक्ष सरकारका हिंदुओंकी इस पवित्रतम विवाह-संस्थाका विनाश करनेके लिये बहुमतके बलपर इस प्रकार कानून बना देना सरासर अन्याय है और यथेच्छाचार है। जिसका अधिकांश हिंदू-जनताने एक स्वरसे विरोध किया, बड़े-बड़े न्यायाधीशोंने, विश्वविख्यात कानूनके पण्डितोंने, धर्माचार्योंने जिसको अन्यायमूलक तथा हिंदूधर्मके लिये अत्यन्त घातक बतलाया, उसी पतनका पथ प्रशस्त करनेवाले विवाह-कानूनको थोड़ी-सी पाश्चात्यभावापन्न स्त्रियोंको प्रसन्न करनेके लिये और सुधारके नामपर, किसीकी भी कुछ भी न सुनकर, पास कर देना, जनतन्त्र सरकारके लिये कहाँतक युक्त है, विज्ञ पुरुष इसका विचार कर सकते हैं। विशाल जनताके मतके विरुद्ध केवल लोकसभाके बहुमतसे कोई कार्य करना जनतन्त्रका उपहास करना है !

इसी प्रकार उत्तराधिकार (सम्पत्तिके बटवारे) के विषयमे हिंदूपरिवारके लिये जो कानून बन रहा है, वह भी हिंदूजातिके लिये अत्यन्त घातक है। स्त्रीका पिताके घरमें हिस्सा रखना स्त्रियोंके लिये महान् हानिकर है। इस कानूनके अनुसार उधर लड़कीको पिताके घरमे हिस्सा मिलेगा, तो इधर अपने ससुरालमे पतिकी बहिन (अपनी ननद) को दे देना पड़ेगा। इससे स्त्रियोंको क्या लाभ होगा। वरं परस्पर मनोमालिन्य, राग-द्वेष, वैर-विरोध बढ़ेगा, भाई-बहिनोका प्रेम नष्ट हो

जायगा और मुकदमेबाजी होगी। ऐसा होनेपर धर्म, इज्जत, शरीर और धनकी महान् हानि हो सकती है। सगे-सम्बन्धी परस्पर एक-दूसरेको मारनेके लिये उद्यत हो सकते हैं। इससे तो यही उत्तम है कि जबतक विवाह न हो, तबतक पिताके घरमे कन्याका पुत्रकी तरह पूरा अधिकार रहे और विवाह होनेके बाद ससुरके घरमे स्त्री-पुरुषका समान अधिकार रहे। अभी भी किसी अंशमे ससुरालमे स्त्रियोंका अधिकार है, इसको और अधिक दृढ़ कर दिया जाय कि पतिके जीवित रहते भी और मरनेपर भी स्त्रीका अधिकार रहे। यही स्त्री-जातिके लिये बहुत लाभकी बात है। ऐसा न करके पिताके घरमें अधिकारका जो कानून बनाया जा रहा है, उससे तो हानि-ही-हानि होगी—समाजमें घोर अशान्ति तथा अव्यवस्था होगी। खास करके स्त्रियोंके संकट बहुत बढ़ जायँगे। स्त्रियोंमे स्वाभाविक ही सरलता है तथा लज्जा और भय भी है, इससे वे इस समय भी पुरुषोंके द्वारा अपने हकसे वञ्चित कर दी जाती है, इस कानूनके बननेपर तो उनकी और भी दुर्दशा होगी!

आजकल धनी विधवा स्त्रियोंको भी भयानक कष्ट उठाने पड़ते हैं। यदि वह लड़का गोद लेती है तो वह लड़का उसके धनका मालिक बन बैठता है। कोई-कोई लड़के तो माताके साथ बहुत ही नीचताका बर्ताव करते देखे-सुने गये हैं। स्त्रीका निजी धन, जो फर्मके बहीखातोंमे उसके नामसे जमा है, उसे न देना; विवाह, द्विरागमन और पतिकी मृत्यु आदिके समय ससुर और पिता आदिसे मिले हुए धन और आभूषण आदिको भी हड़प लेना; उसके पतिकी जीवन-बीमाकी रकम, जो पतिके मरनेपर स्त्रीको मिलनी चाहिये, स्वयं ले लेना, उसे न देना; रहनेके लिये स्थानतक न देना; जीवननिर्वाहके लिये मासिकरूपसे भी खर्च न देना, बल्कि उसपर झूठा दोष लगाकर उसे घरसे निकाल देना आदि अत्याचार गोदके लड़के माताओंके साथ करते हैं। कहीं-कहीं तो विधवा स्त्रीके निजी रुपये और गहनोंको सास-ससुर, जेठ-जेठानी और देवर-देवरानी कब्जा करके हड़प लेते हैं और यदि नैहरमें रकम या गहना रहा तो उसे भाई-भौजाई आदि हड़प जाते हैं। वह बेचारी रोती-कलपती और क्लेश भोगती रह जाती है। ससुराल, नैहर और अपनी इज्जतको ध्यानमें रखकर वह लज्जाके मारे अपने ससुरालवालों या नैहर-वालोंपर कानूनी कार्रवाई भी नहीं करना चाहती और बिना ऐसा किये कोई उसे एक पैसा देता नहीं। ऐसी कोई बहिन यदि अदालतकी शरण लेना भी चाहती है तो कोई भी उसकी मदद भी नहीं करता—न समाजके लोग, न सरकार और न कानूनी पेशा करनेवाले वकील आदि ही। इस स्थितिमे उसका जीवन कितने संकटमें बीतता है, इसे वही जानती है। इधर दुराचारी लोग विविध साधनोंसे स्त्रियोंका सतीत्व नष्ट करनेपर तुले रहते है। ऐसी अवस्थामे वह बेचारी क्या करे! विधवाओंके इस घोर दुःखको देखकर मनुष्यका हृदय काँप जाता है। अतः विधवा बहिनोंके इस दुःखकी ओर समाज, सरकार, वकील आदि सभीको ध्यान देकर उनकी यथासाध्य सहायता करनी चाहिये और उनके निजी गहने तथा रुपये उनके हकके अनुसार उनको मिल जायँ, इसके लिये तथा उनके सतीत्वकी रक्षाके लिये सभीको विशेष प्रयत्न करना चाहिये।

विवाहमें दहेज देनेकी प्रथा भी दिनोंदिन बढ़ती जा रही है, यह देशके लिये बहुत ही घातक है। यह कुप्रथा प्रायः समस्त देशमें, भारतके प्रायः सभी प्रान्तोंमें और सभी जातियोंमें फैल गयी है। इसके कारण एक लड़कीके विवाहमें धनी पिताके तो लाखों रुपये खर्च होते ही है। साधारण श्रेणीके मनुष्यके भी एक लड़कीके विवाहमें पाँच-सात हजार रुपये खर्च हो जाते हैं और गरीब आदमीको भी कम-से-कम हजार आठ सौ रुपये तो खर्च करने ही पड़ते हैं।

नहीं तो, लड़कीकी शादी होनी ही सम्भव नहीं। यह बहुत ही दुःखकी बात है। किसीके चार-पाँच लड़कियाँ हों तो उस बेचारेका तो जीवन ही भाररूप हो जाता है। यदि वह कहीं सौ-पचास रुपये मासिककी नौकरी करता है तो उनसे तो उसका घरका खर्च ही पूरा नहीं पड़ता। फिर वह चार-पाँच लड़कियोंका विवाह किस प्रकार करे? न तो उसे रुपये उधार मिलते हैं और न माँगनेपर ही मिलते हैं। इस दुःखके कारण कोई-कोई माता-पिता और कन्या तो आत्महत्यातक कर लेते हैं। ऐसी घटनाएँ प्रायः होती रहती हैं। इन दुःखपूर्ण आत्म-हत्याओंको रोकनेके लिये सरकार और जनताको उचित है कि इस बढ़ती हुई दहेज-प्रथाको साम, दाम, दण्ड, भेद—किसी भी प्रकारसे रोके। नहीं तो, देश, जाति और धर्मकी भारी हानि हो सकती है। देशका महान् ह्रास हो जानेपर फिर कोशिश करनेपर भी कोई लाभ सम्भव नहीं। अतएव इसका शीघ्र सुधार होना चाहिये।

विवाह-शादीके समय अत्यधिक बिजली जलाने, शानदार मण्डप बनाने, आतिशबाजी करने, सिनेमा-नाटक आदि करवाने और मादक वस्तुओंके सेवन करने आदि कार्योंमें जो फिजूलखर्च होता है तथा लोगोंकी आसक्ति बढ़ती तथा रुचि बिगड़ती है, इससे बचनेके लिये भी प्रयत्न करके इनको बंद कराना चाहिये। बारात आनेके समय जो पार्टी दी जाती है, उसमें बड़े लोगोंके यहाँ प्रायः होटलके द्वारा प्रबन्ध होता है, जिसमें परोसनेवालोंमें सभी जातिके तथा विधर्मी भाई भी रहते हैं, उसमें एक पंक्तिसे बची हुई जूँठी मिठाई तथा नमकीन चीजें दूसरी पंक्तिवालोंको परोसी जाती हैं। इससे स्वास्थ्य, धर्म और धनकी प्रत्यक्ष हानि होती है। दुःखकी बात है कि जहाँ अपनी प्राचीन परिपाटीके अनुसार अपने घरपर आये हुए अतिथि महानुभावों तथा सगे-सम्बन्धियों और बन्धुओंके भोजनार्थ घरहीमें पवित्र सामग्री तैयार करवाकर स्वयं ही बड़े ही विनय, प्रेम और उत्साहके साथ परोसना और उनका आतिथ्य करना चाहिये, वहाँ उनका होटलोंकी बनी अपवित्र और व्याधिकारक सामग्रीसे होटलोंके खानसामोंद्वारा आतिथ्य करवाया जाता है। यह वस्तुतः उन अतिथियोंका घोर अपमान है। यह भी कम खेदकी बात नहीं है कि आजकल वे अतिथि भी इस भ्रष्टाचारको ही पसंद करने लगे हैं। पर ऐसा होना नहीं चाहिये और इस विषयमें अपनी प्राचीन संस्कृति तथा रीतिके अनुसार ही बर्ताव-व्यवहार करना चाहिये। उसीसे कर्तव्य-पालन होगा तथा ठीक समझमें आ जानेपर अतिथिको भी विशेष प्रसन्नता होगी।

विवाह-शादीके अतिरिक्त अन्य समय भी यदि किसी भी सज्जनको हम चाय या भोजनके लिये बुलाते हैं तो उसका प्रबन्ध भी पवित्रताके साथ स्वयं ही करना चाहिये, होटलोंके द्वारा नहीं करवाना चाहिये। अधिकांश होटलोंमें तो मांस, मछली, अंडे, मदिरा आदि अपवित्र पदार्थोंका प्रायः ही संसर्ग रहता है, जिससे धर्म, प्रतिष्ठा और शारीरिक स्वास्थ्यकी भी हानि होती है। इसके अतिरिक्त, स्वयं भी होटलोंमें जाकर भोजन करना हमारे प्रतिष्ठा, धर्म और स्वास्थ्यके लिये सर्वथा हानिकर और अपमानजनक है; क्योंकि उनमें मांस, मछली, अंडे, मदिरा आदि अपवित्र, घृणित और हिंसात्मक पदार्थोंका संसर्ग रहता ही है। किसी-किसी होटलमें तो गो-मांसतक रहता है, जिससे परहेज होना असम्भव है। अतएव होटलोंका संसर्ग किसी भी प्रकार नहीं करना चाहिये। इन्हीं सब बातोंको ध्यानमें लाकर ही ऋषि-मुनियोंने विदेशोंमें जाना मना किया था।

जन्म, उपनयन और मरणके समय भी जो कुरीतियाँ और फिजूलखर्च बढ़े हुए हैं उनका भी सुधार

करना चाहिये । जन्मके समय बालकके जातकर्म, बादमें नामकरण-संस्कार किये जाने चाहिये तथा यथासमय उसका उपनयन होना चाहिये, सो जातकर्म-नामकरणादि संस्कार तो प्रायः किये ही नहीं जाते, उपनयन होता है । संस्कारोंके स्थानपर शास्त्र-विरुद्ध आयोजन किये जाते हैं और उपनयनमें कहीं-कहीं बड़ा आडम्बर किया जाता है । तरह-तरहके खेल होते हैं, अपवित्र वस्तुओंका सेवन होता है । गरीबोंको न देकर व्यर्थ ही पार्टियाँ की जाती हैं । इन सबपर भी विचार करना तथा इनमें जो अनुचित हों, उन्हें बंद करना चाहिये।

मरनेके पश्चात् मृतकके लिये तिलाञ्जलि, दशगात्र, नारायणबलि, सपिण्डी-श्राद्ध, यथाशक्ति ब्राह्मण-भोजन और अत्यन्त निकटवर्ती कुटुम्बियोंको भोजन करानेके अतिरिक्त जो व्यर्थ खर्च किया जाता है, उसको बिल्कुल बंद कर देना चाहिये ।

भारतमें गो-जातिका भी दिनों-दिन ह्रास होता जा रहा है । प्रतिवर्ष लाखोंकी संख्यामें गो-जातिकी हत्या होती है और उनका चमड़ा और सूखा मांस विदेशोंमें भेजा जाता है । इस कारण भारतवासियोंको घी-दूधका मिलना दुर्लभ-सा हो चला है । लोग घीकी जगह नकली घी—जमाया तेल (वेजिटेबल) व्यवहारमें लाते हैं, जो स्वास्थ्यके लिये अत्यन्त हानिकर है । विदेशोंसे हजारों टन सुखाये हुए दूधका पाउडर तथा रिफाइंड तेलके नामसे जानवरोंकी चर्बी भारतमें आती है, अब तो अमेरिकासे घी भी आ रहा है ! यह हमारे लिये बड़े ही दुःख और लज्जाकी बात है । जिस देशके एक ही प्रान्तमें करोड़ों दुधारू गायें रहती थीं, आज वहाँ वैसी दुधारू गायें हजारों भी नहीं मिलतीं । इस बातपर विचार करके सारे देशमें गो-धनकी वृद्धि हो, इसका विशेषरूपसे प्रयत्न होना चाहिये और कानूनसे गो-हत्या कतई बंद कर देनी चाहिये ।

कोई-कोई भाई कहते हैं कि चौदह वर्षसे अधिक उम्रकी बूढ़ी गायोंकी यदि हत्या न की जायगी तो अच्छी गायोंके लिये चारा नहीं मिलेगा । पर यह उनकी दूरदर्शिता नहीं है । प्रथम तो चौदह वर्षसे कम उम्रके गाय, बैल और बछड़े, बछड़ियाँ आदि भी प्रत्यक्ष अधिक संख्यामें मारे जा रहे हैं, कलकत्ते तथा बम्बईके कसाईखानोंमें जाकर देख सकते हैं । दूसरे, बूढ़ी गाय भी जो गोबर-गोमूत्र करती है, उसकी खादसे अन्न और घासकी उपज इतनी अधिक होती है कि उससे उन वृद्ध गायोंका अनायास ही पालन हो सकता है । उनकी खूराकके लिये चिन्ता करना ही भूल है । फिर, स्थान-स्थानपर अच्छे गो-सदनोंकी स्थापना करके ऐसी गायोंको बचाना सरकार तथा जनताका धर्म है ।

सिनेमा (चलचित्र) का प्रचार-प्रसार दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है, मनोरञ्जनकी सामग्री तथा कला-व्यवसायके नामपर सरकार भी इसमें पर्याप्त सहायता कर रही है, परंतु इससे देशका कितना भयानक नैतिक पतन हो रहा है, आर्य स्त्रियोंकी सांस्कृतिक प्रतिष्ठाका कितना घोर विनाश हो रहा है, धन, स्वास्थ्य, धर्म तथा सदाचारकी कितनी असह्य हानि हो रही है, इसकी ओर बहुत कम लोगोंका ध्यान है । दिनों-दिन बढ़नेवाली चरित्र-हीनता सिनेमाका अवश्यम्भावी दुष्परिणाम है, परंतु क्या किया जाय, विनाशको ही उत्थान माना जा रहा है । तथापि हमारी सरकार तथा देशके विचारशील पुरुषोंसे यह साग्रह अनुरोध है कि वे इसकी भीषण बुराइयोंको समझें और जनताको उससे बचानेका समुचित प्रयत्न करें ।

इधर हमारे देशमें डाक्टरोंकी संख्या दिनोदिन बढ़ती जा रही है । साथ-ही-साथ बीमारियाँ भी बढ़ रही हैं । खेद तो इस बातका है कि अच्छे-अच्छे सद्वैद्य भी अपने लड़कोंको डाक्टरी पढ़ाते हैं—पैसेके

लोभमें हो, या आयुर्वेदपर उनका विश्वास हट गया हो, पर होता यही है। डाक्टरी दवाओंका मूल्य इतना अधिक है कि भारतकी गरीब जनता उसे सहन नहीं कर सकती। कोई गरीब भाई बीमार पड़ जाता है और यदि वह डाक्टरी इलाज करवाता है तो डाक्टर और कम्पाउंडरकी फीस, उनका वाहन-भाड़ा, इंजेक्शन-दवा आदिकी कीमत सब मिलकर इतना अधिक हो जाता है कि उस गरीबका एक मासका वेतन एक ही दिनमें स्वाहा हो जाता है। गरीब भाइयोंको इलाजके लिये न तो कोई ऋण देता है और न कोई माँगनेपर ही कुछ देता है। बिना द्रव्यके कोई डाक्टर इलाज नहीं करता। कई भाई तो खर्चकी तंगीके कारण बिना इलाजके तड़प-तड़पकर मर जाते हैं। थाइसिस (यक्ष्मा) के रोगीको तो हरेक जगह रहनेके लिये स्थान भी नहीं मिलता तथा सेनिटोरियमका इलाज इतना महँगा पड़ता है कि एक गरीब भाई उसे बर्दाश्त नहीं कर सकता। यक्ष्माके रोगके कारण आदमी मरता तो है ही, पर रोगकी चिन्ता और धनाभावके कारण इलाजकी चिन्तासे भी जलता रहता है। पर विदेशी दवाओंका मोह इतना बढ़ गया है कि यह सब सहकर भी रोगी उसीकी इच्छा करता है।

विदेशी दवाइयाँ हमारे शरीरोंको अनुकूल भी नहीं पड़तीं तथा इनके लिये विदेशोंके पराधीन भी होना पड़ता है। गरीब भारतके लिये खर्च भी बढ़ता है। साथ ही डाक्टरी दवाओंमें मछलीका तेल, घोड़ेका खून, गायका पित्त, शराब, अंडा, गाँठे, पशु-पक्षियोंका मांस, खून, चर्बी आदिका अत्यधिक प्रयोग किया जाता है, अतः इनमें अपवित्रता और अत्यधिक हिंसा होनेके कारण धर्मकी भी विशेष हानि है।

आयुर्वेदकी चिकित्सा उच्चकोटिकी, धर्मयुक्त, त्रिकालज्ञ ऋषियोंके महत्त्वपूर्ण अनुभवसे युक्त, कम खर्चीली, पवित्र और अद्भुत चमत्कार दिखानेवाली ओषधियोंसे परिपूर्ण है। जड़ी-बूटी और काष्ठादि औषधसे कम पैसोंमें ही इलाज हो जाता है और खर्चीला जीवन न होनेसे वैद्योंकी फीस भी डाक्टरोंसे कम ही है; किंतु दुःखकी बात है कि चरक, सुश्रुत, वाग्भट आदि त्रिकालज्ञ ऋषियोंद्वारा रचित आयुर्वेदके ग्रन्थोंकी अवहेलना होती जा रही है और ओषधियोंका ज्ञान न होने तथा उनके प्रति आदर न होनेके कारण यह महान् विज्ञान हमारे देशसे नष्ट होता जा रहा है।

अतएव सरकारसे और धनी महानुभावोंसे हमारा अनुरोध है कि आयुर्वेदिक चिकित्सालय जगह-जगह खोले जायँ, जिनसे सस्ती और शुद्ध चिकित्सा हो सके एवं आयुर्वेदकी शिक्षा-दीक्षाके लिये स्थान-स्थानपर आयुर्वेदके विद्यालय भी खोले जायँ। आयुर्वेदकी रक्षा और वृद्धिके लिये धनी-मानी देशवासियोंको और सरकारको विशेष ध्यान देकर प्रयत्न करना चाहिये। नहीं तो, हमारे देशसे एक बहुत बड़े विज्ञानकी हानि हो जायगी, जिसकी पूर्ति सहज सम्भव नहीं।

देशमें आजकल स्कूल और कालेजोंमें जो शिक्षा-दीक्षा दी जाती है, उससे वस्तुतः देशके बालकोंकी बड़ी हानि हो रही है। वे हमारी भारतीय संस्कृतिसे वञ्चित रहकर पाश्चात्य संस्कृतिमें रँगे जाते हैं। बालकोंमें सदाचार, सद्गुण, ईश्वरभक्ति, बड़ोंके प्रति आदरभाव, जो हमारी भारतीय संस्कृतिके महत्त्वपूर्ण अङ्ग हैं, उनका दिनोदिन ह्रास होता जा रहा है। इसके विपरीत पाश्चात्य सभ्यताकी वृद्धि हो रही है, साथ ही दुर्गुण, दुराचार, नास्तिकता, उद्दण्डता और निर्लज्जता बढ़ती जा रही है, जो कि बालकोंके लिये और देशके लिये अत्यन्त हानिकारक है; क्योंकि ये बालक ही देशके भावी नागरिक होंगे। इनका जैसा भाव और चरित्र होगा, वैसा ही देशका स्वरूप होगा। हमारे देशके बड़े-बड़े अधिकारी भी इस बातको जानते हैं तथा स्वीकार करते हैं, किंतु अभीतक इसका सुधार

नहीं हो पाया है । अतएव इसपर शीघ्र ध्यान देना चाहिये और बालकोंको ऐसी शिक्षा देनी चाहिये, जिससे भारतीय संस्कृतिका ज्ञान बढ़े और उनकी शारीरिक, ऐन्द्रियिक, मानसिक, बौद्धिक, भौतिक, व्यावहारिक, नैतिक, सामाजिक, धार्मिक और आध्यात्मिक उन्नति हो । बालकोंकी सर्वाङ्गीण उन्नतिसे ही देशकी उन्नति है । इसलिये शिक्षा-दीक्षाका सुधार विशेषरूपसे होना चाहिये ।

इस समय हिंदू-धर्मपर भी काली घटा छायी है । धर्मके प्रचारकी बात तो दूर रही, बल्कि उसके पालन करनेवालोंपर विपत्तिके पहाड़ टूट रहे है । हमारे ईसाई और मुसल्मान भाई अपने धर्मका प्रचार करते हैं, उसमे सरकारकी ओरसे कोई रुकावट नहीं है, बल्कि मस्जिदों-के लिये भारत-सरकार समय-समयपर पर्याप्त सहायता करती है । ईसाई भाइयोंको अमेरिका आदि देशोंसे धनकी पर्याप्त सहायता मिलती रहती है । उनके लिये भी सरकारकी ओरसे कोई रुकावट नहीं है । दुःखकी बात है कि जो सुविधा और सहायता मुसल्मान और ईसाई भाइयोंको उनके धर्म-प्रचारके लिये मिलती है, कम-से-कम उतनी तो हिंदुस्थानमें हिंदुओंको मिलनी ही चाहिये, नहीं तो, हिंदू-धर्मका ह्रास होकर हिंदुस्थानमें मुसल्मान और ईसाइयोंकी संख्या ही अधिक मात्रामें बढ़ सकती है, जिससे आगे चलकर सरकारके लिये ही कठिनाई हो सकती है । भारतमें प्रतिवर्ष ईसाइयोंकी संख्या जोरोंसे बढ़ रही है । इस बाढ़में सरकारको न्याययुक्त रुकावट डालनी चाहिये । इसी प्रकार मुसल्मान भाइयोंकी संख्या भी उत्तरोत्तर बढ़ रही है । मुसल्मान भाई चार स्त्रियोंके साथ विवाह करके दो सालमें चार संतान उत्पन्न कर सकते हैं; किंतु हिंदू एक ही स्त्रीके साथ विवाह करके दो वर्षमें एक संतान ही पैदा कर सकता है । यद्यपि एक स्त्रीके साथ विवाह करना ही आदर्श है, परंतु यह आदर्श भारतमें सभी वर्गके लोगोंके लिये होना चाहिये । इसलिये भारतमें जो ऐसा कानून बने, वह केवल हिंदुओंके लिये ही नहीं, मुसल्मान, ईसाई सभीपर लागू होना चाहिये ।

हिंदू भाइयोंसे प्रार्थना है कि जैसे ईसाई भाई अपने धर्म और जातिकी उन्नतिके लिये अपने धर्मकी पुस्तकें बहुत कम दामोंमें बेचते हैं, इसी प्रकार कम दामोंमें अपने हिंदू-धर्मकी पुस्तकोंका प्रचार करना चाहिये । ईसाई भाई जिनको ईसाई बनाते हैं, उनके रोगादिकी निवृत्तिके लिये अस्पताल और विद्याके लिये विद्यालय आदि खोलते हैं और साथ ही उनमें अपने ईसाई धर्म की शिक्षा भी देते है । इसी प्रकार हिंदू भाइयोंको तमाम हिंदुओंके लिये छोटे-से-छोटे स्थानमें भी बिना मूल्य शिक्षा, चिकित्सा तथा सेवा और सहायताकी समुचित व्यवस्था करनी चाहिये और पाठशाला विद्यालयोंमें अन्य शिक्षाके साथ गीता-रामायण आदिकी पढ़ाई अनिवार्य करनी चाहिये ।

देशकी सर्वमान्य भाषा संस्कृत, राष्ट्रभाषा हिंदी और देवनागरी लिपि ही राष्ट्रिय लिपि होनी चाहिये । इनमें संस्कृतपर विशेष ध्यान देना चाहिये; क्योंकि हमारी संस्कृतिका स्रोत संस्कृतमें ही है । हमारे सब धार्मिक ग्रन्थ संस्कृतमें ही हैं तथा संस्कृत ही हमारी आदि भाषा है । इसमें थोड़ेसे शब्दोंमें ही बहुत अर्थ और भावसे युक्त विषय भरे जा सकते हैं । संस्कृतमें एक धातुके सैकड़ों रूप बनते हैं, जो दूसरी भाषाओंमें कदापि सम्भव नहीं । ऐसी अनेक विशेषताओंसे सम्पन्न संस्कृत भाषा ही है । अतः सभीको इसकी सब प्रकारसे रक्षा और उन्नति करनी चाहिये ।

इस लेखमें मैंने कुछ आवश्यक विषयोंकी ओर पाठकोंका ध्यान आकर्षित किया है, इसपर यदि ध्यान दिया जायगा तो देशवासियोंका बड़ा हित होगा और मैं आप सबका बड़ा अनुग्रह समझूँगा ।

विचार-महिमा

(लेखक—स्वामीजी श्रीचिदानन्दजी सरस्वती)

संसारदीर्घरोगस्य सुविचारो महौषधम् ।
कोऽहं कस्य च संसारो विवेकेन विलीयते ॥

यह श्लोक योगवाशिष्ठका है। इसका भाव यह है कि बार-बार जन्म लेने और मरनेका संसार नामक रोग जीवको अनादि-कालसे लग रहा है। इस रोगकी निवृत्तिके लिये यदि कोई अमोघ औषध है तो वह है—सद्विचार। सद्विचार कैसे करना चाहिये, इसे समझाते हुए कहते हैं कि—'मैं कौन हूँ' 'यह संसार किस प्रकार और किसको प्राप्त हुआ है?' इन प्रश्नोंपर विचार करना चाहिये। इस प्रकार विवेकपूर्वक विचार करनेसे, जैसे औषधके सेवनसे रोग शान्त हो जाता है, वैसे ही संसार भी शान्त हो जाता है। अर्थात् भव-बन्धन कट जाता है—जन्म-मरणके चक्रका अन्त आ जाता है।

जिज्ञासु—महाराज! श्रुतिमें एक जगह कहा है—

'विचारान्मोक्षो भवति, तस्मात् सदा विचारयेत्।'

'विचारसे मोक्षकी प्राप्ति होती है, अतः सदा विचार करते रहना चाहिये।' मैं तो सदा 'विचार' ही करता रहता हूँ, परंतु उसके फलस्वरूप मोक्षकी प्राप्ति होती हो, ऐसा मुझे तो नहीं दीखता। फिर उपनिषद्के इस वचनको सत्य माना जाय या नहीं, इसे आप ही समझाइये।

संत—बताओ तो सही, तुम कैसे विचार किया करते हो? तुम्हारी विचार-सरणी जाने बिना, उस विचार-सरणीसे मुक्ति प्राप्त होगी या नहीं, यह मैं कैसे बता सकता हूँ। अतएव तुम कैसे विचार करते हो, यह पहले बताओ तो फिर उसपर सोचा जाय।

जिज्ञासु—महाराज! सुनिये, मैं विचार करता हूँ कि भगवान्ने गाय-भैंसको चार-चार थन दिये तो फिर भेड़-बकरीको चार क्यों नहीं दिये? भगवान्के घर क्या कमी थी जो इतना सकोच किया! बकरीके गलेमें दो थन हैं, उनसे दूध क्यों नहीं निकलता। फिर विचार आता है कि अमुकके पास मकान है, मोटर है, बाल-बच्चे हैं, पर अमुकके ये क्यों नहीं हैं। आदमी तो वह उसके-जैसा ही है। कभी विचार आता है सूर्य उदयके समय एकदम लाल होता है, फिर सफेद हो जाता है, उसका यह लाल रंग कैसे धुल जाता होगा? ऐसे-ऐसे महाराज! न मालूम कितने ही विचार आया करते हैं, परंतु इनसे मोक्षकी प्राप्ति तो होती नहीं दिखायी देती।

संत—भाई! विचारके द्वारा मोक्ष-लाभ होता है, श्रुतिका यह कथन ऐसे विचारोंके लिये नहीं है। इन विचारोंको तो 'कुविचार' या 'अविचार' कहा जाता है। श्रुतिमें जिस 'विचार'-के लिये कहा गया है उसका दूसरा नाम 'विवेक' है, परंतु इस विवेकका अर्थ शिष्टाचारमें आया हुआ 'विवेक' नहीं है। तुम यहाँ आते हो, तब 'ॐ नमो नारायणाय' कहते हो, इसे तुम्हारा विवेक कहा जा सकता है। ऐसे सामान्य विवेकमें मोक्षसाधक विवेकको अलग करनेके लिये 'सदसद्वस्तु' उसके साथ जोड़ा जाता है अर्थात् त्रिकालमें कौन वस्तु सत्-सच्ची है और कौन असत् यानी सच्ची नहीं है, प्रतीति-मात्र है इसका निर्णय करनेवाले विवेकको मोक्षसाधक माना जाता है और ऐसे सत् तथा असत्का विवेक करनेके लिये जो 'विचार' किया जाता है, उसी विचारको श्रुतिने मोक्षकी प्राप्ति करानेवाला बताया है।

अब पहले तो यह देखें कि श्रीशङ्कराचार्यने 'अपरोक्षानुभूति' में विचारकी क्या रीति बतायी है, इसके बाद दो-एक अन्य विचार-पद्धतियोंको विस्तारसे देखेंगे।

कोऽहं कथमिदं जातं को वा कर्तास्य विद्यते।
उपादानं किमस्तीह विचारः सोऽयमीदृशः ॥

'इस प्रकार विचार करना चाहिये कि मैं कौन हूँ? इस विश्वकी उत्पत्ति कैसे हुई है? इस विश्वका रचयिता कौन है? और उसका मूल उपादान कारण क्या है?'

नाहं भूतगणो देहो नाहं चाक्षगणस्तथा।
एतद्विलक्षणः कश्चिद् विचारः सोऽयमीदृशः ॥

फिर इस प्रकार विचार करना चाहिये कि 'यह देह पञ्च भूतोंका बना हुआ है, मैं देह नहीं हूँ, इन्द्रियाँ भी मैं नहीं हूँ, मैं तो इनसे विलक्षण ही हूँ।'

अब हम स्वतन्त्र विचार करें। साधकके अधिकारानुसार विचारकी पद्धति पृथक्-पृथक् होती है, अतः सभी विचार सरणियोंका एक साथ विचार करना सम्भव नहीं है; क्योंकि अधिकारभेदसे उनका पार नहीं है। अतएव यहाँ नमूनेके तौर पर एक विचारसरणी समझायी जाती है, इससे यह समझ सकोगे कि किस प्रकार विचार करनेसे मोक्षकी प्राप्ति हो सकती है।

देखो, विचार करनेपर पता लगेगा कि 'जगत्‌में दो ही पदार्थ हैं—एक द्रष्टा और दूसरा दृश्य । अतएव जो द्रष्टा नहीं है, वह दृश्य ही है और जो-जो पदार्थ दृश्य कोटिमें होते हैं, वे द्रष्टा नहीं हो सकते । इस प्रकार जगत्‌को दो भागोंमें विभक्त किया जा सकता है । उदाहरणके लिये—ज्ञाता और ज्ञेय, चेतन और अचेतन यानी जड, भोक्ता और भोग्य, विकारी और अविकारी तथा नित्य और अनित्य आदि-आदि । अब आगे विचार करें—द्रष्टा देखनेका कार्य करता है, अतएव वह चेतन पदार्थ होना चाहिये; क्योंकि चेतनके बिना देखनेकी क्रिया सम्भव नहीं है । इसलिये दृश्य पदार्थ अचेतन यानी जड होना चाहिये । द्रष्टा पदार्थ तो एकका एक ही रहता है और दृश्य बदला करते हैं । द्रष्टा पुरुष एक समय गाय देखता है, दूसरे समय घोडा देखता है, थोड़ी देर बाद घोड़ागाड़ी या मोटर देखता है । ये दृश्य पदार्थ बदला ही करते हैं, पर वह द्रष्टा पुरुष तो एक ही रहता है और पृथक्-पृथक् दृश्य-पदार्थोंको देखता है । पृथक्-पृथक् दृश्य पदार्थोंको देखनेमें द्रष्टामें कोई विकार नहीं होता ।

फिर, जाग्रत् और स्वप्नमें अनुक्रमसे स्थूल और सूक्ष्म प्रपञ्च दिखायी देता है, परंतु सुषुप्तिमें प्रपञ्चका अभाव दीखता है । तथापि, द्रष्टा पुरुष तो तीनों अवस्थाओंमें एक-रस और निर्विकार रहता है । जाग्रत्-स्वप्नमें प्रपञ्चका अनुभव करता है और सुषुप्तिमें प्रपञ्चके अभावका अनुभव करता है । इसलिये द्रष्टा पुरुष सत् है, क्योंकि तीनों कालोंमें एकरस रहता है । ऐसा सत् और चेतन द्रष्टा ही आनन्दरूप होता है, असत् और जड पदार्थ आनन्दरूप नहीं होता । अतएव द्रष्टाका स्वरूप सिद्ध होता है—सत् चित् आनन्द, और दृश्यका स्वरूप उससे विरुद्ध असत् जड और दुःखरूप सिद्ध होता है ।

इस तथ्यको शास्त्रमें यों समझाया गया है—

दृग् दृश्यौ द्वौ पदार्थौ स्तः परस्परविलक्षणौ ।
दृग् ब्रह्म, दृश्यं मायेति सर्ववेदान्तडिण्डिमः ॥

इस जगत्‌में द्रष्टा और दृश्य दो ही पदार्थ हैं और वे दोनों एक दूसरेसे विलक्षण लक्षणवाले हैं । उदाहरणतः द्रष्टा अविकारी है, दृश्य विकारी है, द्रष्टा नित्य है, दृश्य अनित्य है आदि । ब्रह्म द्रष्टा है और माया दृश्य है । यों द्रष्टाका लक्षण सत्, चित् और आनन्द होता है; क्योंकि ब्रह्मका यही लक्षण है । दृश्य माया होनेके कारण परिवर्तनशील है, अतः असत्, जड और दुःखरूप है । यह सर्ववेदान्तका सिद्धान्त है ।

अब जरा कुछ और आगे विचार करें । हमने देखा कि द्रष्टा और दृश्य दो ही पदार्थ जगत्‌में हैं । अतः अब तुम्हें यह निश्चय करना पड़ेगा कि इन दोनोंमें तुम कौन-से पदार्थ हो । स्वयं क्या है अर्थात् अपना स्वरूप क्या है, इसे जाने बिना पुरुषको शान्ति नहीं मिल सकती, अतएव यह निश्चय करो कि दोनोंमें तुम क्या हो । यदि तुम कहो कि 'मैं दृश्य हूँ' तो यह बनता नहीं, क्योंकि तुम कहते हो—'मैं देखता हूँ कि मेरा शरीर दिनोंदिन दुबला होता चला जा रहा है' अतः तुम द्रष्टा हुए और शरीर दृश्य हुआ । फिर तुम कहते हो कि 'मैं प्रत्यक्ष देख रहा हूँ कि इस सम्बन्धमें मेरा मन मानता नहीं ।' अतः यहाँ भी तुम द्रष्टा हो और मन दृश्य है । फिर तुम कई बार यों भी कहा करते हो कि 'मैं जानता हूँ, अमुक विषयमें मेरी बुद्धि निश्चय नहीं कर पाती ।' यहाँ भी तुम द्रष्टा और बुद्धि दृश्य हुई । इस प्रकार विचार करते-करते तुमको यह निश्चय हो जायगा कि तुम स्वयं द्रष्टा हो और प्रपञ्चमात्र तुम्हारा दृश्य है ।

इस बातको श्रीशङ्कराचार्यजी इस प्रकार कहते हैं—

घटद्रष्टा घटाद् भिन्नः सर्वथा न घटो यथा ।
देहद्रष्टा तथा देहो नाहमित्यवधारय ॥

घड़ेको देखनेवाला घड़ेसे भिन्न—अलग ही होता है, वह किसी तरह भी घड़ारूप होता ही नहीं । इसी प्रकार मैं इस देहका द्रष्टा हूँ, इसलिये कभी किसी तरह भी देहरूप हो ही नहीं सकता । इस प्रकार सतत विचार करनेसे पुरुष अपने द्रष्टाभावको स्थिर कर सकता है । अब भी इससे आगे और विचार करना है । द्रष्टाका स्वरूप हम निश्चय कर चुके हैं, अतएव तुम द्रष्टा होनेके कारण सत्, चित् और आनन्दरूप हो । ऐसा सत्, चित् और आनन्दरूप परमात्माका स्वरूप है, ऐसा शास्त्र कहते हैं । 'आत्मा' और 'परमात्मा' दो शब्द हैं, वस्तु एक ही है । अपनी उपाधिके योगसे 'आत्मा' कहलाता है । फिर जबतक तुमने अपने द्रष्टास्वरूपको विचारके द्वारा नहीं जान लिया था, तबतक तुम अपनेको जीवरूप मानते थे । जीव भी अपने शुद्ध स्वरूपमें तो आत्मा ही है; परंतु भ्रमसे, जबतक द्रष्टारूप आत्मा दृश्यरूप शरीरको अपना स्वरूप मानता है, तभीतक उसकी 'जीव' संज्ञा रहती है । यह जीवपन अज्ञानके कारण कल्पित है । अतएव ज्ञान होते ही इसका बाध हो जाता है । यों तुम आत्मा ही हो । 'मैं आत्मा हूँ' ऐसे प्रत्यक्ष अनुभवका नाम ही मोक्ष है ।

इस बातको योगवाशिष्ठमें यों समझाया गया है—

यावद् विषयभोगाशा जीवाख्या तावदात्मनः ।
अविवेकेन सम्पन्ना साप्याशा हि न वस्तुतः ॥

जबतक विषयभोगकी आशा रहती है तबतक आत्माकी 'जीव' संज्ञा रहती है। यह आशा भी अविवेकके कारण ही यानी देहको अपना स्वरूप माननेके कारण ही उत्पन्न होती है; वस्तुतः तो वह असङ्ग आत्मामें है ही नहीं। आत्माका स्वरूप समझाते हुए अष्टावक्र मुनि कहते हैं—

आत्मा साक्षी विभुः पूर्णः एको मुक्तश्चिदक्रियः।
असङ्गो निःस्पृहः शान्तो भ्रमात् संसारवानिव॥

आत्मा साक्षी, व्यापक, पूर्ण, एक, मुक्त, चेतन, अक्रिय, असङ्ग, निःस्पृह और शान्त है; परंतु भ्रमसे अपनेको देहरूप मानकर स्वयं असङ्ग होनेपर भी संसारी बन जाता है।

इसी विचारसरणीका लक्ष्य करके मुक्तिकी व्याख्या करते हुए अवधूत दत्तात्रेयजी कहते हैं—

वेदान्तसारसर्वस्वं ज्ञानविज्ञानमेव च।
अहमात्मा निराकारः सर्वव्यापी स्वभावतः॥

वेदान्तके सर्वसिद्धान्तका सार इतना ही है और ज्ञान तथा विज्ञानका स्वरूप भी इतना ही है कि 'मैं आत्मा हूँ, निराकार और स्वभावतः ही सर्वव्यापी हूँ' ऐसा निश्चय करना।

इस प्रसङ्गमें कुछ सज्जन विचारको सीधा मोक्षका कारण न मानकर परम्परासे मानते हैं। वे कहते हैं कि विचारके द्वारा ज्ञान होता है और ज्ञानसे मोक्षकी प्राप्ति होती है। अपने समर्थनमें उन्होंने कहा है—

नोत्पद्यते विना ज्ञानं विचारेणान्यसाधनैः।
यथा पदार्थभानं हि प्रकाशे न विना क्वचित्॥

जैसे प्रकाशके बिना कोई वस्तु प्रत्यक्ष नहीं होती, उसी प्रकार विचारके बिना दूसरे किसी भी साधनसे ज्ञान उत्पन्न नहीं होता।

यह वचन श्रीशाङ्करमतका है, शायद अपरोक्षानुभूतिका हो। भाव यह है कि विचारको छोड़कर अन्य किसी भी साधनसे ज्ञानका उदय नहीं होता। हम कहते हैं कि ज्ञानके उदयका नाम ही मोक्ष है। अतः विचारको मुक्तिका प्रत्यक्ष साधन माना जाय या नहीं, इसमें कथनके विभिन्न प्रकारोंके अतिरिक्त अन्य कुछ भी तारतम्य नहीं है।

इतनी बातें सुनने या रटकर मुखस्थ कर लेनेसे ही मुक्ति नहीं मिलती। उसके लिये तो समस्त जीवनको बदल देना पड़ेगा। उसे सदाचारमय बनाना पड़ेगा, प्रतिदिन सुबह-शाम अमुक संख्यामें भगवान्‌के किसी नामका जप अथवा गुरुमन्त्र हो तो उसका नियमित जप करना पड़ेगा। इसके पश्चात् चलते-फिरते, सोते-बैठते और जब-जब समय हो तभी जप चालू रखना चाहिये, यथाशक्ति दान भी करना चाहिये, दीन-दुखियोंकी सहायता करनी चाहिये तथा समय मिले तभी एकान्तमें बैठकर उपर्युक्त प्रकारसे विचार करना चाहिये। यों करते रहनेपर अन्तःकरण निर्मल होगा, तब अपने आप ही ज्ञानका उदय होगा।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

पद

(रचयिता—श्रीआरसीप्रसादसिंहजी)

जगमें कमल, कमलमें सौरभ,
सुरभि-समीर बिलास है।
संतो ! ऐसे रहना जगमें,
अति दुस्तर यह मग है।

हरिके सम्मुख, विमुख जगत्‌से ;
ज्यों सीपीमें मोती।
प्रीति नहीं वह, जो देनेके
अवसरपर चुप होती।

होगा वश पड़ा खलनमें,
वैसे राजमुकुट पर।
ज्वालामें तपकर आ जाता
कञ्चन और निखर कर।

यह मग है कृपाणकी धारा,
पग मस्ती डगमग है।
संतो ! ऐसे रहना जगमें,
यह अति दुस्तर मग है।

ठगके बीच साधु हो जाना,
आठों पहर सजग है।
संतो ! ऐसे रहना जगमें,
अति दुस्तर यह मग है।

श्रीकृष्णलीलाका चिन्तन

(७९)

यद्यपि प्रलम्बने वेशका अनुकरण करनेमे कोई कसर नहीं की; बाह्यदृष्टिमे वह सचमुच गोपशिशुके रूपमें ही परिणत हो गया; श्रीकृष्णसङ्गसे दिनभरके लिये वञ्चित हुए, मनमें अभिभावकोंद्वारा रुद्ध उस बालककी सम्पूर्ण मुद्राएँ, चेष्टाएँ सोच-सोचकर उसने अपनेमे व्यक्त कर लीं; और यहाँ आकर इस समाजमें मिश्रित होनेके उद्देश्यसे, इसका ही आश्रय ले लेनेकी इच्छासे वह इसमें हँसता हुआ प्रविष्ट भी हो गया। तथापि सर्वज्ञ, सर्ववित् श्रीकृष्णचन्द्रकी आँखें तो चमक पड़ ही गयीं —

वेशमस्थितगोपबालविशेषवेषं समुद्वह तमेव च न्युब्ज मिश्रीभवितुं शिश्रीषन् हसन्नेव तत्र प्रविष्टः परिदृष्टश्च कृष्णेन।

(श्रीगोपालचम्पूः)

और लीलाविहारी ही तो ठहरे वे; कैसे अनजान-से बन गये और हँसकर बोले —

भद्र! कथं विलम्बमालम्बथास्तथापि भद्रं दुद्रूषासमय एव समयितस्त्वमसीति। (श्रीगोपालचम्पूः)

'अरे भैया! तुमने देर क्यों कर दी रे! फिर भी बहुत सुन्दर! तुम आ तो गये ठीक खेलनेकी इच्छा करते ही।'

नीलसुन्दरके सलोने दृगोंमें प्रलम्बका यह कृत्रिम सुन्दर गोपशिशुरूप ही नहीं, इसके अन्तरालमें प्रतिष्ठित महाभयङ्कर असुर देह तथा इससे भी पूर्व जब वह 'विजय' नामक गन्धर्वके शरीरमें अधिष्ठित था, उस समयकी घटना, विजय गन्धर्वकी भावना—सब कुछ प्रतिचित्रित हो उठा। यह शिशु—नहीं-नहीं प्रलम्बासुर अभी-अभी तो निराश कंस-सम्राट्को क्रोधमें भरकर आश्वासन दे आया है'''घबरायें नहीं प्रभो! क्या वह सामान्य गोपशिशु नष्ट नहीं होगा? अहो! सर्वविध्वंसी कालकी महिमा बड़ी विचित्र है; हिमाचलको भी वह दग्ध कर देता है, उसके आश्रित नद-नदी-तड़ागोंको भी वह सोख लेता है।'

अहो! सर्वङ्कषज्वालस्य कालस्य महिमा हिमाचलमपि ज्वलयति तदाश्रितांस्तडागांश्च ताडयति।

(श्रीगोपालचम्पूः)

क्या इस अभिसन्धिसे ही वह इस समय यहाँ वनमें आया है—'राम कृष्ण दोनोंको ही कंधोंपर उठाकर शीघ्र मधुवनकी सीमामें कंसके समीप ले जाऊँगा।'

द्वयमपि प्रक्षिप्य क्षिप्रमेव भोजराजपरिसरं परि समुपहरिष्यामीति। (श्रीगोपालचम्पू)

सर्वथा भूल गया है वह अपने अतीतके जीवनको। वह हूबहू गन्धर्वका पुत्र विजय था। कुसुम-चयन करने आया था चैत्ररथ वनमें। यक्षपति कुबेरके शापकी बात उसे ज्ञात न थी—'जो भी मेरे इस उद्यानसे पुष्प ग्रहण करेगा, वह—देव हो, मानव हो—कोई भी हो असुर बनकर भूतल पर जन्म ग्रहण करेगा।' दैवप्रेरित विजयने अनजानमें ही पुष्पचयन किया और देखते-देखते ही गन्धर्व-पदसे च्युत हो गया। अवश्य ही असुर-देहमें अभिनिविष्ट होनेसे पूर्व उसने कुबेरकी शरण ले ली थी तथा यह वरदान भी वह प्राप्त कर चुका था—'विनीत गन्धर्व! चिन्ता मत करो। तुम विष्णुभक्त हो, तुम्हारी वृत्तियाँ शान्त हैं। जाओ, द्वापरके अन्तमें श्रीबलरामके हस्तकमलोंसे तुम्हें मुक्ति मिल जायगी। भाण्डीरवनमें यमुना-पुलिनपर वे प्रभु तुम्हारे अनादि संसरणको सदाके लिये शान्त कर देंगे; तनिक भी इसमें सदेह नहीं!'—पर इन बातोंकी अब उसे तनिक भी स्मृति नहीं रही है, किंतु जगन्नियन्ता कैसे विस्मृत हो जायँ। प्रलम्ब उनके दृष्टिपथमें आया—चाहे कितना भी भ्रान्त होकर क्यों न आया हो; वे करुणावरुणालय प्रभु तो भ्रान्त नहीं हैं। वे तो सम्पूर्ण अतीत-अनागतको वर्तमानके रूपमें ही नित्य देखते रहते हैं। इसीलिये इस समय यदुवंश-विभूषण प्रभुने प्रलम्बकी मैत्रीका अभिनन्दन किया है; उसे इस असुर-देहसे निकालकर दूर—बहुत दूर, प्रकृतिसे पार जो ले जाना है उन्हें!—

तं विद्वानपि दाशार्हो भगवान् सर्वदर्शनः।
अन्वमोदत तत्सख्यं वधं तस्य विचिन्तयन्॥

(श्रीमद्भा० १०। १८। १९)

प्रभु सर्वग्य जानि सब बाता। ताहि मारिबे कहँ मन राता॥
करबो सखा ता कहँ सब जानी। मरिहै खल एहि बिधि मन ठानी॥

अस्तु, नीलसुन्दरने शिशुवेशधारी प्रलम्बको स्नेहसे आप्यायित करते हुए यहाँतक कह दिया—

अद्यारभ्य सख्य ! मम परमसुहृद्वानेव ! त्वामहमक्षि-गततया स्थापयिष्यामि । श्रीदामा रामनेवान्वेतु ।

(श्रीगोपालचम्पूः)

'मित्र ! आजसे तुम्हीं मेरे परम सुहृद् हुए ! तुम्हें मैं अपनी आँखोंमें ही रक्खूँगा । श्रीदामा अब बलरामदादाका अनुसरण करे ।'

प्रलम्ब आया है उनपर अपनी चातुरीका विस्तार करने, जिनसे स्वयं विश्वस्रष्टा ब्रह्माने भी ज्ञानका संचार होता है । अतएव वह मूढ़ समझ नहीं सका श्रीकृष्णचन्द्रकी इस उक्ति-का तात्पर्य । वह तो क्या समझे, स्वयं समीपमें स्थित उनके अभिन्नस्वरूप, साक्षात् शेष अनन्तदेव श्रीबलराम भी गन्ध न पा सके कि क्यों आज अभी सहसा, उनके अनुज अपने प्राण-प्रतीक श्रीदाम सखाको उनका अनुयायी बना दे रहे हैं तथा इससे पूर्व कि दाऊ दादा कुछ पूछ बैठें, वह नवागत गोपबालक—प्रलम्ब कुछ स्वीकृति या अस्वीकृतिकी मुद्रा भी प्रदर्शित कर सके, नीलसुन्दरका मेघ-गम्भीर स्वर सर्वत्र गूँज उठा; वे अभिनवकौतुकी, क्रीड़ानायक पुकार उठे—'अरे भैयाओ ! अब तो पहले हमलोग भलीभाँति बलाबलका निर्णय करके दो दलोंमें बँट जायँ और तब खेलें ।'—

तत्रोपाहूय गोपालान् कृष्णः प्राह विहारवित् ।
हे गोपा विहरिष्यामो द्वन्द्वीभूय यथायथम् ॥

(श्रीमद्भा० १० । १८ । १९)

सकल गोप टेर जदुनाथा । क्रीडा रत बोलै गहि हाथा ॥
अहो मित्र द्वै द्वै मिलि साथा । खेल खेलिये होहु सनाथा ॥
बल वय सरिस आपने जानो । जुग जुग मिलि आवहु मनमानी ॥

× × ×

कहत कि सुनहु भिया ही हीरी । अवर खेल खेलहु बटि बीरी ॥
द्वै द्वै हे हैं आवहु ऐसें । बल अरु अबल जानि कै जैसे ॥

× × ×

सखा सिगरे निकट बोलत । स्याम तिनसों बचन खोलत ॥
सुनहु सिमु सब खेल छाँडहु । हौ कहतु सोइ खेल माँडहु ॥

क्या क्रीडा होगी—यह घोषणा तो श्रीकृष्णचन्द्र कर ही देंगे । किसे अवकाश है कि वह पूछे । वहाँ तो नीलसुन्दरके इस आदेशके साथ ही आनन्दकी सहस्र-सहस्र धाराएँ उमड़ चलीं और गोपशिशु उसमें बहने लगे 'कन्नू रे ! भैया रे ! तुमने हमारी मनचाही कर दी !'—

इस उन्मादी साधुवादके स्वरमें सबने ही समर्थन किया, और तो क्या स्तोककृष्ण भी—जो सदा दलबंदीका प्रस्ताव आनेपर भयभीत हो जाता, चिढ़ने लगता—किलक उठा; ताल ठोंककर उसने भी अनुमोदन किया । फिर क्या था, सर्वसम्मतिसे गोपशिशुओंने दलके अधिनायकका निर्णय किया; एकका नेतृत्व करेंगे बलराम तथा दूसरेका श्यामसुन्दर । यह हो जानेपर कुछ तो स्वेच्छासे श्रीकृष्णचन्द्रके अनुयायी बन गये और कुछ श्रीरामके ! कुछने क्रीडामें विभाग करनेके नियमोंका अवलम्बन लिया और उनके अनुसार विभक्त हुए । इसके अतिरिक्त शेष बालकोंका विभाग कर देनेका अधिकार भी अपने प्राणसखा 'कन्नू'को ही दे देनेका निश्चय कर उनकी ओर देखने लगे । और यह क्यों ? आज श्रीकृष्णचन्द्रने भी—पता नहीं क्यों—एक-एक शिशुको इस क्रमसे ही अपने पक्षमें लिया जो अपेक्षाकृत अपने प्रतिस्पर्धीसे न्यून बलशाली है । जो हो, श्रीकृष्णचन्द्रके मनोभिलषित दो विभाग प्रस्तुत हो गये—

तत्र चक्रुः परिवृढौ गोपा रामजनार्दनौ ।
कृष्णसंघट्टिनः केचिदासन् रामस्य चापरे ॥

(श्रीमद्भा० १० । १८ । २०)

सुनत सखा सब अति हरषाने । द्वै नृपिया करि सब बिरमाने ॥
बीरी बटि कीन्ह द्वै जूथा । राम कृष्न द्वै जूथप जूथा ॥
एक बीर भये कन्हइया । एक बीर जु राम भाइया ॥
सखा प्रभु सबर गनावतु । जुग जुग जोरिन लगावतु ॥

आजके खेलमें कौन किसका प्रतिस्पर्धी है—यह निर्णय भी स्वयं व्रजेन्द्रनन्दनने ही कर दिया । श्रीबलराम हुए शिशु-छद्मधारी प्रलम्बके प्रतिस्पर्धी और स्वयं श्रीकृष्णचन्द्रने अपने लिये वरण किया श्रीदामको—

×××बलप्रलम्बौ श्रीदामात्मानौ मिथः प्रतिसङ्घट्टिनौ सङ्घट्टय्य××× । (श्रीगोपालचम्पूः)

आप श्रीदामहि बुलावतु । राम अरु असुरहि मिलावतु ॥

अब श्रीकृष्णचन्द्रने क्रीडाका नाम एवं विवरण सबको सुना दिया । क्रीडा है 'हरिणाक्रीडन' नामक । दो-दो बालक हिरनकी भाँति चौकड़ी भरते हुए एक निर्दिष्ट स्थानकी ओर चलेंगे । जो पहले उस लक्ष्यको स्पर्श कर ले, वह विजेता है । फिर उस विजेताको वह पराजित बालक अपनी पीठपर चढ़ाकर या तो मुख्य स्थानपर ले आवे अथवा एक निर्दिष्ट स्थानतक पीठपर चढ़ाये हुए ले जाय और ले आवे ।

यह विवरण समाप्त होते-न-होते गोपशिशुओंने तो खेल

आरम्भ कर दिया। दो-दोकी अगणित जोड़ी एक साथ उठ गयी। और फिर तो देखने ही योग्य है उन बालकोंके द्वारा हरिणोंका अनुकरण। इस एक क्रीडाको ही उन सबोंने न जाने कितने विविध रूपोंमे सजा दिया—

हरिणाक्रीडनं नाम बालक्रीडनकं ततः।
प्रकुर्वन्तो हि ते सर्वे द्वौ द्वौ युगपदुत्थितौ॥
(श्रीविष्णुपु० ५। ९। १२)

आचेरुर्विविधाः क्रीडा वाह्यवाहकलक्षणाः।
यत्रारोहन्ति जेतारो वहन्ति च पराजिताः॥
(श्रीमद्भा० १०। १८। २१)

जे जीतै ते चढ़ि चलै, हारे बहै सु ताहि॥
एहि बिधि क्रीडा रचि तहाँ खेलत अति चित चाहि॥

अधिनायक राम, कृष्ण एवं उनके प्रतिस्पर्धी प्रलम्ब तथा श्रीदामकी बारी पीछे आयेगी। अभी तो शिशुओंके उद्दाम कौतुकका प्रवाह है। वाग्वादिनीको भी उनके कण्ठकी ओटसे अवसर मिल गया है। न जाने कैसी-कैसी अद्भुत विचित्र एवं रसमयी, प्रतिभामयी तुकबंदियोंकी रचना कर वे शिशु अपने आन्तरिक उल्लासको व्यक्त कर रहे है—

... ...। आवन लागे धरि धरि नाम।
कोउ लेउ चंद, कोउ लेउ सूर। कोउ खजूर, कोउ लेहु बबूर॥

किंतु अब प्रलम्बको त्वरा है—'कैसे इन दोनोंको उठाकर ले भागूँ!' फिर तो तत्क्षण ही अनन्तैश्वर्यनिकेतन व्रजेन्द्रनन्दनके हृत्तलपर भी उसकी यह त्वरा प्रतिचित्रित हो जाती है। वाञ्छाकल्पतरु ही ठहरे वे। तुरंत बोल उठे—'अच्छा श्रीदाम! आओ, तुम मेरे साथ और यह मेरा नवीन मित्र होड़ बद रहा है दाऊ दादासे। देखें, जय किसकी होती है। सामने वह भाण्डीरका विशाल वृक्ष है न। वही अवरोहणस्थान निर्दिष्ट हुआ। विजेताको वहाँतक देखो, इस स्थानसे आरम्भ करते हुए पीठपर वहन करना होगा! और फिर उस वटकी शाखाको स्पर्श कर यहाँ इसी मुख्य स्थानपर लौटना है भला! अब चलो, हमलोग चलें; और भैयाओ! तुम सब लोग भी परस्पर अपनी-अपनी जोड़ीके साथ एक बार जमकर खेल लो।'

जो हारे सो लेइ चढ़ाइ। बट भंडीर तीर लै जाइ॥

यह कहते-कहते ही उनके बिम्बविडम्बि अधरोंका स्मित किञ्चित् गम्भीर हो उठा। और वह देखो—श्रीदामके साथ ही वे उछल पड़े। प्रलम्ब भी कूदा बलरामके साथ। अपने-अपने प्रतिद्वन्द्वियोंके सहित वे अगणित शिशु भी चौकड़ी भरने लगे—

कृष्णः श्रीदामसहितः पुप्लुवे गोपसूनुना।
संकर्षणस्तु प्लुतवान् प्रलम्बेन सहानघ॥
गोपालास्त्वपरे द्वन्द्वं गोपालैरपरैः सह।
(श्रीहरिवंश १४। १९-२०)

कौन जान सकता है व्रजेन्द्रनन्दनकी गूढ़ अभिसन्धिको। इधर तो कौतुकका आनन्द उद्वेलित हो उठा है और उधर नीलसुन्दर—कालियके सहस्र फणोंको चूर्ण-विचूर्ण करनेवाले, महामहेश्वर श्रीकृष्णचन्द्र पराजय स्वीकार करने जा रहे हैं। वे तो करेंगे ही। उन्हे प्रलम्बके पीठपर बलरामको चढ़ाना जो है!

तदेवं कुतूहले तु प्रबले बलं प्रलम्बस्कन्धारूढं संधातुं जितभुजगभुजः श्रीबलानुजः पराभवमगणयत् × × ×
(श्रीगोपालचम्पूः)

केवल वे अकेले हारे हों, सो नहीं; उनके दलका प्रत्येक शिशु ही पराजित हो गया—

ले गये मारि टोर बल प्यारे। कमल नयन दिसि के सब हारे॥

और अब आगे—जय हो लीलाविहारीकी! अनन्त-ब्रह्माण्डभाण्डोदर स्वयं भगवान् व्रजेन्द्रनन्दन पराजित होकर विजेता श्रीदामको अपनी पीठपर चढ़ाकर लिये जा रहे हैं भाण्डीर वटकी ओर। साथ ही प्रलम्बके पीठपर आसीन हैं श्रीबलराम एवं भद्रसेन वहन कर रहा है वृषभको। इसी प्रकार अन्य समस्त विजयी बालक भी अपने पराजित प्रतिद्वन्द्वी शिशुकी पीठपर चढ़, आनन्दकोलाहल करते चले जा रहे हैं। तृण चरती हुई असंख्य गोराशि भी उनका अनुसरण कर रही है—

वहन्तो वाह्यमानाश्च चारयन्तश्च गोधनम्।
भाण्डीरकं नाम वटं जग्मुः कृष्णपुरोगमाः॥
उवाह कृष्णो भगवान् श्रीदामानं पराजितः।
वृषभं भद्रसेनस्तु प्रलम्बो रोहिणीसुतम्॥
(श्रीमद्भा० १०। १८। २२, २४-)

बाहत बहत ग्वाल हरि संगी। गोधन व्यूह चरत बन रंगी॥
बट भाडीर नाम है जासू। गए कृष्न संगी तहँ आसू॥
श्रीदामको पीठि चढ़ाई। हरि लै चले आपु नरराई॥
अजित पराजय सुनी न काना। भक्त अधीन एक भगवाना॥

बृषभ नाम एक गोप अनूपा । भद्रसेनि तेहि बह सुखरूपा ॥
बलबू कों लै चल्यौ प्रलंबू । चल्यो सीघ्र नहिं करउ बिलंबू ॥

× × × ×

श्रीदामा हरि पर चढ़ि चले । को ठाकुर जो खेलमैं रले ॥
बरु प्रलंब पर सोहत ऐसैं । सो उपमा अब कहियत कैसैं ॥
बट भंडीर तीर लगि चढ़े । ले गये बालकेलि रस बढ़े ॥

इसके पश्चात् तो कुछ क्षणोंमें ही बहुत-सी घटनाएँ घटित हो गयीं—'श्रीकृष्णचन्द्र एवं उनके दलके समस्त शिशु विजेताओंको पीठपर धारण किये हुए, अवरोहण-स्थानका स्पर्श कर पीछेकी ओर लौट चले; किंतु प्रलम्ब नहीं लौटा, अपितु वह अवरोहणकी सीमासे पार चला गया। इतनी देर साथ रहकर प्रलम्बने यह देख लिया था कि नन्दनन्दनका अपहरण उसके द्वारा सम्भव ही नहीं, इतना दुर्धर्ष है यह श्यामवर्ण शिशु और इसलिये अत्यन्त द्रुत वेगसे केवल रोहिणीनन्दनको ही ले भागनेके उद्देश्यसे वह आगे बढ़ गया। अवश्य ही कुछ पद बढ़ते ही उसे प्रतीत हुआ—'ओह! इस बालकमें तो सुमेरु पर्वतसे भी अधिक भार है। इस शिशु-वेशमें तो मैं इसे वहन कर ही नहीं सकता।' सचमुच बलरामके भारसे उसकी गति रुद्ध हो चुकी थी। इस प्रकार बाध्य होकर वह तत्क्षण ही अपने सुबृहत् असुररूपमें व्यक्त हुआ। उसका वह काला-काला शरीर स्वर्णाभूषणोंसे अलंकृत था और उसपर विराजित थी श्वेतबलरामकी शुभ्र छटा। उन गौर-सुन्दरकी सन्निधिसे उस दैत्यकी अद्भुत शोभा हुई—मानो विद्युत्प्रभामण्डित मेघ पूर्ण शशधरको धारण किये हुए हो! अब वह पृथ्वी-पथका परित्याग कर आकाशमार्गमें उठ चुका था। बड़े वेगसे जा रहा था वह! उसकी आँखें प्रज्वलित अग्निकी भाँति धक्-धक् जल रही थीं। उग्र दन्तपंक्तियाँ भौंहोंतक पहुँची हुई थीं। सिरपर अग्निज्वालाके समान ऊपर उठे हुए केश थे। हाथ-पैर वलयसे अलंकृत थे। सिरपर मुकुट सुशोभित था। कर्ण छिद्रोंमें कुण्डल जगमगा रहे थे। इन आभूषणोंसे उसके काले शरीरपर एक विचित्र सी कान्ति फैली थी। एक बार तो प्रलम्बके इस महाभयंकर रूपको देखकर बलराम किंचित् भयभीत-से हो उठे और सहसा मुँहसे निकल पड़ा—'कृष्ण! अरे भैया रे.....!' किंतु उन महामहिमको स्वरूपस्मृति होते कितनी देर लगती। वे लीलामय प्रभु तुरंत अपने स्वरूपमें स्थित हो गये। हाँ, बाह्यदृष्टिमें इतना-सा निमित्त अवश्य हुआ—अग्रजके द्वारा वह 'कृष्ण-कृष्ण'का आह्वान अनुजके कर्ण-पुटोंमें जा पहुँचा था और अनुजने भी अविलम्ब प्रत्युत्तर दिया था—'सर्वात्मन्! सम्पूर्ण गुह्य पदार्थोंमें अत्यन्त गुह्यस्वरूप होकर भी तुम यह स्फुट मानव-भावका अवलम्बन क्यों कर रहे हो? × × × अमेयात्मन्! अपने स्वरूपका स्मरण करें आप और फिर इस मानवभावकी ओटमें ही इस दैत्यका विनाश कर दें।' अग्रजने वैसे-के-वैसे अपने छोटे भाईकी बात मान ली। तुरंत उनकी स्वरूपभूत निर्भयता उच्च हास्यके रूपमें बाहर व्यक्त हो उठी और फिर रोषसे भर गये वे प्रभु—'अरे! जैसे धन अपहरण कर चोर उसे लेकर भाग चले, इस प्रकार यह मुझे चुराकर आकाशपथसे भाग रहा है। अच्छा.....!' बस, पलक गिरते-न-गिरते प्रलम्बके सिरपर रोहिणीनन्दनने अपनी एक दृढ़ मुट्ठीकी चोट लगा दी। पर उस मुट्ठीका वेग ऐसा था, मानो सुरेन्द्रने किसी पर्वतपर वज्रप्रहार किया हो। इसीलिये इसका स्पर्श होते ही प्रलम्बका सिर चूर्ण-विचूर्ण हो गया; मुखसे रक्तका प्रवाह फूट निकला! चेतना तो लुप्त हो ही चुकी थी, केवल एक महाभयंकर शब्दमात्र—सिरका कचूमर निकल जानेके अनन्तर भी न जाने कैसे—वह व्यक्त कर सका। पर इतनेमें तो उसका वह प्राणशून्य विकराल कलेवर वृन्दावनकी उस पावन धरापर गिर चुका था—मानो सचमुच ही सुराजका वह वज्रप्रहार सफल हो गया हो और उसने आहत एक महान् पर्वत ही धराशायी हो गया हो।

अविषह्यं मन्यमानः कृष्णं दानवपुङ्गवः।
वहन् द्रुततरं प्रागादवरोहणतः परम्॥
तमुद्वहन् धरणिधरेन्द्रगौरवं
महासुरो विगतरयो निजं वपुः।
स आस्थितः पुरटपरिच्छदो बभौ
तडिद्युमान्नुदुरतिवाडिवाम्बुदः॥
निरीक्ष्य तद्वपुरलमम्बरे चरन्
प्रदीप्तदृग् भ्रुकुटितटोग्रदंष्ट्रकम्।
ज्वलच्छिखं कटककिरीटकुण्डल-
स्विषाद्भुतं हलधर ईषदत्रसत्॥
(श्रीमद्भा० १०। १८। २०-२७)

किमयं मानुषो भावो व्यक्तमेवावलम्ब्यते।
सर्वात्मन् सर्वगुह्यानां गुह्यगुह्यात्मना त्वया॥

तत् स्मर्यतामसेवात्मंस्त्वयात्मा जहि दानवम् ।
मानुष्यमेवावलम्ब्य ..... ॥
(श्रीविष्णुपु० ५ । ९ । २३, ३३)

अथागतस्मृतिरभयो रिपुं बलो
विहायसार्थमिव हरन्तमात्मनः ।
रुषाहनच्छिरसि दृढेन मुष्टिना
सुराधिपो गिरिमिव वज्ररंहसा ॥
स आहतः सपदि विशीर्णमस्तको
मुखाद् वमन् रुधिरमरस्मृतोऽसुरः ।
महारवं व्यसुरवतत् समरयन्
गिरिर्यथा मघवत आयुधाहतः ॥
(श्रीमद्भा० १० । १८ । २८-२९)

कान्ह कुंवर की दृष्टि बचाइ । असुर अवधि तें आगे जाइ ॥
अपने रूपहि आश्रित भयो । तब हीं अंबर लौं चढ़ि गयो ॥
ता छिन भयो भयानक भारी । पहिरे कंचन भूषन कारी ॥
ता पर संकर्षन अति सोहे । ब्रज बालक बिलोकि सब मोहे ॥
जो होइ कारी भारी घटा । बिच बिच चमके दमकें छटा ॥
ऊपर सरद चंद होइ जैसे । सोहै रोहिनि-नंदन तैसे ॥
बिकट बदन अरु बड़े दंत । बिकट भृकुटि दृग अग्नि बमंत ॥
तप्त ताम्र से सिररुह लसे । तब दिखि हलधर रंचक त्रसे ॥
पुनि सुधि आइ तनक मुसकाइ । दियौ जु मुठिका मूँड़ बनाइ ॥
फिरच फिरच है गयौ लिलार । मुख तें चली रुधिर की धार ॥
थरयो प्रलंब न कछु संभारयौ । गिरि जस गिरत बज्र कौ मारयौ ॥

× × ×

अरुन नैन है गए साँस छाँडत रिस रत्तिय ।
आय बरन आवेस बीर रस महँ मन मत्तिय ॥
महाबाहु बलभद्र अमित बल विक्रम धारिय ।
मुष्ट तौलि तिहि हनिय कोटि बज्रहु तें भारिय ॥
खरु घात होत आघात इमि जनु पर्वत पर पवि परिव ।
सिरु फूटि रुधिरधारा स्रवत चीतकार करि महि परिव ॥
कहुँ कुंडल मनि मुकुट मनि, कहुँ बिभूषन माल ।
राम बिरोधै फल मिल्यौ, परयौ ब्रतक बेहाल ॥

अन्तरिक्षचारियोंने यह भी स्पष्ट देखा—प्रलम्बके शरीरसे एक सुदीर्घ ज्योति निकली और रोहिणीनन्दनके अङ्गोंमें विलीन हो गयी—

तज्ज्योतिर्निर्गतं दीर्घं बले लीनं बभूव ह ।
(श्रीगर्गसंहिता)

और जिस समय बलरामका नीलसुन्दर एवं गोप-शिशुओंसे मिलन हुआ —ओह ! कोई कैसे भर दे वाणीके क्षुद्र पात्रमें उस अपरिसीम आनन्दसिन्धुमें उठी हुई असंख्य ऊर्मियोंको ! —

मरयौ त्रिधै तिमि प्रीति युत, मिलन हिये करि चात ।

× × ×

प्रेम भरे चित आइ, अंक लाइ पुनि पुनि मिलत ।

पारिजातग्रथित मालाओंसे एवं राशि-राशि अन्य स्वर्गीय कुसुमोंसे वनकी धरा आच्छादित हो चुकी है फिर भी सुरवृन्दोंके द्वारा रोहिणीनन्दनके अभिषेकका स्तवनका विराम कहाँ हो रहा है !—

सुमन बरषि झर लाइ, साधु साधु कहि सब्द पुनि ।
जस गावहि सुख पाइ, बार बार बहु बिनय युत ॥

× × ×

अमर निकर बर अतिसय हरषे । बरषर सुमन सु-सुंदर बरषे ॥

सिखावन

रसना ! क्यों न राम-रस पीती ।
षट-रस भोजन पान करैगी, फिर रीती की-रीती ॥
अजहूँ छाँड़ कुबान आपनी, जो बीती, सो बीती ।
वा दिन की तू सुधि बिसराई, जा दिन बात कही ती ॥
जब जमराज द्वार आ अड़िहैं, खुलिहै तब करतूत-खलीती ।
'रूपकुँवरि' की मान सिखावन भगवत सन कर प्रीती ॥

चूडाला और मदालसा

(लेखक—आचार्य श्रीअक्षयकुमार बन्द्योपाध्याय, एम्० ए०)

योगवाशिष्ठ रामायणमें महर्षि वशिष्ठने एक योगसिद्धा महानारीके आदर्श चरित्रका विशद वर्णन किया है। उनका नाम है देवी चूडाला। वे न तो ऋषिकन्या थीं, न ब्रह्मचारिणी थीं और न गृहत्यागिनी अनिकेता संन्यासिनी ही थीं। वे थीं राजकन्या, राजमहिषी, राजकार्यमें निपुणा आदर्श गृहस्थनिष्ठ महिला। उनके पिता सुराष्ट्रके अधिपति थे और स्वामी थे मालवाधीश राजा शिखिध्वज। सुख-ऐश्वर्यका भोग करते करते ही उनके हृदयमें वैराग्यका उदय हो आया। स्वामीकी वेजानकारीमें ही वे परमतत्त्वके अनुसंधानमें लग गयीं, किंतु बाहरी कर्तव्यके सम्पादनमें जरा भी उदासीनता नहीं आने पायी। सुनिपुण विचारके फलस्वरूप समस्त अनित्य वस्तुओंके प्रति—सम्पूर्ण राज्य, ऐश्वर्य, सुख-सम्भोगादिके प्रति उनकी आसक्ति जाती रही; देह, इन्द्रिय, मन, बुद्धिके प्रति उनका अभिमान और ममत्व भी नष्ट हो गया; उनके ज्ञानमें आत्मतत्त्वका उदय हो गया और वे अपनेको नित्य, शुद्ध, बुद्ध, सच्चिदानन्दस्वरूप परमात्माके रूपमें अनुभव करने लगीं।

'स्वल्पेनैव हि कालेन ययौ विदितवेद्यताम्।

—अति अल्प कालमें ही वे ज्ञानके चरम स्वरूपमें प्रतिष्ठित हो गयीं। गार्हस्थ्य-जीवनके सारे कर्तव्योंका भली भाँति सम्पादन करती हुई भी वे ऐसे गुप्तरूपसे ज्ञानयोग-साधनाके अत्यन्त उच्च सोपानपर चढ़ गयीं कि उनके स्वामी-तकको भी उनके साधनजीवनका विशेष पता नहीं लगा।

इस प्रकार यद्यपि चूडालाने अपनी तत्त्वानुभूतिकी बात-को प्रकट नहीं किया, तथापि तत्त्वज्ञान और परमानन्दकी स्निग्ध ज्योति उनके अङ्ग-प्रत्यङ्गसे झलकने लगी। एक दिन अकस्मात् राजा शिखिध्वजकी दृष्टि पत्नीके अपार्थिव ज्योतिर्मण्डित रूप-लावण्यकी ओर खिंच गयी। जिस शारीरिक सौन्दर्यका राजा शिखिध्वजको विवाहके समयसे ही पूरा परिचय था, जिस सौन्दर्यका उपभोग करके वे अबतक विमोहित थे; यह सौन्दर्य वह नहीं था। चूडालाके अङ्ग-अङ्गमें एक विलक्षण दिव्य ज्योति, एक अनुपम चिन्मय लावण्य चमक रहा था। उन्होंने रानीसे इसका रहस्य पूछा। ज्ञानमयी पतिव्रता चूडाला अब अपनेको और अधिक छिपा नहीं सकीं। उनके इस विचित्र रूप-लावण्यका उद्गमस्थान कहाँ था, इस बातको उन्होंने सुन्दररूपसे पतिको खोलकर बता दिया। जब हृदय कामना-वासनासे मुक्त होकर सत्-चित्-प्रेमानन्द-घनसे परिपूर्ण हो जाता है, तब उसके अङ्ग-प्रत्यङ्गमें भी उसी चिदानन्दकी तरङ्गें उछलने लगती हैं। राजा शिखिध्वज अभीतक इस अतीन्द्रिय अतिमानस आनन्दराज्यकी बात समझनेके अधिकारी नहीं हो सके थे। इसलिये उन्होंने इसे विलासचतुरा पत्नीकी कल्पनाका प्रलाप समझा और कोई ध्यान नहीं दिया। तत्त्वदर्शिनी चूडालाने भी फिर कुछ नहीं कहा।

एकदा नित्यतृप्ताया निरिच्छाया अपि स्वयम्।
चूडालाया बभूवेच्छा लीलया खगमागमे॥

नित्यतृप्ता, निरिच्छा चूडालाके मनमें एक दिन अपने-आप यह इच्छा उत्पन्न हुई कि मैं योगाभ्यासके द्वारा आकाशविहारादिकी सिद्धि प्राप्त करूँ। अतएव वे सबकी दृष्टि बचाकर एकान्तमें योगकी गूढ़ साधनामें लग गयीं। देहेन्द्रिय-मन तो उनके वशमें थे ही। प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि आदिका बड़ी निपुणताके साथ अभ्यास करके उन्होंने थोड़े ही समयमें इच्छानुकूल सिद्धि प्राप्त कर ली। अनेकों प्रकारके योगैश्वर्य उनके अधीन हो गये। तत्त्वज्ञानके साथ योगैश्वर्यसे समन्वित होकर चूडालाने अपने जीवनको महान महिमामण्डित बना लिया। इतना होनेपर भी वे व्यावहारिक जीवनमें उसी प्रकार कुलवधू, वैसी ही राजरानी बनी रहीं। अलौकिक शक्तिको सम्पूर्ण रूपसे अंदर छिपाकर, अहंता ममतासे रहित होकर, ज्ञानकी दीप्तिको अन्तरमें भरकर, वे अपना लौकिक जीवन बिताने लगीं। अलौकिक ज्ञान और शक्तिका प्राप्त करना जितना कठिन है, उसे अंदर गुप्त रखकर साधारण मनुष्यकी भाँति जीवन बिताना उसकी अपेक्षा कम कठिन नहीं है। चूडाला इसमें भी पूर्णतया सफल हुई।

कालक्रमसे राजा शिखिध्वजके चित्तमें भी वैराग्य उत्पन्न हुआ। किसीको बिना बताये, सोयी हुई चूडालाका त्याग करके वे गम्भीर रात्रिके समय महलसे निकल गये। निद्राभङ्ग होनेपर राजाको घरमें न देख चूडालाने योगबलसे उनकी गतिविधि

को जान लिया एवं योगसिद्धिसे सूक्ष्म देह धारण करके उनका अनुसरण किया। राजा घोर वनमें जाकर कठोर साधनामें लग गये। रानी उनके अनजानमें सब कुछ देखकर फिर राजपुरीमें लौट आयी। दूसरे दिन रानीने घोषणा कर दी कि राजा किसी विशेष प्रयोजनसे विदेश गये हैं, एवं उन्होंने स्वयं राज्यभार ग्रहण कर लिया है। तदनन्तर चूडाला राज्यके प्रति उनके पतिका जो कर्तव्य था, उसे यथाविधि स्वयं सम्पादन करने लगीं। साथ ही पतिको तत्त्वज्ञानकी प्राप्तिमें सहायता करनेके लिये उन्होंने अपने ज्ञान और योगशक्तिका प्रयोग करना आरम्भ कर दिया। पत्नीके लिये पतिके गुरुका आसन ग्रहण करना उचित नहीं, एवं पत्नीके उपदेशका गुरुत्व अनुभव करना भी पतिके लिये कठिन है, ऐसा विचार करके उन्होंने योगबलसे एक योगी पुरुषका रूप धारण करके पतिके पास जाना-आना आरम्भ कर दिया और इस प्रकार वे उन्हें तत्त्वोपदेश देने लगीं।

शिखिध्वजने परा शान्तिकी प्राप्तिके लिये यद्यपि उत्कट वैराग्यके साथ कठोर तपस्या आरम्भ कर दी, तथापि उनके चित्तमें शान्तिके किसी भी लक्षणका प्रादुर्भाव नहीं हुआ। चूडालाने योगी पुरुषके रूपमें पतिके पास जाकर अपनेको कुम्भ ऋषि बताया जो देवर्षि नारदके अयोनिज पुत्र थे। उन्होंने शिखिध्वजको समझाया कि कठोर तपस्या, बाहरी विषय-वैराग्य, कर्म-त्याग, देहको क्षीण और मृतवत् कर डालना,—ये सब वस्तुतः परा शान्ति प्राप्त करनेके यथार्थ उपाय नहीं हैं, परा शान्तिका आधार तो अपने ही अन्तरका अन्तरतम प्रदेश है; परा शान्ति आत्माका स्वरूप है; आत्माकी स्वरूपानुभूतिसे ही परा शन्तिमें प्रतिष्ठा प्राप्त होती है। आत्मा स्वरूपसे ही सच्चित्परमानन्दघन है एवं उसके स्वरूपकी विच्युति कभी नहीं होती। आत्मानुभूतिमें विघ्न है—अहंकार और ममत्व। विषयजगत् और देहेन्द्रिय उसके अन्तराय (विघ्न) नहीं हैं। देहेन्द्रिय और विषयजगत्के प्रति अहंता-ममताका बोध होनेसे ही आत्मापर पर्दा पड़ जाता है और चित्तपर दुःख-तापादिका आक्रमण होता है। अहंके त्यागसे ही मुक्ति, आत्मानुभूति और परम विश्रान्ति प्राप्त होती है। देवी चूडाला इस प्रकार कुम्भके रूपमें अपने पतिको अहं-त्यागके उत्कृष्ट साधनकी शिक्षा देने लगीं।

कुम्भके उपदेशसे शिखिध्वजने त्याग और तपस्याके बाह्याडम्बरका त्याग करके अहंकार और ममत्वसे मुक्ति पानेके लिये गम्भीर सूक्ष्म विचार एवं ध्यान-समाधिमें मनोनिवेश किया। अब अनित्य जगत् उनकी अनुभूतिमें मिथ्या प्रतीत होने लगा, आत्मतत्त्वका निरावरण प्रकाश हो गया और वे अन्तरमें परम विश्राम और परम आनन्दका अनुभव करने लगे। जीवनको कृतार्थ समझकर वे राज्यश्री, प्रियतमा राजमहिषीकी बात प्रायः भूल ही गये। गुरुदेवने उन्हें राज्यमें लौट जानेका उपदेश दिया; परंतु वे जिस आनन्दका आस्वादन प्राप्त कर चुके थे, उसे छोड़कर फिर मिथ्यामें विक्षेप और अशान्तिमें, कर्म और भोगोंके क्षेत्रमें लौटनेको उनके चित्तने अनुमति नहीं दी। निर्जन वनमें सर्वत्यागी होकर ध्यान-समाधिमें डूबे रहनेके लिये ही उनके चित्तने दृढ़ संकल्प किया।

तब कुम्भरूपी चूडालाने उन्हें फिर नवीन ज्ञानका आलोक प्रदान किया। उन्होंने उनको समझाया कि उनका अहंकार और ममत्व अभी सम्पूर्ण रूपसे मिटा नहीं है, जगत्के यथार्थ मिथ्यात्वबोधमें वे सुप्रतिष्ठित नहीं हो पाये हैं, उनका त्याग, वैराग्य, आत्मज्ञान और आत्मानन्द उनके सहज जीवनमें अभी प्रवेश नहीं पा सका है, इसी कारण उन्हें राज्यमें लौटने और पत्नीसे मिलनेमें भय और अनिच्छा है। अहंकार और ममतासे मुक्त होनेपर निर्जन वन और लोककोलाहलपूर्ण राज्यमें कोई भेदबुद्धि नहीं रह जाती, कर्म और कर्मत्यागमें कोई अन्तर नहीं रह जाता, भोग और त्यागमें कोई वैषम्य नहीं रहता। जगत्के मिथ्यात्वबोधके विषयमें जब दृढ़ निश्चय हो जाता है, तब उस मिथ्या जगत्से भागकर शान्तिलाभकी आकाङ्क्षा या आवश्यकता होगी ही कैसे? जबतक मिथ्याका सत्यरूपमें बोध रहता है, तभीतक वह सत्यपर पर्दा डालकर विक्षेप, अशान्ति, शोक और तापका सृजन कर सकता है, तभीतक इन्द्रिय और मनको उससे हटाकर सत्यके अनुसंधानमें लगाना आवश्यक होता है। मिथ्या जगत् वस्तुतः परम सत्यस्वरूप आत्माका ही विवर्त है, आत्माका ही विचित्र विलास है। जब चित्तसे मिथ्या नामरूपके प्रति राग और द्वेष मिट जाते हैं, अन्तरमें त्याग और वैराग्य सुप्रतिष्ठित हो जाते हैं, सत्यस्वरूप आत्माके अपरोक्ष ज्ञानद्वारा चित्त आलोकित हो जाता है, तब यह प्रतीयमान मिथ्या जगत् आत्मानन्दमें कोई व्याघात तो उत्पन्न कर ही नहीं सकता; वरं मिथ्याका यह वैचित्र्य ही एक सत्यस्वरूपके अखण्ड आनन्दको ही विचित्र रूपमें, विचित्र भावोंमें, विचित्र रसमें सम्भोग कराता है। जगद्-वैचित्र्यकी सम्पर्कतासे जबतक चित्तमें भय, आशङ्का

और तृष्णा रहती है, तबतक समझना होगा कि अन्तर अहंता-ममतासे मुक्त नहीं हुआ, चित्तमें त्याग-वैराग्यकी यथार्थ प्रतिष्ठा नहीं हुई, जगत्का मिथ्यात्व-बोध सुदृढ़ नहीं हुआ, आत्मानन्द और आत्मज्ञान जीवनमें सहज नहीं हुआ। जगत्कोलाहलमें ही ज्ञानकी और चरित्रकी परीक्षा है। कर्म-जीवनमें आत्मज्ञान, आत्मानन्द और परम विश्रान्तिके अव्याहत रहनेपर ही योगसाधनाकी पूर्ण सिद्धि होती है।

कुम्भरूपी चूडालाके नूतन उपदेशके आलोकमें शिखिध्वजने नवीन रूपसे विचार और ध्यानका सम्यक् अनुशीलन करके अहंकार और ममतासे पूर्ण मुक्ति प्राप्त की, आत्मज्ञान और आत्मानन्दमें वे कृत-कृतार्थ हो गये। अब जगत्में उन्हें बन्धन और क्लेशका कोई भय नहीं रहा। समाधि और जागरण उनके लिये समान हो गये। कर्म-भोगमय गार्हस्थ्य-जीवनमें समाधिके आत्मानन्दकी अव्याहत धारा प्रवाहित रखनेका कौशल उनको प्राप्त हो गया। अतएव राजधानीमें लौटकर राजकार्य करनेमें उन्हें कोई आपत्ति नहीं रह गयी।

सद्गुरुरूपा चूडालादेवीने स्वामीके तत्त्वज्ञानकी एक और अद्भुत परीक्षा की। स्वामीको राजधानीमें लौटानेसे पहले योगबलसे एक ही समयमें वे कुम्भ और चूडाला—इन दो रूपोंको धारण करके स्वामीके सामने आयीं एवं शिखिध्वजके सामने ही दोनों प्रेमका अभिनय करने लगे। शिखिध्वजके चित्तमें इससे भी कोई विकार न आया। उनके मनमें तनिक भी क्षोभ नहीं हुआ। वे इस चरम परीक्षामें उत्तीर्ण हो गये। वे अभिमान और ममत्व-बोधसे मुक्त हो गये, उनका समदर्शन सुप्रतिष्ठित हो गया, सभी अवस्थाओंमें उनका चित्त अक्षुब्ध एवं आत्मज्ञान तथा आत्मानन्द अव्याहत रहने लगा। वे विश्वजित्-रूपमें विराजित रहने लगे—

'इहैव तैर्जितः सर्गो येषां साम्ये स्थितं मनः।'

तदनन्तर कुम्भ और चूडाला शिखिध्वजके पास आये और दोनों देह मिलकर एक हो गयी। तदनन्तर महायोगिनी चूडाला पतिव्रता नारीके रूपमें पतिसे मिली एवं पूर्ण ज्ञानसे प्रतिष्ठित पतिको लेकर राजधानीमें लौट आयी। राजकार्य पूर्ववत् चलने लगा। योगसिद्धा पत्नीकी कृपासे राजा शिखिध्वज—

'निर्द्वन्द्वो नित्यसत्त्वस्थो निर्योगक्षेम आत्मवान्।'

—होकर सभी प्रकारके जागतिक कार्योंका अनासक्त-भावसे सम्पादन करने लगे।

(२)

अब एक दूसरी महीयसी नारीके उज्ज्वल चरित्रका स्मरण करना है। उनका नाम था मदालसा। उनका चिरस्मरणीय चरित्र मार्कण्डेयपुराणमें विशदरूपसे वर्णित है। वे विश्वावसु नामक एक गन्धर्वकी कन्या थीं एवं ऋतध्वज नामक राजाकी पत्नी। भगवान् शंकरकी कृपासे वे योगविद्या और तत्त्वज्ञानमें पारदर्शिनी हो गयीं। उन्हें 'कृपासिद्ध' कहा जा सकता है। उनके अन्तरमें पूर्ण तत्त्वदृष्टि थी, पर बाहर व्यावहारिक जीवनमें वे एक पतिव्रता, गृहकर्मरता, धर्मचारिणी रमणी थीं। संतानको अति शैशवकालसे ही तत्त्वज्ञानकी दीक्षा देनेका एक महान् आदर्श इसी आदर्श जननीने अपने जीवनमें उपस्थित किया है। मदालसाकी यह धारणा नहीं थी कि शिशु कुछ समझता नहीं है। मानव-शिशु जिस क्षण भूमिष्ठ होता है, उसी क्षणसे उसका मन गठित होने लगता है। तभीसे उसे जैसी शिक्षा मिलती है, उसके अनजानमें उसीके अनुरूप संस्कार पुष्ट होकर शिशुके मनको एक विशिष्ट आकारका बनाते रहते हैं। अतएव संतान उत्पन्न होनेके साथ-ही-साथ जननी मदालसा उसे शिक्षा देनेका मानो व्रत ले लेती थीं, यही तो गार्हस्थ्य-जीवनमे माताका महान् दायित्व है।

प्रथम पुत्रका जन्म हुआ। पिताने उसका नाम रक्खा 'विक्रान्त'। क्षत्रियराज पुत्रको विक्रमशाली ही देखना चाहता है। जननी मदालसा हँसी। नाम-रूपसे अतीत सर्वसम्बन्धोंसे रहित सच्चिदानन्दमय परमात्मा इधर एक क्षुद्र शिशुदेहमें राजपुत्ररूपसे परिचित हो रहे हैं; उधर वही राजाकी देहमें पितृत्वका अभिमान करके शिशुको पुत्रके और राज्यके उत्तराधिकारीके रूपमे देखकर उल्लसित हो रहे हैं। मायाका कैसा विचित्र विलास है? शिशु सुकोमल शय्यापर लेटा हुआ जोरसे रोने लगा। माता मदालसा उसे गोदमे लेकर लोरी देने लगी—

शुद्धोऽसि रे तात न तेऽस्ति नाम
कृतं हि ते कल्पनयाधुनैव।
पञ्चात्मकं देहमिदं न तेऽस्ति
नैवास्य त्वं रोदिषि कस्य हेतोः॥

'लाल! अरे, तू शुद्ध आत्मा है; तेरा कोई नाम नहीं।

कल्पनाके द्वारा अभी इस देहमें तेरे एक नामकी योजना कर दी गयी। न तो यह पञ्चभूतात्मक देह ही तेरा है और न तू ही इस देहका है। फिर रोता क्यों है?'

फिर कहने लगी,—'नहीं, तू नहीं रोता है; शब्द तो अपने-आप ही उत्पन्न होता है और देहके साथ सम्बन्ध जोड़कर क्रन्दनरूपमें प्रकट होता है। इस देहेन्द्रियका अवलम्बन करके जितने गुण और दोष प्रकट होते हैं, सभी देहेन्द्रियके विकार हैं; तुझमें न तो वस्तुतः कोई दोष है और न कोई गुण ही है। तथापि तुझमें ये सब दोष-गुण आरोपित होते हैं।'

माता सुमधुर स्वरोंमें विशुद्ध आत्मतत्त्वका वर्णन करके श्लोककी आवृत्ति करती रहती, अन्तरकी अनुभूतिको मिलाकर श्लोकोंको जीवन्त कर देतीं और शिशुके अंदर सच्चिदानन्द स्वरूपका दर्शन करके तन्मय हो जाती थी। शिशु भी रोना भूलकर जननीके प्रेमपूर्ण सुमधुर संगीतके श्रवणमें तन्मय हो जाता, जननीके हृदयकी अनुभूति शिशुके चित्तमें प्रविष्ट हो जाती और उसी भावसे भावित होकर शिशुका संस्कारात्मक मन गठित होता रहता। वयोवृद्धिके साथ-साथ शिशुकी विचारशक्ति और अनुभवशक्ति जितनी ही विकसित होती जाती, माताका उपदेश उतना ही उसके विचार और अनुभवमें जाग्रत्, जीवन्त और शक्तिशाली होकर देदीप्यमान होता जाता था।

पुत्र बड़ा हुआ। पिता तथा शिक्षकोंसे अनेक प्रकारका व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। राजपुत्रोचित शिक्षामें सफलता प्राप्त की। साथ-ही-साथ माताकी तत्त्वज्ञानकी शिक्षा भी चलने लगी। समस्त जागतिक ज्ञान और कर्म तत्त्वज्ञानके आलोकमें पवित्र, सुन्दर और मधुर होकर विकसित होने लगे। माताके अनुग्रहसे राजकुमार अन्तरमें परम तत्त्व-ज्ञान धारण करके बाहर अनासक्तभावसे, तथापि निपुणताके साथ सभी राज-कर्म और लोकहितकर कर्म सम्पादन करनेमें सुशिक्षित हो गया।

कालक्रमसे ऋतध्वज और मदालसाके द्वितीय और तृतीय पुत्र उत्पन्न हुए। पिताने उन दोनोंका नाम रक्खा सुबाहु और शत्रुमर्दन। प्रतिबार ही नामकरणके समय मदालसा हँसती रहतीं। स्वामी पत्नीकी इस हँसीका अर्थ न समझ पाते। द्वितीय और तृतीय पुत्रको भी माताने प्रथम पुत्रके समान ही लोरी देते, प्यार करते, स्तन पिलाते और खेल खिलानेके समय गम्भीर तत्त्वोपदेश प्रदान किया, अतएव अवस्था प्राप्त होनेपर सभी व्यवहार और व्यावहारिक ज्ञानको वे दोनों भी किस प्रकार तत्त्वज्ञानके द्वारा अनुप्राणित करके संसारमें प्रयोग किया जाता है, इस कौशलको सीख गये। माताकी कृपासे तीनों ही पुत्र ज्ञानी और कृतार्थ हो गये। तीनों ही पुत्र संसारमें अनासक्त, परंतु कर्तव्यपरायण थे। सकाम कर्ममें किसीकी रुचि नहीं थी, किसीके प्रति उनका वैरभाव, हिंसा, घृणा और अनिष्टाचरण नहीं था। दूसरेका दमन करके स्वयं बड़ा बननेकी उनमें आकाङ्क्षा नहीं थी। दिग्विजय करके अपने साम्राज्यको बढ़ानेकी इच्छा नहीं थी। वे सभीके साथ प्रेम-सम्बन्ध स्थापित करनेके लिये समुत्सुक रहते थे। उनके अन्तरमें कोई दुश्चिन्ता, दौर्मनस्य और अस्थिरता नहीं थी। जीवन प्रफुल्लतामय, अहंता-ममताशून्य, कर्तृत्व-भोक्तृत्वके अभिमानसे सर्वथा मुक्त और ज्ञानज्योतिसे उद्भासित था।

माता मदालसाने यथासमय चतुर्थ पुत्र प्रसव किया। इस बार ऋतध्वजने पुत्रका नामकरण न करके मदालसासे करनेको कहा। मदालसाकी हँसी उनके मनमें थी। माताने पुत्रका नाम रक्खा—अलर्क। राजाने अलर्क नाम सुन हँसकर मदालसासे इस नामका अर्थ पूछा। रानीने कहा—'महाराज, नामका तो कोई अर्थ आवश्यक नहीं होता। नामके शाब्दिक अर्थके साथ आत्माका तो कोई भी सम्बन्ध है ही नहीं, देह और चरित्रका भी कोई सम्बन्ध नहीं है। नाम तो लौकिक व्यवहार चलानेके लिये एक शाब्दिक संकेतमात्र है। मेरा रक्खा हुआ यह नाम जिस प्रकार निरर्थक है, उसी प्रकार आपके द्वारा रक्खे गये नाम भी निरर्थक हैं, नामके द्वारा इनके अन्तर्जीवन या बहिर्जीवनका कोई परिचय नहीं मिल सकता। हाँ 'नाम' रखनेवालेकी वासना-कामना और आशा-आकाङ्क्षाका पर्याप्त परिचय उससे अवश्य मिलता है।' तत्त्ववादिनी स्त्रीकी बातोंपर राजा चुप रह गये।

स्तन्यपानके साथ-साथ पुत्रकी शिक्षा आरम्भ हुई। इस बार राजाने रानीसे यह अनुरोध किया कि तीन पुत्रोंको निवृत्ति-मार्गकी शिक्षा दी जा चुकी है, अब इस चतुर्थ पुत्रको प्रवृत्तिमार्गकी शिक्षा देनी चाहिये, नहीं तो वंश-परम्परा लुप्त हो जानेकी आशङ्का है। प्रवृत्तिमूलक धर्ममें आस्था न रहनेके कारण गार्हस्थ्योचित कर्तव्यकर्मका सम्पादन उत्साहके साथ नहीं हो पाता, उससे समाज और राष्ट्रके अभ्युदयमें भी व्याघात होता है, समाज और राष्ट्रकी उन्नति और उसका कार्य निर्विघ्न तथा भलीभाँति न चलनेसे निवृत्ति-मूलक धर्मके अनुशीलनमें भी बाधा होती है।

पतिव्रता रमणीने स्वामीके संकेतको शिरोधार्य किया।

क्षुधाके समय स्तन्यदान, रोनेके समय सान्त्वना-दान, हाथ-पैर-संचालनके समय उत्साह-दान, खेलके समय आनन्द-दानके साथ-साथ माता मदालसा अपने इस चतुर्थ पुत्र अलर्कके अन्तःकरणमें राजकुमारोचित मर्यादा और कर्मजीवनका आदर्श जगाने लगीं। दुष्टोंका दमन, शिष्टोंका पालन, शिक्षाका विस्तार, देश और समाजमें शान्ति-शृंखलाका संरक्षण, दरिद्रोंकी सेवा, देव-द्विजोंमें भक्ति, याग-यज्ञादिका प्रवर्तन इत्यादि महान् आदर्शोंके द्वारा वे पुत्रके चित्तको अनुप्राणित करने लगीं। वयोवृद्धिके साथ-साथ माताने उसको समयोचित राजनीति, समाजनीति, धर्मनीति, पितृ-ऋण, देव-ऋण, ऋषि-ऋण, मनुष्य-ऋण, भूत-ऋण, वर्णधर्म, आश्रमधर्म आदि सभी विषयोंमें सुशिक्षित कर दिया। माताकी शिक्षासे अलर्क प्रख्यात राजवंशका उपयुक्त उत्तराधिकारी बन गया। वृद्धावस्थामें स्वामी और स्त्रीने अलर्कके हाथमें राज्यभार सौंपकर नित्य-निरन्तर ब्रह्मज्ञान, ब्रह्मध्यान और ब्रह्मानन्द-रसपानमें निमग्न रहनेके लिये वनगमनका संकल्प किया। पहले तीनों भाइयोंको तो कोई राज्यलिप्सा थी नहीं, तत्त्वानुशीलन ही उनको सर्वथा प्रिय था। अतः सबसे छोटे भाईको स्वेच्छासे राज्य देकर वे तीनों मानवजीवनके चरम-लक्ष्यको सिद्ध करनेमें लग गये, अलर्कने आनन्दके साथ धर्मको साक्षी करके राज्यभार ग्रहण किया।

माता मदालसा विदा होनेसे पूर्व अलर्कको एक सोनेकी अँगूठी देकर बोलीं—'इस अँगूठीके भीतर एक रेशमी वस्त्रपर सूक्ष्म अक्षरोंमें मेरा अन्तिम उपदेश लिखा रक्खा है; जीवनमें जब कभी किसी घोर समस्यामें पड़ो, तब उसे खोलकर पढ़ लेना।'

अलर्क बहुत दिनोंतक शौर्य, वीर्य और धर्मनिष्ठाके साथ राज्य करता रहा, उसने बहुत-से याग-यज्ञादि किये, असाधारण प्रभावका विस्तार किया, प्रजाका मनोरंजन किया और राजवंशकी मर्यादा बढ़ायी। उसके अनेकों पुत्र-पौत्रादि हुए, भोग विलास भी यथेष्ट कर लिया; किंतु इतना सब होनेपर भी इस दीर्घकालमें न तो उसके मनमें विवेकका उदय हुआ, न संसारसे वैराग्य हुआ और न अभिमान-ममताके मोहमें ही कमी हुई। उसको इस प्रकार प्रपञ्चमें फँसा देखकर ज्ञाननिष्ठ बड़े भाइयोंके हृदयमें उसके प्रति करुणाका उद्रेक हो आया। उन लोगोंके मनमें आया कि ऐसी माताके गर्भसे जन्म लेकर भी हमारा भाई अलर्क मातृधनसे वञ्चित रहकर दुर्लभ मानवजीवन वृथा खो रहा है। सुबाहुने उसका उद्धार करनेका निश्चय किया और दूसरा कोई सुगम उपाय न देखकर उसने काशिराजसे सहायताकी प्रार्थना की। उसने काशिराजको समझाया कि मेरा छोटा भाई अन्यायपूर्वक पिताके राज्यपर अधिकार कर बैठा है, अतएव राज्यको उसके हाथसे निकालनेमें आप मेरी सहायता करें। काशिराजने सुबाहुको साथ लेकर अलर्कके राज्यपर आक्रमण किया। अलर्कके कई मित्र भी शत्रुपक्षमें मिल गये। उसका खजाना खाली हो गया। अलर्क बेचारा बड़ी विपत्तिमें पड़ा। अब उसे माताकी बात याद आयी और उसकी दृष्टि माताकी दी हुई सोनेकी अँगूठीपर पड़ी। आन्तरिक श्रद्धा-भक्ति और पूरे भरोसेके साथ उसने अँगूठी खोली और माताका अन्तिम उपदेश पढ़ा। उसमें लिखा था—

सङ्गः सर्वात्मना त्याज्यः स चेत् त्यक्तुं न शक्यते।
स सद्भिः सह कर्तव्यः सतां सङ्गो हि भेषजम्॥
कामाः सर्वात्मना हेयो हातुं चेच्छक्यते न सः।
मुमुक्षां प्रति तत् कार्यं सैव तस्यापि भेषजम्॥

अर्थात्—सङ्ग (आसक्ति) सर्वतोभावेन त्याज्य है; यदि उसका त्याग करनेमें असमर्थ हो तो साधुजनोंका सङ्ग करो। साधुसङ्ग सब रोगोंकी औषध है। कामनाका सर्वथा त्याग करना चाहिये। यदि कामनाओंका सर्वथा त्याग न किया जा सके तो केवल यह कामना करो कि मेरे मनमें मुक्तिकी इच्छा जाग्रत् हो जाय। मुक्तिकी कामना सभी कामना-रोगोंकी औषध है।

माताके इस अन्तिम उपदेशको बार-बार पढ़कर अलर्कके निराश हृदयमें आशाका संचार हो आया। वह जीवन्मुक्त साधुकी खोजमें लगा। सौभाग्यसे योगीश्वर दत्तात्रेयके साथ उसका साक्षात्कार हो गया। अलर्कने इस लोकोत्तर साधुके चरणोंमें आत्मनिवेदन कर दिया। माताके आशीर्वादके प्रभावसे उसके रोगका निदान स्वतः उसके चित्तमें प्रकाशित हो गया। दत्तात्रेयके प्रश्नके उत्तरमें उसने स्वयं ही कहा कि 'अहंकार और ममत्वका बोध ही उसका रोग था और उसीके प्रतीकारके लिये वह उनके शरणापन्न हुआ था।'

योगिराज दत्तात्रेयने करुणा-कोमल हृदयसे मदालसा-तनय अलर्कको ज्ञान और योगका उपदेश दिया तथा अहंकार और ममताके मोहसे छूटनेका उसे आशीर्वाद दिया। अलर्कके चित्तसे मोहान्धकार दूर हो गया। वह गुरुजीको

प्रणाम करके तत्क्षण काशिराजके शिविरकी ओर दौड़ा। काशिराज और उसके भाई सुबाहु एक ही आसनपर आसीन थे। उसने काशिराजसे कहा कि 'वे प्रजामण्डलपर उत्पात न करके उसके राज्यको अपने राज्यमें मिला ले अथवा उसे सुबाहुको दे दें।' काशिराजके पूछनेपर उसने स्पष्ट कर दिया कि 'माताके प्रसादसे और साधुसङ्गके प्रभावसे मैंने ज्ञान-राज्यपर अधिकार प्राप्त कर लिया है।' तब सुबाहुने कहा—'मेरा उद्देश्य सिद्ध हो गया, अब मैं चला; राज्यसे मुझे कोई प्रयोजन नहीं; मेरा भाई राज्यबन्धनसे मुक्त हो गया, मैं चरितार्थ हो गया। मैं तो यही चाहता था।' यह सुनकर काशिराज अवाक् रह गये। उन्होंने सुबाहुसे और कुछ कालतक रहनेका अनुरोध करते हुए कहा,—'तुम्हारी ही कृपासे तुम्हारा भाई मोहनिर्मुक्त हुआ है, अब तुम मुझपर कृपा करो। मैं क्यों साधुके प्रसादसे वञ्चित रहूँ?' सुबाहु काशिराजको तत्त्वोपदेश करके उनसे विदा हुआ। अलर्क अपने बड़े भाईको प्रणाम करके उसके अनुग्रहके लिये बार-बार कृतज्ञता प्रकट करने लगा। काशिराजने भी अपनी राजधानीमें लौटकर नवीन ज्ञानके आलोकमें नवीन जीवन बिताना आरम्भ कर दिया। अलर्कने राजधानीमें लौटकर ज्येष्ठ पुत्रको राज्यसिंहासनपर अभिषिक्त कर दिया और स्वयं ज्ञान और योगकी साधनामें निमग्न रहनेके उद्देश्यसे वानप्रस्थ-आश्रम ग्रहण किया। जननी मदालसाकी शिक्षाके प्रभावसे उसके सभी पुत्र परम और चरम कल्याणके अधिकारी हुए।

सभी युगोंमें ऐसी योगसिद्धा महानारियाँ भारतमाताकी गोदमें आविर्भूत होकर भारतीय संस्कृतिको सुस्निग्ध और समुज्ज्वल करती आयी हैं।

धर्म और राजनीति

(लेखक—स्वामी श्रीआगमानन्दजी)

भारतीय संस्कृति अपनी मौलिक महानताओंके कारण संसारभरमें सर्वोत्तम मानी गयी है। इसका कारण क्या है? अवधानपूर्वक अध्ययन करनेवालोंको यह अवगत होनेमें देर न लगेगी कि धर्मके आत्मासे अनुप्राणित होना ही उसकी गौरव-गरिमाका मुख्य कारण है। संसारके कोने-कोनेमें भारतने अपना यह अभौम संदेश पहुँचाया है कि 'धर्मो रक्षति रक्षितः।' लेकिन आज हमारी अवस्था क्या है? 'धर्म परलोककी वस्तु है, अतः इस कर्मसंकुल जीवन-समरमें वह गौण है', आदि धारणाएँ आजके युवकोंके दिमागमें बद्धमूल हो गयी हैं। वर्तमान पीढ़ीकी धर्मके प्रति यह उपेक्षा या अवहेलना कैसे हुई? 'संसारके प्रत्येक राष्ट्रको अपना अस्तित्व बनाये रखनेके लिये भौतिकताके क्षेत्रमें बड़ी दौड़धूप करके आगे बढ़ना है और पारस्परिक प्रतियोगिता इस 'आगे बढ़नेका मूलमन्त्र है। इस होड़में भोजन, आर्थिक असमानता, अशान्ति, युद्धकी विभीषिका आदि जिन-जिन विकराल समस्याओंका सामना करना पड़ता है, उनका समाधान इस पुराने धर्मसे हो नहीं सकता; बल्कि राजनीति और अर्थशास्त्र ही वर्तमान युगमें उसकी क्षमता रखते हैं। अतः वर्तमान युगमें मानवका सविशेष ध्यान राजनीति और अर्थशास्त्रमें केन्द्रित होना चाहिये; न कि धर्ममें·····'आदि आदि। पाश्चात्त्य विचार-धाराके रंगमें रँगी हुई बीसवीं सदीकी वह अपक्व बुद्धि अपने पथके समर्थनके लिये इस प्रकार कई बेसिर-पैरकी दलीलें पेश करती है; किंतु स्वतन्त्ररूपसे विचार करनेपर यह विदित होगा कि धर्मके प्रति यह अवहेलना या तो उसको न समझ सकनेका फल है अथवा जान-बूझकर न समझनेका परिणाम है।

जब पृथ्वीके और स्थानोंमें प्रकृतिको अधीनतामें लानेके लिये कोलाहलपूर्ण प्रयत्न किया जा रहा था, उसके भी बहुत दिनों पहले यहाँकी नीरव प्रयोगशालामें लम्बी दाढ़ीवाले अर्द्धनग्न पण्डितोंने खोज करके ऐसी कुछ बातोंको प्रस्थापित किया था जो मनुष्यत्व और अमरत्वके बीचकी कड़ी थी। अन्य स्थानोंके प्रयत्नोंके

भी कुछ फल निकले अवश्य, लेकिन वे स्वयं उनके लिये घातक सिद्ध हुए और हो रहे हैं। उपर्युक्त प्रस्थापित सत्योंमें एक था 'यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः।' 'यानी जो मनुष्यके लिये दोनों लोक बनाता है, वही धर्म है।'

आधुनिक युगके मनुष्यके हृदयमें राजनीतिका अमिट प्रभाव है। अर्थ और काम इसका विषय है। इसलिये वह इस युगका तकाजा है; किंतु अर्थ तथा कामका स्रोत कहाँसे हुआ? उसका मूल कहाँपर है? इसका समाधान भी उपर्युक्त ज्ञानियोंमेंसे एकने दिया है—

'धर्मादर्थश्च कामश्च स किमर्थं न सेव्यते।'

सुप्रसिद्ध वैद्यक ग्रन्थ अष्टाङ्ग-हृदयमें कहा गया है—

सुखार्थाः सर्वभूतानां मताः सर्वाः प्रवृत्तयः।
सुखं च न विना धर्मात् तस्माद्धर्मपरो भवेत्॥

वर्तमान पीढ़ी धर्मके प्रति क्यों उपेक्षा प्रकट करती है, यह ऊपर दिखाया जा चुका है। जिन-जिन समस्याओंको हल करनेके लिये हम राजनीतिके सामने अंचल पसारते हैं, वे समस्याएँ कहाँसे हुईं? वस्तुतः वे मनुष्यके हृदयमें जन्म लेती हैं। यह तो स्पष्ट है अन्तरिक्ष या आकाशमें वे समस्याएँ हो नहीं सकतीं और पेड़-पौधों, पक्षियों और जानवरोंसे उनका सम्बन्ध भी नहीं। मनुष्यमें ऐसी कोई इन्द्रिय नहीं जो मनकी आज्ञासे संचालित न होती हो। यदि मानवकी सारी समस्याएँ मनमें ही जन्म लेती हैं तो यह स्वयंसिद्ध है कि मनको पवित्र करना ही उन समस्याओंके समाधानका श्रेष्ठ उपाय है।

साधारण अपढ़ लोग भी यह जानते हैं कि बीमारियाँ किन-किन कारणोंसे होती हैं, उनकी पहचान पहले होनी चाहिये और तब फिर चिकित्सा होनी चाहिये। मानवकी वर्तमान समस्याएँ भी इस प्रकारकी कुछ बीमारियाँ हैं जो मानव-मनको अपना शिकार बना लेती हैं और इन बीमारियोंके मौलिक कारण हैं—राग और द्वेष। इन राग-द्वेषकी जड़को उखाड़ कर फेंकनेके लिये यानी मनको पवित्र करनेके लिये मनुष्य जिसकी सहायता ले सकता है वही है धर्म। समाजका सुचारु रूपसे संचालन करनेके लिये मनुष्यने अनुभवोंके ढाँचेमें कुछ नियमोंको ढाल लिया है; किंतु नियमोंको रूप देनेवाला मनुष्य स्वयं राग-द्वेषोंसे प्रभावित है तो यह स्पष्ट है कि उसके बनाये हुए नियमोंमें भी राग-द्वेषकी बू अवश्य आयेगी। यदि शासकका हृदय इन राग-द्वेषोंसे अभिभूत है तो कहना न होगा कि उसका शासन भी इन मारक बीमारियोंका प्रभाव दिखायेगा। राष्ट्रका भविष्य जिन नेताओंके हाथमें है, यदि उनका हृदय राग-द्वेषके विषाक्त वातावरणसे मुक्त नहीं है तो उनके राजनीतिक सिद्धान्तों, मतों और सलाहोंमें राग-द्वेषका रंग अवश्य होगा। भगवान् श्रीरामकृष्णने यह बतलाया है कि 'जो प्याज खाता है उसके मुँहसे उसकी गन्ध निकलेगी।' अतएव यह नितरां सुस्पष्ट है कि वर्तमान युगकी सबसे बड़ी भयङ्कर समस्या राग-द्वेषरहित शुद्ध हृदयवालोंका अभाव है, जिसकी पूर्तिके लिये धर्मकी सहायता अनिवार्यतः आवश्यक है। जबतक मनुष्य स्वयं अच्छा नहीं होता, तबतक संसारकी समस्याओंका हल असम्भव है और स्वयं अच्छा होनेके लिये मनुष्यके सामने एक ही मार्ग है और वह है—धर्मका मार्ग।

आज व्यक्तियों और पत्र-पत्रिकाओंद्वारा जब सरकारी कर्मचारियों और नेताओंके ऊपर भ्रष्टाचारका आरोप लगाया जाता है, तब मेरे मनमें यही खयाल आता है कि या तो वे कर्मचारी या नेतालोग राग-द्वेषके अधीन हैं, अथवा यदि उनके ऊपर झूठा आरोप लगाया जाता है तो वे आरोपक राग-द्वेषसे युक्त हैं। एक राष्ट्रका बहुमत राग-द्वेषयुक्त होता है या उस राष्ट्रके शासनकी बागडोर राग-द्वेषयुक्त नेताओंके हाथमें आ जाती है तो वह राष्ट्र दूसरे राष्ट्रोंको पैरों तले कुचलने-

के लिये पाशविक बल इकट्ठा करने लगता है। 'धन त्यागके लिये है' 'धन यज्ञके लिये है' इत्यादि ऋषिप्रोक्त प्राचीन सामाजिक नियमोंका, अनभिज्ञता या अहङ्कारके कारण उल्लङ्घन करनेवाले राग-द्वेषयुक्त लोगोंके हाथमें जबसे धनसम्पत्ति आ गयी, तभीसे आर्थिक असमानताके प्रश्नने सिर उठाया है और तभीसे समाजको कई समस्याओंका सामना करना पड़ रहा है। महात्मा बुद्ध, ईसामसीह आदि युगान्तरकारी महात्माओंके उपदेश जब राग-द्वेष-युक्त जनताके हाथोंमें आ गये, तब वे आपसी वैमनस्य, कलह और यहाँतक कि मारकाटके लिये भी कारण बने। इन सब अव्यवस्थाओंको दूर करनेका दुर्वह भार लेनेकी क्षमता राजनीतिमें नहीं है; किंतु यही राजनीति जब राग-द्वेषयुक्त लोगोंके हाथोंमें आ जाती है, तब वह विश्वभरमें आतङ्क फैलानेमें एवं अशान्ति बढ़ानेमें सहायक बन जाती है। राग-द्वेष-रहित एक पीढ़ीकी सृष्टि करनेकी शक्ति केवल धर्ममें ही है। धर्मके धागोंसे जबतक राजनीति ओतप्रोत नहीं, तबतक वह संसारकी भलाईके लिये उपयोगी सिद्ध नहीं होगी। हमें ऐसी राजनीति चाहिये जो धर्मके संकेतोंका अनुसरण करती है। इसीलिये राष्ट्रपिता महात्माजीने कहा है कि Py "Politics bereft of religion are a death-trap because they kill the soul" वर्तमान युगके राजनीतिज्ञ यदि इस सत्यको हृदयङ्गम करेंगे तो संसारके सामने कोई भी विकट समस्या न होगी।

'यतो धर्मस्ततो जयः'

सांख्य और गीता

(लेखक—श्रीयादवकृष्णजी अवधिया एम्० ए०)

वेदोंके मुख्य तीन भाग किये गये हैं—(१) कर्मकाण्ड, (२) उपासनाकाण्ड और (३) ज्ञानकाण्ड। ज्ञानकाण्डमें ही उपनिषद् आते हैं जो भारतीय दर्शनोंकी नींव माने गये हैं। सांख्य-दर्शन षट्-दर्शनोंमेंसे एक है। इनके आदिप्रवर्तक भगवान् कपिल माने जाते हैं। इन्होंने ही सबसे पहले सृष्टिका क्रम और मोक्षका मार्ग निर्धारित किया। गीतामें सांख्य-शास्त्र स्थान-स्थानपर मिलता है पर गीताका सांख्य कपिलके सांख्यसे कुछ तात्त्विक मतभेद रखता है। मैं यहाँ यह बतानेकी चेष्टा करूँगा कि सांख्य-शास्त्रमें क्या बताया गया है और गीता उससे कहाँतक सहमत या असहमत है।

स्वामी विवेकानन्दने सांख्य-ज्ञानको पाश्चात्य-विज्ञानकी आधारशिला कहा है। पाश्चात्य जगत्में सर्वत्र कपिलके ही सिद्धान्तोंका बोलबाला है। सांख्य विज्ञानकी नींव है। पुराणोंमें यह बताया गया है कि कपिलने सगरके साठ हजार पुत्रोंको भस्म कर दिया और अपनी माताको सांख्य-शास्त्रका उपदेश दिया। कपिलकी गणना २४ अवतारोंमें की गयी है। सांख्यमतवाले इस शास्त्रको सर्वश्रेष्ठ मानते हैं। गीतामें यों तो कई अध्यायोंमें सांख्यके सिद्धान्तोंका स्फुट वर्णन है, पर तेरहवें और चौदहवें अध्यायमें सांख्यका सबसे अधिक वर्णन है। उसमें यह बताया है कि यह ज्ञान सब ज्ञानोंमें श्रेष्ठ है, इसे पाकर सब मुनि सिद्ध होकर इस संसारसे गये। इस ज्ञानको पाकर हे अर्जुन! मनुष्य मेरे समान ही हो जाते हैं। सृष्टिके आरम्भ होनेपर फिर उनका जन्म नहीं होता और प्रलयकाल आनेपर उनको दुःख भी नहीं होता।

परं भूयः प्रवक्ष्यामि ज्ञानानां ज्ञानमुत्तमम्।
यज्ज्ञात्वा मुनयः सर्वे परां सिद्धिमितो गताः॥
इदं ज्ञानमुपाश्रित्य मम साधर्म्यमागताः।
सर्गेऽपि नोपजायन्ते प्रलये न व्यथन्ति च॥

योगशास्त्रने भी सांख्यके तात्त्विक सिद्धान्तोंको अपनाया है और दोनोंमें इतनी घनिष्ठता है कि योग-शास्त्रको भी सांख्य ही माना जाता है। भिन्नताके लिये योगको सेश्वर सांख्य (ईश्वर-सहित सांख्य) और सांख्यको निरीश्वर सांख्य (बिना ईश्वरका सांख्य) कह देते हैं। गीताने भी दोनोंको एक ही माना है—

'सांख्ययोगौ पृथग्बालाः प्रवदन्ति न पण्डिताः।'

'सांख्य और योग अलग-अलग हैं ऐसा मूर्खलोग मानते हैं, पण्डितलोग नहीं।'

'यत्सांख्यैः प्राप्यते स्थानं तद्योगैरपि गम्यते।'

'सांख्यमें मनुष्य जिस स्थानपर पहुँचता है योगमार्ग-से चलकर भी उसी स्थानपर जा पहुँचता है।'

अब हम देखेंगे कि सांख्य-शास्त्रके मुख्य-मुख्य सिद्धान्त क्या हैं—

जिस शास्त्रमें संख्या की गयी हो उसे सांख्य कहते हैं। सांख्यशास्त्रमें चौबीस तत्त्व गिनाये गये हैं और पचीसवाँ तत्त्व पुरुष माना गया है। वे २५ तत्त्व इस प्रकार हैं। पुरुष—यह चेतन है। शेष २४ तत्त्व जड हैं। पुरुषका अर्थ है आत्मा। यह स्त्री या पुरुष, पशु-पक्षी, कीट-पतग सबका आत्मा हो सकती है। शेष २४ तत्त्व हैं प्रकृति, अहंकार, मन, बुद्धि पञ्च महाभूत-पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। पंच तन्मात्राएँ-गन्ध, रस, रूप, स्पर्श और शब्द। दश इन्द्रियाँ—५ ज्ञानेन्द्रियाँ तथा ५ कर्मेन्द्रियाँ।

गीताके १३ वें अध्यायमें जो क्षर तथा अक्षरका वर्णन है, वह सांख्यके प्रकृति–पुरुषका ही वर्णन है, पर उसमें तत्त्वोंकी संख्या ३६ मानी गयी है। सुख, दुःख, चेतना, धृति, ५ कर्मेन्द्रियोंके विषय, इच्छा, द्वेष, संघात ये १२ तत्त्व अधिक माने गये हैं। सांख्यमें प्रकृति जड मानी गयी है। प्रकृति और पुरुष अनादि माने गये हैं।

प्रकृतिं पुरुषं चैव विद्ध्यनादी उभावपि।
विकारांश्च गुणांश्चैव विद्धि प्रकृतिसम्भवान्॥
(गीता १३। १९)

इन्द्रिय, अन्तःकरण आदि विकार तथा सत्त्व, रज, तम—ये तीन गुण प्रकृतिसे ही उत्पन्न माने गये हैं। गीता तथा सांख्य दोनोंको ये बातें मान्य हैं।

सांख्यमें प्रकृति और पुरुषका संयोग अंधे और लँगड़ेके समान बताया गया है। त्रिगुणात्मिका प्रकृति अपने तीनों गुणोंके द्वारा पुरुषके उपकारके लिये कार्य करती जाती है। पुरुष स्वयं कुछ नहीं करता। वह केवल भोक्तामात्र है। जबतक पुरुषकी इच्छाएँ समाप्त नहीं हो जातीं, तबतक प्रकृति उसकी इच्छापूर्तिके साधन जुटाया करती है। तबतक पुरुष भी अपनेको प्रकृतिका एक अङ्ग मानता है। पर ज्यों ही वह अपनेको प्रकृतिसे भिन्न अनुभव करता है, उसकी इच्छाएँ समाप्त हो जाती हैं। उस समय प्रकृति उसके पाससे उसी प्रकार चली जाती है, जिस प्रकार प्रेक्षकोंके सामनेसे नर्तकी अपना खेल दिखानेके बाद चली जाती है और तब फिर पुरुष प्रकृतिके फंदेमें नहीं पड़ता; वह मुक्त हो जाता है। सांख्य-शास्त्रमें आत्मा अनेक माने गये हैं और प्रकृति और पुरुष ये दो भिन्न तत्त्व माने गये हैं; जब कि वेदान्तमें आत्मा एक ही माना गया है और प्रकृतिको कोई अलग तत्त्व न मानकर माया या भ्रम कहा गया है।

गीताको सांख्यके अधिकांश सिद्धान्त मान्य हैं। सांख्यकी तरह गीता भी तीनों गुणोंको ही कर्ता मानती है।

तत्त्ववित्तु महाबाहो गुणकर्मविभागयोः।
गुणा गुणेषु वर्तन्त इति मत्वा न सज्जते॥

'हे अर्जुन! तत्त्वको जाननेवाला 'सत्त्व, रज और तम ये तीन गुण ही कार्य करते है—यह जानकर लिप्त नहीं होता।'

तीन गुणोंका जैसा विस्तृत विवेचन गीतामें मिलता है, वैसा सांख्यमें भी नहीं मिलता । सांख्यशास्त्रमें केवल उनके नाम गिनाकर उनके कार्य सुख, दुःख, मोहकी ओर संकेतमात्र किया गया है । पर गीतामें उनके अनुसार श्रद्धा, आहार, तप, ज्ञान, दान, कर्ता, कर्म, सुखको भी तीन-तीन भागोंमें बाँटा गया है । गीतामें यह भी बताया गया है कि सत्त्वगुणकी अधिकता रहनेपर यदि मनुष्य मरे तो वह ज्ञानियोंके कुलमें जन्म लेता है । रजोगुणकी अधिकता रहनेपर कर्मनिष्ठ या राजाओंके यहाँ तथा तमोगुणकी अधिकता रहनेपर पशु-पक्षियों, वृक्षोंके रूपमें जन्म लेता है । गीतामें यह कहा गया है कि सत्त्वगुणसे मनुष्य ऊपर उठता है, रजोगुणसे जहाँ-का-तहाँ यानी मध्य भागमें रहता है और तमोगुणसे उसका पतन होता जाता है ।

ऊर्ध्वं गच्छन्ति सत्त्वस्था मध्ये तिष्ठन्ति राजसाः ।
जघन्यगुणवृत्तिस्था अधो गच्छन्ति तामसाः ॥

मोक्षके विषयमें सांख्य और गीताके सिद्धान्त भिन्न-भिन्न हैं ।

सांख्य सिर्फ यह कहता है कि पुरुष जब चौबीस तत्त्वोंका ज्ञान प्राप्त कर लेता है और जब वह अपनेको प्रकृतिसे भिन्न जानने और अनुभव करने लगता है, तब वह मुक्त हो जाता है । पर गीता इस विषयमें कुछ भिन्नता रखती है । संस्कृतमें 'गुण' का एक अर्थ रस्सी भी होता है । सत्त्व, रज और तम—ये तीन गुण अथवा रस्सियाँ हैं जो आत्माको संसारसे बाँधती हैं । जब मनुष्य इन तीनों गुणोंसे छूट जाता है, जब त्रिगुणातीत हो जाता है, तब जन्म-मृत्यु, जरा तथा दुःखसे छूटकर अमृतका आनन्द लूटता है ।

गुणानेतानतीत्य त्रीन् देही देहसमुद्भवान् ।
जन्ममृत्युजरादुःखैर्विमुक्तोऽमृतमश्नुते ॥

अब हमें देखना है कि गुणातीत पुरुषके लक्षण क्या हैं और यह त्रिगुणातीत अवस्था किस तरहसे प्राप्त की जा सकती है । इस विषयका वर्णन गीताके चौदहवें अध्यायमें श्लोक २२ से लगाकर श्लोक २६ तक है । उसका सारांश इस प्रकार है—

'त्रिगुणातीत व्यक्ति प्रकाश, प्रवृत्ति और मोहको जो तीनों गुणोंके कार्य या परिणामस्वरूप है न तो घृणाकी दृष्टिसे देखता है न उनसे प्रेम रखता है ।'

प्रकाशं च प्रवृत्तिं च मोहमेव च पाण्डव ।
न द्वेष्टि सम्प्रवृत्तानि न निवृत्तानि काङ्क्षति ॥

वह सुख और दुःखमें समान भाव रखता है । आत्मस्थ होता है, मिट्टीके ढेले, पत्थर और सोनेको समान दृष्टिसे देखता है, प्रिय और अप्रिय वस्तुओंसे सम-भाव रखता है, धैर्यशाली होता है तथा अपनी निन्दा और स्तुतिको सम-भावसे देखता है ।

समदुःखसुखः स्वस्थः समलोष्टाश्मकाञ्चनः ।
तुल्यप्रियाप्रियो धीरस्तुल्यनिन्दात्मसंस्तुतिः ॥

त्रिगुणातीत व्यक्ति मान और अपमानमें सम-भाव रखता है, मित्र और शत्रुमें भेद नहीं रखता, कर्मफलकी इच्छासे कोई कार्य आरम्भ नहीं करता ।

मानापमानयोस्तुल्यस्तुल्यो मित्रारिपक्षयोः ।
सर्वारम्भपरित्यागी गुणातीतः स उच्यते ॥

इस गुणातीत अवस्थाको प्राप्त करनेका उपाय गीताने भक्तियोग यानी ईश्वरका अनन्य चिन्तन बताया है ।

मां च योऽव्यभिचारेण भक्तियोगेन सेवते ।
स गुणान् समतीत्यैतान् ब्रह्मभूयाय कल्पते ॥

इस प्रकार हम देखते हैं कि 'ब्रह्मभूयाय' में ब्रह्म शब्द वेदान्तका 'ब्रह्म' होनेके कारण गीताका सांख्य वेदान्तोन्मुख सांख्य है जिसमें भक्तिका भी मेल है । इस प्रकार गीतामें सांख्य, वेदान्त और भक्तिकी त्रिवेणी है । गीतामें दिखलाये गये मार्गद्वारा गुणातीत अवस्था प्राप्त करना हम सबका परम कर्तव्य है ।

अशुद्ध आहारसे हानि

[एक आर्यसंन्यासीका संदेश]

(बिल्कुल सत्य घटना)

(लेखक—भक्त श्रीरामशरणदासजी)

कुछ दिनों पहले हमारे स्थानपर प्रसिद्ध आर्यसंन्यासी महात्मा श्रीआनन्दस्वामी सरस्वतीजी महाराज पधारे थे। आप तीन-चार दिन ठहरे थे और कैलास-मानसरोवरकी यात्राके सम्बन्धमें, गोवधके विरोधमें आपके भाषणोंकी खूब धूम मची थी। आजकल जो सारे देशमें खान-पानका विचार नहीं रहा है और सभी होटलोंमें खाने लगे हैं, इस सम्बन्धमें मैंने जो आपसे प्रश्न किये और स्वामीजी महाराजने जो उत्तर दिये, वे ज्यों-के-त्यों पाठकोंके सामने रक्खे जाते हैं। आशा है पाठक एक प्रख्यात आर्यसंन्यासीके सत्य अनुभवसे अवश्य ही लाभ उठायेंगे और होटलोंके खानेसे और भक्ष्याभक्ष्यका विचार न कर अनाप-शनाप जो जीमें आया, खानेसे बाज आयेंगे।

प्रश्न—महाराजजी! आजकल लोग चाहे जिसके हाथका बना भोजन खा-पी लेते हैं और किसी भी जाति आदिका कोई विचार नहीं करते, किसने बनाया है, इसका भी तनिक विचार नहीं करते, होटलोंमें जाते हैं, जो जीमे आया भक्ष्याभक्ष्यका विचार न करके खा-पी आते हैं और कहते हैं कि खाने-पीनेसे क्या बिगड़ता है क्या यह ठीक है?

स्वामीजी—अरे राम राम! यह घोर अनर्थ हो रहा है। जिसका खान-पान शुद्ध नहीं, जिसका आहार शुद्ध नहीं, वह भला क्या उन्नति करेगा और क्या भजन-ध्यान करेगा तथा क्या मोक्ष प्राप्त करेगा? शुद्ध आहारकी कितनी आवश्यकता है इस सम्बन्धकी एक बिल्कुल सत्य घटना हम तुम्हें सुनाते हैं, ध्यानसे सुनो।

सत्य घटना

आर्यजगत्‌के सुप्रसिद्ध महात्मा हंसराजजी एक बार मौन-आश्रम श्रीहरद्वारमें ठहरे हुए थे। मौन-आश्रममें ही एक वानप्रस्थीजी महाराज भी ठहरे थे, जो कितने ही वर्षोंसे यहीं इसी आश्रममें रहकर प्रातःकाल तीन बजे उठकर ध्यानावस्थित होनेका अभ्यास कर रहे थे और इस अभ्यासमें उन्हें पर्याप्त सफलता भी मिल चुकी थी। एक दिनकी बात है कि वे वानप्रस्थीजी बड़े जोरसे रुदन करते हुए महात्मा हंसराजजीके पास पहुँचे और रोकर कहने लगे कि 'महाराज! मैं आज लुट गया।'

महात्माजी—क्या रातको चोरी हो गयी?

वानप्रस्थी—नहीं महाराज! सर्वनाश हो गया!

महात्माजी—स्पष्ट बताइये क्या हुआ?

वानप्रस्थी—पूछिये मत महाराज! सर्वस्व-हरण हो गया।

महात्माजी—फिर भी बताओ न क्या हुआ? रोते क्यों हो?

वानप्रस्थी—महात्माजी! मैं प्रतिदिन अभ्यासमें बैठता हूँ और प्रभु तथा श्रीगुरुकृपासे मैं ब्रह्मरन्ध्रमें ध्यान लगाता हूँ। आज भी मैं नित्यकी भाँति ही ध्यानावस्थित होनेके लिये बैठा, परंतु आज मुझे नित्यकी भाँति ध्यानमें वह ज्योति दिखायी नहीं दी और उसकी जगह लाल वस्त्र पहने एक युवती दिखायी देने लगी। मैंने अपने मानसिक बलसे उसे हटानेका बहुत ही प्रयत्न किया, परंतु मुझे इसमें सफलता नहीं मिली। जब सफलता नहीं मिली, तब मैं उठकर टहलने लगा। थोड़ी देर बाद मैं फिर ध्यानमें बैठा, परंतु फिर भी ज्योति दिखलायी नहीं दी और उसकी जगह वही लाल साड़ीवाली युवती दृष्टिगोचर होने लगी। मैं फिर उठकर टहलने लगा और फिर मैंने एक बार प्रयत्न किया कि मैं किसी प्रकार ध्यानावस्थित हो सकूँ; परंतु बार-बार प्रयत्न करनेपर भी मैं सफल नहीं हो सका और उसी लाल साड़ीवाली युवतीका चित्र सामने आने लगा। हाय हाय! महात्माजी! मैं लुट गया, मेरी अबतककी सारी कमाई लुट गयी, अब मैं क्या करूँ!

—यह कहकर वानप्रस्थी फूट-फूटकर रोने लगे।

महात्माजी—कल कहीं गंदा खेल देखने तो नहीं चले गये?

वानप्रस्थी—नहीं महाराज!

महात्माजी—कोई गंदा उपन्यास तो नहीं पढ़ा?

वानप्रस्थी—ऐसी कोई पुस्तक नहीं पढ़ी।

महात्माजी—किसीकी बुरी सङ्गतिमें तो नहीं जा बैठे?

वानप्रस्थी—नहीं, किसीके पास नहीं बैठा।

महात्माजी—कल आश्रमसे बाहर कहींपर गये थे ?

वानप्रस्थी—जी हाँ, मेरे एक साधु साथी आये थे और वे मुझे अपने साथ एक स्थानपर ले गये, जहाँ बहुत बड़ा भंडारा हुआ था।

महात्माजी—तुमने भी क्या उसमें कुछ खाया था ?

वानप्रस्थी—जी हाँ, मैंने भी उस भंडारेमें भोजन किया था।

महात्माजी—तो पता लगाओ कि वह भंडारा करनेवाला कौन था, वह कहाँसे आया था और कैसा था ?

वानप्रस्थी—बहुत अच्छा महाराज !

अब तो वानप्रस्थी इस खोजमें लगे कि भंडारेवाला कौन कैसा था और उसके भंडारे करनेका उद्देश्य क्या था ?

दो-तीन दिनोंकी खोजके पश्चात् वानप्रस्थीजीने महात्मा हंसराजजीके पास आकर बताया कि 'महाराज ! खोज करनेके पश्चात् यह मालूम हुआ है कि अमुक नगरीका एक व्यक्ति श्रीहरद्वारमें आया था, उसीने आकर भंडारा किया था। उस व्यक्तिने अपनी एक युवती कन्याको दस हजार रुपयेमें एक वृद्धके साथ ब्याह दिया था। लड़कीके बेचे हुए दस हजार रुपयोंमेंसे वह दो हजार रुपये लेकर श्रीहरद्वारमें आया था और उसी दो हजार रुपयेसे उसने भंडारा किया था।'

यह सुनकर महात्माजी कहने लगे कि 'तुम्हारे ध्यानावस्थामें जो घटना घटी है उसका कारण स्पष्ट हो गया। उसी युवतीका चित्र ध्यानावस्थामें सामने आता था जिसे बेचकर उस व्यक्तिने तुम्हें अन्न खिलाया था। जैसा अन्न होता है वैसा ही मन भी बनता है। अब तुम्हें इस बुरे अन्नके प्रभावको नष्ट करनेके लिये सवा लाख गायत्रीका जप करना चाहिये, तभी अन्नका प्रभाव दूर होगा अन्यथा नहीं।'

वानप्रस्थीजीने ऐसा ही किया। सवा लाख गायत्री-जपसे बुरे अन्नका प्रभाव दूर हो गया और तब उनका पूर्ववत् ध्यान होने लगा।

शुद्ध आहार किसे कहते हैं

प्रश्न—महाराजजी ! शुद्ध आहार किसे कहते हैं ?

स्वामीजी—शुद्ध आहारके दो अर्थ हैं—

१—कमाई नेक हो अर्थात् किसीका भी खून चूसकर या किसीको भी किसी प्रकारकी हानि पहुँचाकर धन न कमाया गया हो, अपितु पूरी सात्त्विकतासे भरसक प्रयत्न करके बुद्धि अथवा शारीरिक श्रमके द्वारा धन या अन्न एकत्रित किया गया हो।

२—आहारकी पवित्रताका दूसरा अर्थ यह है कि उसके बनानेमें या उसके तैयार करनेमें पूरी शारीरिक पवित्रता और पूरी मानसिक पवित्रताका प्रयोग हो। माता, बहिन, पुत्री अथवा पत्नीद्वारा जो अन्न तैयार होता है उसमें बनानेवालोंके मनकी भावनाओंका प्रभाव आ जाता है और यह प्रभाव उस अन्नके खानेवालोंके मनको भी प्रभावित करता है। इन माता, बहिन, पुत्री अथवा पत्नीके द्वारा बनाया हुआ भोजन अच्छी भावनाओंसे पूरित होता है इसलिये उसके खानेसे कोई शारीरिक रोग भी नहीं होता और न उसके खानेसे किसी प्रकार मन ही दूषित होता है। नौकरों इत्यादिके द्वारा बनाये गये भोजनमें या होटलोंके बनाये गये भोजनोंके अंदर यह पवित्र भावनाएँ नहीं होतीं, इसीलिये होटलोंमें खानेवालोंकी मानसिक अवस्था दिनोंदिन बिगड़ती चली जाती है और उनका घोर पतन हो जाता है। दूषित भावनाओंवाले अन्नमें मनको बिगाड़नेका प्रभाव रहता है। मांसाहारीके हाथका, निम्न जातिके मनुष्यके हाथका भोजन करनेसे भी मन दूषित हो जाता है। भूलकर भी बाजारोंमें बना, होटलोंका बना और चाहे जिसके हाथका बनाया भोजन कभी भी नहीं खाना चाहिये। अन्न ग्रहण करनेमें यह अवश्य देख लेना चाहिये कि अन्न कहाँसे आ रहा है और किसके द्वारा बनाया हुआ है ? उपनिषद्के ऋषिने लिखा है—

'आहारशुद्धौ सत्त्वशुद्धिः'

आहारकी शुद्धिसे बुद्धि शुद्ध होती है, शुद्ध बुद्धिसे अच्छी स्मृति बनती है और जब स्मृति परिपक्व हो जाती है, तब हृदयग्रन्थियाँ टूट जाती हैं और तब साधक मोक्षका अधिकारी बन जाता है। शुद्ध अन्न ही मोक्षका अधिकारी बनाता है। आजकल जो लोग अपनेको उन्नत बताकर या फैशनमें आकर होटलोंमें खा-पी रहे हैं या चाहे जिसके हाथका बनाया भोजन खा-पी रहे हैं, वे घोर अनर्थ कर रहे हैं। इससे घोर पतन होता है ! बिना विचार किये होटलोंका खानेसे या चाहे जिसके हाथका खानेसे शारीरिक रोग भी हो जाते हैं और मन भी दूषित हो जाता है। ऐसे मनुष्य भला मोक्षके अधिकारी कैसे बन सकते हैं ? घरका बना शुद्ध पवित्र भोजन ही शरीर और मनको ठीक रख सकता है। होटलोंवाले तो बराबर यह देखते रहते हैं कि यह ज्यादा

भोजन तो नहीं कर गया। वे चाहते हैं कि यह जितना थोड़े-से-थोड़ा खाय, अच्छा है। उनकी यह भावना शरीरमें रोग पैदा कर देती है और वह भोजन अच्छी प्रकारसे नहीं पचता। इसलिये बहुत सोच-समझकर भोजन करना चाहिये।

प्रश्न—महाराज! बहुत-से मनुष्य अंडे-मांस-मछली खाते हैं। प्याज, लहसुन, सलजम आदि खाते हैं; क्या यह ठीक है?

स्वामीजी—नहीं, यह भूलकर भी नहीं खाने-पीने चाहिये। इनके खानेसे बड़ा पतन होता है। जो बाहरके आनन्द लेना चाहते हैं, वे अंदरका आनन्द नहीं ले सकते। जो खाने-पीनेमें और इन्द्रियोंके तृप्त करनेमें ही लगे हुए हैं उन्हें अंदरका असली आनन्द प्राप्त नहीं हो सकता और वे योगके भी अधिकारी नहीं हो सकते। जो परमात्माको प्राप्त करना चाहते हैं, अंदरका असली आनन्द प्राप्त करना चाहते हैं, योगके अधिकारी बनना चाहते हैं उन्हें तो मांस, मछली, अंडे, प्याज, लहसुन, सलजम आदि सभी तामसिक पदार्थ छोड़ने ही होंगे, इनके त्यागे बिना कुछ भी नहीं होगा।

जब अपवित्र विचार घेरते हैं ?

(काम, कारण और निवारण)

(लेखक—पं० श्रीकृष्णदत्तजी भट्ट)

[गताङ्क पृष्ठ १०२७ से आगे]

'विषयमात्रका निरोध ही ब्रह्मचर्य है। जो और-और इन्द्रियोंको जहाँ-तहाँ भटकने देकर केवल एक ही इन्द्रियको रोकनेका प्रयत्न करता है, वह निष्फल प्रयत्न करता है।'

'कानसे विकारकी बातें सुनना, आँखसे विकार उत्पन्न करनेवाली वस्तु देखना, जीभसे विकारोत्तेजक वस्तु चखना, हाथोंसे विकारोंको भड़कानेवाली चीजको छूना और साथ ही जननेन्द्रियको रोकनेका प्रयत्न करना, यह तो आगमें हाथ डालकर जलनेसे बचनेका प्रयत्न करनेके समान हुआ। इसलिये जो जननेन्द्रियको रोकनेका निश्चय करे, उसे पहलेसे ही प्रत्येक इन्द्रियको उस-उस इन्द्रियके विकारोंसे रोकनेका निश्चय कर ही लिया होना चाहिये।'—गाँधी।

× × ×

सच पूछिये तो हम आगमें हाथ डालकर भी यही सोचते हैं कि हम जलेंगे नहीं।

केवल जननेन्द्रियको रोकनेकी बात कहकर हम ब्रह्मचारी बनना चाहते हैं।

और-और इन्द्रियोंको मनमानी छूट देकर भी हम चाहते हैं कि ब्रह्मचर्य-व्रतका पालन कर लेंगे।

परंतु ऐसा भी कहीं सम्भव है?

'हँसब ठठाइ फुलाउब गालू?'

× × ×

अपवित्र विचारोंसे मुक्त होना है, ब्रह्मचर्यका पालन करना है, पवित्र जीवन बिताना है तो हमें केवल एक इन्द्रियपर नहीं, सभी इन्द्रियोंपर पहरा बैठाना होगा। किसी भी इन्द्रियको छूट दी कि सारा किया-धरा मिट्टी हुआ!

× × ×

इन्द्रियाँ दस हैं। पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ।



खुराफातकी जड़ है ज्ञानेन्द्रियाँ, कर्मेन्द्रियाँ तो उनकी अनुगामिनी ठहरीं। ज्ञानेन्द्रियाँ काबूमें रहें तो कर्मेन्द्रियोंको रोकनेमें अधिक कठिनता न होगी।

आँखसे हम देखते हैं। उसका विषय है—रूप।
कानसे हम सुनते हैं। उसका विषय है—शब्द।
नाकसे हम सूँघते हैं। उसका विषय है—गन्ध।
जिह्वासे हम चखते हैं। उसका विषय है—रस।
त्वचासे हम छूते हैं। उसका विषय है—स्पर्श।

इन विषयोंको—रूप, शब्द, गन्ध, रस, स्पर्शको हम रोक लें, इनके पीछे हम दीवाने न बनें, तो काम बनते देर न लगे । अपवित्र विचार इसीलिये घेरते हैं, टिकते हैं और हमपर हावी होते हैं कि हमने अपनेको इन विषयोंका गुलाम बना रक्खा है ।

× × ×

लोग कहते हैं—'आँख है तो जहान है ।'

आँख शरीरकी नियामत है ।

मेरी बूढ़ी माँ आँखोंसे लाचार है । नाती-पोतोंका मुँह देखनेके लिये अब वह तरसा करती है । बच्चोंको टटोलकर वह अपनी इस इच्छाकी आंशिक पूर्ति करती है । पर उतनेसे कहीं जी भर पाता है उसका ?

कुछ ही दिन पहले तो अमरीकाके एक अंधेकी घोषणा पढ़ी थी अखबारोंमें । एक आँखके बदलेमें वह कई हजार डालर देनेको तैयार था !

जी, तो यह आँख इतनी कीमती है ।

हजारों ही नहीं, लाखों रुपये इसपर हँसी-खुशीसे न्यौछावर किये जा सकते हैं ।

× × ×

और कितना अधिक दुरुपयोग करते हैं हम इसका ! घीसाका एक प्रश्न है—

आँखें जती सती लखने को,
संतों के दरसन करने को,
आप लगे अबला तकने को,
खो बैठे ईमान को !
ऐसा क्यों अधरम कीन्हा ?

आँखें हैं इसलिये कि हम इनसे दर्शन करें प्रभुकी अपार सौन्दर्यमयी छविका ।

इनसे हम भगवान्‌की अद्भुत सृष्टि देखें । जीवनके आवश्यक कार्य तो करें ही, उनके साथ-साथ योगी-यतियों, संतों-महात्माओंके दर्शन करें और इस प्रकार अपनेको धन्य बनायें ।

परंतु इन आँखोंसे हम देखते क्या हैं ? करते क्या हैं ?

× × ×

आँखोंसे हम देखते हैं युवक-युवतियोंका, स्त्री-पुरुषोंका कल्पित सौन्दर्य ।

आँखोंसे हम देखते हैं नारीके भिन्न-भिन्न अङ्ग-उपाङ्ग और उनमें आसक्ति बढ़नेपर शिकायत करते हैं—

'आँखोंका था कसूर छुरी दिल पै चल गयी ।'

आँखोंसे हम देखते हैं गंदे चित्र, गंदे सिनेमा, नाटक, नौटंकी, प्रहसन ।

आँखोंसे हम देखते हैं गंदे दृश्य, गंदी तस्वीरें, गंदी क्रीड़ाएँ, गंदी पुस्तकें, गंदी पत्र-पत्रिकाएँ, गंदा साहित्य, गंदे प्रदर्शन ।

आँखोंसे हम देखते हैं ऐसी कलाकृतियाँ जो हमारे हृदयमें अपवित्र विचारोंको भड़काती हैं ।

× × ×

और तब हम अपनी सफाई देते हुए कह उठते हैं—

'जेरे दीवार खड़े हम तेरा क्या लेते हैं,
देख लेते हैं तपिश दिल की बुझा लेते हैं ।'

देखनेकी यह सामान्य-सी क्रिया ही सारे अनर्थोंका सूत्र-पात करती है ।

पतंगा दीपकको केवल देखता ही तो है !

और देखते-देखते ही वह उसमें जाकर भस्म हो जाता है ! अजामिलने एक बार देखा ही तो था, सारा जीवन पापमय बन गया !

तभी न तुलसीबाबाने चेतावनी दी है हमें—

दीप सिखा सम जुबति तन, मन जनि होसि पतंग ।
भजहि राम तजि काम मद, करहि सदा सतसंग ॥

× × ×

आँखोंकी इस सामान्य क्रियाने न जाने कितने स्त्री-पुरुषोंको पतनके गड्ढेमें गिरा दिया है !

बड़े-बड़े विद्वान् और पण्डित, सदाचारी और आदर्शवादी, योगी और संन्यासी इसके फेरमें ऐसे डूबे कि कहीं पता भी न चल सका !

× × ×

तो आँखोंकी वासनासे मुक्त होनेके लिये क्या हमें बिल्वमंगलकी तरह आँखें फोड़ लेनी चाहिये ?

'न रहेगा बाँस न बजेगी बाँसुरी !'

सुननेमें तरकीब अच्छी तो मालूम होती है, पर क्या सोलह आने कारगर होगी वह ?

जिनको आँखें नहीं होतीं, जिनकी आँखोंकी रोशनी जाती रहती है, वे विकारोंसे सर्वथा मुक्त हो जाते हैं क्या ?

जी नहीं, अंधे भी विकारी पाये जाते हैं !

× × ×

असलियत तो यह है कि आँखें फोड़कर भी विकारी रहा जा सकता है।

और आँखें रखकर भी विकारमुक्त हुआ जा सकता है।

विषको अमृत बना देनेवाले सूरदासकी बात छोड़िये, मिल्टनकी बात जाने दीजिये, अंध गायक के० सी० दे (काना केष्टो) को भूल जाइये—सभी अंधे कहाँ हो पाते हैं ऐसे, जिनके चर्मचक्षु मुँदकर ज्ञानचक्षु खुल जायँ। अधिकतर तो अंधे ऐसे ही होते हैं, जिनका जीवन उनके लिये तो अभिशाप रहता ही है, समाज और देशके लिये भी अभिशाप सिद्ध होता है।

× × ×

तब प्रभुद्वारा मिले इस वरदानसे वञ्चित हो जाना, इस नियामतसे हाथ धो बैठना कहाँकी अक्लमंदी है ?

जिस आँखसे हम अपनी ही सेवा नहीं करते, घर, परिवार, समाज, देश, राष्ट्र और सारे संसारकी अपार सेवा करनेमें भी समर्थ हो सकते हैं, उसे फोड़ बैठना कहाँकी बुद्धिमानी है ?

× × ×

प्रश्न उठता है कि आँखें शरारत किये बिना मानती नहीं, इधर-उधर भटके बिना मानतीं नहीं और उन्हे फोड़ देना भी ठीक नहीं, तब किया क्या जाय ?

उपाय उसके लिये भी है पर कोई करे तब तो ?

× × ×

आँखोंको फोड़नेकी जरूरत नहीं। वे रहें, स्वस्थ रहें, सबल रहें, सौ सालकी उम्रमें भी वे बिना दिक्कतके सूईमें तागा डालती रहें, परंतु उनमें विकार नहीं रहना चाहिये।

आँखें रहें, जगत्के प्राणी-पदार्थोंको देखें, अपना काम ठीकसे करें, परंतु रूपकी प्यास उनमें नहीं रहनी चाहिये।

आँखोंको रहना चाहिये, परंतु उनका दृष्टिकोण बदल जाना चाहिये। उनमेंसे विकार निकल जाना चाहिये। उनपर ऐसा नियन्त्रण होना चाहिये कि वे पवित्र ही देखें, अपवित्र नहीं। अच्छाई ही देखें, बुराई नहीं।

× × ×

परंतु आँखोंको पवित्र बनाना कोई सरल बात है ? मुश्किल जरूर है, पर करनेवालेके लिये नहीं।

× × ×

आँखोंको काबूमें करनेका एक सीधा उपाय है—चलते समय दृष्टि नीची करके चलना। अपने आगे चार हाथसे अधिक न देखे। आगे-पीछे, अगल-बगल, इधर-उधर, ऊपर-नीचे, टेढ़ी-तिरछी और चुभती नजरसे किसीको न देखे। बंदरों-जैसी चञ्चल दृष्टि न रक्खे। दृष्टिको पक्की करनेका, एकाग्र करनेका अभ्यास करे।

× × ×

सवाल है कि आँखें भटकती क्यों हैं ?

केवल इसलिये कि उनमें रूपकी प्यास छिपी बैठी है।

रंगोंके उभारमें, आकृतियोंके टेढ़े तिरछेपनमें, शरीरके भिन्न-भिन्न अङ्गोंमे हम रूप और सौन्दर्यकी कल्पना कर लेते हैं। उनमें हमारी रमणीय बुद्धि हो जाती है। आँखोंके रास्ते हम उस रूपका स्पर्श करना चाहते हैं। आँखों-ही-आँखोंमें हम उसे पी लेना चाहते है, समेट लेना चाहते हैं।

परंतु असलियत क्या है ?

जिस शरीरको हम रूपवान्, सौन्दर्यवान्, लावण्यवान् समझते हैं, जिन अङ्गोंमें हम लालित्यकी, लावण्यकी, रमणीयताकी कल्पना करते हैं, उनके आवरणको हटाकर हमने कभी देखा है ? चमड़ेके पर्देको उघारकर हमने कभी भीतर झाँकनेकी चेष्टा की है ?

× × ×

कहते हैं कि एक विधवा युवतीपर एक जमीदार बुरी तरह आसक्त हो गया।

निराश्रिता अबलाने बचावकी कोई सूरत न देख उस कामासक्तको चार दिन बाद बुलाया।

और चार दिन बाद, मनमोदक खाते, हँसते, मुसकराते हुए वह जमींदार उक्त विधवाके घर पहुँचा तो वहाँ चारपाईपर पड़े एक नारी-कंकालको देखकर उससे पूछने लगा—कहाँ है वह युवती ?

नारीकंकालने धीमे स्वरमें कहा—मैं ही तो हूँ वह युवती।

'हैं, तुम्हीं हो वह युवती ?'—चौंककर पूछा उसने। 'कहाँ गया तुम्हारा वह रूप ? आज तो तुम्हारे निकट खड़े होनेमें भी मुझे घृणा हो रही है।'

आँगनमें रक्खी एक नाँदकी ओर इशारा करते हुए युवती बोली—'वहाँ रक्खा है मेरा वह रूप। जाकर देख लो न !'

जमींदार नाँदकी ओर बढ़ा। देखा, उसमे मल भरा

पड़ा है। दुर्गन्धसे उसकी नाक फटने लगी। उलटे पैरों भागा वह वहाँसे।

युवतीने जमालगोटा खाकर उस कामान्ध जमीदारको दिखा दिया कि जिसे वह रूप-लावण्य समझे बैठा था, वह सारा भवन मलपर ही प्रतिष्ठित था!

× × ×

स्त्री हो या पुरुष, युवक हो या युवती, जिस किसीके भी शरीरको हम सुन्दर मानकर शलभकी भाँति आतुर होकर दौड़ते हैं, उसके भीतर आखिर भरा हुआ क्या है!

मल, मूत्र, कफ, थूक, खखार, रक्त, मास, मज्जा आदि ही तो!

पृथक्-पृथक् देखनेसे इनमें कौन-सी वस्तु रमणीय जान पड़ती है?

× × ×

भगेन चर्मकुण्डेन दुर्गन्धेन व्रणेन च।
खण्डितं हि जगत् सर्वं सदेवासुरमानुषम्॥

फिर भी दुर्गन्धपूर्ण व्रणकी भाँति सदा बहनेवाले इस चर्मकुण्डमें न जाने कितने व्यक्ति डूब गये!

कहा गया है—

'स्तनौ मांसग्रन्थी'
'मुखं श्लेष्मागारम्।'
'स्रवन्मूत्रक्लिन्नं जघनम्।'

इनमेंसे कौन-सी वस्तु है आकर्षणकी?

परंतु हम हैं कि गड्ढेमें गिरनेमें ही सुख और आनन्दकी अनुभूति करते हैं!

ठीक ही तो कहा है सतोंने—

गन्दगीको कीडो मूढ़ मानत अनन्दगी।
मायाको मजूर कूर कहा जाने बन्दगी॥

× × ×

घटना है गयाकी एक नुमाइशकी।

र''' घूम रहे थे पत्नीके साथ।

कालेजके तीन मनचले लग गये पीछे।

र'''की पत्नी र'''से बोली—आप पाँच मिनटके लिये मेरे पाससे हट तो जाइये।

उनके हट जानेपर उसने उन लड़कोंको अपने पास बुलाया।

दूर खड़े पतिकी ओर इशारा करते हुए वह बोली उनसे—'जरा बताइये तो उनमें कौन-सी कमी है आप लोगोंसे? रंगमें, रूपमें, स्वास्थ्यमें, विद्यामें, बुद्धिमें आप उनसे कितना आगे हैं? फिर आपलोग क्यों आशा बाँधे मेरे पीछे फिर रहे हैं कि मैं आपमेंसे किसीकी ओर आकृष्ट होऊँगी!'

'और फिर, क्या रक्खा है इस शरीरमें, जिसे आप इतनी देरसे घूर-घूरकर देख रहे हैं? देखिये, ये हैं मेरे हाथ-पैर। खूब देख लीजिये एक बार जी भरकर।'

मनचले लड़कोंपर तो घड़ों पानी पड़ गया!

नुमाइशसे ऐसा मुँह छिपाकर भागे कि उलटकर ताकनेकी हिम्मत ही न पड़ी।

× × ×

हम आँख खोलकर देखें तो जिस शरीरको हम सुन्दर और आकर्षक समझते हैं, उसमें हमें भीतर गंदगी-ही-गंदगी भरी दीख पड़ेगी।

'बिष रस भरा कनक घट जैसे।'

× × ×

पटना बिहारकी राजधानी है।

यहाँकी म्युनिसिपैलिटीने अब कॉरपोरेशनका ऊँचा दर्जा पा लिया है।

परंतु बेचारी हरिजन महिलाओंको आज भी सिरपर मैला ढोना पड़ता है!

और जब मैं इन बहिनोंको सिरपर मैलेकी टोकरी लादे देखता हूँ तो लाजसे कट जाता हूँ।

उसीके साथ-साथ मस्तिष्कमें यह विचार आये बिना नहीं रहता कि जो ऊपर है सो नीचे है।

सेंटसे सुवासित, रेशमी परिधानसे आवेष्टित, शृङ्गार-सज्जासे सज्जित चाहे जैसी रूपसी ऊपरसे कितनी ही आकर्षक क्यों न लगे, परंतु मानस चक्षुओंसे उसका 'पोस्टमार्टम' करके देखिये,—भीतर आपको मल-मूत्रकी गंदी नालियाँ ही बहती मिलेंगी।

× × ×

तभी न शंकराचार्यने कहा है—

नारीस्तनभरनाभिनिवेशं मिथ्यामायामोहावेशम्।
एतन्मांसवसादिविकारं मनसि विचारय बारम्बारम्॥

पर, हम इस तथ्यपर बार-बार विचार करें तब तो!

× × ×

नारीको देखनेका एक पहलू और है।

वह जन्मदात्री है।

वह माँ है।

नारीका यह मातृरूप परम पावन है, परम पवित्र है।

सारी पशुता इसके समक्ष नतमस्तक हो जाती है।

अपवित्र विचार आनन-फानन भस्म हो जाते हैं।

× × ×

रामकृष्ण परमहंसको 'सही' रास्तेपर लानेके लिये उनके कुछ 'शुभचिन्तक' उन्हे ले गये वेश्याओंके कोठेपर !

और वे उन्हें देखते ही 'माँ !' 'माँ !' कहकर समाधिस्थ हो गये !

× × ×

नारीको माँ मानते ही कुविचारोंकी कमी कट जाती है। हमारी परम्परा ही है—'मातृवत् परदारेषु' माननेकी।

आँखोंको इसका अभ्यास करा देनेसे ही काम बन सकता है।

× × ×

सीय राममय सब जग जानी। करउँ प्रनाम जोरि जुग पानी॥

—तुलसीका यह भाव हमारे हृदयमें उतर आये फिर तो कहना ही क्या ?

जगज्जननी जगदम्बा ही तो सर्वत्र व्याप्त हैं।

कोई भी नारी-मूर्ति—छोटी हो या बड़ी, सुन्दर हो या असुन्दर, काली हो या गोरी, मोटी हो या पतली—जैसे ही हमारे नेत्रोंके समक्ष पड़े, हम सोचने लगें कि यह तो जगदम्बा है, माँ है।

× × ×

आँखोंको भटकनेका और बदतमीजी दिखानेका मौका तभी मिलता है, जब हम आँखोंको इसकी छूट दे देते हैं और हम स्त्रियोंसे माँ-बहिनके पवित्र रिश्तेको छोड़कर दूसरे-दूसरे रिश्ते लगाने लगते हैं।

आँखोंको हम कसे रहें, काबूमें रक्खें, पलभरके लिये भी इधर-उधर भटकनेकी छूट न दें, तो अपवित्र विचार पनपनेका मौका न पा सकेंगे और अपनी मौत आप मर जायँगे।

× × ×

मतलब, हमें आँखोंको दुष्ट बालककी तरह बाकायदा ट्रेनिंग देनी होगी जिसमें वे इधर-उधर न भटकें। उन्हें संयमित करना होगा। साम, दान, दण्ड, भेद—सभी उपायोंका आश्रय लेना होगा। उन्हे समझाना होगा। फुसलाना होगा। बदतमीजी करनेपर जोरसे डाँटना-डपटना भी होगा और ऐसा क्रोध करना होगा कि आइंदासे ऐसी शरारत की तो फोड़कर ही धर दूँगा !

जैसे भी हो आँखोंको राहे-रास्तेपर लाना होगा।

× × ×

शंकराचार्यने ठीक कहा है—

दोषेण तीव्रो विषयः कृष्णसर्पविषादपि।
विषं निहन्ति भोक्तारं द्रष्टारं चक्षुषाप्ययम्॥

'दोषके मामलेमें विषय काले साँपको भी मात करते हैं। विष तो खानेवालेको मारता है, विषय तो आँखसे देखनेवालेको भी नहीं छोड़ते !'

इसलिये विषयोंसे आँख मूँद लेनेकी पूरी जरूरत है।

× × ×

आधुनिक मनोविज्ञान कहता है कि कामवासना जब जबरन् दबा दी जाती है, तब वह असंख्य मानवीय दुर्बलताओंके रूपमें प्रकट होती है।

इस मर्जकी दवा है उदात्तीकरण—Sublimation.

वासनाकी धाराको अच्छी दिशामे मोड़िये।

उच्च कलाओं, ललित कलाओंकी उपासनामे उसे लगा दीजिये।

मनन-चिन्तन, भजन-पूजन, अध्ययन, देशाटन, प्राकृतिक दृश्योंके निरीक्षण, बागवानी आदिमे उसे लगा दीजिये।

समाज सेवा, दीन-सेवा, गो-सेवा-जैसे लोग रचनात्मक कामोंमें उसे लगा दीजिये।

तात्पर्य यह कि वासनाका परिष्कार कीजिये। प्राकृतिक सौन्दर्य देखिये, अन्तःसौन्दर्य देखिये, ईश्वरीय सौन्दर्य देखिये।

× × ×

जिस सौन्दर्यका निरीक्षण हमारे हृदयमें उदात्त भावनाएँ भरता है, पवित्र विचार जाग्रत् करता है, हमे निर्विकार बनाता है, वह निरीक्षण ग्राह्य है, वाञ्छनीय है, सार्थक है।

जिस सौन्दर्यका निरीक्षण हमारे हृदयमे कलुषित भावनाएँ भरता है, अपवित्र विचारोंको भड़काता है, विकारों-

को उत्तेजित करता है, वह निरीक्षण घातक है, अग्राह्य है, अवाञ्छनीय है।

यही हमारे देखनेकी कसौटी होनी चाहिये।

× × ×

अभ्यासकी बात है, फिर तो ज्ञानदेवकी भाँति कोई भी व्यक्ति दावा कर सकेगा कि 'मेरी इन्द्रियोंका स्वभाव ही ऐसा हो गया है कि जो न देखना चाहिये, उसकी तरफ आँख ही नहीं जाती, जो सुनने योग्य नहीं है, उसे कान सुनते ही नहीं!'

× × ×

प्रकृतिके कण-कणमें, नदी और पर्वतमें, सागर और सरोवरमें, पृथ्वी और आकाशमें, वृक्षों और लताओंमें, उषा और संध्यामें, पुष्पों और पौधोंमें सर्वत्र ही सौन्दर्य भरा पड़ा है। हम आँख उठाकर देखें भी तो!

जिस सिम्त नजर कर देखे हैं,
उस दिलबरकी फुलवारी है!
कहीं सब्जीकी हरियाली है,
कहीं फूलोंकी गुल क्यारी है!!

× × ×

हमारी दृष्टि मङ्गलमयी हो। सर्वत्र हम शुभके ही, पवित्रके ही, मङ्गलके ही दर्शन करें। सत्यं शिवं सुन्दरम्‌की ही झाँकी करें।

फिर तो—

जिधर देखता हूँ उधर तू ही तू है।
कि हर शयमें जलवा तेरा ह बह है॥

और—

निगह अपनी हकीकत आशना मालूम होती है।
नजर जिस शयपर पड़ती है, खुदा मालूम होती है॥

× × ×

तब कहाँ ठहरेगा पाप? कहाँ ठहरेगी वासना? कहाँ ठहरेंगे अपवित्र विचार।

कहते हैं कि एक व्यक्ति किसी भक्त-स्त्रीपर आसक्त हो गया।

भक्त-स्त्रीने उसे दूसरे दिन जिस समय बुलाया, उस समय वह साधुओंकी मण्डलीमें बैठी थी।

उसे आया देख वह बोली—तुम अपनी कामना पूरी करो न!

झिझकता हुआ बोला वह—उसके लिये तो एकान्त न चाहिये!

भक्त-स्त्री बोली—मेरे भगवान् तो सर्वत्र हैं। एकान्त मिलेगा कहाँ?

लजाकर वह कामान्ध व्यक्ति गिर पड़ा उस देवीके चरणोंपर।

प्रभुको सर्वव्यापी मानते ही पाप-ताप टिक ही कहाँ सकते हैं!

× × ×

काश, स्वामी रामतीर्थकी भाँति हम सोच पाते—

'ये तारे-सितारे, ये चन्द्र-सूर्य, ये झलकती हुई नदियाँ, यह सांसारिक रूप-सौन्दर्य—उस सचाईके गिरे-पड़े मोती हैं। जिसके गिरे-पड़े मोतियोंका यह हाल है, उसका अपना क्या हाल होगा!.....'

लगाकर पेड़ फूलोंके, किये तकसीम गुलशनमें।
जमाया चाँद सूरजको, सजाये क्या सितारे हैं॥

× × ×

अवर्णनीय महिमा

चतुरानन सम बुद्धि बिदित जो होहिं कोटि धर।
एक एक धर प्रतिन सीस जो होहिं कोटि बर॥
सीस सीस प्रति बदन कोटि करतार बनावहिं।
एक एक मुख माहिं रसन फिर कोटि लगावहिं॥
रसन रसन प्रति सारदा कोटि बैठि बानी बकहिं।
नहिं जन 'अनाथ' के नाथ की महिमा तबहुँ कहि सकहिं॥

—अनाथदास

रूप-रहस्य

(लेखक—प्रो० श्रीशैलेशचन्द्र साहा, एम्० ए०)

यह पृथ्वी असंख्य जीवोंकी निवासभूमि है। प्राणी-पर्यायका निर्णय करने, प्राणियोंका श्रेणी-विभाग करने और उस श्रेणी-परम्पराकी संख्या निर्धारण करनेमें विज्ञान परिश्रान्त है। प्राणी-राज्यमे तितली (प्रजापति) के जीवनका इतिहास अति कौतूहलप्रद, अति मनोहर है। रवि बाबूकी कवितामें है—

'प्रजापतिर बाड़ी कोथाय जाने नओ केउ।
समस्त दिन कोथाय चरे लक्ष हाजार ढेउ॥'

अर्थात् तितलीका घर कहाँ है, कोई नही जानता। ये हजारों-लाखों तरङ्ग दिनभर कहाँ चला करते हैं? स्त्री-पुंशक्तिसे उत्पन्न दो दुर्निरीक्ष्य अणु कब और कहाँ सम्मिलित होते हैं, इसे कोई नहीं जानता। प्रथम प्रसूत अण्डकणिकाके अधिष्ठानका संधान कौन रखता है? तृतीय अध्यायमें इस अण्डकणको प्रथम प्राणस्पन्दनका लेश प्राप्त होता है। उसके बाद एक क्षुद्र आकारका परिपुष्ट डिम्ब होता है। वह भी प्रायः इन्द्रियोंके लिये अगोचर होता है। अङ्ग-विकासके पञ्चम स्तरमे जो दृश्यमान होता है उसका अंग्रेजी नाम 'लार्वा' है। वही वृद्धिको प्राप्त होकर जब कदाकार दीर्घाकार होता है तब 'कैटरपिलर' (Caterpillar) नाम धारण करता है और वह कृमि रेंग-रेंगकर चलता है। इसके बाद प्राणीके रूपका पर्दा खुलने लगता है। विचित्र व्यापार है। अंग्रेजीमे कैसे-कैसे सुन्दर नाम आते हैं—Pupo, nymph—पुतली, बालिका, परीकन्या! सबके अन्तमें Chrysalis! अर्थात् स्वर्ण-छवि! यह स्वर्ण-प्रतिमा अनेक प्रकारकी रूप-रेखा प्रकाशित करती है। मानो वह इन्द्रजालके छलकी छटा हो। इस प्रकार इसके इतिहासके अनेक अध्याय हैं। सबके अन्तमें एक सुन्दर चमत्कार होता है—एक मनोहारिणी स्वर्गकुमारिका आविर्भूत हो जाती है! सुकोमल पंखवाली—दोनों पंखोंमे सुदिव्य वर्ण-विलास है, अचिन्त्य वर्ण-रेखा है। कैसी प्रभा! कैसी आभा! कितने रंगोंका सम्मिश्रण! कैसा रंग! कैसा ढग! कैसा ढाँचा! मानो तरुणी कविबालिकाकी हल्की आलोकमयी कल्पनाकी क्रीडा है। वृद्ध ऋषि ध्यान-धारणामें रत हैं। उपनिषद्का गहन गम्भीर गान गाते-गाते पतङ्गिनीको देखकर सिहर उठे और गाने लगे—'नीलः पतङ्गो हरितो लोहिताक्षः!' अन्य कविकी तो बात ही क्या!

"I have watched you now a full half hour self-poised upon that yellow flower, Little Butterfly!"

(Wordsworth)

तितलीका इतिहास रूप-रहस्य कविताका एक सुरम्य श्लोक है, एक आनन्द छन्द है। तितली रूपकी आलेख्य है। यह रूप कहाँसे आता है! इस रूपका स्रोत कहाँ है! मूल कहाँ है! कौन अनुसरण करता है! कारणमें रूप नहीं। कार्यमे रूपका संनिवेश है! आश्चर्य है! आश्चर्य! नहीं, असत्य है; क्योंकि जो कारणमें नहीं, वह कार्यमे नही हो सकता।

असदकरणादुपादानग्रहणात् सर्वसम्भवाभावात्।
शक्तस्य शक्यकरणात् कारणभावाच्च सत्कार्यम्॥

—सांख्यकारिका

तितलीका जो कारण है, उसको प्राकृत-अप्राकृत जिस किसी भी भूमिमें हम लक्ष्य क्यों नहीं करते! वह दिव्य भावमें तितली-के ही समान है। कार्य-तितलीका कारण तितली है। इसको स्वीकार करनेके लिये विज्ञान हमको बाध्य करता है। मनकी धारणाओं, मनके विचारोंको ही माननेसे काम नहीं चलेगा। विज्ञान और वैज्ञानिक विचार मानने पड़ेंगे। विश्वमय रूप-के इतिहासमें हमारी तितलीका स्थान कहाँ है। इसका किंचित् आभास दिया गया। तितली एक उदाहरण है, रूपके उदाहरणोंका अन्त नहीं है। विश्व रूपमय है; क्योंकि विश्व दृश्यमान है। दूरकी बात अन्तरङ्गकी बात पीछे कहेंगे—'तद्दूरे तद्वन्तिके।' रूपकी हाट आसपास, दिग्दिगन्तमें लगी है। रूपका उपहार स्तर-स्तरमें एकके बाद एक अविरत आ रहा है। राशि-राशि रूप, शत-शत मूर्त्ति, सहस्र-सहस्र छवि! किस स्रोतके आकर्षणसे किस अज्ञातरूपके साम्राज्यसे प्रवाहित होकर यह आ रहा है, कौन जानता है!

वन-विहङ्गम-कुलमें मयूरका रूप-ऐश्वर्य नयन-मनको विमोहित, अभिभूत कर देता है। ऋषि-मुनियोंके शिरोमणि

वक्ताओंने ध्यानदृष्टिसे 'गोविन्दवेणुमनुमत्तमयूरनृत्यम्' का दर्शन किया था। रवीन्द्रनाथने देखा था कि, 'अदूरे अलिन्दपरे पुञ्ज पुन्छ विस्फारिया स्फीत गर्वभरे।' अर्थात् समीप ही चबूतरेपर अपने पुच्छ-पुञ्जको फैलाकर गर्वसे फूला हुआ भवनशिखी नृत्य करता है। इसीसे, इस पुञ्ज-पुच्छ-पटपर दिवाकर-किरणोंकी कितनी वर्ण-रेखाएँ, कितनी ज्योतिश्छटा अङ्कित हो रही है, रञ्जित हो रही है। इसका निरूपण नही किया जा सकता। नील-कृष्ण-श्याम-पीत-कपिश आदि अनेकों रंग! सुचारु पालक-पुच्छ-विहङ्गके सर्वाङ्गमे मनोरम रंगोंकी कितनी रेखाएँ हैं, कौन इसकी गणना कर सकता है!

इसके अनन्तर कुसुमका सौन्दर्य-राज्य! गन्धमय, वर्णमय, सीमाहीन, सुषमा-सम्भार! जलके नीचे केवल पङ्क है, उस पङ्कसे अङ्कुरित हो उठी सुकोमलाङ्गी किशोरीकी सुवलित बाहुके अति सुन्दर उपमान-स्वरूप मनोरम मृणालिनी—नलिनी-लता! उस नलिनीके प्राणोंकी रूप-सौरभ्य-सम्पदा जो भावमात्र थी, वही रूपको प्रस्फुटित करके खिल उठी। सुरम्य सरोजशोभा कमनीय कमलके रूपमे सब रूपोंकी परम उपमा। था तो पङ्क, प्रस्फुटित हो गया—पङ्कज! किसने परिस्फुट किया—यह रूप, यह वर्ण, यह सुषमा, यह सुगन्धसम्भार! किसकी कल्पना थी, किसके मनमे था यह? वह क्या 'अरूपमव्ययम्' है? 'तथारसं नित्यमगन्धवच्च यत्' है? इस रसका परिहास करता है? वह रूपमे भरपूर अरूप कौन है? महर्षि बादरायणने वेदान्त-सूत्रोंमें कौशलपूर्वक कहा है—

'अरूपवदेव हि तत्प्रधानत्वात्' (३-२-१४)

सब रूपोंका निर्माण वही करता है, वही प्रकाश करता है और वही सब रूपोंके अतीत रहता है। अतएव उसको अरूप भी कहा जा सकता है। प्रकाशित प्राकृत रूप-राशिके सम्बन्धसे ही वह अरूप है। परतु स्वरूपसे अरूप होनेकी बात नही कही गयी है। इस विचारको इस लेखमें नहीं उठाना है। 'रूपोपन्यासाच्च' (१। २। २४) 'प्रकाशवच्चावैयर्थ्यात्' (३। २। १५)—इत्यादि वेदान्त-सूत्रोंको विचारपूर्वक समझना चाहिये।

इस लेखमे प्राकृत रूपकी बात ही कहनी है। वनमे, काननमे, उद्यानमे, उपवनमे, देश-देशमें नित्य-नित्य लाखों-लाखों फूल खिलते हैं। दो घड़ीके लिये रूप-रंगसे मनः-प्राणको मतवाला बनाकर मुरझा जाते हैं, सूख जाते हैं। फिर खिलते हैं, फिर मुरझाते हैं। यह प्रवाह, यह पुष्प-स्रोतधारा नित्यकालसे बहती चली आ रही है। इसका अन्त नहीं है—अवसान नही है। इस पुष्प-नदीका स्रोत है अवश्य। एक-एक फूल एक-एक रंगीन तरङ्ग हैं। एक ही स्रोत दिग्-दिगन्त दूर-दूरतक शत-सहस्र पुष्प-प्रणाली खोल रहा है। वह स्रोत भी एक फूल है। फूलका स्रोत फूल ही है, वह अनन्त पुष्प है। अशेष कुसुम है, चिर विकसित है। परंतु वह फूल एक शक्ति है, और वह शक्ति फूल है, फूलब्रह्म है। हम जो कुछ देखते हैं, वह फूलमाया है। हम जितना रूप देखते हैं सब रूपमाया है। अखिल रूपका आश्रय है, अनादि आश्रय है, उसका नाम-रूप ब्रह्म है। नित्यरूप न हो तो अनित्यरूप कहाँसे आयेगा? जो कवि उस नित्यरूपकी सुदूरोपलब्धि हृदयमें प्राप्तकर रूप-रचना करता है, वही कवि है। इस उपलब्धिकी भूमिसे ही कीट्स लिखता है—

'A thing of beauty is a joy for ever!'

एक सौन्दर्य-स्वानि चिर आनन्दप्रद होती है। Endmion रूप-रसके अनुरागका एक महाकाव्य है। आजतक उसकी जितनी समालोचना हुई है, उसमे अधिकांश अज्ञ-गवेषणामात्र है। शैलीके प्राण-मन भी उस रूप-ब्रह्मके अनुभवसे भरे थे। अन्यथा गुलाबका यह वर्णन सम्भव न होता।

"And the rose like a nymph to the bath addresst,
Which unveiled the depth of her glowing breast,
Till fold after fold, to the fainting air
The soul of her beauty and love lay bare."

—तथा उसी ब्रह्मानुभवके कारण ही वर्ड्सवर्थका—"To me the meanest flower that blows is too deep for tears." मे क्षुद्र फूलके हृदयमें अनन्त फूल-शक्तिकी क्रियाकी विभावना हुई है। कवि रवीन्द्रनाथने लिखा है—

कूँडिर भीतर फिरिछे गन्ध किसेर आशे, फिरिछे आपन माझे।
बाहिरिते चाप आकुल श्वासे कि जानि किसेर काजे॥
कहिल से हाय हाय! कोथा आमि जाइ कोर चाइ गो।
ना जानिया दिन जाय।

फूलके हृदयमें प्रतिष्ठित फूलब्रह्मका रहस्य प्रकट करता हुआ भागवत कहता है—

वनलतास्तरव आत्मनि विष्णुं व्यञ्जयन्त्य इव पुष्पफलाढ्याः ॥
(१० । ३५ । ९)

पुनः—

मालत्यदर्शि वः कश्चिन्मल्लिके जाति यूथिके ।
प्रीतिं वो जनयन् यातः करस्पर्शेन माधवः ॥
(श्रीमद्भा० १० । ३० । ८)

फूलका मूर्त्त प्राण फूलके बाहर प्रीति वितरित करता जाता है और भीतर भी छिपा रहता है, फूलका आविर्भाव ही उस अन्तरतमका परिचय है ।

हम प्राकृतिक नेत्रोंसे जो देखते हैं या देख सकते हैं वही रूप है, वही मूर्त्त है, और शेष सब अरूप और अमूर्त्त है । यह धारणा भ्रमपूर्ण है । इन्द्रियोंकी अशक्ति तथा शक्तिके सीमित होनेके कारण बहुत-सी सत्य वस्तुएँ चक्षु-इन्द्रियके गोचर नहीं होती । मनुष्यकी सारी इन्द्रियाँ स्थूल वस्तुको लेकर ही व्यस्त रहती हैं । स्थूलग्राही है । जो सूक्ष्म है, वह उसके चित्तमें असत्-सा है । 'सौक्ष्म्याद् व्यवधानादभिभवात्' इत्यादि अदर्शनके कारणोंका सांख्यदर्शनने विशेषरूपसे उल्लेख किया है । मन सदा ही सत्यको आच्छन्न करके नाना प्रकारकी विकृत भावनाओं—धारणाओंके तथा संस्कारोंके पर्दे बनाता रहता है । यही प्रधान 'व्यवधान' है । सुख-दुःख, काम-क्रोधके अभिघातके द्वारा हम बहुधा विमूढ़ हो जाते हैं । यही 'अभिभव' है । विज्ञानने भी हमारी दर्शन-शक्तिकी सीमाका निर्देश कर दिया है । नील-अरुण-रश्मियाँ अति द्रुतगतिसे तरङ्गित होती हैं । अति क्षिप्र—अति तीव्र होती हैं । इनकी अपेक्षा अधिक द्रुत-तरङ्गित रश्मि तथा उसके द्वारा प्रकाशित पदार्थ हमें दृष्टिगोचर नहीं होते । इसका नाम Ultra-violet है । रक्तरश्मियाँ अति मृदुतरङ्गित होती हैं; दीर्घतरङ्गित होती हैं, कोमल-प्रवाह होती हैं । मृदुतर तरङ्गकी रश्मि तथा उसके द्वारा प्रकाशित पदार्थ दृष्टिगोचर नहीं होते । इनका नाम है Infra-red जो अति बृहत्, विशाल हैं, उनको हम पूर्णतया देख नहीं पाते । सौर-राज्यको किसने देखा है ? हम केवल सूर्यको देखते हैं । परमाणुको किसने देखा है ? अन्तर्दर्शी विज्ञानने उस परमाणुके प्राणोंके आभ्यन्तर एक गुप्त रास-नृत्यका अन्वेषण किया है । शास्त्रोंने इसका पता हमें बहुत पहलेसे ही दे रक्खा है—

अण्डान्तरस्थपरमाणुचयान्तरस्थ-
गोविन्दमादिपुरुषं तमहं भजामि ।

रूपदर्शनके मार्गमें बहुत बाधाएँ हैं—अनेक विघ्न हैं । प्राकृत रूपके सम्बन्धमें भी यही बात है, परंतु प्राकृत रूप स्थितिहीन, भित्तिहीन है । अप्राकृत नित्यरूप समस्त अनित्य रूपोंका आश्रय है । आकाश शून्य है । उस शून्यसिन्धुका भेद करके ज्योतिर्मय, दिव्य वर्णमय, अपूर्व सौन्दर्य-वैभवमय इन्द्रधनुकी परिपूर्ण प्रतिमा विकसित हो उठती है, इसे हम देखते हैं । महाकवि कालिदास उसको देखकर आनन्दमग्न हो गये थे—

रत्नच्छायाव्यतिकर इव प्रेक्ष्यमेतत् पुरस्ताद्
वल्मीकाग्रात् प्रभवति धनुः खण्डमाखण्डलस्य ।
येन श्यामं वपुरतितरां कान्तिमापत्स्यते ते
बर्हेणेव स्फुरितरुचिना गोपवेषस्य विष्णोः ॥

इन्द्रधनुषको देखकर कालिदासके हृदयमें कृष्णस्मृति उदय हो आयी थी । जयदेवके मनमें इन्द्रधनुषकी चारु-शोभा स्फुटित हो उठी थी । श्रीकृष्णके सिरपर मयूरपुच्छकी चूड़ाको देखकर—

चन्द्रकचारुमयूरशिखण्डकमण्डलबलयितकेशम् ।
प्रचुरपुरन्दरधनुरनुरञ्जितमेदुरमुदिरसुवेशम् ॥

मेघ, इन्द्रधनु, मयूर और श्रीकृष्ण ! मेघके वक्षःस्थलपर इन्द्रधनुष है । इन्द्रधनुकी वर्णच्छटा किस मायामन्त्रसे सज्जित होती है—अनुरञ्जित होती है । मयूर-पंखोंमें पुच्छ हैं, और उस मयूरपुच्छका चूड़ा बाँधकर सिरपर धारण करते हैं श्रीकृष्ण । 'बर्हापीडाभिरामः' । कोई योगसूत्र निश्चय ही है । समस्त विश्व ग्रथित है उसी सूत्रसे । सिन्धु-सलिल उछलकर उज्ज्वल रविका आलिङ्गन करता है और उससे ही मेघका संचार होता है, वही मेघ रवि-किरणोंको आच्छादित कर किरणोंमें सञ्चित रंगकी डली अपहरणकर किस कौशलसे अपने अङ्गोंपर लगा लेता है और साथ-ही-साथ नाना रंगोंसे युक्त पुष्पधनु आकाशपटपर स्फुटित हो उठता है ।

मयूर मेघको देखकर मत्त हो उठता है । रोमाञ्चित होनेके कारण उसके पुच्छपुञ्ज खुल जाते हैं, प्रफुल्लित हो उठते हैं; अति पुलकित होकर स्वर्णविहग नाचने लगता है । मयूर सदा इन्द्रधनुरञ्जित मेघको ही देखता है । मयूरकी दृष्टि ध्यान-दृष्टि है । उसके अङ्ग-पुच्छ उन रंगोंसे तपकर तरलित हो जाते हैं । वह इन्द्रधनुके अनुरञ्जनके आलोक चित्रोंको अङ्कित कर लेता है । इन्द्रधनुषका रंग और सूर्यका स्वप्रहारी रंग भिन्न नहीं है । मेघ, मेघधनु और सूर्य क्या पृथक् हैं ? सूर्य भी तो मेघ ही है, प्रतप्त मेघ है, ज्वलन्त मेघ है, अग्निमयी नीहारिकाकी राशि है ।

अतीव तेजसः कूटं ज्वलन्तमिव पर्वतम् ।
ददृशुस्ते सुरगणा ज्वालाव्याप्तदिगन्तरम् ॥
(चण्डी)

प्रज्वलन्त मेघराशि आकाशमें व्याप्त होकर दिग्दिगन्तमें दूर-दूरतक कान्ति बिखेरती है । 'दिवि सूर्यसहस्रस्य' 'युगपदुत्थिता—भा' (गीता) । अप्, तेज और मरुत्—इन तीनों महाभूतोंकी समष्टि-शक्ति ही मार्त्तण्ड है ! वह कहाँ था ? कब आविर्भूत हुआ ? अनन्त और अपार महामरुत्-सिन्धु था । वह मरुत् था आकाशके वक्षःस्थलपर । आकाश निरभिमान होकर छिपा था निराकार निर्विशेष शब्द-तन्मात्रमें । 'शब्दमात्रमभूत्तस्मान्नभः' (श्रीमद्भा० ३ । २६ । ३२) तन्मात्रनामक सूक्ष्मभूत निमज्जित थे तामसिक अहंकारके अन्धकारमें, अहंकार अपने सत्त्वरजस्तमो वर्णको लेकर महत्तत्त्वके गहन मनमें छिपा था । महत्तत्त्व अव्यक्तकी प्रथम अभिव्यक्ति है । शंकराचार्य कहते हैं—

'अक्षरान्नामरूपबीजोपाधिलक्षितस्वरूपम् ।
सर्वकार्यकारणबीजत्वेनोपलक्ष्यमाणम् ॥

'यह महत्तत्त्व है । अव्यक्त ही माया है ।

'त्वं वैष्णवी शक्तिरनन्तवीर्या विश्वस्य बीजं परमासि माया ।'

यह माया परब्रह्मकी बहिरङ्गा शक्ति है । अतएव उससे अभिन्न है । स्वयं परब्रह्म है ।

न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं
नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः ॥

हम रूपके स्रोतमें बहते-बहते, रूपके स्वप्नकी ओर उड़ते-उड़ते अपार असीम अरूपके महासागरमें आ पड़े । कहाँ मेघ, कहाँ इन्द्रधनु ? कहाँ मयूर और मयूरकी प्रफुल्ल वर्णोज्ज्वल पुच्छराशि ! और कहाँ वह अखिल स्वर्ग-सुषमाकी स्वरूपमूर्ति श्रीकृष्ण ! हम विलोम-प्रणालीके मार्गसे उड़कर आये हैं । फिर अनुलोम-प्रणाली ग्रहण करके अनुलोम स्रोत-धारासे चलनेपर सब प्रकाशित हो जायगा । तो क्या अरूप ही रूपका मूल है ? असम्भव ! जो कारणमें नहीं होता, वह कार्यमें भी नहीं होता ।

अद्वैतमचिन्त्यमनादिमनन्तरूप-
माद्यं पुराणपुरुषं नवयौवनं च ॥
(ब्रह्मसंहिता)

नव यौवन पुरुष है ।

'शाश्वतं पुरुषं दिव्यमादिदेवमजं विभुम् ।'
'आदुस्त्वामृषयः सर्वे' 'श्यामं हिरण्यपरिधिम् ।'

ऐसी स्थितिमें—यत्तदद्रेश्यमग्राह्यमगोत्रमवर्णम्—इत्यादि-की संगति कैसे बैठेगी ? इसकी संगतिका संकेत इसी मन्त्रके भीतर है । 'यद्भूतयोनिं परिपश्यन्ति धीराः ।' जो अधीर हैं, वे उसको नहीं देखते । 'परिपश्यन्ति धीराः ।' धीमान् लोग केवल देखते ही नहीं हैं, भलीभाँति देखते हैं, परिपश्यन्ति—(मुण्डकोपनिषद् १ । ६) परंतु यह विषय यहाँ आलोच्य नहीं है ।

हमने रूप-रहस्यको समझनेका प्रयत्न करनेकी इच्छा की थी । न चेष्टा हुई और न समझा ही जा सका । रूपकी सुदूरसे अनुभूत होनेवाली छटासे ही नेत्र झुलस गये; चित्त विमोहित हो गया । मुग्ध चित्तमें प्रश्न उठता है कि 'रूप सत्य है या अरूप सत्य है ?' रूप तो प्रमाणित है । प्रत्यक्षीभूत है । यह सत्य है या मिथ्या—विचार करके देखना पड़ेगा । परंतु अरूप नामका कोई तत्त्व है, इसका प्रमाण क्या है ? हम देख नहीं पाते—इसी कारण अरूप है । यह तो प्रमाण नहीं है । देखनेकी शक्ति नहीं है, इसीसे देख नहीं पाते । शक्ति स्फुरित होनेपर देखेंगे । 'दिव्यं ददामि ते चक्षुः पश्य मे योगमैश्वरम् ।' किसी दिन कोई चक्षु दे भी सकता है ।

प्रेमाञ्जनच्छुरितभक्तिविलोचनेन
सन्तः सदैव हृदयेऽपि विलोकयन्ति ।

रूपमात्रकी पृष्ठभूमिमें एक भावशक्ति है—

सर्वेषामपि वस्तूनां भावार्थो भवति स्थितः ।
(श्रीमद्भा० १० । १४ । ५७)

चार तत्त्व-स्तर हैं—भूतसत्ता, भवत्सत्ता, भावसत्ता और भगवत्सत्ता । The physical thing, the physical principle (of being), the spiritual principle and the divine truth. यही अन्तिम तत्त्व है, यह भगवत्सत्ता है, यह रूपमय है, यही शास्त्रसिद्धान्त है । हम देखेंगे । भाव और रूप ही सब सत्ताओंका मूल है—

'द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया ।'

भाव पेते चाय रूपेर माझारे अङ्ग,
रूप पेते चाय भावेर माझारे छाड़ा ।
असीम से चाहे सीमार निचिते सङ्ग,
सीमा चाय हते असीमेर माझे हारा ॥

भाव रूपके भीतर अङ्ग प्राप्त करना चाहता है, रूप भावके भीतर मुक्ति प्राप्त करना चाहता है । असीम सीमका कृत्रिम सङ्ग चाहता है और सीम चाहता है असीममें अपनेको खो देना ।

क्या कोई पीछे खड़ा है ?

(लेखक—पं० श्रीरामनरेशजी त्रिपाठी)

घटनाएँ प्रत्येक क्षण मनुष्यके जीवनमे घटती रहती हैं। उनमें कुछ तो मनुष्यके अपने ही इहलौकिक कर्मोंके फल-स्वरूप होती हैं और कुछ ईश्वर-प्रेरित होती हैं। ईश्वर-प्रेरित घटनाओंसे कुछ लोग तो चकित होकर रह जाते हैं; कुछ श्रद्धालु उन्हें भगवान्‌की लीला समझकर चुप रहते हैं और कुछ समझते ही नहीं।

मेरे जीवनमे कई घटनाएँ ऐसी घटी हैं, जिनका अमिट प्रभाव मेरे विचारोंपर पड़ा है। उन्हें मैं ईश्वरप्रेरित समझता हूँ। उनमेंसे एक यह है, जो अभी आठ-दस वर्ष पहलेकी ही है—

पचीस-तीस वर्ष पहले मेरे एक घनिष्ठ मित्र थे। मित्र तो वे अब भी हैं; पर घनिष्ठता नहीं है। उन्होंने अपने एक कुटुम्बीपर धनके लिये मुकदमा चलाया। मुकदमा जोरोंसे चला। कुटुम्बीने अपने गवाहोंमें मेरा भी नाम लिखा दिया। उसे विश्वास था कि मैं सच ही बोलूँगा। मित्रको भय हुआ कि मैं सच ही बोलूँगा और उससे उनकी हानि होगी। मुझे अपने ही पक्षका समर्थक बना लेनेका साहस उन्हें नहीं हुआ होगा। यद्यपि उनके कुटुम्बीको मैंने स्पष्टतः कह दिया था कि मैं किसी पक्षकी ओरसे गवाही न दूँगा; पर कुटुम्बीने इस बातको छिपा रक्खा। मित्रने यही उचित समझा होगा कि वह मुझे गवाही देने योग्य ही न रहने दे तो उनका काम बन जाय।

अब मित्रके यहाँ मैं रोज बुलाया जाने लगा। मित्र मुझे नदीके किनारे टहलाने ले जाते; भक्ति और ज्ञान-वैराग्यकी बातें कहते; किसी संतका कोई पद या साखी सुनाते-सुनाते भक्तिविह्वल हो जाते और आँसू भी गिराते। आँसू गिरानेकी दवा ओवरकोटकी जेबमे डालकर ले जाते और नकली भावावेशमें आकर जेबमें हाथ डालते और दवाकी ट्यूबके मुँहपर उँगली रगड़कर उसे आँखें पोंछनेके बहाने नाककी जड़के पास फेर-फार लेते और आँसू जोरसे चूने लगते। मैं सब समझता और फिल्म देखनेका-सा मजा लेता रहता। मित्रका स्वभाव कुछ नाटकी था भी।

हम टहलकर लौटते तो बैठने भी न पाते कि मित्रका नौकर दो प्यालोंमे बढ़िया मलाई लिये हुए सामने खड़ा हो जाता। एक तो बढ़िया मलाई, दूसरे मैं ब्राह्मण; धनी भक्तोंकी डाली हुई पुश्तैनी आदत, ब्राह्मण मलाईके लिये है कि मलाई ब्राह्मणके लिये, यह निर्णय करनेमे असमर्थ। चार दिनोंतक मित्रके साथ टहलकर आनेके बाद संध्या-समय मैं छककर मलाई खाता रहा। मित्रने पहले ही दिन खाया था। फिर तो वे प्रशंसा कर-करके खिलाते ही रहे। उसके बाद रामचरितमानसकी चौपाइयोंपर तर्क-वितर्क होते। मलाईके बाद रामचरितमानस तो और भी सरस लगने लगता।

पाँचवाँ दिन आया। जाड़ेकी रात थी; जनवरीकी आठवीं तारीख थी। सात बज रहे होंगे। मित्रने नौकरको आवाज देकर कहा—मलाईमें वह दवा भी डाल देना जो जर्मनीसे आयी है। पण्डितजीको बहुत पसंद आयेगी!

नौकर मलाई लाया। सचमुच मलाईमें स्वाद आ गया था। सत्कार, श्रद्धा और प्रेमके वचनोंसे वातावरण भी मोहक और दिङ्मूढ़ बनानेवाला बना ही था। मलाई समाप्त करते ही मेरी तो आँखें झपकने लगीं। मैं शिथिल-सा पड़ने लगा। मैंने मित्रसे कहा—मेरी तबीयत खराब है; मैं घर जाऊँगा। अन्य दिनों तो मित्र अपने नौकरको लालटेन लेकर पहुँचाने भेजते थे। उस दिन इतना भी नहीं किया कि सीढ़ीतक तो पहुँचा जाते। मैं उठा और अँधेरेमे सीढ़ियाँ टटोलता हुआ नीचे उतरा। सड़कपर आया तो पलकें उठती ही न थीं। मुश्किलसे एक बार पलक उठाकर देख लेता तो बीस-पचीस कदम आँखें बंद किये हुए ही चलता।

जैसे स्वाध्यायी व्यक्तिके जीवनमे कभी-कभी ज्ञानकी चमक आ जाती है और फिर अन्धकार हो जाता है, वैसे ही मैं एक बार जरा-सा रास्ता देखकर फिर अंधेकी तरह चलने लगता। इस तरह दो-तीन फर्लांगका अँधेरा रास्ता मैंने पैंतालीस मिनटोंमें पार किया।

घर पहुँचकर मैं सीधे अपने कमरेमें चला गया और बिछौनेपर लेट गया। किसीको बुलानेकी शक्ति ही न थी।

लगभग नौ बजे मेरी कन्या मुझे बुलाने आयी, भोजन ठंडा हो रहा था। मेरे कमरेमें अँधेरा था; क्योंकि रोशनी

कर लेने या करा लेनेके लिये कहनेमे मै बिल्कुल असमर्थ हो चुका था। किंवाड़ खुले देखकर कन्या कमरेमे आ गयी और अँधेरेमे उसने मुझे बिछौनेपर पड़ा पाया। उसने पुकारा। मैं सुनता था, पर उत्तर नही दे सकता था। वह दौड़कर अपनी माँको बुला लायी। उसकी माँने शरीर छूकर देखा तो कमरतक पैर बरफ-जैसा ठंडा हो गया था। उसने मुझे जगाना चाहा; पर मैं तो मृत्युकी मीठी-मीठी नींदमे डूबता जा रहा था। सुनता सब कुछ था; पर बोलना नही चाहता था। स्त्रीके बार-बार पूछनेसे उद्विग्न होकर मैंने शक्ति समेटकर कहा—मैं इस वक्त खाना नहीं खाऊँगा, मुझे सोने दो।

स्त्रीको शान्ति कहाँ ! अपने भविष्यका चित्र देखकर तो वह काँप उठी। वह दौड़कर रसोई-घरमे गयी और काफी बनाकर ले आयी तथा मुझे हाथसे जबरदस्ती उठाकर बैठाया। उसने काफीका प्याला मेरे ओठोंसे लगा दिया। मेरी कुछ भी खाने-पीनेकी इच्छा बिल्कुल नही थी, पर किसी भी विवादमें भाग लेनेकी भी रुचि नही थी। मैंने काफी पी लिया और लेटकर मृत्युकी नींद लेने लगा।

स्त्री तो पहरेपर थी ही। वह जाती कहाँ ! रातमें ग्यारह बजे उसने मुझे फिर जगाया और एक गिलास गरम दूध पिला दिया।

रातभर मैं मीठी नींदमें सोता रहा। सबेरे जागा तो इच्छा हुई कि बिछौनेसे उठकर खड़ा होऊँ। उठते ही चक्कर खाकर गिर पड़ा। गिरनेकी आवाज सुनकर स्त्री और कन्या दौड़कर आयी। मुझे उठाकर बिछौनेपर लिटा दिया। स्त्री फिर काफी बनाकर ले आयी और दो प्याले काफी पिला गयी। मैं फिर सो गया और दिनके ग्यारह बजे जागा। तबीयत कुछ होशमें थी, स्त्रीने दातुन आदि कराके दो प्याले काफी फिर पिला दिये। मैं फिर सो गया और एक बजे दोपहरको जागा। हालत पहलेसे अच्छी थी। पैर भी अब ठंडे नही रह गये थे। मैं फिर सो गया और तीन बजे जागा। तब भला-चंगा हो चुका था। मैंने नहानेको पानी माँगा। नहाकर और कपड़े पहनकर मैं खड़ा हुआ तो मुझे यह एक विचित्र अनुभव होने लगा कि बहुत-से मनुष्योंकी बोली सुने बिना रहा नही जाता था। मैंने कुछ मुँहमें डालकर एक प्याला काफी ली और स्टेशनकी तरफ चल पड़ा, जो पास ही था।

प्लेटफार्मपर पहुँचकर और कुछ मनुष्योंको बोलते-बतलाते सुनकर मुझे एक प्रकारकी तृप्ति-सी बोध होने लगी। वहीं मुझे रेलवेके डाक्टर मिले। मैंने उनसे अपने इस आकस्मिक रोगकी चर्चा की। उन्होंने सुनते ही कहा—किसीने आपको मार्फिया दिया है। वे मुझे अपने अस्पतालमें ले गये। पूछनेपर भी मैंने मित्रका नाम उनको नहीं बताया, डाक्टरीकी पुस्तक खोलकर उन्होंने मार्फिया विषके सब लक्षण पढ़ सुनाये। सबसे आश्चर्यकी बात जो उन्होने सुनायी वह यह थी कि मार्फियाकी दवा काफी है। काफीकी केटली-की केटली मार्फियाके विषमे पिला देनी चाहिये। वैसे ही चाय मार्फियाके विषको तत्काल घातक बना देती है।

मैं भगवान्‌की लीलापर आश्चर्य-चकित हो गया। यह प्रश्न उसी समय उत्पन्न हुआ था कि क्या कोई पीछे खड़ा है ? भगवान् तो पंद्रह दिन पहलेहीसे इस विषके शमनका प्रबन्ध कर चुके थे। उनके प्रबन्धका खुलासा यह है—

मेरे घरमे चाय ही पियी जाती है। उत्तर-भारतमे प्रायः सर्वत्र चायका ही चलन है। मै दक्षिण-भारत दो-तीन बार घूम आया हूँ; इससे मुझे काफी भी रुचने लगी है। मैं दिल्ली गया था और वहाँसे काफीका एक बंडल लेता आया था। उक्त घटनाके पंद्रह दिन पहले घरमे चाय चुक गयी और पत्नीने दूसरा बंडल मँगा लेनेको कहा; तब मैंने कहा था कि काफी रक्खे-रक्खे खराब जायगी, अब उसे खतम कर लो तब चाय आयेगी। घटनाके पंद्रह दिन पहलेसे ही चाय घरमे थी ही नहीं, नहीं तो, चाय ही बनकर आती; क्योंकि काफ़ी तो मेरे कहनेपर ही बनती थी और मेरी मृत्यु निश्चित थी। पत्नीको विवश होकर काफ़ी बनानी पड़ी थी। यह पीछे खड़े भगवान्‌की चौकसी थी, जो वे मेरे पीछे खड़े होकर कर रहे थे।

पीछे खड़ी कोई महान् शक्ति मुझे बचानेमे लगी थी, तब मुझे मार कौन सकता था ? मेरे प्राण बच गये। इस खुशीमें मैंने मित्रके प्रति जो मनमे द्वेष-भाव उत्पन्न हो गया था, उसे निकाल दिया। पर फिर उनसे मिलने नहीं गया। महीने-दो-महीने बाद वही मित्र स्टेशनके प्लेटफार्मपर खड़े अपने कुछ मित्रोंसे बातें कर रहे थे। मै अखबार लेने गया था। उनकी बगलसे निकला; पर मेरी दृष्टि उनपर नहीं पड़ी। उन्होंने कहा—'प्रणाम।' मैंने नहीं सुना। तब फिर उन्होंने जरा जोरसे कहा—'मिलना-जुलना छोड़ दिया तो क्या

प्रणाम लेना भी बंद कर दिया ! उनकी आवाज पहचानकर मैंने लौटकर कहा—'किसे आप प्रणाम कर रहे हैं ?' उन्होंने मेरा पूरा नाम लिया। मैंने कहा—'वह तो मर गये; मैं तो उनका प्रेत हूँ, घूम रहा हूँ।' यह कहकर मैं आगे चला गया।

संसारकी सारी घटनाएँ पूर्व निश्चित-सी है। किसीके लिये हर्ष, किसीके लिये विषाद करना मनुष्यका अज्ञान ही है। यह बात सच न हो तो भी इसे मान रखनेमें यह लाभ तो है ही कि मनमें किसीके लिये द्वेष नहीं रह जाता। मेरे मित्र अब भी मित्र ही हैं। हम साथ बैठते और हँसते-बोलते हैं; पर खान-पानमें मैं थोड़ा सावधान रहने लगा हूँ। द्वेष करता तो मै ज्यादा जलता और वे कम। और फिर द्वेषाग्निमें तो प्रत्येक वाक्यका ईंधन पड़ने लगता और वह कभी बुझती ही नहीं।

पीछे खड़ी शक्तिका उस घटनासे क्या अभिप्राय था ? यह न कोई जान सकता है, न बता सकता है। मैंने जो स्वय समझ लिया है, वह यह है कि सावधान रहो और अपने सच्चे शुभचिन्तकको पहचानो और उसकी सङ्गति करो। मित्रको उसके दुष्कृत्यमें निष्फल बनाकर और बदनामीका भय दिखलाकर उसे भी यह दिखाना अभीष्ट हो सकता है कि पापकी प्रवृत्तियोंका परिणाम अच्छा नहीं होता। उन्हें छोड़ दो, पुण्यमय जीवन बिताओ।

मेरे विचारोंपर इस घटनाका बहुत प्रभाव पड़ा है और कुछ-कुछ चिरस्थायी भी हो गया है। 'कल्याण' के पाठकोंके भी जीवनमें ऐसी घटनाएँ घटती होंगी। घटनाओंके तो नाना रूप होते हैं, पर विचारोंपर परिणाम प्रायः एक ही-सा होता है। घटनाओंके आदि और अन्तको ध्यानपूर्वक देखनेसे उनमें कहीं-न-कहीं किसी अदृश्य शक्तिका हाथ अवश्य दिखायी पड़ेगा, जिसका कारण समझमें न आये, वही अदृश्य शक्तिका हाथ है।

किसी मित्रको बदनाम करनेके लिये या अपने ऊपर भगवान्‌की विशेष कृपा दिखानेके लिये मैं इस घटनाका उल्लेख नहीं कर रहा हूँ; बल्कि इस अभिप्रायसे कि कोई अदृश्य शक्ति मनुष्यके जीवनका संचालन करती है; जिसके लाखों प्रमाण मनुष्य-जातिके पास होंगे; उनमें यह प्रमाण भी सम्मिलित कर लिया जाय। मनुष्यके पीछे अवश्य कोई खड़ा है।

भगवान्‌का विधान

(लेखक—साधुवेषमें एक पथिक)

प्रकृतिकी स्वच्छन्द प्रगति-प्रवृत्तिमें सर्वहितकारी नियन्त्रण-विधि ही भगवान्‌का विधान है। यह विधान ही प्रत्येक प्राणीके जीवनको रुचिपूर्ति, दान और दण्डके द्वारा सुगठित-रूपसे गढ़ता जा रहा है। कर्म-भोगके पथमें शक्तिके प्रवाहको मर्यादित रखना विधानका काम है। जो प्राणी भगवान्‌के विधानका आश्रय लेता है वह अवश्य ही असत्यसे सत्य, भोगसे योग, सुख-दुःखसे शान्ति, आनन्द और जडत्वसे चिन्मयत्वतक कभी-न-कभी पहुँच जाता है। जो इस विश्व-नियामक विधानका आश्रय नहीं लेता है, वह इससे टकराता है, बार-बार दुःख भोगता है और कभी-न-कभी विधानका आश्रय लेकर ही चैन पाता है। भगवान्‌से भगवान्‌का विधान प्रत्यक्ष महान् है। भगवान् तो केवल अपने भक्तके लिये अनन्त सौन्दर्यनिधि हैं, पर उनका विधान समस्त सृष्टिके लिये अनन्त ऐश्वर्यनिधि है। भगवान् वे हैं जो समस्त प्राणियोंको उनकी रुचि-पूर्तिके लिये प्रकृति-शक्तिका दान करते हैं और उनका विधान वह है, जिसके द्वारा प्रकृति-शक्तिके सदुपयोगका क्रमशः ज्ञान होता है। भगवान् स्वय अपनेसे विमुख प्राणियोंको दुःख-दण्ड नहीं देते हैं, दुःख-दण्ड देनेकी शक्ति तो उनके विधानमें ही है। मानवके द्वारा निर्मित विधान देश-कालकी परिवर्तन-गतिके अनुसार बदलता रहता है; पर भगवद्विधान अनादिकालसे जैसा-का-तैसा ही चला आ रहा है, भगवान् स्वय अपने भक्तोंके भावके अनुसार अपने आपको भले ही बदल दें, पर उनका विधान तो परिवर्तनके परे है।

जैसा कर्म-बीज होगा वैसा ही फल मिलेगा—यह विधान है। चेतनारूपी भूमिमें जो कोई सुख बोयेगा वह कई गुना सुख पायेगा और दुःख बोनेवाला कई गुना दुःख पायेगा, दूसरोंको प्यार करनेवालेको प्यार मिलता है, दूसरोंका तिरस्कार करनेवालेको कई गुना तिरस्कार भोगना पड़ता है—यह भगवान्‌का विधान है। जो थोड़ा देता है उसे विधान कई गुना बढ़ाकर लौटाता है—चाहे वह थोड़ा-सा दिया हुआ धन हो, धान्य हो, मान हो अथवा

प्यार हो। विधानके अनुसार वही मिलता है जो दिया जाता है, जो नहीं दिया जाता है वह नहीं मिलता है। यदि हम स्वयं दूसरोंसे सुख चाहें और दुःख देते रहे, लाभ चाहे पर हानि पहुँचानेमें संकोच न करें, अपने प्रति सदाचार-सद्व्यवहार चाहे पर दूसरोंके प्रति दुराचार-दुर्व्यवहार करते हुए भयभीत न हों तो निश्चित है कि हम जो कुछ भी शुभ-सुन्दर दूसरोंको दिये बिना चाहेंगे, वह कदापि न मिलेगा; भगवान्‌के कठोर तथा हितकारी विधानके द्वारा हमसे मिला हुआ भी छीन लिया जायगा। यद्यपि प्राणी भगवान्‌से ही सारी शक्ति तथा जीवन और शरीर पाता है तो भी भगवान्‌से विमुख होकर स्वयं अपने आपको शक्तिमान् समझकर भगवदीय सृष्टिमें अपनी क्षुद्र सृष्टि रच लेता है, उसे ही अपनी मानकर, मोही-लोभी और अभिमानी बनकर अपने आपको कर्ता-भर्ता-पोषक समझकर तन, धन, भवन और परिवारसे ऐसा चिपटता है कि कभी कुछ छूटेगा ही नहीं, पर भगवान्‌का विधान उसके समस्त सम्बन्धोंको छिन्न-भिन्न कर यही ज्ञान कराता है कि 'ये सब तुम्हारे लिये तो हैं पर तुम्हारा कुछ भी नहीं है।'

भगवान्‌के अनन्त ऐश्वर्य-माधुर्यको संसारके प्राणी भगवान्‌के द्वारा प्रायः नहीं समझ पाते हैं, पर भगवान्‌का विधान उनके महत्तम ऐश्वर्य-माधुर्यको सदासे व्यक्त करता आ रहा है। भगवान् प्राणिमात्रके प्रति दया करते हैं, उनका विधान कृपा करता है। भगवान्‌की दयासे संसारमें सुखद वस्तुएँ सुलभ होती हैं, पर विधानकी कृपासे तो कभी-न-कभी परमानन्दस्वरूप भगवान् ही मिल जाते हैं। भगवान्‌की दया जीवको संसारकी ओर ले जाती है, पर विधानकी कृपा भगवान्‌की ओर प्रेरित करती रहती है। भगवान्‌की दयासे संसारमें सुखका दर्शन मिलता है, विधानकी कृपासे प्रत्येक सुखके अन्तमें दुःखका दर्शन परिज्ञान होता है। सुखानुभूतिसे सांसारिक वस्तुओं और व्यक्तियोंमें आसक्ति और ममता बढ़ती है; दुःखानुभूतिसे विनाशी वस्तुओंसे कभी-न-कभी विरक्ति होती है जिससे बन्धन-मुक्तिकी प्रेरणा मिलती है। भगवान्‌से प्राप्त विवेकके द्वारा आस्तिकको अपने कल्याणका ज्ञान हो ही जाता है, पर नास्तिक विवेकका सदुपयोग न करनेके कारण जब शक्तिका दुरुपयोग करता है, तब भगवान्‌के विधानके द्वारा ही उसे अपने हितका ज्ञान होता है। नास्तिक भगवान्‌को गाली दे सकता है पर उनके विधानके आगे उसे विवश होकर विनत होना ही पड़ता है। नास्तिकमें आस्तिकता भगवान्‌के होनेसे नहीं आती है, उनके विधानके द्वारा आती है।

भगवान्‌के विधानमें व्यक्ति, परिवार, समाज और देशके कर्मोंका फल क्रमशः व्यक्ति, परिवार, समाज और देशको भोगना पड़ता है। यदि कर्म शुभ-सुखद है तो कर्ताको शुभ और सुखद फलकी प्राप्ति होती है; यदि कर्म अशुभ है तथा दूसरेके लिये दुःखद—अहितकर है तो फल भी उसके ही अनुरूप भोगना पड़ता है। भगवान्‌के विधानमें कहीं द्वेष, क्रोध, पक्ष अथवा अन्याय है ही नहीं, उसमें तो पूर्ण न्याय और प्राणिमात्रका हित है। कुछ लोगोंके मनमें संशय उठ सकता है कि जब भगवान्‌के विधानमें हानि-लाभ आदि उचित ही हैं तब किसीका धन चोरी चले जानेपर चोरका क्या दोष है? —जिसका धन गया उसके भाग्यमें हानि निश्चित थी और जिसे लाभ हुआ उसके लिये लाभ निश्चित था। यह विचारणीय बात है। एक व्यक्ति धनका लोभी है, भगवान्‌के विधानको न मानकर धनका संचय करता जाता है, न दान करता है, न सेवामें उसका सदुपयोग करता है, प्रायः धन-प्राप्तिमें छल-कपट और झूठका प्रयोग करता है—विधानके द्वारा उसे धन-हानिका दण्ड मिलेगा। एक दूसरा व्यक्ति परिश्रमपूर्वक ईमानदारीसे धन न कमाकर किसीके धनसे अपनी कामना-पूर्ति करना चाहता है, इस दशामें उसका सम्बन्ध उसी व्यक्तिसे जोड़ा जायगा, जिसे धन-हानिके दण्डद्वारा विपरीत कर्म-फलका भोग कराना है। इस स्थितिमें एक व्यक्ति धन-हानिद्वारा अपने विधानविरुद्ध कर्मका फल भोगेगा और दूसरा नया कर्म करेगा जिसका फल कभी उसके आगे भी आयेगा। वैधानिक प्रतिकूलताके दुःख सह-सहकर जीवमें क्रमशः कर्तव्यका ज्ञान होता जाता है, बुद्धिकी जडता, मनकी जघन्यता, कर्मपद्धतिमें क्रूरता—कर्कशता कम होती जाती है तथा समझ बढ़ती जाती है। भगवान्‌के विधानको न तो कोई धोखा दे सकता है और न वह मानव-बुद्धिद्वारा पूर्णरूपसे समझमें ही आ सकता है।

भगवान्‌के विधानमें किसीकी भूलों, पापों और अपराधोंका दण्ड देनेके लिये साधु-सज्जन महापुरुषकी नियुक्ति नहीं की जाती है। जैसा भयानक कर्मदण्ड होगा, वैसा ही कठोर-कर्मी व्यक्ति दण्ड देनेवाला भी मिलाया जायगा। व्यभिचार-वृत्तिवालेके लिये व्यभिचारी और सदाचार-वृत्तिवालेके लिये सदाचारीकी व्यवस्था पूर्वनिश्चित रहती है। यदि किसी अंशमें सदाचारीको दुराचारीका सङ्ग मिल जाय तो समझना

चाहिये कि उस अंशतक उस सदाचारी व्यक्तिका कोई दुष्कर्म-फलोदय है जिसका भोग उसे करना ही है। जिन्हें भगवद्विधानका ज्ञान है वे प्रतिकूल फलोदयको—अपने ही पूर्वकृत कर्मका फल समझकर—धैर्यसे सह लेते हैं; इससे उनका कर्म कट जाता है और भविष्यमें सावधान रहनेकी प्रेरणा मिल जाती है। जिन्हें विधानका ज्ञान नहीं है वे कर्मका बदला लेकर आगेके लिये कर्म-भोग बढ़ाते जाते हैं। भगवद्विधानद्वारा प्राप्त प्रतिकूलताको धैर्यसे सह लेनेपर पाप कट जाता है, विरोध करनेपर भोग बढ़ जाता है, अनुकूलताका सुख भोगनेसे पुण्य घटता जाता है, बाँटनेसे पुण्यभोग बढ़ता जाता है।

जो व्यक्ति अपने दुःखका कारण किसी दूसरेको मानता है वह भगवान्‌का विधान भूल जाता है। उसे इस सत्यको समझ लेनेसे अत्यधिक लाभ होगा कि दुःखका कारण कोई दूसरा नहीं अपना ही दोष है, अपनी ही भूल या अयोग्यता है। दुःखको धैर्यसे सह लेनेपर तपका फल मिलता है। सुखका दाता कोई दूसरा नही है, वह किसी शुभ कर्मका फल है, अपनी योग्यता अथवा विधिपूर्वक शक्तिके सदुपयोग-की देन है। सुख-वितरणसे पुण्य बढ़ता है, सद्‌गुणोंका विकास होता है। जो भगवान्‌के विधानको जानता है, वह मानव और संसारसे नहीं डरता है, विधानसे डरता है कि कोई भूल न हो जाय। संसार और मनुष्यसे सुखकी आशा न कर विधानका आदर करता है। स्वतन्त्रतापूर्वक अभय रहकर सत्यकी उपासना करते हुए परम शान्ति प्राप्त करता है। भगवान्‌के विधानमें पापजनित निश्चित दुःख पुण्यकर्मके लिये प्रेरित करता है, दोषजनित अशान्ति दैवी गुण तथा शान्तिकी ओर प्रेरित करती है, विनाशकी आशंका-चिन्ता अविनाशीके योगकी ओर ढकेलती है; ऐहिक जीवनकी मृत्यु बार-बार मुक्तिकी खोजके लिये विवश करती है; सासारिक वियोग-संयोग नित्ययोग प्राप्त करनेकी जिज्ञासा जाग्रत् करते हैं। भगवान्‌के विधानमें संहारके पीछे नव सृजन छिपा रहता है और सृजनमें नव विकासके लिये पुनः संहारकी क्रिया गर्भित रहती है। भगवान्‌के विधानको जान लेना परम आस्तिक—अभय होना है। सांसारिक बन्धनोंसे मुक्त और भगवद्भक्त होनेमें यह विधान परम सहायक है। भगवत्-प्रदत्त बुद्धियोगसे ही यह विधान समझमें आता है। बुद्धि-योगकी प्राप्ति भगवान्‌की कृपासे होती है; इसके लिये भगवान्‌से प्रार्थना करनी चाहिये।

राम-नामकी महिमा

यह जग अपना नहीं है, सपना है, इसे,
भूलकर अपना कभी न मन दीजिये।
यह है असार संसार है किसीका नहीं,
इसका विचार न तनिक भर कीजिये॥

इसमें गया जो, मारा गया है विचारा वह,
इसका सहारा एक पल भी न लीजिये।
बीत रहा जीवन है, काल भी है जीत रहा,
परम सरस रामनाम-रस पीजिये॥

चारों वेद, सकल पुराण, शास्त्र, काव्य आदि,
देते हैं प्रमाण, प्राण अपने बचाइये।
प्राण मिलता है, हिलता है विकराल काल,
इस कलिकालसे निकाल मन लाइये॥

परम पवित्र सरयूके तीर अवधमें,
कनकभवन-पति पदमें समाइये।
रामसे बड़ा है राम-नाम काम नामसे है,
आठों याम निष्काम राम-नाम गाइये॥

विधि हरि-हर रात-दिन करते हैं ध्यान,
मृत्यु सहमी-सी सिर पीटकर रोती है।
देव-पक्ष-किन्नर—सकल हैं अभय होते,
जप-तपकी भी शक्ति जयमयी होती है॥

विमल विरक्तिकी अनन्त भागीरथी अति,
आनन्द मगन होके कलिमल धोती है।
राम नाम कल्पतरु तले भक्ति जागती है,
युक्ति ऊँघती है, मुक्ति नींद भरी सोती है॥

—रामलाल

मनुष्य क्या कर सकता है ?

[कहानी]

(लेखक—श्री 'चक्र')

'पशुपतिनाथ ! मुझ अज्ञानीको मार्ग दिखाओ !' उस ठिंगने किंतु सुपुष्ट-शरीर वृद्धके नेत्र भर आये। उसके भव्य भालपर कदाचित् ही किसीने कभी चिन्ता-की रेखा देखी हो। विपत्तिमें भी हिमालयके समान अडिग यह गौरवर्ण, छोटे नेत्र एवं कुछ चपटी नाकवाला नैपाली वीर आज कातर हो रहा है—'भगवान्! मुझे कुछ नहीं सूझता कि क्या करूँ। मनुष्यको तुम क्यों धर्म-संकटमें डालते हो ? तुम्हें पुकारना छोड़कर मनुष्य ऐसे समयमें और क्या करे ? तुम बताओ, मुझे क्या करना चाहिये ?'

आँसूकी बूँदें चौड़ी हड्डीवाले सुदृढ़ कपोलोंपरसे लुढ़ककर उजली मूँछोंमें उलझ गयीं। अपनी हुंकारसे वनके नृशंस व्याघ्रको भी कम्पित कर देनेवाला वज्र-पुरुष आज बालकके समान रो रहा था। उसकी कठोर कायाके भीतर इतना सुकोमल हृदय है—उससे परिचित प्रत्येक व्यक्ति इसे जानता है।

नरेन्द्रसिंह वीर है--मृत्युके मुखमें भी पैर रखकर खुखड़ीके दो हाथ झाड़ देनेका हौसला रखता है हृदयमें, लेकिन धार्मिक है। आप उसे धर्मभीरु भी कहें तो चलेगा और आज वह धर्मभीरु धर्म-संकटमें पड़ गया है। अब अपने पशुपतिनाथको—नैपालके आराध्यदेव-को पुकार रहा है वह।

'एक ब्राह्मण आशा लेकर गोरखेकी शरण आया है। उसने मुझपर विश्वास किया है। वह दुखी है—विवश है। दो पुत्रियाँ हैं उसके घरमें विवाह करने योग्य और घरपर पुरुष तो दूर, उसकी पत्नी भी जीवित नहीं। फफक पड़ा नरेन्द्रसिंह—'वह मारा जा सकता है। क्रूर विदेशी उसे कुत्तेके समान गोलीसे भून देंगे। एक गोरखा यह विश्वासघात करे ? नरेन्द्र यह ब्रह्महत्या ले ? मेरे नाथ ! तुम कहाँ सो गये हो ? समाधि छोड़ दो आशुतोष ! इस सेवकको मार्ग दिखलाओ।'

'मैं इस चौकीका रक्षक हूँ। चौकीके सैनिक मेरे भरोसे निश्चिन्त रहते हैं। मेरे महाराज मुझपर विश्वास करते है। एक नैपाली अपने देशसे अपने महाराजसे विश्वासघात करे ?' नरेन्द्रसिंहने दोनों हाथ सिरपर पूरे वेगसे पटक दिये—'फिरंगी पता नहीं क्या चाहते हैं। वे रहस्य पाकर पता नहीं क्या अनर्थ करेंगे। चौकीके सैनिक भुन जायँगे और उन पिशाचोंके लिये गौ, ब्राह्मण, देवता—वे तो हैं ही पिशाच। सतियोंका सतीत्व उनके लिये विनोदका साधन है। मै निमित्त बनूँ उनकी पैशाचिकताको सफल बनानेमें ? मै अपने देशसे, महाराजसे, अनुगतोंसे, समाजसे और धर्मसे ही विश्वासघात करूँ ?'

वृद्ध जैसे पागल हो जायगा। उसने मस्तक पटक दिया पृथ्वीपर—'पशुपतिनाथ ! तुम मुझे मार्ग नहीं दिखलाते तो मर जाने दो !' अपनी खुखड़ी उसने म्यानसे खींच ली। ललाटपर एक लाल गोल सूजन आ गयी थी; किंतु जो मृत्युका आलिंगन करने जा रहा है, उसे उसका क्या पता लगना था।

'गायें मारी जायँगी—नैपालकी इस पावन धरापर, भगवान् तथागतके चरणोंसे पूत हुई इस पृथ्वीपर गोरक्त गिरेगा। मेरी बेटियों-बहुओंका सतीत्व फिरंगी सिपाही लूटेंगे या वे अपनी रक्षाके लिये खुखड़ी खोंस लेंगी हृदयमें।' नरेन्द्रसिंहके हाथसे अपनी खुखड़ी छूट गिरी —'मुझे मरनेका अधिकार कहाँ है! मेरी मृत्युका अर्थ भी तो शत्रुको सुविधा देना ही होगा। हाय ! आज यह अधम मर भी नहीं सकता है।'

'अतिथिके साथ विश्वासघात—ब्राह्मणकी हत्या ! उसकी वे कुमारी कन्याएँ !' नरेन्द्रसिंहकी आँखोंके आगे अन्धकार छा गया। उसने उस स्वरमें, जिसमें किसी नृशंस हत्यारेके छुरेसे आहत मरणोन्मुख प्राणी चीत्कार करता है—चीत्कार की—'पशुपतिनाथ !'

आर्त प्राणोंकी कातर पुकार वह आशुतोष चन्द्रमौलि न सुने—ऐसा कभी हुआ है ? जिस दिन वह गङ्गाधर सच्ची पुकार सुननेके लिये भी समाधिमग्न बनेगा, सृष्टि रहेगी कितने पल ?

नरेन्द्रके मुखपर शान्ति आयी ! उसने नेत्र पोंछ लिये हाथोंसे ही। खुखड़ी उठाकर म्यानमें रख ली। उसके हृदयके पशुपतिनाथने उसे प्रकाश दे दिया था। दृढ़ निश्चय था उसके मुखपर।

'पण्डितजी ! आप मुझे क्षमा करें।' जब वह अतिथिके सम्मुख आया, उसके स्वरमें कोई हिचक या कम्पन नहीं थी। 'आपके खींचे मानचित्र मैं आपको लौटा नहीं सकूँगा। आपको काठमाण्डू जाना है।'

'नरेन्द्रसिंह ! तुम विश्वासघात करोगे ? तुम ?' ब्राह्मणके नेत्र फटे-फटे हो गये। उसका मुख भयसे सफेद पड़ गया—'फिरंगी मेरी कन्याओंकी क्या दुर्गति करेगा—सोचो तो तुम। मैं यहीं प्राण दे दूँगा। तुम्हें ब्रह्महत्या लेनी है ?'

'मैं विवश हूँ।' नरेन्द्रसिंहने मुख नीचे झुका लिया। ब्राह्मणके स्वरमें जो प्राण दे देनेकी दृढ़ता थी—दूसरा कोई मार्ग भी नहीं था उनके लिये। लेकिन नरेन्द्रने उन्हें उसी स्थिर स्वरमें कह दिया—'यहाँ आपको प्राण देने नहीं दिया जा सकता। काठमाण्डू तो जाना ही है आपको। पशुपतिनाथको प्रणाम करके जो कुछ करना आप चाहें—स्वतन्त्र रहेंगे।'

× × ×

[२]

अंग्रेजोंने नेपालपर चढ़ाई तो कर दी; किंतु उन्हें अब छठीका दूध याद आ रहा है। उनकी बंदूकोंकी पिट्-पिट् गोरखा वीरोंके पत्थर-कलेजेके आघातके सम्मुख व्यर्थ सिद्ध हो रही है। इन जंगलों और पहाड़ोंमें आकर फिरंगी अपनी हेंकड़ी भूल गया है। अब तो उसे यह समझ आने लगी है कि किसी प्रकार सम्मान सुरक्षित रखकर सन्धि हो जाना भी बड़ी बात है।

'चाहे जो हो कुछ चौकियोंपर अधिकार स्थापित ही करना होगा।' स्थानीय कर्नल क्या करे ? 'ऊपरवाले तो आदेश देना ही जानते हैं। यहाँ वक्षोंके शिविरोंमें रात-दिन रहना पड़े और सिरपर पत्थर-कलेजे छूटे पाषाण-खण्ड तोपोंके गोलोंकी भाँति घहरायँ तो पता लगे।' लेकिन कर्नल चाहे जितना असंतुष्ट होकर बड़बड़ाये और पैर पटके; ऊपरवालोंके आदेशको पूरा किये बिना उसके लिये भी कोई मार्ग नहीं है।

'हमें एक मानचित्र मिल जाय इस अगली गोरखा-चौकीका।' कर्नल चिन्तामें पड़ गया। सामने छोटी-सी पहाड़ी है। घना जंगल है। जब सेना आगे बढ़ने-का प्रयत्न करती है, पहाड़ीके ऊपरसे पत्थरोंकी बौछार प्रारम्भ हो जाती है। कुछका कचूमर निकल जाता है। अपना-सा मुँह लेकर लौटना पड़ता है। छोटा-सा घेरा है पहाड़ीपर बहुत छोटे घर जितना। 'उसमें कितने गोरखे सैनिक होंगे ? कहाँसे वे जल और भोजन पाते हैं ? उनका मार्ग क्या है ?'

इतिहास देशके इस दुर्भाग्यका साक्षी है कि देशवासी ही सदा आक्रमणकारियोंके सहायक हो गये हैं। उस अंग्रेज टुकड़ीके साथ संख्यामें देशी सैनिक ही अधिक थे। उन्होंने पता लगाना प्रारम्भ किया। अन्तमें कर्नलको सूचना मिली—'नीचे गाँवमें एक ब्राह्मण हैं। वे मानचित्र बनाना अच्छा जानते है। कई नरेशोंके यहाँ इस कामपर रह चुके हैं। इस समय अर्थ-संकटमें हैं। अगली पहाड़ीके पीछे जो

गाँव है, उसका सरदार पण्डितजीको बहुत मानता है। काठमाण्डूतक भी उनका आना-जाना है।'

'हम तुम्हें बहुत रुपया देंगे—दो हजार रुपया।' कर्नलके आदेशसे पण्डितजी बुलवाये गये—पकड़ मँगाये गये कहना चाहिये। 'तुम इस पहाड़ी और उसके आस-पासका एक मानचित्र हमें बनाकर दे दो। हमारी बात नहीं मानना बहुत बुरा होगा।'

'मै इस पहाड़ीपर या उसके मार्गसे कभी नहीं गया हूँ।' पण्डितजी राजदरबारोंके अनुभवी थे। कर्नल कितने अत्याचार कर सकता है, यह जानना उनके लिये कठिन नहीं था। धनका लोभ—लेकिन दो-दो कन्याओंका विवाह दरिद्रताके कारण एक सम्मान्य व्यक्तिके यहाँ रुका हो और उसे लोभ हो जाय तो दोष कैसे दिया जा सकता है। इतनेपर भी पण्डितजी पिंड छुड़ाना ही चाहते थे।

'तुम अब जा सकते हो। तुम्हे जाकर मानचित्र लाना ही है।' कर्नलने धमकी दी। 'तुम्हारे घरपर हमारा एक सैनिक बराबर रहेगा। परसों शामतक तुम नहीं आ गये मानचित्र लेकर तो हम तुम्हारे घरमें आग लगवा देंगे और तुम्हारी लड़कियोंको यहाँ पकड़ मँगायेंगे।'

कर्नलकी धमकीमें जो क्रूरता—पैशाचिकता थी, उसने ब्राह्मणको कँपा दिया। मस्तक झुकाकर वे चले गये। घर जानेका उनमे साहस नहीं था। कर्नलने उन्हे कागज और पेंसिल पकड़ा दी थी। वनपथ उनके लिये अपरिचित नहीं था।

दुर्भाग्य आता है तो सब ओरसे आता है। पण्डितजीने लगभग पूरा मानचित्र घूम-घामकर बना लिया था; किंतु उन्हें एक गोरखे सैनिकने देख लिया। वह पहाड़ी चौकीसे झरनेपर सम्भवतः जल लेने आया था।

पापमें साहस नहीं हुआ करता। यह भी हो सकता है कि गोरखे सैनिकने कुछ न समझा हो—उसने तनिक भी शङ्का न की हो। उसने पण्डितजीको पहचानकर स्वाभाविक ढंगसे ही पुकारकर प्रणाम किया हो। लेकिन पण्डितजी मानचित्रकी रेखाएँ स्पष्ट कर रहे थे वृक्षकी छायामे बैठे। सैनिकका शब्द सुनते ही उनका तो रक्त सूख गया। कागज समेटा और भाग खड़े हुए। उन्हें लगा कि सैनिकने उन्हें ही नहीं, उनके कामको भी देख लिया है। उसके प्रणाममें उन्हें स्पष्ट व्यंग्यका स्वर लगा। 'वह अपनी खुखड़ी या पत्थर-कला लेने गया होगा। अपने नायक-को कहने या उनकी अनुमति लेने गया होगा। वह और उसके साथी आते होंगे।' बेचारे पण्डितजी अपनी आशङ्काके कारण ही अधमरे हो गये थे।

'नरेन्द्रसिंह! मैं तुम्हारी शरण हूँ। मेरी रक्षा करो।' पासके गाँवमें पण्डितजी भागते-दौड़ते पहुँच गये। उनका शरीर पसीनेसे लथपथ हो रहा था। वे हाँफ रहे थे और भयसे काँप भी रहे थे—'तुम वीर हो। ब्राह्मणकी रक्षा तुम्हारे हाथमे है।'

'आप इतने भयभीत क्यों हैं?' नरेन्द्रसिंहने पूछा—'फिरंगी तो इधर नहीं आ रहे हैं?'

'फिरंगी नहीं, तुम्हारे सैनिक।' पण्डितजीने सब बातें सच-सच बता दीं।

'मानचित्र देखूँ तो।' नरेन्द्रने मानचित्र ले लिया; किंतु उसके मनमें ब्राह्मणसे पूरा विवरण सुनकर तुमुल द्वन्द्व प्रारम्भ हो गया। वह घरके भीतर जाते-जाते बोला—'आप विश्राम करें। यहाँ कोई आपको छू नहीं सकता।'

ब्राह्मणने संतोषकी साँस ली। वे पास बिछे पलंगपर बैठ गये। लेकिन नरेन्द्रसिंह—उसे मार्ग नहीं सूझ रहा था। वह व्याकुल हो रहा था—क्या करे

वह ? अब उसका कर्तव्य क्या है ? यह ब्राह्मण—यह अतिथि—यह शरणागत····· ।

× × ×

[३]

'आप ब्राह्मण हैं, आपको मैं और क्या कहूँ ।' हिंदू नरेशोंका औदार्य ही तो है जो वे देवताओंके लिये भी कभी वन्दनीय माने जाते हैं। अपराधी ब्राह्मण देवता जब तीन सरकार (नेपालके प्रधान मन्त्री) के सामने पहुँचाये गये, तब राणाने उन्हें उठकर प्रणाम किया । 'आशा है मार्गमें आपको कष्ट नहीं हुआ होगा । सैनिकोंने आपके साथ सम्मानका व्यवहार किया होगा । आप हमें क्षमा करें इस अविनयके लिये । नायक नरेन्द्रसिंहका पत्र है कि वे यहाँ कल प्रातः पहुँचेंगे । तबतक आप हमारा आतिथ्य ग्रहण करें ।'

'आप मुझे प्राणदण्ड नहीं देंगे—यह मैं जानता हूँ। ब्राह्मण अवध्य है न ! लेकिन मैं तो मर चुका । यह आपके सामने मेरा प्रेत खड़ा है । इसे मर-मिटनेके लिये स्वतन्त्र कर दीजिये !' ब्राह्मणके नेत्र लाल-लाल हो रहे थे—'मेरा सम्मान नहीं रहा, मेरी लड़कियाँ फिरंगी ले ही गया होगा और वे पिशाच·····हाय भगवान् ! मैं अब क्यों जीवित हूँ ?' दोनों हाथों अपने केश नोच लिये ब्राह्मणने ।

'आपकी पुत्रियाँ····? फिरंगी····?' महाराणा रुक-रुककर भी पूरे वाक्य बोल नहीं सके । स्थिति समझते ही उनके नेत्र भी अंगार हो उठे; किंतु दो ही क्षणमें शान्त हो गये वे । 'महाराज ! नरेन्द्रसिंहको आपके साथ आना चाहिये था । वह नहीं आया है । कल प्रातः वह यहाँ पहुँचेगा—उसने लिखा है तो पहुँचेगा ही । अबतक उसने एक बार भी झूठा आश्वासन नहीं दिया है । मैं समझता हूँ कि आपकी पुत्रियाँ सुरक्षित हैं ।'

'सुरक्षित हैं वे ?' ब्राह्मणको विश्वास नहीं हुआ ।

'मैं भी केवल अनुमान कर रहा हूँ । कल प्रातः तक प्रतीक्षा कीजिये ।' राणाने गम्भीरतासे कहा—'नरेन्द्रसिंह चौकीसे एक भी सैनिक हटा नहीं सकता । ऊपरके आदेशके बिना इतना दुस्साहस वह नहीं करेगा । उसके पास गाँवमें कुल दस युवक और हैं और फिरंगी सेना बहुत बड़ी है ।'

'वह क्या मेरी पुत्रियोंको निकाल लानेवाले है ?' ब्राह्मणको इसकी तनिक भी सम्भावना नहीं दीखती थी ।

'भगवान् पशुपतिनाथ जानते हैं ।' राणाके पास भी कोई उत्तर नहीं था ।

× × ×

नरेन्द्रसिंह दूसरे दिन प्रातःकाल काठमाण्डू पहुँचे तो पहाड़ी टट्टुओंपर उनके साथ ब्राह्मणकी दोनों पुत्रियाँ थीं ।

'धन्य वीर !' ब्राह्मण दौड़ा भुजाएँ फैलाकर ।

'यह सम्भव कैसे हुआ ?' राणाने पूछा ।

'मुझे भी पता नहीं ।' नरेन्द्रसिंहने भरे नेत्रोंसे कहा—'मैं प्राण दे सकता था, वही देने गया था । मेरे दस साथी क्या कर लेते ? लेकिन गाँवतक पहुँचनेमें शत्रु मिला ही नहीं । वह सो रहा होगा । उसके सैनिक दौड़े तब जब हम दो तिहाई मार्ग लौटते समय पार कर चुके थे । फिर हमारे पत्थर-कलोंने मृत्युकी वर्षा प्रारम्भ कर दी । करना तो जो कुछ था—पशुपतिनाथको करना था, मनुष्य क्या कर सकता है ?

शान्ति-सुखका अचूक उपाय

जो तू चाहे शान्ति-सुख, पर-सुख कभी न चाह ।
पर-सुखसे नित रह सुखी, निज-सुख बेपरवाह ॥

दृढ़ भावसे लाभ

[श्रीस्वामीजी रामसुखदासजी महाराजके एक भाषणसे]

कहावत है कि 'जिस गाँवमें नहीं जाना है, उसका रास्ता ही क्यों पूछा जाय ।' ऐसा दृढ़ भाव हो जाय कि 'अपनी उम्रमें अमुक काम हमें नहीं ही करना है' तो वह कार्य हो ही कैसे सकता है । जैसे सिनेमा नहीं देखना है, तो नहीं ही देखना है । बीड़ी-सिगरेट आदि व्यसन नहीं करना है तो नहीं ही करना है । चाय आजसे नहीं पीना है तो नहीं ही पीना है । समाप्त हुआ काम । अब झूठ नहीं बोलना है तो झूठ बोलेंगे ही क्यों ? फिर झूठ निकल ही नहीं सकता । ऐसे ही प्रत्येक सद्गुण-सदाचारके ग्रहण और दुर्गुण-दुराचारके त्यागके लिये दृढ़ भाव बना लिया जाय तो यह भाव बहुत जल्दी बन सकता है और फिर वह अनायास ही आचरणमें भी आ सकता है ।

इसके लिये एक बहुत उपयोगी बात यह है कि हम अपनेको दृढ़प्रतिज्ञ बनावें । अर्थात् हरेक व्यवहारमें जो विचार कर लें, बस, वैसा ही करें—यों करनेपर विचारोंकी एक परिपक्वता हो जाती है, फिर संकल्प दृढ़ हो जाता है । इसी प्रकार जबानसे कह दें तो फिर वैसा ही करनेकी चेष्टा करें । बहुत ज्यादा दृढ़तासे कहें तो उसके पालनकी प्राणपर्यन्त चेष्टा करें । मर भले ही जायँ पर अब तो करेंगे ऐसे ही । छोटे-छोटे कामोंमें इस प्रकार दृढ़प्रतिज्ञताका स्वभाव बनानेकी चेष्टा करें तो हमारा स्वभाव सुधर जाता है । स्वभाव सुधरनेपर फिर बड़ी-से-बड़ी बातें भी, जो विचार कर लें वे, धारण हो जाती हैं । यह भाव-निर्माण तथा भाव-धारण साधन बहुत सुगम है और बहुत ही श्रेष्ठ है ।

सेनामें लोग भरती होते हैं तब अपना नाम लिखा लेते हैं और समझते हैं कि हम तो सिपाही हो गये । ऐसा भाव होनेपर मनमें स्वयं जिज्ञासा पैदा होती है कि सिपाहीको क्या करना चाहिये । ऐसी जिज्ञासा होनेपर उनको शिक्षा दी जाती है और वह शिक्षा उनके धारण हो जाती है । इसी तरहसे जो साधु बनता है, उसके मनमें आता है कि मैं साधु बन गया तो 'साधुको क्या करना चाहिये'—यह स्वयं उसके मनमें जिज्ञासा होती है । उसके बाद जब यह बताया गया कि साधुका यह आचरण है, साधुको ऐसे बोलना, ऐसे उठना चाहिये, ऐसा आचरण करना चाहिये, यह व्यवहार करना चाहिये तो यह साधुताकी बात वह पकड़ लेता है; क्योंकि वह समझता है कि 'मैं साधु हूँ, अतः मुझे अब साधुके अनुसार चलना ही है ।' ऐसे ही अपने-आपको साधक मान ले कि मैं तो भजन-ध्यान-साधन करनेवाला साधक हूँ । जहाँ प्रवचनोंमें, ग्रन्थोंमें यह बात आयेगी कि 'साधकके लिये यों करना उचित है, साधकमें चञ्चलता नहीं चाहिये, उसे व्यर्थ समय नहीं गवाँना चाहिये, हर समय भगवद्-भजन-ध्यानादि करना चाहिये, कुसङ्गका त्याग करना चाहिये, सत्सङ्ग और स्वाध्याय करना चाहिये, आदि'—इस प्रकार साधकके लिये जो कर्तव्य बतलाये जायँगे, उन कर्तव्योंको वह अपनेमें लानेकी स्वतः ही विशेष चेष्टा करेगा; क्योंकि वह अपने-आपको साधक मानता है । अतः साधकके लिये जो बातें आवश्यक हैं वे उसमें आ जायँगी, धारण हो जायँगी; पर जो मनुष्य अपनेको साधक नहीं मानेगा, वह कोई बात चाहे सत्सङ्गमें सुने, व्याख्यानमें सुने या ग्रन्थोंमें पढ़े, उसके विशेषतासे धारण नहीं होगी और न उन बातोंके साथ उसका घनिष्ठ सम्बन्ध ही होगा ।

बहुत-से भाई-बहिन साधन करते हैं, जप-पाठ आदि नित्यनियम करते हैं, परंतु नित्यनियमके साथ समझते हैं कि यह तो घंटे-डेढ़ घंटे करनेका काम है । शेष समयमें, समझते हैं कि हम तो गृहस्थ हैं, हमें अमुक-अमुक काम करने हैं, हम अमुक घरके, अमुक जातिके, अमुक वर्णाश्रम

के हैं । घंटे-डेढ़-घंटे भगवान्‌का भजन कर लेना है, गीतापाठ कर लेना है, कीर्तन कर लेना है । सत्सङ्ग प्रतिदिन मिल गया तो प्रतिदिन कर लिया । बारह महीनेसे मिल गया तो बारह महीनेसे कर लिया । सत्सङ्ग कर लिया, एक पारी निकल गयी । ऐसा भाव रहता है । इसलिये विशेष सुधार नहीं होता, वह उस सत्सङ्गको ग्राह्य दृष्टिसे नहीं देखता । ग्राह्य-दृष्टिसे देखने और साधारण कुतूहलनिवृत्ति-दृष्टिसे देखनेमें बड़ा अन्तर है । हम सत्सङ्गको कुतूहलनिवृत्ति या मन बहलानेकी तरह सुनते हैं । अतः धारण नहीं होता । तो हमें सत्सङ्गको —साधनको ग्राह्य-दृष्टिसे देखना चाहिये और ऐसा भाव रखना चाहिये कि हमें तो निरन्तर भगवद्भजन-ध्यान ही करना है । जो कुछ कार्य करना है वह भी केवल भगवान्‌का ही और भगवान्‌के लिये ही करना है । इस दृष्टिसे भगवान्‌के नाते ही सब काम किये जायँ तो उससे महान् लाभ हो सकता है ।

दहेजका बढ़ा हुआ पाप

अभिभावकों और लड़कोंसे अपील

कानपुरका एक समाचार पटनाके 'आर्यावर्त'में छपा है । कानपुरके खोया बाजारमें एक ब्राह्मण सज्जनने अपनी पुत्री कुमारी राधाके विवाहकी एक जगह बात की ।

'कहा जाता है कि लड़केके पिताने ८०००) रुपयेका दहेज माँगा । लड़कीका पिता ५०००) रुपये देनेको तैयार था, पर लड़केके पिताने इसे स्वीकार नहीं किया । कहा जाता है, लड़की और लड़केका भी एक दूसरेसे परिचय कराया गया था और दोनों अपने माता-पिताकी जानकारी बिना विवाह कर लेनेको राजी हो गये थे, किंतु जिस समय लड़कीको यह ज्ञात हुआ कि लड़केके पिताद्वारा माँगी जानेवाली रकम उसके पिताद्वारा न दे सकनेके कारण विवाह स्वीकृत न हो सका, तब उसने लड़केके पास जाकर प्रस्तावित विवाह कर लेनेका आग्रह किया । लड़केने भी साफ इन्कार कर दिया । इसपर लड़कीने अपने वस्त्रोंमें आग लगाकर अपने जीवनकी बलि दहेजप्रथापर चढ़ा दी ।'

इस प्रकारकी दुःखद घटनाएँ समाजमें कितनी हो रही हैं, कुछ कहा नहीं जाता । मैं ऐसे बहुत-से माता-पिताओंको जानता हूँ, जिनकी कन्याएँ युवती हो गयी हैं और जिनका दहेजके अभावमें विवाह नहीं हो पाता । बड़े अच्छे सम्भ्रान्त कुलोंकी कन्याएँ हैं । मेरे पास ऐसे सैकड़ों पत्र आते है, जिनमें कन्याओंके माता-पिताओंकी दुर्दशाका वर्णन रहता है । यह बहुत बड़ा पाप है । 'कल्याण'में कई बार अपील की गयी है । पता नहीं हमारी मनोवृत्ति कितनी नीची हो गयी है । मुझे बड़ा आश्चर्य होता है, जब कालेजोंके सुशिक्षित प्रगतिशील युवक गरीब कन्याके पितासे दहेजके लिये अड़ जाते हैं । रुपया इतनी बड़ी चीज बन गया कि उसके सामने ईश्वर, धर्म और मनुष्यत्व कुछ भी नहीं रह गया । क्या देशमें दया, धर्म और मानवता इतनी उठ गयी कि जिससे आज पैसोंके अभावसे हजारों-लाखों कन्याओंको कारी रहना पड़ रहा है, माता-पिताके दुःखको देखकर सयानी कन्याएँ आत्मघात कर लेती हैं और कहीं-कहीं तो माता-पिता भी मर जाते हैं । बेचारे जीवनभर ऋणभार भोगते और अत्यन्त अभावका जीवन बिताते हैं सो तो प्रत्यक्ष ही है । मै ईश्वर और मानवताके नामपर देशके लोगोंसे, लड़कोंसे और उनके अभिभावकोंसे अपील करता हूँ कि वे दहेज न लेनेकी प्रतिज्ञा करें और अपनेको तथा समाजको इस बढ़ते हुए पाप और दुःखसे बचावें । बिना दहेजके विवाह करनेकी प्रतिज्ञा करनेवाले लड़के अपने नाम, जाति तथा पता लिखें ।

हनुमानप्रसाद पोद्दार

राष्ट्रपतिका अभिनन्दन

[गत वैशाख शुक्ल ८ सं० २०१२ वि०, दिनाङ्क २९ अप्रैल, १९५५ को प्रातःकाल परम सम्माननीय, अपार सद्गुणगणार्णव, परम पूज्य बापूके पथपर अविचलितरूपसे अग्रसर होनेवाले, महान् तपस्वी भारत-गणतन्त्रके राष्ट्रपति देशरत्न डाक्टर राजेन्द्रप्रसादजीने गीताप्रेस, गोरखपुरमें नवनिर्मित विविध कला तथा धार्मिक रहस्योंसे पूर्ण गीताद्वार तथा भगवान् श्रीराम, भगवान् श्रीकृष्ण एवं भगवान् शिव-शक्ति, अवतार तथा भक्त-संतोंके हस्तलिखित प्राचीन और अर्वाचीन सैकड़ों चित्रोंसे समन्वित लीला-चित्र-मन्दिरका उद्घाटन किया था। उस समय उन्हें ट्रस्टियोंकी ओरसे जो अभिनन्दन-पत्र समर्पित किया गया था, उसे यहाँ प्रकाशित किया जा रहा है।]

महामान्य !

आज हम अपने बीचमें परम श्रद्धास्पद तथा परम प्रीतिभाजन आप राष्ट्रपतिको पाकर धन्य हो रहे हैं। हम श्रद्धाविगलित हृदयसे नतमस्तक होकर आपका स्वागत करते हैं। आपकी सद्गुणराशिका वर्णन करना तो वैसा ही है, जैसा कि किसी असीम असंख्य धन-राशिके स्वामीको परिमितसंख्यक धनका स्वामी बताकर उसकी प्रशंसा करना। अतः हमलोग इस विषयमें मौन रहकर हृदयसे आपके गुणोंका स्मरण करते हुए आपका अभिनन्दन करते हैं।

सर्वाङ्गपूर्ण भारतीय संस्कृतिके पुजारी !

भारतीय संस्कृति जगत्में सबसे प्राचीन है और सहज ही सर्वकल्याणकारिणी है। इसी सुसंस्कृतिके आदर्श गुणोंके कारण एक दिन यह देश विश्वगुरु था—

एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः।
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः॥
(मनु० २। २०)

इस संस्कृतिके साथ भारतीय धर्मका अभेद सम्बन्ध है। भारतीय धर्मका स्वरूप है—

यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः।

जिससे अभ्युदय—सर्वाङ्गीण लौकिक उत्कर्ष और निःश्रेयस—मोक्षकी प्राप्ति हो, वह धर्म है। इसी आदर्श धर्मसे अनुप्राणित हमारी संस्कृति मानवको विकासके सर्वोच्च शिखरपर पहुँचाकर उसे जीवन्मुक्तिके पदपर प्रतिष्ठित करती है। धर्मनियन्त्रित होनेसे हमारा लौकिक अभ्युदय प्राणिमात्रका हितकारक होता है। हमारे पुरुषार्थ-चतुष्टय—अर्थ, धर्म, काम, मोक्षमें धर्मसम्मत अर्थ और काम मोक्षदायक माने गये हैं। अर्थ और भोग तभी यथार्थ अभ्युदयरूप होते हैं, जब उनपर सबका अधिकार हो, जब वे सबकी सम्पत्ति हों। ऐसा न होकर जब वे किसी एकके अधिकारकी वस्तु बन जाते हैं, तब वे दूषित हो जाते हैं और उनका अधिकारी पापका भागी होता है। इसीसे हमारी भारतीय संस्कृतिकी घोषणा है—

यावद् भ्रियेत जठरं तावत् स्वत्वं हि देहिनाम्।
अधिकं योऽभिमन्येत स स्तेनो दण्डमर्हति॥
(श्रीमद्भा० ७। १४। ८)

'मनुष्योंका अधिकार केवल उतने ही धनपर है, जितने-से उनका पेट भरे। इससे अधिक सम्पत्तिको जो अपनी मानता है, वह चोर है, उसे दण्ड मिलना चाहिये।' लोक-संग्रहके परम आचार्य भगवान् श्रीकृष्ण गीतामें कहते हैं—

यज्ञशिष्टाशिनः सन्तो मुच्यन्ते सर्वकिल्बिषैः।
भुञ्जते ते त्वघं पापा ये पचन्त्यात्मकारणात्॥
(३। १३)

यज्ञावशेष अर्थात् देवता, ऋषि, पितर, मनुष्य, इतर प्राणी सबको उनका प्राप्य भाग देकर जो बचे हुएको खाते हैं, वे समस्त पापोंसे छूट जाते हैं और जो केवल अपने लिये ही कमाते खाते हैं, वे पाप खाते हैं। जो कर्म यज्ञार्थ नहीं होते, वे बन्धनकारक होते हैं। इसीसे भगवान् कहते हैं—कर्मोंको सुचारु रूपसे करो, पर करो आसक्तिरहित होकर केवल यज्ञार्थ ही। 'तदर्थं कर्म कौन्तेय मुक्तसङ्गः समाचर।' इस प्रकारके कर्मोंसे समाजमें विषमता, परिग्रह, प्रतिस्पर्धा और अशान्ति दूर होती है और समता, त्याग, समानता एवं शान्तिका सुखद साम्राज्य स्थापित होता है। यही आध्यात्मिक समाजवाद है। हमारी संस्कृतिमें लौकिक भोग हैं, पर वे त्यागमय हैं; अधिकार हैं, पर वे कर्तव्यपालनके द्वारा भगवत्पूजाके लिये हैं।

हमारे परम माननीय राष्ट्राधिनायक!

गीतामें भगवान्‌ने इसी संस्कृतिकी व्याख्या की है। चित्तवृत्ति भगवान्‌में स्थित हो, कर्म और कर्मफलमें आसक्ति न रहे तथा सिद्धि-असिद्धिमें समता हो—यही निष्काम कर्मयोग है। भगवत्समर्पित कर्म हों, भगवान्‌की परायणता हो, भगवान्‌में भक्ति हो, भगवान्‌के सिवा अन्यत्र कहीं आसक्ति न हो और प्राणिमात्रमें प्रेम हो—यह भक्ति है। परमात्मस्वरूपमें नित्य एकत्वभावसे स्थिति और अहङ्काररहित जीवन ही ज्ञान है। गीताकी यह शिक्षा सभी देश, सभी काल और सभी मनुष्योंके लिये सदा ही उपादेय और आचरणीय है। साक्षात् भगवान् श्रीकृष्ण गीताके महान् उपदेशक हैं और भगवान् श्रीरामकी लीला गीताके अनुसार आचरणका परम आदर्श है। भारतीय संस्कृतिमें और भारतीय जीवनके इतिहासमें भगवान् राम और भगवान् कृष्ण—ये दो ही ऐसे परम पुरुष हैं, जो महामानव हैं, महान् योगी हैं और अनादिकालसे असंख्य नर-नारियोंके परमाराध्य साक्षात् भगवान् हैं।

हमारे परमादरणीय महामहिम राष्ट्रपति महोदय!

आप हमारी भारतीय संस्कृतिके सच्चे उपासक, पोषक और संरक्षक हैं। इसीसे इस वृद्ध वयसमें आज इतना कष्ट उठाकर हमारी प्रार्थनापर भारतीय संस्कृतिके परमाधार, मूर्तिमान्‌स्वरूप भगवान् श्रीराम और भगवान् श्रीकृष्णके 'लीला-चित्र-मन्दिर'का और 'गीता-द्वार'का उद्‌घाटन करनेके लिये यहाँ पधारे है। इस महती कृपाके लिये हम आपके चिरकृतज्ञ है। भारतीय संस्कृतिने अपनेको सर्वकल्याणकारी उदार धर्म, वाङ्मय, चित्रकला, मूर्तिकला, स्थापत्यकला आदिके रूपमे अभिव्यक्त किया है। इस लीला-चित्र-मन्दिरमे भगवान् श्रीराम और भगवान् श्रीकृष्णके प्राकट्यसे लेकर अन्तर्धानतकके प्राचीन और अर्वाचीन चित्र हैं। भगवान् शिव, शक्तिके शास्त्रीय चित्र तथा अवतारों, आचार्यों, संत-महात्माओके दर्शनीय चित्र है। जीवनको उच्चस्तर-पर उठानेवाले बहुमूल्य चित्रोंका यह एक अभूतपूर्व संग्रह है। गीताद्वारमे भारतीय संस्कृतिके विविध रहस्यो और कलाओंका समन्वय है।*

* लीला-चित्र-मन्दिरका भवन बीस फुट ऊँचा तथा लगभग ७१००स्क्वायर फुटके विशाल आकारका है। इसमे श्रीमद्भगवद्गीता पूरी संगमरमरपर खुदी तथा चारो ओर दीवालोपर लगी है। उसीके साथ महाभारत-युद्धके समयका श्रीकृष्णार्जुनका सुन्दर संगमरमरपर खुदा चित्र लगा है। इस भवनमे कबीर, तुलसी, दादू, सुन्दरदास, रहीम, नारायण स्वामी आदिके चुने हुए लगभग सात सौ दोहे लिखे हैं। इन दोहोंका संग्रह 'लीला-चित्र-मन्दिर-दोहावली' के नामसे प्रकाशित हो गया है। उसका डाकमहसूलको छोड़कर चार आना मूल्य है। इस लीला-चित्र-मन्दिरमें प्राचीन-अर्वाचीन गीता-ग्रन्थोंका भी संग्रह है।

इसमे सब मिलाकर२३७ फ्रेमोंमे ५६८ चित्र हैं। इनमें प्राचीन-अर्वाचीन मुगल, राजपूत, काँगड़ा, मेवाड़ी, बम्बई, दक्षिणी, भारतीय तथा यथार्थ शैलीके बहुमूल्य चित्रोंका संग्रह है। पूरी कृष्ण-लीला, रामलीला, भगवान्‌के अवतार, शिव-शक्तिके शास्त्रीय चित्र तथा प्राचीन कालसे लेकर अब-

हमारे ज्ञानवृद्ध और वयोवृद्ध राष्ट्रके सूत्रधार !

आज देश पथभ्रान्त है, अपनी संस्कृतिको भूलता जा रहा है, अन्धपरानुकरणपरायणताका कुविस्तार होता जा रहा है। अपने प्रति, अपने पूर्वजोंके प्रति, अपनी संस्कृति-सभ्यताके प्रति और अपने पवित्र ऋषि-वाक्यके प्रति अनास्था बढ़ती जा रही है। आज भारतीय समाज बड़ी उत्सुकता और उत्कण्ठासे इस आपातमधुर विषको पीकर अपनेको कृतकृत्य समझ रहा है। प्रमत्तावस्थाके प्रलापकी भाँति इसे प्रगतिपथपर अग्रसर होना मान रहा है। वर्तमान शिक्षासे भी प्रायः यही विषधारा प्रवाहित हो रही है। पता नहीं, इसका क्या दुष्परिणाम होगा। हमारी करबद्ध प्रार्थना है कि इस ओर विशेषरूपसे ध्यान देकर आप भारतीय समाजकी इस आत्मघातसे रक्षा करें।

विज्ञानकी उन्नतिसे आज विश्वके देश एक-दूसरेके अत्यन्त संनिकट आ गये हैं। इसलिये विशेष सतर्कताकी आवश्यकता है। दूसरे देशोंके उत्तम गुणोंको हमें बड़े आदर और उदारताके साथ ग्रहण करना चाहिये तथा समयके अनुसार अन्ताराष्ट्रिय दृष्टिसे जो कुछ आदान-प्रदान उचित हो, उसे अवश्य करना चाहिये, पर अपनी सुसंस्कृतिकी अवज्ञा भी नहीं करनी चाहिये। यदि हम अपनी संस्कृतिकी उपादेयताको भूल गये, प्राणिमात्रमें आत्मदर्शन करनेवाले तत्त्वज्ञ सर्वभूतहितैषी ऋषि-मुनियोंकी शिक्षापर विश्वास खो बैठे, तो अन्य देशोंके दोषोंको ही ग्रहण करेंगे। अतएव इस समय विशेष सचेत रहकर अपनी इस अमूल्य निधिकी रक्षा करनी है। यदि हम इस आँधीसे अपनेको बचा सके तो हमारी इस अध्यात्मप्रधान सनातन संस्कृतिकी उज्ज्वल ज्योति परम विशुद्ध रूपमें प्रकाशित होगी और उससे समस्त जगत्‌को प्रकाश मिलेगा। हम अपने सुयोग्य राष्ट्रपतिसे इस ओर विशेष ध्यान देनेकी पुनः-पुनः प्रार्थना करते हैं।

राष्ट्रके चरित्रनिर्माणके लिये हमारी संस्कृतिके परमोज्ज्वल प्रतीक उपनिषद्, रामायण, महाभारत, श्रीमद्भगवद्गीता—ऐसे ही अन्य ग्रन्थोंकी नयी-नयी टीकाओंका तथा संतचरित्र, संतवाणी, सत्य, अहिंसा, प्रेम, सदाचार, भगवद्भक्ति आदि दैवी सम्पदाके पोषक नैतिक तथा आध्यात्मिक ग्रन्थोंका सुलभताके साथ विशेष प्रसार हो,—इन विषयोंके मासिकपत्रोंको गरीब-से-गरीब भाई-बहिन सहजमें प्राप्त करके अध्ययन कर सकें, इसके लिये सरकार कागजकी ड्यूटी, रेलभाड़ा तथा डाकखर्च विशेषरूपसे घटाकर एवं अन्य प्रकारसे भी सुविधा तथा सहायता देकर अपनी उदारताका परिचय दे तथा गीता-रामायणकी शिक्षा सभी शिक्षालयोंमें अनिवार्य हो, हमारे सम्मान्य राष्ट्रपतिजी इस प्रकारका मङ्गल-आदेश प्रदान करनेकी कृपा करें।

अन्तमें हम अपनी ओरसे तथा समस्त गोरखपुर-निवासियोंकी ओरसे अपने देवस्वरूप महामाननीय, राष्ट्रके महामूल्यवान् रत्न, संतहृदय राष्ट्रपतिजीका हृदयसे स्वागत और अभिनन्दन करते हैं और हमपर कृपा करके जो कष्ट स्वीकार किया, इसके लिये चिरकृतज्ञता प्रकट करते हैं।

तकके अनेकों संतों, महात्माओं, भक्तों, आचार्योंके दर्शनीय चित्र हैं। सभी चित्र विविध रंगोंके हैं और सभी हस्तलिखित हैं। इन चित्रोंमेंसे अधिकांशके सादे छायाचित्रोंका एक संग्रह आर्टपेपरपर छपा हुआ 'लीला-चित्र-मन्दिर-दर्शन'के नामसे शीघ्र ही प्रकाशित होनेवाला है। उस ग्रन्थसे पाठकोंको भगवान् विष्णु, भगवान् शंकर, श्रीराम, श्रीकृष्ण, श्रीदेवी तथा संत महात्माओंके सैकड़ों रूपोंके एक ही साथ दर्शन हो जायँगे।

'गीताद्वार'के विचित्र रहस्योंका वर्णन द्वारके चार रंगीन चित्रोंसे युक्त 'गीताद्वार' नामक पुस्तकमें है, वह गीताप्रेससे ।) में मिलती है। डाकखर्च अलग।

भारतीय संस्कृति अमर है

[गीताद्वार और लीला-चित्र-मन्दिरके उद्घाटनके अवसरपर राष्ट्रपतिजीका भाषण]

गीताद्वार और लीला-चित्र-मन्दिरके उद्घाटनके अवसरपर आमन्त्रित कर आपने मुझे कृतज्ञ किया है। इस द्वारके निर्माणमें आपने भारतवर्षके भिन्न-भिन्न मन्दिर, स्तूप और देवालयोंके अंशोंको लेकर एक भव्य द्वारका निर्माण किया है। जिन मन्दिरों, स्तूपों आदिके अंश आपने लिये हैं वे भारतके दूरस्थ भिन्न-भिन्न प्रदेशोंमें स्थित हैं और न मालूम कितने सौ वर्ष हुए जब उनका निर्माण हुआ था। इस तरह हजारों बरसों और हजारों वर्गमीलोंमें निर्मित स्थापत्यके नमूनोंमेंसे चुन-चुनकर आपने एक द्वार बनाया जिसका दर्शन करके कोई भी यात्री उन सभी इमारतोंके कुछ अंश देख सकता है।

इस प्रकार भिन्न कालमें निर्मित और भिन्न देशमें निर्मित कलाकृतियोंको इकट्ठा करके जो चीज निर्मित हुई वह उनकी कलाको कहाँतक अपनेमें ला सकती है यह तो कलाकार ही अथवा कलाके पारखी लोग ही कह सकते हैं। मै तो न कोई कलाकार हूँ और न कलाविद्। इसलिये मै इसके बाह्य रूपके सम्बन्धमें अधिक न कह करके इसके अंदर जो भाव मेरी समझमें निहित हैं, उनकी ओर ही ध्यान आकृष्ट करना अच्छा समझता हूँ। भारतवर्षकी एक बड़ी विशेषता यह रही है कि यह विचारोंपर किसी प्रकारकी रोक कभी नहीं लगाता। प्राचीन कालसे आजतक सनातन धर्मने सबको अपने विचार रखनेकी स्वतन्त्रता दे रक्खी है। इसलिये इतने मत-मतान्तर होते हुए भी भारतने कभी वह धार्मिक कट्टरपन नहीं दिखलाया जो अन्य देशोंमें या अन्य धर्मोंमें देखा जाता है। 'एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति', सत्य एक ही है पर ज्ञानी लोग उसे बहुत प्रकारसे कहते हैं। हमने हमेशा यह मान रक्खा है कि उच्चतम लक्ष्यतक पहुँचनेके लिये बहुतेरे रास्ते हैं और जो जिसे भावे वह उसपर चलकर उस लक्ष्यतक पहुँच जाता है। इसीलिये किसीको किसीसे झगड़नेकी जरूरत नहीं; क्योंकि सभी एक ही लक्ष्यकी ओर जानेवाले हैं, यद्यपि उनके रास्ते अलग-अलग हैं।

सनातन धर्मने यह कभी नहीं कहा कि उसका एक रास्ता है और वही ठीक रास्ता है और दूसरे सभी रास्ते गलत और झूठे हैं। इसलिये उसने इस चीजकी भी जरूरत नहीं समझी कि किसीको अपने रास्तेपर आनेके लिये मजबूर करे। इसीलिये इस देशमें एक कालमें भिन्न-भिन्न सम्प्रदायोंके व्यक्ति रह सकते हैं और उनके आपसके भाव और बर्तावमे कोई फर्क नहीं आता। इसके विपरीत दूसरे धर्मोंमें अनेकोंका यह सिद्धान्त है कि सबके लिये सत्यका एक ही रास्ता है। उसमे जो विश्वास न करे और उसे जो न माने वह कभी जीवनके उच्चतम लक्ष्यतक पहुँच ही नहीं सकता। इससे एक धारा स्वाभाविक रीतिसे निकलती है और वह यह है कि यदि मेरा ही रास्ता ऐसा रास्ता है जो ठीक है और दूसरे सभी झूठे हैं, तो मनुष्यका यह धर्म हो जाता है कि दूसरोंको भी जिस तरहसे हो सके उस रास्तेपर लावे और दूसरोंका धर्म परिवर्तन करना एक धार्मिक कर्तव्य और धार्मिक कृत्य बन जाता है।

इस कर्तव्य-पालनमे इतिहासमे देखा गया है कि बहुत अंधाधुंधी हुई है और आज भी संसार उससे मुक्त नहीं है। इस विश्लेषणसे यह स्पष्ट हो जाता है कि जहाँ सनातन धर्म सभी धर्मोंका समन्वय है, बहुतेरे दूसरे धर्म एक दूसरेको विलग करते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता हमारे धर्मग्रन्थोंमें इसी समन्वयका एक उदात्त उदाहरण है।

आपने इस द्वारके निर्माणमें इसी समन्वयको ध्यानमें

रक्खा है और मै आशा करता हूँ कि गीता-भवन (गीताप्रेस) की सबसे बड़ी कीर्ति यही होगी कि वह इस समन्वयको साधारण जनके लिये भी सुलभ कर दे।

भारतवर्ष स्वराज्य-प्राप्तिके बाद अपना पुनर्निर्माण कर रहा है। जहाँ गरीबी और भुखमरीका राज्य था वहाँ आर्थिक स्थितिको सुधारनेकी ओर पहले ध्यान जाना आवश्यक और स्वाभाविक था। जीवन-निर्वाहके लिये कुछ-न-कुछ भौतिक पदार्थोंकी आवश्यकता रहती ही है और जब अत्यावश्यक वस्तुओंकी भी कमी हो जाती है तो शरीरको बनाये रखना असम्भव नहीं तो कठिन जरूर हो जाता है। उस अवस्थामें मनुष्यका ध्यान और किसी चीजकी ओर न तो जाता है और न जा सकता है। हमारे आचार्योंने इस मर्मको ठीक समझा था और इसलिये युक्ताहार-विहारकी शिक्षा दी थी। इसलिये स्वराज्यके बाद सबसे अधिक ध्यान आर्थिक अवस्थाको सुधारनेकी ओर गया और जो प्रयत्न हुए हैं उनमें सफलता भी मिली है, पर सांस्कृतिक विषयोंकी भी उपेक्षा नहीं की गयी।

भारतवर्षकी अपनी एक विशेषता है जहाँ दूसरे देशोंकी संस्कृतियाँ समयकी लपेटमें आकर लुप्त हो गयीं, भारतीय संस्कृति आज भी जीवित और जाग्रत् है। उसमे देश-कालके परिवर्तनके अनुसार अपनेको बना लेनेकी शक्ति भी रही है और उसमें बहुत हेर-फेर भी हुए है। पर उसके केवल भौतिक तत्त्व ही नहीं, बहुतेरे बाह्य उपकरण और रीति-रिवाज भी न मालूम कितने दिनोंसे चलते आये है। अशोक-कालीन प्रतिदिनके व्यवहारकी ऐसी चीजें खुदाईमें मिली है जो आज भी उसी रूपरंगकी काममें आती हैं, जैसे मिट्टीके घड़े और अन्य बर्तन, पलंग, आभूषण इत्यादि और यह अवस्था हजारों वर्षोंतक सभी प्रकारकी विपत्तियों और मुसीबतोंका सामना करता हुआ भारतवर्ष सुरक्षित रख सका। इसलिये आज किसीको यह डर अथवा अंदेशा नहीं होना चाहिये कि हम अपनी इस अमूल्य निधिको खोनेवाले हैं। अब जब हम स्वतन्त्र हो गये हैं तो हमारी सभी प्रवृत्तियाँ समय पाकर स्फुटित होंगी और फिर हम एक गौरवका स्थान संसारमें प्राप्त कर सकेंगे, इसमें संदेह नहीं है।

आज यह सच है कि भारतवर्ष दुविधामें है। पाश्चात्त्य वैज्ञानिक आविष्कारोंने अपने चमत्कारसे सबको प्रभावित कर रक्खा है। उसके प्रभावसे कोई अछूता नहीं रह सकता है, न किसीको रहना चाहिये। वह भी तो उसी ईश्वरकी एक देन है जिसने हमें और सब कुछ दिया है। उसकी उपेक्षा करना भी विकास-पथसे विमुख होना है और सच पूछिये तो पुरुषार्थ उससे मुँह मोड़नेमें नहीं बल्कि उसे काबू करके उसपर सवारी करनेमे है।

भारतवर्ष ही वह देश है जिसकी ओर संसारके अनेकानेक देश आज आशापूर्ण नेत्रोंसे रोशनीके लिये देख रहे हैं। अपनी गिरी हुई अवस्थामे भी भारतवर्षने अहिंसाके सिद्धान्तको बड़े पैमानेपर राजनीतिक क्षेत्रमें मूर्त्त रूप देकर एक ऐसा चमत्कार कर दिखलाया है जिसका प्रभाव पड़े बिना रह नहीं सकता था और आज वही देश जो आधुनिक युगमें विज्ञानको उसकी चरम सीमातक पहुँचाकर उससे काम ले रहे हैं, देख रहे हैं कि वे उसका उपयोग मानव-कल्याणके लिये न करके विध्वंसके लिये ही कर पाते हैं। आज वे ऐसा रास्ता खोज रहे हैं जिसपर चलकर इस विनाशसे वह बच सकें और सर्वोदयके काममें इस अनन्त शक्तिको, जो उन्होंने पा ली है, लगा सकें। इस शक्तिका सदुपयोग इससे भी अगर कोई जबरदस्त शक्ति हो तो वह ही कर सकती है और वह शक्ति अहिंसाकी शक्ति है। इसलिये यद्यपि साधारण रीतिसे यह नहीं मालूम होता कि भारतकी यह शक्ति आज धीरे-धीरे अपना प्रभाव जमा रही है, पर इसमें संदेह नहीं कि ऐसा

हो रहा है; क्योंकि इसका बीज हमारी संस्कृति और हमारे देशमें बोया गया और अब उगता हुआ दीखने लगा है। हमारा यह कर्तव्य है कि हम इस अमूल्य निधिको केवल सुरक्षित ही नहीं रक्खें, बल्कि इसे समृद्ध और विकसित भी करें, अपने जीवनके प्रत्येक क्षणमें और प्रत्येक कार्यमें इसका दर्शन करें और करावें और निर्भीक होकर इसे कार्यरूपमें अपने वैयक्तिक और सामाजिक जीवनमें और विशेष करके राजनीतिक जीवनमें व्यवहारमें लावें। इसके लिये सर्वसाधारणके जीवनमें ऐसा परिवर्तन होना चाहिये कि इसे एक सार्वदेशिक पृष्ठभूमि मिल जाय जहाँ यह सिद्धान्त पूर्ण रूपसे खुले और खिले। सर्वसाधारणके आचार और विचार शुद्ध हों, जीवन संतोषमय और क्रियाशील हो और स्वाभाविक अभय उसके हृदयमें उदय हो।

मै जब कहीं कोई ऐसी संस्था देखता हूँ जो इस प्रकारके विचारोंके प्रचारमें व्यावहारिक रूपसे प्रयत्नशील हो तो स्वभावतः मेरा हृदय भर जाता है। इसलिये गीताभवन (गीताप्रेस) का जो काम आजतक हुआ है और हो रहा है उसका मै आदर करता हूँ और चाहता हूँ कि वह दिन-प्रति-दिन अधिक विस्तार पावे।

जीवनकी एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण आवश्यकताकी पूर्ति आप कर रहे है। जिसने आपको यह प्रेरणा दी वही आपके प्रयत्नोंको सफल करेगा, यही मेरी आशा और शुभकामना है।

हिंदू-पातिव्रतका महान् आदर्श

(राजर्षि श्रीपुरुषोत्तमदासजी टंडनके भाषणका अंश)

[गत ता० ४ मईको लोकसभामें हिंदू-विवाह-विधेयककी विवाह-विच्छेद-सम्बन्धी धारा बहुमतसे स्वीकृत हो गयी। उस दिन राजर्षि टंडनजीने एक सुन्दर भाषण दिया था उसका सारांश यहाँ दिया जाता है—]

×××हमारे देशकी कुछ मौलिक मर्यादाएँ हैं। उन मर्यादाओंको भी हमे समझना है। उनके मूलमे कुछ सार है। इनमेंसे एक मर्यादा है पातिव्रत-धर्मकी भावना। वह आदर्श और पवित्र भावना आज भी हमारी बहिनोंमे विद्यमान है। इस पातिव्रत-धर्मका नाम मैं नही जानता कि भारतको छोड़ और कहीं दुनियामें भी है। सम्भव है हमारी आधुनिक स्त्रियाँ इसे सुनकर कुछ हँस भी दे, परंतु हमारे धर्मका एक अङ्ग पातिव्रत-धर्म है, जिसका अनुवाद अंग्रेजीमे नहीं हो सकता। हमारे एक पुराने स्वर्गीय भाई श्रीएंड्रयूजने एक बार कहा था कि 'मै संसारमें चारों ओर घूमा और मैने देखा कि जिस तरहसे स्त्रियोंका हमारे देशमे पातिव्रत-धर्म है, (उन्होंने उसके लिये 'चेस्टिटी' शब्द प्रयुक्त किया था) वह आदर्श मैंने कही नहीं पाया। सम्भव है कि कुछ उसके कारण कष्ट भी होता हो।

× × × ×

हमारे यहाँ उसको संस्कार कहते हैं। और यह हम सभी जानते हैं कि विवाह हमारा एक संस्कार है और हमारे यहाँ उसकी बड़ी महिमा है। हमारे यहाँ पति और स्त्रीका जो सम्बन्ध है, वह पवित्र सम्बन्ध माना गया है और जैसे मैंने कहा-- पातिव्रतका बड़ा ऊँचा स्थान माना गया है। अरे, क्या इस समय मै आपसे आदर्शोंकी बात करूँ। मैं तो आपसे कहूँगा कि अगर आप इन आदर्शोंकी बातोंकी अवहेलना करते हैं और केवल इस शरीरको और इस शरीरकी आवश्यकताओंकी ही तरफ देखते हैं, तब फिर आप "वी लव, बट ह्वाइल वी मे" उस आदर्शके अनुयायी भी हो सकते हैं। क्या वह भी कोई आदर्श है और अपनाने योग्य है ? मैं तो कहूँगा कि वह पशुवत् आदर्श है और यह भावना हमारे आदर्शके आजसे नही, हमेशासे बिल्कुल विपरीत रही है। हमारा तो आदर्श कुछ और ही रहा है। मुझे एक पुरानी कविताकी यह पंक्ति याद आ गयी है, मैं पूरी कविता इस समय नहीं सुनाऊँगा। जिन्होंने उस कविताको पढ़ा है उन्हें उस पंक्तिको सुनकर और पंक्तियाँ भी याद आ जायँगी। हमारे देशने इस पशुवत्-प्रणालीको स्वीकार नहीं किया। विवाह-सम्बन्ध क्या है और विवाहपद्धतिकी आवश्यकता क्या है ? हमारे देशके कुछ आदर्श मौलिक सिद्धान्त हैं,

हमारे देशकी जो स्मृतियाँ हैं, उनमें हमारे आदर्श हैं। हमारा एक आदर्श यह है—

पतिव्रता मैली भली, काली कुचिल कुरूप।
पतिव्रता के रूप पर वारूँ कोटि सरूप॥

इसी आदर्शको आधार मानकर हमारे अधिनियम बनने चाहिये। 'पतिव्रता स्त्री भले ही मैली हो, काली हो और कुरूप हो; परंतु हम करोड़ों सफेद चेहरों, मुलायम चेहरों और शृंगारवान् चेहरोंको एक पतिव्रता स्त्रीके चरणोंपर वार सकते हैं।' यह हमारे देशका आदर्श रहा है और इस आदर्शको आज हम भूल नहीं सकते। स्मरण कीजिये—यह इसी देशका आदर्श था कि 'एक भारतीय रमणी, जो जानती है कि मेरा भावी पति आजसे बारह महीने बाद मरनेवाला है, ऐसा विश्वास है कि वह मरेगा, परंतु जब एक बार वर लिया तो वह उसीपर दृढ़ रही कि वही पति मेरा है और उसीसे मेरा विवाह होगा।' यह कथा आपके ही देशकी है, दूसरे संसारके किसी देशमें ऐसी कथा आपको सुननेको नहीं मिलेगी। रामायण हमारे देशका एक पवित्र ग्रन्थ है जिसपर कि हम सब सगर्व चलते हैं और बायीं ओर बैठे हुए मेरे भाई तो रामायणमें पढ़ु हैं। मुझे इस अवसरपर रामायणकी कुछ एक पंक्तियाँ याद आ रही हैं। जब श्रीरामचन्द्रको वनवास हुआ तो सीताजी उनके साथ वनमें जानेके लिये खड़ी हो गयीं और रामचन्द्रजीसे आग्रह करने लगीं कि 'मैं भी आपके साथ वनमें जाऊँगी।' तब रामचन्द्रजी सीताजीको समझाते हुए कहते हैं कि तुम यह सुकुमार शरीर लेकर कैसे वनमें चल सकोगी और कैसे वहाँकी कठिनाइयोंको झेल सकोगी। वे उनको वनगमनसे रोकना चाहते हैं। उस समय सीताजी जो उत्तरमें कहती हैं, वह समझनेकी बात है। वह आदर्श सदा हमारे देशवासियोंके सामने रहना चाहिये। सीताजी कहती हैं—

नाथ सकल सुख साथ तुम्हारें। सरद बिमल बिधु बदनु निहारें॥

रामचन्द्रजीसे सीताजी कह रही हैं कि हे नाथ! आपके साथ रहकर आपका शरत्-पूर्णिमाके निर्मल चन्द्रमाके समान मुख देखनेसे मुझे समस्त सुख प्राप्त होंगे। रामचन्द्रजी यह कहते हैं कि तुम उस बीहड़ रास्तेपर नहीं चल सकोगी; तो सीताजी उसके उत्तरमें इस तरह कहती हैं—

मोहि मग चलत न होइहि हारी। छिनु छिनु चरन सरोज निहारी॥

क्षण-क्षणमें आपके चरणकमलोंको देखते रहनेसे मुझे मार्ग चलनेमें थकावट न होगी। 'छिनु छिनु चरन सरोज निहारी'—मैं पीछे-पीछे चलूँगी, आपके चरण मेरे सामने होंगे और मुझे कोई थकावट नहीं आयेगी। फिर सीताजी कहती हैं—

प्राननाथ करुनायतन सुंदर सुखद सुजान।
तुम्ह बिनु रघुकुल कुमुद बिधु सुरपुर नरक समान॥

प्राणनाथ अर्थात् आप मेरे प्राणके मालिक हैं। (प्राणनाथ! हमारे यहाँ पतिको सम्बोधन करनेका प्रिय शब्द है।) सीताजी कहती हैं—हे प्राणनाथ! हे दयाके धाम, हे सुन्दर, हे सुखोंके देनेवाले, हे रघुकुलरूपी कुमुदके खिलानेवाले चन्द्रमा, आपके बिना स्वर्ग भी मेरे लिये नरकके समान है। तो हमारी स्त्रीजातिका यह आदर्श रहा है।

× × × ×

आपका स्पेशल मैरेज ऐक्ट बना हुआ है; अगर उसमें कोई कमी है तो उसको पूरा करो। मगर यह जो हमारा पातिव्रत है, उसको न छुओ। जो स्पेशल मैरेज ऐक्ट है, उसमें आप अपने विवाहकी रजिस्ट्री करा सकते हैं, अगर रजिस्ट्री करानेमें कोई बाधा है तो उसको दूर कीजिये। मैं श्रीपाटस्करजीसे कहता हूँ कि वह हिंदू-समाजके पातिव्रतके आदर्शकी पवित्रताको न मिटायें, पातिव्रतकी पवित्रताको रक्खें, विवाहकी पवित्रता है; उसको न छुयें।

× × × ×

जो विवाह इस पवित्रताके साथ होते हैं, यदि उनमें कोई अपवाद हो, कोई गड़बड़ी हो किसी कारणसे तो उसके लिये रास्ता निकालिये, परंतु विवाहकी पवित्रताके ऊपर आप हमला न कीजिये।

× × × ×

आपकी बात समाजकी पद्धतिके बिल्कुल विरुद्ध है। हमारे मौलिक सिद्धान्तोंके विरुद्ध है। हमारे देशके सिद्धान्त ही दूसरोंसे अलग हैं, हमारे देशका क्रम ही दूसरा है, यह वह देश है जहाँपर माना गया है 'सुखस्य मूलं धर्मः' सुखका मूल धर्म है, इन भौतिक उपकरणोंमें नहीं। इसका यह अर्थ नहीं है कि भौतिक उपकरणोंको बिल्कुल छोड़ दिया जाय लेकिन यहाँ यह रक्खा गया कि सुखका मूल धर्म है। इसी तरहसे यह रक्खा गया 'शासनस्य मूलमिन्द्रियनिग्रहः' शासनका मूल इन्द्रिय-निग्रह है। आज आप इस प्रकार-

की बातें करके यह विषाक्त भावना फैलाते हैं कि पति-पत्नी-का सम्बन्ध छूट सकता है। इसकी बात आप न करें। यह एक ऐसा सम्बन्ध है जिसे हम पवित्र मानते हैं। मैं आदर्शों-की बात कर रहा हूँ और कहता हूँ कि इसकी पवित्रतापर बल दिया जाय। स्त्रियों और पुरुषोंके अंदर इस सम्बन्धकी पवित्रताकी भावना हो। आपने मोनोगमीकी एकपत्नी-विवाहधाराको स्वीकार किया, जिसके माने हैं एक-पत्नीव्रत। एक-पत्नीव्रत हमारा पुराना आदर्श है। रामचन्द्र-की प्रसिद्धि ही इसके कारण हुई। बहुतसे लोग इस एक-पत्नीव्रतके आदर्शसे गिर गये हैं। आज आप एक नयी स्मृति बना रहे हैं और उसमें एक-पत्नीवाला पत्नीव्रतका ऊँचा आदर्श रख रहे हैं। तो फिर यह विवाह-विच्छेद कैसा? यह डाइवोर्सकी बात कैसी? एक-पत्नीव्रत और एकपतिव्रत तथा उन दोनोंका जो मेल है, उनमें डाइवोर्स—विच्छेद न लाइये। जो इससे हटना चाहते हैं, वह जो करें, दूसरे कानून-के नीचे काला मुँह करें। जो स्त्री-पुरुष इस प्रकारसे डाइवोर्स ले करके अपना मुँह काला करना चाहते हैं, वे दूसरी तरफ जायें। दूसरे अधिनियमका सहारा लें।

सिगरेट, बीड़ी, तंबाकूपर श्रीटंडनजीके विचार

गत दिनाङ्क २० अप्रैलको लोकसभामें भाषण देते हुए श्रीटंडनजीने कहा—'लेकिन एक और विषय है जिसके ऊपर अभीतक प्रायः मुँह नहीं खोला गया है। वह है सिगरेट और तंबाकूका विषय। आज भी प्रायः हमारा मुँह नहीं खुलता है। हमारे सिख भाई तो इससे चिढ़ते हैं। शराब वह भी पी लेते हैं, लेकिन तंबाकूसे बहुत चिढ़ते है। मेरा निवेदन सिखोंसे है कि शराब भी छोड़ो, तंबाकू तो उनके गुरुओंने ही छुड़ा दी है, लेकिन वह शराब भी छोड़ें और तंबाकू भी।

मै जानता हूँ कि मन्त्रियोंमेंसे बहुत-से गहरे सिगरेट पीनेवाले हैं। जरूरत इस बातकी है कि हमारे भाई, जिनके हाथमें शासन है, वे देशको रास्ता दिखावें। आज हमारे बच्चे नष्ट हो रहे है। मैंने अभी अखबारमें पढ़ा, मेरी जेबमें अखबारकी कतरन भी मौजूद है कि १९ अरब सिगरेट यहाँपर पिछले वर्ष बिकी हैं और बाहरसे ५४ करोड़ सिगरेट आयी है। यह क्या है? मैं जानता हूँ कि यह आदत आसानीसे नहीं छूटती है, मगर मैं मन्त्रियोंका यह कर्तव्य समझता हूँ कि यह जो सिगरेट-बीड़ी पीनेकी आदत है, और बीड़ीका तो कोई ठिकाना ही नहीं है। ऊँचे दर्जेके लोग जो सिगरेट पीते हैं, उस आदतको सँभालनेकी जरूरत है।

आज इस बातकी जरूरत है कि भारत-सरकार देशमे शराबके साथ सिगरेट भी बंद करे; क्योंकि इससे हमारे बच्चोंकी बहुत हानि हो रही है।

होना—लगना

सब सुन्दर लगता है—

ममत्व-बुद्धिके झलझलाते यौवनकी दुपहरीमें।

और—

सब सुन्दर होता है—

ममत्व-बुद्धिके चितारोहणके पुण्य-पर्व पर।

—हरिकृष्णदास 'हरि' गुप्त

गीताप्रेसके कार्योंका संक्षिप्त विवरण

[भारत–गणतन्त्रके राष्ट्रपति डॉ० राजेन्द्रप्रसादजीके द्वारा गत वैशाख शुक्ल ८, २०१२ वि० के दिन गीताप्रेसके 'गीताद्वार' और 'लीला-चित्र-मन्दिर'के उद्घाटनके अवसरपर प्रकाशित]

गीताप्रेसकी स्थापना सन् १९२३ ई० के मई महीनेमे हुई थी। यह संस्था 'गोविन्द-भवन-कार्यालय,' कलकत्ताके अन्तर्गत है। सन् १८६० ई० के सोसायटी रेजिस्ट्रेशन एक्टके अनुसार रजिस्टर्ड है।

इस संस्थामें किसी भी ट्रस्टीका न तो कोई व्यक्तिगत आर्थिक स्वार्थ है, न किसी प्रकारका आर्थिक सम्बन्ध ही है।

पुस्तक-प्रकाशन

इसका मुख्य कार्य सस्ते दामोंमे सत्साहित्यका प्रचार और प्रसार करना है। ईसाइयोंकी बाइबल सोसायटियोंके अतिरिक्त और किसी भी संस्थाके द्वारा प्रकाशित पुस्तकोंके इतने सस्ते दाम नहीं हैं। इतनेपर भी यह संस्था सर्वथा आत्मनिर्भर है। इसमे बाढ़, अकाल आदि सेवाकार्योंके अतिरिक्त प्रकाशन आदि कार्योंके लिये कभी कोई चंदा या आर्थिक सहायता नहीं ली जाती। जनवरी १९५५ तक गीताप्रेसके द्वारा विभिन्न संस्करणोंमे जो पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं, उनकी संख्या निम्नलिखित है—

श्रीमद्भगवद्गीता	...	...	६१,५७,२५०
श्रीरामचरितमानस	...	...	२०,८६,७५०
दर्शन-उपनिषद्	...	...	६,१४,५००
श्रीमद्भागवत	...	...	१,७१,२५०
श्रीतुलसीदासजीके अन्यान्य ग्रन्थ		...	८,३१,०००
संत-भक्तोंके चरित्र	...	...	१४,५३,६००
संतोंके भजनोंके संग्रह		...	२८,९७,२५०
स्त्री-उपयोगी	...	...	१०,०३,२५०
अन्यान्य ग्रन्थ	...	...	१,२६,०९,२००
कुल संख्या			२,७८,२४,०५०

इससे अनुमान होगा कि गीताप्रेसके द्वारा प्रकाशित साहित्यका कितना प्रचार है।

कल्याण—

गीताप्रेसके द्वारा दो मासिकपत्र निकलते हैं—हिंदी 'कल्याण' और अंग्रेजी 'कल्याण-कल्पतरु'।

हिंदी कल्याण १,२१,००० एक लाख इक्कीस हजार छपता है। वर्षका प्रथमाङ्क किसी विषयका विशेषाङ्क होता है। कल्याणके अबतकके निम्नलिखित अट्ठाईस विशेषाङ्क निकल चुके हैं।

भगवन्नामाङ्क, भक्ताङ्क, श्रीमद्भगवद्गीताङ्क, रामायणाङ्क, श्रीकृष्णाङ्क, ईश्वराङ्क, शिवाङ्क, शक्ति-अङ्क, योगाङ्क, वेदान्ताङ्क, संत-अङ्क, मानसाङ्क, गीतातत्त्वाङ्क, साधनाङ्क, भागवताङ्क, सं० महाभारताङ्क, सं० वाल्मीकीय रामायणाङ्क, सं० पद्मपुराणाङ्क, गो-अङ्क, स० मार्कण्डेय-ब्रह्मपुराणाङ्क, नारी-अङ्क, उपनिषद्-अङ्क, हिंदू-संस्कृति-अङ्क, सं० स्कन्द-पुराणाङ्क, भक्त-चरिताङ्क, बालक-अङ्क, स० नारद-विष्णु-पुराणाङ्क और संत-वाणी-अङ्क।

विशेषाङ्कोंकी प्रतियोंकी संख्या १९, १९, ७५० है। इसके अतिरिक्त साधारण अङ्क कुल १,९१,१२,५०० की संख्यामे निकल चुके हैं।

'कल्याण' के द्वारा राष्ट्रभाषा हिंदीके प्रचारका बहुत ठोस कार्य हुआ है और हो रहा है। अहिंदी-भाषी प्रदेशोंके कल्याणके ग्राहकोंकी संख्या लगभग ४०, ५०० है, जो कुल ग्राहक-संख्याका एक-तिहाई भाग है। लाखों-लाखों अहिंदी-भाषी भाई-बहिनोंने केवल 'कल्याण' पढ़नेके लिये ही हिंदी सीखी है। गुजरात और सौराष्ट्रका तो शायद ही कोई डाकघर बचा हो, जहाँ कल्याण न जाता हो।

'कल्याण'मे महात्मा गांधीजीकी सम्मतिके अनुसार आरम्भसे ही न तो बाहरका विज्ञापन छापा जाता है, न पुस्तकोंकी समालोचना की जाती है।

कल्याण-कल्पतरु—

अंग्रेजी 'कल्याण-कल्पतरु'के भी १९ विशेषाङ्क निकल चुके हैं, जिनकी संख्या १,०४,५०० है तथा साधारण अङ्कोंकी संख्या १०,२५,००० है। कल्पतरुमें रामचरितमानसका पूरा अंग्रेजी अनुवाद निकल चुका है। अब श्रीमद्भागवतका अंग्रेजी अनुवाद निकल रहा है।

गीताप्रेसमें लगभग २०,६०० मन प्रिंटिंग पेपरका वार्षिक खर्च है।

गीता-रामायण-परीक्षा-समिति—

गीताप्रेसके द्वारा गीता-रामायण-परीक्षाकी व्यवस्था है। गीतामे 'प्रवेशिका'से 'विशारद' तक सात प्रकारकी और

रामायणमें 'शिशु'से 'उत्तमा द्वितीय खण्ड'तक पाँच प्रकारकी परीक्षाएँ हैं। इस समय गीताके १०० और रामायणके २९५ केन्द्र हैं। उच्च नंबरोंसे उत्तीर्ण परीक्षार्थियोंको पुरस्कार भी दिया जाता है। अबतक इन परीक्षाओंमें बैठनेवाले परीक्षार्थियोंकी कुल संख्या इस प्रकार है—

गीता—३४,७१५। रामायण—२,३५,७७०।

गीता-रामायण-प्रचार-संघ

भगवत्प्रीत्यर्थ गीता-रामायणके विचारोंका प्रचार हो, लोग गीता तथा रामायणके मर्म समझकर तदनुकूल जीवन बना सकें, इसके लिये गीताप्रेसके द्वारा एक 'गीता-रामायण-प्रचार-संघ' चलाया जाता है। इसके गीता-सदस्योंकी संख्या १३,४९८ और मानस-सदस्योंकी संख्या १७,१८१ है। इन सदस्योंसे कोई शुल्क नहीं लिया जाता। इन्हें नियमित रूपसे गीता-रामायणका पठन, अध्ययन और विचार करना पड़ता है।

इसके अतिरिक्त एक गीतापाठशाला भी नियमित चलायी जा रही है।

साधक-संघ—

देशके नर-नारियोंका जीवन-स्तर यथार्थरूपमें ऊँचा हो, इसके लिये गीताप्रेसके द्वारा एक साधक-संघकी स्थापना की गयी है। इसके सदस्योंके लिये १२ ग्रहणके और १६ त्याग करनेके नियम हैं। प्रत्येक सदस्यको डायरी दी जाती है, जिसमें वे अपने प्रतिदिनका व्यौरा लिखते हैं और भूलके लिये पश्चात्ताप करते हैं तथा फिर भूल न हो, इसके लिये सावधानीसे प्रयत्न करते हैं। नियम ये हैं—

ग्रहणके नियम—

१. यथासाध्य जिस किसीसे व्यवहार करना पड़े, उसमें भगवद्बुद्धि करना।
२. प्रत्येक पंद्रह मिनटपर भगवान्‌का स्मरण।
३. सूर्योदयसे पूर्व जागरण।
४. प्रातःकाल उठते ही भगवान्‌का स्मरण करना और पृथ्वीमाताको प्रणाम करना।
५. गुरुजन-अभिवादन।
६. संध्या-गायत्री-सेवन।
७. प्रतिदिन श्रीमद्भगवद्गीताके एक अध्यायका पाठ करना।
८. सत्सङ्ग-स्वाध्याय।
९. भगवन्नाम-जप।
१०. कर्तव्य-पालन—अपने जिम्मेके कामको सदा उत्साह और प्रेमसे करना।
११. देशी हाथके बुने कपड़े पहनना।
१२. नियम-पालन-निरीक्षण।

त्यागके नियम—

१. जान-बूझकर किसीका अहित न करना।
२. जान-बूझकर असत्य नहीं बोलना।
३. जान-बूझकर किसी दूसरेका हक न लेना।
४. जान-बूझकर पुरुषके लिये पर-स्त्रीका स्पर्श न करना और स्त्रीके लिये पर-पुरुषका स्पर्श न करना।
५. क्रोधका त्याग।
६. जान-बूझकर किसीकी चुगली या निन्दा न करना।
७. झूठी गवाही नहीं देना।
८. गंदी हँसी-मजाक न करना।
९. चमड़ेका व्यवहार न करना।
१०. तम्बाकू, बीड़ी, भाँग, गाँजा, चरस आदिका सेवन न करना।
११. समय नष्ट करनेकी प्रवृत्तिका त्याग।
१२. वेश्यानृत्य-त्याग—वेश्याका नाच न देखना।
१३. सदाचारनाशक चित्रपटोंका त्याग।
१४. किसी भी हालतमें जुवा न खेलना।
१५. अभक्ष्यभक्षण-पानका त्याग।
१६. हिंसायुक्त जूतोंका त्याग—मरे हुए पशुके चमड़ेके जूतोंका व्यवहार न करना।

नाम-जप—

प्रतिवर्ष 'कल्याण'के पाठकोंसे विश्वके सर्वविध कल्याणार्थ और ईश्वरप्रीत्यर्थ नाम-जपके लिये प्रार्थना की जाती है और आपलोगोंको सुनकर प्रसन्नता होगी कि भारतवर्षमें ही नहीं, एशियाके सुदूर देशोंमें तथा यूरोपमें भी नर-नारी 'नाम-जप' करते हैं। यहाँतक कि सम्भ्रान्त यूरोपियन पुरुष और महिलाएँ भी नाम-जपमें शामिल होती हैं। प्रतिवर्ष १६ नाम-मन्त्रका लगभग २० करोड़ जप होता है—जिसकी नाम-संख्या तीन अरब बीस करोड़ होती है। राम-नामके भक्त महात्मा गांधीजीने इस कार्यके लिये बड़ी प्रसन्नता प्रकट की थी और हार्दिक आशीर्वाद तथा बहुत ही प्रोत्साहन दिया था।

गीता-भवन, ऋषिकेश—

श्रीगङ्गाजीके पवित्र तटपर ऋषिकेश, स्वर्गाश्रमके निकट सत्सङ्ग, भजन, ध्यानादिके लिये गीता-भवनका निर्माण किया गया है। इसमें एक सुन्दर पुस्तकालय है। प्रतिवर्ष चैत्रसे आषाढ़तक लगभग चार महीने सत्सङ्गका आयोजन होता है। जिसमें भारतके विभिन्न प्रान्तोंसे एक-डेढ़ हजार व्यक्ति आते हैं और भजन, ध्यानका अभ्यास करते तथा संयमित जीवन बिताते हुए सत्सङ्गका लाभ उठाते हैं।

ऋषिकुल-ब्रह्मचर्याश्रम

राजस्थान, चूरूमें एक ब्रह्मचर्याश्रम है, जिसमें प्राचीन पद्धतिके अनुसार ब्रह्मचारियोंके निवास और शिक्षाकी व्यवस्था है। इसमें १०० से ऊपर ब्रह्मचारी रहते हैं। प्रतिवर्ष स्नातक होकर जितने निकलते हैं, प्रायः उतने ही नये आ जाते हैं। इसमें लगभग ५०,०००) पचास हजार रुपये वार्षिक व्यय होता है।

दैवी-प्रकोपमें सेवा-कार्य—

इसके अतिरिक्त बाढ़, दुर्भिक्ष, भूकम्प, अग्नि-प्रकोप आदिके समय गीताप्रेसके सेवादलके द्वारा सेवाका कार्य किया जाता है। बिना मूल्य अन्न-वस्त्र, ओषधि आदिका वितरण किया जाता है और सस्ती दूकानें भी खोली जाती हैं। गोरखपुर जिलेमें तो यह सेवाकार्य प्रायः प्रत्येक ऐसे प्रकोपके समय किया ही जाता है। देशके किसी भी हिस्सेमें इस प्रकारकी दुःस्थिति आनेपर यत्किंचित् प्रयत्न किया जाता है। जैसे बिहार-भूकम्प, राजस्थान-दुर्भिक्ष, पूर्व-बंगालका दुर्भिक्ष, बनारस, बलिया, गाजीपुर, जौनपुरकी बाढ़, बिहार-दुर्भिक्ष, पंजाब तथा सिंधके शरणार्थियोंकी सहायता, नोआखाली-काण्डके समय पूर्व-बंगमें सेवाकार्य आदि। इन सारे अवसरोंपर गीताप्रेसके द्वारा प्रचुर मात्रामें अर्थका सदुपयोग किया गया था। इसके अतिरिक्त जलाभावके स्थानोंमें तालाब-कूएँ बनाने, नलकूप लगवाने आदिका कार्य भी होता है। अभी हालमें ही हरिजन भाइयोंके कई गाँवोंमें नलकूप लगाये गये हैं। उनके गाँवोंमें कुएँ बनानेकी व्यवस्था की जा रही है।

सरकारकी सहानुभूति—

गीताप्रेसकी सेवाकार्यपद्धतिसे हमारी सरकार भी इतनी प्रसन्न और प्रभावित है कि कई बार सरकार अपना रिलीफ कार्य गीताप्रेसके द्वारा करवाती है और हमारे माननीय पंतजीने—उत्तर-प्रदेशके मुख्य मन्त्री रहनेके समय बार-बार हमें केवल लिखित प्रोत्साहन ही नहीं दिया है, सेवाकार्यके लिये धनराशि भी भेजी है।

गीताप्रेससे डाक-विभागको वार्षिक आमदनी—

गीताप्रेसके द्वारा गतवर्ष गोरखपुरमें डाक-विभागको १,३६,०८०) रुपये दिये गये हैं तथा बाहरसे आनेवाले मनीआर्डरों आदिद्वारा लगभग ३०,०००) रुपये मिले हैं। यों कुल मिलाकर लगभग १,६६,०८०) रुपये डाक-विभागको दिये गये हैं। पुस्तकोंपर डाक-व्यय बढ़ जानेके कारण डाकद्वारा जानेवाली पुस्तकोंकी संख्या बहुत घट गयी है, इससे डाक-विभागको भी हानि हुई है और सत्साहित्यके प्रचारमें तो बाधा आयी ही है।

हमारा निवेदन—

निस्संदेह ये सारे कार्य सर्वजन-उत्प्रेरक, सर्वशक्तिमान्, सर्वसुहृद् भगवान्‌की अनुकम्पा और प्रेरणासे ही हुए और हो रहे हैं। गीताप्रेसकी सर्वप्रथम स्थापनाके समय एक छोटी-सी ट्रेडल थी। थोड़े-से टाइप थे और दस रुपये मासिकका एक छोटा-सा मकान था। उस समय किसी योजनाकी रूपरेखा भी नहीं थी। भगवान्‌की प्रेरणासे तथा देशवासी सज्जनोंके सहयोगसे किसी अज्ञात शक्तिकी योजनाके अनुसार कार्य उत्तरोत्तर बढ़ता गया और आज इस रूपमें आपके सामने है। इसमें हमारा अपना न कोई कर्तृत्व है, न महत्त्व है। हमने तो विद्या-बुद्धिकी योग्यताका भी अभाव है। हमसे तो यन्त्रकी भाँति काम कराया गया है। अतः इसमें हमारे लिये अभिमान करनेका कोई भी कारण नहीं है। कोई सज्जन अपनी सज्जनतावश इसमें हमें कारण मानकर हमारी प्रशंसा करते हैं और उसे हम स्वीकार कर लेते हैं तो यह हमारा मिथ्या श्रेयको स्वीकार करना है, जो हमारी मान-बड़ाईकी कामनाको प्रकट करता है। अपने मुँहसे अपनी बड़ाई करना आत्मघातके समान है, यह जानते हुए भी हम जो प्रकारान्तरसे अपनी बड़ाई कर रहे हैं, इसमें भी हमारी यश-पिपासा ही कारण है। हमारे राष्ट्रपतिजी तथा आप सब हमें आशीर्वाद दें, जिससे हम सभी प्रकारकी कामना-वासनाओंसे मुक्त होकर भगवान्‌की दी हुई शक्तिके द्वारा विशुद्ध भगवत्सेवाकी भावनासे ही सब कर्म करें।

चार नयी पुस्तकें

बाल-चित्रमय श्रीकृष्णलीला [भाग १]

आकार १०×७॥, पृष्ठ ३६, सुन्दर दोरंगा मुखपृष्ठ, मूल्य ।=) मात्र । डाकखर्च ॥=)

भगवान् श्रीकृष्णकी लीला बड़ी ही मीठी, उपदेशभरी और सबके जीवनमें नया उत्साह, नयी-नयी पवित्रता भरनेवाली और बालकोंके लिये तो बहुत ही आनन्ददायिनी है। छोटे-छोटे बच्चे इन लीलाओंका ज्ञान प्राप्त कर लें और बोलचालकी भाषामें लीलाकी तुकबंदी याद कर लें तो वे सहज ही श्रीकृष्णके जीवनसे परिचित हो जाते हैं। इसी उद्देश्यसे श्रीकृष्णचरित्र दो भागोंमें छापा गया है।

इस प्रथम भागमें आर्टपेपरपर छपे लीलाके ४८ सादे और १ बहुरंगा चित्र है। प्रत्येक चित्रका परिचय उसके नीचे पदमें दिया गया है। लीलाओंका क्रमशः ज्ञान हो जाय, इस उद्देश्यसे प्रत्येक चित्रके सामने उसका वर्णन भी सरल भाषामें छाप दिया गया है।

बाल-चित्रमय श्रीकृष्णलीला [भाग २]

आकार १०×७॥, पृष्ठ ३६, सुन्दर दोरंगा मुखपृष्ठ, आर्टपेपरपर छपे ४८ सादे और १ बहुरंगे चित्र, मूल्य ।=) मात्र । डाकखर्च ॥=)

प्रथम भागकी भाँति इस भागमें भी प्रत्येक चित्रका परिचय पदोंमें तथा भाषामें भी दिया हुआ है।

दोनों भागोंका एक साथ मूल्य ॥।) डाकखर्च ॥।) कुल १॥)

श्रीरामचरितमानसका पाठ तथा मानस-व्याकरण

आकार २०×३० सोलहपेजी, पृष्ठ ८४, मूल्य ।) मात्र । डाकखर्च ॥)

गीताप्रेसद्वारा प्रकाशित मानसके पाठके सम्बन्धमें श्रद्धालु पाठकोंकी विविध शङ्काएँ आती रहती हैं। जैसे- 'कई जगह चौपाइयाँ छोड़ क्यों दी गयी है? संस्कृतके शुद्ध शब्दोंको अशुद्ध क्यों लिखा गया है? अकारान्त शब्दोंको उकारान्त क्यों लिखा गया है? शब्दोंपर अनावश्यक चन्द्रबिंदु क्यों लगाये गये हैं? आदि-आदि। ऐसी शङ्काओंके समाधानके लिये इस पुस्तिकामें पाठका आधार तथा मानस-व्याकरण दिया गया है।

गजेन्द्रमोक्ष

(पदच्छेद, अन्वय, अन्वयार्थ और भावार्थसहित)

आकार २२×३०=३२ पेजी, गुटका-साइज, पृष्ठ ४९, मूल्य -)॥ डाकखर्च अलग

श्रीमद्भागवतके अष्टम स्कन्धके तृतीय अध्यायमें गजेन्द्रकृत स्तवनका वर्णन है। यह स्तवन स्वर्ग तथा यशदायक, पापनाशक, दुःखनाशक और श्रेयःसाधक कहा गया है। स्वयं भगवान्‌का वचन है कि जो ब्राह्ममुहूर्तके प्रारम्भमें जागकर इस स्तोत्रके द्वारा मेरा स्तवन करते हैं, उन्हें मैं मृत्युके समय निर्मल मति प्रदान करता हूँ। संस्कृत न जाननेवाले और इसके एक-एक शब्दका पूरा भाव समझनेकी इच्छा रखनेवाले भाई-बहनोंके लिये इस स्तवनका पदच्छेद, अन्वय आदि करके बहुत सुन्दर अन्वयार्थ और भावार्थ लिख दिया गया है।

पता—**गीताप्रेस, पो० गीताप्रेस (गोरखपुर)**

राष्ट्रपति डा० राजेन्द्रप्रसादजीद्वारा उद्घाटित गीताद्वार तथा लीला-चित्र-मन्दिरसम्बन्धी दो पुस्तकें

गीताद्वार (गीताप्रेसका प्रवेश-द्वार)

आकार डिमाई आठपेजी, पृष्ठ १६, गीताद्वारके चारों दिशाके चार रंगीन चित्र, मूल्य ।), डाकखर्च ।।)

इस प्रवेश-द्वारमें सनातन धर्मके उपासना-तत्त्वका दिग्दर्शन करानेकी चेष्टा की गयी है। इस दृष्टिसे यह प्रवेश-द्वार उपासना-मन्दिर-सा बन गया है। इस द्वारमें सात प्रकारके प्रतीकोंका समावेश हुआ है। द्वारके विविध अङ्गोंके निर्माणमें भारतीय प्राचीन मन्दिरोंकी कलाका आश्रय लिया गया है। रथस्थित भगवान् श्रीकृष्ण और अर्जुनकी बड़ी सुन्दर झाँकी भी है।

गीताप्रेस-लीला-चित्र-मन्दिर-दोहावली

आकार डिमाई आठपेजी, पृष्ठ ५६, मूल्य ।), डाकखर्च ।।)

गीताप्रेसके 'लीला-चित्र-मन्दिर'में संतों तथा भक्तोंकी ९ अर्चालियोंके अतिरिक्त सुन्दर चुने हुए ६७९ दोहे-सोरठे बड़े सुन्दर अक्षरोंमें लिखे हैं। दोहे आदि सभी बड़े उपदेशप्रद तथा स्मरण करने योग्य हैं। प्रस्तुत पुस्तकमें उन्हींका संग्रह किया गया है।

दोनों पुस्तकोंका एक साथ मूल्य ॥) डाकखर्च ॥-) कुल १-)

छहों पुस्तकोंका एक साथ मूल्य १॥-)॥ डाकखर्च ।॥=)॥ कुल २॥)

पता—**गीताप्रेस, पो० गीताप्रेस (गोरखपुर)**

'कल्याण'के पुराने प्राप्य आठ विशेषाङ्क

१३ वें वर्षका मानसाङ्क—(पूरे चित्रोंसहित)—पृष्ठ ९४४, चित्र बहुरंगे सुनहरी ८, दुरंगे सुनहरी ४, तिरंगे ४६, इकरंगे १२०, मूल्य ६॥), सजिल्द ७॥।)।

१७ वें वर्षका संक्षिप्त महाभारताङ्क—पूरी फाइल दो जिल्दोंमें (सजिल्द)—पृष्ठ-संख्या १९१८, तिरंगे चित्र १२, इकरंगे लाइन चित्र ९७५ (फरमोंमें), मूल्य दोनों जिल्दोंका १०)।

१८ वें वर्षका संक्षिप्त वाल्मीकीय रामायणाङ्क—पृष्ठ-संख्या ५३६, रेखाचित्र १३७ (फरमोंमें), सुन्दर बहुरंगे चित्र १४, इकरंगे हाफटोन, सुन्दर चित्र ११, मूल्य ५=), सजिल्द ६=)

२२ वें वर्षका नारी-अङ्क—पृष्ठ-संख्या ८००, चित्र २ सुनहरी, ९ रंगीन, ४४ इकरंगे तथा १९८ लाइन, मूल्य ६=), सजिल्द ७।=) मात्र।

२४ वें वर्षका हिंदू-संस्कृति-अङ्क—पृष्ठ ९०४, लेख-संख्या ३४४, कविता ४६, संगृहीत २९, चित्र २४८, मूल्य ६॥), साथमें अङ्क २-३ बिना मूल्य।

२६ वें वर्षका भक्त-चरिताङ्क—पूरी फाइल, पृष्ठ १५१२, लेख-संख्या ७३९, तिरंगे चित्र ३६ तथा इकरंगे चित्र २०१, मूल्य ७॥) मात्र।

२७ वें वर्षका बालक-अङ्क—पृष्ठ-संख्या ८१६, तिरंगे तथा सादे बहुसंख्यक चित्र, मूल्य ७॥)।

२८ वें वर्षका संक्षिप्त नारद-विष्णुपुराणाङ्क—पूरी फाइल, पृष्ठ-संख्या १५२४, चित्र तिरंगे ३१, इकरंगे लाइन १९१ (फरमोंमें), मूल्य ७॥), सजिल्दका ८।॥)।

डाकखर्च सबमें हमारा। व्यवस्थापक—'कल्याण', पो० गीताप्रेस (गोरखपुर)